जीभके नीचे जीभकी जड़ और जीभ इन दोनोंको जो नाड़ी जोड़े रहती है उसको काट देवे और नित्यही जिह्वाके अग्रभाग और जिह्वा (जीभ) के नीचे सदा चलाया करै। और जीभको नवनीत (माखन) से दुहा करै और लोहेकी (चीमटा) सो खेंच लेय। याही प्रकार रोज करनेसे जीभ लंबी हो जाती है। क्रमसे अभ्यास करते करते जीभको इस प्रकार लंबी कर देय कि जासों दोनों भौंहोंके बीचतक पहुंच जाय। फिर उसी जीभको क्रमसे तालुके बीच ले जाय। तालु देश मध्यस्थ (गड्ढाको) कपालकुहर कहते हैं। जीभको उसी तालुके गड्ढामें ऊपरकी ओर उलटके प्रवेशित करै ता पीछे दोनों भौंहनिके मध्य (बीच) के भागको देखे याको खेचरी मुद्रा कहे हैं ॥२३॥२५॥

खेचरीमुद्राफलम्

न च मूर्च्छा क्षुधा तृष्णा नैवालस्यं प्रजायते ।
न च रोगो जरा मृत्युर्देवदेहः स जायते ॥२६॥

जो मनुष्य या खेचरी मुद्राको साधन करे हैं उनको मूर्च्छा भूंख प्यास और आलस्य नहीं होई हैं और न रोग न बुढापो न मौत पास आवे और देवतानकीसी ताकी देह हो जाय ॥२६॥

नाग्निना दह्यते गात्रं न शोषयति मारुतः ।
न देहं क्लेदयन्त्यापो दंशयेन्न भुजङ्गमः ॥२७॥

और उनको आग नहीं जलाय सके पवन सुखाय नहीं सके तथा पानी न गीला कर सके तथा सांप काट नहीं सके है ॥२७॥

विपरीतकरीमुद्राविधिः

नाभिमूले वसेत्सूर्यस्तालुमूले च चन्द्रमाः ।
अमृतं ग्रसते सूर्यस्ततो मृत्युवशो नरः ॥२८॥
उर्ध्वं च गमयेत्सूर्यं चन्द्रं च अध आनयेत् ।
विपरीतकरी मुद्रा सर्वतंत्रेषु गोपिता ॥२९॥

भूमौ शिरश्च संस्थाप्य करयुग्मे समाहितः ।
ऊर्ध्वपादः शिरो भूत्वा विपरीतकरी मता ॥३०॥

नाभिकी जड़में सूर्य (सूर्यनाड़ी) वास करै है और मुखके तलुओंकी जड़में चंद्रमा (चंद्रनाड़ी) वास करै है जब नीचेसे सूर्य अपने तेजसों खेंचवेसों देहमें रहवेवारौ अमृतको ग्रास कर लेय है तब मनुष्य मौतके वश होइ है। या लिये ऊपरकी ओंरसों सूर्यको उठानों चाहिये और नीचेकी ओरसों चन्द्रमाको ले आनों चाहिये इसका नाम विपरीत करी मुद्रा है सो सब तंत्रोंसे गुप्त है अर्थात् अंत कहुं नहीं कही गई। याकी विधि इसी तरह है कि धरतीमें माथेकों धरे और दोनों हाथनिसों धरतीको पकड़कर पांयनिको ऊपरकी ओर उठायके सीधा खड़ा करै और पूरक प्राणायामसे पवन खेंचकर कुंभकके द्वारा जहांतक ठहरे तबतक ठहरावे इसको विपरीतकरी मुद्रा कहते हैं॥२८॥३०॥

विपरीतकरीमुद्राफलम्

मुद्रेयं साधयेन्नित्यं जरां मृत्युं च नाशयेत् ।
स सिद्धः सर्वलोकेषु प्रलयेऽपि न सीदति ॥३१॥

जो मनुष्य इस मुद्राको रोज साधन करता है वह बुढ़ापा और मृत्युसे बच्यो रहे है। फिर सब लोकनिमें सिद्ध हो जाता है और प्रलय होनेपर भी अभय रहता है ॥३१॥

योनिमुद्राविधिः

सिद्धासनं समासाद्य कर्ण चक्षुर्नसो मुखम् ।
अंगुष्ठातर्जनीमध्यानामादिभिश्च साधयेत् ॥३२॥
काकीभिः प्राणसंकृष्य अपाने योजयेत्ततः ।
षट्चक्राणि क्रमाद्ध्यात्वा हुं हंसमनुना सुधीः ॥३३॥
चैतन्यमानयेद्देवीं निद्रिता या भुजङ्गिनी ।
जीवेन सहितां शक्ति समुत्थाप्य करांबुजे ॥३४॥
शक्तिमयः स्वयं भूत्वा परं शिवेन संगमम् ।
नानासुखं विहारं च चिंतयेत्परमं सुखम् ॥३५॥
शिवशक्तिसमायोगादेकान्तं भुवि भावयेत् ।
आनंदं च स्वयं भूत्वा अहं ब्रह्मेति संभवेत् ॥३६॥

योनिमुद्रा परा गोप्या देवानामपि दुर्ल्लभा ।
सकृत्तु लाभसंसिद्धिः समाधिस्थः स एव हि ॥३७॥

प्रथम सिद्धासनसों बैठे फिर कान आंख नाक मुख ये चारों द्वारोंको अंगूठा तर्जनी मध्यमा अनामिका इन अंगुरियनसों ढांक लेय अर्थात् कानके दोनों छेदोंको दोनों अंगुठानसों दोनों आंखनकों दोनों तर्जनीनसों दोनों नाकके छेदोंको दोनों मध्यमानसों, मुखकों दोनों अनामिकानसों दावै। फिर या मुद्रासों प्राणपवनकों खेंचै और फिर उसे अपानपवनं (अधोवायु) में मिलाय दे वाके बाद अंगमें छः चक्र है उनका ध्यान करै वाही समयमें (हुं) और (हंस) इन दो मंत्रोंसे भुजंगिनी रूप कुंडलिनी देवीकों जगावै तथा जीवात्मा सहित वा कुंडलिनीको सहस्र कमलमें उठायकें ले जावै और वह साधक या प्रकार चिंता करे मानो मैं शक्तिमय होकर शिव (आनंद) के संगप्रसंगम आसक्त होते भये परम आनंद भोग और विहार करता हूं तथा शिवशक्तिके संयोगसे मैं ही आनंदमय (ब्रह्म हूं) इसको योनिमुद्रा कहते हैं यह मुद्रा परम गोपनीय है यह देवताओंको दुर्लभ है या मुद्राको एक वार भी कोई साधन करै तौ साधनेवारौ पुरुष सिद्ध हो जाय है इसके द्वारा बहुतही शीघ्र समाधि प्राप्त होवे है ॥३२–३७॥

योनिमुद्राफलम्

ब्रह्महा भ्रूणहा चैव सुरापी गुरुतल्पगः ।
एतैः पापैर्न लिप्यंते योनिमुद्रानिबंधनात् ॥३८॥
यानि पापानि घोराणि उपपापानि यानि च ।
तानि सर्वाणि नश्यन्ति योनिमुद्रानिबंधनात् ।
तस्मादभ्यासनं कुर्याद्यदि मुक्ति समिच्छति ॥३९॥

जो जन योनिमुद्राकौ साधन करें हैं वे यदि ब्रह्मघाती (ब्राह्मणकों मारवेवारो) बालघाती वा गर्भ गिरायवेवारौ दारू पीवेवारो गुरुकी नारीसों मैथुन करवेवारौ भी होइ तौ भी पापमें नहीं सने। और भी जो बड़े बड़े पाप हैं तथा उपपाप हैं तिन सबकों योनिमुद्राकौ बांधवेवारो नष्ट कर देय है या कारण जो मुक्तिकी इच्छा करे सो याको साधन करै ॥३८॥॥३९॥

वज्रोणिमुद्राविधिः

धरामवष्टभ्य करयोस्तलाभ्यां ऊर्ध्वं क्षिपेत्पादयुगं शिरः खे ।
शक्तिप्रबोधाय चिरजीवनाय वज्रोणिमुद्रा मुनयो वदन्ति।।४०।।

दोनों हाथनिकी हथेरीसों धरतीके तलकों पकड़कें दोनों पांयनिकों ऊपर उठाय दै और माथौभी आकाशकी ओर उठा देवे केवल हाथके बल खड़ा रहै इसको मुनि (जन) वज्रोणि मुद्रा कहें हैं याके अभ्याससों अंगमें शक्ति (ताकत) आवे और सदा जिया करै अर्थात् अमर हो जावै ।।४०।।

वज्रोणिमुद्राफलम्

अयं योगे योगश्रेष्ठो योगिनां मुक्तिकारणम् ।
अयं हितप्रदो योगो योगिनां सिद्धिदायकः ।।४१।।
एतद्योगप्रसादेन बिंदुसिद्धिर्भवेद्ध्रुवम् ।
सिद्धे बिंदौ महायत्ने किं न सिध्यति भूतले ।।४२।।
भोगेन महता युक्तो यदि मुद्रां समाचरेत् ।
तथापि सकला सिद्धिर्भवति तस्य निश्चितम् ।।४३।।

यह मुद्रा साधनरूपी योगमें सब योगोंमें अच्छा (श्रेष्ठ) है और योगियां-की मुक्ति (मोक्ष) कारण है और यह योग बहुत हितका करनेवारो है तथा योगि-योंको सब तरहकी सिद्धिकौ देवेवारी है । इसी योगके प्रसादसे कामसिद्धि, बिंदु जो (वीर्य) सिद्धि निश्चय होइ है अर्थात् वीर्य रुक गया और जब इस भांति महायत्नसे वीर्यसिद्धि हो गये पीछे कहो भूतलमें कौन और सिद्धि न होइगी । और सबेरे बड़े बड़े भोगोंसे युक्त पुरुष भी यदि इस मुद्राका अभ्यास करै तौ सब भांतिकी सिद्धियां जरूर उसकों मिलेंगी ।।४१–४३।।

शक्तिचालनीमुद्राविधिः

मूलाधारे आत्मशक्तिः कुंडली परदेवता ।
शयिता भुजगाकारा सार्द्धत्रिवलयान्विता ।।४४।।
यावत्सा निद्रिता देहे तावज्जीवं पशुर्यथा ।
ज्ञानं न जायते तावत् कोटियोगं समभ्यसेत् ।।४५।।

मूलाधारमें आत्मशक्ति (आत्माकी ताकत) सबसों परे देवता कुंडलिनी सर्पके आकाश साढ़े तीन लपेटाकी गुंडरी (गोला) बांधे सोय रही है ।

जबतक वह देहमें सोती रहै है तबतक जीव पशुकी तरह अज्ञान (ज्ञानरहित) बंधो रहै है सत्य और असत्य कछु नहीं जान पड़ता तबतक चाहें कोटिप्रकार योगाभ्यास करौ कभी सत्य ज्ञान नहीं होइगो ॥४४–४५॥

उद्घाटयेत्कपाटं च यथा कुंचिकया हठात् ।
कुंडलियाः प्रबोधेन ब्रह्मद्वारं प्रबोधयेत् ॥४६॥

इसी निमित्त कहा है कि जैसे तारसों बंद किवार (कपाट) तारीसे झटपट खोलके भीतर पैठ जाय याही भांति कुंडलिनीके जानेपर ब्रह्मद्वार (माथे) को प्रभेद कियो जा सके हैं (चैतन्य कियो जाय है) कि जासों सत्य और असत्यको ज्ञान होइ हैं ॥४६॥

नाभिं, संवेष्ट्य वस्त्रेण न च नग्नो बहिः स्थितः ।
गोपनीये गृहे स्थित्वा शक्तिचालनमभ्यसेत् ॥४७॥

एक वस्त्रके द्वारा नाभिदेशको लपेटके काऊ गुप्त मकानमें बैठकर शक्तिचालनी मुद्राका अभ्यास करै किंतु नंगो ह्वैके बाहरके भागमें या योगका साधन करनों उचित है नहीं, अर्थात् यह योग नंगो ह्वैके गुप्तस्थानमें करनों चाहिये ॥४७॥

वितस्तिप्रमितं दीर्घं विस्तारे चतुरङ्गुलम् ।
मृदुलं धवलं सूक्ष्मं वेष्टनाम्बरलक्षणम् ॥
एवमम्बरयुक्तं च कटिसूत्रेण योजयेत् ॥४८॥

एक बिलांद लम्बो और चार अंगुल चौड़ो कोमल (नरम) और महीन सुपेद कपड़ासों नाभिको लपेटके फिर उस वस्त्रको कमरसों बांधे ॥४८॥

भस्मना गात्रसंलिप्तं सिद्धासनं समाचरेत् ।
नासाभ्यां प्राणमाकृष्य अपाने योजयेद्बलात् ॥४९॥
तावदाकुञ्चयेद्गुह्यं शनैरश्विनिमुद्रया ।
यावद्गच्छेत्सुषुम्नायां वायुः प्रकाशयेद्धठात् ॥५०॥

राखसों अंगको लपेट (लेपन) करै और सिद्धासन बांधकर बैठे और नाकके दोनों छेदनसों प्राणवायु (हृदयस्थ पवन) को खैंचके बलके सहित अपानवायुके संग मिलाय दे जबतक वायु सुषुम्नानाड़ीके भीतर जायके प्रकाशित

न हो तबतक अश्विनीमुद्राके द्वारा धीरे धीरे गुह्यप्रदेश (गुदा) को सकोड़ै ॥४९॥५०॥

तदा वायुप्रबंधेन कुंभिका च भुजंगिनी ।
बद्धश्वासस्ततो भूत्वा ऊर्ध्वमार्गं प्रपद्यते ॥५१॥

याही भांति निश्वास रोकके कुंभके प्राणायाम धारण करै तौ भुजंगिनी भुजंगाकार कुंडलिनीशक्ति जागकें ऊपरकी ओर उठती है अर्थात् हजार दल कमल परमात्मामें मिल जाती है ॥५१॥

विना शक्ति चालनेन योनिमुद्रा न सिद्ध्यति ।
आदौ चालनमस्यास्तु योनिमुद्रां समभ्यसेत् ॥५२॥

विना शक्तिचालनी मुद्राके अभ्यास किये योनिमुद्रा कभी सिद्धि नहीं हो सकै है यासों पहिले या शक्तिचालनी मुद्राको अभ्यास कर ले तब योनि-मुद्राको अभ्यास करै ॥५२॥

इति ते कथितं चण्डकापाले शक्तिचालनम् ।
गोपनीयं प्रयत्नेन दिने दिने समभ्यसेत् ॥५३॥

घेरंड महाराज कहते हैं कि, हे चंडकापालि ! तुम्हारे आगे यह मैंने मुद्रा कही जाको नाम शक्तिचालनी है यह मुद्रा यत्नसों दिन दिन अभ्यास करनो चाहिये और वह अभ्यास करनो गुप्त भावसो रहै सहसा प्रसिद्ध जाहिर न होयवे पावे ॥५३॥

शक्तिचालनीमुद्राफलम्

मुद्रेयं परमा गोप्या जरामरणनाशिनी ।
तस्मादभ्यासनं कुर्याद्योगिभिः सिद्धिकांक्षिभिः ॥५४॥

यह मुद्रा परम गुप्त है याके द्वारा बुढ़ापो और मृत्यु दोनों नष्ट हो जाय हैं याहीसों सिद्धिके चाहवेवारे योगियोंको इसका अभ्यास जरूर करनों चाहिये ।५४।

नित्यं योऽभ्यसते योगी सिद्धिस्तस्य करे स्थिता ।
तस्य विग्रहसिद्धिः स्याद्रोगाणां संक्षयो भवेत् ॥५५॥

जो योगी या मुद्राको प्रतिदिन अभ्यास करै है वाके हाथमें सिद्धि आय जाय है और उसको विग्रहसिद्धि होय है (विग्रहसिद्धि वाकों कहैं हैं

जामें विशेष ग्रहणकी शक्ति हो जाय है) अर्थात् कोई काम करै झटपट पूरो हो जाय है और वाके रोग दूर हो जाय है ॥५५॥

उदरं पश्चिमोत्तानं कृत्वा च तडागाकृति ।
ताडागी सा परा मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी ॥५६॥

पश्चिमोत्तान अर्थात् उत्तान होकर पड़े और पेटको तड़ाग (तालाव) की तरह गहरी करै और कुंभक प्राणायाम कर इसको ताडागी मुद्रा कहैं हैं यह मुद्रा एक प्रधान गिनी जाय है याके द्वारा बुढ़ापौ और मौत जीती जाय है ॥५६॥

मांडूकीमुद्राविधिः

मुखं संमुद्रितं कृत्वा जिह्वामूलं प्रचालयेत् ।
शनैर्ग्रसेदमृतं तां मांडूकीमुद्रिकां विदुः ॥५७॥

मुखको मूंदके जीभकी जड़को तालुवेके ऊपरकी ओर चलावै और धीरे धीरे हजारदल कमल निर्गत अमृत पान करै इसको मांडूकीमुद्रा कहते हैं ॥५७।

मांडूकीमुद्राफलम्

वलितं पलितं नैव जायते नित्ययौवनम् ।
न केशे जायते पाको यःकुर्यान्नित्यमांडुकीम् ॥५८॥

मांडुकी मुद्राका नित्य अभ्यास जो कोई करै उसके अंगमें वलित (खालको सुकड़ जानों), पलित (बारनको सुपेद हो जानों) तथा मांस गलकर हाड़ मात्रको रहनों ये नहीं होंय और सदा यौवन (जवानही) बन्यो रहै (अर्थात्) मौत नहीं आवे और बाल पके नहीं (अर्थात् सुपेद नहीं होवें) ॥५८॥

शांभवीमुद्राविधिः

नेत्राञ्जनं समालोक्य आत्मारामं निरीक्षयेत् ।
सा भवेच्छांभवी मुद्रा सर्वतंत्रेषु गोपिता ॥५९॥

दोनों भौंहनिके बीचमें वा दोनों भौंहोंकोही स्थिर दृष्टिसों अवलोकन करके और मनको एक रस करके वही आत्माराम (परमात्मा) को देखै (मानों सच्चिदानंद वहीं बैठ्यो है) याहीको शांभवी मुद्रा कहैं हैं यह सब तंत्रोंसे गुप्त मानी गई है ॥५९॥

शांभवीमुद्राफलम्

वेदशास्त्रपुराणानि सामान्यगणिका इव ।
इयं तु शांभवी मुद्रा गुप्ता कुलवधूरिव ॥६०॥

चारों वेद छहों शास्त्र (न्यायादि यथा धर्मशास्त्र) अठारह पुराण ये सब जैसे गणिका (रंडी) लोगप्रसिद्ध रहती हैं किसीके गुप्त नहीं रहती तैसेही सामान्य वस्तु है परंतु शांभवी मुद्रा जैसे कुलवधू (अच्छे घरकी स्त्री) बड़ी यत्नसों रहैं और सहसा काउकी आंखनिके आगे नहीं आवे वैसेही यह मुद्रा जाननी ॥६०॥

स एव आदिनाथश्च स च नारायणः स्वयम् ।
स च ब्रह्मा सृष्टिकारी यो मुद्रां वेत्ति शांभवीम् ॥६१॥

जो मनुष्य या शाभवी मुद्राको जाने है वह आदिनाथ (सबको प्रथम स्वामी) है वही स्वयं नारायण (जीवसमूहकी जीवनशक्ति तथा रवि) है और वही जगत्को पैदा करवैवारो ब्रह्मा भी समझनो ॥६१॥

सत्यं सत्यं पुनः सत्यं सत्यमुक्तं महेश्वरः ।
शांभवीं यो विजानीयात् स च ब्रह्मा न चान्यथा ॥६२॥

जो मनुष्य या शांभवी मुद्राको जानता है वही मूर्तिमान् ब्रह्म है (परमेश्वर) है या बातको महादेवजी तीन वार (त्रिवाचा) करके सत्य कहते हैं यामें झूठ नहीं है ॥६२॥

पंचधारणमुद्राः

कथिता शांभवी मुद्रा शृणुष्व पंचधारणम् ।
धारणानि समासाद्य किं न सिद्ध्यति भूतले ॥६३॥

घेरंड महाराज कहते हैं कि शांभवीमुद्रा तो कह आये अब हे चंडकापाली ! तुम पंचधारणा मुद्रा सुनों यह पञ्चधारणामुद्रा भी पांच प्रकारकी है जिन पांचोंके प्राप्त होयवे पै फिर भूतलमें कौन ऐसी बात है जो सिद्ध न हों अर्थात् सब सिद्ध हो जाय हैं ॥६३॥

अनेन नरदेहेन स्वर्गेषु गमनागमम् ।
मनोगतिर्भवेत्तस्य खेचरत्वं न चान्यथा ॥६४॥

ये पांच प्रकारकी धारणा मुद्रा सिद्ध होनेपर इसी नरदेहसों (विना मरे) जीतेही स्वर्गलोकमें आनो जानो हो सकै है और उस साधन करनेवालोंकी मनोगति (चाहे जहां जाय) जाय सकै है तथा खेचरत्व (आकाशमें उड़वेकी शक्ति) प्राप्त हो जाती है पांच प्रकारकी धारणा पहिले कह आये हैं पार्थिवी १, आंभसी २, वायवी ३, आग्नेयी ४, आकाशी ॥५-६४॥

पार्थिवीधारणामुद्राविधि:

यत्तत्वं हरितालदेशरचितं भौमं लकारान्वितं
वेदास्त्रंकमलासनेन सहितं कृत्वा हृदिस्थायिनम् ।
प्राणास्तत्र विनीय पंचघटिकां चितान्वितां धारये-
देषाशंभकरीभवेत्क्षितिजयं कुर्यादधोधारणा ।।६५।।

धरतीतत्त्वका वर्ण हरितालके समान पीला है या धरतीतलका बीज लकार है इसका आकार चौकोन बराबर है ब्रह्मा याके देवता हैं योगके प्रभावसे उक्त सब बीजनके सहित हृदयमें ध्यानकर स्थापित करै उस समयमें प्राण वायुको खेंच करके कुंभकके द्वारा पांच घड़ी (दो घंटा) मन न डिगने पावे धारणा किये रहै इसी स्तंभकरी (श्वास ठहरायवेवारी) क्रियाकों पार्थिवीधारणा कहते हैं याको दूसरौ नाम (अधोधारणा भी है) याको धारण करवेंसो धरती जीती जाय है अर्थात् धरतीसंबंधी कोई भी बाधा होई तौ याके धारण करवेसों धारकको कछुआ विघ्न नहीं होता ।।६५।।

पार्थिवीधारणामुद्राफलम् ।

पार्थिवीधारणामुद्रा यः करोति तु नित्यशः ।
मृत्युञ्जयः स्वयं सोऽपि स सिद्धो विचरेद्भुवि ।।६६।।

जो नर रोज या पार्थिवी धारणामुद्राको करता है वही स्वयं मृत्युंजय हो जाता है (अर्थात् कभी नहीं मरता) और वोही सिद्धि होके धरतीमें विचर्यो करै है ।।६६।।

आम्भसीधारणामुद्राविधि:

शङ्खेन्दुप्रतिमं च कुन्दधवलं तत्त्वं किकालं शुभं-
तत्पीयूषवकारबीजसहितं युक्तं सदा विष्णुना ।
प्राणांस्तत्र विनीय पञ्चघटिकां चित्तान्वितो धारयेत्
तेषां दुःसहतापपापहरिणीस्यादांभसी धारणा ।।६७।।

जलतत्त्वका वर्ण शंख तथा चन्द्रमाकी तुल्य विमल और कुंदपुष्पकी तरह उज्ज्वल है और शोभन है और याकी अमृत संज्ञा है और वकार याको बीज है और विष्णु याके देवता हैं योगके प्रभावसों हृदयके बीच उक्त जल तत्त्वके समुदायका ध्यान करै और उसी समय प्राणपवनकों खेंचके

पांच घड़ी चित्त स्थिर करके कुम्भक प्राणायाममें स्थिर रहै याहीकों आंभसी-धारणामुद्रा कहते हैं यह मुद्रा वडे २ दु:सह ताप (त्रय) तथा पापनिकों नाश करै है ॥६७॥

अथांभसीमुद्राफलम्

आम्भसीं परमां मुद्रां यो जानाति स योगवित् ।
जले च घोरे गंभीर मरणं तस्य नो भवेत् ॥६८॥

जो साधक या आंभसीमुद्राको जानता है वही योगवित् (योगकौ साधवे-वारौ) है वह यदि महाभयानक और गंभीर (गहरे) जलमें भी पड़कर भी मौतकौ प्राप्त नहीं होइ है अर्थात् श्वाससाधनसों जलमें डूब भी नहीं सकै है ॥६८॥

इयं तु परमा मुद्रा गोपनीया प्रयत्नतः ।
प्रकाशात्सिद्धि हानिः स्यात्सत्यं वच्मि च तत्वतः ॥६९॥

यह मुद्रा वड़ी गुप्त है और यत्नसहित याकों जाहिर न करनी याके जाहिर होवेसों सिद्धि (काम) की हानि होइ है यह मैं विचारकें सांच कहों हौं ॥६९॥

आग्नेयीमुद्राविधिः

यन्नाभिस्थितमिंद्रगोपसदृशं बीजं त्रिकोणान्वितं-
तत्त्वं तेजमयं प्रदीप्तमरुणं रुद्रेण यत्सिद्धिदम् ।
प्राणांस्तत्र विनीय पञ्चघटिकां चित्तान्वितं धारयत्-
देषा कालगभीरभीतिहरिणी वैश्वानरी धारणा ॥७०॥

अग्नितत्त्वकौ स्थान नाभिस्थल है याकौ रंग इंद्रगोप (बीर बहूटी) की तरह लाल है रकार याकौ बीज है याकौ आकार त्रिकोण और रुद्र याके देवता हैं यह तत्त्व तेजका समूह है यह दीप्तमान (प्रकाशमान) और सिद्धिदायक है योगबलसों या अग्नितत्त्वकौ उदय करायकें एकाग्रचित्त हो पांच घड़ीतक कुंभकप्राणायामसे प्राणवायु (हृदयमें रहवेवारी पवन) को धारण करै इसका नाम आग्नेयी धारणा मुद्रा है याके अभ्याससों संसारका भय (डर) दूर हो जाय है और अग्निके द्वारा साधक की मृत्यु (मौत) कभी नहीं हो सकेगी ॥७०॥

आग्नेयीधारणामुद्राफलम्

प्रदीप्ते ज्वलिते वह्नौ पतितो यदि साधकः ।
एतन्मुद्राप्रसादेन स जीवति न मृत्युभाक् ॥७१॥

यदि साधक बहुत जरती भई धकधकाती आगमें गिर पड़े तौ भी या आग्नेयीधारणामुद्राके प्रसादसे जीतो रहेगो कभी मृत्युका भागी नहीं होगा ॥७१॥

वायवीधारणामुद्राविधिः

यद्भिन्नाञ्जनपुञ्जसन्निभमिदं धूम्रावभासं परं
तत्त्वं सत्त्वमयं यकारसहितं यत्रेश्वरो देवता ।
प्राणांस्तत्र विनीय पञ्चघटिकां चित्तान्वितां धारयेदेषा
खे गमनं करोति यमिनां स्याद्वायवी धारणा ॥७२॥

वायुतत्त्वकौ रंग घिस्यो भयो अंजन (सुर्मा) तथा धुएकी तरह है यकार याकौ बीज है और ईश्वर याकौ देवता है यह तत्त्व सत्त्वगुणमय है योगके प्रभावसों या वायु (पवन) तत्त्वकों उदित करायकें एकाग्रचित्त हो प्राणवायुकों खेंचकर कुंभकप्राणायामके द्वारा पांच घटीतक धारण करै इसका नाम वायवी मुद्रा है यह मुद्रा साधन करवेवारेको वायुसे कभी मृत्यु नहीं हो सकती और साधकका सामर्थ्य आकाशमें जाने आनेकी हो जाती है ॥७२॥

वायवीधारणामुद्राफलम्

इयं तु परमा मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी ।
वायुना म्रियते नापि खे च गतिप्रदायिनी ॥७३॥

यह मुद्रा परम श्रेष्ठ है बुढ़ापे और मौत इन दोनोंको नाश करती है और साधक वायुके किसी प्रकारके कोपसो नहीं मर सकता और यह मुद्रा आकाशगमनकी सामर्थ्यंको देवेवारी है ॥७३॥

शठाय भक्तिहीनाय न देया यस्य कस्यचित् ।
दत्ते च सिद्धिहानिः स्यात्सत्यं वच्मि च चण्डते ॥७४॥

घेरण्डमहाराज बोले कि हे चंडकापालि! या मुद्राकी विधि मूर्ख तथा जाके हृदयमें भक्ति न हो ऐसेनकों कभी नहीं बतानी चाहिये और हर काऊकों नहीं देना और शठादिकनको देनेसो बतायवेवारेकों सिद्धि नहीं होइ यह तुमसे मैंने साच कहा है ॥७४॥

आकाशीधारणामुद्राविधिः

यत्सिंधौ दरशुद्धवारिसदृशं व्योमं परं भासितं
तत्त्वं देवसदाशिवेन सहितं बीजं हकारान्वितम् ।
प्राणांस्तंत्र विनीय पंचघटिकां चित्तान्वितं धारये-
देषा मोक्षकपाटभेदनकरी कुर्यान्नभोधारणा ॥७५॥

आकाशतत्त्वका रंग समुद्रके विशुद्ध जलकी तरह प्रकाशित होता है सदाशिव याके देवता है हकार याकौ बीज है इसी आकाशतत्त्वकों सदाशिवके सहित योग प्रभावसे उदित एकाग्रमन होकर ध्यान करै और वाही समय प्राणवायुको खेंचकर कुंभकप्राणायामसे पांच घड़ी धारण किये रहै इसीको आकाशीधारणा कहते हैं यह मुद्रा मोक्ष (मुक्ति) के किवारनकों खोल देय है ॥७५॥

अकाशीधारणामुद्राफलम्

आकाशीधारणां मुद्रां यो वेत्ति सैव योगवित् ।
न मृत्युर्जायते तस्य प्रलये नावसीदति ॥७६॥

जो मनुष्य आकाशीमुद्राको जानता है वही निश्चय योगको जानवेवारो है उसकी मृत्युभी किसीसे नहीं होती है और प्रलय होनेपर भी ज्योंका त्यौं बन्यो रहै है ॥७६॥

इति पंचधारणामुद्राः

अश्विनोमुद्राविधिः

आकुंचत्येद्गुदद्वारं प्रकाशयेत्पुनः पुनः ।
सा भवेदश्विणीमुद्रा शक्तिप्रबोधकारिणी ॥ ७७ ॥

साधक फिर फिर अपने गुदाके मुखकों सकोड़े और फैलावै याहीको नाम अश्विनीमुद्रा है यह मुद्रा शक्ति (ताकत) को बढ़ायवेवारो है ॥७७॥

अश्विनोमुद्राफलम्

अश्विनी परमा मुद्रा गुह्यरोगविनाशिनी ।
बलपुष्टिकरी चैव अकालमरणं हरेत् ॥७८॥

यह श्रेष्ठ मुद्रा अश्विनी गुदा (गांड) के सबरे रोगनकौ नाश करै है और बल और पुष्टिताकों बढ़ावे है और अकाल मरण (बेसमय मरबेकों) हर लेती है ॥७८॥

पाशिनीमुद्राविधिः

कण्ठे पृष्ठे क्षिपेत्पादौत्पाशवं दृढबंधने ।
सा एव पाशिनी मुद्रा शक्तिप्रबोधकारिणी ॥७९॥

दोनों पांव कंठकी पीठमें डालकर जैसे पाश (रस्सा) सों बांध्यो जाय है वैसेही दृढ़ (ताकतसो) बांधै यही पाशनी मुद्रा कही जाय है यह भी शक्ति (बल) को जगावै ॥७९॥

पाशिनीमुद्राफलम्

पाशिनी महती मुद्रा बलपुष्टिविधायिनी ।
साधनीया प्रयत्नेन साधकैः सिद्धिकांक्षिभिः ॥८०॥

यह पाशिनी एक बड़ी भारी मुद्रा है यह बल और पुष्टि (अंग बढ़ाना) तथा सिद्धि चाहवेवारे साधक लोग इसको जरूर बड़े यत्नसों साधन करै ॥८०॥

काकीमुद्राविधिः

काकचंचुवदास्येन पिबेद्वायुं शनैः शनैः ।
काकीमुद्रा भवेदेषा सर्वरोगविनाशिनी ॥८१॥

अपने मुखकों कौआकी चोंचके तरह बनायके धीरे धीरे वायु पीवे इसका नाम काकीमुद्रा है यह सब तरहके रोगनकों दूर करै है ॥८१॥

काकीमुद्रा परा मुद्रा सर्वतंत्रेषु गोपिता ।
अस्याः प्रसादमात्रेण काकवन्नीरुजो भवेत् ॥८२॥

यह काकीमुद्रा बहुत उत्तम है और सब तंत्रनिमें गुप्त है इसके प्रसाद (प्रताप सों मनुष्य काककी तरह रोगरहित हो जाय है ॥८२॥

मातंगिनीमुद्राविधिः

कंठमग्ने जले स्थित्वा नासाभ्यां जलमाहरेत् ।
मुखान्निर्गमयेत्पश्चात्पुनर्वक्त्रेण चाहरेत् ॥८३॥
नासाभ्यां रेचयेत्पश्चात् कुर्यादेवं पुनः पुनः ।
मातंगिनी परा मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी ॥८४॥

कंठ (गरे) तक जलमें ठाडौ होकर पहले नाकसों जलको खैंचकें मुखसों निकार देवे तो पीछें मुखसों जल खैंचके पीछे नाकसों गेर देय नाकके दोनों छेदनसों वहाय देइ, या प्रकार वारंवार खेंचै और वेरवेर गेरै याकौ नाम मातंगिनी मुद्रा है यह मुद्रा वुढापे और मौतको नाश करै है ।।८३-८४।।

मातंगिनीमुद्राफलम्

विरले निर्जने देशे स्थित्वा चैकाग्रमानसः ।
कुर्यान्मातंगिनीं मुद्रां मातंग इव जायते ।।८५।।

साधक कहूं निर्जन वन (जहां कोई मनुष्य न हो) वहां एकाग्र चित्त कर बैठे या मातंगिनीमुद्राकों साधै तौ हाथीकी तरह वलवान् हो जाय है ।।८५।।

यत्र यत्र स्थितो योगी सुखमत्यन्तमश्नुते ।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन साधयेन्मुद्रिकां पराम् ।।८६।।

या मुद्राके साधन करवेवारे योगी जहां जहां स्थिर (वैठा रहेगा वहीं वहां वहुत सुखका भागी होगा या कारण सव तरहसे जतन करके या श्रेष्ठ मुद्राकौ साधन करनो चाहिये ।।८६।।

भुजंगिनीमुद्राविधिः

वक्त्रं किंचित्सुप्रसार्य्य चानिलं गलया पिबेत् ।
सा भवेद्भुजगी मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी ।।८७।।

मुखकों किंचित् थोरो फैलायके गरेके द्वारा वायु पीया करै गरेमें पवनको धक्का जोरसे लगै। इसको भुजंगिनि मुद्रा कहते हैं यह बुढापौ तथा मौतको नाश करैं हैं ।।८७।।

भुजंगिनीमुद्राफलम्

यावच्च उदरे रोगमजीर्णादि विशेषतः ।
तत्सर्वं नाशयेदाशु यत्र मुद्रा भुजंगिनी ।।८८।।

जितने उदर (पेट) में रोग हैं तथा अजीर्ण आदिकोंको विशेष करके यह भुजंगिनी मुद्रा शीघ्र दूर करै ।।८८।।

सर्वमुद्राफलम्

इदं तु मुद्रापटलं कथितं चंडकापलि ।
वल्लभं सर्वसिद्धानां जरामरणनाशनम् ।।८९।।

घेरंडमुनि बोले कि हे चंडकापालि! मैंने तेरे आगे यह मुद्रानको पटल कह्यो यह सबरे सिद्ध जनोंको प्रिय (प्यारा) है और बुढ़ापे तथा मौतको नाश करै है ॥८९॥

शठाय भक्तिहीनाय न देयं यस्य कस्यचित् ।
गोपनीयं प्रयत्नेन दुर्ल्लभं मरुतामपि ॥९०॥

जो मूर्ख और भक्तिहीन अर्थात् जो भक्तिवान् न हो उसको ये मुद्रा कभी नहीं देनों चाहिये और जिस तिसको भी देनी उचित नहीं है इसको यत्नसों गुप्त राखनी चाहिये ये सब मुद्रा देवतानको भी दुर्लभ हैं ॥९०॥

ऋजवे शांतचित्ताय गुरुभक्तिपराय च ।
कुलीनाय प्रदातव्यं भोगमुक्तिप्रदायकम् ॥९१॥

ये सब मुद्रा भोग (भोजनादि) मोक्ष दोनोंनको देवेवारी है यासों याकों विचार कर देनी चाहिये जैसे कि कोमल सुभाव हों शांतचित्त (चंचल मन न हो) गुरुके कहवेमें विश्वास राखता तौ होइ और अच्छे कुल (वंश) को होय ऐसेनको देनी चाहिये ॥९१॥

मुद्राणां पटलं ह्येतत्सर्वव्याधिविनाशनम् ।
नित्यमभ्यासशीलस्य जठराग्निविवर्द्धनम् ॥९२॥

यह मुद्रापटल सबरे रोगनको नाश करे है और जो नित्य अभ्यास करते हैं उसकी जठराग्नि (पेटकी अग्नि) बढ़ जाय है ॥९२॥

तस्य नो जायते मृत्युर्नास्य जरादिकं तथा ।
नाग्निजलभयं तस्य वायोरपि कुतो भयम् ॥९३॥

जो नर मुद्रासाधन करैं हैं उनको न तौ बुढ़ापो न मौत आदि न आग न पानी न पवन (वायु) कभी भय नहीं पहुंचा सकें हैं ॥९३॥

कासः श्वासः प्लीहकुष्ठं श्लेष्मरोगाश्च विंशतिः ।
मुद्राणां साधनाच्चैव विनश्यन्ति न संशयः ॥९४॥

मुद्रा साधन करवेसों कास श्वास प्लीह कोढ़ बीस तरहके कफरोग नाशको प्राप्त होते हैं ॥अर्थात् सर्व रोग जाते रहते हैं) ॥९४॥

बहुना किमिहोक्तेन सारं वच्मि च चण्ड ते ।
नास्ति मुद्रासमं किंचित् सिद्धिदं क्षितिमंडलम् ॥९५॥

इति श्रीघेरण्डसंहितायां घेरण्डचण्डकापालिसंवादे
घटस्थयोगप्रकरणे मुद्राप्रयोगो नाम तृतीयोपदेशः ॥३॥

घेरंडमहाराज कहते हैं कि हे चंडकापालि ! तोसों बहुत कहनेसे क्या है किंतु सार बात मैं कहता हूं कि जिस भूमंडल (धरतीके चारों तरफ) मुद्रा से परे कोई भी चीज सिद्धि देवेवारी नहीं हैं ॥९५॥

इति श्रीघेरण्डसंहितायां श्रीमधुपुरीयास्थदक्षगोत्रोद्भवचातुर्वेदीशर्म्म
श्री ५ कल्याणचंद्रात्मजभिष्प्राधाचंद्रविरचिते व्रजभाषाभाष्यं नाम
टीकायां घटस्थयोगप्रकरणे मुद्राकथनो नाम तृतीयोपदेशः ॥३॥

चतुर्थोपदेशः ४

प्रत्याहारप्रकरणम्

अथातः संप्रवक्ष्यामि प्रत्याहारकमुत्तमम् ।
यस्य विज्ञानमात्रेण कामादिरिपुनाशनम् ॥१॥

घेरंड महाराज कहते हैं कि चंडकापालि ! मुद्रा कहे पीछे अब हम तोसों प्रत्याहार उत्तम योग कहते हों याके ज्ञानमात्रसेंही कामादि (क्रोध मोह मद आदि) वैर नाशको प्राप्त होते हैं ॥१॥

अतस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत् ॥२॥

जिस विषयमें मन चंचल होके भ्रमण करै प्रत्याहारके द्वारा उस उस विषयसों मनको लौटाय दे अपने वश लानो चाहिये ॥२॥

पुरस्कारं तिरस्कारं सुश्राव्यं भावमायकम् ।
मनस्तस्मान्नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत् ॥३॥

चाहे आदर हो चाहें निरादर हो किसीमें मनको कभी नहीं फसानों याही प्रकार कानको अच्छा लगता शब्द हो चाहे बुरो बोले हो किसीमें मन न लगावै अपनेही वश राखै ॥३॥

यही कारण है कि उसके बोध विना योगसम्बन्धी समस्त उपाय अधूरे रह जाते हैं ॥ ८३ ॥

कुण्डलिनीके जागृत होनेके लिये आपने लिखा है कि मुद्राओंका अभ्यास करना चाहिये।

सुप्ता गुरुप्रसादेन यदा जागर्ति कुण्डली।
तदासर्वाणि पद्मानि भिद्यन्ते ग्रन्थयोऽपिच ॥ ८४ ॥
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम्।
ब्रह्मद्वारमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत् ॥ ८५ ॥

—हठयोगप्रदीपिका.

गुरुकी कृपा एवं अपने अभ्यासबलसे जब कुण्डली शक्तिका जागरण होता है तब समस्त पद्म यानी षट्चक्र विकसित हो जाते हैं और ब्रह्म आदि ग्रन्थियाँ भी खुल जाती हैं। इसलिये उस कुण्डलिनीको जो ब्रह्मद्वारको रोके हुंए सो रही है जगाना हो तो प्रयत्नपूर्वक मुद्राओंका अभ्यास करना चाहिये ॥ ८४–८५ ॥

मुद्राओंका लक्षणसहित वर्णन निम्नलिखित है :—

मुद्राओंके भेद

महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डीयानं जलन्धरम्।
मूलबन्धो महाबन्धो महावेधश्च खेचरी ॥ ८६ ॥
विपरीतकरी योनिर्वज्राणी शक्तिधारिणी।
ताडागी माण्डवी मुद्रा शाम्भवी पंचधारिणी ॥ ८७ ॥
अश्विनी पाशिनी काकी मातङ्गी च भुजंगिनी।
पंचविंशतिसंख्याका मुद्राः प्रोक्ता महर्षिभिः ॥ ८८ ॥

घेरण्डसंहिताकार पच्चीस प्रकारकी मुद्रा लिखते हैं कि——१ महामुद्रा २ नभोमुद्रा, ३ उड्डीयानबन्ध, ४ जलन्धरबन्ध, ५ मूलबन्ध, ६ महाबन्ध, ७ महावेध, ८ खेचरी, ९ विपरीतकरणी, १० योनिमुद्रा, ११ वज्राणी, १२ शक्तिधारिणी, १३ ताडागी, १४ माण्डवी, १५ शाम्भवी, १६ पार्थिवधा-रिणी, १७ आम्भसीधारिणी, १८ वैश्वानरीधारिणी, १९ वायवीधारिणी २० नभोधारिणी, २१ अश्विनी, २२ पाशिनी, २३ काकी, २४ मातङ्गी और २५ भुजंगिनी, इन भेदोंसे मुद्राके पच्चीस नाम महर्षियोंने बताये हैं ॥ ८६–८८ ॥

Scanned by CamScanner

(१) महामुद्राकी विधि

पायुमूलं वामगुल्फे संपीड्य यत्नतो दृढम् ।
याम्यपादं प्रसार्याथ करैर्धृतपदाङ्गुलिः ॥ ८९ ॥
कण्ठसंकोचनं कृत्वा भ्रुवोर्मध्ये निरीक्षयेत् ।
महामुद्राभिधा एषा कथ्यते चैव सूरिभिः ॥ ९० ॥



बायें पैरकी एडीको गुदा और लिङ्गके मध्यभागमें दृढ लगाकर दाहिने पैरको दण्डाकार फैलाकर एड़ी भूमिपर रख दे, फिर दोनों हाथोंकी अँगुलियोंको परस्पर भिड़ाकर दाहिने पैरकी अँगुलियोंको पकड ले और कंठको सिकोड़ कर भौंहोंके मध्यभागको निश्चल दृष्टिसे देखता रहे । इस प्रकारकी क्रियाका नाम महात्माओंने 'महामुद्रा' बताया है । इसका अभ्यास अनुलोप और विलोम रीतिसे अर्थात् बायें अंगसे करके उसी तरह दाहिने अंगसे भी करना चाहिये । इस मुद्राके लगानेका फल यह होता है कि—"ऋज्वीभूता तथा शक्तिः कुण्डली सहसा भवेत् । तदा सा मरणावस्था जायते द्विपुटाश्रया ॥" इडा और पिंगला नाडीको त्यागकर प्राणवायुको कुंडलीके पास सरलतासे पहुँचानेके लिये सुषुम्णा नाडीवाला मार्ग उपस्थित हो जाता है, इसलिये कुंडलीके जगानेका अनुकूल अवसर प्राप्त हो जाता है ॥ ८९-९० ॥

(२) नभोमुद्राकी विधि

यत्रतत्र स्थितो योगी सर्वकार्येषु सर्वदा ।
ऊर्ध्वजिह्वः स्थिरो भूत्वा धारयेत्पवनं शनैः ॥
नभोमुद्रा भवेदेषा योगिनां रोगनाशिनी ॥ ९१ ॥

जब कभी साधकको इच्छा हो तब ऊपरको जीभ निकाल कर धीरे २ वायुको खींचकर कुम्भक करे । यह समस्त रोगोंके नाश करनेवाली 'नभोमुद्रा' नामक मुद्रा कहाती है ॥ ९१ ॥

Scanned by CamScanner

(३) उड्डीयान बन्ध

उदरे पश्चिमं तानं नाभिरूर्ध्वं तु कारयेत्।
उड्डीयानो ह्यसौ बन्धो मृत्युमातंगकेसरी ।। ९२ ।।

दोनों जानुओंको मोड़कर पैरोंके तलुओंको परस्पर भिडाकर उसीके सहारे बैठ जाय। फिर उदरगत नाभिचक्रके नीचे तथा ऊपरके भाग का आकर्षण इस प्रकार करे कि दोनों भाग जाकर पृष्ठभागमें लग जायँ। इसमें नाभिके ऊपरी और निचले भागका तनाव होता है, इस तनावसे सुषुम्णा नाडीके मध्य जानेके लिये प्राणवायुका मार्ग जो अवरुद्ध रहता है वह अनुकूल हो जाता है, अत एव सुखपूर्वक सुषुम्णाकी ओर प्राण–पक्षी उड जाता है, इसी लिये इस बन्धका अन्वर्थ नाम 'उड्डीयान[१]' रखा गया है। यह बन्ध दृढ अभ्यस्त हो जाने पर मृत्युरूप मतवाले हाथीके साथ सिंहकासा व्यवहार करता है और बूढोंको भी जवान बना देता है ।। ९२ ।।

(४) जालन्धर बन्ध

कण्ठमाकुच्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम्।
बन्धो जालन्धराख्योऽयं जरामृत्युविनाशनः ।। ९३ ।।

—हठयोगप्रदीपिका.

१—'सुषुम्णायामुड्डीयतेऽनेन बद्धः प्राण इत्युड्डीयनम्। 'डीङ्' विसहाय सा गतौ' इत्यस्मात्करणे ल्युट।' करणेमें डी धातुसे ल्युट् प्रत्यय होकरयह शब्द सिद्ध होता है और जिसके द्वारा बँधा हुआ प्राण सुषुम्णामें जाता है, यही इसका वाच्यार्थ है।

कंठको सिकोडकर अपने चिबुक (ठोढी) को हृदयकी ओर लेजाकर इस प्रकार दृढ स्थापित कर दे कि हृदयसे ठोढीका अन्तर केवल चार अंगुलका रहे। यह बन्ध जाल यानी नाडियोंके समूहको बाँधे रहता है, अथवा कपाल-कुहरसे गिरकर नीचे जाकर जठराग्निको मन्द कर देनेवाले जलबिन्दुका बन्धन किये रहता है इसलिये इसका अन्वर्थ नाम 'जालन्धर[१]' कहा गया है। नाडियोंके बंधे रहनेसे कुपित वायु नाडियोंमें जाकर किसी तरहका विकार नहीं उत्पन्न करने पाती और जलवन्धनसे जठरानि कभी मन्द नहीं होने पाती, जिससे साधकको यह लाभ होता है कि मृत्युभय, बूढ़ापन, रोग एवं आलस्य आदि उपद्रवोंसे छुटकारा मिल जाता है। इसमें कंठका जो संकोचन किया जाता है उसका यह भी फल होता है कि इडा और पिंगला नाडियोंके स्तम्भन होनेके कारण सुषुम्णामें जानेके लिये प्राणको सहजमें ही रास्ता खुल जाता है-- जिसका फल कुण्डलीका बोधन होता है॥ ९३॥

(५) मूलबन्ध

प्रार्ष्णिभागेन संपीड्य योनिमाकुञ्चयेद्गुदम्।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोभिधीयते॥ ९४॥

—हठयोगप्रदीपिका.

दाहिनी अथवा बाईं एडीको गुदा और लिङ्गके मध्यभागमें दृढ़ लगाकर गुदामार्गके आकुञ्चन द्वारा अधोगत अपान वायुको ऊपरकी ओर ले जाय। इस मूल (गुदा) के आकुञ्चनसे अपान वायुका ऊर्ध्वगमन होकर प्राणके साथ संयोग होता है, दोनोंको सुषुम्णा नाडीमें जानेका अवसर मिलता है, इसका नाम 'मूलबन्ध' है। इस बन्धके लक्षणमें योगबीजकारने 'अश्वकी तरह वार-वार आकुञ्चन करे' इतना विशेष लिखा है, बाकी सब समान है। इसके करनेसे जब अपान और प्राणवायु परस्पर मिलकर सुषुम्णामें प्रविष्ट होती हैं तो नाद और बिन्दुका भी मिलाप हो जाता है। जिसका फल यह होता है कि साधक नीरोग रहकर योगसिद्धि प्राप्त करता है॥ ९४॥

(६) महाबन्ध मुद्रा

पार्ष्णि वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत्।
वामोरूपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं तथा॥ ९५॥

---

१ जाल = समूह (नाडीसमूह)। जाल = जल संबन्धी (जलबिन्दु) जालं + धरतीति विग्रहः।

पुरयित्वा ततो वायुं हृदयं चिबुकं दृढम् ।
निष्पीड्य पायुमाकुञ्च्य मनोमध्ये नियोजयेत् ।। ९६ ।।

बायें पैरकी एडीको गुदा और लिङ्गके मध्यभागमें लगाकर बायीं जंघाके ऊपर दाहिने पैरको रखकर दृढतापूर्वक बैठ जाय । फिर जालन्धर बन्ध लगाकर अर्थात् कण्ठको संकुचित कर ठोढीको चार अंगुलका बीच रखकर हृदयके सामने दृढ़ स्थापित कर पूरक प्राणायाम करे । और गुदाका आकुञ्चन यानी मूलबन्ध करके मनको मध्यनाडीमें प्रविष्ट करे । फिर उस पूरक द्वारा उदरमें गयी हुई वायुका यथाशक्ति धारण कर धीरे २ रेचन करे । जबतक अनुलोम, विलोमसे इस क्रियाका अभ्यास न हो जाय तबतक युक्तिपूर्वक अभ्यास करता रहे । 'महाबन्धःमुद्रा' से गंगा, यमुना और सरस्वती नामवाली नाडियोंका संगम होता है, एवं मन शिवस्थानमें जा पहुँचता है ।। ९५–९६ ।।

जैसे रूपलावण्य संयुक्त युवावस्थावाली स्त्री विना पुरुषके निष्फल रहती है ऐसे ही महावेधके विना महाबंध और महामुद्रा भी व्यर्थ हो जाती हैं, इसलिये जिज्ञासुओंके निमित्त घेरण्डसंहितासे यहाँ पर उसका लक्षण उद्धृत करता हूँ ––

(७) महावेध

महाबन्धं समास्थाय उड्डानकुम्भकं चरेत् ।
महावेधः समाख्यातो योगिनां सिद्धिदायकः ।। ९७ ।।
समहस्तयुगौ भूमौ स्फिचौ संताडयेच्छनैः ।
पुटद्वयमतिक्रम्य वायुः स्फुरति मध्यगः ।। ९८ ।।

महावंधको करके उड्डानबन्धपूर्वक कुम्भक करना चाहिये, परन्तु कुम्भक करते हुए इस बातका ध्यान अवश्य रहे कि दोनों हाथोंके तलुओंको भूमिमें लगाकर नितम्बको ऊपर और नीचे धीरे २ युक्तिपूर्वक उठाये और छोड़े। इस तरह करनेसे इड़ा पिंगला नाडियोंको छोडकर वायु सुषुम्णामें प्रवेश करती है ।। ९७–९८ ।।

(८) खेचरीमुद्राका लक्षण

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा ।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ।। ९९ ।।

महात्मा स्वात्मारामजी खेचरी मुद्राका निरूपण इसप्रकार लिखते हैं कि––कपालके कुहर (छिद्र) में उलट देनेपर जिह्वा यदि प्रविष्ट हो जाय,

Scanned by CamScanner

एवं भ्रुकुटियोंके मध्यमें दृष्टिका प्रवेश हो जाय तो इसीका नाम 'खेचरी-मुद्रा' है ।। ९९ ।।

जिह्वाका प्रवेश कपाल-–कुहरमें किस क्रियासे होने लगता है यह भी स्वयं कहते हैं––

खेचरीसिद्धिके उपाय

छेदनचालनदोहैः कलां क्रमेण वर्धयेत्तावत् ।
सा यावद्भ्रूमध्यं स्पृशति तदा खेचरीसिद्धिः ।। १०० ।।

जबतक जिह्वा इतने परिमाणमें न बढ़ जाय कि भ्रुकुटीके मध्यमभागको छू लिया करे, तबतक जिह्वा बढ़ाने के लिये १ दोहन, २ चालन और ३ छेदन; ये तीन क्रियाएँ करनी चाहिये।

इन क्रियाओंकी रीति इस प्रकार है:––

(१) प्रातःकाल जब दन्तधावन कर चुके तब जीभमें मक्खन लगाकर उसे दोनों हाथोंकी अँगुलियोंसे धीरे २ इस तरह दुहे कि जैसे गौ दुही जाती है। इसे 'दोहन' कहते हैं। (२) अँगूठे और तर्जनी अँगुलीसे जिह्वाको पकड़कर चारों तरफ उलटफेर कर हिलाइये। इसीका नाम 'चालन' है। और (३) सेंहुड़ (स्नुही पत्र) के आकारवाले तीक्ष्ण शस्त्रसे आठवें आठवें दिन जिह्वाके नीचे जो शिरा रहती है उसे जितने आयामका वाल (रोम) होता है उतने परिमाणमें छेदन करे। इसीको ,छेदन' कहते हैं। छेदनके बाद उसी घावपर सैंधव, नमक, अथवा कत्था और हरडका चूर्ण घिसना चाहिये। कोई २ तो तो छेदन न करके केवल औषध द्वारा ही काम लेते हैं। जो साधक छेदन करते हैं उन्हें प्रत्येक अठवड़ेमें क्रमशः थोड़ी २ घावकी मात्रा बढ़ाते जाना चाहिये। जैसे–पहले अठवाड़ेमें वालप्रमाण घाव हो तो दूसरे में इससे कुछ अधिक होना चाहिये। उपरोक्त रीतिसे छः महीनेतक लगातार करते करते जिह्वा बढ़कर उपयोगमें आने लगती है, यानी जिह्वाकी लम्बाई इतनी हो जाती है किभ्रूमध्यको अच्छे प्रकार छू सकती है। तब साधकको चाहिये कि जिह्वाको उलटकर कपालकुहरमें प्रविष्ट करे वहाँ तीनों नाड़ियोंके जो छिद्र रहते हैं उनमें सुषुम्णाके छिद्रसे जो अमृत बिन्दु टपकता रहता है उसे जिह्वाग्रसे पान करे ।। १०० ।।

इस अमृत बिन्दुके पानसे साधक निरामय होकर अजर, अमर हो जाता है। तथा :—

चुम्बन्ती यदि लम्बिकाग्रमनिशं जिह्वा रसस्पर्शिनी,
सक्षाराकटुकाम्लदुग्धसदृशी मध्वाज्यतुल्या तथा।

व्याधीनां हरणं जरान्तकरणं शस्त्रागमोदीरणं,
तस्य स्यादमरत्वमष्टगुणितं सिद्धाङ्गनाकर्षणम् ।। १०१ ।।

—हठयोगप्रदीपिक.।

जब पूर्वोक्त क्रियाओं द्वारा जिह्वा कपालकुहरमें जाती है तो सर्व प्रथम लवणके समान स्वाद प्रतीत होता है, एवं फिर क्रमशः कडुआ, अम्ल और दूध मधु, घीका स्वाद आने लगता है। यदि घीका स्वाद आने लग जाय तो समझ लेना चाहिये कि खेचरी मुद्रा सिद्ध हो गयी। इस मुद्रासे चंद्र (वाम), नाडीगत अमृतबिन्दु (जिसे 'अमरवारुणी' भी कहते हैं) पान करनेको मिलने लग जाता है इसलिये जरा, मरण, शत्रुसे भय और रोगोंसे छुटकारा मिल जाता है तथा अणिमा आदि अष्टसिद्धियाँ प्राप्त होती हैं।। १०१।।

इसकी प्रशंसामें और भी लिखा है कि :—

गोमांसं भक्षयेन्नित्यं पिबेदमरवारुणीम् ।
कुलीनं तमहं मन्ये चेतरे कुलघातकाः ।। १०२ ।।

गो शब्देनोदिता जिह्वा तत्प्रवेशो हि तालुनि ।
गोमांसभक्षणं तत्तु महापातकनाशनम् ।। १०३ ।।

—हठयोगप्रदीपिका.

जो साधक प्रतिदिन तालुके समीप ऊर्ध्वविरमें जिह्वाको प्रविष्ट करके अमरवारुणीका पान करता है उसे ही स्वात्मारामजी कुलीन मानते हैं, हैं, अन्य इतरोंको कुलघातक बताते है, क्योंकि इसके विना वे योगसिद्धि मानते ही नहीं ।। १०२-१०३ ।।

(९) विपरीत करणीमुद्रा

नाभिमूले वसेत्सूर्यस्तालुमूले च चन्द्रमाः ।
अमृतं ग्रहते सूर्यस्ततो मृत्युवशो नरः ।। १०४ ।।

ऊर्ध्वं च गमयेत्सूर्यं चन्द्रं च अध आनयेत् ।
विपरीतकरी मुद्रा सर्वतन्त्रेषु गोपिता ।। १०५ ।।

भूमौ शिरश्च संस्थाप्य करयुग्मे समाहितः
ऊर्ध्वपादो दृढीभूत्वा विपरीतकरी मता ।। २० ।।

—घेरण्डसंहिता.

Scanned by CamScanner



नाभिके मूलमें सूर्यनाडीका निवास है और तालुमूलमें चन्द्रनाडीका स्थान है। जब चंद्रगत अमृतको अपने तेजसे सूर्य पान कर जाता है तो मनुष्य किसी न किसी दिन मरणावस्थाको प्राप्त हो जाता है इसलिये 'विपरीतकरणी' मुद्रा करनी चाहिये। इसकी क्रिया इस तरह है कि––जिसपर शिर सुखपूर्वक टिक सके ऐसी कपड़ेकी गिंडुरी बनाकर उस पर शिरको दृढ स्थापित कर दोनों हाथोंको शिरकी दोनों ओर लगा ले, और दोनों पैर दंडाकार सीधा ऊपरको उठाये रहे। इस क्रियामें चन्द्र नीचे और सूर्य ऊपर हो जाता है यानी ऊपर का नीचे एवं नीचेका ऊपर होता है, अतएव इस मुद्राका अन्वर्थ नाम 'विपरीत–करिणी' है। इसके करनेसे त्वचाका सिकुड़ना और बालोंका श्वेत होना नहीं होता, अर्थात् वृद्धावस्था नहीं आने पाती। इतनाही नहीं, किन्तु निरंतर एक प्रहर पर्यन्त इस क्रियाके करनेवाला मनुष्य मृत्युको भी जीत लेता है। परन्तु खेचरी मुद्राके सामने इसका महत्त्व नहीं के बराबर है; क्योंकि इसे साधकर जो काम सिद्ध करना है वह पूर्णतया उसीसे होता है, इससे नहीं ॥ १०४–१०६ ॥

Scanned by CamScanner

(१०) योनिमुद्रा

सिद्धासनं समासाद्य कर्णचक्षुर्नसोमुखम् ।
अङ्गुष्ठतर्जनीमध्यानामिकाभिश्च साधयेत् ।। १०७ ।।
प्राणंसंकृष्य काकीभिरपाने योजयेत्ततः ।
षट्चक्राणि क्रमाद्ध्यात्वा हुं हंसं मनुना सुधीः ।।
चैतन्यमानयद्देवीं निद्रिता या भुजङ्गिनी ।। १०८ ।।

—घेरण्डसंहिता.



पहले सिद्धासन लगाकर दोनों अँगूठोंसे दोनों कानोंको, दोनों तर्जनियोंसे नेत्रोंको, दोनों मध्यमाओंसे दोनों नाकके छिद्रोंको और दोनों अनामिका एवं कनिष्ठिकाओंसे दोनों ओठोंको बन्द करके काकी मुद्रा द्वारा अर्थात् जिह्वाको कौवेकी चोंचके समान बनाकर उसके द्वारा प्राणवायुको खींचकर अधोगत अपान वायुके साथ उसका मेलन कर दे। फिर क्रमशः षट्चक्रगत ज्योतिके ध्यानपूर्वक 'हूं' हंसः' इन अक्षरोंको जपता हुआ परस्पर मिली हुई वायुओंको ऊपर लेजाकर सोती हुई कुण्डलीको जगा दे। इस प्रकारकी क्रियाको 'योनिमुद्रा' कहते हैं और इसीका नाम 'षण्मुखी-मुद्रा' भी है ।। १०७–१०८ ।।

(११) वज्रोलीमुद्रा

तत्र वस्तुद्वयं वक्ष्ये दुर्लभं यस्य कस्यचित् ।
क्षीरं चैकं द्वितीयं तु नारी च वशवर्तिनी ।। १०९ ।।

Scanned by CamScanner

यत्नतः शस्तनालेन फूत्कारं वज्रकन्दरे।
शनैः शनैः प्रकुर्वीत वायुसंचारकारणात् ॥ ११० ॥
स्वेच्छया वर्तमानोऽपि योगोक्तैर्नियमैर्विना।
वज्रोलीं यो विजानाति स योगी सिद्धिभाजनम् ॥ १११ ॥

वज्रोली मुद्राके सिद्ध करनेमें दो वस्तुओंकी नितान्त आवश्यकता है, एक तो दूध और दूसरी अपने वशमें रहनेवाली स्त्री; विना इनके यह मुद्रा नहीं की जाती। लिङ्गके छिद्रमें वायुके संचार करनेके लिये उत्तम नालसे धीरे धीरे यत्नपूर्वक फूत्कार करना चाहिये।

वज्रोलीका क्रम इस प्रकार है कि—शीशेकी शलाका (शलाई) लिङ्गके छिद्रमें प्रवेश करनेके योग्य चौदह अंगुलकी बनवाकर उसमें प्रवेश करनेका अभ्यास क्रमशः धीरे २ बढ़ाये। जैसे— पहले दिन एक अंगुल, दूसरे दिन दो, तीसरे दिन तीन, इस प्रकार बढ़ाते २ बारह अंगुलतक प्रविष्ट करनी चाहिये। इतना होने लगे तब चौदह अंगुलकी ऐसी सलाई बनवाये— जो दो अंगुल डेढी और ऊर्ध्वमुखी हो। परंतु यह शलाका पोली होनी चाहिये। इसे भी दो अंगुलवाले टेढ़े भागको बाहर रखकर छिद्रमें प्रविष्ट कर दे। फिर सुनारकी धमनीके समानवाली धमनीसे उस शलाकामें लगाकर फूत्कार करे (फूंके)। ऐसा करनेसे लिंगके मार्गकी अच्छी तरह शुद्धि हो जाती है, तब लिंग द्वारा वायुका खींचना और छोड़ना बड़ी आसानीसे पर्याप्त मात्रामें होने लगता है। इस तरह उक्त अभ्यासके सिद्ध होनेपर साधक अपने लिंगछिद्रसे सर्वप्रथम जल खींचनेका अभ्यास करे, कुछ दिनोंके बाद दूधका आकर्षण करे, एवं फिर तेल और तेलके बाद पारा खींचने लग जाय।

जब शुद्ध रीतिसे पारेके आकर्षणकी शक्ति हो जाय तो—"नारीभगे पतद्बिन्दुमभ्यासेनोर्ध्वमाहरेत्। चलितं च निजं बिन्दुमूर्ध्वमाकृष्य रक्षयेत्।" स्त्रीकी योनिमें गिरे हुए वीर्यबिन्दुके आकर्षणका अभ्यास करे। अर्थात् संभोगकी अन्तिम अवस्थामें वीर्य पतनोन्मुख होने लगे तो उसे इस प्रकार ऊपरको आकर्षित करे कि योनिमें न गिरने पाये। कदाचित् वीर्य गिर ही पड़े तो योनिमेंसे उसे पूर्वोक्त क्रियाके अभ्यास बलसे ऊपरको खींच ले।

इस क्रियाको सिद्ध करके साधक लोग स्त्रीसे सहवास करते हुए अपने वीर्यको मुद्राकी शक्तिसे गिरने नहीं देते, और स्त्रीके रजको मुद्रा- बलसे ऊपरको खींचकर अपना मस्तिष्क भरापुरा कर लेते हैं। फल यह होता है कि स्त्रीभोगजन्य विपत्तियाँ फिर उन्हें नहीं भोगनी पड़तीं। और उक्तक्रियासे

Scanned by CamScanner

वे अपने वीर्यकी रक्षा कर अजर अमर बन जाते हैं। क्योंकि—'मरणं बिन्दुपातेन जीवनं बिन्दुधारणात्'। वीर्यके पतनसे ही देहका पात होता है, अन्यथा नहीं। इस मुद्राको वही कर सकता है जो प्राण और मनको वशमें कर लेता है।। है।। १०९–१११।।

अब इसके आगे शक्तिधारिणां आदि शेष मुद्राओंका उल्लेख नहीं करूँगा, दश मुद्राएँ मुख्य हैं उनका सविस्तर निरूपण कर दिया गया है। इन्हीं दश-मुद्राओंको श्रीस्वात्मारामजीने भी लिखा है। और इन्ही मुद्राओं द्वारा कुण्ड-लिनीका जारण होता है जिससे साधकको सिद्धता प्राप्त होती है।।

प्रकरणका उपसंहार

प्राणायामोऽयमित्युक्तः स वै केवलकुम्भकः।
कुम्भके केवले सिद्धे रेचपूरकवर्जिते।। ११२।।
न तस्य दुर्लभं किंचित् त्रिषु लोकेषु विद्यते।
शक्तः केवलकुम्भेन यथेष्टं वायुधारणात्।। ११३।।

रेचक और पूरकके विना जो कुम्भक होता है उसीको 'केवल कुम्भक' अथवा 'प्राणायाम[१]' कहना चाहिये। जो मनुष्य उक्त दोनोंके विना कुम्भक कर सकता है यानी प्राणायामको सिद्ध कर लेता है उसे तीनों लोकोंमें ऐसा कोई पदार्थ नहीं है जो न प्राप्त हो सके। इसी कुम्भककी सिद्धावस्थासे साधक प्रत्याहार करने लग जाता है।। ११२–११३।।

इति श्रीपण्डित शिवनाथशर्मात्मज—पं० रामनरेशमिश्र 'प्रेम' विरचिते भाषाटीकायुते बृहद्योगसोपाने चतुर्थसोपान-प्रकरणं समाप्तम्।।

पंचम सापोन प्रकरण

प्रत्याहारका निरूपण

"मुझे निरन्तर सुख ही सुख मिला करे, दुःख किसी भी कालमें न उपस्थित हो" ऐसी इच्छाका होना अन्तः—करणका स्वाभाविक धर्म है। इसलिये प्रत्यक्ष सुख देनेवाले विषयोंकी शरण जाना भी चित्तका स्वाभाविक हो जाता है, क्योंकि दृष्ट पदार्थको त्यागकर अदृष्ट पदार्थकी ओर जानेमें अनेक तरहकी बाधाएँ उपस्थित हो जाया करती हैं। जिसके कारण पहले तो अदृष्टकी कल्पना करना ही दुर्लभ हो जाता है, दूसरे उसकी कल्पना करके उस ओर

---

१ प्राणायामके विषयमें विशेष जाननेकी इच्छा हो तो हठयोगप्रदीपिका का अवलोकन करना चाहिये।

Scanned by CamScanner

उठते -बैठते-सोते सर्वदा सब अवस्थाओंमें उक्त जप आपसे होता रहता है और अद्वैतानुभव करानेवाला उसके समान अन्य कोई ज्ञानशास्त्र पहले भी नहीं था और पीछे होनेवाला भी नहीं है ॥४४ ॥४५ ॥

कुण्डलिन्यां समुद्भता गायत्री प्राणधारिणी।
प्राणविद्या महाविद्या यस्तां वेत्ति स वेदवित् ॥ ४६ ॥

कुंडलिनी महाशक्तिसे उत्पन्न हो रही तथा प्राणवायुको धारण करनेवाली यही अजपा गायत्री है। जीवात्माकी शक्ति प्राणविद्या-स्वरूप भी यही है इसी कारण महाविद्या भी इसको कहते हैं इसे जो योगी पहिचान सके वही योगशास्त्राभ्यासका तात्पर्य जानता है ॥४६ ॥

शक्तिचालनम्

कन्दोर्ध्वे कुण्डली शक्तिरष्टधा कुण्डलाकृतिः।
ब्रह्मद्वारमुखं नित्यं मुखेनाच्छाद्य तिष्ठति ॥ ४७ ॥

अब कुंडलिनीके भेद खोलने के निमित्त एवं उसकी अधिकता प्रकट करनेके लिये कुंडलिनीके अन्य स्थान भी कहते हैं, जो कि समस्त ७२००० नाड़ियोंका उत्पत्तिस्थान पूर्वोक्त कंद है इसके ऊपर मणिपूरचक्र कर्णिकामें आठ वृत्तकरके वेष्टित हो रही कुंड-लिनिशक्ति ब्रह्मरंध्रद्वारके मुखको रोककर सर्वदा रहती है ॥४७॥

येन द्वारेण गन्तव्यं ब्रह्मद्वारमनामयम्।
मुखेनाच्छाद्य तद्द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी ॥ ४८ ॥
प्रबुद्धा बुद्धियोगेन मनसा मरुता सह।
सूचीव गुणमादाय व्रजत्यूर्ध्वं सुषुम्णया ॥ ४९ ॥

जिस मार्ग (सुषुम्ना) द्वारा जन्ममरणके दुःख हरण करने-वाला अखंड ब्रह्मानंदपद मिलता है उस मार्गको रोककर सोई हुई

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

कुंडलिनी प्राणवायुके धौंकने (उत्तेजन करने) से कालाग्निके ज्योतिके संबंधसे प्रवुद्ध (जागृत) होकर मन एवं प्राणवायुके सहित होकर सुषुम्नानामा मध्यनाड़ीसे ऊपरको जाती है, जैसे सूची (सुई) अपनेपर पिरोये तागेसहित होनेसे वस्त्रके अनेक सूत्रोंके मध्यमें प्राप्त होती है वैसे आपही सृष्टि उत्पन्न करके षट्चक्र तथा उनके देवता-प्रभृति सकलप्रपंचको उल्लंघन करके ऊपर सहस्रदलकमलके सम्मुख होकर जाती है ।। ४८ ।। ४९ ।।

प्रसुप्तभुजगाकारा पद्मतन्तुनिभा शुभा ।
प्रबुद्धा वह्नियोगेन व्रजत्यूर्ध्वं सुषुम्णया ।। ५० ।।

सोते सर्पके समान कुंडलिनी अपानवायुसे धमित (धौंकी गई) जो मूलाधारमें रहनेवाली कालाग्निज्योतिके संबंधसे प्रबोध पाकर अतिवेग (जोर) से चलते हुए सर्पके समान कुटिलमति होकर कमलनालके तंतु (सूत्र) समान सूक्ष्म ज्योतिर्मयस्वरूप होकर सुषुम्नामार्गसे ऊपरको जाती है ।। ५० ।।

उद्घाटयेत्कपाटं तु तथा कुञ्चिकया हठात् ।
कुण्डलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं प्रभेदयेत् ।। ५१ ।।

जैसे कूंची (चाबी) से ताला खुलकर कपाट (किवाड) खुल जाते हैं वैसेही कुंडलिनी द्वारा मोक्षद्वार सुषुम्नाके मुखको योगी अभ्याससे खोले जिससे कि कुंडलिनीके प्रबोधबिना कुंडलिनीका द्वार खुलता नहीं ।। ५१ ।।

कृत्वा सम्पुटितौ करौ दृढतरं बध्वा तु पद्मासनं
गाढं वक्षसि सन्निधाय चिबुकं ध्यानं च तच्चेतसि ।
वारंवारमपानमूर्ध्वमनिलं प्रोच्चारयेत्पूरितं
मुञ्चन्प्राणमुपैतिबोधमतुलं शक्तिप्रभावादतः ।। ५२ ।।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

दोनों हाथ संपुटित करके (अंजली बांधकर) दोनों कूर्पर (बाहुमध्यभाग) हृदयमें दृढ़ स्थापन करके पद्मासन करे, चिबुक (ठोड़ी) हृदयमें दृढतर लगाकर अर्थात् जालंधरबंध करके ज्योतिः-स्वरूपका ध्यान करे केवल कुंभकप्राणायाम अधोद्वार रोककर करे, प्राणायामसे कुंभितवायुको अपानवायुसे एकत्व करके यथाशक्ति कुम्भक करे पुनः रेचकप्राणायाम (जिसमें वायु अतिमंद२ निकला) करे इस प्रकारसे कुंडलिनीका बोध होता है तथा योगीको अपरिमित ज्ञान मिलता है, कुंडलिनीको प्रबोध करनेवाली शक्तिचालनमुद्रा यही होती हैं परंतु प्राणायामके अभ्याससे प्राणापानवायुको वशवर्ती करके इस मुद्राका बहुत कालपर्यंत अभ्यास करना होता है ।। ५२ ।।

अंगानां मर्दनं कृत्वा श्रमसञ्जातवारिणा ।
कट्वम्ललवणत्यागी क्षीरभोजनमाचरेत् ।। ५३ ।।
ब्रह्मचारी मिताहारी त्यागी योगपरायणः ।
अब्दादूर्ध्वं भवेत्सिद्धो नात्र कार्या विचारणा ।। ५४ ।।

शक्तिचालनमुद्राके अभ्यासीके नियम कहते हैं कि प्राणायामादिकर्मसे जो अंगोंमें स्वेद (पसीना) आता है उससे अंगमर्दन करे । लवण और खट्टा, ये दो रस न खाये केवल दुग्धान्न खाया करे । भोजनभी एक प्रमाणसे करे, ब्रह्मचर्य रक्खे, कामक्रोधसे रहित रहे, त्यागवान् हो और योगाभ्यासमात्रका अभ्यास रक्खे इसप्रकार नियममें रहकर योगाभ्याससे शक्तिचालनमुद्राका अभ्यास करे । एक वर्ष ऊपर जब इच्छा करे तभी कुंडलिनीके अभ्युत्थानकी सामर्थ्य होती है इसमें सिद्धि होती है या नहीं ऐसा संदेह न करना । अभ्याससे अवश्यमेव सिद्धि होती है ।। ५३ ।। ।। ५४ ।।

सुस्निग्धो मधुराहारी चतुर्थांशविवर्जितः ।
भुञ्चते स्वरसं प्रीत्यै मिताहारी स उच्चते ।। ५५ ।।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

मिताहारके लक्षण कहते हैं–स्निग्ध (सचिकण) मीठा भोजन करे अम्ल (खट्टा) और लवणवर्जित करे, दो भाग अन्न एक भाग जल खाये चौथा भाग उदरमें वायुसंचारके लिये छोड़ दे। देवता को निवेदन करके दुग्धान्न भोजन करे इस प्रकार करनेवाला योगी मिताहारी कहलाता है ॥ ५५ ॥

कन्दोर्ध्वे कुण्डलीशक्ति शुभमोक्षप्रदायिनी ।
बन्धनाय च मूढानां यस्तां वेत्ति स वेदवित् ॥ ५६ ॥

कंदके ऊपर मणिपूरचक्रकी कर्णिकामें ८ फेरे होकर कुंडलाकार कुंडलिनी शक्ति है यह मूर्खजनोंको वारंवार जन्ममरणरूप बंधन देती है और योगाभ्यास जाननेवालेको शक्तिचालनका अभ्यास जन्ममरणरूप वन्धन छुड़ाकर मोक्ष देती है ॥ ५६ ॥

शक्तिचालनविधौ ग्रन्थांतरे विशेष:

गङ्गायमुनयोर्मध्ये बालरंडा तपस्विनी ।
बलात्कारेण गृह्णीयात्तद्विष्णोः परमं पदम् ॥ १ ॥

शक्तिचालनमें ग्रन्थांतरमतसे कुछ विशेष कहते हैं कि, गंगायमुनाके बीच तपस्विनी बालरण्डा बलात्कारकरके कुंडलिनीको ग्रहण करे तो विष्णुके परमपद (ब्रह्मांड) को प्राप्त करती है ॥ १ ॥

इडा भगवती गंगा पिंगला यमुना नदी ।
इडापिंगलयोर्मध्ये बालरण्डा च कुण्डली ॥ २ ॥

इडा भगवती वामश्वासा नाड़ी ऐश्वर्यादिसंपन्न गंगा, दक्षिणश्वासा पिंगलानाम्नी यमुना है इनके मध्य नाड़ी सुषुम्ना बालरंडा है ॥ २ ॥

ऊर्ध्वं वितस्तिमात्रं तु विस्तारं चतुरङ्गुलम् ।
श्वेतं तु मृदुलं प्रोक्तं वेष्टितं वरलक्षणम् ॥ ३ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

मूलस्थानसे वितस्तिमात्र ऊपर नाभि एवं मेढ्रके मध्यमें नवांगुल विस्तार, चार अंगुल आयाम, पक्षीके अंडाकार, श्वेतरंग कोमल-वस्त्रवेष्टित जैसा कंद है ॥ ३ ॥

सति वज्रासने पादौ कराभ्यां धारयेद्दृढम् ।
गुल्फदेशसमीपे च कन्दं तत्र प्रपीडयेत् ॥ ४ ॥

वज्रासनकरके हाथोंसे पैरोंकी एड़ी पकड़ कंदस्थानमें दृढ लगाकर पीडन करे ॥ ४ ॥

वज्रासने स्थितो योगी चालयित्वा च कुण्डलीम् ।
कुर्यादनन्तरं भस्त्रां कुण्डलीमाशु बोधयेत् ॥ ५ ॥

योगी वज्रासनमें बैठ कुंडलीको शक्तिचालनमुद्रासे चलायमान करे तब भस्त्रा नाम कुंभक कर कुंडलिनीशक्तिको शीघ्र प्रबोधित करे ॥ ५ ॥

भानोराकुञ्चनं कुर्यात्कुण्डलीं चालयेत्ततः ।
मृत्युवक्त्रगतस्यापि तस्य मृत्युभयं कुतः ॥ ६ ॥

नाभिस्थान (सूर्य) को आकुंचन कर कुंडलीको चलाये इसका अभ्यास सिद्ध हो जाय तो मृत्युके मुखमें पड़ गया हो तो भी उसकी मृत्यु न हो ॥ ६ ॥

मुहूर्तद्वयपर्यन्तं निर्भयं चालनादसौ ।
ऊर्ध्वमाकृष्यते किञ्चित्सुषुम्णायां समुद्गता ॥ ७ ॥

चार घडीपर्यंत निर्भय होकर शक्तिचालन करे तो कुंडलिनी कुछ सुषुम्नामें ऊपरको उठती है ॥ ७ ॥

तेन कुण्डलिनी तस्याः सुषुम्णाया मुखं ध्रुवम् ।
जहाति तस्मात्प्राणोऽयं सुषुम्णां व्रजति स्वतः ॥ ८ ॥

इसके कुंडलिनी (जो सुषुना रोक बैठी है) सुषुम्नाके द्वारको छोड़ देती है तब प्राणवायु आपही सुषुम्नामें प्रवेश करता है ॥ ८ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

तस्मात्सञ्चालयेन्नित्यं सुखसुप्तामरुन्धतीम् ।
तस्याः सञ्चालनेनैव योगी रोगैः प्रमुच्यते ।। ९ ।।

अतः नित्यप्रति सुषुम्नाद्वारमें सोती कुंडलिनीको चलाये तो योगी सब रोगोंसे छूट जाता है ।। ९ ।।

येन सञ्चालिता शक्तिः स योगी सिद्धिभाजनम् ।
किमत्र बहुनोक्तेन कालं जयति लीलया ।। १० ।।

जिस योगीने शक्तिचालन किया वह अणिमादि सिद्धियोंका पात्र होता है और विशेष माहात्म्य क्या कहा जाय वह काल (मृत्यु) को सहज ही जीत लेता है ।। १० ।।

कुण्डलीं चालयित्वा तु भस्त्रां कुर्याद्विशेषतः ।
एवमभ्यस्यतो नित्यं यमिनो यमभीः कुतः ।। ११ ।।

जो यमी नित्य कुंडलीको चलाकर भस्त्राकुंभकका अभ्यास विशेष करके करता है उसे यमका भय नहीं होता ।। ११ ।।

इयं तु मध्यमा नाडी दृढाभ्यासेन योगिनाम् ।
आसनप्राणसंयाममुद्राभिः सरला भवेत् ।। १२ ।।

योगियोंको दृढाभ्याससे आसन प्राणायाम महामुद्रादि द्वारा मध्यनाड़ी सरल हो जाती है ।। १२ ।।

महामुद्राः

महामुद्रां नभोमुद्रां उड्डीयानं जलंधरम् ।
मूलबन्धञ्च यो वेत्ति स योगी मुक्तिभाजनः ।। ५७ ।।

महामुद्रा१, खेचरीमुद्रा २, उड्डीयानबंध३ , जालंधर ४, मूलबंध ५, इनको करके शक्तिचालन करे तो योगी मुक्तिभाजन होता है । शक्ति चली या नहीं इसके जाननेका प्रमाण यह है कि जैसे शरीरमें पिपीलिका (चींटी) चलनेके समान गतिसा ज्ञान होता है कि कोई जीव चलता है ऐसेही सुषुम्नामें वायु जब चलने

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

लगता है तो शक्ति चलायमान हो गई जानना । शक्तिचालन मुद्राके पीछे भी उक्त ५ मुद्रा करनी चाहियें ।। ५७ ।।

वक्षोन्यस्तहनुः प्रपीड्य सुचिरं योनिं च वामांघ्रिणा ।
हस्ताभ्यामनुधारयेत् प्रसरितं पादं तथा दक्षिणम् ।।
आपूर्य श्वसनेन कुक्षियुगलं बद्ध्वा शनैरेचये–
द्देषाव्याधिविनाशिनी सुमहती मुद्रा नृणां कथ्यते ।। ५८ ।।

महामुद्राकी विधि कहते हैं कि हृदयमें चिबुक जोरसे धारण करके वामपादकी एड़ीसे योनिस्थानको अत्यन्त दृढ करके अचेते दहिना पाद लंबा करके दोनों हाथोंसे पादमध्यभाग पकड़कर रोके तब पेटमें पूरक विधिसे वायु भरे । कुछ काल यथाशक्ति कुंभक करके मन्दमन्द वायुको रेचन करे यह योगी जनकी समस्त रोग-नाशक महामुद्रा कही गयी है ।। ५८ ।।

चन्द्राङ्गेन समभ्यस्य सूर्यांगेनाभ्यसेत्पुनः ।
यावत्तुल्या भवेत्संख्या ततो मुद्रां विसर्जयेत् ।। ५९ ।।

इस महामुद्राके अभ्यासमें प्रथम वामांगसे अभ्यास करके पीछे दाहिने अंगसे करे वैसे ही प्राणायाम भी करता रहे, जब दोनों ओरके अभ्याससे प्राणायामकी मात्रा बराबर हो जाय तब मुद्रा छोड़नी चाहिये ।। ५९ ।।

नहि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः ।
अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमिव जीर्यते ।। ६० ।।
क्षयकुष्ठमुदावर्तगुल्माजीर्णपुरोगमाः ।
रोगास्तस्य क्षयं यान्ति महामुद्रां च योऽभ्यसेत् ।। ६१ ।।
कथितेयं महामुद्रा महासिद्धिकरी नृणाम् ।
गोपनीया प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित् ।। ६२ ।।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

जब महामुद्राका अभ्यास दृढ़ हो जाय तो, पथ्यापथ्यका विचार कुछ नहीं रहता, मिष्ट, लवण, तिक्त आदियोंका स्वाद कुछ नहीं रहता। जो (घृत, शहद बराबर मिलाकर कृत्रिमविष होता है) संयोगविरुद्ध वस्तु या घोरविषभी खाये तो अमृतके समान पच जाता है तथा उदावर्त , गुल्म, अजीर्ण, क्षय, कुष्ठ आदि रोग शांत हो जाते हैं। इसके अभ्यासीको महासिद्धि देनेवाली यह महामुद्रा कही है, इसे बडे यत्नसे गुप्त रखना, प्रकाश करनेसे सामर्थ्यहीन होती है, इस हेतु अनधिकारी, अयोग्य पुरुष, शठ, दांभिक आदि को न देना ॥ ६० ॥ ६१ ॥ ६२ ॥

'इसका विस्तार ग्रंथांतरसे पाठकोंके सुबोधार्थ लिखते हैं,–

पादमूलेन वामेन योनिं संपीडय दक्षिणम्।
प्रसारितं पदं कृत्वा कराभ्यां धारयेद्दृढम् ॥ १ ॥

वामपादकी एड़ीसे गुदा और शिश्नके मध्यमें योनिस्थानको रोककर दाहिना पैर लंबा पृथ्वीमें फैलाकर एड़ी भूमिमें रहे और अंगुली ऊंची दंडके नाईं' रहे, तब हाथोंके अंगुष्ठ और तर्जनीसे दक्षिणपादांगुष्ठ पकड़कर धारण करे ॥ १ ॥

कण्ठे बन्धं समारोप्य धारयेद्वायुमूर्ध्वतः।
यथा दण्डाहतः सर्पो दण्डाकारः प्रजायते ॥ २ ॥

तदनंतर कठमें जालंधरबंध करके वायुको ऊपर सुषुम्नामें धारण करे इससे मूलबंध भी हो जाता है जहाँ योनिस्थानको पीडन और जिह्वाबंध करके मूलबंध हो जाता है ॥ २ ॥

ऋज्वीभूता तथा शक्तिः कुण्डली सहसा भवेत्।
तदा सा मरणावस्था जायते द्विपुटाश्रया ॥ ३ ॥

जैसे सर्प दंडके प्रहारसे दंडाकार हो जाता है ऐसेही कुंडलिनी शक्ति भी कुटिलताको छोड़कर इस मुद्रासे सरल हो जाती है और

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

कुंडलिनी बोधसे सुषुम्नामें वायुका प्रवेश होता है तब दोनों को प्राणके वियोगसे इडा-पिंगला है आश्रय जिसके ऐसी मरणावस्था होती है ॥ ३ ॥

ततः शनैः शनैरेव रेचयेन्नैव वेगतः ।
महामुद्रां च तेनैव वदन्ति विबुधोत्तमाः ॥ ४ ॥
इयं खलु महामुद्रा महासिद्धैः प्रदर्शिता ।
महाक्लेशादयो दोषाः क्षीयन्ते मरणादयः ॥ ५ ॥

तदनंतर शनैः शनैः रेचन करे वेगसे करनेमें बलहानि होती है इससे महामुद्रा आदिनाथादि महासिद्धोंने दिखाई हैं। इसके अभ्याससे महाक्लेश, अविद्या, राग, द्वेषादिक, शोकमोहादि दोष क्षीण होते हैं तथा जरा-मरण भी नहीं होते इससे ज्ञानिजन इसे महामुद्रा कहते है ॥ ४ ॥ ५ ॥

चन्द्राङ्गे तु समभ्यस्य सूर्याङ्गे पुनरभ्यसेत् ।
यावत्तुल्या भवेत्संख्या ततो मुद्रां विसर्जयेत् ॥ ६ ॥

इसका क्रम कहते हैं कि (चंद्रांग) वामभागमें अभ्यास कर सूर्यांग (दक्षिणभाग) में अभ्यास करे और वामांगाभ्यासके पीछे जबतक वामांगमें कुंभककी संख्या समान हो तब तक अभ्यास करे जब संख्या समान हो तब महामुद्रा विसर्जन करे इसमें यह क्रम है कि वामपादकी एडीको योनिस्थानमें लगाकर दाहिना पाद लंबा फैलाकर अंगुष्ठको हाथके अंगुष्ठ और तर्जनीसे पकड़कर अभ्यास करे यह वामागांभ्यास है। इससे पूरित जो वायु वह वामांगमें स्थित रहता है फिर दक्षिणपादको समेट कर उसकी एडी योनिमें लगाकर वामपाद लंबा फैलाकर अंगुष्ठको हाथके अंगुष्ठ और तर्जनीसे पकड़कर अभ्यास करे इसे दक्षिणांगाभ्यास कहते हैं इससे पूरित वायु दक्षिणांग ही में रहता है ॥ ६ ॥

३

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

न हि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः ।
अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमिव जीर्यते ।। ७ ।।

कहते हैं कि महामुद्राके अभ्यासके लिए पथ्यापथ्यविचार नहीं है। कटु अम्लादि समस्त रसादिक जो खाये वही पच जाये नीरस, बासी (पर्युषित) सब पचे, तथा दुर्जर घोर विष आदि भी अमृतके समान पच जाये ।। ७ ।।

क्षयकुष्ठमुदावर्तगुल्माजीर्णपुरोगमाः ।
तस्या दोषाः क्षयं यान्ति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत् ।। ८ ।।

जो पुरुष महामुद्राका अभ्यास करे उसे क्षयरोग, कुष्ठ, गुल्मरोग, अजीर्ण, ज्वर, प्रमेह, उदररोग आदि कभी न होवे ।। ८ ।।

कथितेयं महामुद्रा महासिद्धिकरी नृणाम् ।
गोपनीया प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित्।। ९ ।।

और उस अभ्यासीको अणिमादि महासिद्धि देनेवाली यह महामुद्रा कही है इसे गुप्त रखना अर्थात् अनधिकारीको न देना ।।९ ।।

खेचरीमुद्रा

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा ।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ।। ६३ ।।

शक्तिशाली हो जाता है। पाशिनीमुद्रा की सिद्धि से जागृत हुई शक्ति से बड़े–बड़े अद्‌भुत कार्यों में सफलता प्राप्ति हो सकती है। पाशिनी मुद्रा शारीरिक और मानसिक रूप से योगी को शक्तिशाली बनाती है।

काकीमुद्रा :–

''काकचंचुवदास्येन पिबेद्वायुं शनैः शनैः।
काकीमुद्रा भवेदेषा सर्वरोगविनाशिनी।।
काकीमुद्रा परा मुद्रा सर्वतन्त्रेषु गोपिता।
अस्याः प्रसादमात्रेण काकवन्नीरूजो भवेत्''[95]।।

योग साधक अपने मुख को कोने की चोंच के समान बनाकर उससे धीरे–धीरे वायु का पान करें। यह सभी रोगों को नष्ट करने वाली काकी मुद्रा कही गई है। इस श्रेष्ठ मुद्रा को सभी प्रकार से गुप्त रखना चाहिए। केवल इस मुद्रा के अभ्यास मात्र से योगसाधक रोगरहित हो जाता है, जैसा कौवे को कोई रोग नहीं होता। काकीमुद्रा सरलतम मुद्राओं में से एक है। यह स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी मुद्रा है। शरीर की पाचन संस्था की शक्ति बढाकर अनेक रोगों से छुटकारा दिलाती है।

काकीमुद्रा में प्राणों का निरोध न करके प्राणवायु का पान किया जाता है। उस समय जीभ को कौवे की चोंच के समान नालीदार बनाकर वायु धारण की जाती है। अतः इसे 'काकी मुद्रा' कहा जाता है। जरावस्था (बुढापा) रोकने हेतु यह अत्यंत लाभकारी मुद्रा है।

गोरक्ष संहिता में इसके लाभों का वर्णन मिलता है :–

''काकचंचुवदास्येन शीतलं सलिलंपिबेत्।
प्राणापानविधानेनयोऽसौ भवति निर्जरः।।
रसना तालुमूलेन य प्राणमनिलं पिबेत्।
अब्दार्द्धेन भवेत्तस्य सर्वरोगस्य संक्षयः''[96]।।

कौए की चोंच की तरह मुख को बनाकर जो साधक प्राणापान के विधान से शीतल वायु का पान करता है, वह कभी बूढ़ा नहीं होता। जो योग साधक जीभ से प्राणवायु पीकर तालुमूल को भर लेता है, वह छः मास के अभ्यास से समस्त रोगों से छुटकारा पा जाता है।

भुजंगिनीमुद्रा :–

''वक्त्रं किंचित् सुप्रसार्य चानिलं गलया पिबेत्।
सा भवेद् भुजंगी मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी।।
यावच्च उदरे रोगा अर्जीणादि विशेषतः।
तत् सर्वं नाशयेदाशु यत्र मुद्रा भुजंगिनी''[97]।।

योग साधक को चाहिए कि अपने मुख को किंचित फैलाकर कण्ठ से वायु को अंदर खींचे। यह योगियों द्वारा भुजंगिनी मुद्रा कही गई है। नियमित अभ्यास से सिद्ध होने पर यह जरामृत्यु के भय का नाश करती है। भुजंगिनी मुद्रा से अजीर्णादि उदर से संबंधित रोग नष्ट हो जाते हैं।

ध्यानात्मक किसी भी आसन विशेष में बैठ कर, आंखें बंद कर शरीर को शिथिल करना है। फिर कण्ठ को पूरा खोलकर वायु को खींचना है। यथासंभव वायु से पेट को भरकर फैला लेना है। सुविधापूर्वक जितनी देर रोक सकें, उतनी देर रोक कर, वायु को बाहर निकाल लें। मुख की स्थिति की भिन्न्ता को छोड़, यह काकीमुद्रा की ही समतुल्य है। भुजंङ्गिनी मुद्रा से आमाशय में पाचक रस ग्रंथियों और ग्रास नली को नया जीवन मिलता है, उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। उदरस्थ अंगों को स्वस्थ बनाता है। पान की हुई वायु जब तालु और जिह्वा के बीच में घूमती है तब शरीर अभूतपूर्व शक्ति का अनुभव करता है।

योनिमुद्रा :—

"सिद्धासनं समासाद्य कर्णचक्षुर्नसोमुखम्।
अंगुष्ठतर्जनीमध्यानामादिभिश्च साधयेत्।।
काकीभिः प्राणंसंकृष्य अपाने योजयेतत्तः।
षट्चक्राणि क्रमाद्ध्यात्वा हुं हंसमनुना सुधीः"[98]।।

योग साधक को चाहिए कि सिद्धासन लगाकर दोनों हाथों के अंगूठों से कानों को, तर्जन से नेत्र, मध्यमा से मुख, अनामिका उंगलियों से नासिकारंध्रों को रोकें। तत्पश्चात् काकी मुद्रा धारण करें और प्राणवायु को खींचकर अपानवायु से मिलाएं। शरीर में स्थित षट् चक्रों का ध्यान करे व 'हुँ' या 'हंस' इन दो मंत्रो से कुण्डलिनी शक्ति जागृत कर साथ ही जीवात्मा को सहास्त्रार में ले जाकर यह चिंतन करे कि मैं शिव—शक्ति के साथ सुखपूर्वक विचरण कर रहा हूँ और उनके संगम से ही मैं आनान्दमय स्वयंभू ब्रह्म हो गया हूँ। इसे योनिमुद्रा की अति गोपनीय और देवताओं के लिए भी दुलर्भ कहा गया है।

एक बार भी इस मुद्रा की साधना करने पर साधक सिद्धि प्राप्त कर समाधि लाभ भी प्राप्त कर लेता है। इस मुद्रा की साधना करने वाले साधक ब्रह्म, भ्रुण हत्या, सुरापान, आदि पापकर्मों के कुफलों से मुक्त हो जाता है। इसके अतिरिक्त अन्य महापाप भी योनिमुद्रा के अभ्यास से नष्ट हो जाते हैं। इसलिए सभी दुष्कर्मों व पापों से मुक्ति पाने के लिए इच्छुक योग साधक को योनिमुद्रा का अभ्यास अवश्य करना चाहिए।

योनिमुद्रा से चेहरे का तेज़ बढ़ता है।
आंख नाक व गले के रोगों में लाभदायक है।
मन को अन्तमुर्खी कर एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है।

मातंगिनीमुद्रा :–

''कण्ठमग्ने जले स्थित्वा नासाभ्यां जलमाहरेत्।

मुखान्निर्गमयेत् पश्चात् पुनर्वक्त्रेण चाहरेत्।।

नासाभ्याँ रेचयेत् पश्चात् कुर्यादेवं पुनः पुनः।

मातंगिनी परा मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी''[99]।।

मातंग का अर्थ है हाथी। जिस प्रकार से हाथी जल में सूंड से पानी भरने की क्रिया करता है कुछ उसी प्रकार की क्रिया है मातंगिनीमुद्रा में भी। योगी को पानी में गले तक खड़े होकर नाक से पानी खींचना है। फिर खींचे हुए उस पानी को मुख मार्ग से बाहर निकाल देना है। तत्पश्चात विपरीतक्रम से करते हुए मुख से पानी खींचकर नासाछिद्रों से बाहर निकाल देना है। यह अभ्यास सिद्ध करने तक बार–बार करना पड़ेगा। योग ग्रंथों व महर्षि घेरण्ड अनुसार मातंगिनीमुद्रा के सिद्ध होने पर वृद्धावस्था व मृत्यु के भय से मुक्ति मिलती है ऐसी परम महिमा मातंगिनी मुद्रा की है। इसे करने के लिए योगसाधक को किसी ऐसे स्थान का चुनाव करना चाहिए जो निर्जन व एकांत हो, वहीं ऐसे स्थान पर एकाग्रचित्त होकर मातंगिनीमुद्रा का सतत् अभ्यास करें।

महर्षि घेरण्ड अनुसार इस मुद्रा के सिद्ध होने पर योग साधक हाथी के समान बलशाली व सदा सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करता है।

इसलिए मातंगिनीमुद्रा का सतत् अभ्यास प्रयत्नपूर्वक करके इसे सिद्ध करना ही योगसाधक का कर्त्तव्य है।

खेचरीमुद्रा :–

''जिहवाधो नाड़ीं संछिन्नां रसनां चालयेत् सदा।

दोहयेन्नवनीतेन लौहयन्त्रेण कर्षयेत्।।

एवं नित्यं समभ्यासाल्लम्बिका दीर्घतां व्रजेत्।

यावद्गच्छेद् भ्रुवोर्मध्ये तदागच्छति खेचरी''[100]।।

खेचरी मुद्रा को सभी योगग्रंथों में अति सम्मानपूर्वक स्थान दिया गया है तथा प्रमुखता से महत्वपुर्ण व अति उपयोगी बताया गया है। विशेष रूप से पातंजलयोगप्रदीप, हठप्रदीपिका, गोरक्षसंहिता, शाण्डिल्योपनिषद् तथा योगकुण्डलयोपनिषद् में इस संबंध में विस्तृत जानकारी मिलती है। इस मुद्रा की सिद्धि हेतु जीभ का दोहन, मंथन आदि करना पड़ता है। पातजंलयोगप्रदीप में इसका विस्तृत वर्णन उपलब्ध है तथापि यह क्रिया अत्यंत कष्टपूर्ण, कठिन व नाजुक है। गुरू के मार्गदर्शन के बिना इस मुद्रा का अभ्यास संभव ही नहीं है।

हठयोग ग्रंथों में वर्णन प्राप्त होता है कि सहस्त्रार चक्र से निरंतर स्त्रावित हो रहे अमृतरस को नाभिकचक्र स्थित सूर्य ग्रस लेता है। खेचरी मुद्रा इसी अमृत रस के पान की विधि है।

घेरण्डसंहिता में खेचरीमुद्रा का वर्णन कुछ इस प्रकार है :—

जीभ के मूलभाग और जीभ को मिलाने वाली नाड़ी का छेदन कर, प्रत्येक दिन लोहे की चिमटी आदि से दोहन करते हुए खींचें। प्रतिदिन सतत् अभ्यास से जीभ लंबी हो जाती है। अभ्यास से जीभ को इतना लंबा कर लेना चाहिए कि वह भृकुटी तक पहुंच सके। तत्पश्चात जीभ को तालुमूल में धीरे—धीरे प्रवेश कराने का अभ्यास करना चाहिए। अन्ततः जीभ को कपालरंध्र में प्रवेश कराना चाहिए, जिसके लिए उसे उल्टा कर ऊपर ले जाना पड़ेगा। उस समय दृष्टि को भ्रूमध्य में स्थापित करें, यह खेचरीमुद्रा कहलाती है।

खेचरीमुद्रा के अभ्यासी योग साधक को कभी भी मूर्च्छा, भूख—प्यास, आलस्य, तृष्णा आदि नहीं सताते। योग साधक किसी भी प्रकार के रोग, बुढ़ापा, डर से मुक्त हो, देवतुल्य शरीर वाला हो जाता है। न तो अग्नि में जलता ही है, न हवा से सूखता हैं, न तो पानी उसे गीला कर सकता है और न ही सांपादि के काटने पर उस पर विष का ही असर होता है। साधक का शरीर तेजोमय लावणय से युक्त हो जाता है तथा उसे निश्चल स्थिर समाधि की प्राप्ति हो जाता है। खेचरीमुद्रा में कपाल और मुख का जीभ द्वारा जुड़ाव होने से अनेक रसों की उत्पत्ति होती है, इसलिए परिणामस्वरूप योग साधक को जीभ से प्रतिदिन नए—नए रसों का स्वाद प्राप्त होकर आनंद की प्राप्ति होती है। प्रारंभ अवस्था में नमकीन, खट्टा, तिक्त कषाय, रस और इसके बाद नवनीत, घी, दही, शहद और द्राक्षा और अमृतादि रसों का स्वाद पैदा होता है।

हठयोग ग्रंथों के अनुसार खेचरी मुद्रा अमृत के पान की विधि है। 'ख' वर्ण आकाश के लिए प्रयुक्त होता है। पक्षी को भी खग कहा जाता है। 'खेचरी' का अर्थ हुआ आकाश में गमन करने वाली। अतः यह 'खेचरीमुद्रा' कहलाती है क्योंकि इस मुद्रा में जीभ आकाश में विचरण करती है। सहस्त्रार चक्र में से निरंतर अमृतस्त्राव होता है। तालुमूल में स्थित चंद्रमा से होता हुआ यह अमृत नीचे गिरता है और नाभिस्थित अग्नि रूपी सूर्य द्वारा ग्रस लिया जाता है, इस प्रकार व्यर्थ चला जाता है । जब तक जीवन है, तब मृत्यु होती है। इस अमृत की रक्षा के लिए हठयोग में खेचरीमुद्रा का प्रावधान है।

गोरक्षसंहिता में खेचरीमुद्रा का वर्णन कुछ इस प्रकार मिलता है :–

''कपालकुहरे जिहवा प्रविष्ठा विपरीतगा।
भ्रूवोरन्तर्गता दृष्टिमुद्रा भवति खेचरी।।
न रोगान्मरणं तस्य न निद्रा न क्षुधा तृषा।
न मूर्च्छा तु भवेतस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम्''[101]।।

जीभ को उलटकर कपालकुहर में प्रविष्ट कर दृष्टि को भ्रूमध्य में स्थिर कर लेना ही खेचरी मुद्रा है। जो योगी इस मुद्रा के अभ्यास में प्रवीण है उसे रोग, मृत्यु, निद्रा, भूख–प्यास और मूर्च्छा आदि से पीडित नहीं होना पड़ता।

शांभवीमुद्रा :–

''नेत्राजंन समालोक्य आत्मारामं निरीक्षयेत्।
सा भवेच्छांभवी मुद्रा सर्वतन्त्रेषु गोपिता।।
सत्यं सत्यं पुनः सत्यं सत्यमुक्तं महेश्वर।
शांभवी यो विजानीयात् स च ब्रह्य न चान्यथा''[102]।।

अपनी दृष्टि को भ्रूमध्य में स्थिर कर योग साधक एकाग्रमन से ईश्वर का दर्शन करे, यह शाम्भवी मुद्रा कहलाती है। सभी तंत्र–शास्त्रों में इसे गोपनीय मुद्रा कहा गया है। वेद, शास्त्र,

पुराणादि में केवल शांभवीमुद्रा ही कुलवधु के समान गोपनीय है। इसके ज्ञाता व अभ्यास करने वाले योग साधक स्वयं आदिनाथ, नारायण और ब्रह्म के समान हो जाते हैं। यह निश्चित रूप से सत्य है कि शांभवी मुद्रा को अभ्यास कर जानने वाला योगसाधक स्वयं साक्षात ब्रह्मरूप ही है। शांभवीमुद्रा आज्ञाचक्र को जागृत करने वाली असाधरण क्रिया है। इसके अतिरिक्त भी यह एक विशेष प्रक्रिया है क्योंकि इसके बारे में स्वयं भगवान शिव ने कहा है कि इसके सिद्ध होने पर ऐसा कौन सा कार्य है जो सिद्ध न हो सके। इसलिए यह मुद्रा गोपनीय कही गई है और यह मुद्रा वेद, पुराण शास्त्रों से भी उच्च स्थान की मानी गई है। शांभवीमुद्रा में भ्रूमध्य में साधक साक्षात् ईश्वर के साथ एकाकार हो जाता है। यह अभ्यास मन और प्राण को संयमित कर साधक को पूर्णता प्राप्त करा 'ब्रह्मतुल्य' बना देता है।

शांभवीमुद्रा के अभ्यास से साधक की गति मन के समान हो जाती है। शांभवीमुद्रा के अभ्यास से साधक की एकाग्रता, मनःसथैर्य और विचारशून्यता की अवस्था प्राप्त होती है। मानसिक शांति प्राप्त कर तनाव, क्रोध व चिंता को हर लेती है।

व्रज्रोणिमुद्रा :—

वज्रोणिमुद्रा का योगशास्त्रों व तंत्रग्रंथों में बहुत महत्व बताया गया है। वज्रोणिमुद्रा के अभ्यास से योगसाधक अपनी अधोगामी शक्ति को उर्ध्वगानी बना सके। बिन्दु सिद्धि हेतु इस वज्रोणिमुद्रा की साधना का उल्लेख प्राप्त होता है। इस मुद्रा के अभ्यास में शरीर की जो स्थिति बनती है वह है ब्रह्मचर्य आसन।

''धरामवष्टभ्य करयोस्तलाभ्यामूर्ध्वं क्षिपेत्पादयुगं शिरः खे।

शक्तिप्रबोधाय चिरजीवनाय वजोणिमुद्रां मुनयो वदन्ति''[103]।।

योगसाधक को चाहिए कि अपने दोनों हाथों को धरती पर दृढ़ता से टिकाएं और दोनों पैरों और धड (सिर) को ऊपर की ओर उठा के रखें। स्थिति की पूर्णावस्था में ध्यान रहे कि सिर जमीन से ऊपर उठा रहे और हथेलियों पर सम्पूर्ण शरीर का भार रहे। प्राचीन योगीजनों ने इस क्रिया को वज्रोणि मुद्रा का नाम दिया है।

तृतीय उपदेश

कुंडली बोध

सशैलवनधात्रीणां यथाधारोऽहिनायकः ।
सर्वेषां योगतंत्राणां तथाधारो हि कुंडली ॥१॥

टीका—जैसे पर्वतों और वनों से युक्त इस पृथिवी को अहिनायक धारण करते हैं, वैसे ही सम्पूर्ण योगतन्त्रों का धारण कुण्डली ही करती है।

व्याख्या—श्लोक में बताया गया है कि कुण्डलिनी शक्ति सब प्रकार के योगों की आश्रय स्वरूपा है। जिस प्रकार सर्पों के अधिनायक अर्थात् शेष इस सम्पूर्ण पृथिवी को अपने फण पर धारण किये हुए, उसी प्रकार सब प्रकार के योगों को कुण्डलिनी धारण करती है। आशय यह है कि सब प्रकार के योगों की सिद्धि में कुण्डलिनी ही एक मात्र कारण है, उसके जागरण विना योग के सभी उपाय निष्फल रहते है।

श्लोक में 'धात्रीणाम्' कहकर पृथिवी के विषय में बहुवचन का प्रयोग हुआ है, उसका आशय यह है कि देश-भेद से पृथिवी को अनेक कहा है। कुछ विद्वानों के मत में शेष भगवान् त्रिलोकी का धारण करते हैं और तीन लोकों को तीन पृथिवी हुई, इसीलिए बहुवचन प्रयुक्त हुआ प्रतीत होता है।

सुप्ता गुरुप्रसादेन यदा जागर्ति कुण्डली ।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यंते ग्रन्थयोऽपि च ॥२॥

सुषुम्ना के पर्याय कथन

प्राणस्य शून्यपदवी तथा राजपथायते ।
तदा चित्तं निरालंबं तदा कालस्य वंचनम् ॥३॥

टीका—गुरु के प्रसाद से जब सोती हुई कुण्डली जाग्रत् होती है, तब वह सभी कमलों और ग्रन्थियों का भेदन कर देती है। वैसे ही प्राण की शून्य पदवी जब राजपथ जैसी हो जाती है, तब चित्त निरालम्ब हो जाता और काल का भी वंचन होता है ॥२—३॥

व्याख्या—सुप्त कुण्डलिनी को जाग्रत् करने के लिए गुरु की प्रसन्नता आवश्यक है, क्योंकि गुरु प्रसन्न होकर ही उपाय बताते हैं और जब उनकी कृपा से साधक उसमें सफलता प्राप्त कर लेता है, तभी कुण्डलिनी शक्ति षट्चक्रों और सब ग्रन्थियाँ को वेधकर सहस्रार पद्म में पहुँच सकती है। उसी के लिए शून्य पदवी से कही सुषुम्ना राजपथ के समान होकर प्राण को सुखपूर्वक गमन करने के लिए मार्ग देती है। उस अवस्था में चित्त सब विषयों से विमुख हो जाता है और तभी काल का बन्धन भी नष्ट हो जाता है, अर्थात् मृत्यु का भय भी नहीं रहता।

सुषुम्ना शून्यपदवी ब्रह्मरंध्रं महापथः ।
श्मशानं शांभवी मध्यमागश्चेत्येकवाचकाः ॥४॥
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम् ।
ब्रह्मद्वारमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत् ॥५॥

टीका—सुषुम्ना, शून्यपदवी, ब्रह्मरन्ध्र, महापथ, श्मशान, शाम्भवी और मध्य मार्ग एक अर्थ के वाचक हैं। इसलिए सब प्रकार प्रयत्न करके ब्रह्मद्वार पर सोती हुई उस

ईश्वरी को जाग्रत् करने के लिए मुद्राओं का अभ्यास करना चाहिए ।।४—५।।

व्याख्या—सुषुम्ना, शून्य पदवी आदि जो नाम इस श्लोक में दिये हैं, उन सबका एक ही अर्थ है—सुषुम्ना नाड़ी। यह नाड़ी ही ब्रह्म की प्राप्ति का उपाय है। परन्तु उसी सुषुम्ना के द्वार को रोककर कुण्डलिनी शक्ति सोती रहती है। उसे जगाने के लिए महामुद्रा आदि का अभ्यास करना चाहिए।

महामुद्रा महाबंधो महावेधश्च खेचरी ।
उड्यानं मूलबंधश्च बंधो जालंधराभिधः ।।६।।
करणी विपरीताख्या वाज्रोली शक्तिचालनम् ।
इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशनम् ।।७।।
आदिनाथोदितं दिव्यमष्टैश्वर्यप्रदायकम् ।
वल्लभं सर्वसिद्धानां दुर्लभं मरुतामपि ।।८।।

टीका—महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी उड्यान बन्ध, मूलबन्ध, जालन्धर बन्ध, विपरीतकरणी, वज्रोली, शक्तिचालन, यह दश मुद्राएँ जरा-मरण को नष्ट करने वाली हैं। यह मुद्राएं आदिनाथ द्वारा कहे हुए आठ दिव्य ऐश्वर्यों को प्रदान करती हैं जा कि सभी सिद्धों को प्रिय और देवताओं को भी दुर्लभ है ।।६—८।।

व्याख्या—ग्रन्थकार ने यहाँ दश मुद्राओं का वर्णन किया है। इन्हें करने वाला साधक मृत्यु को भी जीत लेने में समर्थ होता है। इनके द्वारा आठ दिव्य ऐश्वर्य अर्थात् अष्ट सिद्धियों की प्राप्ति होती है। वे अष्ट सिद्धियाँ हैं—अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, ईशता और वशिता। इनके विषय में पहले भी विवेचन किया जा

चुका है। यह आठों सिद्धियाँ मुद्राओं का अभ्यास करने वालों को सुलभ हैं।

गोपनीयं प्रयत्नेन यथा रत्नकरंडकम् ।
कस्यचिन्नैव वक्तव्यं कुलस्त्रीसुरतं यथा ॥९॥

टीका—यह सभी मुद्राएं रत्नों की पिटारी के समान गुप्त रखने योग्य हैं इन्हें उसी प्रकार नहीं कहना चाहिए जिस प्रकार कि कुल-स्त्री का समागम नहीं बताया जाता ॥९॥

व्याख्या—इन मुद्राओं को अनधिकारी पुरुष को कभी न बतावे। इसी अभिप्राय से प्रयत्न पूर्वक गोपनीय कहा है। साधक का कर्त्तव्य है कि इनका अभ्यास एकान्त में ही करे।

महामुद्रा कथन

पादमूलेन वामेन योनिं संपीडच दक्षिणम् ।
प्रसारितं पदं कृत्वा कराभ्यां धारयेद्दृढम् ॥१०॥
कंठे बंधं समारोप्य धारयेद्वायुमूर्ध्वतः ।
यथा दंडहतः सर्पो दंडाकारः प्रजायते ॥११
ऋज्वीभूता तथा शक्तिः कुण्डली सहसा भवेत् ।
तदा सा मरणावस्था जायते द्विपुटाश्रया ॥१२॥

टीका—बाँए पाँव के तलुए से योनि स्थान को पीड़ित करके दाँए पाँव को फैलावे और भूमि पर रखकर दृढ़ता से पकड़े। फिर कण्ठ प्रदेश में बन्ध करके वायु को ऊर्ध्व देश में धारण करे, इससे जैसे कुण्डली लगाकर बैठा हुआ सर्प दंडे से मारे हुए के समान दण्ड के आकार का हो जाता है, वैसे ही कुण्डलिनी शक्ति सहसा सरल हो जाती है और तब दोनों पुटों

के आश्रय से प्राण के वियुक्त होने के कारण मरणाअवस्था जैसी हो जाती है ।।१०—१२।।

व्याख्या—यहाँ महामुद्रा का वर्णन हुआ है। इसमें वाम पादमूल से योनि स्थान को दबाने और दाँए पाँव को फैलाकर हाथों की तर्जनी अंगुलियों के द्वारा उसे दृढ़तापूर्वक पकड़ लेना चाहिए। तदनन्तर कण्ठ में जालन्धर बन्ध करके मूलबन्ध करे। कुछ विद्वानों के मत में योनि के दबाने और जिह्वा का बन्धन करने से ही मूलबन्ध चरितार्थ हो जाता है इसलिए मूलबन्ध पृथक् से करने की आवश्यकता नहीं है।

उक्त विधि के अभ्यास से डंडे से मारी हुई सर्पिणी के समान कुण्डलिनी शक्ति जागकर सीधी हो जाती है और प्राण-वायु का सुषुम्ना में प्रवेश हो जाने से इडा पिंगला दोनों नाड़ियों से उसका वियोग हो जाता है। इसीलिए उस अवस्था को मरणावस्था की समानता दी गई है।

ततः शनैःशनैरेव रेचयेन्नैव वेगतः ।
महामुद्रां च तेनैव वदन्ति विबुधोत्तमाः ।।१३।।
इयं खलु महामुद्रा महासिद्धैः प्रदर्शिता ।
महाक्लेशादयो दोषाः क्षीयंते मरणादयः ।।
महामुद्रां च तेनैव वदंति विबुधोत्तमाः ।।१४।।

टीका—उससे वायु का रेचन धीरे-धीरे करे, वेग से न करे। श्रेष्ठ विद्वान् इसे महामुद्रा कहते हैं। इस महामुद्रा का प्रदर्शन महान् सिद्धों ने किया है, इससे महाक्लेशादि और मरणादि दोषों का भी नाश हो जाता है। इसलिए श्रेष्ठ विद्वान् पुरुष इसे महा मुद्रा कहते हैं ।।१३—१४।।

व्याख्या—उपर्युक्त अवस्था होने पर वायु का रेचन वेगपूर्वक न करके धीरे-धीरे ही करे। क्योंकि वेग से रेचन करने पर शरीर को हानि पहुँचती है और शक्ति भी घटती है। यह महामुद्रा मरणादि दुःखों और पंच महाक्लेशों को भी नष्ट कर सकती है। अविद्या, स्मितता, राग, द्वेष और अभिनिवेश यह पंच महाक्लेश कहलाते हैं। इन्हें नष्ट करने वाली होने से ही इसका नाम महामुद्रा हुआ।

महामुद्रा के अभ्यास का वर्णन

चन्द्रांगे तु समभ्यस्य सूर्यांगे पुनरभ्यसेत् ।
यावत्तुल्या भवेत्संख्या ततो मुद्रां विसर्जयेत् ॥१५॥

टीका—चन्द्रांग से ठीक प्रकार अभ्यास करके सूर्यांग से अभ्यास करे। जब तक दोनों की संख्या समान हो तब तक ठीक प्रकार से अभ्यास करे और फिर मुद्रा का विसर्जन करदे ॥१५॥

व्याख्या—चन्द्रनाड़ी अर्थात् इड़ा से उपलक्षित अङ्ग को ही चन्द्राङ्ग कहते हैं और और सूर्याङ्ग का अर्थ है पिंगला से उपलक्षित अङ्ग। इसका आशय है कि पहले वाम नासिका से अभ्यास करे और फिर दक्षिण नासिका से। जब तक कुम्भक प्राणायाम का अभ्यास समान संख्या में न हो जाय तब तक भले प्रकार अभ्यास करता रहे और समान संख्या होने पर महामुद्रा को विसर्जित करे।

जैसा वर्णन इस ग्रन्थ में हुआ है, वैसा ही अन्य अनेक ग्रन्थों में मिलता है। रुद्रयामल में तो इसको यथावत् ही कह दिया है। घेरण्ड संहिता में इस प्रकार कहा है—

पायुमूलं वामगुल्फे संपीड्य दृढ़ यत्नतः।
याम्यपादं प्रसार्याथ करेधृत पदांगुलः ॥

कंठं संकोचनं कृत्वा भ्रुवोर्मध्ये निरीक्षयेत्।
महामुद्राभिधामुद्रा कथ्यते चैव सूरिभिः॥

अर्थात्—गुह्य प्रदेश को बाँयी एड़ी से दृढ़तापूर्वक दबावे और दाँये पाँव को फैला कर उसकी अँगुलियों को हाथ से पकड़ ले तथा कण्ठ को सकोड़ कर भौंहों के मध्य में दृष्टि लगावे, विद्वानों ने इसे महामुद्रा कहा है।

न हि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः।
अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमपि जीर्यति ॥१६॥

टीका—इसका अभ्यास करने वाले योगी को पथ्यअपथ्य कुछ नहीं होता। इससे भक्षण किये हुए नीरस रस जीर्ण हो जाते हैं और विष के समान घोर अन्न भी अमृत के समान पच जाता है ॥१६॥

व्याख्या—महामुद्रा के अभ्यास से सभी रसों का परिपाक ठीक प्रकार से होता है और विष के समान न पचने योग्य अन्न भी पच जाता है। 'जारणं तु कषायाय पातकानां विनाशरम्' कहकर अन्य ग्रन्थकार ने इस मुद्रा को सभी कषाओं को भस्म करने और सभी पापों को दूर करने वाली स्वीकार किया है।

क्षयकुष्ठगुदावर्तगुल्माजीर्णपुरोगमाः।
तस्य दोषाः क्षयं यांति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत् ॥१७॥
कथितेयं महामुद्रा महासिद्धिकरा नृणाम्।
गोपनीया प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित् ॥१८॥

टीका—इसके अभ्यास से क्षय, कुष्ठ, उदावर्त, गुल्म, अजीर्ण और उनके दोष नष्ट हो जाते हैं। यह वर्णन की गई

महामुद्रा मनुष्यों को महासिद्धि प्रदान करने वाली है। इसे प्रयत्नपूर्वक गोपनीय रखे, किसी को भी न दे ।।१७—१८।।

व्याख्या—इस मुद्रा के सिद्ध होने पर क्षयादि रोगों का सर्वथा शमन हो जाता है। इसके द्वारा साधक को परमसिद्धि और दिव्य ऐश्वर्यों की प्राप्ति होती है। यह गुप्त रखने के योग्य हैं।

महाबन्ध कथन

वार्ष्णि वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत् ।
वामोरूपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं तथा ।।१९।।
पूरयित्वा ततो वायुं हृदये चुबकं दृढ़म् ।
निष्पीड्य वायुमाकुंच्य मनोमध्ये नियोजयेत् ।।२०।।
धारयित्वा यथाशक्ति रेचयेदनिलं शनैः ।
सव्यांगे तु समभ्यस्य दक्षांगे पुनरभ्यसेत् ।।२१।।
मतमत्र तु केषांचित्कंठबंधं विवर्जयेत् ।
राजदंतस्थजिह्वाया बन्धः शस्तो भवेदिति ।।२२।।
अयं तु सर्वनाडीनामूर्ध्वं गतिनिरोधकः ।
अयं खलु महाबंधो महासिद्धिप्रदायकः ।।२३।।

टीका—बाँए पाँव की एड़ी को योनि स्थान में लगावे और बाँयी जंघा पर दाँया पाँव रखकर बैठे तथा वायु को पूरित करके ठोड़ी को हृदय स्थान में दृढ़ता से लगावे और योनि को संकुचित करके मनको नाड़ी के मध्य प्रविष्ट करे। फिर वायु को यथाशक्ति धारण करके धीरे-धीरे रेचन करे। इस प्रकार बाँए अंग में समान रूप से अभ्यास करके दांये अंग में करना

चाहिए अन्य विद्वान् का यह मत है कि जालंधर बन्ध में कंठ के संकोच को न करे, क्योंकि राजदन्त पर स्थित जिह्वा का बन्ध ही प्रशस्त होता है। यह सब नाड़ियों की ऊर्ध्व गति का निरोधक है, यह महाबन्ध अवश्य ही महासिद्धि का देने वाला है ॥१६ - २३॥

व्याख्या— बाँयी एड़ी को योनि स्थान में लगाकर बाँयी जाँघ पर दाँया पाँव रखने आदि की जो विधि बताई है, उसके अनुसार आसन बाँधकर वायु को भरकर ठोड़ी पर लगाने से जो जालन्धर बन्ध होता है उसे करके योनि-सकोच करता हुआ मूलबन्ध करे, परन्तु इस मूलबन्ध की सिद्धि जिह्वा के बन्धन से ही हो जाती है, इसलिए इसे करना अनावश्यक है।

कुम्भक करने के पश्चात् धीरे-धीरे रेचक करे। प्रथम वाम अग में और फिर दक्षिण अंग में करे। इस प्रकार वामांग और दक्षिणांग के अभ्यास की संख्या बराबर हो जाय तब अभ्यास करना चाहिए।

कुछ विद्वानों के मत में कण्ठ के संकोच का अनुपयोग है, क्योंकि राजदन्त अर्थात् दाढ़ के ऊपर स्थित जिह्वा का बन्ध ही कण्ठ सकोच की अपेक्षा अधिक श्रेष्ठ होता है। दाढ़ों में अवस्थित जिह्वा का बन्ध सुषुम्ना से भिन्न बहत्तर हजार नाड़ियों में प्राणवायु के ऊर्ध्व गमन का प्रतिबन्धक है। इसका अर्थ हुआ कि जिससे नाड़ी-जाल का बन्धन होता हो, वह जालन्धर बन्ध कहलाता है।

कालपाशमहाबंधविमोचन विचक्षणः।
त्रिवेणीसङ्गमं धत्ते केदारं प्रापयेन्मनः ॥२४॥

टीका—यह महाबन्ध काल के पाश को छुड़ाने में अद्भुत है तथा त्रिवेणी-संगम को और मन को केदार की प्राप्ति कराने वाला है ॥२४॥

व्याख्या—जालन्धर बन्ध, उड्यान बन्ध और मूलबन्ध इन तीनों के सम्मिलित होने से महाबन्ध होता है, इसीलिए इसे त्रिवेणी संगम प्राप्त कराने वाला कहा है केदारं प्रापयेन्मनः कहने से यह अभिप्राय है कि इसके सिद्ध होने पर केदार अर्थात् शिव में मन का लय हो जाता है।

रूपलावण्यसंपन्ना यथा स्त्री पुरुषं विना ।
महामुद्रामहाबन्धौ निष्फलौ वेधवर्जितौ ॥२५॥

टीका—जैसे पुरुष के बिना रूप-लावण्य से सम्पन्न स्त्री निष्फल है, वैसे ही महावेध के बिना महामुद्रा और महाबन्ध भी निष्फल हैं ॥२५॥

व्याख्या—इस श्लोक में महामुद्रा और महाबन्ध की निकृष्टता और महावेध की उत्कृष्टता का कथन हुआ है। ग्रन्थकार के अनुसार महावेध के बिना उक्त दोनों व्यर्थ ही हैं। इसलिए महावेध की सिद्धि का अभ्यास करना चाहिए।

महावेध वर्णन

महाबंधस्थितो योगी कृत्वा पूरकमेकधीः ।
वायूनां गतिमावृत्य निभृतं कंठमुद्रया ॥२६॥
समहस्तयुगो भूमौ स्फिचौ सताडयेच्छनैः ।
पुटद्वयमतिक्रम्य वायुः स्फुरति मध्यगः ॥२७॥
सोमसूर्याग्निसंबंधो जायते चामृताय वै ।
मृतावस्था समुत्पन्नाततो वायुं विरेचयेत् ॥२८॥
महावेधोऽयमभ्यासान्महासिद्धिप्रदायकः ।
वलीपलितवेपघ्नः सेव्यते साधकोत्तमैः ॥२९॥

टीका—महाबन्ध में स्थित योगी बुद्धि को एकाग्र करके पूरक करे और कण्ठ मुद्रा से वायु की गति रोककर प्राणायाम करे। अपने स्फिचों को पृथिवी पर लगे हाथों से थामकर योनि स्थान में लगी हुई एड़ी वाले बाँए पाँव के सहित कुछ ऊपर की ओर उठाकर धीरे-धीरे ताड़न करे। इससे प्राणवायु इडा और पिंगला को छोड़कर सुषुम्ना में चलने लगता है। तब चन्द्र, सूर्य, अग्नि सम्बन्धी क्रमशः, इडा, पिंगला को और सुषुम्ना से अमृतत्व को प्राप्ति होती है। फिर मरणावस्था के उत्पन्न होने पर वायु का रेचन करे। यह महावेध अभ्यास से महान् सिद्धि का देने वाला होता है। इससे वली, पलित, कम्पनादि दूर होते हैं। श्रेष्ठ साधक सदा इसका अभ्यास करते रहते हैं ॥२६--२६॥

व्याख्या—महाबन्ध के पश्चात् महावेध की स्थिति होती है। कण्ठ मुद्रा का अर्थ जालन्धर बन्ध है, उसके द्वारा, वायुओं के ऊर्ध्वगमन, अधोगमन को रोककर कुम्भक करना चाहिए।

महावेध में वाम एड़ी को योनिस्थान में लगाकर चूतड़ों को हाथों के आश्रय से वाम पाद के सहित कुछ उठाकर धीरे-धीरे ताड़न करने से वायु इडा-पिंगला, का त्याग कर सुषुम्ना में पहुँच जाता है और तब इडा, सुषुम्ना तीनों का वायु एक हो जाता है और इडा-पिंगला में प्राण का संचार न होने से साधक की मृत्यु जैसी अवस्था हो जाती है। क्योंकि इड़ा, पिंगला में प्राणवायु का संचार रहने को ही जीवन मानते हैं। जब ऐसी अवस्था उत्पन्न हो जाय तब वायु का विरेचन करना चाहिए। अभ्यास करने से यह महावेध सिद्ध होकर महान् सिद्धियों का देने वाला होता है। इससे जरावस्था के सभी चिह्न बालों का सफेद होना, चर्म का संकुचित होना और शरीर का काँपना आदि नष्ट होते हैं। योग तत्त्वोपनिषत् में महावेध का लक्षण इस प्रकार बताया है—

वायुनां गतिमावृत्य विभृतं कण्ठमुद्रया।
पुटद्वय समाक्रम्य वायुः स्फुरति सत्वरम्।
अयमेव महावेधः सिद्धैरभ्यस्यतेऽनिशम्॥

अर्थात्— वायु की गति का निरोध करके दोनों नासारन्ध्रों का संकुचन करने से वायु शीघ्र भर जाती है। इस महावेध का सिद्ध पुरुष सदा अभ्यास किया करते है।

एतत्त्रयं महागुह्यं जरामृत्युविनाशनम्।
वह्निवृद्धिकरं चैव ह्यणिमादिगुणप्रदम् ॥३०॥
अष्टधा क्रियते चैव यामे दिने दिने।
पुण्यसंभारसंधायि पापौघभिदुरं सदा।
सम्यक्शिक्षावतामेवं स्वल्पं प्रथमसाधनम् ॥३१॥

टीका—उक्त तीनों मुद्राएं परम गुह्य एवं जरामरण को नष्ट करने वाली, अग्नि प्रदीप्त करने वाली और अणिमादि सिद्धियों के देने वाली है। यह मुद्राएं प्रहर-प्रहर दिन-दिन में आठ प्रकार से करनी चाहिए। इनके द्वारा पुण्यों की उत्पत्ति और पापों का शमन होता है। भले प्रकार शिक्षा प्राप्त करके इन्हें करना चाहिए ॥३०—३१॥

व्याख्या—उपर्युक्त तीनों मुद्राओं से जरा-मृत्यु पर जय प्राप्त होकर, अग्नि दीप्त होती और अष्ट सिद्धियों की प्राप्ति होती है। इनसे पुण्य का लाभ और पापों का नाश होता है। परन्तु इनका अभ्यास आरम्भ करने से पूर्व गुरु से शिक्षा ग्रहण करना चाहिए, अन्यथा हानि हो सकती है।

खेचरी मुद्रा

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोरंतर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ॥३२॥

छेदनचालनदोहैः कलां क्रमेण वर्धयेत्तावत् ।
सा यावद्भ्रूमध्यं स्पृशति तदा खेचरीसिद्धि ॥३३

टीका – कपाल-कुहर में विपरीत हुई जिह्वा के प्रविष्ट होने और भौंहों के मध्य में दृष्टि रहने पर खेचरी मुद्रा होती है। छेदन, चालन और दोहन कलाओं की क्रमपर्वक तब तक वृद्धि करे, जब तक कि भौंहों के मध्य का स्पर्श हो जाय। जब कला का भौहों में स्पर्श हो जाता है। तब खेचरी मुद्रा की सिद्धि होती है ॥३२– ३३॥

व्याख्या –जिह्वा को ऊपर की ओर उलटी करके कपाल के मध्य वाले छिद्र में प्रविष्ट करे और भौंहों के मध्य में दृष्टि को स्थिर करे, इससे खेचरी होती है। छेदनादि कर्म करता हुआ जिह्वा को तब तक बढावे, जब तक कि वह भौंहों के मध्य स्थान को स्पर्श करने लगे।

जिह्वा मूल की नाड़ी का शस्त्र से छेदन किया जाता है, इसकी विधि अगले श्लोक में कहेंगे। हाथ के अंगुष्ठ और तर्जनी अंगुली से जिह्वा को पकड़कर बाँए-दाँए हिलाना चालन कहलाता है और गोदोहन के समान जिह्वा दोहन करना इन क्रियाओं से जिह्वा बढ़ जाती है वह भौंहों के मध्य भाग को स्पर्श करती हुई और भी ऊपर पहुँच सकती है।

स्नुहीपत्रनिभं शस्त्रं सुतीक्ष्णं स्निग्धनिर्मलम् ।
समादाय ततस्तेन रोममात्रं समुच्छिनेत् ॥३४॥
ततः सैंधवपथ्याभ्यां चूर्णिताभ्यां प्रघर्षयेत् ।
पुनः सप्तदिने प्राप्ते रोममात्रं समुच्छिनेत् ॥३५॥

एवं क्रमेण षण्मासं नित्यं युक्तः समाचरेत् ।
षण्मासाद्रसनामूलशिलाबंधः प्रणश्यति ॥३६॥

टीका—सेंहुड़ के पत्ते के समान तीक्ष्ण धार वाले, चिकने और स्वच्छ शस्त्र को लेकर उससे जिह्वामूल की नाड़ी का रोममात्र छेदन करे तथा पिसे हुए सैंधे नमक और हरड़ के मिश्रित चूर्ण से जिह्वामूल का ठीक प्रकार घर्षण करे । सात दिन ऐसा करने के अनन्तर पुनः रोम मात्र छेद दे । इस प्रकार के क्रम से नित्य प्रति करने से छः मास में जिह्वामूल का शिरा बन्ध नष्ट हो जाता है ॥३४—३६॥

व्याख्या—इन श्लोकों में खेचरी-सिद्धि के साधनों का वर्णन किया गया है । स्नुही अर्थात् सेंहुड़ के पत्तों में अत्यन्त तीक्ष्ण धार होती है, वैसे ही तीक्ष्ण शस्त्र से जिह्वा के मूल में एक रोम के बराबर छेद कर देना चाहिए । ऐसा करने से वहाँ घाव हो जाता है, उस पर सेंधे नमक और हरण का चूर्ण मलना चाहिए । चूर्ण मलने का यह कार्य नित्य प्रति प्रातः-सायं किया जाता है । जब सात दिन व्यतीत हो जाँय तब पुनः एक रोम के बराबर छेद कर दे और नमक तथा हरड़ के चूर्ण को मलने का क्रम यथावत् जारी रखे ।

कुछ विद्वानों के विचार में नमक के स्थान पर कत्था और हरड़ का चूर्ण व्यवहार करना उचित है, क्योंकि योगाभ्यासी पुरुष के लिए नमक का सेवन वर्जित है । सात दिन के पश्चात् जो छेद किया जाय, वह पहले छेद से रोममात्र अधिक करना चाहिए, जिससे कि कुछ बड़ा छेद बन जाय ।

इस प्रकार नित्य प्रति चूर्ण-मर्दन और प्रति सप्ताह छेदन करते रहने से छः मास में जिह्वा मूल का शिरा बन्धन कट

जाता है। यह शिरा बन्धन कपाल कुहर को रोके रहता है, इसके कटने पर जिह्वा उसमें प्रवेश कर सकती है, इसीलिए उस शिरा बन्धन को काटना आवश्यक होता है।

कलां पराँङ्मुखीं कृत्वा त्रिपथे परियोजयेत्।
सा भवेत्खेचरी मुद्रा व्योमचक्रं तदुच्यते ॥३७॥
रसनामूर्ध्वगां कृत्वा क्षणार्धमपि तिष्ठति।
विषैर्विमुच्यते योगी व्याधिमृत्युजरादिभिः ॥३८॥

टीका—इस प्रकार छेदनादि के उपाय द्वारा जिह्वा की वृद्धि हो जाने पर इसे उलटी पीछे की ओर लौटा कर तीनों नाड़ियों के मार्ग में करे। वह खेचरी मुद्रा होती है, उसी को व्योमचक्र कहते हैं। जो जिह्वा को तालु-रन्ध्र द्वारा ऊपर पहुँचा कर वहाँ आधे क्षण भी टिकाले तो वह योगी विषमता रूप रोग, बुढ़ापा, मृत्यु आदि से मुक्त हो जाता है ॥३७—३८॥

व्याख्या—कपाल-रन्ध्र इड़ा, पिङ्गला और सुषुम्ना तीनों नाड़ियों का मिलन मार्ग होने से त्रिपथ कहा जाता है। ऊपर की ओर लौटा कर जीभ को इसमें प्रविष्ट करके टिकाया जाता है। इससे सभी रोग, धातुओं की विषमता, जरावस्था मृत्यु आदि का भी क्षय हो जाता है। यह खेचरी मुद्रा व्योम चक्र भी कहलाती है।

न रोगो मरणं तंद्रा न निद्रा न क्षुधा तृषा।
न च मूर्च्छा भवेत्तस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥३९॥
पीड्यते न स रोगेण लिप्यते न च कर्मणा।
बाध्यते न सकालेन यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥४०॥

टीका—खेचरी मुद्रा के जानने वाले योगी को रोग, मृत्यु, तन्द्रा, निद्रा, क्षुधा, तृषा और मूर्च्छा नहीं होती। खेचरी का ज्ञाता रोग से पीड़ित नहीं होता, कर्म से लिप्त नहीं होता और काल से बाधित नहीं होता ॥३६—४०॥

व्याख्या—जो विद्वान् खेचरी मुद्रा को जानता है, उसे भूख-प्यास, रोग, निद्रा, तन्द्रा आदि नहीं होते। वह मृत्यु को भी जीतने में समर्थ होता है। जो कर्म करता है उसका फल उसे नहीं भोगना होता, क्योंकि वह तो निष्काम कर्म करता है सकाम नहीं और निष्काम कर्म कर्त्ता को कभी अपने फलरूपी बन्धन में नहीं बाँधते। इसीलिए उसे काल अर्थात् मृत्युरूपी बाधा भी नहीं होती। आशय यह कि उसकी इच्छित मृत्यु होती है। जब चाहे तब शरीर को छोड़े और जब तक जीवित रहना चाहे तब तक रहे।

चित्तं चरति खे यस्माज्जिह्वा चरति खे गता।
तेनैषा खेचरी नाम मुद्रा सिद्धैर्निरूपिता ॥४१॥

टीका—जिस मुद्रा के द्वारा चित्त भौंहों के मध्य आकाश में विचरण करता है और जिह्वा भी वहीं जाकर विचरती है उसी को सिद्ध पुरुषों ने खेचरी नाम दिया है ॥४१॥

व्याख्या—इस मुद्रा के अभ्यास में चित्त और जिह्वा दोनों ही भौंहों के मध्यरूपी आकाश में विचरते हैं। इसीलिए सिद्ध योगेश्वरों ने इसे खेचरी कहा है।

खेचर्या मुद्रितं येन विवरं लंबिकोर्ध्वतः।
न तस्य क्षरते बिंदुः कामिन्याः श्लेषितस्य च ॥४२॥
चलितोऽपि यदा बिन्दुः संप्राप्तो योनिमंडलम्।
व्रजत्यूर्ध्वं हृतः शक्त्या निबद्धो योनिमुद्रया ॥४३॥

ऊर्ध्वजिह्वः स्थिरो भूत्वा सोमपानं करोति यः ।
मासार्धेन न संदेहो मृत्युं जयति योगवित् ॥४४॥

टीका—खेचरी मुद्रा के द्वारा जिसने तालु के ऊपर का विवर ढक लिया, उसे यदि कामिनी का स्पर्श भी प्राप्त हो जाय तो उसका बिन्दु क्षरित नहीं होता और यदि बिन्दु चलायमान भी हो जाय तो योनि मण्डल में पहुँच कर भी वह वज्रोली के बन्धन से खिंचा हुआ ऊपर चला जाता है। तालु-विवर में उन्मुखी जिह्वा वाला योगी सोमपान करता हुआ एक पक्ष में ही मृत्यु को जीत लेता है ॥४२—४४॥

व्याख्या—खेचरी के अभ्यास द्वारा जिसकी जीभ तालु के रन्ध्र में पहुँच कर टिक जाती है तो बिन्दु का क्षरण नहीं होता। यदि बिन्दु अपने स्थान से डिग भी जाय यो योनिमण्डल में पहुँच कर भी योनिमुद्रा के प्रभाव से वहाँ से खिच कर अपने स्थान में ही जा पहुँचता है।

'सोमपानं करोति' का अभिप्राय ऊर्ध्व विवर से गिरते हुए चन्द्रामृत का पान करने से है। जब जिह्वा वहाँ पहुँच जाती है, तब उस अमृत का पान करती हुई साधक को अमृतत्व की प्राप्ति करा देती है।

नित्यं सोमकलापूर्णं शरीरं यस्य योगिनः ।
तक्षकेणापि दष्टस्य विषं तस्य न सर्पति ॥४५॥
इन्धनानि यथा वह्निस्तैलवर्त्तिं च दीपकः ।
तथा सोमकलापूर्णं देही देहं न मुंचति ॥४६॥

टीका—जिस योगी का देह सदा चन्द्रकला के अमृत से परिपूर्ण रहता है, उसके देह में तक्षक काट ले तो भी विष नहीं

फैलता। जैसे अग्नि ईंधन को और दीपक तेल बत्ती को नहीं छोड़ता वैसे ही शरीरधारी भी सोमकला से सम्पन्न शरीर को नहीं छोड़ता ॥४५—४६॥

व्याख्या—ऊर्ध्व विवर से स्रवित होते हुए चन्द्रामृत के शरीर में परिपूर्ण रहने पर तक्षक नाग का विष भी व्यर्थ हो जाता है अर्थात् भयङ्कर सर्प भी काट ले तो उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता। यदि शरीर में चन्द्रमा से झरता हुआ अमृत भरा हो तो शरीर से प्राण कभी पृथक् नहीं हो सकता जैसे कि अग्नि से ईंधन पृथक् नहीं हो सकता अर्थात् अग्नि भी तभी बुझता है जबकि ईंधन को पूरी तरह भस्म कर डाले और तैल-बत्ती का दीपक से सदा सम्बन्ध रहने का आशय यह है कि जब तक तैल-बत्ती है, तभी तक दीपक प्रकाश देता है, जब तैल-बत्ती का अभाव हो जाता है तब प्रकाश नहीं रहता, यहाँ दीपक का तात्पर्य प्रकाश से ही है। सारांश यह है कि जिह्वा से कपाल कुहुर में क्षरित होने वाले अमृत का पान करने वाला योगी मृत्यु को प्राप्त नहीं होता, क्योंकि उस पर किसी रोग, विष या अवस्था आदि का प्रभाव नहीं पड़ता।

गोमांसं भक्षयेन्नित्यं पिबेदमरवारुणीम्।
कुलीनं तमहं मन्ये चेतरे कुलघातकाः ॥४७॥
गोशब्देनोदिता जिह्वा तत्प्रवेशो हि तालुनि।
गोमांसभक्षणं तत्तु महापातकनाशम् ॥४८॥
जिह्वाप्रवेशसंभूतवह्निनोत्पादितः खलु।
चन्द्रात्स्रवति यः सारः स स्यादमरवारुणी ॥४९॥

टीका—जो योगी नित्य प्रति गोमांस का भक्षण करता और वारुणी (मदिरा) पीता है, वही कुलीन है, और सब तो

कुलघातक ही होते हैं। गोशब्द से जो जिह्वा कही जाती है और तालुविवर में जिह्वा का जो प्रवेश है, वही भक्षण कहलाता है। यह गोमांस भक्षण महापाप को नष्ट कर देता है। तालु के ऊपर वाले विवर में जिह्वा के प्रवेश से संभूत हुई अग्नि से उत्पन्न होकर जो सार झरता है वही अमरवारुणी है ॥४७—४९॥

व्याख्या—योगी के लिए परम सिद्धि का कारण गोमांस-भक्षण और वारुणी-पान है। 'गो' शब्द का अर्थ जिह्वा है और भक्षण का अभिप्राय ऊर्ध्व विवर में जिह्वा का प्रवेश है। इस प्रकार यही गोमांस भक्षण है, इसे महापापों का भी नाश करने वाला समझना चाहिए।

तालु के उसी ऊर्ध्व विवर में जब जिह्वा प्रविष्ट होकर दोहन करती है तब वहाँ ऊष्मा उत्पन्न हो जाती है और उस ऊष्मा के प्रभाव से चन्द्रमा में सार रूप अमृत उत्पन्न होकर स्रवित होने लगता है अर्थात् भौंहों के मध्य वामभाग में अवस्थित चन्द्रमा से बिन्दु रूप सार या अमृत झरने लगता, वही अमर वारुणी अर्थात् दिव्य मदिरा है उसके पान करने वाले को इसलिए कृतार्थ और कुलीन कहा है कि वह योगाभ्यास द्वारा उस श्रेष्ठ सिद्धि को प्राप्त करने में सफल हो जाता है और जो सिद्धि की प्राप्ति में सफल है, उसके कृतार्थ होने में सन्देह ही क्या है ?

चुम्बंती यदि लंबिकाग्रमनिशं जिह्वारसस्यंदिनी
साक्षारा कटुकाम्लदुग्धसदृशी मध्वाज्यतुल्या तथा ।
व्याधीनां हरणं जरांतकरणं शस्त्रागमोदीरणं
तस्य स्यादमरत्वमष्टगुणितं सिद्धांगनाकर्षणम् ॥५०॥

टीका—यदि रस को स्रवित करने वाली क्षार, कटु, अम्ल, दूध, मधु और घृत के समान अनेक रस वाली जिह्वा तालु के ऊपर वाले छिद्र का बार-बार स्पर्श करे तो उससे साधक की सभी व्याधियों का हरण, वृद्धावस्था का अन्त और सन्मुख से आते हुए शस्त्र का निवारण होता है तथा अमृतत्व, अष्ट सिद्धियाँ और सिद्धांगनाओं का आकर्षण होता है। ५०॥

व्याख्या—जिह्वा सभी रसों का ग्रहण करती है। उसके लिए कटु, तिक्त, अम्ल, मधुर आदि कोई भी रस क्यों न हो, अग्राह्य नहीं है। वह जिह्वा तालु के छिद्र में प्रविष्ट होकर बार-बार चन्द्रकलामृत का स्पर्श करने लगे तो उस साधक को रोग, जरा, शस्त्र, मृत्यु आदि का कोई भय नहीं रहता तथा सिद्धों (देवताओं) की नारियाँ उसके प्रति आकर्षित होती हैं और वह अष्ट सिद्धियों को उपलब्ध करके स्वयं सिद्ध हो जाता है।

मूर्ध्नःषोडशपत्रपद्मगलितं प्राणादवाप्तं हठा-
दूर्ध्वास्यो रसनां नियम्य विवरे शक्तिं परां चिंतयन् ।
उत्कल्लोलकलाजलं च विमलं धारामयं यः पिबे-
न्निर्व्याधिः स मृणालकोमलवपुर्योगी चिरं जीवति ॥५१

टीका—जिह्वा को कपालरन्ध्र में ले जाकर और ऊर्ध्व मुख करके परम शक्ति कुण्डलिनी का ध्यान करता हुआ जो योगी प्राणवायु के साधन और हठयोग के द्वारा प्राप्त षोडश दल वाले कमल में मस्तक से धारा रूप में गिरते हुए ऊर्ध्व तरंग वाले चन्द्रकलामृत का पान करता है, वह रोग-रहित एवं मृणाल जैसी कोमल देह वाला होता हुआ चिरकाल तक जीवित रहता है ॥५१॥

व्याख्या—जिह्वा को कपालरन्ध्र में ले जाकर चन्द्रामृत पीने वाला योगी चिरजीवी होता है। उसकी अकाल मृत्यु नहीं होती। उसका शरीर कठोर हो तो भी कमल दण्ड के समान कोमल हो जाती है।

यत्प्रालेयं प्रहितसुषिरं मेरुमूर्धान्तरस्थं
तस्मिंस्तत्त्वं प्रवदति सुधीस्तन्मुखं निम्नगानाम्।
चंद्रात्सारः स्रवति वपुषस्तेन मृत्युर्नराणां
तद्बध्नीयात्सुकरणमथो नान्यथा कार्यसिद्धिः ॥५२

टीका—जिसमें यह आलेय स्थित है, उस छिद्र में रज-तम से अतिरस्कृत बुद्धि वाले मनुष्य आत्म तत्व का होना मानते हैं। वहीं चन्द्र-सूर्य नाड़ियाँ मुख है तथा चन्द्रमा से देह के सार के स्रवित होने से मनुष्यों की मृत्यु होती है। इसलिए खेचरी मुद्रा करे, अन्यथा शरीर का पोषण नहीं हो सकता ॥५२॥

व्याख्या—प्रालेय अर्थात् जल कपाल कुहर में रहता है। जिन मनुष्यों की बुद्धि रजोगुण और तमोगुण का उल्लंघन किये रहती है यानी केवल सतोगुणी रहती है, उनके मत में आत्मतत्व भी वहीं है तथा वहीं इड़ा और पिंगला नाड़ियों का मुख भी है।

चन्द्रमा से वह जल स्रवित होता है तब उदरस्थ अग्नि रूपी सूर्य उसका ग्रास करता रहता है, इसी से मनुष्यों की आयु क्षीण होती जाती है। ग्रन्थकार का कथन है कि चन्द्रमा से स्रवित होते हुए उस अमृत का जिह्वा के द्वारा स्वयं ग्रास करले तो मृत्यु पर विजय प्राप्त की जा सकती है। इसलिए इसमें प्रयत्नशील होना चाहिए।

सुषिरं ज्ञानजनकं पंचस्रोतः समन्वितम्।
तिष्ठते खेचरी मुद्रा तस्मिञ्शून्ये निरंजने ॥५३॥

एकं सृष्टिमयं बीजमेका मुद्रा च खेचरी ।
एको देवो निरालंब एकावस्था मनोन्मनी ॥५४॥

टीका – नाड़ियों के पंच स्रोत से युक्त छिद्र ज्ञान का उत्पन्न करने वाला है। उस शून्य रूप निरजन के लिए खेचरी मुद्रा में स्थिति होती है। एक सृष्टिमय बीज है, एक खेचरी मुद्रा है, एक ही निरालम्ब है और एक ही उन्मनी अवस्था है ॥५३–५४॥

व्याख्या – इडा आदि नाड़ियों के पंच स्रोत अर्थात् पंच प्रवाह से युक्त सुषिर से ज्ञान उत्पन्न होकर शून्य रूप निरंजन में खेचरी की स्थिरता होती है अर्थात् खेचरी मुद्रा के प्रभाव से जब मन उस सुषिर (छिद्र) में प्रविष्ट होता है, तब आत्मज्ञान होता है।

सृष्टिमय बीज प्रणव है, वह एक ही है। यह संसार उसी प्रणव की महिमा को व्यक्त किये हुए स्थित है। 'ओमित्येदक्षर मिदं ं सर्वं तस्योपव्याख्यानं भूतं भवद्भविष्यदिति सर्वमोंकार एवं, यच्चान्यत् त्रिकालातीतं तदप्योंकार एवं' (माण्डूक्योपनिषत्) अर्थात् 'अविनाशी ब्रह्म ओंकारमय है, उसकी महिमा को प्रत्यक्ष लक्षित कराने वाला यह सम्पूर्ण विश्व है। भूत, भविष्य, वर्तमान रूप त्रिकालमय यह संसार ओंकार ही है और त्रिकाल से भी अतीत जो अन्य तत्व है, वह भी ओंकार ही है।

'एका मुद्रा च खेचरी' कहकर ग्रन्थकार ने सभी मुद्राओं में खेचरी की सर्वोत्कृष्टता सिद्ध की है। इसका आशय यह समझना चाहिए कि खेचरी सभी मुद्राओं में प्रमुख मुद्रा है और सर्व प्राप्ति की आकांक्षा वाले साधक को इसकी सिद्धि प्रयत्न पूर्वक करनी चाहिए। श्लोक में 'एक' पद का प्रयोग प्रमुखता प्रदर्शित करने के रूप में हुआ है।

ओड्डीयान बन्ध वर्णन

बद्धो येन सुषम्नायां प्राणस्तूड्डीयते यतः ।
तस्मादुड्डीयानाख्योऽयं योगिभिः समुदाहृतः ॥५५॥
उड्डीनं कुरुते यस्मादविश्रांतं महाखगाः ।
उड्डीयानं तदेव स्यात्तत्र बंधोऽभिधीयते ॥५६॥

टीका—जिससे बंधा हुआ प्राण सुषुम्ना में उड़ जाय, उस बन्ध को उड्डीयान कहते हैं। देहावकाश में गतिशील महाखग रूप प्राण जिस बन्ध से सुषुम्ना में उड़ता (गति करता) है, उसे उड्डीयान कहते हैं ॥५५—५६॥

व्याख्या—जिस बन्ध से बँधा हुआ प्राण उड़कर सुषुम्ना में जा पहुँचे, उसे उड्डीयान बन्ध कहते हैं, क्योंकि वह प्राण को उडाकर सुषुम्ना में पहुँचाने का कारण होता है 'उड्डीनं कुरुते' अर्थात् 'उड़ान करता है' इसीलिए इसे उड्डियान कहा जाता है। नीचे उस बन्ध का लक्षण कहेंगे।

उदरे पश्चिमं तानं नाभेरूर्ध्वं च कारयेत् ।
उड्डीयानो ह्यसौ बंधो मृत्युमातंगकेसरी ॥५७॥
उड्डीयानं तु सहजं गुरुणा कथितं सदा ।
अभ्यसेत्सततं यस्तु वृद्धोऽपि तरुणायते ॥५८॥

टीका—उदर में नाभि के ऊपर पश्चिम तान करे तो यह मृत्यु रूपी हाथी के लिए सिंह के समान उड्डियान बन्ध होता है। गुरु ने इस बन्ध को सदैव सहज बताया है, इसका निरन्तर अभ्यास करने वाला वृद्ध भी तरुण हो जाता है ॥५७—५८॥

व्याख्या– उदर में स्थित टूंडी में, नाभि के ऊपर के निचले भाग को इस प्रकार ताने, जिससे कि वे दोनों भाग पीठ में लग जाँय। गुरुजन इसे स्वाभाविक बताते हैं क्योंकि प्राण स्वभाव से ही बाहर जाता है, परन्तु इसका निरन्तर अभ्यास कर लिया जाय तो यह पूर्णरूप से वश में हो जाता है। उस साधक में इतनी शक्ति, इतनी स्फूर्ति आ जाती है कि वह अपनी वृद्धावस्था को भूलकर तरुण होने का अनुभव करने लगता है।

नाभेरूर्ध्वमधश्चापि तानं कुर्यात्प्रयत्नतः।
षण्मासमभ्यसेन्मृत्युं जयत्येव न संशयः ॥५९॥
सर्वेषामेव बन्धानामुत्तमो ह्युड्डियानकः।
उड्डियाने दृढ़े बंधे मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत् ॥६०॥

टीका—नाभि के ऊपर निचले भाग में ठीक प्रकार से तान करे। इस प्रकार छः मास तक निरन्तर अभ्यास करने से साधक मृत्यु को जीत लेता है, इसमें संशय नहीं है। सभी वन्धों में उड्डियान वन्ध श्रेष्ठ है, क्योंकि इसके सिद्ध हो जाने से स्वाभाविक मृत्यु होती है ॥५९—६०॥

व्याख्या—उड्डियान बन्ध में नाभि के ऊपर निचले स्थान में यत्नपूर्वक तान अर्थात आकर्षण किया जाता है। यह सभी बन्धों में उत्तम माना जाता है। इससे मृत्यु पर विजय प्राप्त होती है और रोग, दुःख आदि भी नष्ट हो जाते हैं।

इस बन्ध में प्राण पक्षी जैसी गति से उड़ान भरता हुआ सुषुम्ना द्वार से मस्तक में जा पहुँचता है और जब मन भी समाधि में लीन होता है, तब उसका मुक्त होना मानते हैं। यही विदेह मुक्ति कहलाती है, इसी से उन्मनी अवस्था की प्राप्ति होती है। इसी को योगनिद्रा कहते हैं। 'ततोन्मनी

संज्ञक बन्ध है। यह बन्ध नाड़ियों के समूह को तथा कपालकुहर रूप नभ के जल को बाँधता है, इसलिए जालन्धर बन्ध कहलाता है यह कठ के रोग दुःखों का नाश करते वाला है लक्षण जिसका कण्ठ का संकोच है, उस जालन्धर बन्ध के करने से अमृत अग्नि में नहीं पड़ता और न वायु का ही प्रकोप होता है। यह बन्ध दृढ़तापूर्वक कण्ठ का संकोच करने से दोनों नाड़ियों का स्तम्भन करने वाला है। इसे सोलह आधारों का बन्धन कर्त्ता मध्य चक्र जानना चाहिए ॥७०—७३॥

व्याख्या—इस बन्ध को जरामृत्यु का नाशक इसलिए माना है कि ब्रह्मरन्ध्र से जो चन्द्रामृत स्रवित होकर उदरस्थ अग्नि में भस्म होता रहता है, उसके अभाव में जीवन का नष्ट होना अवश्यं भावी है। यह बन्ध उस अमृत को अग्नि में गिरने से रोकता है। योगकुण्डल्युपनिषत् में कहा है—

पूरकान्ते तु कर्त्तव्यो बन्धो जालन्धरा भिधः।
कण्ठ संकोच रूपोऽसौ वायुमार्ग निरोधकः॥
अधस्तात्कुंचने नाशु कण्ठ संकोचने कृते।
मध्ये पश्चिमतानेन स्यात्प्राणो ब्रह्मनाडिगः॥

अर्थात्—पूरक के अन्त में जालन्धर बन्ध करना चाहिए। इसमें कण्ठ के संकोच द्वारा वायु का निरोध किया जाता है। अधोभाग में मलबन्ध द्वारा गुदा का आकुंचन करे और ऊपर से जालन्धर बन्ध द्वारा कंठ का सकोच तथा मध्य में उड्डयान बन्धद्वारा प्राणको खींचे तो प्राण ब्रह्मनाड़ी अर्थात् सुषुम्ना में चढ़ने लगता है।

इस प्रकार कण्ठ का संकोच करने इड़ा और पिंगला दोनों नाड़ियों का स्तम्भन स्वतः हो जाता है। कण्ठ में सोलह दल का विशुद्ध चक्र है, वहाँ वायु को रोक कर बन्धन करने वाला होने से इस बन्ध को मध्य चक्र कहा है।

मूलस्थानं समाकुंच्य उड्डियानं तु कारयेत् ।
इडां च पिंगलां बद्ध्वा वाहयेत्पश्चिमे पथि ॥७४॥
अनेनैव विधानेन प्रयाति पवनालयम् ।
ततो न जायते मृत्युर्जरारोगादिकं तथा ॥७५॥
बन्धत्रयमिदं श्रेष्ठं महासिद्धैश्च सेवितम् ।
सर्वेषां हठतंत्राणां साधनं योगिनो विदुः ॥७६॥

टीका—मूल स्थान का भले प्रकार संकोच करके उड्डियान बन्ध करे, जिससे इडा, पिंगला का स्तंभन होकर प्राण को पश्चिम मार्ग में ले जाय। इस विधान से ही प्राण का लय हो जाता है, तब रोग, जरा, मृत्यु आदि नहीं होते। यह तीन बन्ध श्रेष्ठ हैं, महासिद्धों द्वारा इनका सेवन किया जाता है। हठयोग के सब साधनों में इसकी उपयोगिता को योगी पुरुष जानते हैं ॥७४—७६॥

व्याख्या—आधार स्थान को ठीक प्रकार से संकुचित करके नाभि से पश्चिमतान रूप बन्ध (उड्डियान) को करना चाहिए तथा कण्ठ के संकोच से इडा-पिङ्गला का बन्धन करे, जो कि जालन्धर बन्ध से होता है। तदनन्तर प्राण के सुषुम्ना में प्रविष्ठ होने का प्रयत्न करे। ऐसा करने से प्राण का लय अर्थात् स्थैर्य हो जाता है। आशय यह है कि उसका बाह्य गमन रुक कर ब्रह्मरन्ध्र में ही स्थिति हो जाती है। इस प्रकार की उपलब्धि होने पर साधक को किसी रोग, बुढ़ापा, मृत्यु आदि का भय नहीं रहता।

इस प्रकार उपर्युक्त उड्डियान बन्ध, मूलबन्ध और जालन्धर बन्ध तीनों ही श्रेष्ठ हैं। बड़े बड़े योगीश्वर, परम

सिद्धि आदि ने इनको करके ही इच्छित सिद्धि और मोक्ष को प्राप्त किया। इसलिए योगाभ्यासियों को प्रयत्न पूर्वक इनका अभ्यास करना चाहिए।

यत्किंचित्स्रवते चन्द्रादमृतं दिव्यरूपिणः।
तत्सर्वं ग्रसते सूर्यस्तेन पिंडो जरायुतः ॥७७॥
तत्रास्ति करणं दिव्यं सूर्यस्य मुखवंचनम्।
गुरूपदेशतो ज्ञेयं न तु शास्त्रार्थकोटिभिः ॥७८॥

टीका—दिव्य तालुमूल में स्थित चन्द्रमा से जिस अमृत का स्राव होता है, उसे नाभि में स्थित अग्नि सम्पूर्ण रूप से ग्रस लेता है। उसे रोकने के लिये सूर्य-मुख का वंचन करने वाले दिव्य करण को गुरु के उपदेश से जानना चाहिए, क्योंकि उसके बिना करोड़ों शास्त्रों का अर्थ जानना भी व्यर्थ है ॥७७—७८॥

व्याख्या—पहले भी बता चुके हैं कि तालुमूल में चन्द्रमा का निवास माना गया है, वह अमृत की वर्षा किया करता है। परन्तु नाभि में सूर्य संज्ञक जिस अग्नि का निवास है, वह उस अमृत का ग्रास कर लेता है। परन्तु उसके ग्रसन को रोकने के लिये सूर्य के मुख को बन्द करना आवश्यक है। यदि उसका मुख रुक जाता है तो धातुओं और रसों का ह्रास भी रुक जाता है और आयु का क्षय नहीं होता। उसे रोकने का उपाय योगीश्वर सिद्ध पुरुषों को ज्ञात रहता है, उन्हें गुरु रूप में वरण करके उनसे वह उपाय सीखना चाहिए। यदि गुरु से उसे नहीं सीखते तो करोड़ों शास्त्र पढ़ कर भी नहीं सीख सकते। क्योंकि शास्त्रों में विधि-विधान तो लिखा होता है, परन्तु उसमें अनेक बातें ऐसी होती हैं जिनका स्पष्टीकरण अनुभवी सद्गुरु ही करने में समर्थ होता है, इसलिए गुरु से दीक्षा ग्रहण करना आवश्यक है।

विपरीतकरणी मुद्रा

ऊर्ध्वं नाभेरधस्तालोरूर्ध्वं भानुरधः शशी ।
करणी विपरीताख्या गुरुवाक्येन लभ्यते ॥७६॥
नित्यमभ्यासयुक्तस्य जठराग्निविवर्धिनी ।
आहारो बहुलस्तस्य संपाद्यः साधकस्य च ॥८०॥

टीक—जिस योगी के ऊर्ध्व भाग में नाभि और अधोभाग में तालु हो जाय, इस ऊर्ध्व भाग में सूर्य और अधोभाग में चन्द्रमा को कर देने वाली क्रिया विपरीतकरणी मुद्रा कहलाती है, इसे गुरु के वाक्यों द्वारा प्राप्त करते है। नित्यप्रति अभ्यास में लगे रहने वाले योगी के लिए यह मुद्रा जठराग्नि बढ़ाने वाली है तथा इसके द्वारा साधक इच्छानुसार अधिक भोजन कर सकता है ॥७६-८०॥

व्याख्या—इस मुद्रा के द्वारा तालु में अवस्थित चन्द्रमा नीचे और नाभि में अवस्थित सूर्य ऊपर हो जाता है। इसमें शिर नीचे और पाँव ऊपर करके स्थित होना होता है। इससे जठराग्नि इतनी बढ़ जाती है कि जितना भी खाया जाय सरलता से पच जाता है। परन्तु अल्पाहार नहीं करना चाहिए, अन्यथा हानि हो सकती है। क्योंकि—

अल्पाहारो यदि भवेदग्निर्दहति तत्क्षणात् ।
अधः शिराश्चोर्ध्वपादः क्षणं स्यात्प्रथमे दिने ॥८१॥
क्षणाच्च किंचिदधिकमभ्यसेच्च दिने दिने ।
वलितं पलितं चैव षण्मासोर्ध्वं न दृश्यते ॥
याममात्रं तु यो नित्यमभ्यसेत्स तु कालजित् ॥८२॥

भवति' ततोयोगनिद्रा भवति (शां० उ०) अर्थात् उससे उन्मनी दशा प्राप्त होती है और उससे योगनिद्रा होती है।

मूलबंध वर्णन

पार्ष्णिभागेन संपीडच योनिमाकुंचयेद्गुदम् ।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽभिधीयते ॥६१॥
अधोगतिमपानं वा ऊर्ध्वगं कुरुते बलात् ।
आंकुचनेन तं प्राहुर्मूलबन्ध हि योगिनः ॥६२॥

टीका— एड़ी से योनि स्थान को दबाकर गुदा का संकोच करे और अपान वायु का ऊपर की ओर आकर्षित करे, इसे मूलबन्ध कहते हैं। जो अधोगति वाले अपान वायु को बलपूर्वक ऊर्ध्वगामी करता है, उसे योगीजन मूलबन्ध कहते हैं ॥६१—६२॥

व्याख्या—योनि स्थान का अभिप्राय है गुदा और लिंग के मध्य भाग से। उस स्थान को एड़ी से भले प्रकार पीड़ित करके गुदा को सकोड़े और अपान वायु का ऊपर की ओर आकर्षण करे। यह क्रिया कुण्डलिनी जागरण में अत्यन्त सहायक होती है। इसके विषय में कहा है—

अधोगतिमपानं वै ऊर्ध्वगं कुरुते बलात् ।
आकुंचनेन त प्राहुर्मूलबन्धोऽयमुच्यते ॥
अपाने चोर्ध्वगे याते सम्प्राप्ते वह्नि मण्डले ।
ततोऽनलशिखा दीर्घा वर्धते वायुना हता ॥

अर्थात्—अधोगति वाले अपान को शक्तिपूर्वक गुदा के आकुंचन द्वारा ऊपर ले जाने से मूलबन्ध होता है। अपान ऊपर जाकर वह्निमण्डल से मिलता है तो वायु के प्रभाव से अग्नि की अत्यधिक तीव्रता होती है। इत्यादि से कुण्डलिनी जागरण की विधि कही है, जिसका वर्णन आगे किया जायगा।

गुदं पाष्ण्यां तु संपीड्य वायुमाकुंचयेद्बलात् ।
वारं वारं यथा चोर्ध्वं समायाति समीरणः ॥६३॥

टीका—एड़ी से गुदा का भले प्रकार संपीडन करके बल पूर्वक वायु को बार-बार इस प्रकार आकर्षित करे कि जिससे वह सुषुम्ना के ऊपरी भाग में जा पहुँचे ॥६३॥

व्याख्या--मूलबन्ध की यह रीति योगबीज में कही हुई है। यद्यपि इसमें ऊपर की विधि से समानता है, फिर भी शाब्दिक विशेषता के कारण इसका उल्लेख यहाँ हुआ है।

प्राणापानौ नादबिंदू मूलबंधेन चैकताम् ।
गत्वा योगस्य संसिद्धिं यच्छतो नात्र संशयः ॥६४
अपानप्राणयोरैक्यं क्षयो मूत्रपुरीषयोः ।
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबंधनात् ॥६५
अपाने ऊर्ध्वगे जाते प्रयाते वह्निमंडलम् ।
तदाऽनलशिखा दीर्घा जायते वायुनाऽऽहता ॥६६

टीका– अधोगति वाले प्राण और अपान, अनाहत नाद और बिन्दु मूलबन्ध के द्वारा ऐक्य को प्राप्त होकर योग की सिद्धि को प्राप्त कराते हैं, इसमें संशय नहीं है। अपान और प्राण का ऐक्य और संचित मल-मूत्र का क्षय होने से वृद्ध भी युवा होता है। अपान के ऊर्ध्वगामी होकर अग्नि मण्डल में पहुँचने पर वायु से ताड़ित होने के कारण अग्नि शिखा दीर्घ हो जाती है ॥६४—६६॥

व्याख्या–नीचे की ओर गतिशील प्राणापान, नाद और बिन्दु यह सब एकता को प्राप्त हो जाते हैं, जिससे कि

योग की परम सिद्धि होती है। उससे बुढ़ापा दूर होकर युवावस्था आ जाती है अर्थात् वली, पलित, झुर्री आदि मिटकर शरीर सुन्दर हो जाता है।

मूलबन्ध के करने से नीचे की गति वाला अपान वायु ऊपर चढ़ता हुआ अग्निमण्डल में पहुँच जाता है अर्थात् नाभि के नीचे के भाग में विद्यमान त्रिकोण जठराग्नि में प्रविष्ट होता है, तब अपान से ताड़ित जठराग्नि की शिखा बढ़ जाती है।

ततो यातो वह्न्यपानौ प्राणमुष्णस्वरूपकम् ।
तेनात्यंतप्रदीप्तस्तु ज्वलनो देहजस्तथा ॥६७॥
तेन कुंडलिनी सुप्ता संतप्ता संप्रबुध्यते ।
दंडाहता भुजङ्गीव निश्वस्य ऋजुतां व्रजेत् ॥६८

टीका—तब अग्नि और अपान दोनों अग्नि की दीर्घ हुई शिखा से गर्म होकर ऊपर की ओर गति वाले प्राण में जा पहुँचते हैं। उससे शरीरस्थ जठराग्नि अत्यन्त प्रदीप्त हो जाती है। तब उससे भले प्रकार सन्तप्त होकर सुप्त कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत् होकर डंडे से पिटी हुई सर्पिणी के समान सीधी हो जाती है ॥६७—६८॥

व्याख्या—कुण्डलिनी-जागरण के लिए तीनों बन्ध किये जाते हैं। जालन्धर बन्ध द्वारा वायु को रोकने के लिए कण्ठ का संकोच किया जाता है, मूलबन्ध द्वारा गुदा का आकुंचन अधोभाग में होता है और मध्य में उड्डियान बन्ध से प्राण को खींचा जाता है। इस प्रकार सब ओर रोका जाने पर प्राण सुषुम्ना में दौड़ता है। अपान ऊपर चढ़कर अग्नि से मिलता और वह अग्नि प्राण स्थान में आकर प्राणवायु से मिलकर

सोती हुई कुण्डलिनी को ताड़ित करता है, तब वह कुण्डलिनी जागकर सीधी हो जाती और सुषुम्ना के मुख में प्रवेश करती है।

विलं प्रविष्टेव ततो ब्रह्मनाड्यन्तरं व्रजेत् ।
तस्मान्नित्यं मूलबंधः कर्तव्यो योगिभिः सदा ।।६९

टीका—फिर वह कुण्डलिनी सर्पिणी के बिल में प्रविष्ट होने के समान ब्रह्मनाड़ी में प्रविष्ट होती है। इसलिए योगियों को नित्यप्रति मूलबन्ध करना चाहिए ।।६९।।

व्याख्या—इस श्लोक में मूलबन्ध करने का अभिप्राय स्पष्ट किया है कि कुण्डलिनी को जगाकर सुषुम्ना में प्रविष्ट कराने के लिए मूलबन्ध किया जाना आवश्यक है। इसीलिए योगाभ्यासी पुरुषों को मूलबन्ध का निरन्तर अभ्यास करना चाहिए।

जालन्धर बन्ध

कंठमाकुंच्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम् ।
बंधो जालंधराख्योऽयं जरामृत्युविनाशकः ।।७०।।
बध्नाति हि शिराजालमधोगामि नभो जलम् ।।
ततो जालन्धरो बंधः कंठदुःखौघनाशनः ।।७१
जालंधरे कृते बंधे कंठसंकोचलक्षणे ।
न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रकुप्यति ।।७२
कंठसंकोचेनैनैव द्वे नाड्यौ स्तंभयेद्दृढम् ।
मध्यचक्रमिदं ज्ञेयं षोडशाधारबन्धनम् ।।७३

टीका—कण्ठ का संकोच करके हृदय पर ठोड़ी को दृढ़ता से लगावे, यह जरामृत्यु का नाश करने वाला जालन्धर

जा सकता है। पुरुष को अपने ही नहीं, स्त्री के भी रज की रक्षा करनी चाहिए। क्योंकि रज या वीर्य ही मनुष्य का जीवन है, यदि वही शरीर से निकल गया तो चाहे मृत्यु न भी हुई हो, तो भी मृत्यु के ही समान है।

इसमें यह भी समझ लेना चाहिए कि यदि पतन से पूर्व बिन्दु का क्षरण न रोका जा सके तो पतित हुए बिन्दु का आकर्षण किया जा सकता है। परन्तु इसका सिद्धि अभ्यास से ही सम्भव है। पतित हुए बिन्दु को उसके आश्रय स्थान मस्तक में पुनर्स्थापित करना चाहिए।

बिन्दु चित्त के अधीन है। यदि चित्त में कामवासना का आधिक्य है, उत्तेजना बढ़ गई है तो हो सकता है कि बिन्दु का पतन हो जाय। इसीलिए स्त्री के विषय में चिन्तन का भी योगाभ्यासी के लिए निषेध किया जाता है। क्योंकि चित्त के चंचल होने पर बिन्दु भी चलायमान हो जाता है और चित्त स्थिर है तो शुक्र के पतन का अवसर ही नहीं आ सकता।

'शुक्रायत्तं च जीवितम्' कहकर ग्रन्थकार ने प्रकट किया है कि शुक्र है तो जीवन है और शुक्र नहीं तो जीवन भी नहीं। इसीलिए आवश्यक है कि शुक्र की रक्षा की जाय। क्योंकि शुक्र के रक्षित न रहने पर शरीर दुर्बल, रोग-ग्रस्त, और शक्ति-हीन हो जाता है और धीरे-धीरे वह मनुष्य मृत्यु मुख में पहुँच जाता है।

सहजोलिश्चामरोलिर्वज्रोल्या भेद एकतः।
जले सुभस्म निक्षिप्य दग्धगोमयसंभवम् ॥९२॥
वज्रोलीमैथुनादूर्ध्वं स्त्रीपुंसोः स्वांगलेपनम्।
आसीनयोः सुखेनैव मुक्तव्यापारयोः क्षणात् ॥९३॥

सहजोलिरियं प्रोक्ता श्रद्धया योगिभिः सदा ।
अयं शुभकरो योगो भोगयुक्तोऽपि मुक्तिदः ।।९४।।
अयं योगः पुण्यवतां धीराणाँ तत्त्वदर्शिनाम्
निर्मत्सराणां सिध्येत न तु मत्सरशालिनाम् ।।९५।।

टीका—सहजोली और अमरोली यह दोनों मुद्राएँ वज्रोली के ही भेद है। जलाये हुए कण्डों की सुन्दर भस्म का जल में डाल दे और मैथुनानन्तर उत्साह रहित होकर सुखपूर्वक बैठेहुए स्त्री-पुरुष उस भस्म को अपने अगों पर लेपन करे। यह सहजोली कही जाने वाली क्रिया योगियों द्वारा सदैव श्रद्धा के योग्य है तथा यह शुभकारी योग भाग और मोक्ष दोनों देने वाला है। यह योग पुण्यवान, धीर, तत्वदर्शी और द्वेषरहित पुरुषों को सिद्ध होता है, द्वेषयुक्तों को सिद्ध नहीं होता ।।९४-९५।।

व्याख्या—वज्रोली मुद्रा के समान ही सहजोली और अमरोली मुद्राएं भी हैं। कुछ विद्वान् इन्हें भिन्न मानते हैं और कुछ किंचित् विशेषता के साथ एक ही समझते है इसीलिए कुछ संहिताओं में सहजोली और अमरोली का वर्णन नहीं किया है।

सहजोली के साधक स्त्री-पुरुष संसर्ग के अनन्तर कण्डों की भस्म को जल में मिलाकर अपने सर्वांग अर्थात् शिर, ललाट, नेत्र, हृदय, भुजा, उदर, नाभि आदि पर लेप करें। वज्रोली के साथ इस भस्म लेपन को ही सहजोली कहा गया है।

अमरोली मुद्रा

पित्तोल्वणत्वात्प्रथमांबुधारां विहाय निःसारतयांत्यधारा। निषेव्यते शीतलमध्यधारा कापालिके खंडमतेऽमरोली ।।९६।।

अमरीं यः पिबेन्नित्यं नस्यं कुर्वन्दिनेदिने ।
वज्रोलीमभ्यसेत्सम्यगमरोलीति कथ्यते ॥९७॥
अभ्यासान्निःसृतां चांद्री विभूत्या सह मिश्रयेत् ।
धारयेदुत्तमांगेषु दिव्यदृष्टिः प्रजायते ॥९८॥

टीका- अधिक पित्त वाली बिन्दु-धारा को तथा सार-अंश-रहित अन्त्य धारा को कुछ-कुछ छोड़कर शीतल मध्य धारा का सेवन किया जाता, उसे कापालिक मत में अमरोली मुद्रा कहते हैं। जो साधक नासिका द्वारा अमरी का नित्य पान करता हुआ वज्रोली का अभ्यास करता है उसे अमरोली कहते हैं। उस अभ्यास से निःसृत चन्द्रामृत को भस्म में मिलाकर उत्तम अंगों में धारण करे तो उसको दिव्य दृष्टि हो जाती है ॥९६—९८॥

व्याख्या- प्रथम विन्दु धारा में पित्त की अधिकता कही है और दूसरी अन्त्यधारा में सारांश का अभाव वताया है। इन दोनों धाराओं का शनैः शनैः त्याग करना चाहिए अर्थात् पित्तादि दोषों से युक्त और निःसार धारा को छोड़कर शीतल, शान्तिप्रद धारा का सेवन करना चाहिए। अभिप्राय यह है कि बिन्दुरूप धारा का सेवन (क्षरण) लाभकर नहीं है। शिवांवुरूप अमरी का नासिका द्वारा पान करता हुआ मैथुन द्वारा वज्रोली का अभ्यास करे, परन्तु बिन्दु-पातन करे।

'शीतल मध्य धारा' का अभिप्राय चन्द्रामृत से है, उसे गोबर की भस्म में मिलाकर श्रेष्ठ अंगों में मलना चाहिये, निकृष्ट अंगों में मलने का निषेध समझे। उत्तमांगों में शिर, कपाल, नेत्र, कन्धे, कण्ठ, हृदय और भुजा आदि माने जाते हैं। 'दिव्य दृष्टिः प्रजायते' का अर्थ है नेत्रों की दृष्टि तीव्र हो जाना,

उसे दूरदर्शन-शक्ति भी कह सकते हैं। इस प्रकार यह मुद्रा खण्ड कापालिक मत में अमरोली कहलाती है।

नारी की वज्रोली के साधन कथन

पुन्सो बिन्दुं समाकुंच्य सम्यगभ्यासपाटवात्।
यदि नारी रजो रक्षेद्वज्रोल्या सापि योगिनी ॥९९
तस्याःकिंचिद्रजो नाशं न गच्छति न संशयः।
तस्या शरीरेनादश्च बिंदुतामेव गच्छति ॥१००

टीका– सम्यक् अभ्यास के कौशल से जो नारी पुरुष के बिन्दु का आकर्षण करके वज्रोली मुद्राके द्वाराअपने रज की रक्षा करती है तो उसे भी योगिनी समझना चाहिए। उस नारी का रज किंचित् भी नाश को प्राप्त नहीं होता, इसमें सशय नहीं है। उसके शरीर में नाद भी बिन्दु रूप हो जाता है ॥९९--१००॥

व्याख्या– इसमें स्त्री के वज्रोली-साधन का वर्णन हुआ है इस साधन के करने से स्त्री का रज भी अपने स्थान से च्युत नहीं होता और मूलाधार से उठा हुआ नाद हृदय के ऊपर पहुँच कर विन्दुरूप हो जाती है। स्त्री-पुरुष के रज-वीर्य का शरीर से बाह्य संयोग होने से सन्तानोत्पत्ति होती है, परन्तु दोनों का आन्तरिक योग होने पर ही योगी कहा जाता है। उन दोनों में बिन्दु चन्द्रमय और रज सूर्यमय है, इनका योग होने से परम-पद की प्राप्ति हो जाती है।

स बिंदुस्तद्रजश्चैव एकीभूय स्वदेहगौ।
वज्रोल्यभ्यासयोगेन सर्वसिद्धि प्रयच्छतः ॥१०१॥
रक्षेदाकुंचनादूर्ध्वं या रजः सा हि योगिनी।
अतीतानागतं वेत्ति खेचरी च भवेद् ध्रुवम् ॥१०२॥

टीका—यदि इसका अभ्यास करने वाला साधक यदि अल्प आहार करता है तो प्रदीप्त जठराग्नि उसके शरीर को उसी समय भस्म कर देती है। प्रथम दिन के अभ्यास में क्षण भर के लिए नीचे शिर और ऊपर पांव करने चाहिए। फिर दिनों दिन अभ्यास को एक-एक क्षण करके बढ़ावे तो छः महीने में वली, पलित अदृश्य हो जाते हैं। यदि एक प्रहर नित्य अभ्यास करे तो काल को भी जीत सकता है ॥८१—८२॥

व्याख्या—अल्प भोजन करने से इस मुद्रा के अभ्यासी साधक की जठराग्नि उसके शरीर को नष्ट कर डालती है। इसलिए यथेच्छ भोजन कर सके तो ही इस मुद्रा का अभ्यास करे।

इसमें नीचे शिर और ऊपर पाँव करके एक-एक क्षण नित्य बढ़ाते हुए अभ्यास करना चाहिए। इससे केशों का श्वेत होना, झड़ना आदि नष्ट होता है तथा तीन घण्टे नित्य अभ्यास करने से मृत्यु पर भी विजय प्राप्त हो सकती है।

इस सब से यह भी प्रकट होता है कि योग की महिमा प्रारब्ध कर्म से भी बढ़कर है, क्योंकि योग के द्वारा प्रारब्ध के फल को भी नष्ट किया जा सकता है। इसलिए साधक को योगाभ्यास में प्रयत्नशील रहना ही श्रेयस्कर है।

वज्रोली मुद्रा

स्वेच्छया वर्तमानोऽपि योगोक्तैर्नियमैर्विना।
वज्रोलिं यो विजानाति स योगी सिद्धिभाजनम् ॥८३
तत्र वस्तुद्वयं वक्ष्ये दुर्लभं यस्य कस्यचित्।
क्षीरं चैकं द्वितीयं तु नारी च वशवर्तिनी ॥८४॥

मेहनेन शनैः सम्यगूर्ध्वाकुंचनमभ्यसेत् ।
पुरुषोऽप्यथवा नारी वज्रोलीसिद्धिमाप्नुयात् ॥८५॥
यत्नतः शस्तनालेन फूत्कारं वज्रकंदरे ।
शनैः शनैः प्रकुर्वीत वायुसंचारकारणात् ॥८६॥

टीका—जो योगी वज्रोली मुद्रा का ज्ञाता है, वह योग-शास्त्र के नियमों का पालन न करके स्वेच्छा पूर्वक व्यवहार करे तो सिद्धिभाजन होता है। वज्रोली के साधक के लिए जो दो दुर्लभ वस्तुएं हैं, उन्हें मैं बताता हूँ। उनमें एक तो दूध है और दूसरी वश में रहने वाली स्त्री है। पुरुष हो या नारी बिन्दु को झरने से रोकने या आकुंचन करने का धीरे-धीरे अभ्यास करे तो वज्रोली मुद्रा सिद्ध हो सकती है। शीशे की बनी हुई नली से धीरे-धीरे उपस्थ के छिद्र में वायु के संचारार्थ प्रयत्नपूर्वक इस प्रकार फूत्कार करे, जिस प्रकार कि अग्नि को प्रज्वलित करने के लिए फूंक मारते हैं ॥८३—८६॥

व्याख्या—वज्रोली मुद्रा का ज्ञाता पुरुष शास्त्र के नियमों की उपेक्षा करके भी किसी प्रकार वज्रोली मुद्रा का साधन करता है, उसे भी सिद्धि प्राप्त हो सकती है। इसका अभ्यास करने वाले के लिए दूध और स्त्री दुर्लभ वस्तु हैं। अर्थात् साधक को इनसे बचना चाहिए। कुछ लोगों का मत है कि अभ्यास काल में दुग्ध पान उचित है, परन्तु कुछ विद्वान् इसे ठीक नहीं मानते और यह कहते है कि स्त्री-संसर्ग के पश्चात निर्बलता को प्राप्त हुई इन्द्रियों की प्रबलता के लिए तो दुग्ध-पान हितकर है, परन्तु वज्रोली के साधक के लिए अयोग्य है।

वज्रोली मुद्रा की सिद्धि किस प्रकार हो ? इस पर कहते हैं कि पुरुष या स्त्री कोई भी हो बिन्दु को झरने से रोकने के

लिए उसके ऊपर आकुंचन का अभ्यास करना चाहिए। योगतत्वोपनिषत् में कहा है—

वज्रोलीमभ्यसेद्यस्तु स योगी सिद्धि भाजनम्।
लभ्यते यदि तस्यैव योगसिद्धिः करे स्थिता।
अतीतानागतं वेत्ति खेचरी च भवेद् ध्रुवम्॥

अर्थात्—जो वज्रोली का अभ्यास करे वह सिद्धि का पात्र होता है। यदि वज्रोली की सिद्धि प्राप्त करले तो योग की सिद्धि उसके हाथ में ही समझो। वह भूत, भविष्य का भी ज्ञाता हो जाता है और उसे आकाश-गमन की सामर्थ्य प्राप्त हो जाती है।

शीशे की चौदह अगुल लम्बी और उपस्थ के छिद्र में प्रविष्ट होने योग्य मोटी सलाई बनवाकर उसे उपस्थ में प्रवेश करने का अभ्यास करे। प्रथम दिन केवल एक अंगुल घुसावे, फिर क्रमशः एक-एक अंगुल नित्य बढ़ाता हुआ बारह अंगुल तक ले जाय। बस बारह अंगुल सलाई के प्रवेश से ही उपस्थ का मार्ग शुद्ध हो जायगा।

तदनन्तर चौदह अगुल लम्बी एक सलाई और बनवाये जो कि टेढी और ऊपर की ओर मुख वाली हो। उसे भी क्रमशः बारह अंगुल ही प्रविष्ट करे, उस टेढे और ऊध्वमुख वाले भाग को बाहर रखे। फिर स्वर्णकार की धौंकनी के नल के समान नलका लेकर उसके अगले भाग को उपस्थ में प्रविष्ट टेढ़ी और ऊर्ध्वमुख की सलाई के मध्य में घुसाकर फूत्कार करने से उपस्थ-मार्ग का शोधन हो जाता है।

इसके पश्चात् जल के आकर्षण का अभ्यास करे और जब वह सिद्ध होजाय तब बिन्दु के ऊर्ध्व आकर्षण का अभ्यास करना चाहिए। बस, इसकी सिद्धि होने पर ही वज्रोली मुद्रा सिद्ध हो जाती है।

नारीभगे पतद्बिंदुमभ्यासेनोर्ध्वगासरेत् ।
चलितं च निजं बिंदुमूर्ध्वमाकृष्य रक्षयेत् ॥८७॥
एवं संरक्षयेद्बिंदुं मृत्यु जयति योगवित् ।
मरणं बिन्दुपातेन जोवनं बिन्दुधारणात् ॥८८॥
सुगन्धो योगिनो देहे जायते बिन्दुधारणात् ।
यावद्बिंदुः स्थिरो देहे तावत्कालभयं कुतः ॥८९॥
चित्तायत्तं नृणां शुक्रायत्तं च जीवितम् ।
तस्माच्छुक्रं मनश्चैवे रक्षणीयं प्रयत्नतः ॥९०॥
ऋतुमत्या रजोऽप्येवं बीजं बिन्दुं च रक्षयेत् ।
मेढ्रेणाकर्षयेदूर्ध्वं सम्यगभ्यासयोगवित् ॥९१॥

टीका—योनि में पतित होते हुए बिन्दु का अभ्यास करता हुआ ऊर्ध्व आकर्षण करे। यदि विन्दु चलित हो जाय तो भी उसका ऊपर को आकर्षण करके रक्षा करनी चाहिए। इस प्रकार जो योगविद् बिन्दु को रक्षा सम्यक् प्रकार करता है, वह मृत्यु को भी जीत लेता है। क्योंकि बिन्दु के पतन से मृत्यु और बिन्दु की रक्षा से ही जीवन है। मनुष्यों का शुक्र चित्त के आश्रित है और जावन शुक्र के आश्रित है, इसलिए शुक्र और मन दोनों की प्रयत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिए। ऋतुमती स्त्री के रज की और अपने विन्दु की भी उक्त प्रकार के अभ्यास से रक्षा करे। योगवेत्ता पुरुष मेढ् द्वारा रज और बिन्दु के ऊपर की ओर आकर्षण से रक्षा कर सकता है ॥८७—९१॥

व्याख्या—पतित हुआ बिन्दु भी उक्त मुद्रा के अभ्यास के द्वारा आकर्षित करके अपने पूर्व स्थान पर स्थापित किया

देहसिद्धिं च लभते वज्रोल्यभ्यासयोगतः ।
अयं पुण्यकरो योगो भोगे भुक्तेऽपि मुक्तिदः ॥१०३॥

टीका—वज्रोली के अभ्यास से वह बिन्दु और रज दोनों एक होकर अपने शरीर में ही स्थित हो जाँय तो सभी सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं। जो स्त्री योनि-संकोच द्वारा ऊर्ध्व ले जाकर रज की रक्षा करे वह योगिनी है। उसे भूत, भविष्यत् का ज्ञान हो जाता तथा निश्चय ही खेचरी सिद्ध हो जाती है। वज्रोली के अभ्यास से अवश्य ही देह सिद्धि होती है। यह पुण्योत्पादक योग भोगों के भोगने पर भी मुक्तिदायक होता है ॥१०१—१०३॥

व्याख्या—उक्त प्रकार से अभ्यास सिद्ध करने वाली स्त्री को त्रिकाल का ज्ञान होता है। रूप-लावण्य की प्राप्ति होकर शरीर में दिव्यता का समावेश होता है। अथवा जो सिद्धियाँ सिद्ध पुरुष को प्राप्त होनी कही हैं, सभी वज्रोली की साधिका योगिनी को प्राप्त हो जाती हैं—

कुण्डलिनी के पर्याय कथन

कुटिलांगी कुंडलिनी भुजङ्गी शक्तिरीश्वरी ।
कुंडल्यरुंधती चैते शब्दाः पर्यायवाचकाः ॥१०४॥

टीका—कुटिलांगी, कुण्डलिनी, भुंजगी, शक्ति, ईश्वरी, कुण्डली, अरुन्धती यह सब पर्यायवाचक हैं ॥१०४॥

व्याख्या—यहाँ कुण्डलिनी शक्ति के सात पर्यायवाचक नामों का वर्णन किया है, जिससे जिज्ञासु को यह समझने में कठिनाई न हो कि यह सभी नाम कुण्डलिनी के ही हैं। क्योंकि स्थलभेद से ग्रन्थों में कुण्डलिनी के अर्थ में उक्त में से कोई भी नाम मिल सकता है।

उद्घाटयेत्कपाटं तु यथा कुंचिकया हठात् ।
कुंडलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं विभेदयेत् ॥१०५॥
येन मार्गेण गंतव्यं ब्रह्मस्थानं निरामयम् ।
मुखेनाच्छाद्य तद्द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी ॥१०६॥
कंदोर्ध्वं कुण्डली शक्तिः सुप्ता मोक्षाय योगिनाम् ।
बंधनाय च मूढ़ानां यस्तां वेत्ति स योगवित् ॥१०७॥

टीका—जिस प्रकार कुंजी के द्वारा हठपूर्वक किवाड़ खोले जाते हैं, उसी प्रकार योगी कुण्डलिनी के द्वारा मोक्ष के द्वार को खोलते हैं। जिस मार्ग से निरामय ब्रह्मस्थान को जाते हैं, उसी द्वार के मुख को ढककर वह परमेश्वरी सोती है। कन्द ऊर्ध्व भाग में सोती हुई कुण्डलिनी योगियों के लिए मोक्ष के निमित्त होती है, परन्तु मूढ़ों के लिए बन्धन-प्रद हो जाती है, जोउसे जानता है वही योग का जानने वाला है ॥१०५—१०७॥

व्याख्या—कुण्डलिनी शक्ति मोक्ष के द्वार को खोल सकती है; परन्तु वह निरामय ब्रह्मपद को जाने वाले मार्ग को ढककर सोती रहती है। वह मूर्खों या अज्ञानियों के लिए बन्धन में डालने वाली है, जब कि योगाभ्यासियों को उससे मोक्ष प्राप्त हो सकती। इसलिए अभ्यास से पूर्व इसके विषय में पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना और इसके रहस्य को भले प्रकार समझ लेना चाहिए।

कुण्डलिन्यां समुद्भूता गायत्री प्राणधारिणी।
प्राणविद्या महाविद्या यस्तां वेत्ति स वेदवित् ॥

—योगचूडामन्युपनिषत्

अर्थात्—प्राणधारिणी गायत्री कुण्डलिनी से ही उत्पन्न होती है। यही प्राणविद्या और महाविद्या है, जो इस विद्या को जानते हैं वही वेद के जानने वाले हैं।

कुंडली कुटिलाकारा सर्पवत्परिकीर्तिता।
सा शक्तिश्चालिता येन स मुक्तो नात्र संशयः ॥१०८॥
गङ्गायमुनयोर्मध्ये बालरंडां तपस्विनीम्।
बलात्कारेण गृह्णीयात्तद्विष्णोः परमं पदम् ॥१०९॥
इडा भगवती गङ्गा पिंगला यमुना नदी।
इडापिंगलयोर्मध्ये बालरंडा च कुण्डली ॥११०॥

टीका—कुण्डलिनी का आकार कुटिल, सर्प के समान कहा जाता है, जो इस शक्ति का चालन करता है, वह मुक्त है, इसमें संशय नहीं है। गंगा, यमुना के मध्य में तपस्विनी बालरंडा है, उसे बलपूर्वक ग्रहण करना ही परमपद है। इडा भगवती गंगा और पिंगला यमुना नदी है तथा इडा-पिंगला के मध्य में जो कुण्डली है, वही बालरण्डा है ॥१०८—११०॥

व्याख्या—कुण्डलिनी का आकार सर्पिणी जैसा होता है वह साढ़े तीन कुण्डल मारे हुए रहती है। इस शक्ति को चालन करने वाला साधक अवश्य मुक्त हो जाता है। गंगा, यमुना कहकर यहाँ इडा और पिंगला नाड़ियों का माहात्म्य वर्णन किया है। अर्थात् इडा नाड़ी गंगा के समान और पिंगला नाड़ी यमुना के समान पवित्र हैं। इनके मध्य में तपस्विनी बालरण्डा के नाम से स्वयं कुण्डलिनी शक्ति विद्यमान रहती है। यहाँ बालरण्डा का अर्थ कुछ न खाने वाली कहा है, इसका तात्पर्य हुआ प्रसुप्ता, उस सोती हुई कुण्डलिनी को हठयोग के द्वारा जगाकर परमपद प्राप्य करने का उपदेश है।

शक्तिचालन मुद्रा

पुच्छे प्रगृह्य भुजगीं सुप्तामुद्बोधयेच्च ताम् ।
निद्रां विहाय सा शक्तिरूर्ध्वमुत्तिष्ठते हठात् ॥१११॥

अवस्थिता चैव फणावती सा
प्रातश्च सायं प्रहरार्धमात्रम् ।
प्रपूर्य सूर्यात्परिधानयुक्त्या प्रगृह्य
नित्यं परिचालनीया ॥११२॥

ऊर्ध्वं वितस्तिमात्रं तु विस्तारं चतुरंगुलम् ।
मृदुलं धवलं प्रोक्तं वेष्टितांबरलक्षणम् ॥११३॥

सति वज्रासने पादौ कराभ्यां धारयेद्दृढम् ।
गुल्फदेशसमीपे च कंदं तत्र प्रपीडयेत् ॥११४॥

वज्रासने स्थितो योगी चालयित्वा च कुंडलीम् ।
कुर्यादनंतरं भस्त्रां कुण्डलीमाशु बोधयेत् ॥११५॥

टीका - सोती हुई भुजंगी की पूंछ को पकड़कर प्रबोधन करने से वह शक्ति निद्रा छोड़कर ऊपर उठकर स्थित हो जाती है। वह फणावती प्रातःकाल, सायकाल में आधे प्रहर तक सूर्य से परित परिधान से ग्रहण करके नित्य चलानी चाहिए। मूल स्थान से विलाँद भर ऊपर चार अंगुल विस्तार वाले कोमल, श्वेत और वेष्टित किये वस्त्र के समान कहा जाता है। वज्रासन में स्थित होकर दोनों पाँवों को एड़ियों के पास से हाथों द्वारा दृढ़ता से धारण कर उस कन्द का प्रपीडन करे। वज्रासन में स्थित हुआ योगी कुण्डली का चालन करता हुआ भस्त्रा कुम्भक के द्वारा कुंडली को जाग्रत् करे ॥१११—११५॥

व्याख्या—पूँछ पकड़ कर कुण्डलिनी को जगाने का अभिप्राय यह है कि प्राणनिरोध के अभ्यास से वायु द्वारा ताड़ित होने पर कुण्डलिनी जाग्रत् हो जाती है, उस अभ्यास को सिद्ध करना चाहिए। इसका चालन करने के लिए प्रातः, सायं दोनों समय डेढ़-डेढ़ घंटे नित्य प्रति अभ्यास करना चाहिए।

मूल स्थान से बिलाँद भर ऊपर यानी नाभि स्थान और उपस्थ के मध्य में कन्द स्थान कहलाता है। गोरक्षसंहिता में इसका वर्णन इस प्रकार मिलता है कि नाभि के नीचे कन्द की जो योनि है, वह पक्षी के अण्डे समान के समान है, जिसमें से बहत्तर हजार नाड़ियाँ उत्पन्न होकर शरीर के सभी अंगों में गई हैं। वह कन्दस्थान कोमल और उज्वल वस्त्र के समान एक बिलाँद भर लम्बा और चार अंगुल चौड़ा होता है।

वज्रासन करके एड़ियों से ऊपर पाँवों को पकड़ कर नाभि के नीचे के भाग में कन्द को पीड़ित करे। इस प्रकार करता हुआ साधक शक्तिचालन मुद्रा के साथ भस्त्रा कुम्भक के द्वारा कुंडलिनी को जाग्रत् करना चाहिए। परन्तु इससे यह प्रकट होता है कि भस्त्रा कुम्भक के साथ वज्रासन ही करे, अन्य आसन न करे।

भानोराकुंचनं कुर्यात्कुंडलीं चालयेत्ततः।
मृत्युवक्त्रगतस्यापि तस्य मृत्युभयं कुतः ॥११६॥
मुहूर्तद्वयपर्यन्तं निर्भयं चालनादसौ।
ऊर्ध्वमाकृष्यते किंचित्सुषुम्नायां समुद्गता ॥११७॥
तेन कुंडलिनी तस्याः सुषुम्नायां मुखं ध्रुवम्।
जहाति तस्मात्प्राणोऽयं सुषुम्नां व्रजति स्वतः ॥११८॥

टीका—सूर्य का आकुंचन करने से कुंडली का चालन होता है। इस क्रिया को करने वाले योगी को मृत्यु के मुख में जाने पर भी मृत्यु का भय कहाँ है? इसका चालन निर्भय रूप से दो घड़ी पर्यन्त करे तो सुषुम्ना गई हुई यह शक्ति ऊपर खिचती है। वैसा होने पर वह कुंडलिनी सुषुम्ना के मुख में चली जाती है, इसलिए प्राण भी स्वतः सुषुम्ना में चला जाता है ॥११६—११८॥

व्याख्या—नाभिदेश के आकुंचन से वहाँ स्थित सूर्य (अग्नि) का आकुंचन हो जाता है और सूर्य का आकुंचन होने पर ही शक्ति का चालन होता है। इस प्रकार का चालन दो मुहूर्त्त तक करने से ही कुण्डलिनी सुषुम्ना में जाकर ऊपर की ओर खिचती है उसके द्वारा सुषुम्ना का मुख छोड़कर ऊपर जाने के कारण प्राण के लिए सुषुम्ना का मुख खुला मिलता है, इसलिए वह भी बाधा-रहित रूप से उसमें घुसकर ऊपर की ओर चढ़ता है। 'कुण्डलीं चालयन्प्राणान्भेद यन्शशिमण्डलम्' (ब्र. वि उ.) के अनुसार कुण्डली और प्राण का चालन करके चन्द्रमण्डल का भेदन करे। योगकुण्डल्युपनिषत् में कहा है—

> अधस्तात्कुंचनेनाशु कण्ठ संकोचने कृते।
> मध्ये पश्चिमतानेन स्यात्प्राणो ब्रह्मनाडिगः॥

अर्थात्—अधोभाग में गुदा का आकुंचन, ऊर्ध्वभाग में कण्ठ का सकोचन और मध्य में पश्चिमतान से प्राण का आकर्षण करे तो (सब ओर से रोका हुआ) प्राण ब्रह्मनाडी अर्थात् सुषुम्ना में प्रविष्ट हो जाता है।

तस्मात्संचालयेन्नित्यं सुखसुप्तामरुंधतीम्।
तस्याः संचालनेनैव योगी रोगैः प्रमुच्यते ॥११९॥

येन संचालिता शक्तिः स योगी सिद्धिभाजनम् ।
किमत्र बहुनोक्तेन कालं जयति लीलया ।।१२०।।

टीका—इसलिए नित्यप्रति के अभ्यास द्वारा सुखपूर्वक सोती हुई अरुन्धती का चालन करे, उसके चालन करने मात्र से ही योगी सब रोगों से मुक्त हो जाता है। जिसने शक्ति का चालन कर लिया वह योगी सिद्धि का पात्र हो गया। बहुत क्या कहें? वह लीलापूर्वक काल को भी जीत लेता है। ।११९—१२०।

व्याख्या—व्याख्या सोती हुई कुण्डलिनी को जगाकर चालन करने वाला साधक सभी रोगों से रहित एवं पूर्ण स्वस्थ हो जाता है, मृत्यु भी उसका कुछ बिगाड़ नहीं सकती। सभी विघ्न बाधाओं और व्याधियों को वह क्रीडा के समान उल्लंघन करने में समर्थ होता है। इस प्रकार शक्ति के चालन में कुशल योगी मृत्यु का भी विजेता हो जाता है।

ब्रह्मचर्यरतस्यैव नित्यं हितमिताशिनः ।
मंडलाद्दृश्यते सिद्धिः कुंडल्याभ्यासयोगिनः ।।१२१।।
कुंडलीं चालयित्वा तु भस्त्रां कुर्याद्विशेषतः ।
एवमभ्यसतो नित्यं यमिनो यमभीः कुतः ।।१२२।।

टीका—जो साधक ब्रह्मचर्य परायण रहता हुआ नित्य मिताहार करता है, उस कुण्डलिनी के अभ्यासी योगी को एक मण्डल में ही सिद्धि प्राप्त हो जाती है। जो योगी कुण्डली का चालन करता हुआ भस्त्रा कुम्भक ही विशेष रूप से करता है, उस अभ्यास परायण यमी को यम का भय भी कहाँ? ।।१२१—१२२।।

व्याख्या— ब्रह्मचर्य-परायण अर्थात् इन्द्रिय संयम सदैव तत्पर योगी ही कुण्डलिनी के जागरण का अभ्यास कर सकता है। यदि अभ्यास करने के दिनों में ब्रह्मचर्य-रहित हो जाय तो तो बिन्दु का क्षय होने के कारण उसका शरीर रोगी होकर शनैः शनैः काल कवलित हो सकता है और सिद्धि तो उसे हो ही नहीं सकती।

'मन्डल' पद काल का वाचक है, चालीस दिन के परिमाण को मण्डल कहते हैं। विधि पूर्वक कुन्डलिनी-चालन का अभ्यास करने वाला योगी एक मन्डल के समय में ही सिद्धि का दर्शन कर लेते है अर्थात उन्हें सिद्धि मिल जाती है। परन्तु इसके लिए उन्हें भस्त्रा कुम्भक विशेष रूप से करना चाहिए।

यमी का अर्थ है 'यम' का पालन करने वाला। योगी को यम-नियमों का पालन आवश्यक होता है और इसीलिए वह यम-नियम-परायण रहता है. अतः 'यमी' शब्द का प्रयोग साधक के अर्थ में हुआ है। इससे यह प्रकट किया गया कि साधक मृत्यु से भी नहीं डरता। उसको साधना में कितने ही विघ्न क्यों न आकर उपस्थित हो जाँय, वह धैर्य और साहस पूर्वक उनका उल्लंघन कर जाता है। परन्तु जो यमों का पालन नहीं करता, उसे जन्म-मरण के भय में पड़ना होता है।

द्वासप्ततिसहस्राणां नाडीनां मलशोभने।
कुतः प्रक्षालनोपायः कुंडल्यभ्यसनादृते ॥१२३॥
इयं तु मध्यमा नाडी दृढ़ाभ्यासेन योगिनाम्।
आसनप्राणसंयाममुद्राभिः सरया भवेत् ॥१२४॥

टीका—कुन्डलिनी के अभ्यास विना बहत्तर हजार नाड़ियों मल-शोधनार्थ उनके प्रक्षालन का अन्य उपाय ही क्या

है ? यह मध्य नाड़ी योगियों के दृढ़ अभ्यास द्वारा आसन, प्राणायाम और मुद्रा से सरल होती है ॥१२३—१२४॥

व्याख्या—शरीर में बहत्तर हजार नाड़ियाँ हैं, सामान्य दशा में वे सभी मल से भरी रहती हैं। परन्तु कुन्डलिनी चालन का अभ्यास करने से वे नाड़ियाँ स्वयं धुल-धुल कर शुद्ध हो जाती हैं। इसलिए श्लोक में कुन्डलिनी चालन के अभ्यास का कर्त्तव्य रूप से संकेत है।

मध्य नाड़ी का अर्थ सुषुम्ना है, क्योंकि यही नाड़ी इडा और पिंगला के मध्य में रहती है। इसे सरल अर्थात् उपयोगी बनाने के लिए आसन, प्राणायाम, मुद्रा आदि साधनों की आवश्यकता होती है, क्योंकि उन्हीं साधनों के सिद्ध होने पर शक्ति प्रबुद्ध होकर सुषुम्ना में प्रविष्ट होती है।

अभ्यासे तु विनिद्राणां मनो धृत्वा समाधिना।
रुद्राणी वा यदा मुद्रा भद्रां सिद्धिं प्रयच्छति ॥१२

टीका—अभ्यास काल में अनिद्रित रह कर जो साधक मन को समाधि में लीन कर लेते हैं, उन्हें रुद्राणी आदि मुद्राएं कल्याणमयी होकर सिद्धि के देने वाली होती हैं ॥१२५॥

व्याख्या--अभ्यास के समय साधक को आलस्य और निद्रा का परित्याग करना चाहिए, क्योंकि उनके होने पर समाधि में मन का लय नहीं होता, वरन् वह तो निद्रा-रहित अवस्था में ही हो सकता है। चित्त की एकाग्रता अनिद्रित अवस्था में ही बनती है और उसी को समाधि कहते हैं।

रुद्राणी मुद्रा का अभिप्राय शाम्भवी मुद्रा से है। 'लक्ष्ये-ऽन्तर्वाह्ययां दृष्टौ निमेषोन्मेषवर्जितायां च इयं शाम्भवी मुद्रा

भवति' (मण्डलब्राह्मणोपनिषत्) अर्थात् 'लक्ष्य के भीतर और बाहर की दृष्टि जब निर्मिमेष रूप से स्थिर हो जाती है, तब यह शाम्भवी मुद्रा होती है।' और इस मुद्रा का फल उसी उपनिषत् में तज्ज्ञानेन संसार निवृत्तिः, तत्पूजनं मोक्षफलदम्' कह कर उसके ज्ञान से संसार की निवृत्ति और पूजन से मोक्ष की प्राप्ति बताया है ।

राजयोगं विना पृथ्वी राजयोगं विना निशा ।
राजयोगं विना मुद्रा विचित्रापि न शोभते ॥१२६॥

टीका—राजयोग के बिना पृथिवी, निशा और मुद्रा विलक्षण हों तो भी शोभित नहीं होती ॥१२६॥

व्याख्या—इसमें राजयोग के बिना आसनादि अङ्गों की निष्फलता कही गई है। चित्तवृत्ति को अन्य विषयों से रोक कर आत्मा में निर्विकल्प रूप से योजित करना ही राजयोग है। जब तक साधक इस प्रकार की उपलब्धि में असमर्थ रहता है, तब तक पृथिवी अर्थात् आसन, निशा अर्थात् कुम्भक, विचित्र मुद्रा अर्थात् महामुद्रा आदि सभी निरर्थक हैं।

कुछ विद्वानों ने पृथिवी का अर्थ स्थिरता भी किया है, क्योंकि पृथिवी स्थिर रहती है और वैसी स्थिरता राजयोग अर्थात् चित्त वृत्ति के निरोध से ही हो सकती है। निशा का अर्थ कुम्भक इसलिये किया है कि जैसे रात्रि में राज पुरुषों का आवागमन नहीं रहता वैसे ही कुम्भक में प्राण का संचार रुका रहता है। परन्तु यह प्राणावरोध तब तक निष्फल है जब तक कि चित्त वृत्ति को आत्म-विषयक विचार में लीन न कर लिया जाय। यही बात महामुद्रा आदि पर भी लागू होती है कि वे कितनी भी महत्वपूर्ण क्यों न हो, चित्तवृत्ति असयमित है तो उसका महत्व किसी उपयोग का नहीं।

मारुतस्य विधिं सर्वं मनोयुक्तं समभ्यसेत् ।
इतरत्र न कर्तव्या मनोवृत्तिर्मनीषिणा ॥१२७॥
इति मुद्रा दश प्रोक्ता आदिनाथेन शंभुना ।
एकैका तासु यमिनां महासिद्धिप्रदायिनी ॥१२८॥

टीका—वायु-धारण की सम्पूर्ण विधि का अभ्यास मन लगा कर करे, उससे भिन्न किसी भी कार्य में मनीषी पुरुष को मनोवृत्ति नहीं लगानी चाहिए। आदिनाथ शिवजी ने यह दश मुद्रा बताई हैं। उनमें से कोई एक मुद्रा भी यमी (योगी) के लिए महासिद्धि के देने वाली हो सकती है ॥१२७—१२८॥

व्याख्या—प्राणायाम आदि की सभी विधियों को चंचल मन से न करे, वरन् मन को स्थिर करके उसी में लगा दे, तभी सफलता मिल सकती है। योगाभ्यासी पुरुष का कर्त्तव्य है कि वह मनो को किसी अन्य विषय की ओर न जाने दे। ऊपर जो दश मुद्राएं कही हैं वह आदि नाथ रूप शिवजी द्वारा वर्णित हैं। उनमें से कोई-सी भी मुद्रा अभ्यास से सिद्धिप्रद हो सकती है।

सद्गुरु प्रशंसा

उपदेशं हि मुद्राणां यो दत्ते सांप्रदायिकम् ।
स एव श्री गुरुः स्वामी साक्षादीश्वर एव सः ॥१२९॥
तस्य वाक्यपरो भूत्वा मुद्राभ्यासे समाहितः ।
अणिमादिगुणैः सार्धं लभते कालवंचनम् ॥१३०॥

टीका—मुद्राओं के उपदेश को जो साम्प्रदायिक रूप से देता है, वही श्री गुरुदेव स्वामी और साक्षात् ईश्वर है। उसके

वाक्यों में तत्पर होकर जो साधक मुद्रा के अभ्यास में सावधान होने पर अणिमादि सिद्धियों की प्राप्ति और काल के वंचन की उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं ।।१२६—१३०।।

व्याख्या—सम्प्रदाय का अर्थ यहाँ नाथ सम्प्रदाय है जो कि श्री आदि नाथजी से ही प्रारब्ध हुआ था। उस सम्प्रदाय के उपदेश को जो सद्गुरु प्रदान करे, वह निश्चय ही साक्षात् रूप से परमेश्वर है। अर्थात् सम्प्रदाय के अनुसार योग का उपदेश करने वाले गुरु के वचन में जिज्ञासु को श्रद्धा और विश्वास रखते हुये, उन्हीं के अनुसार चलना चाहिए। गुरु के वचनों में इस प्रकार परायण जिज्ञासु समाहित चित्त से योगाभ्यास में तत्पर हो जाय तो उसे अणिमादि अष्ट सिद्धियाँ तो प्राप्त होती ही है, साथ ही वह मृत्यु के उल्लघन में भी समर्थ होता है।

।। हठयोग प्रदीपिका का तृतीयोपदेश समाप्त ।।

त्याभ्यासस्य योगो युक्तिस्तेन 'योगः संनहनोपायध्यानसंगतियुक्तिषु' इति कोशः। राजयोगपदं राजयोगात्मकं पदं व्रजेत्प्राप्नुयात् ॥ ७७ ॥

भाषार्थ-अब हठयोगके अभ्याससे राजयोगप्राप्तिका प्रकार कहते हैं कि, कुम्भक-प्राणायामसे प्राणका रोध करनेके अंत (मध्य) में अन्तःकरणको निराश्रय करदे अर्थात् सम्प्रज्ञात समाधिके होनेपर ब्रह्माकार स्थितिके अनन्तर वैराग्यसे चित्तका लय करदे इस पूर्वोक्त रीतिसे किये अभ्यासके योगसे राजयोग पदको प्राप्त होता है यहां योगपद इस कोशके अनुसार युक्तिका बोधक है ॥ ७७ ॥

वपुःकृशत्वं वदने प्रसन्नता नादस्फुटत्वं नयने सुनिर्मले ॥
अरोगता बिंदुजयोऽग्निदीपनं नाडीविशुद्धिर्हठयोगलक्षणम् ७८

इति हठयोगप्रदीपिकायां द्वितीयोपदेशः ॥ २ ॥

हठसिद्धिज्ञापकमाह-वपुःकृशत्वमिति ॥ वपुषो देहस्य कृशत्वं कार्श्यं वदने मुखे प्रसन्नता प्रसादो नादस्य ध्वनेः स्फुटत्वं प्राकट्यं नयने नेत्रे सुष्ठु निर्मले अरोगस्य भावोऽरोगता आरोग्यं बिंदोर्धातो-र्जयः क्षयाभावरूपः अग्नेरौदर्यस्य दीपनं दीप्तिर्नाडीनां विशेषेण शुद्धिर्मलापगमः एतद्धठस्य हठाभ्याससिद्धेर्भाविन्या लक्ष्यतेऽनेनेति लक्षणम् ॥ ७८ ॥

इति श्रीहठप्रदीपिकाव्याख्यायां ज्योत्स्नाभिधायां ब्रह्मा-नंदकृतायां द्वितीयोपदेशः ॥ २ ॥

भाषार्थ-अब हठयोगसिद्धिके लक्षणोंको कहते हैं कि देहकी कृशता मुखमें प्रसन्नता नादकी प्रकटता और दोनों नेत्रोंकी निर्मलता रोगका अभाव विन्दुका जय अर्थात् नाडि-योंमें मलका अभाव ये हठयोगसिद्धिके लक्षण हैं अर्थात् ये चिह्न होयँ तो यह जानना कि, इसको हठयोगकी सिद्धि होजायगी ॥ ७८ ॥

इति श्रीहठयोगप्रदीपिकायां पण्डितमिहिरचन्द्रकृतभाषाविवृत्तिसहितायां द्वितीयोपदेशः ॥ २ ॥

अथ तृतीयोपदेशः ३.

सशैलवनधात्रीणां यथाधारोऽहिनायकः ॥
सर्वेषां योगतंत्राणां तथाधारो हि कुंडली ॥ १ ॥

अथ कुंडल्याः सर्वयोगाश्रयत्वमाह-सशैलेति ॥ शैलाश्च वनानि च शैलवनानि तैः सह वर्तमानाः सशैलवनास्ताश्च ता धात्र्यश्च भूमयस्ता-

साम् । धात्र्या एकत्वेऽपि देशभेदाद्भेदमादाय बहुवचनम् । अहीनां सर्पाणां नायको नेताहिनायकः शेषो यथा यद्वदाधार आश्रयस्तथा तद्वत् । सर्वेषां योगस्य तंत्राणि योगतंत्राणि योगोपायास्तेषां कुंडल्याधारशक्तिराश्रयः । कुंडलीबोधं विना सर्वयोगोपायानां वैयर्थ्यादिति भावः ॥ १ ॥

भाषार्थ-अब इसके अनंतर कुण्डली सर्व योगोंका आश्रय है इसका वर्णन करते हैं कि जैसे संपूर्ण पर्वत वनोंसहित जितनी भूमि हैं उनका आश्रय (आधार) जैसे सर्पोंका नायक शेष है तिसी प्रकार योगके समस्त उपायोंका आधार भी कुण्डली है क्योंकि कुण्डलीके बोध विना योगके संपूर्ण उपाय व्यर्थ हैं यद्यपि भूमि एक है-तथापि देशभेदसे भूमिके भेदको मानकर बहुवचन (धात्रीणाम्) यहां दिया है ॥ १ ॥

सुप्ता गुरुप्रसादेन यदा जागर्ति कुंडली ॥
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यंते ग्रंथयोऽपि च ॥ २ ॥

कुंडलीबोधस्य फलमाह द्वाभ्याम्-सुप्तेति ॥ सुप्ता कुंडली गुरोः प्रसादेन यदा जागर्ति बुध्यते तदा सर्वाणि पद्मानि षट्चक्राणि भिद्यंते भिन्नानि भवंति । ग्रंथयोऽपि च ब्रह्मग्रंथिविष्णुग्रंथिरुद्रग्रंथयो भिद्यंते भेदं प्राप्नुवंतीत्यन्वयः ॥ २ ॥

भाषार्थ-अब कुण्डलीके बोधका दो श्लोकोंसे फल कहते हैं जब गुरुकी प्रसन्नतासे सोती हुई कुण्डली जागती है तब संपूर्ण पद्म अर्थात् हृदयके षट्चक्र भिन्न होजाते हैं अर्थात् खिल जाते हैं और ब्रह्मग्रंथि विष्णुग्रंथिरूप तीनों ग्रंथि भी खुल जाती हैं ॥ २ ॥

प्राणस्य शून्यपदवी तथा राजपथायते ॥
तदा चित्तं निरालंबं तदा कालस्य वंचनम् ॥ ३ ॥

प्राणस्येति ॥ तदा शून्यपदवी सुषुम्ना प्राणस्य वायो राज्ञां पंथा राजपथं राजपथमिवाचरति राजपथायते राजमार्गायते । सुखेन गमनसंभवात् । तदा चित्तमालंबनमाश्रयस्तस्मान्निर्गतं निरालंबं निर्विषयं भवति । तदा कालस्य मृत्योर्वंचनं प्रतारणं भवति ॥ ३ ॥

भाषार्थ-और तिसीप्रकार प्राणकी शून्यपदवी (सुषुम्ना) राजपद (सडक) के समान होजाती है अर्थात् प्राण उसमेंको सुखसे गमन करने लगता है-और उसीसमय चित्तभी निरालंब होजाता है अर्थात्--विषयोंका अनुरागी नहीं रहता और उसीसमय कालका वंचन होता है अर्थात् मृत्युका भय दूर होजाता है ॥ ३ ॥

सुषुम्ना शून्यपदवी ब्रह्मरंध्रं महापथः ॥
श्मशानं शांभवी मध्यमार्गश्चेत्येकवाचकाः ॥ ४ ॥
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम् ॥
ब्रह्मद्वारमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत् ॥ ५ ॥

सुषुम्नापर्यायानाह-सुषुम्नेति ॥ इत्युक्ताः शब्दा एकस्य एकार्थस्य वाचकाः एकवाचकाः। पर्याया इत्यर्थः स्पष्टः श्लोकार्थः ॥ तस्मादिति ॥ यस्मात्कुंडलीबोधेनैव षट्चक्रभेदादिकं भवति तस्मात्सर्वप्रयत्नेन सर्वेण प्रयत्नेन ब्रह्म सच्चिदानंदलक्षणं तस्य द्वारं प्राप्त्युपायः सुषुम्ना तस्या मुखेऽग्रभागे मुखेन सुषुम्नाद्वारं पिधाय सुप्तामीश्वरीं कुंडलीं प्रबोधयितुं प्रकर्षेण बोधयितुं मुद्राणां महामुद्रादीनामभ्यासमावृत्तिं समाचरेत्सम्यगाचरेत् ॥ ४ ॥ ५ ॥

भाषार्थ-अब सुषुम्नानाडीके पर्यायोंको कहते हैं कि, सुषुम्ना, शून्यपदवी, ब्रह्मरंध्र, महापथ, श्मशान, शांभवी, मध्यमार्ग ये संपूर्ण शब्द एक अर्थके वाचक हैं अर्थात् इन सबका सुषुम्ना नाडी अर्थ है जिससे कुण्डलीके बोधसेही षट्चक्र भेद आदि होते हैं इससे संपूर्ण प्रयत्नसे सच्चिदानंदरूप ब्रह्मकी प्राप्तिका उपाय जो सुषुम्ना उसके अग्रभागमें सुषुम्नाके द्वारको ढककर सोतीहुई जो ईश्वरी (कुण्डली) है उसका प्रबोध (जगाना) करनेके लिये मुद्राओंका अभ्यास करै अर्थात् महामुद्रा आदिको करै ॥ ४ ॥ ५ ॥

महामुद्रा महाबंधो महावेधश्च खेचरी ॥
उड्यानं मूलबंधश्च बंधो जालंधराभिधः ॥ ६ ॥
करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्तिचालनम् ॥
इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशनम् ॥ ७ ॥

मुद्रा उद्दिशति-महामुद्रेत्यादिना सार्धेन ॥ सार्धार्थः स्पष्टः ॥ मुद्राफलमाह सार्द्धद्वाभ्याम्-इदमिति ॥ इदमुक्तं मुद्राणां दशकं जरा च मरणं च जरामरणे तयोर्नाशनं निवारकम् ॥ ६ ॥ ७ ॥

भाषार्थ-महामुद्रा, महाबंध, महावेध, खेचरी, उड्यान, मूलबंध, जालंधरबंध, विपरीतकरणी, वज्रोली, शक्तिचालन, ये पूर्वोक्त दशमुद्रा जरा और मरणको नष्ट करती हैं ॥ ६ ॥ ७ ॥

आदिनाथोदितं दिव्यमष्टैश्वर्यप्रदायकम् ॥
वल्लभं सर्वसिद्धानां दुर्लभं मरुतामपि ॥ ८ ॥

आदिनाथेति ॥ आदिनाथेन शंभुनोदितं कथितम् । दिवि भवं दिव्यमुत्तमम् । अष्टौ च तान्यैश्वर्याणि चाष्टैश्वर्याणि अणिमामहिमागरिमालघिमाप्राप्तिप्राकाम्येशतावशितारूयानि । तत्राणिमा संकल्पमात्रेण प्रकृत्यपगमे परमाणुवद्देहस्य सूक्ष्मता १ । महिमा प्रकृत्यापूरेणाकाशादिवन्महद्भावः २ । गरिमा लघुतरस्यापि तूलादेः पर्वतादिवद्गुरुभावः ३ । लघिमा गुरुतरस्यापि पर्वतादेस्तूलादिवल्लघुभावः ४ । प्राप्तिः सर्वभावसान्निध्यम् । यथा भूमिस्थ एवांगुल्यग्रेण स्पृशति चंद्रमसम् ५ । प्राकाम्यमिच्छानभिघातः । यथा उदक इव भूमौ निमज्जत्युन्मज्जति च ६ । ईशता भूतभौतिकानां प्रभवाप्ययसंस्थानविशेषसामर्थ्यम् ७ । वशित्वं भूतभौतिकानां स्वाधीनकरणम् ८ । तेषां प्रदायकं प्रकर्षेण ददातीति तथा तं सर्वे च ते सिद्धाश्च कपिलादयस्तेषां वल्लभं प्रियं मरुतां देवानामपि दुर्लभं दुष्प्रापं किमुतान्येषामित्यर्थः ॥ ८ ॥

भाषार्थ—और आदिनाथने कहे जो उत्तम आठ ऐश्वर्य उनको भलीप्रकार देती है और संपूर्ण जो कपिल आदि सिद्ध हैं उनको प्रिय है और देवताओंकोभी दुर्लभ है वे आठ ऐश्वर्य ये हैं कि--अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशता, वशिता उनमें अणिमा वह सिद्धि होती है कि, योगीके संकल्पमात्रसे प्रकृतिके दूर होनेपर परमाणुके समान सूक्ष्म देह होजाय उसे अणिमा १ कहते हैं और प्रकृतिके आपूरको करके अर्थात् अपने देहमें भरके आकाशके समान महान् स्थूल होजानेको महिमा २ सिद्धि कहते हैं। और तूल (रुई) आदि लघुपदार्थकोभी पर्वत आदिसे समान जो गुरु (भारी) होजाना है उसे गरिमा ३ कहते हैं और अत्यंत गुरु (पर्वत आदि) का जो तूल आदिके समान लघु (हलका) होना हैं उसे लघिमा ४ कहते हैं और संपूर्ण पदार्थोंके जो समीप पहुंचना जैसे कि भूमिपर स्थित योगी अंगुलिके अग्रसे चंद्रमाका स्पर्श करले इसे प्राप्ति ५ कहते हैं और इच्छाका अनभिघात अर्थात् जलके समान भूमिमें प्रविष्ट होजाय और निकस आवै इसको प्राकाम्य ६ कहते हैं । पांचों महाभूत और उनसे उत्पन्न भौतिकपदार्थ इनकी उत्पत्ति और प्रलय और पालनके सामर्थ्यको ईशता सिद्धि ७ कहते हैं और भूत भौतिक पदार्थोंको अपने अधीन करनेको वशिता ८ सिद्धि कहते हैं ये आठों सिद्धि पूर्वोक्त दशों मुद्राओंके करनेसे होती हैं ॥ ८ ॥

गोपनीयं प्रयत्नेन यथा रत्नकरंडकम् ॥
कस्यचिन्नैव वक्तव्यं कुलस्त्रीसुरतं यथा ॥९॥

गोपनीयमिति ॥ प्रयत्नेन प्रकृष्टेन यत्नेन गोपनीयम्। गोपनीयत्वे दृष्टांतमाह-यथेति ॥ रत्नानां हीरकादीनां करंडकं रत्नकरंडकं यथा येन प्रकारेण गोप्यते तद्वत्। कस्यापि जनमात्रस्य यद्वा कस्यापि ब्रह्मणोऽपि नैव वक्तव्यं नैव वाच्यं किमुतान्यस्य। तत्र दृष्टांतः कुलस्त्रियाः सुरतं कुलस्त्रीसुरतं संगमनं यथा तद्वत् ॥ ९ ॥

भाषार्थ-ये पूर्वोक्त दशों मुद्रा इसप्रकार प्रयत्नसे गुप्त करने योग्य हैं जैसे हीरा आदि-रत्नोंका करंड (पेटारी) गुप्त करने योग्य होतीहै और किसी मनुष्यको वा ब्रह्माको भी इसप्रकार नहीं कहनी अन्यकी तो कौन कथा है जैसे कुलीनस्त्रीके सुरत (संगम) को किसीको नहीं कहते हैं ॥ ९ ॥

अथ महामुद्रा।

पादमूलेन वामेन योनिं संपीड्य दक्षिणम् ॥
प्रसारितं पदं कृत्वा कराभ्यां धारयेद्दृढम् ॥ १० ॥

दशविधमुद्रादिषु प्रथमोद्दिष्टत्वेन महामुद्रां तावदाह-पादमूलेनेति ॥ वामेन सव्येन पादस्य मूलं पादमूलं पार्ष्णिस्तेन पादमूलेन वामपाद-पार्ष्णिनेत्यर्थः। योनिस्थानं गुदमेढ्रयोर्मध्यभागं संपीड्याकुंचितवाम-पादपार्ष्णिना योनिस्थानं दृढं संयोज्येत्यर्थः। दक्षिणं सव्येतरं पदं चरणं प्रसारितं भूमिसंलग्नपार्ष्णिकमूर्ध्वांगुलिकं दंडवत्कृत्वा कराभ्यां संप्रदायादाकुंचितकरतर्जनीभ्यां दृढं गाढं धारयेदंगुष्ठप्रदेशे गृह्णी-यात् ॥ १० ॥

भाषार्थ-अब दसोंमुद्राओंमें प्रथम जो महामुद्रा उसका वर्णन करते हैं कि, वामपादके मूल (तल) से अर्थात् पार्ष्णिसे योनिस्थानको अर्थात् गुदा और लिंगके मध्यभागको भलीप्रकार पीडित (दबाना) करके और दक्षिणपादको प्रसारित (फैलाना) करके अर्थात् दक्षिणपादकी पार्ष्णि (ऐड) को भूमिसे मिलाकर और उसकी अंगुलियोंको ऊप-रको करके और उस दक्षिणपादको मुकडीहुई दोनों हाथोंकी तर्जनीओंसे दृढरीतिसे (खूब) अंगूठेके स्थानमें धारण करै अर्थात् जोरसे पकडले ॥ १० ॥

कंठे बंधं समारोप्य धारयेद्वायुमूर्ध्वतः ॥
यथा दंडहतः सर्पो दंडाकारः प्रजायते ॥ ११ ॥

कंठ इति ॥ कंठे कंठदेशे बंधनं सम्यगारोप्य कृत्वा । जालंधरबंधं कृत्वेत्यर्थः । वायुं पवनमूर्ध्वत उपरि सुषुम्नायां धारयेत् । अनेन मूलबंधः सूचितः । स तु योनिसंपीडनेन जिह्वाबंधनेन चरितार्थ इति सांप्रदायिकाः । यथा दंडेन हतस्ताडितो दंडहतः सर्पः कुंडली दंडाकारः दंडस्याकार इवाकारो यस्य स तादृशः । वक्राकारं त्यक्त्वा सरल इत्यर्थः । प्रकर्षेण जायते भवति ॥ ११ ॥

भाषार्थ–और कंठके प्रदेशमें भलीप्रकार जालंधरनामके बंधको करके वायुको ऊर्ध्वदेश (सुषुम्ना) मेंही धारण करे अर्थात् मूलबंध करे और सांप्रदायिक अर्थात् संप्रदायके ज्ञाता तो यह कहते हैं कि, वह मूलबंध तो योनिका संपीडन और जिह्वाके बंधनसे चरितार्थ है अर्थात् पृथक् मूलबंध करनेका कुछ प्रयोजन नहीं है ऐसा करनेसे जैसे दंडसे हताहुआ सर्प (कुण्डली) दंडके समान आकारवाला होजाताहै अर्थात् वक्रताको त्यागकर भलीप्रकार सरल होजाताहै ॥ ११ ॥

ऋज्वीभूता तथा शक्तिः कुंडली सहसा भवेत् ॥
तदा सा मरणावस्था जायते द्विपुटाश्रया ॥१२॥

ऋज्वीभूतेति ॥ तथा कुंडल्याधारशक्तिः सहसा शीघ्रमेव ऋज्वी संपद्यते तथाभूता ऋज्वीभूता सरला भवेत् । तदा सेति । द्वे पुटे इडा पिंगले आश्रयो यस्याः सा मरणावस्था जायते । कुंडलीबोधे सति सुषुम्नायां प्रविष्टे प्राणे द्वयोः प्राणवियोगात् ॥ १२ ॥

भाषार्थ–तिसीप्रकार आधार शक्ति रूप जो कुंडली है वह शीघ्रही ऋज्वीभूत (सरल) होजाती है और उस समय इडा और पिंगलारूप जो दोनों पुट हैं वे आश्रय जिसके ऐसी वह मरणकी अवस्था होजाती है अर्थात् कुण्डलीका बोध होनेपर सुषुम्नानाडीमें प्राणका प्रवेश होजाता है इससे इडा और पिंगला दोनोंका प्राणवियोग (मरण) होजाताहै ॥ १२ ॥

ततः शनैःशनैरेव रेचयेन्नैव वेगतः ॥
महामुद्रां च तेनैव वदंति विबुधोत्तमाः ॥१३॥
इयं खलु महामुद्रा महासिद्धैः प्रदर्शिता ॥
महाक्लेशादयो दोषाः क्षीयंते मरणादयः ॥
महामुद्रां च तेनैव वदंति विबुधोत्तमाः ॥ १४ ॥

तत इति ॥ इयमिति ॥ ततस्तदनंतरं शनैःशनैरेव रेचयेत्। वायुमिति संबध्यते वेगतस्तु वेगान्न रेचयेत्। वेगतो रेचने बलहानिप्रसंगात्। खल्विति वाक्यालंकारे। इयं महामुद्रा महासिद्धैरादिनाथादिभिः प्रदर्शिता प्रकर्षेण दर्शिता। महामुद्राया अन्वर्थतामाह महांतश्च ते क्लेशाश्च महाक्लेशाः अविद्यास्मितरागद्वेषाभिनिवेशाः पंच ते आदयो येषां ते शोकमोहादीनां ते दोषाः क्षीयंते। मरणमादिर्येषां जरादीनां तेऽपि च क्षीयंते नश्यंति। यतस्तेनैव हेतुना विशिष्टा बुधा विबुधास्तेषूत्तमा विबुधोत्तमा महामुद्रां वदंति। महाक्लेशान्मरणादींश्च दोषान्मुद्रयति शमयतीति महामुद्रेति व्युत्पत्तेरित्यर्थः ॥ १३ ॥ १४ ॥

भाषार्थ-तिससे शनैः २ प्राणवायुका रेचन करै, वेगसे न करै क्योंकि वेगसे रेचन करनेमें बलकी हानी होती है तिससेही देवताओंमें उत्तम इसको महामुद्रा कहते हैं और वह महामुद्रा आदिनाथ आदिमहासिद्धोंने भलीप्रकार दिखाई है। अब महामुद्राके अन्वर्थनामका वर्णन करते हैं कि, अविद्या, स्मित, राग, द्वेष, अभिनिवेश रूप पांचों, महाक्लेश और मरण आदि दुःख इस मुद्राके करनेसे क्षीण (नष्ट) होजाते हैं तिससेही देवताओंमें श्रेष्ठ इसको महामुद्रा कहते हैं अर्थात् महाक्लेशोके नष्ट करनेसेही इसक देवताओंने महामुद्रा नाम रक्खा है ॥ १३ ॥ १४ ॥

चंद्रांगे तु समभ्यस्य सूर्यांगे पुनरभ्यसेत् ॥
यावत्तुल्या भवेत्संख्या ततो मुद्रां विसर्जयेत् ॥१५॥

महामुद्राभ्यासक्रममाह-चंद्रांग इति ॥ चंद्रेण चंद्रनाड्योपलक्षितमंगं चंद्रांगं तस्मिन् चंद्रांगे वामांगे। तुशब्दः पादपूरणे। सम्यगभ्यस्य सूर्येण पिंगलयोपलक्षितमंगं सूर्यांगं तस्मिन् सूर्यांगे दक्षांगे पुनर्वामांगाभ्यासानंतरं यावद्यावत्कालपर्यंतं तुल्या वामांगे कुंभकाभ्याससंख्यासमा संख्या भवेत्तावदभ्यसेत्। ततः संख्यासाम्यानंतरं मुद्रां महामुद्रां विसर्जयेत्। अत्रायं क्रमः। आकुंचितवामपादपार्ष्णिं योनिस्थाने संयोज्य प्रसारितदक्षिणपादांगुष्ठमाकुंचिततर्जनीभ्यां गृहीत्वाभ्यासो वामांगेऽभ्यासः। अस्मिन्नभ्यासे पूरितो वायुर्वामांगे तिष्ठति। आकुंचितदक्षपादपार्ष्णिं योनिस्थाने संयोज्य प्रसारितवामपादांगुष्ठमाकुंचिततर्जनीभ्यां गृहीत्वाभ्यासो दक्षांगेऽभ्यासः अस्मिन्नभ्यासे पूरितो वायुर्दक्षांगे तिष्ठति ॥ १५ ॥

भाषार्थ-अब महामुद्राके अभ्यासका क्रम कहते हैं कि--चंद्रनाडी (इडा) से उपलक्षित (ज्ञान) जो अंग उसे चंद्रांग कहते हैं अर्थात् वाम अंगकेविषे भलीप्रकार अभ्यास करके सूर्य नाडी (पिंगला) से उपलक्षित जो दक्षिण अंग उसके विषे अभ्यास करे और जबतक कुम्भक प्राणायामोंके अभ्यासकी संख्या समान (तुल्य) हो तबतक भलीप्रकार अभ्यास करे फिर संख्याओंकी समानताके अनंतर महासमुद्राका विसर्जन करदे, यहां यह क्रम जानना कि, संकुचित किये वामपादकी पार्ष्णिको योनिस्थानमें युक्त (मिला) करके प्रसारित (पसारे) दक्षिण पादके अँगूठेको आकुंचित (सुकडी) तर्जनीयोंसे ग्रहण करके जो अभ्यास उसे वामांगमें अभ्यास कहते हैं इस अभ्यासमें पूरित किया (भराहुआ) वायु वामांगमें टिकता है और आकुंचित किये दक्षिणपादकी पार्ष्णिको योनिस्थानमें संयुक्त करके और प्रसारित (फैलाये) किये वामपादके अँगूठेको आकुंचित की हुई दोनों हाथोंकी तर्जनियोंसे ग्रहण करके जो अभ्यास उसे दक्षांगमें अभ्यास कहते हैं इस अभ्यासमें पूरित किया वायु दक्षिण अंगमें टिकता है ॥ १५ ॥

न हि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः ॥
अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमपि जीर्यति ॥ १६ ॥

महामुद्रागुणानाह त्रिभिः-न हीति ॥ हि यस्मान्महामुद्राभ्यासिन इत्यध्याहारः पथ्यमपथ्यं वा न। पथ्यापथ्यविचारो नास्तीत्यर्थः। तस्मात्सर्वे भुक्ता रसाः कट्वम्लादयो जीर्यंते इति विभक्तिविपरिणामेनान्वयः नीरसा निर्गतो रसो येभ्यस्ते यातयामाः पदार्था जीर्यन्ति। घोरमिति। दुर्जरं भुक्तमन्नं विषं क्ष्वेडमपि पीयूषमिवामृतमिव जीर्यति जीर्णं भवति। किमुतान्यदिति भावः ॥ १६ ॥

भाषार्थ-अब तीन श्लोकोंसे महामुद्राके गुणोंको कहते हैं कि, जिससे महामुद्रा अभ्यास करनेवाले योगीको पथ्य और अपथ्यका विचार नहीं है तिससे नीरस (बिगडे हुये) भी संपूर्ण भक्षण किये कटु अम्ल आदि रस जीर्ण हो (पच) जाते हैं और भक्षण किया विषके समान घोर अन्नभी अमृतके समान जीर्ण होजाता है अर्थात् पचनेके अयोग्यभी पचजाता है तो योग्य क्यों न पचेगा ? ॥ १६ ॥

क्षयकुष्ठगुदावर्तगुल्माजीर्णपुरोगमाः ॥
तस्य दोषाः क्षयं यांति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत् ॥ १७ ॥

क्षयेति ॥ यः पुमान् महामुद्रामभ्यसेत्तस्य क्षयो राजरोगः, कुष्ठगुदावर्तगुल्मा रोगविशेषाः। अजीर्णं भुक्तान्नापरिपाकस्तानि पुरोगमान्यग्रेसराणि

येषां महोदरज्वरादीनां तथा तादृशा दोषा दोषजनिता रोगाः क्षयं नाशं यांति प्राप्नुवंति ॥ १७ ॥

भाषार्थ-जो पुरुष महामुद्राका अभ्यास करताहै, क्षय, गुदावर्त गुल्मरूप रोग विशेष अजीर्ण अर्थात् भोजन किये अन्नका अपरिपाक ये हैं मुख्य जिनमें ऐसे महोदर, ज्वर आदि दोष उनके क्षय हो जातेहैं अर्थात् नहीं रहते हैं ॥ १७ ॥

कथितेयं महामुद्रा महासिद्धिकरा नृणाम् ॥
गोपनीया प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित् ॥ १९ ॥

महामुद्रामुपसंहरंस्तस्या गोप्यत्वमाह-कथितेति ॥ इयमेषा महामुद्रा कथितोक्ता। मयेति शेषः। कीदृशी नृणामभ्यसतां नराणां महत्यश्च ताः सिद्धयश्चाणिमाद्यास्तासां करी कर्त्रीयम्। प्रकृष्टो यत्नः प्रयत्नस्तेन प्रयत्नेन गोपनीया गोपनार्हा यस्यकस्यचिद्यस्य कस्याप्यनधिकारिणोऽसंबंधस्य। सामान्ये षष्ठी। न देया दातुं योग्या न भवतीत्यर्थः ॥ १८ ॥

भाषार्थ-अब महामुद्राको समाप्त करते हुए उसको गुप्त करने योग्य वर्णन करते हैं कि, यह पूर्वोक्त जो महामुद्रा वर्णन की है वह मनुष्योंको महासिद्धिकी करनेवाली है और बडे यत्नसे गुप्त करने योग्य है और जिस किसी अनधिकारी पुरुषको न देनी ॥ १८ ॥

पार्ष्णिं वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत् ॥
वामोरूपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं तथा ॥ १९ ॥

महाबंधमाह-पार्ष्णिमिति ॥ वामस्य सव्यस्य पादस्य चरणस्य पार्ष्णिं गुल्फयोरधोभागम् 'तद्ग्रंथी घुटिके गुल्फौ पुमान्पार्ष्णिस्तयोरधः' इत्यमरः। योनिस्थाने गुदमेढ्रयोरंतराले नियोजयेन्नितरां योजयेत्। वामः सव्यो य ऊरुस्तस्योपरि दक्षिणं चरणं पादं संस्थाप्य सम्यक् स्थापयित्वा। तथाशब्दः पादपूरणे ॥ १९ ॥

भाषार्थ-अब महाबंधका वर्णन करते हैं कि, वामचरणकी पार्ष्णिको योनिस्थानमें अर्थात् गुदा और लिंगके मध्यभागमें लगावे और वामजंघा ऊपर दक्षिण पादको रख कर बैठे ॥ १९ ॥

पूरयित्वा ततो वायुं हृदये चुबुकं दृढम् ॥
निष्पीड्य वायुमाकुंच्य मनोमध्ये नियोजयेत् ॥ २० ॥

पूरयित्वेति॥ततस्तदनंतरं वायुं पूरयित्वा हृदये चुबुकं दृढं निष्पीड्य गाढं संस्थाप्य । एतेन जालंधरबंधः प्रोक्तः । योनिं गुदमेढ्रयोरंतरालमाकुंच्य । अनेन मूलबंधः सूचितः । स तु जिह्वाबंधेन गतार्थत्वान्न कर्तव्यः। मनः स्वांतं मध्ये मध्यनाड्यां नियोजयेत्प्रवर्तयेत् ॥ २० ॥

भाषार्थ—इसपूर्वोक्त आसन बांधनेके अनंतर वायुको पूरण करके और हृदयमें दृढतासे (खूब) चुबुक (ठोढी) को अर्थात् इस जालंधर बंधको करके और योनि (गुदा लिंगकेमध्य) को संकुचित करके अर्थात् मूलबंधको करके परन्तु यह मूलबन्ध जिह्वाके बन्धनसेही सिद्ध है इससे करने योग्य नहीं है फिर मनको मध्य नाडीकेविषे प्रविष्ट करे ॥ २० ॥

धारयित्वा यथाशक्ति रेचयेदनिलं शनैः ॥

सव्यांगे तु समभ्यस्य दक्षांगे पुनरभ्यसेत् ॥ २१ ॥

धारयित्वेति ॥ शक्तिमनतिक्रम्य यथाशक्ति धारयित्वा कुंभयित्वा शनैर्मंदं मंदमनिलं वायुं रेचयेत् । सव्यांगे वामांगे समभ्यस्य सम्यगावर्त्य दक्षांगे दक्षिणांगे पुनर्यावत्तुल्यामेव संख्यां तावदभ्यसेत् ॥ २१ ॥

भाषार्थ—फिर वायुको यथाशक्ति धारण करके अर्थात् कुंभक प्राणायामको करके शनैः २ वायुका रेचन करै इसप्रकार वाम अंगमें भलीप्रकार अभ्यास करके दक्षिण अंगमें फिर अभ्यास करै और वह अभ्यास तबतक करे जबतक वामांग अभ्यासकी जो संख्या उसकी तुल्यताहो ॥ २१ ॥

मतमत्र तु केषांचित्कंठबंधं विवर्जयेत् ॥

राजदंतस्थजिह्वाया बंधः शस्तो भवेदिति ॥ २२ ॥

अथ जालंधरबंधे कंठसंकोचस्यानुपयोगमाह—मतमिति॥केषांचित्त्वाचार्याणामिदं मतम् । किं तदित्याह । अत्र जालंधरबंधे कंठस्य बंधनं बंधः संकोचस्तं विवर्जयेद्विशेषेण वर्जयेत् । कुतः यतो दंतानां राजानो राजदंता राजदंतेषु तिष्ठतीति राजदंतस्था राजदन्तस्था चासौ जिह्वा च तस्यां राजदंतस्थजिह्वायां बंधस्तदुपरिभागस्य संबंधः शस्तः । कंठाकुंचनापेक्षया प्रशस्तो भवेदिति हेतोः ॥ २२ ॥

भाषार्थ—अब जालंधरबंधमें कंठके संकोचका अनुपयोग वर्णन करते हैं कि, किन्हीं आचार्योंका यह मत है कि, इस जालंधरबंधमें कंठका जो बन्धनं (संकोच) उसको

विशेषकर वर्जदे. क्योंकि राजदंतों (दाढ) के ऊपर स्थित जो जिह्वा उसका बंधही जालंधर बंधमें प्रशस्त होताहै अर्थात् कंठ संकोचकी अपेक्षा वह उत्तम होता है ॥ २२ ॥

अयं तु सर्वनाडीनामूर्ध्वं गतिनिरोधकः ॥
अयं खलु महाबंधो महासिद्धिप्रदायकः ॥२३॥

अयं त्विति ॥ अयं तु राजदंतस्थजिह्वायां बंधस्तु सर्वाश्च ता नाड्यश्च सर्वनाड्यो द्वासप्ततिसहस्रसंख्याकास्तासां सुषुम्नातिरिक्तानामूर्ध्वमुपरि वायोर्गतिरूर्ध्वगतिस्तस्या निरोधकः प्रतिबंधकः। एतेन 'बध्नाति हि शिराजालम्' इति जालंधरोक्तं फलमनेनैव सिद्धमिति सूचितम्। महाबंधस्य फलमाह–अयं खल्विति ॥ अयमुक्तः खलु प्रसिद्धः महासिद्धीः प्रकर्षेण ददातीति तथा ॥ २३ ॥

भाषार्थ-यह राजदंतोंमें स्थित जिह्वाका बंध, बहत्तर सहस्र ७२००० सुषुम्नासे भिन्न नाडियोंकी जो ऊर्ध्वगति अर्थात् नाडियोंमें जो प्राणवायुका ऊर्ध्वगमन उसका प्रतिबंधक है इससे यह सूचित किया कि, नाडियोंके जालको जो बंधन करै उसे जालंधरबन्ध कहते हैं यह जालंधर बन्धको फल इससेही सिद्ध है। अब महाबन्धके फलको कहते हैं कि, यह महाबन्ध निश्चयसे महासिद्धियोंको भलीप्रकार देता है ॥ २३ ॥

कालपाशमहाबंधविमोचनविचक्षणः ॥
त्रिवेणीसंगमं धत्ते केदारं प्रापयेन्मनः ॥२४॥

कालेति ॥ कालस्य मृत्योः पाशो वागुरा तेन यो महाबंधो बंधनं तस्य विशेषेण मोचने मोक्षणे विचक्षणः प्रवीणः। तिसृणां नदीनां वेणीसमुदायः स एव संगमः प्रयागस्तं धत्ते विधत्ते। केदारं भ्रुवोर्मध्ये शिवस्थानं केदारशब्दवाच्यं तं मनः स्वांतं प्रापयेत्। 'गतिबुद्धि' इत्यादिना अणौ कर्तुर्मनसो णौ कर्मत्वम् ॥ २४ ॥

भाषार्थ-और मृत्युके पाशका जो महाबंध उसके छुटानेमें विशेषकर प्रवीण है और तीन नदियोंका संगम जो प्रयाग है उसको करता है और मनको भृकुटियोंके मध्यमें जो शिवजीका स्थानरूप केदार है उसमें प्राप्त करता है अर्थात् पहुँचता है ॥ २४ ॥

रूपलावण्यसंपन्ना यथा स्त्री पुरुषं विना ॥
महामुद्रामहाबंधौ निष्फलौ वेधवर्जितौ ॥२५॥

महावेधं वक्तुमादौ तस्योत्कर्षं तावदाह–रूपेति ॥ रूपं सौंदर्यं चक्षुः-

प्रियो गुणो लावण्यं कांतिविशेषः। तदुक्तम् 'मुक्ताफलेषु छायायास्तरल-त्वमिवान्तरम्। प्रतिभाति यदंगेषु तल्लावण्यमिहोच्यते' इति। ताभ्यां संपन्ना विशिष्टा स्त्री युवती पुरुषं भर्तारं विना यथा यादृशी निष्फला तथा महामुद्रा च महाबंधश्च तौ महावेधेन। 'विनापि प्रत्ययं पूर्वोत्तर-पदयोर्लोपो वक्तव्यः' इति भाष्यकारोक्तेर्महच्छब्दस्य लोपः। वर्जितौ रहितौ निष्फलौ व्यर्थावित्यर्थः॥ २५॥

भाषार्थ-अब महावेधके कहनेके लिये प्रथम उसकी उत्तमताको कहते हैं कि, रूप (सुंदरता) और इसवचनमें कहेहुए लावण्यको मोतियोंमें छाया (प्रतिबिंबकी) तरलताके समान स्त्रीके अंगोंमें अंतर जो प्रतीत होता है वह यहां लावण्य कहाता है. इन दोनों पूर्वोक्त रूप और लावण्यसे युक्त स्त्री, पुरुषके विना निष्फल है. तिसीप्रकार महामुद्रा और बंध ये दोनों भी महावेधके विना निष्फल हैं. इस श्लोकमें वेधपदसे महावेध लेते हैं; क्योंकि इस भाष्यकारके वचनसे प्रत्ययके विनाभी पूर्व और उत्तरपदका लोप कहना। महच्छ-ब्दका लोप होता है॥ २५॥

अथ महावेधः।

महाबंधस्थितो योगी कृत्वा पूरकमेकधीः॥
वायूनां गतिमावृत्य निभृतं कंठमुद्रया॥२६॥

महावेधमाह-महाबंधेति॥ महाबंधे महाबंधमुद्रायां स्थितो महाबंध-स्थितः। एका एकाग्रा धीर्यस्य स एकाग्रधीर्योगी योगाभ्यासी पूरकं नासापुटाभ्यां वायोर्ग्रहणं कृत्वा कंठे मुद्रा कंठमुद्रा तया जालंधरमुद्रया वायूनां प्राणादीनां गतिमूर्ध्वाधोगमनादिरूपां निभृतं निश्चलं यथा भवति तथावृत्य निरुध्य कुंभकं कृत्वेत्यर्थः॥ २६॥

भाषार्थ-अब महावेधका वर्णन करते हैं कि, महाबंधमुद्रामें स्थित अर्थात् करता हुआ योगी एकाग्रबुद्धिसे पूरक प्राणायामको करके अर्थात् योगमार्गसे नासिकाके पुटोंसे वायुका ग्रहण करके कंठमुद्रा (जालंधर मुद्रा) से प्राणआदि वायुओंको जो उर्ध्व अधोगतिरूप गमन है उसको निश्चल रीतिसे रोककर अर्थात् कुंभक प्राणायामको करके॥ २६॥

समहस्तयुगो भूमौ स्फिचौ संताडयेच्छनैः॥
पुटद्वयमतिक्रम्य वायुः स्फुरति मध्यगः॥२७॥

समहस्तेति॥ भूमौ भुवि हस्तयोर्युगं समं हस्तयुगं यस्य स समहस्तयुगः भूमिसंलग्नतलौ सरलौ हस्तौ यस्य तादृशः सन्नित्यर्थः।

स्फिचौ कटिप्रोथौ । 'स्त्रियां स्फिचौ कटिप्रोथौ' इत्यमरः । भूमिसंलग्नतलयोर्हस्तयोरवलंबनेन योनिस्थानसंलग्नपार्ष्णिना वामपादेन सह भूमेः किंचिदुत्थापितौ शनैर्मंदं संताडयेत्सम्यक् ताडयेत् । भूमावेव पुटयोर्द्वयमिडापिंगलयोर्युग्मनासिकाभ्यामुल्लंघ्य मध्ये सुषुम्नामध्ये गच्छतीति मध्यगो वायुः स्फुरति ॥ २७ ॥

भाषार्थ-भूमिपर लगा है तल जिनका ऐसे करतल हाथोंको अपने जो स्फिच (चूतड) हैं उनको भूमिपर लगेहुए हाथोंके आश्रय और योनिस्थानमें लगीहुई पार्ष्णि जिसकी ऐसे वामपादसहित पूर्वोक्त स्फिचोंको भूमिसे ऊपर किंचित् उठाकर शनैः २ भलीप्रकार ताडै, इस प्रकार करनेसे इडा और पिंगलारूप दोनों नाडियोंका उल्लंघन (छोड) करके सुषुम्नाके मध्यमें वायु चलने लगता है अर्थात् सुषुम्नामें प्राणवायुकी गति होजाती है ॥ २७ ॥

सोमसूर्याग्निसंबंधो जायते चामृताय वै ॥
मृतावस्था समुत्पन्नाततो वायुं विरेचयेत् ॥ २८ ॥

सोमेति ॥ सोमश्च सूर्यश्चाग्निश्च सोमसूर्याग्नयः सोमसूर्याग्निशब्दैस्तदधिष्ठिता नाड्य इडापिंगलासुषुम्ना ग्राह्यास्तेषां संबंधः । तद्वायुसंबंधात्तेषां संबंधः । अमृताय मोक्षाय जायते । वै इति निश्चयेऽव्ययम् । मृतस्य प्राणवियुक्तस्यावस्था मृतावस्था समुत्पन्ना भवति । इडापिंगलयोः प्राणसंचाराभावात् । ततस्तदनंतरं वायुं विरेचयेन्नासिकापुटाभ्यां शनैस्त्यजेत् ॥ २८ ॥

भाषार्थ-फिर चन्द्रमा, सूर्य, अग्नि अर्थात् ये तीनों देवता हैं क्रमसे अधिष्ठाता जिनके ऐसी इडा पिंगला सुषुम्ना नाडियोंका संबंध मोक्षका हेतु निश्चयसे होजाता है अर्थात् तीनों नाडियोंका वायु एक हो जाताहै तब इडा और पिंगलाके मध्यमें प्राणसंचारके अभावसे मरण अवस्था उत्पन्न होजाती है, क्योंकि, इडा पिंगलामें जो प्राणोंका संचार उसका नामही जीवन है, फिर मरण अवस्थाकी उत्पत्तिके अनंतर वायुको विरेचन करदे अर्थात् नासिकाके पुटोंमेंसे शनैः २ त्यागदे ॥ २८ ॥

महावेधोऽयमभ्यासान्महासिद्धिप्रदायकः ॥
वलीपलितवेपघ्नः सेव्यते साधकोत्तमैः ॥ २९ ॥

महावेध इति ॥ अयं महावेधोऽभ्यासात्पुनःपुनरावर्तनान्महासिद्धयोऽणिमाद्यास्तासां प्रदायकः प्रकर्षेण समर्थकः । वली जरया चर्मसंकोचः

पलितं जरसा केशेषु शौक्ल्यं वेपः कंपस्तान् हंतीति वलीपालितवेपघ्नः । अत एव साधकेष्वभ्यासिषूत्तमाः साधकोत्तमास्तैः सेव्यतेऽभ्यस्य तइत्यर्थः ॥ २९ ॥

भाषार्थ-यह महावेध अभ्यास करनेसे अणिमा आदि महासिद्धियोंको भलीप्रकार देताहै और वली अर्थात् वृद्ध अवस्थासे चर्मका संकोच और पलित अर्थात् वृद्धतासे केशोंकी शुक्लता और देहका कंपना इनको नष्ट करता है इसीसे साधकों (अभ्यासी) में जो उत्तम हैं वे इस महावेधका अभ्याससरूप सेवन करते हैं ॥ २९ ॥

एतत्त्रयं महागुह्यं जरामृत्युविनाशनम् ॥
वह्निवृद्धिकरं चैव ह्यणिमादिगुणप्रदम् ॥ ३० ॥

महामुद्रादीनां तिसृणामतिगोप्यत्वमाह—एतदिति ॥ एतत्त्रयं महामुद्रादित्रयं महागुह्यमतिरहस्यम् । अत्र हेतुगर्भाणि विशेषणानि हि यस्माज्जरा वार्धकं मृत्युश्चरमः प्राणदेहवियोगः तयोर्विशेषेण नाशनं वह्नेर्जाठरस्य वृद्धिर्दीप्तिस्तस्याः करं कर्तृ अणिमा आदिर्येषां तेऽणिमादयस्ते च ते गुणाश्च तान् प्रकर्षेण ददातीत्यणिमादिगुणप्रदम् । चकार आरोग्यबिन्दुजयादिसमुच्चयार्थः एवशब्दोऽवधारणार्थः ॥ ३० ॥

भाषार्थ-अब महामुद्रा आदि पूर्वोक्त तीनोंको अत्यंत गुप्त करने योग्य वर्णन करते हैं कि, ये तीनों मुद्रा अत्यन्त गुप्त करने योग्य हैं और जोरा और मृत्युको विशेषकर नष्ट करती हैं और जठराग्निको बढाती हैं और अणिमा आदि सिद्धियोंको देती हैं अर्थात् अणिमा आदि गुणोंको भलीप्रकार उत्पन्न करती हैं और चकारके पढनेसे आरोग्य और बिंदुका जय समझना और इस श्लोकमें एव पद निश्चयका बोधक है ॥ ३० ॥

अष्टधा क्रियते चैव यामे यामे दिने दिने ॥
पुण्यसंभारसंधायि पापौघभिदुरं सदा ॥
सम्यक्शिक्षावतामेवं स्वल्पं प्रथमसाधनम् ॥ ३१ ॥

अथैतत्त्रयस्य पृथक्साधनविशेषमाह—अष्टधेति ॥ दिने दिने प्रतिदिनम् । यामे यामे प्रहरे प्रहरे पौनःपुन्ये द्विवचनम् । अष्टभिः प्रकारैरष्टधा क्रियते । चशब्दोऽवधारणे । एतत्त्रयमित्यत्रापि संबध्यते । कीदृशं पुण्यस्य संभारः समूहस्तस्य संधायि, पुनः कीदृशं पापानामोघः पूरः समूह इति यावत् । तस्य भिदुरं कुलिशमिव नाशनं सदा सर्वदा यदाभ्यस्तं तदैव पापनाशम् ॥ सम्यक् सांप्रदायिकी शिक्षा गुरूपदेशो विद्यते येषां ते तथा । एवं दिने दिने यामे यामेऽष्टधेत्युक्तरीत्या पूर्वसाधनं स्वल्पस्वल्पमेव कार्यम् ॥ ३१ ॥

भाषार्थ-अब इन तीनोंके पृथक् २ साधन विशेषको कहते है कि, प्रहर २ में और दिन २ में वारंवार आठप्रकारसे ये तीनों मुद्रा की जाती हैं. यहां भी एव शब्द निश्चयका वाची है और ये तीनों मुद्रा पुण्यके समूहको करती हैं और पापोंका जो समूह है उसको छेदन सदैव करती हैं और भलीप्रकार गुरुकी है शिक्षा जिनको ऐसे पुरुषोंको पूर्वोक्त आठप्रकारका जो प्रहर २ और दिन २ में साधन है वह अल्प २ (थोडा २) ही करना योग्य है अधिक २ नहीं ॥ ३१ ॥

अथ खेचरी ।

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा ॥
भ्रुवोरंतर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ॥ ३२ ॥

खेचरीं विवक्षुरादौ तत्स्वरूपमाह-कपालेति ॥ कपाले मूर्ध्नि कुहरं सुषिरं तस्मिन्कपालकुहरे विपरीतं प्रतीपं गच्छतीति विपरीतगा पराङ्मुखीभूता जिह्वा रसना स्यात्। भ्रुवोरंतर्गता भ्रुवोर्मध्ये प्रविष्टा दृष्टिर्दर्शनं स्यात्। सा खेचरी मुद्रा भवति। कपालकुहरे जिह्वाप्रवेशपूर्वकं भ्रुवोरंतर्दर्शनं खेचरीति लक्षणं सिद्धम् ॥ ३२ ॥

भाषार्थ-अब खेचरीमुद्राके कथनका अभिलाषी आचार्य प्रथम खेचरीके स्वरूपका वर्णन करते हैं कि, कपालके मध्यमें जो छिद्र है उसमें विपरीत (उलटी) हुई जिह्वा तो प्रविष्ट होजाय और भृकुटियोंके मध्यमें दृष्टिका प्रवेश होजाय तो वह खेचरीमुद्रा होती है अर्थात् कपालके छिद्रमें जिह्वाके प्रवेश पूर्वक जो भृकुटियोंके मध्यका दर्शन उसे खेचरी मुद्रा कहते हैं ॥ ३२ ॥

छेदनचालनदोहैः कलां क्रमेण वर्धयेत्तावत् ॥
सा यावद्भ्रूमध्यं स्पृशति तदा खेचरीसिद्धिः ॥ ३३ ॥

खेचरीसिद्धेर्लक्षणमाह-छेदनेति ॥ छेदनं अनुपदमेव वक्ष्यमाणम्। चालनं हस्तयोरंगुष्ठतर्जनीभ्यां रसनां गृहीत्वा सव्यापसव्यतः परिवर्तनं, दोहः करयोरंगुष्ठतर्जनीभ्यां गोदोहनवत्तद्दोहनं तैः कलां जिह्वां तावद्वर्धयेद्दीर्घां कुर्यात्। तावत् कियत्। यावत्सा कला भ्रूमध्यं बहिर्भ्रुवोर्मध्यं स्पृशति यदा तदा खेचर्याः सिद्धिः खेचरीसिद्धिर्भवति ॥ ३३ ॥

भाषार्थ-अब खेचरीमुद्राकी सिद्धिके लक्षणका वर्णन करते हैं कि, छेदन जिसका आगे शीघ्रही वर्णन करेगे और चालन अर्थात् हाथके अँगूठे और तर्जनीसे जिह्वाको पकडकर वाम और दक्षिणरूपसे परिवर्तन (हलाना) और पूर्वोक्त अँगूठे और तर्ज-

नीसे गोदोहनके समान जिह्वाका दोहन इन तीनोसे कला (जिह्वा) को तबतक बढावै जबतक वह कला भ्रुकुटियोंके मध्यका स्पर्श करै फिर स्पर्श होनेपर खेचरी मुद्राकी सिद्धिको जानै ॥ ३३ ॥

स्नुहीपत्रनिभं शस्त्रं सुतीक्ष्णं स्निग्धनिर्मलम् ॥
समादाय ततस्तेन रोममात्रं समुच्छिनेत् ॥ ३४ ॥

तत्साधनमाह—स्नुहीति ॥ स्नुही गुडा तस्याः पत्रं दलं स्नुहीपत्रेण सदृशं स्नुहीपत्रनिभं सुतीक्ष्णमतितीक्ष्णं स्निग्धं च तन्निर्मलं च स्निग्धनिर्मलं शस्त्रं छेदनसाधनं समादाय सम्यगादाय गृहीत्वा ततः शस्त्रग्रहणानंतरं तेन शस्त्रेण रोमप्रमाणं रोममात्रं समुच्छिनेत्सम्यगुच्छिनेच्छिद्यात् । रसनामूलशिरामिति कर्माध्याहारः । 'मिश्रेयाप्यथ सीहुंडो वज्रस्नुक्स्त्री स्नुही गुडा' इत्यमरः ॥ ३४ ॥

भाषार्थ—अब खेचरीकी सिद्धिके साधनोंका वर्णन करतेहैं कि, स्नुही (सेहुंड) के पत्तेके समान जो अत्यंत तीक्ष्ण शस्त्र है चिकने और निर्मल उस शस्त्रको ग्रहण करके उससे जिह्वाके मूलकी नाडीको रोममात्र छेदन करदे ॥ ३४ ॥

ततः सैंधवपथ्याभ्यां चूर्णिताभ्यां प्रघर्षयेत् ॥
पुनः सप्तदिने प्राप्ते रोममात्रं समुच्छिनेत् ॥ ३५ ॥

तत इति ॥ ततश्छेदनानंतरं चूर्णिताभ्यां चूर्णीकृताभ्यां सैंधवं सिंधुदेशोद्भवं लवणं पथ्यं हरीतकी ताभ्यां प्रघर्षयेत्प्रकर्षेण घर्षयेच्छिन्नं शिराप्रदेशम् । सप्तदिनपर्यंतं छेदनं सैंधवपथ्याभ्यां घर्षणं च सायंप्रातर्विधेयम् । योगाभ्यासिनो लवणनिषेधात्खदिरपथ्याचूर्णं गृह्णंति मूले सैंधवोक्तिस्तु हठाभ्यासात्पूर्वं खेचरीसाधनाभिप्रायेण । सप्तानां दिनानां समाहारः सप्तदिनं तस्मिन् प्राप्ते गते सति अष्टमे दिन इत्यर्थात् । ये प्राप्त्यर्थास्ते गत्यर्थाः । पूर्वच्छेदनापेक्षयाधिकं रोममात्रं समुच्छिनेत् ॥ ३५ ॥

भाषार्थ—और छेदनके अनंतर चूर्ण किये (पीसे हुये) सैंधव (लवण) और हरडेसे जिह्वाके मूलको भलीप्रकार घिसे सातदिनतक प्रतिदिन छेदन और घिसनेको पूर्वोक्तप्रकारसे प्रातःकाल और सायंकालको करै और योगके अभ्यासीको लवणका निषेध है इससे यहां खदिर (कत्था) और पथ्याका चूर्ण लेना योगियोंको कहाहैं और मूलग्रंथमें तो सैंधवका कथन हठयोगके अभ्याससे पूर्व खेचरीकी सिद्धिके अभिप्रायसे है।

फिर सात दिनके बीतनेपर आठवेंदिन रोममात्रका छेदन करे अर्थात् प्रथमछेदनसे अधिक रोममात्रका छेदन करे ॥ ३५ ॥

एवं क्रमेण षण्मासं नित्यं युक्तः समाचरेत् ॥

षण्मासाद्रसनामूलशिलाबंधः प्रणश्यति ॥ ३६ ॥

एवमिति॥एवं क्रमेण पूर्वं रोममात्रच्छेदनं सप्तदिनपर्यंतं तावदेव सायंप्रातश्छेदनं घर्षणं च । अष्टमे दिनेऽधिकं छेदनमित्युक्तक्रमेण षण्मासं षण्मासपर्यंतं नित्ययुक्तः सन् समाचरेत्सम्यगाचरेत् । छेदनघर्षणे इति कर्माध्याहारः । षण्मासादनंतरं रसना जिह्वा तस्या मूलमधोभागो रसनामूलं तत्र या शिरा कपालकुहररसनासंयोगे प्रतिबंधिकाभूता नाडी तया बंधो बंधनं प्रणश्यति प्रकर्षेण नश्यति ॥ ३६ ॥

भावार्थ-इसप्रकार क्रमसे प्रथम रोममात्रका छेदन और उसकाही सातदिनपर्यंत सायंकाल प्रातःकालके समय घर्षणको प्रतिदिन युक्तहुआ छः मासपर्यंत करे और आठवें दिन पूर्व किये छेदनसे अधिक रोममात्रका छेदन करके पूर्वोक्त घर्षणको करता रहै इसरीतिसे छः मासके अनंतर जिह्वाके मूलभागमें जो शिराबन्ध है अर्थात् जिससे जिह्वा कपाल छिद्रमें नहीं पहुंच सकती वह बन्धन है वह भलीप्रकार नष्ट होजाता है ॥ ३६ ॥

कलां पराङ्मुखीं कृत्वा त्रिपथे परियोजयेत् ॥

सा भवेत्खेचरी मुद्रा व्योमचक्रं तदुच्यते ॥ ३७ ॥

छेदनादिना जिह्वावृद्धौ यत्कर्तव्यं तदाह-कलामिति ॥ कलां जिह्वां पराङ्मुखमास्यं यस्याः सा तथा तां पराङ्मुखीं प्रत्यङ्मुखीं कृत्वा तिसृणां नाडीनां पंथाः त्रिपथस्तस्मिंस्त्रिपथे कपालकुहरे परियोजयेत्संयोजयेत् । सा त्रिपथे परियोजनरूपा खेचरी मुद्रा तद्व्योमचक्रमित्युच्यते । व्योमचक्रशब्देनोच्यते ॥ ३७ ॥

भावार्थ-अब छेदन आदिसे जिह्वाको वृद्धि होनेपर करने योग्य कर्मको कहते हैं कि, जिह्वाको पराङ्मुख करके अर्थात् पश्चिमको लौटाकर तीनों नाडियोंका मार्ग जो कपालका छिद्र है उसमें संयुक्त करदे वही खेचरी मुद्रा होती है और उसको ही व्योमचक्र कहते हैं ॥ ३७ ॥

रसनामूर्ध्वगां कृत्वा क्षणार्धमपि तिष्ठति ॥

विषैर्विमुच्यते योगी व्याधिमृत्युजरादिभिः ॥ ३८ ॥

अथ खेचरीगुणाः॥रसनामिति॥ ऊर्ध्वं तालूपरि विवरं गच्छतीति तां तादृशीं रसनां जिह्वां कृत्वा क्षणार्धं क्षणस्य मुहूर्तस्य अर्धं क्षणार्धं घटिकामात्रमपि खेचरी मुद्रा तिष्ठति चेत्तर्हि योगी विषैः सर्पवृश्चिकादिविषैर्विमुच्यते विशेषेण मुच्यते । व्याधिर्धातुवैषम्यं मृत्युश्चरमः प्राणदेहवियोगो जरा वृद्धावस्था ता आदयो येषां वल्यादीनां तैश्च विमुच्यते । 'उत्सवे च प्रकोष्ठे च मुहूर्ते नियमे तथा । क्षणशब्दो व्यवस्थायां समयेऽपि निगद्यते' इति नानार्थः ॥ ३८ ॥

भाषार्थ–अब खेचरीके गुणोंका वर्णन करते हैं कि, जिह्वाको तालुके ऊपरले छिद्रमें करके जो योगी क्षणार्धभी टिकता है अर्थात् एक घटिकामात्र भी स्थित रहता है (यहां क्षण पदसे इसवचनके अनुसार मुहूर्तका ग्रहण है) वह योगी धातुओंकी विषमतारूप व्याधि और मृत्यु अर्थात् प्राण और देहका वियोग और वृद्ध अवस्था आदिकोंसे और सर्प विच्छू आदिके विषोंसे विशेषकर छूट जाता है ॥ ३८ ॥

न रोगो मरणं तंद्रा न निद्रा न क्षुधा तृषा ॥
न च मूर्च्छा भवेत्तस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥३९॥

न रोग इति॥यः खेचरीं मुद्रां वेत्ति तस्य रोगो न मरणं न तंद्रा तामसांतःकरणवृत्तिविशेषः न निद्रा न क्षुधा न तृषा न पिपासा न मूर्च्छा चित्तस्य तमसाभिभूतावस्थाविशेषश्च न भवेत् ॥ ३९ ॥

भाषार्थ–जो योगी खेचरीमुद्राको जानता है उसको रोग, मरण और अंतःकरणकी तमोगुणी वृत्तिरूप तंद्रा और निद्रा क्षुधा तृषा और चित्तकी तमोगुणीअवस्थारूप मूर्च्छा ये सब नहीं होते हैं ॥ ३९ ॥

पीड्यते न स रोगेण लिप्यते न च कर्मणा ॥
बाध्यते न स कालेन यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥४०॥

पीड्यत इति ॥ यः खेचरीं मुद्रां वेत्ति स रोगेण ज्वरादिना न पीड्यते ॥ ४० ॥

भाषार्थ–जो खेचरीको जानता है वह रोगसे पीडित नहीं होता है और न कर्मसे लिप्त होता है और न कालसे बाधा जाता है ॥ ४० ॥

चित्तं चरति खे यस्माज्जिह्वा चरति खे गता ॥
तेनैषा खेचरी नाम मुद्रा सिद्धैर्निरूपिता ॥ ४१ ॥

चित्तमिति ॥ यस्माद्धेतोश्चित्तमंतःकरणं खे भ्रुवोरंतरवकाशे चरति जिह्वा खे तत्रैव गता सती चरति । तेन हेतुना एषा कथिता मुद्रा खेचरी नाम खेचरीति प्रसिद्धा । नामेति प्रसिद्धावव्ययम् । सिद्धैः कपिलादिभिर्निरूपिता । खे भ्रुवोरंतर्व्योम्नि चरति गच्छति चित्तं जिह्वा च यस्यां सा खेचरीत्यवयवशः सा व्युत्पादिता । उक्तेषु त्रिषु श्लोकेषु व्याध्यादीनां पुनरुक्तिस्तु तेषां श्लोकानां संगृहीतत्वान्न दोषाय ॥४१॥

भाषार्थ–जिससे चित्त (अंतःकरण) भ्रुकुटियोंके मध्यरूप आकाशमें विचरता है और जिह्वाभी भ्रुकुटियोंके मध्यमेंही जाकर विचरती है तिसीसे सिद्धों (कपिल आदि) की निरूपण कीहुई यह मुद्रा खेचरी इस नामसे प्रसिद्ध है भ्रुकुटियोंके मध्यरूप आकाशमें जिसमुद्राके करनेसे जिह्वा विचरे उसे खेचरी कहते हैं । इस व्युत्पत्तिसे सिद्धोंने यह अन्वर्थमुद्रा वर्णन की है. इन पूर्वोक्त तीनों श्लोकोंमें व्याधिआदिकी जो पुनरुक्ति है वह इसलिये दूषित नहीं है कि, ये तीनों श्लोक संगृहीत (किसीके रचेहुए) हैं अर्थात् मूलके नहीं हैं ॥ ४१ ॥

खेचर्या मुद्रितं येन विवरं लंबिकोर्ध्वतः ॥
न तस्य क्षरते बिंदुः कामिन्याः श्लेषितस्य च ॥४२॥

खेचर्येति ॥ येन योगिना खेचर्या मुद्रया लंबिकाया ऊर्ध्वमिति लंबिकोर्ध्वतः । सार्वविभक्तिकस्तसिः । लंबिका तालु तस्या ऊर्ध्वत उपरिभागे स्थितं विवरं छिद्रं मुद्रितं पिहितम् । कामिन्या युवत्याः श्लेषितस्यालिंगितस्यापि । च शब्दोऽप्यर्थे । तस्य बिंदुर्वीर्यं न क्षरते न स्खलति ॥ ४२ ॥

भाषार्थ–जिस योगीने खेचरीमुद्रासे लंबिका (तालु) के ऊपरका छिद्र ढकलिया है कामिनीके स्पर्श करनेपरभी उस योगीका बिंदु (वीर्य) क्षरित (पडता) नहीं होता अर्थात् अपने मस्तकरूप स्थानसे नहीं गिरता है ॥ ४२ ॥

चलितोऽपि यदा बिंदुः संप्राप्तो योनिमंडलम् ॥
व्रजत्यूर्ध्वं हृतः शक्त्या निबद्धो योनिमुद्रया ॥४३॥

चलित इति ॥ चलितोऽपि स्खलितोऽपि बिंदुर्यदा यस्मिन् काले योनिमंडलं योनिस्थानं संप्राप्तः संगतस्तदैव योनिमुद्रया मेढ्राकुंचनरूपया । एतेन वज्रोलीमुद्रा सूचिता । निबद्धो नितरां बद्धः शक्त्याकर्षणशक्त्याहृतः प्रकृष्ट ऊर्ध्वं व्रजति । सुषुम्नामार्गेण बिंदुस्थानं गच्छति ॥ ४३ ॥

भाषार्थ—और चलायमानहुआभी बिंदु जिससमय योनिके मंडलमें प्राप्त होजाता है तोभी लिंगके संकोचनरूप योनिमुद्रासे अर्थात् वज्रोलीसे निरंतर बँधाहुआ बिंदु आकर्षण-शक्तिसे खिंचा हुआ सुषुम्ना नाडीके मार्गसे ऊर्ध्व (बिंदुके स्थानमें) को चलाजाता है ॥ ४३ ॥

ऊर्ध्वजिह्वः स्थिरो भूत्वा सोमपानं करोति यः ।
मासार्धेन न संदेहो मृत्युं जयति योगवित् ॥ ४४ ॥

ऊर्ध्वजिह्व इति ॥ ऊर्ध्वालंबिकोर्ध्वविवरोन्मुखा जिह्वा यस्य स ऊर्ध्वजिह्वः स्थिरो निश्चलो भूत्वा । सोमस्य लंबिकोर्ध्वविवरगलित-चंद्रामृतस्य पानं सोमपानं यः पुमान् करोति । योगं वेत्तीति योगवित् स मासस्यार्धं मासार्धं तेन मासार्धेन पक्षेण मृत्युं मरणं जयति अभि-भवति । न संदेहः । निश्चितमेतदित्यर्थः ॥ ४४ ॥

भाषार्थ—तालुके ऊपरके छिद्रके उन्मुख है जिह्वा जिसकी ऐसा जो योगी वह सोमपान करता है अर्थात् ऊर्ध्व छिद्रमेंसे गिरतेहुए चंद्रामृतको पीता है योगका ज्ञाता वह एकही मासार्द्धसे अर्थात् पक्षभरसे मृत्युको जीतता है इसमें सन्देह नहीं है अर्थात् यह निश्चित है ॥ ४४ ॥

नित्यं सोमकलापूर्णं शरीरं यस्य योगिनः ॥
तक्षकेणापि दष्टस्य विषं तस्य न सर्पति ॥४५॥

नित्यमिति ॥ यस्य योगिनः शरीरं नित्यं प्रतिदिनं सोमकलापूर्णं चंद्रकलामृतपूर्णं तस्य तक्षकेण सर्पविशेषेणापि दष्टस्य दंशितस्य योगिनः शरीरे विषं गरलं तज्जन्यं दुःखं न सर्पति न प्रसरति ॥४५॥

भाषार्थ--जिस योगीका शरीर नित्य (सदैव) चंद्रकलारूप अमृतसे पूर्ण रहता है तक्षक सर्पसे डसेहुयेभी उसके शरीरमें विष नहीं फैलता अर्थात् सर्पका विष नहीं चढता ॥ ४५ ॥

इंधनानि यथा वह्निस्तलवर्त्ति च दीपकः ॥
तथा सोमकलापूर्णं देही देहं न मुंचति ॥४६॥

इंधनानीति ॥ यथा वह्निः इंधनानि काष्ठादीनि न मुंचति दीपको दीपः तैलवर्तिं च तैलयुक्तां वर्त्तिं न मुंचति । तथा सोमकलापूर्णं चन्द्रकलामृतपूर्णं देहं शरीरं देही जीवो न मुंचति न त्यजति ॥४६॥

भाषार्थ-जैसे अग्नि काष्ठआदि इंधनोंको और दीपक तैल और बत्तीको नहीं त्यागतेहैं अर्थात् उनके विना नहीं रहतेहैं तैसेही देही (जीवात्मा) सोमकलासे पूर्ण देहको नहीं त्यागताहै अर्थात् सोमकलासे पूर्ण देह सदैव बना रहताहै ॥ ४६ ॥

गोमांसं भक्षयेन्नित्यं पिबेदमरवारुणीम् ॥
कुलीनं तमहं मन्ये चेतरे कुलघातकाः ॥ ४७ ॥

गोमांसमिति ॥ गोमांसं पारिभाषिकं वक्ष्यमाणं यो भक्षयेन्नित्यं प्रतिदिनममरवारुणीमपि वक्ष्यमाणां पिबेत्तं योगिनम् । अहमिति ग्रंथकारोक्तिः । कुले जातः कुलीनः तं सत्कुलोत्पन्नं मन्ये । तदुक्तं ब्रह्मवैवर्ते-कृतार्थौ पितरौ तेन धन्यो देशः कुलं च तत् । जायते योगवान्यत्र दत्तमक्षय्यतां व्रजेत् ॥ दृष्टः संभाषितः स्पृष्टः पुंप्रकृत्योर्विवेकवान् । भवकोटिशतापात्तं पुनाति वृजिनं नृणाम् ॥' ब्रह्मांडपुराणे । 'गृहस्थानां सहस्रेण वानप्रस्थशतेन च । ब्रह्मचारिसहस्रेण योगाभ्यासी विशिष्यते ॥' राजयोगे वामदेवं प्रति शिववाक्यम्-'राजयोगस्य माहात्म्यं को विजानाति तत्त्वतः । तज्ज्ञानी वसते यत्र स देशः पुण्यभाजनम् । दर्शनादर्चनादस्य त्रिसप्तकुलसंयुताः । अज्ञा मुक्तिपदं यांति किं पुनस्तत्परायणाः ॥ अंतर्योगं बहिर्योगं यो जानाति विशेषतः । त्वया मयाप्यसौ वंद्यः शेषैर्वंद्यस्तु किं पुनः ॥' इति । कूर्मपुराणे-'एककालं द्विकालं वा त्रिकालं नित्यमेव वा । ये युंजंते महायोगं विज्ञेयास्ते महेश्वराः ॥' इति । इतरे वक्ष्यमाणगोमांसभक्षणामरवारुणीपानरहिता अयोगिनस्ते कुलघातकाः कुलनाशकाः सत्कुले जातस्य जन्मनो वैयर्थ्यात् ॥ ४७ ॥

भाषार्थ-जो योगी प्रतिदिन गोमांस (जो आगे कहेंगे) को भक्षण करताहै और प्रतिदिन अमरवारुणी (जो आगे कहेंगे) को पीताहै उसकोही हम श्रेष्ठकुलमें उत्पन्न मानतेहैं अन्य सब मनुष्य कुलघातक (नाशक) हैं क्योंकि श्रेष्ठकुलमें उनका जन्म निरर्थक है सोई ब्रह्मवैवर्त्तमें कहाहै कि, योगीके माता पिता कृतार्थ हैं और उसके देश और कुलको धन्य है जहां योगवान् पैदा होताहै और योगीको दिया दान अक्षय होताहै पुरुष और प्रकृतिका विवेकी योगीजन दर्शन, भाषण स्पर्श करनेसे मनुष्योंके कोटियों जन्मोंके पापोंसे पवित्र करतेहैं । ब्रह्माण्डपुराणमें लिखाहै कि, सहस्र गृहस्थी और सौ वानप्रस्थ और सहस्र ब्रह्मचारियोंसे योगाभ्यासी अधिक होताहै और राजयोगके विषयमें वामदेवके प्रति शिवजीका वाक्य है कि, राजयोगके यथार्थ माहात्म्यको कौन जान सकताहै ? राज-

योगका ज्ञानी जहां वसताहै वह देश पुण्यात्मा है इसके दर्शन और पूंजनसे इक्कीस कुल सहित मूर्ख भी मुक्तिके पदको प्राप्त होतेहैं, योगमें तत्पर तो क्यों न होंगे जो अंतर्योग और बहिर्योगको विशेषकर जानताहै वह मुझे और तुझेभी नमस्कार करने योग्य है और शेषमनुष्योंको वन्दना करने योग्य तो क्यों न होगा । कूर्मपुराणमें लिखाहै कि, एकसमय वा द्विकालमें वा त्रिकालमें वा नित्य जो महायोगका अभ्यास करते हैं वे महेश्वर (शिव) जानने । इन वचनोंसे योग सर्वोत्तम है ॥ ४७ ॥

गोशब्देनोदिता जिह्वा तत्प्रवेशो हि तालुनि ॥
गोमांसभक्षणं तत्तु महापातकनाशनम् ॥ ४८ ॥

गोमांसशब्दार्थमाह-गोशब्देनेति ॥ गोशब्देन गोइत्याकारकेण शब्देन गोपदेनेत्यर्थः । जिह्वा रसनोदिता कथिता । तालुनीति सामीपिकाधारे सप्तमी । तालुसमीपार्ध्वविवरे तस्या जिह्वायाः प्रवेशो गोमांसभक्षणं गोमांसभक्षणशब्दवाच्यं तत्तु तादृशं गोमांसभक्षणं तु महापातकानां स्वर्णस्तेयादीनां नाशनम् ॥ ४८ ॥

भाषार्थ-अब गोमांस शब्दके अर्थको कहते हैं कि, गोपदसे जिह्वा कही जातीहै और तालुके समीप जो ऊर्ध्वछिद्र उसमें जो जिह्वाका प्रवेश उसको गोमांसभक्षण कहते हैं—वह गोमांसभक्षण महापातकोंका नाश करनेवाला है ॥ ४८ ॥

जिह्वाप्रवेशसंभूतवह्निनोत्पादितः खलु ॥
चंद्रात्स्रवति यः सारः स स्यादमरवारुणी ॥ ४९ ॥

अमरवारुणीशब्दार्थमाह-जिह्वेति । जिह्वायाः प्रवेशो लंबिकोर्ध्वविवरे प्रवेशनं तस्मात्संभूतो यो वह्निरूष्मा तेनोत्पादितो निष्पादितः । अत्र वह्निशब्देनौष्ण्यमुपलक्ष्यते । यः सारः चंद्राद्भ्रुवोरंतर्वामभागस्थात्सोमात्स्रवति गलति सा अमरवारुणी स्यादमरवारुणीपदवाच्या भवेत् ॥ ४९ ॥

भाषार्थ-अब अमरवारुणी शब्दके अर्थको कहते हैं कि, तालुके ऊर्ध्व छिद्रमें जिह्वाके प्रवेशसे उत्पन्न हुई जो वह्नि (ऊष्मा) उससे उत्पन्न हुआ जो सार चंद्रमासे झरताहै अर्थात् भ्रुकुटियोंके मध्यमें वामभागमें स्थित चंद्रमासे बिंदुरूप सार गिरताहै उसको अमरवारुणी कहते हैं ॥ ४९ ॥

चुम्बंती यदि लंबिकाग्रमनिशं जिह्वारसस्यंदिनी
सक्षारा कटुकाम्लदुग्धसदृशी मध्वाज्यतुल्या तथा ॥
व्याधीनां हरणं जरांतकरणं शस्त्रागमोदीरणं
तस्य स्यादमरत्वमष्टगुणितं सिद्धांगनाकर्षणम् ॥५०॥

चुंबतीति ॥ यदि लंबिकाग्रं लंबिकोर्ध्वविवरं चुंबंती स्पृशन्ती। अनिशं निरंतरम्। अत एव रसस्य सोमकलामृतस्य स्यंदः स्यंदनं प्रस्रवणमस्यामस्तीति रसस्यंदिनी यस्य जिह्वा। क्षारेण लवणरसेन सहिता सक्षारा। कटुकं मरिचादि आम्लं चिंचाफलादि दुग्धं पयस्तैः सदृशी समाना। मधु क्षौद्रमाज्यं घृतं ताभ्यां तुल्या समा तथाशब्दः समुच्चये। एतैर्विशेषणै रसस्यानेकरसत्वान्मधुरत्वात्स्निग्धत्वाच्च जिह्वाया अपि रसस्यंदने तथात्वमुक्तम्। तर्हि तस्य व्याधीनां रोगाणां हरणमपगमो जराया वृद्धावस्थाया अंतःकरणं नाशनं शस्त्राणामायुधानामागमः स्वाभिमुखागमनं तस्योदीरणं निवारणम्। अष्टौ गुणा अणिमादयस्ते अस्य संजाता इत्यष्टगुणितममरत्वममरभावः। सिद्धानामंगनाः सिद्धांगनाः सिद्धाश्चता अंगनाश्चेति वा तासामाकर्षणमाकर्षणशक्तिः स्यात् ॥ ५० ॥

भाषार्थ–यदि रस (सोमकलाका अमृत) का स्यंदन (झरना) करनेवाली और लवणके रसके समान और मरीच आदि कटु और इमली आदि अम्ल और दूध इनके सदृश और मधु (सहत) और घृत इनकी तुल्य इन सब विशेषणोंमें रसमें अनेक रस और मधुरता और स्निग्धता (चिकनाई) कही उस रसके झरनेवाली जिह्वाकोभी वैसीही कही समझना अर्थात् पूर्वोक्तप्रकारकी जिह्वा तालुके ऊपर वर्तमानछिद्रका वारंवार चुंबन (स्पर्श) करे तो उस मनुष्यकी व्याधियोंका हरण और वृद्ध अवस्थाका अन्त करना और सन्मुख आये शस्त्रका निवारण और अणिमा आदि आठ सिद्धि हैं जिसमें ऐसा अमरत्व (देवत्व) और सिद्धोंकी अंगनाओंका वा सिद्धरूप अंगनाओंका आकर्षण (बुलाना) उसको ये फल होते हैं ॥ ५० ॥

मूर्ध्नःषोडशपत्रपद्मगलितं प्राणादवाप्तं हठा-
दूर्ध्वास्यो रसनां नियम्य विवरे शक्तिं परां चिंतयन् ॥
उत्कल्लोलकलाजलं च विमलं धारामयं यः पिबे-
न्निर्व्याधिः स मृणालकोमलवपुर्योगी चिरं जीवति ॥५१॥

मूर्ध्न इति ॥ रसनां जिह्वां विवरे कपालकुहरे नियम्य संयोज्य। ऊर्ध्वमुत्तानमास्यं यस्य सः। ऊर्ध्वास्य इत्यनेन विपरीतकरणी सूचिता। परां शक्तिं कुंडलिनीं चिंतयन्ध्यायन्सन् प्राणान्साधनभूतान्। षोडश पत्राणि दलानि यस्य तत् षोडशपत्रं तच्च तत्पद्मं कंठस्थाने वर्तमानं तस्मिन्गलितं हठाद्धठयोगादवाप्तं प्राप्तं विमलं निर्मलं धारामयं धारारूपमुत्कल्लोलमुत्तरंगं च तत्कलाजलं सोम, कलारसं यः पुमान् पिबेत् धयेत्स योगी निर्गता व्याधयो ज्वरादयो यस्मात्स निर्व्याधिः सन् यद्वा निर्गता त्रिविधा आधिर्मानसी व्यथा यस्मात्स तादृशः सन् मृणालं बिसमिव कोमलं मृदु वपुः शरीरं यस्य स मृणालकोमलवपुश्च सन् चिरं दीर्घकालं जीवति प्राणान् धारयति। हठाद्धठयोगात्। प्राणात्साधनभूतादवाप्तमिति वा योजना। प्राणैरिति क्वचित्पाठः॥ ५१ ॥

भाषार्थ–जो योगी, जिह्वाको कपालके छिद्रमें लगाकर और ऊपरको मुख करके इससे विपरीत करणी सूचित की--और परमशक्ति जो कुण्डलिनी उसका ध्यान करता हुआ प्राणवायुके साधन और हठयोगसे प्राप्त और षोडश हैं पत्र जिसके ऐसे पद्ममें मस्तकसे पतित और निर्मल और धारारूप और ऊपरको हैं तरंग जिसके ऐसे चंद्रकलाके जलको पीता है व्याधिसे रहित और मृणाल (बिस) के समान कोमल है वपु (देह) जिसका ऐसा वह योगी चिरकालतक जीता है॥ ५१ ॥

यत्प्रालेयं प्रहितसुषिरं मेरुमूर्धांतरस्थं
तस्मिंस्तत्त्वं प्रवदति सुधीस्तन्मुखं निम्नगानाम् ॥
चंद्रात्सारः स्रवति वपुषस्तेन मृत्युर्नराणां
तद्बध्नीयात्सुकरणमथो नान्यथा कार्यसिद्धिः ॥५२॥

यत्प्रालेयमिति ॥ मेरुवत्सर्वोन्नता सुषुम्ना मेरुस्तस्य मूर्धोपरिभागस्तस्यांतरे मध्ये तिष्ठतीति मेरुमूर्धांतरस्थं यत्प्रालेयं सोमकलाजलं प्रहितं निहितं यस्मिंस्तत्तथा तच्च तत्सुषिरं विवरं तस्मिन्विवरे सुधीः शोभना रजस्तमोभ्यामनभिभूतसत्त्वा धीर्बुद्धिर्यस्य सः। तत्त्वमात्मतत्त्वं प्रवदति प्रकर्षेण वदति। 'तस्याः शिखाया मध्ये परमात्मा व्यवस्थितः' इति श्रुतेः। आत्मनो विभुत्वे खेचरीमुद्रायां तत्राभिव्यक्तिस्तस्मिंस्तत्त्वमित्युक्तम्। निम्नगानां गंगायमुनासरस्वतीनर्मदादिशब्दवाच्यानामिडापिंगलासुषुम्नागांधारीप्रभृतीनां तत्तस्मिन्विवरे तत्समीपे मुखमग्रमस्ति चंद्रात्सोमाद्वपुषः

शरीरस्य सारः स्रवति क्षरति तेन चंद्रसारक्षरणेन नराणां मनुष्याणां मृत्युर्मरणं भवति। अतो हेतोस्तत्पूर्वोदितं सुकरणं शोभनं करणं खेचरीमुद्राख्यं बध्नीयात्। सुकरणे बद्धे चंद्रसारस्रवणाभावान्मृत्युर्न स्यादिति भावः अन्यथा सुकरणबंधनाभावे कायस्य देहस्य सिद्धी रूपलावण्यबलवज्रसंहननरूपा न स्यात्॥ ५२॥

भाषार्थ-मेरुके समान सबसे ऊँची जो सुषुम्ना नाडी उसके मूर्द्धा (ऊपरके भाग) के मध्यमें टिकाहुआ जो प्रालेय अर्थात् सोमकलाका जल है और जिसमें वह जल स्थित है ऐसा विवर (छिद्र) है उस विवरमें रजोगुण तमोगुणसे नहीं हुआ है तिरस्कार जिसका ऐसी बुद्धिवाले मनुष्य आत्मतत्त्वको कहते हैं क्योंकि श्रुतिमें लिखा है कि, सुषुम्नाकी शिखाके मध्यमें परमात्मा स्थित है-क्योंकि आत्मा विभु (व्यापक) है और खेचरी-मुद्रामें उस विवरमें आत्मा प्रगट होताहै इससे उसमें तत्त्व है यह कहना ठीक है-और गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा आदि शब्दोंका अर्थ जो इडा, पिंगला सुषुम्ना, गांधारी आदि नाडी हैं उनके मुखभी उसी छिद्रके समीपमें हैं और चंद्रमासे जो देहका सारांश झरताहै उससेही मनुष्योंकी मृत्यु होती है तिससे शोभन करणरूप खेचरीमुद्राको बांधे (करै) क्योंकि खेचरीमुद्राके करनेसे चंद्रमाके सारके न झरनेसे मृत्यु न होगी और अन्यथा अर्थात् खेचरीमुद्राके न करनेसे देहका जो रूप, लावण्य, बल वज्रके समान संहनन (दृढता) रूपसिद्धि न होगी। भावार्थ यह है कि, जो सोमकलाका जल सुषुम्नाके मध्यमें स्थित है वह जल जिस छिद्रमें है उस छिद्रमेंही बुद्धिमान् मनुष्य परमात्माको कहतेहैं और उसी छिद्रमें समीप इडा पिंगला आदि नाडियोंका मुख है और चंद्रमासे जो देहका सारांश झरताहै उससे मनुष्योंकी मृत्यु होतीहै तिससे खेचरी मुद्राको करै क्योंकि न करनेसे देहकी सिद्धि नहीं होसकती अर्थात् पुष्ट न होगा॥ ५२॥

सुषिरं ज्ञानजनकं पंचस्रोतःसमन्वितम्॥
तिष्ठते खेचरी मुद्रा तस्मिञ्छून्ये निरंजने॥ ५३॥

सुषिरमिति॥ पंच यानि स्रोतांसीडादीनां प्रवाहास्तैःसमन्वितं सम्यगनुगतम्॥ "सप्तस्रोतः समन्वितम्" इति क्वचित्पाठः। ज्ञानजनकमलौकिकबोधितात्मसाक्षात्कारजनकं यत्सुषिरं विवरं तस्मिन्सुषिरेऽञ्जनमविद्या तत्कार्यं शोकमोहादि च निर्गतं यस्मात्तन्निरंजनं तस्मिन्निरंजने शून्ये सुषिरावकाशे खेचरी मुद्रा तिष्ठते स्थिरा भवति। 'प्रकाशनस्थेयाख्ययोश्च' इत्यात्मनेपदम्॥ ५३॥

भावार्थ-इडा आदि नाडियोंके जो पांच स्रोत (प्रवाह) हैं उनसे युक्त जो सुषिर (छिद्र) है वह ज्ञानका उत्पादक है अर्थात् आत्माके प्रत्यक्षका जनक है-शोक मोह आदिसे रहित रूप निरंजन और शून्यरूप जो है उसके विषे खेचरीमुद्रा स्थिर होती है अर्थात् खेचरीमुद्राकी महिमासे उस छिद्रमें मनके प्रवेशसे आत्मज्ञान होताहै ॥ ५३ ॥

एकं सृष्टिमयं बीजमेका मुद्रा च खेचरी ॥

एको देवो निरालंब एकावस्था मनोन्मनी ॥५४॥

एकमिति ॥ सृष्टिमयं सृष्टिरूपं प्रणवाख्यं बीजमेकं मुख्यम् । तदुक्तं मांडूक्योपनिषदि 'ओमित्येतदक्षरमिदं सर्वम्' इति । खेचरी मुद्रा एका मुख्या । निरालंब आलंबनशून्य एको मुख्यो देवः । आलंबनपरित्यागे- नात्मनः स्वरूपावस्थानात् । उन्मन्यवस्थैका मुख्या । 'एकेमुख्यान्यके वलाः' इत्यमर । बीजादिषु प्रणवादिवन्मुद्रासु खेचरी मुख्ययेत्यर्थः ॥५४॥

भावार्थ-सृष्टिरूप जो प्रणव (ॐ) नामका बीज है वह मुख्य है सोई मांडूक्य उप- निषद्में कहा है कि, यह सम्पूर्ण जगत् ॐ इस अक्षररूप है-और खेचरीमुद्राभी एक (मुख्य) है और निरालंब अर्थात् आलंबनशून्य देव परमात्मा भी एकही है-और मनोन्मनी अवस्था भी एकही है । यहां एक शब्द इस अमरके अनुसार मुख्यका बोधक है अर्थात् बीज आदिमें जैसे प्रणव मुख्य है ऐसेही मुद्राओंमें खेचरीभी मुख्य है ॥ ५४ ॥

अथोड्डीयानबन्धः ।

बद्धो येन सुषम्नायां प्राणस्तूड्डीयते यतः

तस्मादुड्डीयनाख्योऽयं योगिभिः समुदाहृतः ॥ ५५ ॥

उड्डीयानबंधं विवक्षुस्तावदुड्डीयानशब्दार्थमाह-बद्ध इति ॥ यतो यस्माद्धेतोर्येन बंधेन बद्धो निरुद्धः प्राणःसुषुम्नायां मध्यनाड्यामुड्डीयते सुषुम्नां विहायसा गच्छति तस्मात्कारणादयं बंधो योगिभिर्मत्स्येंद्रादि- भिरुड्डीयनमाख्याभिधा यस्य स उड्डीयनाख्यः समुदाहृतः सम्यग्व्युत्प- त्त्योदाहृतः कथितः । सुषुम्नायामुड्डीयतेऽनेन बद्धः प्राण इत्युड्डीयनम् । उत्पूर्वात् 'डीङ्-विहायसा गतौ' इत्यस्मात्करणे ल्युट् ॥ ५५ ॥

भावार्थ--अब उड्डीयानबंधको कहनेके अभिलाषी आचार्य प्रथम उड्डीयान शब्दके अर्थको कहते हैं कि, जिस बंधसे बँधाहुआ प्राण मध्य नाडीरूप सुषुम्नाके विषे उडजाय अर्थात् आकाशमेंसे सुषुम्नामें प्रविष्ट हो जाय तिसकारणसे यह बंध मत्स्येंद्र आदि योगि- योंने उड्डीयान नामका कहा है अर्थात् सुषुम्नामें जिससे प्राण उडै इस व्युत्पत्तिसे इसका उड्डीयान नाम रक्खा है ॥ ५५ ॥

उड्डीनं कुरुते यस्मादविश्रांतं महाखगाः ॥
उड्डीयानं तदेव स्यात्तत्र बंधोऽभिधीयते ॥ ५६ ॥

उड्डीनमिति॥ महांश्चासौ खगश्च महाखगः प्राणः। सर्वदा देहावकाशे गतिमत्त्वात्। यस्माद्बंधादविश्रांतं यथा स्यात्तथोड्डीनं विहंगमगतिं कुरुते। सुषुम्नायामित्यध्याहार्यम्। तदेव बंधविशेषमुड्डीयानमुड्डीयाननाम कं स्यात्। तत्र तस्मिन्विषये बंधोऽभिधीयते बंधस्वरूपं कथ्यते मयेति शेषः ५६

भाषार्थ-सदैव देहके अवकाशमें गति है जिसकी ऐसा महाखगरूप प्राण जिस बंधसे निरंतर उड्डीन (पक्षीके समान गति) को सुषुम्नामें करता है वही बंध उड्डीयान नामका होता है उसमें मैं बंधके स्वरूपको कहता हूँ ॥ ५६ ॥

उदरे पश्चिमं तानं नाभेरूर्ध्वं च कारयेत् ॥
उड्डीयानो ह्यसौ बंधो मृत्युमातंगकेसरी ॥ ५७ ॥

उड्डीयानबंधमाह-उदर इति॥ उदरे तुंदे नाभेरूर्ध्वं चकारादधःउपरिभागेऽधोभागे च पश्चिमं तानं पश्चिममाकर्षणं नाभेरूर्ध्वाधोभागौ यथा पृष्ठसँलग्नौ स्यातां तथा तानं ताननं नामाकर्षणं कारयेत्कुर्यात्। णिजर्थोऽविवक्षितः। असौ नाभेरूर्ध्वाधोभागयोस्तानरूप उड्डीयान उड्डीयानाख्यो बंधः। कीदृशः मृत्युरेव मातंगो गजस्तस्य केसरी सिंहः सिंह इव निवर्तकः ॥ ५७ ॥

भाषार्थ-उदर (पेटके तुंद) में नाभिके ऊपर नीचे पश्चिम तान करै अर्थात् नाभिके ऊपरके और निचले भागको इस प्रकार तान (आकर्षण) करै जैसे वे दोनों भाग पृष्ठमें लगजांय यह नाभिके ऊर्ध्व अधोभागका तान उड्डीयान नामका बन्ध होता है और यह बंध मृत्युरूपी हस्तीको केसरी है अर्थात् नाशक है ॥ ५७ ॥

उड्डीयानं तु सहजं गुरुणा कथितं सदा ॥
अभ्यसेत्सततं यस्तु वृद्धोऽपि तरुणायते ॥ ५८ ॥

उड्डीयानं त्विति॥ गुरुर्हितोपदेष्टा तेन गुरुणा उड्डीयानं तु सदा सर्वदा सहजं स्वाभाविकं कथितं प्राणस्य बहिर्गमनम्। सर्वदा सर्वस्यैव जायमानत्वात्। यस्तु यः पुरुषस्तु सततं निरंतरमभ्यसेत् उड्डीयानमित्यत्रापि संबध्यते। स तु वृद्धोऽपि स्थविरोऽपि तरुणायते तरुण इवाचरति तरुणायते ५८

भाषार्थ-हितके उपदेष्टा गुरुने उड्डीयान सदैव स्वाभाविक कहा है अर्थात् प्राणका बहिर्गमन स्वभावसे सबको होता है परन्तु जो पुरुष इसका निरंतर अभ्यास करता है वृद्धभी तरुण (युवा) के समान आचरण करता है ॥ ५८ ॥

नाभेरूर्ध्वमधश्चापि तानं कुर्यात्प्रयत्नतः ॥
षण्मासमभ्यसेन्मृत्युं जयत्येव न संशयः ॥ ५९ ॥

नाभेरिति॥नाभेरूर्ध्वमुपरिभागेऽधश्चाप्यधोभागेऽपि प्रयत्नतः प्रकृष्टो यत्नः प्रयत्नस्तस्मात्प्रयत्नतः। यत्नविशेषात्तानं पश्चिमतानं कुर्यात्। पूर्वार्धेनोड्डीयानस्वरूपमुक्तम्। अथ तत्प्रशंसा। षण्मासं षण्मासपर्यंतम् उड्डीयानमित्यध्याहारः। अभ्यसेत्पुनःपुनरनुतिष्ठेत्स मृत्युं जयत्येव संशयो न। अत्र संदेहो नास्तीत्यर्थः॥ ५९)

भाषार्थ-नाभिके ऊपर और नीचे भलीप्रकार यत्नसे तान करे अर्थात् यत्न विशेषसे पश्चिमतान करे और षण्मास (छःमास) पर्यंत इस उड्डीयानबंधका वारंवार अभ्यास करे तो मृत्युको जीतता है इसमें संशय नहीं है ॥ ५९ ॥

सर्वेषामेव बंधानामुत्तमो ह्युड्डियानकः ॥
उड्डियाने दृढे बंधे मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत् ॥ ६० ॥

सर्वेषामिति॥ सर्वेषां बंधानां मध्ये उड्डीयानकः उड्डीयानबंध एव। स्वार्थे कप्रत्ययः। उत्तमः उत्कृष्टः हि यस्मादुड्डीयाने बंधे दृढे सति स्वाभाविकी भावसिद्धैव मुक्तिर्भवेत्।उड्डीयानबंधे कृते विहंगमगत्या सुषुम्नायां प्राणस्य मूर्ध्नि गमनात्। 'समाधौ मोक्षमाप्नोति'इति वाक्यात्सहजैव मुक्तिः स्यादिति भावः ॥ ६० ॥

भाषार्थ-संपूर्ण बंधोंके मध्यमें उड्डीयान बंध उत्तम है, क्योंकि उड्डीयान बंधके दृढ होनेपर स्वाभाविकी मुक्ति होती है अर्थात् उड्डीयान बंधके करानेसे पक्षीके समान गतिसे सुषुम्नाविषे प्राण मस्तकमें चलाजाता है उस समाधिमें इस वाक्यके अनुसार अनायाससे मुक्ति होजाती है ॥ ६० ॥

अथ मूलबंधः।

पार्ष्णिभागेन संपीडय योनिमाकुंचयेद्गुदम् ॥
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबंधोऽभिधीयते ॥ ६१ ॥

मूलबंधमाह-पार्ष्णिभागेनेति ॥ पार्ष्णिभागो गुल्फयोरधः प्रदेशस्तेन योनिं योनिस्थानं गुदमेढ्रयोर्मध्यभागं संपीडय सम्यक् पीडयित्वा गुदं पायुमाकुंचयेत्संकोचयेत्। अपानमधोगतिं वायुमूर्ध्वमुपर्याकृष्याकृष्टं कृत्वा मूलबंधोऽभिधीयते कथ्यते। पार्ष्णिभागेन योनिस्थानसंपीडनपूर्वकं गुदस्याकुंचनं मूलबंध इत्युच्यत इत्यर्थः ॥ ६१ ॥

भाषार्थ-अब मूलबंधमुद्राका वर्णन करते हैं कि, पार्ष्णिके भाग (गुल्फोंका अधःप्रदेश) से योनिस्थानको अर्थात् गुदा और लिंगके मध्यभागको भलीप्रकार पीडित (दवा) करके गुदाका संकोच करै और अपान वायुका ऊपरको आकर्षण करै यह मूलबंध होताहै ऐसा योगशास्त्रको जाननेवाले आचार्य कहतेहैं ॥ ६१ ॥

अधोगतिमपानं वा ऊर्ध्वगं कुरुते बलात् ॥
आकुंचनेन तं प्राहुर्मूलबंधं हि योगिनः ॥६२॥

अधोगातिमिति ॥ यः अधोगतिम् अधोऽर्वाग्गतिर्यस्य स तथा तमपानमपानवायुमाकुंचनेन मूलाधारस्य संकोचनेन बलाद्धठादूर्ध्वं गच्छतीत्यूर्ध्वगस्तमूर्ध्वगं सुषुम्नायामूर्ध्वगमनशीलं कुरुते । वै इति निश्चयेऽव्ययम् । योगिनो योगाभ्यासिनस्तं मूलबंधं मूलस्य मूलस्थानस्य बंधनं मूलबन्धस्तं मूलबंधमित्यन्वर्थं प्राहुः । अनेन मूलबंधशब्दार्थ उक्तः । पूर्वश्लोकेन तु तस्य बंधनप्रकार उक्त इत्यपौनरुक्त्यम् ॥६२॥

भाषार्थ-जो बन्ध अधः (नीचेको) गति है जिसकी ऐसे अपान वायुको बलसे ऊर्ध्वगामी करता है अर्थात् जिसके करनेसे अपान सुषुम्नामें पहुँच जाता है योगके अभ्यासी उस बन्धको मूलबन्ध कहते हैं अर्थात् मूलस्थानका जिससे बन्धन हो वह मूलबन्ध अन्वर्थनामसे कहाताहै इस श्लोकसे मूलबन्ध शब्दका अर्थ कहा और पिछले श्लोकसे बन्धनका प्रकार कहाहै इससे पुनरुक्तिदोष नहीं है ॥ ६२ ॥

गुदं पार्ष्ण्या तु संपीड्य वायुमाकुंचयेद्बलात् ॥
वारं वारं यथा चोर्ध्वं समायाति समीरणः ॥६३॥

अथ योगबीजोक्तरीत्या मूलबंधमाह-गुदमिति ॥ पार्ष्ण्योर्गुल्फयोरधोभागेन गुदं वायुं संपीड्य सम्यक् पीडयित्वा संयोज्येत्यर्थः । तुशब्दः पूर्वस्मादस्य विशेषत्वद्योतकः । यथा येन प्रकारेण समीरणो वायुरूर्ध्वं सुषुम्नाया उपरिभागे याति गच्छति तथा तेन प्रकारेण बलाद्धठाद्वारं वारं पुनःपुनर्वायुमपानमाकुंचयेद्गुदस्याकुंचनेनाकर्षयेत् । अयं मूलबंध इति वाक्याध्याहारः ॥ ६३ ॥

भाषार्थ-अब योगबीजमें कही हुई रीतिसे मूलबन्धको कहते हैं कि, पार्ष्णिसे गुदाको भलीप्रकार पीडित करके वायुको बलसे इसप्रकार वारंवार आकर्षण करै जैसे जो सुषुम्नाके ऊपरले भागमें पहुंचजाय यह मूलबन्ध कहाताहै इस श्लोकमें तु यह शब्द पिछले मूलबंधसे विशेष जतानेके लिये है ॥ ६३ ॥

प्राणापानौ नादबिंदू मूलबंधेन चैकताम् ॥
गत्वा योगस्य संसिद्धिं यच्छतो नात्र संशयः ॥६४॥

अथ मूलबंधगुणानाह—प्राणापानाविति ॥ प्राणश्चापानश्च प्राणापानावूर्ध्वाधोगती वायू । नादोऽनाहतध्वनिः बिंदुरनुस्वारस्तौ मूलबंधेनैकतां गत्वैकीभूय योगस्य संसिद्धिः सम्यक् सिद्धिस्तां योगसंसिद्धिं यच्छतो ददतः। अभ्यासिन इति शेषः । अत्रास्मिन्नर्थे संशयो न । संदेहो नास्तीत्यर्थः । अयं भावः । मूलबंधे कृतेऽपानः प्राणेन सहैकीभूय सुषुम्नायां प्रविशति । ततो नादाभिव्यक्तिर्भवति ततो नादेन सह प्राणापानौ हृदयोपरि गत्वा नादस्य बिंदुना सहैक्यं बिंदुनाधाय मूर्ध्नि गच्छतः, ततो योगसिद्धिः ॥ ६४ ॥

भाषार्थ-अब मूलबंधके गुणोंका वर्णन करते हैं कि, नीचेको है गति जिनकी ऐसे प्राण और अपान दोनों वायु और अनाहत (स्वाभाविक) ध्वनि और बिंदु (अनुस्वार) ये दोनों मूलबन्धसे एकताको प्राप्त होकर योगाभ्यासीको योगकी सिद्धिको भलीप्रकार देते हैं इसमें संशय नहीं है, तात्पर्य यह है कि, मूलबन्धके करनेसे अपान प्राणके संग एकताको प्राप्त होकर सुषुम्नामें प्रविष्ट होजाताहै फिर नादकी प्रकटता होती है फिर नादके संग प्राण अपान हृदयके ऊपर जाकर और नादके संग बिंदुकी एकताको करके मस्तकमें चले जाते हैं फिर योगसिद्धि होजाती है ॥ ६४ ॥

अपानप्राणयोरैक्यं क्षयो मूत्रपुरीषयोः ॥
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबंधनात् ॥६५॥

अपानप्राणयोरिति ॥ सततं मूलबंधनान्मूलबंधमुद्राकरणादपानप्राणयोरैक्यं भवति । मूत्रपुरीषयोः संचितयोः क्षयः पतनं भवति । वृद्धोऽपि स्थविरोऽपि युवा तरुणो भवति ॥ ६५ ॥

भाषार्थ--निरंतर मूलबन्धमुद्राके करनेसे अपान और प्राणकी एकता और देहमें संचित हुये मूत्र और मलका क्षय होताहै तिससे वृद्धभी मनुष्य युवा होजाताहै ॥ ६५ ॥

अपाने ऊर्ध्वगे जाते प्रयाते वह्निमंडलम् ॥
तदाऽनलशिखा दीर्घा जायते वायुनाऽऽहता ॥६६॥

अपान इति । मूलबंधनादपाने अधोगमनशीले वायौ ऊर्ध्वगे ऊर्ध्वं गच्छतीत्यूर्ध्वगस्तस्मिन्तादृशे सति वह्निमंडलं वह्नेर्मण्डलं त्रिकोणं नाभे-

धोभागेऽस्ति। तदुक्तं याज्ञवल्क्येन-'देहमध्ये शिखिस्थानं तप्तजांबूनदप्रभम्। त्रिकोणं तु मनुष्याणां चतुरस्रं चतुष्पदाम्॥ मंडलं तु पतंगानां सत्यमेतद्ब्रवीमि ते। तन्मध्ये तु शिखा तन्वी सदा तिष्ठति पावके॥' इति। तदा तस्मिन्काले वायुना अपानेनाहता संगता सत्यनलशिखा जठराग्निशिखा दीर्घा आयता जायते। 'वर्धते' इति क्वचित्पाठः॥ ६६॥

भाषार्थ-मूलबन्ध करनेसे अधोगामी अपान जब ऊर्ध्वगामी होकर अग्निमंडलमें पहुँच जाता है अर्थात् नाभिके अधोभागमें वर्तमान त्रिकोण जठराग्निके मंडलमें प्रविष्ट होजाता है उस समय अपानवायुसे ताडित की हुई जो जठराग्निकी शिखा है वह दीर्घ होजाती है अर्थात् बढ जाती है सो याज्ञवल्क्यने कहा है कि, तपाये हुये सुवर्णके समान अग्निका स्थान मनुष्योंके देहके मध्यमें त्रिकोण और पशुओंके देहमें चतुष्कोण है और पक्षियोंके देहमें गोल है यह आपके प्रति मैं सत्य कहता हूँ और अग्निके मध्यमें सदैव सूक्ष्म शिखा टिकती है॥ ६६॥

ततो यातो वह्न्यपानौ प्राणमुष्णस्वरूपकम्॥
तेनात्यंतप्रदीप्तस्तु ज्वलनो देहजस्तथा॥ ६७॥

तत इति॥ ततस्तदनंतरं वह्निश्चापानश्च वह्न्यपानौ। उष्णं स्वरूपं यस्य स तथा तमनलं शिखादैर्घ्यादुष्णस्वरूपं प्राणमूर्ध्वगतिमनिलं यातो गच्छतः। ततोऽनलशिखादैर्घ्यादुष्णस्वरूपकादिति वा योजना। तेन प्राणसंगमनेन देहे जातो देहजो ज्वलनोऽग्निरत्यंतमधिकं दीप्तो भवति। तथेति पादपूरणे। अपानस्योर्ध्वगमने दीप्त एव ज्वलनः प्राणसंगत्याऽत्यंतं प्रदीप्तो भवतीत्यर्थः॥ ६७॥

भाषार्थ-फिर अग्नि और अपान ये दोनों अग्निकी दीर्घ शिखासे उष्णरूप हुये ऊर्ध्वगति प्राणमें पहुंच जातेहैं तिस प्राणवायुके समागमसे देहमें उत्पन्नहुई जठराग्नि अत्यंत प्रज्वलित होजाती है अर्थात् अपानकी ऊर्ध्वगतिसे दीहुई अग्नि अत्यंत प्रदीप्त होजाती है॥ ६७॥

तेन कुंडलिनी सुप्ता संतप्ता संप्रबुध्यते॥
दंडाहता भुजंगीव निश्वस्य ऋजुतां व्रजेत्॥ ६८॥

तेनेति॥ तेन ज्वलनस्यात्यंतं प्रदीपनेन संतप्ता सम्यक् तप्ता सती सुप्ता निद्रिता कुंडलिनी शक्तिः संप्रबुध्यते सम्यक् प्रबुद्धा भवति।

दंडेनाहता दंडाहता चासौ भुजंगीव सर्पिणीव निश्वस्य निश्वासं कृत्वा ऋजुतां सरलतां व्रजेद्गच्छेत् ॥ ६८ ॥

भाषार्थ-तिस अग्निके अत्यंत दीपनसे भलीप्रकार तपायमान हुई कुण्डलिनी शक्ति इसप्रकार भलीप्रकारसे प्रबुद्ध होजाती है और कोमल होजाती है जैसे दंडसे हतीहुई सार्पिणी कोमल होजाती है ॥ ६८ ॥

बिलं प्रविष्टेव ततो ब्रह्मनाड्यंतरं व्रजेत् ॥
तस्मान्नित्यं मूलबंधः कर्तव्यो योगिभिः सदा ॥६९॥

बिलं प्रविष्टेति ॥ ततो ऋजुताप्राप्त्यनंतरं बिलं विवरं प्रविष्टा भुजंगीव ब्रह्मनाडी सुषुम्ना तस्या अंतरं मध्यं गच्छेत्तस्माद्धेतोर्योगिभिर्योगाभ्यासिभिर्मूलबंधो नित्यं प्रतिदिनं सदा सर्वस्मिन्काले कर्तव्यः कर्तुं योग्यः ॥ ६९ ॥

भाषार्थ-उसके अनंतर बिलमें प्रविष्ट सर्पिणीके समान ब्रह्मनाडी (सुषुम्ना) के मध्यमें कुण्डलिनी प्रविष्ट होजाती है तिससे योगाभ्यासियोंको मूलबंध प्रतिदिन करने योग्य है ॥ ६९ ॥

कंठमाकुंच्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम् ॥
बंधो जालंधराख्योऽयं जरामृत्युविनाशकः ॥ ७० ॥

जालंधरबंधमाह-कंठमिति ॥ कंठे गले बिलमाकुंच्य हृदये वक्षःसमीपे चतुरंगुलांतरितप्रदेशे चिबुकं हनुं दृढं स्थिरं स्थापयेत् स्थितं कुर्यात् । अयं कंठाकुंचनपूर्वकं चतुरंगुलांतरितहृदयसमीपेऽधोनमनयत्नपूर्वकं चिबुकस्थापनरूपो जालंधर इत्याख्यायत इति जालंधराख्यो जालंधरनामा बंधः । कीदृशः ? जरा वृद्धावस्था मृत्युर्मरणं तयोर्विनाशको विशेषेण नाशयतीति विनाशको विनाशकर्ता ॥ ७० ॥

भाषार्थ-अब जालंधरबंधको कहते हैं कि, कंठके बिलका संकोच करके वक्षःस्थलके समीपरूप हृदयमें चार अंगुलके अंतरपर चिबुक (ठोडी) को दृढरीतिसे स्थापन करै, कंठके आकुंचनपूर्वक चार अंगुलके अन्तरपर हृदयके समीपमें नीचेको नमनपूर्वक चिबुकका स्थापनरूप यह जालंधर नामका बन्ध कहा है और यह बन्ध जरा और मृत्युका विनाशक है ॥ ७० ॥

बध्नाति हि शिराजालमधोगामि नभो जलम् ॥
ततो जालंधरो बंधः कंठदुःखौघनाशनः ॥ ७१ ॥

जालंधरपदस्यार्थमाह-बध्नातीति ॥ हि यस्माच्छिराणां नाडीनां जालं समुदायं बध्नाति । अधो गंतुं शीलमस्येत्यधोगामी नभसः कपालकुहरस्य जलममृतं च बध्नाति प्रतिबध्नाति । ततस्तस्माज्जालंधरो जालंधरनामकोऽन्वर्थो बंधः जालं दशाजालं जलानां समूहो जालं धरतीति जालंधरः । कीदृशः कंठे गलप्रदेशे यो दुःखौघो विकारजातो दुःखसमूहस्तस्य नाशनो नाशकर्ता ॥ ७१ ॥

भाषार्थ-अब जालंधरपदके अर्थको कहते हैं कि, जिससे यह बन्ध शिरा. (नाडी) ओंके समूहरूप जालको बांधता है और कपालके छिद्ररूप नभका जो जल है उसका प्रतिबन्ध करता है तिससे यह जालंधर नामका अन्वर्थ बंध जालंधरबंध, कहाता है क्योंकि जाल नाम समुदाय और जलोंके समूहको कहते हैं और यह जालंधरबंध कंठमें जो दुःखोंका समूह है उसका नाशक है ॥ ७१ ॥

जालंधरे कृते बंधे कंठसंकोचलक्षणे ॥
न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रकुप्यति ॥ ७२ ॥

जालंधरगुणानाह-जालंधर इति ॥ कंठस्य गलबिलस्य संकोचनं संकोचं आकुंचनं तदेव लक्षणं स्वरूपं यस्य स कंठसंकोचलक्षणः तस्मिन् तादृशे जालंधरे जालंधरसंज्ञके बंधे कृते सति पीयूषममृतमग्नौ जाठरेऽनले न पतति न सरति ॥ वायुश्च प्राणश्च न कुप्यति नाड्यंतरे वायोर्गमनं प्रकोपस्तं न करोतीत्यर्थः ॥ ७२ ॥

भाषार्थ-अब जालंधरबंधके गुणोंका वर्णन करते हैं कि, कंठका संकोच है स्वरूप जिसका ऐसे जालंधरबंधके करनेपर पूर्वोक्त अमृत जठराग्निमें नहीं पडता है और वायुका भी कोप नहीं होता अर्थात् अन्य नाडियोंमें वायुका गमन नहीं होता है ॥ ७२ ॥

कंठसंकोचनेनैव द्वे नाड्यौ स्तंभयेद्दृढम् ॥
मध्यचक्रमिदं ज्ञेयं षोडशाधारबंधनम् ॥ ७३ ॥

कंठसंकोचनेनेति । दृढं गाढं कंठसंकोचनेनैव कंठसंकोचनमात्रेण द्वे नाड्यौ इडापिंगले स्तंभयेदयं जालंधर इति कर्तृपदाध्याहारः । इदं कंठस्थाने स्थितं विशुद्धाख्यं चक्रं मध्यचक्रं मध्यमं चक्रं ज्ञेयम् । कदृशं षोडशाधारबंधनं षोडशसंख्याका ये आधारा अंगुष्ठाधारादिब्रह्मरंध्रांतास्तेषां बंधनं बंधनकारकम् । 'अंगुष्ठगुल्फजानूरुसीवनीलिंगनाभयः ।

हृद्ग्रीवाकंठदेशश्च लंबिका नासिका तथा॥भ्रूमध्यं च ललाटं च मूर्धा च ब्रह्मरंध्रकम्। एते हि षोडशाधाराः कथिता योगिपुंगवैः ॥' तेष्वाधारेषु धारणायाः फलविशेषस्तु गोरक्षसिद्धांतादवगंतव्यः ॥ ७३ ॥

भाषार्थ-यह जालंधरबंध दृढतासे कंठके संकोच करनेसेही इडा पिंगलारूप दोनों नाडियोंका स्तंभन करता है और कंठस्थानमें स्थित इन सोलह आधारोंका बंधन करनेवाला मध्य चक्र (विशुद्धनाम) जानना । अंगुष्ठ, गुल्फ, जानु, ऊरु, सीविनी, लिंग, नाभि, हृदय, ग्रीवा, कंठदेश, लंबिका, नासिका, भ्रुकुटियोंका मध्य, मस्तक, मूर्द्धा, ब्रह्मरंध्र योगियोंमें श्रेष्ठोंने ये सोलह आधार कहे हैं इन आधारोंमें धारणाका फल विशेष तो गोरक्षसिद्धांत ग्रंथसे जानना ।। ७३ ।।

मूलस्थानं समाकुंच्य उड्डियानं तु कारयेत् ॥
इडां च पिंगलां बद्ध्वा वाहयेत्पश्चिमे पथि ॥७४॥

उक्तस्य बंधत्रयस्योपयोगमाह-मूलस्थानमिति ॥ मूलस्थानमाधारभूतमाधारस्थानं समाकुंच्य सम्यगाकुंच्य उड्डियानं नाभेः पश्चिमतानरूपं बंधं कारयेत्कुर्यात । णिजर्थोऽविवक्षितः । इडां पिंगलां गंगां यमुनां च बद्ध्वा । जालंधरबंधेनेत्यर्थः । 'कंठसंकोचनेनैव द्वे नाड्यौ स्तंभयेत्' इत्युक्तेः । पश्चिमे पथि सुषुम्नामार्गे वाहयेद्गमयेत्प्राणमिति शेषः ॥ ७४ ॥

भाषार्थ-अब पूर्वोक्त तीनों बन्धोंके उपयोगका वर्णन करते हैं कि मूलस्थानको अर्थात् आधारभूत आधारस्थानका भलीप्रकार संकोच करके नाभिके पश्चिमतानरूप उड्डीयानबंधको करै और जालंधरबंधसे अर्थात् कंठके संकोचसेही इडा और पिंगलारूप दोनों नाडियोंको स्तंभन करै फिर प्राणको पश्चिममार्गमें (सुषुम्नामें) प्राप्त करै ॥ ७४ ॥

अनेनैव विधानेन प्रयाति पवनो लयम् ॥
ततो न जायते मृत्युर्जरारोगादिकं तथा ॥ ७५ ॥

अनेनेति ॥ अनेनैवोक्तेनैव विधानेन पवनः प्राणो लयं स्थैर्यं प्रयाति । गत्यभावपूर्वकं रंध्रे स्थितिः प्राणस्य लयः । ततः प्राणस्य लयान्मृत्युजरारोगादिकम् । तथा चार्थे । न जायते नोद्भवति । आदिपदेन वलीपलिततंद्रालस्यादि ग्राह्यम् ॥ ७५ ॥

भाषार्थ-इस पूर्वोक्त विधानसेही प्राण लय (स्थिरता) को प्राप्त हो जाता है, गमनकी निवृत्ति होनेपर ब्रह्मरंध्रमें स्थितिही प्राणका लय होता है उस प्राणके लयसे मृत्यु, जरा, रोग और आदिपदसे वलीपलित, तंद्रा, आलस्य आदि नहीं होते हैं ।। ७५ ।।

बंधत्रयमिदं श्रेष्ठं महासिद्धैश्च सेवितम् ॥
सर्वेषां हठतंत्राणां साधनं योगिनो विदुः ॥७६॥

बंधत्रयमिति ॥ इदं पूर्वोक्तं बंधत्रयं श्रेष्ठं षोडशाधारबंधेऽतिप्रशस्तं महासिद्धैर्मत्स्येंद्रादिभिश्चकाराद्वसिष्ठादिमुनिभिःसेवितं सर्वेषां हठतंत्राणां हठोपायानां साधनं सिद्धिजनकं योगिनो गोरक्षाद्या विदुर्जानंति ॥७६॥

भाषार्थ-ये पूर्वोक्त तीनों बन्ध श्रेष्ठ हैं अर्थात् षोडशाधार बन्धमें अत्यंत उत्तम हैं और मत्स्येंद्र आदि योगिजन और वसिष्ठ आदि मुनियोंके सेवित हैं और सम्पूर्ण जो हठयोगके उपाय है उनका साधन है यह बात गोरक्ष आदि योगीजन जानतेहैं ॥ ७६ ॥

यत्किंचित्स्रवते चंद्रादमृतं दिव्यरूपिणः ॥
तत्सर्वं ग्रसते सूर्यस्तेन पिंडो जरायुतः ॥ ७७ ॥

विपरीतकरणीं विवक्षुस्तदुपोद्घातत्वेन पिंडस्य जराकरणं तावदाह-यत्किंचिदिति॥ दिव्यमुत्कृष्टं सुधामयं रूपं यस्य स तथा तस्माद्दिव्यरूपिणश्चंद्रात्सोमात्तालुमूलस्थाद्यात्किंचिद्यात्किमप्यमृतं पीयूषं स्रवते पतति तत्सर्वं सर्वं तत्पीयूषं सूर्यो नाभिस्थोऽनलात्मकः ग्रसते ग्रासीकरोति । तदुक्तं गोरक्षनाथेन-'नाभिदेशे स्थितो नित्यं भास्करो दहनात्मकः । अमृतात्मा स्थितो नित्यं तालुमूले च चंद्रमाः॥वर्षत्यधोमुखश्चंद्रो ग्रसत्यूर्ध्वमुखो रविः। करणं तच्च कर्तव्यं येन पीयूषमाप्यते॥' इति । तेन सूर्यकर्तृकामृतग्रसनेन पिंडो देहो जरायुतः जरसा युक्तो भवति ॥ ७७ ॥

भाषार्थ-अब विपरीत करणीके कथनका अभिलाषी आचार्य प्रथम उसके उपोद्घातरूप होनेसे पिंडके जराकरणका वर्णन करतेहैं कि, दिव्य (सर्वोत्तम) सुधामय है रूप जिसमें ऐसे तालुके मूलमें स्थित चंद्रमासे जो कुछ अमृत झरताहै उस सम्पूर्ण अमृतको नाभिमें स्थित अग्निरूप सूर्य ग्रस लेताहै सोई गोरक्षनाथने कहाहै कि, नाभिके देशमें अग्निरूप सूर्य स्थित है और तालुके मूलमें अमृतरूप चंद्रमा स्थित है अधोमुख होकर चन्द्रमा जिस अमृतको वर्षताहै और ऊर्ध्वमुख होकर सूर्य उस अमृतको ग्रस लेताहै उसमें वह करण (मुद्रा) करना चाहिये जिससे अमृतकी नष्टता न हो अर्थात् पुष्टि रहै फिर सूर्यके किये उस अमृतके ग्रसनेसे बिंदु (देह) वृद्ध अवस्थासे युक्त होजाता है ॥ ७७ ॥

तत्रास्ति करणं दिव्यं सूर्यस्य मुखवंचनम् ॥
गुरूपदेशतो ज्ञेयं न तु शास्त्रार्थकोटिभिः ॥ ७८ ॥

तत्रेति ॥ तत्र तद्विषये सूर्यस्य नाभिस्थानलस्य मुखं वंच्यतेऽनेनेति तादृशं दिव्यमुत्तमं करणं वक्ष्यमाणमुद्राख्यमस्ति तद्गुरुपदेशतःगुरूपदेशाज्ज्ञेयं ज्ञातुं शक्यम् । शास्त्रार्थानां कोटिभिः न तु नैव ज्ञातुं शक्यम् ॥ ७८ ॥

भाषार्थ-उस अमृतकी रक्षा करनेमें जिसे सूर्यके मुखकी वंचना होय ऐसा आगे कहनेयोग्य मुद्रारूप करण है और वह करण गुरुके उपदेशसे जानने योग्य है और कोटियों शास्त्रोंके अर्थसे जाननेको शक्य नहीं है ॥ ७८ ॥

ऊर्ध्वं नाभेरधस्तालोरूर्ध्वं भानुरधः शशी ॥
करणी विपरीताख्या गुरुवाक्येन लभ्यते ॥ ७९ ॥

विपरीतकरणीमाह-ऊर्ध्वं नाभेरिति ॥ ऊर्ध्वमुपरिभागे नाभिर्यस्य स ऊर्ध्वनाभिस्तस्योर्ध्वनाभेरधःअधोभागे तालु तालुस्थानं यस्य सोऽधस्तालुस्तस्याधस्तालोर्योगिन ऊर्ध्वमुपरिभागे भानुर्दहनात्मकः सूर्यो भवति । अधः अधोभागे शश्यमृतात्मा चंद्रो भवति । प्रथमांतपाठे तु यदा ऊर्ध्वनाभिरधस्तालुर्योगी भवति तदोर्ध्वं भानुरधःशशी भवति । यदातदापदयोरध्याहारेणान्वयः।इयं विपरीताख्या विपरीतनामिका करणी। ऊर्ध्वाधः स्थितयोश्चंद्रसूर्ययोरधऊर्ध्वकरणेनान्वर्थागुरुवाक्येन गुरोर्वाक्येनैवलभ्यते प्राप्यते नान्यथा ॥ ७९ ॥

भाषार्थ-अब विपरीतकरणीमुद्राके स्वरूपका वर्णन करतेहैं कि ऊपरके भागमें है नाभि जिसके और अधोभागमें है तालु जिसके ऐसा जो योगी उसके ऊपरके भागमें तो अग्निरूप सूर्य होजाय और अधोभागमें अमृतरूप चंद्रमा हो जाय और जब 'ऊर्ध्वनाभिरधस्तालुः' यह प्रथमांत पाठ है तब यदा तदा पदोंके अध्याहारसे इसप्रकार अन्वय करना कि, जब ऊपरके भागमें नाभि और नीचेके भागमें तालु जिसके ऐसा योगी होजाय तब ऊपर सूर्य और नीचे चंद्रमा होजाते हैं यह विपरीत (उलटी) नामकी करणी ऊपर और नीचे स्थित जो चंद्रमा सूर्य हैं उनके नीचे ऊपर क्रमसे करनेसे अन्वर्थ है अर्थात् विपरीतकरणीका अर्थ तभी घटसकताहै जब पूर्वोक्त मुद्रा कीजाय और यह विपरीतकरणी गुरुके वाक्यसे मिल सक्तीहै अन्यथा नहीं ॥ ७९ ॥

नित्यमभ्यासयुक्तस्य जठराग्निविवर्धिनी ॥
आहारो बहुलस्तस्य संपाद्यः साधकस्य च ॥८०॥

नित्यमिति ॥ नित्यं प्रतिदिनमभ्यासोऽभ्यसनं तस्मिन् युक्तस्याऽवहितस्य जठराग्निरुदराग्निस्तस्य विवर्धिनी विशेषेण वर्धिनीति विपरीतकरणीविशेषणम् ॥ तस्य साधकस्य विपरीतकरण्यभ्यासिन आहारो भोजनंबहुलो यथेच्छः संपाद्यः संपादनीयः। च पादपूरणे ॥ ८० ॥

भाषार्थ-प्रतिदिनके अभ्यासमें युक्त जो योगी है उसकी जठराग्निको यह विपरीतकरणी बढाती है और इसीसे उस विपरीतकरणीके अभ्यासी योगीको यथेच्छ अधिक भोजन संपादन करनेयोग्य है अर्थात् अल्पभोजन न करे ॥ ८० ॥

अल्पाहारो यदि भवेदग्निर्दहति तत्क्षणात् ॥
अधः शिराश्चोर्ध्वपादः क्षणं स्यात्प्रथमे दिने ॥८१॥

अल्पाहार इति ॥ यद्यल्पाहारः अल्पो भोक्तुमिष्टान्नस्याहारो भोजनं यस्य तादृशो भवेत्स्यात्तदाऽग्निर्जठरानलो देहं क्षणमात्राद्दहेत्। शीघ्रं दहेदित्यर्थः । ऊर्ध्वाधःस्थितयोश्चंद्रसूर्ययोरधऊर्ध्वकरणक्रियामाह-अधःशिरा इति। अधः अधोभागे भूमौ शिरो यस्य सोऽधःशिरा कराभ्यां कटिप्रदेशमवलंब्य बाहुमूलादारभ्य कूर्परपर्यंताभ्यां बाहुभ्यां स्कंधाभ्यां गलपृष्ठभागशिरःपृष्ठभागाभ्यां च भूमिमवष्टभ्याधः शिरा भवेत्। ऊर्ध्वमुपर्यंतरिक्षे पादौ यस्य स ऊर्ध्वपादः प्रथमदिने आरंभदिने क्षणं क्षणमात्रं स्यात् ॥ ८१ ॥

भाषार्थ-क्योंकि, यदि विपरीतकरणीका अभ्यासी योगी अल्पाहारी हो अर्थात् अल्पभोजन कियाजाता है तो जठराग्नि उसी क्षणमात्रमें देहको भस्म करदेती है। अब ऊपर नीचे स्थित चन्द्रमा सूर्यके नीचे ऊपर करनेकी क्रियाको कहते हैं कि, प्रथम दिनमें क्षणभर नीचेको शिर करै अर्थात् भुजा दोनों स्कंध गल और शिर पृष्ठभाग (पीठ) से भूमिका स्पर्श करके नीचे शिर किये स्थित हो और ऊपरको पाद करै अर्थात् प्रारम्भके दिन क्षणमात्र इसप्रकार स्थित रहै ॥ ८१ ॥

क्षणाच्च किंचिदधिकमभ्यसेच्च दिने दिने ॥
वलितं पलितं चैव षण्मासोर्ध्वं न दृश्यते ॥
याममात्रं तु यो नित्यमभ्यसेत्स तु कालजित् ॥८२॥

क्षणादिति ॥ दिनेदिने प्रतिदिनं क्षणात्किंचिदधिकं द्विक्षणं त्रिक्षणम्

एकदिनवृद्ध्याऽभ्यसेदभ्यासं कुर्यात् ॥ विपरीतकरणीगुणानाह वलितमिति ॥ वलितं चर्मसंकोचः पलितं केशेषु शौक्ल्यं च, षण्णां मासानां समाहारः षण्मासं तस्मादूर्ध्वमुपरि नैव दृश्यते नैवावलोक्यते । साधकस्य देहे इति वाक्याध्याहारः । यस्तु साधको याममात्रं प्रहरमात्रं नित्यमभ्यसेत्स तु कालजित्कालं मृत्युं जयतीति कालजिन्मृत्युजेता भवेत् । एतेन योगस्य प्रारब्धकर्मप्रतिबंधकत्वमपि सूचितम् । तदुक्तं विष्णुधर्मे–'स्वदेहारंभकस्यापि कर्मणः संक्षयावहः । यो योगः पृथिवीपाल शृणु तस्यापि लक्षणम्' ॥ इति । विद्यारण्यैरपि जीवन्मुक्तावुक्तम्–"यथा प्रारब्धकर्म तत्त्वज्ञानात्प्रबलं तथा तस्मादपि कर्मणो योगाभ्यासः प्रबलः । अत एव योगिनामुद्दालकवीतहव्यादीनां स्वेच्छया देहत्याग उपपद्यते" इति । भागवतेऽप्युक्तम्–' देहं जह्यात्समाधिना ' इति ॥ ८२ ॥

भाषार्थ–फिर प्रतिदिन क्षणसे कुछ२ अभ्यास अधिक करै अर्थात् दो क्षण, तीन क्षण, काल एक २ दिनकी वृद्धिसे अभ्यासको बढाता रहै. अब विपरीतकरणीके गुणोंको कहते है कि, पूर्वोक्त प्रकारके करनेसे वलीपलित छः मासके अनंतर नहीं दीखते हैं अर्थात् यौवन अवस्था होजाती है और जो साधक प्रतिदिन प्रहरमात्र अभ्यास करता है वह मृत्युको जीतता है. इससे यह भी सूचित किया कि, योग प्रारब्धकर्मकाभी प्रतिबन्धक है सोई विष्णुधर्ममें कहा है कि, अपने देहके आरंभककर्मकाभी नाशक जो योग है हे पृथ्वीपाल ! उस योगको तू सुन और विद्यारण्यने जीवन्मुक्तिग्रंथमें यह कहा है कि, तत्त्वज्ञानसे प्रारब्धकर्म जैसे प्रबल है ऐसेही प्रारब्धकर्मसे योगाभ्यास प्रबल हैं इसीसे उद्दालक, वीतहव्य आदि योगियोंने अपनी इच्छासे देहका त्याग किया. भागवतमेंभी लिखा है कि, समाधिसे देहको त्यागै ।। ८२ ।।

अथ वज्रोलि ।

स्वेच्छया वर्तमानोऽपि योगोक्तैर्नियमैर्विना ॥
वज्रोलिं यो विजानाति स योगी सिद्धिभाजनम् ॥ ८३ ॥

वज्रोल्यां प्रवृत्तिं जनयितुमादौ तत्फलमाह–स्वेच्छयेति ॥ योऽभ्यासी वज्रोलीं वज्रोलीमुद्रां विजानाति विशेषेण स्वानुभवेन जानाति स योगी योगे योगशास्त्रे उक्ता योगोक्तास्तैर्योगोक्तैर्नियमैर्ब्रह्मचर्यादिभिर्विना ऋते स्वेच्छया निजेच्छया वर्तमानोऽपि व्यवहरन्नपि सिद्धिभाजनं सिद्धीनामणिमादीनां भाजनं पात्रं भवति ॥ ८३ ॥

भाषार्थ-वज्रोलीमुद्राकी प्रवृत्तिको उत्पन्न करनेके लिये प्रथम वज्रोलीके फलका वर्णन करते हैं कि, जो योगाभ्यासी वज्रोलीमुद्राको अपने अनुभवसे जानता है वह योगी योगशास्त्रमें कहेहुये नियमोंके विना अपनी इच्छाके अनुसार व्यवहार करताहुआभी अणिमा आदि सिद्धियोंका भोक्ता है अर्थात् ब्रह्मचर्य आदि नियमोंके विनाभी उसको सिद्धि प्राप्त होती है ॥ ८३ ॥

तत्र वस्तुद्वयं वक्ष्ये दुर्लभं यस्य कस्यचित् ॥
क्षीरं चैकं द्वितीयं तु नारी च वशवर्तिनी ॥ ८४ ॥

तत्साधनोपयोगि वस्तुद्वयमाह-तत्रेति ॥ तत्र वज्रोल्यभ्यासे वस्तुनोर्द्वयं वस्तुद्वयं वक्ष्ये कथयिष्ये। कीदृशं वस्तुद्वयं यस्यकस्यचित् यस्यकस्यापि धनहीनस्य दुर्लभं दुःखेन लब्धुं शक्यं दुःखेनापि लब्धुमशक्यमिति वा। 'दुःस्यात्कष्टनिषेधयोः' इति कोशात् ॥ किं तद्वस्तुद्वयमित्यपेक्षायामाह क्षीरमिति। एकं वस्तु क्षीरं पानार्थं मेहनानंतरमिंद्रियनैर्बल्यात्तद्बलार्थं क्षीरपानं युक्तम्। केचित्तु अभ्यासकाले आकर्षणार्थमित्याहुः। तस्यांतर्गतस्य घनीभावे निर्गमनासंभवात्तदयुक्तम्। द्वितीयं तु वस्तु वशवर्तिनी स्वाधीना नारी वनिता ॥ ८४ ॥

भाषार्थ-अब वज्रोलीमुद्राके साधक दो वस्तुओंका वर्णन करते हैं कि, उस वज्रोलीकी सिद्धिमें जिसकिसी निर्धन पुरुषको दुर्लभ जो दो वस्तु हैं उनको मैं कहता हूँ उन दोनोंमें एक दूध है और दूसरी वशवर्तिनी नारी है अर्थात् मैथुनके अनंतर निर्बल हुई इंद्रियोंकी प्रबलताके लिये दूधका पान योग्य है और कोई यह कहते हैं कि, अभ्यासकालमें आकर्षणाके लिये दूधका पान उत्तम है सो ठीक नहीं, क्योंकि अंतर्गत हुए दूधका आकर्षण नहीं हो सकता है ॥ ८४ ॥

मेहनेन शनैः सम्यगूर्ध्वाकुंचनमभ्यसेत् ॥
पुरुषोऽप्यथवा नारी वज्रोलीसिद्धिमाप्नुयात् ॥ ८५ ॥

वज्रोलीमुद्राप्रकारमाह-मेहनेनेति ॥ मेहनेन स्त्रीसंगानंतरं बिंदोः क्षरणेन साधनभूतेन पुरुषः पुमानथवा नार्यपि योषिदपि शनैर्मंदं सम्यक् यत्नपूर्वकमूर्ध्वाकुंचनमूर्ध्वमुपर्याकुंचनं मेढ्राकुंचनेन बिंदोरुपर्याकर्षणमभ्यसेद्वज्रोलीमुद्रासिद्धिमाप्नुयात्सिद्धिं गच्छेत् ॥ ८५ ॥

भाषार्थ-अब वज्रोलीमुद्राके प्रकारका वर्णन करते हैं कि, पुरुष अथवा स्त्री मेहन (बिंदुका झरना) से शनैः २ भलीप्रकार यत्नसे ऊपरको आकुंचध (संकोच) का अभ्यास

करे अर्थात् लिंग इंद्रियके आकुंचनसे बिंदुके ऊपर खींचनेका अभ्यास करे तो वज्रोलीमुद्रा सिद्धिको प्राप्त होती है ॥ ८५ ॥

यत्नतः शस्तनालेन फूत्कारं वज्रकंदरे ॥
शनैः शनैः प्रकुर्वीत वायुसंचारकारणात् ॥ ८६ ॥

अथ वज्रोल्याः पूर्वांगप्रक्रियामाह—यत्नत इति ॥ शस्तः प्रशस्तो यो नालस्तेन शस्तनालेन सीसकादिनिर्मितेन नालेन शनैः शनैर्मंदंमंदं यथाग्नेर्धमनार्थं फूत्कारः क्रियते तादृशं फूत्कारं वज्रकंदरे मेढ्रविवरे वायोः संचारः सम्यग्वज्रकंदरे चरणं गमनं तत्कारणात्तद्धेतोः प्रकुर्वीत प्रकर्षेण पुन पुनः कुर्वीत ॥ अथ वज्रोलीसाधनप्रक्रिया । सीसकनिर्मितां स्निग्धां मेढ्रप्रवेशयोग्यां चतुर्दशांगुलमात्रां शलाकां कारयित्वा मेढ्रे प्रवेशनमभ्यसेत् । प्रथमदिने एकांगुलमात्रां शलाकां प्रवेशयेत् । द्वितीयदिने द्व्यंगुलमात्रां तृतीयदिने त्र्यंगुलमात्राम् । एवं क्रमेण वृद्धौ द्वादशांगुलमात्रप्रवेश मेढ्रमार्गः शुद्धो भवति । पुनस्तादृशीं चतुर्दशांगुलमात्रां द्व्यंगुलमात्रवक्रामूर्ध्वमुखीं कारयित्वा तां द्वादशांगुलमात्रां प्रवेशयेत् । वक्रमूर्ध्वमुखं द्व्यंगुलमात्रं बहिःस्थापयेत् । ततः सुवर्णकारस्य अग्निधमनसाधनभूतनालसदृशं नालं गृहीत्वा तदग्रं मेढ्रप्रवेशितद्वादशांगुलस्य नालस्य वक्रोर्ध्वमुखद्व्यंगुलमध्ये प्रवेश्य फूत्कारं कुर्यात् । तेन सम्यक् मार्गशुद्धिर्भवति । ततो जलस्य मेढ्रेणाकर्षणमभ्यसेत् जलाकर्षणे सिद्धे पूर्वोक्तश्लोकरीत्या बिंदोरूर्ध्वाकर्षणमभ्यसेत् । बिंद्वाकर्षणे सिद्धे वज्रोलीमुद्रासिद्धिः इयं जितप्राणस्यैव सिध्यति नान्यस्य खेचरीमुद्राप्राणजयोभयसिद्धौ तु सम्यक् भवति ॥ ८६ ॥

भाषार्थ—अब वज्रोली मुद्राकी पूर्वाङ्ग क्रियाका वर्णन करतेहैं कि, सीसे आदिकी उत्तमनालीसे शनैः २ इसप्रकार लिंगके छिद्रमें वायुके संचार (भलीप्रकार प्रवेश) के लिये यत्नसे फूत्कारको करै. जैसे अग्निके प्रज्वलनार्थ फूत्कारको करते हैं । अब वज्रोलीकी साधनप्रक्रियाको कहते हैं कि, सीसेसे बनीहुई लिंगके प्रवेशके योग्य चौदह अंगुलकी शलाई बनवाकर उसके लिंगमें प्रवेशका अभ्यास करे । पहिले दिन एक अंगुलमात्र प्रवेश करे दूसरे दिन दो अंगुल मात्र और तीसरे दिन तीन अंगुलमात्र प्रवेश करै इसप्रकार क्रमसे वृद्धि करनेपर बारह अंगुल शलाकाके प्रवेश होनेके अनंतर लिंगका मार्ग शुद्ध होजाताहै फिर उसीप्रकारकी और चौदह अंगुलकी ऐसी शलाई बनवावे जो दो अंगुल टेढी हो और ऊर्ध्वमुखी हो उसकोभी बारह अंगुल भर लिंगके

छिद्रमें प्रवेश करे, टेढा और ऊर्ध्वमुख जो दो अंगुल मात्र है उसको बाहर रक्खे फिर सुनारके अग्निधमनेके नालकी सदृश नालको लेकर उस नालके अग्रभागको लिंगमें प्रवेश किये बारह अंगुलके नालका टेढा और ऊर्ध्वमुख दो अंगुल है उसके मध्यमें प्रवेश करके फूत्कार करे तिससे भलीप्रकार लिंगके मार्गकी शुद्धि होतीहै फिर लिंगसे जलके आकर्षणका अभ्यास करे जलके आकर्षणकी सिद्धि होनेपर पूर्वोक्तश्लोकमें कही हुई रीतिके अनुसार बिंदुके ऊपरको आकर्षणका अभ्यास करे बिंदुके ऊर्ध्व आकर्षणकी सिद्धि होनेपर वज्रोलीमुद्राकी सिद्धि होतीहै यह मुद्रा उस योगीको ही सिद्ध होतीहै जिसने प्राणवायुको जीत लियाहै अन्यको नहीं होती है और खेचरीमुद्रा और प्राणका जय होनेपर तो भलीप्रकार सिद्ध होतीहै । भावार्थ यह है कि, लिंगके छिद्रमें वायुके संचार करनेके लिये उत्तमनालसे शनैः २ यत्नपूर्वक फूत्कारको करे ॥ ८६ ॥

नारीभगे पतद्बिंदुमभ्यासेनोर्ध्वमाहरेत् ॥
चलितं च निजं बिंदुमूर्ध्वमाकृष्य रक्षयेत् ॥ ८७ ॥

एवं वज्रोल्यभ्यासे सिद्धे तदुत्तरं साधनमाह—नारीभग इति॥ नारीभगे स्त्रीयोनौ पततीति पतन् पतंश्चासौ बिंदुश्च पतद्बिंदुस्तं पतद्बिंदुं रतिकाले पतंतं बिंदुमभ्यासेन वज्रोलीमुद्राभ्यासेनोर्ध्वमुपर्याहरेदाकर्षयेत् । पतनात्पूर्वमेव । यदि पतनात्पूर्वं बिंदोराकर्षणं न स्यात्तर्हि पतितमाकर्षयेदित्याह चलितं चेति । चलितं नारीभगे पतितं निजं स्वकीयं बिंदुं चकारात्तद्रजः ऊर्ध्वमुपर्याकृष्याहृत्य रक्षयेत् स्थापयेत् ॥ ८७ ॥

भाषार्थ—अब वज्रोलीमुद्राकी सिद्धिके अनंतरका जो साधन है उसका वर्णन करते हैं कि, नारीके भग (योनि) में पडते हुये बिंदु (वीर्य) का अभ्याससे ऊपरको आकर्षण करे अर्थात् पडनेसे पूर्वही ऊपरको खींचले यदि पतनसे पूर्व बिंदुका आकर्षण न हो सके तो पतितहुये बिंदुका आकर्षण करे कि चलितहुआ अपना बिंदु और चकारसे स्त्रीका रज इनकी ऊपरको आकर्षण करके रक्षा करे अर्थात् मस्तकरूप जो वीर्यका स्थान है उसमें स्थापन करे ॥ ८७ ॥

एवं संरक्षयेद्बिंदुं मृत्युं जयति योगवित् ॥
मरणं बिंदुपातेन जीवनं बिंदुधारणात् ॥८८॥

वज्रोलीगुणानाह—एवमिति ॥ एवमुक्तरीत्या बिंदुं यः संरक्षयेत् सम्यक् रक्षयेत् स योगवित् योगाभिज्ञो मृत्युं जयत्यभिभवति। यतो बिंदोः

शुक्रस्य पातेन पतनेन मरणं भवति। बिंदोर्धारणं बिंदुधारणं तस्माद्बिंदुधारणाज्जीवनं भवति। तस्माद्बिंदुं संरक्षयेदित्यर्थः ॥ ८८ ॥

भाषार्थ–अब वज्रोलीके गुणोंका वर्णन करते हैं कि, इसप्रकार जो योगी बिंदुकी भली-प्रकार रक्षा करताहै योगका ज्ञाता वह योगी मृत्युको जीतताहै क्योंकि, बिंदुके पडनेसे मरण और बिंदुकी रक्षासे जीवन होताहै तिससे बिंदुकी रक्षा करै ॥ ८८ ॥

सुगंधो योगिनो देहे जायते बिंदुधारणात् ॥
यावद्बिंदुः स्थिरो देहे तावत्कालभयं कुतः ॥८९॥

सुगंध इति ॥ योगिनो वज्रोल्यभ्यासिनो देहे बिंदोः शुक्रस्य धारणं तस्मात्सुगंधः शोभनो गंधो जायते प्रादुर्भवति। देहे यावद्बिंदुः स्थिरस्तावत्कालभयं मृत्युभयं कुतः। न कुतोऽपीत्यर्थः ॥ ८९ ॥

भाषार्थ–वज्रोलीके अभ्यासकर्ता योगीके देहमें बिंदुके धारण करनेसे सुगंध होजाती है और देहमें जबतक बिंदु स्थिर है तबतक कालका भय कहां अर्थात् कालका भय नहीं रहताहै ॥ ८९ ॥

चित्तायत्तं नृणां शुक्रं शुक्रायत्तं च जीवितम् ॥
तस्माच्छुक्रं मनश्चैव रक्षणीयं प्रयत्नतः ॥ ९० ॥

चित्तायत्तमिति ॥ हि यस्मान्नृणां शुक्रं वीर्यं चित्तायत्तं चित्ते चले चलत्वाच्चित्ते स्थिरे स्थिरत्वाच्चित्ताधीनं जीवितं जीवनं शुक्रायत्तं शुक्रे स्थिरे जीवनाच्छुक्रे नष्टे मरणं शुक्राधीनं तस्माच्छुक्रं बिंदुं मनश्च मानसं च प्रकृष्टाद्यत्नादिति प्रयत्नतः रक्षणीयमेव। अवश्यं रक्षणीयमित्यर्थः। एवशब्दो भिन्नक्रमः ॥ ९० ॥

भाषार्थ–जिससे मनुष्योंका शुक्र (वीर्य) चित्तके आधीन है अर्थात् चित्तके चलायमान होनेपर चलायमान और चित्तके स्थिर होनेपर स्थिर होजाताहै इससे चित्तके वशीभूत है और मनुष्योंका जीवन शुक्रके आधीन है अर्थात् शुक्रकी स्थिरतासे जीवन और शुक्रकी नष्टतासे मरण होताहै इससे जीवन शुक्रके आधीन है तिससे शुक्र (बिंदु) और मनकी भली प्रकार यत्नसे रक्षा करै ॥ ९० ॥

ऋतुमत्या रजोऽप्येवं बीजं बिंदु च रक्षयेत् ॥
मेढ्रेणाकर्षयेदूर्ध्वं सम्यगभ्यासयोगवित् ॥ ९१ ॥

ऋतुमत्या इति। एवं पूर्वोक्तेनाभ्यासेन ऋतुर्विद्यते यस्याः सा ऋतुमती

तस्या ऋतुमत्या ऋतुस्नातायाः स्त्रियो रेतः निजं स्वकीयं बिंदुं च रक्षयेत्। पूर्वोक्ताभ्यासं दर्शयति मेढ्रेणेति। अभ्यासो वज्रोल्यभ्यासः स एव योगो योगसाधनत्वात्तं वेत्तीत्यभ्यासयोगवित् मेढ्रेण गुह्येंद्रियेण सम्यग्यत्नपूर्वकमूर्ध्वमुपर्याकर्षयेत् रजो बिंदुं चेति कर्माध्याहारः। अयं श्लोकः क्षिप्तः ॥ ९१ ॥

भाषार्थ-ऋतु हुआ है जिसके ऐसी स्त्रीके रज (वीर्य) की और अपने बिंदुकीभी इसी। पूर्वोक्त अभ्याससे रक्षा करे अर्थात् ऋतुस्नानके अनंतर रज और वीर्य दोनोकी रक्षा करे पूर्वोक्त अभ्यासकोही दिखाते हैं कि, वज्रोलीके अभ्यासरूप योगका ज्ञाता योगी लिंग इंद्रियसे रज और बिंदुका भलीप्रकार ऊपरको आकर्षण करे (खींचे) यह श्लोक क्षेपक है अर्थात् मूलका नहीं है ॥ ९१ ॥

सहजोलिश्चामरोलिर्वज्रोल्या भेद एकतः ॥
जले सुभस्म निक्षिप्य दग्धगोमयसंभवम् ॥ ९२ ॥

सहजोल्यमरोल्यौ विवक्षुस्तयोर्वज्रोलीविशेषत्वमाह-सहजोलिश्चेति। वज्रोल्या भेदो विशेषः सहजोलिरमरोलिश्च। तत्र हेतुः-एकतः एकत्वादेकफलत्वादित्यर्थः। एकशब्दाद्भावप्रधानात्पंचम्यास्तसिः। सहजोलिमाह जल इति। गोः पुरीषाणि गोमयानि दग्धानि च तानि गोमयानि च दग्धगोमयानि तेषु संभव उत्पत्तिर्यस्य तद्दग्धगोमयसंभवं शोभनं भस्म विभूतिः तत् जले तोये निक्षिप्य तोयमिश्रं कृत्वेत्युत्तरश्लोकेनान्वेति ॥ ९२ ॥

भाषार्थ-अब सहजोली और अमरोलीके मुद्राओंका वर्णन करते हैं कि, वज्रोलीमुद्राके भेदविशेषही सहजोली और अमरोली हैं, क्योंकि तीनोंका फल एक है उन दोनोंमें सहजोलीमुद्राका वर्णन करते हैं कि, दग्ध किये हुये गोमयोंका जो सुंदर भस्म है उसको जलमें डालकर अर्थात् जलमिश्रित उस भस्मको करे ॥ ९२ ॥

वज्रोलीमैथुनादूर्ध्वं स्त्रीपुंसोः स्वांगलेपनम् ॥
आसीनयोः सुखेनैव मुक्तव्यापारयोः क्षणात् ॥ ९३ ॥

वज्रोलीति ॥ वज्रोलीमुद्रार्थं मैथुनं तस्मादूर्ध्वमनंतरं सुखेनैवानंदेनैवासीनयोरुपविष्टयोः क्षणाद्रत्युत्सवान्मुक्तस्त्यक्तो व्यापारो रतिक्रिया याभ्यां तौ मुक्तव्यापारौ तयोर्मुक्तव्यापारयोः स्त्री च पुमांश्च स्त्रीपुंसौ तयोः स्त्रीपुंसोः स्वांगलेपनं शोभनान्यंगानि स्वांगानि मूर्धललाटनेत्रहृदयस्कंधभुजादीनि तेषु लेपनम् ॥ ९३ ॥

भावार्थ-वज्रोलीमुद्राकी सिद्धिके लिये किये हुए मैथुनके अनंतर आनंदसे बैठेहुये और उत्साहसे त्याग दिया है रतिका व्यापार जिन्होंने ऐसे स्त्री और पुरुष दोनों पूर्वोक्त भस्मको अपने मस्तक, शिर, नेत्र, हृदय, स्कंध, भुजा आदि अंगोंपर लेपन करे ॥ ९३ ॥

सहजोलिरियं प्रोक्ता श्रद्धेया योगिभिः सदा ॥
अयं शुभकरो योगो भोगयुक्तोऽपि मुक्तिदः ॥९४॥

सहजोलिरिति ॥ इयमुक्ता क्रिया सहजोलिरिति प्रोक्ता कथिता योगिभिर्मत्स्येंद्रादिभिः । कीदृशी सदा श्रद्धेया सर्वदा श्रद्धातुं योग्या । अयं सहजोल्याख्यो योग उपायः शुभकरः शुभं श्रेयः करोतीति शुभकरः । 'योग संहननोपायध्यानसंगतियुक्तिषु' इत्यभिधानात् । कीदृशो योगः भोगेन युक्तोऽपि मुक्तिदो मोक्षदः ॥ ९४ ॥

भावार्थ-यह पूर्वोक्त भस्मलेपनरूप क्रिया मत्स्येंद्र आदि योगीजनोंने सहजोलिमुद्रा कहा है और यह योगीजनोंको सदैव श्रद्धा करने योग्य है, यह सहजोलि नामका योग (उपाय) शुभकारी जानना और भोगसे युक्त भी यह योग मोक्षका दाता है ॥ ९४ ॥

अयं योगः पुण्यवतां धीराणां तत्त्वदर्शिनाम् ॥
निर्मत्सराणां सिध्येत न तु मत्सरशालिनाम् ॥९५॥

अयं योग इति ॥ अयमुक्तो योगः पुण्यं विद्यते येषां ते पुण्यवंतः सुकृतिनस्तेषां पुण्यवतां धीराणां धैर्यवतां तत्त्वं वास्तविकं पश्यंतीति तत्त्वदर्शिनस्तेषां तत्त्वदर्शिनां मत्सरान्निष्क्रान्ता निर्मत्सरास्तेषां निर्मत्सराणामन्यगुणद्वेषरहितानाम् । 'मत्सरोन्यगुणद्वेषः' इत्यमरः । तादृशानां पुंसां सिध्येत सिद्धिं गच्छेत् । मत्सरशालिनां मत्सरवतां तु न सिध्येत् ॥ ९५ ॥

भावार्थ-और यह सहजोलिरूप योग पुण्यवान् और धीर और तत्त्व (ब्रह्म) के जो द्रष्टा हैं और अन्यके गुणोंमें द्वेषरहित (निर्मत्सर) हैं ऐसे पुरुषोंकोही सिद्ध होता है और जो मत्सरी हैं अन्यके गुणोंमें द्वेष (वैर) के कर्ता हैं उनको सिद्ध नहीं होता है ॥ ९५ ॥

पित्तोल्वणत्वात्प्रथमांबुधारां विहाय निःसारतयांत्यधारा ॥ निषेव्यते शीतलमध्यधारा कापालिके खंडमतेऽमरोली ॥ ९६ ॥

अथामरोली ।

अमरोलीमाह-पित्तोल्वणत्वादिति ॥ पित्तेनोल्वणात्कटा पित्तोल्वण

तस्या भावःपित्तोल्वणत्वं तस्मात्। यथा प्रथमा पूर्वा यांऽबुनःशिवांबुनो धारा तां विहाय शिवांबुनिर्गमनसमये किंचित्पूर्वां धारां त्यक्त्वा निर्गतः सारो यस्याःसा निःसारा तस्या भावो निःसारता तया निःसारतया निःसारत्वेनांत्यधारा अन्त्या चरमा या धारा तां विहाय किंचिदंत्यां धारां त्यक्त्वा। शीतला पित्तादिदोषसारत्वरहिता या मध्यधारा मध्यमा धारा सा निषेव्यते नितरां सेव्यते। खंडो योगविशेषो मतोऽभिमतो यस्य स खंडमतस्तस्मिन् खंडमते कापालिकस्यायं कापालिकस्तस्मिन् कापालिके खण्डकापालिकसंप्रदाय इत्यर्थः। अमरोली प्रसिद्धेति शेषः ॥९६॥

भाषार्थ-अब अमरोलीमुद्राका वर्णन करते हैं कि, पित्त है उल्वण (अधिक) जिसमें ऐसी जो प्रथम शिवांबु (बिंदु) की धारा है उसको और नहीं है सार अंश जिसमें ऐसी जो अन्त्यधारा है उसको छोडकर अर्थात् पहली और पिछली धारोंको किंचित् २ त्यागकर पित्त आदि दोष और सारतासे रहित शीतल मध्य धाराका जिस रीतिसे नित्य सेवन (पान) कियाजाय वह क्रिया योगविशेष जो खंड उसके माननेवाले कापालिक मतमें अर्थात् खंडकापालिक मतमें अमरोली नामकी मुद्रा प्रसिद्ध है ॥ ९६ ॥

अमरीं यः पिबेन्नित्यं नस्यं कुर्वन्दिनेदिने ॥
वज्रोलीमभ्यसेत्सम्यगमरोलीति कथ्यते ॥ ९७ ॥

अमरीमिति॥अमरीं शिवांबु यः पुमान् नित्यं पिबेत्। नस्यं कुर्वन् श्वासेनामर्या घ्राणांतर्ग्रहणं कुर्वन् सन् दिनेदिने प्रतिदिनं वज्रोलीं'मेहनेन शनैः'इति श्लोकेनोक्तां सम्यगभ्यसेत्साऽमरोलीतिकथ्यते।कापालिकैरिति शेषः।अमरीपातामरी।नस्यपूर्विका वज्रोल्यमरोलीशब्देनोच्यत इत्यर्थः॥९७

भाषार्थ-जो पुरुष शिवांबुरुप अमरीको नासिकासे नित्य पीता है अर्थात् नासिकाके छिद्रद्वारा अमरीको अंतर्गत करता है और मैथुनसे प्रतिदिन वज्रोलीका भलीप्रकार अभ्यास करता है उस मुद्राको कापालिक अमरोली कहते हैं अर्थात् नासिकाके छिद्रसे पान की अमरी वज्रोलीके अनंतर अमरोली कहाती है ॥ ९७ ॥

अभ्यासान्निःसृतां चांद्रीं विभूत्या सह मिश्रयेत् ॥
धारयेदुत्तमांगेषु दिव्यदृष्टिः प्रजायते ॥ ९८ ॥

अभ्यासादिति ॥ अभ्यासादमरोल्यभ्यासान्निःसृतां निर्गतां चांद्रीं चंद्रस्येयं चांद्री तां चांद्रीं सुधां विभूत्या भस्मना सह साकं मिश्रयेत्संयोजयेत्। उत्तमांगेषु शिरःकपालनेत्रस्कंधकण्ठहृदयभुजादिषु धारयेत्।

भस्ममिश्रितां चांद्रीमिति शेषः । दिव्या अतीतानागतवर्तमानव्यवहित-विप्रकृष्टपदार्थदर्शनयोग्या दृष्टिर्यस्य स दिव्यदृष्टिर्दिव्यदृक् प्रजायते प्रकर्षेण जायते अमरीसेवनप्रकारविशेषाः शिवांबुकल्पादवगंतव्याः ॥९८॥

भाषार्थ-अमरोलीमुद्राके अभ्याससे निकसी जो चंद्रमाकी सुधा (अमृत) है उसको विभूति (भस्म) के संग मिलाकर शिर, कपाल, नेत्र, स्कंध, कंठ, हृदय, भुजा आदि उत्तम अंगोंमें धारण करै तो मनुष्य दिव्यदृष्टि होजाता हैं अर्थात् भूत, भविष्यत् , वर्तमान, व्यवहित और विप्रकृष्ट (दूर) के जो पदार्थ उनके देखनेयोग्य दृष्टि होजाती हैं और अमरीसेवनके विशेष भेद तो शिवांबुकल्पग्रंथसे जानने ॥ ९८ ॥

पुंसो बिंदु समाकुंच्य सम्यगभ्यासपाटवात् ॥
यदि नारी रजो रक्षेद्वज्रोल्या सापि योगिनी ॥९०॥

पुंसो वज्रोलीसाधनमुक्त्वा नार्यास्तदाह-पुंसो बिंदुमिति॥सम्यगभ्यासस्य सम्यगभ्यसनस्य पाटवं पटुत्वं तस्मात्पुंसः पुरुषस्य बिंदुं वीर्यं समाकुंच्य सम्यगाकृष्य नारी स्त्री यदि रजो वज्रोल्या वज्रोलीमुद्रया रक्षेत्। सापि नारी योगिनी प्रशस्तयोगवती ज्ञेया 'पुंसो बिंदुसमायुक्तम्' इति पाठे तु एतद्रजसो विशेषणम् ॥ ९९ ॥

भाषार्थ-पुरुषको वज्रोलीके साधनको कहकर नारीकी वज्रोलीके साधनको वर्णन करते हैं कि, भलीप्रकारसे कियेहुये अभ्यासकी चतुरतासे पुरुषके बिंदुका भलीप्रकार आकर्षण करके यदि नारी वज्रोलीमुद्रासे अपने रजकी रक्षा करै तो वह भी योगिनी जाननी (पुंसो बिंदुसमायुक्तं) यह पाठ होय तो यह अर्थ समझना कि, पुरुषके बिंदुसे युक्त अपने रजकी रक्षा करै तो वह नारी योगिनी होती है ॥ ९९ ॥

तस्याः किंचिद्रजो नाशं न गच्छति न संशयः ॥
तस्या शरीरे नादश्च बिंदुतामेव गच्छति ॥ १०० ।

नारीकृताया वज्रोल्याः फलमाह-तस्या इति ॥तस्या वज्रोल्यभ्यसनशीलाया नार्या रजः किंचित् किमपि स्वल्पमपि नाशं न गच्छति नष्टं न भवति पतनं न प्राप्नोतीत्यर्थः। अत्र संशयो न संदेहो न । तस्या नार्याः शरीरे नादश्च बिंदुतामेव गच्छति मूलाधारादुत्थितो. नादो हृदयोपरि बिंदुभावं गच्छति । बिंदुना सहैकीभवतीत्यर्थः । अमृतसिद्धौ-'बीजं च पौरुषं प्रोक्तं रजश्च स्त्रीसमुद्भवम् । अनयोर्बाह्ययोगेन सृष्टिः संजायते नृणाम् ॥यदाभ्यंतरयोगः स्यात्तदा योगीति गीयते । बिंदुश्चंद्रमयः प्रोक्तो

रजः सूर्यमयं तथा ॥ अनयोः संगमादेव जायते परमं पदम् । स्वर्गदो मोक्षदो बिंदुर्धर्मदोऽधर्मदस्तथा ॥ तन्मध्ये देवताः सर्वास्तिष्ठंते सूक्ष्मरूपतः' इति ॥ १०० ॥

भाषार्थ-अब नारीकी कीहुई वज्रोलीके फलको कहते हैं कि, वज्रोलीके अभ्यास करनेमें शीलवती उस नारीका किंचित् भी रज नष्ट नहीं होता है अर्थात् अपने स्थानसे पतित नहीं होता इसमें संशय नहीं है और उस नारीके शरीरमें नादभी बिंदुरूपको प्राप्त होजाता है अर्थात् मूलाधारसे उठाहुआ नाद हृदयके ऊपर बिंदुके संग एक होजाता है अमृतसिद्धि-ग्रंथमें लिखा है कि पुरुषके वीर्यको बीज और नारीके वीर्यको रज कहते हैं इन दोनोंका देहसे बाहर योग होनेसे मनुष्योंके संतान होती है यदि दोनोंका भीतरही योग होजाय तो वह योगी कहा जाता है उन दोनोंमें बिंदु चंद्रमय है और रज सूर्यमय है इन दोनोंके संगमसे परम पद होता है और यह बिंदु स्वर्ग, मोक्ष, धर्म और अधर्मका दाता है उस बिंदुके मध्यमें सूक्ष्मरूपसे संपूर्ण देवता टिकते हैं ॥ १०० ॥

स बिंदुस्तद्रजश्चैव एकीभूय स्वदेहगौ ॥
वज्रोल्यभ्यासयोगेन सर्वसिद्धिं प्रयच्छतः ॥१०१॥

स बिंदुरिति ॥ स पुंसो बिंदुस्तद्रजो नार्या रजश्चैव वज्रोलीमुद्राया अभ्यासो वज्रोल्यभ्यासः स एव योगस्तेनैकीभूय मिलित्वा स्वदेहगौ स्वदेहे गतौ सर्वसिद्धिं प्रयच्छतः दत्तः ॥ १०१ ॥

भाषार्थ-पुरुषका वह बिंदु और नारीका वह रज दोनों एक होकर वज्रोलीमुद्राके अभ्यासयोगसे यदि अपने देहहीमें स्थित रहजायँ तो संपूर्ण सिद्धियोंको देते हैं ॥१०१॥

रक्षेदाकुंचनादूर्ध्वं या रजः सा हि योगिनी ॥
अतीतानागतं वेत्ति खेचरी च भवेद् ध्रुवम् ॥१०२॥

रक्षेदिति ॥ या नार्याकुंचनाद्योनिसंकोचनादूर्ध्वमुपरिस्थाने नीत्वा रजो रक्षेत् । हीति प्रसिद्धं योगशास्त्रे । सा योगिन्यतीतानागतं भूतं भविष्यं च वस्तु वेत्ति जानाति ॥ ध्रुवमिति निश्चितम् । खेऽन्तरिक्षे चरतीति खेचर्यंतरिक्षचरी भवेत् ॥ १०२ ॥

भाषार्थ-जो नारी अपनी योनिके संकोचसे रजको ऊर्ध्वस्थानमें लेजाकर रजकी रक्षा करै वह योगिनी होती है और भूत, भविष्यत्, वर्तमान वस्तुको जान सकती है और यह निश्चित है कि वह खेचरी होती है अर्थात् उसको आकाशमें गमन करनेका सामर्थ्य होजाता है ॥ १०२ ॥

देहसिद्धिं च लभते वज्रोल्यभ्यासयोगतः ॥
अयं पुण्यकरो योगो भोगे भुक्तेऽपि मुक्तिदः ॥१०३॥

देहसिद्धिमिति ॥ वज्रोल्या अभ्यासस्य योगो युक्तिस्तस्माद्देहस्य सिद्धिं रूपलावण्यबलवज्रसंहननत्वरूपां लभते । अयं योगो वज्रोल्यभ्यासयोगः पुण्यकरोऽदृष्टविशेषजनकः । कीदृशो योगः भुज्यत इति भोगो विषयस्तस्मिन् भुक्तेऽपि मुक्तिदो मोक्षदः ॥ १०३ ॥

भावार्थ-और वज्रोलीके अभ्यासयोगसे रूप, लावण्य, वज्रोलीकी तुल्यतारूप देहकी सिद्धिको प्राप्त होती है और यह वज्रोलीके अभ्यासका योग पुण्यका उत्पादक है और भोगोंके भोगनेपर भी मुक्तिको देता है ॥ १०३ ॥

अथ शक्तिचालनम् ।

कुटिलांगी कुंडलिनी भुजंगी शक्तिरीश्वरी ॥
कुंडल्यरुंधती चैते शब्दाः पर्यायवाचकाः ॥१०४॥

शक्तिचालनं विवक्षुस्तदुपोद्घाततया कुंडलीपर्यायान् तथा मोक्षद्वारविभेदनादिकं चाह सप्तभिः-कुटिलांगीति ॥ कुटिलांगी १, कुंडलिनी २, भुजंगी ३, शक्तिः ४, ईश्वरी ५, कुण्डली ६, अरुंधती ७, चैते सप्त शब्दाः पर्यायवाचका एकार्थवाचकाः ॥ १०४ ॥

भाषार्थ-शक्तिचालनमुद्रा कहनेके अभिलाषी आचार्य कुंडलिनीके पर्याय और कुंडलिनीसे मोक्षद्वारविभेदन (खोलना) आदिका वर्णन करते हैं कि, कुटिलांगी १, कुंडलिनी २, भुजंगी ३, शक्ति ४, ईश्वरी ५, कुंडली ६, अरुंधती ७, ये सात शब्द पर्यायवाचक हैं अर्थात् सातोंका एकही अर्थ है ॥ १०४ ॥

उद्घाटयेत्कपाटं तु यथा कुंचिकया हठात् ॥
कुंडलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं विभेदयेत् ॥१०५॥

उद्घाटयेदिति ॥ यथा येन प्रकारेण पुमान् कुंचिकया कपाटार्गलोत्सारणसाधनीभूतया हठाद्बलात्कपाटमररमुद्घाटयेदुत्सारयेत् । हठादिति देहलीदीपकन्यायेनोभयत्र संबध्यते।तथा तेन प्रकारेण योगी हठाद्धठाभ्यासात्कुंडलिन्या शक्त्या मोक्षद्वारं मोक्षस्य द्वारं प्रापकं सुषुम्नामार्गं विभेदयेद्विशेषेण भेदयेत् । 'तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति' इति श्रुतेः ॥१०५॥

भाषार्थ-जैसे पुरुष कपाटों (किवाँड) के अर्गल (ताला) आदिको

हठ (बल) से कुंचिका (ताली) से उद्घाटन करता है, तिसीप्रकार योगीभी हठयोगके अभ्याससे कुंडलिनीमुद्राकेद्वारा अर्थात् मोक्षके दाता सुषुम्नाके मार्गको भेदन करता है क्योंकि श्रुतिमें लिखा है कि, सुषुम्ना मार्गसे ऊपर (ब्रह्मलोक) को जाता हुआ मोक्षको प्राप्त होता है ॥ १०५ ॥

येन मार्गेण गंतव्यं ब्रह्मस्थानं निरामयम् ॥
मुखेनाच्छाद्य तद्द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी ॥ १०६ ॥

येनेति ॥ आमयो रोगजन्यं दुःखं दुःखमात्रोपलक्षणं तस्मान्निर्गतं निरामयं दुःखमात्ररहितं ब्रह्मस्थानं ब्रह्माविर्भावजनकं स्थानं ब्रह्मस्थानं ब्रह्मरंध्रम्। 'तस्याः शिखाया मध्ये परमात्मा व्यवस्थितः' इति श्रुतेः। येन मार्गेण सुषुम्नामार्गेण गंतव्यं गमनार्हमस्ति तद्द्वारं तस्य मार्गस्य द्वारं प्रवेशमार्गं मुखेनास्येनाच्छाद्य रुद्ध्वा परमेश्वरी कुंडलिनी प्रसुप्ता निद्रितास्ति ॥ १०६ ॥

भाषार्थ-रोगसे उत्पन्न हुआ दुःखरूप आमय जिसमें नहीं है ऐसा ब्रह्मस्थान जिस मार्गसे जाने योग्य होता है अर्थात् जिसमार्गसे ब्रह्मस्थानको जाते हैं क्योंकि श्रुतिमें लिखाहै कि, उस सुषुम्नाकी शिखाके मध्यमें परमात्मा स्थित है उस सुषुम्ना मार्गके द्वारको मुखसे आच्छादन करके अर्थात् रोककर परमेश्वरी (कुंडलिनी) सोती है ॥ १०६ ॥

कंदोर्ध्वे कुंडली शक्तिः सुप्ता मोक्षाय योगिनाम् ॥
बंधनाय च मूढानां यस्तां वेत्ति स योगवित् ॥ १०७ ॥

कंदोर्ध्वमिति ॥ कुंडली शक्तिः कंदोर्ध्वे कंदस्योपरिभागे योगिनां मोक्षाय सुप्ता मूढानां बंधनाय सुप्ता। योगिनस्तां चालयित्वा मुक्ता भवंति। मूढास्तदज्ञानाद्बद्धास्तिष्ठंतीति भावः। तां कुंडलिनीं यो वेत्ति स योगवित्। सर्वेषां योगतंत्राणां कुंडल्याश्रयत्वादित्यर्थः ॥ १०७ ॥

भाषार्थ-कंदके ऊपरभागमें सोतीहुई कुंडलिनी योगीजनोंके मोक्षार्थ होती है और वह पूर्वोक्त कुण्डलिनी मूढोंके बन्धनार्थ होती है अर्थात् योगीजन कुण्डलिनीको चलाकर मुक्त होजाते हैं और उसके अज्ञानी मूढ बन्धनमें पडे रहते हैं उस कुण्डलिनीको जो जानता हैं वही योगका ज्ञाता है क्योंकि संपूर्ण योगके तंत्र कुण्डलिनीके अधीन हैं ॥ १०७ ॥

कुंडली कुटिलाकारा सर्पवत्परिकीर्तिता ॥
सा शक्तिश्चालिता येन स मुक्तो नात्र संशयः ॥ १०८ ॥

कुंडलीति ॥ कुंडली शक्तिः सर्पवद्भुजगवत्कुटिल आकारः स्वरूपं यस्याः सा कुटिलाकारा परिकीर्तिता कथिता योगिभिः । सा कुंडली शक्तिर्येन पुंसा चालिता मूलाधारादूर्ध्वं नीता स मुक्तोऽज्ञानबंधान्निवृत्तः। अत्रास्मिन्नर्थे संशयो न संदेहो नास्तीत्यर्थः । 'तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति' इति श्रुतेः ॥ १०८ ॥

भाषार्थ–योगीजनोंने जो सूर्यके समान कुटिल है आकार जिसका ऐसी कहीहै वह कुण्डली शक्ति जिसने चलादी है अर्थात् मूलाधारसे ऊपर पहुँचादी है वह मुक्त है अर्थात् बन्धनसे निवृत्त है इसमें संशय नहीं है क्योंकि पूर्वोक्त श्रुति है कि, उस सुषुम्नासे ऊपरको जाताहुआ योगी मोक्षको प्राप्त होता है ॥ १०८ ॥

गंगायमुनयोर्मध्ये बालरंडां तपस्विनीम् ॥
बलात्कारेण गृह्णीयात्तद्विष्णोः परमं पदम् ॥ १०९ ॥

गंगायमुनयोरिति ॥ गंगायमुनयोराधाराधेयभावेन तयोर्भावनाद्गंगायमुनयोरभेदेन भावनाद्वा गंगायमुने इडापिंगले तयोर्मध्ये सुषुम्नामार्गे तपस्विनी निरशनस्थितेः । बालरंडां बालरंडाशब्दवाच्यां कुंडलीं बलात्कारेण हठेन गृह्णीयात् । तत्तस्या गंगायमुनयोर्मध्ये ग्रहणं विष्णोर्हरेर्व्यापकस्यात्मनो वा परमं पदं परमपदप्रापकम् ॥ १०९ ॥

भाषार्थ–गंगा यमुना हैं आधार जिनके वा गंगा यमुनारूप जो इडा पिंगला नाडी हैं उनके मध्यसे अर्थात् सुषुम्नाके मार्गमें तपस्विनी अर्थात् भोजनरहित बालरण्डा हैं उसको बलात्कार (हठयोग) से ग्रहण करे वह कुण्डलीका जो बलात्कारसे ग्रहण है वही व्यापकरूप विष्णुके परमपदका प्रापक है ॥ १०९ ॥

इडा भगवती गंगा पिंगला यमुना नदी ॥
इडापिंगलयोर्मध्ये बालरंडा च कुंडली ॥ ११० ॥

गंगायमुनादिपदार्थमाह–इडेति ॥ इडा वामनिःश्वासा नाडी भगवत्यैश्वर्यादिसंपन्ना गंगा गंगापदवाच्या, पिंगला, दक्षिणनिःश्वासा यमुना यमुनाशब्दवाच्या नदी । इडापिंगलयोर्मध्ये मध्यगता या कुण्डली सा बालरंडा बालरंडाशब्दवाच्या ॥ ११० ॥

भषार्थ–अब गंगा यमुना आदि पदार्थोंका वर्णन करते हैं कि, इडा अर्थात् वामनिःश्वासकी नाडी भगवती गंगा कहाती हैं और पिंगलाके अर्थात् दक्षिणनिःश्वासकी नाडी यमुना नदी कहाती हैं और इडा और पिंगला मध्यसे वर्तमान जो कुण्डली है वह बालरण्डा कहाती है ॥ ११० ॥

पुच्छे प्रगृह्य भुजगीं सुप्तामुद्बोधयेच्च ताम् ॥
निद्रां विहाय सा शक्तिरूर्ध्वमुत्तिष्ठते हठात् ॥ १११ ॥

शक्तिचालनमाह-पुच्छे इति ॥ सुप्तां निद्रितां भुजंगीं तां कुंडलिनीं पुच्छे प्रगृहीत्वोद्बोधयेत्प्रबोधयेत्सा, शक्तिः कुंडली निद्रां विहाय हठादूर्ध्वंतिष्ठत इत्यन्वयः। एतद्रहस्यं तु गुरुमुखादवगंतव्यम् ॥ १११ ॥

भाषार्थ-अब शक्तिचालनमुद्राका वर्णन करतेहैं कि सोती हुई भुजगी (कुंडली) के पुच्छको ग्रहण करके उस भुजगीका प्रबोधन करे (जगावे) तो वह कुंडली निद्राको त्यागकर हठसे ऊपरको स्थित होजाती है इसका रहस्य (गुप्तक्रिया) गुरुमुखसे जानने योग्य है ॥ १११ ॥

अवस्थिता चैव फणावती सा प्रातश्च सायं प्रहरार्धमात्रम् ॥
प्रपूर्य सूर्यात्परिधानयुक्त्या प्रगृह्य नित्यं परिचालनीया ११२

अवस्थिता इति ॥ अवस्थितावाक् स्थिता मूलाधारास्थिता फणावती भुजंगी सा कुंडलिनीं सूर्यादापूर्य सूर्यात्पूरणं कृत्वा परिधाने युक्तिस्तया परिधानयुक्त्या प्रगृह्य गृहीत्वा। सायं सूर्यास्तसमये प्रातः सूर्योदयवेलायां नित्यमहरहः प्रहरस्य यामस्यार्धं प्रहरार्धं प्रहरार्द्धमेव प्रहरार्धमात्रं परिचालनीया परितश्चालयितुं योग्या। परिधानयुक्तिर्देशिकाद्बोध्या ॥ ११२ ॥

भाषार्थ-नीचे मूलाधारमें स्थित वह फणावती कुंडलिनी सूर्यसे पूरण करनेके अनंतर परिधानमें जो युक्ति है उससे ग्रहण करके सायंकाल और प्रातःकालके समय प्रतिदिन आधे प्रहर पर्यंत चारों तर्फ चालन करने योग्य है परिधानकी युक्ति गुरुमुखसे जाननी चाहिये ॥ ११२ ॥

ऊर्ध्वं वितस्तिमात्रं तु विस्तारं चतुरंगुलम् ॥
मृदुलं धवलं प्रोक्तं वेष्टितांबरलक्षणम् ॥ ११३ ॥

कंदसंपीडनेन शक्तिचालनं विवक्षुरादौ कंदस्य स्थानं स्वरूपं चाह-ऊर्ध्वमिति ॥ मूलस्थानाद्वितस्तिमात्रं वितस्तिप्रमाणमूर्ध्वमुपरिनाभिमेढ्रयोर्मध्ये। एतेन कंदस्य स्थानमुक्तम्। तथा चोक्तं गोरक्षशतके-"ऊर्ध्वं मेढ्रादधो नाभेः कंदयोनिः खगांडवत्। तत्र नाड्यः समुत्पन्नाः सहस्राणां द्विसप्ततिः" इति। याज्ञवल्क्यः-"गुदात्तु द्व्यंगुलादूर्ध्वं मेढ्रात्तु द्व्यंगुलादधः। देहमध्यं तनोर्मध्यमनुजानामितीरितम् ॥

कंदस्थानं मनुष्याणां देहमध्यान्नवांगुलम् । चतुरंगुलविस्तारमायामं च तथाविधम् ॥ अंडाकृतिवदाकारभूषितंच त्वगादिभिः । चतुष्पदां तिरश्चां च द्विजानां तुंदमध्यगम् " इति । गुदाद्व्यंगुलोपर्येकांगुलं मध्यं तस्मान्नवांगुलं कंदस्थानं मिलित्वा द्वादशांगुलप्रमाणं वितस्तिमात्रं जातम् । चतुर्णामंगुलीनां समाहारश्चतुरंगुलं चतुरंगुलप्रमाणं विस्तारम् विस्तारो दैर्घ्यस्याप्युपलक्षणम् । चतुरंगुलं दीर्घं च मृदुलं कोमलं धवलं शुभ्रं वेष्टितं वेष्टनाकारीकृतं यदंबरं वस्त्रं तस्य लक्षणं स्वरूपमिव लक्षणं स्वरूपं यस्य तादृशं प्रोक्तं कथितम् । कंदस्वरूपं योगिभिरिति शेषः ॥ ११३ ॥

भावार्थ-कंदके पीडनेसे शक्तिचालनके कथनाभिलाषी आचार्य प्रथम कंदके स्थान और स्वरूपका वर्णन करते हैं कि, मूलस्थानसे वितस्तिभर ऊपर अर्थात् नाभिस्थल और लिंगके मध्यमें इसवर्णनसे कंदका स्थान कहा सोई गोरक्षनाथने कहाहै कि लिंगसे ऊपर और नाभिसे नीचे पक्षियोंके अंडेके समान कंदकी योनि है उसमें बहत्तर सहस्र नाडी उत्पन्नहुई हैं. याज्ञवल्क्यने कहाहै कि, गुदासे दो अंगुल ऊपर लिंगसे दो अंगुल नीचे मनुष्योंके देह (तनु) का मध्य कहा है मनुष्योंका कंदस्थान देहके मध्यसे नौअंगुल ऊपर चार अंगुल चौडा और चार अंगुल लंबा है और त्वचा आदिसे अंडाकारके समान शोभित है और चतुष्पद और तिरछी योनियोंके और पक्षियोंके तुंद मध्यमें होताहै अर्थात् गुदाके दो अंगुलोंसे ऊपर एक अंगुलका मध्य और उससे नौ अंगुल कंदस्थान हुआ. ये सब मिलकर बारह अंगुलका प्रमाण जिसका ऐसा वितस्तिमात्र हुआ और वह कंदस्थान चार अंगुल और कोमल और धवल और वेष्टित किये (लपेटे) वस्त्रके समान है रूप जिसका ऐसा योगीजनोंने कहाहै । भावार्थ यह है कि, मूलस्थानसे ऊपर वितस्तिमात्र चार अंगुलभर कोमल शुक्ल लपेटे हुये वस्त्रके समान कंदस्थान योगीजनोंने कहा है ॥११३ ॥

सति वज्रासने पादौ कराभ्यां धारयेद्दृढम् ॥
गुल्फदेशसमीपे च कंदं तत्र प्रपीडयेत् ॥११४॥

सतीति ॥ वज्रासने कृते सति कराभ्यां हस्ताभ्यां गुल्फौ पादग्रन्थी तयोर्देशौ तयोः समीपे गुल्फाभ्यां किंचिदुपरि । ' तद्ग्रन्थी घुटिके गुल्फौ'इत्यमरः।पादौ चरणौ दृढं गाढं धारयेत् गृह्णीयात्। चकारा-द्धृताभ्यां पादाभ्यां तत्र कंदस्थाने कंदं प्रपीडयेत्प्रकर्षेण पीडयेत्। गुल्फा-

दूर्ध्वं कराभ्यां पादौ गृहीत्वा नाभेरधोभागे कंदं पीडयेदित्यर्थः ॥११४॥

भाषार्थ-वज्रासन करनेके अनंतर हाथोंसे गुल्फोंके समीपके स्थानमें दोनों चरणोंको दृढतासे धारण करै अर्थात् गुल्फोंके कुछेक ऊपरके भागमें चरणोंको हाथोंसे खूब पकडे और हाथोंसे पकडे हुये पादोंसे कंदके स्थानमें कंदको पीडित करै अर्थात् गुल्फसे ऊपर पादोंको हाथोंसे पकडकर नाभिके अधोभागमें कंदको पीडित करै (दाबै) ॥ ११४ ॥

वज्रासने स्थितो योगी चालयित्वा च कुंडलीम्॥
कुर्यादनंतरं भस्त्रां कुंडलीमाशु बोधयेत् ॥ ११५ ॥

वज्रासन इति॥वज्रासने स्थितो योगी कुंडलीं चालयित्वा शक्तिचालनमुद्रां कृत्वेत्यर्थः। अनंतरं शक्तिचालनानंतरं भस्त्रां भस्त्राख्यं कुंभकं कुर्यात्। एवंरीत्या कुंडलीं शक्तिमाशु शीघ्रं बोधयेत्प्रबुद्धां कुर्यात्। वज्रासने शक्तिचालनस्य पूर्वं विधानेऽपि पुनर्वज्रासनोपपादनं शक्तिचालनानंतरं भस्त्रायां वज्रासनमेव कर्तव्यमिति नियमार्थम् ॥११५॥

भाषार्थ-वज्रासनमें स्थित (बैठाहुआ) योगी कुंडलीको चलाकर अर्थात् शक्तिचालन मुद्राको करके उसके अनंतर अर्थात् शक्तिचालनके पीछे भस्त्रानामके कुंभक प्राणायामको करै, इसरीतिसे कुंडलीका शीघ्र प्रबोधन करे यद्यपि वज्रासनमें शक्तिका चालन पहिले कह आयेहैं फिर जो वज्रासनका कथन है वह इसनियमके लिये है कि, शक्तिचालनके अनंतर भस्त्रामें वज्रासनही करना, अन्य नहीं ॥ ११५ ॥

भानोराकुंचनं कुर्यात्कुंडलीं चालयेत्ततः॥
मृत्युवक्त्रगतस्यापि तस्य मृत्युभयं कुतः॥ ११६ ॥

भानोरिति॥भानोर्नाभिदेशस्थस्य सूर्यस्याकुंचनं कुर्यात्। नाभेराकुंचनेनैव तस्याकुंचनं भवति। ततो भानोराकुंचनात्कुंडलीं शक्तिं चालयेत्। एवं यः करोति मृत्योर्वक्त्रं मुखं गतस्यापि प्राप्तस्यापि तस्य पुंसो मृत्युभयं कालभयं कुतः। न कुतोऽपीत्यर्थः॥ ११६॥

भाषार्थ-नाभिदेशमें स्थित सूर्यका आकुंचन करे और वह सूर्यका आकुंचन नाभिके आकुंचनसेही होताहै, फिर सूर्यके आकुंचनसे कुण्डली शक्तिका चालन करै, जो योगी इसप्रकारकी क्रियाको करताहै मृत्युके मुखमें गये हुयेभी उस योगीको कालका भय किसप्रकार हो सकताहै ? अर्थात् मृत्युका भय नहीं रहता ॥ ११६ ॥

मुहूर्तद्वयपर्यंतं निर्भयं चालनादसौ ॥
ऊर्ध्वमाकृष्यते किंचित्सुषुम्नायां समुद्गता ॥ ११७॥

मुहूर्तद्वयमिति॥मुहूर्तयोर्द्वयं युग्मं घटिकाचतुष्टयात्मकं तत्पर्यंतं तदवधि निर्भयं निःशंकं चालनादसौ शक्तिः सुषुम्नायां समुद्गता सती किंचिदूर्ध्वमाकृष्यते आकृष्टा भवति ॥ ११७ ॥

भाषार्थ-दो मुहूर्त अर्थात् चार घडीपर्यंत निर्भय (अवश्य) चलायमान करनेसे सुषुम्नामें प्राप्त हुई यह शक्ति (कुण्डली) किंचित् (कुछ) ऊपरको खिंच जातीहै ॥ ११७ ॥

तेन कुंडलिनी तस्याः सुषुम्नायां मुखं ध्रुवम् ॥
जहाति तस्मात्प्राणोऽयं सुषुम्नां व्रजति स्वतः॥ ११८ ॥

तेनेति॥तेनोर्ध्वमाकर्षणेन कुंडली तस्याःप्रसिद्धायाः सुषुम्नाया मुखं प्रवेशमार्गं ध्रुवं निश्चितं जहाति त्यजति। तस्मान्मार्गत्यागादयं प्राणवायुः स्वतःस्वयमेव सुषुम्नां व्रजति गच्छति । सुषुम्नामुखात्प्रागेव कुण्डलिन्या निर्गतत्वादिति भावः ॥ ११८ ॥

भाषार्थ-तिस ऊपरको आकर्षण करनेसे उस प्रसिद्ध सुषुम्नाके मुख अर्थात् प्रवेशके मार्गको निश्चयसे त्याग देतीहै तिसमार्गके त्यागसे प्राणवायु स्वतः (स्वयं) ही सुषुम्नामें प्रविष्ट होजाताहै क्योंकि, कुण्डलिनी तो सुषुम्नाके मुखपरसे पहिलेही चली गई, अवरोधके अभाव होनेसे प्राणका स्वयंही प्रवेश होजाताहै ॥ ११८ ॥

तस्मात्संचालयेन्नित्यं सुखसुप्तामरुंधतीम् ॥
तस्याः संचालनेनैव योगी रोगैः प्रमुच्यते ॥ ११९ ॥

तस्मादिति॥यस्माच्छक्तिचालनेन प्राणःसुषुम्नां व्रजति तस्मात्सुखेन सुप्ता सुखसुप्ता तां सुखसुप्तामरुंधतीं शक्तिं नित्यं प्रतिदिनं संचालयेत्सम्यक् चालयेत् । तस्याः शक्तेः संचालनेनैव संचालनमात्रेण योगी रोगैः कासश्वासजरादिभिः प्रमुच्यते प्रकर्षेण मुक्तो भवति ॥ ११९ ॥

भाषार्थ-जिससे शक्तिके चालनसे प्राण सुषुम्नामें प्राप्त होताहै तिससे सुखसे सोई हुई अरुंधती (कुंडलिनी) को नित्य भलीप्रकार चलायमान करै क्योंकि तिसशक्तिके चलायमान करनेसेही रोगी कास श्वास जरा आदि रोगोंसे निवृत्त होजाताहै ॥ ११९ ॥

येन संचालिता शक्तिः स योगी सिद्धिभाजनम् ॥
किमत्र बहुनोक्तेन कालं जयति लीलया ॥ १२० ॥

येनेति ॥ येन योगिना शक्तिः कुण्डली संचालिता स योगी सिद्धीनामणिमादीनां भाजनं पात्रं भवति। अत्रास्मिन्नर्थे बहूक्तेन बहुप्रशंसनेन किं, न किमपीत्यर्थः। कालं मृत्युं लीलया क्रीडयानायासेनैव जयत्यभिभवतीत्यर्थः ॥ १२० ॥

भाषार्थ-जिसयोगीने शक्ति चलायमान करली है वह योगी अणिमा आदि सिद्धियोंका पात्र होजाताहै और इसमें अधिक कहनेसे क्या है कालकोभी लीलासे अर्थात् अनायाससे जीत लेताहै ॥ १२० ॥

ब्रह्मचर्यरतस्यैव नित्यं हितमिताशिनः ॥
मंडलाद्दृश्यते सिद्धिः कुंडल्यभ्यासयोगिनः ॥१२१॥

ब्रह्मचर्येति ॥ ब्रह्मचर्यं श्रोत्रादिभिः सहोपस्थसंयमस्तस्मिन् रतस्य तत्परस्य नित्यं सर्वदा हितं पथ्यं मितं चतुर्थांशवर्जितमश्नातीति तस्य कुण्डल्यभ्यासः शक्तिचालनाभ्यासः स एव योगः सोऽस्यास्तीति स तथा तस्य मंडलाच्चत्वारिंशद्दिनात्मकादनंतरं सिद्धिः प्राणायामसिद्धिर्दृश्यते ॥ "नासादक्षिणमार्गवाहिपवनात्प्राणोऽतिदीर्घीकृतश्चंद्राभः परिपूरितामृततनुः प्राग्घंटिकायास्ततः। छित्त्वा कालविशालवह्निवशगं भ्रूरंध्रनाडीगतं तत्कायं कुरुते पुनर्नवतरं छिन्नं ध्रुवं स्कंधवत्॥"॥१२१॥

भाषार्थ-श्रोत्र आदि इंद्रियोंसहित लिंगके संयममें तत्पर जो योगी है और नित्य हितकारी प्रमित अर्थात् चतुर्थांशसे न्यून भोजन करताहै शक्तिचालनके अभ्यासी उस योगीको मंडल (४० दिन) के अनन्तर प्राणायामकी सिद्धिको देखतेहैं सोई कहा है कि, नासिकाके दक्षिणमार्गमें बहनेवाले पवनसे अत्यंत बढाया और घंटिका (कण्ठ) से पूर्व चंद्रमाके समान अमृत है शरीर जिसका ऐसा प्राण जिसके अनंतर विशालकाल और अग्नि ये वशमें हुई उसकुण्डलीके अभ्यासशील योगीकी कायाको भ्रुकुटीके छिद्रमें वर्तमान नाडीमें पहुँचकर और कायाका छेदन करके इस प्रकार पुनः अत्यन्त नवीन करताहै जैसे छेदन करनेसे वृक्षका स्कंध (डाला) नवीन होजाता है ॥ १२१ ॥

कुंडलीं चालयित्वा तु भस्त्रां कुर्याद्विशेषतः ॥
एवमभ्यसतो नित्यं यमिनो यमभीः कुतः ॥ १२२ ॥

कुंडलीमिति ॥ कुंडलीं चालयित्वा शक्तिचालनं कृत्वा। अथानंतरमेव भस्त्रां भस्त्राख्यं कुंभकं कुर्यात्। नित्यं प्रतिदिनम्। एवमुक्तप्रकारे-

मुहूर्तद्वयपर्यंतं निर्भयं चालनादसौ ॥
ऊर्ध्वमाकृष्यते किंचित्सुषुम्नायां समुद्गता ॥ ११७ ॥

मुहूर्तद्वयमिति॥मुहूर्तयोर्द्वयं युग्मं घटिकाचतुष्टयात्मकं तत्पर्यंतं तदवधि निर्भयं निःशंकं चालनादसौ शक्तिः सुषुम्नायां समुद्गता सती किंचिदूर्ध्वमाकृष्यते आकृष्टा भवति ॥ ११७ ॥

भाषार्थ-दो मुहूर्त अर्थात् चार घडीपर्यंत निर्भय (अवश्य) चलायमान करनेसे सुषुम्नामें प्राप्त हुई यह शक्ति (कुण्डली) किंचित् (कुछ) ऊपरको खिंच जातीहै ॥ ११७ ॥

तेन कुंडलिनी तस्याः सुषुम्नायां मुखं ध्रुवम् ॥
जहाति तस्मात्प्राणोऽयं सुषुम्नां व्रजति स्वतः॥ ११८ ॥

तेनेति॥तेनोर्ध्वमाकर्षणेन कुंडली तस्याःप्रसिद्धायाः सुषुम्नाया मुखं प्रवेशमार्गं ध्रुवं निश्चितं जहाति त्यजति। तस्मान्मार्गत्यागादयं प्राणवायुः स्वतःस्वयमेव सुषुम्नां व्रजति गच्छति । सुषुम्नामुखात्प्रागेव कुण्डलिन्या निर्गतत्वादिति भावः ॥ ११८ ॥

भाषार्थ-तिस ऊपरको आकर्षण करनेसे उस प्रसिद्ध सुषुम्नाके मुख अर्थात् प्रवेशके मार्गको निश्चयसे त्याग देतीहै तिसमार्गके त्यागसे प्राणवायु स्वतः (स्वयं) ही सुषुम्नामें प्रविष्ट होजाताहै क्योंकि, कुण्डलिनी तो सुषुम्नाके मुखपरसे पहिलेही चली गई, अवरोधके अभाव होनेसे प्राणका स्वयंही प्रवेश होजाताहै ॥ ११८ ॥

तस्मात्संचालयेन्नित्यं सुखसुप्तामरुंधतीम् ॥
तस्याः संचालनेनैव योगी रोगैः प्रमुच्यते ॥ ११९ ॥

तस्मादिति॥यस्माच्छक्तिचालनेन प्राणःसुषुम्नां व्रजति तस्मात्सुखेन सुप्ता सुखसुप्ता तां सुखसुप्तामरुंधतीं शक्तिं नित्यं प्रतिदिनं संचालयेत्सम्यक् चालयेत् । तस्याः शक्तेः संचालनेनैव संचालनमात्रेण योगी रोगैः कासश्वासजरादिभिः प्रमुच्यते प्रकर्षेण मुक्तो भवति ॥ ११९ ॥

भाषार्थ-जिससे शक्तिके चालनसे प्राण सुषुम्नामें प्राप्त होताहै तिससे सुखसे सोई हुई अरुंधती (कुंडलिनी) को नित्य भलीप्रकार चलायमान करै क्योंकि तिसशक्तिके चलायमान करनेसेही रोगी कास श्वास जरा आदि रोगोंसे निवृत्त होजाताहै ॥ ११९ ॥

येन संचालिता शक्तिः स योगी सिद्धिभाजनम् ॥
किमत्र बहुनोक्तेन कालं जयति लीलया ॥ १२० ॥

येनेति ॥ येन योगिना शक्तिः कुण्डली संचालिता स योगी सिद्धीनामणिमादीनां भाजनं पात्रं भवति । अत्रास्मिन्नर्थे बहूक्तेन बहुप्रशंसनेन किं, न किमपीत्यर्थः । कालं मृत्युं लीलया क्रीडयानायासेनैव जयत्यभिभवतीत्यर्थः ॥ १२० ॥

भाषार्थ-जिसयोगीने शक्ति चलायमान करली है वह योगी अणिमा आदि सिद्धियोंका पात्र होजाताहै और इसमें अधिक कहनेसे क्या है कालकोभी लीलासे अर्थात् अनायाससे जीत लेताहै ॥ १२० ॥

ब्रह्मचर्यरतस्यैव नित्यं हितमिताशिनः ॥
मंडलाद्दृश्यते सिद्धिः कुंडल्यभ्यासयोगिनः ॥१२१॥

ब्रह्मचर्येति ॥ ब्रह्मचर्यं श्रोत्रादिभिः सहोपस्थसंयमस्तस्मिन् रतस्य तत्परस्य नित्यं सर्वदा हितं पथ्यं मितं चतुर्थांशवर्जितमश्नातीति तस्य कुण्डल्यभ्यासः शक्तिचालनाभ्यासः स एव योगः सोऽस्यास्तीति स तथा तस्य मंडलाच्चत्वारिंशद्दिनात्मकादनंतरं सिद्धिः प्राणायामसिद्धिर्दृश्यते ॥ "नासादक्षिणमार्गवाहिपवनात्प्राणोऽतिदीर्घीकृतश्चंद्राभः परिपूरितामृततनुः प्राग्घंटिकायास्ततः । छित्त्वा कालविशालवह्निवशगं भ्रूरंध्रनाडीगतं तत्कायं कुरुते पुनर्नवतरं छिन्नं ध्रुवं स्कंधवत् ॥" ॥१२१॥

भाषार्थ-श्रोत्र आदि इंद्रियोंसहित लिंगके संयममें तत्पर जो योगी है और नित्य हितकारी प्रमित अर्थात् चतुर्थांशसे न्यून भोजन करताहै शक्तिचालनके अभ्यासी उस योगीको मंडल (४० दिन) के अनन्तर प्राणायामकी सिद्धिको देखतेहैं सोई कहा है कि, नासिकाके दक्षिणमार्गमें बहनेवाले पवनसे अत्यंत बढाया और घंटिका (कण्ठ) से पूर्व चंद्रमाके समान अमृत है शरीर जिसका ऐसा प्राण जिसके अनंतर विशालकाल और अग्नि ये वशमें हुई उसकुण्डलीके अभ्यासशील योगीकी कायाको भ्रुकुटीके छिद्रमें वर्तमान नाडीमें पहुँचकर और कायाका छेदन करके इस प्रकार पुनः अत्यन्त नवीन करताहै जैसे छेदन धरनेसे वृक्षका स्कंध (डाला) नवीन होजाता है ॥ १२१ ॥

कुंडलीं चालयित्वा तु भस्त्रां कुर्याद्विशेषतः ॥
एवमभ्यसतो नित्यं यमिनो यमभीः कुतः ॥ १२२ ॥

कुंडलीमिति ॥ कुंडलीं चालयित्वा शक्तिचालनं कृत्वा । अथानंतरमेव भस्त्रां भस्त्राख्यं कुंभकं कुर्यात् । नित्यं प्रतिदिनम् । एवमुक्तप्रकारे-

णाभ्यसतो यमिनो योगिनो यमभीर्यमाद्भयं कुतः । न कुतोऽपीत्यर्थः । योगिनो देहत्यागस्य स्वाधीनत्वादिति तात्पर्यम् ॥ १२२ ॥

भाषार्थ-कुण्डलीको चलायमान करके उसके अनन्तरही विशेषकर भस्त्रानामके कुम्भकप्राणायामको करै, इसप्रकार प्रतिदिन अभ्यास करताहुआ जो यमी (योगी) है उसको यमका भय कहां रहताहै, क्योंकि योगीके देहका त्याग अपने अधीन होताहै ॥ १२२ ॥

द्वासप्ततिसहस्राणां नाडीनां मलशोधने ॥
कुतः प्रक्षालनोपायः कुंडल्यभ्यसनादृते ॥ १२३ ॥

द्वासप्ततीति ॥ द्वाभ्यामधिका सप्ततिः द्वासप्ततिसंख्याकानि सहस्राणि द्वासप्ततिसहस्राणि तेषां तत्संख्याकानां नाडीनां मलशोधने कर्तव्ये सति कुण्डल्यभ्यसनाच्छक्तिचालनाभ्यासादृते विना कुतः प्रक्षालनोपायः । न कुतोऽपि । शक्तिचालनाभ्यासेनैव सर्वासां नाडीनां मलशोधनं भवतीत्यभिप्रायः ॥ १२३ ॥

भाषार्थ-बहत्तर सहस्र नाडियोंकी मलशुद्धिके करनेमें शक्तिचालनके विना प्रक्षालन (धोना) का अन्य कौन उपाय है अर्थात् कोई नहीं है, शक्तिचालनमुद्राके करनेसेही संपूर्ण नाडियोंके मलकी शुद्धि होती है ॥ १२३ ॥

इयं तु मध्यमा नाडी दृढाभ्यासेन योगिनाम् ॥
आसनप्राणसंयाममुद्राभिः सरला भवेत् ॥ १२४ ॥

इयं त्विति ॥ इयं मध्यमा नाडी सुषुम्ना योगिनां दृढाभ्यासेनासनं स्वस्तिकादि प्राणसंयामः प्राणायामः मुद्रा महामुद्रादिका तैः सरला ऋज्वी भवेत् ॥ १२४ ॥

भाषार्थ-यह सुषुम्नारूप मध्यमनाडी योगियोंके दृढअभ्याससे स्वस्तिक आदि आसन प्राणायाम और महामुद्रा इनके करनेसे सरल होजाती है ॥ १२४ ॥

अभ्यासे तु विनिद्राणां मनो धृत्वा समाधिना ॥
रुद्राणी वा यदा मुद्रा भद्रां सिद्धिं प्रयच्छति ॥ १२५ ॥

अभ्यास इति ॥ समाधिनेतरवृत्तिनिरोधरूपेणैकाग्र्येण मनो धृत्वांतःकरणं धारणानिष्ठं कृत्वाभ्यासे मनःस्थितौ यत्ने विगता निद्रा येषां ते तथा तेषाम् । निद्रापदमालस्योपलक्षणम् । अनलसानामित्यर्थः । रुद्राणी शांभवी मुद्रा वा अथवा परान्या उन्मन्यादिका भद्रां शुभां सिद्धिं योगसिद्धिं प्रयच्छति ददाति । एतेन हठयोगोपकारको राजयोगः प्रोक्तः ॥ १२५ ॥

भाषार्थ-अन्यविषयोंसे वृत्तिके रोकनेसे चित्तकी एकाग्रतारूप समाधिसे मनको धारणामें स्थित करके अभ्यास करनेमें जो निद्रा और आलस्यसे रहित हैं उनको शांभवी मुद्रा वा अन्यउन्मनी आदि मुद्रा शोभन योगसिद्धिको देती हैं इससे यह कहा कि, हठयोग राजयोगका उपकारक है ॥ १२५ ॥

राजयोगं विना पृथ्वी राजयोगं विना निशा ॥
राजयोगं विना मुद्रा विचित्रापि न शोभते ॥ १२६ ॥

राजयोगं विना आसनादीनां वैयर्थ्यमौपचारिकश्लेषेणाह-राजयोगमिति॥वृत्त्यंतरनिरोधपूर्वकात्मगोचरधारावाहिकनिर्विकल्पकवृत्ती राजयोगः। 'हठं विना राजयोगः' इत्यत्र सूचितस्तत्साधनाभ्यासो वा तं विना तमृते पृथ्वीशब्देन स्थैर्यगुणःराजयोगादासनं लक्ष्यते। राजयोगं विना परमपुरुषार्थफलासिद्धिरिति हेतुरग्रेऽपि योजनीयः राजयोगं विना निशेव निशा कुंभको न राजते निशायां प्रायेण राजजनसंचाराभावात्। निशाशब्देन प्राणसंचाराभावलक्षणः कुंभको लक्ष्यते। राजयोगं विना मुद्रा महामुद्रादिरूपा विचित्रापि विविधापि विलक्षणापि वा न राजते न शोभते। पक्षांतरे। राज्ञो नृपस्य योगो राजयोगो राजसंबंधस्तं विना पृथ्वी भूमिर्न राजते।'शास्तारं विना भूमौ नानोपद्रवसंभवात्'। राजा चन्द्रः। 'सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां राजा' इति श्रुतेः। तस्य योगं संबंधं विना निशा रात्रिर्न राजते। राजयोगं विना नृपसंबंधं विना मुद्रा राजभिः पत्रेषु क्रियमाणश्चिह्नविशेषः। विचित्रापि। पृथ्वीपक्षे रत्नादिजनकत्वेन विलक्षणापि। निशापक्षे ग्रहनक्षत्रादिभिर्विचित्रापि। मुद्रापक्षे रेखाभिर्विचित्रापि न राजते ॥ १२६ ॥

भाषार्थ-अब राजयोगके विना आसन आदिकी निष्फलताको उपचारसे वर्णन करते हैं कि, अन्यवृत्तियोंको रोककर आत्मविषयक जो धारावाहिक निर्विकल्प मनकी वृत्ति उसे राजयोग कहते हैं और वह राजयोग-'हठके विना राजयोग वृथा है' इस वचनमें सूचित कर आये हैं उस राजयोगके वा उसके साधनोंके विना पृथ्वी (स्थिरता) शोभित नहीं होतीहै यहां पृथ्वीशब्दसे स्थिरता और राजयोगपदसे आसन लेना अर्थात् राजयोगके विना परमपुरुषार्थ (मोक्ष) रूप मोक्ष नहीं होसकता. यह हेतु आगेभी सम्पूर्ण वाक्योंमें समझना और राजयोगके विना निशा शोभित नहीं होती अर्थात् निशाके समान कुंभकप्राणायाम शोभित नहीं होता है, क्योंकि जैसे निशामें राजपुरुषोंका संचार नहीं होता है इसीप्रकार कुंभकमें प्राणोंका संचार नहीं होताहै इससे निशापदसे कुंभक लेते हैं और राज-

योगके विना विचित्र भी मुद्रा अर्थात् अनेक प्रकारकी वा विलक्षण महामुद्रा आदि मुद्रा शोभित नहीं होतीहै। पक्षांतरमें इस श्लोकका यह अर्थ है कि, राजाके संबन्ध विना रत्न आदिके उत्पन्न करनेवालीभी पृथ्वीकी शोभा नहीं है क्योंकि राजाकी शिक्षाके विना नाना-उपद्रव भूमिमें होते हैं और राजा (चन्द्रमा) के सम्बन्ध विना ग्रहनक्षत्रोंसे विचित्रभी निशाकी शोभा नहीं होती है इस श्रुतिसे यहां राजपदसे चन्द्रमा लेते हैं कि, 'सोम हम ब्राह्मणोंका राजाहै' और राजाके योगविना मुद्राकी शोभा नहीं अर्थात् रेखा आदिसे विचित्रभी मुद्रा राजाके हाथसे किये हुये चिह्नविशेषरूप राजसम्बन्धके विना ग्रहण करने योग्य नहीं होती है ॥ १२६ ॥

मारुतस्य विधिं सर्वं मनोयुक्तं समभ्यसेत ॥
इतरत्र न कर्तव्या मनोवृत्तिर्मनीषिणा ॥ १२७ ॥

मारुतस्येति॥मारुतस्य वायोः सर्वं विधिं कुंभकमुद्राविधानं मनोयुक्तं मनसा युक्तं समभ्यसेत्सम्यगभ्यसेत्। मनीषिणा बुद्धिमता पुंसा इतरत्र मारुतस्य विधेरन्यस्मिन्विषये मनोवृत्तिर्मनसो वृत्तिः प्रवृत्तिर्न कर्तव्या न कार्या ॥ १२७ ॥

भाषार्थ-प्राणवायुकी जो कुंभकमुद्रा आदि संपूर्ण विधि है उसकी मनसे युक्त होकर (मन लगाकर) भलीप्रकार अभ्यास करे और प्राणवायुकी विधिसे अन्य जो विषय उनमें मनकी प्रवृत्तिको न करै ॥ १२७ ॥

इति मुद्रा दश प्रोक्ता आदिनाथेन शंभुना ॥
एकैका तासु यमिनां महासिद्धिप्रदायिनी ॥ १२८ ॥

मुद्रा उपसंहरति॥इतीति॥आदिनाथेन सर्वेश्वरेण शंभुना शं सुखं भवत्यस्मादिति शंभुस्तेन। इत्युक्तरीत्या दश दशसंख्याका मुद्राः प्रोक्ताः कथिताः। तासु मुद्रासु मध्ये एकैकापि प्रत्येकमपि या काचन मुद्रा यमिनां यमवतां योगिनां महासिद्धिप्रदायिन्यणिमादिप्रदात्री वा॥१२८॥

भाषार्थ-अब मुद्राओंकी समाप्तिका वर्णन करते हैं कि, आदिनाथ, (महादेव) ने ये दश मुद्रा कही हैं उन मुद्राओंमें एक २ भी मुद्रा (प्रत्येक) अर्थात् जो कोई मुद्रा योगीजनोंको अणिमा आदि महासिद्धियोंकी प्रदायिनी (देनेवाली) है ॥ १२८ ॥

उपदेशं हि मुद्राणां यो दत्ते सांप्रदायिकम् ॥
स एव श्रीगुरुः स्वामी साक्षादीश्वर एव सः ॥ १२९ ॥

मुद्रोपदेष्टारं गुरुं प्रशंसति-उपदेशमिति ॥ य पुमान्मुद्राणां महामुद्रादीनां संप्रदायाद्योगिनां गुरुपरंपरारूपादागतं सांप्रदायिकमुपदेशं दत्ते ददाति। स एव स पुमानेव श्रीगुरुः श्रीमान् गुरुः सर्वगुरुभ्यः श्रेष्ठ इत्यर्थः। स्वामी प्रभुः स एव साक्षात्प्रत्यक्ष ईश्वर एव सः। ईश्वराभिन्न एव स इत्यर्थः ॥ १२९ ॥

भाषार्थ-सांप्रदायिक (योगियों गुरुपरम्परासे चले आये) महामुद्रा आदिके उपदेशको जो पुरुष देता है वही श्रीमान् गुरु अर्थात् सब गुरुओंमें श्रेष्ठ है और वही स्वामी अर्थात् प्रभु है और वही साक्षात् परमेश्वरस्वरूप है ॥ १२९ ॥

तस्य वाक्यपरो भूत्वा मुद्राभ्यासे समाहितः ॥
अणिमादिगुणैः सार्धं लभते कालवंचनम् ॥ १३० ॥

इति श्रीस्वात्मारामयोगींद्रविरचितायां हठप्रदीपिकायां मुद्राविधानं नाम तृतीयोपदेशः ॥ ३ ॥

तस्येति ॥ तस्य मुद्राणामुपदेष्टुर्गुरोर्वाक्यपरो वाक्यमासनकुंभकाद्यनुष्ठान विषयकं युक्ताहारविहारचेष्टादिविषयकं च तस्मिन् परस्तत्परः तत्परश्चादरवान्। आदरश्च विहिततपःकरणं भूत्वा संभूय मुद्राणां महामुद्रादीनामभ्यासः पौनःपुन्येनावर्तनं तस्मिन् मुद्राभ्यासे समाहितः सावधानः पुरुषोऽणिमादिगुणैरणिमादिसिद्धिभिः सार्धं साकं कालस्य मृत्योर्वंचनं प्रतारणं लभते प्राप्नोति ॥ १३० ॥

इति श्रीहठप्रदीपिकाव्याख्यायां ब्रह्मानंदकृतायां ज्योत्स्नाभिधायां मुद्राकथनं नाम तृतीयोपदेशः ॥ ३ ॥

भाषार्थ-तिन मुद्राओंके उपदेशकर्ता गुरुके वाक्यमें अर्थात् आसन कुंभक आदिके अनुष्ठान विषयकी और युक्ताहार विहारकी चेष्टा आदि विषयोंकी आज्ञामें तत्पर (आदरवान्) और शास्त्रोक्त तप करनेरूप उस आदरके अनंतर बारंबार महामुद्रा आदिके अभ्यासमें सावधान होकर मनुष्य अणिमा आदि सिद्धियों सहित कालके वंचनको प्राप्त होता है अर्थात् उसको सिद्धि और कालसे निर्भयता ये दोनों प्राप्त होते हैं ॥ १३० ॥

इति श्रीस्वात्मारामयोगींद्रविरचितायां हठयोगप्रदीपिकायां पं० मिहरचंद्रकृतभाषाविवृतिसहितायां मुद्राविधानं नाम तृतीयोपदेशः समाप्तः ॥ ३ ॥

मत्स्येन्द्रनाथ ने मरण-निर्मुक्ति को योग की मुख्य साधना स्वीकार की है और इसके दर्जनों उपायों का उल्लेख 'कौलज्ञाननिर्णय' में किया गया है।

मृत्युञ्जयत्व की आगमिक एवं यौगिक विधि—

तान्त्रिक योग एवं समस्त आगमिक परम्परा में इस सूत्र को सर्वत्र स्वीकार किया गया है कि—

यत्किंचित् स्रवते चन्द्रादमृतंदिव्यरूपिणः।
तत्सर्वं ग्रसतेसूर्यस्तेन पिण्डो जरायुतः ।।[1]

अर्थात् सहस्रारस्थ शशाङ्क से जो पीयूष प्रवाहित होता है उसे मूलाधारस्थ सूर्य पी जाता है। यह पिण्ड को प्राप्त नहीं हो पाता। इसी कारण पिण्ड जरा-मरण द्वारा अभिशप्त है। नाभिदेश में जो दहनात्मक सूर्य है वह अमृतात्मा चन्द्रमा से अमृत छीनकर पी जाया करता है—

१. नाभिदेशे स्थितो नित्यं भास्करो दहनात्मकः।
अमृतात्मा स्थितो नित्यं तालुमूले च चन्द्रमाः ॥

२. वर्षत्यधोमुखश्चन्द्रो ग्रसत्यूर्ध्वमुखो रविः।
करणं तच्च कर्तव्यं येन पीयूषमाप्यते।
तत्रास्ति करणं दिव्यं सूर्यस्य मुख वञ्चनम् ॥[2]

३. **पवन के लय से मृत्यु पर विजयः (बन्धन से पवन-विजय)**

अनेनैव विधानेन प्रयाति पवनो लयम्।
ततो न जायते मृत्युजरारोगादिकं तथा ॥ (हठ० ३।७५)

विपरीतकरणी मुद्रा से भानु ऊपर एवं चन्द्रमा नीचे हो जाता है अतः चान्द्र पीयूष सूर्य को नहीं मिल पाता—

'ऊर्ध्वनाभरधस्तालोरुर्ध्वं भानुरधः शशी।
करणी विपरीताख्या गुरुवाक्येन लभ्यते ॥[3]

परिणाम—

'वलितं पलितं चैव षण्मासोर्ध्वं न दृश्यते।
याममात्रं तु यो नित्यमभ्यसेत्स तु कालिजित ॥ (८२)

४. **वज्रोलीमुद्रा**—बिन्दु रक्षा अमरत्व, वज्रोली मुद्रा भी बिन्दु को क्षरण से अवरुद्ध करके साधक को अमृतत्व प्रदान कराती है। इसके विषय में 'हठयोग प्रदीपिका में ३ वस्तुओं की आवश्यकता बताई गई है—१. वशवर्तिनी नारी, २. क्षीर, ३. साधक का संयत मन वज्रोली मुद्रा के अभ्यास से योगी मृत्यु पर विजय प्राप्त कर लेता है—

---

१. हठयोग प्रदीपिका (३।७१)
२. हठयोग प्रदीपिका (३।७८)
३. हठयोग प्रदीपिका (३।७९)

एवं संरक्षयेद्विन्दुं मृत्युं जयति योगवित् ।
मरणं बिन्दुपातेन जीवन बिन्दु धारणात् ॥[1]
यावद्विन्दुः स्थिरो देहे तावत्कालभयं कुतः ?[2]

शुक्र तो चित्तायत्त हुआ करता है और जीवन शुक्रायत्त हुआ करता है—

'चित्तायत्तं नृणां शुक्रं शुक्रायत्तं च जीवितम् ।
तस्माच्छुक्रं मनश्चैव रक्षणीयं प्रयत्नतः ॥ (३।९०)

वज्रोली की प्रक्रिया—

'नारीभगे पतद्विन्दुमभ्यासेनोर्ध्वमाहरेत् ।
चलितं च निजं बिन्दुमूर्ध्वमाकृष्य रक्षयेत् ॥ ८७ ॥

रतिकर्म के समय स्खलित बिन्दु को भी योगी जननेन्द्रिय से ऊपर खींच लेता है और उसे आकर्षित करके ऊपर स्थिर कर लेता है ।

इस साधना में निरत व्यक्ति गृहस्थ होकर भी योगी/योगिनी है—

'पुंसो बिन्दुं समाकुञ्च्य सम्यगभ्यासपाटवात् ।
यदि नारी रजो रक्षेद्वजोल्या सापि योगिनी । (हठ० ३।९९)
रक्षेदाकुञ्चनादूर्ध्वं या रजः सा हि योगिनी ॥ (हठ० ३।१०२)

बिन्दुरक्षण

१.नाद की बिन्दु मे परिणति	२.देहसिद्धि	३.सर्वसिद्धियो	४.परमपद की प्राप्ति
तस्याः शरीरे नादश्च बिन्दुतामेव गच्छति (हठ० ३।१००)		स बिन्दुस्तद्रजश्चैव एकीभूय स्वदेहगौ वज्रोल्याभ्यास योगेन सर्वसिद्धिं प्रयच्छतः (हठ० ३।१०१)	चन्द्रात्मक बिन्दु का सूर्यात्मक रज के साथ संयोग होने से परमपद की प्राप्ति होती है । (अमृतसिद्धि)

परमपद की प्राप्ति—

बिन्दुश्चन्द्रमयः प्रोक्तो रजः सूर्यमय तथा ।
अनयोः संगमादेव जायते परमं पदम् ॥ (अमृत सिद्धि)

देह सिद्धि—

देहसिद्धिं च लभते वज्रोल्यभ्यास योगतः ।
अयं पुण्यकरो योगोभोगे भुक्तेऽपि मुक्तिदः ॥

हठयोग प्रदीपिका (३।१०३)

१. हठयोग प्रदीपिका (३।८८)
२. हठयोग प्रदीपिका (३।८९)

Scanned by CamScanner

[९] * **कुण्डलिनी योग और उसकी साधना** *

मनुष्य के **'नाड़ी-केन्द्र'** के ऊर्ध्व में आठ फेंटे लगाकर स्थित, मुख से ब्रह्मद्वार को रोककर अवस्थित तथा स्वयंभूलिंग को वेष्टित करके विद्यमान जो प्रसुप्ता परमेश्वरी **'मूलाधार चक्र'** में विश्राम कर रही है, उसका ही नाम है **'कुण्डलिनी'**। उसे **'वह्नियोग'** से प्रबुद्ध करके सुषुम्णा में स्थित षट्चक्रों एवं ग्रंथित्रय का भेदन कराते हुए साधक का उसे सहस्रारस्थ शिव से मिलाना (सामरस्य कराना) ही **कुण्डलिनी योग की साधना है।** यह **'कुलाकुलयोग'** ही (शिव-शक्ति-सामरस्य ही) **कुण्डलिनी योग की साधना** है। इसी सामरस्य से योगी **'मोक्ष'** पाता है—

'कुण्डलिन्या तथा योगी **मोक्षद्वारं प्रभेदयेत्।।**' 'शक्तिचालनी**मुद्रा**' **'भस्त्रिका-प्राणायाम'** **'वज्रासन'** आदि साधन कुलशक्ति के प्रबोधन के प्रधान साधन हैं।

[१०] * **कुण्डलिनी शक्ति के व्यापार** *

कुण्डलिनी की सुषुप्ति ही जीवों का बन्धन है एवं उसको जागृत करके उसको अकुल से मिलाना ही जीवों की भुक्ति है। अतः 'कुण्डलिनी' मूढ़ों के लिए बन्धनकारिणी एवं योगियों के लिए मोक्षदा है—

'कुन्दोर्ध्वं कुण्डली शक्तिरष्टधा कुण्डलाकृतिः।
बन्धनाय च मूढानां योगिनां मोक्षदा स्मृता।।'

मुद्राभ्यास—मुक्ति प्राप्त करने के साधनों में **मुद्राभ्यास** भी महत्वपूर्ण है—

'स योगी भुक्तिभाजनम् ।।'

मुख्य मुद्राएँ हैं—**'महामुद्रा'** **'नभोमुद्रा'** **'उड्डियान'** **'जालन्धर'** एवं **'मूलबन्ध'**। **'खेचरी मुद्रा'** का अपना विशिष्ट महत्व है।

[११] **अमृतपान एवं 'खेचरीमुद्रा'**—

'कालवञ्चन', **'अमृतत्व की प्राप्ति'**, **'पिण्डपदसमरसीकरण'**, 'निरुत्थान' ही **नाथ-योग के मुख्य लक्ष्य हैं।**

Scanned by CamScanner

[१२] * **बिन्दु-साधना (बिन्दुयोग)** *—

योगी गोरक्षनाथ कहते हैं कि—'बिन्दुमूलं शरीरं तु शिरास्तत्र प्रतिष्ठिता:।'' समस्त शरीर बिन्दु' पर ही तो अवस्थित है, अत:—

'मरणं **बिन्दुपातेन,** जीवनं बिन्दुधारणात् ॥''

बिन्दु के पतन को रोकने के लिए **'खेचरी मुद्रा'** (जिह्वा को उलट कर कण्ठमूल में ले जाना) अत्यन्त सहायक है। **जब तक बिन्दु रक्षित** है मृत्यु संभव नहीं है—

'ब्रह्मचर्येण देवा: मृत्युमुपाघ्नत।' (वेद)
'यावद् बिन्दु: स्थितो देहे तावन्मृत्युभयं कुत:?'

'खेचरीमुद्रा' 'नभोमुद्रा' एवं 'वज्रोली'—की साधना से बिन्दु का अध:पतन होता ही नहीं। अत: ये साधनायें आवश्यक हैं। बिन्दु का ऊर्ध्वीकरण एवं 'उर्ध्वरितसत्व' ही ब्रह्मचर्य-साधना या **बिन्दु-साधना का प्राथमिक लक्ष्य** है। बिन्दुजय से अमृतत्व एवं अनेक सिद्धियों की प्राप्ति **द्वितीय लक्ष्य** है। ब्रह्मत्व-साक्षात्कार एवं समरसीकरण तथा मोक्षाप्ति **अन्तिम लक्ष्य** है।

'बिन्दु' और उसके भेद—'बिन्दु' के दो भेद हैं—

(१) 'पाण्डुर बिन्दु (२) 'लोहित बिन्दु'।
(शुक्र) (महाराज)

(१) शुक्र का स्थान : यह चन्द्रस्थान में स्थित है। **'बिन्दु' शिव** है। बिन्दु **'चन्द्र'** है।

(२) रज का स्थान : यह नाभि में स्थित 'रज' **शक्ति** है। रज **'रवि'** है।

* इन **दोनों की एकता** अत्यन्त दुर्लभ है। इन दोनों के संगम से **'परमपद'** की प्राप्ति होती है। *

वायु के द्वारा शक्ति का चालन करने से जब महारज ऊर्ध्वमुख होकर एवं बिन्दु से मिलकर एक हो जाता है और तब शरीर दिव्य हो जाता है। बिन्दु-साधना से परमपद की प्राप्ति होती है—'उभयो: सङ्गमादेव प्राप्यते परमं पदम् ।'

* **बिन्दु-साधना मोक्ष का साधन है।** *

[१३] * **ओंकार की साधना** *

एकान्त स्थान में सम्यक रीति से **पद्मासनस्थ** होकर, **कण्ठ एवं शिर को समसूत्र में रखकर, नासाग्रभाग** पर **दृष्टि** रखकर **ओंकार का जप** करना चाहिए—

कुण्डलिनी-योग—अपनी सुषुप्त शक्ति को जाग्रत किये बिना या पाताल की '**शक्ति**' को स्वर्ग (मुक्ति) लोक के '**शक्तिमान्**' (अकुल) से समरस किये बिना मुक्ति एवं अपने '**स्व**' **का पूर्ण विकास** संभव नहीं है।

प्राणायाम—कुण्डलिनी-साधना के विधान में गोरक्षनाथ ने प्रथम साधन प्राणायाम को स्वीकार किया है। ('वज्रासन' में बैठकर) एवं बालिस्तभर लम्बे एवं चार अंगुल चौड़े कोमल श्वेत वस्त्र से नाभि को वेष्टित करके **शक्तिचालन युक्ति** से वायु का कुम्भक करना चाहिए।

अष्टकुण्डलकुण्डलित कुण्डलिनी को सीधा करने हेतु **प्राणवायु का आकुञ्चन** करना चाहिए। इसके बाद **कुण्डली का चालन** करना चाहिए।

१५ दिनों तक '**वज्रासन**' से बैठकर '**शक्तिचालिनी मुद्रा**' का अभ्यास करना चाहिए।

---

१. योगबीज (७२)
२. योगबीज (८७)

प्राण-संयमन से वायु तप्त हो उठती है और इस वायु से प्रज्वलित अग्नि कुण्डलिनी को प्रतप्त कर देती है। इससे व्याकुल होकर 'कुण्डलिनी शक्ति' सुषुम्णा के मुख में प्रवेश कर जाती है और वज्रदण्ड में वायु तथा अग्नि के साथ प्रवेश करके 'ब्रह्मग्रंथि' का भेदन करके रुद्रग्रंथि में प्रविष्ट हो जाती है। फिर कुंभक के सिद्ध होने पर (१) सूर्यभेद, उज्जायी, शीतली एवं भस्त्रिका का अभ्यास करना चाहिए। ये चार प्रकार के कुंभक प्राणायाम हैं। बंधत्रयक से युक्त केवल प्राणायाम से योग साधना सिद्ध हो जाती है।[१]

प्राणायाम के ८ भेद हैं—उनमें (१) सूर्यभेदन (२) उज्जायी (३) शीतलीकरण एवं (४) भस्त्रा प्राणायाम से कुण्डलिनी जाग उठती है।

(१) 'सूर्यभेद'→उदर के वायु विकार का नाश, गले के दोषों का अन्त, शरीर में कान्ति-वृद्धि, अग्नि-वृद्धि, शिर के रोग, जलोदर एवं धातुगत रोग नष्ट हो जाते हैं।

(२) 'उज्जायी'→चलते-फिरते, रुकते उज्जायी का अभ्यास करना चाहिए।

(३) शीतलीकरण→पित्त एवं ज्वर का नाश।

(४) 'भस्त्रा'→वात, पित्त, कफ का नाश। इससे कुण्डलिनी जागृत होती है, वह टेढ़ी से सीधी हो जाती है, ग्रंथि त्रय का भेदन होता है और ब्रह्मनाड़ी के मुख पर कफ रूप अवरोध का नाश होता है।

बंध-साधना—बंधों में (१) मूल बन्ध (२) उड्डियान (३) जालन्धर प्रधान हैं। उनका अभ्यास करना चाहिए। (१) मूल बन्ध से—प्राण एवं अपान वायु + नाद बिन्दु में एकता आती है।

(२) **उड्डियान**—(कुंभक के आदि एवं रेचक के अन्त में करणीय बंध) सुषुम्णा में बद्धप्राण ऊपर की ओर उड़ता है।—वृद्ध भी तरुण हो जाता है। ६ माह के निरन्तराभ्यास से प्राण का वशीकरण एवं इच्छामृत्यु की प्राप्ति होती है।

(३) '**जालन्धर बंध**'(पूरकान्त में अवश्य करणीय)—वायु मार्ग का निरोध, हृदय में वायु का अवरोध। यह बन्ध **अमृतस्वरूप** है और इससे प्राण '**ब्रह्मनाड़ी**' में प्रविष्ट हो जाता है।

कुण्डली-साधना—प्रथमतः योगी को (१) वज्रासन में बैठना चाहिए। फिर (२) कुण्डलिनी का चालन करना चाहिए। (३) फिर भस्त्रा प्राणायाम द्वारा उसे शीघ्र प्रबोधित करना चाहिए।

Scanned by CamScanner

१. योगबीज (१००)

"वज्रासनस्थितो योगी चालयित्वा तु कुण्डलीम्।
कुर्यादनन्तरं भस्त्रां कुण्डलीमाशु बोधयेत्।।"

इस साधना से मेरुदण्ड में वायु से, ग्रंथियों का भेदन होता है। इससे मेरुदण्ड में खुजली होती है। यथा चींटी के चढ़ने-सी प्रतीत होती है। उसके बाद **'रुद्रग्रंथि'** का भेदन होता है। अत: शिवात्मकता प्राप्त होती है। अन्त में **शिवशक्ति समागम** से परम स्थिति प्राप्त होती है।

'शिवशक्तिसमायोगाज्जायते परमा स्थिति:।।'

जैसे हाथी सूँड़ से पानी खींचता है, वैसे ही **सुषम्णा नाड़ी पवन को अपने भीतर खींचती है। मेरुदण्ड में २१ मणि स्थित हैं। सुषुम्णा मोक्षमार्ग है।** सुषुम्णा में सूर्य-चन्द्र (पिंगला-इड़ा) के निबन्धन से **काल पर भी विजय** प्राप्त हो जाती है। **'पश्चिमद्वार'** (सुषुम्णा) में वायु-प्रवेश करायें। इससे वायु समस्त शरीर में प्रविष्ट हो जाती है। इसमें 'पूरक' 'रेचक' दोनों का अन्त हो जाता है। यही है **'नाथ सङ्केत'** या **'सिद्धसङ्केत'।**

प्राण एवं चित्त का सम्बंध

(१) यदि चित्त प्राण में लयीभूत हुआ तो—

(२) चित्त में प्राण का भी लय हो जाता है।

(३) जिसके प्राण एवं चित्त में सामरस्य स्थापित नहीं हुआ उसका शास्त्र एवं गुरु एवं उसकी आत्मप्रतीति सभी निष्फल हैं—

'चित्तं हि नष्टं यदि मारुते स्यात्,
तत्र प्रतीतो मरुतोऽपि नाश:।
न चेदिदं स्यान्न तु तस्य शास्त्रं,
नात्मप्रतीतिर्न गुरुर्न मोक्ष:'

उसे 'मोक्ष' भी कभी नहीं प्राप्त हो सकता।

योगाभ्यास और 'ब्रह्मनाड़ी'—

(१) निरन्तर अभ्यासयोग से **'ब्रह्मनाड़ी'** समस्त धातुओं को अपनी ओर आकृष्ट करती है।

(२) **आसन-बन्ध-अभ्यास योग** से **'चित्त'** प्राण **में विलीन** हो जाता है। अत: **बिन्दु अधोगामी नहीं हो पाता।**

(३) अनेक **नादों की उत्पत्ति होती है।**

(४) भूख, प्यास आदि दोषों का अन्त हो जाता है।

योगी **सच्चिदानन्द स्वरूप में प्रतिष्ठित** हो जाता है।

Scanned by CamScanner

'काकमत' की सर्वोच्च श्रेष्ठता—गोरक्षनाथ कहते हैं कि 'काकमत' से श्रेष्ठतर कोई नहीं है—

(१) 'तस्मात्**काकमतान्नास्ति** त्वभ्यासारव्य मतः परम्।।'

(२) बिना **कर्म** के योगसिद्धि नहीं प्राप्त होती—

'न कर्मणा विना देवि ! योगसिद्धिः प्रजायते।।'

(३) **लयादि योग**-साधन के बिना भी सिद्धि नहीं मिलती—

(४) पूर्वजन्म-कृत अभ्यास से शीघ्र सिद्धि मिलती है—

'पूर्वजन्मकृताभ्यासात्सत्वरं फलमश्नुते।।'

इसीलिए **'काकमत'** से श्रेष्ठतर कोई मत नहीं है।

योगाभ्यास के फल—

(१) 'आदौ **रोगाः प्रणश्यन्ति**' : रोगों का अन्त।

(२) 'पश्चा**ज्जाड्यं शरीरगम्**' : शरीर की जड़ता का अन्त।

(३) 'ततः **समरसो** भूत्वा' : समरसत्व की प्राप्ति।

(४) **'चन्द्रो वर्षत्यनारतम्'** : अमृत-वर्षा।

(५) **'धातुं स्व संग्रसेद** वह्निः (फिर अग्नि पवन के साथ अपनी धातु को 'पवनेन समन्ततः।' ग्रास बना लेता है।

(६) शरीर में अनेक प्रकार के **नादों का प्रादुर्भाव**

(७) शरीर में **मृदुता** आ जाती है।

(८) पृथ्वी आदि तत्त्वों की **जड़ता को जीतकर** योगी **खेचरत्व** पाकर **ब्रह्माण्ड में स्वच्छन्द विचरण** करता है।

(९) योगी **सर्वज्ञता** प्राप्त कर लेता है।

(१०) कामदेव के समान **रूपवान्** हो जाता है।

(११) पवन के समान **वेगवान्** हो जाता है।

(१२) **लोकत्रय में रमण** करता है।

(१३) **समस्त सिद्धियाँ** प्राप्त हो जाती हैं।

(१४) **अहंकार का** लय हो जाने पर देह में कठिनता नहीं रह जाती और इस स्थिति में—

'सर्वज्ञः सर्वकर्ता च स्वतंत्रो विश्वरूपवान्।
जीवन्मुक्तो भवेद् योगी स्वेच्छया भुवने भ्रमेत्।।'[1]

१. योगबीज (१७०)

Scanned by CamScanner

कुण्डलिनी योग—गोरक्षनाथ के हिन्दी के ग्रंथों में भी '**कुण्डलिनी योग**' का वर्णन मिलता है—

"पाताल की गंगा ब्रह्माण्ड चढ़ाइबा तहाँ विमल रस पीया।।"[1]

१. गोरखवानी (सबदी)

२. गोरखवानी (सबदी २)

गोरक्षनाथ जी ने **कुण्डलिनी का परिचय** इस प्रकार दिया है—

'नाभ अस्थान क मोरा सास नैं सुसरा, ब्रह्म अस्थान क मोरा बासा।
'इला प्यंगुला जोगण भेंटी, सुखमन मिल्या घर बासा।।'

कुण्डलिनी का श्वसुरालय मूलाधार एवं पीहर ब्रह्मरंध्र है।

कुण्डलिनी मूलाधार में नीचे रहती है, किन्तु आरोहण के समय उल्टा चलती है—

उलटी सकति चढ़ै ब्रह्मण्ड' नख सिख पवनां खेलै सरबंग।
उलटि चन्द्र राहू कूं ग्रहै। सिधसंक्केत जती गोरख कहै।।२१७।।

(जब कुण्डलिनी शक्ति उलटकर ब्रह्माण्ड में पहुँच जाती है और नख से शिखा पर्यन्त सर्वाङ्ग में वायु व्याप्त हो जाती है (वायु भक्षण होने लगता है), तब उलटा सहस्रारस्थ चन्द्रमा ही राहु (आधारस्थ सूर्य) को ग्रस लेता है। इससे अमृतपान होने लगता है। यही **'सिद्ध संकेत'** है।)

अगोचरी मुद्रा एवं शांभवी मुद्रा पर बल—गोरक्षनाथ ध्यानाभ्यास के लिए दो मुद्राओं को प्राधान्य देते हैं—(१) 'अगोचरी मुद्रा' (२) 'शांभवी मुद्रा'।

'नासिका अग्रे भ्रूमण्डले अहनिस रहिबा थीरं।
माता गरभि जनम न आयबा, बहुरि न पीयबा खीरं।।२७५।।'

उन्मन योग—'समना' के बाद 'उन्मनी' की स्थिति है। यह योग-साधना में ऊर्ध्वारोहण की सर्वोच्च स्थिति है, जहाँ मन का अस्तित्व ही नहीं रह जाता। गोरक्ष-योग में इसका अत्यधिक महत्व है। गोरक्षनाथ कहते हैं—ज्ञान और गुरु हमारे दो तूम्बे हैं। चेतन इच्छा तम्बूरे की डाँडी हैं, तम्बूरे पर **उन्मना की** ताँत बज उठी, इससे सारी तृष्णाओं का अन्त हो गया—

'ज्ञान गुरु दोऊ तूँबा अम्हारे, मनसां चेतनि डांडी।
उनमुनी तांती बाजन लागी, यहि बिधि तृष्णा खांडी।।'

बाह्योन्मुख साधना की व्यर्थता—गोरक्षनाथ ने अपनी साधना में तीर्थ-व्रत, मूर्तिपूजन आदि बाह्यवर्ती साधनाओं का खण्डन किया है—

"पषांणची देवली पषांण चा देव।"
'पषांण पूजिला कैसे फटीला सनेह।'
"तीरथि तीरथि सनान करीला। बाहर धोये कैसे भीतरि भेदीला।।"
'नव नाड़ी बहोतरि कोठा। ए अष्टांग सब झूठा।'

Scanned by CamScanner

गोरक्षनाथ 'अमरौघ प्रबोध' में कहते हैं—

'निर्याते चित्तरागे व्रजति खररुचौ मेरुमार्गं समन्तात्।
दुद्रंशे वह्निभावे स्रवति शशधरे पूरयत्याशुकाये।
उद्यत्यानन्दवृन्दे त्यजति तव ममेत्यादिमोहान्धकारे
प्रोद्भिन्ने **ब्रह्मरंध्रे जयति शिव शिवा सङ्गमः** कोप्यपूर्वः।।'[१]

* शरीर पर पञ्चतत्त्वों का प्रभाव *

योगिराज गोरक्षनाथ कहते हैं कि—चूँकि शरीर पञ्चमहाभूतों से निर्मित है। अतः उनकी अल्पता एवं अधिकता आदि स्थितियों में शरीर प्रभावित हुए बिना नहीं रहता—

(१) **तत्पृथिवीमण्डले क्षीणे** वलिरायाति देहिनाम् ।
(२) **तोय-क्षीणे** तृणानीव चिकुराः पाण्डुराः क्रमात् ।
(३) **तेजः** क्षीणे क्षुधाकान्तिर्नश्यति **मारुते** श्लथे।
(४) वेपथुश्च भवेन्नित्यं
(५) **नाभसे** नैव जीवति।[१]
(६) इत्थं भूतक्षयान्मृत्यु र्जीवितं भूतधारणात् ।
(७) पञ्चेद्वर्षशते लक्ष्येन्नान्यथा मरणं भवेत् ।

प्राणायाम + महामुद्रा आदि अभ्यास प्रतिदिन दिन के चारों प्रहरों में ८-८ बार करने पर प्राण मध्यम पथ (सुषुम्णा) में प्रविष्ट हो जाता है।

प्राण का सुषुम्णा में प्रवेश कैसे हो ?

गोरक्षनाथ कहते हैं—

'निस्तरङ्गे स्थिरे चित्ते वायुर्भवति मध्यगः।
रविरुर्ध्वपदं याति बिन्दुना याति वश्यताम्।'

* योग साधना में साफल्य-प्राप्ति के प्रति गोरक्ष-दृष्टि *

गोरक्षनाथ कहते हैं—

सर्वचिन्तां परित्यज्य दिनमेकं परीक्ष्यताम्।
यदित्प्रत्ययो नास्ति तदा मे तु मृषा वचः।।

—अमरौघ प्रबोध

---

१. अमरौघ प्रबोध (१६)

Scanned by CamScanner

(घ) यया वातैर्विनिर्मुक्तो निश्चलो निर्मलोऽर्णवः।
शब्दादिविषयैस्त्यक्तो **लयस्थो** दृश्यते तथा।

(ङ) प्रक्षिप्तं लवणं तोये क्रमाद् यद्वद्विलीयते।
मनोऽप्यभ्यासयोगेन तद्वद् ब्रह्मणि लीयते।।

—गोरक्षनाथ

सुखदुःख, शीतोष्ण, इन्द्रियार्थी के विचार, जीवन-मृत्यु, उन्मीलन-निमीलन, सजीव-निर्जीव आदि सभी से परे एवं वायुशून्य तथा शान्त समुद्र की भाँति निस्पन्द-निश्चल, शब्दादिविषयों से असंस्पृष्ट, समुद्र में डाले गए नमक की भाँति ब्रह्म में लयीभूत एवं **ब्रह्मीभूत व्यक्ति ही लयस्थ कहा जाता है।**[1]

* साधनाकाल और तदनुगत सिद्धियाँ *

लय साधना का समय	लयस्थ योगी की सिद्धियाँ
(१) एक निमेष का लय	—परतत्त्व स्पर्श किन्तु व्युत्थान।
(२) ६ निमेषों का लय	—तापशान्ति, बार-बार निद्रा-मूर्च्छा
(३) एक श्वास पर्यन्त लय	—प्राणादि वायुओं का स्वस्थान में संचार
(४) दो श्वास पर्यन्त लय	—कूर्म, नाग आदि वायु निवृत्त, धातुपुष्टि
(५) चार श्वास पर्यन्त लय	—धातुओं के रसों की पुष्टि
(६) एक पल पर्यन्त लय	—एकासनस्थ होने पर क्लान्ति नहीं।
(७) दो पल पर्यन्त लय	—अनाहतनादोत्थान।
(८) चार पल पर्यन्त लय	—कान में अकस्मात्, सुमधुर ध्वनि का श्रवण
(९) आठ पल पर्यन्त लय	—काम 'वासना निवृत्त'
(१०) चौथाई कला तक लय	—प्राणादि वायु का सुषुम्णा में प्रवेश और वायु की शुद्धि
(११) आधी घड़ी तक का लय	—कुण्डलिनी का जागरण।
(१२) एक घड़ी तक का लय	—कुण्डिलिनी का ऊर्ध्वारोहण
(१३) दो घड़ी तक का लय	—एकक्षण में एक बार मन में कम्पन
(१४) चार घड़ी तक का लय	—निद्रा की निवृत्ति
(१५) आधे दिन तक का लय	—आत्मज्योति का प्रकटीकरण
(१६) दिनभर का लय	—इन्द्रियों के ज्ञान का विस्तार-समस्त ब्रह्माण्ड तक तथा आत्म तत्त्व प्रकाशित।

---

१. अमनस्क योग

Scanned by CamScanner

(१७) अहोरात्र का लय —दूर से गन्ध-संवेदना की प्राप्ति।
(१८) दो अहोरात्र का लय —दूर से ही रससंवेदना की प्राप्ति।
(१९) तीन अहोरात्र का लय —दूर दर्शन
(२०) चार अहोरात्र का लय —दूर स्पर्श
(२१) पाँच अहोरात्र का लय —दूर श्रवण
(२२) छ अहोरात्र का लय —अतीतानागत विश्व का ज्ञान
(२३) सात अहोरात्र पर्यन्त लय —ब्रह्मपर्यन्त विश्वज्ञान एवं श्रुतिज्ञानं
(२४) आठ अहोरात्र पर्यन्त लय —क्षुधा, तृणा आदि मुक्ति।
(२५) नौ अहोरात्र पर्यन्त लय —वाक् सिद्धि।
(२६) ११ अहोरात्र पर्यन्त लय —मनोगति के समान कायागति।
(२७) द्वादश अहोरात्र पर्यन्त लय —आधे निमेष में भूतल के चतुर्दिक परिभ्रमण की क्षमता।
(२८) त्रयोदश अहोरात्र पर्यन्त लय —खेचरी सिद्धि
(२९) १४, १६, १८, २० अहोरात्र पर्यन्त लय—क्रमशः अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, सिद्धियों की प्राप्ति।

इसी प्रकार और अधिक लय-काल होने पर, 'प्राप्ति' 'प्राकाम्य' ईशित्व' आदि सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है।

—(अमनस्क)

* * अमरौघशासनोक्त योग-विधान * *

'**अमरौघशासन**' नामक गोरक्ष-प्रणीत ग्रन्थ में कहा गया है कि—

(१) मेरुदण्ड के मूल में सूर्य और चन्द्र के मध्य '**योनि**' है और उसी के मध्य '**स्वयंभूज्योतिर्लिंग**' स्थित है।

(२) यहीं पर पुरुषों के रेतस् एवं नारियों के रजः स्खलन का मार्ग भी स्थित है।

(३) यहीं पर (क) '**काम**' (ख) '**विषहर**' एवं (ग) '**निरञ्जन**' का स्थान है।

(४) वीर्य के स्खलन (अधःपतन) की दो अवस्थायें हैं—(क) '**प्रलयकाल**' (ख) '**विषकाल**'

Scanned by CamScanner

'कुण्डली शक्ति'—

'कन्दोर्ध्वं कुण्डली शक्तिरष्टधा कुण्डलाकृतिः।
बन्धनाय च मूढ़ानां योगिनां मोक्षदा स्मृता।'

—गोरक्षनाथ—गोरक्षशतक

कुण्डली जागरण की विधि—

वज्रासनस्थितो योगी **चालयित्वा तु कुण्डलीम्।**
अष्टधा कुण्डलीभूतामृजुं कर्तुं तु कुण्डलीम्।
भानोराकुञ्चनं कुर्यात्कुण्डलीं चालयेत्ततः।।
वज्रासनगतो नित्यं **मासार्धं** तु समभ्यसेत्।
वायुनाज्वलितो वह्निः कुण्डलीमनिशं दहेत्।
संतप्ता साग्निना नाड़ी शक्तिस्त्रैलोक्य मोहिनी।।

—गोरक्षनाथ—योगबीज

'आधार शक्ति'—

'पिण्डाधार' (सि०सि०प० का चतुर्थोपदेश) के आरम्भ में 'निजाशक्ति' या **'आधार शक्ति'** के स्वरूप की विवेचना करते हुए कहा गया है कि—

(१) **'परासंवित्'** निजाशक्तिसंयुक्त है।

(२) यह शक्ति स्वसंवेद्य, संवित्स्वरूपा, नित्यप्रबुद्धा, परमशिवसमवेता, कूटस्थ, एवं स्वातंत्र्य है।

(३) यह शक्ति ही **आधारस्वरूपा आद्या भवानी** है। वह नित्यप्रकाशरूपा है।

(४) यह शिव की **अन्तरङ्गा शक्ति** है। यही सबका आधार है। यही सबका **उपादानकारण** है। यह चिद्रूपा पराशक्ति है। वह शुद्ध रूप में **शिवस्वरूपिणी** है।

(१) "अस्ति का चिदपरंपरा **संवित्स्वरूपा, सर्वपिण्डाधारत्वेन, नित्यप्रबुद्धा, निजाशक्ति,** प्रसिद्धा कार्यकारणकर्तृणांणामुत्थानदशाङ्कुरोन्मीलनेन कर्तारं करोतीत्यनन्तर-**वाधारशक्तिरिति** कथ्यते।।"

(२) **'अत्यन्तनिजप्रकाश स्वसंवेद्यानुभवैकगम्यमाना** शास्त्रलौकिक-**साक्षात्कारसाक्षिणी** सा **परा चिद्रूपिणी शक्तिर्गीयते।'**

(३) "सैव शक्तिर्यदा सहजेन स्वस्मिन्नुन्मीलिन्यां वर्तते **तदा शिव स एव भवति।।"**[1]

---

१ सि०सि०प० (४था उपदेश) सूत्र १

Scanned by CamScanner

... करते हैं।

*** मध्यशक्ति-प्रबोधन और परमपद ***

(नाभिदेश में अवस्थित 'मणिपूर चक्र' में विद्यमान कुण्डलिनी **'मध्यशक्ति'** कही जाती है।

(१) मूलाधार चक्रस्थ कुण्डलिनी = 'अध: शक्ति'
(२) मणिपूर चक्रस्थ कुण्डलिनी = 'मध्यशक्ति'
(३) सहस्रदलपद्मस्थ कुण्डलिनी = 'ऊर्ध्वशक्ति'

'मध्यशक्ति' को जागृत करने से और 'अध:शक्ति' को ऊपर की ओर आकर्षित करने से एवं 'ऊर्ध्वशक्ति' को ऊप की ओर आकर्षित करने से एवं 'ऊर्ध्वशक्ति' कुण्डलिनी के निपात-संयोजन से **'परमपद'** की प्राप्ति हुआ करती है।[३]

(१) **आधार चक्र (मूलाधार चक्र) की कर्णिका में** त्रिकोणाकार योनि

---

१. 'अप्रबुद्धेतितत्र पिण्डचेतनरूपास्वभावेन नानाचिन्ता व्यापारोद्यमप्रपञ्चरूपा कुटिलस्वभावा कुण्डलिनी ख्याता॥' (सि०सि०प० ४।१४)

२. 'विकाराणां निवारणोद्यमस्वरूपा कुण्डलिन्यूर्ध्व **गामिनीप्रसिद्धा** भवति॥ (सि०सि०प० ४।१४)

३. मध्यशक्ति प्रबोधेन अध:शक्तिनिकुञ्चनात् ।
ऊर्ध्व शक्तिनिपातेन प्राप्यते परमं पदम् ॥६॥

कामगिरि पीठ में **''अध: शक्ति कुण्डलिनी''** रहती है। इस शक्ति को अपानवायु के निकुञ्चन (आकर्षण) से ऊर्ध्वमुखी करके जागृत किया जाता है। सुषुम्णाद्वार को अपावृत करके इसे ऊर्ध्वमार्ग में चढ़ाया जाता है।

(२) **'नाभिचक्र' (मणिपूरक चक्र)** में आठ वलयों वाली इसी कुणलिनी को **'मध्य कुण्डलिनी'** कहा जाता है।

(३) कुण्डलिनी 'बन्धत्रय' के अभ्यास से समुत्थित होती है।

(४) प्राण से अपान का ऐक्य स्थापित होना **'ऊर्ध्वशक्तिपात'** है। षट्चक्रभेदनोपरान्त (एवं ग्रंथित्रयभेदनोपरान्त योगी) **''सहस्रार''** में कुण्डलिनी के साथ पहुँचकर **'परमपद'** प्राप्त करता है।



'अध:शक्ति' कुण्डलिनी का स्वरूप—

(१) कुण्डलिनी का यह स्वरूप बाह्येन्द्रिय व्यापारों से युक्त एवं नाना चिन्ताओं से संयुक्त है—

'बाह्येन्द्रिय व्यापार-नानाचिन्तामया **सैवाध: शक्तिरित्युच्यते।''**

—(सि०सि०प० ४।१८)

योग को जानने वालों में वही योगी सर्वश्रेष्ठ कहा जाता है, जो महावेध मुद्रा का अनुष्ठान करते हुए महाबन्ध और मूलबन्ध मुद्राओं का भी आचरण प्रतिदिन करें। ऐसा करने वाले योगी साधक को न तो मृत्यु का भय होता है और न ही बुढ़ापा उस पर अपना प्रभाव डाल सकती है। ये तीनों मुद्रायें ही साधकों द्वारा यत्नपूर्वक गोपनीय रखने का उपदेश दिया गया है अर्थात् जो कोई इसका सत्पात्र लगें उसी के समक्ष इसे प्रकाशित करना चाहिए।[35]

4. खेचरी मुद्रा

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी।।
छेदन-चालन-दोहैः कलां क्रमेण वर्धयेत् तावत्।
सा यावद् भ्रूमध्यं स्पृशति तदा खेचरीसिद्धिः।।[36]

जिह्वा के निम्न भाग में अवस्थित नाड़ी का छेदन करते हुए उसके अग्रभाग का प्रतिदिन परिचालन करने के साथ-साथ मक्खन की सहायता से उसका दोहन करते हुये लोहे की चीमटी द्वारा जिह्वा को खींचना चाहिए। इस क्रिया का प्रतिदिन अभ्यास करने से जिह्वा की

35. घे0 सं0, पृ0 39
36. ह0 प्र0 3/32-33

लम्बाई बढ़ती है। यह अभ्यास तब तक करे जब तक जिह्वा इतनी लम्बी हो जाये कि दोनों भौंहों के मध्य भाग को स्पर्श करने लगे, तब उसे धीरे-धीरे तालु के भीतर समाविष्ट करना चाहिए। तालु के मध्य भाग में अवस्थित गड्ढ़े में ले जाकर जिह्वा को ऊपर की ओर उलट कर प्रविष्ट करने के पश्चात् दोनो भौहों के मध्य भाग में अपनी दृष्टि को स्थिर करने की क्रिया ही 'खेचरी' मुद्रा कहलाती है।

जो साधक इस खेचरी मुद्रा का अभ्यास करते हैं, उनके ऊपर मूर्च्छा, भूख, प्यास तथा आलस्य का कभी कोई प्रभाव नहीं होता, साथ ही उनपर कभी किसी रोग का भी प्रभाव नहीं पड़ता, न ही बुढ़ापा उनको प्रभावित करता है। मृत्यु का भय भी समाप्त हो जाता है तथा साधक देवशरीर तुल्य हो जाता है। उन्हें न तो अग्नि जला सकती है, न वायु उसे सुखाने में समर्थ हो पाती है। न तो जल उनके शरीर को गीला कर पाता है और न ही उन पर सर्प के दंश का कोई असर होता है। उनके शरीर में अलौकिक लावण्य का प्रादुर्भाव हो जाता है और वो निश्चित रूप से समाधि योग को प्राप्त कर लेते हैं।[37]

5. उड्डीयान बन्ध

बद्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूड्डीयते यतः।
तस्माद् उड्डीयनाख्योडयं योगिभिः समुदाहतः।।
उड्डीनं कुरुते यस्मादविश्रान्तं महाखगः।
उड्डीयानं तदैव स्यात्, तत्र बन्धोऽभिधीयते।।[38]

नाभि के ऊपर उदरभाग के पीछे की तरफ अर्थात् भीतर की ओर बलपूर्वक खींचने और प्राणवायु को उठाने पर सुषुम्ना में प्राणवायु आकाश मार्ग से जाता है, तब साधक को

37. घे0 सं0, पृ0 40
38. ह0 प्र0 3/55-56

गरुड़ के समान आकाश में उड़ने की शक्ति प्राप्त हो जाती है। इसी कारण इसको 'उड्डीयान बन्ध' कहा जाता है। यह बंध मृत्युरूपी गज के लिए सिंह के समान होता है।

जो योगी प्रतिदिन चार बार इस बन्ध का अभ्यास करता है, उनको नाभिशुद्धि एवं मरूत सिद्धि की प्राप्ति होती है। निरन्तर छः मास तक अभ्यास करने से योगी मृत्यु को भी पराजित करने में समर्थ हो जाता है। अतः बुद्धिमान साधक को गुरु से उपदिष्ट होकर अत्यन्त दुर्लभ इस बंध का अभ्यास करना चाहिए।[39]

दत्तात्रेय संहिता में तो यहाँ तक कहा गया है कि इस बन्ध के सतत् अभ्यास से मनुष्य वृद्धत्व से मुक्त होकर पुनः यौवन को प्राप्त कर लेता है-

अभ्यसेद्यस्तु सत्त्वस्थो वृद्धोऽपि तरूणायते।
षण्मासमभ्यसन्मृत्युं जयत्येव न संशयः।।

6. मूलबन्ध

पार्ष्णिभागेन सम्पीड्य योनिमाकुञ्चयेद् गुदम्।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोडभिधीयते।।[40]

साधक को अपने पैर की एडी से योनि भाग पूर्णतः दबा कर गुदा को संकुचित करके, अपानवायु को ऊपर की ओर खींचे। इसी क्रिया को मूलबंध कहा जाता है।

आशय यह है कि गुदमार्ग को एड़ी से पीड़ित कर सम्यक् प्रकार से नियन्त्रित करते हुए अपान वायु को बलपूर्वक धीरे-धीरे ऊपर की ओर खींचने का अभ्यास करने का नाम ही 'मूलबंध' है।

39. घे0 सं0, पृ0 35
40. ह0 प्र0 3/61

अतः जो साधक संसाररूपी प्रकृत सागर को पार करने की कामना रखते हैं, उन्हें एकांत स्थान पर गुप्त रूप से अवस्थित होकर इस मुद्रा का अभ्यास करना चाहिए। इसका अभ्यास करने से निश्चित रूप से अभ्यासी को मरूत् सिद्धि की प्राप्ति होती है; अतएव साधक को आलस्य का त्याग करके मौन भाव से इस मुद्रा की साधना करनी चाहिए।[41]

7. जालन्धरबन्ध

कण्ठसंकोचनं कृत्वा चिबुकं हृदये न्यसेत्।
जालन्धरे कृते बन्धे षोड्शाधारबन्धम्।
जालन्धरं महामुद्रा मृत्योश्च क्षयकारिणी।।[42]

कण्ठदेश का संकोचन करते हुए ठोढ़ी को हृदय पर स्थापित करना ही 'जालन्धर बन्ध' कहलाता है। इस मुद्रा के अभ्यास के फलस्वरूप सोलह प्रकार के आधारों[43] का बन्धन होता है अर्थात् कण्ठस्थान में अवस्थित जो 16 स्वरों के 16 आधार होते हैं, उनका कण्ठ संकोचन करने के परिणामस्वरूप बन्धन हो जाता है। यह मुद्रा मृत्यु को भी विनष्ट करने वाली होती है।

स्वयं सिद्ध यह जालन्धर बन्ध योगियों के लिए सिद्धि प्रदान करने वाला है, जो ज्ञानी पुरुष छः मास तक निरन्तर इसका अभ्यास करता है, वह अवश्य ही सिद्ध हो जाता है। शिवसंहिता में भी कहा गया है कि जो साधक इस बंध का अभ्यास करके सहस्त्रदल कमल से बहने वाली अमृत को अधोभाग भाग में लाकर स्वयं उसका पान करते हुये अमरत्व का लाभ प्राप्त कर लेता है।[44]

---

41. घे0 सं0, पृ0 37
42. वही, पृ0 3/12
43. ह0 प्र0, पृ0 66
44. घे0 सं0, पृ0 36

8. विपरीतकरणी मुद्रा

यत् किञ्चित स्त्रवते चन्द्राद अमृतं दिव्यरूपिणः।
तत् सर्व ग्रसते सूर्यस्तेन पिण्डो जरायुतः।
तत्रास्ति करणं दिव्यं सूर्यस्य मुखवञ्चनम्।
गुरुपदेशतो ज्ञेयम्, न तु शास्त्रार्थकोटिभिः।।[45]

नाभि स्थान में सूर्य अर्थात् इड़ा नाड़ी और तालुमूल में चन्द्र अर्थात् पिंगला नाड़ी का वास रहता है। इसी कारण सहस्त्रदल से जब पीयूषधारा का क्षरण होता है तो उस अमृतधारा को सूर्य अपना ग्रास बना लेता है, जिसके परिणामस्वरूप मनुष्य मृत्यु के मुख में प्रविष्ट हो जाता है, लेकिन यदि चन्द्रनाड़ी द्वारा उस अमृत को अपना ग्रास बनाया जाय तो मनुष्य पर मृत्यु का आक्रमण कभी नहीं हो सकता। इसलिए इस विपरीतकरणी मुद्रा का अभ्यास गुरु द्वारा उपदिष्ट मार्ग अनुसार सूर्य नाडीं को ऊर्ध्व भाग में एवं चन्द्रनाड़ी को अधोभाग में स्थापित करना चाहिए। इस मुद्रा को अन्य सभी ग्रंथों में गुप्त ही रखा गया है किसी में इसका प्रकाशन नहीं किया गया है। साधक को चाहिए कि अपने सिर को भूतल पर पूर्ण तरह से स्थापित करते हुये दोनों हाथों से भूमि को पकड़कर सावधानीपूर्वक दोनों पैरों को आकाश में ऊपर उठाते हुए सीधा खड़ा कर स्थिर हो जाये, यही क्रिया 'विपरीतकरणी मुद्रा' कहलाती है।

जो साधक इस मुद्रा का प्रतिदिन अभ्यास करते हैं, वे जरा और मृत्यु को पराजित करने में समर्थ हो जाते हैं अर्थात् अमर हो जाते हैं। ऐसे साधक सभी लोकों में सिद्ध हो जाते हैं और प्रलयकाल में भी उनका विनाश नहीं होता।[46]

---

45. ह0 प्र0 3/77-78
46. घे0 सं0, पृ0 42

9. वज्रोली मुद्रा

यत्नतः शस्तनालेन फूत्कारं वज्रकन्दरे।
शनैः शनैः प्रकुर्वीत वायुसञ्चारकारणात्।।[47]

शीशे की बनी हुई लिंग में प्रविष्ट होने योग्य चौदह अंगुल लम्बी नाली बनवाकर उसको लिंग में प्रविष्ट कराने का अभ्यास करे। प्रथम दिन एक अंगुल, दूसरे दिन दो अंगुल, तीसरे दिन तीन अंगुल प्रविष्ट कराये। इसी विधि से क्रमशः वृद्धि करते हुए 12 अंगुल प्रविष्ट करें। इस प्रकार जब 12 अंगुल नाली प्रविष्ट हो जायें तो साधक का लिंगमार्ग शुद्ध होने की स्थिति में आ जाता है। तब उसी प्रकार की एक दूसरी नाली 14 अंगुल की बनवायें जिसका नाली दो अंगुल तेढ़ा हो और जिसका मुख ऊपर की ओर हो। उसे भी 12 अंगुल तक लिंग में प्रविष्ट करें, परन्तु दो अंगुल तेढ़े भाग को बाहर ही रखें। फिर स्वर्णकार की अग्निधमन शलाका के समान उस नाली के बाहर वाले भाग में मुख से फूंक मारे। इस क्रिया से लिंगमार्ग की पूर्ण शुद्धि हो जाती है। फिर उस नाली के माध्यम से लिंग से जलाकर्षण का अभ्यास करें। इस जलाकर्षण की सिद्धि होने पर वह योगी नारी समागम के अनन्तर स्त्रीयोनि में क्षरित शुक्रबिन्दु के आकर्षण का अभ्यास करें। इस शुक्रबिन्दु के ऊर्ध्वाकर्षण की सिद्धि होने पर ही 'वज्रोली मुद्रासिद्धि' मानी जाती है। यह वज्रोली मुद्रा उसी योगी को सिद्ध होती है जिसने खेचरी मुद्रा द्वारा प्राणवायु को अपने वश में कर लिया हो।

कोई नारी भी इस क्रिया को कर सकती है। यदि वो पुरुष का शुक्र अपनी योनि में खींच कर अपने रज को भी वज्रोली क्रिया से संरक्षित करने का अभ्यास कर लेती है तो वह नारी भी विद्वानों द्वारा योगिनी कहलाती है। दृव्यदृष्टि एवं त्रिकालदर्शिनी हो जाती है तथा इस मुद्रा के अभ्यास से वह निश्चित ही आकाशचारिणी भी हो जाती है। अतः यह मुद्रा का

47. ह0 प्र0 3/86

अभ्यास ऐसा पुण्यप्रद प्राप्त कराने वाली है तथा विषयभोग के पूर्ण आनन्द के साथ मुक्ति प्रदान करने वाली भी है।

10. शक्तिचालिनी मुद्रा

मूलाधारे आत्मशक्तिः कुण्डली परदेवता।
शयिता भुजगाकारा सार्द्धत्रिवलयान्विता।।
यावत् सा निद्रिता देहे तावज्जीवं पशुर्यथा।
ज्ञानं न जायते तावत् कोटियोगं समभ्यसेत्।।[48]

मूलाधार में स्थित आत्मशक्ति रूपा परा देवता कुण्डलिनी शक्ति साढ़े तीन फेरे में लिपटी हुई सर्पिणी के समान शयनावस्था में स्थित रहती हुई जब तक वह कुण्डलिनी शक्ति सोई रहती है, तब तक कितने प्रकार का भी योगाभ्यास करने पर भी जीव में ज्ञान का संचार नहीं हो पाता और वह जीव अज्ञानावृत पशु के समान विचरण करता रहता है।

इसलिए कहा जाता है कि जिस प्रकार ताले से बन्द दरवाजे को खोलने के लिए कुंजी (ताली) की आवश्यकता पड़ती है, उसी प्रकार कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत कर साधक ब्रह्मद्वार अथवा मोक्ष द्वार को खोल देता है, जिससे उसके समस्त अज्ञान का नाश होता है और उसमें ज्ञान का संचार होता है।

शक्तिचालन मुद्रा का अभ्यास करने के लिए सर्पप्रथम सिद्धासन पर विराजमान होकर नासिका छिद्रों द्वारा प्राणवायु को खींचते हुये बलपूर्वक उसे अपान वायु के साथ संयोजित करने का प्रयास तब तक करें जब तक वह वायु सुषुम्ना नाड़ी के भीतर जाकर प्रकाशित न हो

48. घे0 सं0 3/49-50

जाए तब तक अश्विनी मुद्रा द्वारा धीरे-धीरे गुह्यप्रदेश को सिकोड़ते रहना चाहिए।[49] यहीं क्रिया शक्तिचालिनी मुद्रा कहलाती है।

इस मुद्रा का प्रतिदिन अभ्यास करने से जरा-मरण का नाश हो जाता है। इसलिए सिद्धि की कामना रखने वाले साधक को इसका अभ्यास अवश्य करना चाहिए।

इस प्रकार भगवान् आदिनाथ शिव ने योगशास्त्र में जो दश मुद्राओं का उपदेश दिया है, उनमें प्रत्येक मुद्रा का अभ्यास समस्त सिद्धियों को प्रदान करने वाली है। अतः योगी को किसी योग्य गुरु के निर्देशन में रहकर समस्त मुद्राओं का अभ्यास करना चाहिए और गुरु आदेशानुसार एकाग्रचित होकर, युक्त आहार विहार करते हुए हठयोग साधना में प्रवृत्त होना चाहिए, तभी साधक अणिमादि अष्टसिद्धियों को प्राप्त कर मृत्यु पर विजय पाने में समर्थ हो पाता है।

प्रत्याहार

यतो यतो मनश्चिरति मनश्चचंचलमस्थिरम्।
ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येत वशं नयेत्।।[50]

प्राणी का मन जैसे-जैसे विचरण करता रहता है, वैसे-वैसे ही वह चंचल एवं अस्थिर भी होता जाता है, अतः उन-उन विषयों से मन को नियन्त्रित करते हुए मन को अपने वश में करना चाहिए।

श्रीमद्भगवद्गीता में भी कहा गया है कि मनुष्य का मन अत्यन्त चंचल एवं अस्थिर रहता है, जबकि योग साधना के लिये मन का वशीकरण अत्यन्त आवश्यक है। इसलिए सर्वप्रथम साधक को अपने मन की चंचलता को नियन्त्रित करने का उपदेश दिया गया है।

---

49. वही, 3/54-55
50. घे0 सं0 4/2

भी नहीं। तब महापुरुषने मुझे त्राटक-योगकी शक्तिके सम्बन्धमें उपदेश प्रदान किया। त्राटक- योगका अभ्यास कर सकनेसे हम सहज ही में लोगोंको निद्रित, वशीभूत और इच्छानुसार (मनमाने) काममें लगा सकते हैं।

कुण्डलिनी चैतन्यका कौशल।

कुण्डलिनी तत्त्वमें ही कहा गया है, कि कुण्डलिनी चैतन्य न होनेसे तप-जप और साधन-भजन वृथा है। कुण्डलिनीके अचैतन्य रहनेसे मानवका प्रकृत ज्ञान कभी उदय नहीं हो सकता है। मानव-जीवनका प्रधान काम और योगमें सिद्धि-लाभका उपाय—कुण्डलिनी को चैतन्य करना ही है। जितने प्रकारकी साधनाएँ हैं, सभी कुण्डलिनीको चैतन्य करनेके लिये हैं। सुतरां सबसे पहले यत्नके साथ कुण्डलिनीको जगाना चाहिये। मूलाधार-पद्ममें कुण्डलिनी-शक्ति स्वयम्भू लिङ्गको साढ़े तीन फेरेसे लपेटे साँपके आकारमें नींद ले रही है। जबतक वह देहमें नींद लेती है, तबतक मानव पशुकी तरह अज्ञानमें मग्न रहता है, तबतक कोटि-कोटि योगाभ्याससे भी उसे ज्ञान नहीं मिलता। परंतु जैसे कोई चाभीसे ताला खोलकर दरवाजा खोल देता है,—वैसे ही कुण्डलिनी शक्तिको जगाकर मूर्द्धदेशसे सहस्रार पद्मपर पहुँचा सकनेसे ही ब्रह्मद्वार का भेद होकर ब्रह्मरन्ध्रकी राह खुल जाती है। इसीसे मानवको दिव्य-ज्ञानका लाभ होता है।

बायें पैरकी एड़ीसे योनिदेशको मजबूतीसे दबाकर दाहिने पैरको बिलकुल सीधा और सरल भावसे सामने रखकर बैठे, उसके बाद दाहिने पैरको दोनों हाथोंसे जोरसे दबाये रखे एवं कण्ठ (गले) में ठुड्डी लगाकर कुम्भकसे वायु रोके। पीछे प्राणायामकी चालसे धीरे-धीरे उस वायुको निकाल दें। दण्डाहत (डण्डेसे मारा गया) साँप जैसे सरल भाव धारण करता है, वैसे ही इस क्रियाको करने पर कुण्डलिनी-शक्ति ऋजु (सीधा) आकार धारण कर लेती है।

बित्तेके बराबर लम्बे, चार अंगुल चौड़े, कोमल, श्वेतवर्ण सूक्ष्म कपड़ेसे नाभिदेश (तोंदीकी जगह) को लपेटकर कमरके डोरेसे बाँध दे। पीछे भस्म द्वारा देह लेपन करके गोपनीय (छिपे) घरमें सिद्धासन पर बैठे, दोनों नथनेसे प्राण-वायुको आकर्षण करके, बल-पूर्वक अपान वायुमें मिलावें एवं जबतक सुषुम्णा विवरमें (गड्ढेमें) वायु पहुँचकर प्रकाश न पावे, तबतक अश्विनी-मुद्रासे धीरे धीरे गुह्यदेशको सिकोड़े और फैलाये। इसी तरह साँस रोककर कुम्भक योगसे वायु रोध करनेसे कुण्डलिनी-शक्ति जागकर सुषुम्णा पथसे ऊपरकी तरफ चढ़ती है।

इस तरह साधन करनेसे कुण्डलिनीके जागनेपर योनिमुद्रा योगसे उठायी जाती है। मूलाधारसे क्रमानुसार समस्त चक्रोंको भेद करते हुए सहस्र दलको पद्ममें उठा कर परमशिवके साथ संयुक्त करने एवं दोनोंको एक बनानेसे उन दोनोंके संयोगसे निकले हुये सामरस्य-सम्भुत अमृत द्वारा शरीर उमड़ने लगता है। उस समय साधक समस्त जगत्‌को भूल जाता है एवं बाह्य-ज्ञान शून्य होकर

जिस अनिर्वचनोय अपार आनन्दमें डूब जाता है, वह स्वतः अनुभवकी वस्तु है, लिख कर मैं उसे प्रकाश नहों कर सकता। स्त्री-संसर्गसे शरीर और मनमें जैसा अनिर्देश्य (जो कहा न जा सके) आनन्द अनुभव हीता है. उसकी अपेक्षा कोटि-कोटि गुण अधिक आनन्द इसमें प्राप्त होता है। उस अव्यक्त भावको व्यक्त (प्रकाश) करनेकी शक्ति भाषामें नहीं है। *

कुण्डलिनी-शक्ति किस तरह उठायी जाती है, वह केवल मुंहसे बतानेसे नहों, बल्कि प्रत्यक्ष दिखाये बिना किसीकी भी समझमें नहों आ सकती। सुतरां वह गुह्य (गुप्त) विषय अकारण सर्व साधारणके सामने प्रकाशित करना वृथा है। साधकको केवल मात्र कुण्डलिनी शक्तिको चैतन्य करनेके लिये ऊपर कही हुई क्रियाओंका अनुष्ठान करना चाहिये। कुण्डलिनी चैतन्य करनेका और भी एक सहज उपाय है। वह इस प्रकार है :—

सिद्धासनसे बैठ कर हृदयपर मजबूतीसे ठुड्ढी रखे, पीछे दोनों हाथसे मुट्ठी बांधकर दोनों हाथकी कुहनी हृदयपर दृढ़रूपसे रख नाभि देशमें वायु धारण करे एवं गुह्य-देशको अश्विनी मुद्रासे सिकोड़ता और फैलाता रहे। ऐसा नित्य अभ्यास करनेसे भी कुण्डलिनी शीघ्र ही चैतन्य होगी।

---

* कुण्डलिनीको कैसे जगाकर उत्थापन करना होता है, इसकी क्रिया मत्प्रणीत "ज्ञानीगुरु" ग्रन्थमें वर्णन की गई है।

कुण्डलिनीके चैतन्य होकर सुषुम्णा-नाड़ीमें प्रवेश करनेसे साधक स्पष्ट अनुभव कर सकता है। उसी समय पीठकी रीढ़के बीचमें चींटी रेंगने जैसी सरसराहट होने लगती है।

लययोग साधन।

—☆—

जिनके पास समय थोड़ा है एवं जो योगके नियमोंका पालन करनेमें असमर्थ हैं, वे पहले बतायी हुई विधिसे कुण्डलिनीको चैतन्य करके यदि किसी भी प्रकारके आगे बताये लययोगका साधन करेंगे तो अवश्य चित्त लय होगा। विषय बढ़ जानेके डरसे मैं विस्तार-पूर्वक यहाँ न लिख सका। फिर भी जो कई-एक लय-संकेत मैंने लिखे हैं, उनमेंसे किसीकी भी क्रियाका अनुष्ठान करके मनोलय किया जा सकता है। यह बहुत सीधा और थोड़ी मेहनतसे सिद्ध होनेवाला एवं शीघ्र फल देनेवाला साधन है।

(१) मूलाधार-चक्र भगाकृति है; इस चक्रमें स्वयम्भूलिङ्गमें तेजोरुपा कुण्डलिनी-शक्ति साढ़े तीन फेरे लपेटे हुए अधिष्ठिता है। इस ज्योतिर्म्मयी-शक्तिका जीवरुपमें ध्यान करनेसे चित्त लय होता है एवं मुक्ति मिल जाती है।

(२) स्वाधिष्ठान-चक्रमें प्रवालांकुर जैसे उड्डीयान नामक पीठ (आसन) पर कुण्डलिनी-शक्तिका चिन्तन करनेसे भी मनोलय होगा एवं जगत्के आकर्षणकी शक्ति आवेगी।

हठयोगकी मुद्राऐं

आध्यात्मिक दिशा में आगे बढ सके और ध्यान में साधक प्रगति पा सके इसके लिए हठयोग की थोडी सरल मुद्राऐं ध्यान के गहरे अभ्यासी श्री. रमेशजी अग्रवाल के निर्देशन में यहां प्रस्तुत की है ।

इस मुद्रा के अभ्यास से ध्यान के अनुकूल मनोस्थिति निर्माण होकर ध्यान के उच्च स्तर तक पहुँचा जा सकता है ।

इसका संदर्भ और आधार **गोरक्ष पद्धति, शिवसंहिता, धरेण्डसंहिता** और **हठयोग प्रदीपिका** में से लिए गये है ।

इस मुद्रा के करते समय जिस बंध का उल्लेख है इसकी जानकारी इस तरह से है :

१ **उड्डीयान बंध :** श्वसनतंत्र में से पूरा श्वास निकालकर पेट को मेरुदंड की ओर संकोचन करते हुए, श्वास को बाहर ही रोककर उड्डीयान बंध होता है ।

२ **जालंदर बंध :** नाक के द्वारा श्वास भर के, थुड्डी को कोलरबोन के बीच में लगाकर, रोके हुए श्वास को बाहर न निकलने देते हुए, थोडा दबाव दिया जाता है, इस क्रिया को जालंदर बंध या कोकमुद्रा कहते है ।

३ **मूलबंध :** श्वास पूरा बाहर निकालकर गुदा के स्नायु को ऊपर की ओर खींचते हुए मूलबंध होता है । यह सभी मुद्राऐं करते वख्त चित्त को आज्ञाकेन्द्र (दर्शनकेन्द्र) दो भकृटिओं के बीच स्थापित करना है ।

२९.१ महामुद्रा :

बाये पैर के घुटने को मोडकर एडी से योनिमार्ग (शीवनी) पर दबाव देते हुए, दाहिना पैर फैलाकर जमीन से लगाकर रखें । फिर दोनों हाथो से दाहिने पैर की एडी के ऊपर के हिस्से को पकडना है, अगर एडी को न पकड सके तो घुटना और पैर के तलवे के बीच का हिस्सा पकडकर संकल्प से नव द्वार (दो आँख, दो कान, दोनो नासिकाऐं, जालंदर, उड्डीयान और मूलबंध) बंद कर के महामुद्रा बनती है । फिर यही क्रिया दूसरे पैर से करे ।

लाभ :

- सभी नाडियों का संचालन अच्छी तरह से होता है ।
- जठराग्नि प्रज्वलित होकर, पाचनक्रिया व्यवस्थित होती हैं ।
- क्षय और कुष्ठरोग में फायदा होता है ।
- क्लेश और कषाय दूर होकर शरीरकी कान्ति बढती है ।
- इन्द्रियो के माध्यम बंध होने से वृतियाँ शांत होती हैं ।

२९.२ महाबंध मुद्रा :

बाये पैर को घुटने से मोडकर एडी से योनिमार्ग (शीवनी) पर दबाव देते हुए, दाहिना पैर घूटने से मोडकर, बाये पैर के जंघापर रखते हुए, मेरुदंड सीधा रखते हुए, नवद्वार बंध कर के महाबंधमुद्रा बनती है ।

लाभ :

- सभी नाडियों का संचालन ठीक तरह से होता है ।
- प्राणवायु का उर्ध्वगमन होता है ।
- प्राण का प्रवाह (सुषुम्ना) नाडी में शुरू होता है ।

२९.३ महावेद मुद्रा :

पद्मासन कर के, मूलबंध कर के, दोनों हाथ की हथेलियों को जमीन पर थापे के पास रखकर, मेरुदंड सीधा रखते हुए हाथो को सीधा याने कोहनी को बिना मोडे जमीन पर ताड़न करे । ताड़न याने पालथी लगाकर जमीन पर ४-५ बार लगायें यह ताड़न महाबंध मुद्रा में ज्यादा लाभदायक होता है लेकिन इस मुद्रा में मूलबंध नहीं होता है ।

लाभ :

- त्वचा की स्थिति स्थापकता ज्यादा लम्बे अरसे तक रहती है ।
- बाल जल्दी सफेद नहीं होते है ।
- वृध्धावस्था के कंपन से बच सकते है ।

२९.४ खेचरी मुद्रा :

खेचरी मुद्रा वैसे तो बहुत कठिन मुद्रा है पर यहां दी गयी इस मुद्रा से भी कुछ फायदे जरुर होते हैं । इस मुद्रा में जिह्वा को उलट कर कंठ के मूल पर जो घांटी है उसपर लगाकर, दृष्टि को नाक पर आज्ञाचक्र (दर्शनकेन्द्र) पर अपलक रखते हुए खेचरी मुद्रा बनती है । यह मुद्रा करते वख्त उदानमुद्रा और आंतरिक रुप से हम् का मौन उच्चारण करने से ज्यादा लाभ होता है ।

लाभ :

- भूख - प्यास पर नियंत्रण होता है ।
- मरणतुल्य कष्ट दूर होते है ।
- एकाग्रता सधती है ।
- निर्विकल्प दशा में लीन हो सकते है ।

२९.५ सर्वेन्द्रिय मुद्रा :

पद्मासन, सुखासन या सिध्धासन में बैठकर, दोनो अंगूठे से दोनो कान के द्वार बंध कर के दोनो तर्जनी से दोनो आँखे बंधकर के, दोनों मध्यमा से दोनों नासिकाएँ बंध करके, दोनों अनामिका को होठ के उपर रखते हुए, दोनों कनिष्ठिका को होठ के नीचे सहज दबाव देते हुए, जालंदर, उड्डीयान और मूलबंध करते हुए सर्वेन्द्रिय मुद्रा बनती है ।

लाभ :

- इन्द्रियो की वृति शांत होकर, चंचलता दूर होकर, ध्यान में लीन हो सकते है ।
- अंतरमुखी बनने से आंतरिक चेतना जागृत होती है ।
- ज्योतिकेन्द्र पर बंध आंखो से सफेद रंग का अनुभव होता है ।
- आवेश-आवेग शांत होकर, पूर्ण शांति का अनुभव होता है ।

मुद्रा

हठयोग-साधना में योग-सिद्धि के जो सात साधन बताये गये हैं उनमें मुद्रा तीसरे स्थान पर है। शरीर की वह विशिष्ट क्रिया जिस से शरीर के किसी अवयव विशेष को स्थिति विशेष में रखा जाता है, "**मुद्रा**" कहलाती है। यह शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ आत्मिक बल में भी वृद्धि करती है, जो चित्त को एकाग्र करने तथा कुण्डलिनी शक्ति के जागरण में भी सहायक है। मुद्राओं के अभ्यास से इन्द्रियाँ बाह्य जगत् से सम्बन्ध विच्छेद कर अर्न्तमुखी होकर प्रत्याहार की स्थिति निर्मित करती है। यद्यपि मुद्राओं का उद्देश्य आध्यात्मिक है तथापि मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी इनका उपयोग नकारा नहीं जा सकता। हठयोग के ग्रन्थों में मुद्रा और बन्ध का संयुक्त विवरण एक साथ प्राप्त होता है। बन्ध का शाब्दिक अर्थ है "**बाँधना**" अर्थात् शरीर के अंग विशेष को धीरे-धीरे शक्तिपूर्वक संकुचित कर बांधना ही बन्ध है। यह अन्त: शारीरिक प्रक्रिया है। इसके द्वारा शरीर के विभिन्न अंगों तथा नाड़ियों को नियंत्रित किया जा सकता है। हठयोग-प्रदीपिका में मुद्राओं का विवरण इस प्रकार मिलता है। यथा-

महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्च खेचरी।
उड्डीयानं मूलबन्धश्च बंधो जालन्धराभिध:।
करणी विपरीताख्या बज्रोली शक्तिचालनम्।
इदं हि मुद्रादशकं जरामरण-नाशकम्।

अर्थात् महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, उड्डीयान, मूलबन्ध, जालन्धरबन्ध, विपरीतकरणी, व्रजोली, शक्तिचालनी यह दश मुद्रायें जरा-मरण को नष्ट करने वाली बतायी गयी है। इसी प्रकार घेरण्ड-संहिता में मुख्य रूप से पच्चीस मुद्राओं का वर्णन प्राप्त होता है। यथा-

महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डीयानं जलन्धरम् ।
मूलबन्धं महाबन्धं महावेधश्च खेचरी।
विपरीतकरिणी योनि वज्रोली शक्तिचालिनी।
तडागीमाण्डवी मुद्रा शाम्भवीपञ्चधारणा।।
आश्विनी पाशिनी काकी मातंगी च भुजंगिनी।
पञ्चविंशति मुद्रा:वै सिद्धिदाश्चेहयोगिनाम्।।

अर्थात् महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डीयान-बन्ध, जालन्धर-बन्ध, मूलबन्ध, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, विपरीतकरिणी, योनि, वज्रोली, शक्तिचालिनी, तड़ागी, माण्डवी, शांभवी, पंचधारणा, अश्विनी, पाशनी, काकी, मातंगी और भुजंगिनी इत्यादि पच्चीस मुद्रायें हैं जो योगियों को सिद्धि प्रदान करने वाली हैं। हठयोग के ग्रन्थों में विभिन्न मुद्राओ एवं बन्धों का विस्तार से वर्णन मिलता है। यहाँ सबसे पहले "**बन्ध**" पर चर्चा करेगें। बन्ध मुख्य रूप से तीन हैं, परन्तु इनके संयुक्त होने पर एक बन्ध और हो जाता है। बन्धों का मुख्य कार्य शक्ति के बाह्य प्रवाह को जो व्यर्थ हो रहा है रोककर सूक्ष्म व महत्त्वपूर्ण केन्द्रों की ओर उन्मुख करना है जिससे सुषुप्त शक्ति-केन्द्र क्रियाशील होकर

व्यक्तित्व के विकास में योगदान दे सकें। विभिन्न बन्ध एवं मुद्रायें इस प्रकार हैं-



जालन्धर बन्ध

1. जालन्धर बन्ध -

कंठमाकुंच्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढ़म्।
बंधो जालंधराख्योयं जरामृत्यु-विनाशक:।

कंठ का संकोच करके हृदय पर ठोड़ी को दृढ़ता से लगावे, यह जरामृत्यु का नाश करने वाला जालन्धर बन्ध है।

विधि - किसी भी ध्यान के आसन में बैठकर दोनों हाथों को घुटनों पर रखें। आँखे बन्द तथा रीढ़ की हड्डी सीधी रहनी चाहिए। गहरी श्वास लेकर कुम्भक करें और कंठ की आन्तरिक मांस-पेशियों को संकोच करेक ठुड्डी को छाती से सटा लेना चाहिए, तथा दोनों कन्धों को कुछ ऊपर उठायें। जब तक आसानी से कुम्भक की स्थिति में रह सकें रहें, तत्पश्चात् हाथों तथा कंधों को शिथिल करके सिर को ऊपर उठाकर सामान्य स्थिति मे आ जायें, धीरे-धीरे लय के साथ श्वास बाहर निकालना चाहिए।

लाभ-

1. यह गले के रोगों का नाश करता है।
2. थॉयरॉयड एवं पैराथायरॉयड ग्रन्थियों को क्रियाशील बनाकर यह हार्मोन्स के स्राव को सन्तुलित करता है जिससे शरीर की चय-अपचय की क्रिया ठीक रहती है और स्फूर्ति, उत्साह एवं युवावस्था बहुत दिनों तक बनी रहती है।
3. यह विशुद्ध चक्र को जागृत करने में सहायक है।

2. मूलबन्ध -

पार्ष्णिभागेन संपीड्य योनिमाकुंचयेद्गुदम्।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोमिधीयते।।
अधोगतिमपानं वा ऊर्ध्वगं कुरुते बलात्।
आंकुचनेन तं प्राहुर्मूलबन्धं हि योगिनः।

एँड़ी से योनि स्थान (पायु एवं उपस्थ के मध्य भाग) को दबाकर गुदा का आंकुचन-सिकोड़-कर अपानवायु को ऊपर की ओर आकर्षित करें, इसे मूलबन्ध कहते हैं अथवा जिस विधि से अधोगति वाले अपानवायु को बल पूर्वक आकुंचन द्वारा ऊर्ध्वगामी किया जाता है, उसे योगीजन मूलबन्ध कहते हैं।

विधि- सिद्धासन में बैठकर दोनों हाथों को घुटनों पर रखकर मेरुदण्ड को सीधी रखें, आँखे बन्द रहें, मन को मूलाधार चक्र पर केन्द्रित करें, अन्तः कुम्भक अथवा बाह्यकुम्भक करके गुदा का आंकुचन कर इसे अधिक से अधिक ऊपर की ओर खींचे। यथासम्भव कुम्भक की स्थिति में रहकर अभ्यास करें, जब कुम्भक की स्थिति में न रह सकें तब गुदा के आंकुचन को शिथिल कर दें।

लाभ -

1. इससे बड़ी आँत की निष्क्रियता दूर होती है जिससे कब्ज और अपच दूर होता है।
2. इससे मल द्वार के सभी प्रकार के दोष जैसे बबासीर, भगंदर आदि दूर होते हैं।
3. अपान वायु ऊपर खींचने पर जठराग्नि प्रदीप्त होती है जो पाचन शक्ति बढ़ाती है।
4. यह मूलाधार चक्र को जागृत करने में सहायक है।

विशेष - इस क्रिया में जालंधर बन्ध भी किया जा सकता है जो अधिक लाभ पहुँचाता है।

3. उड्डीयानबन्ध-

बद्धोयेन सुषुम्णायां प्राणस्तूड्डीयते यतः।
तस्मादुड्डीयानाख्योयं योगिभिः समुदाहृतः।।
उड्डीयानं कुरुते यस्मादविश्रान्तं महाखगाः।
उड्डीयानं तदेव स्यात्तत्र बंधोभिधीयते।।

जिससे बंधा हुआ प्राण ऊर्ध्वमुख होकर सुषुम्णा में होकर पहुँच जाय, उस बन्ध को उड्डीयान कहते हैं। देहावकाश में गतिशील महाखग रूप प्राण जिस बन्ध से सुषुम्णा में उड़ता (गति करता) है उसे उड्डीयानबन्ध कहते हैं।

विधि – किसी भी ध्यान के आसन में बैठकर हथेलियों को घुटनों पर जमायें। रेचक क्रिया से पेट के अन्दर की श्वास पूरी तरह बाहर निकालकर बहिष्कुम्भक करें, पेट की हथेलियों का अधिक से अधिक संकोच करके उन्हें मेरुदण्ड से स्पर्श कराने का प्रयत्न करें। बहिष्कुम्भक की स्थिति में आराम से जितनी देर तक रह सकें रहें। जब श्वास को बाहर न रोक सकें तो उदर पेशियों को सामान्य स्थिति में लायें तथा धीरे-धीरे श्वास लें।

लाभ –
1. यह अजीर्ण को दूर कर, पाचन क्रिया को बढ़ाता है।
2. इससे दूषित वायु का निष्कासन तथा कृमि रोग का नाश होता है।
3. यह यकृत, गुर्दे, आमाशय आदि पाचन शक्ति को प्रभावित करने वाले अंगो को सक्रिय करता है।
4. यह मणिपूर चक्र को जागृत करने में सहायक है।

सावधानी –
1. गर्भवती महिलाओं को इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए।
2. पेट के अल्सर, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग आदि में भी इसक अभ्यास वर्जित है।

विशेष – उड्डीयान बन्ध का अभ्यास करने से पूर्व शंख-प्रक्षालन व अग्निसार क्रिया का अभ्यास कर लेना चाहिए जिससे पेट में कब्ज आदि की शिकायत न रहे तथा पेट साफ रहे।

4. **महाबन्ध –** जालन्धरबन्ध, मूलबन्ध और उड्डियानबन्ध तीनों को क्रमश: संयुक्त रूप से करने पर ''महाबन्ध'' बनता हैं।

विधि – इस बन्ध के लिये पहले ध्यान के किसी भी आसन में बैठकर जालन्धर बन्ध लगाते हैं। तत्पश्चात् क्रमश: मूलबन्ध उड्डियानबन्ध लगाते हैं। कुम्भक की स्थिति तक इस स्थिति में रहें। अब बन्ध खोलने के लिये सबसे पहले उड्डियान बन्ध को शिथिल करें, फिर मूलबन्ध को और अन्त में जालन्धर बन्ध को, धीरे-धीरे श्वास लीजिए।

लाभ: –
1. यह हृदय की धड़कन को नियंत्रित करके, मन को शान्त एवं एकाग्र करता है जिससे शरीर के स्नायु सबल होते हैं।
2. यह प्रजनन अंगो एवं उनसे सम्बन्धित स्नायुओं की अनावश्यक उत्तेजना और शिथिलता को दूर करके स्तम्भन की शक्ति बढ़ाता है।
3. यह आँतों की निष्क्रियता को दूर कर जठराग्नि प्रदीप्त करता है जिससे कब्ज और अपच दूर होता है।
4. यह मन व शरीर को ध्यान के लिये तैयार करता है तथा चक्रों के जागरण में भी सहायक है।

महाबंध



महाबेध

5. **महावेध –**

विधि: – दोनों पैर फैलाकर बैठें। दायें पैर की एँड़ी को पायु और उपस्थ के मध्य सीवनी नाड़ी पर रखकर दबायें तथा सामने झुककर दोनों हाथों से बायें पैर के अंगूठे को पकड़ें। श्वास अन्दर लेकर उसके बाद पूरी तरह श्वास बाहर निकालकर सबसे पहले जालन्धर बन्ध, फिर मूलबन्ध और उसके बाद उड्डीयान बन्ध लगायें। दृष्टि नासिका के अग्र भाग पर हो। जब तक सम्भव हो इसका अभ्यास करें।

लाभ –

1. यह चित्त को एकाग्र कर, मन को ध्यान हेतु तैयार करता है।
2. यह वात तथा उदर-विकारों में लाभप्रद है।



महामुद्रा

6. महामुद्रा -

विधि: - सर्वप्रथम दोनों पैर सामने फैलाकर बैठें। तत्पश्चात् दायें पैर की एड़ी को पायु और उपस्थ के मध्य सीवनी नाड़ी के नीचे रखें। सामने झुककर दोनों हाथों से बायें पैर के अंगूठे को पकड़ें। दीर्घ श्वास लेकर जालन्धर-बन्ध तथा मूलबन्ध लगावें। दृष्टि भ्रूमध्य पर रखें। अन्त: कुम्भक की स्थिति में जब तक सम्भव हो रहें। तत्पश्चात् धीरे से श्वास बाहर निकालें। पैर की स्थिति भी बदलकर इसका अभ्यास किया जा सकता है।

लाभ -

1. यह चित्त को एकाग्र करके, मन को ध्यान के लिये पृष्ठभूमि बनाता है।
2. यह उदर से सम्बन्धित विकार में लाभ पहुँचाता है।
3. यह प्राण-शक्ति का विकास करके आन्तरिक शक्ति को जागृत करता है।

7. नभोमुद्रा -

विधि: - ध्यान के किसी आसन में बैठकर जिह्वा को तालूमूल में लगायें, उज्जायी प्राणायाम के साथ दृष्टि भ्रूमध्य अथवा आकाश की ओर करें।

लाभ –

1. यह मुद्रा मन को शान्त एवं स्थिर करती है।
2. इस मुद्रा में एक साथ उज्जायी प्राणायाम, शाम्भवी मुद्रा तथा खेचरी मुद्रा का लाभ प्राप्त होता है तथा यह साधक को चेतना की उच्च स्थिति में ले जाने में सहायक है।

8. **खेचरी मुद्रा** – खेचरी शब्द ''**खे**'' और ''**चरी**'' दो शब्दों के मेल से बना है जिसमें ''**खे**'' का अर्थ है ''आकाश'' तथा ''**चरी**'' का अर्थ है ''भ्रमण'' करने वाला। अर्थात् सूक्ष्म और स्थूल शरीर के बीच मन की चेतना का भ्रमण आकाश में भ्रमण है, इसलिये इसे ''खेचरी'' मुद्रा कहते हैं।

विधि – खेचरी मुद्रा का अभ्यास दो प्रकार से किया जा सकता है।

1. प्रथम विधि सरल है। इसमें ध्यान के किसी आसन में बैठकर मुंह बन्द रखें तथा ऊपर और नीचे के दाँत परस्पर सटे हों, आंखे बन्द हों। तत्पश्चात् जिह्वा के अग्र भाग को ऊपर उठाते हुये पीछे तालूमूल की तरफ अधिक से अधिक ले जाकर तालुमूल से स्पर्श करवाने का अभ्यास करें। इस क्रिया में श्वास सामान्य रहनी चाहिए।
2. दूसरी विधि कुछ कठिन है। किसी योग्य योगाचार्य के मार्ग-दर्शन में ही इसका अभ्यास किया जा सकता है। इस विधि में जिह्वा को लम्बी करने के लिये इस के छेदन, दोहन और कर्षण की क्रिया की जाती है। छेदन-क्रिया में जिह्वा के निम्न मूल को काटा जाता है। प्रत्येक सप्ताह बाल के बराबर स्फटिक अथवा धारदार शुद्ध वस्तु से काटा जाता है। लगभग ६ माह के अभ्यास में जिह्वा का निम्न-मूल से बन्धन कट जायेगा। इसके बाद जिह्वा के अग्र भाग को वस्त्र से लपेटकर धीरे-धीरे दोहन करें और क्रमशः जिह्वा को नासिका के अग्र भाग तक, फिर नासिका के मध्य भाग तथा फिर भ्रूमध्य तक लम्बी करने का अभ्यास करें इस प्रकार जिह्वा के बढ़ने पर तालुमूल में धीरे-धीरे इसे, प्रविष्ट करवायें। फिर कपाल-रन्ध्र में जिह्वा को ऊपर की ओर उलटी करके ले जाना चाहिए। दृष्टि भ्रूमध्य में रहे।

लाभ –

1. खेचरी का अभ्यास करने वाले साधक को मूर्च्छा, क्षुधा, तृष्णा, आलस्य आदि नहीं सताते हैं।
2. इससे शरीर की अनावश्यक गर्मी दूर होती है और शरीर के तन्तुओं के क्षय होने की गति रूकती है।
3. इस क्रिया के अभ्यास से श्वास-प्रश्वास की गति दीर्घ होती है जिससे मन स्वतः शान्त और स्थिर होता है।

9. **विपरीतकरणी मुद्रा** – यह मुद्रा इस सिद्धान्त पर आधारित है कि प्रत्येक मनुष्य के नाभिमूल में सूर्यनाड़ी और तालुमूल में चन्द्रनाड़ी का स्थान है। सहस्रार से जब चन्द्रामृत का प्रवाह होता है तब सामान्य रूप से नाभि में स्थित सूर्य के तेज से वह नष्ट हो जाता है। यदि सहस्रार से निकलने वाला चन्द्रामृत तालुमूल में सुरक्षित रखा जा सके तो शरीर अमरता को प्राप्त होता है।

विधि– पहले दोनों हाथों को परस्पर बाँध कर सिर को उनके बीच कर भूमि में रखकर शीर्षासन की स्थिति में आ जायें पैर ऊपर की ओर सीधे रहें। फिर कुम्भक के द्वारा वायु को रोकने का अभ्यास करें। प्रारम्भ में कुछ क्षणों के लिये करें, धीरे-धीरे अभ्यास बढ़ायें।

लाभ– यह–
1. शरीर के ताप को सन्तुलित रखकर सभी प्रकार के आधि–व्याधि का नाश करती है।
2. जठराग्नि प्रदीप्त करती है।
3. स्मरण शक्ति को बढ़ाने में सहायक है।
4. शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है।
5. सुषुम्णा का प्रवाह मस्तिष्क की ओर करती है।

सावधानी– उच्च रक्त चाप तथा, हृदय के रोगी इसका अभ्यास न करें।



योनि मुद्रा

10. योनिमुद्रा– सिद्धासन अथवा ध्यान के किसी आसन में बैठकर दोनों हाथों के अँगूठे से कानों को, दोनों हाथों की तर्जनी से नेत्रों को, मध्यमा से मुख को और अनामिका से नासिका को बन्द करें। काकी मुद्रा की स्थिति में मुह से प्राण वायु लेकर श्वास को भीतर रोकते हुए बिन्दु चक्र पर मन को एकाग्र करने का प्रयास करें। आराम दायक स्थिति तक श्वास को रोकने के पश्चात् नासिका से अँगुलियों को हटा लें। रेचक क्रिया द्वारा श्वास निकाल लें। अन्य अँगुलियां अपने स्थानों पर यथावत् रहेगीं पुन: श्वास लेकर इसका अभ्यास करें। यही योनिमुद्रा है। चूँकी इस मुद्रा में साधक की स्थिति इन्द्रिय जन्य क्रिया–कलापों से रहित–जिस तरह बच्चा गर्भ अर्थात् योनि मे रहता है उस तरह–होने के कारण इस मुद्रा को योनिमुद्रा कहते हैं।

लाभ-
1. इस मुद्रा के अभ्यास से शरीर में नाद प्रकट होता है।
2. यह मानसिक तनाव में राहत पहुँचाती है।
3. यह नेत्र, नाक, कान के रोगों में राहत पहुँचाती है।
4. यह चित्त को एकाग्र कर ध्यान के लिये मन को तैयार करती है।

11. वज्रोली-मुद्रा- वज्र नाड़ी जो कि यौन-ग्रन्थि से जुड़ी है से सम्बन्धित मुद्रा होने के कारण इसे वज्रोली मुद्रा कहते है।

विधि- इस मुद्रा का अभ्यास दो तरह से किया जा सकता है-
1. सिद्धासन अथवा वज्रासन में बैठकर दोनों हाथों को घुटनों पर रखें। कुम्भक की स्थिति में निम्न उदर प्रदेश के, पायु और उपस्थ से सम्बन्धित भाग का ऊपर की ओर आकुंचन करें। फिर श्वास छोड़ते हुये निम्न उदर प्रदेश को शिथिल करके बहिष्कुम्भक की स्थिति में भी निम्न उदर प्रदेश का आकुंचन करें। इस क्रिया को कुम्भक की स्थिति में बार-बार दोहरायें।

2. इस विधि का अभ्यास किसी योग्य योगाचार्य के निर्देशन मे ही करना चाहिए। इस क्रिया में मूत्रमार्ग में पहले कैथेटर नं०-4 अथवा 5 को डालकर प्रतिदिन 1 इंच अन्दर की ओर डालें। जब कैथेटर 10-12 इंच अन्दर जाने लगे तो चाँदी अथवा काँच की लगभग 15 इंच वाली नली को मूत्रमार्ग से धीरे-धीरे प्रवेश कराकर अभ्यास करें। जब नली 10-12 इंच अन्दर चली जाय तो नली के मार्ग से जल को ऊपर खींचने का अभ्यास करें। जब यह अभ्यास सध जाय तो दूध से इसका अभ्यास करें। जब दूध से भी अभ्यास सिद्ध हो जाय तब मधु और अन्त में पारद से अभ्यास किया जाता है। जब अभ्यास सिद्ध हो ज़ाय तब बिना नली के भी उपर्युक्त विधि के अनुसार अभ्यास किया जा सकता है।

लाभ
`1. यह ब्रह्मचर्य पालन के लिये उपयोगी क्रिया है।
2. यह पायु और उपस्थ से सम्बन्धित सभी प्रकार के रोगों में लाभ पहुँचाती है।
3. इससे स्नायु नियंत्रण और स्थिरता प्राप्त होती है जिससे ध्यान आदि योग के उच्च साधन के लिये भूमिका तैयार होती है।

सावधानी - सामान्य वज्रोली-मुद्रा में अभ्यास सरल होने के कारण कोई खतरा नहीं है, परन्तु दूसरी विधि योग्य व्यक्ति के निर्देशन में ही करनी चाहिए।

12. शक्तिचालिनी मुद्रा- सिद्धासन में बैठकर दोनों हाथों को दोनों घुटनों के ऊपर रखें। श्वास के द्वारा प्राण वायु अन्दर लें तथा पायु और उपस्थ का, निम्न उदर प्रदेश का ऊपर की ओर आकुंचन करके उड्डीयान बन्ध लगायें। निम्न उदर प्रदेश के आकुंचन और शिथिलन से सुषुम्णा का प्रवाह प्रारम्भ होता है जो कुण्डलिनी शक्ति के जागरण में सहायक है।

लाभ–
1. यह आन्तरिक शक्ति के जागरण में सहायक है।
2. यह बवासीर, गुदा से सम्बन्धित विकारों में उपयोगी है।



तड़ागीमुद्रा

13. तड़ागीमुद्रा– पश्चिमोत्तान आसन की स्थिति में दोनों पैरों के बीच कुछ दूरी बनाकर दोनों हाथों से दोनों पैरों के अँगुठों को पकड़ें। दीर्घ पूरक करके पेट की स्नायुओं को बाहर की ओर फैलायें। जब तक सम्भव हो अन्त: कुम्भक लगायें, तदुपरान्त रेचक कीजिये।

लाभ–
1. यह उदर से सम्बन्धित विकारों को दूर करता है और पाचन-शक्ति को बढ़ाती है।
2. यह शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर, कार्यक्षमता हो बढ़ाने में सहायक है।

14. माण्डूकीमुद्रा– ध्यान के किसी आसन में बैठकर दोनों हाथों को दोनों घुटनों पर रखें अथवा चिन्मुद्रा की स्थिति में रखें, मुह को बन्द करें। मुंह को बन्द करके जिह्वा को मुंह के अन्दर चारों ओर घुमाकर चिह्वा को तालूमूल में लगाकर चन्द्रामृत का पान हो रहा है ऐसा आभास करें।

लाभ
1. इससे लार ग्रन्थि सक्रिय होती है जो भोजन के पचाने में सहायक है।
2. यह स्वास्थ्य उत्तम करने का साधन है।
3. इससे चेहरे की झुर्रियाँ दूर होती हैं।



शाम्भवीमुद्रा

15. शाम्भवीमुद्रा- ध्यान के किसी आसन में बैठकर मेरुदण्ड को सीधा करें। दोनों हाथ दोनों घुटनों पर ज्ञानमुद्रा में रहें। श्वास सामान्य रहे। दोनों नेत्रों को दोनो भौंहों के मध्य स्थान में स्थिर रखने का अभ्यास करें। पहली बार ही आँखों पर ज्यादा तनाव न दें, धीरे-धीरे अभ्यास बढ़ायें, आँखें थकने पर बन्द कर दें। फिर अभ्यास करें।

लाभ

1. यह मानसिक तनाव को दूर कर मन को एकाग्र करने में सहायक है
2. यह स्मरण-शक्ति बढ़ाने में सहायक हैं।
3. इससे नेत्रों के विकार दूर होकर, नेत्रों में सम्मोहन की शक्ति प्राप्त होती है।

16. पञ्चधारणामुद्रा - ध्येय विषय पर चित्त की वृत्ति को एकाग्र करना "**धारणा**" कहलाती है। पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश इन पंच तत्वों पर धारणा पञ्चधारणा कहलाती है। धारणा अष्टांग योग का छठवां अंग है परन्तु हठयोग में मुद्राओं में ही "**धारणा**" का वर्णन पञ्चधारणा के रूप में प्राप्त होता है। ये पञ्चधारणाएँ इस प्रकार है- पार्थिवी, आम्भसी, आग्नेयी, वायवीय और आकाशी।

1. **पार्थिवीधारणा-** पृथ्वी तत्त्व पर धारणा पार्थिवीधारणा कहलाती है। पृथ्वी के आदि रचयिता ब्रह्मा जी हैं। इस

तत्त्व का स्थान पाँव से जानु पर्यन्त है। पृथ्वी तत्त्व में वायु को आरोपित करके उसमें बीज ''लं'' को युक्त करें और स्वर्ण के समान चतुर्भुज एवं चतुरानन ब्रह्मा का ध्यान हृदय में कर कुम्भक की स्थिति को बढ़ाने का प्रयास करें। दो घंटे पर्यन्त कुम्भक की स्थिति में इस मुद्रा के करने से पार्थिवी मुद्रा सिद्ध होती है तथा साधक पृथ्वी तत्त्व पर विजय प्राप्त करता है।

2. आम्भसीधारणा- जलतत्त्व पर धारणा आम्भसी धारणा कहलाती है। इस तत्त्व का स्थान जानु से गुदा स्थान तक माना जाता है। जलतत्त्व में वायु को आरोपित करके बीज ''वं'' को उसमें युक्त करें तथा पीताम्बर एवं कौस्तुभ मालाधारी चर्तुभुज भगवान श्री नारायण का पॉच घड़ी पर्यन्त अर्थात् 2 घंटे तक हृदय में ध्यान करने से आम्भसी धारणा नाम की मुद्रा सिद्ध होती है। इस धारणा की सिद्धि से शरीर में किसी भी प्रकार के विष का प्रभाव नही पड़ता है।

3. आग्नेयी या वैश्वानरी-धारणा- अग्नितत्त्व पर धारणा ''**आग्नेयी-धारणा**'' कहलाती है। अग्नि का स्थान नाभि, आकृति त्रिकोण, वर्ण इन्द्रगोप घोड़े के समान लाल और बीज ''रं'' है। इसके देवता त्रिनेत्र भगवान रुद्र हैं। गुदा से हृदय तक अग्नि का स्थान है। अग्नि तत्त्व में वायु को आरोपित कर बीज ''रं'' को उसमें युक्त कर त्रिनेत्र रुद्र का ध्यान पाँच घड़ी अर्थात् २ घंटे तक करने से अग्नि तत्त्व पर साधक विजय प्राप्त करता है। अर्थात् अग्नि से उसे कोई हानि नहीं होती है।

4. वायवीयधारणा- वायु तत्व पर धारणा ''वायवीयधारणा'' कहलाती है। वायु का स्थान हृदय से भृकुटियों तक माना गया है। बीज ''यं'', देवता ईश्वर और सत्त्वगुण से युक्त है। योगबल से इसका आविर्भाव होने पर एकाग्र चित्त से कुम्भक द्वारा पाँच घड़ी अर्थात् 2 घंटे तक प्राण-वायु का ध्यान करें। इस मुद्रा के सिद्ध होने पर साधक को वायु गमन की शक्ति प्राप्त होती है और साधक वायु से नहीं मरता।

5. आकाशीधारणा- आकाशतत्त्व पर धारणा ''**आकाशीधारणा**'' कहताती है। आकाशतत्त्व का स्थान भृकुटी से मूर्द्धान्त पर्यन्त माना गया है। आकाशतत्त्व में वायु को आरोपित कर बीज ''हं'' को युक्त करके भौहों के मध्य दो घंटा कुम्भक की स्थिति में भगवान शंकर का ध्यान करें। इस मुद्रा के सिद्ध होने पर साधक को आकाश गमन की शक्ति प्राप्त होती है।

17. आश्विनी मुद्रा-

आकुञ्चंयेद् गुदाद्वारं प्रसारयेत् पुनः पुनः।
साभवेदाश्विनीमुद्रा शक्तिप्रवोधकारणी।
आश्विनीपरमामुद्रा गुह्यरोगविनाशिनी।
बलपुष्टिकरीचैव अकालमरणंहरेत्।।

गुदा-द्वार का बार-बार संकोच और प्रसार करें। अश्वों द्वारा ऐसी क्रिया की जाती है इसलिए यह आश्विनीमुद्रा कहलाती है। इससे कुण्डलिनी का जागरण होता है। यह मुद्रा गुह्य रोगों को नष्ट करने वाली, शारीरिक शक्ति को बढ़ाने वाली तथा अकाल मृत्यु को हरण करने वाली है।

विधि- ध्यान के किसी भी आसन अथवा वज्रासन में बैठकर गुदाद्वार की मांस-पेशियों का आकुंचन एवं प्रसारण करें। श्वास समान रहनी चाहिए। ध्यान मूलाधर चक्र पर केन्द्रित करें।

लाभ-
1. यह निम्न उदर प्रदेश से सम्बन्धित सभी विकारों में लाभ पहुँचाती है।
2. यह ब्रह्मचर्य को स्थिर करने में सहायक है।



पाशिनीमुद्रा

18 पाशिनीमुद्रा-

कण्ठपृष्ठे क्षिपेत्पादौ पाशवद् दृढ़बन्धनम्।
सा एव पाशिनीमुद्रा शक्ति प्रबोधकारिणी।।

दोनों पाँवों को कण्ठ के पीछे की ओर ले जाकर उन्हें परस्पर मिलाकर पाश के समान दृढता से बांध लें। यह शक्ति को जाग्रत करने वाली पाशिनी-मुद्रा है।

लाभ-

1. रक्त चिकार को दूर करने मे सहायक है।
2. मेरुदण्ड को लचीला बनाकर सक्रिय रखती है।
3. मन की एकाग्रता में सहायक है



काकीमुद्रा

19 काकीमुद्रा-

काकचञ्चुवदास्येन पिबेद् वायुं शनैः शनैः।
काकी मुद्रा भवेदेषा सर्वरोग विनाशिनी।।

मुख को कौवे की चोंच के समान करके उसके द्वारा शनैः शनैः वायु पान करें। यह सभी रोगों को नष्ट करने वाली काकीमुद्रा है।

विधि - ध्यान के किसी आसन अथवा वज्रासन में बैठकर मुंह को कौवे की चोंच की तरह गोल करते हुये मुंह से श्वास लें और धीरे-धीरे नाक से निकालें। दृष्टि नासिकाग्र पर रहे।

लाभ-

1. यह पाचन-शक्ति को बढ़ाने में सहायक है।
2. यह मुंह और गले सम्बन्धित विकारो में लाभ पहुँचाती है।

20. **मातंगिनीमुद्रा -**

विधि - हाथियों की तरह इस मुद्रा में कण्ठ तक जल में खड़े होकर नासिका से जल खींचकर मुख से बाहर निकालें। प्रारम्भ में कठनाई होगी। इसलिये जलनेति का अच्छा अभ्यास होने के बाद ही इस मुद्रा का अभ्यास करना चाहिए।

लाभ - मन एवं शरीर को स्वस्थ बनाने में सहायक है।



भुजंगिनीमुद्रा

21. **भुजंगिनीमुद्रा -** ध्यान के किसी आसन अथवा वज्रासन में बैठकर मुंह खोलकर सर्प के समान कण्ठ से वायु का पान करें। पेट भर जाने पर डकार के साथ वायु बाहर निकाल दें।

लाभ: -

1. यह सभी प्रकार के उदर रोगों को नष्ट करती है।
2. यह मुंह की लार ग्रन्थियों को सक्रिय बनाती है।



अगोचरी मुद्रा

22. **अगोचरीमुद्रा -**

विधि - ध्यान के किसी भी आसन में बैठकर कुम्भक की स्थिति में दृष्टि को नासिका के अग्र भाग पर केन्द्रित करने की क्रिया अगोचरी मुद्रा है।

लाभ - यह मन की चंचल वृत्तियों को एकाग्र करने में सहायक है।

23. **भूचरीमुद्रा** - ध्यान के किसी आसन में बैठकर नासिका से लगभग 4 अंगुल दूरी पर शून्य आकाश में दृष्टि को केन्द्रित करने का प्रयास करें। यही भूचरीमुद्रा है।

लाभ - यह मन को एकाग्र करती है।

उपर्युक्त विशिष्ट मुद्राओं के अतिरिक्त कुछ हस्त मुद्रायें भी हैं जिनका योग-साधना में अपना विशिष्ट स्थान है। इन मुद्राओं का अभ्यास कहीं भी किसी भी परिस्थिति में करके मनोकायिक दृष्टि से स्वस्थ एवं नीरोग बना जा सकता है। गुरू गोरक्षनाथ जी देह-पिण्ड अर्थात् शरीर के सम्बन्ध में कहते हैं कि **''पिण्ड माहिं ब्रह्माण्ड समाया''** अर्थात् जो कुछ इस ब्रह्माण्ड में है वह इस मानव शरीर में मौजूद हैं। आवश्यकता है उसे यौगिक क्रियाओं द्वारा प्राप्त करने की। यह ब्रह्माण्ड पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश जैसे पंच तत्त्वों के मेल से बना है उसी प्रकार हमारा शरीर भी इन्हीं पंच तत्त्वों के मेल से बना है। शरीर में किसी एक तत्त्व की कमी होने अथवा इसमें असन्तुलन उत्पन्न होने से शरीर रोग ग्रस्त हो जाता है। आजकल तमाम प्रकार की चिकित्सा पद्धतियों का विकास होने से शरीर में जिस तरह की कमी होती है चिकित्सा से उस तत्त्व की कमी को पूरा किया जाता है, जिससे रोग से मुक्ति मिलती है। लेकिन कभी-कभी रोग की सही पहचान न होने पर गलत चिकित्सा का दुष्परिणाम भी हमें भुगतना पड़ता है। योगिक क्रियाओं के माध्यम से इस प्रकार के दुष्परिणामों से तो बचा ही जा सकता है साथ-साथ आध्यात्मिक क्षेत्र में भी हम सफलता प्राप्त कर सकते हैं। हमारे हाथ की पांचों अँगुलियाँ पंच तत्त्व की प्रतीक हैं। हमारा अंगुष्ठ अग्नि तत्त्व का, तर्जनी वायु तत्त्व का, मध्यमा-आकाश तत्त्व का, अनामिका-पृथ्वी तत्त्व का तथा कनिष्ठा-जल तत्त्व का प्रतिनिधित्व करती है। इन्हें आपस में किसी विशिष्ट उद्‌देश्य और रूप से मिलाने पर तत्त्व विशेष की कमी को तो दूर किया ही जा सकता है साथ ही साथ आध्यात्मिक क्षेत्र में भी सहयोग मिलता है। कुछ उपयोगी हस्त मुद्रायें इस प्रकार हैं-

1. **ज्ञान-मुद्रा** - अंगुष्ठ जो अग्नि तत्त्व का प्रतिनिधित्व करता है और तर्जनी जो वायु तत्त्व का प्रतिनिधित्व करती है इन दोनों के अग्र भागों को मिलाने पर जो मुद्रा बनती है उसे ज्ञान-मुद्रा कहते हैं। इस मुद्रा के अभ्यास में शेष तीनों अंगुलियां सीधी रहें।

लाभ: -

1. इस मुद्रा में अग्नि और वायु तत्त्व के मिलने से शरीर में प्राण शक्ति का संचार होता है तथा तेजस्विता बढ़ती है।
2. इस मुद्रा के अभ्यास से स्मरण शक्ति बढ़ाई जा सकती है।

2. **चिन्मुद्रा** - ध्यान के किसी भी आसन में बैठकर दोनों घुटनों पर दोनों हथेलियों को ऊपर की ओर रखें अथवा नाभि के कुछ नीचे बायें हथेली पर दायीं को रखें। यही चिन्मुद्रा है।

लाभ -

1. यह मन को शान्त और स्थिर रखने में सहायक है।
2. सम्पूर्ण शरीर में प्राण के प्रवाह को बनाने में सहायक है।



ज्ञानमुद्रा



चिन्मुद्रा

3. **वायुमुद्रा** – तर्जनी जो वायु का प्रतिनिधित्व करती है को अंगुष्ठ की जड़ में लगाकर अंगुष्ठ से हल्का दबाव देना चाहिये, शेष अँगुलियाँ सीधी रहें। इस प्रकार जो हस्त मुद्रा बनती है उसे वायुमुद्रा कहते हैं।

लाभ –

1. यह मुद्रा वायु तत्त्व की कमी को दूर करती है।
2. समस्त वायु विकारों जैसे-गठिया, शरीर कम्पन में लाभ पहुंचाती है।

4. **शून्यमुद्रा** – मध्यमा जो आकाश तत्त्व का प्रतिनिधित्व करती है को अंगुष्ठ की गड्डी पर लगाकर अंगुष्ठ से हल्का दबाव डालें, शेष तीनों अंगुलियां सीधी रहें। इस प्रकार जो मुद्रा बनती है उसे शून्य मुद्रा कहते हैं।

लाभ –

1. इस मुद्रा के अभ्यास से शरीर में आकाश तत्त्व की कमी दूर होती है।
2. कान के रोग जैसे-कान बहना, कम सुनाई देना, दर्द होना आदि विकार दूर होते हैं।



वायुमुद्रा



शून्यमुद्रा

5. **पृथ्वी-मुद्रा** – अनामिका जो पृथ्वी तत्त्व का प्रतिनिधित्व करती है को अंगुष्ठ के अग्र भाग से मिलाने पर तथा शेष तीनों अंगुलियों को सीधा रखने से जो हस्त-मुद्रा बनती है उसे पृथ्वी-मुद्रा कहते हैं।

लाभ – इस मुद्रा के अभ्यास से शरीर में पृथ्वी तत्त्व की कमी दूर होती है, इस मुद्रा के नियमित अभ्यास से शरीर की दुर्बलता व कमजोरी दूर की जा सकती है।

6. **प्राण-मुद्रा** – अंगुष्ठ, अनामिका तथा कनिष्ठा इन तीनों अँगुलियों के अग्रभागों को मिलाने पर जो हस्त-मुद्रा बनती है उसे प्राण-मुद्रा कहते हैं। इस अभ्यास में शेष अँगुलियाँ सीधे रहे।

लाभ – इस मुद्रा के अभ्यास से शरीर में प्राण तत्त्व की कमी को दूर किया जा सकता है और शरीर की शक्तिहीनता को दूर करके नई शक्ति का संचार किया जा सकता है।



पृथ्वीमुद्रा



प्राणमुद्रा

7. **अपान-मुद्रा** - अंगुष्ठ के साथ मध्यमा और अनामिका के अग्रभाग को मिलाने पर तथा शेष दोनों अंगुलियों को सीधा रखने पर जो मुद्रा बनती है उसे अपान-मुद्रा कहते हैं।

लाभ - इस मुद्रा के नियमित अभ्यास से शरीर के विजातीय द्रव्य बाहर निकलते हैं और शरीर मल रहित बनता है।

8. **अपानवायु-मुद्रा** - वायु-मुद्रा तथा अपान-मुद्रा के संयुक्त होने से यह मुद्रा बनती है। तर्जनी को अंगुष्ठ की जड़ में लगाकर हल्का दबाव डालें तथा मध्यमा और अनामिका के अग्रभाग को अंगुष्ठ के अग्रभाग से मिलावें। यही अपान-वायु मुद्रा है।

लाभ - दो मुद्राओं के मेल से बनी यह मुद्रा शरीर में स्थित विभिन्न ग्रन्थियों को जाग्रत करती है। इस मुद्रा का नियमित अभ्यास हृदय रोग से बचाव कर सकता है।



अपानमुद्रा



अपानवायु-मुद्रा



सूर्यमुद्रा

9. **सूर्यमुद्रा** - अनामिका अँगुली को मोड़कर उसके बीच के जोड़ों के ऊपर वाले भाग को अँगूठे से दबायें। अन्य अँगुलियाँ सीधी रहनी चाहिये। यही सूर्यमुद्रा है।

लाभ -
1. यह मन को स्थिर रखने में सहायक है।
2. यह शरीर की स्थूलता को कम करने में सहायक है।

चतुर्थः पटलः

अथ पूरकयोगयोजितान्तः पृषदश्वो निजमूलचक्रदेशे।
विदधीत बुधः समाहितोऽजोपपदग्रन्थिविभेदने प्रयत्नम् ॥१॥

एवं प्राणायामेन पवनजययोगविशेषांश्चोक्त्वा जितामरतामविकाराणामभ्युदयनिः-श्रेयसप्राप्त्युपायभूतं मन्त्राणां छिन्नादिदोषपरिहारार्थं योनिमुद्राबन्धनप्रकारं वक्तुमुपक्रमते— **अथ पूरकयोग इत्यादिना।** आदौ पूरकादियोगाभ्यासेन निजमूलचक्रदेशे मनः संयोज्य अजोपपदग्रन्थिविभेदने यत्नं प्रकुर्वीत। अजो ब्रह्मा स एव उपपत्तिर्यस्य ग्रन्थिशब्दस्य तेन ब्रह्मग्रन्थिरित्यर्थः। समाहिताभ्यासध्यानः।।१।।

प्रारम्भ में पूरक आदि के क्रम से त्रिविध प्राणायाम करते हुए मन को मूलाधार में नियोजित करके ब्रह्मग्रन्थि के भेदन का प्रयास करना चाहिए।।१।।

विमर्श—पिछले पटल में त्रिविध प्राणायाम का प्रयोगक्रम एवं 'केवलकुम्भक' प्राणायाम की विधि और उसके फलों का निरूपण करने के बाद इस पटल में अभ्युदय एवं निःश्रेयस् के उपायभूत मन्त्रों के छिन्नादि पचासों दोषों के निवारण के लिए योनि-मुद्राबन्धन का निरूपण किया जा रहा है। पूरक आदि से अभिप्राय है—पूरक, कुम्भक एवं रेचक-समन्वित त्रिविध प्राणायाम। 'अजोपपदग्रन्थि' से अभिप्राय है—ब्रह्मग्रन्थि, जो मूलाधार चक्र में है।

शकृत् समुत्सृज्य यथा शनैः स्वं सङ्कोचयेत्कम्बुनि मार्गमर्वा।
बुधस्तथाधारनियोजितात्मा सङ्कोचयेत्कम्बुनि मार्गमुच्चैः ॥२॥

ग्रन्थिभेदप्रकारमाह—**शकृदिति।** अर्वा अश्वः शकृद्विष्ठां समुत्सृज्य त्यक्त्वा येन प्रकारेण कम्बुनि मार्गं गुदमार्गं सङ्कोचयेत् तेन प्रकारेणाधारचक्रे संयुक्तात्मा पुरुषः स्वीयं कम्बुनि मार्गं सङ्कोचं नयेत्।।२।।

अपने यथासिद्ध योगासन पर सुखपूर्वक बैठा हुआ साधक, जिसने अपने मन को मूलाधार चक्र में नियोजित कर दिया है, अपने गुदामार्ग को सिकोड़कर धीरे-धीरे उसी तरह संकुचित करे, जिस तरह घोड़ा (अर्वा) मलत्याग के बाद अपने गुदामार्ग को संकुचित करता है।।२।।

विदधीत मुहुर्मुहुर्गुरूक्तक्रमतो हुंकृतिमङ्कलग्नपाणिः।
दृढरुद्धगुदध्वजान्तरालस्थिततेजोमयपुष्कराग्रयोनिः ॥३॥

अथ कम्बुनि मारुतं जितात्मा प्रतिलोमेन शनैः प्रवेशयेत्तम् ।
कमलासनपङ्कजस्य मूलं स्वगुरुप्रोक्तविधानतो दुरापम् ।।४।।

विदधीतेति। मुहुर्मुहुर्वारंवारं गुरूपदिष्टप्रकारेण करकमलद्वयं नाभेरधःस्थिततेजोमयपद्माग्रस्य योनिञ्च यत्नेन निरुध्य गुदलिङ्गमध्यतेजोमयपुष्कराग्रे योनिर्येन निरुद्धमूलाधार इत्यर्थः। अयमर्थः गुदध्वजयोर्मध्ये स्थितं यच्चतुष्पत्रं पद्मं तन्मध्ये त्रिकोणाकारा योनिरिति।

अथेति। कम्बुनि मारुतमपानवायुं देशिकोक्तक्रमेणाकुञ्च्य शनैरुर्ध्वं नीत्वा कमलासनपङ्कजाख्यं सुषुम्नामूलं प्रवेशयेत्।।३-४।।

वह अपनी दोनों हथेलियों को नाभि के ऊपर रखे। गुह्य प्रदेश और लिंगमूल के मध्यवर्ती योनिमण्डल को निरुद्ध करके गुरु-उपदिष्ट विधि से अपान वायु को हुंकार-पूर्वक खींचकर उसे सुषुम्ना में प्रविष्ट कराने का प्रयास करे।।३-४।।

अमुना विधिना मुहुः कृतेन क्रमशः कम्बुनि मारुतस्ततोऽसौ ।
अजपङ्कजमूलदेशमार्गप्रणयी ग्रन्थिविभेदनं करोति ।।५।।

अमुना विधिनेति। एवं मुहुर्मुहुरभ्यासेन अधोवृत्तं निरुध्य तदन्तर्ब्रह्ममार्गः स्थितग्रन्थिभेदनं करोतीत्यर्थः ।।५।।

अपान वायु को खींचकर उसे सुषुम्णा में प्रविष्ट कराने के सतत् प्रयास के फलस्वरूप सुषुम्णा के बन्द द्वार पर वायु का बार-बार आघात होता है। वायु के लगातार आघात के फलस्वरूप सुषुम्णा का द्वार खुल जाता है और तब सुषुम्णा में वायु के प्रवेश से ब्रह्मग्रन्थि का भेदन हो जाता है।।५।।

विमर्श—गुह्य प्रदेश से दो अँगुल ऊपर और लिंगमूल से दो अँगुल नीचे चार अँगुल विस्तृत योनिमण्डल है। इसे कन्द भी कहते हैं। इस योनिमण्डल के ऊपर चार कमलदल वाला मूलाधार चक्र है। इस मूलाधार चक्र में स्वयम्भूलिंग है। स्वयम्भू लिंग के ऊपर ब्रह्मनाडी का मुख है। इस स्वयम्भू लिंग को साढ़े तीन फेरों से लपेट कर कुण्डलिनी शक्ति स्थित है, जिसने सुषुम्णा-विवर को बन्द कर रखा है। हुंकार-पूर्वक अपान वायु को खींचकर उसे सुषुम्णा में प्रविष्ट कराने के लिए बार-बार प्रयास करने से सुषुम्णा के बन्द द्वार पर वायु का लगातार आघात होता है। वायु के बार-बार के आघात से ब्रह्मनाडी का बन्द मुख खुल जाता है और इस तरह ब्रह्मनाडी में स्थित ब्रह्मग्रन्थि का भेदन हो जाता है।

परिहृत्य खगाधिपस्ततोऽसौ सरणिं चन्द्रमसो नभोमणेः ।
कमलं कमलासनस्य पश्चाद्विदधीतोर्ध्वमुखं प्रविश्य सम्यक् ।।६।।

परिहृत्येति। अपानश्च ऊर्ध्ववृत्तित्वेन प्राणात्मकत्वात् खगाधिपत्याख्यां लभते। एवमूर्ध्वगमनाय प्रवृत्तोऽपानवायुः सोमसूर्यात्मकेडापिङ्गलामार्गौ परिहृत्य कमलमूलं सुषुम्नामूलम् उपविश्य ऊर्ध्वमुखं करोति।।६।।

चन्द्रमा और सूर्य के गलियारों को छोड़कर अर्थात् इडा और पिंगला को छोड़कर अपान वायु (खगाधिप) का कमलासन (ब्रह्मनाडी) में प्रविष्ट होने का उपक्रम सुषुम्णा के उलटे द्वार को सीधा कर देता है और वह उसमें प्रविष्ट हो जाता है।।६।।

प्रतिभानमथाद्भुतं प्रविष्टे भवनान्तः परमेष्ठिनः खगेशे।
लघुता वपुषो भवत्युदग्रा जठरान्तर्ज्वलनस्य चापि दीप्तिः ॥७॥

प्रतिभानमिति। खगेशेऽपानवायौ ब्रह्मणो भवनाभ्यन्तरं प्रविष्टे सति अद्भुतम् आश्चर्यजनकं प्रतिभानं भवति, वपुषः उदग्रा लघुता भवति।।७।।

जब ब्रह्मनाडी में अपान वायु का प्रवेश हो जाता है (अर्थात् सरलतापूर्वक नियमित रूप से संचार होने लगता है) तब साधक के शरीर में बहुत-से आन्तरिक परिवर्तन होने लगते हैं। उसकी जठराग्नि बलवती हो जाती है और शरीर का भारीपन कम हो जाता है।।७।।

तडित्कोटिप्रख्यं सुरुचिजितकालानलरुचिम्
सहस्रादित्यांशुप्रकरसदृशोद्द्योतकलितम्।
भ्रमन्तं योन्यन्तः स्थुरदरुणबन्धूककुसुम-
प्रभं कामं ध्यायेज्जठरशशभृत्कोटिशिखरम् ॥८॥

तडित्कोटिप्रख्यमिति। कामशरीराग्निं ध्यायेत्। कीदृशं विद्युदग्रतुल्यम्। स्वतेजसा दितिजा कालानलस्य रुचिर्येन तादृशं सहस्रसंख्यादित्यतेजःसमूहतुल्येन उद्योतेन कलितं सम्बद्धं योन्यन्तराधारचक्रस्याभ्यन्तरे भासमानं बन्धूकशब्देन रक्तवर्णाभं शशभृल्लक्षशिशिरम्। एतेन साधकानामानन्दजनकत्वं बोध्यते। काममिति। कामशब्दो रहस्यागमे शरीरवैश्वानरे रूढः। एवं तेजोमयं कामं स्वाधारगमनं भावयेत्। तथा चोक्तं रुद्रयामले—

भ्रमं योनिगतं ध्यायेत् कामं बन्धूकसन्निभम्।
ज्वलत्कालानलप्रख्यं तडित्कोटिसमप्रभम् ।।८।। इति।

जब ब्रह्मनाडी में वायु का संचार सुगमता-पूर्वक होने लगे तब बुद्धिमान् साधक को योनिमण्डल के भीतर बन्धूकपुष्प के समान भासमान लाल वर्ण के 'काम' का ध्यान करना चाहिए। काम का अर्थ है—शरीर की अग्नि में व्याप्त ऊष्मा, जो बिजली के समान चमकीली, प्रलयकालीन अग्नि के समान दाहक, सूर्य के समान देदीप्यमान तथा चन्द्रमा के समान आनन्दप्रद है।।८।।

तस्योद्ध्वेंऽग्निशिखा चिरद्युतिलतापुञ्जप्रभाभास्वरा
सूक्ष्मा ब्रह्मपथान्तराम्बरगता चैतन्यमात्रा कला।

(viii) प्राणायाम में बन्धत्रय की भूमिका—बन्ध का अर्थ है बाँधना, रोकना। बन्ध तीन है-(१) मूलबन्ध (२) जालन्धरबन्ध (३) उडड्डीयानबन्ध।

ये तीनों प्राणायाम में बहुत सहायक हैं। बिना बन्ध के प्राणायाम से पूर्ण लाभ की प्राप्ति नहीं हो सकती। अत: प्राणायाम के पूर्णलाभ के लिए यहाँ इनका वर्णन किया गया है।[2]

(ix) मूलबन्ध-"अध: प्रदेशादाकुञ्चनमिति मूलबन्ध:" अर्थात् अध: प्रदेश (गुदा) का आकुञ्चन करना मूलबन्ध कहलाता है। इस बन्ध में नाभि के नीचे वाला हिस्सा खींच जायेगा।

लाभ—(i) इससे अपान वायु का ऊर्ध्वगमन होकर प्राण के साथ एकता होती है। यह बन्ध मूलाधार चक्र को जागृत करता है और कुण्डलिनी जागरण में अत्यन्त सहायक है।

---

१. सूर्यभेदनगुज्जायी सीत्कारी शीतली तथा।
भस्त्रिका भ्रामरी मूर्च्छा प्लाविनीत्यष्टकुम्भका: ॥ हठयोग० २.४४

२. प्राणायाम रहस्य पृष्ठ ४०

(ii) कोष्ठबद्धता और बवासीर को दूर करने तथा जठराग्नि को तेज करने के लिए यह बन्ध अत्युत्तम है।

(iii) वीर्य को ऊर्ध्वगति करता है और ब्रह्मचर्य पालन में बड़ा उपयोगी है।

(x) जालन्धरबन्ध—

'कण्ठाकुञ्चनपूर्वकं चिबुकस्य हृदि स्थापनं जालन्धरबन्ध:'—अर्थात् ठोडी को कण्ठकुञ्जनपूर्वक हृदय के पास स्थापित करना (ठोडी को हृदय के चार अंगुल ऊपर कण्ठकूप में लगाना) 'जालन्धरबन्ध' कहलाता है।

लाभ—

(i) इससे ज्ञानेन्द्रियों को पर्याप्त व्यायाम मिल जाता है।

(ii) कण्ठ मधुर, सुरीला और आकर्षक होता है।

(iii) इससे प्राण का सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश हो जाता है।

(iv) थॉयराइड, टॉन्सिल आदि रोगों में लाभदायक है।

(v) मन में शान्ति, उत्साह और स्फूर्ति का संचार होता है।

(xi) उड्डीयानबन्ध—

"प्रयत्नविशेषेण नाभिप्रदेशस्य पृष्ठत आकर्षणमुड्डियानबन्ध:।" अर्थात् प्रयत्नविशेष के द्वारा नाभिप्रदेश (नाभि के ऊपर और नीचे चार अंगुल उदर) को पीठ की ओर खींचना "उड्डियानबन्ध" कहलाता है। संस्कृत में 'उड्डीयान' का अर्थ होता है 'उड़ना' तथा बन्ध का अर्थ है 'बांधना या नियन्त्रण में करना उड्डीयानबन्ध है। मनुष्य की चित्तवृत्तियों को अधोमुख से ऊर्ध्वमुख करने के लिए उड्डियानबन्ध एक सर्वश्रेष्ठ क्रिया है तथा साथ ही साथ इससे स्वास्थ्य में भी लाभ होता है।'

लाभ—

(i) अपच तथा क्षुधा की कमी दूर होती है।

(ii) पेट के समस्त रोग का शमन होता है।

(iii) उच्च रक्तचाप रोगी, हृदय रोगी और यक्ष्मा रोगी को इसका प्रयोग गुरु की सलाह से करना चाहिए।

(iv) यह प्राणों को जागृत कर मणिपुर चक्र का शोधन करता है।

वायु जब मध्य में संचरण करता है, तब मन की स्थिरता होती है। और मन की अच्छी तरह से जो स्थिरता होती है, वही 'मनोन्मनी' अवस्था कही जाती है। पूरक के अन्त में 'जालन्धर' नाम का बन्ध करना चाहिए। और कुंभक के अन्त में तथा रेचक के प्रारंभ में 'उड्डियाणक' करना चाहिए। नीचे की ओर मूलरन्ध्र का संकोच करने से कण्ठ का संकोच होता है। और मध्यभाग को पश्चिम की ओर खींचने से प्राणवायु ब्रह्मनाड़ी में गतिशील होता है। अपानवायु को ऊर्ध्व ले जाकर और प्राणवायु को कण्ठ के नीचे ले जाकर योगी जरारहित अर्थात् सोलह साल का-सा तरुण हो जाता है।

सुखासनस्थो दक्षनाड्या बहिस्थं पवनं समाकृष्याकेशमानखाग्रं कुम्भ-
यित्वा सव्यनाड्या रेचयेत्। तेन कपालशोधनं वातनाडीगतसर्वरोग-
सर्वविनाशनं भवति ॥13-1॥
हृदयादिकण्ठपर्यन्तं सस्वनं नासाभ्यां शनैः पवनमाकृष्य यथाशक्ति
कुम्भयित्वा इडया विरेच्य गच्छंस्तिष्ठन् कुर्यात्। तेन श्लेष्महरं जठ-
राग्निवर्धनं भवति ॥13-2॥

सुखासन पर बैठकर दाहिनी नाड़ी से बाहर की वायु को खींचकर, केश से लेकर नख के अग्रभाग तक उसे रोककर (कुंभक करके) बाँयीं नाड़ी से बाहर निकालना चाहिए अर्थात् रेचक करना चाहिए। ऐसा करने से कपाल की शुद्धि होती है, और वायुनाड़ियों के सभी रोग संपूर्ण रूप से नष्ट हो जाते हैं। हृदय से लेकर कण्ठ तक आवाज के साथ दोनों नासिकाओं से धीरे-धीरे वायु को खींचकर शक्ति अनुसार कुंभक करके इडा से रेचक करना चाहिए। इस प्रकार उठते-बैठते, चलते-फिरते करते रहना चाहिए। इससे कफ का नाश होता है और जठराग्नि की वृद्धि होती है।

वक्त्रेण सीत्कारपूर्वकं वायुं गृहीत्वा यथाशक्ति कुम्भयित्वा नासाभ्यां
रेचयेत्। तेन क्षुत्तृष्णालस्यनिद्रा न जायते ॥13-3॥

Scanned by CamScanner

जिह्वया वायुं गृहीत्वा यथाशक्ति कुम्भयित्वा नासाभ्यां रेचयेत्। तेन गुल्मप्लीहज्वरपित्तक्षुधादीनि नश्यन्ति ॥13-4॥

मुँह से सीत्कारपूर्वक वायु को लेकर यथाशक्ति कुम्भक करके दोनों नासिकाओं से रेचक करना चाहिए। इससे भूख, प्यास, आलस्य और नींद नहीं उत्पन्न होती। जीभ के वायु लेकर यथाशक्ति कुंभक करके दोनों नासिकाओं से रेचक करना चाहिए। इससे गोला, तिल्ली, ज्वर और भूख आदि दोष नष्ट हो जाते हैं।

अथ कुम्भकः। स द्विविधः। सहितः केवलश्चेति। रेचकपूरकयुक्तः सहितः। तद्विवर्जितः केवलः। केवलसिद्धिपर्यन्तं सहितमभ्यसेत्। केवलकुम्भके सिद्धे त्रिषु लोकेषु न तस्य दुर्लभं भवति। केवलकुम्भकात् कुण्डलिनीबोधो जायते ॥13-5॥

ततः कृशवपुः प्रसन्नवदनो निर्मललोचनोऽभिव्यक्तनादो निर्मुक्तरोगजालो जितबिन्दुः पट्वग्निर्भवति ॥13-6॥

अब कुम्भक के विषय में कहा जा रहा है; वह दो प्रकार है—एक सहित और दूसरा केवल। जो रेचक और पूरक के साथ होता है वह 'सहित' कहलाता है और जो उनसे रहित होता है, वह 'केवल' कहलाता है। इनमें जहाँ तक 'केवल' सिद्ध हो जाए, वहाँ तक 'सहित' का अभ्यास करते रहना चाहिए। जब 'केवल कुम्भक' सिद्ध हो जाता है, तब उस योगी को तीनों लोकों में कुछ भी दुर्लभ नहीं होता। केवल कुम्भक से कुण्डलिनी जाग्रत् हो जाती है। इसके बाद वह योगी पतले शरीरवाला, प्रसन्न मुखवाला, निर्मल नेत्रवाला, नाद को श्रवण करने वाला, सर्वरोगों से रहित, बिन्दु को जीतने वाला और प्रज्वलित जठराग्नि वाला हो जाता है।

अन्तर्लक्ष्यं बहिर्दृष्टिर्निमेषोन्मेषवर्जिता।
एषा सा वैष्णवी मुद्रा सर्वतन्त्रेषु गोपिता ॥14॥

जिसका लक्ष्य भीतर ही हो और जिसकी बाहर की दृष्टि निर्निमेष (पलकविहीन) हो और फलस्वरूप जिसका चित्त और वायु विलीन हो गए हों, यह वैष्णवी मुद्रा कहलाती है। सभी तंत्रशास्त्रों में उस मुद्रा को गुप्त और रहस्यमय माना गया है।

अन्तर्लक्ष्यविलीनचित्तपवनो योगी सदा वर्तते
दृष्ट्या निश्चलतारया बहिरधः पश्यन्नपश्यन्नपि।
मुद्रेयं खलु खेचरी भवति सा लक्ष्यैकताना शिवा
शून्याशून्यविवर्जितं स्फुरति सा तत्त्वं पदं वैष्णवी ॥15॥
अर्धोन्मीलितलोचनः स्थिरमना नासाग्रदत्तेक्षण-
श्चन्द्रार्कावपि लीनतामुपनयन्निष्यन्दभावोत्तरम्।
ज्योतीरूपमशेषबाह्यरहितं देदीप्यमानं परं
तत्त्वं तत्परमस्ति वस्तु विषयं शाण्डिल्य विद्धीह तत् ॥16॥

अन्तर्लक्ष्य होने के कारण जिसके चित्त और वायु विलीन हो गए हों, वह सदा-सर्वदा का योगी है। अचल (स्थिर) तारक वाली दृष्टि से भले ही वह बाहर और भीतर देखता हो, फिर भी वह अन्य कुछ देखता ही नहीं है। यह स्थिति 'खेचरी मुद्रा' है। वह केवल अपने लक्ष्य में ही एकतान रहता है।

Scanned by CamScanner

इस मुद्रा को मंगलकारक वैष्णवी मुद्रा भी कहा जाता है। इसमें शून्य-अशून्य-रहित तत्त्व परमपद के रूप में प्रकाशित होता है। हे शाण्डिल्य! अधखुले नेत्रवाला, स्थिर मनवाला और नासाग्र में स्थिर दृष्टिवाला योगी निश्चलभाव को प्राप्त करने के बाद चन्द्रनाड़ी और सूर्यनाड़ी का भी विलय करा देता है। उस समय समग्र बाह्य विषयों से रहित ज्योतिरूप देदीप्यमान जो तत्त्व प्रकाशित होता है, वही परमवस्तुरूप उसका विषय होता है ऐसा आपको समझना चाहिए।

तारं ज्योतिषि संयोज्य किंचिदुन्नमयन्भ्रुवौ।
पूर्वाभ्यासस्य मार्गोऽयमुन्मनीकारकः क्षणात् ॥17॥
तस्मात् खेचरीमुद्रामभ्यसेत्। ततो उन्मनी भवति। ततो योगनिद्रा भवति। लब्धयोगनिद्रस्य योगिनः कालो नास्ति ॥17-1॥

आँख के तारक को ज्योति के साथ जोड़कर, दोनों भौंहों को कुछ ऊपर रखना—यह पहले के अभ्यास का मार्ग है। वह क्षणभर में उन्मनी अवस्था को उत्पन्न कर देता है। इसलिए इस खेचरी मुद्रा का अभ्यास करना चाहिए। इससे उन्मनी दशा प्राप्त होती है। बाद में योगनिद्रा प्राप्त होती है। योगनिद्रा-प्राप्त योगी के लिए कोई काल नहीं होता।

शक्तिमध्ये मनः कृत्वा शक्तिं मानसमध्यगाम्।
मनसा मन आलोक्य शाण्डिल्य त्वं सुखी भव ॥18॥
खमध्ये कुरु चात्मानमात्ममध्ये च खं कुरु।
सर्वं च खमयं कृत्वा न किंचिदपि चिन्तय ॥19॥

इसलिए हे शाण्डिल्य! शक्ति की मन के बीच स्थापना करके शक्ति को मन के भीतर प्रवाहित करके आप मन से ही मन को देखिए और बाद में सुखी होइए। और आकाश (चिदाकाश) के मध्य में आत्मा की स्थापना कीजिए और आत्मा के बीच चिदाकाश को रखकर, आकाश के सिवा और कुछ है ही नहीं, ऐसा चिन्तन कीजिए।

बाह्यचिन्ता न कर्तव्या तथैवान्तरचिन्तिका।
सर्वचिन्तां परित्यज्य चिन्मात्रपरमो भव ॥20॥
कर्पूरमनले यद्वत् सैन्धवं सलिले यथा।
तथा च लीयमानं सन्मनस्तत्त्वे विलीयते ॥21॥
ज्ञेयं सर्वप्रतीतं च तज्ज्ञानं मन उच्यते।
ज्ञानं ज्ञेयं समं नष्टं नान्यः पन्था द्वितीयकः ॥22॥
ज्ञेयवस्तुपरित्यागे विलयं याति मानसम्।
मानसे विलयं याते कैवल्यमवशिष्यते ॥23॥

योगी को बाहर की चिन्ता नहीं करनी चाहिए, इसी प्रकार भीतर के विषय की भी चिन्ता नहीं करनी चाहिए। इस प्रकार से सभी चिन्ताओं का त्याग करके केवल चैतन्यपरायण ही हो जाइए। जिस प्रकार कर्पूर अग्नि में और लवण (नमक) पानी में विलीन हो जाता है, उसी तरह योगी का मन लीन होते-होते परमतत्त्व में लीन हो जाता है। जानने योग्य सब कुछ जान लिया है, ऐसा जो ज्ञान है, वह मन है। इस प्रकार लीन होता हुआ सब कुछ मनस्तत्व में विलीन हो जाता है। सर्वप्रतीत ज्ञेय है—ऐसा ज्ञान ही मन है, क्योंकि ज्ञान और ज्ञेय का जब एक ही साथ नाश हो जाता है, तब तो अन्य कोई

Scanned by CamScanner

तालुस्थान के मूल में अवस्थित ग्रन्थि को प्रयत्नपूर्वक जीभ से दबाकर जब प्राणवायु ऊपर के छिद्र में जाता है, तब प्राण की गति रोकी जा सकती है। तालु प्रदेश के ऊर्ध्व भाग की ओर बारह अंगुल दूर तक गमन करने वाला प्राण जब गलित (चेष्टारहित) हो जाता है, तब अभ्यास के द्वारा ऊपर के छिद्र द्वारा प्राणगति रोकी जा सकती है। नाक के आगे बारह अंगुल की दूरी पर, निर्मल आकाश में जब ज्ञानदृष्टि अत्यन्त शान्त हो जाती है, तब प्राण की गति रोकी जा सकती है। भौंहों के मध्य में तारक ब्रह्म के दर्शन से शान्ति होने पर व्यापार बन्द हो जाते हैं और मानसिक संकल्प रुक जाते हैं, तब प्राण की गति अवरुद्ध हो जाती है।

ओमित्येव यदुद्भूतं ज्ञानं ज्ञेयात्मकं शिवम्।
असंस्पृष्टविकल्पांशं प्राणस्पन्दो निरुध्यते ॥34॥
चिरकालं हृदेकान्तव्योमसंवेदनान्मुने।
अवासनमनोध्यानात् प्राणस्पन्दो निरुध्यते ॥35॥
एभिः क्रमैस्तथान्यैश्च नानासंकल्पकल्पितैः।
नानादेशिकवक्त्रस्थैः प्राणस्पन्दो निरुध्यते ॥36॥

केवल ओंकार (प्रणव) के स्वरूप में ही आविर्भूत जो ज्ञान, ज्ञेय और मंगलकारी बनकर जब विकल्प का अंश तक मनुष्य में (साधक में) नहीं रहता, तब प्राण की गति का निरोध होता है। हे मुनि! जब दीर्घकाल तक हृदय में एकान्त आकाश का अनुभव होने से वासनारहित मन ध्यान करता है, तब प्राण की गति रुकती है। इस प्रकार के क्रम से और अन्य अनेक गुरुओं के उपदेशों का अनुसरण करके तरह-तरह के संकल्पों की कल्पनाओं के द्वारा प्राण की गति रुकती है अर्थात् प्राण वश में आ जाते हैं।

आकुञ्चनेन कुण्डलिन्याः कवाटमुद्घाट्य मोक्षद्वारं विभेदयेत् ॥36-1॥
येन मार्गेण गन्तव्यं तद्द्वारं मुखेनाच्छाद्य प्रसुप्ता कुण्डलिनी कुटिलाकारा सर्पवद्वेष्टिता भवति ॥36-2॥
सा शक्तिर्येन चालिता स्यात् स तु मुक्तो भवति। सा कुण्डलिनी कण्ठोर्ध्वभागे सुप्ता चेद्योगिनां मुक्तये भवति। बन्धनायाधो मूढानाम् ॥36-3॥
इडादिमार्गद्वयं विहाय सुषुम्नामार्गेणागच्छेत् तद्विष्णोः परमं पदम् ॥36-4॥

कुण्डलिनी का संकोच करके अर्थात् ऊपर की ओर खींचकर, किवाड़ खोलकर साधक को मोक्ष के द्वार का भेदन करना चाहिए (मोक्ष का द्वार खोल देना चाहिए)। गन्तव्य मार्ग का द्वार अपने मुख से ढँककर कुण्डलिनी सोई हुई है। वह टेढ़-मेढ़े आकार की और साँप की तरह लिपट कर वहाँ अवस्थित रहती है। उस कुण्डलिनी शक्ति को जो चलाता है अर्थात् जिसने उसको चालित किया है, वह मुक्त हो जाता है। वह कुण्डलिनी कण्ठ के ऊपर के भाग में यदि सो रही हो, तो वह योगियों को मुक्ति देने वाली होती है। परन्तु, वह यदि कण्ठ के नीचे के भाग में सो रही हो, तो अज्ञानियों के लिए बन्धनकारक होती है। इडा आदि के दोनों मार्गों को छोड़कर सुषुम्ना के मार्ग पर आना चाहिए। क्योंकि वही विष्णु का परमपद है।

Scanned by CamScanner

मरुदभ्यसनं सर्वं मनोयुक्तं समभ्यसेत् ।
इतरत्र न कर्तव्या मनोवृत्तिर्मनीषिणा ॥37॥
दिवा न पूजयेद्विष्णुं रात्रौ नैव प्रपूजयेत् ।
सततं पूजयेद्विष्णुं दिवारात्रं न पूजयेत् ॥38॥

वायु का सभी तरह का अभ्यास मन के साथ ही होना चाहिए। विद्वान् को उस समय मन की वृत्तियों को अन्यत्र संयुक्त नहीं होने देना चाहिए। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि अमुक खास दिवसों में ही विष्णु को नहीं पूजना चाहिए, अथवा अमुक खास रात्रियों में ही विष्णु को नहीं पूजना चाहिए। अपितु विष्णु की पूजा तो करते ही रहना चाहिए। केवल दिन और रात को नहीं पूजना चाहिए।

सुषिरो ज्ञानजनकः पञ्चस्रोतःसमन्वितः ।
तिष्ठते खेचरी मुद्रा त्वं हि शाण्डिल्य तां भज ॥39॥
सव्यदक्षिणनाडीस्थो मध्ये चरति मारुतः ।
तिष्ठते खेचरी मुद्रा तस्मिन् स्थाने न संशयः ॥40॥
इडापिङ्गलयोर्मध्ये शून्यं चैवानिलं ग्रसेत् ।
तिष्ठन्ती खेचरी मुद्रा तत्र सत्यं प्रतिष्ठितम् ॥41॥
सोमसूर्यद्वयोर्मध्ये निरालम्बतले पुनः ।
संस्थिता व्योमचक्रे सा मुद्रा नाम्ना च खेचरी ॥42॥

हे शाण्डिल्य! पाँच प्रवाहों वाला यह सुषिर—पाँच इन्द्रियोंरूपी प्रवाह वाला यह हृदयाकाश ज्ञान को उत्पन्न करने वाला है। वहाँ खेचरी मुद्रा रहती है। तुम उसका सेवन (उपासना) करो। बाँई-दाई नाड़ियों के भीतर (उनके मध्य में) रहकर वायु भ्रमण करता रहता है। उस स्थान में खेचरी मुद्रा प्रतिष्ठित है, इसमें कोई सन्देह नहीं है। इड़ा और पिंगला के बीच शून्य भाग है, और वह वायु को निगल जाता है। खेचरी मुद्रा भी वहीं रहती है और वहीं सत्य अवस्थित है। सूर्य-चन्द्र दोनों नाड़ियों के बीच एक निरवलम्ब समतल प्रदेश है, वहाँ (आकाशमण्डल में) खेचरी मुद्रा अवस्थित है।

छेदनचालनदोहैः फलां परां जिह्वां कृत्वा दृष्टिं भ्रूमध्ये स्थाप्य कपालकुहरे जिह्वा विपरीतगा यदा भवति तदा खेचरी मुद्रा जायते। जिह्वा चित्तं च खे चरति। तेनोर्ध्वजिह्वः पुमानमृतो भवति ॥42-1॥

छेदन, चालन और दोहन (दुहने की क्रिया) से जीभ को बहुत ही नुकीली बनाकर और दृष्टि को दोनों भौंहों के बीच स्थिर करके, जीभ जब उल्टी रीति से गमन (गति) करने लगती है और कपाल के छिद्र में जाती है, तब खेचरी मुद्रा सिद्ध होती है। जीभ और चित्त, ये दोनों कपाल के छिद्ररूप आकाश में घूमते हैं तब ऊर्ध्व की ओर गई हुई जीभवाला साधक अमर हो जाता है।

वामपादमूलेन योनिं संपीड्य दक्षिणपादं प्रसार्य तं कराभ्यां धृत्वा नासाभ्यां वायुमापूर्य कण्ठबन्धं समारोप्योर्ध्वतो वायुं धारयेत्। तेन सर्वक्लेशहानिः। ततः पीयूषमिव विषं जीर्यते। क्षयगुल्मगुदावर्तजीर्णत्वगादिदोषा नश्यन्ति। एष प्राणजयोपायः सर्वमृत्यूपघातकः ॥42-2॥

Scanned by CamScanner

बाँयें पैर के मूल से मूलरन्ध्र को दबाकर और दाहिना पैर फैलाकर उसे दोनों हाथ से पकड़ने के उपरान्त दोनों नासिकाओं में वायु भरकर कण्ठबन्ध (जालन्धरबन्ध) लगाना चाहिए और फिर ऊपर उठे हुए वायु को स्थिर करना चाहिए। इस क्रिया से समस्त क्लेशों का नाश हो जाता है। ऐसा करने से विष भी अमृत की तरह पच जाता है। क्षय, गोला, गुदावर्त, अजीर्ण और चर्मरोग आदि भी इससे नष्ट हो जाते हैं। प्राण को जीतने का यह उपाय सर्वमृत्यु का नाश करने वाला है।

वामपादपार्ष्णिं योनिस्थाने नियोज्य दक्षिणचरणं वामोरूपरि संस्थाप्य वायुमापूर्य हृदये चुबुकं निधाय योनिमाकुञ्च्य मनोमध्ये यथाशक्ति धारयित्वा स्वात्मानं भावयेत्। तेनापरोक्षसिद्धिः ॥42-3॥

बाँयें पैर की एड़ी को पहले गुदास्थान में जोड़े, फिर साधक दाहिना पैर बाँयें पैर पर रखे। बाद में वायु भरकर (अन्दर खींचकर) हृदय पर चिबुक (ठुड्डी) को दबाकर रखे। फिर गुदास्थान को संकुचित करके मन के बीच यथाशक्ति धारण करके अपने आत्मा का ध्यान (चिन्तन) करे। इससे अपरोक्ष ज्ञान की सिद्धि होती है।

बाह्यात् प्राणं समाकृष्य पूरयित्वोदरे स्थितम्।
नाभिमध्ये च नासाग्रे पादाङ्गुष्ठे च यत्नतः ॥43॥
धारयेन्मनसा प्राणं सन्ध्याकालेषु वा सदा।
सर्वरोगविनिर्मुक्तो भवेद्योगी गतक्लमः ॥44॥

बाहर से प्राण को भीतर खींचकर उदर में प्रतिष्ठित करे फिर वहाँ से उसको नाभि के बीच, नाक के आगे और पैर के अँगूठे में मन के द्वारा प्रयत्नपूर्वक धारण करना चाहिए। सन्ध्या समय में इस प्रकार जो योगी प्रतिदिन करता रहता है, वह सब रोगों से मुक्त होकर परिश्रमरहित हो जाता है।

नासाग्रे वायुविजयं भवति। नाभिमध्ये सर्वरोगविनाशः। पादाङ्गुष्ठधारणाच्छरीरलघुता भवति ॥44-1॥

मन को नासाग्र में रोकने से वायु को रोका जा सकता है। नाभि के बीच रोकने से सभी रोगों का नाश होता है, पैर के अँगूठे पर धारण करने से शरीर में लाघव (हल्कापन) आ जाता है।

रसनाद्वायुमाकृष्य यः पिबेत् सततं नरः।
श्रमदाहौ तु न स्यातां नश्यन्ति व्याधयस्तथा ॥45॥
सन्ध्ययोर्ब्राह्मणः काले वायुमाकृष्य यः पिबेत्।
त्रिमासात् तस्य कल्याणी जायते वाक् सरस्वती ॥46॥
एवं षण्मासाभ्यासात् सर्वरोगनिवृत्तिः।
जिह्वया वायुमानीय जिह्वामूले निरोधयेत्।
यः पिबेदमृतं विद्वान् सकलं भद्रमश्नुते ॥47॥

जो साधक जीभ से वायु को खींचकर निरन्तर उसका पान किया करता है, उसे श्रम और दाह नहीं होते और उसके रोग भी नष्ट हो जाते हैं। जो ब्राह्मण दोनों सन्ध्याकाल में वायु को खींचकर पीता रहता है, उसकी वाणी तीन महीनों में कल्याणस्वरूपा सरस्वती हो जाती है। इसी प्रकार छः महीनों तक अभ्यास करने से सभी रोग अवरुद्ध हो जाते हैं। जो विद्वान् जीभ से वायु को लेकर उसे जीभ के मूल में रोकता है, वह अमृत पीता है और सभी प्रकार का कल्याण प्राप्त करता है।

Scanned by CamScanner

बन्ध तथा मुद्राएं

शरीर को पूर्ण रूप से विकार रहित करने के लिए तथा ध्यानात्मक आसनों में बैठने से पूर्व योग साधक के लिए कुछ मुद्राओं का अभ्यास करना व जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है। इसलिए हठयोग में आसनों के साथ - साथ मुद्राओं का भी वर्णन मिलता है। इन मुद्राओं के बारे में विभिन्न मत हैं। स्वात्माराम ने दस बन्ध व मुद्राओं का वर्णन किया है - महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, उड्डियान, मूलबन्ध, जालन्धर बन्ध, विपरीत करणी, वज्रोली, शक्ति चालनी।[1]

घेरण्ड ने पच्चीस मुद्राओं का वर्णन किया है जो इस प्रकार हैं - महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डियान, जालन्धर बन्ध, मूलबन्ध, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, विपरीतकरणी, वज्रोलि, शक्ति-चालनी, तड़ागी, माण्डवी, शाम्भवी, पञ्चधारणा, अश्विनी, पाशिनी, काकी, मातंगी और भुंजगिनी।[2] नारायणतीर्थ ने नौ मुद्राओं का वर्णन किया हैं - महामुद्रा, महाबन्ध, खेचरी, शक्ति-

---

1 1 महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्च खेचरी।
उड्डियानं मूलबन्धस्ततो जालन्धराभिधः।
करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्ति चालनम्॥ ह० प्र० 3.6

2 महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डियानं जलन्धरम्।
मूलबन्धं महाबन्धं महावेधश्च खेचरी॥
विपरीतकरणी योनिर्वज्रोली शक्तिचालिनी।
तड़ागी, माण्डुकीमुद्रा शाम्भवी पञ्चधारणा॥
अश्विनी पाशिनी काकी मातंगी भुंजगिनी।
पञ्चविंशति मुद्रावै सिद्धिदायनीहठयोगिनाम्॥ घे० सं० 3.1-3

चालनी , मूलबन्ध , उड्डियान बन्ध , जालन्धर बन्ध तथा विपरीत-करणी मुद्रा ।[1] चरणदास ने पाँच मुद्राओं का वर्णन किया है - खेचरी , भूचरी , चाँचरी , अगोचरी , उन्मनी मुद्रा ।[2] इन सभी मुद्राओं में निम्न लिखित मुद्राएं महत्वपूर्ण हैं जो कुण्डलिनी जगाने में सहायक हैं । उनका वर्णन निम्नानुसार है -

1 महामुद्रा : -

2 बाएँ पाँव की एड़ी से सीवनी नाडी को दबाये तथा दाहिने पाँव को फैला कर उसे दोनों हाथों से दृढ़ता से पकड़ना चाहिए तब जालन्धर बन्ध (जिसका वर्णन आगे किया है) करके वायु ऊपर की ओर ले जाकर कुम्भक करना चाहिए ।

नारायणतीर्थ ने महामुद्रा का वर्णन इस प्रकार किया है । महामुद्रा के अभ्यासी को सर्व प्रथम दोनों टागों को फैला कर बैठना चाहिए । तदन्तर बाएं पैर को मोड़े और उससे गुदा और मेढ़ू के मध्य भाग में स्थित सीवनी नाड़ी प्रदेश को भलि भांति पीड़ित करना चाहिए । फैलाए गए दाएं पैर को दोनों हाथों से पकड़े । इसके बाद शरीर के नौ द्वारों को अपने अधीन करके आगे झुकें और ठोडी को हृदय से लगाए ऐसी मुद्रा बन जाने पर प्राण वायु पर नियन्त्रण रखना चाहिए इस प्रकार बाँए पैर से महामुद्रा का अभ्यास करने के पश्चात् पुनः दाँए पैर से इस मुद्रा का अभ्यास करना चाहिए ।[3]

2

1 महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्च खेचरी ।
शक्तिचालिनी मूलबन्ध उड्डियानं ततः परम् ॥
जालन्धराभिधेयोयोगो विपरीतकृतिस्तथेति ॥ यो० सि० चं० पृ० 68

2 च० कृ० अ० यो० पृ० 46

3 क पादमूलेन वामेन योनिं सम्पीड्य दक्षिणम् ।
प्रसारितं पदं कृत्वा कराभ्यां धारयेद्दृढम् ॥ ह० प्र० 3.9

ख अपसव्येन संपीड्य पादमूलेन सादरम् । गुरूपदेशतो योनिं गुदमेंढ्रयान्तरालगाम्
सव्यं प्रसारितं पादं धृत्वा पाणियुगेन तु । नवद्वाराणि संयम्य चिबुकं हृदयोपरि
यो० सि० चं० पृ० 70

महामुद्रा के अभ्यास से कुण्डली लगाकर बैठा हुआ सर्प जैसे डण्डे से मारने के पश्चात् दण्ड के आकार का हो जाता है , वैसे ही कुण्डलिनी शक्ति सहसा सरल हो जाती है और तब दोनों पुटों के आश्रय से प्राण से वियुक्त होने के कारण मरणावस्था जैसी स्थिति हो जाती है । फिर उससे धीरे - धीरे वायु का रेचन किया जाता है , वेग से नहीं । विद्वान इसे ही महामुद्रा कहते हैं ।[1]

[3] जो व्यक्ति महामुद्रा का अभ्यास करता है उसके लिए पथ्य और अपथ्य कुछ भी नहीं रह जाता है । सभी रस नीरस से हो जाते हैं । अधिक भोजन अथवा घोर विष का भोजन भी अमृत के समान पच जाता है । इसके अभ्यास से क्षय , कुष्ठ , गुदावर्त , गुल्म , अजीर्ण इत्यादि रोग नष्ट हो जाते हैं ।

यह महामुद्रा अतिशय सिद्धियाँ प्रदान करने वाली है । इसका प्रयत्न पूर्वक गोपन करना चाहिए । चाहे जिसको इसका उपदेश न देकर केवल उचित अधिकारी को ही इसकी शिक्षा देनी चाहिए ।[2]

3

1 पादमूलेन वामेन योनिं सम्पीड्यदक्षिणम् । प्रसारितं पदं कृत्वा कराभ्यां धारयेद् दृढ.म् ।
कण्ठे बन्धसमारोप्य धारयेद्वायुमूर्ध्वतः । यथा दण्ड हतः सर्पो दण्डाकारः प्रजायते ।।
ऋज्वी भूत्वा तथा शक्तिः कुण्डली सहसा भवेत् । तदा सा मरणावस्था जायते द्विपुटाश्रया
ततः शनैः शनैरेव रेचयेन्तु वेगतः । महामुद्रां च तेनैव वदन्ति विबुद्धोतमाः ।
ह0 प्र0 3.10 - 13

2 क कथितेयं महामुद्रा महासिद्धि करी नृणाम् ।
गोपीनीया प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित् ।। यो0 चूडा0 श्लोक -70

ख नहि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः ।
अति भुक्तं विषं घोरं पीयूषमिव जीर्यते ।।
क्षयकुष्टगुदावर्तगुल्माजीर्ण पुरोगमाः ।
तस्यरोगाः क्षयं यान्ति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत् ।। वही श्लोक 68 , 69

2 महाबन्ध मुद्रा : -

[4] नारायणतीर्थ के अनुसार सर्वप्रथम साधक दोनों पैरो को फैलाकर एक पैर को (बाएँ पैर को) मोड. कर सीवनी नाड.ी पर लगाएँ तथा दाएं पैर को मोड.कर जंघा पर रखें । तदनन्तर गुदा का आकुञ्चन करके अपान वायु को उर्ध्व मुखी करके समान वायु के साथ मिलाएँ और प्राण को अधोमुखी करना चाहिए ।[1] ऐसा करने से महाबन्ध मुद्रा होती है । स्वात्माराम के अनुसार साधक बाँऐं पैर की एड.ी को मोड.कर सीवनी नाड़ी स्थान में लगावें और बांयी जंघा पर दायां पैर रखकर बैठे तथा वायु को पूरित करके ठोड.ी को हृदय - स्थान में दृढ.ता से लगावें और गुदा को संकुचित करके मन को नाड.ी के मध्य सुषुम्ना में लगाना चाहिए । फिर वायु को यथा शक्ति धारण करके धीरे - धीरे रेचन करना चाहिए । इस प्रकार बायें अंग में समान रुप से अभ्यास करके दायें अंग से करना चाहिए ।[2] नारायणतीर्थ और स्वात्माराम दोनों के अनुसार ही यहाँ कण्ठ बन्ध नहीं करना चाहिए ।[3]

महाबन्ध का अभ्यास करने से प्राण तथा अपान वायु उर्ध्वगामी हो जाते हैं , सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं और नाडि.यों का रस समूह उपर की ओर प्रवाहित होने लगता है ।[4] महाबन्ध मुत्यु

4

1 योऽस्यां प्रसारितः पादो विनस्य तमुरुपरि । गुदयोनि समाकुञ्चय नीत्वा चापानमूर्ध्वगम् ।
योजयित्वा समानेन कृत्वा प्राणमधोमुखम् । बन्धदूर्ध्वगत्यर्थमपानप्राणयोः सुधीः ।
कथितोऽयं महाबन्धः । योo सिo चं पूo 70

2 पार्ष्णिं वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत् । वामोरुपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं तथा ॥
पूरयित्वा ततो वायुं हृदये चिबुकं दृढ़म् । निष्पीडय योनिमाकुंच्य मनोमध्ये नियोजयेत् ॥
हo प्रo 3.18 , 19

धारयित्वा यथाशक्ति रेचयेदनिलं शनैः । सव्यांगे तु समभ्यस्य दक्षांगे पुनरभ्यसेत् ।वही 3.20

3 हo प्रo 3.21

4 सर्वसिद्धिप्रदायकः नाड.ीगतद्रसव्यूहर्ध्वं नयति योगिनः । योo सिo चo पूo 70

महावेध मुद्रा

के भय को दूर करने में समर्थ है तीनों नाडियों ईड.ा , पिड.ला और सुषुम्ना का यहाँ संगम होता है और मन महाकाश (दोनों भौंहों के बीच में जिसे शिव स्थान कहा जाता है) पहुँच जाता है । [1]

3 महावेद्य मुद्रा : -

साधक एकाग्रचित होकर पूरक प्राणायाम द्वारा बाह्य वायु को ग्रहण करके मूलबन्ध लगाएँ फिर कुम्भक हेतु जालन्धर बन्ध एवं उड्डियान बन्ध लगाकर उसे रेचक करने तक रोक कर रखें । इस प्रकार महाबन्ध (मूलबन्ध , जालन्धर और उड्डियान बन्ध) द्वारा वायु मध्य मार्ग अर्थात् सुषुम्ना नाड.ी में चलने लगती है । चन्द्रमा , सूर्य तथा अग्नि देवता से अधिष्ठित इड़ा , पिङला और सुषुम्ना ये तीनों नाड़ियाँ इक्टठी हो जाती हैं उस अवस्था में साधक को पूरित वायु का त्याग करना चाहिए । [2]

इस महावेध के अभ्यास से साधक को बहुत लाभ की प्राप्ति होती है । इससे झुरियाँ बालपकना तथा कम्पन होना रुक जाता है । इसके अभ्यास से बुढ़ापा , मृत्यु , भय दूर होते हैं तथा जठराग्नि प्रदीप्त होती है तथा अणिमा ,गरिमा आदि सिद्धियों की प्राप्ति होती है । ये तीनों बन्ध गुप्त रखने चाहिए इनका अभ्यास प्रतिदिन तीन बार दो दो घंटे के अन्तर पर करना चाहिए । यह सभी प्रकार के

---

1 कालपाशमहाबन्ध वमोचनविचक्षणः ।
त्रिवेणीसंगमंधत्ते केदारं प्रापयेन्मनः । ह0 प्र0 3.23

2 महाबन्धस्थितो योगी कृत्वा पूरकमेकधीः । वायूनां गतिमावृत्य निभृतं कण्ठमुद्रया ।।
समहस्तो युगो भूमौ स्फिचौ संताऽयेच्छनैः । पुटद्वयमतिक्रम्य वायुः स्फुरति मध्यगः ।।
सोमसूर्याग्निसम्बन्धो जायते चामृताय वै । मृतावस्था समुत्पन्ना ततो वायुं विरेचयेत् ।।
वही 3.25-27

पापों को नष्ट करने वाला है । अच्छे जानकर साधक को भी प्रारम्भ में इसका अभ्यास अल्पमात्रा में करना चाहिए । '

4 खेचरी मुद्रा : -

' जैसा कि इसका नाम है खे = आकाश , चरी = विचरण करना अर्थात् इस मुद्रा का अभ्यास करने से साधक में आकाश में विचरण करने की शक्ति उत्पन्न हो जाती है । इस मुद्रा में तीन क्रियाओं द्वारा जिह्वा को लम्बा किया जाता जिससे कि वह उलटकर कपाल कुहर में प्रविष्ट कर सके । और तब दृष्टि भ्रूमध्य लगाने से खेचरी मुद्रा होती है । इन तीन क्रियाओं में जिह्वा का काटना , चालन और दोहन करके जिह्वा को लम्बा किया जाता है

काटना : - थुअर (स्नुही) के पत्ते के समान तीक्ष्ण धारवाले , स्निग्ध तथा निर्मल (गन्दगी रहित) शस्त्र लेकर उसके द्वारा जिह्वा मूल को बाल भर काट दें ।

चालन : - इसके बाद सेन्धा नमक तथा हर्रे के चूर्ण से जिह्वा का घर्षण करना चाहिए सात दिन बाद पुनः बाल भर काटना चाहिए ।

"

1 महावेधोऽयमभ्यासान्महासिद्धि प्रदायकः ।
वलीपलितवेपघ्नः सेव्यते साधकोत्तमैः ॥
एतत् त्रयं महागुह्यं जरामृत्युविनाशनम् ।
वह्निवृद्धिकरं चैव ह्यणिमादिगुणप्रदम् ॥
अष्टधा क्रियते चैव यामे यामे दिने दिने ।
पुण्यसंभारसंधायि पापौघभिदुरं सदा ॥
सम्यक् शिक्षावतामेवं स्वल्पं प्रथम साधनम् ।

ह० प्र० 3.27-30

[1] दोहन : - दोनों हाथों की दोनों अगुलियों के बीच में लेकर जिह्वा को बार - बार आगे निकालकर बढ़ाने को दोहन की संज्ञा दी है । जैसे गाय का दूध दुहते हैं इसी प्रकार जिह्वा को लम्बा करने के लिए इसका दोहन किया जाता है ।

इसी क्रम से छः मास तक उक्त विधि से प्रतिदिन अभ्यास करने से जिह्वामूल का शिराबन्ध हट जाता है । जिह्वा को उल्टकर कपाल कुहर के अन्दर प्रविष्ट कराना चाहिए यह खेचरी मुद्रा है ।[1]

जो साधक कपाल कुहर में जिह्वा को आधे क्षण मात्र ऊपर लगाकर रखता है , वह साधक विष , रोग , मृत्यु , बुढ़ापा आदि से मुक्त हो जाता है । खेचरी मुद्रा के सिद्धकर लेने पर , रोग , मरण , निद्रा - तन्द्रा , भूख - प्यास आदि द्वन्द नहीं सताते ।[2]

---

1 कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा । भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवन्ति खेचरी ॥
छेदन चालन दोहैः कलां क्रमेण वर्धयेतावत् ।
सा यावद् भ्रूमध्यं स्पृशति तदा खेचरी सिद्धिः ॥
स्नुहीपत्रनिभं शस्त्रं सुतीक्ष्णं स्निग्धनिर्मलम् । समादाय ततस्तेन रोममात्रं समुच्छिनेत् ॥
ततः सैन्धव पथ्याभ्यां चूर्णिताभ्यां प्रघर्षयेत् । पुनः सप्तदिने प्राप्ते रोममात्रं समुच्छिनेत् ॥
एवं क्रमेण षण्मासंनित्ययुक्तः समाचरेत् । षण्मासाद्रसनामूलशिराबन्धः प्रणश्यति ॥
कलां पराङ्मुखी कृत्वा त्रिपथे परियोजयेत् । सा भवेत् खेचरी मुद्रा व्योम चक्रं तदुच्यते ॥
ह0 प्र0 3.31-36

2 रसनामूर्ध्वगां कृत्वा क्षणार्धमपि तिष्ठति । विषैर्विमुच्यते योगी व्याधिमृत्युजरादिभिः ॥
न रोगो मरणं तन्द्रा न निद्रा न क्षुधा तृषा ।
न च मूर्च्छा भवेतस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥
पीड्यते न स रोगेण लिप्यते न च कर्मणा ।
बाध्यते न स कालेन यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥ वही 3.36-40

खेचरी मुद्रा के द्वारा सोम रस का पान का लाभ : -

[8] मेरुदण्ड और मस्तिष्क के बीच में सोम कला पूर्ण विवर है वही नदियों (इड़ा , पिङ्गला आदि) का मुख्य कहा जाता है । उसे विद्वान लोग आत्मतत्त्व भी कहते हैं । शरीरस्थ सोममण्डल से निकले हुए स्राव का नष्ट होना ही मृत्यु का कारण माना है । अतः उस स्राव का निरोध खेचरी मुद्रा के द्वारा किया जाता है । जिह्वा को कपाल कुहर में प्रविष्ट करा कर , मुख्य को ऊपर करके पराशक्ति का ध्यान करके , षोडशदल कमल में प्रवाहित प्राण के सहारे अनायास प्राप्त निर्मल धारा रूप तरंग के समान सोम स्राव का जो पान करता है वह कमल तन्तु के समान कोमल शरीर वाला योगी , व्याधि से मुक्त होकर चिरकाल तक जीवित रहता है ।

यदि जिह्वा का अग्र भाग लगातार सोममण्डल से निकले सोम रस का पान करता रहे तो जिह्वा नमकीन खट्टा , दूध , शहद , घी के स्वाद का अनुभव करती है । ऐसे साधक के सभी रोगों तथा बुढ़ापे का अन्त हो जाता है ।उस पर शस्त्र प्रहार का प्रभाव नहीं होता । वह अणिमा वाले आठ सिद्धियों को तथा अमरत्व प्राप्त करता है तथा उसके प्रति सिद्धाङ्गनाएँ आकर्षित होती है । जिस साधक का शरीर प्रतिदिन सोमस्राव से भरा रहता है उसको सर्प के काटने पर विष नहीं चढता । जिह्वा के प्रवेश से उत्पन्न उष्णता के कारण चन्द्र (आज्ञा-चक्र) से जो सार स्रवित होता है उसे नाभिमण्डल में स्थित सूर्य भस्म कर देता है । उसे जिह्वा से पान करने पर साधक का शरीर अमरत्व को प्राप्त होता है । '

---

[8] 1 यत्प्रालेयं प्रहितसुषिरं मेरुमूर्धान्तरस्थम् तस्मिंस्तत्व प्रवदति सुधीस्तन्मुखं निम्नगानाम् चन्द्रात्
सारः स्रवति वपुषस्तेन मृत्युर्नराणाम् तद्बध्नीयात् सुकरणमथो नान्यथा कार्यसिद्धिः ।
उर्ध्वः षोडशपत्रमध्यगलितं प्राणादवाप्तं हठात् । उर्ध्वास्यो रसनां नियम्य विवरे शक्तिं परां
चिन्तयन् उत्कल्लोलकलाजलं च विमलं धारामयं यः पिबेत् ।
निर्व्याधिः समृणालकोमल वपुर्योगी चिरं जीवति ।
चुम्बन्ती यदि लम्बिकाग्रमनिशं जिह्वारसस्यन्दिनी सक्षारा
कटुकाम्लदुग्धसदृशी मध्वाज्यतुल्या तथा ॥ क्रमश . . .

पाँच स्त्रोतो से युक्त जो विवर है वही ज्ञान का उत्पादक है उसी अज्ञान रहित शून्य में खेचरी मुद्रा विद्यमान रहती है । सृष्टि का मूल बीज प्रणव (ऊँकार) ही है । मुद्राओं में खेचरी मुद्रा है , निरालम्ब ही एक परमात्मा है , मनोनमनी अवस्था ही एक अवस्था है । [1]

[1] ऐसा करने से कुण्डली उस सुषुम्ना के मुख को निश्चित रुपसे छोड. देती है जिससे वह (प्राण) अपने आप सुषुम्ना में चलने लगता है । इस प्रकार सुखपूर्वक सोती हुई अरून्धती को प्रतिदिन चलाना चाहिए इसके संचालन मात्र से ही योगी रोगों से छुटकारा पा लेता है । कुण्डलिनी के अभ्यास से बहत्तर हजार नाडि.यों का शोधन होता है । [2] जो साधक शक्ति चालनी मुद्रा का अभ्यास करता है उसकी जठराग्नि प्रदीप्त होती है । वह रोगों से मुक्त रहता है तथा चिरकाल से मूलाधार चक्र में सुप्त कुण्डलिनी शक्ति अपने सर्पाकार रुप को छोड.कर सुषुम्ना नाडी की सहायता से अर्ध्वगामिनी हो जाती है । [3]

---

[9] पिछले फुटनोट का शेष

व्याधीनां हरणं जरान्तकरणं शस्त्रागमोदीरणम् । तस्य स्यादमरत्वम् अष्टगुणितम् सिद्धाड.गनाकर्षणम्
नित्यं सोमकलापूर्णम् शरीरं यस्य योगिनः । तक्षकेणापि दष्टस्य विषं तस्य न सर्पति ॥
जिह्वा प्रवेश सम्भूतवह्निनोत्पादितः खलु । चन्द्रात् स्रवति यः सार सा स्याद् अमरवारुणी ॥
तथा सोमकलापूर्ण देही देहं न मुञ्चति ॥ ह0 प्र0 3.45 - 51

1 सुषिरं ज्ञान जनकं पञ्चस्रोतः समन्वितम् । तिष्ठते खेचरी मुद्रा तस्मिन शून्ये निरञ्जने ॥
एकं सृष्टिमयं बीजमेका मुद्रा च खेचरी । एको देवो निरालम्ब एकावस्था मनोन्मनी ॥
वही 3.52 , 53

2 तेन कुण्डलिनी तस्याः सुषुम्नायां मुखं ध्रुवम् ।
जहाति तस्मात् प्राणोऽयं सुषुम्नां व्रजति स्वतः ॥
तस्मात् सञ्चालयेन्नित्यं सुखसुप्तामरुन्धतीम् । तस्याः संचालनैव योगी रोगैः प्रमुञ्चयते ॥
द्वासप्ततिसहस्राणां नाडीनां मलशोधने । कुतः प्रक्षालनोपायः कुण्डल्यभ्यसनादृते ॥
ह0 प्र0 3.114 , 115 , 119

3 अग्निवृद्धि र्भवेतस्य रोगाणां च विनाशनम् । विहाय मुद्रां भुजंगी स्वयमूर्ध्वं भवेत्खलु
तस्मादभ्यसनं कार्यं योगिना सिद्धिमिच्छता । यो0 सि0 च0 पृ0 71

5 उड्डियान बन्ध मुद्रा : -

10 श्वास को बाहर निकाल कर पेट को अन्दर सिकोडःने को उड्डियान बन्ध कहते हैं । उदर को नाभि के ऊपर , नीचे और पीछे की ओर खीचें ।[1] नाभि के ऊपर और नीचे का भाग यत्नपूर्वक पीठकी ओर खींचने का अभ्यास करने से साधक छः मास में ही मृत्यु को जीत लेता है ।[2] सुषुम्ना के अन्दर निरूद्ध प्राण इसके द्वारा उठाया जाता है, प्राण रुपी महापक्षी निरन्तर उड़ान भरता रहता है । इसलिए इसे उड्डियान नाम से अभिहित किया गया है । सभी बन्धों में उड्डियान बन्ध श्रेष्ठ है । उड्डियान बन्ध का अभ्यास दृढ. हो जाने पर मुक्ति का मार्ग सरल हो जाता है । प्रतिदिन चार बार अभ्यास करने से साधक का नाभि में स्थित नाभिचक्र , सूर्य चक्र शुद्ध हो जाते हैं और चक्र की वायु उसके अधीन हो जाती है ।[3]

नारायणतीर्थ के अनुसार उड्डियान मुद्रा में साधक दोनों हाथों से पैरों को पकड़े । गुल्फ प्रदेश के समीप ला कर उसे पीडि.त करे । ऐसा करने से उड्डियान मुद्रा लगती है ।[4]

10

1 उदरे पश्चिमं तानं नाभेरूर्ध्वं च कारयेत् । ह0 प्र0 3.56

2 नाभेरूर्ध्वमधश्चापि तानं कुर्यात् प्रयत्नतः । वही 3.58

3 क बद्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूड्डीयते यतः ।
तस्मादुड्डीयनाख्यो यं योगिभिः समुदाहृतः ॥
उड्डीनं कुरूते यस्मादविश्रान्तं महाखगः । वही 3.54.55

ख सर्वेषामेव बन्धानामुत्तमो ह्युड्डियानकः ।
उड्डियाने दृढ. बद्धे मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत् ॥ वही 3.57

ग षण्मासमभ्यसेन्मृत्युं जयत्येव न संशयः ॥ वही 5.58

4 सति वज्रासने पादौकराभ्यां धारयेद्दृढ.म् । गुल्फदेश समीपे च उदरं तत् प्रपीडयेत् ।
पश्चिमं तानमुदरं कारयेच्चिबुकं हृदि । शनैः शनैर्यथा प्राणस्तुन्दसिद्धिं न गचछति ॥
यो0 सि0 च0 पृ0 72

6 जालन्धर बन्ध : -

" कण्ठ का संकोचन करें और छाती पर ठोडी रखें तो जालन्धर बन्ध होता है ।[1] देवताओं को भी दुष्प्राप्य जालन्धर बन्ध के लिए साधक कण्ठ से शिरा जाल को बान्धा कर चिबुक को हृदय प्रदेश पर्यन्त ले जाकर दृढ़. रीति से स्थिर रखें । ऐसा करने से जालन्धर बन्ध सिद्ध होता है ।[2] हठयोग प्रदीपिका में जालन्धर पद का अर्थ करते हुए लिखा है जो शिराओं के समूह रुपी जाल को बांधता है और कपाल छिद्र रुप नभ में स्थित सोम स्राव को नियन्त्रित करता है , उसे जालन्धर बन्ध कहते हैं ।[3] इसका विजयी योगजैश्वर्य प्राप्त करता है ।[4]

जालन्धर बन्ध करने से सोमस्राव जठराग्नि में नहीं गिरता और वायु का प्रकोप नहीं होता । जालन्धर बन्ध को मध्य चक्र कहा गया है इसके द्वारा शरीर के अन्दर के सोलह आधारों का नियन्त्रण होता है ।[5]

घेरण्ड ने भी इसे सोलह प्रकार का आधार बन्ध माना है ।[6]

"

1 कण्ठ संकोचनं कृत्वा चिबुकं हृदयेन्यसेत् ।
जालन्धरे कृते बन्धे षोडशाधारबन्धनम् ॥ घे० सं 3.12

2 बध्वा गले शिराजालं हृदये चिबुकं न्यसेत् ।
बन्धो जालन्धरः प्रोक्तो देवानामपि दुर्लभः ॥ यो० सि० च० पृ० 72

3 बध्नाति हि शिराजालमधोगामिनभोजलम् । ह० प्र० 3.70

4 एतस्याभ्यासतो योगी योग सिद्धिमवाप्नुयात् ॥ यो० सि० च० पृ० 72

5 जालन्धरे कृते बन्धे कण्ठसंकोचलक्षणे ।
न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रकुप्यति ॥
मध्यचक्रमिदं ज्ञेयं षोडशाधारबन्धनम् ॥ ह० प्र० 3.71 , 72

6 जालन्धरे कृते बन्धे षोडशाधारबन्धम् । घे० स० 3.12

7 मूलबन्ध : -

12 इसका स्थान गुदा में है । इसके अभ्यास हेतु गुदा स्थान में बन्ध लगाया जाता है । बाऐं पैर की एड़ी से गुदा द्वार को बन्द करके ऊपर की ओर अंकुचन करना चाहिए । ऐसा करने से सभी वायु का नियन्त्रण हो जाता है और नीचे की वायु ऊपर की ओर जाने लगती है । प्राण - अपान का मिलन सहज में ही हो जाता है । योग में मूलबन्ध का बड़ा महत्व है। इससे जठराग्नि की वृद्धि होती है । रक्त सम्बन्धी विकार दूर हो जाते हैं । [1]

8 भूचरी मुद्रा : -

इस मुद्रा का निवास नासिका में है । प्राण और अपान जो अलग - अलग हैं उन्हें एक करती है प्राण जहाँ है , अपान को उस स्थान पर लाकर उस पर बड़ी युक्ति से संयम करके ध्यान करें । जब प्राण वायु पर नियन्त्रण हो जाता है तब उसकी चंचलता समाप्त हो जाती है और प्राणवायु उर्ध्व होकर ब्रह्मरन्ध्र की ओर चढ़ने लगता है । इसको इस प्रकार से किया जाता है - पहले मूलबन्ध करें , पैर की एड़ी गुदा भाग में लगा कर सिद्धासन लगावें । इस प्रकार से पवन व मन को अपने वश में करना चाहिए अपानवायु प्राणवायु बन कर ऊपर की ओर चढ़ने लगे तो वह प्राणवायु बन जाती है । [2]

---

12 1 गुदा द्वार बन्धन दे ठानौ । बाये पांव कि एड़ी सेती । मूलद्वार रोकै करि हेती ।
ऊर्ध्वही कूँ खैंचन कीजै । अरु कबहूं मन ऐसी धरै । आसन पदम करन कू करै ॥
प्राण अपान सहज मिल जावै । जठर अगन बाढै अधिकाय । जो चाहे तो बहुत खाय ।
च० कृ० अ० यो० प्र० 48

2 दूजी मूद्रा भूचरी , नासा जाको वास । प्राण अपान जुदी जुदी एक करै चरणदास ॥
जितकी तितम्हा प्राण को , वा धरलाय अपान । ताहि मिलावै युक्तिसूं करि करि संयम ध्यान ॥
जब वह जीतै पवनकूं , मन चंचल ठहराय । गगन चढ़न की आश हो , कहै शुकदेव सुनाय ॥
गुदाद्वार बंध दीजिए , एड़ी पाँव लगाय । आसन सिद्ध जु कीजिए , मन पवनावश लाय ॥
अपान वायु जब वशभवै , ऊर्ध्व खैंच चलाय । सनई सनई जा चढै , प्राण वायु हवै जाय ॥
च० कृ० अ० यो० पृ० 46

9 चांचरी मुद्रा : -

" चाँचरी मुद्रा का निवास नेत्रों में है । अपनी नासिका के चार अँगुल आगे चित्त को एकाग्र करना चाहिए इससे पाँचों तत्त्व खुल जाते हैं उनका रहस्य सामने आ जाता है । मन व पवन स्थिर हो जाते हैं । उसके बाद नासाग्र दृष्टि करनी चाहिए । नासाग्र दृष्टि करने से बहुत से आश्चर्यजनक दृश्य सामने आयेगें तथा स्वर्ग की अनुभूति होगी । वहाँ से फिर भ्रूमध्य दृष्टि लगानी चाहिए । यहां पर बड़े नक्षत्र के दर्शन होगें । उगता हुआ सूर्य जैसा दृष्टिगोचर होगा । यहां पर चित्त व चेतन शक्ति दोनों एकाकार हो जाती हैं । तथा लय की उत्पति होती है और दुविधा मिट जाती हैं । '

10 मातडि्गनी मुद्रा : -

इस मुद्रा में जल में कण्ठ पर्यन्त खड़े होकर नासापुटों से जल खींच कर मुख द्वार से बाहर निकालना चाहिए । फिर मुख के द्वारा जल खींच कर नासिका द्वार से निकालें । इसका अभ्यास बार - बार करना चाहिए । यह मातंगिनी नाम की परम मुद्रा है , जिसके सिद्ध होने पर जरा, मृत्यु का भय नहीं रहता । इसे किसी एकान्त स्थान में एकाग्रचित होकर करना चाहिए । इसके सिद्ध होने पर

---

13 1 तीजी मुद्रा चाँचरी , जाको नैनन वास । नासा आगे दृष्टिकूं राखोमन धर आस ॥
अंगुल चार नासिका आगे । चित अस्थिर करि देखन लागे ॥
खुले पाँच तत्व करे जू कोई । मन अरू पवन जहां थिर होई ॥
फिर स्वासुं नासा परि आवे । अचल टकटकी तहां लगावै ॥
जहँ बहुतक अचरज दरसावै । विभव स्वर्ग के आगे आवै ॥
जितसुं पलट त्रिकुटी माहीं । ध्यान करै कहुँ अन्त न जाही ॥
दीरघ तारागा परकासै । उदय होय सूरज ज्यों भासे ॥
चित चेतन दोउ मेला करै । लै उपजै अय दुविधा हरै ॥
यही चाँचरी मुद्रा जानै । चरणदास याकूं पहिचानै ॥ च० कृ० अ० यो० पृ० 46

योगी हाथी के समान बलवान हो जाता है और सदा सुखी रहता है । इस मुद्रा को यत्न पूर्वक करना चाहिए ।[1]

11 तड.ागीमुद्रा : -

यह मुद्रा पश्चिमोतान आसन में बैठ कर की जाती है उदर को तड.ाग के समान स्थित करने से तात्पर्य है उसे जल से परिपूर्ण सरोवर के समान वायु से भरना चाहिए ।[2]

12 माण्डुकी मुद्रा : -

यह मुद्रा करने के लिए मुख को बन्द करके तालु में जिह्वा को घुमाना चाहिए । फिर जिह्वा के द्वारा सहस्रार से टपकते हुए सुधा रस का धीरे - धीरे पान करना चाहिए । यह माण्डुकी मुद्रा कहलाती है । यह सुधा रूपी अमृत साधक के स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त हितकर और बल प्रदान करने वाली है । इसके अभ्यास से साधक के केश सफेद नहीं होते और अत्यन्त लावण्यता की प्राप्ति होती है ।[3]

14

1 कण्ठमग्ने जले स्थित्वा नासाभ्यां जलमाहरेत् । मुखान्निर्गयेत पश्चात् पुनर्वक्त्रेण चाहरेत् ॥
नासाभ्यां रेचयेत् पश्चात् कुर्यादेवं पुनः पुनः । मातङि्गनी परामुद्रा जरामृत्यु विनाशिनी ॥
विरले निर्जने देशे स्थित्वा चकाग्रमानसः । कुर्यान्मातङि्गनी मुद्रां मातङ्ग इव जायते ॥
यत्र यत्र स्थितो योगी सुखमत्यन्तमश्नुते । तस्मात् सर्वप्रयत्नेनसाधयेत् मुद्रिकांपराम ॥
घे0 सं 3.88 - 91

2 उदरं पश्चिमोतानंकृत्वा तड.ागा कृति । तड.ागी सा परा मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी ॥
वही 3.61

3 मुखं समुद्रितं कृत्वा जिह्वामूलं प्रचालयेत् । शनैर्ग्रसेदमृतं तन्माण्डूकीं मुद्रिकां विदुः ॥
वलितं पलितं नैव जायते नित्ययौवनम् । न केशे जायते पाको यः कुर्यान्नित्यमाण्डुकीम् ॥
वही 3.62 , 63



विपरीत करणी

13 शाम्भवीमुद्रा : -

" साधक इसमें दृष्टि को भौंहों के मध्य स्थिर करके एकाग्र मन से चिन्तन करते हुए परमात्मा का दर्शन करे । यह शाम्भवी मुद्रा है । इसे इस प्रकार से गोपनीय रखना चाहिए यथा कुलवधू । इसका अभ्यास करने वाला साधक स्वयं नारायण जगत स्रष्टा ब्रह्मा ही है । यह अभ्यास मन व प्राण को संयमित करता है । कुछ समय के अभ्यास से ही साधक का मस्तिष्क अध्यात्म चिन्तन में मग्न होने में समर्थ होने लगता है । ' [1]

14 विपरीत करणी मुद्रा : -

जिस मुद्रा में पदार्थों की दिशा का व्युत्क्रम किया जाता है उसे विपरीतकरणी मुद्रा कहते हैं । पैर ऊपर और सिर नीचे करने से जब साधक के उर्ध्वभाग में नाभि और अधो भाग में तालु स्थित हो जाता है तो ऊपरी भाग में अग्निरूप सूर्य और नीचे भाग में अमृतरूप चन्द्रमा आ जाते हैं तब विपरीत करणी मुद्रा सिद्ध होती है । [2] दिव्य रुप सोममण्डल से जो अमृत स्रवित होता है । उस सबको सूर्य ग्रस लेता है और इससे शरीर में बुढ़ापा आ जाता है । नाभि को ऊपर और तालु को नीचे करने से सूर्यमण्डल ऊपर और सोममण्डल नीचे हो जाता है इसलिए इसे विपरीत करणी कहते हैं । [3]

15

1 नेत्राञ्जनं समालोक्य आत्मारामं निरीक्षयेत् । सा भवेच्छाम्भवी मुद्रा सर्वतन्त्रेषुगोपिता ॥
वेदशास्त्रा पुराणानि सामान्य गणिका इव । इयं तु शाम्भवीमुद्रा गुप्ताकुलवधूरिव ॥
स एव आदिनाथश्च स च नारायणः स्वयम् ।
स च ब्रह्मा सृष्टिकारी यो मुद्रां वेत्ती शाम्भवीम् ॥
सत्यं सत्यं पुनः सत्यं सत्यमुक्तं महेश्वर ।
शाम्भवीं यो विजानीयात स च ब्रह्म न चान्यथा ॥ घे० सं 3.64-67

2 उर्ध्वं नाभिरधस्तालुरूर्ध्वभानुरधः शशी । करणी विपरीताख्या सर्व व्याधि विनाशिनी ॥
यो० सि० च० पृ० 72 , ह० प्र० 3.78

3 यत्किञ्चित् स्रवते चन्द्रादमृतं दिव्यरूपिणः ।
तत् सर्वं ग्रसते सूर्यस्तेन पिण्डो जरायुतः ॥ ह० प्र० 3.76

इसका अभ्यास धीरे -धीरे करना चाहिए । प्रथम दिन एक क्षण तक नीचे की तरफ सिर और ऊपर की ओर पाँव करने चाहिए । इसका दूसरे दिन अभ्यास कुछ बढ़ाना चाहिए ।[1]

16 इसके अभ्यास से छः महीने बाद ही झुर्री तथा सफेद बाल दिखाई नहीं पड़ते । जो साधक एक पहर तक इसका अभ्यास करता है वह मृत्यु को जीत लेता है ।[2]

15 शक्ति चालिनी मुद्रा : -

मूलाधार चक्र के कमल पर प्रसुप्त कुण्डलिनी शक्ति को अपान वायु से बार - बार आकृष्ट करें यही शक्ति चालन मुद्रा है ।[3] मूलाधार में जो कुण्डलिनी साढ़े तीन लपेटे लगाए हुए सर्पिणी के रूप में सो रही है । उसके सोते रहने पर योगी पशु (अज्ञानी) अवस्था में रहता है ।[4] कुण्डलिनी सर्प के आकार के सामान टेढ़ी मेढ़ी है । कन्द के ऊपर सोती हुई कुण्डलिनी योगियों के लिए मोक्ष दायिनी और मूढ़ लोगों के लिए बन्धन का कारण बनती है । जिस मार्ग से क्लेश रहित ब्रह्मपद को जाया जाता है उस मार्ग को मुख से ढककर कुण्डलिनी सोई रहती है ।[5]

16 1 क अधः शिरश्चोर्ध्वपादः क्षणं स्यात् प्रथमे दिने ।
क्षणाच्च किञ्चिदधिकमभ्यसेच्च दिने-दिने ।। ह0 प्र0 3.80
ख गुरूपदेशतः समयङ् नतु शास्त्रार्थ कोटिभिः । वही 3.80
ग वलितं पलितं चैव षण्मासोर्ध्वं न दृश्यते ।
याममात्रं तु यो नित्यमभ्यसेत् स तु कालजित् ।। वही 3.81

2 नित्यमभ्यासयुक्तस्य जठराग्नि विवर्धिनी ।। आहारो बहुलस्तस्य साधकस्य च ।।
अल्पाहारो यदि भवेदग्निर्दहति तत्क्षणात् ।। वही 3.79

3 आधार कमले सुप्तां चालयेत् कुण्डलिम् दृढ़ाम् । अपान वायुनाकृष्य बलादाकृष्य बुद्धिमान
शक्ति चालनमेवं हि प्रत्यहं यः समभ्यसेद् । यो0 सि0 च0 पृ0 71

4 मूलाधारे आत्मशक्तिः कुण्डली परदेवता । शयिता भुजगाकारा सार्ध्द त्रिवलयान्विता ।।
घे0 सं 3.49

5 कुण्डलीनी कुटिलाकारा सर्पवत् परिकीर्तिता । कन्दोर्ध्वं कुण्डलीशक्तिः सुप्ता मोक्षाय योगिनाम्
बन्धनाय च मूढ़ानाम् यस्तां वेत्ति स योगवित् । येन मार्गेण गन्तव्यं ब्रह्मस्थानं निरामयम् ।।
मुखेनाच्छाद्य तद्द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी । ह0 प्र0 3.102 - 104

कन्द : -

" मूल स्थान से नौ इंच ऊँचाई वाला तथा चार अंगुल चौड़ाई वाला कोमल तथा सफेद वस्त्र में लिपटे हुए के समान कन्द का लक्षण किया गया है ।[1]

कुण्डलिनी : -

कुटिलाङ्गी , कुण्डलिनी , भुजङ्गी , शक्ति , ईश्वरी , कुण्डली , अरून्धती आदि कुण्डलिनी के पार्यायवाची है ।[2]

वज्रासन में बैठकर दोनों हाथों से दोनों पाँवों के टखनों को दृढ़ता से पकड़े और उससे कन्द को जोर से दबाए । कुण्डलिनी चालन करके भस्त्रिका कुम्भक विशेष रूप से करना चाहिए । मूलाधार में स्थित उस कुण्डलिनी को प्रातः, सायं आधा प्रहर तक सूर्य नाड़ी से पूरक करके युक्तिपूर्वक प्रतिदिन चलाना चाहिए ।[3]

17

1 उर्ध्वं वितस्तिमात्रं तु विस्तारं चतुरङ्गुलम् ।
मृदुलं धवलं प्रोक्तं वेष्टिताम्बरलक्षणम् ॥ ह0 प्र0 3.109

2 कुटिलाङ्गी कुण्डलिनी , भुजङ्गी , शक्तिरीश्वरी ।
कुण्डल्यरुन्धती चैते शब्दा पर्यायवाचकाः । वही 3.100

3 सति वज्रासने पादौ कराभ्यां धारयेद् दृढ़म् ।
गुल्फदेशसमीपे च कन्दं तत्र प्रपीडयेत् ।
वज्रासने स्थितो योगी चालयित्वा च कुण्डलीम् ।
कुर्यादनन्तरम् भस्त्रां कुण्डलीमाशु बोधयेत् ॥
अवस्थिता चैव फणावती सा प्रातश्च सायं प्रहरार्धमात्रम् ।
प्रपूर्य सूर्यात् परिधानयुक्त्या प्रगृह्य नित्यं परिचालनीया ॥
वही 3.108 , 110 , 111

16 अगोचरी मुद्रा : -

[18] इस मुद्रा का मूल स्थान कानों में है इसके करने से योगी को सुख की प्राप्ति होती है । इस मुद्रा से ज्ञान व स्मृति दोनों एक होकर अदृश्य हो जाते हैं । मन व इन्द्रियाँ स्थिर होकर अनाहत नाद के शब्द में लीन हो जाती हैं ।[1]

17 उन्मनी मुद्रा : -

इस मुद्रा का वास ब्रह्मरन्ध्र में है वहाँ साधक सिद्ध होकर समाधि में मिल जाता है । सभी आशाएं क्षीण हो जाती हैं । वहाँ पर काल का कोई भय नहीं , केवल आनन्दनुभूति ही है । यहाँ पर तीनों गुणों का कोई स्थान नहीं है और न माया का और न क्लेश का । उस स्थान पर जीवात्मा परमात्मा हो जाता है , ध्याता , ध्यान व ध्येय मिलकर एकाकार हो जाते हैं , अन्य कोई क्रिया नहीं रहती है ।[2]

---

18 1 कहुँ अगोचरी चौथी मुद्रा । तामें सुख पावै योगींद्रा ।
यामुद्राका संस्थान बासा । शुकदेव कहैं सुत चरणहि दासा ॥
ज्ञान सुरति दोउ एक ह्वै , पलट अगोचर जाय ।
शब्द अनाहत में रते , मन इन्द्रीथिरपाय ॥
च० कु० अ० यो० पृ० 46

2 पाँचवी मुद्रा उनमानी , दशवें द्वारे वास ।
सिद्ध समाधि मिलै जहाँ, दग्धहोय सब आस ॥
आनंदहि आनंद जहाँ , तहां न काल कलेश ।
तीनों गुन नहि पाइये , ह्यांनहिं मायालेश ॥
जीवातम परमात्मा , होय जाय वा ठौर ।
ध्याता ध्यानन ध्येय जहँ , तहान किरिया और ।
वही पृ० 47

18 पाशिनी मुद्रा : -

" दोनों पाँव को कण्ठ के पीछे ले जा कर उन्हें परस्पर मिलाकर पाश के समान दृढ़ता से बाँध लें । यह शक्ति को जागृत करने वाली पाशिनी मुद्रा है । सिद्धि की आकांक्षा वाले योगी को प्रयत्न पूर्वक इसका अभ्यास करना चाहिए । [1]

19 अश्विनीमुद्रा : -

गुदा द्वार का बार - बार संकोचन और प्रसार करना ही यह अश्विनी मुद्रा कहलाता है । इससे कुण्डलिनी का जागरण होता है । यह मुद्रा गुह्य रोगों को नष्ट करने वाली शारीरिक शक्ति को बढ़ाने वाली , अकाल मृत्यु का हरण करने वाली है । [2]

20 काकीमुद्रा : -

मुख को कौए की चोंच के समान करने से उसके द्वारा धीरे - धीरे वायु का पान करना चाहिए । यह सभी रोगों को नष्ट करने वाली काकी मुद्रा होती है । इस मुद्रा को सब प्रकार से गुप्त रखना चाहिए । इस मुद्रा के करने से कौए के समान रोग-राहित्य की प्राप्ति होती है । [3]

---

19 1 कण्ठपृष्ठे क्षिपेत्पादौ पाशवद् दृढ़बन्धनम ।
सा एव पाशिनीमुद्रा शक्ति प्रबोधकारिणी ॥
पाशिनी महती मुद्रा बलपुष्टि विधायनी ।
साधनीया प्रयत्नेन साधकैः सिद्धिकांक्षिभिः ॥ घे० सं 3.84 , 85

2 आकुंचयेद गुदाद्वारं प्रकाशयेत्पुनः पुनः । सा भवेदश्विनी मुद्रा शक्तिप्रबोधकारिणी ॥
अश्विनी परमामुद्रा गुह्यरोगविनाशिनी । बलपुष्टिकरी चैव अकालमरणंहरेत् ॥ वही 3.82, 83

3 काकचञ्चुवदास्येन पिबेद वायुं शनैः शनैः ।
काकी मुद्रा भवेदेषा सर्वरोगविनाशिनी ॥
काकी मुद्रा परमुद्रा सर्वतन्त्रेषु गोपिता ।
अस्याः प्रसाद मात्रेण न रोगी काकवद् भवेत् ॥ वही 3.86 , 87

21 भुजंगी मुद्रा : -

[20] मुख को फैला कर कण्ठ से वायु का पान करना चाहिए । यह भुजंगिनी मुद्रा कहलाती है । इसके सिद्ध होने पर जरा व मृत्यु का नाश होता है । इससे अजीर्ण आदि सभी रोग नष्ट हो जाते है ।[1] इन मुद्राओं के अभ्यास से शरीर में स्थिरता उत्पन्न होती है तथा कुण्डलिनी शक्ति का जागरण होता है ।

20

1 वक्त्रांकिंचित् सुप्रसार्य चानिलं गलयापिबेत् ।
साभवेद् भुजगींमुद्रा जरा मृत्युविनाशिनी ॥
यावच्च उदररोगाअजीर्णादिविशेषतः ।
तत् सर्वं नाशयेदाशु यन्मुद्रा भुजङ्गिनी ॥ वही 3.82 , 83

यथा—बोझिल पृथिवी तत्त्व के कारण वायु की गति हाथी की तरह मन्द रहती है। जल-तत्त्व प्रवहमाण होने के कारण वायु की गति मकर की तरह, पात्र में भोजन पकते समय वायु की बुद्बुदाहट के समान जठराग्नि के कारण वायु की गति मेढ़े (मेष) की तरह, हृदय में वायु तत्त्व की प्रधानता के कारण वायु की गति हिरण (मृग) की तरह छलाँग मारकर चलने वाली तथा कण्ठ-स्थान में व्योम तत्त्व की विभुता (विशालता) के कारण वायु की गति हाथी की तरह हो जाती है। बालापद्धति के अनुसार चक्रों के देव और देवियाँ कुछ भिन्न हैं—

गणेश्वरो विधिर्विष्णः शिवो जीवो गुरुस्तथा ।
षडेते हंसतामेत्य मूलाधारादिषु स्थिताः ॥

और इनकी शक्तियाँ इस प्रकार हैं—

शक्तिः सिद्धिर्गणेशस्य ब्रह्मणश्च सरस्वती ।
लक्ष्मीनारायणस्यापि पार्वती च पिनाकिनः ॥
अविद्या चैव जीवस्य गुरोर्ज्ञानं परापरम् ।
मोक्षबीजात्मिका विद्या शक्तिश्च परमात्मनः ॥

कंद की अवस्थिति :—

लिङ्ग और गुदा के मध्य मेरुदण्ड का अधःप्रदेश सामान्य रूप से कन्द का स्थान माना गया है। फतेहगढ़ जिले के शृङ्गीरामपुर नामक स्थान से श्री भगवती प्रसाद सिंह "डिप्टी कलेक्टर" को प्राप्त[१] एक चित्र में कन्द का स्थान नाभि दिखाया गया है। यहीं पर प्राप्त एक अन्य चित्र में नीचे की ओर सात लोक शेषनाग तथा आदि कूर्म भी चित्रित हैं, जो केवल इसी चित्र की विशेषता है। इस चित्र में "गर्भपुर नामक स्थान के ऊपर कुण्डलिनी की अवस्थिति है। इसके ऊपर हृत्पुण्डरीक है।[२]

एक अन्य पाश्चात्य विचारक के अनुसार महाशक्ति कुण्डलिनी अनाहत चक्र (हृदय) के पास होती है जिसकी रचना पेरिस से प्रकाशित एक पुस्तक Theosophica Practice में उपलब्ध होती है।[३] जर्मन दार्शनिक गिरवनेल के अनुसार मूलाधारादि के सहस्रार तक के चक्रों का सम्बन्ध चन्द्र, बुध, शुक्र, सूर्य, मङ्गल, बृहस्पति तथा शनि से है।

---

१. कल्याण शक्ति अङ्क, पृ० ४५४।
२. वही।
३. वही, पृ० ४५५।

कुण्डलिनी-जागरण के सोपान—

साधना-जगत् में कुण्डलिनी-जागरण के लिये निम्नलिखित सोपान स्वीकार किये गये हैं :—

१. शोधन (षट्कर्म)
२. प्राणायाम और उसके भेदों का अभ्यास।
३. मुद्रा
४. षट्चक्रों की भावनायें—
   (क) भस्त्रिका प्राणायाम के दोनों प्रकार—५ से २५ प्राणायाम
   (ख) शक्ति चालिनी मुद्रा के दोनों प्रकार—५ से १० प्राणायाम
   (ग) ताड़न मुद्रा—४ प्राणायाम में १०१ संख्या (बार)
   (घ) परिधान युक्तिचालन—४ प्राणायाम में १०१ संख्या (बार)
   (ङ) शेष समय में षट्चक्र-भेदन की मानसिक क्रियायें या संयम
   (च) महामुद्रा
   (छ) महाबन्ध
   (ज) महाबेध उभय प्रकार
   (झ) विपरीतकरणी मुद्रा
   (ञ) शेष समय में षट्चक्र-भेदन की क्रिया

षट्चक्र-भेदन क्रिया के अन्तर्गत प्रत्येक चक्र के स्थान दल, उनके वर्ण, अक्षर, मन्त्र, तत्त्व, अधिष्ठान, देव-शक्ति, उनके वाहन, बीज मंत्र, लोक, गुण, इन्द्रिय आदि का ध्यान करना चाहिये।

यह अभ्यास नियमित होना चाहिये। साधना में पहले तो शरीर से स्वेद निकलेगा किन्तु बाद में विद्युत् के समान शरीर में चमक उत्पन्न होगी। कुछ दिन के बाद चींटी के चलने के समान प्राण-शक्ति-गमन की अनुभूति होगी। तभी धीरे-धीरे मूलाधार का भेदन और कुण्डलिनी के ऊर्ध्वगमन का अनुभव होगा।

शक्ति का जागरण :—

सन्त ज्ञानेश्वर के अनुसार वज्रासन में मूलबन्ध करके (अर्थात् दाहिने पैर की एड़ी से गुदा और शिश्न के बीच चार अङ्गुल की जगह में $1\frac{1}{2}''$—$1\frac{1}{2}''$ ऊपर नीचे छोड़कर बचे हुये ? इंच के स्थान को दबाकर तथा पूरक के साथ-साथ मूलबन्ध करके) पीठ के नीचे के हिस्से को थोड़ा ऊपर की ओर खींचे। यह कार्य सहज भाव से होना चाहिये। इसके बाद जालन्धर तथा उड्डीयानबन्ध लगाना चाहिये। ऐसा करने से अपान वायु ऊपर की ओर उठकर विशालता को प्राप्त

कर रोगों का विनाश करती हैं तथा पृथ्वी और जल के अंश का संयम करती है। वज्रासन की उष्णता कुण्डलिनी शक्ति को जागृत करती है।

(ज्ञानेश्वरी, अध्याय ६/१९२-२२१ का हिन्दी अनुवाद, पृ० १३४/३६)

सन्त ज्ञानेश्वर कुण्डलिनी-जागरण का प्रतीकात्मक वर्णन करते हुये कहते हैं कि जब कुण्डलिनी जागृत होती है, उस समय वह ऊपर की ओर मुँह फैलाकर बड़े वेग से झटका देती है। लगता है कि बहुत भूखी है तथा कुछ खाने के लिये अधीर हो गई है। इस स्थिति में यह क्षिति और अप् के भाग को चट कर जाती है, यद्यपि अभी वह अपने स्थान से हटती नहीं। अर्थात् वह हथेलियों और पाँव के तालुओं को शोधकर उनका रक्त मांसादि खाकर ऊपर के चक्रों को भेदती है। प्रत्येक अङ्ग के जोड़ तथा नखों के सत्त्व को भी निकाल लेती है। त्वक् के मल को धो-पोछकर स्वच्छ करके उसे अस्थिपंजर से सटाये रहती है। पृथिवी और जल को आत्मसात् करने पर तृप्त होकर सुषुम्णा के समीप शान्त भाव में पड़ी रहती है। इस समय उसके मुंह से निकले हुये (गरल रूप) अमृत का पान कर प्राणवायु जीवित रहता है। यह अमृत उसके मुंह में तब गिरता है जब वह जागती है, जागकर मुंह फैलती है तब ऊपर का चन्द्रामृत सरोवर उलट जाता है। इस समय वह अमृत-रस सर्वाङ्ग में भर जाता है और योगी दिव्य शान्ति को प्राप्त करता है।

कुण्डलिनी जागृत होने पर साधक की पपड़ी सी सूखी त्वचा भूसी की तरह निकल जाती है और साधक की देह-कान्ति केसर के रंग या रत्न रूप बीच की कोपल, सान्ध्यनभलाली, आत्म-चैतन्य-तेज, कनक चम्पा की कला, अमृत के पुतले, कोमलता की बहार, शारदीय पूर्णिमा की आर्द्रता में चन्द्र-बिम्ब की शोभा के समान हो जाती है। यहाँ पर उसे लघिमादि सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं तथा क्षिति और जल-तत्त्व के अंशों के विलय के कारण शरीर वायु जैसी हल्की हो जाती है। इस समय साधक को समुद्र पार की वस्तु को देखने, स्वर्ग में होने वाले विचारों के सुनने, चींटी के भी मन की बात जान लेने, पैरों को बिना आर्द्र किये जल के ऊपर चलने जैसी अनेक सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं।

इसके बाद जागृत कुण्डलिनी ऊर्ध्वमुखी होकर तेज का लय करती है। इस समय देह वायु का रूप बन जाती है। इस समय मनोनिग्रह, प्राण वायु का निरोध तथा ध्यान करने की इच्छा समाप्त हो जाती है। इस समय साधक खेचर की स्थिति में होता है। वह संसार की आँखों से छिप सकता है। इस अवस्था से अणिमादि सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं।

इसके बाद वायु तत्व भी ऊपर की ओर आकाश तत्त्व में जाकर विलीन हो जाता है। इस समय कुण्डलिनी का नाम "मारुत" होता है किन्तु शिव के

साथ मिलने के पूर्व तक उसमें शक्तिमत्व रहता ही है। तत्पश्चात् आकाश का आकाश में मिलन होता है। यह "अनिर्वाच्य महासुखँ" की अवस्था है। यहाँ पर शब्द और मन की सीमा समाप्त हो जाती है। कुण्डलिनी के जागृत होने पर जीव आत्मस्वरूप को प्राप्त करता है।[1]

इस प्रक्रिया के लिये अश्विनी मुद्रा का अभ्यास आवश्यक है। जिसके द्वारा प्राण वायु और अपान वायु को क्रमशः पूरक तथा सङ्कोचन-शिथिलीकरण क्रिया का अभ्यास करके शोधन लक्ष्य को सम्पन्न किया जाता है।

यहाँ पर "शक्ति चालन" की भी अपरिहार्यता होती है। इस मुद्रा के द्वारा पेडू को दाहिने से बायें और बायें से दाहिनी ओर चक्राकार रूप में घुमाया जाता है। योनिमुद्रा के साथ ही शक्ति-सञ्चालन मुद्रा का अभ्यास करना चाहिये। अश्विनी मुद्रा के क्षरा-कन्द स्थान का तब तक सङ्कोचन करते रहना चाहिये जब तक कि प्रायः वायु का सुषुम्णा में प्रवेश न हो जाय ! "हंसः" मन्त्र के द्वारा जागृत कुण्डलिनी "कुम्भक" के द्वारा ऊर्ध्वमुखी होती है। उस समय तक साधक शक्ति और शिव के साथ ऐक्य की अनुभूति करते हुये मैं ब्रह्म हूँ" इस प्रकार अनुभव करने लगता है।

महाबन्ध के साथ महामुद्रा तथा महाबेध का अभ्यास करना चाहिये। जब कुण्डलिनी जागृत होती है उस समय सुषुम्णा में प्राण का प्रवेश होता है तथा इड़ा और पिङ्गला नाड़ियाँ निर्जीव हो जाती हैं। महाबन्ध आसन की अवस्था में स्थित होकर साधक महाबेध के अभ्यास के समय प्राण-वायु को ऊपर की ओर तथा नीचे की ओर करता रहता है। योगी महाबन्ध की अवस्था में हथेलियों को जमीन पर रखकर अपने चूतड़ से पृथिवी पर थपथपाता है, इस समय प्राण वायु का सुषुम्णा में प्रवेश होने पर इड़ा, पिङ्गला और सुषुम्णा एक साथ हो जाती हैं। उस समय शरीर मृततुल्य हो जाता है।[2]

कुण्डलिनी-जागरण की एक दूसरी प्रक्रिया यह भी है कि योगी वज्रासन साधकर नली (पैर के नीचे वाली गाँठ) के थोड़ा ऊपर होकर कन्द-स्थान को थपथपाये और भस्त्रिका कुम्भक करके पेडू का संकोचन करें।[3]

खेचरी मुद्रा वह मुद्रा है जिसके द्वारा जिह्वा को भ्रूमध्य तक लम्बा करके नासारन्ध्रमूल को भीतर से उलटी होकर अवरुद्ध करती है। इस समय मन की

---

१. ज्ञानेश्वरी, ६/२५३-३२७ का हिन्दी अनुवाद, पृ० १३८-१४३।

२. द सरपेन्ट पावर, पृ० २०६।

३. घेरण्डसंहिता, ३/११४।

एकाग्रता का अभ्यास आज्ञा चक्र में तब तक चलता रहता है जब तक ऊर्ध्व-कुण्डलिनी पथ सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड पर विजय प्राप्त कर सिद्धि नहीं प्रदान करता। सम्प्रति योगी आत्मा से अभिन्न हो जाता है। शाम्भवी मुद्रा मन के द्वारा मन को सदा वृत्तियों से मुक्त रखना चाहिये।

इस प्रसङ्ग में तीनों बन्ध भी आवश्यक है—पूरक के प्रारम्भ में मूलबन्ध, पूरक के अन्त और कुम्भक के प्रारम्भ के साथ जालन्धर-बन्ध तथा कुम्भक के अन्त में और रेचक के प्रारम्भ के साथ उड्डीयानबन्ध का अभ्यास करना चाहिये। मूलबन्ध के द्वारा प्राण और अपान वायु का मिलन होता है, और वायु सुषुम्णा में प्रवेश करती है। तभी अनहद नाद का श्रवण होता है तथा प्राण और अपान वायु अनाहतचक्र के नाद के साथ मिलकर हृदय में प्रवेश करती है और इसके बाद आज्ञा-चक्र में बिन्दु के साथ मिल जाती है।[1]

मूलबन्ध में योनि-स्थान को पैर की एड़ी से दबाया जाता है तथा अश्विनी-मुद्रा के द्वारा अपान वायु को ऊपर खींचा जाता है। ऐसा करने से अपान वायु सुषुम्णा से ऊर्ध्वमुखी होकर प्राणवायु से मिलती है। इस समय नाभि का अधोभाग वह्नि का त्रिकोण मण्डल अपान वायु के द्वारा झकझोरे जाने पर प्रकाशित हो उठता है—

अपाने ऊर्ध्वगे जाते प्रयाते वह्निमण्डलम्।
तदानलशिखा दीर्घा जायते वायुनाऽऽहता॥[2]

इस समय शरीर में उष्णता की अधिकता हो जाती है तथा इस उष्णता का अनुभव करके कुण्डलिनी सुषुप्तावस्था छोड़कर जागृत हो उठती है। तब यह सुषुम्णा में प्रवेश करती है। इस समय जालन्धर-बन्ध करना चाहिए। इससे षोडशदल चक्र बँध जाता है और तालु-गह्वर से अमृत प्रवाह आरम्भ होने लगता है तथा इससे श्वास का सुषुम्णा में लय हो जाता है।[3]

यदि कन्द और कण्ठ स्थान एक साथ ही आकृष्ट (सङ्कुचित) किये जायें तथा प्राण वायु को नीचे की ओर तथा अपान वायु को ऊपर की ओर आकृष्ट किया जाय तो वायु का सुषुम्णा में प्रवेश होता है। महाबन्ध से इड़ा, पिंगला तथा सुषुम्णा का परस्पर मिलन होता है तथा मन की आज्ञाचक्र में स्थिरता होती है। सिद्धासन में स्थित होकर कन्दस्थान में दबाव डालना चाहिये तथा जालन्धर-बन्ध

---

१. द सरपेन्ट पावर, पृ० २०६।
२. हठयोग प्रदीपिका, ३/६६।
३. दि सरपेन्ट पावर, पृ० २१०।

साधना चाहिये। जब मन सुषुम्णा में केन्द्रित हो जाय तब वायु को खींचना चाहिये। वायु को अधिक देर तक रोकना चाहिये। इस बन्ध का प्रयोजन है सुषुम्णा के अतिरिक्त सभी नाड़ियों से वायु के ऊर्ध्वगमन को रोकना।[1]

नाड़ी शोधन की उपयोगिता—

नाड़ी-शोधन के बिना शुद्ध प्राणायाम सम्भव नहीं है। यह शोधन समनु (मन्त्रयुक्त) तथा निर्मनु (मन्त्ररहित) भेद से दो प्रकार का होता है। समनु में योगी गुरु द्वारा निर्दिष्ट विधि से गुरुन्यास पद्मासन में स्थित होकर करता है। और यं बीज मन्त्र का ध्यान इड़ा से पूरक के समय १६ बार, कुम्भक में ६४ बार तथा सूर्य नाड़ी से रेचक में ३२ बार ध्यान करना चाहिये। इसके बाद योगी नासाग्र पर दृष्टि स्थिर करके चन्द्रप्रकाश का ध्यान करता है। तथा पूर्वोक्त विधि से इड़ा नाड़ी से रं बीज मन्त्र का १६ की संख्या में पूरक, बीज मन्त्र का ६४ की संख्या में कुम्भक तथा रं बीजमन्त्र का ३२ की संख्या में जप करना चाहिए। कुम्भक के समय योगी को यह अनुभव करना चाहिए कि अमृतरस से सराबोर हो रहा है और उसकी नाड़ी शुद्ध हो रही है। इसके बाद साधक कुशासन या मृगचर्म पर बैठे तथा उत्तर या पूर्वाभिमुख होकर प्राणायाम करे। इसके अभ्यास के लिए उचित स्थान, समय और भोजन का विशेष महत्व रखना चाहिए। स्थान इतनी दूर नहीं होना चाहिए जिससे व्याकुलता उत्पन्न होने लगे। असुरक्षित, शहर, भीड़ पर्यावरण वाला क्षेत्र भी नहीं होना चाहिए जिससे विघ्न आदि की सम्भावना समाप्त रहे। भोजन शाकाहारी तरह का होना चाहिए। न अधिक उष्ण, न अधिक शीत, तीक्ष्ण, अम्ल या कटु ही होना चाहिए। योगी को तीन घण्टे (एक प्रहर) से अधिक बिना भोजन के नहीं रहना चाहिए। भोजन हल्का और पौष्टिक हो। अति भ्रमण, तीव्र व्यायाम, नये साधक के लिए लैङ्गिक सम्बन्ध बिलकुल बचाना चाहिए। उदर अर्ध-आपूरित ही हो। वसन्त या पतझड़ में योग का प्रारम्भ करना चाहिए। "सगर्भ" प्राणायाम में साधक को रजोगुण युक्त अरुणिम अकार मूर्ति, ब्रह्मा का ध्यान करना चाहिए। इडा से वह १६ बार अकार का जप पूरक के साथ करे। कुम्भक के पहले वह उड्डीयान मुद्रा करे। तत्पश्चात् कुम्भक में सत्वमय विष्णु का तथा "उ" कृष्ण बीजमन्त्र का ६४ बार मनन करके ध्यान करे। इसके बाद तमोमय शिव तथा उनके श्वेत बीज मकार का पिंगला के द्वारा रेचक में ३२ बार जप करके उसी बीज मन्त्र का उसी संख्या के अनुपात में जप करना चाहिए।[2]

---

१. दि सरपैन्ट पावर, पृ० २११।

२. वही, पृ० २१६।

पिण्ड में उस शक्ति का स्थान शास्त्रों द्वारा स्वीकृत मूलाधार चक्र में है। जिस प्रकार पर्वतों और वनों से युक्त इस पृथिवी को अहिनायक धारण करते हैं, उसी प्रकार सम्पूर्ण योग तन्त्रों का आधार कुण्डलिनी है।[1] मूलाधारचक्र लिङ्गमूल (अण्डकोश) से नीचे और गुदा द्वार से ऊपर (दोनों के बीच में—ध्वजोऽधो गुदोर्ध्वम्) स्थित है।[2] इसका क्षेत्र ४ अंगुल मान है।[3] यह स्थान कन्द और सुषुम्णा का सन्धि-स्थल है (कन्दसुषुम्णयोः सन्धिस्थानं संलग्नपत्रम्)।[4] कुण्डलिनी कन्द या कन्दयोनि स्थान पर सुषुप्तावस्था में रहती है। सामान्य रूप से यह स्थान लिङ्ग (मेढ्र) से २ अंगुल नीचे तथा गुदा स्थान से २ अङ्गुल ऊपर माना जाता है। हठयोगप्रदीपिका के अनुसार मूलस्थान से एक बलिस्त ऊपर नाभि और लिङ्ग के मध्य चार अंगुल विस्तार वाला वन्द स्थान है। यह स्थान कोमल है, शुभ्र है, मानो किसी वस्त्र से आवृत हो—

ऊर्ध्वं वितस्तिमात्रं तु विस्तारं चतुरङ्गुलम्।
मृदुलं धवलं प्रोक्तं वेष्टिताम्बरलक्षणम्॥[5]

गोरक्षशतक के अनुसार मेढ्र से ऊपर और नाभि से नीचे पक्षी के अण्डे के समान कन्द-योनि है। उसी में ७२००० नाड़ियां उत्पन्न होती हैं। याज्ञवल्क्य के अनुसार गुदा से दो अङ्गुल ऊपर तथा लिङ्ग से दो अङ्गुल नीचे मनुष्यों के शरीर के मध्यभाग से नौ अङ्गुल ऊपर और चार अङ्गुल विस्तार वाला अण्डों की आकृति वाला त्वचादिकों से भूषित स्थान ही कन्द है। यह स्थान पशु-पक्षियों में पेट के बीच में होता है। गुदा से २ अङ्गुल ऊपर १ अङ्गुल बीच में उनका मध्य भाग होता है। उससे ९ अङ्गुल कन्द स्थान मिलाकर १२ अङ्गुल प्रमाण वितस्तिमात्र होता है। मूलाधार चक्र के मध्य त्रिकोण के बीच में एक स्वयम्भू लिङ्ग है।[6] इस स्वयम्भूलिङ्ग को कुण्डलिनी साढ़े तीन बार वेष्टित किये हुए है।[7] यह महाशक्ति मृणाल-तन्तु सदृश है और जगत्-मोहिनी के रूप में ब्रह्मद्वार के मुख (सुषुम्णा-द्वार) का अपने ही मुखकमल से संछादन करती हुई अमृत-रस का पान करती रहती है। अमृत के संयोग से उसका मुख मधुर है। अतएव वह शंख-वेष्टनाकार

---

१. हठयोग प्रदीपिका ३/१।
२. षट्चक्रनिरूपणम्, श्लोक ४।
३. हठयोग प्रदीपिका, ३।११३।
४. षट्चक्रनिरूपणम् के श्लोक ४ का विवरण।
५. हठयोग प्रदीपिका, ३/११३।
६. षट्चक्रनिरूपणम्, श्लोक ९।
७. सौन्दर्यलहरी, श्लोक १०।

सदृश है। वह नूतन विद्युल्लेखा के समान है। वह स्वयम्भू लिङ्ग पर सुषुप्तावस्था में साढ़े तीन वृत्ताकार (कुण्डलाकार) होकर स्थित होने से कुण्डलाकार-स्वरूप वाली है और इसीलिए उसका नाम कुण्डलिनी है।[1]

योगियों के हृदय-कमल में नित्य ही नृत्य करने वाली तथा समस्त जीवों के मूलाधार में विद्युत् के समान आकृति वाली स्फुरण करती हुई शंख के आवर्त के क्रम से यह शक्ति सब को आवृत्त करके अवस्थित है। यह कुण्डली भूत-सर्पों की अङ्गश्री को प्राप्त करने वाली है। यह सब देवों तथा मन्त्रों से पूर्ण शिवा है। यह सब तत्त्वों से परिपूर्ण, साक्षात्, सूक्ष्म से भी सूक्ष्मतर और व्यापक है। ब्रह्मरूप है। यह समस्त वर्णात्मिका है। यह पर देवता है। यह मन्त्रमय जगत् को प्रसूत करने वाली है।[2]

कुण्डलिनी ८ अङ्गों की अवयवी है—मूलाधारादि-षट्चक्र तथा शक्ति और सदाशिव। कुण्डलिनी सहस्रार में आत्मशक्ति में विलीन हो जाती है। आनन्दलहरी की श्लोक संख्या ३५ की टीका में डिण्डिम ने आठ अवयवों में—मन, व्योम, मरुद्, तेज, अप्, क्षिति, सूर्य तथा चन्द्र को स्वीकार किया है। कुण्डलिनी चूंकि प्राणशक्ति है, इसलिए प्राण के प्रवहमान होने पर वह भी गतिशील हो जाती है। अनेक प्रकार के आसनों, कुम्भकों, बन्ध और मुद्रा आदि साधनों से महाशक्ति कुण्डलिनी के जागृत होने पर प्राणवायु ब्रह्मरन्ध्र में लीन हो जाती है। इस अवस्था में कुण्डलिनीशक्ति का ज्ञाता अपने समस्त कर्मों का परित्याग करके स्वयं की तुरीयावस्था को प्राप्त हो जाता है।[3]

कुण्डलिनीशक्ति कन्द के ऊपर के भाग में योगियों के मोक्ष तथा मूर्खों के बन्धन के लिए सो रही है—उसे जानने वाला योगी कहा जाता है। यह सर्पिणी के समान कुटिल आकार वाली है। कुण्डलिनी को गतिशील करने वाला निःसंदिग्ध रूप से मुक्त हो जाता है।[4]

---

१. षट्चक्रनिरूपणम्, श्लोक १०।

२. शारदातिलक, १/५३-५७।

३. हठयोग प्रदीपिका, ४/१०-११.

४. कन्दोर्ध्वं कुण्डली शक्तिः सुप्ता मोक्षाय योगिनीम्।
बन्धनाय च मूर्खाणां यस्तां वेत्ति स योगवित्॥
कुण्डली कुटिलाकारा सर्पवत्परिकीर्तिता।
स शक्तिश्चालिता येन स मुक्तो नात्र संशयः॥

—हठयोगप्रदीपिका ३, १०७, १०८।

मूलाधार में कुण्डलिनी के निवास तथा स्वयम्भू लिङ्ग पर सुषुम्णा के छिद्र को बन्द किये हुए साढ़े तीन बार आवृत्त होकर स्थित रहने की बात प्रायः तन्त्र और हठयोग के सभी ग्रन्थों में समान रूप से पाई जाती है। वह निर्दिष्ट स्थान पर कोटिविद्युत्प्रभा के समान, कोटि सूर्य की आभा के समान तथा शीतलता में कोटि चन्द्रमा के समान स्वीकार की गई है। कमलनाल के तन्तु के समान वह कोमल और शुभ्र भी है।[1] वह आत्मशक्तिरूप, परदेवतारूप है। जब तक वह निद्रित है तब तक जीव पशु (पाश से बद्ध) है। कोटियोग का अभ्यास करने पर भी बिना कुण्डलिनी-गमन-विज्ञान के बोध हो ही नहीं सकता।[2] वही प्राण को धारण करने वाली प्राणविद्या और महाविद्या है। उसे जानने वाला "वेदज्ञ" होता है।[3] ऐसी कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिये जो स्वयम्भूलिङ्ग पर स्थित है, जो श्यामरूपा, सूक्ष्मा, सृष्टिरूपा, सृष्टिस्थितिलयात्मिकारूपा, विश्वातीता, ज्ञानरूपा, ऊर्ध्वस्वरूपा है।[4] यह ऊँकार रूपा है। यही शरीर के अन्दर ७२००० नाड़ियों का नियमन करती है।

—: ० :—

---

१. मूलाधारे मूलविद्यां विद्युत्कोटिसमप्रभाम्।
सूर्यकोटिप्रतीकाशां चन्द्रकोटिद्रवां प्रिये॥
विसतन्तुस्वरूपां तां विन्दुत्रिवलयां प्रिये।
ऊर्ध्वशक्तिनियतेन सहजेन वरानने॥—ज्ञानार्णव तन्त्र, ३/२,३।
शक्तिः कुण्डलिनी नाम विसतन्तुनिभा शुभा।
मूलकन्दफणाग्रेण दृष्ट्वा कमलकन्दवत्॥—सौन्दर्यलहरी (आनन्दलहरी, श्लोक ९ की अरुणामोदिनी टीका में उद्धृत)।

२. मूलाधारे आत्मशक्तिः कुण्डली परदेवता।
शयिता भुजगाकारा सार्धत्रिवलयान्विता॥
यावत्सा निद्रिता देहे तावज्जीवो पशुर्यथा।
ज्ञानं न जायते तावत् कोटियोगं समभ्यसेत्॥—घेरण्डसंहिता, ३/४३-४४।

३. कन्दोर्ध्वे कुण्डलीशक्तिरष्टधा कुण्डलाकृतिः।
ब्रह्मद्वारमुखं नित्यं मुखेनाच्छाद्य तिष्ठति॥
कुण्डलिन्यां समुद्भूता गायत्रीप्राणधारिणी।
प्राणविद्या महाविद्या यस्तां वेत्ति स वेदविद्॥—गोरक्षपद्धति, १/४६-४७।

४. ध्यायेत्कुण्डलिनीं देवीं स्वयम्भूलिंगसंस्थिताम्।
श्यामां सूक्ष्मां सृष्टिरूपां सृष्टिस्थितिलयात्मिकाम्॥
विश्वातीतां ज्ञानरूपां चिन्तयेदूर्ध्ववाहिनीम्।
ह्रुँकारवर्णसम्भूतां कुण्डली परदेवताम्॥—शाक्तानन्दतरङ्गिणी, २५।

चतुर्थ पटल

कुण्डलिनी-गमन-विज्ञान

मूलाधारचक्र से सहस्त्रार तक का "कुण्डलिनी-गमन" ही "षट्चक्रभेदन" या "कुण्डलिनी जागरण" के नाम से प्रसिद्ध है। ध्यातव्य है कि महाशक्ति का जागरण साधना के विभिन्न सोपानों के निरन्तर अभ्यास तथा सद्गुरु की कृपा पर अवलम्बित है।[1] कुण्डलिनी-जागरण के लिये अनेक आसनों में से सिद्धासन को सबसे अधिक उपयोगी माना गया है। इसके अतिरिक्त किसी-किसी विशेष चक्र के जागरण में शलभासन, धनुरासन, अर्ध सर्वाङ्ग आसन, सर्वाङ्गासन और शीर्षासन भी उपयोगी और निर्दिष्ट हैं। इसके बाद "शोधन" का प्रकरण महत्वपूर्ण है। इस प्रकरण में षट्कर्मों (पवित्रीकरण), आचमन, शिखा बन्धन, संक्षिप्त प्राणायाम, न्यास, पृथिवी-पूजन के द्वारा शरीर का शुद्धीकरण किया जाता है। इसी सन्दर्भ में यह भी स्पष्ट कर देना अनावश्यक नहीं होगा कि हठयोग के साधक नेति, धौति, वस्ति, नौलि (नेडली), दन्ति, बज्रौली (नाड़ी क्षालनादि)—इन षट्कर्मों को सम्पन्न करके शरीर का शुद्धीकरण तथा हल्कापन करते हैं। शोधन के बाद प्राणायाम का अभ्यास अनिवार्य है। इसका अभ्यास ही जागरण की मुखय भूमिका का निर्वाह करता है। प्राणायाम के पूरक, कुम्भक और रेचक—ये तीन अवयव हैं। हठयोग की मान्यता के अनुसार "भस्त्रिका कुम्भक" के द्वारा कुण्डलिनी-जागरण किया जाता है।[2] प्राणायाम के प्रसङ्ग में "बन्ध" की भी अपरिहार्यता साधकों ने स्वीकार की है, क्योंकि प्राणायाम के समय ही "बन्ध" किया जाता है। बन्ध के तीन भेद हैं—मूलबन्ध, उड्डीयान बन्ध और जालन्धर बन्ध। बन्ध में अवस्थितिपूर्वक इस प्राणायाम द्वारा प्राणवायु को सुषुम्णा में प्रवेश कराया जाता है। मूलबन्ध और जालन्धर बन्ध की सहायता से अपान वायु को ऊपर की ओर और प्राण वायु का कण्ठ-स्थान से नीचे की ओर नाभि-स्थान में सङ्गम करते रहने से प्रायः वायु का सुषुम्णा में प्रवेश होता है। विशेषकर यह साधना मणिपूर चक्र को जागृत करती है। सुषुम्णा में वायु के प्रविष्ट होने पर मूलाधार में अग्नि (ऊष्मा) प्रदीप्त होती है और इस उष्णता से सुषुप्त कुण्डलिनी का जागरण होता है। तब वह अपना कुण्डलाकार स्वरूप त्यागकर सीधी होकर सुषुम्णा-मार्ग में प्रविष्ट होती है और षट्चक्रों का भेदन करती हुई ब्रह्मरन्ध्र (सहस्त्रार) में पहुँच जाती है। इस साधना में विभिन्न प्रकार की मुद्रायें भी उपयोगिनी हैं। इस सन्दर्भ में अश्विनी, शक्तिचालन, योगिनी, काकिनी, खेचरी—मुद्रायें उल्लेखनीय हैं। खेचरी

---

१. हठयोग प्रदीपिका, ३/२।

२. वही, ३/११५।

७. मूर्च्छा कुम्भक :—

सर्वप्रथम सिद्धासन में बैठना चाहिये। दोनों नासिकारन्ध्रों से गहरा श्वास लेकर कुम्भक करें। पूरक के अन्त में कुम्भक के समय ठोड़ी (चिबुक, दाढ़ी) को गले से नीचे के गड्ढे में टिकाकर "जालन्धर बन्ध" लगाना चाहिये।[3] इसके बाद दोनों तर्जनी-मध्यमा से आँख की पलकों को कोमलता से बन्द करके दोनों अनामिका से नासिकारन्ध्रों को बन्द करें। पुनः कनिष्ठा से अधर को दबाकर ओष्ठ बन्द करें। श्वास अन्दर रोककर मूलबन्ध और रेचक के अन्त में उड्डीयान बन्ध करें। दम घुटने से पूर्व अंगुलियों को हटाकर दोनों नासिकाओं से श्वास बाहर निकालना चाहिये।

मूलबन्ध में सिद्धासन लगा रहेगा अर्थात् एड़ी से कन्द स्थान (जननेन्द्रिय मूल और गुदा के बीच) को दबाकर दूसरी एड़ी से लिङ्गमूल को दबाना चाहिये। इसके बाद गुदा का संकुचन करते हुये अपान वायु को ऊपर की ओर आकृष्ट करें[4] तथा साथ ही प्राणवायु को कण्ठ से नाभि की ओर ले जाना चाहिये। पूरक के आरम्भ के साथ-साथ इस क्रिया का भी आरम्भ हो जाना चाहिये। कुम्भक के समय तक नाभि-स्थान में प्राण और अपान वायु का संगम कराना चाहिये। यही मूलबन्ध है। इसके बाद रेचक के समय श्वास निकालने के साथ अपान वायु के विरेचन की स्थिति में गुदा के संकुचन का त्याग या शिथिलीकरण करना चाहिये। उड्डीयान बन्ध कुम्भक के अन्त में रेचक के प्रारम्भ में करना चाहिये। इस समय

---

१. हठयोग प्रदीपिका, २/६३-६६
२. घेरण्डसंहिता, ५/८०-८१।
३. हठयोग प्रदीपिका, २/६६।
४. वही, ३/६१।

नाभि के ऊपरी तथा नीचे के भाग (उदर) को पीठ की ओर इस प्रकार ताने अर्थात् आकर्षण करें कि नाभि के ऊपर नीचे के भाग पीठ से मिल जायें।[1]

Scanned by CamScanner

सुषुम्णा में सुख पूर्वक वायु का प्रवेश प्राणायाम में "कुम्भक" के द्वारा सम्पन्न होता है। विशेषकर यह अभ्यास आज्ञाचक्र की साधना में अश्विनी मुद्रा तथा मूलाधार की साधना में मण्डूकी क्रिया के द्वारा सफल किया जाता है। अश्विनी मुद्रा तथा मण्डूकी क्रिया का स्पष्ट स्वरूप हम आज्ञाचक्र और मूलाधार चक्र की साधना (जागरण) में बताने का प्रयास करेंगे। सुषुम्णा के मुख का भेदन करके उसमें प्राणवायु का प्रवेश (गमण) कराना कुण्डलिनी-जागरण का पूर्वाभ्यास है। बिना इस अभ्यास के शक्ति का जागरण असम्भव है और यह सुषुम्णा में वायु का प्रवेश भी बिना आज्ञाचक्र और मूलाधारचक्र की साधना के सम्भव नहीं है तथा इस साधना में भी दो क्रियाओं का (अश्विनी और मण्डूकी) पूर्ण अभ्यास अपरिहार्य है। ये सब शक्ति-जागरण की पृष्ठ भूमियाँ हैं। विभिन्न प्रकार के कुम्भक की विधियों को जानने वाले साधक ही सुषुम्णा में वायु के प्रवेश के अभ्यस्त होकर उन्मनी की सिद्धि के लिये अनेक प्रकार के प्राणायाम करते रहते हैं क्योंकि उन्हीं से अद्‌भुत शक्ति की उपलब्धि होती है। सुषुम्णा में वायु का प्रवेश होकर जब वायु ऊर्ध्वगामी होती है, तो आज्ञा से ऊपर बिन्दु से भी ऊर्ध्व (अर्धचन्द्र, रोधिनी, नाद, नादान्त, शक्ति, व्यापिका, समना के बाद) उन्मना की अवस्थिति होती है। इसके बाद महाबिन्दु की अवस्था होती है।[3] इस प्रकार वायु पर नियन्त्रण करने वाला साधक जितेन्द्रिय, मिताहारी, अल्पनिन्द्रा वाला, तेजस्वी, बलवान और योगविद्या में सिद्ध हो जाता है। वह अकाल मृत्यु

१. हठयोग प्रदीपिका, ४/२८।
२. वही, ४/२०-२१।
३. वरिवस्यारहस्यम्, १/२२-२६।

की भय से मुक्त होकर दीर्घ आयु वाला होता है।[1]

सुषुम्णा में प्राणवायु का प्रवेश हो जाने पर और अन्तःकरण के देशकाल-वस्तु-ज्ञान से शून्य ब्रह्म में पहुँच जाने पर योगी प्रारब्ध रहित सभी कर्मों को निर्मूल कर देता है।[2] अति संक्षिप्त में यदि अश्विनी मुद्रा और मण्डूकी क्रिया के विषय में हम कहना चाहें तो कह सकते हैं कि सिद्धासन में बैठकर दृष्टि को नासिकाग्र पर ध्यान एकाग्र करके श्वास अन्दर की ओर लेने के साथ जनेन्द्रिय मूल (कन्द) का संकुचन और श्वास के छोड़ने के साथ उस स्थान का शिथिलीकरण किया जाना "अश्विनी मुद्रा" है। यह आज्ञाचक्र की अति संक्षिप्त साधना है। इसके अतिरिक्त वज्रासन में बैठकर अपनी गोद में परस्पर आबद्ध अंगुलियों वाली हथेलियों को उत्तान भाव से नाभि के नीचे रख कर कभी बन्द और कभी किंचित् उन्मीलित आँखों से नासिकाग्र पर मन को एकाग्र करना "मण्डूकी क्रिया" है। मह मूलाधारचक्र की साधना है।

महाशक्ति-जागरण के प्रसङ्ग में कुण्डलिनी-गमन-विज्ञान के प्रकरण के अन्तर्गत अति संक्षेप में ब्रह्मरन्ध्र में जीव और शिव के ऐक्य-भावना रूप भूत शुद्धि के बाद षट्चक्रों के भेदन के मात्र क्रम पर चर्चा की गयी है।[3] सुषुम्णा-मुख पर कन्द स्थान में या कर्णिका-स्थान में चतुर्दल (मूलाधारस्थ) को अवस्थिति है। चतुर्दल के अन्त में अर्थात् मध्य के त्रिकोण के स्वयम्भू लिङ्ग पर वह महाशक्ति कुण्डलिनी विराजमान है। साधक को उसी का आश्रय ग्रहण करना चाहिए। यत्नपूर्वक अर्थात् नाना प्रकार की यौगिक क्रियाओं द्वारा उसमें क्षोभन करना चाहिये जिससे वह ऊर्ध्वमुखी हो सके। ऐसा करने वाला सिद्ध रूप हो जाता

Scanned by CamScanner

अश्विनी मुद्रा के द्वारा आज्ञाचक्र का जागरण किया जाता है। हम सबसे पहले अश्विनी मुद्रा को स्पष्ट करेंगे। सिद्धासन में बैठ कर दोनों घुटनों पर दोनों हाथों के अग्रभाग को इस प्रकार रक्खें जिससे हथेलियां ऊपर की ओर रहे। पुनः तर्जनी उँगली के अग्रभाग को अँगूठे की जड़ के पास रक्खें, शेष मध्यमा, अनामिका कनिष्ठिका का इन दोनों (अंगूठा और तर्जनी) से अलग तथा परस्पर मिली हुई सीधी रक्खें। हाथों की अँगुलियों की यह मुद्रा चिन्मुद्रा कहलाती है। सिद्धासन लगाने के लिये यह ध्यातव्य है कि बायें पैर की एड़ी को गुदा द्वार तथा अण्डकोश के बीच में (जननेन्द्रिय के मूल या योनि-स्थान, जिसे कन्द कहते हैं) रक्खें तथा दूसरी एड़ी दिखाई पड़ने वाले लिङ्गमूल के ऊपर रक्खें, अर्थात् अपनी दोनों एड़ियों से लिङ्गमूल और अण्डकोश के नीचे के भाग को दबाये रक्खें। यह पूर्ण सिद्धासन है। यदि पूर्ण-सिद्धासन लगाने में कठिनाई हो तो केवल एक पैर की एड़ी से गुदाद्वार तथा अण्डकोश की नीचे के (दोनों के बीच में) भाग (कन्द) को दबाये रक्खें तथा दूसरा पैर अपने अनुकूल ढंग से पालथी मार कर रक्खें। यह

अर्द्ध सिद्धासन होगा। आसन ऐसा हो जिससे शरीर को कष्ट न हो, ऐसा न हो कि ध्यान ध्यातव्य स्थान पर न होकर पैरों के हठात् प्रतिकूल वेदनीय व्यापार पर पड़े। यदि स्त्रियाँ इस आसन को लगायें तो इसे सिद्धयोनि आसन कहेंगे। इसके बाद चिन्मुद्रा के साथ मेरुदण्ड को सीधा रक्खें। आंख पर ऐनक नहीं होना चाहिए। सबसे पहले आंखों को बन्द करके हम यह स्मरण करें कि हम अपनी आंखों की पलकों को असहज (अनकान्सेसली) में तो नहीं दबा रहे हैं, क्योंकि कुछ साधना के आकांक्षी ध्यान के समय जोर देकर अपनी पलकों को असहजभाव से दबाते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। आंखें कोमलता से निमीलित होनी चाहिए।[1]

जब आंखें बन्द रहें तब चाहिये कि उन्हें किसी काल्पनिक स्थान पर केन्द्रित करें। इस ध्यान के लिये दो स्थान प्रमुख माने गये हैं—भ्रूमध्य तथा नासिकाग्र भाग १ इस क्रिया का सम्पादन स्वतः के अनुभव से सम्भव है। इस सम्पूर्ण मुद्रा को अश्विनी मुद्रा कहते हैं।

अश्विनी मुद्रा के बाद साधना का द्वितीय तथा प्रमुख चरण आरम्भ होता है। एड़ी से जो भाग दबाया जाता है, वहां पर शारीरिक संकोच और प्रसार की क्रिया का अभ्यास करना चाहिये। इस क्रिया को इस प्रकार समझा जा सकता है। वीर्य का स्खलन करते समय अन्तिम बूंद का स्खलन जब किया जाता है तो उक्त स्थान का संकोच होता है या मूत्र विसर्जन के समय अन्तिम बूंद को गिराने के लिये जिस स्थान का संकोच करते हैं, यह वही स्थान है और उसका संकोच भी उसी प्रकार करना चाहिये। लैङ्गिक उत्तेजना के समय भी कन्द का संकोच और प्रसार होता है। एड़ी से दबाये गये स्थान कन्द का खिचाव ही "संकोच" तथा खिचाव का त्याग "प्रसार" कहलाता है। संकोच के लिये जोर देने का उपयोग नहीं करना चाहिये। यह क्रिया सहज रूप से की जानी चाहिये, जिससे थोड़ी सी भी संकुचन क्रिया हो सके। इस संकोच और प्रसार के साथ ध्यातव्य बात यह है कि संकोच और प्रसार की क्रिया श्वसन क्रिया के लय के साथ ही करनी चाहिये। श्वसन-क्रिया के लय का तात्पर्य यह है कि जब हम श्वास खीचें, तब कन्द का संकोच और जब प्राण वायु को बाहर निकालें तब कन्द का प्रसार करना चाहिये। इस क्रिया में व्युत्क्रम नहीं होना चाहिये। इस प्रकार श्वास का सम्बन्ध संकोच से तथा प्रच्छ्वास का सम्बन्ध प्रसार से है। श्वासोच्छ्वास की स्वाभाविकता के साथ कन्द का संकोच तथा प्रसार करना चाहिये। इसमें किसी भी प्रकार का जोर या दबाव अथवा अस्वाभाविकता नहीं करनी चाहिये। संकोच

१. तन्त्र ऑफ कुण्डलिनी योग, पृ० ३६।

Scanned by CamScanner

और प्रसार की क्रिया प्रारम्भिक अवस्था में ५० बार करनी चाहिये।[1] मूलाधार के संकोच और प्रसार के विषय में बराबर सतर्कता बनाये रखना है। श्वसन-क्रिया की स्वाभाविक गति ही संकोच-प्रसार क्रिया की गति होनी चाहिये, न कम और न अधिक। यह सब क्रिया अश्विनी मुद्रा द्वारा सम्पन्न होती है। अन्त में एक बात का विशेष ध्यान रखना चाहिये कि इस चक्र की साधना (आंखें बन्द, ध्यान भ्रूमध्य या नासिकाग्र पर, श्वास-प्रच्छ्वास के साथ कन्द का संकोच और प्रसार) के बाद कम से कम १० मिनट तक शरीर को इधर-उधर किसी भी प्रकार हिलाना-डुलाना नहीं चाहिये। यही इस चक्र का साधना पक्ष है। मूलाधार में स्थित कुण्डलिनी का जागरण इस श्वास-प्रच्छ्वास के साथ कन्द के संकोच-प्रसार के द्वारा ही सम्भव है। इसलिये इस महाशक्ति को श्वासोच्छ्वास रूप दो क्रिया की आवृति वाली, योगिनी और खेचरी रूप तथा मूलाधार स्थित कहा गया है—

श्वासोच्छ्वासत्वव्यावृत्ति द्वादशाङ्गुलरूपिणीम्।
योगिनीं खेचरीं वायुरूपां मूलाम्बुजस्थिताम्॥[2]
तामुपाकुञ्च्य यत्नेन सिद्धरूपी प्रबुद्धयेत्।[3]

म०म० गोपीनाथ कविराज ने इस प्रसार और संकोच को शक्ति की दो अवस्थाएं माना है।[4] प्रसार और संकोच के प्रारम्भ तथा अन्त में साम्यावस्था रहती है, मध्य में इसका वैषम्य रहता है। संकोच शक्ति की पुष्टि, प्रसार शक्ति की क्षीणता के बाद होती है। शक्ति के प्रसार को सृष्टि तथा संकोच को संहार कहा जा सकता है। यही कालचक्र है। इसी पर समग्र विश्व घूम रहा है। यह कालचक्र मध्यस्थ बिन्दु की परिक्रमा कर रहा है, जो शिव का प्रतीक है, तथा तटस्थ उदासीन और द्रष्टा है। मूलाधार से लेकर सहस्रार तक अनेक बिन्दु और मण्डल की कल्पना की गयी है। षट्चक्रों के संहार क्रम में हम इस पर विचार करेंगे।

(२) मूलाधारचक्र की साधना

आज्ञाचक्र में एक बात और ध्यान रखनी होगी कि साधना प्रारम्भ करते समय विद्युत् प्रकाश बन्द कर देना चाहिये। साधना समाप्त होने पर प्रकाश कर लेना चाहिये। मूलाधारचक्र की साधना में सबसे पहले बज्रासन में बैठना

१. तन्त्र ऑफ कुण्डलिनीयोग, पृ० ३९।
२. रुद्रयामल उ० त०, ८/१६।
३. वही, ६०/२८।
४. भारतीय संस्कृति और साधना, भाग-१, पृ० १०४-१०५।

Scanned by CamScanner

चाहिये। उसके वाद मण्डूकी क्रिया सम्पन्न की जाती है। वज्रासन में साधक दोनों टाँगों को मोड़कर इस प्रकार वैठें, जिससे पैरों की तालुओं पर नितम्ब पड़े। दोनों हाथों की हथेलियां घुटनों पर नीचे की ओर मुड़ी न रक्खीं जायें, अपितु नाभि से थोड़ा नीचे हथेलियाँ ऊपर की ओर और अँगुलियां परस्पर सम्बद्ध (मिली हुई) रहें। दोनों हाथों की कलाई दोनों जँघों पर रहे। यह ध्यान रहे कि मुड़े घुटनों के बीच थोड़ी जगह अवश्य रहे। वैसे तो वज्रासन में दृष्टि सामने की ओर होनी चाहिये। किन्तु इस साधना को प्रारम्भ करते समय आंखें वन्द कर लेनी चाहिये।

अव साधना आरम्भ होती है। वज्रासन में स्थित। आंखे वन्द। वन्द आंखों से ध्यान नासिकाग्र पर इस प्रकार रहे जैसे लगे कि आप खुली आंखों से नासिकाग्र पर देख रहे हैं, किन्तु आँखें वन्द ही रहनी चाहिये। मन की एकाग्रता भी नासिकाग्र पर अवाव तथा अनवरत गति से रहनी चाहिये। इसी समय (वीच में) आंखों को थोड़ा सा खोले और आंख तथा मन की एकाग्रता नासिकाग्र पर ही रहे। आंखें इस प्रकार किंचित् खुली रहें कि नासिकाग्र न दीख पड़े तो कोई वात नहीं। इस प्रक्रिया में नासिका की हड्डी पर दवाव का अनुभव होगा, किन्तु इस दवाव को हमें नासिकाग्र पर ही अनुभव करना चाहिये। पुनः आंखें वन्द ध्यान नासिकाग्र पर। पुनः आंखें किंचित् उन्मीलित, किन्तु वहीं नासाग्र पर। जब आप इस क्रिया में अभ्यस्त हो जायें, तव वार-वार अर्धोन्मीलित तथा पूर्णनिमीलित नेत्रों का तथा मन का ध्यान या एकाग्रता नासिका के अग्रभाग पर ही रक्खें। यह क्रिया कम से कम १५ मिनट तक प्रारम्भिक अवस्था में की जानी चाहिये। इसके वाद विद्युत्प्रकाश तथा विश्राम।[1]

(३) स्वाधिष्ठानचक्र की साधना

इस चक्र का ध्यान नाभि से नीचे लिङ्गमूल (विकसित अवस्था, जिसे हम पेडू कहते हैं) में हैं। इस चक्र की साधना में[2] सर्वप्रथम सिद्धासन में वैठें। अर्थात् एक एड़ी अण्डकोष के नीचे कन्द पर और दूसरी नाभि के नीचे सीधे वीच में। हथेलियों को ऊपर करके तर्जनी और अँगूठे के अग्रभाव को मिला कर शेष तीनों अँगुलियों को अलग एक साथ सीधी करके दोनों घुटनों पर रक्खें, आंखें वन्द, स्थिर। नाभि के नीचे एड़ी द्वारा दवाये गये स्थान के दवाव का अनुभव करें। यहीं ध्यान को एकाग्र करना है। प्रकाश वन्द।

---

१. तन्त्र ऑफ कुण्डलिनी योग, पृ० ५३-५४।
२. वही, पृ० ६७-७०।

साधक अब खेचरी का अभ्यास करें। जिह्वा के अग्रभाग को ऊपर की ओर से मोड़ कर मुँह के अन्दर पीछे की ओर ले जाकर वह तालु-मूल के कोमल भाग का स्पर्श करें। जितनी देर तक यह क्रिया कर सके उतना ही अच्छा होगा। थक जाने पर बीच-बीच में विश्राम कर लेना चाहिये।

भौंह के मध्य भाग को "ख" (आकाश) कहते हैं। वहां जिह्वा के गमन की मुद्रा खेचरी मुद्रा कही जाती है—

चित्तं चरति खेयस्माज्जिह्वा चरति खे गता।
तेनैशा खेचरी नाम मुद्रा सिद्धैर्निरूपिता॥[1]

कपाल--कुहर में विपरीत की गयी जिह्वा का प्रवेश होने पर तथा दृष्टि भ्रूमध्य में स्थिर रहने पर खेचरी मुद्रा होती है। छेदन, चालन और दोहन आदि कलाओं (क्रियाओं) द्वारा चिह्वा की वृद्धि करके भौंहों के मध्य भाग का जब स्पर्श होने लगे तो खेचरी मुद्रा की सिद्धि माननी चाहिये।[2] जिह्वा मूल के शिरावन्धन को नीचे से काट देने से जिह्वाग्र को पकड़ कर बायें-दायें हिलाने-डुलाने से तथा गोदोहन के समान जिह्वा दोहन करते रहने से जिह्वा की वृद्धि होती है। योग जगत् में यह बात प्रसिद्ध है कि जिह्वा को तालु-रन्ध्र द्वारा ऊपर पहुँचा कर, वहां आधे क्षण भी टिका लेने से योगी विपमता रूप रोग, वृद्धावस्था तथा मृत्यु आदि बन्धन से मुक्त हो जाता है।[3] इस मुद्रा के जानकार साधक रोग, मृत्यु, निद्रा, तन्द्रा, क्षुधा, तृषा और मूर्च्छा से मुक्त हो जाते हैं। वह साधक कर्म से लिप्त तथा काल से बाधित नहीं होता—

न रोगो मरणं तन्द्रा न निद्रा न क्षुधा तृषा
न मूर्च्छा भवेत्तस्य यो मुद्रा वेत्ति खेचरीम्॥
पीड्यते न स रोगेण लिप्यते न च कर्मणा।
बाध्यते न स कालेन यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम्॥[4]

यह बात यथार्थ है कि खेचरी का साधक भूख, प्यास से मुक्त रहता है। इसके प्रमाण हठयोग के साधक हैं, जो ४०-४० दिन तक भूमि के अन्दर समाधिस्थ देखे गये हैं।[5] वे इसी मुद्रा को लगा लेते हैं और अमृत-पान करते रहते हैं। इससे

१. हठयोग प्रदीपिका, ३/४१।
२. वही, ३/३२-३३।
३. वही, ३/३८।
४. वही, ३/३९-४०।
५. तन्त्र ऑफ कुण्डलिनीयोग, पृ० १११।

Scanned by CamScanner

उनके शरीर में किसी भी प्रकार का चयापचय नहीं होता। यहां तक नाखून और बाल या दाढ़ी जितनी बढ़ी रहेगी, ४० दिन बाद भी उतनी ही रहेगी। उसमें किसी प्रकार की वृद्धि नहीं होगी। उन्हें श्वसनक्रिया की भी आवश्यकता नहीं होती। साधक को अपेक्षित आक्सीजन तथा भोजन का तत्त्व मिलता रहता है।[1]

खेचरी मुद्रा के विषय में और विस्तार से हम विन्दु-विसर्ग की साधना में वर्णन करेंगे, क्योंकि यहां स्वाधिष्ठानचक्र में खेचरी के साथ वज्रोली क्रिया का भी उपयोग होता है। वज्रोली क्रिया का उपयोग यह है कि खेचरी मुद्रा के प्रभाव से साधक का स्पर्श कामिनी से होने पर भी उसके विन्दु का क्षरण नहीं होता और यदि कामिनी की योनि में साधक का विन्दु चलायमान भी हो जाय तो वह वज्रोली के बन्धन से खिचा हुआ ऊपर की ओर चला जाता है।[2] इसलिये यहां खेचरी के साथ वज्रोली का भी महत्त्व है। जननेन्द्रिय के ऊपर वाले भाग, जहां एड़ी से दबाव डाला जा रहा है, में संकोच करना चाहिये और साथ ही साथ उस स्थान का ध्यान भी। धीरे-धीरे इस ध्यान और संकोच का क्षेत्र विस्तृत करते हुये जननेन्द्रिय, अण्डकोष और अण्डाशय तक रहना चाहिये। मूलाधार का भी क्षेत्र हम ले सकते हैं, किन्तु यह ध्यान रहे कि कन्द स्थान को संकोच-क्रिया से मुक्त रक्खें, क्योंकि वह तो मूलाधारचक्र की साधना का क्षेत्र है। यद्यपि ऐसा करना कठिन है, फिर भी सम्भव है।[3]

उक्त स्थान के संकोच और प्रसार की क्रिया शनैः शनैः की जानी चाहिये। इस स्थान के दबाव पर ध्यान भी निरन्तर बना रहेगा। यह क्रिया कुछ देर तक करें। संकोच-प्रसार में किसी भी प्रकार का हठ नहीं करना चाहिये। सब कुछ स्वेच्छया नियन्त्रित ढंग से धीरे-धीरे करना चाहिये। यद्यपि ऐसा करने में समय लगेगा। इन मांस पेशियों पर नियन्त्रण करने के लिये उड्डीयान बन्ध, शलभासन और धनुरासन का अभ्यास किया जा सकता है।

(४) मणिपूरचक्र की साधना

इस चक्र के साधनात्मक प्रयोग पर चर्चा करने से पूर्व स्वामी सत्यानन्द द्वारा निर्दिष्ट उन तीन साधनाओं पर हम दृष्टिपात करना चाहते हैं जो इस चक्र के जागरण में उपयोगी हैं।[4] हठयोग के अनुसार मणिपूरचक्र के जागरण की

---

१. तन्त्र ऑफ कुण्डलिनी योग, पृ० ११२।

२. हठयोग प्रदीपिका, ३/४२-४३।

३. तन्त्र ऑफ कुण्डलिनी योग, पृ० ६८।

४. वही, पृ० ७६-७८।

Scanned by CamScanner

प्रथम साधना है त्राटक योग, क्योंकि मणिपूरचक्र सीधे आंखों से तथा पैर से सम्बद्ध है और इस चक्र की कर्मेन्द्रिय पाद है, ज्ञानेन्द्रिय चक्षु है तथा तन्मात्रा-रूप है। त्राटक योग की साधना का संक्षिप्त रूप यह है कि भूमि से लगभग १ फुट की ऊँचाई वाली चौकी पर सुखपूर्वक बैठ कर चक्षु की सीध में दो फिट की दूरी पर किसी नीले (शून्य शक्ति वाले) बल्ब पर या अन्य किसी सूक्ष्म पदार्थ पर दृष्टि को तब तक एकाग्र किये रहें जब तक अश्रुपात न होने लगे। अश्रुपात के बाद पुनः इसी क्रिया का अभ्यास करें। कभी-कभी नासिकाग्र या भ्रूमध्य पर दृष्टि को स्थिर करके भी त्राटक सिद्ध किया जाता है। इस क्रिया में चित्त की स्थिरता बहुत ही आवश्यक है। इसे योगियों ने सुवर्ण पेटी को गुप्त रखने के समान यत्नपूर्वक गोप्य कहा है।[1]

अब हम प्रायोगिक साधना पर चर्चा करेंगे। इस साधना से आज्ञाचक्र का स्थान सक्रिय होता है न कि जागृत। आज्ञाचक का अन्वेषण करने के लिये मूलाधार के संकोच और प्रसार का अभ्यास आवश्यक है। इस साधना के प्रथम चरण में ध्यातव्य तथ्य हैं—मूलाधार स्थान के संकोच और प्रसार के समय आँखें बन्द, चिन्मुद्रा युक्त, मेरुदण्ड सीधा, किसी दूसरे व्यक्ति का स्पर्श नहीं। मन में मूलाधार का चिन्तन। इसके बाद मूलाधार का बार-बार संकोच-प्रसार। यह कार्य श्वासों को लेने और छोड़ने के साथ हो। यह क्रिया कुछ समय तक करें इसके बाद दीर्घ विश्राम।

साधना के द्वितीय चरण में आँखें बंद, सिद्धासन की स्थिति, (Abdomini Viscera) पेड़ू के नीचे मूत्राशय के मूल में संकोच करें। इसके बाद सम्पूर्ण जननेन्द्रिय, मूत्राशय तथा अण्डकोष तक संकोच का आकर्षण करके शिथिलीकरण (संकोच का त्याग) करें। यह क्रिया कुछ देर करके पुनः दीर्घ विश्राम।

साधना के तृतीय चरण में बहुत ही सावधानी पूर्वक वज्रोली का अभ्यास करें। इसके बाद पुनः जननमूत्राशय (Genito-urinary complex) का संकोचा करें।

चतुर्थ चरण में उसी पूर्व आसन में दृढ़ रह कर मूलाधार तथा कण्ठ से दो शक्तियों (अपान और प्राण वायु) का नाभि की ओर "पूरक" करने के साथ गमन कराना चाहिये। जब यह समझें कि प्राण वायु और अपान वायु का मिलाप नाभि में हो रहा है तब कुम्भक करें और मानसिक रूप से दोनों शक्तियों के मिलन-स्थान पर सावधान रहें। इस प्रकार मूलबन्ध का अभ्यास करें। इसके बाद

१. हठयोग प्रदीपिका, २/३१-३२।

Scanned by CamScanner

रेचक के साथ इस क्रिया का परित्याग करे। नाभि में शक्ति को केन्द्रित करने में कुम्भक को जितना देर तक रोक सकें उतना ही अच्छा है। अब कुछ देर तक आंखे बन्द करके चुपचाप बैठे रहें।

साधना के पांचवें चरण में सिद्धासन बदल कर वज्रासन लगावें। घुटने मुड़े हुये, नितम्ब पैर के तलुवों पर, परस्पर मिली हुई अंगुलियों वाली हथेलियाँ ऊपर की ओर नाभि के नीचे गोद में, आँखें बन्द, शान्त। बन्द आँखों से नासिकाग्र पर ध्यान। नासिकाग्र ध्यान की सावधानी बराबर बनी रहे। बीच में आँखें किंचित् उन्मीलित करें किन्तु ध्यान नासिकाग्र पर ही रहे। पुनः आँखें बन्द, ध्यान वहीं नासिकाग्र पर। कुछ देर तक यह क्रिया करते रहने के बाद दीर्घ विश्राम। साधना समाप्त, आँखें खोलें, पूर्ण आराम करें, पुनः प्रकाश।

(५) अनाहतचक्र की साधना[1] :—

इस चक्र की साधना "सोऽहं साधना" कही जाती है। सुखासन (जिस आसन में सुविधा लगे) बैठें। शरीर पर कोई विशेष नियन्त्रण नहीं, कण्ठ में ध्यान करें। ध्यातव्य है कि कण्ठ में प्राण वायु के विषय में सावधान रहें कि किस प्रकार प्राण वायु कण्ठ से होकर नीचे गहन राज्य में जा रही है।

इसके बाद हृदय आकाश में सावधानी रखें और उसे श्वास के द्वारा भरा जाता हुआ अनुभव करें। श्वसन क्रिया और उसकी अनुभूति ही हार्दाकाश के अनुभव का प्रमुख आधार है। श्वसन क्रिया के लय (गति) के साथ हृदय के संकोच और विस्तार की अनुभूति करें। एक बार हृदय-स्थान का ज्ञान हो जाने पर पुनः उस स्थान का सहज ज्ञान होता रहेगा। बार-बार स्वतः और स्वाभाविक श्वसन क्रिया के लय पर हार्दाकाश के संकोच और विस्तार का अनुभव करना चाहिये। श्वास लम्बी या विशेष प्रकार की न हो। इस अभ्यास में हार्दाकाश की सावधानी महत्त्वपूर्ण है। यदि संकोच-प्रसार की अनुभूति द्वारा हार्दाकाश की सावधानी दृढ़ और स्थिर है तो वहाँ कुछ समय बाद अन्य बहुत सी वस्तुओं का भी अन्तः साक्षात्कार होता है। उस मानस दर्शन के लिए प्रयास नहीं करना पड़ता है। वह छाया स्वतः अनुभूत होती है। केवल प्रतीक्षारत रहने की आवश्यकता है। वह छाया एक वापी और नील कमल की होती है। यदि हार्दाकाश (हृदय स्थान) के संकोच और प्रसार की अनुभूति हो गयी हो तब तो ठीक है अन्यथा संक्षेप में तीन अवस्थाओं का अभ्यास करना चाहिये। प्रथम-हृदय स्थान में प्राणवायु के भरे जाने की अनुभूति, द्वितीय-श्वसन क्रिया के लय के साथ

१. तन्त्र आफ कुण्डलिनीयोग, पृष्ठ ९८-१०० ।

Scanned by CamScanner

हृदय-स्थान के संकोच-विस्तार की सीधी अनुभूति, तृतीय-वापी में नील कमल की सावधानी।

साधना के अगले चरण में सहज श्वसन-क्रिया के साथ सोऽहं के अजपाजप की अनुभूति करनी चाहिये। श्वास लेते समय सो और छोड़ते समय अहम् का भाव हो। इस अभ्यास के द्वारा यह अजपाजप सहज हो जाना चाहिये। श्वास को या तो नासिकारन्ध्र में या नाभि और कण्ठ के मध्य में अथवा केवल कण्ठ में अथवा सोऽहम् के साथ हृदय-स्थान में अनुभव करना चाहिये। श्वास को नासारन्ध्र, नाभि-कण्ठ के मध्य, और कण्ठ-इन तीन स्थानों में एक साथ या क्रमशः अनुभव करना चाहिये। साधना समाप्त, दीर्घ विराम, पूर्ण आराम।

(६) विशुद्धचक्र की साधना :—

बिन्दु के द्रव पदार्थ का शुद्धीकरण करने वाला यह चक्र है।[१] कण्ठ ही वह स्थान है जहाँ अन्तः और बाह्य दोनों ही विष का शुद्धीकरण होता है यहाँ केवल साधानात्मक प्रक्रिया पर ही विचार करना समीचीन होगा। जालन्धर बन्ध विशुद्धचक्र के जागरण में बहुत उपयोगी है। पूरक के अन्त में जालन्धर बन्ध करना चाहिये। पूरक के अन्त में कुम्भक के समय ठोड़ी (चिबुक या दाढ़ी) को गले के नीचे के गड्ढे में टिकाना चाहिये—

कंठयाकुंच्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम्।
बन्धो जालन्धराख्योऽयं जरामृत्युविनाशकः॥[२]

नाड़ियों के समूह तथा कपाल-कुहर-रूप नभ के जल को बाँधने के कारण इसे जालन्धर बन्ध कहते हैं। यह विशुद्धचक्र में वायु को रोक कर बन्धन करता है अतएव उसे मध्यचक्र भी कहा जाता है।[३]

जालन्धर बन्ध के अतिरिक्त विपरीतकरणी मुद्रा भी इस चक्र के जागरण में सहायक सिद्ध होती है।[४] इस मुद्रा का अभ्यास तीनों साधनों द्वारा किया जाता है—अर्धसर्वाङ्गासन, सर्वाङ्गासन, और शीर्षासन। जो क्रिया योगी के नाभि (सूर्य) को ऊर्ध्वभाग में तथा तालु (राशि) को अधोभाग में करे उसे विपरीतकरणी मुद्रा

१. तन्त्र ऑफ कुण्डलिनीयोग, पृ० १०१।
२. हठयोग प्रदीपिका, ३/७०।
३. वही, ३/७१-७३।
४. तन्त्र ऑफ कुण्डलिनीयोग, पृ० १०३।

Scanned by CamScanner

कहते हैं ।[1] इसके अतिरिक्त अमृत-पान की क्रिया का अभ्यास करना चाहिये, जो विभिन्न मानसिक और शारीरिक मुद्राओं के साथ प्राणायाम से सम्बद्ध है ।

अब हम विशेष प्रायोगिक साधना पर चर्चा करेंगे । जिस प्रकार मणिपूर-चक्र के जागरण में अश्विनीमुद्रा (आज्ञाचक्र), वज्रोलीमुद्रा (स्वाधिष्ठान), मण्डूकी (मूलाधार) और नौलि क्रियाओं की सहायता ली जाती है, उसी प्रकार विशुद्धचक्र का जागरण भी आज्ञा से मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर और अनाहत का ध्यान किया जाता है, इसे चक्रावरोहण कहते हैं ।

साधना-प्रकाश वन्द । प्रथम चरण में आज्ञाचक्र के ध्यान का अभ्यास—सिद्धासन, चिन्मुद्रा. आँखें बन्द, दृढ़, शान्त, स्थिर, अश्विनी मुद्रा का अभ्यास (श्वसन क्रिया के साथ मूलाधार का संकोच और विस्तार) । जब आज्ञाचक्र का पता चल जाये तब सीधे आज्ञाचक्र पर ध्यान करें, अन्यथा अश्विनीमुद्रा का अभ्यास करें । यह क्रिया प्रारम्भ में चार मिनट तक करें ।

साधना के द्वितीय चरण में मूलाधार के ध्यान का अभ्यास-वज्रासन-घुटने हल्के से अलग-अलग आवद्ध अँगुलियों वाली ऊर्ध्वमुखी हथेलियाँ नाभि के नीचे गोद में । बन्द आँखों से नासिकाग्र पर मानसिक एकाग्रता, बीच-बीच में आँखों का किंचिद् उन्मीलन और ध्यान नासिकाग्र भाग पर । इस मण्डूकी क्रिया का तीन मिनट तक अभ्यास करें ।

तृतीय चरण में स्वाधिष्ठान के ध्यान का अभ्यास—वज्रोलीमुद्रा का तीन मिनट तक अभ्यास करें ।

चतुर्थ चरण में मणिपूरचक्र का अभ्यास करें । इसमें श्वास लेने के साथ (पूरक के समय) मूलाधार से या गुदा-स्थान से अपान वायु को नाभि की ओर तथा कुम्भक के समय दोनों वायु का नाभि-स्थान में मिलाप करके थोड़ी देर रोके रहने का अनुभव करें । रेचक के समय दोनों वायु का विलगाव होना चाहिये । नाभि में शक्ति की एकाग्रता अनुभव करें । यह क्रिया ४ मिनट तक की जानी चाहिये ।

साधना के अगले चरण में अनाहतचक्र के लिये ३ ध्यान का अभ्यास करें । प्रथम—हृदय-स्थान को कण्ठ-स्थान से गमनशील प्राणवायु द्वारा भरा जाना, द्वितीय—श्वसन-क्रिया के लय के साथ हृदय के संकोच और प्रसार का अभ्यास,

---

१. हठयोगप्रदीपिका, ३/७९ ।

Scanned by CamScanner

तृतीय—हृदयाकाश की वापी में नीलकमल का छाया के दर्शन की प्रतीक्षा। यह अभ्यास ४ मिनट तक करें।

इसके बाद प्रत्येक चक्र पर एकाग्र हों। उन चक्रों का ध्यान करते समय यह अनुभव करें कि आप किसी छोटे पुष्प से या अपने अँगूठे से उन चक्र-स्थानों का स्पर्श कर रहे हों। चक्रों के ध्यान का क्रम इस प्रकार हो—

मूलाधार, मणिपूर, स्वाधिष्ठान, अनाहत, विशुद्ध और आज्ञा। इसके बाद आज्ञा, विशुद्ध, अनाहत, मणिपूर, स्वाधिष्ठान और मूलाधार। यह क्रम चार बार किसी गुरु के निर्देशन में होना चाहिये और उसके बाद स्वतः उसका अभ्यास तीन मिनट तक करें। इस प्रकार इस चक्र की सम्पूर्ण साधना में २१ मिनट लगेंगे। यह समय काफी अभ्यास के बाद नियन्त्रित हो पायेगा। प्रारम्भ में तो आधे घन्टे का समय लग सकता है।

७. विन्दु-विसर्ग की साधना :—

शिर के शिखर भाग में स्थित विन्दु का जो द्रव पदार्थ, नासिका-रन्ध्र से तालुमूल में जिह्वा (खेचरीमुद्रा) के स्पर्श से क्षरणशीलता को प्राप्त होता है, वह विशुद्धचक्र (कण्ठ) में शुद्धीकृत होकर अमृत-रूप धारण करता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि विशुद्ध और विन्दु-विसर्ग की साधना भी परस्पर सम्बद्ध ही है। विन्दु-विसर्ग का जागरण वज्रोली मुद्रा तथा मूर्च्छा प्राणायाम से सम्बन्ध रखता है।[1] इन दोनों का क्रमशः शलभासन, धनुरासन, जालन्धरबन्ध, मूलबन्ध और उड्डीयान-बन्ध द्वारा अभ्यास करना चाहिये। योनि मुद्रा या शक्तिचालिनी मुद्रा के द्वारा विन्दु का अन्वेषण किया जा सकता है। इसकी प्रक्रिया इस प्रकार है। उक्त सभी क्रियाओं पर चर्चा हो चुकी है। मूर्च्छा प्राणायाम के अन्तर्गत कुम्भक के समय दोनों हाथों के अँगूठे को कान में डालकर, दोनों तर्जनी और मध्यमा से आँखों को कोमलता से बन्द करें तथा दोनों अनामिका से नासिका और दोनों कनिष्ठा से अधर को दबावें। तत्पश्चात् स्वतः उद्भूत अनवरत नाद की अनुभूति की जा सकती है। इस नाद-स्थान का अन्वेषण करने से विन्दु-स्थान का ज्ञान होता है, क्योंकि नाद-स्थान ही विन्दु-स्थान है। वज्रोली मुद्रा तथा मूर्च्छा प्राणायाम भी नाद-स्थान के अन्वेषण में सहायक होता है।

इस चक्र के जागरण से सुधा-धारा प्रवाहित होती है। विन्दु से ही मादक स्राव होता है, जो योगियों के लिए अमृत है, जीवन है। इस अमृत का पान करके

---

१. तन्त्र ऑफ कुण्डलिनीयोग, पृ० ११५।

Scanned by CamScanner

योगी जन भूख-प्यास से मुक्त हो जाते हैं। अमृत-पान की क्रिया खेचरी मुद्रा द्वारा सम्पन्न की जाती है। खेचरी मुद्रा में जिह्वा पीछे की ओर मुड़कर घाटी में कार्क (ढक्कन) के समान स्थित हो जाती है। इस अभ्यास से विन्दु से प्रवाहित हुई अमृत-बूँदें सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त होकर आक्सीजन, भोज्य तत्त्व, जल तत्त्व प्रदान करती हैं। इस अमृत-बूँद का प्रवाह-मार्ग विन्दु (शिखास्थान) से विशुद्ध (कण्ठ) तक एक विशेष नाड़ी-जाल के माध्यम से जुड़ा है, जो नासिका-रन्ध्र के अन्तःभाग और तालुमूल से लेकर जाता है। सुधा का निर्माण विन्दु-चक्र में और उस अमृत का संग्रह नासारन्ध्र के अन्तःचक्र लालन (तालु) चक्र में होता है।[1] जब खेचरी मुद्रा के द्वारा यह चक्र (लालनचक्र) उत्तेजित किया जाता है, तब योगी अमृत-पान करता है और यही इस चक्र की जागृत अवस्था है।

अब हम इस चक्र के लिये अपेक्षित "सोऽहम्" मन्त्र-साधना पर चर्चा करेंगें।। अनाहतचक्र की साधना के कुछ-कुछ समान इस चक्र की भी साधना है। जैसे सुखपूर्वक किसी भी आसन पर बैठना। आँखें बन्द, जिससे किसी भी प्रकार का विघ्न न हो। अजपाजप के लिये अपनी श्वास क्रिया पर ध्यान रखें। यदि मस्तिष्क इधर-उधर भ्रमण करे तो कोई बात नहीं। केवल श्वास लेने और प्रच्छ्वास के निकालने पर सावधानी रखें। निरन्तर यह विचार (ध्यान) रखे रहें। यह क्रिया दो मिनट तक करें।

दूसरे चरण में श्वसन-क्रिया के साथ "सोऽहम्" के नाद पर सावधानी रखें। श्वसन-क्रिया का अनुभव कण्ठ, नासिका या कण्ठ और नाभि के मध्य करें। "सोऽहम्" के अतिरिक्त किसी अन्य मन्त्र का भी सहारा ले सकते हैं, लेकिन ध्यान (एकाग्रता) श्वसन-क्रिया पर ही रहे। हम यह ध्यान रखें कि क्या-क्या घटनायें इस क्रिया में हो रही हैं। इस क्रिया का अभ्यास चार मिनट तक करें।

तीसरे चरण में श्वसन-क्रिया और "सोऽहम्" मन्त्र पर विशेष सावधानी (एकाग्रता) रखनी चाहिये। यह अभ्यास चार मिनट तक करें।

चतुर्थ चरण में अपने को श्वसन-क्रिया और मन्त्र के साथ लीन कर दें। अब श्वसन-प्रक्रिया को विशुद्ध और विन्दु के मध्य ऊपर-नीचे सम्पन्न करें। यह अभ्यास तीन मिनट तक करना चाहिये।

कुण्डलिनी-जागरण का स्वरूप

साधना के पूर्व कथित सोपानों का अभ्यास करने से साधना परिपक्व होने

---

१. तन्त्र ऑफ कुण्डलिनीयोग, पृ० ११३।

Scanned by CamScanner

जिस समय कुण्डलिनी-जागरण होता है, उस समय इड़ा और पिङ्गला नाड़ियों में प्रवाहित होने वाला स्रोत सुषुम्णा के मार्ग में सूक्ष्मता को प्राप्त होकर प्रविष्ट होता है। सुषुम्णा, इड़ा और पिङ्गला नाड़ियों का जो ऊर्ध्व स्थान है, जिसे आज्ञाचक्र कहते हैं, वहां पर वह स्रोत पहुँचकर और ऊर्ध्वमुखी होता है। धीरे-धीरे वह स्रोत सूक्ष्म से सूक्ष्मतर होता जाता है इस अवस्था में जीव वज्रा और चित्रिणी नाड़ी का भेदन करके अपनी शक्ति को ब्रह्मनाड़ी और आनन्दमय कोश की ओर गतिशील करता है।[४] इड़ा और पिङ्गला नाड़ियो से प्राणवायु को अलग करके सुषुम्णा में प्रवेश कराना ही समाधि-अवस्था की प्राप्ति है। उस समय इड़ा और पिङ्गला नाड़ियों के मृतप्राय होने पर प्राणवायु सुषुम्णा में प्रवेश करके कुण्डलिनी की सहायता से षट्चक्रों का भेदन करते हुये सहस्रार में विलय को प्राप्त होता है।

Scanned by CamScanner

का मूल कारण है। मानव-देह में सर्वाधिक प्रबल सर्जना-शक्ति कुण्डलिनी है।'

आसन, प्राणायाम, बन्ध, मुद्रा द्वारा कुण्डलिनी को जाग्रत किया जाता है। आसन, प्राणायाम आदि के अभ्यास से प्राण इड़ा और पिंगला नाड़ियों से निकलकर सुषुम्णा नाड़ी में प्रविष्ट होते हैं तब कुण्डलिनी ऊपर की ओर उठती है। ऊर्ध्वगमन करती हुई कुण्डलिनी जब ब्रह्मरन्ध्र में पहुंच जाती है, तब साधक शुद्ध अवस्था को प्राप्त करता है फिर उसके लिए कोई कर्त्तव्य शेष नहीं रह जाता है।

कुण्डलिनी को जाग्रत कर उसे सहस्रार चक्र तक पहुँचने के लिए अनेक वर्षों का समय लग जाता है, किन्तु ऐसे भी उदाहरण हैं कि पूर्व जन्म के संस्कारों से अथवा सुयोग्य गुरु की कृपा से अल्पकालीन प्रयास से ही कुण्डलिनी जाग्रत होकर सहस्रार चक्र तक पहुँच जाती है। प्रारम्भ में कुण्डलिनी उठ कर एक निश्चित विन्दु पर ठहरती है, फिर धीरे धीरे ऊपर की ओर बढ़ती है। जिस चक्र पर कुण्डलिनी पहुँचती है, उस चक्र के अनुसार साधक को विशेष प्रकार के आनन्द की अनुभूति होती है। जब कुण्डलिनी सहस्रार चक्र तक पहुँच जाती है तो योगी को उस समय मोक्ष का-सा आनन्द प्राप्त होता है।

आसन, प्राणायाम, बन्ध और मुद्राओं के अभ्यास से प्राण जब सुषुम्णा में प्रवेश करते हैं तो सुषुम्णा काल को निगल जाती है, उस समय न दिन रहता है, न रात। प्राणों को सुषुम्णा में प्रवेश कराने के लिए अनेक उपाय तन्त्र-साधना के अन्तर्गत हैं। अपान वायु को ऊपर की ओर और प्राण वायु को नीचे की ओर खींचने से प्राण सुषुम्णा में प्रवेश करते हैं।

जालन्धर और मूल बन्ध के द्वारा प्राण जब सुषुम्णा से मिलते हैं तो अग्नि प्रदीप्त हो उठता है। अग्नि की यह उष्णता सोई हुई कुण्डलिनी को जगा देती है, वह आवाज करती हुई कुण्डली त्याग कर सीधी हो

Scanned by CamScanner

जाती है और सुषुम्णा में प्रविष्ट हो जाती है। फिर प्रयास पूर्वक एक के बाद एक चक्र में क्रमशः उसे ले जाया जाता है। इसी को षट्चक्र भेदन कहते हैं।

कुण्डलिनी-जागरण की प्रक्रिया

योग-क्रिया शुद्धि से पूर्व मल शुद्धि की जाती है। कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत करने के लिए पहले **अश्विनी मुद्रा** का प्रयोग करना चाहिए। गुदा को बार-बार संकुचित और प्रसारित करना **अश्विनी मुद्रा** है। इस मुद्रा का प्रयोग षट् चक्र भेदन में अपान वायु के अवरोध के रूप में किया जाता है।

अश्विनी मुद्रा के बाद **शक्ति चालन** मुद्रा करनी चाहिए। उदर को अन्दर खींच कर दाहने और बाएँ हिलाने से शक्ति **संचालन मुद्रा** बनती है। इस मुद्रा के द्वारा प्राण वायु को सुषुम्णा में प्रविष्ट कराया जाता है। इस मुद्रा के साथ सिद्धासन में बैठ कर पूरक प्राणायाम किया जाता है। और प्राण तथा अपान को मिला दिया जाता है।

शक्ति संचालन मुद्रा के साथ **योनि मुद्रा** की जाती है। योनिमुद्रा सिद्धासन पर बैठ कर की जाती है। दोनों हाथ की दसों अंगुलियों से कान (अँगूठों से), आँखें (तर्जनी अंगुलियों से), नाक के दोनों छिद्र (मध्यमा अंगुलियों से) और मुख (अनामिका और कनिष्ठा अंगुलियों से) बंद कर लिए जाते हैं। इस मुद्रा से कान, आँख, नाक और मुख इन्द्रियों पर बाह्य प्रभाव नहीं पड़ता है। सिद्धासन में बैठने का भी यही तात्पर्य है। इस आसन में बाएँ पैर की एँड़ी से गुदा द्वार को दबाया जाता है और दाहने पैर की एँड़ी बाएँ पैर पर रख कर मूत्रेन्द्रिय को ढाक लिया जाता है। योनि मुद्रा कर के योगी **काकिनी** मुद्रा द्वारा प्राण-वायु को खींचता है और उसे अपानवायु से जोड़ देता है। दोनों ओठों को कौवे की चोंच की तरह सिकोड़ कर साँस अन्दर खींचना काकिनी मुद्रा है।

Scanned by CamScanner

इसके बाद योगी षट्चक्रों का क्रमश: ध्यान करता है और सोऽहं हंस: इस बीज मन्त्र का अजपाजप करते हुए कुण्डलिनी को जाग्रत करता है। कुण्डलिनी जाग्रत करने के लिए **खेचरी मुद्रा** की जाती है, इससे ध्यान परिपक्व होता है। महामुद्रा तथा महावेध का अभ्यास महाबंध के साथ किया जाता है। इसमें साधक बाएँ पैर की एँड़ी को मूलाधार चक्र पर जमा कर दाएँ पैर को सीधा फैला देता है और दोनों हाथों से दाएँ पैर का पंजा पकड़ लेता है। तत्पश्चात् जालन्धर बंध लगा कर फैले हुए पैर के घुटने पर सिर को रख देता है, इससे प्राण सुषुम्णा में प्रवेश कर कुण्डलिनी को जाग्रत करता है।

Scanned by CamScanner

शाम्भवी मुद्रा—मूल बन्ध और उड्डीयान बन्ध के साथ सिद्धासन या पद्मासन से बैठकर नासिका के अग्रभाग अथवा भ्रूमध्य में दृष्टि को स्थिर करके ध्यान जमाना शाम्भवी मुद्रा है। इस मुद्रा से मन सर्वथा वृत्ति शून्य हो जाता है।

५. बन्ध—बन्धों का अन्तर्भाव भी मुद्राओं के अन्तर्गत किया जाता है। बन्धों से प्राणों का निरोध होता है। तीन बन्ध मुख्य है—

मूलबन्ध, उड्डीयान और जालन्धर।

६. मूलबंध—मूल (गुदा) और लिंग स्थान के रन्ध्र को बन्द करने का नाम मूल बन्ध है। बाएँ पैर की एड़ी को गुदा और लिंग के मध्यभाग में दृढ़तापूर्वक जमाकर गुदा को सिकोड़ कर योनिस्थान अर्थात् गुदा और लिंग एवं कंद के बीच के भाग को दृढ़तापूर्वक संकोचन द्वारा अधोगत अपान वायु को धीरे-धीरे ऊपर की ओर खींचने को मूलबन्ध कहते हैं। यह बन्ध सिद्धासन के साथ लगाया जाता है। इससे कुंडलिनी उठकर ऊपर की ओर चढ़ने लगती है।

उड्डीयान बंध—दोनों जानुओं को मोड़कर पैरों के तलुओं को आपस में भिड़ाकर पेट के नाभि के नीचे और ऊपर आठ अंगुल हिस्से को बलपूर्वक खींच कर मेरुदण्ड (रीढ़) से ऐसा लगादे कि पेट के स्थान पर गड्ढा-सा दिखे। जितना पेट के अन्दर की ओर अधिक खींचा जाएगा उतना ही अच्छा होगा। इस बन्ध से प्राण सुषुम्णा की ओर पक्षी की तरह उड़ने लगता है।

जालंधर बंध—कंठ को सिकोड़ कर ठोडी को दृढ़तापूर्वक कंठ रूप में स्थापित करे हृदय से ठोड़ी का अन्तर केवल चार अंगुल रहे। सीना आगे की ओर तना रहे। यह बन्ध कंठ के नाड़ीजाल को बांधे रहता है। इस बन्ध से कंठ-स्वर मधुर-आकर्षक बनता है और कंठ के संकुचित हो जाने से इडा-पिंगला नाड़ियाँ बन्द हो जाती हैं तब प्राण सुषुम्ण में प्रवेश करता है।

लगभग सभी आसन और मुद्राएँ मूलबन्ध और उड्डीयान बन्ध के साथ किए जाते हैं।

५. महाबंध—महाबन्ध के द्वारा इडा, पिंगला और सुषुम्णा—इन

Scanned by CamScanner

तीनों नाड़ियों के प्रवाह को एक ही दिशा में परिवर्तित कर अन्य क्रियाओं के साथ मन को आज्ञाचक्र पर स्थिर करना होता है ।

विधि—बाएँ पैर की एड़ी को गुदा और लिंग के मध्यभाग में जमा कर बायीं जंघा के ऊपर दाहने पैर को रख समसूत्र में हो, वाम अथवा जिस नासारन्ध्र से वायु चल रहा हो, उससे ही पूरक करके जालन्धर-बन्ध लगाए । फिर मलद्वार से वायु का ऊपर की ओर आकर्षण करके मूलवन्ध लगाए । मन को मध्य नाड़ी में लगाए हुए यथाशक्ति कुम्भक करे । इसके बाद पूरक की विपरीत वाली नासिका से धीरे-धीरे रेचन करे । इस प्रकार दोनों नासिकाओं से अनुलोभ-विलोम रीति से प्राणायाम करे ।

इस महावन्ध से प्राण ऊर्ध्वगामी होता है और इड़ा-पिंगला सुषुम्णा का संगम होता है ।

आसन, प्राणायाम, वन्ध और मुद्राओं से कुंडलिनी जाग्रत की जाती है । इनके करने से प्राण इडा और पिंगला से निकलकर सुषुम्णा में प्रविष्ट होता है तव कुंडलिनी ऊर्ध्वगामी होती है ।

Scanned by CamScanner

ओम् कथ्यतेऽसौ महामुद्रा सर्वतन्त्रेषु गोपिता ।
यां संप्राप्य मनुष्याश्च भवन्ति सुरपूजिताः ।।१४५ ।।

om kathyate'sau mahāmudrā sarvatantreṣu gopitā |
yāṃ saṃprāpya manuṣyāśca bhavanti surapūjitāḥ ||145||

Om. Now Mahāmudra which is hidden in all Tantras is being described – and through the attainment of which men become worthy of worship even by gods.

जन्मकोटिसहस्रेण कृत्वा सत्कर्मविस्तरम् ।
एनां प्राप्य भवाम्भोधि पारं गच्छन्ति योगिनः ।।१४६ ।।

janmakotisahasreṇa kṛtvā satkarmavistaram |
enāṃ prāpya bhavāmbhodhi pāraṃ gacchanti yoginaḥ ||146||

Doing many meritorious (good) deeds in thousands of previous births, the Yogīs cross the sea of birth through the attainment of it (= Mahāmudrā).

योनिं संपीड्य वामेन पादमूलेन यत्नतः ।
दक्षिं प्रसारितं पादं कराभ्यां धारयेत् दृढम् ।।१४७ ।।

yoniṃ saṃpīḍya vāmena pādamūlena yatnataḥ |
dakṣiṃ prasāritaṃ pādaṃ karābhyāṃ dhārayet dṛḍham ||147||

Pressing carefully the left heel into the perineum (or vagina), and straightening the right leg, firmly take hold of the outstretched foot with both of the hands.

Scanned by CamScanner

आसने कटिमारोप्य चुबुकं हृदयोपरि ।
नव द्वाराणि संयम्य कुक्षिमापूर्य्य वायुना ।।१४८ ।।

āsane katimāropya cubukaṃ hṛdayopari |
nava dvārāṇi saṃyamya kukṣimāpūryya vāyunā ||148||

Keeping the waist in a seat (i.e. sitting somewhere), and keeping the chin on the heart, having control of nine-doors – (or closing those doors) fill properly the abdomen with Vāyu (air). (here 'abdomen' may mean "inside the body".)

चित्तं चतुष्पथे कृत्वा प्रारभेत् प्राणयन्त्रणाम् ।
भित्वा चन्द्रार्कयोर्ग्रन्थिं कुर्यात् वायुनिवारणम् ।।१४९ ।।

cittaṃ catuṣpathe kṛtvā prārabhet prāṇayantraṇām |
bhitvā candrārkayorgranthiṃ kuryāt vāyunivāraṇam ||149||

Applying the mind in the cross-way (catuṣpatha) start to restrain the Prāṇavāyu, and the Sun-knot (Sūryagranthi) make the Vāyu restrained.

(Note– Generally Yogīs apply their mind into Bhrūmadhya).

जारणाय कषायस्य मारणं बिन्दुनादयोः ।
चालनं सर्वनाडीनामनलस्य प्रदीपनम् ।।१५० ।।

jāraṇāya kaṣāyasya maraṇaṃ bindunādayoḥ |
cālanaṃ sarvanāḍīnāmanalasya pradīpanam ||150||

For consuming of the Kaṣāyas (sinful and bad qualities like attachment to worldly objects, greed etc.), causing death of Bindu and Nāda, driving all the Nādis, enkindling the fire (of digestion power), all such actions take place through the practice of Mahāmudrā.

Scanned by CamScanner

कायवाक्चित्तयोगेन कायवाक्चित्तसाधनम् ।
भवेदभ्यासतो वश्यं मार्गरूढस्य योगिनः ।।१५१ ।।

kāyavākcittayogena kāyavākcittasāydhanam |
bhavedabhyāsato vaśyaṃ mārgarūḍhasya yoginaḥ ||151||

The accomplishment of Body, Speech and Mind can be done through the Yoga of Kāya, Vāk and Citta, and this will be under control by practice for a Yogī who is in the way of Sādhanā.

अनया मुद्रया सर्वं जायते योगिनो ध्रुवम् ।
तस्मादेनां प्रयत्नेन महामुद्रां समभ्यसेत् ।।१५२ ।।

anayā mudrayā sarvaṃ jāyate yogino dhruvam |
tasmādenāṃ prayatnena mahāmudrāṃ samabhyaset ||152||

All desirable things can be attained by a Yogī through the practice of this Mudrā. So one should practice carefully this Mahāmudrā regularly.

सर्वेषामेव मुद्राणां महतीयं स्वयंभुवा ।
महामुद्रां च तेनैनां वदन्ति विवुधोत्तमाः ।।१५३ ।।

sarveṣāmeva mudrāṇāṃ mahatīyaṃ svayaṃbhuvā
mahāmudrāṃ ca tenaināṃ vadanti vivudhottamāḥ ||153||

It is the greatest (Mahatī) among all Mudrās. Hence, it is called Mahāmudrā by Svayambhu (Śiva). Hence, great scholars or gods call this Mahāmudrā. (It is designated as Mahāmudrā).

Scanned by CamScanner

अनया वाध्यते मृत्युर्वलिराबध्यते सदा ।
चेतसा विधृता येन यन्त्रं तेनैव वर्जितम् ।।१५४।।

anayā vādhyate mṛtyurvalirābadhyate sadā |
cetasā vidhṛtā yena yantraṃ tenaiva varjitam ||154||

Death can be prevented by this. Wrinkls (caused by old-age) can always be prevented (or it can prevent one's being subject to forcible death. He who holds it by heart (or Mind) can leave the Yantra. (Yantra = any support or restriction is given up by him only who has taken it through Mind – by regular practice.)

(Note – In sanskrit the word वलि has different meanings.)

अस्माच्च कथितं नामपदानां प्रथमाक्षरैः ।
युक्तं च योगयुक्तानां प्रमोदाय च केवलम् ।।१५५।।

asmācca kathitaṃ nāmapadānāṃ prathamākṣaraiḥ |
yuktaṃ ca yogayuktānāṃ pramodāya ca kevalam ||155||

Hence it is described by using the first letters of the name words (Mahā and Mudrā) (So that it can be taken by heart). It is reasonable for the Satisfaction of the persons only who are attached to Yoga.

।। इति महामुद्राविवेकः ।।

|| *iti Mahāmudrāvivekaḥ* ||

Here ends an exposition on Mahāmudrāviveka.

***

Scanned by CamScanner

इयं येन महामुद्रा योगिना सिध्यते ध्रुवम् ।
कथ्यतेऽसौ महाबन्धः शरीरे प्राणधारकः ।।१५६ ।।

iyaṃ yena mahāmudrā yoginā sidhyate dhruvam |
kathyate'sau mahābandhaḥ śarīre prāṇadhārakaḥ ||156||

This is Mahāmudrā through which success can be attained certainly by a Yogī. Now Mahābandha is being described which is the holder (or retainer) of PrāṇaVāyu in the body.

बन्धश्च द्विविधो ज्ञेयो यदाबन्धः सदादृतः ।
योनिबन्धो हि देवानां कण्ठबन्धोऽमृतान्धसाम् ।।१५७ ।।

bandhaśca dvividho jñeyo yadābandhaḥ sadādṛtaḥ |
yonibandho hi devānāṃ kaṭhabandho'mṛtāndhasām ||157||

The Bandha is of two kinds when it is always appreciated (esteemed = आदृतः). YoniBandha is for the gods and KaṇṭhaBandha is for the persons whose food is nector. (i.e. – great Yogīs).

(Note – The word Amṛtāndhas generally means a god. But as the Yonibandha is prescribed for gods, here this word (Amṛtāndhas) seems to mean – "great Yogī" who in a way drinks the nector as is described in this book = AmṛtasiddhiYoga).

पुरकं कुम्भकं कृत्वा धृत्वा मुद्रां भयापहाम् ।
बन्धं संयोजयेत् क्षिप्रं देवासुरसुगोपिताम् ।।१५८ ।।

purakaṃ kumbhakaṃ kṛtvā dhṛtvā mudrāṃ bhayāpahām |
bandhaṃ saṃyojayet kṣipraṃ devāsurasugopitām ||158||

Scanned by CamScanner

(Sitting in the pasture of any comfortable Āsana like Siddāsana perform inhaling – (=Pūraka) and then hold the breath (= kumbhaka), and holding a Mudrā which is not dengerous (which removes fear), perform rapidly this Bandha which is made secret by Devas and Asuras.

(Note – Breathing in or inhaling is called Pūraka, and Breathing out or exhaling is called Rechaka, and Holding the breath is called Kumbhaka (i.e. – retaining of breath).

गुदं योनिसमायुक्तमाकुञ्चेत्समकालतः ।
अपानमूर्ध्वगं कृत्वा समानेनैव योजयेत् ।।१५९ ।।

gudaṃ yonisamāyuktamākuñcetsamakālataḥ |
apānamūrdhvagaṃ kṛtvā samānenaiva yojayet ||*159*||

At the same time contracting the rectum associated with the perineum / vagina make the Apāna Vāyu moving upward and unite it with the Samāna Vāyu.

(Here the word 'गुदं' is not found in the manuscript. So it is reconstructed).

(Note – Similar description about the Mūlabandha is found in the Haṭhapradīpikā (See 3/61).

Which runs as – **पार्ष्णिभागेन संपीड्य योनिमाकुञ्चयेद गुदम् ।**
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽभिधीयते ।।

But Samāna Vāyu is not mentioned there.

Scanned by CamScanner

बन्धं समारभेद् योगी मध्यमाद्वार पार्श्वतः ।
संरुध्य त्रिपथं यत्नात्कुर्याद्वायोश्चरिंखणम् ।।१६० ।।

bandhaṃ samārabhed yogī madhyamādvāra pārśvataḥ |
saṃrudhya tripathaṃ yatnātkuryādvāyoścariṃkhaṇam ||160||

A Yogī should perform this Bandha by the side of the middle – door (मध्यमाद्वार) enclosing the three ways carefully and then he should keep the Vāyu moving very slowly.

(Note – Here the letter ब in बन्धं is not found in the manuscript. So it is reconstructed).

प्राणे निरुद्धे पायुश्च कृत्वा प्राणमधोमुखम् ।
वाहयेदूर्ध्वमप्यर्धमपानेनैव योगतः ।।१६१ ।।

prāṇe niruddhe pāyuśca kṛtvā prāṇamadhomukham |
vāhayedūrdhvamapyardhamapānenaiva yogataḥ ||161||

(२९) विपरीत करणीमुद्रा का अभ्यास और पीयूष-पान—गुरु गोरक्षनाथ कहते हैं कि (१) नाभि देश में **भास्कर** रहता है। (२) तालुमूल में अमृतात्मा **चन्द्रमा** रहता है। (३) चन्द्रमा जब अमृत की वर्षा (ऊपर से) करता है तो नीचे स्थित रवि अपना मुख ऊपर करके उसे पी लेता है। (४) यदि विपरीतकरणी मुद्रा द्वारा नाभि को ऊपर एवं तालु को नीचे करने का अभ्यास किया जाय तो वह सुधा सूर्य को न प्राप्त होकर योगी को प्राप्त हो सकती है। इसके लिए खेचरी मुद्रा भी सहायक है।[२]

काल वञ्चन

(५) अमृतत्व प्राप्त की अन्य विधि—विशुद्ध चक्र में स्थित अमृत का अपानयुक्त प्राण को ऊपर ले जाकर ऊर्ध्वविवर में प्रविष्ट करके यथाक्रम नासा से ऊपर ले जाने से सूर्यद्वारा अमृतपान क्रिया-अवरुद्ध होने से **कालवंचन** होता है।[३] इस स्थिति में—

ऊर्ध्वजिह्वः स्थिरो भूत्वा सोमपानं करोति यः।
अब्दार्धेन न सन्देहो मृत्युं जयति योगवित्।।

—अमरत्व

जो योगी नासान्त ऊर्ध्व विवर को, जिह्वा को ऊपर उठाकर बाँध देता है वह अजरामर एवं पंचमुख शिव हो जाता है। अजरामरताप्नोति यथा पंचमुखो हरः।[४]

(३०) योग-मार्ग-साधना द्वारा योगाप्ति विधान— जीवात्मा और परमात्मा को (अष्टांग योग-साधना द्वारा) एकीभूत करना (दोनों का संयोग करना) ही **योग** है जो कि नाथ योगी का भी लक्ष्य है; क्योंकि यही प्राप्य योग लक्ष्य है—**'संयोगं योगमित्याहुर्जीवात्मपरमात्मनोः।''**[५]

१.. *विवेक मार्तण्ड (१८६-१८८)।*
२. *वि० मा० (१३५-१३७)।*
३. *वि० मा० (१४५)।*
४. *वि० मा० (१४८)।*
५. *वि० मा० (९)।*

Scanned by CamScanner

(क) इसी प्रकार **प्राणापानैक्य,**

(ख) **'स्वरजो रेतसो'** (रज-रेतस-योग)

(ग) 'सूर्यचन्द्रसोर्योगो' (सूर्य-चन्द्र-योग) एवं

(घ) 'द्वन्द्वजालस्य संयोगो' (छन्दों में ऐक्य)

—ऐक्यस्वरूप योग की प्राप्ति

पाँचवा योग है—जीवात्मा-परमात्मा का ऐक्य।

(३१) गोरक्ष दर्शन में लक्ष्यभूत पञ्चविध ऐक्यरूप योग

(१) जीवात्मा-परमात्मा का एक्य, (२) रज एवं रेतस का ऐक्य, (३) सूर्य और चन्द्रमा का ऐक्य, (४) प्राण और अपान का ऐक्य एवं (५) अनन्त द्वन्द्व समूहों में ऐक्य।

सारे योगी इसी योग की कामना करते हैं।

—'योगबीज' (८९-९०) में वर्णित योग

Scanned by CamScanner

(४) 'राजयोग'—यश्चित्तवृत्तिरहितः स तु राजयोगः।।

—(अमरौघ प्रबोध)

(४५) **योगभोगसाहचर्यवाद**—गोरक्षनाथ संन्यासियों, अवधूतों के अतिरिक्त गृहस्थों को भी ब्रह्मचारी बनाना चाहते थे; क्योंकि ब्रह्मचर्य के बिना गृहस्थ योगसाधना कैसे करते? इसी उद्देश्य से उन्होंने भोग के साथ योग का समन्वय करने हेतु—**'वज्रोली'**, **'अमरोली'** **'सहजोली'** आदि यौगिक क्रियाओं को भी स्वीकृति दी। वे कहते हैं—

'बजरी करंता अमरी राखै, अमरि करंता वाई।
भोग करंता जो व्यंद राखै, ते गोरख का गुरभाई।।'
'भग मुषि व्यंद अग्नि मुषिपारा। जो राखै सो गुरु हमारा।।'

—(गो० बा० पृ० ४९)

फिर भी—

'व्यंद ही जोग, व्यंद ही भोग, व्यंद ही हरै चौसठि रोग।
या विद का कोई जाणैभेव। सो आपैं करता आपै देव।।

[illegible] और [illegible] (त्रिलक्ष्य) की साधना

Scanned by CamScanner

नाथ सिद्ध अपनी पूर्णावस्था में **भोग में योग तो स्वीकार** करते हैं किन्तु **भोग से योग** की दृष्टि स्वीकार नहीं करते, तथापि तन्त्र का **योगभोगसाहचर्मवाद** किसी न किसी दृष्टि से स्वीकृत ही है।

'बिन्दु-साधना' में **'वज्रोली'**, **'अमरोली'** एवं **'सहजोली'** (तान्त्रिक विधान) नाथों ने भी स्वीकार किया है।

जहाँ तक पञ्चतत्त्व **धारणा, षटचक्र** एवं उसकी साधना, **कुण्डलिनी योग**, शिव-शक्ति-सामरस्य, नादोपासना, नादानुसन्धान, शिवशाक्तयोग, वज्रदेहत्व या 'पक्वदेह' प्रणवोपासना, सोऽहंजप, पिण्डब्रह्माण्डैक्यवाद, शक्ति-साधना, कौलाचार, **ग्रन्थित्रय** एवं उसका उद्भेदन, नाड़ीयोग, शब्दब्रह्मवाद और नादात्मक वाक्तत्त्व, निरुत्थान, प्रतीक पद्धति, कुलाकुल योग, पीयूषपान, काल-वञ्चन आदि तत्त्व तन्त्र के अपने ही उपादान हैं, उन्हीं के प्रतिपाद्य विषय है जिन्हें नाथ-पंथ में स्वीकार कर लिया गया है।

Scanned by CamScanner

ब्रिग्स महोदय कहते हैं कि पहाड़ी प्रदेशों में योगी **तान्त्रिक क्रियाओं का अभ्यास** करते है। योगि-सम्प्रदाय में शाक्तों के वाम एवं दक्षिण दोनों मार्गों की उपासना प्रचलित है।

शैव शाक्त योगियों में '**आसन**' '**बंध**' '**मुद्रा**' एवं '**प्राणायाम**' प्रचलित हैं। इनका प्रचलन नाथयोगियों में भी है। तान्त्रिकों के चितासन, मुण्डासन प्रभृति वाममार्गी आसन नाथ योग में सम्मिलित नहीं है।

'काल वञ्चन'—कालस्य वञ्चनं सूक्ष्मं
मया ते प्रकटी कृतम्॥ (७/५०)

'अमरता'—

अमृतेश पदं सूक्ष्मं समप्राप्यैवामृतीभवेत्।
तदासावमृतीभूय मृत्युजिन्नात्र संशयः॥ (७/५१)

---

१. डॉ० ह० प्र० द्वि० (ना० सं० पृ. ३)।
२. नेत्र तन्त्र।
३. नेत्र तन्त्र।

Scanned by CamScanner

कालजित् सुभगोधीरो, मृत्युस्तं च न बाधते।।

(७/५२)

'अमृत'—

सुषुम्नामृतेनाखिलं परिपूर्णं विभावयेत्।।[१]
'चन्द्रोदये तदा ख्याते, परमामृत मुत्तमम्।।

(७/४३)

'खेचरी मुद्रा'—

खेचरीमुद्रयापूर्य शक्त्यन्तं तत्र सर्वतः।।[२] (७/३७)

Scanned by CamScanner

(५) '**कुण्डलिनी शक्ति'—'ततो वेदनशीला कुण्डलिनी शक्तिरुद्गता।।'**
(९)

अर्थात् उसके उपरान्त तत्त्वज्ञानस्वरूपिणी जगदीश्वरी कुण्डलिनी (अज्ञों के लिए बंधनप्रदा एवं प्रबुद्धों के लिए मोक्षप्रदा शक्ति) उदित होती है। यह शक्ति चिद्रूपिणी चैतन्यस्वरूपा अनिर्वचनीया, महिमामयी परमेश्वरी माया है। इसे '**महाकुण्डलिनी**' शक्ति समझना चाहिए। इसके द्वारा '**परंशिव**' का दर्शन संभव होता है।

'**कौलज्ञान निर्णय**' में कहा गया है—

(१) ''कौलमार्गे द्वयो सन्ति कृतका सहजा तथा।
'**कुण्डली**' कृतका ज्ञेया सहजा समरसे स्थिता।।''

यह कुण्डलिनी शक्ति 'मूलाधार चक्र' के ब्रह्मद्वार को मुख से बन्द करके स्थित हैं।

(२) 'कन्दोर्ध्वं कुण्डलीशक्तिः **अष्टधा** कुण्डलीकृता।
ब्रह्मद्वारं मुखं नित्यं मुखेन आच्छाद्य तिष्ठति।।'

—(गोरक्षनाथ योग मार्तण्ड)

(३) प्रस्फुरद भुजगाकारा पद्मतन्तुनिभा शुभा।
प्रसुप्ता वायुना सार्धं प्रबोधं यान्ति साग्निना।।

—(गोरक्षनाथ योग मार्तण्ड)

Scanned by CamScanner

प्राणापान योग

योगी गोरक्षनाथ ने कहा कि जप-तप नहीं यथार्थ साधना तो **'प्राणापान योग'** है; क्योंकि इसकी साधना के बिना 'प्राण' एवं 'अपान' की रस्सी से बंधा जीव डोरी से बँधे श्येन की भाँति अनादिकाल से प्राण एवं अपान की रस्साकसी की क्रीड़ा मात्र बनकर एवं इस प्रकार गुलाम बनकर जीता चला आ रहा है—

'रज्जुबद्धो यथा श्येनो गतोऽप्याकृष्यते पुनः।
गुणबद्धस्तथा जीवः प्राणापानेन कृष्यते।
अपानः कर्षति प्राणं प्राणोपानं च कर्षति।
ऊर्ध्वाधः संस्थितावेतौ संजोयति योगवित्।।'[३]

मूलबंध आदि प्राणायामों से प्राणापानैक्य द्वारा ही जीव प्राण-अपान के बंधन

---

१. परशुराम कल्पसूत्र (रामेश्वर कृत वृत्ति)।
२. प० क० सूत्र (वाराही क्रम)।
३. गोरक्षनात : गोरक्षशतक।

Scanned by CamScanner

से मुक्त होकर मुक्ति पा सकता है। अतः प्राण एवं अपान के सामरस्य की साधना करनी चाहिए। श्रीकृष्ण भी इसी ओर संकेत करते हैं—‘**प्राणापानगती रुद्ध्वां प्राणायाम परायणाः।**’

Scanned by CamScanner

''इन्द्रीबांध्या जोगी, जती रे न होइबा।
जब लग मनवौ न बाँधा रे लो।।''[१]

सूर्यचन्द्र-साधना—अनाहर्त- साधना नाथ सिद्ध **काणेरी पाव** कहते हैं ऐसी साधना करो कि दिन में चन्द्र एवं रात्रि में सूर्य दिखाई पड़ने लगे और **'गगनमण्डल'** में तूर (तुरही वाद्या=अनाहत नाद) श्रुतिगोचर होने लगे।

''द्यौंसैं चन्दा रातैं सूर, गगन मंडल मैं बाजै तूर।''[२]

शक्ति-शिव योग (कुण्डलिनी की सहस्त्रार-यात्रा)—के सम्बन्ध में नाथ योगी सिद्ध गरीब दास कहते हैं कि—

(१) **'आकाश की मीड़की'** आकाश में **'यन्त्र-वादन'** कर रही है।

(२) **'चन्द्र एवं सूर्य** के मिलने से **'गंगा एवं यमुना'** प्रसन्न होकर गीत गा रही हैं। इसमें **'मीड़की'** कुण्डलिनी है।

यह **यन्त्र-वादन 'शून्य चक्र'** में होने वाली अनाहत नाद की गर्जना है। **'चन्द्र-सूर्य' इड़ा-पिंगला नाड़ियाँ** हैं जिनके मिलने से प्राणवायु इन नाड़ियों का त्याग करके सुषुम्णा में प्रविष्टि करके सहस्त्रार में पहुँच जाती हैं।

Scanned by CamScanner

षट्चक्र-वेधन, प्राणायाम एवं ऊर्ध्व रेतसत्व की साधना

(१) योगी को चाहिए कि वह **प्राण वायु को उलटकर षट्चक्रों का वेधन** करें।

(२) '**तप्त लौह**' (ब्रह्मरन्ध्र) पानी (रेतस्) को सोख ले।

(३) '**चन्द्रमा**' (इड़ा नाड़ी) और 'सूर्य' (**पिंगला नाड़ी**) दोनों को योगी अपने घर (सुषुम्णा नाड़ी) में निमज्जित कर दें। ऐसा योगी अलक्ष्य (ब्रह्म) का पूर्णज्ञाता (विज्ञानी) हो जाता है। —(गो० बा० पृ. ३७)

नाथयोग की साधना के अभ्यासी योगी को–

(१) **ब्रह्मरन्ध्र में कुण्डलिनी** का प्रवेश करके '**ब्रह्माण्ड' को फोड़ना** चाहिए।

(२) **शून्यं** रूप नगर को लूटना चाहिए।

(३) शरीर रूपी घर को घेरकर पंच देव (५ इन्द्रियों) एवं उनके स्वामी मन को पकड़ना चाहिए।[२]

(४) अहंकार को तोड़ना चाहिए।

(५) निराकार आत्मा को प्रस्फुटित करना चाहिए।

(६) इड़ा नाड़ी (गंगा) और पिंगला नाड़ी (यमुना) का पानी सोख लिया जाना चाहिए अर्थात् इन दोनों नाड़ियों का अस्तित्व सुषुम्णा में लयीभूत करना चाहिए।

(७) और **सहस्त्रारस्थ चन्द्रमा** और **मूलाधारावस्थि सूर्य** के पारस्परिक विरोधी भाव को नष्ट कर दो।[३]

---

१. **संन्यासी** सोई करै सर्वनास गगन मंडल महि मांडे आस।
अनहद सूं मन **उनमन** रहै सो संन्यासी अगम की कहै।। —(गो०बा० पृ० ३६)

२. ब्रह्माण्ड कूटिबा, नगर सब लूटिबा, कोई न जाणवा भेवं।
बदंत गोरखनाथ स्थंड दर जब घेरिवा, तब पकड़िबा पंच देवं।। —(गो० बा० पृ. ३९)

३. अहंकार तूटिवा, निराकार फूटिबा, सोखीला गंगजमन का पानी।
चंद सूरज दोऊ सनमुखिराखिला, कहो हो अवधू तहाँ की सहिं नाडी।।
—(गो० बा० पृ. ३९)

Scanned by CamScanner

(८) सिद्ध का संकेत (सांकेतिक उपदेश) यही है कि शून्य स्थान **(सहस्त्रार)** में तुरी **(अनाहत नाद)** बजाओ।

(९) चन्द्र के विरोधी सूर्य को **मीन के मार्ग** पर लगाओ अर्थात् योगयुक्त विधि से **चन्द्रमा के समान** करो, जिससे **अमृत का रसास्वादन** किया जा सके।

(१०) **'मीन मार्ग'**—मछली नदी की धारा के विरुद्ध चला करती है, किन्तु मछली किस मार्ग से गई है पानी के नीचे स्थित उसके मार्ग को कोई नहीं बता सकता। इसी प्रकार योगी को अपने साधना-मार्ग एवं अपनी उपलब्धियों को **गुप्त रखना** चाहिए। इसके फूल कली बन जायेगा—**वृद्ध भी बालक बन जाएगा।**[१]

(११) ब्रह्म के सुगन्ध से सुगन्धित (ब्रह्म की सर्वव्यापकता का अनुभव करने वाले के समक्ष (ज्योतिदर्शन की क्रीड़ा प्रकट हो जाती है।

—(गो० बा० पृ. ४१)

Scanned by CamScanner

(२१) योग साधना

योगिराज गोरक्षनाथ इड़ा और पिंगला की मध्यवर्तिनी (कालभोक्त्री **सुषुम्णा**) में **आसन जमाकर बैठने**, अनाहत नाद का श्रवण करते हुए **काल पर विजय** प्राप्त करने, **'गगन मण्डल'** (**'सहस्त्रार'** में **अकेले निवास** करने एवं ऊर्ध्वमुखी **'बंकनाल'** (सुषुम्णा नदी) से **अमृत निकालकर** पीने को अपने गुरु मत्स्येन्द्रनाथ के उपदेश का सार बताते हुए इन सभी उपदेशों में समाहित साधना करना स्वीकार करते हैं।

गंग जमन मधि आसण बालौ। अनहदनाद काल भै टालौ।
गगन मंडन मैं रमूँ अकेला। उरध मुखि बंक नालि अमीरात झेला।।
कथंत गोरखनाथ गुरु उपदेशा।।

—(गो० बा० पृ. १४९)

सारांश—

(१) सुषुम्णा नाड़ी में अविचल स्थिति।
(२) अनाहत नाद का श्रवण।
(३) गगन मंडल (सहस्त्रार) में अकेले निवास।
(४) बंकनाल की सहायता से **अमृतपान**।

इसके अतिरिक्त **गुरु गोरक्षनाथ** ने **'विपरीत करणी'** मुद्रा का अभ्यास **करके वायु को स्थिर करने**, वायुस्थैर्य द्वारा **महारस** (अमृत) को सिद्ध करने, **दर्शन (मुद्रा)** धारण करने एवं सेली धारण करने जैसे **यौगिक बाह्याचार्यों का खण्डन (पारमार्थिक दृष्टि से खण्डन)** भी किया है—और कहा है कि हे प्रभु! **क्या मूल वस्तु (योग-साधना** का तात्विक स्वरूप) यही है?

"कांने रातां, डौरौ गाटा किणि मीर मूले?

—(गो० बा०, पृ. १५०)

गोरक्ष दृष्टि में योग-साधना का सार्थक अभ्यास—हाँ गोरक्षनाथ गंगा-युमना के कूल (इड़ा-पिंगला) में **प्राणायामरूपी स्नान करके शुद्ध होने** और **मूलाधार को दबाकर** (संकोचन करके) **ध्यान** करने की **यौगिक साधना को सार्थक** मानते हैं—

'गंगा जमुना कूले पैसि करिले असनानं।
चाँपीला मूले अवधू धरीला धियानं।।

—(गो० बा०, पृ. १५०)

इसके अतिरिक्त वे—

(१) मेरुदण्ड को स्थिर करके।
(२) शिव और शक्ति को जोड़ने।

Scanned by CamScanner

(३) सिद्ध योगी की आराधना करने।

(४) ब्रह्म ग्रन्थि का भेदन करने।

(५) सुमेरु (मेरु=मेरुदण्ड=सुषुम्णा नाड़ी) के भर जाने पर (**इड़ा-पिंगला के सुषुम्णा में प्रविष्ट** हो जाने पर)।

(६) **सुषुम्णा मार्ग में** (प्राणायाम द्वारा) **श्वास प्रविष्ट** हो जाने पर '**ब्रह्मग्रन्थि**' **का भेदन** होने पर तथा पाँच तत्त्वों या तन्मात्राओं या ज्ञानेन्द्रियों के चूर्ण हो जाने पर पूर्ण कलाओं वाले **चन्द्रमा को प्रकट** करने की साधना भी साधकों को निष्पादित करने हेतु गुरु गोरक्षनाथ ने उपदेश दिया है। —(गो० बा० पृ. १५०)

(क) बिपरीत करणी करि लै ज्यूँ थिर ह्वै बाई।
(ख) वाई जब थिरि ह्वै महारस सीझै।
(ग) सदा अभ्यास रहै जोगी गंगा जमुन कूले।
(घ) गंगा जमुना कूले पैसि करिले असनानं।
(ङ) चॉपीला मूले अवधू धरीला धियानं।
(च) मेरे डंड थिरि करै स्यौ सक्ती जोड़ै।
(छ) कोई गुरु आराधीला जो ब्रह्म गाँठि छोड़ै।
(ज) छूटै जब ब्रह्म गाँठि भरिये मेर नाला।
सहजैं पाँचै चूरा भया पूरण कला।

(झ) सहस्त्रारस्थ चन्द्र खूँटा है और मूलाधारस्थ सूर्य पाटी है जिस पर धोबी कपड़े धोता है अर्थात् साधक माया-मल प्रक्षालित करता है–

(ञ) चन्दा गोरा खूँटा करिलै, सूरजि करिलै पाटी।
अहनिसि धोबी धोवै त्रिवेणी की घाटी॥

—(गो० बा० पृ० १५१)

Scanned by CamScanner

(२) **'हठ'**=प्राण वायु का विधिपूर्वक संयम एवं निरोध करके किसी चक्र में यथेष्टकाल पर्यन्त प्राण का स्थिरीकरण सुषुम्ना-मार्ग में प्राणवायु का सञ्चरण, कुंभकों, मुद्राओं एवं बन्धों के अभ्यास से **प्राणापान-द्वन्द्व को समाप्त करके** उनमें ऐक्यस्थापन, ऊर्ध्वोन्मुखी **मात्र** वायु द्वारा शरीर में वायु क्रिया का सञ्चालन आदि।

Scanned by CamScanner

जागरण शक्ति-जागरण की ही साधना जिससे कि साधक अनन्तकाल से सोता हुआ भी शक्ति के जागने से स्वयं भी जागकर मुक्त हो जाता है।

कुण्डलिनी और उसकी साधना—सम्पूर्ण नाथ-साहित्य में सर्वत्र (स्वल्पाधिक) कुण्डलिनी की चर्चा आई है तथा किसी-किसी ग्रन्थ में उसकी साधना का सविस्तार वर्णन भी किया गया है।

७२००० नाड़ियों के मूल 'नाड़ी कन्द' के ऊर्ध्व प्रदेश में ब्रह्मद्वार को अवरुद्ध करके और अष्टधा कुण्डलीकृत होकर भगवती कुण्डलिनी स्थित हैं। जिस मार्ग से ऊर्ध्व की ओर गति करते हुए योग साधक के द्वारा ब्रह्मस्थान ब्रह्मरन्ध्र में प्रवेश किया जाता है उस ब्रह्मद्वार को सुप्त कुण्डलिनी अपने मुख से आच्छादित करके सुषुम्णाद्वार पर स्थित है। वह भुजगाकारा कुण्डलिनी शरीर की दृष्टि से अत्यन्त पतली पद्मतन्तु के समान सूक्ष्म है, किन्तु वह पवनाग्नि-संयोग से जाग उठती है—

"प्रसुप्ता वायुना सार्धं प्रबोधं यान्ति साग्निना।
प्रबुद्धा वह्नियोगेन मनसा मरुता सह।
सूचीव गुणामादाय व्रजत्यूर्ध्वं सुषुम्णया।।"

कुण्डलिनी जागरण की पद्धति—योगी साधक को दोनों हाथों को एक-दूसरे से सटाकर (बद्धांजलि) **पद्मासन** में स्थित होकर, वक्षस्थल को चिबुक में लगाकर कुण्डलिनी का ध्यान करके प्राणायाम द्वारा पूरक करके और अपान वायु को रोककर वायु का रेचन करने से यह कुलशक्ति प्रबुद्ध हो जाती है। मूलबंध इस साधना में अत्यन्त उपयोगी है; क्योंकि उससे प्राण-अपान एकीभूत हो जाते हैं, जो कुण्डलिनी-जागरण के लिए आवश्यक है।

योग और उसका स्वरूप : एक तुलनात्मक विवेचना

महर्षि पतञ्जलि का दृष्टि—'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः" —(योगसूत्र)

योगिराज गोरक्षनाथ की दृष्टि—गुरु गोरक्षनाथ ने 'योग' को पञ्चधा परिभाषित एवं निरूपित किया है। यह इस प्रकार है।



Scanned by CamScanner

(१) प्राण और अपान का ऐक्य '**योग**' है।

(२) रज एवं रेतस् का ऐक्य '**योग**' है।

(३) सूर्य एवं चन्द्र का ऐक्य '**योग**' है।

(४) जीवात्मा और परमात्मा का ऐक्य '**योग**' है।

(५) द्वन्द्वजाल का (द्वन्द्व-समूह का) संयोग '**योग**' है।

योग का स्वरूप

'योऽपानप्राणयोर्योगः स्वरजोरेतसोस्तथा।
एवं तु द्वन्द्वजालस्य.......संयोगो योग उच्यते।।'[1]

(१) '**प्राण**' और '**अपान**' का ऐक्य।

(२) '**रज**' और '**रेतजस**' का ऐक्य।

(३) '**सूर्य**' और '**चन्द्र**' का ऐक्य।

(४) जीवात्मा और परमात्मा का ऐक्य।

(५) समस्त द्वन्द्वों के समूह का ऐक्य।

'योग' और उसके पाँच पक्ष या लक्षण

'योग बीज'—(योगिराज गोरक्षनाथ)

गोरक्षनाथी दर्शन—योगिराज गोरक्षनाथ भक्ति की दृष्टि से योग को दूसरी तरह भी परिभाषित करते हुए कहते हैं कि—'जीवात्मा और परमात्मा के संयोग को '**योग**' कहते हैं।

''संयोग योगमित्याहुर्जीवात्मपरमात्मनोः।।''[2]
नवचक्रं कलाधारं त्रिलक्ष्यं व्योमपञ्चकम्।
सम्यगेतन्न जानाति स योगी नामधारकः।।

—गोरक्षनाथ (सिद्ध सिद्धान्त पद्धति)

(७) 'प्राण' और 'अपान' का ऐक्य ही योग है

योगिराज गोरक्षनाथ कहते हैं—

''योऽपानप्राणयोर्योगः स्वरजोरेतसोस्तथा।
सूर्यचन्द्रमसोर्योगो जीवात्मपरमात्मनोः।
एवं तु द्वन्द्वजालस्य संयोगो 'योग' उच्यते।।''[3]

---

१. योग बीज ८९।

२. विवेक मार्तण्ड (९)।

३. योग बीज (९०)।

Scanned by CamScanner

योगाग्नि—'**प्राण**' और '**अपान**' वायुओं की एकता से '**चन्द्र**' और '**सूर्य**' की एकता के परिणामस्वरूप '**योगाग्नि**' प्रज्वलित होती है। साधक को इस '**योगाग्नि**' में (रक्त, मेद, मज्जा, अस्थि, कफ, वात एवं पित्त आदि। **सप्त धातुओं से निर्मित कच्चे शरीर को दग्ध करके परिपक्व बनाकर**) उसे अमर बनाना चाहिए। ऐसा करने से उसके शरीर की समस्त व्याधियाँ नष्ट हो जाती हैं और शरीर को क्षति पहुँचाने वाले छेद, घात आदि समाप्त हो जाते हैं। इस समय मात्र '**परमाकाशस्वरूप सिद्ध शरीर**' ही शेष रह जाता है। **इस शरीर की मृत्यु नहीं** होती। उसका शरीर **दग्ध वस्त्र की भाँति अवशिष्ट रह जाता है।**

गुरु गोरक्षनाथ कहते हैं—

''सप्तधातुमयं देहमग्निना प्रदहेद बुधः।
व्याधयस्तस्य नश्यन्तिच्छेदघातादिका व्यथाः।
तथाऽसौ परमाकाशरूपी देह्यवतिष्ठते।
किं पुनर्बहुनोक्तेन मरणं नास्ति तस्य वै।
देहोऽवदृश्यते लोके दग्धकपटवत्स्वयम्।।''

इस स्थिति में जिस प्रकार एक रस्सी दूसरी रस्सी से लिपटी रहती है उसी प्रकार **जीव में चित्त और प्राण** लिपटे रहते हैं।

चूँकि मन को विचारों से नहीं मात्र प्राण से नियन्त्रित किया जा सकता है। अत: (मनोमारण) मन का जय केवल प्राण से करना चाहिए।

''तस्मात्तस्य जयोपायः प्राण एव हि नान्यथा।।''[१]
''मुमुक्षुभिः प्राणजयः कर्तव्यो मोक्षहेतवे।।''[२]

ऐसा क्यों? इसलिए कि—'चित्तं प्राणेन सन्नद्धं सर्वजीवेषु संस्थितम्। रज्जौ यद्वत्परीबद्धा रज्वी तद्वदिमे मते।।' —(योग बीज)

(८) रज-रेतस का ऐक्य ही 'योग' है

गुरु गोरक्षनाथ 'रजरेतस के ऐक्य' को भी '**योग**' की संज्ञा देते हैं।

बिन्दु—शरीर का मूल बिन्दु है।[३]

शरीर में आपादमस्तक स्थित शिरायें बिन्दु से ही जीवित हैं।

खेचरी मुद्रा से तो कण्ठ छिद्र की लम्बिका में बिन्दु रुक जाता है। बिन्दु क्षरित नहीं होता।

---

१. यो० बी० (८०)।
२. यो० बी० (८६)।
३. बिन्दु मूलं शरीरं तु।

Scanned by CamScanner

जब तक बिन्दु क्षरित नहीं होता तब तक मृत्यु कहाँ? जब तक नभोमुद्रा (खेचरी) लगी है तब तक बिन्दु का पात कैसे हो सकता है?

वायु के द्वारा शक्ति का चालन करने से जब महारज ऊर्ध्वमुख होकर बिन्दु से मिलकर एक हो जाता है तब शरीर दिव्य हो जाता है—

'याति बिन्दोः सहैकत्वं भवेद् दिव्यं वपुस्तदा।।''

'बिन्दु' शिव है और 'रज' 'शक्ति' है। 'बिन्दु' चन्द्रमा है और 'रज' रवि है। दोनों की एकता से 'परमपद' की प्राप्ति होती है—

''प्राप्यते परमं पदम्।।''[१]

बिन्दु के दो भेद हैं—

(१) 'पाण्डुर' (२) 'लोहित'।

(क) पाण्डुर वर्ण का बिन्दु=शुक्र है।

(ख) लोहित वर्ण का बिन्दु=महारज है।

यदि बिन्दु अधोगामी होकर नाभि में स्थित अग्निस्थान में गिर भी जाता है, तथापि योनिमुद्रा के द्वारा ऊर्ध्वमुखी किया जा सकता है।

सिन्दूर वर्ण का 'रज' '**रविस्थान**' (नाभि) में एवं शुक्र '**चन्द्रस्थान**' में रहता है।

इन दोनों की एकता दुर्लभ है—'**तयोरैक्यं सुदुर्लभम्**।'' (गो० श०)

'शुक्र' चन्द्रमा से संयुक्त है और 'रज' सूर्य से। इन दोनों के सामरस्य का ज्ञाता योग-ज्ञानी है।

निर्विचारत्व का इतना महत्व क्यों?

भेद दृष्टि रखने वाले तान्त्रिक (भेदवादी) तान्त्रिक मनीषी तीन रत्न मानते हैं—

(१) 'शिव' (२) 'शक्ति' (३) 'बिन्दु'।

'बिन्दु'—'बिन्दु' शुद्धतत्त्वात्मक (कार्य रूप शुद्ध) जगत का उपादान है—इसी की अपर संज्ञा '**महामाया**' है। बिन्दु क्षुब्ध होने पर शुद्धदेह, इन्द्रिय भोग एवं

---

१. गोरक्षनाथ कहते हैं—

बिन्दुः शिवो रजः शक्तिश्चन्द्रो बिन्दू रजो रविः।
उभयोः संगमादेव प्राप्यते परमं पदम्।।''
स पुनर्द्विविधो बिन्दुः पाण्डुरो लोहितस्तथा।
पाण्डुरं शुक्रमित्याहुर्लोहितं तु महारजः।। —गोरक्ष शतक

Scanned by CamScanner

'प्राण' और 'अपान' का ऐक्य ही योग है

गुरु गोरक्षनाथ ने 'प्राण' और 'अपान' के ऐक्य को ही 'योग' कहा है।

'प्राण' एवं 'अपान' का स्वरूप

(वसिष्ठ-भुशुण्ड संवाद के स्वरूप में)

(१) **'इड़ा'** और **'पिङ्गला'** नाम की दो अत्यन्त सूक्ष्म नाड़ियाँ देहरूपी गृह के मध्य **दाहिने एवं बाएँ** भाग में स्थित **कोष्ठ (कुक्षि)** में रहती हैं।

(२) **'इन नाड़ियों का किसी को भान नहीं होता। वे केवल नासापुट में प्राण-सञ्चार द्वारा प्रतीत होती हैं।**

(३) शरीर में यन्त्र की भाँति **तीन कमल के जोड़े हैं। वे अस्थिमांसमय** एवं **अत्यन्त मृदु हैं।** उनमें ऊपर एवं नीचे दोनों ओर से **नालदण्ड** लगे हुए हैं और वे सम्पुटित होकर एक-दूसरे से मिले हुए सुन्दर दलों से सुशोभित है।

(४) **उन तीन हृदय कमल यन्त्रों में 'प्राण' की समस्त शक्तियाँ ऊपर** और **नीचे की ओर फैली** हैं यथा चन्द्रबिम्ब से निकली किरणें फैलती हैं।

(५) इन प्राणशक्तियों से ही **शीघ्रगति, आगति, विकर्षण, हरण, विहरण,** उत्पतन एवं **निपतन** की क्रियायें निष्पन्न होती हैं।

(६) **'प्राणतत्त्व'**—'हृदय कमल' में स्थित यही सुस्थित **वायु 'प्राण'** के नाम से विख्यात है।

---

१. श्रीमद्भगवद्गीता (९-२२)।

Scanned by CamScanner

(७) इसी 'प्राणतत्त्व' की (क) कोई एक शक्ति—नेत्रों को स्पन्दित करती है (नेत्रों में निमेषोन्मेष क्रिया करती है।)

(ख) उसी की कोई एक शक्ति—स्पर्श को ग्रहण करती है।

(ग) उसी की कोई दूसरी शक्ति—नासिका के द्वारा श्वास उच्छ्वास का निर्वहन करती हैं।

(घ) उसी की कोई अन्य शक्ति—अन्न का परिपाक करती हैं।

(ङ) उसी की कोई अन्य शक्ति—वाक्यों का उच्चारण करती है। शरीर में जो कुछ क्रिया या व्यापार निष्पन्न।

प्राण और अपान का ऐक्य ही योग है

गुरु गोरक्षनाथ कहते हैं कि—योगाभ्यासी को पार्ष्णि भाग से मलस्थान का सम्पीडन करके बलपूर्वक वायु का आकुञ्चन करना चाहिए। इस क्रिया से वायु बार-बार ऊपर की ओर उठती है। 'प्राण' एवं अपान' वायु तथा नाद-बिन्दु मूल बंध से एकता प्राप्त करके योगसिद्धि प्रदान करते हैं। 'गोरक्षशतक' में गुरु गोरक्षनाथ कहते हैं—'अपान वायु' को ऊपर की ओर खींचकर (प्राण वायु से मिलाते हुए) पैर की एड़ी से योनिस्थान को दृढ़ता पूर्वक दबाकर मलद्वार को सिकोड़ना चाहिए। यही 'मूलबन्ध' का अभ्यास है। इससे 'अपान' एवं 'प्राणवायु' का ऐक्य होने से मलमूत्र का क्षय एवं वृद्ध व्यक्ति में भी तारुण्य का उदय होता है।[१]

'विवेकमार्तण्ड' में गुरु गोरक्षनाथ कहते हैं कि—'प्राण' एवं 'अपान' विपरीत स्वभाव वाले तत्त्व हैं। गुरु गोरक्षनाथ कहते हैं कि 'प्राण' एवं 'अपान' जीव को (गेंद को क्रीड़ा के मैदान में फेंके जाने की क्रिया के समान) ऊपर-नीचे निरन्तर फेंकने वाली श्वासात्मक क्रियायें हैं—जिसके कारण जीव स्थिर नहीं हो पाता—

"आक्षिप्तो भुजदण्डेन यथा चलति कन्दुकः।
प्राणापानसमाक्षिप्तस्तथा जीवो न तिष्ठति॥
प्राणापानवशो जीवो ह्यधश्चोर्ध्वं च धावति।
वामदक्षिणमार्गेण चञ्चलत्वान्न दृश्यते॥"

—(वि० मा०)

'मूलबन्ध' से प्राण एवं अपान में ऐक्य स्थापित होता है।[२]

जिस प्रकार भुजाओं द्वारा ताड़ित होकर कोई गेंद ऊपर की ओर स्वयं उछलता है उसी प्रकार प्राण और अपान द्वारा निरन्तर आक्षिप्त जीव क्षणमात्र भी स्थिर

---

१. गोरक्ष शतक।

२. विवेक मार्तण्ड।

नहीं रह पाता। जीवात्मा **'प्राणवायु'** एवं **'अपानवायु'** के वशीभूत होकर **'इड़ा' 'पिंगला'** (बायें-दायें) नासारन्ध्रों से ऊपर-नीचे चढ़ता-उतरता रहता है और कभी स्थिरता (निश्चलता) नहीं प्राप्त कर पाता।[१]

जिस प्रकार डोरी से परिबद्ध श्येन पक्षी (डोरी ढीली करने पर) ऊपर उड़ने लगता है, किन्तु डोरी खींचने पर ऊपर से नीचे आ जाता है उसी प्रकार सत्व-रज-तम तीनों गुणों से, वासना तथा अविद्या से आबद्ध जीवात्मा **'प्राण'** एवं **'अपान'** नामक वायुयों के द्वारा ऊपर-नीचे खिंचता रहता है। जिस तरह **'अपान'** प्राण को एवं **'प्राण'** अपान को अपनी ओर खींचते रहते हैं, उसी प्रकार ऊपर-नीचे खिंचते **'अपना'** एवं **'प्राण'** दोनों का जो मर्म (निगूढ़ तत्त्व) को जानता है, योगज्ञानी योगी है।

शरीर में स्थित **'प्राणवायु'** और **'अपान वायु'**[२] के निरोध से एकश्वासमय होकर योगी वायु को सुषुम्नाद्वार से मुक्त करके चिदाकाश में उठाये—

'प्राणो देहे स्थितो वायुरपानस्य निरोधनात्।
एकश्वासमयो भूत्वोद् घाटयेत् गगने गतिम्।।'[३]

योगियाज्ञवल्क्य में भी 'अपान' के निरोध को आवश्यक मानते हुए कहा गया है कि—

'प्राण एवं अपान' का निरोध करके मात्राओं के प्रमाणानुसार ओंकार का जप करते हुए विधिवत प्राणायाम करना चाहिए।

'मात्राप्रमाणयोगेन प्राणापान निरोधयेत्।
ओंकारेण तु कर्तव्यः प्राणायामो यथोदितः।।'

(७) जिस प्रकार यन्त्रचालक कठपुतली से नृत्यादि चेष्टा कराता है, उसी प्रकार प्राण सारे कार्य कराता है।

(८) इसमें **'ऊर्ध्वगमन'** एवं **'अधोगमन'**—ये दो प्रकार के संकेत वाले दो वायु प्रसृत्र होते हैं। वे ही दोनों श्रेष्ठ वायु (१) 'प्राण' एवं (२) 'अपान' कहलाते हैं।

भुशुण्ड जी वसिष्ठ से कहते हैं कि—**''मुने! मैं इन्हीं दोनों श्रेष्ठ वायुओं (प्राण एवं अपान) की गति का सदैव अनुसरण किया करता हूँ।''**

---

१. गो० शतक/विवेक मार्तण्ड।

२. रज्जुबद्धो यथा श्येनो गतोऽप्या कृष्यते पुनः।
गुणबद्धस्तथा जीवः प्राणापानेन कृष्यते।
अपानः कर्षति प्राणं प्राणोऽपानं च कर्षति।
ऊर्ध्वाधः संस्थितावेतौ यो जानाति स योगवित्। —विवेक मार्तण्ड (४३-४४)

३. वि० मा० (१०४)।

प्राण एवं अपान वायु

(१) 'प्राण' एवं 'अपान' वायुओं में एक उष्ण एवं दूसरी शीतल प्रकृति के हैं।

(२) ये दोनों वायु (प्राण एवं अपान) शरीर में निरन्तर आकाश मार्ग की ओर यात्रा करते रहते हैं।

(३) उन 'प्राण' एवं 'अपान' नामक वायुओं की—जो शरीर में सदैव संचरण करते रहते हैं तथा जाग्रत स्वप्न और सुषुप्ति में सदैव समान रूप है—गति का अनुसरण करते हुए भुशुण्ड जी के दिन सुषुप्ति अवस्था में स्थित मनुष्य की भाँति व्यतीत होते हैं। (ऐसा उन्होंने स्वयं कहा है।)[1]

(४) प्राण और अपान वायु का स्वरूप—प्राण-अपान वायुओं की वाहिका ये नाड़ियाँ एक सहस्र अंशों में विभक्त कमलतन्तु के लव मात्र की अपेक्षा भी अत्यन्त दुर्लक्ष्य हैं। अतएव उनमें विद्यमान इन 'प्राण' एवं 'अपान' वायुओं की भी गति अत्यन्त दुर्बोध है।

हृदयादि स्थानों में निरन्तर विचरण करने वाले 'प्राण' एवं 'अपान' वायुओं की गति के तत्त्व को जानकर उसका अनुसरण करने वाला प्रसन्नचित्त पुरुष जन्म-मरण के भव-चक्र से मुक्त हो जाता है। वह पुनः इस संसार में नहीं आता।[2]

प्राण वायु—इस 'प्राण वायु' में स्पन्दन शक्ति की निरन्तर गतिक्रिया रहा करती है। 'प्राण' बाह्य एवं आन्तर सर्वाङ्गों से परिपूर्ण देह में ऊपर के स्थान में—हृदयदेश में निवास किया करता है।

अपान वायु—'अपान वायु' में भी निरन्तर स्पन्दन शक्ति एवं सतत गति रहा करती है। 'अपान वायु' भी बाह्य एवं आन्तर समस्त अंगों से परिपूर्ण शरीर में नीचे के स्थान में नाभिदेश में स्थित रहता है।

(क) 'प्राण' का निरन्तर निवास स्थान—हृदय।

(ख) 'अपान' का निरन्तर निवास स्थान—नाभि।

(क) 'रेचक'—किसी भी प्रयत्न के बिना प्राणों की हृदय कमल कोश से होने वाली स्वाभाविक बहिर्मुखता 'रेचक' क्रिया कहलाती है।

(ख) 'पूरक'—द्वादशांगुल तक बाह्य प्रदेश की ओर नीचे गये प्राणों का लौटकर भीतर प्रवेश करते समय जो शरीर के अंगों के साथ स्पर्श होता है उसे 'पूरक' कहते हैं।

---

१. निर्वाण प्रकरण।

२. निर्वाण प्रकरण।

Scanned by CamScanner

(ग) **'कुम्भक'**—अपान वायु के शान्त हो जाने पर जब तक हृदय में प्राणवायु का अभ्युदय नहीं होता, तब तक वह वायु की 'कुम्भकावस्था' (निश्चल स्थिति) रहती है। यही कहलता है—**''आभ्यन्तर कुम्भक''**

(घ) **'बाह्य कुम्भक'**—मृत्तिका के अन्दर असिद्ध घट की स्थिति के सदृश बाहर नासिका के अग्रभाग से लेकर बराबर सामने द्वादशांगुल पर्यन्त आकाश में जो **'अपान वायु'** की निरन्तर स्थिति रहती है उसे पण्डितगण **'बाह्य कुम्भक'** कहते हैं। अत: **प्राणवायु के अस्तगत** होने पर जब तक **अपान वायु** का उद्‌गम नहीं होता तब तक एक रूप से स्थित पूर्ण (दूसरा) **''बाह्य कुम्भक''** रहता है—ऐसा विद्वान लोग कहा करते हैं।

प्राणापानाभ्यास का फल

'प्राण' एवं 'अपान' वायु के स्वभावभूत ये जो बाह्य एवं आभ्यन्तर कुंभक आदि प्राणायाम हैं, उनका भी भली प्रकार तत्त्व-रहस्य जानकर निरन्तर उपासना करने वाला पुरुष पुन: इस संसार में उत्पन्न नहीं होता।

वायुओं की स्वाभाविक निरुद्धावस्था

प्राणायाम तत्त्व के रहस्यविद योगी के ये स्वभावत: चंचल ये वायु चलते, बैठते, जागते या सोते—सभी अवस्थाओं में उसकी इच्छा के अनुसार निरुद्ध हो जाते हैं।

प्राणायाम स्मरणपूर्वक निष्पादित क्रियाओं का फल

मनुष्य अपने भीतर बुद्धिपूर्वक सम्यक् प्रकार से इन कुम्भक आदि प्राणायामों का स्मरण करता हुआ जो कुछ करता है या खाता है उनमें वह कर्तृत्व आदि के अभिमान से तनिक भी ग्रस्त नहीं होता।

प्राणायामाभ्यासी का मन विषयाकार वृत्तियों के होने पर भी बाह्य विषयों में रमण नहीं करता।

यदि साधक बैठते, चलते, सोते और जागते सदा सर्वदा पुरुष यदि तत्त्वरहस्य समझकर प्राणायाम का अभ्यास करें तो वे कभी बन्धन को प्राप्त ही न हों।

प्राणापानोपासना

प्राण एवं अपान की उपासना द्वारा प्राप्त यथार्थ ज्ञान से युक्त साधकों का मन, जो मलरूप मोह से रहित एवं स्वस्थ है—अन्त:स्थित परमात्मा में निरन्तर लगा रहता है।

समस्त शास्त्र-विहित कर्मों को करते हुए शुद्ध अन्त:करण निष्कामी ज्ञानी पुरुष प्राणापान की गति को तत्त्वत: जानकर भलीभाँति स्वस्थ हो सच्चिदानन्दघन परमात्मा को प्राप्त कर लेता है।

Scanned by CamScanner

बाह्य कुम्भक

हृदय-कमल से 'प्राण' का **अभ्युदय होता है और बाहर द्वादश** अंगुल पर्यन्त देश में यह 'प्राण' विलीन होकर रहता है **इसी को ही 'बाह्य कुम्भक'** कहते हैं।

आभ्यन्तर कुम्भक

बहिर्वर्ती (बाह्य) बारह अंगुल की चरम सीमा से ही **'अपान'** का उदय होता है और हृत्प्रदेश में अवस्थित कमल में उसकी गति अस्त हो जाती है। इसे ही **'आभ्यन्तर कुम्भक'** कहते हैं।

जिस बारह अङ्गुल की चरम सीमा के आकाश-प्रदेश में **प्राण की समाप्ति** हो जाती है उसी आकाश-प्रदेश से यह **'अपान'** उसी के बाद उत्पन्न हो जाता है।

यह **'प्राणवायु'** अग्निशिखा की भाँति **'बाह्य कुंभक'** के सम्मुख होकर प्रवाहित होता है और **'अपान वायु'** की भाँति **हृदयाकाश के समक्ष होकर निम्नवर्ती प्रदेश में प्रवाहित होता है।**

चन्द्रमारूप **'अपानवायु'** शरीर को बाहर से पुष्ट करता है और सूर्यरूप प्राणवायु इस शरीर को भीतर से परिपक्व कर देता है। **'प्राणवायु'** निरन्तर हृदयाकाश को सन्तप्त करके उसके बाद मुखाग्र भाग के आकाश को तपाता है; क्योंकि यह **उत्तम सूर्य** ही है।

'अपानवायुरूप'—यह चन्द्रमा प्रथमत: मुख के अग्रभाग को पुष्ट कर फिर हृदयाकाश का अपने अमृत-प्रवाह से पोषण करता है।

अपानरूप चन्द्रमा की रश्मि का **प्राणरूपी सूर्य** के साथ आभ्यन्तर **कुम्भक** के समय जिस हृदयस्थ **ब्रह्म से सम्बन्ध** होता है उस **ब्रह्मपद** को प्राप्त करके पुरुष पुन: शोक नहीं प्राप्त करता।

इसी प्रकार **प्राणरूपी सूर्य की किरण** का **अपानरूपी चन्द्रमा** के साथ **बाह्य कुंभक** के समय जिस बाह्य प्रदेशस्थ **ब्रह्म से सम्बन्ध** होता है, उस **ब्रह्म** को प्राप्त करके मनुष्य को पुनर्जन्म नहीं लेना पड़ता।

यथार्थानुभव क्या है? **हृदयाकाश में स्थित प्राणरूप सूर्यदेव को** उदय-अस्त, चन्द्रमा-रश्मि और गमनागमनसहित तत्त्व से अनुभव करता है वही यथार्थानुभव है।

'प्राणवायु' के विलीन हो जाने पर और **'अपान वायु'** के **उदय के पूर्व** **बाह्य कुंभक** का चिरकाल तक अभ्यास करने से योगी विशोक हो जाता है।

'अपान वायु' के विलीन हो जाने पर और **प्राण वायु के उदय से पूर्व** भीतरी कुम्भक का चिर कालपर्यन्त अभ्यास करने से योगी शोकरहित हो जाता है।

Scanned by CamScanner

जिस **हृदयवर्ती ब्रह्म रूप स्थान में से ये 'प्राण' और 'अपान'** दोनों विलीन हो जाते हैं। उस शान्त, आत्मस्वरूप, ब्रह्मरूप पद का अवलम्बन करने से योगी कभी शोक सन्तप्त नहीं होता।

चिन्मय परब्रह्म परमात्मा में **'अपान' के साथ प्राण** का, **'प्राण' के साथ अपान का** तथा उन दोनों के साथ **बाह्याभ्यन्तर देशकाल का विलय** हो जाता है। उसी परब्रह्म पद का दर्शन करना चाहिए।

जिस काल में **'अपान'** के प्राकट्य से पूर्व **'प्राण'** विलीन हुआ रहता है, उस समय किसी प्रकार के यत्न के बिना स्वाभाविक सिद्ध हुए जो **बाह्य कुंभकावस्था** है उसे ही योगी **'परमपद'** कहते हैं। बिना यत्न के सिद्ध अन्तःस्थ कुंभक **ब्रह्मरूप परमपद** है।

जो **प्राण-विलय** का और **अपान-ध्वंस का समीप एवं अन्त में रहकर प्रकाशक** है और जो प्राण तथा अपान के अन्दर रहता है हम उस चेतन परमात्मा की उपासना करते हैं।

परमात्मा में समस्त पदार्थ विद्यमान है, जिससे समस्त जगत उत्पन्न हुआ है, जो **सर्वात्मक, सभी ओर स्थित** एवं **सर्वमय** है हम लोग (भुशुण्ड आदि) उसी चिन्मय परमात्मा की उपासना करते हैं।

भुशुण्ड कहते हैं कि—प्राण और अपान के संयमरूप प्राणायामाभ्यास से प्राप्त परमात्मा के साक्षात् अनुभव से मैं शोकशून्य, आदिकारण परमपद को प्राप्त कर लिया है।

भुशुण्ड जी कहते हैं—जो बीत चुकी एवं जो होने वाली है उसका मैं कभी चिन्तन नहीं करता।

मैं फलाभिषानिर्मुक्त रहकर केवल **सुषुप्ति के समान उपरत बुद्धि** से अनुष्ठान करता रहता हूँ। मैं **प्राणापान के संयोग रूप** कुंभक काल में प्रकाशित परमात्मा का निरन्तर स्मरण करता हुआ अपने आप में नित्य सन्तुष्ट रहता हूँ।

'प्राण' और 'अपान'–(वि० भै०, स्व० तन्त्र आदि की दृष्टि)

(१) ऊपर **हृदय से बाह्य द्वादशान्त** तक जाने वाला वायु **'प्राण'** है।

(२) नीचे **बाह्य द्वादशान्त** से हृदय तक आने वाला जीव नामक **अपान** वायु है। यह प्राणशक्ति का उच्चारण है।

(३) **'प्राणशक्ति'** प्राणापान का निरन्तर उच्चारण करती रहती है अर्थात् **'प्राण'** एवं 'अपान' के रूप में निरन्तर स्पन्दित होती रहती है।

(४) **'स्वच्छन्द तन्त्र'** में **'प्राण'** एवं **'अपान'** को प्राणशक्ति का विसर्ग और आपूरण व्यापार कहा गया है। अतः **'प्राण'** का अर्थ है—श्वास छोड़ना एवं

Scanned by CamScanner

'अपान' का अर्थ है, श्वास लेना। पालिबौद्ध वाङ्मय में इनके लिए 'आनापान' (आश्वास-प्रश्वास) शब्द प्रयुक्त किया गया है। योगभाष्य में 'प्राण' एवं 'अपान' को श्वास-प्रश्वास के अर्थ में स्वीकार किया गया है, किन्तु **विज्ञानभैरव** में इससे पृथक् दृष्टि स्वीकृत है।

स्वच्छन्द तन्त्र में कहा गया है—

'प्राणापानमयः प्राणो विसर्गापूरणं प्रति।
नित्यमापूरयन्नेव प्राणिनामुरसि स्थितः।
प्राणनं कुरुते यस्मात तस्मात् 'प्राणः' प्रकीर्तितः।।'[१]

आचार्य बुद्धघोष की दृष्टि—बुद्धघोष कहते हैं कि बालक माता की कुक्षि से जब बाहर आता है, तब सर्वप्रथम भीतर की वायु बाहर आती है और पीछे बाहर की वायु भीतर प्रवेश करती है। इसी के अनुरूप '**आश्वास**' (आन=प्राण) वह वायु है जिसका निःसारण होता है और '**प्रश्वास**' वह वायु है जिसका कि ग्रहण होता है।

विज्ञानभैरव में 'ऊर्ध्वे प्राणः' आदि श्लोकों में प्राणापान का यही अर्थ स्वीकृत किया गया है। वहाँ '**ऊर्ध्व अधः**' का अर्थ 'पहले एवं बाद में' गृहीत है। पहले '**प्राण**' बाहर निकलता है और फिर '**अपान**' भीतर प्रविष्ट होता है। तभी बोध हो पाता है कि शरीर में जीवात्मा स्थित है। '**अपान**' प्रवेश न करने पर शरीर शव मात्र बनकर रह जाएगा। '**अपान**' के कारण ही शरीर में जीवात्मा स्थित है इसीलिए '**अपान**' को जीव कहा गया है। '**स्वच्छन्द तन्त्र**' एवं गीता का 'प्राणपानौ समौ कृत्वा' में भी यही अर्थ स्वीकृत है।

श्रीधरी टीका में श्रीधर ने '**प्राण**' एवं '**अपान** को उच्छ्वास एवं निःश्वास के अर्थ में स्वीकार किया है। शब्दों के अर्थ बदलते रहते हैं। कभी-कभी ये शब्द विरोधी अर्थों में भी प्रयुक्त होने लगते हैं।

'**प्राण**' एवं '**अपान**' की श्वास-प्रश्वास के अर्थ में स्वीकृति—हृदयस्थ '**प्राणवायु**' एवं पायुस्थित '**अपानवायु**' के अर्थ के विपरीत है। हाँ इनका प्राणशक्ति की श्वास-प्रश्वास-प्रक्रिया से सम्बन्ध अवश्य है।

प्राणशक्ति की—प्राण, अपान आदि दस वृत्तियाँ इनसे भिन्न हैं। '**विज्ञान भैरव**' में '**प्राण**' एवं '**अपान**' **शक्ति** प्राणशक्ति की विसर्ग (त्याग) एवं आपूरण (ग्रहण) अर्थ में स्वीकृत है।

जब '**प्राण**' एवं '**अपान**' की गति समान हो जाती है, तब मध्य नाड़ी

१. स्वच्छन्द तन्त्र (७/२५-२६)।

सुषुम्णा के माध्यम से '**द्वादशान्त**' में विलीन हो जाती है और तब **सच्चिदानन्दघनस्वरूप** आत्मज्योति प्रकाशित हो उठती है और साधक स्वात्मस्वरूप में लीन हो जाता है।

प्राण का उदय हृदय स्थित कमलकोश से होता है। यह उदित प्राण नासा-मार्ग से बाहर निकलकर बारह अङ्गुल चलकर अन्त में आकाश में विलीन हो जाता है। यह बाह्याकाश ही योगशास्त्र में '**बाह्य द्वादशान्त**' कहलाता है। प्राण की इस गति को ही '**रेचक**' कहते हैं। '**बाह्य द्वादशान्त**' में ही '**अपान**' का उदय होता है। यही अपान नासामार्ग से चलकर हृदय स्थित कमल कोश में विलीन हो जाता है।

(१) 'अपान' का उदयस्थान—बाह्य द्वादशान्त।

(२) अपान का लयस्थान—हृदय स्थित कमलकोश में क्षण मात्र के लिए विलीन।

(३) प्राण का लय-स्थान—बाह्य द्वादशान्त।

(४) प्राण का उदय स्थान—हृदय।

प्राण-अपान की चतुर्विध गति



'**प्राण**' और '**अपान**' नामक वायु के आधारभूत स्थान **आन्तर आकाश** (हृदय) एवं '**बाह्य आकाश**' (बाह्य द्वादशान्त) है। ये दोनों अपने स्थान में (एक क्षण के लिए प्रत्यावर्तन के अभाव के कारण) अन्तर्मुखीवृत्ति के हो जाते हैं। इस समय लगता है कि '**प्राण**' एवं '**अपान**' कहीं विलीन हो गये हैं, इसी स्थिति को '**मध्यदशा**' कहा गया है।

प्राण की स्वाभाविक अवस्थायें



हृदय स्थित कमलकोश—प्राण का उदय।

(नासामार्ग से बाहर निकलकर प्राण का १२ अंगुल आकाश में चलकर जाने के बाद वहीं '**प्राण**' आकाश में लीन हो जाता है। **बाह्याकाश**=प्राण के लय का स्थान='**द्वादशान्त**' (१२ अंगुल पर अन्त का प्रदेश)।

बाह्यद्वादशान्त से → अपान का उदय।

अपान—नासिका मार्ग से चलकर यह अपान हृदयकमलकोश में विलीन।

(१) **'प्राण'** बाह्यद्वादशान्त में लीन } दोनों को विलीनावस्था मात्र
(२) **'अपान'** हृदय में विलीन } क्षणमात्र पर्यन्त

(३) **'प्राण'** हृदय से चलकर **बाहर द्वादशान्त** में लीन।

(४) अपान बाहर के **द्वादशान्त से चलकर भीतर हृदयकोश** में लीन।

(११) प्राणापान की गति

(१) सामान्य गति—'प्राण' हृदय से निकलकर सामने बाहरी आकाश में (नासाग्र के आगे) १२ अंगुल तक यात्रा फिर वहीं से लौटकर हृदय में प्रवेश।

(२) प्राणायाम का विधिपूर्वक अभ्यास—प्राण की गति क्रमशः नाभि या मूलाधार से प्रारम्भ होकर नाक से बाहर २४ या ३६ अङ्गुल तक पहुँच जाती है। इसी प्रकार फिर वहाँ से लौटकर नाभि या मूलाधार तक श्वास पहुँच जाती हैं।

भगवद्गीता और प्राणापान योग

भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता में एवं ऋषि वशिष्ठ ने 'योग वशिष्ठ' में प्राणापान योग पर प्रकाश डाला है। श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए कहते हैं कि हे अर्जुन—

(१) कतिपय योगी 'अपान' में प्राण का हवन करते हैं और

(२) अन्य योगी 'प्राण' में 'अपान' का हवन करते हैं, किन्तु

(३) प्राणायाम परायण एवं योगवित योगी दोनों अभ्यासों का त्याग करके प्राणापान दोनों प्राणों को निरुद्ध कर देते हैं—

(१) अपाने जुह्वति प्राणां : अपान में प्राण का हवन।

(२) प्राणोऽपान तथा परे : प्राण में अपान का हवन।

(३) प्राणापान गतीरुद्ध्वा प्राणायाम परायणः प्राण-अपान दोनों का निरोध।

अपाने जुह्वति प्राणं, प्राणोऽपानं तथाऽपरे।
प्राणापान गती रुद्ध्वा प्राणायाम-परायणाः॥

—श्रीकृष्ण गीता

नाथ सम्प्रदाय के महान सिद्ध ज्ञानेश्वर की दृष्टि

सन्त एवं महायोगी ज्ञानेश्वर **'भावार्थ दीपिका'** (गीता का भाष्य) में कहते हैं कि—

(१) **'अपान वायु'** मूलबन्ध के द्वारा बन्द कर दी जाती है। वह बाद में पलटती है और संकुचित होते ही तत्काल फूलती है।

Scanned by CamScanner

(२) वह सन्ताप के कारण मतवाली होकर स्वेच्छित स्थानों में गर्जन करती है और रुक-रुककर **'मणिपुर'** (नाभिकमल/तृ० चक्र) से लड़ने लगती है। फिर यह तूफान शान्त होने पर वह समस्त पेट को खोज डालती है और बाल्यकाल के सड़े कीचड़ को बाहर निकाल कर फेंक देती है।

(३) वह केवल भीतर ही घिरी नहीं रहती प्रत्युत् कोष्ठ में भी सञ्चार करती है और कफ-कफ का कोई भी अंश शेष नहीं रहने देती। वह धातु के समुद्रों को उलट देती है।

(४) वह मेदा के पर्वतों को फोड़ डालती है तथा भीतरी अस्थि से मिली मज्जा को भी बाहर निकाल देती है। नाड़ियाँ छुड़ा देती है। वह शरीर अवयवों को शिथिल कर देती है। वह व्याधियाँ भी प्रकट करती हैं, किन्तु उनका विनाश भी करती हैं।

(५) वह जलतत्त्व और पृथ्वीतत्त्व को एक में सानती है।

(६) आसन की उष्णता 'कुण्डलिनी' नामक शक्ति को जागृत करती है।



Scanned by CamScanner

(१) सुषुम्णा नाड़ी के पर्याय

सुषुम्ना शून्यपदवी ब्रह्मरन्ध्रं महापथः।
श्मशानं शाम्भवी मध्यमार्गश्च्येकवाचकाः॥

(१) 'सुषुम्ना' (२) 'शून्य' (३) शून्यपदवी (४) ब्रह्मरन्ध्र (५) महापथ (६) मशान (७) शाम्भवी (८) मध्यमार्ग। —(हठयोग प्रदीपिका)

(२) शिवसंहिताकार की दृष्टि

आज्ञाचक्र के ऊपर तालुमूल में 'सहस्रदल कमल' स्थित है। वहीं विवरसहित 'सुषुम्णा' का मूल स्थान है। यह 'सुषुम्णा' तालुमूल में अधोमुखी होकर (नीचे की ओर मुख करके स्थित) हैं। मूलाधार से योनि पर्यन्त समस्त नाड़ियाँ तत्त्वज्ञान की बीज हैं और साथ ही वे ब्रह्ममार्ग (मुक्ति) प्रदायिका हैं—

'अतः ऊर्ध्व तालुमूले सहस्रारं सरोरुहम्।
अस्ति यत्र सुषुम्णाया मूलं सविवरं स्थितम्।
तालुमूले सुषुम्णा सा अधोवक्त्रा प्रवर्तते।
मूलाधारेण योन्यन्ताः सर्वनाड्यः समाश्रिताः।
ता बीज भूतास्तत्वस्य ब्रह्ममार्ग प्रदायिकाः॥'

—(शिव संहिता)

(सुषुम्णा नाड़ी की उत्पत्ति एवं उसकी अन्तिम प्रान्त भूमि)

(३) सुषुम्ना का परिचय

(१) सुषुम्नाया वायुर्वह्निनोर्ध्वं गच्छति। (१४/२/१९) वायुर्जितः। (१४/१/२०), तेन चित्तशुद्धिः (१४/१/२१), सुषुम्ना ब्रह्मनाडी (१३/४/१५), सुषुम्ना योगसिद्धिदा॥ (१३/१/१८) सुषुम्नापार्श्वयोरिडापिङ्गले (१४/१/२)।

—('शाक्तदर्शनम्')

(४) सुषुम्ना में वायु-प्रवेश का फल

'मारुते मध्यसञ्चारे मनः स्थैर्यं प्रजायते।
यो मनः सुस्थिरीभावः सैवावस्था मनोन्मनी॥'

—(ह० यो० प्र० २/४२)

(५) सुषुम्ना में वायु-प्रवेश की पद्धति

'विधिवत्प्राणसंयामैर्नाडीचक्रे विशोधिते।
सुषुम्नावदनं भित्वा सुखाहिशति मारुतः॥'

—(ह० यो० प्र०)

Scanned by CamScanner

(६) सुषुम्णा की स्थिति

तालुमूले च यत् पद्मं सहस्रारं पुरोदितम्।
तत्कन्दे योनिरेकास्ति पश्चिमाभिमुखीं सता।
तस्या मध्ये सुषुम्णाया मूलं सविवरं स्थितम्।
ब्रह्मरन्ध्रं तदेवोक्तमामूलाधारपङ्कजम्।।
तन्त्रान्तरन्ध्रे चिच्छक्तिः सुषुम्णाकुण्डली सदा।
सुषुम्णायां स्थिता नाड़ी **चित्रा** स्यान्मम वल्लभे।
तस्यां मम मते कार्या ब्रह्मरन्ध्रादिकल्पना।
मूलपद्मस्थिता योनिर्वामदक्षिणकोणतः।
इडापिङ्गलयोर्मध्ये सुषुम्णा योनिमध्यगा।
ब्रह्मरन्ध्रं तुतत्रैवसुषुम्णाधारमण्डले।।''

—शिव संहिता

'मूलबन्ध' और प्राणापानैक्य

'मूलबन्ध' नामक बन्ध निम्नप्रदेश प्रवाहित **'अपान'** वायु को ऊर्ध्वगामी कर देता है। इसके करने से अपान **सुषुम्ना नाड़ी में पहुँच जाता** है। यह बन्ध मूलस्थान का बन्धन करने के कारण मूलबन्ध कहा जाता है—

'अधोगतिमपानं वा ऊर्ध्वगं कुरुते बलात्' —(ह० यो० प्र० ६२)

मूलाधार को एवं वहाँ की वायु का आकुञ्चन संकोच करने पर मूलबन्ध क्रिया द्वारा **अपान सुषुम्ना में (ऊपर) पहुँच जाता है—**

'ऊर्ध्वगं **सुषुम्ना** या मूर्ध्वगमन शीलं कुरुते।।'[१]

'येन प्रकारेण समीरणो वायुरुर्ध्वं **सुषुम्नाया** उपरि भागे समायाति गच्छति तेन प्रकारेण बलाद्धठा द्वारं द्वारं पुनः पुनः **वायुमपानमां कुंचयेद्** गुदस्याकुञ्चनेनां कर्षयेत्।।'[२]

प्राण एवं अपान का सुषुम्णा नाड़ी में प्रवेश

मूलबन्ध—(१) निम्नदेश प्रवाही **प्राण** एवं **अपान** दोनों वायु **अनाहत** ध्वनि और **बिन्दु** (अनुस्वार) ये दोनों मूलबन्ध से **एकता** प्राप्त कर लेते हैं। **प्राण के साथ अपान एकीभूत** हो जाता है और इस स्थिति में **सुषुम्ना में प्रवष्टि** हो जाता है। फिर यह **नाद** प्रकट करता **है** और फिर नाद के साथ **प्राण-अपान** हृदय के ऊपर जाकर **नाद के ही साथ बिन्दु से ऐक्य** प्राप्त करके **मस्तक** में चले जाते हैं और सिद्धि प्रदान करते हैं—

१. ज्योत्स्ना (ह० यो० प्र० ६२)।
२. ज्योत्स्ना।

Scanned by CamScanner

'प्राणापानौ नादबिन्दू मूलबंधेन चैकताम्।
गत्वा योगस्य संसिद्धिं यच्छतो नात्र संशयः॥'[१]

अर्थात्—(१) मूलबन्धे **कृतेऽपानः** प्राणेन सहैकीभूय **सुषुम्नायां** प्रविशति। (२) ततो **नादाभिव्यक्तिर्भवति** (३) ततो **नादेन सह प्राणापानौ** हृदयोपरि गत्वा **नादस्थ बिन्दुना सहैक्यं** बिन्दुनाऽऽधाय **मूर्ध्नि गच्छतः** ततो योगसिद्धिः॥[२]

(३) अपानप्राणयोरैक्यं क्षयो मूत्रपुरीषयोः।
युवाभवति वृद्धोऽपि सततं मूलबन्धनात्॥

(४) अपान ऊर्ध्वगे जाते प्रयाते वह्निमण्डलम्।
तदाऽनलशिखादीर्घाजायते वायुनाऽहता॥

'मूलबन्ध' लगाने से (करने से) जब **अधोगामी अपान** ऊर्ध्वगामी होकर **'अग्निमण्डल'** में पहुँच जाता है अर्थात् **नाभि के अधोभाग** में स्थित **त्रिकोण जठराग्नि मण्डल** में प्रविष्ट हो जाता है उस समय **'अपानवायु'** से ताडित (आहत) **जठराग्नि** की **शिखा दीर्घाकार** हो जाती है (बढ़ जाती है।) याज्ञवल्क्य कहते हैं—

''देहमध्ये शिखिस्थानं तप्तजाम्बूनदप्रभम्।
त्रिकोणं तु मनुष्याणां चतुरस्त्रं चतुष्पदाम्।
मण्डलं तु पतङ्गानां सत्यमेतद् ब्रवीमि ते।
तन्मध्ये तु शिखातन्वी सदा तिष्ठति पावके॥''

अर्थात् प्रतप्त स्वर्ण के समान **अग्नि का स्थान** मानव देह के मध्य में **'त्रिकोण'** रूप में एवं पशुओं के शरीर **'चतुष्कोण'** एवं पक्षियों के देह में **गोलाकार** है। अग्नि के मध्य में सदैव सूक्ष्म शिखा रहती है।

इसी अग्नि के अत्यन्त ताप से सन्तप्त (तपायमान) कुण्डलिनी शक्ति दण्ड से आहत सर्पिणी की भाँति प्रबुद्ध हो जाती है और उसके अनन्तर बिल में प्रविष्ट सर्पिणी की भाँति ब्रह्म नाड़ी (सुषुम्ना) के मध्य कुण्डलिनी प्रविष्ट हो जाती है।[३]

'मूलबन्ध' अपान वायु को ऊर्ध्वगामी करने में सहायक है। उसकी प्रक्रिया इस प्रकार है—

---

१. ह० यो० प्र०।

२. ज्योत्स्ना।

३. तेन कुण्डलिनी सुप्ता सन्तप्ता सम्प्रबुध्यते।
दण्डाहता भुजंगीव निश्वस्य ऋजुतां व्रजेत्॥६८॥
बिलं प्रविष्टेव ततो ब्रह्मनाड्यन्तरं व्रजेत्।
तस्मान्नित्यं मूलबंधः कर्तव्यो योगिभिः सदा॥६९॥ —हठयोग प्रदीपिका

Scanned by CamScanner

'पार्ष्णिभागेन संपीड्य योनिमाकुंचयेद्गुदम्।
अपान मूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽभिधीयते॥'

—(ह० यो० प्र० ३/६१)

'अग्नि' और **'अपान'** ये दोनों अग्नि की दीर्घ शिखा से ऊष्ण होकर ऊर्ध्वगतिस्थ प्राण में पहुँच जाते हैं। उस प्राणवायु के सम्पर्क से शरीर में उत्पन्न जठराग्नि प्रज्वलित हो उठती है अर्थात् **अपानवायु** की ऊर्ध्वगति से प्रदीप्त अग्नि अत्यधिक प्रदीप्त हो जाती है।[१]

(१४) योग का महत्व (गोरक्ष नाथ की दृष्टि)

गुरुगोरक्षनाथ कहते हैं कि जिस प्रकार कल्पतरु की शाखायें पक्षियों के आश्रय स्थान हैं। उसी प्रकार योग का कल्पवृक्ष योगियों एवं साधकों की साधना का आश्रयस्थान है। **वेदरूपी कल्पतरु का फल 'योग'** है। इसका आश्रय ग्रहण करके सत्पुरुषों को इसका सदैव सेवन करना चाहिए; क्योंकि यह संसार के आधिदैहिक, आधिभौतिक एवं आधिदैविक तीनों प्रकार के तापों का ध्वंस करने वाला है।

'शमनं भवतापस्य योगं भजत सत्तमाः।'[२]

गुरु गोरक्षनाथ जी कहते हैं कि—

(१) योग से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है।

(२) योग से बढ़कर कोई सुख नहीं है।

(३) योग से बढ़कर कोई सूक्ष्मतर नहीं है।

(४) योग से बढ़कर कोई अन्य मार्ग नहीं है।[३]

भगवती (देवी) ने ईश्वर से पूछा "ज्ञानमार्गी तो **'ज्ञानादेव हि मोक्षं तु'** कहते हैं कि 'मोक्ष' ज्ञान से सिद्ध क्यों नहीं होता और यह योग मात्र ही मोक्षप्रद क्यों है?"

उक्त प्रश्न के उत्तर में ईश्वर कहते हैं—

(१) **'मोक्ष ज्ञान से ही प्राप्त होता है'**—ज्ञानमार्गियों का यह कथन सर्वथा सत्य है।

(२) सभी लोग कहते हैं कि तलवार से विजय प्राप्त होती है, किन्तु क्या बिना युद्ध एवं युद्ध में प्रदर्शित (बिना) पराक्रम के विजय प्राप्त हो सकती है?

(३) **योग-ज्ञान समन्वय**—सारांश यह है कि **योग से रहित ज्ञान मोक्ष प्रदान नहीं कर सकता। साथ ही ज्ञान के बिना योग कभी सिद्ध नहीं हो सकता।**

१. ह० यो० प्र० ३/६७।

२. गो० शतक।

३. यो० बी०।

Scanned by CamScanner

सारांश— (क) योग से रहित ज्ञान।

(ख) ज्ञान से रहित **योग**। (दोनों निष्फल हैं।)

(४) अनेक जन्मजन्मान्तरों की **साधना** के बाद ज्ञान से योग की प्राप्ति होती है।

(५) यह भी सत्य है कि योग की सिद्धि होने पर, एक ही जन्म में ज्ञान प्राप्त हो जाता है।

(क) अनेक जन्म-जन्मान्तर पर्यन्त प्राप्त ज्ञान ही '**योग**' प्राप्त हो पाता है, किन्तु

(ख) योग सिद्ध होने पर एक जन्म में ही '**ज्ञान**' प्राप्त हो जाता है।

निष्कर्ष—'तस्माद् योगात् परतरो नास्ति मार्गस्तु मोक्षदः।'

अर्थात् मोक्षप्रदमार्गों में मात्र योग मार्ग ही श्रेष्ठतम है।

(क) अनेक जन्मों में प्राप्त ज्ञानों से—'योग' की प्राप्ति।

(ख) योग-साधना से तो—एक ही जन्म में '**ज्ञान**' की प्राप्ति।

(६) ज्ञानी मानता है कि मैं ज्ञान से मुक्त हो गया हूँ, किन्तु क्या यह मनन मात्र से ही तत्क्षण मुक्त हो पाता है? यह कदापि संभव नहीं है।

(७) व्यक्ति सैकड़ों जन्मों में अर्जित ज्ञान के बाद भी मात्र योग द्वारा ही मुक्त हो पाता है।

(८) ज्ञान प्राप्त कर लेने पर भी ज्ञानी को बार-बार जन्म-मरण के बन्धन में बँधा ही रहना पड़ता है, किन्तु योग प्राप्त कर लेने पर उस योगी को जन्म-मृत्यु के बन्धन में नहीं पड़ना होता।[१]

(९) योग से रहित ज्ञान मोक्ष प्रदान नहीं कर सकता।

'तथा योगेन रहितं ज्ञानं मोक्षाय नो भवेत्।
ज्ञानेनैव बिना योगो न सिद्ध्यति कदाचन॥'

सारांश यह है कि—मोक्ष प्रदान करने वाले मार्गों में योग से बढ़कर अन्य कोई मार्ग नहीं है।

'तस्मात् योगात् परतरो नास्ति मार्गस्तु मोक्षदा।'[२]

इसके पीछे तर्क यह है कि—

'सर्वेवदन्ति खड्गेन जयो भवति तर्हि कः?
विना युद्धेन वीर्येण कथं जयमवाप्नुयात्?'[३]

---

१. यो० बी०।
२. यो० बी०।
३. यो० बी० ६९।

(१) शक्ति सृष्टि का प्रसार करती है और शिव उसका लय या संहार करते हैं। 'शक्ति' एवं 'शिव' में जो ऐक्यभाव दृढ़कर दे वही '**सिद्धयोगिराज**' है।

(२) '**शक्ति**' प्राण वायु है (श्वास-निःश्वास की प्रसारिका है) और '**शिव**' (आकर्षण करने वाला) **अपान वायु** है। जो इन दोनों में सामरस्य स्थापित कर दे वह कर्ता '**सिद्धयोगिराट्**' है।[१]

---

१. प्रसरं भासते शक्तिः संकोचं भासते शिवः।
तयोर्योगस्य कर्ता यः स भवेसिद्धयोगिराट्।। —(सि० सि० प० ६३)

ग्रन्थित्रय और ग्रन्थित्रय भेदन की साधना

जड़ चेतनहि ग्रन्थि परि गई।
जदपि मृषा छूटत कठिनई॥

---

१. समाधिपाद (१/१२)।

२. समाधिपाद (१/४०।

३. समाधिपाद (१/१४)।

Scanned by CamScanner

जब ते जीव भयो संसारी।
छूट न ग्रन्थि न भयउ सुखारी॥ —तुलसीदास

भस्त्रा एवं 'वज्रासन' द्वारा ग्रन्थि भेद

गोरक्षनाथ कहते हैं कि 'वज्रासन' ग्रन्थि-भेद का कारण है—

'वज्रासनस्थितो योगी चालयित्वा तु कुण्डलीम्।
कुर्यादनन्तरं भस्त्रां कुण्डलीमाशु बोधयेत्।
भिद्यन्ते ग्रन्थयो वंशे तप्तलोह शलाकया।
तथैव पृष्ठवंशे स्याद ग्रन्थिभेदस्तु वायुना॥'

अर्थात् वज्रासन में स्थित योगी को कुण्डलिनी का चालन करके **भस्त्रा कुंभक प्राणायाम का** अभ्यास करके कुण्डलिनी को जगाना चाहिए। जिस प्रकार तप्त लोहे की शलाका से बाँस की ग्रन्थियों का भेदन होता है उसी प्रकार पृष्ठवंश (मेरुदण्ड) में वायु से ग्रन्थियों का भेदन होता है।

शरीर पर चींटी चढ़ने से जिस प्रकार खुजली हो जाती है उसी प्रकार सुषुम्णा के अभ्यास से वायु द्वारा मेरुदण्ड में खुजली उत्पन्न हो जाती है। उसके अनन्तर **'रुद्रग्रन्थि'** का भेदन करने पर शिवात्मकता की प्राप्ति होती है।

उनका योग चन्द्र एवं सूर्य नाड़ियों की वायु को सम करने पर प्राणापान योग द्वारा सिद्ध होता है और ब्रह्मा-विष्णु-रुद्र नामक तीनों ग्रन्थियों का भेदन होता है और शिवशक्ति के संयोग से 'परमास्थिति' प्राप्त होती है? **गोरक्षनाथ** कहते हैं—

'पिपीलिका यथा लग्ना कण्डूस्तत्र प्रवर्तते।
सुषुम्णायास्तथाऽभ्यासात सततं वायुना भवेत्।
रुद्रग्रन्थिं ततो भित्वा सैवं याति शिवात्मकम्।
चन्द्रसूर्यौ समोकृत्वा तयोर्योगः प्रवर्तते॥'

—(गो० बी०)

योगी मत्स्येन्द्रनाथ कहते हैं—

ब्रह्मग्रन्थिस्थिताद्येतां त्रीणि एव वरानने।
लीनां वै ब्रह्मखण्डे तु भिन्ननीलाञ्जनप्रभम्॥

—(कौ० ज्ञा० नि०)

× × × × ×

रुद्रग्रन्थि ततो भित्वा सत्वपीठगतोऽनिलः।

—(अमरौघ प्रबोध)

***

गोरक्षनाथ की दृष्टि से सर्वोत्तम आसन

(१) स्वस्थासन (सिद्धासन) का स्वरूप

(मलद्वार एवं मेढ़्र के मध्य कुण्डलिनी-शक्ति है। इसे ही '**योनि**' कहा गया है।)

योगी इस योनि स्थान को बाएँ पैर की एड़ी से दबाकर दायें पैर की एड़ी को मेढ़्र पर लगाकर शरीर को सीधा रखते हैं और सभी इन्द्रियों को वश में रखकर **भ्रूमध्य में दृष्टि** स्थिर रखते हैं। यही मोक्षद्वार ख़ोलने वाला आसन '**सिद्धासन**' कहलाता है।

''योनिस्थानैकमंघ्रिमूलघटितं कृत्वा दृढं विन्यसेत्।
मेढ्रे पादमथैकमेव हृदये कृत्वा समं विग्रहम्।

---

१. योग वार्तिक।

Scanned by CamScanner

चान्द्र अमृत और उसका 'प्रत्याहार' से सम्बन्ध

पीयूष-पान

योगी गोरक्षनाथ कहते हैं चान्द्र पीयूष को, **अग्निरूपी** एवं **नाभि-मध्य** के निवासी, दहनात्मक भास्कर के मुख में जाने को रोककर स्वयं पान करना ही 'प्रत्याहार' है। वे कहते हैं—

(१) नाभि के मध्य दहनात्मक भास्कर रहता है।

(२) अमृतात्मा चन्द्रमा तालु के मध्य रहता है।

(३) तालु मूल में, नीचे की ओर करके रहने वाला **चन्द्रमा** जिस अमृत की वर्षा करता है उसे ऊपर की ओर मुख किये हुए **अग्निरूपी सूर्य** (नाभि में रहकर) पी लेता है। योगी विपरीतकरणी मुद्रा लगाकर उस अमृत को पी लेता है।[1]

योगमार्तण्डकार (गोरक्षनाथ) कहते हैं कि—

(१) नाभि में स्थित **अग्निरूपी सूर्य** को ऊपर एवं तालुमूल में स्थित अमृतमय चन्द्रमा को नीचे करना ही विपरीतकरणी (गुरुगम्य) मुद्रा है।

'ऊर्ध्वंनाभिरधस्तालु ऊर्ध्वं भानुरधः शशीकरणं विपरीताख्यं गुरुवाक्येन लभ्यते।।'

(२) एक नारी (चन्द्र-स्रवित पीयूष) रवि की भोग्या है। तीसरा पुरुष (योग-साधक) सूर्य से इस पीयूष को प्रत्याहृत करके जब स्वयं इसका उपभोग कर लेता है। तब वह अजर-अमर हो जाता है।

—(वि० मा० १४)

'एकास्त्री भुज्यते द्वाभ्यामागता सोममण्डलात्।
तृतीयोऽपि पुनस्ताभ्यां स भवेदजरामरः।।'

—(यो० मा०)

अमृत-पान एवं 'प्रत्याहार'

उक्त सन्दर्भ में ही योगिराज गोरक्षनाथ यह भी कहते हैं कि—**अमृत-पान** योगी के लिए आवश्यक है।

अमृत पान

(१) जो योगी ऊपर की ओर मुख करके परमशान्तिमयी **'चित्कला का चिन्तन'** करता हुआ अपनी जिह्वा को कण्ठ-विवर में प्रविष्ट करके हठपूर्वक ऊपर से प्राण से प्राप्त षोडशदल पद्म ('षोडशपद्म') से विगलित विमल 'जिह्वाकुलउत्कल्लोलकला

१. नाभिमध्ये वसत्येषो भास्करो दहनात्मकः।
अमृतात्मा स्थितो नित्यं तालुमध्ये तु चन्द्रमा। —(यो० मा० २१)

Scanned by CamScanner

जल' (अमृत) का पान करता है वह निर्मल पद्मतन्तु के समान मृदु शरीर वाला हो जाता है और दीर्घकाल तक जीवित रहता है।

'विवेक मार्तण्ड' एवं 'योगमार्तण्ड' के आलोक में योगी गोरक्षनाथ जी की दृष्टि इस प्रकार है।

(१) कौए की चोंच के समान अपना मुख बनाकर (काक चञ्चुवत मुख बनाकर) **जो योगी** प्राणापान-विधान से शीलत वायु का पान **(अमृतपान)** करता है वह कभी वृद्ध नहीं होता। ('शीतली प्राणायाम' की भी यही विधि है।)

(२) जो योगी जिह्वा के द्वारा **तालुचक्र-प्रवाहित प्राणवायु रूप अमृत** का पान करता है **उसके सभी रोग ६ मासों के भीतर नष्ट** हो जाते हैं।

(३) विशुद्ध परमचक्र में **अमृत** को धारण करके **ऊर्ध्व मार्ग से ऊपर उठते** हुए, सूर्य मुख से अमृतपान वञ्चित करने पर वह अमृत योगी के मुख में पड़ता है।

'विशुद्धे परमे चक्रे धृत्वा सोमकलाजलम्।
उन्मार्गेणकृतं याति वञ्चयित्वा रवेमुखम्।।'

'योगमार्तण्ड' एवं 'गोरक्षपद्धति' (२/४३) के आलोक में गोरक्ष दृष्टि–

(१) कण्ठस्थल के ऊर्ध्व भाग में स्थित निर्मल **चन्द्रकलामृत रूपी जल को रोककर** योगी नासिका के ऊर्ध्व विवर में भरकर समस्त द्वारों को अवरुद्ध करके **गगन (ब्रह्मरन्ध्र) में प्राणापानयुक्त 'पूरक'** करके, **पैरों को उत्तान** करके पृथ्वी पर **उत्तान लेटकर** उस **अमृत का पान करता है।** ऐसा नित्याभ्यासी योगी सदैव नीरोग एवं स्वस्थ रहता है।

योगमार्तण्ड गोरक्षनाथ कहते हैं—

(१) जो योगी अपनी जिह्वा की ओर ऊपर की ओर स्थित करके **अमृतपान** करता है वह मात्र १५ दिनों में **मृत्युजित** हो जाता है **और मृत्यु को अपने वश में कर** लेता है। (मृत्युञ्जयत्व की सिद्धि)।

(२) योगी जिह्वाग्र के अग्रभाग से राजदन्त से (श्रेष्ठ दाँत से) बिल को आच्छादित करके **टपकते हुए अमृत का पान** करता हुआ **अमृतसिक्त वाणी का ध्यान** करके छः मासों में महान कवि (तत्त्वज्ञानी) हो जाता है।

'गोरक्षपद्धति' के अनुसार—

'बद्धं मूल बिलं येन तेन विघ्नो विदारितः।'

(३) जो योगी मूलद्वार को अवरुद्ध (आबद्ध) कर लेता है वह विघ्नों को नाश कर देता है। पञ्चमुख शिव के समान अजरत्व-अमरत्व प्राप्त कर लेता है।

Scanned by CamScanner

(जब योगी '**मूलबन्ध**' नामक बन्ध लगाकर **अपान वायु** को ऊपर की ओर आकृष्ट करके उसे '**प्राणवायु**' द्वारा **समरस** (एकीकृत) कर देता है। तब उसके साधन-पथ के समस्त प्रत्यवाय नष्ट हो जाते हैं। गुह्यदेश (गुदा) में संकोचन के द्वारा 'मूलबन्ध' की सिद्धि होने पर '**अपानवायु**' ऊपर की ओर आकृष्ट होती है।

अन्त में योगिराज गोरक्षनाथ '**योगमार्तण्ड**' में कहते हैं कि—

(१) '**आसन**' से समायुक्त होकर।

(२) '**प्राणायाम**' परायण होकर।

(३) '**प्रत्याहार**' का अभ्यास करके।

(४) '**धारणा**' का अभ्यास करना चाहिए।[१]

राजदन्त के छिद्र (बिल) को जिह्वाग से आच्छादित करने पर शरीर के समस्त शेष द्वार अवरुद्ध हो जाते हैं और **अमृत** अन्यत्र नहीं गिरने पाता।[२]

विवेकमार्तण्डकार कहते हैं कि—यदि रस प्रवाह करने वाली जिह्वा अहर्निश निरन्तर 'लम्बिका' के अग्रभाग का स्पर्श करती हुई दुग्धवत एवं मधुर घृत के समान सहस्त्रदलपद्म रूपी चन्द्रमण्डल से प्रवाहित अमृत ('**सोमकला जल**') धारण करती है तो **निखिल व्याधियों का नाश** हो जाता है और साधक **जरा-मरण का अपहरण** कर लेता है। इसके अतिरिक्त योगी **आगम-निगम आदि समस्त शास्त्रों** पर धाराप्रवाह व्याख्यान करने लगता है। वह अणिमा आदि प्राप्त करके अष्टगुणित ऐश्वर्य प्राप्त करके अमर हो जाता है।

'**गोरक्षपद्धति**' (२/४९) के अनुसार—जिस योगी का शरीर अमृत-परिपूर्ण हो जाता है **वह दो-तीन वर्ष** के अभ्यास से ऊर्ध्वरितसत्व (वीर्य की ऊर्ध्वारोहण क्रिया) प्राप्त कर लेता है और वह अणिमादि सिद्धियाँ प्राप्त कर लेता है।

शरीर का अमरत्व और पीयूषपान का सम्बन्ध

'गोरक्षपद्धति' (२/५०) के अनुसार—जिस प्रकार अग्नि ईंधन को जला देती है, दीपक तेलसहित बत्ती को जला देता है, उसी प्रकार **चन्द्रकला के अमृत से** जिस योगी का **शरीर** परिपूर्ण है वह जीवात्मा देही—(योगी का त्याग नहीं करता अर्थात् शरीर कभी नहीं मरता।)

वही यथार्थ योगी है और यथार्थतः जीवित है जो अमृतपान करता है—

"जीवता जोगी अमीरस पीवता अहनिस अखंडित धारं।।"

—(गो० बा०)

---

१. आसनेन समायुक्तः प्राणायामेन च संयुतः।
प्रत्याहारेण सम्पन्नो धारणां च समभ्यसेत्।।

२. यो० मा० (१३६)।

Scanned by CamScanner

इसी कारण गोरक्षनाथ **अमृत-पान का उपदेश** देते हुए कहते हैं कि— **'नींझर झरणौ अमीरस पीवणां षटदल वेध्या जाइ।'** —(गो० बा०)

योगी मत्स्येन्द्रनाथ भी इसी अह्लादकर, चन्द्रमा से निःसृत और ब्रह्मरन्ध्र से प्रवाहित होने वाले मृत्युजित पीयूष का पान करने का उपदेश देते हैं—

'चन्द्रह्लाद करं दिव्यम् आगच्छन्त रव मध्यतः।
श्रवन्तं ब्रह्मरन्ध्रेण अचिरान्मृत्युजित्भवेत्।।'

Scanned by CamScanner

(६) लम्बिकाचन्द्रमण्डल में स्रवित् अमृत का ध्यान

'**लम्बिका**' चन्द्रमण्डल में स्रवित होते हुए पीयूष का ध्यान करने से ध्याता मृत्यु पर विजय पा लेता है—

'स्रवत्पीयूषसम्पूर्णे लम्बिके चन्द्रमण्डले।
नासाग्रेदृष्टिमादोय ध्यात्वा मृत्युं प्रमुञ्चति॥१६४॥'

Scanned by CamScanner

यह ब्रह्मस्थान सृष्टि का भी मूल है—

'ब्रह्मस्थाने स्थितं पद्मं चतुःषष्टिदलान्वितं।
तत्रोत्पादयेत्सृष्टिः दण्डाकाराग्नि तेजसा॥'[१]

(५) अष्ट मुद्रा

घट के भीतर मुद्रायें कौन-कौन मुद्रायें हैं?

(१) **'मूलनी मुद्रा'**—यह इन्द्रिय के मध्य स्थित है। यह काम, तृष्णा लेकर उत्पन्न होती है।

'काम तृष्णा समो कृत्वा मुद्रा तौ भई 'मूलनी'॥'

(२) **'जलश्री मुद्रा'**—नाभि के मध्य स्थित। यह काल एवं क्रोध लेकर उत्पन्न हुई है।

'काल क्रोध समोकृत्वा मुद्रा तौ भई 'जलश्री।'

(३) **'खीरनी मुद्रा'**—स्थान-हृदय के मध्य। यह ज्ञानदीप लेकर उत्पन्न हुई।

'ज्ञानदीप समोकृत्वा मुद्रा तौ भई खीरनी।'

(४) **'खेचरी मुद्रा'—स्थान**—मुख का मध्यस्थान। यह स्वाद-विस्वाद लेकर उत्पन्न हुई।

'स्वाद विस्वाद समोकृत्वा मुद्रा तो भईं खेचरी।'

(५) **'भूचरी मुद्रा'**—नासिका के मध्य स्थित। यह गन्ध निबन्ध लेकर उत्पन्न हुई।

'गन्ध-विगन्ध समो कृत्वा मुद्रा तौ भई भूचरी।'

(६) **'चाचरी मुद्रा'**—चक्षु के मध्य चाचरी मुद्रा है। यह दृष्टि-विदृष्टि लेकर उत्पन्न हुई।

(७) **'अगोचरी मुद्रा'**—करण के मध्य उत्पन्न हुई 'करण मध्ये अगोचरी मुद्रा सवद कुसवद ले उतपनी।'

'सबद कुसबद समो कृत्वा मुद्रा तौ भई अगोचरी।'

(८) **'उन्मनी मुद्रा'—स्थान**—ब्रह्माण्ड। यह परम ज्योति लेकर उत्पन्न हुई।

'परम ज्योति समो कृत्वा मुद्रा तौ भई उनमनी।'

'अष्टमुद्रा'—यती अष्ट मुद्रा का जाणै भेव। सो आपै करता आपै देव।

—गोरक्षनाथ

---

१. कुलानन्द तन्त्र (१८)।

(११) ग्रन्थित्रय और उनका भेदन

(१) ब्रह्मग्रन्थि–

जड़ चेतनहिं ग्रन्थि परि गई।
जदपि मृषा छूटत कठिनाई।।

ग्रन्थियाँ तीन हैं—(१) '**ब्रह्म ग्रन्थि**', (२) '**विष्णु ग्रन्थि**', (३) '**रुद्र ग्रन्थि**'।

योगी चाहते हैं कि '**ब्रह्मग्रन्थि**' (चूँकि यह गाँठ है। अतः इस गाँठ को छुड़ाना आवश्यक है) से मुक्ति मिले—

(१) 'कोई गुरु आराधीला जो ब्रह्म गाँठि छोड़ै। (किसी ऐसे गुरु की आराधना करो जो तुम्हारी ब्रह्मग्रन्थि को छुड़ा दे।)

(२) **मेरु** (सुमेरु=सुषुम्णा नाड़ी (नाला) के भर जाने पर **(इड़ा-पिङ्गला के सुषुम्णा में प्रविष्ट हो जाने पर) सुषुम्णा-मार्ग में** (प्राणायाम के द्वारा) श्वास के चले जाने पर '**ब्रह्म ग्रन्थि' छँट जाती है।** इतना ही नहीं, तब पाँचों तत्त्व (या तन्मात्रायें या ज्ञानेन्द्रियाँ) चूर्ण हो जाती हैं। अतः उनका हमारे ऊपर कोई प्रभाव नहीं पड़ पाता और '**पूर्णकला**' (चन्द्र) प्रकट हो जाता है।

Scanned by CamScanner

चक्र	ग्रंथि/पीठ	देवता अधिष्ठात्री देवी)
'ब्रह्म चक्र' या १. 'मूलाधार चक्र' स्वाधिष्ठान चक्र २. 'मणिपूर चक्र' ३. 'आज्ञा चक्र'	(कामरूप पीठ) 'ब्रह्मग्रंथि उड्यान पीठ 'विष्णु ग्रन्थि' (विष्णु से अधिष्ठित) जालन्धर पीठ 'रुद्रग्रंथि'	महात्रिपुर सुन्दरी महात्रिपुर सुन्दरी महात्रिपुर सुन्दरी

शरीर में जो ६ चक्र हैं उसमें तीन ग्रन्थियाँ हैं।

Scanned by CamScanner

योगी **मत्स्येन्द्र नाथ** ने भी ग्रन्थियों और उनके भेदन पर प्रकाश डाला है। वे कहते हैं—

'अथान्यं संप्रवक्ष्यामि ब्रह्मग्रन्थिविनिर्णयम्।
तस्मिंस्थाने मनः कृत्वा प्रहरैकेण भाविनि॥' आदि।
'ब्रह्मग्रन्थिस्थिताद्ये तां त्रीणि एव वरानने।
लीनां वै ब्रह्मखण्डे तु भिन्न नीलाञ्जन प्रभम्॥'[2]

कुण्डलिनी की यात्रा

गुरु गोरक्षनाथ कहते हैं—

(१) वायुना वह्निना सार्धं **ब्रह्मग्रन्थिं** भिनत्ति सा।

(२) **विष्णुग्रन्थि** तत्वोभित्वा **रुद्रग्रन्थौ** च तिष्ठति॥[3]

उपर्युक्त ग्रन्थित्रय का भेदन किए बिना स्वस्वरूप का बोध नहीं होता।

ब्रह्मग्रन्थि और उसका भेदन

'मूलबंध' के द्वारा अपान ऊपर उठकर वह्निमण्डल से मिलता है। इससे ताप बढ़ता है और इस उद्दीप्त ताप से कुण्डलिनी उत्तप्त होकर कुण्डलिनी सोते से जाग उठती है और डण्डे से आहत सर्पिणी के समान फूत्कार करके सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश करती है। सुषुम्ना नाड़ी में विद्युत रेखा के समान दृष्टिगोचर वह कुलशक्ति ऊर्ध्व मुख होकर ऊर्ध्व मार्ग में (सुषुम्ना नाड़ी के भीतर से ऊपर की ओर) चढ़ने लगती है। सुषुम्ना कुण्डलिनी शक्ति का सुषुप्ति का त्याग करके शिवोन्मुख ऊर्ध्वारोहण ही **ब्रह्मग्रन्थि का भेदन** (ब्रह्मग्रन्थि का छूटना) है।

कुण्डलिनी शक्ति की
अनादि काल से → } = **'ब्रह्मग्रन्थि'**
मूलाधार चक्र में प्रगाढ़ सुषुप्ति

सुसुप्ता शक्ति का
सुषुप्ति का त्याग करके शिवोन्मुख
ऊर्ध्वारोहण } → = **'ब्रह्मग्रन्थिभेदन'**

---

१. कौ० ज्ञा० नि० (१४/२५)।

२. तत्रैव (७/१०)।

३. योगबीज।

Scanned by CamScanner

(२) 'विष्णु ग्रन्थि' का भेदन—यही ७ ऊर्ध्वोन्मुख होकर सुषुम्ना मार्ग से ऊपर ऊर्ध्वारोहण करने वाली कुण्डलिनी शक्ति जब **'अनाहत चक्र'** में पहुँचती है तब उस विष्णु धाम में स्थित **'विष्णु ग्रन्थि'** का भेदन होता है।

(३) 'रुद्र ग्रन्थि' का भेदन—जब यही निद्रामुक्त कुण्डलिनी जागृतावस्था में दोनों पूर्वोक्त चक्रों को अतिक्रान्त करके **'आज्ञा चक्र'** में पहुँचती है तब **'रुद्र ग्रन्थि'** का भेदन होता है।

'जब ते जीव भयो संसारी।
छूटि न ग्रन्थि न भयो सुखारी।।'

—(तुलसीदास)

जीव चेतन है और शरीर जड़ है। जड़ शरीर में रहते-रहते और उसका अत्यधिक सन्निकर्ष पाते-पाते चेतन जीव अपने आप को जड़ शरीर मानने लगता है। यही **'अतस्मिंस्तद् बुद्धिः' 'अध्यास'** एवं **'अध्यारोप'** या देहात्मभाव **जड़-चेतन की ग्रन्थि** है। जड़ को (शरीर को) अपना (जीव द्वारा अपना) स्वरूप मानने लगना अर्थात् चेतन (जीव) का अपने को अचेतन (शरीर) मानने लगना ही 'ग्रन्थि' है।

''विष्णु ग्रन्थि''—'विष्णु ग्रन्थि' को माया ही मानना चाहिए। यह **'मणिपूरक-चक्र'** में स्थित है।[१]

'मणिपूरक चक्र' में स्थित यह **'विष्णुग्रन्थि'** अनेक कामनाओं को उत्पन्न करती है। यदि उसे विच्छिन्न कर दिया जाय तो परमानन्द की प्राप्ति होती है।

(शून्य अर्थात् माया को अतिक्रान्त करके उठता हुआ **प्राण वायु** जब नाड़ी **के साथ संघर्षरत** होता है तब उससे **भेरी के समान ध्वनि** उत्पन्न होती है।

'मणिपूर चक्र' को भेदकर चलने पर प्राण वायु की ध्वनि **'मृदङ्ग'** जैसी होती है।

अन्य चक्रों का भेदन करके ऊपर जाता हुआ वायु **'आकाशचक्र'** में आने पर सभी सिद्धियों की प्राप्ति। इसके उपरान्त प्राणवायु **'तालुचक्र'** से चित्त को जीतकर **'तालुचक्र'** का भेदन करता है। **चित्तगत समस्त आनन्द** की प्राप्ति होती है।

इस साधना की समाधि में—

वैष्णव शब्द—प्रणव शब्दायमान होता है। प्रणवध्वनि में चित्त विलीन हो जाता है। साधक अमृतस्वरूप हो जाता है।[२]

(१) प्राण वायु का नाड़ी के साथ संघर्ष—**भेरी की ध्वनि।**

---

१. सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषद।

२. तत्रैव।

(२) प्राणवायु का मणिपूरक चक्र भेदन—**मृदंग की ध्वनि।**

'**सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषद**' (खण्ड-२) में आदि नारायण देवताओं से कहते हैं कि—''पद्मासन आदि किसी उपयोगी आसन पर स्थित योगी का आसन दृढ़ हो जाता है। (२) इसके बाद (आसन के दृढ़ हो जाने पर) '**विष्णु ग्रन्थि**' (जो कि तृतीय चक्र 'मणिपूरक चक्र' में रहकर अनेक कामनाओं का विस्तार करती रहती है और 'माया' का अधिकाधिक विस्तार करती है) को विच्छिन्न करने की साधना करते हुए उसका मूलोच्छेद करने का प्रयास करना चाहिए। विष्णु-ग्रन्थि को विच्छिन्न कर देने से परमानन्द की प्राप्ति होती है। (विष्णु ग्रन्थि का उद्भेद—परमानन्दाविर्भाव) **शून्य (अर्थात् माया) को लाँघकर उठता हुआ प्राण वायु** जब नाड़ी के साथ संघर्षण करता है तब उससे **भेरी के सदृश ध्वनि** श्रुतिगोचर होती है और जब वह तृतीय चक्र (मणिपूरक) को भेदकर आगे चलता है तब प्राण वायु से मर्दल ध्वनि (मृदंग) जैसी ध्वनि श्रुतिगोचर होती है।[१]

योग की साधनात्मक अवस्थायें

'ब्रह्मग्रन्थि' और 'आरंभावस्था'

(१) ब्रह्मग्रन्थि—गुरु गोरक्षनाथ कहते हैं कि—

(१) मेरुदण्ड को स्थिर करो।

(२) शिव और शक्ति को जोड़ो।

(३) किसी सिद्ध योगी की आराधना करो जो तुम्हारी '**ब्रह्मग्रन्थि**' को छुड़ा दे।

(४) सुमेरु (मेरुदण्ड) (सुषुम्णा नाड़ी) के भर जाने पर (**इड़ा-पिंगला** जब सुषुम्णा में समा जाती है; **सुषुम्णा मार्ग** में प्राणायाम के द्वारा श्वास चला जाता है तब '**ब्रह्मग्रन्थि**' छूट जाती है और पाँचों तत्त्व (पंच तन्मात्रायें या ज्ञानेन्द्रियाँ) चूर्ण हो जाते हैं और हमारे ऊपर उनका कोई प्रभाव नहीं रह जाता और साथ ही साथ 'पूर्णकला' (चन्द्रमा) प्रकट हो उठता है।[२]

'**ब्रह्मग्रन्थि का भेदन**'—**नादोपासना** की आरम्भिक अवस्था में सुषुम्ना में प्राण का लय आवश्यक है। सुषुम्ना में प्राण का लय होने से '**ब्रह्मग्रन्थि**' (यह अनाहत चक्र या हृदयाकाश में स्थित है) का भेदन होता है।

---

१. *सौभा० उप०। जब प्राण वायु* '**तालुचक्र**' *से चित्त को जीतकर 'तालु चक्र' का भेदन करता है तब चित्तगत समस्त आनन्द प्राप्त करता है।*

२. मेर डंड थिरि करै स्यौ सत्ती जोड़ै।
कोई गुरु आराधीला जो ब्रह्म गाँठि छोड़ै।।
छूटे जव ब्रह्मगाँठि भरिये मेर नाला।
सहजैं पाँचै चूरा भया पूरण कला।। —*(गो० बा पृ. १५१)*

Scanned by CamScanner

इसके अन्य लक्षण इस प्रकार हैं—

(१) 'ब्रह्मग्रन्थि' के भेदन से 'शून्य' (हृदयाकाश) में भूषणों की झंकृति के समतुल्य) अनाहत क्वणक श्रुति गोचर होता है।

(२) इसके द्वारा असामान्य आनन्दाप्ति होती है।

(३) आरंभिक अवस्था में योगी का शरीर दिव्य, लावण्य परिपूर्ण एवं तेजोमय दृष्टिगोचरे होता है।

(४) उसका शरीर दिव्य से सुगन्धित एवं निरोग हो जाता है।

(५) उस योगी के हृदयाकाश में (शून्य में) शुद्ध प्राण वायु का सञ्चार होने लगता है और हृदय आनन्द से परिपूर्ण हो जाता है—

'ब्रह्मग्रन्थेर्भवेद् वेधादानन्दा....न्यसंभवम्।
विचित्रक्वणको देहेऽनाहतः श्रूयते ध्वनिः॥'

'आरंभावस्था' के योगी के लक्षण

दिव्यदेहश्च तेजस्वी दिव्यगन्धस्त्वरोगवान।
सम्पूर्णहृदयश्शूर 'आरंभो' योगिनो भवेत्॥[१]

Scanned by CamScanner

ग्रन्थियों की स्थिति (अवस्थान) के विषय में मतभेद–

ग्रन्थियों की स्थिति— (१) पुराणों की दृष्टि,

(२) स्वात्मा राम मुनीन्द्र (हठयोग प्रदीपिका) एवं नाथ पंथी गोरक्षनाथ की दृष्टि—

(१) मार्कण्डेय पुराण में प्रतिपादित दृष्टि

(१) 'मूलाधार चक्र' में स्थित है—(१) **'ब्रह्मग्रन्थि'** (२) **'मणिपुर चक्र'** में स्थित है—'विष्णु ग्रन्थि' (३) **'आज्ञा चक्र'** में स्थित है—'रुद्रग्रन्थि'।

(२) गोरक्षनाथ की दृष्टि

नाथ परम्परा में ग्रन्थियों की स्थिति पृथक् हैं—

(१) **'ब्रह्मग्रन्थि' की स्थिति**—प्राण का सुषुम्ना नाड़ी में लय होने पर ही तीनों **ग्रन्थियों का वेधन और उसका वेधन होता है।**

ब्रह्मग्रन्थि का स्थान—(हृदयाकाशस्थ)

'अनाहत चक्र'

'विष्णु ग्रन्थि' की स्थिति—(कण्ठस्थानस्थ)

Scanned by CamScanner

'विशुद्ध चक्र'

रुद्र ग्रन्थि की स्थिति—भ्रूद्वय मध्य में स्थित।

'आज्ञा चक्र'

(१४) ग्रन्थियों की स्थिति के विषय में मतभेद

(१) योगकुण्डल्योपनिषद की दृष्टि

(क) इसमें कहा गया है कि 'कुण्डलिनी शक्ति' रजोगुण से उत्पन्न **'ब्रह्मग्रन्थि'**— का भेदन करके विद्युत शिखा की भाँति सुषुम्ना नाड़ी के मुख में (ऊर्ध्वगमन करती हुई) प्रवेश करती है।

(ख) वहाँ से शीघ्र ही **'हृदय चक्र'** में स्थित—**'विष्णुग्रन्थि'** का भेदन करती है।

(ग) फिर वह इस चक्र के ऊपर **'आज्ञाचक्र'** में प्रवेश करके **'रुद्रग्रन्थि'** का भेदन करती है।[१]

सारांश—(१) **'ब्रह्मग्रन्थि'**—मूलाधार चक्र में (२) 'विष्णुग्रन्थि' अनाहत चक्र-हृदय चक्र में (३) 'रुद्रग्रन्थि'—'आज्ञा चक्र' में स्थित है।

(२) ब्र० पु० (लिता सह०) की दृष्टि

(१) 'ब्रह्मग्रन्थि'—(१) मूलाधार चक्र (२) 'रुद्रग्रन्थि'—आज्ञाचक्र में, किन्तु (३) **'विष्णु ग्रन्थि'** (अना० चक्र में नहीं) मणिपूर चक्र।

कुण्डलिनी की ऊर्ध्वयात्रा और ग्रन्थि-भेदन—*(यो०कु०उप०)*

(मूलबन्ध के द्वारा अपान, वायु ऊर्ध्वगामी होकर अग्नि के साथ ऊपर चलती है। जब वह अग्नि प्राण के स्थान में पहुँचती है और **प्राण तथा अपान** दोनों मिलकर कुण्डलिनी से मिलते हैं तब उसकी गर्मी से तप्त होकर एवं वायु के बारम्बार दबाव से कुण्डलिनी सीधी होकर सुषुम्णा के मुख में प्रवेश कर जाती है।)

---

१. प्राणस्थानं ततो वह्निः प्राणापानौ च सत्वरम्।
मिलित्वा कुण्डलीं याति प्रसुप्ता कुण्डलाकृतिः।
तेनाग्निना च संतप्ता पवनेनैव चालिता।
प्रसार्य स्वशरीरं तु सुषुम्ना वदनान्तरे।
'ब्रह्मग्रन्थि' ततो भित्वा रजोगुण समुद्भवम्।
सुषुम्नावदने शीघ्रं विद्युल्लेखेव संस्फुरेत्।
'विष्णु ग्रन्थि' प्रयात्युच्चैः सत्वरं हृदि संस्थिता।
ऊर्ध्वं गच्छति यच्चान्ते **'रुद्रग्रन्थि'** तदुद्भवम्।। —(योगकुण्डल्युपनिषद्)

Scanned by CamScanner

इसके उपरान्त कुण्डलिनी शक्ति रजोगुण से उत्पादित '**ब्रह्मग्रन्थि**' का भेदन करके विद्युतशिखावत सुषुम्णा के मुख में ऊर्ध्वगमन करती हुई उसमें प्रवेश करती है और फिर 'हृदय चक्र' में स्थित '**विष्णुग्रन्थि**' का भेदन करके ऊपर आज्ञा-चक्र में 'रुद्रग्रन्थि' का भेदन करती है।

ग्रन्थियाँ और उनका भेदन

'भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।'

ग्रन्थियाँ कहाँ हैं?—ग्रन्थियाँ सुषुम्ना नाड़ी में हैं—

''सुषुम्नायामेव समुद्भूतं जातं यद् ग्रन्थीनां त्रयं ग्रन्थित्रयं ब्रह्मग्रन्थि—विष्णुग्रन्थि-रुद्रग्रन्थिरूपं''[१] —(ज्योत्स्ना)

(१) भस्त्रिका प्राणायाम—प्र० —इसका भेदन कैसे होता है? उत्तर—भस्त्रा प्राणायाम से—

सम्यग्गात्रसमुद्भूतं ग्रन्थित्रयविभेदकम्।
विशेषेणैव कर्तव्यं भस्त्राख्यं कुंभकंत्विदम्।।[२]

(२) कुण्डलिनी जागरण—कुण्डलिनी के जाग्रत होने पर भी तीनों ग्रन्थियों का भेदन हो जाता है—

सुप्ता गुरु प्रसादेन यदा जागर्ति कुण्डली।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यन्ते ग्रन्थयोऽपि च।।[३]

(३) (ग्रन्थित्रय का भेदन)—नाद की '**आरंभावस्था**', '**घटावस्था**', '**परिचयावस्था**' एवं '**निष्पत्यवस्था**' का भेदन करने से **ग्रन्थियों का भी भेदन** हो जाता है।

(१) **नादसाधना की 'आरम्भावस्था'** में सुषुम्ना में प्राण के लय से 'ब्रह्मग्रन्थि' का (जो अनाहत चक्र अर्थात् हृदयाकाश में स्थित है) भेदन होता है। शून्य (हृदयाकाश) में भूषणों की झंकृति के समान अनाहतनादात्मक क्वणक ध्वनि शरीर के भीतर सुनाई देती है। इससे अत्यन्त आनन्द प्राप्त होता है।

(२) नाद-साधना की **द्वितीय अवस्था 'घटावस्था'** में प्राण वायु अपान, नाद और बिन्दु से संयुक्त होकर मध्य (विशुद्ध चक्र=कण्ठस्थान) में प्रविष्ट होती है। यह साधक देवतुल्य हो जाता है। यहाँ (विशुद्ध चक्र में) '**विष्णु ग्रन्थि का भेदन**'

---

१. ब्रह्मानन्द ('ज्योत्स्ना' टीका)।

२. ह० यो० प्र० (२/६७)।

३. ह० यो० प्र० (३/८)।

Scanned by CamScanner

होता है और अतिशून्य (कण्ठ) में परमानन्द या ब्रह्मानन्दसूचक नाद श्रुतिगोचर होता है जो भेरी-ध्वनि के समान होता है।

(३) **परिचयावस्था में**—मर्दल ध्वनि 'आज्ञा चक्र' में श्रुतिगोचर होती है।

नादावस्थायें

(स्वात्माराम मुनीन्द्र/गोरक्षनाथ)

(१)	(२)	(३)	(४)
आरंभावस्था	घटावस्था	परिचयावस्था	निष्पत्यवस्था
'ब्रह्मग्रंथि'	'विष्णुग्रंथि'	मर्दलध्वनि	'रुद्रग्रंथि'
अनाहत चक्र	कण्ठ (विशुद्धचक्र)	समस्त सिद्धियों	'आज्ञा चक्र'
हृदयाकाश	कण्ठस्थान	का आश्रय	

'प्राण' के सुषुम्णा नाड़ी में प्रविष्ट होने पर और 'मन' देशकातीत शून्य (ब्रह्म) में प्रविष्ट हो जाने पर समस्त कर्म नष्ट हो जाते हैं—

सुषुम्नावाहिनि प्राणे शून्ये विशत्ति मानसे।
तदा सर्वाणि कर्माणि निर्मूलयति योगवित्।।[१]

चूँकि तीनों ग्रन्थियों का सम्बन्ध तीन प्रकार के कर्मों से होता है। प्राण के सुषुम्णा में प्रविष्ट होने पर एवं मन के ब्रह्म में प्रविष्ट होने पर ग्रन्थियाँ नष्ट हो जाती हैं।

(४) महाशून्य (आज्ञा चक्र में स्थित) **रुद्रग्रन्थि** का भेदन करके जब प्राण **दोनों भौंहों (शर्वपीठ)** के मध्य पहुँचता है तब वही निष्पत्ति अवस्था है।

ग्रन्थि भेदन

''भिद्यन्ते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे।।'

(क) 'ब्रह्मग्रन्थि'-भेदन

जगत में एक विराट स्थूल देह है। व्यष्टिदेह इस विराट देह के ऊपर समुद्र की तरङ्गों की भाँति उठती हैं और अपनी क्रीड़ा करके पुनः सामुद्र जल में विलीन हो जाती है। जीव अपनी बुद्धि के दोष से एवं संस्कारों के वशीभूत होकर एक-एक तरंग को अपनी समझकर उससे आबद्ध हो जाते हैं। यह बन्धन मृषा एवं कल्पना-प्रसूत है। इस स्वकल्पित बन्धन को दूर करके, समस्त देहों को आत्मा के देहरूप में उपलब्ध करने से ब्रह्मग्रन्थि का उद्भेदन हो जाता है और यह ग्रन्थि-भेद ही **ब्रह्म 'ग्रन्थि-भेदन' का लक्ष्य है।**

---

१. ह० यो० प्र० (४/१२)।

Scanned by CamScanner

(ख) 'विष्णु-ग्रन्थि'-भेद–

'प्राण', 'मन' एवं 'विज्ञान' से सम्बद्ध कोशों में हम सर्वव्यापी प्राण-मन आदि की सत्ता का विस्मरण करके, एक निर्दिष्ट प्राण-मन में अपनी अहन्ता स्थापित करके, उसके सुख-दुःख से ऐसे आबद्ध हो जाते हैं कि व्यष्टिदेह के सुख के लिए समष्टि प्राणदेह को आघात पहुँचाने में भी नहीं हिचकते।

"समस्त विश्व में सर्वत्र एक ही प्राण की क्रीड़ा चल रही है और सभी का सुख-दुःख एक ही में सम्मिलित है"—इस तत्त्वबोध की अनुभूति कर लेने पर व्यष्टिदेह के सीमाबद्ध सुख-दुःख को समष्टिगत सुख-दुःख में सम्मिलित कर देना प्राण ग्रन्थि या **विष्णु-ग्रन्थि-भेद का मूल उद्देश्य है।**

(ग) 'रुद्र-ग्रन्थि'-भेदन–

आत्मा का धर्म **आनन्द** है, उसे एक सामान्य देह के आनन्द से सीमाबद्ध करके, एक व्यष्टिदेह के आनन्द के लिए जीव समष्टिदेह का आनन्द नष्ट करने में नहीं हिचकता। इस सीमाबद्ध व्यष्टिदेह का बन्धन दूर करके, समष्टिगत आत्मा का स्वरूप प्राप्त करके, समस्त जीवों के हित-साधन एवं आनन्द-विधान में निरत रहना ही **रुद्र-ग्रन्थि-भेदन का लक्ष्य है।**

Scanned by CamScanner

काल वञ्चन—'काल वञ्चन' की साधना और उसके द्वारा मृत्युञ्जयत्व की प्राप्ति नाथ सिद्धों की प्रमुख साधनाओं में से एक है।

मत्स्येन्द्रनाथ कहते हैं कि—

'साम्प्रतं श्रोतुमिच्छामि कालस्य वञ्चनं शुभम्।' —(६/१६)

इसी के उत्तर में मत्स्येन्द्रनाथ ने इसके उपाय (साधना) पर इस प्रकार प्रकाश डाला है—**'कथयामि न सन्देहो यथा मृत्युर्विनश्यति।'**

'प्रसार्य दन्तुयान्तु यावदब्रह्मविलङ्गतः।
अमृताग्रं रसाग्रेण दह्यमानसुधीरपि।
मासेन जितयेन्मृत्युं सत्यं सत्यं महातपे।'

—(खेचरी मुद्रा आदि का प्रतिपादन)

रसना तालु मूले तु कृत्वा वायुं पिबेच्छनैः।
....................................जरामृत्युर्विनश्यति।।

नाड़ी योग—योग की सारी साधनायें नाड़ी-योग पर आश्रित हैं। (१) 'इड़ा' (२) 'पिंगला' और (३) 'सुषुम्णा'—ये तीन प्रमुख **प्राणवाहिनी नाड़ियाँ** हैं। इनके

Scanned by CamScanner

साधन से भ्रम छूटता है और ब्रह्म का साक्षात्कार होता है।[१] मेढ्र से ऊपर और नाभि के नीचे पक्षी के अण्डे की भाँति कन्दयोनि है—

'ऊर्ध्वं मेढ्रदधो नाभिः कन्दयोनिः खगाण्डवत्।
तत्र नाडयः समुत्पन्ना सहस्त्राणि द्विसप्ततिः।।'

इसी कन्द योनि से ७२,००० नाड़ियाँ उत्पन्न होती हैं। इनमें इड़ा, पिंगला, सुषुम्णा, वज्रा, शंखिनी, गांधारी, पूषा आदि प्रधान हैं।

Scanned by CamScanner

(१) रुष बिरख गिरि कंदलि बास।
अहनिसि रहिबा जोग अभ्यास।
पलटै काया खण्डै रोग।
चरपट कहै धन धनि जोग।।

एकान्त में वृक्षों के नीचे, कन्दरा या पर्वत पर रहो। निरन्तर योगाभ्यास करो। काया-कल्प करो। रोगों का निवारण करो।

(२) '**मूल द्वार**'—मूलाधार के स्थान पर '**मूलबंध**' लगाकर **वायु को पलट** देना चाहिए और उस ऊर्ध्ववर्ती वायु को सहस्रार में ले जाना चाहिए। इस पद्धति से 'नाद' एवं बिन्दु दोनों स्थिर हो जाते हैं और फिर इस स्थिति में अदृष्ट पुरुष (परमात्मा) का दर्शन प्राप्त होता है—अवधू मूल दु बारै बंद लगाइ। पवन पलटै गगन समाइ। नादा बिंद दोउ असथिर होइ। अदृष्टि पुरिष द्वार दृष्टि जब जोइ।।

—(ना० सि० बा० पृ. ३१)

Scanned by CamScanner

भोगवाद का खण्डन

नाथ सिद्धों ने भोगवाद का सर्वत्र खण्डन किया है। हाँ उन्होंने गृहस्थों की भोगात्मक प्रवृत्ति या भोगवाद का प्रत्याख्यान न करके उसे दैवी स्वरूप प्रदान करने का सत्प्रयास अवश्य किया है। इस धरातल पर उन्होंने भोग के साथ योग के मणिकांचनात्मक सामरस्य या 'योगभोगसाहचर्यवाद' की अप्रतिम साधना को भी प्रतिष्ठापित किया है और उसका प्रमाण है—'वज्रोली' 'सहजोली' 'अमरोली' आदि की क्रियायें।

ऊर्ध्वरेतसत्व—नाथ सिद्धों के भोग में योग के समर्थन का भी लक्ष्य ब्रह्मचारियों की ऊर्ध्व रेतसत्व-साधना ही है—शारीरिक नारी-संभोग नहीं।

यदि नाथों ने शारीरिक संभोग को मान्यता दी होती तो **जालन्धर** ने राजा गोपीचन्द से अपनी रानियों का, राजपाट का एवं अपने नगर बंगाल का त्याग करने एवं अपनी रानियों को अपनी माता कहकर उनसे भिक्षा माँगने का आदेश क्यों दिया होता और गोपीचन्द की नाथ योगिनी माता ने अपने पुत्र राजा गोपीचन्द को इस दिशा में योग करने हेतु भोगों का त्याग करने एवं गार्हस्थ्य धर्म छोड़कर **अपने गुरु जालंधर पाद** से दीक्षा लेकर एक **वैरागी एकान्तवासी एवं सर्वत्यागी** बनकर योग-साधना करने के लिए बार-बार उत्प्रेरित क्यों किया होता?

गोपीचन्द अपनी पत्नियों से कहते हैं—

'भोग न भावै भामिनी, लागत रोग समान।
जोग तजत ही होत है, उभै लोक अपमान।

मैणावती गोपीचन्द को भोगवाद के विरुद्ध उपदेश देते हुए कहती हैं—

---

१. मत्स्येन्द्रनाथ 'ज्ञानकारिका' (१७)।

Scanned by CamScanner

'जोग न होसी रे पूता भोग न होसी।
नसी कसी जल बिम्ब की काया।।
सति सति भाखंत माता मैंणावंती रे पूता।
भरिम न भूलौ रे माया।।'
मरौगे मरि जाहु गेरे, फिरि होउगे मसांण की दारंजी।
कबहुंक परं तत चीन्है ले रे पूता ज्यूं उतरौ संसार भौ पारं जी।
राज तजेबा रे पूता पाट तजेबा
तजेबा हस्ती घोड़ा।
सति सति भाषंत माता मैणांवंती
कलि मैं जीवन थोड़ा।

पुत्र गोपीचन्द के यह कहने पर कि—

सोला सै राणीं बारा सै कन्या
बंगाल देस बड़ भोगी।
बारह बरस हम कूं राज करण दे माता
पीछै हूँगा जोगी।

माता मैणवती गोपीचन्द से कहती हैं—

आजि आजि करंता पूता काल्हि काल्हि करंता
काया करै कलाल की माठी जी।
सति भाषंत माता मैणावंती रे पूता
यौ तन जलिबलि होइ मसांण की माटी जी।

× × ×

जोग न होसी रे पूता भोग न होसी
नसी कसी जल बिम्ब की काया।
सति सति भाखंत माता मैंणावंती रे पूता।
भरमि न भूलौ रे माया।
फिरि होउगे मसांण की छारं जी।
कबहुंक परं तत चीन्है ले रे पूता
ज्यूं उतरौ संार भौ पारं जी।

माता के उपदेश से राजा गोपीचन्द ने अनन्त भोगों से भरे बंगाल का अपना साम्राज्य, महल, रानियाँ, उनका प्रेम एवं सारे भागों का त्याग कर दिया और सबको छोड़ वनवास ग्रहण कर लिया—

'छाड्या राजपाट परिछाड्या
छाड्या भोग विलासं जी।

Scanned by CamScanner

गोपीचंद धौला घर सबहीं
छाड़ि गह्या बनबासं जी।'[१]

नाथ सिद्ध घोड़ा चौली नाद-बिन्दु के रहस्य को जानकर अगम्य परमपद में गमन करने वाले को देवता कहते हैं—

'नाद बिन्दु का जाणैं भेव।
अगमागम करैते देव।।'[२]

नाथपंथी दृष्टि के कारण नाथयोगी 'बिन्दु' को 'शिव' एवं 'ब्रह्म' कहते हैं और उस **ब्रह्माकारित बिन्दु की साधना एवं सिद्धि को 'ब्रह्मचर्य'** कहते हैं।

स्थूल पार्थिव बिन्दु और ब्रह्मीभूत बिन्दु (अर्थात् गोरक्षोक्त 'ब्रह्म' अर्थात् बिन्दु) में बहुत अन्तर है।

मानव शरीर में स्थित "**पार्थिव बिन्दु**" मलिन, अनेक मलों के पङ्क से पङ्किल, पञ्चभूतों के स्थूलांशों से निर्मित (असाधनोपयोगी बिन्दु) गोरक्षनाथ का **'ब्रह्म' के नाम से कथित बिन्दु नहीं है। गोरक्षनाथ का ब्रह्मनामधारी बिन्दु** तेजोमय, मलशून्य, ऊर्ध्वगामी एवं मोक्ष दिलाने वाला बिन्दु है। इसी विशुद्ध एवं तेजोमय बिन्दु को गोरक्षनाथ ने **'शिव'** भी कहा है। ब्रह्मतेजोमय 'बिन्दु' ही 'शिव' एवं गोरक्षोक्त 'ब्रह्म' (बिन्दु के रूप में कथित ब्रह्म) है।

गोरक्षनाथ कहते हैं कि "**कच्ची काया**" में 'बिन्दु' स्थिर नहीं रह सकता।

नाथ योग में उपयोगी "**सिद्धकाया**" (परिपक्व काया) के लिए काया की **'ब्रह्माग्नि'** में आहुति देना या उसका हवन करना आवश्यक है—

'ब्रह्म अगनि मैं होमैं काया तास महादेव बन्दै पाया'
'नाद-बिंद जाकै घटि जरै, ताकी सेवा पार बती करै।
अरधै जाता उरधै धरै काम दगध जे जोगी करै।।'

सारांश—(१) काया का हवन 'ब्रह्माग्नि' में किया जाय।
(२) काया में **नाद एवं बिन्दु** का जारण किया जाय।
(३) अधोमुखी बिन्दु (रेतस) को ऊर्ध्वगामी बनाया जाय।

महाबिन्दु की साधना—गुरु गोरक्षनाथ कहते हैं कि 'बिन्दु-साधना की बात सभी करते हैं, किन्तु बिना **महाबिन्दु की साधना** के बिन्दु-साधना व्यर्थ का श्रम है; क्योंकि इससे स्कन्ध (शरीर) स्थिर नहीं हो पाता—

१. ना० सि० बा० (पृ० १५)।
२. ना० सि० बा० (पृ० २२)।

Scanned by CamScanner

'ब्यंद व्यंद सब कोई कहै, महाब्यंद कोइ बिरला लहै।
इह ब्यंद भरोसे लावै बंध। असथिरि होत न देखो कंध।।'

वज्रोली—अत: आवश्यक हो तो बिन्दु-साधना के लिए **'वज्रोली'** **'अमरोली'** की साधना भी करणीय है—

'बजरी करतां जे ब्यंद राखै ते गोरख का गुरभाई।।'

ऊर्ध्वरेतसत्व पर विशेष बल

गुरुगोरक्षनाथ कहते हैं—

''मैथुन कै घरि जुरा गरासै अरध-उरध लै जोरं।''

अर्थात् रतिकर्म से जरा, वृद्धावस्था आदि घेर लेते हैं। इसलिए अधोगामी रेतस को ऊर्ध्वावस्था से जोड़ना चाहिए अर्थात् ऊर्ध्वरेता होना चाहिए।

गोरक्षनाथ का ब्रह्मचर्य बिन्दु-रक्षण मात्र नहीं है। गोरक्षनाथ बाह्याचार, बाह्याडम्बर, बाह्यप्रदर्शन, मिथ्या आत्म-विज्ञापन के घोर विरोधी थे। उनका कथन था कि सर्वोच्च कक्षा में पदार्पण करने के लिए निम्न कक्षाओं में प्रवेश आवश्यक है, किन्तु इन निम्न कक्षाओं का सत्य परमसत्य नहीं है अर्थात् यह उच्चतम कक्षा का उच्चतम सत्य नहीं है; क्योंकि 'सत्य' तो सोने के ढक्कन से टका हुआ है। लोग सत्य नहीं चाहते केवल सोना चाहते हैं। अत: वे उसे ही सर्वोच्च मानकर सत्य को खोजना भूलकर सोने के पीछे ही भटकते रहते हैं और उसे पाने पर उसे सर्वोच्च सत्य मान लेते हैं। उपनिषदों में यही बात इन शब्दों में कही गई है—

''हिरणमयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितम मुखम्।।'

गोरक्षनाथ कहते हैं कि—'सिद्धमत' में—

(१) जिस प्रकार मात्र ज्ञान ही नहीं प्रत्युत **योगानुभूतिगर्भित ज्ञान ही** (योग-समवेत ज्ञान ही) **यथार्थ ज्ञान है** उसी प्रकार—

(२) मात्र **बिन्दुरक्षण ही ब्रह्मचर्य नहीं है प्रत्युत् पक्के पात्र (परिपक्व काया=सिद्धकाया) में स्थित** (संरक्षित एवं ऊर्ध्वगामी) **'बिन्दु'** तथा **'ब्रह्माग्नि'** से पोषित बिन्दु को सहस्रार में धारण करना ही **'ब्रह्मचर्य'** है। 'बिन्दु' को ब्रह्मतेज बनाकर—बिन्दु को तेजोरूप में परिणत करके इस तेज को सहस्रारस्थ शिवशक्ति के तेज के साथ **समरसीकरण** करना—ऊर्ध्वरेतसत्व द्वारा बिन्दु को ब्रह्मतेज से एकीकृत करना ही 'ब्रह्मचर्य' है।

'ब्रह्मचर्य' की इसी नव्य परिभाषा के कारण गुरु गोरक्षनाथ ने बिन्दु (वीर्य) को **'ब्रह्म'** कहा है।

Scanned by CamScanner

प्राणापान योग

प्राणापानसमायोगाच्चन्द्रसूर्यैकता भवेत्।
सप्तधातु मयं देहमग्निना प्रदहेद बुधः॥

× × ×

योऽपानप्राणर्योगः स्वरजोरेतसोस्तथा।
सूर्याचन्द्रमसोर्योगो जीवात्मपरमात्मनोः।
एवं तु द्वन्द्वजालस्य संयोगो 'योग' उच्यते॥

Scanned by CamScanner

'प्राणापान नादबिन्दुः मूलबन्धेन चैकताम्।'

श्रीकृष्ण कहते हैं—

अपाने जुह्वति प्राणं, प्राणापाने तथा परे।
प्राणापान गतीरुद्ध्वा प्राणायाम परायण।।

—श्रीमद्भगवद्गीता

आक्षिप्तो भुजदण्डेन यथोच्छलतिं कन्दुकः।
प्राणापानमाक्षिप्तस्तथा जीवो न तिष्ठति।
प्राणापानवशी जीवो ह्यधश्चोर्ध्वं च धावति।
वामदक्षिणमार्गेण चंचलत्वान्त दृश्यते।।
रज्जुबद्धो यथा श्येनो गतोऽप्याङ्कृष्यते पुनः।
गुणबद्धस्तथा जीवः प्राणापानेन कृष्यते।।
अपानः कर्षति प्राणं प्राणोऽपानं च कर्षति।।

Scanned by CamScanner

५. 'बिन्दु तत्त्व और उसकी साधना

(बिन्दु और ब्रह्मचर्य)

* **'बिन्दु'** ही **'शिव'** और **'शक्ति'** दोनों है।

(बिन्दु की शिवात्मकता एवं शक्त्यात्मकता)

* **'पाण्डुर'** एवं **'लोहित'** वर्ण भले पृथक हों, किन्तु (पाण्डुर एवं लोहित बिन्दु) दोनों हैं तो 'बिन्दु' ही।

* **'बिन्दु'** और **'ब्रह्म'**

(बिन्दु की साधना **'ब्रह्मचर्य'** क्यों कहलाती है?)

'बिन्दु' और रज चिकित्सकों की दृष्टि में भले भौतिक पदार्थ है और उनका अध्यात्म से नहीं है, किन्तु नाथ योगियों ने तो **'बिन्दु' को 'ब्रह्म'** और **'शिव'** कहा।

गोरक्षनाथ कहते हैं कि—

(१) 'शक्ति' रूपी **रज** है और 'शिव' रूपी बिन्दु है।

(२) रवि की १२ एवं चन्द्र की १६ कलायें हैं।

(३) यदि सूर्य की १६ कलाओं में से ४ निकालकर चन्द्रमा को दे दी जायँ तो संख्या की दृष्टि से दोनों (बिन्दु एवं रज/रवि एवं चन्द्र) बराबर हो जायेंगे।

'बारहकला रवि आछै, सोलह कला चन्द।
चारि कला रवि को जे, ससि घरि जावै।
तौ सिव-सक्ती सभि होवै, अन्त कोई न पावै।'[१]

बिन्दु साधना का मूल लक्ष्य **'ब्रह्मचर्य'** है (न कि वीर्यरक्षा)। **ब्रह्मचर्य है क्या?** उपनिषदों में इसका स्वरूप इस प्रकार निर्दिष्ट किया गया है—

(१) कायेन वाचा मनसा स्त्रीणां परिविवर्जनम्।

(२) **ब्रह्मभावे मनश्चारं 'ब्रह्मचर्य' परन्तप।**

(३) ('ऋतौ भार्या यदा स्वस्य **ब्रह्मचर्यं** तदुच्यते।')[२]

ब्रह्म में **शरीर-ऊर्जा** (शुक्र की तेजोमय ऊर्जा जो ऊर्ध्व रेतसत्व से प्राप्त होती है और प्रकाशपूर्ण होती है) एवं मन के ब्रह्मीभूत होने से उत्पन्न आत्मतेज का सञ्चरण या प्रवाह ही ब्रह्म की चर्या (ब्रह्मचर्य) है।

बिन्दु का स्वरूप एवं उसकी साधना-पद्धति

बिन्दु—''बिन्दुमूलं शरीरं तु'' —(गोरक्षनाथ (गो० श०)

---

१. गो० बा० (पृ० १००)।

२. जाबालदर्शनोपनिषद (२/१/१४)।

Scanned by CamScanner

शरीर के स्थिरत्व का आधार (मूल) **'बिन्दु'** है। शरीर में शिरायें स्थित हैं— ('बिन्दुमूलं शरीरं तु।)

ये शिरायें 'आपादतलमस्तक' शरीर को जीवित रखती हैं। खेचरी मुद्रा के द्वारा जिह्वाग्र से ऊपर के विवर को साधक ढक लेता है—

(खेचूर्या मुद्रितं येन विवरं लम्बिकोर्ध्वत:)

लम्बिका के ऊर्ध्व भाग के विवर का आच्छादन

खेचरी मुद्रा के अभ्यासी जब इस मुद्रा के द्वारा 'लम्बिकोर्ध्व' विवर को आच्छादित कर लेते हैं तब कामिनी से आलिंगबद्ध रहने पर भी बिन्दु का क्षरण नहीं होता। अत: बिन्दु के शरीर में स्थिर रहने पर भला मृत्यु का भय कैसा?[१]

जब तक **'नभोमुद्रा'** लगी है तब तक बिन्दु का पतन नहीं हो पाता। यदि चित्त की चंचलता से कभी बिन्दु अधोगामी होकर **नाभि में स्थित अग्निस्थान** में गिर भी जाता है तो **'योनिमुद्रा'** के अभ्यास से शक्ति (प्रबुद्ध कुण्डलिनी शक्ति) के द्वारा वह ऊर्ध्वमुखी हो जाता है।



'सततं द्विविधो बिन्दुः पाण्डुरो लोहित स्तथां।' —(योग० मा० ६०)

सिन्दूरवर्णी नारी रज (महारज) **नाभिस्थान** में रहता है और पुरुष का शुक्र **चन्द्रस्थान** में रहता है। इन दोनों की एकता अत्यन्त दुर्लभ है।

---

१. न तस्य क्षरते बिन्दुः कामिन्याश्लेषितस्थ च।
यावद् बिन्दुः स्थितो देहे तावन्मृत्युभयं कुत:।। (५८) —(यो० मा०)

Scanned by CamScanner



शुक्र-रज का मिलन—इन दोनों के मिलन को योगशास्त्र में दुर्लभ कहा गया है।

इन दोनों के संगम से साधक को परम पद की प्राप्ति होती है। वायु के द्वारा शक्ति का चालन करने से **जब महारज ऊर्ध्वमुख होकर बिन्दु** से मिलकर एक हो जाता है तब **शरीर दिव्य** हो जाता है। **शुक्र चन्द्रमा से एवं रज सूर्य से** संयुक्त है। इन दोनों का सामरस्य (ऐक्य) या **'समरसैकत्व'** दुर्लभ है। इस समरसैकत्व का ज्ञाता साधक योगवित—

('तयो: **समरसैकत्व** यो जानाति स योगवित्।) —(गो० श०)
(याति **बिन्दोः सहैकत्वं** भवेद दिव्यं वपुस्तदा।। —(गो० श०)
(यदा रज: बिन्दो: सहैकत्वं भवेद्दिव्यवपुस्तथा। —(यो० मा०)
(सुप्रभया संगमादेव प्राप्यते ह्यमुत्रपदम्।) —(यो० मा०)

'बिन्दु' और 'रज' का एकत्व–(समरसैकत्व के फल)



शुक्र एवं रज का समरसैकत्व

वायुना शक्तिचारेण प्रेरितं तु महारजः।
याति बिन्दोः सहैकत्वं भवेद् दिव्यं वपुस्तदा।।
उभयोः संगमादेव प्राप्यते परमं पदम्।।

—(गोरक्ष शतक)

Scanned by CamScanner

बिन्दु-साधना की विषय में गुरु गोरक्षनाथ की दृष्टि

गुरु गोरक्षनाथ योग-साधना के स्तम्भों में—(१) **'प्राण'** (२) **'मन'** (३) **'नाद'** एवं **'बिन्दु'**—चारों को सर्वाधिक महत्व देते हैं, किन्तु उनके बाह्यवर्ती स्वरूप की बाह्यसाधना के विपरीत उसकी अन्तर-साधना पर बल देते हैं।

बिन्दु-साधना के विषय में उनकी वही अन्तर-साधनात्मक दृष्टि इस प्रकार प्रकट हुई है—

'ब्यंद ब्यंद सब कोई कहै महाब्यंद कोई बिरला लहै।'

उनका कथन है कि **'महाबिन्दु' (ब्रह्म)** की आध्यात्मिक अनुभूति के बिना इस भौतिकबिन्दु की साधना से स्कन्ध (शरीर) कभी स्थिर नहीं होगा—

'इह ब्यंद भरोसे लावै बंध। असथिरि होत न देखो कंध।'

अतः शुक्र-रक्षा के साथ ब्रह्मानुभूति भी आवश्यक है।

'बिन्दु' 'नाद' एवं 'शक्ति' की महिमा एवं उनकी साधना से प्राप्य धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष तथा अणिमादिक की प्राप्ति (अर्थात् उक्त तीनों तत्त्वों के सांसारिक एवं पारलौकिक प्रयोग से होने वाले द्विपक्षीय फल-पतन एवं उत्थान) को मत्स्येन्द्रनाथ भी मानते थे इसीलिए उन्होंने 'कौलज्ञान निर्णय' (५/३१) में कहा है—

'बिन्दु-नाद तथा शक्तिरेवं ध्यात्वा पृथक् पृथक्।
धर्मार्थौ काममोक्षौ च अणिमादिगुणाष्टकम्।।'

गुरु गोरक्षनाथ कहते हैं कि बिन्दु के प्रयोग की दो अवस्थायें हैं—(१) योग (२) भोग।

बिन्दु की योगात्मक अवस्था प्राप्त करने पर—

'या बिंद का कोई जांणै भेव। सो आपै करता आपै देव।'

अर्थात् साधक स्वयं सृष्टिकर्ता एवं देवता बन जाता है।

(१०) 'बिन्दु' का दार्शनिक स्वरूप



'बिन्दुः शिवो रजः शक्तिर्बिन्दुरिन्दु रजो रविः।'

---

१. 'बिन्दु' शिवो 'रजः' शक्तिर्बिन्दुरिन्दुरजो रविः।
उभयोः संगमादेव प्राप्यते परमं पदम्।।
यातिः बिन्दो सहैकत्वं भवेद दिव्यवपुस्तदा।। —गोरक्षनाथ

Scanned by CamScanner

बिन्दु (शिव) एवं रज (शक्ति) का ऐक्य। } —('**परमपद**' की प्राप्ति)
चन्द्रमा एवं सूर्य का ऐक्य।।

वायु के द्वारा शक्ति का चालन करने से जब महारज ऊर्ध्वमुख होकर बिन्दु से मिलकर एक हो जाता है तब—

(१) परम पद की प्राप्ति एवं

(२) दिव्य देह की प्राप्ति होती है।

(क) याति बिन्दोः सहैकत्वं भवेद **दिव्य**वपुस्तदा।

(ख) उभयोः संगमादेव प्राप्यते परमं पदम्।

समरसैकत्व—'शुक्र' चन्द्रमा से एवं 'रज' 'रवि' से संयुक्त है। इन दोनों का सामरस्य ही **समरसैकत्व** है। इसका ज्ञाता योग का ज्ञानी (**'योगवित्'**) है।

प्रश्न—नाथमत में क्या 'निरुत्थानपद', 'सामरस्य' एवं पिण्डपदसमरसीकरण ही '**योग**' है?

वैष्णवों की भाँति नाथ योगी भी जीवात्मा-परमात्मा की एकता को '**योग**' कहते हैं। —गोरक्षनाथ

'**विवेक मार्तण्ड**' में कहते हैं—

'**संयोगं योगमित्याहुर्जीवात्मपरमात्मनोः॥**' (९)

योग का लक्ष्य है—भवताप का शमन

'**शमनं भवतापस्य योगं भजत सत्तमाः।**' —(वि० मा०)

बिन्दु की साधना–'वज्रोली', 'सहजोली', 'अमरोली'

'**बिन्दु**' की साधना 'ब्रह्मचर्य' तो है ही, किन्तु '**ऊर्ध्वरेतसत्व**' ही यथार्थ ब्रह्मचर्य है।

बिन्दु-रज की एकता से परमपद की प्राप्ति—'योगमार्तण्ड' में गोरक्षनाथ ने बिन्दु के दो रूपों (१) 'पाण्डुर' (शुक्ल) एवं (२) 'महारज' (सिन्दूरवत आरक्त)।

लोहितस्वरूप रज पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि जब रज एवं बिन्दु दोनों में एकता स्थापित हो जाती है तब शरीर दिव्य हो जाता है। इसमें 'बिन्दु' शिव है और 'रज' शक्ति है।

* सिन्दूर वर्ण का लोहित '**महारज**' नाभि में स्थित है।
* श्वेत वर्ण का शुभ्र चन्द्रमा में स्थित है।
* चन्द्र 'बिन्दु' है और सूर्य 'रज' है।

इन दोनों के संगम से '**परमपद**' की प्राप्ति होती है।

Scanned by CamScanner

'बिन्दुः शिवोरजः शक्तिश्चन्द्रो बिन्दु रजो रविः।
उभयो संगमादेव प्राप्यते परमं पदम्॥'

वज्रोली-सहजोली-अमरोली

इन क्रियाओं से भी 'परमपद' ऊर्ध्वरेतसत्व, यथार्थ ब्रह्मचर्य एवं आध्यात्मिक उत्कर्ष की उपलब्धि होती है।[१]

(१) **'वज्रोली'**—यह क्रिया गृहस्थों के लिए (ब्रह्मचर्य या बिन्दु रक्षा हेतु) परमोपयोगी है। इसमें नारी-संयोग के समय पुरुष को अपने शुक्र को गिरने से रोकने एवं नारी के रज को अपने जननेन्द्रिय से ऊपर खींचने की क्रिया की जाती है।

(२) **'अमरोली'**—यदि रति क्रिया में दैववश पुरुष का शुक्र नारी के जननेन्द्रिय में गिर भी जाय, तथापि उसे अपने जननेन्द्रिय से ऊपर खींचने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए 'योनिमुद्रा' का प्रयोग करणीय है। रज-बिन्दु का ऐक्य-साफल्य भी **अमरोली** है। इसमें चन्द्र-सूर्य का मिलन होता है।

देवाच्चलति चेद वेगे मेलनं चन्द्र सूर्ययोः।
अमरोलिरियं प्रोक्ता लिङ्गनालेन शोषयेत्॥

(३) **'सहजोली'**—संक्षेप में कहा जाय तो जले हुए गो के गोबर को जल में मिलाकर भस्म के रूप में मस्तक आदि अंगों में लेप करना सहजोली क्रिया है।

बिन्दु-साधना एवं काय-सिद्धि

नाथ-योग-साधना में 'बिन्दु-साधना' प्रसिद्ध है।

'बजरी करंता अमरी राखै अमरि करंता बाई।
भोग करंता जे व्यंद राखै ते गोरख का गुरु भाई॥ —(गोरक्ष)

नाथ-योग में **'वज्रोली' 'सहजोली' 'अमरोली'** क्रियायें प्रसिद्ध हैं। **'वज्रोली'** के माध्यम से बिन्दु का ऊर्ध्वाकर्षण करके इसे **'सहस्त्रार'** में स्थापित कराने का विधान प्राचीन काल से नाथों सिद्धों आदि में लगातार चलता आ रहा है।

नाथ योगी (१) **'बिन्दु'** (२) **'प्राण'** (३) **'मन'** और (४) **'नाद'** को परस्पर सम्बद्ध मानते हैं। अतः कोई भी साधना क्यों न हो **बिन्दु-साधना** आवश्यक है; क्योंकि **'बिन्दु' शरीर, प्राण, मन** एवं **आध्यात्मिक मार्ग** सभी को प्रभावित करता है। **'बिन्दु' 'प्राण' 'मन'** एवं **'नाद'—ये चारों पिण्ड के परम शक्तिशाली तत्त्व हैं।**

---

१. इस विषय पर लेखक की पुस्तक—'मुद्रा-विज्ञान एवं साधना' (पृ० ८४-८९) (चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन) पढ़िये।

Scanned by CamScanner

''ब्रह्म अग्नि में होमै काया।
तास महादेव बंदे पाया।''
'नाद बिन्दु जाके घट जरै।
ताकी सेवा पारवती करै॥'

कहकर गुरु गोरक्षनाथ ने **'काया', 'नाद'** एवं **'बिन्दु'** तीनों के **उज्ज्वलीकरण** एवं **दिव्यीकरण** की ओर संकेतित किया है।

योगी गोरक्षनाथ कहते हैं कि—**'बिन्दु ही योग है'** (अर्थात् बिन्दु की अधोगामी प्रकृति रोककर साधना द्वारा उसका सहस्रारोन्मुख ऊर्ध्वीकरण करना एक उत्कृष्ट योग-साधना है।)

'बिन्दु ही भोग है' अर्थात् बिन्दु की अधोगति या पतन ही बन्धनप्रद भोग है—

'ब्यंद ही जोग ब्यंद ही भोग'

'बिन्दु साधना चौंसठों रोगों की दवा है।'

'ब्यंद ही हरै चौसठि रोग।'

जो भी व्यक्ति बिन्दु के अकथ्य रहस्य को जानता है वह स्वयं 'कर्ता' एवं 'देवता' दोनों है—

'या बिंद का कोई जाँणे भेव।
सो आपै करता आपै देव।' —(गो बा०)

गुरु गोरक्षनाथ ने 'वज्रोली' अमरोली (बिन्दु रक्षा की तान्त्रिक क्रियाओं) का परिचय देकर इसे साधना का एक उचित मार्ग स्वीकार किया है।

(११) 'बिन्दु' और उसकी यौगिक साधना

'नाथ-योग' में बिन्दु-साधना नाथ-साधना का मेरुदण्ड है। मूल **'बिन्दु'** तो शिव है और महारज **'शक्ति'** है। बिन्दु और रज (शिव-शक्ति) ही तो मूल पदार्थ हैं।

(१) 'मन' 'वायु' 'बिन्दु' एवं 'नाद' अन्तर्सम्बद्ध हैं—

मनः स्थैर्य स्थिरो वायुस्ततो बिन्दुः स्थिरो भवेत्।
बिन्दुस्थैर्यात्सदा सत्वं पिण्डस्थैर्यं प्रजायते॥

—(हठयोग प्र०)

पवनो बध्यते येन मनस्तेनैव बध्यते।
मनश्च बध्यते येन पवनस्तेन बध्यते।
मनोयत्र विलीयेत् पवनस्तत्र लीयते।
पवनो लीयते यत्र मनस्तत्र विलीयते॥

Scanned by CamScanner

यतो मरुत्तत्र मनः प्रवृत्तिर्यतो मनस्तत्र मरुत्प्रवृत्तिः।

—(ह० यो० प्र०, पृ० १४८)

(२) निम्न तीन साधना-सोपान योग-साधना में अत्यावश्यक है—

(१) सुषुम्णा नाड़ी का भेदन (२) फिर सुषुम्णा नाड़ी में वायु का ऊर्ध्वारोहण और फिर (३) ब्रह्मरन्ध्र में वायु-स्थापन।

ज्ञात्वा सुषुम्नासद्भेदं कृत्वा वायुं च मध्यगम्।
स्थित्वा सदैव सुस्थाने ब्रह्मरन्ध्रे निरोधयेत्।।

—(ह० यो० प्र०, पृ० १४४)

(३) 'बिन्दु-रक्षा' 'बिन्दु-शोधन' 'बिन्दु-ऊर्ध्वीकरण'—ये नाथ पंथ की प्रथम शर्तें हैं। **नाथ सिद्ध चरपट नाथ कहते हैं**—"जो 'साधु' कहलाने पर भी यौनाचार में लिप्त हैं वह 'पशु' है और उसका मुख काला है। ऐसा ढोंगी जो नारी-संभोग भी करता है और ध्यान भी करता है ऐसे ढोंगी में ज्ञानोदय कैसे हो सकता है?

'साधु कहावैं भुगतें भग, ताका काला मुख पीला पग।
कूटै चमड़ी धरैधियान, ता पसुवा मैं कहा गियान?[१]

चरपट नाथ ढोंगी योगियों के **ज्ञान-ध्यान की निन्दा** करते हुए कहते हैं कि—ऐसे **नारी-भोगी** लोगों के ज्ञान-ध्यान का कोई महत्व नहीं है—

"फोकट फाकट कथै गियान, फूटैं चमड़ी धरे धियान।
सिध पुरिस स्यूं करै उपाधि, चरपट कहैं ये कलिजुग का बाद।।"[२]

इसीलिए **सिद्ध चरपट** कहते हैं—

चरपट कहै सुणौ रे अवधू। कांमणि संग न कीजै।।[३]

(क) 'बिन्दु' **शिव** है और **'शक्ति'** महारज है।

(ख) **'बिन्दु'** चन्द्रमा है और **'रज'** सूर्य है।

(१) इन दोनों के संगम से साधक को **'परमपद'** प्राप्त होता है। वायु के द्वारा **शक्ति का चालन** करने से जब **महारज ऊर्ध्वमुख** होकर बिन्दु से मिलकर एक हो जाता है तब शरीर दिव्य हो जाता है।

(२) **'शुक्र'** चन्द्रमा से संयुक्त है। **'रज'** सूर्य से संयुक्त है। जो इन दोनों का सामरस्य (ऐक्य) जानता है वह **'योगवित'** है।

---

१. ना० सि० बा० (पृ० २८)।

२. तत्रैव (पृ० २८)।

३. क्योंकि—जिंद बिंद नौ नाड़ी सोखै। दिन-दिन काया छीजै।।

Scanned by CamScanner

(क) 'शुक्रं चन्द्रेण संयुक्तं रजं सूर्येण संगतम्।
तयोः समरसैकत्वं यो जानाति स योगवित्।।'

—(विवेक मार्तण्ड ८०)

(ख) सिन्दूर द्रवसंकाशं रविस्थाने स्थितं रजः।
शशिस्थाने स्थितो बिन्दुस्तयोरैक्यं सुदुर्लभम्।।

—(विवेक मार्तण्ड ७७)

इन दोनों (रज, बिन्दु या सूर्य, चन्द्र) की एकता दुर्लभ है।

(ग) योऽपानप्राणयोर्योगः स्वरजोरेतसो स्तथा।
सूर्याग्निचन्द्रमसोर्योगो जीवात्म परमात्मनोः।
एवं तु द्वन्द्व जालस्य संयोगो योग उच्यते।

—(योग बीज ८९-९०)

(घ) यदि साधक का शरीर अमृत (शुक्र) से युक्त हो तो दो या तीन वर्षों के अभ्यास से बिन्दु ऊपर चढ़ जाता है और उसे अणिमादि सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं—

'अमृतापूर्ण देहस्य योगिनो द्वित्रिवत्सरैः।
ऊर्ध्वं प्रवर्तते रेतो ह्यणिमादि गुणोदयम्।।'

—(विवेक मार्तण्ड)

परमपद की प्राप्ति–

बिन्दु शिवो, रजः शक्तिबिन्दुरिन्दु रजो रविः।
उभयोः संगमादेव प्राप्यते परमं पदम्।।

—(विवेक मार्तण्ड ७८)

वायुनाशक्ति चारेण प्रेरितं च यदा रजः।
याति बिन्दोः सहैकत्वं भवेद दिव्यवपुस्तदा।।

—(विवेक मार्तण्ड ७९)

नाथ सिद्ध गोपीचन्द की दृष्टि–

(१) 'मन चलंता पवन चलै। पवन चलंता बिंद।
बिंद चलंता कंध पड़ै। यूं भाषै गोपीचंद।।'

—(नाथसिद्ध गोपीचन्द)

(२) पवन थिरं तां मन थिर मन थिरं तां व्यंद।
व्यंद थिरंतां कंध थिर यौं भाषंत गोपीचन्द।।

—(नाथसिद्ध गोपीचन्द)

(३) मन राजा मन प्रजा मन सयल का बंध।
मन कूं चीन्हि पारग्रांमी भये राजा गोपीचंद।।

—(नाथसिद्ध गोपीचन्द)

Scanned by CamScanner



(४) सतगुर सबद हमारा सिर परि वाद विवाद न कीजै।
हम जोगी परदेसी भाई भिछ्या होइ त दीजै।

—(नाथसिद्ध गोपीचन्द)

गोपीचन्द का अपनी पत्नियों को माता कहकर उनसे भिक्षा माँगना।

परमात्मा शिव '**नादबिन्दु कलात्मक**' हैं—

"नमः शिवाय गुर वे, नादबिन्दु कलात्मने।
निरञ्जन पदं याति नित्यं यत्र परायणः॥"

—(ह० योग० प्र० ४/१)

बिन्दु-रक्षा—नाथसिद्ध चरपटनाथ कहते हैं कि—

(१) **बुभुक्षा**—(भूख) पर नियन्त्रण स्थापित करो।

(२) **निद्रा** पर नियंत्रण स्थापित करो एवं

(३) '**बिन्दु**' की रक्षा करो। बिन्दु का क्षरण स्वप्न में भी नहीं होना चाहिए—

'मारौ भूषरु साधौ निंद। सुपिनै जाता राखौ बिंद।'

(१) **जरा** को पलटो (युवावस्था में)।

(२) **रोगों** का निवारण करो।

जुरा पलटै षण्डै रोग चरपट कहै धनि यहु जोग।

सिद्धनाथ योगी चरपटनाथ कहते हैं कि—इस शरीर में तीन तत्त्व चञ्चल हैं—(१) मन (२) पवन (३) वायु की धारा। फिर बिन्दु को अध:पतित होने से कैसे रोका जाय?

'मन-चंचल पवन चंचल, चंचल बांई की धारा।
इहि घट मध्ये तीन्यूँ चंचल, क्यूं राखसि झरता ब्यंद का द्वारा?'

—(ना० सि० बा०, ३२)

ब्रह्मचर्य

नाथपंथ की साधना में ब्रह्मचर्य को अत्यधिक महत्व दिया गया है; क्योंकि चाहे शरीर की साधना हो या प्राणों की, चाहे मन की साधना हो या नाद की, किन्तु

Scanned by CamScanner

विन्दु की सुरक्षा के बिना कोई भी साधना सफल नहीं होती। इसीलिए गुरु गोरक्षनाथ **ऊर्ध्वरेतस ब्रह्मचारी** को महत्व देते हैं—

'अरधै जाता उरधै धरै, काम दगध जे जोगी करै।
तजै अत्यंगन काटै माया, ताका बिसनु परवाले पाया।।'[१]

जिसके नाद एवं '**बिन्दु**' जीर्ण होते रहते हैं उसकी सेवा तो भगवती पार्वती भी करती हैं—

'नाद बिंद जाकै घटि जरै, ताकी सेवा पार बती करै।'[२]

गोरक्षनाथ कहते हैं कि मैथुन से जरा का आक्रमण होता है अत: योगी को चाहिए कि वह नीचे गिरते हुए बिन्दु को ऊर्ध्वावस्ता से जोड़े अर्थात् वह ऊर्ध्वरेता बने—

'मैथुन कै घरि जुरा गरासै। अरध-उरध लै जोर।'[३]

नारी पुरुषों के लिए एक चुनौती है; क्योंकि वह पुरुषों को खड़े, बैठे, जागते, सोते तथा समस्त दिशाओं में पराजित करके अपनी प्रभुता स्थापित कर चुकी है और इस अतुल्य विजय के लिए उसने एक भयानक जाल (जननेन्द्रिय का जाल) बिछा रखा है। अत: वह कहती है—

(१) 'ऊभा मारूं, बैठा मारूं, मारूं जागत सूता।
तीनि लोक भग जाल पसारया कहाँ जाइगौ पूता?'[४]

'**योगी**' तो उसे ही कहा जा सकता है जिसमें निम्न लक्षण हों—

(१) जो मन की रक्षा कर सके।

(२) देशशून्य ब्रह्मरन्ध्र (बिलाइत) में ब्रह्मानुभूतिमय साम्राज्य का उपयोग करें।

(३) कनक-कामिनी का त्याग कर सके।

'कनक कामिनी त्यागे दोइ सो जोगेस्वर निरभै होइ।'[५]

ब्रह्मचारी कौन है?

सर्वतो भरिताकारं निजबोधेन बृंहितम्।
चरते ब्रह्मविद्यस्तु ब्रह्मचारी स कथ्यते।।

—(गोरक्षनाथ) (सि० सि० प०)

---

१. गो० बा० (पृ० ७)।
२. गो० बा० (पृ० ७)।
३. गो० बा० (पृ० १३)।
४. गो० बा० (पृ० ३४)।
५. गो० बा० (पृ० ३५)।

Scanned by CamScanner

महापण्डित राहुल सांकृत्यायन ने 'वज्रयान' की निम्न विशेषताएँ माना— (१) मद्य (२) मन्त्र (३) हठयोग एवं **'स्त्री'**, किन्तु उन्होंने इन तत्त्वों को नाथ-पंथ की विशेषताएँ नहीं कहा। **नाथ पंथ ब्रह्मचर्य पर बल देता है।**

'नाथ' 'पाशुपत सम्प्रदाय' के अनुगामी शैव हैं। वहाँ भी स्वच्छन्द यौनाचार के लिए कोई स्थान नहीं है। योगशास्त्र में आदिकाल से—**वह्नि नारी सेवन, तीर्थयात्रा** आदि को योगियों के लिए निषिद्ध माना गया था—

'वह्नि स्त्री पथिसेवानामादौ वर्जनमाचरेत्।'[1]

गोरक्षनाथ जी भी कहते हैं—

'वर्जयेद्दुर्जन प्रान्तं वह्नि स्त्री पथिसेवनम्।
प्रातः स्नानोपवासादि कायक्लेशविधिं तथा।।'

अर्थात् दुर्जनों का स्थान, आग, स्त्री, मार्ग-सेवन, प्रातः स्नान, उपवास आदि **कायक्लेशकारी** विधियों को कभी नहीं अपनाना चाहिए।

कोम, क्रोध, मोह का त्याग—**नाथ सिद्धों** ने योग-साधना में **कामोपभोग** एवं **क्रोध** दोनों को हेय माना है। **नाथ योगी गोपीचन्द अपनी पत्नी से भिक्षा माँगते हुए** उन्हें 'माई' शब्द से सम्बोधित करके कहते हैं—

''हम जोगी परदेसी भाई, भिछ्या होत त दीजै।
काम बिसरि अरु क्रोध तजीला, मोह छाड़ि निरदंद।।''
माया ममिता बिना गुर सरनैं, निरभै गोपीचन्द।।[2]

सिद्ध नाथ योगी चरपटनाथ भोगनिरत नाथ योगी को **'पशु'** और **'काले मुँह वाला'** और **मिथ्याज्ञानी** कहते हैं—

'फोकट फाकट कथै गियान, कूटैं चमड़ी धरे धियान।
सिध पुरिस स्यूं करै उपाधि, चरपट कहैं ये कलिजुग का वाद।।'[3]
साधु कहावैं भुगते भग। ताका काला मुख पीला पग।
कूटै चमड़ी धरै धियान। ता पसुवा मैं कहा गियान।।

Scanned by CamScanner

नारी के प्रति वैराग्य और उपेक्षा-भाव (नारी निन्दा)

नारी निन्दा—गुरु गोरक्षनाथ कहते हैं कि (१) **नारी का जननांग 'राक्षसी'** हैं। उसने बिना दाँत के ही **समस्त संसार को खा लिया।**

(२) दिन में ये **'बाघिन'** (मादा व्याघ्र) सोयी रहती है, किन्तु रात्रि में यह शरीर का शोषण करती है। विषयभोगी जीव इस तथ्य को नहीं जानता। अतः वह अज्ञानवश उसे (नारी को) घर में रखकर उसका पोषण करता है।

(३) संभोग के कारण लोगों का शरीर दिन-दिन क्षीण होता जा रहा है। **बाघिन उन्हें फाड़-फाड़ कर खाया करती है।**

(३) बाघिन ने काया को जन्म दिया, उसी ने उसका पालन-पोषण किया। यमराज के बगल में वह निरन्तर दहाड़ती रहती है।[1]

गोरीनाथ **नारी को माता की दृष्टि से** भी देखते हैं। इसीलिए कहते हैं—

मातृ भावना–

'सांइ सहेली सुत भरतार सरब सिसरि कौ एकौ द्वार।
पैसता पुरसि निकसता पूता ता कारणि गोरख अवधूता।।

—(पृ० ७६)

श्रुतियों का कथन है कि—

ब्रह्मचर्यः ''ब्रह्मचर्येण देवाः मृत्युमु''

'बिन्दु' की ऊर्ध्वरितसत्वक्रिया द्वारा वह बाष्प बनकर ब्रह्म के स्थान ब्रह्मरन्ध्र में पहुँच जाता है।

'ब्रह्मचर्य'—ब्रह्म + चर्य = ब्रह्मचर्य। बिन्दु की **'रक्षा'**, बिन्दु का **'शोधन'** बिन्दु का **'ऊर्ध्वीकरण'** ही यदि वास्तविक 'ब्रह्मचर्य' है तो भी इसकी संज्ञा **'ब्रह्मचर्य'** नहीं **'बिन्दुचर्य'** ही होनी चाहिए। इस बिन्दु-दर्शन को, बिन्दु-प्रतिष्ठा को एवं बिन्दु-

---

१. भग राकसि लो, भग राकसि लो, बिणं दंतां जग खाया लो।
दिन दिन बाघिनी सींया लागी, राति सरीरै सोखै।
विषै लुबधी तत न बूझै, घरि लै बाघनीं पोषै।।
चामैं चाम घसंता लोई, दिन दिन छीजै काया।
आपा परचै गुरु मुखि न चीन्हैं फाड़ि फाड़ि बाघणीं खाया।
बाघनी उपाया, बाघनी निपाया, बाघनी पाली काया।
बाघनी डाकरै जौरियों पाखरै अनभुइ गोरख राया। —गोरखबानी (पृ. १४४)

Scanned by CamScanner

रक्षण आदि को 'बिन्दु' शब्द से न जोड़कर 'ब्रह्म' से क्यों जोड़ा गया? '**बिन्दु**' का '**ब्रह्म**' **से क्या सम्बन्ध है?** यह विवेच्य विषय है।[१]

योग-साधना में '**प्राण**' '**मन**' '**नाद**' आदि का कम महत्व नहीं है, किन्तु उनकी साधनाओं को ब्रह्मचर्य नहीं कहा गया। फिर बिन्दु की साधना को '**ब्रह्मचर्य**' का अभिधान क्यों दिया गया?

'बिन्दु' को '**शिव**' कहा गया और रज को '**शक्ति**'। प्राण आदि को शिव, शक्ति क्यों नहीं कहा गया?

गुरु गोरक्षनाथ आदि नाथ सिद्धों ने शुक्र, वीर्य या 'बिन्दु' को 'ब्रह्म' क्यों कहा? गुरु गोरक्षनाथ कहते हैं कि—

'झरते हुए बिन्दु की जो रक्षा करे उसको 'अवधूत' कहना चाहिए। गुरु गोरक्षनाथ ने इस प्रसंग में निपतित बिन्दु को बिन्दु न कहकर 'ब्रह्म' कहा है—

'ब्रह्म झरंता जे नर राखै सो बोलो अवधूता।'

—(गो० बा० पृ. १४५)

गुरु गोरक्षनाथ ने तो अपने गुरु मत्स्येन्द्रनाथ को भी ब्रह्मचर्य (एवं नारी-संसर्ग का त्याग करने) का उपदेश करते हुए गुरु **की खोज करने का परामर्श** दिया था—

''गुरु खोजौ गुरदेव गुरुखोजौ बदंत गोरख ऐसा।
मुषते होई तुम्हें बंधनि पड़िया ये जोग है कैसा?''
चाम ही चाम घसंतां गुरदेव दिन दिन छीजै काया।
'दीपक जोति पतंग गुरदेव ऐसी भग की छाया।'

जैसे पतंगे ज्योति के सम्पर्क में आकर नष्ट हो जाते हैं वैसे नारी के जननांग के सम्पर्क में आने पर व्यक्ति नष्ट हो जाता है। नर-नारी के जननांगों के घर्षण से काया नष्ट हो जाती है।

बिन्दु-साधना और खेचरी मुद्रा

'खेचरी' या 'व्योम-चक्र'

कलां पराङ्मुखी कृत्वा त्रिपथे परियोजयेत्।
सा भवेत्खेचरी मुद्रा 'व्योमचक्र' तदुच्यते॥३७॥
न रोगो मरणं तन्द्रा न निद्रा न क्षुधा तृषा।
न च मूर्च्छा भवेत्तस्य यो मुद्रां वेति खेचरीम॥३९॥

---

१. नाथ-योग में कायासिद्धि, कालवञ्चन, अमृतपान, को अत्यधिक महत्व दिया गया है और इन सबका आधार बिन्दु है जिसे 'ब्रह्म' कहा गया है।

Scanned by CamScanner

पीडयते न स रोगेण लिप्यते न च कर्मणा।
बाध्यते न स कालेन यो मुद्रां वेति खेचरीम्।।४०।।
चित्तं चरति खेयस्माज्जिह्वा चरति खे गता।
तेनैषा खेचरी नाम मुद्रा सिद्धैर्निरूपिता।।४१।।
खेचर्या मुद्रितं येन विवरंलम्बिकोर्ध्वतः।
न तस्य क्षरते बिन्दुः कामिन्या श्लेषितस्य च।।४२।।
रसनामूर्ध्वगांकृत्वा क्षणार्धमपि तिष्ठति।
विषैर्विमुच्यते योगी व्याधिमृत्युजरादिभिः।।३८।।

गुरु गोरक्षनाथ की ग्रन्थातरोक्त दृष्टि

गुरु गोरक्षनाथ 'योग मार्तण्ड' में कहते हैं—

'खेचरी' के नामकरण का औचित्य—'ख' में संचरण।

चित्तं चरति खे यस्माज्जिह्वा चरति खेगता।
कपाल कुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।।५३।।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टि र्मुद्रा भवति खेचरी।।५४।।

खेचरी मुद्रा का फल—रोग, क्षुधा, तृषा आदि का अन्त।

'न रोगो मरणं तस्य न निद्रा न क्षुधा तृषा।
न च मूर्च्छा भवेत्तस्य यो मुद्रा वेत्ति खेचरीम्।।५५।।
तेनैषा खेचरी मुद्रा सर्वसिद्धैर्नमस्कृता।'
बिन्दुमूलं शरीरं तु शिरास्तत्र प्रतिष्ठिताः।।

खेचरी का परिणाम—बिन्दुरक्षा और अमरत्व—

न तस्यक्षरते बिन्दु कामिन्याश्लेषितस्य च।
यावद् बिन्दुः स्थितो देहे तावन्मृत्युभयं कुतः।।५८।।

योगवित् कौन है? शुक्र-रज के समरसैकत्व का ज्ञाता।

शुक्र चन्द्रेण संयुक्तं रजस्सूर्येण संयुतम्।
द्वयोस्समरसैकत्वं यो जानाति स योगवित्।।

—गोरक्षनाथ—योग मार्तण्ड

मन का स्वरूप और उसकी साधना

योगी मत्स्येन्द्र नाथ ने मन की तीन अवस्थायें या उसके तीन भेद बताए हैं—

(१) 'सात्विक मन' = धर्मयुक्त मन।
(२) 'राजस मन' = गत्यात्मक, गति-अगति युक्त।
(३) 'तामस मन' = चंचल एवं क्षुद्र।

Scanned by CamScanner

गतिशील एवं कम्पनशील है। इनमें आकर्षण-विकर्षण भी होता रहता है। अत: प्रकाश भी उनके कारण क्षुब्ध रहता है। प्रत्येक परमाणु के कम्पन से जो ध्वनि निकलती है, वह आश्रव्य है। विभिन्न स्तरों पर नाद के तरंगों की लम्बाई भी भिन्न होती है। सृष्टि नाद का मूर्त रूप है।

(२२) अमृत-पान और उसकी साधना-पद्धति

('मृत्योर्मामृतंगमय')

यदि रसप्रवाहिनी **जिह्वा** अहर्निश निरन्तर **लम्बिका** के अग्र भाग को चूमती हुई (स्पर्श करती हुई) दुग्ध सदृश मधुर घी के समान **'सहस्त्रदल पद्म'** रूपी चन्द्र मण्डल से प्रवाहित अमृत (सोमजल) धारण करती है तो समस्त व्याधियाँ नष्ट हो जाती हैं, जरा-मरण भी ध्वस्त हो जाता है, आगम-निगम आदि समस्त शास्त्रों का धारा प्रवाह व्याख्यान होता है, दिव्यांगनायें योगी की ओर सहज ही आकृष्ट होती हैं एवं अणिमादि के अष्ट गुणित ऐश्वर्य सहित अमरत्व प्राप्त होता है।[१]

श्रुतियाँ भी 'असत् से सत्', 'तम से ज्योति' एवं 'मृत्यु से अमृतत्त्व' की ओर जाने का उपदेश देती हैं—

असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय
मृत्योर्मामृतं गमय

गोरक्षनाथ कहते हैं कि गगन-मण्डल (चेतना के ऊर्ध्व केन्द्र=आज्ञाचक्र, सहस्रार आदि में नाद स्वत: ध्वनित होता रहता है, किन्तु सहस्रार में एक औंधा कूप है उसमें अमृत का निवास है अर्थात् सहस्रारस्थ चन्द्र में अमृत भरा है। अत: योगी को उस अमृत का पान करना चाहिए—

'गगन मंडल में ऊँधा कूवा तहाँ अमृत का बासा' किन्तु—
सगुरा होइ सु भरि भरि पीवै निगुरा जाइ पियासा'

गोरक्षनाथ कहते हैं कि जब चन्द्र एवं सूर्य के योग से **उन्मनावस्था** आती है तब ब्रह्मरन्ध्र (शून्य मण्डल) में **अमृत का निर्झर झरने** लगता है।

'सुनि मँडल तहाँ नीझर झरिया।
चंद सुरजि ले उनमनि धरिया।।' —(गो० बा०)

''अभरा था थे सूभर भरिया। नीझर झरता रहिया।''

गोरक्ष नाथ उनमन रहने एवं निर्झर का पानी (अमृत) पानी का उपदेश देते हुए कहते हैं—

'उनमनि रहिबा, भेद न कहिबा, पीयबा नीझर पाणी'

१. यो० मा० (१३८-१३९)।

अमृत-पान

गुरु गोरक्षनाथ कहते हैं कि आकाशमण्डल (शून्य चक्र) में एक औंधा कूप है। उसी में अमृत रहता है। जो गुरु दीक्षित है, वह तो उसे पी पाता है, किन्तु अन्य प्यासे का प्यासा ही लौट जाता है।

"गगन मँडल मैं ऊँधा कूबा, तहाँ अमृत का बासा।
सगुरा होइ सु भरि भरि पीवै, निगुरा जाइ पियासा।।"[१]

'ब्रह्मज्ञानी' का एक लक्षण यह भी है कि वह चान्द्र पीयूष पीता हो—

'अपीव पीवत जे ब्रह्मज्ञानी' —(गो० बा० पृ० ३२)

नाथ सिद्ध चरपट नाथ कहते हैं कि—

(१) ऐसा विषम बंध लगाओ, जिससे कि नीचे स्थित सूर्य एवं ऊपर स्थित चन्द्रमा के पारस्परिक अधोर्ध्वयोग से (चन्द्र-स्रवित) अमृत को सूर्य न पी पाये बल्कि स्वयं साधक पीने लगे—

'बंधसि बंध विषम करि बंध, तलि करि रवि उपरि करे चंद।
रैणि दिवस रस चरपट पीया। खूटै तेल न बूझै दीया।।'[२]

आदि नाथ-गुरु मत्स्येन्द्रनाथ ने अपने सभी ग्रन्थों में अमृतपान करने का उपदेश दिया है।

"चन्द्राह्लाद करं दिव्यम् आगच्छन्तं खमध्यतः।
स्रवन्तं ब्रह्मरन्ध्रेण अचिरान्मृत्युजिद्भवेत्।।"

इस अमृत-पान से साधक मृत्युञ्जय हो जाता है।[३]

मत्स्येन्द्रनाथ पुनः कहते हैं—

'ध्यात्वा चन्द्रासनस्थञ्च ऊर्ध्वश्चन्द्रेण घट्टितम्।
सीकरैः शीतलैर्दिव्यैः सिंच्यमानमनुस्मरेत्।।'[४]

शरीर का अमृतीकरण

(१) बिन्दुधारा निपातैश्च विप्लवैः पूरितन्तनुः।
निष्क्रान्तं रोमकूपैश्च गोक्षीर हिम सन्निभम्।।
(२) अमृताग्रं रसाग्रेण दह्यमानसुधीरपि।
मासेन जितयेन्मृत्युं सत्यं सत्यं महातपे।।

—(कौ० ज्ञा० नि० ६/१८)

१. गो० बा० (पृ० ९)।
२. ना० सि० बा० (पृ० ३२)।
३. कौ० ज्ञाननिर्णय (पटल ५/६)।
४. तत्रैव (५/१२)।

Scanned by CamScanner

(३) अमृत का स्थान—

द्वौ राजदमध्यस्थं बिन्दुरूपं व्यवस्थितम्।
अमृतं तं विजानीयाद्वलीपलितनाशनम्।।

—(कौ० ज्ञा० नि० ६/२३)

(४) अमृत और कुल मार्ग

"अमृतेन विना देवि। अमरत्वं कथं प्रिये। अमृतं कौलसद्भावं।"

अमृत और विष

५ तत्त्वों के संसर्ग में रहने से अमृत ही विष होकर रहता है। जब वह गुरु के वचनों से अमृत बन जाता है तब उनका शिष्य उसका पान करता है।[१]

अवधूत योगी—दत्तात्रेय पंथ के योगी एवं गोरक्ष-पंथ (नाथ पंथ) के योगी भी '**अवधूत**' कहलाते। इन्हें 'कनफटा योगी' भी कहते हैं।

गोरक्षनाथ पूछते हैं कि 'अवधूत' कौन है? जो सारे प्रकृति विकारों का अवधूतनन (त्याग) करके निर्मल हो जाय वही 'अवधूत' है—

'अथ कोऽवधूतयोगिनामेत्यपेक्षायामाह।
अल्पाहारो यदि भवेदग्निर्देहं दहेत् क्रमात् ।
अधः शिराश्चोर्ध्वपादः क्षणं स्यात् प्रथमे दिने ॥

p. 59)

वलिश्चपलितश्चैव षण्मासाध्र्वेन दृश्यते ॥

याममात्रं तु यो नित्यमभ्यसेत् स तु कालजित् ।
स्वेच्छया वर्तमानोऽपि योगोक्तैर्नियमैर्विना ॥

वज्रोलिं यो विजानाति स योगी सिद्धि भाजनम् ।

पुच्छं प्रगृह्य भुजगीं सुप्तामुद्बोधयेत् सुधीः ॥

निद्रां विहाय सा ऋज्वी ऊर्ध्वमुत्तिष्ठते हठात् ।
वितस्ति प्रमितं दीर्घं विस्तारं चतुरंगुलम् ॥

मृदुलं धवलं दिव्यं प्रोक्तं वेष्टनाम्बरलक्षणम् ।
भानोराकुञ्चनं कुर्यात् कुण्डलीं चालयेत् ततः ॥

मृत्यु वक्रगतस्यापि तस्य मृत्युभयं कुतः ।

नासादक्षिणमार्गवाहि पवनात् प्राणोऽतिदीर्घाकृतिः
चन्द्राम्भः परिपूरिता मृत तनुः प्राद्घण्टिकायां सदा ।
विद्यात्कान्ति विशालवह्नि वशगान् भ्रूरंध्रनाडीगणान्
तंकायं कुरुते सुवर्णरुचिरं पूर्णद्रुमस्कन्धवत् ॥

कुण्डलीं चालयित्वाथ कुर्याद् भस्त्रां विशेषतः ।
एवमभ्यासतो नित्यं यमिनः शक्यते यमः ॥

तदाभ्यसेत् सूर्यभेदमुज्जीयां शीतलीं तथा ।
एवमभ्यास युक्तस्य दिव्यकायं भवेद्ध्रुवम् ॥

मुहूर्तद्वयपर्यन्तं निर्भयाच्चालनादसौ।
ऊर्ध्वमाकुंचते किंचित् सुषुम्नां कुण्डलीं गताम्॥

तेन कुण्डलिनी शक्तिः सुषुम्नायाः समुद्धृताः।
जठाति तस्मात् प्राणोऽयं सुषुम्ना व्रजति स्वतः॥

तस्मात् संचालयेन्नित्यं शंभुगर्भामरुंधतीम्।
यस्याः सञ्चालनेनाशु योगीरोगैः प्रमुच्यते॥

येन संचालिताशक्तिः स योगी सिद्धचालनम्।
किमत्र बहुनोक्तेन कालं जयति लीलया।
वज्रोल्यादि त्रयं पूर्वं निन्दन्तं तत्ववादिभिः॥

कापालिकमतत्वेन योगसारेण लेखितम्।
इति मुद्रा दशप्रोक्ता चादिनाथेन शम्भुना।
करणे सर्वसिद्धिः स्यान्नचैकापि क्षयो भवेत्॥ इति।

॥ इति योगसारसंग्रहे हठयोग स्वरूपनिरूपणं नाम दशमोध्यायः॥

इन नाड़ियों में भी 10 ही प्रमुखरूप से स्मृत हैं। जिनसे प्रेरित होकर अन्य नाड़ियाँ अपनी-अपनी कार्य करती हैं।(323)

32. वीर्यसंरक्षणप्रक्रिया = वीर्यसंरक्षण करने की प्रक्रिया -

नासाभ्यां प्राणमाकृष्य ह्यपाने योजयेद् बलात्।
तावदाकुंचयेद् गुदं शनैरश्विनीमुद्रया ।।324।।

अश्विनीमुद्रा के द्वारा नासिकाओं के भीतर में खींच लिया गया प्राण को बलपूर्वक (प्रयत्नपूर्वक) अपान से मिलाकर यथासम्भव गुदा का आकुंचन (संकोचन) करें।(324)

वीर्यसंरक्षणस्यान्यो विधिः सम्प्राप्यतेऽपि च।
नासामूले च मध्ये च ध्यानाद् बिन्दुः स्थिरो भवेत्।।325।।

वीर्य संरक्षण के अन्य विधियाँ भी प्राप्त हैं। जैसे की नासिका के मूल में अथवा नासिका के मध्य में ध्यान करने से बिन्दु (वीर्य) स्थिर होता है।(325)

गुरूपदिष्टमार्गेण प्रत्यहं यः समाचरेत्।
बिन्दुसिद्धिर्भवेत्तस्य महासिद्धिप्रदायिका।।326।।

गुरु के द्वारा उपदिष्ट मार्ग (साधना) जो व्यक्ति नित्य प्रति आचरण करेगा निश्चितरूप से महासिद्धि (मोक्ष) प्रदायिका बिन्दुसिद्धि को वह प्राप्त करेगा।(326)

कुण्डल्येव भवेच्छक्तिस्तां तु संचालयेद्बुधः।
स्वस्थानादाभ्रुवोर्मध्ये शक्तिचालनमुच्यते ।।327।।

कुण्डलि ही शक्ति होती है, उसे बुद्धिमान् साधक संचालित करें। स्वस्थान (कुण्डलि का स्थान = मूलाधार) से भौवों के मध्य (भ्रूकुटि) तक संचालन करने का नाम ही शक्तिसंचालन क्रिया है।(327)

तत नाड्यस्तु यावत्यस्तिर्यङ्मध्यमधः स्थिताः ।
समानेन समाकृष्टा एकीभूता भवन्ति ताः।।328।।

इसकी प्रक्रिया बताते हैं - मूलाधार में जितनी नाड़ी हैं- जो टेढ़ी, मध्य में या नीचे स्थित हैं, वे सब प्राणायाम से प्रेरित होकर समान वायु द्वारा समाकृष्ट होके एकीभूत हो जाते हैं।(328)

तासु ये वायवस्तेऽपि प्राणे समरसे श्रिताः ।
सामरस्यात्सुषुम्नाया एकीभूता व्यवस्थिताः।।329।।

CC-0. Shri Satyam Sadhana Kutir, Rishikesh. Digtized by Muthulakshmi Research Academy

उन नाड़ियों में जो वायु है वे भी समरसभूत (विषमता रहित) शुद्ध (निरुपाधिक) प्राण में एकीभूत होते हैं। तब सामरस्यता के कारण वे नाड़ियाँ सुषुम्ना के साथ एकीभूत होते हैं।(329)

कुम्भकेन ह्यसंरुद्धा विकसन्ति समन्तत ।
सरस्वती तु या नाडी जिह्वान्ते सा प्रसर्पति।।330।।

तत्पश्चात् वे किसी भी प्रकार से संरुद्ध होने के कारण कुम्भक से पूर्णतया विकसित होते हैं और जिह्वा के अन्त (मूल) में स्थित सरस्वती नाड़ी से एकीभूत होने के लिये ऊपर की ओर चलते हैं।(330)

यावद्गच्छेत्सुषुम्नायां सम्यक्तावत्प्रकाशते।
साधने लभते सिद्धिं वायोः सौक्ष्याददीर्घतः।।331।।

जब तक वे सुषुम्ना में ऊपर की ओर जाते रहते हैं तब तक वे सम्यक् प्रकाशित होते हैं। वायु की सूक्ष्मता के कारण विना लम्बे समय का अभ्यास के ही सिद्धि (लक्ष्य) प्राप्त होगी।(331)

ग्रन्थिपद्मगता नाड्यो देहे याः संव्यवस्थिताः।
रेचकेन समाक्षिप्ता ऊर्ध्वमार्गा भवन्ति ताः।।332।।

देह में विद्यमान प्रत्येक ग्रन्थि (चक्र) के जो नाड़ियाँ व्यवस्थित हैं वे भी रेचक के द्वारा ऊर्ध्व (ऊपर) की ओर नीचे से आते हुये के साथ मिलकर जाने लगते हैं।(332)

मन्त्र आत्मा तथा नाडी चैवं समरसीभवेत्।
रसं रसायनं दिव्यं सिद्धिं दिव्यां लभन्ति ते।।333।।

जब मन्त्र, आत्मा (साधक) और नाड़ी समरसता को प्राप्त होते हैं तब वह साधक रस, दिव्यरसायन और दिव्यसिद्धियों को प्राप्त करता है।(333)

महामुद्रामहाबन्धौ महावेधस्तथाश्विनी।
विपरीतकृतिर्मुद्रा शक्तिसंचालनं तथा।।334।।

इसके प्राप्ति के लिये महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, अश्विनीमुद्रा, विपरीतकरणीमुद्रा और शक्तिसंचालनी क्रिया का अभ्यास करना होगा।(334)

मुद्रा मन्त्र क्रिया योग महोपकरणेन च।
मन्त्रयोगेन देवेशि शीघ्रं सिद्ध्यति मानवः।।335।।

CC-0. Shri Satyam Sadhana Kutir, Rishikesh. Digtized by Muthulakshmi Research Academy

हे देवेशी! मुद्रा, मन्त्र, क्रिया और योग रूपी महान् उपकरण (साधन) के द्वारा ही सिद्धि (लक्ष्य) प्राप्ति होगी। उनमें भी मन्त्र और योग से शीघ्र ही मानव लक्ष्य को प्राप्त करेगा।(335)

महामुद्रामहाबन्धौ निष्फलौ वेधवर्जितौ।
तस्माद्योगी प्रयत्नेन करोति त्रितयं क्रमात्।।336।।

महावेध के विना महामुद्रा और महाबन्ध निष्फल (व्यर्थ) होंगे, इसलिये योगी प्रयत्नपूर्वक तीनों को क्रम से करता है।(336)

एतत्त्रयं प्रयत्नेन चतुर्वारं करोति यः।
षण्मासाभ्यन्तरं मृत्युं जयत्येव न संशयः।।337।।

इन तीनों को प्रतिदिन जो बार बार अभ्यास करता है वह छह महीने के भीतर मृत्यु को जीत लेता है, इसमें कोई संशय नहीं।(337)

एतत्त्रयस्य माहात्म्यं सिद्धो जानाति नेतरः।
यज्ज्ञात्वा साधकाः सर्वे सिद्धिं सम्यग्लभन्ति वै।।338।।
गोपनीया प्रयत्नेन साधकैः सिद्धिमीप्सुभिः।
अन्यथा च न सिद्धिः स्यान्मुद्राणामेष निश्चयः।।339।।

सिद्धि को चाहनेवाले साधकों द्वारा प्रयत्नपूर्वक इन्हें छिपाये रखना है अर्थात् किसी को भी बताना नहीं की आप इनका अभ्यास कर रहे हैं। अन्यथा ये सिद्ध नहीं हो सकते - यह मुद्राओं के विषय में निश्चय है।(339)

बिन्दुस्थिरीकरण का यौगिक उपाय बताकर अब औषधी से बीज सिद्धि के बारे में ग्रन्थान्तर से उद्धृतकर कह रहे हैं। (सिद्धि पाद के अन्त में मुद्रित है मूलग्रन्थ में, तदनुसार हम उसे वहीं पर ग्रहण किये हैं)।

(सूचना :- ग्रन्थान्ते त्रयोविंशतिश्लोकैर्वीर्यसंरक्षणौषधयः प्रोक्ताः, तत्रैव द्रष्टव्याः = ग्रन्थान्त में 23 श्लोकों द्वारा वीर्यसंरक्षणोपयोगी औषधियां कहे गये है, उन्हें वहीं देखें।)

33. महामुद्राकथनम् = महामुद्रा का वर्णन -

महामुद्रां प्रवक्ष्यामि तन्त्रेऽस्मिन्मम वल्लभे ।
यां प्राप्य सिद्धाः सिद्धिं च कपिलाद्याः पुरा गताः।।340।।

हे मेरे प्रिये! अब मैं इस शास्त्र में महामुद्रा को बताऊँगा। जिसे प्राप्त करके कपिलादि (मुनियों ने) सिद्धों ने सिद्धि प्राप्त की थी।(340)

अपसव्येन सम्पीड्य पादमूलेन सादरम्।

CC-0. Shri Satyam Sadhana Kutir, Rishikesh. Digtized by Muthulakshmi Research Academy

गुरूपदेशतो योनिं गुदमेढ्रान्तरालगाम्।।341।।
सव्यं प्रसारितं पादं धृत्वा पाणियुगेन वै।
नव द्वाराणि संयम्य चिबुकं हृदयोपरि।।342।।

सावधानी से दाहिने पैर के मूल को अपनी ओर (यानि सीवनी नाड़ी की ओर) मोड़ के गुरु के उपदेशानुसार गुदा और मेढ्र के अन्तराल में स्थित योनि को दबाकर के सामने फैली हुई बायें पैर को दोनों हाथों से पकड़कर पूरे नौ द्वारों को संयमित (बन्द) करके अपने चिबुक (ठुड्डि) को छाती पर झुकाकर रखें। (341-342)

चित्तं चित्तपथे दत्त्वा भेदयेद्वायुचालनम्।
महामुद्रा भवेदेषा सर्वतन्त्रेषु गोपिता।।343।।

चित्त को चित्तपथ (भ्रूमध्य) में स्थापित कर संचालित वायु का भेदन करें (अर्थात् शरीर से यथासम्भव पूरे वायु बाहर करके कुम्भक करें) और स्थिर रहें। सकल शास्त्रों में सुरक्षित व गोपनीय यह महामुद्रा है।(343)

वामांगेन समभ्यस्य दक्षांगेनाभ्यसेत्पुनः।
प्रणायामं समं कृत्वा योगी नियतमानसः।।344।।

बायें पैर से अभ्यास करके अब दाहिने पैर से भी अभ्यास करें। इस प्रकार योगी एकाग्र मनवाला होकर समप्राणायाम करके ही महामुद्रा करें।(344)

अनेन विधिना योगी मन्दभाग्योऽपि सिद्ध्यति।
सर्वासामेव नाडीनां चालनं बिन्दुधारणम्।।345।।
जीवनन्तु कषायस्य पातकानां विनाशनम्।
कुण्डलीतापनं वायोर्ब्रह्मरन्ध्रप्रवेश्नम् ।।346।।
सर्वरोगोपशमनं जठराग्निविवर्धनम् ।
वपुषः कान्तिरमला जरामृत्युविनाशनम्।।347।।
वांछितार्थफलं सौख्यमिन्द्रियाणां च मारणम्।
एतदुक्तानि सर्वाणि योगारूढस्य योगिनः।।348।।

इस विधि से योगी मन्दभाग्यवाला भी क्यों न हो समस्त नाड़ियों का चालन करने में सिद्ध हो जाता है और बिन्दु रक्षित हो जाता है। इससे अतिरिक्त भी अनेक फल मिलते हैं। जैसे जीवन में कशाय और पातकपापों का नाश होता है, कुण्डलि का तपन, ब्रह्मरन्ध्र में वायु का प्रवेश, सकल रोगों का नाश, जाठराग्नि

CC-0. Shri Satyam Sadhana Kutir, Rishikesh. Digtized by Muthulakshmi Research Academy

की वृद्धि, शरीर की निर्मलकान्ति तथा जन्म-मृत्यु के चक्कर का नाश। अभीष्ट फल की प्राप्ति, सौख्य, इन्द्रियों का मारण (वशीकरण) - ये सब फल योगारूढ योगी को प्राप्त होते है।(346-348)

भवेदभ्यासतोऽवश्यं नात्र कार्या विचारणा।
तस्माद्यत्नेन कर्तव्यं योगविद्भिर्मुमुक्षुभिः ।।349।।

योगाभ्यास करते हुए को अवश्य ये फल मिलेंगे, इस विषय में संशय नहीं करना चाहिये। इसलिये योग को जानने वाले मुमुक्षु लोग यत्नपूर्वक अवश्य अभ्यास करना चाहिये।(349)

गोपनीया प्रयत्नेन मुद्रेयं सुरपूजित।
यां तु प्राप्य भवाम्बोधेः पारं गच्छन्ति योगिनः।।350।।

हे देवताओं से पूजित! इस मुद्रा को प्रयत्नपूर्वक रक्षा करें। (छिपाये रखें) क्योंकि यह ऐसी चीज है कि इसे प्राप्तकर योगी भवसागर को तर जाता है।(350)

मुद्रा कामदुघा ह्येषा साधकानां मयोदिता।
गुप्ताचारेण कर्तव्या न देया यस्य कस्यचित्।।351।।

यह मुद्रा कामधेनु के समान है क्योंकि यह साधक के सकल कामनाओं को पूरी करनेवाली है। गुप्त तरीके से ही करना चाहिये और जिस किसी को नहीं देना व बताना चाहिये।(351)

34. महाबन्धकथनम् = महाबन्ध का वर्णन -

पूर्ववद्वामपादं वै योनिस्थाने नियोजयेत्।
ततः प्रसारितं पादं विन्यसेत्तमुरूपरि।।352।।

फैलाये गये पैर को जाँघ के ऊपर रख लें (अर्थात् अर्ध सिद्धासन में बैठें), प्राणायाम करके तीनों बन्ध लगायें (जालन्धर, उड्डयान और मूल)।(352)

गुदयोनिं समाकुंच्य कृत्वा चापानमूर्ध्वगम्।
योजयित्वा समानेन कृत्वा प्राणमधोमुखम्।।353।।

तत्पश्चात् गुदा व योनि का संकोचन करते हुए अपान वायु को ऊपर की ओर खीचें और समान वायु के साथ मिलाकर प्राण को अधोमुख बनाये रखें (अर्थात् जालन्धर और उड्डयान बन्ध को न खोले)।(353)

बन्धयेदूर्ध्वगत्यर्थं प्राणापानेन यः सुधीः।
कथितोऽयं महाबन्धः सिद्धिमार्गप्रदायकः।।354।।

CC-0. Shri Satyam Sadhana Kutir, Rishikesh. Digtized by Muthulakshmi Research Academy

जब प्राणायाम के द्वारा ऊर्ध्वगति को रोकता है तब बुद्धिमान् साधक समझें कि 'महाबन्ध' हो रहा है, जो कि सिद्धिमार्ग को प्रशस्त करता है।(354)

नाडीजालाद्रसव्यूहो मूर्धनं याति योगिनः।

उभाभ्यां साधयेत्पद्भ्यामेकैकं सुप्रयत्नतः।।355।।

नाड़ी जाल से रसव्यूह मूर्धा की ओर जाता है, इसलिये योगी का कर्तव्य है कि वह महाबन्ध को दोनों पैरों से एक-एक बार क्रमशः सम्यक् प्रयत्न से करें।(355)

भवेदभ्यासतो वायुः सुषुम्नामध्यसंगतः।

अनेन वपुषः पुष्टिर्दृढबन्धोऽस्थिपंजरे।।356।।

इस अभ्यास से सुषुम्ना के मध्य में स्थित वायु इस शरीर रूपी पिंजरे में हाडमांस का दृढ़बन्ध के साथ शरीर को पुष्ट भी करेगा।(356)

सम्पूर्णहृदयो योगी भवन्त्येतानि योगिनः।

बन्धनेनानेन योगीन्द्रः साधयेत्सर्वमीप्सितम्।।357।।

तृप्तहृदयवाले योगी को उक्त सब फल मिलते हैं और इस महाबन्ध के द्वारा वह योगीन्द्र सकल अभीष्ट को सिद्ध कर लेता है।(357)

35. महावेधकथनम् = महावेध का वर्णन -

अपानप्राणयोरैक्यं कृत्वा त्रिभवनेश्वरि ।

महाबन्धस्थितो योगी कुक्षिमापूर्य वायुना।।358।।

हे त्रिभुवनेश्वरी! प्राण और अपान का ऐक्य करके महाबन्ध में स्थित योगी जालन्धर और उड्डयान बन्ध को खोल कर (मूलबन्ध न खोलें) धीरे-धीरे पेट को वायु से भरें।(358)

स्फिचौ सन्ताडयेद्धीमान्वेधोऽयं कीर्तितो मया।

रुद्रग्रन्थिं च वै विष्णुग्रन्थिं भिनत्ति वै तथा।।359।।

बुद्धिमान् योगी अब दोनों कूल्हों (चूतडों) को ताडित करें (अर्थात् हाथों के बल पर उठायें और जमीन पर पटकें व संकोचन करें)। यह महावेध है, जो मेरे द्वारा कहा गया है।(359)

वेधेनानेन संविध्य वायुना योगिपुगवः।

ग्रन्थिं सुषुम्नामार्गेण ब्रह्मग्रन्थिं भिनत्त्यसौ।।360।।

योगिगण इस वेधन के द्वारा वायु का सम्यग्वेधन करके सुषुम्ना मार्ग में चलते हुए ग्रन्थियों का भेदनकरते हुये ब्रह्मग्रन्थि का भी भेदन करेगा।(360)

CC-0. Shri Satyam Sadhana Kutir, Rishikesh. Digtized by Muthulakshmi Research Academy

यः करोति सदाभ्यासं महावेधं सुगोपितम्।
वायुसिद्धिर्भवेत्तस्य जरामरणनाशिनी ।।361।।

जो साधक सुगोपित इस महावेध को सदा अभ्यास करता है वह जरामरणनाशिनी वायुसिद्धि को प्राप्त करेगा।(361)

चक्रमध्ये स्थिता देवाः कम्पन्ते वायुताडनात्।
कुण्डल्यपि महामाया कैलासे सा विलीयते।।362।।

वायु का ताडन रूपी महावेध से चक्रों में स्थित देवगण भी थर-थर कांपते हैं और महामाया कुण्डलिनी भी कैलास (सहस्रार) पहुंचकर शिव में विलीन होती है।(362)

36. विपरीतकरणीमुद्रा = विपरीतकरणीमुद्रा का वर्णन -

भूतले स्वशिरो दत्त्वा खे नयेच्चरणद्वयम्।
विपरीतकृतिश्चैषा सर्वतन्त्रेषु गोपिता ।।363।।

जमीन पर सिर रखके आकाश में (ऊपर की ओर) पैरों को उठायें, यह सर्वशास्त्रों में सुरक्षित व कहे गये विपरीतकरणीय मुद्रा है (सर्वांगासन जैसे किया जाता है)।(363)

एतस्याः कुरुते नित्यमभ्यासं याममात्रतः।
मृत्युं जयति योगीशः प्रलये नैव सीदति।।364।।

इस मुद्रा को एक याम (3 घंटे) नित्य जो योगी अभ्यास करता है वह मृत्यु को जीत लेता है और प्रलय में नष्ट नहीं होता है।(364)

कुरुतेऽमृतपानं यः सिद्धानां समतामियात्।
स सेव्यः सर्वलोकानां बन्धमेनं करोति यः।।365।।

जो इस प्रकार अमृत पान को करता है वह सिद्धों के समता को प्राप्त करता है और जो इस बन्ध (मुद्रा) को करता है वह समस्त लोकों में (लोगों) सभी के द्वारा सेव्य (पूज्य) होता है।(365)

नाभेरूर्ध्वमधश्चापि तानं पश्चिममाचरेत्।
उड्ड्यानबन्ध एष स्यात्सर्वदुःखौघनाशनः।।366।।

नाभि के ऊर्ध्व और अध:भाग को पीठ की ओर खींच के (श्वास को पूर्णतया निकाल कर) स्थिर रहने का नाम उड्डयान बन्ध है, जो समस्त दु:खों का नाशक है।(366)

CC-0. Shri Satyam Sadhana Kutir, Rishikesh. Digtized by Muthulakshmi Research Academy

उदरे पश्चिमं तानं नाभेरूर्ध्वन्तु कारयेत्।
उड्ड्यानाख्योऽत्र बन्धो यो मृत्युमातंगकेसरी ।।367।।

उदर में विद्यमान वायु को निकालकर पेट को अन्दर की ओर और नाभि से ऊर्ध्व की ओर खींच के धारण करना उड्डयान नामक बन्ध है, जो मृत्युरूप मातंग (हाथी) को मारनेवाला केसरी (सिंह) है।(367)

नित्यं यः कुरुते योगी चतुर्वारं दिने दिने।
तस्य नाभेस्तु शुद्धिः स्याद्येन शुद्धो भवेन्मरुत्।।368।।

जो योगी इसे प्रतिदिन चार बार करता है उसका नाभिस्थान की शुद्धि होती हे, जिससे प्राण भी शुद्ध होत है।(368)

षण्मासमभ्यस्यन्योगी मृत्युं जयति निश्चितम्।
तस्योदराग्निर्ज्वलति रसवृद्धिः प्रजायते।।369।।

योगी 6 मास निरन्तर अभ्यास करेगा तो निश्चित रूप से मृत्यु को जीत लेता है और उसके जाठराग्नि दीप्त होने से शरीर की पुष्टि बढ़ेगी।(369)

अनेन सुतरां सिद्धिर्विग्रहस्य प्रजायते।
रोगानां संक्षयस्यापि योगिनो भवति ध्रुवम्।।370।।

इससे इस शरीर की सिद्धि अनायास ही हो जाती है और योगी के शरीर में स्थित समस्त रोग निश्चित रूप से नष्ट होते हैं।(370)

गुरोर्लब्ध्वा प्रयत्नेन साधयेत्तु विचक्षणः।
निर्जने सुस्थिते देशे बन्धं परमदुर्लभम्।।371।।

गुरु से अच्छी तरह से इसको प्राप्त कर बुद्धिमान् योगी निर्जन एवं सुव्यवस्थित देश में इस परमदुर्लभ बन्ध को साधें।(371)

37. शक्तिचालनमुद्रा = शक्तिचालनमुद्रा का विवरण -

आधारकमले सुप्तां चालयेत्कुण्डलीं दृढाम्।
अपानवायुमारुह्य बलादाकृष्य बुद्धिमान्।।372।।

बुद्धिमान् योगी अपान वायु को ऊपर उठाकर मूलाधार में दृढ़तापूर्वक यानी गहरी नींद में सोई जैसी पड़ी हुईकुण्डलिनी को चलायें अर्थात् जगायें।(372)

शक्तिचालनमुद्रेयं सर्वशक्तिप्रदायिनी।
गुप्ताचारेण कर्तव्या मुद्रेयं सुरपूजिते।।373।।

CC-0. Shri Satyam Sadhana Kutir, Rishikesh. Digtized by Muthulakshmi Research Academy

यह शक्तिचालनमुद्रा सकल प्रकार की शक्ति प्रदायिका है। हे सुरपूजते! इस मुद्रा को गुप्त रखते हुये अभ्यास करना चाहिये।(373)

वायुना शक्तिचालेन प्रेरितं च यथा रजः।
याति बिन्दुस्तदैकत्वं भवेद्दिव्यं वपुस्तदा।।374।।

वायु से प्रेरित धूल जैसे ऊपर उड़ता है ठीक उसी प्रकार शक्तिचालन के द्वारा (वीर्य) बिन्दु ऊपर उठकर (अर्थात् कुण्डलिनीरूपी बिन्दु ऊर्ध्वगति को प्राप्त कर) सहस्रार पहुँचकर चिच्छक्तिरूप शिव से ऐक्यता को प्राप्त करता है जब तब यह शरीर भी दिव्य हो जाता है।(374)

शक्तिचालनमेवं हि प्रत्यहं यः समाचरेत्।
आयुर्वृद्धिर्भवेत्तस्य रोगानां च विनाशनम्।।375।।

उक्त प्रकार से जो नित्य शक्तिचालन का अभ्यास करता है उसके रोगों के नाशपूर्वक आयु की वृद्धि होगी।(375)

विहाय निद्रां भुजंगी स्वयमूर्ध्वं भवेत्खलु।
तस्मादभ्यसनं कार्यं योगिना सिद्धिमिच्छता।।376।।

निद्रा को त्यागकर सर्पिणीरूपी कुण्डलिनी स्वयं ऊर्ध्व गति को प्राप्त होती है। अतः लक्ष्य प्राप्ति को चाहता हुआ योगी को नित्य अभ्यास करना चाहिये।(376)

यः करोति सदाभ्यासं शक्तिचालनमुत्तमम्।
येन विग्रहसिद्धिः स्यादणिमादिगुणप्रदा।।377।।

जो योगी इस उत्तम साधन शक्तिचालन का सदा अभ्यास करता है उसको शरीर की सिद्धि के साथ साथ अणिमा आदि ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी।(377)

गुरूपदेशविधिना तस्य मृत्युभयं कुतः।
मुहूर्तद्वयपर्यन्तं विधिना शक्तिचालनम्।।378।।

लेकिन गुरु से इसकी विधि का उपदेश प्राप्त करके ही करना है, उस विषय को मृत्युभय कैसे? विधिवत् दो मुहूर्त (48 गुणा 2 = 96 मिनट) नित्य शक्तिचालन का अभ्यास करें।(378)

बिन्दुं चन्द्रेण संयुक्तो रजः सूर्येण संगतम्।
तयोः समरसैकत्वं यो जानाति स योगवित्।।379।।

बिन्दु चन्द्र से संयुक्त होकर और रज सूर्य से संयुक्त होकर, इन दोनों के सामरस्यता के साथ एकत्व को जो योगी जानता है वही योगवित् है।(379)

CC-0. Shri Satyam Sadhana Kutir, Rishikesh. Digtized by Muthulakshmi Research Academy

यः करोति प्रयत्नेन तस्य सिद्धिरदूरतः।
युक्तासनेन कर्तव्यं योगिभिः शक्तिचालनम्।।380।।

योगि द्वारा युक्तासन (पहले से सिद्धासन आदि में कम से कम 3 घण्टे निःस्पन्द बैठने का अभ्यास कर लिया हो वह इस अभ्यस्त स्थिर आसन) में बैठकर शक्तिचालन को प्रयत्न पूर्वक करना चाहिये उसके प्रति सिद्धियाँ दूर नहीं होती।(380)

एतत्समुद्रादशकं न भूतं न भविष्यति।
एकैकाभ्यासतः सिद्धिः सिद्धो भवति नान्यथा।।381।।

यदि मुद्राओं सहित करने में असमर्थ होकर पृथक्-पृथक् अभ्यास करते रहने से लक्ष्य सिद्ध कभी न हुआ है और कभी न होगा। क्योंकि इन सब का साथ-साथ अभ्यास के विना किसी और प्रकार से सिद्ध नहीं होगा।(381)

38. अश्विनीमुद्रा = अश्विनीमुद्रा का विवरण -

मुद्रा या ह्यश्विनी प्रोक्ता तथा या शक्तिचालनी।
समानीय तु पक्षौ द्वावूर्ध्वरेतस्त्वसाधना।।382।।

शक्तिचालिनी मुद्रा जो कही गई उसके साथ जो अश्विनी मुद्रा करना है, उसे ऐसा करना है - शरीर के दोनों भागों को समवस्थित रखें (सुखासन, पद्मासन आदि में बैठें) अब ऊर्ध्वरेतस्व की साधना करनी है।(382)

आकुचयेद् गुदद्वारं प्रकाशयेत्पुनः पुनः।
सा भवेदश्विनीमुद्रा शक्तिबोधनकारिणी।।383।।

बार-बार गुदा सहित उस क्षेत्र के मांसपेशी व नाड़ियों का संकोच करें, पुनः विकसित करें। (ढीला छोड़ें) इसका नाम है अश्विनी मुद्रा, जो शक्ति को जगाने वाली है।(383)

अश्विनी परमा मुद्रा गुह्यरोगविनाशिनी।
बलपुष्टिकरी चैव ह्यकालमरणं हरेत्।।384।।

यह मुद्रा एक श्रेष्ठ मुद्रा है, समस्त (गुप्त) रोगों का नाशक है। बल व पुष्टि प्रदायक और अकालमृत्यु का नाशक है।(384)

मर्मस्थानानि नाडीनां स्थानानि च पृथक्पृथक्।
वायुसंस्थानकर्माणि विदित्वा ध्यानमाचरेत्।।385।।

CC-0. Shri Satyam Sadhana Kutir, Rishikesh. Digtized by Muthulakshmi Research Academy

इसलिये नाड़ियों के स्थानों को, मर्म स्थानों को और वायु के स्थान व कर्म को जानकर ध्यान करना चाहिये।(385)

पृथिवी लयतां याति जलं तेजोमयं भवेत्।
तेजो वायुस्तथा वायुराकाशं तत्प्रकाशकम्।।386।।

ध्यान में तत्त्वों के लय का चिन्तन करना है - पृथिवी का जल में विलय, जल का अग्नि में, अग्नि का वायु में, वायु का आकाश में, क्योंकि पूर्व-पूर्व कार्य है और उत्तरोत्तर कारण है। कार्यो का कारण में लय होना स्वाभाविक है।(386)

सिद्धासनं समासाद्य कर्णचक्षुर्नसो मुखम्।
अंगुष्ठातर्जनीमध्यानामिकाभिश्च साधयेत्।।387।।

सिद्धासन में बैठकर कान, आँख, नासिका और मुँह को अंगूठा, तर्जनी, मध्यमा और अनामिका अंगुलियों से बन्द करें।(387)

प्राणं संस्कृत्य काकाभिः समाने योजयेत्ततः।
षट्चक्राणां क्रमं ध्यात्वा हूँ हंसमनुना सुधीः।।388।।

आयाम (प्राणायाम) के द्वारा (प्रयास विशेष से) प्राण को संस्कारित करके (इड़ा और पिंगला को सम करके) समान वायु के साथ मिलायें, फिर छः चक्रों का क्रम से ध्यान करके 'हूँ' अथवा 'हंस' मंत्र से बुधिमान् साधक।(388)

सु सुम्नामार्गेण बिन्दुस्थाने शिरसि गच्छति।
अश्विनीमुद्रयाऽपि वीर्यस्योर्ध्वीकरणं भवेत्।।
यस्याः स्मरणमात्रेण शिवता जायते नृणाम्।
ज्ञात्वा समस्तं पुरुषो लभेन्मुक्तिं चतुर्विधाम्।।389।।

सुषुम्ना मार्ग से बिन्दु स्थान पर (सिर में) पहुंचें, इस प्रकार की अश्विनी मुद्रा से भी वीर्य को ऊर्ध्वगति प्रदान कर सकते हैं। जिसका स्मरण मात्र से मनुष्यों को शिवता की प्राप्ति होती है, ऐसी अश्विनी मुद्रा को जानकर पुरुष (साधक) चतुर्विध मुक्ति को प्राप्त कर सकता है।(389)

वाणी चित्रायते तेन वाचः सिद्धिः प्रजायते।
स्थिरवीर्येण सरस्वतीनाडी विकसति तेन वाग्मित्वम्।।
पाण्डित्यं च कवित्वं च शीघ्रं सम्पद्यते नृणाम्।
मन्त्रं जपेत्तथा रीत्या प्राणशक्तिर्विवर्धते।।390।।

इससे वाणी एक आश्चर्यमय स्थिति को प्राप्त करती है, जिससे वाक्सिद्धि उत्पन्न होगी। क्योंकि स्थिरवीर्य से सरस्वती नाड़ी जाग्रत होती है,

CC-0. Shri Satyam Sadhana Kutir, Rishikesh. Digtized by Muthulakshmi Research Academy

जिससे वाग्मित्व प्राप्त होता है। पाण्डित्य और कवित्व सिद्धि भी प्राप्त होगी। साथ में मंत्र जप करने से शीघ्र ही प्राणशक्ति की वृद्धि होगी।(390)

39. मूत्रोत्सर्गमुद्रा = मूत्रोत्सर्गमुद्रा का वर्णन –

नासाभ्यां प्राणमाकृष्य ह्यपाने योजयेच्छनैः।
बलादाकुंचयेत्सम्यगश्विनीमुद्रया गुदम् ।।391।।

नासिकाओं से प्राण (वायु) को भीतर खींच कर अपान के साथ धीरे-धीरे मिलायें, तत्पक्ष्चात् अश्विनीमुद्रा से गुदा क्षेत्र का बलपूर्वक संकोच करें।(391)

स्वमुत्रोत्सर्गकाले यो बलादाकृष्य वायुना।
स्तोकं स्तोकं त्यजेन्मूत्रमूर्ध्वमाकृष्य तत्पुनः।।392।।

40. कुण्डलिनीजागरणविधिः = कुण्डलिनीजागरण की विधि – [यहां से आगे 101 श्लोक यानि 393 से 493 तक के श्लोक इन्द्रवज्रा छन्द में है। जिसका लक्षण है – "स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ यगौ गः।" अर्थात् जिस पद्य के प्रत्येक पाद क्रमशः त (गुरु गुरु लघु), त और य (लघु गुरु लघु) गणों से युक्त होकर अन्त में ग ग यानि दो गुरुवर्ण हो उसे इन्द्रवज्रा छन्द कहते हैं। अत एव प्रत्येक पाद में 11 अक्षर हैं।]

वन्दे गुरूणां चरणारविन्दे सन्दर्शित स्वात्मसुखावबोधे।
जनस्य ये जांगलिकायमाने संसारहलाहलमोहशान्त्यै।।393।।

मैं गुरु के चरणारविन्दों में प्रणाम करता हूँ जो स्वात्मसुख का अवबोध कराये। जंगली मनुष्यों के जैसे जो लोक संसारचक्र में फसे हुये हैं उनमें से जो लोग मोहजाल से निकलकर शान्ति चाहते हैं वे लोग (क्या करे?)।(393)

गुरोः सकाशादधिगत्य दीक्षां स्वसाधनायां प्रविविक्षुरादौ।
ध्यायेद्गुरोः श्रीचरणारविन्दं समर्चयेन्मानसिकोपचारैः ।।394।।

योग्य सद्गुरु के पास जाकर दीक्षा प्राप्त करके अपनी साधना में प्रवेश करने के इच्छुक साधक सबसे पहले गुरु के चरणारविन्दों का ध्यान करें और मानसिक उपचारों से पूजा करें।(394)

गुरुं सहस्रारगतं तमेवं ध्यात्वा तदाज्ञामुपलभ्य पश्चात्।
प्रविश्य यत्नान्मणिपूरचक्रे जपं चरेत्साधक आत्मतन्त्रः।।395।।

सहस्रार में स्थित गुरु का ध्यान करके उनसे आज्ञा प्राप्त कर मणिपूर चक्र में यत्नपूर्वक प्रवेश करके स्वतन्त्र यानि निर्भयता से साधक मन्त्र जपें।(395)

चक्राच्च चक्रान्तरसम्प्रवेशे सार्ध त्रिरावृत्त्य परिक्रमेत्तु तत्।
संचिन्तयन्नुर्ध्वमुखं च चक्रमधोमुखं चापि समन्त्रजापम्।।396।।

CC-0. Shri Satyam Sadhana Kutir, Rishikesh. Digtized by Muthulakshmi Research Academy

सूर्यभेद प्राणायाम

पूरयेत् सूर्यनाड्या च यथाशक्ति बहिर्मरुत्॥
धारयेद्बहुयत्नेन कुम्भकेन जालन्धरैः।

—गोरक्षसंहिता, १।२०७-२०८

—पहले सूर्यनाड़ी (पिङ्गलानाड़ी) द्वारा अर्थात् दक्षिण नासिकाद्वारा यथाशक्ति वायु आकर्षण करें, तत्पश्चात् उस आकृष्ट वायु को जालन्धर मुद्रा के द्वारा धारण कर कुम्भक करें।

जालन्धर मुद्रा यथा—

कण्ठमाकुञ्च्य हृदये मारुतं धारयेद्दृढम्।
नाभिस्थाग्नौ कपालस्थसहस्रकमलच्युतम्॥
अमृतं सर्वदास्रावं विन्दुत्वं याति देहिनाम्।
यथाग्निश्च तदमृतं न पिबेच्च पिबेत् स्वयम्॥

—दत्तात्रेयसंहिता

अर्थात् शिरःस्थित सहस्रदल-कमलच्युत अमृतधारा नाभिस्थित जठरानल में पतित न होने देकर स्वयं पान करने का नाम जालन्धरबन्ध है।

यावत् स्वेदं न केशाग्रात् तावत् कुर्वन्तु कुम्भकम्।

—गोरक्षसंहिता, १।२०८

—जबतक केश के अग्रभाग से घर्म (पसीना) निर्गत न हो, तबतक कुम्भक करते रहें।

सर्वे ते सूर्यसंभिन्ना नाभिमूलात् समुद्धरेत्।
इड़या रेचयेत् पश्चात् धैर्येणाखण्डवेगतः॥

—गोरक्षसंहिता, १।२०९

—इस कुम्भक को करते समय प्राण अपान प्रभृति समस्त वायु को सूर्यनाड़ी अर्थात् पिङ्गलानाड़ी द्वारा भेदन कर समानवायु को नाभिमूल से

उद्धृत करें। बाद में इड़ा अर्थात् वाम नासापथ से धैर्य के साथ क्रमशः सम्पूर्ण वेग के साथ रेचन करें।

पुनः सूर्येण चाकृष्य कुम्भयित्वा यथाविधि।
रेचयित्वा साधयेत्तु क्रमेण च पुनःपुनः॥

—गोरक्षसंहिता, १।२१०

फिर से दक्षिण नासा में पूरक, सुषुम्ना में कुम्भक और वाम नासापथ में रेचन करोगे। इस प्रकार पुनःपुनः करना होता है।

मतान्तर से—

आसने सुखदे योगी वद्ध्वा मुक्तासनं ततः।
दक्षनाड्या समाकृष्य बहिःस्थं पवनं शनैः॥
आकेशादानखाग्राच्च निरोधावधि कुम्भयेत्।
ततः शनैः सव्यनाड्या रेचयेत् पवनं सुधीः॥*

—घेरण्डसंहिता

Scanned by CamScanner

७. मूर्च्छा कुम्भक :—

सर्वप्रथम सिद्धासन में बैठना चाहिये। दोनों नासिकारन्ध्रों से गहरा श्वास लेकर कुम्भक करें। पूरक के अन्त में कुम्भक के समय ठोड़ी (चिबुक, दाढ़ी) को गले से नीचे के गड्ढे में टिकाकर "जालन्धर वन्ध" लगाना चाहिये।[३] इसके बाद दोनों तर्जनी-मध्यमा से आँख की पलकों को कोमलता से वन्द करके दोनों अनामिका से नासिकारन्ध्रों को वन्द करें। पुनः कनिष्ठा से अधर को दवाकर ओष्ठ वन्द करें। श्वास अन्दर रोककर मूलवन्ध और रेचक के अन्त में उड्डीयान वन्ध करें। दम घुटने से पूर्व अंगुलियों को हटाकर दोनों नासिकाओं से श्वास वाहर निकालना चाहिये।

मूलवन्ध में सिद्धासन लगा रहेगा अर्थात् एड़ी से कन्द स्थान (जननेन्द्रिय मूल और गुदा के बीच) को दवाकर दूसरी एड़ी से लिङ्गमूल को दबाना चाहिये। इसके बाद गुदा का संकुचन करते हुये अपान वायु को ऊपर की ओर आकृष्ट करें[४] तथा साथ ही प्राणवायु को कण्ठ से नाभि की ओर ले जाना चाहिये। पूरक के आरम्भ के साथ-साथ इस क्रिया का भी आरम्भ हो जाना चाहिये। कुम्भक के समय तक नाभि-स्थान में प्राण और अपान वायु का संगम कराना चाहिये। यही मूलवन्ध है। इसके बाद रेचक के समय श्वास निकालने के साथ अपान वायु के विरेचन की स्थिति में गुदा के संकुचन का त्याग या शिथिलीकरण करना चाहिये। उड्डीयान वन्ध कुम्भक के अन्त में रेचक के प्रारम्भ में करना चाहिये। इस समय

१. हठयोग प्रदीपिका, २/६३-६६
२. घेरण्डसंहिता, ५/८०-८१।
३. हठयोग प्रदीपिका, २/६९।
४. वही, ३/६१।

नाभि के ऊपरी तथा नीचे के भाग (उदर) को पीठ की ओर इस प्रकार तानें अर्थात् आकर्षण करें कि नाभि के ऊपर नीचे के भाग पीठ से मिल जायें।[१]

८. प्लाविनी कुम्भक :—

पद्मासन में बैठकर उदर को, वायु से भरकर, आपूरित करें (पूरक करे) पुनः रेचक करके श्वास वाहर निकाल कर उदर को अन्दर की ओर करे। वार-वार यही क्रिया करनी चाहिये।[२]

Scanned by CamScanner

॥ इति संप्रदायदीपिकायां तृतीयः पटलः ॥

एवं प्राणायाममुखेन पवनविजयं योगविशेषांश्चोक्त्वा जितमरुतामधिकारिणामभ्युदय निश्रेयस प्राप्त्युपाय भूतं मन्त्राणां छिन्नरोधानि दोषपरिहारार्थं च योनिमुद्रा बन्धनप्रकारं वक्तुमुपक्रमते। अथ पूरकयोग इत्यादिना पूरकादि योगाभ्यासेन स्वान्तं नियमितं स्वाधारे प्राण संभिन्नं मनः संयोज्याग्रजन्ध्याख्य सुषुम्नाख्य विकसने यत्नं कुर्यात्। तदुक्तं रुद्रयामले। नित्य क्लिन्ना प्रकारणे आदौ पूरकयोगेन स्वाधारे योजयेमरन इति। शकृत्समुत्सृजेति। कम्बुलिमार्गं पायुस्थानम्। अर्वा अधः। यथोत्सृष्टमलस्तुरङ्गः शनैः शनैस्वपायुमार्गं सङ्कोचयेत्। तथा स्वाधार नियमितान्तः करणोपानवायुना पायु द्वारमाकृष्याकुञ्चनं प्रबन्धयेत्। यथा पानवायुरवशेनापि बहिर्निर्गच्छति। तथा नियम्य सङ्कोचयेदित्यर्थः। विदधीतेति। तमपान वायुं देशिकदर्शितक्रमेण मुहुर्मुहुं कृति करणेन ऊर्ध्वमुखं कुर्यात्। आधारलक्षणमाह। दृढरुद्धगु * द ध्वजान्तरालेति। गुदमाधारचक्रस्याधो भागः। पायुस्थानम्।

p. 159)

ध्वजं मुष्कमूलं तेजोमयम्। जाढराग्न्याधारम्। पुष्कराश्रयोन्निमत् त्रिकोणम्। अयमर्थः। गुदध्वजोर्मध्ये स्थितं यच्चतुष्पतिं पद्मम्। तन्मध्ये त्रिकोणाकारयोनिरिति। तथा चोक्तम्।

श्री रुद्रयामले। गुदमेढ्रान्तरे योनिरिति। अथ कम्बुलिमारुतमिति। कम्बुलिमारुताख्यमपानवायुं देशिकोपदेशक्रमेणाकुञ्चनेन शनैः शनैरूर्ध्वमुखं नीत्वा कमलासनपङ्कजाख्य सुषुम्नामूलं प्रवेशयेत्। तथा चोक्तं श्रीरुद्रयामले। तामातिञ्च्य प्रबन्धयेदिति। अमुनाविधिनेति। एवं मुहुर्मुहुरभ्यासेन निरुद्धाधो वृत्तिरपानवायुरूर्ध्वगमनाय राज्ञां प्रयाणाय तद्भटैः क्रियमाणाध्वशुद्धिवत्कुण्डलिनी शक्त्यात्मकस्य परमेश्वरस्या कुलाख्य स्वभवनगमनाय सुषुम्नामूलं प्रविश्य तदन्तर्ब्रह्ममार्गस्थितग्रन्धिभेदनं करोतीत्यर्थः परिहृत्य खगाधिप इति। अपानोप्यूर्ध्व वृत्तित्वेन प्राणात्मत्वात् खगाधिपाख्यां लभते। एवमूर्ध्वगमनाय प्रवृत्तोपानवायुः सोमसूर्यात्मकेडा पिङ्गलमार्गौ परिहृत्य कमलासनपङ्कजमूलं सुषुम्नामूलं प्रविश्योर्ध्वमुखी करोति। प्रभानमिति। परमेष्ठिनोगवनं सुषुम्नाकाशः। तटित्कोटि प्रख्यमिति। तटिच्छब्देन महाप्रकाशरूपत्वम्। कालानलशब्देनाखण्डज्ञानस्वरूपत्वम्। सहस्रादित्य

p. 160)

Scanned by CamScanner

(२६) **त्रिबन्धरेचक-प्राणायाम**—अभ्यस्त आसन से बैठें, तत्पश्चात् दाएँ हाथ के अँगूठे से दाएँ नथुने को दबाकर, नाभि से लेकर कण्ठ तक की समस्त वायु को शनैः-शनैः रेचक करें। अब मूलबन्ध, उड्डियान-बन्ध, और जालन्धर-बन्धों को दृढ़ता से लगाकर दोनों हथेलियों को घुटनों पर स्थापित करें, नेत्र-दृष्टि को नासाग्र पर रक्खें।

इसके लाभ हैं—यह प्राणायाम कुण्डलिनी-शक्ति को शीघ्र जाग्रत् करके सुषुम्णा-द्वार को भी खोल देता है। प्राणोत्थान के द्वारा होने वाले प्राण के—चींटियाँ रेंगने जैसे सुखद स्पर्श आदि की प्रतीति होने लगती है। प्राणोत्थान के द्वारा मेरुदण्ड में गमन करता हुआ प्राण, ब्रह्मरन्ध्र में जाकर ठोकर-सी लगाने लगता है। इस स्पर्श से साधक को अधिक आनन्द की अनुभूति होती है।

(२७) **त्रिबन्ध-कुम्भक प्राणायाम**—वज्रासन में सुखपूर्वक बैठकर, प्राण-वायु को जहाँ का तहाँ रोककर, तीनों बन्धों को लगाकर, दृढ़ता से कुम्भक कर लें। यथाशक्ति कुम्भक कर लेने के पश्चात् तीनों बन्ध खोलकर दोनों नथुनों से शनैः-शनैः पूरक कर दें। इसी को बार-बार दोहराएँ; और कुम्भक होने के स्थल में होने वाली गति पर ध्यान रक्खें।

इसके लाभ हैं—इसके अभ्यास से कुम्भक दीर्घ और सूक्ष्म होता है। प्राण की धारणा शक्ति, और ध्यान की स्थिरता बढ़ती है। प्राण के अवरोधित देश का ज्ञान होता है।

Scanned by CamScanner

(२४) **अग्निप्रसारण-प्राणायाम**—सिद्धासन से सम-काय-ग्रीव होकर बैठें, दोनों हथेलियों को घुटनों पर रखकर दोनों नथुनों से उदर की वायु को नाभि से धक्का देकर, पेट को पिचकाते हुए शीघ्रता से रेचक करें; इसी प्रकार तुरन्त पूरक कर लें। पुनः-पुनः शीघ्रता से पूरक-रेचक करते हुए, पेट को फुलाते और पिचकाते हुए दोनों नथुनों का प्रयोग करते हुए इस विधि को न्यून से न्यून ५०-६० बार करें।

इसका विशेष लाभ है—पाचन शक्ति की वृद्धि होकर मन्दाग्नि का दूर हो जाना। बढ़े हुए पेट की चर्बी घट जाने से नौलि उठने लगती है तब उदर स्वतः पिचक जाता है। पेट को घटाने और नौलि-उत्थान के लिए यह प्राणायाम सर्व-श्रेष्ठ है।

Scanned by CamScanner

... चारों ओर एक प्रकाशमण्डल है। इस प्रकाशमण्डलके द्वारा मूलाधारसे लेकर ... है।

... बिन्दुके ... है। यह नाद अत्यन्त शुक्ल वर्णवाला है। नाद वायु ... महानाद शक्तिरूप है।

सहस्रार :—

शङ्खिनी नाड़ीके शिखर स्थित तथा विसर्गके नीचे प्रकाशरूप शून्य प्रदेशमें पूर्णचन्द्राकार सहस्र दल पद्म स्थित है। यह अधोमुख है। इसके एक हजार दल हैं। दल अतिशुभ्र हैं। इन दलोंपर 'अ'से लेकर 'क्ष' तक–ये पचास अक्षर विराजमान हैं। अक्षर शुभ्र हैं। इस पद्मका केशरपुञ्ज प्रातःकालीन सूर्यके समान रक्त वर्णवाला है।

सहस्रदल पद्मकी कर्णिकाके मध्यमें कलङ्करहित एक पूर्ण चन्द्रमण्डल है। उस चन्द्रमण्डलके मध्यमें विद्युत्के समान रूपवाला एक त्रिकोण है। उस त्रिकोणके मध्यमें चन्द्रकी अमा नामकी षोलहवीं कला स्थित है। यह रक्त वर्णवाली है, अधोमुखी है। कमलनालके मध्यमें स्थित तन्तुके सौवें भागके समान है इसका शरीर।

इसी अमा कलाके मध्यमें निर्वाण कला विद्यमान है। यह बारहों सूर्योंके समान प्रकाशवाली है। इसका शरीर केशके अग्रभागके हजारवें भागके समान है। अर्थात् यह अत्यन्त सूक्ष्म है। यह अर्धचन्द्राकार विग्रहवाली है।

इसी निर्वाण कलाके मध्यदेशमें निर्वाणशक्ति विराजमान है। यह करोड़ों सूर्योंके समान प्रकाशवाली है। इसका शरीर केशके अग्रभागके करोड़वें भागके समान है। अर्थात् यह अत्यन्त सूक्ष्मसे भी सूक्ष्म है। यह ब्रह्मकी शक्ति माया है। इसीके मध्यमें शून्य है अर्थात् परंबिन्दुरूप शून्य है। इस परंबिन्दुरूप शून्यमें परमशिवकी स्थिति है। अर्थात् परंबिन्दुरूप शून्यमें परम शिवका साक्षात्कार होता है। इसी परमशिवके पद—स्थानको स्वामीष्ट देवताका स्थान साम्प्रदायिक लोग मानते हैं। शिव, शक्ति, हंस, विष्णु, ब्रह्म आदि नामसे यही स्थान प्रसिद्ध है।

Scanned by CamScanner

तत्पश्चात् योगी महाकुण्डलिनीको जिस प्रकारसे सहस्रारमें स्थित परमशिवमें ले गया था उसी प्रकार पुनः उसे मूलाधारमें ले आवे ...

... आदि पूर्णामृतरससे आप्लावित रहते हैं। इस प्रका...
...वन्मुक्त विचरण करता रहे।

योगके द्वारा प्राणत्याग करनेकी विधि—

जब योगीको स्वेच्छापूर्वक योगके द्वारा प्राणत्याग करना है अर्थात् प्रारब्ध कर्मके क्षय हो जाने पर देहत्याग करना हो तो उसे आज्ञा चक्रमें प्राणत्याग करनेके लिए निर्देश दिया गया है—

जब योगीको यह विदित हो जाय कि प्रारब्ध कर्मकी समाप्ति हो रही है अर्थात् प्राणवियोगका काल आ गया है तब वह 'मैं ब्रह्ममें लीन हो रहा हूँ' इस प्रकार आनन्दित मनसे योगासनमें बैठ जाय। तत्पश्चात् कुम्भकके द्वारा वायुको रुद्ध कर हृदयमें रहनेवाली जीवात्माको मूलाधारमें ले आवे। तब गुदाका आकुञ्चन कर यथोक्त विधानसे कुण्डलिनीको जागृत कर मूलादिसे ब्रह्मरन्ध्रके अन्त तक विद्युदाकार आनन्दस्वरूप कुण्डलिनीमय सूत्ररूपी नादका ध्यान करके प्राणरूपी श्वास परमात्मक हंसको उस नादमें विलीन करके जीवके साथ चक्रभेदके क्रमसे आज्ञा चक्रमें लाकर उस आज्ञा चक्रमें स्थित कुण्डलिनीमें स्थूल-सूक्ष्मके क्रमसे पृथिवी आदि प्रपञ्च समुदायको विलीन करके उस कुण्डलिनीको पुनः जीवात्माके साथ उसमें स्थित शिवशक्तिमय बिन्दुके साथ अभेदभावको प्राप्त कराकर स्थित रहे। उसके बाद ब्रह्मरन्ध्रके भेदसे देहका त्यागकर ब्रह्ममें लीन हो जाय।

योगके द्वारा प्राणत्याग करनेका फल :—

जब योगी योगके द्वारा प्राणत्याग करता है तब वह ब्रह्मको प्राप्त करता है जो कि पर है। अर्थात् सबसे परे, जिसके परे कोई नहीं अर्थात् परंब्रह्म है; जिसका

कभी भी ध्वंस नहीं होता है अतः वह नित्य है; जो अजन्मा है; तथा सबका कारण है; एवं जिसकी श्रुतियोंके द्वारा प्रतिपादित ज्ञानके द्वारा अनुभूति होती है। उसी परब्रह्मको जो प्राप्त कर लेता है अर्थात् जो ब्रह्म हो जाता है, वह उपर्युक्त लक्षणोंसे लक्षित समग्र फलको प्राप्त करता है।

इस प्रकारसे शास्त्रोंके अनुसार हमने षट्चक्र आदिका विवेचन किया है। ...नेके लिए अनुभवी गुरुका आश्रय ...
विश... विचार है। पाठक व ... प्रयाससे यथाशीघ्र कार्य पूर्ण होनेकी आशा रखता हूँ। इति शिवम्।

दीपावली
वि० सं० २०४५
वाराणसी

—प्रह्लाद

Scanned by CamScanner

जालन्धरोड्ड्याणसुमूलबन्धान् जल्पन्ति कण्ठोदरपायुमूले।
बन्धत्रयेऽस्मिन् परिचीयमाने बन्धः कुतो दारुणकालपाशात्।।447।।

जो व्यक्ति जालन्धर, उड्डयान और मूल – इन तीनों बन्धों को क्रमश कण्ठ, उदर और पायुमूल में लगाने की कला से सुपरिचित हो गया है वह दारुण कालपाश रूपी बन्धन में कैसे रह सकता है।(447)

ओड्ड्याणजालन्धरमूलबन्धैरुन्निद्रितायां सुरनायिकायाम्।
प्रत्यङ्मुखात्सम्प्रविशन्सुषुम्नां गमागमौ मुंचति गन्धवाहः।।448।।

जालन्धर, ओड्डयाण, मूल –इन तीन बन्धों से जिसने जगा लिया है सुरनायिका कुण्डलिनी को और उन्मुख कर उसको सुषुम्ना में प्रवेश कराये हुये योगी का प्राण गमागम से मुक्त हो जाता है।(448)

उत्थापिताधारहुताशनोत्थैराकुंचनैः शश्वदपानवायोः।
सन्तापिता चन्द्रमसं पतन्तीं पीयूषधारां पिबतीह धन्यः।।449।।

उत्थापित मूलाधार रूपी अग्नि से निष्पन्न आकुंचनों के द्वारा अपान वायु को नित्य ही सन्तापित किये जाने पर (ललना चक्र से टपकती हुई) अमृतधारा को पीकर साधक धन्य होता है।(449)

बन्धत्रयाभ्यासविपाकजातां विवर्जिता रेचकपूरकाभ्याम्।
विशोषयन्ती विषमप्रवाहं विद्यां भजे केवलकुम्भरूपाम्।।450।।

बन्धत्रय के अभ्यास की परिपक्वावस्था से उत्पन्न तथा रेचक और पूरक से रहित जो विशप्रवाह को सुखाती रहती है कुण्डलिनी उस साधक का जो केवलकुम्भकरूपा विद्या को भजता है।(450)

Scanned by CamScanner

सूर्यभेद प्राणायाम

पूरयेत् सूर्यनाड्या च यथाशक्ति बहिर्मरुत्॥
धारयेद्बहुयत्नेन कुम्भकेन जालन्धरैः।

—गोरक्षसंहिता, १।२०७-२०८

—पहले सूर्यनाड़ी (पिङ्गलानाड़ी) द्वारा अर्थात् दक्षिण नासिकाद्वारा यथाशक्ति वायु आकर्षण करें, तत्पश्चात् उस आकृष्ट वायु को जालन्धर मुद्रा के द्वारा धारण कर कुम्भक करें।

जालन्धर मुद्रा यथा—

कण्ठमाकुञ्च्य हृदये मारुतं धारयेद्दृढम्।
नाभिस्थाग्नौ कपालस्थसहस्रकमलच्युतम्॥
अमृतं सर्वदास्रावं बिन्दुत्वं याति देहिनाम्।
यथाग्निश्च तदमृतं न पिबेच्च पिबेत् स्वयम्॥

—दत्तात्रेयसंहिता

अर्थात् शिरःस्थित सहस्रदल-कमलच्युत अमृतधारा नाभिस्थित जठरानल में पतित न होने देकर स्वयं पान करने का नाम जालन्धरबन्ध है।

यावत् स्वेदं न केशाग्रात् तावत् कुर्वन्तु कुम्भकम्।

—गोरक्षसंहिता, १।२०८

—जबतक केश के अग्रभाग से घर्म (पसीना) निर्गत न हो, तबतक कुम्भक करते रहें।

सर्वे ते सूर्यसंभिन्ना नाभिमूलात् समुद्धरेत्।
इड़या रेचयेत् पश्चात् धैर्येणाखण्डवेगतः॥

—गोरक्षसंहिता, १।२०९

—इस कुम्भक को करते समय प्राण अपान प्रभृति समस्त वायु को सूर्यनाड़ी अर्थात् पिङ्गलानाड़ी द्वारा भेदन कर समानवायु को नाभिमूल से

उद्धृत करें। बाद में इड़ा अर्थात् वाम नासापथ से धैर्य के साथ क्रमशः सम्पूर्ण वेग के साथ रेचन करें।

पुनः सूर्येण चाकृष्य कुम्भयित्वा यथाविधि।
रेचयित्वा साधयेत्तु क्रमेण च पुनःपुनः॥

—गोरक्षसंहिता, १।२१०

फिर से दक्षिण नासा में पूरक, सुषुम्ना में कुम्भक और वाम नासापथ में रेचन करोगे। इस प्रकार पुनःपुनः करना होता है।

मतान्तर से—

आसने सुखदे योगी बद्ध्वा मुक्तासनं ततः।
दक्षनाड्या समाकृष्य बहिःस्थं पवनं शनैः॥
आकेशादानखाग्राच्च निरोधावधि कुम्भयेत्।
ततः शनैः सव्यनाड्या रेचयेत् पवनं सुधीः॥*

—घेरण्डसंहिता

Scanned by CamScanner

७. मूर्च्छा कुम्भक :—

सर्वप्रथम सिद्धासन में बैठना चाहिये। दोनों नासिकारन्ध्रों से गहरा श्वास लेकर कुम्भक करें। पूरक के अन्त में कुम्भक के समय ठोड़ी (चिबुक, दाढ़ी) को गले से नीचे के गड्ढे में टिकाकर "जालन्धर बन्ध" लगाना चाहिये।[३] इसके बाद दोनों तर्जनी-मध्यमा से आँख की पलकों को कोमलता से बन्द करके दोनों अनामिका से नासिकारन्ध्रों को बन्द करें। पुनः कनिष्ठा से अधर को दबाकर ओष्ठ बन्द करें। श्वास अन्दर रोककर मूलबन्ध और रेचक के अन्त में उड्डीयान बन्ध करें। दम घुटने से पूर्व अंगुलियों को हटाकर दोनों नासिकाओं से श्वास बाहर निकालना चाहिये।

मूलबन्ध में सिद्धासन लगा रहेगा अर्थात् एड़ी से कन्द स्थान (जननेन्द्रिय मूल और गुदा के बीच) को दबाकर दूसरी एड़ी से लिङ्गमूल को दबाना चाहिये। इसके बाद गुदा का संकुचन करते हुये अपान वायु को ऊपर की ओर आकृष्ट करें[४] तथा साथ ही प्राणवायु को कण्ठ से नाभि की ओर ले जाना चाहिये। पूरक के आरम्भ के साथ-साथ इस क्रिया का भी आरम्भ हो जाना चाहिये। कुम्भक के समय तक नाभि-स्थान में प्राण और अपान वायु का संगम कराना चाहिये। यही मूलबन्ध है। इसके बाद रेचक के समय श्वास निकालने के साथ अपान वायु के विरेचन की स्थिति में गुदा के संकुचन का त्याग या शिथिलीकरण करना चाहिये। उड्डीयान बन्ध कुम्भक के अन्त में रेचक के प्रारम्भ में करना चाहिये। इस समय

१. हठयोग प्रदीपिका, २/६३-६६
२. घेरण्डसंहिता, ५/८०-८१।
३. हठयोग प्रदीपिका, २/६६।
४. वही, ३/६१।

नाभि के ऊपरी तथा नीचे के भाग (उदर) को पीठ की ओर इस प्रकार तानें अर्थात् आकर्षण करें कि नाभि के ऊपर नीचे के भाग पीठ से मिल जायें।[१]

८. प्लाविनी कुम्भक :—

पद्मासन में बैठकर उदर को, वायु से भरकर, आपूरित करें (पूरक करे) पुनः रेचक करके श्वास बाहर निकाल कर उदर को अन्दर की ओर करे। बार-बार यही क्रिया करनी चाहिये।[२]

Scanned by CamScanner

॥ इति संप्रदायदीपिकायां तृतीयः पटलः ॥

एवं प्राणायाममुखेन पवनविजयं योगविशेषांश्चोक्त्वा जितमरुतामधिकारिणामभ्युदय निश्रेयस प्राप्त्युपाय भूतं मन्त्राणां छिन्नरोधानि दोषपरिहारार्थं च योनिमुद्रा बन्धनप्रकारं वक्तुमुपक्रमते। अथ पूरकयोग इत्यादिना पूरकादि योगाभ्यासेन स्वान्तं नियमितं स्वाधारे प्राण संभिन्नं मनः संयोज्याग्रजन्ध्याख्य सुषुम्नाख्य विकसने यत्नं कुर्यात्। तदुक्तं रुद्रयामले। नित्य क्लिन्ना प्रकारणे आदौ पूरकयोगेन स्वाधारे योजयेमरन इति। शकृत्समुत्सृजेति। कम्बुलिमार्गं पायुस्थानम्। अर्वा अधः। यथोत्सृष्टमलस्तुरङ्गः शनैः शनैस्वपायुमार्गं सङ्कोचयेत्। तथा स्वाधार नियमितान्तः करणोपानवायुना पायु द्वारमाकृष्याकुञ्चनं प्रवन्धयेत्। यथा पानवायुरवशेनापि बहिर्निर्गच्छति। तथा नियम्य सङ्कोचयेदित्यर्थः। विदधीतेति। तमपान वायुं देशिकदर्शितक्रमेण मुहुर्मुहुं कृति करणेन ऊर्ध्वमुखं कुर्यात्। आधारलक्षणमाह। दृढरुद्धगु * द ध्वजान्तरालेति। गुदमाधारचक्रस्याधो भागः। पायुस्थानम्।

p. 159)

ध्वजं मुष्कमूलं तेजोमयम्। जाढराग्न्याधारम्। पुष्कराश्रयोन्निमत् त्रिकोणम्। अयमर्थः। गुदध्वजोर्मध्ये स्थितं यच्चतुष्पतिं पद्मम्। तन्मध्ये त्रिकोणाकारयोनिरिति। तथा चोक्तम्।

श्री रुद्रयामले। गुदमेढ्रान्तरे योनिरिति। अथ कम्बुलिमारुतमिति। कम्बुलिमारुताख्यमपानवायुं देशिकोपदेशक्रमेणाकुञ्चनेन शनैः शनैरूर्ध्वमुखं नीत्वा कमलासनपङ्कजाख्य सुषुम्नामूलं प्रवेशयेत्। तथा चोक्तं श्रीरुद्रयामले। तामातिञ्च्य प्रबन्धयेदिति। अमुनाविधिनेति। एवं मुहुर्मुहुरभ्यासेन निरुद्धाधो वृत्तिरपानवायुरूर्ध्वगमनाय राज्ञां प्रयाणाय तद्भटैः क्रियमाणाध्वशुद्धिवत्कुण्डलिनी शक्त्यात्मकस्य परमेश्वरस्या कुलाख्य स्वभवनगमनाय सुषुम्नामूलं प्रविश्य तदन्तर्ब्रह्ममार्गस्थितग्रन्थिभेदनं करोतीत्यर्थः परिहृत्य खगाधिप इति। अपानोप्यूर्ध्व वृत्तित्वेन प्राणात्मत्वात् खगाधिपाख्यां लभते। एवमूर्ध्वगमनाय प्रवृत्तोपानवायुः सोमसूर्यात्मकेडा पिङ्गलमार्गौ परिहृत्य कमलासनपङ्कजमूलं सुषुम्नामूलं प्रविश्योर्ध्वमुखी करोति। प्रभानमिति। परमेष्ठिनोगवनं सुषुम्नाकाशः। तटित्कोटि प्रख्यमिति। तटिच्छब्देन महाप्रकाशरूपत्वम्। कालानलशब्देनाखण्डज्ञानस्वरूपत्वम्। सहस्रादित्य

Scanned by CamScanner

(२६) **त्रिबन्धरेचक-प्राणायाम**—अभ्यस्त आसन से बैठें, तत्पश्चात् दाएँ हाथ के अँगूठे से दाएँ नथुने को दबाकर, नाभि से लेकर कण्ठ तक की समस्त वायु को शनैः-शनैः रेचक करें। अब मूलबन्ध, उड्डियान-बन्ध, और जालन्धर-बन्धों को दृढ़ता से लगाकर दोनों हथेलियों को घुटनों पर स्थापित करें, नेत्र-दृष्टि को नासाग्र पर रक्खें।

इसके लाभ हैं—यह प्राणायाम कुण्डलिनी-शक्ति को शीघ्र जाग्रत् करके सुषुम्णा-द्वार को भी खोल देता है। प्राणोत्थान के द्वारा होने वाले प्राण के—चींटियाँ रेंगने जैसे सुखद स्पर्श आदि की प्रतीति होने लगती है। प्राणोत्थान के द्वारा मेरुदण्ड में गमन करता हुआ प्राण, ब्रह्मरन्ध्र में जाकर ठोकर-सी लगाने लगता है। इस स्पर्श से साधक को अधिक आनन्द की अनुभूति होती है।

(२७) **त्रिबन्ध-कुम्भक प्राणायाम**—वज्रासन में सुखपूर्वक बैठकर, प्राण-वायु को जहाँ का तहाँ रोककर, तीनों बन्धों को लगाकर, दृढ़ता से कुम्भक कर लें। यथाशक्ति कुम्भक कर लेने के पश्चात् तीनों बन्ध खोलकर दोनों नथुनों से शनैः-शनैः पूरक कर दें। इसी को बार-बार दोहराएँ; और कुम्भक होने के स्थल में होने वाली गति पर ध्यान रक्खें।

इसके लाभ हैं—इसके अभ्यास से कुम्भक दीर्घ और सूक्ष्म होता है। प्राण की धारणा शक्ति, और ध्यान की स्थिरता बढ़ती है। प्राण के अवरोधित देश का ज्ञान होता है।

Scanned by CamScanner

(२४) **अग्निप्रसारण-प्राणायाम**—सिद्धासन से सम-काय-ग्रीव होकर बैठें, दोनों हथेलियों को घुटनों पर रखकर दोनों नथुनों से उदर की वायु को नाभि से धक्का देकर, पेट को पिचकाते हुए शीघ्रता से रेचक करें; इसी प्रकार तुरन्त पूरक कर लें। पुनः-पुनः शीघ्रता से पूरक-रेचक करते हुए, पेट को फुलाते और पिचकाते हुए दोनों नथुनों का प्रयोग करते हुए इस विधि को न्यून से न्यून ५०-६० बार करें।

इसका विशेष लाभ है—पाचन शक्ति की वृद्धि होकर मन्दाग्नि का दूर हो जाना। बढ़े हुए पेट की चर्बी घट जाने से नौलि उठने लगती है तब उदर स्वतः पिचक जाता है। पेट को घटाने और नौलि-उत्थान के लिए यह प्राणायाम सर्व-श्रेष्ठ है।

Scanned by CamScanner

द्वारा मूलाधारसे लेकर ... है।

... बिन्दुके
... है। यह नाद अत्यन्त शुक्ल वर्णवाला है। नाद वायु...
महानाद शक्तिरूप है।

सहस्रार :—

शङ्खिनी नाड़ीके शिखर स्थित तथा विसर्गके नीचे प्रकाशरूप शून्य प्रदेशमें पूर्णचन्द्रकार सहस्र दल पद्म स्थित है। यह अधोमुख है। इसके एक हजार दल हैं। दल अतिशुभ्र हैं। इन दलोंपर 'अ'से लेकर 'क्ष' तक–ये पचास अक्षर विराजमान हैं। अक्षर शुभ्र हैं। इस पद्मका केशरपुञ्ज प्रातःकालीन सूर्यके समान रक्त वर्णवाला है।

सहस्रदल पद्मकी कर्णिकाके मध्यमें कलङ्करहित एक पूर्ण चन्द्रमण्डल है। उस चन्द्रमण्डलके मध्यमें विद्युत्के समान रूपवाला एक त्रिकोण है। उस त्रिकोणके मध्यमें चन्द्रकी अमा नामकी षोलहवीं कला स्थित है। यह रक्त वर्णवाली है, अधोमुखी है। कमलनालके मध्यमें स्थित तन्तुके सौवें भागके समान है इसका शरीर।

इसी अमा कलाके मध्यमें निर्वाण कला विद्यमान है। यह बारहों सूर्योंके समान प्रकाशवाली है। इसका शरीर केशके अग्रभागके हजारवें भागके समान है। अर्थात् यह अत्यन्त सूक्ष्म है। यह अर्धचन्द्राकार विग्रहवाली है।

इसी निर्वाण कलाके मध्यदेशमें निर्वाणशक्ति विराजमान है। यह करोड़ों सूर्योंके समान प्रकाशवाली है। इसका शरीर केशके अग्रभागके करोड़वें भागके समान है। अर्थात् यह अत्यन्त सूक्ष्मसे भी सूक्ष्म है। यह ब्रह्मकी शक्ति माया है। इसीके मध्यमें शून्य है अर्थात् परंबिन्दुरूप शून्य है। इस परंबिन्दुरूप शून्यमें परमशिवकी स्थिति है। अर्थात् परंबिन्दुरूप शून्यमें परम शिवका साक्षात्कार होता है। इसी परमशिवके पद—स्थानको स्वामीष्ट देवताका स्थान साम्प्रदायिक लोग मानते हैं। शिव, शक्ति, हंस, विष्णु, ब्रह्म आदि नामसे यही स्थान प्रसिद्ध है।

Scanned by CamScanner

तत्पश्चात् योगी महाकुण्डलिनीको जिस प्रकारसे सहस्रारमें स्थित परमशिवमें ले गया था उसी प्रकार पुनः उसे मूलाधारमें ले आवे [illegible] आदि पूर्णामृतरससे आप्लावित रहते हैं। इस प्रका[illegible] [illegible]वन्मुक्त विचरण करता रहे।

योगके द्वारा प्राणत्याग करनेकी विधि—

जब योगीको स्वेच्छापूर्वक योगके द्वारा प्राणत्याग करना है अर्थात् प्रारब्ध कर्मके क्षय हो जाने पर देहत्याग करना हो तो उसे आज्ञा चक्रमें प्राणत्याग करनेके लिए निर्देश दिया गया है—

जब योगीको यह विदित हो जाय कि प्रारब्ध कर्मकी समाप्ति हो रही है अर्थात् प्राणवियोगका काल आ गया है तब वह 'मैं ब्रह्ममें लीन हो रहा हूँ' इस प्रकार आनन्दित मनसे योगासनमें बैठ जाय। तत्पश्चात् कुम्भकके द्वारा वायुको रुद्ध कर हृदयमें रहनेवाली जीवात्माको मूलाधारमें ले आवे। तब गुदाका आकुञ्चन कर यथोक्त विधानसे कुण्डलिनीको जागृत कर मूलादिसे ब्रह्मरन्ध्रके अन्त तक विद्युदाकार आनन्दस्वरूप कुण्डलिनीमय सूत्ररूपी नादका ध्यान करके प्राणरूपी श्वास परमात्मक हंसको उस नादमें विलीन करके जीवके साथ चक्रभेदके क्रमसे आज्ञा चक्रमें लाकर उस आज्ञा चक्रमें स्थित कुण्लिनीमें स्थूल-सूक्ष्मके क्रमसे पृथिवी आदि प्रपञ्च समुदायको विलीन करके उस कुण्डलिनीको पुनः जीवात्माके साथ उसमें स्थित शिवशक्तिमय बिन्दुके साथ अभेदभावको प्राप्त कराकर स्थित रहे। उसके बाद ब्रह्मरन्ध्रके भेदसे देहका त्यागकर ब्रह्ममें लीन हो जाय।

योगके द्वारा प्राणत्याग करनेका फल :—

जब योगी योगके द्वारा प्राणत्याग करता है तब वह ब्रह्मको प्राप्त करता है जो कि पर है। अर्थात् सबसे परे, जिसके परे कोई नहीं अर्थात् परंब्रह्म है; जिसका

कभी भी ध्वंस नहीं होता है अतः वह नित्य है; जो अजन्मा है; तथा सबका कारण है; एवं जिसकी श्रुतियोंके द्वारा प्रतिपादित ज्ञानके द्वारा अनुभूति होती है। उसी परब्रह्मको जो प्राप्त कर लेता है अर्थात् जो ब्रह्म हो जाता है, वह उपर्युक्त लक्षणोंसे लक्षित समग्र फलको प्राप्त करता है।

इस प्रकारसे शास्त्रोंके अनुसार हमने षट्चक्र आदिका विवेचन किया है। [illegible]के लिए अनुभवी गुरुका आश्रय [illegible] विश[illegible] विचार है। पाठक व [illegible] यथाशीघ्र कार्य पूर्ण होनेकी आशा रखता हूँ। इति शिवम्।

दीपावली
वि० सं० २०४५
वाराणसी

—प्रह्लाद

जालन्धरोड्ड्याणसुमूलबन्धान् जल्पन्ति कण्ठोदरपायुमूले।
बन्धत्रयेऽस्मिन् परिचीयमाने बन्धः कुतो दारुणकालपाशात्।।447।।

जो व्यक्ति जालन्धर, उड्डयान और मूल – इन तीनों बन्धों को क्रमश कण्ठ, उदर और पायुमूल में लगाने की कला से सुपरिचित हो गया है वह दारुण कालपाश रूपी बन्धन में कैसे रह सकता है।(447)

ओड्ड्याणजालन्धरमूलबन्धैरुन्निद्रितायां सुरनायिकायाम्।
प्रत्यङ्मुखात्सम्प्रविशन्सुषुम्नां गमागमौ मुंचति गन्धवाहः।।448।।

जालन्धर, ओड्डयाण, मूल –इन तीन बन्धों से जिसने जगा लिया है सुरनायिका कुण्डलिनी को और उन्मुख कर उसको सुषुम्ना में प्रवेश कराये हुये योगी का प्राण गमागम से मुक्त हो जाता है।(448)

उत्थापिताधारहुताशनोत्थैराकुंचनैः शश्वदपानवायोः।
सन्तापिता चन्द्रमसं पतन्तीं पीयूषधारां पिबतीह धन्यः।।449।।

उत्थापित मूलाधार रूपी अग्नि से निष्पन्न आकुंचनों के द्वारा अपान वायु को नित्य ही सन्तापित किये जाने पर (ललना चक्र से टपकती हुई) अमृतधारा को पीकर साधक धन्य होता है।(449)

बन्धत्रयाभ्यासविपाकजातां विवर्जिता रेचकपूरकाभ्याम्।
विशोषयन्ती विषमप्रवाहं विद्यां भजे केवलकुम्भरूपाम्।।450।।

बन्धत्रय के अभ्यास की परिपक्वावस्था से उत्पन्न तथा रेचक और पूरक से रहित जो विशप्रवाह को सुखाती रहती है कुण्डलिनी उस साधक का जो केवलकुम्भकरूपा विद्या को भजता है।(450)

Scanned by CamScanner

अष्टमप्रकरणम्

हूङ्कारेणैव देवीं यमनियमसमभ्यासशीलः सुशीलो
ज्ञात्वा श्रीनाथवक्त्रात् क्रममिति च महामोक्षवर्त्मप्रकाशम् ।
ब्रह्मद्वारस्य मध्ये विरचयति स तां शुद्धबुद्धिस्वभावो
भित्वा तल्लिङ्गरूपं पवनदहनयोराक्रमेणैव गुप्तम् ॥ ५० ॥

भाष्य—यम-नियम के अभ्यास से जो साधक शील स्वभाव हो गया है और जिसने गुरुमुख से महामोक्ष पथ के क्रम का ज्ञान प्राप्त कर लिया है, वह साधक केवल हूंकार से ही देवी कुण्डलिनी को जाग्रत कर लेता है। वह स्वयंभूलिङ्ग का छेदन या भेदन करके देता है जो अभी तक वन्द था। इस कारण अभीतक दिखलाई नहीं पड़ता था, किन्तु अग्नि और वायु के दबाव से उनको ब्रह्मद्वार पर पहुँचा देता है।

साधक किस प्रकार के स्वभाव का हो? उसकी शुद्ध बुद्धि हो। सुप्त कुण्डलिनी कैसे जाग्रत होती है? पवनदहनयोरिति—पवन के योग से दहन में तीव्रता आ जाती है तथा इससे उसकी गति ऊर्ध्वगामी होती है अर्थात् जाग्रत होने पर सर्प आकृति होकर ऊर्ध्व गति में। कहा गया है—

'मूलाधारे स्मरेद्दिव्यं त्रिकोणं तेजसां निधिम्।
तस्याग्निरेखामानीय अध ऊर्ध्वंव्यवस्थिताम् ॥'

ऊर्ध्वाम्नाय के अनुसार—

'प्रज्वलद्भुजगाकारा पद्मतन्तुनिभा शुभा।
सर्वेषां जननी प्रोक्ता सूर्यकोटिसमप्रभा ॥
प्रबुद्धा वह्नियोगेन मनसामन्धता हृता।
सूचीव गुणमादाय व्रजत्यूर्ध्वं सुषुम्णया ॥
उद्घाटयेत् कवाटं तु यथा कुञ्चिकया हठात्।
कुण्डलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं प्रभेदयेत् ॥'

व्याख्या—सहस्रार के वर्णन के साथ चक्रों का वर्णन समाप्त हो गया। अब यहाँ पर कुण्डलिनी के मिलन का प्रसंग प्रारम्भ होता है। इसको आरम्भ करने से पूर्व इस तथ्य की चर्चा आती है कि कुण्डलिनी को किस प्रक्रिया से जाग्रत किया जाय। इस विषय में सर्वमान्य निर्णय यही है कि कुण्डलिनी को जाग्रत करने की प्रक्रिया का ज्ञान [illegible] गुरु से ही प्राप्त करना चाहिए।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

प्रस्तुत श्लोक का भाव यह है कि जिस साधक ने योगाभ्यास में दक्षता प्राप्त कर ली है, उसे अपने गुरु से ही इस प्रक्रिया की शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। इस प्रक्रिया में वक्ष या हृदय का संकुचन तथा अग्नि और वायु की शक्ति आदि से कुण्डलिनी का जागरण करना सम्मिलित है। अपने गुरु से इस प्रक्रिया का सम्पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर लेने पर ही साधक कुण्डलिनी को जागृत करता है। वह अग्नि और वायु तथा कूर्च मंत्र 'हूं हंसः' के जाप से कुण्डलिनी को जागृत करने का उपक्रम करता है। इससे स्वयंभूलिङ्ग का भेदन हो जाता है तथा कुण्डलिनी ब्रह्मद्वार पर पहुँच जाती है अथवा उसका प्रवेश चित्रिणी नाड़ी के मुख के मध्य में हो जाता है।

हूङ्कारेण—आगमकल्पद्रुम का कथन है—'ततो हंसमुपस्मृत्य शनैराकुञ्च-येद् गुदम्।' मानसिक रूप से हंसमंत्र का जाप करके गुदा का संकुचन धीरे से करे। यह संकुचन अश्विनी मुद्रा में किया जाय। ललितारहस्य के ग्रन्थकार का कथन है कि कुण्डलिनी को गतिशील बनाने के लिए मंत्र 'हूं हंसः' का जाप आवश्यक है। इस विषय में यह माना गया है कि मंत्र के जाप के बाद गुदा का संकुचन करना चाहिए। इससे यह आभास मिलता है कि जीवात्माको जिसका स्थान हृद् देश में है तथा जो दीपशिखा के आकार में है, हृद् देश से मूलाधार में लाया जाय और जीवात्मा भी कुण्डलिनी के साथ ही साथ जाये। आगमकल्पद्रुम का यह भी कथन है—'आरोप्यारोप्य शक्ति कमलजनिलया-दात्मना साधकेन्द्रः।' अर्थात् 'साधक को चाहिए कि शक्ति को बार-बार आत्मा के सहित ब्रह्मस्थान से उठाये…।' इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि कुण्डलिनी का चालन आत्मा या जीवात्मा के साथ ही होना चाहिए।

कालीकुलामृत का कथन है—

'हृदयाद्धंसमनुना नीत्वा जीवं मुखाम्बुजे।
हूङ्कारेण समुत्थाय कुण्डलीं परदेवताम्॥'

हृदय से जीवात्मा को हंसः मन्त्र से मूलाधार में लाकर तथा परम देवता कुण्डलिनी को हूंकार से जागृत करे।

कङ्कालमालिनीतन्त्र में उल्लेख है—

'आकृष्य प्रणवेनैव जीवात्मानं नगेन्द्रजे।
कुण्डलिन्या सह प्राणं गन्धमादाय साधकः।
सोऽहं तु मनुना देवि! स्वाधिष्ठाने प्रवेशयेत्॥'

'हे पर्वतराज की पुत्री! जीवात्मा को प्रणव के द्वारा लाकर साधक को प्राण और गन्ध को सोऽहं मंत्र के द्वारा कुण्डलिनी सहित गतिशील बनाये अर्थात् जागृत करे तथा देवी का स्वाधिष्ठान में प्रवेश कराये।'

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

सुधीजनों को उपरोक्त कथन से यह स्पष्ट हो जाना चाहिए कि जीवात्मा से हृदय से प्रणव या हंस मंत्र के द्वारा मूलाधार में लाया जाता है। केवल कूर्च बीजमंत्र से कुण्डलिनी को जागृत किया जाय।

शिवतन्त्र का कथन है—

'अकुलेश्वरदेवस्य सम्बन्धः प्रथमः स्थितः।
रूपातीतः परो बिन्दुः शक्त्या वेष्टितभास्वरः।
अतो नादो विरोधी च अर्द्धचन्द्रसमुत्क्रमात् ॥
एतत् तु पञ्चमं प्रोक्तं ज्ञानरत्नं महोदयम्।
तत्रैतद् दक्षिणं षट्क्रमाज्ञापूर्वं कुलोद्भवम् ॥'

सुशीलः—वह साधक जो नियमित रूप से योगाभ्यास करता है और इस प्रकार उसने अपने को प्रशिक्षित कर लिया है; ऐसे ही साधकों की संज्ञा सुधी भी बतलायी गयी है।

यमनियमसमभ्यासशीलः—यह ध्यान देने की बात है कि केवल यम-नियम के अभ्यास से ही प्रारम्भिक योग की प्रक्रियाओं में सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती, वरन् साधक को योग में विघ्न उत्पन्न करने वाले काम और क्रोध का भी शमन करना चाहिए। अंग योग भी आवश्यक है। इस विषय में गौतमीयतन्त्र में उल्लेख है—

अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यं दयार्जवम्।
क्षमा धृतिर्मिताहारः शौचञ्चेति यमा दश ॥
जपः सन्तोष आस्तिक्यं दानं देवस्य पूजनम्।
सिद्धान्तश्रवणं चैव ह्रीर्मतिश्च तपो हुतम्।
दशैते नियमाः प्रोक्ता योगशास्त्रविशारदैः ॥'

'योगशास्त्र के विद्वानों ने अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, दया, क्षमा, धृति, मिताहार तथा शौच को 'यम' कहा है तथा जप, सन्तोष, आस्तिक्य, दान, देवताओं का पूजन, सिद्धान्त अथवा वेद-श्रवण, तप, ह्रीं और मति— ये दस नियम बतलाये हैं।

साधक को अभ्यास के द्वारा लोभ, क्रोध, मोह, अहंकार आदि वृत्तियों का शमन करना चाहिए। क्योंकि ये वृत्तियाँ योग में बाधक मानी गईं हैं। उसे अपने में ऐसी वृत्तियों को विकसित करना चाहिए, जिनसे आन्तर् वायु पर नियंत्रण होकर मानसिक दृढ़ता और एकाग्रता आये। इसी दृष्टिकोण से ग्रन्थकार ने ५४वें श्लोक में कहा है—'योगीयमाद्यैर्युतः।' राग और मोह आदि से जिसका मन उद्वेलित होता है, उनके लिए यम-नियम का अनुशीलन

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

अनिवार्यतः आवश्यक है। यह बात दूसरी है कि कुछ लोग जन्म-जन्मान्तर के शुभकर्मों के फलस्वरूप तथा स्वभावतः काम-क्रोधादि वृत्तियों से रहित होते हैं तो वे बिना प्रारम्भिक तैयारियों के योगाभ्यास में सक्षम हो जाते हैं।

श्रीनाथवक्त्रादिति—गुरु के उपदेश के बिना क्रम-ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती। अतः ठीक ही कहा गया है—'गुरूपदेशतो ज्ञेयं न तु शास्त्रार्थकोटिभिः।' अर्थात् गुरु के उपदेश के बिना ज्ञान नहीं मिलता, भले ही करोड़ों शास्त्रों का अध्ययन कर लिया जाय।

क्रमः—विधिवत्। किस क्रिया के बाद कौन-सी क्रिया की जाय।

महामोक्षवर्त्मप्रकाशमिति—इसका तात्पर्य उस प्रक्रिया से है, जिसके द्वारा चित्रिणी नाड़ी के मध्य छिद्र में प्रवेश होता है। इसका प्रकाश प्रस्फोटन के फलस्वरूप ही होता है। इसी को क्रम भी बतलाया गया है।

सः—वह व्यक्ति जिसने योगाभ्यास के द्वारा अपने को अधिकारी बना लिया है।

शुद्धबुद्धिस्वभावः—शुद्धबुद्धि का तात्पर्य ब्रह्म से है। वह व्यक्ति जिसका स्वभाव ब्रह्म में लीन हो गया है। इसका अर्थ इस प्रकार भी किया जा सकता है—वह व्यक्ति जिसका भाव शुद्धबुद्धि के फलस्वरूप स्व अर्थात् आत्मा में लीन है। शंकर ने 'स्वभाव' के स्थान पर 'प्रभाव' पाठ माना है, जिससे इसका अर्थ होगा—वह व्यक्ति जो बुद्धि की शुद्धता से शक्तिमान है।

सुगुप्तम्—यह शब्द या तो लिङ्ग के विशेषण के रूप में प्रयुक्त किया गया है अथवा स्थान के क्रिया-विशेषण रूप में। पहिली दशा में अर्थ होगा कि मुख बन्द है, अतः दिखलाई नहीं देता, सुगुप्त है। दूसरी दशा में अर्थ होगा अप्रकाशित।

कुण्डलिनी का उत्थापन (जागरण) किस प्रकार किया जाय, इस सन्दर्भ में आगमकल्पद्रुम की पाँचवी शाखा में उल्लेख है—

'पद्मासने निवेश्याङ्के ततः पाणिद्वयं न्यसेत्।
तो हंसमुपस्मृत्य शनैः सङ्कोचयेद् गुदम्॥
वायुमुत्तोलयेत् तेन वर्त्मना स पुनः पुनः।
उत्तोल्य भेदयेच्चक्रं तस्याऽनुष्ठानमुच्यते॥
मूलाधारसरोजे तु त्रिकोणमतिसुन्दरम्।
कामो भवति तन्मध्ये बालार्ककोटिसन्निभम्।
तदूर्ध्वे कुण्डलीशक्तिं स्वयम्भूलिङ्गवेष्टिनीम्॥'

'साधक पद्मासन में बैठे और अपने दोनों हाथों को गोद में एक-दूसरे पर रखे। इसके पश्चात् हंसः मन्त्र का मानसिक जाप करे और गुदा का धीरे-धीरे

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

संकुचन करे। वायु को धीरे-धीरे 'तेन व्रतमान' अर्थात् उसी मार्ग से जिससे कुण्डलिनी को जाना है, ऊर्ध्व की ओर ले जाये। वह निरन्तर बार-बार ऐसा करता रहे। इस प्रकार उसे ऊर्ध्व कर चक्र का भेदन करने दे। अब इसकी प्रक्रिया बतलायी जाती है—'मूलाधार कमल में एक अति सुन्दर त्रिकोण है। इसके मध्य काम है। इसका तात्पर्य कामवायु से है। इसकी प्रभा करोड़ों नवोदित बालसूर्यों की प्रभा के सदृश है। कामवायु के ऊपर तथा स्वयम्भू लिङ्ग को घेरे हुए कुण्डलिनी शक्ति है।' कामाग्नि के उत्तेजन कूर्च मन्त्र के जाप के फलस्वरूप उसमें अर्थात् कुण्डलिनी में परमहंस से मिलन की तीव्रता आयेगी।

भूतशुद्धितन्त्र का कथन है—

'हृदिस्थां कुञ्चिकां कृत्वा गत्वा तदुदरे शिवे।
कण्ठाद्यं समनुप्राप्य द्वारं कुञ्चिकया हठात्॥
उद्घाटच परमेशानि पवनेन प्रदीपयेत्।
हुताशनप्रतप्तां तु तापेन भृशमूर्ध्वताम्॥
प्रसुप्तां नागिनीं लिङ्गे योनिवक्त्रे प्रबोधयेत्।
ततः प्रचालयेद् वायुं यावन्नाडचन्तरेषु च॥
गुरूपदिष्टमार्गेण सकृदा कुम्भकेन वै।
आक्रम्यैवं ततो जीवं सुगुप्तेन पथा भृशम्॥
ऊर्ध्वोच्छ्वासैरूर्ध्वमुखान् कारयेत् पङ्कजान् शिवे।
प्रबोधयन् शनैर्भानुं मेरुशृङ्गं नयेत् सुधीः॥'

'हे शिव! साधक अपनी छाती (हृदय) का भी संकुचन करे और अपनी श्वास को भी वहीं रोके रहे। इससे श्वास की ऊर्ध्व गति नहीं होने पायेगी। उसे कण्ठ के आधार पर भी नियंत्रण रखना चाहिए। शरीर के अन्य अवयवों पर भी नियंत्रण रखा जाय और इस स्थिति में सहसा कपाट को उसी प्रकार खोल दे जैसे चाबी से ताले को एकदम खोल दिया जाता है। हे परमेश्वरी! इससे कामाग्नि पवन के वेग के कारण और प्रज्वलित होगी। इससे नागिन (कुण्डलिनी) जो मूलाधार में लिङ्ग पर प्रसुप्त है, जागृत की जाय। अग्नि की दाह के कारण लिङ्ग में ही योनिमुख पर ही जागृत किया जाय तथा अग्नि-दाह के परिणामस्वरूप उसे आधिकारिक रूप से ऊपर जाने अर्थात् आरोह के लिए विवश किया जाय। अर्थात् मूलाधार स्थित त्रिकोण जो मूलाधार में स्वयम्भू लिङ्ग को आच्छादित किये है, उसके ऊर्ध्व की ओर।'

'कुम्भक के नियमानुसार वायु को नाड़ी में बढ़ाया जाय। इसके लिए गुरु ने जिस क्रिया का निर्देश किया है, उसे कार्यान्वित किया जाय। जीव को भी

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

अनुशासित और नियंत्रित कर इस गुह्य पथ से ही ले जाया जाय। श्वास ऊर्ध्व-गति में रहे, जिससे समस्त कमल, जो अधोमुखी थे, ऊर्ध्वमुखी हो जायेंगे। कुण्डलिनी के पूर्णतया जाग्रत हो जाने पर सुधी जनों को चाहिए कि वे उसे भानु (सूर्य) तक ले जायें, जो सहस्रार के शिखर मेरु पर है।'

अब संक्षेप में सकल वचनों का पर्यालोचन कर प्रक्रिया बतलाई जा रही है—योगी को चाहिए कि विहित आसन मुद्रा में बैठे। अपने दोनों हाथों को एक-दूसरे पर अपने अङ्क में इस प्रकार रखे कि दोनों हाथों की हथेलियाँ एक-दूसरे पर रहें—बायें हाथ की हथेली नीचे और दाहिने हाथ की ऊपर। इसके बाद शरीर के अन्तर्भाग में वायु को पूर्णतया भर ले तथा चित को खेचरी मुद्रा में दृढ़ करे। शरीर में जो वायु भरी है, उसे कुम्भक द्वारा रोके रहे। कुम्भक प्राणायाम में श्वास को रोके रखा जाता है। इसके पश्चात् हृदय का संकुचन करे। ऐसा करने से श्वास की ऊर्ध्व गति रुक जायेगी। इसके पश्चात् जब उसे यह अनुभव हो कि पेट से लेकर तालु तक की वायुनाड़ियों के मार्ग से नीचे की ओर बढ़ रही है तो उसे गुदा का संकोचन करना चाहिए। अपान को भी रोका जाय। इसके पश्चात् फिर वायु की गति ऊपर की ओर की जाय और इसे 'काम' को देना चाहिए, जो त्रिकोण के अन्दर मूलाधार कमल की कर्णिकाओं में है। वायु को दक्षिण से वाम की ओर घुमाया जाय (वामव्रतेन), यहाँ पर जालंधरबन्ध उपयोगी है। इस क्रिया से कामाग्नि दीप्त होती है तथा कुण्डलिनी उत्तप्त होती है। इसके बाद स्वयम्भूलिङ्ग के मुख का भेदन 'हूं' बीज मन्त्र के द्वारा किया जाय तथा कुण्डलिनी को 'हूं' मन्त्र के द्वारा चेतन कर चित्रिणी नाड़ी के मुख के मध्य में परमशिव के साथ सामरस्य के लिए प्रविष्ट कराया जाय।

साधारणतया सामरस्य शब्द का प्रयोग भौतिक जगत् में मैथुन-क्रिया के लिए किया जाता है।

कुण्डलिनीयोगप्रकारः

भित्वा लिङ्गत्रयं तत्परमरसशिवे सूक्ष्मधाम्नि प्रदीपे
सा देवी शुद्धसत्त्वा तडिदिव विलसत् तन्तुरूपस्वरूपा।
ब्रह्माख्यायाः शिरायाः सकलसरसिजं प्राप्य देदीप्यते तन्-
मोक्षाख्यानन्दरूपं घटयति सहसा सूक्ष्मतालक्षणेन ॥ ५१ ॥

भाष्य—वे देवी उन लिङ्गों—स्वयम्भू, बाण और इतर का भेदन कर सकल पद्मों को प्राप्त कर, जिन्हें ब्रह्मनाड़ी कहा जाता है, परम प्रभा से पूर्ण देदीप्यमान रहती हैं। इसके अनन्तर वे कमल के तन्तु से भी सूक्ष्म आकार और अत्यन्त प्रभावान् रूप में शिव-सदृश अचिरद्युति युक्त परमानन्द रस में

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

कुण्डलिनीके उत्थापनका प्रकार

हूङ्कारेणैव देवीं यम-नियम-समभ्यास-शीलः सुशीलो
ज्ञात्वा श्रीनाथवक्त्रात् क्रममिति च महामोक्षवर्त्मप्रकाशम् ।

अर्थात् कर्मयोगी जन इसे अनिर्वचनीय मोक्षरूप आत्मसाक्षात्कारका स्थान मानते हैं। 'सकृतिनः'का अर्थ है अच्छे कर्म करनेवाले। अच्छे कर्मका अर्थ है निष्काम कर्म। निष्काम कर्म करनेपर ही मोक्षकी प्राप्ति हो सकती है। सकाम कर्मसे तो तत्तल्लोकों-को प्राप्त कर सकते हैं, जहाँसे कि पुण्य क्षीण होने पर पुनः वापस आना पड़ता है। किन्तु जब मोक्षकी प्राप्ति हो जाती है तो आवागमनचक्र समाप्त हो जाता है। जन्म-मरणरूपी बन्धनसे छुटकारा ही मोक्ष है। मोक्ष कर्मयोगी ही प्राप्त कर सकता है। सर्वकर्मफलार्पण ईश्वरमें करना ही कर्मयोग है। इस कर्मयोगसे कर्मयोगी आत्म-साक्षात्कार होना स्वीकार करते हैं। आत्मसाक्षात्कार होना ही मोक्ष है। इसी नित्यानन्दपदको कर्मयोगी आत्मसाक्षात्कारस्थान मानते हैं। अब सम्प्रदायानुसार कुछ विचार करते हैं—(१) यहाँपर गहराईसे विचार करनेपर यह निष्कर्ष निकलता है कि 'शिवपद' शब्दसे 'शैव' जन इस नित्यानन्द नामक पदको शिवपद कहते हैं। इनके अनुसार 'अमल' शब्दसे कार्मिक-आणव-मायिक मलसे रहित अर्थ लेना होगा। शैवागममें मलके नामसे आणव-मायिक-कार्मिक जाने जाते हैं। (२) 'योगि-गम्यम्' शब्दसे योग सम्प्रदायका ग्रहण होता है। योगदर्शनके अनुसार योगी योगके द्वारा कैवल्यकी प्राप्ति करता है। 'शुद्धबोधस्वरूपम्' शब्दसे इस नित्यानन्द पदको कैवल्य स्वरूप माना गया है। (३) भौतिक वस्तुमें सुख खोजनेवाले सांसारिक जनोंके लिए यह नित्यानन्द पद 'सकलसुखमयम्' शब्दसे समस्त सुखका धाम बताया गया है। (४) वेदान्तियोंके द्वारा स्पष्ट रूपसे यह नित्यानन्द पद 'ब्रह्माभिधानम्' शब्दसे ब्रह्मपदके रूपसे जाना गया है। (५) 'वैष्णवम्' शब्दसे इस नित्यानन्द पदको विष्णुपद कहा गया है। वैष्णव सम्प्रदायका यह मत है। (६) 'हंसाख्यम्' शब्दसे 'हंसः' मन्त्रके उपासकोंने इस नित्यानन्द पदको हंसपद माना है। 'हंसः' पदकी व्याख्यासे यह कहा गया है कि ब्रह्म-विष्णु-शिवशक्ति स्वरूप है 'हंसः' मन्त्र। और भी हंसको प्रकृति-पुरुषात्मक कहनेसे यह सांख्यमत सिद्ध होता है। 'प्रपञ्च-सार'में कहा गया है कि—'पुं-प्रकृत्यात्मको हंसस्तदात्मकमिदं जगत्' हंसः पुरुष-प्रकृतिरूप है और यह जगत् भी हंस रूप है। (७) 'सुकृतिनः' शब्दसे कर्ममार्गियों-का निर्देश किया गया है। और भी सुकृतका अर्थ धर्म या पुण्य होनेसे मीमांसा-मत भी यहाँपर सिद्ध होता है। इस प्रकार यहाँपर विभिन्न मतोंका एकत्र समावेश किया गया है॥ ४९॥

यम-नियम आदिका समुचित अभ्यास करनेवाला, सुशील, शुद्धबुद्धि स्वभाव-वाला वह योगी महामोक्षमार्गका प्रकाश एवं क्रमका श्रीगुरुजीके मुखसे ज्ञान करके

ब्रह्मद्वारस्य मध्ये विरचयति स तां शुद्ध-बुद्धि-स्वभावो
भित्त्वा तल्लिङ्गरूपं पवनदहनयोराक्रमेणैव गुप्तम् ॥ ५० ॥

वायु एवं अग्निके आक्रमणसे ही हूङ्कारके द्वारा उस गुप्त लिङ्गरूपका भेदन करके उस कुण्डलिनी देवीको ब्रह्मद्वारके मध्यमें स्थापन करता है।

विमर्श—प्रस्तुत श्लोकमें कुण्डलिनीको जागृत करनेके लिए विधि बतायी गयी है। **यमनियमसमभ्यासशील**:—कुण्डलिनी जागरणके लिए अधिकारी कौन है इस पर विचार करते हुए सर्वप्रथम कहते हैं कि वही व्यक्ति कुण्डलिनीको जागृत कर सकता है जिसने यम-नियम आदिका सम्यक् रूपसे अभ्यास किया हो। यहाँपर यम एवं नियम शब्दोंसे केवल इन दोनोंका ग्रहण नहीं होता; अपितु आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान तथा समाधिका भी ग्रहण होता है। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह—ये पाँच यम हैं। शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर-प्रणिधान—ये पाँच नियम हैं। पद्मासन, वीरासन आदि अनेक आसन हैं। इन आसनोंमें जो कुण्डलिनी जागरणके लिए विशेष उपयोगी है उसका अभ्यास अधिक करना चाहिए। प्राणायामके चार प्रकार हैं। पूरक, रेचक, कुम्भक—विशेषतः ये तीन प्राणायाम स्पष्ट रूपसे जाने जाते हैं, किन्तु चौथा प्रकारका एक प्राणायाम भी है जो पातञ्जल योगदर्शनमें स्पष्ट तथा विवेचित है। चित्तका किसी स्थान विशेष-पर एकाग्र करना धारणा कही जाती है। उस स्थानपर चित्तका स्थिर हो जाना ध्यान कहलाता है जिस स्थानपर उसे स्थिर किया गया हो। वह ध्यान जब ध्येयके स्वरूप मात्रका प्रकाशक होते हुए अपने स्वरूपसे शून्य-सा हो जाता है, तब वह समाधि कहलाता है। यमादिके विशेष ज्ञानके लिए पातञ्जल योगदर्शनका अवलोकन करें। उपर्युक्त यमादिका सम्यक् रूपसे अभ्यास करना चाहिए। इस जन्ममें यदि जन्मसे ही व्यक्ति यमादिसे युक्त है तो समझें कि उसने जन्मान्तरमें यमादिका अभ्यास किया है। अतः वह कुण्डलिनीयोगका अधिकारी है। **सुशीलः**—उपर्युक्त यमादिका अभ्यास करनेवाला योगी सुशील हो ही जाता है। **शुद्धबुद्धिस्वभावः**—शुद्धबुद्धि-स्वभाववाला होना अधिकारी पुरुषके लिए आवश्यक है। 'बुद्धि' शब्द अन्तःकरण-का उपलक्षण है, अतः इस प्रकारसे कह सकते हैं कि विशुद्ध अन्तःकरणात्मक स्वभाव-वाला योगी अधिकारी है। 'स्वभाव' अर्थात् अपने आतमामें भाव जिसका है, किस प्रकारसे? शुद्धबुद्ध्या अर्थात् शुद्ध अन्तःकरणके द्वारा। और भी शुद्धबुद्धिका अर्थ ब्रह्म किया जाता है तो ब्रह्ममें जिसका स्वभाव अर्थात् आत्मभाव है—ऐसा भी माना जा सकता है। निष्कर्ष रूपसे हम यही कह सकते हैं कि जिस विशुद्ध अन्तःकरणवाले योगीका ब्राह्मात्मैक्य भावमें अवस्थान होता है वही शुद्धबुद्धि स्वभाववाला योगी कुण्डलिनी जागरणके लिए अधिकारी है। **महामोक्षवर्त्मप्रकाशम्**—कुण्डलिनी ब्रह्म

नाड़ीके मार्गसे होकर ब्रह्म पर्यन्त पहुँचती है। जब ब्रह्ममें पहुँच जाती तब योगीको मोक्ष प्राप्त होता है, जिससे उसका पुनर्जन्म नहीं होता है। अतः इसे महामोक्ष कहा गया है। ब्रह्म नाड़ीके मध्यमें विद्यमान मार्ग ही महामोक्ष-मार्ग है। इसी मार्गका ज्ञान जब तक न हो तब तक कुण्डलिनीको ब्रह्मपर्यन्त नहीं पहुँचा सकते हैं। अतः महामोक्ष-मार्गका ज्ञान अत्यावश्यक है। **क्रममिति च**—केवल महामोक्ष-मार्गका ज्ञान प्राप्त कर लेनेसे ही कुण्डलिनी ब्रह्म तक नहीं पहुँच जाती। इसके लिए षट्चक्रका क्रम एवं जिस क्रमसे कुण्डलिनीका जागरण होगा उस क्रमका ज्ञान अत्यावश्यक है। जैसे—पहले प्राणायाम किया जाय या नहीं ? जीवात्माको कब, कहाँ लाया जाय ? इत्यादि। **श्रीनाथवक्त्रात्**—बिना गुरुके ज्ञान प्राप्त नहीं होते हैं। गुरु भी स्वयं अनुभवी होना चाहिए। केवल शास्त्रोंसे जानकारी प्राप्त कर अभ्यास करनेसे हानि होगी। अभ्यास किस प्रकारसे करना चाहिए, किस प्रकारका अभ्यास सुगम है उसका गुरु ही निर्णय कर सकता है। जिसने स्वयं कुण्डलिनीको जागृत किया है वही वास्तविक गुरु हो सकता है। जागरण करते समय नाना प्रकारके विघ्न आते हैं। उन्हें अनुभवी व्यक्ति ही दूर कर सकता है या करा सकता है। अतः गुरुकी अत्यन्त आवश्यकता है। जहाँ तक, योगके अभ्यासमें शास्त्रज्ञान मात्रसे साधक कभी भी सफल नहीं हो सकता है। अतः यहाँपर निर्देश दिया गया है कि अनुभवी गुरुसे ही जानकारी प्राप्त करके योगभ्यासमें प्रवेश करे। **पवन-दहनयोराक्रमेणैव गुप्तं तल्लिङ्गरूपं भित्त्वा**—मूलाधारके निरूपणके समयमें बताया जा चुका है कि मूलाधारमें स्वयम्भू लिङ्ग विराजमान है। वह स्वयम्भू लिङ्ग अत्यन्त गुप्त है। अर्थात् वह अत्यन्त सूक्ष्म है। उस स्वयम्भू लिङ्गके ऊपर साढे-तीन वलयाकारमें कुण्डलिनी लपेटी हुई है। उस स्वयम्भू लिङ्गके छिद्रको उसने अपने मुँहसे आच्छादित कर रक्खी है जिससे वह निरन्तर सहस्रारसे क्षरित अमृतका पान करती रहती है। उसी स्वयम्भू लिङ्गके छिद्रसे होकर उसके मूलसे ब्रह्म नाड़ी सहस्रार पर्यन्त गयी है। इसी ब्रह्म नाड़ीके मार्गमें कुण्डलिनीको प्रवेश करना है। कुण्डलिनी इस प्रकार चिपकी हुई है कि उसे रँचमात्र भी हटाना मुसकिल है। अतः जब अग्नि—-तेजके द्वारा लिङ्गको गरम कर दिया जाता है तथा वायु द्वारा उसे आन्दोलित कर दिया जाता है तब कहीं वह उस स्वयम्भू लिङ्गके छिद्रमें प्रवेश कर पाती है। अतः बार-बार आग और वायु दोनोंके सम्मिलित आक्रमण किया जाता है। **हुङ्कारेणैव**—इसी प्रकार आक्रमण मात्रसे काम नहीं चलता है। उसे बार-बार झटका भी लगाना चाहिए। अतः 'हूं' 'हूं' करना—यह झटका लगाना है। 'हूं' यह कूर्चबीज कहलाता है। इसे कुण्डलिनी जागरण करनेका मन्त्र कहा गया है। इसका विशेष विवेचन हम भूमिकामें करेंगे। **ब्रह्मद्वारस्य मध्ये विरचयति**—उपर्युक्त प्रकारसे 'हूं' करते हुए पवन तथा

कुण्डलिनी-योगका प्रकार

भित्त्वा लिङ्गत्रयं तत् परमरसशिवे सूक्ष्मधाम्नि प्रदीपे
सा देवी शुद्धसत्त्वा तडिदिव विलसत्तन्तुरूपस्वरूपा।
ब्रह्माख्यायाः शिरायाः सकलसरसिजं प्राप्य देदीप्यते तन्-
मोक्षाख्यानन्दरूपं घटयति सहसा सूक्ष्मतालक्षणेन ॥ ५१ ॥

दहन दोनोंके सम्मिलित आक्रमणसे उस कुण्डलिनीको स्वयम्भू लिङ्गके छिद्रमें प्रविष्ट कराया जाता है। तब उसका भेदन करके उसके मूलमें स्थित ब्रह्म नाड़ीके छिद्रमें उसे पुनः प्रविष्ट कराया जाता है। इस प्रकारसे मूलाधारका भेदन होकर द्वितीय चक्रका पुनः क्रमसे भेदन किया जाता है ॥ ५० ॥

शुद्ध स्वभाववाली, विजलीके समान प्रकाशरूपी तन्तुरूप स्वरूदवाली वह कुण्डलिनी तीनों लिङ्गोंका भेदन कर ब्रह्म नाड़ीके द्वारा समस्त कमलोंको प्राप्त कर, सूक्ष्म धाममें स्थित प्रदीपके समान परमानन्दस्वरूप शिवमें देदीप्यमान होती है तथा शीघ्र ही सूक्ष्मभावसे उस नित्यानन्दरूप मुक्तिको प्राप्त कराती है।

विमर्श—प्रस्तुत श्लोकमें कुण्डलिनी योगके प्रकारका वर्णन किया गया है। **शुद्धसत्त्वा**—कुण्डलिनी जब जागृत हो जाती है तब वह शुद्ध स्वभाववाली बन जाती है। शुद्धसत्त्व हुए बिना कुण्डलिनी जागृत नहीं हो सकती है। जब योगी यमादिके अभ्याससे सत्त्वयुक्त हो जाता है तभी यह कुण्डलिनी जागृत होती है। उसमें भी जब वह जागृत होती है तब पूर्णरूपसे शुद्धसत्त्व स्वभाववाली हो जाती है। वही शुद्धसत्त्व स्वभाववाली कुण्डलिनी ही मोक्षदायिका है। **तडिदिव विलसत्तन्तुरूप-स्वरूपा**—जब यह कुण्डलिनी जागृत हो जाती है तव यह विजलीके समान अत्यन्त तेजोमयी बन जाती है। वही तेजोमयी कुण्डलिनी तन्तुके समान रूपवाली बन जाती है अर्थात् यह तन्तुके समान प्रकाशरूपी रेखा-सी बन जाती है। **तत् लिङ्गत्रयं भित्त्वा**—पहले ही चक्रोंके निरूपणोंमें बताया गया है कि मूलाधार चक्रमें स्वयम्भू लिङ्ग, अनाहतमें बाण लिङ्ग तथा आज्ञा चक्रमें इतर लिङ्ग विद्यमान है। कुण्डलिनी जब जागृत होकर ऊर्ध्वमुखी बन जाती है तब क्रमसे उपर्युक्त तीनों लिङ्गोंका भेदन कर सहस्रारमें पहुँच जाती है। पहले भी हमने बताया है कि कुण्डलिनीकी वाणी चार तरहकी होती है अर्थात् यह चार प्रकारके भावसे लिङ्गोंको मोहित कर युक्त हो जाती है। जैसे कि—मूलाधार चक्रमें कुण्डलिनी स्वयम्भू लिङ्गके समीपमें वैखरी भावसे उसे मोहितकर, इस प्रकार हृदयस्थ अनाहत चक्रमें मध्यमा भावसे बाण लिङ्ग-को तथा भ्रूमध्यस्थ आज्ञा चक्रमें इतर लिङ्गको पश्यन्ती भावसे मोहितकर सहस्रारस्थ परंबिन्दुके समीपमें पराभावको प्राप्त करती है। वैखरी, मध्यमा, पश्यन्ती तथा परा—ये चार शब्दको उपन्न करनेवाली शक्तियाँ कुण्डलिनीके अभेदरूपा हैं।

हूङ्कारेणैव देवीं यमनियमसमभ्यासशीलः सुशीलो
ज्ञात्वा श्रीनाथवक्त्रात् क्रममिति च महामो-
क्षवर्त्मप्रकाशम् ।
ब्रह्मद्वारस्य मध्ये विरचयति स तां शुद्धबुद्धिस्वभावो
भित्त्वा तल्लिङ्गरूपं पवनदहनयोराक्रमेणैव गुप्तम् ॥५०॥

अथेदानीं सहस्रदलपर्य्यन्तं चक्रं निरूप्य तत्र कुण्डलिनीयोगं कथयिष्य-न्नादौ कुण्डलिन्युत्थापनप्रकारमाह हूङ्कारेणेति । अस्यायमर्थः । स योगित्वेन प्रसिद्धो जनः गुरुवक्त्रात् क्रमं ज्ञात्वा येन क्रमेण प्रकारेण हृदाद्याकुञ्चनादि-पवनदहनयोराक्रमणं कुण्डलिन्युत्थापनादिकं भवति तत्प्रकारक्रमं श्रीनाथस्य

---

(५०) हूङ्कारेणेति । इदानीं भूतशुद्धिः कथ्यते । तां देवीं कुण्डलिनीं यमनियमसमभ्यासशीलः स जनः श्रीनाथवक्त्रात् गुरुमुखात् महामोक्षपथप्रकाशं क्रमञ्च ज्ञात्वा हूङ्कारेण तत् स्वयम्भूलिङ्गं भित्त्वा ब्रह्मद्वारस्य मध्ये विरचयति । जनः कीदृशः ? शोभनं शीलं यस्य स तथा । शुद्धबुद्धेर्हेतुः प्रभावो यस्य स तथा । नन्वत्र सुप्तां तां कीदृक्प्रकारेणाक्रम्य नयति ? इत्याह पवनदहनयोरिति तयोराक्रमणेन अर्थात् पवनयोगेन दहनस्य ऊर्द्ध्वगतिस्ततः प्रबुद्धा सर्पाकृतिः सा ऊर्द्ध्वगतिर्भवत्येव ।

तथाच—

मूलाधारे स्मरेद्दिव्यं त्रिकोणं तेजसो निधिम् ।
तस्याग्निरेखामानीय अध ऊर्द्ध्वव्यवस्थिताम् ॥

इत्यूर्द्ध्वाम्नायवचनात् ।

प्रज्वलद्भुजगाकारा पद्मतन्तुनिभा शुभा ।
सर्व्वेषां जननी प्रोक्ता सूर्य्यकोटिसमप्रभा ।
प्रबुध्य वह्नियोगेन मनसामन्धता हता ।
सूचीव गुणमादाय व्रजत्यूर्द्ध्वं सुषुम्णया ।
उद्घाटयेत् कवाटन्तु यथा कुञ्चिकया हठात् ।
कुण्डलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं प्रभेदयेत् ॥

इति गोरक्षसंहितोक्तत्वाच्च ॥ [एतन्मते “शुद्धबुद्धिप्रभावः” इति पाठः] ।

गुरोर्व्वक्त्रात् ज्ञात्वा पवनदहनयोराक्रमेण हूमिति कूर्च्चबीजोच्चारणेन च कुण्डलिनीमुत्थाप्य तल्लिङ्गरूपं भित्त्वा स्वयम्भुलिङ्गच्छिद्रं प्रस्फोटयित्वा तां देवीं कुण्डलिनीं ब्रह्मद्वारस्य मध्ये चित्रिणीनाड़ीमुखमध्ये विरचयति प्रापयतीत्यर्थः। हूङ्कारेणेति।

ततो हंसमुपस्मृत्य शनैराकुञ्चयेद् गुदम्।

इत्याद्यागमकल्पद्रुमवचने हंसमन्त्रस्योच्चारणेन कुण्डलिनीचालनविधानात्। "हूं हंस इति मन्त्रः कुण्डलिनीचालने विनियुक्त" इति ललितारहस्यकारः। किन्तु हंसस्मरणपूर्व्वकतदाकुञ्चनविधानात् हंस इति मनुमनुस्मृत्य जीवात्मानं हृदयस्थं दीपकलिकाकारं मूलाधारमानीय तेन सार्द्धं कुण्डलिनीं चालयेदित्यभिप्रायः।

अतएवागमकल्पद्रुमे—

आरोप्यारोप्य शक्तिं कमलजनिलयादात्मना साधकेन्द्रः।

इति परवचने आत्मना जीवात्मना सार्द्धं चालनमुक्तम्।

कालीकुलामृतेऽपि—

हृदयाद्धंसमनुना नीत्वा जीवं मुखाम्बुजे।
हूङ्कारेण समुत्थाप्य कुण्डलीं परदेवताम्॥ इति॥

कङ्कालमालिनीतन्त्रे—

आकृष्य प्रणवेणैव जीवात्मानं नगेन्द्रजे।
कुण्डलिन्या सह प्राणं गन्धमादाय साधकः।
सोऽहन्तु मनुना देवीं स्वाधिष्ठाने प्रवेशयेत्॥ इति॥

ततश्च हंसेन प्रणवेन वा हृदयाज्जीवं मूलाधारमानीय केवलकूर्च्चबीजेन कुण्डलिनीमुत्थापयेत् इति सुधीभिर्भाव्यम्।

स जनः कीदृशः? यमनियमसमभ्यासशीलः यमनियम इति योगप्रतिबन्धककामक्रोधादिनाशकतदनुकूलशरीरान्तर्वायुरेचनमनःस्थैर्य्यादिसाधकाङ्गयोग - प्रदर्शकं। तैरेव प्रकृतयोगनिष्पत्तेः न तु केवलयमनियममात्रेण । अतएव ग्रन्थकृता चतुःपञ्चाशच्छलोके 'योगी यमाद्यैर्युत' इत्यत्र यमाद्यैरिति बहुवचनान्तत्वेन प्रयुक्तम्। अयन्तु यमाद्यभ्यासः कामाद्याकुलितचित्तानामेव। यदि तु जन्मान्तरीयादृष्टवशात् स्वभावतो वा क्रोधकामादिरहितः तदा तद्योगाभ्यासं विनापि प्रकृतयोगे शक्तो भवतीति बोध्यम्।

सुशील इति यतः यमाद्यभ्यासशीलः अतएव सुशील इति। श्रीनाथवक्रादिति। गुरूपदेशं विना क्रमज्ञानं न भवतीति भावः।

अतएवोक्तम्—

गुरूपदेशतो ज्ञेयं न तु शास्त्रार्थकोटिभिः ॥ इति ॥

क्रमं विशेषयति महामोक्षवर्त्मप्रकाशमिति। मोक्षवर्त्म चित्रिणीनाड़ीमध्यच्छिद्ररूपवर्त्म तस्य प्रकाशः प्रस्फोटनं येन क्रमेणेत्यर्थः। शुद्धबुद्धिस्वभाव इति शुद्धबुद्धौ ब्रह्मणि स्वभावो यस्य अथवा शुद्धबुद्ध्या स्वस्मिन् आत्मनि भावो यस्येत्यर्थः। सुगुप्तं यथा स्यात्तथेति क्रियाविशेषणम्। अथवा तल्लिङ्गरूपं सुगुप्तं मुद्रितमुखत्वेनाव्यक्तम् अप्रकाशितमुखमिति यावत्। अथात्र कुण्डलिन्युत्थापनप्रकारं विशेषेणाह।

आगमकल्पद्रुमपञ्चमशाखायाम्—

पद्मासने निवेश्याङ्के ततः पाणिद्वयं न्यसेत्।
ततो हंसमुपस्मृत्य शनैः सङ्कोचयेद्गुदम् ॥
वायुमुत्तोलयेत्तेन वर्त्मना स पुनः पुनः।
उत्तोल्य भेदयेच्चक्रं तस्यानुष्ठानमुच्यते ॥
मूलाधारसरोजे तु त्रिकोणमतिसुन्दरम्।

कामो भवति तन्मध्ये बालार्ककोटिसन्निभम् ।
तदूर्द्ध्वे कुण्डलीशक्तिं स्वयम्भूलिङ्गवेष्टिनीम् ॥

तथा—

कामाग्निना कूर्च्चयोगात् परं हंसाभिलाषिणीम् ॥ इति ॥

तथा भूतशुद्धौ—

हृदिस्थां कुञ्चिकां कृत्वा गत्वा तदुदरे शिवे ।
कण्ठाद्यं समनुप्राप्य द्वारं कुञ्चिकया हठात् ॥
उद्घाट्य परमेशानि पवनेन प्रदीपयेत् ।
हुताशनप्रतप्तां तु तापेन भृशमूर्द्ध्वताम् ॥
प्रसुप्तां नागिनीं लिङ्गे योनिवक्त्रे प्रबोधयेत् ।
ततः प्रचालयेद्वायुं यावन्नाड्यन्तरेषु च ॥
गुरुदिष्टेन मार्गेण सकृद्वा कुम्भकेन वै ।
आक्रम्यैवं ततो जीवं सुगुप्तेन पथा भृशम् ॥
ऊर्द्ध्वोच्छ्वासैरूर्द्ध्वमुखान् कारयेत् पङ्कजान् शिवे ।
प्रबोधयन् शनैर्भानुं मेरुशृङ्गं नयेत् सुधीः ॥ इति ॥

तदयं सकलवचनपर्य्यालोचनसिद्धः क्रमोऽवधीयताम् । योगी जनः विहितासने उपविश्य स्वाङ्के उत्तानौ करौ कृत्वा खेचरीमुद्रया स्थिरचित्तः सन् देहान्तर्वायुमापूर्य्य कुम्भकं कृत्वा हृदयमाकुञ्चयेत् । तेन ऊर्द्ध्वोच्छ्वासोत्सरण-निवृत्तिः । ततो देहान्तरस्थवायोरुदरकण्ठादिव्यापकतया नाड़ीच्छिद्रप्रस्फोटने-नाधोगमनमनुभूय गुदमाकुञ्च्यापानं संरुध्य वायुमुत्तोल्य मूलाधारकमलकर्णि-कान्तस्त्रिकोणस्थकामं वाममावर्त्तयेत् । तेनोद्दीप्तेन तत्र स्थितेन कामाग्निनोत्तप्तां कुण्डलिनीं हूङ्कारेण चेतयित्वा परमशिवसामरस्याभिलाषिणीं तां स्वयम्भूलिङ्गमुखं स्फोटयित्वा तच्छिद्रेण चित्रिणीनाड़ीमुखमध्यं प्रापयेदिति समुदितार्थः ॥५०॥

अनुभव होने लगे तब भविष्यत् में शीघ्र ही सिद्धिलाभ होगा, ऐसा अनुमान लगाना योग्य है ॥ ७८ ॥

इति योगप्रदीपिकायामार्यभाषाभाष्यसमन्वितायां द्वितीयोपदेशः ।

अथ तृतीयोपदेशः (३)

सशैलवनधात्रीणां यथाधारोऽहिनायकः ।
सर्वेषां योगतन्त्राणां तथाधारो हि कुण्डली ॥१॥

योगाभ्यास में कुण्डली की जागृति अनिवार्य है इस विषय को प्रदर्शित करते हैं। जिस प्रकार से समस्त पर्वत, वन तथा भूमि का आधार भगवान् शेष है उसी प्रकार से समस्त योगतंत्रों का आधार कुण्डली है। क्योंकि कुण्डलीबोध के विना प्राणगति सुषुम्ना मार्ग से नहीं हो सकती, तथा चित्त और प्राण की एकता के विना धारणा, ध्यानादि न हो सकेंगे। अतः योग में कुण्डली आवश्यक है ॥ १ ॥

सुप्ता गुरुप्रसादेन यदा जागर्ति कुण्डली ।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यन्ते ग्रन्थयोऽपि च ॥२॥
प्राणस्य शून्यपदवी तथा राजपथायते ।
तदा चित्तं निरालम्बं तदा कालस्य वञ्चनम् ॥३॥
सुषुम्ना शून्यपदवी ब्रह्मरन्ध्रं महापथः ।
श्मशानं शाम्भवी मध्यमार्गश्चेत्येकवाचकाः ॥४॥
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम् ।
ब्रह्मद्वारमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत् ॥५॥

गुरु की कृपा एवं पथप्रदर्शन से तथा ब्रह्मचर्य-तप-श्रद्धा पूर्वक योगसाधनानुष्ठान से जब किसी उत्तम साधक की सुषुम्ना मार्ग पर सुप्त कुण्डली सुषुम्ना द्वार को त्याग देती है तब सुषुम्ना नाडी द्वार से प्राण गति करने लगता है। उस उत्तम नाडी सुषुम्ना में प्राण की धारा बहने से मूलधारा आदि समस्त चक्रों का तथा तत्त्वज्ञान में जो अज्ञानरूप गांठें हैं उनका भी भेदन होने लगता है ॥ २ ॥

सुषुम्ना मार्ग से प्राणगमन होने पर प्राणसञ्चारार्थ सुषुम्ना द्वार सड़क के समान निर्बाध हो जाता है। उस अवस्था में चित्त विषयों से पराङ्मुख होकर शान्त धारावाही बन जाता है तथा प्राणों पर अधिकार होने से मृत्युभय नष्ट हो जाता है ॥ ३ ॥

समस्त नाडियों में उत्तम नाडी जो सुषुम्ना है उसके निम्न सात शब्द पर्यायवाचक हैं [1]सुषुम्ना, [2]शून्यपदवी, [3]ब्रह्मरन्ध्र, [4]महापथ, [5]श्मशान, [6]शाम्भवी, [7]मध्यमार्ग ॥ ४ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

क्योंकि सुषुम्ना मार्ग को कुण्डलिनी ने रोका हुआ है अतः प्राणवायु का गमनागमन सुषुम्ना नाडी से नहीं होता। सुषुम्ना द्वार पर सोई हुई कुण्डली को जगाने के लिए निम्नाङ्कित दश मुद्राओं का अभ्यास उपकारक है ॥ ५ ॥

दश मुद्राओं के नाम

महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्च खेचरी।
उड्यानं मूलबन्धश्च बन्धो जालन्धराभिधः ॥६॥
करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्तिचालनम्।
इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशनम् ॥७॥

महामुद्रा[1], महाबन्ध[2], महावेध[3]; खेचरी[4], उड्यानबन्ध[5], मूलबन्ध[6], जालन्धरबन्ध[7], विपरीतकरणी[8], वज्रोली[9], शक्तिचालन[10] ये दश मुद्रायें हैं। इनके विधि पूर्वक अभ्यास से जरा और मृत्यु का विनाश हो जाता है। अर्थात् वृद्धावस्था का आक्रमण शीघ्र नहीं होता है ॥ ६–७ ॥

आदिनाथोदितं दिव्यमष्टैश्वर्यप्रदायकम्।
वल्लभं सर्वसिद्धानां दुर्लभं मरुतामपि ॥८॥
गोपनीयं प्रयत्नेन यथा रत्नकरण्डकम्।
कस्यचिन्नैव वक्तव्यं कुलस्त्रीसुरतं यथा ॥९॥

मुद्राभ्यास द्वारा आदिनाथ-प्रोक्त उत्तम, अणिमा[1], महिमा[2], गरिमा[3], लघिमा[4], प्राप्ति[5], प्राकाम्य[6], ईशता[7], वशिता[8] इन अष्ट ऐश्वर्यों की प्राप्ति होती है। सर्व साधारण के लिए अलभ्य ये मुद्राएँ सभी सिद्धों की प्रिय रही हैं ॥८॥

जिस प्रकार हीरे आदि रत्नों से परिपूरित भाण्ड को गुप्त रखा जाता है, उसी प्रकार से इन मुद्राओं को गुप्त रखना योग्य है। वस्तुतस्तु इस श्लोक में जो उपमा दी है वह सर्वथा विद्वानों की दृष्टि में अनुपयुक्त है। क्योंकि आर्षपरम्परा में समस्त विद्याओं की सुरक्षा निन्दक, दुष्ट, साधनहीन, आचार्य द्रोही, अब्रह्मचारी, प्रमादी को विद्योपदेश न करने तथा सदाचारी, गुरुनिष्ठ, ब्रह्मचारी, प्रमादहीन साधन परायण योग्य शिष्य को विद्योपदेश करने में ही समझी जाती थी। (भगवान् यास्काचार्य ने भी इस बात को निरुक्तशास्त्र (२।१) में इसी प्रकार से स्पष्ट किया है)। इसलिए यहाँ पर "कुलस्त्री-सुरत" यह दृष्टान्त अश्लील होने से परिहेय है यहाँ केवल अधिकारी को उपदेश करने तथा अनधिकारी को न बताने में ही गोपनीयता का तात्पर्य है ॥ ९ ॥

---

१. परमाणु समान सूक्ष्मता २. महान स्थूलता ३. पर्वत समान भारी होना ४. रुई समान हल्का ५. दूर वस्तु पर पहुँचना ६. सब इच्छा पूरी होनी ७. उत्पत्ति पालन संहार शक्ति ८. सबको अपने अधीन करने की शक्ति।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

महामुद्रा (१)

पादमूलेन वामेन योनिं सम्पीड्य दक्षिणम् ।
प्रसारितं पदं कृत्वा कराभ्यां धारयेद् दृढ़म् ॥१०॥
कण्ठे वन्धं समारोप्य धारयेद्वायुमूर्ध्वतः ।
यथा दण्डहतः सर्पो दण्डाकारः प्रजायते ॥११॥
ऋज्वीभूता तथा शक्तिः कुण्डली सहसा भवेत् ।
तदा सा मरणावस्था जायते द्विपुटाश्रया ॥१२॥
ततः शनैः शनैरेव रेचयेन्नैव वेगतः ।
महामुद्रां च तेनैव वदन्ति विबुधोत्तमाः ॥१३॥
इयं खलु महामुद्रा महासिद्धैः प्रदर्शिता ।
महाक्लेशादयो दोषाः क्षीयन्ते मरणादयः ।
महामुद्रां च तेनैव वदन्ति विबुधोत्तमाः ॥१४॥
चन्द्राङ्गे च समभ्यस्य सूर्याङ्गे पुनरभ्यसेत् ।
यावत्तुल्या भवेत् सङ्ख्या ततो मुद्रां विसर्जयेत् ॥१५॥
न हि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः ।
अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमिव जीर्यति ॥१६॥
क्षयकुष्ठगुदावर्त्तगुल्माजीर्णपुरोगमाः ।
तस्य दोषाः क्षयं यान्ति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत् ॥१७॥
कथितेयं महामुद्रा महासिद्धिकरी नृणाम् ।
गोपनीया प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित् ॥१८॥

अव दशम श्लोक से अष्टादश श्लोक पर्यन्त नव श्लोकों में महामुद्रा की विधि तथा उसके लाभ वताये जायेंगे—वामचरण को मूलेन्द्रिय तथा गुदा के मध्य भाग में दृढ़ता से संस्थापित करके दक्षिण चरण को अपने आगे की ओर भूमि पर दंडाकार में सीधा फैलावे तथा अपने दोनों हाथों की अङ्गुलियों द्वारा प्रसारित चरण के अङ्गुष्ठ को दृढ़ता से पकड़े ॥ १० ॥

वायु को उदर में भर कर—जालन्धर बन्ध और मूलबन्ध को लगा कर मनोबल-पूर्वक मूलाधार से वायु को ऊपर उठावे। इस प्रकार से अभ्यास करने पर कुण्डली शक्ति सुषुम्ना द्वार को त्याग कर दण्ड से पीटे हुए सर्प के तुल्य दण्डाकार में सरल हो जाती है ॥ ११ ॥

जव कुण्डली शक्ति शीघ्र ही दण्डाकार में सीधी हो जाती है तव वायु की गति सुषुम्ना मार्ग से होने लगती है तथा इड़ा और पिङ्गला नाडियों से प्राणगति अवरुद्ध हो जाती है ॥ १२ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

उदर गत वायु को यथाशक्ति कुम्भक करने के उपरान्त शनैः शनैः रेचक करे वेग से रेचक न करे। क्योंकि इस मुद्रा के अभ्यास से महान् लाभ प्राप्त होता है अतः इसको विद्वानों ने महामुद्रा नाम से कहा है ॥ १३ ॥

इस महामुद्रा को आदिनाथ आदि महासिद्धों ने उपयोगी बताया है। क्योंकि इसके अभ्यास से अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष, अभिनिवेश ये महाक्लेश तथा शोकादि दोष क्षीण होने लगते हैं। अतः बुद्धिमानों में श्रेष्ठ अनुभवियों ने इसे महामुद्रा नाम से कहा है ॥ १४ ॥

"जितने समय तक वाम चरण को सीवनी भाग में लगा कर दक्षिण चरण को दण्डाकार में फैलाकर उसके अङ्गुष्ठ को दोनों हाथों की अङ्गुलियों से पकड़ कर" इस अवस्था में रहे उतनी ही देर पैर को बदल कर भी रहे। जब दोनों पैरों की संख्या समान हो जाये तब महामुद्रा को बन्द कर देना उचित है ॥ १५ ॥

महामुद्रा के लाभ—इसके अभ्यास करने से जब योगी अभ्यस्त हो जाता है; तब उसके लिए पथ्यहीन भोजन भी पथ्यवत् ही होता है तथा रस हीन आहार भी पचने लगता है, यदि किसी कारण से विष तुल्य कुत्सितान्न भी खाया गया, तो वह भी अमृत रूप में परिवर्तित हो जाता है ॥ १६ ॥

इसके अभ्यासी को क्षय, कुष्ठ, गुदावर्त्त, गुल्म, मन्दाग्नि, ज्वर आदि अनेक दोष कष्ट नहीं देते, प्रत्युत ये रोग क्षीण हो जाते हैं ॥ १७ ॥

उपर्युक्त जो अनेक उत्तम-गुणवती, पुरुषों को महासिद्धिप्रदा, महामुद्रा को कहा गया इसकी विधि को अनधिकारी अतत्पर पुरुष के लिए कभी न कहे जिससे इसकी रक्षा हो सके ॥ १८ ॥

महाबन्धः (२)

पार्ष्णिं वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत्।
वामोरूपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं तथा ॥१९॥
पूरयित्वा ततो वायुं हृदये चिबुकं दृढम्।
निष्पीड्य वायुमाकुञ्च्य मनोमध्ये नियोजयेत् ॥२०॥
धारयित्वा यथाशक्ति रेचयेदनिलं शनैः।
सव्याङ्गे तु समभ्यस्य दक्षाङ्गे पुनरभ्यसेत् ॥२१॥
मतमत्र तु केषाञ्चित् कण्ठबन्धं विवर्जयेत्।
राजदन्तस्थजिह्वाया बन्धः शस्तो भवेदिति ॥२२॥
अयं तु सर्वनाडीनामूर्ध्वं गतिनिरोधकः।
अयं खलु महाबन्धो महासिद्धिप्रदायकः ॥२३॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

कालपाशमहाबन्धविमोचनविचक्षणः ।
त्रिवेणीसङ्गमं धत्ते केदारं प्रापयेन्मनः ॥२४॥
रूपलावण्यसम्पन्ना यथा स्त्री पुरुषं विना ।
महामुद्रामहाबन्धौ निष्फलौ वेधवर्जितौ ॥२५॥

अब महाबन्ध का स्वरूप बताते हैं—वामचरण की एड़ी को लिङ्गेन्द्रिय और गुदेन्द्रिय के मध्य में जो सीवनी भाग है वहाँ पर लगा कर दक्षिण चरण को वामजङ्घा पर दृढ़ता से रखे ॥ १९ ॥

तत्पश्चात् बाहर से वायु को उदर में परिपूर्ण करके जालन्धरबन्ध को उत्तम प्रकार से लगावे । मूलबन्ध और उड्डियान बन्ध से नाभिस्थ वायु को ऊपर की ओर आकर्षण करते हुए मन को सुषुम्ना नाडी में लगावे ॥ २० ॥

उपर्युक्त उदरस्थ वायु को यथाशक्ति कुम्भक द्वारा अन्दर धारण करके पश्चात् शनैः शनैः रेचक करे । तदनन्तर दक्षिण चरण की एड़ी को सीवनी भाग में लगा कर वामचरण को दक्षिण जङ्घा पर संस्थापित करके इस मुद्रा का अभ्यास करे ॥ २१ ॥

कुछ आचार्यों के मत में इस महाबन्ध के अभ्यासार्थ जालन्धरबन्ध को इसलिए नहीं लगाना चाहिए, क्योंकि जालन्धरबन्ध की अपेक्षा दाढों के मध्य में स्थित जो जिह्वा है, उसका बन्ध ही उत्तम है ॥ २२ ॥

उपर्युक्त जिह्वाबन्ध से समस्त नाड़ियों के प्राणकी गति ब्रह्मरन्ध्र की ओर हो जाती है । अतः जालन्धरबन्ध की अपेक्षा जिह्वाबन्ध ही उत्तम है ।

महाबन्ध के लाभ—यह महाबन्ध, प्राणजय चित्तैकाग्रता आदि सिद्धियों को देता है । मृत्युबन्धन को काटने में इस मुद्राभ्यास से सहायता मिलती है एवं इडा, पिङ्गला और सुषुम्ना इन तीन नाड़ियों का जो सङ्गम स्थान भ्रुकुटि है वहाँ पर मन स्थित होने लगता है ॥ २३–२४ ॥

जिस प्रकार से रूपलावण्यवती स्त्री को पुरुष की अपेक्षा होती है, उसी प्रकार से महामुद्रा और महाबन्ध को महावेध की अपेक्षा है । अर्थात् महामुद्रा, महाबन्ध और महावेध इन तीनों ही का अभ्यास करना लाभकारी हैं ॥ २५ ॥

महावेधः (३)

महाबन्धस्थितो योगी कृत्वा पूरकमेकधीः ।
वायूनां गतिमावृत्य निभृतं कण्ठमुद्रया ॥२६॥
समहस्तयुगो भूमौ स्फिचौ सन्ताडयेच्छनैः ।
पुटद्वयमतिक्रम्य वायुः स्फुरति मध्यगः ॥२७॥
सोमसूर्याग्निसम्बन्धो जायते चामृताय वै ।
मृतावस्था समुत्पन्ना ततो वायुं विरेचयेत् ॥२८॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

महावेधोऽयमभ्यासान्महासिद्धिप्रदायकः ।
वलीपलितवेपघ्नः सेव्यते साधकोत्तमैः ॥२९॥
एतत्त्रयं महागुह्यं जरामृत्युविनाशनम् ।
वह्निवृद्धिकरं चैव ह्यणिमादिगुणप्रदम् ॥३०॥
अष्टधा क्रियते चैव यामे यामे दिने दिने ।
पुण्यसम्भारसन्धायि पापौघभिदुरं सदा ।
सम्यक् शिक्षावतामेवं स्वल्पं प्रथमसाधनम् ॥३१॥

अब यहाँ पर महावेध मुद्रा विधि को कहा जाता है। एकाग्रचित्त होकर उपर्युक्त महाबन्ध की स्थिति में रहते हुए पूरक करे। और जालन्धरबन्ध सहित यथाशक्ति कुम्भक करता हुआ अपने दोनों हाथों को भूमि पर लगावे। तथा समस्त शरीर के भार को हाथों पर तोल कर शनैः शनैः भूमि पर ताड़न करे। ऐसी विधि से ताड़न करे जिससे आसन बँधा रहे और एक साथ ही चूतड़ उठें और भूमि पर गिरें।

इस प्रकार के ताड़न द्वारा इडा और पिङ्गला नाड़ियों में बहने वाली वायु रुक जाती है और सुषुम्नामार्ग से प्राणवायु गति करने लगती है ॥ २६–२७ ॥

वायु के सुषुम्नामार्गवाही होने पर इडा और पिङ्गला नाडी प्राणसञ्चार हीन होने से मृतवत् होकर सुषुम्ना नाडी के साथ एकता कर लेती हैं। उस समय निश्चित ही चित्त समाहित होकर मुक्ति साधनों में तत्पर हो जाता है। पूर्वोक्त कुम्भक को यथाशक्ति धारण करके पश्चात् शनैः शनैः रेचक करे ॥ २८ ॥

महावेध के लाभ—इस महावेध के अभ्यासी को वृद्धावस्था शीघ्र प्राप्त नहीं होती, केश शीघ्र श्वेत नहीं होते तथा शरीर में झुर्रियाँ और कम्पन का अभाव होता है। वृद्धावस्था को नष्ट करने की भावना से उत्तम साधकों को इसका अभ्यास करना योग्य है ॥ २९ ॥

उपर्युक्त महामुद्रा, महाबन्ध और महावेध इन तीनों के अभ्यास से मृत्यु का शीघ्र आक्रमण नहीं होता तथा जठराग्नि की वृद्धि होकर अणिमादि[१] सिद्धि लाभ होता है। इन तीनों मुद्राओं को अनधिकारी से गुप्त रखना योग्य है ॥ ३० ॥

महामुद्रा, महाबन्ध और महावेध इन तीनों मुद्राओं का अभ्यास प्रत्येक दिन प्रत्येक प्रहर में अष्ट प्रकार से किया जाता है। इनके नित्य अभ्यास से चित्तगत काम, क्रोध आदि विकारों का विनाश होता है, एवं एकाग्रता, नीरोगता, धैर्य आदि उत्तम गुणों की उपलब्धि होती है। सभ्य पुरुषों को इसका अभ्यास मात्रा में बढ़ाना चाहिए। मर्यादा हीन अभ्यास से हानि की सम्भावना है ॥ ३१ ॥

---

१. देखें पृ० ३५।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

खेचरीमुद्रा (४)

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी॥ ३२॥
छेदनचालनदोहैः कलां क्रमेण वर्धयेत्तावत्।
सा यावद् भ्रूमध्यं स्पृशति तदा खेचरीसिद्धिः॥ ३३॥
स्नुहीपत्रनिभं शस्त्रं सुतीक्ष्णं स्निग्धनिर्मलम्।
समादाय ततस्तेन रोममात्रं समुच्छिनेत्॥ ३४॥
ततः सैन्धवपथ्याभ्यां चूर्णिताभ्यां प्रघर्षयेत्।
पुनः सप्तदिने प्राप्ते रोममात्रं समुच्छिनेत्॥ ३५॥
एवं क्रमेण षण्मासं नित्यं युक्तः समाचरेत्।
षण्मासाद्रसनामूलशिलाबन्धः प्रणश्यति॥ ३६॥
कलां पराङ्मुखीं कृत्वा त्रिपथे परियोजयेत्।
सा भवेत् खेचरीमुद्रा व्योमचक्रं तदुच्यते॥ ३७॥
रसनामूर्ध्वगां कृत्वा क्षणार्धमपि तिष्ठति।
विषैर्विमुच्यते योगी व्याधिमृत्युजरादिभिः॥ ३८॥
न रोगो मरणं तन्द्रा न निद्रा न क्षुधा तृषा।
न च मूर्च्छा भवेत्तस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम्॥ ३९॥
पीड्यते न स रोगेण लिप्यते न च कर्मणा।
बाध्यते न स कालेन यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम्॥ ४०॥
चित्तं चरति खे यस्माज्जिह्वा चरति खे गता।
तेनैषा खेचरी नाम मुद्रा सिद्धैर्निरूपिता॥ ४१॥
खेचर्या मुद्रितं येन विवरं लम्बिकोर्ध्वतः।
न तस्य क्षरते बिन्दुः कामिन्याः श्लेषितस्य च॥ ४२॥
चलितोऽपि यदा विन्दुः सम्प्राप्तो योनिमण्डलम्।
व्रजत्यूर्ध्वं हृतः शक्त्या निबद्धो योनिमुद्रया॥ ४३॥
ऊर्ध्वजिह्वः स्थिरो भूत्वा सोमपानं करोति यः।
मासार्धेन न सन्देहो मृत्युं जयति योगवित्॥ ४४॥
नित्यं सोमकलापूर्णं शरीरं यस्य योगिनः।
तक्षकेणापि दष्टस्य विषं तस्य न सर्पति॥ ४५॥
इन्धनानि यथा वह्निस्तैलवर्तिं च दीपकः।
तथा सोमकलापूर्णं देही देहं न मुञ्चति॥ ४६॥
गोमांसं भक्षयेन्नित्यं पिबेदमरवारुणीम्।
कुलीनं तमहं मन्ये चेतरे कुलघातकाः॥ ४७॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

गोशब्देनोदिता जिह्वा तत्प्रवेशो हि तालुनि ।
गोमांसभक्षणं तत्तु महापातकनाशनम् ॥ ४८ ॥
जिह्वाप्रवेशसम्भूतवह्निनोत्पादितः खलु ।
चन्द्रात् स्रवति यः सारः स स्यादमरवारुणी ॥ ४९ ॥

चुम्बन्ती यदि लम्बिकाग्रमनिशं जिह्वारसस्पन्दिनी,
सक्षारा कटुकाम्लदुग्धसदृशी मध्वाज्यतुल्या तथा ।
व्याधीनां हरणं जरान्तकरणं शस्त्रागमोदीरणं,
तस्य स्यादमरत्वमष्टगुणितं सिद्धाङ्गनाकर्षणम् ॥ ५० ॥

मूर्ध्नः षोडशपत्रपद्मगलितं प्राणादवाप्तं हठा-
दूर्ध्वास्यो रसनां नियम्य विवरे शक्तिपरां चिन्तयन् ।
उत्कल्लोलकलाजलं च विमलं धारामयं यः पिबे-
न्निर्व्याधिः स मृणालकोमलवपुर्योगी चिरं जीवति ॥ ५१ ॥

यत्प्रालेयं प्रहितसुषिरं मेरुमूर्धान्तरस्थं
तस्मिस्तत्त्वं प्रवदति सुधीस्तन्मुखं निम्नगानाम् ।
चन्द्रात्सारः स्रवति वपुषस्तेन मृत्युर्नराणां
तद्बध्नीयात् सुकरणमथो नान्यथा कार्यसिद्धिः ॥ ५२ ॥

सुषिरं ज्ञानजनकं पञ्चस्रोतःसमन्वितम् ।
तिष्ठते खेचरी मुद्रा तस्मिञ्शून्ये निरञ्जने ॥ ५३ ॥
एकं सृष्टिमयं बीजमेका मुद्रा च खेचरी ।
एको देवो निरालम्ब एकावस्था मनोन्मनी ॥ ५४ ॥

अब यहाँ से खेचरी मुद्रा के विषय में कहा जायेगा । कपाल में जो छिद्र है, उसमें जिह्वा को उलट कर लगाने तथा भृकुटि में दृष्टि को स्थिर करने पर खेचरी मुद्रा हो जाती है ॥ ३२ ॥

खेचरी मुद्रा को सिद्ध करने के लिए जिह्वा को आगे कही गयी छेदन, चालन, और दोहन क्रियाओं से भ्रूकुटि पर्यन्त लम्बी किया जाता है । जिह्वा के मूलतन्तुओं को छेदन करने तथा (अंगुष्ठ और तर्जनी अंगुली से जिह्वा को वाम और दक्षिण ओर को हिलाना चालन कहलाता है) एवं गोदोहन के समान अंगुष्ठ और तर्जनी से जिह्वा को दोहन करके ही खेचरी मुद्रा की सिद्धि होती है ॥ ३३ ॥

स्नुही (सेहुंड) के पत्ते के तुल्य अतीव तीक्ष्ण निर्मल तथा चिकना शल्यकर्म में उपयोगी शस्त्र को उत्तम प्रकार से ग्रहण करके जिह्वा के मूल की रोमपरिमाण में छेदन करे ॥ ३४ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

उपर्युक्त जिह्वा-छेदन के उपरान्त पिसे हुए सैंधवनमक तथा पिसी हुई हरड़ को सायं प्रातः प्रतिदिन कटे हुए भाग पर उत्तम प्रकार से मलता रहे। सात दिन के पश्चात् आठवें दिन उसी प्रकार से पूर्व कटे हुये भाग के आगे रोम मात्र और छेदन करे। सैंधवनमक (कत्था) तथा हरड़ के चूर्ण से कटे भाग को घर्षण करना अधिक उपयोगी है।

"हरड़ और सैंधव (कत्था) के चूर्ण से सायं प्रातः घर्षण, एवं सात दिन के अनन्तर पुनः जिह्वा को रोममात्र काटना" यह क्रिया निरन्तर छः मास पर्यन्त करनी चाहिए। इस प्रकार छः मास होने पर जिह्वा को कपाल छिद्र तक पहुँचने में जो आवरण है उसका विनाश हो जाता है और जिह्वा अनायास कपाल मध्य छिद्र में पहुँच जाती है।।३६।।

उपर्युक्त क्रिया से जब जिह्वा भ्रूकुटी तक पहुँचने लगे तब जिह्वा को लौटा कर, इडा पिङ्गला और सुषुम्ना इन तीन नाडियों का जो सङ्गमस्थान है उसे कपाल छिद्र में लगावे। यही खेचरी मुद्रा है। इसी का नाम व्योमचक्र भी है ॥ ३७ ॥

खेचरीमुद्रा के लाभ—जिह्वा को लौटाकर जो योगी कपाल मध्य छिद्र में लगाकर अर्ध क्षण भी स्थित रहता है, वह सर्प वृश्चिक आदि के विषों से तथा शीघ्र जरा और मृत्यु के आक्रमण से सुरक्षित रहता है ॥ ३८ ॥

खेचरी मुद्राभ्यासी को रोग, मृत्यु, निद्रा, आलस्य, भूख, प्यास, मूर्च्छा शीघ्र नहीं सताते हैं। अर्थात् इसके अभ्यास से तितिक्षा वढती है। रोगों के आक्रमण से मुक्त होकर कर्मवन्धन का क्षय तथा दीर्घायुष्य लाभ होता है ॥ ३९ ॥ ४० ॥

क्योंकि इस मुद्रा में चित्त भ्रूकुटिरूप आकाश में स्थित हो जाता है एवं कपाल मध्य-छिद्र रूप आकाश में जिह्वा विचरती है अतः सिद्धों ने खेचरी मुद्रा नाम से कहा है जिस योगी ने तालु के ऊपर कपाल छिद्र को खेचरी मुद्रा के अभ्यास से आच्छादित कर लिया है, उसका वीर्य मस्तिष्क में स्थिति पाकर काम विकार के उद्वोध के कारणों से भी पतित नहीं होता। चलायमान वीर्य भी यदि योनिमण्डल में आ जाता है, तो उस वीर्य को भी लिङ्गेन्द्रिय के ऊर्ध्व आकर्षण द्वारा युक्तिपूर्वक प्रयत्न करके ऊपर स्थित करना योग्य है वीर्य को ऊपर उठाने में मूलवन्ध, और उड्डियानबन्ध की सहायता लेनी हितकर है। यदि बाह्य प्राणायाम के साथ मूलबन्ध और उड्डियानवन्ध को सिद्ध कर लिया जाये तो वीर्य सुरक्षा में पर्याप्त लाभ होता है ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ ४३ ॥

इस खेचरी मुद्राभ्यास से वीर्यरक्षा में सहायता होती है। वीर्यरूप सोमरस को पीने वाला (रक्षा करने वाला) ब्रह्मचारी योगी मृत्यु के आक्रमण से सुरक्षित रहता है। ब्रह्मचर्येण तपसा देवा मृत्युमपाघ्नत (अथर्व० ११।५।१९) अर्थात् ब्रह्मचर्य तप से देवों ने मृत्यु पर विजय प्राप्त की है। इस अथर्ववेद के अनुसार हमने इस प्रकरण में "सोम-पान" इस शब्द से सुरक्षा का भाव लगाया है तालुभाग से टपकने वाले रस का वीर्य ही कारण होता है। अतः यही भाव उचित प्रतीत होता है ॥ ४४ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

जिस योगी ने इस खेचरी मुद्रा से अपने वीर्य की सुरक्षा से स्वशरीर को पुष्ट कर लिया है, वह सर्पादि विषैले जन्तुओं के काटने पर भी विषाक्रान्त नहीं होगा। जिस प्रकार से अग्नि काष्ठों को तथा दीपक तेल और वत्ती को नहीं त्यागते उसी प्रकार से ब्रह्मचर्ययुक्त शरीरको आत्मा नहीं त्यागता ॥ ४५ ॥ ४६ ॥

जो योगी आगे कहे जाने वाले प्रकार से अमरवाणी गोमांस (गो शब्द का अर्थ यहाँ जिह्वा है मांस शब्द का अर्थ यहाँ पर ब्रह्मचर्य के प्रभाव से उत्पन्न चित्त प्रसादक रस है) का सेवन नित्य करता है, उसको मैं उत्तम कुल में उत्पन्न हुआ मानता हूं। इसके अतिरिक्त अन्य मनुष्य कुल घातक ही है। भावार्थ यह है कि मनुष्य जन्म पाकर जो पुरुष अमर तत्त्व के लिए योगाभ्यास करके ब्रह्मचर्य की रक्षा करता है वही पुरुष कुलीन है। जो केवल शिश्नोदर परायण है वह अकुलीन ही है ॥ ४७ ॥

यहाँ 'गो' शब्द का अर्थ है जिह्वा। वीर्य सुरक्षा होने पर तालु भाग से वचने वाला रस विशेष शान्ति कारण होने से सोमरस नाम से कहा जाता है। ब्रह्मचर्य सुरक्षा में यह मुद्रा साधन होने से तथा वीर्य रक्षा साध्य होने से 'साधन, और साध्य में अभेद मान कर' यहाँ पर रस शब्द को तदुत्पादक शुक्रार्थक मानना योग्य है। तव जिह्वा को तालु में लगाने पर जो वीर्यसंरक्षण होगा, वही गोमांस सेवन होगा। यह ब्रह्मचर्य सुरक्षा ही अनेक महापातकों को नष्ट करती है ॥ ४८ ॥

जिह्वा को तालुभाग में लगाने पर तथा मन को भृकुटी में स्थिर करने पर प्राणवायु सुषुम्ना मार्ग से चल कर ब्रह्मरन्ध्र में स्थिर होने लगेगी। वायु सुषुम्ना मार्ग से वहने पर वीर्य भी मस्तिष्क की ओर गति करने लगेगा तव ऊपर मस्तिष्क में स्थित चन्द्रवत् शीतल वीर्य के प्रभाव से जो ब्रह्म को प्राप्त करने में आनन्द होगा उसे अमरवारुणी कहेंगे ॥ ४९ ॥

जब कपालछिद्र में अभ्यास करने पर जिह्वा द्वारा, लवण, कटु, अम्ल, दुग्ध, मधु, घृत के तुल्य रसों का आस्वादन होने लगे तव अनेक रोगों का क्षय, वृद्धत्व नाश, शस्त्र प्रहारकाल में रक्षा, अणिमा आदि अष्ट ऐश्वर्य लाभ, सिद्धों का साक्षात्कार ये लाभ होने लगते हैं ॥ ५० ॥

रसना को कपालगत छिद्र में संस्थापित करके विपरीतकरणी मुद्रा में (सर्वाङ्गासन में) स्थित होकर प्राणायामादि साधन पूर्वक सोलह कमल पत्र वाले विशुद्ध चक्र में प्रतीत विमल मूर्धन्य सोमरस को ब्रह्मशक्ति का चिन्तन करता हुआ जो योगी पान करेगा वह कमल डण्ठलवत् कोमलकाय होकर स्वास्थ्य सहित दीर्घायु होगा ॥ ५१ ॥

मेरुवत् उच्च सुषुम्ना नाडी से प्राण गति होने पर खेचरी मुद्रा से जब ब्रह्मरन्ध्र में प्राणवायु के साथ वीर्य ऊर्ध्व गमन करने लगता है। तब सुषुम्ना मार्ग से गयी प्राणवायु तथा वीर्य की स्थिति ब्रह्मरन्ध्र में होने लगती है। प्राणवायु और वीर्य के ब्रह्मरन्ध्र में

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

स्थित होने पर चित्त भी स्वतः वही एकाग्र हो जाता है। क्योंकि प्राणवायु चित्त और शुक्र का जहाँ ऐक्य होगा वहीं पर प्रभु चिन्तन तथा आत्म-चिन्तन होगा। तभी दीर्घायुष्य लाभ भी होता है। यही मार्ग है मृत्यु वन्धन से निर्मुक्त होने के लिय चित्त, प्राणवायु और वीर्य की एकता द्वारा ही कालपाश को काटा जा सकता है अन्यथा कोई मार्ग मृत्यु से छूटने का नहीं है।

वस्तुतः मुद्राओं के अभ्यास से चित्त की विक्षिप्तता का विनाश होता है। मृत्यु का भय तो परवैराग्य से उत्पन्न असम्प्रज्ञात समाधि द्वारा ही समाप्त हो सकता है। आत्मा और चित्त को जव तक विवेक से अलग अलग अनुभव न कर लिया जाये तव तक मृत्यु बन्धन इन खेचरी आदि साधनों से नहीं कट सकता है। यहाँ ग्रन्थकार अर्थवाद को लेकर खेचरी मुद्रा के लाभ वताने में अतिशय कर गये हैं। इसका तात्पर्य साधकों में उत्सुकता उत्पन्न करना है ॥ ५२ ॥

खेचरी मुद्रा से कपालगत छिद्र का अवरोध होकर इडा आदि पञ्च नाडियों से युक्त स्रोत का वहाव मूर्धाभिमुख होने से तत्त्व प्राप्ति में सहायता होती है ।। ५३ ॥

जिस प्रकार से सृष्टिरूप कार्य का कारण मूल प्रकृति, तथा देवों में परमात्मा देव हैं एवं प्रत्याहारात्मक अवस्थाओं में मनोन्मनी अवस्था श्रेष्ठ है उसी प्रकार सम्पूर्ण मुद्राओं में खेचरी मुद्रा उत्तम है ॥५४॥

उड्डीयानवन्धः (५)

बद्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूड्डीयते यतः।
तस्मादुड्डीयनाख्योऽयं योगिभिः समुदाहृतः ॥ ५५ ॥
उड्डीनं कुरुते यस्मादविश्रान्तं महाखगः।
उड्डीयानं तदेव स्यात्तत्र बन्धोऽभिधीयते ॥ ५६ ॥
उदरे पश्चिमं तानं नाभेरूर्ध्वं च कारयेत्।
उड्डीयानो ह्यसौ वन्धो मृत्युमातङ्गकेसरी ॥ ५७ ॥
उड्डीयानं तु सहजं गुरुणा कथितं यदा।
अभ्यसेत्सततं यस्तु वृद्धोऽपि तरुणायते ॥ ५८ ॥
नाभेरूर्ध्वमधश्चापि तानं कुर्यात्प्रयत्नतः।
षण्मासमभ्यसेन्मृत्युं जयत्येव न संशयः ॥ ५९ ॥
सर्वेषामेव बन्धानामुत्तमो ह्युड्डियानकः।
उड्डियाने दृढे बन्धे मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत् ॥ ६० ॥

अब उड्डीयानवन्ध के विषय में कहा जाता है क्योंकि इस बन्धसे प्राणवायु सुषुम्ना नाडी मार्ग से प्रविष्ट होकर ब्रह्मरन्ध्र की ओर उड़ने लगती है, अत एव योगियों ने इस

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

वन्ध का नाम उड्डीयानवन्ध रख दिया। प्राण रूप पक्षी जिस वन्ध द्वारा निरन्तर सुषुम्ना मार्ग से ब्रह्मरन्ध्ररूप आकाश की ओर उड़ने लगते हैं, उस अन्वर्थक उड्डीयान-वन्ध का स्वरूप आगे कहा जाता है ॥ ५५ ॥ ५६ ॥

रेचक करके नाभिस्थल के ऊपर तथा नीचे के भाग को इस प्रकार से खींचे जिससे नाभि का ऊपरवाला भाग, तथा नाभि का नीचे वाला भाग ऊपर अंदर की ओर आकर्षित होकर पृष्ठ भागस्थ मेरुदण्ड से अच्छी प्रकार संलग्न करे। यह वन्ध उड्डीयान संज्ञक है। इसका अभ्यास रेचक करके (प्राण वायु को नासिका पुटों से वाहर निकाल कर) किया जाता है। विना उदरस्थ वायु के वाहर निकले यह वन्ध नहीं लगेगा। क्योंकि इसके अभ्यास द्वारा वीर्य का ऊर्ध्वगमन होने लगता है अतः यह मृत्यु वन्धन को शीघ्र ही नहीं आने देता। वृद्ध पुरुष भी यदि गुरूपदिष्ट मार्ग से युक्ताहार विहार पूर्वक इस उड्डीयानवन्ध का निरन्तर सेवन करेगा तो वह भी तरुण के समान हो जायेगा। अर्थात् वृद्धावस्था की झुर्रियाँ, शारीरिक निर्वलता आदि लक्षण इस वन्ध के अभ्यास से नष्ट हो जाते हैं। उपर्युक्त प्रकार से नाभि के ऊपरी भाग को तथा निम्नभाग को रेचक करके, ऊपर की ओर आकर्षण करते हुए पृष्ठभागस्थ मेरुदण्ड से संलग्न करता है वह निश्चित ही छः मास के अभ्यास द्वारा मृत्यु लक्षणों का नाशक है ॥ ५७-५९ ॥

वीर्यपतन, मन्दाग्नि, उदर विकार आदि दोषों से निर्मुक्त कराने वाला यह उड्डीयान वन्ध सम्पूर्ण वन्धों में प्रधान है। अतः योगानुष्ठान में सहायक वीर्य सुरक्षा आदि उत्तम गुणों को प्राप्त करने के लिए इसका अभ्यास उचित है ॥ ६० ॥

मूलबन्धः (६)

पार्ष्णिभागेन सम्पीड्य योनिमाकुञ्चयेद्गुदम्।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽभिधीयते ॥ ६१ ॥
अधोगतिमपानं वा ऊर्ध्वगं कुरुते वलात्।
आकुञ्चनेन तं प्राहुर्मूलबन्धं हि योगिनः ॥ ६२ ॥
गुदं पार्ष्ण्या तु सम्पीड्य वायुमाकुञ्चयेद्बलात्।
वारं वारं यथा चोर्ध्वं समायाति समीरणः ॥ ६३ ॥
प्राणापानौ नादबिन्दू मूलबन्धेन चैकताम्।
गत्वा योगस्य संसिद्धिं यच्छतो नात्र संशयः ॥ ६४ ॥
अपानप्राणयोरैक्यं क्षयो मूत्रपुरीषयोः।
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबन्धनात् ॥ ६५ ॥
अपाने ऊर्ध्वगे जाते प्रयाते वह्निमण्डलम्।
तदाऽनलशिखा दीर्घा जायते वायुनाऽऽहृता ॥ ६६ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

ततो यातो वह्न्यपानौ प्राणमुष्णस्वरूपकम् ।
तेनात्यन्तप्रदीप्तस्तु ज्वलनो देहजस्तथा ।। ६७ ।।
तेन कुण्डलिनी सुप्ता सन्तप्ता सम्प्रबुध्यते ।
दण्डाहता भुजङ्गीव निश्वस्य ऋजुतां व्रजेत् ।। ६८ ।।
बिलं प्रविष्टेव ततो ब्रह्मनाड्यन्तरं व्रजेत् ।
तस्मान्नित्यं मूलबन्धः कर्त्तव्यो योगिभिः सदा ।। ६९ ।।

यहाँ पर मूलवन्ध को वताते हैं—दोनों पादों की किसी भी एड़ी को गुदेन्द्रिय और लिङ्गेन्द्रिय के मध्य भाग सीवनी में संस्थापित करके गुदा से अपान वायु को ऊपर की ओर सङ्कोच करे । ऊपर को उठावे । यह क्रिया मूलवन्ध नाम से कही जाती है ।।६१।।

मूलाधार में स्थित अपान वायु को गुदा के संकोच से मानसिक वल लगाकर ऊपर की ओर उठाया जाता है । गुदा के सङ्कोच से अपान वायु सुषुम्नानाडी द्वारा ब्रह्मरन्ध्र की ओर उठने लगती है । क्योंकि इस वन्ध के अभ्यास से लिङ्गेन्द्रिय और गुदेन्द्रिय मूलस्थान वन्ध जाते हैं अतः इसका अन्वर्थक नाम मूलवन्ध है ।। ६२ ।।

प्रकारान्तर से पुनः मूलवन्ध को स्पष्ट करते हैं—किसी एक चरण की एड़ी को गुदा और उपस्थ भाग के मध्य में उत्तम प्रकार से सुस्थित करके पुनः पुनः वल पूर्वक अपान वायु को ऐसे ढंग से ऊपर की ओर उठावे जिससे वह वायु सुषुम्ना द्वारा ऊर्ध्व-गामी होवे ।। ६३ ।।

मूलबन्ध के लाभः—मूलवन्ध के युक्ताभ्यास से प्राण और अपान की एकता हो जाती है । प्राण और अपान की एकता द्वारा नाद स्फुटन तथा वीर्य का ऊर्ध्वगमन होता है । जो योगसिद्धि में उपकारक है ।। ६४ ।। और

अपान और प्राण की एकता होती है तथा शरीर में बढ़े हुए मल और मूत्र की अल्पता होकर वृद्धावस्था की झुर्रियाँ निर्वलता आदि लक्षण क्षीण हो जाते हैं ।। ६५ ।।

मूलवन्ध के अभ्यास से जव अपान वायु ऊर्ध्वगमन करने लगती है तव प्राण वायु के साथ अपान वायु का घर्षण होने से उदर में जठराग्नि उद्दीप्त होती है । जो मन्दाग्नि तथा अन्य उदरगत विकारों को भस्मसात् कर देती हैं । अपान और प्राण के घर्षण द्वारा जो विद्युत् जठराग्नि रूप से उत्पन्न होती है, वह शरीर की निस्तेजस्ता को क्रान्ति में परिवर्त्तित कर देती है ।। ६६–६७ ।।

और उस प्राण और अपान के घर्षण से उत्पन्न अग्नि प्रभाव द्वारा कुण्डली शक्ति सुषुम्नाद्वार को त्याग कर जाग जाती है । जिस प्रकार से दण्डताडिता सर्पिणी मरणान्त में सरल हो जाती है उसी प्रकार से सुषुम्नाद्वार पर सुप्ता कुण्डली शक्ति उस अग्नि से सीधी हो जाती है ।। ६८ ।।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

तदनन्तर विल में प्रविष्ट सर्पिणीवत् कुण्डली शक्ति सुषुम्ना नाडी में प्रविष्ट हो जाती है। क्योंकि मूलवन्ध के अभ्यास से कुण्डली शक्ति जागरित होती है, अतः योगियों को मूलवन्धका अभ्यास हर समय करना योग्य है ॥ ६९ ॥

जालन्धरबन्धः (७)

कण्ठमाकुञ्च्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम् ।
बन्धो जालन्धराख्योऽयं जरामृत्युविनाशकः ॥ ७० ॥
बध्नाति हि शिराजालमधोगामि नभोजलम् ।
हतो जालन्धरो बन्धः कण्ठदुःखौघनाशनः ॥ ७१ ॥
जालन्धरे कृते बन्धे कण्ठसङ्कोचलक्षणे ।
न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रकुप्यति ॥ ७२ ॥
कण्ठसङ्कोचनेनैव द्वे नाड्यौ स्तम्भयेद् दृढम् ।
मध्यचक्रमिदं ज्ञेयं षोडशाधारबन्धनम् ॥ ७३ ॥
मूलस्थानं समाकुञ्च्य उड्डियानं तु कारयेत् ।
इडां च पिङ्गलां बध्वा वाहयेत् पश्चिमे पथि ॥ ७४ ॥
अनेनैव विधानेन प्रयाति पवनालयम् ।
ततो न जायते मृत्युर्जरारोगादिकं तथा ॥ ७५ ॥
बन्धत्रयमिदं श्रेष्ठं महासिद्धैश्च सेवितम् ।
सर्वेषां हठतन्त्राणां साधनं योगिनो विदुः ॥ ७६ ॥

यहाँ से जालन्धर वन्ध को बताते हैं—हृदय से ऊपर चार अङ्गुल अन्तर पर ठोडी को संस्थापित करे तथा कण्ठ को सङ्कुचित करके ठोडी को नमन पूर्वक ऐसे ढंग से रखे जिससे हृदय समीप छाती और हनु में चार अङ्गुल का अन्तर रहे। यह जालन्धर वन्ध कहलाता है। इसके अभ्यास से वृद्धावस्था एवं मृत्यु का आक्रमण शीघ्र नहीं होता ॥ ७० ॥

क्योंकि इसके अभ्यास से नाडी समूह रूप जाल का एवं नीचे गमन करनेवाले कपाल छिद्ररूप नभ से निकलने वाले जल का वाध हो जाता है, अतः इस वन्ध का अन्वर्थक नाम जालन्धर वन्ध है। यह वन्ध कण्ठ सम्वन्धित रोगों का क्षय करता है ॥ ७१ ॥

जालन्धर बन्ध के लाभ—कण्ठसङ्कोच स्वरूप, जालन्धर बन्ध के करने पर तालु से वहने वाला अमृत तुल्य रज जठराग्नि में नहीं गिरता तथा वातकुपित दोष भी नहीं होते ॥ ७२ ॥

दृढ़ता से कण्ठ के सङ्कोच द्वारा ही इडा और पिङ्गला नाडियों को यह वन्ध रोकता है। इस वन्ध से इडा और पिङ्गलारूप नाडियों में वायु सञ्चार बन्द हो जाता है। यह

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

कण्ठस्थ मध्यचक्र = (विशुद्धचक्र को यहाँ मध्यचक्र कहा है। इसे सोलह पंखड़ी वाले कमलवत् (तान्त्रिक ग्रन्थों में) माना जाता है। तथा प्रत्येक पंखड़ी पर एक एक अक्षर भी माना गया है। इस वन्ध से षोडश पंखड़ी आधार वाला जो विशुद्ध चक्र है वह अवरुद्ध हो जाता है ॥ ७३ ॥

मध्य चक्र के १६ आधार—१. अंगुष्ठ, २. गुल्फ, ३. जाल ४. ऊरु ५. सीवनी ६. लिंग ७. नाभि ८. हृदय ९. ग्रीवा १०. कण्ठदेश ११. लंबिका १२. नासिका १३. भ्रूमध्य १४. मस्तक १५. मूर्द्धा १६. ब्रह्मरंध्र। अंगुष्ठगुल्फजानूरुसीविनी लिंगनाभयः। हृद्ग्रीवा कंठदेशश्च लंबिकानासिका तथा। भ्रूमध्यं च ललाटं च मूर्धा च ब्रह्मरंध्रकम्। एते हि षोडशाधाराः कथिता योगिपुंगवैः।

मूत्रेन्द्रिय तथा गुदेन्द्रिय को ऊपर की ओर सङ्कोच करके मूलवन्ध नाभिमण्डल को पृष्ठभागस्थ मेरुदण्ड से लगा कर उड्डीयान वन्ध एवं कण्ठसंकोच करते हुए हनु को हृदय समीप वक्षःस्थल पर संस्थापित करके इडा और पिङ्गला को बाँधने से जालन्धर वन्ध को नित्य करके प्राणवायु को सुषुम्ना मार्ग द्वारा पश्चिम मार्ग से चलावे ॥ ७४ ॥

इन तीनों वन्धों का युक्ति पूर्वक अभ्यास करने से प्राणवायु की गति सुषुम्ना मार्ग से होने लगती है और नित्य प्रति के अभ्यास बढाने पर ब्रह्मरन्ध्र में प्राणवायु स्थित होकर चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। चित्त एकाग्र होने पर वृद्धावस्था के कम्पन, झुर्रियाँ आदि लक्षण नष्ट होकर दीर्घायुष्य लाभ होता है। उपर्युक्त तीनों वन्धों का सेवन गुणप्रद होने से अनेक उत्तम सिद्धों ने किया है। उत्तम अनुभवी योगियों का कथन है कि ये तीन वन्ध सम्पूर्ण योगाङ्गों में उपकारक हैं ॥ ७५–७६ ॥

विपरीतकरणी मुद्रा (८)

यत्किञ्चित्स्रवते चन्द्रादमृतं दिव्यरूपिणः।
तत्सर्वं ग्रसते सूर्यस्तेन पिण्डो जरायुतः ॥ ७७ ॥
तत्रास्ति करणं दिव्यं सूर्यस्य मुखवञ्चनम्।
गुरूपदेशतो ज्ञेयं न तु शास्त्रार्थकोटिभिः ॥ ७८ ॥
ऊर्ध्वं नाभेरधस्तालोरूर्ध्वं भानुरधः शशी।
करणी विपरीताख्या गुरुवाक्येन लभ्यते ॥ ७९ ॥
नित्यमभ्यासयुक्तस्य जठराग्निविवर्धिनी।
आहारो बहुलस्तस्य सम्पाद्यः साधकस्य च ॥ ८० ॥
अल्पाहारो यदि भवेदग्निर्दहति तत्क्षणात्।
अधः शिराश्चोर्ध्वपादः क्षणं स्यात् प्रथमे दिने ॥ ८१ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

क्षणाच्च किञ्चिदधिकमभ्यसेच्च दिने दिने।
वलितं पलितं चैव षण्मासोर्ध्वं न दृश्यते।
याममात्रं तु यो नित्यमभ्यसेत् स तु कालजित् ।। ८२।

वज्रोलीमुद्रा (९)

स्वेच्छया वर्तमानोऽपि योगोक्तैर्नियमैर्विना।
वज्रोलिं यो विजानाति स योगी सिद्धिभाजनम् ।। ८३ ।।
तत्र वस्तुद्वयं वक्ष्ये दुर्लभं यस्य कस्यचित्।
क्षीरं चैकं द्वितीयं तु नारी च वशवर्त्तिनी ।। ८४ ।।
मेहनेन शनैः सम्यगूर्ध्वाकुञ्चनमभ्यसेत्।
पुरुषोऽप्यथवा नारी वज्रोलीसिद्धिमाप्नुयात् ।। ८५ ।।

अब विपरीतकरणी मुद्रा को कहा जाता है—उत्तमरूप अमररस चन्द्र सदृश आह्लादक वीर्यसंजात, मूर्धन्य, सोमरस साधारण अवस्था में नीचे को गिरता रहता है। जिसे नाभि में विद्यमान अग्निरूप सूर्य ही ग्रसता रहता है, इसलिए शरीर वृद्धावस्था को प्राप्त करता है। जिस मुद्रा के अभ्यास से वह मूर्धन्य रस नीचे न गिरे वह विपरीत-करणी मुद्रा है। उस उत्तम रस को सूर्य से सुरक्षित रखने के लिए गुरु द्वारा मार्ग प्राप्त करके उत्तम साधन विपरीतकरणी मुद्रा को जाने ।। ७७–७८ ।।

इस मुद्रा को केवल पुस्तकों में अवलोकन मात्र से न करके योग्य गुरु के उपदेश को पाकर ही करे। जिस प्रकार से सर्वाङ्गासन में ग्रीवा और दोनों कन्धों पर समस्त शरीर का भार तुला रहता है, उसी प्रकार से शरीर के भार को ग्रीवा और दोनों कन्धों पर तोल कर नाभि से पाद पर्यन्त शरीर को ऊपर की ओर उठावे। ऐसी अवस्था में होने पर तालु में स्थित चन्द्र नीचे हो जाता है तथा नाभिस्थित अग्निरूप सूर्य ऊपर की ओर हो जाता है! इसे विपरीतकरणी मुद्रा कहते ।। ७९ ।।

इस विपरीतकरणी मुद्राभ्यास से जठराग्नि की वृद्धि होती है; इसलिए इसके अभ्यासी का पर्याप्त आहार का प्रबन्ध होना योग्य है। क्योंकि यदि विपरीकरणी मुद्रा के अभ्यासी का अल्पाहार हुआ तो जठराग्नि शीघ्र ही रस, रक्त, आदि धातुओं को जला देगी। अतएव अभ्यासी आहार की मात्रा सुपर्याप्त करे। और अभ्यास शनैः शनैः अल्प मात्रा में बढ़ावे। प्रथम दिन केवल क्षणभर ही इसका अभ्यास कर एक क्षण से कुछ अधिक मात्रा में बढ़ाता रहे। जो अभ्यासी इस मुद्रा को प्रतिदिन एक प्रहर तक करेगा वह मृत्यु के बन्धन को काट सकता है। अपने आप ही स्वशरीर को त्यागने में सामर्थ्य पा सकता है। क्रम से प्रतिदिन १५ मिनट के अभ्यास से छः मास के पश्चात् झुर्रियाँ तथा केशों की श्वेतता नष्ट हो जाती है ।। ८०–८२ ।।

मूलबंध द्वारा लिंग इंद्रिय को अंदर से ऊपर खेंचे: वह पुरुष वा स्त्री वज्रोली सिद्धि प्राप्त करेगा ।। ८५ ।।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

यत्नतःशस्तनालेन फूत्कारं वज्रकन्दरे ।
शनैः शनैः प्रकुर्वीत वायुसंचारकारणात् ॥ ८६ ॥
नारी भगे पतद्बिन्दुमभ्यासेनोर्ध्वमाहरेत् ।
चलितं च निजं बिन्दुमूर्ध्वमाकृष्य रक्षयेत् ॥ ८७ ॥
एवं संरक्षयेद्बिन्दुं मृत्युं जयति योगवित् ।
मरणं बिन्दुपातेन जीवनं बिन्दुधारणात् ॥ ८८ ॥
सुगन्धो योगिनो देहे जायते बिन्दुधारणात् ।
यावद् बिन्दुः स्थिरो देहे तावत् कालभयं कुतः ॥ ८९ ॥
चित्तायत्तं नृणां शुक्रं शुक्रायत्तं च जीवितम् ।
तस्माच्छुक्रं मनश्चैव रक्षणीयं प्रयत्नतः ॥ ९० ॥

कैथीटार द्वारा वायु का संचार अंदर फूत्कार गुरूपदेश अनुसार करे ॥ ८६ ॥

उपर्युक्त दश मुद्राओं में वज्रोली मुद्रा का नवम स्थान है। यह मुद्रा वीर्य को ऊपर आकर्षणार्थ की जाती है। यहाँ पर ग्रन्थकार ने जो भोग को योग के साथ दिखाया है यह ठीक नहीं ग्रन्थकार का व्यामोह है। भोग और योग ये दोनों शब्द सर्वथा परस्पर विरोधार्थक हैं। क्योकि योग में भोग और भोग में योग बाधक है। "ब्रह्मचर्य रक्षा विना योग की सिद्धि तीनों कालों में असम्भव है" पतञ्जलि आदि महर्षियों ने जो योग में यम और नियम को योग की आधार शिला माना है, वही मार्ग श्रेयस्कर है। हम यहाँ वज्रोली, अमरोली तथा सहजोलि इन तीनों विषयों को योग में प्रतिबन्धक मान श्लोकार्थ भाषा में नहीं दिखा रहे हैं।

वीर्य सुरक्षा करने में तीन बन्ध ही उपकारक हो सकते हैं। देखो भूमिका।

अपना चला हुआ बिंदु ऊपर खेंच के उसकी रक्षा करे।

क्योंकि वीर्य की सुरक्षा से जीवन तथा विनाश से मृत्यु होती है, अतः योगी मृत्युञ्जय के उत्कृष्ट साधन वीर्यसुरक्षा में सदा प्रयास करता रहे। वीर्य सुरक्षा से योगी का शरीर सुगन्धमय हो जाता है। जब तक ब्रह्मचर्य के सुपरिपालन से शरीर में वीर्य सुरक्षित रहता है तब तक असामयिक मृत्यु नहीं होती, दीर्घायुष्य प्राप्त होता है।

क्योंकि मनुष्यों के चित्त की पवित्रता से वीर्य रक्षा तथा वीर्य की सुरक्षा से चित्त स्वच्छ बनता है, अतः योगाभ्यासी को महान् प्रयत्न से मन तथा वीर्य की सुरक्षा करनी चाहिये ॥ ८७-९० ॥

ऋतुमत्या रजोऽप्येवं बीजं बिंदु च रक्षयेत् ।
मेढ्रेणाकर्षयेदूर्ध्वं सम्यगभ्यासयोगवित् ॥ ९१ ॥
सहजोलिश्चामरोलिवज्रोल्या भेद एकतः ।
जले सुभस्म निक्षिप्य दग्धगोमयसंभवम् ॥ ९२ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

वज्रोलीमैथुनादूर्ध्वं स्त्रीपुंसोः स्वाङ्गलेपनम् ।
आसीनयोः सुखेनैव मुक्तव्यापारयोः क्षणात् ॥ ९३ ॥
सहजोलिरियं प्रोक्ता श्रद्धेया योगिभिः सदा ।
अयं शुभकरो योगो भोगभुक्तोऽपि मुक्तिदः ॥ ९४ ॥
अयं योगः पुण्यवतां धीराणां तत्वदर्शिनाम् ।
निर्मत्सराणां सिध्येत न तु मत्सरशालिनाम् ॥ ९५ ॥

अथ अमरोली

पितोल्बणत्वात्प्रथमाम्बुधारां विहाय निःसारतयांत्यधारा ।
निषेव्यते शीतलमध्यधारा कापालिके खंडमतेऽमरोली ॥९६॥
अमरीं यः पिबेन्नित्यं नस्यं कुर्वन्दिनेदिने ।
वज्रोलीमभ्यसेत्सम्यगमरोलीति कथ्यते ॥ ९७ ॥
अभ्यासान्निःसृतां चान्द्रीं विभूत्या सह मिश्रयेत् ।
धारयेदुत्तमांगेषु दिव्यदृष्टिः प्रजायते ॥ ९८ ॥
पुंसो बिन्दुं समाकुंञ्च्य सम्यगभ्यासपाटवात् ।
यदि नारी रजो रक्षेद्वज्रोल्या सापि योगिनी ॥ ९९ ॥
तस्याः किंचिद्रजो नाशं न गच्छति न संशयः ।
तस्याः शरीरे नादश्च बिंदुतामेव गच्छति ॥ १०० ॥
स बिंदुस्तद्रजश्चैव एकीभूय स्वदेहगौ ।
वज्रोल्यभ्यासयोगेन सर्वसिद्धिं प्रयच्छतः ॥ १०१ ॥
रक्षेदाकुंचनादूर्ध्वं या रजः सा हि योगिनी ।
अतीतानागतं वेत्ति खेचरी च भवेद्ध्रुवम् ॥ १०२ ॥
देहसिद्धिं च लभते वज्रोल्यभ्यासयोगतः ।
अयं पुण्यकरो योगो भोगे भुक्तोऽपि मुक्तिदः ॥ १०३ ॥

शक्तिचालनमुद्रा (१०)

कुटिलाङ्गी कुण्डलिनी भुजङ्गी शक्तिरीश्वरी ।
कुण्डल्यरुन्धती चैते शब्दाः पर्यायवाचकाः ॥ १०४ ॥
उद्घाटयेत्कपाटं तु यथा कुञ्चिकया हठात् ।
कुण्डलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं विभेदयेत् ॥ १०५ ॥
येन मार्गेण गन्तव्यं ब्रह्मस्थानं निरामयम् ।
मुखेनाच्छाद्य तद्द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी ॥ १०६ ॥
कन्दोर्ध्वं कुण्डलीशक्तिः सुप्ता मोक्षाय योगिनाम् ।
बन्धनाय च मूढानां यस्तां वेत्ति स योगवित् ॥ १०७ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

कुण्डली कुटिलाकारा सर्पवत्परिकीर्त्तिता ।
सा शक्तिश्चालिता येन स मुक्तो नात्र संशयः ॥ १०८ ॥
गङ्गायमुनयोर्मध्ये बालरण्डां तपस्विनीम् ।
बलात्कारेण गृह्णीयात्तद्विष्णोः परमं पदम् ॥ १०९ ॥
इडा भगवती गङ्गा पिङ्गला यमुना नदी ।
इडापिङ्गलयोर्मध्ये बालरण्डा च कुण्डली ॥ ११० ॥
पुच्छे प्रगृह्य भुजगीं सुप्तामुद्बोधयेच्च ताम् ।
निद्रां विहाय सा शक्तिरूर्ध्वमुत्तिष्ठते हठात् ॥ १११ ॥
अवस्थिता चैव फणावती सा प्रातश्च सायं प्रहरार्धमात्रम् ।
प्रपूर्य सूर्यात् परिधानयुक्त्या प्रगृह्य नित्यं परिचालनीया ॥ ११२ ॥
ऊर्ध्वं वितस्तिमात्रं तु विस्तारं चतुरङ्गुलम् ।
मृदुलं धवलं प्रोक्तं वेष्टिताम्बरलक्षणम् ॥ ११३ ॥
सति वज्रासने पादौ कराभ्यां धारयेद् दृढम् ।
गुल्फदेशसमीपे च कन्दं तत्र प्रपीडयेत् ॥ ११४ ॥
वज्रासने स्थितो योगी चालयित्वा च कुण्डलीम् ।
कुर्यादनन्तरं भस्त्रां कुण्डलीमाशु बोधयेत् ॥ ११५ ॥
भानोराकुञ्चनं कुर्यात् कुण्डलीं चालयेत् ततः ।
मृत्युवक्त्रगतस्यापि तस्य मृत्युभयं कुतः ॥ ११६ ॥
मुहूर्त्तद्वयपर्यन्तं निर्भयं चालनादसौ ।
ऊर्ध्वमाकृष्यते किञ्चित् सुषुम्नायां समुद्गता ॥ ११७ ॥
तेन कुण्डलिनी तस्याः सुषुम्नाया मुखं ध्रुवम् ।
जहाति तस्मात् प्राणोऽयं सुषुम्नां व्रजति स्वतः ॥ ११८ ॥
तस्मात् सञ्चालयेन्नित्यं सुखसुप्तामरुन्धतीम् ।
तस्याः संचालनेनैव योगी रोगैः प्रमुच्यते ॥ ११९ ॥
येन सञ्चालिता शक्तिः स योगी सिद्धिभाजनम् ।
किमत्र बहुनोक्तेन कालं जयति लीलया ॥ १२० ॥
ब्रह्मचर्यरतस्यैव नित्यं हितमिताशिनः ।
मण्डलाद् दृश्यते सिद्धिः कुण्डल्यभ्यासयोगिनः ॥ १२१ ॥
कुण्डलीं चालयित्वा तु भस्त्रां कुर्याद्विशेषतः ।
एवमभ्यसतो नित्यं यमिनो यमभीः कुतः ॥ १२२ ॥
द्वासप्ततिसहस्राणां नाडीनां मलशोधने ।
कुतः प्रक्षालनोपायः कुण्डल्यभ्यसनादृते ॥ १२३ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri
LIBRARY
Jangamawadi Math, Varanasi

इयं तु मध्यमा नाडी दृढाभ्यासेन योगिनाम् ।
आसनप्राणसंयाममुद्राभिः सरला भवेत् ।। १२४ ।।
अभ्यासे तु विनिद्राणां मनो धृत्वा समाधिना ।
रुद्राणी वा यदा मुद्रा भद्रां सिद्धिं प्रयच्छति ।। १२५ ।।
राजयोगं विना पृथ्वी राजयोगं विना निशा ।
राजयोगं विना मुद्रा विचित्रापि न शोभते ।। १२६ ।।
मारुतस्य विधिं सर्वं मनोयुक्तं समभ्यसेत् ।
इतरत्र न कर्त्तव्या मनोवृत्तिर्मनीषिणा ।। १२७ ।।
इति मुद्रा दश प्रोक्ता आदिनाथेन शम्भुना ।
एकैका तासु यमिनां महासिद्धिप्रदायिनी ।। १२८ ।।
उपदेशं हि मुद्राणां यो दत्ते साम्प्रदायिकम् ।
स एव श्री गुरुः स्वामी साक्षादीश्वर एव सः ।। १२९ ।।
तस्य वाक्यपरो भूत्वा मुद्राभ्यासे समाहितः ।
अणिमादि गुणैः सार्धं लभते कालवञ्चनम् ।। १३० ।।

इति श्री स्वात्मारामयोगीन्द्रविरचितायां हठप्रदीपिकायां
मुद्राविधानं नाम तृतीयोपदेशः ।। ३ ।।

१. अब शक्तिचालन मुद्रा को कहा जाता है। शक्तिचालन मुद्रा के द्वारा जिस कुण्डलिनी शक्ति का जागरण होता है उस कुण्डली के पर्याय वाचक शब्दों को बताते हैं। कुटिलाङ्गी, कुण्डलिनी, भुजङ्गी, शक्ति, ईश्वरी, कुण्डली और अरुन्धती ये सात शब्द पर्याय वाचक हैं ।। १०४ ।।

२. जिस प्रकार से मनुष्य कपाट के अवरोधक ताले को ताली से खोलता है, उसी प्रकार से मोक्ष द्वार के प्रतिबन्धक सुषुम्ना मार्ग को योगी कुण्डली से उद्घाटित करता है ।। १०५ ।।

३. जिस उत्तम सुषुम्ना मार्ग से ब्रह्मनिष्ठ योगी श्रेष्ठ तत्त्व ब्रह्म के अधिकारी होते हैं, उस सुषुम्ना द्वार को कुण्डलिनी अपना शयनागार बनाये हुए है। सुषुम्ना नाडी के द्वार पर ३½ बल वाली कुण्डलिनी सोई पड़ी है, उस मार्ग को आगे कहे शक्तिचालन मुद्रा साधन से निर्विघ्न करे ।। १०६ ।।

४. नाभि के नीचे और लिङ्गेन्द्रिय के ऊपर कन्द का स्थान माना जाता है। उस स्थान पर कुण्डली सुषुम्ना द्वार को अवरुद्ध करके सोई हुई हैं जो विवेकी योगी सुषुम्ना द्वार में सुप्त कुण्डली को जगा लेता है, वह मुक्ति भाजन हो जाता है। अविवेकी उसके अज्ञान से बन्धन को काटने में अशक्त रहता है। इस कुण्डलिनी को जो जानता

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

है वह योग में अधिकारी समझा जाता है जो इसको जानता और करता है वह योग-वित् है ॥ १०७ ॥

५. उस कुण्डली की आकृति अनुभवियों ने सर्प की आकृति के समान कही है। जिस साधक ने इस कुण्डलिनी को जागरित कर लिया है वह निश्चित मोक्षाधिकारी हो जाता है ॥ १०८ ॥

६. इडा और पिङ्गला नाडियों के मध्य में सुषुम्ना द्वार को रोक कर कुण्डलिनी शक्ति सोई पड़ी है। प्रयत्न द्वारा जो अभ्यासी उसे जगा लेता है, वह सर्व व्यापक स्वरूप परमात्मा को पा सकता है ॥ १०८ ॥

७. (यहाँ गङ्गा शब्द से इडा नाडी तथा यमुना शब्द से पिङ्गला नाडी का ग्रहण होता है)। इन इडा और पिङ्गला नामक नाड़ियों के मध्य में कुण्डली शक्ति है। उसे वालरण्डा भी कहते हैं ॥ ११० ॥

८. उस योगोपयोगिनी कुण्डली की पुच्छ को ग्रहण करके निद्रा से जगावे। जब शक्ति चालन मुद्रा आदि के अभ्यास द्वारा सुप्ता कुण्डली निद्रा त्याग देती है। तब वह सुषुम्ना के मार्ग द्वारा ऊपर उठने लगती है ॥ १११ ॥

९. उस सर्पाकार कन्दस्थ कुण्डली को प्रातः सूर्योदय होने पर तथा सायं सूर्यास्त होने पर नित्य लगभग १॥ डेढ घण्टा परिधान युक्ति करके चलावे ॥ ११२ ॥

१०. मूलेन्द्रिय और नाभि के मध्य में चार अङ्गुल परिमाण में कोमल, श्वेत लपेटे हुए वस्त्र के तुल्य कन्दस्थान को कहा जाता है ॥ ११३ ॥

११. वज्रासन स्थित होकर गुल्फ = टखनों के समीपस्थ चरणों को एक एक हाथ से उत्तम प्रकार पकड़े, तत्पश्चात् दोनों हाथों से दोनों चरणों को कुछ उठाकर कन्द-स्थान को ताडित करे = दबावे ॥ ११४ ॥

१२. वज्रासन में सावधानता से स्थित होकर पूर्व प्रकार से कन्दस्थान को पैरों से चलावे। तदनन्तर उसी आसन में भस्त्रा कुम्भक प्राणायाम करके, कुण्डलिनी शक्ति को शीघ्र जगावे। इस प्रकार से कन्दस्थान का ताड़न करके भस्त्रा कुम्भक प्राणायाम के करने से कुण्डली शीघ्र ही जागरित होती है ॥ ११५ ॥

१३. तदुपरान्त नाभिमण्डल का आकुञ्चन करके कुण्डली को चलावे। ऐसे पुनः पुनः करने पर अभ्यासी का कालभय भी निवृत्त हो जाता है ॥ ११६ ॥

१४. इस प्रकार से दो मुहूर्त्त (४ घड़ी) पर्यन्त निर्भय होकर शक्तिचालन मुद्रा द्वारा अभ्यास करने पर कुण्डलिनी शक्ति सुषुम्ना नाडी में प्रविष्ट होकर कुछ ऊर्ध्व भाग में चली जाती है ॥ ११७ ॥

१५. जब कुण्डली उपर्युक्त अभ्यास द्वारा सुषुम्ना नाडी में प्रविष्ट हो जाती है तब सुषुम्ना मार्ग के अवरोधक के हट जाने पर स्वतः प्राणवायु सुषुम्ना नाडी में गमनागमन करने लगती है ॥ ११८ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

इससे सुख से सोई शक्ति को नित्य चलाना चाहिए।

१६. क्योंकि शक्तिचालन मुद्रा द्वारा कुण्डली जाग जाती है अतः कुण्डलिनी को जगाने के लिए पूर्वोक्त साधनों का अभ्यास श्रद्धा और उत्साह से नित्य करे। शक्ति-चालन मुद्रा के अभ्यास से कास श्वास जरा आदि रोग पलायित हो जाते हैं ॥ ११९ ॥

१७. अपने नित्य अभ्यास द्वारा जिस साधक ने इस कुण्डलिनी शक्ति को प्रबुद्ध कर लिया है वह योगी उत्तम विद्या राजयोग को सिद्ध कर सकता है। अभिनिवेश क्लेश (मृत्यु के भय को) पार कर लेता है ॥ १२० ॥

१८. ब्रह्मचर्य परायण, युक्ताहार-विहार योगी को शक्तिचालन के अभ्यास से चालिस दिन के पश्चात् सिद्धि मिल जाती है ॥ १२१ ॥

१९. कुण्डली को चला कर विशेष रूप से भस्त्रा कुम्भक प्राणायाम का अभ्यास करने पर शीघ्र ही योगी अपने शरीर त्याग में स्वाधीन हो जाता है ॥ १२२ ॥

२०. बहत्तर सहस्र नाड़ियों के मल शोधन में शक्तिचालन मुद्रा का अभ्यास अत्यन्त उपकारक है। अतः इसका अभ्यास अवश्यमेव करे ॥ १२३ ॥

२१. सिद्धासन आदि आसनों तथा नाडी शोधन भस्त्रिका आदि प्राणायामों एवं महामुद्रा आदि मुद्राओं को दृढ़ता से अभ्यास करने पर योगियों की सुषुम्ना नाडी प्राण-वायु को गमनागमन करने में, योग्य हो जाती है ॥ १२४ ॥

२२. समाहितचित्त होकर ध्यानादि साधना में आलस्यहीन श्रद्धालु योगाभ्यासी शीघ्र ही मनोन्मनी अथवा शाम्भवी अवस्था को उपलब्ध कर लेता है। जो आगे श्रेष्ठ विद्या राजयोग में उपकारक हैं ॥ १२५ ॥

२३. जिस प्रकार उत्तम शस्य शालिनी पृथिवी श्रेष्ठ राजा के विना तथा मङ्गल शनि आदि अनेक नक्षत्रवती रात्रि चन्द्रमा, के विना सुशोभित नहीं होती उसी प्रकार से ये उपर्युक्त और मुद्रायें अनेक रोगों में विचित्र लाभकारिणी होने पर भी राजयोग के विना सुशोभित नहीं होती हैं ॥ १२६ ॥

२४. प्राणायाम आदि सम्पूर्ण विधि को समाहित चित्त होकर ही करना हितकर है। बुद्धिमान् योगी का परम कर्तव्य है कि वह अभ्यास काल में मनोवृत्ति को अन्यत्र न ले जावें ॥ १२७ ॥

२५. इस प्रकार से भगवान् आदिनाथ द्वारा प्रोक्त दश मुद्राएँ कही जा चुकी है। इन उपर्युक्त दश मुद्राओं में प्रत्येक मुद्रा योगसिद्धि को देने में समर्थ है ॥ १२८ ॥

२६. जो सज्जन पुरुष, परम्परा से समागत मुद्राओं का योग्य जितेन्द्रिय तत्परायण अधिकारी को उपदेश दे वही ऐश्वर्य सम्पन्न गुरुपदवाच्य है ॥ १२९ ॥

२७. जो अभ्यासी, सत्यवादी, धर्मात्मा, जितेन्द्रिय, गुरु के कथनानुसार श्रद्धालु होकर मुद्रा आदि में समाहित होगा वह अणिमादि ऐश्वर्य के साथ स्वशरीर त्याग में स्वाधीनता लाभ करेगा ॥ १३० ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

त्रिकालदर्शी बन जाता है ॥ १५६-१५७ ॥

अथ समाधिः—

यदेतद् ध्यानमाख्यातं तच्चेत् परिणमत्यपि ।
चैतन्यानन्दरूपेण सा समाधिरुदीरिता ॥ १५८ ॥

अब समाधि के विषय में कहते हैं—अभी जिस ध्यान को हमने कहा है, वह यदि चैतन्यानन्द रूप से परिणामी हो जावे तो उसे 'समाधि' कहते हैं ॥ १५८ ॥

अथ जाग्रदाद्यवस्थाः—

बुद्धिपूर्वं तु यद् ज्ञानं बहिर्विषयसेवितम् ।
प्रत्यक्षमविरुद्धं च तज्जागरितमुच्यते ॥ १५९ ॥
अर्थाभावे तु यज्ज्ञानं प्रत्यक्षमिव दृश्यते ।
गन्धर्वनगराकारं स्वप्नं तदुपलक्षयेद् ॥ १६० ॥
जाग्रत्स्वप्नावुभावेतौ नित्यं यत्र प्रतिष्ठितौ ।
उत्पत्तिः प्रलयश्चैव सौषुप्तमवधारयेत् ॥ १६१ ॥
स्वप्नाभावो विनिद्रा च द्वयं यत्र न विद्यते ।
तत्तुरीयमिति प्रोक्तमुत्पत्तिलयवर्जितम् ॥ १६२ ॥

अब जाग्रदवस्था के विषय में कहते हैं—बुद्धिपूर्वक जिसका ज्ञान बाह्य विषयों में प्रत्यक्ष रूप से आसक्त है और अविरुद्ध है तो उसे 'जाग्रत् अवस्था' कहा जाता है । वस्तु रूप अर्थ के न रहने पर भी जो ज्ञान गन्धर्व नगर के समान झूठा होने पर भी प्रत्यक्ष दिखलाई पड़े उसे 'स्वप्न' कहा जाता है । जिसमें जाग्रत् और स्वप्न—ये दोनों नित्य प्रतिष्ठित रहते हैं । जिसमें उत्पत्ति और प्रलय दोनों ही होते रहते हैं, उसे 'सुषुप्ति' कहा जाता है । जिसमें स्वप्नाभाव तथा जाग्रत् दोनों ही दिखाई न पड़े उसे 'तुरीयावस्था' कहते हैं । उसमें न उत्पत्ति दिखाई पड़ती है और न प्रलय ही । यहाँ तक अवस्था के विषय में कहा गया ॥ १५९-१६२ ॥

अथ शुद्धिकर्माणि

अथ देहं स्थिरीकर्तुं योगिनां सिद्धिमिच्छताम् ।
कथ्यन्ते शुद्धिकर्माणि यैः सिद्धिं प्रापुरुत्तमाः ॥ १६३ ॥
महामुद्रां नभोमुद्रामुड्डीयानं जलन्धरम् ।
मूलबन्धं स्थिरं दण्डं तद्वच्च शक्तिचालनम् ॥ १६४ ॥
चिबुकं हृदि विन्यस्य पूरयेद् वायुना पुनः ।
कुम्भकेन यथाशक्त्या धारयित्वा तु रेचयेत् ।
वामाङ्गेन समभ्यस्य दक्षिणाङ्गेन चाभ्यसेत् ॥१६५॥ इति ।

अब सिद्धि की इच्छा रखने वाले योगीजनों के शरीर की स्थिरता के लिये शुद्ध कर्मों को कहता हूँ । जिससे श्रेष्ठ महात्माओं ने उत्तम सिद्धि प्राप्त की है । महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डीयान बन्ध, जलन्धर बन्ध, मूल बन्ध, स्थिर दण्ड, उसी प्रकार स्थिर चालन—ये उपाय हैं । चिबुक को हृदय से सदा लगा देवे । फिर वायु से उसे पूर्ण करे । फिर अपनी शक्ति के अनुसार कुम्भक से उसे रोके और फिर उसका विरेचन करे । इस प्राणायाम की क्रिया में बायें नासा पुट से वायु ऊपर खींचे और दाहिने से बाहर करे । अथवा दाहिने नासा पुट से वायु खींचे और बायें से बाहर करे । इस प्रकार प्राणायाम का अभ्यास करे ॥ १६३-१६५॥

अन्यच्च—

महामुद्रां प्रवक्ष्यामि वसिष्ठेनोदितां पुरा ।

महामुद्राविधानम्

पादमूलेन वामेन योनिं सम्पीड्य दक्षिणम् ॥ १६६ ॥
पादं प्रसारितं कृत्वा स्वराभ्यां पूरयेन्मुखम् ।
कण्ठे बन्धं समारोप्य पूरयेद् वायुमूर्ध्वतः ॥ १६७ ॥
यथा दण्डाहतः सर्पो दण्डाकारः प्रजायते ।
ऋज्वीभूता तथा शक्तिः कुण्डली सहसा भवेत् ॥ १६८ ॥
तदा सा मरणावस्था जायते द्विपुटीस्थिता ।
न हि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः ॥ १६९ ॥
अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमिव जीर्यते ।
क्षयकुष्ठगुदावर्तगुल्मप्लीहपुरोगमाः ॥ १७० ॥
तस्य दोषाः क्षयं यान्ति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत् ।
कथितेयं महामुद्रा जरामृत्युविनाशिनी ॥ १७१ ॥
गोपनीया प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित् ।

और भी बतलाया गया है—अब मैं पूर्वकाल में वशिष्ठ द्वारा कही गई महामुद्रा को कहता हूँ—बायें पैर के मूल से दाहिनी ओर की योनि को पीड़ित कर दूसरा पैर फैला देवे, फिर दोनों स्वरों से मुख को पूर्ण करे और कण्ठ में बाँध कर, रोक कर, ऊपर से वायु खीचकर, उस बन्ध को पूर्ण करे । जिस प्रकार डण्डे से आहत साँप दण्डाकार हो जाता है, उसी प्रकार कुण्डली शक्ति सहसा सीधी हो जाती है । उस समय उसके दोनों पुट पूँछ और मुख अलग-अलग होकर स्थित हो जाते हैं और वह 'मरणावस्था' को प्राप्त हो जाती है । उस समय योगी को पथ्यापथ्य का विचार नहीं रहता । सभी नीरस पदार्थ उसे सरस लगते हैं । यहाँ तक कि विष भी खा लेने पर अमृत के समान जीर्ण हो जाता है । उस समय उस योगी के क्षय, कोढ़, उदावर्त्त, गुल्म, प्लीहादि समस्त

दोष नष्ट हो जाते हैं । इस महामुद्रा का अभ्यास करने वाले योगी की ऐसी दशा होती है । हमने जरा-मृत्यु का विनाश करने वाली इस 'महामुद्रा' को कहा । इसे प्रयत्नपूर्वक साधक गुप्त रखे; जिस किसी को कदापि न देवे ॥ १६६-१७२ ॥

अथास्याङ्गभूतो महाबन्धः—

पार्ष्णिर्वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत् ।
वामोरुपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं पुनः ॥ १७२ ॥
पूरयेन्मुखतो वायुं हृदये चिबुकं दृढम् ।
निभृत्य योनिमाकुञ्च्य मनो मध्ये नियोजयेत् ॥ १७३ ॥
रेचयेच्च शनैरेवं महाबन्धोऽयमुच्यते ।
अयं योगी महाबन्धः सर्वसिद्धिप्रदायकः ॥ १७४ ॥

अब इसके अङ्गभूत अन्य महाबन्धों को कहते हैं—बायें पैर की पार्ष्णि योनि स्थान पर स्थापित करे । पुनः दाहिना पैर बायें पैर के ऊरु पर स्थापित करे । फिर ठुड्डी को हृदय में दृढ़तापूर्वक सटा कर उसमें मुख से वायु पूर्ण करे । फिर योनि को सिकोड़ कर मन को मध्य भाग में स्थापित करे । फिर धीरे-धीरे उस वायु का रेचन करे । इस योग को 'महाबन्ध' कहा जाता है; जो सभी सिद्धियाँ प्रदान करता है ॥ १७२-१७४ ॥

सव्याङ्गे च समभ्यस्य दक्षिणाङ्गे समभ्यसेत् ।
अयं च सर्वनाडीनां गतिमूर्ध्वां विबोधकः ॥ १७५ ॥
त्रिवेणीसङ्गमं धत्ते केदारं प्रापयेत् पुनः ।
रूपलावण्यसम्पूर्णा यथा स्त्री पुरुषं विना ॥ १७६ ॥
महामुद्रामहाबन्धौ निष्फलौ वेधवर्जितौ ।

बायें भाग में इसका अभ्यास कर पुनः दक्षिण भाग में भी इसका अभ्यास करे। यह 'महाबन्ध' योग समस्त नाडियों की गति को ऊर्ध्व की ओर पहुँचाने वाला है । यह योग त्रिवेणी के सङ्गम को धारण करता है और पुनः इसे ऊपर उठाकर केदारेश्वर में पहुँचा देता है । जिस प्रकार रूप लावण्य से सम्पन्न स्त्री पुरुष के बिना निष्फल है; उसी प्रकार महामुद्रा और महाबन्ध दोनों ही वेधरहित होने के कारण निष्फल जानना चाहिये ॥ १७५-१७७ ॥

वायूनां गतिमाकृष्य निभृतं कण्ठमुद्रया ।
अष्टधा क्रियते चैतद् यामे यामे दिने दिने ॥ १७७ ॥
पुण्यसङ्घातसन्धायी पापौघभिदुरं सदा ।
सम्यक् श्रद्धावतामेव सुखं प्रथमसाधने ॥ १७८ ॥
वह्निस्त्रीपथसेवानामादौ वर्जनमादिशेत् ।

समहस्तयुगो भूमौ स्फिचौ सन्ताडयेत् शनैः ॥ १७९ ॥
अयमेव महावेधः सिद्धिदोऽभ्यासतो भवेत् ।
एतत्त्रयं महागुह्यं जरामृत्युविनाशनम् ॥ १८० ॥
वह्निवृद्धिकरं चैव ह्यणिमादिगुणप्रदम् ।

कण्ठ की मुद्रा से जो वायु का आकर्षण आठ-आठ बार प्रत्येक याम और प्रत्येक दिन निरन्तर करता है; वह पुण्य समूहों का धारण करता है तथा पाप समूहों का भेदन करने वाला योगी होता है । इसका सुख प्रथम साधन में श्रद्धावानों को ही प्राप्त होता है । योगी वह्नि, स्त्री तथा रास्ते की सेवा, योगाभ्यास में प्रथम ही वर्जित करे । दोनों हाथों को समतल बनाकर, दोनों स्फिचों (नितम्ब चूतड़) को पृथ्वी पर ताडन धीरे-धीरे करे । यही 'महावेध' है जो अभ्यास करने से सिद्धिप्रद हो जाता है । यह महाबन्ध, महामुद्रा तथा वेध—ये तीनों ही जरा-मृत्यु का विनाश करने वाले हैं । यह जठराग्नि को प्रदीप्त करते हैं तथा अणिमादि सिद्धियों के गुणों को भी प्रदान करते हैं ॥ १७७-१८१ ॥

अथ नभोमुद्रा—

अन्तःकपालकुहरे जिह्वामाकुञ्च्य धारयेत् ।
भ्रूमध्यदृष्टिरमृतं पिबेत् खेचरिमुद्रया ॥ १८१ ॥

अब नभोमुद्रा कहते हैं—कपाल कुहर के भीतर जिह्वा को संकुचित कर धारण करे । फिर दोनों भ्रू के मध्य में दृष्टि स्थापित कर 'खेचरी मुद्रा' से अमृतपान करे ॥ १८१ ॥

दत्तात्रेयस्तु—

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा ।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ॥ १८२ ॥

दत्तात्रेयतन्त्र के अनुसार बतलाया गया है—कपाल कुहर में विपरीत रीति से जिह्वा प्रविष्ट करे और दृष्टि को दोनों भ्रुवों के मध्य में स्थापित करे । तब 'खेचरी मुद्रा' बन जाती हे ॥ १८२ ॥

न रोगी मरणं तस्य न निद्रा न क्षुधा तृषा ।
न च मूर्च्छा भवेत् तस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥ १८३ ॥
पीड्यते न च रोगाद्यैर्लिप्यते न च कर्मणा ।
वध्यते न च कालेन यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥ १८४ ॥
स्नुहीपत्रनिभं शस्त्रं सुतीक्ष्णं स्निग्धनिर्मलम् ।
समतायास्तु जिह्वाया रोममात्रं समुच्छिदेत् ॥ १८५ ॥

रोममात्रस्य भेदेन विलम्बेन हि लम्बिका ।
हृदयं ग्रन्थकाराणामाकूतं भणितं मया ॥ १८६ ॥

ऐसे योगी को रोग नहीं होता, मरण नहीं होता, निद्रा, क्षुधा और प्यास नहीं लगती । किं बहुना; उसे मूर्च्छा नहीं होती जो इस खेचरी मुद्रा को जान लेता है । रोगादि उसे पीड़ित नहीं करते, कर्म उसे लिप्त नहीं करता और काल उसका वध नहीं कर सकता जो खेचर मुद्रा को जानता है । अत्यन्त तीक्ष्ण, चिकना, निर्मल, स्नुही पत्र के समान पतला शस्त्र हो, उससे समान रूप वाली (समतल) जिह्वा पर उत्पन्न समस्त रोम का उच्छेद करे । उस रोम मात्र के भेदन से लम्बिका (=जिह्वा) के विलम्बन से ग्रन्थकारों का हृदय आकूत (?) हो जाता है; यह मैंने लम्बिका के विषय में कहा ॥ १८३-१८६ ॥

खेचरीपटले तु विशेषः—

छेदनचालनदोहैः कलाक्रमेण वर्धयेत् तावत् ।
सा याति यावद् भ्रूमध्यं स्पृशति तदानीं हि खेचरीसिद्धिः ॥ १८७ ॥
छेदनस्य प्रकारोक्तेरभावान्मूढता यतः ।
साधारणोक्तिदुर्बोधान् नाङ्गीकार्यमिदं मतम् ॥ १८८ ॥
गुरुदर्शितमार्गेण सङ्केतः कथ्यते मया ।
सङ्केतशृङ्खलाभावे खेचरी तु कथं भवेत् ॥ १८९ ॥

अब खेचरी पटल में विशेष कहते हैं—जिह्वा को छेदन, चालन और दोहन करते रहने से उसे तब तक बढ़ावे, जब तक वह दोनों भ्रुवों के मध्य में जाकर उसका स्पर्श न करे; यही 'खेचरी सिद्धि' कही जाती है । जिह्वा का च्छेदन असम्भव है । अतः उसका अभाव होने के कारण जिह्वा छेदनोक्ति मूर्खता की उक्ति है । अतः इस मत को अङ्गीकार नहीं करना चाहिये । यह साधारणोक्ति दुर्बोध होने के कारण कही गई है । अब आपको गुरु दर्शित मार्ग से मैं सङ्कतों को बतलाता हूँ । यदि सङ्केत रूप शृङ्खला न हो, तब खेचरी की सिद्धि भला किस प्रकार हो सकती है?॥ १८७-१८९ ॥

सर्पाकारं सवलयं शृङ्खलाद्वयसंमितम् ।
स खर्परं षड्वितस्तेर्दैर्घ्यं सङ्केतलक्षणम् ॥ १९० ॥
शृङ्खलाद्वितयनिर्मितां वरां सर्पवद्वलयखर्परान्विताम् ।
विंशदङ्गुलमितां सुदीर्घिकां लम्बिकोत्पादकारिणीं विदुः॥ १९१ ॥

सर्पाकार जो वलय के सहित हो, जो दो शृङ्खला से युक्त हो, वह खर्पर से संयुक्त हों, जिसकी लम्बाई छह वित्ते की हो, ऐसा सङ्केत का लक्षण है । दो शृङ्खला में बनाई गई, साँप के समान वलय और खर्पर से युक्त हो, जिसकी

लम्बाई २० अङ्गुल हो, चौड़ाई अत्यन्त सुन्दर हो, जो लम्बिका उत्पन्न करने में समर्थ हो, ऐसी शृङ्खला होनी चाहिये ॥ १९०-१९१ ॥

शृङ्खलायाश्च वलये जिह्वां तत्र प्रवेशयेत् ।
कपालकुहरे पश्चाज्जिह्वां चैव प्रवेशयेत् ॥१९२॥ इति ।

उस शृङ्खला के वलय में जिह्वा को प्रविष्ट करे । इसके पश्चात् उस शृङ्खला के द्वारा जिह्वा को कपाल कुहर में प्रविष्ट करावे ॥ १९२ ॥

अथ जालन्धरबन्धः—

कण्ठमाकुञ्च्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम् ।
बन्धो जालन्धराख्योऽयं सुधाव्ययनिवारणः ॥ १९३ ॥

अब जालन्धर बन्ध कहते हैं—कण्ठ को हृदय तक संकुचित कर, उसमें चिबुक (ठुड्डी) दृढ़तापूर्वक स्थापित करे । यह जालन्धर बन्ध कहा जाता है; जिससे अमृत का व्यय होना रुक जाता है ॥ १९३ ॥

नाभिस्थोऽग्निः कपालस्थसहस्त्रकमलच्युतम् ।
अमृतं सर्वदा सर्वं पिबन् ज्वलति देहिनाम् ॥ १९४ ॥

नाभि में रहने वाली अग्नि, कपालस्थ सहस्त्रकमल से गिरने वाले अमृत को पीते हुये, समस्त प्राणियों के शरीर में जलती रहती है ॥ १९४ ॥

यथा सोऽग्निस्तदमृतं न पिबेत् तद् व्यधात् स्वयम् ।
यान्ति दक्षिणमार्गेण एवमभ्यसता सदा ॥ १९५ ॥
अमृतीकुरुते देहं जरामृत्युं विनाशयेत् ।
बध्नाति हि शिराजालं नाधो याति नभोजलम् ॥ १९६ ॥

अतः जिस प्रकार वह नाभिस्थ अग्नि उस अमृत का पान न कर सके, उसका एक मात्र यही उपाय है । इस प्रकार अभ्यास करने से समस्त नाडियाँ दक्षिण मार्ग से जाने लगती हैं । तब वह अमृत व्यय न होने के कारण समस्त देह को अमृत बना देता है और जरा-मृत्यु को विनष्ट कर देता है । समस्त नाडियों में ऊपर से गिरता हुआ वह अमृत प्रवाह रुक जाता है और नीचे जाने नहीं पाता ॥ १९५-१९६ ॥

ततो जालन्धरो बन्धः कृतो दुःखौघनाशनः ।
जालन्धरे कृते बन्धे कण्ठसङ्कोचलक्षणे ।
न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रकुप्यति ॥१९७॥ इति ।

वह नाडी जाल को बाँध देता है । इसलिये वह जालन्धर बन्ध कहा जाता है । जो समस्त दुःख समूहों को नष्ट करने वाला है । कण्ठ सङ्कोच लक्षण

जालन्धर बन्ध के करने से अमृत 'नाभिस्थ अग्नि' में न जाकर जलने से बच जाता है और वायु का प्रकोप भी नहीं होता ॥ १९७ ॥

अथ उड्डीयानबन्धः—

मूलस्थानं समाकुञ्च्य उड्डीयानं तु कारयेत्।
उड्डीयानं तु सहजं कथितं गुरुणा सदा ॥ १९८ ॥
अभ्यसेत् सततं यस्तु वृद्धोऽपि तरुणो भवेत्।
इडां च पिङ्गलां बध्वा वाहयेत् पश्चिमां पथम् ॥ १९९ ॥
अनेनैव विधानेन प्रयाति पवनो लयम्।
ततो न जायते मृत्युर्जरारोगादिकं तथा ॥२००॥ इति।

अब उड्डीयान बन्ध के विषय में कहते हैं—मूलस्थान को आकुञ्चित कर 'उड्डीयान बन्ध' करना चाहिये। उड्डीयान सहज है। ऐसा हमारे गुरु जी का कहना है जो सर्वदा इसका अभ्यास करता है वह वृद्ध होते हुये भी युवावस्था सम्पन्न हो जाता है। इडा और पिङ्गला को बाँधकर पश्चिम नासा पुट से वायु निकाले। इस विधान से वायु लय हो जाता है। ऐसा करने से जरा-मृत्यु नहीं होती और न रोगादि होते हैं ॥ १९८-२०० ॥

अन्यत्रापि—

नाभेरूर्ध्वमधश्चापि पानं कुर्यात् प्रयत्नतः।
षणमासाभ्यासतो मृत्युं जयत्येव न संशयः ॥२०१॥ इति।

अन्यत्र भी बतलाया गया है—साधक प्रयत्नपूर्वक प्राणवायु को नाभि के ऊपर और नीचे करे। छह मास के अभ्यास से निःसन्देह साधक मृत्यु पर विजय प्राप्त कर लेता है ॥ २०१ ॥

अथ मूलबन्धः—

मूलबन्धं तु यो नित्यमभ्यसेत् स हि योगवित्।
पार्ष्णिभागेन सम्पीड्य योनिमाकुञ्चयेद् गुदम्।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽयमुच्यते ॥ २०२ ॥
अधोगतिमनेनैव चोर्ध्वगं कुरुते बलात्।
आकुञ्चनेन तं प्राहुर्मूलबन्धं हि योगिनः ॥ २०३ ॥
गुदं पार्ष्ण्या च सम्पीड्य वायुमाकुञ्चयेद् बलात्।
वारं वारं यथा चोर्ध्वं समायाति समीरणः ॥ २०४ ॥

अब मूलबन्ध कहते हैं—जो नित्य 'मूलबन्ध' का अभ्यास करता है वही योगवेत्ता योगी है। योनि को पार्ष्णि भाग से दबाकर गुदास्थान को सिकोड़े

(संकुचित करे), अपान को ऊपर ले जावे, इसे 'मूलबन्ध' कहा जाता है। साधक इस आकुञ्चन विधान से नीचे जाने वाले अपान को बलात् ऊर्ध्वगति बनाता है, इसलिये इसे मूलबन्ध कहते हैं। गुदा स्थान को पार्ष्णि से दबा कर वायु को बलात् आकुञ्चित करे। इस क्रिया को बारम्बार इस प्रकार करे जिससे वायु ऊपर की ओर गतिमान् होवे ॥ २०२-२०४ ॥

प्राणापानौ नादबिन्दू मूलबन्धेन चैकताम् ।
गते योगस्य संसिद्धिं प्राप्नोत्येव न संशयः ॥ २०५ ॥
अपानप्राणयोरैक्यं क्षयो मूत्रपुरीषयोः ।
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबन्धनात् ॥ २०६ ॥
अपाने चोर्ध्वगं याते प्रयाते वह्निमण्डले ।
यथानले शिखादीप्तं वह्निना प्रेरितं तथा ॥ २०७ ॥
यातायातौ वह्न्यपानौ प्राणमूलस्वरूपकौ ।
तेनात्यन्तप्रदीप्तस्तु ज्वलनो देहजस्तथा ॥ २०८ ॥
तेन कुण्डलिनी सुप्ता सन्तप्ता सम्प्रबुध्यति ।
दण्डाहता भुजङ्गीव निश्वस्य ऋतुतां व्रजेत् ॥ २०९ ॥
विलं प्रविष्टे च ततो ब्रह्मनाड्यन्तरे व्रजेत् ।
तस्मान्नित्यं मूलबन्धः कर्त्तव्यो योगिभिः सदा ॥२१०॥ इति ।

मूलबन्ध के द्वारा प्राण, अपान, नाद एवं बिन्दु के एक करने से योग संसिद्धि हो जाती है; इसमें संशय नहीं। मूलबन्ध से प्राण, अपान की एकता और मूत्र पुरीष का क्षय होता है। मूलबन्ध करने से वृद्ध पुरुष भी युवावस्था सम्पन्न हो जाता है। अपान ऊपर की ओर उठते हुये जब वह्निमण्डल में पहुँच जाता है। तब जिस प्रकार अग्नि में दीप्त ज्वाला उठती है, उसी प्रकार वह्नि से प्रेरित वह अपान भी ज्वाला युक्त हो जाता है। प्राण स्वरूप और मूल स्वरूप जब अग्नि और अपान यातायात करते हैं, तब शरीर में रहने वाली जठराग्नि अत्यन्त प्रदीप्त हो जाती है। उस ज्वाला से सन्तप्त होने के कारण सुप्त कुण्डलिनी जाग जाती है। जिस प्रकार दण्ड से आहत होने पर सर्पिणी क्रुद्ध हो जाती है और क्रोध से भयङ्कर श्वास लेती है, वैसे ही कुण्डलिनी निश्वास लेती हुई ऋतुमती (कामार्त्त!) हो जाती है। फिर बिल में प्रवेश करते हुये ब्रह्मनाडी तक पहुँच जाती है। इस कारण योगिजनों को निरन्तर ही 'मूलबन्ध' का अभ्यास करते रहना चाहिये ॥ २०५-२१० ॥

अथ दण्डधारणम्—

पृष्ठबन्धं दृढं कुर्यादनम्रं स्थिरसञ्चयम् ।
दण्डधारणमेतद्धि योगिनां परमं मतम् ॥ २११ ॥

अर्थाभावे तु यज्ज्ञानं प्रत्यक्षमिव दृश्यते ।
गन्धर्वनगराकारं स्वप्नं तदुपलक्षयेद् ॥४७१३॥
जाग्रत्स्वप्नावुभावेतौ नित्यं यत्र प्रतिष्ठितौ ।
उत्पत्तिः प्रलयश्चैव सौषुप्तमवधारयेत् ॥४७१४॥
स्वप्नाभावो विनिद्रा च द्वयं यत्र न विद्यते ।
तत्तुरीयमिति प्रोक्तमुत्पत्तिलयवर्जितम् ॥४७१५॥

इत्यवस्थाः ।

अथ देहं स्थिरीकर्तुं योगिनां सिद्धिमिच्छताम् ।
कथ्यन्ते शुद्धिकर्माणि यैः सिद्धिं प्रापुरुत्तमाः ॥४७१६॥
महामुद्रां नभोमुद्रामुड्डीयानं जलन्धरम् ।
मूलबन्धं स्थिरं दण्डं तद्वच्च शक्तिचालनम् ॥४७१७॥
चिबुकं हृदि विन्यस्य पूरयेद् वायुना पुनः ।
कुम्भकेन यथाशक्त्या धारयित्वा तु रेचयेत् ।
वामांगेन समभ्यस्य दक्षिणांगेन चाभ्यसेत् ॥४७१८॥ इति ।

अन्यच्च–

महामुद्रां प्रवक्ष्यामि वसिष्ठेनोदितां पुरा ।
पादमूलेन वामेन योनिं संपीड्य दक्षिणम् ॥४७१९॥
पादं प्रसारितं कृत्वा स्वराभ्यां पूरयेन्मुखम् ।
कण्ठे बन्धं समारोप्य पूरयेद् वायुमूर्ध्वतः ॥४७२०॥
यथा दण्डाहतः सर्पो दण्डाकारः प्रजायते ।
ऋज्वीभूता तथा शक्तिः कुण्डली सहसा भवेत् ॥४७२१॥
तदा सा मरणावस्था जायते द्विपुटीस्थिता ।
न हि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः ॥४७२२॥
अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमिव जीर्यते ।
क्षयकुष्ठगुदावर्तगुल्मप्लीहपुरोगमाः ॥४७२३॥
तस्य दोषाः क्षयं यान्ति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत् ।
कथितेयं महामुद्रा जरामृत्युविनाशिनी ॥४७२४॥

गोपनीया प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित् ।

अथास्यांगभूतो महाबन्धः–

पार्ष्णिं वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत् ।
वामोरूपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं पुनः ॥४७२५॥

पूरयेन्मुखतो वायुं हृदये चिबुकं दृढम् ।
निभृत्य योनिमाकुञ्च्य मनो मध्ये नियोजयेत् ॥४७२६॥

रेचयेच्च शनैरेवं महाबन्धोऽयमुच्यते ।
अयं योगी महाबन्धं सर्वसिद्धिप्रदायकम् ॥४७२७॥

सव्याङ्गे च समभ्यस्य दक्षिणाङ्गे समभ्यसेत् ।
अयं च सर्वनाडीनां गतिमूर्ध्वां विबोधकः ॥४७२८॥

त्रिवेणीसंगमं धत्ते केदारं प्रापयेत् पुनः ।
रूपलावण्यसम्पूर्णा यथा स्त्री पुरुषं विना ॥४७२९॥

महामुद्रामहाबन्धौ निष्फलौ वेधवर्जितौ ।
वायूनां गतिमाकृष्य निभृतं कण्ठमुद्रया ।
अष्टधा क्रियते चैतद् यामे यामे दिने दिने ॥४७३०॥

पुण्यसंघातसन्धायी पापौघभिदुरं सदा ।
सम्यक् श्रद्धावतामेव सुखं प्रथमसाधने ॥४७३१॥

वह्निस्त्रीपथसेवानामादौ वर्जनमादिशेत् ।
समहस्तयुगो भूमौ स्फिचौ संताडयेत् शनैः ॥४७३२॥

अयमेव महावेधः सिद्धिदोऽभ्यासतो भवेत् ।
एतत्त्रयं महागुह्यं जरामृत्युविनाशनम् ॥४७३३॥

वह्निवृद्धिकरं चैव ह्यणिमादिगुणप्रदम् ।

अथ नभोमुद्रा–

अन्तःकपालकुहरे जिह्वामाकुञ्च्य धारयेत् ।
भ्रूमध्यदृष्टिरमृतं पिवेत् खेचरिमुद्रया ॥४७३४॥

दत्तात्रेयस्तु-

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा ।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टि र्मुद्रा भवति खेचरी ॥४७३५॥

न रोगो मरणं तस्य न निद्रा न क्षुधा तृषा ।
न च मूर्च्छा भवेत् तस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥४७३६॥

पीड्यते न च रोगाद्यै र्लिप्यते न च कर्मणा ।
बध्यते न च कालेन यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥४७३७॥

स्नुहीपत्रनिभं शस्त्रं सुतीक्ष्णं स्निग्धनिर्मलम् ।
समतायास्तु जिह्वाया रोममात्रं समुच्छिदेत् ॥४७३८॥

रोममात्रस्य भेदेन विलम्बेन हि लम्बिका ।
हृदयं ग्रन्थकाराणामाकूतं भणितं मया ॥४७३९॥

खेचरीपटले तु विशेषः-

छेदनचालनदोहैः कलाक्रमेण वर्धयेत् तावत् ।
सा याति यावद् भ्रूमध्यं स्पृशति तदानीं हि खेचरीसिद्धिः ॥४७४०॥

छेदनस्य प्रकारोक्तेरभावान्मूढता यतः ।
साधारणोक्तिदुर्बोधात् नाङ्गीकार्यमिदं मतम् ॥४७४१॥

गुरुदर्शितमार्गेण संकेतः कथ्यते मया ।
संकेतशृङ्खलाभावे खेचरी तु कथं भवेत् ॥४७४२॥

सर्पाकारं सवलयं शृङ्खलाद्वयसंमितम् ।
स खर्परं षड्वितस्ते दैर्घ्यं संकेतलक्षणम् ॥४७४३॥

शृङ्खलाद्वितयनिर्मितां वरां सर्पवद्वलयखर्परान्विताम् ।
विंशदंगुलमितां सुदीर्घिकां लम्बिकोत्पादकारिणीं विदुः ॥४७४४॥

शृङ्खलायाश्च वलये जिह्वां तत्र प्रवेशयेत् ।
कपालकुहरे पश्चाज्जिह्वां चैव प्रवेशयेत् ॥४७४५॥ इति ।

अथ जालन्धरबन्धः-

कण्ठमाकुञ्च्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम् ।
बन्धो जालन्धराख्योऽयं सुधाव्ययनिवारणः ॥४७४६॥

नाभिस्थोऽग्निः कपालस्थसहस्रकमलच्युतम् ।
अमृतं सर्वदा सर्वं पिबन् ज्वलति देहिनाम् ॥४७४७॥

यथा सोऽग्निस्तदमृतं न पिबेत् तद् व्यधात् स्वयम् ।
यान्ति दक्षिणमार्गेण एवमभ्यसता सदा ॥४७४८॥

अमृतीकुरुते देहं जरामृत्युं विनाशयेत् ।
बध्नाति हि शिराजालं नाधो याति नभोजलम् ॥४७४९॥

ततो जालन्धरो बन्धः कृतो दुःखौघनाशनः ।
जालन्धरे कृते बन्धे कण्ठसंकोचलक्षणे ।
न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रकुप्यति ॥४७५०॥ इति ।

अथ उड्डीयानबन्धः–

मूलस्थानं समाकुञ्च्य उड्डीयानं तु कारयेत् ।
उड्डीयानं तु सहजं कथितं गुरुणा सदा ॥४७५१॥

अभ्यसेत् सततं यस्तु वृद्धोऽपि तरुणो भवेत् ।
इडां च पिङ्गलां बध्वा वाहयेत् पश्चिमां पथम् ॥४७५२॥

अनेनैव विधानेन प्रयाति पवनो लयम् ।
ततो न जायते मृत्युर्जरारोगादिकं तथा ॥४७५३॥ इति ।

अन्यत्रापि–

नाभेरूर्ध्वमधश्चापि पानं कुर्यात् प्रयत्नतः ।
षण्मासाभ्यासतो मृत्युं जयत्येव न संशयः ॥४७५४॥ इति ।

अथ मूलबन्धः–

मूलबन्धं तु यो नित्यमभ्यसेत् स हि योगवित् ।
पार्ष्णिभागेन संपोड्य योनिमाकुंचयेद् गुदम् ।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽयमुच्यते ॥४७५५॥

अधोगतिमनेनैव चोर्ध्वगं कुरुते बलात् ।
आकुञ्चनेन तं प्राहुर्मूलबन्धं हि योगिनः ॥४७५६॥

गुदं पार्ष्ण्या च सम्पीड्य वायुमाकुञ्चयेद् बलात् ।
वारं वारं यथा चोर्ध्वं समायाति समीरणः ॥४७५७॥

प्राणापानौ नादबिन्दू मूलबन्धेन चैकताम् ।
गते योगस्य संसिद्धिं प्राप्नोत्येव न संशयः ॥४७५८॥
अपानप्राणयोरैक्यं क्षयो मूत्रपुरीषयोः ।
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबन्धनात् ॥४७५९॥
अपाने चोर्ध्वगं याते प्रयाते वह्निमण्डले ।
यथानले शिखादीप्तं वह्निना प्रेरितं तथा ॥४७६०॥
यातायातौ वह्न्यपानौ प्राणमूलस्वरूपकौ ।
तेनात्यन्तप्रदीप्तस्तु ज्वलनो देहजस्तथा ॥४७६१॥
तेन कुण्डलिनी सुप्ता सन्तप्ता सम्प्रबुध्यति ।
दण्डाहता भुजङ्गीव निश्वस्य ऋतुतां व्रजेत् ॥४७६२॥
विलं प्रविष्टे च ततो ब्रह्मनाड्यन्तरे व्रजेत् ।
तस्मान्नित्यं मूलबन्धः कर्तव्यो योगिभिः सदा ॥४७६३॥ इति ।

अथ दण्डधारणम्—

पृष्ठवन्धं दृढं कुर्यादनम्रं स्थिरसंचयम् ।
दण्डधारणमेतद्धि योगिनां परमं मतम् ॥४७६५॥

इति प्रथमो हठयोगः ।

अथ मार्कण्डेयादिसाधितो द्वितीयो हठयोगः—

श्लोकार्धेन प्रवक्ष्यामि यदुक्तं व्यासकोटिभिः ।
ममेति मूलं दुःखस्य निर्ममेति सुखस्य च ॥४७६५॥
निर्ममत्वं विरागाय वैराग्याद् योगसन्ततिः ।
योगाच्च जायते ज्ञानं ज्ञानान्मुक्तिः प्रजायते ॥४७६६॥
उपभोगेन पुण्यानां प्राकृतानां तथांहसाम् ।
कर्तव्यमिति नित्यानामकामकरणात्तथा ॥४५६७॥
असञ्चयादपूर्वस्य क्षयात्पूर्वार्जितस्य च ।
कर्मणो बन्धमाप्नोति शारीरं न पुनः पुनः ॥४७६८॥
अथेह कथ्यतेऽस्माभिः कर्मणां येन बन्धनम् ।
छिद्यते सदुपायेन श्रुत्वा तत्र प्रवर्तताम् ॥४७६९॥

मुद्रा तथा बन्ध :-

यौगिक दृष्टि से मुद्राओं का विशेष महत्व होता है, क्योंकि योगीजनों ने इन्हें प्राणायाम और योगासनों से भी अधिक महत्व दिया है। योगासनों से शरीर का अस्थि-समूह दृढ़ होता है, जबकि मुद्राओं की गोपनीय क्रिया कुण्डलिनी शक्ति को उदबुद्ध करने और चक्रवेध के लिए उपयोगी होती है। मुद्राओं का उपयोग द्वयर्थक माना जाता है, एक तो स्वास्थ्यवर्धन की दृष्टि से और दूसरा मानसिक बल की दृष्टि से, मुद्राएँ उस क्रिया का भी ज्ञान कराती हैं, जो कि मानव शरीर के स्वयं कार्य करनेवाले यंत्रों और स्नायुओं से सम्बन्धित हैं। "योग में कौशलपूर्ण स्थूल शरीर प्रधान क्रिया को मुद्रा कहते हैं।" लय योग सिद्धि के लिए आठ मुद्राओं का विधान लय योग के आचार्यों ने किया है। प्रत्याहार सिद्धि के लिए शाम्भवी मुद्रा, धारणा सिद्धि के लिए पञ्च धारणा की पञ्चमुद्रा और ध्यान सिद्धि के लिए शक्तिचालिना और योनिमुद्रा, यह हठयोग संहिता में निर्दिष्ट है। हठयोग के आचार्यों ने पचीस प्रकार की मुद्राएँ हठयोग-सिद्धि के लिए बतलाई हैं।

महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डीयानं जलन्धरम् ।
मूलबन्धं महाबन्धं महावेधश्च खेचरी ।।
विपरीतकरिणी योनि बज्रोली शक्तिचालिनी।
तडागीमाण्डवीमुद्रा शाम्भवीपञ्चधारणा ।।
आश्विनी पाशिनी काकी मातंगी च भुजंगिनी।
पञ्चविंशति मुद्रावे सिद्धिदाश्चेहयोगिनाम् ।।[1]

घेरण्ड संहिता के तृतीयोपदेश में इन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है, यहाँ अति संक्षेप में इन पर प्रकाश डाला जा रहा है -

---

1 घेरण्ड संहिता, तृतीयोपदेश, 3/1-3.

महामुद्रा :- बायीं एड़ी से गुद प्रदेश को दबाये और दायें पाँव को फैलाकर उसकी अँगुलियों को हाथ से पकड़े और कण्ठ को सकोड़कर भौंहों के मध्य में दृष्टि लगाये रहे। यह महामुद्रा कहलाती है।

नभोमुद्रा :- सभी कार्यों में स्थिर हुआ योगी ऊर्ध्व जिह्व होकर कुम्भक के द्वारा वायु को रोक ले, यह नभोमुद्रा योगी के सभी रोगों को नष्ट करने वाली है।

उड्डीयान बन्ध :- नाभि के ऊपर के भाग और पश्चिम द्वार को उदर के समभाव में सकोड़े, इसे उड्डीयान बन्ध कहते हैं। यह मृत्युरूपी गज के लिए सिंह के समान है। सभी बन्धों में उड्डीयानबन्ध प्रमुख है। इसके अभ्यास से सहज ही मोक्ष मिल जाता है।

जालन्धर बन्ध :- कण्ठ का संकोच करे और हृदय पर ठोड़ी को रखे तो जालन्धर बन्ध होता है। इससे सोलह प्रकार का आधार बन्ध हो जाता है। यह जालन्धर नाम की महामुद्रा मृत्यु को भी नष्ट कर देती है। यह जालन्धर सिद्ध होने पर योगियों को सिद्धि प्रदान करता है तथा इसका छः महीने अभ्यास करने से ही योगी अवश्य ही सिद्ध हो जाता है।

मूलबन्ध :- बाँयीं एड़ी से गुह्य प्रदेश को संकुचित करे और प्रयत्नपूर्वक मेरुदण्ड में नाभिग्रन्थि को लगाकर दबाये और दाँयीं एड़ी से उपस्थ को दृढ़तापूर्वक दबा ले, यह मूलबन्ध है। इससे वृद्धावस्था नष्ट होती है। संसारसागर से पार होने के लिए जनहीन स्थान (जंगल आदि) में छिपकर इस मुद्रा का अभ्यास करना चाहिए। इसके अभ्यास से मरुत्सिद्धि अवश्य होती है। इसलिए मौन एवं निरालस्य रहकर प्रयत्नपूर्वक इसका अभ्यास करना चाहिए।

महाबन्ध :- बाएँ पाँव की एड़ी से पायुमूल को निरुद्ध करके दाँयें पाँव से प्रयत्नपूर्वक बाँयीं एड़ी को दबाये और शनैः शनैः गुह्य देश का चालन

करे और फिर शनै: शनै: ही संकुचित करे तथा जालन्धरबन्ध से प्राणवायु को धारण करे, इसे महाबन्ध कहते हैं। यह महाबन्ध सभी मुद्राओं में श्रेष्ठ तथा जरा-मरण नाशक है। इस बन्ध के प्रसाद से सभी इच्छाएँ पूर्ण हो जाती हैं।

महाबेध :- महाबेध के विना मूलबन्ध और महाबन्ध भी उसी प्रकार निष्फल है, जिस प्रकार किसी पुरुष के विना स्त्री का रूप, यौवन, लावण्य व्यर्थ है। प्रथम महाबन्ध मुद्रा का अभ्यास कर उड्डीयान बन्ध करते हुए कुम्भक द्वारा वायु को रोके । यही महाबेध कहा गया है। नित्य प्रति महाबेध के साथ महाबन्ध, मूलबन्ध करनेवाले योगी सब योगियोंमें श्रेष्ठ माने जाते हैं। उन्हें वृद्धावस्था नहीं घेरती और न मृत्यु का भय ही होता है। योग के साधकों को इसे गुप्त रखना चाहिए।

खेचरी मुद्रा :- जिह्वा और जिह्वा मूल को मिलाने वाली जो नाड़ी जिह्वा के नीचे है, उसको छेदकर जिह्वा के अग्रभाग का निरन्तर चालन करे तथा मक्खन लगाकर दोहन करता हुआ लोहे की चिमटी से खींचे। नित्य प्रति इसका अभ्यास करने से जिह्वा बढ़ जाती है। उसे इतना बढ़ा लेना चाहिए कि वह भौंहों के मध्य तक पहुँच सके। इसप्रकार क्रमश: तालुमूल में धीरे-धीरे प्रविष्ट करे। कपाल-रन्ध्र में जिह्वा को ऊपर की ओर उलटी करके ले जाना चाहिए। उस समय दोनों भौंहों के मध्य भाग में दृष्टि रखें। इसे खेचरी मुद्रा कहते हैं।

विपरीतकरिणी मुद्रा :- नाभि-मूल में सूर्यनाड़ी और तालुमूल में चन्द्रनाड़ी है। सहस्रार में अमृतधारा का प्रवाह रहता है। सूर्यनाड़ी के अमृत के पीने से प्राणी की मृत्यु होती है, परन्तु चन्द्रनाड़ी का अमृतपान करने पर मृत्यु का भय नहीं रहता। अतएव सूर्यनाड़ी को ऊपर और चन्द्रनाड़ी को नीचे कर लें। यह विपरीतकारिणी मुद्रा सब प्रकार से गोपनीय है। शिर को भूमि में लगाकर दोनों हाथ टेके और दोनों पावों को ऊपर उठाकर कुम्भक

के द्वारा वायु को रोके, यही विपरीतकरिणी मुद्रा है। इसका नित्य अभ्यास करने से वृद्धावस्था और मृत्यु नष्ट होती है, और इसका अभ्यास करनेवाला सब लोकों में सिद्धिसम्पन्न एवं प्रलय में भी दुःखित नहीं होता।

योनिमुद्रा :- सिद्धासन लगाकर बैठे और दोनों हाथ के अंगूठों से कानों को, दोनों हाथों की तर्जनियों से नेत्रों को, मध्यमा से मुख को और अनामिका से नासिका को रोके। काकी मुद्रा द्वारा प्राण को खींचकर अपान से मिला दे और शरीरस्थ षट्चक्र का ध्यान करता हुआ "हूँ" अथवा "हंस" मंत्रों से कुण्डलिनी शक्ति को जगाकर उसके साथ ही जीवात्मा को सहस्रार में ले जाय। उस समय यह एक भावना करनी चाहिए कि "मैं शिव के साथ शक्ति-सम्पन्न होकर सुखपूर्वक विहार कर रहा हूँ। शिवशक्ति के सङ्गम से ही मैं आनन्दमय स्वयंभू ब्रह्म हो गया हूँ। यह योनिमुद्रा है। इसके साधना से ब्रह्महत्या, भ्रूण हत्या, सुरापान, गुरुतल्पगमन आदि पापों से मुक्ति मिल जाती है। संसार के सभी महापाप, उपपाप आदि इस योनिमुद्रा के अभ्यास से मिट जाते हैं।

बज्रोली मुद्रा :- दोनों हाथों को दृढ़तापूर्वक धरती पर टेके और दोनों पाँव तथा शिर को आकाश में उठा दे। ज्ञानियों ने इसे शक्ति-संचार करनेवाली और जीवन प्राप्त करानेवाली बज्रोली मुद्रा कहा है। यह योगमुद्रा योगियों के लिए मुक्ति देनेवाली हितकारिणी; सिद्धिदायिनी तथा श्रेष्ठ है। इसके प्रसाद से विन्दु सिद्धि होने के कारण साधक उर्ध्वरेतस्तत्व में समर्थ होता है, और जलविन्दुपात पर विजय प्राप्त कर ली जाती है, तब पृथ्वी पर कौन सा कार्य सिद्ध नहीं हो सकता। यदि भोगी पुरुष भी इस मुद्रा का साधन करे तो उन्हें भी सभी सिद्धियाँ सिद्ध हो सकती हैं।

शक्तिचालिनी मुद्रा :- मूलाधार में जो कुण्डलिनी साढ़े तीन

आवृत्ति लगाये हुए सर्पिणी के रूप में सो रही है। उसके सोते रहने पर योगी पशु (अज्ञानी) की अवस्था में रहता है। इसलिए जब तक ज्ञान उत्पन्न न हो तब तक अभ्यास करते रहना चाहिए। जिस प्रकार कुंजी से ताला खोलने पर ही किवाड़ खुलता है, वैसे ही कुण्डलिनी के जाग्रत होने पर ही ब्रह्मरन्ध्र खुल सकता है, नाभि को वस्त्र से लपेटकर एकान्त में इसका अभ्यास करे। नग्न रहकर बाहर इस मुद्रा का अभ्यास नहीं करना चाहिए।

<u>ताड़ागी मुद्रा</u> :- पश्चिमोत्तान आसन लगाकर बैठे और उदर को तड़ाग के समान स्थित करे। यह मुद्रा जरा-मरण को नष्ट करनेवाली है।

<u>माण्डुकी मुद्रा</u> :- मुख को बन्द करके तालु में जिह्वा को घुमाना चाहिए और सहस्रार से टपकते हुए सुधा रस का धीरे-धीरे पान करना चाहिए, यह माण्डुकी मुद्रा कहलाती है। इसके अभ्यास से बली, पलित, रोग शरीर पर झुर्रियाँ पड़ना और बालों का श्वेत होना दूर हो जाता है तथा स्थायी यौवन की प्राप्ति होती है।

<u>शाम्भवी मुद्रा</u> :- दृष्टि को दोनों भौंहों में स्थिर कर एकाग्र मन से चिन्तन करता हुआ परमात्मा का दर्शन करे, यह शाम्भवी मुद्रा कहलाती है। इसे सब प्रकार से गोपनीय रखना चाहिए। वेदशास्त्र तथा पुराणों में शाम्भवी मुद्रा कुलवधू के समान छिपी हुई है।

<u>पञ्चधारण मुद्रा</u> :- इसके द्वारा साधक की गति मन के समान हो जाती है और खेचरत्व की प्राप्ति होती है। पञ्चधारण मुद्रा सिद्ध होने पर ऐसा कौन सा कार्य है जो कि सिद्ध न हो सके। इन पंचधारणाओं के सिद्ध होने पर मनुष्य शरीर से ही स्वर्ग में जाना-आना हो सकता है।

<u>पार्थिवीधारणा</u> :- पृथिवी तत्त्व का वर्ण हरेताल के समान बीज "लं"

चौकोर आकार और ब्रह्म देवता हैं। इसको योग बल से प्रकट कर हृदय में धारण करे तथा पाँच घड़ी पर्यन्त प्राण का निरोध {कुम्भक} करे। यह पार्थिवी मुद्रा अथवा अधोधारणा मुद्रा कहलाती है। इसका साधक मृत्युंजय और सिद्ध होकर पृथिवी पर विचरण करता है।

आम्भसीधारणा :- शंख, चन्द्र या कुन्द के समान शुभ्र वर्ण का जल होता है। इसका बीज वकार, देवता विष्णु हैं। योगबल से हृदय में इसे प्रकट करे और एकाग्र चित्त से पाँच घड़ी तक कुम्भक द्वारा प्राण को धारण करे। यह आम्भसी धारणा नामक मुद्रा है। इसके अभ्यास से दु:सह ताप और पाप नष्ट हो जाता है तथा जल-तत्त्व जय होता है।

आग्नेयीधारणा :- अग्नि नाभि में रहता है, इसका वर्ण इन्द्रगोप कीट के समान लाल है। इसका बीज रकार, आकृति त्रिकोण और देवता रुद्र हैं। यह अग्नितत्त्व में तेजपुंज युक्त दीप्तियुक्त और सिद्धिदायक है। इसे योगबल से आविर्भूत कर एकाग्र चित्त से पाँच घड़ी कुम्भक द्वारा प्राणधारण करे। इसके अभ्यास से काल का भय नहीं रहता।

वायवीयधारणा :- वायु का वर्ण अंजन और धुएँ के समान काला है। इसका बीज यकार और देवता ईश्वर है। यह तत्त्व सत्त्वगुण वाला है। योगबल से इसका आविर्भाव होने पर एकाग्रचित्त से कुम्भक द्वारा पाँच घड़ी तक प्राणवायु को धारण करे । इसके सिद्ध होने पर साधक को आकाशगमन की शक्ति प्राप्त होती है और वायु से मृत्यु नहीं हो सकती । यह मुद्रा जरा-मृत्यु को नष्ट करती है।

आकाशी धारणा :- आकाश तत्त्व का वर्ण समुद्र के शुद्ध जल के समान है। इसके देवता सदाशिव और बीज हकार है। प्राणवायु को रोककर पाँच घड़ी तक कुम्भक करने से यह नभोधारणा मुद्रा सिद्ध होती है और यह मोक्ष-द्वार के

किवाड़ खोल देती है।

अश्विनी मुद्रा :- गुदा-द्वार का बार-बारसंकोच और प्रसार करे। यह अश्विनी मुद्रा कहलाती है। इससे कुण्डलिनी का जागरण होता है। यह मुद्रा गुह्यरोगों को नष्ट करनेवाली, शारीरिक शक्ति को बढ़ानेवाली, अकाल मृत्यु का हरण करनेवाली है।

पाशिनी मुद्रा :- दोनों पाँवों को कण्ठ के पीछे की ओर लेजाकर उन्हें परस्पर मिलाकर पाश के समान दृढ़ता से बाँध ले। यह शक्ति को जाग्रत करनेवाली पाशिनी मुद्रा है। यह बल को देनेवाली है।

काकीमुद्रा :- मुख को कौए की चोंच के समान करके उसके द्वारा शनैः शनैः वायुपान करे। यह मुद्रा सभी रोगों को नष्ट करनेवाली होती है।

मातंगिनी[1] मुद्रा :- जल में कण्ठपर्यन्त खड़े होकर नासिका से जल खींचकर मुख द्वार से बाहर निकालना चाहिए। फिर मुख के द्वारा जल खींचकर नासिका द्वारा निकाले, इसका अभ्यास बार-बार करना चाहिए। परम मुद्रा है, इसके सिद्ध होने पर जरा-मरण का भय नहीं रहता तथा योगी हाथी के समान बलवान हो जाता है।

भुजंगिनी[2] मुद्रा :- इससे अजीर्णादि सभी उदर रोग नष्ट हो जाते हैं। मुख को सर्प के समान फैलाकर वायु का पान करना चाहिए।

---

1 स्कन्दपुराण, पूर्वार्द्ध, काशी खण्ड, चतुर्थ अ0 41/41-42,

2 वही, 41/44,

मुद्रा का महत्त्व :-

कुण्डलिनी जागरण की यह महत्वपूर्ण प्रक्रियाएँ मानव को बहुत ऊँचा उठा देती हैं। इनके फल के विषय में विभिन्न यौगिक ग्रन्थों तथा पुराणों में विशद विवेचन किया गया है। कुछ मुद्राओं के द्वारा तो मृत्यु पर भी विजय प्राप्त की जा सकती है तथा इनके अभ्यास से नाना प्रकार के रोगों से भी छुटकारा मिल जाता है।

नहि पथ्यमपथ्यंवारसा: सर्वेऽपि नीरसा: ।
अपि घोरंविषंपीतंपीयूषमिव जीर्यति ।।
क्षयकुष्ठगुदावर्तगुल्माजीर्ण पुरोगमा:।
तस्य दोषा: क्षयं यांति महामुद्रां च योऽभ्यसेत्।।[1]

स्कन्दपुराण[2] में ही लिखा गया है कि जो खेचरी मुद्रा को जानता है, उसे शर लगने पर पीड़ा नहीं होती, कर्मों का फल भोगना नहीं पड़ता तथा वह काल के द्वारा भी बाँधा नहीं जा सकता। खेचरी मुद्रा के द्वारा मृत्यु पर भी विजय प्राप्त किया जा सकता है -

यावद्बिन्दु:स्थितोदेहे तावन्मृत्युभयंकुत: ।
यावत्बद्धानभोमुद्रा तावद्बिन्दुर्न गच्छति।।[3]

इस अत्यन्त गोपनीय एवं देवदुर्लभ पटल को भक्तिहीन शठ को कभी न बतावें और प्रयत्नपूर्वक रक्षा करना चाहिए। यदि बताना हो तो किसी सरल, शान्त, गुरुभक्त अधिकारी पुरुष को ही यह भोग और मोक्षदायक मुद्रापटल

---

1 स्कन्दपुराण, पूर्वार्द्ध काशी खण्ड, चतुर्थ अ0 41/41-42,
2 वही, 41/44,
3 वही, 41/46,

बताना चाहिए। इस सर्वरोगनाशक पटल का नित्य अभ्यास करनेवाले साधक के लिए जठराग्नि प्रदीप्त करने वाला और जरा-मरण नाशक सिद्ध होगा। उसे अग्नि, जल, वायु आदि से किसी प्रकार का भय नहीं रहेगा। श्वास, प्लीहा, श्लेष्मा, आदि बीस प्रकार के रोग इन मुद्राओं के अभ्यास से अवश्य ही नष्ट हो जाते हैं। इन मुद्राओं के समान सिद्धिदायक कोई अन्य साधन इस पृथ्वी मण्डल पर नहीं है।[1]

षट्कर्म :-

योगाभ्यास में षट्कर्म का विशेष महत्व होता है। षट्कर्मों के अभ्यास के द्वारा शरीर योगाभ्यास के योग्य हो जाता है। इनको करने से कफादि दोषों से छुटकारा मिल जाता है तथा प्राणायाम का अभ्यास करने में भी सरलता होती है। षट् क्रियाओं को करने से नाड़ीशोधन तो होता ही है, साथ ही साथ मानवशरीर विभिन्न विकारों से मुक्त हो जाता है। कुछ विचारकों का ऐसा मत है कि प्राणायाम के द्वारा ही नाड़ीशोधन का कार्य सम्पादित हो जाता है, इसलिए इस कार्य के सम्पादन के लिए शिवसंहिता तथा याज्ञवल्क्यादिकों के द्वारा प्रतिपादित धौत्यादि षट्कर्म सम्मत नहीं है। किन्तु उन विचारकों का मत उचित प्रतीत नहीं होता क्योंकि जिन पुरुषों को कफ, वात, पित्त की अधिकता से शरीर में स्थूलता (मोटापन) हो, उनको यह क्रिया करना परमावश्यक है और जिनका शरीर कृश (पतला) और वातादिक की अधिकता से युक्त न हो, उनको थोड़े समय तक षट्कर्म का अभ्यास करना चाहिए। षट्कर्मों के विषय में घेरण्डसंहिता में विस्तार से प्रकाश डाला गया है। धौती, वस्ति, नेति, नौलिकी, त्राटक और कपाल भाति, ये छः कर्म योगी को अवश्य करना चाहिए:-

(1) धौति कर्म :- धौति कर्म चार प्रकार का होता है - अन्तर्धौति,

---

1 द्रष्टव्य - घेरण्ड संहिता, तृतीयोपदेश, 3/94-100.

पूरकान्ते कर्तव्यं पानं जालन्धराभिधम्।

कुम्भकान्ते रेचकादौ कर्तव्यस्तूड़डियानकः।।

अथ आकुञ्चनेनैव कण्ठसङ्कोचने कृते।

मध्यपश्चिमतानेन प्राणः स्यान्मध्यनाभितः।।

अपानपूर्ध्वमुत्थाप्य प्राणं कण्ठादधोनयेत।

योगी जराविमुक्तः सन षोडशाब्दवयोलभेत।।

भगवतगीतायाम्—

अपाने जुह्वति प्राणं प्राणे प्राणं तथापरे।

प्राणापान गति रुद्धवा प्राणायामपरायणः।।

उपरोक्तसंदर्भावलोकनेन सुस्पष्टो भवति यत् जैवजगति प्राणापानगत्यानुकुलं परिवर्तनं संभवति। तदवरुधेः गतिः निराकुलो भूत्वा जीवः परमं पदमश्नुते तदैव शिव भावे भारतीय—वाङमये सुशोभते।

प्राणायामङ्गभूता मुद्रा—

प्राणसंधानस्य पूर्वं मुद्रायाः ज्ञानमावश्यकम् वर्तते। तद्रहस्यं मुद्रायामेव

निहितोऽस्ति इति योगतन्त्रवाङ्मये सर्वत्रैव ध्वनितो भवति। तन्त्रेषु मुद्राया: क्रियाशक्तिरूपत्वमुक्तम् "**मन्त्रो वै ज्ञानशक्तिश्च मुद्राचैव क्रियात्मिका**"[४०]। बाह्ययाभ्यन्तरभेदेन द्विविधा मुद्रा भवति। कररचनारूपा बाह्या:, आभ्यन्तरा तु बन्धरूपा। स्वच्छन्दतन्त्रे मुद्राणां त्रैविध्यमुक्तम् परञ्च तन्त्रालोके तु—करजा—कायिकी—विलापा—मानसी इति चतस्त्रो मुद्रा: कथिता। अत्र संस्थानविशेषानुसरणरूपा बन्धरूपा: मुद्रा: यत् हठयोग प्रदीपिकायाम् वर्णित: सन्ति तदैव प्राणसंधानाय उपयुक्ते सति उल्लेखयामि। यथा—

महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्च खेचरी।
उड्यान मूलबंधश्च बंधोजलंधराभिध:।।
करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्ति चालनम्।
इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशनम्।। ३/६०, ६१

अथ महामुद्रा—

पादमूलेन वामेन योनि संपीड्य दक्षिणम्।
प्रसारितं पदं कृत्वा धराभ्याम धारयेददृढ़म्।।
कण्ठे बंध समारोप्य धारयेत् वायुमूर्ध्वत:।
यथा दण्डहत: सर्पोदंडाकार: प्रजायते।। ह. प्र. ३/१०,११

अर्थात् वामपादमूलेन गुदलिङ्गयोः मध्यभागं संपीडय वा सम्यक् प्रकारेण संयोज्य दक्षिणपादं भूमौ प्रसार्य तर्जनीभ्यां पादांगुष्ठं दृढं धारयेत। जालंधरबंध चिबुकं कण्ठकुपे निधाय ऊर्ध्वतः वायुं धारयेत्। यथा शक्ति—कुम्भकानन्तरं शनैः शनैः रेचनं कुर्यात् एवं प्रकारेण वामाङ्गे सम्यग् अभ्यस्य दक्षपादपार्ष्णि योनिस्थाने संयोज्य वामपादं भूमौ प्रसार्य तदङ्गुष्ठं गृहीत्वा पूर्ववदभ्यासं कुर्यादिति। महामुद्राभ्यासेन प्राणाः अवक्राः भवन्ति। साधकस्य पाचन तन्त्रः प्रवलो भवति। पथ्यमपथ्यं वा कटु—अम्ल विषाक्तमपि जीर्यति।

एवञ्च हठप्रदीपिकायाम्—

क्षय कुष्ठगुदावर्त गुल्माजीर्ण पुरोगमाः।

तस्य दोषाः क्षयं यान्ति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत।। ह. प्र ३/१७

अथ महाबन्धः —

पार्ष्णिवामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत।

वामोरूपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं तथा।।

पूरयित्वां ततो वायुं हृदये चिबुकं दृढ़म्।

निष्पीड्य वायुमाकुञ्च्य मनोमध्ये नियोजयेत।।

अर्थात् वामपादस्य पार्ष्णि गुदमेढ्रयोरन्तराले नियोज्य दक्षिणपादं वामजंघोपरि संस्थाप्य पूरकं विधातव्यम् **''हृदये चिबुकं दृढं निष्पीड्य''** जालन्धरबन्धं कृत्वा सप्रयत्नेन वायुमाकुंच्य ततो मनोनियोजयेत। यथा शक्ति कुम्भयित्वा शनैः शनैः रेचरं कर्तव्यम् एवं प्रकारेण वामाङ्गे समभ्यस्य पुनः दक्षांगेऽभ्यसेत्। एतदभ्यासेन सर्वनाडीनामूर्ध्वगतिं निरुध्यते। **''त्रिवेणीसङ्गमंधत्ते केदारं प्रापयेन्मनः''**[४१] एतदभ्यासं विना योगिनः **''रूपलावण्यसम्पन्ना यथा स्त्री पुरुषं विना''** ईव भवति। केचित तु कण्ठसंकोचस्यस्थाने राजदन्तोपरि जिह्वायाः स्थापनं उत्तमोत्तमं स्वीकुर्वन्ति।

अथमहावेधः —

महाबंधस्थितो योगी कृत्वा पूरकमेकधीः।

वायूनां गतिमावृत्य निभृतं कंठमुद्रया।।

समहस्तयुगो भूमौ स्फिचौ सन्ताऽयेच्छनैः।

पुटद्वयमतिक्रम्य वायुः स्फुरति मध्यगः।। ह. प्र ३/२६,२७

महाबंधमुद्रायामुपविश्य एकाग्रचिन्मानसे पूरकं कर्तव्यम्, जालंधरमुद्रया वायुगतिमावृत्य कुम्भकं कृत्वा शनैः शनैः उत्प्लावनं कर्तव्यम्। महाबेधाभ्यसतो प्राणः सुषुम्ना मध्ये संचरति। अभ्यासी कदापि

जरापिडितो न भवति। एतन्त्रयोबन्धा अति गुह्य अर्थात् सावधानपूर्वको विधातव्यम्। प्रथमे स्वल्पं एवञ्च दिने–दिने वृद्धिं कर्तव्यम्। अनेन साधको अणिमादि युक्तो भवति।

अथ खेचरीमुद्रा–

खेचरीमुद्रा एव अमृतबन्धनीव्योमचक्र–तिमिरहननी आदि रूपेण तन्त्रगन्थेषु निरूपितास्ति।

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।

भ्रूवोरन्तरगता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी।। ह. प्र. ३/३२

आवेष्ठित जिह्वा कपालकुहरे प्रविश्य दृष्टिभ्रूमध्ये संस्थापनं एव खेचरी मुद्रायाः रहस्यम्। भारतीयवाङ्मये अमरत्वेच्छनसंदर्भे सोमपानस्य परिचर्या श्रूयते। आध्यात्मिकरीत्या एतदैवाभिप्रायः खेचरीमुद्रायाः वर्तते। **मूर्ध्निविवरसंरोधनेन मूर्धातः स्रावित प्रकिण्वशरीरे न प्रविशन्ति ते ऊर्ध्वे अर्थात् कपाले एवोपचितो भवति।** साम्प्रतम् **''अनुवांशिक कुट''**[४२] अध्ययनरतावैज्ञानिकाः जीनस्य प्रकिण्वसंरचना परिवर्तनेन कायिकसमस्यायाः समाधानं कुर्वन्ति। अत्रमनोविश्लेषणात्मकरीत्या सर्वसम्मतो अभिप्रायः यत् मानसिक वृत्या शारीरिक क्रियाकलापाः अनुशेरन्ते। अस्मत् सर्वाणि व्यवहाराणि परिष्कृतो भविष्यन्ति यदि मस्तिष्कस्रावं नियन्त्रितो भवेत

अर्थात् भय–ईर्ष्या–द्वेषादि वृत्तय: मानवान् न बाधिष्यन्ति यदि मूर्धास्रवित प्रकिण्व मूर्धापरिक्षेत्रे एवोपचितो भवेत। एतत्तु आंशिकप्रकार्याणि योगिन: तु स्वाधिष्ठानमक्षुणं कर्तुं ज्ञानजनकं एतन्मुद्राया: प्रयोगं कुर्वन्ति। तान्त्रिकग्रन्थेषु वा हठयोगेऽपि एतदाध्यात्मप्रसाद: विपुलो वर्तते।

''एकं सृष्टिमयं बीजमेका मुद्रा च खेचरी'' ह. प्र. ३/५४

अथ उड्डीयानबन्ध: –

बद्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूड्डीयते यत:।

तस्मादुड्डीयनाख्योऽयं योगिभि: समुदाहृत:।।

अर्थात् शरीराकाशे महाखग: प्राण: येन बन्धेन सुषुम्नायां संचरति तदुड्डीयानबन्ध:। तत्तु

उदरे पश्चिमं तान नामेरुर्ध्वं च कारयेत्।

उड्डीयानो ह्यसौ बन्धो मृत्युमातंगकेसरी।।

मृत्युमातंगकेसरी अर्थात् शरीरे सततप्रवाही प्राणशक्ति यदा विद्युदाकर्षपरिपथे संचरति तदा शरीरावयवानि विश्रामावस्थायां ऊर्जान्वितो भवति। द्रष्टाभावान्वितो वृत्तय: सापेक्षत्वं भजते एवं प्रकारेण प्रशिक्षित: ग्रन्थय: व्यष्टे: परिक्षेत्रं परिवर्धयन्ति। अत: सुकांक्षिनर: नाभेरधोभागं

पश्चाकर्षणं कृत्वा पृष्टसंलग्नं कुर्यात् एवं ऊर्ध्वमधोभागयोः तान रूपेऽवस्थाप्य उड्डीयानमुद्रा अवलम्वत।

अथमूलबन्धः —

मूलाधारो बन्ध्यते येन मुद्रया तन्मूलबन्धः।

पार्ष्णिभागेन संपीड्य योनिमाकुञ्चयेद्गुदम्।

अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽभिधीयते॥ ह. प्र. ३/६१

पार्ष्ण्या गुदमेढ्रयोमध्ये नियोजनेन एवञ्च गुदसंकोचनेन च अपानवायुः ऊर्ध्वं सुषुम्नायां संचरति। मानवशरीरे त्रिकोणे स्थित जठराग्नि प्रदीप्तो भवति। प्राणापानमेक्यं भूत्वा नादं वर्धयति। अर्थात् अनाहतमण्डलमुत्क्रमयति, नादविन्दुसंयुक्तो भवति। मनसि शिव भावं विराजते।

अथजालन्धरबन्धः —

शरीरे शिरायाः वा धमन्याः यत् व्यूहः सन्ति तदस्मिन् बन्धे नियन्त्रितो भवन्ति।

कण्ठमाकुञ्च्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम।

बन्धो जालंधराख्योऽयं जरामृत्यु विनाशकः॥

जालन्धरबन्धेन कपालकुहरस्य अमृतस्रावं प्रतिबन्धितो भवति। **"न पीयुषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रकुप्यति"**[४३]। कण्ठस्थाने स्थितं विशुद्धाख्यचक्रं षोडशचक्रेषु मध्यचक्रमाधार रूपेण निरूपितोऽस्ति। ग्रहयामले कथितमस्ति यत्–

अमृतं कुरुते देहं जालन्धरमतोऽभ्यसेत।

रूपलावण्य संयुक्तौ देहीनः सुदीर्घजीविभवेत।

अनेनैव विधानेन प्रयाति पवनालयम्।

ततो न जायते मृत्युर्जरारोगादिकं तथा।।[४४]

अथ विपरीतकरणीमुद्रा–

दिव्यमुत्कृष्टस्वरूपाकांक्षिणः सदैव विपरीतकरणीमुद्रायाः अभ्यासेन ओजस्वीनः भवन्ति मुद्रायाः संदर्भे गोरक्षादिहठयोगिनां सम्प्रत्ययानि तु एवमस्ति यथा–

नाभिदेशे स्थितो नित्यं भास्करो दहनात्मकः।

अमृतात्मा स्थितो नित्यं तालुमूले च चन्द्रमा।।

वर्षत्यधोमुखश्चंद्रो ग्रसत्यूर्ध्वमुखो रविः।

दूसरी विधि—पद्म अथवा सिद्धासन से बैठे, योनि और गुह्यप्रदेश सिकोड़, अपानवायु को ऊर्ध्वगामी कर, नाभिस्थ समान वायु के साथ मिलाकर और हृदयस्थ प्राणवायु को अधोमुख करके प्राण और अपान-वायुओं के साथ नाभिस्थल पर दृढ़ रूप से कुम्भक करें।

फल—प्राण का ऊर्ध्वगामी होना, वीर्य की शुद्धि, इड़ा, पिङ्गला और सुषुम्णा का सङ्गम प्राप्त होना, बल की वृद्धि इत्यादि।

५. महावेध-पहली विधि—महाबन्ध की प्रथम विधि के अनुसार मूलबन्ध के पूर्व कुम्भक करके, दोनों हाथों की हथेली भूमि में दृढ़ स्थिर

करके, हाथों के बल ऊपर उठकर दोनों नितम्बों (चूतड़) को शनैः शनैः ताड़ना देवे और ऐसा ध्यान करे कि प्राण इड़ा, पिङ्गला को छोड़कर कुण्डलिनी शक्ति को जगाता हुआ सुषुम्णा में प्रवेश कर रहा है। तत्पश्चात् वायु को शनैः शनैः महाबन्ध की विधि के अनुसार रेचन करें।

दूसरी विधि—मूलबन्ध के साथ पद्मासन से बैठे, अपान और प्राणवायु को नाभि स्थान पर एक (मिला) करके दोनों हाथों को तानकर नितम्बों (चूतड़ों) से मिलते हुए भूमि पर जमाकर नितम्बों (चूतड़ों) को आसन-सहित उठा-उठाकर भूमि पर ताड़ित करते रहें।

फल—कुण्डलिनी शक्ति का जाग्रत् होना, प्राण का सुषुम्णा में प्रवेश करना। महाबन्ध, महावेध और महामुद्रा—तीनों को मिलाकर करना अधिक फलदायक है।

मुद्रा

१. खेचरी मुद्रा—जीभ को ऊपर की ओर उल्टी ले जाकर तालु कुहर (जीभ के ऊपर तालु के बीच का गड्ढ़ा) में लगाए रखने का नाम खेचरी मुद्रा है।

इसके निमित्त जिह्वा को वढ़ाने के तीन साधन किए जाते हैं—छेदन, चालन और दोहन।

पहिला साधन– छेदन-जीभ के नीचे के भाग में सूताकार वाली एक नाड़ी नीचे वाली दाँतों की जड़ के साथ जीभ को खींचे रखती है। इसलिए जीभ को ऊपर चढ़ाना कठिन होता है। प्रथम इस नाड़ी के दाँतों के निकट वाले एक ही स्थान पर स्फटिक (बिल्लौर) का धार वाला टुकड़ा प्रति दिन प्रातः काल चार-पाँच बार फेरते रहें। कुछ दिनों तक ऐसा करने के पश्चात् वह नाड़ी उस स्थान में पूर्ण कट जायगी। इसी प्रकार क्रमशः उससे ऊपर-ऊपर एक-एक स्थान को जिह्वा मूल तक काटते चले जायँ। स्फटिक फेरने के पश्चात् माजूफल का कपड़छान चूर्ण (टेरिन एसिड) जीभ के ऊपर नीचे तथा दाँतों पर मलें और उन सब स्थानों से दूषित पानी निकलने दें। माजूफल चूर्ण के अभाव में अकरकरा, नून, हरितकी और कत्थे का चूर्ण छेदन किए हुए स्थान पर लगावें। यह छेदन विधि सबसे सुगम है और इससे किसी प्रकार की हानि पहुँचने की सम्भावना नहीं है। यद्यपि इसमें समय अधिक लगेगा। साधारणतया छेदन का कार्य किसी धातु, तीक्ष्ण यंत्र से प्रति आठवें दिन उस सिरा को

बाल के बराबर छेदकर घाव पर कत्था और हरड़ का चूर्ण लगा कर करते हैं। इसके छेदन के लिए नाखून काटने वाला जैसा एक तीक्ष्ण यंत्र और खाल छीलने के लिए एक दूसरे यंत्र की आवश्यकता होती है जिससे कटा हुआ भाग फिर न जुड़ने पावे। इसमें नाड़ी के सम्पूर्ण अंश के एक साथ कट जाने से वाक् तथा आस्वादन शक्ति के नष्ट हो जाने का भय रहता है।

इसलिए इसे किसी अभिज्ञ पुरुष की सहायता से न करना चाहिए। छेदन की आवश्यकता केवल उनको होती है, जिनकी जीभ और (यह) नाड़ी मोटी होती है। जिनकी जीभ लम्बी और यह नाड़ी पतली होती है, उन्हें छेदन की अधिक आवश्यकता नहीं है।

दूसरा और तीसरा साधन—चालन व दोहन—अँगूठे और तर्जनी अँगुली से अथवा बारीक वस्त्र से जीभ को पकड़ कर चारों तरफ उलट फेर कर हिलाने और खींचने को चालन कहते हैं। **मक्खन अथवा घी** लगा कर दोनों हाथों की अंगुलियों से जीभ को गाय के थन दोहन जैसे पुनः पुनः धीरे-धीरे आकर्षण करने की क्रिया का नाम दोहन है।

निरन्तर अभ्यास करते रहने से अंतिम अवस्था में जीभ इतनी लम्बी हो जाती है कि नासिका के ऊपर भ्रू-मध्य तक पहुँच जाय। इस मुद्रा का बड़ा महत्त्व बतलाया गया है, इससे ध्यान की अवस्था परिपक्व करने में बड़ी सहायता मिलती है। जिह्वा के भी नाना प्रकार के भेद देखने में आए हैं। किसी की जिह्वा में सूताकार नाड़ी के स्थान में मोटा मांस होता है, जिसके काटने में अधिक कठिनाई होती है। किसी-किसी जिह्वा में न नाड़ी होती है न मांस। उसमें छेदन की आवश्यकता नहीं है। केवल चालन एवं दोहन होना चाहिए।

२. महामुद्रा—प्रथम विधि मूलबन्ध लगाकर बायें पैर की एड़ी से सीवन (गुदा और अण्डकोश के मध्य का चार अंगुल स्थान) को दबाएँ और दाहिने पैर को फैलाकर उसकी अंगुलियों को दोनों हाथों से पकड़ें। पाँच घर्षण करके बायीं नासिका से पूरक करे और जालन्धरबंध लगाये। फिर जालन्धरबंध खोलकर दाहिनी नासिका से रेचक करें। यह वामांग की मुद्रा समाप्त हुई। इसी प्रकार दक्षिणांग में इस मुद्रा को करना चाहिए।

दूसरी विधि—बायें पैर की एड़ी को सीवन (गुदा और उपस्थ के मध्य के चार अंगुल भाग) में बल पूर्वक जमाकर दायें पैर को लम्बा

फैलावें। फिर शनैः शनैः पूरक के साथ मूल तथा जालन्धरबंध लगाते हुए दायें पैर का अंगुठा पकड़ कर मस्तक को दायें पैर के घुटने पर जमा कर यथा शक्ति कुम्भक करें। कुम्भक के समय पूरक की हुई वायु को कोष्ठ में शनैः शनैः फुलावें और ऐसी भावना करें की प्राण कुण्डलिनी को जाग्रत करके सुषुम्णा में प्रवेश कर रहा है, तत्पश्चात् मस्तक को घुटने से शनैः शनैः रेचक करते हुए उठकर यथा स्थिति में बैठ जायँ इसी प्रकार दूसरे अंग से करना चाहिए। **प्राणायाम** की संख्या एवं समय बढ़ाता रहे।

फल—मंदाग्नि, अजीर्ण आदि उदर के रोगों तथा प्रमेह का नाश, क्षुधा की वृद्धि और कुण्डलिनी का जाग्रत होना।

३. अश्विनी मुद्रा—सिद्ध अथवा पद्मासन से बैठ कर योनि-मंडल को अश्व के सदृश पुनः पुनः सिकोड़ना **अश्विनी मुद्रा** कहलाती है।

फल—यह मुद्रा प्राण के उत्थान और कुण्डलिनी शक्ति के जाग्रत करने में सहायक होती है। अपानवायु को शुद्ध और वीर्यवाही स्नायुओं को मजबूत करती है।

४. शक्तिचालिनी मुद्रा—सिद्ध अथवा पद्मासन से बैठ कर हाथों की हथेलियाँ पृथिवी पर जमा दें। बीस-पच्चीस बार शनैः शनैः दोनों नितम्बों को पृथ्वी से उठा-उठा कर ताड़न करे। कुम्भक के समय अश्विनी मुद्रा करे अर्थात् गुह्य प्रदेश का आकर्षण, विकर्षण करता रहे। तत्पश्चात् जालन्धरबन्ध खोल कर यदि दोनों नासिका पुट से पूरक किया हो तो दोनों से अथवा पूरक से विपरीत नासिका पुट से रेचक करे और निर्विकार होकर एकाग्रता पूर्वक बैठ जाय।

घेरण्डसंहिता में इस मुद्रा को करते समय वालिस्त भर चौड़ा, चार अंगुल लम्बा, कोमल, श्वेत, और सूक्ष्म वस्त्र नाभि पर कटिसूत्र से बाँध कर सारे शरीर पर भस्म मल कर करना बतलाया है।

फल—सर्व रोग नाशक और स्वास्थ्य वर्धक होने के अतिरिक्त कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत करने में अत्यंत सहायक है। इससे साधक अवश्य लाभ प्राप्त करें।

५. योनि मुद्रा—सिद्धासन से बैठ समसूत्र हो षण्मुखी मुद्रा लगाकर अर्थात् दोनों अंगूठों से दोनों कानों को, दोनों तर्जनियों से दोनों नेत्रों को, दोनों मध्यमाओं से नाक के छिद्रों को बंद करके और दोनों अनामिका

एवं कनिष्ठिकाओं को दोनों ओठों के पास रख कर काकी मुद्रा द्वारा अर्थात् जिह्वा को कौवे की चोंच के सदृश बना कर उसके द्वारा प्राण वायु को खींच कर अधोगति अपानवायु के साथ मिलावें। तत्पश्चात् ओम् का जाप करता हुआ ऐसी भावना करें कि उसकी ध्वनि के साथ परस्पर मिली हुई वायु कुण्डलिनी को जाग्रत करके षटचक्रों का भेदन करते हुए सहस्र दल कमल में जा रही है। इससे अन्तरज्योति का साक्षात्कार होता है।

६. योग मुद्रा—मूलबंध के साथ पद्मासन से बैठ कर प्रथम दोनों नासिका पुटों से पूरक करके जालन्धरबन्ध लगावे, तत्पश्चात् दोनों हाथों को पीठ के पीछे ले जा कर बायें हाथ की और दायें हाथ से बायें हाथ की कलाई को पकड़े, शरीर को आगे झुका कर पेट के अन्दर एड़ियों को दबाये हुए सिर को जमीन पर लगा दें। इस प्रकार यथा शक्ति कुम्भक करने के पश्चात् सिर को जमीन से उठा कर जालन्धरबंध खोल कर दोनों नासिकाओं से रेचन करें।

फल—पेट के रोगों को दूर करने और कुण्डलिनी शक्ति को जागृत करने में सहायक होती है।

७. शाम्भवी मुद्रा—मूल और उड्डीयानबंध के साथ-साथ सिद्ध अथवा पद्मासन से बैठ कर नासिका के अग्रभाग अथवा भ्रूमध्य में दृष्टि स्थिर करके ध्यान जमाना साम्भवी मुद्रा कहलाती है।

८. तडागी मुद्रा—तडाग (तालाब) के सदृश कोष्ठ को वायु से भरने को तडागी मुद्रा कहते हैं। शवासन से चित्त लेट कर जिस नासिका का स्वर चल रहा हो उससे पूरक करके तालाब के समान पेट को फैला कर वायु से भर ले। तत्पश्चात् कुम्भक करते हुए वायु को पेट में इस प्रकार हिलावें जिस प्रकार तालाब का जल हिलता है। कुम्भक के पश्चात् सावधानी से वायु को शनैः शनैः रेचन कर दें इससे पेट के सर्व रोग समूल नाश होते हैं।

९. विपरीतकर्णी मुद्रा = शीर्षासन = कपालासन—पहिले जमीन पर मुलायम गोल लपेटा हुआ वस्त्र रख कर उस पर अपने मस्तक को रखे। फिर दोनों हाथों के तलों को मस्तक के पीछे लगा कर शरीर को उल्टा ऊपर उठा कर सीधा खड़ा कर दें। थोड़े ही प्रयत्न से मूल और उड्डीयान स्वयं लग जाता है। यह मुद्रा पद्मासन के साथ भी की जा सकती है।

इसको ऊर्ध्वपद्मासन कहते हैं। आरम्भ में इसको दीवार के सहारे करने में आसानी होगी।

फल—वीर्य की रक्षा, मस्तिष्क, नेत्र, हृदय तथा जठराग्नि का बलवान होना। प्राण की गति स्थिर और शान्त होना, कब्ज, जुकाम, सिरदर्द आदि का दूर होना, रक्त शुद्ध होना और कफ के विकार का दूर होना।

१०. वज्रोली मुद्रा—मलत्याग के समय कई बार मूत्र को बलपूर्वक ऊपर की ओर आकर्षित करे। ऐसा करते समय इस बात को ध्यान से देखें कि मूत्र धारा कितने नीचे से आकर्षित हो कर लौटती है और पुनः उतरते समय कितना समय लगता है। निरन्तर अभ्यास से जब मूलधार दस-बारह अंगुल नीचे से आकर्षित हो कर खींची जा सके और उतारने में कुछ शक्ति लगाना पड़े तो समझना चाहिए कि वज्रोली क्रिया सिद्ध हो गयी है। तत्पश्चात् क्रमशः जल, दूध, तेल अथवा घी, शहद अथवा अन्त में पारा खींचने का अभ्यास करे।

दूसरी विधि—एक चौदह अंगुल रबर की मूत्र निष्कासन (कैथिटॅर् नलिका जो कि अंग्रेजी दवाखानों में मिल सकती है) पानी में उबाल कर लिङ्ग-छिन्द्र में प्रवेश करने का अभ्यास करें। यह अभ्यास एक अंगुल से प्रारम्भ करके क्रमशः एक-एक अंगुल बढ़ाता जाय। जब बारह अंगुल प्रविष्ट होने लगे तो चौदह अंगुल लम्बी और लिंग के छिद्र के अनुसार चौड़ी जस्ते की सलाई जो दो अंगुल मुड़ी हुई ऊपर को मुँह-वाली हो जिससे कि लिङ्गेन्द्रिय में प्रविष्ट कर सके उपयुक्त रबर कैथिटॅर् की रीति से लिङ्ग छिद्र में प्रवेश करने का अभ्यास करे। जब बारह अंगुल तक प्रविष्ट होने लगे, तब चौदह अंगुल लम्बो लिङ्गछिद्र के अनुसार चौड़ी अन्दर से पोली एक चाँदी की सलाई बनावें, जो दो अंगुल टेढ़ी और ऊर्ध्वमुखी हो। इस टेढ़े भाग को लिंग छिद्र में प्रविष्ट कर दो अंगुल बाहर रहने दें, फिर सुनार की धमनी के सदृश धमनी से उस पर सलाई में लगातार फूत्कार करे। इस प्रकार लिङ्ग मार्ग का अच्छी तरह शुद्ध हो जाने पर वायु को खींचने और छोड़ने का अभ्यास करे, इस अभ्यास के सिद्ध हो जाने पर लिंग छिद्र से उपर्युक्त रीति से जल, तेल, दूध, शहद और पारे के खींचने का क्रमशः अभ्यास करे।

फल—लिंगेन्द्रिय के छिद्र की शुद्धि और अपानवायु पर पूर्णतया अधिकार प्राप्त हो जाता है, पथरी को तोड़ कर निकालने में सहायता मिलती

है। इस मुद्रा का फल हठयोग में अलौकिक सिद्धियाँ बतलाई गयी हैं परन्तु जरा सी असावधानी होने पर इन्द्रिय छिद्र में विकार होने से भयंकर शारीरिक रोग उत्पन्न होने तथा स्त्री के रज खींचने की चेष्टा में ऊँचे से ऊँचे अभ्यासी के लिए भी आध्यात्मिक पतन होने की अधिक सम्भावना है। इस प्रकार के बहुत से उदाहरण दृष्टिगोचर हुए हैं। इन मुद्राओं आदि को किसी अनुभवी की सहायता से करना चाहिए अन्यथा लाभ के स्थान में हानि पहुँचने की अधिक सम्भावना है।

चित लेटकर करने के आसन

१. पादाङ्गुष्ठ-नासाग्र-स्पर्शासन—पृथ्वी पर समसूत्र में पीठ के बल सीधा लेट जाय। दृष्टि को नासाग्र में जमाकर दायें पैर के अँगूठे को पकड़ कर नासिका के अग्रभाग को स्पर्श करे, इसी प्रकार पुनः पुनः करे, मस्तक, बायाँ पैर और नितम्ब पृथ्वी पर जमे रहें। इसी प्रकार दायें पैर को फैलाकर बायें पैर के अँगूठे को नासिका के अग्रभाग से स्पर्श करे। फिर दोनों पैरों के अँगूठों को दोनों हाथों से पकड़कर नासिका के अग्रभाग को स्पर्श करे। कई दिन के अभ्यास के पश्चात् अँगूठा नासिका के अग्रभाग को स्पर्श करने लगेगा।

फल—कमर का दर्द, घुटने की पीड़ा, कंद-स्थान की शुद्धि एवं उदर सम्बन्धी सर्वरोगों का नाश करता है। यह आसन स्त्रियों के लिए भी लाभदायक है।

२. पश्चिमोत्तानआसन—दोनों पाँवों को उड्डीयान और मूल बन्ध के साथ लम्बा सीधा फैलावे। दोनों हाथों की अँगुलियों से दोनों पैरों की अँगुलियों को खींचकर शरीर को झुका कर, माथे को घुटने पर टिका दे, यथाशक्ति वहीं पर टिकाए रहें। प्रारम्भ में दस-बीस बार शनैः शनैः रेचक करते हुए मस्तक को घुटने पर ले जायँ और इसी प्रकार रेचक करते हुए ऊपर उठते चले जायँ।

फल—पाचनशक्ति का बढ़ना, कोष्ठबद्धता दूर करना, सब स्नायु कमर तथा पेट की नश-नाड़ियों को शुद्ध एवं निर्मल करना, बढ़ते हुए पेट को पचकाना इत्यादि।

इस आसन को कम से कम दश मिनट तक करते रहने से उचित लाभ प्रतीत होगा।

स्वामी विवेकानन्द जी के अनुसार कुण्डलिनी [redacted] पीड़ा तथा अन्य उपसर्ग भी सम्भव हैं।"

इन ग्रंथियों से सुषुम्णा नाड़ी को खोलना ही योग साधना का प्रमुख महत्व है। प्राणायाम के द्वारा वायु खींचकर शरीर के ऊर्ध्वभाग को सिकोड़े और वायु को नीचे की ओर धकेले। नीचे की ओर (अपान वायु) जाती हुई वायु को भी अधोभागों को भी सिकोड़कर रोके रहे। इस प्रकार वायु को मूलाधार की ओर केन्द्रित करे, इस प्रकार की क्रिया से प्राण और अपान वायु के संघर्ष से, दबाव से जो ताप उत्पन्न होगा उससे प्रसुप्त कुण्डलिनी के आवेष्टन ढीले पड़ जायेंगे और वह सक्रिय तथा जागृत हो उठेगी तथा सुषुम्णा का मुख खुल जायगा और सुषुम्णा के माध्यम से चित्रिणी नाड़ी के सहारे कुण्डलिनी ऊपर को गतिमान होकर ब्रह्मरन्ध्र में जा पहुँचेगी। यह साधना अत्यन्त दुष्कर है, सहसा इसमें सफलता मिलना सम्भव नहीं है। इस क्रिया में प्राण वायु को इड़ा, पिंगला नाड़ियों से हटाकर सुषुम्णा नाड़ी के माध्यम से (जो मेरुदण्ड में है) ब्रह्मरन्ध्र तक ले जाना होता है। इस क्रिया में 'जलंधर' और 'मूलबन्ध' आसनों का प्रयोग होता है। तात्पर्य यह है कि प्राण और अपान वायु के मिलने से जो आन्तरिक ताप बनता है उससे ठीक ऐसी स्थिति बनती है जैसे कि खाली नली में नीचे ऊपर दोनों ओर से पम्प किया जाय और मध्यस्थ वायु को निकलने न दिया जाय, यह वायु गरम होकर कहीं भी बाहर निकलने का प्रयास करेगी और पम्प में कोई छोटा सा छिद्र होगा तो उसी पर दबाव पड़ेगा। इसी प्रकार प्राण व

अपान वायु रोकने से कुण्डलिनी पर दबाव पड़ने से उसके बन्धन ढीले पड़कर सुषुम्णा का द्वार खुल सकेगा।

अथवा ऐसा समझें कि जिस प्रकार रक्तचाप मापक यंत्र की पेटी हाथ में बाँधकर गुब्बारे से पम्प करने पर यंत्र [redacted] है।

षटचक्र

मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र तक षट् (६) चक्र हैं जो एक बन्द कमल पुष्प के आकार के हैं। कुण्डलिनी जागृत होने पर जब सुषुम्णा द्वारा प्राणवायु ऊपर को गतिमान होता है तो उसे क्रमशः इन ६ चक्रों का भेदन करना होता है—

(१) मूलाधार में मूलाधार चक्र—मेरुदण्ड में सबसे नीचे स्थित पृथ्वीतत्त्व से सम्बन्धित है।
(२) लिंगमूल में स्वाधिष्ठान चक्र—जल तत्त्व से सम्बन्धित है।
(३) नाभि में मणिपूरक चक्र—यह प्रकाश और तेज का प्रतीक है।
(४) हृदय में अनाहत चक्र—यह वायु तत्त्व का प्रतीक है।
(५) कण्ठ में विशुद्ध चक्र या शून्य चक्र—आकाश तत्त्व का प्रतीक है।
(६) भौंहों के मध्य आज्ञा चक्र—यह मन का प्रतीक है।

इन षटचक्रों के बाद अन्त में हजार पंखुड़ियों वाला 'सहस्रार चक्र'

Scanned by CamScanner

स्वामी विवेकानन्द जी के अनुसार कुण्डलिनी का स्थान [redacted] पीड़ा तथा अन्य उपसर्ग भी सम्भव हैं।"

इन पंक्तियों से सुषुम्णा नाड़ी को खोलना ही योग साधना का प्रमुख ध्येय है। प्राणायाम के द्वारा वायु खींचकर शरीर के ऊर्ध्वभाग को सिकोड़े और वायु को नीचे की ओर धकेले। नीचे की ओर (अपान वायु) जाती हुई वायु को भी अधोभागों को भी सिकोड़कर रोके रहे। इस प्रकार वायु को मूलाधार की ओर केन्द्रित करे, इस प्रकार की क्रिया से प्राण और अपान वायु के संघर्ष से, दबाव से जो ताप उत्पन्न होगा उससे प्रसुप्त कुण्डलिनी के आवेष्टन ढीले पड़ जायेंगे और वह सक्रिय तथा जागृत हो उठेगी तथा सुषुम्णा का मुख खुल जायगा और सुषुम्णा के माध्यम से चित्रिणी नाड़ी के सहारे कुण्डलिनी ऊपर को गतिमान होकर ब्रह्मरन्ध्र में जा पहुँचेगी। यह साधना अत्यन्त दुष्कर है, सहसा इसमें सफलता मिलना सम्भव नहीं है। इस क्रिया में प्राण वायु को इडा, पिंगला नाड़ियों से हटाकर सुषुम्णा नाड़ी के माध्यम से (जो मेरुदण्ड में है) ब्रह्मरन्ध्र तक ले जाना होता है। इस क्रिया में 'जलंधर' और 'मूलबन्ध' आसनों का प्रयोग होता है। तात्पर्य यह है कि प्राण और अपान वायु के मिलने से जो आन्तरिक ताप बनता है उससे ठीक ऐसी स्थिति बनती है जैसे कि खाली नली में नीचे ऊपर दोनों ओर से पम्प किया जाय और मध्यस्थ वायु को निकलने न दिया जाय, यह वायु गरम होकर कहीं भी बाहर निकलने का प्रयास करेगी और पम्प में कोई छोटा सा छिद्र होगा तो उसी पर दबाव पड़ेगा। इसी प्रकार प्राण व

अपान वायु रोकने से कुण्डलिनी पर दबाव पड़ने से उसके बन्धन ढीले पड़कर सुषुम्णा का द्वार खुल सकेगा।

अथवा ऐसा समझें कि जिस प्रकार रक्तचाप मापक यंत्र की पेटी हाथ में बाँधकर गुब्बारे से पम्प करने पर यंत्र [redacted] है।

षटचक्र

मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र तक षट् (६) चक्र हैं जो एक बन्द कमल पुष्प के आकार के हैं। कुण्डलिनी जागृत होने पर जब सुषुम्णा द्वारा प्राणवायु ऊपर को गतिमान होता है तो उसे क्रमशः इन ६ चक्रों का भेदन करना होता है—

(१) मूलाधार में मूलाधार चक्र—मेरुदण्ड में सबसे नीचे स्थित पृथ्वीतत्व से सम्बन्धित है।

(२) लिंगमूल में स्वाधिष्ठान चक्र—जल तत्व से सम्बन्धित है।

(३) नाभि में मणिपूरक चक्र—यह प्रकाश और तेज का प्रतीक है।

(४) हृदय में अनाहत चक्र—यह वायु तत्व का प्रतीक है।

(५) कण्ठ में विशुद्ध चक्र या शून्य चक्र—आकाश तत्व का प्रतीक है।

(६) भौंहों के मध्य आज्ञा चक्र—यह मन का प्रतीक है।

इन षटचक्रों के बाद अन्त में हजार पंखुड़ियों वाला 'सहस्त्रार चक्र'

Scanned by CamScanner

नादानुसन्धान नमोऽस्तु तुभ्यं त्वत्साधनं तत्त्वपदस्य ज्ञाने।
भवत्प्रसादात्पवनेन साकं विलीयते विष्णुपदे मनो मे।।446।।

उस नाद के अनुसन्धान रूप साधन को मैं नमस्कार करता हूँ क्योंकि मैं तत्त्वपद का साधन आप ही को जानता हूँ। पवन (प्राण) सहित आपकी कृपा से मेरा मन विष्णुपद में विलीन होगा।(446)

जालन्धरोड्ड्याणसुमूलबन्धान् जल्पन्ति कण्ठोदरपायुमूले।
बन्धत्रयेऽस्मिन् परिचीयमाने बन्धः कुतो दारुणकालपाशात्।।447।।

जो व्यक्ति जालन्धर, उड्डयान और मूल – इन तीनों बन्धों को क्रमश कण्ठ, उदर और पायुमूल में लगाने की कला से सुपरिचित हो गया है वह दारुण कालपाश रूपी बन्धन में कैसे रह सकता है।(447)

ओड्ड्याणजालन्धरमूलबन्धैरुन्निद्रितायां सुरनायिकायाम्।
प्रत्यङ्मुखात्सम्प्रविशन्सुषुम्नां गमागमौ मुंचति गन्धवाहः।।448।।

जालन्धर, ओड्डयाण, मूल –इन तीन बन्धों से जिसने जगा लिया है सुरनायिका कुण्डलिनी को और उन्मुख कर उसको सुषुम्ना में प्रवेश कराये हुये योगी का प्राण गमागम से मुक्त हो जाता है।(448)

उत्थापिताधारहुताशनोत्थैराकुंचनैः शश्वदपानवायोः।
सन्तापिता चन्द्रमसं पतन्तीं पीयूषधारां पिबतीह धन्यः।।449।।

उत्थापित मूलाधार रूपी अग्नि से निष्पन्न आकुंचनों के द्वारा अपान वायु को नित्य ही सन्तापित किये जाने पर (ललना चक्र से टपकती हुई) अमृतधारा को पीकर साधक धन्य होता है।(449)

बन्धत्रयाभ्यासविपाकजातां विवर्जिता रेचकपूरकाभ्याम्।
विशोषयन्ती विषमप्रवाहं विद्यां भजे केवलकुम्भरूपाम्।।450।।

बन्धत्रय के अभ्यास की परिपक्वावस्था से उत्पन्न तथा रेचक और पूरक से रहित जो विशप्रवाह को सुखाती रहती है कुण्डलिनी उस साधक का जो केवलकुम्भकरूपा विद्या को भजता है।(450)

अनाहते चेतनसाधनैरभ्यासशूरैरनुभूयमाना ।
संस्तम्भितश्वासमनःप्रचारा सा जृम्भते केवलकुम्भकश्रीः।।451।।

चेतन की सावधानता (संयम) से साधक श्रेष्ठों के द्वारा बताये गये साधना से श्वास के प्रचलन रहित स्थिति में वह केवल कुम्भक रूपी ऐश्वर्य से युक्त होकर 'अनाहत' नाद का अनुभव करता है।(451)

CC-0. Shri Satyam Sadhana Kutir, Rishikesh. Digtized by Muthulakshmi Research Academy

Scanned by CamScanner

29. नादबिन्दुयोगलक्षणम् = नाद और बिन्दु के योग का लक्षण -

मणिपूरस्य पद्मस्य कर्णिकायां महारजः।
ताम्रवर्णं च भवति पूरकेण तदुन्नतम्॥222॥
कुण्डलीसहयोगेन कृत्वा पश्चात्सहस्रके।
पद्मेऽथ कर्णिकायां वै शुद्धस्फटिककान्तिना॥223॥
कोटिसूर्यप्रतीकाशतेजोरूपेण बिन्दुना।
मेलयेदेष वै नादबिन्दुयोग इतीरितः॥224॥

मणिपूर में नाद और सहस्रार में बिन्दु रहता है। इन दोनों के योग (मिलन) करने की विधि मणिपूर चक्र में ताम्रवर्ण का महारज (नाद) को पूरक के द्वारा कुण्डलिनीशक्ति का सहयोग से ऊर्ध्वगति प्रदान करके सहस्रार चक्र के कर्णिका में विद्यमान शुद्ध स्फटिक के कान्ति जैसे एवं कोटिसूर्य का तेजोमय प्रकाश सदृश विद्यामन बिन्दु के साथ मिलायें। यही नाद-बिन्दु का योग है। (222-224)

योगिनः साधना सूक्ष्माऽपीयमेवास्ति वर्णिता।
वीर्यमास्ते प्राणशक्तिस्तन्नाशे ह्रसतीह सा।।225।।

यह साधना अत्यन्त सूक्ष्म होने पर भी योगियों केलये ही वर्णित है, क्योंकि वीर्य ही प्राणशक्ति है, उसके नाश होने से साधना से साधक नीचे गिरता ही है।(225)

CC-0. Shri Satyam Sadhana Kutir, Rishikesh. Digtized by Muthulakshmi Research Academy

30. महारजोवीर्ययोगलक्षणम् = महारज और वीर्य के योग का लक्षण -

अपानशक्तेरुत्थानादुदानाग्नेश्च योगतः।
वीर्यस्य प्राणशक्तिस्तु प्रभवत्यूर्ध्वगामिनी।।226।।

अपानशक्ति को ऊपर की ओर उठाने से उदराग्नि का योग से वीर्य के साथ प्राणशक्ति ऊर्ध्वगामी होती है।(226)

न वै स्खलति तद्वीर्यं योगिनस्तादृशस्य च।
उदानवेगस्य बलात्स्वप्नदोषादिषु स्रुतम्।।227।।

इस प्रकार का योगी के वीर्य का स्खलन कभी नहीं होगा। उदानवायु का वेग के बलपर ही स्वप्नदोष आदि में वीर्य स्खलित होता है।(227)

वीर्यं तदुष्णता शक्त्या योनिस्थानस्थितेन वै।
रुधिरेण सम्मिलति प्राणवेगश्च तद्बलात्।।228।।

वीर्य, उसकी गर्मी और योनिस्थान में स्थित शक्ति - ये तीनों जब खून के साथ मिल जाते हैं तब प्राण का वेग के सहयोग से वीर्य-स्खलन होता है।(228)

सुषुम्नायामूर्ध्वगतिं क्रियते क्रिययाऽनया।
महारजोवीर्ययोगो यतिभिः कथितो मुदा।।229।।

उक्त क्रिया से जब वीर्य का सुषुम्ना में ऊर्ध्वगति प्राप्त होती है तो उसको योगियों ने 'महास्वोवीर्ययोग' कहा है।(229)

Scanned by CamScanner

ब्रह्माण्डभाण्डस्थितम्—यह अमृत का गुणवाचक विशेषण है। ब्रह्माण्ड का आधारपात्र या भाण्ड जिस पर ब्रह्माण्ड आधारित है, कुण्डलिनी है। कुण्डलिनी ही भाण्ड है, क्योंकि वही सर्व की योनि है।

गोरक्षसंहिता में इसे स्पष्ट किया गया है—

'प्रबुद्धा वह्नियोगेन मनसा मरुता हता।
सूचीव गुणमादाय व्रजत्यूर्ध्वं सुषुम्णया॥
स्वपन्ती भुजगाकारा पद्मतन्तुनिभा शुभा।
उद्घाटयेत् कवाटं तु यथा कुञ्चिकया दृढम्।
कुण्डलिन्या तथा योगी ब्रह्मद्वारं प्रभेदयेत्॥
कृत्वा सम्पुटितौ करौ दृढतरं बद्ध्वा तु पद्मासनं
गाढं वक्षसि सन्निधाय चिबुकं ध्यानञ्च तच्चेतसि।
वारं-वारमपानमूर्ध्वमनिशं प्रोत्सारयन् पूरयन्
प्राणं मुञ्चति मोक्षमेति शनकैः शक्तिप्रभावाद् यतः॥'

Scanned by CamScanner

जब शिष्य योगीगुरुके पास जाता है तब गुरु शिष्यको यम, नियम, आसन, प्राणायाम आदिका अभ्यास कराते हैं। इन सबसे शिष्य जब अभ्यस्त हो जाता है तथा उसके अन्तःकरण शुद्ध हो जाते हैं एवं चित्तकी एकाग्रता हो जाती है तब गुरु उसे कुण्डलिनी योग अर्थात् षट्चक्र भेदका ज्ञान प्रदान करते हैं। शिष्य उसे अच्छी तरहसे समझ ले तब गुरुके द्वारा बताये गये आसनमें बैठकर कुण्डलिनी जागरण करे। विनिर्दिष्ट आसनपर बैठकर प्राणवायु अथवा श्वासका कुम्भककर 'हंसः' मन्त्रका 'मैं ब्रह्म हूँ' इसप्रकार मानसिक चिन्तन करते हुए हृदयसे जीवात्माको मूलाधारमें ले जायँ, जहाँपर कुण्डलिनी सोयी हुई है। उसके बाद धीरे-धीरे गुदाका सङ्कोचन कर, अपान वायुका निरोध करे। वायुका उत्तोलनकर मूलाधार कमलकी कर्णिकाके मध्यवर्ती त्रिकोणस्थ कामको बायें तरफसे घुमावे। उसके उद्दीप्त होनेपर उसमें स्थित कामाग्निसे उत्तप्त हुई कुण्डलिनीका हुङ्कारके द्वारा जागरण करे। यह हूंकार कूर्चबीज है। जब तक कुण्डलिनी उत्तप्त नहीं होती, उसका जागरण नहीं होता है। जब कामवायुको आन्दोलित किया जाता है तब उसमेंसे तेज उत्पन्न होता है। इसप्रकारसे गरमीवायुके कारण कुण्डलिनी उत्तप्त हो जाती है, तब हूंकार करना चाहिए। जब हूंकार करेंगे तब कुण्डलिनीको झटका लगेगी। इस प्रकारसे तेज झटका लगने पर जिस स्वयम्भू लिङ्गके छिद्रको अपने मुखसे आच्छादित कर रक्खी थी उसी छिद्रमें वह प्रवेश कर जाती है एवं स्वयम्भू लिङ्गके मूलसे निकली ब्रह्म नाड़ीके मुखमें प्रवेश कर जाती है। उस कुण्डलिनीका अनुसरण जीवात्मा भी करती है। जब यह कुण्डलिनी ब्रह्म नाड़ीमें प्रवेश करती है तब इस चित्रिणी नाड़ी अर्थात् ब्रह्मनाड़ीसे गुंथे

हुए कमलोंको प्राप्त कर यह हजारों सूर्योंके समान प्रकाशमान्, करोड़ों चन्द्रमाओंके समान शीतल बन जाती है। सारे कमल भी प्रकाशित हो जाते हैं।

इस प्रकारसे लयक्रमसे वह कुण्डलिनी तीनों लिङ्गोंका भेदन कर सहस्रारमें पहुँच जाती है। लयक्रम एवं सृष्टिक्रमका आगे कथन किया जायेगा।

सर्व प्रथम जब कुण्डलिनी मूलाधार पद्ममें स्थित रहती है तब उसका वैखरी भाव होता है। जब स्वयम्भू लिङ्गका भेदन करती है और अनाहत पद्ममें पहुँच जाती है तब उसे मध्यमा भाव प्राप्त होता है। उस मध्यमा भावसे अनाहत पद्ममें स्थित बाण लिङ्गका भेदन कर जब आज्ञा पद्ममें पहुँच जाती है तब उसे पश्यन्ती भाव प्राप्त होता है। पश्यन्ती भावसे आज्ञा पद्ममें स्थित इतर लिङ्गका भेदन कर जब सहस्रारमें स्थित परब्रह्मके पास पहुँच जाती है तब उसे पराभाव प्राप्त होता है। तब हंस रूप जीवात्मा परम हंस रूप परमात्मभावको प्राप्त करता है। कुण्डलिनी भी चैतन्यस्वरूपा बन कर उस चैतन्य स्वरूप ब्रह्ममें एकाकार हो जाती है। यही कुण्डलिनीयोग है। इस अवस्थामें विशुद्ध सत्त्वरूपा कुण्डलिनी महाकुण्डलिनी कहलाती है। जब तक सहस्रारमें स्थित परब्रह्ममें एकाकार नहीं होती है तब तक वह कुलकुण्डलिनी कहलाती है। महाकुण्डलिनी ही नित्यानन्द रूप मुक्तिको प्राप्त कराती है। हृदयस्थानसे अब 'मैं ब्रह्म हूँ' इस भावनासे आयी जीवात्मा यहाँपर ब्रह्मभावको प्राप्त हो जाती है। यही मोक्ष-प्राप्ति है।

Scanned by CamScanner

गौतमीये—

अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्य्यं दयार्ज्जवम् ।
क्षमा धृतिर्म्मिताहारः शौचञ्चेति यमा दश ॥
जपः सन्तोष आस्तिक्यं दानं देवस्य पूजनम् ।
सिद्धान्तश्रवणञ्चैव ह्रीर्म्मतिश्च तपो हुतम् ।
दशैते नियमाः प्रोक्ता योगशास्त्रविशारदैः ॥ इति ॥

तथाच एतद्द्वयाभ्यासशीलः श्रीनाथवक्त्रात् गुरुवक्त्रात् मोक्षवर्त्मप्रकाशं क्रमं ज्ञात्वा हुङ्कारेण मूलाधारस्थितवह्निपवनयोराक्रमेण तप्तां कुण्डलिनीं कृत्वा ब्रह्मद्वारस्य मध्ये तां रचयति ।

रुद्रयामले—

हुङ्कारेण समुत्थाप्य शक्तिं स्वाधारसंस्थिताम् ।

ततः सा प्रबोधिता तल्लिङ्गत्रयं स्वयम्भूबाणेतरलिङ्गत्रयं भित्त्वा भेदं कृत्वा तच्छिद्रेण ब्रह्माख्याया इति ल्यब्लोपे पञ्चमी ब्रह्मनाडीमारुह्य सकलसदनं प्राप्य परमरसयुक्तशिवे परमशिवे प्रदीपाभे देदीप्यते । ततः सा शुद्धस्वभावा सूक्ष्मतालक्षणेन तड़िदिव लसत्तन्तुरूपा तन्मोक्षानन्दं घटयति । नयवशात् नीतिवशात् । समाधौ यतो योगीशः तां कुलकुण्डलिनीं जीवात्मना सार्द्धं मोक्षधाम्नि परमशिवे सच्चिदानन्दरूपे भगवतीं चैतन्यरूपां ध्यायेत् ।

तन्त्रान्तरे—

ध्यै चिन्तायां स्मृतो धातुश्चिन्तातत्त्वेन निश्चला ।
एतद्ध्यानमिह प्रोक्तं सगुणं निर्गुणं द्विधा ।
सगुणं वर्णभेदेन निर्गुणं केवलं तथा ॥

अन्यत्रापि—

मज्जीवब्रह्मणोरैक्यं सोऽहमस्मीति[1] वेदनम् ।
तन्निर्गुणमिदम् । इत्यादि ।

[1] "हंस्यादिति" इति पाठान्तरम् ।

Scanned by CamScanner

ततो लाक्षाभं रक्तवर्णं परमामृतं कुण्डलिनी पीत्वा पूर्णानन्दमहोदयात् परशिवात् शिवसकाशात् प्राक्पादितोन्मन्यादिसृष्टिमार्गेण कुलपथात् कुलपथमारुह्य ब्रह्मारुह्य मूलाधारे स्वस्थाने प्रविशेत् । ततो योगी तद्दिव्यामृतधारया योगपरम्पराप्राप्तया ब्रह्माण्डस्थितं शरीरस्थं दैवतं डाकिन्यादिकं तर्पयेत् प्रीणयेत् । श्रीनाथवक्त्रादिति यदुक्तं तत् गोरक्षसंहितादौ स्पष्टीकृतम् ।

यथा—प्रबुद्धा वह्नियोगेन मनसा मरुता हुता ।
सूचीव गुणमादाय व्रजत्यूर्द्ध्वं सुषुम्णया ॥
ज्वलन्ती भुजगाकारा पद्मतन्तुनिभा शुभा ।
उद्घाटयेत् कवाटञ्च यथा कुञ्चिकया दृढम् ।
कुण्डलिन्या तथा योगी ब्रह्मद्वारं प्रभेदयेत् ॥
कृत्वा संपुटितौ करौ दृढतरं बद्ध्वा तु पद्मासनं
गाढं वक्षसि सन्निधाय चिबुकं ध्यानञ्च तच्चेतसि ।
वारंवारमपानमूर्द्ध्वमनिशं प्रोत्सारयन् पूरयन्
प्राणं मुञ्चति मोक्षमेति शनकैः शक्तिप्रभावात् यतः ॥

कुञ्चिकया कुलुपकारीत्याख्यया ।

निर्व्वाणपद्धत्यामपि—
आदौ पूरकयोगेन स्वाधारे योजयेन्मनः ।
गुदमेढ्रान्तरे योनिस्तामाकुञ्च्य प्रबोधयेत् ॥
भ्रमद्योनिगतं ध्यायेत् कामं बन्धूकसन्निभम् ।
ज्वलत्कालानलप्रख्यं तडित्कोटिसमप्रभम् ॥
तदूर्द्ध्वे तु शिखा सूक्ष्मा चिद्रूपा परमा कला ।
तया सहितमात्मानमेकीभूतं विचिन्तयेत् ॥
गच्छन्ती ब्रह्ममार्गेण लिङ्गभेदक्रमेण तु ।
अमृतं यद्विसर्गस्थं परमानन्दलक्षणम् ॥
द्रुतरक्तं सतेजाढ्यं धारापातप्रवर्षणम् ।
पीत्वा कुलामृतरसं पुनरेव कुलं विशेत् ॥

Scanned by CamScanner

सा च प्राणः समाख्यातस्तन्त्रेऽस्मिन् परमेश्वरि ।
एवमभ्यस्यमानस्य अहर्निशनिबन्धनात् ।
चतुर्व्विधा तु या सृष्टिरस्यां योनौ प्रजायते ॥
पुनः प्रलीयते तस्यां कालाग्न्यादिशिवान्तिकम् ।
योनिमुद्रा परा सा तु बन्धस्तस्याः प्रकीर्त्तितः ॥

चतुर्व्विधेति नैयायिकमते पुरुषात् । सांख्यमते प्रकृतिपुरुषाभ्याम् । पातञ्जलमते प्रकृतितः । मीमांसामते अदृष्टात् सृष्टिः । तत्र योगो द्विविधः ।

यथा शारदायाम्—

पिण्डं भवेत् कुण्डलिनी शिवात्मा पदञ्च हंसः सकलान्तरात्मा ।
रूपं भवेत् बिन्दुरमन्दकान्तिरतीतरूपं शिवसामरस्यम् ॥
पिण्डादियोगं शिवसामरस्यात् सबीजयोगं प्रवदन्ति सन्तः ।
शिवे लयं नित्यगुणाभियुक्ते निर्बीजयोगं फलमव्यपेक्षम् ॥ इति ॥

तथान्यत्र—

दिक्कालादिविवर्ज्जिते परशिवे चैतन्यमात्रात्मके । इत्यादि ।

स्वच्छन्दसंग्रहेऽपि—

पिण्डं कुण्डलिनी शक्तिः पदं हंसः प्रकीर्त्तितः ।
रूपं बिन्दुरिति ख्यातं रूपातीतस्तु चिन्मयः ॥

तत्रान्तरेऽपि—

पिण्डे युक्ताः पदे युक्ता रूपे युक्ताः षडानन ।
रूपातीते तु ये युक्तास्ते मुक्ता नात्र संशयः ॥

मतभेदे अनेकानि पद्मान्याह स्वच्छन्दसंग्रहे—

अधश्चोर्द्ध्वं सुषुम्णायाः सहस्रदलसंयुतम् ।
रक्तं श्वेतञ्च साहस्रदलस्थं शक्तिसंयुतम् ॥
ऊर्द्ध्वाधो मुखमूलन्तु कर्णिकाकेशरान्वितम् ।
शक्तिरूपं महादेवि कुलाकुलमयं शुभम् ॥

Scanned by CamScanner

'सुप्ता गुरुप्रसादेन यदा जागर्ति कुण्डली ।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यन्ते ग्रंथयोऽपि च ।।'[१]

आधारशक्तिरूपा कुण्डलिनी के ऋज्वीभूता होने पर इड़ा एवं पिङ्गला की मृत्यु हो जाती है क्योंकि कुण्डली के जागृत होने पर सुषुम्ना नाड़ी में प्राण प्रवेश कर जाता है—'ऋज्वीभूता तथा शक्तिः कुण्डलीसहसा भवेत् । तदा सा मरणावस्था जायते द्विपुराश्रया ।।'[२] मूलबंध लगाने से अधोगामी अपान ऊर्ध्वगामी होकर अग्निमण्डल में पहुँच जाता है, (नाभि के अधोभाग में स्थित त्रिकोण जठराग्नि में प्रविष्ट होने पर), अपानवायु से ताड़ित जठराग्नि शिखा दीर्घ हो जाती है और अग्नि एवं अपान अग्नि की दीर्घशिखा से ऊष्ण होकर ऊर्ध्वगति प्राण में प्रवेश कर जाते हैं । अपान की ऊर्ध्वगति से दीप्त अग्नि और प्रदीप्त हो उठती है । उसके ताप से कुण्डलिनी प्रतप्त होने से जाग उठती है और ब्रह्मनाड़ी में प्रवेश कर जाती है—'तेन कुण्डलिनी सुप्ता सन्तप्ता सम्प्रबुध्यते । दण्डाहता भुजङ्गीतनिश्वस्य ऋजुतां व्रजेत् । बिलं प्रविष्टेव ततो ब्रह्मनाड्यन्तरं व्रजेत् ।।'[४]

जिस प्रकार कुञ्जी से किवाड़ खुलता है उसी प्रकार कुण्डली के उद्बोधन रूप चाभी से मोक्षद्वार का कपाट भी खुल जाता है—'उद्घाटयेत् कपाटं तु यथा कुंचिकया हठात् । कुण्डलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं विभेदयेत् ।।''[५] जिस मार्ग के द्वारा प्राणी ब्रह्मस्थान में प्रवेश करता है उस ब्रह्मद्वार को कुण्डलिनी अपने मुख से ढके हुए हैं ।[६] कन्द के ऊर्ध्व भाग में स्थित कुण्डलिनी जीवों को बंधन में डालने के लिए सोई पड़ी रहती है किन्तु वही योगियों को मोक्ष दिलाने हेतु जाग उठती है—'कन्दोर्ध्वं कुण्डलीशक्तिः सुप्ता मोक्षाय योगिनाम् ।।'[७] इसको चलाने पर यह जाग उठती है और योगी मुक्त हो जाता है—'कुण्डली कुटिलाकारा सर्पवत्परिकीर्तिता । सा शक्तिश्चालिता येन स मुक्तो नात्र संशयः ।।'[८] चूँकि यह ब्रह्मद्वार को मुख से ढके है—'येन मार्गेण गन्तव्यं ब्रह्मस्थानं निरामयम् । मुखेनाच्छाद्य तद्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी'—अतः उसे जगाना आवश्यक है जिससे कि वह ब्रह्मद्वार पर सोना छोड़कर ब्रह्मद्वार के मार्ग ब्रह्मनाड़ी में प्रवेश कर जाय । इस सर्पिणी को जगाने हेतु इसकी पूँछ पकड़कर इसे जगाना चाहिए—'पुच्छे प्रगृह्य भुजङ्गी सुप्तामुद्बोधयेच्चताम् ।'[९] निद्रां विहाय सा शक्तिरूर्ध्वमुत्तिष्ठते हठात् ।।' इसको जगाने के लिए योगी को चाहिए कि वज्रासन लगाकर एवं शक्तिचालनी मुद्रा साधकर फिर भस्त्रिका प्राणायाम करे । नाभिदेश में स्थित सूर्य का आकुंचन करे (नाभि के आकुंचन द्वारा) फिर सूर्य के आकुंचन से कुण्डली शक्ति का चालन करे। दो मुहूर्त (चार घड़ी) तक निर्भय रहकर चालन करने से सुषुम्णागत यह कुण्डलिनी थोड़ा बहुत जाग जाती है । और परिणामवस्वरूप वह सुषुम्णा-मुख का

१. त्रिपुरासार समुच्चय　　२-९. हठयोगप्रदीपिका

त्याग कर देती है और प्राणवायु अपने आप सुषुम्ना में प्रवेश कर जाता है ।[१] जो योगी शक्ति को चलायमान कर लेता है वह भाग्यशील, सिद्ध एवं काल-जयी हो जाता है । कुण्डली को चलाकर भस्त्रिका प्राणायाम करना चाहिए—'कुण्डली' चालयित्वा तु भस्त्रं कुर्याद्विशेषतः ।' अपने शरीर में स्थित बहत्तर हजार नाड़ियों के मल-शोधन एवं उनके प्रक्षालन का अमोघ उपाय मात्र यही कुण्डलिनीयोग है[२]—'द्वासप्ततिसहस्राणां नाड़ीनां मलशोधने । कुतः प्रक्षालनोपायः कुण्डल्यभ्यसना-दृते ।।'' मल को शक्ति (कुण्डलिनी) के मध्य एवं शक्ति को मन के मध्य लाकर कुण्डली का उद्बोधन करना चाहिए—'शक्ति मध्ये मनः कृत्वा शक्तिं मानसमध्य-गाम' क्योंकि इससे परमपद की प्राप्ति होती है—'मनसा मन आलोक्य धारयेत्परमं पदम् ।।''[३]

इसके कुटिला, कुटिलोगी, कुण्डली, शक्ति आदि अनेक नाम हैं—कुटिलाङ्गी कुण्डलिनी भुजङ्गीशक्तिरीश्वरी । कुण्डल्यसन्धती चैते शब्दाः पर्याय वाचकाः ।।[४] रुद्रयामल में इसके एक हजार नाम उल्लिखित है ।

Scanned by CamScanner

अभासभेदतो भेदः फल तु सममेव हि ।
महामुद्रां प्रवक्ष्यामि भैरवेणोक्तमादरात् ॥ १२० ॥

पार्ष्णिवामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत् ।
प्रसार्य दक्षिणं पादं हस्ताभ्यां धारयेद्दृढम् ॥ १२१ ॥

चिबुकं हृदि विन्यस्य पूरयेत् वायुना पुनः ।
कुम्भकेन यथाशक्त्या धारयित्वा तु रेचयेत् ।
वामाङ्गेन समभ्यस्य दक्षिणाङ्गेन चाभ्यसेत् ॥ १२२ ॥

प्रसारितस्तु यः पादस्तमुरूपरि विन्यसेत् ।
अयमेव महाबन्धो मुद्रावच्चामुमभ्यसेत् ॥ १२३ ॥

महाबन्धस्थितो योगी स्फिचौ सन्ताडयेच्छनैः ।
अयमेव महाबन्धः सिद्धैः अभ्यस्यते नरैः ॥ १२४ ॥

अन्तः कपालकुहरे जिह्वां व्यावर्त्य बन्धयेत् ।
भ्रूमध्ये दृष्टिः अप्येषा मुद्रा भवति खेचरी ॥ १२५ ॥

कण्ठमाकुञ्च्य हृदये स्थापयेद्दृढमिच्छया ।
जलन्धरो बन्ध एष अमृतद्रवपालकः ॥ १२६ ॥

नाभिस्थोऽग्निः कपालस्थसहस्रकमलच्युतम् ।
अमृतं सर्वदा तावदन्तर्ज्वलति देहिनाम् ॥ १२७ ॥

यथा चाग्निस्तदमृतं न पिबेत्तु पिबेत्स्वयम् ।
याति पश्चिममार्गेणैवमभ्यासतः सदा ।

Scanned by CamScanner

नाभिस्थोऽग्निः कपालस्थसहस्त्रकमलच्युतम् ।
अमृतं सर्वदा तावदन्तर्ज्वलति देहिनाम् ॥ १२७॥

यथा चाग्निस्तदमृतं न पिवेत्तु पिवेत्स्वयम् ।
याति पश्चिममार्गेणैवमभ्यासतः सदा ।
अमृतं कुरुते देहं जलन्धरमतोऽभ्यसेत् ॥ १२८॥

उड्याणं तु सहजं गुणौघात्कथितं सदा ।
अभ्यसेदस्ततन्द्रस्तु वृद्धोऽपि तरुणो भवेत् ॥ १२९॥

नाभेः ऊर्ध्वमधश्चापि तानं कुर्यात्प्रयत्नतः ।
षण्मासमभ्यसेन्मृत्युं जयेदेव न संशयः ॥ १३०॥

मूलवन्धं तु यो नित्यमभ्यसेत्स च योगवित् ।
गुदे पार्ष्णिं तु सम्पीड्य वायुमाकुञ्चयेद्बलात् ।
वारं वारं यथा चोर्ध्वं समायाति समीरणः ॥ १३१॥

प्राणापानौ नादबिन्दू मूलवन्धेन चैकताम् ।
गत्वा योगस्य संसिद्धिं यच्छतो नात्र संशयः ॥ १३२॥

करणं विपरिताख्यं सर्वव्याधिविनाशनम् ।
नित्यमभ्यासयुक्तस्य जठराग्निः विवर्द्धते ॥ १३३॥

आहारो बहुलः तस्य सम्पाद्यः सांकृते ध्रुवम् ।
अल्पाहारो यदि भवेदग्निः दाहं करोति वै ।
ऊर्ध्वं भानुरधश्चन्द्रस्तद्यथा शृणु सांकृते ॥ १३४॥

अधः शिरश्चोर्ध्वपादः क्षणं स्यात्प्रथमे दिने ।
क्षणात्तु किंचिदधिकमभ्यसेन दिने दिने ॥ १३५॥

वलिश्च पलितश्चैव षण्मासोर्ध्वं न दृश्यते ।
याममात्रं तु यो नित्यमभ्यसेत्स तु ओगवित् ॥ १३६॥

वज्रोलिं कथयिष्यामि गोपितं सर्वयोगिभिः ।
अतीवैतद्रहस्यं तु न देयं यस्य कस्यचित् ।
स्वप्राणैस्तु समो यो स्यात्तसमै च कथयेद्ध्रुवम् ॥ १३७॥

स्वेच्छया वर्त्तमानोऽपि योगोक्तनियमैः विना ।
वज्रोलिं यो विजानति स योगी सिद्धिभाजनः ॥ १३८॥

Scanned by CamScanner

तत्र वस्तु द्वयं वक्ष्ये दुर्लभं येन केनचित् ।
लभ्यते यदि तस्यैव योगसिद्धिकरं स्मृतम् ॥ १३९॥

क्षीरमाङ्गिरसं चेति द्वयोराद्यं तु लभते ।
द्वितीयं दुर्लभं पुंसां स्त्रीभ्यः साध्यमुपायतः ।
योगाभ्यासरता स्त्री च पुंसा यत्नेन साधयेत् ॥ १४०॥

पुमान् स्त्री वा यदन्योन्यं स्त्रीपुंस्त्वानपेक्षया ।
स्वप्रयोजनमात्रैकसाधनात्सिद्धिमाप्नुयात् ॥ १४१॥

चलितो यदि बिन्दुः तमुर्ध्वमाकृष्य रक्षयेत् ।
एवं च रक्षितो बिन्दुः मृतुं जयति तत्त्वतः ॥ १४२॥

मरणं बिन्दुपातेन जीवनं बिन्दुधारणत् ।
बिन्दुरक्षाप्रसादेन सर्वं सिध्यति योगिनः ॥ १४३॥

अमरोलिस्तद्यथा स्यात्सहजोलिस्ततो यथा ।
तदभ्यासक्रमः शस्यः सिद्धानां सम्प्रदायतः ॥ १४४॥

एतैः सैः वैस्तु कथितैरभ्यसेत् कालल्गलतः ।
ततो भवेद्राजयोगो नान्तरा भवति ध्रुवम् ।
न दिङ्मात्रेण सिद्धिः स्यादभ्यसेनैव जायते ॥ १४५॥

Scanned by CamScanner

अंगुलपर बाहर प्राणका अस्त होता है वहींसे प्राणके अस्तके पीछे अपानका उदय होता है। प्राणकी गति अग्निशिखाकी नाईं हृदयसे ऊपरकी ओर बाहरको है, और अपानकी गति जलकी नाईं हृदय आकाशकी ओर बाहर से भीतरको नीचेकी ओर है। अपान रूपी चन्द्रमाकी कला जब और जहाँ प्राण रूपी सूर्य द्वारा ग्रस्त हो जाती है (अर्थात् जब और जहाँ अपान और प्राण एक होते है) उस स्थानको प्राप्त करके फिर शोक नही होता (अर्थात् उस समयही निस्पन्द अवस्थाका अनुभव होता है जो कि आत्माकी अवस्था है)। इसी प्रकार जब प्राणकी कलाको अपान ग्रस्त कर लेता है (अर्थात् जहाँ और जब प्राण और अपान एक हो जाते हैं और स्पन्दन नहीं होता) उस स्थानको प्राप्त करके फिर जन्म नहीं होता। भीतर और बाहर रहनेवाली वायु ही प्राण और अपान का, जो कि शरीर को पुष्ट करते है, रूप धारण करती है। जब बाहर (१२ अगुल पर) प्राण तो शान्त हो जाए और अपान का उदय न हो, तब ध्यान लगाने पर शोक नहीं होता। इसी प्रकार हृदयके भीतर जब अपान शान्त हो जाए और प्राणका उदय अभी न हुआ हो, उस समय ध्यान लगाने से पुनर्जन्म नहीं होता, क्योंकि वही आत्मा का आधार है। वह ऐसा स्थान है जिसमे प्राण और अपान, उदय और अस्त, सूर्य और चन्द्रमा, दोनो का समागम होता है। हृदय मे अपान के अस्त होने पर प्राण का उदय होता है और बाहर प्राण का अस्त होने पर अपान का उदय होता है। इन दोनो उदय और अस्त के बीच की अवस्था, जिसमे प्राण और अपान दोनो ही की गति का अनुभव नहीं होता, आत्मा की निजी अवस्था है। उसमे स्थित होना ही योगी का ध्येय है। उसमे तब नित्य स्थिति होती है जब कि प्राण की गति का बिलकुल निरोध हो जाए।

Scanned by CamScanner

जो सबसे उत्तम प्राणायाम है और जिसको ज्ञानी लोग सोते जागते करते रहते है उसको अपने कल्याण के लिए सुनो। हृदय कमल के कोश से (फेफड़ो से) प्राण के बाहर निकलने का नाम रेचक है। बाहर बारह अगुल से प्राणो के भीतर के अङ्गो मे लाने का नाम पूरक है। बाहर से अपान के अन्दर आजाने पर उसके द्वारा भीतर के अङ्गो को यत्न से भरने का नाम भी पूरक है। हृदय मे आकर जब अपान अस्त हो जाए और वहाँ से प्राणका उदय न हो, तो वह अवस्था कुम्भक कहलाती है। योगी लोगो को उसका अनुभव होता है। रेचक कुम्भक और पूरक भी तीन प्रकार के हैं। वे स्वाभाविक है और सदा होते रहते हैं, उनको करने के लिये विशेष यत्न की आवश्यकता नहीं

Scanned by CamScanner

है। बुद्धिमानो ने जिस प्रकार उनका वर्णन किया है वह सुनो। जो वायु बारह अंगुल बाहर से उदय होती है उसके वहीं पर (बाह्य) पूरक आदि प्राणायाम होते है। नाक से बाहर बारह अंगुलकी दूरी पर, मिट्टी मे अप्रकटित घड़े की नाई, जब वायु आकाश मे स्थित रहती है तो उसे बाह्य कुभंक कहते है। बाहर की ओर जानेवाली वायु के नाककी फुङ्गल तक जानेको योग जागनेवाले लोग प्रथम बाह्य पूरक कहते हैं,और नाक की फुङ्गल से बाहर बारह अगुल तक प्राण के जाने को धीर लोग दूसरा बाह्य पूरक कहते है। प्राण के बाहर जाकर अस्त हो जाने पर जब तक कि वहाँ से अपान का उदय नहीं होता उस पूर्ण और सम अवस्था को बाह्य कुंभक कहते है। अपान के उदय होने से पूर्व जो उसकी अन्दरकी ओर जाने की प्रवृत्ति होने लगती है उस मुक्तिदायक प्राणायाम को बाह्य रेचक कहते है। बारह अङ्गुल बाहर से उठकर अपान का आकार-मय होना दूसरा पूरक कहलाता है। इन बाहरी और भीतरी प्राणों के स्वभावो, कुभक आदि को जानकर योगी दूसरा जन्म नहीं लेता। चलते, ठहरते, सोते, जागते, इन प्राणायामो को करते रहने से स्वाभाविक चञ्चल वृत्तिवाले प्राण भी वश मे आ जाते है। इन प्राणायामो को करता रहता हुआ पुरुष बुद्धिको इनमे लगाकर जो चाहे करे और खाये पिये, उसको कर्तृत्वका स्पर्श नहीं होता। इस अभ्यास मे खूब लग कर, बाहर से मनको रोक कर, कुछ दिन मे मनुष्य केवल पदको प्राप्त कर लेता है। इनका अभ्यास करने पर मनको बाहर के विषयो मे आनन्द नहीं आता, जैसे ब्राह्मण को कुत्ते के मांस मे (खाल मे) मजा नहीं आता। जब प्राण बाहर आकर अस्त हो जाए और अपानका उदय होने को हो (हुआ न हो), उस बाह्य कुभकका अवलम्बन करके योगी शोक से रहित हो जाता है। जब हृदय मे अपान का अस्त हो जाए और प्राण का उदय न हुआ हो, उस भीतरी कुभक का अवलंबन करके भी योगी शोक से पार हो जाता है। प्राण को निकाल कर अपान को ग्रहण न करके जो शुद्ध (बाह्य) कुम्भक होता है उसका अभ्यास करके योगी को परिताप नहीं होता। अपान को भीतर लेकर प्राण को बाहर न निकाल कर जो भीतरी कुभक होता है उसका अभ्यास करने से मनुष्य का पुनर्जन्म नही होता। प्राण और अपान दोनो ही जब भीतर लीन हो जाएँ, उस अवस्था का अभ्यास करके आत्मा के शान्त हो जाने पर शोक नहीं होता। प्राण को भक्षण करने को जब

अपान उद्यत होता है उस कल्पना रहित काल का ध्यान करने से फिर शोक नहीं होता। इसी प्रकार अपान को भक्षण करने को जब प्राण उद्यत होता है उस देश और काल का ध्यान करके शोक नहीं होता। जब और जहाँ बाहर और भीतर प्राण और अपान एक दूसरे को निगल जाते है और क्षण भर के लिये प्राण वायु की गति रुक जाती है, प्राण और अपान दोनो का अभाव हो जाता है, उस बिना किसी यत्न किये सिद्ध अवस्था को बाहर और भीतर का कुम्भक कहते है; उस अवस्था मे ही आत्मा के शुद्ध रूप का भान होता है। उसमे स्थिर होकर शोक नहीं होता।

Scanned by CamScanner

कोमल दल रूप लगता है ॥२०-२५॥

सेकेन विकसत्पत्रं सकलाकाशचारिणा ।
चलन्ति तस्य पत्राणि मृदु व्याप्तानि वायुना ॥२६
चलत्सु तेषु पत्रेषु स मरुत् परिवर्धते ।
वाताहृते लतापत्रजाले वहिरिवाऽभितः ॥२७
वृद्धिं नीतः स नाडीषु कृत्वा स्थानमनेकधा ।
ऊर्ध्वाधोवर्तमानासु देहेऽस्मिन् प्रसरत्यथ ॥२८
प्राणापानसमानाद्यैस्ततः स हृदयानिलः ।
सङ्केतैः प्रोच्यते तज्ज्ञैर्विचित्राचारचेष्टितैः ॥२९
यान्त्यायान्ति विकर्षन्ति हरन्ति विहरन्ति च ।
उत्पन्ति पतन्त्याशु ता एता। प्राणशक्तयः ॥३०
स एष हृत्पद्मगतः प्राण इत्युच्यते बुधैः ।
अस्य काचिन्मुने शक्तिः प्रस्पन्दयति लोचने ॥३१
काचित्स्पर्शमुपादत्ते काचिद्वहति नासया ।
काचिदन्नं जरयति काचिद्वक्ति वचांसि च ॥३२

नासिका के अग्रभाग से पाँव पर्यन्त समस्त देहाकाश में संचरणशील अपान वायु द्वारा सिच कर उसके पत्र विकसित हो रहे हैं ॥२६॥ हृदय-पत्र के संकुचित विकसित होने पर वन में लता, पत्रादि को व्याप्त करने वाले वायु के समान ही देहस्थ वायु वर्द्धित होता है ॥२७॥ वह वृद्धि को को प्राप्त हुआ वायु हृदय दि को आश्रयण बनाकर ऊपर नीचे

अवस्थित नाड़ियों में प्रविष्ट होकर शरीर में संचरण करता है ॥२८॥ उस वायु की उन्हीं चेष्टाओं के कारण विद्वज्जन उसे प्राण, अपान, समान आदि नामों से कहते हैं ॥२९॥ वही प्राण-शक्तियां द्रुत गति से चलतीं, आतीं, विकर्षण-हरण करतीं, विहार, उत्पतन और पतन आदि का निर्वहन करती हैं (अर्थात् वे प्राणशक्तियाँ ही अन्न-रस आदि की गति का संचालन करने वाली है) ॥३०॥ हे मुने ! विद्वानों ने हृदय कमल में अवस्थित शक्ति को प्राण कहा है, इसी को कोई शक्ति लोचनों में स्पन्दन करतीं है ॥३१॥ प्राण की ही कोई एक शक्ति स्पर्श ग्रहण करती, कोई नासिका से श्वास लेती, कोई अन्न का परिपाक करती और कोई बोलती है ॥३२॥

Scanned by CamScanner

तत्रोर्ध्वाधो द्विसङ्केतौ प्रसृतावनिलौ मुने ।
प्राणापानाविति ख्यातौ प्रकटौ द्वौ वरानिलौ ॥३३
शरीरपुरपालस्य मनसो रथचक्रयोः ।
अहङ्कारनृपस्याऽस्य प्रशस्येष्टतुरङ्गयोः ॥३४
तयोर्ममाऽनुसरतः प्राणापानाभिधानयोः ।
गतिं शरीरमरुतोराशरीरमरुद्धयोः ॥३५
जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तेषु सदैव समरूपयोः ।
सुषुप्तसंस्थितस्येव ब्रह्मन् गच्छन्ति वासराः ॥३६
अविरतगतयोर्गतिं विदित्वा
हृदि मरुतोरनुसृत्य चोदितां ताम् ।
न पुनरिह हि जायते महात्मन्
मुदितमनाः पुरुषः प्रणष्टपाशः ॥३७

शरीर में ऊर्ध्व गमन और अधोगमन करने वाले जो दो श्रेष्ठ वायु स्थित हैं वे प्राण और अपान नाम से प्रकट एवं प्रसिद्ध हैं ॥३३॥ देह रूपी पुरी का रक्षक जो मन है, उसके रथ के यह दोनों चक्र हैं और अहंकार रूपी जो राजा है, उसके यह दोनों सुन्दर और इच्छानुसार चलने वाले अश्व हैं ॥३४॥ हे ब्रह्मन् ! उन शरीरगत जाग्रत्, स्वप्न सुषुप्ति में सदा समान रहने वाले और अधिक अभ्यास के कारण

अवरोध को प्राप्त न होने वाले प्राण और अपान वायुओं की गति का अनुसरण करते हुए मेरे दिवस, सुषुप्ति में अवस्थित (समाधि-रत) के समान व्यतीत हो रहे हैं ॥३५-३६॥ हे महात्मन् ! हृदयादि में संचरणशील प्राणापान वायुओं की गति को जान कर मुदित मन हुआ जीव भव-पाश से मुक्त होकर पुनः उत्पन्न नहीं होता अर्थात् जन्म-मरण के फन्दे से छूट जाता है ॥३७॥

Scanned by CamScanner

२०—प्राणायाम द्वारा मोक्ष-प्राप्ति

इत्थं स कथयन् पक्षी पृष्टस्तत्र पुनर्मया ।
कीदृशी प्राणवातस्य गतिरित्येव राघव ॥१
जानन्नपि मुने सर्वं किं मां पृच्छसि लीलया ।
यथापृष्टमहं वच्मि शृणु तत्राऽपि मद्वच : ॥२
प्राणोऽयमनिशं ब्रह्मन् स्पन्दशक्तिः सदागतिः ।
सबाह्याभ्यन्तरे देहे प्राणोऽयमुपरि स्थितः ॥३
अपानोऽप्यनिशं ब्रह्मन् स्पन्दशक्तिः सदागतिः ।
सबाह्याभ्यन्तरे देहे त्वपानोऽयमवाक्स्थितः ॥४
जाग्रतः स्वपतश्चैव प्राणायामोऽयमुत्तमः ।
प्रवर्तते यतस्तज्ज्ञ तत्तावच्छ्रेयसे शृणु ॥५
बाह्योन्मुखत्वं प्राणानां यद्धृदम्बुजकोटरात् ।
स्वरसेनाऽस्तयत्नानां तं धीरा रेचकं विदुः ॥६
द्वादशांगुलपर्यन्तं बाह्यमाक्रमतामधः ।
प्राणानामंगसंस्पर्शो यः स पूरक उच्यते ॥७

वसिष्ठजी बोले—हे राघव ! उस पक्षी के उक्त प्रकार से कहते हुए ही मैंने उससे पुनः पूछा कि हे वायसराज ! प्राणवायु की गति कैसी है ? ॥१॥ काक बोला—हे सर्वज्ञानी मुने ! आप लीलावश ही यह पूछ रहे हैं, परन्तु मैं उस सबका उत्तर दूँगा, आप मेरे वचनों को सुनिये ॥२॥ हे ब्रह्मन् ! यह प्राणशक्ति निरन्तर गति और स्पन्दन वाली है और बाहरी भीतरी सभी अवयवों में ऊपर की ओर स्थित

Scanned by CamScanner

रहती है ॥३॥ हे ब्रह्मन् ! अपान शक्ति भी सदा स्पन्दनशील और गतिमती रहती है । यह शरीर के बाहर भीतर रहती हुई नीचे की ओर गमन करती है ॥४॥ जागृत, स्वप्न और सुषुप्ति से युक्त प्राणियों के लिए प्राणायाम श्रेष्ठ साधन है, उसे आप श्रवण करिये ॥५॥ विना प्रयास ही हृदयपद्मकोश से उपलब्ध, प्राणों की वहिर्मुखता का जो अभ्यास है, उसे ज्ञानीजन रेचक कहते हैं ॥६॥ वाह्य प्रदेश में बारह अंगुल पर्यन्त अधोगमन करने वाले प्राणियों के साथ अंगों का स्पर्श पूरक कहा जाता है ॥७॥

अपानेऽस्तं गते प्राणो यावन्नाऽभ्युदितो हृदि ।
तावत् सा कुम्भकावस्था योगिभिर्याऽनुभूयते ॥८
रेचकः कुम्भकश्चैव पूरकश्च त्रिधा स्थितः ।
अपानस्योदयस्थाने द्वादशान्तादधो बहिः ॥९
बाह्यानाभ्यन्तरांश्चैतान् कुम्भकादीननारतम् ।
प्राणापानस्वभावांस्तान् बुद्ध्वा भूयो न जायते ॥१०
अष्टावेते महाबुद्धे रात्रिदिवमनुस्मृताः ।
स्वभावा देहवायूनां कथिता मुक्तिदा मया ॥११
गच्छतस्तिष्ठतो वाऽपि जाग्रतः स्वपतोऽपि वा ।
एते निरोधमायान्ति प्रकृत्याऽतिचलानिलाः ॥१२
अव्यग्रमस्मिन् व्यापारे बाह्यं परिजहन्मनः ।
दिनैः कतिपयैरेव पदमाप्नोति केवलम् ॥१३
सर्वारम्भान्सदा स्वच्छः कुर्वन्वाऽपि बुधो जनः ।
प्राणापानगतिं प्राप्य सुस्वस्थः सुखमेधते ॥१४

अपान वायु का शमन होने पर प्राणवायु जब तक हृदय में अभ्युदय को प्राप्त नहीं होता, उस अवस्था को कुम्भक कहते हैं, इस अवस्था का योगियों को पूर्ण अनुभव होता है ॥८॥ नासिका के अग्रभाग से बारह अंगुल पर्यन्त, अपानवायु के उत्पत्ति-स्थान में तीन अवस्था वाला प्राणायाम-रेचक, कुम्भक और पूरक होता है ॥९॥ प्राणापान वायुओं के स्वभाव वाले बाह्याभ्यन्तर जो कुम्भक आदि प्राणायाम हैं, उनका

Scanned by CamScanner

ज्ञान होने पर जीव इस जगत में पुनः उत्पन्न नहीं होता, ऐसा ज्ञानीजन कहते हैं ।।१०।। हे महामते ! देहवायु के स्वभाव वाले यह प्राणायाम आठ प्रकार के हैं, जो इनका रात दिन स्मरण करता है, उसे वह मुक्ति-दायक हो जाते हैं ।।११।। चलते, ठहरते, जागते या सोते हुए भी अभ्यास करने पर अत्यन्त चंचल वायु गतिहीन भी हो जाते हैं ।।१२।। प्राण के चिन्तन रूपी अभ्यास में लगा हुआ एवं बाह्य-विषयों से वितरित हुआ मन कुछ ही दिनों में उस केवल पद को प्राप्त कर लेता है ।।१३।। सभी कर्मों में अनुष्ठित निर्मल चित्त वाला ज्ञानी पुरुष प्राण और अपान की गति जानकर ही स्वस्थ सुख में प्रतिष्ठित हो जाता है ।।१४।।

सोदयास्तमयं सेन्दुं सरश्मिं सगमागमम् ।
हृदये भास्करं देवं यः पश्यति स पश्यति ।।१५
अस्तं गतवति प्राणे त्वपानेऽभ्युदयोन्मुखे ।
बहिः कुम्भकमालम्ब्य चिरं भूयो न शोच्यते ।।१६
अपानेऽस्त गते प्राणे किञ्चिदभ्युदयोन्मुखे ।
अन्तःकुम्भकमालम्ब्य चिरं भूयो न शोच्यते ।।१७
पुष्पस्यास्न्तरिवाऽऽमोदः प्राणस्याऽन्तरवस्थितम् ।
न सप्रमाणं न वाऽज्ञान चिदात्मानमुपास्महे ।।१८
जलस्याऽन्तरिवाऽऽस्वादमपानस्याऽन्तरस्थितम् ।
न सप्राणं न वाऽप्राणं चिदात्मानमुपास्महे ।।१९
प्राणक्षयस्योपान्तस्थनरानक्षप्रकोटिगम् ।
अपानप्राणयोर्मध्यं चिदात्मानमुपास्महे ।।२०
यदखिलकलनाकलङ्कहीन
परिवलितं च सदा कलागणेन ।
स्वनुभवविभवं पदं तदग्र्यं
सकलसुरप्रणतं परं प्रपद्ये ।।२१

उदय और अस्त वाला, चन्द्रमा, रश्मि और गमन-आगमन से युक्त हृदयाकाश में अवस्थित प्राणरूप सूर्य के जो दर्शन करता है, यथार्थ में वही दर्शन करता है ।।१५।। प्राणवायु जब अस्त हो जाता और अपान

Scanned by CamScanner

का उदय होता है तब बहिर्कुम्भक का चिर-अभ्यास करने से संसार रूपी शोक की प्राप्ति नहीं होती ॥१६॥ और अपान वायु के अस्त होने तथा प्राणवायु से किंचित उदय होने पर आन्तरिक कुम्भक के चिर-अभ्यास से भी भवरूपी इस शोक में नहीं पड़ना होता ॥१७॥ पुष्प के भीतर स्थित सुगन्धि के समान प्राण में अवस्थित तथा प्राण-अपान दोनों से रहित जो चिदात्मा है, हम उसकी उपासना करते हैं ।१८। जल में स्थित द्रवता के समान, अपान में अवस्थित प्राणापान से रहित चिदात्मा की हम उपासना करते हैं ।१९। प्राण और अपान के क्षय का समीप और अन्त में प्रकाशक तथा प्राणापान दोनों में स्थित जो चिदात्मा है, हम उसके उपासक हैं ।२०। जो सम्पूर्ण कल्पना कलंकों से रहित है, जो कलाओं से सदैव परिपूर्ण रहता है और जो अपने अनुभव रूपी वैभव से सम्पन्न है, उस सुर वन्दित परम पद की हम उपासना करते हैं ।२१।

Scanned by CamScanner

( ) प्राणविद्या :—

सर्वदुःखक्षयकरी सर्वसौभाग्यवर्धिनी । (६।२४।१८)
कारणं जीवितस्येह प्राणचिन्ता समाश्रिता ॥ (६।२४।१९)
इडा च पिङ्गला चास्य देहस्य मुनिनायक ।
सुस्थिते कोमले मध्ये पार्श्वकोष्ठे निमीलिते ॥ (६।२४।२०)
पद्मयुग्मत्रयं यन्त्रमस्थिमांसमयं मृदु ।
ऊर्ध्वाधोनालमन्योन्यमिलत्कोमलसद्दलम् ॥ (६।२४।२१)
सेकेन विकसत्पत्रं सकलाकाशचारिणा ।
चलन्ति तस्य पत्राणि मृदु व्याप्तानि वायुना ॥ (६।२४।२२)
चलत्सु तेषु पत्रेषु स मरुत्परिवर्धते ।
वाताहते लतापत्रजाले बर्हिरिवाभित ॥ (६।२४।२३)
वृद्धिं नीत स नाडीषु कृत्वा स्थानमनेकधा ।
ऊर्ध्वाधोवर्तमानासु देहेऽस्मिन्प्रसरत्यथ ॥ (६।२४।२४)
प्राणापानसमानाद्यै स्तत. स हृदयानिल ।
संकेतैः प्रोच्यते तज्ज्ञैर्विचित्राकारचेष्टितै ॥ (६।२४।२५)
हृत्पद्मयन्त्रत्रितये समस्ता प्राणशक्तय ।
ऊर्ध्वाध प्रसृता देहे चन्द्रबिम्बादिवांशव ॥ (६।२४।२६)
यान्त्यायान्ति विकर्षन्ति हरन्ति विहरन्ति च ।
उत्पतन्ति पतन्त्याशु ता एता प्राणशक्तय ॥ (६।२४।२७)
स एष हृत्पद्मगत प्राण इत्युच्यते बुधै ।
अस्य काचिन्मुने शक्ति. प्रस्पन्दयति लोचने ॥ (६।२४।२८)
काचित्स्पर्शमुपादत्ते काचिद्वहति नासया ।
काचिदन्नं जरयति काचिद्वक्ति वचांसि च ॥ (६।२४।२९)
बहुनात्र किमुक्तेन सर्वमेव शरीरके ।
करोति भगवान्वायुर्यन्त्रेहामिव यान्त्रिक ॥ (६।२४।३०)
तत्रोर्ध्वाधो द्विसंकेतौ प्रसृतावनिलौ मुने ।
प्राणापानाविति ख्यातौ प्रकटौ द्वौ वरानिलौ ॥ (६।२४।३१)

Scanned by CamScanner

सहस्रविनिकृत्ताङ्गाद्बिसतन्तुलवादपि
दुर्लक्ष्या विद्यमानापि गति सूक्ष्मतराऽनयो ॥ (६।२४।३७)
प्राणोऽयमनिशं ब्रह्मन्स्पन्दशक्ति सदागति ।
सबाह्याभ्यन्तरे देहे प्राणोऽयमुपरि स्थित ॥ (६।२५।३)
अपानोऽप्ययनिशं ब्रह्मन्स्पन्दशक्ति. सदागति ।
सबाह्याभ्यन्तरे देहे त्वपानोऽयमवाक्स्थित· ॥ (६।२५।४)
प्राणापानगतिं प्राप्य सुस्वस्थ सुखमेधते ।
प्राणस्याभ्युदयो ब्रह्मन्पद्मपत्रादूध्र्वदि स्थितात् ॥ (६।२५।२९)
द्वादशाङ्गुलपर्यन्ते प्राणोऽस्तं यात्यय बहिः ।
अपानस्योदयो बाह्याद्द्वादशान्तान्महामुने ॥ (६।२५।३०)
अस्तङ्गतिरथाम्भोजमध्ये हृदयसंस्थिते ।
प्राणो यत्र समायाति द्वादशान्ते नभ.पदे ॥ (६।२५।३१)
पदात्तस्मादपानोऽयं खादेति समनन्तरम् ।
बाह्याकाशोन्मुखो प्राणो वहत्यग्निशिखा यथा ॥ (६।२५।३२)
हृदाकाशोन्मुखोऽपानो निम्ने वहति वारिवत् ॥ (६।२५।३३)
अपानशशिनोऽन्तस्था कला प्राणविवस्वता ॥ (६।२५।३६)
यत्र ग्रस्ता तदासाद्य पदं भूयो न शोच्यते ।
प्राणार्कस्य तथाऽन्तस्था यत्रापानसिताशुना ॥ (६।२५।३७)
ग्रस्ता तत्पदमासाद्य न भूयो जन्मभाङ्नर· ।
प्राण एवार्कता याति सबाह्याभ्यन्तरेऽम्बरे ॥ (६।२५।३८)
आप्यायनकरी पश्चाच्छक्तिताम‌धितिष्ठति ।
प्राण एवेन्दुता त्यक्त्वा शरीराप्यायकारणीम् ॥ (६।२५।३९)
क्षणादायाति सूर्यत्वं सशोषणकरं पदम् ।
अर्कता सम्परित्यज्य न यावच्चन्द्रता गत ॥ (६।२५।४०)
प्राणस्तावद्विचार्यान्तेऽदेशकाले न शोच्यते ।
हृदि चन्द्रार्कयोर्ज्ञात्वा नित्यमस्तमयोदयम् ॥ (६।२५।४१)
आत्मनो निजमाधारं न भूयो जायते मन ।
सोदयास्तमयं सेन्दुं सरश्मिं सगमागमम् ॥ (६।२५।४२)
अपानेऽस्तङ्गते प्राण समुदेति हृदम्बुजात् ॥ (६।२५।४७)
प्राणे त्वस्तङ्गते बाह्यादपान प्रोदित क्षणात् ॥ (६।२५।४८)

Scanned by CamScanner

स्वामी विवेकानन्द जी के अनुसार कुण्डलिनी [redacted] के ऊपर पेड़ू के [redacted] है। इस [redacted] पीड़ा तथा अन्य उपसर्ग भी सम्भव है।"

इन पंक्तियों से सुषुम्णा नाड़ी को खोलना ही योग साधना का प्रमुख ध्येय है। प्राणायाम के द्वारा वायु खींचकर शरीर के ऊर्ध्वभाग को सिकोड़े और वायु को नीचे की ओर धकेले। नीचे की ओर (अपान वायु) जाती हुई वायु को भी अधोभागों को भी सिकोड़कर रोके रहे। इस प्रकार वायु को मूलाधार की ओर केन्द्रित करे, इस प्रकार की क्रिया से प्राण और अपान वायु के संघर्ष से, दबाव से जो ताप उत्पन्न होगा उससे प्रसुप्त कुण्डलिनी के आवेष्टन ढीले पड़ जायेंगे और वह सक्रिय तथा जागृत हो उठेगी तथा सुषुम्णा का मुख खुल जायगा और सुषुम्णा के माध्यम से चित्रिणी नाड़ी के सहारे कुण्डलिनी ऊपर को गतिमान होकर ब्रह्मरन्ध्र में जा पहुंचेगी। यह साधना अत्यन्त दुष्कर है, सहसा इसमें सफलता मिलना सम्भव नहीं है। इस क्रिया में प्राण वायु को इड़ा, पिंगला नाड़ियों से हटाकर सुषुम्णा नाड़ी के माध्यम से (जो मेरुदण्ड में है) ब्रह्मरन्ध्र तक ले जाना होता है। इस क्रिया में 'जलंधर' और 'मूलबन्ध' आसनों का प्रयोग होता है। तात्पर्य यह है कि प्राण और अपान वायु के मिलने से जो आन्तरिक ताप बनता है उससे ठीक ऐसी स्थिति बनती है जैसे कि खाली नली में नीचे ऊपर दोनों ओर से पम्प किया जाय और मध्यस्थ वायु को निकलने न दिया जाय, वह वायु गरम होकर कहीं भी बाहर निकलने का प्रयास करेगी और पम्प में कोई छोटा सा छिद्र होगा तो उसी पर दबाव पड़ेगा। इसी प्रकार प्राण व

अपान वायु रोकने से कुण्डलिनी पर दबाव पड़ने से उसके बन्धन ढीले पड़कर सुषुम्णा का द्वार खुल सकेगा।

अथवा ऐसा समझें कि जिस प्रकार रक्तचाप मापक यंत्र की पेटी हाथ में बांधकर गुब्बारे से पम्प करने पर यंत्र [redacted] है।

षटचक्र

मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र तक षट् (६) चक्र हैं जो एक बन्द कमल पुष्प के आकार के हैं। कुण्डलिनी जागृत होने पर जब सुषुम्णा द्वारा प्राणवायु ऊपर को गतिमान होता है तो उसे क्रमश: इन ६ चक्रों का भेदन करना होता है—

(१) मूलाधार में मूलाधार चक्र—मेरुदण्ड में सबसे नीचे स्थित पृथ्वीतत्व से सम्बन्धित है।

(२) लिंगमूल में स्वाधिष्ठान चक्र—जल तत्व से सम्बन्धित है।

(३) नाभि में मणिपूरक चक्र—यह प्रकाश और तेज का प्रतीक है।

(४) हृदय में अनाहत चक्र—यह वायु तत्व का प्रतीक है।

(५) कण्ठ में विशुद्ध चक्र या शून्य चक्र—आकाश तत्व का प्रतीक है।

(६) भौंहों के मध्य आज्ञा चक्र—यह मन का प्रतीक है।

इन षटचक्रों के बाद अन्त में हजार पखुड़ियों वाला 'सहस्त्रार चक्र'

Scanned by CamScanner

गुफा में बैठना—साधारण मनुष्य अधिक समय गुफा में बैठना ही समाधि मानते हैं।

गुफा में बैठने की पहली विधि—इसमें एक लम्बे समय तक खान-पान तथा अन्य सब शारीरिक क्रियाओं को छोड़ देने का अभ्यास है। गुफा में जाने से कई दिन पूर्व वस्ती-धौती आदि यौगिक क्रियाओं द्वारा शरीर शोधन और दुग्ध तथा बादाम का छोंका आदि सूक्ष्म तथा अल्प आहार लेना होता है। गुफा में जाने वाले दिन वस्ती, धौती, नेती आदि क्रियाओं तथा कैथेटॅर् से शरीर-शोधन करना चाहिए। गुफा में नमी (शीलन) लेश मात्र भी न हो। पक्की होनी चाहिए। कई दिन पूर्व तैयार करा ली जानी चाहिए जिससे उसकी शीलन सब निकल जाय। वायु प्रवेश के लिए एक जालीदार खिड़की होनी चाहिए। दो एक अनुभवी

८

देख भाल करते रहें, जिससे किसी दुर्घटना की उपस्थित होने पर उसका प्रतिकार किया जा सके। युवक और पुष्ट शरीर वाले ही अपनी शक्ति से कम समय के लिए बैठने की चेष्टा करें। इसके लिए शीतकाल उपयोगी समय है।

लोहार की धौंकनी की तरह पहिले बाईंनासा से पूरक-रेचक बार-बार करना चाहिए फिर कुंभक व रेचन दक्षिण नासिका से करना चाहिए। इसका अभ्यास नासा से करना चाहिए। तदुपरान्त नासा-रन्ध्र बदल कर करना आवश्यक है। अन्त में दोनों नासाओं से

1. भ.सा. (शीतली) 4
2. भ.सा. 4 (भस्त्रिका)

एक साथ करने से सिद्धि प्राप्त होने लगती है। पूरक-रेचक व कुंभक की मात्रा का पालन करना आवश्यक है। लोहार की धौंकनी की तरह श्वास लेना व छोड़ना दूसरे ग्रन्थों में भी उपलब्ध है-

> भस्त्रिका लौहाकाराणां यथा-क्रमेण सम्भ्रमेत्।
> तथावायुं च नासाभ्यामुभाभ्यां चालयेच्छनैः।
> एवं विंशतिवारं च कृत्वा कुर्याच्च कुम्भकम्।
> तदन्ते चालयेद्वायुं पूर्वोक्तं च यथाविधि।[1]

वायु वेगपूर्वक लेनी व छोड़नी चाहिए जिससे कण्ठ, तालु, कपाल और हृदय में उसका स्पर्श अनुभव हो। बीस बार पूरक रेचक के पश्चात् कुंभक लगाना चाहिए। बीस की पूरक अस्सी में कुंभक व चालीस में रेचक करना चाहिए। भस्त्रिका प्राणायाम किसी सद्गुरू के निर्देश में ही प्रारम्भ करना श्रेयस्कर है।

हठयोगप्रदीपिका में विधि तो यही है लेकिन वहाँ शब्द करते हुए पूरक-रेचक करना भी कहा गया है।

लाभ- अब कहुँ कुम्भक भस्त्रिका, पित कफ वायु नशावै।
अगिनि बढै अभ्याससों, तीनोंगाठी खुलि जावैं।।[2]

भस्त्रिका कुंभक से वात, पित, कफ के दोष समाप्त हो जाते हैं तथा पाचन-शक्ति बढ़कर शरीर की तीनों गाँठे खुल जाती हैं। तीनों गाठों का तात्पर्य स्वामी स्वात्माराम ने शायद कंठद्वार, नाभिद्वार व मूलद्वार की सहज कार्य क्षमता से लिया गया है। इसे सभी पापों अर्थात् दुःखों को हरने वाला कहा गया है-

> ऊर्वोपरि चेद्धत्ते उभे पादतले यथा।
> पद्मासनं भवेदेतत् सर्वपापप्रणाशनम्।।।।[3]

इससे कुंडलिनी जागरण शीघ्र हो जाता है व चक्रभेदन भी। इससे तीनों ग्रन्थियों का भेदन हो जाता है। ब्रह्मनाड़ी के छेद में अपना मुख अड़ा कर बैठी हुई है कुण्डलिनी व

1. घे.सं. 5.74
2. भ.सा. 4.96
3. योग. कु.उ. 1.5

नाभि के स्थान पर लपेटे लगाकर बैठी है तथा गुदा के ऊपर सुषुप्त पड़ी है, जो भस्त्रिका के द्वारा उत्पन्न उष्मा कम्पन से कंपित होकर ऊर्ध्व मार्ग की ओर जाने का प्रयास करती है।

> ब्रह्म नाडिकाके छिद्रमाहीं। रोकि रहे मुखहे रहि ह्वाहीं।
> साथ लपेटे नाभी वाही। दृढ़ है बैठी सरकै नाही।[1]

आलस्य, निद्रा मोटापा तो समूल मिट जाते हैं। पेट के विकार शान्त हो जाते हैं। इससे कण्ठरोग समाप्त होते हैं।

Scanned by CamScanner

.12 सिद्धासन

इस आसन की चर्चा करते हुए कहा गया है कि जिस प्रकार यमों में मिताहार और नियमों में अहिंसा का स्थान है वैसे ही समस्त आसनों में सिद्धासन मुख्य है। गुदा तथा लिंगेन्द्रिय के मध्य भाग में एक चरण की एड़ी को दृढ़तापूर्वक लगाकर, दूसरे पैर की एड़ी को लिंगेन्द्रिय के ऊपर दृढ़ता से रखकर, ठोड़ी को हृदय के उपरी भाग पर अच्छी प्रकार स्थापित कर उपरान्त

---

56. ह. प्र. 1/51
57. शिवस्वरोदय- 219
58. योगतत्त्वोपनिषद्-55
59. ह.त.कौ. (प.सं. 17-18), 1/7/26

Scanned by CamScanner

इन्द्रियों को वश में करके, भूमध्य भाग को एक टक दृष्टि से देखें। मोक्ष द्वार का भेदन करने वाला यह सिद्धासन कहा गया है। इस आसन को कुछ विद्वान् लोग सिंहासन, अन्य वज्रासन, कुछ मुक्तासन और काई इसे गुप्तासन के नाम से पुकारते हैं। [60]

यदि कोई योगी केवल इसी आसन का अभ्यास करता है तो उसके शरीर की 72 हजार नाड़ियों का मूल दूर हो जाता है। [61] हठयोग के ग्रन्थों में ऐसा माना गया है कि हमारे शरीर में बहत्तर हजार नाड़ियाँ विद्यमान हैं। [62]

इसके निरंतर अभ्यास से उन्मनी कलास्वयमेव जागृत हो जाती है और तीनों बन्ध (मूलबन्ध, जालन्धर बन्ध और उड्डीयान बन्ध) स्वयं ही लग जाते हैं। यह आसन समस्त आसनों में मुख्य माना जाता है। इस आसन के सिद्ध होने के पश्चात् अन्य किसी भी आसन की आवश्यकता नहीं है क्योंकि इस आसन को सावधानीपूर्वक करने से प्राणवायु केवल कुम्भक में बन्ध जाता है । [63]

---

60. (क) हठ. त. कौ. (प.सं. 18), 1/7/27
    (ख) ह. प्र. 1/37-39
61. ह. प्र. 1/40-41
62. (क) शिवस्वरोदय-32
    (ख) ध्यानबिन्दूपनिषद्-51
63. (क) ह. त. कौ.(प.सं.18-19), 1/7,29,31-32
    (ख) ह. प्र. 1/43

Scanned by CamScanner

सिद्धासन के लाभ

इस आसन पर बैठने पर सुषुम्रा नाड़ी स्वभावत: सीधी रहती है और प्राणापान की क्रिया नियमित हो जाती है एवं नाड़ी-मल का शोधन होता है। प्राणतत्त्व सहज ही उर्ध्वगति को प्राप्त होने लगता है, जिससे मन के निरोध में सफलता मिली है।

इस आसन के करने से दिमाग स्थिर बनता है, पाचन शक्ति तेज होती है और स्मरण शक्ति बढ़ती है । इस आसन से फुफ्फुस और हृदय के बलवान बनाते हुए स्वयं श्वासोच्छ्वास की क्रिया दीर्घ होने लगती है तथा आन्त्रगति भी वृद्धि को प्राप्त होती है। कास, श्वास, जुकाम, हृदयरोग, प्लीहा वृद्धि जनित ज्वर, जीर्ण ज्वर, अजीर्ण, अतिसार, प्रवाहिका (पेचिस), स्वप्रदोष, शुक्रनिर्बलता, बहुमूत्र, मूत्रकृच्छ्र आदि रोग नष्टहो जाते हैं। संन्यासियों और त्यागियों के लिए यह आसन बहुत ही कल्याण कारक है। अत: यह आसन जगत के आसनों का सम्राट माना गया है।

13. पश्चिमातानासन

अथ पश्चिमतानं प्रसार्य पादौ भुविदंडरूपौ दोर्भ्यां यदाऽग्रद्वितपं, गृहीत्वा जानूपरिन्यलललाटदेशो भवेदिदं पश्चिमतानबंध॥

अर्थात् दोनों पैरों को भूमि पर दण्ड की भांति सामने फैलाकर दोनों हाथों से दोनों पैरों के अंगूठों को भली प्रकार से पकड़कर, घुटनों पर मस्तक लगा कर रखना ही पश्चिमातानासन कहलाता है। [63 अ]

63.अ (क) हठ. त. कौ.,(प.सं. 18),1/7/36

(ख) ह. प्र. -1/31

Scanned by CamScanner

इसी भाव को त्रिशिखिब्राहमणोपनिषद् में इस प्रकार व्यक्त किया गया है कि दोनों पैरोंको जमीन पर फैलाकर दोनों हाथों से पैर के अंगुठों को पकड़कर सिर को घुटनों पर लगाकर रखना ही पश्चिमातानासन कहलाता है ।[64]

यह आसन पूर्वोक्त आसनों में अग्रगण्य माना गया है क्योंकि इससे साधक का प्राणवायु मेरुदण्ड स्थित, सुषुम्नावाही हो जाता है। इसके अभ्यास से जठराग्नि प्रदीप्त , उतर पतला और शरीर रोग रहित होता है।[65] प्राणवायु से तात्पर्य मुख्य वायु से है क्योंकि मुख्य वायुओं की संख्या पांच मानी गई है[66] और इन मुख्य वायुओं में प्राणवायु को सर्वश्रेष्ठ माना गया है।

यह आसन समस्त शरीर के लिए ही उपयोगी माना गया है क्योंकि इससे सम्पूर्ण शरीर के सभी अंग प्रभावित होते हैं। स्वयं हठयोगप्रदीपिकांकार ने इसके महत्त्व को दर्शाया है कि इसके अभ्यास से प्राणवायु सुषुम्नावाही हो जाता है। सुषुम्नावाही से अभिप्राय समाधि की प्रथम अवस्था अगर मान लिया जाये तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी । यह आसन जितना उदर के लिए लाभकारी माना गया है उतना ही मेरुदण्ड के लिए भी। इस आसन के सिद्ध होने पर शरीर की दुर्गन्ध नष्ट हो जाती है तथा शरीर से भीनी-भीनी सुगन्ध का आविर्भाव होता है। इस आसन को यथाशक्ति पूर्वक लगाना ही श्रेयस्कर माना गया है ।

---

64. त्रिशिखि ब्राह्मणोपनिषद्, 50-51

65. ह.प्र.1/31

66. प्राणापान: समानश्च उदानो व्यान एव च। शिवस्वरोदय- 42

Scanned by CamScanner

हितानिवुध्या यथा क्रमं योगविदास्वसिधौ ।7।इति हठ सर्व स्व कौमुद्यां षट् चक्र क्रम कथनोद्योत: ॥ 12॥

अथ जितमरुतामविकाशाणाम् भुदयनि:श्रेय: प्राशुयामभृतायोनि मुद्रानिरूप्यते तथा चोक्तं त्रिपुरासार समुच्चये, अथलिंगस्थानं योगीलिंग स्थाने कामं ध्यायेत् तदित्कोटिप्रख्यं ख रूचि जितकालाऽनल रूचिं सहस्त्रादित्यां ऽशु प्रकर सदृश्शोद्योत कलितं भ्रमंतं योन्यंऽतत्स्फुरदऽरूण वंधक कुसुमप्रभंकामं ध्यायेज्जरट शशभृत्कोटि शिशिवं ।1। कामं शरीराऽग्नि तस्योर्ध्वं तुशिखा चिरद्युतितापुंजप्रभाभासुरासूक्ष्माब्रह्मपथांत रांतरगता चैतन्यमात्राकलाएकीभूतमनतरं

Scanned by CamScanner

सहतया ध्याये धिया निचलं स्वात्मानंतमिवातदीयनिभया ।11।

हंसस्वरूपं बुधः ।3। चिद्रयाकलाकुंडलीनापूर्वोक्त शिखामध्यगांध्यायेत् अंतर्व्याप्णास्थितां ध्यायेदित्यर्थः शक्तिः कुंडलिनो निभानिगदिता अहिससंज्ञा जगन्निर्माणे सततोध्यात प्रविलसत्सौदामिनी संनिभा शंखावर्त्त निभां प्रसुप्रभुजगाकायं जगन्मोहिनीं तन्मध्ये परिभाव येद्विलसत तंवयमेयाकृतिं ।3। हंकारेणगुरुपदिष्ट विधिना प्रोक्ता प्रसुष्पांततः कृत्यानां कलया तया परमया चिद्रूपया संगतं मायां कुंडलिनी समाहितमना सतमुच्चरेत्कौलकी शक्तिं ब्रह्ममहापथीन्न सहितामांधारतः ।4। स्वात्मना मित्वालिंगत्रय मथवुधो ब्रह्मनाडया सहोर्ध्वं गंछंत्तीनां द्रुहिण निलयात्प्रापयेदात्मशक्तिं व्योमांभोज प्रणयि परमानंदंकंदं विसर्ग स्थानं चंद्रोपरिपरिगलदक्त पीयूष धारं ।5। पीत्वाकुलामृतरसं पुनरवर्दिव्यं मध्यं विशदयंघनस्य समाहितात्मापायात्कुलादऽकुल मेवपुनश्च मात्रायोगेनदे शशिकवर प्रतिप्रादितेन ।6। मध्यं मूलाधारः विंदुनादः शक्तयो मात्रात्रयमुच्यते सा शक्तिकिल सकल शरीरिजीवभूताप्राणोऽसौवितिनिग दिता ऽत्रतत्रं मुख्यैः उद्वातः सतु परिपठ्यते मुनींद्रैः प्राणो प्राणप्राणवायुः स्पृशति यदाक्रमेण नीता ।7। असौ कुंडली अमुंस्काधारस्थं प्रतिदिवसमभ्यासनिरतः करोतिश्रधावान्सततमवधूताऽखीलमलः समुक्तो दुःखौद्यैरपमत जय क्लेश भरणे-गुण ग्रामोयेतिः सुंदर विरचित इव चिरंजीवति ।8। चतुर्विधा या गदितेह सृष्टिः प्रवर्तते या सकलापि यस्यां प्रलीयते चापि जगत्समग्रं कालाग्निरूद्रादि सदाशिवांतं ।9। सेयमयोक्ताखलुयोनिमुद्रावंधस्तु-देवैरपिदुर्लभोऽस्याःअनेन वंधेननासाध्यते यन्नास्त्येलतत्साधक पुंगवस्य ।10। पूर्वोक्त ध्यानाविशेष एव मुद्रागुरुतलानिषेषनं च यानं द्विजद्वत्यामधुनः सुवर्ण चौर्य अमुनाविलयं प्रयाति सम्यक् सकृदप्याचरि तेन वंधनेन ।11। सतुमंत्रिवर स एव योगी गुणसिधेः पदभाःस्थितः स एव अमुना चरतीह वंध नयः सततं

Scanned by CamScanner

स्वोचितधर्मकर्मनिष्ट: ॥ 12 ॥ अमुनाभवति हृदेव भाजां सतताऽभ्यासकृतेन वंधनेन न जये पितृएज वैजयंति न च मृत्यु: प्रतिपादिताचमीति: ।13 । एतस्यवहिबंधनस्य मनुज: प्राप्नोति सम्यक् कृतादभ्यास दणिमा मादिसिध मतुलां संवित्तिमप्यूर्जितां योगंचा प्रतिमं जयं चमरुत: कारलस्यस्वांवंचनं तद्विष्तो: परं पदं पर परं पश्यंति तत्सुरय इति । 14 । इति हठ सर्वस्व कौमुद्यां योग मुद्रा निरुपणोद्योत: ॥ 14 ॥

Scanned by CamScanner

प्रवेश लटमुखा ति चाऽभ्यासत उद्भवेद्ठात् ।74। प्राणायामे पूरक्सयाऽवसाने कर्त्तव्याज्ञैः साधुजालं धराख्यः कुंभस्यांऽतै रेचकस्यादि भागे उडडीयान मूलवंधः सपूर्वं ।75। आकुंचने अधोविहितेऽनुकंठसंकोचनात्पश्चिम तानतोऽस्यप्राणः सुषुम्णां तरगः सुकुंभाऽभ्यासान्मुनेः स्यादऽजराऽमत्वे ।76। आपूर्यपूराराऽभ्यसनेनयोगिनासमं यदास्थीयत एवदीर्घं स्थैर्यं तदा कुडलिनी मयात्यऽअलं तथा शरीरस्य सुपीनभावः। 77। पूरा पूर्णातंरा विस्मृतइह हि यदा विस्मृतं प्राणामुच्चैः सोढुं संनीयते वै सममममति विदुषाहंत कर्मक्रम स्तु आदायोर्ध्वं भुजंगी तनुकलित लतातुल्य नाडीः समस्ताः शारीरं प्लावयेद्वैप्रभवति खरचत्वं तदारेचदैर्ध्यात् ।78।

Scanned by CamScanner

हठयोगकी मुद्राऐं

आध्यात्मिक दिशा में आगे बढ सके और ध्यान में साधक प्रगति पा सके इसके लिए हठयोग की थोडी सरल मुद्राऐं ध्यान के गहरे अभ्यासी श्री. रमेशजी अग्रवाल के निर्देशन में यहां प्रस्तुत की है ।

इस मुद्रा के अभ्यास से ध्यान के अनुकूल मनोस्थिति निर्माण होकर ध्यान के उच्च स्तर तक पहुँचा जा सकता है ।

इसका संदर्भ और आधार **गोरक्ष पद्धति, शिवसंहिता, घरेण्डसंहिता** और **हठयोग प्रदीपिका** में से लिए गये है ।

इस मुद्रा के करते समय जिस बंध का उल्लेख है इसकी जानकारी इस तरह से है :

१ **उड्डीयान बंध :** श्वसनतंत्र में से पूरा श्वास निकालकर पेट को मेरुदंड की ओर संकोचन करते हुए, श्वास को बाहर ही रोककर उड्डीयान बंध होता है ।

२ **जालंदर बंध :** नाक के द्वारा श्वास भर के, थुड्डी को कोलरबोन के बीच में लगाकर, रोके हुए श्वास को बाहर न निकलने देते हुए, थोडा दबाव दिया जाता है, इस क्रिया को जालंदर बंध या कोकमुद्रा कहते है ।

३ **मूलबंध :** श्वास पूरा बाहर निकालकर गुदा के स्नायु को ऊपर की ओर खींचते हुए मूलबंध होता है । यह सभी मुद्राऐं करते वख्त चित्त को आज्ञाकेन्द्र (दर्शनकेन्द्र) दो भकृटिओं के बीच स्थापित करना है ।

२९.१ महामुद्रा :

बाये पैर के घुटने को मोडकर एडी से योनिमार्ग (शीवनी) पर दबाव देते हुए, दाहिना पैर फैलाकर जमीन से लगाकर रखें । फिर दोनों हाथो से दाहिने पैर की एडी के ऊपर के हिस्से को पकडना है, अगर एडी को न पकड सके तो घुटना और पैर के तलवे के बीच का हिस्सा पकडकर संकल्प से नव द्वार (दो आँख, दो कान, दोनो नासिकाऐं, जालंदर, उड्डीयान और मूलबंध) बंद कर के महामुद्रा बनती है । फिर यही क्रिया दूसरे पैर से करे ।

Scanned by CamScanner

लाभ :

- सभी नाडियों का संचालन अच्छी तरह से होता है ।
- जठराग्नि प्रज्वलित होकर, पाचनक्रिया व्यवस्थित होती हैं ।
- क्षय और कुष्ठरोग में फायदा होता है ।
- क्लेश और कषाय दूर होकर शरीरकी कान्ति बढती है ।
- इन्द्रियो के माध्यम बंध होने से वृतियाँ शांत होती हैं ।

२९.२ महाबंध मुद्रा :

बाये पैर को घुटने से मोडकर एडी से योनिमार्ग (शीवनी) पर दबाव देते हुए, दाहिना पैर घूटने से मोडकर, बाये पैर के जंघापर रखते हुए, मेरुदंड सीधा रखते हुए, नवद्वार बंध कर के महाबंधमुद्रा बनती है ।

लाभ :

- सभी नाडियों का संचालन ठीक तरह से होता है ।
- प्राणवायु का उर्ध्वगमन होता है ।
- प्राण का प्रवाह (सुषुम्ना) नाडी में शुरू होता है ।

२९.३ महावेद मुद्रा :

पद्मासन कर के, मूलबंध कर के, दोनों हाथ की हथेलियों को जमीन पर थापे के पास रखकर, मेरुदंड सीधा रखते हुए हाथो को सीधा याने कोहनी को बिना मोडे जमीन पर ताड़न करे । ताड़न याने पालथी लगाकर जमीन पर ४-५ बार लगायें यह ताड़न महाबंध मुद्रा में ज्यादा लाभदायक होता है लेकिन इस मुद्रा में मूलबंध नहीं होता है ।

लाभ :

- त्वचा की स्थिति स्थापकता ज्यादा लम्बे अरसे तक रहती है ।
- बाल जल्दी सफेद नहीं होते है ।
- वृध्धावस्था के कंपन से बच सकते है ।

Scanned by CamScanner

२९.४ खेचरी मुद्रा :

खेचरी मुद्रा वैसे तो बहुत कठिन मुद्रा है पर यहां दी गयी इस मुद्रा से भी कुछ फायदे जरुर होते हैं । इस मुद्रा में जिह्वा को उलट कर कंठ के मूल पर जो घांटी है उसपर लगाकर, दृष्टि को नाक पर आज्ञाचक्र (दर्शनकेन्द्र) पर अपलक रखते हुए खेचरी मुद्रा बनती है । यह मुद्रा करते वख्त उदानमुद्रा और आंतरिक रुप से हम् का मौन उच्चारण करने से ज्यादा लाभ होता है ।

लाभ :

- भूख - प्यास पर नियंत्रण होता है ।
- मरणतुल्य कष्ट दूर होते है ।
- एकाग्रता सघती है ।
- निर्विकल्प दशा में लीन हो सकते है ।

२९.५ सर्वेन्द्रिय मुद्रा :

पद्मासन, सुखासन या सिध्धासन में बैठकर, दोनो अंगूठे से दोनो कान के द्वार बंध कर के दोनो तर्जनी से दोनो आँखे बंधकर के, दोनों मध्यमा से दोनों नासिकाएँ बंध करके, दोनों अनामिका को होठ के उपर रखते हुए, दोनों कनिष्ठिका को होठ के नीचे सहज दबाव देते हुए, जालंदर, उड्डीयान और मूलबंध करते हुए सर्वेन्द्रिय मुद्रा बनती है ।

लाभ :

- इन्द्रियो की वृति शांत होकर, चंचलता दूर होकर, ध्यान में लीन हो सकते है ।
- अंतरमुखी बनने से आंतरिक चेतना जागृत होती है ।
- ज्योतिकेन्द्र पर बंध आंखो से सफेद रंग का अनुभव होता है ।
- आवेश-आवेग शांत होकर, पूर्ण शांति का अनुभव होता है ।

Scanned by CamScanner

23. षट्चक्रनिरूपण के प्रथम प्रकरण में उसकी विधि इस प्रकार वर्णित है— यम और नियम के नित्य-नियमित आदरपूर्वक निरन्तर अभ्यास में लगा योगी गुरुमुख से मूलाधार से सहस्रार पर्यन्त कुण्डलिनी शक्ति के उत्थापन क्रम को ठीक से समझ लेने के उपरान्त पवन और दहन के आक्रमण से प्राप्त कुण्डलिनी शक्ति को, जो कि स्वयंभू लिंग को वेष्टित कर सार्धत्रिवलयाकार में अवस्थित है, हूंकार बीज का उच्चारण करते हुए जगाता है और स्वयंभू लिंग के छिद्र से निकाल कर उसे ब्रह्मद्वार तक पहुँचा देता है। क्रुद्ध कुण्डलिनी शक्ति पहले मूलाधार स्थित स्वयंभू लिंग का, तब अनाहतचक्र स्थित बाण लिंग का और अन्त में आज्ञाचक्र स्थित इतर लिंग का भेदन करती हुई ब्रह्मनाडी की सहायता से सहस्रदल चक्र में प्रविष्ट होकर परमानन्दमय शिवपद में प्रतिष्ठित हो जाती है। योगी अपने जीवभाव के साथ इस कुण्डलिनी को मूलाधार से उठाकर सहस्रार चक्र तक ले जाता है और वहाँ उसको परबिन्दु स्थान में स्थित शिव (परलिंग) के साथ समरस कर देता है। समरसभावापन्न यह कुण्डलिनी शक्ति सहस्रार चक्र में लाक्षा के वर्ण के समान परमामृत का पान कर तृप्त हो जाती है और इस परमानन्द की अनुभूति को मन में संजोये यह पुनः मूलाधार चक्र में लौट आती है। यही है कुण्डलिनी योग की पूरी प्रक्रिया। इसके सिद्ध हो जाने पर योगी जीवभाव से मुक्त हो शिवभावापन्न (जीवन्मुक्त) हो जाता है।

Scanned by CamScanner

Tibetan yogis

HH Dilgo Khyentse

9

(viii) प्राणायाम में बन्धत्रय की भूमिका—बन्ध का अर्थ है बाँधना, रोकना। बन्ध तीन है-(१) मूलबन्ध (२) जालन्धरबन्ध (३) उड्डीयानबन्ध।

ये तीनों प्राणायाम में बहुत सहायक हैं। बिना बन्ध के प्राणायाम से पूर्ण लाभ की प्राप्ति नहीं हो सकती। अत: प्राणायाम के पूर्णलाभ के लिए यहाँ इनका वर्णन किया गया है।[२]

(ix) मूलबन्ध-**''अधः प्रदेशादाकुञ्चनमिति मूलबन्धः''** अर्थात् अधः प्रदेश (गुदा) का आकुञ्चन करना मूलबन्ध कहलाता है। इस बन्ध में नाभि के नीचे वाला हिस्सा खींच जायेगा।

लाभ—(i) इससे अपान वायु का ऊर्ध्वगमन होकर प्राण के साथ एकता होती है। यह बन्ध मूलाधार चक्र को जागृत करता है और कुण्डलिनी जागरण में अत्यन्त सहायक है।

१. सूर्यभेदनमुज्जायी सीत्कारी शीतली तथा।
भस्त्रिका भ्रामरी मूर्च्छा प्लाविनीत्यष्टकुम्भकाः ॥ हठयोग० २.४४

२. प्राणायाम रहस्य पृष्ठ ४०

(ii) कोष्ठबद्धता और बवासीर को दूर करने तथा जठराग्नि को तेज करने के लिए यह बन्ध अत्युत्तम है।

(iii) वीर्य की ऊर्ध्वगति करता है और ब्रह्मचर्य पालन में बड़ा उपयोगी है।

(x) जालन्धरबन्ध—

'कण्ठाकुञ्चनपूर्वकं चिबुकस्य हृदि स्थापनं जालन्धरबन्धः'—अर्थात् ठोडी को कण्ठकुञ्चनपूर्वक हृदय के पास स्थापित करना (ठोडी को हृदय के चार अंगुल ऊपर कण्ठकूप में लगाना) 'जालन्धरबन्ध' कहलाता है।

लाभ—

(i) इससे ज्ञानेन्द्रियों को पर्याप्त व्यायाम मिल जाता है।

(ii) कण्ठ मधुर, सुरीला और आकर्षक होता है।

(iii) इससे प्राण का सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश हो जाता है।

(iv) थॉयराइड, टॉन्सिल आदि रोगों में लाभदायक है।

(v) मन में शान्ति, उत्साह और स्फूर्ति का संचार होता है।

(xi) उड्डीयानबन्ध—

''प्रयत्नविशेषेण नाभिप्रदेशशस्य पृष्ठत आकर्षणमुड्डियानबन्धः।'' अर्थात् प्रयत्नविशेष के द्वारा नाभिप्रदेश (नाभि के ऊपर और नीचे चार अंगुल उदर) को पीठ की ओर खींचना ''उड्डियानबन्ध'' कहलाता है। संस्कृत में 'उड्डीयान' का अर्थ होता है 'उड़ना' तथा बन्ध का अर्थ है 'बांधना या नियन्त्रण में करना उड्डीयानबन्ध है। मनुष्य की चित्तवृत्तियों को अधोमुख से ऊर्ध्वमुख करने के लिए उड्डियानबन्ध एक सर्वश्रेष्ठ क्रिया है तथा साथ ही साथ इससे स्वास्थ्य में भी लाभ होता है।'

लाभ—

(i) अपच तथा क्षुधा की कमी दूर होती है।

(ii) पेट के समस्त रोग का शमन होता है।

(iii) उच्च रक्तचाप रोगी, हृदय रोगी और यक्ष्मा रोगी को इसका प्रयोग गुरु की सलाह से करना चाहिए।

(iv) यह प्राणों को जागृत कर मणिपुर चक्र का शोधन करता है।

जब भी आप प्राणायाम करें, आपकी रीढ़ की हड्डी सीधी होनी चाहिए। इसके लिए आप किसी भी ध्यानात्मक आसन में बैठ जाएं। जैसे—सिद्धासन, पद्मासन, सुखासन या वज्रासनादि। बैठकर प्राणायाम करने से मन का निग्रह होता है। प्राणायाम करने से प्राणशक्ति का उत्थान होता है और मेरुदण्ड से जुड़े हुए चक्रों का शोधन होता है। अत: प्राणायाम में सीधा बैठना अति आवश्यक है। चलते-फिरते कभी भी प्राणायाम नहीं करना चाहिए यह गलत प्रक्रिया है।[१]

भस्त्रिकासहितकुम्भकः:- कमलासने उपविश्य भस्त्रिकाकुम्भकप्राणायामः क्रियते । अत्र उदरं ग्रीवान्च सरलीकृत्य मुखविवरं दृढतया मुद्रितं क्रियते । सर्वप्रथमं हृदये स्थितं कण्ठ प्रदेशे च स्थितं वायुं रेचयेत्, तदनन्तरं मस्तकपर्यन्तं हृदयपर्यन्तन्च वायुं पूरयेत् । इयं रेचकक्रिया पूरकक्रिया च लोहकाराणां भस्त्रा इव अविरलं कर्तव्या भवति । अतएव अस्य कुम्भकस्य नाम भस्त्रिका वर्तते । तथा चोक्तं योगसिद्धान्तचन्द्रिकायाम्-

"आसनन्तु ततो बद्ध्वा सम्यक्कमलसंज्ञकम् ।
यथैव लोहकाराणां भस्त्रा वेगेन चाल्यते "[2] ।।

आचार्यनारायणतीर्थेन भस्त्रिकाकुम्भकस्य द्वितीयो पि प्रकारः वर्णितोऽस्ति । तदनुसारेण यावत् पर्यन्तं शरीरे क्लान्तिः नानुभूयते तावत् पर्यन्तम् अस्मिन् कुम्भके सूर्य-नाड्यावायुमापूरयेत् तदनु उदरे आपूरितं वायुं वामनासिका विवरणमंगुष्ठेन अनामिकया कनिष्ठया च निपीड्य कुम्भकेन स्तम्भयेत् । ततश्च स्तम्भितं वायु विधिवद् रेचयेत् । अस्याः प्रक्रियायाः भूयो भूयः अभ्यासेन भस्त्रिकाकुम्भकः सिद्ध्यति । तथा चोक्तमाचार्यनारायण तीर्थेन-

- -

§1§ यो०सि०चं० पृ०-92

§2§ यो०सि०चं० पृ०-93

"यथोदरं भवेत् पूरणं पवनेन तथा लघु ।
धारयेन नासिकां मध्ये तर्जनीभ्यां विना दृढम्"।।
कुम्भकं पूर्ववत् कृत्वा रेचयेद् ईडया ततः"[1] ।।

उज्जायीकुम्भकेन प्रायेण कफविकारो दूरी भवति । शीतलीकुम्भकेन शीतकारीकुम्भकेन च प्रायशः पित्तविकारो दूरी भवति किन्तु भस्त्रिका-कुम्भकेन वातपित्तकफस्यधातुत्रयजनिताः रोगाः दूरी भवन्ति इति अस्य कुम्भकस्य वैशिष्ट्यं किन्च मूलाधारचक्रे प्रसुप्तायाः कुण्डलिन्याः उद्बोधनं भस्त्रिकाकुम्भकस्य मुख्यं प्रयोजनं वर्तते ।

भ्रामरीसहितकुम्भकः:- भ्रामरीकुम्भके प्राणायामे सर्वप्रथमं उभाभ्यां नासापराभ्यां

भस्त्रिकाप्राणायामः-
---------------- भस्त्रिकाप्राणायामः भस्त्राप्राणायाम इत्यपि उच्यते। कैश्चिदयं कपालभातीप्राणायाम इत्यपि कथ्यते । प्राणायामसाधनाक्रमे अनेनैव प्राणायामेन प्रतिदिनं प्राणायामसाधना प्रारभ्यते । यद्यपि हठयोग प्रदीपिकामयं प्राणायामः कुम्भकप्रकारे पठितः तथापि अस्मिन् प्राणायामे कुम्भकक्रिया नैव क्रियते । अस्य प्राणायामस्य भेदद्वयं भवति । एकस्मिन् एकेन नासारन्ध्रेण वायुः पूर्यति रेच्यते च । अपरस्मिन् नासारन्ध्राभ्यां युगपत् पूरकः रेचकश्च क्रियेते । अस्मिन् प्राणायामे अत्यन्तं वेगेन प्राणवायोः पूरकः कुम्भकश्च क्रियेते। यथा लौहकारस्य भस्त्रिकातः वायुः अत्यन्तं वेगेन निस्सरति प्रविशति च तथैव करणात् अयं प्राणायामः भस्त्रिकाप्राणायाम इत्युच्यते ।

भस्त्रिकाप्राणायामस्य लाभः-
---------------------- अस्य प्राणायामस्य अभ्यासेन शारीरिक अध्यात्मिकश्च लाभो भवति । अस्य अभ्यासेन श्वासप्रश्वासयोः प्रपाली पूर्णतया शुद्धा परिष्कृता च भवति । तेन साधकस्य शरीरं पूर्णतया स्वस्थं भवति । वातपित्तकफजाः विकाराः नश्यन्ति । जठराग्निं विवर्धते । साधकः कान्तिमान भवति । सुषुम्नायाः अग्रभागे विद्यमाने कफादिमले दूरी भूते सति प्राणः सुषुम्नां प्रविशति । इयमेवावस्था कुण्डलिनीजागरणावस्था इत्युच्यते ।

भ्रामरीप्राणायामः-
---------------प्राणायामसाधनाक्रमे साधकः आनन्दानुभूत्यै पूरकं रेचकं च कृत्वा नासिकया भृंगध्वनिमुत्पादयति । पूरककाले अयं ध्वनिः तीव्रो भवति, रेचककाले च मन्दः । अयं मन्दध्वनिः भृंगीध्वनिसदृश इति कृत्वा अयं प्राणायामों भ्रामरीप्राणायाम इत्युच्यते ।

घेरण्डसंहितायां भ्रामरी प्राणायामस्य स्थाने भ्रामरीसिद्धेः वर्णनं लभ्यते ।[1]

- -

(1) घे० सं० 5/77-81।

संज्ञक बन्ध है। यह बन्ध नाड़ियों के समूह को तथा कपालकुहर रूप नभ के जल को बाँधता है, इसलिए जालन्धर बन्ध कहलाता है यह कंठ के रोग दुःखों का नाश करने वाला है लक्षण जिसका कण्ठ का संकोच है, उस जालन्धर बन्ध के करने से अमृत अग्नि में नहीं पड़ता और न वायु का ही प्रकोप होता है। यह बन्ध दृढ़तापूर्वक कण्ठ का संकोच करने से दोनों नाड़ियों का स्तम्भन करने वाला है। इसे सोलह आधारों का बन्धन कर्त्ता मध्य चक्र जानना चाहिए ॥७०—७३॥

व्याख्या—इस बन्ध को जरामृत्यु का नाशक इसलिए माना है कि [illegible] होकर उदरस्थ [illegible] नष्ट [illegible] माना है। यह बन्ध उस अमृत को [illegible] रोकता है। योगकुण्डल्युपनिषत् में कहा है—

पूरकान्ते तु कर्त्तव्यो बन्धो जालन्धराभिधः।
कण्ठसंकोचरूपोऽसौ वायुमार्ग निरोधकः॥
अधस्तात्कुञ्चने नाशु कण्ठ संकोचने कृते।
मध्ये पश्चिमतानेन स्यात्प्राणो ब्रह्मनाडिगः॥

अर्थात्—पूरक के अन्त में जालन्धर बन्ध करना चाहिए। इसमें कण्ठ के संकोच द्वारा वायु का निरोध किया जाता है। अधोभाग में मूलबन्ध द्वारा गुदा का आकुंचन करे और ऊपर से जालन्धर बन्ध द्वारा कंठ का सकोच तथा मध्य में उड्डियान बन्धद्वारा प्राणको खींचे तो प्राण ब्रह्मनाड़ी अर्थात् सुषुम्ना में चढ़ने लगता है।

इस प्रकार कण्ठ का संकोच करने इड़ा और पिंगला दोनों [illegible] का स्तम्भन स्वतः हो जाता है। कण्ठ में सोलह दल का [illegible] रोक [illegible] से इस बन्ध [illegible]

[[illegible]

[illegible] तु कार[illegible]
[illegible] च पिं[illegible] श्चिमे [illegible]
अनेनैव वि[illegible] प्र[illegible] लयम्।
ततो न जायते मृत्युर्जरा[illegible] दकं तथा [illegible]
बन्धत्रयमिदं श्रेष्ठं महासिद्धैश्च सेवितम्।
सर्वेषां [illegible] णां साधनं योगिनो विदुः ॥७६॥

[illegible] ल स्थान को [illegible] प्रकार संकोच करके उड्डि-य[illegible], जिससे [illegible] पिंगला का स्तंभन होकर प्राण [illegible] इस विधान से ही प्राण का लय [illegible] मृत्यु आदि नहीं होते। यह तीन बन्ध श्रेष्ठ है, महासिद्ध[illegible] रा इनका सेवन किया जाता है। हठयोग के सब साधन[illegible] इसकी उपयोगिता को योगी पुरुष जानते हैं ॥७४—७६॥

हैं, फल दोनों के समान हैं।

259-261. O Samkriti! I told you the ashtanga-yoga, the yoga which has eight parts in it i.e. Yama, Niyama, Asana, Pranayama, Pratyahara, Dharana, Dhyana, and Samadhi, the **Ashtanga yoga** was investigated and taught first time by Kavi **Shukracharya**. Now I will teach you the way of yoga which was accepted by Siddhas like **Kapila** etc. The difference of the two is only in the way of practice, the result of the two is the same.

262. महामुद्रां प्रवक्ष्यामि भैरवेणोक्तमादरात्।
263. पार्ष्णिं वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत्।[1]
264. प्रसार्य दक्षिणं पादं हस्ताभ्यां धारयेद् दृढम्।[2]
265. चिबुकं हृदि विन्यस्य पूरयेद् वायुना पुनः।[3]
266. कुम्भकेन यथाशक्त्या धारयित्वा तु रेचयेद्।[4]
267. वामाङ्गेन समभ्यस्य दक्षिणाङ्गेन चाभ्यसेत्।[5]

262-267. इसके अनन्तर मैं **महामुद्रा** का कथन करूँगा, जिसका उपदेश भैरव ने अत्यन्त आदरपूर्वक किया था। महामुद्रा करने के लिए बायें पैर की एड़ी को योनि स्थान पर रखते हुए दक्षिण पैर को फैलाकर दोनों हाथों से पकड़ें और ठुड्ढी को हृदय से लगाकर वायु अन्दर खीचें तथा यथाशक्ति कुम्भक करके प्राणों का रेचन करें। इस प्रकार बायें अंग (पैर) से अभ्यास करके दाहिने पैर से उतने ही काल तक अभ्यास करें।

[नोट–चिबुक को हृदय पर लगाना जालन्धर बन्द कहलाता है, यह बन्ध कुम्भक के समय पूरक के बाद लगाया जाता है, अतः यहाँ बायां पैर फैलाकर दाहिने नासारन्ध्र से पूरक करके जालन्धर बन्ध करते हुए हाथों से पैर के तलवे को पकड़ना और कुम्भक करना यह क्रम विवक्षित है।]

1-5. वही 1.112-114 ।

Scanned by CamScanner

263. Now I will teach you Mahamudra which was taught by Bhairava with great regard to it.

Mahamudra :

263-267. While performaing the Mahamudra the heel of the left foot should be put at the base of the vagina, stretching the right leg at the length, it should be held firmly by both hands, the chin should be put at the place of heart (chest), inhaling the breath, Kumbhaka should be performed for as much time as he can. There after he should exhale the breath. After exercising it by left side, it should be practised by right side too.

268. प्रसारितस्तु यः पादस्तमूरूपरि विन्यसेत्।[6]
269. अयमेव महाबन्धो मुद्रावच्चामुमभ्यसेत्।[7]

268-269. जो पैर फैलाया हुआ है, उसकी जंघा पर दूसरे पैर को रखे यह **महाबन्ध** कहलाता है। **महामुद्रा** के समान ही इसका भी अभ्यास करे।

Mahabandha:

09:19
Sahaj_Yog_of_Sant_Ka...

कुण्डलिनी शक्ति को जागृत करने के अनेक उपाय 'पातञ्जलि योग दर्शन' तथा तन्त्र-ग्रन्थों में वर्णित है परन्तु उनमें प्राणायाम द्वारा कुण्डलिनी शक्ति को चैतन्य करके 'सुषुम्ना' में लाने का उपाय सुख साध्य है। यहाँ कुण्डलिनी जागरण की कुछ विधियों का उल्लेख किया जा रहा है।

विधि-१—सिद्धासन में बैठकर बाँयें पाँव की एड़ी को गुदा तथा जननेन्द्रिय के बीच सीवन से सटाते हुए इस प्रकार लगायें कि उसका तला सीधे दाँयें पाँव की जंघा का स्पर्श करे। इसी प्रकार दाँयें पाँव की एड़ी को शिश्नेन्द्रिय की जड़ के ऊपरी भाग में दृढ़ता पूर्वक इस प्रकार लगायें कि उसका तला बाँयें पाँव की जंघा का स्पर्श करें। फिर बाँयें पाँव के अंगूठे तथा तर्जनी को दाँयीं जाँघ तथा पिण्डली के मध्य में ले लें। सम्पूर्ण शरीर का भार एड़ी तथा सीवन के मध्य भाग की नस पर ही तुला रहना चाहिए।

अब दायें हाथ के अँगूठे से दाँये नासा छिद्र (नथुने) को दबा कर नाभि से लेकर कण्ठ तक की सम्पूर्ण वायु को धीरे-धीरे बाहर निकाल दें।

इस प्रकार समस्त वायु का 'रेचन' करके श्वास को भीतर लेकर अर्थात् 'पूरक' करके बारम्बार पूर्वोक्त प्रकार से 'रेचन' करें। 'रेचन' के समय मूलबन्ध, उड्डियान तथा जालन्धर बन्धों को दृढ़ता से लगा कर, दोनों हथेलियों को दोनों घुटनों पर स्थापित कर, अपनी दृष्टि नाक के अग्रभाग पर स्थिर रखनी चाहिए।

इस प्रकार से नित्य नियमित रूप से अभ्यास करते रहने से कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत् हो कर सुषुम्णा के द्वार को खोल देती है। तब प्राण का ऊर्ध्वगमन होने लगता है तथा चींटी के रेंगने जैसा सुख अनुभव होने लगता है। ब्रह्मरन्ध्र में प्राण के प्रवेश करते ही अपरिमित आनन्द की अनुभूति होने लगती है।

विधि-२—पूर्वोक्त प्रकार से सिद्ध आसन लगाकर बैठें। फिर दोनों नासा छिद्रों द्वारा नाभिपर्यन्त यथा शक्ति अधिकाधिक वायु को भरें तदुपरान्त जालन्धर-बन्ध लगाकर 'अन्तः कुम्भक' करें साथ ही मूलबन्ध द्वारा मूलाधार से अपानवायु का उत्थान करके, नाभि में प्राण के मिला देने की पूर्ण भावना करें। ऐसा करते समय उड्डीयान-बन्ध लगा लेना भी अधिक अच्छा रहता है। कुम्भक के समय तीनों प्रकार के बन्ध लगे रहने चाहिए।

237/308

उक्त विधि से सामर्थ्यानुसार एक निश्चित अवधि का कुम्भक करके, 'रेचक' करें तथा वायु को बाहर छोड़ दें।

प्राणायाम की इस विधि से भी प्राणोत्थान की क्रिया शीघ्र होने लगती है।

दीर्घ श्वास-प्रश्वास प्राणायाम

समकाय ग्रीवा होकर बैठे, हाथों की हथेलियाँ घुटनों पर हों, किसी भी नासिका को किसी अँगुली से बन्द नहीं करना है। दोनों नासिकाओं से तीव्र गति से लम्बे-लम्बे श्वास भीतर खींचे अर्थात् पूरक करें। खींचे हुए श्वास को भीतर रोकना नहीं है। खींचने के तुरन्त बाद उसे वेग से ही बाहर निकालना है, रेचक करना है, इस पूरक रेचक को बल से शीघ्रतापूर्वक करना है। १ से आरम्भ करें और धीरे-धीरे उसे बढ़ाते

शुक्लपक्ष और कृष्णपक्ष वास्तव में क्या है ?

स्वामी लक्ष्मण जू महाराज

आन्तरिक चन्द्रमा अपान-वायु बन कर 'बाह्य-द्वादशान्त' से भीतर की ओर संचार करते-करते पंद्रह तुटि रूपी शुक्लपक्ष के पंद्रह दिनों का उल्लङ्घन करता। फिर हृदयाकाश में स्थित और तुट्यर्धांश से सीमित 'अन्तर्द्वादशान्त' पर बाह्य-चन्द्रमा की नाईं परिपूर्णकला से संयुक्त हो कर आन्तरिक पूर्णिमा के अमृत का आस्वाद लेता है। इसी तरह परिपूर्णता को प्राप्त हुआ भी चन्द्रमा प्राण-रूप बन कर 'अन्तर्द्वादशान्त' से प्रसारित होते हुए पंद्रह तुटि-रूपी कृष्णपक्ष में क्रम से क्षीण होता है और क्षीण होकर 'बाह्यद्वादशान्त' में स्थित तुट्यर्धांश रूपी आन्तरिक अमावस्या पर अमाकला का आस्वाद लेता है। इसी प्रकार आन्तरिक पूर्णिमा तथा आन्तरिक अमावस्या का आस्वाद लेते हुए योगी-जन वास्तविक गृहपति बन कर सदा 'आत्मयाग' का अनुभव किया करते हैं।

प्राण और अपान के, हृदयाकाश से बाह्य-द्वादशान्त तक, चलने में ३६ अंगुलों के समान समय लगता है। सवा दो अंगुलों के समान समय को तुटि कहते हैं। हृदयाकाश और बाह्य-द्वादशान्त पर अर्थात् संधियों पर स्वाभाविक रूप से ज़रा ठहरने में आधी आधी तुटि लगती है। इस प्रकार प्राणापान को हृदयाकाश से बाह्य-द्वादशान्त तक संचार करने में पंद्रह तुटियों का समय लगता है और यही पंद्रह तुटियां पक्ष के पंद्रह दिनों के समान मानी गई हैं। प्राण के हृदयाकाश से बाह्य-द्वादशान्त तक चलने के समय (अर्थात् पंद्रह तुटियों) को कृष्णपक्ष के पंद्रह दिनों के समान और अपान के बाह्य-द्वादशान्त से हृदयाकाश तक पहुँचने के समय (अर्थात् पंद्रह तुटियों) को शुक्ल-पक्ष के पंद्रह दिनों के समान माना गया है।

Yogasan_of_Swami_S...

कन्दपीड़ासन
(पृष्ठ ५४)



कन्दपीड़ासन (दूसरा प्रकार)

22:52

Sahaj_Yog_of_Sant_Ka...

बतलाया है।

(५) **भस्त्रिका कुम्भक—भस्त्रिका** प्राणायाम कई प्रकार से किया जाता है। इसके मुख्य चार भेद हैं—मध्यम भस्त्रिका, वाम भस्त्रिका, दक्षिण भस्त्रिका और अनुलोम-विलोम भस्त्रिका।

(क) मध्यम भस्त्रिका—जैसे लुहार की धौंकनी से वायु भरी जाती है, इसी प्रकार दोनों नासिकापुट से वायु को आवाज के साथ धीमे-धीमे लंबा, दीर्घ और वेग पूर्वक मूलाधार तक पूरक करें। बिना कुम्भक किये इसी प्रकार दोनों नासिका पुट से रेचक करे। इस प्रकार बिना आभ्यन्तर और बाह्य कुम्भक के आठ बार पूरक-रेचक करके नवीं बार पूरक करके यथा शक्ति कुम्भक करके दशवीं बार उसी प्रकार धीमे-धीमे दोनों नासिकापुट से रेचक करें। यह प्राणायाम हुआ। इस प्रकार तीन प्राणायाम करें।

(ख) वाम भस्त्रिका—दक्षिण नासिका पुट को बंद करके उपर्युक्त रीति से वाम नासिकापुट से मूलाधार तक आठ बार पूरक, रेचक करके नवीं बार पूरक करके यथा शक्ति कुम्भक करे। तत्पश्चात् उपर्युक्त विधि के अनुसार दक्षिण नासिका पुट से रेचक करे। यह एक प्राणायाम हुआ।

(ग) दक्षिण भस्त्रिका—वाम नासिकापुट बन्द करके दक्षिण नासिकापुट से आठ बार बिना आभ्यन्तर और बाह्य कुम्भक के उपर्युक्त विधि के अनुसार पूरक रेचक करने के पश्चात् नवीं बार पूरक करके यथा शक्ति कुम्भक करे। तत्पश्चात् वाम नासिकापुट से रेचक करे। यह एक प्राणायाम हुआ।

वाम भस्त्रिका और दक्षिण भस्त्रिका को मिलाकर करने की विधि—

पहले वाम भस्त्रिका का एक प्राणायाम करे, फिर दक्षिण भस्त्रिका का एक प्राणायाम, तत्पश्चात् वाम भस्त्रिका का एक प्रणायाम। इस प्रकार इन तीन प्राणाणायों में दो बार वाम भस्त्रिका और एक बार दक्षिण भस्त्रिका होगा।

(घ) अनुलोम-विलोम भस्त्रिका—जैसे लोहार की धौंकनी से वायु भरी जाती है इसी प्रकार बायें नासिकापुट से वायु को ध्वनि के साथ धीमे-धीमे लम्बा, दीर्घ और वेग पूर्वक मूलाधार तक पूरक करे, बिना कुम्भक किये इसी प्रकार दक्षिण नासिकापुट से रेचक करे। ये चार प्राणायाम हुए। इस प्रकार आठ बार बिना कुम्भक किये केवल पूरक रेचक करते हुए नवीं बार वाम नासिकापुट से पूरक करके यथाशक्ति कुम्भक करें। तत्पश्चात् दशवीं बार दक्षिण नासिका पुट से रेचक करे। यह दश प्राणायाम का पहला प्राणायाम हुआ। अब दक्षिण नासिकापुट से आरम्भ करके नवीं बार कुम्भक के पश्चात् दशवीं बार वाम नासिकापुट से रेचक करे। यह दूसरा प्राणायाम हुआ। अब पहले प्राणायाम की भाँति तीसरा प्राणायाम करें।

इन विधियों में पूरक की समाप्ति पर मूलाधार चक्रपर एक क्षण (कुछ देर) ध्यान के पश्चात् रेचक करें। इसी प्रकार रेचक की समा[illegible] पर नासिका के अग्रभाग पर कुछ देर (एक क्षण) ध्यान के पश्चात् पूरक करें। कुम्भक के समय नाभि स्थान मणिपुर चक्रपर ध्यान लगावें।

15:54
Sampoorn Yoga Vidya...

- क़ब्ज़ दूर करता है।
- यह आसन विषय-कषायों को जीतना सिखाता है।
- गुदों को शक्ति प्रदान करता है।

सावधानियाँ : स्लिप डिस्क व साइटिका से पीड़ित रोगी इस आसन को न करें।

कंदपीड़ासन/कंदासन

शाब्दिक अर्थ: कंद का अर्थ मूलग्रांथि, जड़ या गाँठ।

हठयोग प्रदीपिका के तृतीय अध्याय में लिखा है कि कुंडलिनी कद पर शयन करती है। यह योगियों, महात्माओं को मोक्ष और भोगियों को बंधन दिलाती है।

विधि : अपने आसन में प्रसन्नतापूर्वक बैठें। पैरों को सामने सीधा फैला लें। घुटने मोड़ते हुए जाँघों को चौड़ा करें और एड़ियों को आमने-सामने आपस में मिला लें (यह लगभग बध्द कोणासन के समान हो जाता है)। दाहिने पैर के पंजे को दाहिनी हथेली से और बाएँ पैर के पंजे को बाई हथेली से पकड़ें। अब हाथों से पैर के पंजों को ऊपर धड़ की तरफ़ खींचें। टखनों को उल्टा करें। पंजे पकड़कर घुटने व जाँघों को खींचें एवं नाभि व सीने से एड़ियों और पैरों के बाह्य भाग को चिपका लें। प्रथम अभ्यासी पैरों को पकड़े रखें एवं अभ्यास हो जाने पर हाथों को घुटनों पर रखें।

श्वासक्रम/समय: अंतिम स्थिति में श्वास सामान्य रखें एवं अनुकूलतानुसार करें।

ध्यान : स्वाधिष्ठान चक्र या मणिपूरक चक्र पर।

लाभ : काम-वासना को नियंत्रित करता है। बिंदु (ऊर्जा) ऊर्ध्वमुखी करता है। नाभि के नीचे की प्रत्येक माँसपेशी को व्यायाम मिलता है। नितम्ब, घुटने, टखने की संधियों को लचीला बनाता है। जिससे कड़ापन दूर होता है। मन की चंचलता का शमन करता है।

सावधानियाँ:
- चूँकि यह उच्च अभ्यास का आसन है, इसलिए विशेष सावधानी रखें।
- जिनके घुटने के जोड़ों में लोच और मजबूती हो, वे ही इस आसन को करें।

नाभि पीड़ासन

15:56

मूलबंधासन

शाब्दिक अर्थ : मूल का अर्थ जड़ या उद्गम स्थान और बंध का अर्थ बंधन या कड़ी।

विधि : प्रसन्नतापूर्वक अपने आसन पर सामने की तरफ़ पैर फैलाकर बैठें। दोनों घुटनों को मोड़ते हुए पैर के तलवों को आपस में मिलाएँ। यह स्थिति बद्ध कोणासन की स्थित हो जाएगी। अब लिंग स्थान और गुदा-द्वार (सीवनी नाड़ी) के मध्य एड़ियों को रखकर बैठ जाएँ जिससे एड़ियों का दबाव मूलाधार पर पड़े। इसका अच्छे से अभ्यास हो जाने पर एड़ियों के स्थान पर पंजे के अँगूठे को रखने का अभ्यास कर सकते हैं।

श्वासक्रम/समय : श्वसन क्रिया गहरी हो। इसे आधे से एक मिनट तक करें।

ध्यान : मूलाधार चक्र से ऊर्जा ऊर्ध्वमुखी हो रही है, ऐसा ध्यान करें।

लाभ: ❍ आध्यात्मिकता की तरफ़ साधक का मन लगता है। ऊर्जा ऊर्ध्वमुखी होती है।

- ❍ जनन संस्थान और शिश्न ग्रंथियों को लाभ मिलता है।
- ❍ काम-वासना का शमन होता है। ब्रह्मचर्य का पालन करने वालों के लिए यह उत्तम आसन है।
- ❍ मानसिक शांति प्रदान कर नकारात्मक विचारों का नाश करता है।

सावधानी : ❍ अधिकतम प्रभाव घुटनों पर पड़ता है। जिनके घुटनों के जोड़ों में दर्द या किसी प्रकार की तीव्र वेदना हो, वे न करें।

- ❍ तीव्र कमर दर्द वाले भी न करें।

नोट : कुछ योग शिक्षक इस आसन को गोरक्षासन भी कहते हैं।

वृश्चिकासन

13:46
Shubhagodya Stuti - Shyam...

[illegible] में शक्ति की समाप्ति [illegible] [illegible] है।

(१०) जब कोई योगी समाहित चित्त होकर चन्द्रस्थान में चन्द्रमा को एवं सूर्य स्थान में सूर्य को वायु के द्वारा निरुद्ध करने में समर्थ हो पाता है। तब

(क) चन्द्रमा अमृत-क्षरण करने में असमर्थ हो जाता है तथा

(ख) सूर्य अमृत-पान करने में असमर्थ हो जाता है।

(ग) ऐसा होने पर वायु से उत्प्रेरित **स्वाधिष्ठानाग्नि के द्वारा** आधार चक्रस्थ अमृत कुण्ड शुष्क हो जाता है।

(घ) अमृत कुण्ड (मूलाधारस्थ अमृत कुण्ड) के शुष्क हो जाने पर कुण्डलिनी विराहार होने के कारण सोते से जाग उठती है और सर्प की भाँति फूत्कार करती हुई **तीनों ग्रंथियों** (ब्रह्मग्रंथि। विष्णु ग्रंथि एवं रुद्र ग्रंथि) का भेदन करती हुई एवं इसी क्रम में षट् चक्रों का भेदन करती हुई **'सहस्त्रदल कमल' के मध्य** अवस्थित चन्द्रमण्डल को उसती है।

(ङ) चन्द्रमण्डल के उसे जाने के कारण वह **पीयूष धर चन्द्रमा** से क्षरित पीयूष धारा 'आज्ञाचक्र' में स्थित **'चन्द्रमण्डल'** को अपने पीयूष बिन्दुओं से आप्लावित कर देती है।

(च) उन क्षरित पीयूष-बिन्दुओं से सारा शरीर ही अमृतात्मक (अमृत-प्लावित) हो उठता है।

[illegible] कलायें हैं। ये 'आज्ञाचक्र' के ऊपर अवस्थित १५ कलायें ही १५ नित्यायें हैं जो कि [illegible] आविर्भूत होती हैं।

(ज) ये ही १५ कलायें या १५ नित्यायें कण्ठस्थ 'विशुद्ध चक्र के १६ दलों में अवस्थित हैं।

(झ) **सहस्त्रादल कमल'** के मध्य में एक चन्द्रमण्डल अवस्थित है उसे ही **'बैन्दव स्थान'** कहते हैं।

(ञ) इस **बैन्दव स्थान'** की कला का नाम है—

'चितकला' 'बैन्दव कला'। यह कला चिन्मयी एवं आनन्दरूपा है और 'आत्मा' कही जाती है। उसे ही 'त्रिपुरसुन्दरी' कहते हैं।

(११) **'अङ्ग नित्या'**—१५ कलायें हैं १५ नित्यायें हैं १५ तिथियाँ हैं। (अङ्गनित्या) = १५ कलाएँ, १५ नित्यायें, १५ तिथियाँ)

'अङ्गिनित्या' 'अङ्गिनित्या' तो केवल एक है और वह है **'षोडशी'**।

बिम्ब सदैव एक रस, एक समान एवं एकरूप रहा करता है उसमें परिवर्तन (परिवर्धन एवं परिक्षरण, उदय एवं अस्त, क्षीणता एवं वृद्धि आदि) नहीं हुआ करते।

(१८) प्रत्येक कला १६ हवीं कला (षोडशी) का [illegible]

कुण्डलिनीशक्तेः स्वरूपविमर्शः

प्राणायामैः कुण्डलिनीप्रबोधो भवति। सा सुषुम्णाद्वारं स्वमुखे निधाय कन्दस्योपरि तिष्ठति। ये योगिनः कन्दस्योदूर्ध्वं प्रसुप्ता कुण्डलिनीशक्तिं प्रबोधयन्ति। त एव मोक्षं लभन्ते। ये च मूढा नोत्थापयन्ति तां ते वन्धे पतन्ति। ये तामुद्बोधयितुं युक्तिं जानन्ति त एव यथार्थं योगविदः सन्ति -

कन्दोर्ध्वे कुण्डलिनीशक्तिः सुप्ता मोक्षाय योगिनाम्।
बन्धनाय च मूढानं यस्तां वेत्ति स योगविद्॥

सुषुम्णामावेष्ट्य स्वपुच्छं चास्येन सम्यक् निगृह्य नाभेरधोभागे कुण्डलिनी सर्वदा तिष्ठति। अतः पुरुषस्य प्राणः सुषुम्णायां प्रवेष्टुं न शक्नोति, प्राणं ब्रह्मरन्ध्रे नेतुकामः साधको युक्तिभिस्तत्र प्राणं सम्यक् निरूप्य ततः तस्या चालनमत्यावश्यकम्। तथाचोक्तं याज्ञवल्क्यशिक्षायाम् -

शिरां [illegible]
स्वपुच्छमास्येन निगृह्य सम्यक्।
नाभौ सदा तिष्ठति कुण्डली सा
धिया समाधाय निबोधयेत्ताम्॥[1]

अस्या उत्थानं तु उड्डीयान-जालन्धर-मूलबन्धपूर्वकं प्राणायामेन भवति। उड्डीयानमूलबल्धराभ्यामपानवायोरूर्ध्वमाकर्षणं भवति। जालन्धरबन्धेन च प्राणावायोरध आकर्षणं भवति। प्राणापानयोरैक्येन जठरानलमत्यन्तं प्रदीप्तं भवति। तद्रुष्णतया व्याकुला कुण्डलिनी सरला सती सुषुम्णामुखं प्रविश्य यथा दण्डेनाभि-

---

[1] याज्ञवल्क्यशिक्षा 19

INTERNET ARCHIVE 25

सुषुम्ना नाड़ी का द्वार अवरुद्ध किये होती है। प्राणायाम क्रिया के द्वारा यह अवरोध हटाकर सुषुम्ना को गतिशील बनाना होता है।

> इडानाड़ी स्थिता वामे पिंगला दक्षिणा मता।
> तयोर्मध्यगता नाड़ी सुषुम्ना वंशमास्थिता:॥
> (मेरुदण्डे स्थिता)

दूसरे शब्दों में शिव (ब्रह्म या परमात्मा) का स्थान ब्रह्मरन्ध्र में है और शक्ति (कुण्डलिनी) का स्थान मूलाधार मे है। शिव और शक्ति का मिलन अर्थात् कुण्डलिनी को जागृत कर सुषुम्णा नाड़ी द्वारा उसे ब्रह्मरन्ध्र तक ले जाना ही कुण्डलिनी जागृत करना और समाधि प्राप्त करना है।

स्वामी विवेकानन्द जी के अनुसार कुण्डलिनी का स्थान "गुदाद्वार के ऊपर पेडू के पास एक त्रिकोणाकार तंतुजाल (मूलाधार चक्र) तीन ग्रंथियों का है, इन ग्रंथियों से सुषुम्णा नाड़ी अवरुद्ध रहती है। इस ग्रंथि का भेदन कठिन है और इस क्रिया मे अत्यन्त पीड़ा तथा अन्य उपसर्ग भी सम्भव है।"

इन ग्रंथियों से सुषुम्णा नाड़ी को खोलना ही योग साधना का प्रमुख लक्ष्य है। प्राणायाम के द्वारा वायु खींचकर शरीर के ऊर्ध्वभाग को सिकोड़े और वायु को नीचे की ओर धकेले। नीचे की ओर (अपान वायु) जाती हुई वायु को भी अधोभागों को भी सिकोड़कर रोके रहे। इस प्रकार वायु को मूलाधार की ओर केन्द्रित करे, इस प्रकार की क्रिया से प्राण और अपान वायु के संघर्ष से, दबाव से जो ताप उत्पन्न होगा उससे प्रसुप्त कुण्डलिनी के आवेष्टन ढीले पड़ जायेंगे और वह सक्रिय तथा जागृत हो उठेगी तथा सुषुम्णा का मुख खुल जायेगा और सुषुम्णा के माध्यम से चित्रिणी नाड़ी के सहारे कुण्डलिनी ऊपर को गतिमान होकर ब्रह्मरन्ध्र में जा पहुंचेगी। यह साधना अत्यन्त दुष्कर है, सहसा इसमें सफलता मिलना सम्भव नहीं है। इस क्रिया में प्राण वायु को इडा, पिंगला नाड़ियों से हटाकर सुषुम्णा नाड़ी के माध्यम से (जो मेरुदण्ड में है) ब्रह्मरन्ध्र तक ले जाना होता है। इस क्रिया में 'जलंधर' और 'मूलबन्ध' आसनों का प्रयोग होता है। तात्पर्य यह है कि प्राण और अपान वायु के मिलने से जो आन्तरिक ताप बनता है उससे ठीक ऐसी स्थिति बनती है जैसे कि खाली नली में नीचे ऊपर दोनों ओर से बन्द किया जाय और मध्यस्थ वायु को निकलने न दिया जाय, यह वायु गरम होकर कहीं भी बाहर निकलने का प्रयास करेगी और बन्द में कोई छोटा सा छिद्र होगा तो उसी पर दबाव पड़ेगा। इसी प्रकार प्राण व

Mantra Shastra Sadhana Aur Sidhiyaan
Rakesh sanatani
27.12.21 at 11:34

17:36

लाभ

1. कपालभाती के अभ्यास से मस्तिष्क के अग्रिम भाग का शोधन होता है।
2. मन को विश्राम मिलता है।
3. शरीर तथा मन को अतिरिक्त ऊर्जा प्राप्त होती है।
4. यदि मस्तिष्क में कोई रक्त अवरोध होता है तो वह दूर हो जाता है।
5. ध्यान की शक्ति बढ़ जाती है।

(3) भस्त्रिका प्राणायाम

इस प्राणायाम के अभ्यास से शरीर को अधिकाधिक प्राणवायु प्राप्त होती है किसी सुखकारी आसन में बैठकर सिर तथा मेरूदण्ड को सीधा करके आंखे बंद करते हैं तथा कुछ समय के लिए विश्राम करते हैं। फिर दाहिने नासिका छिद्र को दाहिने हाथ के अंगूठे से बंद करते हैं और बाये छिद्र से 20 बार गहरी श्वास लेते तथा निकालते हैं। अन्त में पूरी शक्ति से श्वास खींचते हैं तथा बायां नासिका छिद्र तीसरी अंगुली से बंद कर लेते हैं। फिर तीनों बंध जालंधर उड्डियान तथा मूलबंध लगाते हैं। जब तक सम्भव होता है, श्वास रोकते है, अर्थात् कुम्भक करते हैं। फिर बंध खोलते है। तत्पश्चात् श्वास बाहर निकालते है। यही क्रिया दूसरे नासिका छिद्र से करते हैं। यह एक होता है। कम से कम 5 अभ्यास करना चाहिए।[62]

---

61 विश्वनाथन, योग विज्ञान, अन्नामलाई बिपिन, पृ0 सं0 18
62 वही, पृ0 सं0 19

लाभ

1. इस प्राणायाम से इड़ा, पिंगला तथा सुषुम्ना नाड़ियाँ होती हैं।
2. फेफड़ों की सफाई होती है।
3. कंठ की सफाई होती है, तथा कफ निकल जाता है।
4. मन को शान्ति मिलती है।
5. स्नायु संस्थान को अतिरिक्त ऊर्जा मिलती है।
6. यह दमा तथा क्षयरोग में औषधि का काम करता है।

4. उज्जायी प्राणायाम

प्राणायाम की स्थिति में बैठकर चेहरे को थोड़ा नीचे की ओर झुकाते हैं। फिर जीभ को तालू की ओर अंदर मोड़ते हैं। श्वास लेने की गति धीमी रखते हैं तथा श्वास में छोटे बच्चों के कोमल खर्राटे की सी आवाज आती है। ऐसा

4. शक्तिचालिनी मुद्रा-

सिद्धासने पद्मासने वा स्थित्वा करतलौ पृथिव्यां स्थापयेत् तदनन्तरं शनै-शनै पृष्ठतः किञ्चिदुपरि वारं

---

1. क्षयकुष्ठगुदावर्तगुल्माजीर्णपुरोगमाः ।
तस्य दोषाः क्षयं यान्ति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत् ।।
ह.प्र. 3/17

वारमुत्थाय करतलयोः नितम्बभागस्य ताडनं विदध्यात् । तत् पश्चात् मूलबन्धं विधाय वामनासिकया दक्षिणनासिकया वा यतः स्वरस्य प्रवाहो भवेत् तथैव नासिकया पूरकं कृत्वा प्राणवायुम - पानेन योजयेत् जालन्धरबन्धञ्च कृत्वा यथाशक्तिः कुम्भकं कुर्यात् तथा कुम्भकावस्थायामेव अश्विनीमुद्रया गुह्यांगस्य गुह्यप्रदेशस्य वा आकर्षणविकर्षणं कुर्वन् तिष्ठेत् तत्पश्चात् जालन्धरबन्धं निवृत्यो भाभ्यां नासापुटाभ्यां शनैःशनैः वायुं रेचयेत् [1]।

घेरण्डसंहितायां—

— हठयोगप्रदीपिकायाञ्चैतद् मुद्राविधानसमये चतुरंगुलदीर्घ वितस्ति प्रमाण विस्तृतं कोमलं श्वेतं सूक्ष्मवस्त्रखण्डं कटिसूत्रेण कटिप्रदेशे बध्नीयात् तथा समग्रशरीरोपरि भस्मलेपनं कुर्यादित्युक्तम् [2]।

1.क- आधार कमले सुप्तां चालयेत्कुण्डलीं दृढाम् ।
अपानवायुनारूह्य बलादाकृष्य बुद्धिमान् ।
शक्तिचालन मुद्रेयं सर्वशक्ति प्रदायिनी ॥
शि.सं. 4/105

ख. सति वज्रासने पादौ कराभ्यां धारयेद दृढम् ।
गुल्फदेशसमीपे च कंदं तत्र प्रपीडयेत् ।।
ह.प्र. 3/114

2. ऊर्ध्वं वितस्तिमात्रं तु विस्तारं चतुरंगुलम् ।
मृदुलं धवलं प्रोक्तं वेष्टिताम्बरलक्षणम्

20:59
Shri Tantraloka Hindi Transl...

विषय आ गये हैं। प्रत्येक खण्ड के अनुसार वे श्लोक संख्या के साथ क्रमशः इस प्रकार हैं—

१. प्रथम भाग आ०—१. विज्ञान भेद श्लोक सं० ३३३, २. अनुपाय विज्ञान [५०] और ३. शाम्भवोपाय [२९३]

२. द्वितीय भाग—४. शाक्तोपाय [२७८], ५. आणवोपाय [१५८]
६. कालतत्त्व [२५१], ७. चक्रोदय [७१]

३. तृतीय भाग—८. देशाध्वा [४५२], ९. तत्त्व स्वरूप [३१४]

४. चतुर्थ भाग—१०. तत्त्वभेद [३०९], ११. कलाध्वा [११८]
१२. अध्वोपाय [२६], १३. शक्तिपात [३६१]

५. पञ्चम भाग—१४. दीक्षा [४६], १५. समयदीक्षा [६१३]

६. छठाँ भाग—१६. प्रमेय [३११], १७. नर-शक्ति-शिव सन्दर्भ में जननादिसमन्विता विक्षिप्त दीक्षा [१२२]
१८. संक्षिप्त दीक्षा [११], १९. सद्यः उत्क्रान्ति [५६]
२०. तुला दीक्षा [१५], २१. परोक्ष दीक्षा [२१]
२२. लिङ्गोद्धार [४८], २३. अभिषेक [१०३]
२४. अन्त्येष्टि दीक्षा [२४], २५. श्राद्ध [२९]
२६. शेषवृत्ति [स्थण्डिलयाग ७६] २७. लिङ्गार्चा [५९]

७. सातवाँ भाग—२८. पर्वपवित्रकादिविधि [४३४],
२९. रहस्य विधि [२९१]

८. आठवाँ भाग—३०. मन्त्र विद्या [१२३], ३१. मण्डल सद्भाव [१६३]
३२. मुद्रा [६७], ३३. एकीकार [३२]
३४. स्वस्वरूपप्रवेश [४], ३५. शास्त्रमेलन [४४]
३६. आयातिक्रम [१६], ३७. शास्त्र प्रयोजन एवम् स्वात्मेतिवृत्त [८५]

इसके अतिरिक्त इस भाग में, जयरथकृत 'तन्त्रोच्चय' नामक लघुकाय ग्रन्थ और अभिनवविरचित एवं प्राप्त बारह स्तोत्र भी अर्थ सहित मुद्रित हैं। इससे इस भाग की उपयोगिता और बढ़ गयी है।

इस तरह आठ भागों में ३७ आह्निकों के ३७ प्रमुख विषयों और असंख्य अवान्तर विषयों को ५०८७ श्लोकों के माध्यम से शास्त्रकार ने व्यक्त किया है। इस पर भाषाभाष्य का यह सारस्वत महाप्रयास इसमें रूपायित है। पाँच हजार पृष्ठों में प्रकाशित यह आगमोपनिषद् संस्कृत वाङ्मय का [illegible]श्वकोश है, यह स्वतः सिद्ध हो जाता है। इस महान् आकर ग्रन्थ का [illegible]ाध्याय करने वाला, अवश्य शैवमहाभाव के ध्रुव धाम में अधिष्ठित हो जाता है यह [illegible] सत्य है।

04:48
हठयोगप्रदीपिका: Hatha Y...
exoticindiaart.com

व्याख्या—योगी को किसी अन्य उपाय से सिद्धि न मिलने की दशा में उसे पूरक प्राणायाम के अन्त में जालन्धर बन्ध (इसे आसन प्रकरण में कहा जा चुका है) की क्रिया का अवलम्बन करना उचित है । कुम्भक प्राणायाम के शेषावसान में तथा रेचक प्राणायाम की प्रारम्भिक अवस्था में

उड्डीयान बन्ध (इसे भी आसन प्रकरण में कहा गया है) करने से अवश्य ही सफलता मिलती है ॥४५॥

अधस्तात्कुंचनेनाशु कंठसंकोचने कृते ।
मध्ये पश्चिमतानेन स्यात्प्राणो ब्रह्मनाडिगः ।।४६।।

श्लोकार्थ—कंठप्रदेश को संकुचित करने तथा नीचे के प्रवेश से आकुंचन होने पर मध्यभाग में पश्चिमतान से प्राणवायु ब्रह्मनाड़ी में प्रवेशित हो जाता है ॥४६॥

व्याख्या—जालन्धरबन्ध करने के पश्चात् तत्काल ही उड्डीयान बन्ध करने से प्राण ब्रह्मरन्ध्र में पहुँचकर सुषुम्ना नाड़ी में प्रविष्ट हो जाता है । यहाँ ध्यातव्य बात यह है कि यदि गुरुमुख से जिह्वाबन्ध का ज्ञान प्राप्त कर लिया गया हो तो जिह्वाबन्ध करने के पश्चात् जालन्धर बन्ध के द्वारा प्राणायाम की सिद्धि मिल जाती है । इसके अनन्तर मूलबन्ध, उड्डीयान बन्ध आदि करने की कोई आवश्यकता नहीं है । यदि मूलबन्ध की क्रिया उचित रीति से निष्पन्न हो जाय तो धातुवर्धन, मलशोधन तथा क्षुधाग्नि का दीपन होता है, किन्तु इसकी विपरीतावस्था में धातुक्षीणता, अग्निमांद्य तथा बकरी के मल (लेंड़ी, गाँठदार मल) के समान मल निकलता है ॥४६॥

अपानमूर्ध्वमुत्थाप्य प्राणं कण्ठादधो नयेत् ।
योगी जराविमुक्तः सन्षोडशाब्दवयो भवेत् ।।४७।।

श्लोकार्थ—अधोवायु को ऊपर की ओर उत्थित कर प्राणवायु को कंठनली से नीचे ले जायँ । ऐसा करने पर योगी वृद्धत्व से रहित होकर षोडशवर्षीय अवस्था वाला बन जाता है ॥४७॥

व्याख्या—अधोवायु को उत्थित कर कंठप्रदेश के बीच में प्राणवायु को स्थापित कर देने वाला योगी वृद्धावस्था से रहित हो जाता है और वह षोडशवर्षीय दिखाई पड़ने लगता है । जालन्धर बन्ध और मूलबन्ध कर लेने पर उड्डीयान बन्ध स्वयं ही हो जाता है ॥४७॥

Add a review



कुण्डलिनी जागरणम् -:

योगी मते साधारण मानवस्य कुण्डलिनी प्राय: सुप्ता एव वर्तते । अनेनैव कारणेन स अज्ञानी एवं अल्पज्ञ अल्प शक्तिमान् अस्ति ।

कुण्डलिनी जागरणं कृत्वा इमां सहस्त्रारे स्थाप्य मनुष्य: सर्वदा सर्वथा भव बन्धनात् मुच्यते ।

विधि:-

योगशास्त्रे कुण्डलिनी जागरणाय विविधानाम् प्रक्रियाणां उपदेश: विद्यते । विधिपूर्वकेण प्राणायामाभ्यासेन यदा अपानवायु: ऊर्ध्वगत्य वन्हि स्थानं प्राप्नोति तदा तस्य प्रभावेन अग्ने: तीव्रत्वम् वर्धते । अनेन अग्निना संतप्य सुप्ता कुण्डलिनी जागरिता भवति । तथा च दण्ड प्रहारवत्य: सर्पिणीवत् फूत्कारं कृत्वति सरला भवति । तदा सा सर्पिणी बिल प्रवेशवत् सुषुम्नाया: आभ्यन्तरे प्रयाति अनेन प्रकारेण सुषुम्नाया: मुखं अनावृतम् भवति । अयं क्रमात् ब्रह्म विष्णु, रूद्र ग्रन्थिनाम भेत्ता भवति ।

उपाया:

1. हठयोगान्तर्गत सर्वप्रथमं नाडी शोधनाभ्यास: भस्त्रिका तथा शक्तिचालनी मुद्रा कुण्डलिनी जागरणाय विशेषमहत्वं धत्ते । हठयोगस्य आसाम् क्रियाणाम उद्देश्य: मूलाधार चक्रे प्राणाघात करणं भवति तद्घर्षणेन तदुष्णताया: कुण्डलिनी कुण्डलाकृतिम् विहाय ऋजुरूपेण स्थिता भवति । तथा फूंकार कृत्वति सति सुषुम्नाविवेर प्रविशति ।

2. राजयोगद्वारेण -

राजयोगपद्धतौ साधक: सर्वप्रथमं मूलाधारादिषु चित्तं एकाग्रं कुर्वन् तस्य चक्रस्य अधिष्ठातृदेवं ध्यायति । तस्य संकल्पेन अथवा अनुग्रहेण महा - शक्ति:जागर्ति । ध्यानेन सहैव अजपा विधिना मूलाधारात् सहस्रार पर्यन्तम् प्राणगति:चालयन्ति । येन मूलाधारे घर्षणं भवति तदा सा जागृत उर्ध्वगामिनी भवति । मूलाधारे चित्तैकाग्रे सति प्राणा एकत्र भवन्ति । फलत: कुण्डलिनी जागरणं भवति ।

मुद्रा

१ खेचरी मुद्रा—जीभको ऊपरकी ओर उलटी ले जाकर तालु-कुहर (जीभके ऊपर तालुके बीचका गढ़ा) में लगाये रखनेका नाम खेचरी मुद्रा है। इसके निमित्त जिह्वाको बढ़ानेके तीन साधन किये जाते हैं—छेदन, चालन और दोहन।

पहिला साधन—छेदन—जीभके नीचेके भागमें सूताकारवाली एक नाड़ी नीचेवाले दाँतोंकी जड़के साथ जीभको खींचे रखती है। इसलिये जीभको ऊपर चढ़ाना कठिन होता है। प्रथम इस नाड़ीके दाँतोंके निकटवाले एक ही स्थानपर स्फटिक (बिल्लौर) का धारवाला टुकड़ा प्रतिदिन प्रातःकाल चार-पाँच बार फेरते रहें। कुछ दिनोंतक ऐसा करनेके पश्चात् वह नाड़ी उस स्थानमें पूर्ण कट जायगी। इसी प्रकार क्रमशः उससे ऊपर-ऊपर एक-एक स्थानको जिह्वामूलतक काटते चले जायँ। स्फटिक फेरनेके पश्चात् माजूफलका कपड़छान चूर्ण (Tarin acid टेरिन ऐसिड) जीभके ऊपर-नीचे तथा दाँतोंपर मलें और उन सब स्थानोंसे दूषित पानी निकलने दें। माजूफल-चूर्णके अभावमें अकरकरा, नून, हरीतकी और कत्थेका चूर्ण छेदन किये हुए स्थानपर लगावें। यह छेदन-विधि सबसे सुगम है और इससे किसी प्रकारकी हानि

पहुँचनेकी सम्भावना नहीं है, यद्यपि इसमें समय अधिक लगेगा। साधारणतया छेदनका कार्य किसी धातुके तीक्ष्ण यन्त्रसे प्रति आठवें दिन उस शिराको बालके बराबर छेदकर घावपर कत्था और हरड़का चूर्ण लगाकर करते हैं। इसके छेदनके लिये नाखून काटनेवाला-जैसा एक तीक्ष्ण यन्त्र और खाल छीलनेके लिये एक दूसरे यन्त्रकी आवश्यकता होती है, जिससे कटा हुआ भाग फिर न जुड़ने पावे। इसमें नाड़ीके सम्पूर्ण अंशके एक साथ कट जानेसे वाक् तथा आस्वादन-शक्तिके नष्ट हो जानेका भय रहता है। इसलिये इसे किसी अभिज्ञ पुरुषकी सहायतासे करना चाहिये। छेदनकी आवश्यकता केवल उनको होती है, जिनकी जीभ और यह नाड़ी मोटी होती है। जिनकी जीभ लम्बी और यह नाड़ी पतली होती है, उन्हें छेदनकी अधिक आवश्यकता नहीं है।

दूसरा एवं तीसरा साधन—चालन व दोहन—अँगूठे और तर्जनी अँगुलीसे अथवा बारीक वस्त्रसे जीभको पकड़कर चारों तरफ उलट-फेरकर हिलाने और खींचनेको चालन कहते हैं। मक्खन अथवा घी लगाकर दोनों हाथोंकी अँगुलियोंसे जीभका गायके स्तनदोहन-जैसे पुनः-पुनः धीरे-धीरे आकर्षण करनेकी क्रियाका नाम दोहन है।

निरन्तर अभ्यास करते रहनेसे अन्तिम अवस्थामें जीभ इतनी लम्बी हो सकती है कि नासिकाके ऊपर भ्रूमध्यतक पहुँच जाय। इस मुद्राका बड़ा महत्त्व बतलाया गया है, इससे ध्यानकी अवस्था परिपक्व करनेमें बड़ी सहायता मिलती है। जिह्वाओंके भी नाना प्रकारके भेद देखनेमें आये हैं। किसी जिह्वामें सूताकार नाड़ीके स्थानमें मोटा मांस होता है, जिसके काटनेमें अधिक कठिनाई होती है। किसी-किसी जिह्वामें न यह नाड़ी होती है, न मांस। उसमें छेदनकी आवश्यकता नहीं है। केवल चालन एवं दोहन होना चाहिये।

२ **महामुद्रा**—मूलबन्ध लगाकर बायें पैरकी एड़ीसे सीवन (गुदा और अण्डकोषके मध्यका चार अंगुल स्थान) दबाये और दाहिने पैरको फैलाकर उसकी अँगुलियोंको दोनों हाथोंसे पकड़े। पाँच घर्षण करके बायीं नासिकासे पूरक करे और जालन्धर-बन्ध लगाये। फिर जालन्धर-बन्ध खोलकर दाहिनी नासिकासे रेचक करे। यह वामाङ्गकी मुद्रा समाप्त हुई। इसी प्रकार दक्षिणाङ्गमें इस मुद्राको करना चाहिये।

दूसरी विधि—बायें पैरकी एड़ीको सीवन (गुदा और उपस्थके मध्यके चार अंगुल भाग) में बलपूर्वक जमाकर दायें पैरको लंबा फैलावे। फिर शनैः-शनैः पूरकके साथ मूल तथा जालन्धर-बन्ध लगाते हुए दायें पैरका अँगूठा पकड़कर मस्तकको दायें पैरके घुटनेपर जमाकर यथाशक्ति कुम्भक करे। कुम्भकके समय पूरक की हुई वायुको कोष्ठमें शनैः-शनैः फुलावे और ऐसी भावना करे कि प्राण कुण्डलिनीको जाग्रत् करके सुषुम्णामें प्रवेश कर रहा है, तत्पश्चात् मस्तकको घुटनेसे शनैः-शनैः रेचक करते हुए उठाकर यथास्थितिमें बैठ जाय। इसी प्रकार दूसरे अङ्गसे करना चाहिये। प्राणायामकी संख्या एवं समय बढ़ाता रहे।

फल—मन्दाग्नि, अजीर्ण आदि उदरके रोगों तथा प्रमेहका नाश, क्षुधाकी वृद्धि और कुण्डलिनीका जाग्रत् होना।

३ अश्विनी मुद्रा—सिद्ध अथवा पद्मासनसे बैठकर योनिमण्डलको अश्वके सदृश पुनः-पुनः सिकोड़ना अश्विनी मुद्रा कहलाती है।

फल—यह मुद्रा प्राणके उत्थान और कुण्डलिनी शक्तिके जाग्रत् करनेमें सहायक होती है।

सूक्ष्म, सात्त्विक, शुद्ध, स्वस्थ, नीरोग, आसनको दृढ़ और ध्यानको स्थिर करने तथा कुण्डलिनीको जाग्रत् करनेवाले कुछ उपयोगी बन्ध-मुद्राएँ और आसन बतलाये देते हैं—

१ मूल-बन्ध—मूल गुदा एवं लिङ्ग-स्थानके रन्ध्रको बंद करनेका नाम मूल-बन्ध है। वाम पादकी एड़ीको गुदा और लिङ्गके मध्यभागमें दृढ़ लगाकर गुदाको सिकोड़कर योनिस्थान अर्थात् गुदा और लिङ्ग एवं कन्दके बीचके भागको दृढ़तापूर्वक संकोचन द्वारा अधोगत अपानवायुको बलके साथ धीरे-धीरे ऊपरकी ओर खींचनेको मूल-बन्ध कहते हैं। सिद्धासनके साथ यह बन्ध अच्छा लगता है। अन्य आसनोंके साथ एड़ीको सीवनीपर बिना लगाये हुए भी मूल-बन्ध लगाया जा सकता है।

फल—इससे अपानवायुका ऊर्ध्व-गमन होकर प्राणके साथ एकता होती है। कुण्डलिनी शक्ति सीधी होकर ऊपरकी ओर चढ़ती है। कोष्ठबद्ध दूर करने, जठराग्निको प्रदीप्त करने और वीर्यको ऊर्ध्वरितस् बनानेमें यह बन्ध अति उत्तम है। साधकोंको न केवल भजनके अवसरपर किंतु हर समय मूलबन्धको लगाये रखनेका अभ्यास करना चाहिये।

२ उड्डीयान-बन्ध—दोनों जानुओंको मोड़कर पैरोंके तलुओंको परस्पर भिड़ाकर पेटके नाभिसे नीचे और ऊपरके आठ अंगुल हिस्सेको बलपूर्वक खींचकर मेरुदण्ड (रीढ़की हड्डीसे) ऐसा लगा दे जिससे कि पेटके स्थानपर गड्ढा-सा दीखने लगे। जितना पेटको अंदरकी ओर अधिक खींचा जायगा उतना ही अच्छा होगा। इसमें प्राण पक्षीके सदृश सुषुम्णाकी ओर उड़ने लगता है, इसलिये इस बन्धका नाम उड्डीयान रखा गया है। यह बन्ध पैरोंके तलुओंको बिना भिड़ाये हुए भी किया जा सकता है।

फल—प्राण और वीर्यका ऊपरकी ओर दौड़ना, मन्दाग्निका नाश, क्षुधाकी वृद्धि, जठराग्निका प्रदीप्त और फेफड़ेका शक्तिशाली होना।

गांढ वक्षसि संनिधाय चुबुकं ध्यानं च तच्चेतसि।
वारंवारमपानमूर्ध्वमनिलं प्रोच्चारयन् पूरितं
मुञ्चन् प्राणमुपैति बोधमतुलं शक्ति प्रभावान्नरः।। - ध्यान. 65-69
263. योग चूड़ा - 36-40

ले जाते हुए साधक कुण्डलिनी शक्ति के प्रभाव को अनुभव करता है। जो योगी पद्मासन पर स्थित होकर नाड़ियों में वायु को भरकर कुम्भक द्वारा रोकता है वह निःसन्देह मुक्ति प्राप्त करता है। हठ योग में भी कुण्डलिनी जागृत करने की विधि उपरोक्त उपनिषदों के समान बताई है।[264] वह्नि योग में श्रम होने से जो पसीना निकले उसको शरीर में ही मर्दन करना चाहिए। ऐसे योगी को कटु, खट्टे, नमकीन पदार्थों का त्याग करके दूध का आहार लेना चाहिए। मिताहारी, योग-पारायण, ब्रह्मचारी एक वर्ष में ही सिद्धि प्राप्त कर लेता है, इसमें कोई सन्देह नहीं है। आठ कुण्डलों से युक्त कुण्डलिनी मूढ़ जनों के लिए बन्धन रूप और ज्ञानियों के लिए मोक्ष प्रदायिका है।[265] जिसकी कुण्डलिनी शक्ति जागृत हो गई है वह मृत्यु के देवता से भी भयभीत नहीं होता।[266]

संक्षेप रूप में कहा जा सकता है कि 72,000 नाड़ियों की शुद्धि मात्र कुण्डलिनी के अभ्यास से ही हो सकती है।

---

264. हठ योग प्र. - 3/107-111

265. अङ्गानां मर्दनं कृत्वा श्रम संजात वारिणा। कट्वम्ललवणत्यागी क्षीर भोजनमाचरेत्।।
ब्रह्मचारी मिताहारी योगी योगपरायणः। अब्दादूर्ध्वं भवेत् सिद्धो नात्र कार्या विचारणा।।
सुस्निग्धमधुराहारश्चतुर्थांशावशोषितः। भुञ्जते शिव संप्रीत्या मिताहारी स उच्यते।।
कन्दोर्ध्वे कुण्डली शक्तिरष्टधा कुण्डलाकृतिः। बन्धनाय च मूढानां योगिनां मोक्षदा सदा।।
- योग चूड़ा - 41-44

266. कुंडली चालयित्वा तु भस्त्रां कुर्याद्विशेषतः।।
एवमभ्यसतो नित्यं यमिनो यमभीः कुतः।। ह. यो. प्र. 3/115

पद्मासनमें बैठकर दोनों करोंको जानु और ऊरुके बीचमेंसे पृथिवीपर स्थापन करके उसीपर कोणियोंके द्वारा ऊँचा होकर स्थिर रहनेसे कुक्कुटासन होता है।

कूर्मासन--गुल्फौ च वृषणस्याऽधो व्युत्क्रमेण समाहितौ।
ऋजुकायशिरोग्रीवं कूर्मासनमितीरितम्॥

वृषणके नीचे गुल्फद्वयको विपरीत भावसे स्थापन करके मस्तक, ग्रीवा और शरीरको ऋजु भावसे रखनेपर कूर्मासन होता है।

मकरासन--अधस्तु शेते हृदयं निधाय
भूमौ च पादौ च प्रसार्यमाणौ।
शिरश्च धृत्वा करदण्डयुग्मे
देहाग्निकारं मकरासनं स्यात्॥

अधोमुख होकर पृथिवीपर वक्षःस्थल स्थापनकर शयन करके पादद्वय विस्तार करते हुए करदण्डयुगलके बीचमें मस्तकको रखनेसे मकरासन होता है। इससे देहाग्नि बढ़ती है।

योगासन--उत्तानौ चरणौ कृत्वा संस्थाप्य जानुनोपरि।
आसनोपरि संस्थाप्य उत्तानं करयुग्मकम्॥
पूरकैर्वायुमाकृष्य नासाग्रमवलोकयेत्।
योगासनं भवेदेतद्योगिनां योगसाधने॥

चरणद्वयको उत्तान करके जानुद्वयके ऊपर स्थापन करते हुए करद्वयको उत्तान भावसे आसनपर रखकर पूरक द्वारा वायु आकर्षणपूर्वक नासाग्र अवलोकन करनेसे योगासन हुआ करता है, जो योगियोंके योगसाधनमें परमोपकारी है।

योगिराज महर्षि पतञ्जलिने स्थिरसुख उत्पन्नकारी शारीरिक क्रियाको आसन करके वर्णन किया है। अतः आसन द्वारा शरीरकी दृढ़ता स्थायी होने पर तब उक्त आसनोंमें शरीरको रखनेसे स्थिर सुख उत्पन्न होकर चित्तवृत्तिनिरोधमें सहायता मिलती है। यही हठयोगके आसनोंकी असाधारण उपकारिता है।

हठयोगके तृतीय अङ्गका नाम मुद्रा है। इसके विषयमें योगशास्त्रमें लिखा है—

प्राणायामस्तथा प्रत्याहारा धारणध्यानके।
समाधिः साधनाङ्गानामेषां सिद्धौ हि या हिता॥
साहाय्यमादधातीह सुकौशलभरा क्रिया।
मुद्रा सा प्रोच्यते धीरैर्योगिभिस्तत्त्वदर्शिभिः॥
सहायिका भवेन्मुद्रा सर्वाङ्गानां हि काचन।
काचिच्च तत्तदङ्गानामुपकारं करोति वै॥

CC-0. Bharat Mahamandal Collection. Digitized by eGangotri

महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डीयानं जलन्धरम् ।
मूलबन्धो महाबन्धो महावेधश्च खेचरी ॥
विपरीतकरी योनिर्वज्रोली शक्तिचालिनी ।
ताड़ागी चैव माण्डूकी शाम्भवी पञ्चधारणा ॥
अश्विनी पाशिनी काकी मातङ्गी च भुजङ्गिनी ।
पञ्चविंशतिमुद्राः स्युः सिद्धिदा योगिनां सदा ॥

जिन क्रियाओंके द्वारा प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि रूपी साधनाङ्गोंकी सिद्धिमें सहायता प्राप्त होती है ऐसी सुकौशलपूर्ण क्रियाओंको मुद्रा कहते हैं। कोई मुद्रा इन सब अङ्गोंकी सहायता करती है और कोई-कोई इनमेंसे विशेष अङ्गोंकी सहायता करती है। महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डीयानमुद्रा, जलन्धर-बन्धमुद्रा, मूलबन्धमुद्रा, महाबन्धमुद्रा, महावेधमुद्रा, खेचरीमुद्रा, विपरीतकरणीमुद्रा, योनिमुद्रा, वज्रोलीमुद्रा, शक्तिचालिनीमुद्रा, ताड़ागीमुद्रा, माण्डूकीमुद्रा, शाम्भवीमुद्रा, पञ्चधारणामुद्रा, अश्विनीमुद्रा, पाशिनीमुद्रा, काकीमुद्रा, मातङ्गीमुद्रा और भुजङ्गिनी-मुद्रा, ये पचीस मुद्राएँ हैं; इनके साधनसे योगियोंको योगसिद्धि प्राप्त होती है। अब इन पचीसोंमेंसे कुछ-कुछ प्रधान मुद्राओंका वर्णन किया जाता है।

महामुद्रा—पायुमूले वामगुल्फं सम्पीड्य च यथाक्रमम् ।
दक्षपादं प्रसार्याऽथ करधार्यपदांगुली ॥
कण्ठसंकोचनं कृत्वा भ्रुवोर्मध्यं निरीक्षयेत् ।
ततः शनैः शनैरेवं रेचयेत्तं न वेगतः ॥
अनुसृत्य गुरोर्वाक्यं जानुस्थापितमस्तकः ।
वामेन दक्षिणेनापि कृत्वोभाभ्यां पुनस्तथा ॥
नाशयेत्सर्वरोगांश्च महामुद्रानुसाधनात् ।
सिद्धिदा योगमार्गस्य वदन्तीह पुराविदः ॥

वामगुल्फको पायुमूलमें लगाकर और दक्षिणपादको दण्डवत् फैलाकर दोनों हाथोंसे पादांगुलि धारणकर कुम्भक करके कण्ठ सङ्कोच करते हुए भ्रूमध्यका दर्शन करे और तदनन्तर धीरे-धीरे वायुका रेचन करे। गुरुवाक्यानुसार जानुमें मस्तक रखकर दक्षिण गुल्फ और वामपादके द्वारा पूर्ववत् करे और पश्चात् दोनों पादको दण्डवत् फैलाकर ऐसा ही करे। इस प्रकार करनेसे महामुद्राका साधन होता है जो सर्वरोगनाशक तथा योगमार्गमें सिद्धिप्रद है।

उड्डीयानबन्ध—उदरे पश्चिमं तानं नाभेरूर्द्ध्वं तु कारयेत् ।
उड्डीनं कुरुते यस्मादविश्रान्तं महाखगः ॥

CC-0. Bharat Mahamandal Collection. Digitized by eGangotri

उड्डीयानं त्वसौ बन्धो मृत्युमातङ्गकेशरी ॥

उदरको पश्चिमतानयुक्त करके नाभिको आकुञ्चित करनेसे उड्डीयानबन्ध होता है। गगनचारी पक्षियोंकी मुद्रापर उड्डीयानबन्धकी क्रिया बताई गई है। यह बन्ध, मृत्युरूपी मातङ्गके लिये सिंहरूप है।

जालन्धरबन्ध—कण्ठसङ्कोचनं कृत्वा चिबुकं हृदये न्यसेत्।
जालन्धरे कृते बन्धे षोडशाधारबन्धनम् ॥

कण्ठदेशको संकुचित करके हृदयपर चिबुक स्थापन करनेसे जालन्धरबन्ध होता है। इसके द्वारा और सोलह प्रकारके बन्धोंमें सहायता मिलती है।

मूलबन्ध—पार्ष्णिना वामपादस्य योनिमाकुञ्चयेत्ततः ।
नाभिग्रन्थिं मेरुदण्डे सम्पीड्य यत्नतः सुधीः ॥
मेढ्रं दक्षिणगुल्फे तु दृढबन्धं समाचरेत् ।
जराविनाशिनी मुद्रा मूलबन्धो निगद्यते ॥

वामगुल्फको गुह्यदेशमें और दक्षिणगुल्फको लिङ्गमूलपर दृढ़बन्धके साथ रखकर नाभिग्रन्थिको संकुचित करते हुए मेरुदण्डमें दबाकर गुह्य और लिङ्गमूलको आकुञ्चन करनेसे मूलबन्ध मुद्राका साधन होता है। यह मुद्रा जरानाशिनी, वायु-सिद्धिदायिनी तथा मुक्तिदात्री है।

महाबन्ध—वामपादस्य गुल्फेन पायुमूलं निरोधयेत् ।
दक्षपादेन तद्गुल्फं सम्पीड्य यत्नतः सुधीः ॥
शनैः सञ्चालयेत्पार्ष्णिं योनिमाकुञ्चयेच्छनैः ।
जालन्धरे धृतप्राणो महाबन्धो निगद्यते ॥

वामगुल्फके द्वारा पायुमूलको निरुद्ध करके, दक्षिणगुल्फके द्वारा यत्नपूर्वक वामगुल्फको दबाकर जालन्धरबन्धके द्वारा प्राणवायुको धारण करके शनैः शनैः गुह्यदेशको सञ्चालन और लिङ्गको आकुञ्चित करनेसे महाबन्धमुद्राका साधन होता है। यह मुद्रा जरामरणनाशिनी तथा सर्वकामनासाधयित्री है।

खेचरीमुद्रा—जिह्वाध नाडीं संछिन्ना रसनां चालयेत्सदा ।
दोहयेन्नवनीतेन लौहयन्त्रेण कर्पयेत् ॥
एवं नित्यं समभ्यासाल्लम्बिका दीर्घतां व्रजेत् ।
यावद्गच्छेद् भ्रुवोर्मध्ये यदा भवति खेचरी ॥
रसनां तालुमध्ये तु शनैरेव प्रवेशयेत् ।
कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा ॥

CC-0. Bharat Mahamandal Collection. Digitized by eGangotri

भ्रुवोर्मध्ये गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी।
मुद्रामिमां साधयितुं जिह्वानियमनं पुरः॥
प्रधानं तद्धि भवति जिह्वायाश्छेदनं विना।
जिह्वाचालनतालव्यक्रिययाऽपि च सिध्यति॥
प्रच्छन्नेनं क्रिया बोध्या तन्त्रशास्त्रेषु नित्यशः॥

जिह्वाके नीचेकी नाड़ीको छेदन करके जिह्वाकी चालना करना चाहिये और नवनीतके द्वारा दोहन और लौहयन्त्रके द्वारा आकर्षण करना चाहिये। इस प्रकार नित्य अभ्यास करनेसे जिह्वा लम्बी हो जायगी और भ्रूद्वयके बीच तक चली जायगी। उस समय जिह्वाको धीरे-धीरे तालुके बीचमें प्रवेश कराकर वहाँपर कपालकुहरमें विपरीत भावसे स्थापन करके भ्रूमध्यमें दृष्टिस्थापन करनेसे खेचरी मुद्राका साधन होता है। खेचरी मुद्राके साधनके लिये जिह्वाको नियमित करना प्रथम और प्रधान कार्य है सो आवश्यक होनेपर बिना छेदनके भी हो सकता है। यह कार्य जिह्वा-चालनरूप तालव्य क्रियासे भी हो सकता है। तालव्य क्रिया अति गुप्त और केवल योगिराज गुरुदेवके मुखसे ही सीखने योग्य है। योगशास्त्रमें खेचरी मुद्राके अपूर्व फल वर्णित किये गये हैं, यथा—खेचरी साधनसे मूर्छा, क्षुधा, तृष्णा, आलस्य, मृत्युभय आदि दूर होकर योगीको दिव्यदेह प्राप्त होता है। खेचरी मुद्राके साधकको अग्नि दग्ध नहीं कर सकती है, वायु शुष्क नहीं कर सकता है, जल गला नहीं सकता है और सर्प दंशन नहीं कर सकता है। खेचरी मुद्रासे देह अपूर्व लावण्ययुक्त हो जाती है और इसकी सिद्धिसे समाधिकी सिद्धि हुआ करती है। कपाल और मुखके सम्मेलन-से रसनामें अद्भुत रसोंकी उत्पत्ति होती है जिसको खेचरीसाधक अनुभव कर सकते हैं। उनकी जिह्वामें यथाक्रम लवण, क्षार, तिक्त, कषाय, नवनीत, घृत, क्षीर, दधि, तक्र, द्राक्षा और अमृत रसका आस्वादन होता है जिससे क्षुधानाश और अपूर्व आनन्दकी प्राप्ति होती है।

विपरीतकरणीमुद्रा—नाभिमूले वसेत्सूर्यस्तालुमूले च चन्द्रमाः।
अमृतं ग्रसते सूर्यस्ततो मृत्युवशो नरः॥
निपुणं चन्द्रनाड्या वै पीयते यदि सा सुधा।
कर्हिचिन्नहि तस्याऽस्ति भीतिर्मृत्योर्हि योगिनः॥
ऊर्द्ध्वं च योजयेत्सूर्यं चन्द्रञ्चाऽधः समानयेत्।
विपरीतकरी मुद्रा सर्वतन्त्रेषु गोपिता॥
भूमौ शिरश्च संस्थाप्य करयुग्मं समाहितः।
ऊर्ध्वपादः स्थिरो भूत्वा विपरीतकरी मता॥

नाभिमूलमें सूर्यनाड़ी और तालुमूलमें चन्द्रनाड़ी विद्यमान है। सहस्रदल

CC-0. Bharat Mahamandal Collection. Digitized by eGangotri

कमलसे जो पीयूषधारा निकलती है उसे सूर्यनाड़ी ग्रास कर लेती है इसलिये जीव मृत्युमुखमें पतित होता है। यदि सुकौशलपूर्ण क्रिया द्वारा चन्द्रनाड़ीसे वह अमृत पान किया जाय तो कदापि मृत्युका भय योगीको नहीं हो सकता है। इसलिये विपरीत-करणीमुद्राके द्वारा योगीको उचित है कि सूर्यनाड़ीको उर्द्ध्वमें और चन्द्रनाड़ीको अधोभागमें लावे। यह मुद्रा बहुत गुप्त है। मस्तकको पृथिवीपर स्थापन करके करद्वयका आधार करते हुए पदयुगलको ऊर्द्ध्वदिशामें उठाकर कुम्भक द्वारा वायु-निरोध करने से विपरीतकरणीमुद्रा हुआ करती है।

योनिमुद्रा—सिद्धासनं समासाद्य कर्णाक्षिनासिकामुखम्।
अङ्गुष्ठतर्ज्जनीमध्याऽनामिकाभिश्च धारयेत्॥
काक्या प्राणं समाकृष्य अपाने योजयेत्ततः।
षट्चक्राणि क्रमाद्ध्यात्वा हुं हंस मनुना सुधीः॥
चैतन्यमानयेद्देवीं निद्रिता या भुजङ्गिनी।
जीवेन सहितां शक्तिं समुत्थाप्य शिरोऽम्बुजे॥
स्वयं शक्तिमयो भूत्वा शिवेन योजयेत् स्वकम्।
नाना सुखं विहारं च चिन्तयेत्परमं सुखम्॥
शिवशक्तिसमायोगादेकान्तं भुवि भावयेत्।
आनन्दमानसो भूत्वा अहं ब्रह्मेति चिन्तयेत्॥

सिद्धासनमें उपवेशन करके कर्णद्वय वृद्धाङ्गुष्ठद्वय द्वारा, नेत्रयुगल तर्जनीद्वय द्वारा, नासिकाद्वय मध्यमाद्वय द्वारा और मुख अनामिकाद्वय द्वारा निरुद्ध करके काकी मुद्रा द्वारा प्राणवायु आकर्षणपूर्वक अपान वायुके साथ मिलाते हुए शरीरस्थ षट्चक्रोंमें मन ले जाकर 'हुँ' और 'हंस' इन दोनों मन्त्रोंके जप द्वारा देवी-कुलकुण्डलिनीको जगाते हुए जीवात्माके साथ मिलाकर उनको सहस्रदल कमलमें ले जाकर जब साधक ऐसा ध्यान करे, कि मैं शक्तिमय होकर सहस्रारस्थित शिवके साथ मिलित हो परमा-नन्दमें विहार कर रहा हूँ, शिवशक्ति-संयोगसे मैं अद्वितीय आनदरूप ब्रह्म हूँ, तब योनिमुद्राका साधन होता है। यह मुद्रा अति गोपनीय है और इसके साधनसे सकल महापाप भी नष्ट होकर योगीको समाधिकी प्राप्ति होती है।

शक्तिचालिनीमुद्रा—मूलाधारे आत्मशक्तिः कुण्डली परदेवता।
शयिता भुजगाऽऽकारा सार्द्धत्रिवलयान्विता॥
यावत्सा निद्रिता देहे तावज्जीवः पशुर्यथा।
ज्ञानं न जायते तावत्कोटियोगविधेरपि॥
उद्घाटयेत्कपाटं च यथा कुञ्चिकया हठात्।

CC-0. Bharat Mahamandal Collection. Digitized by eGangotri

कुण्डलिन्याः प्रबोधेन ब्रह्मद्वारं प्रभेदयेत् ॥
नाभिं संवेष्ट्य वस्त्रेण न च नग्नो बहिः स्थितः ।
गोपनीयगृहे स्थित्वा शक्तिचालनमभ्यसेत् ॥
वितस्तिप्रमितं दीर्घं विस्तारे चतुरङ्गुलम् ।
मृदुलं धवलं सूक्ष्मं वेष्टनाम्बरलक्षणम् ॥
एवमम्बरयोगं च कटिसूत्रेण कल्पयेत् ॥
भस्मना गात्रमालिप्य सिद्धासनमथाचरेत् ।
नासाभ्यां प्राणमाकृष्य अपाने योजयेद्बलात् ॥
तावदाकुञ्चयेद्गुह्यं शनैरश्विनिमुद्रया ।
यावद्वायुः सुषुम्नायां न प्रकाशमवाप्नुयात् ॥
तदा वायुप्रबन्धेन कुम्भिका च भुजङ्गिनी ।
बद्धश्वासस्ततो भूत्वा ऊर्ध्वमार्गं प्रपद्यते ॥
योनिमुद्रा न सिध्येद्वै शक्तिचालनमन्तरा ।
आदौ चालनमभ्यस्य योनिमुद्रां समभ्यसेत् ॥

परमदेवता कुलकुण्डलिनी शक्ति साढ़े तीन फेर लगाकर भुजङ्गाकृति हो मूलाधार पद्ममें स्थित है। वह शक्ति जब तक निद्रिता रहती है, तब तक कोटि-कोटि योगक्रिया करनेसे भी जीवको ज्ञानकी प्राप्ति नहीं हो सकती और वह पशुवत् अज्ञानी रहता है। जिस प्रकार कुञ्चिका द्वारा द्वार उद्‌घाटन किया जाता है, उसी प्रकार कुलकुण्डलिनी शक्तिके जगानेसे ब्रह्मद्वार अपने आप ही खुल जाता है और इस प्रकारसे जीवको ज्ञानकी प्राप्ति हो जाती है। वस्त्र द्वारा नाभिदेशको वेष्टनपूर्वक गोपनीय गृहमें आसनस्थित होकर शक्तिचालिनी मुद्राका अभ्यास करना उचित है, परन्तु नग्नावस्थामें रहकर खुले हुए स्थानमें कदापि यह साधन न किया जाय। वितस्तिपरिमित लम्बे और चार अंगुल चौड़े सुकोमल, धवल और सूक्ष्म वस्त्र द्वारा नाभिको वेष्टन करके उस वस्त्रको कटि-सूत्र द्वारा सम्बद्ध किया जाय। तत्पश्चात् भस्म द्वारा समस्त शरीर लेपनपूर्वक सिद्धासनपर बैठकर प्राणवायुको नासिका द्वारा आकर्षण करके बलपूर्वक अपानवायुके साथ संयुक्त किया जाय और जब तक वायु सुषुम्ना नाड़ीके भीतर जाकर प्रकाशित न हो, तबतक अश्विनी मुद्रा द्वारा शनैः शनैः गुह्य-देशको आकुञ्चित करना उचित है। इस प्रकारसे निःश्वास रोध करके कुम्भक द्वारा वायुनिरोध करनेसे भुजङ्गाकारा कुण्डलिनी शक्ति जाग्रता होकर ऊपरकी ओर चलने लगती है और पीछे सहस्रदल कमलमें पहुँचकर शिवसंयोगिनी हो जाती है। शक्तिचालिनी मुद्राके विना योनिमुद्रामें पूर्ण सिद्धि नहीं होती है।

CC-0. Bharat Mahamandal Collection. Digitized by eGangotri

इस कारण आगे इस मुद्राका अभ्यास करके तत्पश्चात् योनिमुद्रा अभ्यास करने योग्य है। जो योगी प्रतिदिन इस मुद्राका अभ्यास करते हैं, अष्टसिद्धियाँ उनके करतलगत हो जाती हैं और उनको विग्रहसिद्धिकी प्राप्ति होकर उनके सब रोगोंकी शान्ति हो जाती है।

ताड़ागी मुद्रा—उदरं पश्चिमोत्तानं कृत्वा चैव तड़ागवत्।
तड़ागी सा परा मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी॥

पश्चिमोत्तान आसनपर बैठकर उदरको तड़ागाकृति करके कुम्भक करनेसे ताड़ागी मुद्रा हुआ करती है। यह एक प्रधान मुद्रा है, जिसके द्वारा जरा और मृत्यु नष्ट होती है।

शाम्भवी मुद्रा—नेत्रान्तरं समालोक्य आत्मारामं निरीक्षयेत्।
सा भवेच्छाम्भवी मुद्रा सर्वतन्त्रेषु गोपिता॥

भ्रूद्वयके मध्यस्थानमें दृष्टि रखकर एकान्तमना हो परमात्माके निरीक्षण करनेसे शाम्भवी मुद्रा होती है, जो सब शास्त्रमें गुप्त है। इसके साधनसे शिवभावप्राप्ति होती है।

पञ्चधारणा मुद्रा—कथिता शाम्भवी मुद्रा शृणुष्व पञ्चधारणाम्।
धारणां वै समासाद्य किन्न सिध्यति भूतले॥
अनेन नरदेहेन स्वर्गेषु गमनागमम्।
मनोगतिर्भवेत्तस्य खेचरत्वं न चान्यथा॥

शाम्भवी मुद्राके वर्णनके बाद पञ्चधारणा मुद्रा कही जाती है। धारणा-सिद्धि होनेसे संसारमें क्या नहीं सिद्ध होता है? इससे नरदेहमें ही स्वर्गमें गमनागमन, मनोगति और खेचरत्व प्राप्त होता है।

पार्थिवीधारणामुद्रा—यत्तत्त्वं हरितालवर्णसदृशं भौमं लकाराऽन्वितम्,
वेदास्रं कमलासनेन सहितं कृत्वा हृदि स्थायि तत्।
प्राणांस्तत्र विलीय पञ्चघटिकाश्चित्ताऽन्वितं धारये-
देषा स्तम्भकरी सदा क्षितिजयं कुर्यादधोधारणाम्॥

पृथिवी तत्त्वका वर्ण हरितालकी नाईं, इसका बीज लकार, आकृति चतुष्कोणविशिष्ट और देवता ब्रह्मा है। योगप्रभावसे इस पृथिवी तत्त्वको हृदयके बीच में प्रकाशित करके चित्तके साथ प्राणवायुको आकर्षणपूर्वक पाँच घण्टे तक धारण करनेसे पृथिवीधारणा हुआ करती है, जिसका दूसरा नाम अधोधारणा है। इसके अभ्याससे योगी पृथिवीको जय कर सकता है।

आम्भसीधारणामुद्रा—शङ्खेन्दुप्रतिमं च कुन्दधवलं तत्त्वं किलालं शुभं,
तत्पीयूषवकारबीजसहितं युक्तं सदा विष्णुना।

CC-0. Bharat Mahamandal Collection. Digitized by eGangotri

प्राणांस्तत्र विलीय पञ्चघटिकाश्चित्ताऽन्वितं धारये-
देषा दुःसहपापतापहरणी स्यादाम्भसी धारणा ॥
आम्भसीं परमां मुद्रां यो जानाति स योगवित् ।
गम्भीरेऽपि जले घोरे मरणं तस्य नो भवेत् ॥

जलतत्त्वका वर्ण शंख, शशी और कुन्दवत् धवल है। इसकी आकृति चन्द्रवत्, बीज वकार और देवता विष्णु हैं। योगप्रभावसे हृदयके बीचमें जलतत्त्वका उदय करके चित्तके साथ प्राणवायुको आकर्षण करके पाँच घण्टे तक कुम्भक करनेसे आम्भसीधारणा होता है। इस मुद्राके अभ्याससे कठिन पाप और ताप दूर होता है। आम्भसीमुद्राके ज्ञाता योगी गम्भीर जलमें पतित होनेपर भी नहीं डूबते।

आग्नेयीधारणामुद्रा—यन्नाभिस्थितमिन्द्रगोपसदृशं बीजं त्रिकोणाऽन्वितं,
तत्त्वं तेजसमाप्रदीप्तमरुणं रुद्रेण यत्सिद्धिदम् ।
प्राणांस्तत्र विलीय पञ्चघटिकाश्चित्तान्वितं धारये-
देषा कालगभीरभीतिहरणी वैश्वानरी धारणा ॥
प्रदीप्ते ज्वलिते वह्नौ संपतेद्यदि साधकः ।
एतन्मुद्राप्रसादेन स जीवति न मृत्युभाक् ॥

नाभिस्थल अग्नितत्त्वका स्थान है, इसका वर्ण इन्द्रगोप कीटकी नाईं, बीज रकार, आकृति त्रिकोण और देवता रुद्र हैं। यह तत्त्व तेजःपुञ्ज दीप्तिमान् और सिद्धिदायक है। योगाभ्यास द्वारा अग्नितत्त्वका उदय करके एकाग्रचित्त हो पाँच घण्टे तक कुम्भक द्वारा प्राणवायुको धारण करनेसे आग्नेयीधारणा हुआ करती है। इसके अभ्याससे संसारभय दूर होता है और यदि साधक प्रदीप्त वह्निके बीचमें पतित हो, तो भी इस मुद्राके प्रभावसे उसको कदापि मृत्यु ग्रास नहीं कर सकती।

वायवीधारणामुद्रा—यद्भिन्नाऽञ्जनपुञ्जसन्निभमिदं धूम्राऽवभासं परं,
तत्त्वं सत्त्वमयं यकारसहितं यत्रेश्वरो देवता।
प्राणांस्तत्र विलीय पञ्चघटिकाश्चित्तान्वितं धारये-
देषा खे गमनं करोति यमिनां स्याद्वायवी धारणा ॥
इयं तु धारणामुद्रा जरामृत्युविनाशिनी ।
वायुना म्रियते नाऽपि खे गतेश्च प्रदायिनी ॥

वायुतत्त्वका वर्ण मर्दित अञ्जनकी नाईं और धूम्रकी नाईं कृष्णवर्ण, बीज यकार और देवता ईश्वर हैं। यह तत्त्व सत्त्वगुणमय है। योगाभ्यास द्वारा इस तत्त्वका उदय करके एकाग्रचित्त हो कुम्भक द्वारा पाँच घण्टे तक प्राणवायुको धारण करनेसे वायवीधारणा सिद्ध होती है। इस मुद्राके साधनसे जरामृत्यु नाश होता

CC-0. Bharat Mahamandal Collection. Digitized by eGangotri

है, इसमें सिद्धिप्राप्त साधक वायुसे कदापि मृत्युको प्राप्त नहीं होते हैं और उनमें आकाशमार्गमें विचरण करनेकी शक्ति हो जाती है।

आकाशीधारणामुद्रा—यत्सिन्धौ वरशुद्धवारिसदृशं व्यौमं परं भासितं,
तत्त्वं देवसदाशिवेन सहितं बीजं हकाराऽन्वितम्।
प्राणांस्तत्र विलीय पञ्चघटिकाश्चित्ताऽन्वितं धारये-
देषा मोक्षकपाटभेदनकरी कुर्यान्नभोधारणाम्॥
आकाशीधारणामुद्रां यो वेत्ति स च योगवित्।
न मृत्युर्जायते तस्य प्रलयेऽपि न सीदति॥

आकाशतत्त्वका वर्ण विशुद्ध सागर वारिकी नाईं, बीज हकार और देवता सदाशिव हैं। योगसाधन द्वारा इस तत्त्वको उदित करके एकाग्रचित्त हो प्राणवायु आकर्षणपूर्वक पाँच घण्टे तक कुम्भक करनेसे आकाशधारणाकी सिद्धि होती है। यह धारणा मुक्तिद्वारका उद्‌घाटन करती है। इसको जो जानते हैं, वे ही परम योगवेत्ता हैं, उनको मृत्यु कदापि ग्रास नहीं करती है और प्रलयकालमें भी वे जीवित रह सकते हैं।

अश्विनीमुद्रा—आकुञ्चयेद् गुदद्वारं भूयोभूयः प्रकाशयेत्।
सा भवेदश्विनी मुद्रा शक्तिबोधनकारिणी॥

गुह्यद्वारको पुनः पुनः आकुञ्चन और प्रसारण करनेसे अश्विनी मुद्राका साधन होता है, जो शक्तिबोधनकारिणी है। इस मुद्राके द्वारा सर्वरोग नाश, बल और पुष्टि तथा अकाल मृत्युनाश होता है।

काकीमुद्रा—काकचञ्चुवदास्येन पिबेद्वायुं शनैः शनैः।
काकीमुद्रा भवेदेषा सर्वरोगविनाशिनी॥

काकचञ्चुवत् मुँह करके धीरे-धीरे वायुपान करनेसे काकीमुद्रा होती है जो समस्त रोगोंको नष्ट करती है।

मातङ्गिनीमुद्रा—कण्ठमग्ने जले स्थित्वा नासाभ्यां जलमाहरेत्।
मुखान्निर्गमयेत्पश्चात्पुनर्वक्त्रेण चाऽहरेत्॥
नासाभ्यां रेचयेत्पश्चात्कुर्यादेवं पुनः पुनः।
मातङ्गिनी परा मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी॥

आकण्ठ जलमें अवस्थित होकर दोनों नाकसे जल उठाकर मुखसे निकाल देवे और पुनः मुखसे जल लेकर नाकसे रेचन करे, इस प्रकार पुनः पुनः करने पर मातङ्गिनीमुद्राका साधन होता है, जो जरा और मृत्युकी नाशकारिणी है।

भुजङ्गिनीमुद्रा—वक्त्रं किञ्चित्सुप्रसार्याऽनिलं कण्ठेन यत्पिबेत्।
सा भवेद् भुजगी मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी॥

CC-0. Bharat Mahamandal Collection. Digitized by eGangotri

मुखको किञ्चित् फैलाकर कण्ठके द्वारा वायुपान करनेसे भुजङ्गिनी मुद्राका साधन होता है जो जरा और मृत्यु का नाश करनेवाली है।

पंचविंश मुद्राओंमेंसे कुछ मुद्राओंका वर्णन किया गया। अन्यान्य मुद्राएँ यथा—वज्रोली, अमरोली, सहजोली आदिका लक्षण योगिराज गुरुदेवसे ज्ञातव्य है।

मुद्राओंके साधन द्वारा योगमार्गमें अग्रसर होनेवाले साधकोंको अनेक लाभ प्राप्त होते हैं। मुद्राओंके द्वारा प्राणायाम सिद्धिकी सहायता, प्रत्याहारमें सहायता, धारणामें सहायता और बिन्दुध्यानमें सहायता इस प्रकारसे अनेक क्रियाओंमें सहायता प्राप्त होती है। प्रथमतः प्राणायामकी सिद्धिमें मुद्राएँ विशेषरूपसे सहायक होती हैं और प्रत्याहार उत्पन्न करके धारणामें विशेष सहायक होती हैं। इसी कारण मुद्रा द्वारा स्थिरता उत्पन्न होती है ऐसा कहा गया है।

हठयोगके चतुर्थ अङ्गका नाम प्रत्याहार है। षट् कर्म, आसन तथा मुद्राके साधनोंमें सिद्धि प्राप्त करके गुरुआज्ञानुसार साधक प्रत्याहारका साधन करेंगे, जिसके फलसे शीघ्र ही प्रकृतिजय तथा कामादि रिपुओंका नाश हो जायगा।

श्रीभगवान्ने गीताजीमें लिखा है—

यतो यतो निश्चरति मनश्चञ्चलमस्थिरम्।
ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत्॥

चञ्चल मन जहाँ जहाँ पर भागने लगता है उन सभी स्थानोंसे मनको हटाकर आत्मामें ही संयत करे। यही प्रत्याहारकी क्रिया है। तदनुसार हठयोग शास्त्रमें लिखा है—

यत्र यत्र गता दृष्टिर्मनस्तत्र प्रगच्छति।
ततः प्रत्याहरेदेतदात्मन्येव वशं नयेत्॥
शीतं वापि तथा चोष्णं यन्मनः स्पर्शयोगतः।
तस्मात्प्रत्याहरेदेतदात्मन्येव वशं नयेत्॥
सुगन्धे वापि दुर्गन्धे घ्राणेषु जायते मनः।
तस्मात्प्रत्याहरेदेतदात्मन्येव वशं नयेत्॥
मधुराम्लकतिक्तादि रसं याति यदा मनः।
तस्मात्प्रत्याहरेदेतदात्मन्येव वशं नयेत्॥

जहाँ जहाँपर दृष्टि जाती है, वहाँ मन भी जाता है। इसलिये प्रत्याहार द्वारा मनको वहाँसे हटाकर आत्मामें वशीभूत करे। शीत हो या उष्ण मन स्पर्शयोगसे विषयमें सम्बद्ध होता है, इसलिये मनको विषयसे हटाकर आत्मामें संयत करे। सुगन्ध हो अथवा दुर्गन्ध मन घ्राणेन्द्रियके योगसे विषयमें बद्ध हो जाता है, इसलिये मनको विषयसे हटाकर आत्मामें एकाग्र करे। मधुर, अम्ल, तिक्त आदि रसोंमें

CC-0. Bharat Mahamandal Collection. Digitized by eGangotri

महादेवी की नीराजना करने के अनन्तर साधकों को चाहिए कि वे देवता को चक्रमुद्रा दिखायें।

बायें हाथ की वृद्धा अंगुली के गर्भ में कनिष्ठा एवं दक्षिणवर्ती हाथ की कनिष्ठा के गर्भ में जोड़कर फिर वाम एवं दक्षिण अंगुष्ठों का संयोग करने से चक्रमुद्रा बनती है।

साधक को चाहिये कि वह इष्टदेवी को दुग्ध, दधि, पायस, मोदक, चर्व्य, चोष्य, लेह्य, पेय, भक्ष्य एवं भोज्य आदि पदार्थ समर्पित करके तथा चुल्लूक देकर प्राणमुद्रा का प्रदर्शन करे।[1]

प्राणमुद्रा— वृद्धा, अनामा और कनिष्ठा के संयोग से प्राणमुद्रा बनती है।
अपान मुद्रा— वृद्धा, मध्यमा एवं तर्जनी से अपान मुद्रा बनती है।
व्यान मुद्रा— वृद्धा, अनामा और मध्यमा से व्यान मुद्रा बनती है।
उदान मुद्रा— कनिष्ठा से रहित समस्त अंगुलियों से उदान मुद्रा बनती है।
समान मुद्रा— सम्पूर्ण अंगुलियों के संयोग से समान मुद्रा बनती है।

प्राणाय स्वाहा, अपानाय स्वाहा, व्यानाय स्वाहा, उदानाय स्वाहा, समानाय स्वाहा कहकर मुद्राओं का प्रदर्शन करना चाहिये।

यह भी शास्त्र-विधान है कि अग्नि में देवी को समाविष्ट समझकर संहारमुद्रा द्वारा 'देवीं अग्नये स्वाहा' मन्त्र से तीन आहुतियाँ प्रदान करनी चाहिये। इसी प्रकार गणदेवताओं को संहारमुद्रा से लाकर उनका पूजन करना चाहिये।

कुम्भमुद्रा लगाकर सुगन्धित जल को लेकर मूलमन्त्रपूर्वक 'अमुकं देवतां अभिषिञ्चामि' कहने के अन्त में हृदय मन्त्र लगाकर अपने सिर में समन्त्र की भावना करनी चाहिये।

साधना में योनिमुद्रा का सर्वातिशायी महत्त्व है। सृष्टि चार प्रकार की है। यह जिसकी योनि से उत्पन्न होती है, उसी में लय हो जाती है। यही योनिमुद्रा है। इसके बन्धन से सभी मन्त्र सिद्ध हो जाते हैं।[2]

'शाक्तानन्दतरङ्गिणी' के अनुसार वामांगुष्ठ एवं अनामिका को युक्त करके जिस तत्त्वमुद्रा की रचना होती है, उसके द्वारा देवता के मुख में मूल मन्त्र से तीन बार तर्पण करना चाहिये। इससे द्रव्य अमृत के तुल्य हो जाता है।

मुद्रा-प्रदर्शन के साथ-साथ शरीरांग भी निर्धारित हैं; यथा—

गोरक्षनाथोपदिष्ट अष्ट मुद्रायें

गोरक्षनाथ जी ने अपनी 'अष्टमुद्रा' नामक पुस्तक में आठ मुद्राओं का उल्लेख किया है, जो निम्नांकित हैं—

---

१. कौलावलीनिर्णय। २. कौलावलीनिर्णय।

१. मूलनी ३. खीरनी ५. भूचरी ७. अगोचरी
२. जलश्री ४. खेचरी ६. चाचरी ८. उनमनी

मुद्राओं का स्वरूप—

१. मूलनी मुद्रा— अवधी यंद्रीमध्ये मूलनी मुद्रा।
काम तृष्णा ले उतपनीं काम।।

२. जलश्री मुद्रा— कामतृष्णासमो कृत्वा मुद्रा तौ भई मूलनी।
नाभी मधे जलश्री मुद्रा काल क्रोध ले उतपनी।।

३. खीरनी मुद्रा— काल क्रोध समो कृतवा मुद्रा तौ भई जलश्री।
हृदा मध्ये खीरनी मुद्रा ज्ञान दीप ले उतपनी।।

४. खेचरी मुद्रा— ज्ञानदीप समो कृतवा मुद्रा तौ भई खीरनी।
मुख मध्ये खेचरी मुद्रा स्वादबिस्वाद ले उतपनी।।

५. भूचरी मुद्रा— स्वाद विस्वाद समो कृतवा मुद्रा तो भई खेचरी।
नासिका मध्ये भूचरी मुद्रा गंध निबंध ले उतपनी।।

६. चाचरी मुद्रा— गंध विगंध समो कृतवा मुद्रा तौ भई भूचरी।
चखिमध्ये चाचरी मुद्रा दिष्टि-विदिष्टि हो उतपनी।।

७. अगोचरी मुद्रा— दिष्टि विदिष्टि समो कृतवा मुद्रा तौ भई चाचरी।
करण मध्ये अगोचरी मुद्रा सबद कुसबद ले उतपनी।।

८. उनमनी मुद्रा— सबद कुसबद समो कृतवा मुद्रा तौ भई अगोचरी।
ब्रह्माण्ड असथानि उनमनी मुद्रा परम जाति लै उतपनी।।

परम जोति समो कृतवा मुद्रा तौ भई उनमनी।
सुंनि मँडल तहाँ नीझर झरिया।
चंद सुरजि ले उनमनि धरिया।।

(चन्द्रमा और सूर्य के योग से जब उन्मनावस्था आती है, तब ब्रह्मरन्ध्र (शून्यमण्डल) में अमृत का निर्झर झरने लगता है।)

उनमनि रहिबा भेद न कहिबा पीयवा नींझर पाणी।
लंका छाडि पलंका जाइबा तब गुरमुख लेबा वाणी।।

असाध साधंत गगन गाजंत उनमनी लागत ताली।
उलटंत पवनं पलटंत वाणी अजीव पीवत जे ब्रह्मज्ञानी।।

अनहद सूं मन उनमन रहै, सो सन्यासी अगम की कहै।
बदंत गोरख रुति ते सूरिवां उनमनि मन मैं वास।।

उनमनि डांडी मन तराजू पवन कीया गदियाना।
मन पवन दो काय सुपारी उनमनी तिलक सिंदूरं।।

नासिका अग्रे भ्रूमण्डले अहनिस रहिवा थीरं।
माता गरभि जनम न आयबा बहुरि न पीयवा खीरं।।

नासा अग्र निजु ज्यौ बाई। इड़ा प्यंगुला मधि समाई।। (गो० बा०)

वज्रोली-अमरोली मुद्रा—

बजरी करंता असरी राखै अमरि करंता बाई।
भोग करंता जे व्यंद राखै ते गोरख का गुरभाई।।

खेचरी मुद्रा— मुख मध्ये खेचरी मुद्रा स्वाद विस्वाद ले उतपनी।।

भूचरी मुद्रा— नासिका मध्ये भूचरी मुद्रा गंध निबंध ले उतपनी।।

चाचरी मुद्रा— चखि मध्ये चाचरी मुद्रा दिष्टि विदिष्टि ले उतपनी।

आचार्य रामानन्द कहते हैं—

चाचरी भूचरी खेचरी अगोचरी उन्मुनी पाँच मुद्रा साधत सिद्ध राजा।।

उन्मनी मुद्रा— गोरक्षनाथ ने 'अमनस्क योग' में इसे अमनस्क कहा है—

तत्त्वस्य सम्मुखे जाते अमनस्कं प्रजायते।।

अमृतोद्दीपनी विद्या निरपाया निरञ्जना।
अमनस्का कला कापि जयत्यानन्ददायिनी।।

मत्स्येन्द्रनाथ—

१. (कौणसो पाती किहि विधि रहै)
पाँचों पाती उनमनि रहै। ऐसा विचार मछिंद्र कहै।
२. (तामैं निहचल कैसे रहे)
तामहिं निहचल उनमन रहै। ऐसा विचार मछिंद्र कहै।
३. रूप अरूप मन उनमनि रहै। ऐसा विचार मछिंद्र कहै।
४. सिव सकती ले उनमन रहै। ऐसा विचार मछिंद्र कहै।
५. सदा चेतनि मन उनमत रहै। सतगुर होइ सु बूंझां कहै।
६. गगन अस्थाने मन उनमन रहै। ऐसा बिचारि मछिन्द्र कहै।

गोरखनाथ—

१. अहनिसि मन लै उनमन रहै। गम की छाँड़ि अगम की कहै।।
२. मन पवना लै उनमनि धरिवा ते जोगी ततसारं।
३. यहु मन लै जे उनमन रहै।
तौ तीनि लोक की बातां कहै।

४. अवधू दम कौं गहिबा उनमनि रहिवा ज्यूं बाजवा अनहदतूरं।

५. छठैं छमासि काया पलटिबा तब उनमुनि जोग अपारं।

६. सुंनि मंडल तहाँ नीझर झरिया चंद सुरजि ले उनमनि धरिया।

७. उनमनि रहिबा भेद न कहिबा पीयबा नींझर पांणी।

८. असाध साधंत गगन गाजंत उनमनी लागंत ताली।

९. अनहद सूं मन उनमन रहै। सो सन्यासी अगम की कहै।

१०. बदंत गोरख सति ते सूरिबां उनमनि मन मैं बास।

११. उनमन जोगी दसवैं द्वार। नाद व्यंद ले धूँधूँकार।

१२. परचय जोगी उनमन खेला। अहनिसि रंछया करै देवता स्यूं मेला।

आचार्य रामानन्द—

१. उनमुनी दिष्टि सो भाव देखै।

२. उनमनी भरे जदद मसाल।

३. चाचरी भूचरी खेचरी अगोचरी उन्मुनी।
पाँच मुद्रा साधते सिद्ध राजा। (रामरक्षा)[१]

उन्मनी मुद्रा की प्रक्रिया— योगीश्वर गोरक्षनाथ उन्मनीकारक विधि के विधान का प्रस्तुतीकरण इस प्रकार करते हैं कि तारों (आँख की पुतलियों) को ज्योति में लगाकर भौंहों को कुछ ऊर्ध्व करना चाहिये (ऊपर चढ़ा लेना चाहिये)। यह पूर्वयोग (तारक योग) का योग-मार्ग (पद्धति) क्षण भर में उन्मनीभाव उत्पन्न कर देता है—

तारे ज्योतींषि संयोज्य किञ्चिदुन्नमयन् भ्रुवौ।
पूर्वयोगस्य मार्गोऽयमुन्मनीकारकः क्षणात्।।[२]

समस्त चिन्ताओं से मुक्त होकर तथा सुरम्य प्रदेश में समासीन होकर योग का अभ्यास करना चाहिये। सब प्रकार की चिन्ताओं से मुक्त होकर, एकान्त स्थान में स्थिर होकर, समान आसन में समासीन होकर, पीछे की ओर कुछ झुककर अर्थात् तनकर, स्थिरांग होकर, सुखपूर्वक बैठकर एवं एक हाथ तक दृष्टि को स्थिर करके योग का अभ्यास करना चाहिये। इस विधि से योगाभ्यास करने से मन सुस्थिर हो जाता है और क्रमशः वायु, वाणी, देह एवं दृष्टि में स्थैर्य आ जाता है। जिसको अमनस्क योग की प्राप्ति हो रही हो और जो सब ओर से उदासीन हो, ऐसे योगी के शरीर में मृदुता एवं लघुता आ जाती है।[३]

१. विशेष ध्यातव्य— उन्मनी मुद्रा का उल्लेख हठयोगप्रदीपिका, घेरण्डसंहिता एवं शिव-संहिता में नहीं है।

२. अमनस्कयोग।

३. अमनस्कयोग।

दृश्य के विना ही जिसकी दृष्टि स्थिर हो जाय, विना किसी प्रकार के प्रयत्न के जिसकी वायु स्थिर हो जाय एवं विना किसी अवलम्बन के जिसका चित्त स्थिर हो जाय; वही योगी है। वही गुरु होने के योग्य है और वही सेव्य है—

दृष्टि: स्थिरा यस्य विनैव दृश्यं वायु: स्थिरो यस्य विना प्रयत्नम्।
चित्तं स्थिरं यस्य विनावलम्बनं स एव योगी स गुरु: स सेव्य:।।[१]

सुखासन पर समासीन होकर परतत्त्व का अभ्यास करना चाहिये। साधक को अभ्यास द्वारा परतत्त्व को प्रकाशित करना चाहिये। ये भूतात्मक जगत्, ये पञ्चभूत, यह पञ्चभूतात्मक शरीर आदि सभी वितथ हैं; अत: 'ये हैं ही नहीं'— ऐसी भावना करनी चाहिए।

सब प्रकार की चिन्ताओं से रहित होकर मन से किसी का भी चिन्तन नहीं करना चाहिये। जो योगी ऐसा करता है, ऐसे योगी के बाहर एवं भीतर तत्त्व (उसके सम्मुख) उपस्थित हो जाता है अर्थात् उसे बाहर एवं भीतर सर्वत्र तत्त्व स्फुरित रूप में दृष्टिगोचर या अनुभूत होता है। तत्त्व के सम्मुख होने पर अमनस्क योग हो जाता है। अमनस्क योग की प्राप्ति होने पर चित्त आदि का सम्यक् लय हो जाता है—

(क) न किञ्चिन्मनसा ध्यायेत्सर्वचिन्ताविवर्जित:।
स बाह्याभ्यन्तरे योगी जायते तत्त्वसम्मुख:।।

(ख) तत्त्वस्य सम्मुखे जाते अमनस्क: प्रजायते।
अमनस्केऽपि सञ्जाते चित्तादिविलयो भवेत्।।[२]

हठयोगप्रदीपिका में भी कहा गया है—

बाह्यचिन्ता न कर्तव्या तथैवान्तरचिन्तनम्।
सर्वचिन्तां परित्यज्य न किञ्चिदपि चिन्तयेत्।।[३]

चित्त आदि का विलय हो जाने पर पवन (वायु) का लय हो जाता है। मन और पवन का विलय हो जाने पर इन्द्रियार्थों (पञ्च महाविषयों) का त्याग हो जाता है। इन्द्रियार्थों (शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध) का त्याग हो जाने पर योगी को बाह्य ज्ञान नहीं रह जाता। बाह्य ज्ञान के विनष्ट होने पर वैषम्य के अभाव के कारण सर्वसाम्य हो जाता है। सर्वसाम्य होने पर साधक व्यापारशून्य हो जाता है और परब्रह्म में समाविष्ट योगी लयीभूत हो जाता है।[४]

अन्तर्मुद्रा और उन्मनी— योगिराज गोरक्षनाथ ने अमनस्क योग को अन्तर्मुद्रात्मक कहा है और इसे ही यथार्थ योग कहा है—

मुद्राद्वय— गोरक्षनाथ के अनुसार मुद्रायें दो प्रकार की हैं—

---

१. अमनस्कयोग।
२. अमनस्क योग।
३. स्वात्माराम मुनीन्द्र।
४. अमनस्क योग।

बहिर्मुद्रा (बहिर्योग) एवं अन्तर्मुद्रा (अन्तर्योग)।

पूर्वयोग या तारक योग बाह्य मुद्रा से मुक्त होने के कारण बहिर्योग है और अमनस्क योग (उन्मनी योग) अन्तर्मुद्रात्मक होने के कारक यथार्थ योग है।[१]

अमनस्क और राजयोग— गुरु गोरक्षनाथ कहते हैं कि अमनस्क योग (उन्मनी मुद्रा से प्राप्य योग की उन्मनावस्था) ही राजयोग है—

राजयोगः स कथितः स एव मुनिपुङ्गव।
राजत्वात् सर्वयोगानां राजयोग इति स्मृतः।।[२]

अन्तर्योग और बहिर्योग में से अन्तर्योग अमनस्क योग है। अन्तर्योगात्मक अमनस्क योग में चित्त, बुद्धि, अहंकार, ऋत्विक्, सोम १० इन्द्रियों और प्राणों का ज्योतिर्मण्डल में हवन करते हैं।

(क) होता = चित्त, बुद्धि, अहंकार, ऋत्विक्, सोम।
(ख) हव्य = (हवन-सामग्री) = २० इन्द्रियाँ।
(ग) होमकुण्ड = ज्योतिर्मण्डल।[३]

इस अमनस्क (उन्मनी भाव) की साधना हेतु पवित्र, निर्जन एवं मनोहर प्रदेश, समान आसन, कुछ तन कर बैठने की स्थिति, सुखासन, समस्त अंगों की यथास्थान स्थापना, सुस्थिर चित्तता, निश्चलता, एक हाथ आगे तक दृष्टि-स्थापन, पैर के नख से शिखापर्यन्त समस्त अंगों का शैथिल्य, आन्तर-बाह्य समस्त चिन्ताओं का त्याग, औदासीन्य, आनन्द-पूर्वक सन्तुष्टि के साथ अभ्यास, वाणी, मन एवं शरीर के क्षोभ का परित्याग तथा शिला की भाँति शरीर की सुस्थिरता (निश्चलता) होनी चाहिये।[४]

जब जहाँ पर जिस प्रकार मन स्थिर हो तब वहाँ उसी प्रकार उसको रहने देना चाहिये। उसे वहाँ से कभी नहीं हटाना चाहिये।[५]

ऐसा साधक न सोता है और न जागता है। वे स्वप्न-जागरण-विहीन होते हैं; क्योंकि स्वप्न चिदंशरहित होता है और जागरण में विषयग्रह का प्राधान्य होता है—

स्वप्ने चिदंशशून्यत्वं जागरे विषयग्रहः।
स्वप्नजागरणातीतमतस्तत्त्वं विदुर्बुधाः।।

दृष्टि जहाँ-कहीं संलग्न होती है, वहीं पर स्थिर होकर धीरे-धीरे नष्ट हो जाती है। चारो ओर फैलाई हुई दृष्टि जब धीरे-धीरे प्रत्याहृत होकर पुनरावर्तित होती है, तब साधक परतत्त्व को स्वयं अपने में देखता है। जैसे सोकर उठा हुआ कोई पुरुष रसादि विषयों

---

१. अमनस्क योग (उत्तरार्ध)।
२. अमनस्क योग।
३. अमनस्क योग।
४. अमनस्क योग (५०-५७)।
५. अमनस्क योग।

का अनुभव करता है, वैसे ही योगनिद्रा के समय योगी जागता ही रहता है, इसीलिए वह 'योगी' कहलाता है—

यथा सुप्तोत्थितः कश्चिद् विषयान् प्रतिपद्यते।
जागर्त्येव ततो योगी योगनिद्राक्षणे तथा।।[१]

जाग्रत-स्वप्न के मध्य की स्थिति ही उन्मनी है—

निद्राजाग्रन्मध्यभागे संविद्भेदान्तरे तथा।
मध्ये संविद्वेद्योश्च सूक्ष्मबुद्ध्याऽभिलक्षय।।

एतत्पदं निजं रूपं यत् प्राप्य न विमुह्यति।
एतदज्ञानमात्रेण प्रवृत्तं जगदीदृशम्।।

मन जहाँ स्थिर होता है, वहीं नष्ट हो जाता है—

स्थिरीभूता च यत्रैव विनश्यति शनैः शनैः।

मन के स्थिर होने पर न तो कोई विधि है और न ही कोई क्रम है—

सदाभ्यासे स्थिरीभूते न विधिर्नैव च क्रमः।

स्थिरीकरण के लिए चिन्तन का त्याग अपरिहार्यतः आवश्यक है; क्योंकि तभी तत्त्व प्रकाशित हो पाता है; अन्यथा नहीं—

न किञ्चिच्चिन्तयेद् योगी औदासीन्यपरो भवेत्।
न किञ्चिच्चिन्तनादेव स्वयं तत्त्वं प्रकाशते।।

इस साधना में थोड़ा-सा भी प्रयत्न नहीं किया जाना चाहिये, संकल्प-कामना नहीं होनी चाहिये एवं अहं-त्वं का बोध भी नहीं होना चाहिये; क्योंकि—

यावत्प्रयत्नलेशोऽस्ति यावत्सङ्कल्पकामना।
अहं त्वमिति सम्प्राप्तिस्तावत्तत्त्वस्य का कथा।।

न रोका गया मन अपनी इच्छा पूरी करके अपने-आप शान्त हो जाता है तथा प्रयत्न-पूर्वक निवारित करने पर भी कभी निवृत्त नहीं होता। मन जब तक तत्त्व प्राप्त नहीं करता, तब तक इधर-उधर भागता रहता है—

दुर्निवार्यं मनस्तद्वद्यावत्तत्त्वं न बिन्दति।

मनोवृत्ति आत्मा में सदा सुस्थिर रहती है—

सदाभ्यासान्मनोवृत्तिस्तदात्मनि।

जो कुछ भी चराचर जगत् है, वह सब मन से दृश्य है। मन का उन्मनीभाव होने पर अद्वैत हो जाता है—

१. अमनस्क योग।

मनोदृश्यमिदं सर्वं यत् किञ्चित्सचराचरम्।
मनसोऽप्युन्मनीभावेऽद्वैतभावः प्रकल्पते।।[1]

योगी को न तो दिन में जागना चाहिये और न ही रात्रि में सोना चाहिये; प्रत्युत उसे तो नित्य रात्रि एवं दिन में सहज तत्त्व में सोना चाहिये—

न दिवा जागरितव्यं स्वपितव्यं नैव रात्रिभागेऽपि।
रात्रावह्नि च सहजे स्वपितव्यं योगिना नित्यम्।।

अमनस्कस्वरूप सहजतत्त्व में स्थित पुरुष के विषय में दिन और रात्रि शब्द हैं ही नहीं; क्योंकि वे जागरण-शयन-वर्जित तथा चिन्मात्रानन्दावस्थित रहते हैं।

ओंकारादि विभिन्न करणों से प्राण का संयोजन, हृदयकमल में ज्योतिश्चिन्तन एवं महाशून्यालम्बन (चित्त का निरालम्बन)— इन सबका मनविभ्रम-निराकरणार्थ अवाच्य अमनस्क का सेवन करना चाहिये—

अवाच्यमेकममनस्कत्वं बुधैः सेव्यताम्।[2]

उन्मनी तो भगवती की पवित्र आख्या भी है—

सर्वयन्त्रात्मिका सर्वतन्त्ररूपा मनोन्मनी।[3]

भ्रूमध्य से अष्टम स्थान ब्रह्मरन्ध्र है और उसके नीचे मनोन्मनी उन्मनी है—

भ्रूमध्यादष्टमं स्थानं ब्रह्मरन्ध्रादधस्तनं मनोन्मनीम्।

उन्मनी का जन्म— सुषुम्नावाहिनि प्राणे सिद्ध्यत्येव मनोन्मनी।[4] स्वच्छन्दतन्त्र में उसका स्वरूप इस प्रकार बताया गया है—

या शक्तिः कारणत्वेन तदूर्ध्वं चोन्मनी स्मृता।
नात्र कालकलामानं न तत्त्वं न च देवता।।

सुनिर्वाणं पदं शुद्धं रुद्रवर्णं तदुच्यते।
शिवशक्तिरिति ख्याता निर्विकल्पा निरञ्जना।।

त्रिपुरोपनिषद् में कहा गया है कि उन्मनीभाव परमपद है—

निरस्तविषयासङ्गं सन्निरुद्धं मनो हृदि।
यदा यात्युन्मनीभावं तदा तत्परमं पदम्।।

उन्मनी मुद्रा— योगशास्त्र में उन्मनी एक मुद्रा भी है। उसका स्वरूप इस प्रकार है—

नेत्रत्रयोन्मेषनिमेषमुक्ते वायुर्यया वर्णितरेचपूरः।
मनश्च सङ्कल्पविकल्पशून्यं मनोन्मनी सा मयि सन्निधत्ताम्।।

बृहन्नारदीय पुराण में कहा गया है—

---

१. अमनस्क योग।
२. अमनस्क योग।
३. ललितासहस्रनाम।
४. सौभाग्यभास्कर।

ध्यानध्यातृध्येयभावो यदा पश्यति निर्भरम्।
तदोन्मनत्वं भवति ज्ञानामृतनिषेवणात्।।

उन्मनी अद्वैतभाव की स्थिति है; क्योंकि—

मनसो ह्युन्मनीभावाद् द्वैतं नैवोपलभ्यते।।[१]

उन्मनी नमस्कार्य है; इसीलिए हठयोगप्रदीपिकाकार कहते हैं—

मनोन्मन्यै नमस्तुभ्यं महाशक्त्यै चिदात्मने।।

स्वात्माराम मुनीन्द्र कहते हैं कि तत्त्व (चित्त) ही बीज है (क्योंकि चित्त ही उन्मनी-रूप अंकुर है)। प्राणापान की एकता रूप हठयोग उसका क्षेत्र है। औदासीन्य जल है। उसी से उन्मनी कल्पलतिका का जन्म होता है—

तत्त्वं बीजं हठ: क्षेत्रमौदासीन्यं जलं त्रिभि:।
उन्मनीकल्पलतिका सद्य एव प्रवर्तते।।[२]

मन-उन्मन लययोग सन्तों में पर्याप्त रूप में मिलता है। मन को उन्मनरूपी परमात्मा में लीन करने से मन निर्मल हो जाता है, सन्त कवि दादूदयाल कहते हैं कि जैसे मैले मन को शुद्ध मन से धोकर स्वच्छ किया जाता है, उसी प्रकार इस मन को उन्मनी में लीन करके पूर्ण निर्मल करना चाहिये। उन्मनी ध्यान एवं उन्मनी मुद्रा— दोनों ही उन्मन योग के लिए आवश्यक हैं। दादूदयाल कहते हैं कि वैरागी योगी सदैव उन्मनी ध्यान में ही लीन रहता है— 'जुगिया बैरागी बाबा रहै अकेला उन्मनी लागा।' मन को अन्तर्मुखी करने पर ही उन्मनी ध्यान लगता है। कबीर कहते हैं कि लोग परमात्मा को बाहर ढूँढ़ने में सारा जीवन नष्ट कर देते हैं; किन्तु उन्मनी ध्यान से उसकी प्राप्ति शरीर के भीतर ही हो सकती है। उन्मन ध्यान ही क्रमश: धीरे-धीरे उन्मन समाधि में परिणत हो जाता है। कबीर कहते हैं कि उन्मनी ध्यान में संलग्न रहने से मन थक गया है। सहज समाधि लग गई है। किसी बात का वर्णन नहीं किया जा सकता। उन्मन ध्यान घर के भीतर ही है— 'बाहर खोजत जनम गँवाया। उन्मन ध्यान घट भीतर पाया।'

उन्मनी ध्यान का साफल्य केवल उन्मनि मुद्रा पर ही आश्रित है। मन का अन्तर्मुखी-करण ही उन्मनी मुद्रा है। कबीर कहते हैं कि साधक को चाहिये कि मन को अन्तर्मुखी करके उन्मनी मुद्रा लगाये। उन्मनी मुद्रा में उन्मन ध्यान करने से मन शून्य में प्रविष्ट हो जाता है। यही 'मन उन्मन लय योग' है। यही 'मन शून्य लय योग' है।

मन-उन्मन योग में मन का परिष्करण आवश्यक है। उन्मनी मुद्रा में मन को अन्तर्मुखी करना होता है। ज्ञान एवं सदाचार के विना मन अन्तर्मुखी हो ही नहीं सकता। मन ज्ञान एवं सदाचार से शुद्ध होने पर उन्मनी ध्यान में लीन हो जाता है। कबीर कहते है कि

---

१. हठयोगप्रदीपिका। २. हठयोगप्रदीपिका।

साधक उन्मनी समाधि में लीन होकर गगन में रसास्वादन किया करते हैं। मन को ब्रह्म-रन्ध्र में केन्द्रित करना मनशून्य योग है। सन्तों की दृष्टि में शून्य में ध्यान का केन्द्रीयकरण ही उन्मनी मुद्रा है।

सन्तों ने भी अगोचरी, भूचरी, चाचरी, खेचरी, शाम्भवी एवं उन्मनी मुद्राओं का उल्लेख किया है। सन्तों के मत में (यथा— सन्त यारी के मत में)—

१. त्रिकुटी में दामिनी जैसी ज्योति पर मन का केन्द्रीयकरण 'चाचरी' मुद्रा है।
२. मस्तक में ज्योति का दर्शन करना 'भूचरी' मुद्रा है।
३. गगनगुफा या ब्रह्मरन्ध्र में ज्योति-ध्यान 'खेचरी' मुद्रा है।
४. शून्य में ध्यान का केन्द्रीयकरण 'उन्मनी' मुद्रा है।

तान्त्रिकों में कुण्डलिनी साधना के अतिरिक्त मुद्रा-साधना भी प्रचलित रही है।[१] कुण्डलिनी को जागृत करने के लिए योगी को सबसे पहले दस मुद्राओं की साधना करनी पड़ती है।

कबीर कहते हैं— 'उन्मुनि रहै ब्रह्म को चीन्है परम तत्त्व को ध्यावै।' 'उन्मनि रहनी' का समस्त विवरण इस प्रकार है—

सन्तो सहज समाधि भली।
आँख न मूँदूँ, कान न रुँधूँ काया कष्ट न धारूँ।
खुले नैन मै हँस हँस देखूँ सुन्दर रूप निहारूँ।
कहूँ सो नाम सुनूँ सो सुमिरन जो कुछ करूँ सो पूजा।
गिरह उद्यान एक सम देखूँ भाव मिटाऊँ दूजा।
जहँ जहँ जाउँ सोई परिकरमा जो कुछ करूँ सो सेवा।
जब सोऊँ सो तब करूँ दण्डवत पूजूँ और न देवा।।[२]

उन्मनी मुद्रा, आज्ञा चक्र एवं ध्यान— शिवसंहिता में ११ मुद्राओं का वर्णन किया गया है। इसमें योनिमुद्रा, महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, जालन्धर, मूलबन्ध, विपरीत-करिणी, उड्डीयानबन्ध, वज्रोली एवं शक्तिचालन का एवं घेरण्डसंहिता में वज्राणी, माण्डवी, ताडागी, शाम्भवी, योनि आदि का वर्णन तो है; किन्तु इन दोनों में उन्मनी मुद्रा का उल्लेख कहीं नहीं किया गया है। हठयोगप्रदीपिका में उन्मनी का उल्लेख निम्न रूपों में किया गया है[३]—

---

१. प्रिंसपल्स आफ तन्त्राज।

२. कहे कबीर यह उन्मुनि रहनी सो परगट कर गाई।

३. हठयोगप्रदीपिका में महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, उड्यान, मूलबन्ध, जालन्धर, विपरीतकरणी, वज्रोली, शक्तिचालन इन १० मुद्राओं का उल्लेख तो है, किन्तु इसमें उन्मनी मुद्रा का उल्लेख नहीं किया गया है।

(क) अवस्था के रूप में मनोन्मनी—

एकं सृष्टिमयं बीजमेका मुद्रा च खेचरी।
एको देवो निरालम्ब एकावस्था मनोन्मनी।। (३.५४)

(ख) राजयोग, समाधि, अमनस्क, सहजा, लय एवं अद्वैत के अर्थ में—

राजयोगः समाधिश्च उन्मनी च मनोन्मनी।
अमरत्वं लयस्तत्त्वं शून्या शून्यं परं पदम्।।

अमनस्कं तथाऽद्वैतं निरालम्बं निरञ्जनम्।
जीवन्मुक्तिश्च सहजा तुर्या चेत्येकवाचकाः।। (४.३-४)

(ग) सुषुम्णा में प्राणसञ्चार की अवस्था के रूप में—

सुषुम्नावाहिनी प्राणो सिद्ध्यत्येव मनोन्मनी।। (४.२०)

(घ) उन्मनी मुद्रा के रूप में (किन्तु १० मुद्राओं में इसका कहीं भी उल्लेख नहीं किया गया है)—

१. तारे ज्योतींषि संयोज्य किञ्चिदुन्नमयेद् भ्रुवौ।
पूर्वयोगं मनो युञ्जन्नुन्मनीकारकः क्षणात्।।

२. केचिदागमजालेन केचिन्निगमसङ्कुलैः।
केचित्तर्केण मुह्यन्ति नैव जानन्ति तारकम्।।

(तारकं = उक्तोन्मन्येव तरणोपायः)

नेत्रों की कनीनिकारूप तारा को ज्योति में (तारों को नासिका के अग्र भाग में) लगाने से उत्पन्न प्रकाशमान तेज में लगाकर भृकुटियों को थोड़ा ऊपर करने से अन्तर्लक्ष्म बहिर्दृष्टि-रूप योग में मन का संयोग उन्मनीकारक अवस्था उत्पन्न करता है। उन्मनीकारक = उन्मन्य-वस्थाकारक।

उन्मनी के विना कोई संसार-सागर से तारने वाला नहीं है— 'उन्मन्येव तरणोपायः' (ज्योत्स्ना)।

(ङ) खेचरी की परिपक्वावस्था के रूप में—

पुरस्ताच्चैव पूर्येत निश्चिता खेचरी भवेत्।
अभ्यस्ता खेचरी मुद्राप्युन्मनी सम्प्रजायते।। (४.४७)

भ्रुवोर्मध्ये शिवस्थानं मनस्तत्र विलीयते।
ज्ञातव्यं तत्पदं तुर्यं तत्र कालो न विद्यते।। (४.४८)

(च) अद्वैतावस्था के रूप में—

मनसो ह्युन्मनीभावाद् द्वैतं नैवोपलभ्यते।। (४.६१)

(छ) उन्मनी अवस्था प्राप्त करने हेतु भ्रूध्यान आवश्यक है—

उन्मन्यवाप्तये शीघ्रं भ्रूध्यानं मम सम्मतम्।। (४.८०)

(ज) चित्त (तत्त्व) बीज है। ह + ठ = खेत है। औदासीन्य = जल है। उन्मनी कल्पलतिका है। उन्मनी = असम्प्रज्ञात समाधि।

(क) शाम्भवी मुद्रा का उपयोग— दक्षिण कान से नादश्रवण (४.६७)।

(ख) पराङ्गमुखी मुद्रा का उपयोग— स्फुट, अमल नाद को सुषुम्णा में सुनना (४.६८)।

उन्मनी अवस्था एवं उसमें स्थित योगी के लक्षण

हठयोगप्रदीपिका में उन्मनी अवस्था में स्थित योगी के निम्न लक्षण दिये गये हैं—

१. शंख, दुन्दुभी आदि की गम्भीर ध्वनियों को भी उन्मन योगी सुन नहीं पाता तथा उसका शरीर काष्ठ के साथ संवेदनहीन एवं स्थिर या निश्चल हो जाता है—

काष्ठवज्जायते देह उन्मन्यावस्थया ध्रुवम्।। (४.१०६)

२. वह समस्त अवस्थाओं से विनिर्मुक्त, सर्वचिन्तातीत तथा मृतक के समान संवेदन-हीन एवं निश्चल हो जाता है।[१]

३. वह काल, कर्म एवं अन्य यन्त्र-मन्त्र के प्रयोगों से अप्रभावित हो जाता है।

४. ऐसा योगी समाधिस्थ होने पर गन्ध, रस, रूप, स्पर्श एवं शब्द को, अपने को, दूसरे को नहीं जानता।

५. वह जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति, स्मृति, उदय एवं अस्त से परे है।[२]

६. वह शीत, ऊष्ण, सुख, दुःख, मान, अपमान किसी की भी संवेदना नहीं रखता।

७. वह जागृतावस्था में भी सुषुप्तवत् रहता है। वह उच्छ्वास-निश्वास से रहित एवं मुक्त होता है।

८. वह समस्त शस्त्रों से अवध्य होता है। वह समस्त प्राणियों द्वारा अशक्य (अग्राह्य) होता है। सभी मन्त्रों एवं यन्त्रों की पकड़ से पर होता है।[३]

क्रममुद्रा

क्रमसूत्रों में लिखा गया है कि अन्तःस्वरूप क्रममुद्रा के द्वारा बहिर्मुख होने पर भी साधक समाधिस्थ ही रहता है। वहाँ पहले बाह्य से अन्तः में प्रवेश होता है तथा आभ्यन्तर से बाह्य स्वरूप में भी प्रवेश समाधिबल से सम्पन्न होता है। इस प्रकार यह मुद्राक्रम बाह्य एवं आभ्यन्तर से संयुक्त होता है—

'क्रममुद्रया अन्तःस्वरूपया बहिर्मुखः समाविष्टो भवति साधकः। तत्रादौ बाह्यात् अन्तःप्रवेशः आभ्यन्तरात् बाह्यस्वरूपे प्रवेशः आवेशवशात् जायते इति सबाह्याभ्यन्तरोऽयं मुद्राक्रमः।'[४]

१-३. हठयोगप्रदीपिका। ४. प्रत्यभिज्ञाहृदयम् में उद्धृत।

आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं हंसः अमुकि देव्याः प्राणा इह प्राणाः आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं हंसः अमुकि देव्याः जीव इह स्थितः। आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं हसः अमुकि देव्याः सर्वेन्द्रियाणि वाङ्मनश्चक्षुःश्रोत्र-घ्राणप्राणा इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा।

देवी के वाम या दक्षिण भाग में प्राणादि ग्रासमुद्राओं का प्रदर्शन किया जाना चाहिए—

प्राण मुद्रा— दाहिने हाथ की उँगलियों को कुछ वक्राकार करके उनके अग्रभाग को एक-दूसरे से संलग्न करे।

अपान मुद्रा— तर्जनी एवं मध्यमा तथा अंगुष्ठ को संयुक्त करे।

व्यान मुद्रा— मध्यमा, अनामिका एवं अंगुष्ठ को संलग्न करे।

उदान मुद्रा— कनिष्ठा को छोड़कर शेष चार उँगलियों को संलग्न करे।

समान मुद्रा— अंगुष्ठादि को छोड़कर शेष चार उँगलियों को संलग्न करे।[१]

शाम्भवी मुद्रा और उसका विशेष महत्त्व

घेरण्डसंहिता, हठयोगप्रदीपिका, अमनस्क योग आदि योग के तान्त्रिक एवं नाथपन्थी अनेक ग्रन्थों में शाम्भवी मुद्रा को कुलवधू की भाँति सम्माननीय एवं उसकी तुलना में वेदों एवं शास्त्रों को घृणित वेश्याओं की भाँति लज्जास्पद कहा गया है—

वेदशास्त्रपुराणानि सामान्यगणिका इव।
एकैव शाम्भवी विद्या गुप्ता कूलवधूरिव।।

इसे समस्त शास्त्रों में गुप्त कहा जाता है—

एषा हि शाम्भवी मुद्रा सर्वशास्त्रेषु गोपिता।।

शाम्भवी मुद्रा केवल मुद्रामात्र नहीं है; प्रत्युत यह शक्ति है। शाम्भवी मुद्रा आदि शक्ति 'उमा' है। गोरक्षनाथ कहते हैं—

आदिशक्तिरुमा चैषा मत्तो जन्मवती पुरा।

यह भगवतीस्वरूपा तो है ही; साथ ही साक्षात् भगवान् शिव से उत्पन्न भी हुई है—

मत्तो जन्मवती पुरा।

यह वह रहस्यमयी एवं गोपनीय से भी गोपनीय विद्या है, जिसे किसी सामान्य व्यक्ति को दिया भी नहीं जा सकता। इसे केवल अधिकारी व्यक्ति ही प्राप्त करने का अधिकारी है; अन्य नहीं—

गुह्यात् गुह्यतरा विद्या न देया यस्य कस्यचित्।

इस शाम्भवी मुद्रा का ज्ञान जिस किसी भी अञ्चल या देश में विद्यमान है, वह देश भी धन्य एवं पुण्यशाली है—

१. शाक्तानन्दतरङ्गिणी। २-३. अमनस्कयोग।

एतज्ज्ञानं वसेद् यत्र स देशः पुण्यभाजनम्।

उस प्रदेश के दर्शन एवं स्पर्श से व्यक्ति २१ पुश्तों सहित मुक्ति प्राप्त कर लेता है—

दर्शनात् स्पर्शनात्तस्य त्रिसप्तकुलसंयुताः।
जना मुक्तिपदं यान्ति किं पुनस्तत्परायणाः।।[१]

शाम्भवी मुद्रा और आज्ञाचक्र का महत्त्व

आधुनिक विज्ञान की दृष्टि में आज्ञा चक्र के महत्त्व का विश्लेषण—

१. स्नायु-विज्ञानियों के परीक्षणों से ये तथ्य सामने आये हैं कि आज्ञाचक्र के स्थान में 'आप्टिक चि आज्मा' के समीप की कोशिकाओं से निरन्तर एलेक्ट्रो मैग्नेटिक तरंगें निकलती रहती हैं। इनकी क्षमता एक्सरे एवं लेसर आदि किरणों से भी अधिक मानी जाती है। वे संकल्प से परिचालित एवं नियन्त्रित होती हैं। वे कठोर से कठोर अवरोधों को पार करके सुनिर्दिष्ट स्थानों में जा सकती हैं। आज्ञाचक्र की सूक्ष्म विद्युत् तरंगों द्वारा परोक्ष जगत् का साक्षात्कार भी हुआ करता है।

२. इस चक्र में स्थित विद्युत् तरंगें केवल परोक्ष जगत् का साक्षात्कार ही नहीं करातीं; प्रत्युत इनकी सहायता से किसी भी व्यक्ति की मनःस्थिति— भावना, कल्पना, इच्छा, आकांक्षा आदि के विषय में यथार्थ अनुमान भी लगाया जा सकता है।

३. अपनी ही नहीं; प्रत्युत इस तृतीय नेत्र की सहायता से दूसरों की अभिरुचि को भी परिवर्तित किया जा सकता है।

४. इस आज्ञाचक्रस्थ तृतीय नेत्र के द्वारा अदृश्य सहायकों (Invisible helpers) भूत, प्रेत एवं पितरों से भी सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

५. मनोविज्ञान के प्रयोगों ने सिद्ध किया है कि यह वह केन्द्र है, जिसके द्वारा दिव्य दर्शन, दिव्य श्रवण, दूरदर्शन, भूत-भविष्य का ज्ञान, पूर्वाभास, दूरानुभूति, विचार-सम्प्रेषण जैसे कार्य सिद्ध किये जा सकते हैं।

६. इस केन्द्र से निःसृत सूक्ष्म भाव-तरंगों द्वारा सम्मोहन जैसे कार्य भी सम्पन्न किये जा सकते हैं।

७. ध्यानयोगी यह मानते हैं कि इसी स्थान पर ध्यान केन्द्रित करने से आत्म-साक्षात्कार, ईश्वरानुभूति एवं आदान-प्रदान आदि कार्य भी सम्पन्न किये जा सकते हैं। इसके माध्यम से सामान्य व्यक्ति भी (इस केन्द्र को जागृत करके) परमसत्ता के साथ एकाकार हो सकता है।

८. नये विकासवादी वैज्ञानिक कहते हैं कि प्राचीन काल में मस्तिष्क के मध्य

---
१. अमनस्कयोग।

दोनों भौंहों के मध्य एक तृतीय नेत्र था; किन्तु बाद में वह ग्रन्थि के रूप में रूपान्तरित हो गया। पीनियल ग्रन्थि तृतीय नेत्र का ही परिवर्तित स्वरूप है। यह ग्रन्थि अपने अन्दर अनन्त रहस्यों को छिपाये हुये है। एक या दो मिलीग्राम की यह विलक्षण रचना शरीर के विकास एवं उसकी हलचलों में बहुत बड़ी भूमिका निभाती है।

९. ध्यानयोग की क्रिया में विभिन्न ध्यानकेन्द्रों को जागृत करने के लिए भी इस केन्द्र पर ध्यान एकाग्र किया जाता है।

१०. यदि केन्द्र असन्तुलित हो जाय तो असमय शारीरिक प्रौढ़ता का आना, जननांगों का शीघ्रता से बढ़ना, ग्रन्थि के हारमोनों के विकास में अवरोध आना, शरीर-मस्तिष्क का विकास बन्द हो जाना आदि अनेक समस्यायें उत्पन्न हो जाती हैं।

११. वैज्ञानिक शोध ने यह भी सिद्ध किया है कि जीव-जन्तु इस तृतीय नेत्र का उपयोग (अपने दैनिक कार्यों में) उसी प्रकार करते हैं, जैसे सामान्य मनुष्य अपनी दो आँखों का उपयोग करते हैं। वे समय, दिशा, मौसम एवं प्रकृति की अन्य घटनाओं का भी अनुमान इसी केन्द्र से करते हैं।

१२. ठण्ढे रक्त वाले प्राणियों में इस केन्द्र की कोशिकायें थर्मोस्टेट का काम करती हैं और शरीर का तापक्रम सन्तुलित रखने हेतु (जैसे कि गर्मी में ठण्ढे एवं ठण्ढ़क में गर्म स्थानों में जाकर तापक्रम नियन्त्रण में रख़ने हेतु) भी इसी केन्द्र से निर्देश प्राप्त होते हैं।

१३. पश्चिमी जर्मनी के वैज्ञानिक शोध सिद्ध करते हैं कि यह केन्द्र (तृतीय चक्षु) कुतुबनुमा का भी कार्य निष्पादित करता है। पशु-पक्षी इसी कुतुबनुमा द्वारा दिशा का अनुमान लगाते हैं। पृथ्वी-चुम्बकत्व एवं जैव चुम्बकत्व— दोनों के तरंगों की गति समान है। इसी के द्वारा साइबेरिया के आव्रजक पक्षी आस्ट्रेलिया आकर पुन: साइबेरिया लौट जाते हैं। मानव में यह अंग निरर्थक हो गया है; किन्तु योग से इसे जागृत करके इसकी विलक्षण क्षमताओं को प्राप्त किया जा सकता है।

कवि गेटे को इस केन्द्र की शक्ति जाग्रत हो गई तो उन्होंने देखा कि मेरे स्थान वाइम्नर से हजारों मील सुदूर सिसली में एक भयानक भूकम्प आया है। उसने इस बात को अपने मित्रों को बताया। किसी ने विश्वास तो नहीं किया; किन्तु समाचारपत्रों से पता चला कि घटना सही थी।

नैन्सी नामक अंग्रेज महिला ने जिन्ना की पारसी पत्नी द्वारा आत्महत्या कर लेने एवं पूर्वी पाकिस्तान के टूट कर पृथक् होने की जो भविष्यवाणी की थी, उस पर किसी ने विश्वास तो नहीं किया; किन्तु बाद में वह घटना घटी।

१४. आज्ञाचक्रगत शाम्भवी मुद्रा लगाने या भ्रूमध्य में ध्यान लगाने से पूर्वजन्मों

में किये गये कर्मों का भी स्मरण हो जाता है—

ध्यानयोगनिरतस्य जायते पूर्वजन्मकृतकर्मणां स्मृतिः।[1]

१५. आज्ञाचक्रवर्तिनी शाम्भवी मुद्रा या भ्रूमध्य ध्यान से दूरदर्शन एवं दूरश्रवण नामक सिद्धियाँ भी प्राप्त हो जाती है—

क्षेत्रबिन्दुनिलये च दूरतो दर्शनश्रवणयोः समर्थता।[2]

१६. शाम्भवी मुद्रागत इस ध्यान द्वारा प्रतिमा में स्थित देवी-देवता से वार्तालाप भी होता है—

इह सन्निहितस्वचित्तवृतिः प्रतिमायाः प्रतिजल्पनं करोति।

१७. भ्रूद्वय के मध्य में निरालम्बा मुद्रा लगाने पर योगी स्वर्ग एवं नक्षत्रसमूह को देखता है और साथ ही वह विष्णु के पद्माकाश को भी देखता है—

निरालम्बां मुद्रां निजगुरुमुखेनैव विदितामिह
स्थाने कृत्वा स्थिरनिशितधीः साधकवरः।
सदाभ्यासोऽश्वस्यत्यमरनिलयानन्तरखिला-
नुडुश्रेणीं विष्णोरपि पदमुडूनामपि पतिम्।।[3]

१८. यहाँ ध्यान लगाने वाला योगी समस्त देववन्दित ब्रह्मा एवं विष्णु को, प्रेताधिप, वारिप, देवाधिप, देवनिकाय, सूर्य, वह्नि, पवन, तार्क्ष्य, यक्षेश्वर, गन्धर्व, किन्नर, सिद्ध-समूह, यक्ष, राक्षस, अनेक भव्याकृतियाँ, दिव्य दृश्य, कान्तिकलाकलापकलित विद्याधर, मातृका, राक्षस, उत्तुंग तरंग वाली तथा जलमयी कल्लोलिनी (स्वर्ग गंगा), स्वर्ण पर्वत, उत्तुंग पीवरपयोधरभार से नम्र (झुकी हुई) अप्सराओं का समूह, पर्वत, विभिन्न दिशायें, कुरंगादि शोभित रमणीय अरण्य, जलहस्ती, राजहंस, वकपंक्ति, नवीन मेघ, विद्युत्, महान् सुख एवं परमेश्वर आदि सभी को देखता है— 'स्थानेऽस्मिन् परमेश एष भगवान् व्यक्तो भवत्यव्ययः' और वह योगी वेदान्तवेद्य पुराणपुरुष में लयीभूत हो जाता है—

दीव्यन्तं परमं पुराणपुरुषं वेदान्तवेद्यं कविम्।
विश्वाद्यं प्रविशन्ति सन्ततमहानन्दैककन्दं विभुम्।।[4]

१९. इस परम तेजस्वरूप आज्ञाचक्र को देखने पर परमोत्कृष्ट सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं—

चिन्तयित्वा परां सिद्धिं लभते नात्र संशयः।[5]

२०. इस स्थान का ध्यान करने से पूर्व जन्म के सम्पूर्ण कर्म नष्ट हो जाते हैं—

पूर्वजन्मकृतं कर्म विनश्येदविरोधतः।

---

१. त्रिपुरासारसमुच्चय (नागभट्ट)।
२. त्रिपुरासारसमुच्चय।
३. त्रिपुरासारसमुच्चय।
४. त्रिपुरासारसमुच्चय।
५. शिवसंहिता।

यक्ष, राक्षस, गन्धर्व, अप्सरा एवं किन्नर आदि उसके वशीभूत होकर उसके चरणों की सेवा करते हैं।

यक्षराक्षसगन्धर्वा अप्सरोरगकिन्नराः।
सेवन्ते चरणं तस्य सर्वे तस्य वशानुगाः।।

जो इस पद्म का स्मरण करता हुआ प्राणत्याग करता है, वह परमात्मा में विलीन हो जाता है—

त्यजेत् प्राणं स धर्मात्मा परमात्मनि लीयते।

शिवसंहिता में शाम्भवी मुद्रा का सर्वाधिक महत्त्वांकन करते हुए उसे कुलवधू एवं उनकी तुलना में वेदों, शास्त्रों एवं पुराणों को वेश्या कहा गया है—

वेदशास्त्रपुराणानि सामान्यगणिका इव।
इयं तु शाम्भवी मुद्रा गुप्ता कुलवधूरिव।।[1]

शाण्डिल्योपनिषद् (१.४८) में कहा गया है कि इड़ा नाड़ी से वायु को आकृष्ट करके भ्रूमध्य में धारण करने पर जो अमृत-क्षरण होता है, उसका पान करके साधक रोगनिवृत्त हो जाता है—

आत्मन्यात्मानमिडया धारयित्वा भ्रुवोन्तरे।
विभेद्य त्रिदशाहारं व्याधिस्थोऽपि विमुच्यते।।

आसन एवं प्राणायाम के अभ्यास में आज्ञाचक्र की साधना

आसन एवं प्राणायाम के अभ्यास में भी आज्ञाचक्र की साधना का विधान है। गोरक्ष-पद्धति (१.११) में कहा गया है कि सिद्धासन में भ्रूमध्य दृष्टि रखकर साधना करनी चाहिये। सिद्धासन में भ्रूमध्य में दृष्टि रखकर ही जप करने का विधान किया गया है—

बद्धपद्मासनो योगी नमस्कृत्य गुरुं शिवम्।
भ्रूमध्ये दृष्टिरेकाकी प्राणायामं समभ्यसेत्।।

भ्रूमध्य का स्थान सोम (इड़ा), सूर्य (पिंगला) एवं अग्नि (कुण्डलिनी) का संगम है; इसीलिये इसे त्रिकूट पर्वत भी कहा गया है।

वाराहोपनिषद् (५.६३) के अनुसार जब नासापुटद्वय से समाकृष्ट वायु को सोम-सूर्याग्नि-सम्बन्ध से कुण्डल्यग्नि आज्ञाचक्र में ग्रस लेती है, तब प्राणादि के लय हो जाने पर जो स्फूर्ति प्राप्त होती है, वह अमृतप्रदा होती है—

पुटद्वयं समाकृष्य वायुः स्फुरति सत्वरम्।
सोमसूर्याग्निसम्बन्धात् जानीयादमृताय वै।।

ध्यानबिन्दूपनिषद् (३८.४०) में कहा गया है कि भ्रूमध्य ब्रह्मोपलब्धि का मूल

---

१. शिवसंहिता (३.६०)।

स्थान होने के कारण ब्रह्मायतन एवं अमृतस्थान है। इसीलिये उसमें यहीं पर प्राणालय का विधान किया गया है।

यहाँ कहा गया है कि जिस प्रकार मनुष्य पद्मनाल की सहायता से धीरे-धीरे जल पीने के लिए ऊर्ध्वाकर्षण करता है, उसी प्रकार योगी मूलाधार में अपान के साथ ऐक्य-भावापन्न वायु को ऊर्ध्वमुखी बनाकर सुषुम्णा मार्ग से अनाहतपाथोज से होकर भ्रूमध्य में ले जाय एवं वहीं उसे लयीभूत कर दे—

यथैवोत्पलनालेन तोयमाकर्षयेन्नरः।
तथैवोत्कर्षयेद् वायुं योगी योगपथे स्थितः।।

अर्धमात्रात्मकं कृत्वा कोशमूलं तु पङ्कजम्।
कर्षयेन्नालमात्रेण भ्रुवोर्मध्ये लयं नयेत्।।

भ्रूमध्ये ललाटे तु नासिकायास्तु मूलतः।
जानीयादमृतस्थानं तद् ब्रह्मायतनं महत्।।

योगकुण्डल्योपनिषद् (३.७-८) में कहा गया है कि बैन्दवस्थान में केवल कुम्भक के द्वारा प्राणरोध किया जाना चाहिये।

शाण्डिल्योपनिषद् (१.७.३४) में कहा गया है कि तारकयोग के अभ्यास से भ्रूमध्य में तारक ज्योति के दर्शन होने पर चित्तवृत्ति के शान्त हो जाने पर प्राणस्पन्दन निरुद्ध हो जाता है।

घेरण्डसंहिता (५.८२) में कहा गया है कि कुम्भक प्राणायाम के अभ्यास में मन को भ्रूमध्य में केन्द्रित करने से मन मूर्च्छित होकर वृत्तिशून्य हो जाता है। इसे मनोमूर्च्छा कुम्भक प्राणायाम कहा जाता है और यह योगियों को भी आनन्द प्रदान करता है—

सुखेन कुम्भकं कृत्वा मनश्च भ्रुवोरन्तरे।
सन्त्यज्य विषयान् सर्वान् मनोमूर्च्छा सुखप्रदा।।

आज्ञाचक्र को खेचरगति, अमृतक्षरण, प्राण एवं मन का निरोध, मन का केन्द्र, ॐकार का स्थान, दिव्यदृष्टि एवं सम्प्रज्ञात समाधि की प्राप्ति का केन्द्र होने के कारण योगशास्त्र में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान माना जाता है। इसके अनेक साधना-केन्द्र हैं—

१. नाभि एवं उसके नीचे के केन्द्र— ऐन्द्रिय बोध एवं शारीर चेतना के केन्द्र।

२. हृदयस्थ अनाहत चक्र— भावप्रधान साधना के लिये उपयुक्त केन्द्र।

३. अनाहत एवं आज्ञाचक्र— चेतना के ऊर्ध्वारोहण हेतु हृदय एवं उसके ऊर्ध्ववर्ती केन्द्रों का अभ्यास किया जाता है।

४. धारणा, ध्यान, मनोलय, ॐकारोपासना हेतु ज्ञानमार्गियों का यही साधनाकेन्द्र है।

जब कुण्डलिनी शक्ति भ्रूमध्य में प्रवेश कर जाती है तब तालुचक्रस्थित चन्द्रमा

से अमृतक्षरण होता है, जिनका पान खेचरी मुद्रा द्वारा किया जाता है।

भैरवी तन्त्र में कहा गया है कि योगी पद्मासन लगाकर बैठे, नेत्रों को यत्किञ्चित् संकुचित करके भौंहों को भी थोड़ा सिकोड़े, दृष्टि एवं मन को भ्रूमध्य में स्थिर करे, मूलाधारस्थ कुण्डलिनी शक्ति को सुषुम्णा मार्ग से भ्रूमध्य में लाकर वहाँ समासीन देवता (अर्धनारी-नटेश्वर) के साथ युक्त कर दे, वाम नासा के मार्ग से शनैः-शनैः वायु को आकर्षित करके भ्रूमध्य में धारण करे और फिर दक्षिणवर्ती नासिका के मार्ग से रेचन क्रिया करे। यही अन्तर्याग है—

वामेनानिलमाकृष्य किञ्चिदाकुञ्चयेद् भ्रुवम्।
रेचयेद् भानुमार्गेण जिह्वां तालुगतां चरेत्।।
शक्तिं शिवपदे योज्य किञ्चिदाकुञ्चितेक्षणम्।
अन्तर्यागमिदं देवि! कथितं गुरुभिः क्रमात्।।

योगशिखोपनिषद् (५.५५) में कहा गया है कि जितेन्द्रिय योगयुक्त योगी आकाश (भ्रूमध्य से मूर्धापर्यन्त) में चित्त को धारण करने से अणिमादि सिद्धियाँ प्राप्त कर लेता है।

दर्शनोपनिषद् (७.१०-१२) एवं शाण्डिल्योपनिषद् (१.८.२) में कहा गया है कि वायु-धारणात्मक प्रत्याहार-साधना में भ्रूमध्य भी वायु-धारण करने का एक केन्द्र है। प्रत्याहार के इस विधान में— स्वस्तिकासन में निश्चल भाव से समासीन होना, दोनों नासापुटों द्वारा वायु को आकर्षित करना, शरीर को आपादमस्तक वायु से परिपूरित करना, फिर आरोहावरोह क्रम से वायु को धारण करना पड़ता है।

५. आरोहक्रम में दोनों पैर, मूलाधार, नाभिकन्द, हृदय, कण्ठमूल, तालु, भ्रूमध्य, ललाट एवं मूर्धा में वायु धारण की जाती है।

५. अवरोहक्रम में मूर्धा, ललाट, भ्रूमध्य आदि से नीचे आते हुये पादद्वय में आकर वायु-धारण समाप्त की जाती है।

योगतत्त्वोपनिषद् (९८.१०२) में कहा गया है कि भ्रूमध्य से ऊर्ध्वप्रदेश में आकाश तत्त्व की धारणा की जाती है।

मुद्रातत्त्व एवं साधना

मुद्रा

स्वरोदय शास्त्र में मुद्राप्रयोग का भी विधान है। इसमें सर्पमुद्रा का उल्लेख करते हुए कहा गया है—

आदौ तु क्रियते मुद्रा पश्चात् युद्धं समाचरेत्।
सर्पमुद्रा कृता येन तस्य सिद्धिर्न संशयः।।

इस प्रकार शिवस्वरोदय में युद्ध के पहले मुद्रा-ग्रहण का विधान किया गया है।

कुलार्णवतन्त्र में कहा गया है कि चूँकि यह साधनात्मिका क्रिया देवताओं को आह्लादित करती है और उनके मन को द्रवित करने की क्षमता रखती है; इसीलिए इसे मुद्रा कहा जाता है और इसे अवश्य प्रदर्शित करना चाहिए—

मुदं कुर्वन्ति देवानां मनांसि द्रावयन्ति च।
तस्मान्मुद्रा इति ख्याता दर्शितव्या कुलेश्वरि।।

ऋजुविमर्शिनी-टीका में शिवानन्द ने मन्त्र एवं मुद्रा को ज्ञान एवं क्रिया से सम्बद्ध माना है। वे कहते हैं— 'मन्त्रमुद्राशब्देन ज्ञानक्रिये लिलक्षयिषिते।'

सुभगोदयवासना (३५) में भी इसी तथ्य की पुष्टि करते हुए कहा गया है—

ज्ञानक्रियासतत्त्वेन मन्त्रमुद्राक्रमेण तु।

शिवानन्द कहते हैं कि मन्त्र एवं मुद्रा ज्ञानशक्ति एवं क्रियाशक्ति के रूपान्तर हैं। स्वच्छन्दतन्त्र (४.३७५) में इसी तत्त्व की सुस्पष्ट रूप में पुष्टि भी की गई है—

मन्त्रो वै ज्ञानशक्तिश्च मुद्रा चैव क्रियात्मिका।

नेत्रतन्त्र में भी आत्मस्वरूपाभिव्यक्ति के साधनत्रय में मुद्रा को भी एक साधन माना गया है। ये साधनत्रय हैं— मन्त्र, ध्यान एवं मुद्रा।

शिवस्वरोदय में अरुन्धती, ध्रुव, विष्णुपद तथा मातृमण्डल आदि का भी वर्णन किया गया है; जिनका सम्बन्ध मुद्रा एवं धारणा से है; यथा—

अरुन्धती = जिह्वा का अग्र भाग। ध्रुव = नासिकाग्रभाग (अगोचरी मुद्रा)। विष्णुपद = भृकुटिद्वय। तारा = चक्षुपुत्रिका (मातृमण्डल)।

अरुन्धती भवेज्जिह्वा ध्रुवो नासाग्रमेव च।
भ्रुवो विष्णुपदं ज्ञेयं तारकं मातृमण्डलम्।।

शिवस्वरोदय में षण्मुखी मुद्रा का भी विधान किया गया है।

शिवानन्द 'मुद्रा' शब्द की व्याख्या करते हुए इसको इस प्रकार परिभाषित करते हैं कि ये ग्रहादि के दुष्परिणामों से रक्षा करती हैं और पापसमूह को विगलित करती हैं, द्रावण करती हैं; अतः 'मुद्रा' कहलाती हैं— मुद्रा नाम काश्चन शक्तयः। उक्तं च—

मोचयन्ति ग्रहादिभ्यः पाशौघं द्रावयन्ति च।
मोचनं द्रावणं यस्मान्मुद्रास्ताः शक्तयो मताः।।[1]

मोचन एवं द्रावण नामक व्यापारों से युक्त क्रिया ही मुद्रा है।

आचार्य शिवानन्द की दृष्टि— मन्त्रादि की साधना के काल में उँगलियों का विशिष्ट सन्निवेशमात्र ही मुद्रा नहीं है, प्रत्युत इन मुद्राओं के प्रदर्शन से इन मुद्राओं से सम्बद्ध शक्तियों का जो आविर्भाव होता है, वह भी 'मुद्रा' पद के अर्थ में सन्निविष्ट है।

तन्त्रालोक (३२.१-२) में श्रीदेवीयामल के प्रमाण के आधार पर यह प्रतिपादित किया गया है कि मुद्राओं में परमात्मा या परा शक्ति का परस्वरूप प्रतिबिम्बित रहता है। चूँकि मुद्रा देह के माध्यम से साधक को आत्मा के स्वस्वरूपरूप 'मुदा' प्रदान करती है; अतः इसे 'मुद्रा' कहा जाता है—

मुदं स्वरूपलाभाख्यं देहद्वारेण चात्मनाम्।

मुद्रा के कार्य— मुद्रा के तीन कार्य होते हैं—

१. नाड़ियों का शोधन।

२. चन्द्रमा एवं सूर्य (अपान एवं प्राण) का चालन।

३. रसना का शोषण (सहस्रार से द्रवित चन्द्रामृत का पान)।

शोधनं नाड़िजालस्य चालनं चन्द्रसूर्ययोः।
रसनाशोषणं कुर्यान्महामुद्राऽभिधीयते।।[2]

'शिवसंहिता' में कहा गया है कि मुद्रा बन्धन का अभ्यासारम्भ करने के पूर्व आधार-पद्म में मन को वायु के साथ लगाना एवं भरना चाहिए—

आदौ पूरकयोगेन स्वाधारे पूरयेन्मनः।

मुद्रासाधन का फल— जो मुद्रासाधन करते हैं; उन्हें निम्न फल प्राप्त होता है—

१. वृद्धावस्था नहीं आती।

२. मृत्यु का भय जाता रहता है।

३. अग्नि, जल एवं पर्वत का भी भय नहीं रहता।

तस्य नो जायते मृत्युर्नास्य जरादिकं तथा।
नाग्निजलभयं तस्य वायोरपि कुतो भयम्।।

---

१. नित्याषोडशिकार्णव। २. विवेकमार्तण्ड।

मुद्रा-साधक को निम्न लाभ भी होते हैं—

कासः श्वासः प्लीहकुष्ठं श्लेष्मरोगाश्च विंशतिः।
मुद्राणां साधनाच्चैव विनश्यन्ति न संशयः।।

अर्थात् मुद्रा-साधकों को कास रोग, श्वास रोग, प्लीहा रोग, कुष्ठ रोग एवं श्लेष्मा रोग नहीं होते।

मुद्रायें सभी सिद्धों को अत्यन्त प्रिय रही हैं और ये जरा-मरण की नाशिका हैं—

वल्लभं सर्वसिद्धानां जरामरणनाशनम्।

घेरण्ड ऋषि तो कहते हैं कि पृथ्वीमण्डल में मुद्रा के समान सिद्धिप्रद और कोई नहीं है—

नास्ति मुद्रासमं किञ्चित् सिद्धिदं क्षितिमण्डले।

किन्तु मुद्रा प्राप्त करने के अधिकारी सभी लोग नहीं हुआ करते। इसके अधिकारी तो केवल निम्न अधिकार प्राप्त व्यक्ति ही होते हैं—

१. ऋजुप्रकृति	३. गुरुभक्त
२. शान्तचित्त	४. कुलीन

ऋजवे शान्तचित्ताय गुरुभक्तिपराय च।
कुलीनाय प्रदातव्यं भोगमुक्तिप्रदायकम्।।

शिवसंहिता में इसे गोपनीय, योगसिद्धिकर और सिद्धों का परम दुर्लभ योग कहा गया है—

अधुना कथयिष्यामि योगसिद्धिकरं परम्।
गोपनीयं सुसिद्धानां योगं परमदुर्लभम्।
रात्यर्पयति यत्तेन मुद्रा शास्त्रेषु वर्णिता।।

योगिनीहृदय (१.५७) में कहा गया है कि भगवती संवित् शक्ति ही क्रियाशक्ति के स्वरूप में जगत् का मोदन एवं द्रावण नामक द्विविध व्यापार निष्पादित करती हुई 'मुद्रा' कहलाती हैं—

क्रियाशक्तिस्तु विश्वस्य मोदनाद् द्रावणात्तथा।
मुद्राख्या सा यदा संविदम्बिका त्रिकलामयी।।

द्रावण = द्रावणं नाम तदेकरसीभावः। दीपिकाकार कहते हैं—

यदा विमर्शशक्तिः विश्वरूपेण विहर्तुमिच्छति तदा क्रियाशक्तिर्भूत्वा स्वविकारभूतस्य विश्वस्य परचिदानन्दलक्षणेन मोदनेन तदैकरस्यलक्षणेन द्रावणेन च मुद्राख्यामापन्नेत्यर्थः।

भाव यह है कि विमर्शशक्ति ही क्रियाशक्ति का स्वरूप धारण करके परचिदानन्दात्मक आनन्द के द्वारा तथा ऐकरस्यस्वरूप द्रावण के द्वारा 'मुद्रा' नामक आख्या ग्रहण कर लेती है।

द्रावण क्या है? तदैकरस्यं द्रावणम् (सेतुबन्ध में उद्धृत)।

आचार्य विद्यानन्द ने अर्थरत्नावली में मुद्रा के दो भेद किए हैं— बाह्य, कररचनास्वरूपा एवं आन्तर, बन्धस्वरूपा।

'खेचरी' भी एक मुद्रा है। शिवानन्द ने उसके तीन भेद उद्घाटित किए हैं—

उँगलियों के सन्निवेश या विरचनाविशेष द्वारा सुनिर्मित, बोधगगनचारिता एवं संस्थान-विशेषानुसरणरूपा।

स्वच्छन्दागम में तो सभी मुद्राओं के तीन स्वरूप स्वीकार किये गए हैं। आचार्य क्षेम-राज भी इसी की पुष्टि में कहते हैं—

मनोजा गुरुवक्त्रस्था वाग्भवा मन्त्रसम्भवा।
देहोद्भवाङ्गविक्षेपैर्मुद्रेयं त्रिविधा स्मृता।।

तन्त्रालोक में मुद्रा को चतुर्विध घोषित किया गया है। जयरथ ने इसकी व्याख्या के प्रसंग में कहा है—

अङ्गुलिन्यासभेदेन करजा बहुमार्गगा।
सर्वावस्थास्वेकरूपा वृत्तिर्मुद्रा च कायिकी।।

मन्त्रतन्मयता मुद्रा विलापाख्या प्रकीर्त्तिता।
ध्येयतन्मयता मुद्रा मानसी परिकीर्तिता।।

मुद्राओं के जो दो भेद हैं; उनमें उंगलियों के सन्निवेशविशेष से निर्मित मुद्राओं का अनेक नामों, अनेक प्रकारों, अनेक स्व-स्वरूपों एवं अनेक शास्त्रों में सविस्तार वर्णन किया गया है। इनमें बन्धस्वरूपा या संस्थान-विशेष का अनुसरण करने वाली ये क्रियायें मुद्रा एवं बन्ध दोनों नामों से हठयोगप्रदीपिका आदि अनेक योगग्रन्थों में सविस्तार वर्णित हैं।

खेचरी आदि मुद्राओं का सविस्तार विवेचन त्रिकदर्शन में भी प्राप्त होता है। मालिनी-विजयोत्तरतन्त्र (सप्तमोऽधिकार) में कहा गया है कि मुद्रायें शिव-शक्ति के स्वरूपान्तर हैं—

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि मुद्राख्याः शिवशक्तयः।

मालिनीविजयोत्तर तन्त्र में ही मुद्राओं के भेद एवं उनके नाम भी कहे गये हैं।

मुद्रासम्बन्धिनी दार्शनिक दृष्टि— तान्त्रिक दर्शनों के अनुसार शिव की शक्ति ही शारीर-चेष्टाओं के रूप में प्रकट होती है। अतएव मुद्रा शिव-शक्ति की आख्या है। अभिनव-गुप्तपाद ने तन्त्रालोक में मुद्रा के अनेक प्रकारों का उल्लेख किया है; यथा— मनोजा मुद्रा (गुरुमुख-श्रव्य), वाग्भवा मुद्रा, मन्त्रजा मुद्रा। देह के विक्षेप से मुद्रा के अनेक भेद हो जाते हैं।

देवाख्ययामल में मुद्रा को विम्ब (चैतन्य) का प्रतिविम्ब माना गया है। जब शरीर में श्रम की स्फुरणा होती है तब शरीर में कुछ विचित्र परिवर्तन होते हैं और ये परिवर्तन

ही मुद्रायें हैं। अतः मुद्रा से विम्ब का उदय हो सकता है—

१. मुद्राबिम्बोदयो नाम्ना। (तन्त्रालोक आ०-३२)

२. प्रतिबिम्बोदयो मुद्रा। (तन्त्रालोक)

३. बिम्बात्समुदयो यस्या इत्युक्ता प्रतिविम्बिता।
विम्बस्य यस्या उदय इत्युक्ता तदुपायता।। (तन्त्रालोक)

मुद्रा ब्रह्म को जानने का साधन है।

मुद्रा की दूसरी व्याख्या यह है कि मुद्रा वह पद्धति है, जिससे देवता भी द्रवित हो उठते हैं। देवता मुद्राप्रदर्शन से प्रसन्न हो उठते हैं। यह अशेष पाशों से मोचन (मुक्ति) कराती है; इसलिए भी यह मुद्रा है—

१. इत्याशयेन मुद्रा मोचयते पाशजालतोऽशेषात्।
कार्याय यान्पुर्यष्टकसंस्कारान्द्रावयेत्तथा।। (तन्त्रालोक)

२. यह स्वरूपोद्घाटन कराती है, स्वरूपलाभ कराती है; इसलिए भी मुद्रा कहलाती है—

मुदं स्वरूपलाभाख्यं देहद्वारेण चात्मनाम्।
रात्यर्पयति यत्तेन मुद्रा शास्त्रेषु वर्णिता।।

(मु = स्वरूपलाभ। द = शरीर द्वारा। राति = प्रदान करता है। मोदयति इति मुद्रा। द्रावयति इति मुद्रा।)[१] मुद्राओं में मुख्य मुद्रा खेचरी मुद्रा है। त्रिशूलिनी, क्रोधना, भैरवी, महाप्रेता, ज्वालिनी, करिङ्कणी, क्षोभिणी, ध्रुवा, योगमुद्रा एवं लेलिहानिका आदि अनेक मुद्रायें हैं। शरीर की दृष्टि से देखें तो काममुद्रा, करमुद्रा, वाक् मुद्रा एवं चित्तमुद्रा आदि अनेक मुद्रायें हैं। वाणीमुद्रा मन्त्रोच्चारण से सम्बन्ध रखती है। चितमुद्रा का अर्थ अन्तःकरण में प्रवेश है। करमुद्रा अङ्गुलियों की विविधात्मक न्यासपद्धति है। काममुद्रा शरीर को एक स्थिति में स्थापित करने की प्रक्रिया है।

मुद्रा में मानसिक स्थिति— योगी मूलाधार से शक्ति को उद्रिक्त करके नाभिदेश में मन को निविष्ट करता है। उसे चाहिए कि वह वहीं पर मन को बार-बार अवरुद्ध करके इड़ा एवं पिंगला की वायु को मध्य मार्ग में समाविष्ट करे। बिन्दु, नाद एवं ब्रह्मरन्ध्र नामक तीनों आकाशों तक प्राण को ले जाकर कुम्भक के द्वारा प्राण को रोककर पुनः शक्ति (व्यापिनी की पूर्व स्थिति), व्यापिनी एवं समना— इन तीन आकाशों को अतिक्रान्त करके उन्मनावस्था की दिशा में अग्रपद होना चाहिए और अन्ततः परम शिव में लयीभूत हो जाना चाहिए।[२]

द्वितीय पद्धति यह है कि नाद, बिन्दु, वायु एवं ब्रह्मरन्ध्र की क्रमिक स्थिति में आरोहण करना चाहिए। मूलाधार चक्र से नाद, बिन्दु एवं शक्ति— इन तीनों आकाशों में मन को

१. अभिनवगुप्तपाद : तन्त्रालोक।

२. यही गगनचारित्व एवं परमव्योम की स्थिति है।

सन्निविष्ट करके और पुनः इनका वेधन करके शिवत्व की सम्प्राप्ति करनी चाहिए—

ध्वनिज्योतिर्मरुद्युक्तं चित्तं विश्रम्य चोपरि।
अनेनाभ्यायोगेन शिवं भित्वा परं व्रजेत्।।[१]

त्रिशूलिनी मुद्रा— दोनों हाथों को कण्ठ के नीचे स्थापित करके वाम चरण को दक्षिण चरण पर स्थापित करना चाहिए। कनिष्ठिका एवं मध्यमा से नासिका के छिद्रों को विदीर्ण करना चाहिए और अनामिका तथा तर्जनी से भ्रूभंग को कुञ्चित करना चाहिए तथा मन्त्र पढ़ते हुए जिह्वा का चालन्न करते हुए 'हा हा हा हा' करना चाहिए।

यदि ब्रह्मरन्ध्र में इस त्रिशूल मुद्रा का प्रयोग किया जाय तो योगी पृथ्वी छोड़ देता है और रस में सम्मिलित रस की भाँति शिव में लीन हो जाता है।

खेचरी मुद्रा निष्कला मुद्रा है। अनेक मुद्रायें इसी के विभिन्न प्रकार हैं। आवेशरहित मुद्रा यथार्थ मुद्रा नहीं है। देह का विकार भी मुद्रा नहीं है। निष्कलावस्था में स्थित योगी खेचरी मुद्रा में स्थित रहता है।

स्वरोदय शास्त्र और मुद्रा

'शिवस्वरोदय' स्वरोदयशास्त्र का ग्रन्थ है। उसमें अनेक मुद्राओं के ग्रहण करने का विधान किया गया है। उसमें षण्मुखी मुद्रा की पद्धति का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि मुख, नासिका, नेत्र, कान को अपनी अंगुलियों से बन्द करके सक्रिय तत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करनी अर्थात् तत्त्वों को उदित करना ही षण्मुखी मुद्रा कहलाता है—

मुखनासाक्षिकर्णान्तानङ्गुलीभिर्निरोधयेत् ।
तत्त्वोदयमिति ज्ञेयं षण्मुखीकरणं प्रियम्।।[२]

शिवस्वरोदयोक्त मुद्रायें हैं— सर्पमुद्रा (२३९), षण्मुखी मुद्रा (३८२), अगोचरी आदि एवं धारणायें हैं— अरुन्धती, ध्रुव, विष्णुपद, मातृमण्डल आदि।

इसमें कहा गया है कि सर्वप्रथम मुद्रा का ग्रहण करना चाहिए– 'आदौ तु क्रियते मुद्रा'। इसे युद्ध करने के पूर्व धारण करना अनिवार्यवत् माना गया है; क्योंकि कहा भी गया है—

आदौ तु क्रियते मुद्रा पश्चाद्युद्धं समाचरेत्।।

तान्त्रिक बौद्धसाधना और मुद्रा

तान्त्रिक बौद्ध जिसे 'मुद्रा' कहते हैं, वह शक्ति का ही बाह्य रूप या उसकी बाह्याभिव्यक्ति हैं। इसके चार प्रकार हैं— कर्ममुद्रा, धर्ममुद्रा, महामुद्रा एवं समयमुद्रा।

गुरु-दीक्षा लेने के बाद साधक को साधना हेतु प्रज्ञा ग्रहण करनी पड़ती है। प्रज्ञा ही

---

१. तन्त्रालोक। २. शिवस्वरोदय (३८२)।

मुद्रा या नायिका है। यह विवाह जैसी क्रिया है। इसके पश्चात् अभिषेक की क्रिया सम्पन्न की जाती है। फिर साधक एवं मुद्रा दोनों मण्डल में प्रविष्ट होते हैं और योगक्रिया निष्पन्न की जाती है।

कर्ममुद्रा— यह एक प्रारम्भिक क्रिया है। कर्म पद काय, वाक् एवं चित्त की चिन्तादि रूप क्रिया है। इस मुद्रा के अन्तर्गत क्षण के चार भेद एवं आनन्द की चार श्रेणियाँ अन्तर्भुक्त हैं। उन चार क्षणों के नाम हैं— विचित्र, विपाक, विलक्षण और विमर्द।

धर्ममुद्रा— यह धर्मधातुस्वरूप है। यह सहजस्वभाव है और प्रवाह की दृष्टि से नित्य है। इस मुद्रा में अज्ञान एवं भ्रान्ति पूर्णतया निवृत्त हो जाती है। मध्य नाड़ी = सुषुम्णा नाड़ी = ब्रह्मनाड़ी ही ज्ञान एवं योग का मार्ग है। आगमिक बौद्ध दर्शन इड़ा-पिंगला को 'प्रज्ञा' एवं 'उपाय' कहकर इसी सुषुम्णा नाड़ी को 'अवधूती' कहता है और इसका ही नामान्तर है—धर्ममुद्रा। प्रज्ञा और उपाय की सूचक नाड़ियों को बौद्ध 'ललना' एवं 'रसना' कहते थे। तथता के अवतरण का यह उत्कृष्ट मार्ग है। यही 'मध्यमा प्रतिपत्' भी है। इसके अभ्यास से निरोध का साक्षात्कार होता है। इस मार्ग में ग्राह्य एवं ग्राहक विकल्प निवृत्त हो जाते हैं।

महामुद्रा— महामुद्रा तृतीय मुद्रा है। यह नि:स्वभाव है। यहाँ आवरणों के सारे प्रकार नष्ट हो जाते हैं। यह नभवत् स्वच्छ एवं समस्त सम्पत्तियों का निधान है। यह निर्वाणस्वरूप है। इस अप्रतिष्ठित मानस की अवस्था में अकल्पित संकल्पों का उन्मेष होता है। यह 'अस्मृत्य मनसिकार' नाम वाली पूर्ण निरालम्बावस्था है।

समयमुद्रा— यह तान्त्रिक बौद्ध में चतुर्थ मुद्रा के रूप में स्वीकृत है। यह अचिन्त्य-स्वरूपा मुद्रा है। इस अवस्थाविशेष में विश्वकल्याणार्थ स्वच्छ 'सम्भोग काय' एवं 'निर्माण काय' स्वरूप वाला होकर 'वज्रधर' स्फुरित होता है। तिब्बती बौद्ध इस विश्वकल्याणकारी स्वरूप को 'हेरुक' कहते हैं। समयमुद्रा महामुद्रा का फल है।

योगी गोरक्षनाथ ने भी गोरखबानी (२७५) में अनेक मुद्राओं का उल्लेख किया है; जो कि तत्कालीन योगि-सम्प्रदाय में प्रचलित थीं—

नासिका अग्रे भ्रूमण्डले अहनिस रहिबा थीरं।
माता गरभि जनम न आयबा, बहुरि न पीयवा खीरं।।

'दर्शन' कानों की मुद्रा है। गोरक्षनाथ कहते हैं—

दरसण माई दरसण बाप दससण माहीं आपै आप।
या दरसण का कोई जाणै भेव सो आपै करता आपै देव।।

मुद्राभ्यास का उद्देश्य

योगियों का कथन है कि अनादि सुषुप्ता कुण्डलिनी शक्ति को जागृत करने के लिए

मुद्राभ्यास करना चाहिए—

तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम्।
ब्रह्मद्वारमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत्।।

मुद्रासाधना का महत्त्व

ऋषि घेरण्ड कहते हैं कि मुद्रायें इतनी मूल्यवान हैं कि इनकी साधना से समस्त सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं। यह ज्ञान परम गुह्य ज्ञान है; अतः इसका उपदेश भी सभी को करना निषिद्ध है। ये मुद्रायें योगियों को परम प्रिय हैं और देवताओं के लिए दुर्लभ हैं—

मुद्राणां पटलं देवि! कथितं तव सन्निधौ।
येन विज्ञातमात्रेण सर्वसिद्धिः प्रजायते।।

गोपनीयं प्रयत्नेन न देयं यस्य कस्यचित्।
प्रीतिदं योगिनां चैव दुर्लभं मरुतामपि।।

ग्रन्थान्तर में भी इसी की पुष्टि की गई है—

मुद्राणां दशकं रूपं ह्येतद्व्याधिविनाशकम्।
देवेशि! कथितं दिव्यमष्टैश्वर्यप्रदायकम्।।

वल्लभं योगिनामेतद् दुर्लभं मरुतामपि।
गोपनीयं प्रयत्नेन यथा रत्नकरण्डकम्।
कस्यचिन्नैव वक्तव्यं कुलस्त्रीसुरतं यथा।।

सारांश यह कि मुद्रायें व्याधियों को विनष्ट करती हैं और दिव्य ऐश्वर्यों (अणिमा। लघिमा, गरिमा, महिमा, प्राप्ति, ईशित्व, वशित्व, प्राकाम्य आदि) को प्राप्त कराती हैं। ये परम गोपनीय हैं और देवों को भी अप्राप्य हैं।

मुद्राभ्यास की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

भारतीय दर्शनशास्त्रों में सांख्यदर्शन प्राचीनतम दर्शन है, जो कि बुद्ध के आविर्भाव से भी पूर्व था। कपिल इसी सांख्य दर्शन के उद्भावक थे। स्वयं कपिल ऋषि भी मुद्राओं का अभ्यास किया करते थे—

महामुद्रां प्रवक्ष्यामि तन्त्रेऽस्मिन् मम वल्लभे।
यां प्राप्य सिद्धा सिद्धिं च कपिलाद्याः पुरागताः।।

मुद्राओं के प्रकार

हठयोगप्रदीपिका में मुद्राओं के निम्नांकित प्रकार बताए गए हैं—

१. महामुद्रा	३. महावेध	५. उड्यान	८. विपरीतकरणी	९. वज्रोली
२. महाबन्ध	४. खेचरी	६. मूलबन्ध	७. जालन्धरबन्ध	१०. शक्तिचालन

महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्च खेचरी।
उड्यानं मूलबन्धश्च बन्धो जालन्धराभिधः।।

करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्तिचालनम्।
इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशनम्।।

घेरण्डसंहिता में मुद्राओं के २५ प्रकार बताए गए है; जो निम्नांकित हैं—

१ महामुद्रा	६. महावेध	११. माण्डवी	१६. काकी
२. नभोमुद्रा	७. खेचरी	१२. शाम्भवी	१७. योनि
३. उड्डीयान	८. विरीतकरणी	१३. पञ्चधारणा	१८. मातंगी
४. जालन्धर	९. शक्तिचालिनी	१४. अश्विनी	१९. वज्राली
५. मूलबन्ध	१०. ताड़ागी	१५. पाशिनी	२०. भुजङ्गिनी

इन उल्लिखित मुद्राओं की संख्या तो २० ही है; फिर भी मुद्राओं की संख्या २५ ही कही गई है—

महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डीयानं जलन्धरम्।
मूलबन्धं महाबन्धं महावेधश्च खेचरी।।

विपरीतकरिणी योनि वज्राली शक्तिचालिनी।
ताडागी माण्डवी मुद्रा शाम्भवी पञ्चधारणा।।

अश्विनी पाशिनी काकी मातङ्गी च भुजङ्गिनी।
पञ्चविंशति मुद्रा वै सिद्धिदाश्चेह योगिनाम्।।

मुद्रा की संख्या २५ कहने का कारण यह है कि पञ्चधारणा नामक मुद्रा के ५ भेद हैं; अतः मुद्राओं की कुल संख्या २५ हो जाती है। पञ्चधारणारूप मुद्रा के पाँच भेद हैं— पार्थिवी धारणा, आम्भसी धारणा, वैश्वानरी धारणा, वायवी धारणा एवं नभो धारणा।

शिवसंहिता में मुद्राओं के मात्र १० भेद बताए गए हैं; जो महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, जालन्धरबन्ध, मूलबन्ध, विपरीतकरिणी, उड्डियानबन्ध, वज्रोली एवं शक्तिचालन के नाम से जाने जाते हैं।

हठयोगप्रदीपिका में वर्णित १० मुद्राओं की ही शिवसंहिता में भी यथावत् स्वीकृति है।

मालिनीविजयोत्तर तन्त्र में मुद्राओं के २६ प्रकार बताए गए हैं।

गोरक्षनाथ ने गोरखबानी में मुद्रा का प्रतीकात्मक अर्थ भी ग्रहण किया है। वे कहते हैं कि मैंने चन्द्र एवं सूर्य (इड़ा-पिंगला) नाड़ियों को मूँद लिया अर्थात् सुषुम्णा का मार्ग खोल दिया। यही मेरी मुद्रा है— 'चन्द्र-सूर नीं मुद्रा कीन्हीं' (गो० बा०-११०)।

मालिनीविजयोत्तर तन्त्र के अनुसार मुद्राओं का नाम और उनका स्वरूप निम्नानुसार है—

त्रिशूलं च तथा पद्मं शक्तिश्चक्रं सवज्रकम्।
दण्डदंष्ट्रे महाप्रेता महामुद्रा खगेश्वरी।।

महोदया कराला च खट्वाङ्गं सकपालकम्।
हलं पाशाङ्कुशं घण्टा मुद्गरस्त्रिशिखोऽपरः।।

आवाहस्थापनीरोधा द्रव्यदा नतिरेव च।
अमिता योगमुद्रेति विज्ञेया वीरवन्दिते।।

इनमें त्रिशूल एवं पद्ममुद्रा का स्वरूप इस प्रकार है—

त्रिशूलमुद्रा— तर्जनीमध्यमानामा दक्षिणास्यप्रसारिताः।
कनिष्ठाङ्गुष्ठकाक्रान्तास्त्रिशूलं परिकीर्तितम्।।

पद्ममुद्रा— पद्माकारौ करौ कृत्वा पद्ममुद्रां प्रदर्शयेत्।

शक्तिमुद्रा— सम्मुखौ प्रसृतौ कृत्वा करावन्तरिताङ्गुली।
प्रसृते मध्यमे लग्ने कौमार्यः शक्तिरिष्यते।।

वज्रमुद्रा— कनिष्ठाङ्गुष्ठकौ शिलष्टौ शेषाः स्युर्मणिबन्धगाः।
वज्रमुद्रेति विख्याता चैन्द्री सन्तोषकारिका।

दण्डमुद्रा— ऊर्ध्वप्रसारितो मुष्टिर्दक्षिणोऽङ्गुष्ठगर्भगः।
दण्डमुद्रेति विख्याता वैवस्वतकुलप्रिया।।

दंष्ट्रामुद्रा— वामतो वक्रगां कुर्याद्वाममुष्टेः कनिष्ठिकाम्।
दंष्ट्रेयं कीर्तिता देवि! चामुण्डा कुलनन्दिनी।।

इन मुद्राओं के प्रदर्शन या प्रयोग से मान्त्रिक की रक्षा होती है और उसे मन्त्रसिद्धि प्राप्त होती है।

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि मुद्राख्याः शिवशक्तयः।
याभिः संरक्षितो मन्त्री मन्त्रसिद्धिमवाप्नुयात्।।[१]

मालिनीविजयोत्तर तन्त्र में २६ प्रकार की मुद्राओं का उल्लेख करते हुए उनके स्वरूप की व्याख्या की गई है। वे निम्नांकित हैं—

१. त्रिशूल	७. दंष्ट्रा	१२. कराला	१७. अंकुश	२२. रोधा
२. पद्म	८. महाप्रेत	१३. खट्वांग	१८. घण्टा	२३. द्रव्यदा
३. शक्ति	९. महामुद्रा	१४. कपाल	१९. त्रिशिख मुद्गर	२४. नति
४. चक्र	१०. खगेश्वरी	१५. हल	२०. आवाह	२५. अमृता
५. वज्र	११. महोदया	१६. पाश	२१. स्थापिनी	२६. योगमुद्रा
६. दण्ड				

१. मालिनीविजयोत्तरतन्त्र।

तन्त्रालोक (३२.५-६) में करंकिणी, क्रोधना, भैरवी, लेलिहानिका आदि मुद्राओं को खेचरी का विस्तार कहा गया है।

१. करङ्किणी : ज्ञानसिद्धों की मुद्रा
२. क्रोधिनी : मन्त्रसिद्धों की मुद्रा
३. भैरवी : मेलापसिद्धों की मुद्रा
४. लेलिहाना : शाक्तसिद्धों की मुद्रा
५. खेचरी : शाम्भवसिद्धों की मुद्रा

→ विज्ञानभैरव, क्रमदर्शन, चिद्गगनचन्द्रिका, महार्थमञ्जरी आदि ग्रन्थों में उल्लिखित।

मुद्रा के १० या २५ भेद

शिवसंहिता/हठयोग प्रदीपिका में प्रतिपादित १० मुद्रायें

महामुद्रा महाबन्ध महावेध खेचरी जालन्धर
मूल विपरीतकरणी उड्डियान वज्रोली शक्तिचालन

गोरक्षशतक के अनुसार ५ मुद्रायें

महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डियानमुद्रा जालधरबन्ध मूलबन्ध

घेरण्ड ऋषि के अनुसार २५ मुद्रायें

महा नभो उड्डियान जालन्धर मूलबन्ध महावेध खेचरी विपरीतकरणी योनि
वज्राली शक्तिचालिनी ताड़ागी माण्डवी शाम्भवी पञ्चधारणा अश्विनी पाशिनी काकी
मातङ्गी भुजङ्गिनी पार्थिवी आम्भसी आग्नेयी वायवी आकाशी

गोरक्षनाथ के योगबीज की दृष्टि— वायु को वश में करने वाले श्रेष्ठतम बन्ध तीन हैं— मूलबन्ध, उड्डियानबन्ध एवं जालन्धरबन्ध।

प्रथमो मूलबन्धस्तु द्वितीय उड्डियानकः।
जालन्धरस्तृतीयस्तु लक्षणं कथयाम्यहम्।।

योगबीज में उड्डियान, जालन्धर आदि को मुद्रा के रूप में नहीं; प्रत्युत बन्ध के रूप में निरूपित किया गया है।

गोरक्षशतक में गोरक्ष-दृष्टि— 'गोरक्षशतक' में गोरक्षनाथ ने मुक्तिदा मुद्राओं में केवल ५ मुद्राओं का नामोल्लेख किया है और उन्हें योगबीज की भाँति बन्ध नहीं; प्रत्युत 'मुद्रा' कहा है। वे इसी तारतम्य में खेचरी मुद्रा के स्वरूप की भी विवेचना कर गए हैं; किन्तु नभोमुद्रा के रूप में—

महामुद्रां नभोमुद्रां उड्डियानं जलन्धरम्।
मूलबन्धश्च यो वेत्ति स योगी मुक्तिभाजनम्।।

इसके बहुत आगे ६४ वें श्लोक में खेचरी मुद्रा का उल्लेख किया गया है और महामुद्रा का स्वरूप— विवेचन करने के बाद ही खेचरी मुद्रा का स्वरूप-निर्वचन बड़े विस्तार के साथ किया गया है। इसका विवेचन अगली छब्बीस अर्धालियों में विस्तार-पूर्वक किया गया है। यथा—

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी।।

चित्तं चरति खे यस्माज्जिह्वा चरति खे गता।
तेनैव खेचरी मुद्रा सर्वसिद्धैर्नमस्कृता।।

इसी तारतम्य में गोरक्षनाथ ने नभोमुद्रा का भी नामोल्लेख किया है—

खेचर्या मुद्रितं येन विवरं लम्बिकोर्ध्वत:।
न तस्य सरते बिन्दु: कामिन्यालिङ्गितस्य च।।

यावद् बिन्दु: स्थितो देहे तावन्मृत्युभयं कुत।
यावद् बद्धा नभोमुद्रा तावद् बिन्दुर्न गच्छति।।

पाशुपत शास्त्र में कायिकी मुद्रा प्रतिपादित हुई है। इस तथ्य को व्याख्याकार जयरथ ने उद्धृत किया है। आचार्य महेश्वानन्द महार्थमञ्जरी की ५१वीं गाथा में मुद्रा की विवेचना करते हुए कहते हैं कि परमात्मा की स्वात्मविमर्शस्वरूपिणी शक्ति ही मुद्रात्मिका है। जिस अवस्था में सा्ति योग-प्रचलित अष्ट महासिद्धियों के सौभाग्य को तिरस्कृत करने वाले ऐश्वर्यस्वरूप परात्म-विमर्श के आनन्द के उत्कर्ष की परमाह्लादिनी शक्ति व्यक्त होती है या स्वानुभूति के रूप में अभिव्यक्त होती है, वही परमात्मा की पूजा मुद्रा है—

आशान्दुल्लाससिरी छुल्लइददृमहसिद्धिसोहम्गा।
दीसइ जत्थ दसाए सोच्चिअ देवस्स सव्वमुद्दाओ।।

(आनन्दोल्लासश्री: क्षुल्लकिताष्टमहासिद्धिसौभाग्या।
दृश्यते यत्र दशायां सैव देवस्य सर्वमुद्रा।।)

महेश्वरानन्द परिमल में मुद्रातत्त्व की व्याख्या करते हुए कहते हैं— 'यस्यामवस्थायां देवस्य क्रीडाविजिगीषाद्यनेकप्रकारस्वातन्त्र्यसारत्वात् पूज्यपूजकत्वोभयस्वभावसामरस्यशालिन: परमेश्वरस्य स्वविश्रान्तिलक्षणमानन्दं प्रति य उल्लास: तथा परामृश्यमानतया स्फुरत्ता तस्या: श्री: तद्वदुपर्युपर्यनुस्यूतिलक्षणा प्ररूढिर्दृश्यते निर्विवादमपरोक्षीक्रियते, सैव सर्वा करङ्किण्यादय: संक्षोभिण्यादयोऽन्यथा वा प्रसिद्धास्तास्ता मुद्रा इत्यवगन्तव्यम्।'

सारांश यह कि परमेश्वर की स्वविश्रान्तिस्वरूप आनन्द के प्रति जो उल्लास है और परामृश्यमान स्वरूप में जो स्फुरत्ता है, उसकी 'श्री' की अपरोक्षानुभूति ही मुद्रा है; जो कि बाह्य रूप में बाह्य मुद्रा के रूप में भी प्रदर्शित की जाती है। अणिमा, गरिमा, महिमा,

प्रकाम्य, ईशित्व, वशित्व, प्राप्ति एवं कामावसायित्व के रूप में जो अष्ट सिद्धियाँ हैं, वे भी इसी 'श्री' एवं परमाह्लादिनी विमर्शशक्ति (आनन्द शक्ति) की अभिव्यक्तियाँ हैं और यही आनन्द शक्ति पूजानुगत मुद्रा का यथार्थ स्वरूप है।

अभिनवगुप्तपादाचार्य का मत— तन्त्रालोक में अभिनवगुप्तपादाचार्य कहते हैं—

मुद्राप्रदर्शनं पश्चात्कायेन मनसा गिरा। (१५.२५९)

जयरथ इसकी व्याख्या करते हुए कहते हैं कि भैरव के साक्षात्कार हेतु मुद्राओं का प्रदर्शन आवश्यक है। भगवान् शिव देवी पार्वती से कह रहे हैं कि हे महादेवी! भैरव की इन मुद्राओं का प्रदर्शन भी इस अवसर पर आवश्यक है। आवाहन, पूजन तथा विसर्जन की मुद्रायें पृथक्-पृथक् होती हैं। ये उन्हीं अवसरों पर यथानुरूप प्रदर्शित भी की जाती हैं—

एता मुद्रा महादेवि! भैरवस्य प्रदर्शयेत्।
आवाहने पूजनान्ते तथा चैव विसर्जने।।

'ननु एवं स्वात्मनि भैरवीभाव: कृतो भैरवस्य सन्निधिनिमित्तमवश्यप्रदर्शनीया मुद्रा:' (जयरथ : विवेक)।

इन मुद्राओं का प्रदर्शन आवाहन, पूजा के अन्त में तथा विसर्जन के समय करना चाहिए।

मुद्राओं का प्रदर्शन केवल शरीर से ही नहीं; प्रत्युत तीन प्रकार से करना चाहिए; वे इस प्रकार हैं— कायिक, मानसिक एवं वाणीगत।

मुद्राप्रदर्शनं पश्चात्कायेन मनसा गिरा। (अभिनव०)

मनोजा गुरुवक्त्रस्था वाग्भवा मन्त्रसम्भवा।
देहोद्भवाङ्गविक्षेपैर्मुद्रेयं त्रिविधा स्मृता।।

(क) मनोजा मुद्रायें— मन से उत्पन्न (मानसिक अनुसन्धान से उद्भूत) ही मनोजा मुद्रायें कहलाती हैं।

(ख) वाग्भवा मुद्रायें— गुरुमुख में स्थित और वाणी के माध्यम से व्यक्त होने वाली मुद्रायें वाग्भवा मुद्रायें कहलाती हैं। वाग्भवा मुद्रायें मन्त्रसम्भवा भी मानी जाती हैं।

(ग) देहोद्भवा मुद्रायें— ये आंगिक होती हैं। ये उँगलियों के विक्षेप से उद्भूत होती हैं। इन आंगिक एवं विक्षेपमयी आकृतियों से शाक्तस्पन्द में विशेषोल्लास उदित होता है। इस प्रकार मनोजा, वाग्भवा एवं देहोद्भवा— तीन प्रकार की मुद्रायें होती हैं।

मुद्राओं का आदर्श स्वरूप

मुद्रानामक पूजा-व्यापार शिव-शक्तिरूप ही है— 'मुद्राख्य: शिवशक्तय:' मुद्राओं का प्रदर्शन शरीर, मन एवं वाणी— तीनों से करना चाहिए। इन मुद्राओं को मन से

निष्पादित करने का भी शास्त्रों में विधान है। मुद्राओं को शिव एवं शक्ति का स्वस्वरूप मानकर ही उनका मन में भक्तिपूर्वक स्मरण करना चाहिए।

बौद्धों की तान्त्रिक साधनाओं में भी मुद्राओं का प्रयोग किया जाता है।

बौद्धतन्त्रों की मुद्रायें

बौद्ध तान्त्रिक साधना में मुद्रा का अर्थ नारी से सम्बद्ध है। अभिषेक में भी नारियों का होना अनिवार्य माना जाता है। ये नारियाँ मुद्रा कही जाती हैं। मुद्रा (नारी शक्ति) द्वारा साधक अपने भीतर निहित शक्तियों को जाग्रत किया करता है। यहाँ साधक परम-तत्त्व शिव एवं मुद्रा (नारी) शक्ति तत्त्व का प्रतीक है। मुद्राओं को विद्या भी कहा गया है। इन विद्याओं (मुद्राओं) के निम्न प्रकार हैं—

१. भागिनेया
२. दुहित्री
३. भगिनी
४. जननी
५. भार्या की जननी
६. मातुल की पत्नी
७. पितृव्य पत्नी
८. पिता की भगिनी
९. स्वमातृ भगिनी
१०. स्वभार्या

अन्य दस विद्यायें निम्नवत् हैं—

१. शूद्री
२. क्षत्रिणी
३. ब्राह्मणी
४. वेश्या
५. डोम्बी
६. कैवर्ती
७. नटी
८. रजकी
९. चर्मकारी
१०. चाण्डाली

साधक को इन १० विद्याओं को गुरु को समर्पित करने का तान्त्रिक विधान है। गुरु तारा, पाण्डरा, मामकी, लोचना, स्पर्शवज्रा, रसवज्रा, रूपवज्रा, गन्धवज्रा आदि देवियों की भी शिष्यों से पूजा कराता है तथा गुरु साधक को उसकी अपनी पत्नी के साथ या चाण्डाली आदि अन्य मुद्राओं के साथ साधना करने का आदेश देता है।

इन मुद्राओं के प्रतीकार्थ भी हैं। ये १० मुद्रायें ही १० साधना भूमियों की भी प्रतीक हैं, जो निम्नांकित हैं—

१. प्रमुदिता
२. विमला
३. प्रभाकरी
४. अर्चिष्मती
५. सुदुर्जया
६. अभिमुखी
७. दुरङ्गका
८. अचला
९. धर्मामेध्या

नारी को प्रज्ञापारमिता का स्वरूप माना गया है।[1]

अद्वयवज्र 'अद्वयवज्रसंग्रह' में कहते हैं कि गुह्य क्रिया (रति कर्म) से प्रज्ञा एवं उपाय दीप्त हो उठते हैं— प्रज्ञोपायगुह्याभ्यां दीप्यत।

सेकोद्देश्य टीका में मुद्रा को मांसल नारी के रूप में स्वीकार करके कलशाभिषेक,

---

१. सेकोद्देश्य टीका।

गुह्याभिषेक एवं प्रज्ञाभिषेक का विधान किया गया है और कहा गया है कि 'तत्स्तुष्टो गुरुर्लोकसंवृत्या स्वनस्पर्शनं कारयति, स्वमुद्रायास्तेन कलषाभिषेक: स एव। ततो गुह्य-पूजा कृत्वा शिष्यामृतं ददाति, मुद्रारविन्दं चालोकयति तेन गुह्याभिषेको भवति।।'

मुद्रा, आनन्द और क्षण

तन्त्रशास्त्र में चार मुद्रायें मानी गई हैं— कर्ममुद्रा, धर्ममुद्रा, महामुद्रा एवं समयमुद्रा।

कर्ममुद्रा— इसमें आदि अभिषेक की क्रियायें एवं विधि-निषेध तथा कर्म-विपाक, वैचित्र्य एवं वैविध्य सभी अन्तर्भुक्त हैं।

ये मुद्रायें शारीरिक चेष्टाओं की अपेक्षा पित्त की आन्तरिक भूमियाँ अधिक हैं।

अद्वयवज्रसंग्रह में कहा गया है— 'कर्ममुद्रा-कर्म या काय वाक् चित्त चिन्ता तत्प्रधाना मुद्रा कल्पनास्वरूपा तस्यां कर्म्ममुद्रायां आनन्दा जायन्ते।

धर्ममुद्रा— निष्प्रपञ्चा, निर्विकल्पा, अकृत्रिमा, उत्पादरहिता, करुणास्वभावा, परमा-नन्दैकसुन्दरोपायभूता। यह है— 'निस्तरङ्गशून्यता करुणाभिन्ना।'

महामुद्रा— अविकल्पितसङ्कल्प अप्रतिष्ठित मानस।
अस्मृत्य मनसिकार निरालम्ब नमोऽस्तु ते।।

इसमें ज्ञाता-ज्ञान-ज्ञेय आदि की त्रिपुटी नष्ट हो जाती है, अत: यह निर्वाणस्वरूपिणी है।

समयमुद्रा— समयमुद्रा सम्यक् सम्बोधि प्राप्त करने की अवस्था है। इस अवस्था में मन्त्र, जप, तप, होम, मण्डल आदि के सारे विधान निरर्थक एवं अप्रयोज्य माने जाते हैं—

न मन्त्रजापो न तपो न होमो न माण्डलेयं न च मण्डलं च।
स मन्त्रजाप: स तप: स होम: तन्माण्डलेयं न च मण्डलं च।।

धर्ममुद्रा में ज्ञान-प्राधान्य रहता है; अत: उसमें वैलक्षण्य एवं स्थैर्य दोनों रहते हैं। महामुद्रावस्था में संसार के समस्त पदार्थ अप्रतिष्ठ हो जाते हैं और शुद्धाद्वैत ज्ञान का उन्मेष होता है। विना महामुद्रा के कर्ममुद्रा निष्कल रहती है। अन्ततः समयमुद्रा या सहजमुद्रावस्था काम्य रहती है। इसमें योगी स्वरूपावस्थान प्राप्त कर लेता है।

शृणु देवि! प्रवक्ष्यामि मुद्रा: सर्वार्थसिद्धिदा:।
याभिर्विरचिताभिस्तु सम्मुखा त्रिपुरा भवेत्।। (३.२)

शिवानन्द ने ऋजुविमर्शिनी में मुद्रा की व्याख्या में दो परिभाषायें प्रस्तुत की हैं—

मोचयन्ति ग्रहादिभ्य: पाशौघं द्रावयन्ति च।
मोचनं द्रावणं यस्मान्मुद्रास्ता: शक्तयो मता:।। (सेकोद्देश)

द्रावणात् पाशजालस्य तत्परस्य च मोचनात्।
मुद्रापीठमिति प्रोक्तं कामरूपं नमाम्यहम्।। (सं० प०)

शिवानन्द कहते हैं कि मुद्रायें तो अनिर्वचनीय आध्यात्मिक शक्तियाँ हैं— 'मुद्रा नाम काश्चन शक्तयः।'

त्रिखण्डा मुद्रा त्रिपुरा के आह्वान हेतु प्रसुक्त होती है। प्रथम मुद्रा सर्वसंक्षोभकारिणी कहलाती है। मुद्रायें निम्नांकित हैं—

प्रथमा मुद्रा : सर्वसंक्षोभकारिणी मुद्रा
द्वितीया मुद्रा : सर्वविद्राविणी मुद्रा
तृतीया मुद्रा : त्रैलोक्याकर्षिणी मुद्रा
चतुर्थी मुद्रा : सर्वावेशकरी मुद्रा
पञ्चमी मुद्रा : उन्मादिनी मुद्रा
षष्ठी मुद्रा : महांकुशाख्या मुद्रा
सप्तमी मुद्रा : खेचरी मुद्रा[1]
अष्टमी मुद्रा : बीज मुद्रा
नवमी मुद्रा : योनि मुद्रा

अंगुलिविरचनात्मा बोधगगनचारिता कलात्मा उद्योगात्मा संस्थानविशेषा-नुसरणरूपा

खेचरी मुद्रा

१. चिबुकं योजयित्वा तु षोडशस्वरमण्डले।
चन्द्रसूर्यनिरोधेन मूलशक्तिनिकुञ्चनात्।
रसनामन्तरा कृत्वा अनच्के धारयेन्मनः।
एष सा खेचरी ध्याता उन्मनात्वं प्रयच्छति।।

२. चिबुककण्ठसमायोगात् प्रविकास्य शिरोऽम्बुजम्।
चन्द्रसूर्यनिरोधेन मूलशक्तिं निकुञ्च्य च।।

रौद्रीं कुचिकयोद्घाट्य द्विरष्टकमलोदरे।
रसनामन्तरा कृत्वा नासाग्रे रोपयेद् दृशम्।।

यवमात्रत्रिकोणं तु मीलनोन्मीलनात्मकम्।
लिहन् स्वरसनाग्रेण पिबन्नमरवारुणीम्।।

सदा समरसीभूतं मनः शून्ये निवेशयेत्।
एषा सा खेचरी मुद्रा उन्मनात्वप्रदायिनी।[2]

श्रीतन्त्रसद्भाव में इसका स्वरूप इस प्रकार विवेचित किया गया है—

बद्ध्वा पद्मासनं योगी नाभावक्षेश्वरं न्यसेत्।
दण्डाकारं तु तत्तावन्नयेद् यावत् कखत्रयम्।।

निगृह्य तत्र तत्तूर्णं प्रेरयेत त्रयेण तु।
एतां बद्ध्वा महायोगी खे गतिं प्रतिपद्यते।।

---

१. नित्याषोडशिकारणवि। २. ज्ञानार्णव तन्त्र।

मुद्रा, आनन्द एवं क्षण का पारस्परिक सम्बन्ध इस प्रकार है—

क्षण	आनन्द	मुद्रा
१. विचित्र	आनन्द	कर्ममुद्रा
२. विपाक	परमानन्द	धर्ममुद्रा
३. विलक्षण	सहजानन्द	महामुद्रा
४. विमर्द	विरमानन्द	समयमुद्रा

चार प्रकार के ही क्षण हैं, जहाँ आनन्दों का उद्भव होता है। विकल्प ही क्षोभ उत्पन्न करते हैं। विकल्पों का कारण है— मन। मन के कार्यों की समाप्ति की अवस्था है— अमनस्कारावस्था। यह अवस्था परमोच्च आनन्द, परमोच्च मुद्रा एवं परमोच्च क्षण की अवस्था होती है।

नारोपा का मत— नारोपा की 'सेकोद्देश' टीका में उपर्युक्त आनन्दों के १६ भेद किये गए हैं और ४-४ आनन्दों की एक श्रेणी निर्मित की गई है। सेकोद्देश टीका में जो आनन्द-क्रम दिया गया है, वह 'अद्वयवज्रसंग्रह' के आनन्दतन्त्र क्रम से भिन्न है। 'हेवज्र-तन्त्र' में सहजानन्द के लिए बोधिचित् (शुक्र) के प्रवाह को रोकना आवश्यक माना गया है। 'गुह्याभिषेक' एवं 'प्रज्ञाभिषेक' में भी यह विधान स्वीकृत है। स्खलन मृत्यु है—

मरणं बिन्दुपातेन जीवनं बिन्दुधारणात्।

यामुनाचार्य का मत— आचार्य श्री यामुनाचार्य ने आगम प्रामाण्य में छः मुद्राओं का वर्णन किया है— कर्णिका, रुचक, कुण्डल, शिखामणि, भस्म, और यज्ञोपवीत।

कपालमुद्रा, खट्वाङ्ग मुद्रा, उपमुद्रायें पाशुपत मत में स्वीकृत हैं।

पाञ्चरात्र का मत— पाञ्चरात्र आदि वैष्णवागमों में शंख एवं चक्र आदि को गर्म करके शरीर पर उनके चिह्न बनाना भी 'मुद्रा' कहा गया है। पाशुपतागम में शरीर पर धारण किए गए अनेक द्रव्यों को भी मुद्रा कहा गया है।

अभिनवगुप्तपाद ने तन्त्रालोक (आ०-२९) में मुद्राओं के प्रयोग को उचित माना है तथा पाञ्चरात्रागम, पाशुपतागम में निर्दिष्ट मुद्राओं (बाह्य मुद्राओं) को भी सार्थक स्वीकार किया है एवं रहस्यप्रधान तन्त्रों के अनुवर्ती साधकों के लिए रहस्यात्मक मुद्राओं को (मुद्राओं के प्रतीकार्थों एवं रहस्यार्थों को) उपादेय माना है।

नेत्रतन्त्र का मत— नेत्रतन्त्र (२१.८०) में स्वात्माभिव्यक्ति के लिए तीन साधनों का निर्देश किया गया है— मन्त्र, ध्यान एवं मुद्रा।

अद्वैतप्रधान तन्त्रों में सभी कुछ आत्मस्वरूप माना जाता है। अतः इस दृष्टि से मुद्रा को भी परसंवित् का ही एक स्वरूप स्वीकार्य किया जाता है।

नित्याषोडशिकार्णव— नित्याषोडशिकार्णव (पटल-३.२८) में कहा गया है कि त्रिपुरासम्बन्धी मुद्राओं की यह महत्ता है कि उनके प्रदर्शन से स्वयं भगवती त्रिपुरा प्रकट हो जाती हैं। पूजाकाल में ही इन मुद्राओं का प्रयोग किया जाना चाहिए—

एता मुद्रा महेशानि! त्रिपुराया मयोदिता:।
पूजाकाले प्रयोक्तव्या यथानुक्रमयोगत:।।

योनिमुद्रा सर्वोच्च मुद्रा है और अन्य सभी मुद्रायें इसी के रूपान्तर हैं—

एका चैव महामुद्रा योनिमुद्रात्वमागता।
तया विभक्त आत्मा तु संक्षोभादिप्रभेदत:।।

१. सर्वसंक्षोभिणी : द्राम् (द्रां)
२. सर्वविद्राविणी : द्रीम् (द्रीं)
३. सर्वाकर्षिणी : क्लीम् (क्लीं)
४. सर्वावेशकारिणी : ब्लूम् (ब्लूं)
५. सर्वोन्मादिनी : स:
६. सर्वाङ्कुशा : क्रोम् (क्रों)
७. खेचरी : ह् स् क्रोम्
८. बीजमुद्रा : हसौ
९. योनिमुद्रा : ऐं

→ ये नवों मुद्रायें नवों चक्रों में बीज के उच्चारण के साथ प्रदर्शित की जानी चाहिए। नवों मुद्राओं के बीज अर्थरत्नावली में इसी प्रकार प्रस्तुत किये गये हैं।

इन समस्त मुद्राओं में प्रथमा मुद्रा सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा एवं अन्तिम मुद्रा योनिमुद्रा है।

बाह्यपूजा में सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा प्रथम मुद्रा है। योनिमुद्रा बन्ध के मन्त्रगत समस्त दोषों के निराकरणार्थ तन्त्रों में कहा गया है—

यद्यदुच्चरते मन्त्री मन्त्रवर्णं शुभाशुभम्।
तत्तत्सिद्ध्यति देवेशि! योनिमुद्रा निबन्धनात्।।

योनिमुद्रा की ही भाँति खेचरी मुद्रा की भी महत्ता है। शैव-शाक्त-बौद्ध-कौलिक तन्त्र-ग्रन्थों में मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा और मैथुन— पञ्च पदार्थों को बाह्योपासना में स्वीकार किया गया है और उनकी भी आख्या मुद्रा है। आन्तरी 'मुद्रा' क्या है? ये निम्नांकित हैं—

कुलयोगिन उद्रिक्त भैरवीयरसासवात्।
घूर्णमानस्य य: कश्चित् कोऽप्युदेति यथा तथा।।

शरीरग: समावेशो मोदनद्रावणात्मक:।
सा स्वीकृत जगन्मुद्रा मुद्रा नैरुत्तरे मते।।[1]

●

---

१. मालिनीविजयवार्तिक।

८ *वज्रासन*—दोनों जङ्घाओंको वज्रके समान करके दोनों पाँवोंके तलवोंको गुदाके दोनों ओर पार्श्वभागमें लगाकर घुटनेके बल बैठ जाय। जिससे कि घुटनेसे निचले भागसे पाँवकी अङ्गुलियोंका भाग भूमिको स्पर्श करे।

९ *सरलासन*—मूलबन्ध लगाकर बायें पैरको इस प्रकार भूमिपर फैलाकर रखें कि एड़ी इन्द्रियसे मिली रहें। और दाहिने पैरको बायें पैरसे मिला हुआ इस प्रकार फैलावें कि बायें पैरकी अंगुलियाँ दाहिने पैरकी पिण्डलीसे मिली रहें। इससे सुगमतासे लम्बे समयतक बैठा जा सकता है और पैरोंमें किसी प्रकारका दर्द नहीं होता है।

आसनके समय गर्दन, सिर और कमरको सीधे एक रेखामें रखना चाहिये और मूलबन्धके साथ अर्थात् गुदा और उपस्थको अंदरकी ओर खींचकर बैठना चाहिये।

खेचरी मुद्राके साथ अर्थात् जिह्वाको ऊपरकी ओर ले जाकर—तालुसे लगाकर बैठनेसे ध्यान अच्छा लगता है और आसनमें दृढ़ता आती है। एक ही आसनसे शनैः-शनैः अधिक समय बैठनेका अभ्यास बढ़ाते रहना चाहिये। पैर आदि किसी अङ्गमें एक आसनसे बैठे रहनेमें यदि दर्द मालूम हो तो उस अङ्गपर नरम कपड़ा रखकर बैठना चाहिये। यदि अधिक पीड़ा हो तो रतनजोतके तेलकी मालिश कर सकते हैं। एक आसनसे जप ३ घंटे ३६ मिनटतक बिना हिले-डुले सुखपूर्वक बैठा जा सके, तब उस आसनकी सिद्धि समझनी चाहिये। आरम्भमें बीचमें दो-एक बार आसनको बदल सकते हैं। आसनको दृढ़ करनेका सरल उपाय यह है कि जब बैठनेका अवसर मिले उसी एक आसनसे बैठनेका यत्न करे। जो अभ्यासी स्थूल अथवा विकारी शरीर होनेके कारण उपर्युक्त आसनोंसे न बैठ सकें, वे अर्द्धपद्म, अर्द्धसिद्ध अथवा किसी सुखासनसे तथा दीवारका सहारा लेकर बैठ सकते हैं; पर मेरुदण्डको सीधा तथा कमर, गर्दन और सिरको समरेखामें रखना अति आवश्यक है। प्रथम तीन—अर्थात् स्वस्तिक, सिद्ध और सम आसनोंमें हाथोंको उलटा करके घुटनोंपर रखना अथवा ज्ञानमुद्रासे बैठना लाभदायक है। दोनों हाथोंकी कलाईको घुटनोंपर रखकर तर्जनी अर्थात् अँगूठेके पासकी अँगुली तथा अँगूठेको एक-दूसरेकी ओर फेरकर दोनोंके सिरे आपसमें मिलाने और शेष अङ्गुलियोंको सीधा फैलाकर रखनेको ज्ञानमुद्रा कहते हैं। अन्य तीन अर्थात् पद्म, बद्धपद्म तथा वीरासनमें दोनों हाथोंको उठाकर सीनेसे लगाये रखना हितकर है। सब आसनोंमें बायाँ हाथ एड़ियोंके ऊपर सीधा रखकर उसी प्रकार दायाँ हाथ उसके ऊपर रखकर अथवा जिसमें सुगमता प्रतीत हो उस विधिसे हाथोंको रखकर बैठ सकते हैं। मुखको पूर्व अथवा उत्तर दिशाकी ओर करके बैठना चाहिये।

अभ्यासपर बैठनेसे तीन घंटे पूर्व कुछ न खायँ। बैठनेके लिये एक चौकी होनी चाहिये, जो न अधिक ऊँची हो और न अधिक नीची हो। चौकीके ऊपर कुशासन, उसके ऊपर ऊनका आसन, उसके ऊपर रेशम या (उसके अभावमें) सूतका वस्त्र होना चाहिये। अहिंसामें निष्ठा रखनेवाले अभ्यासियोंको किसी प्रकारके चर्मको आसनके रूपमें प्रयोग न करना चाहिये। देश-काल और परिस्थितिको दृष्टिमें रखते हुए किसी-किसी स्मृतिमें मृगचर्मकी व्यवस्था दी गयी है; किंतु वर्तमान समयमें उत्तम-से-उत्तम ऊनी आसन सुगमतासे प्राप्त हो सकते हैं और निरपराधी पशुओंकी हिंसा अधिकतर चर्मप्राप्तिके उद्देश्यसे ही की जाती है।

विशेष वक्तव्य— ॥ सूत्र ४६ ॥ अभ्यास ऐसी कोठरी या कमरेमें करना चाहिये, जो शुद्ध, शान्त, एकान्त और निर्विघ्न हो। हर प्रकारके शोरगुल, मच्छर, पिस्सू और पील आदिसे रहित हो। अभ्याससे पहले अथवा पीछे हवन अथवा घृतके साथ धूप-दीप आदि सुगन्धित वस्तुओंके जलानेसे उसको सुगन्धित रखना चाहिये। नदीतट अथवा पाँच हजार फीटसे अधिक ऊँचाईवाले पहाड़ी स्थानोंका वायुमण्डल शुद्ध और भजनके लिये अधिक उपयोगी होता है। गरम मैदानवाले स्थानोंमें शरद् और वसन्त ऋतुमें भजन अच्छा हो सकता है। पहाड़ोंमें अथवा जमीनमें खुदी हुई गुफा समाधि लगानेके लिये अति उत्तम है; किंतु उसमें सील किंचिन्मात्र भी न होने पावे और शुद्ध हो। योगाभ्यासमें खान-पानमें संयम रखना अति आवश्यक है और शरीर तथा नाड़ीशोधनसे शीघ्र सफलता प्राप्त होती है, जिसका विस्तारपूर्वक वर्णन इस पादके प्रथम तथा ३२ वें सूत्रके विशेष विचारमें कर दिया गया है। यहाँ शरीरके सूक्ष्म; सात्त्विक, शुद्ध, स्वस्थ, नीरोग, आसनको दृढ़ और ध्यानको स्थिर करने तथा कुण्डलिनीको जाग्रत् करनेवाले कुछ उपयोगी बन्ध-मुद्राएँ और आसन बतलाये देते हैं—

१ मूल-बन्ध—मूल गुदा एवं लिङ्ग-स्थानके रन्ध्रको बंद करनेका नाम मूल-बन्ध है। वाम पादकी एड़ीको गुदा और लिङ्गके मध्यभागमें दृढ़ लगाकर गुदाको सिकोड़कर योनिस्थान अर्थात् गुदा और लिङ्ग एवं कन्दके बीचके भागको दृढ़तापूर्वक संकोचन द्वारा अधोगत अपानवायुको बलके साथ धीरे-धीरे ऊपरकी ओर खींचनेको मूल-बन्ध कहते हैं। सिद्धासनके साथ यह बन्ध अच्छा लगता है। अन्य आसनोंके साथ एड़ीको सीवनीपर बिना लगाये हुए भी मूल-बन्ध लगाया जा सकता है।

फल—इससे अपानवायुका ऊर्ध्व-गमन होकर प्राणके साथ एकता होती है। कुण्डलिनी शक्ति सीधी होकर ऊपरकी ओर चढ़ती है। कोष्ठबद्ध दूर करने, जठराग्निको प्रदीप्त करने और वीर्यको ऊर्ध्वरेतस् बनानेमें यह बन्ध अति उत्तम है। साधकोंको न केवल भजनके अवसरपर किंतु हर समय मूलबन्धको लगाये रखनेका अभ्यास करना चाहिये।

२ उड्डीयान-बन्ध—दोनों जानुओंको मोड़कर पैरोंके तलुओंको परस्पर भिड़ाकर पेटके नाभिसे नीचे और ऊपरके आठ अंगुल हिस्सेको बलपूर्वक खींचकर मेरुदण्ड (रीढ़की हड्डीसे) ऐसा लगा दे जिससे कि पेटके स्थानपर गड्ढा-सा दीखने लगे। जितना पेटको अंदरकी ओर अधिक खींचा जायगा उतना ही अच्छा होगा। इसमें प्राण पक्षीके सदृश सुषुम्णाकी ओर उड़ने लगता है, इसलिये इस बन्धका नाम उड्डीयान रखा गया है। यह बन्ध पैरोंके तलुओंको बिना भिड़ाये हुए भी किया जा सकता है।

फल—प्राण और वीर्यका ऊपरकी ओर दौड़ना, मन्दाग्निका नाश, क्षुधाकी वृद्धि, जठराग्निका प्रदीप्त और फेफड़ेका शक्तिशाली होना।

३ जालन्धर-बन्ध—कण्ठको सिकोड़कर ठोडीको दृढ़तापूर्वक कण्ठकूपमें इस प्रकार स्थापित करे कि हृदयसे ठोडीका अन्तर केवल चार अंगुलका रहे, सीना आगेकी ओर तना रहे। यह बन्ध कण्ठस्थानके नाडी-जालके समूहको बाँधे रखता है, इसलिये इसका नाम जालन्धर-बन्ध रखा गया है।

फल—कण्ठका सुरीला, मधुर और आकर्षक होना, कण्ठके सङ्कोचनद्वारा इड़ा, पिङ्गला नाड़ियोंके बंद होनेपर प्राणका सुषुम्णामें प्रवेश करना।

लगभग सभी आसन, मुद्राएँ और प्राणायाम मूलबन्ध और उड्डीयान-बन्धके साथ किये जाते हैं।

राजयोगमें ध्यानावस्थामें जालन्धर-बन्ध लगानेकी बहुत कम आवश्यकता होती है।

४ *महाबन्ध*—पहली विधि—बायें पैरकी एड़ीको गुदा और लिङ्गके मध्यभागमें जमाकर बायीं जङ्घाके ऊपर दाहिने पैरको रख, समसूत्रमें हो, वाम अथवा जिस नासारन्ध्रसे वायु चल रहा हो उससे ही पूरक करके जालन्धर-बन्ध लगावे। फिर मूलद्वारसे वायुका ऊपरकी ओर आकर्षण करके मूलबन्ध लगावे। मनको मध्य नाड़ीमें लगाये हुए यथाशक्ति कुम्भक करे। तत्पश्चात् पूरकके विपरीतवाली नासिकासे धीरे-धीरे रेचन करे। इस प्रकार दोनों नासिकासे अनुलोम-विलोम-रीतिसे समान प्राणायाम करे।

दूसरी विधि—पद्म अथवा सिद्धासनसे बैठ, योनि और गुह्यप्रदेश सिकोड़, अपानवायुको ऊर्ध्वगामी कर, नाभिस्थ समान-वायुके साथ मिलाकर और हृदयस्थ प्राणवायुको अधोमुख करके प्राण और अपानवायुओंके साथ नाभिस्थलपर दृढ़रूपसे कुम्भक करे।

फल—प्राणका ऊर्ध्वगामी होना, वीर्यकी शुद्धि, इड़ा, पिङ्गला और सुषुम्णाका सङ्गम प्राप्त होना, बलकी वृद्धि इत्यादि।

५ *महावेध*—पहली विधि—महाबन्धकी प्रथम विधिके अनुसार मूलबन्धपूर्वक कुम्भक करके, दोनों हाथोंकी हथेली भूमिमें दृढ़ स्थिर करके, हाथोंके बल ऊपर उठकर दोनों नितम्बों (चूतड़) को शनैः-शनैः ताड़ना देवे और ऐसा ध्यान करे कि प्राण इड़ा, पिङ्गलाको छोड़कर कुण्डलिनी शक्तिको जगाता हुआ सुषुम्णामें प्रवेश कर रहा है। तत्पश्चात् वायुको शनैः-शनैः महाबन्धकी विधिके अनुसार रेचन करे।

दूसरी विधि—मूलबन्धके साथ पद्मासनसे बैठे, अपान और प्राणवायुको नाभिस्थानपर एक करके (मिलाकर) दोनों हाथोंको तानकर नितम्बों (चूतड़ों) से मिलते हुए भूमिपर जमाकर नितम्ब (चूतड़) को आसनसहित उठा-उठाकर भूमिपर ताड़ित करते रहें।

फल—कुण्डलिनी शक्तिका जाग्रत् होना, प्राणका सुषुम्णामें प्रवेश करना। महाबन्ध, महावेध और महामुद्रा—तीनोंको मिलाकर करना अधिक फलदायक है।

मुद्रा

१ *खेचरी मुद्रा*—जीभको ऊपरकी ओर उलटी ले जाकर तालु-कुहर (जीभके ऊपर तालुके बीचका गढ़ा) में लगाये रखनेका नाम खेचरी मुद्रा है। इसके निमित्त जिह्वाको बढ़ानेके तीन साधन किये जाते हैं—छेदन, चालन और दोहन।

पहिला साधन—छेदन—जीभके नीचेके भागमें सूताकारवाली एक नाड़ी नीचेवाले दाँतोंकी जड़के साथ जीभको खींचे रखती है। इसलिये जीभको ऊपर चढ़ाना कठिन होता है। प्रथम इस नाड़ीके दाँतोंके निकटवाले एक ही स्थानपर स्फटिक (बिल्लौर) का धारवाला टुकड़ा प्रतिदिन प्रातःकाल चार-पाँच बार फेरते रहें। कुछ दिनोंतक ऐसा करनेके पश्चात् वह नाड़ी उस स्थानमें पूर्ण कट जायगी। इसी प्रकार क्रमशः उससे ऊपर-ऊपर एक-एक स्थानको जिह्वामूलतक काटते चले जायँ। स्फटिक फेरनेके पश्चात् माजूफलका कपड़छान चूर्ण (Tarin acid टेरिन ऐसिड) जीभके ऊपर-नीचे तथा दाँतोंपर मलें और उन सब स्थानोंसे दूषित पानी निकलने दें। माजूफल-चूर्णके अभावमें अकरकरा, नून, हरीतकी और कत्थेका चूर्ण छेदन किये हुए स्थानपर लगावें। यह छेदन-विधि सबसे सुगम है और इससे किसी प्रकारकी हानि

पहुँचनेकी सम्भावना नहीं है, यद्यपि इसमें समय अधिक लगेगा। साधारणतया छेदनका कार्य किसी धातुके तीक्ष्ण यन्त्रसे प्रति आठवें दिन उस शिराको बालके बराबर छेदकर घावपर कत्था और हरड़का चूर्ण लगाकर करते हैं। इसके छेदनके लिये नाखून काटनेवाला-जैसा एक तीक्ष्ण यन्त्र और खाल छीलनेके लिये एक दूसरे यन्त्रकी आवश्यकता होती है, जिससे कटा हुआ भाग फिर न जुड़ने पावे। इसमें नाड़ीके सम्पूर्ण अंशके एक साथ कट जानेसे वाक् तथा आस्वादन-शक्तिके नष्ट हो जानेका भय रहता है। इसलिये इसे किसी अभिज्ञ पुरुषकी सहायतासे करना चाहिये। छेदनकी आवश्यकता केवल उनको होती है, जिनकी जीभ और यह नाड़ी मोटी होती है। जिनकी जीभ लम्बी और यह नाड़ी पतली होती है, उन्हें छेदनकी अधिक आवश्यकता नहीं है।

दूसरा एवं तीसरा साधन—चालन व दोहन—अँगूठे और तर्जनी अँगुलीसे अथवा बारीक वस्त्रसे जीभको पकड़कर चारों तरफ उलट-फेरकर हिलाने और खींचनेको चालन कहते हैं। मक्खन अथवा घी लगाकर दोनों हाथोंकी अँगुलियोंसे जीभका गायके स्तनदोहन-जैसे पुनः-पुनः धीरे-धीरे आकर्षण करनेकी क्रियाका नाम दोहन है।

निरन्तर अभ्यास करते रहनेसे अन्तिम अवस्थामें जीभ इतनी लम्बी हो सकती है कि नासिकाके ऊपर भ्रूमध्यतक पहुँच जाय। इस मुद्राका बड़ा महत्त्व बतलाया गया है, इससे ध्यानकी अवस्था परिपक्व करनेमें बड़ी सहायता मिलती है। जिह्वाओंके भी नाना प्रकारके भेद देखनेमें आये हैं। किसी जिह्वामें सूत्राकार नाड़ीके स्थानमें मोटा मांस होता है, जिसके काटनेमें अधिक कठिनाई होती है। किसी-किसी जिह्वामें न यह नाड़ी होती है, न मांस। उसमें छेदनकी आवश्यकता नहीं है। केवल चालन एवं दोहन होना चाहिये।

२ *महामुद्रा*—मूलबन्ध लगाकर बायें पैरकी एड़ीसे सीवन (गुदा और अण्डकोषके मध्यका चार अंगुल स्थान) दबाये और दाहिने पैरको फैलाकर उसकी अँगुलियोंको दोनों हाथोंसे पकड़े। पाँच घर्षण करके बायीं नासिकासे पूरक करे और जालन्धर-बन्ध लगाये। फिर जालन्धर-बन्ध खोलकर दाहिनी नासिकासे रेचक करे। यह वामाङ्गकी मुद्रा समाप्त हुई। इसी प्रकार दक्षिणाङ्गमें इस मुद्राको करना चाहिये।

दूसरी विधि—बायें पैरकी एड़ीको सीवन (गुदा और उपस्थके मध्यके चार अंगुल भाग) में बलपूर्वक जमाकर दायें पैरको लंबा फैलावे। फिर शनैः-शनैः पूरकके साथ मूल तथा जालन्धर-बन्ध लगाते हुए दायें पैरका अँगूठा पकड़कर मस्तकको दायें पैरके घुटनेपर जमाकर यथाशक्ति कुम्भक करे। कुम्भकके समय पूरक की हुई वायुको कोष्ठमें शनैः-शनैः फुलावे और ऐसी भावना करे कि प्राण कुण्डलिनीको जाग्रत् करके सुषुम्णामें प्रवेश कर रहा है, तत्पश्चात् मस्तकको घुटनेसे शनैः-शनैः रेचक करते हुए उठाकर यथास्थितिमें बैठ जाय। इसी प्रकार दूसरे अङ्गसे करना चाहिये। प्राणायामकी संख्या एवं समय बढ़ाता रहे।

फल—मन्दाग्नि, अजीर्ण आदि उदरके रोगों तथा प्रमेहका नाश, क्षुधाकी वृद्धि और कुण्डिलिनीका जाग्रत् होना।

३ *अश्विनी मुद्रा*—सिद्ध अथवा पद्मासनसे बैठकर योनिमण्डलको अश्वके सदृश पुनः-पुनः सिकोड़ना अश्विनी मुद्रा कहलाती है।

फल—यह मुद्रा प्राणके उत्थान और कुण्डलिनी शक्तिके जाग्रत् करनेमें सहायक होती है।

अपानवायुको शुद्ध और वीर्यवाही स्नायुओंको मजबूत करती है।

४ शक्तिचालिनी मुद्रा—सिद्ध अथवा पद्मासनसे बैठकर हाथोंकी हथेलियाँ पृथ्वीपर जमा दे। बीस-पचीस बार शनैः-शनैः दोनों नितम्बोंको पृथ्वीसे उठा-उठाकर ताड़न करे। तत्पश्चात् मूलबन्ध लगाकर दोनों नासिकाओंसे अथवा वामसे अथवा जो स्वर चल रहा हो उस नासिकासे पूरक करके प्राणवायुको अपानवायुसे संयुक्त करके जालन्धर-बन्ध लगाकर यथाशक्ति कुम्भक करे। कुम्भकके समय अश्विनीमुद्रा करे अर्थात् गुह्यप्रदेशका आकर्षण-विकर्षण करता रहे। तत्पश्चात् जालन्धर-बन्ध खोलकर यदि दोनों नासिकापुटसे पूरक किया हो तो दोनोंसे अथवा पूरकसे विपरीत नासिकापुटसे रेचक करे और निर्विकार होकर एकाग्रतापूर्वक बैठ जाय।

घेरण्डसंहितामें इस मुद्राको करते समय बालिश्त-भर चौड़ा, चार अंगुल लम्बा, कोमल, श्वेत और सूक्ष्म वस्त्र नाभिपर कटिसूत्रसे बाँधकर सारे शरीरपर भस्म मलकर करना बतलाया है।

फल—सर्वरोग-नाशक और स्वास्थ्यवर्द्धक होनेके अतिरिक्त कुण्डिलिनी-शक्तिको जाग्रत् करनेमें अत्यन्त सहायक है। इससे साधक अवश्य लाभ प्राप्त करें।

५ योनिमुद्रा—सिद्धासनसे बैठ सम-सूत्र हो षण्मुखी मुद्रा लगाकर अर्थात् दोनों अँगूठोंसे दोनों कानोंको, दोनों तर्जनियोंसे दोनों नेत्रोंको, दोनों मध्यमाओंसे नाकके छिद्रोंको बंद करके और दोनों अनामिका एवं कनिष्ठकाओंको दोनों ओठोंके पास रखकर काकीमुद्राद्वारा अर्थात् जिह्वाको कौएकी चोंचके सदृश बनाकर उसके द्वारा प्राणवायुको खींचकर अधोगत अपानवायुके साथ मिलावे। तत्पश्चात् ओ३म्‌का जाप करता हुआ ऐसी भावना करे कि उसकी ध्वनिके साथ परस्पर मिली हुई वायु कुण्डलिनीको जाग्रत् करके षट्चक्रोंका भेदन करते हुए सहस्रदल-कमलमें जा रही है। इससे अन्तर्ज्योतिका साक्षात्कार होता है।

६ योगमुद्रा—मूलबन्धके साथ पद्मासनसे बैठकर प्रथम दोनों नासिकापुटोंसे पूरक करके जालन्धर-बन्ध लगावे, तत्पश्चात् दोनों हाथोंको पीठके पीछे ले जाकर बायें हाथसे दायें हाथकी और दायें हाथसे बायें हाथकी कलाईको पकड़े, शरीरको आगे झुकाकर पेटके अंदर एड़ियोंको दबाते हुए सिरको जमीनपर लगा दे। इस प्रकार यथाशक्ति कुम्भक करनेके पश्चात् सिरको जमीनसे उठाकर जालन्धर-बन्ध खोलकर दोनों नासिकाओंसे रेचन करे।

फल—पेटके रोगोंको दूर करने और कुण्डलिनी-शक्तिको जाग्रत् करनेमें सहायक होती है।

७ शाम्भवी मुद्रा—मूल और उड्डीयान-बन्धके साथ सिद्ध अथवा पद्मासनसे बैठकर नासिकाके अग्रभाग अथवा भ्रूमध्यमें दृष्टिको स्थिर करके ध्यान जमाना शाम्भवी मुद्रा कहलाती है।

८ तड़ागी मुद्रा—तड़ाग (तालाब) के सदृश कोष्ठको वायुसे भरनेको तड़ागी मुद्रा कहते हैं। शवासनसे चित्त लेटकर जिस नासिकाका स्वर चल रहा हो उससे पूरक करके तालाबके समान पेटको फैलाकर वायुसे भर ले। तत्पश्चात् कुम्भक करते हुए वायुको पेटमें इस प्रकार हिलावे जिस प्रकार तालाबका जल हिलता है। कुम्भकके पश्चात् सावधानीसे वायुको शनैः-शनैः रेचन कर दे, इससे पेटके सर्वरोग समूल नाश होते हैं।

९ विपरीतकरणी मुद्रा—शीर्षासन=कपालासन—पहिले जमीनपर मुलायम गोल लपेटा हुआ वस्त्र रखकर उसपर अपने मस्तकको रखे। फिर दोनों हाथोंके तलोंको मस्तकके पीछे लगाकर शरीरको उलटा

ऊपर उठाकर सीधा खड़ा कर दे। थोड़े ही प्रयत्नसे मूल और उड्डीयान स्वयं लग जाता है। यह मुद्रा पद्मासनके साथ भी की जा सकती है। इसको ऊर्ध्व-पद्मासन कहते हैं। आरम्भमें इसको दीवारके सहारे करनेमें आसानी होगी।

फल—वीर्यरक्षा, मस्तिष्क, नेत्र, हृदय तथा जठराग्निका बलवान् होना, प्राणकी गति स्थिर और शान्त होना, कब्ज, जुकाम, सिरदर्द आदिका दूर होना, रक्तका शुद्ध होना और कफके विकारका दूर होना।

१० वज्रोली मुद्रा—मूत्रत्यागके समय कई बार मूत्रको बलपूर्वक ऊपरकी ओर आकर्षित करे। ऐसा करते समय इस बातको ध्यानसे देखे कि मूत्रधारा कितने नीचेसे आकर्षित होकर लौटती है और पुनः उतरते समय कितना समय लगता है। निरन्तर अभ्याससे जब मूत्रधार दस-बारह अंगुल नीचेसे आकर्षित होकर खींची जा सके और उतारनेमें कुछ शक्ति लगाना पड़े तो समझना चाहिये कि वज्रोली क्रिया सिद्ध हो गयी है। तत्पश्चात् क्रमशः जल, दूध, तेल अथवा घी, शहद और अन्तमें पारा खींचनेका अभ्यास करे।

दूसरी विधि—एक चौदह अंगुल रबरका कैथीटर (जो कि अंग्रेजी दवाखानोंमें मिल सकता है) पानीमें उबालकर लिङ्ग-छिद्रमें प्रवेश करनेका अभ्यास करे। यह अभ्यास एक अंगुलसे प्रारम्भ करके क्रमशः एक-एक अंगुल बढ़ाता जाय। जब बारह अंगुल प्रविष्ट होने लगे तो चौदह अंगुल लम्बी और लिङ्गके छिद्र-अनुसार चौड़ी जस्तेकी सलाई जो दो अंगुल मुड़ी हुई ऊपरको मुँहवाली हो जिससे कि लिङ्गेन्द्रियमें प्रविष्ट कर सके उपर्युक्त रबरके कैथीटरकी रीतिसे लिङ्ग-छिद्रमें प्रवेश करनेका अभ्यास करे। जब बारह अंगुलतक प्रविष्ट होने लगे, तब चौदह अंगुल लम्बी लिङ्गके छिद्र-अनुसार चौड़ी अंदरसे पोली एक चाँदीकी सलाई बनवावे, जो दो अंगुल टेढ़ी और ऊर्ध्वमुखी हो। इस टेढ़े भागको लिङ्ग-छिद्रमें प्रविष्ट करके दो अंगुल बाहर रहने दे, फिर सुनारकी धमनीके सदृश धमनीसे उस सलाईमें लगातार फूत्कार करे। इस प्रकार लिङ्गमार्गकी अच्छी प्रकार शुद्धि हो जानेपर वायुको खींचने और छोड़नेका अभ्यास करे, इस अभ्यासके सिद्ध हो जानेपर लिङ्ग-छिद्रसे उपर्युक्त रीतिसे जल, तेल, दुध, शहद और पारेके खींचनेका क्रमशः अभ्यास करे। कैथीटर और यन्त्र इन्द्रीके छिद्र और उसके आकारके अनुसार होने चाहिये।

फल—लिङ्गेन्द्रियके छिद्रकी शुद्धि और अपानवायुपर पूर्णतया अधिकार प्राप्त हो जाता है, पथरीको तोड़कर निकालनेमें सहायता मिलती है।

इस मुद्राका फल हठयोगके शास्त्रमें अलौकिक सिद्धियाँ बतलायी गयी हैं; परंतु जरा-सी असावधानी होनेपर इन्द्रिय-छिद्रमें विकार होनेसे भयङ्कर शारीरिक रोग उत्पन्न होने तथा स्त्रीके रज खींचनेकी चेष्टामें ऊँचे-से-ऊँचे अभ्यासीके लिये भी आध्यात्मिक पतन होनेकी अधिक सम्भावना है। इस प्रकारके बहुत-से उदाहरण दृष्टिगोचर हुए हैं। इन मुद्राओं आदिको किसी अनुभवीकी सहायतासे करना चाहिये अन्यथा लाभके स्थानमें हानि पहुँचनेकी अधिक सम्भावना है।

११ उन्मुनि मुद्रा—किसी सुख-आसनसे बैठकर आधी खुली हुई और आधी बंद आँखोंसे नासिकाके अग्रभागपर टकटकी लगाकर देखते रहना यह उन्मुनि मुद्रा कहलाती है। इससे मन एकाग्र होता है।

काकी और भुजङ्गी मुद्राका वर्णन पचासवें सूत्रके विशेष वक्तव्यमें किया जायगा।

चित लेटकर करनेके आसन

१ पादाङ्गुष्ठ-नासाग्र-स्पर्शासन—पृथिवीपर समसूत्रमें पीठके बल सीधा लेट जाय। दृष्टिको नासाग्रमें

तथा गायत्री आदि मन्त्रोंका या तेज, बल, शक्ति दने… मन्त्रोंका यथाशक्ति स्मरण करना चाहिये। एक अ… बाद उसका प्रतियोगी आसन भी करना चाहिये… पश्चिमोत्तान-आसनका प्रतियोगी भुजंगासन अ…न है। हस्तपादासनका प्रतियोगी चक्रासन है…नका अभ्यास आवश्यक है। सूर्यनमस्कारको…सनोंके अभ्यासके पूर्व कर लेना लाभकारी है…

प्राणायामका अभ्यास शरीरस्थ स… निराकरण कर प्राणमयकोष एवं सूक्ष्म शरीरको … पुष्ट बनाता है। नाडी-शोधनका अभ्यास करने… ही कुम्भक प्राणायामोंका अभ्यास करना चाहिये …यामके सभी अभ्यास युक्तिपूर्वक शनैः-शनैः ही … चाहिये तथा भस्त्रिका प्राणायामको छोड़कर सभी …यामोंमें रेचक एवं पूरक, दोनोंकी क्रियाएँ बहुत धीरे…रनी चाहिये। प्रत्येक कुम्भककी अपनी-अपनी दो… विशेष शक्ति है। अतः प्रवृद्ध दोषका विचार करके …नके दोषनाशक कुम्भकका अभ्यास करना चाहिये …भेद प्राणायाम पित्तवर्धक, जरादोषनाशक, वातहर, क… एवं कृमिदोषको नष्ट करनेवाला है। उज्जायी कफ… वायु, अजीर्ण, जलोदर, आमवात, क्षय, कास, ज… प्लीहाको नष्ट करता है। स्वास्थ्य एवं पुष्टिकी … लिये उज्जायी

…श्वास रोग-शमन होनेतक चलाया जाता है। इस …-परिवर्तनसे प्रवृद्ध दोषका संशमन हो जाता है। स्वरयोगकी जानकारीके लिये 'शिवस्वरोदय' एवं 'स्वर-चिन्तामणि' नामक ग्रन्थोंका अवलोकन करना चाहिये।

मुद्राओंके अभ्यासमें महामुद्रा, खेचरी, उड्डीयानबन्ध, जालन्धरबन्ध, मूलबन्ध एवं विपरीतकरणी मुख्य हैं। महामुद्रा क्षय, कुष्ठ, आवर्त, गुल्म, अजीर्ण आदि रोगों एवं सभी दोषोंको नष्ट करती है। इसके अभ्याससे पाचन-शक्तिकी प्रचण्ड वृद्धि होकर विषको भी पचानेकी क्षमता प्राप्त होती है। महामुद्राके साथ महाबन्ध एवं महावेधका भी अभ्यास किया जाता है। इन तीनोंके अभ्याससे वृद्धत्व दूर होता है एवं अनेक शारीरिक सिद्धियोंकी प्राप्ति होती है। खेचरी मुद्राके अभ्याससे शरीरमें अमृतत्व धर्मकी वृद्धि होती है। सिद्धियोंकी प्राप्ति होती है। शरीरकी सोमकलाका विकास होता है तथा देह-क्षयकी प्रक्रिया रुक जाती है। उड्डीयानका अभ्यास उदर एवं नाभिसे नीचे स्थित अङ्गोंके रोगोंको दूर कर पुरुषत्वकी अभिवृद्धि करता है। जननाङ्ग एवं प्रजननाङ्गके रोगोंसे पीडित नर-नारियोंको उड्डीयानबन्धका विशेष अभ्यास करना चाहिये। जालन्धरबन्धसे कण्ठ-रोगों एवं शिरोरोगोंका नाश होता है तथा मूलबन्धका अभ्यास गुदा एवं जननेन्द्रियपर, प्राण एवं अपानपर नियन्त्रण प्रदान करता

है। उड्डीयान एवं जालन्धरबन्धका अभ्यास तो प्राणायामके समय ही किया जाता है, परंतु मूलबन्धका अभ्यास सतत करना चाहिये। विपरीतकरणी मुद्राका ठीक-ठीक अभ्यास वलीपलितको दूर कर युवावस्था प्रदान करता है।

पूर्वोक्त मुद्राओंके अतिरिक्त घेरण्डसंहिताप्रोक्त कुछ अन्य मुद्राओंका अभ्यास भी रोगनाश, वलीपलितविनाश एवं स्वास्थ्य-लाभके लिये उपयोगी है। इनमेंसे नभोमुद्रा एवं माण्डूकीमुद्रा तालुस्थित अमृतपानमें सहायक होनेके कारण सभी रोगोंका नाश करनेवाली है। आश्विनी मुद्रा गुह्यरोगोंका नाश करनेवाली, अकालमृत्युको दूर करनेवाली तथा बल एवं पुष्टि प्रदान करनेवाली है। पाशिनी मुद्रासे बल एवं पुष्टिकी प्राप्ति होती है। तड़ागी मुद्रा एवं भुजंगिनी मुद्रा—ये दोनों ही उदरके अजीर्णादि रोगोंको नष्टकर दीर्घ जीवन प्रदान करती हैं।

रोगोंको दूर करनेमें ध्यान अथवा चिन्तनका महत्त्वपूर्ण स्थान है। ध्यानसे शरीर, प्राण, मन, हृदय एवं बुद्धिमें शान्ति, पवित्रता एवं निर्मलता आती है। 'सदा प्राणिमात्रके …याणका विचार करनेसे एवं सभी सुखी हों, नीरोग हों … प्रकारकी भावनाओंकी तरङ्गें … प्राप्त होता है … वह वैसा बन जाता है। 'मैं नीरोग हूँ, स्वस्थ हूँ'—ऐसा चिन्तन निरन्तर दृढ़तापूर्वक करते रहनेसे आरोग्य बना रहता है। इसे आत्मसम्मोहन 'ऑटो सजेशन' की विधि कहते हैं। इसी प्र… संकल्पशक्तिके द्वारा अपने या दूसरेके रोगोंको भी …जाता है। रोगनिवारणके लिये प्रमुख बात यह है कि …पर उसका चिन्तन ही न करे, उसकी परवाह ही न …का चिन्तन करनेसे रोग बद्धमूल हो जाता है एवं … मनोबल दुर्बल हो जाता है। मानसिक रोगोंका …क एवं प्रज्ञाबलसे निवारण करना चाहिये एवं शारी…कोंका औषधोंसे। इन रोगोंके उन्मूलनमें यौगिक स… अद्भुत योगदान रहा है।

शारी… मानसिक रोगोंसे मुक्ति चाहनेवालोंको योग-क्रिया…भ्यास करनेके साथ-साथ रोगोत्पादक सभी मूल … त्याग करना चाहिये तथा अपने लिये अनुकूल …त्साशास्त्रद्वारा निर्दिष्ट सात्त्विक पथ्य, सदाचार ए…का सेवन करना चाहिये। यथासम्भव अनिष्ट-चि…चना चाहिये तथा चित्तको राग-द्वेष-मोहादि …र करना चाहिये। सम्पूर्ण दुःखोंका मूल कारण …नित अज्ञान, लोभ, क्रोध तथा मोह है। त्रिग…ं तथा अज्ञानके बन्धनसे मुक्त होनेका …य योग है तथा योग-बलसे भी बड़ी शक्ति है …की अनुग्रह-शक्ति।

अतएव अहंता-ममताका त्याग करके भगवच्चरणोंका एकमात्र आश्रय लेकर योगसाधना करनेसे शारीरिक व्याधिके साथ-साथ त्रिविध ताप एवं भवव्याधि भी कट जाती है और ऐसा साधक पूर्णतम आनन्दको प्राप्त करनेमें सर्वथा समर्थ हो जाता है।

Scanned by CamScanner

रोग-निवारणके लिये स्वर-योगका आश्रय भी लिया जाता है। नीरोगताके लिये भोजन सदा दायाँ स्वर (श्वास) चलनेपर करना चाहिये। वाम स्वर शीतल एवं दक्षिणस्वर उष्ण माना जाता है। इसके अनुसार ही वात एवं कफ-प्रधान रोगोंमें दक्षिण नासिकासे श्वासको चलाया जाता है एवं पित्तप्रधान रोगमें वाम स्वरसे श्वासको चलाया जाता है। सामान्य नियम यह है कि रोगके प्रारम्भकालमें जिस नासिकासे श्वास चल रहा होता है, उसे बंद करके दूसरी नासिकासे श्वास रोग-शमन होनेतक चलाया जाता है। इस स्वर-परिवर्तनसे प्रवृद्ध दोषका संशमन हो जाता है। स्वरयोगकी जानकारीके लिये 'शिवस्वरोदय' एवं 'स्वर-चिन्तामणि' नामक ग्रन्थोंका अवलोकन करना चाहिये।

Scanned by CamScanner

१ बन्धोंका प्रयोग—स्थिरासनमें खेचरी मुद्राके साथ नेत्रोंको बंद करके प्राणायामका अभ्यास करना चाहिये। सिर, गर्दन और मेरुदण्ड सीधे रहें; झुके न रहें। शरीरको तानकर नहीं रखना चाहिये, बल्कि ढीला छोड़ देना चाहिये। मूलबन्ध आरम्भसे अन्ततक तीनों प्राणायामोंमें लगा रहना चाहिये। उड्डीयानको भी लगाये रखनेका प्रयत्न करें। रेचकमें पूरा उड्डीयान करके पेटको पीठसे मिला देना चाहिये। पूरक और कुम्भकके समय पेटकी नाड़ियोंको फुलाकर आगेकी ओर नहीं बढ़ाना चाहिये, वरं सिकोड़कर ही रखना चाहिये। पूरक करके कुम्भकके समय जालन्धर-बन्ध लगाकर वायुको अंदर रोकना होता है। कुम्भककी समाप्तिपर जालन्धर-बन्ध खोलकर रेचक किया जाता है। जालन्धर-बन्ध यद्यपि बहुत लाभदायक है तथापि तनिक-सी असावधानी होनेपर इसमें हानि पहुँचनेकी भी सम्भावना रहती है तथा इसके द्वारा गर्दन झुकानेकी आदत भी कई अभ्यासियोंको पड़ जाती है, इसलिये राजयोगके अभ्यासियोंके लिये अधिक हितकर नहीं है। बिना जालन्धर-बन्ध लगाये दोनों नासिकापुटको अंगुलियोंसे बंद करके अथवा इसके बिना भी कुम्भक किया जाता है।

Scanned by CamScanner

है—मध्यम-भस्त्रिका, वाम-भस्त्रिका, दक्षिण-भस्त्रिका और अनुलोम-विलोम-भस्त्रिका।

(क) मध्यम-भस्त्रिका—जैसे लुहारकी धौंकनीसे वायु भरी जाती है, इसी प्रकार दोनों नासिकापुटसे वायुको आवाजके साथ धीमे-धीमे लम्बा, दीर्घ और वेगपूर्वक मूलाधारतक पूरक करे। बिना कुम्भक किये इसी प्रकार दोनों नासिकापुटसे रेचक करे। इस प्रकार बिना आभ्यन्तर और बाह्य कुम्भकके आठ बार पूरक-रेचक करके नवीं बार पूरक करके यथाशक्ति कुम्भक करके दसवीं बार उसी प्रकार धीमे-धीमे दोनों नासिकापुटसे रेचक करे। यह एक प्राणायाम हुआ। इस प्रकार तीन प्राणायाम करे।

(ख) वाम-भस्त्रिका—दक्षिण नासिकापुटको बंद करके उपर्युक्त रीतिसे वाम नासिकापुटसे मूलाधारतक आठ बार पूरक, रेचक करके नवीं बार पूरक करके यथाशक्ति कुम्भक करें। तत्पश्चात् उपर्युक्त विधि-अनुसार दक्षिण नासिकापुटसे धीमे-धीमे रेचक कर दे। यह एक प्राणायाम हुआ।

(ग) दक्षिण-भस्त्रिका—वाम नासिकापुट बंद करके दक्षिण नासिकापुटसे आठ बार बिना आभ्यन्तर और बाह्य कुम्भकके उपर्युक्त विधि-अनुसार पूरक-रेचक करनेके पश्चात् नवीं बार पूरक करके यथाशक्ति कुम्भक करे। तत्पश्चात् वाम नासिकापुटसे रेचक करे। यह एक प्राणायाम हुआ।

वाम-भस्त्रिका और दक्षिण-भस्त्रिकाको मिलाकर करनेकी विधि—पहिले वाम-भस्त्रिकाका एक प्राणायाम करे, फिर दक्षिण-भस्त्रिकाका एक प्राणायाम, तत्पश्चात् वाम-भस्त्रिकाका एक प्राणायाम। इस प्रकार इन तीन प्राणायामोंमें दो बार वाम-भस्त्रिका और एक बार दक्षिण-भस्त्रिका होगा।

(घ) अनुलोम-विलोम-भस्त्रिका—जैसे लोहारकी धौंकनीसे वायु भरी जाती है इसी प्रकार बायें नासिकापुटसे वायुको आवाजके साथ धीमे-धीमे लम्बा, दीर्घ और वेगपूर्वक मूलाधारतक पूरक करें। बिना कुम्भक किये इसी प्रकार दक्षिण नासिकापुटसे रेचक करें। बिना बाह्य कुम्भकके उसी नासिकापुटसे पूरक करके फिर बायें नासिकापुटसे विधि-अनुसार रेचक करें। ये चार प्राणायाम हुए। इस प्रकार आठ

बार बिना कुम्भक किये केवल पूरक, रेचक करते हुए नवीं बार वाम नासिकापुटसे पूरक करके यथाशक्ति कुम्भक करें। तत्पश्चात् दसवीं बार दक्षिण नासिकापुटसे रेचक करें। यह दस प्राणायामका पहला प्राणायाम हुआ। अब दक्षिण नासिकापुटसे आरम्भ करके नवीं बार कुम्भकके पश्चात् दसवीं बार वाम नासिकापुटसे रेचक करें। यह दूसरा प्राणायाम हुआ। अब पहले प्राणायामकी भाँति तीसरा प्राणायाम करें।

इन विधियोंमें पूरककी समाप्तिपर मूलाधार चक्रपर एक सेकंड (कुछ देर) ध्यानके पश्चात् रेचक करें। इसी प्रकार रेचककी समाप्तिपर नासिकाके अग्रभागपर कुछ देर (एक सेकंड) ध्यानके पश्चात् पूरक करें। कुम्भकके समय नाभि-स्थान मणिपूरक-चक्रपर ध्यान लगावें। यह प्राणायाम तीन बार ही करें। अर्थात् तीनसे अधिक बार कुम्भक बढ़ानेका यत्न न करें। किंतु तीनों प्राणायामोंकी संख्या दससे ऊपर शनैः-शनैः यथाशक्ति चार-चार बढ़ाते हुए १४, १८, २२ इत्यादि करते हुए चले जायँ। पूरक, रेचक और कुम्भकका समय भी यथाशक्ति बढ़ाते जायँ। अभ्यासीगण यदि चाहें और उनके पास समय अधिक हो तो तीन प्राणायामको बढ़ाकर सात, ग्यारह इत्यादि कर सकते हैं अर्थात् चार-चार बढ़ा सकते हैं।

इस प्राणायामसे त्रिधातु-विकृतिसे उत्पन्न हुए सब रोग नष्ट हो जाते हैं, आरोग्यता बढ़ती है, जठराग्नि प्रदीप्त होती है। गर्मी, सर्दी सब ऋतुओंमें किया जा सकता है। कुम्भक बढ़ाने, मनके स्थिर करने और कुण्डलिनी जाग्रत् करनेमें अति उपयोगी है। अभ्यासीगण ध्यान करनेसे पूर्व इसे अवश्य करें।

भस्त्रिकामें रेचक, पूरक अधिक लाभदायक होते हैं, इसलिये इनकी संख्या अधिक और कुम्भककी कम बतलायी गयी है। अभ्यासीगण यदि चाहें तो आभ्यन्तर कुम्भकके पश्चात् रेचक करनेके बाद बाह्य कुम्भक भी कर सकते हैं। बाह्य कुम्भकका समय आभ्यन्तर कुम्भकके समयसे आधा अथवा बराबर रख सकते हैं।

(१) बलहीन अशक्त साधकोंको साधारण वेगपूर्वक, (२) स्वस्थ, शक्तिशाली साधकोंको लम्बा, दीर्घ वेगपूर्वक और (३) अभ्यस्त साधकोंको अतिवेगपूर्वक पूरक-रेचक करना चाहिये।

रेचकमें पूरकसे अधिक समय देना चाहिये। इसलिये पूरक और कुम्भकमें उतना ही समय देना चाहिये जिससे रेचक करनेके लिये काफी दम बना रहे।

निम्नलिखित दो प्राणायामोंको भस्त्रिकाके अन्तर्गत समझना चाहिये—

(क) अन्तर्गमन प्राणायाम— सिद्धासनसे बैठकर वाम नासिकापुटसे रेचक करते हुए पूरे उड्डीयानके साथ वाम घुटनेपर सिरको टेक देना तत्पश्चात् पूरक करते हुए सीधा हो जाना। इस प्रकार रेचक, पूरक करते हुए दसवीं बार पूरक करके जालन्धरबन्धके साथ सिरको घुटनेपर रखकर यथाशक्ति कुम्भक करना, तत्पश्चात् जालन्धर-बन्ध खोलकर सीधे हो जाना। फिर रेचक करके तीनों बन्धोंके साथ सिरको घुटनेपर रखकर यथाशक्ति बाह्य कुम्भक करना। इसी प्रकार दक्षिणकी ओर करें।

(ख) सिद्ध अथवा पद्मासनसे बैठकर वाम नासिकापुटसे पूरक करें, फिर जालन्धर-बन्ध लगाकर दोनों हाथोंकी अङ्गुलियोंको आपसमें साँठकर उनको उलटा करके सिरको दबाते हुए यथाशक्ति कुम्भक करें और ऐसी भावना करें कि प्राण ब्रह्मरन्ध्रमें चढ़ रहा है। तत्पश्चात् दोनों हाथोंको सिरपरसे हटाकर और जालन्धर-बन्ध खोलकर दक्षिण नासिकापुटसे रेचक करें। इसी प्रकार कई बार करें।

Scanned by CamScanner

स्वामी विवेकानन्द जी के अनुसार कुण्डलिनी का स्थान मूलाधार के ऊपर पेडू के पास [illegible]

[illegible] है। इस प्राण का भेदन [illegible]

[illegible] पीड़ा तथा अन्य उपसर्ग भी सम्भव है।"

इन पंक्तियों से सुषुम्ना नाड़ी को खोलना ही योग साधना का प्रमुख महत्व है। प्राणायाम के द्वारा वायु खींचकर शरीर के उर्ध्वभाग को सिकोड़े और वायु को नीचे की ओर धकेले। नीचे की ओर (अपान वायु) जाती हुई वायु को भी अधोभागों को भी सिकोड़कर रोके रहे। इस प्रकार वायु को मूलाधार की ओर केन्द्रित करे, इस प्रकार की क्रिया से प्राण और अपान वायु के संघर्ष से, दबाव से जो ताप उत्पन्न होगा उससे प्रसुप्त कुण्डलिनी के आवेष्टन ढीले पड़ जायेंगे और वह सक्रिय तथा जागृत हो उठेगी तथा सुषुम्ना का मुख खुल जायगा और सुषुम्ना के माध्यम से चित्रिणी नाड़ी के सहारे कुण्डलिनी ऊपर को गतिमान होकर ब्रह्मरन्ध्र में जा पहुँचेगी। यह साधना अत्यन्त दुष्कर है, सहसा इसमें सफलता मिलना सम्भव नहीं है। इस क्रिया में प्राण वायु को इडा, पिंगला नाड़ियों से हटाकर सुषुम्ना नाड़ी के माध्यम से (जो मेरुदण्ड में है) ब्रह्मरन्ध्र तक ले जाना होता है। इस क्रिया में 'जलंधर' और 'मूलबन्ध' आसनों का प्रयोग होता है। तात्पर्य यह है कि प्राण और अपान वायु के मिलने से जो आन्तरिक ताप बनता है उससे ठीक ऐसी स्थिति बनती है जैसे कि खाली नली में नीचे ऊपर दोनों ओर से पम्प किया जाय और मध्यस्थ वायु को निकलने न दिया जाय, यह वायु गरम होकर कहीं भी बाहर निकलने का प्रयास करेगी और पम्प में कोई छोटा सा छिद्र होगा तो उसी पर दबाव पड़ेगा। इसी प्रकार प्राण व

अपान वायु रोकने से कुण्डलिनी पर दबाव पड़ने से उसके बन्धन ढीले पड़कर सुषुम्ना का द्वार खुल सकेगा।

अथवा ऐसा समझें कि जिस प्रकार रक्तचाप मापक यंत्र की पेटी हाथ में बाँधकर गुब्बारे से पम्प करने पर यंत्र का [illegible]

[illegible] है।

षटचक्र

मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र तक षट् (६) चक्र हैं जो एक बन्द कमल पुष्प के आकार के हैं। कुण्डलिनी जागृत होने पर जब सुषुम्ना द्वारा प्राणवायु ऊपर को गतिमान होता है तो उसे क्रमशः इन ६ चक्रों का भेदन करना होता है—

(१) मूलाधार में मूलाधार चक्र—मेरुदण्ड में सबसे नीचे स्थित पृथ्वीतत्व से सम्बन्धित है।

(२) लिंगमूल में स्वाधिष्ठान चक्र—जल तत्व से सम्बन्धित है।

(३) नाभि में मणिपूरक चक्र—यह प्रकाश और तेज का प्रतीक है।

(४) हृदय में अनाहत चक्र—यह वायु तत्व का प्रतीक है।

(५) कण्ठ में विशुद्ध चक्र या शून्य चक्र—आकाश तत्व का प्रतीक है।

(६) भौंहों के मध्य आज्ञा चक्र—यह मन का प्रतीक है।

इन षटचक्रों के बाद अन्त में हजार पंखुड़ियों वाला 'सहस्रार चक्र'

Scanned by CamScanner

शारीरिकरोगोपशमने मुद्राणां प्रभावः

मुद्राभिधानम्	निश्चितमुद्राप्रयोगद्वारा शारीरिकरोगाणामुपशमनम्
1. महामुद्रा	सर्वविधान्नं पच्यते, क्षयरोगः, कुष्ठगुदावर्तगुल्माः, अजीर्णरोगाश्च नश्यन्ते।(ह०प्र०)महामुद्रायाः साधनेन क्षयकासं, गुदावर्त्तं, प्लीहाजीर्णज्वरं, सर्वरोगांश्च नाशयेत्।(घे०सं०)
2. महाबन्धमुद्रा	शरीरपुष्टिः देहास्थिपञ्जरे दृढत्वं सम्पद्यते (शि०सं०)
3. महावेधमुद्रा	जरया चर्मसङ्कोचः, जरसा केशेषु शौक्ल्यं, कम्पश्च एतान् हन्तीति (ह०प्र०)
4. खेचरीमुद्रा	सर्वरोगो नश्यते (ह०प्र०), दिव्यदेहः स जायते (घे०सं०)
5. उड्डीयानबन्धः	वृद्धोऽपि तरुणायते (ह०प्र०), रोगाणां सङ्क्षयः (शि०सं०)
6. मूलबन्धः	युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबन्धनात् (ह०प्र०), जठराग्निः प्रदीप्यते (ह०प्र०), जराविनाशिनी (घे०सं०)
7. जालन्धरबन्धः	कण्ठदुःखौघनाशनः (ह०प्र०)
8. विपरीतकरणीमुद्रा	जठराग्निविवर्धिनी, वलितं पलितञ्च नश्येते (ह०प्र०)
9. वज्रोली	बिन्दुसिद्धिर्भवेत् (शि०सं०)
10. शक्तिचालनमुद्रा	तस्याः सञ्चालनेनैव योगी रोगैः प्रमुच्यते, द्वासप्ततिसहस्राणां नाडीनां मलशोधनम्भवति। (ह०प्र०), आयुर्वृद्धिर्भवेत्तस्य रोगाणाञ्च विनाशनम् (शि०सं०)

Scanned by CamScanner

दशमुद्रास्वन्तर्भावितमुद्राः

प्रमुखदशमुद्राभिधानम्	अन्तर्भावितमुद्राभिधानम्
1. महामुद्रा	
2. महाबन्धमुद्रा	
3. महावेधमुद्रा	
4. खेचरीमुद्रा	नभोमुद्रा, शाम्भवीमुद्रा, शाम्भवीमुद्रायां पञ्चविधधारणानाम्, काकीमुद्रा, माण्डुकीमुद्रा षण्मुखिमुद्रायां योनिमुद्रा, योनिमुद्रायाः त्रिबन्धविशिष्टखेचरीमुद्रायां लयो भवति।
5. उड्ड्यानबन्धः	तडागीमुद्रा
6. मूलबन्धः	अश्विनीमुद्रा
7. जालन्धरबन्धः	पाशिनीमुद्रा, भुजङ्गिनीमुद्रा
8. विपरीतकरणीमुद्रा	
9. वज्रोलीमुद्रा	ध्यानबिन्दूपनिषदि प्राप्तयोनिमुद्रा
10. शक्तिचालनम्	

Scanned by CamScanner

(१५) कुण्डलिनी और ग्रन्थियाँ

(१) '**कुण्डलिनी और ब्रह्मग्रन्थि**—कुण्डलिनी का ऊर्ध्वारोहण **ब्रह्मग्रन्थि-**उद्भेद का साधन है। प्रक्रिया सिद्धासन से बैठकर (बाएँ टखने से गुदाद्वार को बन्द करके) पूरक क्रिया करनी चाहिए। इससे **मूलाधार में वायु** इकट्ठी हो जाती है, फिर अपनी शक्ति के द्वारा की गई आकुञ्चन क्रिया द्वारा मूलाधार चक्र से उस वायु को उठाना चाहिंए। फिर **प्राण एवं अपान** में स्थापित करना चाहिए। प्राण एवं अपान (विरुद्ध गति वाले वायु) के साम्यभाव प्राप्त होने पर मूलाधार स्थित त्रिकोण में जो अग्नि रहती है उसे उठाकर '**प्राण**' एवं '**अपान**' के साथ मिलाते ही कुण्डलिनी शक्ति जाग उठती है। कुण्डलिनी के जाग्रत होने के बाद उस कुण्डलिनी से '**ब्रह्मग्रन्थि**' खोलनी चाहिए। जब तक ब्रह्मग्रन्थि नहीं खुलती तब तक षट्चक्रों के पहले चक्र मूलाधार में अर्थात् चतुर्दल में प्रवेश करने की सामर्थ्य ही नहीं उत्पन्न होती।

Scanned by CamScanner

कुण्डलिनी-जागरण के सोपान—

साधना-जगत् में कुण्डलिनी-जागरण के लिये निम्नलिखित सोपान स्वीकार किये गये हैं :—

१. शोधन (षट्कर्म)

२. प्राणायाम और उसके भेदों का अभ्यास।

३. मुद्रा

४. षट्चक्रों की भावनायें—

(क) भस्त्रिका प्राणायाम के दोनों प्रकार—५ से २५ प्राणायाम

(ख) शक्ति चालिनी मुद्रा के दोनों प्रकार—५ से १० प्राणायाम

(ग) ताड़न मुद्रा—४ प्राणायाम में १०१ संख्या (वार)

(घ) परिधान युक्तिचालन—४ प्राणायाम में १०१ संख्या (वार)

(ङ) शेष समय में षट्चक्र-भेदन की मानसिक क्रियायें या संयम

(च) महामुद्रा

(छ) महाबन्ध

(ज) महाबेध उभय प्रकार

(झ) विपरीतकरणी मुद्रा

(ञ) शेष समय में षट्चक्र-भेदन की क्रिया

षट्चक्र-भेदन क्रिया के अन्तर्गत प्रत्येक चक्र के स्थान दल, उनके वर्ण, अक्षर, मन्त्र, तत्त्व, अधिष्ठान, देव-शक्ति, उनके वाहन, बीज मंत्र, लोक, गुण, इन्द्रिय आदि का ध्यान करना चाहिये।

यह अभ्यास नियमित होना चाहिये। साधना में पहले तो शरीर से स्वेद निकलेगा किन्तु बाद में विद्युत् के समान शरीर में चमक उत्पन्न होगी। कुछ दिन के बाद चींटी के चलने के समान प्राण-शक्ति-गमन की अनुभूति होगी। तभी धीरे-धीरे मूलाधार का भेदन और कुण्डलिनी के ऊर्ध्वगमन का अनुभव होगा।

Scanned by CamScanner

स्वामी विवेकानन्द जी के अनुसार कुण्डलिनी [illegible] के ऊपर पेडू के पास [illegible] [illegible] है। इस चक्र का भेदन [illegible] पीड़ा तथा अन्य उपसर्ग भी सम्भव है।"

इन पंक्तियों से सुषुम्णा नाड़ी को खोलना ही योग साधना का प्रमुख महत्व है। प्राणायाम के द्वारा वायु खींचकर शरीर के ऊर्ध्वभाग को सिकोड़े और वायु को नीचे की ओर धकेले। नीचे की ओर (अपान वायु) जाती हुई वायु को भी अधोभागों को भी सिकोड़कर रोके रहे। इस प्रकार वायु को मूलाधार की ओर केन्द्रित करे, इस प्रकार की क्रिया से प्राण और अपान वायु के संघर्ष से, दबाव से जो ताप उत्पन्न होगा उससे प्रसुप्त कुण्डलिनी के आवेष्टन ढीले पड़ जायेंगे और वह सक्रिय तथा जागृत हो उठेगी तथा सुषुम्णा का मुख खुल जायगा और सुषुम्णा के माध्यम से चित्रिणी नाड़ी के सहारे कुण्डलिनी ऊपर को गतिमान होकर ब्रह्मरन्ध्र में आ पहुँचेगी। यह साधना अत्यन्त दुष्कर है, सहसा इसमें सफलता मिलना सम्भव नहीं है। इस क्रिया में प्राण वायु को इड़ा, पिंगला नाड़ियों से हटाकर सुषुम्णा नाड़ी के माध्यम से (जो मेरुदण्ड में है) ब्रह्मरन्ध्र तक ले जाना होता है। इस क्रिया में 'जलंधर' और 'मूलबन्ध' आसनों का प्रयोग होता है। तात्पर्य यह है कि प्राण और अपान वायु के मिलने से जो आन्तरिक ताप बनता है उससे ठीक ऐसी स्थिति बनती है जैसे कि खाली नली में नीचे ऊपर दोनों ओर से पम्प किया जाय और मध्यस्थ वायु को निकलने न दिया जाय, वह वायु गरम होकर कहीं भी बाहर निकलने का प्रयास करेगी और पम्प में कोई छोटा सा छिद्र होगा तो उसी पर दबाव पड़ेगा। इसी प्रकार प्राण व

अपान वायु रोकने से कुण्डलिनी पर दबाव पड़ने से उसके बन्धन ढीले पड़कर सुषुम्णा का द्वार खुल सकेगा।

अथवा ऐसा समझें कि जिस प्रकार रक्तचाप मापक यंत्र की पेटी हाथ में बाँधकर गुब्बारे से पम्प करने पर यंत्र का [illegible] है।

षटचक्र

मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र तक षट् (६) चक्र हैं जो एक बन्द कमल पुष्प के आकार के हैं। कुण्डलिनी जागृत होने पर जब सुषुम्णा द्वारा प्राणवायु ऊपर को गतिमान होता है तो उसे क्रमशः इन ६ चक्रों का भेदन करना होता है—

(१) मूलाधार में मूलाधार चक्र—मेरुदण्ड में सबसे नीचे स्थित पृथ्वीतत्त्व से सम्बन्धित है।

(२) लिंगमूल में स्वाधिष्ठान चक्र—जल तत्त्व से सम्बन्धित है।

(३) नाभि में मणिपूरक चक्र—यह प्रकाश और तेज का प्रतीक है।

(४) हृदय में अनाहत चक्र—यह वायु तत्त्व का प्रतीक है।

(५) कण्ठ में विशुद्ध चक्र या शून्य चक्र—आकाश तत्त्व का प्रतीक है।

(६) भौंहों के मध्य आज्ञा चक्र—यह मन का प्रतीक है।

इन षटचक्रों के बाद अन्त में हजार पंखुड़ियों वाला 'सहस्रार चक्र'

Scanned by CamScanner

ही यहाँ प्रवृत्ति हो सकती है। स्वतन्त्र, आनन्दघन यह स्वात्मस्वरूप ही काल से लेकर प्रमाण पर्यन्त ऊपर बताये गये सभी तत्त्वों को स्वरूप प्रदान करने वाला है। मैं इस स्वात्मस्वरूप से भिन्न नहीं हूँ और इस अहमात्मक स्वात्मस्वरूप में ही यह सारा विश्व प्रतिबिम्बित हो रहा है। इस तरह की प्रत्यभिज्ञा के जाग्रत् होने पर साधक नित्योदित पारमेश्वर स्वरूप में समाविष्ट हो जाता है। इसके लिये मन्त्र, पूजा, ध्यान, चर्या आदि की कोई आवश्यकता नहीं रहती।[1]

इस प्रकरण का उपसंहार अभिनवगुप्त ने इस श्लोक के साथ किया है—

उपायजालं न शिवं प्रकाशयेद् घटेन किं भाति सहस्रदीधितिः।
विवेचयन्नित्थमुदारदर्शनः स्वयंप्रकाशं शिवमाविशेत् क्षणात्॥

इसकी व्याख्या हम पृ० १३५ पर कर चुके हैं।

श्लो० १२०-१२१ की व्याख्या में मालिनीविजय प्रभृति ग्रन्थों के प्रमाण पर इस अनुपाय प्रक्रिया का विशद विवेचन किया गया है। स्वच्छन्दतन्त्र, संकेतपद्धति, तन्त्रालोक, महार्थमंजरी प्रभृति अनेक ग्रन्थों में इसका प्रतिपादन किया गया है। आगे हम यह सिद्ध करने का प्रयास करेंगे कि उपक्रम, उपसंहार प्रभृति षड्विध लिंग को मीमांसक पद्धति से इस शास्त्र का विनियोग अनुपाय प्रक्रिया के प्रतिपादन में ही है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि यह अनुपाय प्रक्रिया सहज योग से भिन्न नहीं है।

अभिनवगुप्त प्रभृति ने इन उपायों का जिस तरह का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया है, उसके आधार पर हम यह कह सकते हैं कि उन्होंने आणव उपाय में क्रम और कुल दर्शन से भिन्न समस्त तान्त्रिक और यौगिक विधियों का समावेश किया है। शाक्त उपाय के रूप में क्रमदर्शन की, शाम्भव उपाय के रूप में उन्होंने कुलदर्शन की व्याख्या की है और प्रत्यभिज्ञा दर्शन को अनुपाय प्रक्रिया माना है।

हमने ऊपर बताया था कि यहाँ प्रदर्शित सभी धारणाओं का उक्त उपाय-चतुष्टय में समावेश किया जा सकता है, किन्तु इस ग्रन्थ में अन्य अनेक योग-विधियों का भी समावेश है। उपर्युक्त प्रतिपादन से हमारी यह बात पुष्ट हो जाती है। अब हम विज्ञानभैरव में वर्णित धारणाओं के प्रमुख विषयों का यहाँ वर्णन करना चाहते हैं। सबसे पहले हम प्राणशक्ति को लेते हैं।

प्राणशक्ति या प्राणकुण्डलिनी

अनच्क पद की और आणव उपाय की व्याख्या के प्रसंग में प्राणशक्ति के सम्बन्ध में कहा जा चुका है। इसको कुण्डलिनी इसलिये कहते हैं कि मूलाधार स्थित कुण्डलिनी की तरह इसकी भी आकृति कुटिल होती है। जिस प्राण वायु का अपान अनुवर्तन करता है, उसकी गति

---

१. धारणा संख्या ४१,९७-९९,१०९ देखिये।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

हकार की लिखावट की तरह टेढ़ी-मेढ़ी होती है ।अतः प्राणशक्ति अपनी इच्छा से ही प्राण के अनुरूप कुटिल (घुमावदार) आकृति धारण कर लेती है । प्राणशक्ति की यह वक्रता (कुटिलता= घुमावदार आकृति) परमेश्वर की स्वतन्त्र इच्छा-शक्ति का ही खेल है। प्राणशक्ति का एक लपेटा वाम नाडी इडा में और दूसरा लपेटा दक्षिण नाडी पिंगला में रहता है । इस तरह से उसके दो वलय (घेरे) बनते हैं । सुषुम्णा नाम की मध्य नाडी सार्ध कहलाती है । इस प्रकार यह प्राण-शक्ति भी सर्धत्रिवलया है। वस्तुतः मूलाधार स्थित कुण्डलिनी में भी प्राणशक्ति का ही निवास है, किन्तु हृदय में उसकी स्पष्ट अभिव्यक्ति होने से ब्राह्मणवशिष्ठ न्याय से उसका यहाँ पृथक् उल्लेख कर दिया गया है । इसका प्रयोजन अजपा (हंस गायत्री) जप को सम्पन्न करना है । इस विषय पर ग्रन्थ में विशेष कर १५१ वें श्लोक की व्याख्या में पर्याप्त लिखा जा चुका है ।

भर-पेट भोजन-पानी पाने से मोटी अकल के आरामतलबी आदमी का शरीर ही नहीं, प्राणशक्ति भी मोटी हो जाती है । बाद में सद्गुरु का उपदेश पाकर जब वह योगाभ्यास में लग जाता है, कुम्भक प्रभृति प्राणायामों का अभ्यास करता है, तो धीरे-धीरे उसके शरीर के मोटापे के साथ ही प्राणशक्ति भी कृश होती जाती है, सूक्ष्म से सूक्ष्मतर हो जाती है। श्रोत्र, चक्षु, नासिका, मुख, गुह्य, उपस्थ प्रभृति प्राण और अपान आदि वायुओं के निकलने के मार्गों को रोक देने पर वायु की गति ऊपर की ओर उठने लगती है । मूलाधार में अथवा हृदय में विद्यमान प्राणशक्ति यौगिक पद्धति के अनुसार सुषुम्णा मार्ग से अथवा मध्यदशा के विकास के कारण द्वादशान्त तक जाते-जाते अत्यन्त सूक्ष्म होकर अन्त में प्रकाश में विलीन हो जाती है । आधार से लेकर द्वादशान्त पर्यन्त क्रमशः धीरे-धीरे ऊपर की ओर उठ रही इस प्राणशक्ति के द्वादशान्त में प्रविष्ट हो जाने पर स्वात्मस्वरूप का अनुभव होने लगता है । योगशास्त्र की परिभाषा में इसको[१] पिपीलस्पर्श वेला कहा जाता है, जिसमें कि प्राण के ऊपर उठते समय जन्माग्र से लेकर मूल, कन्द प्रभृति स्थानों का स्पर्श होने पर उसी तरह की अनुभूति होती है, जैसी कि देह पर चींटी के चलने से होती है । इसी अवस्था में योगी इसकी परीक्षा कर पाते हैं कि प्राण आज अमुक स्थान से चलकर अमुक स्थान तक उठा । इस स्थिति तक पहुँच जाने पर योगी का चित्त परम आनन्द से भर जाता है और वह इसी अन्तर्मुख वृत्ति में रम जाता है ।

सुषुम्णा (मध्यधाम)

मध्यनाडी सुषुम्णा[२] की अभी चर्चा आई है । इसी को शून्यातिशून्य पदवी और

---

१. धारणा संख्या ४३ देखिये ।

२. तन्त्रालोक (५।१२१) में आणव उपाय के प्रसंग में लिंग पद की व्याख्या की गई है । इसकी व्याख्या करते हुए जयरथ ने एक श्लोक उद्धृत किया है, जिसके अनुसार उपस्थ को सौषुम्न पद माना गया है—

आनन्दस्यन्दि यद् गीतं सर्वप्रसवकारणम् ।
उपस्थाख्येयमेतत्तु सौषुम्नं रूपमुच्यते ॥

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

मध्यधाम कहा जाता है। वस्तुतः मध्यधाम सुषुम्णा को शून्य और शिवतत्त्व को शून्यातिशून्य कहते हैं। मध्यधाम या मध्यदशा को शून्यस्वभाव इसलिये कहा जाता है कि यहाँ ज्ञाता-ज्ञान-ज्ञेय, प्रमाता-प्रमाण-प्रमेय प्रभृति त्रिपुटियों की कोई सत्ता नहीं बची रहती। मध्यधाम के लिए शून्यातिशून्य शब्द का प्रयोग लाक्षणिक है। इसका मुख्य प्रयोग शिवतत्त्व और उसकी अभिव्यक्ति के स्थान द्वादशान्त के लिए ही किया जाता है। सुषुम्णा नामक मध्यनाडी शून्यातिशून्य धाम द्वादशान्त में जाकर लीन हो जाती है, अतः इसको भी शून्यातिशून्य धाम कह दिया जाता है। इस शून्यातिशून्य स्वभाव मध्यधाम में विश्रान्ति ही योगी के लिए उपेय (प्राप्तव्य) है।

हृदय के मध्य में इसका निवास है। यह कमलनाल में विद्यमान अत्यन्त सूक्ष्म तन्तुओं के समान कृश आकार वाली है। इस मध्यनाडी के भीतर चिदाकाशरूप शून्य का निवास है। उससे प्राणशक्ति निकलती है। साधक जब मध्यनाडी की सहायता से चिदाकाश में प्रविष्ट होता है, तब सोम और सूर्य अर्थात् अपान और प्राण अथवा मन और प्राण सुषुम्णा में अपने आप विलीन हो जाते हैं। प्राण और अपान के मध्यवर्ती धाम सुषुम्णा (मध्यनाडी) में जिसका आन्तर और बाह्य इन्द्रियचक्र (मन और उससे नियन्त्रित चक्षुरादि इन्द्रियाँ) लीन हो जाता है और जो ऊर्ध्व स्थान और अधर स्थान में विद्यमान पद्मों के संपुट के मध्य में भावना के बल से प्रविष्ट हो गया है, अर्थात् ऊर्ध्वगत प्रमाणरूपी पद्म और अधःस्थित प्रमेय रूपी पद्म के मध्य में चिन्मात्र प्रमाता के अपने स्वरूप में स्थित हो जाता है और इसीलिए चिन्मात्रता के अतिरिक्त अन्य किसी वस्तु में जिसका चित्त संलग्न नहीं है, वह योगी स्वात्मस्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाता है। यहाँ प्रमेय रूप संसार का निमेष और उन्मेष व्यापार पद्मदल के संकोच और विकास के तुल्य है। इसीलिये इसकी पद्मसंपुट से तुलना की गई है।

मध्यविकास

प्राण और अपान के आधारभूत स्थान आन्तर आकाश हृदय और बाह्य आकाश द्वादशान्त में प्रत्यावृत्ति के अभाव में एक क्षण के लिये उसकी वृत्ति अन्तर्मुख हो जाती है। तब ऐसी प्रतीति होती है कि मानों प्राण और अपान कहीं विलीन हो गये हैं। इस स्थिति को मध्यदशा के नाम से जाना जाता है। इस मध्यदशा का जब विकास किया जाता है, तब धीरे-धीरे उसकी भेद-दृष्टि (दूसरे से अपने को अलग समझने का स्वभाव) घटती जाती है और उसकी बाह्य और आन्तर इन्द्रियाँ अन्तर्मुख हो जाती हैं। क्रमशः उसका प्राणचार (प्राण और अपान की गति) मध्यनाड़ी सुषुम्णा में लीन हो जाता है और तब परा शक्ति भैरवी से अभिन्न रूप में विद्यमान भगवान् भैरव का स्वरूप प्रकाशित हो उठता है। हृदय, कण्ठ, तालु, ललाट, ब्रह्मरन्ध्र और द्वादशान्त में प्राण की गति रहती है और हृदय-कमल, मुख का संकोच-विकास तथा द्वादशान्त—ये अपान की गति के स्थान हैं। इनमें एक क्षण के लिए प्राण के अस्त हो जाने पर और अपान का उदय न होने पर बिना प्रयत्न के बाह्य कुम्भक की प्राप्ति होती है। इसी तरह से एक क्षण के लिए अपान के अस्त हो जाने पर और

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

प्राण का उदय न होने पर बिना प्रयत्न के अन्तः कुम्भक की प्राप्ति होती है। यह मध्यदशा ही परम पद कहलाती है। प्राण-अपान की इस मध्यदशा को योगी ही जान सकते हैं। एक तुटि, लव अथवा क्षण के लिये भी अन्तर्मुख हो जाने पर योगी में इस मध्यदशा का विकास हो जाता है और तब प्राण और अपान की पुनः प्रत्यावृत्ति नहीं होती, अर्थात् वह मुक्त हो जाता है। यह प्राणात्मक और अपानात्मक शक्ति हृदय से द्वादशान्त तक न तो जायगी और न द्वादशान्त से हृदय की ओर वापस ही लौटेगी, जब कि मध्यनाडी का धाम (स्थान) विकल्प हानि रूप उपाय से विकसित कर दिया जाय। प्राण और अपान की गति के शान्त हो जाने से, हृदय और द्वादशान्त में प्राण और अपान की अस्पन्द अवस्था में स्थिति हो जाने से [1]मध्यदशा का विकास होने पर साधक अपने भैरवीय स्वरूप को पहचान लेता है। वह साक्षात् भैरव हो जाता है। ६७वें श्लोक की व्याख्या में इस विषय को अधिक विस्तार से समझाया है। प्रत्यभिज्ञाहृदय के १८वें सूत्र में विकल्पक्षय प्रभृति मध्यविकास के उपाय बताये गये हैं। स्पन्दकारिका में उन्मेष दशा के नाम से इसका वर्णन किया गया है। ग्रन्थ में अनेक स्थलों पर इसकी व्याख्या हो चुकी है।

द्वादश आधार

तन्त्रशास्त्र में ऋ ॠ ऌ ॡ ये चार स्वर षण्ढ (नपुंसक) कहे गये हैं, अतः ध्यान आदि में इनका उपयोग नहीं किया जाता। सोलह स्वरों में से इन चार षण्ढ स्वरों को निकाल देने पर इनकी संख्या १२ रह जाती है। इन बारह स्वरों की जन्माग्र, मूल, कन्द, नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु, भ्रूमध्य, ललाट, [2]ब्रह्मरन्ध्र, शक्ति और व्यापिनी—इन बारह चक्रों या आधारों में भावना करनी चाहिये। इन्हीं बारह स्थानों में अन्य धारणाओं का भी विधान है। किन्तु इनके नामों में अन्तर मिलता है। जैसे कि पृ० ३७ पर जन्माग्र और मूल शब्द के स्थान पर गुदाधार और जन्म ये नाम मिलते हैं, किन्तु पृ० ७२ पर जन्माग्र, मूल, कन्द यही क्रम स्वीकृत है। पृ० ३३ पर हृदय से या जन्माधार से द्वादशान्त पर्यन्त प्राणशक्ति की गति मानी गई है, पृ० ३३ पर ही कन्द से ब्रह्मरन्ध्र तक, पृ० ३५ पर जन्माग्र से द्वादशान्त तक और पृ० ७२ पर आधार से द्वादशान्त तक प्राण की गति मानी गई है। इनमें जन्माग्र और जन्म तथा मूल और गुदाधार शब्द पर्यायवाची हैं। नेत्रतन्त्र (७।१-५) की व्याख्या में क्षेमराज ने अंगुष्ठ,

---

१. मध्यमधाम (सुषुम्णा) में मध्यदशा के विकास के लिये १२, २५-२७ संख्या की धारणाएँ देखनी चाहिये। मध्यदशा का विकास अन्य स्थितियों में भी होता है। इसके लिये ३७-३८, ५१, ७८, १०० धारणाएँ देखिये।

२. प्रस्तुत ग्रन्थ में द्वादश आधारों में ब्रह्मरन्ध्र को दसवाँ स्थान दिया गया है और द्वादशान्त की स्थिति इन सबके ऊपर है। व्याख्या में पृ० ३६ और ४५ पर ब्रह्मरन्ध्र पद को द्वादशान्त का पर्यायवाची मान लिया गया है। इसकी संगति सम्प्रदाय भेद से बैठाई जा सकती है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

गुल्फ, जानु, मेढ्र, पायु, कन्द, [1]नाडि, जठर, हृदय, कूर्मनाडी, कण्ठ, तालु, भ्रूमध्य, ललाट, ब्रह्मरन्ध्र और द्वादशान्त ये सोलह आधार गिनाये हैं। इनके अनुसार जन्माग्र या जन्म मेढ्र का तथा मूल या गुदाधार पायु का पर्यायवाची है। योगिनीहृदय के टीकाकार अमृतानन्द (पृ० ५९) और भास्करराय ने कन्द को सुषुम्णा नाडी का मूल स्थान और उसमें रहने वाली कुण्डलिनी शक्ति का पर्यायवाची माना है। ब्रह्मरन्ध्र के ऊपर यहाँ शक्ति और व्यापिनी का स्थान माना गया है। योगिनीहृदय (१।२५-३४) में अकुल, विष, वह्नि, शक्ति, नाभि, अनाहत (हृदय), विशुद्धि, लम्बिकाग्र, भ्रूमध्य (आज्ञा) के ऊपर ललाट में क्रमशः एक दूसरे के ऊपर बिन्दु, अर्धचन्द्र, रोधिनी, नाद, नादान्त, शक्ति, व्यापिनी, समना और उन्मना की स्थिति मानी गई है। शिवोपाध्याय ने इस विषय को अधिक स्पष्ट किया है। प्रणव की बारह कलाओं की स्थिति बताते हुए वे कहते हैं कि अकार की नाभि में, उकार की हृदय में, मकार की मुख में, बिन्दु की भ्रूमध्य में, अर्धचन्द्र की ललाट में, निरोधिनी की ललाट के ऊर्ध्व भाग में, नाद को शिर में, नादान्त की ब्रह्मरन्ध्र में, शक्ति की त्वक् में, व्यापिनी की शिखा के मूल में, समना की शिखा में और उन्मना की स्थिति शिखा के अन्तिम भाग में है। शिवोपाध्याय ने यहाँ (पृ० ३७) सोलह भूमियों का उल्लेख किया है। ऊपर गिनाये गये सोलह आधारों से इनकी कोई संगति नहीं बैठती। कुलागम संमत सोलह आधारों की चर्चा ६७वें श्लोक में आई है। इनका विस्तृत वर्णन भी नेत्रतन्त्र (७।१-५) की क्षेमराज कृत व्याख्या में मिलता है। नामों में भिन्नता होते हुए भी इनका क्रम योगिनीहृदय से मिलता है। अधिक जानकारी के लिये इस विषय को वहीं देखना चाहिये।

द्वादशान्त

प्राण और अपान की गति की जिस स्थान पर उत्पत्ति होती है अथवा जहाँ जाकर रुक जाती है, उसको हृदय और द्वादशान्त कहते हैं। बाह्य और आन्तर शिव द्वादशान्त और शक्ति द्वादशान्त के भेद से द्वादशान्त की स्थिति मानी गई है। कभी-कभी शून्यातिशून्य मध्यधाम, अर्थात् सुषुम्णा नाडी को भी द्वादशान्त कहा जाता है। जैसा कि ४९वें श्लोक की व्याख्या में किया गया है। तन्त्रालोक (५।७१) की टीका में [2]सभी नाडियों के अग्र भाग में

---

१. नाडि के स्थान पर नाभि शब्द अधिक संगत प्रतीत होता है। अथवा नाभि सभी नाडियों का केन्द्र स्थल है, अतः इसी अभिप्राय को व्यक्त करने के लिये यहाँ नाभि को नाडि शब्द से अभिहित किया गया है।

२. "सर्वनाडीनामग्रगोचरे प्रधाने पार्यन्तिके वा विषये द्वादशान्ते।" द्वादशान्त पद की व्याख्या करते हुए शिवोपाध्याय कहते हैं—"सर्वतो रोमकूपान्तरेष्वपि चैतन्यदेवस्य प्रवेशेन शरीरे द्वादशान्तो योऽस्ति" (पृ० ४३) इसके अनुसार शरीर के प्रत्येक रोमकूप में द्वादशान्त की स्थिति मानी गई है। यहाँ द्वादशान्त पद का प्रयोग लाक्षणिक है। जैसे मुख्य द्वादशान्त की स्थिति द्वादश आधारों के अन्त में है, इसी तरह सभी नाडियों के अन्त (रोमकूप) में भी प्राणशक्ति की स्थिति है। अतः यहाँ विद्यमान प्राणशक्ति को भी द्वादशान्त कह दिया जाय तो कोई अनौचित्य नहीं है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

द्वादशान्त की स्थिति मानी गई है । [1]हकार की उत्पत्ति हृदय में और सकार की उत्पत्ति द्वादशान्त में मानी जाती है ।

हृदय स्थित कमलकोश में प्राण का उदय होता है । नासिका मार्ग से बाहर निकल कर यह बारह अंगुल चल कर अन्त में आकाश में विलीन हो जाता है । इसी लिये बाह्य आकाश योगशास्त्र में द्वादशान्त के नाम से प्रसिद्ध है । द्विषट्कान्त, मुष्टित्रयान्त या शिखान्त शब्द द्वादशान्त के पर्यायवाची हैं । नेत्रतन्त्र (८।४१) की टीका में क्षेमराज ने तथा तन्त्रालोक (५।८९-९१) की टीका में जयरथ ने द्वादशान्त पद का अर्थ ऊर्ध्व द्वादशान्त किया है, जिसकी कि स्थिति शिखा के अन्त में है । इसमें उन्मना शक्ति का निवास है । इस प्रकार इस शास्त्र में द्वादशान्त की स्थिति ब्रह्मरन्ध्र से पृथक् मानी गई है । इसको द्वादशान्त इस लिये कहते हैं कि द्वादश आधारों के अन्त में इसकी स्थिति है ।

निर्विकल्प योगी द्वादशान्त के भी ऊपर स्थित परमाकाश में जब पहुँच जाता है, तो सर्वात्मता का विकास हो जाता है, वह अनुत्तर शून्य में लीन हो जाता है । योगिनीहृदय (१।२७, ३४) में इसको महाबिन्दु कहा गया है । वहां आज्ञाचक्र तक की स्थिति को सकल, उन्मना पर्यन्त स्थिति को सकल-निष्कल और महाबिन्दु को निष्कल माना गया है । इस निष्कल स्वरूप में भगवती त्रिपुरसुन्दरी निवास करती है । यही वह शक्ति तत्त्व है, जिसकी कि सहायता के बिना शिव निष्प्राण (शव) रहता है । इसी निष्कल स्वरूप को प्रस्तुत ग्रन्थ में पराशक्ति और शिव का मुख कहा गया है । इस निष्कल (परा) शक्ति की सहायता से ही शिव स्वरूप की अभिव्यक्ति हो सकती है ।

प्राण और अपान

ऊपर हृदय से बाह्य द्वादशान्त तक जाने वाला प्राण और नीचे बाह्य द्वादशान्त से हृदय तक आने वाला जीव नामक अपान, यह प्राणशक्ति का उच्चारण है । प्राणशक्ति इनका निरन्तर उच्चारण करती रहती है, अर्थात् प्राण और अपान के रूप में स्पन्दित होती रहती है । स्वच्छन्दतन्त्र[2] में प्राण और अपान को प्राणशक्ति का विसर्ग और आपूरण व्यापार बताया गया है । तदनुसार प्राण का अर्थ है श्वास छोड़ना और अपान का अर्थ है श्वास लेना । पालि बौद्ध वाङ्मय में इनके लिये आनापान (आश्वास-प्रश्वास) शब्द प्रयुक्त है । किन्तु वहां इनके

---

१. "हकारस्तु स्मृतः प्राणः स्वप्रवृत्तो हलाकृतिः" (४।२५७) स्वच्छन्दतन्त्र के इस वचन में स्वाभाविक रूप से निरन्तर नदन करने वाले हलाकृति प्राण को ही हकार कहा गया है । अनच्क हकार की आकृति वाले प्राण का यह नदन व्यापार ही हंसोच्चार कहलाता है । इसी को अनाहत ध्वनि अथवा नादभट्टारक भी कहा जाता है । यही हृदय का स्वाभाविक स्पन्दन व्यापार है । ५७ वीं धारणा में इसी का वर्णन किया गया है ।

२. प्राणापानमयः प्राणो विसर्गापूरणं प्रति ।
नित्यमापूरयन्नेव प्राणिनामुरसि स्थितः ।।
प्राणनं कुरुते यस्मात् तस्मात् प्राणः प्रकीर्तितः । (७।२५-२६)

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

अर्थ के विषय में विवाद है, जिसको कि चर्चा पृ० २९-३० की टिप्पणी में की गई है। योगभाष्य में वायु के आचमन (ग्रहण) को श्वास और निःसारण को प्रश्वास बताया गया है। विज्ञान-भैरव में प्राण और अपान शब्द का योगभाष्य संमत (श्वास-प्रश्वास) अर्थ करने से भ्रम हो सकता है।

आचार्य बुद्धघोष का कहना है कि बालक माता की कोख से बाहर आता है तो पहले भीतर की हवा बाहर जाती है और पीछे बाहर की हवा भीतर प्रवेश करती है इसके अनुसार आश्वास (आन = प्राण) वह वायु है, जिसका कि निःसारण होता है और प्रश्वास वह वायु है, जिसका कि ग्रहण होता है। विज्ञानभैरव के 'ऊर्ध्वे प्राणः' प्रभृति श्लोक में प्राण और अपान शब्द का यही अर्थ स्वीकृत है। ऊर्ध्व और अधः शब्द का अर्थ पहले और बाद में किया जाना चाहिये। पहले प्राण बाहर निकलता है और बाद में अपान का प्रवेश होता है। अपान को जीव इसलिये कहा जाता है कि प्राण के बाहर निकलने के बाद अपान जब शरीर में पुनः प्रविष्ट होता है, तभी वह बोध हो सकता है कि शरीर में जीवात्मा विद्यमान है। अपान के प्रवेश न करने पर शरीर शव कहा जायगा। अपान के कारण ही शरीर में जीवात्मा की स्थिति बनी रहती है, अतः स्वाभाविक है कि अपान को जीव के नाम से जाना जाय।

ऊपर उद्धृत स्वच्छन्दतन्त्र भी इसी स्थिति को मान्यता देता है। "प्राणापानौ समौ कृत्वा" इस गीता वचन में भी यही अर्थ स्वीकृत है। इसका उल्लेख हम पृ० ९२ की टिप्पणी में कर चुके हैं। श्रीधरी टीका में प्राण और अपान के लिये उच्छ्वास और निश्वास शब्द प्रयुक्त हैं। लोक व्यवहार में संकेत (शक्ति=समय) के अनुसार शब्दों के अर्थ बदलते रहते हैं। कभी-कभी ये परस्पर विरोधी अर्थों में भी प्रयुक्त होने लगते हैं। जैसा कि प्राण और अपान और उनके पर्यायवाची श्वास-प्रश्वास शब्दों के सम्बन्ध में यहाँ देखा जाता है। इन शब्दों का हृदय स्थित प्राण वायु और पायु स्थित अपान वायु से कोई सम्बन्ध नहीं है, किन्तु प्राणशक्ति की श्वास-प्रश्वास प्रक्रिया से इनका सम्बन्ध है। [1]प्राणशक्ति की प्राण,

---

१. ईश्वरप्रत्यभिज्ञाकार ने 'प्राणापानमयः प्राणः' (३।२।१९) इत्यादि में प्राण प्रभृति पाँच वायुओं का वर्णन करते हुए प्राण वायु को प्राणापानमय माना है। वस्तुतः यहाँ पर प्राण वायु के लिये प्राण शब्द का प्रयोग लाक्षणिक है, क्योंकि प्राण वायु की स्थिति केवल प्राणापानमय प्राण में है, जब कि प्राणशक्ति की स्थिति पूरे शरीर में है। अथवा सामान्य स्पन्द को प्राणशक्ति का तथा प्राणापान को प्राण वायु का व्यापार मानना उचित होगा। प्राण वायु में भी प्राणशक्ति का आरोप इस लिये किया जा सकता है कि प्राणा-पान व्यापार के चलते रहने पर ही सामान्य स्पन्द भी चलता रहता है। किन्तु इतना ध्यान रखना चाहिये कि प्राणापान व्यापार के आरम्भ होने से पहले और अन्त में भी मुख्य स्पन्द की ही स्थिति रहती है। स्पन्दनिर्णय (पृ० ४०-४१) में बताया गया है कि विज्ञानभैरव के ७०, ९९, और ११६ संख्या के श्लोकों में स्पन्द तत्त्व सम्बन्धी धारणाएं वर्णित हैं।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

अपान प्रभृति पाँच या दस वृत्तियाँ इनसे भिन्न हैं। अतः प्रस्तुत ग्रन्थ में ऊपर उद्धृत प्रमाणों के अनुसार प्राण और अपान शब्दों का संबन्ध प्राणशक्ति की विसर्ग (त्याग) और आपूरण (ग्रहण) क्रियाओं से ही मानना चाहिये।

पृ० ९२ पर बताया गया है कि प्राण की उच्छ्वास दशा में स्वाभाविक रूप से हं का तथा निश्वास दशा में सः का उच्चारण होता है। इस बात को पुष्ट करने के लिये 'सकारेण बहिर्याति' प्रभृति विज्ञानभैरव के श्लोक को उद्धृत किया गया है। तदनुसार यह प्राण सकार के साथ बाहर निकलता है और हकार के साथ अपान पुनः प्रविष्ट होता है। यहाँ प्रश्न उठता है कि हंसगायत्री में विद्यमान सकार प्राण और प्रकाश (सूर्य अथवा दिन) का प्रतिनिधित्व करता है तथा हकार जीव (अपान) तथा क्षपा (रात्रि) का, तो स्वच्छन्दतन्त्र में प्रतिपादित इस स्थिति से संगति कैसे बैठेगी कि प्राण निरन्तर अनाहतनाद रूप अनच्क हकार का उच्चारण (हंसोच्चार) करता रहता है। शक्तिसंगम तन्त्र में "हकारेण बहिर्याति सकारेण विशेत् पुनः" (१ ३.७८) ऐसा पाठ है। इसका उत्तर ८० वें श्लोक की व्याख्या में दे दिया गया है कि खेचरी मुद्रा की साधना में जिह्वा के तालु प्रदेश में रहने से सकार का बहिर्गमन नहीं होने पाता, अर्थात् सकार का उच्चारण नहीं हो सकता। अतः उस अवस्था में केवल स्वर रहित हकार का उच्चारण होता है। इसका अभिप्राय यह है कि नादात्मक अनच्क हकार का उच्चारण प्राणशक्ति का व्यापार है। इसको स्वच्छन्दतन्त्र में हंसोच्चार कहा गया है। हंसगायत्री के अंगभूत सकार और हकार का उच्चारण प्राण वायु की प्राण और अपान शक्तियों का व्यापार है। प्राण के बाहर निकलते समय ही सकार का उच्चारण होता है। इस व्याख्या के अनुसार शक्तिसंगम के वचन की कोई संगति नहीं बैठती। किन्तु १५१ वें श्लोक की व्याख्या में बताया गया है कि मध्यनाडी सुषुम्णा के सहारे प्राण जब हृदयाकाश से ऊपर की ओर चढ़ता है, तब 'हं' वर्ण की उत्पत्ति होती है और जब वह द्वादशान्त से उतरता है, तो उसकी अपान दशा में 'सः' वर्ण उत्पन्न होता है। इस कथन की पृष्ठभूमि में शक्तिसंगम के वचन की संगति इस प्रकार बैठाई जा सकती है कि प्राण हकार के उच्चारण के साथ हृदय से बाहर निकल कर द्वादशान्त में प्रविष्ट होता है और अपान सकार के उच्चारण के साथ पुनः हृदय में प्रविष्ट होता है। हंसगायत्री का आध्यात्मिक स्वरूप भी यही है। इसका विवेचन यहाँ अनेक श्लोकों की व्याख्या में विशेष कर १५१ वें श्लोक की व्याख्या में किया जा चुका है।

१५२ वें श्लोक में सकार और हकार के संमिलन से महानन्द की उत्पत्ति की बात कही गई है। इसका अभिप्राय यह है कि उक्त प्रक्रिया के अभ्यास से "प्राणापानौ समौ कृत्वा" इस भगवद्गीता के वचन के अनुसार प्राण और अपान की गति जब समान हो जाती है, मध्यनाडी सुषुम्णा के माध्यम से द्वादशान्त में विलीन हो जाती है, तो सच्चिदानन्दघन स्वात्मज्योति प्रकाशित हो उठती है। साधक स्वात्मस्वरूप में लीन हो जाता है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

प्राणायाम

प्राण की पूरक, कुम्भक और रेचक अवस्थाएँ स्वाभाविक रूप से बिना प्रयत्न के निरन्तर गतिशील रहती हैं। हृदय स्थित कमलकोश में प्राण का उदय होता है। नासिका मार्ग से बाहर निकल कर यह बारह अंगुल चलकर अन्त में आकाश में विलीन हो जाता है। यह बाह्य आकाश योगशास्त्र में बाह्य द्वादशान्त के नाम से प्रसिद्ध है। प्राण की इस स्वाभाविक गति को रेचक कहते हैं। बाह्य द्वादशान्त में अपान का उदय होता है और नासिका मार्ग से ही चलकर यह हृदय स्थित कमलकोश में विलीन हो जाता है। अपान की यह स्वाभाविक आन्तर गति पूरक कही जाती है। प्राण द्वादशान्त में और अपान हृदय में क्षण मात्र के लिये विलीन हो जाता है। यही प्राण की कुंभक अवस्था है। बाहर और भीतर दोनों स्थलों में निष्पन्न होने से इसके बाह्य और आन्तर ये दो भेद होते हैं। इस तरह से प्राणशक्ति की ये चार क्रियाएँ बिना प्रयत्न के निरन्तर गतिशील हैं। अर्थात् प्राण और अपान की यह चतुर्विध गति पुरुष के प्रयत्न के बिना निरन्तर स्वाभाविक रूप से चलती रहती है। पुरुष जब अपने विशेष प्रयत्न से मध्यदशा के विकास के लिये क्रमशः अथवा एकाएक इसकी गति को रोकता है, इस पर अपना नियन्त्रण स्थापित करना चाहता है, तो प्राण और अपान की गति की यह अवरोध प्रक्रिया योगशास्त्र में प्राणायाम के नाम से जानी जाती है। २५, ६६ और ८८ वें श्लोक की व्याख्या में प्राणायाम के सम्बन्ध में विस्तार से विचार किया गया है।

सहज योग में प्राणायाम के इस आयास साध्य अभ्यास की आवश्यकता नहीं रहती। वहाँ तो श्वास-प्रश्वास प्रक्रिया के माध्यम से निरन्तर चल रहे प्राण के आयाम (विस्तार) का केवल सूक्ष्म निरीक्षण किया जाता है। जैसा कि २५वें श्लोक की व्याख्या में बताया गया है।

क्षोभ

मन की चंचलता को क्षोभ कहते हैं। ७३वें श्लोक में मन की किसी भी आह्लादात्मक स्थिति में धारणा के अभ्यास की विधि बताई गई है। शर्त यह है कि यह आह्लादात्मक स्थिति क्षोभ से न पैदा हुई हो। शिवोपाध्याय (पृ० ६३) ने क्षोभ दशा का विस्तार से वर्णन किया है। इस स्थिति को हेय माना गया है। स्पन्दकारिका में कहा गया है कि क्षोभ दशा का विराम हो जाने पर ही परम पद की प्राप्ति होती है। काम, क्रोध आदि से उत्पन्न होने वाले सभी आवेग क्षोभ कहलाते हैं। इनके शान्त होने पर ही निर्विकल्प स्वात्मस्वरूप प्रकाशित होता है। क्षोभ की उत्पत्ति विकल्प दशा में ही होती है। विकल्प व्यापार के शोधन के प्रसंग में प्रशस्तिभूतिपाद ने कहा है कि इस संसार में अपनी सुन्दर, लुभावनी आकृति के कारण मन को आह्लादित कर देने वाले जो भी पदार्थ दिखाई पड़ते हैं, उन सब में मेरा अपना ही स्वरूप तो प्रकाशित हो रहा है, वह सब मैं ही तो हूँ, इस तरह से अपनी स्थिति को पुष्ट करना ही सज्जनों का पुनीत कर्तव्य है। सभी पदार्थों में इस तरह से स्वात्मस्वरूप की भावना से मन का क्षोभ (चंचलता) शान्त हो जाता है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

तत्काल परम आनन्द का उदय होने से वह निर्विकल्प दशा में आरूढ़ हो जाता है, जिससे कि उसका पर भैरव स्वरूप प्रकट होने लगता है। तन्त्रालोक के पूर्वोक्त "शाक्ते क्षोभे०" (५।७१) इत्यादि श्लोक में 'अग्रगोचर' पद की व्याख्या करते हुए जयरथ ने इस श्लोक को उद्धृत किया है ॥६५॥

[धारणा–४३]

सर्वस्रोतोनि[१]बन्धेन प्राणशक्त्योर्ध्वया शनैः ।
पिपी[२]लस्पर्शवेलायां प्रथते परमं सुखम् ॥६६॥

सर्वस्रोतोनिबन्धेन श्रोत्रचक्षुर्नासामुखगुह्योपस्थरन्ध्रनिरोधेन, ऊर्ध्वया प्राणशक्त्या, [1]आधाराद् द्वादशान्तं यावदूर्ध्वं क्रमेण वहन्त्या प्राणशक्त्या, द्वादशान्ते आत्मविषयानुभवसमये, पिपीलस्पर्शवेलायां पिपीलिकाया इव शनैश्चरतः प्राणस्य यः स्पर्शो जन्माग्रादिसकाशान्मूलकन्दादिस्थानस्पर्शस्तद्वेलायाम्, अस्यां हि वेलायां योगिनः परीक्षन्ते—अमुतः स्थानादुत्थाय अद्य अदः स्थानं प्राणः प्राप्त इति, परमं सुखं प्रथते योगिनः परानन्दावाप्तिर्भवति, अन्तर्मुखारामो भवतीत्यर्थः ॥६६॥

श्रोत्र, चक्षु, नासिका, मुख, गुह्य, उपस्थ प्रभृति प्राण और अपान आदि वायुओं के निकलने के मार्गों को रोक देने पर वायु की गति ऊपर उठने लगती है। आधार से लेकर द्वादशान्त पर्यन्त क्रमशः धीरे-धीरे ऊपर की ओर उठ रही इस प्राण-शक्ति के द्वादशान्त में प्रविष्ट हो जाने पर स्वात्मस्वरूप का अनुभव होने लगता है। योगशास्त्र की परिभाषा में इसको पिपीलस्पर्शवेला कहा जाता है, जिसमें कि प्राण के ऊपर उठते समय जन्माग्र से लेकर मूल, कन्द प्रभृति स्थानों का स्पर्श होने पर उसी तरह की अनुभूति होती है, जैसी कि देह पर चींटी के चलने से होती है। इसी अवस्था में योगी इसकी परीक्षा कर पाते हैं कि प्राण आज अमुक स्थान से चलकर अमुक स्थान तक उठा। इस स्थिति तक पहुँच जाने पर योगी का चित्त परम आनन्द से भर जाता है और वह इसी अन्तर्मुख वृत्ति में रम जाता है।

भगवान् पतंजलि ने योग की इस प्रक्रिया का वर्णन 'श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः' और 'बाह्याभ्यन्तरस्तम्भवृत्तिर्देशकालसंख्याभिः परिदृष्टो दीर्घसूक्ष्मः' (२।४९–५०) इन दो सूत्रों में किया है। इनका अभिप्राय यह है कि प्राण और अपान वायु के धर्म श्वास और प्रश्वास पुरुष के प्रयत्न के बिना निरन्तर स्वाभाविक रूप से गतिशील बने रहते हैं। पुरुष जब अपने विशेष प्रयत्न से क्रमशः अथवा एकाएक इनकी गति को रोकता है, तो प्राण और अपान की गति की यह अवरोध प्रक्रिया योगशास्त्र में प्राणायाम के नाम से जानी जाती है। यह प्राणायाम पूरक, रेचक और कुम्भक के भेद से तीन तरह का होता है।

---

१. °रोधे° –ख० । २. °लिकास्पर्शमात्रात्–खटी० ।

1. आधार से द्वादशान्त पर्यन्त स्थानों का वर्णन २८ से ३० संख्या के श्लोकों की व्याख्या के प्रसंग में किया जा चुका है। उपोद्घात में भी इस विषय पर विचार किया जायगा। वहीं जन्माग्र, आधार आदि शब्दों की भी स्पष्ट व्याख्या की जायगी।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

शिवोपाध्याय ने यहां अपनी व्याख्या में बताया है कि प्राण की बाह्य गति का निरोधक होने से बाह्य वृत्ति वाला प्राणायाम पूरक, प्राण की अन्दर की गति का निरोधक होने से आन्तर वृत्ति वाला प्राणायाम रेचक कहलाता है। आगे वे लिखते हैं कि कुछ लोग [1]बाह्य शब्द से रेचक और आन्तर शब्द से पूरक प्राणायाम का ग्रहण करते हैं। ऐसा लिखते हुए वे इस द्वितीय मत के प्रति अपनी अरुचि प्रकट करते हैं। किन्तु भाष्यकार व्यास, वाचस्पति मिश्र, भोजदेव प्रभृति व्याख्याकारों ने द्वितीय मत को ही स्वीकार किया है। प्राण और अपान की बाह्य और आन्तर गति का एक साथ निरोध कर देने पर स्तम्भ वृत्ति वाला कुम्भक प्राणायाम संपन्न होता है। जैसा कि वाचस्पति मिश्र ने प्रस्तुत सूत्र के व्यासभाष्य की टीका करते हुए लिखा है— जहां श्वास और प्रश्वास दोनों का, एक साथ ही रोक देने के कारण, अभाव हो जाता है, अर्थात् इस अवरोधक प्रयत्न के कारण फिर वह न तो सांस भरने में ही समर्थ होता है और न सांस छोड़ने में ही, किन्तु जैसे तपे हुए पत्थर पर पानी पड़ने से वह वहीं सूख जाता है, उसी तरह से श्वास-प्रश्वास के रूप में पवन का प्रवहमान यह प्रवाह भी बलवान् अवरोधक प्रयत्न से अवरुद्ध होकर शरीर में ही सूक्ष्म रूप से विलीन हो जाता है। उस समय पूरकता के अभाव में यह पूरक और रेचकता के अभाव में रेचक भी नहीं कहला सकता।

यह तीनों प्रकार का प्राणायाम देश, काल और संख्या से परीक्षित होकर 'दीर्घसूक्ष्म' नाम से अभिहित होता है। अर्थात् जैसे भली भाँति दबाई गई रुई की गाँठ छोटी सी दिखाई पड़ती है, किन्तु उसमें से निकाल कर रुई को फैला देने पर वह बहुत जगह घेरती है, उसी तरह से प्राण भी दुर्लक्ष्य होने से यद्यपि अत्यन्त सूक्ष्म रहता है, किन्तु देश, काल और संख्या के अनुसार क्रमशः प्राणायाम का अभ्यास बढ़ाने से वह अत्यन्त विस्तृत हो जाता है। फैलाई हुई रुई को जैसे फिर गाँठ में बाँध देने पर वह थोड़ा ही स्थान घेरती है, उसी तरह से प्राणायाम के अभ्यास से उस प्राण को पुनः सूक्ष्म किया जा सकता है। उक्त तीनों प्रकार के प्राणायामों में देश, काल और संख्या की अधिकता और अल्पता के आधार पर प्राण दीर्घ और सूक्ष्म रूप में परिणत होता रहता है। अतः प्राणायाम की यह विधि 'दीर्घ-सूक्ष्म' कही जाती है।

देश-परीक्षा की विधि यह है—हृदय से निकल कर श्वास नाक के सामने बारह अंगुल तक जाकर समाप्त हो जाता है। वहीं से लौट कर यह पुनः हृदय में प्रवेश करता है। यह प्राण और अपान की स्वाभाविक गति है। प्राणायाम का विधिपूर्वक अभ्यास करने से प्राण की यह गति क्रमशः नाभि अथवा मूलाधार से निकलने लगती है और नाक से बाहर २४ अंगुल तक अथवा ३६ अंगुल तक पहुँच जाती है। इसी तरह से वहाँ से पुनः लौटकर वह नाभि अथवा मूलाधार तक पहुँचती है। इनमें से नासिका के बाहर प्राण की गति कहाँ तक पहुँची, इसकी परीक्षा किसी निवात (पवन रहित) स्थान में तिनके में रुई लपेट कर की

---

1. जैसा कि पृ० २९-३० की टिप्पणी में लिखा गया है, इस विषय पर उपोद्घात में विचार किया जायगा। पृ० २९-३० की टिप्पणी में पालि-साहित्य में उपलब्ध इस तरह के परस्पर विरोधी विचारों का उल्लेख किया गया है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

जा सकती है। निवात स्थान में रुई में अपने आप स्पन्दन नहीं होगा। इसको नासिका के सामने रखने पर प्राण की गति जितनी दूर तक पहुँचेगी, उतनी दूर तक रुई में स्पन्दन का अनुभव होगा। इस तरह से अभ्यास के द्वारा प्राण की गति में कितना विस्तार हुआ, इस बात का सहज में अनुमान हो जायगा। इसी तरह से भीतर प्राण की गति का कहाँ तक विस्तार हुआ, इसका अनुमान प्राण की भीतर की शरीर पर चींटी के चलने सरीखी गति के स्पर्श से किया जा सकता है। प्राण की गति के विस्तार की ही भाँति उसके संकोच की भी परीक्षा इसी विधि से की जा सकती है।

काल-परीक्षा इस तरह से सम्पन्न होती है—पलक झपने में जितना समय लगता है, उसका चतुर्थ भाग क्षण कहलाता है। निमेष आदि क्रियाओं से परिच्छिन्न होने से, नापे जाने के कारण, काल परिमित हो जाता है। वाचस्पति मिश्र ने मात्रा की परिभाषा यह की है कि अपने घुटनों को हाथ से तीन बार छूकर चुटकी बजाने में जितना समय लगता है, उसको मात्रा[1] कहा जाता है। इस तरह की ३६ मात्राओं का पहला उद्घात मृदु कहलाता है। इसको दुगुना कर देने पर दूसरा उद्घात मध्य तथा तिगुना कर देने पर तृतीय उद्घात तीव्र कहलाता है। नाभि के मूल से उठकर बाहर की ओर जाने वाली वायु का शिर पर आघात उद्घात के नाम से जाना जाता है।

प्रणव के जप की आवृत्ति के द्वारा अथवा श्वास की गति के प्रवेश की गणना करके संख्या-परीक्षा की जाती है।

यद्यपि कुम्भक प्राणायाम में देश की व्याप्ति नहीं बन सकती, तो भी वहाँ काल और संख्या की व्याप्ति तो जानी ही जा सकती है। इस तरह से देश, काल और संख्या के अनुसार प्रतिदिन प्राणायाम का अभ्यास बढ़ाने पर दिन, पक्ष और मास के क्रम से देश और काल की व्याप्ति के बढ़ने पर वह बढ़ता जाता है, अतः यह दीर्घ है। इसका अनुभव निपुणता से अभ्यास करने पर ही हो सकता है, अतः यह सूक्ष्म भी है। प्राण जब सूक्ष्म हो जाता तो उससे मन शान्त हो जाता है, मन को शान्ति से अन्त में प्राण भी शान्त हो जाता है और प्राण के शान्त हो जाने पर सारे विकल्पों का नाश हो जाता है। इस तरह से यह योग-दशा अतीव कष्ट-साध्य है। किन्तु इससे योगी को निर्विकल्प दशा की प्राप्ति होती है, अतः इसका अभ्यास योगी के लिये अतीव आवश्यक है।

इसी बात को प्रस्तुत श्लोक के उत्तर भाग में समझाया गया है कि प्राण की गति भीतर की ओर होने पर शरीर पर चींटी के चलने के जैसे स्पर्श की जो अनुभूति होती

---

1. मात्रा और उद्घात की यह परिभाषा व्यास-भाष्य की वाचस्पति मिश्र कृत तत्त्ववैशारदी टीका में मिलती है। वहाँ की पंक्तियाँ इस प्रकार हैं—"स्वजानुमण्डलं पाणिना त्रिः परामृश्य छोटिकावच्छिन्नः कालो मात्रा। ताभिः षट्त्रिंशता मात्राभिः परिमितः प्रथम उद्घातो मृदुः। स एव द्विगुणीकृतो द्वितीयो मध्यमः। स एव त्रिगुणीकृतस्तृतीयस्तीव्रः" (२।५०)। इसका हिन्दी अनुवाद ऊपर टीका में कर दिया गया है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

है, उसमें देश, काल और संख्या की परीक्षा करने पर योगी के चित्त में अन्त में परम आनन्द की अभिव्यक्ति हो उठती है ।।६६।।

[धारणा–४४]

[1]वह्नेर्विषस्य मध्ये तु चित्तं सुखमयं क्षिपेत् ।
केवलं वायुपूर्णं वा स्मरानन्देन युज्यते ।।६७।।

अनुप्रवेशक्रमेण संकोचभूमिः वह्निः, नासापुटोर्ध्वस्पन्दनक्रमोन्मिषत्सूक्ष्मप्राणशक्त्या भ्रूभेदनक्रमासादितोर्ध्वकुण्डलिनीपदे तद्विश्रान्तिरूपसंकोचस्थानं विषस्थानं प्रसरयुक्त्या विकासपदम् । अनयोर्वह्निविषयोर्मध्ये मध्यनाड्यां सृष्टिग्रन्थिभूतायाम्, सुखमयम् आनन्दमयं चित्तं मनः, भावनया क्षिपेत् चिन्तयेत् । वायुनिर्गमप्रवेशधारणां विहाय मध्यभूते उन्मेषभट्टारके तन्निर्गमप्रवेशकारणे तद्द्वयैक्यानुसन्धात्रात्मके तद्धारणया आनन्दमयं चित्तं क्षिपेत् । कीदृशम् ? केवलम् आरोहावरोहविषयसंबन्धरहितं वायुपूर्णं च मध्यनाडीस्थिताक्रमोच्चारानच्ककलात्मकप्राणशक्तिभरितं च । वह्नेः प्राणस्य, विषस्य अपानस्य च मध्ये वायुपूर्णं प्राणायामसहितं केवलं प्राणायामवर्जितमपि च सुखमयं चित्तं क्षिपेदिति सरलार्थः । ततः स्मरानन्देन कामानन्देन युज्यते, स्मरानन्दमयो भवेदित्यर्थः । सर्वविषयविस्मारकारणत्वात् कामानन्दस्य आनन्दान्तरेभ्यः परत्वम् ।

यद्वा वह्निः मेढ्रादूर्ध्वं नाभ्यधोऽङ्गुलानां चतुष्टयेऽग्निर्नाम पवनाधारः षोडशपवनाधारमध्ये गणितः । विषनामा पवनाधारो मेढ्रमध्ये ज्ञेयः । तयोः पवनाधारयोर्मध्ये सुखमयचित्तनिक्षेपणम् । ततः कामानन्दावाप्तिः । षोडशाधारास्तु कुलाम्नाये कथिताः ।

अथवा वह्निविषशब्दयोर्लोकप्रसिद्ध एवार्थो ग्राह्यः । तेन वह्नौ वा विषे च कठिनतरे सुखभावनयैव चित्तं क्षिपेत् । 'स्मरानन्दे न युज्यते' इति च्छेदे कामानन्दे सर्वविषयविस्मारके न युज्यते नैव संलग्नो भवति । यस्माद् दुःखे वह्निविषादौ सुखसंधारणमेव परमार्थ इति परमार्थविदः । स्त्रीसंगेन विना स्त्रिया य आनन्दानुभवः स एव परमार्थ इति कथ्यत इति तात्पर्यार्थः ।।६७।।

प्राण की श्वास-प्रश्वास की प्रक्रिया में जब वायु ऊर्ध्व-मुख अधः सहस्रार कमल में प्रविष्ट हो जाता है, तब जीव की असीम शक्ति संकुचित हो जाती है । शक्ति के इसी संकोच स्थान को योगशास्त्र में वह्नि के नाम से जाना जाता है । यही पवन जब नासिका मार्ग से न निकल कर ऊपर के सहस्रार कमल की ओर बढ़ता हुआ सूक्ष्म प्राणशक्ति के रूप में विशुद्धि चक्र (भ्रूस्थान) का भेदन कर ऊर्ध्व कुण्डलिनी, अर्थात् ऊपर के अधोमुख सहस्रार कमल में प्रविष्ट हो जाता है और वहाँ विश्राम करता है, तो उसकी शक्ति का विकास होने लगता है ।

---

१. न–ख० ।

1. यह श्लोक प्रत्यभिज्ञाहृदय (पृ० ८७) में मिलता है ।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

यह विकास पद (स्थान) योगशास्त्र में 'विष' नाम से जाना जाता है। यद्यपि प्रारंभ में जीव की शक्ति यहाँ संकुचित अवस्था में ही रहती है, किन्तु योगाभ्यास से उसका विस्तार किया जा सकता है, अतः इसको विकास पद (स्थान) कहा जाता है। ऊर्ध्व कुण्डलिनी में शक्ति का विकास होने पर षष्ठ वक्त्र, गुह्य स्थान, आधार प्रदेश आदि के नाम से जानी जाने वाली, अधः स्थान में स्थित, प्रसुप्त कुण्डलिनी में भी प्राणशक्ति का विकास कर शक्ति का प्रसार, शक्ति का विस्तार किया जा सकता है। इस अवस्था में अधः कुण्डलिनी के मूल, अग्र और मध्य भाग में प्राणशक्ति के स्पर्श की स्पष्ट अनुभूति होने लगती है। इन वह्नि[1] और विष स्थानों के बीच में सृष्टि ग्रन्थिभूत मध्य नाडी में भावना के द्वारा आनन्द से ओत-प्रोत मन को स्थिर कर दे। वायु की श्वास-प्रश्वास प्रक्रिया से, प्राण-अपान की गति में नियोजित धारणा से, मन को हटा कर इन दोनों के बीच में विद्यमान उन्मेष दशा में, जिससे कि प्राण की ऊर्ध्व कुण्डलिनी की ओर गति होती है, जो श्वास-प्रश्वास, प्राण-अपान की गति की भी कारण स्वरूप है[2] और जहाँ इनकी एकता का अनुसन्धान किया जा सकता है, धारणा का अभ्यास करते हुए साधक अपने आनन्द से परिपूर्ण चित्त को नियोजित कर दे, भले ही वह चित्त प्राण वायु के आरोह और अवरोह व्यापार से रहित होने से अकेला हो अथवा वायु से परिपूर्ण हो, अर्थात् मध्य नाडी में स्थित बिना क्रम के स्वाभाविक रूप से उच्चरित होने वाली अनच्क कला स्वरूप (अजपा गायत्री) प्राणशक्ति से भरा हो। इस तरह के अभ्यास से योगी कामानन्द से परिपूर्ण हो जाता है, अर्थात् अपने परम आनन्दमय स्वरूप का अनुभव करने लगता है। कामानन्द अन्य सभी लौकिक विषयों के आनन्द को दबा देता है, अन्य सभी आनन्दों की अपेक्षा उसकी इस उत्कृष्टता के आधार पर ही यहाँ उसको उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

इस मानव पिण्ड (शरीर) में पवन के ठहराव के १६ स्थान हैं। योगशास्त्र में इनको आधार कहा जाता है। इनमें से लिंग के ऊपर नाभि से चार अंगुल नीचे अग्नि नाम का स्थान है। विष नाम का आधार लिंग के मध्य में माना जाता है। शरीरवर्ती पवन के इन दोनों आधारों के बीच में आनन्दमय चित्त की बार-बार भावना करनी चाहिये, चाहे वह चित्त प्राणायाम से नियन्त्रित हो अथवा न हो। उक्त भावना के अभ्यास से वह कामानन्द से परिपूर्ण हो जाता है। यहां इस भावना के अभ्यास की कामानन्द से तुलना इसलिये की गई है कि जैसे अन्य सभी विषयों से उत्पन्न होने वाले आनन्द की अपेक्षा कामानन्द सर्वोत्कृष्ट है, उसी

---

1. वह्नि और विष नामक स्थानों का तथा उनके बीच में विद्यमान सृष्टि ग्रन्थिभूत मध्यनाडी का विवेचन उपोद्घात में किया जायगा। कुलागम-संमत सोलह आधारों का वर्णन भी वहीं देखना चाहिये।
2. प्राण और अपान व्यापार से भिन्न, श्वास-प्रश्वास प्रक्रिया से अलग, स्वाभाविक रूप से निरन्तर चल रहे प्राण (हृदय) के स्पन्दन व्यापार का यहां उल्लेख है। इस पर भी उपोद्घात में विचार किया जायगा।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

तरह से इस भावना का अभ्यास करने वाला योगी भी सर्वोत्कृष्ट परम आनन्द से सराबोर हो जाता है।

अथवा वह्नि और विष शब्दों के लोक-प्रसिद्ध अर्थ को स्वीकार करके भी इसकी व्याख्या की जा सकती है। अर्थात् अग्नि और विष जैसे कष्टदायक पदार्थों में भी ये सब सुखमय ही हैं, इस तरह की भावना करे। इस धारणा के अभ्यास से साधक अन्य सभी विषयों को दबा देने वाले कामानन्द से कभी अभिभूत नहीं होता। 'कामानन्दे न युज्यते' ऐसा पदच्छेद करने पर यह अर्थ निकलता है। व्यक्ति जब कामाकुल हो जाता है, तो उस समय वह सब कुछ भूल जाता है। उक्त धारणा के अभ्यास से साधक इस अवांछनीय स्थिति से उबर जाता है। सदा दुःखमय प्रतीत होने वाले अग्नि, विष आदि में भी यदि सुख की भावना, सुख की अनुभूति होने लगे, यही तो प्राणी की यथार्थ स्थिति है। बिना [1]स्त्रीसंग के भी योगी के चित्त में स्त्रीसंग के सदृश उत्कृष्ट आनन्द की अनुभूति निरन्तर होने लगे, यही वास्तव में प्राणी की परम आनन्दमय परमार्थ स्थिति मानी जाती है ॥६७॥

[धारणा-४५]

[2]शक्तिसङ्गमसं[१]क्षुब्धशक्त्यावेशावसानि[२]कम् ।
यत्सुखं ब्रह्मतत्त्वस्य तत्सुखं स्वाक्यमुच्यते ॥६८॥

शक्तिसङ्गमः स्त्रीसङ्गः, तेन संक्षुब्धः सम्प्रवृत्तः, शक्त्यावेश आनन्दशक्तिसमावेशः, तदावसानिकं तत्पार्यन्तिकम्, स्त्रीसङ्गानन्दाविर्भूतानन्दशक्तिसमावेशान्त इति यावत्। यद् घण्टयनुरणनरूपं ब्रह्मतत्त्वस्य सुखं परब्रह्मानन्दः, त्यक्तस्त्रीपुरुषद्वैतपर्यालोचनं स्वात्ममात्रनिष्ठम्, तत् सुखं स्वकमेव स्वाक्यम्, स्वार्थे घञ्, आत्मन एव संबन्धि, न अन्यत आयातमुच्यते। स्त्रीसङ्गस्तु अभिव्यक्तिकारणमेव, यतः स्वक एव स आनन्दः। ततश्च स्त्रीसङ्गेन य आनन्दोऽनुभूयते, तामेव स्त्रियं ध्यात्वा आनन्दमयो भवेदिति भावः। विश्वस्फुरणशक्तिसङ्गमसंक्षुब्धा या चिच्छक्तिस्तस्या य आवेश इति केचित् ॥६८॥

शक्ति-संगम अर्थात् स्त्री के सहवास से संक्षुब्ध हुई, उत्तेजित हुई, आनन्द शक्ति की समावेश-दशा की समाप्ति के समय घनघनाहट की सी अनुभूति होती है। स्त्री के सहवास से अभिव्यक्त इस सुखमय स्थिति को ब्रह्मानन्द सहोदर माना जाता है। उस समय स्त्री और पुरुष का द्वैतभाव छूट जाता है और स्वात्मनिष्ठ परमानन्द केवल बच रहता है। इस अवस्था

---

१. °क्षोभ°-परा० । २. °न°-परा० ।

1. अगले श्लोक में इस विषय का स्पष्ट विश्लेषण किया गया है।

2. यह और इसके आगे का श्लोक परात्रिंशिका व्याख्या (पृ० ५१), शिवसूत्रविमर्शिनी (पृ० ६३), महार्थमंजरीपरिमल (पृ० १४६-१४७) और तन्त्रालोक की विवेक टीका (भा० ३, आ० ५, पृ० ३७८) में उद्धृत है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

बन्धः

योगसाधनायां बन्धानामुपयोगिता उल्लेखनीया। बन्धं विना प्राणायामः न कदापि कर्त्तव्यः। यतो हि बन्धराहित्येन कृतेन प्राणायामेन वास्तविकलाभो न अवाप्यते।

(१.) मूलबन्धः – मूलबन्धशब्दस्यार्थोऽस्ति उत्पत्तिस्थलम्।

अस्य बन्धस्य अभ्यासात् मूलाधारचक्रस्य अर्थात् उत्पत्तिस्थलस्य ग्रन्थि-स्नायु-इत्यादयाः सबलतराः भवन्तीति अस्य बन्धस्य नाम मूलबन्धः। मूलस्थानस्य बन्धनं भवतीति बन्धोऽयं मूलबन्धनाम्ना ज्ञायते। मूलबन्धस्य लक्षणविषये उच्यते यत् पार्ष्णिभागेन योनिप्रदेशं संपीड्य गुदाभागमाकुञ्चयेत्। तदनन्तरम् अपानवायुम् ऊर्ध्वभागे आकर्षयेत्। अधोगतियुक्तम् अपानवायुम् आकुञ्चनेन बलात् ऊर्ध्वगतिमन्तं करोति इति योगीन एतं बन्धं मूलबन्ध इति वदन्ति। गुदाभागं गुल्केन संपीड्य वायुं बलात् बारं बारम् आकुञ्चयेत्। अनेन वायुः सुषुम्णानाड्या ऊर्ध्वभागे प्राप्नोति।

मूलबन्धविधिं व्याख्यायन् ऋषिवरः घेरण्डः वदति यत् योनिप्रदेशस्य आकर्षणं वामगुल्केन भवेत् तदनन्तरं यत्नपूर्वकतया नाभिग्रन्थिं मेरुदण्डे योजयेत् तथा दक्षिणगुल्केन उपस्थेन्द्रियं दृढतापूर्वकतया बन्धनं कुर्यात्।

मूलबन्धस्य अभ्याससमये साधकः सिद्धासने पद्मासने अथवा कस्मिंश्चित् ध्यानात्मकासने उपविशेत् परन्तु अस्य बन्धस्य अभ्यासार्थं सिद्धासनं सर्वोत्तमम्।

Scanned with CamScanner

(i) अस्य बन्धस्य अभ्यासस्य अनेके विधयः समवाप्यन्ते। तेषु प्रथमविधि-अनुसारेण बन्धोऽयं पूरकेण सह गुदादेशमाकृष्य रेचकेन आकुञ्चनं शिथिलीकृत्य अपि कर्तुं शक्यते।

(ii) द्वितीयविधि- अनुसारेण सिद्धासने उपविश्य नेत्रद्वयं निमील्य शरीरं शिथिलीकृत्य दीर्घतया पूरकं कृत्वा अन्तःकुम्भकं कृत्वा जालन्धरबन्धं कृत्वा मूलाधारप्रदेशस्य स्नायुनामाकुञ्चन-प्रसारणक्रियां कुर्वन् तान् उपरि आकर्षयेत्। स्वसामर्थ्यानुसारेण यावत् अन्तःकुम्भकं कर्त्तुं शक्यते तावत् आकुञ्चन-प्रसारणकार्यं कर्त्तव्यम्। तदनन्तरं स्नायून् शिथिलीकृत्य जालन्धरबन्धं परित्यज्य शनैः शनैः रेचकः कर्त्तव्य।

(iii) तृतीयविधि- अनुसारेण साधकः बाह्यकुम्भकं कृत्वा अपि बन्धमिमं कर्त्तुं शक्नोति। एतस्य बन्धस्य बाह्यकुम्भकेन सह करणेन सौविध्यं भवति।

उड्डीयानबन्धः

(2.) उड्डीयानबन्धः - यतो ही अनेन बन्धेन प्राणवायुः सुषुम्ना-नाड्याम् उड्डीयते अत एषः बन्धः उड्डीयानबन्धनाम्ना ज्ञायते। उड्डीयानबन्धस्य विधिविषये उच्यते यत् उदरे नाभे-रूर्ध्वभागे पश्चिमतानं कुर्यात्। एषः बन्धः मृत्युरूपिगजस्य कृते सिंहसदृशः बलशाली भवति।

जानुद्वयं व्यावर्त्य पादतलं परस्परं संयोज्य नाभे उपर्यधोभागयो अष्टाङ्गुलपर्यन्तं भागं बलादाकृष्य मेरुदण्डे अनेन रूपेण योजि योजयितव्यं यत् उदरे गह्वरसदृशाकृतिः

Scanned with CamScanner

भूयात्। यावत् शक्यते तावत् उदरम् अन्तर्भागे आकर्षणं कुर्यात्। बन्धोऽयं पादतलम् असंयोज्य अपि कर्तुं शक्यते।

बन्धोऽयं पद्मासने सिद्धासने वा उपविश्य अपि कर्तुं शक्यते। हस्ततलं जानुद्वये रक्षितव्यम्। दीर्घतया रेचकं कृत्वा बहिः कुम्भकं कृत्वा जालन्धरबन्धः कर्त्तव्यः। तदनन्तरम् उदरस्थितान् मांसपेशीन् अधिकतया उपरि अन्तर्भागे च आकुञ्चयेत् तथा यथाशक्ति तस्यामेवावस्थायां स्थित्वा उदरं जालन्धरबन्धं च शिथिलीकृत्य क्षणं विश्राम्य पुनः कुर्यात्। उदराकर्षणकाले वक्षस्थलं किञ्चित् उपरि प्रसारितव्यम्। यथा बन्धोऽयं पद्मासने सिद्धासने वा उपविश्य कर्तुं शक्यते तथैव उत्थाय अपि कर्तुं शक्यते।

पादद्वयस्य मध्ये एक 'फुट' इत्यस्य अन्तरालं रक्षयित्वा हस्तद्वयमुपरि कृत्वा श्वासं प्रपूर्य पुनश्च हस्तद्वयम् अध आनीय जानो उपरि रक्षयेत्। तदनन्तरं निश्वस्य बहिः-कुम्भकं कृत्वा उदरम् अन्तर्भागे आकर्षयेत्। आकर्षणकाले उदरं मेरुदण्डे संलग्नो भवेत्। अनेन रूपेण यथाशक्ति अवस्थानं कृत्वा उदराकर्षणं परित्यज्य उदरं शिथिलीकुर्यात्। अनेन रूपेण वारचतुष्टयं वारपञ्चकं वा कुर्यात्।

बन्धोऽयं हृदयरोगिणा, उदरव्रणवता तथा गर्भवत्या स्त्रिया न कर्त्तव्यः। न केवलमेतदेव अपितु द्वादशवर्षेभ्यः न्यूनायुर्वता बालकेन अथवा अनृतुमत्या बालिकया बन्धोऽयं न कर्त्तव्यः।

Scanned with CamScanner

जालन्धरबन्धः

(३.) जालन्धरबन्धः – जालन्धर-इन्यस्य शब्दस्यार्थोऽस्ति जाल-समूहः। यः समस्तनाडीजालं बध्नाति तथा (चन्द्रनाडीतः क्षरितम्) अमृतम् अधोगमनात् रुणद्धि स एव बन्धः जालन्धरबन्धनाम्ना ज्ञायते। जालन्धरबन्धस्य विधिविषये उच्यते यत् बन्धोऽयं शिराजालं बध्नाति अतः बन्धोऽयं जालन्धर-बन्धनाम्ना ज्ञायते।

जालन्धरबन्धस्य विधिविषये प्राप्यते यत् कण्ठसंकोचनं कृत्वा चिबुकं हृदये न्यसेत् इति। तदुपरि एतस्य बन्धस्य विधिविषये प्राप्यते यत् उत्थाय सुखासने, पद्मासने सिद्धासने वा उपविश्य प्राणायामं कुर्वन् पूरककरणानन्तरं रेचककरणानन्तरं वा बन्धोऽयं क्रियते। अर्थात् बन्धोऽयं कुम्भककाले अर्थात् बाह्यकुम्भककाले अन्तःकुम्भककाले च करणीयः। अवस्थायामस्यां हस्तद्वयं जानुद्वयोपरि रक्षयित्वा चिबुकं कण्ठकूपे संयोजयेत्। अवस्थायामस्यां चिबुकहृदययोर्मध्ये अन्तरालं अङ्गुष्ठचतुष्टस्य अङ्गुष्ठषट्कस्य वा भवेत्। अवस्थायामस्यां वक्षस्थलम् अग्रभागे किञ्चित् प्रसारितं भवेत्। बन्धोऽयं कण्ठस्थानस्य नाडीजालसमूहं बद्ध्वा रक्षयति। बन्धोऽयं जालन्धरबन्धनाम्ना ज्ञायते।

महाबन्धः

(४.) महाबन्धः – बन्धोऽयं बन्धत्रयाणां समन्वयः। बन्धस्यास्य विधिविषये उच्यते यत् वामपादस्य गुल्केन गुदामूलं निरुद्ध्य तद्गुल्कं यत्नेन दक्षिणपादेन सम्पीड्य शनैः शनैः

Scanned with CamScanner

योनिप्रदेशम् आकुञ्चयेत् चालयेत् च तथा जालन्धरबन्धेन प्राणवायुं धारयेत्। महाबन्धोऽयं सर्वबन्धेषु श्रेष्ठोऽस्ति।

महाबन्धस्य विधिविषये मतवैभिन्न्यमवलोक्यते। तेषु प्रथमविधि अनुसारेण कस्मिंश्चित् ध्यानात्मकासने उपविश्य बन्धत्रयमेकबारमेव क्रियते कुम्भकावस्थायाम्। पूर्णतया रेचकं कृत्वा क्रमशः जालन्धरबन्धः, उड्डीयानबन्धः मूलबन्धं च क्रियते। तदनन्तरं स्वचेतना मूलाधार- मणिपुर- विशुद्धिचक्रेषु घूर्णयित्वा यावत् कुम्भकं शक्यते तावत्। तदनन्तरं क्रमशः मूलबन्धम्- उड्डीयानबन्धं जालन्धरबन्धं च परित्यज्य पूरकं कर्त्तव्यः।

अन्यविधि अनुसारेण वामगुल्कं योनिमण्डले दक्षिणगुल्कं च जननेन्द्रियमूले स्थापयेत्। तदनन्तरं वामनासापुटेन चलित- स्वरेणनासापुटेन वा वायुमाकृष्य जालन्धरबन्धः क्रियते। तदनन्तरं मूलद्वारेण वायुम् उपरि आकृष्य मूलबन्धं कुर्यात्। मनः मध्यनाड्यां स्थिरीकृत्य यथाशक्तिः कुम्भकम् कुर्यात्। तदनन्तरं पूरकविपरीतनासिकाया: शनैः शनैः रेचयेत्।

इति

Scanned with CamScanner

गया है कि 'रूपं रूपं मघवान् बोभवीति रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव। महाप्रकाश एव देवता, नान्यः कश्चित्'।

हृदय का स्फुरणस्वभाव ही देवता है— 'भावभेदस्य प्रकाशैकात्म्यपारिशेष्यात्सर्वस्यापि प्रपञ्चस्य एक एव हृदयस्फुरणस्वभावो देवतात्वेनाराध्यः। भावानां बाहुल्योपपादनद्वारा देवतात्वमुन्मीलितम्'।

प्रत्यभिज्ञा में भी गया गया है कि 'चिदात्मैव हि देवोऽन्तःस्थितमिच्छावशाद्बहिः'। निष्कर्ष यह कि 'स्वात्मैव देवता इति निर्बन्धः' (परिमल)।

देवता मन्त्राङ्ग भी है। मन्त्र के नव तत्त्व बताये गये हैं, उनमें देवता भी एक है। कामधेनुतन्त्र के अनुसार देवतत्त्व, प्राणतत्त्व, बिन्दुतत्त्व, ज्ञानतत्त्व, शक्तितत्त्व, योनितत्त्व आदि नव तत्त्व की गये हैं।

शाक्तपरम्परा में देवी एवं श्रीसम्प्रदाय में भगवती त्रिपुरसुन्दरी ही देवता हैं तथा ललिता परदेवता हैं; जैसा कि ललितासहस्रनाम में कहा भी गया है— 'रात्रौ यश्चक्रराज-स्थाम-र्चयेत् परदेवताम्'।

यह ललितास्वरूपा देवता कोई अन्य नहीं, प्रत्युत साधक की स्वयं की आत्मा-मात्र ही है— 'स्वात्मैव ललिता प्रोक्ता मनोज्ञा विश्वविग्रहा'। अपनी आत्मा ही भगवती ललिता हैं। 'देवो भूत्वा देवं यजेत्' कहकर साधक को स्वयं देवता बनकर देवता की उपासना करने का विधान किया गया है; अतः शाक्तसाधना में देवोपासना अद्वैतोपासना ही है।

शाक्तानन्दतरङ्गिणी में कहा गया है कि साधक को ब्राह्म मुहूर्त्त-वेला में उठकर प्रातःकृत्य से निवृत्त होकर भगवती के साथ परम गुरु शिव का ध्यान करना चाहिये। फिर पञ्चभूतमय तत्त्वों द्वारा स्वेष्ट देवता की पूजा करनी चाहिये। फिर गुरु की पूजा करके गुरुमन्त्र का जप करना चाहिये। फिर वाग्भवबीज 'ॐ ऐं' (या अन्य में 'क्लीं') का जप करना चाहिये—

ब्राह्मे मुहूर्त्ते उत्थाय चिन्तयेद्गुरुदैवतम्।
स्वमूर्द्धनि सहस्रारे शिवाख्यपरबिन्दुके।।

अर्थात् रात्रि के दो दण्ड शेष रह जाने पर ब्राह्म मुहूर्त में अपनी मूर्द्धा में शिव-बिन्दु सहस्रार में भगवती पराम्बा एवं भगवान् परम शिवरूप परम गुरु का ध्यान करना चाहिये। 'श्यामारहस्य' में कहा गया है कि पूजाविधान में मानसिक गन्ध-पुष्पादि समर्पित करते हुये ही वाग्भवमन्त्र का जप करना चाहिये— 'मनसा गन्धपुष्पाद्यैः सम्पूज्य वाग्भवं जपेत्'। इष्टदेव की स्तुति करनी चाहिये और 'तेजोरूपं समर्प्याथ स्तवेन तोषयेद् गुरुम्'।

नादबिन्दुयुक्त, अकथादि रेखा वाले, अलक्ष त्रय कोण वाले, सहस्रार महापद्म में स्थित, सृष्टि-स्थिति-लयात्मक परबिन्दु एवं उसकी परमा शक्ति (सार्धत्रिवलयाकारा, कोटिविद्युत्समप्रभा, परम कुण्डली) की पूजा करनी चाहिये, जो कि योनिरूपा, सनातनी

एवं नादात्मिका है— 'नादरूपेण सा देवी योनिरूपा सनातनी'। सहस्रार ही 'शिवपुर' है; अत: वहीं कल्पद्रुमाच्छादित रत्नवेदिका पर नानारत्नोपशोभित पर्यङ्क पर शब्दब्रह्मशरीरी सदाशिव एवं शक्ति की पूजा करनी चाहिये; किन्तु देवता को शब्दस्वरूप में कल्पित करना चाहिये— 'पद्ममध्ये स्थितं देवं निरीहं शब्दरूपवत्'; क्योंकि 'पादयोर्नूपुरं रम्यं शब्दब्रह्ममयं वपु:' कहा गया है। यहीं श्यामा कुण्डलिनी का भी ध्यान करना चाहिये; जैसा कि कहा भी गया है—

ध्यायेत् कुण्डलिनीं देवीं स्वयम्भूलिङ्गसंस्थिताम्।
श्यामां सूक्ष्मां सृष्टिरूपां सृष्टिस्थितिलयात्मिकाम्।
विश्वातीतां ज्ञानरूपां चिन्तयेदूर्ध्वरूपिणीम्।।

जैसे ही वह शिव का मुखपद्म चूमती है और क्षण भर भी रमण करती है, वैसे ही लाक्षा रस की भाँति अमृत का स्राव होने लगता है। इसी अमृत से षट्चक्र के समस्त देवताओं की तृप्तिरूप पूजा करनी चाहिये और परदेवता का भी तर्पण करना चाहिये—

अमृतं जायते देवि ! तत्क्षणात्परमेश्वरि।
तदुद्भवामृतं देवि ! लाक्षारससमोपमम्।।

तेनामृतेन देवेशि ! तर्पयेत् परदेवताम्।
षट्चक्रदेवतास्तत्र सन्तर्प्याऽमृतधारया।।

तत्पश्चात् देवी को पुन: मूलाधार चक्र में लाना चाहिये और इसी देवी के आवागमनरूपी इसी यात्रा द्वारा मनोलय करना चाहिये— यातायातक्रमेणैव तत्र कुर्यान्मनोलयम्'।

मूलाधार में कुण्डली का प्रत्यावर्तन करने के बाद उसे सहस्रार में लाना चाहिये तथा शक्ति-शक्तिमान के सामरस्य का चिन्तन करना चाहिये—

रमित्वा शम्भुना सार्धं कुण्डली परदेवता।
मूलाधारान्महेशानि ! सहस्रारे समानयेत्।।

शम्भुगतां परां शक्तिमेकीभावं विचिन्तयेत्।
ध्यायेत् कुण्डलिनीं तत्र इष्टदेवस्वरूपिणीम्।।

भगवती को मूलाधार से स्वाधिष्ठान, स्वाधिष्ठान से मणिपूर, मणिपूर से अनाहत, अनाहत से आज्ञाचक्र, आज्ञाचक्र से बिन्दु, अर्धेन्दु आदि के यात्रापथ से सहस्रार में लाना चाहिये तथा उन जगन्मयी भुजङ्गरूपिणी देवी पराकुण्डलिनी का षट्चक्रों में ध्यान करना चाहिये। इससे ध्याता साक्षात् ब्रह्ममय हो जाता है; जैसा कि कहा भी है—

षट्चक्रे परमेशानि ! ध्यात्वा जगन्मयीं शिवाम्।
भुजङ्गरूपिणीं देवीं नित्यां कुण्डलिनीं पराम्।।

विषतन्तुमयीं देवीं साक्षादमृतरूपिणीम्।
अव्यक्तरूपिणीं दिव्यां ध्यानगम्यां वरानने।।

गया है। इस सम्बन्ध में सूत्र में उल्लिखित कई पारिभाषिक शब्दों पर यथासम्भव प्रकाश डालना आवश्यक हैं—

सोमसूर्य—भट्टकल्लट ने अपनी वृत्ति में इन दो शब्दों को, व्याख्या करने के विना, अस्पष्ट रूप में ही छोड़ रखा है। ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने जान-बूझ कर ही ऐसा किया होगा। आगमशास्त्रों में भिन्न भिन्न प्रकार की धारणाओं के आधार पर इस शब्द-युग्म के भिन्न भिन्न अर्थ लगाये गये हैं। कहीं इनसे प्रमेयपद और प्रमाणपद का, कहीं प्राण और अपान का अथवा कहीं शिवकला और जीवकला का अर्थ लिया गया है। शायद भट्टकल्लट ने भी इसी बात को दृष्टि में रखकर, इस शब्द-युग्म को किसी निश्चित अर्थ की परिधि में बांधने के बिना साधकों की रुचि पर ही छोड़ दिया है।

आध्यात्मिक विषयों की चर्चा करते समय अत्यन्त सावधानी से काम लेना आवश्यक है अतः केवल इतना कहा जा सकता है कि प्रस्तुत सूत्र में पूर्व प्रकरण के आधार पर इन दो शब्दों से [1]मनस् एवं प्राण ये ही दो अभिप्राय लेना युक्तिसंगत है। कारण यह कि पूर्ववर्ती सूत्रों में इस सिद्धान्त की स्थापना की गई है कि सामान्य स्पन्द-शक्ति एक ओर से ज्ञानरूपता के द्वारा गुणत्रय पर आधारित अन्तःकरण की वृत्तियों (जिनको साधारण रूप में मनस् या चित्त कहते हैं) और दूसरी ओर क्रियारूपता के द्वारा पांच स्थूल प्राणों के रूप में, पाञ्चभौतिक काया में व्याप्त होकर रहती है। कहना न होगा कि अपान स्वयं भी पांच प्रकार के स्थूल प्राणों में ही अन्तर्भूत हो जाता है। फलतः योगी के लिए, प्राण के साथ मनस् का भी चिदाकाश में लयीकरण परम आवश्यक है। श्रीयुत क्षेमराज ने अपनी व्याख्या में इस शब्द-युग्म का अर्थ [2]प्राण एवं अपान ही लगाया है।

सुषुम्ना मार्ग—आगम शास्त्रों में सुषुम्ना नाडी का प्रधान नाम 'मध्यनाडी' रखा गया है। भट्टकल्लट ने भी अपनी वृत्ति में इसी नाम से इसका उल्लेख किया है। इसके अतिरिक्त इसको 'ब्रह्मनाडी' भी कहते हैं।

इस नाडी को 'मध्य' कहे जाने के दो कारण हैं। एक यह कि मूलरूप में यह नाडी स्वतः संवित्-रूपा ही है और संवित् ही प्रत्येक जड़ अथवा चेतन पदार्थ का 'मध्य' अर्थात् [3]अन्तरतम जीवन है। प्रत्येक प्राणी के शरीर में यही नाडी जीवनी शक्ति का मूलस्रोत है। पहले भी कहा गया है कि संवित् भगवती ही अवरोह-

---

१. चन्द्रसूर्यौ मनःप्राणौ द्वावपि ॥ (स्प० का० वि०, ७६ पृष्ठ)

२. चन्द्रसूर्यौ अपानः प्राणश्चोभावपि ॥ (स्प० वि०, ४२ पृष्ठ)

३. सर्वान्तरतमत्वेन वर्तमानत्वात्······संविदेव भगवती मध्यम् ॥

(प्र० हृ०, १७)

क्रम में सूक्ष्म [1]प्राणना का रूप धारण करके, क्रमशः उत्तरोत्तर स्थूलता को प्राप्त होती हुई, समूचे अस्थिमेदोमय स्थूल शरीर का और, उसमें फैली हुई असंख्य शिराओं के जाल का रूप धारण कर लेती है। [2]स्वयं इन असंख्य नाडियों के जाल के ठीक मध्य में ब्रह्मरन्ध्र से लेकर मूलाधार तक प्रधान प्राणशक्तिरूपा सुषुम्नानाडी के रूप में अवस्थित रहती है। शिराजाल के ठीक मध्य में इसका अवस्थित रहना ही दूसरा कारण है जिसके लिये इसको 'मध्य' की संज्ञा दी गयी है। शिराजाल के [3]मध्य में यह ठीक उसी प्रकार ऊपर से नीचे तक अवस्थित रहती है जिस प्रकार पलाश के पत्ते के ठीक बीचोंबीच एक प्रधान शिरा ऊपर से नीचे तक अवस्थित रहती है।

मध्यनाडी के आकार-प्रकार के विषय में अनुभवी व्यक्तियों का कथन है कि यह नाडी [4]मृणाल के तन्तु के समान अत्यन्त सूक्ष्म है। इसके अन्तराल में [5]शून्य अवकाश की वर्तमानता है और उसी को सूत्रकार ने 'महान-व्योम' की संज्ञा के द्वारा अभिव्यक्त किया है। यह अन्तरालवर्ती अवकाश अपरिमित चैतन्यरूप होने के कारण 'चिदाकाश' कहलाता है। इसी महान व्योम से [6]प्राणशक्ति का निकास होता रहता है और प्राणशक्ति पर ही विश्व के सारे चेतन पदार्थों का जीवन निर्भर रहता है। फलतः मध्यनाडी ही शरीर की वह प्रधान नाडी है जहाँ से शरीर के रोम रोम को चेतना वितीर्ण होती है; [7]जहाँ से सारी मानसिक वृत्तियाँ उदित होती हैं और जिसमें अन्ततोगत्वा लय भी होती हैं।

साधारण जीवभाव की अवस्था में किसी भी जीवधारी को इस नाडी की वर्तमानता अथवा इसकी मौलिक स्पन्दना का आभास नहीं मिल सकता है। केवल योगीजनों को ही प्राणाभ्यास की प्रक्रिया के द्वारा इसके महत्व की अनुभूति हो जाती है।

ऊर्ध्व मार्ग—साधारण रूप में इस शब्द का अर्थ उत्कृष्ट-मार्ग है और आगम-शास्त्रों में उत्कृष्ट मार्ग से उदान वायु के मध्यनाडी रूप मार्ग का अभिप्राय लिया

---

१. सा तु मायादशायां……प्राणशक्तिभूमिं स्वीकृत्य, अवरोहक्रमेण बुद्धिदेहादि-भुवम् अधिशयाना नाडीसहस्रसरणिम् अनुसृता। (प्र० हृ०, १७)
२. तत्रापि च पलाशपर्णमध्यशाखान्यायेन आब्रह्मरन्ध्राद् अधोवक्त्रपर्यन्तं प्राण-शक्तिमध्यनाडीरूपतया प्राधान्येन स्थिता। (तदेव)
३. मध्यनाडी मध्यसंस्था। (वि० भै०, ३५)
४. सूक्ष्मत्वात् मृणालसूत्रतुल्यरूपया। (तदेव)
५. मध्यनाड्यामन्तश्चिदात्मकं शून्यमेवास्ति। (तदेव)
६. तस्मात् (शून्यात्) प्राणशक्तिर्निःसरति। (तदेव)
७. तत एव सर्ववृत्तीनामुदयात् तत्रैव च विश्रामात्। (प्र० हृ०, १७)

जाता है । साधारण जीवधारियों में, प्राण एवं अपान की प्रवहमानता का मार्ग, मध्यनाडी के बायें और दायें पार्श्वों में अवस्थित दो अन्य नाडियाँ हैं । इस अवस्था में प्राणापान की प्रवहमानता के लिये सुषुम्ना का मार्ग बिल्कुल बन्द रहता है । योग की प्रक्रिया के द्वारा प्राण एवं अपान का छेदन करने से अर्थात् दोनों के बहिर्मुखीन संचार को रोक कर दोनों को हृत्-मंडल में ही अवस्थित करने से, ये उदानवायु का रूप धारण करके, सुषुम्नामार्ग अर्थात् ऊर्ध्वमार्ग से [२]ऊर्ध्वसंचार करने लगते हैं । प्राणापान के ऊर्ध्वसंचार की अवस्था पर पहुँचे हुये योगी के अन्तस् में विद्यमान भेद-भावना स्वयं ही पिघल कर अभेद-भावना के रूप में उदित हो जाती है क्योंकि प्राणापान का ऊर्ध्वसंचार तुर्यारूप शाक्तभूमिका का समावेश हो जाने पर ही होने लगता है ।

सूत्र २५ में मूढ़ और प्रबुद्ध व्यक्तियों की समाधिकालीन अनुभूति के अन्तर को स्पष्ट किया गया है । इस सम्बन्ध में पहले ही सूत्र १२ से सूत्र २० तक के विवरणों में पर्याप्त प्रकाश डाला जा चुका है अतः यहां पर फिर से उन्हीं बातों को दोहराना पिष्टपेषण ही होगा ।। २३, २४, २५ ।।

इति श्रीकल्लटाचार्यविरचितायां स्पन्दकारिकवृत्तौ 'स्वरूपस्पन्दः'
नामा प्रथमो निःष्यन्दः ।। १ ।।

श्रीकल्लटाचार्य के द्वारा विरचित स्पन्दकारिका वृत्ति का 'स्वरूपस्पन्द'
नामक पहला निःष्यन्द समाप्त हुआ ।। १ ।।

---

२. द्रष्टव्य, ईश्वरप्रत्यभिज्ञा (३.२.१६.२०)

IJCRT.ORG ISSN : 2320-2882
INTERNATIONAL JOURNAL OF CREATIVE RESEARCH THOUGHTS (IJCRT)
An International Open Access, Peer-reviewed, Refereed Journal

योग उपनिषदो में बंध एवं उनकी वैज्ञानिक विवेचना

नेहा रानी सैनी [1], रुद्रदीप गौतम [2] , धवल प्रजापति [3]
[1] शोधकर्ता, देव संस्कृति विश्वविद्यालय
[2] स्नात्कोत्तर, देव संस्कृति विश्वविद्यालय
[3] स्नात्कोत्तर, देव संस्कृति विश्वविद्यालय

सारांश:-

योग की प्राचीन परंपरा में बंधो की बड़ी महत्ता हैं। यौगिक मुद्राओं के नाम से अनेकानेक वर्णनो में बंधों की सम्मिलिता उनकी महत्ता की ओर दर्शाती है, परंतु बंधों का सीधा वर्णन ना होने के कारण उनकी उपयोगिता के विषय में स्पष्टता प्राप्त नहीं होती। कई अध्ययनों से जाना गया है कि बंधों का विशिष्ट प्रयोग कुंडलिनी जागरण में किया जाता है। इसके अतिरिक्त भी प्राणों को विशिष्ट प्रकार से उपयोग में लेने के लिए एवं ग्रंथि भेदन में भी बंधों का प्रयोग किया जाता है परंतु इसकी भी वैज्ञानिक आधार पर व्याख्या कम ही देखने को मिलती है। इस अध्ययन में हमने बंध एवं उनकी उपयोगिता एवं उनके वैज्ञानिक आधारों को समझने का प्रयत्न किया ताकि भविष्य में यह वैज्ञानिक व्याख्या अन्य चिकित्सीय शोध कार्यों में उपयोगी हो सके ।

कुंजी शब्द:-

बंध, कुंडलिनी, विद्युत, प्राण, तंत्रिका आवेग, ग्रंथि

परिचय:-

योग भारत की प्राचीन परंपरा है, जो कि सदियों पुरानी है। भारतीय ग्रंथों जैसे वेद, उपनिषद इत्यादि योग को कहीं ना कहीं अनेकानेक प्रकार से कहते आये हैं। यौगिक विषयों में पतंजलि योग दर्शन अधिक प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है। यों तो योग के कई मार्ग है जैसे मंत्रयोग, राजयोग, लययोग आदि परंतु पतंजलि योग दर्शन में योग को सूत्र बद्ध तरीके से महर्षि पतंजलि ने प्रस्तुत किया एवं अष्टांग योग को साधन रूप बताया। योगसूत्र की भांति ही योग उपनिषद भी योग विषय के प्रमाणिक ग्रंथ है। शोधों के अनुसार योग उपनिषदों की संख्या 20 बताई जाती है। योग उपनिषदों में मुख्य रूप से योग के प्रकार, आसन, प्राणायाम नाद, कुंडलिनी आदि के विषय का वर्णन मिलता है।[(1)] योग उपनिषदों का समय

पता लगा पाना वास्तव में मुश्किल है परंतु मैं Mahony के अनुसार योग उपनिषदों का समय 100 B.C. से 1100 A.D. के बीच में रहा होगा ।[2] Gavin Flood के अनुसार योग उपनिषदों का समय 100 B.CE. से 300 C.E. के मध्य रहा होगा। [3] Jams Mallinson के अनुसार 18 वीं शताब्दी में हठयोग के उदय के बाद योग उपनिषदों में पुन: परिवर्तन किया गया एवं उसमें नाथ संप्रदाय की विचारधारा को शामिल किया गया। [4] जनसामान्य में अपनी सरलता के कारण हठयोग का प्रचलन अधिक रहा। हठयोग के मुख्य अंगो में आसन, प्राणायाम, मुद्रा बंध, नादानुसंधान, ध्यान, समाधि इत्यादि विषय सम्मिलित हैं।इसी क्रम में योग उपनिषदों एवं अन्य हठ योगिक ग्रंथों में मुद्राओं का विशेष महत्व रहा है। संभवतया: अन्नमय कोश के ऊपर प्राणमय एवं मनोमय कोश पर कार्य करने एवं प्रभाव डालने की क्षमता मुद्रा एवं बंधों को विशिष्ट बनाती है। योग चूड़ामणि उपनिषद में कहा गया है कि [5] -

महामुद्रा नभोमुद्रा ओड्याणं च जलंधरम्।।
मूलबंध च यो वेत्ति स योगी मुक्तिभाजनम्।।

योगिक बंध: एक सामान्य परिचय -

'बंध' शब्द का अर्थ संस्कृत शब्दकोष में है- बांधना, बंधन डालना, पाशश्रृंखला पकड़ना, बंदी बनाना, कैद करना, निवेश करना, रोकना, निग्रह करना, मूंदना, अवरुद्ध करना, घनीभूत होना, ताला लगाना।

सामान्य क्रम में बंध का अर्थ 'नदी पर बांध बनाना, सेतु बनाने या सागर पर पुल बनाने के भाव से लिया जा सकता है। बंध की व्याख्या भवसागर या संसारिक अस्तित्व को पार करने, ज्ञान सिंधु के दूसरे तट पर पहुंचने, मुक्ति के साधन एवं स्वस्फूर्त रचनात्मकता के रूप में भी की जा सकती है। [6] बंधों का मूल उद्देश्य प्राणों को शरीर के विशेष हिस्सों में बांधकर, उसके प्रवाह को सुषुम्ना नाड़ी की ओर करना व कुंडलिनी जागरण में सहायता करना है। [7] स्वामी स्वात्माराम ने कुंभक की अवधि में बंधों को अनिवार्य माना है बिना बंध के कुंभक का अभ्यास होना ही नहीं चाहिए। इसी के लिए स्वात्माराम ने हठप्रदीपिका में कहा है [8]-

पूरकान्ते तु कर्तव्यो बंधो जालंधराभिध:।।
कुंभकान्ते रेचकादौ कर्तव्यस्तूड्डियानक:।।

अर्थात पूरक के अंत में जालंधर नामक बंध करना चाहिए और कुंभक के अंत में तथा रेचक के आरंभ में उड्डियान नामक बंध को करना चाहिए।

बंध का अर्थ होता है बांधना, संकोच करना या रोकना अर्थात् इस क्रिया द्वारा शरीर के किसी अंग विशेष को बांधकर वहां से आने जाने वाले संवेदनाओं को रोककर, लक्ष्य विशेष की ओर भेजना 'बंध' है। बंध शारीरिक अभ्यास है परंतु अभ्यासी के संपूर्ण शरीर में व्याप्त विचारों एवं आत्मिक तरंगों में प्रवेश कर ये चक्रों पर सूक्ष्म प्रभाव डालते हैं। सुषम्ना नाड़ी में प्राण के स्वतंत्र प्रवाह में अवरोध उत्पन्न करने वाली ब्रह्म ग्रंथि, विष्णुग्रंथि तथा रुद्र ग्रंथि इस अभ्यास से खुल जाती है। इस प्रकार बंधों से आध्यात्मिक शक्ति उत्पन्न होती है। बंधों से आंतरिक अंगों की मालिश होती है तथा रक्त का जमाव

दूर होता है। यह अंग विशेष से संबंधित नाड़ियों के कार्यों को नियमित करता है। परिणामत: शारीरिक कार्य एवं स्वास्थ्य की उन्नति होती है। (9)

बंधो का वर्गीकरण -

सामान्यतया यौगिक ग्रंथों में योग के तीन बंधों का उल्लेख मिलता है। इसके अतिरिक्त एक अन्य बंध महाबंध जो कि उपरोक्त तीनों के संयोजन द्वारा लगाया जाता है।बंधों का उल्लेख करते हुए योगकुंडल्योपनिषदों में कहा है (10) -

प्रथमो मूलबन्धस्तु द्वितीयोड्डीयणाभिध:।।
जालंधरस्तृतीयस्तु तेषां लक्षणमुच्यते ।।

इस प्रकार सामान्यतया बंधों के तीन प्रकार हैं -

१. मूलबंध
२. उड्डीयान बन्ध
३. जालन्धर बंध

परंतु कहीं-कहीं जैसे कि शिव संहिता, घेरण्ड संहिता, हठप्रदीपिका आदि में उल्लेखित मुद्राओं के साथ बंधों का वर्णन भी मिलता है, जिसमें चार बंधों की बात कही गई है। शिव संहिता के श्लोक के अनुसार बंध इस प्रकार है -

महामुद्रा महाबंधो महावेधश्च खेचरी।
जालन्धरो मूलबन्धो विपरीतकृतस्तथा।।
उड्डानं चैव वज्रोली दशगं शक्तिचालनम्।
इदं हि मुद्रादशकं मुद्राणामुत्तमोत्तमम्।।
(शिव संहिता ४.२४-२५)

10 प्रकार की योग मुद्राएं इस प्रकार कही गई है महामुद्रा, महाबंध, महावेध, खेचरी, जालंधर, मूलबंध, विपरीतकरणी, उड्डीयान बंध, वज्रोली, और शक्तिचालिनी । (11)

मूलबंध : -

योग बंधों में प्रथम प्रकार का बंध है। मूलाधार के शक्ति केंद्र पर दबाव डालने के कारण अथवा मूलाधार क्षेत्र में प्रभाव डालने के कारण इसे मूलबंध कहा गया। मूल शब्द का अर्थ है- तल, नीचे की ओर रहने वाला आधारभूत या आखिरी प्रदेश। बंद याने बांधना अर्थात नीचे की ओर रहने वाले आधारभूत प्रदेश को बांधे रखना।

"अध: प्रदेशादाकुंचन मिती मूलबंध:।।"

अर्थात, अध: प्रदेश (गुदा) का आकुंचन करना मूलबंध कहलाता है। (12)

मूलबंध को करने की विधि-

योग चूड़ामणि उपनिषद के अनुसार-

"पार्ष्णिघातेन संपीड्य योनिमाकुच्चयेद्दृढम्।।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धो विधीयते।। "

अर्थात्, एडी से दबाव डालकर योनि (सीवन) स्थान को को पीड़ित करते हुए दृढ़तापूर्वक संकुचित करें, अपान वायु को पर को ऊपर ओर खींचने की इस प्रक्रिया को मूलबंध कहा जाता है। (13)

ध्यानबिंदु उपनिषद् के अनुसार-

पार्ष्णिभागेन संपीड्य योनिमाकुच्चयेद्गुदम्।।
अपानमूर्ध्वमुत्कृष्य मूलबन्धोड्मुच्यते।।

अर्थात्, एड़ी भाग से योनि स्थान को दबाकर मलद्वार को संकुचित करें और अपान वायु को उर्ध्व की ओर खींचे इस क्रिया को मूलबंध कहा गया है।(14)

योगकुंडल्योपनिषद के अनुसार-

अधोगतिमपानं वै उर्ध्वगं कुरुते बलात्।।
आकुच्चनेन तो प्राहुर्मूलबन्धोड्मुच्यते।।

अर्थात्, शरीर के अधोभाग में विचरण करने वाले अपान वायु को गुदा को संकुचित करके बलपूर्वक ऊपर उठाने की प्रक्रिया को मूलबंध कहते हैं। (15)

योगतत्वोपनिषद् के अनुसार-

अपानमूर्ध्वमुत्थाप्य योनिबन्धोड्मुच्यते।।
प्राणापानो नादबिंदू मूलबन्धेन चेकताम् ।।

अर्थात्, एडी से योनि स्थान को ठीक प्रकार से दबाकर अंदर की ओर खींचे और इस प्रकार अपान को उर्ध्व की ओर उठाएं यह योनि बंध कहलाता है। इस क्रिया द्वारा प्राण, अपान, नाद और बिंदु में मूलबंध के द्वारा एकता प्राप्त होती है। (16)

मूलबंध से संबंधित मांसपेशियां-

जैसा कि सभी विधियों में बताया गया है मूलबंध गुदाद्वार का संकोचन करके किया जाता है अतः इसमें वे मांसपेशियां कार्य करती है जो गुदा को ऊपर की ओर उठाने मैं सहयोगी हो। इस में काम आने वाली मांसपेशी का नाम Pubococcygeal muscles हैं। (17)

मूलबंध से होने वाले लाभ-

1.अपान वायु ऊर्ध्वगमन करके जब वह्निमण्डल से योग करता है , उस समय वायु से आहत होकर अग्नि बहुत तेज हो जाती है । तत्पश्चात् उष्ण स्वरूप वाले प्राण में अग्नि और अपान के मिल जाने पर , उसके प्रभाव से देहजन्य विकार जल जाते हैं । (इसके बाद) उस अग्नि से तप्त होकर सुप्त कुण्डलिनी जाग्रत होकर प्रताड़ित की हुई सर्पिणी के समान फुंकारती हुई सीधी हो जाती है । उस समय यह अग्नि (कुण्डलिनी) विवर में प्रवेश करने की तरह सुषुम्ना नाड़ी के भीतर प्रवेश कर जाती है , इसलिए इस मूलबन्ध का अभ्यास योगियों को सदैव करते रहना चाहिए । (18)

2.इस प्रकार (मूलबंध के द्वारा) प्राण और अपान को एक में मिलाया जाता है. इससे मल - मूत्र कम हो जाता है । इस प्रकार मूलबन्ध का अभ्यास करने से वृद्ध भी युवा हो जाता है । (19)

3. सतत मूलबन्ध का अभ्यास करने से अपान और प्राण में एकीकरण होता है, मल - मूत्र के क्षीण हो जाने पर बूढ़ा व्यक्ति भी जवान हो जाता है। (20)

4.प्राण, अपान, नाद और बिंदु में मूलबंध के द्वारा एकता प्राप्त होती है। (21)

उड्डीयान बन्ध-

' उड्ड ' का अर्थ- ऊपर उठना या उठाना । ' यान ' का अर्थ वाहन या जिस पर सवारी किया जाए

' बंध ' का अर्थ शरीर के किसी विशिष्ट अंग का संकोचन ।

अर्थात् इसमें किए जाने वाले योगाभ्यास उदर प्रदेश के संकोचन द्वारा प्राण शक्ति (Special Force) को ऊपर (सुषुम्ना मार्ग में) उठाने में सहायता करते हैं । (22)

उड्डीयान बन्ध करने की विधि-

ध्यानबिंदु उपनिषद के अनुसार-

उड्याणं कुरुते यस्मादविश्रान्तमहाखगः ॥

उड्डियाणं तदेव स्यात्तत्र बन्धो विधीयते । उदरे पश्चिमं ताणं नाभेरूर्ध्वं तु कारयेत् ॥

उड्डियाणोड्प्ययं बन्धो मृत्युमातड्गकेसरी। बन्धाति हि शिरोजातमधोगामिनभोजलम् ।

अर्थात्, जिस प्रकार बिना थका महा पक्षी उड़ने की क्रिया करता है , उसी प्रकार पेट की पश्चिम 'ताण' क्रिया (पेट को पीछे की और सिकोड़ने) के साथ नाभि को ऊपर की ओर खींचना चाहिए।

उदरात्पश्चिमं ताणमधोनाभेर्निगद्यते । ओड्याणमुदरे बन्धस्तत्र बन्धो विधीयते ॥

अर्थात्, पेट को नाभि के नीचे तानना अर्थात् खींचना पश्चिमोत्तान कहलाता है । वहीं पेट में यह उड्डियान बंध भी किया जाता है । (23)

योगकुंडल्योपनिषद् के अनुसार-

कुम्भकान्ते रेचकादौ कर्तव्यस्तूड्डियाणकः । बन्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूडीयते यतः । तस्मादुड्डीयणाख्योऽयं योगिभिः समुदाहृतः । सति वज्रासने पादौ कराभ्यां धारयेद्दढम् । गुल्फदेशसमीपे च कन्दं तत्र प्रपीडयेत् । पश्चिमं ताणमुदरे धारयेद्धृदये गले ।

शनैः शनैर्यदा प्राणस्तुन्दसन्धिं निगच्छति । तुन्ददोषं विनिर्धूय कर्तव्यं सततं शनैः।

अर्थात्, कुम्भक करके जब रेचक करते हैं , उससे पहले उड्डियान बन्ध किया जाता है , जिसके करने से यह प्राण सुषुम्रा नाड़ी के भीतर ऊर्ध्वगमन करता है इसीलिए योगीजनों द्वारा यह ' उड्डीयाण ' कहलाता है। इसके लिए वज्रासन में बैठकर पैरों पर दोनों हाथों को दृढ़ता पूर्वक रखे । जहाँ गुल्फ (टखना) रखा जाता उसके समीपस्थ कन्द को दबाते हुए , पेट को ऊपर की ओर खींचते हुए , गला एवं हृदय को भी तनाव देते हुए खींचना चाहिए , इस प्रकार प्राण धीरे - धीरे पेट की सन्धियों में प्रवेश कर जाता है , इससे पेट के समस्त विकार दूर हो जाते हैं । इसलिए क्रिया को निरन्तर करते रहना चाहिए । [24]

योगतत्वोपनिषद् के अनुसार-

बन्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूड्डीयते। उड्यानाख्यो हि बन्धोऽयं

जिस बंध के माध्यम सेप्राण सुषुम्ना में उठ जाता है । उसे योगी लोग उड्डियान बंध कहते हैं।[25]

उड्डीयान बंध में संबंधित मांसपेशियां-[26]

उड्डीयान बंध को करने के लिए अपने उदर को पीछे की ओर खींचना होता है अपने उदर की मांसपेशियों को पीछे की ओर खींचने के लिए निम्न मांसपेशियों का प्रयोग होता है-

1.psoas minor

2.psoas major

3.iliacus muscle

उड्डीयान बन्ध से होने वाले लाभ-

1.यह उड्डीयान बंध मृत्यु के निमित्त उसी तरह है जैसे गजराज के लिए सिंह निमित्त बनता है। [27]

2.महापक्षी (गिद्ध आदि) जिस प्रकार विश्राम के लिए (आकाश में अत्यधिक ऊँचे) उड़ते हैं , उसी तरह उड्डियान बन्ध का अभ्यास मृत्यु रूपी हाथी को पछाड़ने के लिए सिंह के समान है । (बड़े पक्षियों को एक विशेष प्रकार से उड़ने में विश्राम प्राप्त होता है , जिससे उन्हें शक्ति प्राप्त हो जाती है) [28]

3. इससे प्राण धीरे-धीरे पेट की संधि में प्रवेश करता है, इससे पेट के समस्त विकार दूर हो जाते हैं इसके अतिरिक्त इसके करने से प्राण सुषुम्ना नाड़ी के भीतर उर्ध्व गमन करता है। [29]

4. षण्मासमभ्यसेन्मृत्युं जयत्येव न संशयः अर्थात् छः माह में मृत्यु को जीत लेता है , इसमें संशय नहीं [30]

5. समग्राद् बंधनाद्धयतदुड्डीयानं विशिष्यते । अर्थात्, सभी बंधों में उड्डियान बंध श्रेष्ठ है। [31]

जालंधर बंध-

योग परम्परा में जालंधर नाम का उद्गम इस प्रकार माना गया है ।

' जालं ' का अर्थ मस्तिष्क और ग्रीवागत नाड़ियों का समूह

' धर ' का अर्थ ऊपरी खिंचाव ।

(इसका अर्थ हुआ ; मस्तिष्क और ग्रीवागत नाड़ी समूह का ऊपरी खिंचाव तथा बंध का अर्थ , बाँध देना) [32]

जालंधर बंध करने की विधि-

योगतत्वोपनिषद् के अनुसार-

बन्धो जालंधराख्योऽयं मृत्युमातङ्गकेसरी।

अर्थात्, कण्ठ को संकुचित करके (ठोड़ी को) दृढ़तापूर्वक वक्ष पर स्थापित करना ही जालन्धर बन्ध कहलाता है । जो मृत्यु रूपी हाथी के लिए सिंह के समान होता है।[33]

योगकुंडल्योपनिषद के अनुसार-

पूरकान्ते तु कर्तव्यो बन्धो जालन्धराभिधः, कण्ठसंकोचरूपोऽसौ वायुमार्गनिरोधकः ॥

अर्थात् , पूरक के अन्त में वायु को रोकने के लिए कंठ संकोचन क्रिया करते हैं जिसे जालंधर बंध कहते हैं।[34]

योगचूड़ामणि उपनिषद के अनुसार-

जालन्धरे कृते बन्धे कण्ठसंकोचलक्षणे।।

अर्थात्, जालंधर बंध में सामने की ओर सिर झुकाकर गले से नीचे ठोड़ी को हृदय से स्पर्श कराना होता हैं।[35]

ध्यानबिंदु उपनिषद् के अनुसार-

जालन्धरे कृते बन्धे कण्ठसंकोचलक्षणे।।

अर्थात्, जालंधर बंध करते समय कंठ को सिकोड़ा जाता है एवं ठुड्डी को हृदय से लगाया जाता है।[36]

जालंधर बंध में संबंधित मांसपेशियां-

जैसा की विधि में जाना गया जालंधर बंध लगाते समय हमें अपनी ठुड्डी को हृदय प्रदेश पर लगाना होता है, इस क्रिया को करने के लिए हमें अपने सिर को नीचे की ओर झुकाना होता है परंतु साथ में हमें अपनी छाती को भी ऊपर की ओर उठाना होता है। इन दोनों क्रियाओं में जिसमें हमें अपनी रिब केज को ऊपर उठाना होता है और गर्दन को नीचे झुकाना होता उसमें निम्न मांसपेशियां उपयोग में आती है [37]-

1.Splenius capitis

2.Splenius cervicis

3.Upper trapezius

4.Suboccipitals

5.Pectoralis minor

6.Sternocleidomastoids

7.Anterior scalenes

8.Erector spinae

9.Rectus abdominis

जालंधर बंध से होने वाले लाभ-

1.जालंधर बंध से वायु की गति रुक जाती है और अमृत के अग्नि में गिरने की संभावना नहीं रहती। [38]

2.जो शरीर में नीचे की ओर प्रवाहमान आकाश जल को शिरोभाग में रोककर रखता है, उसे जालंधर बंध कहते हैं यह दुखों और कष्टों का नाश कर देता है। इससे अमृत ना तो अग्नि की ओर गिरता है और ना हीना वायु की ओर गमन करता है,स्थिर हो जाता है। [39]

3."बन्धो जालंधराख्योऽयं मृत्युमातङ्गकेसरी" अर्थात्, कण्ठ को संकुचित करके (ठोड़ी को) दृढ़तापूर्वक वक्ष पर स्थापित करना ही जालन्धर बन्ध कहलाता है । जो मृत्यु रूपी हाथी के लिए सिंह के समान है।[40]

4. "जरामृत्यु विनाशकः"

अर्थात्, यह बुढ़ापा और मृत्यु को दूर करता है । [41]

5."कण्ठदुःखौघनाशन :"

अर्थात्, इससे गले की समस्त बीमारियाँ दूर हो जाती हैं । (ह.प्र .3 / 71) [42]

6."न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रकुप्यति" अर्थात्, इससे सोमस्राव जठराग्नि में नहीं गिरता है और वायु का भी प्रकोप नहीं होता है । [43]

7."षोडशाधारबंधनम् "

अर्थात्, इससे सोलह आधारों का नियन्त्रण हो जाता है । (ह.प्र .3 / 71,घे.सं. 3/10) [44]

8."जालन्धरमहामुद्रामृत्योश्च क्षयकारिणी ।" अर्थात्, जालन्धर बंध नाम की महामुद्रा मृत्यु को भी जीत लेती है । (घे.सं. 3/11) [45]

9."अनेनैव विधानेन प्रयाति पवनो लयम् । ततो न जायते मृत्युर्जरारोगादिकं तथा ॥"

अर्थात्, इस क्रिया से प्राण लय (ब्रह्मरन्ध्र) को प्राप्त होता है । तब इससे मृत्यु , बुढ़ापा आदि रोग नहीं होते हैं । [46]

महाबंध मुद्रा-

योगियों द्वारा वर्णित 10 मुद्राओं में महाबंध मुद्रा द्वितीय मुद्रा है इसके विषय में घेरण्ड संहिता में लिखा गया हैं-

महाबन्धः परो बन्धो जरामरण नाशनः।।

अर्थात यह महाबंध सभी मुद्राओं में श्रेष्ठ तथा जरा-मरण नाशक है।(47)

महाबंध मुद्रा करने की विधि-

बाएं पांव की एड़ी से पायुमूल को निरुद्ध करके दाएं पांव से प्रयत्नपूर्वक बाई एडी को दबाएं और धीरे-धीरे गुह्यदेश का चालन करें और फिर शनै: शनै: ही संकुचित करें तथा जालंधर बंध द्वारा प्राणवायु को धारण करें इसे महाबंध कहते हैं।

पूरयित्वा ततो वायुं हृदये चिबुकं दृढ़म्।। निष्पीड्य योनिमाकुच्च्य मनो मध्ये नियोजयेत् ।।

धारयित्वा यथाशक्ति रेचयेदनिलं शनैः । सव्याङ्गे तु समभ्यस्य दक्षाङ्गे पुनरभ्यसेत् ।। मतमत्र तु केषाञ्चित् कण्ठबन्धं विवर्जयेत् । राजदन्तस्थजिह्वायां बन्धः शस्तो भवेदिति।।

अर्थात्, बाएं पांव की एड़ी को सिवनी प्रदेश में लगाये और दायें पांव को बाएं पैर की गंगा जंघा पर रखें, इसके बाद पूरक करके चिबुक को हृदय प्रदेश से लगाकर योनि स्थान का आकुंचन करें अर्थात जालंधर एवं मूल दोनों बंध लगाए एवं साथ ही मन को सुष्मुना में लगाएं। यथाशक्ति कुंभक करने के बाद वायु को बाहर निकाल कर इसी अभ्यास को दाई ओर से करें।

मतांतर के कारण कुछ लोगों का मत है कि जालंधर बंध ना लगाकर जीह्वा को दांतो के आगे लगाना चाहिए। (48)

महाबंध के लाभ-

1.यह बंध सभी मुद्राओं में श्रेष्ठ तथा जरा मरण नाशक हैं इस बंध के प्रसाद से सभी इच्छाएं पूर्ण होती है।

2. महाबंध के प्रयोग से सभी नाड़ियों में प्राण की गति रुक जाती है और महान् सिद्धियों की प्राप्ति होती है।

3. यह मुद्रा मृत्यु रूपी पाश के महाबंधन से मुक्ति दिलाती है एवं तीनों नदियों के संगम प्रयाग को धारण करती है और भृकुटियों के मध्य अर्थात् आज्ञा चक्र पर अवस्थित भगवान शिव के स्थान केदारधाम को भी प्राप्त करवाती है।

बंधों का वास्तविक स्वरूप-

योग में विभिन्न प्रकार की क्रियाएं आत्मोन्नति के लिए दी गई है बंध भी उनमें से एक हैं। बंधों का प्रयोग प्राणायाम के लिए किया जाता है इसके अतिरिक्त कई आसनों में भी बंधों का प्रयोग किया जाता है। बंध का सामान्य अर्थ है बांधना परंतु यहां किसको बांधने की बात हो रही है इसे स्पष्ट करना आवश्यक हो जाता हैं। योग में प्राण को सर्वाधिक महत्व दिया गया है इसके अतिरिक्त प्राण एवं अपान की एकता को ही योग की संज्ञा दी गई है।(49) प्राण की हि साधनाएं योग में व अन्य प्रकार की आध्यात्मिक गतिविधियों में की जाती है। प्राण को सामान्यत: 2 रूपों में जाना जाता है-

१. प्राणवायु

२. प्राण ऊर्जा

प्राणवायु शरीर में स्थित 10 प्रकार की 5 मुख्य व 5 उपमुख्य वायु है, जिसकी गति के द्वारा शरीर में विभिन्न जैविक क्रियाओं का नियमन होता है। इसके अतिरिक्त प्राण ऊर्जा को जीवन ऊर्जा भी कहा जाता है, इसी के कारण मनुष्यों में जीवन स्थित है। प्राण ऊर्जा ही शरीर में प्राण वायु का नियमन करती है। सभी यौगिक गतिविधियां शरीर में स्थित प्राण ऊर्जा को बढ़ाकर उसकी सहायता से आध्यात्मिक उन्नति करने के लिए होती हैं। श्वास प्रश्वास के माध्यम से प्राण को शरीर के भीतर और बाहर लिया जाता है परंतु प्राण को शरीर में थामे रखना अधिक आवश्यक होता है, इसी कारण सभी योगियों ने कुंभक को अधिक महत्वता दी है। शरीर के भीतर प्राणों को किसी विशेष स्थान पर बांधने के लिए बंधों का प्रयोग किया जाता है।इस प्रकार से प्राणों को रोकने के कारण अर्थात कुंभक की क्षमता बढ़ाने के कारण बंधों का विशेष महत्व रहा है एवं यही बंधों कवास वास्तविक कार्य व स्वरूप है।

बंधों की वैज्ञानिकता:-

जैसा कि हम जानते हैं कि बंधों का मुख्य कार्य शरीर में प्राण के प्रवाह को रोकना अर्थात् प्राण को धारण करना है। प्राणवायु वास्तव में शरीर में कार्य करने वाले वायु है। वायु एक तरल पदार्थ होने के कारण दाब डालना इसका एक मुख्य गुण है। शरीर के विभिन्न हिस्सों पर वायु दाब डालती है जिसके कारण कई प्रकार की गतियां संभव हो पाती है जैसा कि हम जानते हैं भौतिक विज्ञान के नियमों के अनुसार [(50)]:-

दाब = बल / क्षेत्रफल

अर्थात किसी का क्षेत्रफल पर लगने वाले बल को दाब कहते हैं। इस प्रकार से विभिन्न प्रकार की वायु जिन्हें प्राण वायु कहा जाता है शरीर में विभिन्न स्थानों पर दाब बनाती है जिससे एक बल की उत्पत्ति होती है जो शरीर में हो सकने वाले कार्यों के नियमन में सहयोगी होती है।

यह बल सिर्फ मांसपेशी बल्कि रूप में कार्य नहीं करता यह बल तंत्रिका आवेग के रूप में कार्य करता है एवं इस बल के मानदंड के अनुसार शरीर में न्यूरॉन्स विद्युत को उत्पन्न करते हैं। ओम के नियम के अनुसार [(51)] :-

$V = IR$

अर्थात विभांतर वह बल है जो कि किसी धनात्मक आवेश को विद्युत क्षेत्र में एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने में लगाया गया है यही बल प्राण वायु द्वारा लगाए गए दाब से उत्पन्न हुआ था। इसी बल की मात्रा पर शरीर में हो सकने वाली विद्युत धारा का मान निर्भर करता है। जितना अधिक दाब होगा उतनी अधिक विद्युत धारा शरीर में प्रवाहित होगी। इसलिए बंध का प्रयोग करने से शरीर में कुंभक और कुंभक के माध्यम से शरीर में दबाव को बढ़ाया जाता है।

अधिक मात्रा में जब विद्युत धारा उत्पन्न होती है तो विद्युत चुंबकीय स्वप्रेरण के कारण विद्युत क्षेत्र के चारों ओर एक चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न हो जाता है यह चुंबकीय क्षेत्र एक विशिष्ट प्रकार का बल है जो जीवन को चलाने के अतिरिक्त अनेक कई कार्यों में भी सहयोगी है इसी विद्युत चुंबकीय क्षेत्र को प्राण कहा जाता है। चुंबकीय क्षेत्र सृष्टि के प्रारंभ में सृष्टि की उत्पत्ति का कारण बना था एवं इसके अतिरिक्त भी धरती के चारों ओर स्थित चुंबकीय क्षेत्र धरती पर जीवन की संभावना का कारण है। इसी प्रकार मनुष्य के चारों ओर स्थित यह विद्युत चुंबकीय क्षेत्र मनुष्य के जीवन की उत्पत्ति का कारण रहा है।

बंध एवं कुंडलिनी जागरण:-

हठयोग का प्रमुख उद्देश्य शरीर में नीचले चक्रों में सोई हुई कुंडलीनी को जगा कर उसे सहस्त्रार तक पहुंचाना है। कुंडलिनी का सहस्त्रार में स्थित शिव से मिलन होने पर साधक को परम समाधि की स्थिति प्राप्त होती हैं। इसी स्थिति को मुक्ति कहा जाता है, क्योंकि साधक प्रकृति की स्थिति को जानकर उसके नियमों से मुक्त हो जाता है। हठयोग के लगभग सभी ग्रंथों में कुंडलिनी जागरण के लिए बंधों की विशेष महत्ता बताई है उड्डीयान बंध के लिए तो विशेष प्रकार से कहा गया है कि इसके प्रयोग द्वारा कुंडलिनी अथवा प्राण सुष्मुना मार्ग में प्रविष्ट होता है। इसके अतिरिक्त भी मूलबंध की व्याख्या में कहा गया है कि मूलबंध के प्रयोग से मूलाधार पर सोई हुई कुंडलिनी जाग जाती है एवं सुष्मुना मार्ग में प्रविष्ट हो जाती है।

मूलबंध के प्रयोग से ऊर्जा ब्रह्म ग्रंथि को भेदती हुई ऊपर उठती है एवं उड्डीयान बंध के प्रयोग से ऊर्जा विष्णु ग्रंथि का आवेदन करती है। अंत में जालंधर बंध के प्रयोग से ऊर्जा रूद्र ग्रंथि का भेदन कर आज्ञा चक्र में प्रवेश करती है जहां उसे आत्म स्वरूप के दर्शन होते हैं। वास्तव में बंधों के प्रयोग से एक विशिष्ट प्रकार का दबाव शरीर में उत्पन्न होता है जो कि विद्युत शक्ति को ऊपर की ओर प्रेरित करता है। मस्तिष्क की ओर विद्युत चुंबकीय क्षेत्र के बढ़ने पर एक विशिष्ट स्थिति प्राप्त होती है जिसको समाधि कहा जाता है क्योंकि मस्तिष्क की ऊर्जाएं उस स्थिति में अधिक होती है।

निष्कर्ष:-हठयोग में बतलाए गए बंध वास्तव में प्राणों को विशिष्ट स्थिति में बांधने के लिए प्रयोग में लिए जाते हैं। मुद्रा प्राणों को एक निश्चित स्थिति में लाने के कारण बंधों से समानता रखती है, इसलिए हठयोग में बंध एवं मुद्राओं का वर्णन एक साथ किया गया है। बंध शरीर में एक विशिष्ट प्रकार के दबाव को उत्पन्न करते हैं जिससे शरीर के विद्युत चुंबकीय क्षेत्र प्रभावित होते हैं। यह विद्युत चुंबकीय क्षेत्र कई विशिष्ट प्रतिभाओं एवं मानसिक शक्तियों को जाग्रत करने में अपनी विशिष्ट भूमिका निभा सकते हैं। इसके अतिरिक्त भी कैंसर जैसे उपचारों में भी बंधों की महत्ती भूमिका हो सकती है।

महाबंध या त्रिबंध क्या है? कैसे किया जाता है? और इसके लाभ व सावधानियां क्या है.?

सिद्धासन में बैठकर पहले जालंधर बंद फिर उड्डीयान बंद और फिर मूलबंध लगाने को त्रिबंध कहते हैं।

सिद्धासन

बाये पांव की एड़ी को सिवनी (गुदा और लिंग के बीच में चार अंगुल का गैप होत हैं उसको सिवनी नाड़ी बोलते है) में लगाएं तथा दाएं पांव को लिंग के ऊपर रखे हैं ऐसा करने से सिद्धासन लगता है। 8400000 आसनों में सिद्धासन सर्वश्रेष्ठ आसन है।

सिद्धासन मे त्रिबंध का अभ्यास करने से विशेष लाभ होता है।

मूलबंध

सिद्धासन में बैठकर, अपने गुदा को एड़ी से दबाकर योनि को बारंबार संकुचित करके अपान वायु को ऊपर खींच कर रखना, मूलबंध कहलाता है। ऐसा करने से अपान वायु ऊपर की तरफ चढ़ता है।

हमारे नाभी मंडल से नीचे की तरफ अपान वायु होता है और नाभी मंडल से ऊपर प्राणवायु होता है अपान और प्राण का मिलन ही योग का अंतिम लक्ष्य कहा जा सकता है। मूलबंध से अपान वायु ऊपर की तरफ चढ़ता है और जालंधर बंध से प्राणवायु नीचे की तरफ प्रभावित होता है जहां दोनों का मिलन होता है कुंडलिनी जागृत हो जाती है।

उड्डीयान बंद

उड्डीयान बंध नाभि के ऊपर और नीचे वाले हिस्से को पीछे की तरफ खींचने से लगता है। सभी बंधो में उड्डीयान श्रेष्ठ है।

मूलबंध और उड्डीयान बंद एक साथ लगाने से मूलाधार चक्र और स्वाधिष्ठान चक्र अति शीघ्र जागृत हो जाते हैं और प्राणवायु मस्तिष्क की तरफ उठती है जिससे साधक मृत्यु पर भी विजय प्राप्त कर लेता है।

जालंधर बंध

कंठ को संकुचित कर हृदय में चिबुक (थोड़ी) को दृढ़ता पूर्वक लगावे यह जालंधर नामक बंद बुढ़ापा और मृत्यु को दूर करता है।

कन्ठ संबंधी रोग समूह को नष्ट करने वाला यह जालंधर बंद नाडी समूह को बांधता है और सहस्रार चक्र से गिरने वाले अमृत को नाभि में गिरकर भस्मा नहीं होने देता।

इन तीनों बंदों का एक साथ लगाना, पहले जालंधर बंध फिर उड्डीयान फिर मूलबंध को ही त्रिबंध कहा गया है।

सर्वप्रथम अपना संपूर्ण स्वास निकालकर जालंधर बंध लगाएं और उसके बाद उड्डीयान बंध लगाएं और उसके बाद मूलबंध लगाकर स्थिर हो जाएं यही त्रिबंध है। इसको महाबंध भी बोला जाता है। वापस आने के लिए पहले मूलबंध खोलें उड्डीयान खोलें और अंत में जालंधर बंध खोलें।

Scanned by CamScanner

उड्डीयान खोलें और अंत में जालंधर बंध खोलें।

त्रिबंध लगाने से शरीर के समूल पाप और रोग नष्ट हो जाते हैं व्यक्ति बुढ़ापे पर विजय प्राप्त कर निरोगी जीवन जीता है।

आप इसका अभ्यास धीरे-धीरे बढ़ाएं और कुछ सेकंड से लेकर के कुछ मिनट और घंटों तक इसका अभ्यास कर सकते हैं जितना देर ज्यादा अभ्यास करेंगे उतना लाभ आपको होगा। जबरदस्ती अभ्यास नहीं करना है। सहजता से जितना हो उतना अभ्यास करना है।

आप एक-एक बंध का अभ्यास भी अलग-अलग कर सकते हैं उसका भी आपको लाभ होगा।

Scanned by CamScanner



Anjali Dimri

Apne tribandh ka jo sequence bataya hai wo hi kyun Zaroori hai means upar se neche lagana hai aur neeche se upar kholna hai

1 yr Report

Kailash Babu yoga

Anjali Dimri प्रथम बात तो यही है कि ग्रंथों में यही वर्णित है।

जालंधर बंध के बाद उड्डियान और उड्डियान के बाद मूलबंध लगाने से ये सहज और अनायास ही लग जाते है, छोड़ने में भी सुविधा होती है। जब हम उड्डियान लगाते हैं तो मूलबंध अपने आप ही लगने लगता है...

बाकी जब अभ्यास करते हैं तो अपने से ही महसूस होने लगता है...

1 yr Report

Scanned by CamScanner

मुद्राणां मानसिकस्तरीयप्रभावः

मुद्रानाम	मानसिकस्तरीयप्रभावः
1. महामुद्रा	महाक्लेशा अर्थात् अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः, शोकमोहादिदोषाश्च क्षीयन्ते, इयं महासिद्धिकरा (ह॰प्र॰), वायोर्ब्रह्मरन्ध्रप्रवेशनम्, वाञ्छितार्थफलं सौख्यमिन्द्रियाणाञ्च मारणं सम्पद्यते (शि॰सं॰)
2. महाबन्धमुद्रा	महासिद्धिप्रदायिका (ह॰प्र॰), सिद्धिमार्गप्रदायिका, आनन्दप्रदायिका, सर्वार्थसाधिका च भवति। (शि॰सं॰) साधयेत् सर्ववाञ्छितम् ।(घे॰सं॰)
3. महावेधमुद्रा	अभ्यासी मृत्योः न बिभेति (घे॰सं॰), महासिद्धिदायिका, अणिमादिगुणप्रदायिका चास्ति।(ह॰प्र॰)
4. खेचरीमुद्रा	अस्याराभ्यासेन योगी व्याधिमृत्युजरादिभिः विषैः मुच्यते, तं रोगो मरणं तन्द्रा निद्राक्षुधा तृषा मूर्च्छा चन बाधन्ते, कर्मणा न लिप्यते,इन्द्रियजिच्च भवति।(ह॰प्र॰) सिद्धीनां जननी ह्येषा, स्वस्थचित्तत्वात् ह्यतन्द्रितो भूत्वा पापमहार्णवं तरति,(शि॰सं॰) समाधिर्जायते ध्रुवम् (घे॰सं॰)
5. उड्डीयानबन्धः	सिद्धो भवेन्मरुत् (शि॰सं॰)
6. मूलबन्धः	योगस्य संसिद्धिर्जायते। (ह॰प्र॰)
7. जालन्धरबन्धः	प्राणवायुः पश्चिमे पथि वाहयेत् (ह॰प्र॰), पियूषपानाय बन्धोऽयमाचरणीयः, सिद्धानां सिद्धिदायकोऽस्ति। (शि॰सं॰, घे॰सं॰)
8. विपरीतकरणीमुद्रा	प्रलये नापि सीदति (शि॰सं॰, घे॰सं॰), अभ्यासेनास्याः सिद्धतां याति (शि॰सं॰)
9. वज्रोलिमुद्रा	कुण्डलिनीं प्रबोध्य, चिरायुः प्रदाय, सर्वं सिद्धिपूर्वकं मुक्तिं विदधाति।(घे॰सं॰), अयं शुभकरो योगः, सकलसिद्धिपूर्वकं दिव्यदृष्टिः प्रजायते, अतीतानागतज्ञानाय दिव्यदेहप्राप्तये इयं पुण्यकरी मुद्रा सर्वत्र प्रसिद्धा।(ह॰प्र॰)बिन्दुसिद्धिपूर्वकमियं मुद्रा क्षिप्रं योगो सिद्ध्यति। अनया निखिला सिद्धिः प्राप्यते।(शि॰सं॰)
10. शक्तिचालनमुद्रा	सर्वशक्तिप्रदायिनी, अणिमादिगुणप्रदायिका (शि॰सं॰), अनया कुण्डलिनीशक्तिर्जागर्त्ति, प्राणायामसिद्धिर्जायते, मृत्युभयञ्च व्यपहरति(ह॰प्र॰)

Scanned by CamScanner

मुद्राणामात्मिकस्तरीयप्रभावः

मुद्रानाम	आत्मिकप्रभावाः
1. महामुद्रा	मरणादीनां क्षयः(ह०प्र०), जरामृत्यवोः विनाशनञ्च जायते।(शि०सं०)
2. महाबन्धमुद्रा	
3. महावेधमुद्रा	जरामृत्युविनाशनम् (ह०प्र०), वायुसिद्धिः, जरामरणनाशनम्, मृत्युञ्जयित्वञ्च जायन्ते (शि०सं०)। मृत्योः भयोऽपि नश्यते (घे०सं०)।
4. खेचरीमुद्रा	व्याधिमृत्युजरादिभिः विषैश्च मुच्यते, कर्मणा न लिप्यते, मृत्युं जयति, अमरत्वं प्राप्नोति, सुषिरं ज्ञानञ्च जायते (ह०प्र०)।
5. उड्डीयानबन्धः	मृत्युञ्जयति (ह०प्र०, शि०सं०), मुक्तिञ्च प्राप्नोति (ह०प्र०, घे०सं०)।
6. मूलबन्धः	योगस्य संसिद्धिः, कुण्डलिन्याः जागरणम् (ह०प्र०), जरामरणनाशनम् (शि०सं०), संसारसागरतरणम् (शि०सं०, घे०सं०)
7. जालन्धरबन्धः	जरामृत्यू नश्यतः (ह०प्र०), पीयूषपानं करोति, अमरत्वं प्राप्य मोदते (शि०सं०), मृत्युक्षयो जायते च (घे०सं०)।
8. विपरीतकरणीमुद्रा	अस्याः नित्याभ्यासेन कालजिद्भवति, मृत्युञ्जयति (शि०सं०, घे०सं०), न जरायते च (घे०सं०)
9. वज्रोलिमुद्रा	सिद्धिं भजते, भोगयुक्तोऽपि मुक्तिं प्राप्नोति, दिव्यदृष्टिर्जायते (ह०प्र०), संसारध्वान्तं नशति, दिव्यदेहं प्राप्नोति (शि०सं०)। मुक्तिकारिका, सर्वसिद्धिदा चाऽस्ति (घे०सं०)।
10. शक्तिचालनमुद्रा	मोक्षद्वारभेदिका, कुण्डलिनीबोधिका, मृत्युभयापहारिका, कालजिच्चाऽस्ति (ह०प्र०)।

Scanned by CamScanner

शारीरिकरोगोपशमने मुद्राणां प्रभावः

मुद्राभिधानम्	निश्चितमुद्राप्रयोगद्वारा शारीरिकरोगाणामुपशमनम्
1. महामुद्रा	सर्वविधान्नं पच्यते, क्षयरोगः, कुष्ठगुदावर्तगुल्माः, अजीर्णरोगाश्च नश्यन्ते।(ह०प्र०)महामुद्रायाः साधनेन क्षयकासं, गुदावर्त्तं, प्लीहाजीर्णज्वरं, सर्वरोगांश्च नाशयेत्।(घे०सं०)
2. महाबन्धमुद्रा	शरीरपुष्टिः देहास्थिपञ्जरे दृढत्वं सम्पद्यते (शि०सं०)
3. महावेधमुद्रा	जरया चर्मसङ्कोचः, जरसा केशेषु शौक्ल्यं, कम्पश्च एतान् हन्तीति (ह०प्र०)
4. खेचरीमुद्रा	सर्वरोगो नश्यते (ह०प्र०), दिव्यदेहः स जायते (घे०सं०)
5. उड्डीयानबन्धः	वृद्धोऽपि तरुणायते (ह०प्र०), रोगाणां सङ्क्षयः (शि०सं०)
6. मूलबन्धः	युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबन्धनात् (ह०प्र०), जठराग्निः प्रदीप्यते (ह०प्र०), जराविनाशिनी (घे०सं०)
7. जालन्धरबन्धः	कण्ठदुःखौघनाशनः (ह०प्र०)
8. विपरीतकरणीमुद्रा	जठराग्निविवर्धिनी, वलितं पलितञ्च नश्येते (ह०प्र०)
9. वज्रोली	बिन्दुसिद्धिर्भवेत् (शि०सं०)
10. शक्तिचालनमुद्रा	तस्याः सञ्चालनेनैव योगी रोगैः प्रमुच्यते, द्वासप्ततिसहस्राणां नाडीनां मलशोधनम्भवति। (ह०प्र०), आयुर्वृद्धिर्भवेत्तस्य रोगाणाञ्च विनाशनम् (शि०सं०)

Scanned by CamScanner

उपनिषदि प्राप्तमुद्राः

क्र०स०	उपनिषदः	मुद्राः
1	वराहोपनिषद्	उड्डियाणबन्धः, मूलबन्धः, जालन्धरबन्धः, महावेधमुद्रा। (4)
2	योगतत्त्वोपनिषद्	महामुद्रा, महाबन्धः, महावेधः, खेचरीमुद्रा, जालन्धरबन्धः, उड्डीयानबन्धः, मूलबन्धः (योनिबन्धः), वज्रोली, सहजोली, अमरोली, विपरीतकरणी। (11)
3	ध्यानबिन्दूपनिषद्	उड्डीयानबन्धः, मूलबन्धः, जालन्धरबन्धः, खेचरी, वज्रोली (योनिमुद्रा), महामुद्रा। (6)
4	नादबिन्दूपनिषद्	वैष्णवीमुद्रा। (1)
5	योगशिखोपनिषद्	शक्तिचालनमुद्रा, मूलबन्धः, उड्डीयानबन्धः, जालन्धरबन्धः, षण्मुखीमुद्रा। (5)
6	मण्डलब्राह्मणोपनिषद्	शाम्भवी, खेचरी, षण्मुखी। (3)
7	योगकुण्डल्युपनिषद्	शक्तिचालनमुद्रा, मूलबन्धः, उड्डीयानबन्धः, जालन्धरबन्धः, खेचरीविद्या। (5)

Scanned by CamScanner

दशमुद्रास्वन्तर्भावितमुद्राः

प्रमुखदशमुद्राभिधानम्	अन्तर्भावितमुद्राभिधानम्
1. महामुद्रा	
2. महाबन्धमुद्रा	
3. महावेधमुद्रा	
4. खेचरीमुद्रा	नभोमुद्रा, शाम्भवीमुद्रा, शाम्भवीमुद्रायां पञ्चविधधारणानाम्, काकीमुद्रा, माण्डुकीमुद्रा षण्मुखिमुद्रायां योनिमुद्रा, योनिमुद्रायाः त्रिबन्धविशिष्टखेचरीमुद्रायां लयो भवति।
5. उड्ड्यानबन्धः	तडागीमुद्रा
6. मूलबन्धः	अश्विनीमुद्रा
7. जालन्धरबन्धः	पाशिनीमुद्रा, भुजङ्गिनीमुद्रा
8. विपरीतकरणीमुद्रा	
9. वज्रोलीमुद्रा	ध्यानबिन्दूपनिषदि प्राप्तयोनिमुद्रा
10. शक्तिचालनम्	

Scanned by CamScanner

अभिधानविषयकवैविध्यम्

मुद्रानाम	उपनिषद्	संहितात्रयम्	अन्यः
1. महामुद्रा			
2. महाबन्धमुद्रा			
3. महावेधमुद्रा			
4. खेचरीमुद्रा			नभोमुद्रा (गो॰सं॰) नभश्चडी (शि॰सू॰)
महामुद्रामुपसंहरंस्तस्या गोप्यत्वमाह-कथितेति ॥ इयमेषा महामुद्रा कथितोक्ता । मयेति शेषः । कीदृशी नृणामभ्यसतां नराणां महत्यश्च ताः सिद्धयश्चाणिमाद्यास्तासां करी कर्त्रीयम् । प्रकृष्टो यत्नः प्रयत्नस्तेन प्रयत्नेन गोपनीया गोपनार्हा यस्यकस्यचिद्यस्यकस्याप्यनधिकारिणोऽसंबंधस्य । सामान्ये षष्ठी । न देया दातुं योग्या न भवतीत्यर्थः ॥ १८ ॥

भाषार्थ-अब महामुद्राको समाप्त करते हुए उसको गुप्त करने योग्य वर्णन करते हैं कि, यह पूर्वोक्त जो महामुद्रा वर्णन की है वह मनुष्योंको महासिद्धिकी करनेवाली है और बडे यत्नसे गुप्त करने योग्य है और जिस किसी अनधिकारी पुरुषको न देनी ॥ १८ ॥

पार्ष्णिं वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत् ॥
वामोरूपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं तथा ॥ १९ ॥

महाबंधमाह-पार्ष्णिमिति ॥ वामस्य सव्यस्य पादस्य चरणस्य पार्ष्णिं गुल्फयोरधोभागम् 'तद्ग्रंथी घुटिके गुल्फौ पुमान्पार्ष्णिस्तयोरधः' इत्यमरः । योनिस्थाने गुदमेढ्रयोरंतराले नियोजयेन्नितरां योजयेत् । वामः सव्यो य ऊरुस्तस्योपरि दक्षिणं चरणं पादं संस्थाप्य सम्यक् स्थापयित्वा । तथाशब्दः पादपूरणे ॥ १९ ॥

भाषार्थ-अब महाबंधका वर्णन करते हैं कि, वामचरणकी पार्ष्णिको योनिस्थानमें अर्थात् गुदा और लिंगके मध्यभागमें लगावे और वामजंघा ऊपर दक्षिण पादको रखकर बैठे ॥ १९ ॥

पूरयित्वा ततो वायुं हृदये चुबुकं दृढम् ॥
निष्पीड्य वायुमाकुंच्य मनोमध्ये नियोजयेत् ॥ २० ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

पूरयित्वेति ॥ ततस्तदनंतरं वायुं पूरयित्वा हृदये चुबुकं दृढं निष्पीड्य गाढं संस्थाप्य । एतेन जालंधरबंधः प्रोक्तः । योनिं गुदमेढ्रयोरंतरालमाकुंच्य । अनेन मूलबंधः सूचितः । स तु जिह्वाबंधेन गतार्थत्वान्न कर्तव्यः । मनः स्वांतं मध्ये मध्यनाड्यां नियोजयेत्प्रवर्तयेत ॥ २० ॥

भाषार्थ–इसपूर्वोक्त आसन बांधनेके अनंतर वायुको पूरण करके और हृदयमें दृढतासे (खूब) चुबुक (ठोढी) को अर्थात् इस जालंधर बंधको करके और योनि (गुदा लिंगकेमध्य) को संकुचित करके अर्थात् मूलबंधको करके परन्तु यह मूलबंध जिह्वाके बंधनसेही सिद्ध है इससे करने योग्य नहीं है फिर मनको मध्य नाडीकेविषे प्रविष्ट करै ॥ २० ॥

धारयित्वा यथाशक्ति रेचयेदनिलं शनैः ॥
सव्यांगे तु समभ्यस्य दक्षांगे पुनरभ्यसेत् ॥ २१ ॥

धारयित्वेति ॥ शक्तिमनतिक्रम्य यथाशक्ति धारयित्वा कुंभयित्वा शनैर्मंदं मंदमनिलं वायुं रेचयेत् । सव्यांगे वामांगे समभ्यस्य सम्यगावर्त्य दक्षांगे दक्षिणांगे पुनर्यावत्तुल्यामेव संख्यां तावदभ्यसेत् ॥ २१ ॥

भाषार्थ–फिर वायुको यथाशक्ति धारण करके अर्थात् कुंभक प्राणायामको करके शनैः २ वायुका रेचन करै. इसप्रकार वाम अंगमें भलीप्रकार अभ्यास करके दक्षिण अंगमें फिर अभ्यास करै और वह अभ्यास तवतक करै जवतक वामांग अभ्यासकी जो संख्या उसकी तुल्यताहो ॥ २१

मतमत्र तु केषांचित्कंठबंधं विवर्जयेत् ॥
राजदंतस्थजिह्वाया बंधः शस्तो भवेदिति ॥ २२ ॥

अथ जालंधरबंधे कंठसंकोचस्यानुपयोगमाह–मतमिति ॥ केषांचित्त्वाचार्याणामिदं मतम् । किं तदित्याह । अत्र जालंधरबंधे कंठस्य बंधनं बंधः संकोचस्तं विवर्जयेद्विशेषेण वर्जयेत् । कुतः यतो दंतानां राजानो राजदंता राजदंतेषु तिष्ठतीति राजदंतस्था राजदन्तस्था चासौ जिह्वा च तस्यां राजदंतस्थजिह्वायां बंधस्तदुपरिभागस्य संबंधः शस्तः । कंठाकुंचनापेक्षया प्रशस्तो भवेदिति हेतोः ॥ २२ ॥

भाषार्थ–अब जालंधरबंधमें कंठके संकोचका अनुपयोग वर्णन करते हैं कि, किन्हीं १ आचार्योंका यह मत है कि, इस जालंधरबंधमें कंठका जो बंधन (संकोच) उसको

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

विशेषकर वर्जदे. क्योंकि राजदंतों (दाढ) के ऊपर स्थित जो जिह्वा उसका बंधही जालंधर बंधमें प्रशस्त होताहै अर्थात् कंठ संकोचकी अपेक्षा वह उत्तम होताहै ॥२२॥

अयं तु सर्वनाडीनामूर्ध्वं गतिनिरोधकः ॥
अयं खलु महाबंधो महासिद्धिप्रदायकः ॥ २३ ॥

अयं त्विति ॥ अयं तु राजदंतस्थजिह्वायां बंधस्तु सर्वाश्च ता नाडयश्च सर्वनाड्यो द्वासप्ततिसहस्रसंख्याकास्तासां सुषुम्नातिरिक्तानामूर्ध्वमुपरि वायोर्गतिरूर्ध्वं गतिस्तस्या निरोधकः प्रतिबंधकः । एतेन 'बध्नाति हि शिराजालम्'इति जालंधरोक्तं फलमनेनैव सिद्धमिति सूचितम् । महाबंधस्य फलमाह-अयं खल्विति ॥ अयमुक्तः खलु प्रसिद्धः महासिद्धीः प्रकर्षेण ददातीति तथा ॥ २३ ॥

भाषार्थ-यह राजदंतोंमें स्थित जिह्वाका बंध, बहत्तर सहस्र ७२००० सुषुम्नासे भिन्न नाडियोंकी जो ऊर्ध्वगति अर्थात् नाडियोंमें जो प्राणवायुका ऊर्ध्वगमन उसका प्रतिबंधक है इससे यह सूचित किया कि, नाडियोंके जालको जो बंधन करै उसे जालंधरबंध कहतेहैं यह जालंधर बंधका फल इससेही सिद्ध है । अब महाबंधके फलको कहते है कि, यह महाबंध निश्चयसे महासिद्धियोंको भलीप्रकार देताहै ॥ २३ ॥

कालपाशमहाबंधविमोचनविचक्षणः ॥
त्रिवेणीसंगमं धत्ते केदारं प्रापयेन्मनः ॥ २४ ॥

कालेति ॥ कालस्य मृत्योः पाशो वागुरा तेन यो महाबंधो बंधनं तस्य विशेषेण मोचने मोक्षणे विचक्षणः प्रवीणः । तिसृणां नदीनां वेणीसमुदायः स एव संगमः प्रयागस्तं धत्ते विधत्ते । केदारं भ्रुवोर्मध्ये शिवस्थानं केदारशब्दवाच्यं तं मनः स्वांतं प्रापयेत् । 'गतिबुद्धि' इत्यादिना अणौ कर्तुर्मनसो णौ कर्मत्वम् ॥ २४ ॥

भाषार्थ-और मृत्युके पाशका जो महाबंधन उसके छुटानेमें विशेषकर प्रवीण है और तीन नदियोंका संगम जो प्रयाग है उसको करताहै और मनको भ्रुकुटियोंके मध्यमें जो शिवजीका स्थानरूप केदार है उसमें प्राप्त करताहै अर्थात् पहुँचता है ॥२४॥

रूपलावण्यसंपन्ना यथा स्त्री पुरुषं विना ॥
महामुद्रामहाबंधौ निष्फलौ वेधवर्जितौ ॥ २५ ॥

महावेधं वक्तुमादौ तस्योत्कर्षं तावदाह-रूपेति ॥ रूपं सौंदर्यं चक्षुः

LIBRARY
Jangamwadi Math, VARANASI,
Acc. No. 2056 1156 1390
CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

प्रियो गुणो लावण्यं कांतिविशेषः । तदुक्तम् 'मुक्ताफलेषु छायायास्तरलत्वमिवान्तरम् । प्रतिभाति यदंगेषु तल्लावण्यमिहोच्यते' इति । ताभ्यां संपन्ना विशिष्टा स्त्री युक्ती पुरुषं भर्तारं विना यथा यादृशी निष्फला तथा महामुद्रा च महाबंधश्च तौ महावेधेन । 'विनापि प्रत्ययं पूर्वोत्तरपदयोर्लोपो वक्तव्यः' इति भाष्यकारोक्तेर्महच्छब्दस्य लोपः । वर्जितौ रहितौ निष्फलौ व्यर्थावित्यर्थः ॥ २५ ॥

भाषार्थ—अब महावेधके कहनेकेलिये प्रथम उसकी उत्तमताको कहते हैं कि, रूप (सुंदरता) और इसवचनमें कहेहुए लावण्यको मोतियोंमें छाया (प्रतिबिंबकी) तरलताके समान स्त्रीके अंगोंमें अंतर जो प्रतीत होताहै वह यहां लावण्य कहाता है. इन दोनों पूर्वोक्त रूप और लावण्यसे युक्त स्त्री, पुरुषके विना निष्फल है. तिसीप्रकार महामुद्रा और बंध ये दोनों भी महावेधके विना निष्फल हैं. इस श्लोकमें वेधपदसे महावेधलेते हैं, क्योंकि इस भाष्यकारके वचनसे प्रत्ययके विनाभी पूर्व और उत्तरपदका लोप कहना । महच्छब्दका लोप होताहै ॥ २५ ॥

अथ महावेधः ।

महाबंधस्थितो योगी कृत्वा पूरकमेकधीः ॥
वायूनां गतिमावृत्य निभृतं कंठमुद्रया ॥ २६ ॥

महावेधमाह—महावेधेति ॥ महाबंधे महाबंधमुद्रायां स्थितो महाबंधस्थितः । एका एकाग्रा धीर्यस्य स एकाग्रधीर्योगी योगाभ्यासी पूरकं नासापुटाभ्यां वायोर्ग्रहणं कृत्वा कंठे मुद्रा कंठमुद्रा तया जालंधरमुद्रया वायूनां प्राणादीनां गतिमूर्ध्वाधोगमनादिरूपां निभृतं निश्चलं यथा भवति तथावृत्य निरुध्य कुंभकं कृत्वेत्यर्थः ॥ २६ ॥

भाषार्थ—अब महावेधका वर्णन करते हैं कि, महाबंधमुद्रामें स्थित अर्थात् करताहुआ योगी एकाग्रबुद्धिसे पूरक प्राणायामको करके अर्थात् योगमार्गसे नासिकाके पुटोंसे वायुका ग्रहण करके कंठमुद्रा (जालंधर मुद्रा) से प्राणआदि वायुओंको जो ऊर्ध्व अधोगतिरूप गमन है उसको निश्चल रीतिसे रोककर अर्थात् कुंभकाप्राणायामको करके २६॥

समहस्तयुगो भूमौ स्फिचौ संताडयेच्छनैः ॥
पुटद्वयमतिक्रम्य वायुः स्फुरति मध्यगः ॥ २७ ॥

समहस्तेति ॥ भूमौ भुवि हस्तयोर्युगं हस्तयुगं समं हस्तयुगं यस्य स समहस्तयुगः भूमिसंलग्नतलौ सरलौ हस्तौ यस्य तादृशः सन्नित्यर्थः ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

स्फिचौ कटिप्रोथौ। 'स्त्रियां स्फिचौ कटिप्रोथौ' इत्यमरः। भूमिसंलग्नतलयोर्हस्तयोरवलंबनेन योनिस्थानसंलग्नपार्ष्णिना वामपादेन सह भूमेः किंचिदुत्थापितौ शनैर्मंदं संताडयेत्सम्यक् ताडयेत्। भूमावेव पुटयोर्द्वयमिडापिंगलयोर्युग्ममतिक्रम्योल्लंघ्य मध्ये सुषुम्नामध्ये गच्छतीति मध्यगो वायुः स्फुरति॥ २७॥

भाषार्थ—भूमिपर लगाहै तल जिनका ऐसे सरल हाथोंको अपने जो स्फिच (चूतड) हैं उनको भूमिपर लगेहुए हाथोंके आश्रय और योनिस्थानमें लगीहुई पार्ष्णि जिसकी ऐसे वामपादसहित पूर्वोक्त स्फिचोंको भूमिसे ऊपर किंचित् उठाकर शनैः २ भलीप्रकार ताडै, इस प्रकार करनेसे इडा और पिंगलारूप दोनों नाडियोंका उलंघन (छोड) करके सुषुम्नाके मध्यमें वायु चलने लगताहै अर्थात् सुषुम्नामें प्राणवायुकी गति होजाती है॥ २७॥

सोमसूर्याग्निसंबंधो जायते चामृताय वै॥
मृतावस्था समुत्पन्ना ततो वायुं विरेचयेत्॥ २८॥

सोमेति॥ सोमश्च सूर्यश्चाग्निश्च सोमसूर्याग्नयः सोमसूर्याग्निशब्दैस्तदधिष्ठिता नाड्य इडापिंगलासुषुम्ना ग्राह्यास्तेषां संबंधः। तद्वायुसंबंधात्तेषां संबंधः। अमृताय मोक्षाय जायते। वै इति निश्चयेऽव्ययम्। मृतस्य प्राणवियुक्तस्यावस्था मृतावस्था समुत्पन्ना भवति। इडापिंगलयोः प्राणसंचाराभावात्। ततस्तदनंतरं वायुं विरेचयेन्नासिकापुटाभ्यां शनैस्त्यजेत्॥२८॥

भाषार्थ—फिर चन्द्रमा, सूर्य, अग्नि अर्थात् ये तीनों देवता हैं क्रमसे अधिष्ठाता जिनके ऐसी इडा पिंगला सुषुम्ना नाडियोंका संबंध मोक्षका हेतु निश्चयसे होजाताहै अर्थात् तीनों नाडियोंका वायु एक हो जाताहै तब इडा और पिंगलाके मध्यमें प्राणसंचारके अभावसे मरण अवस्था उत्पन्न होजाती है, क्योंकि, इडा पिंगलामें जो प्राणोंका संचार उसका नामही जीवन है, फिर मरण अवस्थाकी उत्पत्तिके अनंतर वायुको विरेचन करदे अर्थात् नासिकाके पुटोंमेंसे शनैः २ त्यागदे॥ २८॥

महावेधोऽयमभ्यासान्महासिद्धिप्रदायकः॥
वलीपलितवेपघ्नः सेव्यते साधकोत्तमैः॥ २९॥

महावेध इति॥ अयं महावेधोऽभ्यासात्पुनःपुनरावर्तनान्महासिद्धयोऽणिमाद्यास्तासां प्रदायकः प्रकर्षेण समर्धकः। वली जरया चर्मसंकोचः

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

पलितं जरसा केशेषु शौक्ल्यं वेपः कंपस्तान् हंतीति वलीपलितवेपघ्नः। अत एव साधकेष्वभ्यासिषूत्तमाः साधकोत्तमास्तैः सेव्यतेऽभ्यस्यत इत्यर्थः॥२९॥

भाषार्थ—यह महावेध अभ्यास करनेसे अणिमा आदि महासिद्धियोंको भलीप्रकार देताहै और वली अर्थात् वृद्ध अवस्थासे चर्मका संकोच और पलित अर्थात् वृद्धतासे केशोंकी शुक्लता और देहका कंपना इनको नष्टकरता है इसीसे साधकों (अभ्यासी) में जो उत्तम हैं वे इस महावेधका अभ्यासरूप सेवन करते हैं॥ २९॥

एतत्त्रयं महागुह्यं जरामृत्युविनाशनम्॥
वह्निवृद्धिकरं चैव ह्यणिमादिगुणप्रदम्॥ ३०॥

महामुद्रादीनां तिसृणामतिगोप्यत्वमाह-एतदिति॥ एतत्त्रयं महामुद्रादित्रयं महागुह्यमतिरहस्यम्। अत्र हेतुगर्भाणि विशेषणानि हि यस्माज्जरा वार्धकं मृत्युश्चरमः प्राणदेहवियोगः तयोर्विशेषेण नाशनं वह्नेर्जाठरस्य वृद्धिर्दीप्तिस्तस्याः करं कर्तृ अणिमा आदिर्येषां तेऽणिमादयस्ते च ते गुणाश्च तान् प्रकर्षेण ददातीत्यणिमादिगुणप्रदम्। चकार आरोग्यबिंदुजयादिसमुच्चयार्थः एवशब्दोऽवधारणार्थः॥ ३०॥

भाषार्थ—अब महामुद्रा आदि पूर्वोक्त तीनोंको अत्यंत गुप्त करने योग्य वर्णन करते हैं कि, ये तीनों मुद्रा अत्यंत गुप्त करने योग्य हैं और जोरा और मृत्युको विशेषकर नष्ट करती हैं और जठराग्निको बढाती हैं और अणिमा आदि सिद्धियोंको देती हैं अर्थात् अणिमा आदि गुणोंको भलीप्रकार उत्पन्न करती हैं और चकारके पढनेसे आरोग्य और बिंदुका जय समझना और इस श्लोकमें एव पद निश्चयका बोधक है॥ ३०॥

अष्टधा क्रियते चैव यामे यामे दिने दिने॥
पुण्यसंभारसंधायि पापौघभिदुरं सदा॥
सम्यक्शिक्षावतामेवं स्वल्पं प्रथमसाधनम्॥ ३१॥

अथैतत्त्रयस्य पृथक्साधनविशेषमाह-अष्टधेति॥ दिने दिने प्रतिदिनम्। यामे यामे प्रहरे प्रहरे पौनःपुन्ये द्विर्वचनम्। अष्टभिः प्रकारैरष्टधा क्रियते। चशब्दोऽवधारणे। एतत्त्रयमित्यत्रापि संबध्यते। कीदृशं पुण्यस्य संभारः समूहस्तस्य संधायि पुनः कीदृशं पापानामोघः पूरः समूह इति यावत्। तस्य भिदुरं कुलिशमिव नाशनं सदा सर्वदा यदाभ्यस्तं तदैव पापनाशनम्॥ सम्यक् सांप्रदायिकी शिक्षा गुरूपदेशो विद्यते येषां ते तथा। एवं दिने दिने यामे यामेऽष्टधेत्युक्तरीत्या पूर्वसाधनं स्वल्पस्वल्पमेव कार्यम्॥ ३१॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

भाषार्थ—अब इन तीनोंके पृथक् २ साधन विशेषको कहते हैं कि, प्रहर २ में और दिन २ में वारंवार आठप्रकारसे ये तीनों मुद्रा की जाती हैं. यहां भी एव शब्द निश्चयका वाची है और ये तीनों मुद्रा पुण्यके समूहको करती हैं और पापोंका जो समूह है उसको छेदन सदैव करती हैं और भलीप्रकार गुरुकी है शिक्षा जिनको ऐसे पुरुषोंको पूर्वोक्त आठप्रकारका जो प्रहर २ और दिन २ में साधन है वह अल्प २ (थोडा २) ही करना योग्य है अधिक २ नहीं ॥ ३१ ॥

अथ खेचरी ।

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा ॥
भ्रुवोरंतर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ॥ ३२ ॥

खेचरीं विवक्षुरादौ तत्स्वरूपमाह—कपालेति ॥ कपाले मूर्ध्नि कुहरं सुषिरं तस्मिन्कपालकुहरे विपरीतं प्रतीपं गच्छतीति विपरीतगा पराङ्मुखीभूता जिह्वा रसना स्यात् । भ्रुवोरंतर्गता भ्रुवोर्मध्ये प्रविष्टा दृष्टिर्दर्शनं स्यात् । सा खेचरी मुद्रा भवति । कपालकुहरे जिह्वाप्रवेशपूर्वकं भ्रुवोरंतर्दर्शनं खेचरीति लक्षणं सिद्धम् ॥ ३२ ॥

भाषार्थ—अब खेचरीमुद्राके कथनका अभिलाषी आचार्य प्रथम खेचरीके स्वरूपका वर्णन करते हैं कि, कपालके मध्यमें जो छिद्र है उसमें विपरीत (उलटी) हुई जिह्वा तो प्रविष्ट होजाय और भ्रुकुटियोंके मध्यमें दृष्टिका प्रवेश होजाय तो वह खेचरीमुद्रा होतीहै अर्थात् कपालके छिद्रमें जिह्वाके प्रवेश पूर्वक जो भ्रुकुटियोंके मध्यका दर्शन उसे खेचरीमुद्रा कहतेहैं ॥ ३२ ॥

छेदनचालनदोहैः कलां क्रमेण वर्धयेत्तावत् ॥
सा यावद्भ्रूमध्यं स्पृशति तदा खेचरीसिद्धिः ॥ ३३ ॥

खेचरीसिद्धेर्लक्षणमाह—छेदनेति ॥ छेदनं अनुपदमेव वक्ष्यमाणम् । चालनं हस्तयोरंगुष्ठतर्जनीभ्यां रसनां गृहीत्वा सव्यापसव्यतः परिवर्तनं, दोहः करयोरंगुष्ठतर्जनीभ्यां गोदोहनवत्तद्दोहनं तैः कलां जिह्वा तावद्वर्धयेद्दीर्घां कुर्यात् । तावत् कियत् । यावत्सा कला भ्रूमध्यं बहिर्भ्रुवोर्मध्यं स्पृशति यदा तदा खेचर्याः सिद्धिः खेचरीसिद्धिर्भवति ॥ ३३ ॥

भाषार्थ—अब खेचरीमुद्राकी सिद्धिके लक्षणका वर्णन करते हैं कि, छेदन जिसका आगे शीघ्रही वर्णन करेंगे और चालन अर्थात् हाथके अँगूठे और तर्जनीसे जिह्वाको पकडकर वाम और दक्षिणरूपसे परिवर्तन (हलाना) और पूर्वोक्त अँगूठे और तर्ज-

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

नोंसे गोदोहनके समान जिह्वाका दोहन इन तीनोंसे कला (जिह्वा) को तबतक बढावे जबतक वह कला भ्रुकुटियोंके मध्यका स्पर्श करै फिर स्पर्श होनेपर खेचरी मुद्राकी सिद्धिको जानै ॥ ३३ ॥

स्नुहीपत्रनिभं शस्त्रं सुतीक्ष्णं स्निग्धनिर्मलम् ॥
समादाय ततस्तेन रोममात्रं समुच्छिनेत् ॥ ३४ ॥

तत्साधनमाह–स्नुहीति ॥ स्नुही गुडा तस्याः पत्रं दलं स्नुहीपत्रेण सदृशं स्नुहीपत्रनिभं सुतीक्ष्णमतितीक्ष्णं स्निग्धं च तन्निर्मलं च स्निग्धनिर्मलं शस्त्रं छेदनसाधनं समादाय सम्यगादाय गृहीत्वा ततः शस्त्रग्रहणानंतरं तेन शस्त्रेण रोमप्रमाणं रोममात्रं समुच्छिनेत्सम्यगुच्छिनेच्छिद्यात् । रसनामूलशिरामिति कर्माध्याहारः । 'मिश्रेथाप्यथ सीहुंडो वज्रस्नुक् स्त्री स्नुही गुडा' इत्यमरः ॥ ३४ ॥

भाषार्थ–अब खेचरीकी सिद्धिके साधनोंका वर्णन करतेहैं कि, स्नुही (सेहुंड) के पत्तेके समान जो अत्यंत तीक्ष्ण शस्त्र है चिकने और निर्मल उस शस्त्रको ग्रहण करके उससे जिह्वाके मूलकी नाडीको रोममात्र छेदन करदे ॥ ३४ ॥

ततः सैंधवपथ्याभ्यां चूर्णिताभ्यां प्रघर्षयेत् ॥
पुनः सप्तदिने प्राप्ते रोममात्रं समुच्छिनेत् ॥ ३५ ॥

तत इति॥ततश्छेदनानंतरं चूर्णिताभ्यां चूर्णीकृताभ्यां सैंधवं सिंधुदेशोद्भवं लवणं पथ्यं हरीतकी ताभ्यां प्रघर्षयेत्प्रकर्षेण घर्षयेच्छिन्नं शिराप्रदेशम् । सप्तदिनपर्यंतं छेदनं सैंधवपथ्याभ्यां घर्षणं च सायंप्रातर्विधेयम् । योगाभ्यासिनो लवणनिषेधात्खदिरपथ्याचूर्णं गृह्णंति मूले सैंधवोक्तिस्तु हठाभ्यासात्पूर्वं खेचरीसाधनाभिप्रायेण । सप्तानां दिनानां समाहारः सप्तदिनं तस्मिन् प्राप्ते गते सति अष्टमे दिन इत्यर्थात् । ये प्राप्त्यर्थास्ते गत्यर्थाः । पूर्वच्छेदनापेक्षयाधिकं रोममात्रं समुच्छिनेत् ॥ ३५ ॥

भाषार्थ--और छेदनके अनंतर चूर्ण किये (पीसे हुये सैंधव (लवण) और हरडेसे जिह्वाके मूलको भलीप्रकार घिसे सातदिनतक प्रतिदिन छेदन और घिसनेको पूर्वोक्तप्रकारसे प्रातःकाल और सायंकालको करै और योगके अभ्यासीको लवणका निषेध है इससे यहां खदिर (कत्था) और पथ्याका चूर्ण लेना योगियोंको कहाहै और मूलग्रंथमें तो सैंधवका कथन हठयोगके अभ्याससे पूर्व खेचरीकी सिद्धिके अभिप्रायसे है

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

फिर सातदिनके बीतनेपर आठवेंदिन रोममात्रका छेदन करै अर्थात् प्रथमछेदनसे अधिक रोममात्रका छेदन करै ॥ ३९ ॥

एवं क्रमेण षण्मासं नित्यं युक्तः समाचरेत् ॥

षण्मासाद्रसनामूलशिलाबंधः प्रणश्यति ॥ ३६ ॥

एवमिति ॥ एवं क्रमेण पूर्वं रोममात्रच्छेदनं सप्तदिनपर्यंतं तावदेव सायं-प्रातश्छेदनं घर्षणं च । अष्टमे दिनेऽधिकं छेदनमित्युक्तक्रमेण षण्मासं षण्मासपर्यंतं नित्ययुक्तः सन् समाचरेत्सम्यगाचरेत् । छेदनघर्षणे इति कर्माध्याहारः । षण्मासादनंतरं रसना जिह्वा तस्या मूलमधोभागो रसनामूलं तत्र या शिरा कपालकुहररसनासंयोगे प्रातिबंधिकाभूता नाडी तया बंधो बंधनं प्रणश्यति प्रकर्षेण नश्यति ॥ ३६ ॥

भाषार्थ–इसप्रकार क्रमसे प्रथम रोममात्रका छेदन और उसकाही सातदिनपर्यंत सायंकाल प्रातःकालके समय घर्षणको प्रतिदिन युक्तहुआ छः मासपर्यंत करै और आठवेंदिन पूर्व किये छेदनसे अधिक रोममात्रका छेदन करके पूर्वोक्त घर्षणको करता रहे इसरीतिसे छः मासके अनंतर जिह्वाके मूलभागमें जो शिराबंध है अर्थात् जिससे जिह्वा कपाल छिद्रमें नहीं पहुँच सकती वह बंधन है वह भलीप्रकार नष्ट होजाता है ॥ ३६ ॥

कलां पराङ्मुखीं कृत्वा त्रिपथे परियोजयेत् ॥

सा भवेत्खेचरी मुद्रा व्योमचक्रं तदुच्यते ॥ ३७ ॥

छेदनादिना जिह्वावृद्धौ यत्कर्तव्यं तदाह–कलामिति ॥ कलां जिह्वां पराङ्मुखमास्यं यस्याः सा तथा तां पराङ्मुखीं प्रत्यङ्मुखीं कृत्वा तिसृणां नाडीनां पंथाः त्रिपथस्तस्मिंस्त्रिपथे कपालकुहरे परियोजयेत्संयोजयेत् । सा त्रिपथे परियोजनरूपा खेचरी मुद्रा तद्व्योमचक्रमित्युच्यते । व्योमचक्रशब्देनोच्यते ॥ ३७ ॥

भावार्थ–अब छेदन आदिसे जिह्वाको वृद्धि होनेपर करने योग्य कर्मको कहते हैं कि, जिह्वाको पराङ्मुख करके अर्थात् पश्चिमको लौटाकर तीनों नाडियोंका मार्ग जो कपालका छिद्र है उसमें संयुक्त करदे वही खेचरी मुद्रा होतीहै और उसको ही व्योमचक्र कहतेहैं ॥ ३७ ॥

रसनामूर्ध्वगां कृत्वा क्षणार्धमपि तिष्ठति ॥

विषैर्विमुच्यते योगी व्याधिमृत्युजरादिभिः ॥ ३८ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

अथ खेचरीगुणाः ॥ रसनामिति ॥ ऊर्ध्वं तालूपरि विवरं गच्छतीति तां तादृशीं रसनां जिह्वां कृत्वा क्षणार्धं क्षणस्य मुहूर्तस्य अर्धं क्षणार्धं घटिकामात्रमपि खेचरी मुद्रा तिष्ठति चेत्तर्हि योगी विषैः सर्पवृश्चिकादिविषैर्विमुच्यते विशेषेण मुच्यते । व्याधिर्धातुवैषम्यं मृत्युश्चरमः प्राणदेहवियोगो जरा वृद्धावस्था ता आदयो येषां वल्यादीनां तैश्च विमुच्यते । 'उत्सवे च प्रकोष्ठे च मुहूर्ते नियमे तथा । क्षणशब्दो व्यवस्थायां समयेऽपि निगद्यते' इति नानार्थः ॥ ३८ ॥

भाषार्थ—अब खेचरीके गुणोंका वर्णन करतेहैं कि, जिह्वाको तालुके ऊपरले छिद्रमें करके जो योगी क्षणार्धभी टिकताहै अर्थात् एक घटिकामात्र भी स्थित रहताहै (यहां क्षण पदसे इसवचनके अनुसार मुहूर्तका ग्रहण है) वह योगी धातुओंकी विषमतारूप व्याधि और मृत्यु अर्थात् प्राण और देहका वियोग और वृद्ध अवस्था आदिकोंसे और सर्प बिच्छू आदिके विषोंसे विशेषकर छूट जाताहै ॥ ३८ ॥

न रोगो मरणं तंद्रा न निद्रा न क्षुधा तृषा ॥
न च मूर्च्छा भवेत्तस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥ ३९ ॥

न रोग इति ॥ यः खेचरीं मुद्रां वेत्ति तस्य रोगो न मरणं न तंद्रा तामसांतःकरणवृत्तिविशेषः न निद्रा न क्षुधा न तृषा पिपासा न मूर्च्छा चित्तस्य तमसाभिभूतावस्थाविषेषश्च न भवेत् ॥ ३९ ॥

भाषार्थ—जो योगी खेचरीमुद्राको जानताहै उसको रोग, मरण और अंतःकरणकी तमोगुणी वृत्तिरूप तंद्रा और निद्रा क्षुधा तृषा और चित्तकी तमोगुणीअवस्थारूप मूर्च्छा ये सब नहीं होते हैं ॥ ३९ ॥

पीडयते न स रोगेण लिप्यते न च कर्मणा ॥
बाध्यते न स कालेन यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥ ४० ॥

पीडयत इति ॥ यः खेचरीं मुद्रां वेत्ति स रोगेण ज्वरादिना न पीडयते ॥ ४० ॥

भाषार्थ—जो खेचरीको जानता है वह रोगसे पीडित नहीं होताहै और न कर्मसे लिप्त होताहै और न कालसे बाधा जाताहै ॥ ४० ॥

चित्तं चरति खे यस्माज्जिह्वा चरति खे गता ॥
तेनैषा खेचरी नाम मुद्रा सिद्धैर्निरूपिता ॥ ४१ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

चित्तमिति ॥ यस्माद्धेतोश्चित्तमंतःकरणं खे भ्रुवोरंतरवकाशे चरति जिह्वा खे तत्रैव गता सती चरति। तेन हेतुना एषा कथिता मुद्रा खेचरी नाम खेचरीति प्रसिद्धा। नामेति प्रसिद्धावव्ययम्। सिद्धैः कपिलादिभिर्निरूपिता। खे भ्रुवोरंतर्व्योम्नि चरति गच्छति चित्तं जिह्वा च यस्यां सा खेचरीत्यवयवशः सा व्युत्पादिता। उक्तेषु त्रिषु श्लोकेषु व्याध्यादीनां पुनरुक्तिस्तु तेषां श्लोकानां संगृहीतत्वान्न दोषाय ॥ ४१ ॥

भाषार्थ--जिससे चित्त (अंतःकरण) भ्रुकुटियोंके मध्यरूप आकाशमें विचरताहै और जिह्वाभी भ्रुकुटियोंके मध्यमेंही जाकर विचरती है तिसीसे सिद्धों (कपिल आदि) की निरूपण कीहुई यह मुद्रा खेचरी इस नामसे प्रसिद्ध है भ्रुकुटियोंके मध्यरूप आकाशमें जिसमुद्राके करनेसे जिह्वा विचरै उसे खेचरी कहतेहैं इस व्युत्पत्तिसे सिद्धोंने यह अन्वर्थमुद्रा वर्णन की है. इन पूर्वोक्त तीनों श्लोकोंमें व्याधिआदिकी जो पुनरुक्ति है वह इसलिये दूषित नहीं है कि, ये तीनों श्लोक संगृहीत (किसीके रचेहुए) हैं अर्थात् मूलके नहीं हैं ॥ ४१ ॥

खेचर्या मुद्रितं येन विवरं लंबिकोर्ध्वतः ॥
न तस्य क्षरते बिंदुः कामिन्याः श्लेषितस्य च ॥४२॥

खेचर्येति ॥ येन योगिना खेचर्या मुद्रया लंबिकाया ऊर्ध्वमिति लंबिकोर्ध्वतः। सार्वविभक्तिकस्तसिः। लंबिका तालु तस्या ऊर्ध्वत उपरिभागे स्थितं विवरं छिद्रं मुद्रितं पिहितम्। कामिन्या युवत्याः श्लेषितस्यालिंगितस्यापि। च शब्दोऽप्यर्थे। तस्य बिंदुर्वीर्यं न क्षरते न स्खलति ॥ ४२ ॥

भाषार्थ--जिस योगीने खेचरीमुद्रासे लंबिका (तालु) के ऊपरका छिद्र ढकलिया है कामिनीके स्पर्श करनेपरभी उस योगीका बिंदु (वीर्य) क्षरित (पतता) नहीं होता अर्थात् अपने मस्तकरूप स्थानसे नहीं गिरता है ॥ ४२ ॥

चलितोऽपि यदा बिंदुः संप्राप्तो योनिमंडलम् ॥
व्रजत्यूर्ध्वं हृतः शक्त्या निबद्धो योनिमुद्रया ॥ ४३ ॥

चलित इति ॥ चलितोऽपि स्खलितोऽपि बिंदुर्यदा यस्मिन् काले योनिमंडलं योनिस्थानं संप्राप्तः संगतस्तदैव योनिमुद्रया मेढ्राकुंचनरूपया। एतेन वज्रोलीमुद्रा सूचिता। निबद्धो नितरां बद्धः शक्त्याकर्षणशक्त्या हृतः प्रकृष्ट ऊर्ध्वं व्रजति। सुषुम्नामार्गेण बिंदुस्थानं गच्छति ॥ ४३ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

भाषार्थ--और चलायमानहुआभी बिंदु जिससमय योनिके मंडलमें प्राप्त होजाताहै तौभी लिंगके संकोचनरूप योनिमुद्रासे अर्थात् वज्रोलीसे निरंतर बँधाहुआ बिंदु आकर्षणशक्तिसे खिंचा हुआ सुषुम्ना नाडीके मार्गसे ऊर्ध्व (बिंदुके स्थानमें) को चलाजाता है ॥ ४३ ॥

ऊर्ध्वजिह्वः स्थिरो भूत्वा सोमपानं करोति यः ॥
मासार्धेन न संदेहो मृत्युं जयति योगवित् ॥ ४४ ॥

ऊर्ध्वजिह्व इति ॥ ऊर्ध्वालंबिकोर्ध्वविवरोन्मुखा जिह्वा यस्य स ऊर्ध्वजिह्वः स्थिरो निश्चलो भूत्वा । सोमस्य लंबिकोर्ध्वविवरगलितचंद्रामृतस्य पानं सोमपानं यः पुमान् करोति । योगं वेत्तीति योगवित् स मासस्यार्धं मासार्धं तेन मासार्धेन पक्षेण मृत्युं मरणं जयति अभिभवति । न संदेहः। निश्चितमेतदित्यर्थः ॥ ४४ ॥

भाषार्थ--तालुके ऊपरके छिद्रके उन्मुख है जिह्वा जिसकी ऐसा जो योगी वह सोमपान करताहै अर्थात् ऊर्ध्व छिद्रमेंसे गिरतेहुए चंद्रामृतको पीताहै योगका ज्ञाता वह एकही मासार्द्धसे अर्थात् पक्षभरसे मृत्युको जीतताहै इसमें सन्देह नहीं है अर्थात् यह निश्चित है ॥ ४४ ॥

नित्यं सोमकलापूर्णं शरीरं यस्य योगिनः ॥
तक्षकेणापि दष्टस्य विषं तस्य न सर्पति ॥ ४५ ॥

नित्यमिति ॥ यस्य योगिनः शरीरं नित्यं प्रतिदिनं सोमकलापूर्णं चंद्रकलामृतपूर्णं तस्य तक्षकेण सर्पविशेषेणापि दष्टस्य दंशितस्य योगिनः शरीरे विषं गरलं तज्जन्यं दुःखं न सर्पति न प्रसरति ॥ ४५ ॥

भाषार्थ--जिस योगीका शरीर नित्य (सदैव) चंद्रकलारूप अमृतसे पूर्ण रहताहै तक्षक सर्पसे डसेहुयेभी उसके शरीरमें विष नहीं फैलता अर्थात् सर्पका विष नहीं चढता ॥ ४५ ॥

इंधनानि यथा वह्निस्तैलवर्त्तिं च दीपकः ॥
तथा सोमकलापूर्णं देही देहं न मुंचति ॥ ४६ ॥

इंधनानीति ॥ यथा वह्निः इंधनानि काष्ठादीनि न मुंचति दीपको दीपः तैलवर्त्तिं च तैलयुक्तां वर्त्तिं न मुंचति । तथा सोमकलापूर्णं चन्द्रकलामृतपूर्णं देहं शरीरं देही जीवो न मुंचति न त्यजति ॥ ४६ ॥

CC-0: Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

भाषार्थ-जैसे अग्नि काष्ठआदि इंधनोंको और दीपक तैल और बत्तीको नहीं त्यागतेहैं अर्थात् उनके विना नहीं रहतेहैं तैसेही देही (जीवात्मा) सोमकलासे पूर्ण देहको नहीं त्यागताहै अर्थात् सोमकलासे पूर्ण देह सदैव बना रहताहै ॥ ४६ ॥

गोमांसं भक्षयेन्नित्यं पिबेदमरवारुणीम् ॥
कुलीनं तमहं मन्ये चेतरे कुलघातकाः ॥ ४७ ॥

गोमांसमिति ॥ गोमांसं पारिभाषिकं वक्ष्यमाणं यो भक्षयेन्नित्यं प्रतिदिनममरवारुणीमपि वक्ष्यमाणां पिबेत्तं योगिनम्। अहमिति ग्रंथकारोक्तिः। कुले जातः कुलीनः तं सत्कुलोत्पन्नं मन्ये । तदुक्तं ब्रह्मवैवर्ते-'कृतार्थौ पितरौ तेन धन्यो देशः कुलं च तत्। जायते योगवान्यत्र दत्तमक्षय्यतां व्रजेत् ॥ दृष्टः संभाषितः स्पृष्टः पुंप्रकृत्योर्विवेकवान् । भवकोटिशतापातं पुनाति वृजिनं नृणाम् ॥' ब्रह्मांडपुराणे। 'गृहस्थानां सहस्रेण वानप्रस्थशतेन च। ब्रह्मचारिसहस्रेण योगाभ्यासी विशिष्यते ॥' राजयोगे वामदेवं प्रति शिववाक्यम्-'राजयोगस्य माहात्म्यं को विजानाति तत्त्वतः। तज्ज्ञानी वसते यत्र स देशः पुण्यभाजनम्। दर्शनादर्चनादस्य त्रिसप्तकुलसंयुताः। अज्ञा मुक्तिपदं यांति किं पुनस्तत्परायणाः ॥ अंतर्योगं बहिर्योगं यो जानाति विशेषतः। त्वया मयाप्यसौ वंद्यः शेषैर्वंद्यस्तु किं पुनः॥' इति। कूर्मपुराणे-'एककालं द्विकालं वा त्रिकालं नित्यमेव वा। ये युंजंते महायोगं विज्ञेयास्ते महेश्वराः॥' इति। इतरे वक्ष्यमाणगोमांसभक्षणामरवारुणीपानरहिता अयोगिनस्ते कुलघातकाः कुलनाशकाः सत्कुले जातस्य जन्मनो वैयर्थ्यात् ॥ ४७ ॥

भाषार्थ-जो योगी प्रतिदिन गोमांस (जो आगे कहेंगे) को भक्षण करताहै और प्रतिदिन अमरवारुणी (जो आगे कहेंगे) को पीताहै उसकोही हम श्रेष्ठकुलमें उत्पन्न मानतेहैं अन्य सब मनुष्य कुलघातक (नाशक) हैं क्योंकि श्रेष्ठकुलमें उनका जन्म निरर्थक है सोई ब्रह्मवैवर्त्तमें कहाहै कि, योगीके माता पिता कृतार्थ हैं और उसके देश और कुलको धन्य है जहां योगवान् पैदा होताहै और योगीको दिया दान अक्षय होताहै पुरुष और प्रकृतिका विवेकी योगीजन दर्शन, भाषण स्पर्श करनेसे मनुष्योंके कोटियों जन्मोंके पापोंसे पवित्र करतेहैं। ब्रह्माण्डपुराणमें लिखाहै कि, सहस्र गृहस्थी और सौ वानप्रस्थ और सहस्र ब्रह्मचारियोंसे योगाभ्यासी अधिक होताहै और राजयोगके विषयमें वामदेवके प्रति शिवजीका वाक्य है कि, राजयोगके यथार्थ माहात्म्यको कौन

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

जान सकताहै ? राजयोगका ज्ञानी जहां बसताहै वह देश पुण्यात्मा है इसके दर्शन और पूजनसे इक्कीस कुल सहित मूर्ख भी मुक्तिके पदको प्राप्त होतेहैं. योगमें तत्पर तो क्यों न होंगे जो अंतर्योग और बहिर्योगको विशेषकर जानताहै वह मुझे और तुझेभी नमस्कार करने योग्य है और शेषमनुष्योंको वंदना करने योग्य तो क्यों न होगा। कूर्मपुराणमें लिखाहै कि, एकसमय वा द्विकालमें वा त्रिकालमें वा नित्य जो महायोगका अभ्यास करते हैं वे महेश्वर (शिव) जानने । इन वचनोंसे योग सर्वोत्तम है ॥ ४७ ॥

गोशब्देनोदिता जिह्वा तत्प्रवेशो हि तालुनि ॥
गोमांसभक्षणं तत्तु महापातकनाशनम् ॥ ४८ ॥

गोमांसशब्दार्थमाह–गोशब्देनेति ॥ गोशब्देन गोइत्याकारकेण शब्देन गोपदेनेत्यर्थः । जिह्वा रसनोदिता कथिता । तालुनीति सामीपिकाधारे सप्तमी । तालुसमीपोर्ध्वविवरे तस्या जिह्वायाः प्रवेशो गोमांसभक्षणं गोमांसभक्षणशब्दवाच्यं तत्तु तादृशं गोमांसभक्षणं तु महापातकानां स्वर्णस्तेयादीनां नाशनम् ॥ ४८ ॥

भाषार्थ–अब गोमांस शब्दके अर्थको कहते हैं कि, गोपदसे जिह्वा कही जातीहै और तालुके समीप जो ऊर्द्धछिद्र उसमें जो जिह्वाका प्रवेश उसको गोमांसभक्षण कहते हैं–वह गोमांसभक्षण महापातकोंका नाश करनेवाला है ॥ ४८ ॥

जिह्वाप्रवेशसंभूतवह्निनोत्पादितः खलु ॥
चंद्रात्स्रवति यः सारः स स्यादमरवारुणी ॥ ४९ ॥

अमरवारुणीशब्दार्थमाह–जिह्वेति ॥ जिह्वायाः प्रवेशो लंबिकोर्ध्वविवरे प्रवेशनं तस्मात्संभूतो यो वह्निरूष्मा तेनोत्पादितो निष्पादितः । अत्र वह्निशब्देनौष्ण्यमुपलक्ष्यते । यः सारः चंद्राद्भ्रुवोरंतर्वामभागस्थात्सोमात्स्रवति गलति सा अमरवारुणी स्यादमरवारुणीपदवाच्या भवेत् ॥ ४९ ॥

भाषार्थ–अब अमरवारुणी शब्दके अर्थको कहते हैं कि, तालुके ऊर्ध्व छिद्रमें जिह्वाके प्रवेशसे उत्पन्न हुई जो वह्नि (ऊष्मा) उससे उत्पन्न हुआ जो सार चंद्रमासे झरताहै अर्थात् भ्रुकुटियोंके मध्यमें वामभागमें स्थित चंद्रमासे बिंदुरूप सार गिरताहै उसको अमरवारुणी कहते हैं ॥ ४९ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

चुम्बंती यदि लंबिकाग्रमनिशं जिह्वारसस्पंदिनी
सक्षारा कटुकाम्लदुग्धसदृशी मध्वाज्यतुल्या तथा ॥
व्याधीनां हरणं जरांतकरणं शस्त्रागमोदीरणं
तस्य स्यादमरत्वमष्टगुणितं सिद्धांगनाकर्षणम् ॥ ५० ॥

चुंबंतीति ॥ यदि लंबिकाग्रं लंबिकोर्ध्वविवरं चुंबंती स्पृशन्ती । अनिशं निरंतरम् । अत एव रसस्य सोमकलामृतस्य स्पंदः स्पंदनं प्रस्रवणमस्या-मस्तीति रसस्पंदिनी यस्य जिह्वा । क्षारेण लवणरसेन सहिता सक्षारा कटुकं मरिचादि आम्लं चिंचाफलादि दुग्धं पयस्तैः सदृशी समाना । मधु क्षौद्रमाज्यं घृतं ताभ्यां तुल्या समा तथाशब्दः समुच्चये । एतैर्विशेषणै रसस्यानेकरसत्वान्मधुरत्वात्स्निग्धत्वाच्च जिह्वाया अपि रसस्पंदने तथा-त्वमुक्तम् । तर्हि तस्य व्याधीनां रोगाणां हरणमपगमो जराया वृद्धावस्थाया अंतःकरणं नाशनं शस्त्राणामायुधानामागमः स्वाभिमुखागमनं तस्योदीरणं निवारणम् । अष्टौ गुणा अणिमादयस्ते अस्य संजाता इत्यष्टगुणितममरत्वममरभावः । सिद्धानामंगनाः सिद्धांगनाः सिद्धाश्चता अंगनाश्चेति वा तासामाकर्षणमाकर्षणशक्तिः स्यात् ॥ ५० ॥

भाषार्थ—यदि रस (सोमकलाका अमृत) का स्यंदन (झरना) करनेवाली और लवणके रसके समान और मरीच आदि कटु और इमली आदि अम्ल और दूध इनके सदृश और मधु (सहत) और घृत इनकी तुल्य इन सब विशेषणोंसे रसमें अनेक रस और मधुरता और स्निग्धता (चिकनाई) कही उस रसके झरनेवाली जिह्वाकोभी वैसीही कही समझना अर्थात् पूर्वोक्तप्रकारकी जिह्वा तालुके ऊपर वर्तमानछिद्रका वारंवार चुंबन (स्पर्श) करे तो उस मनुष्यकी व्याधियोंका हरण और वृद्ध अवस्थाका अंत करना और सन्मुख आये शस्त्रका निवारण और अणिमा आदि आठ सिद्धि हैं जिसमें ऐसा अमरत्व (देवत्व) और सिद्धोंकी अंगनाओंका वा सिद्धरूप अंगनाओंका आक-र्षण (बुलाना) उसको ये फल होते हैं ॥ ५० ॥

मूर्ध्नः षोडशपत्रपद्मगलितं प्राणादवाप्तं हठा-
दूर्ध्वास्यो रसनां नियम्य विवरे शक्तिं परां चिंतयन् ॥
उत्कल्लोलकलाजलं च विमलं धारामयं यः पिबे-
न्निर्व्याधिः स मृणालकोमलवपुर्योगी चिरं जीवति ॥ ५१ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

मूर्ध्न इति ॥ रसनां जिह्वां विवरे कपालकुहरे नियम्य संयोज्य । ऊर्ध्वमुत्तानमास्यं यस्य सः । ऊर्ध्वास्य इत्यनेन विपरीतकरणी सूचिता । परां शक्तिं कुंडलिनीं चिंतयन्ध्यायन्सन् प्राणान्साधनभूतान् । षोडश पत्राणि दलानि यस्य तत् षोडशपत्रं तच्च तत्पद्मं कंठस्थाने वर्तमानं तस्मिन्गलितं हठाद्धठयोगादवाप्तं प्राप्तं विमलं निर्मलं धारामयं धारारूपमुत्कल्लोलमुत्तरंगं च तत्कलाजलं सोमकलारसं यः पुमान् पिबेत् धयेत्स योगी निर्गता व्याधयो ज्वरादयो यस्मात्स निर्व्याधिः सन् यद्वा निर्गता विविधा आधिर्मानसी व्यथा यस्मात्स तादृशः सन् मृणालं बिसमिव कोमलं मृदु वपुः शरीरं यस्य स मृणालकोमलवपुश्च सन् चिरं दीर्घकालं जीवति प्राणान् धारयति । हठाद्धठयोगात् । प्राणात्साधनभूतादवाप्तमिति वा योजना । प्राणैरिति क्वचित्पाठः ॥ ५१ ॥

भाषार्थ—जो योगी, जिह्वाको कपालके छिद्रमें लगाकर और ऊपरको मुख करके इससे विपरीत करणी सूचित की--और परमशक्ति जो कुंडलिनी उसका ध्यान करता-हुआ प्राणवायुके साधन और हठयोगसे प्राप्त और षोडश हैं पत्र जिसके ऐसे पद्ममें मस्तकसे पतित और निर्मल और धारारूप और ऊपरको हैं तरंग जिसकी ऐसे चंद्र-कलाके जलको पीताहै व्याधिसे रहित और मृणाल (बिस) के समान कोमल है वपु (देह) जिसका ऐसा वह योगी चिरकालतक जीता है ॥ ५१ ॥

यत्प्रालेयं प्रहितसुषिरं मेरुमूर्धांतरस्थं
तस्मिंस्तत्त्वं प्रवदति सुधीस्तन्मुखं निम्नगानाम् ॥
चंद्रात्सारः स्रवति वपुषस्तेन मृत्युर्नराणां
तद्बध्नीयात्सुकरणमथो नान्यथा कार्यसिद्धिः ॥ ५२ ॥

यत्प्रालेयमिति ॥ मेरुवत्सर्वोन्नता सुषुम्ना मेरुस्तस्य मूर्धोपरिभागस्तस्यांतरे मध्ये तिष्ठतीति मेरुमूर्धांतरस्थं यत्प्रालेयं सोमकलाजलं प्रहितं निहितं यस्मिंस्तत्तथा तच्च तत्सुषिरं विवरं तस्मिन्विवरे सुधीः शोभना रजस्तमोभ्यामनभिभूतसत्त्वा धीर्बुद्धिर्यस्य सः । तत्त्वमात्मतत्त्वं प्रवदति प्रकर्षेण वदति । 'तस्याः शिखाया मध्ये परमात्मा व्यवस्थितः' इति श्रुतेः। आत्मनो विभुत्वे खेचरीमुद्रायां तत्राभिव्यक्तिस्तस्मिंस्तत्त्वमित्युक्तम् । निम्नगानां गंगायमुनासरस्वतीनर्मदादिशब्दवाच्यानामिडापिंगलासुषुम्नागांधारीप्रभृतीनां तत्तस्मिन्विवरे तत्समीपे मुखमग्रमस्ति चंद्रात्सोमाद्वपुषः

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

शरीरस्य सारः स्रवति क्षरति तेन चंद्रसारक्षरणेन नराणां मनुष्याणां मृत्युर्मरणं भवति। अतो हेतोस्तत्पूर्वोदितं सुकरणं शोभनं करणं खेचरीमुद्राख्यं बध्नीयात्। सुकरणे बद्धे चंद्रसारस्रवणाभावान्मृत्युर्न स्यादिति भावः अन्यथा सुकरणबंधनाभावे कायस्य देहस्य सिद्धी रूपलावण्यबलवज्रसंहननरूपा न स्यात्॥ ५२॥

भाषार्थ-मेरुके समान सबसे ऊँची जो सुषुम्ना नाडी उसके मूर्द्धा (ऊपरके भाग) के मध्यमें टिकाहुआ जो प्रालेय अर्थात् सोमकलाका जल है और जिसमें वह जल स्थित है ऐसा विवर (छिद्र) है उस विवरमें रजोगुण तमोगुणसे नहीं हुआ है तिरस्कार जिसका ऐसी बुद्धिवाले मनुष्य आत्मतत्त्वको कहते हैं क्योंकि श्रुतिमें लिखा है कि, सुषुम्नाकी शिखाके मध्यमें परमात्मा स्थित है--क्योंकि आत्मा विभु (व्यापक) है और खेचरीमुद्रामें उस विवरमें आत्मा प्रगट होताहै इससे उसमें तत्त्व है यह कहना ठीक है-और गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा आदि शब्दोंका अर्थ जो इडा, पिंगला सुषुम्ना, गांधारी आदि नाडी हैं उनके मुखभी उसी छिद्रके समीपमें हैं और चंद्रमासे जो देहका सारांश झरताहै उससेही मनुष्योंकी मृत्यु होतीहै तिससे शोभन करणरूप खेचरीमुद्राको बांधे (करै) क्योंकि खेचरीमुद्राके करनेसे चंद्रमाके सारके न झरनेसे मृत्यु न होगी और अन्यथा अर्थात् खेचरीमुद्राके न करनेसे देहका जो रूप, लावण्य, बल वज्रके समान संहनन (दृढता) रूपसिद्धि न होगी। भावार्थ यह है कि, जो सोमकलाका जल सुषुम्नाके मध्यमें स्थित है वह जल जिस छिद्रमें है उस छिद्रमेंही बुद्धिमान् मनुष्य परमात्माको कहतेहैं और उसी छिद्रके समीप इडा पिंगला आदि नाडियोंका मुख है और चंद्रमासे जो देहका सारांश झरताहै उससे मनुष्योंकी मृत्यु होतीहै तिससे खेचरी मुद्राको करै क्योंकि न करनेसे देहकी सिद्धि नहीं होसकती अर्थात् पुष्ट न होगा॥ ५२॥

सुषिरं ज्ञानजनकं पंचस्रोतःसमन्वितम्॥
तिष्ठते खेचरी मुद्रा तस्मिञ्शून्ये निरंजने॥ ५३॥

सुषिरमिति॥ पंच यानि स्रोतांसीडादीनां प्रवाहास्तैः समन्वितं सम्यगनुगतम्॥ "सप्तस्रोतःसमन्वितम्" इति क्वचित्पाठः। ज्ञानजनकमलौकिकबोधितात्मसाक्षात्कारजनकं यत्सुषिरं विवरं तस्मिन्सुषिरेंऽजनमविद्या तत्कार्यं शोकमोहादि च निर्गतं यस्मात्तन्निरंजनं तस्मिन्निरंजने शून्ये सुषिरावकाशे खेचरी मुद्रा तिष्ठते स्थिरीभवति। 'प्रकाशनस्थेयाख्ययोश्च' इत्यात्मनेपदम्॥ ५३॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

भाषार्थ–इडा आदि नाडियोंके जो पांच स्रोत (प्रवाह) हैं उनसे युक्त जो सुषिर (छिद्र) है वह ज्ञानका उत्पादक है अर्थात् आत्माके प्रत्यक्षका जनक है–शोक मोह आदिसे रहित रूप निरंजन और शून्यरूप जो है उसके विषे खेचरीमुद्रा स्थिर होतीहै अर्थात् खेचरीमुद्राकी महिमासे उस छिद्रमें मनके प्रवेशसे आत्मज्ञान होताहै ॥ ९३ ॥

एकं सृष्टिमयं बीजमेका मुद्रा च खेचरी ॥
एको देवो निरालंब एकावस्था मनोन्मनी ॥ ५४ ॥

एकमिति ॥ सृष्टिमयं सृष्टिरूपं प्रणवाख्यं बीजमेकं मुख्यम् । तदुक्तं मांडूक्योपनिषदि 'ओमित्येतदक्षरमिदं सर्वम्' इति। खेचरी मुद्रा एका मुख्या । निरालंब आलंबनशून्य. एको मुख्यो देवः । आलंबनपरित्यागेनात्मनः स्वरूपावस्थानात् । उन्मन्यवस्थैका मुख्या । एकेमुख्यान्यकेवलाः' इत्यमरः । बीजादिषु प्रणवादिवन्मुद्रासु खेचरी मुख्येत्यर्थः ॥ ५४ ॥

भाषार्थ–सृष्टिरूप जो प्रणव (ॐ) नामका बीज है वह मुख्य है सोई मांडूक्य उपनिषद्में कहा है कि, यह सम्पूर्ण जगत् ॐ इस अक्षररूप है–और खेचरीमुद्राभी एक (मुख्य) है और निरालंब अर्थात् आलंबनशून्य देव परमात्मा भी एकही है–और मनोन्मनी अवस्था भी एकही है । यहां एकशब्द इस अमरके अनुसार मुख्यका बोधक है अर्थात् बीज आदिमें जैसे प्रणव मुख्य है ऐसेही मुद्राओंमें खेचरीभी मुख्य है ॥९४॥

अथोड्डीयानबन्धः ।

बद्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूड्डीयते यतः ॥
तस्मादुड्डीयनाख्योऽयं योगिभिः समुदाहृतः ॥ ५५ ॥

उड्डीयानबंधं विवक्षुस्तावदुड्डीयानशब्दार्थमाह–बद्ध इति ॥ यतो यस्माद्धेतोर्येन बंधेन बद्धो निरुद्धः प्राणः सुषुम्नायां मध्यनाड्यामुड्डीयते सुषुम्नां विहायसा गच्छति तस्मात्कारणादयं बंधो योगिभिर्मत्स्येंद्रादिभिरुड्डीयनमाख्याभिधा यस्य स उड्डीयनाख्यः समुदाहृतः सम्यग्व्युत्पत्त्योदाहृतः कथितः । सुषुम्नायामुड्डीयतेऽनेन बद्धः प्राण इत्युड्डीयनम् । उत्पूर्वात् 'डीङ्–विहायसा गतौ' इत्यस्मात्करणे ल्युट् ॥ ९५ ॥

भाषार्थ–अब उड्डीयानबंधको कहनेके अभिलाषी आचार्य प्रथम उड्डीयान शब्दके अर्थको कहते हैं कि, जिस बंधसे बँधाहुआ प्राण मध्य नाडीरूप सुषुम्नाके विषे उडजाय अर्थात् आकाशमेंसे सुषुम्नामें प्रविष्ट होजाय तिसकारणसे यह बंध मत्स्येंद्र आदि योगियोंने उड्डीयान नामका कहा है अर्थात् सुषुम्नामें जिससे प्राण उडे इस व्युत्पत्तिसे इसका उड्डीयान नाम रक्खा है ॥ ९५ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

उड्डीनं कुरुते यस्मादविश्रांतं महाखगाः॥

उड्डीयानं तदेव स्यात्तत्र बंधोऽभिधीयते॥ ५६॥

उड्डीनमिति॥ महांश्चासौ खगश्च महाखगः प्राणः। सर्वदा देहावकाशे गतिमत्त्वात्। यस्माद्बंधादविश्रांतं यथा स्यात्तथोड्डीनं विहंगमगतिं कुरुते। सुषुम्नायामित्यध्याहार्यम्। तदेव बंधविशेषमुड्डीयानमुड्डीयाननामकं स्यात्। तत्र तस्मिन्विषये बंधोऽभिधीयते बंधस्वरूपं कथ्यते मयेति शेषः॥ ५६॥

भाषार्थ—सदैव देहके अवकाशमें गति है जिसकी ऐसा महाखगरूप प्राण जिस बंधसे निरंतर उड्डीन (पक्षीके समान गति) को सुषुम्नामें करताहै, वही बंध उड्डीयान नामका होताहै उसमें मैं बंधके स्वरूपको कहताहूं॥ ५६॥

उदरे पश्चिमं तानं नाभेरूर्ध्वं च कारयेत्॥

उड्डीयानो ह्यसौ बंधो मृत्युमातंगकेसरी॥ ५७॥

उड्डीयानबंधमाह–उदर इति॥ उदरे तुंदे नाभेरूर्ध्वं चकारादधः उपरिभागेऽधोभागे च पश्चिमं तानं पश्चिममाकर्षणं नाभेरूर्ध्वाधोभागौ यथा पृष्ठसंलग्नौ स्यातां तथा तानं ताननं नामाकर्षणं कारयेत्कुर्यात्। णिजर्थोऽविवक्षितः। असौ नाभेरूर्ध्वाधोभागयोस्तानरूप उड्डीयान उड्डीयानाख्यो बंधः। कीदृशः मृत्युरेव मातंगो गजस्तस्य केसरी सिंहः सिंह इव निवर्तकः॥ ५७

भाषार्थ—उदर (पेटके तुंद) में नाभिके ऊपर और नीचे पश्चिम तान करै अर्थात् नाभिके ऊपरके और निचले भागको इसप्रकार तान (आकर्षण) करै जैसे वे दोनों भाग पृष्ठमें लगजांय यह नाभिके ऊर्ध्व अधोभागका तान उड्डीयान नामका बंध होताहै और यह बंध मृत्युरूप हस्तीको केसरी है अर्थात् नाशक है॥ ५७॥

उड्डीयानं तु सहजं गुरुणा कथितं सदा॥

अभ्यसेत्सततं यस्तु वृद्धोऽपि तरुणायते॥ ५८॥

उड्डीयानं त्विति॥ गुरुर्हितोपदेष्टा तेन गुरुणा उड्डीयानं तु सदा सर्वदा सहजं स्वाभाविकं कथितं प्राणस्य बहिर्गमनम्। सर्वदा सर्वस्यैव जायमानत्वात्। यस्तु यः पुरुषस्तु सततं निरंतरमभ्यसेत्। उड्डीयानमित्यत्रापि संबध्यते। स तु वृद्धोऽपि स्थविरोऽपि तरुणायते तरुण इवाचरति तरुणायते॥ ५८॥

भाषार्थ—हितके उपदेष्टा गुरुने उड्डीयान सदैव स्वाभाविक कहाहै अर्थात् प्राणका बहिर्गमन स्वभावसे सबको होताहै परन्तु जो पुरुष इसका निरंतर अभ्यास करताहै वृद्धभी वह तरुण (युवा) के समान आचरण करताहै॥ ५८॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

नाभेरूर्ध्वमधश्चापि तानं कुर्यात्प्रयत्नतः ॥

षण्मासमभ्यसेन्मृत्युं जयत्येव न संशयः ॥ ५९ ॥

नाभेरिति ॥ नाभेरूर्ध्वमुपरिभागेऽधश्चाप्यधोभागेऽपि प्रयत्नतः प्रकृष्टो यत्नः प्रयत्नस्तस्मात्प्रयत्नतः । यत्नविशेषात्तानं पश्चिमतानं कुर्यात् । पूर्वार्धेनोड्डीयानस्वरूपमुक्तम् । अथ तत्प्रशंसा । षण्मासं षण्मासपर्यंतम् उड्डीयानमित्यध्याहारः । अभ्यसेत्पुनःपुनरनुतिष्ठेत्स मृत्युं जयत्येव संशयो न । अत्र संदेहो नास्तीत्यर्थः ॥ ५९ ॥

भाषार्थ—नाभिके ऊपर और नीचे भलीप्रकार यत्नसे तान करै अर्थात् यत्न विशेषसे पश्चिमतान करै और षण्मास (छःमास) पर्यंत इस उड्डीयानबंधका वारंवार अभ्यास करै तो मृत्युको जीतताहै इसमें संशय नहीं है ॥ ५९ ॥

सर्वेषामेव बंधानामुत्तमो ह्युड्डियानकः ॥

उड्डियाने दृढे बंधे मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत् ॥ ६० ॥

सर्वेषामिति ॥ सर्वेषां बंधानां मध्ये उड्डीयानकः उड्डीयानबंध एव । स्वार्थे कप्रत्ययः । उत्तमः उत्कृष्टः हि यस्मादुड्डीयाने बंधे दृढे सति स्वाभाविकी भावसिद्धैव मुक्तिर्भवेत्। उड्डीयानबंधे कृते विहंगमगत्या सुषुम्नायां प्राणस्य मूर्ध्नि गमनात्। 'समाधौ मोक्षमाप्नोति'इति वाक्यात्सहजैव मुक्तिः स्यादिति भावः ॥ ६० ॥

भाषार्थ—संपूर्ण बंधोंके मध्यमें उड्डीयान बंध उत्तम है, क्योंकि उड्डीयान बंधके दृढ होनेपर स्वाभाविकी मुक्ति होती है अर्थात् उड्डीयान बंधके करानेसे पक्षीके समान गतिसे सुषुम्नाविषे प्राण मस्तकमें चलाजाताहै उस समाधिमें इस वाक्यके अनुसार अनायाससे मुक्ति होजाती है ॥ ६० ॥

अथ मूलबंधः ।

पार्ष्णिभागेन संपीडय योनिमाकुंचयेद्गुदम् ॥

अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबंधोऽभिधीयते ॥ ६१ ॥

मूलबंधमाह—पार्ष्णिभागेनेति॥ पार्ष्णेर्भागो गुल्फयोरधः प्रदेशस्तेन योनिं योनिस्थानं गुदमेढ्रयोर्मध्यभागं संपीड्य सम्यक् पीडयित्वा गुदं पायुमाकुंचयेत्संकोचयेत्। अपानमधोगतिं वायुमूर्ध्वमुपर्याकृष्याकृष्टं कृत्वा मूलबंधोऽभिधीयते कथ्यते । पार्ष्णिभागेन योनिस्थानसंपीडनपूर्वकं गुदस्याकुंचनं मूलबंध इत्युच्यत इत्यर्थः ॥ ६१ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

भाषार्थ-अब मूलबंधमुद्राका वर्णन करतेहैं कि, पार्ष्णिके भाग (गुल्फोंका अधः-प्रदेश) से योनिस्थानको अर्थात् गुदा और लिंगके मध्यभागको भलीप्रकार पीडित (दवा) करके गुदाका संकोच करै और अपान वायुका ऊपरको आकर्षण करै यह मूलबंध होताहै ऐसा योगशास्त्रको जाननेवाले आचार्य कहतेहैं ॥ ६१ ॥

अधोगतिमपानं वा ऊर्ध्वगं कुरुते बलात् ॥
आकुंचनेन तं प्राहुर्मूलबंधं हि योगिनः ॥ ६२ ॥

अधोगतिमिति ॥ यः अधोगतिम् अधोऽर्वाग्गतिर्यस्य स तथा तमपानमपानवायुमाकुंचनेन मूलाधारस्य संकोचनेन बलाद्धठादूर्ध्वं गच्छतीत्यूर्ध्वगस्तमूर्ध्वगं सुषुम्नायामूर्ध्वगमनशीलं कुरुते । वै इति निश्चयेऽव्ययम् । योगिनो योगाभ्यासिनस्तं मूलबंधं मूलस्य मूलस्थानस्य बंधनं मूलबन्धस्तं मूलबंधमित्यन्वर्थं प्राहुः । अनेन मूलबंधशब्दार्थ उक्तः । पूर्वश्लोकेन तु तस्य बंधनप्रकार उक्त इत्यपौनरुक्त्यम् ॥ ६२ ॥

भाषार्थ-जो बंध अधः (नीचेको) गति है जिसकी ऐसे अपान वायुको बलसे ऊर्ध्वगामी करता है अर्थात् जिसके करनेसे अपान सुषुम्नामें पहुँच जाता है योगके अभ्यासी उस बंधको मूलबंध कहते हैं अर्थात् मूलस्थानका जिससे बंधन हो वह मूलबंध अन्वर्थनामसे कहाताहै इस श्लोकसे मूलबंध शब्दका अर्थ कहा और पिछले श्लोकसे बंधनका प्रकार कहाहै इससे पुनरुक्तिदोष नहीं है ॥ ६२ ॥

गुदं पार्ष्ण्या तु संपीडय वायुमाकुंचयेद्बलात् ॥
वारं वारं यथा चोर्ध्वं समायाति समीरणः ॥ ६३ ॥

अथ योगबीजोक्तरीत्या मूलबंधमाह--गुदमिति ॥ पार्ष्ण्योर्गुल्फयोरधोभागेन गुदं वायुं संपीडय सम्यक् पीडयित्वा संयोज्येत्यर्थः । तुशब्दः पूर्वस्मादस्य विशेषत्वद्योतकः । यथा येन प्रकारेण समीरणो वायुरूर्ध्वं सुषुम्नाया उपरिभागे याति गच्छति तथा तेन प्रकारेण बलाद्धठाद्वारंवारं पुनःपुनर्वायुमपानमाकुंचयेद्गुदस्याकुंचनेनाकर्षयेत् । अयं मूलबंध इति वाक्याध्याहारः ॥ ६३ ॥

भाषार्थ-अब योगबीजमें कहीहुई रीतिसे मूलबंधको कहतेहैं कि, पार्ष्णिसे गुदाको भलीप्रकार पीडित करके वायुको बलसे इसप्रकार वारंवार आकर्षण करै जैसे वो सुषुम्नाके ऊपरले भागमें पहुंचजाय यह मूलबंध कहाताहै इस श्लोकमें तु यह शब्द पिछले मूलबंधसे विशेष जतानेके लिये है ॥ ६३ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

प्राणापानौ नादबिंदू मूलबंधेन चैकताम् ॥
गत्वा योगस्य संसिद्धिं यच्छतो नात्र संशयः ॥ ६४ ॥

अथ मूलबंधगुणानाह--प्राणापानाविति ॥ प्राणश्चापानश्च प्राणापानावूर्ध्वाधोगती वायू । नादोऽनाहतध्वनिः बिंदुरनुस्वारस्तौ मूलबंधेनैकतां गत्वैकीभूय योगस्य संसिद्धिः सम्यक् सिद्धिस्तां योगसंसिद्धिं यच्छतो ददतः । अभ्यासिन इति शेषः । अत्रास्मिन्नर्थे संशयो न । संदेहो नास्तीत्यर्थः । अयं भावः । मूलबंधे कृतेऽपानः प्राणेन सहैकीभूय सुषुम्नायां प्रविशति । ततो नादाभिव्यक्तिर्भवति ततो नादेन सह प्राणापानौ हृदयोपरि गत्वा नादस्य बिंदुना सहैक्यं विंदुनाधाय मूर्ध्नि गच्छतः, ततो योगसिद्धिः ॥ ६४ ॥

भाषार्थ--अब मूलबंधके गुणोंका वर्णन करते हैं कि, नीचेको है गति जिनकी ऐसे प्राण और अपान दोनों वायु और अनाहत (स्वाभाविक) ध्वनि और बिंदु (अनुस्वार) ये दोनों मूलबंधसे एकताको प्राप्त होकर योगाभ्यासीको योगकी सिद्धिको भलीप्रकार देते हैं इसमें संशय नहीं है. तात्पर्य यह है कि, मूलबंधके करनेसे अपान प्राणके संग एकताको प्राप्त होकर सुषुम्नामें प्रविष्ट होजाताहै फिर नादकी प्रकटता होतीहै फिर नादके संग प्राण अपान हृदयके ऊपर जाकर और नादके संग बिंदुकी एकताको करके मस्तकमें चले जाते हैं फिर योगसिद्धि होजाती है ॥ ६४ ॥

अपानप्राणयोरैक्यं क्षयो मूत्रपुरीषयोः ॥
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबंधनात् ॥ ६५ ॥

अपानप्राणयोरिति ॥ सततं मूलबंधनान्मूलबंधमुद्राकरणादपानप्राणयोरैक्यं भवति । मूत्रपुरीषयोः संचितयोः क्षयः पतनं भवति । वृद्धोऽपि स्थविरोऽपि युवा तरुणो भवति ॥ ६५ ॥

भाषार्थ—निरंतर मूलबंधमुद्राके करनेसे अपान और प्राणकी एकता और देहमें संचितहुये मूत्र और मलका क्षय होताहै तिससे वृद्धभी मनुष्य युवा होजाताहै ॥ ६९ ॥

अपाने ऊर्ध्वगे जाते प्रयाते वह्निमंडलम् ॥
तदाऽनलशिखा दीर्घा जायते वायुनाऽऽहता ॥ ६६ ॥

अपान इति । मूलबंधनादपाने अधोगमनशीले वायौ ऊर्ध्वगे ऊर्ध्वं गच्छतीत्यूर्ध्वगस्तस्मिन्ताहशे सति वह्निमंडलं वह्नेर्मण्डलं त्रिकोणं नाभेर-

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

धोभागेऽस्ति। तदुक्तं याज्ञवल्क्येन--'देहमध्ये शिखिस्थानं तप्तजांबूनदप्रभम्। त्रिकोणं तु मनुष्याणां चतुरस्रं चतुष्पदाम्॥ मंडलं तु पतंगानां सत्यमेतद्ब्रवीमि ते। तन्मध्ये तु शिखा तन्वी सदा तिष्ठति पावके॥' इति। तदा तस्मिन्काले वायुना अपानेनाहता संगता सत्यनलशिखा जठराग्निशिखा दीर्घा आयता जायते। 'वर्धते' इति क्वचित्पाठः॥ ६६॥

भाषार्थ--मूलबंधकरनेसे अधोगामी अपान जब ऊर्ध्वगामी होकर अग्निमंडलमें पहुँच जाताहै अर्थात् नाभिके अधोभागमें वर्तमान त्रिकोण जठराग्निके मंडलमें प्रविष्ट होजाता है उससमय अपानवायुसे ताडित की हुई जो जठराग्निकी शिखा है वह दीर्घ होजातीहै अर्थात् बढजातीहै सो याज्ञवल्क्यने कहाहै कि, तपाये हुये सुवर्णके समान अग्निका स्थान मनुष्योंके देहके मध्यमें त्रिकोण और पशुओंके देहमें चतुष्कोण है और पक्षियोंके देहमें गोल है यह आपके प्रति मैं सत्य कहताहूँ और अग्निके मध्यमें सदैव सूक्ष्म शिखा टिकतीहै॥ ६६॥

ततो यातो वह्न्यपानौ प्राणमुष्णस्वरूपकम्॥
तेनात्यंतप्रदीप्तस्तु ज्वलनो देहजस्तथा॥ ६७॥

तत इति॥ ततस्तदनंतरं वह्निश्चापानश्च वह्न्यपानौ। उष्णं स्वरूपं यस्य स तथा तमनलं शिखादैर्घ्यादुष्णस्वरूपं. प्राणमूर्ध्वगतिमनिलं यातो गच्छतः। ततोऽनलशिखादैर्घ्यादुष्णस्वरूपकादिति वा योजना। तेन प्राणसंगमनेन देहे जातो देहजो ज्वलनोऽग्निरत्यंतमधिकं दीप्तो भवति। तथेति पादपूरणे। अपानस्योर्ध्वगमने दीप्त एव ज्वलनः प्राणसंगत्याऽत्यंतं प्रदीप्तो भवतीत्यर्थः॥ ६७॥

भाषार्थ--फिर अग्नि और अपान ये दोनों अग्निकी दीर्घ शिखासे उष्णरूप हुये ऊर्ध्वगति प्राणमें पहुँच जातेहैं तिस प्राणवायुके समागमसे देहमें उत्पन्नहुई जठराग्नि अत्यंत प्रज्वलित होजाती है अर्थात् अपानकी ऊर्ध्वगतिसे दीप्तहुई अग्नि अत्यंत प्रदीप्त होजातीहै॥ ६७॥

तेन कुंडलिनी सुप्ता संतप्ता संप्रबुध्यते॥
दंडाहता भुजंगीव निश्वस्य ऋजुतां व्रजेत्॥ ६८॥

तेनेति॥ तेन ज्वलनस्यात्यंतं प्रदीपनेन संतप्ता सम्यक् तप्ता सती सुप्ता निद्रिता कुंडलिनी शक्तिः संप्रबुध्यते सम्यक् प्रबुद्धा भवति। दंडेनाहता

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

दंडाहता चासौ भुजंगीव सर्पिणीव निश्वस्य निश्वासं कृत्वा ऋजुतां सरलतां व्रजेद्गच्छेत् ॥ ६८ ॥

भाषार्थ–तिस अग्निके अत्यंत दीपनसे भलीप्रकार तपायमान हुई कुंडलिनी शक्ति इसप्रकार भलीप्रकारसे प्रबुद्ध होजातीहै और कोमल होजाती है जैसे दंडसे हतीहुई सर्पिणी कोमल होजातीहै ॥ ६८ ॥

बिलं प्रविष्टेव ततो ब्रह्मनाड्यंतरं व्रजेत् ॥
तस्मान्नित्यं मूलबंधः कर्तव्यो योगिभिः सदा ॥ ६९ ॥

बिलं प्रविष्टेति ॥ ततो ऋजुताप्राप्त्यनंतरं बिलं विवरं प्रविष्टा भुजंगीव ब्रह्मनाडी सुषुम्ना तस्या अंतरं मध्यं गच्छेत्तस्माद्धेतोर्योगिभिर्योगाभ्यासिभिर्मूलबंधो नित्यं प्रतिदिनं सदा सर्वस्मिन्काले कर्तव्यः कर्तुं योग्यः ६९ ॥

भाषार्थ–उसके अनंतर बिलमें प्रविष्ट सर्पिणीके समान ब्रह्मनाडी (सुषुम्ना) के मध्यमें कुंडलिनी प्रविष्ट होजाती है तिससे योगाभ्यासियोंको मूलबंध प्रतिदिन करने योग्यहै ॥ ६९ ॥

कंठमाकुंच्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम् ॥
बंधो जालंधराख्योऽयं जरामृत्युविनाशकः ॥ ७० ॥

जालंधरबंधमाह–कंठमिति ॥ कंठे गले बिलमाकुंच्य हृदये वक्षःसमीपे चतुरंगुलांतरितप्रदेशे चिबुकं हनुं दृढं स्थिरं स्थापयेत् स्थितं कुर्यात् । अयं कंठाकुंचनपूर्वकं चतुरंगुलांतरितहृदयसमीपेऽधोनमनयत्नपूर्वकं चिबुकस्थापनरूपो जालंधर इत्याख्यायत इति जालंधराख्यो जालंधरनामा बंधः । कीदृशः ? जरा वृद्धावस्था मृत्युर्मरणं तयोर्विनाशको विशेषेण नाशयतीति विनाशको विनाशकर्ता ॥ ७० ॥

भाषार्थ–अब जालंधरबंधको कहते हैं कि, कंठके बिलका संकोच करके वक्षःस्थलके समीपरूप हृदयमें चार अंगुलके अंतरपर चिबुक (ठोडी) को दृढरीतिसे स्थापन करै, कंठके आकुंचनपूर्वक चार अंगुलके अंतरपर हृदयके समीपमें नीचेको नमनपूर्वक चिबुकका स्थापनरूप यह जालंधर नामका बंध कहाहै और यह बंध जरा और मृत्युका विनाशक है ॥ ७० ॥

बध्नाति हि शिराजालमधोगामि नभोजलम् ॥
ततो जालंधरो बंधः कंठदुःखौघनाशनः ॥ ७१ ॥

CC-0: Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

जालंधरपदस्यार्थमाह-बध्नातीति ॥ हि यस्माच्छिराणां नाडीनां जालं समुदायं बध्नाति । अधो गंतुं शीलमस्येत्यधोगामी नभसः कपालकुहरस्य जलममृतं च बध्नाति प्रतिबध्नाति । ततस्तस्माज्जालंधरो जालंधरनामकोऽन्वर्थो बंधः जालं दशाजालं जलानां समूहो जालं धरतीति जालंधरः । कीदृशः कंठे गलप्रदेशे यो दुःखौघो विकारजातो दुःखसमूहस्तस्य नाशनो नाशकर्ता ॥ ७१ ॥

भाषार्थ-अब जालंधरपदके अर्थको कहतेहैं कि, जिससे यह बंध शिरा-(नाडी) ओंके समूहरूप जालको बाँधताहै और कपालके छिद्ररूप नभका जो जल है उसका प्रतिबंध करताहै तिससे यह जालंधर नामका अन्वर्थ बंध जालंधरबंध कहाताहै क्योंकि जाल नाम समुदाय और जलोंके समूहको कहतेहैं और यह जालंधरबंध कंठमें जो दुःखोंका समूह है उसका नाशक है ॥ ७१ ॥

जालंधरे कृते बंधे कंठसंकोचलक्षणे ॥
न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रकुप्यति ॥ ७२ ॥

जालंधरगुणानाह-जालंधर इति ॥ कंठस्य गलबिलस्य संकोचनं संकोच आकुंचनं तदेव लक्षणं स्वरूपं यस्य स कंठसंकोचलक्षणः तस्मिन् तादृशे जालंधरे जालंधरसंज्ञके बंधे कृते सति पीयूषममृतमग्नौ जाठरेऽनले न पतति न सरति । वायुश्च प्राणश्च न कुप्यति नाड्यंतरे वायोर्गमनं प्रकोपस्तं न करोतीत्यर्थः ॥ ७२ ॥

भाषार्थ-अब जालंधरबंधके गुणोंका वर्णन करते हैं कि, कंठका संकोच है स्वरूप जिसका ऐसे जालंधरबंधके करनेपर पूर्वोक्त अमृत जठराग्निमें नहीं पडताहै और वायुका भी कोप नहीं होता अर्थात् अन्य नाडियोंमें वायुका गमन नहीं होताहै ॥ ७२ ॥

कंठसंकोचनेनैव द्वे नाड्यौ स्तंभयेदृढम् ॥
मध्यचक्रमिदं ज्ञेयं षोडशाधारबंधनम् ॥ ७३ ॥

कंठसंकोचनेनेति । दृढं गाढं कंठसंकोचनेनैव कंठसंकोचनमात्रेण द्वे नाड्यौ इडापिंगले स्तंभयेदयं जालंधर इति कर्तृपदाध्याहारः । इदं कंठस्थाने स्थितं विशुद्धाख्यं चक्रं मध्यचक्रं मध्यमं चक्रं ज्ञेयम् । कीदृशं षोडशाधारबंधनं षोडशसंख्याका ये आधारा अंगुष्ठाधारादिब्रह्मरंध्रांतास्तेषां बंधनं बंधनकारकम् । 'अंगुष्ठगुल्फजानूरुसीवनीलिंगनाभयः । हृद्ग्रीवा

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

कंठदेशश्च लंबिका नासिका तथा ॥ भ्रूमध्यं च ललाटं च मूर्धा च ब्रह्मरंध्रकम् । एते हि षोडशाधाराः कथिता योगिपुंगवैः ॥' तेष्वाधारेषु धारणायाः फलविशेषस्तु गोरक्षसिद्धांतादवगंतव्यः ॥ ७३ ॥

भाषार्थ--यह जालंधरबंध दृढतासे कंठके संकोच करनेसेही इडा पिंगलारूप दोनों नाडियोंका स्तंभन करताहै और कंठस्थानमें स्थित इन सोलह आधारोंका बंधन करनेवाला मध्य चक्र (विशुद्धनाम) जानना । अंगुष्ठ, गुल्फ, जानु, ऊरु, सीविनी, लिंग, नाभि, हृदय, ग्रीवा. कंठदेश, लंबिका, नासिका, भ्रुकुटियोंका मध्य, मस्तक, मूर्द्धा, ब्रह्मरंध्र योगियोंमें श्रेष्ठोंने ये सोलह आधार कहे हैं इन आधारोंमें धारणाका फल विशेष तो गोरक्षसिद्धांत ग्रंथसे जानना ॥ ७३ ॥

मूलस्थानं समाकुंच्य उड्डियानं तु कारयेत् ॥
इडां च पिंगलां बद्ध्वा वाहयेत्पश्चिमे पथि ॥ ७४ ॥

उक्तस्य बंधत्रयस्योपयोगमाह--मूलस्थानमिति ॥ मूलस्थानमाधारभूतआधारस्थानं समाकुंच्य सम्यगाकुंच्य उड्डियानं नाभेः पश्चिमतानरूपं बंधं कारयेत्कुर्यात् । णिजर्थोऽविवक्षितः । इडां पिंगलां गंगां यमुनां च बद्ध्वा । जालंधरबंधेनेत्यर्थः । कंठसंकोचनेनैव द्वे नाड्यौ स्तंभयेत्' इत्युक्तेः । पश्चिमे पथि सुषुम्नामार्गे वाहयेद्गमयेत्प्राणमिति शेषः ॥ ७४ ॥

भाषार्थ--अब पूर्वोक्त तीनों बंधोंके उपयोगका वर्णन करते हैं कि मूलस्थानको अर्थात् आधारभूत आधारस्थानका भलीप्रकार संकोच करके नाभिके पश्चिमतानरूप उड्डीयानबंधको करै और जालंधरबंधसे अर्थात् कंठके संकोचसेही इडा और पिंगलारूप दोनों नाडियोंको स्तंभन करै फिर प्राणको पश्चिममार्गमें (सुषुम्नामें) प्राप्त करै ॥ ७४ ॥

अनेनैव विधानेन प्रयाति पवनालयम् ॥
ततो न जायते मृत्युर्जरारोगादिकं तथा ॥ ७५ ॥

अनेनेति ॥ अनेनैवोक्तेनैव विधानेन पवनः प्राणो लयं स्थैर्यं प्रयाति । गत्यभावपूर्वकं रंध्रे स्थितिः प्राणस्य लयः । ततः प्राणस्य लयान्मृत्युर्जरारोगादिकम् । तथा चार्थे । न जायते नोद्भवति । आदिपदेन वलीपलिततंद्रालस्यादि ग्राह्यम् ॥ ७५ ॥

भाषार्थ--इस पूर्वोक्त विधानसेही प्राण लय (स्थिरता) को प्राप्त हो जाता है, गमनकी निवृत्ति होनेपर ब्रह्मरंध्रमें स्थितिही प्राणका लय होताहै उस प्राणके लयसे मृत्यु, जरा, रोग और आदिपदसे वलीपलित, तंद्रा, आलस्य आदि नहीं होतेहैं ॥ ७५ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

बंधत्रयमिदं श्रेष्ठं महासिद्धैश्च सेवितम् ॥
सर्वेषां हठतंत्राणां साधनं योगिनो विदुः ॥ ७६ ॥

बंधत्रयमिति ॥ इदं पूर्वोक्तं बंधत्रयं श्रेष्ठं षोडशाधारबंधेऽतिप्रशस्तं महासिद्धैर्मत्स्येंद्रादिभिश्चकाराद्वसिष्ठादिमुनिभिः सेवितं सर्वेषां हठतंत्राणां हठोपायानां साधनं सिद्धिजनकं योगिनो गोरक्षाद्या विदुर्जानंति ॥ ७६ ॥

भाषार्थ--ये पूर्वोक्त तीनों बंध श्रेष्ठ हैं अर्थात् षोडशाधार बंधमें अत्यंत उत्तम हैं और मत्स्येंद्र आदि योगिजन और वसिष्ठ आदि मुनियोंके सेवित हैं और संपूर्ण जो हठयोगके उपाय हैं उनका साधन हैं यह बात गोरक्ष आदि योगीजन जानतेहैं ॥७६॥

यत्किंचित्स्रवते चंद्रादमृतं दिव्यरूपिणः ॥
तत्सर्वं ग्रसते सूर्यस्तेन पिंडो जरायुतः ॥ ७७ ॥

विपरीतकरणीं विवक्षुस्तदुपोद्घातत्वेन पिंडस्य जराकरणं तावदाह--यत्किंचिदिति ॥ दिव्यमुत्कृष्टं सुधामयं रूपं यस्य स तथा तस्माद्दिव्यरूपिणश्चंद्रात्सोमात्तालुमूलस्थाद्यत्किंचिद्यत्किमप्यमृतं पीयूषं स्रवते पतति तत्सर्वं सर्वं तत्पीयूषं सूर्यो नाभिस्थोऽनलात्मकः ग्रसते ग्रासीकरोति । तदुक्तं गोरक्षनाथेन--'नाभिदेशे स्थितो नित्यं भास्करो दहनात्मकः। अमृतात्मा स्थितो नित्यं तालुमूले च चंद्रमाः ॥ वर्षत्यधोमुखश्चंद्रो ग्रसत्यूर्ध्वमुखो रविः। करणं तच्च कर्तव्यं येन पीयूषमाप्यते ॥' इति। तेन सूर्यकर्तृकामृतग्रसनेन पिंडो देहो जरायुतः जरसा युक्तो भवति ॥ ७७ ॥

भाषार्थ--अत्र विपरीत करणीके कथनका अभिलाषी आचार्य प्रथम उसके उपोद्घातरूप होनेसे पिंडके जराकरणका वर्णन करतेहैं कि, दिव्य (सर्वोत्तम) सुधामय है रूप जिसमें ऐसे तालुके मूलमें स्थित चंद्रमासे जो कुछ अमृत झरताहै उस संपूर्ण अमृतको नाभिमें स्थित अग्निरूप सूर्य ग्रस लेताहै सोई गोरक्षनाथने कहाहै कि, नाभिके देशमें अग्निरूप सूर्य स्थित है और तालुके मूलमें अमृतरूप चंद्रमा स्थित है अधोमुख होकर चन्द्रमा जिस अमृतको वर्षताहै और ऊर्ध्वमुख होकर सूर्य उस अमृतको ग्रस लेताहै उसमें वह करण (मुद्रा) करना चाहिये जिससे अमृतकी नष्टता न हो अर्थात् पुष्टि रहै फिर सूर्यके किये उस अमृतके ग्रसनेसे पिंडु (देह) वृद्ध अवस्थासे युक्त होजाताहै ॥ ७७ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

तत्रास्ति करणं दिव्यं सूर्यस्य मुखवंचनम् ॥
गुरूपदेशतो ज्ञेयं न तु शास्त्रार्थकोटिभिः ॥ ७८ ॥

तत्रेति ॥ तत्र तद्विषये सूर्यस्य नाभिस्थानलस्य मुखं वंचयतेऽनेनेति तादृशं दिव्यमुत्तमं करणं वक्ष्यमाणमुद्राख्यमस्ति तद्गुरूपदेशतः गुरूपदेशाज्ज्ञेयं ज्ञातुं शक्यम् । शास्त्रार्थानां कोटिभिः न तु नैव ज्ञातुं शक्यम् ॥७८॥

भाषार्थ—उस अमृतकी रक्षा करनेमें जिसे सूर्यके मुखकी वंचना होय ऐसा आगे कहनेयोग्य मुद्रारूप करण है और वह करण गुरुके उपदेशसे जानने योग्य है और कोटियों शास्त्रोंके अर्थसे जाननेको शक्य नहीं है ॥ ७८ ॥

ऊर्ध्वं नाभेरधस्तालोरूर्ध्वं भानुरधः शशी ॥
करणी विपरीताख्या गुरुवाक्येन लभ्यते ॥ ७९ ॥

विपरीतकरणीमाह—ऊर्ध्वं नाभेरिति ॥ ऊर्ध्वमुपरिभागे नाभिर्यस्य स ऊर्ध्वनाभिस्तस्योर्ध्वनाभेरधः अधोभागे तालु तालुस्थानं यस्य सोऽधस्तालुस्तस्याधस्तालोर्योगिन ऊर्ध्वमुपरिभागे भानुर्दहनात्मकः सूर्यो भवति । अधः अधोभागे शश्यमृतात्मा चंद्रो भवति । प्रथमांतपाठे तु यदा ऊर्ध्वनाभिरधस्तालुर्योगी भवति तदोर्ध्वं भानुरधः शशी भवति । यदातदापदयोरध्याहारेणान्वयः । इयं विपरीताख्या विपरीतनामिका करणी । ऊर्ध्वाधःस्थितयोश्चंद्रसूर्ययोरधऊर्ध्वकरणेनान्वर्थागुरुवाक्येन गुरोर्वाक्येनैव लभ्यते प्राप्यते नान्यथा ॥ ७९ ॥

भाषार्थ—अब विपरीतकरणीमुद्राके स्वरूपका वर्णन करतेहैं कि ऊपरके भागमें है नाभि जिसके और अधोभागमें है तालु जिसके ऐसा जो योगी उसके ऊपरके भागमें तो अग्निरूप सूर्य होजाय और अधोभागमें अमृतरूप चंद्रमा होजाय और जब 'ऊर्ध्वनाभिरधस्तालुः' यह प्रथमांत पाठ है तब यदा तदा पदोंके अध्याहारसे इसप्रकार अन्वय करना कि, जब ऊपरके भागमें नाभि और नीचेके भागमें तालु जिसके ऐसा योगी होजाय तब ऊपर सूर्य और नीचे चंद्रमा होजातेहैं यह विपरीत (उलटी) नामकी करणी ऊपर और नीचे स्थित जो चंद्रमा सूर्य हैं उनके नीचे ऊपर क्रमसे करनेसे अन्वर्थ है अर्थात् विपरीतकरणीका अर्थ तभी घटसकताहै जब पूर्वोक्त मुद्रा कीजाय और यह विपरीतकरणी गुरुके वाक्यसे मिल सक्तीहै अन्यथा नहीं ॥ ७९ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

नित्यमभ्यासयुक्तस्य जठराग्निविवर्धिनी ॥
आहारो बहुलस्तस्य संपाद्यः साधकस्य च ॥ ८० ॥

नित्यमिति ॥ नित्यं प्रतिदिनमभ्यासोऽभ्यसनं तस्मिन् युक्तस्यावहितस्य जठराग्निरुदराग्निस्तस्य विवर्धिनी विशेषेण वर्धिनीति विपरीतकरणीविशेषणम् ॥ तस्य साधकस्य विपरीतकरण्यभ्यासिन आहारो भोजनं बहुलो यथेच्छः संपाद्यः संपादनीयः । च पादपूरणे ॥ ८० ॥

भाषार्थ–प्रतिदिनके अभ्यासमें युक्त जो योगी है उसकी जठराग्निको यह विपरीतकरणी बढातीहै और इसीसे उस विपरीतकरणीके अभ्यासी योगीको यथेच्छ अधिक भोजन संपादन करनेयोग्य है अर्थात् अल्पभोजन न करै ॥ ८० ॥

अल्पाहारो यदि भवेदग्निर्दहति तत्क्षणात् ॥
अधः शिराश्चोर्ध्वपादः क्षणं स्यात्प्रथमे दिने ॥ ८१ ॥

अल्पाहार इति ॥ यद्यल्पाहारः अल्पो भोक्तुमिष्टान्नस्याहारो भोजनं यस्य तादृशो भवेत्स्यात्तदाऽग्निर्जठरानलो देहं क्षणमात्राद्दहेत्। शीघ्रं दहेदित्यर्थः। ऊर्ध्वाधःस्थितयोश्चंद्रसूर्ययोरधऊर्ध्वकरणक्रियामाह–अधःशिरा इति । अधः अधोभागे भूमौ शिरो यस्य सोऽधःशिराः कराभ्यां कटिप्रदेशमवलंब्य बाहुमूलादारभ्य कूर्परपर्यंताभ्यां बाहुभ्यां स्कंधाभ्यां गलपृष्ठभागशिरःपृष्ठभागाभ्यां च भूमिमवष्टभ्याधःशिरा भवेत् । ऊर्ध्वमुपर्यंतरिक्षे पादौ यस्य स ऊर्ध्वपादः प्रथमदिने आरंभदिने क्षणं क्षणमात्रं स्यात् ॥ ८१ ॥

भाषार्थ–क्योंकि, यदि विपरीतकरणीका अभ्यासी योगी अल्पाहारी हो अर्थात् अल्पभोजन कियाजाताहै तो जठराग्नि उसी क्षणमात्रमें देहको भस्म करदेतीहै । अब ऊपर नीचे स्थित्र चन्द्रमा सूर्यके नीचे ऊपर करनेकी क्रियाको कहतेहैं कि, प्रथम दिनमें क्षणभर नीचेको शिर करै अर्थात् भुजा दोनों स्कंध गल और शिर पृष्ठभाग (पीठ) से भूमिका स्पर्श करके नीचे शिर किये स्थित हो और ऊपरको पाद करै अर्थात् प्रारंभके दिन क्षणमात्र इसप्रकार स्थित रहै ॥ ८१ ॥

क्षणाच्च किंचिदधिकमभ्यसेच्च दिने दिने ॥
वलितं पलितं चैव षण्मासोर्द्ध्वं न दृश्यते ॥
यामसात्रं तु यो नित्यमभ्यसेत्स तु कालजित् ॥ ८२ ॥

क्षणादिति ॥ दिनेदिने प्रतिदिनं क्षणात्किंचिदधिकं द्विक्षणं त्रिक्षणम्

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

एकदिनवृद्ध्याऽभ्यसेदभ्यासं कुर्यात् ॥ विपरीतकरणीगुणानाह–वलितमिति ॥ वलितं चर्मसंकोचः पलितं केशेषु शौक्ल्यं च, षण्णां मासानां समाहारः षण्मासं तस्मादूर्ध्वमुपरि नैव दृश्यते नैवावलोक्यते । साधकस्य देह इति वाक्याध्याहारः । यस्तु साधको याममात्रं प्रहरमात्रं नित्यमभ्यसेत्स तु कालजित्कालं मृत्युं जयतीति कालजिन्मृत्युजेता भवेत् । एतेन योगस्य प्रारब्धकर्मप्रतिबंधकत्वमपि सूचितम् । तदुक्तं विष्णुधर्मे–'स्वदेहारंभकस्यापि कर्मणः संक्षयावहः । यो योगः पृथिवीपाल शृणु तस्यापि लक्षणम्' ॥ इति । विद्यारण्यैरपि जीवन्मुक्तावुक्तम्–"यथा प्रारब्धकर्म तत्त्वज्ञानात्प्रबलं तथा तस्मादपि कर्मणो योगाभ्यासः प्रबलः । अत एव योगिनामुद्दालकवीतहव्यादीनां स्वेच्छया देहत्याग उपपद्यत" इति । भागवतेऽप्युक्तम्–'देहं जह्यात्समाधिना' इति ॥ ८२ ॥

भाषार्थ–फिर प्रतिदिन क्षणसे कुछ २ अधिक अभ्यास करै अर्थात् दो क्षण, तीन क्षण, काल एक २ दिनकी वृद्धिसे अभ्यासको बढाता रहै. अब विपरीतकरणीके गुणोंको कहते हैं कि, पूर्वोक्त प्रकारके करनेसे वलीपलित छः मासके अनंतर नहीं दीखतेहैं अर्थात् यौवन अवस्था होजाती है और जो साधक प्रतिदिन, प्रहरमात्र अभ्यास करताहै वह मृत्युको जीतताहै. इससे यहभी सूचित किया कि, योग प्रारब्धकर्मकाभी प्रतिबंधक है सोई विष्णुधर्ममें कहा है कि, अपने देहके आरंभककर्मकाभी नाशक जो योग है हे पृथ्वीपाल ! उस योगको तू सुन और विद्यारण्यने जीवन्मुक्तिग्रंथमें यह कहा है कि, तत्त्वज्ञानसे प्रारब्धकर्म जैसे प्रवल है ऐसेही प्रारब्धकर्मसे योगाभ्यास प्रवल है इसीसेउद्दालक, वीतहव्य आदि योगियोंने अपनी इच्छासे देहका त्याग किया. भागवतमेंभी लिखा है कि, समाधिसे देहको त्यागै ॥ ८२ ॥

अथ वज्रोली ।

स्वेच्छया वर्तमानोऽपि योगोक्तैर्नियमैर्विना ॥
वज्रोलिं यो विजानाति स योगी सिद्धिभाजनम् ॥ ८३ ॥

वज्रोल्यां प्रवृत्तिं जनयितुमादौ तत्फलमाह–स्वेच्छयेति ॥ योऽभ्यासी वज्रोलीं वज्रोलीमुद्रां विजानाति विशेषेण स्वानुभवेन जानाति स योगी योगे योगशास्त्रे उक्ता योगोक्तास्तैर्योगोक्तैर्नियमैर्ब्रह्मचर्यादिभिर्विना ऋते स्वेच्छया निजेच्छया वर्तमानोऽपि व्यवहरन्नपि सिद्धिभाजनं सिद्धीनामणिमादीनां भाजनं पात्रं भवति ॥ ८३ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

भाषार्थ-वज्रोलीमुद्राकी प्रवृत्तिको उत्पन्न करनेके लिये प्रथम वज्रोलीके फलका वर्णन करते हैं कि, जो योगाभ्यासी वज्रोलीमुद्राको अपने अनुभवसे जानता है वह योगी योगशास्त्रमें कहेहुये नियमोंके विना अपनी इच्छाके अनुसार व्यवहार करताहुआभी अणिमा आदि सिद्धियोंका भोक्ता है अर्थात् ब्रह्मचर्य आदि नियमोंके विनाभी उसको सिद्धि प्राप्त होती है ॥ ८३ ॥

तत्र वस्तुद्वयं वक्ष्ये दुर्लभं यस्य कस्यचित् ॥
क्षीरं चैकं द्वितीयं तु नारी च वशवर्तिनी ॥ ८४ ॥

तत्साधनोपयोगि वस्तुद्वयमाह-तत्रेति ॥ तत्र वज्रोल्यभ्यासे वस्तुनोर्द्वयं वस्तुद्वयं वक्ष्ये कथयिष्ये। कीदृशं वस्तुद्वयं यस्यकस्यचित् यस्यकस्यापि धनहीनस्य दुर्लभं दुःखेन लब्धुं शक्यं दुःखेनापि लब्धुमशक्यमिति वा। 'दुःस्यात्कष्टनिषेधयोः' इति कोशात् ॥ किं तद्वस्तुद्वयमित्यपेक्षायामाह-क्षीरमिति। एकं वस्तु क्षीरं पानार्थं मेहनानंतरमिंद्रियनैर्बल्यात्तद्बलार्थं क्षीरपानं युक्तम्। केचित्तु अभ्यासकाले आकर्षणार्थमित्याहुः। तस्यांतर्गतस्य घनीभावे निर्गमनासंभवात्तदयुक्तम्। द्वितीयं तु वस्तु वशवर्तिनी स्वाधीना नारी वनिता ॥ ८४ ॥

भाषार्थ--अब वज्रोलीमुद्राके साधक दो वस्तुओंका वर्णन करते हैं कि, उस वज्रोलीकी सिद्धिमें जिसकिसी निर्धन पुरुषको दुर्लभ जो दो वस्तु हैं उनको मैं कहताहूँ उन दोनोंमें एक दूध है और दूसरी वशवर्तिनी नारी है अर्थात् मैथुनके अनंतर निर्बल हुई इंद्रियोंकी प्रबलताके लिये दूधका पान योग्य है और कोई यह कहते हैं कि, अभ्यासकालमें आकर्षणके लिये दूधका पान उत्तम है सो ठीक नहीं, क्योंकि अंतगर्त हुए दूधका आकर्षण नहीं हो सकता है ॥ ८४ ॥

मेहनेन शनैः सम्यगूर्ध्वाकुंचनमभ्यसेत् ॥
पुरुषोऽप्यथवा नारी वज्रोलीसिद्धिमाप्नुयात् ॥ ८५ ॥

वज्रोलीमुद्राप्रकारमाह-मेहनेनेति ॥ मेहनेन स्त्रीसंगानंतरं विंदोः क्षरणेन साधनभूतेन पुरुषः पुमानथवा नार्यपि योषिदपि शनैर्मंदं सम्यक् यत्नपूर्वकमूर्ध्वाकुंचनमूर्ध्वमुपर्याकुंचनं मेढ्राकुंचनेन विंदोरुपर्याकर्षणमभ्यसेद्वज्रोलीमुद्रासिद्धिमाप्नुयात्सिद्धिं गच्छेत् ॥ ८५ ॥

भाषार्थ--अब वज्रोलीमुद्राके प्रकारका वर्णन करते हैं कि, पुरुष अथवा स्त्री मेहन (विंदुका झरना) से शनैः २ भलीप्रकार यत्नसे ऊपरको आकुंचध (संकोच) का

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

अभ्यास करे अर्थात् लिंग इंद्रियके आकुंचनसे बिंदुके ऊपर खींचनेका अभ्यास करे तो वज्रोलीमुद्रा सिद्धिको प्राप्त होती है ॥ ८५ ॥

यत्नतः शस्तनालेन फूत्कारं वज्रकंदरे ॥
शनैः शनैः प्रकुर्वीत वायुसंचारकारणात् ॥ ८६ ॥

अथ वज्रोल्याः पूर्वांगप्रक्रियामाह–यत्नत इति ॥ शस्तः प्रशस्तो यो नालस्तेन शस्तनालेन सीसकादिनिर्मितेन नालेन शनैः शनैर्मंदंमंदं यथाग्नेर्धमनार्थं फूत्कारः क्रियते तादृशं फूत्कारं वज्रकंदरे मेढ्रविवरे वायोः संचारः सम्यग्वज्रकंदरे चरणं गमनं तत्कारणात्तद्धेतोः प्रकुर्वीत प्रकर्षेण पुनः पुनः कुर्वीत ॥ अथ वज्रोलीसाधनप्रक्रिया । सीसकनिर्मितां स्निग्धां मेढ्रप्रवेशयोग्यां चतुर्दशांगुलमात्रां शलाकां कारयित्वा मेढ्रे प्रवेशनमभ्यसेत् । प्रथमदिने एकांगुलमात्रां शलाकां प्रवेशयेत् । द्वितीयदिने द्व्यंगुलमात्रां तृतीयदिने त्र्यंगुलमात्राम् । एवं क्रमेण वृद्धौ द्वादशांगुलमात्रप्रवेशे मेढ्रमार्गः शुद्धो भवति । पुनस्तादृशीं चतुर्दशांगुलमात्रां द्व्यंगुलमात्रवक्रामूर्ध्वमुखां कारयित्वा तां द्वादशांगुलमात्रां प्रवेशयेत् । वक्रमूर्ध्वमुखं द्व्यंगुलमात्रं बहिः स्थापयेत् । ततः सुवर्णकारस्य अग्निधमनसाधनीभूतनालसदृशं नालं गृहीत्वा तदग्रं मेढ्रप्रवेशितद्वादशांगुलस्य नालस्य वक्रोर्ध्वमुखद्व्यंगुलमध्ये प्रवेश्य फूत्कारं कुर्यात् । तेन सम्यक् मार्गशुद्धिर्भवति । ततो जलस्य मेढ्रेणाकर्षणमभ्यसेत् जलाकर्षणे सिद्धे पूर्वोक्तश्लोकरीत्या बिंदोरूर्ध्वाकर्षणमभ्यसेत् । बिंद्वाकर्षणे सिद्धे वज्रोलीमुद्रासिद्धिः । इयं जितप्राणस्यैव सिध्यति नान्यस्य खेचरीमुद्राप्राणजयोभयसिद्धौ तु सम्यक् भवति ॥ ८६ ॥

भाषार्थ–अब वज्रोली मुद्राकी पूर्वाङ्ग क्रियाका वर्णन करतेहैं कि, सीसे आदिकी उत्तमनालीसे शनैः २ इसप्रकार लिंगके छिद्रमें वायुके संचार (भलीप्रकार प्रवेश) के लिये यत्नसे फूत्कारको करै. जैसे अग्निके प्रज्वलनार्थ फूत्कारको करते हैं । अब वज्रोलीकी साधनप्रक्रियाको कहते हैं कि, सीसेसे बनीहुई लिंगमें प्रवेशके योग्य चौदह अंगुलकी शलाई बनवाकर उसके लिंगमें प्रवेशका अभ्यास करै । पहिले दिन एक अंगुलमात्र प्रवेश करै दूसरे दिन दो अंगुल मात्र और तीसरे दिन तीन अंगुलमात्र प्रवेश करै इसप्रकार क्रमसे वृद्धि करनेपर बारह अंगुल शलाकाके प्रवेश होनेके अनंतर लिंगका मार्ग शुद्ध होजाताहै फिर उसीप्रकारकी और चौदह अंगुलकी ऐसी शलाई बनवावे जो दो अंगुल टेढी हो और ऊर्ध्वमुखी हो उसकोभी बारह अंगुल भर लिंगके

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

छिद्रमें प्रवेश करै, टेढा और ऊर्ध्वमुख जो दो अंगुल मात्र है उसको वाहर रक्खे फिर सुनारके अग्निधमनेके नालकी सदृश नालको लेकर उस नालके अग्रभागको लिंगमें प्रवेश किये वारह अंगुलके नालका टेढा और ऊर्ध्वमुख दो अंगुल है उसके मध्यमें प्रवेश करके फूत्कार करै तिससे भलीप्रकार लिंगके मार्गकी शुद्धि होतीहै फिर लिंगसे जलके आकर्षणका अभ्यास करै जलके आकर्षणकी सिद्धि होनेपर पूर्वोक्तश्लोकमें कही हुई रीतिके अनुसार बिंदुके ऊपरको आकर्षणका अभ्यास करै बिंदुके ऊर्ध्व आकर्षणकी सिद्धि होनेपर वज्रोलीमुद्राकी सिद्धि होतीहै यह मुद्रा उस योगीको ही सिद्ध होतीहै जिसने प्राणवायुको जीत लियाहै अन्यको नहीं होती है और खेचरीमुद्रा और प्राणका जय होनेपर तो भलीप्रकार सिद्ध होतीहै। भावार्थ यह है कि, लिंगके छिद्रमें वायुके संचार करनेके लिये उत्तमनालसे शनैः २ यत्नपूर्वक फूत्कारको करै ॥ ८६ ॥

नारीभगे पतद्बिंदुमभ्यासेनोर्ध्वमाहरेत् ॥
चलितं च निजं बिंदुमूर्ध्वमाकृष्य रक्षयेत् ॥ ८७ ॥

एवं वज्रोल्यभ्यासे सिद्धे तदुत्तरं साधनमाह–नारीभग इति ॥ नारीभगे स्त्रीयोनौ पततीति पतन् पतंश्चासौ बिंदुश्च पतद्बिंदुस्तं पतद्बिंदुं रतिकाले पतंतं बिंदुमभ्यासेन वज्रोलीमुद्राभ्यासेनोर्ध्वमुपर्याहरेदाकर्षयेत्। पतनात्पूर्वमेव। यदि पतनात्पूर्वं बिंदोराकर्षणं न स्यात्तर्हि पतितमाकर्षयेदित्याह–चलितं चेति। चलितं नारीभगे पतितं निजं स्वकीयं बिंदुं चकारात्तद्रजः ऊर्ध्वमुपर्याकृष्याहृत्य रक्षयेत् स्थापयेत् ॥ ८७ ॥

भाषार्थ–अब वज्रोलीमुद्राकी सिद्धिके अनंतरका जो साधन हैं उसका वर्णन करते हैं कि, नारीके भग (योनि) में पडते हुये बिंदु (वीर्य) का अभ्याससे ऊपरको आकर्षण करै अर्थात् पडनेसे पूर्वही ऊपरको खींचले यदि पतनसे पूर्व बिंदुका आकर्षण न होसकै तो पतितहुये बिंदुका आकर्षण करै कि चलितहुआ अपना बिंदु और चकारसे स्त्रीका रज इनको ऊपरको आकर्षण करके रक्षा करै अर्थात् मस्तकरूप जो वीर्यका स्थान है उसमें स्थापन करै ॥ ८७ ॥

एवं संरक्षयेद्बिंदुं मृत्युं जयति योगवित् ॥
मरणं बिंदुपातेन जीवनं बिंदुधारणात् ॥ ८८ ॥

वज्रोलीगुणानाह–एवमिति ॥ एवमुक्तरीत्या बिंदुं यः संरक्षयेत् सम्यक् रक्षयेत् स योगवियोगाभिज्ञो मृत्युं जयत्यभिभवति। यतो बिंदोः शुक्रस्य

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

पातेन पतनेन मरणं भवति। बिंदोर्धारणं बिंदुधारणं तस्माद्बिंदुधारणाज्जीवनं भवति। तस्माद्बिंदुं संरक्षयेदित्यर्थः ॥ ८८ ॥

भाषार्थ--अब वज्रोलीके गुणोंका वर्णन करते हैं कि, इसप्रकार जो योगी बिंदुकी भलीप्रकार रक्षा करताहै योगका ज्ञाता वह योगी मृत्युको जीतताहै क्योंकि, बिंदुके पडनेसे मरण और बिंदुकी रक्षासे जीवन होताहै तिससे बिंदुकी रक्षा करै ॥ ८८ ॥

सुगंधो योगिनो देहे जायते बिंदुधारणात् ॥
यावद्बिंदुः स्थिरो देहे तावत्कालभयं कुतः ॥ ८९ ॥

सुगंध इति ॥ योगिनो वज्रोल्यभ्यासिनो देहे बिंदोः शुक्रस्य धारणं तस्मात्सुगंधः शोभनो गंधो जायते प्रादुर्भवति । देहे यावद्बिंदुः स्थिरस्तावत्कालभयं मृत्युभयं कुतः । न कुतोऽपीत्यर्थः ॥ ८९ ॥

भाषार्थ--वज्रोलीके अभ्यासकर्ता योगीके देहमें बिंदुके धारण करनेसे सुगंध होजातीहै और देहमें जबतक बिंदु स्थिर है तबतक कालका भय कहां अर्थात् कालका भय नहीं रहताहै ॥ ८९ ॥

चित्तायत्तं नृणां शुक्रं शुक्रायत्तं च जीवितम् ॥
तस्माच्छुक्रं मनश्चैव रक्षणीयं प्रयत्नतः ॥ ९० ॥

चित्तायत्तमिति ॥ हि यस्मान्नृणां शुक्रं वीर्यं चित्तायत्तं चित्ते चले चलत्वाच्चित्ते स्थिरे स्थिरत्वाच्चित्ताधीनं जीवितं जीवनं शुक्रायत्तं शुक्रे स्थिरे जीवनाच्छुक्रे नष्टे मरणं शुक्राधीनं तस्माच्छुक्रं बिंदुं मनश्च मानसं च प्रकृष्टाद्यत्नादिति प्रयत्नतः रक्षणीयमेव । अवश्यं रक्षणीयमित्यर्थः । एवशब्दो भिन्नक्रमः ॥ ९० ॥

भाषार्थ--जिससे मनुष्योंका शुक्र (वीर्य) चित्तके आधीन है अर्थात् चित्तके चलायमान होनेपर चलायमान और चित्तके स्थिर होनेपर स्थिर होजाताहै इससे चित्तके वशीभूत है और मनुष्योंका जीवन शुक्रके आधीन है अर्थात् शुक्रकी स्थिरतासे जीवन और शुक्रकी नष्टतासे मरण होताहै इससे जीवन शुक्रके आधीन है तिससे शुक्र (बिंदु) और मनकी भली प्रकार यत्नसे रक्षा करै ॥ ९० ॥

ऋतुमत्या रजोऽप्येवं बीजं बिंदुं च रक्षयेत् ॥
मेढ्रेणाकर्षयेदूर्ध्वं सम्यगभ्यासयोगवित् ॥ ९१ ॥

ऋतुमत्या इति । एवं पूर्वोक्तेनाभ्यासेन ऋतुर्विद्यते यस्याः सा ऋतुमती

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

तस्या ऋतुमत्या ऋतुस्नातायाः स्त्रियो रेतः निजं स्वकीयं बिंदुं च रक्षयेत्। पूर्वोक्ताभ्यासं दर्शयति-मेढ्रेणेति। अभ्यासो वज्रोल्यभ्यासः स एव योगो योगसाधनत्वात्तं वेत्तीत्यभ्यासयोगवित् मेढ्रेण गुह्येंद्रियेण, सम्यग्यत्नपूर्वकमूर्ध्वमुपर्याकर्षयेत्। रजो बिंदुं चेति कर्माध्याहारः। अयं श्लोकः क्षिप्तः ९१

भाषार्थ-ऋतु हुआ है जिसके ऐसी स्त्रीके रज (वीर्य) की और अपने बिंदुकीभी इसी पूर्वोक्त अभ्याससे रक्षा करै अर्थात् ऋतुस्नानके अनंतर रज और वीर्य दोनोंकी रक्षा करै। पूर्वोक्त अभ्यासकोही दिखातेहैं कि, वज्रोलीके अभ्यासरूप योगका ज्ञाता योगी लिंग इंद्रियसे रज और बिंदुका भलीप्रकार ऊपरको आकर्षण करै (खींचे) यह श्लोक क्षेपक है अर्थात् मूलका नहीं है॥ ९१॥

सहजोलिश्चामरोलिर्वज्रोल्या भेद एकतः॥
जले सुभस्म निक्षिप्य दग्धगोमयसंभवम्॥ ९२॥

सहजोल्यमरोल्यौ विवक्षुस्तयोर्वज्रोलीविशेषत्वमाह-सहजोलिश्चेति॥ वज्रोल्या भेदो विशेषः सहजोलिरमरोलिश्च। तत्र हेतुः-एकतः एकत्वादेकफलत्वादित्यर्थः। एकशब्दाद्भावप्रधानात्पंचम्यास्तसिः। सहजोलिमाह-जल इति। गोः पुरीषाणि गोमयानि दग्धानि च तानि गोमयानि च दग्धगोमयानि तेषु संभव उत्पत्तिर्यस्य तद्दग्धगोमयसंभवं शोभनं भस्म विभूतिः तत् जले तोये निक्षिप्य तोयमिश्रं कृत्वेत्युत्तरश्लोकेनान्वेति॥९२॥

भाषार्थ--अब सहजोली और अमरोली मुद्राओंका वर्णन करतेहैं कि, वज्रोलीमुद्राके भेदविशेषही सहजोली और अमरोली हैं, क्योंकि तीनोंका फल एक है उन दोनोंमें सहजोलीमुद्राका वर्णन करतेहैं कि, दग्ध किये हुये गोमयोंका जो सुंदर भस्म है उसको जलमें डालकर अर्थात् जलमिश्रित उस भस्मको करै॥ ९२॥

वज्रोलीमैथुनादूर्ध्वं स्त्रीपुंसोः स्वांगलेपनम्॥
आसीनयोः सुखेनैव मुक्तव्यापारयोः क्षणात्॥ ९३॥

वज्रोलीतिं॥ वज्रोलीमुद्रार्थं मैथुनं तस्मादूर्ध्वमनंतरं सुखेनैवानंदेनैवासीनयोरुपविष्टयोः क्षणाद्रत्युत्सवान्मुक्तस्त्यक्तो व्यापारो रतिक्रिया याभ्यां तौ मुक्तव्यापारौ तयोर्मुक्तव्यापारयोः स्त्री च पुमांश्च स्त्रीपुंसौ तयोः स्त्रीपुंसोः स्वांगलेपनं शोभनान्यंगानि स्वांगानि मूर्धललाटनेत्रहृदयस्कंधभुजादीनि तेषु लेपनम्॥ ९३॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

भाषार्थ-वज्रोलीमुद्राकी सिद्धिके लिये कियेहुये मैथुनके अनंतर आनंदसे बैठेहुये और उत्साहसे त्याग दियाहै रतिका व्यापार जिन्होंने ऐसे स्त्री और पुरुष दोनों पूर्वोक्त भस्मको अपने मस्तक, शिर, नेत्र, हृदय, स्कंध, भुजा आदि अंगोंपर लेपन करैं ॥९३॥

सहजोलिरियं प्रोक्ता श्रद्धेया योगिभिः सदा ॥
अयं शुभकरो योगो भोगयुक्तोऽपि मुक्तिदः ॥ ९४ ॥

सहजोलिरिति ॥ इयमुक्ता क्रिया सहजोलिरिति प्रोक्ता कथिता योगिभिर्मत्स्येंद्रादिभिः। कीदृशी सदा श्रद्धेया सर्वदा श्रद्धातुं योग्या। अयं सहजोल्याख्यो योग उपायः शुभकरः शुभं श्रेयः करोतीति शुभकरः । 'योग संहननोपायध्यानसंगतियुक्तिषु ' इत्यभिधानात् । कीदृशो योगः भोगेन युक्तोऽपि मुक्तिदो मोक्षदः ॥ ९४ ॥

भाषार्थ-यह पूर्वोक्त भस्मलेपनरूप क्रिया मत्स्येंद्र आदि योगीजनोंने सहजोलिमुद्रा कहा है और यह योगीजनोंको सदैव श्रद्धा करने योग्य है, यह सहजोलि नामका योग (उपाय) शुभकारी जानना और भोगसे युक्त भी यह योग मोक्षका दाताहै ॥ ९४ ॥

अयं योगः पुण्यवतां धीराणां तत्त्वदर्शिनाम् ॥
निर्मत्सराणां सिध्येत न तु मत्सरशालिनाम् ॥ ९५ ॥

अयं योग इति ॥ अयमुक्तो योगः पुण्यं विद्यते येषां ते पुण्यवंतः सुकृतिनस्तेषां पुण्यवतां धीराणां धैर्यवतां तत्त्वं वास्तविकं पश्यंतीति तत्त्वदर्शिनस्तेषां तत्त्वदर्शिनां मत्सरान्निष्क्रान्ता निर्मत्सरास्तेषां निर्मत्सराणामन्यगुणद्वेषरहितानाम् । 'मत्सरोऽन्यगुणद्वेषः' इत्यमरः । तादृशानां पुंसां सिध्येत सिद्धिं गच्छेत् । मत्सरशालिनां मत्सरवतां तु न सिध्येत् ॥ ९५ ॥

भाषार्थ-और यह सहजोलिरूप योग पुण्यवान् और धीर और तत्त्व (ब्रह्म) के जो द्रष्टा हैं और अन्यके गुणोंमें द्वेषरहित (निर्मत्सर) हैं ऐसे पुरुषोंकोही सिद्ध होताहै और जो मत्सरी हैं अन्यके गुणोंमें द्वेष (वैर) के कर्ता हैं उनको सिद्ध नहीं होताहै ॥९५॥

अथामरोली ।

पित्तोल्वलत्वात्प्रथमांबुधारां विहाय निःसारतयांत्यधारा ॥ निषेव्यते शीतलमध्यधारा कापालिके खंडमतेऽमरोली ॥ ९६ ॥

अमरोलीमाह-पित्तोल्वणत्वादिति ॥ पित्तेनोल्वणोत्कटा पित्तोल्वण

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

तस्या भावः पित्तोल्वणत्वं तस्मात्। यथा प्रथमा पूर्वा याऽम्बुनः शिवांबुनो धारा तां विहाय शिवांबुनिर्गमनसमये किंचित्पूर्वां धारां त्यक्त्वा। निर्गतः सारो यस्याः सा निःसारा तस्या भावो निःसारता तया निःसारतया निःसारत्वेनांत्यधारा अन्त्या चरमा या धारा तां विहाय किंचिदंत्यां धारां त्यक्त्वा। शीतला पित्तादिदोषसारत्वरहिता या मध्यधारा मध्यमा धारा सा निषेव्यते नितरां सेव्यते। खंडो योगविशेषो मतोऽभिमतो यस्य स खंडमतस्तस्मिन् खंडमते कापालिकस्यायं कापालिकस्तस्मिन् कापालिके खण्ड कापालिकसंप्रदाय इत्यर्थः। अमरोली प्रसिद्धेति शेषः॥ ९६॥

भाषार्थ–अत्र अमरोलीमुद्राका वर्णन करतेहैं कि, पित्त है उल्वण (अधिक) जिसमें ऐसी जो प्रथम शिवांबु (बिंदु) की धारा है उसको और नहीं है सार अंश जिसमें ऐसी जो अन्त्यधारा है उसको छोडकर अर्थात् पहली और पिछली धारोंको किंचित् २ त्यागकर पित्त आदि दोष और सारतासे रहित शीतल मध्य धाराका जिस रीतिसे नित्य सेवन (पान) क्रियाजाय वह क्रिया योगविशेष जो खंड उसके माननेवाले कापालिक मतमें अर्थात् खंडकापालिक मतमें अमरोली नामकी मुद्रा प्रसिद्ध है॥ ९६॥

अमरीं यः पिबेन्नित्यं नस्यं कुर्वन्दिनेदिने॥
वज्रोलीमभ्यसेत्सम्यगमरोलीति कथ्यते॥ ९७॥

अमरीमिति॥ अमरीं शिवांबु यः पुमान् नित्यं पिबेत्। नस्यं कुर्वन् श्वासेनामर्या घ्राणांतर्ग्रहणं कुर्वन् सन् दिनेदिने प्रतिदिनं वज्रोलीं 'मेहनेन शनैः' इति श्लोकेनोक्तां सम्यगभ्यसेत्साऽमरोलीति कथ्यते। कापालिकैरिति शेषः। अमरीपातामरीनस्यपूर्विका वज्रोल्यमरोलीशब्देनोच्यत इत्यर्थः॥ ९७

भाषार्थ–जो पुरुष शिवांबुरूप अमरीको नासिकासे नित्य पीताहै अर्थात् नासिकाके छिद्रद्वारा अमरीको अंतर्गत करताहै और मैथुनसे प्रतिदित वज्रोलीका भलीप्रकार अभ्यास करताहै उस मुद्राको कापालिक अमरोली कहतेहैं अर्थात् नासिकाके छिद्रसे पान की अमरी वज्रोलीके अनंतर अमरोली कहातीहैं॥ ९७॥

अभ्यासान्निःसृतां चान्द्रीं विभूत्या सह मिश्रयेत्॥
धारयेदुत्तमांगेषु दिव्यदृष्टिः प्रजायते॥ ९८॥

अभ्यासादिति॥ अभ्यासादमरोल्यभ्यासान्निःसृतां निर्गतां चांद्रीं चंद्रस्येयं चांद्री तां चांद्रीं सुधां विभूत्या भस्मना सह साकं मिश्रयेत्संयोजयेत्। उत्तमांगेषु शिरःकपालनेत्रस्कंधकण्ठहृदयभुजादिषु धारयेत्।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

भस्ममिश्रितां चांद्रीमिति शेषः । दिव्या अतीतानागतवर्तमानव्यवहित-विप्रकृष्टपदार्थदर्शनयोग्या दृष्टिर्यस्य स दिव्यदृष्टिर्दिव्यदृक् प्रजायते प्रकर्षेण जायते । अमरीसेवनप्रकारविशेषाः शिवांबुकल्पादवगंतव्याः ॥ ९८ ॥

भाषार्थ–अमरोलीमुद्राके अभ्याससे निकसी जो चंद्रमाकी सुधा (अमृत) है उसको विभूति (भस्म) के संग मिलाकर शिर, कपाल, नेत्र, स्कंध, कंठ, हृदय, भुजा आदि उत्तम अंगोंमें धारण करै तो मनुष्य दिव्यदृष्टि होजाता है अर्थात् भूत, भविष्यत्, वर्तमान, व्यवहित और विप्रकृष्ट (दूर) के जो पदार्थ उनके देखनेयोग्य दृष्टि होजातीहै और अमरीसेवनके विशेष भेद तो शिवांबुकल्पग्रंथसे जानने ॥ ९८ ॥

पुंसो बिंदुं समाकुंच्य सम्यगभ्यासपाटवात् ॥
यदि नारी रजो रक्षेद्वज्रोल्या सापि योगिनी ॥ ९९ ॥

पुंसो वज्रोलीसाधनमुक्त्वा नार्यास्तदाह–पुंसो बिंदुमिति ॥ सम्यगभ्यासस्य सम्यगभ्यसनस्य पाटवं पटुत्वं तस्मात्पुंसः पुरुषस्य बिंदुं वीर्यं समाकुंच्य सम्यगाकृष्य नारी स्त्री यदि रजो वज्रोल्या वज्रोलीमुद्रया रक्षेत् । सापि नारी योगिनी प्रशस्तयोगवती ज्ञेया 'पुंसो बिंदुसमायुक्तम्' इति पाठे तु एतद्रजसो विशेषणम् ॥ ९९ ॥

भाषार्थ--पुरुषको वज्रोलीके साधनको कहकर नारीकी वज्रोलीके साधनको वर्णन करतेहैं कि, भलीप्रकारसे कियेहुये अभ्यासकी चतुरतासे पुरुषके बिंदुका भलीप्रकार आकर्षण करके यदि नारी वज्रोलीमुद्रासे अपने रजकी रक्षा करै तो वह भी योगिनी जाननी (पुंसो बिंदुं समायुक्तं) यह पाठ होय तो यह अर्थ समझना कि, पुरुषके बिंदुसे युक्त अपने रजकी रक्षा करै तो वह नारी योगिनी होती है ॥ ९९ ॥

तस्याः किंचिद्रजो नाशं न गच्छति न संशयः ॥
तस्याः शरीरे नादश्च बिंदुतामेव गच्छति ॥ १०० ॥

नारीकृताया वज्रोल्याः फलमाह–तस्या इति ॥ तस्या वज्रोल्यभ्यसनशीलाया नार्या रजः किंचित् किमपि स्वल्पमपि नाशं न गच्छति नष्टं न भवति पतनं न प्राप्नोतीत्यर्थः । अत्र संशयो न संदेहो न । तस्या नार्याः शरीरे नादश्च बिंदुतामेव गच्छति मूलाधारादुत्थितो नादो हृदयोपरि बिंदुभावं गच्छति । बिंदुना सहैकीभवतीत्यर्थः । अमृतसिद्धौ–'बीजं च पौरुषं प्रोक्तं रजश्च स्त्रीसमुद्भवम् । अनयोर्बाह्ययोगेन सृष्टिः संजायते नाम् ॥ यदाभ्यंतरयोगः स्यात्तदा योगीति गीयते । बिंदुश्चंद्रमयः प्रोक्तो

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

रजः सूर्यमयं तथा ॥ अनयोः संगमादेव जायते परमं पदम् । स्वर्गदो मोक्षदो बिंदुर्धर्मदोऽधर्मदस्तथा ॥ तन्मध्ये देवताः सर्वास्तिष्ठंते सूक्ष्मरूपतः' इति ॥ १०० ॥

भाषार्थ–अब नारीकी कीहुई वज्रोलीके फलको कहतेहैं कि, वज्रोलीके अभ्यास करनेमें शीलवती उस नारीका किंचित् भी रज नष्ट नहीं होताहै अर्थात् अपने स्थानसे पतित नहीं होता इसमें संशय नहीं है और उस नारीके शरीरमें नादभी बिंदुरूपको प्राप्त होजाताहै अर्थात् मूलाधारसे उठाहुआ नाद हृदयके ऊपर बिंदुके संग एक होजाताहै अमृतसिद्धिग्रंथमें लिखाहै कि पुरुषके वीर्यको वीज और नारीके वीर्यको रज कहतेहैं इन दोनोंका देहसे बाहर योग होनेसे मनुष्योंके संतान होतीहै यदि दोनोंका भीतरही योग होजाय तो वह योगी कहा जाताहै उन दोनोंमें बिंदु चंद्रमय है और रज सूर्यमय है इन दोनोंके संगमसे परम पद होताहैं और यह बिंदु स्वर्ग, मोक्ष, धर्म और अधर्मका दाताहै उस बिंदुके मध्यमें सूक्ष्मरूपसे संपूर्ण देवता टिकतेहैं ॥ १०० ॥

स बिंदुस्तद्रजश्चैव एकीभूय स्वदेहगौ ॥
वज्रोल्यभ्यासयोगेन सर्वसिद्धिं प्रयच्छतः ॥ १०१ ॥

स बिंदुरिति ॥ स पुंसो बिंदुस्तद्रजो नार्या रजश्चैव वज्रोलीमुद्राया अभ्यासो वज्रोल्यभ्यासः स एव योगस्तेनैकीभूय मिलित्वा स्वदेहगौ स्वदेहे गतौ सर्वसिद्धिं प्रयच्छतः दत्तः ॥ १०१ ॥

भाषार्थ–पुरुषका वह बिंदु और नारीका वह रज दोनों एक होकर वज्रोलीमुद्राके अभ्यासयोगसे यदि अपने देहहीमें स्थित रहजायँ तो संपूर्ण सिद्धियोंको देतेहैं ॥ १०१॥

रक्षेदाकुंचनादूर्ध्वं या रजः सा हि योगिनी ॥
अतीतानागतं वेत्ति खेचरी च भवेद् ध्रुवम् ॥ १०२ ॥

रक्षेदिति ॥ या नार्याकुंचनाद्योनिसंकोचनादूर्ध्वमुपरिस्थाने नीत्वा रजो रक्षेत् । हीति प्रसिद्धं योगशास्त्रे । सा योगिन्यतीतानागतं भूतं भविष्यं च वस्तु वेत्ति जानाति । ध्रुवमिति निश्चितम् । खेंऽतरिक्षे चरतीति खेचर्यंतरिक्षचरी भवेत् ॥ १०२ ॥

भाषार्थ–जो नारी अपनी योनिके संकोचसे रजको ऊर्ध्वस्थानमें लेजाकर रजकी रक्षा करै वह योगिनी होतीहै और भूत, भविष्यत्, वर्तमान वस्तुको जान सकतीहै और यह निश्चित है कि वह खेचरी होती है अर्थात् उसको आकाशमें गमन करनेका सामर्थ्य होजाताहै ॥ १०२ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

देहसिद्धिं च लभते वज्रोल्यभ्यासयोगतः ॥
अयं पुण्यकरो योगो भोगे भुक्तेऽपि मुक्तिदः ॥ १०३ ॥

देहसिद्धिमिति ॥ वज्रोल्या अभ्यासस्य योगो युक्तिस्तस्माद्देहस्य सिद्धिं रूपलावण्यबलवज्रसंहननत्वरूपां लभते । अयं योगो वज्रोल्यभ्यासयोगः पुण्यकरोऽदृष्टविशेषजनकः । कीदृशो योगः भुज्यत इति भोगो विषयस्तस्मिन् भुक्तेऽपि मुक्तिदो मोक्षदः ॥ १०३ ॥

भाषार्थ–और वज्रोलीके अभ्यासयोगसे रूप, लावण्य, वज्रोलीकी तुल्यतारूप देहकी सिद्धिको प्राप्त होताहै और यह वज्रोलीके अभ्यासका योग पुण्यका उत्पादक है और भोगोंके भोगनेपरभी मुक्तिको देताहै ॥ १०३ ॥

अथ शक्तिचालनम् ।

कुटिलांगी कुंडलिनी भुजंगी शक्तिरीश्वरी ॥
कुंडल्यरुंधती चैते शब्दाः पर्यायवाचकाः ॥ १०४ ॥

शक्तिचालनं विवक्षुस्तदुपोद्घाततया कुंडलीपर्यायान् तथा मोक्षद्वारविभेदनादिकं चाह सप्तभिः–कुटिलांगीति ॥ कुटिलांगी १, कुंडलिनी २, भुजंगी ३, शक्तिः ४, ईश्वरी ५, कुण्डली ६, अरुंधती ७, चैते सप्त शब्दाः पर्यायवाचका एकार्थवाचकाः ॥ १०४ ॥

भाषार्थ–शक्तिचालनमुद्रा कहनेके अभिलाषी आचार्य कुंडलिनीके पर्याय और कुंडलिनीसे मोक्षद्वारविभेदन (खोलना) आदिका वर्णन करतेहैं कि, कुटिलांगी १, कुंडलिनी २, भुजंगी ३, शक्ति ४, ईश्वरी ५, कुंडली ६, अरुंधती ७, ये सात शब्द पर्यायवाचक हैं अर्थात् सातोंका एकही अर्थ है ॥ १०४ ॥

उद्घाटयेत्कपाटं तु यथा कुंचिकया हठात् ॥
कुंडलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं विभेदयेत् ॥ १०५ ॥

उद्घाटयेदिति ॥ यथा येन प्रकारेण पुमान् कुंचिकया कपाटार्गलोत्सारणसाधनीभूतया हठाद्बलात्कपाटमररमुद्घाटयेदुत्सारयेत् । हठादिति देहलीदीपकन्यायेनोभयत्र संबध्यते । तथा तेन प्रकारेण योगी हठाद्धठाभ्यासात्कुंडलिन्या शक्त्या मोक्षद्वारं मोक्षस्य द्वारं प्रापकं सुषुम्नामार्गं विभेदयेद्विशेषेण भेदयेत् । 'तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति' इति श्रुतेः ॥ १०५ ॥

भाषार्थ–जैसे पुरुष कपाटों (किवाँड) के अर्गल (ताला) आदिको

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हठ (बल) से कुंचिका (ताली) से उद्घाटन करता है, तिसीप्रकार योगीभी हठयोगके अभ्यासके कुंडलिनीमुद्राकेद्वारा अर्थात् मोक्षके दाता सुषुम्नाके मार्गको भेदन करताहै क्योंकि श्रुतिमें लिखाहै कि, सुषुम्ना मार्गसे ऊपर (ब्रह्मलोक) को जाताहुआ मोक्षको प्राप्त होताहै ॥ १०९ ॥

येन मार्गेण गंतव्यं ब्रह्मस्थानं निरामयम् ॥

मुखेनाच्छाद्य तद्द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी ॥ १०६ ॥

येनेति ॥ आमयो रोगजन्यं दुःखं दुःखमात्रोपलक्षणं तस्मान्निर्गतं निरामयं दुःखमात्ररहितं ब्रह्मस्थानं ब्रह्माविर्भावजनकं स्थानं ब्रह्मस्थानं ब्रह्मरंध्रम् । 'तस्याः शिखाया मध्ये परमात्मा व्यवस्थितः' इति श्रुतेः । येन मार्गेण सुषुम्नामार्गेण गंतव्यं गमनार्हमस्ति तद्द्वारं तस्य मार्गस्य द्वारं प्रवेशमार्गं मुखेनास्येनाच्छाद्य रुद्ध्वा परमेश्वरी कुंडलिनी प्रसुप्ता निद्रितास्ति ॥ १०६ ॥

भाषार्थ-रोगसे उत्पन्न हुआ दुःखरूप आमय जिसमें नहीं है ऐसा ब्रह्मस्थान जिसमार्गसे जाने योग्य होताहै अर्थात् जिसमार्गसे ब्रह्मस्थानको जातेहैं क्योंकि श्रुतिमें लिखाहै कि, उस सुषुम्नाकी शिखाके मध्यमें परमात्मा स्थित है उस सुषुम्ना मार्गके द्वारको मुखसे आच्छादन करके अर्थात् रोककर परमेश्वरी (कुंडलिनी) सोतीहै ॥ १०६ ॥

कंदोर्ध्वं कुंडली शक्तिः सुप्ता मोक्षाय योगिनाम् ॥

बंधनाय च मूढानां यस्तां वेत्ति स योगवित् ॥ १०७ ॥

कंदोर्ध्वमिति ॥ कुंडली शक्तिः कंदोर्ध्वं कंदस्योपरिभागे योगिनां मोक्षाय सुप्ता मूढानां बंधनाय सुप्ता । योगिनस्तां चालयित्वा मुक्ता भवंति। मूढास्तदज्ञानाद्बद्धास्तिष्ठंतीति भावः । तां कुंडलिनीं यो वेत्ति स योगवित्। सर्वेषां योगतंत्राणां कुंडल्याश्रयत्वादित्यर्थः ॥ १०७ ॥

भाषार्थ-कंदके ऊपरभागमें सोतीहुई कुंडलिनी योगीजनोंके मोक्षार्थ होतीहै और वह पूर्वोक्त कुंडलिनी मूढोंके बंधनार्थ होती है अर्थात् योगीजन कुंडलिनीको चलाकर मुक्त होजातेहैं और उसके अज्ञानी मूढ बंधनमें पडे रहतेहैं उस कुंडलिनीको जो जानताहै वही योगका ज्ञाता है क्योंकि संपूर्ण योगके तंत्र कुंडलिनीके अधीन हैं ॥ १०७ ॥

कुंडली कुटिलाकारा सर्पवत्परिकीर्तिता ॥

सा शक्तिश्चालिता येन स मुक्तो नात्र संशयः ॥ १०८ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

कुंडलीति॥ कुंडली शक्तिः सर्पवद्भुजगवत्कुटिल आकारः स्वरूपं यस्याः सा कुटिकारा परिकीर्तिता कथिता योगिभिः । सा कुंडली शक्तिर्येन पुंसा चालिता मूलाधारादूर्ध्वं नीता स मुक्तोऽज्ञानबंधान्निवृत्तः । अत्रास्मिन्नर्थे संशयो न संदेहो नास्तीत्यर्थः।'तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति' इति श्रुतेः॥१०८॥

भाषार्थ–योगीजनोंने जो सूर्यके समान कुटिल है आकार जिसका ऐसी कहीहै वह कुंडली शक्ति जिसने चलादी है अर्थात् मूलाधारसे ऊपर पहुँचादी है वह मुक्त है अर्थात् बंधनसे निवृत्त है इसमें संशय नहीं है क्योंकि पूर्वोक्त श्रुति है कि, उस सुषुम्नासे ऊपरको जाताहुआ योगी मोक्षको प्राप्त होताहै ॥ १०८ ॥

गंगायमुनयोर्मध्ये बालरंडां तपस्विनीम् ॥
बलात्कारेण गृह्णीयात्तद्विष्णोः परमं पदम् ॥ १०९ ॥

गंगायमुनयोरिति ॥ गंगायमुनयोराधाराधेयभावेन तयोर्भावनाद्गंगायमुनयोरभेदेन भावनाद्वा गंगायमुने इडापिंगले तयोर्मध्ये सुषुम्नामार्गे तपस्विनीं निरशनस्थितेः। बालरंडां बालरंडाशब्दवाच्यां कुंडलीं बलात्कारेण हठेन गृह्णीयात् । तत्तस्या गंगायमुनयोर्मध्ये ग्रहणं विष्णोर्हरेर्व्यापकस्यात्मनो वा परमं पदं परमपदप्रापकम् ॥ १०९ ॥

भावार्थ–गंगा यमुना हैं आधार जिनके वा गंगा यमुनारूप जो इडा पिंगला नाडी हैं उनके मध्यमें अर्थात् सुषुम्नाके मार्गमें तपस्विनी अर्थात् भोजनरहित बालरंडा है उसको बलात्कार (हठयोग) से ग्रहण करै वह उस कुंडलीका जो बलात्कारसे ग्रहण है वही व्यापकरूप विष्णुके परमपदका प्रापक है ॥ १०९ ॥

इडा भगवती गंगा पिंगला यमुना नदी ॥
इडापिंगलयोर्मध्ये बालरंडा च कुंडली ॥ ११० ॥

गंगायमुनादिपदार्थमाह–इडेति ॥ इडा वामनिःश्वासा नाडी भगवत्यैश्वर्यादिसंपन्ना गंगा गंगापदवाच्या, पिंगला, दक्षिणनिःश्वासा यमुना यमुनाशब्दवाच्या नदी । इडापिंगलयोर्मध्ये मध्यगता या कुण्डली सा बालरंडा बालरंडाशब्दवाच्या ॥ ११० ॥

भाषार्थ–अब गंगा यमुना आदि पदार्थोंका वर्णन करतेहैं कि, इडा अर्थात् वामनिःश्वासकी नाडी भगवती गंगा कहातीहै और पिंगलाके अर्थात् दक्षिणनिःश्वासकी नाडी यमुना नदी कहातीहै और इडा और पिंगला मध्यमें वर्तमान जो कुंडली है वह बालरंडा कहातीहै ॥ ११० ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

पुच्छे प्रगृह्य भुजगीं सुप्तामुद्बोधयेच्च ताम् ॥
निद्रां विहाय सा शक्तिरूर्ध्वमुत्तिष्ठते हठात् ॥ १११ ॥

शक्तिचालनमाह-पुच्छे इति ॥ सुप्तां निद्रितां भुजंगीं तां कुंडलिनीं पुच्छे प्रगृहीत्वोद्बोधयेत्प्रबोधयेत्सा, शक्तिः कुंडली निद्रां विहाय हठादूर्ध्वं तिष्ठत इत्यन्वयः। एतद्रहस्यं तु गुरुमुखादवगंतव्यम् ॥ १११ ॥

भाषार्थ-अब शक्तिचालनमुद्राका वर्णन करतेहैं कि सोतीहुई भुजगीं (कुंडली) के पुच्छको ग्रहण करके उसभुजगीका प्रबोधन करे (जगावे) तो वह कुंडली निद्राको त्यागकर हठसे ऊपरको स्थित होजातीहै इसका रहस्य (गुप्तक्रिया) तो गुरुमुखसे जानने योग्य है ॥ १११ ॥

अवस्थिता चैव फणावती सा प्रातश्च सायं प्रहरार्धमात्रम् ॥
प्रपूर्य सूर्यात्परिधानयुक्त्या प्रगृह्य नित्यं परिचालनीया ११२

अवस्थिता इति ॥ अवस्थितावाक् स्थिता मूलाधारस्थिता फणावतीं भुजंगी सा कुंडलिनी सूर्यादापूर्य सूर्यात्पूरणं कृत्वा परिधाने युक्तिस्तया परिधानयुक्त्या प्रगृह्य गृहीत्वा। सायं सूर्यास्तसमये प्रातः सूर्योदयवेलायां नित्यमहरहः प्रहरस्य यामस्यार्धं प्रहरार्धं प्रहरार्द्धमेव प्रहरार्धमात्रं मुहूर्तद्वयमात्रं परिचालनीया परितश्चालयितुं योग्या। परिधानयुक्तिर्देशिकाद्बोध्या ॥ ११२ ॥

भाषार्थ-नीचे मूलाधारमें स्थित वह फणावती कुंडलिनी सूर्यसे पूरण करनेके अनंतर परिधानमें जो युक्ति है उससे ग्रहण करके सायंकाल और प्रातःकालके समय प्रतिदिन आधे प्रहर पर्यंत चारों तर्फ चालन करने योग्यहै परिधानकी युक्ति गुरुमुखसे जाननी चाहिये ॥ ११२ ॥

ऊर्ध्वं वितस्तिमात्रं तु विस्तारं चतुरंगुलम् ॥
मृदुलं धवलं प्रोक्तं वेष्टितांबरलक्षणम् ॥ ११३ ॥

कंदसंपीडनेन शक्तिचालनं विवक्षुरादौ कंदस्य स्थानं स्वरूपं चाह-ऊर्ध्वमिति ॥ मूलस्थानाद्वितस्तिमात्रं वितस्तिप्रमाणमूर्ध्वमुपरिनाभिमेढ्रयोर्मध्ये। एतेन कंदस्य स्थानमुक्तम्। तथा चोक्तं गोरक्षशतके-"ऊर्ध्वं मेढ्रादधो नाभेः कंदयोनिः खगांडवत्। तत्र नाड्यः समुत्पन्नाः सहस्राणि द्विसप्ततिः" इति। याज्ञवल्क्यः-"गुदात्तु द्व्यंगुलादूर्ध्वं मेढ्रात्तु द्व्यंगुलादधः।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri.

देहमध्यं तनोर्मध्यमनुजानामितीरितम् ॥ कंदस्थानं मनुष्याणां देहमध्यान्नवांगुलम् । चतुरंगुलविस्तारमायामं च तथाविधम् ॥ अंडाकृतिवदाकारभूषितं च त्वगादिभिः । चतुष्पदां तिरश्चां च द्विजानां तुंदमध्यगम्" इति । गुदाद्द्व्यंगुलोपर्येकांगुलं मध्यं तस्मान्नवांगुलं कंदस्थानं मिलित्वा द्वादशांगुलप्रमाणं वितस्तिमात्रं जातम् । चतुर्णामंगुलीनां समाहारश्चतुरंगुलं चतुरंगुलप्रमाणं विस्तारम् । विस्तारो दैर्घ्यस्याप्युपलक्षणम् । चतुरंगुलं दीर्घं च मृदुलं कोमलं धवलं शुभ्रं वेष्टितं वेष्टनाकारीकृतं यदंबरं वस्त्रं तस्य लक्षणं स्वरूपमिव लक्षणं स्वरूपं यस्य तादृशं प्रोक्तं कथितम् । कंदस्वरूपं योगिभिरिति शेषः ॥ ११३ ॥

भाषार्थ–कंदके पीडनेसे शक्तिचालनके कथनाभिलाषी आचार्य प्रथम कंदके स्थान और स्वरूपका वर्णन करतेहैं कि, मूलस्थानसे वितस्तिभर ऊपर अर्थात् नाभिस्थल और लिंगके मध्यमें इसवर्णनसे कंदका स्थान कहा सोई गोरक्षनाथने कहाहै कि 'लिंगसे ऊपर और नाभिसे नीचे पक्षियोंके अंडेके समान कंदकी योनि है उसमें बहत्तर सहस्र नाडी उत्पन्नहुई हैं. याज्ञवल्क्यने कहाहै कि, गुदासे दो अंगुल ऊपर लिंगसे दो अंगुल नीचे मनुष्योंके देह (तनु) का मध्य कहा है मनुष्योंका कंदस्थान देहके मध्यसे नौअंगुल ऊपर चार अंगुल चौडा और चार अंगुल लंबाहै और त्वचा आदिसे अंडाकारके समान शोभित है और चतुष्पद और तिरछी योनियोंके और पक्षियोंके तुंद मध्यमें होताहै अर्थात् गुदाके दो अंगुलोंसे ऊपर एक अंगुलका मध्य और उससे नौ अंगुल कंदस्थान हुआ. ये सब मिलकर बारह अंगुलका प्रमाण जिसका ऐसा वितस्तिमात्र हुआ और वह कंदस्थान चार अंगुल और कोमल और धवल और वेष्टित किये (लपेटे) वस्त्रके समान है रूप जिसका ऐसा योगीजनोंने कहाहै । भावार्थ यह है कि, मूलस्थानसे ऊपर वितस्तिमात्र चार अंगुलभर कोमल शुक्ल लपेटे हुये वस्त्रके समान कंदस्थान योगीजनोंने कहाहै ॥ ११३ ॥

सति वज्रासने पादौ कराभ्यां धारयेद्दृढम् ॥
गुल्फदेशसमीपे च कंदं तत्र प्रपीडयेत् ॥ ११४ ॥

सतीति ॥ वज्रासने कृते सति कराभ्यां हस्ताभ्यां गुल्फौ पादग्रन्थी तयोर्देशौ प्रदेशौ तयोः समीपे गुल्फाभ्यां किंचिदुपरि । 'तद्ग्रन्थी घुटिके गुल्फौ' इत्यमरः । पादौ चरणौ दृढं गाढं धारयेत् गृह्णीयात् । चकाराद्धृताभ्यां पादाभ्यां तत्र कंदस्थाने कंदं प्रपीडयेत्प्रकर्षेण पीडयेत् । गुल्फा

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

[stamp]

द्दूर्ध्वं कराभ्यां पादौ गृहीत्वा नाभेरधोभागे कंदं पीडयेदित्यर्थः ॥ ११४ ॥

भाषार्थ–वज्रासन करनेके अनंतर हाथोंसे गुल्फोंके समीपके स्थानमें दोनों चरणोंको दृढतासे धारण करै अर्थात् गुल्फोंके कुछेक ऊपरके भागमें चरणोंको हाथोंसे खूब पकडे और हाथोंसे पकडे हुये पादोंसे कंदके स्थानमें कंदको पीडित करै अर्थात् गुल्फसे ऊपर पादोंको हाथोंसे पकडकर नाभिके अधोभागमें कंदको पीडित करै (दाबै) ॥ ११४ ॥

वज्रासने स्थितो योगी चालयित्वा च कुंडलीम् ॥
कुर्यादनंतरं भस्त्रां कुंडलीमाशु बोधयेत् ॥ ११५ ॥

वज्रासन इति ॥ वज्रासने स्थितो योगी कुंडलीं चालयित्वा शक्तिचालनमुद्रां कृत्वेत्यर्थः । अनंतरं शक्तिचालनानंतरं भस्त्रां भस्त्राख्यं कुंभकं कुर्यात्। एवंरीत्या कुंडलीं शक्तिमाशु शीघ्रं बोधयेत्प्रबुद्धां कुर्यात् । वज्रासने शक्तिचालनस्य पूर्वं विधानेऽपि पुनर्वज्रासनोपपादनं शक्तिचालनानंतरं भस्त्रायां वज्रासनमेव कर्तव्यमिति नियमार्थम् ॥ ११५ ॥

भाषार्थ–वज्रासनमें स्थित (बैठाहुआ) योगी कुंडलीको चलाकर अर्थात् शक्तिचालन मुद्राको करके उसके अनंतर अर्थात् शक्तिचालनके पीछे भस्त्रानामके कुंभक प्राणायामको करै- इसरीतिसे कुंडलीका शीघ्र प्रबोधन कर यद्यपि वज्रासनमें शक्तिका चालन पहिले कह आयेहैं फिर जो वज्रासनका कथन है वह इसनियमके लिये है कि, शक्तिचालनके अनंतर भस्त्रामें वज्रासनही करना, अन्य नहीं ॥ ११५ ॥

भानोराकुंचनं कुर्यात्कुंडलीं चालयेत्ततः ॥
मृत्युवक्त्रगतस्यापि तस्य मृत्युभयं कुतः ॥ ११६ ॥

भानोरिति ॥ भानोर्नाभिदेशस्थस्य सूर्यस्याकुंचनं कुर्यात् । नाभेराकुंचनेनैव तस्याकुंचनं भवति । ततो भानोराकुंचनात्कुंडलीं शक्तिं चालयेत्। एवं यः करोति मृत्योर्वक्त्रं मुखं गतस्यापि प्राप्तस्यापि तस्य पुंसो मृत्युभयं कालभयं कुतः । न कुतोऽपीत्यर्थः ॥ ११६ ॥

भाषार्थ–नाभिदेशमें स्थित सूर्यका आकुंचन करै और वह सूर्यका आकुंचन नाभिके आकुंचनसेही होताहै, फिर सूर्यके आकुंचनसे कुंडली शक्तिका चालन करै. जो योगी इसप्रकारकी क्रियाको करताहै मृत्युके मुखमें गये हुयेभी उसयोगीको कालका भय किसप्रकार हो सकताहै ? अर्थात् मृत्युका भय नहीं रहता ॥ ११६ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

मुहूर्तद्वयपर्यंतं निर्भयं चालनादसौ ॥
ऊर्ध्वमाकृष्यते किंचित्सुषुम्नायां समुद्गता ॥ ११७ ॥

मुहूर्तद्वयमिति ॥ मुहूर्तयोर्द्वयं युग्मं घटिकाचतुष्टयात्मकं तत्पर्यंतं तदवधि निर्भयं निःशंकं चालनादसौ शक्तिः सुषुम्नायां समुद्गता सती किंचिदूर्ध्वमाकृष्यते आकृष्टा भवति ॥ ११७ ॥

भाषार्थ–दो मुहूर्त अर्थात् चार घडीपर्यंत निर्भय (अवश्य) चलायमान करनेसे सुषुम्नामें प्राप्त हुई यह शक्ति (कुंडली) किंचित् (कुछ) ऊपरको खिंच जातीहै॥११७॥

तेन कुंडलिनी तस्याः सुषुम्नायां मुखं ध्रुवम् ॥
जहाति तस्मात्प्राणोऽयं सुषुम्नां व्रजति स्वतः ॥११८॥

तेनेति ॥ तेनोर्ध्वमाकर्षणेन कुंडली तस्याः प्रसिद्धायाः सुषुम्नाया मुखं प्रवेशमार्गं ध्रुवं निश्चितं जहाति त्यजति । तस्मान्मार्गत्यागादयं प्राणवायुः स्वतः स्वयमेव सुषुम्नां व्रजति गच्छति । सुषुम्नामुखात्प्रागेव कुण्डलिन्या निर्गतत्वादिति भावः ॥ ११८ ॥

भाषार्थ–तिस ऊपरको आकर्षण करनेसे उस प्रसिद्ध सुषुम्नाके मुख अर्थात् प्रवेशके मार्गको निश्चयसे त्याग देतीहै तिसमार्गके त्यागसे प्राणवायु स्वतः (स्वयं) ही सुषुम्नामें प्रविष्ट होजाताहै क्योंकि, कुंडलिनी तो सुषुम्नाके मुखपरसे पहिलेही चली गई, अवरोधके अभाव होनेसे प्राणका स्वयंही प्रवेश होजाताहै ॥ ११८ ॥

तस्मात्संचालयेन्नित्यं सुखसुप्तामरुंधतीम् ॥
तस्याः संचालनेनैव योगी रोगैः प्रमुच्यते ॥ ११९ ॥

तस्मादिति ॥ यस्माच्छक्तिचालनेन प्राणः सुषुम्नां व्रजति तस्मात्सुखेन सुप्ता सुखसुप्ता तां सुखसुप्तामरुंधतीं शक्तिं नित्यं प्रतिदिनं संचालयेत्सम्यक् चालयेत । तस्याः शक्तेः संचालनेनैव संचालनमात्रेण योगी रोगैः कासश्वासजरादिभिः प्रमुच्यते प्रकर्षेण मुक्तो भवति ॥ ११९ ॥

भाषार्थ–जिससे शक्तिके चालनसे प्राण सुषुम्नामें प्राप्त होताहै तिससे सुखसे सोईहुई अरुंधती (कुंडलिनी) को नित्य भलीप्रकार चलायमान करै क्योंकि तिसशक्तिके चलायमान करनेसेही रोगी कास श्वास जरा आदि रोगोंसे निवृत्त होजाताहै ॥ ११९ ॥

येन संचालिता शक्तिः सः योगी सिद्धिभाजनम् ॥
किमत्र बहुनोक्तेन कालं जयति लीलया ॥ १२० ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

येनेति ॥ येन योगिना शक्तिः कुण्डली संचालिता स योगी सिद्धीनामणिमादीनां भाजनं पात्रं भवति । अत्रास्मिन्नर्थे बहूक्तेन बहुप्रशंसनेन किं, न किमपीत्यर्थः । कालं मृत्युं लीलया क्रीडयानायासेनैव जयत्यभिभवतीत्यर्थः ॥ १२० ॥

भाषार्थ–जिसयोगीने शक्ति चलायमान करली है वह योगी अणिमा आदि सिद्धियोंका पात्र होजाताहै और इसमें अधिक कहनेसे क्या है कालकोभी लीलासे अर्थात् अनायाससे जीत लेताहै ॥ १२० ॥

ब्रह्मचर्यरतस्यैव नित्यं हितमिताशिनः ॥
मंडलाद्दृश्यते सिद्धिः कुंडल्यभ्यासयोगिनः ॥ १२१ ॥

ब्रह्मचर्येति ॥ ब्रह्मचर्यं श्रोत्रादिभिः सहोपस्थसंयमस्तस्मिन् रतस्य तत्परस्य नित्यं सर्वदा हितं पथ्यं मितं चतुर्थांशवर्जितमश्नातीति तस्य कुण्डल्यभ्यासः शक्तिचालनाभ्यासः स एव योगः सोऽस्यास्तीति स तथा तस्य मंडलाच्चत्वारिंशद्दिनात्मकादनंतरं सिद्धिः प्राणायामसिद्धिर्दृश्यते ॥ "नासादक्षिणमार्गवाहिपवनात्प्राणोऽतिदीर्घीकृतश्चंद्राभः परिपूरितामृततनुः प्राग्घंटिकायास्ततः । छित्त्वा कालविशालवह्निवशगं भ्रूरंध्रनाडीगतं तत्कायं कुरुते पुनर्नवतरं छिन्नं ध्रुवं स्कंधवत् ॥" ॥ १२१ ॥

भाषार्थ–श्रोत्र आदि इंद्रियोंसहित लिंगके संयममें तत्पर जो योगी है और नित्य हितकारी प्रमित अर्थात् चतुर्थांशसे न्यून भोजन करताहै शक्तिचालनके अभ्यासी उस योगीको मंडल (४० दिन) के अनन्तर प्राणायामकी सिद्धिको देखतेहैं सोई कहा है कि, नासिकाके दक्षिणमार्गमें वहनेवाले पवनसे अत्यंत बढाया और घंटिका (कंठ) से पूर्व चंद्रमाके समान-अमृत है शरीर जिसका ऐसा प्राण जिसके अनंतर विशाल-काल और अग्नि ये वशमें हुई उसकुंडलीके अभ्यासशील योगीकी कायाको भ्रूकुटीके छिद्रमें वर्तमान नाडीमें पहुँचकर और कायाका छेदन करके इस प्रकार पुनः अत्यंत नवीन करताहै जैसे छेदन धरनेसे वृक्षका स्कंध (डाला) नवीन होजाता है ॥ १२१ ॥

कुंडलीं चालयित्वा तु भस्त्रां कुर्याद्विशेषतः ॥
एवमभ्यसतो नित्यं यमिनो यमभीः कुतः ॥ १२२ ॥

कुंडलीमिति ॥ कुंडलीं चालयित्वा शक्तिचालनं कृत्वा । अथानंतरमेव भस्त्रां भस्त्राख्यं कुंभकं कुर्यात् । नित्यं प्रतिदिनम् । एवमुक्तप्रकारेणाभ्यसतो

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

यमिनो योगिनो यमभीर्यमाद्भयं कुतः । न कुतोऽपीत्यर्थः । योगिनो देहत्यागस्य स्वाधीनत्वादिति तात्पर्यम् ॥ १२२ ॥

भाषार्थ–कुंडलीको चलायमान करके उसके अनंतरही विशेषकर भस्त्रानामके कुंभकप्राणायामको करै. इसप्रकार प्रतिदिन अभ्यास करताहुआ जो यमी (योगी) है उसको यमका भय कहां रहताहै, क्योंकि योगीके देहका त्याग अपने अधीन होताहै ॥ १२२ ॥

द्वासप्ततिसहस्राणां नाडीनां मलशोधने ॥
कुतः प्रक्षालनोपायः कुंडल्यभ्यसनादृते ॥ १२३ ॥

द्वासप्ततीति ॥ द्वाभ्यामधिका सप्ततिः द्वासप्ततिसंख्याकानि सहस्राणि द्वासप्ततिसहस्राणि तेषां तत्संख्याकानां नाडीनां मलशोधने कर्तव्ये सति कुण्डल्यभ्यसनाच्छक्तिचालनाभ्यासादृते विना कुतः प्रक्षालनोपायः । न कुतोऽपि । शक्तिचालनाभ्यासेनैव सर्वासां नाडीनां मलशोधनं भवतीत्यभिप्रायः ॥ १२३ ॥

भाषार्थ–बहत्तर सहस्र नाडियोंकी मलशुद्धिके करनेमें शक्तिचालनके विना प्रक्षालन (धोना) का अन्य कौन उपाय है अर्थात् कोई नहीं है. शक्तिचालनमुद्राके करनेसेही संपूर्ण नाडियोंके मलकी शुद्धि होती है ॥ १२३ ॥

इयं तु मध्यमा नाडी दृढाभ्यासेन योगिनाम् ॥
आसनप्राणसंयाममुद्राभिः सरला भवेत् ॥ १२४ ॥

इयं त्विति ॥ इयं मध्यमा नाडी सुषुम्ना योगिनां दृढाभ्यासेनासनं स्वस्तिकादि प्राणसंयामः प्राणायामः मुद्रा महामुद्रादिका तैः सरला ऋज्वी भवेत् ॥ १२४ ॥

भाषार्थ–यह सुषुम्नारूप मध्यमनाडी योगियोंके दृढअभ्याससे स्वस्तिक आदि आसन प्राणायाम और महामुद्रा इनके करनेसे सरल होजाती है ॥ १२४ ॥

अभ्यासे तु विनिद्राणां मनो धृत्वा समाधिना ॥
रुद्राणी वा यदा मुद्रा भद्रां सिद्धिं प्रयच्छति ॥ १२५ ॥

अभ्यास इति ॥ समाधिनेतरवृत्तिनिरोधरूपेणैकाग्र्येण मनो धृत्वांतःकरणं धारणानिष्ठं कृत्वाभ्यासे मनःस्थितौ यत्ने विगता निद्रा येषां ते तथा तेषाम् । निद्रापदमालस्योपलक्षणम् । अनलसानामित्यर्थः । रुद्राणी शांभवी मुद्रा वा अथवा परान्या उन्मन्यादिका भद्रां शुभां सिद्धिं योगसिद्धिं प्रयच्छति ददाति । एतेन हठयोगोपकारको राजयोगः प्रोक्तः ॥ १२५ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

भाषार्थ—अन्यविषयोंसे वृत्तिके रोकनेसे चित्तकी एकाग्रतारूप समाधिसे मनको धारणामें स्थित करके अभ्यास करनेमें जो निद्रा और आलस्यसे रहित हैं उनको शांभवी मुद्रा वा अन्यउन्मनी आदि मुद्रा शोभन योगसिद्धिको देती हैं इससे यह कहा कि, हठयोग राजयोगका उपकारक है ॥ १२५ ॥

राजयोगं विना पृथ्वी राजयोगं विना निशा ॥
राजयोगं विना मुद्रा विचित्रापि न शोभते ॥ १२६ ॥

राजयोगं विना आसनादीनां वैयर्थ्यमौपचारिकश्लेषेणाह—राजयोगमिति॥वृत्त्यंतरनिरोधपूर्वकात्मगोचरधारावाहिकनिर्विकल्पकवृत्ती राजयोगः। 'हठं विना राजयोगः' इत्यत्र सूचितस्तत्साधनाभ्यासो वा तं विना तमृते पृथ्वीशब्देन स्थैर्यगुणः राजयोगादासनं लक्ष्यते। राजयोगं विना परमपुरुषार्थफलासिद्धिरिति हेतुरग्रेऽपि योजनीयः राजयोगं विना निशेव निशा कुंभको न राजते निशायां प्रायेण राजजनसंचाराभावात्।निशाशब्देन प्राणसंचाराभावलक्षणः कुंभको लक्ष्यते। राजयोगं विना मुद्रा महामुद्रादिरूपा विचित्रापि विविधापि विलक्षणापि वा न राजते न शोभते। पक्षांतरे। राज्ञो नृपस्य योगोराजयोगो राजसंबंधस्तं विना पृथ्वी भूमिर्न राजते। 'शास्तारं विना भूमौ नानोपद्रवसंभवात्'। राजा चन्द्रः। 'सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां राजा' इति श्रुतेः। तस्य योगं संबंधं विना निशा रात्रिर्न राजते। राजयोगं विना नृपसंबंधं विना मुद्रा राजभिः पत्रेषु क्रियमाणश्चिह्नविशेषः। विचित्रापि। पृथ्वीपक्षे रत्नादिजनकत्वेन विलक्षणापि। निशापक्षे ग्रहनक्षत्रादिभिर्विचित्रापि। मुद्रापक्षे रेखाभिर्विचित्रापि न राजते ॥ १२६ ॥

भाषार्थ—अब राजयोगके विना आसन आदिकी निष्फलताको उपचारसे वर्णन करते हैं कि, अन्यवृत्तियोंको रोककर आत्मविषयक जो धारावाहिक निर्विकल्प मनकी वृत्ति उसे राजयोग कहते हैं और वह राजयोग—'हठके विना राजयोग वृथा है' इस वचनमें सूचित कर आये हैं उस राजयोगके वा उसके साधनोंके विना पृथ्वी (स्थिरता) शोभित नहीं होतीहै यहां पृथ्वीशब्दसे स्थिरता और राजयोगपदसे आसन लेना अर्थात् राजयोगके विना परमपुरुषार्थ (मोक्ष) रूप मोक्ष नहीं होसकता. यह हेतु आगेभी सम्पूर्ण वाक्योंमें समझना और राजयोगके विना निशा शोभित नहीं होती अर्थात् निशाके समान कुंभकरूप्राणायाम शोभित नहीं होता है, क्योंकि जैसे निशामें राजपुरुषोंका संचार नहीं होताहै इसीप्रकार कुंभकमें प्राणोंका संचार नहीं होताहै इससे निशापदसे

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

कुंभक लेते हैं और राजयोगके विना विचित्र भी मुद्रा अर्थात् अनेक प्रकारकी वा विलक्षण महामुद्रा आदि मुद्रा शोभित नहीं होतीहै पक्षांतरमें इस श्लोकका यह अर्थ है कि, राजाके संबन्ध विना रत्न आदिके उत्पन्न करनेवालीभी पृथ्वीकी शोभा नहीं है क्योंकि राजाकी शिक्षाके विना नानाउपद्रव भूमिमें होते हैं और राजा (चन्द्रमा) के सम्बन्ध विना ग्रहनक्षत्रोंसे विचित्रभी निशाकी शोभा नहीं होती हैं इस श्रुतिसे यहां राजपदसे चन्द्रमा लेते हैं कि, 'सोम हम ब्राह्मणोंका राजाहै' और राजाके योगविना मुद्राकी शोभा नहीं अर्थात् रेखा आदिसे विचित्रभी मुद्रा राजाके हाथसे किये हुये चिह्नविशेषरूप राजसम्बन्धके विना ग्रहण करने योग्य नहीं होती है ॥ १२६ ॥

मारुतस्य विधिं सर्वं मनोयुक्तं समभ्यसेत् ॥
इतरत्र न कर्तव्या मनोवृत्तिर्मनीषिणा ॥ १२७ ॥

मारुतस्येति ॥ मारुतस्य वायोः सर्वं विधिं कुंभकमुद्राविधानं मनोयुक्तं मनसा युक्तं समभ्यसेत्सम्यगभ्यसेत् । मनीषिणा बुद्धिमता पुंसा इतरत्र मारुतस्य विधेरन्यस्मिन्विषये मनोवृत्तिर्मनसो वृत्तिः प्रवृत्तिर्न कर्तव्या न कार्या ॥ १२७ ॥

भाषार्थ–प्राणवायुकी जो कुंभकमुद्रा आदि संपूर्ण विधि है उसका मनसे युक्त होकर (मन लगाकर) भलीप्रकार अभ्यास करे और प्राणवायुकी विधिसे अन्य जो विषय उनमें मनकी प्रवृत्तिको न करै ॥ १२७ ॥

इति मुद्रा दश प्रोक्ता आदिनाथेन शंभुना ॥
एकैका तासु यमिनां महासिद्धिप्रदायिनी ॥ १२८ ॥

मुद्रा उपसंहरति ॥ इतीति ॥ आदिनाथेन सर्वेश्वरेण शंभुना शं सुखं भवत्यस्मादिति शंभुस्तेन । इत्युक्तरीत्या दश दशसंख्याका मुद्राः प्रोक्ताः कथिताः। तासु मुद्रासु मध्ये एकैकापि प्रत्येकमपि या काचन मुद्रा यमिनां यमवतां योगिनां महासिद्धिप्रदायिन्यणिमादिप्रदात्री वा ॥ १२८ ॥

भाषार्थ--अब मुद्राओंकी समाप्तिका वर्णन करते हैं कि, आदिनाथ, (महादेव) ने ये दश मुद्रा कही हैं उन मुद्राओंमें एक २ भी मुद्रा (प्रत्येक) अर्थात् जो कोई मुद्रा योगीजनोंको अणिमा आदि महासिद्धियोंकी प्रदायिनी(देनेवाली)है॥ १२८॥

उपदेशं हि मुद्राणां यो दत्ते सांप्रदायिकम् ॥
स एव श्रीगुरुः स्वामी साक्षादीश्वर एव सः ॥ १२९ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

मुद्रोपदेष्टारं गुरुं प्रशंसति-उपदेशमिति ॥ यः पुमान्मुद्राणां महामुद्रादीनां संप्रदायाद्योगिनां गुरुपरंपरारूपादागतं सांप्रदायिकमुपदेशं दत्ते ददाति । स एव स पुमानेव श्रीगुरुः श्रीमान् गुरुः सर्वगुरुभ्यः श्रेष्ठ इत्यर्थः । स्वामी प्रभुः स एव साक्षात्प्रत्यक्ष ईश्वर एव सः । ईश्वराभिन्न एव स इत्यर्थः ॥ १२९ ॥

भाषार्थ--सांप्रदायिक (योगियों गुरुपरम्परासे चले आये) महामुद्रा आदिके उपदेशको जो पुरुष देताहै वही श्रीमान् गुरु अर्थात् सब गुरुओंमें श्रेष्ठहै और वही स्वामी अर्थात् प्रभुहै और वही साक्षात् परमेश्वरस्वरूप है ॥ १२९ ॥

तस्य वाक्यपरो भूत्वा मुद्राभ्यासे समाहितः ॥
अणिमादिगुणैः सार्धं लभते कालवंचनम् ॥ १३० ॥

इति श्रीस्वात्मारामयोगींद्रविरचितायां हठप्रदीपिकायां मुद्राविधानं नाम तृतीयोपदेशः ॥ ३ ॥

तस्येति॥तस्य मुद्राणामुपदेष्टुर्गुरोर्वाक्यपरो वाक्यमासनकुंभकाद्यनुष्ठानविषयकं युक्ताहारविहारचेष्टादिविषयकं च तस्मिन् परस्तत्परः तत्परश्चादरवान् । आदरश्च विहिततपःकरणं भूत्वा संभूय मुद्राणां महामुद्रादीनामभ्यासः पौनःपुन्येनावर्तनं तस्मिन् मुद्राभ्यासे समाहितः सावधानः पुरुषोऽणिमादिगुणैरणिमादिसिद्धिभिः सार्धं साकं कालस्य मृत्योर्वंचनं प्रतारणं लभते प्राप्नोति ॥ १३० ॥

इति श्रीहठप्रदीपिकाव्याख्यायां ब्रह्मानंदकृतायां ज्योत्स्नाभिधायां मुद्राकथनं नाम तृतीयोपदेशः ॥ ३ ॥

भाषार्थ—तिन मुद्राओंके उपदेशकर्ता गुरुके वाक्यमें अर्थात् आसन कुंभक आदिके अनुष्ठान विषयकी और युक्ताहार विहारकी चेष्टा आदि विषयोंकी आज्ञामें तत्पर (आदरवान्) और शास्त्रोक्त तप करनेरूप उस आदरके अनंतर वारंवार महामुद्रा आदिके अभ्यासमें सावधान होकर मनुष्य अणिमा आदि सिद्धियों सहित कालके वंचनको प्राप्त होता है अर्थात् उसको सिद्धि और कालसे निर्भयता ये दोनों प्राप्त होते हैं ॥ १३० ॥

इति श्रीस्वात्मारामयोगींद्रविरचितायां हठयोगप्रदीपिकायां पं० मिहरचंद्रकृतभाषाविवृतिसहितायां मुद्राविधानं नाम तृतीयोपदेशः समाप्तः ॥ ३ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

अथ चतुर्थोपदेशः ४.

नमः शिवाय गुरवे नादबिंदुकलात्मने ॥
निरंजनपदं याति नित्यं यत्र परायणः ॥ १ ॥

प्रथमद्वितीयतृतीयोपदेशोक्तानामासनकुंभकमुद्राणां फलभूतं राजयोगं विवक्षुः स्वात्मारामः श्रेयांसि बहुविघ्नानीति तत्र विघ्नबाहुल्यस्य संभवात्तन्निवृत्तये शिवाभिन्नगुरुनमस्कारात्मकं मंगलमाचरति ॥ नम इति ॥ शिवाय सुखरूपायेश्वराभिन्नाय वा । तदुक्तम् । 'नमस्ते नाथ भगवन् शिवाय गुरुरूपिणे' इति । गुरवे देशिकाय यद्वा गुरवे सर्वांतर्यामितया निखिलोपदेष्ट्रे शिवायेश्वराय । तथा च पातंजलसूत्रम्–'स पूर्वेषामपि गुरुः कालेनानवच्छेदात्'. । नमः प्रह्वीभावोऽस्तु । कीदृशाय शिवाय गुरवे नादबिंदुकलात्मने कांस्यघंटानिर्ह्रादवदनुरणनं नादः । बिंदुरनुस्वारोत्तरभावी ध्वनिः । कला नादैकदेशस्ता आत्मा स्वरूपं यस्य स तथा तस्मै । नादबिंदुकलात्मना वर्तमानायेत्यर्थः । तत्र नादबिंदुकलात्मनि शिवे गुरौ नित्यं प्रतिदिनं परायणोऽवहितः पुमान् । एतेन नादानुसंधानपरायण इत्युक्तं पूर्वपादेन गुरुशिवयोरभेदश्च सूचितः । अंजनं मायोपाधिस्तद्रहितं निरंजनं शुद्धं पद्यते गम्यते योगिभिरिति पदं ब्रह्म याति प्राप्नोति । तथा च वक्ष्यति–'नादानुसंधानसमाधिभाजम्' इत्यादिना ॥ १ ॥

भाषार्थ–प्रथम, द्वितीय, तृतीय उपदेशोंमें कहे जो आसन कुंभक मुद्रा हैं उनका फलरूप जो राजयोग है उसके कथनका अभिलाषी स्वात्माराम ग्रंथकार 'श्रेयकर्मोंमें बहुत विघ्न हुआ करतेहैं' इस न्यायसे अनेक विघ्नोंका संभव होसकताहै उन विघ्नोंकी निवृत्तिके लिये शिवरूप गुरुके नमस्कारात्मक मंगलको करतेहैं कि, शिवरूप अर्थात् सुखरूप वा ईश्वररूप सोई कहाहै कि, हे नाथ ! हे भगवन् ! शिवरूप गुरु जो आप हैं उनको नमस्कारहै गुरुको अथवा सबके उपदेशक अंतर्यामिरूपसे शिवरूपसे ईश्वरको। सोई पातंजलसूत्रमें कहाहै कि, कालसे अवच्छेदके न होनेसे वह ईश्वर पहिले सब आचार्योंकाभी गुरु है उस गुरु वा ईश्वरको नमस्कार है. जो गुरु नादबिंदुकलारूप है कांसीके घंटाके समान जो अनुरणन अर्थात् शब्द उसको नाद कहतेहैं और अनुस्वारके अनंतर जो ध्वनि होतीहै उसको बिंदु कहते हैं और नादके एकदेशको कला कहते हैं ये तीनों जिस गुरु वा ईश्वरके रूप हैं अर्थात् जो नाद बिंदु कलारूपसे वर्तमान हैं और 'जिस जिस नाद बिंदु कलारूप शिवरूप गुरुमें प्रतिदिन परायण (सावधान)

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

मनुष्य' इस कथनसे नादके अनुसंधानमें परायण और पूर्व पादसे शिव और गुरुका भेद सूचित किया उस मायोपाधिरूप अंजनसे रहित शुद्ध ब्रह्मपदको प्राप्त होताहै जिसको योगीजन प्राप्त होते हैं उसको पद कहते हैं सोई कहेंगे नादका जो अनुसंधानी और जो समाधिका ज्ञाता है वह योगी है--भावार्थ यह है कि, शिवरूप और नाद बिंदुकला जिसकी आत्मा है ऐसे उस गुरुको नमस्कार है जिसमें प्रतिदिन तत्पर मनुष्य शुद्धरूप ब्रह्मपदको प्राप्त होताहै ॥ १ ॥

अथेदानीं प्रवक्ष्यामि समाधिक्रममुत्तमम् ॥
मृत्युघ्नं च सुखोपायं ब्रह्मानंदकरं परम् ॥ २ ॥

समाधिक्रमं प्रतिजानीते-अथेति ॥ अथासनकुंभकमुद्राकथनानंतरमिदानीमस्मिन्नवसरे समाधिक्रमं प्रत्याहारादिरूपं प्रवक्ष्यामि प्रकर्षेण विविच्य वक्ष्यामीत्यन्वयः। कीदृशं समाधिक्रमम्। उत्तमं श्रीआदिनाथोक्तसंपादनकोटिसमाधिप्रकारेषूत्कृष्टम्। पुनः कीदृशं मृत्युं कालं हंति निवारयतीति मृत्युघ्नं स्वेच्छया देहत्यागजनकं तत्त्वज्ञानोदयमनोनाशवासनाक्षयैः सुखस्य जीवन्मुक्तिसुखस्योपायम्। प्राप्तिसाधनं पुनः कीदृशं परं ब्रह्मानंदकरं प्रारब्धकर्मक्षये सति जीवब्रह्मणोरभेदे नात्यंतिकब्रह्मानंदप्राप्तिरूपविदेहमुक्तिकरम्। तत्र निरोधः समाधिना चित्तस्य ससंस्काराशेषवृत्तिनिरोधे शांतघोरमूढावस्थानिवृत्तौ 'जीवन्नेवेह विद्वान् हर्षशोकाभ्यां विमुच्यते' इत्यादिश्रुत्युक्तनिर्विकारस्वरूपावस्थितिरूपा जीवन्मुक्तिर्भवति। परममुक्तिस्तु प्राप्तभोगांतःकरणगुणानां प्रतिप्रसवेनौपाधिकरूपात्यंतिकनिवृत्तावात्यंतिकं स्वरूपावस्थानं प्रतिप्रसवसिद्धम्। व्युत्थाननिरोधसमाधिसंस्कारा मनसि लीयंते। मनोऽस्मितायामस्मिता महति महान् प्रधान इति चित्तगुणानां प्रतिप्रसवः प्रतिसर्गः स्वकारणे लयः। ननु जीवन्मुक्तस्य व्युत्थाने ब्राह्मणोऽहं मनुष्योऽहमित्यादिव्यवहारदर्शनाच्चित्तादिभिरौपाधिकभावजननादम्लेन दुग्धस्येव स्वरूपच्युतिः स्यादिति चेन्न। संप्रज्ञातसमाधावनुभूतात्मसंस्कारस्य तात्त्विकत्वनिश्चयात्। अतात्त्विकान्यथाभावस्याविकारित्वाप्रयोजकत्वात्। अम्लेन दुग्धस्य दधिभावस्तु तात्त्विक इति। दृष्टांतवैषम्याच्च पुरुषस्य त्वंतःकरणोपाधिकोऽहं ब्राह्मण इत्यादिव्यवहारः स्फटिकस्य जपाकुसुमसन्निधानोपाधिरूपक एव न तात्त्विकः जपाकुसुमापगमे स्फटिकस्य स्वस्वरूपस्थितिवदंतःकरणस्य सकलवृत्तिनिरोधे स्वरूपावस्थितिरच्युतैव पुरुषस्य ॥ २ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

भावार्थ–अब आचार्य समाधिका जो क्रम उसके वर्णनको प्रतिज्ञा करते हैं कि, इसके अनंतर अर्थात् आसन कुंभकमुद्रा वर्णन करनेके अनंतर इदानीं (इस अवसरमें) प्रत्याहार आदिरूप उस समाधिके क्रमको प्रकर्षतासे (पृथक्) कहता हूँ जो समाधिका क्रम आदिनाथकी कहीहुई संपादन कोटिरूप समाधियोंके प्रकारों (भेदों) में उत्तम है और जो मृत्युका निवारणकर्ता है अर्थात् अपनी इच्छासे देहके त्यागका जनक है और जो उत्पत्ति, मनका नाश, वासनाका क्षय इन तीनोंके होनेपर जीवन्मुक्तिरूप सुखका उपाय (साधन) है और जो परमब्रह्मानंदका कर्ता है अर्थात् प्रारब्ध कर्मका क्षय होनेपर जीव ब्रह्मको अभेदका ज्ञान होनेसे आत्यंतिक ब्रह्मानंदकी प्राप्तिरूप जो मुक्ति उसको करताहै। यहां प्रथम समाधिसे चित्तका निरोध होताहै और संस्कारसहित संपूर्णवृत्तियोंका निरोध होनेपर शांत घोर मूढ अवस्थाओंकी निवृत्ति होतसंते इत्यादि श्रुतियोंमें कहीहुई कि, 'जीवताहुआही ज्ञानी हर्षशोकसे छूटजाता हैं' निर्विकार स्वरूपमें स्थितिरूप जीवन्मुक्ति होजातीहै और परममुक्ति तो यह है कि, प्राप्त हुये भोगके अन्तमें अन्तःकरणके गुणोंका प्रतिप्रसव होनेसे औपाधिकरूपकी अत्यन्त निवृत्ति होनेपर आत्यंतिक स्वरूपमें अवस्थान प्रतिप्रसवसे सिद्ध है और व्युत्थान निरोध समाधि संस्कार ये सब मनमें लीन होजाते हैं और मन अस्मितामें अस्मिता महान्में महान् प्रधानमें लीन होजाताहै. इसप्रकार चित्तके गुणोंका प्रतिप्रसव अर्थात् अपने २ कारणमें लयरूप प्रतिसर्ग होता है, कदाचित् कोई शंका करै कि, समाधिसे व्युत्थान (उठना) के समय मैं ब्राह्मण हूँ मैं मनुष्य हूँ इत्यादि व्यवहारके देखनेसे चित्त आदिसे औपाधिक भावके पैदाहोनेसे अम्लसे दूधके समान अपने ब्रह्मस्वरूपसे च्युति (पतन) होजायगा–सो ठीक नहीं है क्योंकि संप्रज्ञात समाधिमें अनुभूत (ज्ञात) जो आत्मसंस्कार उसके तात्त्विकत्व (यथार्थता) का निश्चय होजाताहै और अतात्त्विक जो अन्यथाभाव है वह अधिकारित्वका प्रयोजक नहीं होताहै–अम्लसे जो दूधका दधिभाव है वह तात्त्विक है इससे दृष्टांतभी विषम है–मनुष्यको तो अन्तःकरणरूप उपाधिसे मैं ब्राह्मण हूँ इत्यादि व्यवहार होताहै–और वह स्फटिकको जपाकुसुमकी संनिधानरूप उपाधिके समानही है तात्त्विक नहीं है–जपाकुसुमके हटानेपर स्फटिककी अपने स्वरूपमें स्थितिके समान अन्तःकरणकी सम्पूर्ण वृत्तियोंके निरोध होनेपर अपने स्वरूपमें स्थिति नष्ट नहीं होतीहै अर्थात् जीवन्मुक्तिकी अवस्थामें मनुष्य ब्रह्मरूपमें स्थित रहताहै--भावार्थ यह है कि, इसके अनन्तर उत्तम मृत्युके नाशक--सुखका उपाय और परम ब्रह्मानंदका जनक जो समाधिका क्रम उसको मैं अब वर्णन करताहूँ ॥ २ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

राजयोगः समाधिश्च उन्मनी च मनोन्मनी ॥
अमरत्वं लयस्तत्त्वं शून्याशून्यं परं पदम् ॥ ३ ॥
अमनस्कं तथाद्वैतं निरालंबं निरंजनम् ॥
जीवन्मुक्तिश्च सहजा तुर्या चेत्येकवाचकाः ॥ ४ ॥

समाधिपर्यायान् विशेषेणाह-राजयोग इत्यादिना श्लोकद्वयेन ॥ स्पष्टम् ॥ ३ ॥ ४ ॥

भाषार्थ-अब समाधिके पर्यायोंका वर्णन करते हैं कि, राजयोग-समाधि-उन्मनी-मनोन्मनी-अमरत्व-लय-तत्त्व- शून्याशून्यपरंपद-अमनस्क-अद्वैत-निरालंब-निरंजन-जीवन्मुक्ति-सहजा-तुर्या-ये सब एक समाधिकेही वाचक हैं-इन सब भेदोंका आगे वर्णन करेंगे ॥ ३ ॥ ४ ॥

सलिले सैन्धवं यद्वत्साम्यं भजति योगतः ॥
तथात्ममनसोरैक्यं समाधिरभिधीयते ॥ ५ ॥
यदा संक्षीयते प्राणो मानसं च प्रलीयते ॥
तदा समरसत्वं च समाधिरभिधीयते ॥ ६ ॥
तत्समं च द्वयोरैक्यं जीवात्मपरमात्मनोः ॥
प्रनष्टसर्वसंकल्पः समाधिः सोऽभिधीयते ॥ ७ ॥

त्रिभिः समाधिमाह-सलिल इति॥यदेति॥तत्सममिति॥ यद्वद्यथा सैंधवं सिंधुदेशोद्भवं लवणं सलिले जले योगतः संयोगात्साम्यं सलिलसाम्यं सलिलैक्यत्वं भजति प्राप्नोति तथा तद्वदात्मा च मनश्चात्ममनसी तयोरात्ममनसोरैक्यमेकाकारता। आत्मनि धारितं मन आत्माकारं सदात्मसाम्यं भजति तादृशमात्ममनसोरैक्यं समाधिरभिधीयते समाधिशब्देनोच्यत इत्यर्थः ॥ ५ ॥ ६ ॥ ७ ॥

भाषार्थ-जिसप्रकार सिंधुदेशमें उत्पन्न हुआ लवण जलकेविषे संयोगसे साम्यको भजता है अर्थात् जलका संयोग होनेसे जलके संग एकताको प्राप्त होजाताहै तिसीप्रकारसे जो आत्मा और मनकी एकता है अर्थात् आत्मामें धारण किया हुआ मन आत्माकार होनेसे आत्मरूपको प्राप्त होजाताहै उसी आत्मा मनकी एकताको समाधि कहते हैं जब प्राण भलीप्रकार क्षीण होजाता है और मनकाभी लय होजाताहै उस

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

समयमें हुई जो समरसता उसकोभी समाधि कहते हैं और जीवात्मा और परमात्मा इन दोनोंकी एकतारूपकोही समता कहतेहैं और उससमय नष्ट हुये हैं संपूर्ण संकल्प जिसमें उसको समाधि कहतेहैं ॥ ५ ॥ ६ ॥ ७ ॥

राजयोगस्य माहात्म्यं को वा जानाति तत्त्वतः ॥
ज्ञानं मुक्तिः स्थितिः सिद्धिर्गुरुवाक्येन लभ्यते ॥ ८ ॥

अथ राजयोगप्रशंसा–राजयोगस्येति ॥ राजयोगस्यानंतरमेवोक्तस्य माहात्म्यं प्रभावं तत्त्वतो वस्तुतः को वा जानाति ? न कोऽपि जानातीत्यर्थः । तत्त्वतो वक्तुमशक्यत्वेऽप्येकदेशेन राजयोगप्रभावमाह–ज्ञानं स्वस्वरूपापरोक्षानुभवः मुक्तिर्विदेहमुक्तिः स्थितिर्निर्विकारस्वरूपावस्थितिरूपा जीवन्मुक्तिः सिद्धिरणिमादिर्गुरुवाक्येन गुरुवचसा लभ्यते । राजयोगादिति शेषः ॥ ८ ॥

भाषार्थ–अब राजयोगकी प्रशंसीका वर्णन करतेहैं कि, इसके अनंतर कहे हुये राजयोगके माहात्म्यको यथार्थरूपसे कौन जानता है अर्थात् कोई भी नहीं जानता है तत्त्वसे कहनेके अयोग्य भी एकदेशरूपसे राजयोगके प्रभावको वर्णन करतेहैं कि, ज्ञान अर्थात् अपने आत्मस्वरूपका अपरोक्ष अनुभव और विदेहमुक्ति और निर्विकारस्वरूपमें अवस्थितिरूप जीवन्मुक्ति और अणिमाआदि सिद्धि ये सब गुरुके वाक्यसे प्राप्त हुये राजयोगकेद्वारा प्राप्त होतेहैं ॥ ८ ॥

दुर्लभो विषयत्यागो दुर्लभं तत्त्वदर्शनम् ॥
दुर्लभा सहजावस्था सद्गुरोः करुणां विना ॥ ९ ॥

दुर्लभ इति ॥ विशेषेण सिन्वंत्यवबध्नंति प्रमातारं स्वसंगेनेति विषयाः ऐहिका दारादय आमुष्मिकाः सुधादयस्तेषां त्यागो भोगेच्छाभावो दुर्लभः । तत्त्वदर्शनमात्मापरोक्षानुभवः दुर्लभं सहजावस्था तुर्यावस्था सद्गुरोः 'दृष्टिः स्थिरा यस्य विनैव दृश्यम्' इति वक्ष्यमाणलक्षणस्य करुणां दयां विनेति सर्वत्र संबध्यते । दुर्लभा लब्धुमशक्या; 'दुः स्यात्कष्टनिषेधयोः' इति कोशः । गुरुकृपया तु सर्वं सुलभमिति भावः ॥ ९ ॥

भाषार्थ–अपने प्रमाता (भोक्ता) को जो अपने संगसे विशेष करके बांधे उन्हें विषय कहते हैं और वे विषय इसलोकके स्त्री आदि और परलोकके अमृत आदि होते हैं उन विषयोंका त्याग दुर्लभ है और आत्माके अपरोक्षानुभवरूप तत्त्वका दर्शन दुर्लभ है–और सहजावस्था (तुरीया अवस्था) दुर्लभ है अर्थात् ये पूर्वोक्त तीनों

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

सद्गुरुकी दयाके विना दुर्लभ हैं और गुरुकी दयासे तो संपूर्ण सुलभ है और सद्गुरुका स्वरूप यह कहेंगे कि, 'देखनेयोग्य पदार्थके विनाही जिसकी दृष्टि स्थिर हो' वह सद्गुरु होता है ॥ ९ ॥

विविधैरासनैः कुंभैर्विचित्रैः करणैरपि ॥
प्रबुद्धायां महाशक्तौ प्राणः शून्ये प्रलीयते ॥ १० ॥

विविधैरिति ॥ विविधैरनेकविधैरासनैर्मत्स्येंद्रादिपीठैर्विचित्रैर्नानाविधैः कुम्भकैः। विचित्रैरिति काकाक्षिगोलकन्यायेनोभयत्र संबध्यते । विचित्रैरनेकप्रकारकैः करणैर्हठसिद्धौ प्रकृष्टोपकारकैर्महामुद्रादिभिर्महाशक्तौ कुंडलिन्यां प्रबुद्धायां गतनिद्रायां सत्यां प्राणो वायुः शून्ये ब्रह्मरंध्रे प्रलीयते लयं प्राप्नोति । व्यापाराभावः प्राणस्य प्रलयः ॥ १० ॥

भाषार्थ-अनेक प्रकारके मत्स्येंद्र आदि आसन और विचित्र २ कुंभक प्राणायाम और विचित्र अर्थात् अनेक प्रकारके हठसिद्धिमें कहे हुये महामुद्रा आदि इनसे जब महाशक्ति (कुंडलिनी) प्रबुद्ध होजाती है अर्थात् निद्राको त्याग देती है तब प्राणवायु शून्य (ब्रह्मरंध्र) में लय होजाता है-और व्यापारके अभावकोही प्राणका लय कहते हैं ॥ १० ॥

उत्पन्नशक्तिबोधस्य त्यक्तनिःशेषकर्मणः ॥
योगिनः सहजावस्था स्वयमेव प्रजायते ॥ ११ ॥

उत्पन्नेति ॥ उत्पन्नो जातः शक्तिबोधः कुण्डलीबोधो यस्य तस्य त्यक्तानि परिहृतानि निःशेषाणि समग्राणि कर्माणि येन तस्य योगिनः। आसनेन कायिकव्यापारे त्यक्ते प्राणेंद्रियेषु व्यापारस्तिष्ठति । प्रत्याहारधारणाध्यानसंप्रज्ञातसमाधिभिर्मानसिकव्यापारे त्यक्ते बुद्धौ व्यापारस्तिष्ठति 'असंगो ह्ययं पुरुषः' इति श्रुतेरपरिणामी शुद्धः पुरुषः सत्त्वगुणात्मिका परिणामिनी बुद्धिरिति ॥ ११ ॥

भाषार्थ-उत्पन्न हुआ है कुंडलिनीरूप शक्तिका बोध जिसको और त्याग दिये हैं संपूर्ण कर्म जिसने ऐसे योगीको स्वयंही सहजावस्था होजाती है-क्योंकि आसन बांधनेसे देहके व्यापारका त्याग होनेपर प्राण और इंद्रियोंमें व्यापार बना रहता है और प्रत्याहार-धारणा-ध्यान-संप्रज्ञातसमाधि इनसे मानसिक व्यापारके त्याग होनेपर बुद्धिमें व्यापार टिकता है, क्योंकि इस श्रुतिमें असंग यह पुरुष है यह कहा है इससे पुरुष

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

अपरिणामी और शुद्ध है और सत्त्वगुणरूप बुद्धि परिणामवाली है और उत्तमवैराग्यसे वा दीर्घकालतक संप्रज्ञात समाधिके अभ्याससे बुद्धिके व्यापार कभी त्याग होनेपर नीर्विकारस्वरूपमें स्थिति होजाती है वही सहजावस्था, तुर्यावस्था, जीवन्मुक्ति अन्यप्रयत्नके विनाही होजाती है क्योंकि इस श्रुतिमें लिखा है कि, जिससे त्यागता है उसकोभी त्यागकर बुद्धिसे संगरहित होजाय ॥ ११ ॥

सुषुम्नावाहिनि प्राणे शून्ये विशति मानसे ॥
तदा सर्वाणि कर्माणि निर्मूलयति योगवित् ॥ १२ ॥

परवैराग्येण दीर्घकालसंप्रज्ञाताभ्यासेनैव वा बुद्धिव्यापारे परित्यक्ते निर्विकारस्वरूपावस्थितिर्भवति सैव सहजावस्था तुर्यावस्था जीवन्मुक्तिः स्वयमेव प्रयत्नांतरं विनैव प्रजायते प्रादुर्भवति । 'येन त्यजसि तत्त्यजेति निःसंगः प्रज्ञया भवेत्' इति च श्रुतेः ॥ सुषुम्नेति । प्राणे वायौ सुषुम्नावाहिनि मध्यनाडीप्रवाहिनि सति मानसेऽतःकरणे शून्ये देशकालवस्तुपरिच्छेदहीने ब्रह्मणि विशति सति तदा तस्मिन् काले योगविच्चित्तवृत्तिनिरोधज्ञः सर्वाणि कर्माणि सप्रारब्धानि निर्मूलानि करोति निर्मूलयति निर्मूलशब्दात् 'तत्करोति' इति णिच् ॥ १२ ॥

भाषार्थ–प्राणवायु जब सुषुम्नामें बहने लगता है और मन, देश, काल, वस्तुके परिच्छेदसे शून्यब्रह्ममें प्रविष्ट होजाता है उस समय चित्तवृत्तिके निरोधका ज्ञाता योगी प्रारब्धसहित संपूर्णकर्मोंको निर्मूल (नष्ट) करदेता है ॥ १२ ॥

अमराय नमस्तुभ्यं सोऽपि कालस्त्वया जितः ॥
पतितं वदने यस्य जगदेतच्चराचरम् ॥ १३ ॥

समाध्यभ्यासेन प्रारब्धकर्मणोऽप्यभिभवाज्जितकालं योगिनं नमस्करोति--अमरायेति ॥ न म्रियत इत्यमरः । तस्मा अमराय चिरंजीविने तुभ्यं योगिने नमः।सोऽपि दुर्वारोऽपि कालो मृत्युस्त्वया योगिना जितोऽभिभूतः। इदं वाक्यं नमस्करणे हेतुः । स कः यस्य कालस्य वदने मुखे एतद्दृश्यमानं चराचरं स्थावरजंगमं जगत्संसारः पतितः सोऽपि जगद्भक्षकोऽपीत्यर्थः॥१३॥

भाषार्थ–समाधिके अभ्याससे प्रारब्धकर्मकाभी तिरस्कार हो जाता है इससे जिसने कालकोभी जीत लिया है उस योगीको सब नमस्कार करते हैं कि, तिस अमर (चिरजीवी) आपको नमस्कार है. जिसने दुःखसे निवारण करने योग्यभी वह काल (मृत्यु) जीत लिया जिस कालके मुखमें यह स्थावर जंगमरूप चराचर जगत् पतित है ॥ १३ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

चित्ते समत्वमापन्ने वायौ व्रजति मध्यमे ॥
तदामरोली वज्रोली सहजोली प्रजायते ॥ १४ ॥

पूर्वोक्तममरोल्यादिकं समाधिसिद्धावेव सिद्ध्यतीति समाधिनिरूपणानंतरं समाधिसिद्धौ तत्सिद्धिरित्याह--चित्त इति ॥ चित्तेंऽतः-करणे समत्वं ध्येयाकारवृत्तिप्रवाहत्वं आपन्ने प्राप्ते सति वायौ प्राणे मध्यमे सुषुम्नायां व्रजति सतीति चित्तसमत्वे हेतुः । तदा तस्मिन् काले अमरोली वज्रोली सहजोली च पूर्वोक्ताः प्रजायंते नाजितप्राणस्य न चाजितचित्तस्य सिद्ध्यंतीति भावः ॥ १४ ॥

भाषार्थ--पूर्वोक्त अमरोली आदि मुद्रा समाधिके सिद्ध होनेपरही सिद्ध हो जाती हैं इससे समाधिनिरूपणके अनंतर समाधिके सिद्ध होनेपर उनकीभी सिद्धिका वर्णन करते हैं, कि, जब अंत:करणरूप चित्त ध्यान करने योग्य वस्तुके आकारवृत्ति प्रवाहको प्राप्त होजाता है अर्थात् ब्रह्माकार होजाता है और प्राणवायु सुषुम्नामें प्रविष्ट होजाता है अर्थात् इसप्रकार चित्तकी समता होनेपर उसकालमें अमरोली, वज्रोली, सहजोली ये पूर्वोक्त मुद्रा भलीप्रकार होजाती हैं और जिसने प्राण और चित्तको नहीं जीता उसको सिद्ध नहीं होती हैं ॥ १४ ॥

ज्ञानं कुतो मनसि संभवतीह ताव-
त्प्राणोऽपि जीवति मनो म्रियते न यावत् ॥
प्राणो मनो द्वयमिदं विलयं नयेद्यो
मोक्षं स गच्छति नरो न कथंचिदन्यः ॥ १५ ॥

हठाभ्यासं विना ज्ञानं मोक्षश्च न सिद्ध्यतीत्याह--ज्ञानमिति ॥ यावत्प्राणो जीवति । अपिशब्दादिंद्रियाणि जीवंति न तु म्रियंते । यावन्मनो न म्रियते किंतु जीवत्येव । इडापिंगलाभ्यां वहनं प्राणस्य जीवनं स्वस्वविषयग्रहणमिंद्रियाणां जीवनं नानाविषयाकारवृत्त्युत्पादनं मनसो जीवनं तत्तद्भावतत्तन्मरणमत्र विवक्षितम् । ननु स्वरूपतस्तेषां नाशस्तावन्मनस्यंतःकरणे ज्ञानमात्मापरोक्षानुभवः कुतः संभवति न । कर्तापि प्राणेंद्रियमनोवृत्तीनां ज्ञानप्रतिबंधकत्वादिति भावः। प्राणो मनः इदं द्वयं यो योगी विलयं नाशं नयेत्स मोक्षमात्यंतिकस्वरूपावस्थानलक्षणं गच्छति प्राप्नोति । ब्रह्मरंध्रे निर्व्यापारस्थितिः प्राणस्य लयः । ध्येयाकारावेशात् । विषयांतरे-

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

णाधारेण मनसो लयोऽन्यः । अलीनप्राणोऽलीनमनाश्च कथंचिदुपायशतेनापि न मोक्षं प्राप्नोतीत्यर्थः । तदुक्तं योगबीजे–'नानाविधैर्विचारैस्तु न साध्यं जायते मनः । तस्मात्तस्य जयः प्रायः प्राणस्य जय एव हि' इति । नानामार्गैः सुखदुःखप्रायं कैवल्यं परमं पदं 'सिद्धमार्गेण लभ्येत नान्यथा शिवभाषितम्' इति च । सिद्धमार्गो योगमार्गः । एतेन योगं विना ज्ञानं मोक्षश्च न सिद्ध्यतीति सिद्धम् । श्रुतिस्मृतीतिहासपुराणादिषु चेदं प्रसिद्धम् । तथाहि अथ 'तद्दर्शनाभ्युपायो योग' इति तद्दर्शनमात्मदर्शनम् । 'अध्यात्मयोगाधिगमेन देवं मत्वा धीरो हर्षशोकौ जहाति' इति । 'श्रद्धाभक्तिध्यानयोगादवेद' इति 'यदा पंचावतिष्ठंते ज्ञानानि मनसा सह । बुद्धिश्च न विचेष्टेत तामाहुः परमां गतिम् ॥ तां योगमिति मन्यंते स्थिरामिंद्रियधारणाम् । अप्रमत्तस्तदा भवति' इति । 'यदात्मतत्त्वेन तु ब्रह्मतत्त्वं दयोपमेनेह युक्तः प्रपश्येत् । अजं ध्रुवं सर्वतत्त्वैर्विशुद्धं ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः ॥ ब्रह्मणे त्वा महस ओमित्यात्मानं युंजीतेति त्रिरुन्नतः स्थाप्य समशरीरः हृदींद्रियाणि मनसा सन्निवेश्य ब्रह्माह्वयेन प्रतरेत विद्वान् स्रोतांसि सर्वाणि भयावहानि' इति । 'ओमित्येवं ध्यायथ आत्मानम्' इत्याद्याः श्रुतयः ॥ यतिधर्मप्रकरणे मनुः–'भतभाव्यानवेक्षेत योगेन परमात्मनः । देहद्वयं विहायाशु मुक्तो भवति बंधनात् ॥' याज्ञवल्क्यस्मृतौ–'इज्याचारदमाहिंसादानस्वाध्यायकर्मणाम् । अयं तु परमो धर्मो यद्योगेनात्मदर्शनम् ॥' महर्षिमातंगः–'अग्निष्टोमादिकान् सर्वान् विहाय द्विजसत्तमः। योगाभ्यासरतः शांतः परं ब्रह्माधिगच्छति ॥ ब्राह्मणक्षत्रियविशां स्त्रीशूद्राणां च पावनम् । शांतये कर्मणामन्यद्योगान्नास्ति विमुक्तये ॥' दक्षस्मृतौ व्यतिरेकमुखेनोक्तम्–'स्वसंवेद्यं हि तद्ब्रह्म कुमारी स्त्रीसुखं यथा । अयोगी नैव जानाति जात्यंधो हि यथा घटम्' इत्याद्याः स्मृतयः ॥ महाभारते योगमार्गे व्यासः–'अपि वर्णावकृष्टस्तु नारी वा धर्मकांक्षिणी । तावप्येतेन मार्गेण गच्छेतां परमां गतिम् ॥ यदि वा सर्वधर्मज्ञो यदि वाप्यकृती पुमान् । यदि वा धार्मिकः श्रेष्ठो यदि वा पापकृत्तमः ॥ यदि वा पुरुषव्याघ्रो यदि वा क्लैब्यधारकः । नरः सेव्यं महादुःखं जरामरणसागरम् ॥ अपि जिज्ञासमानोऽपि शब्दब्रह्मातिवर्तते ॥' इति ॥ भगवद्गीतायाम्–'युंजन्नेवं सदात्मानं योगी नियतमानसः। शांतिं निर्वाणपरमां मत्संस्थामधिगच्छति ॥ यत्सांख्यैः प्राप्यते

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

स्थानम्' इत्यादि च ॥ आदित्यपुराणे--'योगात्संजायते ज्ञानं योगो मय्येकचित्तता ॥' स्कंदपुराणे--'आत्मज्ञानेन मुक्तिः स्यात्तच्च योगादृते नहि। स च योगश्चिरं कालमभ्यासादेव सिद्ध्यति ॥' कूर्मपुराणे शिववाक्यम्--'अतः परं प्रवक्ष्यामि योगं परमदुर्लभम्। येनात्मानं प्रपश्यंति भानुमंतमिवेश्वरम्। योगाग्निर्दहति क्षिप्रमशेषं पापपंजरम् ॥ प्रसन्नं जायते ज्ञानं ज्ञानान्निर्वाणमृच्छति ॥' गरुडपुराणे--'तथा यतेत मतिमान्यथा स्यान्निर्वृतिः परा। योगेन लभ्यते सा तु न चान्येन तु केनचित् ॥ भवतापेन तप्तानां योगो हि परमौषधम्। परावरप्रसक्ता धीर्यस्य निर्वेदसंभवा ॥ स च योगाग्निना दग्धसमस्तक्लेशसंचयः। निर्वाणं परमं नित्यं प्राप्नोत्येव न संशयः ॥ संप्राप्तयोगसिद्धिस्तु पूर्णो यस्त्वात्मदर्शनात्। न किंचिद्दृश्यते कार्यं तेनैव सकलं कृतम् ॥ आत्मारामः सदा पूर्णः सुखमात्यंतिकं गतः। अतस्तस्यापि निर्वेदः परानंदमयस्य च ॥ तपसा भावितात्मानो योगिनः संयतेंद्रियाः। प्रतरंति महात्मानो योगेनैव महार्णवम् ॥' विष्णुधर्मेषु--'यच्छ्रेयः सर्वभूतानां स्त्रीणामप्युपकारकम्। अपि कीटपतंगानां तन्नः श्रेयः परं वद ॥ इत्युक्तः कपिलः पूर्वं देवैर्देवर्षिभिस्तथा। योग एव परं श्रेयस्तेषामित्युक्तवान् पुरा ॥' वासिष्ठे--'दुःसहा राम संसारविषवेगविषूचिका। योगगारुडमंत्रेण पावनेनोपशाम्यति ॥' ननु तत्त्वमस्यादिवाक्यैरप्यपरोक्षप्रमाणं भवतीति किमर्थमतिश्रमसाध्ये योगे प्रयासः कार्यः। न च वाक्यजन्यज्ञानस्यापरोक्षत्वे प्रमाणासंभव इति वाच्यम्। तत्त्वमस्यादिवाक्यजन्यं ज्ञानमपरोक्षम्। अपरोक्षविषयकत्वात्। चाक्षुषघटादिप्रत्यक्षवदित्यनुमानस्य प्रमाणत्वात्। न च विषयगतापरोक्षत्वस्य नीरूपत्वाद्धेतुत्वसिद्धिरिति वाच्यम्। अज्ञानविषयचित्ततत्तादात्म्यापन्नत्वान्यतररूपस्य तस्य सुनिरूपत्वात्। यथा हि घटादौ चक्षुःसन्निकर्षेणांतःकरणवृत्तिदशायां तदधिष्ठानचैतन्याज्ञाननिवृत्तौ तच्चैतन्यस्याज्ञानविषयता तद्घटस्याज्ञानविषयचैतन्यतादात्म्यापन्नत्वं चापरोक्षत्वम्। तथा तत्त्वमस्यादिवाक्येन शुद्धचैतन्याकारांतःकरणवृत्त्युत्थापने सति तदज्ञानस्य निवृत्तत्वेनैव तत्त्वस्याज्ञानविषयत्वाच्चैतन्यस्यापरोक्षत्वमिति न हेत्वसिद्धिः। न चाप्रयोजकत्वं ज्ञानगम्यत्वापरोक्षत्वं प्रत्यक्षपरोक्षविषयकत्वेन प्रयोजकत्वात्। नत्विन्द्रियजन्यत्वं मनस इंद्रियत्वाभावेन सुखादिपरत्वे व्यभिचारात्। अथवाभिव्यक्तचैतन्याभिन्नतया भासमानत्वं विषयस्यापरोक्षत्वम्। अभिव्यक्तत्वं च निवृत्त्यावर-

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

णकत्वं परोक्षवृत्तिस्थले वावरणनिवृत्त्यभावान्नातिव्याप्तिः । सर्पादिभ्रमजनकदोषवतस्तु नायं सर्पः किंतु रज्जुरिति वाक्येन जायमाना वृत्तिस्तु नावरणं निवर्तयतीति तत्र परोक्ष एव विषयः । वेदांतवाक्यजन्यं च ज्ञानमावरणनिवर्तकत्वादपरोक्षमेव तन्मननादेः पूर्वमुत्पन्नम् । ज्ञाननिवर्तकप्रमाणासंभावनादिदोषसामान्याभावविशिष्टस्यैव तस्याज्ञाननिवर्तकत्वात् । किंच 'तं त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि' इति श्रुतिमतिपन्नमुपनिषन्मात्रागम्यत्वं योगगम्यत्वेनोपपन्नं स्यात् । तस्मात्तत्त्वमस्यादिवाक्यादेवापरोक्षमिति चेन्न । अनुमानस्याप्रयोजकत्वात् । न च प्रत्यक्षं प्रति निरुक्ताक्षसामान्यं प्रतींद्रियत्वेन कारणतया तज्जन्यत्वस्यैव प्रयोजकत्वान्नित्यानित्यसाधारणप्रत्यक्षत्वे तु न किंचित्प्रयोजकत्वमिति । तन्मते तु प्रत्यक्षविशेषे इंद्रियं कारणं तद्विशेषे च शब्दविशेष इत्येवं कार्यकारणभावद्वयं स्यात् । न च मनसोऽनिंद्रियत्वं मनस इंद्रियत्वे बाधकाभावादिंद्रियाणां मनो नाथ इति मनुष्यमिवोद्दिश्य मनुष्याणामयं राजेत्यादिवदिंद्रियेष्वेव किंचिदुत्कर्षं ब्रवीति । न तु तस्याप्यनिंद्रियत्वं तत्त्वं च षट्स्वखंडोपाधिविशेष एव । अत एव 'कर्मेंद्रियं तु पाय्वादि मनोनेत्रादि धींद्रियम्' इति 'प्रत्यक्षं स्यादैंद्रियकमप्रत्यक्षमतींद्रियम्' इति च शक्तिप्रमाणभूतकोशेऽपींद्रियाप्रमाणकज्ञानस्याप्रत्यक्षत्वं वदन् मनस इंद्रियत्वज्ञापकत्वं संगच्छते । 'इंद्रियाणि दशैकं च' इति गीतावचनं मनस इंद्रियत्वे प्रमाणम् । किंच तत्त्वमस्यादिवाक्यजन्यं ज्ञानं शाब्दम् । शब्दजन्यत्वाद् 'यजेत' इत्यादिवाक्यजन्यज्ञानवदित्यनेनापरोक्षविरोधिशाब्दत्वसाधकेन सत्प्रतिपक्षः । न चेदमप्रयोजकम् । शाब्दं प्रत्येव शब्दस्य जनकत्वेन लाघवमूलकानुकूलतर्कात् । त्वन्मते तु शब्दादपि प्रत्यक्षस्वीकारेण कार्यकारणभावद्वयकल्पने गौरवम् । अपि च मननर्निदिध्यासनाभ्यां पूर्वमप्युत्पन्नम् । तव मते परोक्षमपि नाज्ञाननिवर्तकमित्यज्ञाननिवृत्तिं प्रति बाधज्ञानत्वेनैव हेतुत्वमिति गौरवम् । मम तु समाध्यभ्यासपरिपाकेनासंभावनादिसकलमलरहितेनांतःकरणेनात्मनि दृष्टे सति दर्शनमात्रादेवाज्ञाने निवृत्ते न कश्चिद्गौरवावकाशः । 'एष सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा न प्रकाशते । दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः । यच्छेद्वाङ्मनसी प्राज्ञ' इत्यारभ्याज्ञाननिवृत्त्यर्थकेन 'मृत्युमुखात्प्रमुच्यते' इत्यंतेन कठवल्लीस्थमृत्यूपदेशेन संमतोऽयमर्थ इति न कश्चिदत्र विवादः इति । यदि तु मननादेः

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

पूर्वमुत्पन्नं ज्ञानं परोक्षमेवेति न प्रतिबद्धत्वकृतगौरवमिति मतमाद्रियते तदपि श्रवणादिभिर्मनःसंस्कारे सिद्धेऽव्यवहितोत्तरमात्मदर्शनसंभवात्तदुत्तरं वाक्यस्मरणादिकल्पनं महद्गौरवापादकमेव। ननु न वयं केवलेन तर्केण शब्दजन्यज्ञानस्यापरोक्षत्वं वदामः किंतु श्रुत्यापि। तथाहि—'तं त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि' इति श्रुत्या चौपनिषदत्वं पुरुषस्य नोपनिषज्जन्यबुद्धिविषयत्वमात्रं प्रत्यक्षादिगम्येप्यौपनिषदत्वे व्यवहारापत्तेः। यथा हि द्वादशकपालेऽष्टानां कपालानां सत्त्वेऽपि द्वादशकपालसंस्कृतेनाष्टाकपालादिव्यवहारः। यथा द्विपुत्रादावेकपुत्रादिव्यवहारस्तथात्रापि। नान्यत्र तथा व्यवहार इति। उपनिषन्मात्रगम्यत्वमेव प्रत्ययार्थः। तच्च मनोगम्यत्वेऽनुपपन्नमिति चेन्न। नहि प्रत्ययेनोपनिषद्भिन्नं सर्वं कारणत्वेन व्यावर्त्यते। शब्दापरोक्षवादिना त्वयाप्यात्मपरोक्षे मनआदीनां करणत्वस्यांगीकारात्। किंतु पुराणादिशब्दांतरमेव 'श्रोतव्यः श्रुतिवाक्येभ्यः' इति स्मरणात्स चार्थो ममापि संमत इति न किंचिदेतत्। प्रमाणांतरव्यावृत्तौ तात्पर्यकल्पनं चात्मपरोक्षे शब्दस्य प्रमाणत्वे सिद्ध एव वक्तुमुचितम्। शब्दांतरव्यावृत्तितात्पर्यं तु श्रुत्यादिसंमतत्वात्कल्पयितुमुचितमेव। एवं स्थिते 'मनसैवानुद्रष्टव्यं मनसैवेदमाप्तव्यम्' इत्यादिश्रुतयोऽप्यांजस्येन प्रतिपादिता भवेयुः। यत्तु कैश्चिदुक्तम्। दर्शनवृत्तिं प्रति मनोमात्रस्योपादानत्वपरायत्ताः श्रुतयो न विरुध्यंत इति तदतीव विचारासहम्। यतः प्रमाणाकांक्षायां प्रवृत्तास्ताः कथमुपादानपरा भवेयुः। 'कामः संकल्पो विचिकित्सा' इत्यादिश्रुत्या सावधारणया सर्वासां वृत्तीनां मनोमात्रोपादानकत्वे बोधिते आकांक्षाभावेनोपादानतात्पर्यकत्वेन वर्णयितुं कथं शक्येरन्। पूर्वं द्वितीयवल्यां प्रणवस्य ब्रह्मबोधकत्वेनोक्तेस्तस्याप्यपरोक्षहेतुत्वमिति शंकां निवारयितुं 'मनसैवानुद्रष्टव्यम्' इत्यादिसावधारणवाक्यानीत्येव वर्णयितुं शक्यानि स्युरित्यलमतिवाग्जालेन। वस्तुतस्तु योगिनां समाधौ दूरविप्रकृष्टपदार्थज्ञानं सर्वशास्त्रप्रसिद्धं न परोक्षम्। तदानीं परोक्षसामग्र्यभावात्। नापि स्मरणम्। तेषां पूर्वविशिष्यानुभवात्। नापि सुखादिज्ञानवत्साक्षिरूपम्। अपसिद्धांतात् नाप्यप्रमाणकं प्रमासामान्ये करणनियमात्। नापि चक्षुरादिजन्यम्। तेषामसन्निकर्षात्। तस्मान्मानसिकी प्रमैव सा वाच्येति मनस इन्द्रियत्वं प्रमाणत्वं च दूरमपह्नवमेवेति। येऽपि योगश्रुत्योः समुच्चयं कल्पयंति तेषामपि पूर्वोक्तदूषणगणस्तदवस्थ एव। तस्माद्योगजन्यसंस्का-

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

रसचिवमनोमात्रगम्य आत्मेति सिद्धम् । न च कामिनीं भावयतो व्यवहितकामिनीसाक्षात्कारस्येव भावनाजन्यत्वेनात्मसाक्षात्कारस्याप्रमात्वप्रसंगः । अबाधितविषयत्वात् दोषजन्यत्वाभावाच्च । कामिनीसाक्षात्कारस्य तु बाधितविषयत्वाद्दोषजन्यत्वाच्चाप्रामाण्यं न । भावनाजन्यत्वात् । न च भावनासमाधेर्ज्ञापकत्वे प्रमाणांतरापातः । तस्या मनःसहकारित्वात्प्रमाणनिरूपणानिपुणैर्नैयायिकादिभिरपि योगजप्रत्यक्षस्यालौकिकप्रत्यक्षेऽंतर्भावः कृतः । योगजालौकिकसन्निकर्षेण योगिनो व्यवहितविप्रकृष्टसूक्ष्मार्थमात्मानमपि यथार्थं पश्यंति । तथा च पातंजले सूत्रे–"ऋतंभरा तत्र प्रज्ञा श्रुतानुमानप्रज्ञाभ्यामन्यविषयाविशेषार्थत्वात्" तत्र समाधौ या प्रज्ञास्याः श्रुतं श्रवणं शाब्दबोधः। अनुमननमनुमानं यौक्तिकज्ञानं तद्रूपप्रज्ञाभ्यामन्यविषया । कुतः । विशेषार्थत्वात् । विशेषो निर्विकल्पोऽर्थो विषयो यस्याः सा तथा तस्या भावस्तथात्वं तस्माच्छब्दस्यापदार्थतावच्छेदकपुरस्कारेणैवानुमानस्य व्यापकत्वावच्छेदकपुरस्कारेणैव धीजनकत्वनियमेन तद्ग्रहणे योग्यविशेष्यमात्रपरत्वादित्यर्थः । अत्र बादरायणकृतं भाष्यम्–श्रुतमागमविज्ञानं तत्सामान्यविषयं नह्यागमेन शक्यो विशेषोऽभिधातुं कस्मान्नहि विशेषेण कृतसंकेतः शब्द इत्यारभ्य समाधिप्रज्ञानिर्ग्राह्य एव सविशेषो भूतसूक्ष्मगतो वा पुरुषगतो वेति ॥ योगबीजे–'ज्ञाननिष्ठो विरक्तोऽपि धर्मज्ञोऽपि जितेंद्रियः । विना योगेन देवोऽपि न मोक्षं लभते प्रिये ॥' किंच–'तदेव सक्तः सह कर्मणेति लिंगं मनो यत्र निषिक्तमस्य' इति श्रुतेः। 'कारणं गुणसंगोऽस्य सदसद्योनिजन्मसु' इति स्मृतेश्च देहावसानसमये यत्र रागाद्युद्बुद्धो भवति तामेव योनिं जीवः प्राप्नोतीति योगहीनस्य जन्मांतरं स्यादेव मरणसमये समुद्भूतवैक्लव्यस्यायोगिना वारयितुमशक्यत्वात् । तदुक्तं योगबीजे–'देहावसानसमये चित्ते यद्यद्विभावयेत् । तत्तदेव भवेज्जीव इत्येवं जन्मकारणम् ॥ देहांते किं भवेज्जन्म तन्न जानंति मानवाः। तस्माज्ज्ञानं च वैराग्यं जपश्च केवलं श्रमः ॥ पिपीलिका यदा लग्ना देहे ज्ञानाद्विमुच्यते । असौ किं वृश्चिकैर्दष्टो देहांते वा कथं सुखी ॥' इति । योगिनां तु योगबलेनांतकालेऽप्यात्मभावनया मोक्ष एवेति न स्याज्जन्मांतरम् । तदुक्तं भगवता–'प्रयाणकाले मनसाऽचलेन भक्त्या युक्तो योगबलेन चैव ।' इत्यादिना । 'शतं चैका हृदयस्य नाड्यः' इत्यादि श्रुतेश्च । न च तत्त्वमस्यादिवाक्यस्यापरोक्षज्ञानजनकत्वे तद्विचारस्य वैयर्थ्यमेवेति

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

शंक्यम् । वाक्यविचारजन्यज्ञानस्य योगद्वाराऽपरोक्षज्ञानसाधनत्वात् । अत्र च योगबीजे गौरीश्वरसंवादो महानस्ति ततः किंचिल्लिख्यते । देव्युवाच ॥ ज्ञानिनस्तु मृता ये वै तेषां भवति कीदृशी । गतिः कथय देवेश कारुण्यामृतवारिधे ॥ ईश्वर उवाच ॥ देहांते ज्ञानिना पुण्यात्पापात्फलमवाप्यते । यादृशं तु भवेत्तत्तद्भुक्त्वा ज्ञानी पुनर्भवेत् ॥ पश्चात्पुण्येन लभते सिद्धेन सह संगतिम् । ततः सिद्धस्य कृपया योगी भवति नान्यथा ॥ ततो नश्यति संसारो नान्यथा शिवभाषितम् ॥ देव्युवाच ॥ ज्ञानादेव हि मोक्षं च वदंति ज्ञानिनः सदा । न कथं सिद्धयोगेन योगः किं मोक्षदो भवेत् ॥ ईश्वर उवाच ॥ ज्ञानेनैव हि मोक्षो हि तेषां वाक्यं तु नान्यथा । सर्वे वदंति खड्गेन जयो भवति तर्हि किम् ॥ विना युद्धेन वीर्येण कथं जयमवाप्नुयात् । तथा योगेन रहितं ज्ञानं मोक्षाय नो भवेत् ॥' इत्यादि । ननु जनकादीनां योगमंतरेणाप्यप्रतिबद्धज्ञानमोक्षयोः श्रवणात्कथं योगादेवाप्रतिबद्धज्ञानं मोक्षश्चेति चेत् । उच्यते । तेषां पूर्वजन्मानुष्ठितयोगजसंस्काराज्ज्ञानप्राप्तिरिति पुराणादौ श्रूयते । तथाहि–'जैगीषव्यो यथा विप्रो यथा चैवासितादयः । क्षत्त्रिया जनकाद्यास्तु तुलाधारादयो विशः ॥ संप्राप्ताः परमां सिद्धिं पूर्वाभ्यस्तस्वयोगतः । धर्मव्याधादयः सप्त शूद्राः पैलवकादयः ॥ मैत्रेयी सुलभा शार्ङ्गी शांडिली च तपस्विनी । एते चान्ये च बहवो नीचयोनिगता अपि ॥ ज्ञाननिष्ठां परां प्राप्ताः पूर्वाभ्यस्तस्वयोगतः ॥' इति । किंच । पूर्वजन्मानुष्ठितयोगाभ्यासपुण्यतारतम्येन केचिद्ब्रह्मत्वं केचिद्ब्रह्मपुत्रत्वं केचिद्देवर्षित्वं केचिद्ब्रह्मर्षित्वं केचिन्मुनित्वं केचिद्भक्तत्वं च प्राप्ताः संति । तत्रोपदेशमंतरेणैवात्मसाक्षात्कारवंतो भवेयुः । तथाहि–हिरण्यगर्भवसिष्ठनारदसनत्कुमारवामदेवशुकादयो जन्मासिद्धा इत्येव पुराणादिषु श्रूयते । यत्तु ब्राह्मण एव मोक्षाधिकारीति श्रूयते पुराणादौ तद्योगिपरम् । तदुक्तं गरुडपुराणे–"योगाभ्यासो नृणां येषां नास्ति जन्मांतरादतः । योगस्य प्राप्तये तेषां शूद्रवैश्यादिकक्रमः ॥ स्त्रीत्वाच्छूद्रत्वमभ्येति ततो वैश्यत्वमाप्नुयात् । ततश्च क्षत्त्रियो विप्रः कृपाहीनस्ततो भवेत् ॥ अनूचानः स्मृतो यज्वा कर्मन्यासी ततः परम् । ततो ज्ञानित्वमभ्येति योगी मुक्तिं क्रमाल्लभेत् ॥' इति । शूद्रवैश्यादिक्रमाद्योगी भूत्वा मुक्तिं लभेदित्यर्थः । इत्थं च योगे सर्वाधिकारश्रवणाद्योगोत्पन्नतत्त्वज्ञानेन सर्व एव मुच्यंत इति सिद्धम् । योगिनस्तु भ्रष्टस्यापि न शूद्रादिक्रमः । 'शुचीनां

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते ॥ अथवा योगिनामेव' इत्यादि भगवद्वचनादित्यलम् ॥ १९ ॥

भाषार्थ--अब हठाभ्यासके विना ज्ञान और मोक्ष सिद्ध नहीं होते इसका वर्णन करते हैं कि, जबतक प्राण और इंद्रिय जीवते हैं और मनभी नहीं मरता है अर्थात् जीवता है इडा और पिंगलामें प्राणके बहनेको प्राणका जीवन और अपने २ विषयोंका ग्रहण करना इंद्रियोंका जीवन और नाना प्रकारके विषयोंको उत्पन्न करना मनका जीवन कहाताहै--और तिस २ भावको प्राप्त हो जानाही यहां तिस २ का मरण विवक्षित है कुछ स्वरूपसे इनका नाश विवक्षित नहीं है--तबतक मनरूप अंतःकरणमें अपरोक्षानुभवरूप ज्ञान कैसे हो सकता है अर्थात् कदाचित्भी नहीं हो सकताहै. क्योंकि प्राण, इंद्रिय, मन इनकी जो वृत्ति हैं वे ज्ञानकी प्रतिबंधक होती हैं--और जो योगी प्राण और मन इन दोनोंका विशेषकर लय करदेता है वह योगी आत्यंतिक स्वरूपमें स्थितिरूप मोक्षको प्राप्त होताहै--और ब्रह्मरंध्रमें जो विना व्यापार प्राणकी स्थिति वही प्राणका लय कहाता है और ब्रह्मसे भिन्न विषयोंमें व्यापाररहित होनाही मनका लय कहाता है और जो अन्य है अर्थात् जिसके प्राण और मनका लय नहीं हुआहै वह योगी सैकडों उपायोंसेभी किसीप्रकार मोक्षको प्राप्त नहीं होताहै सोई योगबीजमें कहाहै कि, नानाप्रकारके विचारोंसे तो मन साध्य नहीं होताहै तिससे तिस मनका जयही प्राणका जय है अनेकप्रकारके मार्गोंसे बहुधा जिसमें सुख दुःख है वह जन्म होताहै और योगमार्गसे कैवल्य (मोक्ष) रूप परमपद मिलताहै अन्यथा नहीं मिलताहै यह शिवजीका कथन है इससे यह सिद्धभया कि, योगके विना ज्ञान और मोक्ष सिद्ध नहीं होते हैं और श्रुति, स्मृति, इतिहास, पुराण आदिकोंमें भी यही प्रसिद्ध है कि इसके अनंतर आत्मदर्शनका उपाय योग है और अध्यात्मयोगकी प्राप्तिसे देवको मानकर धीरमनुष्य हर्ष और शोकको त्यागताहै और श्रद्धा भक्ति ध्यान योगसे आत्माको जानता भया--और जब मनसहित पांचों ज्ञान इंद्रिय विषयोंसे रहित टिकती हैं और बुद्धि भी चेष्टा न करती हो उसको परमगति योगीजन कहते हैं--और उस स्थिर इंद्रियोंकी धारणाकोही योग मानते हैं और उससमय योगी अप्रमत्त होजाताहै और जीव दयावान् आत्मतत्व (आत्मज्ञान) से योगी ब्रह्मतत्त्वको देखताहै तब अज और नित्य जो संपूर्णतत्त्वोंसे विशुद्ध देव है उसको जानकर संपूर्णबंधनोंसे छुटता है ब्रह्मरूप तेज तुझ आत्माकी ओंकाररूपसे उपासना करै--और तिन उन्नत (सीधे) और सम शरीरको स्थापन करके और मन सहित इंद्रियोंको हृदयमें प्रविष्ट करके ब्रह्मनामसे भयके दाता संपूर्ण स्रोतोंको विद्वान् योगी तरै--ओंकाररूपसे आत्माका ध्यान करो--और

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

यतिधर्म प्रकरणमें मनुने लिखाहै कि, परमात्माके योगसे भूत और भावी पदार्थोंको देखै तो स्थूल सूक्ष्मरूप दोनों देहोंको शीघ्र त्यागकर बंधनसे छुट जाताहै--याज्ञवल्क्यस्मृतिमें लिखाहै कि, यज्ञ, आचार, इंद्रियोंका दमन, अहिंसा, दान, स्वाध्याय, कर्म--इनका यही परमधर्म है कि, योगसे आत्माको देखना--मातंगमहर्षिका वाक्य है ब्राह्मण अग्नि-ष्टोम आदि संपूर्ण यज्ञोंको छोडकर योगाभ्यासमें तत्पर हुआ शांत होकर परब्रह्मको प्राप्त होताहै। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, स्त्री और शूद्र इनके लिये पवित्रकर्मोंकी शांति और मुक्तिके अर्थ योगसे अन्य कोई वस्तु नहीं है--दक्षस्मृतिमें निषेधमुखसे कहाहै कि, स्वसंवेद्य (स्वयं जानाजाय) जो वह ब्रह्म उसको योगीसे भिन्न इस प्रकार नहीं जानते हैं जैसे कुमारी (कन्या) स्त्रीके सुखको और जन्मांध घटको नहीं जानताहै--इत्यादि स्मृतियोंमें और महाभारतमें भी योगमार्गमें व्यासने कहाहै कि, वर्णावकृष्ट (पतित) वा धर्मकांक्षिणी नारी हो वे दोनों भी इस मार्गसे परमगतिको प्राप्त होते हैं संपूर्णधर्मोंका ज्ञाता हो वा अकृती (पुण्यहीन) हो धार्मिक हो वा अत्यंत पापी हो पुरुष हो वा नपुंसक हो ऐसा मनुष्यभी जरामरणसमुद्रके महादुःखके सेवनके जाननेका अभिलाषी शब्दब्रह्मका अवलंबन करताहै भगवद्गीतामें भी लिखा है कि, वशीभूत है मन जिसके ऐसा मनुष्य सदा इसप्रकार आत्मयोगको करता हुआ मेरेमें स्थितिरूप और मोक्ष है परम जिसमें ऐसे शान्तिरूप स्थानको प्राप्त होताहै जो स्थान सांख्योंको प्राप्त होताहै उसीमें योगीभी जाते हैं--आदित्यपुराणमें लिखाहै, कि योगसे ज्ञानहोताहै और मेरेमें एक रस चित्त रखनेको योग कहते हैं। स्कंदपुराणमें लिखा है कि, आत्मज्ञानसे मुक्ति होती है वह आत्मज्ञान योगके विना नहीं हो सकता और वह योग चिरकालके अभ्याससेही सिद्ध होताहै--कूर्मपुराणमें शिवजीका वाक्य है कि, इससे आगे परमदुर्लभ योगको कहताहूँ जिससे सूर्यके समान ईश्वर आत्माको योगी देखते हैं योगरूप अग्नि शीघ्रही संपूर्ण पापके पंजरको दग्ध करती है और प्रसन्न ज्ञान होताहै और ज्ञानसे मोक्ष होजाताहै--गरुडपुराणमें कहा है कि, बुद्धिमान् मनुष्य तिसप्रकार यत्नकरै जैसे परमसुखहो और वह सुख योगसे मिलताहै अन्य किसीसे नहीं--संसारके तापोंसे तपायमान मनुष्योंके लिये योग परम औषध है जिसकी निर्वेद (वैराग्य) से उत्पन्न हुई बुद्धि परअवरमें प्रसक्त है योगरूप अग्निसे दग्धहुये हैं समस्त क्लेशसंचय जिसके ऐसा वह परमनिर्वाणपदको सदैव प्राप्त होताहै इसमें संशय नहीं है--प्राप्त हुईही है योगसिद्धि जिसको उसको और आत्माके दर्शनसे पूर्ण जो है उसको कुछभी कर्तव्य नहीं देखते उसने सब कर लिया--आत्माराम और सदा पूर्णरूप और आत्यंतिक सुखको प्राप्त है इससे परमानंदरूप उसको निर्वेद (सुख) हो जाताहै--तपसे जानाहै आत्मा

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

जिन्होंने और वशमें हैं इन्द्रियें जिनके ऐसे महात्मा योगीजन योगसेही महासमुद्र (जगत्) को तर जातेहैं—और विष्णुधर्मोंमें लिखाहै कि, जो सब भूतोंका श्रेय है और स्त्रियोंका और कीट पतंगोंका भी उपकार है उस परमश्रेयको हमारे प्रति कहो. इस प्रकार देव और देवर्षियोंने कहाहै जिनको ऐसे कपिलमुनि पहिले समयमें योगकोही श्रेय कहते भये—वासिष्ठमें लिखा है कि, हे राम ! संसारके विषका जो वेग उसकी विसूचिका दुःसह है वह योगरूप और पवित्र गारुडमंत्रसेही शांत होती है कदाचित् कोई शंकाकरै कि तत्त्वमसि आदि महावाक्योंसे भी अपरोक्ष प्रमाण (ज्ञान) होताहै तो किसलिये अत्यंतश्रमसे साध्ययोगमें प्रयास करते हो—कदाचित् कहो कि वाक्यसे जन्य ज्ञानके अपरोक्ष होनेमें प्रमाणका असंभव है सो नहीं—क्योंकि, तत्त्वमसि आदि वाक्योंसे उत्पन्न हुआ ज्ञान अपरोक्ष है—अपरोक्ष विषयक होनेसे—चक्षुसे हुये घट आदिके प्रत्यक्षकी तुल्य यह अनुमान प्रमाण है। कदाचित् कहो कि, विषयकी अपरोक्षताके नीरूप (रूपहीन) होनेसे हेतुकी असिद्धि है सो ठीक नहीं. क्योंकि अज्ञानका विषय चित्त, और चित्तके संग तादात्म्यरूपको प्राप्तत्व, ये दोनोंहैं रूप जिसके ऐसी जो विषयकी अपरोक्षता वह भलीप्रकार निरूपण करने योग्य है जैसे घट आदिमें जब चक्षुकी संनिकर्ष दशामें उसके अधिष्ठानरूप चैतन्यकी अज्ञाननिवृत्तिके होनेपर उसका चैतन्य अज्ञानका विषय होना, और उस घटका अज्ञान विषय चैतन्यके संग तादात्म्यकी प्राप्ति होना, ये दोनों अपरोक्ष हैं—तिसीप्रकार तत्त्वमसि आदि वाक्योंसे शुद्ध चैतन्याकार वृत्तिके होनेपर उसके अज्ञानकी निवृत्ति होनेसेही तत्त्व अज्ञानका विषय नहीं रहा इससे चैतन्य अपरोक्ष है इससे हेतुकी असिद्धि नहीं है--कदाचित् कहो कि, हेतु अप्रयोजक है अर्थात् अपने साध्यको सिद्ध नहीं करसकता, अपरोक्षता ज्ञानसे होती है इससे प्रत्यक्ष जो परोक्ष उसका विषयक होनेसे हेतु प्रयोजक है कुछ इंद्रियजन्यही अपरोक्ष नहीं होता, क्योंकि मन इंद्रिय नहीं है उसकोभी सुख आदिकी विषयकता होनेसे व्यभिचार होजायगा अथवा अभिव्यक्त (प्रकट) चैतन्यके अभिन्नरूपसे जो भासमान होना वही विषयकी अपरोक्षताहै और आवरणकी निवृत्ति होनेकोभी अभिव्यक्त कहतेहैं--और परोक्ष वृत्तिके स्थलमें आवरण निवृत्तिका अभाव है इससे वहां अतिव्याप्तिरूप दोष नहीं है--जो मनुष्य रज्जु आदिमें सर्प आदि भ्रमके उत्पादक दोषवाला है उसको जो यह सर्प नहीं किंतु रज्जु है इस वाक्यसे उत्पन्न हुई जो वृत्ति वह आवरणको निवृत्त नहीं करती है इससे वहां परोक्षही विषय है और वेदांतके वाक्योंसे जो ज्ञान उत्पन्न होताहै आवरणका निवर्तक होनेसे वह अपरोक्षही है, क्योंकि वह मनन आदिसे पूर्व उत्पन्न हुआहै और ज्ञाननिवर्तक प्रमाणकी असंभावना

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

आदि संपूर्ण दोषोंके अभाव विशिष्टही उस वेदांतवाक्योंसे जन्यज्ञानको अज्ञानकी निवर्तकताहै और उस उपनिषदोंसे प्रतिपादन किये पुरुषको पूछताहूँ इस श्रुतिसे प्रतिपन्न (सिद्ध) उपनिषद मात्रसे जो जाना जाताहै वह योगसेही जानाजायगा तिससे तत्त्वमसि आदि वाक्यसेही अपरोक्षज्ञान होताहै--सो ठीक नहीं है, क्योंकि अनुमान अप्रयोजक है. क्योंकि प्रत्यक्षके प्रति और पूर्वोक्त अक्ष (इन्द्रिय) सामान्यके प्रति इंद्रियरूपसे कारणताहै इससे इंद्रियसे जन्यत्वही प्रयोजक है और नित्य अनित्य साधारण प्रत्यक्षमें तो कुछ प्रयोजक नहीं होताहै और उनके मतमें तो किसी प्रत्यक्षमें इंद्रिय कारण हैं और किसी प्रत्यक्षमें शब्दविशेष कारण है इसप्रकार दो कार्य कारणभाव होजायँगे अर्थात् एक कार्यके दो कारण मानने पडेंगे—कदाचित् कहो कि मन इंद्रिय नहीं है सो भी नहीं क्योंकि, मन इंद्रियोंका नाथ है यह वचन मनुष्यके समान उद्देश करके मनुष्योंका यह राजाहै इसके समान मनुष्योंमें ही कुछ उत्कर्षको कहताहै कुछ मनको इंद्रियभिन्न नहीं कहताहै और तत्त्व तो यह है कि, मन इंद्रियोंमें एक अखंडोपाधिरूपही है इसीसे पायु (गुदा) आदि कर्मेंद्रिय और मन नेत्र आदि ज्ञानेंद्रिय हैं और जो प्रत्यक्षहो वह ऐंद्रियक और जो अप्रत्यक्ष हो वह अतींद्रिय कहाताहै इन शक्तिके निर्णायक कोशोंमें इंद्रियाप्रमाणक ज्ञानको अप्रत्यक्ष कहते हुये मनको इंद्रिय होना प्रतीत कराते हैं और दश और एक इंद्रिय है यह गीता वचनभी मनके इंद्रिय होनेमें प्रमाण है और तत्त्वमसि आदि वाक्योंसे पैदा हुआ ज्ञान—शब्दसे उत्पन्न है, शब्दसे उत्पन्न होनेसे,--यज्ञ करै इत्यादि वाक्योंसे उत्पन्न ज्ञानके समान--इस अप्रत्यक्ष विरोधि शब्दजन्यके साधक अनुमानसे सत्प्रतिपक्षभी है विरोधि पदार्थके साधक हेतुको सत्प्रतिपक्ष कहतेहैं-कदाचित् कहो कि, यह अनुमान अप्रयोजक है सोभी नहीं क्योंकि शब्दजन्य ज्ञानकाही शब्द जनक होताहै यह लाघवमूलक अनुकूल तर्क इस अनुमानमेंहै तेरे मतमें तो शब्दसेभी प्रत्यक्षके स्वीकार करनेसे दो कार्य कारण भाव होजायँगे इससे गौरवहै--और मनन, निदिध्यासनसे पहिले भी उत्पन्न है और तेरे मतमें परोक्षभी उक्तज्ञान अज्ञानका निवर्तक नहीं होगा इससे अज्ञाननिवृत्तिके प्रति बाधज्ञानरूपसेही हेतु मानना पडेगा यह भी गौरव है. मेरे मतमें तो समाधिका जो अभ्यास उसके परिपाकसे असंभावना आदि संपूर्ण मलोंसे रहित अर्थात् अंतःकरणसे आत्माके देखनेपर और दर्शनमात्रसेही अज्ञानकी निवृत्ति हो जाती है इससे कोई भी गौरवका अवकाश नहीं है--और संपूर्ण भूतोंमें यह गुप्त आत्मा प्रकाशित नहीं होता है, परन्तु सूक्ष्मदर्शी मनुष्य इस आत्माको सूक्ष्म और मुख्य जो बुद्धि उससे देखते हैं--धीर मनुष्य वाणी और मनको रोकै इन वचनोंसे लेकर अज्ञानकी निवृत्ति है अर्थ जिसका ऐसे इस

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

कठवल्लीके मृत्युके मुखसे छुटताहै मृत्युके उपदेशकोभी यह बात संमत है इससे इसमें कोई विवाद नहीं है--और यदि मनन आदिसे पूर्व उत्पन्न हुआ ज्ञान परोक्षही है इससे प्रतिबंधका किया गौरव नहीं है इस मतको मानोंगे तो तब भी श्रवण आदिसे मनका संस्कार सिद्ध होनेपर उसके अनंतर कालहीमें आत्माका दर्शन संभवहै इससे उसके अनन्तर वाक्योंके स्मरण आदिको कल्पना करनेमें भी महान् गौरवहै-- कदाचित् शंका करो कि हम केवल तर्कसे शब्दजन्य ज्ञानको अपरोक्ष नहीं कहतेहैं किंतु श्रुति भी कहती है सोई दिखातेहैं कि, उस उपनिषदोंसे कहे हुये पुरुषको मैं पूछता हूँ इस श्रुतिसे जो पुरुषको औपनिषदरूप कहाहै वह कुछ उपनिषदोंसे उत्पन्न जो बुद्धि उसकी विषयमात्र नहीं है, क्योंकि प्रत्यक्ष आदिसे जानने योग्यमें औपनिषद् यह व्यवहार होजायगा जैसे बारह कपालोंमें आठ कपालोंके होनेपरभी द्वादश कपालोंमें संस्कार किये पदार्थमें आठ कपालोंमें संस्कृत यह व्यवहार नहीं होताहै और जैसे द्विपुत्र मनुष्यमें एकपुत्र व्यवहार नहीं होताहै तैसेही यहां भी समझना और अन्यत्र तैसा व्यवहार नहीं होताहै इससे उपनिषदमात्रसे जानने योग्यही यहां प्रत्ययका अर्थ है और मनसे जानने योग्य आत्माको मानोंगे तो वह सिद्ध नहीं होगा यह शका भी ठीक नहीं है, क्योंकि प्रत्ययसे, उपनिषदसे भिन्न जो सबकारण हैं उनकी निवृत्ति (निषेध) नहीं होती है, क्योंकि शब्दके अपरोक्षवादी अपने भी आत्माके परोक्षज्ञानमें मन आदि करण माने हैं किन्तु प्रत्ययसे पुराण आदि जो अन्य शब्द हैं उनकीही व्यावृत्ति होती है, क्योंकि श्रुतिके वाक्योंसे आत्मा सुनने योग्य है यह कहाहै और वह अर्थ मुझे भी संमत है इससे आपका कथन तुच्छ है. और प्रमाणांतरकी व्यावृत्तिमें श्रुतिके तात्पर्यकी कल्पना तभी कहनी योग्य है जब शब्दरूप प्रमाण सिद्ध होजाय और पुराण आदि शब्दांतरकी व्यावृत्तिमें तात्पर्य तो श्रुति आदिका संमत होनेसे कल्पना करनेको उचितही है ऐसा सिद्ध होनेपर यह आत्मा मनसेही देखने योग्य है इत्यादि श्रुतिभी अनायाससे लगसकती है जो किसीने यह कहा है कि, दर्शनवृत्तिके प्रति जो मनमात्रकोही उपादान कहती हैं उन श्रुतियोंके संग कुछ विरोध नहीं है।यह उनका कहना तो अत्यंतही विचारमें नहीं आसकता क्योंकि,प्राणकी आकांक्षामें प्रवृत्त हुई ये श्रुति उपादानमें तत्पर कैसे होसकती हैं क्योंकि काम, संकल्प, विचिकित्सा (संदेह) ये सब मनहीसे हैं इत्यादि श्रुतिसे निश्चयपूर्वक सब वृत्तियोंका मनकोही उपादान कारण बोधन करदिया तब आकांक्षाके अभावसे उपादानमें तात्पर्यको श्रुति कैसे वर्णन करसकती हैं। पहिले दूसरी वल्लीमें ओंकारको ब्रह्मबोधक कहा है इससे ओंकारभी अपरोक्षज्ञानका हेतु होजायगा, इस शंकाके निवारण करनेके लिये मनसे ही

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

आत्मा देखने योग्य है. इत्यादि निश्चायक वचन हैं इसरीतिसे संपूर्ण श्रुति वर्णन करने (लगाने) को शक्य हैं इसप्रकार वाक्जालसे अलं है अर्थात् वाणीके जालको समाप्त करते हैं सिद्धांत तो यहहै कि, योगियोंको समाधिकेविषे दूर और विप्रकृष्टपदार्थोंका जो ज्ञानहै संपूर्ण शास्त्रोंमें प्रसिद्ध वह ज्ञान परोक्ष नही है, क्योंकि उससमय कोई परोक्षकी सामग्री नहीं है और स्मरण भी नहीं है क्योंकि उनका पहिले पृथक् २ अनुभव नहीं हैं और सुखआदिके ज्ञान समान वह साक्षिस्वरूपभी नहीं है क्योंकि इसमें सिद्धांतका विघात है और प्रमाणरहितभी नहीं है क्योंकि संपूर्ण प्रमाणोंमें कारणका नियम है और चक्षुआदिसे उत्पन्न भी वह ज्ञान नहीं है क्योंकि चक्षुआदिका उस समय संनिकर्ष नहीं है तिससे वह मानसिक प्रमाही कहनी चाहिये इससे मन प्रमागरूप और इंद्रिय है यह निर्दोषहै—और भी जो योग और श्रुतिके समुच्चयकी कल्पना करते हैं उनके भी मतमें पूर्वोक्त दूषणोंका गण तदवस्थही है तिससे यह सिद्धभया कि, योगजन्य संस्कारहै सहायक जिसका ऐसे मनसेही आत्मा जानने योग्यहै कदाचित् कोई कहै कि, कामिनीकी भावना करनेवाले पुरुषको जैसे व्यवहित (दूरस्थित) कामिनीका साक्षात्कार अप्रमा होताहै इसीप्रकार भावनासे उत्पन्न आत्मसाक्षात्कारभी अप्रमा होजायगा सोभी ठीक नहीं क्योंकि आत्मसाक्षात्कारका विषय (आत्मा) बाधित नहीं है और न दोषसे जन्य है कामिनीका साक्षात्कार तो बाधित विषयक है और दोषजन्यभी है इससे अप्रमाणहै तिससे भावनासे जन्य आत्मसाक्षात्कार अप्रमाण नहीं है कदाचित् कहो कि, भावनाको समाधिका ज्ञापक मानोगे तो यह भी एक प्रमाण होजायगा सो ठीक नहीं क्योकि, भावना मनकी सहकारिणीहै इससे प्रमाणके निरूपणमें अनिपुण नैयायिक आदिकोंने भी योगजप्रत्यक्षका अलौकिक प्रत्यक्षमें अन्तर्भाव किया है और योगसे उत्पन्न हुये अलौकिक संनिकर्षसे योगीजन व्यवहित विप्रकृष्ट और सूक्ष्म पदार्थरूप भी आत्माको यथार्थरीतिसे देखते हैं—सोई इस पातंजलसूत्रमें कहाहै कि, उक्त समाधिमें जो सत्यप्रज्ञा (बुद्धि) है उसके शाब्दबोध और अनुमानसे अर्थात् युक्ति सिद्धज्ञान है उनसे वह प्रज्ञा अन्यविषयक होजाती है अर्थात् भिन्न अर्थकोभी विषय करलेती है क्योंकि उसका विषय निर्विकल्प अर्थ है--तिससे शब्द पदार्थ वृत्तिधर्म (घटत्व आदि) पुरस्कारके विनाही और अनुमानव्यापकमें वर्तमान धर्मके पुरस्कार (ज्ञान) सेही बोधके जनक नियमसे है इससे अर्थके ग्रहणमें योग्य विशेष्यमेंही तत्पर है अर्थात् योगविषयकोही ग्रहण करतेहैं—यहां व्यासजीका रचा यह भाष्यहै कि, श्रुतनाम आगमविज्ञान है--वह आगमविज्ञान सामान्य विषय है क्योंकि आगम विशेषको नहीं कहसकता, क्योंकि विशेषरूपसे शब्दका संकेत नहीं होताहै--इससे आरम्भ

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

करके समाधि प्रज्ञासे भलीप्रकार ग्रहण करने योग्य वह विशेष है और वह पुरुषगत है वा भूतसूक्ष्मगत है—योगबीजमें कहाहै कि, ज्ञाननिष्ठहो वा विरक्तहो धर्मज्ञहो वा जितेंद्रियहो योगके विना देव भी हे प्रिये ! मोक्षको प्राप्त नहीं होता है और यह श्रुति भी है कि, कर्मके संग उसीवातके करनेमें यह मनुष्य असक्त हैं जिसमें इसका मनरूप लिंग प्रविष्ट है और स्मृति भी है कि सत् असत् योनियोंके जन्मोंमें इसको गुणोंका संगही कारण है—देहके मरणसमयमें जिसविषयमें राग आदिसे उद्बुद्ध होताहै उसीयोनिको जीव प्राप्त होताहै इससे योगहीनका अन्य जन्म होताही है, क्योंकि मरणके समयमें हुई जो विक्लवता उसको अयोगी नहीं हटा सकता है सोई योगबीजमें कहाहै कि, देहके अन्तसमयमें जिस २ को विचारता है वही वह जीव होजाता है यही जन्मका कारण है देहके अन्तमें कौन जन्म होगा यह मनुष्य नहीं जानते हैं—तिससे ज्ञान, वैराग्य, जप ये केवल श्रम हैं जब पिपीलिका (चेटी) देहमें लग जाती है और ज्ञानसे छुटजाती है तो वृश्चिकोंसे डसा हुआ यह जीव देहके अन्तमें कैसे सुखी हो सकताहै—योगियोंको तो योगके बलसे अन्तकालमें भी आत्मविचारसें मोक्षही होताहै जन्मांतर नहीं होताहै, सोई भगवान्ने कहाहै कि मरण समयमें अचल मनसे भक्तिसे युक्त वा योगके बलसे मोक्ष होताहै और यह श्रुतिभी है कि एकसौ एक हृदयकी नाडी हैं कदाचित् कहो कि, तत्त्वमसि 'आदि वाक्यको अपरोक्षज्ञानका जनक मानोगे तो उसका विचार करना व्यर्थ है,--सो ठीक नहीं क्योंकि वाक्यके विचारसे उत्पन्न जो ज्ञान है वह योगके द्वारा अपरोक्ष साधन है इसविषयमें योगबीजमें गौरी और महादेवका बहुत संवादहै उसमेंसे कुछ यहां लिखते हैं कि पार्वती बोली जो ज्ञानी मरते हैं उनकी कैसी गति होती है--हे देवेश ! हे दयारूप अमृतके समुद्र ! इसको कहो. ईश्वर बोले कि, देहके अंतमें ज्ञानीको पुण्य पापसे जो फल प्राप्त होता है उसको भोगकर फिर ज्ञानी होजाताहै फिर पुण्यसे सिद्धोंके संग संगतिको प्राप्त होता है फिर सिद्धोंकी कृपासे योगी होताहै अन्यथा नहीं होता, फिर संसार नष्ट होजाता है अन्यथा नहीं । यह शिवका कथनहै. पार्वती बोली ज्ञानी सदा ज्ञानसेही मोक्षको कहते हैं तो सिद्धयोगसे योग मोक्षका दाता कैसे होजाता है ? ईश्वर बोले ज्ञानसे मोक्ष होताहै यह उनका वचन अन्यथा नहीं है--जैसे सब कहते हैं कि, खड्गसे जय होताहै तो युद्ध और वीर्यके विना जयकी प्राप्ति कैसे होगी--तैसेही योगरहित ज्ञानसे मोक्ष नहीं होताहै इत्यादि--कदाचित् कोई शंका करै कि, जनक आदिकोंको योगके विनाही प्रतिबंध रहित ज्ञान और मोक्ष सुने जाते हैं तो कैसे योगसेही प्रतिबंधरहित ज्ञान और मोक्ष होंगे--इसशंकाका उत्तर देतेहैं कि, उनको पूर्वजन्ममें किये योगसे उत्पन्न जो

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

संस्कार उससे ज्ञानकी प्राप्ति पुराण आदिमें सुनी जाती है सोई दिखातेहैं कि जैसे जैगीषव्य ब्राह्मण और असित आदि ब्राह्मण और जनक आदि क्षत्रिय और तुलाधार आदि वैश्य ये पूर्वजन्ममें किये अभ्यासके योगसे परमसिद्धिको प्राप्त हुये और धर्मव्याध आदि सात शूद्र पैलवकआदि--और मैत्रेयी सुलभा शार्ङ्गी शांडिली ये तपस्विनी--ये और अन्य बहुतसे नीचयोनिमें गतभी पूर्वजन्ममें किये अभ्यासके योगसे परमज्ञान निष्ठाको प्राप्त हुये--और पूर्वजन्ममें किये योगके पुण्यके अनुसार कोई ब्रह्मा कोई ब्रह्माकेपुत्र कोई देवर्षि कोईब्रह्मर्षि कोई मुनि कोई भक्तरूपको प्राप्त हुये हैं-और उपदेशके विनाही आत्मसाक्षात्कार-वाले हो जायँगे सोई दिखातेहैं कि हिरण्यगर्भ, वसिष्ठ, नारद, सनत्कुमार, वामदेव, शुक आदि ये पुराण आदिमें जन्मसेही सिद्ध सुनेहैं और जो पुराण आदिमें यह सुनाहै कि, ब्राह्म-णही मोक्षका अधिकारी है--वह योगीसे भिन्नके विषयमें समझना सोई गरुडपुराणमें कहाहै कि, जन्मांतरमें किया योगाभ्यास जिन मनुष्योंको नहीहै उनको योगप्राप्तिके लिये शूद्र वैश्य आदिका क्रम है वे स्त्रीसे शूद्र होतेहैं और शूद्रसे वैश्य होतेहैं और दयासे रहित क्षत्रिय होजाते हैं फिर अनूचान (विद्यावान्)--यज्ञका कर्ता--फिर कर्मसंन्यासी होते हैं फिर ज्ञानी योगी होकर क्रमसे मुक्तिको प्राप्त होजाते हैं अर्थात् शूद्र वैश्य आदि क्रमसे योगी होकर मुक्तिको प्राप्त होजातेहैं इसप्रकार सब जातियोंका अधिकार सुननेसे योगसे उत्पन्न तत्त्वज्ञानके द्वारा सब मुक्त होते हैं यह सिद्ध भया--और भ्रष्टभी योगीको तो शूद्र आदिका क्रम नहीं है क्योंकि भगवान्का यह वचनहै कि, योगसे भ्रष्टमनुष्य, शुद्ध जो धनी उनके कुलमें पैदा होताहै अथवा बुद्धिमान् योगियोंके कुलमें पैदा होताहै--इति अलम्--भावार्थ--यहहै कि, जबतक प्राण जीवै और मन न मरै तबतक इसलोकमें ज्ञान कहांसे होसकता है और जो मनुष्य प्राण और मनका लय-करदे वह मोक्षको प्राप्त होता है अन्यमनुष्य किसीप्रकार भी प्राप्त नहीं होताहै ॥ १५ ॥

ज्ञात्वा सुषुम्नासद्भेदं कृत्वा वायुं च मध्यगम् ॥
स्थित्वा सदैव सुस्थाने ब्रह्मरंध्रे निरोधयेत् ॥ १६ ॥

प्राणमनसोर्लयं विना मोक्षो न सिध्यतीत्युक्तम्। तत्र प्राणलयेन मन-सोऽपि लयः सिध्यतीति तल्लयरीतिमाह-ज्ञात्वेति॥ सदैव सर्वदैव सुस्थाने शोभने स्थाने 'सुराज्ये धार्मिके देशे' इत्याद्युक्तलक्षणे स्थित्वा स्थितिं कृत्वा वसतिं कृत्वेत्यर्थः। सुषुम्ना मध्यनाडी तस्याः सद्भेदं शोभनं भेदनप्रकारं ज्ञात्वा गुरुमुखाद्विदित्वा वायुं प्राणं मध्यगं मध्यनाडीसंचारिणं कृत्वा ब्रह्मरंध्रे मूर्धावकाशे निरोधयेन्नितरां रुद्धं कुर्यात्।प्राणस्य ब्रह्मरंध्रे निरोधो लयःप्राण-

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

लये जाते मनोऽपि लीयते । तदुक्तं वासिष्ठे–'अभ्यासेन परिस्पंदे प्राणानां क्षयमागते । मनः प्रशममायाति निर्वाणमवशिष्यते ॥' इति । प्राणमनसोर्लये सति भावनाविशेषरूपसमाधिसहकृतेनांतःकरणेनाबाधितात्मसाक्षात्कारो भवति तदा जीवन्नेव मुक्तः पुरुषो भवति ॥ १६ ॥

भाषार्थ--प्राण और मनके लयविना मोक्ष सिद्ध नहीं होता यह कहा उनमें प्राणके लयसे मनकाभी लय सिद्ध होताहै इससे प्राणके लयकी रीतिंका वर्णन करतेहैं कि, सदैव उत्तमस्थानमें अर्थात् उत्तमराज्य और धार्मिकदेशमें स्थित होकर सुषुम्ना नाडीके भेदनको भलीप्रकार गुरुमुखसे जानकर और प्राणवायुको मध्यनाडीमें गत (संचारी) करके ब्रह्मरंध्र (मूर्द्धाके अवकाश) में निरुद्ध करे (रोके) प्राणका ब्रह्मरंध्रमें जो निरोध वही लय है और प्राणके लय होनेपर मनका भी लय होजाताहै सोई वासिष्ठमें कहा है कि अभ्याससे जब प्राणोंकी क्रियाका क्षय होजाताहै तब मन शांत होजाता है और निर्वाणही शेष रहजाताहै और प्राण और मनका लय होनेपर भावना विशेषरूप समाधि है सहकारी जिसकी ऐसे अंतःकरणसे अबाधित आत्मसाक्षात्कार जब होजाताहै तब पुरुष जीवन्मुक्त होजाताहै ॥ १६ ॥

सूर्याचंद्रमसौ धत्तः कालं रात्रिंदिवात्मकम् ॥
भोक्त्री सुषुम्ना कालस्य गुह्यमेतदुदाहृतम् ॥ १७ ॥

प्राणलये कालजयो भवतीत्याह–सूर्याचंद्रमसाविति ॥ सूर्यश्च चंद्रमाश्च सूर्याचंद्रमसौ ॥ ''देवताद्वंद्वे च'' इत्यानङ् । रात्रिश्च दिवा च रात्रिंदिवम् 'अचतुर' इत्यादिना निपातितः । रात्रिंदिवं आत्मा स्वरूपं यस्य स रात्रिंदिवात्मकस्तं रात्रिंदिवात्मकं कालं समयं धत्तो विधत्तः कुरुतः । सुषुम्ना सरस्वती कालस्य सूर्याचंद्रमोभ्यां कृतस्य रात्रिंदिवात्मकस्य समयस्य भोक्त्री भक्षिका विनाशिका । एतद्गुह्यं रहस्यमुदाहृतं कथितम् । अयं भावः । सार्धं घटिकाद्वयं सूर्यो वहति सार्धं घटिकाद्वयं चंद्रो वहति । यदा सूर्यो वहति तदा दिनमुच्यते । यदा चंद्रो वहति तदा रात्रिरुच्यते । पंचघटिकामध्ये रात्रिंदिवात्मकः कालो भवति । लौकिकाहोरात्रमध्ये योगिनां द्वादशाहोरात्रात्मकः कालव्यवहारो भवति । तादृशकालमानेन जीवानामायुर्मानमस्ति । यदा सुषुम्नामार्गेण वायुर्ब्रह्मरंध्रे लीनो भवति । तदा रात्रिंदिवात्मकस्य कालस्याभावादुक्तम् 'भोक्त्री सुषुम्ना कालस्य' इति । यावद्ब्रह्मरंध्रे वायुर्लीयते तावद्योगिन आयुर्वर्धते । दीर्घकालाभ्य-

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

स्तत्समाधियोगी पूर्वमेव मरणकालं ज्ञात्वा ब्रह्मरंध्रे वायुं नीत्वा कालं निवारयति स्वेच्छया देहत्यागं च करोतीति ॥ १७ ॥

भाषार्थ--अब प्राणका लय होनेपर कालका जय होताहै इसको वर्णन करतेहैं कि सूर्य और चंद्रमा, रात्रिदिन हैं स्वरूप जिसके ऐसे कालको करतेहैं और सुषुम्ना जो नाडी है वह सरस्वतीरूप नाडी सूर्य और चंद्रमाके किये रात्रिदिनरूप कालको भक्षण करनेवाली है अर्थात् नाशिका है यह गुप्त वस्तु कही है तात्पर्य यह है कि, अढाई घडीतक सूर्य बहताहै और अढाई घडीतक चंद्रमा बहताहै जब सूर्यस्वर बहताहै वह दिन कहाताहै और जब चंद्रमा वहताहै तब रात्रि कहातीहै. इसप्रकार पांच घडीके मध्यमेंही रात्रिदिनरूप काल होजाताहै लौकिक अहोरात्रके मध्यमें योगियोंके बारह अहोरात्र होतेहैं और उसी लौकिक कालके मानसे जीवोंकी आयुका प्रमाण है जब सुषुम्नाके मार्गसे वायु ब्रह्मरंध्रमें लीन होजाताहै तब रात्रिदिनरूप कालके अभावसे कहा है कि, सुषुम्ना कालकी भोक्री है जितने कालतक वायु ब्रह्मरंध्रमें लीन रहता है उतनेही कालतक योगियोंकी आयु बढतीहै बहुत कालतक कियाहै समाधिका अभ्यास जिसने ऐसा योगी पहिलेही अपने मरणसमयको जानकर और ब्रह्मरंध्रमें प्राण वायुको लेजाकर कालका निवारण करताहै और अपनी इच्छासे देहका त्याग करता है ॥ १७ ॥

द्वासप्ततिसहस्त्राणि नाडीद्वाराणि पंजरे ॥
सुषुम्ना शांभवी शक्तिः शेषास्त्वेव निरर्थकाः ॥ १८ ॥

द्वासप्ततीति ॥ पंजरे पंजरवच्छिरास्थिभिर्बद्धे शरीरे द्वाभ्यामधिका सप्ततिः द्वासप्ततिःद्वासप्ततिसंख्याकानि सहस्राणि द्वासप्ततिसहस्राणि नाडीनां शिराणां द्वाराणि वायुप्रवेशमार्गाः संति सुषुम्ना मध्यनाडी शांभवी शक्तिरस्ति शं सुखं भवत्यस्माद्भक्तानामिति शंभुरीश्वरस्तस्येयं शांभवी । ध्यानेन शंभुप्रापकत्वात् । शंभोराविर्भावजनकत्वाद्वा शांभवी । यद्वा शं सुखरूपो भवति तिष्ठतीति शंभुरात्मा तस्येयं शांभवी चिदभिव्यक्तिस्थानत्वाद्ध्यानेनात्मसाक्षात्कारहेतुत्वाच्च । शेषा इडापिंगलादयस्तु निरर्थका एव निर्गतोऽर्थः प्रयोजनं यासां ता निरर्थकाः । पूर्वोक्तप्रयोजनाभावात् ॥ १८ ॥

भाषार्थ-इस मनुष्यके पंजरमें अर्थात् पंजरके समान शिरा अस्थियोंसे बँधेहुये शरीरमें बहत्तर सहस्र नाडियोंके द्वार हैं अर्थात् वायुप्रवेश होनेके मार्ग हैं उनमें सुषुम्ना जो मध्यनाडी है वह शांभवी शक्ति है अर्थात् तिससे भक्तोंको सुखहो ऐसे शंभु (शिवजी) की शक्ति है क्योंकि वह नाडी ध्यानसे शंभुको प्राप्त करती है वा शंभुकी

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

प्रकटताको पैदा करती है इसीसे शांभवी कहाती है अथवा शं (सुख) रूप जो टिकै उस आत्माको शंभु कहतेहैं उसकी जो शक्ति वह शांभवी कहाती है क्योंकि वह चैतन्यकी अभिव्यक्ति (प्रकटता) का स्थान है और ध्यानसे आत्माके साक्षात्कारका हेतु भी सुषुम्ना है और शेष जो इडा पिंगला आदि नाडी हैं वे सब निष्प्रयोजन हैं अर्थात् उनसे पूर्वोक्त प्रयोजन सिद्ध नहीं होताहै ॥ १८ ॥

वायुः परिचितो यस्मादग्निना सह कुंडलीम् ॥
बोधयित्वा सुषुम्नायां प्रविशेदनिरोधतः ॥ १९ ॥

वायुरिति ॥ यस्मात्परिचितोऽभ्यस्तो वायुस्तस्मादग्निना जठराग्निना सह कुण्डलीं शक्तिं बोधयित्वा अनिरोधतोऽप्रतिबंधात्सुषुम्नायां सरस्वत्यां प्रविशेत् वायोः सुषुम्नाप्रवेशार्थमभ्यासः कर्तव्य इत्यर्थः ॥ १९ ॥

भाषार्थ–जिससे परिचित अर्थात् अभ्यास किया वायु जठराग्निके संग कुंडलीशक्तिको बोधन (जगा) करके निरोध (रोक) के अभावसे सरस्वतीरूप सुषुम्नामें प्रविष्ट होजाताहै इससे वायुका सुषुम्नामें प्रवेशके लिये अभ्यास करना उचित है ॥ १९ ॥

सुषुम्नावाहिनि प्राणे सिद्ध्यत्येव मनोन्मनी ॥
अन्यथा त्वितराभ्यासाः प्रयासायैव योगिनाम् ॥ २० ॥

सुषुम्नेति ॥ प्राणे सुषुम्नावाहिनि सति मनोन्मनी उन्मन्यवस्था सिद्ध्यत्येव । अन्यथा प्राणे सुषुम्नावाहिन्यसति तु इतराभ्यासाः सुषुम्नेतराभ्यासा योगिनां योगाभ्यासिनां प्रयासायैव श्रमायैव भवंतीत्यर्थः ॥ २० ॥

भाषार्थ–जब प्राण सुषुम्नामें वहने लगताहै तब मनोन्मनी अवश्य सिद्ध होजातीहै और प्राणके सुषुम्नावाही न होनेपर तो सुषुम्नाके अभ्याससे भिन्न जितने अभ्यास योगियोंके हैं वे सब वृथा हैं अर्थात् परिश्रमके ही जनक होनेसे उनसे कोई अर्थ सिद्ध नहीं होताहै ॥ २० ॥

पवनो बध्यते येन मनस्तेनैव बध्यते ॥
मनश्च बध्यते येन पवनस्तेन बध्यते ॥ २१ ॥

पवन इति ॥ येन योगिना पवनः प्राणवायुर्बध्यते बद्धः क्रियते तेनैव योगिना मनो बध्यते । येन मनो बध्यते तेन पवनो बध्यते । मनःपवनयोरेकतरे बद्धे उभयं बद्धं भवतीत्यर्थः ॥ २१ ॥

भाषार्थ–योगी जिससे पवनका बंधन करलेताहै उसीसे मनको भी बंधन करलेता

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

है और जिस कारणसे मनका वंधन करसकता है उसी रीतिसे प्राणकोभी वांध सकता है अर्थात् मन और पवन इन दोनोंमेंसे एकके बंधनसे दोनोंका वंधन हो सकता है॥२१॥

हेतुद्वयं तु चित्तस्य वासना च समीरणः॥
तयोर्विनष्ट एकस्मिंस्तौ द्वावपि विनश्यतः॥ २२॥

हेतुद्वयं तु चित्तस्येति॥ चित्तस्य प्रवृत्तौ हेतुद्वयं कारणद्वयमस्ति किं तदित्याह-वासना भावनाख्यः संस्कारः समीरणः प्राणवायुश्च तयोर्वासनासमीरणयोरेकस्मिन्विनष्टे सति क्षीणे सति तौ द्वावपि विनश्यतः। अयमाशयः। वासनाक्षये समीरणचित्ते क्षीणे भवतः। समीरणे क्षीणे चित्तवासने क्षीणे भवतः। चित्ते क्षीणे समीरणवासने क्षीणे भवतः। तदुक्तं वासिष्ठे-'द्वे बीजे राम चित्तस्य प्राणस्पंदनवासने। एकस्मिंश्च तयोर्नष्टे क्षिप्रं द्वेऽपि नश्यतः॥' तत्रैव व्यतिरेकेणोक्तम्-'यावद्विलीनं न मनो न तावद्वासनाक्षयः। न क्षीणा वासना यावच्चित्तं तावन्न शाम्यति॥ न यावद्याति विज्ञानं न तावच्चित्तसंक्षयः। यावन्न चित्तोपशमो न तावत्तत्त्ववेदनम्॥यावन्न वासनानाशस्तावत्तत्त्वागमः कुतः। यावन्न तत्त्वसंप्राप्तिर्न तावद्वासनाक्षयः॥ तत्त्वज्ञानं मनोनाशो वासनाक्षय एव च। मिथः कारणतां गत्वा दुःसाध्यानि स्थितान्यतः॥ त्रय एते समं यावन्न स्वभ्यस्ता मुहुर्मुहुः। तावन्न तत्त्वसंप्राप्तिर्भवत्यपि समाश्रितैः॥' इति॥ २२॥

भाषार्थ-चित्तकी प्रवृत्तिमें दो हेतु हैं एक तो वासना अर्थात् भावना नामका संस्कार और प्राणवायु, वासना और प्राणवायु इन दोनोंमेंसे एकके नष्ट होनेपर वे दोनोंभी नष्ट हो जाते हैं-यहां यह आशय है कि, वासनाके क्षय होनेपर-पवन और चित्त नष्ट होजातेहैं-और पवनके क्षीण होनेपर चित्त और वासना नष्ट होजातेहैं-और चित्तके क्षीण होनेपर पवन और वासना क्षीण होजातेहैं-सोई वासिष्ठमें कहाहै कि, हे राम! प्राणकी क्रिया और वासना ये दोनों चित्तके वीज हैं उन दोनोंके मध्यमें एकके नष्ट होनेपर वे दोनोंभी नष्ट होजातेहैं-और वासिष्ठमें ही व्यतिरेक (निषेध) के द्वारा कहा है कि जबतक मनका लय नहीं होता तबतक वासनाका क्षय नहीं होताहै और इतने वासनाका क्षय नहीं होता तब तक चित्त शांत नहीं होताहै और जबतक विज्ञान नहीं होता तबतक चित्तका संक्षय नहीं होता है-और जबतक चित्त शांत नहीं होता तबतक तत्त्वज्ञान नहीं होता है और जबतक वासनाका नाश न हो तबतक तत्त्वका आगमन कहां-और जबतक तत्त्वका आगम (प्राप्ति) न हो तबतक वासनाका क्षय

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

नहीं होता–इससे तत्त्वज्ञान मनका नाश–और वासनाका क्षय ये तीनों परस्पर कारण होकर दुःखसे साध्यरूप होकर स्थित हैं इससे जबतक इन तीनोंका समरीतिसे वारंवार अभ्यास न किया जाय तबतक अन्य कारणोंसे तत्त्व(ब्रह्मज्ञान)की संप्राप्ति नहींहोती है२२

मनो यत्र विलीयेत पवनस्तत्र लीयते ॥
पवनो लीयते यत्र मनस्तत्र विलीयते ॥ २३ ॥

मन इति ॥ यत्र यस्मिन्नाधारे मनो लीयते तत्र तस्मिन्नाधारे पवनो विलीयत इत्यन्वयः ॥ २३ ॥

भाषार्थ–जिसमें मनका लय होता है वहांही पवनका लय हो जाता है और जहां पवनका लय होता है वहां ही मनभी लीन हो जाता है ॥ २४ ॥

दुग्धांबुवत्संमिलितावुभौ तौ तुल्यक्रियौ मानसमारुतौहि ॥
यतो मरुत्तत्र मनःप्रवृत्तिर्यतो मनस्तत्र मरुत्प्रवृत्तिः ॥२४॥

दुग्धांबुवदिति ॥ दुग्धांबुवत्क्षीरनीरवत्संमिलितौ सम्यक् मिलितौ तावुभौ द्वावपि मानसमारुतौ मानसं च मारुतश्च मानसमारुतौ चित्तप्राणौ तुल्यक्रियौ तुल्या समा क्रिया प्रवृत्तिर्ययोस्तादृशौ भवतः तुल्यक्रियत्वमेवाह–यत इति । यतः यत्र सार्वविभक्तिकस्तसिः । यस्मिन् चक्रे मरुद्वायुः प्रवर्तते तत्र तस्मिन् चक्रे मनःप्रवृत्तिः मनसः प्रवृत्तिर्भवति । यतो यस्मिन् चक्रे मनः प्रवर्तते तत्र तस्मिंश्चक्रे मरुत्प्रवृत्तिः वायोः प्रवृत्तिर्भवतीत्यर्थः । तदुक्तं वासिष्ठे–'अविनाभाविनी नित्यं जंतूनां प्राणचेतसी । कुसुमामोदवन्मिश्रे तिलतैले इवास्थिते॥कुरुतश्च विनाशेन कार्यं मोक्षाख्यमुत्तमम्'इति२४

भाषार्थ–दूध और जलके समान मिलेहुये मन और पवनरूप जो चित्त और प्राण हैं वे दोनों तुल्यक्रिय हैं अर्थात् दोनोंकी प्रवृत्ति तुल्य होती है अर्थात् जिस नाडियोंके चक्रमें वायु प्रवृत्त होताहै उसी चक्रमें मनकी प्रवृत्ति होती है और जिस चक्रमें मन प्रवृत्त होता है उसी चक्रमें वायुकी प्रवृत्ति होती है सोई वासिष्ठमें कहा है कि, प्राणियोंके प्राण ओर चित्त दोनों अविनाभावी हैं अर्थात् एकके विना एक नहीं होसकता है और पुष्प और सुगंधके समान मिलेहुए तिल और तेलके समान स्थित हैं और ये अपने विनाशसे मोक्षरूप उत्तम कार्यको करते हैं ॥ २४ ॥

तत्रैकनाशादपरस्य नाश एकप्रवृत्तेरपरप्रवृत्तिः ॥
अध्वस्तयोश्चेंद्रियवर्गवृत्तिः प्रध्वस्तयोर्मोक्षपदस्यसिद्धिः॥२५॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

सुषिरं ज्ञान-जनकं पञ्च-स्रोतः-समन्वितम् ।
तिष्ठते खेचरी मुद्रा तस्मिन्शून्ये निरञ्जने ॥ ५३॥

एकं सृष्टिमयं बीजमेका मुद्रा च खेचरी ।
एको देवो निरालम्ब एकावस्था मनोन्मनी ॥ ५४॥

अथ उड्डीयान-बन्धः
बद्धो येन सुषुम्णायां प्राणस्तूड्डीयते यतः ।
तस्मादुड्डीयनाख्योऽयं योगिभिः समुदाहृतः ॥ ५५॥

उड्डीनं कुरुते यस्मादविश्रान्तं महा-खगः ।
उड्डीयानं तदेव स्यात्तव बन्धोऽभिधीयते ॥ ५६॥

उदरे पश्चिमं तानं नाभेरूर्ध्वं च कारयेत् ।
उड्डीयानो ह्यसौ बन्धो मृत्यु-मातङ्ग-केसरी ॥ ५७॥

उड्डीयानं तु सहजं गुरुणा कथितं सदा ।
अभ्यसेत्सततं यस्तु वृद्धोऽपि तरुणायते ॥ ५८॥

नाभेरूर्ध्वमधश्चापि तानं कुर्यात्प्रयत्नतः ।
षण्मासमभ्यसेन्मृत्युं जयत्येव न संशयः ॥ ५९॥

सर्वेषामेव बन्धानां उत्तमो ह्युड्डीयानकः ।
उड्डियाने दृढे बन्धे मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत् ॥ ६०॥

अथ मूल-बन्धः
पार्ष्णि-भागेन सम्पीड्य योनिमाकुञ्चयेद्गुदम् ।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूल-बन्धोऽभिधीयते ॥ ६१॥

अधो-गतिमपानं वा ऊर्ध्वगं कुरुते बलात् ।
आकुञ्चनेन तं प्राहुर्मूल-बन्धं हि योगिनः ॥ ६२॥

गुदं पार्ष्ण्या तु सम्पीड्य वायुमाकुञ्चयेद्बलात् ।
वारं वारं यथा चोर्ध्वं समायाति समीरणः ॥ ६३॥

प्राणापानौ नाद-बिन्दू मूल-बन्धेन चैकताम् ।
गत्वा योगस्य संसिद्धिं यच्छतो नात्र संशयः ॥ ६४॥

अपान-प्राणयोरैक्यं क्षयो मूत्र-पुरीषयोः ।
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूल-बन्धनात् ॥ ६५॥

अपान ऊर्ध्वगे जाते प्रयाते वह्नि-मण्डलम् ।
तदानल-शिखा दीर्घा जायते वायुनाहता ॥ ६६॥

ततो यातो वह्न्य्-अपानौ प्राणमुष्ण-स्वरूपकम् ।
तेनात्यन्त-प्रदीप्तस्तु ज्वलनो देहजस्तथा ॥ ६७॥

तेन कुण्डलिनी सुप्ता सन्तप्ता सम्प्रबुध्यते ।
दण्डाहता भुजङ्गीव निश्वस्य ऋजुतां व्रजेत् ॥ ६८॥

बिलं प्रविष्टेव ततो ब्रह्म-नाड्यं तरं व्रजेत् ।
तस्मान्नित्यं मूल-बन्धः कर्तव्यो योगिभिः सदा ॥ ६९॥

अथ जलन्धर-बन्धः
कण्ठमाकुञ्च्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम् ।
बन्धो जालन्धराख्योऽयं जरा-मृत्यु-विनाशकः ॥ ७०॥

बध्नाति हि सिराजालमधो-गामि नभो-जलम् ।

ततो जालन्धरो बन्धः कण्ठ-दुःखौघ-नाशनः ॥ ७१॥

जालन्धरे कृते बन्धे कण्ठ-संकोच-लक्षणे ।
न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रकुप्यति ॥ ७२॥

कण्ठ-संकोचनेनैव द्वे नाड्यौ स्तम्भयेद्दृढम् ।
मध्य-चक्रमिदं ज्ञेयं षोडशाधार-बन्धनम् ॥ ७३॥

मूल-स्थानं समाकुञ्च्य उड्डियानं तु कारयेत् ।
इडां च पिङ्गलां बद्ध्वा वाहयेत्पश्चिमे पथि ॥ ७४॥

अनेनैव विधानेन प्रयाति पवनो लयम् ।
ततो न जायते मृत्युर्जरा-रोगादिकं तथा ॥ ७५॥

बन्ध-त्रयमिदं श्रेष्ठं महा-सिद्धैश्च सेवितम् ।
सर्वेषां हठ-तन्त्राणां साधनं योगिनो विदुः ॥ ७६॥

यत्किंचित्स्रवते चन्द्रादमृतं दिव्य-रूपिणः ।
तत्सर्वं ग्रसते सूर्यस्तेन पिण्डो जरायुतः ॥ ७७॥

अथ विपरीत-करणी मुद्रा

तत्रास्ति करणं दिव्यं सूर्यस्य मुख-वञ्चनम् ।
गुरूपदेशतो ज्ञेयं न तु शास्त्रार्थ-कोटिभिः ॥ ७८॥

ऊर्ध्व-नाभेरधस्तालोरूर्ध्वं भानुरधः शशी ।
करणी विपरीताख्वा गुरु-वाक्येन लभ्यते ॥ ७९॥

नित्यमभ्यास-युक्तस्य जठराग्नि-विवर्धिनी ।
आहारो बहुलस्तस्य सम्पाद्यः साधकस्य च ॥ ८०॥

अल्पाहारो यदि भवेदग्निर्दहति तत्-क्षणात् ।
अधः-शिराश्चोर्ध्व-पादः क्षणं स्यात्प्रथमे दिने ॥ ८१॥

क्षणाच्च किंचिदधिकमभ्यसेच्च दिने दिने ।
वलितं पलितं चैव षण्मासोर्ध्वं न दृश्यते ।
याम-मात्रं तु यो नित्यमभ्यसेत्स तु कालजित् ॥ ८२॥

अथ वज्रोली

स्वेच्छया वर्तमानोऽपि योगोक्तैर्नियमैर्विना ।
वज्रोलीं यो विजानाति स योगी सिद्धि-भाजनम् ॥ ८३॥

तत्र वस्तु-द्वयं वक्ष्ये दुर्लभं यस्य कस्यचित् ।
क्षीरं चैकं द्वितीयं तु नारी च वश-वर्तिनी ॥ ८४॥

मेहनेन शनैः सम्यगूर्ध्वाकुञ्चनमभ्यसेत् ।
पुरुषोऽप्यथवा नारी वज्रोली-सिद्धिमाप्नुयात् ॥ ८५॥

यत्नतः शस्त-नालेन फूत्कारं वज्र-कन्दरे ।
शनैः शनैः प्रकुर्वीत वायु-संचार-कारणात् ॥ ८६॥

नारी-भगे पदद्-बिन्दुमभ्यासेनोर्ध्वमाहरेत् ।
चलितं च निजं बिन्दुमूर्ध्वमाकृष्य रक्षयेत् ॥ ८७॥

एवं संरक्षयेद्बिन्दुं जयति योगवित् ।
मरणं बिन्दु-पातेन जीवनं बिन्दु-धारणात् ॥ ८८॥

सुगन्धो योगिनो देहे जायते बिन्दु-धारणात् ।
यावद्बिन्दुः स्थिरो देहे तावत्काल-भयं कुतः ॥ ८९॥

चित्तायत्तं नृणां शुक्रं शुक्रायत्तं च जीवितम् ।
तस्माच्छुक्रं मनश्चैव रक्षणीयं प्रयत्नतः ॥ ९०॥

ऋतुमत्या रजोऽप्येवं निजं बिन्दुं च रक्षयेत् ।
मेढ्रेणाकर्षयेदूर्ध्वं सम्यगभ्यास-योग-वित् ॥ ९१॥

अथ सहजोलिः
सहजोलिश्चामरोलिर्वज्रोल्या भेद एकतः ।
जले सुभस्म निक्षिप्य दग्ध-गोमय-सम्भवम् ॥ ९२॥

वज्रोली-मैथुनादूर्ध्वं स्त्री-पुंसोः स्वाङ्ग-लेपनम् ।
आसीनयोः सुखेनैव मुक्त-व्यापारयोः क्षणात् ॥ ९३॥

सहजोलिरियं प्रोक्ता श्रद्धेया योगिभिः सदा ।
अयं शुभकरो योगो भोग-युक्तोऽपि मुक्तिदः ॥ ९४॥

अयं योगः पुण्यवतां धीराणां तत्त्व-दर्शिनाम् ।
निर्मत्सराणां वै सिध्येन्न तु मत्सर-शालिनाम् ॥ ९५॥

अथ अमरोली
पित्तोल्बणत्वात्प्रथमाम्बु-धारां
विहाय निःसारतयान्त्यधाराम् ।

निषेव्यते शीतल-मध्य-धारा
कापालिके खण्डमतेऽमरोली ॥ ९६॥

अमरीं यः पिबेन्नित्यं नस्यं कुर्वन्दिने दिने ।
वज्रोलीमभ्यसेत्सम्यक्सामरोलीति कथ्यते ॥ ९७॥

अभ्यासान्निःसृतां चान्द्रीं विभूत्या सह मिश्रयेत् ।
धारयेदुत्तमाङ्गेषु दिव्य-दृष्टिः प्रजायते ॥ ९८॥

पुंसो बिन्दुं समाकुञ्च्य सम्यगभ्यास-पाटवात् ।
यदि नारी रजो रक्षेद्वज्रोल्या सापि योगिनी ॥ ९९॥

तस्याः किंचिद्रजो नाशं न गच्छति न संशयः ।
तस्याः शरीरे नादश्च बिन्दुतामेव गच्छति ॥ १००॥

स बिन्दुस्तद्रजश्चैव एकीभूय स्वदेहगौ ।
वज्रोल्य्-अभ्यास-योगेन सर्व-सिद्धिं प्रयच्छतः ॥ १०१॥

रक्षेदाकुञ्चनादूर्ध्वं या रजः सा हि योगिनी ।
अतीतानागतं वेत्ति खेचरी च भवेद्ध्रुवम् ॥ १०२॥

देह-सिद्धिं च लभते वज्रोल्य्-अभ्यास-योगतः ।
अयं पुण्य-करो योगो भोगे भुक्तेऽपि मुक्तिदः ॥ १०३॥

अथ शक्ति-चालनम्
कुटिलाङ्गी कुण्डलिनी भुजङ्गी शक्तिरीश्वरी ।
कुण्डल्यरुन्धती चैते शब्दाः पर्याय-वाचकाः ॥ १०४॥

उद्घाटयेत्कपाटं तु यथा कुंचिकया हठात् ।
कुण्डलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं विभेदयेत् ॥ १०५॥

येन मार्गेण गन्तव्यं ब्रह्म-स्थानं निरामयम् ।
मुखेनाच्छाद्य तद्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी ॥ १०६॥

कन्दोर्ध्वे कुण्डली शक्तिः सुप्ता मोक्षाय योगिनाम् ।
बन्धनाय च मूढानां यस्तां वेत्ति स योगवित् ॥ १०७॥

कुण्डली कुटिलाकारा सर्पवत्परिकीर्तिता ।
सा शक्तिश्चालिता येन स मुक्तो नात्र संशयः ॥ १०८॥

गङ्गा-यमुनयोर्मध्ये बाल-रण्डां तपस्विनीम् ।

बलात्कारेण गृह्णीयात्तद्विष्णोः परमं पदम् ॥ १०९॥

इडा भगवती गङ्गा पिङ्गला यमुना नदी ।
इडा-पिङ्गलयोर्मध्ये बालरण्डा च कुण्डली ॥ ११०॥

पुच्छे प्रगृह्य भुजङ्गीं सुप्तामुद्बोधयेच्च ताम् ।
निद्रां विहाय सा शक्तिरूर्ध्वमुत्तिष्ठते हठात् ॥ १११॥

अवस्थिता चैव फणावती सा
प्रातश्च सायं प्रहरार्ध-मात्रम् ।
प्रपूर्य सूर्यात्परिधान-युक्त्या
प्रगृह्य नित्यं परिचालनीया ॥ ११२॥

ऊर्ध्वं वितस्ति-मात्रं तु विस्तारं चतुरङ्गुलम् ।
मृदुलं धवलं प्रोक्तं वेष्टिताम्बर-लक्षणम् ॥ ११३॥

सति वज्रासने पादौ कराभ्यां धारयेद्दृढम् ।
गुल्फ-देश-समीपे च कन्दं तत्र प्रपीडयेत् ॥ ११४॥

वज्रासने स्थितो योगी चालयित्वा च कुण्डलीम् ।
कुर्यादनन्तरं भस्त्रां कुण्डलीमाशु बोधयेत् ॥ ११५॥

भानोराकुञ्चनं कुर्यात्कुण्डलीं चालयेत्ततः ।
मृत्यु-वक्त्र-गतस्यापि तस्य मृत्यु-भयं कुतः ॥ ११६॥

मुहूर्त-द्वय-पर्यन्तं निर्भयं चालनादसौ ।
ऊर्ध्वमाकृष्यते किंचित्सुषुम्णायां समुद्गता ॥ ११७॥

तेन कुण्डलिनी तस्याः सुषुम्णाया मुखं ध्रुवम् ।
जहाति तस्मात्प्राणोऽयं सुषुम्णां व्रजति स्वतः ॥ ११८॥

तस्मात्संचालयेन्नित्यं सुख-सुप्तामरुन्धतीम् ।
तस्याः संचालनेनैव योगी रोगैः प्रमुच्यते ॥ ११९॥

येन संचालिता शक्तिः स योगी सिद्धि-भाजनम् ।
किमत्र बहुनोक्तेन कालं जयति लीलया ॥ १२०॥

ब्रह्मचर्य-रतस्यैव नित्यं हित-मिताशिनः ।
मण्डलाद्दृश्यते सिद्धिः कुण्डल्य्-अभ्यास-योगिनः ॥ १२१॥

कुण्डलीं चालयित्वा तु भस्त्रां कुर्याद्विशेषतः ।

एवमभ्यस्यतो नित्यं यमिनो यम-भीः कुतः ॥ १२२॥

द्वा-सप्तति-सहस्राणां नाडीनां मल-शोधने ।
कुतः प्रक्षालनोपायः कुण्डल्य्-अभ्यसनादृते ॥ १२३॥

इयं तु मध्यमा नाडी दृढाभ्यासेन योगिनाम् ।
आसन-प्राण-संयाम-मुद्राभिः सरला भवेत् ॥ १२४॥

अभ्यासे तु विनिद्राणां मनो धृत्वा समाधिना ।
रुद्राणी वा परा मुद्रा भद्रां सिद्धिं प्रयच्छति ॥ १२५॥

राज-योगं विना पृथ्वी राज-योगं विना निशा ।
राज-योगं विना मुद्रा विचित्रापि न शोभते ॥ १२६॥

मारुतस्य विधिं सर्वं मनो-युक्तं समभ्यसेत् ।
इतरत्र न कर्तव्या मनो-वृत्तिर्मनीषिणा ॥ १२७॥

इति मुद्रा दश प्रोक्ता आदिनाथेन शम्भुना ।
एकैका तासु यमिनां महा-सिद्धि-प्रदायिनी ॥ १२८॥

उपदेशं हि मुद्राणां यो दत्ते साम्प्रदायिकम् ।
स एव श्री-गुरुः स्वामी साक्षादीश्वर एव सः ॥ १२९॥

तस्य वाक्य-परो भूत्वा मुद्राभ्यासे समाहितः ।
अणिमादि-गुणैः सार्धं लभते काल-वञ्चनम् ॥ १३०॥

इति हठ-प्रदीपिकायां तृतीयोपदेशः ।

॥ ४॥ चतुर्थोपदेशः

नमः शिवाय गुरवे नाद-बिन्दु-कलात्मने ।
निरञ्जन-पदं याति नित्यं तत्र परायणः ॥ १॥

अथेदानीं प्रवक्ष्यामि समाधिक्रममुत्तमम् ।
मृत्युघ्नं च सुखोपायं ब्रह्मानन्द-करं परम् ॥ २॥

राज-योगः समाधिश्च उन्मनी च मनोन्मनी ।
अमरत्वं लयस्तत्त्वं शून्याशून्यं परं पदम् ॥ ३॥

अमनस्कं तथाद्वैतं निरालम्बं निरञ्जनम् ।
जीवन्मुक्तिश्च सहजा तुर्या चेत्येक-वाचकाः ॥ ४॥

सलिले सैन्धवं यद्वत्साम्यं भजति योगतः ।
तथात्म-मनसोरैक्यं समाधिरभिधीयते ॥ ५॥

यदा संक्षीयते प्राणो मानसं च प्रलीयते ।
तदा समरसत्वं च समाधिरभिधीयते ॥ ६॥

तत्-समं च द्वयोरैक्यं जीवात्म-परमात्मनोः ।
प्रनष्ट-सर्व-सङ्कल्पः समाधिः सोऽभिधीयते ॥ ७॥

राज-योगस्य माहात्म्यं को वा जानाति तत्त्वतः ।
ज्ञानं मुक्तिः स्थितिः सिद्धिर्गुरु-वाक्येन लभ्यते ॥ ८॥

दुर्लभो विषय-त्यागो दुर्लभं तत्त्व-दर्शनम् ।
दुर्लभा सहजावस्था सद्-गुरोः करुणां विना ॥ ९॥

विविधैरासनैः कुभैर्विचित्रैः करणैरपि ।
प्रबुद्धायां महा-शक्तौ प्राणः शून्ये प्रलीयते ॥ १०॥

उत्पन्न-शक्ति-बोधस्य त्यक्त-निःशेष-कर्मणः ।
योगिनः सहजावस्था स्वयमेव प्रजायते ॥ ११॥

सुषुम्णा-वाहिनि प्राणे शून्ये विशति मानसे ।
तदा सर्वाणि कर्माणि निर्मूलयति योगवित् ॥ १२॥

अमराय नमस्तुभ्यं सोऽपि कालस्त्वया जितः ।
पतितं वदने यस्य जगदेतच्चराचरम् ॥ १३॥

चित्ते समत्वमापन्ने वायौ व्रजति मध्यमे ।
तदामरोली वज्रोली सहजोली प्रजायते ॥ १४॥

ज्ञानं कुतो मनसि सम्भवतीह तावत्
प्राणोऽपि जीवति मनो म्रियते न यावत् ।
प्राणो मनो द्वयमिदं विलयं नयेद्यो
मोक्षं स गच्छति नरो न कथंचिदन्यः ॥ १५॥

ज्ञात्वा सुषुम्णासद्-भेदं कृत्वा वायुं च मध्यगम् ।
स्थित्वा सदैव सुस्थाने ब्रह्म-रन्ध्रे निरोधयेत् ॥ १६॥

सूर्य-चन्द्रमसौ धत्तः कालं रात्रिन्दिवात्मकम् ।

भोक्त्री सुषुम्ना कालस्य गुह्यमेतदुदाहृतम् ॥ १७॥

द्वा-सप्तति-सहस्राणि नाडी-द्वाराणि पञ्जरे ।
सुषुम्णा शाम्भवी शक्तिः शेषास्त्वेव निरर्थकाः ॥ १८॥

वायुः परिचितो यस्मादग्निना सह कुण्डलीम् ।
बोधयित्वा सुषुम्णायां प्रविशेदनिरोधतः ॥ १९॥

सुषुम्णा-वाहिनि प्राणे सिद्ध्यत्येव मनोन्मनी ।
अन्यथा त्वितराभ्यासाः प्रयासायैव योगिनाम् ॥ २०॥

पवनो बध्यते येन मनस्तेनैव बध्यते ।
मनश्च बध्यते येन पवनस्तेन बध्यते ॥ २१॥

हेतु-द्वयं तु चित्तस्य वासना च समीरणः ।
तयोर्विनष्ट एकस्मिन्तौ द्वावपि विनश्यतः ॥ २२॥

मनो यत्र विलीयेत पवनस्तत्र लीयते ।
पवनो लीयते यत्र मनस्तत्र विलीयते ॥ २३॥

दुग्धाम्बुवत्संमिलितावुभौ तौ
तुल्य-क्रियौ मानस-मारुतौ हि ।
यतो मरुत्तत्र मनः-प्रवृत्तिर्
यतो मनस्तत्र मरुत्-प्रवृत्तिः ॥ २४॥

तत्रैक-नाशादपरस्य नाश
एक-प्रवृत्तेरपर-प्रवृत्तिः ।
अध्वस्तयोश्चेन्द्रिय-वर्ग-वृत्तिः
प्रध्वस्तयोर्मोक्ष-पदस्य सिद्धिः ॥ २५॥

रसस्य मनसश्चैव चञ्चलत्वं स्वभावतः ।
रसो बद्धो मनो बद्धं किं न सिद्ध्यति भूतले ॥ २६॥

मूर्च्छितो हरते व्याधीन्मृतो जीवयति स्वयम् ।
बद्धः खेचरतां धत्ते रसो वायुश्च पार्वति ॥ २७॥

मनः स्थैर्यं स्थिरो वायुस्ततो बिन्दुः स्थिरो भवेत् ।
बिन्दु-स्थैर्यात्सदा सत्त्वं पिण्ड-स्थैर्यं प्रजायते ॥ २८॥

इन्द्रियाणां मनो नाथो मनोनाथस्तु मारुतः ।

मारुतस्य लयो नाथः स लयो नादमाश्रितः ॥ २९॥

सोऽयमेवास्तु मोक्षाख्यो मास्तु वापि मतान्तरे ।
मनः-प्राण-लये कश्चिदानन्दः सम्प्रवर्तते ॥ ३०॥

प्रनष्ट-श्वास-निश्वासः प्रध्वस्त-विषय-ग्रहः ।
निश्चेष्टो निर्विकारश्च लयो जयति योगिनाम् ॥ ३१॥

उच्छिन्न-सर्व-सङ्कल्पो निःशेषाशेष-चेष्टितः ।
स्वावगम्यो लयः कोऽपि जायते वाग्-अगोचरः ॥ ३२॥

यत्र दृष्टिर्लयस्तत्र भूतेन्द्रिय-सनातनी ।
सा शक्तिर्जीव-भूतानां द्वे अलक्ष्ये लयं गते ॥ ३३॥

लयो लय इति प्राहुः कीदृशं लय-लक्षणम् ।
अपुनर्-वासनोत्थानाल्लयो विषय-विस्मृतिः ॥ ३४॥

वेद-शास्त्र-पुराणानि सामान्य-गणिका इव ।
एकैव शाम्भवी मुद्रा गुप्ता कुल-वधूरिव ॥ ३५॥

अथ शाम्भवी
अन्तर्लक्ष्यं बहिर्दृष्टिर्निमेषोन्मेष-वर्जिता ।
एषा सा शाम्भवी मुद्रा वेद-शास्त्रेषु गोपिता ॥ ३६॥

अन्तर्लक्ष्य-विलीन-चित्त-पवनो योगी यदा वर्तते
दृष्ट्या निश्चल-तारया बहिरधः पश्यन्नपश्यन्नपि ।
मुद्रेयं खलु शाम्भवी भवति सा लब्धा प्रसादाद्गुरोः
शून्याशून्य-विलक्षणं स्फुरति तत्तत्त्वं पदं शाम्भवम् ॥ ३७॥

श्री-शाम्भव्याश्च खेचर्या अवस्था-धाम-भेदतः ।
भवेच्चित्त-लयानन्दः शून्ये चित्-सुख-रूपिणि ॥ ३८॥

तारे ज्योतिषि संयोज्य किंचिदुन्नमयेद्भ्रुवौ ।
पूर्व-योगं मनो युञ्जन्नुन्मनी-कारकः क्षणात् ॥ ३९॥

केचिदागम-जालेन केचिन्निगम-सङ्कुलैः ।
केचित्तर्केण मुह्यन्ति नैव जानन्ति तारकम् ॥ ४०॥

अर्धोन्मीलित-लोचनः स्थिर-मना नासाग्र-दत्तेक्षणश्
चन्द्रार्कावपि लीनतामुपनयन्निस्पन्द-भावेन यः ।

ज्योती-रूपमशेष-बीजमखिलं देदीप्यमानं परं
तत्त्वं तत्-पदमेति वस्तु परमं वाच्यं किमत्राधिकम् ॥ ४१॥

दिवा न पूजयेल्लिङ्गं रात्रौ चैव न पूजयेत् ।
सर्वदा पूजयेल्लिङ्गं दिवारात्रि-निरोधतः ॥ ४२॥

अथ खेचरी
सव्य-दक्षिण-नाडी-स्थो मध्ये चरति मारुतः ।
तिष्ठते खेचरी मुद्रा तस्मिन्स्थाने न संशयः ॥ ४३॥

इडा-पिङ्गलयोर्मध्ये शून्यं चैवानिलं ग्रसेत् ।
तिष्ठते खेचरी मुद्रा तत्र सत्यं पुनः पुनः ॥ ४४॥

सूर्य्याचन्द्रमसोर्मध्ये निरालम्बान्तरे पुनः ।
संस्थिता व्योम-चक्रे या सा मुद्रा नाम खेचरी ॥ ४५॥

सोमाद्यत्रोदिता धारा साक्षात्सा शिव-वल्लभा ।
पूरयेदतुलां दिव्यां सुषुम्णां पश्चिमे मुखे ॥ ४६॥

पुरस्ताच्चैव पूर्येत निश्चिता खेचरी भवेत् ।
अभ्यस्ता खेचरी मुद्राप्युन्मनी सम्प्रजायते ॥ ४७॥

भ्रुवोर्मध्ये शिव-स्थानं मनस्तत्र विलीयते ।
ज्ञातव्यं तत्-पदं तुर्यं तत्र कालो न विद्यते ॥ ४८॥

अभ्यसेत्खेचरीं तावद्यावत्स्याद्योग-निद्रितः ।
सम्प्राप्त-योग-निद्रस्य कालो नास्ति कदाचन ॥ ४९॥

निरालम्बं मनः कृत्वा न किंचिदपि चिन्तयेत् ।
स-बाह्याभ्यन्तरं व्योम्नि घटवत्तिष्ठति ध्रुवम् ॥ ५०॥

बाह्य-वायुर्यथा लीनस्तथा मध्यो न संशयः ।
स्व-स्थाने स्थिरतामेति पवनो मनसा सह ॥ ५१॥

एवमभ्यस्यतस्तस्य वायु-मार्गे दिवानिशम् ।
अभ्यासाज्जीर्यते वायुर्मनस्तत्रैव लीयते ॥ ५२॥

अमृतैः प्लावयेद्देहमापाद-तल-मस्तकम् ।
सिध्यत्येव महा-कायो महा-बल-पराक्रमः ॥ ५३॥

शक्ति-मध्ये मनः कृत्वा शक्तिं मानस-मध्यगाम् ।

मनसा मन आलोक्य धारयेत्परमं पदम् ॥ ५४॥

ख-मध्ये कुरु चात्मानमात्म-मध्ये च खं कुरु ।
सर्वं च ख-मयं कृत्वा न किंचिदपि चिन्तयेत् ॥ ५५॥

अन्तः शून्यो बहिः शून्यः शून्यः कुम्भ इवाम्बरे ।
अन्तः पूर्णो बहिः पूर्णः पूर्णः कुम्भ इवार्णवे ॥ ५६॥

बाह्य-चिन्ता न कर्तव्या तथैवान्तर-चिन्तनम् ।
सर्व-चिन्तां परित्यज्य न किंचिदपि चिन्तयेत् ॥ ५७॥

सङ्कल्प-मात्र-कलनैव जगत्समग्रं
सङ्कल्प-मात्र-कलनैव मनो-विलासः ।
सङ्कल्प-मात्र-मतिमुत्सृज निर्विकल्पम्
आश्रित्य निश्चयमवाप्नुहि राम शान्तिम् ॥ ५८॥

कर्पूरमनले यद्वत्सैन्धवं सलिले यथा ।
तथा सन्धीयमानं च मनस्तत्त्वे विलीयते ॥ ५९॥

ज्ञेयं सर्वं प्रतीतं च ज्ञानं च मन उच्यते ।
ज्ञानं ज्ञेयं समं नष्टं नान्यः पन्था द्वितीयकः ॥ ६०॥

मनो-दृश्यमिदं सर्वं यत्किंचित्स-चराचरम् ।
मनसो ह्युन्मनी-भावाद्द्वैतं नैवोलभ्यते ॥ ६१॥

ज्ञेय-वस्तु-परित्यागाद्विलयं याति मानसम् ।
मनसो विलये जाते कैवल्यमवशिष्यते ॥ ६२॥

एवं नाना-विधोपायाः सम्यक्स्वानुभवान्विताः ।
समाधि-मार्गाः कथिताः पूर्वाचार्यैर्महात्मभिः ॥ ६३॥

सुषुम्णायै कुण्डलिन्यै सुधायै चन्द्र-जन्मने ।
मनोन्मन्यै नमस्तुभ्यं महा-शक्त्यै चिद्-आत्मने ॥ ६४॥

अशक्य-तत्त्व-बोधानां मूढानामपि संमतम् ।
प्रोक्तं गोरक्ष-नाथेन नादोपासनमुच्यते ॥ ६५॥

श्री-आदिनाथेन स-पाद-कोटि-
लय-प्रकाराः कथिता जयन्ति ।
नादानुसन्धानकमेकमेव

इतनेही ध्यानका माहात्म्य तत्त्ववेत्ता ऋषिनने शास्त्रनके विषे बहुतसे प्रकारकरि कहाहै सोई परमतत्व मैंने वर्णन कियाहै ॥ १२१ ॥

अथवा यादृशी बुद्धी रामे कृष्णे तथा शिवे॥कर्तव्यमिति तद्ध्यानं या मतिः सा गतिर्भवेत् ॥ १२२ ॥ यदि शैलसमं पापं विस्तीर्णं योजनान् बहून् ॥ तत्सर्व ध्यान-योगेन क्षणेनैव विनश्यति ॥ १२३ ॥

अथवा जिस प्रकार राम कृष्ण तथा शिव इनके विषे बुद्धि होय सोई ध्यान करना योग्य है काहेतें कि जिस प्रकार मति होवै है सोई फलीभूत होवै है ॥ १२२ ॥ जो कि पर्वतके समान बडा भारी विस्तीर्ण बहुत योजनप-र्य्यंत पाप हो तोभी ध्यानयोगके एक क्षणमात्र साधन करिकै नाशकूं प्राप्त होवै है ॥ १२३ ॥

अथ बंधत्रयनिरूपणम् ॥

पद्मासनं समं बद्धा स्थापयेच्चुबुकं हृदि ॥ जालंधरामिमं बधं मृत्युमातंगनाशनम् ॥ १२४ ॥ पादमूलेन वामेन योनिसंपी-

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

डच्यते बलात् ।। अपानमूर्द्धमुत्थाप्य मूल-
बंधं प्रशस्यते ॥ १२५ ॥ उड्डीनं कुरुते
यस्मादविश्रांतं महाखगः ।। उडयानं त-
मिम बंधं सर्वदुःखहर नृणाम् ॥ १२६ ॥

मुद्रा दशप्रकारके पूर्वाचार्य्योंने कथन करीहैं तिनमेंसे मुख्य २ वर्णन करौं हौं पद्मासन जो सब सुखके देवेवारी आसन है ताहि बांधिकरि ठोढी हृदयमें लगावै यह जालंधरबंध नाम मुद्रा होवै है सो कैसी है मृत्युरूप मातंग जो हाथी ताकूं नाश करनेहारी है ॥ १२४ ॥ वामपादकी एडी करिकै लिंग और गुदा दोनोंके मध्यमें जो योनिस्थान है ताहि बलकरिकै संपीडन करै अर्थात् दाबिकरि स्थितहो और अपान जो नीचेके गमन करिबेवारो वायु ताहि ऊपर उठावै इस मुद्राको मूलबंध कहते हैं ॥ १२५ ॥ महाखग जो प्राण अपान वायु सो जातैं उड्डीन नाम है सो पश्चिममार्ग जो सुषुम्ना नाडी तामें किया जाय अन्यत्र कहीं विश्राम न पावै संपूर्ण दुःखोंका नाश करनेहारो तिसको उड्यान बंध कहते हैं ॥ १२६ ॥

बंधत्रयेण पवने प्रयाति गगने लयम् ।। ततो
न जायते मृत्युर्जरा रोगादिकं तथा ॥ १२७ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

इस प्रकार जो यह बंधत्रय अर्थात् तीन बंध हैं तिन करिकै पवन गगन जो ब्रह्मरंध्र है ताविषे लयकूं प्राप्त होवैहै तातैं मृत्यु तथा बुढापा आदि रोग नहीं होवैं हैं ॥ १२७ ॥

॥ अथ खेचरीमुद्रालक्षणम् ॥

एकं सृष्टिमयं देवमेका मुद्रा च खेचरी ॥
कुंभकः केवलः श्रेष्ठः धन्यः पुण्यश्च मोक्षदः
॥ १२८ ॥ गुरुवाक्याल्लभते जिह्वा सद्य-
स्त्रिपथगामिनीम् ॥ भ्रुवोरंतर्गता दृष्टिमुद्रा
भवति खेचरी ॥ १२९ ॥

जिस प्रकार सृष्टिरूप एक परमेश्वर दव है तैसेही सब मुद्रनविषे एक खेचरी मुद्रा है तथा सब कुंभकनविषें एक केवलकुंभकमुद्रा श्रेष्ठ है सो धन्य तथा पुण्य तथा मोक्षकी देनेहारी है ॥ १२८ ॥ गुरुके वाक्यतैं प्राप्त होत जो जिह्वा त्रिपथ जो ब्रह्मरंध्र है ताके विषे शीघ्र गमन करनेहारी तथा भृकुटीके अंतर्गत जो दृष्टि सो खेचरी मुद्रा होवै है ॥ १२९ ॥

चंद्रात्सारः प्रस्रवति ह्यमृतं दिव्यरूपिणः ॥
खेचर्यां मुद्रितं येन मृत्युं जयति लीलया

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

॥ १३० ॥ उर्द्ध्वजिह्वः स्थिरो भूत्वा क्षणार्धमपि तिष्ठिति ॥ विषैर्विमुच्यते सर्वै-र्व्याधिमृत्युजरादिभिः ॥१३१॥ न रोगो मरणं तस्य नैवालस्यं प्रजायेत ॥ क्षुधा मूर्च्छा तृषा नैव मुद्रां यो वेत्ति खेचरीम् १३२॥

चंद्रमातैं जो सार दिव्यरूप अमृतको प्रस्राव होवैहै सो जिस साधक पुरुषने खेचरीमुद्रा करिकै ढकदीनो अर्थात् पान करिलीनोहै जाने सो पुरुष लीलाकरिकै ही मृत्युको जीतवेवारो होवै है ॥ १३० ॥ ऊपर करी है जिह्वा जाने एवंभूत जो पुरुष यदि एक क्षणमात्रभी स्थित होवै तौ संपूर्ण सर्प बिच्छू आदिक तिनके विषकरिकै छूटै हैं जो पुरुष खेचरीमुद्रा भलीप्रकार जानै ताकूं न रोग न मृत्यु न आलस्य न क्षुधा पिपासा मूर्च्छा होवै है और कोई प्रकारकी बाधा नहीं होवै है ॥ १३१ ॥ १३२ ॥

वलीपलितवेषघ्नी मुद्रेयं खेचरी सदा ॥ न तस्य क्षरत बिंदुमुद्रां यो वेत्ति खेच-रीम् ॥ १३३ ॥

वलीपलित जो बुढापेकी देहका चर्म तथा कंपन ताकूं

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

यह खेचरी मुद्रा सदैव नाशकरनेवारी है जो पुरुष खेचरी मुद्राकू जानै ताको बिंदु जो कामदेव सो कोई कालविषे पतित नहीं होवै है ॥ १३३ ॥

चालनाद्दोहनाच्चैव च्छेदनाच्च तथैवच ॥ यावत् स्पृशति भ्रूमध्ये खेचरी सिद्धितां तदा ॥१३४॥

प्रथम एक चोखा और महीन वस्त्र तासों जिह्वाकूं पकडि कर चालन करै अर्थात् दोनों तरफाहिलावै पुनः गोके थनके सदृश दोहन करै पुनः छेदन करै फेरि तीक्ष्ण शस्त्रसूं जिह्वाके नीचेकी नसकूं छेदन करै सो जबतक जिह्वा वढिकरि बाहिर भृकुटीपर्य्यंत न पहुँचे तबतक अभ्यास करै जब पहुँच जाय तब खेचरी सिद्धि होय है कुछ वार्ता गुरुवाक्यसे समझलेना ॥१३४॥

जायते म्रियते लोके बिंदुनां नात्र कारणम् ॥ तस्मादति प्रयत्नेन बिंदुधारणमाचरेत् ॥ १३५ ॥ मरणं बिंदुपतनं जीवनं बिंदुधारणम् ॥ शिवो बिंदुरजः शक्तिः शाशसूर्यमयस्तथा ॥ उभयोर्मेलनं कार्य्यं स्वशरीरे प्रवेशयेत् ॥ १३६ ॥

जन्म मरण लोकविषे केवल बिंदु करिकैही होवैहै और कुछभी कारण नहीं ताते सदैवकाल अतियत्नसे

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

विंदुको धारण करै॥ १३५ ॥ विंदुका पतन होनाही जीवका मरण होवैहै तथा विंदुका धारण करनाही जीवन होवै है शिवरूप विंदु रजरूप शक्ति सो शशिसूर्य्यमय अर्थात् चंद्रमारूप विंदु सूर्य्यरूप रज होवै है सो दोनों कौ संमेलन करिकै अपने शरीरविषे प्रवेश करै सोही निश्चय करिकै मोक्षको देवेवारो होवैहै॥ १३६ ॥

हकारः शंकरः प्रोक्तष्ठकारः शक्तिरीश्वरी॥
उभायोर्मेलनं यस्मिन् हठयोगो निगद्यते १३७

तथा हठयोग लक्षण कथन करैं हैं, कि हकार करिकै शिव ठकार करिकै ईश्वरी पार्वती दोनोंनको संमेलन जाके विषे हो सोई हठयोग होवै है॥ १३७ ॥

॥ अथ वज्रोलीमुद्रानिरूपणम् ॥

आदा रजः स्त्रियो योन्याः यत्नेनविधिवत्सुधीः॥ आकृष्य लिंगनालेन स्वशरीरे प्रवेशयेत्॥ १३८॥ दैवाच्चलति चेद्बीर्य्यमूर्द्धमाकृष्य रक्षयेत्॥क्षणमात्रं योनितो यो लिंगनालं निवारयेत्॥ १३९ ॥ पुनश्च चालनं कुर्य्यात्तस्यां योन्यां शनैः शनैः॥ १४० ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

वज्रोलीमुद्रा साधन कहैहैं आदिके विषे विधिपूर्वक स्त्रीकी योनीतैं रजकूं लिंगनालकरिकै आकृष्य नाम खैंचकरिकै अपने शरीरविषे प्रवेश करै॥१३८॥ कदाचित अपना वीर्य्य चलायमान होय तो ऊपरकूं खैंचकरि रक्षण करै अर्थात् गिरनै न पावै गिरा होवै तौ क्षणमात्र लिंग योनितैं बाहिर निकाललेय ॥ १३९ ॥ फिरि कुछ देर पीछे तिस योनिमें शनैः शनैः कहै धीरे धीरे चालन करै ॥ १४० ॥

गुरूपदेशतो योगी बलादाकृष्य तद्रजः ॥
उभयोर्मेलनं कृत्वा स्वशरीरे प्रवेशयेत् ॥
॥१४१॥ अनेनैव विधानेन सिद्धो भवति
भूतले ॥ वज्रोल्यभ्यासयोगोयं भोगयु-
क्तोपि मोक्षदः ॥ १४२ ॥ अयं तु शांकरो
योगो धीराणां तत्वदर्शिनाम् ॥ गोपनीयः
प्रयत्नेन न देयो यस्य कस्यचित् ॥ १४३ ॥

गुरुके उपदेशतें योगी बलतें तौन जो रज ताहि आक- र्षण करै दोनों जो रजबिंदु हैं तिनको एकत्र करिकै अपने शरीरविषे प्रवेश करै ॥ १४१ ॥ यही विधान करिकै योगाभ्यासी भूतलविषे सिद्ध होवैहै वज्रोलीके अभ्यासक- रिकै जो योग भोगयुक्त आपिनाम निश्चय मोक्षको देवेवारो

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

है ॥ १४२ ॥ यह योग साक्षात् शिवजीने कथनकरयोंहै सो योग धीर तथा तत्वदर्शी पुरुषनके वास्ते देयहै नहीं तो विशेषकरिकै सामान्यमनुष्यनको नहीं देना चाहिये ॥ १४३ ॥

सहजोल्यमरोली च वज्रोली भेदतो भवेत्॥
योगशास्त्रानुसारेण उभेअपिनिगद्यते १४४

सहजोली अमरोली ये जो दोई मुद्रा ते वज्रोलीके भेद हैं योगशास्त्रके अनुसारतें उभेअपि कहैं दोऊ निश्चय-करिकै निगद्यते नाम वर्णन करै हैं ॥ १४४ ॥

॥ अथ सहजोलीमुद्रालक्षणम् ॥

दैवाच्चलति चेद्बीर्य्य संप्राप्तं योनिमंडले ॥
उभयोः शोषणं येन स योगी सिद्धिभाजनम्
॥ १४५ ॥ सहजोलीति मुद्रेयं ज्ञातव्या
योगिभिः सदा ॥ येन केन प्रकारेण बिंदुधा-
रणमाचरेत् ॥ १४६ ॥

जो कदाचित् स्थानतैं वीर्य चलिजावै और स्त्रीकी योनिमंडलमें प्राप्त होजावै तौ लिंगकरिकै दोनोंको शोष-णकरै जाकी क्रिया इसप्रकार है कि पूर्वमें सीसकी शलाका १४ चौदह अंगुल बनावै वह नित्य लिंगमें चालनकरै जव

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

१२ बारह अंगुल प्रवेश होनेलगिजाय तब चांदीकी शलाका सच्छिद्र बनवावे ताको प्रवेशकरै और फूत्कारक-रिकै वायुसंचार करै फिर तिस लिंगनालकरिकै जल तथा दूध आकर्षण करै तदनंतर रजको और वीर्यको आकर्षण करै सो योगी संपूर्णसिद्धीनको पात्र है ॥ १४५ ॥ इसप्र-कार इस मुद्राका नाम सहजोली है सो मुद्रा योगीजन जानैं हैं जिसकिसीप्रकार करिकै बिंदु जो कामदेव तिसका धा-रण करना ॥ १४६ ॥

॥ अथ अमरोलीमुद्रालक्षणम् ॥

स्वमूत्रोत्सर्गसमय मुख्यां धारां परित्यजेत् ॥ बलादाकर्षयेन्मध्यां धाराममृतरूपिणीम् ॥ ॥ १४७ ॥ स्तोकं स्तोकं त्यजेत्पश्चादुप-दिष्टगुरुशिक्षया ॥ एवं योगविधानेन बिंदुर्ग-च्छति मंडले ॥ १४८ ॥ षण्मासमभ्यसे-न्नित्यं साधकः संयतेंद्रियः ॥ शतांगनाऽपि भोगेऽपि बिंदुस्तस्य न क्षुभ्यति ॥ १४९ ॥ बिंदुसिद्धिर्भवेत्तस्य जितश्वासस्य योगिनः ॥ बहुना किं प्रलापेन ह्युपतिष्ठंति सि-द्धयः ॥ १५० ॥ संसारिणां विमू-ढानां मायामोहितचेतसाम् ॥ बिंदुर्ददाति

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

सर्वेषां सुखदुःखमुदारधीः ॥ १५१ ॥ अयं तु शांकरो योगो योगिनां चात्मदर्शिनाम् ॥ रागग्रस्तमनुष्याणां न तु विषयशालिनाम् ॥ १५२ ॥

निजमूत्रोत्सर्गसमयमें मुख्यधाराको त्याग करिदेवे फेरि बलकरिकै अमृतरूपिणी जो मध्यधारा ताको आकर्षण करे ॥ १४७ ॥ गुरूपदिष्ट शिक्षाकरिकै ताहि धीरे धीरे कुछ थोडी थोडी त्याग करै याप्रकार योगविधान करिकै विंदु जो है सो मंडलके विषे प्राप्त होवै है ॥ १४८ ॥ इंद्रियनको जीतालियो है जाने ऐसे जो साधक सो नित्य ही क्रमपूर्वक प्रकार छै महीनापर्यंत अभ्यास करै तौ सौ स्त्रीके साथ भोगकरनेपरभी ताको विंदु क्षोभित नहीं होवै है ॥ १४९ ॥ यह जो जितश्वास योगी जाकी विंदुसिद्धि होयगई ताको बहुत प्रलाप करिकै क्याहै संपूर्ण जो सिद्धि यह निश्चयकरिकै समीपमें स्थित होवैहैं ॥ १५० ॥ संसारी जे मनुष्य मायाकरिकै मोहित हैं चित्त जिनके तिनको उदारधी विंदु जो काम है सो सुखदुःखको प्राप्त करै है ॥ १५१ ॥ यह जो अम्रोलीयोग सो साक्षात् श्रीशिवजीने प्रकाशित कियोहै सो केवल आत्मदर्शी योगीजनोंके वास्ते सुखप्राप्तकरैहै रागकरिकै ग्रस्त जे मनुष्य तिनको नहीं कैसे हैं वे मनुष्य अर्थात् विषययुक्त हैं ॥ १५२ ॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

अमरोलीत्वियं प्रोक्ता महासिद्धिप्रदायिका ॥
बिंदुधारणरक्षार्थं मुद्रा नैव च यादृशी॥१५३॥

यह महासिद्धिकी देवेवारी अमरोली मुद्रा कहीहै जाके सदृश अन्य मुद्रा बिंदुधारणकी रक्षाके अर्थ एवं नाम निश्चय करिके नहीं है अर्थात् सर्वदा इसके समान कोई अन्य नहीं योग जप तप सबका मूल यह है ॥ १५३ ॥

गुह्याद्गुह्यतमो लोके न भूतो न भविष्यति॥
ईशत्वं यत्प्रसादेन दुर्ल्लभं प्राप्यते भुवि ॥ १५४ ॥

इस बिंदुरक्षारूप योगके समान अन्य कोई जप तप भक्ति योग नहीं संसारमें यह योग गुप्तसे गुप्त है, अर्थात हरेकको देना उचित नहीं इस बिंदुरक्षारूप योगप्रसादसे इस संसारविषे जो दुर्लभ ईशत्व है सो प्राप्त होता है इसमें संशय नहीं ॥ १५४ ॥

॥ अथ शक्तिचालनीमुद्रालक्षणम् ॥

अपानवायुमाकृष्य चालयेत्कुंडलीं दृढाम्
॥निद्रां विहाय भुजगीं स्वयमूर्द्धं व्रजेत्खलु ॥ १५५ ॥ गुरूपदेशतो नित्यं शक्तिचालनमाचरेत् ॥ आयुर्वृद्धिर्भवेत्तस्य सिद्धो भवति भूतले ॥१५६॥ षण्मासम-

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

भ्यसेद्योगी प्रत्यहं गुरुशिक्षया ॥ बहुना किं प्रलापेन मुक्तो भवति बंधनात् ॥ १५७ ॥

अपानवायु जो गुदाद्वारा नीचेगमन करैहै ताहि ऊपरको खेंचिकारि दृढ जो कंडली अर्थात् सात लपेटे देकारि पूर्ण निद्राके विषे जो होरही ताहि चालयेत् अर्थात् चलावै सो निद्रा छोडि आपही ऊर्द्ध्व जो ब्रह्मरंध्रस्थान तामें निश्चयकरि गमन करैहै ॥१५५॥ जो पुरुष गुरुके उपदेशतैं नित्यही शक्तिचालन मुद्राभ्यास करैहै ता पुरुषकी आयु वृद्धि निश्चयकरिकै होती है और संपूर्ण अणिमादिक सिद्धियां प्राप्त होकर पृथ्वीविषे सिद्धरूपहोता है ॥१५६॥ जो पुरुष इस मुद्राअभ्यासको छे महीना गुरुकी शिक्षापूर्वक निशिदिन करैहै ताकूं बहुत प्रलाप करनेसे क्या सर्व सिद्धि प्राप्त हो संसाररूप बंधनसे छूटिजावैहै ॥ १५७ ॥

॥ अथ विपरीतकरणीमुद्रालक्षणम् ॥

अधःशिरश्चोर्द्धपादमभ्यसेच्च दिनेदिने ॥ मुद्रेयं विपरीताख्या जठराग्निविवर्द्धनी ॥ १५८ ॥ नित्यमभ्यासयुक्तस्यात्याहारो बहुलोच्यते ॥ सूक्ष्माहारो यदि भवेदग्निर्दहति निश्चितम् ॥१५९॥तस्माद-

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

तिप्रयत्नेन साध्यते योगिना सदा ॥ व-
लितं पलितं चैवषण्मासोर्द्धं न दृश्यते॥१६०॥

अधः कहें नीचेकूं शिर ऊंचेकूं पांव करै अर्थात् पृथ्वी-
में मस्तक रखकरि अंतरिक्षमें पांव करै इसतरह दिन
प्रति अभ्यास करै याको विपरीतकरणीमुद्रा नाम है सो
मुद्रा जठराग्निकूं अत्यंत वृद्धि करैहै ॥ १५८ ॥ जो पुरुष
या मुद्राको नित्य अभ्यास करै तिस साधकपुरुषकूं बहुत
आहार करना योग्य है जो कदाचित् आहार कम करै
तौ जठराग्नि शरीरकूं शीघ्रही भस्म करैगा ॥ १५९ ॥
तातैं अतिप्रयत्नकरिकै यह मुद्रा योगीकरिकै साधनीय
होवैहै जो इसमुद्राका अभ्यास नित्य करै ताके वली प-
लित चर्म केश छे महीनामें नाश होवैं हैं अर्थात् तरुणकेसे
होवैहैं तथा जराका अभाव होवैहै ॥ १६० ॥

याममात्रं यदा कर्त्तुं समर्थः स्याद्दिनेदिने॥
तदैव कुरुते योगी कालस्य मुखवंचनम् ॥
॥१६१ ॥ गुरुप्रसादाल्लभते मुद्रेयं पाप-
नाशनी ॥ गोपनीया विशेषेण न देया
यस्य कस्यचित् ॥ १६२ ॥

अभ्यासके साधन जो नित्यप्रति एकप्रहर करिवे
लगिजाय सो तेहीसमयसे कालके मुखकी वंचना करैहै
॥ १६१ ॥ यह मुद्रा केवल गुरुकी प्रसन्नतातैं सिद्ध होवैहै

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

यह मुद्रा पापको नाश करिवेवारी है यह विशेषकारि गोपनीय है अर्थात् अनधिकारीकूं देना योग्य नहीं ॥१६२॥

॥ अथ समाधिनिरूपणम् ॥

ध्येयस्वरूपोपगतो यदा सुधीर्विस्मृत्य चात्मानमथावतिष्ठते ॥ योगी विलूनाखिलकर्म्मबंधनैर्योगस्य तच्चाष्टकमंगमीरितम् ॥ १६३ ॥

जिसकालविषे सुधी कहैं सुंदरबुद्धिमान जो साधक पुरुष है ध्येयवस्तु जो परमात्मा है तास्वरूपकूं प्राप्त होवैहै अपनी जो देह तथा आत्माका पृथक्भाव ताहि भूलिकरि स्थित होवैहै सो योगी कैसो है कि,संपूर्ण जन्मांतरके संचित तथा वर्तमान आगामि तिनकरिकै छूटि जावैहै सो योगका अष्टम अंग जो समाधि सो होवैहै ॥ १६३ ॥

सरित्पतौ यथा चापः कर्पूरमनिले यथा॥ सलिले लवणं यद्वत्समाधिः प्राणसंयमात् ॥१६४॥ घृते घृतं यथा क्षिप्तं वह्नौ वह्निरिवार्पितः ॥ तथा भवति चैकत्वं जीवात्मपरमात्मनोः॥१६५॥अच्छेद्यः सर्वशस्त्राणामवध्यः सर्वदेहिनाम् ॥ अशक्यो यक्षगंधर्वैर्योगी मुक्तस्समाधिना ॥१६६॥

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

चोट, मोच, वायु-विकार से उत्पन्न सूजन और दर्द आदि में भी इसकी अत्यधिक उपयोगिता है। प्राणायाम के बिना भी यह आसन शरीर के अवयवों में लचक उत्पन्न कर देता है, जिससे सामान्य चोट आदि से लगने वाले आघात को सहन करना होता है। अधिक लाभ के लिए इसके साथ प्राणायाम का प्रयोग तालबद्ध रूप में करना श्रेयस्कर है।

रोग शमन में मुद्राओं का उपयोग

आसन के साथ मुद्राओं का भी अधिक महत्व है। यद्यपि मुद्राएँ आसनों के साथ की जाती हैं, तथापि मुद्राओं के द्वारा शरीर की सभी ग्रन्थियाँ सदैव क्रियाशील और स्वस्थ रखी जा सकती हैं तथा ग्रन्थियों से जो रसमय पदार्थ उत्पन्न होते हैं, उनके अभाव में शरीर अनेक व्याधियों का शिकार होजाता है। यदि ग्रन्थियाँ क्रियाशील रहें तो उनसे उत्पन्न होने वाला रस रक्त में मिल कर शरीर को व्याधियों से बचाता और उसका सुगठन एवं सौन्दर्य स्थायी रूप से बना रहता है। परन्तु मुद्राओं का अभ्यास वयस्कों के लिए ही हितकर है, बालकों को उनका अभ्यास नहीं करना चाहिए। क्योंकि बाल्यकाल में ग्रन्थियाँ अपरिपक्व होती हैं, उन्हें मुद्राओं के अभ्यास द्वारा परिपक्व और पुष्ट करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में बाधा उत्पन्न हो सकती है,

योगाचार्यों ने बन्धों के सहित पच्चीस मुद्राओं का उल्लेख किया है। उनमें से अत्यन्त उपयोगी प्रमुख मुद्राओं का वर्णन करना उचित होगा। फल का कथन करते हुए मुद्राओं को दिव्य अष्ट सिद्धियाँ देने वाली स्वीकार किया गया है।

उड्डीयान, जालन्धर, मूलबन्ध, महाबन्ध और महावेध के नाम से पाँच बन्धों का वर्णन प्रायः सभी योगशास्त्रों में मिलता है, यह सभी

मुद्राओं के अन्तर्गत और अनेक प्रकार के रोगों का शमन करने वाले हैं। कुछ विद्वानों ने महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डीयानबन्ध, जालन्धरबन्ध और मूलबन्ध के रूप में पाँच महामुद्राओं का वर्णन किया है। वे सभी लौकिक और पारलौकिक, दोनों प्रकार के सुखों के देने वाली हैं।

उड्डीयान बन्ध

उदर में नाभि के ऊपर के भार और पश्चिम द्वार को उदर के सम-भाव में सिकोड़ने से उड्डीयान बन्ध होता है। आशय यह है कि उदर-स्थ टूंडी में नाभि के ऊपर नीचे भागों को इस प्रकार तानें कि वे दोनों भाग पीठ में जा लगें। यह बन्ध सभी बन्धों में प्रमुख हैं। इसमें उदर के नीचे के भाग में स्थित गुह्यादि चक्रों की सब नाड़ियों को नाभि से ऊपर की ओर उठाना चाहिए।

यह बन्ध बैठ कर या खड़े होकर भी किया जा सकता है। प्रत्येक प्रकार में शरीर को आगे की ओर झुका कर हथेलियों को जाँघों पर या घुटनों पर रखें और उदर को सिकोड़ें, जिससे कि वहाँ एक गढा जैसा बन जाय। उदर संकोच की यह क्रिया तब तक करें, जब तक कि कुम्भक प्राणायाम द्वारा श्वास को सरलता से रोक सकते हों। इसमें उदर की माँसपेशियाँ पीछे की ओर नहीं तननी चाहिए।

इसके अभ्यास से उदर के भारीपन एवं मलावरोध आदि में लाभ होता है। अग्निमांद्य, अजीर्ण, उदरशूल, पित्तज शूल तथा पित्त-पथरी आदि का शमन होता है। चेचक, विशूचिका, स्त्रियों के प्रदरादि विकार तथा मासिक गड़बड़ी भी दूर होजाती है। इस प्रकार स्त्रियों के लिए भी यह हितकर है। इसका अभ्यास करने वाले को स्नायविक रोग भी नहीं होते। 'अभ्यसेद्यस्तु सत्त्वस्थो वृद्धोऽपि तरुणायते' कह कर योग-शास्त्रियों ने स्पष्ट कर दिया है कि इसके अभ्यास से वृद्ध भी युवा हो-

जाता है। इसमें प्रकट है कि यह बन्ध पुरुषों के सभी रोगों को दूर कर पुष्टि प्रदान करने में समर्थ है।

जालन्धर बन्ध

कण्ठ का संकोच करने और हृदय पर ठोड़ी रख लेने से जालन्धर बन्ध होता है। योगियों के अनुसार नीचे की ओर होने वाले अमृत-रस का स्राव इसके अभ्यास से शिर में ही स्थिर रहता है, इसीलिए इस बन्ध का मृत्यु को नाशक कहा गया है।

योग शास्त्रों का सिद्धान्त है कि मस्तष्क में अमृत का आविर्भाव होता रहता है, जिसके वहीं स्थिर रहने पर मनुष्य अत्यन्त स्वस्थ और दिव्य सौन्दर्य से सम्पन्न रहता है। परन्तु विपरीत आहार-विहार के कारण मस्तक में उत्पन्न होने वाला अमृत नीचे की ओर स्रवित होता हुआ उदरस्थ अग्नि (जठरानल) को मन्द करता रहता है। इसी कारण शरीर में अग्निमांद्यादि रोग उत्पन्न होजाते हैं।

उक्त बन्ध में कण्ठ का संकोच होने से ग्रन्थियों से उत्पन्न होने वाले रस का स्राव सही प्रकार से होता है और वह रक्त के साथ मिश्रित होकर शरीर को स्वस्थ और दृढ़ बनाने में सहायक होता है। इस बन्ध के अभ्यास से अनेक प्रकार के उदर-रोग नष्ट होजाते हैं।

मूलबन्ध

इसमें बाँयी एड़ी के द्वारा गुह्य प्रदेश को संकुचित करने और नाभि-ग्रन्थि को मेरुदण्ड में प्रयत्न पूर्वक लगाने का निर्देश है तथा दाँयी एड़ी से उपस्थ को दृढ़ता पूर्वक दबा लेना कहा है। इससे वृद्धावस्था को प्राप्त हुआ व्यक्ति भी तरुण के समान हृष्ट-पुष्ट होजाता है।

मस्तक के आधार से प्रारम्भ और गुह्य प्रदेश के समीप अन्त वाली रीढ़ की अस्थि के अन्त-स्थान से अनेक स्नायु और शिराओं का प्रारम्भ हुआ है। इस स्थान को योगाचार्यों ने मूलाधार चक्र का नाम दिया है और मूलबन्ध का अभ्यास यहाँ सहायक होता है।

पुरुषों के मूत्र स्थान के दोनों ओर कामग्रन्थियाँ हैं, जो कि काम-सम्बन्धी विचार और चेष्टा के कारण हर्ष को प्राप्त होती हैं। इन ग्रन्थियों के ही समान स्त्रियों के भी इसी स्थान पर रति ग्रन्थियों की स्थिति है। गुद और मूत्राशय के मध्य वाले स्थान को योनिमण्डल कहते हैं। इसी के ऊपर रीढ़ का वह अन्त-स्थान है, जो कि कन्द स्थान भी कहलाता है। यहाँ से इडा नाडी और पिंगला नाड़ी प्रारम्भ होती है। परन्तु इडा बाँयी ओर और पिंगला दाँयी ओर चढ़ती हुई एक ही स्थान पर समाप्त होती हैं।

तीसरी प्रमुख नाड़ी और है—सुषुम्ना। यह भी कन्द स्थान से प्रारम्भ होकर कण्ठ तक पहुँचती और वहाँ से दो भागों में बँट कर, एक भाग ललाट तक और दूसरा ब्रह्मरन्ध्र तक जाता है। इस प्रकार यह तीनों नाड़ियां श्वास क्रिया को पूर्ण रूप से नियन्त्रित करती हैं।

मूल स्थान से ही कुहू और शंखिनी नामक दो नाड़ियाँ उत्पन्न हुई हैं। इनमें मूत्र को रोकने के लिए कुहू नाड़ी और मल को रोकने के लिए शंखिनी नाड़ी को खींचना होता है। इस शंखिनी नाड़ी के खींचने से गुदा का संकोच होता है, जो कि इस बन्ध में करना आवश्यक है।

इसके अभ्यास से शरीरस्थ मल का अवरोध नष्ट होजाता है, भूख खुल कर लगती है। आलस्य और भारीपन नहीं रहता, इसलिए शरीर में स्फूर्ति और ताजगी बनी रहती है। पुरुषों के धातु रोग, शीघ्रपतनादि, स्त्रियों के रजोदोष एवं बवासीर आदि रोगों का भी शमन होता है।

महाबन्ध

योनि स्थान को बाँये पाँव की एड़ी से दबा कर उस एड़ी को दाँये पाँव से दबाले और गुह्य प्रदेश को धीरे-धीरे चलाता हुआ संकुचित करे तथा जालन्धर बन्ध के द्वारा प्राणवायु का धारण करे। इसका अभ्यास बाँए और दाँए दोनों ही अंगों से कर सकते हैं।

महाबन्ध मूलबन्ध और जालन्धर बन्ध के सम्मिश्रण से बनता है। इससे गर्भाशय शोथ, प्रदर, पेड़ू का दर्द, उपस्थ-विकार, धातु-विकार आदि स्त्री-पुरुषों के सभी रोग मिट जाते हैं। साथ ही कोष्ठबद्धता, यकृतप्लीहा के विकार एवं अर्शादि का भी शमन होता है। इस क्रिया में दाँये पाँव को घुटने से मोड़ कर मूत्राशय पर दबाव डाला जाता है और घुटने से धरती को दबाते हैं। बाँया पाँव सीधा पसार कर उसके अँगूठे को दोनों हाथों से पकड़ना होता है। यह बन्ध तरुण स्त्री-पुरुषों के लिए भी हितकर है।

महावेध

इसमें पद्मासन या सिंहासन लगा कर बैठना चाहिए। फिर एकाग्रता पूर्वक कण्ठमुद्रा द्वारा वायु की गति का निरोध करे और नासारन्ध्रों का संकोच करे तो वायु शीघ्र भर जाती है। प्रथम महाबन्ध का अभ्यास कर उड्डीयान बन्ध के द्वारा वायु को रोका जाय। इस महावेध के साथ महाबन्ध और मूलबन्ध करना अत्यन्त हितकर माना जाता है। प्राणायाम का अभ्यास हो तो यह मुद्रा शीघ्र सिद्ध होजाती है।

वायु को उदर से बाहर निःसृत करें तथा गुद स्थान और कामको ऊपर की ओर खींचें, फिर वायु खींचते समय इन शिराओं को ढीली छोड़ दें। इसमें श्वासावरोध की जितने समय तक की क्षमता हो, उतने समय तक ही रोकें। इसके अभ्यास से स्त्री-पुरुषों के प्रजनन अंग पुष्ट होते हैं तथा प्रदर, प्रमेह एवं कफज आदि विकारों का भी शमन होजाता है।

महामुद्रा

योनि स्थान को बाँए पाँव के तलुए से पीड़ित कर दाँए पाँव को पसारें और उसे हाथों के द्वारा दृढ़ता पूर्वक पकड़ लें। ठोड़ी को वक्ष से लगा लें और कण्ठ में जालन्धर बन्ध करके मूलबन्ध करें तथा वायु को

ऊर्ध्वदेश में धारण करें। इसके अभ्यास से दुष्ट व्रण, नासूर, विष-दोष तक का शमन होता है। मलावरोध, उदर का भारीपन, अपच एवं यकृत आदि के विकार भी दूर होजाते हैं।

यह मुद्रा उपर्युक्त से विपरीत क्रम द्वारा भी की जा सकती है। अर्थात् दाँए पाँव के तलुए से योनि स्थान को दबा कर दाँये पाँव को पसारने और हाथों से दृढ़ता पूर्वक पकड़ने से भी साध्य होती है। इसलिए दोनों क्रमों से ही अभ्यास करना उचित है।

खेचरी मुद्रा

योग शास्त्रों में वर्णित यह मुद्रा भी बहुत प्रसिद्ध है। कपाल कुहर में विपरीत हुई जीभ के प्रविष्ट होने और भोंहों के बीच दृष्टि रहने से यह मुद्रा सिद्ध होती है। इसमें जीभ को ऊपर की ओर उलट कर पीछे की ओर ले जाय और कपाल के मध्य वाले छिद्र में प्रविष्ट करने का अभ्यास करे। यद्यपि इस क्रिया में जिह्वामूल की नाड़ी को शस्त्र से छेदा जाता है, जो कि किसी शल्य-चिकित्सक द्वारा करा सकते हैं, परन्तु ऑपरेशन न करायें तो भी इसका अभ्यास करने से जिह्वामूल के सभी रोग, कण्ठ-विकार, स्वरभंग आदि का शमन होता और दृष्टि भी तीव्र होती है।

धातुओं की विषमता से उत्पन्न दोष, रक्तदोष एवं निर्बलता आदि में भी यह हितकर है। इसके अभ्यास से युवावस्था बनी रहती है और दीर्घजीवन की प्राप्ति होती है।

विपरीतकरणी मुद्रा

इस मुद्रा के अभ्यास में नीचे शिर और ऊपर पाँव करना होता है। योगाचार्यों ने 'ऊर्ध्व नाभेरधस्तालोरूर्ध्वं भानुरधः शशी' अर्थात् ऊर्ध्व भाग में नाभि और अधोभाग में तालु होने से ऊर्ध्वभाग में सूर्य और अधोभाग में चन्द्रमा हो जाता है, यही विपरीतकरणी मुद्रा कहलाती है।

पीठ के बल धरती पर लेट कर पाँवों को परस्पर मिले हुए ऊपर की ओर उठावें और नितम्बों को हाथों से सहारा देकर उठते हुए चले जाँय। इस प्रकार पूरा शरीर उल्टा खड़ा हो सकता है। इसका अभ्यास प्रारम्भ में एक-आध मिनट से बढ़ाते हुए तीन-चार मिनट तक करना चाहिए।

इसके अभ्यास से तरुणावस्था में स्थायित्व आता है यानी बुढ़ापा नहीं घेरता और दीर्घजीवन की प्राप्ति होती है, मस्तिष्क में विद्यमान जीवनी-शक्ति का संचार करने वाली ग्रन्थि इससे पुष्ट होती और समूचे शरीर में सार पदार्थ को समान रूप से पहुंचाने में सहायक होती है।

यह मुद्रा जठराग्नि को प्रदीप्त करने वाली, खान-पान को पचाने वाली तथा वली-पलित (शिर के बालों का पक कर श्वेत होना या गंजापन आदि) को दूर करने वाली है। रक्त की कमी निर्बलता, कुरूपता आदि का शमन करने में भी हितकर है। शिरशूल, चक्कर आना, अचेतता आदि में लाभ पहुँचाती तथा चर्म रोग, मुँहासे, झुर्री आदि को भी मिटाती है। यदि उपर्युक्त प्रकार से अभ्यास करने में कठिनाई प्रतीत हो तो दीवाल के सहारे से खड़ा होना प्रारम्भ करें और धीरे-धीरे अभ्यास को बढ़ावें।

परन्तु ध्यान रहे कि इस मुद्रा को करने वाले के लिए अल्पाहार (कम भोजन) नहीं करना चाहिए। क्योंकि मुद्रा से प्रदीप्त होने वाली जठराग्नि के लिए उचित आहार आवश्यक है। अल्प भोजन करने से हानि हो सकती है।

शक्तिचालिनी मुद्रा

वज्रासन लगाकर बैठे और दोनों पाँवों को एड़ियों के पास से हाथों के द्वारा दृढ़ता पूर्वक पकड़ ले और कन्द स्थान को प्रपीड़ित करे। फिर धीरे-धीरे वायु खींचते हुए कुहू और शखिनी नाड़ियों को अन्यान्य नाड़ियों

के सहित ऊपर की ओर ताने। ऐसा करने से गुह्य प्रदेश और नाभि प्रदेश का पीठ की ओर आकर्षण होता है। प्रारम्भ में यह अभ्यास १०-१५ सेकण्ड ही करना चाहिए और फिर धीरे-धीरे वायु को छोड़ते हुए नाड़ियों को भी ढीली छोड़ दे। यह क्रिया प्रातःकाल दोनों समय १०-२० बार तक कर सकते हैं और कुछ समय भी बढ़ा सकते हैं।

इसके अभ्यास से काम जनित विकारों का शमन और ऊर्ध्वरेतत्व (वीर्य को ऊपर आकर्षित करने) की शक्ति प्राप्त होती है। वृद्धावस्था में भी तरुणों के समान बल का वर्द्धन होता है। यह क्रिया वृद्धावस्था को रोकने और दीर्घ आयु प्राप्त कराने वाली है। वीर्य-रोगों के कारण उत्पन्न नपुंसकता आदि तथा असौन्दर्य का शमन होता है। इसका अभ्यास स्त्रियों के लिए भी अत्यन्त लाभकारी और सौन्दर्य-वृद्धि का कारण हो सकता है।

योग मुद्रा

वज्रासन से बैठकर कटि के पीछे दोनों हाथ लेजाकर पीठ पर लगावे और बाँये हाथ से दाँये हाथ को पकड़ ले। फिर आगे की ओर झुक कर मस्तक को धरती पर टेके और प्राणवायु का रेचन करे। इस प्रकार १०-१५ सेकेण्ड, वायु-रहित स्थिति में रह कर पुनः धीरे-धीरे वायु को ग्रहण करे। इसे अभ्यास बढ़ाने के लिए अनेक बार करना चाहिए।

यह मुद्रा योगाभ्यासियों के लिए अन्तिम लक्ष्य की प्राप्ति में तो सहायक है ही, उदर-रोगों को दूर करने में भी समर्थ है। यकृत, प्लीहा आदि के विकार, अर्श, स्नायविक दुर्बलता आदि का भी इसके द्वारा शमन होता है।

नभोमुद्रा

ऊर्ध्वजिह्वाः स्थिरोभूत्वाधारयेत्पवनं सदा अर्थात् ऊर्ध्व जिह्वा करके स्थिर हो और कुम्भक के द्वारा वायु को रोक ले। इस प्रकार इस मुद्रा

का कार्य जीभ को तालु की ओर प्रेरित करना है। साथ ही दृष्टि को भोंहों के मध्य स्थिर करने का भी विधान है। क्योंकि दृष्टि के इस प्रकार रहने से ही इस मुद्रा के अभ्यास में दृढ़ता आती है।

यद्यपि इस क्रिया में, प्रारम्भ में कुछ कठिनाई प्रतीत होती है। फिर भी अभ्यास से सिद्धि होजाती है। ऊपर की ओर लौटा कर जिह्वा को उसके मूल में स्थिर करने में सफलता मिल जाय, तब समझना चाहिए कि मुद्रा सिद्ध होगई। इससे जिह्वा, कण्ठ और नेत्र के अनेकों रोग स्वतः नष्ट होजाते हैं। शरीर की अन्य ग्रन्थियों पर भी इसका अनुकूल प्रभाव पड़ता है। गल-ग्रन्थियों के दूषण से उत्पन्न होने वाले विकार एवं कण्ठ-स्वर के भंग होने तथा कण्ठमूल आदि में भी इससे अभूतपूर्व लाभ होता है, कुछ विद्वान् इसे खेचरी मुद्रा का ही एक रूप मानते हैं, परन्तु यथार्थ में यह अपना पृथक् रूप रखती है।

———

प्राणायाम से रोगों का शमन

प्राणायाम के द्वारा प्राणवायु की गति नियन्त्रित की जाती है। इसके शाब्दिक अर्थ हैं—श्वास की वृद्धि होना। इसके अभ्यास से साधक श्वास के लम्बे या धीमे करने में अभ्यस्त हो जाता है। योगीजन इस क्रिया को शरीर में जीवनी शक्ति का संचार करने वाली मानते हैं, जिससे कि शारीरिक और मानसिक दुर्बलता और वृद्धावस्था का अवरोध होकर बल एवं पौरुष की वृद्धि होती है।

वायु पांच प्रकार के और उपवायु भी इतने ही हैं। इनका पूर्ण परिचय पहिले ही दे चुके हैं। प्राणवायु ऊर्ध्वभाग में और अपान वायु अधो-

जैसे शिवः शक्तिः कामः इस श्लोक के भाष्य में आया है। परा रूपा कुण्डलिनी शक्ति है इसका स्पष्ट ज्ञान तभी हो सकता है जब साधक अपने अस्तित्व को देवी के रूप में लय कर सके। वाण शब्द से ब करतल से ल मथितुसे उ अस्तां से अनुस्वार इनके मिलाने से वशिनीका ब्लूं बीज बनता है। पुर मथितु और अहो पुरषिका शब्दों का योग इस बात का द्योतक है कि शिव शक्ति की उपासना एक साथ करना ध्येय है जैसा कि प्रथम श्लोक में वर्णन किया गया है। इस श्लोक का आध्यात्मिक भाव यह है कि शिव (प्रकाश) का रूप तभी भाषित होता है जब कि उनका प्रतिबिम्ब शक्ति पर पड़ता है अर्थात् जब देवी जी के संयोग (विमर्श) से द्योतित होता है।

सुधासिन्धोर्मध्ये सुरविटपिवाटी परिवृते।
मणिद्वीपे नीपोपवनवति चिन्तामणिगृहे॥
शिवाऽकारे, मञ्चे परमशिवपर्यङ्कनिलयां।
भजन्ति त्वां धन्याः कतिचन चिदानन्दलहरीम्॥ 8॥

भावार्थः-

अमृतमय समुद्र के मध्य कल्पवृक्षों के उपवन से घिरी हुई मणिद्वीप के बीच चिन्तामणि मन्दिर में शिवाकार पर्यकं पर परम शिव में निवास की हुई चिदानन्द समुद्ररूपिणि भगवती तुम्हारा जो भजन करते हैं वे साधक धन्य हैं अर्थात् मुक्त हैं।

विज्ञान भाष्य

भगवती के स्वरूप का वर्णन करने के अनन्तर अब भगवती के निवास स्थान का वर्ण करते हैंः- अमृत रूप समुद्र में कल्पवृक्षों के उपवन से वेष्टित नवरत्न जड़ित कदम्ब वृक्ष के समीप चिन्ता मणियों से खचित रत्नजड़ित स्तम्भादि पर निर्मित भवन में शिवाकार मंच पर अर्थात् ब्रह्मा-विष्णु-रुद्र-ईशान सदा शिव की मूर्तिरूप मञ्च में जहां पर परमशिव पंर्यङ्क (पलंग) स्थित है ऐसी चिदानन्द लहरी विज्ञान सुखतरंगात्मिका तुम

को कतिचन कुछ अनेक जन्म तक सुधांशुजन (ज्ञानी) भजते हैं। विष्णु पक्षे तु गोपालों के सौन्दर्यातिशय कल्याणकारक मनोहर मंच में हे शिवे! कतिचय धन्य (पुण्यकाम) पुरुष ही तुम्हारा भजन करते हैं "भजन्ति त्वां धन्याः कतिचन" संसार में अन्तर्याग और बहिर्याग द्वारा निरन्तर तुम्हारा पूजन करने वाले जन ही धन्य हैं। जिन्होंने अपने मन को तुम्हारे कमलरूपी चरणों में भ्रमर के समान मकरन्द ग्रहण करने के लिये अर्पित कर दिया है तथा निरन्तर पंचदशाक्षरी से तुम्हारे सूक्ष्म शरीर में लीन होकर परम स्थान को प्राप्त कर लिया है।

श्रीयन्त्र के मध्य में बहिर्याग द्वारा स्वर्णपत्र या स्फटिक निर्मित में पञ्चादि चतुः षष्ठिअ उपचारान्त से विषद चक्र (सहस्र दल) में अन्तर्याग द्वारा हृदय कमल में जो अत्यन्त सूक्ष्म छिद्र है, जहां पर वाणलिङ्ग काकिनी शक्ति के साथ रहती है, वहां पर जो तुम्हारा ध्यान करते हैं वे धन्य हैं।

इसी अन्तः पुण्डरीक के दहराकाश के चारों ओर पुरीतति नाड़ी का जाल फैला है, जिसमें जन्मजन्मान्तर की वासनायें भरी हुई हैं, ये वासनायें तुम्हारे चित्तरूपी प्रकाश को प्राप्त कर निरन्तर घूमती हुई जाग्रदादि अवस्था जन्य सम्पूर्ण क्रियाओं को प्रकाशित करती है, जिस तरह का संस्कार सामने आता है उसी प्रकार अन्तः करण में भावनाये लहराती हैं इसलिए अन्तर्याग द्वारा महात्मा लोग तुम्हारे स्वरूप का ध्यान अन्तर्दहर में करते हैं जिससे तुम्हारा प्रतिबिम्ब पड़कर निरन्तर अन्तःकरण में तुम्हारा रूप प्रकाशित होकर भासित होता रहे। इस सारूप्य मुक्ति को बिरले ही प्राप्त कर सकते हैं। सहस्र दल जिसका वर्णन ऊपर आया है उसका महत्व कंकालमालिनी तन्त्र में इस प्रकार लिखा हैः-

सहस्रारः कर्णिकायां चन्द्रमण्डलमध्यगा।
सर्वसंङ्कल्प रहिता कला सप्तदशी भवेत्॥
उन्मनी नाम तस्या हि भवपाशनिकृन्तनी।
सहस्रारे महापद्मे शुक्लवर्णमधोमुखम्॥

अकारादिक्षकारान्तैः स्फुरद्वर्णैर्बिराजितम्।
तत् कर्णिकायां देवेशी अन्तरात्मा ततो गुरुः॥

सूर्यस्य मण्डलं तत्र चन्द्रमण्डलमेव च।
ततो वायुर्महानाम्न ब्रह्मरन्ध्रं ततः स्मृतम्॥

तस्मिन् रन्ध्रे विसर्गश्च नित्यानन्दं निरञ्जमन्।
तदूर्ध्वं शङ्खिनी देवी सृष्टिस्थित्यन्तकारिणी॥

षट्चक्र निरूपण में सहस्रार स्वरूप में आया है।

तदूर्ध्वे शङ्खिन्या निवसति शिखरे शून्य देशे प्रकाशम्।
विसर्गाधः पद्मं दशशत दलं पूर्ण चन्द्राति शुभ्रम्॥

अधोवक्त्रं तरुण रविकला-कान्ति किञ्जल्क पुञ्जम्।
लकारार्धवर्णैः प्रविलसित-वपुः केवलानन्द रूपम्॥

सुधाधारासारं निरवधि विमुञ्चन्नतितराम्।
यतेः स्वात्मज्ञ नं दिशति भगवान् निर्मलमतेः॥

सहस्रार दल के ज्ञान का महत्त्य :-

इदं स्थानं ज्ञात्वा नियति निज चितो नरवरो।
न भूयात् संसारे पुनरपि न वद्धस्त्रिभुवने॥

समग्रा शक्तिः स्वान्नियममनसस्तस्य कृतिनः।
सदा कर्त्तुं हर्त्तुं खगतिरपि वाणी सुविमला॥

अर्थात् इस सहस्रदल स्थान को साङ्गोपाङ्ग जानने से नियत निज चित्त का ज्ञान उस मनुष्य को हो जाता है और चित्त स्थिर करने की शक्ति आ जाती है वह संसार के बन्धन को प्राप्त नहीं होता है। भागवत् में लिखा है:-

कर्माणि क्रियमाणैस्तु गुणैरात्मनिबन्धनैः।
तदस्य संस्मृतिर्बन्धः पारतन्त्रश्च तत् स्मृतम्॥

सतगुण-राजस गुणों से जो कर्म होते हैं उनको जो शरीर में मानता है; यही बन्धन का कारण है। गीता में कहा है :-

अश्वमेधशतेनापि ब्रह्महत्याशतेन च।
पुण्यपापैर्न लिप्यन्ते येषां ब्रह्माहृदिस्थितम्॥

जिनकी ब्रह्म में निष्ठा हो गयी है उनको पुण्य पाप नहीं लगते हैं। और भी भागवद्गीता में :-

नैवतस्य कृतेनार्थो: नाऽकृतेनेह कश्चन।
न चास्य सर्वभूतेषु कश्चिदर्थव्यपाश्रयः॥

अर्थात् ऐसे महात्मा के कर्म करने से कोई स्वर्गादि सुख नहीं होता और न करने से कोई नरकादि दुःख नहीं होता है। जिसका मन शिव तत्व ब्रह्म में लय हो गया है ऐसे पुरुष के प्रारब्द्ध संचित और क्रियमाण कोई भी कर्म बन्धन के हेतु नहीं होते हैं। यथा :- ज्ञानाग्नि सर्वकर्माणि भस्मसात् कुरुते तथा।

''सुधासिन्धोर्मध्ये'' राजयोग से मनकी स्थिति को और हठ योग द्वारा प्राण को पूरक से नीचे भर कर अपान को मूलाधार से ऊपर खींचकर कुण्डलिनी महाशक्ति को मणिपूर में प्रणायाम के परस्पर संयोग से उत्पन्न अग्नि द्वारा उद्बोधन करे सुषुम्णा मार्ग से हृदय दहर के समीप से आत्म स्वरूप को ग्रहण करते हुए आज्ञा चक्ररूप चन्द्रमण्डल में जो अमृतपिण्ड है जिसका अमृतबिन्दु नीचे गिरने से यह शरीर जीवित रहता है। जिसको ऊपर रोकने के लिए योगीजिन विपरीत करणीमुद्रा द्वारा ऊपर ही रोक कर अमृत प्राप्त करते है। यही वह श्रीचक्र का बिन्दु स्थान है जिसके भीतर सम्पूर्ण चक्र इस प्रकार अन्तर्निहित है।

सुर बिटपिवाटी परिवृते :- शरीर में मूलाधार चक्र से लेकर सहस्त्र दल पर्यन्त षटचक्रों को एक ही स्थान पर एकत्रित करने से 43 (तेंतालीस) त्रिकोणात्मक यन्त्र बन जाते है। वही 43 त्रिकोण ही कल्पवृक्षों का उपवन है। इसके बीच में त्रिकोण मूलाधार चक्र ही बिन्दुरूप कदम्ब वृक्ष युक्त मणिद्वीप अग्नि का स्थान प्रकाशमय) के मध्य में चिन्तामणि गृह है, इसमें चतुर्दल रूपी ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश यह मंच के चार पाये

हैं, जिसमें सदाशिवमय शव ही विस्तार रूप हैं। उसमें बैठी हुई हे भगवति! तुम्हारी वह क्वणत्कांची दामा वाला स्वरूप शोभित है। समस्त जगत पर जब योगी अपनी स्थिति हठयोग या राजयोग द्वारा कर लेता है तब वहां पर तुम्हारे स्वासोच्छ्वास रूप में उत्पन्न होने वाले वायु से अनाहतनाद जो अव्यह्मरूप में कानों के अन्दर सुनाई देता है, वही समाधि अवस्था में व्यक्त होकर ''एकोऽहं बहुस्याम'' कामनारूप बीज है। यथा- (कामना से कः कला से ई तुम्हारे द्वीप सूक्ष्म स्थान से ''ल'' को मिलाने से ''क्लीं'' की ध्वनि स्पष्ट रूप से प्रतीत हो जाती है।

''परम शिव पर्यंक'', यहां पर ''रवं ब्रह्म'' महावाक्य से शिवविन्दुरूप परा शक्तिनाद इसके योग से ''शिवः शक्त्यायुक्तो'' प्रणव की उत्पत्ति हुई। यह प्रणव अ उ म विश्वतैंजस प्राज्ञः ब्रह्म, विष्णु, रुद्र। जाग्रत-स्वप्न-सुषुप्ति-रज-सत्व-तम इन भेदों से सर्वात्मक हैं। अतः तुम तुरीय रूप में अर्धमात्रारूप सूक्ष्मा मन्त्राक्षर ध्वनिमयी ''अर्धमात्रा स्थिता नित्या यानुच्चार्या विशेषतः'' तथा अर्धमात्रा में वासनामयी हो। ''मनसैवेद-ज्ञातव्यं'' नेहनानास्ति किंचन'' अव्यवहार्यरूपा चितिः प्रज्ञानं ब्रह्म। तुम ही हो इस श्लोक में कामेश्वरी बीज ''क्लीं और महाप्रेत ''हसौः'' की ध्वनि द्योतित होती है।

भावनोपनिषद् में श्रीचक्र के संबंध में इस प्रकार वर्णन आया हैः-

आत्मानमखण्डमण्डलाकारामावृत्य सकलब्रह्माण्डमण्डलं त्वप्रकाशं ध्यायेत।

ॐ० श्री गुरुः सर्वकारणभूता शक्ति। तेन नवरन्ध्ररूपो देहः। नवशक्तिरूपं श्रीचक्रम्। बाराही पितृरूपा। कुरुकुल्ला बलिदेवता माता। पुरुषार्थाः सागराः। देहो नवरत्न द्वीपः। आधार नवकमुद्राः शक्तयः। त्वगादि सप्तधातुभिरनेकैः संयुक्ताः कल्पतरवः। तेजः कल्पकोद्यानम्। रसनया भाव्यमाना मधुराम्लतिक्तकटुकषाय लवण भेदाः षड़रसाः षड्ऋतवः क्रियाशक्तिः पीठम्। कुण्डलिनी ज्ञानशक्तिर्गृहम्। इच्छा शक्तिमहात्रिपुर सुन्दरी। ज्ञाता

होता ज्ञानमग्निः ज्ञेयं हविः। ज्ञातृज्ञान ज्ञेयानामभेदभावनं श्री चक्र पूजनम्। नियति सहिताः शृङ्गारदयो नवरसा अणिमादयः।

कामक्रोधलोभमोहमदमात्सर्यपुण्यपापमयाः ब्राह्माद्यष्टशक्तयः। पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाश श्रोत्रत्वकचक्षुर्जिह्वाघ्राणवाक्पाणि पाद-पायुपस्थ मनोविकाराः षोडश शक्तयः। वचनादानगमनविसर्गानन्दहानोपेक्षा बुद्धयोऽनङ्गकुसुमादि शक्तयोऽष्टौ। अलम्बुसा कुहूर्विश्वोदरी वरुणाहस्तिजिह्वा यशस्वत्यश्विनी गान्धारीपूषाशङ्खिनीसरस्वतीडापिङ्गलासुषुम्नाचेति चतुर्दश नाड्यः सर्वसंक्षोभिण्यादि चतुर्दशारगादेवताः।

महीं मूलाधारे कमपि मणिपूरे हुतवहम्।
स्थितं स्वाधिष्ठाने हृदिमरुतमाकाशमुपरि।
मनोऽपि भ्रूमध्ये सकलमपि भित्वा कुलपथम्
सहस्रारे पद्मे सह रहसि पत्या विहरते॥ 9॥

भावार्थ

हे भगवति! मूलाधार में तुम पृथ्वीरूप से हो मणिपुर (अन्य ग्रन्थों में इस दल को स्वाधिष्ठान कहा है) में जलरूप होकर रहती हो स्वाधिष्ठान (इसको अन्यत्र मणिपूरक कहा है) में अग्निरूप से हृदय में वायु की मूर्ति विशुद्ध में आकाशस्वरूपा भ्रूमध्य में मनोमयी शक्ति इस षट्चक्रात्मक कुल मार्ग को भेदन कर सहस्त्र दल में वैन्दवस्थान (जो गुप्तस्थान है) उसमें पति परम शिव के साथ तुम हृल्लेखा कुण्डलिनी स्वरूप से बिहार करती हो।

विज्ञान भाष्य

जगत् काञ्ची इस श्लोक में भगवती के स्थूल रूप का वर्णन किया गया है। सुधासिन्धोर्मध्ये सूक्ष्म मन्त्रात्मक विग्रह को कह कर महीं मूलाधारे इस श्लोक में भगवती की हृल्लेखा कुण्डलिनी के स्वरूप का वर्णन इस प्रकार से किया है। मूलाधार पृथ्वी तत्व से लेकर विशुद्ध आकाशतत्व कुलमार्ग को भेदन कर आज्ञाचक्र में मनोमयी शक्ति सम्पन्ना राजयोग्यगम्या भगवती का सहस्रारचक्र में जो गुप्त स्थान है। जिसे

षटचक्र में "सुगुप्तं तद्यत्नात्" कहकर निर्देश किया है वहां पर सदाशिव में मिल जाती हो यही आरोह क्रम से मोक्ष सिद्धि है। योगशास्त्र का तात्पर्य कुण्डलिनी शक्ति को मूलाधार से जागृत कर सहस्रार में ले जाने का है। षट्रचक्रों में पृथ्वी आदि तत्व आये हैं जिस-जिस तत्व पर योगी विजय प्राप्त कर लेता है उस उसका ज्ञान उसे प्राप्त होता है। और जिस तत्व में मन को लीन कर देता है उसी-उसी वस्तु के भीतर होने वाले गुणों से सम्पन्न हो जाता है। तथा शरीर में योग शास्त्रोक्त भुवन भेदों में मन को स्थिर करने से उन-उन लोकों की स्थिति को जान लेता है।

मूलाधार पृथ्वी के सम्पूर्ण तत्वों से युक्त है, इसमें गन्ध तन्मात्रा है। यही मूल त्रिकोण श्री यन्त्र का प्रथम त्रिकोण है। यदि पृथ्वी तत्वात्मक मूलाधार में किसी का दोष आ जाता है। तब यह शरीर भी जो आधाराधेय भाव से मूलाधार पर स्थित है वह स्वयं भी निराधार होकर कार्य करने में असमर्थ हो जाता है। इसके भेदन का तात्पर्य यह है कि साधक अपान वायु के द्वारा इस चक्र के मध्य में बिन्दुरूप जीवनसत्ता शक्ति के ऊपर मन को हठ और राजयोग द्वारा स्थिर कर लेता है तब वह समाधि अवस्था द्वारा पृथ्वीतत्व में लीन होकर पृथ्वी के प्रत्येक भाग में सूक्ष्मातिसूक्ष्म रूप से प्रविष्ट हो जाता है। यहां पर भगवद् पाद ने स्वाधिष्ठान की संज्ञा ही मणिपूर मानकर यह सिद्ध किया है कि पूर्ववत् मनोयोग से इस जल तत्वात्मक चक्र का भेदन करने से जल स्तम्भन आदि सिद्धियां प्राप्त हो जाती है। वही श्री यन्त्र का अष्टकोण है। यह चार दल मूलाधार के ऊपर जब षट् दल को रखा जाता है तब-तब आठ ही कोण बनते हैं। इसलिए इस स्थान पर अष्टकोण बनते हैं। जब योगी अपान वायु को ऊर्ध्वाकर्षण करते हुए नाभिस्थान-स्वाधिष्ठान में पहुंचता है उस समय प्राणापान के परस्पर संघर्ष से अग्नि उत्पन्न होती है। इसी को दशदलात्मक बह्निका (अग्नि का स्थान कहा है। इसमें मन को स्थिर करने से बह्नि जय स्थिति को प्राप्त कर लेता है। यह भी यन्त्र का अर्न्तदशार है। हृदय में नादात्मक वायु का स्थान है। इसकी तन्मात्रास्पर्श है। पूर्ववत् श्री यन्त्र का बहिर्दशार

बन जाता है। इसके ऊपर योगमार्ग से विजय पाने पर योगी वायु के समान गति प्राप्त कर लेता है।

विशुद्धचक्र कण्ठकूप में आकाश का स्थान है। चतुर्दशार श्री यन्त्र का यहां से प्रादुर्भाव होता है। इस स्थान पर विजय पाने से योगी आकाशगमन तथा लघिमा सिद्धि को प्राप्त करता है। यह सिद्धि अञ्जनीनन्दन हनुमान जी को प्राप्त थी, तुलसीदास जी ने लिखा है- ''मशक समान रूप कपि धरी, लङ्का चले सुमिरि नरहरी'' इस प्रकार षट्चक्र भेदन कर कुण्डलिनी शक्ति आज्ञाचक्र में चन्द्र स्थान पर पहुंचती है तब साधक को भगवती परचिती के स्वरूप की स्फुरणा होती है। जिसका ''सुधासिन्धो'' वाक्य से निरूपण किया गया है, तदनन्तर जीव चिच्छक्ति के साथ सहस्रार में जाता है जो अमा का स्थान है यह केवल योगी जन से ही गम्य हैः यहां पर वाणी की गति नहीं है, महामाया परबह्म के साथ एकरूपा होकर वहां पर विराजती हैं, इसी को ''परमानन्द लहरी'' कहकर निर्देश किया गया है। ''ॐ आनन्द ब्रह्मणो विद्वान् न विभेति कुतश्चन'' ब्रह्मानन्द का अनुभव प्रणव का विलास यहां पर ही है इसी ही स्थान को वेद में ''नेति नेति'' कहा है ''न स पुनरावर्तते'' यहां पर जाकर फिर दुःख में नहीं आता है। (पुर्नजन्म नहीं होता) तत्र को मोहः कः शोकः इस स्थिति में जाकर मोह, शोक दूर हो जाते हैं, कुण्डलनी शक्ति यहां पर शिव तत्व में मिल जाती है इस भाव को ''सहरहसिपत्या विहरसे'' इससे दर्शाया है ब्रह्मरन्ध्र में कुडलनी के मिलने को सिद्ध सोपान में लिखा है- ''कुण्डलिन्या महीभेदे योगी त्यजति मेदिनीम् सलिलस्थानभेदेन जले चलति योगवित्'' इस प्रकरण को स्पष्ट करने के लिए जिस-जिस चक्र में जिन वर्णों का अधिष्ठान है वह सब विस्तार से दिखाते हैं। मनुष्य शरीर छ चक्रों से बना हुआ है जो श्रीचक्र के पृथक पृथक चक्र हैं जिनको आजकल के वैज्ञानिकों अन्वेषण करते करते थक बैठे हैंः परन्तु भारतीय ऋषियों ने अन्तर्मुख दृष्टि प्राप्त करके जिस चक्र की जहां स्थिति है उसका क्या रंग है और प्रत्येक चक्र में कहां कितने दल हैं? उन पर कौन-कौन अक्षर (Alpha-

bets) अ से क्ष तक प्राकृतिक रूप से विराजते हैं। इस विषय की उपयोगिता होने के कारण इसको विस्तार से स्पष्ट करते हैं :-

यथाः "आधारे लिंगनाभौ हृदयसरसिजे, तालुमूले ललाटे द्वे पत्रे षोडशारे द्विदशदशदले द्वादशार्धे चतुष्के बासान्तो बालमध्ये ड फ क ठ सहिते कण्ठदेशे स्वराणाम् हं क्षं तत्वार्थ युक्तं सकल दलगतं वर्णरूपं नमामि।

1- पार्थिव चक्र मूलाधार में चतुष्कोणात्मक चार कोने वाला पार्थिव चक्र हैं इसके कोणों में दक्षिणावर्त्त से (दाहिनी ओर) वं-शं-षं-सं ये 4 वर्ण हैं पीले रंग का कमल है; इस चक्र में जो पद्म हैं उसके चार दल (पत्ते) हैं उस पर उक्त 4 अक्षर हैं। और आठ त्रिशूल और सप्त कुलचक्र हैं। बीच में पृथ्वी बीज "लं" है। उस बीज के मध्य में सृष्टिकर्ता शिव ब्रह्म के रूप में विराजमान हैं, डाकिनी शक्ति यहां पर है और कन्दर्प नाम का वायु यहां पर रहता है। पृथ्वी में मध्याकर्षण शक्ति (Gravitation) अर्थात् प्रत्येक वस्तु को नीचे की ओर खींचने की शक्ति रहती है। अपान वायु का भी यही स्थान है। चन्द्रमा का शरीर में यही अधिष्ठान माना गया है। विश्वसार तन्त्र में इस प्रकार कहा है :-

मूलाधारे धराचक्रं चतुष्कोणप्रियंवदे।
पीतवर्णं परिवृत्तचाष्टशूलैः कुलाचलैः॥

सप्तकुलाचलों के नाम ये हैं :-

नीलाचंल मन्दरं च पर्वते चन्द्रशेखरम्।
हिमालयं सुवेशंञ्च सुपर्वतम्।

अर्थात नीलाचलादि सात पर्वत हैं। यहीं पर कामबीज "क्लीं" का स्थान एवं भगवती त्रिपुरा का स्थान भी यही है। उसका आकार कैसा है सो लिखा है। "त्रिकोणं तत्तु विज्ञेयं शक्तिपीठं मनोहरम्॥ वामा ज्येष्ठा तथा रौद्री त्रिरेखा च तदूर्ध्वतः॥ कन्ठ देशे वसेत्प्राणों ह्यपानो गुदमण्डले॥ कन्ठदेशे मे प्राण वायु और गुदा देश में अपान वायु रहता है।

प्राण का स्थान ही सूर्य का स्थान है। अर्थात तेजस का स्थान है जो सबको ऊपर की ओर आकर्षि करता है। अर्थात अपान प्राण को अपनी ओर खींचता है। पृथ्वी में Law of Gravitation होने से सब वस्तु को अपनी ओर खींचने की शक्ति है और सूर्य में तैजस तत्व होने से प्रत्येक पदार्थ को ऊपर की ओर खींचने की शक्ति है। इस प्रकार यहां विसम्वाद क्रिया आकर्षण Negative विकर्षण Positive दो प्रकार की विरुद्ध शक्तियां काम करती हैं। जब तक जीवन है अर्थात् जब तक अपान का नीचे खींचना प्राण का उर्ध्वाकर्षण रूपी विसंवाद रहता है तब तक जीवन है। जब दोनों में से एक की गति रुक जाती है तब ही मरण है। अर्थात् क्रिया शक्ति का नाश है। कहा भी हैः-

"श्वासोच्छवासविभञ्जनेन जगतां जीवो यया धार्यते। सामूलाम्बुज गह्वरेविलसति प्रोद्‌दामदीपावली" श्वास प्रश्वास के विभञ्जन से जो जीवन सत्ता को बनाती है वह कुण्डलिनी शक्ति मूलाधार में प्रकाश रूप में रहती है।

अब दूसरा आप्य चक्र है। सिन्दूर के सदृश लाल रंग है। सुषुम्ना के बीच ध्वज के मूल में ये छः 6) दलों वाला कमल है। जिन पर 6 अक्षर (वर्ण हैं। इसके मध्यम में "व" कार बीज है। उसका अधिष्ठाान देवता वरुण है। शरदकालीन चन्द्रमा के समान वरुण का शुद्ध वर्ण रंग) है। ग्रन्थी भेदन कर कुल मार्ग यहां से चलता है। इसके ऊपर अग्निचक्र नाभी मूल में दश दल का चक्र है उसे मणिपुर कहते हैं सौन्दर्य लहरी में मणिपुर का स्थान स्वाधिष्ठान के स्थान पर मणिपुर नाम लिखा है। केवल नाम मात्र का भेद है। सब प्रकार के चक्रों का वर्णन एक ही तरह पर है। इसमें दश दल हैं इन पर डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं ये वर्ण हैं। इसका मेघ के समान रंग हैं। इसके मध्य में अग्नि त्रिकोण है और "रं" बीज है। यहां लाकिनी शक्ति का वास है।

(4) वायव्य चक्र हृदय कमल में 12 द्वादश दलात्मक अनाहत चक्र है यहां पर वायु का वास है।

इस मण्डल का सिन्दूर के समान रङ्ग है। कं-खं-गं-घं-ङं-चं-छं-जं-झं-ञं-टं-ठं ये वर्ण 12 दलों में हैं। यहां काकिनी शक्ति और वाणलिङ्ग का स्थान है। विष्णुग्रन्थी का भेदन यहां पर होता है।

(5) आकाश चक्र कण्ठ में है। इसमें 16 स्वर षोडशस्वर अ से अः तक हैं। यही षोडश नित्या का स्थान है। यहां का रक्त वर्ण है। वृत्ताकार आकाश मण्डल के मध्य में "हं" आकाश का बीज है। शाकिनी शक्ति त्रिनेत्र सदाशिव के साथ रहती है। यही मोक्ष का द्वार है।

(6) मानसचक्र भ्रूमध्य में चन्द्रमा के समान शीतल प्रकाश है। हूं-क्षूं दो वर्ण हैं। हाकिनी शक्ति के साथ शिव विराजते हैं। यहीं पर मन सूक्ष्मरूप से रहता है। ब्रह्मज्ञान इसी स्थान से होता है। इसके ऊपर सहस्रार कमल वैन्दव स्थान कुण्डलिनी शक्ति यहां पर परम शिव के साथ रहती है। इसी को "सहरहसिपत्या विहरसि" से शिव के साथ बिहार करना कहा है।

हं-चतुर्दसार- य-वहिर्दसार- वं-अन्तदसार-

विशुद्धि अनाहत मणिपुर

रं-अष्टकोण लं-त्रिकोण

स्वाधिष्ठान मूलाधार

सुधाऽऽधारासारेश्चरणयुगलान्तविगलितैः।
प्रपञ्चं सिञ्चन्ती पुनरपि रसाम्नायमहसः।
अवाप्य स्वांभूमिं भुजगनिभमध्याष्टवलयं।
स्वमात्मानं कृत्वा स्वपिषि कुलकुण्डे कुहरिणी॥ 10॥

भावार्थ

चरणकमल (भ्रूमध्य द्विदल) से निसृत अमृत की धारसार में (षट्चक्ररूपी) प्रपञ्च को सिञ्चन करती हुई रसरूपी जो आम्नाय के प्रकाश से अपने मूलाधार भूमि को (अवरोह मार्ग से) प्राप्तकर अपने सर्पाकार (सार्द्ध

त्रिवलय) करके कुलकुण्ड में शयन करती है। अर्थात् सुषुम्ना के अन्दर बज्रानाड़ी के भीतर छिप जाती है।

विज्ञान भाष्य

पहले श्लोक में मूलाधार जो अग्निशिखा का स्थान है वहां से कुलकुन्डलिनी को षट्चक्र भेदन द्वारा सहस्रार में परम शिव के संयोग द्वारा माया ब्रह्म की एकता कही है। यही मोक्षावस्था है। योगी निरन्तर इसी अवस्था से जीवनामुक्त स्थिति और अणिमा लघिमादि सिद्धियां प्राप्त करता है। परन्तु यावच्छरीर में यह स्थिति नहीं रहती। यदि यह स्थिति बनी रहे तो संसारिक प्रपञ्च लीन हो जाते हैं। अतः यह हल्लेखा जीवन-शक्ति कुण्डलिनी प्रत्येक क्षण में विद्युत् गति के समान तीव्रगति से फिर अपने स्थान पर लौट कर इस शरीर को जीवन प्रदान करती है। इसलिये अब वह महाशक्ति अपनी मूल भूमि का किस प्रकार सञ्चार करती रहती है। इस बात को सुधा धारेत्यादि पद से प्रकट किया है। ''अवाप्य स्वां भूमिं''- कुलकुण्डलिनी अपने स्थान को प्राप्तकर आत्मभाव होने से निर्वाण स्थिति में साधक को पहुंचा देती है। इसलिए पहले कुन्डलिनी का स्वरूप और उसकी सहस्रार में जाने की गति और ग्रन्थियों का भेदन जानकर कुल कुन्डा में कुहरिणी का प्रवेश जाना जाता है। यथा मेरुतन्त्र में-

पण्णनवत्सङ्गुलायामं शरीरमुभयात्मकम्।
गुद ध्वजान्तरे कन्दमुत्सेधो द्व्यगुलंविदुः॥

तस्माद् द्विगुणविस्तारं वृत्तरूपेण शोभितम्।
नाड्यस्तत्र समुद्भूताः मुख्या तिस्त्रःप्रकीर्तिताः॥

ईडा वामेस्थिताः नाडीपिंगलादक्षिणेस्थिता।
तयोर्मध्यगता नाडी सुषुम्णा वेशमस्थिताः।

पादांगुष्ठद्वये याता शिफाभ्यां शिरसा पुनः।
ब्रह्मस्थानं समापन्ना सोमसूर्याग्निरूपिणी॥

प्रत्येक पुरुष का अपने अंगुल से 96 अंगुल लम्बा शरीर होता है। गुदा और लिंग के मध्य से 2 अंगुल के अन्तर पर कन्द स्थान है, उससे द्विगुण अर्थात् 4 अंगुल के विस्तार का एक वृत्त बना है, यहां से नाडी शिरा और धमनियां उत्पन्न होता है। इनमें मुख्य नाडी तीन हैं।

मेरु दण्ड के वाम भाग में ईडा (चन्द्रनाड़ी) दक्षिण भाग में पिंगला (सूर्यनाडी) दोनों के मध्य मेरुदण्ड के भीतर सुषुम्णा है, यथा- ''मध्ये नाडी सुपुम्णा त्रिनवगुणमयी'' सूर्य, चन्द्र, अग्नि तीनों गुणों वाली है। ''विद्धिते धनुराकारे नाडीडा पिगलेपरे'' सुषम्ना नाडी के मध्य में वज्रा उसके बीच में चित्रणी चित्रा के मध्य में ब्रह्मनाडी, ईडा, पिंगला, धनुष के आकार की तरह मुड़ी हुई है। यथा-

मध्ये सुषुम्णाना तन्मध्ये बज्राख्यालिंगमूलतः।
तन्मध्ये चित्रिणी सूक्ष्मा विशतन्तुसहोदरा॥

मूलमूलात्सहस्त्रारस्तदंतर्ब्रह्मनाडिका।

तथा-

तस्या मध्ये विचित्राख्या अमृतश्राविणी शुभा।
सर्वतेजोमयी सातु योगीनां हृदयंगमा॥

अर्थात् सुपुम्णा के मध्य में बज्रानाड़ी उसके मध्य में चित्रा के छिद्र को ही ब्रह्मनाडी कहते हैं, योगी इसी में आनन्द करते हैं इसे प्रणव विलासिता'' भी कहते हैं, ओंकार की ध्वनि से यह जागृत होती है। मायातन्त्र में इसके स्वरूप का वर्णन आया है- ''ब्रह्मद्वार मुखं नित्यं मुखेनावृत्य तिष्ठति'' अपने मुख से ब्रह्मद्वार को ढक कर यह कुण्डलिनी रहती है। षट्चक्र निरुपण में कहा है-

विद्वन्माला विलासा मुनिमनसि लसत् तन्तुरूपा सुसूक्ष्मा,
शुद्धज्ञान प्रबोधा सकल सुखमयी शुद्धबोध स्वभावा॥

ब्रह्म द्वारं तदास्ये प्रविलसति सुधा धार गम्यं प्रदेशं।
ग्रन्थीस्थानं तदेतत् वदनमिति सुषुम्णाख्यनाड्यांलपन्ति॥

स्योर्द्धे विशतन्तु सोदरकला सूक्ष्मा जगन्मोहिनी।
ब्रह्मद्वारमुखं मुखेन मधुरं संछादयन्ती स्वयम्॥
शंखावर्तनिभा नवीन चपला माला विलासास्पदाम्।
सुप्ता सर्पसमा शिवोपरि लसत् सार्द्धत्रिवृत्ताकृति॥

उक्त श्लोकों में कुन्डलिनी का स्वरूप बताया है। सूक्ष्म कमल के रेशे के समान यह शिरा है सारा संसार इसी के कारण मोह-निद्रा में पड़ा है। यह कुण्डलिनी ब्रह्मद्वारा को अपने मुख से ढके हुई सहस्रार वैन्दव स्थान से जो अमृत निकलता है वह सब कुण्डलिनी के ही मुख में चला जाता है, इस नाड़ी का स्वरूप शङ्ख के आवर्त की तरह घूमा हुआ है, यह बिजली की तरह चमक देती है, मूलाधार में जो शिवलिंग है उसमें साढ़े तीन फेरे लगा कर सर्पिणी के समान सोती सी रहती है।

''भित्वा लिंगत्रयं तत् परमशिवपदे सूक्ष्मधाम्नि प्रदीपे। सा देवी शुद्धसत्वा तड़िदिव विलसत् तन्तुरूपा सुसूक्ष्मा'' मूलाधार अनाहत विशुद्ध में तीन शिवलिंगों को पारकर परम शिव सहस्रार में विद्युत चमक वाली अतिसूक्ष्म कुण्डलिनी को ले जाना यही परम शिव पर्यंक में शयन करना है।) यह रहस्यमय स्थान है।

यद्यपि कुण्डलिनी को जागृत कराने की विधि योगशास्त्र में लिखी है। पर यह गुरुगम्य है केवल पुस्तकों के अध्ययन से इसका ज्ञान हो जाना सम्भव नहीं है यह आनुभविक विज्ञान है इसके लिए ''गुरुपदेशतोगम्यं नतु शास्त्रार्थ कोटिभिः'' यह गुरुगम्य है तथापि यम नियमासनादि सम्पन्न साधन चतुष्टयावान् मुमुक्षु के लिए इसकी रूपरेखा संक्षेप से लिख रहे हैं इष्ट देव भगवती की पूर्ण भक्ति से इसका प्रकाश होता है। वस्तुतः भगवती के उपासक को किसी न किसी रूप में गुरु मिल ही जाते हैं, कुण्डलिनी के उत्थान की विधि भिन्न प्रकार हैः-

''पद्मासने निविश्यांते ततः पाणिद्वयं न्यसेत्।
ततः हंसमुपश्रृत्य शनैः संकोचयेत् गुदम्॥

वायुमुत्तोलयेत्तोन वर्त्मना स पुनः पुनः।
उत्तोल्य भेदयेच्चक्रं तस्यानुष्ठानमुच्यते॥

मूलाधारसरोजेतु त्रिकोणमणिसुन्दरम्।
कामो भवति तन्मध्ये बालार्ककोटिसन्निभः॥

तदूर्ध्वे कुण्डली शक्तिः स्वयम्भूलिंगवेष्टिता।
हृदिस्थां कुञ्चिकां कृत्वा गत्वा तदुदरे शिवे॥

कण्ठाधं समनुप्राप्य द्वारं कुञ्चिकयाहवत्।
उद्घाटय परमेशानीं पवने नप्रदीपयेत्॥

हुताशनप्रतप्तांतु तापेन धृषमूर्द्धजाम्।
प्रसुप्तां नागिनीं लिंगे योनिवक्त्रे प्रबोधयेत्॥

ततः प्रक्षालयेद्वायुं यावन्नाऽड्यन्तरेषु च।
गुरूपदिष्टमार्गेण सकृद्वा कुम्भकेन च॥

आक्रम्यैनं ततो जीवं सुगुप्तेन यथाभृशम्।
उदूर्ध्वच्छूवासैरूर्ध्वमुखात् कारयेत्पङ्कजान् शिवे॥
प्रबोधयेत् शनैः वायुं मेरुश्रृंगं नयेत्सुधीः॥

उक्त श्लोकों का तात्पर्य यह है यमनियमासन सम्पन्न अधिकारी भस्त्रिका को सिद्ध किया हुआ पद्मासन में बैठकर दोनों हथेलियों को अपने दोनों जङ्घाओं पर रखकर ''हंस'' हकार सकार से वायु की वाह्य अन्तर्गति स्थगित कर शनैः शनैः गुदा को आकुञ्चन करके (सिकोड़कर) वायु को ऊपर की ओर पूरक की सिद्धि से उछालने से ऊपर के पांच चक्रों को भेदन करे मूलाधार त्रिकोण में कामबीज आगे बालसूर्य की तरह चमक वाला है उसके ऊपर स्वयम्भूलिंग में सर्पाकार कुण्डलिनी शक्ति है, हृदयपत्र में विष्णुग्रन्थि का भेदन कर विशुद्ध में हठयोग के नियमानुसार ले जावे कुण्डलिनी को जगाकर कुम्भक को अग्नि से उसे उत्तपन कर अवरोह मार्ग से योनिस्थान में लावे तब नाड़ियों को वायु से शुद्ध कर देवे तब उर्द्धश्वास को खींचकर षट् कमलो के विकास करने से शनैः शनैः

कुण्डलिनी को जागृत करे यह अनुभव सिद्ध गुरु से जानने योग्य है। तथाच,

हूंकारेणैव देवीं यमनियमसमभ्यासशीलः सुशीलो।
ज्ञात्वा श्रीनाथवक्त्रात् क्रममिति च महामोक्षवर्त्मप्रकाशम्

ब्रह्म द्वारस्य मध्ये विरचयति सतां शुद्धवृद्धिस्वभावं
भित्वा लिंगत्रयं तत् पवनदहनयो सक्रमेणैव गुप्तम्।

हूंकार शब्द से कुण्डलिनी को जागृत करके पवनदहन कुम्भक पूरक के योग से मोक्षद्वार को उद्घाटन करे अर्थात् मूलाधार जो कफ का स्थान है उसे कुम्भक की अग्नि से प्रतप्त कर हूं हूं हूं इस शब्द से जिस भाव का संकेत किया जाता है उस क्रिया से कुण्डलिनी को वहां से चालन करके स्वयम्भूलिंग (मूलाधार में) बाणलिंग (अनाहत में) इतर लिंग (विशुद्ध में) इन तीन लिंगों के भीतर छिद्र से उस कुण्डलिनी को जगाकर अर्थात् तीन ग्रन्थियों को भेदर कर परम शिव में (सहस्रार में) कुण्डलिनी को पहुंचाना आरोह और पुनः अवरोह मार्ग से कुण्डलिनी को यथास्थान में लाना सहस्रार से जो अमृत श्रावित होकर आज्ञारूपी भगवती के चरणों के द्वारा सारे षट्चक्रात्मक देहरूपी प्रपंच को सिंचन करती हुई ज्योतिरूप आम्नाय को सहसा प्राप्त कर कुण्डलिनी अपने स्थान को प्राप्त करती है। इस श्लोक में आम्नाय पद से शङ्कर के पंचमुखों से निकले हुए पंचाम्नाय से तात्पर्य है यथा- ''पूर्व दक्षिण पाश्चात्यै सदनूर्द्ध क्रमेण च। पंचवक्त्रे शिवप्रोक्ताः पंचमाम्नाय देवताः'' शिवजी के पञ्चमुखों से पञ्चम्नाय निकले हैं। (1) पूर्वाम्नाय जिसमें उन्मनी विद्या है 'ह स्त्रीं ह्रीं श्रीं क ल ह्रीं'' (2) दक्षिणाम्नाय जिसमें भोगिनी विद्या है ऐं क्लिन्ने मदद्रवेत् हसौः (3) पश्चिमाम्नाय जिसमें कुब्जिका विद्या ऐं ह्रीं श्रीं हस फ्रें ह सौः ओं हैं (4) उत्तराम्नाय कलिका विद्या एवं फ्रें महाचंड योगीश्वरी (5) ऊर्ध्वाम्नाय जिसमें परा प्रसाद मन्त्र है प्रपञ्च शब्द से देह और सारी सृष्टि का अर्थ है। यथा-

''योगी च ब्रह्मवित्ज्ञानी शिवयोगी तथात्मवित्।
तेनैव विहितं सर्वं प्रपञ्चात्मैक्य विग्रहम्॥

देह इन्द्रियादि कालादि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड प्रपञ्चात्मक है शास्त्र में प्रपञ्चन्यास सविस्तार वर्णित है। आकाशादि मानसादि स्थानों को जो स्तम्भरूप है तथा क्रम से नीचे के चक्रों को अपने प्रकाश से सिञ्चित करती हुई सार्ध त्रिवृत्ता बनकर कुल कुण्डलिनी कुलकुण्ड चतुर्दल मध्यवर्ती मूलाधार गर्त में निवास करती है। स्वपिषि से उस सुसुप्तिका निर्देष है जो माण्डूक्य उपनिषद् में ''सुसुप्ति स्थानं एकीभूत प्रज्ञानघन आनन्दमयो ह्यानन्दभुक्'' से वर्णित किया है। उस आनन्दावस्था में विलास करती है। इस प्रकार कुण्डलिनी मूलाधार से सहस्रार में सहस्रार से मूलाधार में आरोह अवरोह मार्ग से चलती हुई सारे प्रपञ्च को जीवित करती है। अर्थात् ब्रह्मरंध्र अकुल स्थान से अमृत पान कर कुल रूप अपने स्थान पर लौटती है। पुनः अमृत पान के लिए कुलस्थान मूलाधार से ब्रह्मरंध्र में प्रवेश कर आनन्दित होती है जब कुण्डलिनी परम शिव सहस्रार में जाती है उस समय 6 चक्र इसी में लीन हो जाते हैं। फिर अमृत के प्रभाव से नीचे उतरते सब तत्व तथा चक्र यथावत् हो जाते हैं, यह संसार का उदय प्रलय है यह उत्पत्ति प्रलय क्रिया अति शीघ्र होती रहती है जो संसार की दृष्टि से मालूम नहीं होता है। दिव्यदृष्टिगम्य यह ज्ञान है ''दिव्यं ददामि ते चक्षुः पश्य में योगमैश्वरम्'' योग का चमत्कार दिव्यदृष्टि द्वारा दिखाई देता है। तब योग विभूति दिखाने को अर्जुन को भगवान ने दिव्य चक्षु दिये थे। सामयिक लोग भगवान के भाल में जो चन्द्र है उसी को अमृतपिण्ड मानते हैं आज्ञाचक्र निसृत पीयूष को परम रस कहते हैं चन्द्रमा षोडश नित्या है, ये सब अमृतमय हैं यह पीयूष प्रवाह भगवती के चरणों से स्पन्दित होकर नीचे को प्रवाहित होता है। साढ़े तीन कोटि नाड़ियों को तथा वागादि देवताओं को और साधिभौतिक सम्पूर्ण संसार को जीवित करती है।

(यह कुण्डलिनी शक्ति सुषुम्णाना के मध्य देश से विद्युत छटा की तरह षट्चक्रों को संजीवन करती हुई ब्रह्मरंध्र में पहुंचती है। नाभि में विष्णुग्रन्थी हृदय में ब्रह्मग्रन्थी को भेदन कर सहस्रार में प्रवेश करती है।

यही कुलकुण्डलिनी के जागरण का संक्षेप में निर्देष है।) गुरु उपदेश द्वारा मुमुक्षु जन इस ज्ञान को प्राप्त कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं यही भगवती का पूजन आदि उच्च उपासना है।

चतुर्भिः श्रीकण्ठैः शिवयुवतिभिः पञ्चभिरपि।
प्रभिन्नाभिः शम्भोनवभिरपि मूलप्रकृतिभिः
त्रयश्चत्वारिंशद् वसुदलकलाश्रत्रिवलय-
त्रिरेखाभिःसार्धं तवशरण कोणाः परिणतः॥11॥

भावार्थ

चार त्रिकोण श्रीकण्ठ और पांच शिवयुवति ये नवकोण नौ मूल प्रकृति से 43 कोण जिसमें अष्टदल और षोडशदल त्रिवृत्त तीन रेखाओं से श्री यन्त्र के कोण परिणत हुए।

विज्ञान भाष्य

इस श्लोक में श्रीचक्र का वर्णन आया है यह श्रीचक्र नौ मूल प्रकृति का द्योतक है, इसमें ऊपर के चार त्रिकोण शितिकण्ठ कहे जाते हैं। नीचे के पांच त्रिकोण शिवयुवति हैं अर्थात् चार ऊपर से नीचे की ओर, पांच नीचे से ऊपर के त्रिकोण हैं, मध्य बिन्दू से ये पृथक हैं परन्तु अष्ट दल षोडशदल तीन वृत्त तीन भूपुर सब मिलाकर तैंतालीस कोण होते हैं। ये तैंतालीस भगवति के भुवन कोण हैं, इसमें मूल त्रिकोण की गणना नहीं की गई है यह सृष्टी क्रम द्वारा गणना मूल त्रिकोण छोड़कर तैंतालीस त्रिकोण बताये हैं। नौ मूल प्रकृति इस चक्र की मूल भूमिकाएं हैं इनको ही नवयोनी कहते हैं, अर्थात नौ, धातुओं का सूचक है। यथा-

त्वक्, असृक्, मांस, मेदा, अस्थि, ये पांचशक्ति मूलक माता की धातू हैं। प्राण, मज्जा, शुक्र, जीव, ये चार धातू श्रीकण्ठ पिता के अंग से आती हैं।

इनके अतिरिक्त पञ्च भूत, पञ्च तन्मात्रा, पञ्च ज्ञानेन्द्रिय, पञ्च कर्मेन्द्रिय, मन, माया, शुद्धविद्या महेश्वर (सदाशिव) ये शिव तत्व से बने हैं, इससे

अथ तृतीयोपदेशः

अथ मुदाप्रकरणम्

महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डीयानं जलन्धरम् ।
मूलबन्धं महाबन्धं महावेधश्च खेचरी ॥ १ ॥

मुद्राओं के प्रकार बताते हैं—महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डीयान मुद्रा, जलंधर, मूलबन्ध, महाबन्ध, महावेध, खेंचरी (ये सब आठ मुद्रायें हैं) ॥ १ ॥

विपरीतकरी योनिर्वज्रोली शक्तिचालनी ।
ताडागी माण्डुकी मुद्रा शाम्भवी पंचधारणा ॥ २ ॥

विपरीतकरी, योनि, वज्राणी, शक्तिधारिणी, तड़ागी, मांडवी, शांभवी, धारणा[1] (यहाँ तक सोलह मुद्रायें हुई) ॥ २ ॥

अश्विनी पाशिनी काकी मातङ्गी च भुजङ्गिनी ।
पञ्चविंशति मुद्राणि सिद्धदानीह योगिनाम् ॥ ३ ॥

(पुनः सोलह के बाद) अश्विनी, पाशिनी, काकी, मातंगी, भुजंगिनी, ये कुल २५ मुद्रा कही जाती हैं, ये योगियों के लिये सिद्धिदात्री हैं ॥ ३ ॥

मुद्राणां फलम्

मुद्राणां पटलं देवि कथितं तव सन्निधौ ।
येन विज्ञातमात्रेण सर्वसिद्धिः प्रजायते ॥ ४ ॥

(भगवान शिव पार्वती से कहते हैं—) हे देवी ! मैंने तुम्हारे सम्मुख मुद्राओं का यह वृत्त कहा है, जिसके जानने से सब प्रकार की सिद्धि प्राप्त हो जाती हैं ॥ ४ ॥

---

१. धारणा मुद्रा पाँच प्रकार की है जैसे—पार्थिवी, आरम्भसी, वैश्वानरी, वायवी, नभा ।

गोपनीयं प्रयत्नेन न देयं यस्य कस्यचित् ।
प्रीतिदं योगिनाञ्चैव दुर्लभं मरुतामपि ॥ ५ ॥

ये मुद्रायें गोपनीय हैं, जिस किसी योग्य-अयोग्य को ये देय नहीं हैं। योगियों के लिये प्रातिदायक तथा देवताओं के लिये भी ये दुर्लभ हैं ॥ ५ ॥

(समीक्षा गोपनीय, अदेय, दुर्लभ आदि कहने के पीछे विशेष बात यह है कि हर कोई इन्हें कर ही नहीं सकता है । यदि सीख भी ले तो वह बिना नियम और व्यवस्था के और इन्हें या अज्ञानवश पवित्रता और समयादि के बिना करके इनसे लाभ की बजाय हानि ही उठायेंगे । अतएव अपात्र को ये मुद्रायें अदेय हैं । अनेक मुद्राओं की साधना भी कठिन है, जिन्हें देवसदृश जन भी करने में नियम का ध्यान नहीं रख पाते हैं । अत: मात्र योगीजन ही इन्हें कर पाते हैं, यह भाव है)

महामुद्राविधि:

पायुमूलं वामगुल्फे सम्पीड्य दृढयत्नतः ।
याम्यपादं प्रसार्याथ करे धृतपदाङ्गुलः ॥ ६ ॥

(अब सर्वप्रथम महामुद्रा की विधि बताते हैं—) मलद्वार को वाम एड़ी पर दृढ़ता के साथ दबाकर दायें पैर को फैलाकर हाथ से पैर की अंगुली को धारण करें ॥ ६ ॥

कण्ठसङ्कोचनं कृत्वा भ्रुवोर्मध्ये निरीक्षयेत् ।
महामुद्राभिधा मुद्रा कथ्यते चैव सूरिभिः ॥ ७ ॥

तत्पश्चात् कण्ठ का संकोचन (सिकोड़) करके भ्रुवों के मध्य में देखना चाहिये । यह विद्वानों के द्वारा महामुद्रा के नाम से अभिहित की जाती है ॥ ७ ॥

महामुद्राफलम्

क्षयकासं गुदावर्त्तं प्लीहाजीर्णज्वरं तथा ।
नाशयेत्सर्वरोगांश्च महामुद्रा च साधनात् ।। ८ ।।

(महामुद्रा का फल बताते हैं—) इस महामुद्रा के अत्यधिक सेवन से क्षयज खाँसी, गुदावर्त (गुदा के फोड़े) तापतिल्ली, जीर्णज्वर, तथा अन्य सब रोग नष्ट होते हैं ।। ८ ।।

नभोमुद्रा

यत्र यत्र स्थितो योगी सर्वकार्येषु सर्वदा ।
ऊर्ध्वजिह्वः स्थिरो भूत्वा धारयेत् पवनं सदा ।
नभोमुद्रा भवेदेषा योगिनां रोगनाशिनी ।। ९ ।।

(अब नभोमुद्रा की विधि बताते हैं—) जहाँ-जहाँ भी योगी किसी कार्य में स्थित हो, तब तब सदैव ऊपर की ओर जिह्वा से स्थित होकर वायु को धारण करे । योगियों के रोगों का नाश करने वाली यह नभोमुद्रा होती है ।। ९ ।।

उड्डीयानवन्धः

उदरे पश्चिमं तानं नाभेरूर्ध्वं तु कारयेत् ।
उड्डानं कुरुते यस्मादविश्रान्तं महाखगः ।
उड्डीयानं त्वसौ बन्धो मृत्युमातङ्गकेसरी ।। १० ।।

(अब उड्डीयान बंध की विधि बताते हैं—) उदर में नाभि के ऊर्ध्वभाग को पश्चिम तान (द्वार) को समान रूप से सिकोड़ना चाहिये । अर्थात् मध्यस्थ नाड़ीचक्र को सिकोड़कर उठाये । इसी को उड्डीयान बन्ध कहते हैं, गजरुप मृत्यु के लिये साक्षात् सिहँ यही उड्डीयान बंध होता है ।। १० ।।

उड्डीयानबन्धफलम्

समग्राद्बन्धनादेतदुड्डीयानं विशिष्यते ।
उड्डीयाने समभ्यस्ते मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत् ।। ११ ।।

समस्त मुद्राबंधो में उड्डीयान बंध विशिष्ट माना जाता है । इस उड्डीयान बंध के साधन से स्वयं ही मुक्ति होती है ।। ११ ।।

जालन्धरबन्धः

कण्ठसङ्कोचनं कृत्वा चिबुकं हृदयेन्यसेत् ।
जालन्धर कृते बन्धे षोडशाधारबन्धनम् ।
जालन्धरमहामुद्रा मृत्योश्च क्षयकारिणी ।। १२ ।।

(अब जालंधर बंध का लक्षण करते हैं—) कण्ठ का संकोचन करके ठोड़ी को हृदय पर रखना चाहिये । इसी जालंधर बंध के करने से सोलह प्रकार का आधार बंध होता है । जालंधर महामुद्रा मृत्यु का भी क्षय करने वाली है ।। १२ ।।

जालन्धरबन्धफलम्

सिद्धं जालन्धरं बन्धं योगिनां सिद्धिदायकम् ।
षण्मासमभ्यसेद्यो हि स सिद्धो नात्र संशयः ।। १३ ।।

(जालन्धरबन्ध का फल बताते हैं—) सिद्ध हुआ जालंधर बंध योगियों को सिद्धिदायक है । छह मास तक जो अभ्यास करता है, वह सिद्ध हो जाता है, इसमें संशय नहीं है ।। १३ ।।

मूलबन्धविधिः

पार्ष्णिना वामपादस्य योनिमाकुञ्चयेत्ततः ।
नाभिग्रन्थिं मेरुदण्डे सम्पीड्य यत्नतः सुधीः ।। १४ ।।

(मूलबंध की विधि बताते हैं—) वाम पैर की एड़ी से गुह्यस्थान

(योनिस्थान) का आकुंचन करे, पुनः नाभिग्रन्थी को मेरुदण्ड से यत्नपूर्वक दबाये ॥ १४ ॥

मेढ्रं दक्षिणगुल्फे तु दृढबन्धं समाचरेत् ।
जराविनाशिनी मुद्रा मूलबन्धो निगद्यते ॥ १५ ॥

पुनः लिङ्ग को दायीं एड़ी से दृढ़ता से दबाये, यह जरा की विनाशक मुद्रा मूलबंध कही जाती है ॥ १५ ॥

मूलबन्धफलम्

संसारसमुद्रं तर्तुमभिलषति यः पुमान् ।
विरलेसुगुप्तो भूत्वा मुद्रामेनां समभ्यसेत् ॥ १६ ॥

(अब मूलबन्ध का फल बताते हैं—) संसार सागर से पार होने की जो जन इच्छा करता है, वह एकांत स्थान में इस मुद्रा में स्थितमन होकर अभ्यास करें ॥ १६ ॥

अभ्यासाद्बन्धनस्यास्य मरुत्सिद्धिर्भवेद् ध्रुवम् ।
साधयेद् यत्नतो तर्हि मौनी तु विजितालसः ॥ १७ ॥

इस बंध के अभ्यास से अवश्य ही वायु की सिद्धि होती है । अतः निरालस्य होकर यत्नपूर्वक इसकी साधना करनी चाहिये ॥ १७ ॥

महावन्धविधिः

वामपादस्य गुल्फेन पायुमूलं निरोधयेत् ।
दक्षपादेन तद्गुल्फं संपीड्य यत्नतः सुधीः ॥ १८ ॥

बायें पैर की एड़ी से पायुमूल का निरोध करना चाहिये तथा योगीजन को दायें पैर से बायीं एड़ी को प्रयत्नपूर्वक दबाना चाहिये ॥ १८ ॥

शनैः शनैश्चालयेत् पार्ष्णिं योनिमाकुञ्चयेच्छनः ।
जालन्धरे धारयेत् प्राणं महाबन्धो निगद्यते ॥ १९ ॥

इसके बाद शनैः-शनैः गुह्यस्थान का चाल न करें—चलायें और आकुञ्चन या सिकोड़ने की क्रिया करें। तथा प्राणवायु जालन्धर में धारण करें। यही महाबन्ध कहलाता है ॥ १९ ॥

महाबन्धस्यफलम्

महाबन्धः परो बन्धो जरामरणनाशनः ।
प्रसादादस्य बन्धस्य साधयेत् सर्ववाञ्छितम् ॥ २० ॥

(अब महाबंध का फल बताते हैं—) जरा और मरण को दूर करने वाली महाबंध नामक यह मुद्रा सबसे श्रेष्ठ बंध है। इसके प्रसाद से सब इच्छाओं को साधना चाहिये ॥ २० ॥

महावेधविधिः

रूपयौवनलावण्यं नारीणां पुरुषं विना ।
मूलबन्धमहाबन्धौ महावेधं विना तथा ॥ २१ ॥

(महावेध की विधि बताते हैं—) जिस प्रकार पुरुष के बिना नारी का रूप, यौवन और सुन्दरता (निरर्थक है), उसी प्रकार महावेध मुद्रा के बिना मूलबन्ध और महाबंध होते हैं ॥ २१ ॥

महाबन्धं समासाद्य उड्डानकुम्भकं चरेत् ।
महावेधः समाख्यातो योगिनां सिद्धिदायकः ॥ २२ ॥

प्रथम महाबंध मुद्रा को करे, पुनः उड्डीयान बंध मुद्रा द्वारा कुंभक प्राणायाम को करना चाहिये। इस प्रकार यही महाबंध मुद्रा कही जाती है, जो योगियों को सिद्धिदायक है ॥ २२ ॥

महावेधफलम्

महाबन्धमूलबन्धौ महावेध समन्वितौ ।
प्रत्यहं कुरुते यस्तु स योगी योगवित्तमः ॥ २३ ॥

(अब इसका फल बताते हैं—) महाबंध और मूलबंध के सहित महावेध मुद्रा को योग को जो प्रतिदिन करता है, वह योगी योगज्ञानी है ॥ २३ ॥

न मृत्युतो भयं तस्य न जरा तस्य विद्यते ।
गोपनीयः प्रयत्नेन वेधोयं योगिपुङ्गवैः ॥ २४ ॥

वह न मृत्यु से भय करता है और न उसे जरा आती है । अतः योगी विशिष्टों द्वारा यह महावेधमुद्रा गोपनीय मानी गयी है ॥ २४ ॥

खेचरीमुद्रा

जिह्वाधो नाडीं सञ्छिन्नां रसनां चालयेत् सदा ।
दोहयेन्नवनीतेन लौहयन्त्रेण कर्षयेत् ॥ २५ ॥

(अब खेचरी मुद्रा की विधि बताते हैं—) जिह्वा के नीचे की नाड़ी को छिन्न करके रसना को सदैव चलाना चाहिये । जिह्वा को मक्खन से दुहा करना चाहिये और लौहयन्त्र से खींचना चाहिये ॥ २५ ॥

एवं नित्यं समभ्यासाल्लम्बिका दीर्घतां व्रजेत् ।
यावद्गच्छेद् भ्रुवोर्मध्ये तदागच्छति खेचरी ॥ २६ ॥

इस प्रकार नित्य अभ्यास से जिह्वा लम्बी हो जाती है । जब वह भ्रुवों के मध्य में पहुँच जाये तो खेचरी की ओर ले जाती है ॥ २६ ॥

रसनां तालुमध्ये तु शनैः शनैः प्रवेशयेत् ।
कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा ।
भ्रुवोर्मध्ये गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ॥ २७ ॥

पुनः जिह्वा को तालु के मध्य में शनैः शनैः प्रवेश कराना चाहिये । जिह्वा को कपाल गुहर (तालु के मध्यस्थ गड्ढे) में उल्टी करके प्रविष्ट करके भ्रुवों के मध्य में दृष्टि को स्थित करे, यही खेचरी मुद्रा होती है ॥ २७ ॥

खेचरीमुद्राफलम्

न च मूर्च्छा क्षुधा तृष्णा नैवालस्यं प्रजायते ।
न च रोगो जरा मृत्युर्देवदेहः स जायते ।। २८ ।।

खेचरी मुद्रा का फल बताते हैं—इस मुद्रा से न तो मूर्च्छा, न क्षुक्षा, न तृष्णा, न आलस्य ही उत्पन्न होता है । और न रोग, न जरा, न मृत्यु ही होती है । अपितु शरीर देवता जैसा हो जाता है ।। २८ ।।

नाग्निना दह्यते गात्रं न शोषयति मारुतः ।
न देहं क्लेदयन्त्यापो दंशयेन्न भुजङ्गमः ।। २९ ।।

शरीर को न अग्नि जला पाती है, न पवन सुखा पाती है, न जल गला पाता है और न सर्प डस सकता है ।। २९ ।।

लावण्यं च भवेद् गात्रे समाधिर्जायते ध्रुवम् ।
कपालवक्त्र संयोगे रसना रसमाप्नुयात् ।। ३० ।।

शरीर में सुन्दरता आ जाती है, और निश्चय ही समाधि सिद्ध होती है । कपाल और मुख के संयोग होने पर रसना के रसों की प्राप्ति हो जाती है ।। ३० ।।

नाना रस समुद्भूतमानन्दं च दिने दिने ।
आदौ लवणक्षारं च ततस्तिक्तं कषायकम् ।। ३१ ।।

अनेक प्रकार के रसों का दिन-दिन अद्भुत आनंद प्राप्त होता है । प्रांरभ में लवण, क्षार का और तिक्त (तीखे) और कषाय का रसानुभव होता है ।। ३१ ।।

नवनीतं घृतं क्षीरं दधितक्रमधूनि च ।
द्राक्षारसं च पीयूषं जायते रसनोदकम् ।। ३२ ।।

तदुपरान्त नवनीत (मक्खन), घृत, दुग्ध, दही, मधु, द्राक्षा, और अमृत जैसे रसों की उत्पत्ति हो जाती है ।। ३२ ।।

विपरीतकरणीमुद्रा

नाभिमूलेवसेत्सूर्यस्तालुमूले च चन्द्रमा: ।
अमृतं ग्रसते सूर्यस्ततो मृत्युवशो नर: ॥ ३३ ॥

(अब विपरीतकरी मुद्रा विधि बताते हैं—) नाभि के मूल में सूर्य बसते हैं और तालु के मूल में चन्द्रमा । जब सूर्य अमृत को ग्रस लेता है, तब नर मृत्यु के वश होता है ॥ ३३ ॥

(समीक्षा—(सूर्य नाभि में स्थित है तथा अमृत सहस्रारचक्र में (ब्रह्मरंध्र में) है । सूर्य द्वारा अमृतपान करने से मनुष्य की स्थिति में परिवर्तन हो जाता है ।)

ऊर्ध्वं च योजयेत् सूर्यञ्चन्द्रञ्च अध आनयेत् ।
विपरीतकरी मुद्रासर्वतन्त्रेषु गोपिता ॥ ३४ ॥

सूर्य को ऊपर की ओर उठाना चाहिये तथा चन्द्रमा को नीचे की ओर ले आना चाहिये । इसी का नाम विपरीतकरी मुद्रा है, जो सब तंत्रों में गोपनीया कही गयी है ॥ ३४ ॥

भूमौ शिरश्च संस्थाप्य करयुग्मं समाहित: ।
ऊर्ध्वपाद: स्थिरो भूत्वा विपरीतकरी मता ॥ ३५ ॥

(विपरीतकरी मुद्रा की विधि बताते हैं—) भूमि पर सिर रखकर हाथों को नीचे रखकर पैरों को ऊर्ध्व करके विपरीतकरी मुद्रा मानी गयी है ॥ ३५ ॥

विपरीतकरणीमुद्राफलम्

मुद्रां च साधयेन्नित्यं जरां मृत्युञ्च नाशयेत् ।
स सिद्ध: सर्वलोकेषु प्रलयेऽपि न सीदति ॥ ३६ ॥

(विपरीतकरी मुद्रा का फल बताते हैं—) यह मुद्रा नित्य साधनी

चाहिये और जरामत्यु को नष्ट करना चाहिये । वह सब लोकों में सिद्ध होता है और प्रलय में भी दु:खी नहीं होता ॥ ३६ ॥

योनिमुद्रा

सिद्धासनं समासाद्य कर्णचक्षुर्नसोमुखम् ।
अङ्गुष्ठतर्जनीमध्यानामादिभिश्च साधयेत् ॥ ३७ ॥

(अब योनिमुद्रा की विधि बताते हैं—) पहले सिद्धासन लगाकर कान, नेत्र, नासिका, मुख को अंगुष्ठ, तर्जनी, मध्यमा, अनामिकाओं से साधना (ढ़कना) चाहिये ॥ ३७ ॥

काकोभि: प्राणंसङ्कृष्य अपाने योजयेत्तत: ।
षट्चक्राणि क्रमाद्ध्यात्वा हुं हंसमनुना सुधी: ॥ ३८ ॥

चैतन्यमानयेद्देवीं निद्रिता या भुजङ्गिनी ।
जीवेन सहितां शक्तिं समुत्थाप्य कराम्बुजे ॥ ३९ ॥

पुन: काकी मुद्रा से प्राणवायु को खींचकर अपान वायु में योजित करे। फिर सुधीजन षट् चक्रों का ध्यान करे और 'हुं' और 'हंस' इन दो मंत्रों से जो साक्षात् भुजंगिनी है, उस देवी (कुंडलिनी) को जगाये तथा जीव के सहित इस शक्ति (कुंडलिनी) को उठाकर सहस्रकमल (सहस्रारचक्र) में ले जाये ॥ ३८-३९ ॥

शक्तिमय: स्वयं भूत्वा परं शिवेन सङ्गमम् ।
नानासुखं विहारञ्च चिन्तयेत् परमं सुखम् ॥ ४० ॥

इससे स्वयं शक्तिवान् होकर परं कल्याण का संयोग पाकर अनेक प्रकार के सुख, विहार और परं आनंद का चिन्तन करता है ॥ ४० ॥

शिवशक्तिसमायोगादेकान्ते भुवि भावयेत् ।
आनन्दमानसो भूत्वा अहं ब्रह्मेति सम्भवेत् ॥ ४१ ॥

शिव (कल्याणमय) शक्ति के संयोग से भूमि पर एकान्त की भावनां करनी चाहिये । स्वयं परमानंद स्वरूप होकर 'अहं तत्व ही ब्रह्म है' यह भाव तब संभव होता है ॥ ४१ ॥

योनिमुद्रा परा गोप्या देवानामपि दुर्ल्लभा ।
सकृत्तु लाभसंसिद्धिः समाधिस्थः स एव हि ॥ ४२ ॥

योनिमुद्रा परं गोपनीय है । यह देवताओं को भी दुर्लभ है । सब प्रकार के लाभों की सिद्धि इससे संभव होती है और वही जन वस्तुतः समाधिस्थ होता है ॥ ४२ ॥

योनिमुद्राफलम्

ब्रह्महा भ्रूणहाचैव सुरापी गुरुतल्पगः ।
एतैः पापैर्न लिप्येत योनिमुद्रानिबन्धनात् ॥ ४३ ॥

(योनिमुद्रा फल बताते हैं—) ब्रह्मघाती, भ्रूणहत्यारा, मद्यपायी, गुरुपत्नी सेवी जैसे (पामरजन भी) योनिमुद्रा के पालन से इन पापों से लिप्त नहीं होते हैं अर्थात् इन पापों के दुष्प्रभाव से बहुत हद तक दूर हो जाते हैं ॥ ४३ ॥

यानि पापानि घोराणि उपपापानि यानि च ।
तानि सर्वाणि नश्यन्ति योनिमुद्रानिबन्धनात् ।
तस्मादभ्यासनं कुर्याद्यदि मुक्तिं समिच्छति ॥ ४४ ॥

जो भी घोर पाप और उपपाप हैं, वे सब योनिमुद्रा के (विधिवत) पालन से नष्ट हो जाते हैं । अतः यदि मुक्ति की इच्छा करनी है तो इस ुद्रा का अभ्यास करना चाहिये ॥ ४४ ॥

वज्रोणीमुद्रा

धरामवष्टभ्य करयोस्तलाभ्यामूर्ध्वं क्षिपेत्पादयुगं शिरः खे ।
शक्तिप्रबोधाय चिरजीवनाय वज्रोणिमुद्रां मुनयो वदन्ति ॥ ४५॥

(वज्रोणिमुद्रा क्या है यह कहते हैं) कि करतलों को धरा पर रख करके दोनों पैरों और सिर को ऊपर उठाये ! शक्ति के जागरण के लिये तथा चिरजीवन (दीर्घजीवन) पाने के लिये मुनिजन वज्रोणिमुद्रा को कहते हैं ।। ४५ ।।

वज्रोर्णामुद्राफलम्

अयं योगो योगश्रेष्ठो योगिनां मुक्तिकारकम् ।
अयं हितप्रदो योगो योगिनां सिद्धिदायकः ।। ४६ ।।

(अब वज्रोणिमुद्रा का फल बताते हैं—) योगशास्त्र में यह योगियों की मुक्तिकारक वज्रोणि मुद्रा है । यह योगों में परं हितकारी और योगियों को सिद्धि देने वाली है ।। ४६ ।।

एतद्योगप्रसादेन बिन्दुसिद्धिर्भवेद् ध्रुवम् ।
सिद्धे बिन्दौ महायत्ने किं न सिद्ध्यतिभूतले ।। ४७ ।।

इस योग की कृपा से निश्चय ही बिन्दु सिद्धि (वीर्यसिद्धि) होती है और इस महायत्न बिन्दुसिद्धि के हो जाने पर भूतल पर कौन सा कार्य है जो सिद्ध नहीं होता ।। ४७ ।।

भोगेन महता युक्तो यदि मुद्रां समाचरेत् ।
तथापि सकला सिद्धिस्तस्य भवति निश्चितम् ।। ४८ ।।

भोगों से युक्त पुरुष भी यदि इस मुद्रा का आचरण करता है, तो निश्चय ही सकल सिद्धि वह प्राप्त करता है ।। ४८ ।।

शक्तिचालनीमुद्रा

मूलाधारे आत्मशक्तिः कुण्डली परदेवता ।
शयिता भुजगाकारा सार्द्धत्रिवलयान्विता ।। ४९ ।।

(अब शक्तिचालनी मुद्रा की विधि कहते हैं—) आत्मशक्ति मूलाधार में (शरीर में) सबसे बड़ा देवता—कुंडली शयन स्थिति में सर्पाकार साढ़े तीन वलयों (गोलाकारों) से युक्त है ।। ४९ ।।

यावत् सा निद्रिता देहे तावज्जीवः पशुर्यथा ।
ज्ञानं न जायते तावत् कोटियोगं समभ्यसेत् ॥ ५० ॥

जब तक यह कुंडली शयनावस्था में है, तब तक जीव पशु के समान रहता है, तब तक ज्ञान भी नहीं होता है, (भले ही) कोटि उपाय किये जायें ॥ ५० ॥

उद्घाटयेत् कपाटञ्च यथा कुञ्चिकया हठात् ।
कुण्डलिन्याः प्रबोधेन ब्रह्मद्वारं प्रभेदयेत् ॥ ५१ ॥

जिस प्रकार कुंचिका से बंद द्वार को हठात् खोला जाता है, उसी प्रकार कुंडलिनी के जागने पर ब्रह्मद्वार को (भेदकर) जानना चाहिये ॥ ५१ ॥

नाभिं संवेष्ट्य वस्त्रेण न च नग्नो बहिस्थितः ।
गोपनीयगृहे स्थित्वा शक्तिचालनमभ्यसेत् ॥ ५२ ॥

नाभिस्थान को वस्त्र से लपेट कर किन्तु नग्न होकर बाहर (सार्वजनिक रूप से) नहीं, अपितु गोपनीय गृह में स्थित होकर शक्तिचालन का अभ्यास करना चाहिये ॥ ५२ ॥

वितस्तिप्रमितं दीर्घं विस्तारे चतुरङ्गुलम् ।
मृदुलं धवलं सूक्ष्मं वेष्टनाम्बरलक्षणम् ।
एवमम्बरयुक्तञ्च कटिसूत्रेण योजयेत् ॥ ५३ ॥

एक हाथ लम्बा तथा चार अंगुल चौड़ा कोमल, श्वेत और सूक्ष्म (बारीक) वस्त्र नाभि से लपेटे । इस प्रकार वस्त्र को पुनः कटिभाग में बाँधना चाहिये ॥ ५३ ॥

भस्मना गात्रं संलिप्य सिद्धासनं समाचरेत् ।
नासाभ्यां प्राणमाकृष्य अपाने योजयेद् बलात् ॥ ५४ ॥

भस्म से शरीर को लिप्त करके पुनः सिद्धासन लगाना चाहिये ।

पुन: नासाछिद्रों (दोनों) से वायु खींचकर अपानवायु के साथ मिलाना चाहिये ॥ ५४ ॥

तावदाकुञ्चयेद्गुह्यं शनैरश्विनिमुद्रया ।
यावद्गच्छेत् सुषुम्णायां वायु: प्राकाशयेद्धठात् ॥ ५५ ॥

जब तक वायु सुषुम्ना नाड़ी के अन्दर जाकर प्रकाशित हो, तब तक गुह्यस्थान (मलद्वार) का अश्विनी मुद्रा से धीरे-धीरे संकोचन करना चाहिये ॥ ५५ ॥

तदा वायुप्रबन्धेन कुम्भिका च भुजङ्गिनी ।
बद्धश्वासस्ततो भूत्वा ऊर्ध्वमार्गं प्रपद्यते ॥ ५६ ॥

तब श्वास वायु को रोककर कुंभक श्वास को धारण करे तो कुंडलिनी उर्ध्वमार्ग की ओर प्राप्त होती है-उठती है ॥ ५६ ॥

विना शक्तिंचालनेन योनिमुद्रा न सिद्ध्यति ।
आदौ चालनमभ्यस्य योनिमुद्रां समभ्यसेत् ॥ ५७ ॥

विना शक्तिचालनी के योनिमुद्रा सिद्ध नहीं होती, शक्तिचालनी के अभ्यास को पहले करें, पुन: योनिमुद्रा का अभ्यास करें ॥ ५७ ॥

इति ते कथितं चण्डकापाले शक्तिचालनम् ।
गोपनीयं प्रयत्नेन दिने दिने समभ्यसेत् ॥ ५८ ॥

(घेरण्ड ऋषि कहते हैं—) हे चण्डकापालि ! इस प्रकार शक्तिचालन मुद्रा मैंने तुम्हें बतायी । यह गोपनीय है, दिन-दिन इसका अभ्यास करना चाहिये ॥ ५८ ॥

शक्तिचालनीमुद्राफलम्

मुद्रेयं परमा गोप्या जरामरणनाशिनी ।
तस्मादभ्यसनंकार्यं योगिभि: सिद्धिकाङ्क्षिभि: ॥ ५९ ॥

यह मुद्रा परं गोपनीया है और जरामरण का नाश करती है । अत: सिद्धि चाहने वाले योगियों को इसका अभ्यास करना चाहिये ॥ ५९ ॥

नित्यं योऽभ्यसते योगी सिद्धिस्तस्य करे स्थिता ।
तस्य विग्रहसिद्धिः स्याद्रोगाणां सङ्क्षयो भवेत् ।। ६० ।।

जो योगी नित्य इसका अभ्यास करता है, उसके हाथ में सिद्धि आ जाती है । उसे विग्रह सिद्धि हो जाती है और उसके रोगों का क्षय हो जाता है ।। ६० ।।

ताडागीमुद्रा

उदरं पश्चिमोत्तानं कृत्वा च तडागाकृतिम् ।
ताडागी सा परामुद्रा जरामृत्युविनाशिनी ।। ६१ ।।

पश्चिमोत्तान करके उदर को तालाब की आकृति के समान बनाये, यह ताडागी मुद्रा जरामृत्यु विनाशिनी है ।। ६१ ।।

माण्डूकीमुद्रा

मुखं समुद्रितं कृत्वा जिह्वामूलं प्रचालयेत् ।
शनैर्ग्रसेदमृतं तन्माण्डूकीं मुद्रिकां विदुः ।। ६२ ।।

(अब मांडूकी मुद्रा को कहते हैं—) मुख को बंद करके जिह्वामूल का चालन करे, पुन: धीरे-धीरे अमृत का पान करे (सहस्त्रारचक्र के परमानंद का ध्यान करे) इसे विद्वानों ने मांडूकी मुद्रा कहा है ।। ६२ ।।

माण्डूकीमुद्राफलम्

वलितं पलितं नैव जायते नित्ययौवनम् ।
न केशे जायते पाको यः कुर्यान्नित्यमाण्डुकीम् ।। ६३ ।।

(इसका फल बताते हैं—) जो भी मांडूकी मुद्रा को करता है— वलित और पलित (त्वचा का सिकुड़ना तथा बालों का श्वेतहोना) इससे नहीं होता, तथा नित्य यौवन बना रहता है और केश पकते नहीं है ।। ६३ ।।

शाम्भवीमुद्रा

नेत्राञ्जनं समालोक्य आत्मारामं निरीक्षयेत् ।
सा भवेच्छाम्भवी मुद्रा सर्वतन्त्रेषु गोपिता ।। ६४ ।।

(शांभवी मुद्रा की विधि कहते हैं—) भोंहों के मध्य में दृष्टि डालते हुए सर्वदा मन को आत्मा में रमण करते हुए निरीक्षण करना चाहिये । यह सब विधानों में गोपनीया शांभवी मुद्रा है ॥ ६४ ॥

शाम्भवीमुद्राफलम्

वेदशास्त्रपुराणानि सामान्यगणिका इव ।
इयं तु शाम्भवी मुद्रा गुप्ता कुलवधूरिव ॥ ६५ ॥

(इसका फल कहते हैं—) वेद, शास्त्र और पुराण इस मुद्रा के समक्ष सामान्य गणिका जैसे हैं (गौण हैं) जबकि यह शांभवी मुद्रा कुलवधु के समान गोपनीय है ॥ ६५ ॥

स एव आदिनाथश्च स च नारायणः स्वयम् ।
स च ब्रह्मा सृष्टिकारी यो मुद्रां वेत्ति शाम्भवीम् ॥ ६६ ॥

जो जन शांभवी मुद्रा को जानता है, वह आदिनाथ है, वही स्वयं नारायण स्वरूप है, और वही सृष्टिकर्ता ब्रह्मा हैं ॥ ६६ ॥

सत्यं सत्यं पुनः सत्यं सत्यमुक्तं महेश्वर ।
शाम्भवीं यो विजानीयात् स च ब्रह्म न चान्यथा ॥ ६७ ॥

शांभवी मुद्रा को (तत्वतः) जो जानता है, वह साक्षात् ब्रह्म स्वरूप है । यह पूर्ण सत्य है, अन्यथा की संभावना नही है ॥ ६७ ॥

(समीक्षा—भावार्थ यह है कि शांभवी मुद्रा तन, मन, हृदय को परंशान्ति प्रदान करने वाली है । सब संतापों—तनावों को शांत करने वाली है । और जब मनुष्य के सब तनाव—घोर अंशाति शांत हो जायेगी तो ब्रह्मशक्ति (प्रजनन शक्ति) विष्णुशक्ति (परिवार समाज आदि की पालनाशक्ति) आदि विलक्षण और सुदृढ़ शक्तियाँ मनुष्य प्राप्त करता हैं ।)

पञ्चधारणामुद्रा

कथिता शाम्भवी मुद्रा श्रृणुष्व पञ्चधारणाम् ।
धारणानि समासाद्य किं न सिद्ध्यति भूतले ॥ ६८ ॥

(पंचधारणा मुद्रा बताते हैं—) इस प्रकार शांभवी मुद्रा कही गयी, अब पंचधारण मुद्रा को सुनो । पंचधारणाओं को प्राप्त करके मनुष्य इस भूतल पर क्या नहीं प्राप्त कर सकता ? ॥ ६८ ॥

अनेन नरदेहेन स्वर्गेषु गमनागमम् ।
मनोगतिर्भवेत्तस्य खेचरत्वं न चान्यथा ॥ ६९ ॥

इससे नरदेह का स्वर्गों में गमनागमन होता है । उसकी मनोगामी गति हो जाती है और खेचरत्व सिद्धि प्राप्त हो जाती है । यह सत्य है ॥ ६९ ॥

पार्थिवीधारणामुद्रा

यत्तत्त्वंहरितालदेशरचितं भौमं लकारान्वितं
वेदास्तं कमलासनेन सहितं कृत्वा हृदि स्थायिनम् ।
प्राणांस्तत्र विलीय पञ्चघटिकांश्चित्तान्वितां धारये-
देषास्तम्भकरी सदा क्षितिजयं कुर्यादधोधारणा ॥ ७० ॥

(अब पार्थिवधारणा की विधि बताते हैं—) भूमि का जो तत्व हरिताल (हल्दी) जैसा पीला है, लकार से युक्त है, आकार चौकोर है, ऐसे उन (वेदास्त्रं) कमलासन ब्रह्मा के सहित हृदय में ध्यान करे । तब प्राणवायु को खींचकर पाँच घटी (दो घण्टा) तक उसे धारण करे । यह स्तंभकरी अधोधारणा भी कही जाती है । इससे धरती पर विजय हो जाती है ॥ ७० ॥

पार्थिवीधारणामुद्राफलम्

पार्थिवीधारणामुद्रां यः करोति च नित्यशः ।
मृत्युञ्जयः स्वयं सोऽपि स सिद्धो विचरेद् भुवि ॥ ७१ ॥

(इसका फल कहते हैं—) प्रतिदिन जो जन पार्थिवीधारण को करता है, वह मृत्युञ्जय हो जाता है, वह सिद्ध हो भूमि पर विचरता है ॥ ७१ ॥

आम्भसीधारणामुद्रा

शङ्खेन्दुप्रतिमञ्च कुन्दधवलं तत्त्वं किलालं शुभम्
तत्पीयूषवकारबीजसहितं युक्तं सदा विष्णुना ।
प्राणांस्तत्र विनीय पञ्चघटिकांश्चित्तान्वितां धारयेत्
एषादु:सहतापपापहरिणी स्यादाम्भसी धारणा ॥ ७२ ॥

इसका वर्ण शंख और चन्दमा जैसा सुन्दर, कुन्दपुष्प जैसा धवल है । शोभायमान वकार बीज से युक्त अमृत की संज्ञा वाला है, जो सदा ही विष्णु शक्ति से युक्त है या विष्णु इसके देवता हैं । (इस स्वरूप का ध्यान जल तत्व में करते हुए) प्राण को खींचकर पाँच घटी (२ घण्टे) तक कुंभक में स्थिर हो, यही दु:सह तापों को नष्ट करने वाली आंभसी धारणा होती है ॥ ७२ ॥

आम्भसीधारणामुद्राफलम्

आम्भसीं परमां मुद्रां यो जानाति स योगवित् ।
जले च गम्भीरे घोरे मरणं तस्य नो भवेत् ॥ ७३ ॥

इस श्रेष्ठ आम्भसी मुद्रा को जो जानता है, वह योगज्ञानी है । गम्भीर जल में उसका कभी मरण संभव नहीं होता ॥ ७३ ॥

इयं तु परमा मुद्रा गोपनीया प्रयत्नतः ।
प्रकाशात् सिद्धिहानिः स्यात् सत्यं वच्मि च तत्त्वत्तः ॥ ७४ ॥

यह श्रेष्ठ मुद्रा प्रयत्नपूर्वक गोपनीय है । इसके प्रकाश से सिद्धि की हानि होती है, यह मैं सत्य कहता हूँ ॥ ७४ ॥

आग्नेयीधारणामुद्रा

यन्नाभिस्थितमिन्द्रगोपसदृशं बीजं त्रिकोणान्वितं
तत्त्वं तेजमयं प्रदीप्तमरुणं रुद्रेण यत् सिद्धिदम् ।
प्राणांस्तत्र विनीय पञ्चघटिकांश्चित्तान्वितां धारयेत्
ऐषा कालगभीरभीतिहरणी वैश्वानरी धारणा ॥ ७५॥

(अब आग्नेयी मुद्रा की विधि बताते हैं—) (यह मुद्रा अग्नितत्व में स्थित है) इसका स्थान नाभि और इन्द्रगोप (भगवान की गाय—बरसाती लालरंग का एक गोल कीड़ा) जैसा इसका तीन कोण वाला वर्ण है, तेजयुक्त दीप्त अरुण जैसी आभा है और रुद्र इसके देवता है। (इस स्वरूप का प्राणों को रोककर कुंभक में पाँच घटी (२घण्टा) तक चित्त में ध्यान करे। इससे संसार का भय दूर होता है, यह वैश्वानरी (आग्नेयी) धारणा है ॥ ७५ ॥

आग्नेयीधारणामुद्राफलम्

प्रदीप्ते ज्वलिते वह्नौ यदि पतति साधकः ।
एतन्मुद्राप्रसादेन स जीवति न मृत्युभाक् ॥ ७६ ॥

प्रदीप्त और जलती हुई अग्नि में यदि साधक गिर जाये तो इस मुद्रा के प्रसाद से वह जीवन धारण करता है, न कि मृत्यु ॥ ७६ ॥

वायवीधारणामुद्रा

यद्भिन्नाञ्जनपुञ्जसन्निभमिदं धूम्रावभासं परं
तत्त्वं सत्त्वमयं यकारसहितं यत्रेश्वरो देवता ।
प्राणांस्तत्र विनीय पञ्चघटिकांश्चित्तान्वितां धारयेद्-
ऐषा खे गमनं करोति यमिनां स्याद्वायवी धारणा ॥ ७७ ॥

(अब वायवी धारणा की विधि कहते हैं—) इसका वर्ण भिन्न अंजन पुंज के समान, धुएँ के समान है, सत्व इसका गुण और यकार बीज है। स्वयं ईश्वर इसके देवता हैं। इसी स्वरूप का प्राणों को रोककर पाँचघटी (२ घण्टा) तक चित्त में ध्यान करे। आकाश में गमन इसी वायवी धारणा से होता है ॥ ७७ ॥

वायवीधारणामुद्राफलम्

इयं तु परमा मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी ।
वायुना म्रियते नापि खे च गतिप्रदायिनी ॥ ७८ ॥

(फल बताते हैं—) यह श्रेष्ठ वायवी मुद्रा जरामृत्यु विनाशिनी है, इसके कारण वायुकोष से मृत्यु नहीं होती तथा यह आकाशगमन को देने वाली होती है ॥ ७८ ॥

शठाय भक्तिहीनाय न देया यस्य कस्यचित् ।
दत्ते च सिद्धिहानिः स्यात् सत्यं वच्मि च चण्ड ते ॥ ७९ ॥

जिस किसी भी शठ या भक्तिहीन को इसे नहीं देना चाहिये । अन्यथा देने पर सिद्धि की हानि हो जाती है—यह सत्य कहता हूँ ॥ ७९ ॥

आकाशीधारणामुद्रा

यत् सिन्धौ वरशुद्धवारिसदृशं व्योमं परं भासितं
तत्त्वं देवसदाशिवेन सहितं बीजं हकारान्वितम् ।
प्राणांस्तत्र विनीय पञ्चघटिकांश्चित्तान्वितां धारयेत्
एषा मोक्षकपाटभेदनकरी कुर्यान्नभोधारणा ॥ ८० ॥

(आकाशीधारणाविधि—) इसका वर्ण सिन्धु के जल के समान परं विस्तीर्ण भासित है । शिवदेवता सहित हकार इसका बीज है । प्राणों का पाँच घटी तक कुंभक में संयोजन करके इस स्वरूप का ध्यान करे तो यह आकाशी मुद्रा मोक्षद्वार का भेदन करने वाली होती है ॥ ८० ॥

आकाशीधारणामुद्राफलम्

आकाशीधारणां मुद्रां यो वेत्ति सैव योगवित् ।
न मृत्युर्जायते तस्य प्रलये नावसीदति ॥ ८१ ॥

जो साधक आकाशीमुद्रा की पूरी जानकारी से परिपूर्ण रहता है, वही सही रूप में योग को पहचानने वाला है, उसकी काल आने पर भी मृत्यु नही होती और प्रलय होने पर भी वह डगमगाता नहीं है ज्यों का त्यों स्थिर रहता है ॥ ८१ ॥

अश्विनीमुद्रा

आकुञ्चयेद् गुदाद्वारं प्रकाशयेत् पुनः पुनः ।
सा भवेदश्विनी मुद्रा शक्तिप्रबोधकारिणी ॥ ८२ ॥

गुदाद्वार का संकोचन (सिकोड़ना) तथा फैलाना बार-बार करे । यही अश्विनी मुद्रा है, जो शक्ति देने वाली है ॥ ८२ ॥

अश्विनीमुद्राफलम्

अश्विनी परमा मुद्रा गुह्यरोगविनाशिनी ।
बलपुष्टिकरी चैव अकालमरणं हरेत् ॥ ८३ ॥

अश्विनी मुद्रा गुदारोगों को नष्ट करने वाली है । बल और पुष्टि करने वाली तथा अकालमृत्यु को हरने वाली है ॥ ८३ ॥

पाशिनीमुद्रा

कण्ठपृष्ठे क्षिपेत्पादौ पाशवद् दृढबन्धनम् ।
सा एव पाशिनी मुद्रा शक्ति प्रबोधकारिणी ॥ ८४ ॥

पाशिनी मुद्रा—कण्ठ और पीठ में दोनों पैरों को डाले और दृढ़ता से इस आसन को बाँधे, यही पाशिनि मुद्रा है, जो कुंडलिनी शक्ति को जगाने वाली है ॥ ८४ ॥

पाशिनीमुद्राफलम्

पाशिनी महती मुद्रा बलपुष्टिविधायिनी ।
साधनीया प्रयत्नेन साधकैः सिद्धिकाङ्क्षिभिः ॥ ८५ ॥

पाशिनी मुद्रा अत्यधिक बल और पुष्टि देने वाली है । सिद्धि चाहने वाले साधकों द्वारा इसे प्रयत्नपूर्वक साधना चाहिये ॥ ८५ ॥

काकीमुद्रा

काकचञ्चुवदास्येन पिबेद्वायुं शनैः शनैः ।
काकीमुद्रा भवेदेषा सर्वरोगविनाशिनी ॥ ८६ ॥

(काकीमुद्रा विधि—) काकचंचु (कौवे जैसी चौंच) के मुख को करके धीरे-धीरे वायु को पान करे । यह सब रोग विनाशिनी काकी मुद्रा होती है ॥ ८६ ॥

काकीमुद्राफलम्

काकीमुद्रा परा मुद्रा सर्वतन्त्रेषु गोपिता ।
अस्याः प्रसादमात्रेण न रोगी काकवद् भवेत् ॥ ८७ ॥

काकीमुद्रा सब तन्त्रों में गोपनीय है । इसके प्रसाद से काकवत् नीरोग हो जाता है ॥ ८७ ॥

मातङ्गिनीमुद्रा

कण्ठमग्ने जले स्थित्वा नासाभ्यां जलमाहरेत् ।
मुखान्निर्गमयेत् पश्चात् पुनर्वक्त्रेण चाहरेत् ॥ ८८ ॥

कण्ठ तक मग्न जल में स्थित होकर नासिकाछिद्रों से जल ग्रहण करे, पुनः मुख से निकाल दे तथा पुनः मुख से ग्रहण करना चाहिये ॥ ८८ ॥

नासाभ्यां रेचयेत् पश्चात् कुर्यादेवं पुनः पुनः ।
मातङ्गिनी परा मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी ॥ ८९ ॥

पुनः उसका नासाछिद्रों से रेचन करे । यदि पुनः-पुनः ऐसा करे तो मातंगिनी मुद्रा जरामृत्यु का नाश करती है ॥ ८९ ॥

मातङ्गिनीमुद्राफलम्

विरले निर्जने देशे स्थित्वा चैकाग्रमानसः ।
कुर्यान्मातङ्गिनीं मुद्रां मातङ्ग इव जायते ॥ ९० ॥

विरल निर्जन देश में एकाग्रमन से स्थित होकर मातंगिनी मुद्रा को करे तो हाथी के समान बली होता है ॥ ९० ॥

यत्र यत्र स्थितोयोगी सुखमत्यन्तमश्नुते ।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन साधयेन्मुद्रिकां पराम् ॥ ९१ ॥

पुस्तकालय
विभाग
शान्ति कुंज, हरिद्वार
२५५|२०८

वह योगी जहाँ-जहाँ स्थित होगा, वहाँ-वहाँ अत्यंत सुख को ग्रहण करता है । अतः सब प्रयत्नों से इसे साधना चाहिये ॥ ९१ ॥

भुजङ्गिनीमुद्रा

वक्त्रं किञ्चित् सुप्रसार्य चानिलं गलया पिबेत् ।
सा भवेद् भुजगी मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी ॥ ९२ ॥

(भुजंगिनी मुद्रा—) मुख को कुछ फैलाकर कण्ठ से वायु को पीना चाहिये । वह जरामृत्यु विनाशक भुजंगिनी मुद्रा होती है ॥ ९२ ॥

भुजङ्गिनीमुद्राफलम्

यावच्च उदरे रोगा अजीर्णादि विशेषतः ।
तत् सर्वं नाशयेदाशु यत्र मुद्रा भुजङ्गिनी ॥ ९३ ॥

उदर में जो अजीर्णादि विशिष्ट रोग हैं, उन सबको, जहाँ भुजंगिनी मुद्रा होती है, शीघ्र ही समाप्त करती है ॥ ९३ ॥

मुद्राणांफलम्

इदं तु मुद्रापटलं कथितं चण्ड ते शुभम् ।
वल्लभं सर्वसिद्धानां जरामरणनाशनम् ॥ ९४ ॥

(घेरण्ड ऋषि बोले—हे चंडकापालि ! यह मुद्राविवरण मैंने तुमसे कहा है । यह सब सिद्धजनों का प्रिय और जरामृत्यु का विनाशक होता है ॥ ९४ ॥

शठाय भक्तिहीनाय न देयं यस्य कस्यचित् ।
गोपनीयं प्रयत्नेन दुर्लभं मरुतामपि ॥ ९५ ॥

शठ या भक्तिहीन जिस किसी को भी यह नहीं देना चाहिये । देवताओं को भी यह दुर्लभ और प्रयत्नसहित गोपनीय है ॥ ९५ ॥

ऋजवे शान्तचित्ताय गुरुभक्तिपराय च ।
कुलीनाय प्रदातव्यं भोगमुक्तिप्रदायकम् ।। ९६ ।।

जो कोमल मन वाला हो, शांतचित्त हो, गुरुभक्ति परायण हो, कुलीन हो, उसी को यह मुद्राविधि देनी चाहिये, जो भोग मुक्ति की दात्री हैं ।। ९६ ।।

मुद्राणां पटलं ह्येतत् सर्वव्याधिविनाशकम् ।
नित्यमभ्यासशीलस्य जठराग्निविवर्धनम् ।। ९७ ।।

मुद्राओं का यह विवरण सर्वव्याधि विनाशक है और अभ्यासशील की जठराग्नि को बढ़ाने वाला है ।। ९७ ।।

न तस्य जायते मृत्युर्नास्य जरादिकं तथा ।
नाग्निजलभयं तस्य वायोरपि कुतो भयम् ।। ९८ ।।

उसकी न मृत्यु और जरादिक होता है । न अग्निजल का भय होता है, वायु का भय भी उसे कहीं नहीं होता ।। ९८ ।।

कासः श्वासः प्लीहकुष्ठं श्लेष्मरोगाश्च विंशतिः ।
मुद्राणां साधनाच्चैव विनश्यन्ति न संशयः ।। ९९ ।।

कास, श्वास, प्लीहा, कुष्ठ, श्लेष्मा आदि बीस प्रकार के रोग मुद्राओं के साधने से नष्ट होते हैं ।। ९९ ।।

बहुना किमिहोक्तेन सारं वच्मि च चण्ड ते ।
नास्ति मुद्रासमं किञ्चित् सिद्धिदं क्षितिमण्डले ।। १०० ।।

अधिक क्या कहूँ ? चे चंडकापालि ! तुझे सार बताता हूँ कि (मुद्रा के योगियों को) सिद्धिदायक पृथ्वीतल पर अन्य कुछ नहीं है ।। १०० ।।

।। इति श्रीघेरण्डसंहितायां राघवीयेभाष्ये मुद्राप्रयोगोनाम तृतीयोपदेशः ।।

✦

इन तीनों प्राणायामों में पूरा साँस न भरके आधा श्वास ही भरा जाता है। साथ ही मानसिक क्रिया की जाती है कि श्वास के साथ ही साथ मन को ऊपर सहस्रार से लेकर नीचे मूलाधार तक ले जाते हैं और उसी प्रकार लौटते समय रेचक करते हुए मूलाधार से सहस्रार तक ले जाकर श्वास छोड़ देते हैं। मानस क्रिया में मन श्वास के साथ ऊपर से नीचे आता है और नीचे से ऊपर जाता है। तब एक चक्र पूरा होता है। तीनों प्राणायामों में ऐसे ५ या ७ चक्र प्रत्येक प्राणायाम में करें। प्राण के साथ मन का रहना आवश्यक है। साथ ही लौटते समय मूलाधार चक्र को ऊपर खींचे रहें।

(क) इडा-नाडी-शोधन—एकाग्र चित्त होकर बैठें। बाईं नाक से हलका श्वास, 'ओम्' के मानस जप के साथ, भरते हुए इडा नाडी के माध्यम से मूलाधार चक्र तक जावें और रेचक करते हुए अपान वायु को 'ओम्' के साथ ऊपर उठाते हुए सहस्रार चक्र तक ले जाकर श्वास छोड़ें। ऐसे ५ या ७ चक्र पूरे करें।

(ख) पिंगला-नाडी-शोधन—पूर्ववत् दाहिनी नाक से ओम् का ध्यान करते हुए पूरक करें और सहस्रार से मूलाधार तक जावें और रेचक के समय अपान को ऊपर खींचते हुए सहस्रार चक्र तक जाकर श्वास छोड़ें। ऐसे ५-७ चक्र पूरे करें।

(ग) सुषुम्णा-नाडी-शोधन—इसमें भी पूर्ववत् दोनों स्वरों में 'ओम्' के ध्यान के साथ श्वास भरते हुए सुषुम्णा नाडी के माध्यम से मूलाधार तक प्राण उतारें और धीरे-धीरे रेचक करते हुए अपान वायु को मूलाधार से उठाते हुए सुषुम्णा नाडी के माध्यम से ही सहस्रार चक्र तक जावें। इसे भी ५-७ बार करें।

८. बन्ध और मुद्राएँ

(क) बन्ध

शरीर के किसी अवयव को किसी प्रकार बाँधने या नियन्त्रित करने को बन्ध कहते हैं। प्राणायामों में इनकी विशेष आवश्यकता पड़ती है। बन्ध और मुद्रा में अन्तर यह है कि आसनों के साथ नाड़ियों और मांसपेशियों के नियन्त्रण को 'मुद्रा' कहते हैं। इसी को जब प्राणायाम के साथ किया जाता है, तब उसे 'बन्ध' कहते हैं।

१. मूलबन्ध

मेरुदण्ड, पृष्ठवंश या रीढ़ के सबसे अन्तिम भाग को मूल कहते हैं। यहीं पर इडा, पिंगला और सुषुम्णा नाड़ियों का अन्तिम भाग है। इसी स्थान पर मलद्वार (गुदा) है। मलद्वार और उसके चारों ओर के भाग को ऊपर खींचकर रोककर रखने को मूलबन्ध कहते हैं।

विधि—सिद्धासन पर बैठकर दोनों हाथ घुटनों पर रखें। श्वास अन्दर लेकर कुंभक करें, साथ ही जालन्धर बन्ध और मूलबन्ध लगावें। गुदा-प्रदेश को ऊपर खींचें। फिर रेचक करके बाह्य कुम्भक करें और साथ ही मूलबन्ध लगावें। मूलबन्ध बाह्य और आभ्यन्तर दोनों कुम्भकों के साथ लगता है। साधक ध्यानावस्था और अन्य समय में भी इस मूलबन्ध को लगाए रख सकते हैं।

लाभ—इससे अपानवायु की ऊपर की ओर गति होती है। अपान प्राणवायु से मिलता है। इससे पेट के रोग दूर होते हैं। दस्त-पेचिश आदि में लाभ होता है। पाचनशक्ति बढ़ती है। वीर्य की ऊपर की ओर गति होती है। साधक ऊर्ध्वरेतस् होता है। कुंडलिनी शक्ति सीधी होकर ऊपर चढ़ती है।

२. उड्डीयान बन्ध (उड्यान बन्ध)

उड्डीयान बन्ध का ही संक्षिप्त रूप उड्यान बन्ध भी है। इसमें प्राण ऊपर उठकर सुषुम्णा में प्रविष्ट होता है, अतः इसे उड्डीयान कहते हैं।

विधि—यह बन्ध बैठकर और खड़े होकर दोनों प्रकार से किया जा सकता है। पहले रेचक करके श्वास पूरा बाहर निकाल दें। फिर पेट को ढीला करके उसे बलपूर्वक खींचकर मेरुदंड (रीढ़ की हड्डी) से लगावें, जिससे पेट के स्थान पर गड्ढा दिखाई पड़ने लगे। जितना पेट अन्दर खिंचेगा, उतना अच्छा है। फिर धीरे-धीरे श्वास लें। इसे ३ या ५ बार करें।

लाभ—यह मृत्युंजय बन्ध कहा जाता है। इससे मृत्यु पर विजय प्राप्त होती है। इससे मन्दाग्नि नष्ट होती है, भूख बढ़ती है, फेफड़े पुष्ट होते हैं। इससे हृदय पर दबाव पड़ता है, अतः हृदय के रोगी इसे न करें।

३. जालन्धर बन्ध

यह बन्ध गले के नाड़ी-समूह (नाडी-जाल) को बाँधकर रखता है, अतः इसे जालन्धर बन्ध कहते हैं।

विधि—इसमें सिर को नीचे झुकाते हैं और हनु (ठोड़ी) को कण्ठकूप (गले के नीचे गड्ढे वाला स्थान) में दृढ़तापूर्वक लगाते हैं। शरीर सीधा रहे, केवल सिर झुकेगा। प्राणायाम करते समय पूरक करके आभ्यन्तर कुंभक करने पर इसे लगाते हैं। इससे श्वास कंठ से ऊपर नहीं जाता और प्राण-अपान का संयोग होता है, जिससे सभी उदर-विकार दूर होते हैं।

लाभ—इस बन्ध से कंठ सुरीला होता है। इडा और पिंगला का द्वार बन्द होने से प्राण सुषुम्णा में प्रवेश करता है। इस बन्ध से मेरु-रज्जु पर तनाव पड़ता है, जिससे मेरुदण्ड ठीक रहता है। मेरुदण्ड के कशेरु यथास्थान हो जाते हैं और

Spondylitis (रीढ़ की हड्डी में अकड़न) बीमारी में लाभ होता है। गले में दबाव पड़ने से चुल्लिका और उपचुल्लिका (Thyroid and Parathyroid) ग्रन्थियाँ ठीक ढंग से काम करने लगती हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से जालन्धर बन्ध अत्यन्त उपयोगी है।

४. महाबन्ध

विधि—बाएं पैर की एड़ी को सीवनी (मलद्वार का जोड़) में लगावें और दाहिने पैर को बाईं जंघा के ऊपर रखें। बाएं नथुने से पूरक करके जालंधर बन्ध लगावें। नीचे से अपान वायु को ऊपर खींचकर मूलबन्ध लगावें और आभ्यन्तर कुंभक करें। फिर दाहिनी नाक से धीरे-धीरे रेचक करें। इसी प्रकार दूसरी बार में दाहिनी नाक से पूरक करते हुए जालंधर बन्ध लगावें। नीचे से अपान वायु को खींचकर मूलबन्ध लगावें और कुंभक करें। बाद में बाईं नाक से धीरे-धीरे रेचक करें। यह दो या तीन बार करें। (हठ० ३.१८-१९)

लाभ—इससे प्राण ऊर्ध्वगामी होता है। इडा-पिंगला-सुषुम्णा तीनों का संगम होता है। ऊपर से प्राण का दबाव और नीचे से अपान का दबाव पड़ने से नाभिस्थल पर दोनों का मेल होता है। इससे कुंडलिनी शीघ्र जागृत होती है। इससे प्रमेह, पुराना ज्वर, तिल्ली बढ़ना आदि रोग ठीक होते हैं।

५. जिह्वा बन्ध

विधि—जिह्वा को उलटकर उसे कोमल तालु (Soft Palate) से लगावें। जिह्वा का जितना अधिक भाग कोमल तालु से लगा रहेगा और कोमल तालु पर जितना दबाव पड़ेगा, उतना अच्छा है। मुख को बन्द रखें। ध्यान आदि से समय जीभ को उलट कर उसके अग्रभाग को कोमल तालु से लगाकर रखें। इससे ध्यान अधिक केन्द्रित रहता है। इसे कम से कम ५ मिनट करें।

लाभ—जीभ को उलटकर कोमल तालु से लगाकर रखने से शरीर में नव-जीवन और स्फूर्ति आती है। गले की सभी बीमारियों में यह लाभप्रद है। टान्सिल बढ़ना, कान के रोग, स्वरयंत्र के विकार, नाक के रोग आदि में यह विशेष लाभप्रद है।

(ख) मुद्राएँ (योग से संबद्ध)

हठप्रदीपिका ने १० मुद्राओं का उल्लेख किया है। ये हैं—१. महामुद्रा, २. महाबन्ध, ३. महावेध, ४. खेचरी, ५. उड्डीयान, ६. मूलबन्ध, ७. जालन्धर, ८. विपरीतकरणी, ९. वज्रोलि, १०. शक्तिचालन। (हठ० ३.६)

६. महामुद्रा

विधि—दोनों पैर फैलाकर बैठें। बाएं पैर को मोड़कर उसकी एड़ी सीवनी (गुदा-उपस्थ के मध्य का जोड़) पर लगा दें। अब साँस निकालकर आगे झुकें और दाहिने पैर के पंजे को दोनों हाथों से पकड़ लें। अब पूरक करके जालंधर बन्ध और मूलबन्ध लगावें। धीरे-धीरे प्रयत्न करें कि सिर घुटने से लग जावे। न लगे तो जहाँ तक सिर नीचे झुका सकते हों, वहाँ तक झुकावें। घुटना मुड़ना नहीं चाहिए। फिर दोनों बन्ध खोलकर धीरे-धीरे रेचक करते हुए ऊपर उठें। इस प्रकार तीन बार बायां घुटना मोड़कर करें। बाद में तीन बार दायां घुटना मोड़कर करें। दोनों ओर की संख्या बराबर रहे।

लाभ—इससे खाँसी, मन्दाग्नि, पेट के रोग, कब्ज, क्षय, प्रमेह, पुराना ज्वर, कुष्ठ, मन्दाग्नि, तिल्ली का बढ़ना आदि रोग दूर होते हैं। इससे कुंडलिनी शीघ्र जागृत होती है।

क्षय-कुष्ठ-गुदावर्त-गुल्माजीर्ण-पुरोगमाः।
तस्य दोषाः क्षयं यान्ति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत्॥ हठ० ३.१६

७. महावेध मुद्रा

विधि—पद्मासन लगाकर पहले पूरक करके आभ्यन्तर कुम्भक करें। अब तीनों बन्ध लगावें। घुटनों के दोनों ओर हथेलियाँ रखकर पूरे शरीर को ऊपर उठा लें और मूलाधार स्थल को भूमि पर बार-बार थोड़े झटके से रखें, जिससे मूलाधार भाग को कुछ झटका लगे। साथ ही यह ध्यान करें कि प्राण इडा-पिंगला को छोड़कर कुंडलिनी शक्ति को जगाता हुआ सुषुम्णा में प्रवेश कर रहा है। बाद में धीरे-धीरे रेचक करें। यह अभ्यास किसी गुरु के सामने ही करें।

लाभ—इससे कुंडलिनी शक्ति जागृत होती है। प्राण सुषुम्णा में प्रवेश करता है। महाबन्ध, महावेध और महामुद्रा में तीनों परस्पर संबद्ध मुद्राएँ हैं। यथासंभव इन्हें एक साथ मिलाकर करना चाहिए।

८. खेचरी मुद्रा

विधि—जीभ को उलटकर ऊपर कोमल तालु (Soft-Palate) में लगावें। जीभ को जहाँ तक अन्दर ले जा सकते हों ले जावें, उतना अच्छा है। अपनी दृष्टि को भ्रूमध्य में लगावें। इसको खेचरी मुद्रा कहते हैं। इस मुद्रा में कोमल तालु के सबसे ऊपरी भाग तालु-कुहर या कपाल-कुहर तक जीभ को पहुँचाने का विधान है। यह माना जाता है कि कपाल-कुहर में इडा-पिंगला और सुषुम्णा का मेल होता है और यहाँ पर अमृत की बूंदें क्षरित होती हैं।

कपाल-कुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी॥ हठ० ३.३१

हठप्रदीपिका (३.३१ से ५३) और घेरण्ड संहिता (३.२१ से ३०) में खेचरी मुद्रा का बहुत विस्तार से वर्णन है। जीभ को लंबा करने के लिए छेदन, चालन और दोहन आदि प्रकार बताए गए हैं। जीभ की जड़ को चाकू आदि से काटने से गूंगा हो जाने की संभावना है, अतः सामान्य साधक इससे बचें। मक्खन, घी आदि लगाकर अंगुली से या वस्त्र से जीभ को खींचने की विधि को दोहन कहते हैं। यह विधि की जा सकती है।

लाभ—खेचरी मुद्रा के बहुत लाभ बताए गए हैं। हठप्रदीपिका का कथन है कि जो खेचरी मुद्रा को सिद्ध कर लेता है, उसे रोग, मृत्यु, आलस्य, निद्रा, भूख-प्यास आदि नहीं सताते। उसे कोई रोग नहीं होता और वह जन्म-मृत्यु के बन्धन से मुक्त हो जाता है। (हठ० ३.३८-३९)

न रोगो मरणं तन्द्रा, न निद्रा न क्षुधा तृषा।
न च मूर्च्छा भवेत् तस्य, यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम्॥ हठ० ३.३८

९. विपरीतकरणी

इसमें शिर को नीचे और पैर को ऊपर किया जाता है, अतः इसे विपरीत-करणी मुद्रा कहा जाता है। आसनों में इसका उल्लेख है।

विधि—चादर, दरी या कम्बल पर पीठ के बल लेट जावें। हाथ बगल में रखें। साँस भरकर पैर ९० डिग्री तक की सीध में ले आवें। साँस छोड़कर दुबारा साँस भरें। पैरों को थोड़ा सिर की ओर झुकावें, झटका देकर पीठ को ऊपर उठावें, पीठ को हाथों का सहारा दें और कूल्हे की हड्डी पर दोनों ओर हाथ रखें और पूरे शरीर को हाथों पर रोकें। इस प्रकार सिर, गर्दन और पीठ का ऊपरी हिस्सा भूमि पर होगा तथा शेष सारा शरीर ऊपर उठा हुआ होगा। पीठ से पैर तक का हिस्सा ६० या ७० डिग्री का कोण बनाएगा। इस स्थिति में पहुँचकर साँस स्वाभाविक रूप से लें। जालंधर बन्ध स्वयं लग जाएगा अर्थात् ठोड़ी कंठकूप में लग जाएगी। प्रारम्भ १ या २ मिनट से करें और ३ या अधिक से अधिक पाँच मिनट करें। फिर हाथ का सहारा देकर पहले पीठ भूमि पर रखें, फिर धीरे-धीरे पैर नीचे रखें। इसके करने से खुश्की अधिक होती है, अतः ५ मिनट से अधिक न करें। घी-दूध आदि की मात्रा अधिक लेने पर ५ मिनट से अधिक कर सकते हैं।

लाभ—यह विपरीतकरणी सर्वांग-आसन का ही एक अंग है। इससे शीर्षासन वाले सारे लाभ प्राप्त हो जाते हैं। यह शीर्षासन से सरल और उतना ही

लाभप्रद है। सर्वांग में पीठ को और ऊपर उठाकर ९० डिग्री पर ले जाते हैं। उसमें पूरी पीठ ऊपर उठ जाती है। इससे भूख बढ़ती है, मस्तिष्क की शक्ति बढ़ती है, झुर्री नहीं पड़ती, बाल काले हो जाते हैं। प्रतिदिन अभ्यास करने से अकाल मृत्यु नहीं होती।

हठप्रदीपिका का कथन है कि पीयूष ग्रन्थि (Pituitary gland) से जो पीयूष (अमृत) स्रवित होता है, उसे नाभिस्थित सूर्य खा जाता है, अतः बुढ़ापा आता है। इसके करने से अमृत गले में ही रुका रहता है, नाभि तक नहीं पहुँचता, अतः बुढ़ापा नहीं आने पाता।

यत् किंचित् स्रवते चन्द्राद् अमृतं दिव्यरूपिणः।
तत् सर्वं ग्रसते सूर्यस्तेन पिण्डो जरायुतः॥ हठ० ३.७६

१०. वज्रोली (वज्रोलि) मुद्रा

विधि—केमिस्टों के यहाँ रबर की बनी नली 'कैथेटर' मिलती है, उसे मूत्रेन्द्रिय में डाल कर धीरे-धीरे जल मूत्राशय तक पहुँचाया जाता है। बाद में दूध, तेल आदि खींचने का अभ्यास किया जाता है। इससे मूत्राशय स्वच्छ रहता है। सामान्य साधकों को इसके करने की आवश्यकता नहीं है।

११. शक्तिचालिनी मुद्रा

विधि—वज्रासन में बैठें। दोनों नासाछिद्रों से पूरा श्वास भरें और उसे मलद्वार में स्थित अपानवायु से मिलावें। फिर अश्विनी मुद्रा करें अर्थात् गुदा को १०-२० बार ऊपर खींचें और छोड़ें। इस स्थिति में प्रयत्न करें कि अन्दर की वायु सुषुम्णा के अन्दर प्रवेश करने लगे। साँस भरने के बाद अनेक बार अश्विनी मुद्रा करने से धीरे-धीरे सुषुम्णा में वायु का प्रवेश होने लगता है। ऐसा करने से कुंडलिनी शक्ति जागृत होने लगती है। अश्विनी मुद्रा के पश्चात् २-४ मिनट भस्त्रिका प्राणायाम करें। इससे कुंडलिनी का ऊर्ध्वगमन होता है। कुंडलिनी जागृत हुई है, इसकी पहचान यह है कि मेरुदण्ड के अन्दर सुषुम्णा में चींटियों के रेंगने जैसा अनुभव होने लगता है।

लाभ—इससे शीघ्र प्राणोत्थान होकर कुण्डलिनी जागृत होती है। आलस्य, प्रमाद दूर होता है। इसको स्वास्थ्यवर्धक और सर्वरोगनाशक कहा गया है।

१२. योनिमुद्रा

विधि—सिद्धासन पर बैठे। पहले काकी-मुद्रा करें अर्थात् जीभ को मोड़कर कौवे की चोंच के समान बना लें, ओष्ठ भी गोलाई में हो जाएंगे। इस

प्रकार गोलाकार मुंह से पूरक करके कुंभक करें। साथ ही कान आदि को पूरा बन्द कर लें। इसकी विधि यह है—दोनों अंगूठों से दोनों कान बन्द करें, दोनों तर्जनी से दोनों आँख, दोनों मध्यमा से दोनों नाक, दोनों अनामिका एवं कनिष्ठा को मिलाकर दोनों ओर से मुँह बन्द करें। इस क्रिया को 'षण्मुखी मुद्रा' कहते हैं।

इस प्रकार सब द्वार बन्द करके मन ही मन अन्दर 'ओम्' का जप करें। साथ ही यह भी विचार करें कि कुंडलिनी जागृत होकर चक्रों का भेदन करते हुए ऊपर आज्ञाचक्र में स्थित सहस्त्रदल कमल की ओर जा रही है। फिर रेचक करके श्वास बाहर निकाल दें। (घेरण्ड संहिता ३.३३-३८)

लाभ—इससे प्राण-अपान का मेल होता है और कुंडलिनी जागृत होकर ऊपर की ओर प्रवाहित होती है। इसमें शिव-शक्ति के समागम की भावना की जाती है। कुंडलिनी शीघ्र जागृत होती है। दिव्य प्रकाश का दर्शन होता है और चक्र-दर्शन का क्रम प्रारम्भ होता है। इसके अनेक बार करने से समाधि की स्थिति आती है।

१३. उन्मनी मुद्रा

विधि—सिद्धासन या पद्मासन पर बैठकर दृष्टि को भ्रूमध्य में स्थिर करें। नेत्र अधखुले रखें। ध्यान आज्ञाचक्र या ब्रह्मरन्ध्र में रखें। मन में कोई विचार संकल्प या विकल्प न आने दें। मन को विचारहीन करने के कारण इसे उन्मनी मुद्रा कहते हैं। श्वास सामान्यरूप से चलने दें।

लाभ—इस मुद्रा में कोई भी विचार मन में न आने देने से अमनस्कयोग की स्थिति आ जाती है। शरीर की विस्मृति होने लगती है। प्रत्याहार की अवस्था आ जाने से बुद्धि स्थिर हो जाती है। समाधि की स्थिति आ जाती है। ज्ञान का प्रकाश उदय होने लगता है और ऋतंभरा प्रज्ञा का आभास होता है।

१४. शाम्भवी मुद्रा

विधि—सिद्धासन या पद्मासन में बैठें। 'समपृष्ठशिरोग्रीवः' होकर सीधे बैठें। नेत्रों को खुला रखें, पलकों को न हिलावें। सामने कोई लक्ष्य न रखते हुए, अमनस्क भाव से त्राटक करें। देखते हुए भी कुछ न देखें। आपका ध्यान न बटे। आपका ध्यान हृदय में स्थित कारण-शरीर की ओर रहे। इसमें त्राटक करना है। जितनी अमनस्कता होगी, उतनी ही सफलता मिलेगी। शांभवी मुद्रा की सफलता इस बात पर निर्भर है कि आँख खुली होने पर अमनस्क होने के कारण बाहर का कुछ न दिखाई पड़ना। ध्यान हृदयस्थ अन्तर्जगत् पर होगा। श्वास सामान्य रूप से चलेगा।

लाभ—इस मुद्रा की सिद्धि से उन्मनी मुद्रा के लाभ प्राप्त होते हैं। मन और बुद्धि शान्त होते हैं। साधक का ध्यान हृदय में प्रविष्ट होने लगता है। इससे

शीघ्र समाधि लगने लगती है। अन्त:करण के तत्त्वों का साक्षात्कार सरलता से होने लगता है। शरीर की सुध-बुध भूलने लगती है और मन अन्तर्जगत् में लीन होता है। इससे मन में आनन्द की अनुभूति होती है। आँख बन्द करके ध्यान करने की अपेक्षा आँख खोलकर ध्यान लगाना कुछ कठिन अवश्य है, परन्तु इसका लाभ कई गुना अधिक माना गया है।

१५. काकी मुद्रा

विधि—सिद्धासन या पद्मासन पर बैठकर, 'समपृष्ठशिरोग्रीवः' होकर सीधे रहें। ओष्ठों की सहायता से जीभ को गोल मोड़कर कौवे की चोंच की तरह बना लें। इससे पूरक करके आन्तरिक कुम्भक करें। इसके बाद 'षण्मुखी मुद्रा' करें, अर्थात् दोनों हाथ के अंगूठों से दोनों कान बन्द करें, दोनों तर्जनी से दोनों नेत्र, दोनों मध्यमा से दोनों नासाछिद्र, अनामिका और कनिष्ठा दोनों को मिलाकर ओष्ठों को दोनों ओर से बन्द करें। यथाशक्ति कुंभक करके दोनों नासाछिद्रों से धीरे-धीरे रेचक करें। इसको ४-५ बार करें।

लाभ—इससे पित्त का प्रकोप शान्त होता है। पित्तजन्य रोग नष्ट होते हैं। नेत्रों की शक्ति बढ़ती है और दिव्य ज्योति की उत्पत्ति होती है।

१६. अश्विनी मुद्रा

अश्व (घोड़ा) मल त्यागने के बाद अपनी गुदा को कई बार सिकोड़ता है और फैलाता है। अश्विनी मुद्रा में अश्व के तुल्य ही गुदा का आकुंचन और प्रसारण किया जाता है, अतः इसे अश्विनी मुद्रा कहतें हैं।

विधि—सुखासन में बैठकर गुदा को ऊपर सिकोड़ें, फिर बाहर की ओर फैलावें। इस प्रकार १०-१५ बार करें। पूरक करके या बिना पूरक किए ही इसका अभ्यास करें। इसे २-३ मिनट करें।

लाभ—इससे प्राणोत्थान और कुण्डलिनी-जागरण शीघ्र होता है। मूलाधार चक्र की शुद्धि होती है। ज्योति-दर्शन शीघ्र होता है।

१७. त्रिबन्ध-मुद्रा

इसमें जालंधर, उड्डीयान और मूलबन्ध ये तीनों बन्ध लगाए जाते हैं, अतः इसे त्रिबन्ध मुद्रा कहते हैं।

विधि—पद्मासन लगाकर बैठें। थोड़ा पूरक करें, प्रश्वास को नाभिमंडलस्थ समान वायु से मिलावें और मूलाधार से अपान वायु को ऊपर खींचे। इसके बाद तीनों बन्ध लगाकर आन्तरिक वायु को सुषुम्णा में प्रविष्ट कराने का प्रयत्न करें। इसी अवस्था में रहते हुए दोनों हथेलियाँ दोनों बगल में भूमि पर रखें। इसके पश्चात् नितम्बों को उठाकर भूमि पर धीरे-धीरे झटके से रखें। ऐसा

कई बार करें। इससे प्राण सुषुम्णा में प्रवेश करने लगते हैं।

लाभ—इस मुद्रा के करने से प्राण सुषुम्णा में शीघ्र प्रवेश करते हैं। कुण्डलिनी सचेत होकर ऊपर की ओर उठने लगती है और चक्र भी क्रमशः प्रकाशित होने लगते हैं।

१८. मातंगिनी मुद्रा

विधि—इसमें जल में खड़े होकर, जलनेति वाला भरा लोटा नाक में लगाकर उसका पानी अन्दर खीचें और उस पानी को मुँह से निकालें। बाद में मुँह में जल भरकर, मुँह बन्द करके, उस जल को दोनों नाकों से निकालें। फिर मुँह में पानी भरकर अन्दर साँस से झटका देकर पिचकारी की तरह दोनों नाक से उस पानी को निकालें। इस प्रकार कई बार करें।

लाभ—यह जलनेति का ही दूसरा प्रकार है। जलनेति वाले सारे लाभ इससे होते हैं। इससे मस्तिष्क, ब्रह्मरन्ध्र और नेत्रों को शीतलता मिलती है। इससे सिरदर्द, आँख दुखना, नजला, जुकाम आदि रोग नहीं होते हैं। बाल सफेद नहीं होते। दृष्टि तीव्र होती है और मुख पर कान्ति आती है।

१९. योगमुद्रा

विधि—पद्मासन लगाकर बैठें। रेचक करके बाह्य कुम्भक करें। अब तीनों जालन्धर आदि बन्ध लगावें। धीरे-धीरे आगे झुकते हुए सिर को पृथिवी से लगा दें। छाती जितना आगे झुक सके झुकावें। इस स्थिति में जितनी देर रुक सकते हो रुकें। फिर पूरक करते हुए सिर को ऊपर उठावें। यह एक चक्र हुआ। इस प्रकार ३-४ बार करें।

लाभ—इससे शरीर स्वस्थ रहता है, मन प्रसन्न रहता है, नाड़ियों की शुद्धि होती है, प्राणों को शक्ति मिलती है, जठराग्नि प्रदीप्त होती है। यह मुद्रा धारणा-ध्यान-समाधि की प्रगति में सहायक है।

२०. तडागी मुद्रा

तडाग (तालाब) में जैसे पानी भर जाता है, उसी प्रकार पेट में वायु भर लेने के कारण इसे तडागी मुद्रा कहते हैं।

विधि—शवासन की मुद्रा में आसन पर लेट जावें। श्वास धीरे-धीरे अन्दर खींचे। अधिक से अधिक श्वास अन्दर खींचकर पेट को पूरा फुला लें। कुंभक करें और वायु को पेट के अन्दर इस प्रकार हिलावें, जैसे तालाब में जल हिलता है। कुम्भक के पश्चात् धीरे-धीरे श्वास को बाहर निकाल दें। इसे २-३ बार कर सकते हैं।

लाभ—इससे पेट के सारे रोग नष्ट हो जाते हैं।

एसा अनुभव करता है जिसे वह प्रकट नहीं कर सकता है फिर भी पूर्णतः उसे छिपा भी नहीं सकता। शब्द उस अनुभूति को पूर्ण व्यक्त करने में असमर्थ होते हैं, कारण, मन ऐसे शब्दों को नहीं जानता है, जिनसे वह उसका ठीक वर्णन कर सके। यह उस शांति की अनुभूति है, जो ज्ञानातीत है।

बंध, नाड़ी एवं चक्र

प्राणायाम की विधियों का अनुसरण करने के लिए बन्धों, नाड़ियों एवं चक्रों के सम्बन्ध में कुछ जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है।

बन्ध का अर्थ बन्धन, एकत्र मिलाना, शृंखला या पकड़ है। यह एक शारीरिक स्थिति भी है, जिसमें शरीर के कुछ अवयव या भाग सिकोड़े और नियंत्रित किये जाते हैं।

नाड़ी शरीर में नली मार्ग है, जिससे ऊर्जा प्रवाहित होती है।

चक्र पहिये या वर्तुल हैं, जो शरीर में शरीर-यंत्र के संतुलन पहिये हैं।

जब विद्युत्शक्ति उत्पन्न की जाती हैं तब उस शक्ति को निश्चित स्थान पर ले जाने के लिए ट्रान्स्फार्मर, कंडक्टर, फ्यूज, स्विच् और इंसुलेटेड वायर की जरूरत होती है; कारण इनके बिना उत्पन्न की गयी विद्युत्शक्ति प्राणघातक हो सकती है। जब प्राणायाम के अभ्यास से योगी के शरीर में प्राण का संचार किया जाता है तब ऊर्जा के अपव्यय को रोकने में बन्ध का उपयोग करना और अन्यत्र हानि पहुँचाये बिना उसे उचित कक्ष में ले जाना योगी के लिए समान रूप से आवश्यक हो जाता है। बन्ध के बिना प्राण घातक है।

प्राणायाम के लिए महत्त्वपूर्ण तीन मुख्य बन्ध ये हैं: (१) जालन्धर बंध, (२) उड्डीयान बंध, और (३) मूल बंध।

१. प्रथम जालन्धर बन्ध है, जिस पर योगी का अधिकार होना चाहिए। जाल का अर्थ फन्दा, जाला, जाली या झंझरी होता है। जालन्धर में गर्दन और गले को संकुचित किया जाता है और चिबुक को हँसुली और सीने की हड्डी के ऊपरी सिरे के बीच गड्ढे में टिकाया जाता है। सर्वांगासन (देखें चित्र २३३–२३४) और उसकी मालाएँ करते समय इस पर अधिकार प्राप्त किया जाता है। कारण, यहाँ पर भी चिबुक उरोस्थि पर दबाया जाता है। जालन्धर बन्ध रक्तप्रवाह और प्राण को हृदय, ग्रीवाग्रंथियों तथा मस्तिष्क सहित सिर में संचालित करता है। यदि प्राणायाम जालन्धर बंध के बिना किया जाता है तो तत्काल हृदय, आँख की पुतलियों के पीछे तथा कान के छिद्रों में दबाव का अनुभव होता है और सिर भ्रमित मालूम पड़ता है। जालन्धर बंध प्राणायाम की तीन प्रक्रियाओं--पूरक (श्वास लेना), रेचक (श्वास छोड़ना) और कुंभक (श्वास रोकना)-- में आवश्यक है।

२. उड्डीयान का अर्थ है ऊपर उड़ना। उड्डीयान बंध की प्रक्रिया में उरःप्राचीर को

ऊपर वक्षःस्थल की ओर उठाया जाता है और अधोउदरीय अवयवों को मेरुदण्ड की ओर ! कहते हैं कि उड्डीयान बंध के द्वारा महापक्षी प्राण को नाड़ी की ऊर्जा प्रवाहित होने के मुख्य मार्ग अर्थात् सुषुम्ना नाड़ी से होकर उड़ने के लिए विवश किया जाता है। सुषुम्ना नाड़ी मेरुदण्ड या रीढ़स्तंभ के अन्दर स्थित है। कहा जाता है कि बन्धों में सर्वोत्तम बंध उड्डीयान है और जो अपने गुरु या शिक्षक द्वारा सिखायी गयी पद्धति से इसका सतत अभ्यास करता है, वह पुनः युवा हो जाता है। यह आसन वह सिंह है, जो मृत्युरूपी गज को मार डालता है। यह रेचक के बाद एक मात्र बाह्य कुंभक में करना चाहिए, अर्थात् पूर्ण उच्छ्वसन और नवीन श्वसन के बीच के समय में, जब श्वासोच्छ्वास क्रिया रुकी रहती है। यह उरःप्राचीर और उदर के अवयवों को व्यायाम देता है। उरःप्राचीर के उठने से निर्मित खोह हृदय की मांसपेशियों को सौम्य मालिश देता है, जिससे वह ठीक होता है। अन्तर्कुम्भक के समय अर्थात् पूर्ण श्वसन और उच्छ्वसन प्रारंभ करने के बीच के समय, जब श्वास रुका रहता है, उड्डीयान बंध कदापि नहीं करना चाहिए, अन्यथा यह हृदय और उरःप्राचीर पर दबाव डालेगा और आँखें बाहर खींची जाएँगी।

३. मूल का अर्थ जड़, स्रोत, प्रारंभ या कारण, नींव या बुनियाद है। मूल बंध गुदा और अण्डकोष की थैली के बीच का प्रदेश है। इस जगह के सिकुड़ने से नीचे की ओर गतिवाला अपानवायु (उदर के निचले भाग में स्थित प्राण) हृदयस्थ प्राणवायु के साथ गतिशील होता है।

मूलबन्ध पहले अन्तर्कुम्भक (श्वास को रोके रखना) में करना चाहिए। नाभि और गुदा के मध्य निचले उदर-प्रदेश को रीढ़ की ओर सिकोड़ा जाता है और उरःप्राचीर की ओर खींचा जाता है। उड्डीयान बंध में गुदा से उरःप्राचीर तथा ऊपरी उरोस्थि तक सारा प्रदेश मेरुदण्ड की ओर पीछे खींचा और ऊपर उठाया जाता है। परंतु मूलबंध में गुदा और नाभि के मध्य का सारा निचला उदर का भाग सिकोड़ा जाता है, मेरुदण्ड की ओर खींचा जाता है और उरःप्राचीर की ओर ऊपर उठाया जाता है।

गुदा के समीप की संकोचक मांसपेशियों के सिकोड़ने का अभ्यास – अश्विनी मुद्रा – मूलबंध पर अधिकार प्राप्त करने में व्यक्ति की मदद करता है। अश्व का अर्थ है घोड़ा। मूत्र करते हुए घोड़े का सूचक होने से इसे अश्विनी मुद्रा कहते हैं इसे विविध आसन– विशेषतः ताड़ासन, शीर्षासन, सर्वांगासन, ऊर्ध्व धनुरासन, उष्ट्रासन तथा पश्चिमोत्तानासन करते समय सीखना चाहिए।

कहा जाता है कि इन बंधों के अभ्यास से सोलह आधार बंद हो जाते हैं। आधार (धृ धातु से–सहारा देना) का अर्थ अवलम्ब, मर्मस्थान है। सोलह मर्मस्थान हैं– अंगूठे, टखने, घुटने, जाँघ, शिश्न के ऊपर की खुली त्वचा, जननेन्द्रियाँ, नाभि, हृदय, ग्रीवा, कण्ठ, तालु, नासिका, भ्रूमध्य, भाल, सिर तथा ब्रह्मरन्ध्र (सिर के

कपाल का छिद्र जिसके द्वारा, कहते हैं, शरीर छोड़ते समय आत्मा भाग जाती है)।

अनुभवी गुरु या शिक्षक के व्यक्तिगत निरीक्षण के बिना स्वयं उड्डीयान और मूलबंध सीखने के प्रयास में अत्यन्त खतरा है। उड्डीयान बंध का गलत प्रयोग अनैच्छिक वीर्यपतन का और पौरुष की हानि का कारण होगा; जब कि मूलबंध पौरुषहीन साधक को अत्यन्त दुर्बल बना देंगे। मूलबंध के उचित प्रयोग में भी खतरा बना रहता है। यह लैंगिक धारणाशक्ति की वृद्धि करता है जिससे उस शक्ति के दुरुपयोग के लिए साधक लालायित होता है। यदि वह उस लोभ के वशीभूत होता है तो उसका सर्वनाश होता है। उसकी सभी सुप्त वासनाएँ उत्तेजित की जाती हैं और लाठी से मार खाये सोये हुए सर्प की तरह प्राणघातक होती ह। तीन बंधों पर प्रभुत्व-प्राप्ति से योगी अपने गन्तव्य के चौराहे पर होता है। एक मार्ग भोग या सांसारिक आनन्द के सुखभोग की ओर जाता है; दूसरा मार्ग योग या परमात्मा से मिलन की ओर ले जाता है। सांसारिक सुखभोग का आकर्षण बहुत होता है। फिर भी योगी के लिए इन आनन्दोपभोगों के कर्ता के प्रति अधिक आकर्षण होता है। इन्द्रियाँ बहिर्मुखी होती हैं और परिणामतः वे विषयों की ओर आकृष्ट होती हैं और भोग के मार्ग को अपनाती हैं। यदि इन्द्रियों की दिशा परिवर्तित की जाती है, जिससे वे अन्तर्मुखी हो जाएँ, तब वे योगमार्ग का अनुसरण करती हैं। योगी की इन्द्रियाँ सम्पूर्ण सृष्टि के स्रोत, सृष्टिकर्ता से मिलने के लिए अन्तर्मुख होती हैं। गुरु के मार्गदर्शन की वास्तविक आवश्यकता उस समय होती है जब कि साधक ने तीन बंधों पर प्रभुत्व प्राप्त कर लिया होता है। कारण केवल उचित मार्गदर्शन में ही यह बढ़ी हुई शक्ति उच्च एवं सुन्दर उद्देश्य की प्राप्ति के लिए उदात्तत्व प्राप्त करती है। फिर साधक ऊर्ध्वरेतस् (ऊर्ध्व–ऊपर की ओर; रेतस्–वीर्य) होता है अथवा ब्रह्मचर्य का जीवन व्यतीत करता है और अपने पौरुष को नष्ट नहीं करता है। बाद में वह नैतिक और आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त करता है। उसके अंदर की शक्ति सूर्य के समान तेजपूर्ण होगी।

मूलबंध का अभ्यास करते समय योगी सच्चे स्रोत अर्थात् सम्पूर्ण सृष्टि के मूल तक पहुँचने के लिए प्रयास करता है। उसका लक्ष्य पूर्ण नियंत्रण, अर्थात् चित्तबंध है जिसमें मन, बुद्धि, और अहंकार समाविष्ट हैं।

मनुष्य का शरीर स्वयं में विश्व का एक लघुरूप है। हठ यह शब्द ह और ठ इन दो अक्षरों के समूह से बना हुआ है, जिसका अर्थ क्रमशः सूर्य और चन्द्र है। कहा जाता है कि सौर एवं चान्द्र ऊर्जाएँ दो मुख्य नाड़ियों–पिंगला तथा इड़ा–से होकर बहती है, जो क्रमशः दाहिने और बायें नासिकारन्ध्र से प्रारंभ होती हैं तथा नीचे मेरुदण्ड के मूल को जाती हैं। पिंगला सूर्यनाड़ी है तो इडा चन्द्रनाड़ी है। इन दोनों के मध्य सुषुम्ना नाड़ी है जो अग्निनाड़ी है। जैसा कि पहले कहा गया है सुषुम्ना नाड़ी जीवन ऊर्जा के बहने का मुख्य मार्ग है और यह मेरुदण्ड या

रीढ़ में स्थित है। पिंगला और इड़ा एक दूसरे से होकर गुजरती हैं और इस प्रकार सुषुम्ना भी अनेक स्थानों पर उनसे होकर गुजरती है। ये संगम स्थल चक्र या पहिये कहलाते हैं और इंजिन को संचालित करनेवाले संतुलनचक्र की तरह शरीर यंत्र को संचालित करते हैं।

मुख्य चक्र हैं : मूलाधार चक्र जो गुदा के ऊपर कटिप्रदेश में स्थित है (मूल= जड़, कारण, स्रोत; आधार=अवलम्ब, मर्मस्थान); जननेन्द्रियों के ऊपर स्वाधिष्ठान चक्र (स्व=प्राणभूत शक्ति, आत्मा; अधिष्ठान=स्थान या निवास); नाभि मणिपूरक चक्र है (मणिपूरक= नाभि); नाभि और हृदय के मध्य मनस् और सूर्य चक्र (मनस्=मन; सूर्य=रवि); हृदय प्रदेश में अनाहत चक्र (अनाहत= हृदय); अन्न प्रणाली प्रदेश में विशुद्ध चक्र (विशुद्ध=पवित्र); भौहों के मध्य आज्ञा चक्र (आज्ञा=आदेश); मस्तिष्क की खोह में का सहस्रार चक्र, जो सहस्र-दलों का कमल कहलाता है; और ललाट चक्र, जो भाल के ऊपर स्थित है (ललाट=भाल) ।

हो सकता है कि ये चक्र अंतःस्रावक ग्रंथियों के अनुरूप हों, जो दूसरी प्रणाली के न्यासर्ग (शरीर के अन्दर का एक पुष्टिकर रासायनिक तत्त्व) और अन्तर्गत स्राव (शरीर से निकला हुआ रस या मल) की पूर्ति करते हैं। मूलाधार तथा स्वाधिष्ठान चक्र कदाचित् जननेन्द्रियों (पुरुषों के अंडाशय, शिश्न और शिश्न की ग्रंथियाँ और स्त्रियों के अंडाशय, गर्भाशय और योनी) से सम्बन्धित हैं। इन दो चक्रों के बीच जननेन्द्रियों (शिश्न और भग) का स्थान है जिसे कामदेव के नाम पर कामरूप कहते हैं। उदर के अवयव—जैसे पेट, प्लीहा, यकृत और अग्न्याशय कदाचित् मणिपूरक चक्र से सम्बन्धित हैं। सूर्य और मनस् चक्रों का संबंध संभवतः दो मूत्रपिण्डों (गुर्दों) से है। अनाहत चक्र हृदय है और मुख्य रक्तवाहिनी नलियाँ उसके चारों ओर हैं। विशुद्ध चक्र संभवतः कंठग्रन्थि, उपकंठग्रन्थि तथा हृदयासन्न ग्रन्थियों से सम्बन्धित है। आज्ञा, सहस्रार और ललाट चक्रों का सम्बन्ध मस्तिष्क की वस्तु, पीयूषग्रन्थि तथा शीर्षग्रन्थि से है।

तान्त्रिक सिद्धान्तों के अनुसार प्राणायाम का उद्देश्य शरीर में स्थित ब्रह्माण्ड-शक्ति कुंडलिनी को जागृत करना है। मेरुदण्ड के मूल में स्थित सबसे नीचे नाड़ी केंद्र—मूलाधार चक्र में कुण्डली मारकर सोये हुए सर्प का प्रतीक है कुंडलिनी। इस गुप्त शक्ति को जगाना होगा और मेरुदण्ड प्रदेश से चक्रों को भेदन करते हुए सहस्रार चक्र (सिर में सहस्रदलयुक्त कमल, मस्तिष्क में नाड़ियों का तंतुजाल) तक ऊपर ले जाना और वहाँ परमात्म तत्त्व से मिलना होगा। कदाचित् अत्यधिक चेतना-शक्ति का वर्णन करने की यह लाक्षणिक रीति है, विशेषतः जीवनीशक्ति, जिसे ऊपर वर्णित उड्डीयान और मूलबंध के अभ्यास से प्राप्त किया जाता है। कुंडलिनी को जगाना और उसे ऊपर ले जाना, कदाचित् वासना-शक्ति के उदात्तीकरण का प्रतीक है।

१. नौलि (= नौलिक, नलक्रिया या न्योली)—

अमन्दावर्त्तवेगेन तुन्दं सव्यापसव्यत: ।
नतांसो भ्रामयेदेषा नौलि: सिद्धै: प्रचक्ष्यते ॥ (हठयोगप्रदीपिका)

अर्थात् कन्धों को नवाये हुए अत्यन्त वेग के साथ, जलभ्रमर के समान अपनी तुन्द को दक्षिण-वाम भागों से भ्रमाने को सिद्धों ने नौलि-कर्म कहा है ।

पद्मासन (सिद्धासन या उत्कटासन) लगाकर, जब शौच, स्नान, प्रात:सन्ध्या आदि से निवृत्त हो लिये हों और पेट साफ तथा हल्का हो गया हो, तब रेचक कर वायु को बाहर रोककर बिना देह हिलाये, केवल मनोबल से पेट को दायें से बायें और बायें से दायें चलाना सोचे और तदनुकूल प्रयास करे । इसी प्रकार सायं-प्रात: स्वेद आने पर्यन्त प्रतिदिन अभ्यास करते-करते पेट की स्थूलता जाती रहती है । तदनन्तर यह सोचना चाहिये कि दोनों कुक्षियाँ दब गयीं और बीच में दोनों ओर से दो नल जुटकर मूलाधार से हृदय तक गोलाकर खम्भ खड़ा हो गया । यही खम्भा जब बँध जाय तब नौलि सुगम हो जाती है । मनोबल और प्रयासपूर्वक अभ्यास बढ़ाने से दायें-बायें घूमने लगती है । इसी को चलाने में छाती के समीप, कण्ठ पर और ललाट पर भी नाड़ियों

---

१. रुद्रयामल में वस्तिकर्म का उल्लेख नहीं है ।

का द्वन्द्व मालूम पड़ता है । एक बार न्योली चल जाने पर चलती रहती है । पहले-पहल चलने के समय दस्त ढीला होता है । जिसका पेट हल्का है तथा जो प्रयासपूर्वक अभ्यास करता है उसको एक महीने के भीतर ही न्योली सिद्ध हो जायगी।

इस क्रिया का आरम्भ करने से पहले पश्चिमोत्तानासन और मयूरासन का थोड़ा अभ्यास कर लिया हो तो यह क्रिया शीघ्र सिद्ध हो जाती है । जब तक आँत पीठ के अवयवों से भलीभाँति पृथक् न हो तब तक आँत उठाने की क्रिया सावधानी के साथ करे, अन्यथा आँतें निर्बल हो जायँगी । किसी-किसी समय आघात पहुँचकर उदर रोग, शोथ, आमवात, कटिवात, गृध्रसी, कुब्जवात, शुक्रदोष या अन्य कोई रोग हो जाता है । अत: इस क्रिया को शान्तिपूर्वक करना चाहिये । अँतड़ी में शोथ, क्षतादि दोष या पित्तप्रकोपजनित अतिसारप्रवाहिका (पेचिश), संग्रहणी आदि रोगों में नौलि-क्रिया हानिकारक है ।

मन्दाग्निसंदीपनपाचनादि संधापिकानन्दकरी सदैव ।
अशेषदोषामयशोषणी च हठक्रियामौलिरियं च नौलि: ॥

(हठयोगप्रदीपिका)

यह नौलि मन्दाग्नि का भली प्रकार दीपन और अन्नादि का पाचन और सर्वदा आनन्द करती है तथा समस्त वात आदि दोष और रोग का शोषण करती है ।[१] यह नौलि हठयोग की सारी क्रियाओं में उत्तम है ।

अँतड़ियों के नौलि के वश होने से पाचन और मल का बाहर होना स्वाभाविक है नौलि करते समय साँस की क्रिया तो रुक ही जाती है । नौलि कर चुकने पर कण्ठ के समीप एक सुन्दर अकथनीय स्वाद मिलता है । यह हठयोग की सारी क्रियाओं में श्रेष्ठ इसलिये है कि नौलि जान जाने पर तीनों बन्ध सुगम हो जाते हैं । अतएव यह प्राणायाम की सीढ़ी है । धौति, वस्ति में भी नौलि की आवश्यकता होती है । शंखपखाली क्रिया में भी, जिसमें मुख से जल ले अँतड़ियों में घुमाते हुए पायु-द्वारा ठीक उसी प्रकार निकाल दिया जाता है जैसे शंख में एक ओर से जल देने पर घूमकर जल दूसरी राह से निकल जाता है, नौलि सहायक है ।

Scanned by CamScanner

कुण्डलिनी-साधना और तन्त्र मत

शक्ति की उपासना तो जैन-बौद्ध-शैव-शाक्त-वैष्णव आदि सभी तन्त्रमार्गों में स्वीकृत है। उसी प्रकार कुण्डलिनी शक्ति की साधना भी स्वीकृत है। आचार्य शङ्कर ने भी कुण्डलिनी साधना को महत्त्व प्रदान किया था। वे 'सौन्दर्यलहरी' में कहते हैं—

'सुधाधारासारैश्चरणा युगलान्तर्विगलितैः,
प्रपञ्चं सिञ्चन्ती पुनरपि रसाम्नायमहसः।
अवाप्य स्वां भूमिं भुजगनिभमध्युष्टवलयं,
स्वामात्मानं कृत्वा स्वपिषि कुलकुण्डे कुहरिणि॥१०॥'[१]

'वामकेश्वर तन्त्र' में कुण्डलिनी का परिचय देते हुए कहा गया है कि—

'भुजङ्गाकाररूपेण मूलाधारं समाश्रिता।
शक्तिः कुण्डलिनी नाम बिसतन्तुनिभाऽऽशुभा॥
मूलकन्दं कणाग्रेण दष्ट्वा कमल कन्दवत्।
मुखेन पृच्छं संगृह्य ब्रह्मरन्ध्रं समाश्रिता॥
पद्मासनगतः स्वस्थो गुदमाकुञ्च्य साधकः।
वायुमूर्ध्वगतिं कुर्वन् कुम्भकाविष्टमानसः॥

१. सौ. ल.।

Scanned by CamScanner

वाय्वाघातवशादग्निः स्वाधिष्ठानगतो ज्वलन्।
ज्वलनाघाततपवनाघातैरुन्निद्रितोऽहिराट्॥
रुद्रग्रन्थिं ततो भित्वा विष्णुग्रन्थिं भिनत्यतः।
ब्रह्मग्रन्थिं च भित्वैव कमलानि भिनत्ति षट्॥
सहस्रकमले शक्तिः शिवेन सह मोदते।
सा चावस्था परा ज्ञेया सैव निर्वृति कारणम्॥
'आधारकन्दमध्यस्थितसुषिरमध्ये बिसतन्तुनिभा
तत्र कुण्डलिनी शक्तिः वर्तत इति तात्पर्यम्॥' (लक्ष्मीधरा)

भगवती त्रिपुराभी 'सहस्रवार' में परमशिव के पास जाकर विहार करती हैं—

'मनोऽपि भ्रूमध्ये सकलमपि भित्वा कुलपथं।
सहस्रारे पद्मे सह रहसि पत्या विहरसे॥'[१]

और भगवती कुण्डलिनी भी सहस्त्रार में पहुँचने के अनन्तर सारे प्रपञ्च को अमृत से नहलाकर 'मूलाधार चक्र' के कुलकुण्ड में आकर सो जाती हैं—

'स्वामात्मानं कृत्वा स्वपिषि कुलकुण्डे कुहरिणि॥'[२]

कुण्डलिनी-जागरण की प्रकिया

देवी कुण्डलिनी हुङ्कारपूर्वक जाग्रत होती है और षट्चक्र एवं ग्रन्थित्रय का भेदन करती हुई सहास्त्रार में अपने प्रियतम शिव के पास पहुँचकर विहार करती है—

''हूङ्कारेणैव देवीं यमनियमसमभ्यासशीलः सुशीलो,
ज्ञात्वा श्रीनाथवक्त्रात् क्रममिति च महामोक्षवर्त्मप्रकाशम्।
ब्रह्मद्वारस्य मध्ये विरचयति सतां शुद्धबुद्धिस्वभावो,
भित्वा तल्लिंगरूपं पवनदहनयोरा क्रमेणैव गुप्तम्।।५०॥''

''भित्वालिङ्गत्रयं तत् परमरसशिवे सूक्ष्मधाम्नि प्रदीपे
सा देवी शुद्धसत्वा तडिदिव विलसतन्तुरूपस्वरूपा।
ब्रह्माख्यायाः शिराया सकलसरसिजं प्राप्य देदीप्यते तन्
मोक्षाख्यानन्दरूपं घटयति सहसा सूक्ष्मताल लक्षणेन॥''

''नीत्वा तां कुलकुण्डलीं लयवशाज्जीवेन सार्द्धसुधी-
र्मोक्षे धामनि शुद्धपद्मसदने शैवे परे स्वामिनि।

---

१. सौ. ल.।
२. सौ. ल.।

ध्यायेदिष्टफलप्रदां भगवतीं चैतन्यरूपां परां,
योगीन्द्रो गुरुपादपद्मयुगलाम्वी समाधौ यतः ॥''
''लाक्षाभं परमामृतं परशिवात् पीत्वा पुनः कुण्डली
नित्यानन्दमहोदयात् कुलपथान्मूले विशेत् सुन्दरी।
तद्दिव्यामृतधारया स्थिरमतिः सन्तर्पयेद् दैवतं
योगी योगपरम्पराविदितया ब्रह्माण्डभाण्डस्थितम् ॥''[१]

Scanned by CamScanner

गुरु गोरक्षनाथ की दृष्टि

गुरु गोरक्षनाथ कहते हैं कि 'शक्तिचालिनी मुद्रा' के अभ्यास से प्राणाकुञ्चन करके कुण्डली का चालन करना चाहिये। १५ दिनों तक वज्रासनस्थ होकर इसका अभ्यास करणीय है। वायुप्रज्वलित अग्नि कुण्डलिनी को प्रतप्त करती है। इससे कुण्डलिनी सुषुम्णा के मुख में प्रवेश करके वायु-वह्नि के साथ प्रवेश करती हुई यह कुल शक्ति **'ब्रह्मग्रन्थि'** का एवं इसके बाद रुद्रग्रन्थि का भेदन करती है—

(१) 'वायुना ज्वलितो वह्निः कुण्डलीमनिशं दहेत्।
सन्तप्ता साग्निना नाड़ी शक्तिस्त्रैलोक्यमोहिनी।
प्रविशेद् वज्रदण्डे तु सुषुम्णावदनान्तरे।
वायुना वह्निना सार्धं **ब्रह्मग्रन्थिं** भिनत्ति सा।
विष्णुग्रन्थिं ततो भित्वा रुद्रग्रन्थौ च तिष्ठति॥'[1]

(२) वज्रासनस्थितो योगी चालयित्वा तु कुण्डलीम्।
कुर्यादनन्तरं भस्त्रां **कुण्डलीमाशु** बोधयेत्॥
भिद्यन्ते **ग्रन्थयो** वंशे तप्तलोहशलाकया।
तथैव पृष्ठवंशे स्याद् ग्रन्थिभेदस्तु वायुना॥[2]

'रुद्रग्रन्थि' का भेदन करने के बाद शिवात्मताप्ति होती है—

'रुद्रग्रन्थिं ततो भित्वा सैव याति शिवात्मकम्॥' (योग बीज)

Scanned by CamScanner

(81) *कुण्डलिनी तत्वं और वैष्णवागम–'कुण्डलिनी' वह ब्रह्माण्डव्याप्त शाश्वत शक्ति है जिसमें सम्पूर्ण जगत कुण्डलित रहता है। यह शब्द शक्तिस्वरूप है–

(2) ना.पं. (1/3/71) (3) अहि.सं. (36/55-56)

'सैषा कुण्डलिनी शक्तिर्यस्यां कुण्डलितं जगत्।
शब्दशक्तिस्वरूपेण यथा तदवधारय।। (1)

'शिवसंहिता' में कुण्डलिनी के स्वरूप एवं उसके अवस्थान के विषय में इस प्रकार कहा गया है–

'तत्र विद्युल्लताकारा कुण्डली परदेवता।
सार्धत्रिकारा कुटिला सुषुम्नामार्ग संस्थिता।

अर्थात् योनिमण्डल में स्थित 'कुण्डलिनी परदेवता' विद्युत के समान हैं। वह साढ़े तीन वलयों में कुण्डलित हैं और सुषुम्ना मार्ग को रोके हुए स्थित हैं।

वैष्णवागम में 'कुण्डलिनी शक्ति' का भी उल्लेख है–

'तदूर्ध्वे काम बीजं तु फलशान्तीन्दुनादकम्।
तदूर्ध्वे तु शिखाकारा कुण्डली ब्रह्मविग्रहा।। (2)

'अहिर्बुध्न्य संहिता' (32हवें अध्याय) में कहा गया है कि–

शरीरं ध्रियतेयेन तस्मिन् वसति कुण्डली।। —अहि.सं. (32/9)

अर्थात् अण्डाकार मूल कन्द है। उसी में 12 अरों वाली नाभिचक्र स्थित है। उसी के द्वारा शरीर धारण किया जाता है। उसी में कुण्डली निवास करती है। यह भी कहा गया है कि चक्र के चारों ओर आठ मुखों वाली कुण्डलिनी निवास करती है–

'वर्तते परितश्चक्रमष्टवक्त्राथ कुण्डली।। (32/11)

यह वैष्णवी कुण्डलिनी अष्ट प्राकृतिक भोगों (फणों) से उस चक्र को घेर कर सुषुम्ना नाड़ी से जाने वाले 'ब्रह्मरंध्र' को अपने मुख से आच्छादित करके स्थित है–

'अष्टप्रकृतिरूपेण भोगेना वेष्टय वैष्णवी।
ब्रह्मरंध्र सुषुम्नायाः पिदधाति मुखेन वै।। (अहि.सं. 32/12)

'कुण्डलिनी' को भारतीय योगशास्त्र में 'जगतसंसृष्टिरूपा' कहा गया है। इसे ही 'देवों द्वारा नमस्कृत वाग्देवी' भी कहा गया है–

'जगत संसृष्टि रूपा सा निर्वाणे सततोद्यता।
वाच्यमवाच्या वाग्देवी सदा देवैर्नमस्कृता।।
यह मुक्ति की ओर उन्मुख शक्ति अवाच्य है। (3)

●●●

(1) लक्ष्मी तंत्र (26/15) (2) नारद पञ्चरात्र (5/10/10)
(3) शिव संहिता (हि.पटल 24)

Scanned by CamScanner

शाक्तानन्दतरङ्गिणी में कहा गया है कि साधक को ब्राह्म मुहूर्त-वेला में उठकर प्रात:कृत्य से निवृत्त होकर भगवती के साथ परम गुरु शिव का ध्यान करना चाहिये। फिर पञ्चभूतमय तत्त्वों द्वारा स्वेष्ट देवता की पूजा करनी चाहिये। फिर गुरु की पूजा करके गुरुमन्त्र का जप करना चाहिये। फिर वाग्भवबीज 'ॐ ऐं' (या अन्य में 'क्लीं') का जप करना चाहिये—

ब्राह्मे मुहूर्ते उत्थाय चिन्तयेद्गुरुदैवतम्।
स्वमूर्द्धनि सहस्रारे शिवाख्यपरबिन्दुके।।

अर्थात् रात्रि के दो दण्ड शेष रह जाने पर ब्राह्म मुहूर्त्त में अपनी मूर्द्धा में शिव-बिन्दु सहस्रार में भगवती पराम्बा एवं भगवान् परम शिवरूप परम गुरु का ध्यान करना चाहिये। 'श्यामारहस्य' में कहा गया है कि पूजाविधान में मानसिक गन्ध-पुष्पादि समर्पित करते हुये ही वाग्भवमन्त्र का जप करना चाहिये— 'मनसा गन्धपुष्पाद्यै: सम्पूज्य वाग्भवं जपेत्'। इष्टदेव की स्तुति करनी चाहिये और 'तेजोरूपं समर्प्याथ स्तवेन तोषयेद् गुरुम्'।

नादबिन्दुयुक्त, अकथादि रेखा वाले, अलक्ष त्रय कोण वाले, सहस्रार महापद्म में स्थित, सृष्टि-स्थिति-लयात्मक परबिन्दु एवं उसकी परमा शक्ति (सार्धत्रिवलयाकारा, कोटिविद्युत्समप्रभा, परम कुण्डली) की पूजा करनी चाहिये, जो कि योनिरूपा, सनातनी

एवं नादात्मिका है— 'नादरूपेण सा देवी योनिरूपा सनातनी'। सहस्रार ही 'शिवपुर' है; अत: वहीं कल्पद्रुमाच्छादित रत्नवेदिका पर नानारत्नोपशोभित पर्यङ्क पर शब्दब्रह्मशरीरी सदाशिव एवं शक्ति की पूजा करनी चाहिये; किन्तु देवता को शब्दस्वरूप में कल्पित करना चाहिये— 'पद्ममध्ये स्थितं देवं निरीहं शब्दरूपवत्'; क्योंकि 'पादयोर्नूपुरं रम्यं शब्दब्रह्ममयं वपु:' कहा गया है। यहीं श्यामा कुण्डलिनी का भी ध्यान करना चाहिये; जैसा कि कहा भी गया है—

ध्यायेत् कुण्डलिनीं देवीं स्वयम्भूलिङ्गसंस्थिताम्।
श्यामां सूक्ष्मां सृष्टिरूपां सृष्टिस्थितिलयात्मिकाम्।
विश्वातीतां ज्ञानरूपां चिन्तयेदूर्ध्वरूपिणीम्।।

जैसे ही वह शिव का मुखपद्म चूमती है और क्षण भर भी रमण करती है, वैसे ही लाक्षा रस की भाँति अमृत का स्राव होने लगता है। इसी अमृत से षट्चक्र के समस्त देवताओं की तृप्तिरूप पूजा करनी चाहिये और परदेवता का भी तर्पण करना चाहिये—

अमृतं जायते देवि ! तत्क्षणात्परमेश्वरि।
तदुद्भवामृतं देवि ! लाक्षारससमोपमम्।।

तेनामृतेन देवेशि ! तर्पयेत् परदेवताम्।
षट्चक्रदेवतास्तत्र सन्तर्प्याऽमृतधारया।।

तत्पश्चात् देवी को पुन: मूलाधार चक्र में लाना चाहिये और इसी देवी के आवागमनरूपी इसी यात्रा द्वारा मनोलय करना चाहिये— यातायातक्रमेणैव तत्र कुर्यान्मनोलयम्'।

मूलाधार में कुण्डली का प्रत्यावर्तन करने के बाद उसे सहस्रार में लाना चाहिये तथा शक्ति-शक्तिमान के सामरस्य का चिन्तन करना चाहिये—

रमित्वा शम्भुना सार्धं कुण्डली परदेवता।
मूलाधारान्महेशानि ! सहस्रारे समानयेत्।।

शम्भुगतां परां शक्तिमेकीभावं विचिन्तयेत्।
ध्यायेत् कुण्डलिनीं तत्र इष्टदेवस्वरूपिणीम्।।

भगवती को मूलाधार से स्वाधिष्ठान, स्वाधिष्ठान से मणिपूर, मणिपूर से अनाहत, अनाहत से आज्ञाचक्र, आज्ञाचक्र से बिन्दु, अर्धेन्दु आदि के यात्रापथ से सहस्रार में लाना चाहिये तथा उन जगन्मयी भुजङ्गरूपिणी देवी पराकुण्डलिनी का षट्चक्रों में ध्यान करना चाहिये। इससे ध्याता साक्षात् ब्रह्ममय हो जाता है; जैसा कि कहा भी है—

षट्चक्रे परमेशानि ! ध्यात्वा जगन्मयीं शिवाम्।
भुजङ्गरूपिणीं देवीं नित्यां कुण्डलिनीं पराम्।।

Scanned by CamScanner

और पाँचवीं तुरीयातीत अवस्था ही शिव-पर्यंक है। विद्वानों ने पर्यंक और आसन को एक ही माना है और मण्डल ब्राह्मणोपनिषत् के अनुसार 'निश्चयज्ञानमासनम्' अर्थात् 'निश्चय ज्ञान ही आसन है' और 'मैं शुद्ध अद्वैत ब्रह्म हूँ' ऐसे निश्चयज्ञान से संपूर्ण वासनाएँ नष्ट होजाती हैं और तब 'सर्वपरिपूर्णतुरीयातीतब्रह्मभूतो योगी भवति' अर्थात् 'वह योगी सब प्रकार परिपूर्ण होकर तुरीयातीत अवस्था में ब्रह्मरूप होजाता है।

ब्रह्म चिदानन्दस्वरूप है, इसलिये उसकी शक्ति भी चिदानंद स्वरूपा है। तेजोविन्दु उपनिषद् के अनुसार—

केवलं तुर्यरूपोऽस्मि तुर्यातीतोऽस्मि केवलः।
सदा चैतन्य रूपोऽस्मि चिदानन्दमयोऽस्म्यहम् ॥

अर्थात्—मैं केवल तुर्यरूप, केवल तुर्यातीतरूप, सदा चैतन्यरूप और चिदानन्दमय हूं।

इस प्रकार उस चिदानन्दमय ब्रह्म से उद्भूत आवेश रूप लहरें ही शांभवी शक्ति है और इस श्लोक में उसी की उत्कृष्ट उपासना की प्रेरणा दी गई है।

महीं मूलाधारे कमपि मणिपूरे हुतवहं
स्थितं स्वाधिष्ठाने हृदि मरुतमाकाशमुपरि।
मनोऽपि भ्रूमध्ये सकलमपि भित्वा कुलपथं
सहस्रारे पद्मे सह रहसि पत्या विहरसि ॥९॥

टीका—पृथिवी तत्व और जल तत्व को मूलाधार में, स्वाधिष्ठान में स्थित अग्नितत्व को मणिपूर में, वायु तत्व को हृदय

में, आकाश तत्व को ऊपर विशुद्ध चक्र में और मन को भी भ्रूमध्य में—इस प्रकार सर्व कुलपथ अर्थात् शक्ति-मार्ग को वेध कर सहस्रार पद्म में तू अपने पति के साथ विहार करती है।९।

व्याख्या—इस श्लोक में कुण्डलिनी शक्ति का षट्चक्र-वेध के सहित आरोहण कहा है। षट्चक्र एक प्रकार की सूक्ष्म ग्रन्थियाँ हैं, इनकी आकृति फूलों की पंखुड़ियों के समान होती है। इनके जो पृथक्-पृथक् कोश निकले रहते हैं, उन्हें पद्मदल कहते हैं।

इन चक्रों की आकृति पृथक्-पृथक् होती है, इन्हीं आकृतियों को चक्र-यन्त्र कहते हैं। इनके नाम मूलाधार चक्र, स्वाधिष्ठान चक्र, मणिपूर चक्र, अनाहत चक्र विशुद्ध चक्र और आज्ञा चक्र हैं। मूलाधार चक्र का स्थान जननेन्द्रिय से दो अंगुल ऊपर और गुदा से दो अंगुल नीचे है। इस चक्र के चार दल हैं जो कि लाल वर्ण के हैं, यह वर्ण वं शं षं सं कहलाते हैं। इसका तत्व पृथिवी और बीज लं है। इसके अधिपति ब्रह्मा माने जाते हैं। इस चक्र का वेध होने पर सब प्रकार की प्रतिभाओं के साथ सर्व शास्त्र ज्ञान का लाभ प्राप्त हो सकता है।

स्वाधिष्ठान चक्र सुषुम्ना के अन्तर्गत चित्रणी नाड़ी में मूलाधार चक्र के ऊपर पेडू पर रहता है। यह विद्युत के समान प्रकाशमान चक्र सिन्दूर जैसे वर्ण और छः दल का है। बं भं मं यं रं लं उन दलों के वर्ण हैं। इस चक्र के अधिपति नीलवर्ण वाले विष्णु हैं। इसकी सिद्धि से अहंकारादि विकारों का नाश होता है।

मणिपूर चक्र स्वाधिष्ठान चक्र के ऊपर नाभि मूल में रहता है। मेघ के समान नीले वर्ण के इस चक्र के दश दल हैं, जिनके

वर्ण डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं हैं। इस बीज के प्रतिपाद्य देव चतुर्भुज अग्नि हैं, जिनका वर्ण लाल है तथा अधिपति रुद्र हैं। इसके सिद्ध होने पर सृष्टि, पालन, संहार की सामर्थ्य प्राप्त हो जाती है।

अनाहत चक्र मणिपूर चक्र के ऊपर हृदय में स्थित रहता है इसके अरुण वर्ण के बारह दल होते हैं, जिनके वर्ण कं खं गं घं ङं चं छं जं झं ञं टं ठं हैं। इसका तत्व वायु और बीज य है। इस चक्र के अधिपति 'ईशान' देव हैं। इस चक्र में स्वयं ही अनाहत नाद की ध्वनि होती रहती है। यदि उपासना सकाम हो तो इससे भौतिक उपलब्धियाँ और निष्काम हो तो योग-सिद्धि और परकाया-प्रवेश की सामर्थ्य प्राप्त हो सकती है।

विशुद्ध चक्र अनाहत चक्र के ऊपर कण्ठ में होता है। इसके धूम्र वर्ण के सोलह दल होते हैं, जिनके वर्ण अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं ॡं एं ऐं ओं औं अं अः हैं। इस चक्र के मध्य में पूर्ण चन्द्रमा के समान गोल आकाश मण्डल है इसका देवता आकाश और बीज 'हं' है। इसके सिद्ध होने पर ज्ञान के स्रोत खुल जाते और मन में आनन्द का प्रवाह दौड़ने लगता है।

आज्ञा चक्र भ्रू के मध्य स्थित है। इसके दो दल हं क्षं वर्ण के तथा श्वेत रंग के हैं। इसका तत्व महः और बीज प्रणव है। इसके अधिपति श्वेत वर्ण वाले शिव हैं। इसकी सिद्धि से साधक को सब सामर्थ्यों की प्राप्ति होती है।

षट्चक्र-वेध में ध्यान-साधना प्रमुख है। सर्व प्रथम मस्तिष्क मध्य स्थिति त्रिकुटी में तेजस्वरूप ज्योति का बार-बार ध्यान करना ही उसकी अभ्यास-सिद्धि है। त्रिकुटी के पश्चात् आज्ञा-

चक्र में तेजोमय स्फुलिंग के ध्यान का अभ्यास करना चाहिए। जब यह अभ्यास परिपक्व होजाय तब विशुद्ध चक्र में फिर अनाहत, मणिपूर, स्वाधिष्ठान और मूलाधार चक्र में ध्यान-साधना को पुष्ट करे। उक्त छओं चक्रों में ध्यानाभ्यास के सिद्ध होने पर, जब साधक छओं को पार कर लेता है तब उसे कुण्डलिनी रूप महाशक्ति के दर्शन होते हैं। वह रूप उस समय अत्यन्त विकराल दिखाई देता है, क्योंकि वेदने से पीड़ित हुई कुण्डलिनी फुत्कार करती हुई साधक के अनेक जन्मों के संचित संस्कारों को चबा लेती है। इस प्रकार वह मन की स्थूलता को सूक्ष्मता में परिवर्तित करती जिसे अलंकारिक भाषा में कुण्डलिनी का मन के वक्ष पर चढ़ना और शस्त्र से उसका स्थूलरूप नष्ट करना है। पुराणों में वर्णित दुर्गा-महिषासुर के युद्ध की कल्पना इसी आधार पर हुई है।

शिव-संहिता आदि ग्रन्थों में षट्चक्रों का जो उपर्युक्त क्रम दिया है, उससे यहाँ कुछ अन्तर प्रतीत होता है। चक्रों के नाम-क्रम में अन्तर होने का अभिप्राय यह हो सकता है कि उपस्थ के समीप वाले स्वाधिष्ठान चक्र के भेदन से कामवासना बढ़ती है तब वज्रौली आदि क्रियाओं से ऊर्ध्वरेता होना सिद्ध किया जाता है, यह समयाचार को अभीष्ट नहीं, वरन् कौलाचार को अभीष्ट है।

समयाचार के अनुसार वेधक्रम इस प्रकार है कि मूलाधार के भेदन से पृथिवी तत्व और जलतत्व का भी भेदन करना चाहिए। फिर स्वाधिष्ठान को छोड़ कर मणिपूर में अग्नि का भेदन करते हैं, परन्तु स्वाधिष्ठान चक्र में ऊपर जल और नीचे अग्नि, इन दोनों का सन्धिस्थान होने से अग्नि के प्रदीप्त होजाने पर मूलाधार के भेदन से मूलाधार के पृथिवीतत्व और स्वाधि-

ष्ठान के जलतत्व दोनों का भेदन एक साथ ही हो जाता है, 'हंसो-पनिषत्' से भी ऐसा ही सिद्ध होता है—

'गुदमवष्टभ्याधाराद्वायुमुत्थाप्य' इत्यादि (हं० उ०६-६) के अनुसार सनत्कुमार कहते हैं कि 'प्रथम गुदा को खींचकर आधार चक्र की वायु को बाहर निकाले और स्वाधिष्ठान चक्र की तीन प्रदक्षिणाएँ करके मणिपूर चक्र में अनाहत चक्र का अतिक्रमण करे। फिर विशुद्ध चक्र में प्राणों का निरोध कर आज्ञाचक्र के ध्यान पूर्वक ब्रह्मरन्ध्र का ध्यान करे। इस प्रकार 'मैं त्रिमात्र आत्मा हूँ' यह ध्यान करने से आधार चक्र से ब्रह्मचक्र पर्यन्त जो नाद होता रहता है, वह शुद्ध स्फटिक के समान परमात्म ब्रह्म कहा जाता है।

चक्रों का स्थान मेरुदण्ड के भीतर सुषुम्ना नाड़ी में होता है। गुदा के पीछे कन्द संज्ञक मांसपेशी है, जिसकी नाभि में कुण्डलिनी साढे तीन कुण्डल डाले हुए स्वयंभू लिंग पर शयन करती है और जब वह जागती है तब स्वाधिष्ठान चक्र में रहती है। उस अव-स्था में जीव विन्दु रूपी शिव तथा कुण्डलिनी जीवस्वरूपा शक्ति कहलाती है। आज्ञा चक्र में चढ़ने पर उसी को त्रिपुरा कहते हैं। वही सहस्रार में शिव के साथ सायुज्यता को प्राप्त होती है। मण्डल ब्राह्मणोपनिषद् के अनुसार—

मूलाधारादा ब्रह्मरन्ध्रपर्यन्तं सुषुम्ना सूर्याभा। तन्मध्ये तटित्कोटिसमा मृणालतन्तुसूक्ष्मा कुण्डलिनो। तत्र तमोनिवृत्तिः। तद्दर्शनात्सर्वपापनिवृत्तिः ॥

अर्थात्—मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त सूर्य के समान आभा वाली सुषुम्ना नाड़ी है और उसके मध्य विद्युत् जैसी एवं मृणा

लतन्तु के समान सूक्ष्म कुण्डलिनी है, उसमें तमोगुण की निवृत्ति होती और उसके दर्शन से सभी पाप नष्ट होते हैं ।

भेदन के समय शक्ति की गति मूलाधार से सहस्रार की ओर और सहस्रार से उतरते समय मूलाधार की ओर होती है, उस समय वह नाड़ियों को अमृत से सींचती हुई उतरती है । इनदोनों गतियों में आरोह उन्नेय भूमिका और अवरोह अन्वयभूमिका संज्ञक होता है । इन दोनों भूमिकाओं के सिद्ध होने पर ही योग को सिद्धि समझनी चाहिए । योगचूडामण्युपनिषत् के अनुसार 'ऊर्ध्वाधः संस्थितावेतौ यो जानाति स योगवित्' अर्थात् 'जो इनके ऊपर-नीचे जाने को समझता है वही योग का जानने वाला है ।'

सुधाधाराऽऽसारैश्चरणयुगलान्तर्विगलितैः
प्रपंचं सिंचन्ती पुनरपि रसाम्नाय महसा ।
अवाप्य स्वां भूमिं भुजगनिभमध्युष्टवलयं
स्वमात्मानंकृत्वा स्वपिषि कुलकुण्डे कुहरिणी ।१०।

टीका—हे कुहरिणी ! अपने दोनों चरणों के मध्य से वर्षती हुई सुधा-धाराओं से प्रपंच को सीचती हुई और छओं तेजोमय रसाम्नाओं से होती हुई (या छओं चक्रों के द्वारा सिंचन करती हुई) अपनी भूमि में उतर कर स्वयं को सर्पिणी के समान साढ़े तीन कुण्डल लगा कर तुम कुलकुण्ड में शयन करती हो ।।१०।।

व्याख्या—इस श्लोक में यह प्रेरणा है कि आज्ञाचक्र में शक्ति का ध्यान करना चाहिए । इस चक्र की विशेषता सुदृढ़ इच्छा शक्ति का विकास करना है । इस चक्र में भेदन होते ही कुण्ड-

लिनी शक्ति किसी प्रकार की बाधा के बिना ही सहस्रार कमल में पहुँच कर शिव से सायुज्य प्राप्त कर लेती है।

इसी कुण्डलिनी शक्ति को प्राणधारिणी प्राणविद्या कहा गया है 'कुण्डलिन्यां समुद्भूता गायत्री प्राणधारिणी' इत्यादि (योगचूड़ामण्युपनिषत्) और कहा है कि 'प्राण ही अमृत है' इससे इसे सुधावर्षिणी कहना युक्ति संगत ही है। 'पैंगलोपनिषत्' के अनुसार साधक जब 'ततोऽभ्यास पटुत्वात् सहस्रशः सदाऽमृत-धारा वर्षति, अर्थात् अभ्यास पटु होजाता है तब सदा अमृत की सहस्रों धाराएँ बरसती रहती हैं।

तात्पर्यदीपिका के अनुसार—

आधारादि षट्कमलदलेषु पातिता द्वादशान्तस्थितचन्द्र-मण्डलात्सृता अमृतविन्दवोऽकारादिक्षकारान्तवर्णात्मना परिणताः उक्त ह्याचार्ये—

मूलाधारात्स्फुरिततड़िदाभा प्रभा सूक्ष्म रूपो—
द्गच्छन्त्यामस्तकमणुतरा तेजसां मूलभूता ।
सौषुम्णाध्वाचरणनिपुणा सा सवित्रानुविद्धा–
ध्याता सद्योऽमृतमथ रवेः स्रावयेत् सार्धसोमात् ।
शिरसि निपातित या विन्दुधारा सुधाया ।
भवति लिपिमयीसा ताभिरंग मुखाद्यम् ॥

अर्थात्—'आधारादि षट्कमल के दलों में पातित द्वादशान्त स्थित चन्द्रमण्डल से निःसृत अमृत की बूँदें अकार से क्षकार के अन्त तक वर्णरूप में परिवर्तित होजाती हैं। आचार्यों का कहना है कि मूलाधार से स्फुरित विद्युत की आभा के समान प्रभावयुक्त सूक्ष्मरूप से निकली हुई, मस्तक से लेकर अणुतर तेज की मूलभूत

सुषुम्ना के मार्ग से संचरण करने में निपुण एवं सविता से अनुबद्ध उसका जब ध्यान किया जाता है, तब वह तुरन्त ही सार्ध, सोम, रवि से अमृत का स्राव किया करती है। मस्तक पर गिरी हुई वह अमृत की बिन्दुधारा जब लिपिमयी होती है तब उससे मुखादि अंग भी परिपूर्ण होजाते हैं।

और शिवसूत्र में वर्णों की विशेषता इस प्रकार व्यक्त की गई है—

अकारादिक्षपर्यन्ताः कलास्ताः शब्दकारणम् ।
मातरः शक्त्योदेव्यो रश्मयश्च कलाः स्मृतः ॥

अर्थात्—'अकारादि से क्षकार तक जो कला हैं, वे शब्द का कारण, मातायें, दैवीशक्ति और रश्मियाँ कहलाती हैं।' इसके अतिरिक्त 'क्रमेणानेन सृजति कुण्डली वर्णमालिकाम्' के अनुसार 'कुण्डलिनी शक्ति वर्णमाला की रचना किया करती है।

जब कुण्डलिनी का अवरोह होता है, उस समय विभिन्न नाड़ी-चक्रों से होने वाले अमृत स्राव से सम्पूर्ण शरीर में नख से शिख पर्यन्त सिंचन हुआ करता है। सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषत् के अनुसार 'तालुचक्रं तत्रामृतधारा प्रवाहो' इत्यादि से 'तालुचक्र में अमृत की धार निरन्तर बहती रहती है।' कुण्डलिनी जिस मार्ग से चढ़ती है, उसी से उतर कर पुनः अपने स्थान पर साढ़े तीन कुण्डल लगाकर शयन करती है। इसका यह अभिप्राय समझना चाहिए कि कुण्डलिनी जब ऊपर उठ जाती है, तब मूलाधार में वह नहीं रहती और मूलाधार में लौटकर ही पुनः सोती है। अथवा यह भी अर्थ हो सकता है कि मूलाधार में जो अनन्त शक्ति भरी पड़ी है, उसमें कभी कोई कमी नहीं होती,

वरन् जागृत हुई कुण्डलिनी ऊपर चढ़ती है तब भी उसका सम्बन्ध मूलाधार से बना रहता है।

फिर शास्त्र में स्पष्ट ही कहा है कि—

चक्रं सहस्रपत्रं तु ब्रह्मरन्ध्रे सुधाधरम्।
तत्सुधासारधाराभिरभिवर्धयते तनुम् ॥

अर्थात् – अमृत के धारण करने वाले ब्रह्मरन्ध्र में जो सहस्र-दल वाला चक्र है, वह सुधा की धाराओं से शरीर को पुष्ट करता रहता है।

आम्नाय का अभिप्राय मार्ग से है, योगतत्वोपनिषत् के अनुसार 'वायुना यह चित्तं च प्रविशेच्च महापथम्' इत्यादि से योगी के लिए वायु सहित अग्नि और कुण्डलिनी का साधन करके भावना पूर्वक सुषुम्ना प्रवेश करके वहाँ के अवरोध को जीतकर वायु के सहित महापथ में अग्रसर होना कहा है। इससे आगे कहा है—

भूमिरापोऽनलो वायुराकाशश्चेति पंचकः।
येषु पंचसु देवानां धारणा पंचधोच्यते ॥

अर्थात्—जिसका चित्र वायु सहित सुषुम्ना में प्रवेश कर जाता है, उसके लिए पृथिवी, जल, अग्नि,, वायु और आकाश इन पंचमहाभूत रूपी देवताओं की पाँच प्रकार की धारणा होती है।

उक्त श्लोक में प्रपंच का तात्पर्य शरीर से है। शरीरस्थ नाड़ियां रस के स्राव द्वारा शरीर को पुष्ट करती रहती हैं। क्योंकि जिस साधक को शरीर प्रिय हो उसे उसका पुष्ट होना अभीष्ट है ही। 'योगतत्वोपनिषत् के अनुसार—

परब्रह्मणि लीयेत न तस्योत्क्रान्तिरिष्यते ।
अथ नो चेतमुत्स्रष्टुं स्वशरीरं नियम् ॥
सर्वलोकेषु विहरन्नणिमादिगुणान्वितः ।
कदाचित्स्वेच्छया देवो भूत्वा स्वर्गे महीयते ॥

अर्थात्—(देह छोड़ने पर) जो परब्रह्म में लीन हो जाता है, उसे फिर जन्म नहीं लेना पड़ता । यदि उसे शरीर प्रिय हो तो वह शरीर में स्थित रहकर अणमादि सिद्धियों से युक्त होकर सभी लोकों में विहार कर सकता है और जब कभी चाहे तब स्वर्ग में देवता भी हो सकता है ।

महसा का अभिप्राय महान से है, अमरकोष के अनुसार 'महस्तूत्सवतेजसोः' अर्थात् 'महत् का अर्थ उत्सव और तेज है' इसलिए उक्त श्लोक का 'रसाम्नाय' पद अमतयुक्त एवं तेजोमय आम्नाय से होगा इसलिए उक्त पदों का भावार्थ शक्ति के योग से नाड़ियों से अमृत-सिचन द्वारा शरीर रूपी प्रपंच का पुष्ट होना ही मान्य हो सकता है ।

सकार को षट्रसों का आधार बताते हुए कहा है—

सोमं चामृतनायं च सुधासारं सुधानिधिम् ।
सकारं षड्रसाधारं नामभिः परिकीर्तितम् ॥

अर्थात्—सोम, अमृतनाय, सुधासार, सुधानिधि रूपी सकार षट्रसों का आधार है, जिसे उक्त नामों से बताया गया है ।

इस प्रकार रसाम्नाय का अभिप्रायः रस सींचने वाली नाड़ियों से है, जिससे कि शरीर की पुष्टि होती है और साधना में शरीर का पुष्ट या स्वस्थ रहना आवश्यक है, क्योंकि रोगी

शरीर से साधना नहीं हो सकती, वरन् रोग साधना में विघ्न-स्वरूप होता है।

चतुर्भिः श्रीकण्ठैः शिवयुवतिभिः पंचभिरपि
प्रभिन्नाभिः शम्भोर्नवभिरपि मूलप्रकृतिभिः।
त्रयश्चत्वारिंशद्वसुदलकलाश्च त्रिवलय-
त्रि रेखाभिः सार्धं तव शरण कोणाःपरिणताः ।११।

टीका—चार श्रीकण्ठ और पाँच शिवयुवतियाँ इन नौ मूल प्रकृतियों से तुम्हारे निवासरूप तेंतालीस त्रिकोण बनते हैं, वे शम्भु के विन्दुस्थान से भिन्न तथा तीन वृत्तों और तीन रेखाओं सहित अष्ट और षोडश दलों से युक्त हैं ॥११॥

व्याख्या—श्रीचक्र-निर्माण में मेरु, कैलास और भूः के भेद तीन प्रकार माने जाते हैं, इन तीनों में ही शक्ति-स्थान तथा अर्चन-विधि में भिन्नता है। मेरुचक्र में सोलह नित्या कलाओं से, कैलासचक्र में आठ मातृका शक्तियों से और भूःचक्र में आठ वशिनी देवियों से सम्बन्धित चक्र होता है।

श्रीचक्र ब्रह्माण्ड और पिण्ड दोनों का ही प्रतीक है। क्योंकि ब्रह्माण्ड और पिण्ड दोनों में ही समान शक्तियों की विद्यमानता है। आधुनिक वैज्ञानिकों के अनुसार यह सम्पूर्ण विश्व बानवे मूल तत्वों से बना है। प्रत्येक तत्व का निर्माण परमाणुओं से हुआ है। परमाणु के मध्य न्यूक्लियस होता है, जिसका व्यास एक इंच के लाखवें भाग का भी सौ लाखवाँ भाग है। इस न्यूक्लियस को केन्द्र मानकर जो इलेक्ट्रोन घूमते रहते हैं, वे केन्द्र से मिलने के लिए सदा उत्सुक रहते हैं। परमाणु में न्यू-

योग में कुम्भक करते समय मूल उड्डीयान और जालंधर तीन प्रकार के बंध करने का उपदेश दिया है। इन बंधों को एक बार में ही करने से पीठ और उसके अंदर मेरुदंड और उससे सम्बन्धित स्नायुओं का बहुत अच्छा व्यायाम हो जाता है। इसमें मांसपेशियाँ फूलती है और फिर सिमट जाती है, जिससे इन पेशियों तथा मेरुदंड और स्नायुओं में रक्त की गति बढ़ जाती है। स्नायुजाल को स्वस्थ रखने के लिये सबसे अच्छा प्राणायाम कपालभाति है।

कुछ शरीरोपयोगी बंध—यौगिक क्रियाओं में अनेकों प्रकार के बंध बताए गये हैं। जिनमें प्रमुख हैं। (1) मूल बंध (2) उड्डीयान बंध (3) जालंधर बंध (4) महाबंध।

(1) मूल बंध—मूल बंध गुदा एवं (मूत्रेन्द्रिय) के बीच के स्थान को बन्द करने का नाम मूल बंध है। बायें पैर की एड़ी को गुदा एवं लिङ्ग के बीच में अच्छी तरह से जमाकर दबाना है और नीचे जाने वाली अपान वायु को बल के साथ ऊपर की ओर खींचना है। इसमें सिद्धासन होना जरूरी है।

इसमें अपान वायु ऊपर की ओर जाकर प्राण वायु के साथ मिलती है। कुण्डलिनी शक्ति सीधी होकर ऊपर की ओर बढ़ती है, जिससे किसी भी कोष्ठ में रुकावट दूर होती है। पाचन शक्ति तेज होती है। वीर्य उर्ध्वरितस् होता है। इससे अनेकों लाभ हैं। इसलिये इसे अवश्य करना चाहिये।

(2) उड्डीयान बंध—दोनों जंघाओं को मोड़कर पैरों के तलवों को परस्पर भिड़ाकर पेट के नाभि के नीचे ऊपर के आठ अंगुल हिस्से को बलपूर्वक खींचकर रीढ़ के हड्डी से ऐसा लगा दें कि पेट के स्थान पर गड्ढा सा दिखने लगे। पेट को अंदर की ओर जितना अधिक खींचा जायेगा उतना ही ये बंध अच्छा होगा। इसमें प्राण पक्षी के समान सुषुम्णा की ओर उड़ने लगता है। इसलिए इसे उड्डीयान बंध कहा जाता है।

लाभ—प्राण वायु और वीर्य का ऊर्ध्वमुखी होना, पाचनशक्ति का बढ़ना और फेफड़े का शक्तिशाली होना इस बन्ध का लाभ है।

जालन्धर बन्ध—कण्ठ को सिकोड़कर मजबूती के साथ ठोड़ी को कण्ठ कूप लगाये सीना तना रहे तथा हृदय से ठोड़ी 4 अङ्गुल दूर रहे इसे स्वर सुधीर होता है तथा प्राण सुषुम्णा में प्रवेश करता है।

महाबन्ध—महाबन्ध के दो प्रकार हैं—पहला है कि बांये पैर की एड़ी को लिङ्ग और गुदा के बच में जमाये। जंघा के ऊपर दाहिने पैर को रखकर सीधा होकर जिस नासिका छिद्र से श्वास चल रहा हो उसी से पूरक प्राणायाम करके जालन्धर बन्ध लगाये, फिर मूलद्वार से वायु को ऊपर की ओर खींचकर मूलबन्ध लगाये मन को मध्य नाड़ी में लगाकर यथाशक्ति कुम्भक करें। उसके बाद दूसरी नासिका से धीरे-धीरे रेचक फिर श्वास का अनुलोम विलोम करें।

दूसरी विधि है पद्म अथवा सिद्धासनस्थ होकर लिङ्ग (योनि) और गुह्य प्रवेश को सिकोड़कर अपान वायु को ऊपर की ओर खींचे और फिर उसे नाभि में स्थित समानवायु के साथ मिलाकर हृदयस्थ प्राणवायु को नीचे की ओर करके प्राण और अपान वायुओं के साथ नाभिस्थल पर दृढ़रूप से कुम्भक करें।

इससे प्राणवायु ऊपर की ओर होती है, जिससे वीर्य की शुद्धि होती है। इडा, पिङ्गला और सुषम्णा का मिलन होने से बल की अपार वृद्धि होती है। इस प्रकार प्राणायाम शरीर को पूर्ण स्वस्थ रखकर आयु वृद्धि का मूल कारण है।

षट्कर्म और उनकी रोग निवारण में भूमिका—रुद्रयामल तन्त्र के चौबीसवें और पच्चीसवें पटल में नेती, दन्ती, धौती, न्यौली और श्वालन पांच कर्म

Scanned by CamScanner

'स्वामात्मानं कृत्वा स्वपिषि कुलकुण्डे कुहरिणि।

कुण्डलिनी जागरण प्रक्रिया—देवी कुण्डलिनी हुङ्कारपूर्वक जाग्रत होती है और षट्चक्र एवं ग्रन्थित्रय का भेदन करती हुई सहस्रार में अपने प्रियतम शिव के पास पहुँचकर विहार करती हैं—

'हुङ्कारेणैव देवीं यमनियमसमभ्यासशीलः सुशीलो।
ज्ञात्वा श्रीनाथवक्त्रात् क्रममिति च महामोक्षवर्त्मप्रकाशम्।।
ब्रह्मद्वारस्य मध्ये विरचयति सतां शुद्धबुद्धिस्वभावो।
भित्वा तल्लिंगरूपं पवनदहनयोरा क्रमेणैव गुप्तम्।।
"भित्वालिङ्गत्रयं तत् परमरसशिवे सूक्ष्मधाम्नि प्रदीपे।
सा देवी शुद्धसत्वा तडिदिव विलसतन्तुरूपस्वरूपा।।
ब्रह्माख्यायाः शिराया सकलसरसिजं प्राप्य देवीप्यते तनु।
मोक्षाख्यानन्दरूपं घटयति सहसा सूक्ष्मताल लक्षणेन्।।"

"नीत्वा तां कुलकुण्डलीं लयवशाज्जीवेन सार्द्धसुधी-
र्मोक्षे धामनि शुद्धपद्मसदने शैवे परे स्वामिनि।
ध्यायेदिष्टफलप्रदां भवगतीं चैतन्यरूपां परां,
योगीन्द्रो गुरुपादपद्मयुगलम्बी समाधौ यतः।।"
"लाक्षाभं परमामृतं परशिवात् पीत्वा पुनः कुण्डली।
नित्यानन्दमहोदयात् कुलपथान्मूले विशेत् सुन्दरी।।
तद्दिव्यामृतधारया स्थिरमतिः सन्तर्पयेद् दैवतं।
योगी योगपरम्पराविदितया ब्रह्माण्डभाण्डस्थितम्।।

अर्थात् तन्त्रशास्त्र में मूलाधार में सर्प के समान कुण्डली मार कर स्थित है, इसे ही शक्ति कुण्डलिनी कहते हैं। यह कुण्डलिनी जब जगती है, तब हुंकार की ध्वनि होती है और षट्चक्र और तीन ग्रन्थियों को तोड़ती हुई सहस्रदल कमल में अपने प्रियतम शिव के साथ पहुँच कर विहार करती है। इसे कोई सामान्य मनुष्य नहीं जगा सकता। इसे यम-नियम, आसनादि का अभ्यास करने वाला व्यक्ति ही जगा सकता है, जिसने श्रीनाथ के मुख से क्रमानुसार अभ्यास किया हो। ऐसा शुद्ध बुद्धि स्वभाव वाला व्यक्ति ब्रह्मद्वार के मध्य में पवनदहन योग के आक्रमण से प्रतप्त तथा स्वयम्भू लिंग को घेर कर आधी त्रिवली के आकार में स्थित कुण्डलिनी शक्ति को जो कि हुंकार बीज का उच्चारण करते हुए जगाता है और स्वयंभू लिंग के छिद्र से निकाल कर उसे ब्रह्मद्वार तक पहुँचाता है। पहले कुण्डलिनी अनाहत चक्र स्थित बाण लिंग का, फिर आज्ञाचक्र स्थित आज्ञा लिंग का भेदन करती हुई ब्रह्मनाड़ी की सहायता से सहस्रदल कमल में प्रवेश करती है और फिर वहाँ परमानन्दमय शिव में प्रतिष्ठित हो जाती है। यह योगी का काम है कि वह अपने जीवभाव के साथ कुलकुण्डलिनी को मूलाधार से उठा कर बिन्दु शिव के साथ समरस कर दे, वहाँ सहस्रार के कुण्डलिनी लाक्षावर्ण के समान परमामृत का पान कर तृप्त हो जाती है। उसके बाद परमानन्द की अनुभूति को मन में रखते हुए पुनः मूलाधार चक्र में लौट आती है। यही है कुण्डलिनी जागरण योग। इसकी सिद्धि योगी को जीवन्मुक्त बनाती है तथा योगी साक्षात् शिवरूप हो जाता है।

Scanned by CamScanner

'बंधपूर्वकं पंचविंशत्युत्तरशतविपलपर्यंतं यदा प्राणायामस्थैर्यं भवति तदा प्राणो ब्रह्मरंध्रं गच्छति । ब्रह्मरंध्रं गतः प्राणो यदा पंचविंशतिपलपर्यंतं तिष्ठति तदा प्रत्याहारः। यदा पंचघटिकापर्यंतं तिष्ठति तदा धारणा । यदा षष्टिघटिकापर्यन्तं तिष्ठति तदा ध्यानम्। यदा द्वादशदिनपर्यंतं तिष्ठति तदा समाधिर्भवतीति सर्वं रमणीयम्। '[१]

पण प्राणायामाची सिद्धी होणे आवश्यक आहे. ती होणेकरिता तीन महिनेपर्यंत अभ्यास कसा केला पाहिजे हे मागील श्लोकात सांगितले आहे. जालंधरबंध, उड्डियानबंध व मूलबंध या तीन बंधांनी युक्त असा प्राणायामाचा अभ्यास व्हावा यांपैकी जालंधरबंध व उड्डियानबंधाची सूचना श्रीमहाराजांनी, 'हृदि स्थाप्य हनुं' व 'पश्चादाकर्षितोदरः' या दोन वाक्यांनी केली आहे. तिसरा मूलबंध, हठयोगप्रदीपिकेत अधिक सांगितला आहे. या तीनही बंधांची संक्षिप्त लक्षणे टीकाकारांनी सांगितली आहेत. ती अशी -

(१) कंठाकुंचनपूर्वकं चिबुकस्य हृदिस्थापनं जालधरबंध :,

(२) 'प्रयत्नविशेषेण नाभिप्रदेशस्य पृष्ठत आकर्षणमुड्डियानबंधः,

(३) पार्ष्णिभागेन (गुल्फयोरधः प्रदेशः) योनिस्थानसंपीडनपूर्वकं (योनिस्थानं गुदमेढ्रयोर्मध्यभागं) गुदस्याकुंचनं मूलबंधः[२]

प्रत्येक बंधाचे फल तेथेच दाखविले आहे. मूलबंधाचे वर्णन करीत असताना हठयोगप्रदीपिकाकार सांगतात -

---

[१]बंधपूर्वक केलेल्या प्राणायामाचा जेव्हा १२५ विपळे स्थिर होतो तेव्हां तो ब्रह्मरंध्रांत प्रवेश करतो. ब्रह्मरंध्रांत गेलेला प्राण जेव्हां २५ विपळांपर्यंत टिकतो तेव्हां प्रत्याहार (होते). जेव्हां (तो प्राण) पांच घटकांपर्यंत (ब्रह्मरंध्रांत) राहतो ती धारणा. जेव्हां ६० घटका (प्राण ब्रह्मरंध्रांत) राहतो ते ध्यान. (आणि) बारा दिवसपर्यंत (प्राण ब्रह्मरंध्रांत स्थिर झाला की समाधि असे हे सर्व रमणीय आहे.

[२]१) गळा ओढून हनुवटी छातीला टेकवणे हा जालंधरबंध. २) विशेष प्रयत्नांनी बेंबीचा भाग पाठीकडे खेंचणे हा उड्डियाणबंध. ३) टांचेच्या खालच्या भाग योनिस्थानावर (गुद आणि लिंग यांच्यामधली शिवण) जोराने दाबून गुदाचे आकुंचन हा मूलबंध.

'अपाने ऊर्ध्वगे जाते प्रयाते वन्हिमण्डलम् ।
समष्टिरूप (सर्वेश्वरी) महाशक्ति के व्यापार—कार्य से ही (संकोच और प्रसरण से ही) जगत् का सृजन और संहार होता है, इसमें संदेह नहीं है (कि योगी इस मूल शक्ति का ध्यान कर जगत् की सृष्टि और संहार कर सकता है)। यही कारण है कि मूलाधार में स्थित यह महेश्वरी शक्ति ही मूल शक्ति है। प्रायः सभी सिद्ध, यही कारण है कि मूलाधारशक्ति—कुण्डलिनी को जगाने में तत्पर रहते हैं ॥ २० ॥

तरङ्गितस्वभावं जीवात्मानं वृथाभ्रमन्तमपि स्वप्रकाश मध्ये स्वस्वरूपतया सदा धारयितुं समर्था या सा कुण्डलिनी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मध्याशक्तिर्गीयते स्थूलसूक्ष्मरूपेण महासिद्धानां प्रतीयत इति निश्चयः ॥ २१ ॥

मध्या शक्ति (कुण्डलिनी) का वर्णन किया जाता है। यह कुण्डलिनी चिद्रूप होने से जीवात्मा का वास्तविक स्वरूप है। अविद्यावश संसार-बन्धन में विषयादि मृगतृष्णा में आसक्त जीवात्मा को यह मध्या शक्ति अपने चिद्रूप स्वप्रकाश में धारण करने में सदा समर्थ है। यह कुण्डलिनी स्थूल और सूक्ष्म—दो प्रकार की कही गयी है। इसकी महासिद्ध योगियोंको ही अच्छी तरह जानकारी रहती है, इसमें रञ्चमात्र भी सन्देह नहीं है ॥ २१ ॥

विशेष—महासिद्ध योगियों को यह कुण्डलिनी मूलाधार में सूक्ष्मरूपिणी और मणिपूर चक्र में स्थूल प्रतीत होती है।

स्थूल-सूक्ष्म कुण्डलिनी

स्थूलेति निखिलग्राह्याधारविग्राह्य स्वरूपापि पदार्थान्तरे भ्रास्यमाणा चिद्रूपा या वर्तते सा कुण्डलिनी साकारास्थूला· पुनस्त्वियमेव स्वप्रसारचातुर्यतया वर्तमाना योगिनां परमानन्द· तया कुण्डलिनी या निश्चयभूता वर्तते सा सूक्ष्मा निराकारा प्रबुद्धा महासिद्धानां मते प्रसिद्धा ॥ २२ ॥

यद्यपि मूलाधार में स्थित कुण्डलिनी योगसिद्ध पुरुषों के अतिरिक्त संसार में विषयासक्त बँधे जीवमात्र के लिये सूक्ष्म (अज्ञात) है तथापि यह शब्दात्मक स्थूल जगत् की सृष्टि करने के कारण साकार—स्थूल कही जाती है। वह रूपादि विषयों में भ्रमण—संचार करती रहती है, यही निज विस्तार-कौशल से नाभिस्थान—मणिपूर चक्र में अपने उपर्युक्त विषयसम्बन्धों को छोड़ कर अपने चैतन्यस्वरूप से योगियों को अपने आनन्ददायक व्यापक अखण्ड आत्मा का निश्चय कराती है। जागने पर यह सूक्ष्म रूप से, निराकार और सर्वत्र व्यापक रहती है। योगनिपुण महासिद्ध ही इस बात को अच्छी तरह जानते हैं ॥ २२ ॥

विशेष—जो योगसाधक कुण्डली को संचालित कर लेता है, वह सिद्धियों को प्राप्त कर लेता है और मृत्यु को वश में कर अपने अखण्ड परमानन्द स्वरूप में लीन हो जाता है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नियंत्रण हो जाने से आत्मजगत् पर साधक का अधिकार हो जाता है। यह आत्मविजय महर्षियों की दृष्टि में विश्वविजय से भी अधिक महत्वपूर्ण है।

कुण्डलिनी शक्ति एक ही है तथापि स्थान एवं सूक्ष्म-स्थूलादि भेद से विभिन्न नामों से जानी जा सकती है, यथा—अधः, मध्य, एवं ऊर्ध्व कुण्डलिनी, स्थूल एवं सूक्ष्म कुण्डलिनी, प्रबुद्ध एवं अप्रबुद्ध कुण्डलिनी आदि। अप्रबुद्ध कुण्डलिनी का निवास मूलाधार में है। मूलाधार चक्र की स्थिति रीढ़ की हड्डी के सबसे निचले छोर से बतायी गयी है। गुदा से दो अंगुल ऊपर तथा लिंग से दो अंगुल नीचे चार अंगुल चौड़ा चतुर्दल आधारपद्म है। उसके मध्य त्रिकोणाकार योनि है, इसे कामपीठ या कामाख्या योनि भी कहते हैं। इस योनि में सुषुम्ना-द्वार के सम्मुख स्वयंभू महालिंग है। इस स्वयंभू लिंग के साढ़े तीन कुण्डल मार कर कुण्डलिनी शक्ति सोई पड़ी है। इस सुषुप्तावस्था में भी वह शरीर—धारणा का कार्य करती है। स्वभाव से चेतन होते हुए भी यह अप्रबुद्ध एवं अधोमुखी कुण्डलिनी संसारी पुरुषों के लिये नाना प्रकार के शोक-मोहादि प्रपंचों का सम्पादन करती हुई बन्धन का हेतु है। वही शक्ति जागृत एवं ऊर्ध्वमुखी होने पर जब सहस्रदल तक संचरण करने लगती है, तो जन्म-मरणविषयक समस्त दुःखों को दूर करने में समर्थ होती है। इसके उत्थान के लिये प्राणायाम द्वारा अपानवायु के निकुंचन तथा ध्यानादि की यौगिक क्रियायें अपेक्षित हैं। जीवात्मा प्राणवायु के अधीन है, प्राण-अपान अपने चंचल स्वभाव के नाते मूलाधार से लेकर ऊपर मुख-नासिका-छिद्रपर्यन्त संचरित होते रहते हैं, जब तक इन पर नियंत्रण नहीं होता, तब तक हृत्कमल में ध्यान की प्रक्रिया सम्भव नहीं होती—

> प्राणापानवशो जीवो ह्यधश्चोर्ध्वं च धावति।
> वामदक्षिणमार्गेण चंचलत्वान्न दृश्यते॥
> (गोरक्षपद्धति श्लोक—३८)

ऊपर से आज्ञाचक्रगत प्राणवायु नीचे मूलाधारस्थित अपान वायु तथा मूलाधारगत अपानवायु आज्ञाचक्रस्थ प्राणवायु को परस्पर आकर्षित करती रहती हैं। प्राणायाम-क्रम में आसनादि के दृढ़ हो जाने पर योगाभ्यासी पुरुष प्राण और अपान का परस्पर संयोग करता है। मणिपूर की कर्णिका में अष्टधावेष्टित कुण्डलिनी शक्ति ब्रह्मरन्ध्र-मार्ग को अवरुद्ध कर सोई पड़ी रहती है। प्राणवायु के उत्तेजित होने से प्रबुद्ध होकर वह मन एवं प्राणवायु के सहित सुषुम्ना की मध्य-वर्तिनी ब्रह्मनाड़ी से ऊर्ध्वगामी होती है। इस अवसर पर शक्तिचालनी मुद्रा, महामुद्रा, खेचरीमुद्रा तथा जालन्धर, उड्डीयान, मूलबन्धादि के अभ्यास की

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आवश्यकता है। इनके सम्यक् अभ्यास से कुण्डलिनी शक्ति सहज ही सुषुम्नाद्वार को छोड़ देती है। अतः प्राणवायु स्वतः सुषुम्ना में प्रवेश पाने लगती है। कुण्डलिनी-जागरण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए गोरक्षसंहिता में कहा गया है—चित्त को मणिपूर-चक्र में लगाकर अपान-द्वार को संकुचित-विस्तृत करता हुआ योगी साधक नीचे की गति को रोककर ऊपर की ओर खींचे, जिससे वह मन और प्राण से संयुक्त हो जाय, फिर उस ऐक्य में अग्नि के समान दहकते हुए ज्योतिरूप का ध्यान करे, जिससे वह ज्योति मणिपूर-चक्र का वेधन कर हृदयपद्मस्थित अनाहत चक्र में पहुँचती है और अभ्यास की सिद्धि होने पर अनाहत चक्र को भी पार करती हुई वह शक्ति ब्रह्मरन्ध्र तक जा पहुँचती है और फिर शरीर छोड़ने के समय ब्रह्मरन्ध्र को भी त्याग कर परमशून्यस्वरूप महेश्वर ब्रह्म में जाकर लय को प्राप्त हो जाती है।

नाभौ संयम्य पवनगतिमधो रोधयन्संप्रयत्नादा-
कुंच्यापानमूलं हुतवहसदृशं तन्तुवत्सूक्ष्मरूपम्।
तद्बध्वा हृत्सरोजेतदनुदलएके तालुके ब्रह्मरन्ध्रे
भित्वाते यान्ति शून्यं पविशति गगने यत्र देवो महेशः॥
(गोरक्षसंहिता श्लोक ७८)

प्राणापान का संयोगकर जाग्रत कुण्डलिनी को सहस्रदल में पहुँचा देना ऊर्ध्वशक्तिपात कहलाता है। सभी पदार्थों से ऊपर नाम-रूपादि से रहित अद्वैत रूप परमपद ही ऊर्ध्व संकेत से प्रसिद्ध है। उस परब्रह्म के अखण्ड स्वरूप का तथा आत्मस्वरूप का उस अद्भुत चैतन्य से साक्षात्कार कराने में तत्पर होने वाली शक्ति ही ऊर्ध्वशक्ति के नाम से सम्बोधित की जाती है। प्राण-अपान की एकता एवं मुद्रा-बन्धादि के सिद्ध हो जाने पर ऊर्ध्वगामी कुण्डलिनी सुषुम्ना-मार्ग से ब्रह्मा-विष्णु और रुद्रग्रन्थियों का भेदन करती हुई पिण्डस्थ सभी चक्रों का विकास कर देती है। सहस्रदल में कुण्डलिनी के पहुँचने पर प्राण, इन्द्रिय और मन केसमस्त व्यापार रुक जाते हैं। प्रकाश और अन्धकार, गति और विराम, व्यावहारिक और पारमार्थिक का भेद लुप्त हो जाता है। मोक्ष-स्थान ब्रह्मरन्ध्र में पहुँच कर कुण्डलिनी-शक्ति परमात्मा शिव से पूर्णतः तादात्म्य स्थापित कर अपनी उच्चतम और सर्वाधिक गौरवशाली आत्माभिव्यक्ति और आत्मसुख प्रकट करती है। मूलाधार-चक्र से उत्थित कुण्डलिनी शक्ति की उसके प्रियतम 'शिव' से आनन्दमय पुनर्मिलन की पवित्र यात्रा यहाँ पर पहुँचकर अपना ध्येय प्राप्त कर लेती है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्राणवायोरभ्यासी रेचकपूरककुम्भकभेदभिन्नप्राणायामानुष्ठानरूपस्तस्मिंस्तत्परा अवहिता अभूवन्नासन् । तस्मात्पवनमभ्यसेत्प्राणमभ्यसेत् ॥ ३९ ॥

अब प्राणायामके अवश्य अभ्यास और सर्वोत्तमोंके कर्त्तव्य और फलका वर्णन करते हैं कि, ब्रह्मा आदि देवताभी अन्तकके भयसे अर्थात् काल जीतनेके लिये प्राणवायुके अभ्यासमें तत्पर हुए अर्थात् रेचक, कुम्भक, पूरक भेदोंसे भिन्न २ जो प्राणायाम उनके करनेमें सावधान रहे तिससे प्राणायामके अभ्यासको अवश्य करे ॥ ३९ ॥

यावद्बद्धो मरुद्देहे यावच्चित्तं निराकुलम् ॥
यावद्दृष्टिर्भ्रुवोर्मध्ये तावत्कालभयं कुतः ॥ ४० ॥

यावदिति ॥ यावद्यावत्कालपर्यन्तं मरुत्प्राणानिलो देहे शरीरे बद्धः श्वासोच्छ्वासक्रियाशून्यः। यावच्चित्तमन्तःकरणं निराकुलमविक्षिप्तं समाहितम् । यावद् भ्रुवोर्मध्ये दृष्टिरन्तःकरणवृत्तिः । दृष्टिरत्र ज्ञानसामान्यार्थः । तावत्तावत्कालपर्यन्तं कलयतीति कालोऽन्तकस्तस्माद्भयं कुतः । न कुतोऽपीत्यर्थः । तथा च वक्ष्यति–' खाद्यते न च कालेन बाध्यते न च कर्मणा । साध्यते न स केनापि योगी युक्तः समाधिना ॥ ' इति । स्वाधीनो भवतीत्यर्थः ॥ ४० ॥

यावत्कालपर्यन्त प्राणवायु शरीरमें बद्ध है अर्थात् श्वास और उच्छ्वास क्रियासे शून्य है और इतने अन्तःकरण निराकुल अर्थात् विक्षेपरहित वा सावधान है और इतने भ्रुकुटियोंके मध्यमें अन्तःकरणकी वृत्ति है तावत्कालपर्यन्त कालसे भय किसी प्रकार नहीं होसकता है अर्थात् योगी स्वाधीन होजाता है सोई आगे कहेंगे कि, उस योगीको कोई खा नहीं सकता न कोई कर्म बांध सकता न कोई उसे साधसकता जो योगी समाधिसे युक्त है ॥ ४० ॥

विधिवत्प्राणसंयामैर्नाडीचक्रे विशोधिते ॥
सुषुम्नावदनं भित्त्वा सुखाद्विशति मारुतः ॥ ४१ ॥

विधिवदिति ॥ विधिवत्प्राणसंयामैरासनजालन्धरबन्धादिविधियुक्तप्राणायामैर्नाडीचक्रं नाडीनां चक्रं समूहस्तस्मिन्विशोधिते निर्मले सति मारुतो वायुः सुषुम्ना इडापिंगलयोर्मध्यस्था नाडी तस्या वदनं मुखं भित्त्वा सुखादनायासाद्विशति । सुषुम्नान्तरिति शेषः ॥ ४१ ॥

विधिपूर्वक अर्थात् आसन जालन्धरबन्ध आदि पूर्वक किये हुए प्राणायामोंसे नाडियोंके समूहके भलीप्रकार शोधन हुएपर प्राणवायु इडा और पिंगलाके मध्यमें वर्तमान सुषुम्नानाडीके मुखको भली प्रकार भेदन करके सुषुम्नाके मुखमें सुखसे प्रविष्ट होजाता है ॥ ४१ ॥

मारुते मध्यसञ्चारे मनःस्थैर्यं प्रजायते ॥
यो मनःसुस्थिरीभावः सैवावस्था मनोन्मनी ॥ ४२ ॥

मारुत इति ॥ मारुते प्राणवायौ मध्ये सुषुम्नामध्ये संचारः सम्यक्चरणं गमनं मूर्धपर्यन्तं यस्य स मध्यसञ्चारस्तस्मिन् सति मनसः स्थैर्यं ध्येयाकारवृ-

पूरकान्त इति ॥ जालंधर इत्यभिधा नाम यस्य स जालंधराभिधो बंधो बध्नाति प्राणवायुमिति बंधः कण्ठाकुञ्चनपूर्वकं चिबुकस्य हृदिस्थापनं जालंधरबंधः पूरकांते पूरकस्यांते पूरकानन्तरं झटिति कर्तव्यः । तुशब्दात्कुम्भकादावुड्डियानकस्तु कुम्भकांते कुम्भकस्यांते किंचित्कुम्भकशेषे रेचकादौ रेचकात्पूर्वं कर्तव्यः । प्रयत्नविशेषेण नाभिप्रदेशस्य पृष्ठत आकर्षणमुड्डियानबंधः ॥ ४५ ॥

अब हठसिद्धिके विषे परमहंसोंकी उस सर्वकुंभक साधारण युक्तिको तीन श्लोकोंसे कहते हैं--जो अन्यसे सिद्ध न होसके कि, पूरकप्राणायामके अंतमें जालंधर है नाम जिसका वह बंध करना अर्थात् कंठके आकुंचनको करके चिबुकको हृदयमें स्थापनरूप जालंधरबंधसे प्राणवायुका बंधन करै और तुशब्दसे कुंभककी आदिमें भी जालंधर बंध करै और कुंभकके अंतमें अर्थात् कुंभकके किंचित् शेष रहनेपर और रेचकप्राणायामकी आदिमें उड्डियानबंधको करै प्रयत्न विशेषसे नाभिप्रदेशका पीठसे जो आकर्षण उसे उड्डियानबंध कहते हैं ॥ ४५ ॥

अधस्तात्कुञ्चनेनाशु कण्ठसङ्कोचने कृते ॥
मध्ये पश्चिमतानेन स्यात्प्राणो ब्रह्मनाडिगः ॥ ४६ ॥

अधस्तादिति ॥ कण्ठस्य संकोचनं कण्ठसंकोचनं तस्मिन्कृते सति जालंधरबंधे कृते सतीत्यर्थः । आश्वव्यवहितोत्तरमेवाधस्तादधःप्रदेशादाकुंचनेनाधाराकुञ्चनेन मूलबंधेनेत्यर्थः । मध्ये नाभिप्रदेशे पश्चिमतः पृष्ठतस्तानं तानमाकर्षणं तेनोड्डियानबंधेनेत्यर्थः । उक्तरीत्या कृतेन बंधत्रयेण प्राणो वायुर्ब्रह्मनाडीं सुषुम्नां गच्छतीति ब्रह्मनाडिगः सुषुम्नानाडिगामी स्यादित्यर्थः।अत्रेदं रहस्यम् । यदि श्रीगुरुमुखाज्जिह्वाबंधः सम्यक् परिज्ञातस्तर्हि जिह्वाबंधपूर्वकेन जालंधरबंधेनैव प्राणायामः सिध्यति । वायुप्रकोपेनैवमधातुर्वपुःकृशत्वं वदनेप्रसन्नतेत्यादीनि सर्वाणि लक्षणानि जायंत इति मूलबंधोड्डियानबंधौ नोपयुक्तौ । तयोर्जिह्वाबंधपूर्वकेण जालंधरबंधेनान्यथा सिद्धत्वात् । जिह्वाबंधो न विदितश्चेदधस्यात्कुंचनेनेति श्लोकोक्तरीत्या प्राणायामाः कर्तव्याः। त्रयोऽपि बंधा गुरुमुखाज्ज्ञातव्याः। मूलबंधस्तु सम्यगज्ञातो नानारोगोत्पादकः । तथा हि । यदि मूलबंधे कृते धातुक्षयो विष्टंभोऽग्निमांद्यं नादमांद्यं गुटिकासमूहाकारमजस्येव पुरीषं स्यात्तदा मूलबंधः सम्यक् न जात इति बोध्यम् । यदि तु धातुपुष्टिः सम्यक् मलशुद्धिरग्निदीप्तिः सम्यक् नादाभिव्यक्तिश्च स्यात्तदा ज्ञेयं मूलबंधः सम्यक् जातः इति ॥ ४६ ॥

कंठका संकोचन करनेपर अर्थात् जालंधर बंध किये पीछे शीघ्रही नीचेके प्रदेशसे आकुंचन होनेसे अर्थात् आकुंचनसे मूलबंध होनेसे हुआ जो मध्यमें पश्चिमतान अर्थात् पृष्ठसे नाभिप्रदेशमें प्राणका आकर्षणरूप उड्डियानबंधसे प्राण ब्रह्मनाडीगत होजाता है । सुषुम्नानाडीमें पहुँच जाता है, यहां यह रहस्य अर्थात गोप्य वस्तु है कि, यदि गुरुमुखसे जिह्वाबंध भली प्रकार जानलिया होय तो जिह्वाबंधके करनेके अनंतरही जालंधर बंधसे प्राणा-

याम सिद्ध होता है अर्थात् वायुके प्रकोपनसेही धातुओंकी प्रसन्नता देहमें कृशता और मुखकी प्रसन्नता आदि संपूर्ण लक्षण होजाते हैं इससे मूलबंध उड्डियान बंध करनेका कुछ उपयोग नहीं और जिह्वाबंध न जाना होय तो इस श्लोकमें उक्त रीतिसे प्राणायाम करने और ये तीनों बंध गुरुमुखसे जानने योग्य हैं, क्योंकि भली प्रकार न जाना हुआ मूलबंध नानारोंगोंको पैदा करता है सोई दिखाते हैं कि, यदि मूलबंध कियेपर धातुका क्षय विष्टंभ मंदाग्नि नादकी मंदता और गुटिकाके समूहकेसा है आकार जिसका ऐसा बकरीके समान पुरीष (मल) होय तो यह जानना कि, मूलबन्ध भली प्रकार नहीं हुआ और यदि धातुओंकी पुष्टि भली प्रकार मलशुद्धि और अग्निका दीपन और भलीप्रकार नादकी प्रकटता होय तो यह जानना कि, मूलबन्ध भलीप्रकार हुआ है. भावार्थ यह है कण्ठके संकोच कियेपर नीचेके प्रदेशसे प्राणके आकुंचनसे पश्चिमतान करनेपर नाभिप्रदेशमें पुष्टसे प्राणके आकर्षणसे प्राण सुषुम्नामें पहुँच जाता है ॥ ४६ ॥

अपानमूर्ध्वमुत्थाप्य प्राणं कठादधो नयेत् ॥
योगी जराविमुक्तः सन्षोडशाब्दवयो भवेत् ॥ ४७ ॥

अपानमिति ॥ अपानमपानवायुमूर्ध्वमुत्थाप्याधाराकुञ्चनेन प्राणं प्राणवायुं कण्ठादधः अधोभागे नयेत्प्रापयेद्यः स योगी योगोऽस्यास्ति अभ्यस्यत्वेनेति योगी योगाभ्यासी जरयां वार्धक्येन विमुक्तो विशेषेण मुक्तः सन् । षोडशानामब्दानां समाहारः षोडशाब्दं षोडशाब्दं वयो यस्य स तादृशो भवेत् । यद्यपि ' पूरकान्ते तु कर्तव्यः ' इत्यादिना त्रयाणां श्लोकानामेक एवार्थः पर्यवस्यति तथापि ' पूरकान्ते तु कर्तव्यः ' इत्यनेन बन्धानां काल उक्तः । ' अधस्तात्कुञ्चनेन ' इत्यनेन बन्धानां स्वरूपमुक्तम् । ' अपानमूर्ध्वमुत्थाप्य ' इत्यनेन बन्धानां फलमुक्तमिति विशेषः । जालन्धरबन्धे मूलबन्धे च कृते नाभेरधोभाग आकर्षणाख्ये बन्ध उड्डियानबन्धो भवत्येवेत्यस्मिन् श्लोके नोक्तः । तथाचोक्तं ज्ञानेश्वरेण गीताषष्ठाध्यायव्याख्यायाम् ' मूलबन्धे जालन्धरबन्धे च कृते नाभेरधोभाग आकर्षणाख्यो बन्धः स्वयमेव भवति ' इति ॥ ४७ ॥

अपानवायुको ऊर्ध्व (ऊपर) को उठाकर आधाराकुंचनसे प्राणवायुको जो कण्ठके अधो भागमें स्थापन करै वह योगी जरासे विमुक्त होता है और षोडश वर्षका है देह जिसका ऐसा होता है. यद्यपि पूर्वोक्त तीनों श्लोकोंका अन्तमें एकही अर्थ होता है तथापि (पूरकान्ते) इस प्रथम श्लोकसे बन्धोंका समय कहा है और (अधस्तात्कुंचनेन) इस दूसरे श्लोकसे बन्धोंका स्वरूप कहा (अपानमूर्ध्वमुत्थाप्य) इस तीसरे श्लोकसे बन्धोंका फल कहा है यह विशेष जानना और जालंधरबन्ध मूलबन्ध करनेपर नाभिके भागमें आकर्षण नामका बन्ध जो उड्डियान बंध है वह स्वयंही होजाता है इससे इस श्लोकमें नहीं कहा, सोई ज्ञानेश्वरने गीतामें छठे अध्यायकी व्याख्यामें कहा है मूलबन्ध जालंधर किये पीछे आकर्षण नामका बन्ध स्वयंही होजाता है ॥ ४७ ॥

सिद्धिके लिये अनेक प्रकारके अर्थात् सूर्यभेदन आदिमे भिन्न २ प्राणायामोंको करते हैं, क्योंकि विचित्र कुंभकप्राणायामोंके अभ्याससे विचित्रही सिद्धिको प्राप्त होजाता है अर्थात् जन्म, औषधी, मंत्र, तप इनसे उत्पन्न हुई विलक्षण सिद्धि कुंभक प्राणायामोंसे होती है। सोई भागवतमें कहा है कि, उत्तम जन्म औषधी तप और मंत्र इनसे जितनी सिद्धि होती है उन सबको योगी योगसे प्राप्त होता है और अन्य कर्मोंसे योगकी गति प्राप्त नहीं होती और उस गतिकी प्राप्ति प्रत्याहार आदिकी परम्परासे समझनी ॥ ४३ ॥

अथ कुंभकभेदाः।

सूर्यभेदनमुज्जायी सीत्कारी शीतली तथा।
भस्त्रिका भ्रामरी मूर्च्छा प्लाविनीत्यष्टकुंभकाः ॥४४॥

अथाष्टकुंभकान्नामभिर्निर्दिशति-सूर्यभेदनमिति ॥ स्पष्टम् ॥ ४४ ॥

भाषार्थ-अब आठ कुंभक प्राणायामोंको नाम लेलेकर दिखाते हैं कि, सूर्यभेदन, उज्जायी, सीत्कारी, शीतली, भस्त्रिका, भ्रामरी, मूर्च्छा, प्लाविनी ये आठप्रकारके कुंभक-प्राणायाम जानने ॥ ४४ ॥

पूरकांते तु कर्तव्यो बंधो जालंधराभिधः॥
कुंभकांते रेचकादौ कर्तव्यस्तूड्डियानकः ॥ ४५ ॥

अथ हठसिद्धावनन्यासिद्धां पारमहंसीं सर्वकुंभकसाधारणयुक्तिमाह त्रिभिः ॥ पूरकांत इति ॥ जालंधर इत्यभिधा नाम यस्य स जालंधराभिधो बंधो बध्नाति प्राणवायुमिति बंधः कंठाकुंचनपूर्वकं चिबुकस्य हृदि स्थापनं जालंधरबंधः पूरकांते पूरकस्यांते पूरकानंतरं झटिति कर्तव्यः। तुशब्दात्कुंभकादावुड्डियानकस्तु कुंभकांते कुंभकस्यांते किंचित्कुंभकशेषे रेचकस्यादौ रेचकादौ रेचकात्पूर्वं कर्तव्यः। प्रयत्नविशेषेण नाभिप्रदेशस्य पृष्ठत आकर्षणमुड्डियानबंधः ॥ ४५ ॥

भाषार्थ-अब हठसिद्धिकेविषे परमहंसोंकी उस सर्वकुम्भक साधारण युक्तिको तीन श्लोकोंसे कहते हैं जो अन्यसे सिद्ध न होसके कि, पूरकप्राणायामके अंतमें जालंधरहै नाम जिसका वह बंध करना अर्थात् कंठके आकुंचनको करके चिबुकको हृदयमें स्थापनरूप जालंधरबंधसे प्राणवायुका बंधन करे और तुशब्दसे कुंभककी आदिमें भी जालंधर बंध करे और कुंभकके अंतमें अर्थात् कुंभकके किंचित् शेष रहनेपर और रेचकप्राणायामकी आदिमें उड्डियान बंधको करे प्रयत्न विशेषसे नाभिप्रदेशका पीठसे जो आकर्षण उसे उड्डियानबंध कहते हैं ॥ ४५ ॥

अधस्तात्कुंचनेनाशु कंठसंकोचने कृते ॥
मध्ये पश्चिमतानेन स्यात्प्राणो ब्रह्मनाडिगः ॥ ४६ ॥

अधस्तादिति ॥ कंठस्य संकोचनं कंठसंकोचनं तस्मिन्कृते सति जालंधरबंधे कृते सतीत्यर्थः । आश्वव्यवहितोत्तरमेवाधस्तादधःप्रदेशादाकुंचनेनाधाराकुंचनेन मूलबंधेनेत्यर्थः । मध्ये नाभिप्रदेशे पश्चिमतः पृष्ठतस्तानं ताननमाकर्षणं तेनोड्डियानबंधेनेत्यर्थः । उक्तरीत्या कृतेन बंधत्रयेण प्राणो वायुर्ब्रह्मनाडीं सुषुम्नां गच्छतीति ब्रह्मनाडिगः सुषुम्नानाडिगामी स्यादित्यर्थः अत्रेदं रहस्यम् । यदि श्रीगुरुमुखाज्जिह्वाबंधः सम्यक् परिज्ञातस्तर्हि जिह्वाबंधपूर्वकेन जालंधरबंधेनैव प्राणायामः सिध्यति । वायुप्रकोपेनैवमधातुवपुःकृशत्वं वदने प्रसन्नतेत्यादीनि सर्वाणि लक्षणानि जायंत इति मूलबंधोड्डियानबंधौ नोपयुक्तौ । तयोर्जिह्वाबंधपूर्वकेण जालंधरबंधेनान्यथा सिद्धत्वात् । जिह्वाबंधो न विदितश्चेदधस्तात्कुंचनेनेति श्लोकोक्तरीत्या प्राणायामाः कर्तव्याः । त्रयोऽपि बंधा गुरुमुखाज्ज्ञातव्याः । मूलबंधस्तु सम्यगज्ञातो नानारोगोत्पादकः । तथा हि । यदि मूलबंधे कृते धातुक्षयो विष्टंभोऽग्निमांद्यं नादमांद्यं गुटिकासमूहाकारमजस्येव पुरीषं स्यात्तदा मूलबंधः सम्यक् न ज्ञात इति बोध्यम् । यदि तु धातुपुष्टिः सम्यक् मलशुद्धिरग्निदीप्तिः सम्यक् नादाभिव्यक्तिश्च स्यात्तदा ज्ञेयं मूलबंधः सम्यक् जातः इति ॥ ४६ ॥

भाषार्थ-कंठका संकोचन करनेपर अर्थात् जालंधर बंध किये पीछे शीघ्रही नीचेके प्रदेशसे आकुंचन होनेसे अर्थात् आकुंचनसे मूलबंध होनेसे हुआ जो मध्यमें पश्चिमतान अर्थात् पृष्ठसे नाभिप्रदेशमें प्राणका आकर्षण रूप उड्डियान बंधसे प्राण ब्रह्मनाडीगत होजाता है । सुषुम्ना नाडीमें पहुँच जाता है, यहां यह रहस्य अर्थात् गोप्य वस्तु है कि, यदि गुरुमुखसे जिह्वाबंध भलीप्रकार जानलिया होय तो जिह्वाबंधके करनेके अनंतरही जालंधर बंधसे प्राणायाम सिद्ध होता है अर्थात् वायुके प्रकोपनसेही धातुओंकी प्रसन्नता देहमें कृशता और मुखकी प्रसन्नता आदि संपूर्ण लक्षण होजाते हैं इससे मूलबंध उड्डियान बन्ध करनेका कुछ उपयोग नहीं और जिह्वाबन्ध न जाना होय तो इस श्लोकमें उक्त रीतिसे प्राणायाम करने और ये तीनों बन्ध गुरुमुखसे जानने योग्य हैं, क्योंकि भलीप्रकार न जाना हुआ मूलबंध नानारोगोंको पैदा करता है सोई दिखाते हैं कि, यदि मूलबंध कियेपर धातुका क्षय विष्टंभ मंदाग्नि नादकी मंदता और गुटिकाके समूहकेसा है आकार

जिसका ऐसा बकरीके समान पुरीष (मल) होय तो यह जानना कि, मूलबंध भली-प्रकार नहीं हुआ और यदि धातुओंकी पुष्टि भलीप्रकार मलशुद्धि और अग्निका दीपन और भलीप्रकार नादकी प्रकटता होय तो यह जानना कि, मूलबन्ध भलीप्रकार हुआ है. भावार्थ यह है कण्ठके संकोच कियेपर नीचेके प्रदेशसे प्राणके आकुंचनसे पश्चिमतान करनेपर नाभिप्रदेशमें पृष्ठसे प्राणके आकर्षणसे प्राण सुषुम्नामें पहुँच जाता है ॥४६॥

अपानमूर्ध्वमुत्थाप्य प्राणं कंठादधो नयेत् ।
योगी जराविमुक्तः सन्षोडशाब्दवयो भवेत् ॥ ४७ ॥

अपानमिति ॥ अपानमपानवायुमूर्ध्वमुत्थाप्याधाराकुंचनेन प्राणं प्राणवायुं कंठादधःअधोभागे नयेत्प्रापयद्यः स योगी योगोऽस्यास्तिअभ्य-स्यत्वेनेति योगी योगाभ्यासी जरया वार्धक्येन विमुक्तो विशेषेण मुक्तः सन् । षोडशानामब्दानां समाहारःषोडशाब्दं षोडशाब्दं वयो यस्य स तादृशो भवेत् । यद्यपि 'पूरकांते तु कर्तव्यः' इत्यादिना त्रयाणां श्लोकानामेक एवार्थःपर्यवस्यति तथापि 'पूरकांते तु कर्तव्यः ' इत्यनेन बंधानां काल उक्तः । 'अधस्तात्कुंचनेन' इत्यनेन बधानां स्वरूपमु-क्तम् । 'अपानमूर्ध्वमुत्थाप्य' इत्यनेन बंधानां फलमुक्तमिति विशेषः । जालंधरबंधे मूलबंधे च कृते नाभेरधोभाग आकर्षणाख्यो बंध उड्डिया-नबंधो भवत्येवेत्यस्मिञ्श्लोके नोक्तः । तथाचोक्तं ज्ञानेश्वरेण गीताषष्ठा-ध्यायव्याख्यायाम् । 'मूलबंधे जालंधरबंधे च कृते नाभेरधोभाग आक-र्षणाख्यो बंधः स्वयमेव भवति ॥ ४७ ॥

भाषार्थ-अपानवायुको ऊर्ध्व (ऊपर) को उठाकर आधाराकुंचनसे प्राणवायुको जो कंठके अधोभागमें स्थापन करै वह योगी जरासे विमुक्त होताहै और षोडश वर्षका है देह जिसका ऐसा होता है. यद्यपि पूर्वोक्त तीनों श्लोकोंका अंतमें एकही अर्थ होता है तथापि (पूरकान्ते) इस प्रथम श्लोकसे बन्धोंका समय कहा है और (अधस्तात्कुंचनेन) इस दूसरे श्लोकसे बन्धोंका स्वरूप कहा (अपानमूर्ध्वमुत्थाप्य) इस तीसरे श्लोकसे बन्धोंका फल कहा है यह विशेष जानना और जालंधरबंध और मूलबंध करनेपर नाभिके भागमें आकर्षण नामका बन्ध जो उड्डियान बंध है वह स्वयंही होजाता है इससे इस श्लोकमें नहीं कहा, सोई ज्ञानेश्वरने गीतामें छठे अध्यायकी व्याख्यामें कहा है मूलबन्ध जालंधरकिये पीछे आकर्षण नामका बन्ध स्वयंही होजाता है ॥ ४७ ॥

ज्ञान, अमृत और आनन्द प्रदान करने के लिये अभ्युत्थान करें। मेरी विषय-वासना का अंधकार हरण कर लें।

ऐसा संकल्प करके 'हुं' इस मन्त्र से कुण्डलिनी को जगाना चाहिये। तत्पश्चात् पवन-दहन, कुम्भक और पूरक के योग से मोक्ष द्वार का उद्‌घाटन करना चाहिये अर्थात् मूलाधार को कुम्भक की अग्नि से प्रदीप्त करके हूं-हूं इस शब्द-संकेत से कुण्डलिनी को चलित करना चाहिये।

सुषमन गली भली सौदामिनी। पति के महल चली कुल भामिनि॥

यहाँ कहते हैं कि कुलभामिनी (अर्थात् कुण्डलिनी) अपने पति के महल (अर्थात् सहस्रार चक्र की ओर) चली। किस रास्ते से चली? तो कहते हैं कि सुषुमना-गली में होकर चली, सुषुम्णा नाड़ी से होकर चली। कैसी गली है? ऐसी जिसमें सौदामिनी का प्रकाश है।

छत्तीसन की बनी हवेली। छह मंजिल बारी अलबेली।

सम्पूर्ण विराट् छत्तीस तत्वों से ही बना है। शिव के बिना शक्ति नहीं रह सकती और शक्ति के बिना शिव नहीं रह सकते।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्रीगुरु-चक्र के उपर्युक्त वर्णन से यह स्पष्ट है कि—'कुण्डलिनी' महा-शक्ति श्री-गुरु-शक्तचम्बा का ही रूप है'। चारों सन्ध्याओं में इस महा-शक्ति को मूलाधार, मणिपुर से जगाकर श्रीगुरु-देव के वामाङ्ग में ले जाना ही साधना की अन्तिम सीढ़ी है।

'मूलाधार-चक्र' में काम-वीज 'क्लीं' अवस्थित है, जो स्वयम्भू-लिङ्ग का आधार है अर्थात् जिस पर स्वयम्भू-लिङ्ग प्रतिष्ठित है, वह अग्नि-रूप है।

'प्राण'-वायु (नाक से हम जो साँस लेते हैं) और 'अपान'-वायु (गुदा में रहने-वाली वायु) जब 'मूलाधार-चक्र' में कुम्भक द्वारा भावना-पूर्वक मिलाई जाती हैं, तो इनके वेग से 'क्लीं' बीज में निहित कामाग्नि भड़क उठती है। इस अग्नि से तप-कर मूलाधार में सोई हुई 'कुण्डलिनी' महा-शक्ति जगकर ऐसे सीधी हो जाती है, जैसे डण्डे से प्रताड़ित नागिन कुण्डली छोड़कर झटके से सीधी हो जाती है।

'मणिपुर-चक्र' (नाभि) में भी इसी प्रकार कुण्डलिनी के स्फुरण को देखने का अभ्यास किया जाता है। पूर्ण अभ्यास-क्रम इस प्रकार है—

१. 'प्राण'-वायु को खींच कर भावना द्वारा मूलाधार-चक्र में ले जाय।
२. इस समय ठोढ़ी को छाती से लगाकर, गले की सब नाड़ियों के मुँह बन्द कर 'जालन्धर-बन्ध' लगाए।

३. साथ ही पेट को भीतर खींचकर, पीठ से उसे सटाकर 'उड्डियान बन्ध' लगाए और 'गुदा' को ऊपर की ओर संकुचित कर 'मूल-बन्ध' लगाए।
४. तब मूलाधार-चक्र में चतुर्दल के बीच 'क्लीं'-बीज से अग्नि की उठती हुई लपटें देखे।
५. फिर 'कुण्डलिनी' को सीधी रेखा के समान, 'सुषुम्णा' में सीधे ऊपर चढ़कर, 'श्रीगुरु-चक्र' में उसका पहुँचना देखे और श्री गुरु-शक्तचम्बा माँ के रूप में बदल-कर उसे श्रीगुरुदेव के वाम-अङ्ग में विराजती हुई देखे।

अन्त में श्वास बाहर निकालते हुए, उसे वापिस नीचे आती हुई 'कुण्डलिनी' के आकार में 'स्वयम्भू-लिङ्ग' से लिपटती हुई देखे। श्वास बाहर निकालते समय, जालन्धर-बन्ध, उड्डियान-बन्ध और मूल-बन्ध—तीनों को धीरे-धीरे खोलता जाए। यह ध्यान रहे कि श्वास एकदम झटके से बाहर न निकले।

ऐसा करने के लिए पहले बाँएँ स्वर से 'प्राण'-वायु को खींचना चाहिए। उसे मूलाधार में रोककर क्रम-संख्या २, ३, ४, ५ के अनुसार देखना चाहिए। फिर दाहिने स्वर से धीरे-धीरे श्वास छोड़नी चाहिए। इसके बाद दाहिने स्वर से साँस खींचे और पूर्वोक्त विधि से सब काम करके बाँयें से उसे बाहर निकाले। तीसरी बार पुनः बाँयें से श्वास खींचे और सब काम करके दाहिने से उसे निकाले।

ऐसा ६ बार करके, थोड़ा विश्राम करे। इस ध्यान में जो पसीना आये, उसे शरीर में ही रगड़ लेना चाहिए। पसीना योग का तेज है।

६ बार मूलाधार-चक्र में ध्यान करने के बाद, ६ बार मणिपुर-चक्र में ध्यान करे—

१. 'प्राण'-वायु को खींच कर भावना द्वारा मणिपुर-चक्र में ले जाय।
२. पहले की तरह जालन्धर-बन्ध, उड्डियान-बन्ध और मूल-बन्ध लगाए।
३. तब मणिपुर-चक्र में दश-दल के बीच एक त्रिकोण के मध्य 'रं'-बीज से अग्नि की उठती हुई लपटें देखे। कुण्डलिनी (जो यहाँ पाँच फेरे देकर सुप्तावस्था में है) का जगना देखे। फिर सीधे गुरु-चक्र में पहुँचकर श्रीगुरु-शक्तचम्बा के रूप में उसे बदलते हुए देखे। अन्त में श्वास निकालते हुए मूल-बन्ध खोलते हुए देखे कि वह फिर वापिस नीचे उतर कर, मणिपुर में उसी त्रिकोण के मध्य में 'रं' बीज पर पाँच घेरों में कुण्डली मारकर लेट गई है।

सहित २

प्राणायामस्त्रिधाप्रोक्तोरेचपूरककुंभकैः॥सहितःकेवलश्चेतिकुंभकोद्विविधोमतः ७६ रेच
नंपूरणंकुर्यात्सवैकेवलकुंभकः॥सतुकेवलकुंभस्तुरेचपूरकवर्जितः ७७ यावत्केवलसि
द्धिःस्यात्सहितंतावदभ्यसेत्॥रेचकंपूरकंत्यक्त्वासुखंयद्वायुधारणं ७८ प्राणायामोयमित्यु
क्तःसतुकेवलकुंभकः॥कुंभकेकेवलेसिद्धेरेचपूरकवर्जिते ७९ नतस्यदुर्लभंकिंचित्त्रिषु
लोकेषुविद्यते॥शक्तःकेवलकुंभेनयथेष्टंवायुधारणं ८० राजयोगपदंचैवलभतेनात्रसंश
यः॥हठंविनाराजयोगोराजयोगंविनाहठः ८१ नसिध्यतिततोयुग्ममानिष्पत्तेःसमभ्यसेत्
कुंभकैःप्राणरोधांतेकुर्याच्चित्तंनिरामयं ८२ एवमभ्यासयोगेनराजयोगपदंव्रजेत्॥कुंभकात्कुं
डलीबोधःकुंडलीबोधतोभवेत् ८३ अंतर्गतासुषुम्णाचहठसिद्धिश्चजायते॥आहारंक्षीय
तेयोगीकल्पक्षेयभाराशी ८४ शुक्लपक्षेयथाचंद्रस्तथाभ्यासोमृतोपमं॥वपुःकृशत्वंवदनेप्रस
न्नतानादस्फुटत्वंनयनेसुनिर्मले॥आरोग्यताबिंदुजयोग्निदीपनंनाडीविशुद्धिर्हठयोगलक्षणं
८५ इतिश्रीस्वात्मारामयोगींद्रविरचितायांहठप्रदीपिकायांषट्कर्मसाधनंनामद्वितीयोपदेशः २
सशैलवनधात्रीणांयथाधारोऽहिनायकः॥सर्वेषांयोगतंत्राणांतथाधारोहिकुंडली १ सुप्ता
गुरुप्रसादेनयदाजागर्तिकुंडली॥तदासर्वाणिपद्मानिभिद्यंतेग्रंथयोपिच २ प्राणस्यशून्यपद

CC-0. In Public Domain.Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

चित्तं थाराजपथायते॥ तथा चित्तं निरालंबं तथा कालस्य वंचनं ३ शून्यपदवी निरं॥ सुषुम्णा शू
न्यपदवी ब्रह्मरंध्रं महापथः॥ स्मशानं शांभवी मध्यमार्गश्चेत्येकवाचकः ३ तस्मात्सर्वप्रय
त्नेन प्रबोधयितुमीश्वरी ब्रह्मद्वारमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत् ५ महामुद्रा महाबंधो महा
वेधश्च खेचरी॥ उड्डीयाणं मूलबंधो बंधो जालंधराभिदः॥६॥ करणी विपरीताख्या वज्रोली
शक्तिचालनं॥ इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशनं॥ ७॥ आदिनाथोदितं दिव्यमष्टैश्वर्यप्र
दायकं॥ वल्लभं सर्वसिद्धानां दुर्लभं मरुतामपि॥ ८॥ गोपनीयं प्रयत्नेन यथा रत्नकरंडकं॥
कस्यापि नैव वक्तव्यं कुलस्त्रीसुरतं यथा॥ ९॥ वज्रोलीरमरोलीच सहजोली त्रिधा मता॥
एतेषां लक्षणं लक्ष्ये कर्तव्यं च विशेषतः॥१०॥ अथ महामुद्रा॥ पादमूलेन वामेन योनिं सं
पीड्य दक्षिणं॥ प्रसारितं पदं कृत्वा कराभ्यां धारयेद् दृढं॥ ११॥ कंठे बंधं समारोप्य धारयेद्वा
युमूर्ध्वतः॥ यथा दंडाहतः सर्पो दंडाकारः प्रजायते॥ १२॥ ऋज्वीभूता तथा शक्तिः कुंड
ली सहसा भवेत्॥ तदा सा मरणावस्था जायते द्विपुटाश्रिता॥ १३॥ ततः शनैः शनै

15

रे न रेच्चयेन तु वेगेन॥१३॥ इयं खलु महामुद्रा महासिद्धैः प्रशस्यते॥१४॥ महाक्लेशादयो दोषाः क्षी
यंते मरणादयः॥ महामुद्रां च तेनैव वदंति विबुधोत्तमाः॥१५॥ चंद्रांगे तु समभ्यस्य सूर्यां
गे पुनरभ्यसेत्॥ यावत्तुल्या भवेत्संख्या ततो मुद्रां विसर्जयेत्॥१६॥ न हि पथ्यमपथ्यं वा रसाः
सर्वेऽपि नीरसाः॥ अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमिव जीर्यते॥१७॥ क्षयकुष्ठगुदावर्तगुल्मा
जीर्णपुरोगमाः॥ तस्य दोषाः क्षयं यांति महामुद्रां च योभ्यसेत्॥१८॥ कथितेयं महामुद्रा म ॥८॥
॥८ हासिद्धिकरी नृणां॥ गोपनीया प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित्॥१९॥ अथ महाबंधः॥
पार्ष्णिं वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत्॥ वामोरूपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं तथा॥२०॥
पूरयित्वा ततो वायुं हृदये चिबुकं दृढं॥ निःपीड्य योनिमाकुंच्य मनो मध्ये नियोजयेत्॥२१॥
धारयित्वा यथाशक्ति रेचयेदनिलं शनैः॥ वामांगे प्रथमभ्यस्य दक्षांगे पुनरभ्यसेत्॥२२॥
मतमत्र तु केषांचित्कंठबंधं विवर्जयेत्॥ राजदंतस्य जिह्वाया बंधः शस्तः सदेति॥२३॥
अयं किल महाबंधो महासिद्धिप्रदायकः॥ कालपाशमहाबंधविमोचनविचक्षणः॥२४॥

CC-0. In Public Domain.Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

क्रम्य ४

अयं च सर्वनाडीनामूर्ध्वंगतिनिबोधकः ॥ त्रिवेणीसंगमं धत्ते केदारं प्रापयेन्मनः २५ रूपलावण्यसं
पन्ना यथा स्त्री पुरुषं विना ॥ महामुद्रामहाबंधौ निःफलौ वेधवर्जितौ २६ अथ महावेधः ॥ महा
बंधस्थितो योगी कृत्वा पूरकमेकधीः ॥ वायूनां गतिमावृत्य निभृतं कंठमुद्रया २७ समहस्त न्यस्त २
जंघा ४ स्फि ४ युगो भूमौ स्फिजौ संताडयेच्छनैः ॥ पुटद्वयं समाक्रम्य वायुः स्फुरति मध्यमे(तः) २८ सोमसूर्या सत्वरं ४
ग्निसंबंधो जायते चामृताय वै ॥ वलीपलितवेधघ्नः सेव्यते साधकोत्तमैः २९ बंधत्रयमहो गो
प्यं जरामरणनाशनं ॥ वह्निवृद्धिकरं चैव अणिमादिगुणप्रदं ३० मृतावस्था समुत्पन्ना ततो
वायुं विरेचयेत् ॥ महावेधोयमभ्यस्तो महासिद्धिप्रदायकः ३१ अष्टधा क्रियमाणेयं यामे या
मे दिने दिने ॥ पुण्यसंभारसंधायी पापौघभिदुरं सदा ३२ सम्यक्शिक्षावतामेवं स्वल्पं प्रथम
साधनं ॥ वह्निस्त्रीपथसेवानामादौ वर्जनमाचरेत् ३३ अथ खेचरीमुद्रा ॥ चित्तं चरति खे यस्मा
ज्जिह्वा चरति खे गता ॥ तेनैषा खेचरी नाम मुद्रा सिद्धैर्नमस्कृता ३४ छेदनचालनदोहनैः कलां
क्रमेण वर्द्धयेत्तावत् ॥ रसना याव(द्भ्रू)मध्यं स्पृशति तदा नीरवचरीसिद्धिः ३५ कपालकुहरे जि
ह्वा प्रविष्टा विपरीतगा ॥ भ्रुवोरंतर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ३६ स्नुहीपत्रनिभं शस्त्रं सु
तीक्ष्णं स्निग्धं निर्मलं ॥ समादाय ततस्तेन रोममात्रं समुच्छिनेत् ३७ ततः सैंधवपथ्याभ्यां

17

CC-0. In Public Domain.Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

९ रंगुलीताभ्यां प्रकर्षयेत्॥ पुनः सप्तदिने प्राप्ते रोममात्रं समुच्छिनेत्॥ ३८ एवं क्रमेण षण्मासं नित्य ९
युक्तः समाचरेत्॥ षण्मासाद्रसनामूलनाडीबंधो विनश्यति ३९ अथ वागीश्वरीधामशिरो
वस्त्रेण वेष्टयेत्॥ शनैरुत्कर्षयेद्योगी कालवेलाविधानवित् ४० वितस्तिप्रमितं दैर्घ्यं वि
स्तारे चतुरंगुलं॥ मृदुत्वं धवलं प्रोक्तं चैतन्नांबरलक्षणं ४१ पुनः षण्मासमात्रेण तु पुनः सं
घर्षणात्प्रिये॥ भ्रूमध्यावधि चोर्ध्वं तु तिर्यक्कर्णबिलावधि ४२ अधस्ताच्चुबुकं मूलं प्रयाति
क्रमकारिता॥ केशान्तमूर्ध्वं क्रमति तिर्यक् संख्यावधि प्रिये ४३ पुनः संवत्सरादेव ह्रियाच्चैव ती८
लीलया॥ ब्रह्मरंध्रं समावृत्य तिष्ठेत्परमेश्वरि ४४ स्वतालुमूले संघृष्य सप्तवासरमात्म
नि॥ स्वगुरूक्तप्रकारेण मलं सर्वं विशोधयेत् ४५ अंगुल्यग्रेण संघृष्य जिह्वां तत्र निवेशये
त्॥ शनैः शनैर्मस्तकाच्च महावज्रकपाटभित् ४६ एवं वीर्ययुतां विद्यां व्याख्यातामति दुर्लभां २
अस्याः षडंगं कुर्वीत तया षट्चक्रभिन्नया ४७ खे निरस्तसकलक्रियाक्रमे चित्तनश्वररति
शाश्वतोदये॥ आशिवस्य समवायकारिणी खेचरी भवति खेदहारिणी ४८ क्रमेणैव प्रकर्त
व्याऽभ्यासेन चरयाणि॥ युगपद्यत्तते तस्य शरीरं विलयं व्रजेत् ४९ तस्माच्छनैः शनैः कार्योऽभ्या

CC-0. In Public Domain.Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

सोनयुगपश्चिमे॥ एवं वर्षत्रयं कृत्वा ब्रह्मद्वारे वसेत् ध्रुवं ५० षट्चक्राणि विभिद्याथ क्लिमु
जर्गी प्रोत्सार्य मूलस्थितां भित्वा ग्रंथित्रयं च पश्चिमशिरा श्रोकाररूपं महत्॥ नीत्वाश्रा
णमतः शिरोबिलमलं निर्मथ्य विचैन तत्र लिंगं यः पिबती दुमं उल्लगमन्मुक्तः ससाक्षा
च्छिवः॥५१॥ नित्यं यस्तूर्ध्वजिव्हाग्रो पिबति पुमान् सप्तधारामृतौघं सुस्वादं शीतलांगं दु
रितभयहरं क्षुत्पिपासानिचारि॥ पिंडस्थैर्यं हि तस्माज्जवति मृतयथा मृत्युरोगाद्भवंति
दौर्भाग्यं याति नाशं प्रसरति सकलं याति चालंशिवत्वं ५२ तीक्ष्णं च हरते व्याधिं कटु कंकु
ष्टनाशनं॥ घृतस्वादूपमं चैवामरत्वं लभते ध्रुवं ५३ मधुस्वादूपमं चैव वशास्त्रमुद्भरते
बकु॥ लकुरवंडकस्वादू निपधान्नादीन्यनेकशः ५४ दिव्यं कल्पं क्रीडये नित्यं समुल्लष्टो
जायते ध्रुवं॥ तन्मयश्च भवाञ्जोति कोशकारी च कीटकः ५५ कपालकुहरे जिव्हा प्रविष्टा
विपरीतगा॥ भ्रुवोरंतर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ५६ शाकं चैव विधानेन रसीतलं सलिलं
पिबेत्॥ प्राणापानप्रयोगेन योगी भवति निर्जरः ५७ कलापराङ्मुखं कृत्वा त्रिपथे परिवर्तयेत्॥
साभवेत्खेचरीमुद्रा व्योमचक्रं तदुच्यते ५८ रसनामूर्ध्वगां कृत्वा क्षणार्धं यदि तिष्ठति॥ वि

CC-0. In Public Domain.Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

षयेर्मुच्यते योगी व्याधिमृत्युजरादिभिः ५९ न रोगो मरणं तस्य न निद्रा न क्षुधा तृषा ॥ न च मू
१० र्छा भवेत्तस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीं ६० पीड्यते न तु रोगेण लिप्यते न च कर्मणा ॥ बाध्यते न स का १०
लेन यो मुद्रां वेत्ति खेचरीं ६१ खेचर्या मुद्रितं येन विवरं लंबिकोर्ध्वतः ॥ तस्य न क्षरते बिंदुः का
मिन्यालिंगितस्य च ६२ चलितोपि यदा बिंदुः संप्राप्तो योनिमंडलं ॥ व्रजत्यूर्ध्वं हृतः शक्त्या
निबद्धो योनिमुद्रया ६३ ऊर्ध्वजिह्वः स्थिरो भूत्वा सोमपानं करोति यः ॥ मासार्द्धेन न संदेहो मृ
त्युं जयति योगवित् ६४ नित्यं सोमकलापूर्णं शरीरं यस्य योगिनः ॥ तक्षकेनापि दष्टस्य विषं
तस्य न सर्पति ६५ इंधनानि यथा वह्निस्तैलवर्तिं च दीपकः ॥ तथा सोमकलापूर्णं देही देहं
न मुंचति ६६ गोमांसं भक्षयेन्नित्यं पिबेदमरवारुणीं ॥ कुलीनं तमहं मन्ये इतरे कुलघातकाः
६७ गोशब्देनोदिता जिह्वा तत्प्रवेशो हि तालुनि ॥ गोमांसभक्षणं तत्तु महापातकनाशनं ६८
जिह्वाप्रवेशसंभूतवह्निनोत्पादितः खलु ॥ चंद्रात्स्रवति यः सारः स स्यादमरवारुणी ६९ ना
भिदेशे भवेदेष भास्करो दहनात्मकः ॥ अमृतात्मा स्थितो नित्यं तालुमूले तु चंद्रमाः ७० वर्षत्य
धोमुखश्चंद्रो ग्रसत्यूर्ध्वमुखो रविः ॥ ज्ञातव्यं करणं तस्य येन पीयूषमाप्यते ७१ ऊर्ध्वः षोडशप
त्रपद्मगलितं प्राणादवाप्तं हठादूर्ध्वास्यो रसनां नियम्य विवरे शक्तिं परां चिंतयेत् ॥ उत्कल्लोल

CC-0. In Public Domain.Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

कलाजलं च विमलं धारामृतं यः पिबेन्निर्दोषः स मृणालकोमलवपुर्योगी चिरंजीवति ७२ रसनां तालु
मूलेन यः धारां सततं पिबेत् ॥ अब्दार्द्धेन भवेत्तस्य सर्वरोगपरिक्षयः ७३ चुंबंते यदि लंबिकाग्रम
निशं जिह्वारसस्यंदिनी सक्षारा कटुकाम्लदुग्धसदृशी मध्वाज्यतुल्या तथा ॥ व्याधीनां हरणं जरांत
करणं शास्त्रागमोदीरणं स्यैत तस्यादमरत्वमष्टगुणितं सिद्धांगनाकर्षणं ७४ सुचिरंलोनजनके
दा पचस्रोतः समन्वितं ॥ तिष्ठती खेचरी मुद्रा तस्मिन्शून्ये निरंजने ७५ वज्रंमूलबिलं येन तेन वि
द्धो विदारितः ॥ अजरामरतां याति यथा पंचमुखो हरः ७६ अमृतापूर्णदेहस्य योगिनो द्वित्रिव
त्सरात् ॥ ऊर्ध्वं प्रवर्तते रेतो ह्यणिमादिगुणोद्गमात् ७७ एकं सृष्टिमयं बीजं एका मुद्रा च खेचरी
एको देवो निरालंबो ह्येकावस्था मनोन्मनी ७८ पातालयद्विराग्निस्तु षिरं मेलमूलेयदस्ति तद्द्वये
तत्त्ववदंति सुधीस्तन्मुखं निम्नगानां ॥ चंद्रात्सारः स्रवति वपुषस्तेन मृत्युर्नराणां तं बध्नीयात्सुक
रणमथो नान्यथा कार्यसिद्धिः ७९ अथ मूलबंध मुद्रा ॥ पार्ष्णिभागेन संपीड्य योनिमाकुंचयेद्गु
दं ॥ अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबंधोयमुच्यते ८० अधोगतमपानं वै चोर्ध्वगं कुरुते बलात् ॥ आकुं
चनेन तं प्राहुर्मूलबंधं च योगिनः ८१ गुदं पार्ष्ण्या तु संपीड्य वायुमाकुंचयेद्बलात् ॥ वारंवारं यथा चो
र्ध्वं समायाति समीरणः ८२ प्राणापानौ नादबिंदू मूलबंधेन चैकतां ॥ ततो योगस्य संसिद्धि कुरु

CC-0. In Public Domain.Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

११ तेनात्र संशयः ॥ ८३ ॥ अपानप्राणयोरैक्यं क्षयो मूत्रपुरीषयोः ॥ युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूल ११
बंधनात् ८४ अपाने चोर्ध्वगे जाते संप्राप्ते वन्हिमंडले ॥ तदानल(शिखादी)र्घा विवर्द्धते वायुना हता
८५ ततो यातौ वन्ह्यपानौ प्राणमुष्णस्वरूपकौ ॥ तेनात्यंतप्रदीप्तश्च ज्वलनो देहगस्तदा ८६ तेन
कुंडलिनी सुप्ता संतप्ता संप्रबुध्यते ॥ दंडाहता भुजंगीव निश्वस्य ऋजुतां व्रजेत् ८७ बिलं प्रवि
ष्टेव ततो ब्रह्मनाड्यंतरं व्रजेत् ॥ तस्मान्नित्यं मूलबंधः कर्त्तव्यो योगिभिः सदा ८८ अथोड्डिया
णबंधः ॥ बद्धो येन सुषुम्णायां प्राणस्तूड्डीयते यतः ॥ तस्मादुड्डीयणाख्योयं योगिभिः समुदाहृ
त ८९ उड्डानं कुरुते यस्मादविश्रांतो महाखगः ॥ उड्डीयाणं तदेव स्यात्तत्र बंधोभिधीयते ९० उद
रे पश्चिमं तानं नाभेरूर्ध्वं तु कारयेत् ॥ उड्डीयाणो ह्ययं बंधो मृत्युमातंगकेसरी ९१ उड्डीयाणं
तु सहजं गुरुणा कथितं सदा ॥ अभ्यसेदनिशं योगी वृद्धोऽपि तरुणो भवेत् ९२ नाभेरूर्ध्वम
धश्चापि तानं कुर्यात्प्रयत्नतः ॥ षण्मासाभ्यासयोगेन जयेन्मृत्युं न संशयः ९३ संस्थितवज्रासने पा
दौ कराभ्यां धारयेद्दृढं ॥ गुल्फदेशसमीपे च कंदं तत्र प्रपीडयेत् ९४ पश्चिमं तानमुदरे कारयेद्धृ
दये गले ॥ शनैः शनैर्यथा प्राणो नाडीसंधिं गच्छति ९५ सर्वेषामेव बंधानामुत्तमो ह्युड्डियाण

CC-0. In Public Domain.Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

कः ९६ उड्डीयाणे कृते बंधे मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत् ९६ अथ जालंधरबंधः ॥ कंठमाकुंच्य हृदये स्था
पयेच्चिबुकं दृढं ॥ बंधो जालंधराख्योयम् ताक्षयकारकः ९७ बध्नाति हि शिराजालमधोगामि नभोज
लं ॥ ततो जालंधरो बंधः कंठदुःखौघनाशकः ९८ जालंधरे कृते बंधे कंठसंकोचलक्षणे ॥ न पीयूषं प
तत्यग्नौ न च वायुः प्रधावति ९९ कंठसंकोचनेनैव द्वे नाड्यौ स्तंभयेद्दृढं ॥ मध्यचक्रमिदं ज्ञेयं षोड
शाधारबंधनं १०० बंधत्रयमिदं श्रेष्ठं महासिद्धैर्निषेवितं ॥ सर्वेषां योगतंत्राणां साधनं योगिनो
विदुः १०१ अधस्तात्कुंचनेनैव कंठसंकोचने कृते ॥ मध्ये पश्चिमतानेन स्यात्प्राणो ब्रह्मरंध्रगः २
मूलस्थानं समाकुंच्य उड्डीयाणं तु कारयेत् ॥ इडां च पिंगलां बध्वा वाहयेत्पश्चिमापथे ३ अने
नैव विधानेन प्रयाति पवनो लयं ॥ ततो न जायते मृत्युर्जरारोगादिकं तथा ४ अथ विपरीतकरणं ।
यत्किंचित्स्रवते चंद्रादमृतं दिव्यरूपिणं ॥ तत्सर्वं ग्रसते सूर्यस्तेन पिंडं विनाशनं ५ तत्रास्ति का
रणं दिव्यं सूर्यस्य मुखबंधनं ॥ गुरूपदेशतो ज्ञेयं न तु शास्त्रार्थकोटिभिः ६ ऊर्ध्वं नाभेरधस्तालो
रूर्ध्वं भानुरधः शशी ॥ करणं विपरीताख्यं गुरुवाक्येन लभ्यते ७ करणी विपरीताख्या सर्वव्याधिवि
नाशिनी ॥ नित्यमभ्यासयुक्तस्य जठराग्निविवर्द्धिनी ८ आहारो बहुलस्तस्य संपाद्यः साधकस्य तु ॥
अनीहारो यदि भवेदग्निर्दहते क्षणात् ९ अधःशिराश्चोर्ध्वपादः क्षणं स्यात्प्रथमे दिने ॥ क्षणाच्च किं

CC-0. In Public Domain.Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

खे

१२ विदधिर्मभ्यसे दिने दिने॥१० वलितं पलितं चैव षण्मासात्तु न दृश्यते॥ याममात्रं तु यो नित्यम
भ्यसेत्स तु कालजित् ११ अथ वज्रोली॥ स्वेच्छया वर्तमानोपि योगोक्तैर्नियमैर्विना॥ वज्रोलीं यो वि १२
जानाति स योगी सिद्धिभाजनं १२ तत्र वस्तुद्वयं वक्ष्ये दुर्लभं यस्य कस्यचित्॥ कर्म द्वयमिदं प्रोक्तं गु
लिना सिद्धयोगिना॥ क्षीरं चैकं द्वितीयं तु नारी च वशवर्तिनी॥ मेहनेन शनैः सम्यगूर्ध्वाकुंचनमभ
भ्यसेत् १४ यत्नतः शरजालेन फूत्कारं वज्रकंदरे॥ शनैः शनैः प्रकुर्वीत वायुसंचारकारणात् १५ पुरु
षो वाथ नारी वा वज्रोली सिद्धिमाप्नुयात्॥ नार्या भगे पतद्बिंदुमभ्यासेनोर्ध्वमाहरेत् १६ चलितं च
निजं बिंदुं च ऊर्ध्वमाकृष्य रक्षयेत्॥ एवं संरक्षयेद्बिंदुं मृत्युं जयति योगवित् १७ मरणं बिंदुपातेन जीवि
तं बिंदुधारणात्॥१८॥ सुगंधो योगिनो देहे जायते बिंदुरक्षणात्॥ यावद्बिंदुः स्थिरो देहे तावत्कालभ
यं कुतः॥१९॥ चित्तायत्तं नृणां शुक्रं शुक्रायत्तं च जीवितं॥ तस्माच्छुक्रं मनश्चैव रक्षणीयं प्रयत्नतः २० ऋ
तुमत्या रजोप्येवं निजं बिंदुं च रक्षयेत्॥ मेढ्रेणाकर्षयेदूर्ध्वं सम्यगभ्यासयोगवान् २१ अयं योगः पुण्य
वतां धन्यानां तत्त्वशालिनां॥ निर्मत्सराणां सिध्येत न तु मत्सरशालिनां २२ सहजोलिश्चामरोलिर्वज्रो
ल्या एकभेदतः॥ जले भस्म विनिक्षिप्य दग्धगोमयसंभवं॥२३॥ वज्रोलीमैथुनादूर्ध्वं स्त्रीपुंसोः स्वां
गलेपनं॥ आसीनयोः सुखेनैव मुक्तव्यापारयोः क्षणं २४ सहजोलिरियं प्रोक्ता सेव्यते योगिभिः सदा॥

CC-0. In Public Domain.Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

अयं शुभकरो योगो भोगमोक्षसुखप्रदः २५ अथ अमरोलिः॥ पित्तोल्बणत्वात्प्रथमांबु
धारां विहाय निःसारतयांत्यधारां॥ निषेव्यते शीतलमध्यधारा कापालिके खंडमतेः
समेषा २६ अमरीं यः पिबेन्नित्यं नस्यं कुर्याद्दिने दिने॥ वज्रोलीमभ्यसेन्नित्यममरोली
ति कथ्यते २७ पुंसो बिंदुं समाकुंच्य सम्यगभ्यासपाटवात्॥ अथ यदि नारी रजो रक्षेद्व
ज्रोल्या यह योगिनी २८ तस्याः किंचिद्रजो नाशं न गच्छति न संशयः॥ तस्याः शरीरे नाद
श्च बिंदुतामेव गच्छति २९ स बिंदुस्तद्रजश्चैव एकीभूय स्वदेहगौ॥ वज्रोल्याभ्यासयो
गेन सर्वसिद्धिः प्रजायते ३० अतीतानागतं वेत्ति खेचरी च भवेद् ध्रुवं॥ देहसिद्धिं च लभ
ते वज्रोल्यभ्यासयोगतः ३१ तस्मात्संसाधकानां भोगमुक्ते पि मोक्षदः॥ तस्मात्पुण्य
यतामेव योगोयं सन्मुक्तिं च्छति ३२ मेहनं कुंचनादूर्ध्वे रजसापि हि योगिनी॥ अतीताना
गतं वेत्ति खेचरी च भवेद् ध्रुवं ३३ अथ शक्तिचालनं॥ कुटिलांगी कुंडलिनी भुजंगी शक्ति
श्वरी॥ कुंडल्यरुंधती चैते शब्दाः पर्यायवाचकाः ३४ कंदोर्ध्वे कुंडली शक्तिः [illegible]
[illegible] २ एषा कुंडलाकृतिः॥ ब्रह्मद्वारमुखं नित्यं मुखेनाच्छाद्य तिष्ठति ३५ येन

25

CC-0. In Public Domain.Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

१३ मार्गेण गंतव्यं ब्रह्मस्थानं निरामयं ॥ मुखेनाछाद्य तद्द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी ३६ उद्घाटये १३
त्कपाटं तु यथा कुंचिकया हठात् ॥ कुंडलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं विभेदयेत् ३७ कंदोर्ध्वं
कुंडली शक्तिः सुप्ता मोक्षाय योगिनां ॥ बंधनाय च मूढानां यस्तां वेत्ति स योगवित् ३८ अभो
ष्विदी पशोलानामाधारः शेषकुंडली ॥ अशेषयोगतंत्राणामाधारः कुंडली तथा ३९ कुं
डली कुटिलाकारा सर्पवत्परिकीर्तिता ॥ सा शक्तिश्चालिता येन स मुक्तो नात्र संशयः ४०
गंगायमुनयोर्मध्ये बालरंडां तपस्विनीं ॥ बलात्कारेण गृण्हीयात्तद्विष्णोः परमं पदं ४१
इडा भगवती गंगा पिंगला यमुना नदी ॥ इडापिंगलयोर्मध्ये बालरंडा सरस्वती ४२ पुच्छे प्र
गृह्य भुजंगीं सुप्तामुद्बोधयेच्च तां ॥ निद्रां विहाय सा शक्ती ऊर्ध्वमुत्तिष्ठते हठात् ४३ शय्यास
नस्थस्य फणावती सा प्रातश्च सायं प्रहरार्द्धमात्रं ॥ प्रपूर्य सूर्यात्परिधानयुक्त्या प्रगृह्य नित्यं
परिचालनीया ४४ वितस्तिप्रमितं दीर्घं विस्तारे चतुरंगुलं ॥ मृदुलं धवलं प्रोक्तं वेष्टितांबरल
क्षणं ४५ वज्रासने स्थितो योगी चालयित्वा तु कुंडली ॥ सूर्यादनंतरं भस्त्री कुंडलीमाशु बोध
येत् ४६ भानोराकुंचनं कुर्यात्कुंडलीचालयेत्ततः ॥ मृत्युवक्त्रगतस्यापि तस्य मृत्युभयं कुतः ४७

CC-0. In Public Domain.Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

नासादक्षिणमार्गवाहिपवनात्प्राणोतिदीर्घीकृतस्त्वंभोभः परिपूरितामृततनुः प्राग्धूर्धिका
याः सदा॥ भिंदन्कालविशालवह्निवशाणान्त्के रंध्रनाडीगणान् तल्लोलं कुरुते पुनर्नवत
रं छिन्नद्रुमस्कंधवत्॥ ४८ कुंडलीचालयित्वातु कुर्याज्जस्त्रीविशेषतः॥ एवमभ्यसतोनित्यं
यमिनः शंकतेयमः॥ ४९ तथाभ्यसेत्स्थैपीदंडाक्रोपीचापिशीतली॥ एवमभ्यासयुक्त
स्यश्रमस्तस्यमिनः कुतः॥ ५० मुहूर्तद्वयपर्यंतंनिर्भयंचालनादसौ॥ ऊर्ध्वमाकृष्यतेकिं
८६ चित्सुषुम्णागतंकुंडली ५१ तेनकुंडलिनीतस्याः सुषुम्णायामुखंध्रुवं॥ जहातितस्मा
त्प्राणोयंसुषुम्णांव्रजतिस्वतः॥ ५२ तस्मात्संचालयेन्नित्यंशंभुगर्भामरुंधतीं॥ यस्याः
संचालनेनाशुयोगीरोगैर्विमुच्यते ५३ येनसंचालिताशक्तिः सयोगीसिद्धिभाजनं॥
किमत्रबहुनोक्तेनकालंजयतिलीलया ५४ ब्रह्मचर्यरतस्यैवंनित्यंहितमिताशिनः॥
मंडलाद्दृश्यतेसिद्धिः कुंडल्यभ्यासयोगिनः ५५ अभ्यान्निःसृतांवांझीविभ्रत्स्यात्सहमि
श्रयेत्॥ तद्धारयेदुत्तमांगेदिव्यदृष्टिप्रदायकं ५६ द्विसप्ततिसहस्राणांनाडीनांमलशो
धने॥ कुतःप्रक्षालनोपायः कुंडल्यभ्यसनादृते ५७ इतिशक्तिचालनं॥ इतिमुद्रादश

27

CC-0. In Public Domain.Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

१४ प्रोक्ताद्यादिनाथेन शंभुना ॥ करणे सर्वसिद्धीनामेकेनापि क्षमेथसा ॥ ५८ ॥ अथ राजयोगः ॥ १४
राजयोगं विना पृथ्वी राजयोगं विना निशा ॥ राजयोगं विना मुद्रा विचित्रापि न राजते ५९ मारु
ताभ्यसनं सर्वं मनोयुक्तं समाचरेत् ॥ इतरत्र न कर्तव्या मनोवृत्तिर्मनीषिणा ६० क्षीणपिम
ध्यमानाडी दृढाभ्यासेन योगिनां ॥ आसनप्राणसंयाममुद्राभिः सबला भवेत् ६१ अभ्या
सेषु विनिद्राणां मनो ६८ तं समाधिना ॥ रुद्राणी वा परा मुद्रा भद्रां सिद्धिं प्रयच्छति ६२ उप
देशो हि मुद्राणां यो दत्ते सांप्रदायिकः ॥ स एव श्रीगुरुः स्वामी साक्षादीश्वर एव सः ६३ त
स्य वाक्यपरो मुद्राभ्यासे स्क समाहितः ॥ अणिमादिगुणैश्वर्यं जायते कालवंचनं ६४
इति श्रीसहजानंदचिंतामणिस्वात्मारामविरचितायां हठप्रदीपिकायां मुद्राबंधनं नाम तृ
तीयोपदेशः ॥ ३ ॥ नमः शिवाय गुरवे नादबिंदुकलात्मने ॥ निरंजनपदं याति नित्यं यत्र
परायणः १ अथेदानीं प्रवक्ष्यामि समाधिक्रममुत्तमं ॥ मृत्युघ्नं च सुखोपायं ब्रह्मानंदक
रं परं २ राजयोगः समाधिश्च उन्मनी च मनोन्मनी ॥ अमरत्वं लयस्तत्त्वं शून्याशून्यं परं पदं ३
अमनस्कं तथाद्वैतं निरालंबं निरंजनं ॥ जीवन्मुक्तिश्च सहजं तुरीयं चेकवाचकं ४ यत्समत्वं
द्वयोरैक्यं जीवात्मपरमात्मनोः ॥ समस्तनष्टसंकल्पः समाधिः सोभिधीयते ५ सलिले सैंधवं

CC-0. In Public Domain.Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

[2]निरुद्धयोः परिहृतस्वैराचारयोः, वाय्वोः प्राणापानयोः, संघट्टात् "गुद-माकुञ्च्य बहुशः प्राणापानौ निरुद्ध्य च। संयोज्य ते" इत्यभियुक्तवचनोक्तरीत्या संयोगात्, स्फुटितो ग्रन्थिः सुषुम्नान्तर्गतमूलाधारकमलपर्यन्तं वसन्, तादृशं मूलं मूलाधारम्। ततो हृदयान्तरसंवित्तिशून्यपुर्यष्टकात्मना। "ध्यायन् भुजगाकृति हुङ्कारविह्वलज्योतिः पवनक्षेपमनोभिर्गमयेदूर्ध्वम्" इत्यभियुक्तवचनोक्तरीत्या मूला-दुत्थितायाः [3]कुण्डलिनीरूपायाः "ततो हृदयपद्मान्तः स्फुरन्तीं संविदो[4] कलाम्" (सु० ३४) इत्यभियुक्तवचनोक्तरीत्या हृदयान्तरे स्फुरन्त्याः संवित्तेश्चिदात्मनः,

चितिश्चित्तं च चेतन्यं चेतना[5]द्वयकर्म च।
जीवः कला [6]शरीरं च सूक्ष्मं पुर्यष्टकं मतम्॥

उन वशिनी आदि देवियों की बीजरूप स्वर-कलाओं से संस्पृष्ट वर्गों का उच्चा-रण करते हुए पूजा करे। हे वीरवन्दिते! ये वशिनी आदि रहस्ययोगिनी देवियाँ संसार के दलन में समर्थ सर्वरोगहर चक्र में निवास करती हैं॥१५२-१५४॥

जिनकी मनमानी गति को रोक दिया गया है, उन प्राण और अपान वायुओं के संघट्ट से ग्रन्थियों का भेदन हो जाता है, अर्थात् "गुदा का संकोच कर और बार-बार प्राणायाम के अभ्यास से प्राण और अपान की गति को नियन्त्रित कर इनको एक में मिला देना चाहिये" किसी प्रामाणिक व्यक्ति के द्वारा बताई गई इस विधि से प्राण और अपान का संयोजन करने पर सुषुम्ना नाड़ी के अन्तर्गत मूलाधार आदि चक्रों में विद्यमान ग्रन्थियाँ टूट जाती हैं। तब मूलाधार से उठकर कुण्डलिनी शक्ति, हृदय में स्थित संवित्ति ही शून्य (सूक्ष्म) पुर्यष्टक का स्वरूप धारण कर लेती है। इस प्रसंग में किसी अभियुक्त ने कहा है—"भुजग (सर्प) के समान आकृति वाली कुण्डलिनी शक्ति का ध्यान करते हुए, हुंकार से इस कुण्ड-लिनी रूप दीपशिखा को कंपाते हुए, पवन की गति के साथ मन का संयोजन कर इसको ऊपर उठाये"। इसी तरह से मूलाधार से उठी इस कुण्डलिनी शक्ति का शिवानन्द मुनि के शब्दों में हृदयपद्म में स्फुरित हो रही संवित्ति कला के रूप में ध्यान करे। हृदय में स्फुरित हो रही इस संवित्ति कला से ही स्वच्छन्दसंग्रह में वर्णित सूक्ष्म पुर्यष्टक का स्फुरण होता है, जैसे कि—

---

१. देवि—ख. ने. च. छ. ज. झ. ड.। २. 'निरु''''दुर्लक्ष्यत्वात्' नास्ति—ख. ने. ज. ड.। ३. कुण्डलिन्याः—झ.। ४. संविदं—झ.। ५. नेन्द्रिय—झ.। ६. च देवेशि—क. ग. झ.।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 20

Scanned by CamScanner

ननु कः कामाग्निः ? स कुत्र[1] वा निवसति ? किं वा हविरित्यत आह—

महाप्रकाशे विश्वस्य संसारवमनोद्यते ।
मरीचिवृत्तीर्जुहुयान्मनसा कुण्डलीमुखे ॥१०६॥

कुण्डलीमुखे, व्यवस्थिते इति शेषः । अत्र श्रुतिः—"तस्याः शिखाया मध्ये परमात्मा व्यवस्थितः" (तै० आ० १०।११।१२) इति । महाप्रकाशे निरिन्धनदीप्ते निर्वाणरहिते प्रमातरि वह्नौ । विश्वस्य संहारवमनोद्यते । विश्वस्य शिवादि-[2] भूम्यन्तस्य, संहारे निजकारणतावन्मात्राऽवस्थितौ, वमने सर्जने चोद्यते । [3]विश्वा-द्यैव शक्तिः । [4]तदुक्तमाज्ञावतारे—"स्वेच्छयैव जगत्सर्वं निगिरत्युद्गिरत्यपि" इति । मनसा सार्धं मरीचिवृत्तीर्जुहुयात् । आन्तरस्य चिदनलस्य[5] मरीचयोऽ-[6]क्षाणि, [7]बहिरर्थेषु तेषां [8]संचारा वृत्तयः । तदुक्तं विज्ञानभैरवभट्टारकैः—"यत्र[9] यत्राक्षमार्गेण चैतन्यं व्यज्यते प्रभोः" (श्लो० ११४) इति । कोऽर्थः ? कुण्डलिन्याः

मानकर उनकी बारी-बारी से आहुति देता हुआ अपने स्वात्मस्वरूप में प्रतिष्ठित हो जप करे ॥१०५॥

प्रश्न होता है कि यह कामाग्नि क्या है ? यह कहाँ रहती है ? और यह हवि कौन सी है, जिसकी कि आहुति देने की बात है, इन्हीं का अब विवरण देते हैं—

कुण्डलिनी के मुख में व्यवस्थित महाप्रकाशरूपी वह्नि में, जो कि स्वेच्छा से संसार के संहार और सर्जन में लगी हुई है, मन के साथ सभी इन्द्रियों की वृत्तियों की आहुति दे दे ॥१०६॥

यह कामाग्नि कुण्डलिनी के मुंह में विराजमान है । यह तैत्तिरीयारण्यक श्रुति इसमें प्रमाण है—"उस कुण्डलिनी रूप कामाग्नि के मध्य में परमात्मा विराजमान हैं" । यह कामाग्नि महाप्रकाशमय है, बिना ही इन्धन के निरन्तर बिना बुझे जलती रहती है । यह प्रमातृस्वरूपिणी महाप्रकाशमयी वह्नि शिव से भूमि पर्यन्त समस्त संसार को कारणता मात्र रूप में अपने में छिपा लेती है और फिर वही कार्य के रूप में इसको अपने से बाहर निकाल देती है । यह शक्ति सारे विश्व की जननी है । आज्ञावतार नामक ग्रन्थ में बताया गया है—"अपनी इच्छा से ही यह सारे जगत् को निगलती और उगलती रहती है" । इसमें मन के साथ इन्द्रियों की वृत्तियों की आहुति दे । आन्तर चिदग्नि की किरणें इन्द्रियां हैं । बाह्य अर्थों की तरफ इनका संचार ही वृत्तियां कहलाती हैं । विज्ञानभैरव भट्टारक ने कहा है—"जहाँ जहाँ इन्द्रियों के प्रसार के कारण प्रभु का चैतन्य अभिव्यक्त होता

---

१. कुत्र निवसन्ति—ख. ने. ज. झ. उ. । २. शादेर्भू—ख. ने. ज. झ. उ. । ३. शिवस्या-दीयेच्छा—क. ग. । ४. 'तदुक्तमाज्ञावतारे' नास्ति—ख. ज. झ. उ । ५. चित्कलस्य—क. ग. । ६. अक्षनिवहः—ख. ने. झ. उ. । ७. 'बहिः' नास्ति—ख. ने. झ. उ. । ८. संवादिकाः—ख. ने. ज. झ. उ. । ९. तत्र तत्र—सार्वत्रिको द्वी० पाठः ।

...y: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

Scanned by CamScanner

शिखायां महाशून्ये व्यवस्थिते सर्वप्राणिष्वात्मनि प्रकाशलक्षणे कामाग्नौ "आत्मा मनसा संयुज्यते, मन इन्द्रियेण, इन्द्रियमर्थेन" (न्या० भा० १।१।४) इति तन्त्रान्तरोक्तरीत्या बहिरर्थेषु प्रसृतचिन्मरीचिरूपाक्षवृत्तिलक्षणं हविस्तेनैव मार्गेणान्तर्मुखतया मनसा सह[1] जुहुयादित्यर्थः। तदुक्तं विज्ञानभैरवभट्टारके:—

महाशून्यालये वह्नौ भूताक्षविषयादिकम्।
[2]हूयते मनसा सार्धं स[3] होमश्चेतनास्रुचा ॥ इति।
(श्लो० १४६)

[4]अयमेवान्तरो होमः। तदुक्तं पद्धतिषु—

धर्माधर्महविर्दीप्ते आत्माग्नौ मनसा स्रुचा।
सुषुम्नावर्त्मना नित्यमक्षवृत्तीर्जुहोम्यहम् ॥ इति ॥१०६॥

है"[1]। इसका अभिप्राय यह है कि कुण्डलिनी की शिखा में, महाशून्य में विराजमान सभी प्राणियों में स्वात्मस्वरूप महाप्रकाश (कामात्मक) वह्नि में बाह्य विषयों के रूप में प्रसृत समस्त इन्द्रियों की वृत्तियों की आहुति दे दी जाती है। "आत्मा मन से, मन इन्द्रियों से और इन्द्रियाँ अर्थ से संयुक्त होती हैं" न्यायभाष्य की इस पद्धति से बाह्य विषयों की तरफ आकृष्ट चिन्मरीचिस्वरूप इन्द्रियों की वृत्तियों को ही आहुति माना गया है। यहाँ आहुति का तात्पर्य जिस पद्धति से ये बाहर आई, उसी पद्धति से इनको अन्तर्मुख बनाकर उनको मन के साथ अपनी आत्मा को समर्पित कर देना है। विज्ञानभैरव भट्टारक का इस विषय में कहना है—

महाशून्य स्थान में विराजमान चित्स्वरूपिणी वह्नि में अपनी चेतना की स्रुचा बनाकर मन के साथ पाँच महाभूतों, बाह्य इन्द्रियों और उनके विषयों की जो आहुति दी जाती है, वही वास्तविक होम है॥

इसी को आन्तर होम कहा जाता है, जैसा कि [2]पद्धतियों में बताया गया है—

धर्म और अधर्म रूपी आहुति से प्रज्वलित आत्मचिदग्नि में मन रूपी स्रुचा की सहायता से मैं अपने सुषुम्ना मार्ग को खोल कर अपनी इन्द्रियों की वृत्तियों की नित्य आहुति देता हूँ ॥१०६॥

---

१. 'सह' नास्ति—ख. ने. ज. झ. उ.। २. वातेन—ख. ने. ज. उ.। ३. महामहिमशालिनि—ख. ने. उ.। ४. महामहिमशाली चाय—झ.।

1. विज्ञानभैरव का पूरा श्लोक और उसकी व्याख्या हमारे भावानुवाद में देखी जा सकती है।

2. यह श्लोक अनेक पद्धति-ग्रन्थों तथा तन्त्र-ग्रन्थों में भी मिलता है।

hri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

Scanned by CamScanner

तेजस्विता, निरोगी काया, जठराग्नि प्रदीप्त तथा नाड़ियों की विशुद्धता ये सब लक्षण प्रकट होने लगते हैं।[196]

शिवसंहिता में भी कुम्भक के लिए यह प्रसङ्ग आया है कि इच्छानुसार वायु के धारण करने से निश्चय ही कुम्भक की सिद्धि होती है तथा वह योगी कुम्भक सिद्ध कर लेने पर इस संसार में कुछ भी सिद्ध कर सकता है।[197]

4.7 प्राणायाम के अङ्गभूत बन्धत्रय

बन्ध-बन्धने धातु में घञ् प्रत्यय करने पर बन्ध शब्द निर्मित होता है जिसका अर्थ है बांधना या नियन्त्रित करना। वैसे तो बन्ध शब्द अनेकार्थक है किन्तु प्राणायाम प्रसंग में प्राणों को नियन्त्रित करने में यह सहायक है। कुम्भक करते समय जहाँ प्राण को नियन्त्रित करना है वहीं बन्ध लगा दिया जाता है जिससे उसी अंग पर प्राण का प्रभाव बना रहे तथा वह अनिच्छित स्थान पर भी न जा सके।

वस्तुतः अन्य शास्त्रों में बन्ध कई प्रकार के वर्णित हैं किन्तु हठयोग में मुद्रा प्रकरण के अन्तर्गत मुख्यतः तीन बन्ध कहे गए हैं-

4.7.1 उड्डीयानबन्ध- उत् उपसर्गपूर्वक + 'डीङ् विहायसा गतौ (पा.धा.दिवा. 1135) धातु करण अर्थ में ल्युट् प्रत्यय। सुषुम्ना के अन्दर निरुद्ध प्राण को उड्डीयानबन्ध द्वारा ऊपर की ओर उठाया जाता है। इलीलिए मत्स्येन्द्रनाथ आदि

---

196 वपुः कृशत्वं वदने प्रसन्नता नादस्फुटत्वं नयने सुनिर्मले।
अरोगता बिन्दुजयोऽग्निदीपनं नाडीविशुद्धिर्हठयोगलक्षणम्। (वहीं 2/78)

197 यथेष्टं धारणाद्वायोः कुम्भकः सिध्यति ध्रुवम्।
केवले कुम्भके सिद्धे किं न स्यादिह योगिनः। (शि.सं. 3/47)

योगसिद्धों ने इसे उड्डीयान कहा है।[198] इस बन्ध के लगाने से प्राणरूपी महापक्षी निरन्तर सुषुम्ना में उड़ता रहता है इसलिए इसे उड्डीयान कहते हैं।[199] उड्डीयान बन्ध की विधि गोरक्षपद्धति, हठयोगप्रदीपिका तथा घेरण्डसंहिता में इस प्रकार वर्णित है कि नाभि के ऊपर और नीचे के उदर को (भाग) पीछे अर्थात् पृष्ठ भाग से या पीठ से खींचकर लगाया जाता है। अर्थात् श्वास बाहर निकालकर पेट को पीठ से सटा लिया जाता है जब तक श्वास रोक सकें तब तक, पुनः सामान्य स्थिति में आ जाना चाहिए। इसी का अभ्यास योगी के लिए 'मृत्युविजयी' होती है। अर्थात् इस उड्डीयान बन्ध के नियमित अभ्यास से असमय में होने वाली मृत्यु को टाला जा सकता है।[200] प्राणायाम के साथ यह अभ्यसनीय है।

इसके अभ्यास का फल बताते हैं कि यदि गुरु द्वारा उपदिष्ट उड्डीयान का कोई वृद्ध भी नियमित अभ्यास करे तो वह भी युवा हो सकता है। यह योगियों के लिए सहज है।[201] निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि यह तीनों बन्धों में सर्वोत्तम बन्ध है तथा इसका अभ्यास दृढ़ हो जाने पर योगी की प्राणवायु स्वभावतः

---

198 बद्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूड्डीयते यतः।
तस्माद् उड्डीयनाख्योऽयं योगिभिः समुदाहृतः।। (ह.दी. 3/55)

199 (क) उड्डीनं कुरुते यस्मादविश्रान्तं महाखगः।
उड्डीयानं तदैव स्यात्, तत्र बन्धोऽभिधीयते। (वहीं 3/36)

(ख) उड्यानं कुरुते .... स्यान्मृत्युमातंगकेसरी (गोरक्षपद्धति 1/76)

200 (क) उदरात्पैश्चिमे भागे अधो नाभेर्निगद्यते।
उड्डीयानो ह्ययं बन्धस्तत्र बन्धो निगद्यते। (वहीं 1/77)

(ख) उदरे........नाभेरुर्ध्वं च कारयेत् (ह.प्र. 3/57)

(ग) उदरे........ बन्धो मृत्युमातङ्गकेसरी (घे.सं. 3/10)

201 उड्डीयानं तु सहजं गुरुणा कथितं सदा।
अभ्यसेत् सततं यस्तु वृद्धोऽपि तरुणायते। (ह.प्र. 3/58)

मस्तिष्क की ओर (ऊपर) उठने लगती है जिससे मुक्ति का मार्ग और भी सरल हो जाता है।[202]

4.7.2. मूलबन्ध- पैर की एड़ी से योनि भाग (गुदा एवं शिशन के मध्य) को पूर्णः दबाकर गुदा को आकुञ्चन (सिकोड़ना) करें और साथ ही अपानवायु को ऊपर की ओर खींचकर रखने से ही मूलबन्ध होता है।[203] घेरण्ड संहिता में सर्वप्रथम वाम पैर की एड़ी से गुह्यस्थान दबाएँ पुनः दायीं एड़ी से लिङ्ग को दबाकर आकुञ्चन करें। यह विधि जरा विनाशक भी कही जाती है।[204]

मूलबन्ध में स्वाभाविक रूप से निम्नगामी अपान वायु को बलपूर्वक ऊपर ले जाया जाता है जिसके परिणामस्वरूप मल-मूत्र की मात्रा घट जाती है तथा साधक 'स्वल्पमूत्र-पुरीष' बन जाता है। इसलिए गुदा को एड़ी से दबाकर बारम्बार बलपूर्वक योनि के आकुञ्चन से स्वतः अपान वायु ऊपर की ओर जाने लगता है। वृद्ध भी इसके अभ्यास से युवा हो जाता है।[205]

---

202 (क) सर्वेषामेव बन्धानामुत्तानो ह्युड्डिनायकः।
उड्डियाने दृढे बन्धे मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत्। (वहीं 3/60)
(ख) समग्राद्बन्धनादेतद् .... स्वाभाविकी भवेत्। (घे.सं. 3/11)

203 (क) पार्ष्णिभागेन सम्पीड्य योनिमाकुञ्चयेद्गुदम्।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धो विधीयते। (गो.प. 1/80)
(ख) ह.प्र. (3/61)

204 पार्ष्णिना वामपादस्य...........यत्नतः सुधीः। मेढ्रं दक्षिणगुल्फे तु.............. मूलबन्धो निगद्यते। (घे.सं. 3/14-15)

205 (क) अपानप्राणयोरैक्यात् क्षयो मूत्रपुरीषयोः।
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबन्धनात्। (गो.प. 1/81)
(ख) अधोगतिमपानं .... मूलबन्धं हि योगिनः।
गुदं पाष्ण्या .... वारं वारं सथा चोर्ध्वं समायाति समीरणः। (ह.प्र. 3/62-63)

इसके नियमित अभ्यास से अपान वायु ऊपर उठकर प्राणवायु के साथ मिल जाती है तथा दोनों मिलकर उष्णता को लिए कुण्डली को भी जगाकर ब्रह्मनाड़ी (सुषुम्ना) में प्रवेश कर जाती है जिससे साधक इस भव सागर से तर जाता है।[206] इसलिए साधकों को इस मूलबन्ध का प्रतिदिन यथा सामर्थ्य अभ्यास करना चाहिए।

4.7.3. जालन्धर बन्ध कण्ठ छिद्र का संकोच करके ठोडी (हनु) को दृढ़तापूर्वक हृदय में लगावें। यह बन्ध कण्ठसम्बन्धी रोगसमूहों को नष्ट करता हुआ नाड़ी समूह व कपाल छिद्र से द्रवित अमृतरस (सोमस्राव) को बांधने के कारण 'जालन्धर बन्ध' कहलाता है।[207]

यह 'जालन्धर बन्ध' अकेला ही कण्ठसंकोच द्वारा इड़ा व पिङ्ला दोनों को स्थिर कर देता है। इसे मध्यचक्र (विशुद्धचक्र) भी कहते हैं। इसके अभ्यास का परिणाम सिर से पाँव तक शरीर के सोलह भागों में दिखाई देता है। छः मास के निरन्तर अभ्यास से योगी के लिए यह सिद्ध हो जाता है।[208] इस प्रकार तीनों बन्धों का प्राणायाम के समय अभ्यास करते हुए साधक प्राणवायु को सुषुम्ना में प्रवाहित करें। इस विधि से प्राणवायु स्थिर होकर लय (ब्रह्मरन्ध्र) को प्राप्त करती है तथा साधक को रोग, जरा व मृत्यु का भय नहीं रहता क्योंकि आन्तरिक उद्भूत

---

206 ह. प्र. (3/64-69)
घे.सं. (3/16-17)

207 (क) कण्ठमाकुञ्च्य................ जरामृत्युविनाशकः
बध्नाति हि शिरोजालम्.......... कण्ठदुःखौघनाशनः (ह.प्र. 3/70-72)
(ख) गोरक्षपद्धति (1/78-79)
(ग) घे.सं. (3/12)

208 कण्ठसंकोचनेनैव................. षोडशाधारबन्धनम्। (ह.प्र. 3/73)
घे.सं. (3/13)

संवेदनाएँ मस्तिष्क के उच्च भाग में केन्द्रीभूत रहती हैं।[209] इस प्रकार प्राणायाम के अङ्गभूत बन्धत्रय का भी संक्षिप्त वर्णन कर दिया गया है। अब अन्त में प्राणायाम के लाभ या फल की बात करे तो पूर्वोक्त सभी प्राणायामों के वर्णन के साथ-साथ ही उसके लाभों की भी चर्चा हो चुकी है। किन्तु शिवसंहिता में प्राणायाम से होने वाले विशेष लाभों का वर्णन इस प्रकार प्राप्त होता है।

4.8. प्राणायाम के विशेष लाभ

यदि साधक की प्राणायाम में सिद्धता हो गई तो ऐसे, योगवित् साधक को ऐश्वर्य की आठ सिद्धियाँ (अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशिता और वशिता) प्राप्त हो जाती हैं जिससे साधक भोगरूपी तथा पाप-पुण्य रूप समुद्र को पारकर त्रिलोकों में सुखपूर्वक विचरण करता है।[210] सभी सिद्धियाँ उस योगी के वश में हो जाती हैं यथा- वाक्सिद्धि, इच्छानुसार आचरण, दूरदृष्टि, दूर श्रवण, सूक्ष्म दर्शन, परकायाप्रवेश, विष्ठामूत्रलेपन में सुगन्ध व स्वर्ण जैसी चमक, अदृश्यकरण तथा आकाशगमन ये सब शक्तियाँ उसे प्राप्त हो जाती हैं अर्थात् उसके लिए संसार में कुछ भी असाध्य नहीं होता।[211]

अध्यायसार

प्रस्तुत चतुर्थ अध्याय में हठयोग से सम्बन्धित प्रमुख शास्त्रों की दृष्टि में प्राणायाम का क्या स्वरूप है इस पर विचार करने का एक लघु प्रयास किया गया।

---

209 ह.प्र. (3/74-76)

210 प्राणायामेन योगीन्द्रो लब्ध्वैश्वर्याष्टकानि वै।
पापपुण्योदधिं तीर्त्वा त्रैलोक्यचरतामियात्।। (शि.सं. 3/61)

211 ततोऽभ्यासक्रमेणैव ....स्वेप्सिता ध्रुवम्।
वाक्सिद्धिः कामचारित्वं .... एतानि सर्वाणि खेचरत्वं च योगिनाम्।
यदा भवेत्.................. संसारचक्रेऽस्मिन् नास्ति यन्न स धारयेत्। (शिव. सं. 3/62-65)

बन्धों एवं मुद्राओं के ऊपर भी विचार करना उचित प्रतीत होता है। अत: निम्नवत् प्रस्तुत है—

बन्ध (१) मूलबन्ध

मूल गुदा एवं लिङ्ग-स्थान के रन्ध्र को बन्द करने का नाम मूल बन्ध है। वाम पाद की एड़ी को गुदा और लिङ्ग के मध्य भाग में दृढ़ लगाकर गुदा को सिकोड़कर योनिस्थान अर्थात् गुदा और लिङ्ग एवं कन्द के बीच के भाग को दृढ़तापूर्वक संकोचन द्वारा अधोगत अपान वायु को बल के साथ धीरे-धीरे ऊपर की ओर खींचने को मूलबन्ध कहते हैं। सिद्धासन के साथ यह बन्ध अच्छा लगता है। अन्य आसनों के साथ एड़ी को सीवनी पर बिना लगाये हुए भी मूलबन्ध लगाया जा सकता है।[१]

हठयोग प्रदीपिका में कहा गया है—

पार्ष्णिभागेन संपीड्य योनिमाकुंचयेद्गुदम्।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽभिधीयते।।
अधोगतिमपानं वा ऊर्ध्वगं कुरुते बलात्।
आकुंचनेन तं प्राहुर्मूलबन्धं हि योगिनः।।[२]

अर्थात् एड़ी से योनिस्थान को दबाकर गुदा का संकोच करें और अपानवायु को ऊपर की ओर आकर्षित करें, इसे मूलबन्ध कहते हैं। जो अधोगति वाले अपान वायु को बलपूर्वक ऊर्ध्वगामी करता है, उसे

---

१. *कल्याण योगतत्त्व अंक पृ० ३२५*

२. *ह०यो०प्र० ३/६१-६२*

योगीजन मूलबन्ध कहते हैं।

लगभग इसी तरह का वर्णन शिवसंहिता में देखा जा सकता है—

पादमूलेन संपीड्य गुदमार्गेषु यन्त्रितम्।
बलादपानमाकृष्य क्रमादूर्ध्वं सुचारयेत्।।
कल्पितोऽयं मूलबन्धो जरामरणनाशनः।
अपान प्राणयौरैक्यं प्रकरोत्यधि कल्पितम्।
बन्धेनानेन सुतरां योनिमुद्रां प्रसिद्ध्यति।।[1]

अर्थात् पाँव की ऐड़ी से गुदामार्ग को दबायें और बलपूर्वक अपान वायु को ऊपर की ओर आकर्षित करे। (इस प्रकार अपान को ऊपर ले जाकर प्राण से मिलावें) इस जरा-मरण नाशक बन्ध को मूल बन्ध कहते हैं। इस प्रकार कल्पित हुए इस बन्ध के द्वारा अपान और प्राण को संयुक्त करने से योनिमुद्रा स्वतः ही सिद्ध हो जाती है।

इस बन्ध से अपान वायु का ऊर्ध्व-गमन होकर प्राण के साथ एकता होती है। कुण्डलिनी शक्ति सीधी होकर ऊपर की ओर चढ़ती है। कोष्ठबद्ध दूर करने, जठराग्नि को प्रदीप्त करने और वीर्य को ऊर्ध्व रेतस बनाने में यह बन्ध अत्युत्तम है। साधकों को न केवल भजन के अवसर पर किन्तु हर समय मूलबन्ध को लगाये रखने का अभ्यास करना चाहिए।

महाबन्ध

ततः प्रसारितः पादो विन्यस्य तमुरुपरि।

---

१. *शिवसंहिता ४/६४-६६*

गुदयोनिं समाकुञ्च्य कृत्वा चापानमूर्ध्वगम् ।।
योजयित्वा समानेन कृत्वा प्राणमधोमुखम् ।
बन्धयेदूर्ध्वगत्यर्थं गत्यर्थं प्राणापानेन यः सुधीः ।।
कथितोऽयं महाबन्धः सिद्धिमार्गप्रदायकः ।
नाडीजालाद्रसव्यूहो मूर्धानं यान्ति योगिनः ।।
उपाभ्यां साधयेत्पद्भ्यामेकैकं सुप्रयत्नतः ।।[१]

अर्थात् पाँव को फैलाकर बायें उरु पर दायें पाँव को रखें। गुदा तथा योनि को संकुचित करके अपान को ऊपर की ओर चढ़ावें, जिससे कि वह समान वायु के साथ मिलकर प्राणवायु को नीचे की ओर करे। जो बुद्धिमान साधक प्राण-अपान के मिलनार्थ इस बन्ध को करता है, उसके लिए यह सिद्धिदायक होता है। अथवा योगी के नाड़ी जल से रसव्यूह शिर की ओर जाता है, अर्थात् इस बन्ध के ऊपर की ओर गमन करता है। इस प्रकार मुद्रा एवं बन्ध दोनों को ही एक-एक अंग से ठीक प्रकार प्रयत्नपूर्वक करना चाहिए।

भवेदध्यासतो वातः सुषुम्नामव्यसङ्गतः ।
अनेन वपुषः पुष्टिर्दृढबन्धोऽस्थि पञ्जरे ।।
सम्पूर्णहृदयो योगी भवन्त्येतानि येगिनः ।
बन्धेनानेन योगीन्द्रः साधयेत्सर्वमीप्सितम् ।।[२]

अर्थात् इसके अभ्यास से प्राणवायु सुषुम्ना नाड़ी में अवस्थित

---

१. *शिवसं० ४/३७-४०*

२. ,, ४/४१-४२

होता है और यह बन्ध साधक के शरीर को पुष्ट करने वाला भी है। इसके द्वारा योगी की शरीरस्थ अस्थियों का ढांचा तथा उनके सभी बन्धन दृढ़ हो जाते हैं। उस योगी का हृदय सम्पूर्ण रूप से संतुष्ट होता है। इस बन्धन के प्रभाव से उस योगीन्द्र के सभी इच्छित पूर्ण होते हैं। इस अभ्यास के द्वारा उसे इन सभी लाभों की प्राप्ति होती है।

इसी प्रकार वर्णन हठयोग प्रदीपिका में भी प्राप्त होता है।[१]

महाबन्ध की दो विधियाँ बतायी गई हैं। पहली विधि के अनुसार बायें पैर की एड़ी को गुदा और लिङ्ग के मध्यभाग में जमाकर बायीं जंघा के ऊपर दाहिने पैर को रख, समसूत्र में हो बाम अथवा जिस नासारन्ध्र से वायु चल रहा हो उससे ही पूरक करके जालन्धर-बन्ध लगायें। फिर मूलद्वार से वायु का ऊपर की ओर आकर्षण करके मूलबन्ध लगायें। मन को मध्य नाड़ी में लगाते हुए यथाशक्ति कुम्भक करें। तत्पश्चात पूरक की विपरीत वाली नासिका से धीरे-धीरे रेचक करें। इस प्रकार दोनों नासिका से अनुलोम-विलोम रीति से समान प्राणायाम करें। दूसरी विधि इस प्रकार है— पद्म अथवा सिद्धासन से बैठ, योनि और गुह्यप्रदेश सिकोड़, अपान वायु को ऊर्ध्वगामी कर, नाभिस्थ समान-वायु मिलाकर और हृदयस्थ प्राणवायु को अधोमुख करके प्राण और अपान वायुओं के साथ नाभिस्थल पर दृढ़रूप से कुम्भक करें। इसका फल— प्राण का ऊर्ध्वगामी होना, वीर्य की शुद्धि, इडा, पिङ्गला और सुषुम्ना का संगम प्राप्त होना, बल की वृद्धि आदि है।[२]

---

१. ह०यो०प्र० ३/१९-२३

२. कल्याण योग तत्त्व अंक पृ० ३२६

(३) उड्डीयान बन्ध

इस बन्ध के विषय में हठयोग प्रदीपिका में इस प्रकार कहा गया है—

बद्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूड्डीयते यतः ।
तस्मादुड्डीयानाख्योऽयं योगिभिः समुदाहृतः ।।
उड्डीयानं कुरुते यस्मादविश्रान्त महाखगाः ।
उड्डीयानं तदैव स्यात्तत्र बन्धोऽभिधीयते ।।
उदरे पश्चिमं तानं नाभेरुर्ध्वं च कारयेत् ।
उड्डीयानो ह्यसो बंधो मृत्युमातङ्गकेशरी ।।
उड्डीयानं तु हसजं गुरुणा कथितं सदा ।
अभ्यसेत्सततं यस्तु वृद्धोऽपि तरुणायते ।।[१]

अर्थात् जिससे बँधा हुआ प्राण सुषुम्ना में उड़ जाय, उस बन्ध को उड्डीयान कहते हैं। देहावकाश में गतिशील महाखगरूप प्राण जिस बन्ध से सुषुम्ना में उड़ता (गति करता) है, उसे उड्डीयान कहते हैं। उदर में नाभि के ऊपर पश्चिम तान करें तो यह मृत्यु रूपी हाथी के लिए सिंह के समान उड्डीयानबन्ध होता है। गुरु ने इस बन्ध को सदैव सहज बताया है। इसका निरन्तर अभ्यास करने वाला वृद्ध भी तरुण हो जाता है।

इसी प्रकार का वर्णन शिवसंहिता में भी प्राप्त होता है।[२]

---

१. ह०यो०प्र० ३/५५-५८

२. शिवसंहिता ४/७२-७५

गोरक्षसंहिता तथा योगतत्त्वोपनिषत् में भी इसी से मिलता-जुलता वर्णन उपलब्ध होता है।[१]

इसके विषय में योग तत्त्व अंक में कहा गया है कि दोनों जानुओं को मोड़कर पैर के तलुओं को परस्पर भिड़ाकर पेट के नाभि से नीचे और ऊपर के आठ अंगुल हिस्से को बलपूर्वक खींचकर मेरुदण्ड (रीढ़ की हड्डी) से ऐसा लगा दें, जिससे कि पेट के स्थान पर गड्ढा सा दीखने लगे। पेट को अन्दर की ओर जितना अधिक खींचा जायेगा, उतना ही अच्छा होगा। इसमें प्राण पक्षी के सदृश सुषुम्ना की ओर उड़ने लगता है इसलिए यह बन्ध उड्डीयान कहलाता है। इसे पैरों के तलुओं को बिना भिड़ाये हुए भी किया जा सकता है। इसका फल—प्राण वीर्य का ऊपर की ओर दौड़ना, मन्दाग्नि का नाश, क्षुधा की वृद्धि, जठराग्नि का प्रदीप्त और फेफड़े का शक्तिशाली होना है।[२]

(४) जालन्धर बन्ध

बध्नाति हि शिरोजालं नाधो याति नभोजलम् ।
ततो जालंधरो बन्धोः कण्ठदुखौघनाशनः ।।
जालन्धरे कृते बन्धे कण्ठ संकोच लक्षणे ।
न पीयूष पतत्यग्नौ न वायुः प्रकुप्यति ।।[३]

---

१. गो०सं० १/७६-७७, योगतत्त्वोपनिषत् (गोरक्ष संहिता के पृ० ६५ पर उद्धृत)

२. कल्याण योगतत्त्व अंक पृ० ३२६

३. गो०सं० १/७८-७९

अर्थात् जो बन्ध कण्ठदेश में होता और शिरोजाल का बन्धन करता हुआ चन्द्रामृत रूप जल कपाल कुहर से नीचे गिरने से रोकता है, वह दुःखों और रोगों का नाश करने वाला जालन्धर बन्ध होता है। कण्ठ को संकुचित कर वायु को रोकना ही जालन्धर बन्ध माना गया है। इससे चन्द्रामृत गिरकर अग्नि में पड़ने से रुका रहता है। इस बन्ध के अभ्यास से वायु का प्रकोप नहीं हो पाता है।

हठयोग प्रदीपिका में कहा गया है कि कण्ठ का संकोच करके हृदय पर ठोड़ी को दृढ़ता से लगावें। यह जरामृत्यु का नाश करने वाला जालन्धर संज्ञक बन्ध है। यह बन्ध नाड़ियों के समूह को तथा कपालकुहर रूप नभ के जल को बाँधता है, इसलिए जालन्धर बन्ध कहलाता है। यह कण्ठ के रोग, दुःखों का नाश करने वाला है। लक्षण जिस कण्ठ का संकोच है, उस जालन्धर बन्ध के करने से अमृत अग्नि में नहीं पड़ता और न वायु का ही प्रकोप होता है। यह बन्ध दृढ़तापूर्वक कष्ट का संकोच करने से दोनों नाड़ियों का स्तम्भन करने वाला है। इसे सोलह आधारों का बन्धन कर्ता मध्य चक्र जानना चाहिए।[१]

इसी प्रकार का वर्णन योगकुण्डल्युपनिषत् में भी प्राप्त होता है।[२]

शिव संहिता में इस बन्ध को स्पष्ट करते हुए लिखा है—

---

१. ह०यो०प्र० ३/७०-७६

२. ह०यो०प्र० पृ० १२५ पर उद्धृत

बद्धा गलशिराजालं हृदयं चिबुकन्यसेत् ।
बन्धो जालंधर प्रोक्ता देवानामपि दुर्लभः ।।
नाभिस्थवह्निर्जन्तुनां सहस्त्रकमलच्युतम् ।
पिबेत् पीयूषविस्तारं तदर्थं बन्धैयैदिमम् ।।
बन्धेनानेन पीयूषं स्वयं पिबति बुद्धिमान् ।
अमरत्वञ्च सम्प्राप्य मोदते भुवनत्रये ।।
जालन्धरो बन्ध एष सिद्धानां सिद्धदायकः ।
अभ्यासः क्रियते नित्यं योगिनां सिद्धिमिच्छता ।।[१]

अर्थात् गलशिराजाल को बाँध कर ठोड़ी को हृदय से लगा ले, यह जालन्धर बन्ध कहलाता है। यह बन्ध देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। सहस्त्रदल कमल अर्थात् सहस्त्रार से स्त्रवित होते हुए अमृत को नाभि में स्थित अग्नि पान कर लेता है, परन्तु उसे ऐसा न करने देने के लिए इस जालन्धर बन्ध को अवश्य करना चाहिए। क्योंकि चन्द्रामृत का जठराग्नि द्वारा ग्रास कर लिए जाने से अन्त में मनुष्य की मृत्यु हो जाती है। परन्तु जालन्धर बन्ध एक ऐसा साधन है, जो कि जठराग्नि की चन्द्रामृत पान करने से रोकता रहता है।

इसको करने से बुद्धिमान साधक स्वयं अमृत पाने की शक्ति प्राप्त कर लेता है और उसे अमृतत्त्व की प्राप्ति होती है। वह उससे त्रिलोकी में सुखपूर्वक विचरण करता है। यह जालन्धर बन्ध सिद्धों के लिए सिद्धिदायक है।

---

१. शिवसंहिता ४/६०-६३

योगतत्त्वोपनिषत् में भी इसी तरह का वर्णन प्राप्त होता है।[१]

योग तत्त्व अंक में कहा गया है कि कण्ठ को सिकोड़कर ठोड़ी को दृढ़तापूर्वक कण्ठकूप में इस प्रकार स्थापित करें कि हृदय से ठोड़ी का अन्तर केवल चार अंगुल का रहे, सीना आगे की ओर तना रहे। यह बन्ध कण्ठस्थान के नाड़ी-जाल के समूह को बाँधे रखता है, इसलिए इसका नाम जालन्धर बन्ध है। इसका फल—कण्ठ का सुरीला, मधुर और आकर्षक होना, कण्ठ के संकोच द्वारा इडा, पिंगला नाड़ियों के बन्द होने पर प्राण का सुषुम्ना में प्रवेश करना है।[२]

जालन्धर बन्ध का वर्णन योगकुण्डल्युपनिषत् में भी विस्तृत रूप में प्राप्त होता है।[३]

मुद्रा

योग शास्त्रों में मुद्रा का विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है। प्रस्तुत स्थल पर किञ्चित् प्रमुख मुद्राओं के विषय में निम्नवत् संक्षिप्त वर्णन द्रष्टव्य है—

(१) खेचरी मुद्रा

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी।।

---

१. गो०सं० पृ० ६५ पर उद्धृत

२. कल्याण योग तत्त्व अंक पृ० ३२६

३. ह०यो०प्र० पृ० १२५ पर उद्धृत

न रोगान्मरणं तस्य न निद्रा न क्षुधा तृषा ।
न मूर्च्छा तु भवेत्तस्य यो मुद्रा वेत्ति खेचरीम् ।।
पीड्यते न च शोकेन न च लिप्यते कर्मणा ।
बाध्यते न स केनापि यो मुद्रां वेति खेचरीम् ।।
चित्तं चलति नो यस्माज्जिह्वा चरति खेचरी ।
तेनेयं खेचरी सिद्धा सर्वसिद्धैर्नमस्कृता ।।[१]

अर्थात् जिह्वा को उल्टी लौटाकर कपालकुहर में प्रविष्ट करें और दृष्टि को भौहों के मध्य में स्थिर कर लें। यह खेचरी मुद्रा होती है। जो योगी खेचरी मुद्रा को जानता है, उसे रोग, मृत्यु, निद्रा, क्षुधा, तृषा और मूर्च्छा से पीड़ित नहीं होना पड़ता। न उसे शोक होता है, न कर्म का बन्धन। उसे भवबन्धन में नहीं पड़ना होता। जिस योगी का चित्त चंचल नहीं होता और जिसकी जिह्वा खेचरी में रमण करती है, उनके लिए यह सभी सिद्धों द्वारा नमस्कार की हुई खेचरी मुद्रा सिद्ध हो जाती है।

शाण्डिल्योपनिषत् में खेचरी मुद्रा का जो विस्तृत वर्णन मिलता है, उसे यहाँ संक्षेप में बताते हैं—

इडापिंगलयोर्मध्ये शून्यं चैवानिलं ग्रसेत् ।
तिष्ठन्ती खेचरी मुद्रा तत्र सत्यं प्रतिष्ठितम् ।।

छेदन चालन दोहन कलांपरा जिह्वाकृत्वा दृष्टि भ्रूमध्ये स्थाप्य कपालकुहुरे जिह्वा विपरीतगा यदा भवति तदा खेचरी मुद्रा जायते। जिह्वां

---

१. गो०सं० १/६२-६५

नित्तं च खे चरति, तेनोर्ध्वजिह्वः पुमानमृतौ भवति।[१]

अर्थात् इडा और पिंगला के मध्य जो शून्य भाग है, वह वायु को ग्रस लेता है। वहीं खेचरी मुद्रा रहती है और वहीं सत्य रहता है। छेदन, चालन और दोहन के द्वारा जिह्वा को नोकदार बनाकर, भृकुटियों के मध्य भाग में दृष्टि स्थिर कर लें फिर जब कपाल के छिद्र में जिह्वा उलटी होकर जाने लगती है, तब खेचरी मुद्रा बनती है। इससे जीभ और चित्त दोनों ही कपाल छिद्र रूपी आकाश में विचरण करते हैं, तब ऊपर गई हुई जीभवाला वह पुरुष अमर हो जाता है।

इस मुद्रा का विशेष वर्णन योग तत्त्व अंक में भी देखा जा सकता है।[२]

(२) महामुद्रा

हठयोग प्रदीपिका में इसके विषय में इस प्रकार कहा गया है—

पादमूलेन वामेन योनिं संपीड्य दक्षिणम्।
प्रसारितं पदं कृत्वा धराभ्यां धारयेद्दृढम्।।
कंठै बंधं समारोप्य धारयेद्वायुमूर्ध्वतः।
यथा डंडहतः सर्पो दंडाकारः प्रजायते।।
ऋज्वीभूता तथा शक्तिः कुण्डली सहसा भवेत्।
तदा सा मरणावस्था जायते द्विपुराश्रया।।

---

१. *गो०सं० पृ० ५९ पर उद्धृत*

२. *कल्याण योगतत्त्व अंक पृ० ३२६*

ततः शनैः शनैरेव रेचयेन्नैव वेगतः ।
महामुद्रां च तेनैव वन्दति विबुधोत्तमाः ।।
इयं खलु महामुद्रा महासिद्धैः प्रदर्शिता ।
महाक्लेशादयो दोषाः क्षीयंते मरणादयः ।।
महामुद्रां च तेनैव वदंति विबुधोत्तमाः ।।[१]

अर्थात् बायें पाँव के तलुए से योनिस्थान को पीड़ित करके दायें पांव को फैलावे और भूमि पर रखकर दृढ़ता से पकड़े। फिर कण्ठ प्रदेश में बन्ध करके वायु को ऊर्ध्व देश में धारण करे, इससे जैसे कुण्डली लगाकर बैठा हुआ सर्प डंडे से मारे हुए के समान दण्ड के आकार का हो जाता है, वैसे ही कुण्डलिनी शक्ति सहसा सरल हो जाती है और तब दोनों पुटों के आश्रय से प्राण के वियुक्त होने के कारण मरणावस्था जैसी हो जाती है। उससे वायु का रेचन धीरे-धीरे करें, श्रेष्ठ विद्वान इसे महामुद्रा कहते हैं। इससे महाक्लेशादि और मरणादि दोषों का भी नाश हो जाता है। इसलिए श्रेष्ठ विद्वान पुरुष इसे महामुद्रा कहते हैं—

घेरण्ड संहिता में उपर्युक्त से मिलता जुलता भाव प्रदर्शित है।[२] गोरक्ष संहिता प्रथम शतक, शिव संहिता के चतुर्थ पटल एवं कल्याण में भी इसका विस्तृत वर्णन किया गया है।[२]

(३) अश्विनी मुद्रा

सिद्ध अथवा पद्मासन से बैठकर योनिमण्डल को अश्व के

---

१. *घेरण्ड संहिता - (ह०यो०प्र० पृ० १०२ पर उद्धृत)*

२. *गो०सं० १/५६-५८, शि०सं० ४/२६-३४, कल्याण योगतत्त्व अंक पृ० ३२७*

सदृश पुनः पुनः सिकोड़ना अश्विनी मुद्रा कहलाती है। इस मुद्रा का फल है—यह प्राण के उत्थान और कुण्डलिनी शक्ति के जाग्रत करने में सहायक होती है। अपान वायु को शुद्ध और वीर्यवाही स्नायुओं को मजबूत बनाती है।[१]

(४) शक्तिचालिनी मुद्रा

कृत्वा सम्पुटितौ करौ दृढतरं बध्वा तु पद्मासनं
गाढं वक्षसि सन्निधाय चिबुकं ध्यानं च तच्चेति ।।
वारंवारमपानमूर्ध्वमनिलं प्रोच्चारयेत्पूरितं
मुञ्चन्प्राणमुपैतिबोधमतुलं शक्तिप्रभावादतः ।।[२]

अर्थात् दोनों हाथों की अञ्जली बाँधकर दोनों कुहनियों को दृढ़ता से हृदय पर रखकर पद्मासन करे। ठोड़ी को हृदय में दृढ़ता से लगाकर ज्योतिरूप ब्रह्म का ध्यान करें। प्राणायाम द्वारा वायु खींचकर उसे अपान वायु से मिलावें ओर कुम्भक द्वारा वायु को रोककर धीरे-धीरे छोड़ दें। ऐसा करने से साधक को कुण्डलिनी शक्ति के प्रभाव का अतुलित बोध होता है अथवा शक्ति जागृत होती है।

शक्तिचालिनी मुद्रा का विस्तृत वर्णन हठयोग प्रदीपिका के तृतीय उपदेश में देखा जा सकता है।[३]

---

१. *कल्याण योग तत्त्व अंक पृ० ३२७*

२. *गो०सं० १/५१-५२*

३. *ह०यो०प्र० ३/१११-११५*

इसके विषय में महर्षि घेरण्ड द्वारा रचित घेरण्डसंहिता का विवेचन भी गोरक्षसंहिता में प्रस्तुत किया गया है।[१]

शिवसंहिता के अनुसार—

आधारकमले सुप्तां चालयेत्कुण्डलीं दृढाम्।
अपानवायुनारुह्य बलादाकृष्यं बुद्धिमान्।
शक्तिचालनमुद्रेयं सर्वशक्ति प्रदायिनी।
शक्तिचालनमेव हि प्रत्यहं यः समाचरेत्।।
आयुर्वृद्धिर्भवेत्तस्य रोगाणां च विनाशनम्।।[२]

आधार कमल अर्थात् मूलाधार चक्र में जो कुण्डलिनी शक्ति सोती रहती है, उसे बुद्धिमान साधक अपानवायु पर आरूढ़ होकर और बलपूर्वक उसे आकर्षित करता हुआ चालन करे। यह शक्तिचालित मुद्रा है, जो सभी शक्तियों को देने वाली होती है। इसके नित्यप्रति अभ्यास करने से सभी रोगों का नाश होकर आयु की वृद्धि होती है।

उपर्युक्त की तरह ही कल्याण में इस मुद्रा के विषय में विशिष्ट वर्णन प्राप्त होता है।[३]

(५) योनिमुद्रा

सिद्धासन से बैठकर सम-सूत्र हो षणमुखी मुद्रा लगाकर अर्थात्

---

१. गो०सं० पृ० ४९ पर लिखित।

२. शि०सं० ४/१०५-१०६

३. कल्याण योगतत्त्व अंक पृ० ३२७

दोनों अंगूठों से दोनों कानों को, दोनों तर्जनियों से दोनों नेत्र को, दोनों मध्यमाओं से नाक के छिद्रों को बन्द करके और दोनों अनामिका एवं कनिष्ठिकाओं को दोनों ओठों के पास रखकर काकी मुद्रा अर्थात् जिह्वा को कौए की चोंच के सदृश बनाकर उसके द्वारा प्राणवायु को खींचकर अधोगत अपानवायु के साथ मिलायें। तत्पश्चात् ओउम् का जप करता हुआ ऐसी भावना करें कि उसकी ध्वनि के साथ परस्पर मिली हुई वायु कुण्डलिनी को जाग्रत करके षट् चक्रों का भेदन करते हुए सहस्त्रदल कमल में जा रही है। इससे अन्तर्ज्योति का साक्षात्कार होता है। आन्तरिक शुद्धि होती है।[१]

(६) योगमुद्रा

मूलबन्ध के साथ पद्मासन से बैठकर प्रथम दोनों नासिकापुटों से पूरक करके जालन्धर बन्ध लगायें, तत्पश्चात् दोनों हाथों को पीठ के पीछे ले जाकर बायें हाथ से दायें हाथ की और दायें हाथ से बायें हाथ की कलाई पकड़ें, शरीर को आगे झुकाकर पेट के अन्दर एड़ियों को दबाते हुए सिर को जमीन पर लगा दें। इस प्रकार यथाशक्ति कुम्भक करने के पश्चात् सिर को जमीन से उठाकर जालन्धर बन्ध खोलकर दोनों नासिकाओं से रेचन करें।

यह मुद्रा पेट के रोगों को दूर करने और कुण्डलिनी-शक्ति को जाग्रत करने में सहायक होती है।[२]

---

१. कल्याण योग तत्त्व अंक पृ० ३२८

२. वही पृ० ३२८

इसके अतिरिक्त भी मुद्राओं का वर्णन शास्त्रों में प्राप्त होता है, यथा—

उन्मनी मुद्रा[१], वज्रौली मुद्रा[२], काकी मुद्रा[३], तड़ागी मुद्रा[४], शाम्भवी मुद्रा[५], अमरौली मुद्रा[६], सहजौली मुद्रा[७] आदि।

मानव शरीर अत्यन्त रहस्यों से भरा है। शरीर की अपनी एक मुद्रामयी भाषा है, जिसे करने से शारीरिक स्वास्थ्य-लाभ में सहयोग प्राप्त होता है। यह शरीर पञ्चतत्त्वों के योग से निर्मित है। ये तत्त्व पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के रूप में जाने जाते हैं। शरीर में जब भी इन तत्त्वों का असंतुलन होता है, रोग पैदा हो जाते हैं। यदि हम इनका संतुलन करना सीख जाँय तो बीमार हो ही नहीं सकते। यदि बीमार हो भी जाँय तो इन तत्त्वों को संतुलित करके आरोग्यता वापस ला सकते हैं। ये सब हस्तमुद्राओं के प्रयोग से सम्भव हो सकता है।

हस्तमुद्रा चिकित्सा के अनुसार हाथ तथा हाथों की अँगुलियों

---

१. ह०यो०प्र० पृ० १७३, कल्याणयोग तत्त्व अंक पृ० ३२८

२. ह०यो०प्र० ३/८३-८४ पृ० १२९, ३/९९-१०० पृ० १३६, शि०सं० ४/७८-८०

३. गो०सं० २/३८-३९ पृ० १०४

४. कल्याण योगतत्त्व अंक पृ० ३२८

५. ह०यो०प्र० पृ० १७१

६. ह०यो०प्र० ३/९६-९८ पृ० १३४

७. ,, ४/९७-९८ पृ० ९५

(४) अनुशासन काण्ड

चौपाई

नमहुं शारदा मात भवानी । वन्दउँ शिव योगेश्वर ज्ञानी ॥
जो घेरण्ड कपालि बखानी । गोपनीय अति दुर्लभ वानी ॥
सो गावहुँ अस मति अनुमाना । साधहिं, सो नर ब्रह्म समाना ॥
भाव विशेष चित्त के जाना । सो मुद्रा घेरण्ड बखाना ॥
नाड़ी, ग्रन्थि, आंतरिक अंगा । करहिं नियंत्रण, शोधन, बंधा ॥
मुद्रा, बंध अनेक प्रकारा । कहहुँ सूक्ष्म जेहि ग्रन्थ प्रचारा ॥
उड्डियान, जालंधर, मूला । महाबंध मेटहि सब शूला ॥
महा नभो खेचरी सुजाना । मिटे दोष दारिद अज्ञाना ॥
जो साधहिं खेचरी महाना । तिनके वश यमराजहु आना ॥
जे विपरीत करण अभ्यासी । मिटहि द्वैत, होय ज्ञान प्रकाशी ॥

छन्द

योनि, वज्रोली, तड़ागी और शक्तीधारणी ।
माण्डवी, शुभ शांभवी अरु अश्विनी पंचधारणी ॥
पाशिनी, काकी, मतंगी, विपरीतकरण, भुजंगिनी ।
साधन करहिं मुद्रा विविध तेहिं मुक्ति है चिरसंगिनी ॥

चौपाई

पांच प्रकार धारणा एई । पार्थिव, अभ्यासी, आग्नेयी ॥
पुन वायवी अरु आकाशी । साधहिं योग सतत अभ्यासी ॥
मूलबंध कुण्डली जगाई । मूलाधार सुचार चलाई ॥
जालंधर जे बंध लगावे । तन मन शिथिल, प्राण गति पावे ॥
करे उर्ध्व गति सोइ उड्डियाना । महाबंध स्वयं ब्रह्म समाना ॥
अंतर गति, मुद्रा सों होई । महिमा 'योनि' सके कह कोई ॥
भूख प्यास जिनके वश आनी । सो खेचरि घेरण्ड बखानी ॥
परम भुजंगिनि, अनुपम काकी । तन में रोग रहे ना बाकी ॥

दोहा

महिमा मुद्रा अमित है, बंध अमित गुन खान ।
इनके बिन साधन सकल, सीमित रहत सुजान ॥३१

बंध

उड्डियानबंध—

उदर प्रदेश दवाये भीतर। पुनि ले जाये नाभि के ऊपर ॥
कुम्भक करे, रहे यह भांती। सो उड्डियान बंध सुखरासी ॥
प्रबल सिंह मारे जस हाथी। साधक रोग हरे एहि भांती ॥
होय प्रबल जठराग्नि शरीरा। पाचन बढ़े, मिटे सब पीरा ॥

जालंधर—

सकुच कण्ठ, ठोड़ी रख छाती। जालंधर साधे एहि भांती ॥
सिद्धि मास षट् साधक पाई। मृत्यु भीति तिन ढिग नहिं आई ॥
तन के जे सोलह आधारा। पग अंगुष्ठ गुदा विस्तारा ॥
लिंग, वज्रनाड़ी अरु नाभी। जिह्वामूल अग्रतर भागी ॥

दोहा

हृदय कण्ठ भ्रूमध्य अरु, नासिकाग्र पुनि मूल ।
करे नियंत्रित नैत्र अरु, तालु, हरे सब शूल ॥३२

चौपाई

मूलबन्ध--

वाम एडि पर गुदा लगायी। गुदा लगावत रहेउ दवाई ॥
नाभि सिकोड़ रीढ़ की ओरा। सकुचि मूत्र इन्द्रिय तन थोरा ॥
दाँयी एड़ि जनेन्द्रिय मूला। सकुचित अंग करे, सह शूला ॥
मूलबंध एहि भांति लगाई। वृद्धावस्था नहिं ढिग जाई ॥

महाबंध—

उड्डियान जालंधर मूला। महाबंध नाशहिं सब शूला ॥
तीनों बंध साथ कर जोई। महाबंध अभ्यासी होई ॥
बंध सो कल्पद्रुम अनुरागी। जे धारे ते अति बड़ भागी ॥

महाबेध मुद्रा—

मूल बेध संग में उड्डियाना। कुम्भक में थिर होय सुजाना ॥
महाबंध मुद्रा कहलाई। यह मुद्रा बिन बंध लजाई ॥

दोहा

महाबंध और मूल का, महाबेध के साथ ।
योगवेत्ति साधक सदा, नित्य करत अभ्यास ॥३३

चौपाई

महामुद्रा—

वाम एड़ि पर गुदा लगाई। गुदा लगावत लेइ दवाई॥
फैला कर दायां पग आगे। तेहि अंगुष्ठ उभय कर थामे॥
दृष्टि रखे भ्रूमध्य लगाई। यही महामुद्रा कहलाई॥

नमोमुद्रा—

जिह्वा ले जो तालु सटाई। तो यह नभ मुद्रा बन जाई॥

खेचरी—

जिव्हा मूल काट पुन लीजे। दोहन घृत अरु दूध से कीजे॥
लम्ब्र जीभ क्रम-क्रम हो जाईं। कुहर कपाल मोड़ तब लाई॥
तालु छिद्र जिव्हा जब पाती। करे पान अमृत दिन राती॥
इच्छा मृत्यु पाय अस योगी। वृद्ध न होय रहे नहिं रोगी॥
भूख प्यास बस में कर राखे। सद्‌ग्रन्थन मुद्रा गुण भाखे॥

दोहा

अग्नि जलाये ताहि नहिं, नहिं जल ताहि भिगोय।
वायु सुखाय ताहि नहिं, मुद्रा साधे जोय ॥३४

चौपाई

विपरीतकरणी—

नाभि मूल दिनकर सम जाना। तालु मूल शशि कर स्थाना।
चन्द्र झरहि अमृत दिन राती। सोखहि भानु, मीच नर खाती॥
कर विपरीत करण असयोगी। पिये सुधा, शत जीवन भोगी॥
लेटे चित्त, बाँह रख भूमा। पैर उठाय, शीश नहिं लूमा॥
देइ नितम्ब हाथ आधारा। पग दोउ सटे लम्ब अकारा॥
नीचे सिर ऊपर पग जाई। झरे अमिय नहिं नाभि समाई॥
जो अस मुद्रा लेइ बनाई। जरा मृत्यु तिन ढिग नहिं जाई॥
यह मुद्रा सब सन हितकारी। भोगी अरु योगी, नर - नारी॥
नित्य करहिं नियमित अभ्यासा। आधि व्याधि तन के सब नासा॥

दोहा

मुद्रा यह अति परम अरु, लाभ अमित नित देय।
हाथ कंगन कह आरसी, परख स्वयं ही लेय ।।३५

चौपाई

योनि मुद्रा--

कहहुँ योनि मुद्रा सुखकारी । गोपनीय मुनिनाथ विचारी ।
योग सिद्धि साधन अलबेली । यह मुद्रा परिपूर्ण अकेली ।।
सिद्धासन में बैठहि जाई । दृष्टि कोर भ्रू मध्य जमाई ।।
कर्ण छिद्र अंगुष्ठ लगावा । लेइ मध्यमा नैत्र मुदावा ।।
अरु अनामिका नाक दबाई । लेइ कनिष्ठा औंठ बंधाई ।।
काकी मुद्रा लेइ बनाई । प्राण अपानन देइ मिलाई ।।
श्वास श्वास 'सो हं' धुनि लागी । चक्र प्राण गति भेदन लागी ।।
कुण्डलिनी इक सर्पाकारा । सोवत निस दिन मूलाधारा ।।
यह विधि ताकूं देइ जगाई । सहस्त्रार तक दे पहुँचाई ।।

दोहा

अहं ब्रह्म, सब ब्रह्ममय, ऐसा करे विचार ।
सो योगी है ब्रह्म सम, खुले मोक्ष का द्वार ।।३६

चौपाई

वज्रयोनि—

जमा हथेली भू पर लाई । दोउ पग ऊपर देइ उठाई ।।
शीश भूमि कछु ऊपर लावा । तब सब भार हथेली लावा ।।
मुद्रा सो वज्र योनि कहाई । साधन कठिन करे चित्त लाई ।।

तड़ागी—

बैठ पश्चिमोत्तान सुभूमहि । सर जिमि भरहिं, उदर तस फूलहिं ।।
सोइ तड़ाग मुद्रा कहलाई । जरा मृत्यु नहिं सक ढिग आई ।।
नैत्र बन्द रख, अधर सटाई । भीतर जिह्वा मूल हलाई ।।
नीचे ऊपर आगे पांछे । जिव्हा हिले डुले जस नाचे ।।

माण्डुकी—

ज्यों मण्डुक कूदे जल बीचा । जिह्वा उछले ऊपर नीचा ।।

दोहा

सो माण्डुक मुद्रा कही, स्त्रवित होय रस देह ।
चिर यौवन तिनका रहे, अस मुद्रा जिन नेह ।।३७

चौपाई

शक्तिचालिनी—

ब्रह्म द्वार तक जे जन जाहीं । द्वार प्रवेश युक्ति बिन नाहीं ।।
तेहि कर द्वार सुषुम्ना मानहु । कुण्डलनी तंह ताला जानहु ।।
बिन चाभी जस खुलहि न ताला । बिन मुद्रा नहिं गति तिहुं काला ।।
शक्ति चालिनी युक्ति सुहानी । लघु प्रयास प्रवसहिं अस प्राणी ।।
गुप्त क्रिया, एकान्त उपाई । खुले बदन, अभ्यास कराई ।।
श्वेत वस्त्र इक गज आकारा । चौड़ाई हो अंगुल चारा ।।
नाभि और कटि दे लपटाई । ऊपर डोरो एक बंधाई ।।
सिद्धासन ले खीचहिं प्राना । करे युक्त सों योग अपाना ।।
कर संकुच उत्सर्जन अगा । होय सुषुम्ना गति तेहि संगा ।।
श्वास रुके कुण्डलनी जागे । बढ़े सुषुम्ना पथ पर आगे ।।

दोहा

शक्ति चालिनी से प्रथम करे 'योनि' अभ्यास ।
शक्ति चालिनी से सदा 'अश्विनि' सफल प्रयास ।।३८

चौपाई

अश्विनी—

गुदा जनेन्द्रिय बारम्बारा । पुन संकोच पुनहिं विस्तारा ।।
अस अश्विनि मुद्रा सोइ जाना । बढ़े शक्ति अरु रोग नसाना ।।

पाशिनी—

पग दोउ धर गर्दन के पाछे । कर लपेट पकड़े तेहि आछे ।।
सो मुद्रा पाशिनी कहाई । सब इच्छा पूरन हुइ जाई ।।

काकी—

काक चोंच सम मुखहि बनावा । श्वास खींच तन रोग नसावा ।।
काकी मुद्रा अस कर जाना । दीर्घ काल तन राखहि प्राना ।।

मातंगिनी—

जल बिच बैठ, खींच जल नासा । पुनि मुख सों कर देय निकासा ।।
मुख सों खींच नासिका खांदे । अस मातंगनि मुद्रा साधे ।।

भुजंगिनी—

फैला अधर मुखहि चौड़ावा । वायु पान कर आयु बढ़ावा ।।

दोहा

मुद्रा सोइ भुजंगिनी, नित अभ्यास कराय ।
जन्म मृत्यु को दूर रख, रोगहि सकल नसाय ।।४१

धर भ्रूमध्य दृष्टि कर ध्याना । मुद्रा अस शांभवी बखाना ।।
मुद्रा बनहि दीर्घ अभ्यासा । सब मुद्रन में मुद्रा खासा ।।

-धारणा-

अब कछु कहहुँ धारणा सुन्दर । प्रत्याहार होय गति मंथर ।।

पर्थिवी—

पृथ्वी तत्त्व, बीज लं कारा । पीत रंग चौकोर आकारा ।।
देव ब्रह्म सब ओर समाना । हृदय कमल अस कोजे ध्याना ।।
बिनु तन करहि विश्व परिभ्रमणा । जानहु सोई पर्थिवी धारणा ।।

अभ्यासी—

नीर तत्त्व अरु बीज वं कारा । कुन्द पुष्प सम श्वेत दुधारा ।।
देव विष्णु, अस ध्यान लगाई । पूरन कर कुंभक में जाई ।।
जल पर थल सम तेहि गति होई । रहें प्राण वरु जलहि डुबोई ।।

चौपाई

अभ्यासी यह धारणा, धरहि सिद्धि अस होय ।
गुप्त करे अस साधना, सिद्धि रखे मन गोय ।।३१

चौपाई

आग्नेयी—

अग्नि तत्त्व, रंग कांच समाना । नाभि प्रदेश करहि अस ध्याना ।।
रवि सम तेज त्रिभुज आकारा । रुद्र देव धर ध्यान विचारा ।।

अन्वयार्थः - यथा निःशब्दे शब्दरहिते, केवले कुम्भे केवलकुम्भके, प्राप्ते कृते सति, तत् महत् स्थानं, विष्णोः पदं मुक्तिस्थानं भवति । तथा तस्यामवस्थायाम् खलु तयोः जीवात्मपरमात्मनोः, ऐक्यं मेलनं सम्भवति ।

वैशिष्ट्यम् – केवलकुम्भक एव परमपदमित्युच्यते, अतः तदा जीवात्मपरामात्मनोः ऐक्यात् मुक्तिर्भवति इति आशयः। परन्तु पातञ्जलदिशा वस्तुतः समाधिरेव अत्रापि सम्भवति । केवलकुम्भावस्थायाम् चित्तं वृत्तिरूपेण परिणतं नास्ति किन्तु, वृत्तिनिरोधत्वात् निर्बीजावस्थान्तर्गतमेव । अतः चित्तं प्रवृत्तिरूपेण नास्ति चेदपि तिष्ठति इति हेतोः कैवल्यं न प्राप्तं परन्तु संस्काराभावे अचिराद्भवतीत्यतः मुक्तमिति श्लोके उच्यते ।

47. निःशब्दं तत्त्वमित्याहुरनिर्वाच्यं परं पदम् ।
भूतेन्द्रियादिप्रकृतेस्तत्त्वानां च लयात्मकम् ॥

अन्वयार्थः – निश्शब्दं केवलकुम्भाभ्यासगतं शब्दराहित्यं हि, अनिर्वाच्यं अवर्णनीयं, परं पदं तुरीयातीतं, भूतेन्द्रियादिप्रकृतेः महाभूत-एकादशेन्द्रियादिप्रकृतेः तत्त्वानां च, लयात्मकं प्रतिप्रसवहेतुकं तत्त्वं, इत्याहुः इति वर्णयन्ति ।

वैशिष्ट्यम् – केवलकुम्भावस्थायां निश्शब्दता या भवति सा एव परं पदमिति व्यवह्रियते । यत्र च महाभूताद्येकादशेन्द्रियाण्यपि प्रतिप्रसवकाले विलयं यान्ति, तथाविधं तत्त्वं भवति निश्शब्दाख्यं केवलकुम्भकम् ।

48. मूलोड्याणजलन्द्रबन्धनविधामभ्यास्यतो योगिनो
वायोरुद्गमने निरङ्कुशविधेस्तद्व्योमसंरोधनात् ।
भूतानीन्द्रियवर्गतद्गुणमनोहंचित्तबुद्ध्यादयः
सर्वं लीनमुपैति वृत्तिरहितं सौख्यं तदा किंचन ॥

अन्वयार्थः - बन्धत्रयाणां मूलबन्ध-उड्याणबन्ध-जालन्धरबन्धाणां विधान् अभ्यास्यतो मूलोड्याणजलन्द्रबन्धनविधामभ्यास्यतो, योगिनः साधकस्य, वायोः प्राणवायोः, उद्गमने ऊर्ध्वगमने, निरङ्कुशविधेः निर्बाधप्रवृत्या, तद्व्योमसंरोधनात् तत्र चिदाकाशे

बन्धनात्, भूतानि पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशाख्यानि पञ्चभूतानि, इन्द्रियवर्गः पञ्चज्ञानेन्द्रियाणि, तद्गुणानि तस्य त्रिगुणस्य भेदानि, मनोहंचित्तबुद्ध्यादयः मनः-अहङ्कारः-चित्तं-महत् इत्यादय, सर्वं सकलं, लीनमुपैति लयं गच्छति, तदा तस्यामवस्थायां, किञ्चन किञ्चित्, वृत्तिरहितं चित्तपरिणामरहितं, सौख्यं सुखं अनुभवति।

वैशिष्ट्यम् – प्राणायामाभ्यासे त्रिबन्धाभ्यासेन वायोर्वशीकारो भवति तेन भूतेन्द्रियमनोवृत्तिबुद्ध्यहङ्काराणां प्रवृत्त्यभवाच्च वृत्तिराहित्यस्य यत्सुखमस्ति तथाभूतं किञ्चित् नैव विद्यते अन्यत् । निरङ्कुशविधिना इत्युक्ते अङ्कुशरूपं दण्डं विनापि यथा मत्तगजोऽपि वशङ्गतो भवति इति, तथा इन्द्रियादयोऽपि वशीकृताः भवन्ति इति । अतः प्राणायामाभ्यासोपयोगिनां त्रिबन्धानां वर्णनम् अग्रिमश्लोकतः क्रियते । *यथा सिंहो गजो व्याघ्रो भवेद्वश्यः शनैः शनैः*[44] इति हठग्रन्थप्रयुक्तप्रसिद्धवचनमुपलक्ष्य तदनुगुणमेव वायोरुपसेवनेन अङ्कुशसहायं विनापि मत्तस्य प्राणरूपकरेः नियन्त्रणमधुना केवलकुम्भाख्येन कृतमिति ज्ञायते ।

IV.1.17 मूलबन्धः

49. योऽपानसूर्यमथ वायुनिरोधनेन
प्राणेन्दुना सह तदूर्ध्वगतं प्रकृत्या ।
योगैकसिद्धिमनिशं कुरुते समस्तां
प्रज्ञावतामपि स एव हि मूलबन्धः ॥

अन्वयार्थः - अथ, सूर्यं तत्संज्ञकं, अपानं वायुं, वायुनिरोधनेन कुम्भकाभ्यासेन, इन्दुना चन्द्रेण, प्राणेन वायुना, सह साकं, प्रकृत्या अभ्यासेन, तदूर्ध्वगतं उद्गमनं कृत्वा, प्रज्ञावतां विद्यावतां अपि, समस्तां सकलां, योगैकसिद्धिं केवलयोगाभ्यासविभूतिं, अनिशं सततं, यः अभ्यासः, कुरुते साधयति, स एव हि, मूलबन्ध इति संज्ञकः ।

[44] ह.प्र. 2.15

वैशिष्ट्यम् – मूलबन्धविषये उच्यते । पार्ष्णिभागेन योनिं सम्पीड्य अपानवायुमूर्ध्वमाकर्णयन् गुदमाकुञ्चयेति चेत् स मुलबन्धो भवति ।[45] अपानप्राणयोः च ऐक्यवशात् मूत्रपुरीषक्षयेन युवत्वं [46] तथा अनलशिखावृद्धिः[47] कुण्डल्युद्धरणं [48] च मूलबन्धाभ्यासतो जायतेति हठशास्त्रम् । एतद्धि उच्यते उपनिषत्सु -

अपानप्राणयोरैक्यं क्षयान्मूत्रपुरीषयोः ।
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबन्धनात् ॥

पार्ष्णिभागेन सम्पीड्य योनिमाकुञ्चयेद् गुदम् ।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽयमुच्यते ॥ [49]

एवमेव योगचूडामण्युपनिषदि च वर्णितमस्ति । [50]

IV.1.18 उड्यानबन्धः

50. अधश्चोर्ध्वं च नाभेर्यो बन्धनं कुरुते बलात् ।
उड्डियानमसौ बन्धो रुग्जरामृत्युनाशनः ॥

अन्वयार्थः - नाभेः उदरस्य, अधः नीचं च, ऊर्ध्वं उच्चं च, यः साधकः, बलात् हठेन, बन्धनं धारणं, कुरुते अभ्यस्यते, असौ अयं, उड्डीयानः बन्धः, रुग्जरामृत्यूनां रोगवार्धक्यमरणानां, नाशनः विनाशकः भवति ।

वैशिष्ट्यम् – उड्यानबन्धाभ्यासाय नाभेरूर्ध्वमधश्च उदरस्य पश्चिममाकर्षणं पृष्ठसंलग्नरीत्या कुर्यात् ।[51] सुषुम्नायां बद्धे सति प्राणस्योड्डीयनादियं संज्ञा ।[52]

---

[45] ह.प्र.3-61

[46] ह.प्र.3-65

[47] ह.प्र.3-66

[48] ह.प्र.3-68

[49] ध्या.बि.उ.73,74

[50] यो.चू.उ.46,47

[51] ह.प्र.3-57

[52] ह.प्र.3-55

एतदभ्यासेन तारुण्यं [53] तथा षण्मासाभ्यासेन मृत्युजय [54] इत्यादिकं सम्भवतीति फलम् । प्राणायाममुद्राद्यभ्यासेषु बन्धोऽयमपेक्षितो विशिष्टतया तथा इतरबन्धाभ्यासाय च उड्यानाश्रयित्वात् बन्धानामुत्तममित्युच्यते, अतः एतेन मुक्तिश्च स्वाभाविकीति कथ्यते हठे ।[55] अत्र उपनिषत्प्रमाणम् -

उड्याणं कुरुते यस्मादविश्रान्तमहाखगः ।
उड्डियाणं तदेव स्यात्तत्र बन्धो विधीयते ॥

उदरे पश्चिमं ताणं नाभेरूर्ध्वं च कारयेत् ।
उड्डियाणोऽप्ययं बन्धो मृत्युमातङ्गकेसरी ॥ [56]

एवमेव योगचूडामण्युपनिषदि च वर्णितमस्ति । [57]

IV.1.19 <u>जालन्धरबन्धः</u>

51. कण्ठमाकुञ्च्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम् ।
एष जालंधरो बन्ध ऊर्ध्वामृतनिबन्धकः ॥

अन्वयार्थः - कण्ठं गळं, आकुञ्च्य व्यावृत्य, हृदये वक्षसि, चिबुकं हनुं, दृढं निश्चलं, स्थापयेत् रक्षयेत्, एषो जालन्धराख्यः बन्धः, ऊर्ध्वस्थस्य अमृतस्य निबन्धको रक्षको भवति ।

वैशिष्ट्यम् – कण्ठस्य सङ्कोचनेन चिबुकस्य हृदयस्पर्शनमेव जालंधराख्येन अभ्यस्यते ।[58] एतेन जरामरणादिनाशः कण्ठदोषादिनां निवारणञ्च [59] सम्भवति । योगशास्त्रे कश्चन सिद्धान्तः अस्ति यत्, देहे ऊर्ध्वतो चन्द्रमण्डलतो अमृतं स्रवति नाभिदेशस्थं सूर्यमण्डलं

---

[53] ह.प्र.3-58

[54] ह.प्र.3-59

[55] ह.प्र.3-60

[56] ध्या.बि.उ.75,76

[57] यो.चू.उ.48,49

[58] ह.प्र.3-70

[59] ह.प्र.3-71

प्रति तथा आयुः ह्रसति इति । तद्दिशा अमृतस्रावो जालन्धरबन्धाभ्यासेन निरुध्यते, तेन आयुर्वृद्धिश्च जायेत । [60] प्रमाणान्तरम् उपनिषत्सु -

बध्नाति हि शिरोजातमधोगामिनभोजलम् ।
ततो जालन्धरो बन्धः कर्मदुःखौघनाशनः ॥

जालन्धरे कृते बन्धे कण्ठसङ्कोचलक्षणे ।
न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रधावति ॥ [61]

एवमेव योगचूडामण्युपनिषदि च वर्णितमस्ति । [62]

IV.1.20 केवलकुम्भकाभ्यासः

52. अथोर्ध्वमध्यस्थिरबन्धनाभ्यामाकुञ्चनादूर्ध्वमपानवायोः ।
घ्राणैकरन्ध्रे मरुतां प्रवेशाच्छीघ्रं भवेत्केवलकुम्भसिद्धिः ॥

अन्वयार्थः - अथ ऊर्ध्वमध्यस्थिरबन्धनाभ्यां जालन्धरोड्याणबन्धाभ्यां, अपानवायोः अधोगमकप्राणस्य, ऊर्ध्वं उपरि, आकुञ्चनात् सङ्कोचनात् मूलबन्धाभ्यासात् इत्याशयेन एवं बन्धत्रयं विधाय, मरुतां प्राणानां, घ्राणैकरन्ध्रे नासापुटे, प्रवेशात् निवेशात्, केवलकुम्भाख्यस्य अभ्यासस्य सिद्धिः फलं, शीघ्रं वेगेन, भवेत् संसिध्येत् ।

वैशिष्ट्यम् - केवलकुम्भकस्य फलनिरूपणं बहुत्र दृश्यते परम् अभ्यासः इत्थमनुष्ठेय इति निरूपणं विरलतयैवास्ति । अत्र केवलकुम्भकस्य साधने शीघ्रतरोपायं प्रदर्शयति । तथापि अभ्यासाय गुरोर्वचनं अपेक्षितमेव । यथा तप्ते प्रतले जलबिन्दुः सर्वतो संकोचमापद्येत तद्वत् केवलकुम्भो जायतेति वृद्धाः ।

53. अयं केवलकुम्भाख्यो यस्याजस्रं वशो भवेत् ।
सदा भवति विख्यातः स एव प्राणसंयमी ॥

---

[60] ह.प्र.3-72

[61] ध्या.बि.उ.77,78

[62] यो.चू.उ.50,51

3. लक्ष्यलीनमनसाऽनिलेन यो वर्तते चलिततारको भवेत् ।
खेचरीयमथ सैव शांभवी मुद्रयाऽस्तु कृतया जगद्गुरुः ॥

अन्वयार्थः – लक्ष्यलीनमनसा लक्ष्ये साध्ये लीनमनसा प्राप्तलयचित्तेन, यः साधको वर्तते सः, चलिततारको तारकयोगस्य सिद्धिसाधको भवेत् । अथ अभ्यासेन, सैव साधकः, खेचरीयं खेचरी अभ्यासं, तथा शाम्भवी मुद्रया च, कृतया अभ्यस्यमानतया, जगद्गुरुः जगतो विश्वस्य गुरुः नियन्ता, अस्तु भवतु ।

वैशिष्ट्यम् – सहजलिङ्गे परमात्मनि मनो नित्यं विलीनं कृत्वा अचञ्चलिततारान्वितवान् यस्तु सोऽपि सद्गुरुः स्यात् इति राजयोगव्याख्यायाम् अस्ति । इयं शाम्भवीमुद्रिका भवति । तामेव खेचरीमुद्रा इति केचिद्वदन्ति । एतदेवोक्तं मण्डलब्राह्मणोपनिषदि - *एवं सहजानन्दे यदा मनो लीयते तदा शाम्भवी भवति । तामेव खेचरीमाहुः* [2]- इति ।

V.2.1 खेचरीमुद्रायाः अवबोधनम्

4. लोकोऽन्तः खेचरी मुद्रामज्ञात्वा बाह्यखेचरीम् ।
अवलम्ब्य रता केचिज्जिह्वाछेदनकर्मणा ॥

अन्वयार्थः – लोकः जनाः साधकाः, मुद्रां अन्तः खेचरीं, अज्ञात्वा अनवगम्य, बाह्यखेचरीं मुद्राविशेषं, अवलम्ब्य आश्रित्य, केचित् साधकाः, जिह्वाछेदनकर्मणा जिह्वायाः अधस्थनाडेः कर्तनकर्मणि, रताः आसक्ता भवन्ति ।

वैशिष्ट्यम् – सामान्यतो लोके तावत् योगिसामान्येषु बहूनामियं खेचरीमुद्रा जिह्वाछेदनैकमात्रसाध्या इति मतिः विभ्रमात्मिका इति आचार्याणामभिप्रायः । सः सम्प्रदायो भवतु नाम, परं तस्मादियं खेचरी किञ्चिद्भिन्ना, तत्र च बुद्धा न सन्ति साधका इति तेषामज्ञानं निवारयितुमेव इत्थमुच्यते । खेचरी च मुद्रासु श्रेष्ठा इत्यतो विभ्रान्ताश्च बहवो इत्थं जिह्वायाः छेदनकर्मणि निरता भवन्ति । अन्तःखेचरी एव मुक्तिदा इति बोधनमत्र क्रियते । प्राप्तमूलग्रन्थे *मुद्रा* इति टङ्कितदोषोऽस्तीत्यतो *मुद्राम्* इति संशोधितमस्ति ।

---

[2] म.ब्र.उ.2-1-61

5. तालुमूलद्वादशान्तमध्यं प्रत्यक्कलात्मकम् ।
यत्तस्मिञ्ज्योतिषि मनो दत्वा निजहृदि क्रमात् ॥

6. दृष्टिस्तु पूर्णिमा ज्ञेयं दृश्यमादौ तमोमयम् ।
तन्मध्ये मनसा पश्येज्ज्योतिर्लिङ्गं सुनिश्चलम् ॥

अन्वयार्थः – तालुमूलद्वादशान्तमध्यं जिह्वामूलस्य द्वादशाङ्गुलरिमाणतो अन्तस्स्थं, प्रत्यक्कलात्मकं प्रत्यक्कलेति नामकं, यत् तत्त्वं, तस्मिन् ज्योतिषि प्रकाशपुञ्जे, निजहृदि वक्षसि, क्रमात् गुरूक्तदिशा, मनः चित्तं, दत्वा समर्प्य, दृष्टिः आलोकनं तु, पूर्णिमा इति ज्ञेयं अवगन्तव्यं, तत्र आदौ प्रथमं, तमोमयं तमसा प्रतलीकृतं, तथा तन्मध्ये तमोमध्ये तु, सुनिश्चलं कम्पविरहितं, ज्योतिर्लिङ्गं प्रकाशरूपं, मनसा इन्द्रियेण, पश्येत् ध्यायेत् ।

वैशिष्ट्यम् – खेचरी अथवा शाम्भवीमुद्रायाः दर्शनार्थं अमा, प्रतिपत्, पूर्णिमा चेति तिस्रो दृष्टयः प्रतिपादितास्सन्ति, तत्र सर्वोन्मीलनं पूर्णिमा भवति।[3] तामेवात्र कथ्यते । तल्लक्ष्ये नासाग्रे, तालुमूलद्वादशाङ्गुलाग्रभागे अन्तःपुरोभागे च गाढं तमः दृश्यते । तत्र अखण्डमण्डलाकारज्योतिदर्शनात् सच्चिदानन्दं ब्रह्म सिध्यति । [4] इति खेचर्याः अभ्यासे कश्चन प्रकारविशेषः।

7. नासाग्रदत्तनिमिषोन्मिषबाह्यदृष्ट्या
लक्ष्ये सदाशिवविमर्शकगूढदृष्ट्या ।
ज्योतिःस्वरूपमचलं परिणामहीनं
पश्यन्ति ये त इह संयमिनः कृतार्थाः ॥

अन्वयार्थः – नासाग्रदत्तनिमिषोन्मिषबाह्यदृष्ट्या नासिकायाः अग्रे स्थाने दत्ता या निमिषोन्मिषबाह्यदृष्टिः अर्धनिमीलितदर्शनं तया, सदाशिवविमर्शकगूढदृष्ट्या सदाशिवस्येश्वरस्य स्पष्टदर्शनार्थं कृतगहनदृष्ट्या च, लक्ष्ये स्थाने, अचलम् अचञ्चलं, परिणामहीनं भावरहितं, ज्योतिःस्वरूपं प्रकाशं, ये साधकाः, पश्यन्ति अवलोकयन्ति, ते संयमिनः योगीन्द्राः, इह लोके, कृतार्थाः कृतकृत्याः ।

---

[3] म.ब्र.उ.2-1-59

[4] म.ब्र.उ.2-1-60, राजयोगव्याख्या

वैशिष्ट्यम् – पूर्णिमाभ्यासस्य पूर्वोक्तस्य प्राशस्त्यमेवात्र कथ्यते । अस्य लक्ष्यं नासाग्रं तत्र ज्योतिर्दृश्यते तद्दर्शनात् योगी कृतार्थो मुक्तो भवति । एतच्च मण्डलब्राह्मणोपनिषदि – *तासु पूर्णिमाभ्यासः कर्तव्यः । तल्लक्ष्यं नासाग्रम् । तदा तालुमूले गाढतमो दृश्यते । तदभ्यासात् अखण्डमण्डलाकारज्योतिः दृश्यते । तदेव सच्चिदानन्दं ब्रह्म भवति* ॥ [5]

8. पश्चिमाभिमुखं लिङ्गमभिन्नवलयाकृतिम् ।
त्वं पूर्वाभिमुखो भूत्वा पश्य पश्य महाद्भुतम् ॥

अन्वयार्थः –पश्चिमाभिमुखं पश्चिमदेशं प्राचीम् अभिमुखीकृत्य स्थियमानं, अभिन्नवलयाकृतिम् अभिन्नं विशिष्टमथवा भेदरहितं वलयाकृतिं वर्तुलाकारं, लिङ्गं शिवलिङ्गमथवा आत्मलिङ्गं, त्वं साधकः, पूर्वाभिमुखो भूत्वा लिङ्गम् अभिमुखीकृत्य, पश्य पश्य अवलोकय, तत् महाद्भुतं विशिष्टानुभवदम् ।

वैशिष्ट्यम् – पश्चिमाभिमुखस्य लिङ्गस्य पूर्वाभिमुख्यं कार्यमित्युक्ते लिङ्गस्यैव पुरतो तत्पश्यन् उपविशेत् इति ज्ञेयम् । पश्य पश्य इति द्विरुक्तिः आश्चर्यबोधनार्थं तथा पादपूरणार्थञ्च इति चिन्तनीयम् । *तदा पश्चिमाभिमुखः प्रकाशः* इति वाक्यस्य राजयोगव्याख्यायाम् इत्थमुच्यते – *पूर्वाभिमुखो योगी सम्पूर्णमण्डलाकारम् आत्मलिङ्गं यदि पश्यति, तत्पश्चिमाभिमुखः प्रकाशः स्वीकर्तव्यः* ॥ [6]

9. यदा तज्ज्योतिरोङ्कारं ब्रह्माच्युतशिवात्मकम् ।
पश्यन्ति सूरयः शान्तं तद्विष्णोः परमं पदम् ॥

अन्वयार्थः – सूरयः ज्ञानिनः साधकाः, यदा यस्मिन् अवसरे, तत् शान्तं स्वच्छं, ज्योतिः प्रकाशं, ओङ्कारं प्रणवं, ब्रह्माच्युतशिवात्मकं त्रिदेवस्वरूपं, पश्यन्ति अवधारयन्ति, तदा तत् स्थानं, विष्णोः परमं पदम् एतत्संज्ञायुतम् इति उच्यते ।

वैशिष्ट्यम् – सा च पूर्वोक्ता ज्योतिः त्रिदेवसङ्कल्पयुतम्स्ति तथा ओङ्कारमिति च वदन्ति यमिनः । एतद्धि विष्णोः पदं, शिवपदमथवा परमपदमिति व्यवह्रियते,

---

[5] म.ब्र.उ.2-1-60

[6] म.ब्र.उ. 2-64

मोक्षकवाटमित्याशयः । एतच्च मण्डलब्राह्मणोपनिषन्निरूपितमस्ति, यथा – *तत्प्रत्ययविदितं ब्रह्मैव परमममृतम् ओङ्काररूपम् आपोज्योतिस्स्थलं शिववविष्णोः परं पदं चेति वदन्ति* ।[7]

> *ओङ्कारममृतं ब्रह्मेत्यापोज्योतिस्स्थलं शिवम् ।*
> *विष्णोः परं पदं चेति प्राहुः ब्रह्मविदो जनाः ॥*[8]

V.2.2 शाम्भवीमुद्रासिद्धिः तच्चिह्नानि च

10. पूर्णेन्दुबिम्ब इव सन्मणिदीपकेव
मध्याह्नसूर्य इव वह्निशिखेव नित्यम् ।
विद्युत्प्रभेव शिवलिङ्गमहो विचित्रं
लक्ष्यान्तरे ज्वलति पश्यति चक्षुरग्रे ॥

अन्वयार्थः – पूर्णेन्दुबिम्बः पूर्णेन्दोः वर्तुलाकारचन्द्रस्य रूपम् इव, सन्मणिदीपकेव सन्मणिदीपिका मणिवत् प्रकाश्यमाना इव, मध्याह्नसूर्य इव मध्याह्नसूर्यो यथा प्रकाण्डो भवति तद्वत्तीव्रः, नित्यम् सर्वदा, वह्निशिखेव वह्नेरग्नेः शिखा ज्वाला तद्वत् तीक्ष्णा, विद्युत्प्रभेव विद्युतो तडितः प्रभा कान्तिरिव, अहो आश्चर्यं, विचित्रं विशिष्टं, लक्ष्यान्तरे अपरस्मिन् लक्ष्ये, ज्वलति प्रकाशते तत्, चक्षुरग्रे अक्ष्णोः पुरतः, पश्यति ईक्षते ।

वैशिष्ट्यम् – शाम्भवीमुद्रया यामद्वयम् आत्मेक्षणेऽभ्यस्ते मनोवायू साम्यभावेन प्रवर्तितौ भवतः । तस्मात् मनस्स्थैर्ये सिद्धे तद्वशात् वायुः स्थिरो भवति । वायुचाञ्चल्ये वा मनश्चाञ्चल्ये वा प्राप्ते तद्वशात् इतरत्सर्वं चञ्चलमेव भवति । अतो राजयोगाभ्यासेन मनोवायुस्थैर्यं भवतीति निश्चयः । तच्चिह्नानि उच्यते – *आदौ तारकवत् दृश्यते, ततो वज्रदर्पणम्, ततः परिपूर्णचन्द्रमण्डलं, ततो नवरत्नप्रभामण्डलं, ततो मध्याह्नार्कमण्डलं,*

---

[7] म.ब्र.उ. 2-1-64 राजयोगव्याख्या

[8] म.ब्र.उ. 2-1-64 राजयोगव्याख्या

ततो वह्निशिखामण्डलं च एवं क्रमात् दृश्यते ॥ [9] इति निरूपितोऽयं क्रमः प्रस्तुतश्लोकेऽपि सन्दृश्यते ।

V.2.3 आत्मलिङ्गार्चनम्

11. आत्मलिङ्गमिदं पश्य किमन्यैः कर्मविभ्रमैः ।
अहिंसाद्यष्टपुष्पैस्तु मानसैरङ्ग पूजय ॥

अन्वयार्थः – इदं निरूप्यमाणम्, आत्मलिङ्गं चैतन्यं, पश्य अवधारय, अन्यैः अपरैः, कर्मविभ्रमैःप्रवृत्तिकलापैः, किं प्रयोजनम् । अतः, मानसैः मनस्सम्बद्धैः, अहिंसाद्यष्टपुष्पैः तु अहिंसा इत्यादिभिः अष्टसंख्याकैः पुष्परूपैस्तु, अङ्ग आत्मलिङ्गे, पूजय सेवय ।

वैशिष्ट्यम् – मण्डलब्राह्मणोपनिषदि द्वितीयब्राह्मणे द्वितीयखण्डे राजयोगव्याख्यायां आत्मलिङ्गपूजनार्थं अष्टपुष्पाण्युच्यन्ते । तथा मानसपूजां कर्तुमत्रोच्यते ।

12. पुष्पाण्यहिंसेन्द्रियनिग्रहश्च दयाक्षमाज्ञानसमाह्वयानि ।
ध्यानं तपः सत्यममीभिरेवं प्रपूजयेदात्मनि सिद्धलिङ्गम् ॥

अन्वयार्थः – तानि प्रागुक्तपुष्पाण्यत्र निरूप्यन्ते कानीति । पुष्पाणि मानसाङ्गपूजायै प्रागुक्तानि, अहिंसा निरुपद्रवः, इन्द्रियनिग्रहः शमः, दया करुणा, क्षमा क्षितिः, ज्ञानसमाह्वयः ज्ञानसङ्ग्रहणम्, ध्यानं चित्तैकाग्र्यं, तपः द्वन्द्वसहिष्णुता, सत्यं ऋतत्वं, इति अमीभिः उक्तैः, एवं उक्तप्रकारेण, आत्मनि स्वान्तः, सिद्धलिङ्गं शिवलिङ्गं, प्रपूजयेत् समर्चयेत् ।

वैशिष्ट्यम् – आत्मलिङ्गपूजनार्थमपेक्षितानि अष्टपुष्पाणि उपनिषद्दिशा निरूप्यन्ते । *अथ आत्मलिङ्गार्चनं –अहिंसा, सर्वेन्द्रियनिग्रहः, अधिकदयालुत्वं, क्षमा, सदाखण्डज्ञानपूर्णत्वं, सत्यं, तपोनिष्ठा, सर्वज्ञता च – इत्येतैरष्टपुष्पैः आत्मलिङ्गार्चनपरो*

[9] म.ब्र.उ.2-1-63

और उस समय नाकको आगेको भाग ताको देखे इसको योगासन कहते हैं । इति ॥ ४३ ॥ ४४ ॥

इति श्रीघेरंडसंहिताश्रीमथुरास्थदक्षगोत्रोद्भवचातुर्वेदिशर्मश्री ५ कल्याणचंदात्मजराधाचंदविरचितव्रजभाषाटीकायां आसनवर्णनो नाम द्वितीयोपदेशः ॥ २ ॥

तृतीयोपदेशः ३ ।

अथ मुद्राकथनप्रकरणम् ।

महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डीयानं जलंधरम् ॥
मूलबंधो महाबंधो महावेधश्च खेचरी ॥ १ ॥
विपरीतकरी योनिर्वज्राणी शक्तिधारिणी ॥
ताडागी मांडवी मुद्रा शांभवी पंचधारिणी ॥ २ ॥
अश्विनी पाशिनी काकी मातंगी च भुजंगिनी ॥
पंचविंशतिमुद्राणि सिद्धिदानीह योगिनाम् ॥ ३ ॥

अर्थ-महमुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डीयान, जलंधर, मूलबंध, महाबंध, महावेध, खेचरी, विपरीतकरी, योनि, वज्राणी, शक्तिधारिणी, ताडागी, मांडवी, शांभवी, धारणामुद्रा, पांच तरहकी है । जैसे-पार्थिवीधारणा आम्भसीधारणा वैश्वानरीधारणा वायवीधारणा, नभोधारणा और तापीछें अश्विनी, पाशिनी, काकी, मातंगी, भुजंगिनी ॥ इति ॥ १ ॥ २ ॥ ३ ॥

मुद्राणां पटलं देवि कथितं तव संनिधौ ॥
येन विज्ञातमात्रेण सर्वसिद्धिः प्रजायते ॥ ४ ॥
गोपनीयं प्रयत्नेन न देयं यस्य कस्यचित् ॥
प्रीतिदं योगिनां चैव दुर्लभं मरुतामपि ॥ ५ ॥

CC.0- Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

अर्थ–श्रीमहादेव गौरीसे बोले कि हे देवि ! मैंने तेरे आ
मुद्रानिके नाम कहे हैं। इनके जानवेसोंही सब भाँतिकी सि
द्धिकी लाभ होइ है। यह सब विषय परम गोपनीय है जि
किसीको कभी नहीं देना। क्योंकि विना प्रतिज्ञाके साधि
नहीं सक्के और कदापि बतायभी दो तौ चंचल लोग दोषि
करेंगे और न बन सकेंगे तौ इस विद्याकौ झूँठी कहकर
प्रतिज्ञोंकोभी नहीं देना, ये सब मुद्रा योगियोंकोही परम प्री
देनेवारी है। यह मुद्रा देवताओंकोभी दुर्लभ हैं। इति ॥४॥५

अथ महामुद्राविधिः ।

पायुमूलं वामगुल्फे संपीड्य दृढयत्नतः ।
याम्यपादं प्रसार्याथ करे धृतपदांगुलः ॥ ६ ॥
कण्ठसंकोचनं कृत्वा भ्रुवोर्मध्यं निरीक्षयेत् ॥
महामुद्राभिधा मुद्रा कथ्यते चैव सूरिभिः ॥ ७ ॥

अर्थ–गुदामूलकों बाँई एडीसों बहुत तागतसों दबा
और दाँय हाथको फैलायकों हाथसों पाँयकी अंगुली ध
फिर कंठकों सकोडकें भोहके मध्यमें ध्यान लगा देवे इसक
पंडितगण महामुद्रा कहें हैं। इति ॥ ६ ॥ ७ ॥

अथ मुद्राफलम् ।

क्षयकासं गुदावर्तं प्लीहां जीर्णज्वरं तथा ॥
नाशयेत् सर्वरोगांश्च महामुद्रातिसेवनात् ॥ ८ ॥

अर्थ--उपरोक्त (महामुद्रा को अधिक सेवन करवेसं
क्षयसों भई खासी गुदावर्त (गुदाके चारों तर्फ वारे फोडा

CC.0- Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

पतिल्ली और जीर्ण ज्वर (पुरानो ज्वर), तथा और सब तरके रोग या महामुद्राके सेवनसों नाश होई है। इति ॥८॥

अथ नभोमुद्राविधिः।

यत्र यत्र स्थितो योगी सर्वकार्येषु सर्वदा ॥
ऊर्ध्वजिह्वः स्थिरो भूत्वा धारयेत्पवनं सदा ॥
नभोमुद्रा भवेदेषा योगिनां रोगनाशिनी ॥ ९ ॥

अर्थ--जब जब योगी काहू काममें लगे तब तब सर्वदाही ऊपरकी ओर जीभ करकें कुंभकके द्वारा स्थिर होकर पवनको धारण किया करै यह अभ्यास सदा रखनेसे योगियोंकों समस्त रोगनिते निवृत्त होई हैं इसको नभोमुद्रा कहते हैं। इति९

अथ उड्डीयानबंधविधिः।

उदरे पश्चिमं तानं नाभिरूर्ध्वं तु कारयेत् ॥
उड्डीयानं कुरुते यत् तद्विश्रान्तं महाखगः ॥
उड्डीयानंत्यसौ बंधो मृत्युमातंगकेसरी ॥ १० ॥

अर्थ—नाडीके ऊपरका भाग पश्चिमद्वारको उदरके समभागमें सिकोडनों चाहिये अर्थात् उदरके मध्यम भागस्थ गुह्यादिकस्थित नाडी समूहकों नाभीके ऊपर सिकोडके उठानों चाहिये इसको उड्डीयान बंध कहते हैं यह उड्डीयान बंद मोक्षके लिये अर्थात् गजरूप मृत्युको सिंहके समान है। इति१०

अथ उड्डीयानबंधफलम्।

समग्राद्बंधना ह्येतत् उड्डीयानं विशिष्यते ॥
उड्डीयाने समभ्यस्ते मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत्॥११॥

CC.0- Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

अर्थ–जितने मुद्राबंध कहे गये हैं उन सबमें
उड्डीयान बंध बहुत उत्तम है इस उड्डीयान बंधके सा
जिसे आपही आप मुक्ति होई है। इति ॥ ११ ॥

अथ जालंधरबंधविधिः ।

कंठसंकोचनं कृत्वा चिबुकं हृदये न्यसेत् ॥
जालंधरकृते बंधे षोडशाधारबंधनम् ॥
जालंधरं महामुद्रा मृत्योश्च क्षयकारिणी ॥ १

अर्थ--कंठको सकोड करकें छातीपर डाढी धरवेहीसों
लंधरबंध कह्यौ जाय है याके साधन करवेसों सोलह भाँ
आधार बंध हुवा करते हैं यह मोंतकाभी नाशक है ॥ १

अथ जालंधरबंधफलम् ।

सिद्धं जालंधरं बंधं योगिनां सिद्धिदायकम् ॥
षण्मासमभ्यस्येत् यो हि स सिद्धो नात्र संशयः ॥

अर्थ--यह जालंधर बंध स्वयं सिद्ध है यह योगियोंको सि
देवेवारौ है जो बुद्धिवान् छः महीना इसका साधन करत
वह अवश्य सिद्धि हो जाता है इसमें संशय नहीं है ॥

अथ मूलबंधविधिः ।

पार्ष्णिना वामपादस्य योनिमाकुंचयेत्ततः ॥
नाभिग्रंथिं मेरुदंडं संपीड्यं यत्नतः सुधीः ॥
मेढ्रं दक्षिणगुल्फे तु दृढबंधं समाचरेत् ॥
जराविनाशिनी मुद्रा मूलबंधो निगद्यते ॥ १

अर्थ–वाँये पाँयकी एडीसों गुदा प्रदेशको सिकोडे वा

CC.0- Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

ड्डीकी गाँठको पीठकी हड्डीसे दबावै और उपस्थकों दाँये एडीसों मजबूत दबाके राखै इसकौ मूलबंध कहते हैं यह मुद्रा बुढापेंको दूर करै है। इति ॥ १४ ॥ १५ ॥

अथ मूलबंधफलम् ।

संसारसागरं तर्तुमभिलषति यः पुमान् ॥
विरलेषु गुप्तो भूत्वा मुद्रामेनां समभ्यसेत् ॥ १६ ॥
अभ्यासाद्बंधनस्यास्य मरुत्सिद्धिर्भवेद्ध्रुवम् ॥
साधयेद्यत्नतस्तर्हि मौनी तु विजितालसः ॥ १७ ॥

अर्थ—जो मनुष्य संसारसागरसे पार होनेकी इच्छा करै एकान्तस्थानमें गुप्तभावसे इस मुद्राका अभ्यास करै इस मूलबंधके अभ्याससे जरूर पवन (वायु) सिद्धि होइ है इसके साधक आलसकों छोडके मौंनी हो यत्नपूर्वक इसको साधन करै ॥ १६ ॥ १७ ॥

अथ महाबंधफलम् ।

महाबंधः परो बंधो जरामरणनाशनः ॥
प्रसादादस्य बंधस्य साधयेत्सर्ववांछितम् ॥ १८ ॥

अर्थ—यह महाबंध (नामकी मुद्रा) सब मुद्राओंमें श्रेष्ठ है और बुढापे तथा मौतको नाश करै है इस महाबंधके प्रसादसों सब मनमान मनोरथ पूर्ण होइ है ॥ १८ ॥

अथ महावेधविधिः ।

रूपयौवनलावण्यं नारीणां पुरुषं विना ॥
मूलबंधमहाबंधौ महावेधं विना तथा ॥ १९ ॥

CC.0- Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

महाबंधसमासस्य उड्डानकुंभकं चरेत् ॥
महावेधः समाख्यातो योगिनां सिद्धिदायकः॥२०॥

अर्थ–जैसे पुरुषके विना नारीको सुंदररूप यौवन (जवानी) तथा लावण्यता निष्फल रहती हैं । वैसे महावेधमुद्राके विना मूलबंध तथा महाबंधभी काऊ काम नहीं रहते । पहले महाबंध मुद्रा करै फिर उड्डीयान मुद्रा करके कुंभक प्राणायामसे वायुकों निरोध करवेको महावेध मुद्रा कही जाती है यह मुद्रा महावेधके योगिजन सर्वसिद्धिकों पामें हैं ॥ १९ ॥ २० ॥

अथ महावेधफलम् ।

महाबंघमूलबंधौ महावेधसमन्वितौ ॥
प्रत्यहं कुरुते यस्तु स योगी योगवित्तमः ॥ २१ ॥
न मृत्युतो भयं तस्य न जरा तस्य विद्यते ॥
गोपनीयः प्रयत्नेन वेधोयं योगिपुंगवैः ॥ २२ ॥

अर्थ–जो साधक प्रतिदिन इस महावेधके सहित महाबंध और मूलबंधका साधन कियौ करें हैं वेही योगियोंमें उत्तम योगविद्याके जानवेवारे कहे जाते हैं । मौत और बुढापा उनके पास कभी नहीं आय सक्ती । यह मुद्रा परम गुप्त रखवेके योग्य है योगीनमें श्रेष्ठ योगी इसको किसीसे नहीं कहते हैं ॥ २१ ॥ २२ ॥

अथ खेचरीमुद्राविधिः ।

जिह्वाधो नाडीं संछिन्नां रसनां चालयेत्सदा ॥
दोहयेन्नवनीतेन लोहयंत्रेण कर्षयेत् ॥ २३ ॥

CC.0- Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

एवं नित्यं समभ्यासाल्लम्बिका दीर्घतां व्रजेत् ॥
यावद्गच्छेद्भ्रुवोर्मध्ये तथा गच्छति खेचरी ॥२४॥
रसना तालुमध्ये तु शनैः शनैः प्रवेशयेत् ॥
कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा ॥
भ्रुवोर्मध्ये गतां दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ॥ २५ ॥

अर्थ--जीभके नीचे जीभकी जड और जीभ इन दोनोंको जो नाडी जोडे रहती है उसको काट देवे और नित्यही जिह्वाके अग्रभाग और जिह्वा (जीभ) के नीचे सदा चलाया करै । और जीभको नवनीत (माखन) से दुहा करै और लोहेकी (चीमटा) सों खेंच लेय । याही प्रकार रोज करनेसे जीभ लंबी हो जाती है । क्रमसे अभ्यास करते करते जीभको इस प्रकार लंबी कर देय कि जासों दोनों भौंहोंके बीचतक पहुँच जाय । फिर उसी जीभको क्रमसे तालुके बीच ले जाय । तालु-देश मध्यस्थ (गड्ढाको) कपालकुहर कहते हैं । जीभको उसी तालुके गड्ढामें ऊपरकी ओर उलटके प्रवेशित करै ता पीछे दोनों भोहनिके मध्य (बीच) के भागको देखे याको खे-चरी मुद्रा कहे हैं ॥ २३ ॥ २४ ॥ २५ ॥

अथ खेचरीमुद्राफलम् ।

न च मूर्च्छा क्षुधा तृष्णा नैवालस्यं प्रजायते ॥
न च रोगो जरा मृत्युर्देवदेहः स जायते ॥ २६ ॥

अर्थ--जो मनुष्य या खेचरी मुद्राको साधन करे हैं उनको मूर्च्छा भूँख प्यास और आलस्य नहीं होई है और न रोग

CC.0- Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

न बुढापौ न मौत पास आवे और देवतानकीसी ताकी
हों जाय ॥ २६ ॥

नाग्निना दह्यते गात्रं न शोषयति मारुतः ॥
न देहं क्लेदयन्त्यापो दंशयेन्न भुजंगमः ॥ २७ ॥

अर्थ–और उनको आग नहीं जलाय सके पवन सुख
नहीं सके तथा पानी न गीला कर सके तथा साँप क
नहीं सके है ॥ २७ ॥

अथ विपरीतकरीमुद्राविधिः ।

नाभिमूले वसेत्सूर्यस्तालुमूले च चंद्रमाः ॥
अमृतं ग्रसते सूर्य्यस्ततो मृत्युवशो नरः ॥ २८
ऊर्ध्वे च गमयेत्सूर्य्यं चंद्रं च अध आनयेत् ॥
विपरीतकरी मुद्रा सर्वतंत्रेषु गोपिता ॥ २९ ॥
भूमौ शिरश्च संस्थाप्य करयुग्मे समाहितः ॥
ऊर्ध्वपादः शिरो भूत्वा विपरीतकरी मता ॥३०

अर्थ–नाभिकी जडमें सूर्य (सूर्यनाडी) वास करै अं
मुखके तलुआकी जडमें चंद्रमा (चंद्रनाडी) वास करै है ज
नीचेसे सूर्य अपने तेजसों खेंचवेसों देहमें रहवेवारौ अमृत
ग्रास कर लेय है तब मनुष्य मौतके वस होइ है । यालि
ऊपरकी ओरसौं सूर्यकों उठानों चाहिये और नीचेकी ओर
चंद्रमाको ले आनों चाहिये इसका नाम विपरीतकरी-मुद्रा
सो सब तंत्रोंसे गुप्त है अर्थात् अंत कहुँ नही कहीं गई । या
विधि ऐसी तरहँ है कि धरतीमें माथेकों धरे और दोनों हा
निसों धरतीको पकडकर पाँयनिको ऊपरकी ओर उठाय

CC.0- Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

सीधा खडा करै और पूरक प्राणायामसे पवन खेंचकर कुंभकके द्वारा जहांतक ठेरे तबतक ठहरावे इसको विपरीतकरी मुद्रा कहते हैं। इति ॥ २८ ॥ २९ ॥ ३० ॥

अथ विपरीतकरीमुद्राफलम्।

मुद्रेयं साधयेन्नित्यं जरां मृत्युं च नाशयेत् ॥
स सिद्धः सर्वलोकेषु प्रलयेपि न सीदति ॥ ३१ ॥

अर्थ—जो मनुष्य इस मुद्राको रोज साधन करता है वह बुढापा और मृत्युसे बच्यो रहे है। फिर सब लोकनिमें सिद्ध हो जाता है और प्रलय होनेपरभी अभय रहता है ॥ ३१ ॥

अथ योनिमुद्राविधिः।

सिद्धासनं समासाद्य कर्णं चक्षुर्नसो मुखम् ॥
अंगुष्ठतर्जनीमध्यानामादिभिश्च साधयेत् ॥ ३२ ॥
काकीभिः प्राणसंकृष्य अपाने योजयेत्ततः ॥
षट् चक्राणि क्रमाद् ध्यात्वा हुं हंसः मनुना सुधीः ॥ ३३ ॥
चैतन्यमानयेद्देवीं निद्रिता या भुजंगिनी ॥
जीवेन सहितां शक्तिं समुत्थाप्य करांबुजे ॥ ३४ ॥
शक्तिमयः स्वयं भूत्वा परं शिवेन संगमम् ॥
नानासुखं विहारं च चिंतयेत्परमं सुखम् ॥ ३५ ॥
शिवशक्तिसमायोगादेकान्तं भुवि भावयेत् ॥
आनंदं च स्वयं भूत्वा अहं ब्रह्मेति संभवेत् ॥ ३६ ॥
योनिमुद्रा परा गोप्या देवानामपि दुर्लभा ॥
सकृत्तु लाभसंसिद्धिः समाधिस्थः स एव हि ॥ ३७ ॥

CC.0- Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

अर्थ–प्रथम सिद्धासनसों बैठे फिर कान आँख नाक
ये चारों द्वारोंको अँगूठा तर्जनी मध्यमा अनामिका
अँगुरियानसों ढाँक लेय अर्थात् कानके दोनों छेदोंको
अँगुठानसों दोनों आँखनकों दोनों तर्जनीनसों दोनों
कके छेदोंको दोनों मध्यमानसों, मुखकों दोनों अनामि
न्सों दाबै। फिर या मुद्रासों प्राणपवनकों खेंचै और
उसै अपानपवन (अधोवायु) में मिलाय दे वाके
अंगमें छः चक्र है उनका ध्यान करै वाही समयमें (हुँ)
(हंस) इन दो मंत्रोंसे भुजंगिनी रूप कुंडलिनी देवीकों ज
तैं षोडश मात्रा मित काल । भरिजेल शान्तपणें ।७६।
मग लावोनी जालंधर । करावा कुंभर सुंदर ।
चतुःषष्ठी मात्रा परिकर । होतां पूर्ण ।।७७।।
दक्षिण नासापुटीं पिंगला । तद्द्वारा रेचकू भला ।
कीजे द्वात्रिंश मात्रेला । मंदमंद गतीनें ।।७८।।
उड्डियाण जालंधर । हे कुंभकरेचक हितकर ।
असती हे चतुरें । कीजे अवश्य ।।७९।।
पूरक तो वेगानें । बंध लाविजेती दोन ।
मूलाधार उड्डियाण । हे जाणावे गुरुमुखें ।।८०।।
सायंप्रातर्मध्यान्हीं । तैसाची मध्यरजनी ।
एवं चतुर्वार प्रतिदिनीं । करावा प्राणायाम ।।८१।।
अशिति संख्याक प्रतिवेळ । करिजे प्राणायाम सोज्वळ ।
षण्मासाभ्यंतर नाडी निर्मळ । हो वेगेंसी ।।८२।।
हा अगर्भ प्राणायाम । ऐकिजे सगर्भ लक्षण ।
अभ्यासें निर्मळ मन । हो योगियाचें ।।८३।।
मूलाधारापासोन । चक्रब्रह्मरंध्र चरम ।
पृष्ठी मेरुदंड लक्षून । सुषुम्ना नाडीं वसे तेथें ।।८४।।
तद्द्वारें वायूचा । मार्ग उत्तम असे साचा ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

बंधत्रयसहित आसनाचा । होता अभ्यास द्वार दे जी ।८५।
मत्स्येंद्र, पश्चिमतान, । कंदताडन, परिधान, ।
भस्त्रिकादि यथाक्रम । गुरुसान्निध्यें अभ्यसिजे ॥८६॥
मग सरल मार्ग वायूसी । होतां जपोनी प्रणवासी ।
प्राणसमागमें प्रणवनादासी । ब्रह्मरंध्रीं नेईजे ॥८७॥
तेथें सहस्रदलकमल । स्थिर होतां योग्य काल ।
मग चित्त होईल निर्मल । अनुसंधानीं ॥८८॥
स्थिरवोनी चित्तास । कीजे नादानुसंधानास ।
सप्रणव त्रिकाल अभ्यास । होतां प्राण वश हो त्वरें ।८९।
ह्या सगर्भ प्राणायामें । होईजेल प्रसन्न मन ।
दुर्वासना नासोन । ये सद्वासना पाटव ॥९०॥
आतां बोलिजे सबीज । मग दुसरा निर्बीज ।
हे प्राणायाम सहज । दाविती सद्वस्तु ॥९१॥
सगुण मूर्तीचें ध्यान । त्यासह कीजे प्राणायाम ।
सुयुक्ति विषयां पासाव मन । वश हो सबीजें ॥९२॥
शब्दादि विषयांपासोनी । चित्तातें आकर्षोनी ।
लाविजे स्वरूपानुसंधानीं । निर्बीजें प्राप्त हो ब्रह्मवस्तु ९३
(नोच्छ्वसेन्नचनिःश्वासेन्नैव गात्राणि चालयेत् ।
एवंच तान्नियुंजीत कुंभकस्येति लक्षणं ॥१॥)
रेचक पूरक अनादृत्य । योगशास्त्राचें हें तथ्य ।
हो केवळ कुंभक सत्य । न कीजे गात्रचापल्य ॥९४॥
बंधत्रयाचें लक्षण । साधिजेल करोनी प्रयत्न ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जें करी बंधविमोचन । दवडोनी मृत्यूसी ॥९५॥
करोनि सिद्धासन । योनी दाविजे वामपादपार्ष्णीनें ।
अपानासी ऊर्ध्व करोनी । मूलाधार अभ्यासिजे ॥९६॥
उदर ओढोनी पृष्ठभागीं । वायू आकर्षिजे सवेगीं ।
पुढें ऊर्ध्व करोनी नाभी । साधावा उड्डियाणबंध ॥९७॥
कंठ आकुंचन करोनी । हनु लाविजे हृदयस्थानीं ।
जरा मृत्यु विनाशी जाणोनी । कीजे बंध जालंधर ।९८।
(सर्वचिंतां परित्यज्य सावधानेन चेतसा ।
निर्विकल्पः प्रसन्नात्मा प्राणायाम समभ्यसेत् ॥१॥)
एवं प्रकारें प्राणायाम । करिजे स्थिरवोनी मन ।
विषयीं यातां आकर्षोन । विवेकपाशें आवरिजे ॥९९॥
पुनः पुनः बाहेर । जातां करोनी प्रत्याहार ।
स्वरूपचिंतनीं सादर । असावें साधकें ॥१००॥
हें प्रत्याहार लक्षण । करावें चित्तसमाधान ।
मग धारणेसी योग्य मन । हो योगियाचें ॥१०१॥
धारणेचे द्विप्रकार । असनी बाह्याभ्यंतर ।
वायूसह मन स्थिर । कीजे तत्तद्देशीं ॥ १०२ ॥
नासिकाग्र भ्रूमध्यस्थान । तेथें ठेविजे चित्तासह नयन ।
करावें स्वरूपचिंतन । बाह्य धारण जाणिजे ॥१०३॥
मूलाधार, स्वाधिष्ठान, । मणिपूर, अनाहत जाण, ।
विशुद्ध, अज्ञाचक्र, मिळोन्न । हीं षट् चक्रें आंतर्य ।१०४।
प्रत्येक चक्रावरी । वायूसह मन स्थिर करीं ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तृतीय उपदेश

कुंडली बोध

सशैलवनधात्रीणां यथाधारोऽहिनायकः ।
सर्वेषां योगतंत्राणां तथाधारो हि कुंडली ।।१।।

टीका—जैसे पर्वतों और वनों से युक्त इस पृथिवी को अहिनायक धारण करते हैं, वैसे ही सम्पूर्ण योगतन्त्रों का धारण कुण्डली ही करती है।

व्याख्या—श्लोक में बताया गया है कि कुण्डलिनी शक्ति सब प्रकार के योगों की आश्रय स्वरूपा है। जिस प्रकार सर्पों के अधिनायक अर्थात् शेष इस सम्पूर्ण पृथिवी को अपने फण पर धारण किये हुए, उसी प्रकार सब प्रकार के योगों को कुण्डलिनी धारण करती है। आशय यह है कि सब प्रकार के योगों की सिद्धि में कुण्डलिनी ही एक मात्र कारण है, उसके जागरण बिना योग के सभी उपाय निष्फल रहते है।

श्लोक में 'धात्रीणाम्' कहकर पृथिवी के विषय में बहुवचन का प्रयोग हुआ है, उसका आशय यह है कि देश-भेद से पृथिवी को अनेक कहा है। कुछ विद्वानों के मत में शेष भगवान् त्रिलोकी का धारण करते हैं और तीन लोकों को तीन पृथिवी हुईं, इसीलिए बहुवचन प्रयुक्त हुआ प्रतीत होता है।

सुप्ता गुरुप्रसादेन यदा जार्गात कुण्डली ।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यंते ग्रन्थयोऽपि च ।।२।।

21:01

सुषुम्ना के पर्याय कथन

प्राणस्य शून्यपदवी तथा राजपथायते ।
तदा चित्तं निरालंबं तदा कालस्य वंचनम् ॥३॥

टीका—गुरु के प्रसाद से जब सोती हुई कुण्डली जाग्रत् होती है, तब वह सभी कमलों और ग्रन्थियों का भेदन कर देती है। वैसे ही प्राण की शून्य पदवी जब राजपथ जैसी हो जाती है, तब चित्त निरालम्ब हो जाता और काल का भी वंचन होता है ॥२—३॥

व्याख्या—सुप्त कुण्डलिनी को जाग्रत् करने के लिए गुरु की प्रसन्नता आवश्यक है, क्योंकि गुरु प्रसन्न होकर ही उपाय बताते हैं और जब उनकी कृपा से साधक उसमें सफलता प्राप्त कर लेता है, तभी कुण्डलिनी शक्ति षट्चक्रों और सब ग्रन्थियाँ को वेधकर सहस्रार पद्म में पहुँच सकती है। उसी के लिए शून्य पदवी से कही सुषुम्ना राजपथ के समान होकर प्राण को सुखपूर्वक गमन करने के लिए मार्ग देती है। उस अवस्था में चित्त सब विषयों से विमुख हो जाता है और तभी काल का बन्धन भी नष्ट हो जाता है, अर्थात् मृत्यु का भय भी नहीं रहता।

सुषुम्ना शून्यपदवी ब्रह्मरंध्रं महापथः ।
श्मशानं शांभवी मध्यमार्गश्चेत्येकवाचकाः ॥४॥
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम् ।
ब्रह्मद्वारमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत् ॥५॥

टीका—सुषुम्ना, शून्यपदवी, ब्रह्मरन्ध्र, महापथ, श्मशान, शाम्भवी और मध्य मार्ग एक अर्थ के वाचक हैं। इसलिए सब प्रकार प्रयत्न करके ब्रह्मद्वार पर सोती हुई उस

21:01

ईश्वरी को जाग्रत् करने के लिए मुद्राओं का अभ्यास करना चाहिए ॥४—५॥

व्याख्या—सुषुम्ना, शून्य पदवी आदि जो नाम इस श्लोक में दिये हैं, उन सबका एक ही अर्थ है—सुषुम्ना नाड़ी। यह नाड़ी ही ब्रह्म की प्राप्ति का उपाय है। परन्तु उसी सुषुम्ना के द्वार को रोककर कुण्डलिनी शक्ति सोती रहती है। उसे जगाने के लिए महामुद्रा आदि का अभ्यास करना चाहिए।

महामुद्रा महाबंधो महावेधश्च खेचरी।
उड्यानं मूलबंधश्च बंधो जालंधराभिधः ॥६॥
करणी विपरीताख्या वाज्रोली शक्तिचालनम् ।
इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशनम् ॥७॥
आदिनाथोदितं दिव्यमष्टैश्वर्यप्रदायकम् ।
वल्लभं सर्वसिद्धानां दुर्लभं मरुतामपि ॥८॥

टीका—महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी उड्यान बन्ध, मूलबन्ध, जालन्धर बन्ध, विपरीतकरणी, वज्रोली, शक्तिचालन, यह दश मुद्राएँ जरा-मरण को नष्ट करने वाली हैं। यह मुद्राएं आदिनाथ द्वारा कहे हुए आठ दिव्य ऐश्वर्यों को प्रदान करती हैं जो कि सभी सिद्धों को प्रिय और देवताओं को भी दुर्लभ है ॥६—८॥

व्याख्या—ग्रन्थकार ने यहाँ दश मुद्राओं का वर्णन किया है। इन्हें करने वाला साधक मृत्यु को भी जीत लेने में समर्थ होता है। इनके द्वारा आठ दिव्य ऐश्वर्य अर्थात् अष्ट सिद्धियों की प्राप्ति होती है। वे अष्ट सिद्धियाँ हैं—अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, ईशता और वशिता। इनके विषय में पहले भी विवेचन किया जा

21:01

चुका है। यह आठों सिद्धियाँ मुद्राओं का अभ्यास करने वालों को सुलभ हैं।

गोपनीयं प्रयत्नेन यथा रत्नकरंडकम् ।
कस्यचिन्नैव वक्तव्यं कुलस्त्रीसुरतं यथा ॥९॥

टीका—यह सभी मुद्राएं रत्नों की पिटारी के समान गुप्त रखने योग्य हैं इन्हें उसी प्रकार नहीं कहना चाहिए जिस प्रकार कि कुल-स्त्री का समागम नहीं बताया जाता ॥९॥

व्याख्या—इन मुद्राओं को अनधिकारी पुरुष को कभी न बतावे। इसी अभिप्राय से प्रयत्न पूर्वक गोपनीय कहा है। साधक का कर्त्तव्य है कि इनका अभ्यास एकान्त में ही करे।

महामुद्रा कथन

पादमूलेन वामेन योनिं संपीड्य दक्षिणम् ।
प्रसारितं पदं कृत्वा धराभ्यां धारयेद्दृढम् ॥१०॥
कंठे बंधं समारोप्य धारयेद्वायुमूर्ध्वतः ।
यथा दंडहतः सर्पो दंडाकारः प्रजायते ॥११
ऋज्वीभूता तथा शक्तिः कुण्डली सहसा भवेत् ।
तदा सा मरणावस्था जायते द्विपुटाश्रया ॥१२॥

टीका—बाँए पाँव के तलुए से योनि स्थान को पीडित करके दाँए पाँव को फैलावे और भूमि पर रखकर दृढ़ता से पकड़े। फिर कण्ठ प्रदेश में बन्ध करके वायु को ऊर्ध्व देश में धारण करे, इससे जैसे कुण्डली लगाकर बैठा हुआ सर्प दंडे से मारे हुए के समान दण्ड के आकार का हो जाता है, वैसे ही कुण्डलिनी शक्ति सहसा सरल हो जाती है और तब दोनों पुटों

21:01

के आश्रय से प्राण के वियुक्त होने के कारण मरणाअवस्था जैसी हो जाती है ।।१०—१२।।

व्याख्या—यहाँ महामुद्रा का वर्णन हुआ है। इसमें वाम पादमूल से योनि स्थान को दबाने और दाँए पाँव को फैलाकर हाथों की तर्जनी अंगुलियों के द्वारा उसे दृढ़तापूर्वक पकड़ लेना चाहिए। तदनन्तर कण्ठ में जालन्धर बन्ध करके मूलबन्ध करे। कुछ विद्वानों के मत में योनि के दबाने और जिह्वा का बन्धन करने से ही मूलबन्ध चरितार्थ हो जाता है इसलिए मूलबन्ध पृथक् से करने की आवश्यकता नहीं है।

उक्त विधि के अभ्यास से डंडे से मारी हुई सर्पिणी के समान कुण्डलिनी शक्ति जागकर सीधी हो जाती है और प्राण-वायु का सुषुम्ना में प्रवेश हो जाने से इडा पिंगला दोनों नाड़ियों से उसका वियोग हो जाता है। इसीलिए उस अवस्था को मरणावस्था की समानता दी गई है।

ततः शनैःशनैरेव रेचयेन्नैव वेगतः।
महामुद्रां च तेनैव वदन्ति विबुधोत्तमाः ।।१३।।
इयं खलु महामुद्रा महासिद्धैः प्रदर्शिता।
महाक्लेशादयो दोषाः क्षीयंते मरणादयः ।।
महामुद्रां च तेनैव वदंति विबुधोत्तमाः ।।१४।।

टीका—उससे वायु का रेचन धीरे-धीरे करे, वेग से न करे। श्रेष्ठ विद्वान् इसे महामुद्रा कहते हैं। इस महामुद्रा का प्रदर्शन महान् सिद्धों ने किया है, इससे महाक्लेशादि और मरणादि दोषों का भी नाश हो जाता है। इसलिए श्रेष्ठ विद्वान् पुरुष इसे महा मुद्रा कहते हैं ।।१३—१४।।

व्याख्या—उपर्युक्त अवस्था होने पर वायु का रेचन वेगपूर्वक न करके धीरे-धीरे ही करे। क्योंकि वेग से रेचन करने पर शरीर को हानि पहुँचती है और शक्ति भी घटती है। यह महामुद्रा मरणादि दुःखों और पंच महाक्लेशों को भी नष्ट कर सकती है। अविद्या, स्मितता, राग, द्वेष और अभिनिवेश यह पंच महाक्लेश कहलाते हैं। इन्हें नष्ट करने वाली होने से ही इसका नाम महामुद्रा हुआ।

महामुद्रा के अभ्यास का वर्णन

चन्द्रांगे तु समभ्यस्य सूर्यांगे पुनरभ्यसेत्।
यावत्तुल्या भवेत्संख्या ततो मुद्रां विसर्जयेत् ॥१५॥

टीका—चन्द्रांग से ठीक प्रकार अभ्यास करके सूर्यांग से अभ्यास करे। जब तक दोनों की संख्या समान हो तब तक ठीक प्रकार से अभ्यास करे और फिर मुद्रा का विसर्जन करदे ॥१५॥

व्याख्या—चन्द्रनाड़ी अर्थात् इड़ा से उपलक्षित अङ्ग को ही चन्द्राङ्ग कहते हैं और और सूर्याङ्ग का अर्थ है पिंगला से उपलक्षित अङ्ग। इसका आशय है कि पहले वाम नासिका से अभ्यास करे और फिर दक्षिण नासिका से। जब तक कुम्भक प्राणायाम का अभ्यास समान संख्या में न हो जाय तब तक भले प्रकार अभ्यास करता रहे और समान संख्या होने पर महामुद्रा को विसर्जित करे।

जैसा वर्णन इस ग्रन्थ में हुआ है, वैसा ही अन्य अनेक ग्रन्थों में मिलता है। ग्रहयामल में तो इसको यथावत् ही कह दिया है। घेरण्ड संहिता में इस प्रकार कहा है—

पायुमूलं वामगुल्फे संपीडच दृढ़ यत्नतः।
याम्यपादं प्रसार्याथ करेधृत पदांगुलः ॥

कंठं संकोचनं कृत्वा भ्रुवोर्मध्ये निरीक्षयेत् ।
महामुद्राभिधामुद्रा कथ्यते चैव सूरिभिः ॥

अर्थात्—गुह्य प्रदेश को बाँयी एड़ी से दृढ़तापूर्वक दबावे और दाँये पाँव को फैला कर उसकी अंगुलियों को हाथ से पकड़ ले तथा कण्ठ को सकोड़ कर भौंहों के मध्य में दृष्टि लगावे, विद्वानों ने इसे महामुद्रा कहा है।

न हि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः ।
अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमपि जीर्यति ॥१६॥

टीका—इसका अभ्यास करने वाले योगी को पथ्यअपथ्य कुछ नहीं होता। इससे भक्षण किये हुए नीरस रस जीर्ण हो जाते हैं और विष के समान घोर अन्न भी अमृत के समान पच जाता है ॥१६॥

व्याख्या—महामुद्रा के अभ्यास से सभी रसों का परिपाक ठीक प्रकार से होता है और विष के समान न पचने योग्य अन्न भी पच जाता है। 'जारणं तु कषायाय पातकानां विनाशनम्' कहकर अन्य ग्रन्थकार ने इस मुद्रा को सभी कषाओं को भस्म करने और सभी पापों को दूर करने वाली स्वीकार किया है।

क्षयकुष्ठगुदावर्तगुल्माजीर्णपुरोगमाः ।
तस्य दोषाः क्षयं यांति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत् ॥१७॥
कथितेयं महामुद्रा महासिद्धिकरा नृणाम् ।
गोपनीया प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित् ॥१८॥

टीका—इसके अभ्यास से क्षय, कुष्ठ, उदावर्त, गुल्म, अजीर्ण और उनके दोष नष्ट हो जाते हैं। यह वर्णन की गई

21:00

महामुद्रा मनुष्यों को महासिद्धि प्रदान करने वाली है। इसे प्रयत्नपूर्वक गोपनीय रखे, किसी को भी न दे ॥१७—१८॥

व्याख्या—इस मुद्रा के सिद्ध होने पर क्षयादि रोगों का सर्वथा शमन हो जाता है। इसके द्वारा साधक को परमसिद्धि और दिव्य ऐश्वर्यों की प्राप्ति होती है। यह गुप्त रखने के योग्य हैं।

महाबन्ध कथन

पार्ष्णि वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत् ।
वामोरूपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं तथा ॥१९॥
पूरयित्वा ततो वायुं हृदये चुबकं दृढ़म् ।
निष्पीड्य वायुमाकुंच्य मनोमध्ये नियोजयेत् ॥२०॥
धारयित्वा यथाशक्ति रेचयेदनिलं शनैः ।
सव्यांगे तु समभ्यस्य दक्षांगे पुनरभ्यसेत् ॥२१॥
मतमत्र तु केषांचित्कंठबंधं विवर्जयेत् ।
राजदंतस्थजिह्वाया बन्धः शस्तो भवेदिति ॥२२॥
अयं तु सर्वनाडीनामूर्ध्वं गतिनिरोधकः ।
अयं खलु महाबंधो महासिद्धिप्रदायकः ॥२३॥

टीका—बाँए पाँव की एड़ी को योनि स्थान में लगावे और बाँयी जंघा पर दाँया पाँव रखकर बैठे तथा वायु को पूरित करके ठोड़ी को हृदय स्थान में दृढ़ता से लगावे और योनि को संकुचित करके मनको नाड़ी के मध्य प्रविष्ट करे। फिर वायु को यथाशक्ति धारण करके धीरे-धीरे रेचन करे। इस प्रकार बाँए अंग में समान रूप से अभ्यास करके दांये अंग में करना

21:00

चाहिए अन्य विद्वान् का यह मत है कि जालंधर बन्ध में कंठ के संकोच को न करे, क्योंकि राजदन्त पर स्थित जिह्वा का बन्ध ही प्रशस्त होता है। यह सब नाड़ियों की ऊर्ध्व गति का निरोधक है, यह महाबन्ध अवश्य ही महासिद्धि का देने वाला है ॥१६ – २३॥

व्याख्या— बाँयी एड़ी को योनि स्थान में लगाकर बाँयी जाँघ पर दाँया पाँव रखने आदि की जो विधि बताई है, उसके अनुसार आसन बाँधकर वायु को भरकर ठोड़ी पर लगाने से जो जालन्धर बन्ध होता है उसे करके योनि-सकोच करता हुआ मूलबन्ध करे, परन्तु इस मूलबन्ध की सिद्धि जिह्वा के बन्धन से ही हो जाती है, इसलिए इसे करना अनावश्यक है।

कुम्भक करने के पश्चात् धीरे-धीरे रेचक करे। प्रथम वाम अग में और फिर दक्षिण अंग में करे। इस प्रकार वामांग और दक्षिणांग के अभ्यास की संख्या बराबर हो जाय तब अभ्यास करना चाहिए।

कुछ विद्वानों के मत में कण्ठ के संकोच का अनुपयोग है, क्योंकि राजदन्त अर्थात् दाढ़ के ऊपर स्थित जिह्वा का बन्ध ही कण्ठ सकोच की अपेक्षा अधिक श्रेष्ठ होता है। दाढ़ों में अवस्थित जिह्वा का बन्ध सुषुम्ना से भिन्न बहत्तर हजार नाड़ियों में प्राणवायु के ऊर्ध्व गमन का प्रतिबन्धक है। इसका अर्थ हुआ कि जिससे नाड़ी-जाल का बन्धन होता हो, वह जालन्धर बन्ध कहलाता है।

कालपाशमहाबंधविमोचन विचक्षणः।
त्रिवेणीसङ्गमं धत्ते केदारं प्रापयेन्मनः ॥२४॥

टीका—यह महाबन्ध काल के पाश को छुड़ाने में अद्भुत है तथा त्रिवेणी-संगम को और मन को केदार की प्राप्ति कराने वाला है ॥२४॥

21:00

व्याख्या—जालन्धर बन्ध, उड्यान बन्ध और मूलबन्ध इन तीनों के सम्मिलित होने से महाबन्ध होता है, इसीलिए इसे त्रिवेणी संगम प्राप्त कराने वाला कहा है केदारं प्रापयेन्मनः कहने से यह अभिप्राय है कि इसके सिद्ध होने पर केदार अर्थात् शिव में मन का लय हो जाता है।

रूपलावण्यसंपन्ना यथा स्त्री पुरुषं विना।
महामुद्रामहाबन्धौ निष्फलौ वेधवर्जितौ ॥२५॥

टीका—जैसे पुरुष के बिना रूप-लावण्य से सम्पन्न स्त्री निष्फल है, वैसे ही महावेध के बिना महामुद्रा और महाबन्ध भी निष्फल हैं ॥२५॥

व्याख्या—इस श्लोक में महामुद्रा और महाबन्ध की निकृष्टता और महावेध की उत्कृष्टता का कथन हुआ है। ग्रन्थकार के अनुसार महावेध के बिना उक्त दोनों व्यर्थ ही हैं। इसलिए महावेध की सिद्धि का अभ्यास करना चाहिए।

महावेध वर्णन

महाबंधस्थितो योगी कृत्वा पूरकमेकधीः।
वायूनां गतिमावृत्य निभृतं कंठमुद्रया ॥२६॥
समहस्तयुगो भूमौ स्फिचौ सताडयेच्छनैः।
पुटद्वयमतिक्रम्य वायुः स्फुरति मध्यगः ॥२७॥
सोमसूर्याग्निसंबंधो जायते चामृताय वै।
मृतावस्था समुत्पन्नाततो वायुं विरेचयेत् ॥२८॥
महावेधोऽयमभ्यासान्महासिद्धिप्रदायकः।
वलीपलितवेपघ्नः सेव्यते साधकोत्तमैः ॥२९॥

टीका—महाबन्ध में स्थित योगी बुद्धि को एकाग्र करके पूरक करे और कण्ठ मुद्रा से वायु की गति रोककर प्राणायाम करे। अपने स्फिचों को पृथिवी पर लगे हाथों से थामकर योनि स्थान में लगी हुई एड़ी वाले बाँए पाँव के सहित कुछ ऊपर की ओर उठाकर धीरे-धीरे ताड़न करे। इससे प्राणवायु इडा और पिंगला को छोड़कर सुषुम्ना में चलने लगता है। तब चन्द्र, सूर्य, अग्नि सम्बन्धी क्रमशः, इडा, पिंगला और सुषुम्ना से अमृतत्व को प्राप्ति होती है। फिर मरणावस्था के उत्पन्न होने पर वायु का रेचन करे। यह महावेध अभ्यास से महान् सिद्धि का देने वाला होता है। इससे वली, पलित, कम्पनादि दूर होते हैं। श्रेष्ठ साधक सदा इसका अभ्यास करते रहते हैं ॥२६--२६॥

व्याख्या—महाबन्ध के पश्चात् महावेध की स्थिति होती है। कण्ठ मुद्रा का अर्थ जालन्धर बन्ध है, उसके द्वारा, वायुओं के ऊर्ध्वगमन, अधोगमन को रोककर कुम्भक करना चाहिए।

महावेध में वाम एड़ी को योनिस्थान में लगाकर चूतड़ों को हाथों के आश्रय से वाम पाद के सहित कुछ उठाकर धीरे-धीरे ताड़न करने से वायु इडा-पिंगला, का त्याग कर सुषुम्ना में पहुँच जाता है और तब इडा, सुषुम्ना तीनों का वायु एक हो जाता है और इडा-पिंगला में प्राण का संचार न होने से साधक की मृत्यु जैसी अवस्था हो जाती है। क्योंकि इड़ा, पिंगला में प्राणवायु का संचार रहने को ही जीवन मानते हैं। जब ऐसी अवस्था उत्पन्न हो जाय तब वायु का विरेचन करना चाहिए। अभ्यास करने से यह महावेध सिद्ध होकर महान् सिद्धियों का देने वाला होता है। इससे जरावस्था के सभी चिह्न बालों का सफेद होना, चर्म का संकुचित होना और शरीर का काँपना आदि नष्ट होते हैं। योग तत्त्वोपनिषत् में महावेध का लक्षण इस प्रकार बताया है—

वायुनां गतिमावृत्य विभृतं कण्ठमुद्रया।
पुटद्वय समाक्रम्य वायुः स्फुरति सत्वरम्।
अयमेव महावेधः सिद्धैरभ्यस्यतेऽनिशम्।।

अर्थात्—वायु की गति का निरोध करके दोनों नासारन्ध्रों का संकुचन करने से वायु शीघ्र भर जाती है। इस महावेध का सिद्ध पुरुष सदा अभ्यास किया करते है।

एतत्त्रयं महागुह्यं जरामृत्युविनाशनम्।
वह्निवृद्धिकरं चैव ह्यणिमादिगुणप्रदम् ।।३०।।
अष्टधा क्रियते चैव यामे दिने दिने।
पुण्यसंभारसंधायि पापौघभिदुरं सदा।
सम्यक्शिक्षावतामेवं स्वल्पं प्रथमसाधनम्।।३१।।

टीका—उक्त तीनों मुद्राएं परम गुह्य एव जरामरण को नष्ट करने वाली, अग्नि प्रदीप्त करने वाली और अणिमादि सिद्धियों के देने वाली है। यह मुद्राएं प्रहर-प्रहर दिन-दिन में आठ प्रकार से करनो चाहिए। इनके द्वारा पुण्यों की उत्पत्ति और पापों का शमन होता है। भले प्रकार शिक्षा प्राप्त करके इन्हें करना चाहिए ।।३०—३१।।

व्याख्या—उपर्युक्त तीनों मुद्राओं से जरा-मृत्यु पर जय प्राप्त होकर, अग्नि दीप्त होती और अष्ट सिद्धियों की प्राप्ति होती है। इनसे पुण्य का लाभ और पापों का नाश होता है। परन्तु इनका अभ्यास आरम्भ करने से पूर्व गुरु से शिक्षा ग्रहण करना चाहिए, अन्यथा हानि हो सकती है।

खेचरी मुद्रा

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोरंतर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ।।३२।।

छेदनचालनदोहैः कलां क्रमेण वर्धयेत्तावत् ।
सा यावद्भ्रूमध्यं स्पृशति तदा खेचरीसिद्धि ।।३३

टीका — कपाल-कुहर में विपरीत हुई जिह्वा के प्रविष्ट होने और भौंहों के मध्य में दृष्टि रहने पर खेचरी मुद्रा होती है। छेदन, चालन और दोहन कलाओं की क्रमपूर्वक तब तक वृद्धि करे, जब तक कि भौंहों के मध्य का स्पर्श हो जाय। जब कला का भौंहों में स्पर्श हो जाता है। तब खेचरी मुद्रा की सिद्धि होती है ।।३२— ३३।।

व्याख्या —जिह्वा को ऊपर की ओर उलटी करके कपाल के मध्य वाले छिद्र में प्रविष्ट करे और भौंहों के मध्य में दृष्टि को स्थिर करे. इससे खेचरी होती है। छेदनादि कर्म करता हुआ जिह्वा को तब तक बढावे, जब तक कि वह भौंहों के मध्य स्थान को स्पर्श करने लगे।

जिह्वा मूल की नाड़ी का शस्त्र से छेदन किया जाता है, इसकी विधि अगले श्लोक में कहेंगे। हाथ के अंगुष्ठ और तर्जनी अंगुली से जिह्वा को पकड़कर बाँए-दाँए हिलाना चालन कहलाता है और गोदोहन के समान जिह्वा दोहन करना इन क्रियाओं से जिह्वा बढ़ जाती है वह भौंहों के मध्य भाग को स्पर्श करती हुई और भी ऊपर पहुँच सकती है।

स्नुहीपत्रनिभं शस्त्रं सुतीक्ष्णं स्निग्धनिर्मलम् ।
समादाय ततस्तेन रोममात्रं समुच्छिनेत् ।।३४।।
ततः सैंधवपथ्याभ्यां चूर्णिताभ्यां प्रघर्षयेत् ।
पुनः सप्तदिने प्राप्ते रोममात्रं समुच्छिनेत् ।।३५।।

20:59

एवं क्रमेण षण्मासं नित्यं युक्तः समाचरेत् ।
षण्मासाद्रसनामूलशिलाबंधः प्रणश्यति ॥३६॥

टीका—सेंहुड़ के पत्ते के समान तीक्ष्ण धार वाले, चिकने और स्वच्छ शस्त्र को लेकर उससे जिह्वामूल की नाड़ी का रोममात्र छेदन करे तथा पिसे हुए सेंधे नमक और हरड़ के मिश्रित चूर्ण से जिह्वामूल का ठीक प्रकार घर्षण करे। सात दिन ऐसा करने के अनन्तर पुनः रोम मात्र छेद दे। इस प्रकार के क्रम से नित्य प्रति करने से छः मास में जिह्वामूल का शिरा बन्ध नष्ट हो जाता है ॥३४—३६॥

व्याख्या—इन श्लोकों में खेचरी-सिद्धि के साधनों का वर्णन किया गया है। स्नुही अर्थात् सेंहुड़ के पत्तों में अत्यन्त तीक्ष्ण धार होती है, वैसे ही तीक्ष्ण शस्त्र से जिह्वा के मूल में एक रोम के बराबर छेद कर देना चाहिए। ऐसा करने से वहाँ घाव हो जाता है. उस पर सेंधे नमक और हरण का चूर्ण मलना चाहिए। चूर्ण मलने का यह कार्य नित्य प्रति प्रातः-सायं किया जाता है। जब सात दिन व्यतीत हो जाँय तब पुनः एक रोम के बराबर छेद कर दे और नमक तथा हरड़ के चूर्ण को मलने का क्रम यथावत् जारी रखे।

कुछ विद्वानों के विचार में नमक के स्थान पर कत्था और हरड़ का चूर्ण व्यवहार करना उचित है, क्योंकि योगाभ्यासी पुरुष के लिए नमक का सेवन वर्जित है। सात दिन के पश्चात् जो छेद किया जाय, वह पहले छेद से रोममात्र अधिक करना चाहिए, जिससे कि कुछ बड़ा छेद बन जाय।

इस प्रकार नित्य प्रति चूर्ण-मर्दन और प्रति सप्ताह छेदन करते रहने से छः मास में जिह्वा मूल का शिरा बन्धन कट

20:59

जाता है। यह शिरा बन्धन कपाल कुहर को रोके रहता है, इसके कटने पर जिह्वा उसमें प्रवेश कर सकती है, इसीलिए उस शिरा बन्धन को काटना आवश्यक होता है।

कलां पराँङ्मुखीं कृत्वा त्रिपथे परियोजयेत्।
सा भवेत्खेचरी मुद्रा व्योमचक्रं तदुच्यते ॥३७॥
रसनामूर्ध्वगां कृत्वा क्षणार्धमपि तिष्ठति।
विषैर्विमुच्यते योगी व्याधिमृत्युजरादिभिः ॥३८॥

टीका—इस प्रकार छेदनादि के उपाय द्वारा जिह्वा की वृद्धि हो जाने पर इसे उलटी पीछे की ओर लौटा कर तीनों नाड़ियों के मार्ग में करे। वह खेचरी मुद्रा होती है, उसी को व्योमचक्र कहते हैं। जो जिह्वा को तालु-रन्ध्र द्वारा ऊपर पहुँचा कर वहाँ आधे क्षण भी टिकाले तो वह योगी विषमता रूप रोग, बुढ़ापा, मृत्यु आदि से मुक्त हो जाता है ॥३७—३८॥

व्याख्या—कपाल-रन्ध्र इड़ा, पिङ्गला और सुषुम्ना तीनों नाड़ियों का मिलन मार्ग होने से त्रिपथ कहा जाता है। ऊपर की ओर लौटा कर जीभ को इसमें प्रविष्ट करके टिकाया जाता है। इससे सभी रोग, धातुओं की विषमता, जरावस्था मृत्यु आदि का भी क्षय हो जाता है। यह खेचरी मुद्रा व्योम चक्र भी कहलाती है।

न रोगो मरणं तंद्रा न निद्रा न क्षुधा तृषा।
न च मूर्च्छा भवेत्तस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥३९॥
पीड्यते न स रोगेण लिप्यते न च कर्मणा।
बाध्यते न सकालेन यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥४०॥

20:59

टीका—खेचरी मुद्रा के जानने वाले योगी को रोग, मृत्यु, तन्द्रा, निद्रा, क्षुधा, तृषा और मूर्च्छा नहीं होती। खेचरी का ज्ञाता रोग से पीड़ित नहीं होता, कर्म से लिप्त नहीं होता और काल से बाधित नहीं होता ॥३६—४०॥

व्याख्या—जो विद्वान् खेचरी मुद्रा को जानता है, उसे भूख-प्यास, रोग, निद्रा, तन्द्रा आदि नहीं होते। वह मृत्यु को भी जीतने में समर्थ होता है। जो कर्म करता है उसका फल उसे नहीं भोगना होता, क्योंकि यह तो निष्काम कर्म करता है सकाम नहीं और निष्काम कर्म कर्त्ता को कभी अपने फलरूपी बन्धन में नहीं बाँधते। इसीलिए उसे काल अर्थात् मृत्युरूपी बाधा भी नहीं होती। आशय यह कि उसकी इच्छित मृत्यु होती है। जब चाहे तब शरीर को छोड़े और जब तक जीवित रहना चाहे तब तक रहे।

चित्तं चरति खे यस्माज्जिह्वा चरति खे गता।
तेनैषा खेचरी नाम मुद्रा सिद्धैर्निरूपिता ॥४१॥

टीका—जिस मुद्रा के द्वारा चित्त भौंहों के मध्य आकाश में विचरण करता है और जिह्वा भी वहीं जाकर विचरती है उसी को सिद्ध पुरुषों ने खेचरी नाम दिया है ॥४१॥

व्याख्या—इस मुद्रा के अभ्यास में चित्त और जिह्वा दोनों ही भौंहों के मध्यरूपी आकाश में विचरते हैं। इसीलिए सिद्ध योगेश्वरों ने इसे खेचरी कहा है।

खेचर्या मुद्रितं येन विवरं लंबिकोर्ध्वतः।
न तस्य क्षरते बिंदुः कामिन्याः श्लेषितस्य च ॥४२॥
चलितोऽपि यदा बिन्दुः संप्राप्तो योनिमंडलम्।
व्रजत्यूर्ध्वं हृतः शक्त्या निबद्धो योनिमुद्रया ॥४३॥

20:59

ऊर्ध्वजिह्वः स्थिरो भूत्वा सोमपानं करोति यः ।
मासार्धेन न संदेहो मृत्युं जयति योगवित् ॥४४॥

टीका—खेचरी मुद्रा के द्वारा जिसने तालु के ऊपर का विवर ढक लिया, उसे यदि कामिनी का स्पर्श भी प्राप्त हो जाय तो उसका बिन्दु क्षरित नहीं होता और यदि बिन्दु चलायमान भी हो जाय तो योनि मण्डल में पहुँच कर भी वह वज्रोली के बन्धन से खिचा हुआ ऊपर चला जाता है। तालु-विवर में उन्मुखी जिह्वा वाला योगी सोमपान करता हुआ एक पक्ष में ही मृत्यु को जीत लेता है ॥४२—४४॥

व्याख्या—खेचरी के अभ्यास द्वारा जिसकी जीभ तालु के रन्ध्र में पहुँच कर टिक जाती है तो बिन्दु का क्षरण नहीं होता। यदि बिन्दु अपने स्थान से डिग भी जाय यो योनिमण्डल में पहुँच कर भी योनिमुद्रा के प्रभाव से वहाँ से खिच कर अपने स्थान में ही जा पहुँचता है।

'सोमपानं करोति' का अभिप्राय ऊर्ध्व विवर से गिरते हुए चन्द्रामृत का पान करने से है। जब जिह्वा वहाँ पहुँच जाती है, तब उस अमृत का पान करती हुई साधक को अमृतत्व की प्राप्ति करा देती है।

नित्यं सोमकलापूर्णं शरीरं यस्य योगिनः ।
तक्षकेणापि दष्टस्य विषं तस्य न सर्पति ॥४५॥
इन्धनानि यथा वह्निस्तैलवर्त्तिं च दीपकः ।
तथा सोमकलापूर्णं देही देहं न मुंचति ॥४६॥

टीका--जिस योगी का देह सदा चन्द्रकला के अमृत से परिपूर्ण रहता है, उसके देह में तक्षक काट ले तो भी विष नहीं

फैलता। जैसे अग्नि ईंधन को और दीपक तेल बत्ती को नहीं छोड़ता वैसे ही शरीरधारी भी सोमकला से सम्पन्न शरीर को नहीं छोड़ता ॥४५—४६॥

व्याख्या—ऊर्ध्व विवर से स्रवित होते हुए चन्द्रामृत के शरीर में परिपूर्ण रहने पर तक्षक नाग का विष भी व्यर्थ हो जाता है अर्थात् भयङ्कर सर्प भी काट ले तो उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता। यदि शरीर में चन्द्रमा से झरता हुआ अमृत भरा हो तो शरीर से प्राण कभी पृथक् नहीं हो सकता जैसे कि अग्नि से ईंधन पृथक् नहीं हो सकता अर्थात् अग्नि भी तभी बुझता है जबकि ईंधन को पूरी तरह भस्म कर डाले और तैल-बत्ती का दीपक से सदा सम्बन्ध रहने का आशय यह है कि जब तक तैल-बत्ती है, तभी तक दीपक प्रकाश देता है, जब तैल-बत्ती का अभाव हो जाता है तब प्रकाश नहीं रहता, यहाँ दीपक का तात्पर्य प्रकाश से ही है। सारांश यह है कि जिह्वा से कपाल कुहर में क्षरित होने वाले अमृत का पान करने वाला योगी मृत्यु को प्राप्त नहीं होता, क्योंकि उस पर किसी रोग, विष या अवस्था आदि का प्रभाव नहीं पड़ता।

गोमांसं भक्षयेन्नित्यं पिबेदमरवारुणीम्।
कुलीनं तमहं मन्ये चेतरे कुलघातकाः ॥४७॥
गोशब्देनोदिता जिह्वा तत्प्रवेशो हि तालुनि।
गोमांसभक्षणं तत्तु महापातलनाशम् ॥४८॥
जिह्वाप्रवेशसंभूतवह्निनोत्पादितः खलु।
चन्द्रात्स्रवति यः सारः स स्यादमरवारुणी ॥४९॥

टीक—जो योगी नित्य प्रति गोमांस का भक्षण करता और वारुणी (मदिरा) पीता है, वही कुलीन है, और सब तो

कुलघातक ही होते हैं। गोशब्द से जो जिह्वा कही जाती है और तालुविवर में जिह्वा का जो प्रवेश है, वही भक्षण कहलाता है। यह गोमांस भक्षण महापाप को नष्ट कर देता है। तालु के ऊपर वाले विवर में जिह्वा के प्रवेश से संभूत हुई अग्नि से उत्पन्न होकर जो सार झरता है वही अमरवारुणी है ।।४७—४९।।

व्याख्या—योगी के लिए परम सिद्धि का कारण गोमांस-भक्षण और वारुणी-पान है। 'गो' शब्द का अर्थ जिह्वा है और भक्षण का अभिप्राय ऊर्ध्व विवर में जिह्वा का प्रवेश है। इस प्रकार यही गोम स भक्षण है, इसे महापापों का भी नाश करने वाला समझना चाहिए।

तालु के उसी ऊर्ध्व विवर में जब जिह्वा प्रविष्ट होकर दोहन करती है तब वहाँ ऊष्मा उत्पन्न हो जाती है और उस ऊष्मा के प्रभाव से चन्द्रमा में सार रूप अमृत उत्पन्न होकर स्रवित होने लगता है अर्थात् भौंहों के मध्य वामभाग में अवस्थित चन्द्रमा से बिन्दु रूप सार या अमृत झरने लगता, वही अमर वारुणी अर्थात् दिव्य मदिरा है उसके पान करने वाले को इसलिए कृतार्थ और कुलीन कहा है कि वह योगाभ्यास द्वारा उस श्रेष्ठ सिद्धि को प्राप्त करने में सफल हो जाता है और जो सिद्धि की प्राप्ति में सफल है, उसके कृतार्थ होने में सन्देह ही क्या है ?

चुम्बंती यदि लंबिकाग्रमनिशं जिह्वारसस्यंदिनी
साक्षारा कटुकाम्लदुग्धसदृशी मध्वाज्यतुल्या तथा।
व्याधीनां हरणं जरांतकरणं शस्त्रागमोदीरणं
तस्य स्यादमरत्वमष्टगुणितं सिद्धांगनाकर्षणम् ।।५०।।

टीका—यदि रस को स्त्रवित करने वाली क्षार, कटु, अम्ल, दूध, मधु और घृत के समान अनेक रस वाली जिह्वा तालु के ऊपर वाले छिद्र का बार-बार स्पर्श करे तो उससे साधक की सभी व्याधियों का हरण, वृद्धावस्था का अन्त और सन्मुख से आते हुए शस्त्र का निवारण होता है तथा अमृतत्व, अष्ट सिद्धियाँ और सिद्धांगनाओं का आकर्षण होता है । ५०॥

व्याख्या—जिह्वा सभी रसों का ग्रहण करती है। उसके लिए कटु, तिक्त, अम्ल, मधुर आदि कोई भी रस क्यों न हो, अग्राह्य नहीं है। वह जिह्वा तालु के छिद्र में प्रविष्ट होकर बार-बार चन्द्रकलामृत का स्पर्श करने लगे तो उस साधक को रोग, जरा, शस्त्र, मृत्यु आदि का कोई भय नहीं रहता तथा सिद्धों (देवताओं) की नारियाँ उसके प्रति आकर्षित होती हैं और वह अष्ट सिद्धियों को उपलब्ध करके स्वयं सिद्ध हो जाता है।

मूर्ध्नःषोडशपत्रपद्मगलितं प्राणादवाप्तं हठा-
दूर्ध्वास्यो रसनां नियम्य विवरे शक्तिं परा चिंतयन् ।
उत्कल्लोलकलाजलं च विमलं धारामयं यः पिबे-
न्निर्व्याधिः स मृणालकोमलवपुर्योगी चिरं जीवति ॥५१

टीका—जिह्वा को कपालरन्ध्र में ले जाकर और ऊर्ध्व मुख करके परम शक्ति कुण्डलिनी का ध्यान करता हुआ जो योगी प्राणवायु के साधन और हठयोग के द्वारा प्राप्त षोडश दल वाले कमल में मस्तक से धारा रूप में गिरते हुए ऊर्ध्व तरंग वाले चन्द्रकलामृत का पान करता है, वह रोग-रहित एवं मृणाल जैसी कोमल देह वाला होता हुआ चिरकाल तक जीवित रहता है ॥५१॥

व्याख्या—जिह्वा को कपालरन्ध्र में ले जाकर चन्द्रामृत पीने वाला योगी चिरजीवी होता है। उसको अकाल मृत्यु नहीं होती। उसका शरीर कठोर हो तो भी कमल दण्ड के समान कोमल हो जाती है।

यत्प्रालेयं प्रहितसुषिरं मेरुमूर्धांतरस्थं
तस्मिंस्तत्त्वं प्रवदति सुधीस्तन्मुखं निम्नगानाम् ।
चंद्रात्सारः स्रवति वपुषस्सेन मृत्युर्नराणां
तद्बध्नीयात्सुकरणमथो नान्यथा कार्यसिद्धिः ॥५२

टीका—जिसमें यह आलेय स्थित है, उस छिद्र में रज-तम से अतिरस्कृत बुद्धि वाले मनुष्य आत्म तत्व का होना मानते हैं। वहीं चन्द्र-सूर्य नाड़ियाँ मुख है तथा चन्द्रमा से देह के सार के स्रवित होने से मनुष्यों की मृत्यु होती है। इसलिए खेचरी मुद्रा करे, अन्यथा शरीर का पोषण नहीं हो सकता ॥५२॥

व्याख्या—प्रालेय अर्थात् जल कपाल कुहर में रहता है। जिन मनुष्यों की बुद्धि रजोगुण और तमोगुण का उल्लंघन किये रहती है यानी केवल सतोगुणी रहती है, उनके मत में आत्मतत्व भी वहीं है तथा वहीं इड़ा और पिंगला नाड़ियों का मुख भी है।

चन्द्रमा से वह जल स्रवित होता है तब उदरस्थ अग्नि रूपी सूर्य उसका ग्रास करता रहता है, इसी से मनुष्यों की आयु क्षीण होती जाती है। ग्रन्थकार का कथन है कि चन्द्रमा से स्रवित होते हुए उस अमृत का जिह्वा के द्वारा स्वयं ग्रास करले तो मृत्यु पर विजय प्राप्त की जा सकती है। इसलिए इसमें प्रयत्नशील होना चाहिए।

सुषिरं ज्ञानजनकं पंचस्रोतः समन्वितम् ।
तिष्ठते खेचरी मुद्रा तस्मिञ्शून्ये निरंजने ॥५३॥

एकं सृष्टिमयं बीजमेका मुद्रा च खेचरी ।
एको देवो निरालंब एकावस्था मनोन्मनी ॥५४॥

टीका – नाड़ियों के पंच स्रोत से युक्त छिद्र ज्ञान का उत्पन्न करने वाला है। उस शून्य रूप निरजन के लिए खेचरी मुद्रा में स्थिति होती है। एक सृष्टिमय बीज है, एक खेचरी मुद्रा है, एक ही निरालम्ब है और एक ही उन्मनी अवस्था है ॥५३–५४॥

व्याख्या – इडा आदि नाड़ियों के पंच स्रोत अर्थात् पंच प्रवाह से युक्त सुषिर से ज्ञान उत्पन्न होकर शून्य रूप निरंजन में खेचरी की स्थिरता होती है अर्थात् खेचरी मुद्रा के प्रभाव से जब मन उस सुषिर (छिद्र) में प्रविष्ट होता है, तब आत्मज्ञान होता है।

सृष्टिमय बीज प्रणव है, वह एक ही है। यह संसार उसी प्रणव की महिमा को व्यक्त किये हुए स्थित है। 'ओमित्येदक्षर मिद ए सर्वं तस्योपव्याख्यानं भूतं भवद्भविष्यदिति सर्वमोंकार एवं, यच्चान्यत् त्रिकालातीतं तदप्योंकार एवं' (माण्डूक्योपनिषत्) अर्थात् 'अविनाशी ब्रह्म ओंकारमय है, उसकी महिमा को प्रत्यक्ष लक्षित कराने वाला यह सम्पूर्ण विश्व है। भूत, भविष्य, वर्तमान रूप त्रिकालमय यह संसार ओंकार ही है और त्रिकाल से भी अतीत जो अन्य तत्व है, वह भी ओंकार ही है।

'एका मुद्रा च खेचरी' कहकर ग्रन्थकार ने सभी मुद्राओं में खेचरी की सर्वोत्कृष्टता सिद्ध की है। इसका आशय यह समझना चाहिए कि खेचरी सभी मुद्राओं में प्रमुख मुद्रा है और सर्व प्राप्ति की आकांक्षा वाले साधक को इसकी सिद्धि प्रयत्न पूर्वक करनी चाहिए। श्लोक में 'एक' पद का प्रयोग प्रमुखता प्रदर्शित करने के रूप में हुआ है।

ओड्डीयान बन्ध वर्णन

बद्धो येन सुषम्नायां प्राणस्तूड्डीयते यतः ।
तस्मादुड्डीयानाख्योऽयं योगिभिः समुदाहृतः ॥५५॥
उड्डीनं कुरुते यस्मादविश्रांतं महाखगाः ।
उड्डीयानं तदैव स्यात्तत्र बंधोऽभिधीयते ॥५६॥

टीका—जिससे बंधा हुआ प्राण सुषुम्ना में उड़ जाय, उस बन्ध को उड्डीयान कहते हैं। देहावकाश में गतिशील महाखग रूप प्राण जिस बन्ध से सुषुम्ना में उड़ता (गति करता) है, उसे उड्डीयान कहते हैं ॥५५—५६॥

व्याख्या—जिस बन्ध से बंआ हुआ प्राण उड़कर सुषुम्ना में जा पहुँचे, उसे उड्डीयान बन्ध कहते हैं, क्योंकि वह प्राण को उडाकर सुषुम्ना में पहुँचाने का कारण होता है 'उड्डीनं कुरुते' अर्थात् 'उड़ान करता है' इसीलिए इसे उड्यान कहा जाता है। नीचे उस बन्ध का लक्षण कहेंगे।

उदरे पश्चिमं तानं नाभेरूर्ध्वं च कारयेत् ।
उड्डीयानो ह्यसौ बंधो मृत्युमातंगकेसरी ॥५७॥
उड्डीयानं तु सहजं गुरुणा कथितं सदा ।
अभ्यसेत्सततं यस्तु वृद्धोऽपि तरुणायते ॥५८॥

टीका—उदर में नाभि के ऊपर पश्चिम तान करे तो यह मृत्यु रूपी हाथी के लिए सिंह के समान उड्डियान बन्ध होता है। गुरु ने इस बन्ध को सदैव सहज बताया है, इसका निरन्तर अभ्यास करने वाला वृद्ध भी तरुण हो जाता है ॥५७—५८॥

व्याख्या— उदर में स्थित टूंडी में, नाभि के ऊपर के निचले भाग को इस प्रकार ताने, जिससे कि वे दोनों भाग पीठ में लग जाँय। गुरुजन इसे स्वाभाविक बताते हैं क्योंकि प्राण स्वभाव से ही बाहर जाता है, परन्तु इसका निरन्तर अभ्यास कर लिया जाय तो यह पूर्णरूप से वश में हो जाता है। उस साधक में इतनी शक्ति, इतनी स्फूर्ति आ जाती है कि वह अपनी वृद्धावस्था को भूलकर तरुण होने का अनुभव करने लगता है।

नाभेरूर्ध्वमधश्चापि तानं कुर्यात्प्रयत्नतः।
षण्मासमभ्यसेन्मृत्यु जयत्येव न संशयः ॥५९॥
सर्वेषामेव बन्धानामुत्तमो ह्युड्डियानकः।
उड्डियाने दृढ़े बंधे मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत् ॥६०॥

टीका—नाभि के ऊपर निचले भाग में ठीक प्रकार से तान करे। इस प्रकार छः मास तक निरन्तर अभ्यास करने से साधक मृत्यु को जीत लेता है, इसमें संशय नहीं है। सभी बन्धों में उड्डियान बन्ध श्रेष्ठ है, क्योंकि इसके सिद्ध हो जाने से स्वाभाविक मृत्यु होती है ॥५९—६०॥

व्याख्या—उड्डियान बन्ध में नाभि के ऊपर निचले स्थान में यत्नपूर्वक तान अर्थात आकर्षण किया जाता है। यह सभी बन्धों में उत्तम माना जाता है। इससे मृत्यु पर विजय प्राप्त होती है और रोग, दुःख आदि भी नष्ट हो जाते हैं।

इस बन्ध में प्राण पक्षी जैसी गति से उड़ान भरता हुआ सुषुम्ना द्वार से मस्तक में जा पहुँचता है और जब मन भी समाधि में लीन होता है, तब उसका मुक्त होना मानते हैं। यही विदेह मुक्ति कहलाती है, इसी से उन्मनी अवस्था की प्राप्ति होती है। इसी को योगनिद्रा कहते हैं। 'ततोन्मनी

भवति' ततोयोगनिद्रा भवति (शां० उ०) अर्थात् उससे उन्मनी दशा प्राप्त होती है और उससे योगनिद्रा होती है।

मूलबंध वर्णन

पार्ष्णिभागेन संपीडच योनिमाकुंचयेद्गुदम् ।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽभिधीयते ।।६१।।
अधोगतिमपानं वा ऊर्ध्वगं कुरुते बलात् ।
आंकुचनेन तं प्राहुर्मूलबन्ध हि योगिनः ।।६२।।

टीका — एड़ी से योनि स्थान को दबाकर गुदा का संकोच करे और अपान वायु का ऊपर की ओर आर्कषित करे, इसे मूलबन्ध कहते हैं। जो अधोगति वाले अपान वायु को बलपूर्वक ऊर्ध्वगामी करता है, उसे योगीजन मूलबन्ध कहते हैं ।।६१—६२।।

व्याख्या —योनि स्थान का अभिप्राय है गुदा और लिंग के मध्य भाग से। उस स्थान को एड़ी से भले प्रकार पीड़ित करके गुदा को सकोड़े और अपान वायु का ऊपर की ओर आकर्षण करे। यह क्रिया कुण्डलिनी जागरण में अत्यन्त सहायक होती है। इसके विषय में कहा है—

अधोगतिमपानं वै ऊर्ध्वगं कुरुते बलात् ।
आकुंचनेन त प्राहुर्मूलबन्धोऽयमुच्यते ।।
अपाने चोर्ध्वगे याते सम्प्राप्ते वह्नि मण्डले ।
ततोऽनलशिखा दीर्घा वर्धते वायुना हता ।।

अर्थात्—अधोगति वाले अपान को शक्तिपूर्वक गुदा के आकुंचन द्वारा ऊपर ले जाने से मूलबन्ध होता है। अपान ऊपर जाकर वह्निमण्डल से मिलता है तो वायु के प्रभाव से अग्नि की अत्यधिक तीव्रता होती है। इत्यादि से कुण्डलिनी जागरण की विधि कही है, जिसका वर्णन आगे किया जायगा।

गुदं वाष्ण्यां तु संपीड्य वायुमाकुंचयेद्बलात् ।
वारं वारं यथा चोर्ध्वं समायाति समीरणः ॥६३॥

टीका—एड़ी से गुदा का भले प्रकार संपीडन करके बल पूर्वक वायु को बार-बार इस प्रकार आकर्षित करे कि जिससे वह सुषुम्ना के ऊपरी भाग में जा पहुँचे ॥६३॥

व्याख्या--मूलबन्ध की यह रीति योगबीज में कही हुई है। यद्यपि इसमें ऊपर की विधि से समानता है, फिर भी शाब्दिक विशेषता के कारण इसका उल्लेख यहाँ हुआ है।

प्राणापानौ नादबिंदू मूलबंधेन चैकताम् ।
गत्वा योगस्य संसिद्धिं यच्छतो नात्र संशयः ॥६४
अपानप्राणयोरैक्यं क्षयो मूत्रपुरीषयोः ।
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबंधनात् ॥६५
अपाने ऊर्ध्वगे जाते प्रयाते वह्निमंडलम् ।
तदाऽनलशिखा दीर्घा जायते वायुनाऽऽहता ॥६६

टीका- अधोगति वाले प्राण और अपान, अनाहत नाद और बिन्दु मूलबन्ध के द्वारा ऐक्य को प्राप्त होकर योग की सिद्धि को प्राप्त कराते हैं, इसमें संशय नहीं है। अपान और प्राण का ऐक्य और संचित मल-मूत्र का क्षय होने से वृद्ध भी युवा होता है। अपान के ऊर्ध्वगामी होकर अग्नि मण्डल में पहुँचने पर वायु से ताड़ित होने के कारण अग्नि शिखा दीर्घ हो जाती है ॥६४--६६॥

व्याख्या--नीचे की ओर गतिशील प्राणापान, नाद और बिन्दु यह सब एकता को प्राप्त हो जाते हैं, जिससे कि

योग की परम सिद्धि होती है। उससे बुढ़ापा दूर होकर युवावस्था आ जाती है अर्थात् वली, पलित, झुर्री आदि मिटकर शरीर सुन्दर हो जाता है।

मूलबन्ध के करने से नीचे की गति वाला अपान वायु ऊपर चढ़ता हुआ अग्निमण्डल में पहुँच जाता है अर्थात् नाभि के नीचे के भाग में विद्यमान त्रिकोण जठराग्नि में प्रविष्ट होता है, तब अपान से ताड़ित जठराग्नि की शिखा बढ़ जाती है।

ततो यातो वह्नयपानौ प्राणमुष्णस्वरूपकम् ।
तेनात्यंतप्रदीप्तस्तु ज्वलनो देहजस्तथा ॥६७॥
तेन कुंडलिनी सुप्ता संतप्ता संप्रबुध्यते ।
दंडाहता भुजङ्गीव निश्वस्य ऋजुतां व्रजेत् ॥६८

टीका--तब अग्नि और अपान दोनों अग्नि की दीर्घ हुई शिखा से गर्म होकर ऊपर की ओर गति वाले प्राण में जा पहुँचते हैं। उससे शरीरस्थ जठराग्नि अत्यन्त प्रदीप्त हो जाती है। तब उससे भले प्रकार सन्तप्त होकर सुप्त कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत् होकर डंडे से पिटी हुई सर्पिणी के समान सीधी हो जाती है ॥६७---६८॥

व्याख्या—कुण्डलिनी-जागरण के लिए तीनों बन्ध किये जाते हैं। जालन्धर बन्ध द्वारा वायु को रोकने के लिए कण्ठ का संकोच किया जाता है, मूलबन्ध द्वारा गुदा का आकुंचन अधोभाग में होता है और मध्य में उड्डियान बन्ध से प्राण को खींचा जाना है। इस प्रकार सब ओर रोका जाने पर प्राण सुषुम्ना में दौड़ता है। अपान ऊपर चढ़कर अग्नि से मिलता और वह अग्नि प्राण स्थान में आकर प्राणवायु से मिलकर

सोती हुई कुण्डलिनी को ताड़ित करता है, तब वह कुण्डलिनी जागकर सीधी हो जाती और सुषुम्ना के मुख में प्रवेश करती है।

विलं प्रविष्टेव ततो ब्रह्मनाड्यन्तरं ब्रजेत् ।
तस्मान्नित्यं मूलबंधः कर्तव्यो योगिभिः सदा ॥६९

टीका—फिर वह कुण्डलिनी सर्पिणी के बिल में प्रविष्ट होने के समान ब्रह्मनाड़ी में प्रविष्ट होती है। इसलिए योगियों को नित्यप्रति मूलबन्ध करना चाहिए ॥६९॥

व्याख्या—इस श्लोक में मूलबन्ध करने का अभिप्राय स्पष्ट किया है कि कुण्डलिनी को जगाकर सुषुम्ना में प्रविष्ट कराने के लिए मूलबन्ध किया जाना आवश्यक है। इसीलिए योगाभ्यासी पुरुषों को मूलबन्ध का निरन्तर अभ्यास करना चाहिए।

जालन्धर बन्ध

कंठमाकुंच्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम् ।
बंधो जालंधराख्योऽयं जरामृत्युविनाशकः ॥७०॥
बध्नाति हि शिराजालमधोगामि नभो जलम् ॥
ततो जालन्धरो बंधः कंठदुःखौघनाशनः ॥७१
जालंधरे कृते बंधे कंठसंकोचलक्षणे ।
न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रकुप्यति ॥७२
कंठसंकोचेनैव द्वे नाड्यौ स्तंभयेद्दृढम् ।
मध्यचक्रमिदं ज्ञेयं षोडशाधारबन्धनम् ॥७३

टीका—कण्ठ का संकोच करके हृदय पर ठोड़ी को दृढ़ता से लगावे, यह जरामृत्यु का नाश करने वाला जालन्धर

संज्ञक बन्ध है। यह बन्ध नाड़ियों के समूह को तथा कपालकुहुर रूप नभ के जल को बाँधता है, इसलिए जालन्धर बन्ध कहलाता है यह कठ के रोग दुःखों का नाश करते वाला है लक्षण जिसका कण्ठ का संकोच है, उस जालन्धर बन्ध के करने से अमृत अग्नि में नहीं पड़ता और न वायु का ही प्रकोप होता है। यह बन्ध दृढ़तापूर्वक कण्ट का संकोच करने से दोनों नाड़ियों का स्तम्भन करने वाला है। इसे सोलह आधारों का बन्धन कर्त्ता मध्य चक्र जानना चाहिए ॥७०—७३॥

व्याख्या—इस बन्ध को जरामृत्यु का नाशक इसलिए माना है कि ब्रह्मरन्ध्र से जो चन्द्रामृत स्रवित होकर उदरस्थ अग्नि में भस्म होता रहता है, उसके अभाव में जीवन का नष्ट होना अवश्य भावी है। यह बन्ध उस अमृत को अग्नि में गिरने से रोकता है। योगकुण्डल्युपनिषत् में कहा है—

पूरकान्ते तु कर्त्तव्यो बन्धो जालन्धरा भिधः।
कण्ठ संकोच रूपोऽसौ वायुमार्ग निरोधकः॥
अधस्तात्कुंचने नाशु कण्ठ संकोचने कृते।
मध्ये पश्चिमतानेन स्यात्प्राणो ब्रह्मनाडिगः॥

अर्थात्—पूरक के अन्त में जालन्धर बन्ध करना चाहिए। इसमें कण्ठ के संकोच द्वारा वायु का निरोध किया जाता है। अधोभाग में मलबन्ध द्वारा गुदा का आकुंचन करे और ऊपर से जालन्धर बन्ध द्वारा कंठ का सकोच तथा मध्य में उड्डयान बन्धद्वारा प्राणको खींचे तो प्राण ब्रह्मनाड़ी अर्थात् सुषुम्ना में चढ़ने लगता है।

इस प्रकार कण्ठ का संकोच करने इड़ा और पिंगला दोनों नाड़ियों का स्तम्भन स्वतः हो जाता है। कण्ठ में सोलह दल का विशुद्ध चक्र है, वहाँ वायु को रोक कर बन्धन करने वाला होने से इस बन्ध को मध्य चक्र कहा है।

मूलस्थानं समाकुंच्य उडिड्यानं तु कारयेत् ।
इडां च पिंगलां बद्ध्वा वाहयेत्पश्चिमे पथि ॥७४॥
अनेनैव विधानेन प्रयाति पवनालयम् ।
ततो न जायते मृत्युर्जरारोगादिकं तथा ॥७५॥
बन्धत्रयमिदं श्रेष्ठं महासिद्धैश्च सेवितम् ।
सर्वेषां हठतंत्राणां साधनं योगिनो विदुः ॥७६॥

टीका—मूल स्थान का भले प्रकार संकोच करके उड्डियान बन्ध करे, जिससे इडा, पिंगला का स्तंभन होकर प्राण को पश्चिम मार्ग में ले जाय । इस विधान से ही प्राण का लय हो जाता है, तब रोग, जरा, मृत्यु आदि नहीं होते । यह तीन बन्ध श्रेष्ठ हैं, महासिद्धों द्वारा इनका सेवन किया जाता है । हठयोग के सब साधनों में इसकी उपयोगिता को योगी पुरुष जानते हैं ॥७४—७६॥

व्याख्या—आधार स्थान को ठीक प्रकार से संकुचित करके नाभि से पश्चिमतान रूप बन्ध (उडिडयान) को करना चाहिए तथा कण्ठ के संकोच से इडा-पिङ्गला का बन्धन करे, जो कि जालन्धर बन्ध से होता है । तदनन्तर प्राण के सुषुम्ना में प्रविष्ठ होने का प्रयत्न करे । ऐसा करने से प्राण का लय अर्थात् स्थैर्य हो जाता है । आशय यह है कि उसका बाह्य गमन रुक कर ब्रह्मरन्ध्र में ही स्थिति हो जाती है । इस प्रकार की उपलब्धि होने पर साधक को किसी रोग, बुढ़ापा, मृत्यु आदि का भय नहीं रहता ।

इस प्रकार उपर्युक्त उड्डियान बन्ध, मूलबन्ध और जालन्धर बन्ध तीनों ही श्रेष्ठ हैं । बड़े-बड़े योगीश्वर, परम

सिद्धि आदि ने इनको करके ही इच्छित सिद्धि और मोक्ष को प्राप्त किया। इसलिए योगाभ्यासियों को प्रयत्न पूर्वक इनका अभ्यास करना चाहिए।

यत्किंचित्स्रवते चन्द्रादमृतं दिव्यरूपिणः।
तत्सर्वं ग्रसते सूर्यस्तेन पिंडो जरायुतः ॥७७॥
तत्रास्ति करणं दिव्यं सूर्यस्य मुखवंचनम्।
गुरूपदेशतो ज्ञेयं न तु शास्त्रार्थकोटिभिः ॥७८॥

टीका—दिव्य तालुमूल में स्थित चन्द्रमा से जिस अमृत का स्राव होता है, उसे नाभि में स्थित अग्नि सम्पूर्ण रूप से ग्रस लेता है। उसे रोकने के लिये सूर्य-मुख का वंचन करने वाले दिव्य करण को गुरु के उपदेश से जानना चाहिए, क्योंकि उसके बिना करोड़ों शास्त्रों का अर्थ जानना भी व्यर्थ है ॥७७—७८॥

व्याख्या—पहले भी बता चुके हैं कि तालमूल में चन्द्रमा का निवास माना गया है, वह अमृत की वर्षा किया करता है। परन्तु नाभि में सूर्य संज्ञक जिस अग्नि का निवास है, वह उस अमृत का ग्रास कर लेता है। परन्तु उसके ग्रसन को रोकने के लिये सूर्य के मुख को बन्द करना आवश्यक है। यदि उसका मुख रुक जाता है तो धातुओं और रसों का ह्रास भी रुक जाता है और आयु का क्षय नहीं होता। उसे रोकने का उपाय योगीश्वर सिद्ध पुरुषों को ज्ञात रहता है, उन्हें गुरु रूप में वरण करके उनसे वह उपाय सीखना चाहिए। यदि गुरु से उसे नहीं सीखते तो करोड़ों शास्त्र पढ़ कर भी नहीं सीख सकते। क्योंकि शास्त्रों में विधि-विधान तो लिखा होता है, परन्तु उसमें अनेक बातें ऐसी होती हैं जिनका स्पष्टीकरण अनुभवी सद्गुरु ही करने में समर्थ होता है, इसलिए गुरु से दीक्षा ग्रहण करना आवश्यक है।

विपरीतकरणी मुद्रा

ऊर्ध्वं नाभेरधस्तालोरूर्ध्वं भानुरधः शशी ।
करणी विपरीताख्या गुरुवाक्येन लभ्यते ॥७९॥
नित्यमभ्यासयुक्तस्य जठराग्निविवर्धिनी ।
आहारो बहुलस्तस्य संपाद्यः साधकस्य च ॥८०॥

टीका—जिस योगी के ऊर्ध्व भाग में नाभि और अधोभाग में तालु हो जाय, इस ऊर्ध्व भाग में सूर्य और अधोभाग में चन्द्रमा को कर देने वाली क्रिया विपरीतकरणी मुद्रा कहलाती है, इसे गुरु के वाक्यों द्वारा प्राप्त करते है। नित्यप्रति अभ्यास में लगे रहने वाले योगी के लिए यह मुद्रा जठराग्नि बढ़ाने वाली है तथा इसके द्वारा साधक इच्छानुसार अधिक भोजन कर सकता है ॥७९-८०॥

व्याख्या—इस मुद्रा के द्वारा तालु में अवस्थित चन्द्रमा नीचे और नाभि में अवस्थित सूर्य ऊपर हो जाता है। इसमें शिर नीचे और पाँव ऊपर करके स्थित होना होता है। इससे जठराग्नि इतनी बढ़ जाती है कि जितना भी खाया जाय सरलता से पच जाता है। परन्तु अल्पाहार नहीं करना चाहिए, अन्यथा हानि हो सकती है। क्योंकि—

अल्पाहारो यदि भवेदग्निर्दहति तत्क्षणात् ।
अधः शिराश्चोर्ध्वपादः क्षणं स्यात्प्रथमे दिने ॥८१॥
क्षणाच्च किंचिदधिकमभ्यसेच्च दिने दिने ।
वलितं पलितं चैव षण्मासोर्ध्वं न दृश्यते ॥
याममात्रं तु यो नित्यमभ्यसेत्स तु कालजित् ॥८२॥

टीका—यदि इसका अभ्यास करने वाला साधक यदि अल्प आहार करता है तो प्रदीप्त जठराग्नि उसके शरीर को उसी समय भस्म कर देती है। प्रथम दिन के अभ्यास में क्षण भर के लिए नीचे शिर और ऊपर पांव करने चाहिए। फिर दिनों दिन अभ्यास को एक-एक क्षण करके बढ़ावे तो छः महीने में वली, पलित अदृश्य हो जाते हैं। यदि एक प्रहर नित्य अभ्यास करे तो काल को भी जीत सकता है ॥८१—८२॥

व्याख्या—अल्प भोजन करने से इस मुद्रा के अभ्यासी साधक की जठराग्नि उसके शरीर को नष्ट कर डालती है। इसलिए यथेच्छ भोजन कर सके तो ही इस मुद्रा का अभ्यास करे।

इसमें नीचे शिर और ऊपर पाँव करके एक-एक क्षण नित्य बढ़ाते हुए अभ्यास करना चाहिए। इससे केशों का श्वेत होना, झड़ना आदि नष्ट होता है तथा तीन घण्टे नित्य अभ्यास करने से मृत्यु पर भी विजय प्राप्त हो सकती है।

इस सब से यह भी प्रकट होता है कि योग की महिमा प्रारब्ध कर्म से भी बढ़कर है, क्योंकि योग के द्वारा प्रारब्ध के फल को भी नष्ट किया जा सकता है। इसलिए साधक को योगाभ्यास में प्रयत्नशील रहना ही श्रेयस्कर है।

वज्रोली मुद्रा

स्वेच्छया वर्तमानोऽपि योगोक्तैर्नियमैर्विना ।
वज्रोलिं यो विजानाति स योगी सिद्धिभाजनम् ॥८३
तत्र वस्तुद्वयं वक्ष्ये दुर्लभं यस्य कस्यचित् ।
क्षीरं चैकं द्वितीयं तु नारी च वशवर्तिनी ॥८४॥

मेढ्रेन शनैः सम्यगूर्ध्वाकुंचनमभ्यसेत् ।
पुरुषोऽप्यथवा नारी वज्रोलीसिद्धिमाप्नुयात् ॥८५॥
यत्नतः शस्तनालेन फूत्कारं वज्रकंदरे ।
शनैः शनैः प्रकुर्वीत वायुसंचारकारणात् ॥८६॥

टीका—जो योगी वज्रोली मुद्रा का ज्ञाता है, वह योग-शास्त्र के नियमों का पालन न करके स्वेच्छा पूर्वक व्यवहार करे तो सिद्धिभाजन होता है। वज्रोली के साधक के लिए जो दो दुर्लभ वस्तुएं हैं, उन्हें मैं बताता हूँ। उनमें एक तो दूध है और दूसरी वश में रहने वाली स्त्री है। पुरुष हो या नारी बिन्दु को झरने से रोकने या आकुंचन करने का धीरे-धीरे अभ्यास करे तो वज्रोली मुद्रा सिद्ध हो सकती है। शीशे की बनी हुई नली से धीरे-धीरे उपस्थ के छिद्र में वायु के संचारार्थ प्रयत्नपूर्वक इस प्रकार फूत्कार करे, जिस प्रकार कि अग्नि को प्रज्वलित करने के लिए फूंक मारते हैं ॥८३—८६॥

व्याख्या—वज्रोली मुद्रा का ज्ञाता पुरुष शास्त्र के नियमों की उपेक्षा करके भी किसी प्रकार वज्रोली मुद्रा का साधन करता है, उसे भी सिद्धि प्राप्त हो सकती है। इसका अभ्यास करने वाले के लिए दूध और स्त्री दुर्लभ वस्तु हैं। अर्थात् साधक को इनसे बचना चाहिए। कुछ लोगों का मत है कि अभ्यास काल में दुग्ध पान उचित है, परन्तु कुछ विद्वान् इसे ठीक नहीं मानते और यह कहते है कि स्त्री-संसर्ग के पश्चात निर्बलता को प्राप्त हुई इन्द्रियों की प्रबलता के लिए तो दुग्ध-पान हितकर है, परन्तु वज्रोली के साधक के लिए अयोग्य है।

वज्रोली मुद्रा की सिद्धि किस प्रकार हो ? इस पर कहते हैं कि पुरुष या स्त्री कोई भी हो बिन्दु को झरने से रोकने के

लिए उसके ऊपर आकुंचन का अभ्यास करना चाहिए। योग-तत्वोपनिषत् में कहा है—

> वज्रोलीमभ्यसेद्यस्तु स योगी सिद्धि भाजनम्।
> लभ्यते यदि तस्यैव योगसिद्धिः करे स्थिता।
> अतीतानागतं वेत्ति खेचरी च भवेद् ध्रुवम्॥

अर्थात्—जो वज्रोली का अभ्यास करे वह सिद्धि का पात्र होता है। यदि वज्रोली की सिद्धि प्राप्त करले तो योग की सिद्धि उसके हाथ में ही समझो। वह भूत, भविष्य का भी ज्ञाता हो जाता है और उसे आकाश-गंमन की सामर्थ्य प्राप्त हो जाती है।

शीशे की चौदह अगुल लम्बी और उपस्थ के छिद्र में प्रविष्ट होने योग्य मोटी सलाई वनवाकर उसे उपस्थ में प्रवेश करने का अभ्यास करे। प्रथम दिन केवल एक अंगुल घुसावे, फिर क्रमशः एक-एक अंगुल नित्य बढ़ाता हुआ बारह अंगुल तक ले जाय। बस बारह अंगुल सलाई के प्रवेश से ही उपस्थ का मार्ग शुद्ध हो जायगा।

तदनन्तर चौदह अगुल लम्बी एक सलाई और बनवाये जो कि टेढी और ऊपर की ओर मुख वाली हो। उसे भी क्रमशः बारह अंगुल ही प्रविष्ट करे, उस टेढे और ऊध्वमुख वाले भाग को बाहर रखे। फिर स्वर्णकार की धौंकनी के नल के समान नलका लेकर उसके अगले भाग को उपस्थ में प्रविष्ट टेढ़ी और ऊर्ध्वमुख की सलाई के मध्य में घुसाकर फूत्कार करने से उपस्थ-मार्ग का शोधन हो जाता है।

इसके पश्चात् जल के आकर्षण का अभ्यास करे और जब वह सिद्ध होजाय तब बिन्दु के ऊर्ध्व आकर्षण का अभ्यास करना चाहिए। बस, इसकी सिद्धि होने पर ही वज्रोली मुद्रा सिद्ध हो जाती है।

नारीभगे पतद्बिंदुमभ्यासेनोर्ध्वगासरेत् ।
चलितं च निजं बिंदुमूर्ध्वमाकृष्य रक्षयेत् ॥८७॥
एवं संरक्षयेद्बिंदुं मृत्यु जयति योगवित् ।
मरणं बिन्दुपातेन जोवनं बिन्दुधारणात् ॥८८॥
सुगन्धो योगिनो देहे जायते बिन्दुधारणात् ।
यावद्बिंदुः स्थिरो देहे तावत्कालभयं कुतः ॥८९॥
चित्तायत्तं नृणां शुक्रायत्तं च जीवितम् ।
तस्माच्छुक्रं मनश्चैवे रक्षणीयं प्रयत्नतः ॥९०॥
ऋतुमत्या रजोऽप्येवं बीजं बिन्दुं च रक्षयेत् ।
मेढ्रेणाकर्षयेदूर्ध्वं सम्यगभ्यांसयोगवित् ॥९१॥

टीका—योनि में पतित होते हुए बिन्दु का अभ्यास करता हुआ ऊर्ध्व आकर्षण करे। यदि विन्दु चलित हो जाय तो भी उसका ऊपर को आकर्षण करके रक्षा करनी चाहिए। इस प्रकार जो योगविद् बिन्दु को रक्षा सम्यक् प्रकार करता है, वह मृत्यु को भी जीत लेता है। क्योंकि बिन्दु के पतन से मृत्यु और बिन्दु की रक्षा से ही जीवन है। मनुष्यों का शुक्र चित्त के आश्रित है और जावन शुक्र के आश्रित है, इसलिए शुक्र और मन दोनों की प्रयत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिए। ऋतुमती स्त्री के रज की और अपने विन्दु की भी उक्त प्रकार के अभ्यास से रक्षा करे। योगवेत्ता पुरुष मेढ् द्वारा रज और बिन्दु के ऊपर की ओर आकर्षण से रक्षा कर सकता है ॥८७—९१॥

व्याख्या—पतित हुआ बिन्दु भी उक्त मुद्रा के अभ्यास के द्वारा आकर्षित करके अपने पूर्व स्थान पर स्थापित किया

जा सकता है। पुरुष को अपने ही नहीं, स्त्री के भी रज की रक्षा करनी चाहिए। क्योंकि रज या वीर्य ही मनुष्य का जीवन है, यदि वही शरीर से निकल गया तो चाहे मृत्यु न भी हुई हो, तो भी मृत्यु के ही समान है।

इसमें यह भी समझ लेना चाहिए कि यदि पतन से पूर्व बिन्दु का क्षरण न रोका जा सके तो पतित हुए बिन्दु का आकर्षण किया जा सकता है। परन्तु इसका सिद्धि अभ्यास से ही सम्भव है। पतित हुए बिन्दु को उसके आश्रय स्थान मस्तक में पुनर्स्थापन करना चाहिए।

बिन्दु चित्त के अधीन है। यदि चित्त में कामवासना का आधिक्य है, उत्तेजना बढ़ गई है तो हो सकता है कि बिन्दु का पतन हो जाय। इसीलिए स्त्री के विषय में चिन्तन का भी योगाभ्यासी के लिए निषेध किया जाता है। क्योंकि चित्त के चंचल होने पर बिन्दु भी चलायमान हो जाता है और चित्त स्थिर है तो शुक्र के पतन का अवसर ही नहीं आ सकता।

'शुक्रायत्तं च जीवितम्' कहकर ग्रन्थकार ने प्रकट किया है कि शुक्र है तो जीवन है और शुक्र नहीं तो जीवन भी नहीं। इसीलिए आवश्यक है कि शुक्र की रक्षा की जाय। क्योंकि शुक्र के रक्षित न रहने पर शरीर दुर्बल, रोग-ग्रस्त, और शक्ति-हीन हो जाता है और धीरे-धीरे वह मनुष्य मृत्यु मुख में पहुँच जाता है।

सहजोलिश्चामरोलिर्वज्रोल्या भेद एकतः।
जले सुभस्म निक्षिप्य दग्धगोमयसंभवम् ॥६२॥
वज्रोलीमैथुनाद्‍ध्वं स्त्रीपुन्सोः स्वांगलेपनम्।
आसीनयोः सुखेनैव मुक्तव्यापारयोः क्षणात् ॥६३॥

सहजोलिरियं प्रोक्ता श्रद्धेया योगिभिः सदा ।
अयं शुभकरो योगो भोगयुक्तोऽपि मुक्तिदः ॥९४॥
अयं योगः पुण्यवतां धीराणाँ तत्त्वदर्शिनाम्
निर्मत्सराणां सिध्येत न तु मत्सरशालिनाम् ॥९५॥

टीका—सहजोली और अमरोली यह दोनों मुद्राएं वज्रोली के ही भेद हैं। जलाये हुए कण्डों की सुन्दर भस्म का जल में डाल दे और मैथुनानन्तर उत्साह रहित होकर सुखपूवक बैठेहुए स्त्री-पुरुष उस भस्म को अपने अगों पर लेपन करे। यह सहजोली कही जाने वाली क्रिया योगियों द्वारा सदैव श्रद्धा के योग्य है तथा यह शुभकारी योग भोग और मोक्ष दोनों देने वाला है। यह योग पुण्यवान, धीर, तत्वदर्शी और द्वेषरहित पुरुषों को सिद्ध होता है, द्वेषयुक्तों को सिद्ध नहीं होता ॥९४-९५॥

व्याख्या—वज्रोली मुद्रा के समान ही सहजोली और अमरोली मुद्राएं भी हैं। कुछ विद्वान् इन्हें भिन्न मानते हैं और कुछ किंचित् विशेषता के साथ एक ही समझते है इसीलिए कुछ संहिताओं में सहजोली और अमरोली का वर्णन नहीं किया है।

सहजोली के साधक स्त्री-पुरुष संसर्ग के अनन्तर कण्डों की भस्म को जल में मिलाकर अपने सर्वांग अर्थात् शिर, ललाट, नेत्र, हृदय, भुजा, उदर, नाभि आदि पर लेप करें। वज्रोली के साथ इस भस्म लेपन को ही सहजोली कहा गया है।

अमरोली मुद्रा

पित्तोल्वणत्वात्प्रथमांबुधारां विहाय निः सारतयांत्यधारा। निषेव्यते शीतलमध्यधारा कापालिके खंडमतेऽमरोली ॥९६॥

त्यमरोली ॥९६॥

अमरीं यः पिबेन्नित्यं नस्यं कुर्वन्दिनेदिने ।
वज्रोलीमभ्यसेत्सम्यगमरोलीति कथ्यते ॥९७॥
अभ्यासान्निःसृतां चांद्री विभूत्या सह मिश्रयेत् ।
धारयेदुत्तमांगेषु दिव्यदृष्टिः प्रजायते ॥९८॥

टीका - अधिक पित्त वाली बिन्दु-धारा को तथा सार-अंश-रहित अन्त्य धारा को कुछ-कुछ छोड़कर शीतल मध्य धारा का सेवन किया जाता, उसे कापालिक मत में अमरोली मुद्रा कहते हैं। जो साधक नासिका द्वारा अमरी का नित्य पान करता हुआ वज्रोली का अभ्यास करता है उसे अमरोली कहते हैं। उस अभ्यास से निःसृत चन्द्रामृत को भस्म में मिलाकर उत्तम अंगों में धारण करे तो उसको दिव्य दृष्टि हो जाती है ॥९६—९८॥

व्याख्या - प्रथम विन्दु धारा में पित्त की अधिकता कही है और दूसरी अन्त्यधारा में सारांश का अभाव बताया है। इन दोनों धाराओं का शनैः शनैः त्याग करना चाहिए अर्थात् पित्तादि दोषों से युक्त और निःसार धारा को छोड़कर शीतल, शान्तिप्रद धारा का सेवन करना चाहिए। अभिप्राय यह है कि बिन्दुरूप धारा का सेवन (क्षरण) लाभकर नहीं है। शिवांबुरूप अमरी का नासिका द्वारा पान करता हुआ मैथुन द्वारा वज्रोली का अभ्यास करे, परन्तु बिन्दु-पातन करे।

'शीतल मध्य धारा' का अभिप्राय चन्द्रामृत से है, उसे गोवर की भस्म में मिलाकर श्रेष्ठ अंगों में मलना चाहिये, निकृष्ट अंगों में मलने का निषेध समझे। उत्तमांगों में शिर, कपाल, नेत्र, कन्धे, कण्ठ, हृदय और भुजा आदि माने जाते हैं। 'दिव्य दृष्टिः प्रजायते' का अर्थ है नेत्रों की दृष्टि तीव्र हो जाना,

उसे दूरदर्शन-शक्ति भी कह सकते हैं। इस प्रकार यह मुद्रा खण्ड कापालिक मत में अमरोली कहलाती है।

नारी की वज्रोली के साधन कथन

पुन्सो बिन्दुं समाकुंच्य सम्यगभ्यासपाटवात् ।
यदि नारी रजो रक्षेद्वज्रोल्या सापि योगिनो ॥९९
तस्याःकिंचिद्रजो नाशं न गच्छति न संशयः ।
तस्या शरीरेनादश्च बिंदुतामेव गच्छति ॥१००

टीका— सम्यक् अभ्यास के कौशल से जो नारी पुरुष के बिन्दु का आकर्षण करके वज्रोली मुद्राके द्वारा अपने रज की रक्षा करती है तो उसे भी योगिनी समझना चाहिए। उस नारी का रज किंचित् भी नाश को प्राप्त नहीं होता, इसमें सशय नहीं है। उसके शरीर में नाद भी बिन्दु रूप हो जाता है ॥९९--१००॥

व्याख्या— इसमें स्त्री के वज्रोली-साधन का वर्णन हुआ है इस साधन के करने से स्त्री का रज भी अपने स्थान से च्युत नहीं होता और मूलाधार से उठा हुआ नाद हृदय के ऊपर पहुँच कर विन्दुरूप हो जाता है। स्त्री-पुरुष के रज-वीर्य का शरीर से बाह्य संयोग होने से सन्तानोत्पत्ति होती है, परन्तु दोनों का आन्तरिक योग होने पर ही योगी कहा जाता है। उन दोनों में बिन्दु चन्द्रमय और रज सूर्यमय है, इनका योग होने से परम-पद की प्राप्ति हो जाती है।

स बिंदुस्तद्रजश्चैव एकीभूय स्वदेहगौ ।
वज्रोल्यभ्यासयोगेन सर्वसिद्धि प्रयच्छतः ॥१०१॥
रक्षेदाकुंचनादूर्ध्वं या रजः सा हि योगिनो ।
अतीतानागतं वेत्ति खेचरी च भवेद् ध्रुवम् ॥१०२॥

देहसिद्धिं च लभते वज्रोल्यभ्यासयोगतः ।
अयं पुण्यकरो योगो भोगे भुक्तेऽपि मुक्तिदः ॥१०३॥

टीका—वज्रोली के अभ्यास से वह बिन्दु और रज दोनों एक होकर अपने शरीर में ही स्थित हो जाँय तो सभी सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं। जो स्त्री योनि-संकोच द्वारा ऊर्ध्व ले जाकर रज की रक्षा करे वह योगिनी है। उसे भूत, भविष्यत् का ज्ञान हो जाता तथा निश्चय ही खेचरी सिद्ध हो जाती है। वज्रोली के अभ्यास से अवश्य ही देह सिद्धि होती है। यह पुण्योत्पादक योग भोगों के भोगने पर भी मुक्तिदायक होता है ॥१०१—१०३॥

व्याख्या—उक्त प्रकार से अभ्यास सिद्ध करने वाली स्त्री को त्रिकाल का ज्ञान होता है। रूप-लावण्य की प्राप्ति होकर शरीर में दिव्यता का समावेश होता है। अथवा जो सिद्धियाँ सिद्ध पुरुष को प्राप्त होनी कही हैं, सभी वज्रोली की साधिका योगिनी को प्राप्त हो जाती हैं—

कुण्डलिनी के पर्याय कथन

कुटिलांगी कुंडलिनी भुजङ्गी शक्तिरीश्वरी ।
कुंडल्यरुंधती चैते शब्दाः पर्यायवाचकाः ॥१०४॥

टीका—कुटिलांगी, कुण्डलिनी, भुजंगी, शक्ति, ईश्वरी, कुण्डली, अरुन्धती यह सब पर्यायवाचक हैं ॥१०४॥

व्याख्या—यहाँ कुण्डलिनी शक्ति के सात पर्यायवाचक नामों का वर्णन किया है, जिससे जिज्ञासु को यह समझने में कठिनाई न हो कि यह सभी नाम कुण्डलिनी के ही हैं। क्योंकि स्थलभेद से ग्रन्थों में कुण्डलिनी के अर्थ में उक्त में से कोई भी नाम मिल सकता है।

नाम मिल सकता है।

उद्घाटयेत्कपाटं तु यथा कुंचिकया हठात् ।
कुंडलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं विभेदयेत् ।।१०५।।
येन मार्गेण गंतव्यं ब्रह्मस्थानं निरामयम् ।
मुखेनाच्छाद्य तद्द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी ।।१०६।।
कंदोर्ध्वं कुण्डली शक्तिः सुप्ता मोक्षाय योगिनाम् ।
बंधनाय च मूढ़ानां यस्तां वेत्ति स योगवित् ।।१०७।।

टीका—जिस प्रकार कुंजी के द्वारा हठपूर्वक किवाड़ खोले जाते हैं, उसी प्रकार योगी कुण्डलिनी के द्वारा मोक्ष के द्वार को खोलते हैं। जिस मार्ग से निरामय ब्रह्मस्थान को जाते हैं, उसी द्वार के मुख को ढककर वह परमेश्वरी सोती है। कन्द ऊर्ध्व भाग में सोती हुई कुण्डलिनी योगियों के लिए मोक्ष के निमित्त होती है, परन्तु मूढ़ों के लिए बन्धन-प्रद हो जाती है, जोउसे जानता है वही योग का जानने वाला है ।।१०५—१०७।।

व्याख्या—कुण्डलिनी शक्ति मोक्ष के द्वार को खोल सकती है; परन्तु वह निरामय ब्रह्मपद को जाने वाले मार्ग को ढककर सोती रहती है। वह मूर्खों या अज्ञानियों के लिए बन्धन में डालने वाली है, जब कि योगाभ्यासियों को उससे मोक्ष प्राप्त हो सकती। इसलिए अभ्यास से पूर्व इसके विषय में पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना और इसके रहस्य को भले प्रकार समझ लेना चाहिए।

कुण्डलिन्यां समुद्भूता गायत्री प्राणधारिणी।
प्राणविद्या महाविद्या यस्तां वेत्ति स वेदवित् ।।
—योगचूडामन्युपनिषत्

अर्थात्—प्राणधारिणी गायत्री कुण्डलिनी से ही उत्पन्न होती है। यही प्राणविद्या और महाविद्या है, जो इस विद्या को जानते हैं वही वेद के जानने वाले हैं।

कुंडली कुटिलाकारा सर्पवत्परिकीर्तिता।
सा शक्तिश्चालिता येन स मुक्तो नात्र संशयः ॥१०८॥
गङ्गायमुनयोर्मध्ये बालरंडां तपस्विनीम्।
बलात्कारेण गृह्णीयात्तद्विष्णोः परमं पदम् ॥१०९॥
इडा भगवती गङ्गा पिंगला यमुना नदी।
इडापिंगलयोर्मध्ये बालरंडा च कुण्डली ॥११०॥

टीका—कुण्डलिनी का आकार कुटिल, सर्प के समान कहा जाता है, जो इस शक्ति का चालन करता है, वह मुक्त है, इसमें संशय नहीं है। गंगा, यमुना के मध्य में तपस्विनी बालरंडा है, उसे बलपूर्वक ग्रहण करना ही परमपद है। इडा भगवती गंगा और पिंगला यमुना नदी है तथा इडा-पिंगला के मध्य में जो कुण्डली है, वही बालरण्डा है ॥१०८—११०॥

व्याख्या—कुण्डलिनी का आकार सर्पिणी जैसा होता है वह साढ़े तीन कुण्डल मारे हुए रहती है। इस शक्ति को चालन करने वाला साधक अवश्य मुक्त हो जाता है। गंगा, यमुना कह-कर यहाँ इडा और पिंगला नाड़ियों का माहात्म्य वर्णन किया है। अर्थात् इडा नाड़ी गंगा के समान और पिंगला नाड़ी यमुना के समान पवित्र हैं। इनके मध्य में तपस्विनी बालरण्डा के नाम से स्वयं कुण्डलिनी शक्ति विद्यमान रहती है। यहाँ बालरण्डा का अर्थ कुछ न खाने वाली कहा है, इसका तात्पर्य हुआ प्रसुप्ता, उस सोती हुई कुण्डलिनी को हठयोग के द्वारा जगाकर परमपद प्राप्त करने का उपदेश है।

शक्तिचालन मुद्रा

पुच्छे प्रगृह्य भुजगीं सुप्तामुद्‌बोधयेच्च ताम् ।
निद्रां विहाय सा शक्तिरूर्ध्वमुत्तिष्ठते हठात् ॥१११॥
अवस्थिता चैव फणावतो सा
प्रातश्च सायं प्रहरार्धमात्रम् ।
प्रपूर्य सूर्यात्परिधानयुक्त्या प्रगृह्य
नित्यं परिचालनीया ॥११२॥
ऊर्ध्वं वितस्तिमात्रं तु विस्तारं चतुरंगुलम् ।
मृदुलं धवलं प्रोक्तं वेष्टितांबरलक्षणम् ॥११३॥
सति वज्रासने पादौ कराभ्यां धारयेद्दृढम् ।
गुल्फदेशसमीपे च कंदं तत्र प्रपीडयेत् ॥११४॥
वज्रासने स्थितो योगी चालयित्वा च कुंडलीम् ।
कुर्यादनंतरं भस्त्रां कुण्डलीमाशु बोधयेत् ॥११५॥

टीका - सोती हुई भुजंगी की पूंछ को पकड़कर प्रबोधन करने से वह शक्ति निद्रा छोड़कर ऊपर उठकर स्थित हो जाती है। वह फणावती प्रातःकाल, सायकाल में आधे प्रहर तक सूर्य से पूरित परिधान से ग्रहण करके नित्य चलानी चाहिए। मूल स्थान से बिलाँद भर ऊपर चार अंगुल विस्तार वाले कोमल, श्वेत और वेष्टित किये वस्त्र के समान कहा जाता है। वज्रासन में स्थित होकर दोनों पाँवों को एड़ियों के पास से हाथों द्वारा दृढ़ता से धारण कर उस कन्द का प्रपीडन करे। वज्रासन में स्थित हुआ योगी कुण्डली का चालन करता हुआ भस्त्रा कुम्भक के द्वारा कुंडली को जाग्रत् करे ॥१११--११५॥

व्याख्या—पूंछ पकड़ कर कुण्डलिनी को जगाने का अभिप्राय यह है कि प्राणनिरोध के अभ्यास से वायु द्वारा ताड़ित होने पर कुण्डलिनी जाग्रत् हो जाती है, उस अभ्यास को सिद्ध करना चाहिए। इसका चालन करने के लिए प्रातः, सायं दोनों समय डेढ़-डेढ़ घंटे नित्य प्रति अभ्यास करना चाहिए।

मूल स्थान से बिलांद भर ऊपर यानी नाभि स्थान और उपस्थ के मध्य में कन्द स्थान कहलाता है। गोरक्षसहिता में इसका वर्णन इस प्रकार मिलता है कि नाभि के नीचे कन्द को जो योनि है, वह पक्षी के अण्डे समान के समान है, जिसमें से बहत्तर नाड़ियाँ उत्पन्न होकर शरीर के सभी अगों में गई हैं। वह कन्दस्थान कोमल और उज्वल वस्त्र के समान एक बिलांद भर लम्बा और चार अगुल चौड़ा होता है।

वज्रासन करके एड़ियों से ऊपर पाँवों को पकड़ कर नाभि के नीचे के भाग में कन्द को पीड़ित करे। इस प्रकार करता हुआ साधक शक्तिचालन मुद्रा के साथ भस्त्रा कुम्भक के द्वारा कुंडलिनी को जाग्रत् करना चाहिए। परन्तु इससे यह प्रकट होता है कि भस्त्रा कुम्भक के साथ वज्रासन ही करे. अन्य आसन न करे।

भानोराकुंचनं कुर्यात्कुंडलीं चालयेत्ततः।
मृत्युवक्त्रगतस्यापि तस्य मृत्युभयं कुतः ॥११६॥
मुहूर्तद्वयपर्यन्तं निर्भयं चालनादसौ।
ऊर्ध्वमाकृष्यते किंचित्सुषुम्नायां समुद्गता ॥११७॥
तेन कुंडलिनी तस्याः सुषुम्नायां मुखं ध्रुवम्।
जहाति तस्मात्प्राणोऽयं सुषुम्नां व्रजति स्वतः ॥११८॥

टीका—सूर्य का आकुंचन करने से कुंडली का चालन होता है। इस क्रिया को करने वाले योगी को मृत्यु के मुख में जाने पर भी मृत्यु का भय कहाँ है ? इसका चालन निर्भय रूप से दो घड़ी पर्यन्त करे तो सुषुम्ना गई हुई यह शक्ति ऊपर खिचती है। वैसा होने पर वह कुंडलिनी सुषुम्ना के मुख में चली जाती है, इसलिए प्राण भी स्वतः सुषुम्ना में चला जाता है ॥११६—११८॥

व्याख्या—नाभिदेश के आकुंचन से वहाँ स्थित सूर्य (अग्नि) का आकुंचन हो जाता है और सूर्य का आकुंचन होने पर ही शक्ति का चालन होता है। इस प्रकार का चालन दो मुहूर्त्त तक करने से ही कुण्डलिनी सुषुम्ना में जाकर ऊपर की ओर खिचती है उसके द्वारा सुषुम्ना का मुख छोड़कर ऊपर जाने के कारण प्राण के लिएसुषुम्ना का मुखखुला मिलता है, इसलिए वह भी बाधा-रहित रूप से उसमें घुसकर ऊपर की ओर चढ़ता है। 'कुण्डलीं चालयन्प्राणान्भेद यन्शशि-मण्डलम्' (ब्र. वि उ.) के अनुसार कुण्डली और प्राण का चालन करके चन्द्रमण्डल का भेदन करे। योगकुण्डल्युपनिषत् में कहा है—

अधस्तात्कुंचनेनाशु कण्ठ संकोचने कृते।
मध्ये पश्चिमतानेन स्यात्प्राणो ब्रह्मनाडिगः ॥

अर्थात्—अधोभाग में गुदा का आकुंचन, ऊर्ध्वभाग में कण्ठ का सकोचन और मध्य में पश्चिमतान से प्राण का आकर्षण करे तो (सब ओर से रोका हुआ) प्राण ब्रह्मनाडी अर्थात् सुषुम्ना में प्रविष्ट हो जाता है।

तस्मात्संचालयेन्नित्यं सुखसुप्तामरुंधतीम्।
तस्याः संचालनेनैव योगी रोगैः प्रमुच्यते ॥११९॥

येन संचालिता शक्तिः स योगी सिद्धिभाजनम् ।
किमत्र बहुनोक्तेन कालं जयति लीलया ॥१२०॥

टीका—इसलिए नित्यप्रति के अभ्यास द्वारा सुखपूर्वक सोती हुई अरुन्धती का चालन करे, उसके चालन करने मात्र से ही योगी सब रोगों से मुक्त हो जाता है। जिसने शक्ति का चालन कर लिया वह योगी सिद्धि का पात्र हो गया। बहुत क्या कहें ? वह लीलापूर्वक काल को भी जीत लेता है। ॥११९–१२०॥

व्याख्या—व्याख्या सोती हुई कुण्डलिनी को जगाकर चालन करने वाला साधक सभी रोगों से रहित एवं पूर्ण स्वस्थ हो जाता है, मृत्यु भी उसका कुछ बिगाड़ नहीं सकती। सभी विघ्न बाधाओं और व्याधियों को वह क्रीडा के समान उल्लंघन करने में समर्थ होता है। इस प्रकार शक्ति के चालन में कुशल योगी मृत्यु का भी विजेता हो जाता है।

ब्रह्मचर्यरतस्यैव नित्यं हितमिताशिनः ।
मंडलाद्दृश्यते सिद्धिः कुंडल्याभ्यासयोगिनः ॥१२१॥
कुंडलीं चालयित्वा तु भस्त्रां कुर्याद्विशेषतः ।
एवमभ्यसतो नित्यं यमिनो यमभीः कुतः ॥१२२॥

टीका—जो साधक ब्रह्मचर्य परायण रहता हुआ नित्य मिताहार करता है, उस कुण्डलिनी के अभ्यासी योगी को एक मण्डल में ही सिद्धि प्राप्त हो जाती है। जो योगी कुण्डली का चालन करता हुआ भस्त्रा कुम्भक ही विशेष रूप से करता है, उस अभ्यास परायण यमी को यम का भय भी कहाँ ? ॥१२१–१२२॥

व्याख्या— ब्रह्मचर्य-परायण अर्थात् इन्द्रिय संयम सदैव तत्पर योगी ही कुण्ड़लिनी के जागरण का अभ्यास कर सकता है। यदि अभ्याम करने के दिनों में ब्रह्मचर्य-रहित हो जाय तो तो बिन्दु का क्षय होने के कारण उसका शरीर रोगी होकर शनैः शनैः काल कलवित हो सकता है और सिद्धि तो उसे हो ही नहीं सकती।

'मन्डल' पद काल का वाचक हैं, चालीस दिन के परिमाण को मण्डल कहते हैं। विधि पूर्वक कुन्डलिनी-चालन का अभ्यास करने वाला योगी एक मन्डल के समय में ही सिद्धि का दर्शन कर लेते है अर्थात उन्हें सिद्धि मिल जाती है। परन्तु इसके लिए उन्हें भस्त्रा कुम्भक विशेष रूप से करना चाहिए।

यमी का अर्थ है 'यम' का पालन करने वाला। योगी को यम-नियमों का पालन आवश्यक होता है और इसीलिए वह यम-नियम-परायण रहता है. अतः 'यमी' शब्द का प्रयोग साधक के अर्थ में हुआ है। इससे यह प्रकट किया गया कि साधक मृत्यु से भी नहीं डरता। उसको साधना में कितने ही विघ्न क्यों न आकर उपस्थित हो जाँय, वह धैर्य और साहस पूर्वक उनका उल्लंघन कर जाता है। परन्तु जो यमों का पालन नहीं करता, उसे जन्म-मरण के भय में पड़ना होता है।

द्वासप्ततिसहस्राणां नाडीनां मलशोभने।
कुतः प्रक्षालनोपायः कुंडल्यभ्यसनादृते ॥१२३॥
इयं तु मध्यमा नाडी दृढ़ाभ्यासेन योगिनाम्।
आसनप्राणसंयाममुद्राभिः सरया भवेत् ॥१२४॥

टीका—कुन्डलिनी के अभ्यास बिना बहत्तर हजार नाड़ियों मल-शोधनार्थ उनके प्रक्षालन का अन्य उपाय ही क्या

है ? यह मध्य नाड़ी योगियों के दृढ़ अभ्यास द्वारा आसन, प्राणायाम और मुद्रा से सरल होती है ॥१२३—१२४॥

व्याख्या—शरीर में बहत्तर हज़ार नाड़ियाँ हैं, सामान्य दशा में वे सभी मल से भरी रहती हैं। परन्तु कुन्डलिनी चालन का अभ्यास करने से वे नाड़ियाँ स्वयं धुल-धुल कर शुद्ध हो जाती हैं। इसलिए श्लोक में कुन्डलिनी चालन के अभ्यास का कर्त्तव्य रूप से संकेत है।

मध्य नाड़ी का अर्थ सुषुम्ना है, क्योंकि यही नाड़ी इडा और पिंगला के मध्य में रहती है। इसे सरल अर्थात् उपयोगी बनाने के लिए आसन, प्राणायाम, मुद्रा आदि साधनों की आवश्यकता होती है, क्योंकि उन्हीं साधनों के सिद्ध होने पर शक्ति प्रबुद्ध होकर सुषुम्ना में प्रविष्ट होती है।

अभ्याये तु विनिद्राणां मनो धृत्वा समाधिना ।
रुद्राणी वा यदा मुद्रा भद्रां सिद्धिं प्रयच्छति ॥१२

टीका—अभ्यास काल में अनिद्रित रह कर जो साधक मन को समाधि में लीन कर लेते हैं, उन्हें रुद्राणी आदि मुद्राएं कल्याणमयी होकर सिद्धि के देने वाली होती हैं ॥१२५॥

व्याख्या—अभ्यास के समय साधक को आलस्य और निद्रा का परित्याग करना चाहिए, क्योंकि उनके होने पर समाधि में मन का लय नहीं होता, वरन् वह तो निद्रा-रहित अवस्था में ही हो सकता है। चित्त की एकाग्रता अनिद्रित अवस्था में ही बनती है और उसी को समाधि कहते हैं।

रुद्राणी मुद्रा का अभिप्राय शाम्भवी मुद्रा से है। 'लक्ष्येऽन्तर्वाह्ययां दृष्टौ निमेषोन्मेषवर्जितायां च इयं शाम्भवी मुद्रा

20:49
Hatha_Yoga_Pradipika...

भवति' (मण्डलब्राह्मणोपनिषत्) अर्थात् 'लक्ष्य के भीतर और बाहर की दृष्टि जब निर्निमेष रूप से स्थिर हो जाती है, तब यह शाम्भवी मुद्रा होती है।' और इस मुद्रा का फल उसी उपनिषत् में तज्ज्ञानेन संसार निवृत्तिः, तत्पूजनं मोक्षफलदम्' कह कर उसके ज्ञान से संसार की निवृत्ति और पूजन से मोक्ष की प्राप्ति बताया है ।

राजयोगं विना पृथ्वी राजयोगं विना निशा ।
राजयोगं विना मुद्रा विचित्रापि न शोभते ।।१२६।।

टीका—राजयोग के बिना पृथिवी, निशा और मुद्रा विलक्षण हों तो भी शोभित नहीं होती ।।१२६।।

व्याख्या—इसमें राजयोग के बिना आसनादि अङ्गों की निष्फलता कही गई है। चित्तवृत्ति को अन्य विषयों से रोक कर आत्मा में निर्विकल्प रूप से योजित करना ही राजयोग है। जब तक साधक इस प्रकार की उपलब्धि में असमर्थ रहता है, तब तक पृथिवी अर्थात आसन, निशा अर्थात् कुम्भक, विचित्र मुद्रा अर्थात महामुद्रा आदि सभी निरर्थक हैं।

कुछ विद्वानों ने पृथिवी का अर्थ स्थिरता भी किया है, क्योंकि पृथिवी स्थिर रहती है और वैसी स्थिरता राजयोग अर्थात चित्त वृत्ति के निरोध से ही हो सकती है। निशा का अर्थ कुम्भक इसलिये किया है कि जैसे रात्रि में राज पुरुषों का आवागमन नहीं रहता वैसे ही कुम्भक में प्राण का संचार रुका रहता है। परन्तु यह प्राणावरोध तब तक निष्फल है जब तक कि चित्त वृत्ति को आत्म-विषयक विचार में लीन न कर लिया जाय। यही बात महामुद्रा आदि पर भी लागू होती है कि वे कितनी भी महत्वपूर्ण क्यों न हो, चित्तवृत्ति असयमित है तो उसका महत्व किसी उपयोग का नहीं।

20:49

Hatha_Yoga_Pradipika...

मारुतस्य विधिं सर्वं मनोयुक्तं समभ्यसेत् ।
इतरत्र न कर्तव्या मनोवृत्तिर्मनीषिणा ॥१२७॥
इति मुद्रा दश प्रोक्ता आदिनाथेन शंभुना ।
एकैका तासु यमिनां महासिद्धिप्रदायिनी ॥१२८॥

टीका—वायु-धारण की सम्पूर्ण विधि का अभ्यास मन लगा कर करे, उससे भिन्न किसी भी कार्य में मनीषी पुरुष को मनोवृत्ति नहीं लगानी चाहिए। आदिनाथ शिवजी ने यह दश मुद्रा बताई हैं। उनमें से कोई एक मुद्रा भी यमी (योगी) के लिए महासिद्धि के देने वाली हो सकती है ॥१२७—१२८॥

व्याख्या—प्राणायाम आदि की सभी विधियों को चंचल मन से न करे, वरन् मन को स्थिर करके उसी में लगा दे, तभी सफलता मिल सकती है। योगाभ्यासी पुरुष का कर्त्तव्य है कि वह मनो को किसी अन्य विषय की ओर न जाने दे। ऊपर जो दश मुद्राएं कही हैं वह आदि नाथ रूप शिवजी द्वारा वर्णित हैं। उनमें से कोई-सी भी मुद्रा अभ्यास से सिद्धिप्रद हो सकती है।

सद्गुरु प्रशंसा

उपदेशं हि मुद्राणां यो दत्ते सांप्रदायिकम् ।
स एव श्री गुरुः स्वामी साक्षादीश्वर एव सः ॥१२९॥
तस्य वाक्यपरो भूत्वा मुद्राभ्यासे समाहितः ।
अणिमादिगुणैः सार्धं लभते कालवंचनम् ॥१३०॥

टीका—मुद्राओं के उपदेश को जो साम्प्रदायिक रूप से देता है, वही श्री गुरुदेव स्वामी और साक्षात् ईश्वर है। उसके

वाक्यों में तत्पर होकर जो साधक मुद्रा के अभ्यास में सावधान होने पर अणिमादि सिद्धियों को प्राप्ति और काल के वंचन की उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं ।।१२६—१३०।।

व्याख्या—सम्प्रदाय का अर्थ यहाँ नाथ सम्प्रदाय है जो कि श्री आदि नाथजी से ही प्रारब्ध हुआ था। उस सम्प्रदाय के उपदेश को जो सद्गुरु प्रदान करे, वह निश्चय ही साक्षात् रूप से परमेश्वर है। अर्थात् सम्प्रदाय के अनुसार योग का उपदेश करने वाले गुरु के वचन में जिज्ञासु को श्रद्धा और विश्वास रखते हुये, उन्हीं के अनुसार चलना चाहिए। गुरु के वचनों में इस प्रकार परायण जिज्ञासु समाहित चित्त से योगाभ्यास में तत्पर हो जाय तो उसे अणिमादि अष्ट सिद्धियाँ तो प्राप्त होती ही है, साथ ही वह मृत्यु के उल्लघन में भी समर्थ होता है।

।। हठयोग प्रदीपिका का तृतीयोपदेश समाप्त ।।

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

नियमितपन, समान-भाग में सोना तथा जागना रखने के अतिरिक्त त्रि-बन्ध, आसन और प्राणायाम का अभ्यास रखेगा उसके शरीर में अतुल बल प्राप्त होने से मन और आत्मा में भी बल की वृद्धि होगी—

अतुल बल प्राप्ति के तीन साधन

(१) त्रि-बन्ध— मूल-बन्ध, उड्डियान-बन्ध और जालन्धर-बन्ध ये त्रि-बन्ध हैं। शौच आदि से निवृत्त होकर निम्न प्रकार करना चाहिए—

(i) मूल-बन्ध— सिद्धासन[१] या पद्मासन[२] से बैठकर दोनों हाथों की हथेलियों से दोनों पैर के घुटनों को पकड़े रहे और बाह्य वायु द्वारा पूरक करके गुदा का १०–१० बार सङ्कोचन और प्रसारण करें[३]।

---

१. सिद्धासन लगाने की विधि यह है—

एक आसन पर बैठकर बायें पैर की एड़ी को गुदा और उपस्थ के बीच के स्थान (सीवनी) पर दृढ़ता के साथ जमाये। पश्चात् दाएँ पैर की एड़ी को उपस्थ से ऊपर वाले भाग पर दृढ़ता से जमाये। दोनों हाथों को दोनों घुटनों पर स्थिर करे। रीढ़ को सीधी रखें और ठोडी को हृदय के पास लाकर स्थिर करे और इन्द्रियों को वश में रखकर निश्चल भाव से दोनों भ्रुओं के मध्य अपनी दृष्टि स्थिर करे, यही सिद्धासन है (ह० प्र० २,३५)।

—सम्पादकः

२. पद्मासन की विधि—

बायें पैर के पृष्ठ-भाग को दायीं जङ्घा के ऊपर दृढ़ता के साथ जमाए। उसी प्रकार दायें पैर के पृष्ठ-भाग को बाईं जङ्घा के ऊपर दृढ़ता से जमाए। अब बाँयें पैर के अँगूठे को दाँयें हाथ से पकड़े, इसी प्रकार दायें पैर के अँगूठे को बायें हाथ से पकड़े। रीढ़ को सीधी रखे। अब ठोड़ी को हृदय के पास लाकर स्थिर करे अर्थात् ठोड़ी छाती से चार अङ्गुल के अन्तर पर रहे। तब नासिका के अग्र-भाग पर अपनी दृष्टि को स्थिर रखे। यही पद्मासन है। —सम्पादकः

३. ह० प्र० ३, ६१ :

पार्ष्णिभागेन संपीड्य योनिमाकुञ्चयेद् गुदम्।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽभिधीयते ॥

CC-0, Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

फल— इसके करने से गुदा और उपस्थ सम्बन्धी सब नसों में वायु और रक्त का सञ्चार होकर गुदज और योनिज सब रोग नष्ट होते हैं¹। तथा अधोगामी अपान-वायु ऊर्ध्व-गामी होकर जठराग्नि को अत्यन्त प्रज्वलित करता है¹। इससे अपान का प्राण से संयोग होता है, मल-मूत्र अल्प होता है और वीर्य का रक्षण होता है। इसलिए इसका अभ्यास करने वाला मनुष्य वृद्धावस्था में भी तरुण दिखाई देता है²।

(ii) उड्डियान-बन्ध— उड्डीन नाम पक्षी का है। यह बन्ध प्राण-वायु को रेचक करके करना होता है। सम्पूर्ण पेट को अन्दर खींचना और उसको जहाँ तक हो सके वहाँ तक पीठ

१. ह० प्र० ३, ६३; ६६ :

गुदं पार्ष्ण्या तु संपीड्य वायुमाकुञ्चयेद् बलात् ।
वारं-वारं यथा चोर्ध्वं समायाति समीरणः ॥
अपान ऊर्ध्वगे जाते प्रयाते वह्नि-मण्डलम् ।
तदानलशिखा दीर्घा जायते वायुनाहता ॥

२. ह० प्र० ३, ६४; ६५ :

प्राणापानौ नादबिन्दू मूलबन्धेन चैकताम् ।
गत्वा योगस्य संसिद्धिं यच्छतो नात्र संशयः ॥
अपानप्राणयोरैक्यं क्षयो मूत्रपुरीषयोः ।
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबन्धनात् ॥

मूलबन्ध के परिणाम-स्वरूप अधोगामी अपान-वायु ऊपर उठकर प्राण के साथ मिलकर एक हो जाता है, दूसरी ओर अपान के ऊपर की ओर जाने से नाभि के निम्न-भाग में स्थित जाठराग्नि के केन्द्र का क्षुब्ध होता है इससे जाठराग्नि अतीव प्रदीप्त हो जाती है। उसकी उष्णता से सुप्त हुई कुण्डलिनी जाग पड़ती है और उसका मुख सीधा होने पर अपान के साथ एकता को प्राप्त हुआ प्राण-वायु सुषुम्ना में प्रवेश कर जाता है। वहीं नाद भी अभिव्यक्त होता है। उस नाद को साथ लिए हुए एकीभूत प्राण-अपान हृदय के ऊपर पहुँच कर, नाद के बिन्दु को लिए, मूर्धा को प्राप्त होते हैं। तब समाधि की सिद्धि प्राप्त होती है। इससे स्पष्ट है कि मूलबन्ध का योग में बहुत बड़ा महत्त्व है। —सम्पादकः

CC-0, Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

की ओर ले जाना होता है[१]। इस प्रकार १०–१० बार खींचना और छोड़ना भी।

फल— इस बन्ध के करने से पेट में जमे हुए आम (=आँव) आदि मल छूट कर उदर की सारी आँतें साफ हो जाती हैं और क्षुधा प्रदीप्त होने से यह अकाल मृत्यु को दूर करने वाला है।

(iii) जालन्धर-बन्ध— यह बन्ध कुम्भक में जिस समय प्राण-वायु न लिया जावे और न छोड़ा जावे उस समय दाँतों पर दाँत रखकर गर्दन को फुलावे और कण्ठ को सिकोड़कर ठोडी को कण्ठ-मूल में हृदय की ओर १०–१० बार लगावे और भृकुटी की ओर गर्दन फुलाए हुए देखे।

फल— यह बन्ध नाड़ियों के समूह-रूप जाल को बान्धता है और कपाल के छिद्र-रूप ब्रह्माण्ड का जो जल है, उसका प्रतिबन्ध होने से प्राण की निम्न गति होती है[२]। इस प्रकार अपान और

---

१. ह० प्र० ३, ५७ :

उदरे पश्चिमे तानं नाभेरूर्ध्वं च कारयेत्।

उड्डीयानो ह्यसौ बन्धो मृत्यु-मातङ्ग-केसरी ॥

इस उड्डीयान-बन्ध के ठीक तरह बन्धने से प्राण पक्षी की उड़ान की तरह सुषुम्ना में चढ़ने लगता है। —सम्पादकः

२. यह बन्ध बान्ध लेने से समस्त सिराओं (नाड़ियों) के जाल (=समूह) को तथा नीचे की ओर स्वभावतः रिसने वाले कपालस्थ जल (=द्राव) को कण्ठ के संकोचन द्वारा बांधकर रखता है। अतः इसे 'जालन्धर' कहा गया है।

जालं=सिराणां जालं जलं च धरतीति जालन्धरः।

(ह० प्र० ३, ७१)

इस जालन्धर-बन्ध में कण्ठ को संकुचित करके एक ओर ऊर्ध्वगामी प्राणवायु को अधोगामी किया जाता है तो दूसरी ओर उसी कण्ठ-संकोचन के द्वारा इडा और पिङ्गला के स्वाभाविक व्यापार को रोक दिया जाता है ताकि प्राण और अपान हठ-पूर्वक एकत्र किए जा सकें। —सम्पादकः

CC-0, Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्राण का मध्य में संयोग होकर उष्णता बढ़ती है, जठराग्नि प्रदीप्त होता है। यह बन्ध जरा-मृत्यु का क्षय करने वाला है।

छः मास तक तीनों बन्धों का अभ्यास बराबर नित्य करने से उपरि-लिखित फलों की प्राप्ति होती है। साधारणतः फल नित्य अभ्यास करने से प्रतीत होगा। परन्तु कार्य-वश यदि किसी दिन न किया जाय तो कोई हानि नहीं। श्री भीष्मपितामह ने इन्हीं तीन बन्धों के अभ्यास द्वारा मृत्यु को रोक रखा था[1]।

(२) आसन— बल-प्राप्ति के लिए तीन आसनों का अभ्यास करना पर्याप्त है— सर्वाङ्गासन, ताड़ासन और शीर्षासन।

---

१. मूल-बन्ध के द्वारा मूलाधार को संकोचन करके तथा जालन्धर के द्वारा कण्ठ का संकोचन करके और उड्डियान के द्वारा नाभि-प्रदेश का पीठ के साथ संकोचन करके प्राण को सुषुम्ना नाडी के मुख (=ब्रह्म-द्वार) में प्रविष्ट कराया जाता है। यह अवधेय है कि मूलाधार (Anus) से एक वितस्ति (=१२ अंगुल) ऊपर अर्थात् नाभि (Navel) और मेढ्र (Penis) के मध्य-भाग (जिसे 'कन्द-स्थान' कहते हैं [ह०प्र० ३,११३]) में सुषुम्ना नाडी का मुख बन्द रहता है (ह० प्र० ३, १०७)। हठयोग के अनुसार आसन, आठ कुम्भक प्राणायामों और दस मुद्राओं (जिनमें उपर्युक्त त्रिबन्ध भी आते हैं) के ठीक-ठीक अनुष्ठान से सुषुम्ना का मुख खुल जाता है जिससे प्राण सुषुम्ना में प्रविष्ट हो जाता है (ह० प्र० ३, ११८; १२४) और चूंकि मन प्राण का अनुसरण करता है इससे मन भी सुषुम्ना में प्रवेश कर जाता है (ह० प्र० ४,१९-२०)।

ब्रह्मरन्ध्र में पहुँचकर प्राण के स्थिर हो जाने पर मन भी स्थिर हो जाता है (ह० प्र० ४,२३)। सुषुम्ना के मुख को आसनों, प्राणायामों और मुद्राओं के अभ्यास से सुषुम्ना के मुख को खोल देना ही हठ-योग का लक्ष्य है।

लय-योग और राज-योग का कार्य अवशिष्ट रहता है अतः आगे प्राण का ब्रह्मरन्ध्र में निरोध-रूप लय होने से मन का भी लय हो जाता है। यह प्राण और मन का लय हो जाना ही लय-योग का उद्देश्य है। मनोलय=चित्तलय=समस्त-चित्तवृत्ति-निरोध ही राज-योग का सर्वोच्च लक्ष्य है जो प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और सम्प्रज्ञात समाधि रूप साधनों से साध्य है जिसमें चित्त, जीवात्मा और परमात्मा का परम-साम्य हो जाता है। इस अवस्था में परमानन्द की प्राप्ति होती है। —सम्पादकः

CC-0, Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

महावेध मुद्रा, खेचरी मुद्रा, विपरीतकरणी मुद्रा, योनि मुद्रा (व्रजोली मुद्रा), शक्ति चालन मुद्रा, योग मुद्रा आदि। इन सब का वर्णन देने की आवश्यकता नहीं है परन्तु चार प्रमुख मुद्राओं का वर्णन किया जा रहा है। इनके नियमित अभ्यास से कास, श्वास, प्लीहा वृद्धि, यकृत, वृद्धि, क्षय, मन्दाग्नि, कामोद्दीपन तथा जननेन्द्रिय रोग दूर हो जाते हैं। मुद्राओं के विषय में कहा गया है कि **'नास्ति मुद्रा समं किञ्चित् सिद्धं क्षिति मण्डले'** अर्थात् इस भूमण्डल पर सिद्धि प्रदान करने के लिए मुद्रा के समान अन्य कोई नहीं है।

महामुद्रा

बैठ कर बाँयी एड़ी से गुदा को सावधानी से दबायें तथा दाहिने पैर को फैलाकर उसके अंगूठे को दोनों हाथ से पकड़ें। ठोड़ी से वक्ष को दृढ़ता से दबायें (जालन्धर बन्ध)। दृष्टि को भ्रूमध्य रखें। श्वास (पूरक) को रोकें (कुम्भक)। इस स्थिति में जितने समय तक रह सकें रहें।। पहिले बांयें पैर से अभ्यास करें फिर दाहिने पैर से करें।



चित्र 24·21 महामुद्रा

इस मुद्रा से क्षय, प्लीहा वृद्धि, अपच, गुल्म, मलावरोध आदि नष्ट हो जाते हैं।

योनिमुद्रा

बांयें पैर की एड़ी को गुदा एवं दाहिने पैर को जननेन्द्रिय पर रखने को योनिमुद्रा नामक उत्तम ध्यान आसन होता है।

योगमुद्रा

पद्मासन पर बैठकर हथेलियों को एड़ी पर रखें। धीरे-धीरे श्वास बाहर निकालें (रेचक) सिर को आगे को झुकाकर ललाट को जमीन से स्पर्श करायें। हाथों को एड़ियों पर रखें या पीछे ले जाकर बांयी कलाई को दाहिने हाथ से पकड़ें।

इस मुद्रा से उदर के समस्त रोग नष्ट होते हैं।

चित्र 24·22 योगमुद्रा

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

 Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विपरीतकरणी मुद्रा

जमीन पर लेटकर पैरों को सीधे ऊपर उठायें। नितम्बों को हाथ से सँभाले। कोहनियों को जमीन पर रखें। शरीर को दृढ़ रखें। सूर्य का निवास योगी नाभि मूल में मानते हैं। एवं चन्द्रमा का निवास ऊपर तालूमूल में मानते हैं। इस मुद्रा से सूर्य ऊपर की ओर और चन्द्रमा नीचे की ओर खिंच जाता है इसलिए इसे विपरीतकरणी मुद्रा कहते हैं। पहिले अभ्यास एक मिनट तक करें फिर अभ्यास को बढ़ाते हुए तीन घंटे तक ले जाया जा सकता है।

इस मुद्रा के अध्ययन से 6 माह में चेहरे की झुर्रियाँ नष्ट हो जाती हैं तथा श्वेत बाल काले हो जाते हैं। अग्नि प्रदीप्त हो जाती है। अभ्यास की समाप्ति पर हलका भोजन यथा दूध आदि ले लेना उचित है।



चित्र 24·23 विपरीतकरणी मुद्रा

बन्ध

ध्यानात्मक आसनों से पूर्ण लाभ उठाने के लिये उनके साथ-साथ बन्ध साधने की व्यवस्था योगियों ने की है। ये प्राणायाम के लिये भी बड़े उपयोगी सिद्ध हुए हैं। वैसे ये स्वतन्त्र रूप से भी साधे जा सकते हैं परन्तु ध्यानात्मक आसनों एवं प्राणायाम के साथ करने में पूर्ण लाभ की प्राप्ति होती है। बन्ध तीन हैं—(१) मूल बन्ध, (२) जालन्धर बन्ध तथा (३) उड्डीयान बन्ध।



त्रिबन्ध

चित्र 24·24

मूल बन्ध

इस बन्ध में गुदा का संकोचन किया जाता है। इसके अभ्यास के लिए सिद्धासन पर बैठना चाहिए क्योंकि इस आसन में एड़ी कसकर गुदा के नीचे जमी रहती है जिस कारण गुदा की पेशियों के संकोचन में सुविधा रहती है। संकोचन के साथ ही साथ अपान वायु को ऊपर की तरफ खींचना चाहिए।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मूल बन्ध के अभ्यास से ब्रह्मचर्य की रक्षा, वीर्य की पुष्टि तथा कोष्ठ बद्धता नष्ट होती है। अपान वायु की अधोगति स्वाभाविक है परन्तु इस बन्ध में उसे बल पूर्वक ऊपर की ओर खींचना होता है। यह क्रिया अति आवश्यक है क्योंकि अपान और प्राण वायु का संयोग कुण्डलिनी जाग्रति के लिए आवश्यक होता है।

जालन्धर बन्ध

इसमें ठोड़ी को झुकाकर वक्षास्थि (sternum) के ऊपरी भाग पर टिका देते हैं। इसका अभ्यास पद्मासन अथवा सिद्धासन के साथ करना उत्तम रहता है। इसे पूरक (प्रश्वसन, inspiration) के अन्त और कुम्भक (श्वास रोकने) के आरम्भ में किया जाता है।



चित्र 24·25

इससे नेत्र, कर्ण, नासिका तथा ज्ञानेन्द्रियों को पर्याप्त व्यायाम मिल जाता है। मन में शान्ति, उत्साह, स्फूर्ति का संचार होता है। प्राण की गति अपने मार्ग से होती है जिससे नीचे से आती हुई अपान से उसका संयोग हो जाता है।

उड्डीयान बन्ध

संस्कृत में 'उड्डीयान' का अर्थ होता है 'उड़ना' तथा 'बन्ध' का अर्थ है बाँधना। इस प्रकार किसी उड़ती वस्तु को बाँधना या नियन्त्रण में करना उड्डीयान बन्ध है। मनुष्य की चित्तवृत्तियों को अधोमुख से ऊर्ध्वमुख करने के लिये उड्डीयान बन्ध एक श्रेष्ठ क्रिया है साथ ही साथ इससे स्वास्थ्य में लाभ होता है।

उड्डीयान बन्ध खड़े होकर अथवा बैठकर किया जा सकता है। बैठ कर पद्मासन लगाकर किया जाता है। खड़ी अवस्था में करते समय दोनों हाथ घुटनों पर या घुटनों से ऊपर जंघा पर रखने चाहिए और पैरों के मध्य फासला रखकर खड़े होना चाहिए।

गहरे निश्वसन (expiration) द्वारा जहाँ तक सम्भव हो सके वायु बाहर निकालें। इस प्रकार [illegible] को खाली



उड्डीयान बन्ध

चित्र 24·26

CC0. Maharshi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

करें। अब आन्त्र और नाभि को भी सिकोड़ें और पीछे की ओर खींचें जिससे आमाशय आदि ऊपर को उठकर पीठ से सट जायें। वायु बाहर निकालते समय गर्दन और कन्धों की पेशियाँ दृढ़ता से स्थिर रहें और वक्ष संकुचित हो जाय परन्तु वायु भीतर प्रवेश न कर सके। इसके पश्चात् पसलियों को ऊँचे उठाकर श्वास खींचने की चेष्टा करें। इससे वायु का फुफ्फुसों में धीरे-धीरे प्रवेश होगा तथा उदर की तनी हुई पेशियाँ शिथिल हो जायेंगी। इस प्रकार उड्डीयान बन्ध का एक चक्र पूरा होगा।

उड्डयान बन्ध से उदर (abdomin) के आभ्यान्तरिक अंग शिथिल हो जाते हैं। कोष्ठबद्धता, अपच एवं क्षुधा की कमी दूर होती है। आध्यात्मिक दृष्टि से कुण्डलिनी जागरण में सहायता मिलती है।

उच्च रक्त चाप (High blood pressure) के रोगी, हृद रोगी एवं यक्ष्मा से पीड़ित व्यक्ति का बिना चिकित्सक की सलाह के बन्ध नहीं करने चाहिए।

———

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उत्साहसाहसधैर्यात्तत्त्वज्ञानाच्च निश्चयात् ।
जनसङ्गपरित्यागात्पड्भिर्योगः प्रसिद्ध्यति ॥
युक्ताहार विहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु ।
युक्त स्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा ॥

योग साधना करने वाले साधकों को भय, क्रोध और आलस्य तथा बहुत सोना और बहुत जागना एवं अधिक खाना, और उपवास करना सदा वर्जित है। क्योंकि अति आहार बहुत परिश्रम तथा वृथा बहुत बोलना, नियमों का ग्रहण कर किसी नियम में प्रतिज्ञाबद्ध हो जाना, एवं योग साधन के विरोधी लोगों का संग करना, और चंचलता, ये छः योग साधन का नाश करने वाले हैं, इसलिये इनका त्याग करना चाहिये। और उत्साह, साहस, धैर्य, तत्त्वज्ञान, तथा शास्त्र द्वारा अपने कल्याण का दृढ़ निश्चय कर लेना और प्रतिकूल जनसंग का परित्याग करना, ये छः योग की सिद्धि कराने वाले हैं इनको ग्रहण करना चाहिये। जो साधक परिमित आहार और नियमित विहार करते हैं तथा जो नियम से ठीक समय पर सोते जागते हैं और अपने व्यवहारिक कर्म में आवश्यकतानुसार चेष्टा करते हैं उनको सब दुःखों का नाश करने वाला योग सिद्ध होता है।

CC-0, Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अर्थात्—हँस का जप ही वर्णब्रह्म है, इसी के द्वारा ब्रह्म की प्राप्ति हो सकती है। यही परमात्मा है और पुरुष भी यही है

इस प्रकार अजपारूप 'हंस' शब्द को ब्रह्मरूप मानकर शरीर से निकलने वाले श्वास-प्रश्वास को अजपा गायत्री माना गया है। यह अजपा गायत्री कुण्डलिनी में उत्पन्न होती है, इसके समान कोई भी जप है, न पुण्य है। 'येन मार्गेण गन्तव्यं ब्रह्मस्थान निरामयम्' (ध्यानबिन्दूपनिषद्) अर्थात् 'इस कुण्डलिनी के मार्ग द्वारा जाता हुआ साधक निरामय ब्रह्मपद को प्राप्त हो जाता है।

शक्तिचालन

कन्दोर्ध्वे कुण्डली शक्तिरष्टधा कुण्डलाकृतिः ।
ब्रह्मद्वारमुखं नित्य मुखेनाच्छाद्य तिष्ठति ।।४६
येन द्वारेण गन्तव्यं ब्रह्मगारमनामयम् ।
मुखेनाच्छाद्य तद्द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी ।।४७
प्रबुद्धा बुद्धियोगेन मनसा मरुता सह ।
सूचीव गुणमादाय ब्रजत्यूर्ध्वं सुषुम्णया ।।४८

टीका—उपर्युक्त नाड़ियों के उत्पत्ति स्थान रूप कन्द के ऊपर कुण्डलिनी आठ प्रकार की होकर ब्रह्मरन्ध्र के मुख को रोककर स्थित हैं। जिस मार्ग से चलते हुए पाप-रहित ब्रह्मद्वार की प्राप्ति होती है, उसके द्वार को आच्छादित करती हुई कुण्डलिनी शक्ति सोती रहती है। वह बुद्धि के संयोग से जाग्रत् होकर मन और प्राण के साथ सुई के समान सुषुम्ना द्वार में प्रविष्ट होकर ऊपर की ओर चढ़ती है ।।४६-४८

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

व्याख्या—नाड़ियों के उत्पत्तिकेन्द्र से ऊपर मणिपूर चक्र है, उसमें यह शक्ति अष्टधा होकर सोती रहती है। उससे ब्रह्म-रन्ध्र का मार्ग रुका रहता है। उस कुण्डलिनी का जागरण बुद्धि के द्वारा ही हो सकता है।

ध्यानविन्दूपनिषत् में 'प्रबुद्धा बुद्धियोगेन' के स्थान पर, प्रबुद्धा वह्नियोगेन' कह कर कुण्डलिनी का जागरण अग्नि के संयोग से माना है। यहाँ दोनों ही कथन ठीक हैं, उनमें प्रथम अस्पष्ट और दूसरा स्पष्ट है। क्योंकि बुद्धि का योग होने पर ही साधक योग-साधन में तत्पर होकर अग्नि को उत्तेजित कर सकेगा। अग्नि प्रदीप्त करने की यह क्रिया भी बुद्धि के योग बिना सफलीभूत नहीं हो सकती।

योगकुण्डल्युपनिषत् में कुण्डलिनी को चलाने के दो प्रमुख साधन माने हैं—(१) सरस्वती चालन और (२) प्राण-निरोध। इसलिए विद्वान् योगी दोनों का ही प्रयोग करते है। उक्त उप-निषत् में ही कहा है—

मुहूर्तद्वयपर्यन्तं निभयाच्चालयेत्सुधीः।
ऊर्ध्वमाकर्षयेत्किंचित्सुम्नां कुण्डलीगता॥
तेन कुण्डलिनी तस्याः सुषुम्नाया मुखं व्रजेत्।
जहाति तस्मात्प्राणोऽयं सुषुम्नां व्रजति स्वयम्॥

अर्थात्—दो मुहूर्त तक सरस्वती का चालान करके सुषुम्ना नाड़ी को, जो कि कुण्डलिनी के निकट ही होती है, किंचित् ऊपर की ओर आकर्षित करे (खींचे) इस भाँति अभ्यास करने पर कुण्डलिनी सुषुम्ना के मुख में चढ़ने लगती है और उसके साथ प्राण भी स्वयं ही उस स्थान को छोड़कर सुषुम्ना में चलने लगता है।

अवरुद्ध मोक्षद्वार को खोलने के लिए प्राणशक्ति का सुषुम्ना में प्रवेश करना आवश्यक है। 'नाकृतं मोक्षमार्गस्यात् प्रसिद्धं

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पश्चिमं बिना' (यो० शि० उ०) अर्थात् 'पश्चिम मार्ग के प्रसिद्ध (प्रशस्त) हुए बिना मोक्षमार्ग भी प्रशस्त नहीं हो सकता।' योगतत्वोपनिषत् में कहा है—

वायुना सहचित्तं च प्रविशेच्च महापथम् ।
यस्य चित्तं स्वपवनः सुषुम्नां प्रविशेदिह ॥
भूमिरापोऽनलोवायु राकाशश्चेति पंचकः ।
येषु पंचसु देवानां धारणा पंचधोच्यते ॥

अर्थात्—जिसका चित्त वायु के सहित सुषुम्ना में प्रवेश कर जाता है, उसके लिए पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और आकाश इन पंचमहाभूत रूपी देवताओं की पाँच प्रकार की धारणा हो जाती है।

ग्रन्थकार ने कुण्डलिनी को आठ प्रकार की होकर ब्रह्मरन्ध्र को रोके रहना कहा है। इसकी पुष्टि अनेक शास्त्रों ने की है। शाण्डिल्योपनिषत् के अनुसार—

'नाभेस्तिर्यगधोर्ध्वं कुण्डलिनी स्थानम्। अष्टप्रकृतिरूपाऽष्टधा कुण्डलीकृता कुण्डलिनी शक्तिर्भवति।'

अर्थात्—नाभि के पार्श्व में ऊपर की ओर कुण्डलिनी का स्थान है। यह कुण्डलिनी शक्ति आठ प्रकृति स्वरूपा होकर आठ प्रकार से कुण्डल किये हुए है।

प्रसुप्तभुजगाकारा पद्मतन्तुनिभा शुभा ।
प्रबुद्धा वह्नियोगेन व्रजत्यूर्ध्वं सुषुम्णया ॥४९
उद्घाटयेत्कपाट तु तथा कुञ्चिकया हठात् ।
कुण्डलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं प्रभेदयेत् ॥५०

टीका—सोती हुई कुण्डलिनी सर्प की आकृति की, कमलनाल के तन्तु जैसी होती है, वह अग्नि के संयोग से जाग्रत् होकर

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सुषुम्ना मार्ग से ऊपर चढ़ती है। जिस प्रकार चाबी से ताला खुलता है, वैसे ही कुण्डलिनी-जागरण से योगी मोक्ष के द्वार को खोल लेता है ॥४९-५०

व्याख्या—कुण्डलिनी शक्ति जब तक निद्रा में पड़ी रहती है, तब तक साधक का कोई प्रयत्न सफल नहीं हो पाता। यह शक्ति सर्प के आकार में कुण्डल मारे हुए सोती रहती है। गौतमीय तन्त्र में कहा है—

मूलपद्मे कुण्डलिनी यावन्निद्रायिता प्रभो।
तावत् किंचिन्न सिध्येत मंत्रयंत्रार्चनादिकम् ॥
जागर्ति यदि सा देवी बहुभिः पुण्यसंचयै।
तदा प्रासादमायाति मन्त्रयन्त्रार्चनादिकम् ॥

अर्थात्—जब तक कुण्डलिनी-शक्ति मूलाधार में रहकर सोती है जब तक कोई भी मन्त्र, यन्त्र, पूजा आदि सफल नहीं होते। अनेक पुण्यों के संचय होने पर उनके प्रभाव से जब वह देवी जाग्रत् होती है, तब उसके प्रसाद से मन्त्र, यन्त्र, पूजनादि प्रभावकारी होते हैं।

कुण्डलिनी के दो मुख होते हैं। एक मुख से वह सुषुम्नारंध्र में साढ़े तीन लपेटे लगाये हुए सोती रहती है। इसका दूसरा मुख लकड़ी के प्रहार से आहत सर्पिणी के समान होता है। उसके इसी मुख से शरीर में श्वास प्रश्वास के आवागमन की क्रिया सम्पन्न होती रहती है। कुण्डलिनी का यह मुख सदैव जाग्रत् और क्रियाशील रहता है। इसी मुख से जीव को चेतना और बाह्य ज्ञान बना रहता है परन्तु प्रथम मुख उसके सुप्त होने के कारण निष्क्रिय रहता है, इसलिए मनुष्य आत्मज्ञान अथवा ब्रह्म-साक्षात्कार प्राप्त करने में सफल नहीं हो पाता। इसीलिए ग्रन्थकार द्वारा 'येन द्वारेण गन्तव्यं इत्यादि उपर्युक्त कथन यह स्पष्ट करता है कि जिस द्वार से जाने पर निरामय ब्रह्मस्थान की

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्राप्ति हो सकती है, उसी द्वार को घेरे हुए वह सोई पड़ी रहती है।' इसका स्पष्ट अर्थ हुआ कि कुण्डलिनी के जाग्रत होकर ऊपर चढ़ने पर ही वह मोक्ष देने वाली सिद्ध हो सकती है।

शक्तिचालिनी मुद्रा

कृत्वा सम्पुटितौ करौ दृढ़तरं बध्वा तु पद्मासनं
गाढं वक्षसि सन्निधाय चिबुकं ध्यानं च तच्चेतसि।
वारंवारमपानमूर्ध्वमनिलं प्रोच्चारयेत्पूरितं
मुञ्चन्प्राणमुपैतिबोधमतुलं शक्तिप्रभावादतः ।।५१

टीका—दोनों हाथों की अञ्जली बाँधकर दोनों कुहनियों को दृढ़ता से हृदय पर रखकर पद्मासन करे। ठोड़ी को हृदय दृढ़ता से लगाकर ज्योतिरूप ब्रह्म का ध्यान करे। प्राणायाम द्वारा वायु खींचकर उसे अपान वायु से मिलावे और कुम्भक द्वारा वायु को रोककर धीरे-धीरे छोड़ दे। ऐसा करने से साधक को कुण्डलिनी शक्ति के प्रभाव का अतुलित बोध होता है अथवा शक्ति जाग्रत होती है ।।५१।

व्याख्या—यहाँ ग्रन्थकार ने पद्मासन लगाकर जालन्धर बन्ध करने का संकेत किया है, जिसके करने से कुण्डलिनी शक्ति का जागरण हो सकता है। यह शक्तिचालिनी मुद्रा भी कहलाता है। यह मुद्रा दीर्घकाल के अभ्यास से सिद्ध हो सकती है।

शक्ति चालिनी मुद्रा का विस्तृत वर्णन घेरण्ड संहिता में इस प्रकार मिलता है—

नाभिं सम्वेष्टय वस्त्रेण न च नग्नो बहिःस्थितः ।
गोपनीयगृहे स्थित्वा शक्तिचालनमभ्यसेत् ।।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

वितस्तिमितं दीर्घं विस्तारे चतुरंगुलम् ।
मृदुलं धवलं सूक्ष्मं वेष्टनाम्बर लक्षणम् ।।
एवंमम्बरयुक्तं च कटिसूत्रेण योजयेत् ।
भस्मनागात्र संलिप्तं सिद्धासनं समाचरेत् ।।
नासाभ्यां प्राणमाकृष्य अपानेयोजयेद्बलात् ।
तावदाकुञ्चयेद् गुह्यं शनैरश्विनिमुद्रया ।।
यावद्गच्छेतसुषुम्नायां वायु: प्रकाशयेत् हठात् ।
तदावायुप्रबन्धेन कुम्भिका च भुजंङ्गिनी ।।
बद्धश्वासस्ततोभूत्वा ऊर्ध्वमार्गं प्रपद्यते ।
शक्तींविनाचालनेन योनिमुद्रा न सिद्धयति ।।

अर्थात्—नाभि को वस्त्र से लपेट कर शक्तिचालिनी मुद्रा का एकान्त स्थान से अभ्यास करे। नग्नावस्था में इस मुद्रा का साधन कभी बाहर न करे। बिलाँदशर चौड़ा और चार अँगुल लम्बा श्वेत कोमल वस्त्र नाभि पर रखे और उसे कटिसूत्र से बाँधे। देह पर भस्म लगाकर और सिद्धासन से बैठ कर प्राण को खींचे और अपान से संयुक्त करे। सुषुम्ना के द्वार से गमन करती हुई वायु जब तक प्रत्यक्ष न हो तब तक अश्विनी मुद्रा से गुदा का संकोच करना चाहिए। इस प्रकार वायु के रुकने से सर्पाकार कुण्डलिनी जगाकर ऊर्ध्वमार्ग में स्थित होती है। इस शक्तिचालिनी मुद्रा के बिना योनिमुद्रा की सिद्धि नहीं होती।

इसमें पद्मासन के स्थान पर सिद्धासन करने का निर्देश है। महर्षि-गोरक्षनाथ ने इस मुद्रा को इतना स्पष्ट नहीं किया, जितना कि महर्षि घेरण्ड ने किया है।

योगी की चर्या कथन

अंगानां मर्दनं कृत्वा श्रमसञ्जातवारिणा ।
कट्वम्ललवणत्यागी क्षीरभोजनमाचरेत् ।।५२

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ब्रह्मचारी मिताहारी त्यागी योगपरायणः ।
अब्दादूर्ध्वं भवेत्सिद्धो नात्र कार्या विचारणा ॥५३

संधिग्धो मधुराहारी चतुर्थांशविवर्जितः ।
भुञ्चते स्वरस प्रीत्यै मिताहारी स उच्यते ॥५४

कन्दोर्ध्वे कुण्डलीशक्तिः शुभमोक्षप्रदायिनी ।
बन्धनाय च मूढानां यस्तां वेत्ति स वेदवित् ॥५५

टीका—उक्त मुद्रा के अभ्यास के कारण शरीर के अङ्ग में जो पसीना आता है, उसे अङ्गों में ही मल लेना चाहिए । लवण और अम्ल रसों से युक्त भोजन न करे वरन् दूध पीकर ही रहे । इस प्रकार अल्पभोजी, सर्व त्यागी और योगपरायण रहे । इसका एक वर्ष से अधिक समय अभ्यास करने से सिद्धि हो सकती है । इसमें कोई विचार नहीं करना चाहिए । सुखद, स्निग्ध, मधुर आहार करे, चौथाई पेट खाली रखे । भोजन करने से पूर्वइष्टदेव को निवेदन करे, वह योगी मिताहारी कहलाता है । केन्द्र के ऊपर शुभ मोक्ष के देने वाली कुण्डलिनी शक्ति स्थित है । यह अज्ञानियों के लिए बन्धन में रखने वाली है । उसे जो जानता है, वही वेदों को जानने वाला है ।।५२-५५

व्याख्या—योगाभ्यास के परिश्रम से शरीर के अङ्गों में पसीना आता है, उसे अंगों में ही मल लेने का विधान है । अन्य ग्रन्थों में भी ऐसा ही कथन मिलता है । ध्यानबिन्दूपनिषत् से भी इसकी पुष्टि होती है ।

योगी को मिताहार करना चाहिए । उसमें आधे पेट भोजन करना, चौथाई पेट को जल से भरना और शेष चौथाई खाली रखना चाहिए । यही मिताहार कहा जाता है । शक्तिचालनार्थ इसकी अत्यन्त अपेक्षा है । योगकुण्डल्युपनिषत् में कहा है—

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तयोरादौ समीरस्य जयं कुर्यान्नरः सदा ।
मिताहारश्चासनं च शक्तिचालस्तृतीयकः ।।
एतेषां लक्षणं वक्ष्ये श्रृणु गौतम सादरम् ।
सुस्निग्धमधुराहारचतुर्थांशावशेषकः ।।
भुज्यते शिवसम्प्रीत्यै मिताहारः स उच्यते ।

अर्थात्—साधक प्रथम प्राण को जीते इसके लिए उसे मिताहार, आसन और शक्तिचालन करना चाहिए। हे गौतम! तुझे इनके लक्षण बताता हुँ उन्हें आदर सहित सुन। स्निग्ध और मधुर आहार करे और उदर का चौथाई भाग खाली रखे, इस प्रकार भगवान् की प्राप्ति के उद्देश्य से भोजन किया जाय, वही मिताहार कहलाता है।

कुण्डलिनी शक्ति ही योगी के लिए मोक्ष देने में कारण रूप है। वह अज्ञानियों के लिये बन्धनकारिणी इसलिए है कि अज्ञानी अपने अज्ञान के कारण उसके विषय में जानते ही नहीं तो उसे जगावेंगे ही कैसे? ज्ञानी पुरुष उसकी शक्ति के विषय में परिचित होते हैं। और उसे जगाने की क्रिया जानते हैं। इसीलिए वह उनको मोक्ष प्रदान करने वाली हो जाती है।

विभिन्न ग्रन्थों में इसके चालनार्थ विभिन्न क्रियाओं का वर्णन विलता है। कहीं पद्मासन, कहीं सिद्धासन तो कहीं वज्रासन लगाकर। योगकुण्डल्युपनिषत् में ही कहा है—

बामांघ्रिमूलं कन्दाधः अन्यं तदुपरि क्षिपेत् ।
समग्रीवशिरः कायो वज्रासनमितीरितम् ।।
कुल्डल्येव भवेच्छक्तिस्तां तु संचालयेद् बुधः ।
स्वस्थानादाभ्रुवोमध्यं शक्तिचालनमुच्यते ।।

अर्थात्—बाँये पांव की एड़ी को योनिस्थान में रखकर दाँये पाँव की एड़ी उसके ऊपर रख ले। ग्रीवा और शिर को समान

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur, MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha
तथा सीधा रखे तो यह वज्रासन होता है। कुण्डलिनी ही मुख्य शक्ति है, ज्ञानी साधक उसका चालन करके दोनों भौंहों के मध्य में ले जाता है, वही चक्ति चालन है।

शक्तिचालन के विषय में अन्यत्र कहा है—

ऊर्ध्वं वितस्तिमात्रं तु विस्तारं चतुरंगुलम्।
श्वेतं तु मृदुलं प्रोक्त वेष्टिपं वरलक्षणम्॥
सति वज्रासने पादौ कराभ्यां धारयेद्दृढम्।
गुल्फदेशे समीते च कन्दं तत्र प्रपीडयेत्॥
वज्रासने स्थितो योगी चालयित्वा च कुण्डलीम्।
कुर्यादनन्तरं भस्त्रां कुण्डलीमाशु बोधयेत्॥

अर्थात्—मूल स्थान से बिलांद भर ऊपर नाभि और मेढ़ के मध्य नौ अंगुल लम्बा और चार अंगुल चौड़ा, पक्षी के अण्डे के आकार का, शुभ-कोमल वस्त्र से लपेटा जैसा कन्द है। वज्रासन द्वारा पाँवों की एड़ियों को हाथों से पकड़ कर उस कन्द स्थान में दृढ़ता पूर्वक लगाकर उसको पीड़ित करे। इस प्रकार वज्रासन से बैठकर शक्ति चालिनी मुद्रा द्वारा कुण्डलिनी को चलायमान कर भस्त्रा कुम्भक करता हुआ कुण्डलिनी शक्ति को शीघ्र जाग्रत करे।

पञ्चमुद्रा कथन

महामुद्रां नभोमुद्रां उड्डीयानं जलन्धरम्।
मूलबन्धश्च यो वेत्ति स योगी मुक्तिभाजनः ॥५६

टीका—महामुद्रा, नभोमुद्रा, अड्डीयान बन्ध, जालन्धर बन्ध और मूलबन्ध, इनका करना जो जानता है, वही योगी मुक्तिभाजन होता है ॥५६

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

व्याख्या—उक्त पाँच मुद्राएँ प्रमुख हैं। शक्तिचालन का अभ्यास होने पर भी उक्त मुद्राएँ करते रहना चाहिए। अनेक विद्वान् महामुद्रा और नभोमुद्रा दोनों को प्रमुख मुद्राएँ मानते हैं। नभोमुद्रा और खेचरी मुद्रा में कोई अन्तर नहीं है, वरन् खेचरी नाम अधिक प्रसिद्ध है। घेरण्ड संहिता में इन दोनों का पृथक्-पृथक् वर्णन मिलता है।

यहाँ जिन तीन बन्धों की चर्चा हुई है, वे भी मुद्राओं के अन्तर्गत हैं। योगवेत्ताओं ने इनके अभ्यास पर भी बहुत बल दिया है। योगकुण्डल्युपनिषत् में भी कहा है—

बन्धत्रयमिदं कार्यं योगिभिर्वीतकल्मषैः।
प्रथमो मूलबन्धस्तु द्वितीयोड्डीयाणाभिधः।
जालन्धरस्तृयस्तु तेषां लक्षणमुच्यते॥

अर्थात्—योगी को पापनाशक तीन बन्ध अवश्य करने चाहिए। उनमें प्रथम मूल बन्ध, दूसरा उड्डीयान बन्ध और तीसरा जालन्धर बन्ध कहलाता है।

महामुद्रा

वक्षोन्यस्तहनुः प्रपीड्य सुचिरं योनिं च वामांघ्रिणा।
हस्ताभ्यामनुधारयेत् प्रसरितं पादं तथा दक्षिणम्॥
आपूर्य श्वसनेन कुक्षियुगलं बद्ध्वा शनैःरेचये।
देषाव्याधिनाशिनौ सुमहती मुद्रानृणां कथ्यते॥५७
चन्द्राङ्गेन समभ्यस्य सूर्यागेनाभ्यसेत्पुनः।
यावत्तुल्या भवेत्संख्या ततो मुद्रां विसर्जयेत्॥५८

टीका—हृदय में ठोड़ी को दृढ़ता से धारण कर दाँये पाँव की एड़ी को योनि स्थान पर दबावे और दाँये पाँव को लम्बा

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

करके और दोनों हाथों से पाँव को मध्य से पकड़ले। फिर पूरक द्वारा उदर में वायु भरकर कुम्भक द्वारा समय रोके और तत्पश्चात् धीरे-धीरे निकाल दे। यह रोगों को नष्ट करने वाला श्रेष्ठ महामुद्रा कहलाती है। इसके अभ्यास का आरम्भ पहले चन्द्रनाड़ी से करे और फिर सूर्य नाड़ी से। इस प्रकार जब दोनों ओर के प्राणायाम समान मात्रा में हो जाँय तब मुद्रा को छोड़ दे ।।५७-५८

व्याख्या—उक्त महामुद्रा सब प्रकार के रोगों को नष्ट करती है प्राय सभी योग-ग्रन्थों में इनका वर्णन मिलता है। ग्रहयामल में इस मुद्रा का वर्णन इस प्रकार से मिलता है।

पादमूलेन वामेन योनि सम्पीड्य दक्षिणे।
पादं प्रसारितं कृत्वा कराभ्यां धारयेद्दृढम् ।।
कण्ठेवक्त्रं समारोप्य धारद्वायुमूर्ध्वतः।
यथादण्डाहतः सर्पो दण्डकारः प्रजायते ।।
ऋज्वीभूता तथा शक्तिःकुण्डली सहसाभवेत्।
तदाऽसामरणावस्था जायते द्वितपुटाश्रिता ।।
तदा शनैः शनैः रेव रेचयेत नवेगतः।
इयं खलुमहामुद्रा तवस्नेहात् प्रकाश्यते ।।

अर्थात्—बाँयी एड़ी से योनिस्थान को दबाकर दांये पाँव को पसारे और मुख को दोनों हाथों से पकड़ कर और कण्ठ को सिकोड़कर कुम्भक द्वारा वायु को रोके। इसके अभ्यास से जैसे डण्डे द्वारा पीटा गया सर्प डंडे के समान खड़ा हो जाता है, वैसे ही कुण्डलिनी शक्ति सहसा खड़ी हो जाती है। इस प्रकार दोनों पुटों से प्राणायाम की साम्य अवस्था हो जाय, तब वायु को धीरे-धीरे निकाल दे। इसी को महामुद्रा कहते हैं।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

घेरण्ड संहिता में वर्णन संक्षेप में, परन्तु बहुत स्पष्ट रूप से मिलता है—

वायुमूलं वामगुल्फे संपीड्य दृढयत्नतः ।
याम्यपादं प्रसार्यार्थ केधृतं पदांगुलः ।
कण्ठ संकोचनं कृत्वा भ्रुवोर्मध्ये निरीक्षयेत् ।
महामुद्राभिधामुद्रा कथ्यते चैव सूरिभिः ॥

अर्थात्—गुदा स्थान को बाँयी एड़ी से दृढ़ता-पूर्वक दबाकर बाँये पाँव को फैलावे और हाथ से पाँवों की अँगुलियों को पकड़े और कण्ठ को सिकोड़कर भौंहों के मध्य स्थान में दृष्टि लगावे। विद्वानों ने इसे महामुद्रा कहा है।

महामुद्रा का फल कथन

तर्हि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः ।
अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमिव जोर्यंते ॥५९
क्षयकुष्ठमुदावर्तगुल्माजीर्णपुरोगमाः ।
रोगास्तस्य क्षयं यान्ति महामुद्रां च योऽभ्यसेत् ।६०
कथितेयं महामुद्रा महासिद्धकरी नृणाम् ।
गोपनीया प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित् ॥६१

टीका—महामुद्रा का अभ्यास दृढ़ हो जाने पर पथ्य,अपथ्य और मिष्ठ, कटु, तिक्त, लवण, अम्ल आदि रसों का स्वाद और विचार कुछ भी शेष नहीं रहता। यदि घोर विष का भी भक्षण कर ले तो वह अमृत के समान हो जाता है। इससे क्षय, कुष्ठ, उदावर्त, गुल्फ, अजीर्ण आदि रोगों का भी शमन हो जाता है।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

यह महामुद्रा अत्यन्त सिद्धि करने वाली है, जिसे प्रयत्नपूर्वक गुप्त रखे और अनधिकारी को कभी न दे ॥५९-६१

व्याख्या—महामुद्रा का अभ्यास सिद्ध हो जाने पर योगी को पथ्य-अपथ्य का कोई विचार नहीं रहता और न उसे मीठे, खट्ठे, कडुवे आदि का स्वाद ही आता है। उसमें घोर विष को भी अमृत के समान पचा लेने की शक्ति आ जाती है। यह मुद्रा सभी रोगों को नष्ट करने में भी अत्यन्त प्रभावकारी है। हठयोग प्रदीपिका में कहा है—

इयं खलु महामुद्रा महासिद्धिः प्रदर्शिता।
महाक्लेशादयो दोषाः क्षीयंते मरणादयः॥

अर्थात्—यह महामुद्रा महान् सिद्धि को प्रत्यक्ष करने वाली है। इसके अभ्यास से (अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश रूपी पाँचों) महाक्लेश आदि दोष एवं जन्म-मरणादि नष्ट होते हैं।

शाण्डिल्योपनिषत् के अनुसार भी यही सिद्ध होता है—

वामपादमूलेन योनिं संपीड्य दक्षिण पाद प्रसार्य तं कराभ्यां धृत्वा नासाभ्यां वायुमापूर्य कण्ठबन्धं समारोप्योर्ध्वतो वायुं धारयेत्। तेन सर्वक्लेशहानिः। ततः पीयूषमिव विषं जीर्यते! क्षयगुल्मगुदावर्तजीर्णत्वागादिदोषा नश्यन्ति। एष प्राणजयोपायं सर्वमृत्यूपघातकः॥

अर्थात्—बाँये पाँव के मूल से ब्रह्मरन्ध्र को दबा कर दाँया पाँव पसारे और उसे दोनों हाथों से पकड़े। फिर दोनों नासापुटों द्वारा वायु भरकर कण्ठबन्धन के ऊपर चढ़ावे और ऊपर उठी वायु को रोक ले। इससे सभी क्लेशों का नाश होता है, विष भी अमृत के समान पच जाता है। क्षय, गुल्म, गुदावर्त और पुराने चर्म रोग नष्ट होते है। प्राण को जीतने का यह उपाय सर्व मृत्यु का नाश करने वाला है।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इस मुद्रा का अन्य योग शास्त्रों में भी इसी प्रकार वर्णन मिलता है। परन्तु अधिक विस्तार यहाँ अभीष्ट नहीं।

खेचरी मुद्रा

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ॥६२
न रोगान्मरणं तस्य न निद्रा न क्षुधा तृषा।
न मूर्च्छा तु भवेत्तस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम्।६३

खेचरी मुद्रा का फल

पीड्यते न च शोकेन न च लिप्यते कर्मणा।
बाध्यते न स केनापि यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥६४

खेचरी मुद्रा का फल

चित्तं चलति नो यस्माज्जिह्वा चरति खेचरी।
तेनेयं खेचरी सिद्धा सर्वसिद्धैर्नमस्कृता ॥६५

टीका—जिह्वा को उल्टी लौटाकर कपाल कुहर में प्रविष्ट करे और दृष्टि को भौंहों के मध्य स्थिर कर ले। यह खेचरी मुद्रा होती है। जो योगी खेचरी मुद्रा को जानता है, उसे रोग, मृत्यु, निद्रा, क्षुधा, तृषा और मूर्छा से पीड़ित नहीं होना पड़ता। न उसे शोक होता है, न कर्म का बंधन। जो खेचरी मुद्रा को सिद्ध कर लेता है उसे भव-बन्धन में नहीं पड़ना होता। जिस योगी का चित्त चंचल नहीं होता और जिसकी जिह्वा खेचरी में रमण करती है, उनके लिए यह सभी सिद्धों द्वारा नमस्कार की हुई खेचरी मुद्रा सिद्ध हो जाती है ॥६२-६५

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

 Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

व्याख्या—जिह्वा को ऊपर की ओर लौटा कर कपालरन्ध्र में प्रवेश कराने से खेचरी मुद्रा होती है। यह अत्यन्त प्रभावशालिनी होने के कारण सभी सिद्धों द्वारा पूजनीया है। शाण्डिल्योपनिषत् में खेचरी मुद्रा का जो विस्तृत वर्णन मिलता है, उसे यहाँ संक्षेप में बताते हैं—

इडापिंगलयोर्मध्ये शून्यं चैवानिलं ग्रसेत्।
तिष्ठन्ती खेचरी मुद्रा तत्र सत्यं प्रतिष्ठितम् ।।

छेदन चालन दोहन, कलां परा जिह्वा कृत्वा दृष्टि भ्रूमध्ये स्थाप्य कपालकुहरे जिह्वा विपरीतगा यदा भवति तदा खेचरी मुद्रा जायते। जिह्वां चित्तं च खे चरति, तेनोर्ध्वजिह्वः पुमानमृतो भवति ।।

अर्थात्—इडा और पिंगला के मध्य जो शून्य भाग है, वह वायु को ग्रस लेता है। वहीं खेचरी मुद्रा रहती है और वहीं सत्य रहता है। छेदन, चालन और दाह के द्वारा जिह्वा को नौंकदार बनाकर, भृकुटियों के मध्य भाग में दृष्टि स्थिर कर ले। फिर जब कपाल के छिद्र में जिह्वा उलटी होकर जाने लगती है, तब खेचरी मुद्रा बनती है। इससे जीभ और चित्त दोनों ही कपाल-छिद्र रूपी आकाश में विचरण करते हैं, तब ऊपर गई हुई जीभ वाला वह पुरुष अमर हो जाता है।

बिन्दुमूलं शरीराणां शिरास्तत्र प्रतिष्ठताः।
भावयन्ति शरीराणामापादतलमस्तकम् ।।६६
खेचर्या मुद्रया येन विवरं लम्बिकोर्ध्वतः।
न तस्य क्षरते बिन्दुः कामिन्यालिङ्गितस्य च ।।६७
यावद्बिन्दुः स्थितो देहे तावन्मृत्योर्भयं कुतः।
यावद्बद्धा नभोमुद्रा तावद्बिन्दुर्न गच्छति ।।६८

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

टीका—विन्दु शरीर का मूल है, यह पाँव से शिर पर्यन्त प्रतिष्ठित रहता है। इसी से शिराओं में सजीवता और अपने की सामर्थ्य रहती है। जिसने खेचरी मुद्रा को कण्ठछिद्र की लम्बिका के ऊपर रोक लिया, उस योगी का बिन्दु कामिनी के आलिंगन से भी क्षरित नहीं होता जब तक शरीर में बिन्दु स्थित रहता है, तब तक मृत्यु का भय कहाँ ? जब तक नभो-मुद्रा दृढ रूप में बँधी रहती है, तब तक बिन्दु चलायमान नहीं होता ॥६६-६८

व्याख्या—इस नभोमुद्रा का तात्पर्य खेचरी मुद्रा से ही है। अन्य शास्त्रान्तर्गत खेचरी से पृथक् नभोमुद्रा से अभिप्राय नहीं समझना चाहिए। इसमें जिह्वा भी कण्ठमूल के छिद्र रूपी आकाश में स्थित होकर ब्रह्मरन्ध्र में संचित होने वाले अमृत का पान करती है, इसीलिए इस मुद्रा के प्रति श्रद्धा रखते हुए सभी सिद्धजन इसे पूजनीया मानते और नमस्कार करते हैं।

पाँव से शिर पर्यन्त बिन्दु के स्थित रहने का तात्पर्य स्पष्ट है कि बिन्दु शरीर के सर्वांग में रहकर उसे प्राणित करता रहता है और शरीर की सभी नाड़ियाँ बिन्दु से व्याप्त रहकर ही अपने अपने कार्य का संचालन ठीक प्रकार से कर सकती हैं। इसका अर्थ यह भी है कि शरीर के जिस अवयव में बिन्दु (वीर्य)अपने सही अनुपात में नहीं पहुँचता वह अङ्ग निर्बल और निष्प्राण हो जाता है।

खेचरी मुद्रा के अभ्यास से बिन्दु कण्ठनाल की छिद्रलम्बिका में ही रुक जाता है। उस समय योगी पर किसी कामिनी द्वारा आलिंगन किये जाने का भी प्रभाव नहीं पड़ता। बिन्दु की स्थि-रता के कारण उस योगी के चित्त में चंचलता नहीं आ पाती।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अथवा यह भी कह सकते हैं कि बिन्दु की स्थिरता या अस्थिरता का कारण मन ही है। योगकुण्डल्युपनिषत् ने यही मत व्यक्त किया है। उसके अनुसार—

मनसोत्पद्यते बिन्दुर्यथा क्षीरं घृतात्मकम् ।
न च वन्धनमध्यस्थं तद्वै कारणमानसम् ॥

अर्थात्—यह बिन्दु मन से ही उत्पन्न होता है, जैसे कि दूध से घृत की उत्पत्ति होती है। उस बिन्दु में कुछ भी बन्धन नहीं है, वरन् जो कुछ भी बन्धन है, वह सब मन का ही है।

'वायुं बिन्दु तथा चक्रं चित्तं चैव समभ्यसेत्' (यो. कु. उ.) के अनुसार प्राणवायु, बिन्दु, चक्र और चित्त का ठीक प्रकार से अभ्यास करके योगीजन ऐक्य रूपी समाधि तक पहुँच जाते और अमृतत्व को प्राप्त होते हैं।

बिन्दु की स्वस्थान में पुनः स्थिरता

चलितोऽपि यदा बिन्दुः संप्राप्तश्च हुताशनम् ।
ब्रजत्यूर्ध्वं हृते शक्त्या निरुद्धो योनिमुद्रया ॥६९
स पुनर्द्विविधो बिन्दुः पाण्डुरो लोहितस्तथा ।
पाण्डुरः शुक्रमित्यहुर्लोहिताख्यो महारजः ॥७०
सिन्दूरद्रवसंकाशं नाभिस्थाने स्थितं रजः ।
शशिस्थाने स्थितो बिन्दुस्तयोरेक्यं सुदुर्लभम् ॥७१

टीका—यदि कभी चित्त की चंचलतावश बिन्दु च्युत होकर नाभिस्थान में पहुँच भी जाय तो योनिमुद्रा के द्वारा कुण्डलिनी शक्ति को ऊपर उठा ले। इससे बिन्दु पुनः अपने स्थान में लौट कर स्थिर हो जायगा। वह बिन्दु दो भाँति का होता है—(१) पाण्डुर वर्ण का और (२) लोहित वर्ण वाला महाराज कहलाता

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

है । तैल-मिश्रित सिन्दूर के द्रव के समान वह रज नाभिमंडल में स्थित है और चन्द्र स्थान में बिन्दु रहता है । इन दोनों का ऐक्य अत्यन्त दुर्लभ समझना चाहिए ।।६९-७१

व्याख्या—यह संभव है कि चित्त में किसी प्रकार से विकार उत्पन्न हो जाय और उसके चंचल होने पर बिन्दु अपने स्थान से क्षरित होने लगे । उस समय खेचरी मुद्रा के द्वारा तालु का छिद्र बन्द कर लेने से बिन्दु अपने स्थान पर जा चढ़ेगा ।

शास्त्रकार ने शुक्र और रज का भेद बताते हुए कहा है कि शुक्र का रंग श्वेत और रज का रंग लाल होता है । नाभिमण्डल के सूर्य स्थान मे रज का और षोडशाधारचक्र में रज स्थान है । उनका परस्पर मिलना बहुत ही कठिन है ।

बिन्दु-रज के ऐक्य से परमपद प्राप्ति

बिन्दुः शिवो रजः शक्तिश्चन्द्रो बिन्दू रजो रविः ।
अनयोः संगमादेव प्राप्यते परमं पदम् ।।७२
वायुना शक्तिचारेण प्रेरितं तु यदा रजः ।
याति बिन्दोः सहैकत्वं भवेदिद्दव्यं वपुस्ततः ।।७३

सूर्य-चन्द्र का समरसैकत्व

शुक्रं चन्द्रेण संयुक्तं रजः सूर्येण संयुतम् ।
तयोः समरसैकत्वं यो जानाति स योगवित् ।।७४
शोधनं नाडिजालस्य चालनं चन्द्रसूर्ययोः ।
रसानां शोषणं चैव महामुद्राभिधीयते ।।७५

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

टीका—बिन्दु शिव है और रज शक्ति अथवा चन्द्रमा बिन्दु और सूर्य रज है। इन दोनों के संयोग से परम शरीर की प्राप्ति होती है। वायु के द्वारा शक्ति का चालन करने से जब रज आकाश को प्ररित होकर बिन्दु के साथ मिल जाता है तब शरीर दिव्य बन जाता है। शुक्र बिन्दु रूपी चन्द्र से युक्त है और रज सूर्य से समन्वित है जो इन दोनों की समरसता को जानता है, वही योग का ज्ञाता है। नाड़ी जाल के शोधनार्थ चन्द्र-सूर्य को संयुक्त किया जाता है। यह रसों का ठीक प्रकार शोषण करने वाली महामुद्रा कहलाती है ॥७२-७५

व्याख्या—बिन्दु को शिव या चन्द्रमा स्वरूप मान कर रज को शक्ति या सूर्य स्वरूप कहा है। इन चन्द्रमा और सूर्य का मिलना कोई साधारण कार्य नहीं है, यह ऊपर कह चुके हैं। परन्तु योगी को तो इनका मिलन कराना ही होता है। यहाँ चन्द्र-सूर्य के मिलन से अभिप्राय प्राणवायु और अपान वायु का ऐक्य करने से है। बिन्दु रूपी शुक्र या चन्द्रमा से और रक्तवर्ण के रज का सूर्य से समरस हो जाना योगी के लिए परमाश्यक है। जो योगी इसे नहीं जानता, वह योग के विषय में कुछ भी नहीं जानता। ऐसा करने पर ही जीवात्मा-परमात्मा का ऐक्य संभव होता है।

प्राण अपान को मिलाने की क्रिया पर पहले प्रकाश डाला जा चुका है। इसी से कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत होकर ऊपर चढ़ती हुई शिव से संयुक्त होती है। परन्तु यह क्रिया सुगमता से नहीं हो सकती। इसके लिए पूर्ण जानकारी और पत्पश्चात् अत्यन्त अभ्यास की आवश्यकता होती है। जो लोग केवल पढ़-सुनकर ही इस क्रिया को करने लगते हैं, वे अनेक प्रकार की हानि उठा सकते हैं।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

योगाभ्यास में शरीरस्थ मलों का शोधन भी अत्यावश्यक होता है। इसके लिए नाड़ी-शोधन को बहुत महत्व दिया गया है। नाड़ी-शोधन से नाड़ियों में रहने वाले वात, पित्त, कफ की विकृति दूर हो जाती है और चन्द्र-सूर्य का चालन होने से भोजन पानादि का शोषण होता है। अथवा यों कहना चाहिए कि सब भोजन-पानादि इस क्रिया के द्वारा परिपक्वता को प्राप्त होकर शरीर में रम जाते हैं और इस प्रकार भोजन-पानादि से होने वाले विकार रोगी को पीड़ित नहीं करते। ऐसी क्रिया से युक्त होने के कारण ही महामुद्रा को रोगनाशिनी तो कहा ही है, साथ ही 'एषा पातकनाशिनी ननु महामुद्रा नृणां प्रोच्यते (ध्या. वि. उ.) अर्थात् 'इस महामुद्रा को पाप-नाशिनी भी कहते हैं।

उड्डीयान बन्ध

उडूयानं कुरुते यस्मादविश्रांते महाखगम् ।
उड्डीयानं तदेव स्यान्मृत्युमातङ्गकेसरी ॥७६

उड्डीयान का स्थान

उदरात्पश्चिमे भागे अधो नाभेनिगद्यते ।
उड्डीयानो ह्ययं वन्धस्तव बन्धो निगद्यते ॥७७

टीका—उड्डीयान बन्ध के लिए जैसे महाखग विश्राम करता है, वैसे ही उदर की पश्चिम ताण को नाभि के ऊपर करना चाहिए। उदर से पश्चिम में और नाभि से नीचे इस बन्ध का स्थान बतलाया जाता है ॥७६-७७

व्याख्या—उड्डीयान वन्ध के बिषय में अन्य ग्रन्थों में भी कहा है कि नाभि से नीचे ऊपर के भाग को उदर के पीछे इस

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रकार खींचे जिससे वह उदर में ही लग जाय। योगतत्वोपनिषत् में कहा है—

बन्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूडडीयते यतः।
उड्यणाख्यो हि बन्धोऽयं योगिभिः समुदाहृतः॥

अर्थात्—जिससे बँधा हुआ प्राण सुषुम्ना में उठ जाय, उसे योगीजन उड्डायानबन्ध कहते हैं।

जालन्धर बन्ध

बध्नाति हि शिरोजालं नाधो याति नभोजलम्।
ततो जालंधरों बन्धोः कण्ठदुःखौघनाशनः॥७८
जालंधरे कृते बन्धे कण्ठसंकोचलक्षणे।
न पीयूष पतत्यग्नौ न वायुः प्रकुप्यति॥७९

टीका—जो बन्ध कण्ठदेश में होता और शिरोजाल का बन्धन करता हुआ चन्द्रामृत रूप जल कपाल कुहर से नीचे गिरने से रोकता है, वह दुःखों और रोगों का नाश करने वाला जालन्धर बन्ध होता है। कण्ठ को संकुचित कर वायु को रोकना ही जालन्धर बन्ध माना गया है। इससे चन्द्रामृत गिरकर अग्नि में पड़ने से रुका रहता है। इस बन्ध के अभ्यास से वायु का प्रकोप नहीं हो पाता।

व्याख्या—कण्ठ का संकोच करके प्राणवायु का अवरोध करना ही इस बन्ध की प्रमुख क्रिया है। योगतत्वोपनिषत् के अनुसार—

कण्ठमाकुञ्च्य हृदये स्थापयेद्दृढ़या धिया।
बन्धोजालन्धराख्योऽयं मृत्युमातंगकेसरी॥

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अर्थात्—कण्ठ को सिकोड़ कर दृढ़ता पूर्वक छाती पर रखने से जालन्धर बन्ध होता है, जोकि मृत्यु रूपी हाथी के लिए सिंह के समान है।

हठयोगप्रदीपिका में भी इसी प्रकार के भाव व्यक्त किये गये हैं। यथा—

कण्ठमाकुंच्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढ़म्।
बन्धो जालन्धराख्योऽयं जरामृत्युविनाशकः॥

अर्थ—उपर्युक्त के समान है, केवल 'मृत्युमातंगकेसरी' के स्थान पर 'जरामृत्यु विनाशक' कहने भर का परिवर्तन है।

मूलबन्ध

पार्ष्णिभागेन संपीड्य योनिमाकुञ्चयेद्गुदम्।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलवन्धो विधीयते॥८०
अपानप्राणयोरैक्यात् क्षयो मूत्रपुरीषयोः।
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबन्धनात्॥८१

टीका—अपान वायु को ऊपर की ओर खींचकर प्राणवायु से मिलावे और पाँव की एड़ी से योनिस्थान को दृढ़ता से दबा कर गुह्यद्वार को सिकोड़े, यह मूलबन्ध कहलाता है। इस प्रकार जो साधक अपना और प्राणवायु को मिलाने के अभ्यास में लगा रहता है, उसके मूत्र और मल नष्ट हो जाते हैं। यदि वह वृद्ध हो तो युवा हो जाता है॥८०-८१

व्याख्या—प्राण और अपान को मिलाने से मूलबन्ध होता है, यह सामान्य सिद्धान्त है। योगतत्वोपनिषत् के अनुसार इस क्रिया का नाम योनिबन्ध भी है। उसमें इसका वर्णन इस प्रकार मिलता है—

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पार्ष्णिभागेन सम्पीड्य योनिमाकुञ्चयेद्दृढम् ।
अपानमूर्ध्वमत्थाप्य योनिबन्धोऽयमुच्यते ॥
प्राणापानौ नादबिन्दु मूलबन्धेन चैकताम् ।
गत्वा योगस्य संसिद्धि यच्छतो नात्र संशयः ॥

अर्थात्—एड़ी के द्वारा योनि स्थान को दबाकर भीतर की ओर खींचे । इस प्रकार अपान वायु को ऊपर की ओर उठाकर प्राणवायु से मिलने पर योनिबन्ध होना कहलाता है । इस भाँति प्राण, अपान, नाद और बिन्दु में मूलबन्ध के द्वारा एकता प्राप्त होती है । यह योग निःसंदेह सिद्धि के प्राप्त कराने वाला है ।

शिव संहिता में भी मूलबन्ध को जरा-मरण नाशक और योनिमुद्रा को सिद्ध करने वाला कहा गया है—

पादमूलेन संपीड्य गुदमार्गेषु यन्त्रितम् ।
बलादपानमाकृष्य क्रमादूर्ध्वं सुचारयेत् ॥
कल्पितोऽयं मूलबन्धो जरामरणनाशनः ।
अपान प्राणयोरैक्यं प्रकरोत्यधिकल्पितम् ॥
बन्धेनानेन सुतरां योनिमुद्रा प्रसिद्ध्यति ।
सिद्धायां योनिमुद्रायां किं न सिध्यति भूतले ।
बन्धस्यास्य प्रसादेन गगने विजितानिलः ॥

अर्थात्—एड़ी से गुह्यमार्ग को आकुंचित करके पीड़ित करे और बलपूर्वक अपान वायु को आकर्षित करके ऊपर की ओर चढ़ाने से यह मूलबन्ध जरा-मृत्यु को नाश करने वाला है । इस प्रकार कल्पित हुए बंध से अपान और प्राण को एक करे तो मूलबन्ध के द्वारा योनिमुद्रा स्वयं ही सिद्ध हो जाती है और योनिमुद्रा के सिद्ध होने पर सिद्ध पुरुषों का इस जगत् में क्या सिद्ध नहीं हो सकता ? इस मूलबन्ध के प्रभाव से योगी वायु को जीतकर आकाश गमन की शक्ति प्राप्त कर लेता है ।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

आत्मा के समान जानकर उनका त्याग कर देता है। यह रसना विषयक प्रत्याहार समझना चाहिए।

उक्त पाँच विषयों से, पाँचों ज्ञानेन्द्रियों को वृत्तियों को हटा कर आत्मतत्व में स्थिर करना आवश्यक है, इससे तद्विषयक प्रत्याहार सिद्ध होता है।

इसका अभिप्राय यह है कि सुने हुए कटु शब्द को मधुर शब्द के समान माने और मधुर शब्द को कटु शब्द के समान। इस प्रकार अच्छे शब्द मन को आकर्षित न होने दे और बुरे शब्द से घृणा न करे, सब प्रकार के शब्दों को समान भाव से ग्रहण करता हुआ चित्त को लगने दे।

इसी प्रकार नासिका से रुचिकर पदार्थों को सूँघे या अरु-चिकर पदार्थों को उनमें असमानता न माने और नेत्रों से लुभावने पदार्थों को, देखे या घृणित पदार्थों को, सभी में समता का भाव रखकर चित्त को उनसे हटाये रखे। इसलिए सब दृश्यमान पदार्थों को आत्मवत् मानने का उपदेश है यही सिद्धान्त त्वचा से स्पर्श योग्य या अस्पर्श योग्य पदार्थों और जीभ से सुस्वादु या कुस्वादु पदार्थों के प्रति भी मान्य समझना चाहिये। इस प्रकार प्रिय या अप्रिय विषयों को इन्द्रियों से हटाकर आत्मतत्व में स्थित करना ही प्रत्याहार है।

हठयोग से प्रत्याहार

चन्द्रामृतमयी धारां प्रत्याहरति भास्करः।
प्रत्याहरणं तस्याः प्रत्याहारः स उच्यते ॥३०

टीका—चन्द्रमा की अमृतमयी धारा को सूर्य ग्रसता है, उसे सूर्य से हटाकर स्वयं ग्रस ले, वह प्रत्याहार कहलाता है ॥३०

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

व्याख्या—प्रत्याहार का वर्णन हठयोग के अन्तर्गत आता है। सोलहदल के कमल की कर्णिका में जो चन्द्रबिम्ब स्थित है, उससे निकलने वाले अमृत की धारा को नाभिकमल में विद्यमान सूर्य ग्रास करता है। विपरीतकरिणीमुद्रा के द्वारा उस धारा को सूर्य के मुख से निकालकर अपने मुख में ले जाय, यह प्रत्याहार कहलाता है।

श्लोक में विपरीतकरिणी मुद्रा की ओर संकेत है। इसका विवेचन हठयोग प्रदीपिका में इस प्रकार मिलता है—

यत्किंचित्स्रवते चन्द्रामृत दिव्यरूपिण: ।
तत्सर्वं ग्रसते सूर्य स्तेन पिंडो जरायुत: ।।
ऊर्ध्वं नाभेरधस्तालोरूर्ध्वं भानुरध: शशी ।
करणी विपरीताख्या गुरुवाक्येन लभ्यते ।।

अर्थात्—'दिव्य सुधामय रूप वाले तालुमूल में स्थित चन्द्रमा से जो अमृत गिरता है, उस सब अमृत का नाभि में स्थित अग्नि रूप सूर्य ग्रास कर लेता है। उससे शरीर वृद्धावस्था को प्राप्त हो जाता है।' उस अमृत की रक्षा के लिए योगाचार्यों ने विपरीतकरणी मुद्रा का विधान किया जो कि इस प्रकार सिद्ध होती है कि 'जिस योगी के ऊपरी भाग में नाभि और नीचे के भाग में तालु है, उसके ऊपर के भाग में अग्नि रूप सूर्य और नीचे के भाग में अमृतरूप चन्द्रमा हो जाय, तब विपरीतकरिणी मुद्रा होती है। इसका अभिप्राय यह है कि ऊपर स्थित चन्द्रमा और नीचे स्थित अग्नि को उलटा करके स्थित हो वह विपरीतकरिणी मुद्रा होगी। परन्तु यह मुद्रा गुरु के उपदेश से ही सिद्ध हो सकती है।

एक स्त्री भुज्यते द्वाभ्यामागता चन्द्रमंडलात् ।
तृतीयो य: पुनस्ताभ्यां स भवेदजरामर: ।।३१

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

टीका—एक स्त्री भोग्या है और भोगने वालों के पास चन्द्र मण्डल से प्राप्त होती है, उसे यदि तीसरा भोगे तो अजर, अमर हो जाता है ।।३१

व्याख्या—यहाँ एक स्त्री का अर्थ है अमृत की वह धारा जो कि चन्द्रमण्डल के स्थान तालुमूल से निकलती है। दोनों का अभिप्राय चन्द्रमा और सूर्य है। चन्द्रमा से निकली हुई अमृतधारा अग्निरूप सूर्य को प्राप्त होती है। इसमें तीसरा वह योगी समझना चाहिए जो विपरीतकरणी मुद्रा द्वारा अमृत-धारा को चन्द्र-सूर्य दोनों से बचाकर स्वयं उसका उपभोग करता है। उस योगी को वृद्धावस्था और मृत्यु का भय नहीं रहता अर्थात् उस अमृतधारा का भोग करने वाला योगी किसी भी रोग-व्याधि के चंगुल में न फँसकर सदा स्वस्थ रहता है, जिससे कि बुढ़ापा उसे नहीं घेर पाता और इस प्रकार वह मृत्यु से बचा रहता है।

विपरीतकरिणी मुद्रा

नाभिदेशे वसत्येको भास्करो देहनात्मनः ।
अमृतात्मा स्थितो नित्यं तालुमूले च चन्द्रमा ।।३२
वर्षत्यधोमुखश्चन्द्रोग्रसत्यूर्ध्वमुखो रविः ।
ज्ञातव्या करणी तत्र यथा पीयूषमाप्यते ।।३३

टीका—अग्नि रूपी एक सूर्य नाभि में रहता है और अमृत रूपी आत्मा वाला चन्द्रमा सदा तालुमूल में निवास करता है। तालुमूल में नीचे की ओर मुख करके रहने वाला चन्द्रमा जिस अमृत की वर्षा करता है, उसे ऊपर की ओर मुख किये हुए

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अग्निरूपी सूर्य नाभि में रहता हुआ ही पान कर लेता है। परन्तु जो योगी विपरीतकरिणी मुद्रा को जानते हैं, वे उस अमृत को अग्नि के मुख से बचाकर अपने मुख में लेते रहते हैं ॥३२-३३

व्याख्या—चन्द्रमा का निवास तालुमूल स्थित विशुद्ध चक्र में माना जाता है। वहाँ से सुधारस का स्राव होता रहता है, जिसे नाभिमण्डल में स्थित अग्नि पी लेता है। यदि वह अमृत उस अग्नि के द्वारा ग्रास किया जाने से बचा रहे तो उस अमृत को कोई रोग नहीं हो सकता और वह सदा स्वस्थ रहता है।

योगाभ्यास में साधक का स्वस्थ रहना अत्यावश्यक है। अस्वस्थ शरीर अभ्यास में बाधक होता है, क्योंकि शरीर के स्वस्थ न रहने पर मन भी स्वस्थ नहीं रह सकता और उस स्थिति में योगाभ्यास करना किसी प्रकार भी सम्भव नहीं। इसलिए योगाचार्यों ने आसती, मुद्राओं आदि के द्वारा शरीर को निरोग और सुपुष्ट बनाये रखने की आवश्यकता बताई है।

उध्र्वं नाभिरधस्तालुरूध्र्वं सूर्यरधःशशी।
करणी विपरीताख्या गुरूपदेशेन लभ्यते ॥३४

टीका—नाभि में स्थित अग्नि रूपी सूर्य को ऊपर और तालुमूल में स्थित अमृतमय चन्द्रमा को नीचे करना ही विपरीत करिणी नाम की मुद्रा है, जो कि गुरु के उपदेश से ही प्राप्त होती है ॥३४

व्याख्या—अग्नि को ऊपर और चन्द्रमा को नीचे की ओर करने से विपरीतकारिणी मुद्रा होती है। यह मुद्रा गुरु के तत्वाधान में ही उपलब्ध करनी चाहिए। इससे पहले प्राणायामादि के अभ्यास और खेचरी मुद्रा के साधन में दृढ़ता प्राप्त कर लेनी चाहिए।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अनाहत चक्र

त्रिधा बद्धो वृषो यत्र रोरवीति महास्वनः ।
अनाहतं व तत्वचक्रं हृदये योगिनो विदुः ॥३५
अनाहतमतिक्रम्य चाक्रम्य मणिपूरकम् ।
प्रान्ते प्राणे महापद्म योगी स्वममृतायते ॥३६

टीका—रस्सियों के तीन लपेटों में बँधा हुआ मनुष्य जैसे रोदन शब्द करता है, वैसे ही अनाहत चक्र-में माया से बँधा हुआ जीव हृदय में निरन्तर नाद करता रहता है, इसे योगिजन ठीक प्रकार से जानते हैं। अनाहत चक्र का (और उससे पहले) मणिपूर चक्र का अतिक्रमण करके महापद्म के प्राप्त होने पर योगी स्वयं अमरत्व को प्राप्त होता है ॥३५-३६

व्याख्या—मनुष्य शरीर में छः चक्र हैं—मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनहत, विशुद्ध और आज्ञाचक्र। इनका वर्णन पहिले भी कर चुके हैं। यहाँ उन चक्रों के भेदन की ओर ग्रन्थकार का संकेत है। इसलिए यह बताना आवश्यक है कि मूलाधार चक्र का स्थान गुदा से दो अंगुल ऊपर और जननेन्द्रिय से दो अंगुल नीचे है। स्वाधिष्ठान चक्र का स्थान मूलाधार से ऊपर तथा जननेन्द्रिय के समक्ष है। मणिपूर स्वाधिष्ठान के ऊपर नाभिमूल स्थित है और अनाहित चक्र का निवास हृदय में है। इससे ऊपर अर्थात् कण्ठ में विशुद्ध चक्र होता है और आज्ञाचक्र दोनों भौंह के मध्य में रहता है।

ग्रन्थकार ने इन चक्रों का क्रम से भेदन करने का संकेत किया है और 'प्राप्ते प्राणे महापद्म' कहकर यह स्पष्ट कर दिया है कि जब प्राण महाकमल अर्थात् ब्रह्मरन्ध्र को प्राप्त हो जाता

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

है तब वह अमृत में लीन हो जाता है। अथवा यह कहना चाहिए कि अमृतत्व से युक्त ब्रह्मस्थान की प्राप्ति हो जाती है। योगशास्त्रों के अनुसार योगाभ्यासियों की साधना की चरम सीमा वहीं है और इसलिए षट्चक्र भेदन का अत्यन्त महत्व माना गया है। यही कुण्डलिनी जागरण और उसका शिव से मिलन होने की विधि है, जिसके अभ्यास से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

ऊर्ध्वं षोडशपत्रपद्मगलितं प्राणादवाप्तं हठा-
दूर्ध्वास्यो रसनांनिधाय विधिवच्छक्ति परां चिन्तयेत् ।
तत्कल्लोलकलाजलं सुविमलं जिह्वाकुलं यः पिबे-
न्निर्दोषः समृणालकोमलवपुर्योगी चिरं जीवति ॥३७

टीका—सहस्रार से षोडशदल कमल में गिरते समय प्राणवायु को नासिका के ऊपर वाले विवर में चढ़ा ले जाय। जिह्वा को भी ऊर्ध्व विवर में घुसाकर मुख को ऊपर की ओर करे और प्राणवायु के सहित सहस्रार में पहुँची हुई कुण्डलिनी का ध्यान करे। कुण्डलिनी के वहाँ पहुँचते ही जो अमृतमय तरंग निर्गत हो उसका जिह्वा से मंथन कर उसके सार रूप अमृत का पान करे। इससे योगी का शरीर अत्यन्त कोमल एवं दोषरहित होता और उसे चिरञ्जीव की प्राप्ति होती है ॥३८

व्याख्या—खेचरी मुद्रा के साथ उपर्युक्त प्रकार से ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त वायुपूरण करके सहस्रार से विशुद्ध चक्र में गिरते समय प्राणवायु को नासिका से ऊर्ध्वविवर में चढ़ा लेने का विधान है। इसमें अमृतपान के लिए जिह्वा को जिह्वामूल से होकर ब्रह्मरन्ध्र पहुँचाने का अभ्यास किया जाता है। शौण्डिल्य उपनिषद् में संध्या के समय वायु को खींचकर पान करने का निर्देश

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मिलता है। उससे तीन महीने में अभ्यासी की वाणी सरस्वती स्वरूपा हो जाती है। और छः महीने के अभ्यास से सभी रोग दूर हो जाते हैं। इसके पश्चात् इसी उपनिषत् में कहा है—

जिह्वया वायुमानीय जिह्वामूले निरोधयेत् ।
यः पिवेदमृतं विद्वान् सकलभद्रमश्नुते ॥

अर्थात्—जो विद्वान् योगी जीभ से वायु को ग्रहण कर उसे जिह्वामूल में रोककर अमृत का पान करता है, उसका सब प्रकार से कल्याण होता है।

इस प्रकार उक्त क्रिया योगाभ्यासियों के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इससे सब रोगों की समाप्ति होने के साथ ही दीर्घजीवन की उपलब्धि होती है।

काकीमुद्रा

काकचंचुवदास्येन शीतलं सलिलं पिवेत् ।
प्राणापानविधानेनतोऽसौ भवति निर्जरः ॥३८
रसना तालुमूललेन य प्राणमनिलं पिबेत् ।
अब्दार्द्धेन भवेत्तस्य सर्वैरोगस्य संक्षवः ॥३९

टीका—कौए की चौंच के समान मुख को करके जो साधक प्राणापान के विधान से शीतल वायु का पान करता है वह कभी बूढ़ा नहीं होता। जो योगी जीभ के द्वारा प्राणवायु पीता हुआ तालुमूल को पूरित करता है वह छः मास के अभ्यास से ही सब रोगों का छुटकारा पा लेता है ॥३८-३९

व्याख्या—उपर्युक्त क्रिया को योगशास्त्रियों ने काकी मुद्रा के नाम से कहा है। इसमें कौए की चौंच जैसी मुख-मुद्रा बना

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कर जीभ के द्वारा वायु का पान किया जाता है इस मुद्रा में नासिका रन्ध्रों वायु के ग्रहण का विधान नहीं है।

मुख को वायु खींचने के योग्य बनाकर जिह्वा द्वारा वायु को खींचना स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त हितकर है। इससे अनेक रोगों का नाश होता है। यद्यपि यह बात अनेक स्थलों पर कही गई है, परन्तु प्रत्येक वर्णन का अपना-अपना पृथक् महत्व होने के कारण उसमें पुनरोक्ति दोष नहीं समझना चाहिए, वरन् यह मानना चाहिए कि योगशास्त्र की समी क्रियाएँ गुप्त होने के कारण बहुत से विद्वानों को भी यह ज्ञात नहीं हो पाता कि किस क्रिया को किस प्रकार किया जाय और उससे क्या-क्या लाभ हो सकते हैं। प्राणायामों में नासिका के द्वारा वायु ग्रहण करने के लाभ पृथक् हैं और जिह्वा द्वारा वायु खींचने के गुण पृथक्। इसलिए उसके भेदों को ठीक प्रकार समझ कर ही इच्छित अभ्यास करना श्रेयस्कर है।

काकी मुद्रा से वृद्धावस्था की अप्राप्ति कहकर सतत यौवन और रोग-राहित्य का लाभ सिद्ध किया है। यह कोई आश्चर्य जनक बात नहीं है, वरन् अनेक सिद्ध पुरुषों द्वारा अनुभूत तत्व है, परन्तु इसका लाभ ठीक से अभ्यास में तत्पर रहकर ही उठाया जा सकता है।

विशुद्ध चक्र

विशुद्धे पञ्चमे चक्रे ध्यात्वासो सकलामृतम्।
सन्मार्गेण हृतं याति चञ्चयित्वा मुखं रवेः ॥४०
विशब्देन स्मृतो हंसो नैर्मल्यं शुद्धिरुच्यते।
अतः कण्ठे विशुद्धाख्य चक्रं चक्रविदो विदुः ॥४१

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

 Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सूर्यमुख-वंचन

अमृतं कन्दरे कृत्वा नासान्तसुषिरे क्रमात् ।
स्वयमुच्चालितं याति वर्जयित्वा मुखं रवेः ॥४२

टीका—योगी पाँचवे विशुद्ध चक्र में चन्द्रकलामय अमृत का ध्यान करे। तब ऊर्ध्व मार्ग से ऊपर उठते हुए सूर्य मुख को वंचन करे वह चन्द्रकलामृत उस योगी के मुख में पड़ता है। 'वि' शब्द से वंस का और 'शुद्ध' शब्द निर्मल का बोध होता है। इसलिए विशुद्ध संज्ञक जो चक्रकण्ठ में स्थित है उस श्रेष्ठ चक्र को योगवेत्ता भले प्रकार जानते हैं। विशुद्ध चक्र में स्थित अमृत का अपान युक्त प्राण को ऊपर ले जाकर ऊर्ध्व विवर में प्रविष्ट कर क्रमपूर्वक नासिका से ऊपर ले जाने से सूर्य मुख का वंचन होता है, उससे वह अमृत पेट में अन्नवत् हो जाता है ॥४०-४२

व्याख्या—षट्चक्रों के अन्तर्गत विशुद्ध चक्र पाँचवाँ है, वहाँ चन्द्रकला से स्रावित होने वाले अमृत का ध्यान करना चाहिए 'विशुद्ध' अर्थ शुद्ध हंस है और हंस जीव का पर्याय माना गया है। विशुद्ध चक्र का स्थान कण्ठ में होने के कारण भी उसकी श्रेष्ठता बनती है। क्योंकि कण्ठ से निकलते हुए 'हकार' और सकार को जपता हुआ जीव अजपागायत्री के जप में संलग्न रहता है। शरीर में प्राणियों को अच्युत रूप हंस सदा स्थित रहता है और 'हंस एव परं सत्यं हंस एवतु सत्यकम्' (ब्र.वि.उ.) अर्थात् 'हंस ही परम सत्य है और हंस ही शक्ति स्वरूप है।

शरीर के चार अवयव अत्यन्त पवित्र माने गए हैं जिनमें ब्रह्मा, विष्णु शिव और महेश्वर का निवास रहता है। ब्रह्म-विद्योपनिषत् में कहा गया है—

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ब्रह्मणो हृदयस्थानं कण्ठे विष्णुः समाश्रितः ।
तालुमध्ये स्थितो रुद्रो ललाटस्थो महेश्वरः ॥

अर्थात्—'ब्रह्म का स्थान हृदय एवं विष्णु का कण्ठ है। तालु में रुद्र, ललाट में महेश्वर हैं। इससे कण्ठ का महत्व प्रत्यक्ष होता है।

चन्द्रामृतपान का फल

बद्धं सोमकलाजलं सुविमलं कण्ठस्थलादूर्ध्वतो
नासान्ते सुषिरे नयेत्व गगनद्वारान्ततः सर्वतः ।
ऊर्ध्वास्योभुविसन्निपत्यनितरामुत्तानपादः पिबे-
देवं यः कुरुतेजितेन्द्रियगणोनैवास्तितस्यक्षयः ।४३
ऊर्ध्वजिह्वां स्थिरीकृत्य सोमपानं करोति यः ।
मासार्द्धेन न सन्देहो मृत्युं जयति योगवित् ॥४४

टीका—कण्ठ के ऊर्ध्व भाग में स्थित स्वच्छ चन्द्रकलामृत को रोककर नासिका से ऊपर के विवर में भरे और वायु के सभी द्वारों को रोककर गगन में प्राणापान युक्त पूरक करे तथा पृथिबी में उत्तान लेट जाय और पाँवों को उत्तान कर उक्त अमृत को पीवे। इस प्रकार से जो जितेन्द्रिय योगी सदा करता रहता है, उसका क्षय कभी नहीं हो सकता। जीव को ऊर्ध्व स्थिर करके अमृतपान करने वाला योगाभ्यासी पन्द्रह दिन में ही मृत्यु को जीतने वाला हो जाता है ॥४३-४४

व्याख्या—चन्द्रामृत को रोककर ऊर्ध्व विवर में पूरित करने की विधि पहले बता चुके हैं। शरीर के नौ द्वारों को रोक कर उसे प्राण और अपान के सहित ऊपर आज्ञाचक्र में स्थित करे। इसमें उत्तान लेटकर पाँवों को भी उत्तान कर लेने का संकेत उत्तान आसन की ओर हैं, जिनमें सीधे लेटकर पाँवों को भी सीधे पसार लिया जाता है।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इसके साथ ही जिह्वा को ऊपर अर्थात् ब्रह्मरन्ध्र में स्थिर करके चन्द्रमामृत का पान करना साधक के लिए अत्यन्त हितकर है। वैसा करने से उसमें मृत्यु को भी जीत लेने की शक्ति आ जाती है, इसका अभिप्राय स्वस्थ और दीर्घजीवन से है।

अभ्यास काल में योगी को जितेन्द्रिय रहना चाहिए, इस पर बहुत बल दिया गया है, उसका कारण यह है कि जितेन्द्रियता के अभाव में अनेक रोगों की उत्पत्ति हो सकती है और योग-साधना भी ठीक प्रकार से नहीं हो सकती। इसलिए मानसिक संयम की अत्यन्त आवश्यकता है, क्योंकि मानसिक संयम से सभी प्रकार के संयम स्वतः सिद्ध हो जाते हैं।

वद्धं मूलबिलं येन तेन विघ्नो विदारितः।
अजरामरमाप्नोति यथा पञ्चमुखी हरः ॥४५

टीका—जो योगी मूलद्वार को रोकने में सफलता प्राप्त कर लेता है, उसके सभी विघ्न नष्ट होकर अजर-अमरत्व की प्राप्ति होती है और वह पंच मुख शिव के समान हो जाता है ॥४५

व्याख्या—इस श्लोक में मूलबन्ध की ओर संकेत है। जो योगी मूलबन्ध के साथ अपनी वायु को ऊपर की ओर आकर्षण करने में सफल हो जाता है, उसी को साधना तो निर्विघ्न चलती ही है, साथ हो उसे वृद्धावस्था और मृत्यु का भय भी नहीं रहता।

यहाँ मूलबन्ध का वर्णन करना भी आवश्यक प्रतीत होता है। हठयोग प्रदीपिका में कहा है—

अर्थात्—अधोगति वाले अपान वायु को जो बन्ध बलपूर्वक ऊर्ध्वगामी करता है और साथ ही गुह्यदेश का संकोच करता है उसे मूलबन्ध कहते हैं।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

संपीड्य रसनाग्रेण राजदन्तिबिलं महत् ।
ध्यात्वाहृतमयीं देवी षण्मासेन कविर्भवेत् ॥४६
सर्वाधाराणि बध्नाति यदूर्ध्वं धारितं महत् ।
न मुञ्चत्यमृतं कोऽपि सपन्था पंच धारणा ॥४७

टीका—जो योगी राजदन्त के रन्ध्र को जिह्वा के अग्रभाग से पीड़ित करता हुआ अमृतमयी वाणी का छः महीने तक ध्यान करता है, वह कवि हो जाता है। राजदन्त के रन्ध्र को जिह्वा के अग्रभाग से पीड़ित कर रोके तो सभी नाड़ियों के द्वार रुक जाते हैं। जब ऊर्ध्व मार्ग रुक जाता है, तब अमृत की धार कहीं अन्यत्र नहीं गिरती। जैसे पंचधारणा के अभ्यासी को अमृत हरण रूप प्रत्याहार बताया है, वैसे ही अमृत का ऊर्ध्व विवर में धारण करना धारण है ॥४६-४७

व्याख्या—जीभ के अग्रभाग तालुरन्ध्र को पीड़ित करने से जो टपकते हुए अमृतरस को पीता हुआ साधक सरस्वती का ध्यान करता है उसे वाणी सिद्ध हो जाती है। 'त्रिमासात्तस्य कल्याणी जायते वाक् सरस्वती' (शा. उ.) अर्थात् तीन मास के अभ्यास से ही वाणी कल्याणमयी सरस्वती हो जाती है।

राजदन्तरन्ध्र के मार्ग को जीभ से रोक लेने पर अमृत की धारा रुक जाती है, जिससे कि अमृत ऊर्ध्व विवर में स्थिर हो जाता है, यह अमृत की धारणा कही गई है। शाण्डिल्योपनिषत् में धारणा के तीन प्रकार कहे गए हैं—'आत्मनि मनोधारणं दहराकाशे बाह्याकाशं धारणं पृथिव्यप्ते जो - बाह्याऽकाशेषु पंचमूर्ति धारणं चेति' अर्थात्—आत्मा में मन की धारणा, दहराकाश में बह्याकाश की धारणा और पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश में पाँचमूर्तियों की धारणा। यथार्थ में जो 'चित्तस्य निश्चलीभावो धारणा धारणं विदुः' (त्रि. ब्रा. उ.)

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अर्थात् चित्त को निश्चल बना लेना ही धारणा समझनी चाहिए। वैसे यह प्रकरण धारणा का नहीं, वरन् प्रत्याहार का है, फिर भी प्रसंगवश यहाँ धारणा के विषय में कहना आवश्यक प्रतीत हुआ। आगे यथा प्रकरण धारणा के विषय में पूर्ण प्रकाश डालेंगे।

रसास्वादानुभव

चुम्बन्ती यदि लम्बकाग्रमनिशं जिह्वा रसस्यन्दिनी।
सक्षारं कटुकाम्लदुग्धसदृशं मध्वाज्यतुल्यं तथा।
व्याधीनां हरणं जरान्तकरणं शास्त्राङ्गमोद्गीरणं
तस्य स्यादमरत्वमष्टंगुणितंसिद्धाङ्गनाकर्षणम् ॥४८

टीका—जिह्वाग्र से चुम्बन का अभ्यास करने वाले योगी को कभी क्षार, कभी कटु, कभी अम्ल, कभी दुग्ध जैसा, कभी मधु और कभी घृत जैसे स्वाद का अनुभव होने लगता है और अभ्यास के सिद्ध होने पर रोगों का हरण और वृद्धावस्था का अन्त होता है। बिना अध्ययन किये ही शास्त्रों और उनके अंगों की व्याख्या करने की सामर्थ्य, अमृतत्व और अष्ट सिद्धियों की प्राप्ति होती है तथा सिद्धों और स्त्रियों को आकर्षण की प्राप्ति होती है ॥४८

व्याख्या—लम्बिका का निरन्तर चुम्बन करते रहने वाले योगाभ्यासी को खट्टे, मीठे आदि अनेक रसों का स्वाद स्वतः प्राप्त होने लगता है और जब अभ्यास परिपक्व हो जाता है तब यदि वृद्धावस्था हो तो युवावस्था की प्राप्ति हो जाती है। यदि शरीर में कोई रोग हो तो नष्ट हो जाता है।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

शास्त्रों को पढ़े बिना ही उनके सर्वांग का ज्ञान हो जाता है मृत्यु को जीतने की सामर्थ्य प्राप्त हो जाती है। अणिमादि अष्ट-सिद्धियाँ सुलभ होती हैं। 'अथ नो चेत्समुत्स्रष्टं स्वशरीरं प्रियं इत्यादि (या. त. उ.) के अनुसार 'यदि शरीर प्रिय हो तो वह सिद्धियों से सम्पन्न होकर सब लोकों में विहार कर सकता है।'

उस साधकका शरीर अत्यन्त तेजोमय लावण्यमय और सुन्दर हो जाता है, इसलिए स्त्रियाँ उसके रूप पर मोहित और आकर्षित होने लगती हैं। 'तद्रूपवशगा नार्यः कांक्षन्ते तस्य संगमम्' (ते. बि. उ.) अर्थात् 'उसके रूप को देखकर अनेक स्त्रियाँ उस पर मोहित हो जाती हैं और संगम को इच्छा करने लगती हैं। उसे जो परमसिद्धि प्राप्त होती है। उसका रहस्य जानने से सिद्ध पुरुष भी उसका सामीप्य प्राप्त करने के इच्छुक रहते हैं।

अमृतापूर्णदेहस्व योगिनो द्वित्रिवत्सरात्।
ऊर्ध्वं प्रवर्तते रेतोऽप्यणिमादिगुणोदयः ॥४९
ईन्धनानि यथा वह्निस्तैलवर्ति च दीपकः।
तथा सोमकलापूर्णं देहं देही मुञ्चति ॥५०
नित्यं सोमकलापूर्णं शरीरं शस्य योगिनः।
तक्षकेणापि दंष्टस्य विषं तस्य न सर्पति ॥५१

टीका—उक्त प्रकार शरीर के अमृत से युक्त पर दो या तीन वर्ष के अभ्यास से ही विन्दु ऊपर की ओर चढ़ जाता है, जिससे अणिमादि सिद्धियों की प्राप्ति होती है। जसे अग्नि सूखे काष्ठ को तथा दीपक तेल सहित बत्ती को भी जलाये बिना नहीं रहता, वैसे ही चन्द्रकला के अमृत से परिपूर्ण हुआ जीवात्मा साधक के शरीर का त्याग नहीं करता। जिस योगी का देह

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

चन्द्रकला के अमृत से परिपूर्ण रहता है, वह तक्षक नाग द्वारा दंशित हो जाय तो भी उसके देह में विष नहीं फैल सकता ॥४९-५१

व्याख्या—उक्त विधि से शरीर में अमृत भर जाने पर साधक दो-तीन वर्ष के अभ्यास में ही ऊर्ध्वगामी हो जाता है। उसे अणमादि सिद्धियाँ अनायास ही उपलब्ध हो जाती हैं उसको जरा-मरण का भी भय नहीं रहता और सर्प-दंश उसका कुछ बिगाड़ नहीं सकता। योगचूड़ामण्युपनिषत् में कहा है—

खेचर्या मुद्रितं येन विवरं लम्बिकोर्ध्वतः।
न तस्यक्षीयते बिन्बुः कामिन्यालिंगितस्य च ॥

अर्थात्—जिसने खेचरी मुद्रा के द्वारा जीभ के ऊपर विवर प्रकार (कपाल कुहर) को बन्द कर लिया है, उसका बिन्दु किसी प्रकार भी नष्ट नहीं हो सकता और रमणी के आलिंगन का प्रभाव भी उस पर नहीं पड़ता।

इस प्रकार साधक ऊर्ध्वरेता हो जाता है, तब 'यावद् बिन्दुः स्थितो देहे तावन्मृत्यु भयं कुतः' अर्थात् 'शरीर में जब तक वीर्य स्थित रहता है तब तक मृत्यु का क्या भय है ?' इससे यह प्रकट होता है ऊर्ध्वरेता योगी जरा-मरण के भय से वचा भी रहता है और उसकी शारीरिक अग्नि इतनी तीव्र हो जाती है कि उसे कोई घोर भयङ्कर सर्प भी काट ले तो विष अमृत के समान नब जाता है।

धारणा वर्णन

आसनेन समायुक्तः प्राणायामेन संयुतः।
प्रत्याहारेण सम्पन्नो धारणां च समभ्यसेत् ॥५२

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कुण्डलिनी शिव मिलन

नाभौ संयम्य पवनगतिमधो रोधयसंप्रयत्नादा-
कुञ्चयापानमूलं हुतवहसदृशं तन्तुबत्सूक्ष्मरूपम् ।
तद्वद्ध्वा हृत्सरोजे तदनु दलणके तालुके ब्रह्मरन्ध्रे
भित्वाते यान्ति शून्यं प्रविशति गगने यत्र देवोमहेशः ।७८

टीका—चित्त को मणिपूर चक्र में लगाकर अपान द्वार को संकुचित-विस्तृत करता हुआ योगी अपान की नीचे की गति रोककर ऊपर की ओर खींचे जिससे कि वह मन और प्राण से संयुक्त हो जाय। फिर उसे ऐक्य में अग्नि के समान दमकते हुए ज्योति स्वरूप का ध्यान करे, जिससे वह ज्योति मणिपूर चक्र का वेधन कर हृदयपद्म स्थित अनाहत चक्र में पहुँचती है और अभ्यास की सिद्धि होने पर अनाहत चक्र को भी वेधती हुई ब्रह्मरन्ध्र तक जा पहुँचता है और फिर शरीर छोड़ने के समय ब्रह्मरन्ध्र को भी त्यागकर परम शून्य स्वरूप महेश्वर ब्रह्म में जाकर लय को प्राप्त होती है ।।७८

व्याख्या—यह कुण्डलिनी जागरण की प्रक्रिया है। इस विषय में योगकुण्डल्युपनिषत् में विस्तृत वर्णन मिलता है। उसके कुछ अंश-उद्धरण करना उचित होगा—

अपान चोर्ध्वगे याते संप्राप्ते वह्निमण्डले ।
ततोऽनलशिखा दीर्घा वर्धते वायुना हता ।।
ततो यातौ वह्न्यपानौप्राणमुष्णस्वरूपकम् ।
तेनात्यन्त प्रदीप्तेन ज्वलनो देहजस्तथा ।।
तेन कुण्डलिनी सुप्ता सन्तप्ता संप्रबुध्यते ।
दण्डाहत भुजंगीव निश्वस्य ऋजुतां व्रजेत् ।।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

बिल प्रवेशतो यत्र ब्रह्मनाड्यन्तरं व्रजेत् ।
ब्रह्मग्रन्थि ततो भित्वारजोगुण समुद्भवम् ।।

अर्थात्—जब अपान ऊपर जाकर वह्निमण्डल से मिलता है, तब उसके प्रभाव से अग्नि की तीव्रता अत्यधिक बढ़ जाती है। उस उत्ताप से सन्तप्त होकर सोई कुण्डलिनी जाग्रत् हो जाती है और डंडे से मारी जाने वाली सर्पिणी के समान फुंकार कर सीधी हो जाती है और बिल में प्रवेश करने के समान सुषुम्ना नाड़ी के भीतर प्रवेश करती है। इस प्रकार ब्रह्मग्रन्थि को भेदकर वह कुण्डलिनी विद्युत-रेखा के समान सुषुम्ना में चढ़ने लगती है।

इसी उपनिषत् में आगे की प्रक्रिया बताते हुए कहा है कि फिर वह शीघ्र ही हृदय-स्थित विष्णु-ग्रन्थि को प्राप्त होकर और भी ऊपर अर्थात् आज्ञाचक्र तक पहुँचकर रुद्रग्रन्थि में पहुँची है और वहाँ से भौंहों के मध्य स्थान का भेदन करती हुई चन्द्रमा के स्थान में पहुँचती हैं, जहाँ षोडशदल का अनाहत चक्र स्थित है। वहाँ वह चन्द्रमा से उत्पन्न द्रव को सोख लेती है और तब प्राणवायु के वेग से रक्त-पित्त का शोषण सूर्य कर लेता है। चन्द्र मण्डल में जाकर कुण्डलिनी वहाँ के पदार्थ को सोखती है। और इसके प्रभाव से जो चित्त पहले बाह्य पदार्थों में संलग्न था वह परमार्थ में लगकर आत्मानन्द का उपभोग करने लगता है, इससे अधोभाग का रज और ऊपर का शुक्र मिलकर शिव में लीन हो जाते हैं तथा प्राण-अपान का भी उन्हीं में लय हो जाता है।

इस प्रकार यह कुण्डलिनी जागरण और षट्चक्र भेदन की क्रिया हुई। इसके द्वारा साधक ब्रह्मरूप मोक्ष में लय को प्राप्त होता है।

Maharshi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

नाभौ शुभ्रारविन्दं तदुपरि विमलं मण्डलं चण्डरश्मेः।
संसारस्यैकरूपां त्रिभुवनजननी धर्मदात्रीं नराणाम्।
तस्मिन्मध्ये त्रिमार्गे त्रितयतनुधरां छिन्नमस्तांप्रशस्तां
तां वन्दे ज्ञानरूपां मरणभयहरां योगिनीज्ञानमुद्राम्
॥७९

टीका—नाभि में शुभ्र पद्म का चिन्तन करता हुआ योगी उसके मध्य में प्रचण्ड रश्मियों वाले सूर्यमण्डल का ध्यान करे जिसमें संसार-कारण-स्वरूपा, त्रिभुवन की जननी, परम धर्म देने वाली, त्रिगुणात्मिका, त्रिमार्गा, त्रितय तनु धारणी भागवती छिन्नमस्ता, ज्ञानस्वरूपा एवं भासमाना कुण्डलिनी की मैं वन्दना करता हूँ। वह ज्ञान मुद्रारूपिणी भगवती मरण-भय का हरण करने वाली है ॥७९

व्याख्या—नाभि स्थित मणिपूर चक्र में सूर्य का ध्यान करता हुआ योगी भगवती कुण्डलिनी की वन्दना करे। वह कुण्डलिनी सत्व, रज, तम रूप तीन गुणों के कारण तीन उपाधियों वाली होकर विद्यमान रहती हैं कुण्डलिनी से ही तीनों लोकों की उत्पत्ति है, वही मनुष्यों को योगमार्ग से मोक्ष स्वरूप धर्म प्रदान करती है। वही ज्ञान रूपिणी ब्रह्मादि देवताओं द्वारा स्तुत्य और छिनमस्ता नाड़ी स्वरूपा है। उसको प्रसन्न करने वाला साधक मरण भय से छूट जाता है।

कुण्डलिनी को मरणभय की नष्ट करने वाली कहने का कारण यह भी है कि कुण्डलिनी के प्रबुद्ध हुए बिना किसी मन्त्र का कार्यकारी होना नहीं बनता। गौतमीय तन्त्र में कहा है—

नागर्ति यदि सा देवी बहुभिः पुण्यसंचयैः।
तदा प्रसादमायाति मंत्रयंत्रार्चनादिकम् ॥

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तृतीयोपदेश

—×—×—

कुण्डली-बोध

सशैलवनधात्रीणां यथाधारोऽहिनायकः ।
सर्वेषां योगतंत्राणां तथाधारो हि कुण्डली ॥१

टीका—जैसे पर्वतों और वनों से युक्त इस पृथिवी को अहिनायक धारण करते हैं, वैसे ही सम्पूर्ण योगतन्त्रों का धारण कुण्डली ही करती है ।

व्याख्या—श्लोक में बताया गया है कि कुण्डलिनी शक्ति सब प्रकार के योगों की आश्रय स्वरूपा है । जिस प्रकार सर्पों के अधिनायक अर्थात् शेष इस सम्पूर्ण पृथिवी को अपने फण पर धारण किये हुएहैं,उसी प्रकार सब प्रकार के योगों को कुण्डलिनी धारण करती है । आश्रय यह है कि सब प्रकार के योगों की सिद्धि में कुण्डलिनी ही एक मात्र कारण हैं, उसके जागरण बिना योग के सभी उपाय निष्फल रहते हैं ।

श्लोक में 'धात्रीणाम्' कहकर पृथिवी के विषय में बहुवचन का प्रयोग हुआ है, उसका आशय यह है कि देश-भेद से पृथिवी को अनेक कहा है । कुछ विद्वानों के मत में शेष भगवान् त्रिलोकी का धारण करते हैं और तीन लोकों की तीन पृथिवी हुई, इसी-लिए बहुवचन प्रयुक्त हुआ प्रतीत होता है ।

सुप्ता गुरुप्रसादेन यदा जागर्ति कुण्डली ।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यन्ते ग्रन्थयोऽपि च ॥२

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सुषुम्ना के पर्याय कथन

प्राणस्य शून्यपदवी तथा राजपथायते ।
तदा चित्तं निरालम्बं तदा कालस्य वंचनम् ।।३

टीका—गुरु के प्रसाद से जब सोती हुई कुण्डली जाग्रत् होती है, तब वह सभी कमलों और ग्रन्थियों का भेदन कर देती है। वैसे ही प्राण की शून्य पदवी जब राजपथ जैसी हो जाती है, तब चित्त निरालम्ब हो जाता और काल का भी वंचन होता है ।।२-३।।

व्याख्या—सुप्त कुण्डलिनी को जाग्रत करने के लिए गुरु प्रसन्नता आवश्यक है, क्योंकि गुरु प्रसन्न होकर ही उपाय बताते है और जब उनकी कृपा से साधक उसमें सफलता प्राप्त कर लेता है, तभी कुण्डलिनी शक्ति षट्चक्रों और सब ग्रन्थियों को वेधकर सहस्रार पद्म में पहुँच सकती है। उसी के लिए शून्य पदवी से कही सुषुम्ना राजपथ के समान होकर प्राण को सुख-पूर्वक गमन करने के लिए मार्ग देती है। उस अवस्था में चित्त सब विषयों से विमुख हो जाता है और तभी काल का बन्धन भी नष्ट हो जाता है अर्थात् मृत्यु का भय भी नहीं रहता।

सुषुम्ना शून्यपदवी ब्रह्मरन्ध्रं महापथम् ।
श्मशान शाम्भवी मध्यमार्गश्चेत्येकवाचकाः ।।४
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम् ।
ब्रह्मद्वारमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत् ।।५

टीका—सुषुम्ना, शून्यपदवी, ब्रह्मरन्ध्र, महापथ, श्मशान, शाम्भवी और मध्य मार्ग एक अर्थ के वाचक हैं। इस-लिए सब प्रकार प्रयत्न करके ब्रह्मद्वार पर सोती हुई उस

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ईश्वरी को जाग्रत् करने के लिए मुद्राओं का अभ्यास करना चाहिए ॥४-५॥

व्याख्या—सुषुम्ना, शून्य, पदवी आदि जो नाम इस श्लोक में दिये हैं, उन सबका एक ही अर्थ है—सुषुम्ना नाड़ी। यह नाड़ी ही ब्रह्म की प्राप्ति का उपाय है। परन्तु उसी सुषुम्ना के द्वार को रोककर कुण्डलिनी शक्ति सोती रहती है। उसे जगाने के लिए महामुद्रा आदि का अभ्यास करना चाहिए।

महामुद्रा महाबंधो महावेधश्च खेचरी।
उड्यानं मूलबंधश्च बंधो जालंधराभिधः ॥६
करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्तिचालनम्।
इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशम् ॥७
आदिनाथोदितं दिव्यमष्टैश्वर्यप्रदायकम्।
वल्लभं सर्वसिद्धानां दुर्लभं मरुतामपि ॥८

टीका—महामुद्रा महाबन्ध, महावेध, खेचरी उड्यान बन्ध, मूलबन्ध, जालन्धर बन्ध, विपरीतकरणी वज्रोली, शक्तिचालन यह दश मुद्राएँ जरा-मरण को नष्ट करने वाली हैं यह मुद्राएँ आदिनाथ द्वारा कहे हुए आठ दिव्य ऐश्वर्यों को प्रदान करती हैं जो कि सभी सिद्धों को प्रिय और देवताओं को भी दुर्लभ हैं ॥६-८॥

व्याख्या—ग्रन्थकार ने यहाँ दश मुद्राओं का वर्णन किया है। इन्हें करने वाला साधक मृत्यु को भी जीत लेने में समर्थ होता है। इनके द्वारा आठ दिव्य ऐश्वर्य अर्थात् अष्ट सिद्धियों की प्राप्ति होती है। वे अष्ट सिद्धियाँ हैं—अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशता और वशिता। इनके विषय में पहले भी विवेचन किया जा

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सुषुम्ना के पर्याय कथन

प्राणस्य शून्यपदवी तथा राजपथायते ।
तदा चित्तं निरालम्बं तदा कालस्य वंचनम् ॥३

टीका—गुरु के प्रसाद से जब सोती हुई कुण्डली जाग्रत् होती है, तब वह सभी कमलों और ग्रन्थियों का भेदन कर देती है। वैसे ही प्राण की शून्य पदवी जब राजपथ जैसी हो जाती हैं, तब चित्त निरालम्ब हो जाता और काल का भी वंचन होता है ॥२-३॥

व्याख्या—सुप्त कुण्डलिनी को जाग्रत करने के लिए गुरु प्रसन्नता आवश्यक है, क्योंकि गुरु प्रसन्न होकर ही उपाय बताते है और जब उनकी कृपा से साधक उसमें सफलता प्राप्त कर लेता है, तभी कुण्डलिनी शक्ति षट्चक्रों और सब ग्रन्थियों को वेधकर सहस्रार पद्म में पहुँच सकती है। उसी के लिए शून्य पदवी से कही सुषुम्ना राजपथ के समान होकर प्राण को सुख-पूर्वक गमन करने के लिए मार्ग देती है। उस अवस्था में चित्त सब विषयों से विमुख हो जाता है और तभी काल का बन्धन भी नष्ट हो जाता है अर्थात् मृत्यु का भय भी नहीं रहता।

सुषुम्ना शून्यपदवी ब्रह्मरन्ध्रं महापथम् ।
श्मशान शाम्भवी मध्यमार्गश्चेत्येकवाचकाः ॥४
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम् ।
ब्रह्मद्वारमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत् ॥५

टीका—सुषुम्ना, शून्यपदवी, ब्रह्मरन्ध्र, महापथ, श्मशान, शाम्भवी और मध्य मार्ग एक अर्थ के वाचक हैं। इस-लिए सब प्रकार प्रयत्न करके ब्रह्मद्वार पर सोती हुई उस

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ईश्वरी को जाग्रत् करने के लिए मुद्राओं का अभ्यास करना चाहिए ॥४-५॥

व्याख्या—सुषुम्ना, शून्य, पदवी आदि जो नाम इस श्लोक में दिये हैं, उन सबका एक ही अर्थ है—सुषुम्ना नाड़ी। यह नाड़ी ही ब्रह्म की प्राप्ति का उपाय है। परन्तु उसी सुषुम्ना के द्वार को रोककर कुण्डलिनी शक्ति सोती रहती है। उसे जगाने के लिए महामुद्रा आदि का अभ्यास करना चाहिए।

महामुद्रा महाबंधो महावेधश्च खेचरी।
उड्यानं मूलबंधश्च बंधो जालंधराभिधः ॥६
करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्तिचालनम्।
इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशम् ॥७
आदिनाथोदितं दिव्यमष्टैश्वर्यप्रदायकम्।
वल्लभं सर्वसिद्धानां दुर्लभं मरुतामपि ॥८

टीका—महामुद्रा महाबन्ध, महावेध, खेचरी उड्यान बन्ध, मूलबन्ध, जालन्धर बन्ध, विपरीतकरणी वज्रोली, शक्तिचालन यह दश मुद्राएँ जरा-मरण को नष्ट करने वाली हैं यह मुद्राएँ आदिनाथ द्वारा कहे हुए आठ दिव्य ऐश्वर्यों को प्रदान करती हैं जो कि सभी सिद्धों को प्रिय और देवताओं को भी दुर्लभ हैं ॥६-८॥

व्याख्या—ग्रन्थकार ने यहाँ दश मुद्राओं का वर्णन किया है। इन्हें करने वाला साधक मृत्यु को भी जीत लेने में समर्थ होता है। इनके द्वारा आठ दिव्य ऐश्वर्य अर्थात् अष्ट सिद्धियों की प्राप्ति होती है। वे अष्ट सिद्धियाँ हैं—अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशता और वशिता। इनके विषय में पहले भी विवेचन किया जा

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

चुका है। यह आठों सिद्धियाँ मुद्राओं का अभ्यास करने वालों को सुलभ हैं।

गोपनीयं प्रयत्नेन यथा रत्नकरंडकम् ।

कस्यचिन्नैव वक्तव्यं कुलस्त्रीसुरतं यथा ॥६

टीका—यह सभी मुद्राएँ रत्नों की पिटारी के समान गुप्त रखने योग्य हैं इन्हें उसी प्रकार नहीं कहना चाहिए जिस प्रकार कि कुल-स्त्री का समागम नहीं बताया जात ॥६॥

व्याख्या—इन मुद्राओं को अनधिकारी पुरुष को कभी न बतावें। इसी अभिप्राय से प्रयत्न पूर्वक गोपनीय कहा है। साधक का कर्त्तव्य है कि इनका अभ्यास एकान्त में ही करें।

महामुद्रा कथन

पादमूलेन वामेन योनिं संपीड्य दक्षिणम् ।

प्रसारितं पदं कृत्वा धराभ्यां धारयेद्द्रढम् ॥१०

कंठे बंधं समारोप्य धारयेद्वायुमूर्ध्वतः ।

यथा दण्डहतः सर्पो दंडाकारः प्रजायते ॥११

ऋज्वीभूता तथा शक्तिः कुण्डली सहसा भवेत् ।

तदा सा मरणावस्था जायते द्विपुटाश्रया ॥१२

टीका—बाँए पाँव के तलुए से योनि स्थान को पीड़ित करके दाँए पाँव को फैलावे और भूमि पर रखकर दृढ़ता से पकड़े। फिर कण्ठ प्रदेश में बन्ध करके वायु को ऊर्ध्व देश में धारण करे, इससे जैसे कुण्डली लगाकर बैठा हुआ सर्प डण्डे से मारे हुए के समान डण्डे के आकार का हो जाता है वैसे ही कुण्डलिनी शक्ति सहसा सरल हो जाती है और तब दोनों पुटों

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

के आश्रय से प्राण के वियुक्त होने के कारण मरणावस्था जैसी हो जाती है ॥१०-१२॥

व्याख्या—यहाँ महामुद्रा का वर्णन हुआ है। इसमें वाम पादमूल से योनि स्थान को दबाने और दाँये पाँव को फैलाकर हाथों की तर्जनी अँगुलियों के द्वारा उसे दृढ़तापूर्वक पकड़ लेना चाहिए। तदनन्तर कण्ठ में जालन्धर बन्ध करके मूलबन्ध करे। कुछ विद्वानों के मत में योनि के दबाने और जिह्वा का बन्ध न करने से ही मूलबन्ध चरितार्थ हो जाता है। इसलिए मूलबन्ध पृथक से करने की आवश्यकता नहीं है।

उक्त विधि के अभ्यास से डंडे से मारी हुई सर्पिणी के समान कुण्डलिनी शक्ति जागकर सीधी हो जाती है और प्राण-वायु का सुषुम्ना में प्रवेश हो जाने से इडा, पिंगला दोनों नाड़ियों से उसका वियोग हो जाता है। इसीलिए इस अवस्था को मरणावस्था की समानता दी गई है।

ततः शनैःशनैरेव रेचयेन्नैव वेगतः।
महामुद्रां च तेनैव वदन्ति विबुधोत्तमाः ॥१३
इयं खलु महामुद्रा महासिद्धैः प्रदर्शिता।
महाक्लेशादयो दोषाः क्षीयन्ते मरणादयः।
महामुद्रां च तेनैव वदंति विबुधोत्तमाः ॥१४

टीका—उससे वायु का रेचन धीरे-धीरे करे, वेग सेन करे। श्रेष्ठ विद्वान् इसे महामुद्रा कहते हैं। इस महामुद्रा का प्रदर्शन महान् सिद्धों ने किया है, इससे महाक्लेशादि और मरणादि दोषों का भी नाश हो जाता है। इसलिए श्रेष्ठ विद्वान् पुरुष इसे महा मुद्रा कहते हैं ॥१३-१४॥

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

व्याख्या—उपर्युक्त अवस्था होने पर वायु का रेचन वेग-पूर्वक न करके धीरे-धीरे ही करे। क्योंकि वेग से रेचन करने पर शरीर को हानि पहुँचती है और शक्ति भी घटती है। यह महामुद्रा मरणादि दुःखों और पंच महाक्लेशों को भी नष्ट कर सकती है। अविद्याअस्मिता, राग द्वेष और अभिनिनेश यह पंच महाक्लेश कहलाते हैं। इन्हें नष्ट करने वाली होने से ही इसका नाम महामुद्रा हुआ।

महामुद्रा के अभ्यास का वर्णन

चन्द्रांगे तु समभ्यस्य सूर्यांगे पुनरभ्यसेत् ।
यावत्तल्ला भवेत्संख्या ततो मुद्रा विसर्जयेत् ।।१५

टीका—चन्द्रांग से ठीक प्रकार अभ्यास करके सूर्यांग से अभ्यास करे। जब तक दोनों की संख्या समान हो तब तक ठीक प्रकार से अभ्यास करे और फिर मुद्रा का विसर्जन कर दे ।।१५

व्याख्या—चन्द्रनाड़ी अर्थात् इड़ा से उपलक्षित अङ्ग को ही चन्द्राङ्ग कहते हैं और सूर्याङ्ग का अर्थ है पिंगला से उप-लक्षित अङ्ग। इसका आशय है कि पहले वाम नासिका से अभ्यास करे और फिर दक्षिण नासिका से। जब तक कुम्भक प्राणायाम का अभ्यास समान संख्या में न हो जाय तब तक भले प्रकार अभ्यास करता रहे और समान संख्या होने पर महा-मुद्रा को विसर्जित करे।

जैसा वर्णन इस ग्रन्थ में हुआ है, वैसा ही अन्य अनेक ग्रन्थों में मिलता है। ग्रहयामल में तो इसको यथावत् ही कह दिया है। घेरण्ड संहिता में इस प्रकार कहा है—

पायुमूल वामगुल्फ सम्पीड्य दृढ़ यत्नतः ।
याम्यपादं प्रसार्याथ करेधृत पदांगुलः ।।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

 Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कंठं संकोचनं कृत्वा भ्रुवोर्मध्ये निरीक्षयेत् ।
महामुद्राभिधामुद्रा कथ्यते चैव सूरिभिः ॥

अर्थात्—गुह्य प्रदेश को बाँयी एड़ी से दृढ़तापूर्वक दबावे और बाँये पाँव को फैलाकर उसकी अंगुलियों को हाथ से पकड़ले तथा कण्ठ को सिकोड़कर भौंहों के मध्य में दृष्टि लगावे, विद्वानों ने इसे महामुद्रा कहा है ।

न हि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः ।
अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमपि जीर्यति ॥१६

टीका—इसका अभ्यास करने वाले योगी को पथ्य, अपथ्य कुछ नहीं होता । इससे भक्षण किये हुए नीरस रस जीर्ण हो जाते हैं और विष के समान घोर अन्न भी अमृत के समान पच जाता है ॥१६॥

व्याख्या—महामुद्रा के अभ्यास से सभी रसों का परिपाक ठीक प्रकार से होता है और विष के समान पलने योग्य अन्न भी पच जाता है । जारण तु कषायार्य पातकाना विनाशरम्' कहकर अन्य ग्रन्थकार ने इस मुद्रा को सभी कलाओं को भस्म करने और सभी पापों को दूर करने वाली स्वीकार किया है ।

क्षयकुष्ठगुठावर्तगुल्माजीर्णपुरोगमाः ।
तस्य दोषाः क्षयं यांति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत् ॥१७

कथितेयं महामुद्रा महासिद्धिकरा नृणाम् ॥
गोपनीय प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित् ॥१८

टीका—इसके अभ्यास से क्षय, कुष्ठ, उदावर्त, गुल्म, अजीर्ण और उनके दोष नष्ट हो जाते हैं । यह वर्णन की गई

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

महामुद्रा मनुष्यों को महासिद्धि प्रदान करने वाली है। इसे प्रयत्नपूर्वक गोपनीय रखे, किसी को भी न दे ॥१७-१८॥

व्याख्या—इस मुद्रा के सिद्ध होने पर क्षयादि रोगों का सर्वथा शमन हो जाता है। इसके द्वारा साधक को परम सिद्धि और दिव्य ऐश्वर्यों की प्राप्ति होती है। यह गुप्त रखने के योग्य हैं।

महाबन्ध कथन

पार्ष्णि वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत् ।
वामोरूपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं तथा ॥१९
पूरयित्वा ततो वायुं हृदये चिबुकं दृढम् ।
निष्पीड्य वायुमाकुंच्य मनोमध्ये नियोजयेत् ॥२०
धारयित्वा यथाशक्ति रेचयेदनिलं शनैः ।
सव्यांगे तु समभ्यस्य दक्षांगे पुनरभ्यसेत् ॥२१
मतमत्र तु केषांचित्कंठबंधं विवर्जयेत् ।
राजदंतस्थजिह्वाया बन्धः शस्तो भवेदिति ॥२२
अयं तु सर्वनाडीनामूर्ध्वं गतिनिरोधकः ।
अयं खलु महाबंधो महासिद्धिप्रदायकः ॥२३

टीका—बाँए पाँव की एड़ी को योनि स्थान में लगावे और वाँयी जंघा पर दाँया पाँव रखकर बैठे तथा वायु को पूरित करके ठोड़ी को हृदय स्थान में दृढ़ता से लगावे और योनि को संकुचित करके मन को नाड़ी के मध्य प्रविष्ट करे। फिर वायु को यथाशक्ति धारण करके धीरे-धीरे रेचन करें। इस प्रकार बाँए अङ्ग में समान रूप से अभ्यास करके दाँये अङ्ग में करना

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

चाहिए। अन्य विद्वान् का यह मत है कि जालंधर बन्ध के कण्ठ के सङ्कोच को न करे क्योंकि राजदन्त स्थित जिह्वा का बन्ध ही प्रशस्त होता है। यह सब नाड़ियों की ऊर्ध्व गति का निरोधक है, यह महाबन्ध अवश्य ही महासिद्धि कर देने वाला है ॥१९-२३॥

व्याख्या—बाँयी एड़ी को योनि स्थान में लगाकर बाँयी जाँघ पर दाँया पाँव रखने आदि की जो विधि बताई है, उसके अनुसार आसन बाँधकर वायु को भरकर ठोड़ी पर लगाने से जो जालंधर बन्ध होता है उसे करके योनि संकोच करता हुआ मूलबन्ध करे, परन्तु इस मूलबन्ध की सिद्धि जिह्वा के बन्धन से ही हो जाती है, इसलिए इसे करना अनावश्यक है।

कुम्भक करने के पश्चात् धीरे-धीरे रेचक करे। प्रथम वाम अङ्ग में और फिर दक्षिण अङ्ग में करे। इस प्रकार वामांग और दक्षिणांग के अभ्यास की संख्या बराबर हो जाय तब अभ्यास करना चाहिए।

कुछ विद्वानों के मत में कण्ठ के संकोच का अनुपयोग है, क्योंकि राजदन्त अर्थात् दाढ़ के ऊपर स्थित जिह्वा का बन्ध ही कण्ठ संकोच की अपेक्षा अधिक श्रेष्ठ होता है। दाढ़ों में अवस्थित जिह्वा का बन्ध सुषुम्ना से भिन्न बहत्तर हजार नाड़ियों में प्राणवायु के ऊर्ध्व गमन का प्रतिबन्धक है। इसका अर्थ हुआ कि जिससे नाड़ी-जाल का बन्धन होता हो, वह जालन्धर बन्ध कहलाता है।

कालपाशमहाबंधविमोचन विचक्षणः ।
त्रिवेणीसङ्गमं धत्ते केदारं प्रापतेन्मनः ॥२४

टीका—यह महाबन्ध काल के पाश को छुड़ाने में अद्भुत है तथा त्रिवेणी-संगम को और मन को केदार की प्राप्ति कराने वाला है ॥२४॥

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

व्याख्या—जालन्धर बन्ध, उड्डियान बन्ध और मूलबन्ध इन तीनों के सम्मिलित होने से महाबन्ध होता है, इसीलिए इसे त्रिवेणी संगम प्राप्त कराने वाला कहा है केदार प्रापयेन्मनः कहने से यह अभिप्राय है कि इसके सिद्ध होने पर केदार अर्थात् शिव में मन का लय हो जाता है।

रूपलावण्यसम्पन्ना यथा स्त्री पुरुषं विना ।
महामुद्रामहाबन्धौ निष्फलौ वेधवर्जितौ ॥२५

टीका—जैसे पुरुष के बिना रूप-लावण्य से सम्पन्न स्त्री निष्फल है वैसे ही महावेध के बिना महामुद्रा और महाबन्ध भी निष्फल हैं ॥२५॥

व्याख्या—इस लोक में महामुद्रा और महाबन्ध की महावेध के बिना निकृष्टता का कथन हुआ है। ग्रन्थकार के अनुसार महावेध के बिना उक्त दोनों व्यर्थ ही हैं। इसलिए महावेध की सिद्धि का अभ्यास करना चाहिए।

महावेध वर्णन

महाबन्धस्थितो योगी कृत्वा पूरकमेकधीः ।
वायूनां गतिमावृत्य निभृतं कण्ठमुद्रया ॥२६
समहस्तयुगो भूमौ स्फिचौ संताडयेच्छनैः ।
पुटद्वयमतिक्रम्य वायुः स्फुरति मध्यगः ॥२७
सोमसूर्याग्निसम्बन्धो जायते चामृताय वै ।
मृतावस्था समुत्पन्नाततो वायुं विरेचयेत् ॥२८
महाबेधोऽयमभ्यासान्महासिद्धिप्रदायकः ।
वलीपलितवेपघ्नः सेव्यते साधकोत्तमैः ॥२९

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

टीका—महाबन्ध में स्थित योगी बुद्धि को एकाग्र करके पूरक करे और कण्ठ मुद्रा से वायु की गति रोककर प्राणायाम करे। अपने स्फिचों का पृथिवी पर लगे हाथों से थामकर योनि स्थान में लगी हुई एड़ी वाले बाँए पाँव के सहित कुछ ऊपर की ओर उठाकर धीरे-धीरे ताड़न करे। इससे प्राणवायु इडा और पिंगला को छोड़कर सुषुम्ना में चलने लगता है। तब चन्द्र, सूर्य, अग्नि सम्बन्धी क्रमशः इडा पिंगला की ओर सुषुम्ना से अमृतत्व की प्राप्ति होती है। फिर मरणावस्था के उत्पन्न होने पर वायु का रेचन करे। यह महावेध अभ्यास से महान् सिद्धि का देने वाला होता है। इससे वली, पलित, कम्पनादि दूर होते हैं। श्रेष्ठ साधक सदा इसका अभ्यास करते रहते हैं ॥२६-२६॥

व्याख्या—महाबन्ध के पश्चात् महावेध की स्थिति होती है। कण्ठ मुद्रा का अर्थ जालन्धर बन्ध है, उसके द्वारा, वायुओं के ऊर्ध्वगमन, अधोगमन को रोककर कुम्भक करना चाहिए।

महावेध में वाम एड़ी को योनिस्थान में लगाकर चूतड़ों को हाथों के आश्रय से वाम पाद के सहित कुछ उठाकर धीरे-धीरे ताड़न करने से वायु इड़ा-पिंगला का त्याग कर सुषुम्ना में पहुँच जाता है और इडा-पिंगला में प्राण का संचार न होने से साधक की मृत्यु जैसी अवस्था हो जाती है। क्योंकि इड़ा, पिंगल में प्राणवायु का संचार रहने को ही जीवन मानते हैं। जब ऐसी अवस्था उत्पन्न हो जाय तब वायु का विवेचन करना चाहिए। अभ्यास करने से यह महावेध सिद्ध होकर महान् सिद्धियों का देने वाला होता है। इससे जरावस्था के सभी चिह्न, बालों का सफेद होना, चर्म का संकुचित होना और शरीर का काँपना आदि नष्ट होते हैं। योग तत्वोपनिषत् में महावेध का लक्षण इस प्रकार बताया है—

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

वायुना गतिमावृत्य विभृतं कण्ठमुद्रया ।
पुटद्वयं समाक्राम्य वायु स्फुरति सत्वरम् ।
अयमेव महाबेधः सिद्धैरभ्यस्यतेऽनिशम् ॥

अर्थात्—वायु की गति का निरोध करके दोनों नासारन्ध्रों का संकुचन करने से वायु शीघ्र भर जाती है। इस महावेध का सिद्ध पुरुष सदा अभ्यास किया करते हैं।

एतत्त्रयं महागुह्यं जर्रामृत्युविनाशनम् ।
वह्निवृद्धिकरं चैव ह्यणिमाविगुणप्रदम् ॥३०
अष्टधा क्रियते चौव यामे यामे दिने दिने ।
पुण्यसंभारसंधाययि पापौघभिदुरं सदा ।
सभ्यक्शिक्षावतामेवं स्वल्पं प्रथमसाधनम् ॥३१

टीका—उक्त तीनों मुद्राएँ परम गुह्य एवं जरामरण को नष्ट करने वाली, अग्नि प्रदीप्त करने वाली अणिमादि सिद्धियों के देने वाली हैं। यह मुद्राएँ प्रहर-प्रहर दिन-दिन में आठ प्रकार से करनी चाहिए। इनके द्वारा पुष्पों की उत्पत्ति और पापों का शमन होता है। भले प्रकार शिक्षा प्राप्त करके इन्हें करना चाहिए ॥३०-३१॥

व्याख्या—उपर्युक्त तीनों मुद्राओं से जरा-मृत्यु पर जय प्राप्त होकर, अग्नि दीप्त होती और अष्ट सिद्धियों की प्राप्ति होती है। इससे पुण्य का लाभ और पापों का नाश होता है। परन्तु इसका अभ्यास आरम्भ करने से पूर्व गुरु से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए, अन्यथा हानि हो सकती है।

खेचरी मुद्रा

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा ।
भ्रुवोरंतर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ॥३२

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Coll

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

छेदनचालनदोहैः कलां क्रमेण वर्धयेत्तावत् ।
सा यावद्भ्रूमध्यं स्पृशति तदा खेचरीसिद्धिः ॥३३

टीका—कपाल-कुहर में विपरीत हुई जिह्वा के प्रविष्ट होने और भौंहों के मध्य में दृष्टि रहने पर खेचरी मुद्रा होती है। छेदन, चालन और दोहन कलाओं की क्रमपूर्वक तब तक वृद्धि करे, जब तक कि भौंहों के मध्य का स्पर्श हो जाय। जब कला का भौंहों में स्पर्श हो जाता है। तब खेचरी मुद्रा की सिद्धि होती है ॥३६-३३॥

व्याख्या—जिह्वा को ऊपर की ओर उलटी करके कपाल के मध्य वाले छिद्र में प्रविष्ट करे और भौंहों के मध्य में दृष्टि को स्थिर करे, इससे खेचरी होती है। वेदनादि कर्म करता हुआ जिह्वा को तब तक बढ़ावे, जब तक कि वह भौंहों के मध्य स्थान को स्पर्श करने लगे।

जिह्वा मूल की नाड़ी का शस्त्र से छेदन किया जाता है, इसकी विधि अगले श्लोक में कहेंगे। हाथ में अंगुष्ठ और तर्जनी अंगुली से जिह्वा को पकड़कर बाँये-दाँये हिलाना चालन कहलाता है और गोदोहन के समान जिह्वा दोहन करना इन क्रियाओं से जिह्वा बढ़ जाती है वह भौंहों के मध्य भाग को स्पर्श करती हुई और भी ऊपर पहुँच सकती है।

स्नुहीपत्रनिभं शस्त्रं सुतीक्ष्णं स्निग्धनिर्मलम् ।
समादाय समस्तेनरोमभात्रं समुच्छिनेत् ॥३४

ततः सैंधवपथ्याभ्यां चूर्णिताभ्यां प्रघर्षयेत् ।
पुनः सप्तदिने प्राप्ते रोमभात्रे समुच्छिनेत् ॥३५

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

एवं क्रमेश षण्मासं नित्यं युक्तः समाचरेत् ।
षण्मासाद्रसनामूलशिलाबन्धः प्रणश्यति ॥३६

टीका--संहुड़ के पत्ते के समान तीक्ष्ण धार वाले चिकने और स्वच्छ शस्त्र को लेकर उससे जिह्वामूल की नाड़ी का रोम-मात्र छेदन करे तथा पिसे हुए सैंधे नमक और हरड़ के मिश्रित चूर्ण से जिह्वामूल का ठीक प्रकार घर्षण करे। सात दिन ऐसा करने के अनन्तर पुनः रोम मात्र छेद कर दे। इस प्रकार के क्रम से नित्य करने से छः मास में जिह्वामूल का शिर, बन्ध नष्ट हो जाता है ॥३४-३६॥

व्याख्या—इन श्लोकों में खेचरी-सिद्धि के साधनों का वर्णन किया गया है। स्नुही अर्थात् संहुड़ के पत्तों में अत्यन्त तीक्ष्ण धार होती है, वैसे ही तीक्ष्ण शस्त्र से जिह्वा के मूल में एक रोम के बराबर छेद कर देना चाहिए। ऐसा करने से वहाँ घाव हो जाता है, उस पर सेंध नमक और हरड़ का चूर्ण मलना चाहिए। चूर्ण मलने का यह कार्य नित्य प्रति प्रातः-सायं किया जाता है। जब सात दिन व्यतीत हो जाँय तब पुनः एक रोम के बराबर छेद कर दे और नमक तथा हरड़ के चूर्ण को मलने का क्रम यथावत जारी रखें।

कुछ विद्वानों के विचार में नमक के स्थान पर कत्था और हरड़ का चूर्ण व्यवहार करना उचित है, क्योंकि योगाभ्यासी पुरुष के लिए नमक का सेवन वर्जित है। सात दिन के पश्चात् जो छेद किया जाय, वह पहले छेद से रोममात्र अधिक करना चाहिए, जिससे कि कुछ बड़ा छेद बन जाय।

इस प्रकार नित्य प्रति चूर्ण मर्दन और प्रति सप्ताह छेदन करते रहने से छः मास में जिह्वा का मूल शिरा बन्धन कट

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Coll

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जाता है। यह शिरा बन्धन कपाल कुहर को रोके रहता है, इसके कटने पर जिह्वा उसमें प्रवेश कर सकती है, इसलिए शिरा बन्धन को काटना आवश्यक होता है।

कलां परांङ्मुखीं कृत्वा त्रिपथे परियोजयेत् ।
सा भवेत्खेचरी मुद्रा व्योचक्रं तदुच्यते ॥३७
रसनामूर्ध्वगाँ कृत्वा क्षणार्धमपि तिष्ठति ।
त्रिषैर्विमुच्यते योगी व्याधिमृत्युजरादिभि ॥३८

टीका—इस प्रकार छेदनादि के उपाय द्वारा जिह्वा की वृद्धि हो जाने पर उसे उलटी पीछे की ओर लौटाकर तीनों नाड़ियों के मार्ग में करे। वह खेचरी मुद्रा होती है, उसी को व्योमचक्र कहते हैं। जो जिह्वा को तालु रन्ध्र द्वारा ऊपर पहुँचा कर वहाँ आधे क्षण भी टिकाले तो वह योगी विषमता रूप रोग बुढ़ापा, मृत्यु आदि से मुक्त हो जाता है ॥३७-३८॥

व्याख्या—कपाल-रन्ध्र, इड़ा, पिङ्गला और सुषुम्ना तीनों नाड़ियों का मिलन मार्ग होने से त्रिपथ कहा जाता है। ऊपर की ओर लौटाकर जीभ को इसमें प्रविष्ट करके टिकाया जाता है। इससे सभी रोग, धातुओं की विषमता, जरावस्था मृत्यु आदि का क्षय हो जाता है। यह खेचरी मुद्रा व्योमचक्र भी कहलाती है।

न रोगो मरणं तन्द्रा न निद्रा न क्षुधा तृषा ।
न च मूर्च्छा भवेत्तस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ।३९
पीड्यते न स रोगेण लिप्यते न च कर्मणा ।
बाध्यते न सकालेन यो मुदां वेत्ति खेचरीम् ॥४०

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

 Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

टीका—खेचरी मुद्रा के जानने वाले योगी को रोग, मृत्यु, तन्द्रा, निद्रा, क्षुधा और मूर्च्छा नहीं होती। खेचरी का ज्ञाता रोग से पीड़ित नहीं होता, कर्म से लिप्त नहीं होता और काल से बाधित नहीं होता ॥३९-४०॥

व्याख्या—जो विद्वान् खेचरी मुद्रा को जानता है, उसे भूख, प्यास, रोग, निद्रा, तन्द्रा आदि नहीं होते। वह मृत्यु को भी जीतने में समर्थ होता है। जो कर्म करता है उसका फल उसे नहीं भोगना होता, क्योंकि वह तो निष्काम कर्म करता है सकाम नहीं और निष्काम कर्म, कर्त्ता कभी अपने फल रूपी बन्धन में नहीं बाँधते। इसीलिए उसे काल अर्थात् मृत्यु रूपी बाधा भी नहीं होती। आशय यह है कि उसकी इच्छित मृत्यु होती है। जब चाहे तब शरीर को छोड़े और जब तक जीवित रहना चाहे तब तक रहे।

चित्तं चरति खे यस्माज्जिह्वा चरति खे गता ।
तेनैषा खेचरी नाम मुद्रा सिद्धैर्निरूपिता ॥४१

टीका—जिस मुद्रा के द्वारा चित्त भौंहों के मध्य आकाश में विचरण करता और जिह्वा भी वहीं जाकर विचरती है उसी को सिद्ध पुरुषों ने खेचरी नाम दिया है ॥४१॥

व्याख्या—इस मुद्रा के अभ्यास में चित्त और जिह्वा दोनों ही भौंहों के मध्यरूपी आकाश में विचरते हैं। इसीलिए सिद्ध योगेश्वरों ने इसे खेचरी कहा है।

खेचर्या मुद्रितं येन विवरं लंबिकोर्ध्वतः ।
न तस्य क्षरते बिंदुः कामिन्याः श्लेषितस्य च ॥४२
चलितोऽपि यदा बिन्दुः संप्राप्तो योनिमण्डलं ।
व्रजत्यूर्ध्वं हृतः शक्त्या निबद्धो योनिमुद्रया ॥४३

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ऊर्ध्वजिह्वः स्थिरो भूत्वा सोमपानं करोति यः ।
मासार्धेन न संदेहो मृत्युं जयति योगवित् ॥४४

टीका—खेचरी मुद्रा के द्वारा जिसने तालु के ऊपर का विवर ढक लिया, उसे यदि कामिनी का स्पर्श भी प्राप्त हो जाय तो उसका बिन्दु क्षरित नहीं होता और यदि बिन्दु चलायमान भी हो जाय तो योनि मण्डल में पहुँचकर भी वह वज्रोली के बन्धन से खिचा हुआ ऊपर चला जाता है। तालु-विवर में उन्मुखी जिह्वा वाला योगी सोमपान करता हुआ एक पक्ष में ही मृत्यु को जीत लेता है ॥४२-४४॥

व्याख्या—खेचरी के अभ्यास द्वारा जिसकी जीभ तालु के रन्ध्र में पहुँच कर टिक जाती है तो बिन्दु क्षरण नहीं होता। यदि बिन्दु अपने स्थान से डिग भी जाय तो योनिमण्डल में पहुँच कर भी योनिमुद्रा के प्रभाव से वहाँ से खिचकर अपने स्थान में ही जा पहुँचता है।

'सोमपानं करोति' का अभिप्राय ऊर्ध्व विवर से गिरते हुए चन्द्रामृत का पान करने से है। जब जिह्वा वहाँ पहुँच जाती है, तब उस अमृत का पान करती हुई साधक को अमृतत्व की प्राप्ति करा देती है।

नित्यं सोमकलापूर्णं शरीरं यस्य योगिनः ।
तक्षकेणापि दष्टस्य विषं तस्य न सर्पति ॥४५
इन्धनानि यथा वह्निस्तैलवर्त्ति च दीपकः ।
तथा सोमकलापूर्णं देही देहं न मुञ्चति ॥४६

टीका—जिस योगी का देह सदा चन्द्रकला के अमृत से परिपूर्ण रहता है, उसके देह में तक्षक काट ले तो भी विष नहीं

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

फैलता। जैसे अग्नि ईंधन को और दीपक तेल बत्ती को नहीं छोड़ता वैसे ही शरीरधारी भी सोमकला से सम्पन्न शरीर को नहीं छोड़ता ॥४५-४६॥

व्याख्या—ऊर्ध्व विवर से स्रवित होते हुए चन्द्रामृत के शरीर पर परिपूर्ण रहने पर तक्षक नाग का विष भी व्यर्थ हो जाता है अर्थात् भयङ्कर सर्प भी काट ले तो उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता। यदि शरीर में चन्द्रमा से झरता हुआ अमृत भरा हो तो शरीर से प्राण कभी पृथक् नहीं हो सकता जैसे कि अग्नि से ईंधन पृथक् नहीं हो सकता अर्थात् अग्नि भी तभी बुझती है जबकि ईंधन को पूरी तरह भस्म कर डाले और तैल बत्ती का दीपक से सदा सम्बन्ध रहने का आशय यह है कि जब तक तैल बत्ती है, तभी तक दीपक प्रकाश देता है, तब तैल-बत्ती का अभाव हो जाता है तब प्रकाश नहीं रहता यहाँ दीपक का तात्पर्य प्रकाश से ही है। सारांश यह है कि जिह्वा से कपाल कुहर में क्षरित होने वाले अमृत का पान करने वाला योगी मृत्यु को प्राप्त नहीं होता, क्योंकि उस पर किसी रोग, विष या अवस्था आदि का प्रभाव नहीं पड़ता।

गोमासं भक्षयेन्नित्यं पिवेदमरवारुणीम् ।
कुलीनं तमहं मन्ये चेतरे कुलघातकाः ॥४७
गोशब्देनोदिता जिह्वा तत्प्रवेशो हि तालुनि ।
गोमांसभक्षणं तत्तु महापातकनाशकम् ॥४८
जिह्वाप्रवेशसंभूतवह्निनोत्पादितः खलु ।
चन्द्रात्स्रवतिः यः सारः स स्यादमरवारुणी ॥४९

टीका—जो योगी नित्य प्रति गोमांस का भक्षण करता और वारुणी (मदिरा) पीता है, वही कुलीन है, और सब तो

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कुलघातक ही होते हैं। गोशब्द से जो जिह्वा कही जाती है और तालुविवर में जिह्वा का जो प्रवेश है, वही भक्षण कहलाता है। यह गोमांस भक्षण महापाप को नष्ट कर देता है। तालु के ऊपर वाले विवर में जिह्वा के प्रवेश से सम्भूत हुई अग्नि से उत्पन्न होकर जो सार झरता है वही अमर वारुणी है ।।४७-४६।।

व्याख्या—योगी के लिए परम सिद्धि का कारण गोमांस भक्षण और वारुणी-पान है। 'गो' शब्द का अर्थ जिह्वा है और भक्षण का अभिप्राय ऊर्ध्व विवरण में जिह्वा का प्रवेश है। इस प्रकार यही गोमांस भक्षण है, इसे महापापों का भी नाश करने वाला समझना चाहिए।

तालु के उसी ऊर्ध्व विवर में जब जिह्वा प्रविष्ट होकर दोहन करती है तब वहाँ ऊष्मा उत्पन्न हो जाती है और उस ऊष्मा के प्रभाव से चन्द्रमा में सार रूप अमृत उत्पन्न होकर अवस्रवित होने लगता है अर्थात् भौंहों के मध्य वामभाग में अवस्थित चन्द्रमा से बिन्दु रूप सार या अमृत झरने लगता है, वही अमर वारुणी अर्थात् दिव्य मदिरा है उसके पान करने वाले को इसलिए कृतार्थ और कुलीन कहा है कि वह योगाभ्यास द्वारा उस श्रेष्ठ सिद्धि को प्राप्त करने में सफल हो जाता है और जो सिद्धि की प्राप्ति में सफल है, उसके कृतार्थ होने में सन्देह ही क्या है ?

चुम्बंतीं यदि लंबिकाग्रमनिशं, जिह्वारसस्यंदिनी
साक्षारा कटुकाम्लदुग्धसदृशी मध्वाज्यतुल्या तथा ।
व्याधीनां हरण जरांतकरणं शास्त्रागमोदीरणं
तस्य स्यादमरत्वमष्टगुणितं सिद्धांगनाकर्षणम् ।।५०

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

टीका—यदि रस को स्रवित करने वाली क्षार, कटुअम्ल, दूध, मधु और घृत के समान अनेक रस वाली जिह्वा तालु के ऊपर वाले छिद्र का बार-बार स्पर्श करे तो उससे साधक की सभी व्याधियों का हरण, वृद्धावस्था का अन्त और सन्मुख से आते हुए शस्त्र का निवारण होता है तथा अमृतत्व, अष्ट सिद्धियाँ और सिद्धांगनाओं का आकर्षण होता है ॥५०॥

व्याख्या—जिह्वा सभी रसों का ग्रहण करती है। उसके लिए कटु, तिक्त, अम्ल, मधुर आदि कोई भी रस क्यों न हो, अग्राह्य नहीं है। वह जिह्वा तालु के छिद्र में प्रविष्ट होकर बार-बार चन्द्रकलामृत का स्पर्श करने लगे तो उस साधक को रोग, जरा, शस्त्र, मृत्यु आदि का कोई भय नहीं रहता तथा सिद्धों (देवताओं) की नारियाँ उसके प्रति आकर्षित होती हैं और वह अष्ट सिद्धियों को उपलब्ध करके स्वयं सिद्ध हो जाता है।

मूर्ध्नः षोडशपत्रपद्मगलितं प्राणादवाप्तं हठा-
दूर्ध्वास्यो रसनां नियम्य विवरे शक्तिं परां चिंतयन् ।
उत्कल्लोलकलाजलं च विमलं धारामयं यः पिबे-
न्निर्व्याधिः स मृणालकोमलवपुर्योगी चिरं जीवति ॥५१

टीका—जिह्वा को कपालरन्ध्र में ले जाकर और ऊर्ध्व मुख करके परम शक्ति कुण्डलिनी का ध्यान करता हुआ योगी प्राणवायु के साधन और हठयोग के द्वारा प्राप्त षोडश दल वाले कमल में मस्तक से धारा रूप में गिरते हुए ऊर्ध्व तरङ्ग वाले चन्द्रकलामृत का पान करता है, वह रोग-रहित एवं मृणाल जैसी कोमल देह वाला होता हुआ चिरकाल तक जीवित रहता है ॥५१॥

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

 Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

व्याख्या—जिह्वा को कपालरन्ध्र में ले जाकर चन्द्रामृत पीने वाला योगी चिरञ्जीवी होता है। उसकी अकाल मृत्यु नहीं होती। उसका शरीर कठोर हो तो भी कमल दण्ड के समान कोमल हो जाता है।

यत्प्रालेयं प्रहितसुषिरं मेरुमूर्धांतरस्थं
तस्मिंस्तत्वं प्रवदति सुधीस्तन्मुखं निम्नगानाम्।
चन्द्रात्सारः स्रवति वपुषस्तेन मृत्युर्नराणां
सद्बध्नीयात्सुकरणमथो नान्यथा कार्यसिद्धिः।५२

टीका—जिसमें यह प्रालेय स्थित है, उस छिद्र में रज-तम से अतिरस्कृत बुद्धि वाले मनुष्य आत्म तत्व का होना मानते हैं। वहीं चन्द्र-सूर्य नाड़ियाँ मुख हैं तथा चन्द्रमा से देह के सार के स्रवित होने से मनुष्यों की मृत्यु होती है। इसलिए खेचरी मुद्रा करे, अन्यथा शरीर का पोषण नहीं हो सकता।।५२।।

व्याख्या—प्रालेल अर्थात् जल कपाल कुहर में रहता है जिन मनुष्यों की बुद्धि रजोगुण और तमोगुण का उल्लंघन किये रहती है यानी केवल सतोगुणी रहती है, उनके मत में आत्म-तत्व भी वहीं हैं तथा वहीं इड़ा और पिंगला नाड़ियों का मुख भी है।

चन्द्रमा से वह जल स्रवित होता है तब उदरस्थ अग्नि रूपी सूर्य उसका ग्रास करता रहता है इसी से मनुष्यों की आयु क्षीण होती जाती है। ग्रन्थकार का कथन है कि चन्द्रमा से स्रवित होते हुए उस अमृत का जिह्वा के द्वारा स्वयं ग्रास कर ले तो मृत्यु पर विजय प्राप्त की जा सकती है। इसलिए इसमें प्रयत्नशील होना चाहिए।

सुषिरं ज्ञानजनकं पंचस्रोतः समन्वितम्।
तिष्ठते खेचरी मुद्रा तस्मिन्शून्ये निरंजने।।५३

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

 Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

एकं सृष्टिमयं बीजमेका मुद्रा च खेचरी ।
एको देवो निरालंब एकावस्था मोनन्मनी ॥५४

टीका—नाड़ियों के पंच स्रोत से युक्त छिद्र ज्ञान को उत्पन्न करने वाला है। उस शून्य रूप निरञ्जन के लिए खेचरी मुद्रा में स्थिति होती है। एक सृष्टिमय बीज है, एक खेचरी मुद्रा है एक ही निरालम्ब है और एक ही उन्मनी अवस्था है ॥५३-५४॥

व्याख्या—इड़ा आदि नाड़ियों के पंच स्रोत अर्थात् पंच प्रवाह से युक्त सुषिर से ज्ञान उत्पन्न होकर शून्य रूप निरंजन में खेचरी की स्थिरता होती है अर्थात् खेचरी मुद्रा के प्रभाव से जब मन उस सुषिर (छिद्र) में प्रविष्ट होता है, तब आत्मज्ञान होता है।

सृष्टिमय बीज प्रणव है, वह एक ही है। यह संसार उसी प्रणव की महिमा को व्यक्त किये हुए स्थित है। 'ओमित्येदक्षरमिदँ सर्वं तस्योपख्यानं भूत भवद्भविष्यदिति सर्वमोंकार एवं, यच्चान्यत् त्रिकालातातं तदप्योंकार एव' (माण्डूक्योपनिषत् अर्थात् अविनाशी ब्रह्म ओंकारमय है, उसकी महिमा को प्रत्यक्ष लक्षित कराने वाला यह सम्पूर्ण विश्व है। भूत, भविष्य, वर्तमान रूप त्रिकालमय यह संसार ओंकार ही है।

'एका मुद्रा च खेचरी' कहकर ग्रन्थकार ने सभी मुद्राओं में खेचरी की सर्वोत्कृष्टता सिद्ध की है। इसका आशय यह समझना चाहिए कि खेचरी सभी मुद्राओं में प्रमुख मुद्रा है और सर्व प्राप्ति की आकांक्षा वाले साधक को इसकी सिद्धि प्रयत्न पूर्वक करनी चाहिए। श्लोक में 'एक' पद का प्रयोग प्रमुखता प्रदर्शित करने के रूप में हुआ है।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

 Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ओड्डीयान बन्ध वर्णन

बद्धो येन सुषुम्नायाँ प्राणस्तूड्डीयते यतः ।
तस्मादुड्डीयानाख्योऽयं योगिभिः समुदाहृतः ।।५५
उड्डीयानं कुरुते यस्मादविश्रांतं महाखगाः ।
उड्डीयानं तदैव स्यात्तत्र बंधोऽभिधीयते ।।५६

टीका—जिससे बँधा हुआ प्राण सुषुम्ना में उड़ जाय, उस बन्ध को उड्डीयान कहते हैं। देहाबकाश में गतिशील महाखग रूप प्राण जिस बन्ध से सुषुम्ना में उड़ता (गति करता) है, उसे उड्डीयान कहते हैं ।।५५-५६।।

व्याख्या—जिस बन्ध से बँधा हुआ प्राण उड़कर सुषुम्ना में जा पहुँचे, उसे उड्डीयान बन्ध कहते हैं, क्योंकि वह प्राण को उड़ाकर सुषुम्ना में पहुँचाने का कारण होता है 'उड्डीनं कुरुते' अर्थात् 'उड़ान करती हैं' इसीलिए इसे उड्डीयान कहा जाता है। नीचे उस बन्ध का लक्षण कहेंगे।

उदरे पश्चिमं तानं नाभेरूर्ध्वं च कारयेत् ।
उड्डीयानो ह्यसौ बंधो मृत्युमातङ्गकेसरी ।।५७
उड्डीयानं तु सहजं गुरुणा कथितं सदा ।
अभ्यसेत्सततं यस्तु वृद्धोऽपि तरुणायते ।।५८

टीका—उदर में नाभि के ऊपर पश्चिम तान करे तो यह मृत्यु रूपी हाथी के लिए सिंह के समान उड्डियान बन्ध होता है। गुरु ने इस बन्ध को सदैव सहज बताया है, इसका निरन्तर अभ्यास करने वाला वृद्ध भी तरुण हो जाता है ।।५७-५८।।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

व्याख्या—उदर में स्थित टूंडी में, नाभि के ऊपर के निचले भाग को इस प्रकार ताने, जिससे कि दोनों भाग पीठ में लग जाँय। गुरुजन इसे स्वाभाविक बताते हैं, क्योंकि प्राण स्वभाव से ही बाहर जाता है, परन्तु इसका निरन्तर अभ्यास कर लिया जाय तो यह पूर्णरूप से वश में हो जाता है। उस साधक में इतनी शक्ति, इतनी स्फूर्ति आ जाती है कि वह अपनी वृद्धावस्था को भूलकर तरुण होने का अनुभव करने लगता है।

नाभेरूर्ध्वमधश्चापि तानं कुर्यात्प्रयत्नतः ।
षण्मासमभ्येन्मृत्युं जयत्येव न संशयः ॥५९
सर्वेषामेव बन्धानामुत्तमो ह्युड्डियानकः ।
उड्डियाने दृढे बंधे मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत् ॥६०

टीका—नाभि के ऊपर निकले भाग में ठीक प्रकार से तान करे। इस प्रकार छः मास तक निरन्तर अभ्यास करने से साधक मृत्यु को जीत लेता है, इसमें संशय नहीं है। सभी बन्धों में उड्डियान बन्ध श्रेष्ठ है, क्योंकि इसके सिद्ध हो जाने से स्वाभाविक मृत्यु होती है ॥५९-६०॥

व्याख्या—उड्डियान बन्ध में नाभि के ऊपर निचले स्थान में यत्नपूर्वक तान अर्थात् आकर्षण किया जाता है। यह सभी बन्धों में उत्तम माना जाता है। इससे मृत्यु पर विजय प्राप्त होती है और रोग, दुःख आदि भी नष्ट हो जाते हैं।

इस बन्ध में प्राण पक्षी जैसी गति से उड़ान भरता हुआ सुषुम्ना द्वार के मस्तक में जा पहुँचता है और जब मन भी यहीं विदेह मुक्ति कहलाता है, इसी से उन्मनी अवस्था की प्राप्ति होती है। इसी को योगनिद्रा कहते हैं। ततोन्मनी

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

 Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

'भवति' ततोयोगनिद्रा भवति (शां० उ०) अर्थात् उससे उन्मनी दशा प्राप्त होती है और उससे योगनिद्रा होती है।

मूलबन्ध वर्णन

पार्ष्णिभागेन संपीड्य योनिमाकुंचयेद्गुदम् ।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽभिधीयते ॥६१
अधोगतिमपानं वा ऊर्ध्वगं कुरुते बलात् ।
आंकुचनेन तं प्राहुर्मूलबन्ध हि योगिनः ॥६२

टीका—एड़ी से योनि स्थान को दबाकर गुदा का संकोच करे और अपान वायु को ऊपर की ओर आकर्षित करे, इसे मूलबन्ध कहते हैं। जो अधोगति वाले अपान वायु को बलपूर्वक ऊर्ध्वगामी करता है, उसे योगीजन मूलबन्ध कहते हैं ॥६१-६२॥

व्याख्या—योनि स्थान का अभिप्राय है गुदा और लिंग के मध्य भाग से। उस स्थान को एड़ी से भली प्रकार पीड़ित करके गुदा को सकोड़े और अपान वायु का ऊपर की ओर आकर्षण करे। यह क्रिया कुण्डलिनी जागरण में अत्यन्त सहायक होती है। इसके विषय में कहा है—

अधोगतिमपानं वै ऊर्ध्वगं कुरुते बलात् ।
आकुंचनेन तं प्राहुर्मूलबन्धोऽयमुच्यते ॥
अपाने चोर्ध्वगे याते सम्पाप्ते वह्नि मण्डले ।
ततोऽनलशिखा दीर्घा वर्धते वायुना हता ॥

अर्थात्—अधोगति वाले अपान को शक्तिपूर्वक गुदा आकुंचन द्वारा ऊपर ले जाने से मूलबन्ध होता है। अपान ऊपर जाकर वह्निमण्डल से मिलता है तो वायु के प्रभाव से अग्नि की अत्यधिक तीव्रता होती है। इत्यादि से कुण्डलिनी जागरण की विधि कही है, जिसका वर्णन आगे किया जायगा।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

गुदं वर्ष्ण्या तु संपीडय् वायुमाकुंचयेद्बलात् ।
वारं वारं यथा चोर्ध्व समायाति समीरणः ॥६३

टीका—एड़ी से गुदा का भले प्रकार संपीडन कर बल पूर्वक वायु को बार-बार इस प्रकार आकर्षित करे कि जिससे वह सुषुम्ना के ऊपरी भाग में जा पहुँचे ॥६३॥

व्याख्या—मूलबन्ध की यह रीति योगबीज में कही हुई है। यद्यपि इसमें ऊपर की विधि से समानता है, फिर भी शाब्दिक विशेषता के कारण इनका उल्लेख यहाँ हुआ है।

प्राणापानौ नादबिन्दू मूलवन्धन चैकताम् ।
गत्वा योगस्य संसिद्धि यच्छतो नात्र संशयः ॥६४
अपानप्राणयोरैक्यं क्षयो मूत्रपुरीषयाः ।
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबन्धनात् ॥६५
अपाने ऊध्वंगे जाते सम्प्राप्ते वह्निमण्डलम् ।
तदाऽनलशिखा दीर्घा जायते वायुनाऽऽहता ॥६६

टीका—अधोगति वाले प्राण और अपान, अनाहत नाद और बिन्दु मूलबन्ध के द्वारा ऐक्य को प्राप्त होकर योग की सिद्धि को प्राप्त कराते हैं, इसमें संशय नहीं है। अपान और प्राण का ऐक्य और संचित मल-मूत्र का क्षय होने से वृद्ध भी युवा होता है। अपान के ऊर्ध्वगामी होकर अग्नि-मण्डल में पहुँचने पर वायु में ताड़ित होने के कारण अग्नि-शिखा दीर्घ हो जाती है ॥५४-६६॥

व्याख्या—नीचे की ओर गतिशील प्राणापान, नाद और बिन्दु यह सब एकता को प्राप्त हो जाते हैं, जिससे कि

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

योग की परम सिद्धि होती है। उससे बुढ़ापा दूर होकर युवावस्था आ जाती है। अर्थात् बली, पलित, झुर्री आदि मिटकर शरीर सुन्दर हो जाता है।

मूलबन्ध करने से नीचे की गति वाला अपान वायु ऊपर चढ़ता हुआ अग्निमण्डल में पहुँच जाता है अर्थात् नाभि में नीचे के भाग में विद्यमान त्रिकोण जठराग्नि से प्रविष्ट होता है, तब अपान से ताड़ित जठराग्नि की शिरा बढ़ जाती है।

ततो यातो वह्न्यपानौ प्राणमुष्णस्वरूपकम् ।
तेनात्यंतप्रदीप्तस्तु ज्वलनो देहजस्तथा ॥६७
तेन कुण्डलिनी सुप्ता संतप्ता संप्रबुध्यते ।
दंडाहता भुजङ्गीध निश्वस्य ऋजुताँ व्रजेत् ॥६८

टीका—तब अग्नि और अपान दोनों अग्नि की दीर्घ हुई शिखा से गर्म होकर ऊपर की ओर गति वाले प्राण में जा पहुँचते हैं। उससे शरीरस्थ जठराग्नि अत्यन्त प्रदीप्त हो जाता है। तब उससे भले प्रकार सन्तप्त होकर सुप्त कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत् होकर डण्डे से पिटी हुई सर्पिणी के समान सीधी हो जाती है ॥६७-६८॥

व्याख्या—कुण्डलिनी-जागरण के लिए तीनों बन्ध किये जाते हैं। जालन्धर बन्ध द्वारा वायु को रोकने के लिए कण्ठ का संकोच किया जाता है, मूलबन्ध द्वारा गुदा का आकुंचन अधोभाग में होता है और मध्य में उड्डियान बन्ध से प्राण को खींचा जाता है। इस प्रकार सब ओर रोका जाने पर प्राण सुषुम्ना में दौड़ता है। अपान ऊपर चढ़कर अग्नि से मिलता और वह अग्नि प्राण स्थान में जाकर प्राणवायु से मिलकर

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सोती हुई कुण्डलिनी को ताड़ित करता है, तब वह कुण्डलिनी जागकर सीधी हो जाती और सुषुम्ना के मुख में प्रवेश करती है।

विलं प्रविष्टेव ततो ब्रह्मनाड्यन्तरं व्रजेत् ।
तस्मान्नित्यं मूलबन्धः कर्तव्यो योगिभिः सदा ।।

टीका—फिर वह कुण्डलिनी सर्पिणी के बिल में प्रविष्ट होने के समान ब्रह्मनाड़ी में प्रविष्ट होती है। इसलिए योगियों को नित्यप्रति मूलबन्ध करना चाहिए ।।६९।।

व्याख्या—इस श्लोक में मूलबन्ध करने का अभिप्राय स्पष्ट किया है कि कुण्डलिनी को जगाकर सुषुम्ना में प्रविष्ट कराने के लिए मूलबन्ध किया जाना आवश्यक है। इसीलिए योगाभ्यासी पुरुषों को मूलबन्ध का निरन्तर अभ्यास करना चाहिए।

जालन्धर वर्णन

कण्ठमाकुंच्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम् ।
बंधो जलंधराख्योऽयं जरामृत्युविनाशकः ।।७०
बध्नाति हि शिराजालमधोगामि नभो जलम् ।
ततो जालन्धरो बन्धः कण्ठदुःखौघनाशनः ।।७१
जालंधरे कृते बन्धे कण्ठसंकोचलक्षणे ।
न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रकुप्यति ।।७२
कण्ठसंकोचेनेनैव द्वे नाड्यौ स्तम्भयेद्दृढम् ।
मध्यचक्रमिदं ज्ञेयं षोडशाधारबन्धनम् ।।७३

टीका—कण्ठ का संकोच करके हृदय पर ठोड़ी को दृढ़ता से लगावे, यह मृत्यु का नाश करने वाला जालन्धर

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

संज्ञक बन्ध है। यह बन्ध नाड़ियों के समूह को तथा कपालकुहर रूप नभ के जल को बाँधता है, इसोलिए जालन्धर बन्ध कहलाता है यह कण्ठ के रोग दुःखों का नाश करने वाला है जिस कण्ठ का संकोच है, उस जालन्धर बन्ध के करने से अमृत अग्नि में नहीं पड़ता और न वायु का ही प्रकोप होता है। यह बन्ध दृढ़ता पूर्वक कष्ट का संकोच करने से दोनों नाड़ियों का स्तम्भन करने वाला है। इसे सोलह आधारों का बन्धन कर्त्ता मध्य चक्र जानना चाहिए ॥७०-७३॥

व्याख्या—इस बन्ध को जरामृत्यु का नाशक इसलिए माना है कि ब्रह्मरन्ध्र से जो चन्द्रामृत स्रवित होकर उदरस्थ अग्नि में भस्म होता रहता है, उसके अभाव में जीवन का नष्ट होना अवश्यंभावी है। यह बन्ध उस अमृत को अग्नि में गिरने से रोकता है। योगकुण्डल्युपनिषत् में कहा है—

पूरकान्ते तु कर्त्तव्यो बन्धो जालन्धराभिधः।
कण्ठ संकोच रूपोऽसा वायुमार्ग निरोधकः ॥
अधस्तात्कुंचने नाशु कण्ठ-संकोचने कृते।
मध्ये पश्चिमतानेन स्यात्प्राणो ब्रह्मनाडिगः ॥

अर्थात्—पूरक के अन्त में जालन्धर बन्ध करना चाहिए। इसमें कण्ठ के संकोच द्वारा वायु का निरोध किया जाता है। अधोभाग में मूलबन्ध द्वारा गुदा का आकुंचन करे और ऊपर से जालन्धर बन्ध द्वारा कंठ का संकोच तथा मध्य में उड्डियान बन्ध द्वारा प्राण को खींचें तो प्राण ब्रह्मनाड़ी अर्थात् सुषुम्ना में चढ़ने लगता है।

इस प्रकार कण्ठ का संकोच करने से इड़ा और पिंगला दोनों नाड़ियों का स्तम्भन स्वतः हो जाता है। कण्ठ में सोलह दल का विशुद्ध चक्र है, वहाँ वायु को रोककर बन्धन करने वाला होने से इस बन्ध को मध्य चक्र कहा है।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मूलस्थानं समाकुंच्य उडि्डयानं तु कारयेत् ।
इडाँ च पिंगलाँ बद्ध्वा वाहयेत्पश्चिमे पथि ।।७४
अनेनैव विधानेन प्रयाति पवनालयम् ।
ततो न जायते हृत्युर्जरारोगादिकं तथा ।।७५
बन्धत्रयमिदं श्रेष्ठं महासिद्धैश्च सेवितम् ।
सर्वेषा हठतंत्राणां साधनं योगिनो विन्दुः ।।७६

टीका—मूल स्थान का भले प्रकार संकोच करके उड्डियान बन्ध करे, जिससे इडा, पिङ्गला का स्तम्भन होकर प्राण को पश्चिम मार्ग में ले जाय। इस विधान से ही प्राण का लय हो जाता है, तब रोग, जरा, मृत्यु आदि नहीं होते। यह तीन बन्ध श्रेष्ठ हैं, महासिद्धों द्वारा इनका सेवन किया जाता है। हठयोग के सब साधनों में इसकी उपयोगिता को योगी पुरुष जानते हैं ।।७४-७६।।

व्याख्या—आधार स्थान को ठीक प्रकार से संकुचित करके नाभि से पश्चिमतान रूप बन्ध (उड्डियान) को करना चाहिए तथा कण्ठ के संकोच से इड़ा-पिङ्गला का बन्धन करे जो कि जालन्धर बन्ध से होता है तदनन्तर प्राण के सुषुम्ना में प्रविष्ट होने का प्रयत्न करे। ऐसा करने से प्राण का लय अर्थात् स्थैर्य हो जाता है। आशय यह है कि उसका बाह्य गमन रुक कर ब्रह्मरन्ध्र में ही स्थिति हो जाती है। इस प्रकार की उपलब्धि होने पर साधक को किसी रोग, बुढ़ापा, मृत्यु आदि का भय नहीं रहता।

इस प्रकार उपर्युक्त उड्डियान वन्ध, मूलबन्ध और जालन्धर बन्ध तीनों ही श्रेष्ठ हैं। बड़े-बड़े योगीश्वर, परम

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सिद्धि आदि ने इनको करके ही इच्छित सिद्धि और मोक्ष को प्राप्त किया। इसलिए योगाभ्यासियों को प्रयत्न पूर्वक इनका अभ्यास करना चाहिए।

यत्किंचित्स्रवते चन्द्रादमृतं दिव्यरूपिण:।
तत्सर्वं ग्रसते सूर्यस्तेन पिंडो जरायुत: ।।७७
तत्रास्ति करणं दिव्यं सूर्यस्य मुखवंचनम्।
गुरूपदेशतो ज्ञेयं न तु शास्त्रार्थकोटिभि: ।।७८

टीका—दिव्य तालुमूल में स्थित चन्द्रमा से जिस अमृत का स्राव होता है, उसे नाभि में स्थित अग्नि सम्पूर्ण रूप से ग्रस लेता है। उसे रोकने के लिए सूर्य मुख का वंचन करने वाले दिव्य करण को गुरु के उपदेश से जानना चाहिए, क्योंकि उसके बिना करोड़ों शास्त्रों का अर्थ जानना भी व्यर्थ है ।।७७-७८।।

व्याख्या—पहले भी बता चुके हैं कि तालमूल में चन्द्रमा का निवास माना गया है वह अमृत की वर्षा किया करता है। परन्तु नाभि में सूर्य संज्ञक जिस अग्नि का निवास है, वह उसे अमृत का ग्रास कर लेता है। परन्तु उसके ग्रसन को रोकने के लिये सूर्य के मुख को बन्द करना आवश्यक है। यदि उसका मुख रुक जाता है तो धातुओं और रसों का ह्रास भी रुक जाता है और आयु का क्षय नहीं होता। उसे रोकने का उपाय योगीश्वर सिद्ध पुरुषों को ज्ञात रहता है, उन्हें गुरु रूप में वरण करके उनसे वह उपाय सीखना चाहिए। यदि गुरु से उसे नहीं सीखते तो करोड़ों शास्त्र पढ़कर भी नहीं सीख सकते। क्योंकि शास्त्रों में विधि-विधान तो लिखा होता है, परन्तु उसमें अनेक बातें ऐसी होती हैं जिनका स्पष्टीकरण अनुभवी सद्गुरु ही करने में समर्थ होता है, इसलिए गुरु से दीक्षा ग्रहण करना आवश्यक है।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विपरीतकरणी मुद्रा

ऊर्ध्वं नाभेरधस्तालोरूर्ध्वं भानुरधः शशी ।
करणी विपरीताख्या गुरुवाक्येन लभ्यते ॥७६
नित्यमभ्याससक्तस्य जठराग्निविवर्धिनी ।
आहारो बहुलस्तस्य संपाद्यः साधकस्य च ॥८०

टीका—जिस योगी के ऊर्ध्व भाग में नाभि और अधो-भाग में ताल हो जाय, इस ऊर्ध्व भाग में सूर्य अधोभाग में चन्द्रमा को कर देने वाली क्रिया विपरीतकरणी मुद्रा कहलाती है, इसे गुरु के वाक्यों द्वारा प्राप्त करते हैं। नित्यप्रति अभ्यास में लगे रहने वाले योगी के लिये यह मुद्रा जठराग्नि बढ़ाने वाली तथा इसके द्वारा साधक इच्छानुसार अधिक भोजन कर सकता है ॥७६-८०॥

व्याख्या—इस मुद्रा के द्वारा तालु में अवस्थित चन्द्रमा नीचे और नाभि में अवस्थित सूर्य ऊपर हो जाता है। इसमें शिर और नीचे पाँव ऊपर करके स्थित होना होता है। इससे जठराग्नि इतनी बढ़ जाती है कि जितना भी खाया जाय सर-लता से पच जाता है। परन्तु अल्पाहार नहीं करना चाहिए, अन्यथा हानि हो सकती है। क्योंकि—

अल्पाहारो यदि भवेदग्निर्दहति तत्क्षणात् ।
अधः शिराश्चोर्ध्वपादः क्षणं स्यात्प्रथमे दिने ॥८१
क्षणाच्च किंचिदधिकमभ्यसेच्च दिने दिने ।
वलितं पलितं चैव षण्मासोर्ध्वं न दृश्यते ॥
याममात्रं तु यो नित्यमभ्यसेत्स तु कालजित् ॥८२

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

 Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

टीका—यदि इसका अभ्यास करने वाला साधक अल्प आहार करता है तो प्रदीप्त जठराग्नि उसके शरीर को उसी समय भस्म कर देती है। प्रथम दिन के अभ्यास में क्षण भर के लिए नीचे शिर और ऊपर पाँव करने चाहिए। फिर दिनों दिन अभ्यास को एक-एक क्षण करके बढ़ावे तो छः महीने में बली पलित अदृश्य हो जाते हैं। यदि एक प्रहर नित्य अभ्यास करे तो काल को भी जीत सकता है ॥८१-८२॥

व्याख्या—अल्प भोजन करने से इस मुद्रा के अभ्यासी साधक की जठराग्नि उसके शरीर को नष्ट कर डालती है। इसलिए यथेच्छ भोजन कर सके तो ही इस मुद्रा का अभ्यास करें।

इसमें नीचे शिर और ऊपर पाँव करके एक-एक क्षण नित्य बढ़ाते हुए अभ्यास करना चाहिए। इससे केशों का श्वेत होना झड़ना आदि नष्ट होता है तथा तीन घण्टे नित्य अभ्यास करने से मृत्यु पर भी विजय प्राप्त हो सकती है।

इस सबसे यह भी प्रकट होता है कि योग की महिमा प्रारब्ध कर्म से भी बढ़कर है, क्योंकि योग के द्वारा प्रारब्ध के फल को भी नष्ट किया जा सकता है। इसलिए साधक को योगाभ्यास में प्रयत्नशील रहना ही श्रेयस्कर है।

वज्रोली मुद्रा

स्वेच्छया वर्तमानोऽपि योगोक्तैर्नियमैर्विना ।
वज्रोलिं यो विजानाति स योगी सिद्धिभाजनम् ।८३
तत्र वस्तुद्वयं वक्ष्ये दुर्लभं यस्य कस्यचित् ।
क्षीरं चैकं द्वितीय तु नारी च वशवर्तिनी ॥८४

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मेहनेन शनैः सम्यगूर्ध्वाकुंचनमभ्यसेत् ।
पुरुषोऽप्यथवा नारी वज्रोलीसिद्धिमाप्नुयात् ॥८५
यत्नतः शस्तनालेन फूत्कारं वज्रकंदरे ।
शनैः शनैः प्रकुर्वीत वायुसंचारकारणात् ॥८६

टीका—जो योगी वज्रोली मुद्रा का ज्ञाता है, वह योग-शास्त्र के नियमों का पालन न करके स्वेच्छा पूर्वक व्यवहार करे तो सिद्धिभाजन होता है। वज्रोली के साधक के लिए जो दो दुर्लभ वस्तुएँ हैं उन्हें मैं बताता हूँ। उनमें एक तो दूध है और दूसरी वश में रहने वाली स्त्री है। पुरुष हो या नारी बिन्दु को झरने से रोकने या आकुंचन करने का धीरे-धीरे अभ्यास करे तो वज्रोली मुद्रा सिद्ध हो सकती है। शीशे की बनी हुई नली से धीरे-धीरे उपस्थ के छिद्र में वायु के संचारार्थ प्रयत्न पूर्वक इस प्रकार फूत्कार करे जिस प्रकार कि अग्नि को प्रज्वलित करने के लिए फूँक मारते हैं ॥८३-८६॥

व्याख्या—वज्रोली मुद्रा का ज्ञाता पुरुष शास्त्र के नियमों की उपेक्षा करके भी किसी प्रकार वज्रोली मुद्रा का साधन करता है, उसे भी सिद्धि प्राप्त हो सकती है। इसका अभ्यास करने वाले के लिये दूध और स्त्री दुर्लभ वस्तु है। अर्थात् साधक को इनसे बचना चाहिए। कुछ लोगों का मत है कि अभ्यास काल में दुग्ध पान उचित है, परन्तु कुछ विद्वान् इसे ठीक नहीं मानते और यह कहते हैं कि स्त्री-संसर्ग के पश्चात् निर्बलता को प्राप्त हुई इन्द्रियों की प्रबलता के लिए तो दुग्धपान हितकर है, परन्तु वज्रोली के साधन के लिए अयोग्य है।

वज्रोली मुद्रा की सिद्धि किस प्रकार हो? इस पर कहते हैं कि पुरुष या स्त्री कोई भी हो बिन्दु को झरने से रोकने के

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karouhdi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

लिए उसके ऊपर आकुंचन का अभ्यास करना चाहिए। योग-तत्वोपनिषत् में कहा है—

वज्रोलीमभ्यसेद्यस्तु स योगी सिद्धि भाजनम् ।
लभ्यते यदि यस्यैव योगसिद्धिः करे स्थिता ।
अतीतानागतं वेत्ति खेचरी च भवेद् ध्रुवम् ॥

अर्थात्—जो वज्रोली का अभ्यास करे वह सिद्धि का पात्र होता है। यदि वज्रोली की सिद्धि प्राप्त करले तो योग की सिद्धि उसके हाथ में ही समझो। वह भूत, भविष्य का भी ज्ञाता हो जाता है और उसे आकाश-गमन की सामर्थ्य प्राप्त हो जाती है।

शीशे की चौदह अंगुल लम्बी और उपस्थ के छिद्र में प्रविष्ट होने योग्य मोटी सलाई बनवाकर उसे उपस्थ में प्रवेश करने का अभ्यास करें। प्रथम दिन केवल एक अंगुल घुसावे, फिर क्रमशः एक-एक अंगुल नित्य बढ़ाता हुआ बारह अंगुल तक ले जाय। बस बारह अंगुल सलाई के प्रवेश से ही उपस्थ का मार्ग शुद्ध हो जायगा।

तदनन्तर चौदह अंगुल लम्बी एक सलाई और बनवाये जो कि टेढ़ी और ऊपर की ओर मुख वाली हो। उसे भी क्रमशः बारह अंगुल ही प्रविष्ट करे, उस टेढ़े और ऊर्ध्वमुख वाले भाग को बाहर रखे। फिर स्वर्णकार की धौंकनी के नल के समान नलका लेकर उसके अगले भाग को उपस्थ में प्रविष्ट टेढ़ी और ऊर्ध्वमुख की सलाई के मध्य में घुसाकर फूत्कार करने से उपस्थ मार्ग का शोधन हो जाता है।

इसके पश्चात् जल के आकर्षण का अभ्यास करे और जब वह सिद्ध हो जाय तब बिन्दु के ऊर्ध्व आकर्षण का अभ्यास करना चाहिए। बस, इसकी सिद्धि होने पर ही वज्रोली मुद्रा सिद्ध हो जाती है।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

नारीभगे पतिद्बिन्दुमभ्यासेनोर्ध्वमाहरेत् ।
चलितं च निजं बिंदुमूर्ध्वमाकृष्य रक्षयेत् ॥८७

एवं संरक्षयेद्बिंदुं मृत्युं जयति योगवित् ।
मरणं बिन्दुपातेन जीवनं बिन्दुधारणात् ॥८८

सुगन्धो योगिनो देहे जायते बिन्दुधारणात् ।
यावद्बिंदुः स्थिरो देहे तावत्कालभयं कुतः ॥८९

चित्तायत्तं नृणां शुक्रं शुक्रायत्तं च जीवितम् ।
तस्माच्छुक्रं मनश्चैवं रक्षणीयं प्रयत्नतः ॥९०

ऋतुमत्या रजोऽप्येवं सम्यगभ्यासयोगवित् ।
मेढ्रेणाकर्षयेदूर्ध्वं सम्यगभ्यासयोगवित् ॥९१

टीका—योनि में पतित होते हुए बिन्दु का अभ्यास करता हुआ ऊर्ध्व आकर्षण करे। यदि बिन्दु चलित हो जाय तो भी उसका ऊपर को आकर्षण करके रक्षा करनी चाहिए। इस प्रकार जो योगविद बिन्दु की रक्षा सम्यक् प्रकार करता है, वह मृत्यु को भी जीत लेता है। क्योंकि बिन्दु के पतन से मृत्यु और बिन्दु की रक्षा से ही जीवन है। मनुष्यों का शुक्र चित्त के आश्रित है और जीवन शुक्र के आश्रित है, इसलिए शुक्र और मन दोनों की प्रयत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिए। ऋतुमती स्त्री के रज की और अपने बिन्दु की भी उक्त प्रकार के अभ्यास से रक्षा करे। योगवेत्ता पुरुष मेढ्र द्वारा रज और बिन्दु के ऊपर की ओर आकर्षण से रक्षा कर सकता है ॥८७-९१॥

व्याख्या—पतित हुआ बिन्दु भी उक्त मुद्रा के अभ्यास द्वारा आकर्षित करके अपने पूर्व स्थान पर स्थापित किया जा

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

सकता है। पुरुष को अपने ही नहीं, स्त्री के भी रज की रक्षा करनी चाहिए। क्योंकि रज या वीर्य ही मनुष्य का जीवन है, यदि वही शरीर से निकल गया तो चाहे मृत्यु न भी हुई हो, तो भी मृत्यु के ही समान है।

इसमें यह भी समझ लेना चाहिए कि यदि पतन से पूर्व बिन्दु का क्षरण न रोका जा सके तो पतित हुए बिन्दु का आकर्षण किया जा सकता है। परन्तु इसकी सिद्धि अभ्यास से ही सम्भव है। पतित हुए बिन्दु को उसके आश्रय स्थान मस्तक में पुनः स्थापन करना चाहिए।

बिन्दु चित्त के अधीन है। यदि चित्त में कामवासना का आधिक्य है, उत्तेजना बढ़ गई है तो हो सकता है कि बिन्दु का पतन हो जाय। इसीलिए स्त्री के विषय में चिन्तन का भी योगाभ्यासी के लिए निषेध किया जाता है क्योंकि चित्त के चंचल होने पर बिन्दु भी चलायमान हो जाता है और चित्त स्थिर है तो शुक्र के पतन का अवसर ही नहीं आ सकता।

'शुक्रायत्तं व जीवितम्' कहकर ग्रन्थकार ने प्रकट किया है कि शुक्र है तो जीवन है और शुक्र नहीं तो जीवन भी नहीं। इसीलिए आवश्यक है कि शुक्र की रक्षा की जाय। क्योंकि शुक्र के रक्षित न रहने पर शरीर दुर्बल, रोग-ग्रस्त और शक्तिहीन हो जाता है और धीरे-धीरे वह मनुष्य मृत्यु मुख में पहुँच जाता है।

सहजोलिश्चामामरोलिर्वज्रोल्या भेद एकतः।
जले सुभस्म निक्षिप्य दग्धगोमयसंभवम् ॥९१
वज्रोलीमैथुनादूर्ध्वं स्त्रीपुंसोः स्वांगलेपनम्।
आसीनयोः सुखेनैव मुक्तव्यापारयोः क्षणात् ॥९२

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सहजोलिरियं प्रोक्ता श्रद्धेया योगिभिः सदा ।
अयं शुभकरो योगो भोगयुक्तोऽपि मुक्तिदः ॥९४
अयं योगः पुण्यवतां धीराणां तत्वदर्शिनाम् ।
निर्मत्सराणा सिध्येत न तु मत्सरशालिनाम् ॥९५

टीका—सहजोली और अमरोली यह दोनों मुद्राएँ वज्रोली के ही भेद हैं। जलाये हुए कण्डों की सुन्दर भस्म को जल में डाल दे और मैथुनान्तर सुखपूर्वक बैठे हुए स्त्री-पुरुष उस भस्म को अपने अङ्गों पर लेपन करें। यह सहजोली कही जाने वाली क्रिया योगियों द्वारा सदैव श्रद्धा के योग्य है तथा यह शुभकारी योग, भोग और मोक्ष दोनों को देने वाला है। वह योग पुण्यवान्, धीरे, तत्वदर्शी और द्वेष रहित पुरुषों को सिद्ध होता है, द्वेष-युक्तों को सिद्ध नहीं होता ॥९२-९७॥

व्याख्या—वज्रोली मुद्रा के समान ही सहजोली और अमरोली मुद्राएँ भी हैं। कुछ विद्वान् इन्हें भिन्न मानते हैं और कुछ किंचित् विशेषता के साथ एक ही समझते हैं इसलिए कुछ संहिताओं में सहजोली और अमरोली का वर्णन नहीं किया है।

सहजोली के साधक स्त्री-पुरुष संसर्ग के अनन्तर कण्डों की भस्म को जल में मिलाकर अपने सर्वांग अर्थात् शिर, ललाट, नेत्र, हृदय, भुजा, उदर, नाभि आदि पर लेप करे। वज्रोली के साथ इस भस्म लेपन को ही सहजोली कहा गया है।

अमरोली मुद्रा

पित्तोल्वणत्वात्प्रथमां विहाय निः सारतांत्य धारा। निषेव्यते शीतलमध्यधारा कापालिके खण्ड-मतेऽमरोली ॥९६

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अमरी यः पिबेन्नित्यं नस्यं कुर्वन्दिनेदिने ।
वज्रोलीमभ्यसेत्सम्यगमरोलीति कथ्यते ॥९७
अभ्यासान्निःसृतां चांद्री विभूत्या सह मिश्रयेत् ।
धारयेदुत्तमांगेषु दिव्यदृष्टिः प्रजायते ॥९८

टीका—अधिक पित्त वाली बिन्दु-धारा को तथा सार-अंश-रहित अन्य धारा को कुछ-कुछ छोड़कर शीतल मध्य धारा का सेवन किया जाता, उसे कापालिक मत में अमरोली मुद्रा कहते हैं। जो साधक नासिका द्वारा अमरी का नित्य पान करता हुआ वज्रोली का अभ्यास करता है उसे अमरोली कहते हैं। उस अभ्यास से निःसृत चन्द्रामृत को भस्म में मिलाकर उत्तम अङ्गों में धारण करे तो उसकी दिव्य दृष्टि हो जाती है ॥९६-९८॥

व्याख्या—प्रथम बिन्दु धारा में पित्त की अधिकता कही है और दूसरी अन्त्यधारा में सारांश का अभाव बताया है। इन दोनों धाराओं का शनैः-शनैः त्याग करना चाहिए अर्थात् पित्तादि दोषों से युक्त और निःसार धारा को छोड़कर शीतल शान्तिप्रद धारा का सेवन करना चाहिए। अभिप्राय यह है कि बिन्दुरूप धारा का सेवन (क्षरण) लाभकर नहीं है। शिवाबुरूप अमरी का नासिका द्वारा पान करता हुआ मैथुन द्वारा वज्रोली का अभ्यास करे, परन्तु बिन्दु-पात न करे।

'शीतल मध्य धारा' का अभिप्राय चन्द्रामृत से है, उसे गोबर की भस्म में मिलाकर श्रेष्ठ अङ्गों में मलना चाहिए, निकृष्ट अङ्गों में मलने का निषेध समझें। उत्तमांगों में शिर कपाल, नेत्र, कन्धे, कण्ठ, हृदय और भुजा आदि माने जाते हैं। 'दिव्य दृष्टिः प्रजायते' का अर्थ है नेत्रों की दृष्टि तीव्र हो जाना

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उसे दूरदर्शन-शक्ति भी कह सकते हैं। इस प्रकार यह मुद्रा खण्ड कापालिक मत में अमरोली कहलाती है।

नारी की वज्रोली के साधन कथन

पुंसो बिन्दुं समाकुंच्य सम्यगभ्यासपाटवात्।
यदि नारी रजो रक्षेद्वज्रोल्या सापि योगिनी ॥९९
तस्याःकिंचिद्रजो नाशं न गच्छति न संशयः।
तस्या शरीरेनादश्च विंदुतामेव गच्छति ॥१००

टीका—सम्यक् अभ्यास के कौशल से जो नारी पुरुष के बिन्दु का आकर्षण करके वज्रोली मुद्रा के द्वारा अपने रज की रक्षा करती है तो उसे भी योगिनी समझना चाहिए। उस नारी का रज किंचित् भी नाश को प्राप्त नहीं होता इसमें संशय नहीं है। उसके शरीर में नाद भी बिंदु रूप हो जाता है ॥९९-१००॥

व्याख्या—इसमें स्त्री के वज्रोली-साधन का वर्णन हुआ है इस साधन के करने से स्त्री का रज भी अपने स्थान से च्युत नहीं होता और मूलाधार से उठा हुआ नाद हृदय के ऊपर पहुँचकर बिन्दुरूप हो जाता है। स्त्री-पुरुष के रजवीर्य का शरीर के ब्रह्म संयोग होने से संतानोत्पत्ति होती है, परन्तु दोनों का आंतरिक योग होने पर ही योगी कहा जाता है। उन दोनों में चन्द्रमय और रज सूर्यमय है इनका योग होने से परमपद की प्राप्ति हो जाती है।

स बिंदुस्तद्रजश्चैव एकीभूय स्वदेहगौ।
वज्रोल्यभ्यासयोगेन सर्वसिद्धि प्रयच्छतः ॥१०१
रक्षेवा कुंचनादूर्ध्वं या रजः सा हि योगिनी।
अतोतानागतं वेत्ति खेचरी च भवेद् ध्रुवम् ॥१०२

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

देहसिद्धिं च लभते वज्रोल्यभ्यासयोगतः ।
अयं पुण्यकरो योगो भोगे भुक्तेऽपि मुक्तिदः ॥१०३

टीका—वज्रोली के अभ्यास से बिन्दु और रज दोनों एक होकर अपने शरीर में ही स्थित हो जाँय तो सभी सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं। जो स्त्री योनि-संकोच द्वारा ऊर्ध्व ले जाकर रज की रक्षा करे वह योगिनी है। उसे भूत, भविष्यत् का ज्ञान हो जाता है तथा निश्चय ही खेचरी सिद्ध हो जाती है। वज्रोली के अभ्यास से अवश्य ही देह-सिद्धि होती है। यह पुण्योत्पादक योग भोगों के भोगने पर भी मुक्तिदायक होता है ॥१०१-१०३॥

व्याख्या—उक्त प्रकार से अभ्यास सिद्ध करने वाली स्त्री को त्रिकाल का ज्ञान होता है। रूप-लावण्य की प्राप्ति होकर शरीर में दिव्यता का समावेश होता है। अथवा जो सिद्धियाँ सिद्ध पुरुष को प्राप्त होती हैं, सभी वज्रोली की साधिका योगिनी को प्राप्त हो जाती हैं—

कुण्डलिनी के पर्याय कथन

कुटिलांगी कुण्डलिनी भुजङ्गी शक्तिरीश्वरी ।
कुण्डल्यरुंधती चैते शब्दाः पर्यायवाचकाः ॥१०४

टीका—कुटिलांगी, कुण्डलिनी, भुजङ्गी, शक्ति, ईश्वरी, कुण्डलिनी, अरुन्धती यह सब पर्यायवाचक हैं ॥१०४॥

व्याख्या—यहाँ कुण्डलिनी शक्ति के सात पर्यायवाचक नामों का वर्णन किया है, जिससे जिज्ञासु को यह समझने में कठिनाई न हो कि यह सभी नाम कुण्डलिनी के ही हैं। क्योंकि स्थलभेद से ग्रन्थों में कुण्डलिनी के अर्थ में उक्त में से कोई भी नाम मिल सकता है।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उद्घाटयेत्कपाटं तु यथा कुंचिकया हठात् ।
कुंडलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं विभेदयेत् ॥१०५
येन मार्गेण गंतव्यं ब्रह्मस्थानं निरामयम् ।
मुखेनाच्छाद्य तद्द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी ॥१०६
कन्दोर्ध्वकुण्डली शक्तिः सुप्ता मोक्षाय योगिनाम् ।
बन्धनाय च मूढानां यस्तां वेत्ति स योगवित् ॥१०७

टीका—जिस प्रकार कुंजी के द्वारा हठपूर्वक किवाड़ खोले जाते हैं, उसी प्रकार योगी कुण्डलिनी के द्वारा मोक्ष के द्वार को खोलते हैं। जिस मार्ग से निरामय ब्रह्मस्थान को जाते हैं, उसी द्वार के मुख को ढक कर वह परमेश्वरी सोती है। कन्द ऊर्ध्व भाग में सोती हुई कुण्डलिनी योगियों के लिए मोक्ष के निमित्त होती है, परन्तु मूढ़ों के लिए बन्धन प्रद हो जाती है, जो उसे जानता है वही योग का जानने वाला है ॥१०५-१०७॥

व्याख्या—कुण्डलिनी शक्ति मोक्ष के द्वार को खोल सकती है परन्तु वह निरामय ब्रह्मपद को जाने वाले मार्ग को ढक कर सोती रहती है। यह मूर्खों या अज्ञानियों के लिए बन्धन डालने वाली है, जब कि योगाभ्यासियों को उससे मोक्ष प्राप्त हो सकता है। इसलिए अभ्यास से पूर्व इसके विषय में पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना और इसके रहस्य को भली प्रकार समझ लेना चाहिए।

कुण्डलिन्यां समुद्भुता गायत्री प्राणधारिणी ।
प्राणविद्या महाविद्या यस्तां वेत्ति स वेदवित् ॥

—योगचूडामण्युपनिषत्

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अर्थात्—प्राणधारिणों गायत्री कुण्डलिनी से ही उत्पन्न होती है। यही प्राणविद्या और महाविद्या है, जो इस विद्या को जानते हैं वही वेद के जानने वाले हैं।

कुण्डली कुटिलाकारा सर्पवत्परिकीर्तिता ।
सा शक्तिश्चालिता येन स मुक्तो नात्र संशयः ॥१०८
गङ्गायमुनयोर्मध्ये बालरण्डा तपस्विनीम् ।
बलत्कारेण गृह्णीयात्तद्विष्णोः परमं पदम् ॥१०९
इडा भगवती गङ्गा पिंगला यमुना नदी ।
इडापिंगलयोर्मध्ये बालरण्डा च कुण्डली ॥११०

टीका—कुण्डलिनी का आकार कुटिल, सर्प के समान कहा जाता है, जो इस शक्ति का चालन करता है, वह मुक्त है, इसमें संशय नहीं है। गङ्गा, यमुना के मध्य में तपस्विनी बालरंडा है, उसे बल पूर्वक ग्रहण करना ही परमपद है। इडा भगवती गङ्गा और पिङ्गला यमुना नदी है तथा इडा-पिङ्गला के मध्य में जो कुण्डली है, वही बालरण्डा है ॥११०॥

व्याख्या—कुण्डलिनी का आकार सर्पिणी जैसा होता है वह साढ़े तीन कुण्डली मारे हुए रहती है। इस शक्ति को चालन करने वाला साधक अवश्य मुक्त हो जाता है। गङ्गा, यमुना कहकर यहाँ इडा और पिङ्गला नाड़ियों का माहात्म्य वर्णन किया है। अर्थात् इडा नाड़ी गङ्गा के समान और पिङ्गला नाड़ी यमुना के समान पवित्र हैं। इनके मध्य तपस्विनी बालरण्डा के नाम से स्वयं कुण्डलिनी शक्ति विद्यमान रहती है। यहाँ बालरण्डा का अर्थ कुछ न खाने वाली कहा है, इसका तात्पर्य हुआ प्रसुप्ता, उस सोती हुई कुण्डलिनी को हठयोग के द्वारा जगाकर परमपद प्राप्त करने का उपदेश है।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

शक्ति चालन मुद्रा

पुच्छे प्रगृह्य भुजंगी सुप्तामुद्बोधयेच्च ताम् ।
निद्रां विहाय सा शक्तिरुर्ध्वमुत्तिष्ठते हठात् ॥१११

अवस्थिता चैव फणावती सा
प्रातश्च सायं प्रहरार्धमात्रम् ।
प्रपूर्य सूर्यात्परिधानयुक्त्या प्रगृह्य
नित्यं परिचालनीया ॥११२

ऊर्ध्वं वितस्तिमात्रं तु विस्तारं चतुरंगुलम् ।
मृदुलं धाववलं प्रोक्तं वेष्टितांबरलक्षणम् ॥११३
सति वज्रासने पादौ कराभ्यां धारयेद्दृढम् ।
गुल्फदेशसमीपे च कंदं तत्र प्रपीडयेत् ॥११४
वज्रासने स्थितो योगी चालयित्वा च कुंडलीम् ।
कुर्यादनंतरं भस्त्रां कुण्डलीमाशु बोधयेत् ॥११५

टीका—सोती हुई भूजङ्गी की पूँछ को पकड़कर प्रबोधन करने से वह शक्ति निद्रा छोड़कर ऊपर उठकर स्थिर हो जाती है। वह फणवती प्रातःकाल सायं-ककाल में आधे प्रहर तक सूर्य से पूरित परिधान से ग्रहण करके नित्य चलानी चाहिए। मूल स्थान से विलाँद भर ऊपर चार अंगुल विस्तार वाले कोमल, श्वेत और वेष्टित किये वस्त्र के समान कहा जाता है। वज्रासन में स्थित होकर दोनों पाँवों को एड़ियों के पास से हाथों द्वारा दृढ़ता से धारण कर उस कन्द का प्रपीडन करे। वज्रासन में स्थित हुआ योगी कुण्डली का चालन करता हुआ भस्त्रा-कुम्भक के द्वारा कुण्डली को जाग्रत करे ॥१११-११५॥

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

व्याख्या—पूँछ पकड़ कर कुण्डलिनी को जगाने का अभिप्राय यह है कि प्राणनिरोध के अभ्यास से वायु द्वारा ताड़ित होने पर कुण्डलिनी जाग्रत हो जाती है, उस अभ्यास को सिद्ध करना चाहिए। इसका चालन करने के लिए प्रातः सायं दोनों समय डेढ़-डेढ़ घण्टे नित्य प्रति अभ्यास करना चाहिए।

मूल स्थान से बिलाँद भर ऊपर यानी नाभि स्थान और उपस्थ के मध्य में कन्द स्थान कहलाता है। गोरक्षसंहिता में इसका वर्णन इस प्रकार मिलता है कि नाभि के नीचे कन्द की जो योनि है, वह पक्षी के अण्डे के समान है, जिसमें बहत्तर नाड़ियाँ उत्पन्न होकर शरीर के सभी अङ्गों में गई हैं। वह कन्द स्थान कोमल और उज्ज्वल वस्त्र के समान एक बिलाँद भर लम्बा और चार अंगुल चौड़ा होता है।

वज्रासन करके एड़ियों से ऊपर पाँवों को पकड़ कर नाभि के नीचे के भाग में कन्द को पीड़ित करे। इस प्रकार करता हुआ साधक शक्तिचाल मुद्रा के साथ भस्त्रा कुम्भक के द्वारा कुण्डलिनी को जाग्रत करना चाहिए, परन्तु इससे यह प्रकट होता है कि भस्त्रा कुम्भक के साथ वज्रासन ही करें अन्य आसन न करें।

भानोराकुंचनं कुर्यात्कुंडलीं चालयेत्ततः।
मृत्युवक्त्रगतस्यापि तस्य मृत्युभयं कुतः ॥११६

मुहूर्तद्वयपर्यन्तं निर्भयं चालनादसौ।
ऊर्ध्वमाकृष्यते किंचित्सुषुम्नायां समुद्गता ॥११७

तेन कुण्डलिनी तस्याः सुषुम्नायां मुखं ध्रुवम्।
जहाति तस्मात्प्राणोऽयं सुषुम्नां व्रजति स्वतः ॥११८

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

टीका—सूर्य का आकुंचन करने से कुण्डली का चालन होता है। इस क्रिया को करने वाले योगी को मृत्यु के मुख में जाने पर भी मृत्यु का भय कहाँ है ? इसका चालन निर्भय रूप से दो घड़ी पर्यन्त करे तो सुषुम्ना गई हुई यह शक्ति ऊपर खिचती है। वैसा होने पर वह कुण्डलिनी सुषुम्ना के मुख में चली जाती है इसलिए प्राण भी स्वतः सुषुम्ना में चला जाता है ॥११४-११८॥

व्याख्या—नाभिदेश के आकुंचन से वहाँ स्थित सूर्य (अग्नि) का आकुंचन होता जाता है और सूर्यका आकुंचन होने पर ही शक्ति का चालन होता है। इस प्रकार का चालन दो मुहूर्त्त तक करने से ही कुण्डलिनी सुषुम्ना में जाकर ऊपर की ओर खिचती है उसके द्वारा सुषुम्ना का मुख छोड़कर ऊपर जाने के कारण प्राण के लिए सुषुम्ना का मुख खुला मिलता है, इसलिए वह भी बाधा-रहित रूप से उसमें घुसकर ऊपर की ओर चढ़ता है। 'कुण्डलीं चालयन्प्राणान्भेदयन्शशिमण्डलम्' (ब्र० वि० उ०) के अनुसार कुण्डली और प्राण का चालन करके चन्द्र मण्डल का भेदन करे। योगकुण्डल्युपनिषत् में कहा है—

अधस्तात्कुंचनेनाशु कण्ठ संकोचने कृते ।
मध्ये पश्चिमताने स्यात्प्राणो ब्रह्मनाडीगः ॥

अर्थात्—अधोभाग में गुदा का आकुंचन, ऊर्ध्वभाग में कण्ठ का संकोचन और मध्य में पश्चिमतान से प्राण का आकर्षण करे तो (सब ओर से रोका हुआ) प्राण ब्रह्मनाड़ी अर्थात् सुषुम्ना में प्रविष्ट हो जाता है।

तस्मात्संचालयेन्नित्यं सुखसुप्तामरुंधतीम् ।
तस्याः संचालनेनैव योगी रोगैः प्रमुच्यते ॥११९

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

येन संचालिता शक्तिः स योगी सिद्धिभाजनम् ।
किमत्र वहुनोक्तेन कालं जयति लीलया ।।१२०

टीका—इसलिए नित्यप्रति के अभ्यास द्वारा सुख पूर्वक सोर्ता! हुई अरुन्धती का चालन करे, उसके चालन करने मात्र से ही योगी सब रोगों से मुक्त हो जाता है । जिसने शक्ति का चालन कर लिया वह योगी सिद्धि का पात्र हो गया । बहुत क्या कहें ? वह लीलापूर्वक काल को भी जीत लेता है । ।।११९-१२०।।

व्याख्या—सोती हुई कुण्डलिनी को जगाकर चालन करने वाला साधक सभी रोगों से रहित एवं पूर्ण स्वस्थ हो जाता है । मृत्यु भी उसका कुछ बिगाड़ नहीं सकती । सभी विघ्न बाधाओं और व्याधियों को वह क्रीड़ा के समान उल्लंघन करने में समर्थ होता है । इस प्रकार शक्ति के चालन में कुशल योगी मृत्यु का भी विजेता हो जाता है ।

ब्रह्मचर्यरतस्यैव नित्यं हितमिताशिनः ।
मण्डलाद्दृश्यते सिद्धिः कुण्डल्याभ्यासयोगिनः ।।१२१
कुण्डली चालयित्वा तु भस्त्रां कुर्याद्विशेतः ।
एवमभ्यसतो नित्यं यमिनो यमभीः कुतः ।।१२२

टीका—जो साधक ब्रह्मचर्य परायण रहता हुआ नित्य मिताहार करता है, उस कुण्डलिनी के अभ्यासी योगी को एक मण्डल में ही सिद्धि प्राप्त हो जाती है । जो योगी कुण्डली का चालन करता हुआ भस्त्रा कुम्भक हो विशेष रूप से करता है, उस अभ्यास परायण यमी को यम का भय भी कहाँ ? ।।१२१-१२२।।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

व्याख्या—ब्रह्मचर्य-परायण अर्थात् इन्द्रिय संयम में सदैव तत्पर योगी ही कुण्डलिनी के जागरण का अभ्यास कर सकता है। यदि अभ्यास करने के दिनों में ब्रह्मचर्य-रहित हो जाय तो बिन्दु का क्षय होने के कारण उसका शरीर रोगी होकर शनैः शनैः काल कवलित हो सकता है और सिद्धि तो उसे हो ही नहीं सकती है।

'मण्डल' पद काल का वाचक है, चालीस दिन के परिणाम को मण्डल कहते हैं। विधिपूर्वक कुण्डलिनी-चालन का अभ्यास करने वाला योगी एक मण्डल के समय में ही सिद्धि का दर्शन कर लेते हैं अर्थात् उन्हें सिद्धि मिल जाती है। परन्तु इसके लिए उन्हें भस्त्रा कुम्भक विशेष रूप से करना चाहिए।

यमी का अर्थ है 'यम' का पालन करने वाला। योगी को यम-नियमों का पालन आवश्यक होता है और इसीलिए वह यम-नियम-परायण रहता है, अतः 'यमी' शब्द का प्रयोग साधक के अर्थ में हुआ है। इससे यह प्रकट किया गया कि साधक मृत्यु से भी नहीं डरता। उसको साधन में कितने ही विघ्न क्यों न आकर उपस्थित हो जाँय, वह धैर्य और साहस पूर्वक उनका उल्लंघन कर जाता है। परन्तु जो यमों का पालन नहीं करता, उसे जन्म-मरण के भय में पड़ना होता है।

द्वासप्ततिसहस्राणाँ नाडीनां मलशोधने।
कुतः प्रक्षालनोपायः कुण्डल्यभ्यसनादृते ॥१२३
इयं तु मध्यमा नाड़ी दृढ़ाभ्यासेन योगिनाम्।
आसनप्राणसंयाममुद्राभिः सरला भवेत् ॥१२४

टीका—कुण्डलिनी के अभ्यास बिना बहत्तर हजार नाड़ियाँ मल शोधनार्थ उनके प्रक्षालन का अन्य उपाय ही क्या

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

है ? यह मध्य नाड़ी योगियों के दृढ़ अभ्यास द्वारा आसन प्राणायाम और मुद्रा से सरल होती है ॥१२३-१२४॥

व्याख्या—शरीर में बहत्तर हजार नाड़ियाँ हैं, सामान्य दशा में वे सभी मल से भरी रहती हैं। परन्तु कुण्डलिनी चालन का अभ्यास करने से वे नाड़ियाँ स्वयं धुल-धुलकर शुद्ध हो जाती हैं। इसलिये श्लोक में कुण्डलिनी चालन के अभ्यास का कर्तव्य रूप से संकेत है।

मध्य नाड़ी का अर्थ सुषुम्ना है, क्योंकि यही नाड़ी इडा और पिंगला के मध्य में रहती है। इसे सरल अर्थात् उपयोगी बनाने के लिए आसन, प्राणायाम, मुद्रा आदि साधनों की आवश्यकता होती है, क्योंकि उन्हीं साधनों के सिद्ध होने पर शक्ति प्रबुद्ध होकर सुषुम्ना में प्रविष्ट होती है।

अभ्यासे तु विनिद्राणां मनो धृत्वा समाधिना ।
रुद्राणी वा यदा मुद्रा भद्रां सिद्धिं प्रयच्छति ॥१२५

टीका—अभ्यास काल में अनिद्रित रह कर जो साधक मन को समाधि में लीन कर लेते हैं, उन्हें रुद्राणी आदि मुद्राएं कल्याणमयी होकर सिद्धि के देने वाली होती हैं ॥१२५॥

व्याख्या—अभ्यास के समय साधक को आलस्य और निद्रा का परित्याग करना चाहिए, क्योंकि उनके होने पर समाधि में मन का लय नहीं होता, वरन् वह तो निद्रा-रहित अवस्था में ही हो सकता है। चित्त की एकाग्रता अनिद्रित अवस्था में ही बनती है और उसी को समाधि कहते हैं।

रुद्राणी मुद्रा का अभिप्राय शाम्भवी मुद्रा से है। लक्ष्येऽन्तर्वाह्यायां दृष्टौ निमेषोन्मेषवर्जितायां च इयं शाम्भवी मुद्रा

. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collect

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भवति' (मण्डलब्राह्मणोपनिषत्) अर्थात् 'लक्ष्य के भीतर और बाहर की दृष्टि जब निर्निमेष रूप से स्थिर हो जाती है, तब यह शाम्भवी मुद्रा होती है। और इस मुद्रा का फल उसी उपनिषत् में तज्ज्ञानेन संसार निवृत्तिः, तत्पूजनं मोक्षफलदम्' कह कर उसके ज्ञान से संसार की निवृत्ति और पूजन से मोक्ष की प्राप्ति बताया है।

राजयोगं बिना पृथ्वी राजयोगं विना निशा ।
राजयोगं बिना मुद्रा विचित्रापि न शोभते ॥१२६

टीका—राजयोग के बिना पृथिवी, निशा और मुद्राविलक्षण हों तो भी शोभित नहीं होती ॥१२६॥

व्याख्या—इसमें राजयोग के बिना आसनादि अङ्गों की निष्फलता कही गई है। चित्तवृत्ति को अन्य विषयों से रोक कर आत्मा में निर्विकल्प रूप से योजित करना ही राजयोग है। जब तक साधक इस प्रकार की उपलब्धि में असमर्थ रहता है, तब तक पृथिवी अर्थात् आसन, निशा अर्थात् कुम्भक, विचित्र मुद्रा अर्थात् महामुद्रा आदि सभी निरर्थक हैं।

कुछ विद्वानों ने पृथिवी का अर्थ स्थिरता भी किया है, क्योंकि-पृथिवी स्थिर रहती है और वैसी स्थिरता राजयोग अर्थात् चित्त वृत्ति के निरोध से ही हो सकती है। निशा का अर्थ कुम्भक इसलिये किया है कि जैसे रात्रि में राजपुरुषों का आवागमन नहीं रहता वैसे ही कुम्भक में प्राण का संचार रुका रहता है। परन्तु यह प्राणनिरोध तब तक निष्फल है जब तक चित्त वृत्ति को आत्म-विषयक विचार में लीन न कर लिया जाय। यही बात महामुद्रा आदि पर भी लागू होती है कि वे कितनी भी महत्वपूर्ण क्यों न हो चित्तवृत्ति असंयमित है तो उसका महत्व किसी उपयोग का नहीं।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

 Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मारुतस्य विधिं सर्वं मनोयुक्तं समभ्यसेत् ।
इतरत्र न कर्तव्या मनोवृत्तिर्मनीषिणा ॥१२७

इति मुद्रा दश प्रोक्ता आदिनाथेन शंभुना ।
एकैका तासु यमिनां महासिद्धिप्रदायिनी ॥१२८

टीका—वायु धारण की सम्पूर्ण विधि का अभ्यास मन लगाकर करे, उससे भिन्न किसी भी कार्य में मनीषी पुरुष को मनोवृत्ति नहीं लगानी चाहिए। आदिनाथ शिवजी ने यह दश मुद्रा बताई हैं। उनमें से कोई एक मुद्रा भी यमी (योगी) के लिए महासिद्धि देने वाली हो सकती है ॥१२७-१२८॥

व्याख्या—प्राणायाम आदि की सभी विधियों को चंचल मन से न करे, वरन् मन को स्थिर करके उसी में लगा दे, तभी सफलता मिल सकती है। योगाभ्यासी पुरुष का कर्तव्य है कि वह मन को किसी अन्य विषय की ओर न जाने दें। ऊपर जो दश मुद्राएँ कही हैं वह आदि नाथ रूप शिवजी द्वारा वर्णित हैं। उनमें से कोई-सी भी मुद्रा अभ्यास से सिद्धिप्रद हो सकती है।

सद्गुरु प्रशंसा

उपदेशं हि मुद्राणां यो दत्ते सांप्रदायिकम् ।
स एव श्री गुरुः स्वामी साक्षादीश्वर एव सः ॥१२९

तस्य वाक्यपरो भूत्वा मुद्राभ्यासे समाहितः ।
अणिमादिगुणैः सार्धं लभते कालवंचनम् ॥१३०

टीका—मुद्राओं के उपदेश को जो साम्प्रदायिक रूप से देता है, वही श्री गुरुदेव स्वामी और साक्षात् ईश्वर है। उसके

. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collect

वाक्यों में तत्पर होकर जो साधक मुद्रा के अभ्यास में सावधान होने पर अणिमादि सिद्धियों की प्राप्ति और काल के वचन की उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं ॥१२९-१३०॥

विमर्श—'नररिपुविवरे'—पुराण में कहा गया है कि बदरी-आश्रम में नर और नारायणरूप दो तपस्वी तपस्या कर रहे हैं। इनमें से नररूप तपस्वी अर्जुन तथा नारायण-रूप तपस्वी भगवान् श्रीकृष्ण हैं। महाभारत में अर्जुन का प्रबलतम प्रतिद्वन्दी तथा शत्रु कर्ण है। कर्ण कान को भी कहते हैं। अतः नररिपुविवर का अर्थ हुआ—दोनों कानों के विवर या छिद्र।

'कमलज-निलय'—भगवान् विष्णु की नाभि से कमल-सहित आविर्भूत होने के कारण प्रजापिता ब्रह्माजी को कमलभू-कमलज आदि नामों से स्मरण किया जाता है। षट्चक्रों के प्रसंग में मूलाधार चक्र में ब्रह्माजी का वास माना गया है। अतः कमलज-निलय अर्थात् ब्रह्माजी के आवास से तात्पर्य मूलाधार चक्र से है।

शारदातिलक (पटल २५, श्लोकसंख्या ४८) में दशविध नादोत्पत्ति का निरूपण करते हुए इसे हंसलक्षण ज्ञान का उदय कहा गया है। इन श्लोकों की व्याख्या करते हुए राघवभट्ट ने 'हंसोपनिषद्' के प्रमाण से इस दशविध नाद के नाम इस प्रकार बताये हैं—१. चिणि, २. चिणिचिणि, ३. घण्टानाद, ४. शंखनाद, ५. तन्त्रीनाद, ६. तालनाद, ७. वेणुनाद, ८. भेरीनाद, ९. मृदंगनाद और १०. मेघनाद। 'प्रयोगसार' नामक ग्रन्थ में योगियों की सिद्धि-सूचक दस अवस्थायें बताई गई हैं। यथा—१. कम्प, २. रोमोद्गम, ३. आनन्द, ४. विमलत्व, ५. स्थिरता, ६. लाघव, ७. प्रकाश, ८. ज्ञान, ९. वैदुष्य और १०. अद्वैतात्म-सञ्चय।

सुरराजतनुजवैरिरन्ध्रे विनिरुध्य स्वकाङ्गुलीद्वयेन।
जलधेरिव धीरनादमन्तः प्रसरन्तं सहसा शृणोति मर्त्यः ॥५२॥
परिभावयतोऽपि नादमेनं त्रिदशाधीशतनूजवैरिजातम्।
सततं भवतीह तस्य जन्तोर्गुणसम्पत्तिरपेतकल्मषस्य ॥५३॥

सुरराजेति। सुरराज इन्द्रः तत्तनुजोऽर्जुनः तद्वैरी कर्णः तत्र स्वहस्तद्वयांगुलिद्वयेन निरुध्य समुद्रस्येव गभीरं शब्दमभ्यन्तरे प्रसरन्तं शृणोति मर्त्यः तस्यापगतपाप्मनः गुणावाप्तिर्भवति मोक्षप्राप्तिर्भवतीत्यर्थः।।५२-५३।।

दोनों कानों के छिद्रों को दो अँगुलियों से कसकर दवाने पर ब्रह्मनाड़ी में उद्भूत सागरगर्जन के समान इस गम्भीर नाद की अनुगूँज जव पूरे शरीर में परिव्याप्त सुनाई देने लगती है, तब श्रेष्ठ साधक सभी पापों और कल्मषों से मुक्त हो जाता है।।५२-५३।।

विमर्श—सुरराज इन्द्र के पुत्र अर्जुन का शत्रु कर्ण अर्थात् कान।

त्रिदशाधीशतनुजवैरिजातम्—त्रिदशाधीश अर्थात् देवताओं के राजा इन्द्र के पुत्र अर्जुन के शत्रु कर्ण अर्थात् कान से (कान को अवरूद्ध करने से) उत्पन्न नाद।

शृङ्गाण्यङ्गुलिभिर्निरुध्य विधिवत्कोदण्डयोः पण्डितो
मध्ये बद्धमरुन्निरुध्य वृषभश्रेष्ठञ्च षष्ठेन्द्रियम्।
साक्षात्तत्क्षणमेव पश्यति शनैस्त्रैयन्तगीतं परम्
ज्योतिस्त्रैपुरमङ्कमुक्तशशभृल्लक्षाभलक्षप्रभम् ॥५४॥

इति श्रीनागभट्टविरचिते त्रिपुरासारसमुच्चये तृतीयः पटलः

●

शृङ्गाणीति। शृङ्गाणीन्द्रियाणि तान्यंगुलीभिः प्रतिरुध्य कोदण्डयोर्भ्रुवोर्मध्ये निरुद्धपवनः वृषभश्रेष्ठः। वृषो विषयः तं भजत इति वृषभः वृषभाणीन्द्रियाणि तच्छ्रेष्ठं षष्ठेन्द्रियं मनः तन्निरुध्य इत्यर्थः। त्रैयन्तर्गीतं वेदांतवेद्यं अंकमुक्तशशभृल्लक्षाभलक्षप्रभम् एककालोदितनिष्कलङ्कानेकचंद्रप्रभम्। अयमर्थः—इन्द्रियाणि स्वकरांगुलीभिर्निरुध्य भ्रुवोर्मध्ये स्वान्तसम्भिन्नवायुं स्वप्रभावक्रमेण यो नियमयति स शशिप्रभं वेदान्तवेद्यं परं ज्योतिःस्वरूपमात्मानम् अनुभवतीत्यर्थः॥५४॥

इति श्रीमद्गोविन्दशर्मविरचितायां त्रिपुरासारसमुच्चयटीकायां
सम्प्रदायदीपिकायां तृतीयः पटलः

●

कान, नाक, नेत्र और मुख आदि इन्द्रियों को अँगुलियों से दबाकर वायु (श्वास) को अवरुद्ध करके वृषभश्रेष्ठ षष्ठेन्द्रिय अर्थात् मन को भ्रूमध्य में केन्द्रित करने से चन्द्रमा के समान धवल और शीतल वेदान्त-वेद्य परंज्योतिस्वरूप परमात्म-तत्त्व के दर्शन होने लगते हैं॥५४॥

विमर्श—'कोदण्ड' का अर्थ है—धनुष। भ्रूमध्य में स्थित आज्ञाचक्र का आकार धनुष के समान बताया गया है। अतः यहाँ 'कोदण्ड' से अभिप्राय भ्रूमध्य-स्थित आज्ञाचक्र से है।

'वृषभश्रेष्ठषष्ठेन्द्रिय'—चूँकि शरीररूपी रथ या शकट का संचालन इन्द्रियों के द्वारा किया जाता है; अतः यहाँ 'वृषभ' पद इन्द्रियों का उपलक्षक है। इन वृषभरूप इन्द्रियों का सञ्चालन 'मन' के द्वारा किया जाता है, अतः 'मन' को वृषभश्रेष्ठ कहा गया है। यद्यपि कान, नाक, नेत्र आदि इन्द्रियों का संचालन मन के द्वारा किया जाता है; मगर मन की गणना पञ्च ज्ञानेन्द्रियों में नहीं की जाती; अतः उसे षष्ठ-इन्द्रिय कहा गया है। 'वृषभश्रेष्ठषष्ठेन्द्रिय' मन का विशेषण एवं उपलक्षक हैं।

श्रीनागभट्ट-विरचित 'त्रिपुरासारसमुच्चय' के तृतीय पटल की
'कौलिनी' व्याख्या पूर्ण हुई।

●

चतुर्थः पटलः

अथ पूरकयोगयोजितान्तः पृषदश्वो निजमूलचक्रदेशे ।
विदधीत बुधः समाहितोऽजोपपदग्रन्थिविभेदने प्रयत्नम् ॥१॥

एवं प्राणायामेन पवनजययोगविशेषांश्चोक्त्वा जितामरतामविकाराणामभ्युदयनिः-श्रेयसप्राप्त्युपायभूतं मन्त्राणां छिन्नादिदोषपरिहारार्थं योनिमुद्राबन्धनप्रकारं वक्तुमुपक्रमते— **अथ पूरकयोग इत्यादिना**। आदौ पूरकादियोगाभ्यासेन निजमूलचक्रदेशे मनः संयोज्य अजोपपदग्रन्थिविभेदने यत्नं प्रकुर्वीत। अजो ब्रह्मा स एव उपपत्तिर्यस्य ग्रन्थिशब्दस्य तेन ब्रह्मग्रन्थिरित्यर्थः। समाहिताभ्यासध्यानः।।१।।

प्रारम्भ में पूरक आदि के क्रम से त्रिविध प्राणायाम करते हुए मन को मूलाधार में नियोजित करके ब्रह्मग्रन्थि के भेदन का प्रयास करना चाहिए।।१।।

विमर्श—पिछले पटल में त्रिविध प्राणायाम का प्रयोगक्रम एवं 'केवलकुम्भक' प्राणायाम की विधि और उसके फलों का निरूपण करने के बाद इस पटल में अभ्युदय एवं निःश्रेयस् के उपायभूत मन्त्रों के छिन्नादि पचासों दोषों के निवारण के लिए योनि-मुद्राबन्धन का निरूपण किया जा रहा है। पूरक आदि से अभिप्राय है—पूरक, कुम्भक एवं रेचक-समन्वित त्रिविध प्राणायाम। 'अजोपपदग्रन्थि' से अभिप्राय है—ब्रह्मग्रन्थि, जो मूलाधार चक्र में है।

शकृत् समुत्सृज्य यथा शनैः स्वं सङ्कोचयेत्कम्बुनि मार्गमर्वा ।
बुधस्तथाधारनियोजितात्मा सङ्कोचयेत्कम्बुनि मार्गमुच्चैः ॥२॥

ग्रन्थिभेदप्रकारमाह—**शकृदिति**। अर्वा अश्वः शकृद्विष्ठां समुत्सृज्य त्यक्त्वा येन प्रकारेण कम्बुनि मार्गं गुदमार्गं सङ्कोचयेत् तेन प्रकारेणाधारचक्रे संयुक्तात्मा पुरुषः स्वीयं कम्बुनि मार्गं सङ्कोचं नयेत्।।२।।

अपने यथासिद्ध योगासन पर सुखपूर्वक बैठा हुआ साधक, जिसने अपने मन को मूलाधार चक्र में नियोजित कर दिया है, अपने गुदामार्ग को सिकोड़कर धीरे-धीरे उसी तरह संकुचित करे, जिस तरह घोड़ा (अर्वा) मलत्याग के बाद अपने गुदामार्ग को संकुचित करता है।।२।।

विदधीत मुहुर्मुहुर्गुरूक्तक्रमतो हुंकृतिमङ्कलग्नपाणिः ।
दृढरुद्धगुदध्वजान्तरालस्थिततेजोमयपुष्कराग्रयोनिः ॥३॥

अथ कम्बुनि मारुतं जितात्मा प्रतिलोमेन शनैः प्रवेशयेत्तम् ।
कमलासनपङ्कजस्य मूलं स्वगुरुप्रोक्तविधानतो दुरापम् ।।४।।

विदधीतेति। मुहुर्मुहुर्वारंवारं गुरूपदिष्टप्रकारेण करकमलद्वयं नाभेरधःस्थिततेजोमयपद्माग्रस्य योनिञ्च यत्नेन निरुध्य गुदलिङ्गमध्यतेजोमयपुष्कराग्रे योनिर्येन निरुद्धमूलाधार इत्यर्थः। अयमर्थः गुदध्वजयोर्मध्ये स्थितं यच्चतुष्पत्रं पद्मं तन्मध्ये त्रिकोणाकारा योनिरिति।

अथेति। कम्बुनि मारुतमपानवायुं देशिकोक्तक्रमेणाकुञ्च्य शनैरुर्ध्वं नीत्वा कमलासनपङ्कजाख्यं सुषुम्नामूलं प्रवेशयेत्।।३-४।।

वह अपनी दोनों हथेलियों को नाभि के ऊपर रखे। गुह्य प्रदेश और लिंगमूल के मध्यवर्ती योनिमण्डल को निरुद्ध करके गुरु-उपदिष्ट विधि से अपान वायु को हुंकार-पूर्वक खींचकर उसे सुषुम्ना में प्रविष्ट कराने का प्रयास करे।।३-४।।

अमुना विधिना मुहुः कृतेन क्रमशः कम्बुनि मारुतस्ततोऽसौ ।
अजपङ्कजमूलदेशमार्गप्रणयी ग्रन्थिविभेदनं करोति ।।५।।

अमुना विधिनेति। एवं मुहुर्मुहुरभ्यासेन अधोवृत्तं निरुध्य तदन्तर्ब्रह्ममार्गः स्थितग्रन्थिभेदनं करोतीत्यर्थः ।।५।।

अपान वायु को खींचकर उसे सुषुम्णा में प्रविष्ट कराने के सतत् प्रयास के फलस्वरूप सुषुम्णा के बन्द द्वार पर वायु का बार-बार आघात होता है। वायु के लगातार आघात के फलस्वरूप सुषुम्णा का द्वार खुल जाता है और तब सुषुम्णा में वायु के प्रवेश से ब्रह्मग्रन्थि का भेदन हो जाता है।।५।।

विमर्श—गुह्य प्रदेश से दो अँगुल ऊपर और लिंगमूल से दो अँगुल नीचे चार अँगुल विस्तृत योनिमण्डल है। इसे कन्द भी कहते हैं। इस योनिमण्डल के ऊपर चार कमलदल वाला मूलाधार चक्र है। इस मूलाधार चक्र में स्वयम्भूलिंग है। स्वयम्भू लिंग के ऊपर ब्रह्मनाडी का मुख है। इस स्वयम्भू लिंग को साढ़े तीन फेरों से लपेट कर कुण्डलिनी शक्ति स्थित है, जिसने सुषुम्णा-विवर को बन्द कर रखा है। हुंकार-पूर्वक अपान वायु को खींचकर उसे सुषुम्णा में प्रविष्ट कराने के लिए बार-बार प्रयास करने से सुषुम्णा के बन्द द्वार पर वायु का लगातार आघात होता है। वायु के बार-बार के आघात से ब्रह्मनाडी का बन्द मुख खुल जाता है और इस तरह ब्रह्मनाडी में स्थित ब्रह्मग्रन्थि का भेदन हो जाता है।

परिहृत्य खगाधिपस्ततोऽसौ सरणिं चन्द्रमसो नभोमणेः ।
कमलं कमलासनस्य पश्चाद्विदधीतोद्र्ध्वमुखं प्रविश्य सम्यक् ।।६।।

परिहृत्येति। अपानश्च ऊर्ध्ववृत्तित्वेन प्राणात्मकत्वात् खगाधिपत्याख्यां लभते। एवमूर्ध्वगमनाय प्रवृत्तोऽपानवायुः सोमसूर्यात्मकेडापिङ्गलामार्गौ परिहृत्य कमलमूलं सुषुम्नामूलम् उपविश्य ऊर्ध्वमुखं करोति।।६।।

चन्द्रमा और सूर्य के गलियारों को छोड़कर अर्थात् इडा और पिंगला को छोड़कर अपान वायु (खगाधिप) का कमलासन (ब्रह्मनाडी) में प्रविष्ट होने का उपक्रम सुषुम्णा के उलटे द्वार को सीधा कर देता है और वह उसमें प्रविष्ट हो जाता है।।६।।

प्रतिभानमथाद्भुतं प्रविष्टे भवनान्तः परमेष्ठिनः खगेशे।
लघुता वपुषो भवत्युदग्रा जठरान्तर्ज्वलनस्य चापि दीप्तिः ॥७॥

प्रतिभानमिति। खगेशेऽपानवायौ ब्रह्मणो भवनाभ्यन्तरं प्रविष्टे सति अद्भुतम् आश्चर्यजनकं प्रतिभानं भवति, वपुषः उदग्रा लघुता भवति।।७।।

जब ब्रह्मनाडी में अपान वायु का प्रवेश हो जाता है (अर्थात् सरलतापूर्वक नियमित रूप से संचार होने लगता है) तब साधक के शरीर में बहुत-से आन्तरिक परिवर्तन होने लगते हैं। उसकी जठराग्नि बलवती हो जाती है और शरीर का भारीपन कम हो जाता है।।७।।

तडित्कोटिप्रख्यं सुरुचिजितकालानलरुचिम्
सहस्रादित्यांशुप्रकरसदृशोद्द्योतकलितम्।
भ्रमन्तं योन्यन्तः स्थुरदरुणबन्धूककुसुम-
प्रभं कामं ध्यायेज्जठरशशभृत्कोटिशिखरम् ॥८॥

तडित्कोटिप्रख्यमिति। कामशरीराग्निं ध्यायेत्। कीदृशं विद्युदग्रतुल्म्। स्वतेजसा दितिजा कालानलस्य रुचिर्येन तादृशं सहस्रसंख्यादित्यतेजःसमूहतुल्येन उद्योतेन कलितं सम्बद्धं योन्यन्तराधारचक्रस्याभ्यन्तरे भासमानं बन्धूकशब्देन रक्तवर्णाभं शशभृल्लक्षशिशिरम्। एतेन साधकानामानन्दजनकत्वं बोध्यते। काममिति। कामशब्दो रहस्यागमे शरीरवैश्वानरे रूढः। एवं तेजोमयं कामं स्वाधारगमनं भावयेत्। तथा चोक्तं रुद्रयामले—

भ्रमं योनिगतं ध्यायेत् कामं बन्धूकसन्निभम्।
ज्वलत्कालानलप्रख्यं तडित्कोटिसमप्रभम् ।।८।। इति।

जब ब्रह्मनाडी में वायु का संचार सुगमता-पूर्वक होने लगे तब बुद्धिमान् साधक को योनिमण्डल के भीतर बन्धूकपुष्प के समान भासमान लाल वर्ण के 'काम' का ध्यान करना चाहिए। काम का अर्थ है—शरीर की अग्नि में व्याप्त ऊष्मा, जो बिजली के समान चमकीली, प्रलयकालीन अग्नि के समान दाहक, सूर्य के समान देदीप्यमान तथा चन्द्रमा के समान आनन्दप्रद है।।८।।

तस्योद्ध्र्वेऽग्निशिखा चिरद्युतिलतापुञ्जप्रभाभास्वरा
सूक्ष्मा ब्रह्मपथान्तराम्बरगता चैतन्यमात्रा कला।

एकीभूतमनन्तरं सह तथा ध्यायेद्धिया निश्चलम्
आत्मानञ्च निवातदीपनिभया हंसस्वरूपं बुधः ॥९॥

तस्येति। तस्य कामराजाख्यजातवेदस उपरि शिखारूपातिसूक्ष्मा विद्युत्सहस्रसन्निभा चिद्रूपा या कला सा ब्रह्मेति। केचित्तु विद्युत्सहस्रसन्निभा चिद्रूपात्मकला निष्कला ध्येया इत्यनुषज्यते। परमहंसस्वरूपात्मानं तया कलया एकीकृत्य चिन्तयेदिति।।९।।

इस कामसंज्ञक अग्नि की शिखा पर निष्कम्प दीपशिखा के आकार की अत्यन्त सूक्ष्म चैतन्य कला है, जिसकी चमक हजारों बिजलियों से भी अधिक है। यह चित्कला ही कुण्डलिनी का अधिष्ठान है। इस चित्कला में कुण्डलिनी शक्ति अन्तर्व्याप्त है, जैसा कि अगले श्लोक में बताया गया है। यह चैतन्य कला योनिमण्डल (मूलाधार) से अम्बर (शिरोवर्ती आकाशमण्डल)-पर्यन्त ब्रह्मपथ पर संचरण करती है। बुद्धिमान् साधक को यह भावना करनी चाहिए कि उसकी हंसस्वरूप आत्मा और इस चैतन्य कला में कोई भिन्नता नहीं है; अपितु वे दोनों एक ही हैं।।९।।

शक्तिः कुण्डलिनीति या निगदिता आईमसंज्ञा जग-
न्निर्माणे सततोद्यता प्रविलसत्सौदामिनीसन्निभा ।
शङ्खावर्त्तनिभां प्रसुप्तभुजगाकारां जगन्मोहिनीम्
तन्मध्ये परिभावयेद्बिषलतातन्तूपमेयाकृतिम् ॥१०॥

शक्तिरिति। तया कलया चिद्रूपा कला कुण्डलिनीशक्तिरिति कथिता, पूर्वोक्तशिखा-मध्यगां परिभावयेत्। अन्तर्व्याप्य स्थितां ध्यायेदित्यर्थः।।१०।।

सोई हुई नागिन के समान वलयाकारा तथा बिजली के समान गुण-धर्म वाली इस कुण्डलिनी शक्ति को मन्त्र और योगशास्त्र में जगत् का हेतु कहा गया है। बुद्धिमान् साधक कमल-नाल के रेशे से भी अधिक सूक्ष्म तथा शंख के समान आवर्तों वाली इस विश्व-विमोहनी कुण्डलिनी शक्ति का ध्यान उपर्युक्त चैतन्य कला में करे। दूसरे शब्दों में इसका अर्थ यह है कि बुद्धिमान् साधक भावनापूर्वक यह ध्यान करे कि यह कुण्डलिनी शक्ति 'काम'-संज्ञक अग्नि की शिखारूपा चैतन्य-कला में अन्तर्व्याप्त है।।१०।।

विमर्श—आगमशास्त्र के अनुसार ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति सच्चिदानन्दरूप सकल ब्रह्म से उद्भूता उस आदि शक्ति से हुई है, जिसने इच्छा, ज्ञान और क्रिया तथा वामा-ज्येष्ठा और रौद्री आदि त्र्यात्मक रूप ग्रहण कर अर्थसृष्टि को तथा चैतन्य अखण्ड नादरूप 'शब्दब्रह्म' बनकर शब्दसृष्टि को प्रकट किया। यही शब्दब्रह्म सभी प्राणियों में कुण्डलिनी के रूप में व्याप्त है—

तत्राप्य कुण्डलीरूपं प्राणिनां देहमध्यगाम् । (शारदा १/१४)

व्यष्टि और समष्टिभेद से कुण्डली के दो रूप हैं। साढ़े तीन फेरे मारकर सोई हुई नागिन के रूप में यह व्यष्टि कुण्डलिनी मनुष्यमात्र के मूलाधार में स्थित है तो समष्टि कुण्डलिनी ने स्वयं को पचासगुणा विस्तृत करके मन्त्रमय जगत् को जन्म दिया है। प्रपञ्चसार, शारदातिलक, शक्तिसंगमतन्त्र (कालीखण्ड) तथा मातृकाचक्रविवेक आदि ग्रन्थों में कुण्डलिनी के रूपविस्तार का विशद् रूप से वर्णन किया गया है।

शंखावर्तनिभा—इस कुण्डलिनी शक्ति ने न सिर्फ ब्रह्माण्ड को जन्म दिया है, अपितु शंख के आवर्त के समान सभी वस्तुओं को आवृत्त कर रखा है—

शंखावर्तक्रमाद् देवी सर्वमावृत्य तिष्ठति'। (शारदा १/५४)

सौदामिनी-सन्निभा—बिजली के समान गुण-धर्म वाली। बिजली के प्रमुख रूप से दो गुण-धर्म हैं। प्रथम तो यह कि वह चमकीली है तथा प्रकाशदायिका है; अतः जब तक कुण्डलिनी सोई रहती है—देहात्मबुद्धि-जन्य अज्ञान आत्मतत्त्व को आच्छादित किये रखता है। कुण्डलिनी का जागरण होते ही इस अज्ञान का कुहासा छँटने लगता है तथा स्वरूप-विस्मृत आत्मा को अपने शिवत्व की स्मृति और अनुभूति होने लगती है। बिजली की दूसरी विशेषता है—चपलता। अतः यदि किसी जन्म में कुण्डलिनी प्रबुद्ध हो जाती है तो जन्मों का अन्तराल उसकी जागृति-रूप स्फुरत्ता में व्यवधान नहीं डाल पाता। बिजली ऊर्जा है। कुण्डलिनी से प्राप्त ऊर्जा की बदौलत आत्मा अष्टपाशों का बन्धन काटकर मलत्रय-प्रक्षालन करने में समर्थ होता है। अतः भवपाश से छूटने के निमित्त साधक-आत्मा के लिए इस प्रसुप्ता कुण्डलिनी को प्रबुद्ध और जागृत करना आवश्यक एवं अनिवार्य है। अतएव इस तारतम्य में अगले श्लोक में कुण्डलिनी-प्रबोधन के उपक्रमों का निरूपण किया गया है।

हूङ्कारेण गुरूपदिष्टविधिना प्रोत्थाप्य सुप्तां ततः
कृत्वा तां कलया तया परमया चिद्रूपया सङ्गताम्।
मायां कुण्डलिनीं समाहितमनास्तामुच्चरेत् कौशिकीम्
शक्तिं ब्रह्ममहापथेन सहितामाधारतः स्वात्मना ॥११॥

भित्त्वा लिङ्गत्रयमथ बुधो ब्रह्मनाड्येह चोर्ध्वम्
गच्छन्तीं तां कमलजपदात्प्रापयेदात्मशक्तिम्।
व्योमाम्भोजप्रणयिपरमानन्दकन्दं विसर्ग-
स्थानं चन्द्रोपरि परिगलद्रक्तपीयूषधारम् ॥१२॥

उक्तमर्थं संक्षिप्य दर्शयति—हूङ्कारेति। हूङ्कारेण मन्त्रसहितेन गुरूक्तप्रकारेण तां कुण्डलिनीं आधारकमले सुप्तमुत्थाप्य प्रबोध्य अनन्तरं तया परमया चैतन्यरूपया मिलितां कुण्डलिनीं मायां कुलं मूलाधारः तत्रस्थां शरीरस्य देवतां चिन्तयेत्।

अकुलं शिव इत्युक्तः कुलं शक्तिः प्रकीर्त्तिता ।
कौलं तेजोविकारः स्यादिति त्रितयनिर्णयः ।। इति।

भित्त्वेति। अग्रे कथितं लिङ्गत्रयं विभिद्य ब्रह्मनाड्या सुषुम्नायां ब्रह्मणः स्थानादूर्ध्वं तां कुण्डलिनीं शक्तिम् आकाशाम्भोरुहप्रणयित्वम् आकाशाम्भोजस्थपरमानन्दस्थविसर्ग-स्थानं प्रापयेत् ध्यायेत्।।११-१२।।

स्वयम्भू लिङ्ग को साढे तीन फेरों से घेर कर नागिन के समान सोई हुई इस कुण्डलिनी को बुद्धिमान साधक गुरुदेव के द्वारा बताई गई विधि के अनुसार हूंकार-पूर्वक जगाये। जब देवी कुण्डलिनी जाग जायँ, तो उन्हें 'काम'-संज्ञक अग्नि की शिखारूपी चिन्मय कला के साथ सम्पृक्त करे तथा चिन्मय कला-समाहिता देवी कुण्डलिनी का मूलाधार-स्थित अपनी इष्टदेवता के रूप में ध्यान करे। तत्पश्चात् सुषुम्णा के खुले हुए मार्ग से उन्हें ब्रह्मपथ में प्रविष्ट कराये। अपान वायु की सहायता से उन्हें धीरे-धीरे उठाते हुए तीनों लिंगों का भेदन करके सहस्रार मण्डल में लाये। उन्हें वहाँ विसर्ग क्षेत्र-स्थित चन्द्र-मण्डल से क्षरित होने वाली लाल रंग की सुधा का पान कराये।।११-१२।।

विमर्श—ब्रह्मनाडी में तीन लिंग स्थित हैं—मूलाधार में स्वयम्भू लिंग, अनाहत चक्र में बाण-लिंग तथा आज्ञा चक्र में इतरलिंग। अपने आरोहक्रम में देवी कुण्डलिनी इन तीनों लिंगों का भेदन करती है।

'रक्तपीयूषधारम्'—सुधा अर्थात् अमृत का रंग दूध की तरह श्वेत-धवल है; लेकिन सहस्रारवर्ती चन्द्र-मण्डल से क्षरित होने वाले अमृतरूपी द्रव का रंग लाल माना जाता है। राष्ट्रगुरु पूज्यपाद स्वामीजी महाराज, दतिया ने 'निग्रहदारुणसप्तक' के द्वितीय श्लोक का भाष्य करते हुए लिखा है—'षट्चक्रभेदमापाद्य रक्तवर्णममृतं प्रवाहं पीत्वा........' 'अमृतस्य रक्तवर्णत्वात्।'

इष्टदेवता-स्वरूपिणी देवी कुलकुण्डलिनी को दिव्य अमृतपान कराने की यही शास्त्रोपदिष्ट विधि है और इस विधि से देवी कुण्डलिनी को अमृतपान कराना ही 'कुल-साधना' है। प्रतिदिन इस साधना में निरत रहने वाले कुलसाधक का पुनर्जन्म नहीं होता, जैसा कि कुलार्णवतन्त्र (पटल ६/श्लोक १००) में कहा गया है—

पीत्वा पीत्वा पुनः पीत्वा यावत् पतति भूतले ।
पुनरुत्थाय पुनः पीत्वा, पुनर्जन्म न विद्यते ।।

क्योंकि उस दिव्य अमृतपान के फलस्वरूप प्रतिदिन अहर्निश ब्रह्मानन्द में डूबे रहने वाले कुलसाधक को उसके जीवन-काल में ही जीवन-मुक्ति मिल जाती है।

पीत्वा कुलामृतरसं पुनरेव दिव्यम्
मध्यं विशेदपघनस्य समाहितात्मा ।

यायात्कुलादकुलमेव पुनश्च मात्रा-
योगेन देशिकवरप्रतिपादितेन ॥१३॥

सा शक्तिः सकलशरीरजीवभूता
प्राणोऽसाविति गदितात्र तन्त्रिमुख्यैः ।
उद्घातः स तु परिपठ्यते मुनीन्द्रैः
प्राणोऽन्तः स्पृशति यदा क्रमेण नीतः ॥१४॥

अमुं स्वाधारस्थं प्रतिदिवसमभ्यासनिरतः
करोति श्रद्धावान् सततमवधूताखिलमलः ।
स मुक्तो दुःखौघेरगयतजराक्लेशमरणो
गुणग्रामोपेतः सुर इव चिरं जीवति भुवि ॥१५॥

चतुर्विधा या कथितेह सृष्टिः प्रवर्त्तते सा सकलापि यस्याम् ।
प्रलीयते चापि जगत्समस्तं कालाग्निरुद्रादिशिवान्तमेतत् ॥१६॥

सेयं मयोक्ता खलु योनिमुद्रा बन्धस्तु देवैरपि दुर्लभः स्यात् ।
अनेन बन्धेन न साध्यते यन्नास्त्येव तत् साधकपुङ्गवस्य ॥१७॥

पीत्वा कुलामृतरसमिति। एवं तां सहस्रारपर्यन्तं नीत्वा तत्रस्थं दिव्यं सुधारसं पीत्वा तेनैव मार्गेण विरोहक्रमेण अपघनस्य मध्यं कुलाख्यं योन्याधारं प्रापयेत्। शरीरमध्यं मूलाधारमित्यर्थः। कथं ग्राहयेदित्याह—मात्रायोगेन गुरूक्तमात्रायोगक्रमेण गतागतं विदधीत। मात्रा तु—

विन्दुनादस्तथा शक्तिर्मात्रात्रयमुदाहृतम् । इति।

तथा हि मात्रापदेन पीठत्रयं विधीयते। आज्ञास्थानगतो बिन्दुः तत्त्वाज्ञा प्रकाशकस्वरूपं पूर्णाख्यं पीठं तदुपरि ललाटमध्ये बिन्द्वात्मकप्रकाशरूपस्य शिवात्मकस्फुरद्रूपनादात्मकस्य नादाख्यं द्वितीयं पीठं तदुपरि शिखा विश्वात्मिका शक्तिरूपं मया उक्ता खलु निश्चये अस्या मुद्राया बन्धनं देवैरपि दुर्लभञ्च। योनिमुद्राया अनेन बन्धनप्रकारेण यन्न साध्यते तदा स्मरणम् तथा सर्वमेवानया मुद्रया साध्यत इत्यर्थः। इयं का इह जगति या चतुःप्रकारा सृष्टिरुक्ता यस्यां प्रवर्त्तते यतो भवतीत्यर्थः। उद्भिदस्तरुगुल्माद्याः स्वेदजाः कृमिदंशाद्याः जरायुजाः मनुष्याद्याः अण्डजाः पक्षिसर्पादयः। केचित्तु शब्दसृष्टिः शब्दार्थसृष्टिः प्रकृतिपुरुषसृष्टिरिति मन्यते। अथवा नैयायिकमते पुरुषसृष्टिः, सांख्यमते प्रकृतिपुरुषयोगात्, पातञ्जलमते केवलप्रकृतेः, मीमांसकमतेऽदृष्टादिति चतुर्विधा सृष्टिः। समस्तं जगदपि यस्यां कालाग्निरुद्रादिरूपां यस्यामेव लयं याति पूर्वोक्तध्यानविशेष एव मुद्रा॥१३-१७॥

इष्टदेवता-स्वरूपिणी देवी कुण्डलिनी चन्द्रमण्डल से क्षरित इस अमृत का पान करके जब परितृप्त हो जायँ, बुद्धिमान साधक उन्हें गुरु-उपदिष्ट विधि से 'मात्रायोग-पूर्वक'

अकुल स्थान से अवतरित करके शरीर के मध्य भाग में स्थित 'कुल'स्थान में पुनः प्रतिष्ठित कर दे।

परमा कलारूपा यह चित् शक्ति ही समस्त प्राणियों में जीवरूप से विद्यमान है। तन्त्र-मनीषियों ने इसे ही प्राण (शक्ति) तथा मुनियों ने 'उद्वात' अर्थात् ऊपर की ओर गमन करने वाला प्राणवायु कहा है। जब पूरक प्राणायाम के क्रम में इसे नीचे की ओर लाया जाता है, यह शरीर के समस्त अन्तर्भाग का स्पर्श करता है। इसे मूलाधार में लाने का निरन्तर अभ्यास करना चाहिए। इस अभ्यास से साधक के सारे मल (मायिक, आणव और कार्मिक मल) विनष्ट हो जाते हैं और वह समस्त दुःखसमूहों, जरा-मरण आदि बन्धनों से मुक्त होकर इस पृथ्वी पर देवताओं के समान चिर काल तक जीवित रहता है।

उद्भिज, स्वदेज, अण्डज और जरायुज नाम वाली चार प्रकार की जीवसृष्टि इसी परमा कलारूप चित् शक्ति से उत्पन्न होती है, उसी में जीवन व्यतीत करती है और अंत में कालाग्नि रुद्र-सहित उसी में लीन हो जाती है।

यहाँ बताई गई यह 'योनिमुद्रा' देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। इस क्रिया के द्वारा सब कुछ पाया जा सकता है। इसकी साधना करने वाला ही 'साधकश्रेष्ठ' है।।१३-१७।।

विमर्श—'मात्रायोगेन' (मात्रास्थान-पूर्वक)—यहाँ मात्रा से अभिप्राय बिन्दु, नाद और शक्ति अर्थात् तीन पीठों से है। इनमें से प्रथम पीठ है—आज्ञाक्षेत्र में स्थित प्रकाशात्मक पूर्णपीठ। दूसरा है—ललाट में स्थित शिरःस्वरूप स्फुरित नादात्मक नादपीठ। तीसरा पीठ है—शिखा क्षेत्रवर्ती विश्वात्मिका शक्तिपीठ। देवी कुण्डलिनी अमृत-पान के उपक्रम में संचरण करती हुई इन तीनों से गुजरती है, अतः उनके संचरण को मात्रायोगपूर्वक कहा गया है।

अकुल और कुल—कुल का अर्थ है—कुण्डलिनी शक्ति और 'अकुल' कहते हैं—परमशिव को (कुलं शक्तिरिति प्रोक्तमकुलं शिव उच्यते—सौभाग्यभास्कर)। शिव का धाम सहस्रार में है और शक्ति का वास मूलाधार में है। अतः अकुल और कुल यहाँ क्रमशः सहस्रार और मूलाधार के उपलक्षक हैं।

छित्त्वा रुद्धाः स्तम्भिताः कीलिता ये सुप्ता मत्ता मूर्च्छिता हीनवीर्याः ।
दग्धाः श्रस्ताः शत्रुपक्षस्थिता ये बाला वृद्धा गर्विता यौवनेन ॥१८॥
ये निर्जीवा ये च सत्त्वेन हीनाः षण्डीभूताश्चाङ्गमन्त्रैर्विहीनाः ।
एते मुद्राबन्धनेनापि योन्या मन्त्राः सर्वे वीर्यवन्तो भवन्ति ॥१९॥

छित्त्वेति। युग्मकम्। एते सर्वे मन्त्रा योनिमुद्रया ध्यानविशेषेण वीर्ययुक्ता भवन्ति। एतैरुच्छिन्ना मनोर्यस्यादिमध्यान्ते खामिनं बीजमुच्यते।

संयुक्तं वारियुक्तं वायुनाक्रान्तं त्रिधा पुनः।
चतुर्धा पञ्चधा वाथ स मन्त्रश्छिन्नसंज्ञकः ।।
आदिमध्यावसानेषु भूबीजद्वन्द्वलांछितः ।
रुद्धमन्त्रः स विज्ञेयो भुक्तिमुक्तिविवर्जितः।।

ये च कीलिताः—

आदिमध्यावसानेषु हंसः प्रासादवाग्भवौ ।
हकारो विन्दुवान् जीवो वाग्भवश्च चतुष्कलः ।
माया नामापि च पदं नास्ति यस्य स कीलितः ।

ये स्तम्भिताः—

एकं मध्ये स्वयं मूर्ध्नि यस्मिन्निन्द्रपुरन्दरौ ।
न विद्यते स मन्त्रः स्यात् स्तम्भितः सिद्धिबोधनः ।।

ये च सुप्ताः—

त्रिवर्णो हंसहीनो यः स सुप्तश्च उदाहृतः ।

ये च मत्ताः—

मन्त्रा वाप्यथवा विद्या सप्ताधिकदशाक्षरः ।
फट्कारः पञ्चकादिर्यो मन्दोमत्त उदीरितः ।।

ये च मूर्च्छिताः—

पञ्चधास्त्रं स्थितां मध्ये यस्य मन्त्रः स मूर्च्छितः।

ये हीनवीर्याः–

विरामस्थानगं यस्य हीनवीर्यः स कथ्यते ।

ये च दग्धाः–

वह्निर्वायुसमायुक्तो यस्य मन्त्रस्य मूर्धनि ।
सप्तधा दृश्यते तत्तु दग्धं मन्त्रीतमन्त्रवित् ।।

ये च श्रस्ताः—

अस्त्रं द्वाभ्यां त्रिभिः षड्भिरष्टाभिर्दृश्यतेऽक्षरैः।
स्तम्भः सोहऽभिहितो मन्त्रः.......... ।।

ये च शत्रुपक्षे स्थिताः। तारादिभिरननुकूलाः। ये च बालाः। सप्तार्णो मनुर्बालः। ये च वृद्धाः—

त्रिंशद्वर्णश्चतुषष्टिवर्णो मन्त्रः शताक्षरः ।
चतुःशताक्षरश्चापि वृद्ध इत्यभिधीयते ।।

ये च युवानः—षोडशार्णो युवा प्रोक्तः। ये च जीवहीनाः—षष्ठाक्षरो जीवहीनः। ये च सत्त्वहीनाः—द्विवर्णः सत्त्वहीनः स्यात्। ये अङ्गहीनाः—

षड्विंशत्यक्षरो मन्त्रः षट्त्रिंशद्वर्णकस्तथा।
एकोनविंशद्वर्णो वाप्यङ्गहीन उदाहृतः।

इत्यादिदोषदृष्टा अपि मन्त्रा अनेन ध्यानेन विशुद्धा भवन्तीत्यर्थः।।१८-१९।।

मन्त्रशास्त्र में मन्त्रों के छिन्न आदि कई दोष बताये गये हैं। इन दोषों से युक्त मन्त्रों की साधना करने से कोई फल नहीं मिलता। अतएव मन्त्रों के दोषों का शमन अनिवार्य है। योनिमुद्रा बाँधकर विशेष प्रकार से ध्यान करते हुए सदोष मन्त्रों का जप करने से मन्त्रों के इन समस्त दोषों का शमन हो जाता है और वे निर्मल तथा फलदायी हो जाते हैं। इन दोषों के नाम और लक्षण इस प्रकार हैं—

१. छिन्न—जिस मन्त्र के आदि और अन्त में रहने वाला वायुबीज (यं) संयुक्त अक्षर के साथ अथवा केवल दो बार उच्चरित हो, वह 'छिन्नसंज्ञक' मन्त्र है। स्वराक्रान्त छिन्न मन्त्र तीन प्रकार का होता है। आ, ई, ऊ, ऐ, औ—इन दीर्घ स्वरों में यदि शक्तिबीज (ह्रीं) तीन या चार या पाँच दीर्घ स्वरों से आक्रान्त हो तो वह भी छिन्न-संज्ञक होता है।

२. जिस मन्त्र के आदि, मध्य या अन्त में दो बार पृथ्वीबीज (लं) हो, वह 'रुद्ध' मन्त्र है।

३. शक्तिहीन—जिस मन्त्र में ह्रीं, हूँ, ॐ, श्रीं या फ्रें नहीं हों, वे शक्तिहीन होते हैं।

४. पराङ्मुख—जिस मन्त्र में कामबीज (क्लीं) न हो, आदि में मायाबीज (ह्रीं) न हो तथा अन्त में अंकुश (क्रों) न हो, वह 'पराङ्मुख' होता है।

५. बधिर—जिस मन्त्र के आदि, मध्य या अन्त में 'हं' या 'सं' न हो, वह बधिर होता है।

६. नेत्रहीन—पाँच अक्षरों वाले जिस मन्त्र में 'र'कार, 'ह'कार या 'स'कार न हो, वह नेत्रहीन होता है।

७. कीलित—जिस मन्त्र के आदि, मध्य एवं अन्त में 'हंस', 'ह्रौं', 'ऐं', 'हं', 'सं', 'फ्रें', 'हूँ', 'ह्रीं' एवं 'नमामि'—इनमें से कोई पद नहीं हो, वह कीलित होता है।

८. स्तम्भित—जिस मन्त्र के मध्य में 'फट्', 'ल'कार न हो अथवा अन्त में दो बार 'फट्'कार और 'ल'कार न हो, उसे 'स्तम्भित' कहते हैं।

९. दग्ध—जिस मन्त्र के आदि में समवेत रूप से 'र'कार तथा 'य'कार सात बार आये हों, वह मन्त्र 'दग्ध' होता है।

१०. त्रस्त—दो, तीन, छः अथवा आठ अक्षरों से युक्त अस्त्रमन्त्र (फट्) जिस मन्त्र में हो, उसे त्रस्त कहा जाता है।

११. भीत—जिस मन्त्र के आदि में प्रणव (ॐ), शिव (हं) एवं शक्ति (ऐं) न हो, वह 'भीत' कहा जाता है।

१२. मलिन—जिस मन्त्र के आदि, मध्य तथा अन्त में कुल मिलाकर चार 'म'कार हों, उसे 'मलिन' कहते हैं।

१३. तिरस्कृत—जिस मन्त्र के मध्य में अथवा अन्त में 'द'कार अथवा 'हुँ'कार हो, अथवा दो बार 'हूँ-फट्' हो, उसे तिरस्कृत कहा जाता है।

१४. भेदित—जिस मन्त्र के हृदयप्रदेश में दो बार 'भ्यो' कहा गया हो, मध्य में 'वषट्' हो और अन्त में 'हूँ फट्' हो, उसे भेदित कहा जाता है।

१५. सुषुप्त—जिस मन्त्र में तीन अक्षर हों; लेकिन उसमें 'हं' और 'सं' में से कोई अक्षर न हो, वह 'सुषुप्त' कहलाता है।

१६. मदोन्मत्त—अठारह अक्षरों वाले जिस मन्त्र में पाँच बार 'फट्'कार हो, वह 'मदोन्मत्त' कहलाता है।

१७. मूर्छित—जिस मन्त्र के मध्य में पाँच बार अस्त्रबीज (फट्) का प्रयोग हो, वह 'मूर्छित' होता है।

१८. हतवीर्य—जिसके अन्त में पाँच बार अस्त्रबीज हो, वह मन्त्र 'हतवीर्य' कहलाता है।

१९. हीन—जिस अठारह अक्षरों के मन्त्र के आदि, अन्त और मध्य में चार बार अस्त्रबीज हो, वह मन्त्र 'हीन' कहलाता है।

२०. प्रध्वस्त—'ॐ ह्रीं क्रों'—इन तीन बीजों से युक्त उन्नीस (१९) अक्षरों का मन्त्र 'प्रध्वस्त' कहलाता है।

२१. बाल—सात अक्षरों वाला मन्त्र 'बाल' कहलाता है।

२२. कुमार—आठ अक्षरों वाला मन्त्र 'कुमार' कहा जाता है।

२३. युवा—सोलह अक्षरों वाला मन्त्र 'युवा' कहा गया है।

२४. प्रौढ—चौबीस अक्षरों वाला मन्त्र 'प्रौढ' कहा गया है।

२५. वृद्ध—तीस, चौंसठ, सौ या चार सौ अक्षर का मन्त्र 'वृद्ध' कहलाता है।

२६. निस्त्रिंशक—जो मन्त्र 'ॐ' युक्त नवाक्षर हो, वह निस्त्रिंशक अर्थात् घातक होता है।

२७. निर्बीज—जिस मन्त्र के अन्त में नमः, मध्य में दो बार 'स्वाहा' हो, जिसमें वषट्, हूँ, वौषट् शब्द नहीं हों, जो 'फट्'कार से युक्त न हो, अथवा 'ह'कार-'स'कार से विहीन हो, वह 'निर्बीज' होता है।

२८. सिद्धिहीन—जिस मन्त्र के मध्य में छः (६) 'फट्'कार हो, वह मन्त्र 'सिद्धिहीन' होता है।

२९. मन्द—जिस मन्त्र में दस अक्षर हों, वह 'मन्द' होता है।

३०. कूट—एकाक्षर मन्त्र 'कूट' कहलाता है।

३१. निरंशक—कूट या एकाक्षर मन्त्र को 'निरंशक' भी कहते हैं।

३२. सत्त्वहीन—दो अक्षरों का मन्त्र 'सत्त्वहीन' कहलाता है।

३३. केकर—चार अक्षरों का मन्त्र 'केकर' कहलाता है।

३४. जीवहीन—षडक्षर मन्त्र 'जीवहीन' होता है।

३५. धूमित—साढ़े सात और साढ़े बारह अक्षरों वाले मन्त्र 'धूमित' होते हैं।

३६. आलिंगित—साढ़े दो बीजों (अढ़ाई बीजों) से युक्त बीस, इक्कीस या तीस अक्षर वाले मन्त्र 'आलिंगित' होते हैं।

३७. मोहित—बाईस अक्षरों का मन्त्र 'मोहित' कहलाता है।

३८. क्षुधार्त—चौबीस अक्षरों वाला मन्त्र 'क्षुधार्त' होता है।

३९. दृप्त—ग्यारह, तेईस, चौबीस या पच्चीस अक्षरों वाला मन्त्र 'दृप्त' होता है।

४०. अंगहीन—छब्बीस, उनतीस और छत्तीस अक्षर वाला मन्त्र 'अंगहीन' होता है।

४१. अतिक्रुद्ध—जिस मन्त्र में २८ या ३१ अक्षरों हों, वह अतिक्रुद्ध होता है।

ये मन्त्र सभी प्रयोजनों के लिए वर्जित हैं।

४२. अतिक्रूर—तीस और तैंतीस अक्षरों वाले मन्त्र 'अतिक्रूर' होते हैं तथा सभी प्रयोजनों में निषिद्ध कहे गये हैं।

४३. सव्रीड—चालीस से तिरसठ तक अक्षरों वाले मन्त्र 'सव्रीड' (अर्थात् लजालु) कहे गये हैं।

४४. शान्तमानस—पैंसठ (६५) अक्षरों वाले मन्त्र 'शान्तमानस' कहलाते हैं।

४५. स्थानभ्रष्ट—पैंसठ (६५) से निन्यानबे (९९) वर्ण वाले सभी मन्त्र 'स्थानभ्रष्ट' होते हैं। ये अशुभ माने जाते हैं।

४६. विकल—तेरह और पन्द्रह अक्षर वाले मन्त्र 'विकल' होते हैं।

४७. निस्नेह—इक्यावन (५१), सौ (१००), डेढ सौ (१५०) तथा दो सौ से तीन सौ तक अक्षरों वाले मन्त्र 'निस्नेह' होते हैं।

४८. अतिवृद्ध—चार सौ (४००) से एक हजार तक अक्षरों वाले मन्त्र 'अतिवृद्ध' कहे जाते हैं।

४९. पीडित—जिन मन्त्रों में एक हजार से अधिक अक्षर होते हैं, वे 'पीडित' कहलाते हैं। दो हजार से अधिक अक्षरों वाले मन्त्र सात प्रकार के कहे गये हैं; किन्तु उन्हें समष्टि रूप से 'स्तोत्र' समझना चाहिए।

विमर्श—मन्त्र-दोषों के उपर्युक्त लक्षण शारदातिलक (पटलसंख्या २, श्लोक-संख्या ७१ से १०९) तथा तन्त्रसार में यथाउद्धृत विश्वसारतन्त्र के अनुसार हैं। मन्त्र के इन समस्त दोषों की समष्टि रूप से शान्ति के लिये योनिमुद्रा के सामर्थ्य के प्रमाण में त्रिपुरासारसमुच्चय का यही श्लोक (१७वाँ) शारदातिलक की टीका में प्रस्तुत किया गया है।

दोषशमन-विधि—तन्त्रसार में विश्वसारतन्त्र से दोषों के उपर्युक्त नाम और लक्षणों को उद्धृत करके योनिमुद्रा से इन दोषों के शमन के लिए जो विधि बताई गई है, वह इस प्रकार है—'योनिमुद्रा बाँधकर तथा आधार-पद्म (मूलाधार चक्र) को संकुचित करके यह भावना करनी चाहिए कि मन्त्र के वर्णसमूह मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र तक आ-जा रहे हैं। ऐसा ध्यान करते हुए पूरक और कुम्भक प्राणायाम करके मन्त्र का एक हजार बार 'जप' करना चाहिए। इस प्रकार जप करने से मन्त्र के सभी दोषों की शान्ति हो जाती है।

गुरुतल्पनिषेवणञ्च पानं द्विजहत्या मधुनः सुवर्णचौर्यम्।
अमुना विलयं प्रयान्ति सम्यक् सकृदप्याचरितेन बन्धनेन ॥२०॥

स तु मन्त्रिवरः स एव योगी गुणसिद्धेः पदमास्थितः स एव।
अमुना चरतीह बन्धनं यः सततं स्वौचितधर्मकर्मनिष्ठः ॥२१॥

अमुना भवतीह देहभाजां सतताभ्यासकृतेन बन्धनेन।
न जरा पितृराजवैजयन्ती न च मृत्युप्रतिपादिता च भीतिः ॥२२॥

एतस्यैव हि बन्धनस्य मनुजः प्राप्नोति शश्वत्कृता-
दभ्यासादणिमादिसिद्धिमतुलां संवित्तिमप्यूर्जिताम्।
योगञ्चाप्रतिमं जयञ्च मरुतः कालस्य वा वञ्चनम्
तद्विष्णोः परमं पदन्तु सततं पश्यन्ति यत्सूरयः ॥२३॥

इति श्रीनागभट्टविरचिते त्रिपुरासारसमुच्चये चतुर्थः पटलः

●

गुरुतल्पनिषेवणमिति। सकृदाचरितेनापि योनिमुद्राबन्धनेन पुरुषो महापातकान्मुक्तो भवतीत्यर्थः। **अमुना इति।** देहिनाम् अमुना योनिमुद्राबन्धनेन सर्वदा कृतेन ध्रुवा भवति। कीदृशी? पितृराजस्य यमस्य बन्धनस्य सतताभ्यासात् मनुष्योऽणिमाद्यष्टविधगुणान् प्राप्नोति उत्तमां प्रतिपत्तिज्ञानञ्च प्राप्नोति। योगाभ्यासञ्च प्राप्नोति। वायोर्विजयमाप्नोति। कालस्य वा वञ्चनं सकलस्य च प्रेरणं वा स्यात्। विकल्पोपमयोरेवार्थे। चः समुच्चये। विष्णोश्च तत्पदं स्थानं पश्यन्ति सूरयः।।२०-२३।।

इति श्रीमद्गोविन्दशर्मविरचितायां त्रिपुरासारसमुच्चयटीकायां
सम्प्रदायदीपिकायां चतुर्थः पटलः

यह योनिमुद्रा अत्यन्त पुण्यदायिनी है। यह मुद्रा धारण करने से सुरापान, ब्रह्महत्या, स्वर्ण की चोरी तथा गुरुतल्प-गमन-जैसे जघन्य पाप भी कट जाते हैं।

योनिमुद्रा बाँधकर साधना करने वाला साधक मन्त्रविदों और योगाभ्यासियों में श्रेष्ठ माना जाता है। धर्म-कर्मनिष्ठ ऐसा साधक गुण-सिद्ध और सम्पन्न होता है।

इस मुद्रा का सतत् अभ्यास करने वाला साधक न तो कभी वृद्ध होता है और न ही कभी उसके अंगों और इन्द्रियों में शिथिलता आती है। ऐसे साधक को यमराज का भी कभी भय नहीं होता।

उसे अणिमा आदि सिद्धियाँ और संवित् की प्राप्ति होती है। वायु को जीतकर वह (साधक) काल को भी जीत लेता है तथा उसे भगवान् विष्णु के उस परम पद की प्राप्ति होती है, जिसके दर्शन श्रेष्ठ ऋषियों को ही होते हैं।।२०-२३।।

श्रीनागभट्ट-विरचित 'त्रिपुरासारसमुच्चय' के चतुर्थ पटल की
'कौलिनी' व्याख्या पूर्ण हुई।

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इसका समाधान कुछ विद्वान् इतना ही करते हैं कि चित्त वृत्ति का निर्विकार हो जाना ही मोक्ष है ? क्योंकि शरीर में आत्म-भाव ही विकार है और वही विकार जीव के लिए बन्धन स्व-रूप है। 'देहत्रयमसद्विद्वि कालत्रयमसत्सदा (तेजोबिन्दु) अर्थात् सूक्ष्म, स्थूल और लिंग इन तीनों शरीरों को असत् समझना चाहिए। तीनों काल भी सदा असत् ही है' इसलिए साधक आत्म की देह से भिन्न समझता हुआ आत्मा और परमात्मा में अभेद-दर्शन करे। तेजोबिन्दूपनिषत् के ही अनुसार—

ब्रह्मैवास्मीति सद्वृत्या निरालम्बतया स्थितिः।
ध्यान शब्देन विख्यातः परमानन्द दायकः॥

अर्थात्—मैं ब्रह्म हूँ, ऐसी निराश्रय श्रेष्ठ वृत्ति में स्थित होना ही ध्यान शब्द से विख्यात परम आनन्द के देने वाली अवस्था है।

इन सबसे सिद्ध होता है कि प्राण और मन के लय होने पर 'अहं ब्रह्मास्मि' रूप जो आलम्ब-रहित श्रेष्ठ वृत्ति होती हैं वह परमानन्द प्राप्त कराने वाली और सुख-दुःख से निवृत्ति कराने वाली जीवन्मुक्ति रूपी मोक्ष हैं।

जीवन्मुक्ति का लक्षण

ज्ञात्वा सुषुम्नातद्भेदं कृत्वा वायुं च मध्यगम्।
स्थित्वा सदैव सुस्थाने ब्रह्मरन्ध्रे निरोधयेत् ॥१६

टीका—श्रेष्ठ स्थान में रहकर और सुषुम्ना नाड़ी के भेदन की विधि जानकर साधक प्राणवायु का सुषुम्ना में संचार करे ॥१६॥

व्याख्या—इस लोक में प्राण के लय की विधि बताई गई है। साधक किसी श्रेष्ठ स्थान में जाकर योगाभ्यास करे श्रेष्ठ स्थान के विषय में पहले बता चुके हैं कि उत्तम राज्य हो

0, Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collect

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

और धार्मिक स्थान हो, वहाँ एकान्त में बैठकर साधना करनी चाहिए और गुरु के उपदेश से सुषुम्ना नाड़ी के भेदन विधि जानकर प्राणवायु को उसमें प्रविष्ट करना चाहिए। वह प्राण सुषुम्ना-मार्ग से ब्रह्मरन्ध्र में जा पहुँचता है, वहाँ उसका निरोध करें।

इस प्रकार प्राण का ब्रह्मरन्ध्र में लीन होना ही मन का लीन हो जाना है और मन के लीन होने से कोई विकार शेष नहीं रहता, निर्वाण ही शेष रहता है। यही साधक की श्रेष्ठ स्थिति है।

प्राणलय से कालजय कथन

सूर्याचंद्रमसौ धत्तः कालं रात्रिदिवात्मकम् ।
भोक्त्री सुषुम्ना कालस्य गुह्यमेतदुदाहृतम् ।।१७

टीका—सूर्य, चन्द्रमा, रात्रि दिवसात्मक काल के धारण करने वाले हैं और उस काल को भोगने वाली सुषुम्ना है, यह गुह्य रहस्य प्रकट किया है ।।१७।।

व्याख्या—प्राण का लय हो जाने पर ही योगी काल को जीतने में समर्थ होता है। सूर्य और चन्द्रमा दिन-रात्रि स्वरूप काल को उत्पन्न करते हैं और सुषुम्ना नाड़ी उस दिन-रात्रि अर्थात् एक घण्टा सूर्य स्वर और एक घण्टा चन्द्र स्वर के प्रवाह हित रहता है। सूर्य स्वर के प्रवाह वाला समय दिन और चन्द्र स्वर के प्रवाह वाला समय रात्रि होता है। इस प्रकार दिन रात्रि रूप काल दो घण्टे में ही पूरा हो जाता है और इसके अनुसार चौबीस घण्टे में योगियों के बारह दिन-रात्रि व्यतीत हो जाते हैं।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जब सुषुम्ना-मार्ग से प्राणवायु ब्रह्मरन्ध्र में जा पहुँचता है तब उसके लिए दिन-रात्रि रूप काल का अभाव हो जाता है, इसीलिए सुषुम्ना को काल का भक्षण करने वाली कहा है। ब्रह्मरन्ध्र में प्राणवायु जितने समय तक स्थित रहता है, उतने ही समय के लिए योगी की आयु-वृद्धि हो जाती है और इस प्रकार दीर्घकाल तक इसका अभ्यास सिद्ध कर लेने वाला योगी अपना मरण-काल निकट जानकर, यदि जीवन की इच्छा करता है तो प्राणवायु को सुषुम्ना मार्ग से ब्रह्मरन्ध्र में ले जाकर निरुद्ध करता है तब उसकी मृत्यु नहीं होती। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि योगी की स्वेच्छा मृत्यु होती है।

द्वासप्ततिसहस्राणि नाडीद्वाराणि पंजरे।
सुषुम्ना शांभवी शक्तिः शेषास्त्वेव निरर्थकाः ।।१८

टीका—मनुष्य शरीर में बहत्तर हजार नाड़ियों के द्वार हैं, उनमें सुषुम्ना नाड़ी शाम्भवी शक्ति है और शेष सब नाड़ियाँ निरर्थक हैं ।।१७।।

व्याख्या—'पंजर' का अर्थ है अस्थि-नाड़ी से बँधा हुआ शरीर। मनुष्य शरीर में बहत्तर हजार नाड़ियाँ होती हैं, परन्तु वे शरीर में अन्न-रस वहन करने का ही कार्य करती हैं, जो कि देहासक्त व्यक्तियों के लिए तो उपयोगी होती हैं, परन्तु योगी के लिए उनका महत्व शरीर-यात्रा चलाने भर के लिए है, उसे उनसे मोह नहीं रहता। क्योंकि वह शरीर-परक न होकर आत्मा-परक होता है।

उन बहत्तर हजार नाड़ियों में एक सुषुम्ना नाड़ी ही ऐसी है, जो साधक के लिए विशेष रूप से उपकार करने वाली सिद्ध होती है। उसी को मध्य नाड़ी भी कहते हैं। विद्वानों ने उसे

0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collect

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

शाम्भवी शक्ति भी कहा है, क्योंकि वही नाड़ी साधक को शिव की प्रप्ति कराने में सहायक होती है।

वायुः परिचितो यस्मादग्निना सह कुण्डलीम् ।
बोधयित्वा सुषुम्नायां प्रवेशेदनिरोधतः ।।१६
सुषुम्नावाहिनि प्राणे सिद्धयत्येव मनोन्मनी ।
अन्यथा त्वितराभ्यासाः प्रयासायैव योगिनाम् ।।२०

टीका—परिचित हुआ वायु जठराग्नि के साथ कुण्डली को बोधित करके अवरोध रूप सुषुम्ना में प्रविष्ट होता । जब प्राणवायु सुषुम्ना में प्रवाहित होता है, तब मनोन्मनी अवस्था सिद्ध हो जाती है। योगियों के इससे अन्य अभ्यास के जितने भी प्रयास हैं, वे व्यर्थ होते हैं ।।१६-२०।।

व्याख्या—परिचित का अर्थ है अभ्यास और अभ्यास किया हुआ वायु ही जठराग्नि के साथ मिलकर कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत करने में समर्थ होता है। 'अधोगतिमपान वै ऊर्ध्वंग कुरुते बलात्' इत्यादि (यो. कु. उ.) से अपान वायु ऊपर जाकर अग्नि मण्डल से मिलता है तब अग्नि की तीव्रता बहुत बढ़ जाती है, उस ताप से सन्तप्त हुई कुण्डलिनी जाग्रत् होती है और सुषुम्ना के मुख में घुस जाती है।

जब कुण्डलिनी शक्ति सुषुम्ना में प्रविष्ट हो जाती हैं तब सुषुम्ना का मुख खुला रहता है, जिससे प्राण के मार्ग में भी कोई रुकावट नहीं रहती और वह भी उसमें घुसकर ब्रह्मरन्ध्र में जा पहुँचता है, तो मनोन्मनी अवस्था हो जाती है। इसलिए योगियों के लिए इसी का अभ्यास करना चाहिये, क्योंकि अन्य किसी प्रकार के अभ्यास से मनोन्मनी अवस्था नहीं हो सकती, इसलिए वैसे प्रयास निष्फल ही समझने चाहिए।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

 Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पवनो बध्यते येन मनस्तेनैव बध्यते ।
मनश्च बध्यते येन पवनस्तेन बध्यते ॥२१

हेतुद्वयं तु चित्तस्य वासना च समीरणः ।
तयोर्विनष्ट एकस्मिस्तौ द्वावपि विनश्यतः ॥२२

मनो यत्र विलीयेत पवनस्तत्र लीयते ।
पवनो लीयते यत्र मनस्तत्र विलीयते ॥२३

टीका—जिस अभ्यास से योगी वायु का बन्धन करता है, उसी से मन का बन्धन कर लेता है। इस प्रकार जिससे मन का बन्धन होता है, उसी से वायु का बन्धन हो जाता है। चित्त की प्रवृत्ति में दो हेतु होते हैं वासना और वायु। इनमें से एक का नाश होने पर दूसरे का भी नाश हो जाता है। जहाँ मन विलीन होता है वहीं वायु विलीन होता है और जहाँ वायु लीन होता है, वहाँ मन भी लीन हो जाता है ॥२१-२३॥

व्याख्या—प्राणवायु के अभ्यास से योगी जब मन को वश में कर लेता है, तब उसकी चंचलता नष्ट हो जाती है। मन का धर्म है चिन्तन और मन के लय से चिन्तन का त्याग होकर निश्चिन्तता का उदय होता है। मन क्या है ? इस विषय में विद्वानों का मत है कि प्राण का स्पन्दन ही मन है, परन्तु प्राण के स्पन्दन-रहित होने पर मन की रक्षा होती है। इस प्रकार प्राण ही मन की रक्षा करता है क्योंकि सुषुम्ना में चढ़ता हुआ प्राण जब ब्रह्मरन्ध्र में पहुँचकर लीन हो जाता है तब उसके साथ मन का भी लय हो जाता है। इससे समझा जा सकता है कि जिससे प्राण का बन्धन है उसी से मन का भी है और जिससे मन का बन्धन है, उसी से प्राण का बन्धन होता है।

0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collect

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

चित्त की प्रवृत्ति दो कारणों से होती है, एक तो वासना से और दूसरे वायु से। इन दोनों में से एक नष्ट हो जाय तो वे दोनों ही नष्ट हो जाते हैं। तात्पर्य यह है कि वासना के नष्ट होने पर वायु और चित्त नष्ट होते हैं और वायु के क्षीण होने पर चित्त और वासना का नाश हो जाता है। इसका सीधा साधा अर्थ है कि चित्त से वासना का विकार दूर होते ही चित्त शान्त हो जाता है और चित्त के शान्त होने पर ही तत्वज्ञान की उपलब्धि हो सकती है।

कुछ विद्वानों के विचार में तत्वज्ञान होने पर ही चित्त के संयम से वासना का शमन हो सकता है। इससे यह सिद्ध हुआ कि चित्त की प्रवृत्ति, वासना और प्राणवायु इन तीनों का बन्धन आवश्यक है इसके बिना आत्मज्ञान अथवा ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति सम्भव नहीं है। इसलिए इन तीनों के बन्धन का अभ्यास योगी के लिए कर्तव्य है।

जहाँ मन का लय हो, वहीं वायु का लय होगा और जहाँ वायु का विलय हो, वहीं मन का विलय होता है। अर्थात् प्राण-वायु के साथ संयुक्त हुआ मन भी ब्रह्मरन्ध्र में ही जाकर लय को प्राप्त होता है। 'वायुं बिन्दु तथा चक्रं चैव समभ्यसेत्' इत्यादि (यो. कु. उ.) अर्थात् प्राणवायु, बिन्दु, चक्र और चित्त का उचित रूप से अभ्यास करके योगीजन ऐक्यरूपता की समाधि तक पहुँच जाते हैं।'

इस प्रकार साधक को प्राणवायु पर विजय प्राप्त करने का अभ्यास करना चाहिए। उसी से मन पर भी विजय प्राप्त हो सकती है और मन-प्राण का जीता जाना ही तत्वज्ञान की उपलब्धि है।

Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Colle

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दुग्धांबुवत्संम्मिलितावुभौ तौ तुल्यक्रियौ मानसमारुतौ हि।
यतोमरुत्तत्र मनःप्रवृत्तिर्यतो मनस्तत्र मरुत्प्रवृत्तिः ।।२४
तत्रैकनाशादपरस्य नाश एकस्यवृत्तेर परप्रवृत्तिः ।
अध्वस्तयोचेंद्रियवर्गवृत्ति प्रध्वस्तयोर्मोक्षपदस्यसिद्धिः।२५
रसस्य मनसश्चैव चंचलत्वं स्वभावतः ।
रसो बद्धो मनो बद्धं किं न सिद्धयति भूतले ।।२६

टीका—दुग्ध और जल के समान संयुक्त मन और वायु तुल्य क्रिया हैं। जहाँ वायु की प्रवृत्ति है, वहाँ मन की प्रवृत्ति है और जहाँ मन की प्रवृत्ति है, वहीं वायु क प्रवृत्ति है वहाँ एक के नाश से दूसरे का नाश होता है, एक की प्रवृत्ति से दूसरे की प्रवृत्ति होती है। जब तक सब इन्द्रियों का अपने-अपने विषय में प्रवृत्त होना नहीं रुकता, तब तक मोक्षपद की सिद्धि भी सम्भव नहीं है। रस और मन स्वभावतः ही चपल होते हैं, रस और मन वद्ध हो जाँय तो भूतल पर क्या सिद्ध नहीं हो सकता? ।।२४-२६।।

व्याख्या—जैसे दूध और जल मिलकर एक हो जाते हैं उनके रूप और क्रिया में कोई अन्तर नहीं रहता, वैसे ही मन और प्राणवायु के संयोग को समान समझना चाहिए। तुल्य-क्रिया का अर्थ है दोनों की प्रवृत्ति का एक समान होना। जिस स्थान में मन प्रवृत्ति होती है, उसी स्थान में प्राण की प्रवृत्ति होती है। मुण्डकोपनिषत् में कहा है—

एषोऽणुरात्मा चेतसा वेदितव्यो
यस्मिन् प्राणः पञ्च संविवेश ।

0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collect

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्राणैश्चित्तं सर्वमोतं प्रजानां
यस्मिन् विशुद्धे विभवत्येष आत्मा ॥

अर्थात्—जिस शरीर में पाँच रूपों वाला प्राण स्थित है, शरीरधारियों का मन उसी प्राण से व्याप्त है। यह सूक्ष्म आत्मा मन के द्वारा जाना जाता है और उस मन के शुद्ध होने पर आत्मा सब प्रकार से सशक्त हो जाता है।

इस प्रकार मुण्डक में भी मन को प्राण से व्याप्त कहकर उनकी समानता ही प्रकट की गई है। एक दूसरे का इतना तादात्म्य होने से यह कहना उचित ही है कि इनमें से एक के नाश से दूसरे का नाश हो जाता है और एक व्यापार नहीं करता तो दूसरा भी नहीं करता। सभी इन्द्रियां तभी तक अपने-अपने व्यापार में प्रवृत्त रहती हैं, जब तक कि मन या प्राण उन्हें उसके लिए प्रेरित करता है। यह नहीं हो सकता कि मन किसी इन्द्रिय का उसके विषय में प्रेरण करे और प्राण का सहयोग न मिले तो वह इन्द्रिय अपने व्यापार में प्रवृत्त हो जाय।

रस अर्थात् पारद की चंचलता सभी पर विदित है, जैसे वह किंचित् उष्णता पाकर ही अपने स्थान से चलायमान होकर अन्यत्र बढ़ता है, वैसे ही मन भी स्वभाव से ही चंचल है, वह कभी कहीं और कभी कहीं उड़ान भरता है। इसीलिए साधक को उस मन के निरोध का कर्तव्य रूप से उपदेश दिया जाता है और ज्ञानी साधक तो सदा यही विश्वास रखता है—

लब्धात्मा जिह्वया तुच्छो लोलया लोलसत्तया ।
स्वल्पस्पन्दो द्रव्य निष्ठो रसो नाहमचेतनः ॥

—सन्यासोपनिषत्

अर्थात्—चंचल मन और मन से संयुक्त जिह्वा से, द्रव्य से उत्पन्न तुच्छ स्पन्दन मैं नहीं हूँ।

CC-0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मूर्च्छितो हरते व्याधीन्मृतो जीवयति स्वयम् ।
बद्धः खेचरतां धत्ते रसो वायुश्च पार्वति ॥२७

टीका—आदिनाथ कहते हैं कि हे पार्वति ! मूर्च्छित रस और प्राण रोगों का हरण करता है मरा हुआ रस एवं ब्रह्मरन्ध्र में लय को प्राप्त हुआ प्राण मनुष्य को जीवन देता और खेचरत्व प्राप्त कराता है ॥२७॥

व्याख्या—जैसे वनौषधियों के योग से घोटकर पारद की चपलता नष्ट कर दी जाती है, तब उसकी मूर्च्छित संज्ञा होती है, वैसे ही कुम्भक के पश्चात् रेचक से निवृत्ति को प्राप्त हुआ प्राणवायु भी मूर्च्छित कहलाता है। इस प्रकार मूर्च्छित अवस्था को प्राप्त हुआ पारद और प्राण सभी रोगों को दूर करने में समर्थ होता है।

पारद को भस्म कर लिया जाय तो वह मरा हुआ कहा जाता है और प्राणवायु का भी निरोध करके उसे सुषुम्ना मार्ग से ब्रह्मरन्ध्र में पहुँचा दिया जाय तो वह भी मृत कहलाता है, क्योंकि इडा-पिङ्गला से विलग होकर सुषुम्ना में प्रवेश करते ही मनुष्य की अवस्था मरे हुए के समान हो जाती है, इसलिए यह प्राण की मृतावस्था मानी गई। इस प्रकार मरा हुआ पारद और प्राण दोनों ही मनुष्यों को दीर्घजीवन प्राप्त कराने में समर्थ होते हैं।

'बद्धः खेचरतां धत्ते' का अभिप्राय यह है कि क्रियाविशेष से बद्ध किया हुआ पारा गर्मी प्राप्त होते ही आकाश की ओर गति करता है और भौंहों के मध्य विशेष रूप से धारण किया हुआ प्राणवायु भी साधक को आकाशगति प्राप्त कराता

0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collect

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

है। इस प्रकार बद्ध प्राण के प्रभाव से योगी आकाश में पक्षियों के समान उड़ने में समर्थ होता है।

मनःस्थैर्यं स्थिरो वायुस्ततो बिंदुः स्थरो भवेत् ।
बिंदुस्थैर्यात्सद सत्त्वं पिंडस्थैर्यं प्रजायते ॥२८
इन्द्रियाक्षां मनो नाथो मनोनाथस्तु मारुतः ।
मारुतस्य लयो नाथः स लयो नादमाश्रितः ॥२९
सोऽयमेवास्तु मोक्षाख्यो मास्तु वापु मतांतरे ।
मनः प्राणलये कश्चिदानन्ददः संप्रवर्तते ॥३०

टीका—मन के स्थिर होने पर प्राण भी स्थिर हो जाता है और प्राण की स्थिरता से बिन्दु स्थिर होता है। बिन्दु की स्थिरता से सदा सत्व रहता है और उसको शरीर में स्थिरता उत्पन्न होती है। इन्द्रियों का स्वामी मन है, मन का स्वामी प्राण है, प्राण का स्वामी लय है और लय नाद से आश्रित है। यही मोक्ष कहलाता है, मतान्तर से ऐसा नहीं कि मन और प्राण का लय होने पर अनिर्वचनीय आनन्द प्रकट होता है। ॥२८-३०॥

व्याख्या—मन के स्थिर होने पर ही प्राण स्थिर होता है, क्योंकि मन चंचल होगा तो प्राण भी चंचल रहेगा। मन की स्थिरता से स्थिर हुआ प्राण वीर्य को चलित नहीं होने देगा और वीर्य चलित नहीं होता, शरीर में विद्यमान रहता है तो शरीर की शक्ति बनी रहती है शक्ति है तो शरीर में स्थिरता रहना स्वाभाविक है।

श्रोत्रादि पंच इन्द्रियों का स्वामी मन ही है क्योंकि मन की प्रेरणा से ही इन्द्रियाँ अपने-अपने विषयों में प्रवृत्त होती हैं। उस मन का स्वामी प्राण है, क्योंकि प्राण के सहयोग के बिना

0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मन की प्रवृत्ति भी निष्फल होती है। परन्तु प्राण का स्वामी है मन का लय हो जाना, जो कि नाद का आश्रित होता है। क्योंकि नाद ही ब्रह्म है, यथा 'नादो ज्योतिर्मयः शिवः' (नाद बिन्दु) अर्थात् 'नाद ही ज्योतिर्मान् शिव है।' इसलिए मन का नाद में लय होना मोक्षरूप कहा गया है।

परन्तु उक्त मत से भिन्न मत के कुछेक विद्वान् चित्त के लय होने को मोक्ष रूप नहीं मानते। उनके अनुसार चित्त का लय तो सुषुप्ति में भी हो जाता है। उनका यह मत प्रस्तुत प्रसङ्ग में उपयुक्त नहीं है क्योंकि मन और प्राण के लय होने पर जो अनिर्वचनीय आनन्द प्राप्त होता है, उससे जीवन्मुक्ति की अवस्था रूप उपलब्धिका सुख अवश्य मिलता है। इसीलिए ग्रन्थकार ने चित्त का प्राण के साथ नाद में लय हो जाना मोक्ष स्वरूप कहा है।

प्रनष्टश्वासनिश्वासः प्रध्वस्तविषयग्रहः।
निश्चेष्टो निर्विकारस्य लयो जयति योगिनाम् ॥३१
उच्छिन्नसर्वसङ्कल्पो निःशेषाशेषचेष्टितः।
स्वावगम्यो लयः कोऽपि जायते वागगोचरः ॥३२

टीका—श्वास-निश्वास-रहित, विषय के ग्रहण से उन्मुख चेष्टा-रहित और विकार-रहित योगियों का लय होता है। सर्व संकल्पों की उच्छिन्नता, अशेष चेष्टाओं से निवृत्ति, वाणी से न कहा जाने योग्य लय योगियों का होता है ॥३१-३२॥

व्याख्या—बाह्य वायु का भीतर पहुँचना श्वास और भीतर के वायु का बाहर निकलना निवास होता है। जिसमें इनकी और इन्द्रियों के द्वारा विषयों के ग्रहण का अभाव हो जाय तथा चेष्टा और विकार भी नष्ट हो जाय, इसे लय का होना समझना चाहिये। अभिप्राय यह है कि ध्येय वस्तु के

0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collect

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

आकार में अन्त:करण की वृत्ति का एकाकार हो जाना ही लय है।

लय के अन्य लक्षण में मन के कार्यरूप संकल्पों का नष्ट होना चेष्टित् अर्थात् अङ्ग-संचालन व्यवहार का निवृत्त हो जाना आदि का समावेश है। लय को वाणी से नहीं कहा जा सकता, वरन् स्वयं ही अनुभव के द्वारा जाना जा सकता है, ऐसे लय की उपलब्धि सर्वश्रेष्ठ मानी गई है।

यत्र दृष्टिर्लयस्तव भूतेन्द्रियसनातनी।
सा शक्तिर्जीवभूतानां द्वे अलक्ष्ये लयं गते ॥३३

लयो लय इति प्राहुः कीदृशं लयलक्षणम्।
अपुनर्वासनोत्थानाल्लयो विषयविस्मृतिः ॥३४

टीका—जहाँ दृष्टि का लय होता है, वहाँ सनातन भूत और इन्द्रिय नहीं रहते। जीवों की शक्ति रूप विद्या, अविद्या दोनों ही अलक्ष्य में लय होती हैं। इस प्रकार लय कहा जाता है, परन्तु लय का लक्षण क्या है ? विषय की विस्मृति और वासनाओं का पुनः न उठना ही लय है ॥३३-३४॥

व्याख्या—ब्रह्मरूप अन्त:करण वृत्ति में मन का लय होता होता है। जिसमें पृथिवी आदि पंच महाभूत और इन्द्रियाँ हों, वह अविद्या और जीवों की भक्ति रूप विद्या इन दोनों का लय अलक्ष्य ब्रह्म में ही होता है।

विद्या और अविद्या का फल विपरीत है। केनोपनिषत् में यम ने नचिकेता से कहा कि—

दूसमेते विपरीते विषूची अविद्या या च विद्येति ज्ञाता।
विद्या भीप्सितं नचिकेतसं मन्ये न त्वा कामा बहवोऽलोलुपन्त: ॥

CC-0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अर्थात्—विद्या अविद्या के फल भिन्न होते हैं। हे नचिकेता! तुम्हें अनेकों भोग अपनी ओर आकर्षित नहीं कर सके, इससे मैं समझता हूँ कि तुम विद्या की ही कामना करते हो।

इस प्रकार भिन्न फल वाली विद्या और अविद्या दोनों का ही पूर्ण रूप से त्याग करके ब्रह्म में चित्त का रम जाना लय है, वही श्रेष्ठ स्थिति है।

फिर भी कुछ लोग लय के विषय में पूछ सकते हैं कि उसका लक्षण क्या होता है? इसका समाधान ग्रन्थकार इस प्रकार करते हैं कि शब्दादि सभी विषयों और साथ ही ध्येय विषय की भी विस्मृति हो जाय वही लय का लक्षण है क्योंकि लय का अर्थ है आत्मसात् हो जाना और वासनाओं का पुनः उत्थान न करना आत्मसात् का प्रत्यक्ष लक्षण है। 'यदातमस्तन्न दिवा न रात्रिर्न सन्न चासंछिव एव केवलः' (श्वेताश्वतर) अर्थात् जब अज्ञान का अन्धकार दूर हो जाता है तब दिन, रात्रि, सत्, असत् का बोध नहीं रहता, उस समय केवल एक शिव ही शेष रहता है।' वही अवस्था 'लय' समझनी चाहिए।

शाम्भवी मुद्रा वर्णन

वेदशास्त्रपुराणानि सामान्यगणिका इव।
एकैव शांभवी मुद्रा गुप्ता कुलवधूरिव ॥३५
अंतर्लक्ष्यं बहिर्दृष्टिर्निमेषोन्मेषवर्जिता।
एषा सा शांभवी मुद्रा वेदशास्त्रेषु गोपिता ॥३६

टीका—वेद, शास्त्र और पुराण सभी सामान्य गणिका के समान और शाम्भवी मुद्रा ही कुल वधु के सजान गोपनीय है। अन्तर्लक्ष्य और बहिर्लक्ष्य में निमेष और उन्मेष न हो, ऐसी यह शाम्भवी मुद्रा वेदशास्त्र में छिपी रहती है ॥३५-३६॥

0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collect

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

व्याख्या—शाम्भवी मुद्रा का वर्णन आरम्भ करते हुए प्रथम उसका महत्व प्रकट किया है कि यह मुद्रा परम गोपनीय है। कुलवधू के समान कहने से, यहाँ कुलवधू अर्थात् सद्गृहस्थ की पत्नी की गरिमा स्वीकार की है और वेदादि के सर्व सुलभ होने के कारण उसे गणिका के समान बताकर शाम्भवी मुद्रा की श्रेष्ठता ही व्यक्त की है।

शरीर में जो मूलाधारादि षट्चक्र हैं उनमें से जो अभीष्ट हो, उस चक्र में लक्ष्य बनाकर अन्तःकरण की वृत्ति और विषयों वाली दृष्टि जो निमेष उन्मेष से रहित हो ऐसी यह मुद्रा ऋग्वेदादि और योग-दर्शनादि में छिपी हैं। इससे शुभ की प्रत्यक्षता प्राप्त होती है, इसलिए इसका नाम शाम्भवी मुद्रा हुआ।

अन्तर्लक्षविलीनचित्तपवनो योगी यदा वर्तते ।
दृष्ट्या निश्चलतारया बहिरधः पश्यन्नपश्यन्नपि ।।
मुद्रेयं खलु शांभवी भवति सा लब्धा प्रसादाद्गुरोः ।
शून्याशून्यविलक्षणं स्फुरति तत्तत्वं परं शांभवम् ।।३७

टीका—जब योगी अपने चित्त और वायु को अन्तर्लक्ष्य में लय करके निश्चल तारे वाले दृष्टि से शरीर के बाहर देखता हुआ भी नहीं देखता, यह शाम्भवी मुद्रा गुरु के प्रसाद से प्राप्त होती है। इससे शून्य-अशून्य से भी विलक्षण शाम्भव रूप परम तत्व का स्फुरण होता है ।।३७।।

व्याख्या—इस श्लोक में शाम्भवी मुद्रा का स्वरूप बताया है। त्वमसि आदि महाकाव्यों से जीवात्मा परमात्मा के अभेद रूप लक्ष्य में मन और प्राण का लय होने पर निश्चल दृष्टि खुली रहकर भी बाहर के विषयों को नहीं देख पाती, क्योंकि मन का लय होने पर इन्द्रियाँ अपने विषयों को ग्रहण नहीं कर

CC-0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सकतीं। इस प्रकार ब्रह्म मे लय को प्राप्त हुए मन और प्राण जब इस अवस्था में पहुँच जाते हैं, तब शाम्भवी मुद्रा होती है।

श्रीशांभव्याश्च खेचर्या अवस्थाधामभेदतः ।
भवेच्चित्तलतानन्दः शून्ये चित्सुखरूपिणि ॥३८

टीका—शाम्भवी और खेचरी मुद्राओं के द्वारा अवस्था और धाम के भेद से शून्य चित्त सुख स्वरूप चित्त के लय का आनन्द होता है ॥३८॥

व्याख्या—शाम्भवी और खेचरी दोनों ही मुद्रायें समान फल प्रदान करने वाली मानी गई हैं। इनमें से किस मुद्रा का अभ्यास किया जाय? यह साधक की अवस्था और देश काल को देख कर निश्चित करना चाहिए। अथवा इन दोनों मुद्राओं में देश-भेद यह है कि शाम्भवी मुद्रा में बाह्य दृष्टि होने से बहिः स्थिति और खेचरी मुद्रा में भौंहों के मध्य में दृष्टि रहने से वही स्थिति होती है। परन्तु इन दोनों से ही चिदानन्द रूप आत्मा में चित्त का जो लय होता है, उस परमानन्द की उपलब्धि होती है।

उन्मीन मुद्रा

तारे ज्योतिषी संयोज्यकिंचिदुन्नमयेद्भ्रुवौ ।
पूर्वयोगं मनो युंजन्नुन्मनीकारकः क्षणात् ॥३९
केचिदागमजालेन केचिन्निगमसंकुलैः ।
केचित्तर्केण मुह्यंति नैव जानन्ति तारकम् ॥४०

टीका—तारों को ज्योति में युक्त करके भौंहों को कुछ ऊपर की ओर करे और पूर्वोक्त योग में मन को लगा दे तो क्षण

0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collect

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भर में उन्मनीकारक अवस्था होती है। किसी आगम के जाल से और किसी निगम के फलों से जो मोहित रहते हैं, वे तारक को नहीं जान सकते ॥३९-४०॥

व्याख्या—नेत्रों के तारों को नासिका के अग्रभाग में स्थिर करके प्रकाशमान ज्योति में योजित करे और भृकुटियाँ कुछ ऊपर की ओर उठाकर पूर्वोक्त अन्तर्लक्ष्य और वहिर्दृष्टि रूप योग में मन को लगा देना चाहिये। इससे उन्मनी अवस्था हो जाती है। यह उन्मनी अवस्था साधक को तारने वाली है, परन्तु आगाम अर्थात् शास्त्रों और निगम अर्थात् वेदों में विभिन्न प्रकार की उपासनाओं और यज्ञों का वर्णन होने से उनमें विश्वास रखने वाले लोग योग का अभ्यास नहीं करते, वे संसार सागर से तारने वाली इस उन्मनी अवस्था को नहीं जान पाते।

अर्धोन्मीलितलोचनः स्थिरमना नासाग्रदत्तेक्षण-
श्चंद्रार्कावपि लीनतामुपनन्निष्पंदभावेन यः।
ज्योतीरूपमशेषबीजमखिलं देदीप्यमानं परं।
तत्वं तत्पदमेति वस्तु परमं वाच्यं किमत्राधिकम् ॥४१

टीका—अर्द्ध उन्मीलित नयन, स्थिर मन और नासिका के अग्रभाग में दृष्टि वाला योगी चन्द्र सूर्य का लीन करता हुआ निस्पद भाव से अत्यन्त देदीप्यमान, ज्योति स्वरूप अशेष, अखिल विश्व के बीज रूप परम तत्व के पद को जाता है। इस विषय में अधिक क्या कहा जाय? ॥४१॥

व्याख्या—उन्मनी अवस्था में योगी के नेत्र आधे खुले आधे बन्द रहते हैं। उस समय वह स्थिर चित्त से नासिका के अग्रभाग में दृष्टि रखता है। उसका मन इस प्रकार लय को

0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्राप्त हो जाता है कि उसे अपने शरीर की भी सुधि नहीं रहती।

उस नासिका के अग्रभाग में जो स्वच्छ आकाश है, उसमें ज्ञान और दृष्टि दोनों सम्यक् प्रकार से लग जाँय तो प्राणों का स्पन्दन भी रुका हुआ प्रतीत होता है और प्राण के संचार के उस अवरोध में कारण होती है शरीर मन और इन्द्रियों की निश्चलता। ऐसी स्थिति में अवस्थित हुआ योगी तत्व स्वरूप परम पद को प्राप्त होता है।

उस परम पद का वर्णन करना बहुत कठिन है अधिक तो क्या अल्प कथन भी नहीं हो पाता। योगतत्वोपनिषत् में कहा है—

अनिर्वाच्य पदं वक्तुं न शाक्यं तै सुरैरपि।
स्वात्मप्रकाश रूपं तत्किं शास्त्रेत्र प्रकाशते॥

अर्थात्—उस अनिर्वाच्य पद का वर्णन देवता भी नहीं कर सकते तब शास्त्र ही उस आत्मप्रकाश रूप का वर्णन कैसे कर सकते हैं?

दिवा न पूजयेल्लिगं रात्रौ चौव न पूजयेत्।
सर्वदा पूजयेल्लिगं दिवारात्रिनिरोधतः॥४२

टीका—दिन में लिग का पूजन न करे, रात्रि में भी नहीं करना चाहिए। दिन रात्रि के निरोध को करता हुआ सर्व काल में लिङ्ग-पूजन कर सकता है॥४२॥

व्याख्या—उन्मनी अवस्था में काल का कोई नियम नहीं रहता। दिन का अर्थ सूर्य और रात्रि का अर्थ चन्द्रमा, इन दोनों का संसार होने के समय लिग-पूजन का निषेध है। तात्पर्य यह है कि पिंगला और इड़ा के स्वर-संसार काल में पूजन नहीं करना चाहिए। इसका कारण यह है कि सूर्य-चन्द्र स्वर के संचार काल

0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collect

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

में चित्त की स्थिरता नहीं रह पाती, क्योंकि उस समय प्राणवायु चलायमान रहता है इसलिए चित्त भी चलायमान रहेगा।

दिन-रात्रि को छोड़कर अन्य सभी कालों में पूजन करने का निर्देश है। क्योंकि सूर्य-चन्द्र का निरोध होने पर प्राण सुषुम्ना में चला जाता है तब मन की भी स्थिरता हो जाती है। इस श्लोक में पूजन शब्द का प्रयोग ध्यान के लिए है, क्योंकि योगी के लिए बाह्य पूजन अपेक्षित नहीं उसके लिए तो ध्यान ही पूजन है। इसलिए लिंग अर्थात् आत्मा के ध्यान का ही निर्देश समझना चाहिए।

खेचरी मुद्रा का स्थैर्य कथन

सव्यदक्षिणनाडिस्थो मध्ये चरति मारुतः।
तिष्ठते खेचरी मुद्रा तस्मिन्स्थाने न संशयः ॥४३
इडापिंगलयोर्मध्ये शून्यं चैवानिलं ग्रसेत्।
तिष्ठते खेचरी मुद्रा तत्र सत्यं पुनः पुनः ॥४४
सूर्याचन्द्रमसोर्मध्ये निरालम्बान्तरं पुनः।
संस्थिता व्योमचक्रे या सा मुद्रा नाम खेचरी ॥४५

टीका—बाँयी-दाँयी नाड़ियों में स्थित प्राणवायु जह जाता है, वहीं खेचरी मुद्रा स्थित होती है, इसमें संशय नहीं। इडा और पिङ्गला के मध्य का शून्य प्राणवायु का ग्रास कर ले, उसी शून्य में खेचरी मुद्रा होती है यह कथन बार-बार सत्य ही है। सूर्य और चन्द्र के मध्य जो निराश्रय अन्तर है, उस व्योम चक्र में ठीक प्रकार स्थित होने से उस मुद्रा का नाम खेचरी है ॥४३-४५॥

0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

व्याख्या—बाँयी नाड़ी इडा है, इसे चन्द्र नाड़ी भी कहते हैं और दाँयी नाड़ी पिंगला है, जो कि सूर्य नाड़ी भी कहलाती है। उनमें स्थित प्राणवायु निकलकर जहाँ पहुँचता है वहीं खेचरी मुद्रा का होना कहा है। इडा-पिंगला के मध्य शून्य अर्थात् आकाश माना जाता है, उनमें प्राण का स्थिर होना ही प्राण का ग्रास कहलाता है। उसी शून्य रूप आकाश में खेचरी का स्थित होना निश्चित है। इडा-पिंगला के मध्य जो आश्रय रहित अन्तर है, वहाँ आकाशों का समुदाय रूप चक्र विद्यमान रहता है, क्योंकि भौंहों के मध्य सभी आकाश मिलते हैं। उसी आकाश में ठीक प्रकार से स्थित होना ही खेचरी मुद्रा है। 'एवं सहजानन्दे यदा मनोलीयते तदा शाम्भवी भवति' तामेव खेचरी माहुः (मण्डलब्राह्मणोपनिषत्) अर्थात् 'जब मन ऐसे सहजानन्द में लीन हो जाता है तब जीव को शान्ति मिलती है, वह शाम्भवी है जिसे खेचरी कहते हैं।

सोमाद्यत्रोदिता धारा साक्षात्सा शिववल्लभा ।
पूरयेदतुलां दिव्यां सुषुम्नां पश्चिमे मुखे ॥४६
पुरस्ताच्चैव पूर्येत निश्चिता खेचरी भवेत् ।
अभ्यस्ता खेचरी मुद्राप्युन्मनी संप्रजायते ॥४७

टीका—जिससे चन्द्रमा से अमृत की धारा प्रकट होती है, वह खेचरी मुद्रा साक्षात् शिव-वल्लभा है। अतुल और दिव्य सुषुम्ना को पश्चिम मुख में जिह्वा से पूर्ण करना चाहिए और यदि पूर्व मुख में पूर्ण करे तो निश्चय ही खेचरी मुद्रा होती है। इस प्रकार अभ्यास से सिद्ध इस मुद्रा से उन्मनी अवस्था उत्पन्न हो जाती है ॥४६-४७॥

0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collect

 Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

व्याख्या—खेचरी मुद्रा शिवजी को अत्यन्त प्रिय है। उसमें चन्द्रामृत की धारा उत्पन्न हो जाती है। इसलिए इसका अभ्यास साधक को दीर्घजीवी बनाता है।

सुषुम्ना नाड़ी के दो मुख होते हैं—पश्चिम और पूर्व! इन दोनों मुखों को प्राण से पूरित करें। इसका ठीक प्रकार से अभ्यास करने पर उन्मनी अवस्था होती है। परन्तु सुषुम्ना के बल पश्चिम मुख को ही पूरित करने और पूर्व मुख का पूरित न करने से जो खेचरी मुद्रा होती है, वह मूढ़ अवस्था को उत्पन्न करने वाली है।

भ्रुवोर्मध्ये शिवस्थानं मनस्तत्र विलीयते।
ज्ञातव्यं तत्पदं तुर्यं तत्र कालो न विद्यते ॥४८
अभ्यत्सेत्खेचरीं तावद्यावत्स्याद्योगनिद्रितः।
संप्राप्तयोगनिद्रस्य कालो नास्ति कदाचन ॥४९
निरालम्बं मनःकृत्वा न किंचिदपि चिंतयेत्।
स बाह्याभ्यंतरे व्योम्नि घटवत्तिष्ठति ध्रुवम् ॥६०

टीका—भौंहों के मध्य में शिव का स्थान है, वहाँ मन का विलय होता है। उस पद को काल की विद्यमानता से रहित तुर्य पद जानना चाहिए। खेचरी का तब तक अभ्यास करे, जब तक योगी योग निद्रित हो और जब योग निद्रा की प्राप्ति हो जाती है, तब उसकी मृत्यु कभी नहीं होती। जो योगी मन को आश्रय-रहित करके कुछ भी चिन्ता नहीं करता, वह बाह्याभ्यन्तर के आकाश में घट के समान टिक जाता है, यह निश्चय है ॥४८-५०॥

0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

व्याख्या—दोनों भृकुटियों के बीच शिव रूप आत्मा का स्थान माना गया है। वहाँ पहुँची हुई मन की वृत्ति शिवाकर हो जाती है। वह पद जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति के पश्चात् का अर्थात् चौथा तुरीय पद है, जहाँ काल तो रह ही नहीं सकता।

योग-निद्रा में सभी वृत्तियों का निरोध होता है, यह अवस्था बहुत समय के अभ्यास से सिद्ध होती है। इसकी प्राप्ति के लिये खेचरी का अभ्यास करना उचित है। इसके द्वारा मृत्यु भी विजित हो जाती है। इसलिए खेचरी का अभ्यास करता हुआ योगी मन को आश्रय-रहित कर दे अर्थात् संयमित करे अन्य किसी प्रकार का चिन्तन न करे। तब जैसे खाली घट बाहर-भीतर आकाश से पूर्ण होता है वैसे ही खेचरी मुद्रा होने पर आलम्बन छोड़े हुए योगी ब्रह्म में स्थित होता है।

बाह्यवायुर्यथा लीनस्तथा मध्ये न संशयः।
स्वस्थाने स्थिरतामेति पवनो मनसा सह ॥५१

एवमभ्यसमानस्य वायुमार्गे दिवानिशम्।
अभ्यासाज्जीर्यते वायुर्मनस्तत्रैव लीयते ॥५२

अमृतैः प्लावयेद्देहमापादतलमस्तकम्।
सिद्ध्यत्यत्र महाकायो महाबलपराक्रमः ॥५३

टीका—जैसे बाह्य वायु लीन होता है, वैसे मध्य का भी लीन हो जाता है, इसमें संशय नहीं तथा मन सहित प्राण-वायु अपने स्थान में स्थिरता को प्राप्त होता है। इस प्रकार वायु मार्ग में दिन-रात्रि अभ्यास करते हुए, जिसमें वायु लीन होता है, उसी में मन भी लय हो जाता है। तलुओं से मस्तक पर्यन्त शरीर को चन्द्रामृत से सिंचित कर ले तो उस

0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collect

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

योगी को महाबल, पराक्रम और महान् काया की सिद्धि होती है वही उसका अमृत से स्नान करना है ॥५१-५३॥

व्याख्या—खेचरी मुद्रा के अभ्यास काल में बाह्य वायु तो लीन होता ही है, क्योंकि उसका भीतर प्रवृत्त होना असम्भव है। इसी प्रकार शरीर के मध्य का वायु इसलिए लीन होता है कि उसकी वाह्य प्रवृत्ति नहीं हो सकती। परन्तु मन के सहित वह वायु अपनी स्थिरता के स्थान ब्रह्मरन्ध्र में जाकर स्थैर्य को प्राप्त होता है। प्राणवायु के मार्ग सुषुम्ना में सदा अभ्यास करने से वह वायु जीर्ण हो जाता है। उसका जीर्ण ही लय होना है। प्राणवायु लीन होता है, वहीं मन भी लीन हो जाता है। ऐसा होने पर ही चन्द्रमा से स्रवित होते हुए अमृत से समूचे शरीर का पोषण होता है, जिससे बल-पराक्रम बढ़ता और साधक दीर्घजीवी हो जाता है।

शक्तिमध्ये मनः कृत्वा शक्तिं मानसमध्यगाम् ।
मनसा मन आलोक्य धारयेत्परमं पदम् ॥५४

खमध्ये कुरु चात्मानमात्ममध्ये च खं कुरु ।
सर्वं च खमयं कृत्वा न किंचिदपि चिन्तयेत् ॥५५

टीका—मन को शक्ति के मध्य और शक्ति को मन के मध्य में करके तथा मन से मन को देख परमपद का धारण करे। ब्रह्म के मध्य आत्मा को और आत्मा के मध्य ब्रह्म को करके, सत् को ब्रह्ममय करता हुआ किंचित् भी चिन्ता न करे ॥५४-५५॥

व्याख्या—मन को कुण्डलिनी शक्ति में लगाकर उस शक्ति को मन में योजित करे। अर्थात् मन और शक्ति का ऐक्य करके मनन पूर्वक मन का अवलोकन करे, यह देखें कि मन

0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collec

कुण्डलिनी शक्ति[1]

कुण्डलिनी का विवेचन, विशेष रूप से मूलाधार चक्र के साथ साथ पूर्व मे भी किया जा चुका है। इसे शास्त्रो मे सर्प, देवी तथा शक्ति एक साथ ही कहा है। हठ योगप्रदीपिका (३।१०४) मे कुटिलागी, कुण्डलिनी, भुजगी, शक्ति, ईश्वरी, कुण्डली, अरुधती इन सात पर्यायवाचक नामो का उल्लेख किया गया है। समष्टि के रूप मे यह पराकुण्डलिनी, महाकुण्डलिनी, महाशक्ति, अव्यक्त कुण्डलिनी आदि नाम से पुकारी जाती है तथा व्यष्टि मे यह कुण्डलिनी कही जाती है। इसे आधार शक्ति भी कहते है। व्यष्टि रूप से व्यक्ति इस शक्ति ही के आश्रित है। यही उसका मूल आधार है। इसी के ऊपर व्यक्ति की क्रियाशीलता तथा विकास आधारित है। समष्टि रूप से सम्पूर्ण विश्व इसके आश्रित है। यह विश्व के समस्त पदार्थों की आश्रयदात्री है। यही उनकी मूल शक्ति है। विश्व मे क्रियाशीलता तथा चेतना सब इसी शक्ति के कारण है। कुण्डलिनी शक्ति ही प्राण शक्ति है। प्राण की गति विधि इस पर ही आधारित है। यह शक्ति मूलाधार मे स्थित है। प्रत्येक शारीरिक क्रिया के लिये प्राणी को मूलाधार चक्र से ही शक्ति प्राप्त होती है। मन भी मूलाधार स्थित कुण्ड-

---

१ विशद विवेचन के लिये लेखक का "भारतीय मनोविज्ञान" नामक ग्रन्थ देखने का कष्ट करें।

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषत्—मत्र भाग। ६२ से ६५ तक।

दर्शनोपनिषत्—४।११, १२। ध्यानबिन्दूपनिषत्—६५ से ७२ तक योगचूडामण्युपनिषत् ३६ से ४४ तक। योगशिखोपनिषत्—१।८२ से ८७ तक, ११२ से ११७ तक। ५।३६, ३७, ६।१ से ३ तक, १६ से १९ तक, ५५।

योगकुण्डल्युपनिषत्—१।७, ८, १०, १३, १४, ६२ से ७६ तक। शाण्डिल्योपनिषत्—१।४।८। शिव-सहिता—४।२१ से २३ तक, ५।७५ से ८८ तक।

हठ योग प्रदीपिका—३।१से ५ तक, ११, १२, ३।१०४ से १२३ ३।६५, ४।१०,११, २९ ५४। Yoga Immortality and Freedom by Mircea Eliade-Page-245। घरेण्ड सहिता—६।१, १६, १७, ३।३४ से ३६ तक, ४४, ४६, ५१। गोरक्ष पद्धति—१।४६ से ५२ तक, ५४, ५६, ग्रन्थान्तरे १, २, ५ से ११ तक ३, ७०। भारतीय सस्कृति और साधना-महा महोपाध्याय श्री गोपीनाथ कविराज जी—३०२ से ३२२ तक कुण्डलिनी तत्त्व। "शक्ति जागरण"

लिनी शक्ति से ही शक्ति प्राप्त कर क्रियाशील होता है। चिन्तन, सकल्प, इच्छा आदि मन के कार्य, बोलना, उठना, बैठना, दौडना, कूदना, चलना, फिरना आदि शरीर की सब बाह्य क्रियाये तथा रक्त सचालन आदिक शरीरकी सब आन्तरिक क्रियाये कुण्डलिनी शक्ति के द्वारा ही होती है। इस शक्ति से ही विश्व की उत्पत्ति, स्थैर्य तथा विनाश होता है। यही विश्व आधार महा शक्ति व्यक्ति मे भी अभिव्यक्त होती है। मानव का भौतिक शरीर तथा उसकी क्रियाये इस कुण्डलिनी शक्ति की ही अभिव्यक्तियाँ है। यही सब मे मूलसत्ता रूप से विद्यमान है। मन तथा पुद्गल दोनो इस शक्ति के ही रूप है। वही मनुष्य मे चेतन एव जड तथा दृष्ट जगत् की शक्ति और उसके पदार्थों के रूप मे अभिव्यक्त है। यह आदि शक्ति है। मूलाधार के योनि स्थान मे स्थित स्वयभू लिंग मे सर्पाकार होकर लिपटी अपने मुख से सुषुम्ना के रन्ध्र को बन्द किये सो रही कुण्डलिनी शक्ति मे ही चित्त विद्यमान है। यही अचेतन मन का स्थान है। त्रिकाल के अनुभवो सहित मन की शक्ति, बुद्धि, अहकार आदि स्थूल शरीर सहित सब मूलाधार चक्र पर कुण्डलिनी शक्ति मे विद्यमान हैं। स्मृति ज्ञान का यही श्रोत है। व्यक्ति में ब्रह्माण्ड की सब शक्तियो का यह केन्द्र है। इस शक्ति की सुप्तावस्था मे ब्रह्ममार्ग बन्द रहता है। सुषुम्ना रन्ध्र को ही ब्रह्ममार्ग कहते है। इसमे को होकर ही कुलकुण्डलिनी सहस्रार पर पहुँचती है। साधारण अवस्था मे जब ब्रह्म-मार्ग बन्द रहता है तथा जब शक्ति अविकसित अवस्था मे पडी रहती है, तब प्राणशक्ति इडा और पिगला मे को होकर ही बहती रहती है। जैसा कि पूर्व मे बताया जा चुका है, प्रत्येक चक्र की शक्ति इस कुण्डलिनी की ही शक्ति है। षट्-चक्र, उन चक्रो की शक्तियाँ, देवता तथा अव्यक्त शक्ति रूप देवियाँ ये सब कुण्डलिनी की ही अभिव्यक्तियाँ है। इन सबको मिलाकर कुण्डलिनी कहते हैं। कुण्डलिनी की सुप्तावस्था मे सब चक्र अधोमुखी होते है। जब यह कुण्डलिनी शक्ति जागरित होकर ब्रह्म मार्ग से ऊपर को सहस्रार की तरफ चलती है तो क्रमश ऊपर के चक्र तथा नाडिया प्रकाशित होती चलती है और अधोमुखी चक्र उस शक्ति के सम्पर्क मात्र से ऊर्ध्व मुख होते जाते है। उन चक्रो की विशिष्ट शक्तियाँ जो कि इस कुण्डलिनी की ही शक्तियाँ हैं, अव्यक्त से व्यक्त हो जाती हैं। कहने का अभिप्राय यह है कि उन अलग अलग केन्द्रो की शक्ति का जागरण भी सुषुम्ना सम्बन्ध से क्रमश होता चला जाता है। वैसे तो यह शक्ति प्रवाह सदैव चलता रहता है, क्योंकि इसके बिना स्थूल शरीर क्रियाशील एव जीवित नही रह सकता। सभी मनुष्यो मे ये चक्र अपनी शक्ति द्वारा न्यूनाधिक

रूप से क्रियाशील रहते हैं। इनमे अधिक शक्ति प्रवाहित होने से मानव अधिक योग्य अर्थात महान् तथा विकसित गुणो वाला होता है। जब व्यक्ति इनकी शक्ति को विशेष रूप से जागरित करता है, तब कुण्डलिनी शक्ति जागरित होकर उन चक्रो से सम्बन्धित होती है तथा उस व्यक्ति मे उन चक्रो से सम्बन्धी शक्ति विकसित हो जाती है। यह कुण्डलिनी शक्ति मूलाधार चक्र मे स्थूल रूप से स्थित सब चक्रो का आधार है। यह अनादि एव अनन्त शिव की शक्ति ही ब्रह्म की माया है जिसके द्वारा सृष्टि की अभिव्यक्ति और लय का क्रम चलता रहता है। ब्रह्म तथा उसकी मूल शक्ति दोनो ही केन्द्रस्थ है। ब्रह्म निरपेक्ष दृष्टामात्र है, किन्तु शक्ति मे विस्तार एव सकोच होता रहता है। अभिव्यक्ति की क्रिया समाप्त होने पर लय की क्रिया प्रारम्भ होती है। उत्पत्ति और विनाश दोनो के क्रमिक रूप से प्रकट होते रहने को ही काल चक्र कहते है। सृष्टि का प्रारम्भ त्रिगुणात्मक मूलप्रकृति से होता है। सत्त्व, रजस्, तमस्, रूपा शक्ति से ही विभिन्न रूपा प्रपञ्चात्मक सृष्टि का उदय हुआ है। योग-शास्त्रो मे सहस्रार पर ही शिव-शक्ति मिलन बताया गया है। यही महा-कुण्डलिनी शक्ति परब्रह्म के साथ स्थित है। यही प्रकृति की साम्यावस्था है। तीनो गुण (सत्व, रजस्, तमस्) इस अवस्था मे वैषम्य रहित हो जाते है। यह महाप्रलय की अवस्था कही जा सकती है।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि सृष्टि और प्रलय का क्रम चलता रहता है। इस प्रलयावस्था के बाद सृष्टि प्रारम्भ होती है। मूल प्रकृति की साम्या-वस्था भग होने से गुणो मे वैषम्य पैदा हो जाता है, जिसके फलस्वरूप सृष्टि प्रारम्भ होती है। सृष्टि के उदयकाल मे सबसे प्रथम महत्तत्व का उदय होता है। यह ब्रह्माण्ड तथा पिण्ड दोनो मे विद्यमान है। यह भ्रूमध्य स्थित आज्ञा चक्र का तत्त्व है, जिसका विवेचन पूर्व मे किया जा चुका है। इसे ही सृष्टि का कारण कहा है। इस महत्तत्त्व से ही पचतन्मात्राओ की उत्पत्ति होती है। विशुद्ध, अनाहत, मणिपूर, स्वाधिष्ठान तथा मूलाधार केन्द्रो से क्रमश शब्द, स्पर्श, रूप, रस एव गन्ध तन्मात्रायें उदय होती है, जिनसे पञ्चीकरण के द्वारा आकाश, वायु, तेज, जल, पृथ्वी, इन स्थूल विषयो का उदय होता है। दूसरी तरफ महत्तत्त्व से अहकार, मन, पचज्ञानेन्द्रियो तथा पच कर्मेन्द्रियो का उदय होता है। ये भी पूर्व वर्णित विभिन्न चक्रो की विभिन्न इन्द्रियाँ हैं। सृष्टि सूक्ष्मता से स्थूलता की ओर विकसित होती चली जाती है। आज्ञाचक्र से नीचे विशुद्ध चक्र है, जिसका तत्व आकाश है। महत्तत्व से पहिले आकाश तत्व की

उत्पत्ति होती है फिर वायु, अग्नि, जल तथा पृथ्वी तत्त्व का क्रमश उदय होता है। ये सब तत्त्व क्रमश अनाहत, मणिपूर, स्वाधिष्ठान तथा मूलाधार चक्र के हैं, जिनका विवेचन स्थल विशेष पर किया जा चुका है। जब स्थूल आकाश मण्डल, स्थूल वायुमण्डल, स्थूल तेजमण्डल, स्थूल जलमण्डल तथा स्थूल भूमण्डल की रचना के बाद अर्थात् स्थूल जगत् की उत्पत्ति के बाद शक्ति का विस्तार बन्द हो जाता है, तब वह शक्ति मूलाधार चक्र मे, योनि मे स्थित स्वयभू लिंग के मुख को अपने मुख से ढके हुए तथा सुषुम्ना छिद्र या ब्रह्म मार्ग को रोके हुए सुप्तावस्था मे विद्यमान होती है। कुण्डलिनी शक्ति की इस अवस्था मे ब्रह्म द्वार बन्द रहता है। इस अवस्था मे जीव अन्नमय कोष (स्थूल कोष) मे पडा रहता है। वह वासना, अभिमान तथा भोगेच्छा से स्थूल शरीर प्राप्त करता रहता है अर्थात् जन्म मरण के चक्र मे पडा भ्रमित रहता है। ऐसी स्थिति मे प्राण केवल इडा और पिगला से होकर ही बहता है। विकास के बाधित हो जाने पर लय की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाती है। यही काल चक्र का स्वरूप है। इस प्रक्रिया से ब्रह्माड साम्यावस्था की ओर चलता है। ब्रह्माड की साम्यावस्था ही महाप्रलय है। इस अवस्था मे तो प्रत्येक व्यक्ति बिना प्रयत्न के ही ब्रह्माड की मुक्ति के साथ स्वय भी मुक्त हो जाता है। यह तो रहा काल चक्र का ब्योरा किन्तु जब व्यक्ति स्वय प्रयत्न करके मोक्ष प्राप्त कर सकता है तो वह उसके लिए महा प्रलय तक क्यो रुके। इस मोक्ष प्राप्ति के लिये साधन विधि द्वारा सोई हुई कुण्डलिनी शक्ति को अनिवार्य रूप से जगाना पडता है। बिना कुण्डलिनी शक्ति को जगाये काम नही चलता। हठयोग प्रदीपिका मे स्पष्ट रूप से दिया गया है कि जिस प्रकार से ताली से फाटक खुल जाते है, ठीक उसी प्रकार से योगी हठ योग के द्वारा कुण्डलिनी को जगाकर मोक्ष द्वार (सुषुम्ना छिद्ररूपी ब्रह्ममार्ग) खोलते है।[1] परमेश्वरी (कुन्डलिनी) रोग एव दु ख आदि से रहित ब्रह्म स्थान (सहस्रार) के मार्ग (सुषुम्ना रन्ध्र वा ब्रह्मरन्ध्र) को रोके हुए सो रही है।[2] कन्द के ऊपर सोई हुई यह कुण्डलिनी शक्ति योगियो को मोक्ष तथा मूर्खों को बन्धन प्रदान करती है। ऐसा जानने वाला ही योग जानता है। जो इस शक्ति को जागरित करके ब्रह्म-मार्ग (सुषुम्ना-मार्ग) से सहस्रार मे पहुँचाता है, वह योगी मोक्ष प्राप्त करता है तथा जो इस शक्ति को सासारिक विषय

---

१ हठयोग प्रदीपिका—३।१०५।

२ हठयोग प्रदीपिका—३।१०६।

भोगो मे लगाता है, वह निश्चित रूप से बन्धन मे पड़ा रहता है।[1] जो योगी मूलाधार मे लिपटी हुई इस कुण्डलिनी शक्ति को जगाकर सुषुम्ना मार्ग मे मूलाधार चक्र से ऊपर को ले जाता है वह बिना सशय मोक्ष प्राप्त करता है।[2] गगा (इडा), जमुना (पिगला) के मध्य बालरण्डा तपस्विनी (कुण्डलिनी) के साथ बलात्कार (हठयोग द्वारा जगाने से) करने से योगी विष्णु के परमपद को प्राप्त करता है।[3] गुरु कृपा से जब सुषुप्त कुण्डलिनी जागरित हो जाती है, तब सब पद्मो तथा ग्रन्थियो का भेदन होता है, अर्थात् कुण्डलिनी, सुषुम्ना मार्ग मे स्थित सब चक्रो तथा ग्रन्थियो का भेदन करती है। इस शक्ति को जगाने के लिये मुद्रा आदि हठयोग क्रियाओ का अभ्यास करना चाहिये।[4] बिना इस कुण्डलिनी शक्ति को जगाये ज्ञान प्राप्त नही हो सकता, चाहे कोई जितना भी योगाभ्यास क्यो न करे।[5]

उपर्युक्त कथन से यह सिद्ध होता है कि ज्ञान तथा मोक्ष की तो कौन कहे सासारिक शक्ति या वैभव भी बिना कुण्डलिनी शक्ति के जागरित हुए प्राप्त नही हो सकता क्योकि विश्वगत समस्त शक्ति ही कुण्डलिनी रूप से मनुष्य देह मे विद्यमान है।

मनुष्य के सामने अपने वास्तविक स्वरूप को जानने की इच्छा स्वाभाविक है अपने स्वरूप का ज्ञान प्राप्त कर उसकी प्राप्ति करने का प्रयत्न करना भी स्वाभाविक है। सम्पूर्ण दार्शनिक विवेचनाओ का मूल केन्द्र विन्दु यही है। साधनाओ के मूल मे यही है। सब योग क्रियाओ का लक्ष्य यही है। सचमुच यदि देखा जाये तो स्वरूपोपलब्धि ही मानव का परम कर्त्तव्य है। साख्य-योग में प्रकृति से भिन्न चैतन्य स्वरूप ही जीव का स्वरूप माना गया है। अत योगी योगाभ्यास के द्वारा विवेक ज्ञान प्राप्त कर प्रकृति के बन्धन से सदैव के लिये छुट कर जन्म-मरण अथवा शरीर धारण के चक्र से छुट जाते है। यही विदेह कैवल्य है, जिसका विवेचन स्थल विशेष पर किया जा चुका है। किन्तु इस सिद्धान्त को हम सर्वोच्च सिद्धान्त नही मान सकते हैं। इससे आगे के सिद्धान्त

---

१. हठयोग-प्रदीपिका—३।१०७।
२ हठयोग प्रदीपिका—३।१०८।
३ हठयोग प्रदीपिका—३।१०९, ११०।
४ शिव-सहिता—४।२२, २३।
५, घेरण्ड सहिता—३।४५।

के अनुसार जीव ब्रह्म वा शिव रूप ही है। जब तक वह शिवरूप नही हो जाता, तब तक लक्ष्य की पूर्ति न समझनी चाहिये। सब शिवरूप है। ब्रह्माण्ड मे कार्य कर रही शिव की शक्ति शिव से भिन्न नही है। शिव ही शक्ति-रूप है तथा शक्ति शिवरूप है। दोनो को एक दूसरे से भिन्न नही किया जा सकता है। ये एक दूसरे से अलग अलग नही जाने जा सकते हे क्योकि ये अलग हो ही नही सकते। शिव अपनी शक्ति के रूप मे ही विश्वरूप धारण करते है। यह महाशक्ति ही मनुष्य के शरीर मे कुण्डलिनी शक्ति रूप से विद्यमान है। इसी कारण से मनुष्य देह का अत्यधिक महत्व है। यहा इतना कहना आवश्यक हो जाता हे कि जो पिण्ड मे है वही ब्रह्माण्ड मे है। "यत् पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे", अत सहस्रार अनादि अनन्त शिव ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने वाली आदि शक्ति के साथ अभिन्न होकर विद्यमान हे। दूसरे, ब्रह्माण्ड के समान ही मानव के भीतर सब विकास एव लय की क्रिया होती है। कुण्डलिनी शक्ति के जागरित होने पर जीव सुषुम्ना मार्ग से चक्रो का भेदन करते हुये, अन्त मे सहस्रार पर पहुच कर शिव मे लीन होने पर स्वय शिव रूप हो जाता हे। अत जब तक कुण्डलिनी जागरित होकर सहस्रार मे नही पहुँचती तब तक मनुष्य को परम लक्ष्य की प्राप्ति होकर उसके कर्त्तव्य की पूर्ति नही होती।

परम लक्ष्य की प्राप्ति रूप कर्त्तव्य का पालन करने के लिये इस कुण्डलिनी शक्ति को जागरित करने के बहुत से साधन शास्त्रो मे बताये गये हे। जागरित का अर्थ यहाँ कुण्डलिनी शक्ति को ऊर्ध्वगामिनी बनाना है। कुण्डलिनी शक्ति ऊर्ध्वगामिनी तथा अधोगामिनी दोनो ही हो सकती हे अर्थात् यह दोनो दिशाओ मे प्रवाहित हो सकती है। इसे अधोगमन की तरफ से रोकना तथा इसे ऊर्ध्व-गामिनी करना ही इसका (कुण्डलिनीका) वास्तविक जागरण है। यह शक्ति अगर अधोगामिनी होकर व्यक्ति की कामेच्छा की वृद्धि कर उसे कामुक बना नित्य यौनेच्छा तृप्ति करवाती रहती हे तो उसका ऊर्ध्वगामिनी होना अत्यधिक कठिन हो जाता हे। आत्म नियन्त्रण, सयम, दृढनिश्चय, अत्यधिक सहनशीलता श्रद्धा तथा तीव्र अभ्यास करने वाला साधक ही इसके (कुण्डलिनी शक्ति के) जागरण मे सफल हो सकता हे। यह मार्ग सरल नही है। इस शक्ति के जागरण करने से पूर्व व्यक्ति को इसके तेज को सहन करने की शक्ति प्राप्त करनी चाहिये। साधारणतया तो सुषुम्ना द्वार बन्द रहता है और प्राण का गमन इडा तथा पिंगला मे को होकर होता है। योग उपायो के द्वारा प्राण का गमन धीरे धीरे सुषुम्ना द्वार से होने लगता हे ओर इडा तथा पिंगला मे को

होकर प्राण का प्रवाहित होना धीरे धीरे कम होता जाता है। कुण्डलिनी का जागरण सद्गुरु की कृपा, ईश्वर कृपा से तथा सात्विक और शुद्ध अन्त करण वाले व्यक्ति मे सरलता से होता है। इस शक्ति का जागरण कभी कभी अकस्मात् भी देखने मे आता है। इस जागरण का कारण पूर्वजन्म के सात्विक सस्कारो का उदय अथवा पूर्व जन्म के योग साधन का फल हो सकता है। कुण्डलिनी के जागरित करने के जितने भी उपाय है, वे सब तभी लाभप्रद हो सकते है, जब साधक स्वय पात्र हो। पात्रता होना बहुत जरूरी है, अन्यथा हानि की भी सम्भावना होती है।

मत्र, जप, तप, गम्भीर अध्ययन, चिन्तन, अन्वेषण, अत्यधिक श्रद्धा, भक्ति-पूर्ण भजन कीर्तन, तीव्र सवेग, प्राणायाम, बन्ध तथा मुद्रा आदि से कुण्डलिनी जागरित की जा सकती है, किन्तु इन बाह्य साधनो के साथ साथ ध्यान हुए बिना सिद्धि प्राप्त नही होती। ईश्वर तथा सदगुरु की कृपा कुण्डलिनी शक्ति जागरण मे सर्वोच्च स्थान रखती है। प्राणायाम तथा ध्यान के द्वारा मूलाधार से क्रमश एक एक चक्र का भेदन करते हुये अन्त मे सहस्रार तक पहुँचना कुण्डलिनी शक्ति को जागरित करने का श्रेष्ठ उपाय है।[1] योगकुण्डल्युपनिषत् मे स्पष्ट रूप से कहा गया है कि केवल कुण्डलिनी ही शक्ति रूपा है। बुद्धिमान् व्यक्ति को चाहिये कि इसको ठीक से जागरित करे तथा मूलाधार चक्र से भ्रूमध्य तक ले जाये। यह शक्ति जागरण करना कहा जाता है। इसके अभ्यास मे सरस्वती नाडी का सचालन तथा प्राणायाम ये दो बहुत महत्त्व पूर्ण हे। इस तरह के अभ्यास से ही कुण्डलिनी जागरित होती है। इसके आगे सरस्वती सचालन की विधि भी विस्तार के साथ दी गई है तथा प्राणायाम का उसकी विधियो सहित विवेचन किया गया है।[2] आगे इसी उपनिषद् मे कुण्डलिनी के जागरण की विधि बताई गई हे। जिसके अनुसार सत्य निष्ठा एव विश्वास के साथ बुद्धिमान् व्यक्ति प्राणायाम का अभ्यास करे। सुषुम्ना मे चित्त लीन रहता है, उसमे को वायु नही जाती। केवल कुम्भक के द्वारा सुषुम्ना का मार्ग शुद्ध कर योगी बलपूर्वक मूल बध द्वारा अपान वायु को ऊर्ध्वगामी करता है। अग्नि के साथ अपान वायु प्राण वायु स्थान पर

---

१ यह विषय क्रियात्मक होने के कारण इसको सद्गुरु से जानना चाहिए। इसके विशद विवेचन के लिये तत्सम्बन्धित पुस्तकें तथा लेखक का "भारतीय मनोविज्ञान नामक ग्रन्थ देखने का कष्ट करे।

२ योगकुण्डल्युपनिषत्—१।७ से ३९ तक।

जाती है। उसके बाद प्राण तथा अपान के साथ अग्नि कुण्डलिनी तक पहुँचती है। अग्नि की उष्णता तथा पवन की गति से जागरित होकर कुण्डलिनी सुषुम्ना मार्ग मे चली जाती है। फिर तीनो ग्रन्थिया (ब्रह्म, विष्णु तथा रुद्र) का भेदन करती हुई अनाहत चक्र पर को होती हुई सहस्रार तक पहुँच जाती है। प्रकृति आठो रूपो (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, बुद्धि, अहकार तथा मन) को छोडकर कुण्डलिनी शिव के पास जाकर सहस्रार मे विलीन हो जाती है। प्राणादि सबके विलीन होने का विवेचन इस उपनिषद मे आता है।[२] यह अवस्था जिसमे कुण्डलिनी सहस्रार पर पहुँच कर शिव से मिलकर विलीन हो जाती है, समाधि की अवस्था है, जिसके सिद्ध होने से योगी को विदेह मुक्ति प्राप्त होती है। यह ही परमानद की अवस्था का कारण है।[३] योगचूडामण्युपनिषत मे कुण्डलिनी के द्वारा मोक्ष द्वार का भेदन बताया है।[४] इसका विवेचन अन्य योग उपनिषदो, शिव-सहिता तथा हठयोग प्रदीपिका आदि मे भी प्राप्त होता है। घेरण्ड सहिता मे योनिमुद्रा तथा शक्ति सचालिनी मुद्रा के द्वारा कुण्डलिनी का जागरण करके जीवात्मा सहित उसे सुषुम्ना मार्ग से सहस्रार मे पहुचाने की विधि बताई गई है।[५] हठयोग प्रदीपिका मे भस्त्रिका कुम्भक के द्वारा शीघ्र कुण्डलिनी का जागरित होना बताया गया है। इस प्राणायाम को नाडी शुद्धि करने वाला, सब कुम्भको मे सुखद, अत्यधिक लाभप्रद तथा ब्रह्म नाडी के मार्ग को खोलने वाला बताया गया है। इसके दृढता पूर्वक अभ्यास से सुषुम्ना मार्ग मे स्थित तीनो ग्रन्थियो (ब्रह्मग्रन्थि, विष्णुग्रन्थि, रुद्रग्रन्थि) का भेदन होता है। केवल कुम्भक के द्वारा साधक राजयोग को प्राप्त करता है। इस कुम्भक से कुण्डलिनी शक्ति जागरित होती तथा सुषुम्ना मार्ग खुल जाता है। यही हठ योग की पूर्णता है।[१] कुण्डलिनी शक्ति के जागरित होने पर योगी कर्म बन्धन से छुटकारा पाकर समाधि अवस्था को प्राप्त करता है। जिसने प्राणायाम सिद्ध कर लिया है तथा जिसकी जठराग्नि तीव्र हो गई है, उसे कुण्डलिनी को जगाकर सुषुम्ना मे उसका प्रवेश कराना चाहिये जब तक प्राण सुषुम्ना मे प्रवेश करके ब्रह्म रन्ध्र का भेदन नही करते

---

२ योगकुण्डल्युपनिषत्—१।६२-७६ तक।

३ योगकुण्डल्युपनिषत्—१।८२ से ८७ तक।

४. योगचूडामण्युपनिषत्—३६ से ४४ तक।

५ घेरण्ड सहिता—३।३४, ३५, ३६, ४४, ४६, ४९, ५०, ५१।

१ हठयोग प्रदीपिका—२।६५, ६६, ३।११५, १२१, ४।७० से ७६ तक

तब तक ध्यान की चर्चा ही बेकार है।[1] सहस्रार में स्थित शिव की महाशक्ति जो कि शिव रूप ही है, जब प्रसारित होती है तो वह क्रमश स्थूल तर भाव को ग्रहण करती जाती है। यह क्रमिक विकास पूर्व में दिखाया जा चुका है। इस स्थूलता की ओर विकसित होने वाली सृष्टि मे शक्ति ने सहस्रार से उतर कर आज्ञाचक्र पर महत्तत्व स्थूल भाव प्रदान किया तथा वहाँ शक्ति छोडकर क्रमश अन्य चक्रो मे भी स्थूलता को प्राप्त करती तथा अपनी शक्ति को छोडती हुई अन्त मे मूलाधार चक्र पर पहुँच अपना स्थूलतम रूप प्राप्त कर वही रुक गई। सब चक्र मिलाकर इस शक्ति का शरीर कहा जा सकता है। इसी की शक्ति सब केन्द्रो पर विद्यमान है। मूलाधार पर पृथ्वी तत्त्व का उदय हुआ, जो कि शक्ति का स्थूल तम रूप है, किन्तु शक्ति का यह स्थूलतमरूप भी पुद्गल के सूक्ष्मतम रूप से भी सूक्ष्म है। यहाँ जीव इस शक्ति के साथ पडा है। यह शक्ति इन सब रूपो मे मनुष्य शरीर मे काम कर रही है, किन्तु इसका निष्क्रिय केन्द्र (साम्यावस्था) हर हालत मे सहस्रार में ही है। वही मूल कारण है।

जब कुण्डलिनी शक्ति जागरित होकर पुन सुषुम्ना मार्ग से होकर अपने धाम सहस्रार पर पहुँचती है, तो वही अवस्था असम्प्रज्ञात समाधि की है। उस स्थिति में पहुँचने पर मनुष्य मुक्त हो जाता है। शक्ति के ऊर्ध्व गमन मे प्रथम कुण्डलिनी शक्ति मूलाधार चक्र की शक्ति को खीचकर अपने मे लीन कर लेती है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी तत्त्व जल तत्त्व मे लीन हो जाता है। चित्त के ऊपर मूलाधार तथा उसकी क्रियाओ का प्रभाव नही रह जाता है। स्वाधिष्ठान चक्र पर कार्य करने वाली शक्तियो द्वारा मन प्रभावित होता है। जब कुण्डलिनी शक्ति स्वाधिष्ठान चक्र को छोडकर ऊपर मणिपूर मे प्रवेश करती है तो वह स्वाधिष्ठान चक्र की शक्ति को खीच कर अपने मे लीन कर लेती है और उस चक्र को प्रभाव हीन कर देती है। अब मन पर स्वाधिष्ठान चक्र का प्रभाव न रहकर मणिपूर चक्र का प्रभाव मन पर होता है। इस प्रकार कुण्डलिनी शक्ति ज्यो ज्यो ऊपर को चढती जाती है त्यो त्यो निम्न चक्रो की शक्ति को अपने मे लीन कर उन्हे प्रभाव हीन छोडती जाती है। जिस चक्र पर यह पहुँचती है, उस काल मे उसी के द्वारा मन विशेष रूप से प्रभावित होता है। जब अन्त मे कुण्डलिनी आज्ञाचक्र को भी छोडकर आज्ञाचक्र तथा सहस्रार के बीच के विभिन्न स्तरो को पार कर सहस्रार मे पहुँचती है तो छ ओ चक्रो की

---

१ हठयोग प्रदीपिका—४।११, १९, ११४।

शक्तियो सहित परम शिव मे लीन होकर एक रूप हो जाती है। यही शिव-शक्ति मिलन है।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि ऊर्ध्वगमन मे कुण्डलिनी शक्ति विभिन्न चक्रो (शक्ति केन्द्रो) की शक्तियो को एक-एक करके अपने मे समेटती चली जाती है तथा चचलता छोड कर सब शक्तियो सहित शिव मे लीन हो जाती है। ठीक उसी प्रकार से अधोगमन मे यह शक्ति अपनी शक्ति का कुछ भाग प्रत्येक चक्र पर छोडती चलती है और अन्त मे मूलाधार चक्र पर जाकर विद्यमान हो जाती है। जब तक यह कुण्डलिनी शक्ति मूलाधार चक्र पर रहती है, तब तक ऊपरी केन्द्रो पर छोडी हुई शक्ति उन केन्द्रो (चक्रो) पर अव्यक्त रूप से विद्यमान रहती है जो कि कुण्डलिनी शक्ति के ऊर्ध्वगमन काल मे चक्रो के साथ उसका सम्पर्क होने से अभिव्यक्त होती है। शक्तियाँ तो पूर्व से ही विद्यमान थी किन्तु उनकी अभिव्यक्ति कुण्डलिनी शक्ति के जागरित तथा उर्ध्वगामी होकर विशिष्ट चक्र के सम्पर्क मे आने से ही होती है। इस कुण्डलिनी शक्ति के जागरण तथा सुषुम्ना मार्ग से ऊर्ध्वगमन से क्रमश सब चक्र तथा नाडियाँ प्रकाशित हो जाती है। जिस चक्र पर यह शक्ति पहुचती है वही चक्र अधोमुख से ऊर्ध्वमुख होकर खिल उठता है तथा अपनी सम्पूण अव्यक्त शक्तियो को प्रगट कर देता है, जिससे उसकी चक्रो मे सोई हुई शक्तियाँ जागकर क्रियाशील हो उठती हैं। जब यह कुण्डलिनी शक्ति ऊर्ध्वगामी होकर आज्ञा चक्र में पहुँच जाती है, तब योगी को सम्प्रज्ञात समाधि की अवस्था प्राप्त होती है। इस शक्ति के सहस्रार मे पहुँचने पर सब वृत्तियो का निरोध हो जाता है और योगी को वास्तविक रूप से असम्प्रज्ञात समाधि की योग्यता प्राप्त हो जाती है। यह ज्ञान की पराकाष्ठा की अवस्था है।

कुण्डलिनी शक्ति के जागरण से, जैसा कि पूर्व मे बताया जा चुका है, अत्यधिक उष्णता पैदा होती है। कुण्डलिनी शक्ति के उष्ण होने पर वह तुरन्त सुषुम्ना मार्ग मे को ऊर्ध्वगमन नही करती है। कुण्डलिनी शक्ति उष्ण होने पर उष्ण धाराओ को उत्पन्न करती है, जो कि नाडियो के द्वारा शरीर के विभिन्न भागो तथा मस्तिष्क केन्द्रो मे जाकर उष्णता प्रदान करती है जिससे मन क्रियाशील एव चचल हो जाता है। इन धाराओ का अधिक भाग मल मूत्र द्वारो से निकल जाता है। धाराओ के इस प्रवाह को न रोकने से कामेच्छा प्रबल होती तथा बवासीर जैसे रोग पैदा हो जाते है। कुण्डलिनी शक्ति की धाराओ का कार्य सदैव चलता रहता है जो कि सुप्तावस्था मे भी बन्द नही

होता। इन स्वत प्रवाहित विचार धाराओ का ऐसा प्रभाव होता है कि व्यक्ति न चाहते हुए भी बहुत से कार्य इनके प्रभाव से कर बैठता है।

कुण्डलिनी शक्ति का जागरण पूर्ण तथा आंशिक दोनो रूप से होता है। इसके अतिरिक्त कुण्डलिनी शक्ति को सम्भालने की क्षमता प्राप्त किये बिना भी लोग जागरित कर लेते हैं। सरलता पूर्वक पूर्ण रूप से कुण्डलिनी शक्ति का जागरित होना पूर्व जन्म सस्कार तथा गुरु कृपा बिना कठिन है। उसके पूर्ण रूप से जागरित करने के लिये सामान्य साधक को सघर्ष पूर्ण अथक प्रयत्न करना पडता है। ऐसा करने पर भी हो सकता है कि शक्ति का आंशिक जागरण ही हो पावे, जिसमे स्थायीत्व नही हो सकता है। इसके द्वारा बहुत हानि पहुँचने की सम्भावना भी रहती है। इसी प्रकार से क्षमता प्राप्त होने के पूर्व इस शक्ति के जागरण से भी महान् हानि होती है। कभी कभी अचानक स्वय बिना साधन विधि अभ्यास के भी कुण्डलिनी शक्ति जागरित हो जाती है। ऐसी अवस्था मे बहुत सचेत रहकर अपने को सम्भालते रहने की आवश्यकता होती है।[1] किसी व्यक्ति मे एकाएक अलौकिक शक्तियो तथा असाधारण ज्ञान का उदय होना उसके पूर्वजन्म के सात्विक सस्कारो के प्रभाव से कुण्डिलिनी शक्ति के जागरित होकर ब्रह्म द्वार मे ऊर्ध्वमुख होने को बताता है।

कुण्डलिनी शक्ति को अग्निरूप बताया गया है। इसके जागरित होने पर अत्यधिक उष्णता का उदय होता है। इसके अर्ध्वगमन मे यह सुषुम्ना मार्ग स्थित जिस चक्र मे को होकर जाती है, वह जलते हुए अगारे के समान हो जाता है। जब कुण्डलिनी उस चक्र को छोडकर ऊपर के चक्र मे को होकर जाती है तब पूर्व का चक्र भाग निष्क्रिय तथा शक्ति हीन शीतल हो जाता है। जहाँ को कुण्डलिनी जाती है वह भाग उष्ण तथा नीचे का भाग शीतल हो जाता है।

बौद्धो के अनुसार भी योग-उपनिषदो के समान ही नाभि प्रदेश मे यह (शक्ति) सोई हुई है, जिसे योगाभ्यास के द्वारा जागरित किया जाता है। यह प्रज्वलित अग्नि के समान धर्म-चक्र तथा सम्भोग चक्र मे पहुँचती है तथा फिर उष्णीशा-कमल (सहस्रार-के समान) मे जाती है। अपने मार्ग का सब कुछ भस्म करके यह निर्माण काय मे आ जाती है।

---

१ इस विषय मे सद्गुरु का सहारा लेना चाहिये। यह क्रियात्मक पक्ष होने से यहाँ केवल सकेत मात्र ही किया जा सकता है।

कुण्डलिनी जागरण को जो कि योगाभ्यास द्वारा किया जाता है, स्थाई रखने के लिये निरन्तर अभ्यास तथा पवित्र भावो के रखने की आवश्यकता है। निरन्तर योगाभ्यास से यह शक्ति सुषुम्ना मे को होकर चक्रो मे ऊर्ध्व गमन करती है। अगर अभ्यास निरन्तर चालू न रक्खा जाये तो शक्ति ऊँचे चक्रो से उतरकर पुन निम्न चक्र मूलाधार मे स्थित हो जाती है।

कुण्डलिनी शक्ति के जागरित होने पर सुषुम्ना मार्ग से ऊर्ध्वगमन मे सबसे पहला धक्का मूलाधार चक्र पर लगता है। इसलिये मूलबन्ध को दृढता से लगाये रखना जरूरी है। सुषुम्ना नाडी मे को प्राणो का प्रवाह तथा सूक्ष्म जगत् मे प्रवेश होने से विचित्र खिचाव होना स्वाभाविक है, क्योकि प्राण सब देह से खिचकर सुषुम्ना मे को जाते है। ऐसी स्थिति मे साधक का सम्बन्ध स्थूल शरीर तथा स्थूल जगत् से हटकर सूक्ष्म शरीर तथा सूक्ष्म जगत् से हो जाता है। साधक के लिये सात्विक आहार, शुद्ध जीवन तथा ब्रह्मचर्य पालन अति आवश्यक हो जाते है। इसका ध्यान न रखने से अनेको विकार उत्पन्न होने की सम्भावना रहती है। इस अभ्यास के द्वारा कुछ शक्तिया भी स्वत प्राप्त होती है। इनका अहकार नही करना चाहिये न इन्हे व्यक्त ही होने देना चाहिये। साधना जगत् के रहस्य गुप्त ही रखने चाहिये।

परम लक्ष्य की प्राप्ति अर्थात् अद्वैत शिवभाव का प्राप्त होना बिना कुण्डलिनी जागरण के असम्भव है। अन्तिम लक्ष्य मे द्वैत भाव तो हो ही नही सकता। द्वैत की समाप्ति तथा अद्वैत प्राप्ति बिना कुण्डलिनी के जागरित हुए नही हो सकती। विवेक-ज्ञान की स्थिति तो द्वैत की स्थिति है, भले ही उसके सम्पन्न होने पर जन्म मरण से छुटकारा प्राप्त हो जावे, किन्तु वह हमारा परम लक्ष्य नही हो सकता। इस रूप से कुण्डलिनी जागरण का महत्व स्पष्ट है।

प्रमेह, उन्माद, धातु दौर्बल्य, शुक्र तारल्य, स्वप्नदोष आदि को दूर करता है। स्त्रियों के गर्भाशय सम्बन्धी विकारों को मिटाता है। शरीर में रक्त संचरण को नियमित बनाकर, अंग प्रत्यंग को क्रियाशील बनाता है। यह आत्मविश्वास, स्फूर्ति तथा उत्साह की वृद्धि करता है।

इस आसन के सम्यक् प्रयोग से अनिद्रा, अपच, कब्ज तथा उदर-विकार दूर होते हैं। मल-निष्कासन भली प्रकार होता है। जननेन्द्रिय सम्बन्धी दोष ठीक हो जाते हैं।

बन्ध

हठयोग की क्रियाओं में बन्ध, मुद्रा एवं षट्कर्म का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। हठयोग में तीन बन्धों की गणना मुद्राओं के अन्तर्गत की जाती है। हठयोग प्रदीपिका में दस मुद्राओं के अन्तर्गत ही इनकी गणना करते हुए कहा गया है कि ये दशों जरामरणनाशक हैं।[22] अन्य मुद्राओं की भाँति इन तीन बन्धों का उद्देश्य भी सुषुम्ना के द्वार को ढक कर सुषुप्त कुण्डलिनी शक्ति का जागरण करना है।[23] इसीप्रकार आयुर्वेदीय पंचकर्म के समान यौगिक षट्क्रियायें अन्तःशोधन की विधियाँ हैं। इसलिए योग पद्धति में शरीर के अन्तः तथा बाह्य मार्गों की शुद्धि के लिए बन्ध, मुद्रा एवं षट्कर्म का ज्ञान आवश्यक है।

मूलबन्ध :

विधि- गुदा एवं लिंग स्थान के रन्ध्र को बन्द करने का नाम मूलबन्ध है। बाएँ पैर की एड़ी को गुदा और लिंग के मध्यभाग में दृढ़ लगाकर गुदा को सिकोड़ कर योनिस्थान अर्थात् गुदा और लिंग एवं कन्द के मध्य भाग का दृढ़तापूर्वक संकोच

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative

करते हुए अधोगत अपानवायु को बलपूर्वक धीरे-धीरे ऊपर की ओर खींचने को मूलबन्ध कहते हैं।[24] सिद्धासन के साथ यह बन्ध अच्छा लगता है। अन्य आसनों के साथ एड़ी को सीवनी पर बिना लगाये हुए भी मूलबन्ध लगाया जा सकता है।

लाभ : इससे अपानवायु का ऊर्ध्व-गमन होता है और वह प्राण वायु के साथ एकत्र होती है। कुण्डलिनी शक्ति सीधी होकर ऊपर की ओर चढ़ती है। कोष्ठबद्धता दूर करने, जठराग्नि को प्रदीप्त करने और वीर्य को ऊर्ध्वरेतस बनाने में यह बन्ध अति उत्तम है।

उड्डीयानबन्ध :

विधि दोनों जंघाओं को मोड़कर पैरों के तलुओं को परस्पर मिलाकर पेट के नाभि से नीचे और ऊपर के आठ अंगुल हिस्से को बलपूर्वक खींचकर मेरुदण्ड (रीढ़ की हड्डी) से लगा दें जिससे कि पेट के स्थान पर गड्ढा सा दीखने लगे। जितना ही पेट को अन्दर की ओर अधिक खींचा जायेगा उतना ही अच्छा होगा। इसमें प्राण पक्षी के सदृश सुषुम्ना की ओर उड़ने लगता है, इसलिए इस बन्ध का नाम उड्डीयान रखा गया है।[25] यह बन्ध पैरों के तलुओं को बिना मिलाये हुए भी किया जा सकता है।

लाभ : इस बन्ध के समुचित अभ्यास से प्राण और वीर्य का उर्ध्वगमन होने लगता है, जठराग्नि का प्रदीप्त होती है और फेफड़े शक्तिशाली बनते हैं।

जालन्धर बन्ध :

विधि कंठ को सिकोड़कर ठोडी को दृढ़तापूर्वक कंठकूप में इस प्रकार स्थापित करें कि हृदय से ठोडी का अन्तर केवल चार अंगुल का रह जाय, सीना आगे की

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative



उड्डीयानबन्ध

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative

ओर तना रहे। यह बन्ध कण्ठस्थान के नाड़ी-जाल के समूह को बाँधे रखता है, इसलिये इसका नाम जालन्धर बन्ध रखा गया है।[26]

लाभ- हठयोगप्रदीपिका के अनुसार यह जरा तथा मृत्यु का नाशक है। जालन्धर बन्ध में ऊर्ध्वश्वास पथ, स्वर नलिकायें तथा मस्तिष्कगत रक्त वाहिनियाँ प्रभावित होती है।[27]

इसके अभ्यास से कंठ सुरीला, मधुर और आकर्षक बनता है। कंठ के संकोच द्वारा इड़ा, पिंगला नाड़ियों के बंद होने पर प्राण का सुषुम्णा में प्रवेश होता है।

षट्कर्म

षट्कर्म उन छः क्रियाओं का नाम है, जिसके द्वारा शरीर का शोधन किया जाता है। यह छः शोधन क्रियाएं स्थूलता और कफ प्रकृति वाले व्यक्ति के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। किन्तु जिन व्यक्तियों में त्रिदोष (वात-पित्त-कफ) की समानता हो, उन्हें इन क्रियाओं के अभ्यास की कोई विशेष आवश्यकता नहीं है। यह छः शोधन क्रियाएं इस प्रकार से है - धौति, वस्ति, नेति, त्राटक, नौलि और कपालभाति।[28]

1. धौति :

विधि- चार अंगुल चौड़ा, पन्द्रह हाथ लम्बा कपड़ा जल में भिगोकर गुरु के निर्देश के अनुसार धीरे-धीरे निगलना चाहिए। पुनः इसे धीरे-धीरे बाहर निकालना चाहिए इसे धौति-क्रिया कहते है।[29] घेरण्ड-संहिता के अनुसार अन्तःधौति, दन्तधौति, हृद्धौति और मूलशोधन के भेद से धौतिकर्म चार प्रकार का माना गया है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative

विचार स्वयमेव बन्द हो जाते हैं। इसका नियमित अभ्यास करने से कपाल चमकने लगता है।

मुद्रा

महामुद्रा :

विधि- बाँएं पैर की एड़ी से सीवनी नाड़ी को दबाएँ तथा दाहिने पैर को भूमि पर फैला कर दोनों हाथों से दृढ़तापूर्वक पकड़ लें तदुपरान्त जलन्धर बन्ध लगाकर वायु को ऊपर की ओर ले जाकर रोकना चाहिए। जिस प्रकार डण्डे की चोट से सर्प दण्ड के समान सीधा हो जाता है उसी प्रकार मुद्राओं के निरन्तर अभ्यास से कुण्डलिनी शक्ति सहसा सीधी हो जाती है तब इड़ा और पिंगला मृतवत हो जाती है। इसके बाद योगी को धीरे-धीरे श्वास का रेचक करना चाहिए, श्रेष्ठ योगियों ने इसी को महामुद्रा कहा है। महासिद्धों द्वारा बताई गई इस महामुद्रा के अभ्यास से महाक्लेश आदि दोष तथा मृत्यु का भय समाप्त हो जाता है इसी कारण विद्वानों ने इसे महामुद्रा कहा है।

लाभ : इस मुद्रा से अविद्या अस्मिता आदि पंचक्लेश दूर होते हैं। अतएव इसका नाम महामुद्रा पड़ा। इसके अभ्यास से जठराग्नि प्रदीप्त हो जाती है तथा कुष्ठ रोग एवं गुदा सम्बन्धी व्याधियाँ नष्ट हो जाती हैं। बढ़ी हुई तिल्ली, पुराना ज्वर, प्रमेह भी दूर हो जाते हैं।

गोरक्ष-संहिता[42] तथा घेरण्ड संहिता[43] में भी इनके लाभों की चर्चा करते हुए बताया गया है कि इसके निरन्तर अभ्यास से क्षय, कुष्ठ, गुल्म, अजीर्ण आदि रोग नष्ट हो जाते हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative

महाबन्ध :

विधि वाम चरण को एड़ी की सीवनी नाड़ी पर लगाये तथा दायें चरण को वाम जंघा पर दृढ़तापूर्वक स्थापित करें। तत्पश्चात् वायु का पूरक करके चिबुक को कण्ठकूप पर दृढ़तापूर्वक रखें। तब मूल बन्ध लगाते हुए मन को सुषुम्ना में लगाना चाहिए। यथाशक्ति कुम्भक करने के पश्चात धीरे धीरे वायु को रेचक करना चाहिए। इस प्रकार वायीं ओर से अभ्यास करने के बाद पुनः दायीं तरफ से अभ्यास करना चाहिए। कुछ आचार्यो के मत को उद्धृत करते हुए हठयोग प्रदीपिकाकार कहते हैं कि जालन्धर बन्ध नहीं लगाना चाहिए अपितु जाअन्धर बन्ध की अपेक्षा जिहा बन्ध ही श्रेयस्कर है क्योंकि इससे प्राणों की गति ब्रह्मरन्ध्र की ओर हो जाती है।

लाभ : यह महाबन्ध निश्चित ही महान सिद्धियों का प्रदाता है तथा इसके अभ्यास से सभी नाडियों की अर्घ्वगामिता रूक जाती है। यह महाबन्ध कालपाश को तोडने की सामर्थ्य रखता है, इसके अभ्यास से तीनों नाड़ियों (इडा पिंगला और सुषुम्ना) का संगम होता है तथा मन भृकुटि (शिव स्थान) में लगने लगता है।[44] योगकर्णिका में कहा गया है कि यह त्रिवेणी संगम को प्राप्त करता है तथा मन केदार में रमण करता है।[45]

महाबेध:

विधि- महाबेध की महत्ता का वर्णन करते हुए हठयोगप्रदीपिका[46] तथा घेरण्ड संहिता[47] में कहा गया है कि जिस प्रकार रूप यौवन-सम्पन्ना स्त्री, पुरूष के बिना व्यर्थ होती है, उसी प्रकार महामुद्रा तथा महाबन्ध दोनों ही महाबेध के बिना व्यर्थ है। इसकी प्रक्रिया निर्धारित करते हुए कहा गया है कि योगी को महाबन्ध लगाकर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative

मन को एकाग्रचित्त कर श्वास को ग्रहण करने के पश्चात् जालंधर बन्ध द्वारा वायु की गति का निरोध करना चाहिए । तदुपरान्त दोनों हथेलियों को भूमि पर लगाकर सम्पूर्ण शरीर को तुला के समान दोनों हथेलियों पर उठा लेवें। इसके अनन्तर धीरे धीरे नितम्ब प्रदेश को भूमि पर ताड़न करें। ऐसा करने से प्राणवायु दोनों नासारन्ध्रों को छोड़कर सुषुम्नावाही हो जाता है ।

सोम (इड़ा) सूर्य (पिंगला) अग्नि (सुषुम्ना) इन तीनों का परस्पर सम्बन्ध होने पर अमरता की प्राप्ति तथा मृतावस्था की उत्पत्ति होने पर अर्थात् इड़ा और पिंगला के निष्क्रिय होने पर वायु का सुषुम्ना से रेचन करना चाहिए ।

लाभ : इस महाबेध के अभ्यास से अभ्यासी को महासिद्धियों की प्राप्ति, झुर्रियों, बालों का पकना तथा शरीर का कांपना बन्द होता है। इसलिए श्रेष्ठ साधक इसका अभ्यास करते हैं।

महामुद्रा, महाबन्ध और महावेध को अत्यन्त गुप्त रखना चाहिए। ये तीनों वृद्धावस्था और मृत्यु का विनाश करती हैं, इसके अभ्यास से जठराग्नि प्रदीप्त होती है तथा सिद्धियों की प्राप्ति होती हैं। अच्छे जानकार साधकों को भी इसका अभ्यास काल में अल्प मात्रा में ही करना चाहिए।[48]

शिव-संहिता में कहा गया है कि जो साधक प्रतिदिन इन मुद्राओं का चार बार अभ्यास करता है वह केवल छः मास में ही मृत्यु पर विजय लेता है।[49]

खेचरी :

विधि- जीभ को धीरे-धीरे तालु के अन्दर प्रवेश कराके, जीभ को ऊपर की ओर उलटकर कपाल गुहर में प्रविष्ट कराकर दोनों भौंहों के बीच में दृष्टि स्थिर करने को खेचरी मुद्रा कहते हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative



खेचरी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative

इस क्रिया को सिद्ध करने के लिए जिह्वा का छेदन, चालन और दोहन करते हैं। यह क्रिया लम्बे अर्से के बाद सिद्ध होती है। ऐसा करने पर जिह्वा इतनी बढ़ जाती है कि वह भ्रुकुटि के मध्य भाग तक पहुँचने लगती है, तब खेचरी सिद्ध होती है। हाथ के अंगूठा और तर्जनियों से जीभ को पकड़कर दायें-बायें दोनों तरफ घुमाने का नाम चालन है।

अंगूठा और उंगलियों की मदद से गाय को दूहने के समान जीभ को दुहकर बढ़ाने का नाम दोहन है।

स्नुही या सेहुंड के पत्ते के समान बहुत पैने और स्निग्ध शस्त्र को लेकर उससे जिह्वा के नीचे की पतली झिल्ली जिसे फ्रेनुलुम (Frenulum) कहते हैं, को काटने को छेदन कहते हैं। ऐसे काटने से जीभ आसानी से ऊपर की छोर तक बढ़ाई जा सकती है। छेदन की क्रिया प्रत्येक सप्ताह में एक बार करते हैं और इस प्रकार करते हुए छः महीने के अन्तर्गत छेदन की प्रक्रिया पूर्ण होती है।

खेचरी सिद्ध करने की एक दूसरी सरल विधि भी है। इस विधि में जिह्वा को उलटकर मोड़ते हुए तालु से लगाकर कुछ देर तक स्थिर रखें। धीरे-धीरे इसका अभ्यास बढ़ायें। ऐसा करने से कुछ समय पश्चात् जीभ कोमल होकर आसानी से मुख गह्वर में प्रविष्ट होने लायक हो जाती है। सिंहासन, शीतली प्राणायाम इस क्रिया में सहायक है। इसके अभ्यास के समय प्रोटीन युक्त भोजन का सेवन न करने से खेचरी शीघ्र हो जाती है।

लाभ : तालु के ऊपर छिद्र में जिह्वा को प्रविष्ट करके एक घड़ी अर्थात् चौबीस मिनट भी स्थिर रखें तो योगी सर्प बिच्छू आदि के विष से मुक्त हो जाता है। इसके अभ्यास से निद्रां, तन्द्रा, क्षुधा, तृषा-प्यास, मूर्च्छा आदि भी योगी के पास नहीं

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative

फटकती है। इसका कारण है कि जब जीभ भ्रूमध्य को छूती है तो वह लार ग्रन्थि (Salivary gland) को उत्तेजित करती है और उससे लार स्रावित होने लगता है जिससे साधक की चेतना अभ्यास के समय व्यग्र नहीं होती और साधक लम्बे समय तक निर्विघ्न ध्यानस्थ रहता है।

जीभ से मस्तिष्क तक जाने वाली तंत्रिकाएँ (Trigeminal G'osopheryngial) परानुकंपी प्रधानतंत्र से जुड़ी होती हैं। खेचरी मुद्रा द्वारा स्नायु उत्तेजित होते हैं जिससे इनमें स्पन्दन होता है इसके साथ ही साथ स्वाद, रस और श्वसन को भी नियंत्रित करती है। अत: खेचरी मुद्रा के अभ्यास के बाद योगी समाधि की स्थिति को सहज ही प्राप्त कर लेता है।

ध्यान की अवस्था में खेचरी मुद्रा के अभ्यास के फलस्वरूप मध्य मस्तिष्क प्रभावित होता है और मध्य मस्तिष्क से ही श्वसनतंत्र, हृदय और शरीर के अन्य स्नायु नियंत्रित होते हैं। परानुकंपी स्नायुतंत्र के उत्तेजित हो जाने से शिथिलता आती है और यही शिथिलता समाधि में सहायक होती है।

ज्ञान के जनक तथा पांच स्रोतों (दो नाक, दो कान तथा एक मुख) से युक्त छिद्र जो कि ज्ञानयुक्त शून्य है उसी में खेचरी मुद्रा रहती है। जिस प्रकार से सृष्टि का मूल बीज प्रकृति है, देवों में श्रेष्ठ परमात्मा है और अवस्थाओं में एक मात्र अवस्था मनोन्मनी अवस्था है, उसी प्रकार मुद्राओं में एक मात्र खेचरी मुद्रा मानी गई है।[50]

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative

विपरीतकरिणी :

विधि- दिव्यरूप चन्द्रमण्डल से जो अमृत तत्त्व स्रवित होता है उन सबको नाभिमण्डल स्थित अग्निस्वरूप सूर्य ग्रसता रहता है, इसी कारण से शरीर वृद्धावस्था को प्राप्त है।

सूर्य के मुँख में वह चन्द्र रस स्रवित न हो, इसकी एक दिव्य क्रिया कही गई है तथा इस क्रिया को गुरू के उपदेश से ही जाना जा सकता है न कि करोड़ों शास्त्रों के समूह से नाभिमण्डल को ऊपर और तालुमूल को नीचे करने से सूर्यमण्डल ऊपर तथा चन्द्रमण्डल नीचे की ओर हो जाता है। इसी क्रिया को विपरीतकरिणी मुद्रा कहते हैं जो कि गुरु के द्वारा ही प्राप्त होती है।[51]

घेरण्ड संहिता के अनुसार नाभिमूल में सूर्य नाड़ी और तालुमूल के चन्द्रनाड़ी का वास माना गया है। सहस्राव को सूर्य नाड़ी ग्रहण करती है और उसी से प्राणी की मृत्यु कही गई है। यदि उसी स्राव का पान चन्द्र नाड़ी करें तो जीव को मृत्युभय नहीं सताता। अतः सूर्यनाड़ी को ऊपर तथा चन्द्रनाड़ी को नीचे करना ही विपरीतकरिणी कहलाती है।[52]

शिव-संहिता के अनुसार भूमि पर सिर रखकर दोनों पैरों को ऊपर स्थापित करना ही विपरीतकरिणी मुद्रा है।[53] इसका प्रतिदिन अभ्यास जठराग्नि को प्रदीप्त करता है। किन्तु यह विशेष ध्यातव्य है कि इसके अभ्यासी को पर्याप्त मात्रा में आहार ग्रहण करना चाहिए अन्यथा प्रदीप्त जठराग्नि शरीरस्थ रक्त, मज्जा आदि धातुओं को जलाने लगती है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative



विपरीतकरिणी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative

प्रारम्भ में एक क्षणपर्यन्त ही नीचे की ओर सिर एवं पाँवों को ऊपर की ओर स्थापित करना चाहिए। इसके अभ्यास की वृद्धि प्रतिदिन क्षण मात्र में ही करनी चाहिए।

लाभ : इस मुद्रा में छः मास निरन्तर अभ्यास से शरीर की झुर्रियाँ तथा बालों की श्वेतता नष्ट एवं इसका प्रतिदिन एक प्रहर का अभ्यास साधक को कालजित् बना देता है[54] भूख बढ़ने लगती है, आमाशयिक विकार भ्रम, सिरदर्द को ठीक करता है।

वज्रोली :

विधि- योगोक्त नियम रहित स्वेच्छाचारी योगी यदि इस क्रिया को जानता है तो वह भी योगसिद्धि का अधिकारी होगा। इस मुद्रा की सिद्धि अप्राप्य न सही किन्तु दुष्कर अवश्य मानी गई है। चौदह अंगुल पर्यन्त शीशे, तांबे, स्वर्ण, रजत अथवा रबर की पतली नली को लिंगेन्द्रिय के माध्यम से प्रतिदिन एक-एक अंगुल परिमाण से ऊपर की ओर प्रवेश कराना चाहिए। बारह दिन पर्यन्त लिंगेन्द्रिय के शुद्ध होने पर वायु का ग्रहण और त्याग करना चाहिए। दृढ़ अभ्यासानन्तर क्रमशः जल, दूध, तेल, शहद और पारा ग्रहण करना चाहिए। इस अभ्यास में सिद्धहस्त होने पर ही योगी स्वबिंन्दु अथवा रज को आकर्षित करें।

लाभ : लिंगेन्द्रिय के छिद्र की शुद्धि और अपानवायु पर पूर्णतया अधिकार प्राप्त हो जाता है। इन मुद्राओं को किसी अनुभवी की सहायता से करनी चाहिए अन्यथा हानि पहुँचने की अधिक सम्भावना होती है।

यदि कोई साधक इस क्रिया को जानता है तो वह शीघ्र ही भूत-भविष्य को जानने वाला, आकाशगामी एवं उसे कार्य सिद्धि प्राप्त होती है।[55]

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative

शक्तिचालन :

विधि- हठयोग प्रदीपिकाकार के अनुसार जिस सुषुम्ना मार्ग से उस निरामय ब्रह्मपद की प्राप्ति होती है, कुण्डलिनी उसी सुषुम्ना मार्ग के मुँख द्वार को ढ़ककर सोई रहती है। यह शक्ति सर्प के समान कुटिल आकार वाली तथा गंगा (इड़ा नाड़ी) और यमुना (पिंगला नाड़ी) के मध्य में स्थित है जिसको पुरूषार्थ से ही जगाना सम्भव होता है क्योंकि वहीं भगवान् विष्णु का परम पद है।

कन्द के ऊपर इस शक्ति को प्रातः और सायं आधे पहर तक पिंगला नाड़ी से पूरक करके परिधान युक्ति से पकड़कर प्रतिदिन चलाना चाहिए। लिंगेन्द्रिय तथा नाभि के मध्य एक हाथ ऊँचाई वाला, चार अंगुल परिमाण वाला, कोमल, श्वेत तथा वस्त्र के द्वारा लिपटे हुए के समान कन्द स्थान है। इस कन्द प्रदेश को वज्रासन में स्थित होकर दोनों पैरों के टखनों से दबाना चाहिए। तद्नन्तर भस्त्रिका प्राणायाम करना चाहिए, इससे कुण्डलिनी शीघ्रता से जागृत हो जाती है अथवा नाभिमण्डल स्थित सूर्यनाड़ी का आकुंचन कर इस शक्ति को चलाने का अभ्यास करना चाहिए। इस शक्ति को दो मुहूर्त पर्यन्त निर्भय होकर चलाने से यह शक्ति सुषुम्ना में कुछ प्रविष्ट होकर उर्ध्वगामी हो जाती है।

लाभ : सर्वरोग-नाशक और स्वास्थ्यवर्द्धक होने के अतिरिक्त कुण्डलिनी शक्ति को जागृत करने में सहायक होता है। जिस साधक ने इस शक्ति को चलायमान कर लिया है, वहीं राजयोग आदि सिद्धियों को प्राप्त करता है। वह योगी लीला करता हुआ मृत्यु पर विजय पाता है। इस शक्ति चालन के अभ्यास से बहत्तर सहस्र नाड़ियों का मल दूर हो जाता है।[56]

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative

इस प्रकार आदिनाथ शम्भु द्वारा उपदिष्ट ये सभी मुद्राएं साधकों को महासिद्धि प्रदान करने वाली है और जो साधक एकाग्र मन से इन मुद्राओं का अभ्यास करता है, वह अणिमा आदि गुण ऐश्वर्य के साथ-साथ मृत्यु पर भी विजय पाता है।[57]

योनिमुद्रा :

विधि- सिद्धासन पर बैठकर पूरक करें। तत्पश्चात् योनिमार्ग का ऊपर की ओर संकोच करें और दोनों अंगूठे से दोनों कानों को, तर्जनी से, दोनों आँखों को, मध्यमा से, नाक को अनामिका एवं कनिष्ठिका से ओष्ठ को बन्द कर लें। यथाशक्ति कुम्भक करने के पश्चात् हाथों की अंगुलियों को हटा लें और योनि भाग का संकोच भी छोड़ दें फिर पूरक करके यही प्रक्रिया करें। इसे योनिमुद्रा कहते हैं।

लाभ : इससे कुण्डलिनी शक्ति शीघ्र जागृत होती है एवं वीर्य का ओजस शक्ति में रूपान्तरण होता है। इस मुद्रा से प्राण अपान का संगम होता है।

योग मुद्रा :

विधि- मूलबन्ध के साथ पद्मासन में बैठकर सर्वप्रथम दोनों नासिकापुटों से पूरक करके जालन्धर बन्ध लगायें, तत्पश्चात् दोनों हाथों को पीठ के पीछे ले जाकर बायें हाथ से दायें हाथ की ओर और दायें हाथ से बायें हाथ की कलाई को पकड़े, शरीर को आगे झुकाकर पेट के अन्दर एडियों को दबाते हुए सिर को जमीन पर लगा दें। इस प्रकार यथाशक्ति कुम्भक करने के पश्चात् सिर को जमीन से उठाकर जालन्धर बन्ध खोलकर दोनों नासिकाओं से रेचक करें।

लाभ : पेट के रोगों को दूर करने और कुण्डलिनी शक्ति को जागृत करने में सहायक होती है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative



योनिमुद्रा



योगमुद्रा

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative

अश्विनी मुद्रा :

विधि- स्थिर आसन पर बैठकर पूरक करके कुम्भक करें और जालन्धर बन्ध लगायें और गुदा द्वार को बार-बार संकोच करें और छोड़े। फिर रेचक करते हुए बार-बार करें। इस मुद्रा में जैसे घोड़ा मल त्याग करते समय गुदा का बार-बार संकोच करता है और छोड़ता है उसी प्रकार की क्रिया करने के कारण इसे अश्विनी मुद्रा कहते हैं।

लाभ : गुदा सम्बन्धित सभी रोग दूर हो जाते हैं। सुषुम्ना द्वार खुल जाता है जिससे कुण्डलिनी शक्ति के शीघ्र जागरण में काफी मदद मिलती है।

योगाभ्यास- सावधानियाँ एवं विशेषताएँ

योगाभ्यास से कई सार्थक स्थूल प्रभाव होते हैं। योग मनुष्य तथा उसके पर्यावरण में सामंजस्य बनाये रखने में सहायक होता है और मनुष्य को पर्यावरणजन्य विकारों से बचाता है। योगाभ्यास मनुष्य के मनो-दैहिक व्यवस्था में व्यवस्थित क्षमता प्रदान करके उसे रोगों से बचाता है। आधुनिक समय में होने वाले अधिकांश रोग मनुष्य तथा उसके पर्यावरण के बीच सामंजस्य न बन पाने के कारण ही उत्पन्न हो रहे हैं।

यौगिक क्रियाएँ मुख्यतः निम्नांकित तीन प्रकार की भूमिका में प्रभावी होती हुई मनुष्य के स्वास्थ्य-लाभ एवं रोगनिवारण में सहायक होती है-

1. मनोविजय एवं तनाव-शैथिल्य हेतु
2. शारीरिक व्यायाम एवं पुनर्स्थापन हेतु
3. संशोधन हेतु

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar. An eGangotri Initiative

हठयोग में मुद्रा-विधान

मुद्रा- उद्देश्य

दैनिक जीवन में उषा: से रात्रि विश्राम स्थिति तक शयन, उपासना हो अथवा अन्य कार्य सम्पादन सभी में मनुष्य भिन्न २ मुद्राओं का प्रयोग करता है। कार्टूनिस्ट अथवा चित्रकार जिस प्रकार किसी भी व्यक्ति के अंग प्रत्यंग विशेष की मुद्रा मात्र से उसके सम्पूर्ण व्यक्तित्व को प्रकट करता है, उसी तरह विभिन्न कार्यों के लिए कुछ मुद्रायें नियत हैं, उन मुद्राओं के बिना कार्य सम्पन्न हो ही नहीं सकता। चलने में हमारे पैरों का अन्तर एक त्रिभुजीय आकृति बनाता है, इस आकृति के बनाये बिना चलने जैसा कार्य सम्पन्न ही नहीं हो सकता। पानी में तैरने की मुद्रा से भूमि पर दौड़ा नहीं जा सकता। गौतम बुद्ध की बोधि सिद्धि (अभय मुद्रा) ध्यानस्थ एवं अविराम समाधि (पद्म कमल मुद्रा) यह मुद्रायें अभय, रक्षा अथवा आश्वासन सिद्ध करती है। तान्त्रिक साधना विधि में भी आत्म साक्षात्कार हेतु पंच-मकारों के अन्तर्गत एक मकार मुद्रा का भी विशिष्ट स्थान है। शिव की ताण्डव एवं कृष्ण की मुरली बजाने की मुद्राओं का अलग अलग अस्तित्व है। इसी प्रकार हठयोग साधना पद्धति के अन्तर्गत खेचरी, उन्मनी आदि मुद्राओं की पृथक् २ अभिव्यक्ति एवं शारीरिक मानसिक क्रिया कलापों को साधिकायें बनकर आत्म साक्षात्कार हेतु उन्मुख करती है।

मुद्रा का स्वरूप एवं कार्य

वस्तुतः शारीरिक गतिविधियों के अनुसार पंच-

तत्त्वों के आधार पर शारीर क्रियाओं का विश्लेषण करते हैं और अंग-उपांगों का सम्बन्ध पंच तत्त्वों से स्वीकार करते हैं तो इस आधार पर मुद्रा-वायु- तत्त्व का प्रतीक है। वायु तत्त्व का कार्य है प्रकृति के अन्दर गति प्रदान करना। हमारे शरीर का स्नायु जाल वायु तत्त्व का भौतिक स्वरूप है और इसी के कारण ही वे सक्रिय हैं। नाम रूप के होता विकास की क्रिया के विविध स्वरूप और स्तरों की अभिव्यक्ति देना मुद्रा के कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत है। मुद्रा बाह्य आकृति है जो प्रकृति के अदृश्य गुणात्मक रूप को प्रकट करती है। बाह्य और आभ्यन्तर को एक रूप करके दृश्य रूप देना ही मुद्रा है।

यह उल्लेखनीय है कि हठयोग की कुछ मुद्रायें देती हैं जिनका प्रभाव नैसर्गिक रूप से शरीर एवं मनःस्थिति पर पड़ता है जिससे मन के उद्वेग और तनावों में शिथिलता आकर शारीरिक और मानसिक विकृतियां दूर होती हैं एवं साधना में स्थिरता आती है। शरीर एवं मन को साधनोपयोगी बनाने के लिए ही घेरण्ड ने "मुद्रया स्थिरता"[1] मुद्राओं के अभ्यास से स्थिरता की उपलब्धि होती है। घेरण्ड का स्थिरता से तात्पर्य शरीर के अन्दर से मुद्राओं के माध्यम से अतिरिक्त वायु का निष्कासन कर शरीर और मन को सबल बनाते हुए रजोगुण से सत्त्वगुण की ओर ले जाना है। इसके अतिरिक्त जहाँ काय- शोधन प्रक्रिया में षट्कर्म, आसन, प्राणायाम के कार्य नहीं हो पाता वहाँ मुद्राओं के प्रयोग से घट-शुद्धि कर साधना हेतु शरीर में स्थिरता लायी जाती है।

योगशास्त्रों में मुद्राओं के कार्य एवं लाभ

"योग साधना के अन्तर्गत मुद्राओं का महत्त्व आसन, प्राणायामादि क्रियाओं से अधिक माना गया है। मुद्राओं का अभ्यास

१- घे० सं० ३।१०

कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत करने एवं चक्रों का भेदन करने में विशेष उपयोगी है, महामुद्रा , योनिमुद्रा, खेचरी, विपरीतकरणी, ताडागी, माण्डूकी, काकी, भुजंगिनी, शाम्भवी आदि विभिन्न मुद्राओं के अभ्यास का निर्देश योगपरक ग्रन्थों में उपलब्ध होता है। इन मुद्राओं का आध्यात्मिक महत्त्व तो है ही भौतिक रोगों से मुक्त कराने में भी इनका प्रमुख योगदान है।[1]

बन्धों के अन्तर्गत जालन्धर, उड्डियान, मूलबन्ध, एवं महाबन्ध की गणना की जाती है। महाबन्ध वस्तुतः प्रथम तीन बन्धों का ही मिश्रित रूप है। जालन्धर, उड्डियान एवं मूलबन्ध की स्थिति क्रमशः कण्ठ, उदर, एवं गुदा प्रदेश में स्वीकार की गई है।

आध्यात्मिक उपलब्धि के साथ साथ भौतिक स्तर पर भी मुद्रा एवं बन्धों के अभ्यास की बड़ी सार्थकता रही है। मुद्राओं के सम्यक् अभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुदृढ़ता आती है। शरीर का तापमान नियन्त्रित रहता है। मस्तिष्क, हृदय, पाचन संस्थान, मूत्र-संस्थान एवं प्रजननात्मक क्रिया व ग्रन्थि सम्पुष्ट होकर शरीर की प्राण शक्ति की संचरण क्रियाओं को अपूर्व योगदान देती है।

<u>मुद्राओं की संख्या</u>

मुद्राओं की संख्याओं के विषय में स्वात्माराम एवं घेरण्ड दोनों एक मत नहीं हैं। स्वात्माराम ने ह० प्र० में निम्न मुद्राओं का उल्लेख किया है-

" महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, उड्डियानबन्ध , मूलबन्ध, जालन्धरबन्ध, विपरीतकरणी , वज्रोली एवं शक्तिचालिनी

१- योगवाणी- षडंग विशेषांक पृ० १८-२१

आदि दस मुद्राओं का वर्णन किया है,[1] किन्तु इन दस मुद्राओं के अन्तर्गत तृतीय उपदेश में ही वज्रोली[2] मुद्रा प्रकरण में सहजोली और अमरोली[3] तथा ह० प्र० के चतुर्थ उपदेश में शाम्भवी व उन्मनी[4] मुद्रा का भी वर्णन उपलब्ध होता है। इस प्रकार ह० प्र० में कुल मिलाकर पन्द्रह मुद्राओं का उल्लेख स्वात्माराम ने किया है।

घे० सं० के अन्तर्गत तृतीयोपदेश में घेरण्ड ने २५ मुद्राओं का विस्तृत वर्णन किया है-[6] " महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डियान बन्ध, जालन्धरबन्ध, मूलबन्ध, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, विपरीतकरणी, योनि, वज्रोली, शक्तिचालिनी, ताडागी, माण्डुकी, शाम्भवी, पंचधारणा, पार्थिवी, आम्भसी, आग्नेयी, वायवीय एवं आकाशी, अश्विनी, पाशिनी, काकी, मातंगिनी, भुजंगिनी आदि मुद्राओं का उल्लेख किया है।"

घेरण्ड संहिता में पंच- धारणाओं का भी उल्लेख [illegible] मुद्राओं में सम्मिलित किया है। यह समीचीन प्रतीत नहीं होता क्योंकि इन धारणाओं का मुद्राओं से कोई सम्बन्ध नहीं है। साधना[7] के क्षेत्र में जब कोई साधक उतरता है तो इन पंच धारणाओं की सिद्धि संयम (धारणा, ध्यान एवं समाधि) की साधना के आधार पर ही की जा सकती है। इससे पूर्व यदि साधक समाधि के अनुभव तक नहीं पहुंचा तो पंच धारणा

१- ह० प्र० ३।६

२- ,, ३।८०

३- ,, ३।९३,९६

४- ,, ४।३५

५- ,, ४।३६

६- घे० सं० ३।१ से ३ तक

७- योगदर्शन- विभूति पाद ३।४

अथवा पंच धारणाओं की सिद्धि होना असम्भव प्रतीत होता है। पंचधारणा के अतिरिक्त अन्य सभी मुद्राएं समाधि अनुभव नहीं अपितु समाधि की ओर उन्मुख करने वाली है जो साधन मात्र है। घेरण्ड ने पंच धारणा पर संयम करने की प्रक्रिया को मुद्राओं में समाविष्ट कर मुद्राओं की संख्या बढ़ाई है। इन धारणाओं से मुद्राओं का कोई सम्बन्ध नहीं है। यह ध्यान का विषय है।

घेरण्ड संहिता में मुद्रा प्रकरण में " सिद्धिदा च योगिनाम्[1] " यह योगियों के लिए सिद्धि प्रदाता कहा है।

इसी प्रकार का उल्लेख हठप्रदीपिका में मुद्रा-प्रकरण में भी उपलब्ध है- " यह दस मुद्राएं जरा मरण को नष्ट करने वाली है, यह मुद्राएं आदिनाथ द्वारा कही हुए आठ दिव्य ऐश्वर्यों को प्रदान करती है, जो कि सभी सिद्धों को प्रिय और देवताओं को दुर्लभ है।[2] "

यही नहीं स्वात्माराम ने इन मुद्राओं को रत्न-पिटारी के समान गुप्त रखने का निर्देश किया है- " यह सभी मुद्रायें रत्न-पिटारी के समान गुप्त रखने योग्य हैं इन्हें उसी प्रकार[3] गुप्त रखना चाहिए, जिस प्रकार कुलवधू के साथ समागम गुप्त रखा जाता है। "

मुद्राओं के अभ्यास करने पर वृद्धावस्था और मृत्यु पर विजय प्राप्त होती है तथा आठ ऐश्वर्यों (अणिमादि सिद्धियों) की प्राप्ति होती है, का निर्देश किया है तथा इन्हें अनधिकारी से गुप्त रखने का भी उल्लेख किया है। ऐसी स्थिति में साधक निर्जन स्थान में इनका अभ्यास करे। मुद्राओं की प्रशंसा का जहाँ प्रश्न उठता है वहाँ स्वात्माराम और घेरण्ड

१- घेरण्डसंहिता ३।१

२- ह०प्र० ३।७

३- ,, ३।८

एक सूझी से बहुतर है तथा अधिकांश स्थलों पर अतिशयोक्ति का ही प्रयोग किया है। इस अतिशयोक्तिपूर्ण प्रशंसा के विषय में हठयोग का प्रचार प्रसार होकर हठयोग सम्प्रदाय की अबाध प्रगति की विचार धारा रही होगी।

मुद्रा- वर्गीकरण

मुद्राओं की संख्या के विषय में हठयोग ग्रन्थकार एक मत नहीं हैं, इसी प्रकार मुद्राओं का वर्गीकरण हठयोगपरक ग्रन्थों के अन्तर्गत उपलब्ध नहीं है। इस शोध प्रबन्ध के अन्तर्गत कौन सी मुद्रा ध्यानोपयोगी है तथा कौनसी शरीर शुद्धता एवं रोग निवारण में साधकों के लिए लाभकारी होगी, पृथक् पृथक् वर्गीकृत किया गया है। इस वर्गीकरण से निश्चयतः उन साधकों को अभीष्ट लाभ मिलेगा जिनके पास प्रत्येक मुद्रा सीखने के लिए पर्याप्त समय नहीं है लेकिन जीवन में आध्यात्मिक गति की ओर जाने की प्रबल जिज्ञासा रखते हैं। उन्हें कुछ ही मुद्राओं के अभ्यास से आशातीत लाभ की अपेक्षा करनी चाहिए।

ध्यानोपयोगी मुद्रायें

खेचरी, शाम्भवी, उन्मनी

देह शुद्धि हेतु मुद्रायें

महा, नभो, उड्डियानबन्ध, जालन्धरबन्ध, मूलबन्ध, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, विपरीतकरणी, योनि, वज्रोली, शक्तिचालिनी, तडागी, माण्डुकी, पंच धारणा- पार्थिवी, आम्भसी, आग्नेयी, वायवीय, आकाशी, अश्विनी, पाशिनी, काकी, मातंगिनी एवं भुजंगिनी।

खेचरी मुद्रा

ध्यानबिन्दूपनिषद् में खेचरी मुद्रा - कपाल कुहर में विपरीत (उलटकर) हुई जिह्वा के प्रविष्ट होने और भ्रकुटी के मध्य दृष्टि रखने पर खेचरी मुद्रा होती है। इस स्थिति में बिन्दु अग्नि में नहीं गिरता और न (शरीर में) वायु संचरित होती है।

खेचरी मुद्रा के जानने वाले योगी को रोग, मृत्यु, तन्द्रा, निद्रा, क्षुधा, तृष्णा और मूर्च्छा नहीं आती, खेचरी का साधक रुग्ण नहीं होता, कर्म से लिप्त नहीं होता और न काल बाधित ही होता है।

जिस मुद्रा के द्वारा चित्त भौंहों के मध्य आकाश में विचरण करता है और जिह्वा भी वहीं जाकर विचरती है, उस खेचरी को सिद्ध नमस्कार करते हैं।

योगकुण्डल्युपनिषद्[2], योगतत्त्वोपनिषद्[3] एवं शाण्डिल्य उपनिषद्[4] में भी खेचरी मुद्रा की प्रक्रिया ध्यानबिन्दूपनिषद् के अनुसार ही प्राप्त है।

वशिष्ठ योग में खेचरी मुद्रा

"" उत्कट आसन से बैठकर, जीभ को नीचे से जोड़ने वाले पतले तन्तु की जड़ पर, जीभ उठाकर धार बनाई हुई नमक की डली से रगड़े तथा नित्य प्रातःकाल ही जीभ को दोनों हाथों के अंगूठे और

१- ध्यानबिन्दूपनिषद् पृ० ७९ से ८२ तक

२- योगकुण्डल्युपनिषद् २।३ से ७ तक

३- योगतत्त्वोपनिषद् पृ० ११७

४- शाण्डिल्य उपनिषद् ४३।१ (प्रथम भाग)

उंगली से दोनों पार्श्वों के भाग के चोटी के समान ही दोलन करें । इसके अनन्तर जिह्वा का मूल लगाकर भले रहे, अथवा कण्ठ से भी दोलन किया जा सकता है । इसी प्रकार तब तक करते रहें जब तक जीभ निकाल कर चिबुकाग्र भाग चाटने लगे फिर नासिका अग्र भाग को और अन्त में भ्रूमध्य को स्पर्श न कर लिया करे । फिर जिह्वा उलटकर कपाल कुहर में जाने योग्य बन जाती है ।[1]

<u>सारस्वत कुण्डलिनी महायोग में खेचरी</u>

"सिद्धासनपूर्वक शरीर को स्थिर सीधा कम्प-विहीन रखकर जीभ को आगे की ओर साधक परिचालन करता है, इससे जीभ के रेशे नरम और ढीले पड़ जाते हैं । जिह्वा का चालन करके धीरे धीरे तालु के बीच जिह्वा की नोक को रगड़ना चाहिए, फिर उसे स्थिर कर लेना चाहिए । जो जिह्वा का अग्रवर्ती भाग है उसे तालु के छेद में लगा देना चाहिए, इसके उसी भाग पर ध्यान जमा रखना है, जहाँ जीभ लगी रहती है । निरन्तर इस प्रकार करते हुए बहुत काल पश्चात् कई कई अनुभवात्मक ज्ञान होने लग पड़ते हैं । यह मुद्रा नित्य नियमपूर्वक करनी चाहिए । खेचरी मुद्रा के द्वारा यह ज्ञान इस प्रकार का होता है कि जिसे विश्वव्यापक, प्राणिमात्रीय ज्ञान कह सकते हैं । इस ज्ञान के द्वारा साधक बाहर भीतर का सब कुछ क्रिया कलाप देख और जान सकता है

साधक की दृष्टि वहीं टिकी चली जाती है जहाँ जीभ लगी है । तालु भाग के छिद्र में लगा हुआ जिह्वा का वह भाग इतर साधक की दृष्टि को वहीं रोककर ध्यानस्थ कर देता है ।"[2]

१- [illegible] पृ० ४३

२- सारस्वत कुण्डलिनी महायोग पृ० १०२ व १०३

ह० र० में खेचरी

जिह्वा की आकृति के समान शस्त्र ही उसके मूल में छेदन योग्य है। इसके लिए विद्वानों ने थेहुड़ पत्र की तेज धार का ही उचित बताया है। जिह्वा की ग्रन्थि का परीक्षण कर बाल के बराबर पतला पिंगला सुषुम्ना स्वर के चलने पर काटे, काटने पर सेंधी एवं सोंठ से बने का चूर्ण [illegible] लगावे।

गाय दोहन के समान जिह्वा का दोहन करे तथा पुनः सात दिवस पश्चात् तिल मात्र छेदन करे। श्रीनिवास भट्ट के मतानुसार इसका दोहन शनैः शनैः कर जिह्वा से भ्रूकुटी स्पर्श ही प्राप्त करे।[1]

ह० सं० चन्द्रिका[2] में भी खेचरी मुद्रा की प्रक्रिया ह० र० के समान ही है।

शिव संहिता में खेचरी मुद्रा

"बुद्धिमान साधक दोनों भ्रू अर्थात् भ्रूकुटी के मध्य में दृढ़ करके दृष्टि को स्थिर करके और नाना उपद्रव रहित होके पद्मासन स्थित होकर जिह्वा को विपरीत अर्थात् ऊपर कुहर कूप (तालु विवर) में यत्नपूर्वक संयोजित करे। हे पार्वती! भक्तों के प्रति यह खेचरी मुद्रा प्रकाशित की है। यह खेचरी मुद्रा सर्व सिद्धि की जननी है और हे देवी! मुझको प्राण से भी अधिक प्रिय है। जो निरन्तर इस अभ्यास से नित्य अमृत पान करता है उसका शरीर सिद्ध हो जाता है अर्थात् नाश नहीं होता और मृत्युरूपी हस्ति का यह खेचरी सिंह रूपी मारक है।[3]"

१- ह० र० ३।१२१ से १२३ तक व १२५ से १२६ तक

२- ह० सं० चं० २६ ख

३- शिव संहिता ४।५१ से ५७ तक

अपवित्र अथवा पवित्र हो या किसी अवस्था में हो जिसको खेचरी मुद्रा सिद्ध है वह सर्वदा शुद्ध है। इसमें संशय नहीं है। जो इस खेचरी की भावनायें भी करेगा वह महापाप सागर से पार होकर सुखपूर्वक स्वर्ग का भोग भोगेगा। इसके अनन्तर उत्तम कुल में उसका जन्म होगा।

<u>घेरण्ड संहिता में खेचरी</u>

" जिह्वा को उलटी फिराकर कपाल कुहर में प्रवेश करे अनन्तर भ्रूमध्य में निश्चल दृष्टि स्थिर करना। इसे खेचरी मुद्रा कहते हैं जो योगी गुरूपदिष्ट मार्ग द्वारा छेदन, दोहन, चालन विधि से खेचरी मुद्रा को बहुत काल पर्यन्त अभ्यास करता है उसके रोग, निद्रा, क्षुधा, तृष्णा, मूर्छा और मरण तुल्य कष्ट दूर होते हैं। जो योगी खेचरी मुद्रा जान कर उसे अभ्यास करके सिद्धि करता है वह रोग से पीड़ित नहीं होता, कर्म से कर्म में बन्धन नहीं पाता, और काल, मृत्यु व्याधि से भी भय नहीं है।

जिस कारण पवन के लिए एकाग्र होकर मन, बुद्धि, चित्त शून्य होकर फिरता है तथा जिह्वा भी [illegible] चिदाकाश में ऊपर ब्रह्मरन्ध्राग्रवर्ती चन्द्रकलामृत का पान करती है इस हेतु से मन बुद्धि के विषय बन्धन निवारण करने वाली खेचरी मुद्रा अवश्य सिद्ध करनी है अत्यन्त गुप्त है।[१] "

<u>ह० प्र० में खेचरी मुद्रा</u>

" कपाल कुहर के मध्य में जीभ उलटी करके प्रविष्ट करनी चाहिए और साधक की दृष्टि दोनों भौंहों के मध्य स्थिर रहनी चाहिए। इसे खेचरी मुद्रा कहते हैं ((खेचरी सिद्धि में) छेदन, चालन

१- घेरण्ड संहिता पृ० ३४,३५

एवं दोहन से जीभ(कपाल) को तब तक बढ़ाते रहें जब तक जीभ भौंहों के मध्य का स्थान स्पर्श न करे। ऐसा करने पर खेचरी सिद्ध होती है।

थूहर के पत्ते के समान तेज धार वाले, स्वच्छ और चिकने शस्त्र को लेकर उससे जिह्वा मूल की नाड़ी का रोम मात्र छेदन करना चाहिए और उसके बाद (उस घाव पर) पिसे हुए सेंधा नमक और हरड़ के चूर्ण को अच्छी तरह मिलाना चाहिए। सात दिन के पश्चात् फिर रोम के बराबर ही छेदन करना चाहिए। इस प्रकार (छेदन और चूर्ण घर्षण) के नित्य प्रति क्रम से छः मास में क्रमशः मूल से टपकने वाले अमृत को रोकने वाले जिह्वा मूल का शिराबन्ध पूर्णतया छिन्न हो जाता है। जीभ को उलट कर (कपाल विवर सुषुम्ना वाले) त्रिपथ में लगाना चाहिए। इसी को व्योम चक्र भी कहा जाता है। यही खेचरी मुद्रा है।[1]

ह० प्र० में खेचरी के विषय में आगे निम्न उल्लेख किया है- "जो योगी तालुरन्ध्र में जीभ को ऊपर कर आधा क्षण भी स्थित कर लेता है, वह सभी प्रकार के विष, रोग, मृत्यु और जरादि के दुःख से बच जाता है। जो खेचरी को जानता है अर्थात् खेचरी के अभ्यास में सफल हो जाता है, उसे रोग, मृत्यु, तन्द्रा, निद्रा, भूख प्यास और मूर्छा नहीं सताती है। वह रोग से पीड़ित नहीं होता,[2] न उसे कर्मों के शुभाशुभ फल ही बांधते हैं। उसे मृत्यु भी बाध्य नहीं करती।

जिस (खेचरी मुद्रा) के द्वारा चित्त दोनों भौंहों के बीच आकाश में स्थिर हो जाय और (उसी शून्य में) वहीं जिह्वा भी ठहर जाती है, इसे सिद्धों ने खेचरी मुद्रा कहा है। जो योगी खेचरी मुद्रा

१- ह० प्र० ३।३२ से ३६

२- ,, ३।३७ से ४१

से जकड़ा तालु के ऊपर विवर को आच्छादित कर देता है, (वह) कामिनी कुमारी द्वारा आलिंगित होने पर भी उसके वीर्य का क्षरण- स्खलन नहीं होता है, यदि बिन्दु स्खलित भी होने लगे तो योनि मण्डल में योनि मुद्रा के प्रभाव से (बलात्) शक्ति के आकर्षण से ऊपर पहुंच जाता है। ऊर्ध्वमुखी योग से (तालु के ऊपर विवर में सहस्रार से स्रावित) चन्द्रामृत का जो योगी पान करता है, वह व्याधि मरण - एक पक्ष में मृत्यु को जीत लेता है।

<u>ह० प्र० में खेचरी की प्रशंसा</u>

" जिस योगी का शरीर नित्य चन्द्रकला से पूर्ण रहता है- अर्थात् सहस्रार से स्रावित अमृत का पान करता है उसे यदि तक्षक (विषैला सांप) भी काट ले तो उसका विष शरीर में नहीं फैलता। जिस तरह अग्नि ईंधन को नहीं छोड़ती, दीपक तेल युक्त बत्ती को प्रकाशित ही करता रहता है, उसी तरह जब तक शरीर चन्द्रमा की कला से परिपूर्ण है, तब तक जीवात्मा उसका त्याग नहीं करता है।[1] "

जो योगी नित्य जिह्वा को तालुरन्ध्र में प्रविष्ट कर बारम्बार भक्षण करता है और अमर वारुणी पीता है, उसी को मैं (स्वात्माराम) कुलीन समझता हूं और दूसरे लोग कुल घातक हैं। यहां गो शब्द का अर्थ है जिह्वा और तालु विवर में उसका प्रवेश ही मांस भक्षण है। यह बड़े से बड़े पापों को नष्ट कर देता है। जब तालु विवर में जिह्वा के प्रवेश से उष्णतापरक अग्नि उत्पन्न होती है, तब (सहस्रार स्थित) चन्द्रमा से जो द्रव चूता है, वही अमर वारुणी है।

यदि इस प्रकार कही जाती, मात्र, कहु,

१- ह० प्र० ३।४४ से ४६

खण्ड, दुग्ध, मधु और घी आदि रसों के समान रस प्रकट करने वाली सोम तालु के ऊपर वाले विवर छिद्र का निरन्तर स्पर्श करती (चन्द्रकलामृत को पीती) है, तो साधक की सभी व्याधियों (रोगादि) का नाश हो जाता है, क्षुधादि का अन्त होता है, शस्त्रादि (के आघात) का निवारण हो जाता है। वह अमरत्व प्राप्त करता है तथा सिद्धियों और सिद्धाङ्गनाओं का आकर्षण होता है।

ह० प्र० में खेचरी मुद्रा

" जो योगी सोम को कपाल कुहर में ले जाकर और मुख को ऊपर की ओर उठाकर परम शक्ति कुण्डलिनी का ध्यान करता हुआ प्राणवायु के साधन और अभ्यास से प्राप्त कण्ठ में सोलह दल वाले कमल में मस्तक से धारा रूप में गिरते ऊर्ध्व तरंग वाले चन्द्रकलामृत (सोमरस) का पान करता है, वह रोग रहित हो जाता है उसका शरीर मृणाल(कमल-नाल) के समान कोमल हो जाता है और वह चिरकाल तक जीवित रहता है।[१] "

सुषुम्ना के ऊपर भाग में स्थित विवर में चन्द्रकलामृत (प्रालेय) का सन्निहित है, उसमें तमो- रजोगुण से परे तथा सतो गुण से सम्पन्न विशुद्ध ज्ञान आत्म- तत्त्व का दर्शन करता है। यहीं चन्द्र-सूर्य सुषुम्ना आदि प्रमुख नाड़ियों का उद्गम स्थान है। शरीर का सार तत्त्व चन्द्रामृत स्रवित होता है, उदरस्थ अग्नि रूपी सूर्य उसका ग्रास करता है, इससे प्राणियों की मृत्यु हो जाती है। इस सार तत्त्व को अधोगामी होने से रोकने के लिए खेचरी मुद्रा का अभ्यास करना चाहिए, यदि यह अभ्यास नहीं किया जाता है तो शरीर की परिपक्वता - अमरत्व सम्भव नहीं है।

१- ह० प्र० ३।५० से ५३ तक

नाड़ियों के भेद द्वारा मुक्त चित्त जहाँ का उत्पन्न करने जाता है। उस शून्य रूप निरंजन के लिए खेचरी मुद्रा निर्दर्शी होती है। शून्यमय (प्रकाशात्मक) बीज एक ही है, मुद्राओं में प्रधान खेचरी मुद्रा एक ही है और निराधार, निरालम्ब, निरंजन रूप देव एक ही है, मनोन्मनी ही प्रधान यौगिक स्थिति अथवा अवस्था भी एक ही है।

घेरण्ड संहिता में खेचरी का उल्लेख

जिह्वा के नीचे वाली नाड़ी को छेदकर जिह्वा के अग्र भाग को निरन्तर चालन करे तथा मक्खन लगाकर दोहन करता हुआ लोहे की चिमटी से खींचे। नित्य प्रति ऐसा अभ्यास करने से जिह्वा बढ़ जाती है। उसका दोहन भौंहों के मध्य पहुँचने तक करता रहे। पुनः क्रमशः तालुमूल में धीरे धीरे प्रविष्ट करे। अर्थात् रन्ध्र में जिह्वा को ऊपर की ओर उलटी करके ले जाना चाहिए। दृष्टि दोनों भौंहों के मध्य में रखे। यह खेचरी मुद्रा है।[1]

खेचरी का अभ्यास करने वाले साधक को मूर्च्छा, क्षुधा, तृष्णा, आलस्य आदि नहीं सताते हैं। रोग, जरा एवं मरण का भय नहीं रहता। न अग्नि से शरीर जलता है नहीं वायु से शुष्क होता है न जल गीला करता है और न सर्प काट सकता है। शरीर लावण्यमय हो जाता है। निर्विकल्प समाधि सिद्ध होती है। कपाल और मुख का रसना के साथ संयोग होने से अनेक रसों की उत्पत्ति होती है, खेचरी का साधक जिह्वा से दिन पर दिन अद्भुत रसों का आनन्द लेता है, प्रारम्भ में लवण, क्षार, तिक्त और कषाय रस का तदनन्तर मक्खन, घृत, दुग्ध, दधि, तक्र, मधु, द्राक्षा और फिर अमृतादि रसों का स्वाद उत्पन्न होता है।

१- घे० सं० ३। २५

खेचरी मुद्रा के विषय में ह० प्र०, घे० सं०, एवं अन्य हठ योगपरक ग्रन्थों में जिह्वा छेदन, चालन एवं दोहन की एक ही प्रक्रिया दी है। किन्तु छेदन की प्रक्रिया को अपनाने में साधकों को एक बहुत बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, क्योंकि इस मुद्रा के अनुभवी साधक बहुत कम ही मिलते हैं और जो भी हैं वे सम्पर्क शून्य हैं। इसलिए यह मुद्रा साधकों के लिए बहुमूल्य होते हुए भी प्रचार की दृष्टि से लुप्त सी हो गई है। इस मुद्रा के ज्ञाता उत्तराखण्ड की पहाड़ियों में खोज करने पर कोई एक ही मिल सकता है और उनसे निर्देश प्राप्त करना साधारण काम नहीं है, इस कठिनाई को देखते हुए भगवत्कृपा से खेचरी का सरल उपाय खोजने में समर्थ हो सका हूँ। " प्रतिदिन योग " में प्रस्तुत प्रक्रिया भी उपयोगी सिद्ध हो सकती है।

<u>खेचरी मुद्रा की सरल प्रक्रिया</u>

खेचरी के अभ्यास के लिए जिह्वा के अधोभाग में जिह्वा से संयुक्त तन्तु का छेदन धारदार धातु शस्त्र से नहीं करना चाहिए, क्योंकि छेदन क्रिया से " सुषुम्ना " से निकल कर जिह्वा में आकर मिलने वाली " सरस्वती नाड़ी " की क्षति होती है, के कट जाने का भय रहता है। जिसके कट जाने से वाक् एवं श्रवण शक्ति बिल्कुल चले जाने की सम्भावना रहती है।

आरम्भ में १५ दिन से लेकर १ मास पर्यन्त त्रिफला का मोटा दरदरा चूर्ण जिह्वा तन्तु एवं गले में उप-जिह्वा के नीचे ऊपर तथा जिह्वा के ऊपर दायें बायें भाग पर दाहिने हाथ की तर्जनी ,मध्यमा एवं अनामिका अंगुली से घर्षण करें। जिह्वा को बायें हाथ से पकड़ लेना चाहिए। यह क्रिया प्रातः शौचादि से निवृत्त होकर करना चाहिए। इस क्रिया से कपाल रन्ध्र एवं जिह्वा से विजातीय द्रव्य शनैः शनैः बाहर आयेगा तथा जिह्वा नरम हो जायेगी व जिह्वा के रेशे ढीले पड़ जायेंगे। जिह्वा के अधोभाग का तन्तु

शनैः शनैः स्वयमेव ही छिद जायेगा । इस अवधि के पश्चात् रेशमी वस्त्र को गर्म जल में भिगोकर जिह्वा का दोहन करे, गर्म जल में वस्त्र को बार बार भिगोये जिससे जिह्वा नरम रहे । प्रतिदिन यह क्रिया कम से कम १५-२० मिनट तक करना चाहिए । एक मास के बाद मोटा चूर्ण बन्द कर देना चाहिए उसके बाद त्रिफला का बारीक कपड़छन किया हुआ चूर्ण लेकर बराबर उपर्युक्त प्रक्रिया द्वारा प्रयोग करता रहे । जिह्वा दोहन के बाद में मक्खन या नवनीत का लेपन जिह्वा पर करे । यह क्रिया दोहन चालन की, खेचरी सिद्ध होने तक करे । त्रिफला चूर्ण के स्थान पर हरड़ व सेंधा नमक व माजूफल का भी चूर्ण प्रयोग किया जा सकता है ।

आहार विहार

खेचरी के अभ्यास काल में आहार का विशेष ध्यान रहे । मिर्च मसाले एवं लवण का प्रयोग जिह्वा को चूने से रोक देगा। इसलिए घृत, दूध एवं फल का प्रयोग विशेष रूप से करे । इस काल में ठण्डे पेय पदार्थों का प्रयोग एवं बर्फ इत्यादि भी नहीं लेना चाहिए ।

विहार का जहाँ तक प्रश्न है खेचरी अभ्यास के सिद्ध होने तक पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन करे क्योंकि जिह्वा दोहन में थायरॉयड, पाराथायरॉयड ग्रन्थियों एवं श्रवण शक्ति पर विशेष बल पड़ता है । ब्रह्मचर्य के न रहने पर श्रवण शक्ति जा सकती है। अभ्यास काल में कानों में सरसों का तेल गरम या नीम गरम करके अथवा आयुर्वेदीय क्षार तैल का प्रयोग करते रहना चाहिए।

साधना के समय प्रतिदिन जिह्वा को उलट कर लगाना चाहिए । साधनावस्था में खेचरी का सर्वप्रथम प्रभाव यह पड़ता है कि शरीर का सम्पूर्ण स्नायु मण्डल एक पुंज में बंधकर ध्यान स्वाभाविक रूप में ही जिह्वा पर केन्द्रित हो जाता है तथा इसके पश्चात् अन्य अनुभूति आरम्भ हो जाती है।

ह० पु० एवं घेरण्ड संहिता की मिलन, शोधन एवं पालन की प्रक्रिया तो समान रूप से उपलब्ध है किन्तु मुद्राओं का उल्लेख घेरण्ड संहिता में और अधिक मिलता है। "घेरण्ड संहिता में उल्लेखित है कि इसके अभ्यास में समस्त रसों का रसास्वादन करती हुई जिह्वा लवण, कटु, तिक्त, दधि, घृत, मधु, द्राक्षा और दुग्धादि रसों का स्वाद करती है।[1]" यह मुद्रा सर्वोत्तम प्रतीत होती है।

शाम्भवी मुद्रा

मण्डलब्राह्मणोपनिषद् में शाम्भवी मुद्रा के लक्षण- "अन्तर्लक्ष्य करते हुए दृष्टि बाह्य रहे तथा निमेष- उन्मेष न हों अर्थात् टक टक लगी रहे, ऐसी अवस्था में मुद्रा रखने वाली शाम्भवी मुद्रा है।[2]"

सारस्वत कुण्डलिनी महायोग में शाम्भवी मुद्रा- "यह भगवान् शिव की परमा-शक्ति है, भगवान् शिव ने स्वयं जिसका आदर किया है वह शाम्भवी मुद्रा है जिसके ज्ञान होने पर शिव ज्ञान होता है। जिससे दिव्य दृष्टि हो जाती है, अन्तर्ज्ञान और पवित्रता स्वतः हो जाता है इसे शाम्भवी मुद्रा कहते हैं।[3]"

यह शाम्भवी मुद्रा समस्त मुद्राओं की कसौटी है। इसका सम्बन्ध भगवान् शम्भु से है और भगवान् शम्भु ने आदरपूर्वक इसे बनाया है, यह गुप्त- गुप्त बातों व विषयों को दिखाने वाली है यह घोर-अपार

१- घे० सं० ३।२६ से २८ तक
२- मण्डलब्राह्मणोपनिषद् १२
३- सारस्वतकुण्डलिनी महायोग पृ० १०० से १०२

साधक की भृकुटि पर एकाग्र कर देती है, यह दिव्य ज्ञान देने वाली, कल्पनाओं की क्षमताशाली और दिव्य चक्षु प्रदान करने वाली शाम्भवी मुद्रा है।

यह शाम्भवी मुद्रा बड़ी विचित्र है, विलक्षण है, इस मुद्रा से बाह्य जगत् एवं अन्तर्जगत् के सभी बातों का ज्ञान साधक को हो जाता है। निरन्तर अभ्यास के करते रहने पर यह मुद्रा सिद्ध हो जाती है, इसमें कोई संशय का विषय नहीं है।

कुण्डलिनी शरीर में बसी सरस्वती द्वारा स्वयं डा० पे० वी० वारलीय के मुख से उच्चरित " सारस्वत कुण्डलिनी महायोग "[1] में शाम्भवी मुद्रा के विषय में उल्लेख किया है- "" एक दूसरी शाम्भवी मुद्रा भी होती है जिसमें मेरुदण्ड को झुका रखना या सीधा रखना वैकल्पिक रहता है। सिर नीचे झुकाकर ठोढ़ी को कण्ठ में लगा देना चाहिए और मेरुदण्ड चाहे झुकाये रहें चाहे सीधा किये रहें। दोनों आँखों से हृदय देश को, नाभि को अथवा अन्य चक्र में दृष्टि लगा लेनी चाहिए, जहाँ साधक स्वयं दर्शन करता है एक परम दिव्य प्रकाश को जो बहुत प्रकार के रंगों का है उस प्रकाश के दर्शन करने की शाम्भवी मुद्रा संस्कारक हो जाती है।"

ह० र० में शाम्भवी मुद्रा की कोई प्रक्रिया का तो उल्लेख किया नहीं है, मात्र उसकी प्रशंसा की है- "" वेद शास्त्र, पुराणादि के एक गणिका के समान एवं शाम्भवी मुद्रा को कुलवधू के समान गुप्त रखने योग्य वर्णन किया है[2]।"

वाशिष्ठ योग में शाम्भवी मुद्रा- "" अर्ध सिद्ध किये हुए आसन से बैठकर अवकाश दृष्टि हो जाये और पलकों को बिना

१- सारस्वत कुण्डलिनी महायोग पृ० १७८

२- ह० र० ४।३५

निहार नेत्रों को खोलकर बाह्य लक्ष्य रखकर खुले रहें। ध्यान हृदय में स्थित कारण शरीर के पदार्थों में रहे अथवा आँखें स्पन्दहीन रखी हुए खुली रहें। साधक का जितना अधिक अभ्यास होगा, उतनी ही एकाग्रता इस शाम्भवी मुद्रा के करने में होगी। शाम्भवी मुद्रा की सिद्धि इसी में है कि नेत्र खुले रहने पर भी बाह्य पदार्थों को नहीं देखे, ध्यान शरीर के अन्दर लक्ष्य पर होता है, इससे सूक्ष्म पदार्थों का विज्ञान शीघ्र होने लगता है।[1] "

ह० प्र० में शाम्भवी मुद्रा- " वेद शास्त्र और पुराण आदि सामान्य गणिका के समान हैं, तथा शाम्भवी मुद्रा कुलवधू के समान गोपनीय है।[2] "

अन्तर्दृष्टि और बहिर्दृष्टि में निमेष-उन्मेष न हो अर्थात् नेत्र एक टक खुले रहें, ऐसी शाम्भवी मुद्रा वेद और शास्त्रों में छिपी रहती है। जब योगी अपने चित्त और प्राण को अन्तर्लक्ष्य में लय करके निश्चल दृष्टि से शरीर के बाहर देखता हुआ भी नहीं देखता, वह शाम्भवी मुद्रा गुरु प्रसाद से प्राप्त होती है। इससे शून्य-अशून्य से भी विलक्षण शाम्भवरूप परम तत्त्व का स्फुरण होता है।

शाम्भवी और खेचरी मुद्राओं के द्वारा अवस्था और स्थान के भेद से चित्त सुख स्वरूप शून्य में स्थित हो लय का आनन्द होता है।

" ज्योत्स्ना टीकाकार का शाम्भवी के विषय में मत- " शाम्भवी और खेचरी में अवस्था (स्थिति) और स्थान के कारण से साधना की ही भिन्नता है, दोनों के द्वारा समान रूप से चित्त-

---

१- बहिरंग योग पृ० २२८, २२९

२- ह० प्र० ३।३५ से ३८

आनन्द रूप फल में भेद नहीं है।[1] "

वस्तुतः स्वात्माराम ने शाम्भवी और खेचरी दोनों योग मुद्राओं को समान फल प्रदान करने वाली स्वीकार किया है। इनमें से साधक को जिस मुद्रा का अभ्यास करना चाहिए वह उसकी योग्यता एवं मानसिकस्तर पर आधारित होगा। इन दोनों मुद्राओं में प्रधान भेद यह है कि शाम्भवी में बाह्य दृष्टि से अन्तर्लक्ष्य रखा है और खेचरी में भ्रूटी के मध्य में दृष्टि रखने के साथ लक्ष्य ब्रह्मरन्ध्र में रखा है। परन्तु इन दोनों से ही चिदानन्द रूप आत्मा में चित्त का जो लय होता है उससे परमानन्द की प्राप्ति होती है।

" घेरण्ड संहिता में शाम्भवी मुद्रा की प्रक्रिया एवं उसका फल तथा प्रशंसा के समान ही उपलब्ध है। घेरण्ड ने विशेष रूप से उल्लेख किया है कि जो इसका अभ्यास करता है वह आदिनाथ है, वह नारायण तथा सृष्टिकर्ता ब्रह्म स्वयं है। मैं सत्य कहता हूँ शाम्भवी का जानने वाला साक्षात् ब्रह्मरूप ही है।[2] "

महर्षि घेरण्ड शाम्भवी मुद्रा को अत्यन्त गोपनीय स्वीकार करते हैं। उनके मत से इस मुद्रा को वेद शास्त्रादि के समान प्रकाशित करना उचित नहीं।

शाम्भवी मुद्रा का अभ्यास प्रयोग की दृष्टि से एक साध्य क्रिया है। योगी को इसका अभ्यास अत्यन्त सावधानी से करना चाहिए। शाम्भवी मुद्रा के अभ्यास से पूर्व कुछ समय तक त्राटक का अभ्यास करना

१- योगवाणी- हठ योग विशेषांक नवम्बर १९८१ पृ० १३१

२- घे० सं० ३।५३ से ५६

हानिकारी होगा। शाम्भवी से मस्तिष्क एवं नेत्रों पर दबाव पड़ने से हानिकारक जाती है जिसके कारण बायीं आंख से जाने वाली "गान्धारी नाड़ी" तथा दायीं आंख से जाने वाली "हस्ति जिह्वा नाड़ी" एवं नेत्रों की तंत्रिकाओं पर विशेष दबाव पड़ता है। इसलिए कुछ शून्य काल एवं कुछ गति का प्रयोग करना आवश्यक है। अन्यथा आंखों में मोतियाबिन्दु की सम्भावना है। "दृष्टि वितान" (रेटीना) का स्तर भी बहुत पतला होता है उसका पोषण शिराओं, धमनियों और नाड़ियों से न होकर केवल तंत्रिकाओं द्वारा होता है। शाम्भवी से इन तंत्रिकाओं पर प्रभाव पड़ता है। इसलिए साधक इसे सावधानी से करें। मस्तिष्क में उपस्थित प्रेशर "प्वाइंट" पर भी इसका प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है।

शाम्भवी मुद्रा के साधक को मस्तिष्क व स्नायु शक्ति भी नहीं करना चाहिए। यदि आवश्यक हो तो एक क्षण ही पर्याप्त है।

<u>उन्मनी मुद्रा</u>

शाण्डिल्योपनिषद् में उन्मनी मुद्रा का निम्नलिखित वर्णन प्राप्त होता है-

"(नेत्र के) तारों की ज्योति में दृष्टि जोड़कर आँखों को कुछ ऊपर की ओर करें और कुम्भक योग से मन को लगा दे तो क्षण भर में उन्मनीकारक अवस्था होती है।[1]"

वशिष्ठ योग में उन्मनी मुद्रा- "भ्रूमध्य पर स्थिरता से देखकर दृष्टि को भ्रूमध्य में स्थिर करे। बिना किसी प्रयत्न के नेत्र खुले रहें और ध्यान आज्ञा चक्र में रहे। संकल्प-विकल्पों का त्याग करके स्वस्थ होकर बैठे रहें। ध्यान प्रारम्भ में भी रख सकते हैं।[2]"

१- शाण्डिल्योपनिषद् प्रथम भाग पृ० १७

२- वशिष्ठ योग पृ० ३८

बहिरंग योग में दूसरी प्रक्रिया - " नेत्र खुले रहते हुए दृष्टि को नासाग्र पर, अथवा नासिका से बारह अंगुल की दूरी पर अलक्ष्य रूप में स्थिर कर दें, तब शरीर, प्राण, इन्द्रिय, मन की गति को रोकता हुआ, संकल्प- विकल्प का अभाव करता हुआ योगी अपने स्वरूप में स्थित हो जाय।[1] "

ह० र० में उन्मनी मुद्रा - " ह० र० में उन्मनी मुद्रा की किसी प्रक्रिया का उल्लेख नहीं किया है बल्कि ' एकावस्था मनोन्मनी ' अर्थात् मनोन्मनी (अमनस्क) अवस्था ही एक स्थिति है (अन्य नहीं)।[2] " कह कर इति की है।

ह० प्र० में उन्मनी मुद्रा- " (नेत्र से) तारों को ज्योति से संयुक्त कर भौंहों को थोड़ा थोड़ा ऊपर उठाना चाहिए, इस तरह पहले निरूपित (अन्तर्लक्ष्य और बहिर्दृष्टि[3]) योग में मन को लगाने से क्षण भर में उन्मनी कारक अवस्था सिद्ध होती है।

कुछ शास्त्र वाक्यादि के (द्वारा प्रयुक्त विधियों के) बन्धन में कुछ (अन्यवादी) निगमों के (द्वारा निर्दिष्ट कर्मादि कर्मों के) फल में तथा कुछ (वैशेषिक आदि दर्शनों में अपनी द्वारा कल्पित युक्तियों) से भ्रमित रहते हैं, वे तारक (योग) नहीं जानते हैं।

जिस योगी के नेत्र खुले रहते हैं, जिसका मन स्थिर रहता है, जो नासिका के अग्रभाग में दृष्टि युक्त करता है, जो चन्द्र (इड़ा) और सूर्य (पिंगला) नाड़ी प्रवाहित प्राण को (सुषुम्ना में) लय कर निस्पन्द हो जाता है (जिसे शरीर की सुधि नहीं रहती है) वह (योगी)

१- बहिरंग योग ३२८

२- ह०र० ४।८

३- ह० प्र० ४।३८ से ४१

केवलीभाव क्योंकि स्वरूप अवस्था बाह्य विषय के बीच रूप परम पद (आत्म स्वरूप) की प्राप्ति हो जाती है। इस सम्बन्ध में अधिक क्या कहा जाय ? "

ह० प्र० में स्वात्माराम ने उन्मनी मुद्रा प्रकरण में उल्लेख किया है-

" न दिन में लिंग का पूजन करे और न रात्रि में ही करना चाहिए[1], दिन रात्रि के निरोध होने पर सर्वदा लिंग का पूजन करना चाहिए । "

घे० सं० में उन्मनी मुद्रा का उल्लेख नहीं उपलब्ध होता ।

योगवाणी में लिंग पूजन से तात्पर्य यहाँ आत्म चिन्तन से है। केवल दिन में या रात में ही आत्म चिन्तन न करके योगी को सदा दिन रात्रि के परे होकर आत्म स्वरूप में लीन रहना चाहिए । उन्मनी दशा की प्राप्ति के लिए काल के निरोध का अभ्यास है। जब योगी की सूर्य नाड़ी-पिंगला चलती है तब वह दिन है, जब चन्द्र नाड़ी-इड़ा चलती है तब रात है। योगी सूर्य, चन्द्र नाड़ी से प्राण को सुषुम्ना में लीन कर काल के निरोध से स्वतंत्र होकर सदा आत्म स्वरूप में स्थित रहता है। सुषुम्ना[2] में प्रवाहित वायु से मन स्थिर होकर उन्मनी की सिद्धि में सहायक होता है।

डा० चमनलाल गौतम ने दिन व रात्रि में लिंग के पूजन के विषय में ह० प्र० के उपर्युक्त श्लोक की टीका निम्न प्रकार से

१- दिवा न पूजयेल्लिंगं रात्रौ चैव न पूजयेत् ।
सर्वदा पूजयेल्लिंगं दिवारात्रिनिरोधतः ।।
- ह० प्र० ४।४२

२- योगवाणी - उद्योग विशेषांक जनवरी, १९८१

की है- " उन्मनी अवस्था में काल का कोई नियम नहीं है। दिन का अर्थ सूर्य और रात्रि का अर्थ चन्द्रमा इन दोनों का संचार होने के समय लिंग पूजन का निषेध है। तात्पर्य यह है कि पिंगला और इड़ा स्वर संचार काल में पूजन नहीं करना चाहिए। इसका कारण यह है कि सूर्य चन्द्र स्वर के संचार काल में चित्त की स्थिरता नहीं रह पाती, क्योंकि उस समय प्राण वायु चलायमान रहता है, इसलिए चित्त भी चलायमान रहेगा।"[1]

वस्तुतः स्वात्माराम ने लिंग, दिन एवं रात्रि के क्रमशः आत्मा, पिंगला और इड़ा का प्रतीक माना है, और प्रतीकात्मक शैली में ही श्लोक की रचना की है। आत्म चिन्तन के लिए इड़ा-पिंगला के स्वर संचार अर्थात् दिन रात्रि का निरोध किया है तथा सुषुम्ना के प्रवाह काल को ही सिद्धि दायक स्वीकार किया है। स्वात्माराम का तात्पर्य दिन रात्रि के समय से नहीं है बल्कि सुषुम्ना के प्रवाह काल से है। सुषुम्ना में प्रवाहित वायु मन और प्राण को स्थिर करती है जो उन्मनी की सिद्धि में सहायक है।

महामुद्रा

ध्यानबिन्दूपनिषद् में महामुद्रा का निम्न प्रकार से वर्णन उपलब्ध होता है-

" पहले योगी जालन्धर बन्ध लगाकर बायें पैर से योनि नाड़ी को दबाते हुए दाहिने पैर को फैलाकर रखे तथा दोनों हाथों को दोनों ओर भूमि पर रखते हुए पूरक प्राणायाम करे व कुम्भक करते हुए रेचक करे। यह प्रक्रिया साधकों के सभी पाप तथा योगियों के योग विघ्नों को नष्ट करने वाली महामुद्रा है।"[2]

१- ह० प्र० [illegible], टीका पृ० १०५,१०६

२- ध्यानबिन्दूपनिषद् पृ० ६१

योगकुण्डल्युपनिषद् में महामुद्रा का निम्न प्रकार से वर्णन उपलब्ध होता है-

"" पहले जालन्धरबन्ध लगाकर बायें पैर के एड़ी से सीवनी नाड़ी को दबायें और दायें पैर को (जमीन पर) फैलाते हुए दोनों हाथों से पकड़ें, चन्द्रनाड़ी (इड़ा) से पूरक करके उदर में वायु भरें, और कुम्भक करके शनैः (पिंगला) सूर्यनाड़ी से रेचन करें। इस प्रकार मनुष्यों के समस्त रोगों को नष्ट करने वाली महामुद्रा होती है। इस प्रक्रिया से चन्द्रभाग (बायें) से करके पुनः सूर्य भाग (दायें) से अभ्यास करते हुए दोनों ओर बराबर संख्या में करें।""[1]

वशिष्ठ योग में महामुद्रा- "" दायाँ टाँगें फैलाकर बैठें और बायाँ पैर मोड़कर एड़ी को गुदा और उपस्थ के मध्य (सीवन) में दृढ़ता से लगा दें, अब आगे झुककर फैलाये हुए दक्षिण पैर के पंजे को दोनों हाथों की अंगुलियों में पकड़ लें। फिर पूरक विधि से श्वास अन्दर भरकर मूल तथा जालन्धर बन्ध लगाकर यथाशक्ति बैठे रहें। यहाँ पर तीनों बन्ध लगाने का विधान भी है रेचक के समय प्राण को शनैः शनैः बाहर निकालें। इसके पश्चात् दूसरे पार्श्व से, दक्षिण पैर से इसी प्रकार करें और दोनों ओर से १-६ कर लें।""[2]

कल्याण योगांक में महामुद्रा- "" बायें पैर की एड़ी सीवन (गुदा तथा अण्डकोष के मध्य के चार अंगुल स्थान) में लगाकर दाहिना पैर लम्बा कर दें और दोनों हाथ, एक के ऊपर दूसरा, छाती के पास रख के दोनों नासिकाओं से पाँच घर्षण करें। फिर बायीं नासिका से पूरक करें। कुम्भक के समय लम्बाए हुए पैर के अंगूठे को दोनों हाथों से पकड़ें और सिर को घुटने पर लगा दें (कपाल लगाने का प्रयत्न करें) तथा मन

१- योगकुण्डल्युपनिषद् पृ० ११-१७

२- वशिष्ठ योग पृ० ३२३

मैं यह भावना करें कि " मेरी कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत होती है और मैं उसे ब्रह्मरन्ध्र में ले जाता हूँ " तथा शक्ति कुम्भक करके पूर्ण नाड़ी (दाहिनी नासिका) से शनैः शनैः रेचक करें । इस प्रकार वामांग में जितनी मुद्राएं करने का विचार हो उन्हें कर लें । फिर दक्षिणांग में भी उसी क्रम से उतनी ही मुद्राएँ करें जितनी वामांग में की थी । यह ध्यान रहे कि दक्षिणांग में पूरक दाहिनी नासिका से और रेचक बायीं से किया जाय तथा दाहिने पैर की एड़ी सीवन में लगायी जाये ।

यह मुद्रा कपिल मुनि ने बतायी थी । इसके अभ्यास से अविद्या, अस्मिता(मुख्य अहंकार) राग द्वेष अभिनिवेश (मरण-भय) ये पंच क्लेश, क्षय रोग, गुल्म रोग, भगन्दर, प्रमेह और कोढ़ नाश होता है । और अष्ट प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं ।[1]

शिव संहिता में महामुद्रा का विवरण-

" बाम पाद की एड़ी से गुदा और मेढ्र के मध्य में जो योनि को दबाकर शक्ति गुरु के उपदेशानुसार योगी दक्षिण पैर को फैलाकर हाथों से पकड़ कर (शरीरस्थ) नव द्वारों को रोक कर चिबुक को हृदय पर स्थित करे और चित्त-वृत्ति को आकाश में स्थित करके वायु का साधन- रेचक पूरक तथा कुम्भक करना चाहिए । यह महामुद्रा सब तन्त्रों के प्रमाण से गोप्य है पहले वामांग से अभ्यास करके फिर दक्षिणांग से अभ्यास कर योगी स्थिर बुद्धि से प्राण का जय करे ।[2]

इस विधान से मन्द भाग्य योगी भी सिद्ध हो जायेगा और इस महामुद्रा के प्रभाव से समस्त नाड़ियों का चालन ठीक हो जायेगा और बिन्दु स्थिर होकर जीवन आकर्षित रहेगा, समस्त पापों का नाश

१- कल्याण योगांक पृ० ४४८

२- शिव संहिता ४। २७-२८ तक

होगा , कुण्डली को बलात् उठाकर वायु को ब्रह्मरन्ध्र में प्रवेश करेगा, जठराग्नि प्रज्वलित होकर समस्त रोगों का नाश करेगा और शरीर में सुन्दर कान्ति आवेगी , वृद्धावस्था सहित मृत्यु का नाश हो जावेगा, सब सहित वांछित फल मिलेगा , इन्द्रियों का निग्रह होगा , यह सब जो वर्णन किया है , वह सभी योगारूढ़ को इस मुद्रा के अभ्यास से सिद्धि प्राप्त होती है, इसमें संशय नहीं है, निश्चय है ।"

गोरक्ष-पद्धति में महामुद्रा- "हृदय पर ठोढ़ी को जमाकर रखे और वाम पाद की एड़ी से योनि स्थान (सीवन नाड़ी) को दृढ़ता से दबाये दाहिना पैर लम्बा करके दोनों हाथों से दक्षिण पैर का अग्र भाग पकड़ कर रोके तब उदर में पूरक द्वारा वायु भरे, कुछ काल यथा शक्ति कुम्भक करे फिर शनैः शनैः रेचन करे, यह योगियों की समस्त रोग नाशक महामुद्रा कही गई है। इस महामुद्रा के अभ्यास में प्रथम वामांग से अभ्यास करके फिर दक्षिणांग से अभ्यास करे, प्राणायाम की मात्रा बराबर हो जाय तब मुद्रा छोड़नी चाहिए ।

यह मुद्रा का अभ्यास शुरू हो जाय तो पथ्यापथ्य का कोई विचार नहीं रहता । इसके अभ्यास से संयोग विरुद्ध वस्तु (जैसे घृत, मधु बराबर मिलाकर कृत्रिम विष होता है) या घोर विष भी खावे तो अमृत के समान पच जाता है। गुदावर्त, गुल्म, अजीर्ण, क्षय , कुष्ठादि रोग शान्त हो जाते हैं। यह महासिद्धि देने वाली[1] मुद्रा है। इसे गुप्त रखना चाहिए तथा अनधिकारी को नहीं देनी चाहिए ।"

हठ रत्नावली में महामुद्रा की प्रक्रिया एवं उससे होने वाले शारीरिक एवं आध्यात्मिक लाभ गोरक्षपद्धति के समान ही है।[2]

१- गोरक्ष पद्धति पृ० ३० से ३२ तक

२- ह० र० २।३८ से ४३ तक

"" हठ योग चन्द्रिका "" में महामुद्रा ध्यानबिन्दूपनिषद् के तुल्य उपलब्ध है।[1] ""

यो० प्र० में महामुद्रा- "" बायें पैर के गुल्फ से योनि (सीवनी नाड़ी) को पीड़ित करके दायें पैर को फैलाये और भूमि पर रखकर अंगूठा से पकड़े, जालन्धर बन्ध लगाकर वायु को ऊर्ध्व देश में धारण करे, जैसे कुण्डली लगाकर बैठा हुआ सर्प डण्डे से आहत होने पर सीधा हो जाता है वैसे ही कुण्डलिनी भी सहसा सरल हो जाती है, तब दोनों नाड़ी पुटों के आश्रय से प्राण के वियुक्त होने के कारण (शरीर की) मरणावस्था पैदा हो जाती है। तब वायु का रेचन, शनैः शनैः करे, शीघ्रता से न करे।[2] ""

इससे महाक्लेश (अविद्या, अस्मिता, राग-द्वेष और अभिनिवेश) क्षीण होकर मरणादि दोषों का भी नाश हो जाता है। इसलिए विद्वानों ने इसे महामुद्रा कहा है। चन्द्रांग से ठीक प्रकार अभ्यास करके सूर्यांग से अभ्यास करे जब तक दोनों की संख्या समान हो तब तक ठीक प्रकार से अभ्यास कर मुद्रा का विसर्जन करे।

जब मुद्रा का अभ्यास सिद्ध हो जाय तब पथ्यापथ्य का कोई विचार नहीं रहता, मिष्टान्न, लवण, तिक्तादि का स्वाद कुछ नहीं रहता। सभी प्रकार के रस नीरस मालूम पड़ते हैं। संयोग विरुद्ध वस्तु (घृत मधु) या घोर विष भी खाये तो अमृत के समान पच जाता है। कुष्ठ गुदावर्त, गुल्म, अजीर्ण, क्षय, कुष्ठादि रोग शान्त हो जाते हैं। साधक को महासिद्धि देने वाली यह महामुद्रा कही है। इसे यत्नपूर्वक गुप्त रखे तथा किसी भी अनधिकारी को प्रदर्शित न करे।[2] ""

१- ह० यो० च० २६ ब

२- यो० प्र० ३।१-१७ तक

घे० सं० में महामुद्रा की प्रक्रिया ह० प्र० के तुल्य ही उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त घेरण्ड ने[1] दृष्टि को भ्रूमध्य में रखने का निर्देश किया है- "भ्रूमध्ये निरीक्षयेत्"।

ह० र० में महामुद्रा पर टिप्पणी- "श्रीनिवास ने महामुद्रा की प्रक्रिया वशिष्ठ परम्परा के आधार पर उल्लेख की है और यही प्रक्रिया ह० प्र० में भी उपलब्ध है। ह० प्र० और ह० र० में मूलबन्ध का निर्देश है, भ्रूमध्य में दृष्टि रखने का नहीं है जैसाकि घे० सं० में उल्लेख है। दत्तात्रेय के अनुसार यह भैरव परम्परा में प्रचलित है जो कि "योगकर्णिका" के पृष्ठ ७७ पर अंकित है[2]।"

घेरण्ड के अतिरिक्त किसी भी ग्रन्थकार ने भ्रूमध्य में दृष्टि रखने के विषय में संकेत नहीं किया है। तथा मुद्रा के अभ्यास से कुण्डलिनी प्रभावित होगी अथवा नहीं इसका भी उल्लेख नहीं किया। स्वात्माराम ने महामुद्रा के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से वर्णन किया है जिससे लाभ उत्पादित होता है।

ह० प्र० और घे० सं० में महामुद्रा के अभ्यास की प्रक्रिया तो समान है किन्तु घेरण्ड ने दृष्टि को भ्रूमध्य में रखने का उल्लेख किया है। महामुद्रा के अभ्यास से कुण्डलिनी शक्ति के जाग्रत होने के विषय में स्वात्माराम ने विस्तार से उल्लेख किया है। घेरण्ड के अनुसार दृष्टि भ्रूमध्य में रखने से महामुद्रा का अभ्यास कुण्डलिनी पर विलम्ब से प्रभावी होगा तथा हठ साध्य भी है किन्तु ह० प्र० की मूलबन्ध की प्रक्रिया सहज है तथा कुण्डलिनी को शीघ्र प्रभावित करेगी। मुद्रा में रेचक, पूरक, कुम्भक प्राणायाम की तीनों ही संस्तुति

१- घे० सं० ३।४-६ तक

२- ह० र० पृ० १२८

कहते हैं क्योंकि प्राणायाम के अभ्यास में मूलबन्ध का सधना परमावश्यक है, नहीं तो प्राणायाम भी स्वाभाविक प्रभावी नहीं होगा। अतः उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर हम कह सकते हैं कि महामुद्रा के अभ्यास में ह० प्र० की प्रक्रिया साधना हेतु अधिक उपयुक्त जान पड़ती है।

<u>नभोमुद्रा</u>

घे० सं० में नभोमुद्रा का वर्णन- "योगी निरन्तर सब कार्यों में स्थिर ऊर्ध्व जिह्वा होकर कुम्भक द्वारा वायु को रोके।[1] इसको नभो मुद्रा कहते हैं। इससे योगी के सभी रोग नष्ट हो जाते हैं।"

इस मुद्रा का ह० प्र० में उल्लेख नहीं है क्योंकि प्रत्येक अवस्था में कुम्भक लगाना यह साधना की उच्चावस्था का अभ्यास है साधारण एवं मध्यम कोटि का साधक इस मुद्रा की साधना नहीं कर सकता। इसलिए अन्य ग्रन्थों में इसका उल्लेख नहीं है।

<u>उड्डियानबन्ध</u>

ध्यानबिन्दूपनिषद् में उड्डियानबन्ध- "उदर एवं नाभि का भाग पीठ से लग जाय। यह उड्डियानबन्ध, मृत्युरूपी हाथी के लिए सिंह के समान है।"[2]

योगकुण्डल्युपनिषद् में उड्डियानबन्ध- "कुम्भक रेचक करते हुए बंधा हुआ प्राण उड़ कर सुषुम्ना में जा पहुँचने का कारण है वज्रासन से बैठकर हाथों से पैरों को दृढ़ता से पकड़े। और घुटनों से योनि को पीड़ित

१- घे० सं० ३।७

२- ध्यानबिन्दूपनिषद् पृ० ७४

करते हुए उदर को पीठ की ओर ले जाना हृदय पर ठोड़ी लगावे और उदर से शनैः शनैः प्राण रेचन करे। इस क्रिया से उदर के समस्त विकार दूर होते हैं।"[1]

"योगशिखोपनिषद् में उड्डियानबन्ध की प्रक्रिया योगकुण्डल्युपनिषद् के समान ही दी है।"[2]

शिव संहिता में उड्डियानबन्ध- "नाभि से ऊपर और नीचे की आकुंचन को कहते उड्डियानबन्ध कहते हैं, यह दुःख के समूह को नाश करने वाला है उदर को पीठ आकर्षित करे और नाभि से ऊपर भाग में आकुंचन करे यह उड्डियानबन्ध है और मृत्यु रूपी मातंग का नाश करने वाला यह केसरी सिंह है।"[3]

"जो योगी नित्य इस बन्ध को चार चार अभ्यास करेगा, उसकी नाभि का शुद्ध होकर वायु सिद्ध हो जायेगा। यदि योगी छः मास इस बन्ध का अभ्यास करे तो निश्चय ही मृत्यु को जीत लेगा और उसकी जठराग्नि विशेष प्रज्वलित होगा और रस की वृद्धि होगी। इस उड्डियानबन्ध के प्रभाव से योगी का शरीर आप ही सिद्ध हो जायेगा अर्थात् अमर हो जायेगा और रोगों का निश्चय नाश हो जायेगा।"

गोरक्षपद्धति में उड्डियानबन्ध- "जिस कारण उड्डियानबन्ध से रुका हुआ प्राण वायु कहीं भी विश्राम न करके उड़ कर सुषुम्णा में गति करता है उसी कारण यहाँ मृत्यु रूपी गज के ऊपर सिंह जैसा यह बन्ध कहा जाता है। उदर से पश्चिम और नाभि से नीचे इस बन्ध का स्थान योगी कहते हैं क्योंकि यह बन्ध उसी स्थान में करना योग्य है।"[4]

१- योगकुण्डल्युपनिषद् पृ० ४७ से ५० तक

२- योगशिखोपनिषद् १।१०६ से १०८ तक

३- शिव संहिता ४।७२ से ७६ तक

४- गोरक्षपद्धति पृ० ४३

[illegible]

नाभि के ऊपर तथा नीचे का भाग उदर में इस भांति इस प्रकार ऊपर को पीठ की ओर खींचे, इसे उड्डियानबन्ध कहते हैं, मृत्यु रूपी गज को मारने के लिए यह सिंह के समान है। गुरु द्वारा बताये से कहे हुए इस बन्ध का निरन्तर अभ्यास करे तो वृद्ध भी तरुण हो जाय। नाभि ऊर्ध्वाधो भाग को खींच कर पीठ में लगाये, ऐसे इस बन्ध को छः मास पर्यन्त निरन्तर अभ्यास करे तो निस्सन्देह मृत्यु को जीत ले। सम्पूर्ण बन्धों में उड्डियानबन्ध उत्तम है, इसके करने से प्राणियों की ही गति करके सुषुम्ना द्वारा प्राण मस्तिष्क में है जाने से समाधि में गमन होता है, यही स्वाभाविक मुक्ति है।[1]

ह० र०[2], ह० सं० पं०[3], ह० प्र०[4] एवं शि० सं०[5] में उड्डियान बन्ध की प्रक्रिया एवं उससे होने वाले लाभों का उल्लेख गोरक्ष पद्धति के समान ही उपलब्ध है।

उड्डियानबन्ध के अभ्यास के परिमाण के विषय में स्वात्माराम व घेरण्ड ने कोई संकेत नहीं दिया है, चूंकि इसका अभ्यास बिना बाह्य कुम्भक के नहीं हो सकता, इसलिए इसके अभ्यास की संख्या की ओर भी ध्यान रखना आवश्यक है। बिना परिमाण के अभ्यास किया गया तो इसका प्रभाव हृदय एवं फुफ्फुसों पर पड़ेगा तथा अपरिमित अभ्यास से हृदयरोग हो जायेगा जिसका परिणाम साधक के लिए कभी भी घातक सिद्ध हो सकता है।

१- गोरक्ष पद्धति पृ० ४२, ४३
२- ह० र० २।५५ से ५७
३- ह० सं० पं० २६ ३
४- ह० प्र० ३।५७ से ६०
५- शि० सं० ३।८,६

उड्डियान बन्ध से हृदय, फुफ्फुस एवं उदरगत यकृत, तिल्ली, वृक्क एवं लघु एवं दीर्घ आँतों पर पड़ता है जिससे इसके अभ्यास से समस्त विकार दूर होकर स्वस्थ करते हैं। इस बन्ध के अभ्यास से कोष्ठ का भुक्तान्न शीघ्र पचता है तथा आँतें मल निस्सारण का कार्य नियमित करती हैं। उड्डियानबन्ध के साथ बाह्य कुम्भक होता है इसलिए प्राणोत्थान होकर प्राण सुषुम्ना में प्रवेश कर जाते हैं। इस-लिए इसके अभ्यास से दीपन, पाचन, शोधन का कार्य स्वयं ही होता रहता है। हृदय एवं रक्तचाप के रोगियों को इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए।

जालन्धरबन्ध

ध्यानबिन्दूपनिषद् में जालन्धरबन्ध- "शिर का अधः भाग जिसके द्वारा जीवन सींचे जाता है संकुचित करके बन्ध करने से जालन्धर बन्ध होता है। इस बन्ध से कण्ठ के रोग नष्ट होते हैं।[1]"

योगकुण्डल्युपनिषद् में जालन्धर बन्ध- "पूरक के अन्त में कण्ठ के संकोच द्वारा वायु का निरोध करने से जालन्धर होता है। अधोभाग में मूलबन्ध द्वारा गुदा का आकुंचन कर और ऊपर से जालन्धर बन्ध द्वारा कण्ठ का संकोच तथा मध्य में उड्डियानबन्ध द्वारा प्राण को सीधे ही प्राण सुषुम्ना में चढ़ने लगता है। इस प्रकार कण्ठ का संकोच करने से इड़ा पिंगला दोनों नाड़ियों का स्तम्भन हो जाता है। कण्ठ में षोडश दल का विशुद्ध चक्र वहाँ वायु को रोक कर बन्धन करने वाला होने से इस बन्ध को बन्ध कहा है।[2]"

योगशिखोपनिषद्[3] में जालन्धरबन्ध- योगकुण्डल्युपनिषद् के समान है।

शिव संहिता में जालन्धर बन्ध- "गला शिरा

१- ध्यानबिन्दूपनिषद् पृ० ७७ व ७८

२- योगकुण्डल्युपनिषद् पृ० ५१

३- योगशिखोपनिषद् पृ० १०६,११०

नाभ की नाड़ी से पिघल कर मूल का पिण्ड भी, उसको जालन्धर बन्ध कहते हैं। सहस्रार कमल से भी अमृत टपकता है, नाभि मण्डल स्थित वडवानल उसका पान करती है। उसको रोकने के लिए जालन्धर बन्ध करना उचित है। इससे अमृत मण्डल से अमृत सूर्य मण्डल में नहीं जाता, योगी स्वयं उस अमृत के पान करके चिरंजीव रहता है।"[1]

यह जालन्धरबन्ध सिद्धों को सिद्धि देने वाला है, इसलिए सिद्धि चाहने वाले योगी को इसका नित्य अभ्यास करना उचित है।

घेरण्डसंहिता में जालन्धर बन्ध- "यह बन्ध स्थान में होता है जिससे रोगों को हरता है, षोडशाधार नाड़ी जाल का बन्धन करता है। कण्ठ का संकोचन करके प्राण वायु की गति को रोकना जालन्धर बन्ध है। इससे चन्द्रामृत, पिघलकर सूर्य अग्नि में नहीं गिरता एवं वायु कदाचित विरुद्ध नहीं होता है।"[2]

घेरण्ड पद्धति में प्रकारान्तर से जालन्धर बन्ध- "कण्ठ नीचे झुकाकर हृदय के चार अंगुल ऊपर पर ठोढ़ी को सुदृढ़ता से स्थापित करें। यह जालन्धर बंध वृद्धावस्था तथा मृत्यु नाशक है।"[3]

ह०र०[4] एवं ह० पं० सं०[5] में जालन्धर बन्ध की प्रक्रिया घेरण्ड पद्धति के समान है।

ह० प्र० में जालन्धर बन्ध- "कण्ठ को संकुचित

१- शिवसंहिता ४।६० , ६१ व ६२

२- घेरण्ड पद्धति पृ० ४३

३- घेरण्ड पद्धति पृ० ४४

४- ह० र० ३।६

५- ह० पं० सं० ३४ स

कर हृदय देश में ठोड़ी को दृढ़ता पूर्वक स्थापित करना चाहिए। यह जरा और मृत्यु को नष्ट कर देने वाला जालन्धर बन्ध है।"

यह नाड़ियों के समूह और नीचे की ओर गिरने वाले कपाल कुहर के जल - अमृत को रोकता है। इसलिए इस जालन्धर बन्ध के अभ्यास से और गले के सिकोड़ने से न तो अमृत अग्नि (जठरानल) में गिरता और न वायु (प्राण) ही दूषित होती है। (कण्ठ का संकोचन करने से इड़ा और पिंगला नाड़ियों का स्तम्भन हो जाता है। प्राण सुषुम्ना से प्रवाहित होते हुए ऊर्ध्व मुख होता है, जो षोडश आधारों का मध्यवर्ती मध्य चक्र कण्ठ विशुद्ध चक्र जानना चाहिए। इड़ा, पिंगला को कण्ठ संकोचन द्वारा दृढ़ता से आबद्ध करना चाहिए।

मूलाधार को अच्छी तरह सिकोड़ कर उड्डियान बन्ध करना चाहिए और इड़ा पिंगला दोनों नाड़ियों को स्तम्भित कर प्राण को (सुषुम्ना) पश्चिम मार्ग में प्रविष्ट करना चाहिए। इस प्रकार प्राण स्थिर हो जाता है। प्राण का लय होने पर मृत्यु का भय नहीं रहता, वृद्धावस्था नष्ट हो जाती है और रोगादि नहीं होते न बाल पकते हैं और न पक्ते ही हैं। महासिद्ध योगी इन तीन (उड्डियान जालन्धर मूल) बन्धों का अभ्यास करते हैं। समस्त हठयोग के ग्रन्थों तथा प्रक्रियाओं में इसे योगी (गोरखनाथ आदि) करते हैं ऐसा मानते हैं।

घे० सं० में जालन्धर बन्ध- " कण्ठ को संकोचन कर हृदय पर ठोड़ी को रखकर जालन्धर बन्ध होता है। इससे षोडशाधार का आधार बन्ध होता है और यह मृत्यु को पराजित करता है। यह जालन्धर बन्ध योगियों को सिद्धि प्रदान करता है। इसके छः महीने के अभ्यास से योगी सिद्ध

१- घे० सं० ३। ५६ से ५७ तक

हो जाता है[1]। ''

जालन्धर बन्ध की प्रक्रिया ह० प्र० एवं घेरण्ड संहिता में समान रूप से दी गई है।

ह० प्र० में जालन्धर बन्ध से होने वाले मुख्य एवं सम्पूर्ण प्रभावों का उल्लेख स्वात्माराम ने किया है।

" बध्नाति हि सिराजालमधोगामि नभोजलम्।
ततो जालन्धरोबन्धः कण्ठ दुःखौघनाशनः॥ "

यह नाड़ियों के समूह और नीचे की ओर गिरने वाले कपाल कुहर के जल-समूह को रोकता है। इसलिए यह जालन्धर बन्ध गले के रोगों को नष्ट करता है। इस प्रकार का उल्लेख घेरण्ड संहिता में नहीं है।[2]

जालन्धर प्रक्रिया को जालन्धर नाम के योगी से लिया गया है अथवा जालन्धर योगीश ने इसका आविष्कार किया था। इस प्रकार का निर्देश हठ रत्नावली से उपलब्ध होता है[3]।

जालन्धर बन्ध का अभ्यास बैठकर होना अथवा खड़े होकर होना यदि बैठ कर होना तो कौन से आसन से बैठा जाय। इस प्रकार का संकेत घेरण्ड एवं स्वात्माराम ने नहीं किया है। कुम्भक प्राणायाम के बिना जालन्धर बन्ध का अभ्यास नहीं हो सकता लेकिन कुम्भक के अभ्यास के विषय में भी कोई भी संकेत नहीं किया है और नहीं अभ्यास की संख्या ही निर्धारित की है। अस्तु, घेरण्ड एवं स्वात्माराम की जालन्धर बन्ध प्रक्रिया अपूर्ण प्रतीत होती है तथा इससे किसी किसी को हानि भी हो सकती है।

१- घे० सं० ३।१०,११

२- ह० प्र० ३।७०

३- ह० र० पृ० १३०

मूलबन्ध

ध्यानबिन्दूपनिषद् में मूल बन्ध

" प्राण और अपान के एक होने से मल मूत्र का नाश अर्थात् मात्रा कम हो जाती है। इस प्रकार मूल बन्ध के लगातार अभ्यास से वृद्ध भी युवा हो जाता है। एड़ी द्वारा योनि- स्थान को दबाकर गुदा का आकुंचन करते हुए अपान वायु को ऊपर की ओर ले जाय। यह मूल बन्ध होता है।[1] "

योगकुण्डल्युपनिषद् में मूल बन्ध

" अपानवायु की अधोगति को बलात् ऊर्ध्व-गति ऊपर को उठावे। गुदा के आकुंचन करने से मूल बन्ध होता है।[2] "

योगशिखोपनिषद् में मूलबन्ध

" गुदा को एड़ी से दबाते हुए वायु का बलात् आकुंचन करे तथा बार बार वायु की ऊर्ध्वगति करे। प्राण अपान नाद एवं बिन्दु मूल बन्ध के द्वारा एक हो जाने से योग की सिद्धि हो जाती है। इसमें कोई संशय नहीं है।[3] "

शिव संहिता में मूलबन्ध

" पाद मूल - एड़ी से गुदा मार्ग को आकुंचन

१- ध्यानबिन्दूपनिषद् पृ० ७३ ,७४

२- योगकुण्डल्युपनिषद् पृ० ४२

३- योगशिखोपनिषद् १।१०४,१०५

करके पीछे की ओर बल से अपानवायु को आकर्षण करके ऊर्ध्व को ले जाय अर्थात् प्राण के साथ सम्बन्ध करे इसको मूल बन्ध कहते हैं यह बन्ध जरा-मरण का नाश करने वाला है।[1]"

इस उल्लिखित बन्ध से अपान और प्राण को एक करे और इस मूल बन्ध के प्रभाव से योनि मुद्रा आप ही सिद्ध हो जायेगी। योनि मुद्रा के सिद्ध होने से सिद्ध लोगों को इस संसार में क्या सिद्ध नहीं होता है। इस मूल बन्ध के प्रभाव से वायु को योगी जीत के चुपचाप स्थित हुई वह भूमि को त्याग देगा और आकाश में गमन करेगा। यदि संसार सागर से पार होने की इच्छा हो तो पवित्र योगी को निर्जन प्रदेश में गुप्त स्थान में इस मूल बन्ध का अभ्यास करना उचित है।

घे० सं० में मूलबन्ध

"बायें पैर की एड़ी से (सीवनी) को दबाते हुए गुदा प्रदेश को आकुंचित करे। नाभि ग्रन्थि को मेरुदण्ड की ओर यत्नपूर्वक लगाकर दायीं एड़ी से उपस्थ को दृढ़तापूर्वक दबावें। वृद्धावस्था को नष्ट करने वाली बन्ध मुद्रा है।[2]"

"शि० सं० में उपर्युक्त मूलबन्ध मुद्रा की प्रक्रिया मिश्रित प्रक्रिया है जो 'ध्यानबिन्दूपनिषद्, योगचूडामण्युपनिषद् एवं योगशिखोपनिषद्' तीनों की मिश्रण विधि है।"

घे० सं० में उल्लिखित प्रक्रिया में 'नाभिग्रन्थि मेरुदण्डे सुधीः संपीड्य यत्नतः' नाभि ग्रन्थि को मेरुदण्ड की ओर यत्न-

---

१- शिव संहिता ४।६०-६४

२- घे० सं० ३।१२-१३

पूर्वक लगायें । नाभि ग्रन्थि लगाने की प्रक्रिया उड्डियानबन्ध में पूर्व ही उल्लिखित है, इसलिए मूल बन्ध में यह अनावश्यक प्रतीत होता है।

ह० प्र० में प्रक्रिया एवं होने वाले आध्यात्मिक लाभों का वर्णन सविस्तार से किया है। किन्तु मूलबन्ध का अभ्यास किस समय तथा कितने बार किया जाय इसका उल्लेख स्वात्माराम एवं घेरण्ड दोनों ने ही नहीं किया है जिससे कारण मुद्रा अपूर्ण सिद्ध हो सकती है ।

" मेढ्रं दक्षिण गुल्फेन दृढ़बन्धं समाचरेत् " - दायीं एड़ी से उपस्थ को दृढ़तापूर्वक दबायें । घेरण्ड का यह कथन भी मूल बन्ध की स्थिति में आवश्यक है क्योंकि मूलबन्ध तो योनि, नाभि, पसली एवं किसी भी आसन से बैठे हुए लगाया जा सकता है तथा सभी अवस्थाओं में लगा हुआ मूल बन्ध लाभकारी होगा ।

यह मुद्रा दूषित अपान को शुद्ध करने में हितकारी है। मूलबन्ध से रोग- मधुमेह, प्रमेह तथा प्रदर को दूर करने में सहायक है । गुदा प्रदेश के रोग अर्श, भगन्दर को शीघ्र नष्ट करती है । इसको रात दिन में कितनी बार किया जाय लाभकारी ही सिद्ध होगी ।

महाबन्ध

योगतत्त्वोपनिषद् में महाबन्ध

" बायें पैर की एड़ी को योनि स्थान में लगायें , दक्षिण पैर को फैलाकर दोनों हाथों से दृढ़ता से पकड़े । ठोढ़ी को हृदय पर जमाते हुए वायु का पूरक करें तथा यथाशक्ति कुम्भक करते हुए रेचक कर दें । इस प्रकार बायें से करने के पश्चात्[१] दायें से अभ्यास करें । दोनों भागों से अभ्यास करने से महाबन्ध होता है । "

१- योगतत्त्वोपनिषद् पृ० ११३-११४

वशिष्ठ योग में महाबन्ध

" वाम पाद की एड़ी को गुदा और लिंग के मध्य भाग (सीवन) में दृढ़ता से जमा के और दक्षिण पाद को वाम जंघा पर रख दें, तब पूरक करके जालन्धर बन्ध लगा कर यथाशक्ति कुम्भक रख कर शनैः शनैः रेचक करें, कहीं कहीं ऐसा लेख मिलता है कि महाबन्ध को करते समय पार्ष्णि के द्वारा मूल बन्ध को पुनः पुनः ताड़न करता रहे तथा महामुद्रा और महाबन्ध में कुम्भक के समय मन को सुषुम्ना में प्रविष्ट कर देने का विधान भी मिलता है। परन्तु ऐसा तभी हो सकता है। जब साधक को इन दोनों कार्यों के कार्य रूप का साक्षात्कार हो चुका हो। इसमें भी वाम तथा दक्षिण पार्श्व से रेचक पूरक की संख्या भी समान रखनी चाहिए[१]। "

शिव संहिता में महाबन्ध

" वाम पाद को प्रकार से दक्षिण पाद की वाम ऊरु पर स्थित करके और गुदा और योनि को आकुंचन करके अपान को ऊर्ध्व करके समान वायु के साथ सम्बन्ध करके और प्राण वायु को अधोमुख करे, यह बन्ध प्राण अपान के ऊर्ध्व गति के हेतु बुद्धिमान साधक के प्रति कहा है। यह महाबन्ध सिद्धि मार्ग का दाता है और योगीजन नाड़ियों के इस बन्ध से ऊपर गमन करता है[२]। "

इसके अभ्यास से प्राण वायु सुषुम्ना के मध्य में स्थित होगा और इस महाबन्ध के प्रभाव से शरीर पुष्ट होगा अस्थि पंजर और शरीर के सब बन्ध दृढ़ अर्थात् मजबूत हो जायेंगे। योगी का हृदय सन्तोष से पूर्ण और आनन्दित रहेगा।

१- वशिष्ठयोग पृ० ७३२३

२- शिवसंहिता ४।३७ से ४२ तक

गोरक्ष पद्धति में महाबन्ध

" वाम पाद की एड़ी से योनिस्थान को रोक कर के दक्षिण पाद को वाम ऊरु पर स्थापित करें तब जालन्धर बंध करके वायु को पूरक कर मन को सुषुम्ना में प्रवृत्त करे। यथाशक्ति कुम्भक करके शनैः शनैः रेचन करे। इसी प्रकार वामांग में अभ्यास करें, दोनों अंगों से अभ्यास की संख्या समान करें। यह समस्त नाड़ियों की गति ऊपर की ओर करने वाला महासिद्धि दायक महाबन्ध है।[1] "

ह० र० में महाबन्ध

" वाम पद की एड़ी से योनि स्थान को दबायें दायाँ पैर बायीं जंघा पर स्थापित करें, मुख द्वारा वायु ग्रहण करते हुए ठोढ़ी को हृदय पर स्थापित करें तथा मूलबन्ध करें तथा मन को सुषुम्ना में लगायें। इसी प्रकार वामांग से करने के पश्चात् दक्षिणांग से भी करें। यह योगियों के लिए महासिद्धि दायक है।[2] "

घे० सं० में महाबन्ध

" घे० सं० में महाबन्ध की प्रक्रिया गोरक्ष पद्धति के समान उपलब्ध है।[3] "

ह० प्र० में महाबन्ध

" बायें पैर की एड़ी को योनि स्थान में लगायें बायीं जंघा पर दायाँ पैर रखकर बैठें तथा वायु को पूरित करके चिबुक

१-गोरक्ष [illegible] पद्धति पृ० ४६

२- ह० र० २।४४ से ४६

३- घे० सं० २६ क

को मूल स्थान पर दृढ़ता से लगावें और योनि को संकुचित करके मन को नाड़ी के मध्य प्रविष्ट करे फिर वायु को यथाशक्ति धारण कर शनैः शनैः रेचन [illegible] करे। अन्य विद्वानों का मत है कि जालन्धर बन्ध में कण्ठ का संकोचन करे। क्योंकि राजदन्त पर स्थित जिह्वा का बन्ध ही उत्तम होता है। यह बन्ध नाड़ियों की ऊर्ध्वगति का निरोधक है, यह महाबन्ध अत्यन्त महासिद्धि का देने वाला है।[1]"

यह महाबन्ध काल के पाश को छुड़ाने में प्रवीण है। यह तीनों (जालन्धर उड्डियान और मूलबन्ध) का संगम है, यह (महाबन्ध) 'प्रयाग' की प्राप्ति कराने वाला तथा (दोनों भौंहों के मध्य में स्थित शिव स्थान) केदार में मन को स्थित करने वाला है।[1]"

घे० सं० में महाबन्ध

" बायीं एड़ी से योनि स्थान (गुदा प्रदेश) का निरोध करके दायें पैर से यत्नपूर्वक बायीं एड़ी को दबाते हुए शनैः शनैः योनि का आकुंचन करे। जालन्धर बन्ध से प्राण वायु को धारण करे। इसे महाबन्ध कहते हैं। यह महाबन्ध सब मुद्राओं में श्रेष्ठ है, यह वृद्धावस्था एवं मृत्यु को दूर करता है, इस महाबन्ध से सभी मनोरथ सिद्ध होते हैं।[2]"

ह० प्र० में महाबन्ध की प्रक्रिया विस्तृत रूप से उल्लिखित है तथा महाबन्ध से होने वाले आध्यात्मिक एवं शारीरिक लाभों का भी वर्णन किया है। दोनों की प्रक्रिया में अन्तर यह है कि स्वात्माराम ने दायें पैर को बायीं जंघा पर रखने तथा घेरण्ड ने दायें पैर को बायीं जंघा के स्थान पर बायें पैर की एड़ी पर रखने का संकेत किया है। घेरण्ड ने जालन्धर

१- ह० प्र० ३।१८ से २४ तक

२- घे० सं० ३।१४ से १६ तक

बन्ध लगाने की संस्तुति दी की है किन्तु ठोढ़ी हृदय पर रखी जाय क्या नहीं इसका कोई उल्लेख नहीं किया है। स्वात्माराम ने ठोढ़ी को हृदय पर स्थापित करने के लिए उल्लेख किया है। दोनों ने प्राणवायु पूरक करने के लिए वर्णन किया है किन्तु स्वात्माराम ने यथाशक्ति कुम्भक करके वायु को शनैः शनैः रेचक करने के लिए भी निर्दिष्ट किया है, घेरण्ड ने कुम्भक और रेचक का कोई उल्लेख नहीं किया। घेरण्ड के अनुसार अभ्यास करने से साधक भ्रमित होकर हानि भी उठा सकता है। स्वात्माराम महाबन्ध को वामांग तथा दक्षिणांग से करने के पक्षधर हैं, किन्तु घेरण्ड का इस ओर भी ध्यान नहीं गया है। अस्तु, यह निर्विवाद कहा जा सकता है कि घेरण्ड की महाबन्ध मुद्रा की प्रक्रिया अपूर्ण है।

महावेध

योगतत्त्वोपनिषद् में महावेध

"महावेध में स्थित होकर चित्त एकाग्र कर जालन्धर बन्ध लगाकर वायु को पूरक द्वारा भरकर कुम्भक में स्थित रहना चाहिए, इससे प्राण वायु का दोनों नाड़ी पुटों को छोड़कर सुषुम्ना में वेग से स्फुरण हो जाता है। इस महावेध का योगी दिन रात अभ्यास करते हैं।[१]"

वशिष्ठ योग में महावेध

"महाबन्ध मुद्रा में स्थित होकर पूरक करके कुम्भक कर लें, तब दोनों बन्ध लगाकर हथेलियाँ भूमि पर दक्षिण वाम ओर रखकर वाम पाद सहित शरीर को उन पर उठा लें, तब उसी पर पुनः पुनः योनि प्रदेश का ताड़न करें।[२]"

१- योगतत्त्वोपनिषद् पृ० ११५, ११६

२- वशिष्ठ योग पृ० ३३४

वशिष्ठ योग की दूसरी विधि

पद्मासन लगाकर मूल बंध सहित कुम्भक करके भूमि से उठाकर भूमि पर मूलाधार को पुनः पुनः ताड़न करे। क्योंकि प्रदीपिका महावेध की क्रिया में जब शरीर को हाथों से ऊपर उठाया जाता है तब मूल-बन्ध स्थिर नहीं रहता, पद्मासन लगाकर करने से यह दोष नहीं आता, अतः पद्मासन लगाकर करना ही उत्तम है। इसे भी पैर बदलकर करें, प्राणायामों की संख्या समान रहे।

शिव संहिता में महावेध

" हे त्रिभुवनेश्वरी। अपान और प्राण को एक करके महाबंध स्थित योगी उदर की वायु से पूर्ण करके दोनों स्फिच अर्थात् पार्श्वों का ताड़न करे। इसको हमने महावेध कहा है। जो मनुष्य इस उत्तम महावेध को गुप्त करके सदा अभ्यास करेगा उसकी जन्म मरण नाशिनी वायु सिद्ध हो जावेगी।[१] "

शरीरस्थ चक्र में जो देवता हैं वह वायु के ताड़न से कम्पायमान होते हैं और महामाया कुण्डलिनी देवी कैलाश अर्थात् ब्रह्मस्थान में लय होती है। महामुद्रा और महाबन्ध बिना वेध के निष्फल हैं। इसलिए योगी को यत्नपूर्वक क्रम से तीनों मुद्राओं का अभ्यास करे। जो यह मुद्रा बन्ध और वेध तीनों का अभ्यास दिन में चार बार करेगा वह छः मास में निश्चय मृत्यु पर विजय प्राप्त करेगा। इसमें संदेह नहीं है।

गोरक्ष[२] पद्धति में महावेध, शिव संहिता के समान है।

१- शिव संहिता ४।४३ से ४८ तक

२- गोरक्षपद्धति पृ० ४७-४८

"ह० र० में महावेध मुद्रा की प्रक्रिया शिव संहिता के समान है किन्तु ह० र० में जालन्धर बन्ध के साथ करने का निर्देश है।[1]"

जोगप्रदीपका में महावेध को दिन में ८ बार तीन तीन घण्टे के पश्चात् करने का निर्देश किया है-

"अष्टधा क्रियते चैवं यामे यामे दिने दिने।"

"ह० सं० सं० में महावेध की प्रक्रिया शिव संहिता के समान जालन्धर बन्ध के साथ की है।[2]"

<u>ह० प्र० में महावेध</u>

"जिस प्रकार रूप लावण्य से युक्त स्त्री पुरुष के बिना निष्फल है उसी तरह महामुद्रा और महाबन्ध दोनों महावेध के (अभ्यास के) बिना व्यर्थ हैं। योगी को महाबन्ध में स्थित होकर चित्त एकाग्र कर जालन्धर बन्ध (कण्ठ मुद्रा) लगाकर वायु को पूरक द्वारा खींच कर उसे कुम्भक की विधि से स्थिर करना चाहिए, अपने नितम्ब (कूल्हों) को भूमि पर धीरे धीरे से ताड़न कर (भूमि पर योनि स्थान से लगी बाईं पैर की एड़ी को कुछ ऊपर की ओर उठाकर) शनैः शनैः ताड़ित करना चाहिए। इससे प्राण वायु मध्य नाड़ी (सुषुम्ना) में चलने लगती है तब चन्द्र सूर्य और अग्नि (सुषुम्ना) के सम्बन्ध से अमृत तत्त्व की प्राप्ति होती है।[3]"

मरणावस्था उत्पन्न (बूढ़ी मिटा

१- ह० र० २/४६, ५०

२- ह० सं० सं० २५ ब

३- ह० प्र० ३/२५ से ३० तक

वायु रहित) होने पर वायु का रेचन करना चाहिए । यही महावेध है जिसका अभ्यास करने से महासिद्धियाँ प्राप्त होती हैं इससे झुर्रियाँ नष्ट हो जाती हैं, पलित बाल काले होने लगते हैं और कम्पन नष्ट हो जाता है उत्तम साधक महावेध का अभ्यास करते हैं । महामुद्रा, महाबन्ध और महावेध - ये तीनों मुद्रायें परम गोपनीय हैं बुढ़ापा और मृत्यु (भय) को नष्ट करने वाली हैं, जठराग्नि को बढ़ाती हैं, और अणिमादि सिद्धियों को प्रदान करने वाली हैं ये मुद्रायें प्रहर प्रहर (तीन तीन घण्टे के बाद) प्रत्येक दिन आठ बार की जाती हैं । ये पुण्यों को पुष्ट करने वाली हैं और पापों के लिए वज्र के समान हैं अर्थात् पापों को नष्ट करने वाली हैं । इनके अभ्यास के पहले गुरु (योग-सिद्ध) से अभ्यास विधि का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए ।"

घे० सं० में महावेध

" सुलक्षण के बिना जैसे स्त्री का रूप-यौवन और लावण्य व्यर्थ है, वैसे ही महावेध के बिना मूल बन्ध और महाबन्ध निष्फल हैं। प्रथम महाबन्ध का अभ्यास कर उड्डियान बन्ध कर कुम्भक से वायु को रोके, इसे महावेध कहते हैं ।"

जो योगी प्रतिदिन महावेध के साथ महाबन्ध और मूल बन्ध का अभ्यास करते हैं वे योगी, योगियों में श्रेष्ठ हो जाते हैं, मृत्यु, भय और वृद्धावस्था उन पर आक्रमण नहीं करती । यह परम गुह्य है, इसे गुप्त रखना चाहिए ।

ह० प्र० में महावेध

" महाबन्धस्थितो [illegible]

१- घे० सं० ३।१७ से २० तक

महामुद्रा, महाबन्ध दोनों महावेध के बिना व्यर्थ हैं।[1]

घे० सं० में महामुद्रा के स्थान पर- मूल बन्ध महाबन्धी महावेध बिना- तथा मूल बन्ध और महाबन्ध , महावेध के बिना दोनों निष्फल होने का निर्देश किया है।[2]

महावेध अभ्यास में ह० प्र० कार ने भी महाबन्ध में स्थित होकर जालन्धर बन्ध लगाकर पूरक करते हुए स्फिचों (चूतड़ों) की ताड़न की क्रिया करते हुए प्राण का सुषुम्ना में से जाने की प्रक्रिया बताई है तथा दिन में आठ बार करने के लिए संकेत किया है।

घे० सं० कार ने महावेध के अभ्यास में महाबन्ध में स्थित होकर उड्डियानबन्ध कर कुम्भक करने की संस्तुति की है। दोनों की मुद्राओं में जालन्धर और उड्डियान बन्धों का अन्तर तो है ही साथ ही घेरण्ड ने चूतड़ों को ताड़न करने का निर्देश नहीं किया है और न दिन में कितने बार अभ्यास किया जाय इसका भी कोई उल्लेख है।

स्वात्माराम ने महावेध के अभ्यास से महासिद्धियों की प्राप्ति एवं शरीर से झुर्रियों का दूर होना तथा बाल काले होना शरीर की कमजोरी के कारण कम्पन इत्यादि का नष्ट होना आदि का उल्लेख किया है।

घेरण्ड ने मृत्यु भय नहीं रहता तथा वृद्धावस्था आक्रमण नहीं करती है, का उल्लेख किया है। स्वात्माराम ने इस मुद्रा के द्वारा अनुरूप प्राप्ति के लिए भी संकेत किया है।

१- ह० प्र० ३।२५

२- घे० सं० ३।१७

विपरीतकरणी

योगतत्त्वोपनिषद् में विपरीतकरणी

" विपरीत रूप से करने से उक्त रोगों का हरण करके नित्याभ्यास युक्त होने से जठराग्नि प्रदीप्त होती है। साधक को प्रचुराहार भक्षण करना चाहिए। यदि अल्पाहार होगा तो शरीर का नाश होगा।

प्रथम दिन सिर नीचे पैर ऊपर करके एक क्षण करना चाहिए और एक एक क्षण प्रतिदिन बढ़ाते हुए इसका छः मास तक करने से वली-पलित दूर हो जाते हैं तथा इस प्रकार करने से योगी कालजित हो जाता है।[1] "

वशिष्ठ योग में विपरीतकरणी

" दोनों कोहनियां और सिर भूमि पर बिछाए गद्दे आदि कोमल वस्त्र पर धर कर पैरों सहित शरीर उठाकर पाद तल आकाश की ओर करके सिर और कोहनियों पर तौल दें- शरीर सीधा रहे, इस स्थिति में यथाशक्ति रहें।[2] "

दूसरी विधि

पीठ के बल भूमि पर लेटकर कटि को हाथों का सहारा देकर, ग्रीवा तथा कन्धों पर शरीर को थोड़ा तिरछा रखते हुए खड़ा कर दें (जैसे सर्वांगासन में करते हैं) फिर जालन्धर बन्ध लगा कर दृष्टि पैर के अंगूठों पर स्थिर कर दें। प्रथम विधि से यह दूसरी विधि

१- योगतत्त्वोपनिषद् पृ० १२२ से १२५

२- वशिष्ठ योग पृ० ३२६

श्रेष्ठ है क्योंकि सिर पर आवश्यक दबाव नहीं पड़ता है ।""

"" शिव संहिता[1] में विपरीतकरणी की प्रक्रिया " योगतत्त्वोपनिषद् " के समान ही है ।""

गोरक्ष पद्धति[2], ह० र०[3] एवं ह० सं० पं०[4] में विपरीतकरणी मुद्रा की प्रक्रिया " योगतत्त्वोपनिषद् " के समान है ।

ह० प्र० में विपरीतकरणी

" दिव्य तालु में स्थित चन्द्रमा से जो कुछ भी अमृत (सोम कला जल) स्रवित होता है, उसे नाभि में स्थित कालात्मक सूर्य ग्रस लेता है, इससे शरीर वृद्धावस्था को प्राप्त करता है। उस (अमृत) को सूर्य मुख में गिरने से बचाने के लिए गुरु के उपदेश से दिव्य करण(विपरीतकरणी) को जानना चाहिए । करोड़ों शास्त्रों के अर्थ से यह ज्ञातव्य नहीं है ।[5]

" ह० प्र०[6] एवं शि० सं०[7] में विपरीतकरणी मुद्रा की अभ्यास विधि " योगतत्त्वोपनिषद् " के तुल्य है ।""

ह० प्र०[8] में - नित्यमभ्यासयुक्तस्य जठरा-

१- शिव संहिता ४।६६ से ७१ तक

२- गोरक्ष पद्धति पृ० ५८, ५९

३- ह०र० २।६७ से ७३

४- ह० सं० पं० १६ क

५- ह० प्र० ३।७६ से ७७

६- ह० प्र० ३।७८ से ८१

७- शि० सं० ४।२९ से ३१

८- ह० प्र० ३।७९ से ८१

ग्निविवर्धिनी" नित्य के अभ्यास से जठराग्नि प्रदीप्त होती है तथा वलितं पलितं चैव षण्मासोर्ध्वं न दृश्यते। याम मात्रं तु यो नित्यमभ्यसेत स तु कालजित्। अर्थात् इस (मुद्रा) से छः मास के अन्दर झुर्रियाँ एवं पके केश दिखाई नहीं देते हैं। इस तरह एक प्रहर तक अभ्यास करने वाला मृत्यु पर विजय प्राप्त कर लेता है।

घे० सं० में विपरीतकरणी

"मुद्रां च साधयेन्नित्यं जरां मृत्युं च नाशयेत्। स सिद्धः सर्वलोकेषु प्रलयेऽपि न सीदति - इस मुद्रा के नित्य अभ्यास करने से मृत्यु भय और वृद्धावस्था पीड़ित नहीं[1] करती है और वह (साधक) सब लोकों में सिद्ध तथा प्रलय में अजर अमर है।"

जैसाकि इसके नाम से विदित है कि यह "विपरीतकरणी" मुद्रा अर्थात् उल्टे रूप से करने पर- सिर (चन्द्र) को भूमि पर और नाभि केन्द्र (सूर्य) को पैरों सहित आकाश की ओर करने से होती है। यह मुद्रा आजकल विश्व भर में "शीर्षासन" नाम से विख्यात है। आधुनिक हठयोगियों ने इसे आसनों की श्रेणी में ही नहीं रखा बल्कि इसे सर्वोत्तम आसन कहा है। विपरीतकरणी को शीर्षासन कहना उचित प्रतीत नहीं होता।

१- "शीर्षासन" नाम तो सिर अथवा मस्तक नीचे की ओर तथा पैर ऊपर की ओर करने से किसी भी आसन को "शीर्षासन" कहा जा सकता है, जैसे कपालासन, वृश्चिकासन, ऊर्ध्वपद्मासन, अधोमुख पद्मासन आदि किन्तु विपरीतकरणी मुद्रा यह एक निश्चित मुद्रा है, जिसके अभ्यास में सिर, उदर एवं पैर सीधे पृथ्वी पर लम्बवत् होने चाहिए

१- घे० सं० ३।३३ से ३५ तक

तथा शरीर को स्थिर रखने के लिए हाथों की कुहनियों से गर्दन को सहारा मिलना चाहिए। शरीर का भार सिर तथा दोनों हाथों की कुहनियों पर रखना है।

२- विपरीतकरणी मुद्रा को शीर्षासन कहने का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि हठयोग की प्राचीन परम्पराओं में " शीर्षासन " नाम का कोई भी आसन नहीं है।

३- आधुनिक हठयोगियों ने शीर्षासन के[1] अभ्यास के लिए तीन घण्टे समय की संस्तुति नहीं की है जबकि ह० प्र० में एक याम (तीन घण्टे) तक अभ्यास का निर्देश किया है- " याम मात्रं तु यो नित्यमभ्यसेत् स तु कालजित्। "

४- शीर्षासन के[2] अभ्यास में भोजन अधिक मात्रा में करने का निर्देश नहीं है जबकि ह० प्र० में विपरीतकरणी के वर्णन में -" आहारो बहुलस्तस्य संपाद्यः साधकस्य च " साधक को बहुत आहार करना चाहिए।

उपर्युक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए " में विपरीतकरणी को " शीर्षासन " नाम देना समीचीन नहीं है।

विपरीतकरणी हठयोग साधना की उच्चावस्था की मुद्रा है। साधारण अभ्यास के समय विपरीतकरणी मुद्रा को शनैः शनैः करना ही पर्याप्त होगा। ह० प्र० में अभ्यास को तीन घण्टे तक बढ़ाना चाहिए। स्वात्माराम का यह निर्देश शरीर के नेत्र, कर्ण, नासिका हृदय एवं मस्तिष्क जैसे कोमल अवयवों को देखते हुए उचित नहीं जान पड़ता है। इस मुद्रा को अधिक समय तक करने से नेत्र, हृदय एवं मस्तिष्क पर रक्त का अतिरिक्त

१- ह० प्र० ३।८१

२- ह० प्र० ३।७९

भार पड़ेगा जिससे परिणामस्वरूप वे अथवा विकारी हो जायेंगी। नेत्र ज्योति कुछ दिनों में चली जायेगी। व्यावहारिक में ऐसा देखा गया है। इसके अभ्यास से "दृष्टि वितान" (रेटीना) बिल्कुल नष्ट हो जायेगा। अस्तु इसका अभ्यास अनुभवी साधक के मत से ही करना चाहिए।

योनिमुद्रा

इस मुद्रा का किसी ग्रन्थ में षण्मुखीमुद्रा तथा किसी में योनिमुद्रा नाम से उल्लेख आया है।

दर्शनोपनिषद् में षण्मुखी मुद्रा

"स्वस्तिक आसन से बैठकर अपानवायु को ऊर्ध्व करते हुए प्रणव जप के द्वारा मन को शनैः शनैः समाहित करें। हाथों से कर्णादि इन्द्रियों को सम्यक् रूप से अंगूठों से कानों को तथा अनामिका, मध्यमा से मुख को ढंकते हुए ब्रह्मरन्ध्र में प्राण को प्रयत्नपूर्वक धारण करते हुए आनन्दानुभव करें।[1]"

बहिरंग योग में योनिमुद्रा

"सिद्धासन से बैठकर हाथों के अंगूठों से दोनों कानों तर्जनियों से नेत्रों को मध्यमाओं से दोनों नथुनों को और अनामिका तथा कनिष्ठा से दोनों ओष्ठों को दबावें, इससे पूर्व "काकी मुद्रा" द्वारा प्राण को अन्दर खींच कर उदरगत "अपान" से मिलावें और उक्त रूप से सब द्वार बन्द करके ॐ का मानसिक जप करते हुए ऐसा दृढ़ संकल्प करें कि जागी हुई कुण्डलिनी चक्रों का भेदन करती हुई सहस्रार कमल में जा रही है।[2]"

१- दर्शनोपनिषद् ६।३२ से ३५ तक

२- बहिरंग योग पृ० ३२८

<u>शि० सं० में योनिमुद्रा</u>

" सिद्धासन लगाकर बैठें और दोनों हाथ के अंगूठों से कानों को, दोनों हाथों की तर्जनियों से नेत्रों को, मध्यमाओं से नासिका छिद्रों को अनामिका तथा कनिष्ठा से मुख को आच्छादित कर ले। " काकी मुद्रा " द्वारा प्राण को खींचकर अपान से मिलावें और शरीरस्थ षट् चक्र का ध्यान करता हुआ " हूं " तथा " हंस " मंत्र से कुण्डलिनी शक्ति को जगाकर उसके साथ ही जीवात्मा को सहस्रार में ले जाय। उस समय यह एकान्त भावना करनी चाहिए कि " मैं शिव के साथ शक्ति सम्पन्न होकर सुखपूर्वक विहार कर रहा हूं शिव शक्ति के संगम से ही मैं आनन्दमय स्वयं ब्रह्म हो गया हूं " यह योनिमुद्रा है।[१] "

इसके अभ्यास से ब्रह्महत्या , भ्रूणहत्या, सुरापान , गुरुतल्पगमन् आदि पापों से मुक्त हो जाता है। संसार के सभी महापाप उपपाप आदि इस योनि मुद्रा से मिट जाते हैं इसलिए मुमुक्षु जनों को इसका अभ्यास करना चाहिए।

योनिमुद्रा का उल्लेख हठयोग के कम ग्रन्थों में ही उपलब्ध होता है।

ह० प्र० में योनिमुद्रा का कोई उल्लेख नहीं है।

<u>वज्रोलीमुद्रा</u>

<u>ध्यानबिन्दूपनिषद् में वज्रोली</u>

" खेचरी के द्वारा जिह्वा के विवर में प्रवेश करने के पश्चात् स्त्री की योनि में लिंग के प्रवेश होने पर भी उसका बिन्दु का

१- शि० सं० ३।३३ से ३८ तक

धारण नहीं हो सकता। जब तक शरीर में बिन्दु वर्तमान है तब तक मृत्यु भय भी नहीं है।[1] "

योगतत्त्वोपनिषद् में वज्रोली स्वरूप

" वज्रोली का अभ्यास जो योगी करता है वह सिद्धियों की प्राप्ति करता है। और उसे ही योग की सिद्धि प्राप्त होती है।[2] "

वशिष्ठ योग में वज्रोली मुद्रा-प्रक्रिया

" कैथेटर नाम की रबड़ की बनी एक विशेष नलिका कैमिस्टों की दुकानों से मिल जाती है। वह ४-५ नम्बर की १४-१५ अंगुल लम्बी हो और उसके अग्रभाग में ४-६ अंगुल तक बादाम रोगन, घृत व तिल का तेल लगाकर मूत्रेन्द्रिय के छिद्र में डाल कर ऊपर चढ़ाने की ओर प्रविष्ट करें- ले जायें, प्रथम दिवस २-३ अंग ही ले जायें। अब नित्य एक दो अंग चढ़ाने की ओर अधिक बढ़ाते जायें, यदि पीड़ा प्रतीत हो तो तुरन्त बाहर निकाल दें। इसका अभ्यास हो जाने पर फिर ७-८ नम्बर का कैथेटर लेकर पूर्वोक्त रीति से चढ़ायें। अभ्यास हो जाने पर उकडूं बैठकर नौलि क्रिया से आँतड़ियों को उठाकर मूलाधार को सिकोड़ कर कैथेटर के द्वारा बाहर की वायु का आकर्षण करें (इसे फुत्कार कहना कहते है) इसके पश्चात् इसका भी अभ्यास हो जाने पर १२ नम्बर के कैथेटर से अभ्यास करें। अब जल का पात्र, लोटा, गिलास आदि भर कर कैथेटर जल में डाल कर फुत्कार विधि से जल को चढ़ाने की ओर खींचे यह जल अन्दर पहुँच कर मूत्र को साथ लेकर निकल जाता है। जब रबड़ की इस नलिका से जल का आकर्षण भली प्रकार होने लगे तब सीसे या चाँदी के कैथेटर से जलाकर्षण का अभ्यास कर लें। इससे सुविधा रहती है। जल के समान दूध, तेल का भी आकर्षण किया जा

१- ध्यानबिन्दूपनिषद् पृ०८३-८४
२-योगतत्त्वोपनिषद् पृ० १२६

जाता है, ये द्रव पदार्थ मूत्राशय से जल मूत्र की धार बनकर बाहर निकल जाता है। इसी तरह " मूत्राशय " की शक्ति भी बढ़ सकती है।[1] "

शिव संहिता में वज्रोली

" उत्तम बुद्धिमान साधक यत्न करके विधानपूर्वक स्त्री की योनि से रज को लिंगनाल में आकर्षण करके अपने शरीर में प्रवेश करे और अपने बिन्दु को निरोध करके लिंग चालन करे यदि दैवात् बिन्दु चलने लगे तो योनि-मुद्रा से निरोध करके ऊपर से आकर्षण करे और उस बिन्दु को वाम भाग में स्थित करके क्षणमात्र लिंग चालन निवारण करे फिर गुरु-उपदेश द्वारा योगी हूं हूं कार शब्द उच्चारण पूर्वक योनि में लिंग चालन करे और यत्न से अपानवायु को आकुंचन करके स्त्री के रज को आकर्षण करे। इसको वज्रोली मुद्रा कहते हैं।[2] "

गोरक्ष पद्धति में वज्रोली

" मन्थन करके मन्द मन्द चालित वीर्य को लिङ्गाग्र संकोचन करके ऊपर लेने के अभ्यास सिद्ध होने से वज्रोली मुद्रा सिद्ध होती है।[3] "

चाँदी अथवा काँच की (१४ अंगुल लम्बी सीसे की) सलाका शनैः शनैः लिंग छिद्र में (प्रतिदिन) फूत्कार अर्थात् वायु प्रवेश करे। (इसका अभ्यास हो जाने पर) स्त्री संयोग में जब बिन्दु (वीर्य) शरीर से पतनोन्मुख होता है उसे इस अभ्यास से ऊपर खींचे अथवा स्त्री में गिरे हुए वीर्य को रज सहित बिन्दु का आकर्षण कर (वीर्य) ऊपर स्थापना करे। इस प्रकार

१- [illegible] पृ० ३२६-३२७

२- शिवसंहिता ४।८१-८४

३- गोरक्ष पद्धति पृ० ५०, ५१

जो बिन्दु की रक्षा करता है वह योगी मृत्यु पर विजय प्राप्त करता है। बिन्दु के पतन से मृत्यु और उसकी रक्षा से अमरत्व प्राप्त होता है। [1]

ह० र० में वज्रोली

" कुण्डलिनी शक्ति उद्बोधन, नाड़ी परिशोधन एवं प्राण- अपान का समायोजन करने के लिए वज्रोली मुद्रा की वाली परम्परा के अनुसार कुण्डलिनी साधक एवं साधिकाओं के लिए वज्रोली की प्रक्रिया प्रचलित की जा रही है। अभ्यास के प्रारम्भ में एक नलिका अन्दर प्रवेश के लिए लिंग के सामने रखे और दूसरी नलिका लिंग के अन्दर प्रविष्ट करके दोनों को जोड़ दे तथा वायु का आकुंचन करे। "

एक स्वर्ण, चांदी, तांबे और शीशे की बनी नलिका को प्रारम्भ से अन्दर प्रविष्ट करे। यह २०(बीस) अंगुल लम्बी सुन्दर गोल एवं चिकनी होनी चाहिए। यह " बीज " की आकृति की नलिका अभ्यासियों के लिए उपयुक्त है। इसको (लिंग में) प्रविष्ट करके फिर वायु को सरल रूप में खींचा जा सकता है। "

ह० ३/८८ में वज्रोली

" बारह अंगुल की शीशे की पतली तथा गोल शलाका ले कर लिंग के अन्दर धीरे धीरे प्रविष्ट करे। ठीक प्रकार अभ्यास होने पर वायु का आकर्षण करे वायु के पश्चात् दूध आदि का आकर्षण करे वायु के पश्चात् दूध आदि का आकर्षण करे। अभ्यास पूर्ण होने पर स्त्री की योनि में प्रवेश कर बिन्दु एवं रज को भी पुनः लिंग द्वारा योगी अपने अन्दर ले जाये। "

ह० प्र० में वज्रोली

" श्री योगी वज्रोली मुद्रा (का अभ्यास)

१- ह०र० ३/८४ से ८८
२- ह० सं० में ३० ७

जानता है, वह योगशास्त्र के नियमों के पालन के बिना भी अपनी इच्छा से जीवन धारण करते हुए भी सिद्धि प्राप्त कर लेता है। (वज्रोली) साधक के लिए दो दुर्लभ वस्तुओं का मैं वर्णन करता हूँ। एक तो दूध और दूसरी वशवर्ती स्त्री।[1] "

ह० प्र० में वज्रोली

" सम्भोग के पश्चात् वीर्य को स्खलित होने से रोकने के लिए उस (बिन्दु) को धीरे धीरे आकुंचित करे उसे ऊपर ले जाने के लिए स्त्री सिद्ध अथवा पुरुष (शनैः शनैः) अच्छी तरह अभ्यास करे तो वज्रोली मुद्रा सिद्ध हो जाती है। शीशे की बनी हुई नली से उपस्थ के छिद्र में वायु के संचार के लिए फूत्कार करें। यदि सम्भोग के समय में बिन्दु स्खलित होने की स्थिति में आजाय तो भी उसे अभ्यास से ऊपर की ओर खींचना चाहिए। स्खलित होने वाले बिन्दु का ऊपर आकर्षण कर उसकी रक्षा करनी चाहिए। इस तरह बिन्दु की जो योगी रक्षा करता है वह मृत्यु को जीत लेता है। वीर्य का स्खलन अथवा पतन ही मृत्यु और उसे शरीर में धारण करना रखना ही जीवन है।

बिन्दु को शरीर में धारण करते रहने से योगी के शरीर में दिव्य गन्ध की उत्पत्ति होती है। जब तक शरीर में वीर्य स्थिर है तब तक काल का भय नहीं रहता- शरीर जीर्ण-शीर्ण होकर नष्ट नहीं होता। मनुष्यों का चित्त शुक्र के आश्रित है। जीवन शुक्र के आश्रित है। इसलिए वीर्य और मन दोनों की विशेष रूप से रक्षा करनी चाहिए। (योगाभ्यासी को वज्रोली मुद्रा के द्वारा) ऋतुमती स्त्री के रज और बिन्दु की रक्षा करनी चाहिए। योगाभ्यास में निपुण योगी को उपस्थ के छिद्र से रज और बिन्दु दोनों को ऊपर आकर्षण करना चाहिए।[2] "

१- ह० प्र० ३।८२ से ८३

२- ह० प्र० ३।८४ से ८६ तक

घे० सं० में वज्रोली

" दोनों हाथों को दृढ़तापूर्वक भूमि पर टेके और दोनों पैर व सिर को आकाश में ऊपर की ओर (आकाश में) उठा दे । शास्त्रों ने इसे कुण्डलिनी शक्ति प्रबुद्ध करने वाली और जीवन देने वाली वज्रोली मुद्रा कहा है । "[1]

" यह योग मुद्रा योगियों के लिए मुक्ति देने वाली [illegible], सिद्धि प्रदायिनी तथा श्रेष्ठ है, इसी प्रकार से बिन्दु सिद्ध होने के कारण साधक आकाशगमन में समर्थ होता है और जब बिन्दु-पात पर विजय प्राप्त करली जाती है तब पृथ्वी पर कोई भी कार्य असम्भव नहीं हो सकता, यदि भोगी पुरुष भी मुद्रा का अभ्यास करे तो उसे भी सभी सिद्धियाँ प्राप्त हो सकती है ।[2]

घेरण्ड के अनुसार वज्रोली अभ्यास से गृहस्थी भी लाभ उठा सकते हैं । इससे मनुष्य की वीर्य रक्षा होती है । मन में सभी भोग की इच्छा समाप्त हो जाती है। इस मुद्रा को सर्वसिद्धिदायक बताया है ।[2]

ह० र० में वज्रोली पर निम्न टिप्पणी प्राप्त है- " घे० सं० की वज्रोली हाथों पर शरीर का भार सन्तुलित करके पैरों को आकाश की ओर एक दूसरे को क्रास करके पीठ की ओर से गर्दन पर लाने तथा शरीर को ऊपर उठाने से वज्रोली मुद्रा होती है। यह मुख्य है कि इस प्रक्रिया से शक्ति को ऊर्ध्वगामी करने के लिए दबाव पड़ता है। डा० [illegible] कल्याण प्रकाशन [illegible] [illegible] [illegible] ।[3]

घे० सं० की वज्रोली प्रक्रिया सामान्य ग्रन्थों में दी गई प्रक्रिया से बिल्कुल भिन्न है। हाथों पर खड़ा होना तथा टांग पीछे

१- घे० सं० ३।४६

२- घे० सं० ३।४६ से ४८ तक । यह तीन श्लोक भी पीताम्बर पीठ दतिया एवं संस्कृति संस्थान, बरेली से प्रकाशित घे० सं० में अतिरिक्त उपलब्ध है ।

३- [illegible]

से जाने से बिन्दु सिद्धि होती बताकि परम्परागत हठयोग ग्रन्थ " ह० र० ", हठप्रदीपिका एवं शिव संहिता में कहा है। तांत्रिक प्रणाली में वज्रोली की दो प्रक्रियां दी गई है।[1] ""

एक प्रक्रिया हठयोग की है और अन्य क्रिया योग की। हठयोग की वज्रोली मुख्य रूप से मैथुन की ओर संकेत करती है और क्रिया योग की चक्र जाग्रत करने की ओर, किन्तु प्रथम प्रक्रिया से परिणाम शीघ्र होता है। (बिहार स्कूल आफ योग – वोल्यूम २० नं० ३ मार्च १९८१) हठयोग के प्रामाणिक ग्रन्थ ह० प्र० एवं शिव संहिता में वज्रोली की प्रक्रिया में कुछ बातें रह गई है। श्रीनिवास ने इसे विस्तृत में वर्णन किया है। ह० प्र० के कई श्लोकों से कई २ अर्थ निकले हैं, कुछ तांत्रिक रूढ़िवादी हठयोग में तांत्रिक प्रक्रिया को अपनाने में संकोचशील है। कैवल्य धाम से प्रकाशित ह० प्र० में मैथुन प्रक्रिया का कोई सन्दर्भ नहीं दिया है।

१– One is from Hathyoga and the oter Kriyo yoga. The Hath Yoga Vajroli is mainly directed towards maidhuna and the Kriya yoga technique towards Chakra awakening. Results are reached much sooner with the first method. (Bihar School of Yoga Vol. XX No. 3 March 1981) . These are certain gaps about the technique of Vajroli in standard texts like HP and S.S. and Sriniwas described this topic in detail. There are certain slokas in H.P. which are giving double meaning. They support that theses processes have no references a member of the fair six. (Refer HP Kaivalyadham p.108)

HR , P– 132.

2. Gh.S. Technique is entirely different from the Vajroli as it is commonly understand and described. Curiously enough this handstand with leg turned upward is said to result in Sindusidhi and traditional Vajroli as in HR and H.P. & Shiv Samhita. In tantric system, there are two techniques given for Vajroli.

H.R.P. 132

ह० प्र० और शि० सं० की वज्रोली प्रक्रिया परस्पर बिल्कुल भिन्न है। घेरण्ड की वज्रोली कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत करने की आ-रोप प्रक्रिया है। शि० सं० की प्रक्रिया का अभ्यास करने से साधक का बिन्दु निश्चि-त रूप से ऊर्ध्वगामी होगा तथा साधनारत रहने से वीर्यपात नहीं होगा। किन्तु ह० प्र० की वज्रोली प्रक्रिया " श्वान- वमन " के समान है- कुत्ता जिस प्रकार वमन करके पुनः भक्षण करता है वही प्रक्रिया ह० प्र० में अपनायी है। पहले स्त्री सम्भोग करके स्त्री की योनि में साधक वीर्यपात करे फिर वीर्य और रज का पुनः लिंग नाल के द्वारा उसका आकर्षण करें। जब हठयोगी को शक्ति की ही आवश्यकता है तो मैथुन क्यों करता है। मैथुन से शक्ति नष्ट होगी।

ह० प्र० की प्रक्रिया को हठयोग में प्रविष्ट कर देने से मैथुन का मार्ग प्रशस्त करना मात्र है। हठयोग और स्त्री सम्भोग एक दूसरे के विपरीत हैं। स्त्री सम्भोग अथवा स्त्री की योनि में वज्रोली का अभ्यास करने से वीर्य पात होकर शक्ति का ह्रास होगा जबकि हठयोगी को शक्ति की निरन्तर आवश्यकता है। हठयोगी जिसकी साधना निम्न भूमि की है और उसने स्त्री के साथ वज्रोली का अभ्यास किया तो अवज्ञा का पात्र होगा। साथ ही हठयोग जैसी पवित्र परम्परा से विश्वास उठ जायेगा और योगी उपहास का पात्र होगा। अस्तु, ह० प्र० की वज्रोली हठयोग साधना में साधक की अपेक्षा बाधक होगी। इसलिए शि० सं० की वज्रोली ही श्रेयस्कर होगी।

सहजोली एवं अमरोली मुद्रा

शिव संहिता में सहजोली मुद्रा

" शिव संहिताकार ने सहजोली एवं अमरोली को वज्रोली का ही भेद स्वीकार किया है- उनका एक मात्र उद्देश्य वीर्य स्तम्भन करना है। ""

अमरोली भेद

" यदि हठात् मेघवत वीर्य चले और उस बिन्दु का सम्बन्ध- स्त्री सम्भोग की बाद हो उसको अमरोली कहते है। "

सहजोली

" जिस बिन्दु- वीर्य चलायमान हो को योगी योग मुद्रा के बन्ध से अवरोध करे उसको सहजोली कहते है। यह सभी तन्त्रों में गोपनीय है।

यद्यपि कार्य एक समान है परन्तु संज्ञा से अमरोली सहजोली दो भेद किए है। इसलिए योगी को उचित है इन सहजोली- अमरोली मुद्राओं का अभ्यास करें।[1] "

गोरक्ष पद्धति में सहजोली

" दो नाम वज्रोली के है यही सहजोली और अमरोली ये है। ये वज्रोली के दो भेद है। गोबर के कण्डे (उपले) जलाकर उसकी भस्म जल में मिलाये। वज्रोली के लिए मैथुन करके क्षण मात्र सुख से हटकर सभी व्यापार छोड़कर स्त्री- पुरुष स्नान कर उपांग भस्म लेपन करे। यह मत्स्येन्द्रादि (आचार्यों में) जहाँ भोग है वहाँ मोक्ष नहीं, जहाँ मोक्ष है वहाँ भोग नहीं, इस मुद्रा के अभ्यास में भोग सहित मोक्ष भी है।[2] "

गोरक्ष पद्धति में अमरोली

" शिवाम्बु की प्रथम धारा पित्त की उष्णता

१- शिव संहिता ४।९५ से ९८ तक

२- गोरक्ष पद्धति पृ० ५२

है अन्यधारा निःसारता के कारण त्याग कर निर्विकार मध्य धारा के ग्रहण कर सेवन करते हैं। यह योगाभिमत कापालिकी क्रिया है इसे अमरोली कहते हैं। जो पुरुष अमरोल- शिवाम्बु का पान व नस्य तथा वज्रोली का अभ्यास प्रतिदिन करता है वही कापालिकी अमरोली कही गई है।[1] "

ह० र० में सहजोली

" सहजोली एवं अमरोली दोनों ही वज्रोली की पर्याय मुद्रा हैं। योगी- योगिनी वज्रोली मुद्रा (मैथुन) करने के पश्चात् स्थान पर गाय के गोबर के उपलों की भस्म जल में मिलाकर लेपन करें अन्य कार्य से मुक्त होकर सहजोली में विश्राम कर बैठें।

अमरोली कथन

शिवाम्बु (स्वमूत्र) की पित्त मिश्रित प्रथम तथा बाद की निःसार धारा को छोड़कर मध्य की शीतल धारा का प्रयोग करें। यह कापालिकी परम्परा का मत है।[2] "

" ह० सं० प० में सहजोली व अमरोली मुद्रा ह० र० के समान ही है।[3] "

ह० प्र० में सहजोली

सहजोली और अमरोली वज्रोली के ही पर्याय हैं। जले हुए गाय के गोबर के कण्डे की भस्म जल में डाल कर सम्भोग के बाद [illegible] रति क्रिया से निवृत्त होकर बैठकर स्त्री-पुरुष स्थान पर अंग लेपन करें।[4]

१- गोरक्षा पद्धति पृ० ५२ एवं ५३
२- ह० र० २।१०६ से १०८ तक
३- ह० सं० प० ३० व
४- ह० प्र० ३।९० से ९४ तक

योगियों ने वज्रोली क्रिया की महात्म्य कहा है, यह कल्याणकारी योग है, जो भोग और मोक्ष दोनों प्रदान करता है। यह योग पुण्यात्माओं, धैर्यवान्, तत्त्वदर्शियों और राग द्वेष रहित लोगों को ही सिद्ध होता है। जो मत्सर- राग द्वेष से युक्त है, उनके लिए कल्याणकारी नहीं है।"

<u>अमरोली प्रक्रिया</u>

"अधिक पित्त वाली पहली धारा और सार हीन है रहित अन्त की धारा को त्याग कर शीतल मध्य धारा का जो सेवन किया जाता है, उसे खण्ड कापालिक मत से अमरोली कहा जाता है। अमरी- शिवाम्बु का नित्य पान एवं नस्य करते हुए वज्रोली अभ्यास करता है वह अभ्यास अमरोली कहा जाता है।

(अमरोली) के अभ्यास से निकला चन्द्रामृत को भस्म में मिलाकर उत्तमांगों में (सिर, कपाल, नेत्र, कन्धों, कण्ठ और हृदय आदि) में लेप करना चाहिए (साधक को) दिव्य दृष्टि हो जाती है।

<u>स्त्री की वज्रोली मुद्रा</u>

<u>ह० प्र० में स्त्री वज्रोली</u>

स्त्री की वज्रोली मुद्रा "यदि स्त्री अच्छी तरह अभ्यास में निपुणता प्राप्त कर वज्रोली मुद्रा के द्वारा पुरुष के वीर्य का आकुंचन कर रज की रक्षा करती है तो वह योगिनी है। इस प्रकार स्त्री का रज नष्ट नहीं होता, उसमें अनुचित नहीं है। उसके शरीर में (मूलाधार से बहुत्तर) नाद (हृदय के ऊपरी भाग में पहुँच कर) बिन्दु रूप हो जाता है।

वज्रोली मुद्रा के अभ्यास से बिन्दु और रज का

कीकर नभी भी शरीर में कम से काय की समस्त सिद्धियाँ प्रदान करता है। जो स्त्री योनि के संकोच द्वारा रज की ऊर्ध्व कर रक्षा करती है, वह योगिनी है, सिद्ध है और निश्चय देवी की सिद्धि होती है। वज्रोली के अभ्यास से देह सिद्धि की प्राप्ति होती है। यह योग अत्यन्त पुण्यकारक है। भोगों के भोगने पर भी यह योग मोक्ष प्रदान करता है।"

घे० सं० में वज्रोली अमरोली का उल्लेख उपलब्ध नहीं है।

स्त्री सम्भोग के पश्चात् अमरोली में सहजोली नाम के गोबर से बने कण्डों (उपलों) की भस्म पानी में मिलाकर समस्त शरीर पर लेपने का निर्देश है और इसी भस्म लेपन को विभूति लेपन कहा है। यह प्रक्रिया विपरीत परिस्थितियों में भस्म शरीर की ठण्ड से सुरक्षा करती है। जो उद्योगी पत्नी का परित्याग कर देते हैं, उनके लिए अमरोली लाभकारी होती है। इस मुद्रा का अभ्यास स्त्री-पुरुष दोनों ही कर सकते हैं।

<u>ह० र० में सहजोली पर टिप्पणी</u>

" ह० प्र० में तृतीय उपदेश के ९० वें श्लोक में अमरोली की सहजोली का भाग स्वीकारा है। इसका अभ्यास 'शिव-योनि' आसन से किया जाता है। यह गाय के गोबर को भस्म शरीर के कुछ भाग सिर, मस्तक, आँख, वक्ष:स्थल तथा बाहों पर लेपन को सलाह दी जाती है, जो विभूति कहते हैं। इस क्रिया से ठण्ड एवं सन्निपात जैसी बीमारियों से रक्षा होती है। इसका उल्लेख घेरण्ड संहिता में नहीं किया है। शिव संहिता में इसका उल्लेख कुछ भिन्न है।[१]"

वस्तुत: सहजोली मुद्रा जिसका उल्लेख मुद्रा के

१- ह० र० पृ० १३३

अन्तर्गत है उसका आत्म चिन्तन अथवा कुण्डलिनी जागरण से कोई सम्बन्ध नहीं है। यह मुद्रा तो वज्रोली मुद्रा में आयी शारीरिक थकान को दूर करने के लिए एवं शरीर को सर्दी से बचाने के लिए एक प्रक्रिया मात्र है।

अमरोली

"" यह वज्रोली प्रक्रिया का ही एक भाग है। इसकी तांत्रिक प्रक्रिया एवं विस्तृत वर्णन ह० र० के परिचय भाग (इन्ट्रोडक्शन) में लिखा है। यह " शिवाम्बुकल्प " नाम की स्वतन्त्र मुद्रा है। यह तांत्रिक कार्य है जिसका उल्लेख शिव संहिता में भी है। प्राचीन समय में लम्बी अवधि तक ध्यान करने वाले योगी अमरोली का प्रयोग करते थे। कुछ परिस्थितियों में अमरोली से पाचन संस्थान स्वस्थ रहता है। ध्यान के अभ्यास से रक्त भ्रमण एवं हृदय पर प्रभाव पड़ता है। रक्तचाप अचानक गिर जाता है। अमरोली के प्रयोग से रक्त संस्थान स्वस्थ रहता है।[1,2] वैज्ञानिक शोधों ने यह प्रस्तुत कर दिया है कि अमरोली (शिवाम्बु) में चौबीस (२४) प्रकार के हारमोन्स है।"

अमरोली का विशिष्ट प्रयोग विधि

" हे पार्वती ! अब सिद्धि देने वाली क्रियाएं कहता हूं और शास्त्र जानने वालों द्वारा विचारपूर्वक बताये पात्र बताता हूं। स्वर्ण, रजत , ताम्र, कांसा, पीतल, सीसा, जस्ता, मिट्टी, कांच, वेणु (बांस), बेंत, शंख, लकड़ी, चमड़ा और पत्तों का बना हुआ पात्र हो। इनमें से किसी भी प्रकार के पात्र में साधक शिवाम्बु का धारण करे। हे देवि ! मिट्टी का उत्तम तथा ताम्र धातु का पात्र सर्वोत्तम है।[3]

खारे (क्षारयुक्त) कड़वे, तिक्त पदार्थ न

१- ह० र० पृ० १३४

२- बिहार स्कूल आफ योग पोस्टम १६ नं० १ पृ० ३६ व ३७

३- आरोग्य का अमूल्य साधन शिवाम्बु पृ० ३५१ से ३५२

होने वाला अमरचित , सुपाच्य एवं सात्त्विक भोजन करने वाला जितेन्द्रिय साधक रात को भूमि पर सो जाय । चतुर्थ प्रहर में उठकर निकली तथा उष्णता वाली साधक पूर्व दिशा की ओर मुख करके शिवाम्बु उत्सर्ग करे और आदि अन्त की धारा को छोड़कर मध्य धारा ग्रहण करे । शिवाम्बु पान की यह उत्तम विधि है । ऐसे लिये । जैसे सांप के मुंह में और पूंछ में जहर होता है वैसे ही मूत्र धारा के विषय में यह बात प्रसिद्ध है । शिवाम्बु दिव्य अमृत है बुढ़ापा एवं रोग नाशक है। महा-योगी उसका पान करके अपनी साधना करे । "

हठयोग में अमरोली प्रक्रिया एक शरीर को निरोग करने तथा स्वस्थ रखने के लिए एक चमत्कारिक विधि है । यह शरीरगत समस्त परमाणुओं का मार्जन कर देती है। यह एक दिव्य रसायन है ।

शक्ति-चालिनी-मुद्रा

वशिष्ठ योग में शक्तिचालिनी मुद्रा

" वज्रासन से बैठकर दोनों नथुनों से पूरक करके अन्दर अपान के साथ मिला दें । अब प्रयत्न करें कि उदरगत वायु सुषुम्ना के अन्दर प्रवेश करने लगे, उसके लिए अश्विनी मुद्रा अर्थात् गुदा का संकोच-विकास करे । गुदा को ऊपर खींचे फिर ढीला छोड़ दिया करें इस क्रिया से प्राण का प्रवेश सुषुम्ना में होने लगता है और कुण्डलिनी शक्ति जाग उठती है ।[१] "

शिव संहिता में शक्तिचालिनी मुद्रा

" मूलाधार कमल में सोई हुई कुण्डलिनी शक्ति को बुद्धिमान साधक अपान वायु पर आरूढ़ होकर अर्थात् अपान को बलपूर्वक आक-

---

१- वशिष्ठ योग २ पृ० ३२७

भ्रमण कर चलावें । इस शक्तिचालिनीमुद्रा को जो प्रतिदिन करता है उसकी वायु की सिद्धि होती है तथा समस्त रोगों का इस मुद्रा से नाश होता है।[1] "

गोरक्ष पद्धति में शक्ति चालिनी मुद्रा

"वज्रासन करके हाथों से पैरों की एड़ी पकड़ कर कंद स्थान को गुल्फों से लगाकर पीड़ित करे तथा नाभि स्थान (पूर्व) को आकुंचन कर कुण्डली को चलावे इसका पूर्ण अभ्यास होने पर मृत्यु का भय नहीं है । चार घड़ी[2] निर्भय होकर शक्ति चालन करे तो कुण्डलिनी सुषुम्ना में प्रवेश करने लगती है ।"

ह० र० में शक्तिचालिनी मुद्रा

" एक आसन से बैठकर दोनों हाथों को भूमि पर रखें , अंगुली आगे की ओर तथा अंगूठा पीछे की ओर करे तथा दायें नासा छिद्र से पूरक करके बारह अंगुल लम्बी ४ अंगुली चौड़ी शक्ति नाड़ी को अंगुली की सहायता से बायें से दायें घुमावें ।[3] निर्भय होकर दो मुहूर्त पर्यन्त घुमाने से कुण्डलिनी सुषुम्ना में चली जाती है । "

ह० प्र० में शक्तिचालिनी मुद्रा

"कुटिलांगी , कुण्डलिनी, भुजंगी, शक्ति, ईश्वरी , कुण्डली और अरुन्धती ये सभी शब्द कुण्डलिनी के पर्यायवाची हैं । जिस प्रकार कुंजी द्वारा हठपूर्वक कपाट को खोला जाता है उसी प्रकार हठयोग

१- शिव संहिता ४।१०५-१०६

२- गोरक्ष पद्धति पृ० २६

३- ह० र० २।१११ से ११४ तक

है अभ्यास से योगी कुण्डलिनी शक्ति से मोक्ष के द्वार को खोलता है। जिस मार्ग से निरामय- दुःखरहित ब्रह्म स्थान- ब्रह्मरन्ध्र में प्रवेश किया जाता है, उसी सुषुम्ना द्वार को अवरुद्ध कर परमेश्वरी कुण्डलिनी कन्द के ऊर्ध्व भाग में सोयी रहती है, वह योगियों को मोक्ष प्रदान करती है, अज्ञानियों के लिए बन्धनकारिणी है। जो उसे जानता है, वही योग का ज्ञाता है।[१] **

कुण्डलिनी शक्ति का आकार सर्प के तुल्य है, वह शक्ति जिसके द्वारा चालित- प्रवृत्त की जाती है, वह योगी मुक्त है, इसमें सन्देह नहीं। गंगा (इड़ा नाड़ी) और यमुना (पिंगला नाड़ी) के मध्य में बालरण्डा तपस्विनी के समान कुण्डलिनी स्थित है। उसे ग्रहण करना परमपद की प्राप्ति है।

सोयी हुई उस कुण्डलिनी को पूंछ पकड़ कर जगाना चाहिए। वह निद्रा को त्याग कर ऊर्ध्वमुख चलकर स्थित हो जाती है। मूलाधार में स्थित कुण्डलिनी दक्षिण नासा से वायु खींचते हुए कुल की विधि से पूर्वाह्न और अपराह्न के समय डेढ़ डेढ़ घण्टे तक परिधान युक्ति से परि- चालित (प्रबोधित) करे।

मूलस्थान से एक वितस्ति ऊपर चार अंगुल चौड़ा कन्द का स्थान है जो कोमल और श्वेत है, लपेटे हुए वस्त्र के समान है। (साधक को) वज्रासन में स्थित होकर दोनों पैरों की एड़ियों के पास हाथों से दृढ़ता पूर्वक पकड़ कर उस कन्द का प्रपीडन करे। उस वज्रासन में बैठकर शक्ति चालन करते हुए योगी को भस्त्रा-कुम्भक प्राणायाम कर कुण्डलिनी को जगाना चाहिए। **

** नाभि- देश में स्थित पूर्व का आकुंचन करे।

१- ह० प्र० ३।६४ से १११ तक

इस तरह कुण्डलिनी शक्ति का चालन करे। इससे योगी को मृत्यु का भय नहीं रहता। जो मुमुक्षु शक्ति का चालन करते हैं कुण्डलिनी सुषुम्ना में प्रविष्ट होकर कुछ ऊपर की ओर खिंच जाती है। ऐसा करने से कुण्डलिनी मुख द्वार से उसके अन्दर प्रवेश करती है प्राणवायु स्वयं सुषुम्ना में चली जाती है।[1] "

" उस ब्रह्मनाडी (कुण्डलिनी) का जो सुख से होती है, नित्य चालन करना चाहिए। इससे योगी रोगों से छुटकारा पा जाता है। जो योगी कुण्डलिनी को संचालित कर लेता है, वह अणिमादि सिद्धियों को प्राप्त कर लेता है, अधिक क्या कहा जाय वह देह में ही काल को वश में कर लेता है।

जो (साधक इन्द्रियों को वश में रखकर) ब्रह्मचर्य का पालन करता है व उचित आहार-विहार का सेवन करता है, वह शक्ति चालन मुद्रा का अभ्यास करने वाला योगी एक मण्डल (४० दिन) में ही सिद्धि युक्त हो जाता है। कुण्डलिनी का चालन कर योगी को विशेष रूप से भस्त्रा कुम्भक का नित्य अभ्यास करना चाहिए, इससे इसे यम (काल) का कोई भय नहीं रहता। मृत्यु पर विजय प्राप्त कर लेता है।

" बिना कुण्डलिनी चालन किये (शरीर में स्थित) ७२ हजार नाड़ियों के मल शोधन के लिए उनके प्रक्षालनार्थ अन्य कोई उपाय ही नहीं है। योगियों के दृढ़ अभ्यास से चालन प्राणायाम और मुद्राओं के द्वारा सुषुम्ना नाड़ी सहज हो जाती है अर्थात् कुण्डलिनी के प्रवेश के लिए सुषुम्ना- मार्ग के रूप में प्रशस्त हो जाती है।[2] "

अभ्यास के समय मन को समाधि में लीन करने

१- ह० प्र० ३।११२- ११८ तक

२- ह० प्र० ३।११९-१२४ तक

पर निरालम्बित अवस्था में साधक को रुद्राणी, शाम्भवी, अथवा उन्मनी अवस्था सुख- सिद्धकारिणी एवं सिद्धि प्रदान करती है।

राजयोग के बिना पृथ्वी (आसन) निशा (कुम्भक प्राणायाम) और मुद्रा (विलक्षण होने पर भी) शोभित नहीं होती। साधक को प्राणायाम की सभी विधियों को मनोयोगपूर्वक अभ्यास करना चाहिए तथा साधक को मन की वृत्ति को अन्य विषय में नहीं लगानी चाहिए।

आदिनाथ शिव जी ने इन दस मुद्राओं का प्रकाशन किया है, इनमें से प्रत्येक मुद्रा योगी को महासिद्धि प्रदान करने वाली है। जो योगी मुद्राओं का साम्प्रदायिक (गुरु परम्परा से) उपदेश प्रदान करता है, वही वास्तव में गुरु है, वही स्वामी है, वही ईश्वर स्वरूप है। साधक उस गुरु के वचन का अनुवर्ती होकर मुद्राओं का सावधानी से अभ्यास कर अणिमादि सिद्धियों की प्राप्ति करते हुए मृत्यु का वंचन करता है।"

घे० सं० में शक्तिचालिनी मुद्रा

"मूलाधार में कुण्डलिनी साढ़े तीन वलय लपेट कर सर्पिणी के रूप में सोयी है। उसकी सुप्तावस्था में योगी अज्ञानावस्था में रहता है, जब तक ज्ञान न हो जाय तब तक अभ्यास करते रहना चाहिए। जैसे कुंजी से ताला खुलने पर कपाट खुल जाते हैं, वैसे ही कुण्डलिनी के जाग्रत होने पर ब्रह्मरन्ध्र खुलता है। नाभि को वस्त्र से लपेट कर एकान्त में इसका अभ्यास करें। नग्नावस्था में इसका अभ्यास निषिद्ध है।[1] "

बालिश्त भर लम्बा, चार अंगुल चौड़ा सफेद मुलायम वस्त्र नाभि पर रखकर कटिसूत्र से बांध दे। शरीर में भस्म लेपन कर

१- घे० सं० ३।४० से ४६ तक

सिद्धासन से बैठकर, प्राण को खींचकर अपान से मिलावे, जब तक सुषुम्ना द्वार से वायु गमन करती हुई प्रकाशित न हो तब तक अश्विनी मुद्रा से गुदा का आकुंचन करता रहे। इस प्रकार ध्यान क्रिया करने से कुम्भक के प्रभाव से सर्पाकार कुण्डलिनी जाग्रत होकर मार्ग में खड़ी हो जाती है, इस शक्ति चालिनी मुद्रा के बिना योनि- मुद्रा सिद्ध नहीं होती है। शक्ति चालिनी मुद्रा के पश्चात् ही योनि मुद्रा का अभ्यास करे। ये चमत्कारपाति। इस मुद्रा को गोपनीय रख कर प्रतिदिन अभ्यास करे।

" यह परम गोपनीय एवं जरा-मृत्यु को नष्ट करने वाली है। सिद्धि की आकांक्षा वाले योगियों को इसका नित्य प्रति अभ्यास करना चाहिए। इससे विग्रह सिद्धि सहित सभी सिद्धियां प्राप्त होती है तथा समस्त रोगों का नाश होता है[1]।"

ह० प्र० एवं घे० सं० दोनों ही ग्रन्थों में कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत करने के लिए आसन, प्राणायाम तथा परिध्यान को आधार मानते हैं किन्तु फिर भी दोनों में निम्न भिन्नता है -

ह० प्र० में वज्रासन, भस्त्रिका कुम्भक, प्राणायाम

१- मुद्रेयं परमागोप्या जरामरण नाशिनी ।
तस्मादभ्यासनं कार्यं योगिभिः सिद्धिकांक्षिभिः ॥
नित्यं योऽभ्यसते योगी सिद्धिस्तस्य करे स्थिता ।
तस्य विग्रह सिद्धिः स्यात् रोगाणां संक्षयो भवेत ॥
- घेरण्ड संहिता ३।५९ व ६०, संस्कृति संस्थान एवं श्री पीताम्बर पीठ, दतिया से प्रकाशित घे० सं० में श्लोक अतिरिक्त प्राप्त है।

नाभि पर परिधान प्रयोग १ बालिश्त लम्बा ४ अंगुल चौड़ा । प्रतिदिन २ मुहूर्त अभ्यास का समय, ४० दिन (एक मण्डल) में सिद्धि प्राप्त की अवधि । एकान्त स्थान में गुप्त अभ्यास एवं अंग प्रक्षालित करना ।

घे० सं० में- सिद्धासन, कुम्भक प्राणायाम, नाभि पर एक बालिश्त लम्बा चार अंगुल चौड़ा परिधान । अश्विनी मुद्रा से एकान्त में अभ्यास । योनिमुद्रा को शक्ति चालिनी मुद्रा का अंग स्वीकार किया है ।

दोनों ग्रन्थों की मूल प्रक्रिया में कोई अन्तर नहीं है । दोनों का मुख्य उद्देश्य कुण्डलिनी को जाग्रत करना है। ह० प्र० में शक्ति-चालिनी मुद्रा से दोनों नाड़ि नामों का उल्लेख बार बार किया है तथा मुद्रा की प्रक्रिया के प्रकरण में राजयोग प्रकरण[1] और कुण्डलिनी के पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग औचित्यपूर्ण नहीं । राजयोग प्रकरण में " कुहरी " को आसन तथा " सिता " को प्राणायाम के प्रसंग में प्रयोग करना उपयुक्त नहीं है। इस प्रकरण में क्रियात्मक शब्द, भाषा की शब्दावली[2] ही प्रयोग की जानी अपेक्षित है, जिससे साधक को भ्रम उत्पन्न न हो ।"

<u>तडागी मुद्रा</u>

<u>घे० सं० में तडागी मुद्रा</u>

" पश्चिमोत्तान आसन लगाकर बैठें और उदर को तडाग के समान विस्तृत करें । यह तडागी मुद्रा जन्म-मरण को नष्ट करने वाली है ।[3] "

इस तडागी मुद्रा का ह० प्र० तथा अन्य ग्रन्थ

१- ह० प्र० ३।१००

२- ,, ३।१२२

३- घे० सं० ३।६०

योग ग्रन्थों में उल्लेख नहीं है। इस मुद्रा की पूर्ति पश्चिमोत्तान आसन में उड्डि-यान बन्ध से हो जाती है।

माण्डुकी मुद्रा

घे० सं० में माण्डुकी मुद्रा

" मुख को बन्द करके तालु में जिह्वा को घुमाना चाहिए। (जिह्वा सहस्रार से टपकते हुए) सुधारस का शनैः शनैः पान करे। यह माण्डुकी मुद्रा कहलाती है। इसके अभ्यास से बलीपलित रोग, बालों का सफेद होना दूर होता है। नित्य यौवन की प्राप्ति होती है।[1] "

माण्डुकी मुद्रा का उल्लेख ह० प्र० में नहीं है। इसकी पूर्ति खेचरी या नभो मुद्रा से हो जाती है।

घेरण्ड संहिता की पंचधारणाएं

घे० सं० में पंचधारणा प्रक्रिया

" घेरण्ड ऋषि का कथन है कि पंच धारणाओं के सिद्ध होने पर ऐसा कौन सा कार्य है जो कि सिद्ध न हो सके। इन धारणाओं के सिद्ध होने से मनुष्य का शरीर से ही स्वर्ग में आना जाना होता है। मनुष्य इससे मनोगति और खेचरीत्व को पा सकता है।[2] "

योगतत्त्वोपनिषद् में पंच धारणा

" जितना चित्त वायु से सहित सुषुम्ना में

१- घे० सं० ३। ५१-५२

२- घे० सं० ३। ५७-५८

प्रवेश कर जाता है उसके लिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश इन पंच महाभूत रूपी देवताओं की पंच प्रकार की धारणा की जाती है।[1]"

पार्थिवी धारणा

योगतत्त्वोपनिषद् में पार्थिवी

"(शरीर में) पैरों से जानु पर्यन्त पृथ्वी का स्थान है। पृथ्वी चारकोण वाली पीत वर्ण की " लं " अक्षर युक्त है। पृथ्वी तत्त्व में वायु का आरोप करके और " लं " को उसमें युक्त करके स्वर्ण के समान वर्ण वाले चतुर्मुख ब्रह्मा का ध्यान करने से पृथ्वी तत्त्व जय हो जाता है।[2]"

घे० सं० में पार्थिवी

" पृथ्वी तत्त्व का वर्ण हरताल के समान पीत " लं " बीज चौकोर आकार और ब्रह्मा देवता है। योग बल से इसे उदय कर हृदय- देश में धारण कर, पांच घड़ी प्राण का निरोध पूर्वक कुम्भक करे। इसे पृथ्वी मुद्रा कहते है। इसे ही अधो धारणा मुद्रा भी कहते हैं। इसके सिद्ध होने पर योगी पृथ्वी जय होता है। जो नित्य पृथ्वी तत्त्व पर धारणा करता है, वह मृत्यु को जीत कर सिद्ध होकर पृथ्वी पर विचरण करता है।[3]"

आम्भसी धारणा

योगतत्त्वोपनिषद् में जल सम्बन्धी धारणा-

" जानु से गुदा स्थान तक जल तत्त्व का स्थान

१- योगतत्त्वोपनिषद् पृ० ८३ व ८४

२- ,, पृ० ८५ व ८६

३- घे० सं० ३। ५८

है। जहाँ चन्द्र के रूप में "व" बीज पाता है। इस जल तत्त्व में वायु का आरोप करके "व" को समन्वित करे और चतुर्भुज किरीटधारी शुद्ध स्फटिक के समान पीत वस्त्र धारण किये हुए भगवान् नारायण का ध्यान करे। इस प्रकार पाँच घड़ी तक करने से सभी पापों से मुक्त हो जाता है।[1] "

घे० सं० में जल तत्त्व की धारणा- "जल का वर्ण शंख, चन्द्र, कुन्द के समान शुभ्र है। "व" इसका बीज, देवता विष्णु है। योगबल से हृदय में इसे एकाग्रचित्त से पाँच घड़ी तक कुम्भक द्वारा धारण करे। इसे आम्भसी धारणा कहते हैं। इसके अभ्यास से असह्य पीड़ा नष्ट हो जाती है।[2]

आग्नेयीधारणा

योगतत्त्वोपनिषद् में आग्नेयी धारणा

"गुदा से हृदय तक वह्नि का स्थान है। वह्नि तीन कोण वाला रक्त वर्ण "र" अक्षर युक्त है। वह्नि में वायु का आरोप करके और "र" अक्षर को समन्वित करके तीन नेत्र वाले वर दायक तरुण आदित्य के समान प्रकाशमान अग्नि में भस्म रमा कर प्रसन्न मन से भगवान् रुद्र का पाँच घड़ी ध्यान करे। वह वह्नि द्वारा भी भस्म नहीं किया जा सकता।[3] "

१- घे० सं० ३।५९

२- घे० सं० ३।६०

३- योगतत्त्वोपनिषद् पृ० ९१ से ९४ तक

घे० सं० में आग्नेयी धारणा

" वह्नि नाभि में स्थित है। इसका वर्ण इन्द्रगोप कीड़े के तुल्य है। "र" अक्षर इसका बीज है। आकृति त्रिकोण है, रुद्र इसका देवता है। यह तत्त्व तेजः पुंजमय दीप्तिमान और सिद्धिप्रद है। योग से इसे जयकर चित्त की एकाग्रता से पांच घड़ी तक कुम्भक करके प्राण की धारणा करे। इसे आग्नेयीधारणा कहते हैं। इसका अभ्यास होने पर काल-भय नष्ट हो जाता है और इसके अभ्यासी को वह्नि से मृत्यु नहीं होती। इसे वैश्वानरी धारणा भी कहते हैं।[१] "

वायवीय धारणा

योगतत्त्वोपनिषद् में वायवीय धारणा

" हृदय से भ्रूकुटियों तक वायु का स्थान है। यह छः कोण का कृष्ण वर्ण वाला "य" अक्षर युक्त है। मरुत् स्थान में "य" अक्षर के सहित सर्वत विश्वतोमुख ईश्वर का ध्यान करे। पांच घड़ी तक ऐसा करने से वायु गमन की शक्ति प्राप्त होती है और साधक वायु से मृत्यु को प्राप्त नहीं होता।[२] "

घे० सं० के अनुसार वायवीय धारणा

" वायु का रंग अंजन और धुएँ के समान काला होता है। इसका बीज "य" और देवता ईश्वर है। यह तत्त्व सत्त्वगुण वाला है। योग बल से इसका आविर्भाव होने पर एकाग्र चित्त से कुम्भक द्वारा पांच घड़ी तक प्राण वायु की धारणा करे। इस वायवीय धारणा नाम की मुद्रा के अभ्यास से साधक को आकाश गमन की शक्ति प्राप्त होती है।[३] "

" यह मुद्रा जरा- मृत्यु को दूर करती है। वायु

१- घे० सं० ३।६१

२- योगतत्त्वोपनिषद् ९८ से १०२ तक

३- घे० सं० ३।६२

है साधक की मृत्यु नहीं होती, और आकाश गति प्राप्त होती है। भक्तिहीन शठ को यह नहीं देना चाहिए।[1] हे वत्स! ऐसा करने पर सिद्धि की हानि होती है, सच मैं सत्य कहता हूँ।"

आकाशी धारणा

योगतत्त्वोपनिषद् के अनुसार

" भ्रूमध्य से मूर्धान्त पर्यन्त आकाश का स्थान है। व्योम वृत्ताकार धूम्र वर्ण का तथा " ह " अक्षर से प्रकाशमान है। आकाश तत्त्व में वायु का आरोप करके भगवान् शंकर का ध्यान करे। शंकर सदाशिव ही बिन्दुरूप महादेव एवं व्योमाकार हैं। वे सब वस्तुओं से सम्पन्न अर्धी चन्द्रमा से विभूषित पार्वती के अर्धांग सदाशिव एवं सभी कारणों के कारण हैं। आकाश की धारणा करने से अवश्य ही आकाश गमन की शक्ति प्राप्त होती है। उसका वास कहीं भी रहे, उसके प्रभाव से अत्यन्त सुखी रहता है।[2]"

पी० सं० के अनुसार

" आकाश तत्त्व का वर्ण विशुद्ध सागर सम

१– पी० सं० ३।७८ व ७९
श्री पीताम्बर पीठ संस्कृत परिषद् दतिया तथा संस्कृति संस्थान बरेली से प्रकाशित पी० सं० में वर्णित उपरोक्त।

२– योगतत्त्वोपनिषद् ९८ से १०२ तक

कहुद के स्थापित देवता "ह" बीज है। प्राण संयमपूर्वक यदि यहाँ तक कुम्भक करते हैं उसकी सिद्धि होती है उसकी सिद्धि से कैवल्य और मुक्ति प्राप्त होती है।[१] "

" जो योगीश्वर आकाशी धारणा को जानता ...ो होती है प्रलय में भी उसे खेद नहीं होता।[२] "

अश्विनी- मुद्रा

घे० सं० में अश्विनी मुद्रा

" गुदा द्वार को बार बार संकोच और प्रसारण करे। यह अश्विनी मुद्रा कहलाती है।[३] "

" यह मुद्रा गुदा रोगों को नष्ट करने वाली, शारीरिक शक्ति बढ़ाने वाली तथा अकाल मृत्यु का हरण करने वाली है।[४] "

ह० प्र० में अश्विनी मुद्रा का उल्लेख नहीं है।

पाशिनी मुद्रा

घे० सं० के अनुसार पाशिनी मुद्रा

" दोनों पैरों को कण्ठ के पीछे की ओर ले

१- घे० सं० ३।६३

२- घे० सं० ३।७८-७९ श्री पीताम्बर पीठ दतिया (म० प्र०) एवं संस्कृति संस्थान, बरेली से प्रकाशित घे० सं० में अतिरिक्त।

३- घे० सं० ३।८२

४- ,, ३।८३ ,, ,, ,,

बनाकर उन्हें परस्पर मिलाकर चार के समान मुद्रा[1] रूप दे यदि, तब पाशिनी मुद्रा बनती है, यह शत्रु को पाशबद्ध करती है।"

" यह श्रेष्ठ मुद्रा[2] है, यह पुष्टि चाहने वाले लोगों को यत्नपूर्वक इसकी साधना करनी चाहिए।"

यह पाशिनी मुद्रा प्रक्रिया घे० सं० की अपनी ही मुख्य है। ह० प्र० में इसका कोई उल्लेख उपलब्ध नहीं है।

काकी मुद्रा

घे० सं० के अनुसार

" मुख कौए की चोंच के समान करके उसके द्वारा शनैः शनैः[3] वायुपान करे। यह सभी रोगों को नष्ट करने वाली काकी मुद्रा है।"

" इस परम मुद्रा को सब प्रकार से गुप्त[4] रखना चाहिए। इस मुद्रा के अभ्यास से कौए के समान रोग रहित रहता है।"

घेरण्ड ने इस मुद्रा का उल्लेख आवश्यक[5] किया है, क्योंकि "वातसार धौति" में भी इसकी प्रक्रिया वर्णित की है।
ह० प्र० में इस मुद्रा का उल्लेख नहीं है।

१- घे० सं० ३।८४

२- घे० सं० – संस्कृति संस्थान बरेली व श्री पीताम्बर पीठ दतिया से प्रकाशित
३।८५ घे० सं० में अतिरिक्त वर्णित

३- घे० सं० ३।८६

४- " ३।८७ " "

५- " ३।९५

मातंगिनी- मुद्रा

घे० सं० के अनुसार

" जल में कण्ठ पर्यन्त खड़े होकर नासिका से जल खींचकर मुख द्वार से बाहर निकाल दे। फिर मुख के द्वारा जल खींच कर नासिका द्वारा निकाले। इसका अभ्यास बार बार करना चाहिए। यह मातंगिनी नाम की परम मुद्रा है, जिसके सिद्ध होने पर जरा मरण का भय नहीं रहता।"[१]

इस मुद्रा को एकान्त स्थान में एकाग्र चित्त से करना चाहिए। इसके सिद्ध होने पर योगी हाथी के समान बलवान हो जाता है और सदा सुखी रहता है। इस मुद्रा को यत्नपूर्वक करना चाहिए।[२] "

भुजंगिनी मुद्रा

घे० सं० की विधि

मुख को फैलाकर कण्ठ से वायु का पान करे। यह भुजंगिनी मुद्रा कहलाती है। इसके सिद्ध होने पर जरा- मृत्यु का नाश होता है। इससे अजीर्णादि सभी उदर रोग नष्ट हो जाते हैं।[३] "

मुद्राओं की विशेषता

" हे चण्डकापालि। यह जो मुद्रा समूह मैंने कहा है, वह जरा-मृत्यु का नाशक और सभी सिद्ध पुरुषों को प्रिय है। यह

१- घे० सं० ३।८८ व ८९

२- घे० सं० ३।९०-९१ संस्कृति संस्थान, बरेली से प्रकाशित घे० सं० में अतिरिक्त वर्णित

३- घे० सं० ३।९२-९३

अत्यन्त गोपनीय एवं देव- दुर्लभ पटल को भक्तिहीन शठ को कभी न प्रदर्शित करे और प्रयत्नपूर्वक गुप्त रखे। यदि प्रदर्शित करना आवश्यक हो भी तो सरल, शान्त, गुरु भक्त अधिकारी को ही यह भोग और मोक्ष दायक पटल बताना चाहिए। यह सर्व रोग नाशक पटल नित्य अभ्यास करने वाले साधक के लिए जठराग्नि प्रदीप्त करने वाला और जरा मरण नाशक सिद्ध होगा। उसे अग्नि, जल, वायु आदि से किसी प्रकार का भय नहीं रहेगा। कास, श्वास, प्लीहा, श्लेष्मा आदि बीस प्रकार के रोग इन मुद्राओं के अभ्यास से अवश्य नष्ट हो जाते हैं ये सत्य। पृथ्वी तथा स्वर्ग पर इन मुद्राओं के समान सिद्धि दायक कोई अन्य साधन उपलब्ध नहीं है।[1]

मुद्राओं की संख्या

मुद्राओं की संख्या के विषय[2] में घेरण्ड तथा स्वात्माराम के अलग अलग विचार हैं। स्वात्माराम ने ह० प्र० में दस (१०)[3] मुद्राओं का उल्लेख तृतीय उपदेश में किया है तथा वज्रोली के साथ सहजोली[4] व अमरोली मुद्राओं को भी बताया है। इसके अतिरिक्त शाम्भवी[5] व उन्मनी[6] मुद्राओं का उल्लेख मुद्रा- पटल (तृतीयोपदेश) में न करके समाधि प्रकरण (चतुर्थोपदेश) में किया है। इस प्रकार ह० प्र० में कुल मिलाकर चौदह (१४) मुद्राओं का उल्लेख एवं उनसे होने वाले शारीरिक और आध्यात्मिक लाभों को बताया है।

घे० सं०[7] में मुद्राओं की संख्या पच्चीस निर्धारित

१- घे० सं० ३।९४ से १०० तक - संस्कृति संस्थान, बरेली से प्रकाशित घे० सं० में मुद्राओं की विशेषता का उल्लेख अतिरिक्त उपलब्ध होता है।

२- ह० प्र० ३।६

३- ,, ३।९०

४- ,, ३।९३-९४

५- ,, ४।३५

६- ,, ४।३६

७- घे० सं० ३।१-३ तक

की है। इन पच्चीस मुद्राओं के अन्तर्गत तीन बन्ध और पांच धारणाओं को भी सम्मिलित किया है। वस्तुत: घेरण्ड की पंच धारणाएं मुद्रा नहीं है, वह तो साधना के उच्च स्तर में ध्यान की पांच प्रकार की अलग अलग भूमिकाएं हैं, जिन्हें मुद्रा कहना उपयुक्त नहीं। इसके अतिरिक्त तडागी, माण्डुकी, अश्विनी, पाशिनी , काकी, मातंगिनी व भुजंगिनी आदि सात मुद्राएं अन्य हठयोग क्रियाओं के नाम परिवर्तन कर पुनरावृत्ति मात्र है।

खेचरी

खेचरी भी ह० प्र० एवं घेरण्ड संहिता की समान प्रक्रिया है। किन्तु खेचरी सिद्ध करने के लिए स्वात्माराम[1] ने सेहुंड पत्ते के समान धारदार वाले स्वच्छ और चिकने शस्त्र से जिह्वामूल की नाड़ी शनै: शनै: रोम मात्र छेदन अर्थात् काटने के लिए उल्लेख किया है तथा उस कटे स्थान पर सैंधा नमक व हरड़ का चूर्ण लगाने की प्रक्रिया बतायी है। घेरण्ड[2] ने किसी धारदार वाले शस्त्र का खेचरी के छेदन क्रिया में उल्लेख नहीं किया है, किन्तु ताजा एवं मक्खन लगाकर दोहन करके लोहे की चिमटी से खींचने का निर्देश किया है।

मानव देह में जिह्वा एक कोमल एवं मुख्यांग है जिसकी रोम मात्र अधिक कट जाने से जिह्वा छेदन घातक सिद्ध हो सकता है। इसलिए छेदन क्रिया करने में विशेष सावधानी रखनी चाहिए तथा इसके जो विशेषज्ञ है उनसे ही छेदन कर्म कराना उचित है। किन्तु इसके विशेषज्ञ आज संसार में कम ही मिलते हैं। कभी भी असावधानी के कारण छेदन क्रिया में वाक् शक्ति संचारित करने वाली नाड़ी भी जिह्वा मूल से छीलकर जाती है और कट सकती है। इसलिए काटने की प्रक्रिया बहुत प्राचीन हो चुकी है। काटने की अपेक्षा जिह्वा मूल का घर्षण किया जाय तो आशातीत लाभ होगा।

१- ह० प्र० ३।३३

२- घे० सं० ३।२९

खेचरी मुद्रा के अभ्यास की आवश्यकता पर[1] स्वात्माराम ने उल्लेख किया है कि "जो नित्य गोमांस भक्षण करता है- जिह्वा को तालुरन्ध्र में प्रवेश कर अमरवारुणी पीता है- सहस्रार से प्रतिदिन चन्द्रामृत का पान करता है। उसी को मैं (स्वात्माराम) कुलीन समझता हूँ। अन्य तो कुल घातक है।

स्वात्माराम तथा घेरण्ड दोनों ही खेचरी को सभी मुद्राओं में सर्वोपरि स्वीकार करते हैं। ह० प्र० में खेचरी की प्रशंसा की पुनरावृत्ति की गई है।

शाम्भवी मुद्रा

शाम्भवी की विधि एवं[2] उसके परिणाम[3] ह० प्र० एवं घे० सं० दोनों ग्रन्थों में समान रूप से है। स्वात्माराम तथा[4] घेरण्ड ने शाम्भवी को कुल वधू के समान गुप्त रखने का निर्देश किया है। घेरण्ड ने शाम्भवी मुद्रा जानने वाला "आदिनाथ", "नारायण", "सृष्टिकर्ता" तथा ब्रह्मस्वरूप भी बताया है।

शाम्भवी मुद्रा का अभ्यास कष्ट साध्य है। हठयोगी को इसका अभ्यास सावधानी से करना चाहिए। शाम्भवी के अतिरिक्त

१- गोमांसं भक्षयेन्नित्यं पिबेदमरवारुणीम् ।
कुलीनं तमहं मन्ये इतरे कुलघातकाः ॥ ह० प्र० ३।४७

२- ह० प्र० ४।३५

३- घे० सं० ३।६४

४- घे० सं० ३।६५ से ६६ तक

एवं नेत्रों पर खिंचाव पड़ता है। इसलिए इसके अभ्यास से पूर्व त्राटक का अभ्यास कर लिया जाय तो लाभकारी होगा। शाम्भवी मुद्रा के अभ्यासी को मस्तिष्क एवं स्नायु शान्ति भी नहीं करनी चाहिए। जिन साधकों की नेत्र ज्योति कमजोर है अथवा नेत्र किसी अन्य कारण से रुग्ण हैं, उन्हें यह वर्जित है।

उन्मनी मुद्रा

ह० प्र० में उन्मनी मुद्रा प्रकरण में - न दिन में लिंग का पूजन करे और न रात में, दिन रात का निरोध होने पर सर्वदा लिंग का पूजन करे। यहाँ लिंग पूजन से तात्पर्य आत्म चिन्तन से है। दिन रात्रि से इड़ा- पिंगला नाड़ी के प्रवाह काल से है। इड़ा- पिंगला के प्रवाह काल में आत्म चिन्तन न करे तथा इनका निरोध करके सुषुम्ना के प्रवाह काल में आत्म- चिन्तन उचित ठहराया है। सुषुम्ना के प्रवाहकाल में ही प्राण सुषुम्ना में प्रवेश करते हैं।[1]

निष्कर्ष

महामुद्रा

घे० सं० की महा मुद्रा अभ्यास में दृष्टि को भ्रूमध्य में रखने का निर्देश किया है- "भ्रूमध्ये निरीक्षयेत्।[2]"

ह० प्र० में - "कण्ठे बन्धं समारोप्य[3]" जालन्धर

१- दिवा न पूजयेल्लिंगं रात्रौ चैव न पूजयेत्।
सर्वदा पूजयेल्लिंगं दिवारात्रि निरोधतः॥ ह० प्र० ४।४२

२- घे० सं० ३।४

३- ह० प्र० ३।१०

बन्ध लगाने की संस्तुति की है। ह० र०[1] में उल्लेख है कि घे० सं० की प्रक्रिया मत्स्येन्द्र के अनुसार शैव परम्परा में प्रचलित है।

कैः सुधाधारासारैः अमृतधारासंपातैः जिह्वाग्रलग्नकुण्डलिनीयोगाद्ये च्युता मधुबिन्दवः त एवामृतधारासाराः, तैरित्यर्थः । किंलक्षणैस्तैः, चरणयुगलान्तर्विगलितैः, ततः स्रुत्वा भ्रूचक्रे वर्तमानं यच्छुक्लरक्ताख्यं चरणयुगलं तदन्तरालमागत्य पुनरग्रे गमनाय ततो विगलितैः । यदा ब्रह्मलोकादागत्य भगवती भागीरथी श्रीहरिचरणकमलान्तरालमागत्य तदाप्लाव्य अग्रे -चलिता पृथ्वीमाप्याययति तथेत्यर्थः । अथवा एतत्पद्यद्वयं क्रमेणारोहावरोहपरतया व्याख्येयम् । तथाहि - प्रथमं मूलाधारे, चतुर्दलं पीतवर्णं कमलं ध्यात्वा तत्कर्णिकायां सूर्यसोमाग्निमयं त्रिकोणं विभाव्य, तन्मध्ये जपाकुसुमबन्धूकसन्निभं सूर्यकोटिप्रतीकाशं चन्द्रकोटिसुशीतलं सत्वरजस्तमोगुणाक्रान्तं कामाख्यं बिन्दुं विचिन्त्य तदूर्ध्वं कुण्डलिनीशक्तिं चिद्रूपामष्टत्रिंशत्कलायुक्तां पञ्चदशवर्णश्रीविद्यारूपां तटित्कोटिप्रभादीप्तां बिसतन्तुतनीयसीं प्रसुप्तभुजगाकारां सार्धत्रिवलयाकारेण स्थितां स्वेच्छादण्डाहतां कृत्वा उत्थाप्य, गुरूपदिष्टविधिना, सुषुम्नामार्गेण मूलाधारस्वाधिष्ठानमणिपूरानाहतविशुद्धाज्ञाख्यषट्चक्रभेदक्रमेण ब्रह्मरन्ध्रस्थितविमलसहस्रदलं कमलं प्रापय्य तत्रस्थितपरमामृतधारया वर्णमय्या कुण्डलिनीं तां सन्तर्प्य स्थापयतीति आरोहक्रमः । तत्परतया प्रथमं पद्यं; तदुच्यते 'सहस्रारे पद्मे सह रहसि पत्या विहरसे' इति । पुनश्चावरोहः । पुनः सुधास्रोतःस्वरूपिणीं अकुलामृतरूपेण सुषुम्नान्ततदाधार-तत्तद्धातु - तत्तद्वर्ण - तत्तद्दैवत - तत्तचक्रिणीं भ्रूमध्यस्थितचरणयुगलविगलितामृतधारया आप्लावयन्तीं आज्ञाविशुद्ध्यादिक्रमेण मूलाधारं नीत्वा तथैव सदा सर्पाकारेण स्थापयेदित्यवरोहः । तदुच्यते - 'अवाप्य स्वां भूमिं भुजगनिभमध्युष्टवलयं स्वमात्मानं कृत्वा स्वपिषि कुलकुण्डे कुहरिणि' - अयं हि योगिनो मार्ग इति । सुधाधारासारैः इति श्लोकस्य रहस्यार्थः—प्रपञ्चं सिञ्चन्ती चरणसंचरणक्षरदमृतासारेण सामरस्यरसाम्नायेन, एकनित्यानन्दघनेन, मूलाधारस्थशिवलिङ्गं भुवं, भुजगाकारेण लिंगं वेष्टमाना, कुहरिणी कुहरं ब्रह्म, तदन्तर्गता सा तन्मयीति यावत् । "मूलाधारगता शक्तिः सूक्ष्माकारा महेश्वरी । सर्पाकारेण चिल्लिंगमावृत्यास्ते कुलाकुले । यामुत्थाप्य लभेद्ब्रह्म कुलान्ते स्वप्रकाशकम् । एतदुत्थानमात्रेण साधकः संप्रपश्यति । यदुत्थानेन देवेशि वयमाज्ञाकराः सदा" इति ॥ १० ॥

तात्पर्यदीपिनी

ननु यथा अन्तर्यागः प्रधानपूजांगं, तथा कुण्डलिनीशक्त्युत्थानमपि पूजांगमेव, तदकरणे पूजासमग्रफलप्राप्तिर्नास्तीति तत्प्रकाशको य आगमरहस्यभूतः श्लोकः कथं न प्रकाश्यते? तत्राह । **सुधाधारासारैरिति** । हे कुहरिणि कुण्डलिनीशक्तिस्वरूपे परमेश्वरि! कुहरो नाम मूलाधारादिषु युक्तं रन्ध्रस्थानमण्डलं, सोऽस्याः कुण्डलिनीशक्तेर्निवासस्थानत्वेनास्तीति कुहरिणी, तत्संबुद्धिः । त्वं कुलकुण्डे शरीरमध्ये स्वाधिष्ठानसमीपे सुषुम्नारन्ध्रान्मुखमाक्षिप्य सुखेन स्वपिषि । किं कृत्वा? स्वमात्मानं अध्युष्टवलयं कृत्वा, अध्युष्टमधिगतं वलयं येन स तथा तं कृत्वा विधाय । किं भूतमात्मानं?

भुजगनिभं, भुजगो अहिः तन्निभा यस्य तं बिसतन्तुनिर्भासाहिसदृशमित्यर्थः। कथं भूता त्वं? चरणयुगलान्तर्विगलितैः चरणयुगलस्य पादारविन्दद्वितयस्य, अन्तः मध्यप्रदेशात्, विगलिताः, तैः सुधाधारासारैः सुधाया या धाराः तासां आसाराः संपाताः, तैः प्रपञ्चं द्विसप्ततिसहस्रसंख्याकं नाडीमार्गं सिञ्चन्ती सेक्त्री, पुनः पुनरपि सेचनानन्तरमपि, रसाम्नायमहसः रसस्य सुधायाः आम्नायः गुणानामाधिक्यं पंचात्मिकं महः कान्तिर्यस्य स रसाम्नायमहः, तस्माच्चन्द्रात्सकाशात्, स्वां भूमिं स्वाधिष्ठानं अवाप्य, अत्यन्ततृप्ता इति शेषः। एवं त्वयि महामायारूपिण्यां सुप्तायां योगिनः परमानन्दरूपाः जागरूका भवन्ति। त्वयि जागरूकायां संसारबन्धविच्छेदाभावात्। वृद्धाः सन्तः स्वातन्त्र्यविरहादस्वातन्त्र्यमयतन्द्रीप्रविष्टा भवन्तीत्यर्थः। श्रुतिरपि भगवत्याश्चरणांबुजसुधाधारासारैः प्रपञ्चसेचनं प्रतिपादयति। तथा हि - "लोकस्य द्वारमर्चिमत्पवित्रं ज्योतिष्मद्भ्राजमानं महस्वत्। अमृतस्य धारा बहुधा दोहमानं चरणं नो लोके सुधितां दधातु" इति ॥ १० ॥

पदार्थचन्द्रिका

इदानीं कुण्डलिनीशक्तिरूपाया भवान्या ध्यानमाह - **सुधेति**। हे हिमगिरिसुते त्वं कुलकुण्डे स्वपिषीत्यन्वयः। कुः पृथ्वी लीयते आश्लिष्टा भवति अस्मिन्निति कुलं मूलाधारचक्रम्। तत्कुण्डमिवेति कुलकुण्डं तस्मिन्। किं कृत्वा, स्वां भूमिं मूलाधारमवाप्य, तत्र स्वमात्मानं स्वकीयं देहं भुजगनिभं भुजगसदृशं कृत्वा। पुनरात्मानं विशिनष्टि - अध्युष्टवलयं, अध्युष्टशब्दः सार्धत्रितयसंख्यावाचको लोके प्रसिद्धः। अध्युष्टं मण्डलं वलयं यस्य तम्। किं कुर्वती, सुधाधारासारैः सुधाधारा आसारा इव वर्षधारा इव, तैः प्रपञ्चं सिञ्चन्ती। कथं भूतैः चरणकमलयोरन्तर्मध्यं तस्माद्विगलितैः, पुनरपि पुनर्वारं वारं निरन्तरमित्यर्थः। रसाम्नायमहसा रसाम्नायश्च महश्च तयोः समाहारः, रसाम्नाय-महस्तेजः। अत्रोपलक्षणे तृतीया। रसाम्नायः स्वरूपसुखं, महः स्वरूपचैतन्यम्।

डिण्डिमभाष्यम्

ननु यथान्तर्यागप्रधानपूजाङ्गं तथा कुण्डलिनीशक्त्याः स्थानमपि पूजाङ्गमेव, तदकरणे पूजासमग्र-फलप्राप्तिर्नास्ति, तत्प्रकारको योगागमरहस्यभूतः श्लोकः कथं न प्रकाश्यत इत्याशङ्क्याह—**सुधेत्यादि**। हे कुहरिणि कुण्डलिनीशक्ते! शक्तेर्निवासस्थानत्वेनास्तीति कुहरिणी कुण्डलिनीशक्तिः, तदस्यास्त्य-स्मिन्निति मतुबधिकारे 'अत इनि ठनौ' इति सूत्रेण इनिप्रत्ययः, 'ऋन्नेभ्यो ङीप्' इति ङीप्, 'रषाभ्यां नो णः समानपदे' इति णत्वम्। एवंभूता कुहरिणी शक्तिः मूलाधारादिषट्चक्रभेदिनी भूत्वा ब्रह्मरन्ध्रोपरि मतद्वादशसहस्रदलकमलकर्णिकास्थितरक्तशुक्लचरणयुगलान्तरं चुम्बति ततः परामृतं सेचयन्ती तेन प्रपञ्चमाप्लावयन्ती तदमृताप्लावनसञ्जातपरमानन्देन योगिना पुनरपि स्वभूमीभूतमूलाधार-स्थानमानीता तदनन्तरं ध्यानशक्त्योत्थापितयोगाग्निना दग्धभोगमण्डला यत्रामृतपूर्वं सुषुम्ना(म्णा)दण्ड-

उद्धारमात्मनैव सदा भुज्यमानं यदा मुञ्चति तदा कुण्डलिनी महामाया शक्तिः सुप्ता भवति निर्व्यापारा भवति। निर्विघ्नमेव परब्रह्मद्वारे सुषुम्ना(म्णा)दण्डरन्ध्रे यथेष्टं प्रविश्य परमामृतं भुक्त्वा सिद्धशरीरो भूत्वा परमशिव इव नित्यशरीरः परमयोगी सर्वाणिमाद्यैश्वर्ययुक्तो विहरति इति योगशास्त्रप्रसिद्धिः तमेवार्थमनेन श्लोकेनाह—श्लोकार्थस्तु—हे कुहरिणि कुण्डलिनि! चरणयुगलान्तः प्रागुक्तशुक्लचरणयुगलमध्याद् विगलितैर्निःसृतैः सुधाधारासारैरमृतधारासमूहैः करणभूतैः प्रपञ्चं शरीरं सिञ्चन्ती आप्लावयन्ती। अत्र प्रपञ्चपदेन देहस्याभिधानम्, अण्डप्रपञ्चपिण्डप्रपञ्चयोरैक्याभिधानार्थम्। तदुक्तं योगदीपिकायाम्—"अण्डे तु ये प्रपञ्चाः स्युः पिण्डे ते च प्रतिष्ठिताः। लघुत्वं गुरुताश्चर्ते न भेदस्त्वण्डपिण्डयोः॥" तथाहि—अण्डे लोकालोकगिरिः, पिण्डे त्वचः। अण्डे जलधिः, पिण्डे रक्तम्। अण्डे गङ्गादि नद्यः, पिण्डे इडापिङ्गलादि नाड्यः। अण्डे भास्करादिनवग्रहाः तिमिरनिराकरणार्थं, देहप्रकाशकाः पिण्डे एकादशेन्द्रियाणि, अण्डे ब्रह्म, पिण्डे मनः, अण्डे महामेरुः, पिण्डे हृदयकमलम्। अण्डे पर्वताः, पिण्डेऽस्थीनि। अण्डे तदभिमानी जीवात्मा, पिण्डे देहाभिमानी जीवात्मा। अण्डे सहस्रचतुर्युगाकारदिवसावसाने सहस्रचतुर्युगाकारसर्वनिशायाम्, अवान्तरप्रलयजलप्लावनरूपा ब्रह्मणो निद्रा, पिण्डे दिवसावसाने रात्रौ निद्रा। अण्डे रात्रेरनन्तरम् उत्थानपर्यन्तं वर्तमानान्येव सूर्यादिनवग्रहचक्रेन्द्रियाणि प्रकाशयन्ते, पिण्डे प्रबोधानन्तरमिन्द्रियप्रचारः। अण्डे सहस्रचतुर्युगसम्मितदिवसकल्पनानुरूपशतसंवत्सरावसाने ब्रह्मरूपिणो जीवाजीवात्मनामण्डादुत्क्रमणं तदधिष्ठितशरीरस्य ब्रह्माण्डस्य महादेवेन काशिनाममहाश्मशाने स्वललाटवह्निना दहनं, पिण्डे तु मानुषदिवसानुरूपं संवत्सरशतान्ते पापसम्बन्धात्ततोऽर्वाग् वा जीवात्मनो देहादुत्क्रमणे तस्य बन्धुभिः श्मशानादिदाहः। एवं सर्वत्र चिन्त्यमाने अण्डप्रपञ्चपिण्डप्रपञ्चयोरैक्यमेवेति योगशास्त्ररहस्यप्रख्यापनाय प्रपञ्चशब्देन देहस्याभिधानम्। एवम्भूतशरीरं सिञ्चन्ती सा पुनरपि भूयोऽपि रसाम्नायमहसा उपलक्षिता अमृतसेचनजनितरसानन्दस्य य आम्नायः पुनः पुनरभ्यासस्तस्य महसा तेजसा अत्यन्ततृप्तिवशादुन्मत्ता सती स्वां भूमिं मूलाधारमवाप्य भुजगनिभं सर्पाकारतामापन्नम् अध्युष्टवलयं योगाग्निना प्लुष्टवलयम्। 'उष' दाहे इत्युषधातोरधिपूर्वात् क्तप्रत्यये 'ष्टुना ष्टुः' इति ष्टुत्वम्-अध्युष्टम्। एवंभूतं स्वमात्मानं कुलकुण्डे देहसिद्धिस्थाने कृत्वा निवेश्य सुषुम्ना(म्णा)रन्ध्रान्मुखमाक्षिप्य सुखेन स्वपिषि। त्वयि महामायारूपिण्यां सुप्तायां योगिनः परमानन्दे मुक्ता जागरूका भवन्ति, त्वयि जागरूकायां संसारबन्धविच्छेदाभावाद् बद्धाः सन्तः स्वातन्त्र्यविरहात् पारतन्त्र्यमयनिद्रातन्त्रे प्रविष्टा भवन्ति॥ १०॥

गोपालसुन्दरी

कुण्डलिन्यास्तावद् भूमिकात्रयं तत्रोन्नयभूमिका महीमित्यादिनोक्ता, अन्वयभूमिकां प्रत्यावृत्तिभूमिकां चाह—सुधाधारासारैरिति। सुधाधारासारैरमृतधारासम्पातैश्चरणयुगलान्तर्विगलितैः भ्रूमध्य-

गतशुक्लरक्तचरणमध्यमार्गतो निष्पन्दितैः प्रपञ्चं मानसं स्थानादिषट्चक्ररूपं कुलपथं सिञ्चन्तीत्यनेनान्वयभूमिकोक्ता प्रत्यावृत्तिभूमिकामाह—पुनरपीति। रसाम्नाया पूर्वदक्षिणपश्चिमोत्तरोर्ध्वानुत्तराः शक्तेराम्नायाः स्थानानि पार्थिवाप्यानलवायव्यनाभसमानसाः शाम्भवाम्नायाः एतेषां स्थानानि उत्तरादिक्रमेण भ्रूमध्यादिमानसादिक्रमेण वा एतेषां महसा एषां षण्णां प्रकाशकतेजसा स्वां भूमिं मूलाधारमवाप्य लब्ध्वा, आत्मानं स्वस्वरूपं भुजगनिभं सर्पाकारम् अध्युष्टवलयं सार्धत्रिवलयं कृत्वा कुलकुण्डे मूलाधारान्तर्गतचतुर्दलपद्मकर्णिकामध्ये वर्तिनि त्रिकोणे कुहरिणि कुहरं रन्ध्रविशेषस्तद्वति गुप्तविषये (स्थाने) स्वपिषि, तदुक्तम्-"मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्तं रक्तोर्णातन्तुसन्निभाम्। कुलकुण्डलिनीं नित्यां विद्युद्वल्लीसमाकृतिम्। मत्तालिकुलझङ्कारसदृक्षतरनादिनीम्। उन्नीयोन्नीय चक्रेषु क्रमात् स्यन्दति वैभवं॥ अनुभूय परं गत्वा पीत्वा कुलपरामृतम्। अकुलात्कुलकं भूयः कुलादकुलकं महः॥ एवं मां सुन्दरीं ध्यायेत्सूक्ष्मध्यानं प्रकाशितम्॥ इति पूर्ववदेव **विष्णुपक्षे** सङ्गतिः॥ १०॥

आनन्दलहरीटीका

अत्र कुण्डलिन्या भूमिकाचतुष्टयम्। तत्र पूर्वश्लोके षट्चक्रभेदरूपोन्नयभूमिका, परशिवसंयोगरूपलयभूमिका च दर्शिता। इदानीं पुनः परावृत्तिरूपप्रत्यावृत्तिभूमिकां स्वस्थानावस्थानरूपविश्रान्तिभूमिकां च दर्शयति। **सुधेति**। सुधाया अमृतस्य धाराणां आसारैः संपातैः चरणयुगलस्य भ्रूमध्यस्थितस्य सितरक्तरूपस्य अन्तर्मध्यात् विगलितैः निर्गतैः, प्रपञ्चं [रसाः] षडाम्नायाः स्थानानि ज्ञानादि षट्चक्राणि। शक्तितन्त्रे मूलाधारादिषट्चक्राण्येव, क्रमे पूर्वदक्षिणपश्चिमोत्तरोर्ध्वानुत्तराख्याः षडाम्नायाः इत्युच्यन्ते। शैवतन्त्रे तु पार्थिवाप्यानलवायव्यनाभसमानसा इत्युच्यन्ते। तेषां महसा तेषां प्रकाशकेन स्वीयतेजसा विशिष्टा त्वम्। एतदज्ञात्वैव कश्चित् रसाम्नायमहसा आनन्दाभ्यासतेजसेति व्याचष्टे। अवाप्येति। स्वां भूमिं स्वस्थानं मूलाधारमवाप्य स्वमात्मानं स्वीयाभ्यासतः स्वीयं शरीरं भुजगनिभं सर्पाकारं अध्युष्टवलयं सार्धं त्रिवलयं योगशास्त्रप्रसिद्धं कृत्वा, कुलकुण्डे मूलाधारान्तर्गतचतुर्दलकमलकर्णिकामध्यस्थितत्रिकोणे कुहरिणि रन्ध्रविशेषवति स्वपिषि। शयनं करोषि। कुहरं षट्चक्रमध्यरन्ध्रं तदाश्रयत्वेन विद्यते यस्याः सा। तथा तत्संबोधनं कुहरिणि? इति कश्चित्। एतादृशभावनैव सूक्ष्मध्यानम्। तदुक्तं तन्त्रे-"मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्तं रक्तोर्णातन्तुसन्निभाम्। कुलकुण्डलिनीं नित्यां विद्युद्वल्लीसदृक्तनुम्। मत्तालिकुलझंकारसदृशस्वरनादिनीम्। उन्नीयोन्नीय चक्रेषु क्रमात्स्यन्दति वैभवम्। अनुभूय परं गत्वा पीत्वा कुलपरामृतम्। अकुलात्कुलकं भूयः कुलादकुलकं महः। एवं मां सुन्दरीं ध्यायेत् सूक्ष्मध्यानं प्रकाशित"मिति॥ १०॥



The different yogic plexuses

और लहरीं से ल ह्रीं लेकर हादि विद्या के तीनों कूटों को ग्रहण किया जा सकता है। कं * सुख वाचक शब्द है, कं ब्रह्म और प्राण वाचक भी है देखे छान्दोग्य (४, १०, ५)। इस श्लोक की अगले श्लोक से संगति करने से हादि विद्या को षट् चक्र वेध विद्या समझना चाहिये।

षट् चक्र वेध अर्थात उन्नेय भूमिका।

[९]

महीं मूलाधारे कमपि मणिपूरे हुतवहं
स्थितं स्वाधिष्ठाने हृदि मरुतमाकाशमुपरि।
मनोऽपि भ्रूमध्ये सकलमपि भित्वाकुलपथं
सहस्रारे पद्मे सह रहसि पत्या विहरसि॥

अर्थः— पृथिवी तत्व को मूलाधार में और जल को भी (मूलाधार में ही) मणिपूर में अग्नितत्व को जिसकी स्थिति स्वाधिष्ठान में है, हृदय में वायु तत्व को और ऊपर विशुद्ध चक्र) में आकाश तत्व को, और मन को भी भ्रमध्य में, इस प्रकार सकल कुल पथ (शक्ति के मार्ग) का वेध करके तू सहस्रार पद्म में अपने पति के साथ एकान्त में विहार करती है।

सं० टि० यहां अन्तर्याग का वर्णन है, कुण्डलिनी शक्ति का षट चक्र वेध पूर्वक आरोहण बताया गया है।

* नोटः—कं शिरः सुख वारिषु—विश्वः, सुखशीर्ष जलेषु कं इति मेदिनी।

व्याख्या:— षट् चक्र निरूपण, शिव संहिता और अन्य ग्रन्थों में विना मतभेद षट् चक्रों का क्रम इस प्रकार देखने में आता है कि गुदा के पास पृथिवी तत्व का मूलाधार चक्र है, उपस्थ के निकट जल तत्व का स्वाधिष्ठान चक्र, नाभि के पास अग्नि तत्व का मणिपूर चक्र, हृदय के पास वायु तत्व का अनाहत चक्र, कंठ में आकाश तत्व का विशुद्ध चक्र और भ्रूमध्य के पास मनस्चक्र है, जिसको आज्ञा चक्र कहते हैं। परन्तु सौन्दर्य लहरी में इस क्रम में अन्तर दिखता है जिसके अनुसार उपस्थ के पास जल तत्व का मणिपूर और नाभि में आग्नेय स्वाधिष्ठान चक्र होना चाहिये। तत्वों का क्रम तो वह ही है परन्तु चक्रों के नामों के क्रम से उपस्थ के चक्र का नाम मणिपूर और नाभि चक्र का नाम स्वाधिष्ठान प्रतीत होता है। शंकर भगवत्पाद ने यद्यपि इन दो चक्रों के स्थानों का संकेत नहीं किया है, परन्तु नाम क्रम से यह ही प्रतीत होता है कि उनको, उपस्थ वाले चक्र का नाम मणिपूर और नाभि के चक्र का नाम स्वाधिष्ठान अभिमत था। परन्तु हमारी राय में ऐसा नहीं है, केवल तत्वों के वेध क्रम में अन्तर है। समयाचार के मतानुसार उपस्थ वाले चक्र का वेध करना उचित नहीं समझा गया, क्योंकि इस चक्र के वेध से काम वासना की वृद्धि होकर वज्रौली इत्यादि क्रियाओं द्वारा ऊर्ध्वरेता होने की सिद्धि प्राप्त की जाती है, जो कौलाचार को अभीष्ठ है, समयाचार को नहीं। इसलिये यहां समयाचार के अनुसार वेध क्रम दिया गया है। वह इस प्रकार है कि मूलाधार के वेध द्वारा पृथिवी तत्व का और साथ ही जल तत्व का भी वहां ही वेध किया जाना चाहिये। 'अपि' शब्द का 'कं'

के साथ प्रयोग इस बात की ओर संकेत करता है, नहीं तो अपि शब्द वृथा सा दिखता है। फिर स्वाधिष्ठान को छोडकर नाभि वाले मणिपूर में अग्नि का वेध किया जाता है परन्तु अग्नि तत्व की स्थिति योनि स्थान में होने के कारण स्वाधिष्ठान में दिखाई गई है अर्थात् स्वाधिष्ठान चक्र में नीचे अग्नि ऊपर जल दोनों का संधि स्थान है क्योंकि योनि स्थान मूलाधार और स्वाधिष्ठान के मध्य भाग में स्थित है इसलिये अग्नि के प्रदीप्त होने पर मूलाधारस्थ पृथिवी और स्वाधिष्ठानस्थ जल दोनों का वेध मूलाधर के वेध के साथ हो जायगा।

हमारे इस मत को हंसोपनिषत् से पुष्टि मिलती है। वहां गुदा चक्र से वायु का उत्थान करके मणिपूर चक्र में ले जाने का विधान किया गया है, बीच में स्वाधिष्ठान चक्र का वेध न करके उसकी तीन बार प्रदिक्षिणा करने की आज्ञा है।

गुदमवष्टभ्याधाराद्वायुमुत्थाप्य स्वाधिष्ठानं त्रिःप्रदिक्षिणीकृत्य मणिपूरकं च गत्वाऽनाहतमतिक्रम्य विशुद्धौप्राणान् निरुध्याज्ञामनुध्यायन् ब्रह्मरंध्रं ध्यायन् त्रिमात्रोऽहमित्येवं सर्वदा ध्यायेत्।

अर्थः—गुदाद्वार को रोक कर आधार चक्र से वायु को उठा कर स्वाधिष्ठान की ३ बार परिक्रमा करके मणिपूर जाकर, अनाहतचक्र का अतिक्रमण करके विशुद्धचक्र पें प्राणों का निरोध करे और आज्ञाचक्र में ध्यान करता हुआ, फिर ब्रह्मरंध्र का ध्यान करता हुआ मैं तीन मात्रा से युक्त ॐ हूं ऐसा सदा ध्यान करे। अर्थात् मैं जाग्रतावस्था में वैश्वानर अकार, स्वप्नावस्था में तैजस् उकार और

सुषुप्ति में प्राज्ञ मकार हूं, इस प्रकार सदा ध्यान करता हुआ शुद्ध-स्फटिक सदृश नाद का आधार चक्र से ब्रह्मरंध्र पर्यन्त ध्यान करना चाहिये।

बिन्दु और बीज के योग से नाद की उत्पत्ति होती है। कहा है

बिन्दुःशिवात्मको बीज शक्तिर्नादस्तयोर्मितः।
समवायः समाख्यातः सर्वागमविशारदैः ॥

स्थूल रूप में विंदु शुक्र है और बीज रज है और ऊर्ध्वरेता होने पर दोनों का समवाय अर्थात् कुण्डलिनी का जागरण नाद कहलाता है। समयाचार की विधि भावना प्रधान होती है और भावना युक्त साधन द्वारा ही सिद्धि प्राप्त की जाती है, कौलाचार में जो उर्ध्वरेतस् की सिद्धि स्वाधिष्ठान चक्र के वेध द्वारा की जाती है, वह समयाचार वाला आज्ञाचक्र में मन का वेध करके करता है। हंसोपनिषत् के उपरोक्त क्रमानुसार स्वाधिष्ठान चक्र की ३ बार प्रदिक्षिणा करके ऊपर उठ जाने के साधन में स्वाधिष्ठान चक्र के वेध का निषेध किया गया है। उसकी तीन बार प्रदिक्षिणा करनी चाहिये, क्योंकि यहां शक्ति की पीठ है, जैसा कि नाम से प्रकट है (स्व+अधि+स्थान=स्वाधिष्ठान)। मूल बंध द्वारा आधार चक्र का वेध होकर पृथिवी और जल दोनों का एक साथ वेध होगा, क्योंकि मूलबन्ध के अभ्यास से योनिस्थान जो दोनों चक्रों के मध्य में है और अग्नि का स्थान है, दबता है। योनिस्थान पर दबाव पड़ने से अग्नि प्रदीप्त होकर पृथिवी और जल दोनों का वेध एक साथ कर देती है। अग्नि तत्व का वेध मणिपूर अर्थात् नाभि चक्र में होता है और वह

वहां विद्युत् का रूप धारण कर लेती है। जैसे ग्रीष्म ऋतु में जल का वेध होकर वर्षा ऋतु में मेघों में विद्युत् प्रकट हुआ करती है। योनिस्थान में प्रदीप्त अग्नि नीचे मूलाधार में पृथिवी तत्व को तपाता है और ऊपर स्वाधिष्ठानस्थ जल को। जल वाष्प बन कर मणिपूर (नाभिचक्र) में मेघवत् आच्छादित हो जाता है और वहां अग्नि का वेध होकर वह विद्युत् का रूप धारण कर लेती है। देखें श्लोक ३९, ४०। ग्रीष्म ऋतु में गरमी से पृथिवी तप्त होकर जल सूखने लगता है, यह जल का वेध है। वर्षा में वह ही जल मेघों के रूप में परिणत हो जाता है, और उनके ताप से विद्युत् प्रकट होती है, यह अग्नि का वेध है।

*चक्रों का स्थान मेरुदंड (spinal bone) के भीतर नीचे से मस्तिष्क तक उठने वाली सुषुम्ना नाड़ी (spinal cord) में है। इसके द्वारा शरीर की नाडियों का मस्तक से संबंध है। गुदा के पीछे एक मांसपेशी है, जिसे कंद कहते हैं, उसकी नाभि अर्थात् केन्द्र में कुण्डलिनी स्वयंभूलिंग पर साढे तीन कुंडल डाले सोती रहती है। जागकर वह स्वाधिष्ठान चक्र में रहने लगती है। उस अवस्था में जीव को बिन्दु रूपी शिव कहते हैं और कुंडलिनी को जीव रूपा शक्ति।

आज्ञा चक्र में चढ़कर वह ही परमात्मा रूपा शक्ति त्रिपुरा कहलाती है जो सहस्रार में शिव के साथ सायुज्यता प्राप्त कर लेती

* चक्रों और नाडियों की सविस्तार जानकारी के लिये लेखक का अंग्रेजी ग्रंथ Divine Power पढ़ें।

है। षट् चक्र वेध के पूर्व शक्ति का रूप जीवात्मिका और षट् चक्र वेध के पश्चात् शिवात्मिका समझना चाहिये। जीवात्मिका का स्थान स्वाधिष्ठान और शिवात्मिका का स्थान विशुद्ध चक्र हैं।

मूलाधार और स्वाधिष्ठान को अग्नि खंड, मणिपूर और अनाहत को सूर्य खंड और विशुद्ध एवं आज्ञा चक्र को चन्द्र खंड कहते हैं। योनिस्थान अग्नि की, अनाहत सूर्य की और आज्ञा चंद्र की पीठ कहलाती हैं। अग्नि खंड में रुद्र ग्रंथि, सूर्य खंड में विष्णु ग्रंथि, और सोम खंड में ब्रह्म ग्रंथि कहलाती हैं।

अन्तरिक्षगतो वन्हिर्वैद्युतः स्वान्तरात्मकः।
नभःस्थः सूर्यरूपोऽग्नि नीाभिमंडलमाश्रिताः॥

(यो शि ५, ३२)

विषं वर्षति सूर्योऽसौ स्त्रवत्यमृतमुन्मुखः।
तालु मूले स्थितश्चन्द्रः सुधां वर्षत्यधो मुखः॥

(५, ३३)

अर्थः— अन्तरिक्ष में उठकर अग्नि विद्युत् रूप हो जाती है, जो अपना अन्तरात्मा है। आकाश में स्थित अग्नि सूर्य रूप है, यह नाभि मण्डल (मणिपूर और अनाहत्) में आश्रित है, नीचे की ओर मुख रहने पर वह विष की वर्षा करता है और ऊपर की ओर मुख होने पर अमृत का स्रवण करने लगता है। तालू के मूल स्थान (आज्ञा) पर चन्द्रमा का स्थान हैं, उसका मुख नीचे की ओर है और वह अमृत की वर्षा किया करता है। अनाहत् चक्र के १२ दल १२ आदित्य कहलाते हैं। उर्ध्वमुख सूर्य और अधो-

मुख चन्द्र के बीच में विशुद्ध चक्र के १६ दल चन्द्रमा की १६ कलाओं के सदृश चमकने लगते हैं। कुण्डलिनी शक्ति जागकर जब सूर्य मण्डल से ऊपर चढती है, तब सूर्य को ऊर्ध्वमुख कर देती है। फिर कुण्डलिनी शक्ति उससे भी ऊपर जाकर चन्द्र मण्डलका बेध करती हुई सहस्रार में उठती है, तब चन्द्रमा भी अमृत की वर्षा करने लगता है और सारे देह की नाडियां उस अमृत से भर जाती हैं और योगी का शरीर दिव्य बन जाता है।

अवसरण अर्थात अन्वय भूमिका

बेध के समय शक्ति की गति मूलाधार से सहस्रार की ओर होती है जिसका वर्णन ऊपर के श्लोक में दिया गया है। सहस्रार से नीचे उतरते समय वह नाडियों को अमृत से सींचती हुई मूलाधार की ओर लौटती है। आरोह को उन्नेय भूमिका और अवरोह को अन्वय भूमिका कहते हैं। प्रत्यावृत्ति भूमिका से कुण्डलिनी का नीचे उतर कर अपने स्थान पर गुहा में लौट आने का अभिप्राय है। गत श्लोक में उन्नेय भूमिका का वर्णन किया गया है और अगले श्लोक में अन्वय और प्रत्यावृत्ति भूमिकाओं का वर्णन है इनको अप्यय और प्रभव क्रम भी कहते हैं। दोनों के सिद्ध होने पर योग की सिद्धि होती है। कहा है 'योगोहि प्रभवाप्ययौ' कठोपनिषत्। यह उभय क्रम कुण्डलिनी सोपान रहस्य के नाम से प्रसिद्ध है।

[१०]

सुधाधराऽऽसारैश्चरण युगलान्तर्विगलितैः
प्रपंचं सिञ्चन्ती पुनरपि रसाम्नाय महसा।

अवाप्य स्वां भूमिं भुजगनिभमध्युष्टवलयं
स्वामात्मानं कृत्वा स्वपिषि कुलकुण्डे कुहरिणी॥

अर्थः— अमृत धाराओं की वर्षा से, जो तेरे दोनों चरणों के बीच से टपकती हैं, प्रपंच को सींचती हुई फिर छओं आम्नायों से होती हुई अथवा छओं चक्रों द्वारा सींचती हुई, अपनी भूमि पर उतरकर अपने आप को सर्पिणी के सदृश साढ़ेतीन कुंडल डालकर, हे कुहरिणि ! तू कुल कुंड में सोती है।

स० टि० यहां पर कुण्डलिनी का सहस्रार में कुछ समय ठहर कर फिर अपने स्थान में उतर आना दिखाया गया है। रस=छःचक्र, आम्नाय=विधान, महस्=प्रकाश। प्रपंच=देह, पिण्ड। कुल कुण्ड= कुण्डलिनी के रहने का कुड, कुहरिणी= गुहा में रहने वाली। (कुहर=गुहा।)

पूर्व श्लोक की संगति से इस श्लोक का भाव स्पष्ट है कि मूलाधार से जागकर सुषुम्ना मार्ग द्वारा जब कुंडलिनी हृदयस्थ सूर्य को उन्मुख करती हुई आज्ञा चक्र के ऊपर चन्द्रमंडल में प्रवेश करती है, तब उसके चरणद्वय के बीच से अमृत की धारायें नीचे बरसने लगती हैं। यहां भगवती के चरणों का ध्यान आज्ञा चक्र में किया जाना बताया गया है।

शक्ति के अवतरण के साथ सब नाडियों का भिन्न-भिन्न चक्रों के द्वारा अमृत के प्रवाह से सारे शरीर में आनखशिख सिंचाव होता है। जिस मार्ग से शक्ति का आरोहण होता है उसी मार्ग से

अवतरण होकर वह फिर अपने स्थान पर सर्पाकार साढेतीन कुण्डल डालकर सो जाती है। इसके दो अर्थ हो सकते हैं। या तो सारी शक्ति ऊपर उठ जाती है और मूलाधार में शक्ति का कुंडलिनी रूप में उसके उठने से अभाव हो जाता है, और फिर लौटने पर वह फिर सो जाती है। दूसरा विकल्प यह हो सकता है कि मूलाधार में अनन्त शक्ति है, इसलिये वहां पर रहने वाले भंडार में कभी कमी नहीं होती, जागकर शक्ति ऊपर भी जाती आती रहती है और नीचे भी बनी रहती है। हमारी समझ में दूसरा विकल्प सत्य जान पडता है क्योंकि यदि सारी शक्ति सहस्रार में उठ जाय तो उत्थान के साथ शरीर का आधार न रहने के कारण वह तुरन्त प्रति प्रसव क्रम से लीन हो जाना चाहिये। प्रपंच का अर्थ शरीर अथवा नाडी जाल किया जाता है, दोनों पक्ष में एक ही परिणाम समझना चाहिये। क्योंकि नाडियों द्वारा सारा शरीर पुष्ट होता है, केवल नाडियां ही नहीं। नाडियों की संख्या प्रश्नोपनिषत् में इस प्रकार दी गई है।

अत्रैतदेकशतं नाडिनां तासां शतशतमेकैकस्यां द्वासततिः २ प्रतिशाखा नाडी सहस्राणि भवन्ति। प्रश्न० (३,६)

रसाम्नाय महसा के स्थान पर रसाम्नाय महसः पाठान्तर भी मिलता है। उसका अर्थ नीचे दिया जाता है। तांत्रिक परिभाषा के अनुसार इस पाठान्तर पद का अर्थ 'अमृत के प्रकाश से चमकने वाला चन्द्रमा' होने के कारण श्लोक का भावार्थ इस प्रकार होगा कि शक्ति चन्द्र मण्डल से नीचे उतर आती है, और अपनी भूमि

पर आकर ३।। कुण्डलाकृति सर्पिणीवत् सो जाती है। कुल का अर्थ शक्ति समझना चाहिये और कुण्ड से उसके रहने का कुंड सदृश स्थान समझना चाहिये। कुहरिणी का अर्थ कुहर अर्थात् बिल में रहने वाली है। कुहर बिल, छिद्र अथवा रंध्र को कहते हैं। नाडियों द्वारा प्रपंच का सींचे जाने का संबन्ध छःओं चक्रों के द्वारा होने के कारण रसाम्नायमहसा का अर्थ जैसा हमने किया है उचित प्रतीत होता है। रस पद से छः और आम्नाय पद से 'मार्ग' अर्थ लेने से यह अर्थ किया गया है। आम्नाय का अर्थ मार्ग दिखाने वाले बेद, और गुरु परम्परा गत संप्रदायोपदेश हैं। और महस् का अर्थ उत्सव और तेज दोनों है (महस्तूत्सवतेजसोः, इति अमरः) इसलिये पूरे पद का तृतीयांत अर्थ छः तेजोमय आम्नायों के द्वारा, अथवा रस (अमृत) से पूर्ण तेजोमय आम्नाय द्वारा होगा, पंचमी बिभक्ति में 'द्वारा' की जगह 'से' लगाना पडेगा। आम्नाय से चाहे चन्द्र अथवा चक्र समझा जा सकता है। महस् का अर्थ उत्सव भी किया जा सकता, उस पर्याय में शक्ति का शिव के योग से अमृत सिंचन रूपी उत्सव समझना चाहिये। तांत्रिक पद्धति के अनुसार उपासना के पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, ऊर्द्ध और वाम छः आम्नाय हैं, उन सबका फल शक्ति का जागरण होकर समाधि प्राप्त करना ही है। उक्त आम्नाय गुरु परम्परागत उपदेश से जानने चाहिये।

गया है। इसकी साधना भोजन से पूर्व होती है। दन्तधावन के अनन्तर इच्छा भर जल पीकर अंगुली से उलटी कर दे। अभ्यास हो जाने पर यह जल इच्छा मात्र से बाहर निकाला जा सकता है। पेट में प्रविष्ट जल को न्योली कर्म के द्वारा भ्रमाकर बाहर फेंकना और भी श्रेष्ठ होता है। पित्त प्रधान पुरुषों के हेतु यह क्रिया बड़ी हितकर होती है। चरनदास के शब्दों में गजकर्म की प्रक्रिया पढ़िये :—

गजकर्म याही जानिये, पिये पेट भरि नीर।
फेरि युक्ति सो काढ़िये, रोग न होय शरीर॥

इस उद्धरण की द्वितीय पंक्ति में ध्यान देने योग्य शब्द हैं 'फेरि युक्ति सों काढ़िये'। युक्ति से यहाँ पर कवि का तात्पर्य है भीतर गए हुए जल को न्योली कर्म के द्वारा भ्रमाकर बाहर निकालना।

चरनदास ने गजकर्म के पश्चात् न्योली कर्म का उल्लेख किया है। न्योली को नल क्रिया, नौलिक, नौलि आदि नामों से भी जाना जाता है हठयोग प्रदीपिका के मतानुसार —

अमन्दावर्त्तवेगेन तुन्दं सव्यापसव्यतः।
नतांसो भ्रामयेदेषा नौलिः सिद्धैः प्रचक्ष्यते॥

अर्थात् कन्धों को नवाये हुए बड़ी तेज गति से जल भ्रमरवत् अपनी तुन्द को दक्षिण वाम भागों से भ्रमाने को सिद्धों ने नौलि कर्म कहा है। पेट को दायें बायें घुमाने की प्रक्रिया ग्रन्थों से नहीं सीखी जा सकती है। इसके लिए गुरु का मार्ग-प्रदर्शन प्रत्येक क्षण पर परमावश्यक है जैसा कि चरनदास के अनुभव से ज्ञात होता है :—

जो गुरु करके ताहिं दिखावै। न्योली कर्म सुगम करि पावै॥

शौचादि से प्रातःकाल निवृत्त हो जाने पर पद्मासन धारण करके साधक रेचक के द्वारा वायु को बाहर रोके और बिना देह हिलाए हुए मनोबल से पेट को दायें से बायें और बायें से दायें चलाने का प्रयत्न करे। प्रातः एवं सायं यह प्रयत्न और अभ्यास करने से पेट की स्थूलता समाप्त हो जाती है। तदनन्तर साधक को सोचना चाहिए कि दोनों कुक्षियों के दब जाने से बीच में दोनों ओर से नल जुट कर मूलाधार से हृदय तक एक गोलाकार खंभ खड़ा हो गया है। इस खंभ के बँध जाने पर नौलि सुगम हो जाती है। अभ्यास से यह न्यौली दायें बायें घूमने लगती है। इसके संचालित हो जाने पर वक्षस्थल के समीप कंठ पर तथा ललाट पर नाड़ियों का द्वन्द्व अनुभव होता है। विस्तार के साथ वर्णित इस प्रक्रिया का उल्लेख चरनदास ने अत्यन्त संक्षेप में सूत्र रूप में किया है।

न्योली पद्मासन सों करै। दोनों कर घुटनों पर धरै ॥
पेटरु पीट बराबर होय। दहने बायें नले बिलोय ॥
जो गुरु करके ताहिं दिखावै। न्यौली कर्म सुगम करि पावै ॥

कवि के शब्दों में न्यौली साधना का प्रभाव सुनिये :—

मैल पेट में रहन न पावै। अपान वायु तासों वश आवै ॥
ताप तिली अरु गोला शूल। होन न पावै नेक न मूल ॥
और उदर के रोग कहावै। सो भी वै रहने नहि पावै ॥

'हठयोग प्रदीपिका' में इसकी साधना का सत्प्रभाव इस प्रकार वर्णित हुआ है:-

मन्दाग्निसन्दीपनपाचनादि सन्धापिकानन्दकरी सदैव ।
अशेषदोषामयशोषणी च हठक्रियामौलिरियं च नौलिः ॥

नौलि साधना से मन्दाग्नि का उद्दीपन होता है और अन्नादि का पाचन होता है। इससे समस्त वातादि दोष नष्ट होते हैं और रोग का शोषण होता है। यह नौलि हठयोग की समस्त क्रियाओं में उत्तम है।

न्यौली की आवश्यकता धौति और वस्ति साधना में भी पड़ती है। यह प्रा णा-याम का महत्वपूर्ण स्तर है। इसकी सिद्धि हो जाने पर तीनों बन्ध सुगम हो जाते हैं।

न्यौली कर्म के अनन्तर त्राटक कर्म आता है। चरनदास ने त्राटक का वर्णन न्यौली के अनन्तर ही किया है। 'हठयोग प्रदीपिका' के मतानुसार एकाग्रचित साधक निश्चल दृष्टि से सूक्ष्म लक्ष्य पर तब तक दृष्टिपात करे जब तक अश्रुपात न होने लगे। आचार्यों ने इसे त्राटक कर्म कहा है।[1] सफेद दीवाल पर सूक्ष्म काला चिह्न अंकित करके उसी पर दृष्टि नियोजित करते-करते चित्त समाहित हो जाता है और शक्ति सम्पन्न हो जाती है। उपनिषदों में त्राटक के निम्लिखित तीन भेद माने गए हैं :—

१. आन्तर त्राटक—नेत्र बन्द करके हृदय या भ्रूमध्य में एकाग्रता स्थापित करने की भावना को आन्तर त्राटक कहते हैं।

२. बाह्य त्राटक—चन्द्र, प्रकाशवान् नक्षत्र, पर्वत की शिखर वा किसी अन्य दूरवर्ती लक्ष्य पर दृष्टि को स्थिर करने की क्रिया को बाह्य त्राटक कहते हैं। उल्लेखनीय बात यह है कि सूर्य पर त्राटक नहीं किया जाता है।

---

१. निरीक्षेन्निश्चलदृशा सूक्ष्मलक्ष्यं समाहितः ।
अश्रुसम्पातपर्यन्तमाचार्यैस्त्राटकं स्मृतम् ॥

३. मध्य त्राटक—बिन्दु, किसी देवमूर्ति, भगवान के चित्र, नासिका के अग्रभाग या समीपवर्ती किसी अन्य लक्ष्य पर दृष्टि केन्द्रित करने की क्रिया को मध्य त्राटक कहते हैं।

'घेरंड संहिता' में लिखा है कि जब तक आँसू न गिरे तब तक पलक मारे बिना किसी सूक्ष्म वस्तु पर दृष्टिपात करते रहने का नाम त्राटक है।[1]

त्राटक के इस शास्त्रीय और परम्परागत विवेचन के अनन्तर अब संत चरनदास के त्राटक विषयक अनुभव पठनीय होंगे। कवि के शब्दों में—

त्राटक कर्म टकटकी लागै। पलक पलक सों मिलै न ताकै ॥
नैन उघारे ही नित रहै। होय दृष्टि थिर शुकदेव कहै ॥
आँखि उलटि त्रिकुटी में आनो। यह भी त्राटक कर्म्म पिछानो ॥
जेते ध्यान नैन के होई। चरनदास पूरण हो होई ॥

उपर्युक्त उद्धरण से स्पष्ट है कि कवि ने त्राटक के विषय में स्थूल रूप से अपने विचारों को व्यक्त कर दिया है। फिर भी इन पंक्तियों से त्राटक के विषय में विचार स्पष्ट होता है।

योगियों का कथन है कि त्राटक के अभ्यास से शांभवी मुद्रा सिद्ध हो जाती है, नेत्रों के रोग नष्ट हो जाते हैं और दृष्टि दिव्य हो जाती है।[2] त्राटक नेत्ररोगनाशक होता है। तन्द्रा, आलस्यादि शरीर में नहीं ठहरने पाते हैं।[3]

चरनदास ने जिन षट्कर्मों का वर्णन किया है उनका सविस्तार विवेचन यहां समाप्त होता है। इन षटकर्मों के अतिरिक्त कवि ने कपालभाँति, धौकनी, बाधी तथा शंखपषाल को भी कर्मों की संज्ञा दी है परन्तु कवि ने इन्हें उपर्युक्त षट्कर्मों के अन्तर्गत ही माना है जैसा कि निम्नलिखित पंक्तियों से प्रकट होता है :—

कपाल भाँति अरु धौकनी बाधी शंख पखाल।
चारि कर्म ये और हैं इनहिं छहौ के नाल ॥

---

१. निमेषोन्मेषकं त्यक्त्वा सूक्ष्मलक्ष्यं निरीक्षयेत्।
यावदश्रूणि पतन्ति त्राटकं प्रोच्यते बुधैः ॥
घे० सं०—प्रथमोपदेशः, ५३

२. एवमभ्यासयोगेन शांभवी जायते ध्रुवम्।
नेत्ररोगा विनश्यन्ति दिव्यदृष्टिः प्रजायते ॥
घे० सं०—प्रथमोपदेशः, ५४

३. मोचनं नेत्ररोगाणां तन्द्रादीनां कपाटकम्।
यत्नतस्त्राटकं गोप्यं यथा हाटकपेटकम् ॥
ह० यो० प्रदीपिका

इनमें से कपालभाँति का अध्ययन तथा विवेचन आवश्यक है। कारण कि कपाल भाँति को अनेक विद्वानों एवं हठयोगियों ने षट्कर्म का एक अंग और महत्वपूर्ण साधना माना है।

'हठयोग प्रदीपिका' के अनुसार लोहार की भट्ठी के सदृश्य तीव्रता के साथ क्रमशः रेचक, पूरक, प्राणायाम को शांतिपूर्वक करना योग शास्त्र में कफ दोष का विनाशक माना गया है और यह क्रिया कपालभाँति नाम से ज्ञात है।[1] जिस समय सुषुम्ना नाड़ी से वा फुफ्फुस में से श्वासनालिका के द्वारा कफ बारम्बार ऊपर आता हो या प्रतिश्यास (जुकाम) हो गया हो उस समय सूत्रनेति अथवा धौतिक्रिया से शोधन नहीं सम्भव हो पाता है। ऐसी दशा में इसी कपालभाँति साधना से कफवाहा नाड़ियों एवं फुफ्फुस में इकट्ठा हुआ कफ जल विनष्ट हो जाता है। सुषुम्ना, मस्तिष्क और आमाशय की शुद्धि होने से पाचन शक्ति प्रदीप्त होती है। इस क्रिया को अधिक तीव्रगति से नहीं करना चाहिए अन्यथा नाड़ी को आघात पहुँचता है और फुफ्फुसों में शिथिलता आती है। कपालभाँति तीन प्रकार की है—वातक्रमकपालभांति, व्युत्क्रम कपालभाँति तथा शीत्क्रम कपालभाँति।[2] इडा अर्थात् बायें नासिकारन्ध्र से वायु को भरे और पिंगला अर्थात् दाहिने नासारन्ध्र द्वारा उसका रेचन करे, एवं दाहिने नासारन्ध्र से वायु को खींचे और बांये निकाल दे। वायु के खींचने या छोड़ने में वेग नहीं धारण करना चाहिए। इस योग साधना से कफ दोष विनष्ट हो जाता है। इसका नाम वातक्रम कपालभाँति कहते हैं।[3] नाक के दोनों रन्ध्रों से जल खींचे और उसे मुख से निकाल दे। इसी प्रकार मुख से जल ग्रहण कर नासिका छिद्रों से निकाल दे। इस क्रिया को वातक्रम कपालभांति कहते हैं।[4] मुख द्वारा शीत करके

---

१. भस्त्रावल्लोकारस्य रेचपूरौ ससम्भ्रमौ।
कपालभातिर्विख्याता कफदोषविशोषणी॥
ह० यो० प्रदीपिका

२. वातक्रमेण व्युत्क्रमेण शीत्क्रमेण विशेषतः।
भालभाँति त्रिधा कुर्यात् कफदोषं निवारयेत्॥
घे० सं०—प्रथमोपदेशः, ५५

३. इडया पूरयेद्वायुं रेचयेत् पिंगला पुनः।
पिंगलया पूरयित्वा पुनश्चन्द्रेण रेचयेत्॥
पूरकम् रेचकं कृत्वा वेगेन नतु चालयेत्।
एवमभ्यासयोगेन कफदोषं निवारयेत्॥
घे० सं० प्रथमोदेशः, ५६-५७

४. नासाभ्यां जलमाकृष्य पुनर्वक्त्रेण रेचयेत्।
पायं पायं व्युत्क्रमेण श्लेष्मदोषं निवारयेत्॥
घे० सं०—प्रथमोपदेशः, ५८

जल ले और नासिका रन्ध्र से निकाल दे। इस क्रिया को 'शीत्क्रम कपाल भाँति' कहते हैं। इस योग का अभ्यास करने से मनुष्य कामदेव के समान कांतिमान् हो सकता है। इसके अभ्यास से वार्धक्य और जरा के हाथ से परित्राण प्राप्त कर सकता है।[1]

मुद्राएँ

'हठयोग प्रदीपिका' में मुद्राओं का बड़ा महत्व वर्णित हुआ है।[2] इन मुद्राओं को योग दर्शन में "जरामरणनाशक्तम्, अष्टैश्वर्यं प्रदायकम् क्षीयन्तेमरणादयः" आदि कहा गया है। प्रत्केक साधक को इन मुद्राओं की साधना करनी पड़ती है तभी कुंडलिनी जाग्रत होती है। जाग्रत होने के अनन्तर कुंडलिनी षट्चक्रों का भेदन करके सहस्त्रार में प्रवेश करती है। ये मुद्रायें दस मानी गई है :—

१. महामुद्रा २. महाबन्ध ३. खेचरी ४. मूलबन्ध ५. उड्डीयान ६. जालन्धर-बंध ७. विपरीतकरणी ८. वज्राली ९. शक्तिचालिनी १०. महावेध।

घेरंड ऋषि ने अपनी पुस्तक 'घेरंड संहिता' में निम्नलिखित मुद्राओं को मान्यता प्रदान की है :—

महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डीयानं जलन्धरम्ः।
मूलबन्धं महाबन्धं महावेधश्च खेचरी॥
विपरीतकारिणी योनिर्वज्राली शक्तिचालिनी।
ताडागी मांडवी मुद्रा शाम्भवी पंचधारणा।
अश्विनी पाशिनी काकी मातंगी च भुजंगिनी।
पंचविंशति मुद्रा वै सिद्धिदाश्चैव योगिनाम्॥

अर्थात् निम्नलिखित पच्चीस मुद्रायें योगियों को सिद्धि देने वाली है :—

१. महामुद्रा २. नभोमुद्रा ३. उड्डीयान ४. जलन्धर ५. मूलवन्ध ६. महाबन्ध ७. खेचरी ८. विपरीकरिणी ९. योनि १०. बज्राली ११. शक्तिचालिनी १२. ताडागी १३. मांडवी १४. शाम्भवी १५. पंचधारणा अयोधारणा १६. आम्भसीधारणा १७. वैश्वनिरीधारणा १८. वायवीधारणा ९. नमोधारणा २०. अश्विनी २१. पाशिनी २२. काकी २३. मांतगी तथा २४. भुजंगिनी।

---

१. शीत्कुत्य पीत्वा वक्त्रेण नासनालैविवर्जयेत्।
एवमभ्यासयोगेन कामदेवसमो भवेत्॥
न जायते च वार्धक्यं जरा नैव प्रजायते।
भवेत्स्वच्छन्ददेहश्च कफदोषं निवारयेत्॥
वही, ५९ तथा ६०

२. हठयोग प्रदीपिका—उप० ३।६.१४

'ब्रह्मयामल' के मत से शरीर के अन्दर कुंडलिनी महाशक्ति निद्रावस्था में पड़ी हुई है। सर्पराज शेषनाग यथा वन, पहाड़ आदि से संयुक्त पृथ्वी के एकमात्र आधार है उसी प्रकार यह कुंडलिनी शक्ति भी समस्त योग दर्शन का आधार है। इस महाशक्ति के जाग्रत होने पर देहस्थ षट्चक्र में सकल पद्म एवं ग्रंथियों का भेद खुल जाता है और तभी प्राणवायु सुषुम्नारन्ध्र में प्रविष्ट होकर आनन्दपूर्वक विचर सकती है। जब मन अवलम्ब के बिना भी स्थिर रहने लगता है, तब अमरत्व या मुक्ति प्राप्त होती है। अतः इस कुंडलिनी शक्ति को जाग्रत करना उचित और आवश्यक है।[1]

चरनदास ने 'अष्टांगयोग-वर्णन' प्रकरण में निम्नलिखित पाँच मुद्राओं का प्रतिपादन किया है :—

१. खेचरी मुद्रा २. भूचरी मुद्रा ३. चाचरी मुद्रा ४. अगोचरी मुद्रा ५. उनमनी मुद्रा।

इन उपर्युक्त पाँच मुद्राओं में से प्रथम खेचरी मुद्रा का विवेचन एवं प्रतिपादन करने में कवि का ध्यान विशेष रहा है। कवि ने प्रायः २७ छन्दों में खेचरी मुद्रा धारण करने की विधि, क्रिया और महत्व का वर्णन किया है। शेष चार मुद्राओं का वर्णन केवल १८ छन्दों में समाप्त हो गया है। इससे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि कवि ने खेचरी मुद्रा को योग साधना में विशेष महत्वपूर्ण और सहायक माना है।[2]

---

१. सशैलवनधात्रीणां यथाधारो हि नायकः।
सर्वेषां हठतंत्राणां तथा धाराहि कुंडली॥
सुप्ता गुरुप्रसादेन यदा जागर्ति कुंडली।
तदा पद्मानि सर्वाणि भिद्यन्ते ग्रन्थयोपि च॥
प्राणस्य शून्यपदवी तदा राजपथायते।
यदा चित्तं निरालम्बं तदा कालस्य बन्धनम्॥
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रवोधयितुमीश्वरीम्।
ब्रह्मरन्ध्रमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत्॥

२. संत सुन्दर दास ने अपने ग्रन्थ 'ज्ञान समुद्र' में आठ मुद्राओं का उल्लेख किया है। उक्त ग्रन्थ से कवि का मुद्रावर्णन छन्द यहाँ उद्धृत किया जाता है :—
सुनि महामुद्रा महाबन्धः महावेध च खेचरी।
उड्यान बंध सु मूल बंधहि बन्ध जालंधर करी॥
बिपरीत करणी पुनि वज्रोली शक्ति चालन कीजिये।
इमि होइ योगी अमर काया शशि कला मित प्रीजिए॥

चरनदास द्वारा वर्णित खेचरी मुद्रा का विवेचन करने के पूर्व इसके शास्त्रीय पक्ष की विवेचना आवश्यक है। खेचरी मुद्रा के सम्बन्ध में 'घेरंड संहिता' का निम्नलिखित श्लोक पठनीय है :—

जिह्वाधो नाडीं संछिन्ना रसनां चालयेत् सदा ।
दोहयेन्नवतीतेन लोहयंत्रेण कर्षयेत् ॥
एवं नित्यं समभ्यासाल्लम्बिका दीर्घतां ब्रजेत् ।
यावद् गच्छेद् भ्रुवोर्मध्ये तथा गच्छति खेचरी ॥
रसनां तालुमध्ये तु शनैश्शनैः प्रवेशयेत् ।
कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा ॥
भ्रुवोर्मध्ये गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ॥[१]

अर्थात् जिह्वा के निम्न प्रदेश में जिह्वा और जिह्वा की जड़ को मिलाने वाली नाड़ी है। उसका भेदन करता हुआ सतत रसना के नीचे रसना के अग्रभाग को परिचालित करे तथा रसना को मक्खन से मल कर चिमटे से खींचा करे। नित्य प्रति यह क्रिया करने से जिह्वा बड़ी हो जाती है। क्रमशः अभ्यास के द्वारा जिह्वा को इतनी लम्बी कर ले कि वह भ्रू-मध्य तक पहुँच जाय। पुनः जिह्वा को क्रमशः तालु के मध्य में ले जाय। तालु के मध्यस्थ गढ्ढे को कपाल कुहर के मध्य में ऊपर को उलटी करके ले जाय और उभय भ्रू-मध्य अपनी दृष्टि को स्थिर करे। इसको खेचरी मुद्रा कहा गया है।

शास्त्रान्तर में खेचरी मुद्रा का वर्णन इस प्रकार हुआ है :—

भ्रुवोरन्तर्गतां दृष्टिं विधाय सुदृढां सुधीः ।
उपविश्यासने वज्रे नानोपद्रववर्जितः ॥
लम्बिकोर्ध्वस्थिते गर्ते रसनां विपरीतगाम् ।
संयोजयेत्प्रयत्नेन सुधाकूपे विचक्षणः ॥
मुद्रैषा खेचरी प्रोक्ता भक्तानामनुरागतः ॥

अर्थात् वज्रासन से निरुपद्रव शांत स्थान में बैठकर भ्रू- द्वय के मध्य दृष्टि दृढ़ता से लगाने तथा जिह्वा के ऊपर जो तालुकुहर है वहाँ पर रसना को उलटी उठाकर लगाने की क्रिया को खेचरी मुद्रा कहते हैं।

अब चरनदास द्वारा वर्णित खेचरी मुद्रा का वर्णन पठनीय होगा। निम्न-लिखित पंक्तियों में कवि ने जिह्वा का छीलन, छेदन तथा दोहन बताया है। जिह्वा दोहन मक्खन से होता है। जिह्वा-दोहन छेदन के अनन्तर होता है। जिह्वा सामा-

१ घे० सं०—तृतीयोपदेशः, २५-२७

न्यतया तीन प्रकार की होती है—नाग जिह्वा, हस्ति जिह्वा तथा धेनु जिह्वा। नाग-जिह्वा निसर्गत: बड़ी होती है। शेष दो का छेदन, छीलन तथा दोहन करना पड़ता है। चरनदास के मत से सर्वप्रथम क्रिया इस सम्बन्ध में है जल कुल्ला करना। इसके अनन्तर जिह्वा में चौबस्त चूर्ण की मालिश करनी चाहिए। इसके बाद साधक जिह्वा का दोहन, तानन (तानना या खींचना) करे और उसे दाँतों के नीचे दबाये। इन सब के पश्चात् उसका छीलन और छेदन करे। इस क्रिया के पश्चात् तोतू के कट जाने पर ब्रह्मरन्ध्र को धोकर उसका मैल निकाल डाले और जिह्वा को दो अंगुली की कूची से पकड़ कर (उसे उलट कर) उसी ब्रह्मरन्ध्र में नियोजित करे। इस क्रिया को खेचरी मुद्रा कहते हैं। कवि के ही शब्दों में पूरा वर्णन पठनीय होगा। अतएव यहाँ एक अष्टपदी उद्धृत की जाती है :—

पहिले मुद्रा खेचरी को साधन मनूं।
जैसे आगे करी सबी ऋषि मुनि जनूं॥
ताते जल के कुरले करि जुबगाइये।
ता पाछे चौबस्त को चूरण लगाइये॥
जिह्वा हाथ में पकरि मर्दन छीलन करै।
दोहन तानन करै बहुरि दशनन धरै॥
फिरि करि छीलन ताहि छेदनहिं कीजिए।
तोतू ज्यों कटि जाय यत्न सोइ लीजिए॥
ब्रह्मरन्ध्र को धोय कै मैल निवारिये।
बाये अंगूठे ऊपर काग को धारिये॥
सहज सहज सरकाय कै आगे लाइये।
यह सब साधन कठिन गुरु से पाइये॥
दो अंगुली कूंची सूं करि मेलना।
जिह्वा उलटि राख जु नितप्रति खेलना॥
यह उपाय षट मास करै तजिभान ही।
रसना यों बंधि जाय चढै अस्थान ही॥

प्रस्तुत उद्धरण में तीन बातें विशेष ध्यान देने योग्य है। प्रथम यह कि संत चरनदास इस खेचरी वर्णन को पम्परागत सैद्धांतिक खेचरी वर्णन की शृंखला की एक कड़ी मानते हैं जैसा कि उद्धरण की प्रथम दो पंक्तियों से प्रकट होता है। कवि ऋषियों एवं मुनियों द्वारा वर्णित परम्परा में ही अपनी रचना को रखता है। अब इस प्रस्तुत कथन का परीक्षण आवश्यक है। कवि का खेचरी मुद्रा वर्णन पूर्ण रूप से शास्त्रीय वर्णन से साम्य न रखता हुआ भी उससे बहुत अंश में मिलता-जुलता है।

इसका कारण यह है कि इन संतों ने हठयोग की दुरूह और दुःसाध्य प्रक्रिया को सरल तथा रोचक बनाने के लिए उसमें यत्र-तत्र परिवर्तन कर दिया है, परन्तु इतना होते हुए भी वर्ण्य विषय की आत्मा में क्रांतिकारी परिवर्तन नहीं समुपस्थित हुआ है। दूसरे हठयोग के विशिष्ट ग्रन्थों में खेचरी मुद्रा साधना के लिए प्रत्येक स्तर पर गुरु का निर्देश अतीव आवश्यक माना गया है। प्रायः गुरुपदेश अभाव में साधक अपनी वाणी खो बैठता है तथा नाड़ियों पर भाँति-भाँति के व्याघात समुत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए गुरु का निर्देशन अनिवार्य माना गया है। संत चरनदास ने मी इस परम्परा का निर्वाह किया है। तीसरी बात यह है कि कवि ने इस प्रक्रिया का वर्णन बड़ी ही स्पष्ट और सुगम शैली में किया है जिसमें कि अल्पज्ञ भी उसके सन्देश को हृदयंगम कर सके।

योग-ग्रन्थों में खेचरी मुद्रा साधना का बड़ा माहात्म्य गाया गया है। 'घेरंड संहिता' में उल्लेख हुआ है कि जो खेचरी मुद्रा का अभ्यास करते हैं उनको मूर्च्छा, क्षुधा और पिपासा कुछ भी कष्ट नहीं देती है। आलस्य, रोग, बुढ़ापा, एवं मृत्यु का उसे डर नहीं रह जाता। उसका शरीर देवशरीरवत् हो जाता है।[1] खेचरी साधक को अग्नि नहीं जला सकती, पवन शुष्क नहीं कर सकता, जल उसे गीला नहीं कर सकता और सर्प उसे काट नहीं सकता है।[2] इस मुद्रा के साधक के शरीर में अपूर्व लावण्य विकसित हो उठता है और उसे समाधि की प्राप्ति होती है। कपाल और मुख के मिलन से उसकी रसना से नाना प्रकार के श्रेष्ठ रस उत्पन्न होते हैं।[3] जो साधक इसका अभ्यास करते हैं उनकी जिह्वा से दिन प्रतिदिन अद्भुत रस संचार हुआ करता है और मन नित्य प्रति नये आनन्द में निमग्न रहता है। साधक की जिह्वा में क्रमशः लवण, क्षार, तिक्त, कषाय, नवनीत, घृत, क्षीर, दही, मट्ठा, मधु, द्राक्षा और अमृत आदि नाना प्रकार के रसों का आविर्भाव होता

---

१. न च मूर्छा क्षुधा तृष्णा नैवालस्यं प्रजायते।
न च रोगो जरा मृत्युर्देवदेहं प्रपद्यते॥
घे० सं०—तृतीयपदेशः, श्लोक २८

२. नाग्निना दह्यते गात्रं न शोषयति मारुतः।
न देहं क्लेदयन्त्यापो दंशयेन्न भुजंगमः॥
वही, श्लोक २९

३. लावण्यं च भवेद् गात्रे समाधिर्जायते ध्रुवम्।
कपालवक्त्रसंयोगे रसना रसमाप्नुयात्॥
घे० सं—तृतीयपदेशः, श्लोक ३०

है ।[1] संत चरनदास के शब्दों में खेचरी साधना का महत्व निम्नलिखित है । घेरंड संहिता तथा चरनदास द्वारा वर्णित खेचरी साधना का महत्व प्रायः एक-सा है। कवि की रचना से कतिपय पंक्तियाँ उद्धृत कर देना असंगत न होगा :—

एक जु प्राणायाम जीमसूं कीजिये ।
दूजे बन्ध उड्यान यहीं सं दीजिये ।।
तीजे करि करि ध्यान निरखि जहँ ज्योति ही ।
चोथे अमृत पिवै खुलै तहं सोत ही ।।
खैंचे त्रिकुटी पाट सहज अरु फेरिये ।
द्रवै सुधा रसनीर जहां मन घेरिये ।।
अमृत ही के स्वाद को कौन बखानई ।
जो कोइ अंचवै हंस सोइ पुनि जानई ।
दिन दिन पलटै देह रक्त दूधाभवै ।
बीस बरस अरु चारि माहिं ऐसा ह्वै ।।
इच्छा चारी होय बरस छत्तीस में ।
सब लोकन में जाय अपनी शक्ति तें ।।
जेते विषय व्यापै नहिं, रोग न दहै शरीर ।
जो कोइ पीवै युक्ति सूं, काम धेनु को छीर ।।
भूख प्यास अरु नींदै, रहै न तीनौ लेव ।
नाद बिन्दु गुटका बंधै, कहै यही शुकदेव ।।
तीन महीने चार का बालक गोदी माय ।
ना वह पीवै नीर ही अन्न नही वह खाय ।।
वह तो जीवै दूध सूं वाकूं वहीं जुकाम ।
लगो रहै माताकुचन निसरे एक न याम ।।
अमृत पीवै योगिया ऐसे चरणहिदास ।
पहरहु यह छाडै नहीं कामधेनु को पास ।।
ऐसे धारै तौ बनै, सुधा रसाला संत ।
दिवि काया हो जाय जब धनि कहै कमलाकंत ।।

---

१. नानारससमुद्भूमानन्दं च दिने दिने ।
आदौ लवणक्षारं-तिक्तकषायकम् ।।
नवनीतं घृतं क्षीरं दधितक्रमधूनि च ।
द्राक्षारसं च पीयूषं जायते रसनोदकम् ।।
घे० सं०—तृतीयपदेशः, श्लोक ३१ तथा ३२

आठ पहर लागा रहै पीवै कै कै ध्यान।
मैं कहा जैसा ही, परसै पद निरवान ॥
भेद गुरु से ये लहै, और छिपावै वाहि।
जो जो फल याके अधिक, होय परापति तांहि ॥
योगेश्वर अरु देवता, मुनी ऋषीश्वर जान।
रखवारे वाके घने, करन न देवैं ध्यान ॥
टेक गहै सो जापिये और करै ह्यां ध्यान।
यती सती अरु गुरुमुखी, जाकी ऐसी आन ॥
बड़ी जु मुद्रा खेचरी, मुख में याका वास।
जो कहि मैं शुकदेव जी, जानलेहु चरणदास ॥

उपर्युक्त उद्धरण के वर्ण्य विषय की तुलना 'घेरंड संहिता' में वर्णित खेचरी मुद्रा के माहात्म्य वर्णन से करने पर ज्ञात होता है कि चरनदास ने खेचरी साधना का माहात्म्य बड़े विस्तार के साथ वर्णित किया है। योग दर्शन के किसी भी ग्रन्थ में इस मुद्रा साधना का महत्व इतने विस्तार के साथ नहीं उपलब्ध होता है। इस उद्धरण की प्रथम बारह पंक्तियों में कवि ने खेचरी साधना से हठयोग साधना में जो सहायता प्राप्त होती है उसका उल्लेख किया है। शेष अंश में उसके महत्व या माहात्म्य की अभिव्यक्ति हुई है।

कवि द्वारा वर्णित द्वितीय मुद्रा भूचरी है। शास्त्रकारों का कथन है कि नासिका के अग्रभाग से चार अंगुल दूर रहे हुए अवकाश में मन को स्थिर करना भूचरी है। अष्टांग योग की साधना में धारणा के सिद्धि के हेतु प्रस्तुत मुद्रा का अभ्यास श्रेयस्कर हैं। इसकी साधना से योगी को अलौकिक सुख प्राप्त होता हैं। उसे दैहिक, दैविक तथा भौतिक संताप दग्ध नहीं करते। सांसारिक कष्ट उसे व्यथित और पीड़ित नहीं करते। 'घेरंड संहिता' में इस मुद्रा के विषय में कोई भी उल्लेख नहीं मिलता है। चरनदास के शब्दों में अब भूचरी मुद्रा की प्रक्रिया पढ़िये :—

दूजी मुद्रा भूचरी, नासा जाको वास।
प्राण अपान जुदी जुदी, एक करै चरणदास ॥
जितकी तित रख प्राण को, वा घर लाय अपान।
ताहि मिलावै युक्ति सूं, करि करि संयम ध्यान ॥
जब वह जीतै पवन कूं, मन चंचल ठहराय।
गगन चढ़न की आश हो, कहै शुकदेव सुनाय ॥
गुदा द्वार बंध दीजिए, एंडी पांव लगाय।
आसन सिद्ध जु कीजिए, मन पवनावश लाय ॥

अपान वायु जब वशभवै, ऊरध खैंच लचाय।
सनई सनई जाचढै, प्राण वायु ह्वै जाय॥

चांचरी मुद्रा का वर्णन कवि ने भूचरी के अनन्तर किया है। आज्ञा चक्र में भव को अवरुद्ध करना चांचरी मुद्रा है। शास्त्रकारों के मत्यानुसार पक्षान्तर में इसको खेचरी मुद्रा भी कहते हैं, परन्तु चरनदास द्वारा वर्णित खेचरी और चांचरी की साधना, प्रक्रिया और महत्व एक दूसरे से पूर्णतया भिन्न हैं, अतः इससे स्पष्ट है कि कवि योगशास्त्रकारों की भाँति पक्षान्तर मे इसको खेचरी नहीं मानता है। कवि के शब्दों में चांचरी मुद्रा निम्नलिखित है :—

तीजी मुद्रा चांचरी जाको नैनन वास।
नासा आगे दृष्टि कूं राखै मन धर आस॥

अंगुल चार नासिका आगे। चित अस्थिर करि देखन लागे॥
खुले पाँच तत करै जु कोई। मन अरु पवन जहाँ थिर होई॥
फिरि ह्वासूं नासा परि आवै। अचल टकटकी तहाँ लगावै॥
जहं बहुतक अचरज दरसावै। विभव स्वर्ग के आगे आवै॥
जित सूं पलट तिरकुटी मांहीं। ध्यान करै कहुं अन्त न जाहीं॥
दीरघ तारा सा परकासै। उदय होय सूरज ज्यों भासै॥
चित चेतन दोउ मेला करै। लै उपजै अरु दुविधा हरै॥
यही चांचरी मुद्रा जानै। चरनदास याकूं पहिचानै॥

विगत पृष्ठों में भूचरी की विवेचना करते हुए लिखा गया है कि शास्त्रकारों का कथन है कि नासिका के अग्रभाग से चार अंगुल दूर रहे हुए अवकाश में मन को स्थिर करना भूचरी है। अब प्रस्तुत उद्धरण के निम्नलिखित शब्द विचारणीय है :—

"नासा आगे दृष्टि कूं राखै मन धर आस।
अंगुल चारि नासिका आगे॥
चित अस्थिर करि देखन लागै।
खुलै पाँच तत करै जु कोई॥
मन अरु पवन जहाँ थिर होई।
फिरि ह्वासूं नासा परि आवै॥
अचल टकटकी तहाँ लगावै॥"

स्पष्ट है शास्त्रकार नासिका के अग्रभाग में चार अंगुल पर दृष्टि लगाने को भूचरी मानते हैं और चरनदास इसी क्रिया को चांचरी मुद्रा मानते हैं। 'घेरंड-संहिता' में इस मुद्रा का उल्लेख नहीं मिलता है।

चांचरी मुद्रा के अनन्तर कवि ने 'अगोचरी मुद्रा' का वर्णन किया है। योग दर्शन के विद्वानों के मतानुसार नासिका के अग्रभाग पर मन को रोक कर स्थिर करना अगोचरी मुद्रा है। इसकी साधना से मन के समस्त विकार, भ्रम और मायादि बन्धन विच्छिन्न हो जाते हैं। 'घेरंड संहिता' में जिन पचीस प्रमुख मुद्राओं का उल्लेख हुआ है उसमें अगोचरी को मान्यता नहीं दी गई है। चरनदास ने अगोचरी मुद्रा का वर्णन निम्नलिखित शब्दों में किया है :—

कहूं अगोचरि चौथी मुद्रा। तामें सुख पावै योगीन्द्रा ॥
या मुद्रा का संखन बासा। शुकदेव कहैं सुन चरणहि दास।
ज्ञान सुरति दोउ एक ह्वै पलट अगोचर जाय।
शब्द अनाहद में रतैं मन इन्द्री थिरपाय ॥

मुद्रा प्रकरण के अन्तर्गत कवि द्वारा वर्णित अंतिम मुद्रा है उनमनी मुद्रा। इसकी स्थिति दशवें द्वार में मानी गई है। इसकी साधना से समाधि सिद्ध होती है और समस्त वासनाएँ विनष्ट हो जाती हैं। इसके द्वारा द्वैत की भावना विनष्ट होती है तथा साधक और साध्य, ध्याता और ध्येय में एकात्मकता स्थापित होती है। इस स्थिति में समस्त क्रियाएं विनष्ट हो जाती हैं और योगी परमहंस के रूप में विचरण करता है। उनमनी मुद्रा का वर्णन कवि ने निम्नलिखित शब्दों में किया है :—

पंचवीं मुद्रा उनमनी दशवें द्वारे वास।
सिद्धि समाधि मिलै जहां दग्धहोय सब आस ॥
आनंदहि आनन्द जहां तहां न काल कलेश।
तीनौ गुन नहि पाइये ब्रांनहि माया लेश ॥
जीवातम परमात्मा होय जाय वा ठौर।
ध्याता ध्यानन ध्येह जहं तहां न किरिया और ॥

बंध

'अष्टांग योग वर्णन' के अन्तर्गत कवि ने चार बंध—महाबंध, मूलबंध, जलंधर बंध तथा उड्डान बंध,'का वर्णन किया है। प्राणायाम साधना में बंधों का बड़ा महत्व है। बंधों के बिना प्राणायाम करना लाभप्रद नहीं है। बंधों के बिना प्राणायाम में साधक सफल भी नहीं हो सकता। बंधों के प्रयोग की विधि निम्नलिखित है:—

१. पूरक के समय—मूलबंध तथा उड्डियान बंध।

२. कुम्भक के समय—मूल बंध तथा जालन्धर बंध।

३. रेचक के समय : मूलबंध तथा उड्डियान बंध।

मूलबंध प्राणायाम के प्रारम्भ से अंत तक रहता है। इसके अतिरिक्त एक और बंध का रहना आवश्यक होता है। गुदा के दृढ़तापूर्वक संकोच को मूलबंध, ठुड्डी के कंठकूप में दृढ़तापूर्वक स्थापन को जालंधर बंध और पेट के नाभि से

नीचे एवं ऊपर के आठ अंगुल भाग को पश्चिमोत्तान करना उड्डियान बंध है। इन बन्धों को मुद्रा भी कहा जाता है।

चरनदास द्वारा वर्णित विविध बंधों में महाबन्ध सर्वप्रथम है। महाबंध में योगी अपने वाम पाद को सीवन में तथा दक्षिण पाद को वाम पाद की जंघा के मूल में ऊपर की ओर रखे। तदनन्तर पाँच घर्षण करके वाम नासिका से पूरक करे। कुंभक करते समय उभय हस्तों से दक्षिण पैर के घुटने को ग्रहण किये रहे तथा मन को सुषुम्णा नाड़ी में नियोजित करके अपने हृदय में कुंडलिनी शक्ति को जाग्रत करके ब्रह्म रन्ध्र में ले जाने की भावना को दृढ़ करे। योगी स्वशक्ति तथा अभ्यासानुसार कुंभक करके दक्षिण नासिका से शनैः-शनैः रेचक करे। वाम अंग में उसे (योगी को) जितनी मुद्राएं करनी अपेक्षित हों, इसी प्रकार करे। वाम अंग की मुद्राएं कर लेने के अनन्तर फिर उतनी ही (जितनी वामांग में हुई हैं) मुद्राएं दक्षिणांग में करे। इस क्रिया से वही फल प्राप्त होता है जो कि महामुद्रा से प्राप्त होता है। महाबंध दो प्रकार का माना गया है। प्रथम में योगी सिद्धासन से बैठकर मूलबन्ध को बराबर दृढता से लगा के दोनों हाथ चूतड़ों के समीप स्थित करके पांच घर्षण करे। इसके अनन्तर वह दोनों नासिकाओं से पूरक करे। कुंभक करता हुआ योगी मन में यह भावना दृढ़ करे कि वह कुंडलिनी महाशक्ति को जाग्रत कर रहा है। ऐसी भावना को दृढ़ करता हुआ योगी शिरासना सहित ऊपर उठकर कन्द स्थान को रगड़े। अपनी इच्छा के अनुसार कुंभक करके दोनों नासिकाओं से धीरे-धीरे रेचक करे। महाबन्ध के दूसरे प्रकार में योगी पद्मासन से बैठकर वाम नासिका से पंच घर्षण करे। तदनन्तर उसी नासिका से पूरक को भरे। कुंभक के समय लीलासन से स्थित होकर अपने मन में यह भावना दृढ़ करे कि मैं कुंडलिनी महाशक्ति को जाग्रत कर रहा हूँ। इसके पश्चात् योगी यथाशक्ति कुंभक कर लेने के अनन्तर दक्षिण नासिका से धीरे-धीरे रेचक करे। योगी वामांग में जितनी मुद्राएं करनी हो उन्हें करके फिर दक्षिणांग में इसके विपरीत क्रम से उतनी ही मुद्राएं करे जितनी चन्द्रांग में की हैं।

महाबंध की उपर्युक्त क्रिया जिसका इतने विस्तार में वर्णन हुआ है, वही 'घेरंड संहिता' में अत्यन्त संक्षिप्त शब्दों में वर्णित है। ऋषि घेरंड के अनुसार बाईं एड़ी से पायुमूल (गुदा) का निरोध करके दाहिने पैर से यत्नपूर्वक बाईं एड़ी को दबाता हुआ धीरे-धीरे गुह्य देश को चलावे और धीरे-धीरे गुह्य देश को सिकोड़े और जालंधर बन्ध से प्राणवायु को धारण करे। इसका नाम महाबंध है :—

> वामपादस्य गुल्फे तु पायुमूलं निरोधयेत्।
> दक्षपादेन तद् गुल्फं संपीड्य यत्नतः सुधीः ॥
> शनैःशनैश्चालयेत् पार्ष्णिं योनिमाकुंचयेच्छनैः।
> जालन्धरे धारयेत्प्राणं महाबन्धो निगद्यते ॥

घे० सं०—तृतीयोपदेशः, श्लोक १८ तथा १९

महाबंध का जो सविस्तार विवेचन ऊपर भिन्न-भिन्न योगदर्शन के ग्रन्थों में हुआ है, उसको सूत्र रूप में चरनदास के निम्नलिखित पद्यांश में पढ़िये। ध्यान देने योग्य बात यह है कि कवि की महाबंध विषयक धारणा और शास्त्रीय-मत में कोई अन्तर नहीं है। अत: कवि की इस रचना में परम्परागत सैद्धांतिक विचार-धारा ही प्रमुख है। अब कवि के शब्दों में इस वर्णन को सुनिये :—

महाबन्ध तोहि पहल बताऊं। पाछे मूलबन्ध समझाऊं॥
बायां पांव सिवन गहि दीजै। मूलद्वार एड़ी बंध कीजै॥
दहिनी जंघ जंघ पर लावै। गऊमुख आसन नाम कहावै॥
राखै चिबुक हृदय पर लाय। पवनराह पूरब को जाय॥
ध्यान त्रिकुटी संयम करै। प्राणवायु हिरदे में धरै॥
महाबन्ध ऐसे करि साधै। गुरु प्रताप याही आराधै॥
बिना पुरुष तिरिया कूं जानो। बन्ध बिना मुद्रा पहिचानो॥
निरफल जाय पुरुष बिन नारी। महाबन्ध बिनु मुद्रा धारी॥
मांहि कंठ के ध्यान लगावै। सुरत निरत ह्वाई ठहरावै॥
महाबन्ध अस्थत करै, सो योगी ह्वै जाय।
पवन पंथ मुंदित करै, ध्यान कंठ में लाय॥

शशियरकूं सूरज पर लावै। रेचक पूरक पवन फिरावै॥
पहर-पहर भर पवन भरीजै। प्रथम अल्प अभ्यास करीजै॥

महाबंध की साधना का बड़ा चमत्कारी प्रभाव होता है। कवि के मत से जो योगी इसकी साधना करता है वह जरा, मृत्यु, मन्दाग्नि आदि पर विजयी होकर अमरत्व प्राप्त करता है।[1]

---

१. महाबन्ध करै अभ्यासा। अमृत अच पियासा॥
जरा मृत्यु देही नहिं आवै। महाबन्ध तीनौ गुन पावै॥
जठर अग्नि परचै बहुभारी। निशिदिन मांहि करै अठवारी॥

'घेरंड संहिता' में इसे जरामरणविनाशिनी तथा सकलसिद्धिप्रदायिनी मुद्रा कहा गया है :—

महाबन्धः परो बन्धो जरामरणनाशनः।
प्रसादादस्य बन्धस्य साधयेत्सर्ववांछितम्॥
—तृतीयोपदेशः, श्लोक २०

महाबंध के पश्चात् कवि ने मूलबंध का वर्णन किया है। गुह्य प्रदेश को एंडी से दबाकर भली-भाँति बंधे हुए अपान वायु को बल के साथ शनैः-शनैः ऊपर को खींचे। इस क्रिया का नाम मूलबंध है। यह बुढ़ापे और मृत्यु को दूर करती है।[1] 'घेरंड संहिता' के अनुसार वाम एंडी से गुह्यप्रदेश को संकुचित करे तथा यत्न के साथ मेरुदंड में नाभिग्रंथि को लगाकर दबावे तथा दक्षिण एंडी से उपस्थ को दृढ़ता के साथ दाबकर रखे, इसको मूलबन्ध कहते हैं। इस मुद्रा से बुढ़ापा निकट नहीं आता है।[2] मूलबन्ध के इस शास्त्रीय विवेचन से चरनदास का पूर्ण मतैक्य है। कवि ने परम्परागत विचार धारा के अनुसार बांई एड़ी से गुदा-प्रदेश के संकुचन और यत्न के साथ मेरुदंड नाभिग्रन्थ को लगाकर दबाने तथा दाहिनी एड़ी से उपस्थ को दृढ़ता के साथ दाबकर रखने की क्रिया का वर्णन तो किया ही है परन्तु विशेषता यह है कि कवि ने कपड़े की एक गेंद को गुदा के मध्य कस कर वायु को अवरुद्ध करने के उपाय का भी उपदेश दिया है। इस उपाय से भी नीचे की पवन ऊपर जाती है और सहज ही प्राण तथा अपानवायु मिलकर एक हो जाती है। कवि द्वारा वर्णित मूलबन्ध प्रकरण से कतिपय महत्वपूर्ण पंक्तियों को यहाँ उद्धृत करना असंगत नहीं होगा :—

अब मैं मूलबन्ध बतलाऊँ। ज्यों का त्यों साधन दिखलाऊँ॥
गुदा बास याका तुम जानो। गुदा द्वार बन्धन दे टानो॥
बायें पांव की एंडी सेती। मूल द्वार रोकै करि हेती॥
ऊरध ही कूं खैंचन कीजै। शुकदेव कहै नीके सुन लीजै॥
अरु कबहू मन ऐसी धरै। आसन पदम करन कूं करे॥
कपड़े की इक गेंद बनावै। गुदा मध्य कसबंध लगावै॥
यों भी वायु सधै वा भांती। जोपै लाग रहै दिन राती॥
पवन तले की ऊपर जावै। प्राण अपान सहज मिल जावै॥
नाद बिंद रल मिलजा दोई। एक वर्ण साधै जो कोई॥

---

१. पादमूलेन सम्पीड्य गुदामार्गं सुयंत्रितम्।
बलादपानमाकृष्य क्रमादूर्ध्वं समभ्यसेत्॥
कल्पितोऽयं मूलबन्धो जरामरणनाशनः।

२. पार्ष्णिना वामपादस्य योनिमाकुंचयेत्ततः।
नाभिग्रंथि मेरुदंडे संपीड्य यत्नतः सुधीः॥
मेढ्रं दक्षिणगुल्फे तु दृढबन्धं समाचरेत्।
जराविनाशिनी मुद्रा मूलबन्धो निगद्यते॥
घे० सं०—तृतीयोपदेशः, श्लोक १४-१५

मूलबन्ध की साधना का महत्व निम्नलिखित है :—

मूलबन्ध गुण ऐसा होई । वायु अधोगति जाय न कोई ॥
रैना ऊरध वायू सधै । दिन दिन आयु सवाई बंधै ॥
याकूं बारजनम दिन आवै । रोगरक्त को सभी नशावै ॥
जोग माहिं यह भी परधान । बूढ़ा देह पलट को ज्वान ॥
जठर अगन बाढ़ै अधिकाय । जो चाहै तो बहुतै खाय ॥

'घेरंड संहिता' के अनुसार जो साधक भवसागर के पार जाने के आकांक्षी है, वे एकांत वा निर्जन स्थान में इस मुद्रा का अभ्यास करें। इस मूलबन्ध का अभ्यास करने से निश्चय ही मरुसिद्धि हो सकती है। अतएव साधक आलस्य को त्याग, मौनधारण करके, यत्न के साथ इसकी साधना करें।[1]

महाबन्धस्थितो योगी कृत्वा पूरकमेकधीः।
वायूनां गतिमावृत्य निभृतं कण्ठमुद्रया।।[34]

जिस प्रकार लोक में रूप एवं आभा से सम्पन्न किसी युवति स्त्री का वह मनोहारी रूप एवं लावण्य तब तक व्यर्थ ही माना जाता है जब तक उस स्त्री का कोई पति न हो, वैसे ही महामुद्रा महावेध मुद्रा के बिना ये उपर्युक्त महाबन्ध एवं महामुद्रा भी साधक के लिए निरर्थक ही माने जाते हैं।

33. वही, पृ0 53
34. वही, 3/25-26

सर्वप्रथम महाबंध मुद्रा का साधक एकाग्रचित्त होकर नासिका द्वार से पूरक प्राणायाम कर कण्ठमुद्रा से इस वायु का ऊर्ध्वगमन एवं अधोगमन रोक कर, अपने दोनों हाथों की हथेलियों को समतल धरती पर टिकाकर तथा बायें पैर की एडी को योनि में लगाकर साधक अपने नितम्बों को ऊपर उठा उठाकर बार-बार भूमि पर पटके। इस अभ्यास से साधक की प्राणवायु इडा एवं पिंगला को त्यागकर सुषुम्ना में प्रवेश कर जाती है यही क्रिया 'महावेध' कहलाती है।

योग को जानने वालों में वही योगी सर्वश्रेष्ठ कहा जाता है, जो महावेध मुद्रा का अनुष्ठान करते हुए महाबन्ध और मूलबन्ध मुद्राओं का भी आचरण प्रतिदिन करें। ऐसा करने वाले योगी साधक को न तो मृत्यु का भय होता है और न ही बुढ़ापा उस पर अपना प्रभाव डाल सकती है। ये तीनों मुद्रायें ही साधकों द्वारा यत्नपूर्वक गोपनीय रखने का उपदेश दिया गया है अर्थात् जो कोई इसका सत्पात्र लगें उसी के समक्ष इसे प्रकाशित करना चाहिए।[35]

4. खेचरी मुद्रा

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी।।
छेदन-चालन-दोहैः कलां क्रमेण वर्धयेत् तावत्।
सा यावद् भ्रूमध्यं स्पृशति तदा खेचरीसिद्धिः।।[36]

जिह्वा के निम्न भाग में अवस्थित नाड़ी का छेदन करते हुए उसके अग्रभाग का प्रतिदिन परिचालन करने के साथ-साथ मक्खन की सहायता से उसका दोहन करते हुये लोहे की चीमटी द्वारा जिह्वा को खींचना चाहिए। इस क्रिया का प्रतिदिन अभ्यास करने से जिह्वा की

35. घे0 सं0, पृ0 39
36. ह0 प्र0 3/32-33

लम्बाई बढ़ती है। यह अभ्यास तब तक करे जब तक जिह्वा इतनी लम्बी हो जाये कि दोनों भौंहों के मध्य भाग को स्पर्श करने लगे, तब उसे धीरे-धीरे तालु के भीतर समाविष्ट करना चाहिए। तालु के मध्य भाग में अवस्थित गड्ढ़े में ले जाकर जिह्वा को ऊपर की ओर उलट कर प्रविष्ट करने के पश्चात् दोनो भौहों के मध्य भाग में अपनी दृष्टि को स्थिर करने की क्रिया ही 'खेचरी' मुद्रा कहलाती है।

जो साधक इस खेचरी मुद्रा का अभ्यास करते हैं, उनके ऊपर मूर्च्छा, भूख, प्यास तथा आलस्य का कभी कोई प्रभाव नहीं होता, साथ ही उनपर कभी किसी रोग का भी प्रभाव नहीं पड़ता, न ही बुढ़ापा उनको प्रभावित करता है। मृत्यु का भय भी समाप्त हो जाता है तथा साधक देवशरीर तुल्य हो जाता है। उन्हें न तो अग्नि जला सकती है, न वायु उसे सुखाने में समर्थ हो पाती है। न तो जल उनके शरीर को गीला कर पाता है और न ही उन पर सर्प के दंश का कोई असर होता है। उनके शरीर में अलौकिक लावण्य का प्रादुर्भाव हो जाता है और वो निश्चित रूप से समाधि योग को प्राप्त कर लेते हैं।[37]

5. उड्डीयान बन्ध

बद्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूड्डीयते यतः।
तस्माद् उड्डीयनाख्योऽयं योगिभिः समुदाहतः।।
उड्डीनं कुरुते यस्मादविश्रान्तं महाखगः।
उड्डीयानं तदैव स्यात्, तत्र बन्धोऽभिधीयते।।[38]

नाभि के ऊपर उदरभाग के पीछे की तरफ अर्थात् भीतर की ओर बलपूर्वक खींचने और प्राणवायु को उठाने पर सुषुम्ना में प्राणवायु आकाश मार्ग से जाता है, तब साधक को

37. घे0 सं0, पृ0 40
38. ह0 प्र0 3/55-56

गरुड़ के समान आकाश में उड़ने की शक्ति प्राप्त हो जाती है। इसी कारण इसको 'उड्डीयान बन्ध' कहा जाता है। यह बंध मृत्युरूपी गज के लिए सिंह के समान होता है।

जो योगी प्रतिदिन चार बार इस बन्ध का अभ्यास करता है, उनको नाभिशुद्धि एवं मरूत सिद्धि की प्राप्ति होती है। निरन्तर छः मास तक अभ्यास करने से योगी मृत्यु को भी पराजित करने में समर्थ हो जाता है। अतः बुद्धिमान साधक को गुरु से उपदिष्ट होकर अत्यन्त दुर्लभ इस बंध का अभ्यास करना चाहिए।[39]

दत्तात्रेय संहिता में तो यहाँ तक कहा गया है कि इस बन्ध के सतत् अभ्यास से मनुष्य वृद्धत्व से मुक्त होकर पुनः यौवन को प्राप्त कर लेता है-

अभ्यसेद्यस्तु सत्त्वस्थो वृद्धोऽपि तरूणायते।
षण्मासमभ्यसन्मृत्युं जयत्येव न संशयः।।

6. मूलबन्ध

पार्ष्णिभागेन सम्पीड्य योनिमाकुञ्चयेद् गुदम्।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोडभिधीयते।।[40]

साधक को अपने पैर की एडी से योनि भाग पूर्णतः दबा कर गुदा को संकुचित करके, अपानवायु को ऊपर की ओर खींचे। इसी क्रिया को मूलबंध कहा जाता है।

आशय यह है कि गुदमार्ग को एड़ी से पीड़ित कर सम्यक् प्रकार से नियन्त्रित करते हुए अपान वायु को बलपूर्वक धीरे-धीरे ऊपर की ओर खींचने का अभ्यास करने का नाम ही 'मूलबंध' है।

---

39. घे0 सं0, पृ0 35
40. ह0 प्र0 3/61

अतः जो साधक संसाररूपी प्रकृत सागर को पार करने की कामना रखते हैं, उन्हें एकांत स्थान पर गुप्त रूप से अवस्थित होकर इस मुद्रा का अभ्यास करना चाहिए। इसका अभ्यास करने से निश्चित रूप से अभ्यासी को मरूत् सिद्धि की प्राप्ति होती है; अतएव साधक को आलस्य का त्याग करके मौन भाव से इस मुद्रा की साधना करनी चाहिए।[41]

7. जालन्धरबन्ध

कण्ठसंकोचनं कृत्वा चिबुकं हृदये न्यसेत्।
जालन्धरे कृते बन्धे षोड्शाधारबन्धम्।
जालन्धरं महामुद्रा मृत्योश्च क्षयकारिणी।।[42]

कण्ठदेश का संकोचन करते हुए ठोढ़ी को हृदय पर स्थापित करना ही 'जालन्धर बन्ध' कहलाता है। इस मुद्रा के अभ्यास के फलस्वरूप सोलह प्रकार के आधारों[43] का बन्धन होता है अर्थात् कण्ठस्थान में अवस्थित जो 16 स्वरों के 16 आधार होते हैं, उनका कण्ठ संकोचन करने के परिणामस्वरूप बन्धन हो जाता है। यह मुद्रा मृत्यु को भी विनष्ट करने वाली होती है।

स्वयं सिद्ध यह जालन्धर बन्ध योगियों के लिए सिद्धि प्रदान करने वाला है, जो ज्ञानी पुरुष छः मास तक निरन्तर इसका अभ्यास करता है, वह अवश्य ही सिद्ध हो जाता है। शिवसंहिता में भी कहा गया है कि जो साधक इस बंध का अभ्यास करके सहस्त्रदल कमल से बहने वाली अमृत को अधोभाग भाग में लाकर स्वयं उसका पान करते हुये अमरत्व का लाभ प्राप्त कर लेता है।[44]

---

41. घे0 सं0, पृ0 37
42. वही, पृ0 3/12
43. ह0 प्र0, पृ0 66
44. घे0 सं0, पृ0 36

8. विपरीतकरणी मुद्रा

यत् किञ्चित स्त्रवते चन्द्राद अमृतं दिव्यरूपिणः।
तत् सर्व ग्रसते सूर्यस्तेन पिण्डो जरायुतः।
तत्रास्ति करणं दिव्यं सूर्यस्य मुखवञ्चनम्।
गुरुपदेशतो ज्ञेयम्, न तु शास्त्रार्थकोटिभिः।।[45]

नाभि स्थान में सूर्य अर्थात् इड़ा नाड़ी और तालुमूल में चन्द्र अर्थात् पिंगला नाड़ी का वास रहता है। इसी कारण सहस्त्रदल से जब पीयूषधारा का क्षरण होता है तो उस अमृतधारा को सूर्य अपना ग्रास बना लेता है, जिसके परिणामस्वरूप मनुष्य मृत्यु के मुख में प्रविष्ट हो जाता है, लेकिन यदि चन्द्रनाड़ी द्वारा उस अमृत को अपना ग्रास बनाया जाय तो मनुष्य पर मृत्यु का आक्रमण कभी नहीं हो सकता। इसलिए इस विपरीतकरणी मुद्रा का अभ्यास गुरु द्वारा उपदिष्ट मार्ग अनुसार सूर्य नाडीं को ऊर्ध्व भाग में एवं चन्द्रनाड़ी को अधोभाग में स्थापित करना चाहिए। इस मुद्रा को अन्य सभी ग्रंथों में गुप्त ही रखा गया है किसी में इसका प्रकाशन नहीं किया गया है। साधक को चाहिए कि अपने सिर को भूतल पर पूर्ण तरह से स्थापित करते हुये दोनों हाथों से भूमि को पकड़कर सावधानीपूर्वक दोनों पैरों को आकाश में ऊपर उठाते हुए सीधा खड़ा कर स्थिर हो जाये, यही क्रिया 'विपरीतकरणी मुद्रा' कहलाती है।

जो साधक इस मुद्रा का प्रतिदिन अभ्यास करते हैं, वे जरा और मृत्यु को पराजित करने में समर्थ हो जाते हैं अर्थात् अमर हो जाते हैं। ऐसे साधक सभी लोकों में सिद्ध हो जाते हैं और प्रलयकाल में भी उनका विनाश नहीं होता।[46]

45. ह0 प्र0 3/77-78
46. घे0 सं0, पृ0 42

9. वज्रोली मुद्रा

यत्नतः शस्तनालेन फूत्कारं वज्रकन्दरे।
शनैः शनैः प्रकुर्वीत वायुसञ्चारकारणात्।।[47]

शीशे की बनी हुई लिंग में प्रविष्ट होने योग्य चौदह अंगुल लम्बी नाली बनवाकर उसको लिंग में प्रविष्ट कराने का अभ्यास करे। प्रथम दिन एक अंगुल, दूसरे दिन दो अंगुल, तीसरे दिन तीन अंगुल प्रविष्ट कराये। इसी विधि से क्रमशः वृद्धि करते हुए 12 अंगुल प्रविष्ट करें। इस प्रकार जब 12 अंगुल नाली प्रविष्ट हो जायें तो साधक का लिंगमार्ग शुद्ध होने की स्थिति में आ जाता है। तब उसी प्रकार की एक दूसरी नाली 14 अंगुल की बनवायें जिसका नाली दो अंगुल तेढ़ा हो और जिसका मुख ऊपर की ओर हो। उसे भी 12 अंगुल तक लिंग में प्रविष्ट करें, परन्तु दो अंगुल तेढ़े भाग को बाहर ही रखें। फिर स्वर्णकार की अग्निधमन शलाका के समान उस नाली के बाहर वाले भाग में मुख से फूंक मारे। इस क्रिया से लिंगमार्ग की पूर्ण शुद्धि हो जाती है। फिर उस नाली के माध्यम से लिंग से जलाकर्षण का अभ्यास करें। इस जलाकर्षण की सिद्धि होने पर वह योगी नारी समागम के अनन्तर स्त्रीयोनि में क्षरित शुक्रबिन्दु के आकर्षण का अभ्यास करें। इस शुक्रबिन्दु के ऊर्ध्वाकर्षण की सिद्धि होने पर ही 'वज्रोली मुद्रासिद्धि' मानी जाती है। यह वज्रोली मुद्रा उसी योगी को सिद्ध होती है जिसने खेचरी मुद्रा द्वारा प्राणवायु को अपने वश में कर लिया हो।

कोई नारी भी इस क्रिया को कर सकती है। यदि वो पुरुष का शुक्र अपनी योनि में खींच कर अपने रज को भी वज्रोली क्रिया से संरक्षित करने का अभ्यास कर लेती है तो वह नारी भी विद्वानों द्वारा योगिनी कहलाती है। दृव्यदृष्टि एवं त्रिकालदर्शिनी हो जाती है तथा इस मुद्रा के अभ्यास से वह निश्चित ही आकाशचारिणी भी हो जाती है। अतः यह मुद्रा का

47. ह0 प्र0 3/86

अभ्यास ऐसा पुण्यप्रद प्राप्त कराने वाली है तथा विषयभोग के पूर्ण आनन्द के साथ मुक्ति प्रदान करने वाली भी है।

10. शक्तिचालिनी मुद्रा

मूलाधारे आत्मशक्तिः कुण्डली परदेवता।
शयिता भुजगाकारा सार्द्धत्रिवलयान्विता।।
यावत् सा निद्रिता देहे तावज्जीवं पशुर्यथा।
ज्ञानं न जायते तावत् कोटियोगं समभ्यसेत्।।[48]

मूलाधार में स्थित आत्मशक्ति रूपा परा देवता कुण्डलिनी शक्ति साढ़े तीन फेरे में लिपटी हुई सर्पिणी के समान शयनावस्था में स्थित रहती हुई जब तक वह कुण्डलिनी शक्ति सोई रहती है, तब तक कितने प्रकार का भी योगाभ्यास करने पर भी जीव में ज्ञान का संचार नहीं हो पाता और वह जीव अज्ञानावृत पशु के समान विचरण करता रहता है।

इसलिए कहा जाता है कि जिस प्रकार ताले से बन्द दरवाजे को खोलने के लिए कुंजी (ताली) की आवश्यकता पड़ती है, उसी प्रकार कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत कर साधक ब्रह्मद्वार अथवा मोक्ष द्वार को खोल देता है, जिससे उसके समस्त अज्ञान का नाश होता है और उसमें ज्ञान का संचार होता है।

शक्तिचालन मुद्रा का अभ्यास करने के लिए सर्पप्रथम सिद्धासन पर विराजमान होकर नासिका छिद्रों द्वारा प्राणवायु को खींचते हुये बलपूर्वक उसे अपान वायु के साथ संयोजित करने का प्रयास तब तक करें जब तक वह वायु सुषुम्ना नाड़ी के भीतर जाकर प्रकाशित न हो

48. घे0 सं0 3/49-50

जाए तब तक अश्विनी मुद्रा द्वारा धीरे-धीरे गुह्यप्रदेश को सिकोड़ते रहना चाहिए।[49] यहीं क्रिया शक्तिचालिनी मुद्रा कहलाती है।

इस मुद्रा का प्रतिदिन अभ्यास करने से जरा-मरण का नाश हो जाता है। इसलिए सिद्धि की कामना रखने वाले साधक को इसका अभ्यास अवश्य करना चाहिए।

इस प्रकार भगवान् आदिनाथ शिव ने योगशास्त्र में जो दश मुद्राओं का उपदेश दिया है, उनमें प्रत्येक मुद्रा का अभ्यास समस्त सिद्धियों को प्रदान करने वाली है। अतः योगी को किसी योग्य गुरु के निर्देशन में रहकर समस्त मुद्राओं का अभ्यास करना चाहिए और गुरु आदेशानुसार एकाग्रचित होकर, युक्त आहार विहार करते हुए हठयोग साधना में प्रवृत्त होना चाहिए, तभी साधक अणिमादि अष्टसिद्धियों को प्राप्त कर मृत्यु पर विजय पाने में समर्थ हो पाता है।

प्रत्याहार

यतो यतो मनश्चिरति मनश्चचंचलमस्थिरम्।
ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येत वशं नयेत्।।[50]

प्राणी का मन जैसे-जैसे विचरण करता रहता है, वैसे-वैसे ही वह चंचल एवं अस्थिर भी होता जाता है, अतः उन-उन विषयों से मन को नियन्त्रित करते हुए मन को अपने वश में करना चाहिए।

श्रीमद्भगवद्गीता में भी कहा गया है कि मनुष्य का मन अत्यन्त चंचल एवं अस्थिर रहता है, जबकि योग साधना के लिये मन का वशीकरण अत्यन्त आवश्यक है। इसलिए सर्वप्रथम साधक को अपने मन की चंचलता को नियन्त्रित करने का उपदेश दिया गया है।

---

49. वही, 3/54-55
50. घे0 सं0 4/2

अपान मुद्रा – मध्यमा तथा अनामिका अंगुलियों को अंगूठे के अग्रभाग से मिलाने पर अपान मुद्रा बनती है।

लाभ – शरीर एवं नाड़ियों की शुद्धि होती है। गुदा सम्बन्धी रोगों में लाभ होता है। वायु दोषों एवं मूत्र रोगों में लाभकारी होता है।

प्राण मुद्रा – कनिष्ठिका तथा अनामिका अंगुलियों के सिरों को अंगूठे के अग्रभाग से मिला देने पर प्राण मुद्रा बनती है।

लाभ – शारीरिक कमजोरी दूर होती है। ऑखों की रोशनी तेज होती है। रोग–प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। हठयोग के ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि प्राण एवं अपान की एकता होने पर योग हो जाता है। अतः प्राण मुद्रा एवं अपान मुद्रा को प्रतिदिन अधिकाधिक समय करने से समत्व की प्राप्ति होती है।

ध्यान मुद्रा :– किसी भी ध्यानात्मक आसन में बैठकर बांए हाथ की हथेली पर दॉए हाथ की हथेली को पीछे की तरफ रखने से ध्यान मुद्रा बनती है।

लाभ – ध्यान करने के लिए सर्वोत्तम मुद्रा है। मन की चंचलता शांत होकर एकाग्रता बढ़ती है। मन में सात्विक विचारों का उदय होता है। ध्यान की उच्चतर स्थिति में पहुॅचाने में सहायक है।

हस्त मुद्राओं के पश्चात् अब हम शरीर की उन विशेष स्थितियों (मुद्राओं) का वर्णन करेगें जिनके द्वारा शरीर की प्राण शक्ति को नियन्त्रित किया जाता है, साथ ही यह चमत्कारिक मुद्रायें कुण्डलिनी जागरण में विशेष लाभकारी है।

महामुद्रा – बायीं ऐड़ी से गुदा प्रदेश को दबायें और दाहिने पैर को फैलाकर उसकी अंगुलियों को हाथ से पकड़े, कण्ठ को सिकोड़ कर, भौहों के मध्य में दृष्टि लगाने पर महामुद्रा होती है।

लाभ – रोगों में लाभ प्राप्त कर शरीर स्वस्थ होता है।

महाबेध मुद्रा – महाबंध और उड्डियान बंध लगाकर, कुंभक किया जाता है।

लाभ : वृद्धावस्था नहीं होती। मृत्यु का भय नहीं होता। महाबेध के बिना मूलबंध और महाबंध निष्फल है।[230]

विपरीतकरणी मुद्रा – विपरीतकरणी मुद्रा में शरीर को उसकी सामान्य अवस्था से विपरीत अवस्था में कर देना होता है। इसके लिए साधक को सबसे पहले सीधे लेटना होता है तत्पश्चात् गहरी श्वास लेते हुए पैरों को एक साथ ऊपर की ओर सिर की तरफ उठाते हुये धड़ को हाथों से सम्भालते हुए पैरों को ऐसे उठाते है कि पैर सीधे होते हुए भी सिर की ओर थोड़ा झुके रहे।

हठयोगियों के अनुसार मनुष्य के ललाट से एक प्रकार का अमृत टपकता रहता है जो नीचे गिरने के कारण नाभि में स्थित सूर्य के द्वारा भस्म कर दिया जाता है। योग में इस अमृत को भस्म ना होने देने हेतु विपरीतकरणी मुद्रा विशेष बताई गयी है।

लाभ – वृद्धावस्था नहीं होती। मृत्यु का भय नहीं होता।

---
[230] घेरण्ड संहिता 3.41।

योनि मुद्रा – किसी ध्यानात्मक आसन में बैठकर दोनों हाथों के अगूठों से दोनों कानों को, दोनों हाथों की तर्जनियों से दोनों नेत्रों को, मध्यमाओं से नासिका को और अनामिका से मुख को बन्द किया जाता है। काकी मुद्रा द्वारा प्राण को खींचकर अपान से मिलाकर, तत्पश्चात् शरीरस्थ षटचक्रों का ध्यान करते करते हुए हॅस मंत्र से कुण्डलिनी को जगाकर प्राण को सहस्त्रार में ले जाती है। यह मुद्रा स्वयं के भीतर कई प्रकार के रहस्य छिपाये रखने वाली मुद्रा होने के कारण ही योनि मुद्रा कहलाती है।

लाभ – संसार के सभी महापाप, उपपाप आदि इस योनि मुद्रा के सिद्ध होने से मिट जाते है।

चैतन्यमानयेदृवीं निद्रिता या भुजङ्गिनी।[231]

अर्थात् – उपरोक्त अभ्यास के द्वारा भुजंङ्गिनी के रूप में जो त्रिपुर भैरवी जो हमारे भीतर सुषुप्त अवस्था में विराजमान है, उसे चैतन्य किया जाता है।

वज्रोणि मुद्रा – पैरों को सामने फैलाकर बैठें। हथेंलियों को नितम्बों के समीप रखते हुये भुजाओं पर बल डालते हुये शरीर को भूमि से ऊपर उठाने से वज्रोणि मुद्रा होती है। इस क्रिया को करते हुये स्वाभाविक रूप से मूल बंध लग जाता है।

इस मुद्रा को ब्रह्मचारी और ग्रहस्थ दोनों ही कर सकते हैं। आंकुचन के द्वारा इस क्रिया में शुक्र को ऊपर की ओर खींचना होता है।

लाभ –

अयं योगे योग श्रेष्ठो योगिना मुक्तिकारागम्।
अय हितप्रदो योगो योगिनां सिद्धिदायकः।।[232]

अर्थात् – यह मुद्रा योगियों को मुक्ति देने व उनका हित करने वाली एवं सिद्धि देने वाली है।

ऐतद् योग प्रसादेन बिन्दसिद्धिर्भवेद ध्रवम्।
सिद्धे विन्दौ महायत्ने कि न सिध्यति भूतले।।[233]

अर्थात् – इसके अभ्यास से साधक के बिन्दु की सिद्धि होती है। तब उसके लिए पृथ्वी पर कोई कार्य असाध्य नहीं होते।

शक्तिचालिनी मुद्रा – शरीर के अधोभाग में सो रही कुण्डलिनी को जगाने के हेतु साधक को बिटटे भर चौडा चार अंगुल लंबा कोमल वस्त्र नाभि पर लगाकर कटि में बॉधना चाहिए। शरीर में भस्म लगाकर सिद्धासन में बैठकर, प्राण को खींचकर अपान से युक्त किया जाता है। अश्विनी मुद्रा द्वारा गुहा को संकुचित किया जाता है। कुण्डलिनी जागरण के लिए यह अति महत्वपूर्ण अभ्यास है।

---

231 घेरण्ड संहिता 3.51।

232 घेरण्ड संहिता 3.58।

233 घेरण्ड संहिता 3.59।

लाभ –

तदावायु प्रबन्धेन कुम्भिका च भुजङिनी।[234]

अर्थात् – उपरोक्त विधि से वायु को रोकने से सर्प रूपिणी कुण्डलिनी जाग्रत हो जाती है। सर्व सिद्धियों की प्राप्ति होती है। सभी रोगों का नाश होता है।

पाशिनी मुद्रा – पीठ के बल लेटकर, तत्पश्चात् नितम्बों एवं धड़ को जमीन से ऊपर उठाते हुये सिर की ओर मोड़ते हुये जमीन से छुआने का प्रयत्न होता है। भुजाओं को पैरों के पीछे से पाश के समान बांधा जाता है। आंखे बंद कर धीमी एवं गहरी श्वसन क्रिया की जाती है।

लाभ –

सा एव पाशिनी मुद्र शक्ति प्रबोधकारिणी।[235]

अर्थात्–पाशिनी मुद्रा शक्ति/कुण्डलिनी को जाग्रत करने वाली है। बल और पुष्टि देने वाली है।

मुद्राए अनेकों प्रकार की है परन्तु अलग–अलग मुद्राओं का प्रयोग कर्म विशेष के अनुसार किया जाता है, परन्तु निश्चित रूप से मुद्राओं के द्वारा साधक को सिद्धियों की प्राप्ति होती है।

''नास्ति मुद्रासन किंचित सिद्धि दक्षितिमण्डले''[236]

अर्थात् – मुद्राओं के समान सिद्धिदायक कोई अन्य नहीं है।

''मुद्रं रातीति मुद्रा''

अर्थात्ः– मुद्राओं को देवताओं के समक्ष बनाने से वह प्रसन्न होते है। अतः योग की प्राप्ति, देवताओं की प्रसन्नता एवं विविध रोगों के नाश में मुद्राओं को विशेष स्थान है। इन मुद्राओं को जानकर एवं समझकर, साधक को इनकी साधना करनी चाहिए।

कुण्डलिनी जागरण में बंधों का महत्व

बंध का अर्थ होता है बांधना या रोक देना। हठयोग के ग्रंथों में शरीर के कुछ विशिष्ठ अंगों को एक विशेष विधि से सिकोड़ने अथवा नियंत्रित करने की क्रिया को बंध कहा गया है। हठयोग में बंधों के अभ्यास को विशेष महत्व प्रदान किया गया है। इन बंधों के अभ्यास के बिना कुण्डलिनी का जागरण संभव नहीं है। इनका अभ्यास जितना सरल है उतने ही इसके लाभ चमत्कारिक बताये गये है। योग ग्रंथों में बन्धों का महत्व आसन एवं प्राणायाम से भी अधिक कहा गया है। बंधों के नियमित अभ्यास से शरीर में ऊर्जा प्रवाह की दिशा बदली जा सकती है। बंध को छोड़ने के पश्चात् ऊर्जा का प्रवाह शरीर में अधिक गति से होने लगता है।

बंधों के अभ्यास से चक्रों के जागरण में सहायता मिलती है। इसके अतिरिक्त चित्त को एकाग्र करने में भी इनका अभ्यास सहायक सिद्ध होता है।[237]

---

234 घेरण्ड संहिता 3.68।

235 घेरण्ड संहिता 3.84।

236 घेरण्ड संहिता ।

बंध मुख्य रूप से चार प्रकार के होते है :–

मूलबंध, उड्डियान बंध, जालंधर बंध एवं महाबंध।

मूलबंध – समस्त बंधों में मूलबंध को कुण्डलिनी जागरण के लिए सर्वश्रेष्ठ कहा गया है। गुदा के छिद्रों को सिकोड़कर ऊपर की ओर खींचकर रखना मूलबंध कहलाता है।

पार्ष्णिना वामपद्स्य योनिमाकुच्येत्ततः।

नाभिग्रन्थिं मेरूद्ण्डे सुधीः संपीडय यत्नतः।।[238]

अर्थात् – बायीं एड़ी से गुप्त प्रदेश को संकुचित करें और प्रयत्नपूर्वक मेरूदण्ड में नाभि–ग्रंथि को लगाकर दबायें और दायीं एड़ी से उपस्थ को दृढ़तापूर्वक दबाया जाता है। मूलबंध लगाते समय अपनी सजगत्ा को श्वास पर केन्द्रित कर, बंध भली प्रकार से लगाने के बाद संकुचन स्थल पर मूलाधार पिण्ड पर ध्यान को एकाग्र किया जाता है। इस बंध के नियमित अभ्यास से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक तीनों ही स्तरों पर लाभ प्राप्त होते हैं।

इस बंध का अभ्यास श्रोणि प्रदेश की नाड़ियों को उत्तेजित कर स्वस्थ बनाता है। इसके अतिरिक्त इसके प्रभाव से वीर्यवाहिनी नसों, मूत्र वाहिकाओं एवं सम्पूर्ण गुदा प्रदेश की नस–नाड़ियां स्वस्थ्य एवं मजबूत हो जाती है।

इस अभ्यास का प्रभाव मनोकायिक रोगों के उपचार पर भी पड़ता है, इसके प्रभाव से मस्तिष्क एवं अन्तःस्त्रावी तंत्र की सक्रियता बढ़ जाती है जिसका सकारात्मक प्रभाव सम्पूर्ण शरीर पर पड़ता है।

इस बंध के अभ्यास से ऊर्जा की अधोगति रुककर, ऊर्जा की दिशा बदलकर ऊधर्व हो जाती है। कुण्डलिनी साधना प्रारम्भ करने वाले अभ्यासियों के लिए मूलबंध की साधना अति सहायक है क्योंकि उस परम् शक्ति का निवास स्थान यहीं है। अभ्यास से मूलाधार में अवस्थित उस कुण्डलिनी में चैतन्यता उत्पन्न होने लगती है। यह क्रिया अत्यन्त चमत्कारिक क्रिया है। इसके नियमित अभ्यास से साधक के शरीर में दिव्य ऊर्जा का उदय होता है, कुछ समय के प्रयास से ही साधक अभ्यास के चमत्कारिक प्रभाव स्वयं में अनुभव करने लगता है एवं उसकी एकाग्रता में दिनों दिन उन्नति होने लगती है।

मूलबंध के निरंतर अभ्यास से जब मूलाधार स्थित सुप्त शक्ति का उत्थान आरम्भ होने लगता है तब वह शक्ति अग्नि की लपटों की भाति षठ्चक्रों एवं तीनों ग्रन्थियों को भेदती हुई उस शिव के स्थान तक पहॅुच जाती है। तब उस योगी का मन, बुद्धि एवं इन्द्रियां सब उसके वशीभूत हो जाता है।

कुण्डलिनी जागरण द्वारा मुक्ति का यह मार्ग बड़ा ही रहस्यमय एवं चमत्कारिक है। मूलबंध द्वारा कुण्डलिनी जागरण की यह क्रिया एक ऐसी महत्वपूर्ण क्रिया है, जिसको जाने बिना कुण्डलिनी साधना करने वाले साधक की स्थिति ऐसी है जैसे बिना लगाम का कोई घोड़ा।

---

237 गायत्री की पंचकोशी साधना एवं उपलब्धियां, पृ0 78, पं0 श्री राम शर्मा

238 घेरण्ड संहिता 3.6।

मूलबंध की स्थिति दृढ़ हो जाने पर जब अपान वायु ऊपर की ओर गमन करने लगती है तब इसका सम्पक्र प्राण वायु से होता है, प्राण के अपान से सम्पक्र में आने से एक प्रकार का विद्युत प्रवाह होने लगता है। तब उस योगी की चेतना का विस्तार होने लगता है, चेतना एक नये लोक में जाने लगती है, जिससे साधक के विचार, व्यवहार एवं कर्म भी परिवर्तित होने लगते है तथा उसके भीतर सुख शक्तियों का उदय प्रारम्भ होने लगता है।

उड्डियान बंध – घेरण्ड संहिता में महर्षि घेरण्ड ने सभी बंधों में उड्डियान बंध को सर्वोत्तम कहा है क्योंकि यही मोक्ष को सहज रूप से दिलाता है।

समग्राद बन्धनाद्धयेतदुड्डियानं विशिष्यते।
उड्डियाने समभ्यस्ते मुक्तिः स्वाभविकी भवेत्।।[239]

उन्होनें इस बंध को करने की विधि इस प्रकार बताई है –

उद्रे पश्चिमं तानं नाभिरूर्ध्वं तु कारयेत्।
उड्डीनं कुरूते यस्माद्विश्रान्तं महाखगः।।[240]

अर्थात् – नाभि के ऊपर के उदर को पीठ की ओर सम्भाव में सिकोड़े जिसके परिणाम स्वरूप महाखग (प्राण) ऊपर उठता है। इसे ही उड्डियान बंध कहते है, जो मृत्यु रूपी गज के लिए सिंह के समान है।

जैसा कि उपरोक्त सूत्र में वर्णित है कि उड्डियान बंध के अभ्यास में पेट को मात्र अन्दर नहीं खिंचना होता अपितु खीचने के साथ ऊपर को भी उठाना होता है। इस बंध के अभ्यास हेतु बहिर्कुम्भक का प्रयोग किया जाता है।

शारीरिक स्तर पर इस बंध का प्रभाव मुख्य रूप से पाचन संस्थान के अंगों पर पड़ता है। इसके अतिरिक्त नियमित अभ्यास से पूरे धड़ में रक्त परिसंचरण बढ़ता है एवं सभी भीतरी अंगों में मजबूती आती है। आध्यात्मिक स्तर पर यह मणिपुर चक्र की जाग्रति में सहायक होता है। मणिपुर चक्र की जाग्रति होने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि जब कुण्डलिनी का जागरण मूलाधार चक्र में होता है तो वह ऊपर को उठती तो है किन्तु यह आवश्यक नहीं है कि ऊपर उठने के पश्चात् वह पुनः नीचे न जाये। ऊपर उठने के पश्चात् भी उसकी सुषुप्ति अवस्था में लौटने की संभावना बनी रहती है। जिससे साधक का प्रयास व्यर्थ हो सकता है लेकिन एक बार कुण्डलिनी यदि मणिपुर चक्र को पार कर जाये तो फिर उस शक्ति की अधोगति नहीं होती। अतः मणिपुर चक्र को पार करने पर मोक्ष के द्वार खुल जाते है, ऐसा योग के ग्रंथों में उल्लेख मिलता है।

उड्डियान बंध के नियमित अभ्यास से अपान एवं प्राण के प्रवाह की दिशा में परिवर्तन हो जाता है, वह समान प्राण के साथ मिल जाते है। फलस्वरूप मणिपुर चक्र जाग्रत हो जाता है।

---

239 घेरण्ड संहिता 3.13।

240 घेरण्ड संहिता 3.12।

उड्डियान बंध का अभ्यास सदा खाली पेट करना चाहिए। यह अभ्यास बैठकर या खड़े होकर दोनों प्रकार से किया जा सकता है। यह एक अद्‌भुत क्रिया है इसके अभ्यास से प्राण वायु सुषुम्ना के मार्ग से ब्रह्मरंध्र की ओर बढ़ने लगती है।

जालंधर बंध – शरीर के सोलह आधार होते है। यह सोलह आधार है – दो पैर, गुदा, मूत्रेन्द्रिय, वज्र नाड़ी, नाभि प्रदेश, कण्ठ प्रदेश, गला, जीभ का मूल, ऊपर का जबड़ा, तालू, नासिकाग्र, भ्रूमध्य, दो नेत्र, और ब्रह्मरन्ध्र। जालन्धर बंध उनमें से एक आधार को बन्द करने की क्रिया है, मात्र इस आधार को बॉध देने से शरीर के अन्य आधारों पर भी योगी नियन्त्रण प्राप्त कर लेता है।

कण्ठसंकोचनं कृत्वा चिबुकं ह्रदये न्यसेत।
जालन्धरे कृते बन्धे षोडशाधारबन्धनम्।।[241]

अर्थात् – कंठ को संकुचित करें और ह्रदय पर ठुड्डी को रखें तो जालन्धर बंध होता है। इससे सोलह आधारों पर नियन्त्रण हो जाता है। जालंधर बंध का अभ्यास बहिर्कुम्भक एवं अन्तर्कुम्भक दोनों में से किसी भी प्रकार से किया जा सकता है। जब तक श्वास को सहजता पूर्वक रोक सके तब तक रोकनी चाहिए। शारीरिक स्तर पर यदि समझे तो कण्ठ के माध्यम से ही धड़ की समस्त नाड़ियां मस्तिष्क क्षेत्र में प्रवेश करती है। मस्तिष्क प्रवेश से जो हार्मोन स्त्रावित होते है वह कण्ठ के माध्यम से ही समस्त शरीर में प्रवेश करते है। कण्ठ क्षेत्र में ही थायरॉइड एवं पैराथायरॉइड नामक ग्रन्थियां है

उपरोक्त वर्णन से यह स्पष्ट होता है कि जालंधर बंध के नित्य अभ्यास से सम्पूर्ण शरीर सकारात्मक रूप से प्रभावित होता है। आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो यह बंध अनाहत, विशुद्धि एवं आज्ञा तीनों चक्रों की सक्रियता को बढ़ाता है, उसमें शक्ति का संचार होता है और वह जाग्रत हो जाते है।

महाबन्ध – महाबंध अर्थात् तीनों बंध – मूलबंध, उड्डियानबंध एवं जालंधर बंध को एक साथ लगाने का अभ्यास। इस बंध का अभ्यास बाह्‌य कुम्भक अर्थात् श्वास को बाहर रोक कर किया जाता है। श्वास को बाहर फेंक कर, छाती के पूर्ण रूप से खाली हो जाने पर साधक द्वारा क्रमशः जालन्धर बंध, उड्डियायन बंध और मूलबंध को लगाने का नित्य अभ्यास किया जाता है। यथा संभव श्वास को रोकने के पश्चात् विपरीत क्रम अर्थात् पहले मूलबंध, फिर उड्डियान बंध और अन्त में जालन्धर बंध को खोला जाता है। बंध के दौरान मानसिक रूप से यह भावना की जाती है कि अपान वायु मूलाधार चक्र से उठती हुई मणिपूर में प्रवेश कर रही है। जालंधर बंध लगे होने के कारण विशद्धि चक्र से प्राण वायु नीचे की ओर प्रवाहित होती है तब मणिपूर चक्र में इन दो वायु (प्राण–अपान) का मिलन होने से मणिपुर चक्र जाग्रत होकर समान वायु के साथ मिलकर उस शक्ति को ऊपर की ओर ले जाता हैं।

यह अभ्यास चक्रो के जागरण हेतु महत्वपूर्ण क्रिया है। विशेषकर मूलाधार, मणिपुर एवं विशुद्धि चक्र को जाग्रत करने हेतु, परन्तु यह बात विशेष रूप से ध्यान रखने योग्य है कि महाबंध का अभ्यास

---

241 घेरण्ड संहिता 3.10।

तभी प्रारंभ करें जब अन्य तीन बंधों को लगाने में पूर्ण रूप से निपूर्ण हो जायें। इस बंध के निरन्तर अभ्यास से साधक अन्तमुखी होते हुए ध्यान साधना के लिए तैयार हो जाता है

अतः इस सुषुप्त कुण्डिलिनी रूपी महाशक्ति के जागरण हेतु साधक नियमित रूप से उपरोक्त बंधों का अभ्यास पूर्ण एकाग्रता एवं विश्वास के साथ करता है।

कुण्डलिनी मंत्र एवं स्त्रोत्र

प्राणवायु का निरोध करके मूलाधार में स्थित साढ़े तीन वलय वाली कुण्डलिनी को **''ओम् हूॅ ऐं ह्रीं श्रीं''** इस मंत्र का जप करते हुये ध्यान करना चाहिए।

विनियोग,

ऋष्यादिन्यास

कर हृदयादिन्यास

प्रार्थना स्त्रोत्र :— कुण्डलिनी शक्ति की प्रार्थना हेतु अनेकों स्त्रोत्र रूद्रयामल तंत्र में वर्णित है। उनमें से एक स्त्रोत यहा लिखा जा रहा है जिसका पाठ कुण्डलिनी की साधना करने वाले अभ्यासी के लिए अति सहायक सिद्ध हो सकता है। निम्नलिखित स्त्रोत्र प्रातः उठते ही कुण्डलिनी रूपी महाशक्ति का ध्यान करते हुये करना चाहिए।

।।श्रीगुरुः शरणम्।।

सार्थ श्रीकुण्डलिनीस्तुतिस्तोत्र

जन्मोद्धारनिरीक्षणीहतरूणी वेदादिबीजादिमां

नित्यं चेतसि भाव्यते भुवि कदा सद्वाक्यसंचारिणी।

मां पातु प्रियदासभावकपदं संघातये श्रीधरे

धात्रि त्वं स्वयमादिदेववनिता दीनातिदीनं पशुम् ।।1।।

रक्ताभामृतचन्द्रिका लिपिमयी सर्पाकृतिर्निद्रिता

जाग्रत्कूर्मसमाश्रिता भगवती त्वं मां समालोकय।

मांसोद्गन्धकुगन्धदोषजडितं वेदादिकार्यान्वितं

स्वल्पास्वामलचन्द्रकोटिकिरणै र्नित्यं शरीरं कुरू ।।2।।

सिद्धार्थी निजदोषवित्स्थलगति र्व्याजीयते विद्यया

कुण्डल्याकुलमार्गकुक्तनगरी मायाकुमार्गःश्रिया।

यद्येवं भजति प्रभातसमये मध्याह्नकालेऽथवा

नित्यं यः कुलकुण्डलीजपपदा–म्भोजं स सिद्धो भवेत ।।3।।

वाय्वाकाशचतुर्दलेऽतिविमले वांछाफलोन्मूलके

नित्यं सम्प्रति नित्यदेहघटिता सांकेतिता भाविता।

विद्याकुण्डलमानिनी स्वजननी मायाक्रिया भाव्यते

यैस्तैः सिद्धकुलोभ्दवैःप्रणतिभिःसत्स्तोत्रकेःशम्शुभिः ।।4।।

वाताशंकविमोहिनीति बलवच्छायापटोद्रामिनी

संसारादिमहाऽसुखप्रहरणी तत्र स्थिता योगिनी।

सर्वग्रान्थि–विभेदिनी स्वभुजगा सू मातिसू मा परा

ब्रह्मज्ञान–विनोदिनी कुलकुटी–व्याघातिनी भाव्यते ।।5।।

वन्दे श्रीकुलकुण्डलीं त्रिवलिभिः सांगेः स्वयंभू–प्रियं,

प्रावेष्टयाम्बर–मार चित्तचपलां बालाबलां निष्कलाम्।

या देवी परिभाति वेदवदना सम्भावनी तापिनी,

स्वेष्टानां शिरसि स्वयंभू–वनिता तां भावयामि क्रियाम् ।।6।।

वाणीकोटि – मृदंगनादमदना – निश्रेणिकोटि –ध्वनिः,

प्राणेशी रसराशिमूलकमलोल्लासैक – पूर्णानना।

आषाढोद्भव–मेघवाल–नियुत–ध्वान्तानना स्थायिनी,

माता सा पारपातु सूक्ष्मपथगा मां योगिनां शंकरी ।।7।।

त्वामाश्रित्य नरा व्रजन्ति सहसा वैकुण्ठ–कैलसयो–

रानन्दैक–विलासिनी शशिशतानन्दाननां कारणाम्।

मातः श्रीकुलकुण्डली प्रियकरे काली कुलाद्दीपनेः

तत्स्थानं प्रणमामि भद्रवनिते मामुद्धर त्वं पशुम् ।।8।।

कुण्डली–शक्ति–मार्गस्थं स्तोत्राष्टक–महाफलम्।

यः पठेत् प्रातयत्थाय स वै योगी भवेद् ध्रुवम् ।।9।।

कुण्डलिनी ध्यान योग में सावधानियां

जैसा कि पूर्व में ही वर्णन किया जा चुका है कि कुण्डलिनी की साधना करने वाले साधक को योग शास्त्रों में वर्णित विभिन्न क्रियाओं को सिद्ध करना परम् आवश्यक है। इन क्रियाओं को सिद्ध किये बिना कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत करना ठीक वैसा ही है जैसे नंगे हाथों से बिजली के तारों को छूना।

कुण्डलिनी शक्ति एक पराविद्युत शक्ति है जिसकी गति एवं तीव्रता को मापना संभव नहीं है। जब तक योग साधना के द्वारा शरीर और मन पूर्ण रूप से शुद्ध एवं नियंत्रित ना हो जाये तब तक इस काल से भी अधिक भंयकर शक्ति को छेड़ना अति विनाशक सिद्ध हो सकता है।

कुण्डलिनी साधना सदैव कुशल गुरु के निर्देशन में ही किया जाता है। गुरु का चयन सोच समझकर किया जाता है। अयोग्य गुरु या स्वयं पुस्तकों से पढ़कर, मात्र अपनी जिज्ञासा को शांत करने के उद्देश्य से कभी भी इस शक्ति को जाग्रत करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। साधना अपरिपक्व हो, कामवासना पर पूर्ण नियंत्रण ना हो पाया हो तथा संयम शक्ति दुर्लभ हो, तो भी इस महा सर्पिणी को छेड़ना अति जोखिम भरा हो सकता है।

कभी कभार किसी साधक को पूर्व जन्मों की साधना के फल–स्वरूप या मन में अति भक्ति एवं समपर्ण का भाव होने के कारण भी कुण्डलिनी शक्ति का जागरण स्वतः ही हो जाता है। ऐसी स्थिति में साधक को अपने आचार–विचार को पूर्णतः सात्विक रखना होता है। उसे काम–क्रोध, लोभ मोह, आदि से दूर रहते हुए, उस परम्–शक्ति की निरन्तर साधना करनी चाहिए, इसके अतिरिक्त उस साधक को उस परम् शक्ति से प्राप्त सिद्धियों का प्रयोग जन–कल्याण हेतु करना चाहिए।

यदि कई प्रयासों के बाद भी साधक कुण्डलिनी जागरण में असमर्थ रहे तो उसे हताश ना होते हुए साधना का त्याग नहीं करना चाहिए अपितु उस परम् शक्ति पर पूर्ण विश्वास रखते हुए साधना के अभ्यास को नियमित रूप से करते रहना चाहिए।

कुण्डलिनी जाग्रत होने के पश्चात् साधक को शरीर एवं मन की पवित्रता को बनाये रखने के साथ–साथ, वैराग्य की भावना का भी मन से त्याग नहीं करना चाहिए। यदि साधक मन से वैराग्य का त्याग करके पुनः वासनाओं को अपने मन में लाता है तो कुण्डलिनी पुनः उतर जायेगी, तब उस मनुष्य के हाथ पछतावे के अतिरिक्त कुछ शेष नहीं रह जाता ।

कुण्डलिनी जाग्रत होने के पश्चात् मूलबंध को सावधानी से लगायें रखना चाहिए। कुण्डलिनी जागरण के समय साधक के समक्ष कुछ भंयकर दृश्य भी दृष्टिगत होते देखं गये हैं। ऐसा होने के पीछे कारण है – साधक का परिचय स्थूल जगत् से हटकर सूक्ष्म जगत् से हो रहा होता है। ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर साधक को भयभीत नहीं होना चाहिए। यह दृश्य मात्र तब तक अनुभव होगें जब तक कुण्डलिनी भृकुटि तक नहीं पहुॅच जाती। आज्ञा चक्र में इसके प्रवेश के पश्चात् सारे भय समाप्त हो जाते हैं।

कुण्डलिनी के आज्ञा चक्र में प्रवेश होने की स्थिती ही समाधि की स्थिति कहलाती है। इस स्थिति में प्रवेश होने के पश्चात् साधक समस्त ब्रह्माण्ड से एकाकार हो जाता है।

कुण्डलिनी मूलाधार में स्वयंभू लिंग में साढ़े तीन चक्कर लगायें सुषुम्ना के मुख को बंद करके सुप्तावस्था में स्थित है। योग में वर्णित अनेकों क्रियाओं द्वारा साधक इस सोई हुई शक्ति को जगाकर सुषुम्ना मार्ग से ब्रह्मरन्ध तक पहॅुचाने का प्रयास करता है। इस यात्रा में कुण्डलिनी मानव देह में अवस्थित अनेकों ग्रन्थियों का भेदन करती हुई सहस्त्रार में पहॅुचकर परमात्मा के साथ एकात्मय प्राप्त करती है।

सहस्त्रार में कुण्डलिनी का पहॅुचना ही कुण्डलिनी साधना का अन्तिम लक्ष्य है। कुण्डलिनी जागरण हेतु अनेकों उपायों का निर्देश योग के ग्रंथों में वर्णित है। प्रत्येक सम्प्रदाय की अपनी–अपनी पद्धति है। जो जिस पद्धति का अनुसरण करता है, उसे उसी सम्प्रदाय में वर्णित मार्ग का अनुसरण करते हुये आगे बढ़ना होता है।

कुण्डलिनी के विषय में उपरोक्त वर्णन अति संक्षेप में दिया गया है। अतः कुण्डलिनी शक्ति का पूर्ण ज्ञान हेतु और अधिक अध्ययन एवं श्रेष्ठ गुरु का मार्ग–दर्शन अति आवश्यक है।

ही यह स्थिति प्राप्त कर लेता है। योगशिरवोपनिषद् में स्पष्ट रूप से लिखा है "षट्चक्रों का ज्ञान प्राप्त करके साधक प्राण द्वारा सुषुम्ना के भीतर सुखमण्डल में प्रवेश करता है। वहाँ प्रवेश करने के पश्चात् उसे प्राण को ऊर्ध्वगति में नियोजित करना चाहिए। उसे प्राण, बिन्दु तथा चक्रों का क्रमशः अभ्यास चित्त के साथ करना ही अपेक्षित है। इस प्रकार योगी अमृतपान कर समाधि अवस्था की प्राप्ति करता है।"[1]

4.6 मुद्रा एवं बन्ध–विज्ञान

4.6.1 मुद्रा एवं बन्ध–विज्ञान : सामान्य परिचय

'मुद' अर्थात् आनन्दस्वरूप प्रदान करने के कारण इसकी संज्ञा है– 'मुद्रा'। 'अष्टमहासिद्धियों के सौभाग्य को तिरस्कृत करने वाली ऐश्वर्यरूपिणी तथा परमात्म विशर्म के आनन्दोत्कर्ष की परमाह्लादिनी शक्ति की स्वात्मानुभूतिमयी प्रकाशन ही 'मुद्रा' है तथा यही देवताओ की तात्त्विक पूजा है।"[2] अतः नामानुरूप योगियों को परम ऐश्वर्य की प्राप्ति करवाने वाली तथा ब्रह्म को प्रसन्न करने वाली 'मुद्रा' का विशिष्ट ज्ञान प्रत्येक योगी के लिए आवश्यक है। मुद्रा का विधान भारतीय धर्म–साधना की समस्त पद्धतियों में अपेक्षित है। इसीलिए प्रत्येक साधना पद्धति द्वारा धर्म–दृष्टि के अनुसार विभिन्न मुद्राओं का निर्माण होता रहा है, जिससे अनेक दृष्टियों से निर्मित एवं वर्गीकृत किए जाने के कारण ये अनेक प्रकार की दृष्टिगोचर होती हैं। मुख्यतः ये मुद्राएं तन्त्र लोक में तीन प्रकार की कही गई है "मनोजा, वाग्भवा एवं देहोद्भवा– मनोजा मुद्राएं जो

---

1 षट्चक्राणि परिज्ञात्वा प्रविशेत् सुखमण्डलम्।
प्रविशेद्वायुगाकृष्य तथैबोर्ध्वं नियोजयेत्।
वायुं बिन्दुं तथा चक्रं चितं चैव समभ्यसेत्।
समाधिनैकेन सममृतं यान्ति योगिनः।। यो० शि० उ०, ७४–७५

2 आनन्दोल्लासश्रीः क्षुल्लकिताष्टमहासिद्धि सौभाग्या।
दृश्यते यत्र दशायां सैव दैवस्य सर्वमुद्राः।। म० मं०, ५१

मानसिक अनुसन्धान से उद्भूत होती है। वाग्भवा मुद्राए, जो मन्त्रों द्वारा उद्भूत होती है तथा देहोद्भवा मुद्राएं जो शरीराङ्गों की विशिष्ट आकृतियों को बनाने से उद्भूत होती है।"[1] इन्हे अङ्गविक्षेपात्मक मुद्राएं कहतें है। इन तीनों वर्गों के अन्तगर्त समस्त मुद्राओं का समावेश हो जाता है।

योग साधना में जिन मुद्राओं का अभ्यास किया जाता है, वे यौगिक मुद्राएं कही जाती है। बन्धों की गणना अधिकाशतः इसी के अन्तर्गत की जाती है। इन मुद्राओं के अभ्यास में विशेष विधि एवं आसन की आवश्यकता होती है। ये मुद्राएं परमात्मा या परा शक्ति का स्वरूप प्रतिबिम्बित करती है तथा देह के द्वारा साधक को आत्म स्वरूप के अनुरूप आनन्द प्रदान वाली कुण्डलिनी जागरण हेतु अत्यावश्यक है। वराहोपनिषद् के अनुसार "इड़ा, पिंगला, के मध्य सुषुन्ना नाड़ी में विशेष रूप से मुद्रा–बन्ध द्वारा वायु को उर्ध्वमुख किया जाता है।"[2] शिव संहिता में भी इसी भाव की अभिव्यक्ति हुई है "सब प्रकार से प्रयत्न करके ब्रह्मरन्ध्र के मुख में सोती हुई कुण्डलिनी को जागृत करने के लिए मुद्रा का अभ्यास अत्याश्वयक है।"[3] "हठयोग प्रदीपिका एवं घेरण्ड संहिता मुद्राओं को दिव्य ऐश्वर्यों का साधन कहते हुए इन्हे सिद्धों को प्रिय, परम गोपनीय तथा देवों के लिए भी अप्राप्य बताया गया है।"[4]

---

1 मनोजा गुरुवक्त्रस्था वाग्भवा मन्त्रसम्भवा।
देहोद्भवाङ्गविक्षेपैर्मुद्रैयं त्रिविधा स्मृता।। मुद्राः विज्ञान एवं साधना में उदधृत, पृ० स०, ८

2 इडापिङ्गलयोर्मर्ध्य सुषुम्नाडिमण्डले।।
मद्राबन्धविशेषण वायुमूर्ध्व च कारयेत्। वरा० उ०, ५/६७–६८

3 तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम्।
ब्रह्मरन्ध्रमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत्।। शि० स०, ४/२३

4 क– आदिनाथोदितं दिव्यमष्टैश्वर्यप्रदायकम्।
वल्लभं सर्वसिद्धानां दुर्लभं मरूतामपि।। ३/८
ख– घे० स०, ३/४–५

संख्या

योगतत्त्वोपनिषद्[1] में महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी मुद्रा, जालन्धर बन्ध उडिडयान बन्ध, मूलबन्ध, वज्रोली, अमरोली, सहजोली एवं विपरीतकरणी इन ग्यारह मुद्राओ का उल्लेख है। योगचूडामण्युपनिषद्[2] में महामुद्रा, नभोमुद्रा खेचरी मुद्रा, बन्धत्रय, योनिमुद्रा, शक्तिचालन वज्रोली एवं षण्मुखी– ध्यानबिन्दूपनिषद[3] में बन्धत्रय, खेचरी, वज्रोली एवं महामुद्रा का, योगकुण्डल्युपनिषद्[4] में शक्तिचालन, एवं खेचरी मुद्रा का, शाण्डिल्योपनिषद्[5] में बन्धत्रय, वैष्णवी तथा खेचरी मुद्रा का, योगशिखोपनिषद्[6] में बन्धनत्रय एवं खेचरी मुद्रा का, त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्[7] में षण्मुखी मुद्रा का तथा अद्वयतारकोपनिषद्[8] में शाम्भवी मुद्रा का उल्लेख प्राप्त होता है।

हठयोग से सम्बन्धित मुख्य ग्रन्थों में भी इन्हीं मुद्राओं का स्वरूप प्रकट किया गया है। हठयोग प्रदीपिका[9] तथा शिवसंहिता[10]– महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, जालन्धर, मूल, विपरीतकरणी, उड्डियान, वज्रोली एवं शक्तिचालन– इन दस मुद्राओं को, गोरक्ष पद्धति[11]– महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डियान बन्ध, जालन्धर बन्ध एवं मूलबन्ध को तथा

---

1 क– महामुद्रा महाबन्धों महावेछश्त
जालन्धरोड्डियाणश्च मूलबन्धस्तथैव च।।
वज्रोली चामरोली च सहजोली त्रिधा मता।। यो० त० उ०, २६–२७
ख– वही, १२२–१२३

2 यो० चू० उ०, ४५,४६–५६, ६३, ६५–७०, ११४–११५

3 ध्या० बि०उ०, ७३–६३

4 यो० कु० उ०, १/७–८, ४२–५३, २ अ०

5 शा० उ०, १/७/११, १४–१७, ३६–४२

6 त्रि० शि० उ०, १/१०४–११२, ५/३८–४५

7 त्रि० ब्रा० उ०, २/३२–४२

8 अ० ता० उ०, १२

9 महामुद्रा, महाबंधो महावेधश्व खेचरी। उडचानं मूलबंधश्व बंधो जालंधराभिः।।
करणी विपरीतताख्या वज्रोली शक्तिचालम्। इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशम्।।
ह० यो० प्र०, ३/६–७

10 शि० सं०, ४/२४–२५

11 महामुद्रांनभोमुदां उड्डीयानं जलंधरम्। मूलबन्धञ्च योवेत्ति स योगी मुक्तिभाजनः।।
गो० प०, १/४७

घेरण्ड संहिता[1]– उपर्युक्त १० मुद्राओं सहित शक्तिचालन , ताड़ागी, माण्डवी, शाम्भवी, पञ्चधारणा, अश्विनी, पाशिनी, काकी, मातङ्गी, भुञ्जगिनी, पार्थिव, आम्भसी, आग्नेय, वायवी एवं आकाशी इन २५ मुद्राओं को स्वीकृत करती है। यहां विभिन्न उपनिषदों में वर्णित मुद्राओं की विधि एवं फल का वर्णन किया जा रहा है –

1. **महामुद्रा**

"नाड़ी समूह का शोधन, सूर्य चन्द्र का चालन तथा रस का शोषण करने से ही इसे महामुद्रा कहा गया है।"[2] "वांम पैर की ऐड़ी से योनि स्थान पर दबाव डालते हुए, ठोढ़ी को छाती से लगाकर तथा दायां पैर सीधा फैलाकर, दोनों हाथों से उसे पकड़कर उदर में पूर्ण श्वास भरकर शनैः शनैः निकालना चाहिए। अभ्यास काल में क्रमशः प्रथम बायीं नासिका चन्द्र अंश द्वारा श्वास आकृष्ट कर, रेचन करते हुए तथा पुनः दायीं नासिका 'सूर्य अंश' द्वारा श्वास आकृष्ट कर रेचन का अभ्यास करना उचित है।"[3] इसमें कण्ठ में जालन्धर बन्ध लगाकर वायु को उपर ले जाकर रोकना चाहिए। महामुद्रा के निरन्तर अभ्यास से कुण्डलिनी शक्ति सीधी होकर उर्ध्वगति को प्राप्त हो जाती है। इसी कारण विद्वानों ने इसे महामुद्रा की संज्ञा से अभिहीत किया है। "विभिन्न योगशास्त्रों में इस मुद्रा का समान स्वरूप उपलब्ध होता है।"[4]

---

1 घे० स०, ३/६–१००

2 क– शोधनं नाडिजालस्य चालनं चन्द्रसूर्ययोः।
रसानां शोषणं चैव महामुद्राभिधीयते।। यो० चू० उ०, ६५
ख– वही, ध्या० बि० उ०, ६१–६२
ग– वही, गो० प०, १/७६

3 वक्षोन्यस्तहनुः प्रपीड्य सुचिरं योनि च वामाङ्घ्रिणा हस्ताभ्यामनु–धारयन्प्रसरितं पादं तथा। आपूर्य श्वसनेन कुक्षियुगलं बध्वा शनै रेचयेत्सेयं व्याधिविनाशिनी सुमहती मुद्रा नृणां कथ्यते।। चन्द्रांशेन समभ्यस्य सूर्यांशेनाभ्यसेत्पुनः या तुल्या तु भवेत्संख्या ततो मुद्रा विसर्जयेत्।।
यो० चू० उ०, ६६–६७

4 क– ध्या० बि० उ०, ६३
ख– शि० सं०, ४/२६–३०

लाभ

महामुद्रा के निरन्तर अभ्यास द्वारा पथ्य–अपथ्य अथवा समस्त प्रकार के नीरस भोजन भी सुपाच्य हो जाता है। अधिक भोजन तथा विष भी ग्रहण कर लेने पर वह अमृत के समान पच जाता है तथा योगी को क्षय, कुष्ठ, गुदावर्त, गुल्म, अजीर्ण आदि एवं भविष्य में होने वाले सभी रोगों से मुक्ति प्राप्त होती है। यह महासिद्धि प्राप्त करवाने वाली मुद्रा गुप्त रखने योग्य है इसीलिए प्रयत्नपूर्वक गुप्त रखना चाहिए।"[1] शिव संहिता में इस मुद्रा के लाभ बताते हुए कहा गया है "इस उपाय से समस्त रोगों का उपशमन होकर जठराग्नि प्रदीप्त हो जाती है। शरीर सुन्दर स्वच्छ भांति से युक्त हो जाता है तथा मृत्यु का नाश होता है। इससे योगी समस्त इच्छित फल तथा इन्द्रिय संयम बनाए रखने की सामर्थ्य भी प्राप्त करता है।"[2]

2. महाबन्ध

योगतत्त्वोपनिषद् में महाबन्ध की विधि का उपरोक्त महामुद्रा की विधि के समान वर्णन उपलब्ध है "वाम पैर की एड़ी द्वारा योनिस्थान को दबाये तथा दायें पैर को

ग– ह० यो० प्र०, ३/१०–१३
घ– घे० सं, ३/६–७
ड.– गो० प०, १/५८–५६
च– द०यो०शा०, २६२–२६७

1 क– नहि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः।
अतिभुक्तं विषं घोरं पीयूषमिव जीर्यते।।
क्षयकुष्ठगुदावर्तगुल्माजीर्णपुरोगमाः।
तस्य रोगाः क्षयं यान्ति महामुद्रा तु योऽभ्यसेत्।।
कथितेयं महामुद्रा महासिद्धिकरी नृणाम्।
गोपनीया प्रयत्नने न देया यस्य कस्यचित्।। यो०चू०उ०, ६८–७०
ख– ध्या० बि० उ०, ६३
ग– गो० प०, १/६०–६२

2 सर्वरोगोपशमनं जठराग्निविवर्धनम्।
वपुषा कान्तिममलां जरामृत्युविनाशनम्।।
वांछितार्थकलं सौख्यमिंद्रियाणाञ्च मारणम्। शि० सं०, ४/३३–३४

फैलाकर उप पैर के अँगूठे को शनैः शनै पूरक, शक्ति–अनुसार कुम्भक एवं पुनः रेचक करना चाहिए।"[1] यहां उपरोक्त महामुद्रा से भिन्न–महाबन्ध की "इस क्रिया का निरन्तर अभ्यास प्रथम बाँये अंग से, उपरान्त दांये अंग से अर्थात् प्रथम बाई एड़ी योनी पर, दायां पैर प्रसारित कर हाथो से पकड़े, इसके पश्चात् दाई एड़ी से योनि को दबाकर, बायां पैर प्रसारित कर हाथों से पकड़ने का निर्देश है। इसे ही महाबन्ध कहा गया है जिसका दोनों विधि से अभ्यास आवश्यक है।"[2]

हठयोग प्रदीपिका में इसका स्वरूप कुछ भिन्न प्रकार से वर्णित है– "वाम पैर की एड़ी को योनि स्थान में लगाकर दायां पैर वाम जंघा पर रखे, तदुपरान्त वायु को पूरित करके ठोढी को हृदय में लगाते हुए योनि को संकुचित कर, मन को नाड़ी के मध्य प्रविष्ट करे। पुनः वायु को यथा शक्ति कुम्भक, ततप्श्चात् शनैः शनै रेचन करे। इस प्रकार बाँये अंग द्वारा अभ्यास करके दाँये अङ्ग द्वारा करना चाहिए।"[3] शिव संहिता[4] महाबन्ध की समान पद्धति का अनुसरण करती है जबकि घेरण्ड संहिता[5] में योगी बायां पैर की एड़ी गुदा मूल पर तथा दक्षिण पैर से यत्नपूर्वक बायी एड़ी को दबाता हुआ समान रूप से क्रिया सम्पन्न करता है।

---

1 पार्ष्णि वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत्।
प्रसार्य दक्षिणं पादं हस्ताभ्यां धारयेद्दृढम्।।
चुबुकं हृदि विन्यस्य पूरयेद्वायुना पुनः
कुम्भकेन यथाशक्ति धारयित्वा तु रेचयेत्।। यो०त०उ०, ११२–११३

2 वामाङ्गेन समभ्यस्य दक्षाङ्गेन ततोऽभ्यसेत्।
प्रसारितस्तु यः पादस्तमूरूपरि नामयेत्।।
अयमेव महाबन्ध उभयत्रैवमभ्यसेत्। वही, ११४–११५

3 पार्ष्णि वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत्।
वामोरूपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं तथा।
पूरयित्वा ततो वायु हृदये चिबुकं दृढ़म्।
निष्पीड्य वायुमाकुंव्य मनोमध्ये नियोजयेत्।।
धारयित्वा यथाशक्ति रेचयेदनिलं शनैः।
सव्यांगे तु समभ्यस्य दक्षांगे पुनरभ्यसेत्।। ह०यो०प्र०, ३/१६–२१

4 शि०सं०, ४/३७–३८

5 घे०सं०, ३/१८–१६

हठयोग प्रदीपिका में वर्णित है कि इस महाबन्ध के अभ्यास काल में जालन्धर बन्ध की उपेक्षा राजदन्त स्थित जिह्वा का बन्ध लगाना चाहिए क्योंकि इससे प्राणों की गति ब्रह्मरन्ध्र की ओर हो जाती है[1]

लाभ

"महाबन्ध के अभ्यास से समस्त नाड़ियों की उर्ध्वगति रूक जाती है। ये बन्ध निश्चय से महासिद्धि की प्राप्ति करवाता है। इसे त्रयबन्ध सम्मिलित होने से त्रिवेणी संगम प्राप्त कराने वाला, काल के पाश को छुड़ाने वाला तथा केदार की प्राप्ति कराने वाला कहा गया है।"[2]

3. महावेध

योगतत्त्वोपनिषद् में महाबन्ध की विधि को लक्षित करते हुए कहा गया है– "सिद्ध योगीजन इस महावेध का निरन्तर अभ्यास करते हैं।"[3] इस उपनिषद् में महामुद्रा, महाबन्ध तथा महावेध, इन तीनो की एक ही विधि अर्थात् समान स्वरूप उपलब्ध होता है।

हठयोग प्रदीपिकानुसार "पूर्व वर्णित महाबन्ध की स्थिति में योगी एकाग्र बुद्धि द्वारा पूरक करके कण्ठ मुद्रा से वायु गति रोककर प्राणायाम करे। तदुपरान्त दोनों हथेलियों को भूमि पर लगाकर सम्पूर्ण शरीर निर्देश को तुला के समान दोनों हथेलियों

---

1 मतमत्र तु केषांचित्कंठबंधं विवर्जयेत्।
राजदंतरस्थजिह्वाया बन्धः शस्तो भवेदिति।। ह०यो०प्र०, ३/२२

2 अयं तु सर्वनाडीनामूर्ध्व गतिनिरोधकः।
अयं खलु महाबंधो महासिद्धिप्रदायकः।।
कालपाश महाबंधविमोचन विचक्षणः।
त्रिवेणसिङ्गमं धत्ते केदारं प्रापतेन्मनः।। वही, ३/२३-२४

3 अयमेव महावेधः सिद्धैरभ्यस्यतेऽनिशम्। यो०त०उ०, ११७

पर उठाले और नितम्ब प्रदेश को भूमि पर ताड़न करें। इससे प्राणवायु इड़ा–पिंगला त्यज् कर सुषुम्ना में चलने लगती है।"[1]

घेरण्डसंहिता में इस मुद्रा का उल्लेख अव्यक्त रूप में वर्णित है– इस को अधिक सुस्पष्ट विधि से "प्रथम महाबन्ध मुद्रा का अभ्यास कर उड्डियाणबन्ध करते हुए कुम्भक द्वारा वायु को रोके, यही महावेध कहा जाता है।"[2] शिवसंहिता में "महाबन्ध की स्थिति में अपान एवं प्राण को एकीकृत करके दोनों पार्श्वों को ताड़ित करने का निर्देश है।"[3]

महावेध की महत्ता

"महावेध के बिना मूलबन्ध तथा महाबन्ध भी उसी प्रकार निष्फल है, जिस प्रकार कि पुरूष के बिना स्त्री का रूप, यौवन एवं लावण्य व्यर्थ है।''[4] अतः ''महावेध के अभ्यास से रहित महामुद्रा तथा महाबन्ध दोनों व्यर्थ है इसलिए इन तीनों का अभ्यास सावधानीपूर्वक यथाक्रम में करना चाहिए।"[5]

लाभ

"इस महासिद्धिदायक मुद्रा में सोम, सूर्य, अग्नि सम्बन्धी–क्रमश इड़ा, पिंगला तथा सुषुम्ना का परस्पर सम्बन्ध होने पर अमृतत्व की प्राप्ति होती है तथा वली, पलित,

---

1 महाबन्धस्थिता योगी कृत्वा पूरकमेकधोः।
वायुनां गतिमावृत्य निभृतं कण्ठमुद्रया।।
समहस्तयुगो भूमौ स्फिचौ संताडयेच्छनैः।
पुटद्वयमयिक्रम्य वायुः स्फुरति मध्यगः।। ह०यो०प्र०, ३/२६-२७

2 महाबन्ध समासाद्य उड्डीयान कुम्भकं चरेत्।
महावेधः समाख्यातो योगिनां सिद्धिदायकः।। घे०सं०, ३/२२

3 अपनाप्राणयोरैक्यं ऊत्वा त्रिभुवनेश्वरि।
महावेधस्थितो योगी कुक्षिमापूर्य वायुना।
स्फिचौ संताडयेद्धीमान् वेधोऽयं कीर्तितो मया।। शि०सं०, ४/४३

4 रूपयौवन लावण्य नारीणां पुरुषं विना।
मूलबन्ध महाबन्धौ महावेध बिना यथा।। घे०सं०, ३/२१

5 महामुद्रामहाबन्धौ निष्फलौ वेधवर्जितौ।
तस्माद्योगी प्रयत्नेन करोति त्रितयं क्रमांत।। शि०सं०, ४/४७

कम्पनादि दूर होते हैं।"[1] "सिद्धि की कामना करने वाले साधक का कर्त्तव्य है कि वह अपने अभ्यास को प्रयास पूर्वक गोपनीय रखे। यह निश्चित है कि इस मुद्रा को साधारण लोगों के प्रति प्रकट कर जाने पर सिद्धि प्राप्ति नहीं हो सकती।"[2]

4. खेचरी मुद्रा

यह सर्वविदित है कि देह में तालुमूल के समीप एक विवर से चन्द्ररस रूपी अमृत का स्राव होता रहता है जो नाभि प्रदेश अर्थात् जठराग्नि पहुंच कर समाप्त हो जाता है, इसकी धीरे–धीरे समाप्ति वृद्धावस्था तक पर्यन्त तथा पूर्णतया विनष्टि मृत्यु तक पहुंचाती है। "इस अमृत रस को रोकने हेतु जिह्वा को विपरीत कर कपालगुह्या में पहुँचाना तथा ध्यान को भृकुटियों के मध्य बनाए रखना खेचरी मुद्रा कही गई है"[3]

विधि

"सर्वप्रथम साधक को सात दिन पर्यन्त तालुमूल को गुरु के उपदेशानुसार घिस कर उसका मैल दूर करना चाहिए। फिर थूहड़ के पत्ते की तरह तीक्ष्णधारायुक्त किसी पवित्र औजार से जिह्वा मूल को बाल के बराबर गुरु से कटवाए यां स्वयं काटे। कटे हुए स्थान पर हरड़ और सैंधे नमक का चूर्ण लगाया जाए। सात दिन तक पुनः उसी

---

1 ह०यो०प्र०, ३/२८–२६

2 यज्ज्ञात्वा साधनाः सर्वे सिद्धिं सम्यग्लभन्ति वै।।
गोपनीय प्रयत्नेन साधकैः सिद्धिमीप्सुभिः।
अन्यथा च न सिद्धि : स्यान्मुद्राणामेष निश्चयः।। शि०सं०, ४/४६–५०

3 क– यो०चू०उ०, ५७
ख– यो०त०उ०, ११७–११८
ग– यो०शि०उ०, ५/४०
घ– शा०उ०, १/७/४२
ङ– ध्या०बि०उ०, ७६–८०
च– ह०यो०प्र०, ३/३२
छ– घे०सं०, ३/२७
ज– गो०प०, १/६३
झ– शि०सं०, ५१–५३

प्रकार काटे। इस तरह निरन्तर छः मास तक अभ्यास करते रहने पर जीभ का तालु के साथ बन्धन कट जाने पर, जिह्वा के अग्र भाग में वस्त्र लपेट कर शनैः शनैः बाहर की ओर को दोहन करना चाहिए। इस प्रकार नियमित अभ्यास द्वारा जिह्वा में निरन्तर वृद्धि होने से, वह बढ़कर बाहर भृकुटियों के बीच, बगल में कर्ण–छिद्रो तक, और बाहर ठोढी तक पहुँचने लगेगी। यह अभ्यास निरन्तर तीन वर्षो तक किए जाने पर जिह्वा बालों, कन्धों तथा नीचे कण्ठकूप तक पहुँचने में समय हो जाती है। पुनः तीन वर्ष के अभ्यास द्वारा यह ब्रह्मरन्ध्र तक पहुँच कर उसे ढक लेती है, इसमें कोई संशय नहीं है कि जिह्वा ग्रीवा के पीछे तथा कण्ठ के अन्त तक पहुँच जाएगी। इस प्रकार जिह्वा धीरे–धीरे ब्रह्मरन्ध्र को भेद देती है।''[1] "खेचरी मुद्रा की समान विधि का वर्णन अन्य ग्रन्थो में भी इस प्रकार उपलब्ध होता है।"[2]

---

1 तालमूलं समुत्कृष्य सप्तवासरमात्मवित्।
स्वगुरूक्तप्रकारेण मलं सर्व विशोधयेत्।।
स्नुहिपत्रनिभं शस्त्रं सुतीक्ष्ण स्निग्धनिर्मलम्।
समादाय ततस्तेन रोममात्रं समुच्छिनेत्।।
हित्वा सैन्धवपथ्याभ्यां चूर्णिताभ्यां प्रकर्षयेत्।
पुनः सप्तदिने प्राप्ते रोममात्रं समुच्छिनेत्।।
एवं क्रमेण षाण्मास नित्योद्युक्तः समाचरेत्।
षाण्मासाद्रसनामूलं सिरबन्धं प्रणशीत।।
अथ वागीश्वरधाम शिरो वस्त्रेण वेष्टयेत्।
शनैरूत्कर्षयेद्योगी कालवेलाविधानवित्।।
पुनः षाण्मासमात्रेण नित्यं संघर्षणान्मुने।
भ्रूमध्यावधि चाप्येति तिर्यक्कर्णबिलावधि।।
अध्श्च चुबुकं मूलं प्रयाति क्रमचारिता।
पुनः सवंत्सराणां तु तृतीयादेव लीलया।।
केशान्तमूध्व। क्रमेति तिर्यक्शाखावधिर्मुने।
अधस्तात्कण्ठकूमपान्तं पुनर्वर्षत्रयेण तु।।
ब्रह्मरन्ध्रं समावृत्य तिष्ठेदेव न संशयः।
तिर्यक् चूलितलं याति अधः कण्ठबिलावधिः।।
शनैः शनैर्मस्तकाच्च महावज्रकपाटभित्। यो०कु०उ०, २/२८–३७

2 क– ह०यो०प्र०, ३/३४–३५
ख– घे०सं०, ३/२५–३२

सिद्धि

"छेदन, चालन एवं दोहन के द्वारा जिह्वा को ज्यादा से ज्यादा नुकीला बनाकर, भ्रकुटि के मध्य में दृष्टि स्थिर करके, कपाल के छिद्र में जब जिह्वा विपरीत होकर गमन करने लगे तभी खेचरी मुद्रा सिद्ध होती है।"[1] "इस का अभ्यास मेलन के साथ किए जाने पर ही इसकी सिद्धि होती है अर्थात् गुरु के मुख से 'मेलन' मंत्र ग्रहण कर शास्त्रीय परम्परानुसार साधनोंपरान्त सिद्धि की प्राप्ति होती है।"[2] ''इस विद्या के द्वारा योगी आकाश में उड़ने में समर्थ हो जाता है, अतः खेचरी का अभ्यास खेचरी बीज के साथ करना चाहिए। खेचरी के बीज मन्त्र में खेचर का रूप 'ह' कार, आवसथ अर्थात् धारणा का रूप 'ई' कार, अग्नि का रूप 'र' कार और जल का रूप 'अनुस्वार' अर्थात् बिन्दू है। खेचरी योग इससे सिद्ध होता है। सोमांश चन्द्र बीज 'स' कार, इसकी विपरीत गणना करने पर नवें अक्षर 'भ' पुनःचन्द्रबीज 'स' कार, इसकी विपरीत गणना करने पर अष्टम् अक्षर 'म' और इसके पांच अक्षर उल्टा गिनने पर 'प' तथा 'चन्द्रबीज 'स' कार एवं संयुक्त वर्ण युक्त 'क्ष' सबसे अन्तिम अक्षर माना गया है। अतः ह्रीं, भं, सं, मं, पं, सं, क्षं से खेचरी मंत्र निर्मित होता है। गुरु द्वारा विधिवत् उपदेश प्राप्त कर इस मंत्र का जप करने से सभी प्रकार की सिद्धियों को प्राप्त किया जा सकता है। इस मंत्र के प्रतिदिन द्वादश बार जप करने से देह में स्थित माया का स्वप्न में भी प्रभाव नहीं

---

1 छेदनचालनदोहै– फलां परां जिह्वां कृत्वा दृष्टिं भ्रूमध्ये स्थाप्य
कपालकुहरे जिह्वा विपरीतगा यदा भवति तदा खेचरी मुद्रा जायते। शा०उ०, १/७/४२–क

2 क– अभ्यासं मेलनं चैव युगपन्नैव सिध्यति।
अभ्यासमात्रनिरता न विन्दन्ते ह मेलनम्।। यो०कु०उ०, २/५
ख– यदा तु मेलनं योगी लभते गुरुवक्त्रतः।
तदा तत्सिद्धिमाप्नोति यदुक्ता शास्त्रसंततौ।। वही, २/८

पड़ता तथा जो नियमपूर्वक इसका पांच लाख बार जाप करता है, उस साधक की खेचरी स्वयमेव सिद्ध हो जाती है। इस प्रकार छः बीजाक्षरों से करन्यास एवं षड़ांगन्यास द्वारा खेचरी पूर्ण रूप से सिद्ध होती है। यह अभ्यास अत्यन्त सावधानी से धीरे धीरे क्रमशः करना चाहिए। शीघ्रता से किया गया अभ्यास शरीर को हानि पहुँच सकता है।"[1]

लाभ

"खेचरी मुद्रा सिद्ध हो जाने पर अमृत अग्नि के ऊपर गिर कर नष्ट नहीं होता तथा न ही वायु गतिमान होती है। न क्षुधा, न प्यास, न निद्रा तथा न ही आलस्य का उदय होता है और जो योगी यह जानता है उसे मृत्यु का भय नहीं रहता।"[2] "उसे न

---

1 क– अनया विद्यया योगी खेचरीसिद्धिभाग्भवेत्।
खेचर्या खेचरीं युञ्जन्खेचरीबीजपूरया।।
खेचराधिपतिर्भूत्वा खेचरेषु सदा वसेत्।
खेचरावसथं वह्निमम्बुमण्डलभूषितम्।।
आख्यातं खेचरीबीजं तेन योगः प्रसिध्यति।
सोमांशनवकं वर्णं प्रतिलोमेन चोद्धरेत्।।
तस्मात् त्र्यंशकमाख्यातामक्षरं चन्द्ररूपकम्।
तस्मादप्यष्टमं वर्णं विलोमेन परं मुने।।
तथा तत्परमं विद्धि तदादिरपि पञ्चमी।
इन्दोश्च बहुभिन्ने च कूटोऽयं परिकीर्तितः।।
गुरूपदेशलभ्यं च सवयोगप्रसिद्धिदम्।
यत्तस्य देहजा माया निरूद्धकरणाश्रया।।
स्वप्नेऽपि न लभेतस्यनित्यं द्वादशजप्यतः।
य इमां पञ्च लक्षाणि जपेदपि सुयन्त्रितः।।
तस्य श्री खेचरीसिद्धिः स्वयमेव प्रवर्तते। यो०कु०उ०, २/१६–२३
ख– तस्याः षड्ङ्ग कुर्वीत तथा षट्स्वरभिन्नया।
कुर्यादेवं करन्यासं सर्वसिद्धयादिहैतवे।।
शनैरेवं प्रकर्तव्यमभ्यासं युगपन्न हि।
युगपद्वर्तते यस्य शरीरं विलयं व्रजेत्।। वही, २/३८–३९

2 क– खेचर्या मुद्रितं येन विवरं लम्बिकोर्ध्वतः।
न पीयुषं पतत्यग्नो न च वायुः प्रधावति।।
न क्षुधा न तृषा निद्रा नौवालस्यं प्रजायते।
न च मृत्युर्भवेत् तस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम्।। यो०शि०उ०, ५/४१–४२
ख– ध्या०बि०उ०, ८०
ग– ह०यो०प्र०, ३/३८–४०
घ– घे०सं०, ३/२८

मूर्च्छा आती है, न रोग कष्ट देते हैं और न ही वह कर्मों में लिप्त होता है"[1] "सिर से लेकर पांव पर्यन्त शरीर के समस्त अंग जिनके द्वारा पुष्ट होते हैं, उन सभी शिराओं का मूल बिन्दू खेचरी मुद्रा है तथा जिस साधक ने इस मुद्रा द्वारा जिह्वा से कपाल कुहर को ढक लिया है, उस साधक का रमणी के आलिंगन से भी बिन्दुपात नहीं हो सकता और जब तक बिन्दु शरीर में स्थित है तब तक मृत्यु से कोई भय नही।"[2] घेरण्ड संहिता के अतिरिक्त लाभों की चर्चा करते हुए कहा गया है – "इस मुद्रा में स्थित योगी को न अग्नि भस्म कर सकती है, न वायु शुष्क कर सकती है, न जल आर्द्र कर सकता है तथा न सर्प काट सकता है। इसकी सिद्धि से योगी के शरीर में दिव्य कान्ति का प्रादुर्भाव हो जाता है तथा कपाल एवं रसना के योग से अनेक रस उत्पन्न होने लगते हैं। नए नए आनन्द की अनुभूति होने लगती है। प्रारम्भ में लवण, क्षार, तिक्त एवं कषाय रस का तथा तत्पश्चात् मक्खन्, घृत, दुग्ध, दधि, तक्र, मधु, द्राक्षा तथा फिर अमृतादि रसों का स्वाद उत्पनन होता है।"[3]

---

1 क– न च मूर्च्छा भवेत्तस्य यो मुद्रां वेति खेचरीरम्।
पीऽयते न च रोगेण लिप्यते न च कर्मणा।। ध्या०बि०उ०, ८१
ख– यो०चू०उ०, ५४

2 क– बिन्दुमूलशरीराणि शिरास्तत्र प्रतिष्ठिताः।
भावयन्ती शरीराणि आपादतलमस्तकम्।।
खेचर्या मुद्रितं येन विवरं लम्बिकोर्ध्वतः।
न तस्य क्षीयते बिन्दुः कामिन्यालिङ्गितस्य च।।
यावद्बिन्दु : स्थितो देहे तावन्मृत्युभयं कुतः। वही, ५६–५८
ख– ह०यो०प्र०, ३/४२–४४

3 नाग्निनादह्यतेयात्रं न शोषयति मारुतः।
न देह क्लेदयन्तयापो दशयेन्न भुजंगमः।।
लावण्यं च भवेद् गात्रे समाधिर्जायते ध्रुवम्।
कपाल वक्त्रसंयोगे रसना रसमाप्नुयात्।।
नाना रससमुद्भूतमानन्दं च दिने दिने।
आदौ लवणक्षारं च ततस्तिक्त कषायकम्।।
नवनीतं लवणक्षारं च ततस्तिक्त कषायकम्।।
नवनीतं धृतं क्षीरं दधितक्रमधूनि च।
द्राक्षा रसं च पीयूषं जायते रसनोदकम्।। घे०सं०, ३/२६–३०

5. मूल बन्ध

अधिकाशतः सभी योग शास्त्र ग्रन्थबन्धों में से "मूल बन्ध को प्रथम उड्डियान बन्ध को द्वितीय तथा जालन्धर बन्ध को तृतीय स्थान दिया गया है।"[1] इनका क्रमशः विवेचन इस प्रकार है। "एड़ी से गुदा कों अत्यन्त दृढ़ता से दबाकर वायु को ऊपर की ओर बलपूर्वक बारम्बर आकृष्ट किया जाता है ताकि अपान वायु ऊपर आ सके। इस क्रिया को मूलबन्ध कहते हैं।"[2] इस क्रिया के माध्यम से अधोमुखी अपान को, उर्ध्वमुखी बनाने के लिए ऊपर की ओर आकृष्ट किया जाता है जिसका लक्ष्य सुषुम्ना में शक्ति प्रवाहित करना है। अतः मूलबन्ध कुण्डलिनी में पूर्णतया सहायक है। "इस बन्ध का अभ्यास करते हुए नाभिग्रन्थि अर्थात् ब्रह्म ग्रन्थि को दबाना चाहिए ताकि वायु सरलता से सुषुम्ना में प्रविष्ट हो सके।"[3]

लाभ

"मूलबन्ध के अभ्यास से प्राण तथा अपान, नाद तथा बिन्दु एक हो जाते हैं अर्थात् इनकी दूरी समाप्त हो जाती है, जिसके परिणाम स्वरूप योग का अभ्यास करने

---

1 क– प्रथमो मूलबन्धस्तु द्वितीयतूड़ीडयाणकः।
जालन्धरस्तृतीयस्तु लक्षणं कथायाम्यहम्।। यो०शि०उ०, १/१०३
ख– यो०कु०उ०, १/४१

2 क– गुदं पार्ष्ण्या तुसंपीड्य वायुमाकुञ्चयेद् बलात्।
बारं बारं यथा चोर्ध्वं समायति समीरणः।।
ख– ब्०बि०उ०, ७४
ग– यो०कु०उ०, १/४२
ध– यो०चू०उ०, ४६
ङ– यो०त०उ०, १२०–१२१
च– ह०यो०प्र०, ३/६१–६२
छ– घे०सं०, ३/१४–१५
ज– गो०प०, १/८१
झ– शि०सं०, ४/६४

3 नाभिग्रन्थि मेरूढण्डे सम्पीड्य यत्नतः सुधीः। घे०सं०, ३/१४

वाला निश्चित रूप से सिद्धि प्राप्त है।"[1] "प्राण अपान की एकता से मलमूत्र कम तथा वृद्ध भी युवा हो जाता है।"[2] "अपान, की उर्ध्वगमन द्वारा जब वह्निमण्डल से योग करता है , उस समय वायु से आहत होकर अग्नि अत्यन्त तीव्र हो जाती है। तत्पश्चात् उष्ण स्वरूप वाले प्राण में अग्नि एवं अपान का संयोग होने पर उत्पन्न प्रभाव से देहजन्य विकार नष्ट हो जाते हैं तथा उस अग्नि से संतप्त होकर सुप्त कुण्डलिनी जागृत होकर सर्पिणी के समान फुंकारती हुई सीधी हो जाती है।"[3] अतः मूलबन्ध का अभ्यास योगियों को सदैव करते रहना चाहिए। "इस प्रकार मूलबन्ध से प्राप्त होने वाले लाभो की चर्चा विभिन्न ग्रन्थों में भी उपलब्ध होती है।"[4]

6. उड्डियान बन्ध

"उड्डियान बन्ध कुम्भक के अन्त में तथा रेचक के प्रारम्भ में किया जाता है, इसके अभ्यास से प्राण बँध कर सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश करने लगता है, प्राणों के इसी उड्डीयान के कारण योगी जन इस बन्ध को 'उड्डीयान बन्ध कहतें है। गुरु द्वारा बताए

1 प्राणापानौ नादबिन्दू मूलबन्धेन चैकताम्।
गत्वा योगस्य संसिद्धि यच्छतो नात्र संशय।। यो०शि०उ०, १/१०५

2 अपानप्राणयौरक्यं क्षयान्मूत्रपुरीषयोः।
युवा भवति वृद्धोपि सततं मूलबन्धनात्।। यो०चू०उ०, ४७

3 अपाने चोर्ध्वगे याते संप्राप्ते वह्निमण्डले।
ततोऽनलशिखा दीर्घा वर्धते वायुना हता।।
ततो यातौ वह्न्यपानौ प्राणमुष्णस्वरूपकम्।
तेनात्यन्तप्रदीप्तेन ज्वलनो देहजस्तथा।।
तेन कुण्डलिनी सुप्ता संतप्ता संप्रबुध्यते।
दण्डाहतभुजङ्गीव निःश्वस्य ऋजुतां व्रजेत्।। यो०कु०उ०, १/४३-४५

4 क- ह०यो०प्र०, ३/६४-६६
ख- घे०सं०, ३/१५-१७
ग- शि०सं०, ४/३७-३८

जाने पर यह बहुत सरल हो जाता है तथा इसका अभ्यास बिना आलस्य प्रतिदिन करने से वृद्ध भी युवा हो जाता है।"[1]

"नाभि के ऊपर ओर नीचे के पेट के भाग को प्रयत्नपर्वूक पीछे की ओर लगाने से 'उड्डियान बन्ध की क्रिया सम्पन्न होती है।"[2] "जिस प्रकार थके बिना महापक्षी उड़ने की क्रिया करता है, उसी प्रकार पेट की पश्चिम 'ताण' क्रिया के साथ नाभि को ऊपर की ओर खींचना चाहिए।"[3] "इसकी तुलना मृत्यु रूपी हाथो के लिए सिंह के समान की गई है जिससे प्राण सुषुम्ना में उठ जाता है।"[4]

लाभ

"इस बन्ध के छः मास तक निरन्तर अभ्यास द्वारा योगी निश्चित रूप से मृत्यु पर विजय प्राप्त करता है। सभी चिन्हों में से यही बन्ध श्रेष्ठ है जिसके सिद्ध हो जाने पर स्वाभाविक मृत्यु होती है।"[5] "इससे समस्त पेट के विकार शान्त होते हैं। इसीलिए

---

1 क– कुम्भकान्ते रेचकादौ कर्त्तव्यस्तूड्डियाणकः।
बन्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूड्डीयते तथा।।
तस्मादुड्डीयणाख्योऽयं योगिभिः समुदाहृतः।
उड्डियाण तु सहजं गुरुणा कथितं सदा।।
अभ्यसेत् तदतन्द्रस्तु वृद्धोऽपि तरुणो भवेत्। यो०शि०उ०, १/१०६–१०८
ख– यो०कु०उ०, १/४७–४८
ग– ह०यो०प्र०, ३/५५–६६
ध– गो०प०, १/७७

2 नाभोरूर्ध्वमधश्चापि ताणं कुर्यात् प्रयत्नतः।। यो०शि०उ०, १/१०८
क– यो०चू०उ०, ४६
ख– ह०यो०प्र०, ३/५७
ग– घे०स०, ३/८
घ– गो०प०, १/७८
ड.– शि०सं०, ४/७२–७३

3 उड्डियाणं कुरुते यस्मादविश्रान्तमहाखगः।।
उड्डियाणं तदेव स्यात्तत्र बन्धो विधीयते।
उदरे पश्चिमं ताणं नाभेरूधर्वं कारयेत्।। ध्या०बि०उ०, ७५–७६

4 क– उड्डीयानं ह्यसौ बंधो मृत्युमातङ्गकेसरी।। ह०यो०प्र०, ३/५७
ख– अऽयं मृत्युमातङ्गकेसरी। बन्धोयेन सुषुम्नायां प्राणस्तुड्डीयतेयतः। यो०त०उ०, ११६

5 क– षण्मासमभ्येन्मृत्यु जयत्वेव न संशयः।।
सर्वेषामेव बन्धानामुत्तमो ह्युड्डियानकः।

इसका सदैव अभ्यास आवश्यक है।"[1] इस बन्ध से विष्णु ग्रन्थि पर दवाब पड़ता है जिस कारण उससे सम्बन्धित समस्त कार्य सरलता से सम्पन्न होते हैं। वराहोपनिषद्[2] मे भी इसके लाभों की चर्चा विस्तृत रूप से उपलब्ध होती है।

7. जालन्धर बन्ध

"कण्ठ को सिकोड़ कर दृढ़ता पूर्वक हृदय पर इस प्रकार स्थापित करें कि प्राण वायु अन्दर से बाहर न जा सके। ऐसी क्रिया 'जालन्धर बन्ध' कहलाती है। इसके अभ्यास से ब्रह्मरन्ध्र से स्रावित होने वाला अमृत द्रव शोषित होने लगता है, वह जठराग्नि में पहुँच कर व्यर्थ नष्ट नहीं होता यह क्रिया सदैव पूरक के अन्त में की जाती है ताकि वायु का निरोध हो सके।"[3] इससे प्राण सुषुम्ना की ओर प्रेरित होते हैं। इस बन्ध से रूद्रग्रन्थि पर दवाब पड़ता है तथा सोलह प्रकार के आधारो का बन्ध हो जाता है। वे सोलह आधार है– अगुष्ठ, गुल्फ, जानु, ऊरू, सीवनी, लिङ्ग, नाभि, ग्रीवा, हृदय, कण्ठदेश, लम्बिका, नासिका, भ्रमध्य, मस्तक, मूर्धा तथा ब्रह्मरन्ध्र। इन आधारों का बन्ध अत्यावश्यक है, इनके बिना योगपथ पर सफलता सम्भव नही।

उड्डियाने दृढ़े बंधे मुक्ति स्वाभाविकी भवेत्।। ह०यो०प्र०, ३/५९-६०
ख– यो०शि०उ०, १/११०
ग– गो०प०, १/७८/४

1 तुन्ददोषं विनिर्धूय कर्त्तव्यं सततं शनैः।। यो०कु०उ०, १/५०

2 वरा०उ०, ५/६-९

3 क– पूरकान्ते तु कर्त्तव्यो बन्धोजालन्धराभिधः।
कण्ठसंकोचरूपोऽसौ वायुमार्ग निरोधकः।।
कण्ठमाकुञ्च्य हृदयेस्थापयेद् दृढ़निश्चयः।
बन्धोजालन्धराख्योऽयमृतव्ययकारकः। यो०शि०उ०, १/१०९-११०
ख– ध्या०बि०उ०, ६९
ग– यो०कु०उ०, ६९
घ– यो०चू०उ०, १/५१
ङ– यो०त०उ०, ११८-११९
च– ह०यो०प्र०, ३/७०
छ– गो०प०, १/८०
ज– शि०सं०, ४/६०

लाभ

शरीर में नीचे की ओर जाने वाले आकाश तथा जलतत्त्व को शिर में ही स्थिर रखता है, ऐसा जालन्धर बन्ध दुख तथा रोगों को नष्ट करता है। इसे करने से अमृत अग्नि में नहीं पड़ता तथा वायु भी स्थिर रहती है।"[1] शिव संहिता में इसके निरन्तर अभ्यास प्राप्त होने वाले लाभ की चर्चा करते हुए कहा गया है कि "यह बन्ध देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। इसके अभ्यास से बुद्धिमान साधक स्वयं अमृतपान में समर्थ हो जाता है तथा वह अमृत प्राप्त कर त्रिलोकी में सुख पूर्वक विचरण करता है। यह बन्ध सिद्धों के लिए सिद्धिदायक है। इस प्रकार नित्य प्रति इसके अभ्यास द्वारा वह इच्छित सिद्धि प्राप्ति सफल हो जाता है।"[2]

त्रयबन्ध अभ्यास

"इन तीनों बन्धों का एक साथ अभ्यास कुण्डलिनी जागरण को सरल बनाता है। इनके लिए मूलबन्ध के द्वारा अधोभाग में गुदा का संकोचन करके, कण्ठ संकोचन द्वारा जालन्धर बन्ध मध्य में उड्डियान बन्ध द्वारा प्राण वायु को खींच कर प्राण को सब ओर से रोकने पर वह सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश करके उर्ध्वगामी हो जाता है।"[3]

---

1 क– बध्नाति हि शिरोजायमधोगामिनभोजनम्।
ततो जालन्धरो बन्धः कण्ठे दुःखौघनाशनः।।
जालन्धरे ऊते बन्धे कण्ठ सकोचलक्षणे।
न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रधावति।। यो०चू०उ०, ५०–५१
ख– गो०प०, ७६–८०

2 बन्धो जालंधरः प्रोक्तो देवानामपि दुर्लभः।।
बन्धेनानेन पीयूषं स्वयं पिबति बुद्धिमान्।
अमरत्वञ्च सम्प्राप्य मोदते भुवनत्रये।।
जालंधरो बन्ध एष सिद्धानां सिद्धिदायकः।
अभ्यासः क्रियते नित्यं योगिना सिद्धिमिच्छता।। शि०सं०, ६१–६३

3 क– अधस्तात्कुञ्चनेनाशु कण्ठसंकोचने ऊते।
मध्ये पश्चिमताणेन स्यात्प्राणो ब्रह्मनाडिगः।। यो०कु०उ०, १/५२

8. विपरीतकरणी मुद्रा

"सिर नीचे तथा पैर ऊपर की ओर करने से इस मुद्रा की स्थिति बनती है। पहले क्षण भर के लिए तथा इसके पश्चात् प्रत्येक दिन एक–एक क्षण अभ्यास बढ़ते रहना चाहिए।"[1] हठयोग प्रदीपिकानुसार "उर्ध्व भाग में नाभि और अधो भाग में तालु की स्थिति होने पर विपरीतकरणी मुद्रा कही जाती है। जिसे गुरु के निर्देश द्वारा ही किया जाना चाहिए।"[2] घेरण्ड संहिता में इस मुद्रा की समान पद्धति की चर्चा करते हुए कहा गया है– "नाभिमूल में सूर्य नाड़ी तथा तालुमूल में चन्द्रनाड़ी का वास है। सहस्रार के अमृतस्राव को सूर्यनाड़ी ग्रहण करती है जिनसे प्राणी की मृत्यु कहीं गई है। यदि उसी स्रावका पान चन्द्रनाड़ी करे तो जीव को मृत्यु का भय नहीं सताता। अतः सूर्यनाड़ी को ऊपर तथा चन्द्र नाड़ी को नीच करना विपरीतकरणी मुद्रा है। इसमें सिर को भूमि पर लगाकर दोनों हाथ टेके और दोनों पांवो को ऊपर उठाकर कुम्भक के द्वारा वायु को रोके।"[3] शिव संहिता[4] भी समान विधि का अनुसरण करती है। "इस मुद्रा के अभ्यास काल में योगी को यथेष्ट भोजन ग्रहण करना चाहिए अन्यथा प्रदीप्त जठराग्नि उसके

ख– ध्या०बि०उ०, १०१
ग– यो०शि०उ०, १/१११
घ– शा०उ०, १/७/१२

1 अधः शिरश्चोर्ध्वपादः क्षणं स्यात्प्रथमें दिने।।
क्षणाच्च किंचिदधिकमभ्यसेतु दिनेदिने। यो०त०उ०, १२४–१२५

2 ऊर्ध्व नाभेरधस्तालोरूर्ध्व भानुरधः शशी।
करणी विपरीताख्या गुरुवाक्येन लभ्यते।। ह०यो०प्र०, ३/७८

3 नाभिमूले वसेत् सूर्यस्तालुमूले च चन्द्रमाः।
अमृत ग्रसते मृत्युस्ततो मृत्युवशो नरः।।
उर्ध्व च जायते सूर्यश्चन्द्रं च अध आनयेत्।
विपरीतकरणी मुद्रा सर्वतन्त्रेषु गोपिता।।
भूमौ शिरश्च संस्थाप्य करयुग्मा समाहितः।
उर्ध्वपादः स्थिरोभूत्वा विपरीतकरी मता। घे०सं०, ३२–३५

4 शि०सं०, ४/६८

शरीर को उसी समय समाप्त कर देती है।"[1]

लाभ

जठराग्नि प्रदीप्त होने के कारण "छः मास में ही साधक के शरीर की झुर्रियां तथा बालों की सफेदी समाप्त हो जाती है। जो योगी प्रतिदिन एक प्रहर तक इस मुद्रा का अभ्यास करता है, वह काल को अपने वश में कर लेता है।"[2]

9. वज्रोली

"शीशे की चौदह अंगुल लम्बी और उपस्थ के छिद्र में प्रविष्ट होने योग्य मोटी सलाई बनवाकर उसे उपस्थ में प्रतिदिन एक–एक अंगुल परिणाम से ऊपर की ओर प्रवेश कराना चाहिए। बारह दिन पर्यन्त लिगेन्द्रिय के पूर्णतया शुद्ध हो जाने पर वायु का ग्रहण तथा त्याग करना चाहिए। अभ्यास में अग्रसर होते हुए क्रमशः जल, दूध, तेल, शहद तथा पारा ग्रहण करना ही अपेक्षित है। इस मुद्रा के सिद्धहस्त होने पर योगी द्वारा रज को आकर्षित करने पर इस मुद्रा की सिद्धि हो जाती है।"[3]

शिव–संहिता में इस मुद्रा के स्वरूप पर प्रकाश डालते कहा गया है "पहले साधक विधि–विधान से प्रयत्न–पूर्वक योनि से रज का उपस्थ नाल में आकर्षण कर अपनी देह में प्रविष्ट करे। इस क्रिया में यदि दैववशात् बिन्दु अपने स्थान से च्युत हो जाय तो उसको योनिमुद्रा के द्वारा निबद्ध कर ऊपर की ओर आकर्षित करें तथा बायें

---

1 क– आहारो बहुलस्तस्य संपाद्यः साधकस्य च।।
अल्पाहारो यदि भवेदग्निर्देहं हरेत्क्षणात्। यो०त०उ०, १२३–१२४
ख– ह०यो०प्र०, ३/८०–८१

2 क– वली च पलितं चैव षण्मासाधन्नि दृश्यते।।
याममात्रं तु यो नित्यमभ्यसेत्स तु कालजित्। यो०त०उ०, १२५–१२६
ख– ह०यो०प्र०, ३/८२

3 ह०यो०प्र०, द्रष्टव्य, पृ०सं०–१३१

भाग में स्थित कर, क्षणभर के लिए लिंग चालन क्रिया को रोक कर पुनः गुरु उपदेशानुसार वह हूँ हुँकार शब्द का उच्चारण करता हुआ चालन क्रिया में प्रवृत्त हो जाय तथा बलपूर्वक अपान वायु का आकुंचन करता हुआ रज का आकर्षण करें यही वज्रांली मुद्रा है।"[1] ध्यानबिन्दूपनिषद् योगचूडामण्युपनिषद् इत्यादि "अग्नितत्त्व में बिन्दुपात को रोकने हेतु योनिमुद्रा द्वारा उसे रोककर उर्ध्वगामी बनाने"[2] की चर्चा उपलब्ध होती है। घेरण्ड संहिता में कहा गया है – "दोनों हाथों को पृथ्वी पर टिकाकर दोनों पैरो एवं मस्तक को आकाश में उठा देना ही वज्रोली मुद्रा कही जाती है।"[3] इस प्रकार मुद्रा का यह स्वरूप वज्रोली मुद्रा से साम्य नहीं रखता।

लाभ

"योगी वज्रोली मुद्रा का नित्य अभ्यास करता शीघ्र सिद्धावस्था को प्राप्त कर सकता है तथा सिद्धि को उसके हस्तगत जानना चाहिए वह भूत, भविष्य का ज्ञाता होकर आकाश मार्ग से गमन करने में समर्थ हो जाता है।"[4]

---

1 आदौ रजः स्त्रियो योन्याः यत्नेन विधिवत्सुधीः।
आकुंचय लिंगनालेन स्वशरीरे प्रवेशयेत्।।
स्वकं बिन्दुञ्च सम्बन्ध्य लिंगचालनमाचरेत।
देवाच्चलति चेदूर्ध्वं निबद्धो योनिमुद्रया।।
वाममार्गेपि तद्बिन्दुं नीत्वा लिंग निवरायेत्।
क्षणमात्रं योनितो य पुमांश्चालनमाचरेत्।।
गुरूपदेशतो योगी हुं हुं कारेण योनितः।
अपानवायुमाकुंच्य बलादाकृष्य तद्रणः।। शि०स०, ४/८१-८४

2 क– गलितोऽपि यदा बिन्दुः संप्राप्तो योनिमण्डले।।
व्रजत्यूर्ध्वं हठाच्छक्त्या निबद्धो योनिमुद्रा। ध्या०बि०उ०, ८५
ख– ज्वलितोऽपि यथा बिन्दुः संप्राप्तश्चहुताशनम्।
व्रजात्यूर्ध्व गतः शक्त्या निरुद्धो योनिमुद्रया।। यो०चू०उ०, ५६

3 धरामवष्टभ्य करयोस्तलाभ्याम् उर्ध्व क्षितेत्पादयुगंशिरः।
शक्तिप्रबोधाय चिरंजीवनाय वज्रोलिमुद्रां कवयोवदन्ति।। घे०सं०, ३/४५

4 वज्रालीमभ्यसेद्यस्तु स योगी सिद्धिभाजनम्।।
लभ्यते यदि तस्यैव योगसिद्धि करे स्थिता।
अतीतानागतं वेत्ति खेचरी च भवेद्ध्रूवम्।। यो०त०उ०, १२६-१२७

"योनि में पतित हुआ बिन्दु भी उक्त मुद्राभ्यास द्वारा आकर्षित करके अपने पूर्वस्थान पर स्थापित किया जा सकता है। इस प्रकार जो योगबिन्दु की रक्षा करता है वह मृत्यु को जीत लेता है।"[1]

9. सहजोली मुद्रा

योगतत्त्वोपनिषद् में इस मुद्रा का केवल नामोल्लेख ही उपलब्ध होता है हठयोग प्रदीपिका में इस संबंध में कहा गया है, " ये दोनों मुद्राएं सहजोली तथा अगरोली वज्रोली मुद्रा के ही दो भाग है। सहजोली मुद्रा में जलाए हुए कुण्डों की सुन्दर भस्म को जल में डालकर, मैथुनान्तर सुखपूर्वक बैठ कर पुरूष तथा स्त्री द्वारा अपने–अपने अङ्गों पर लेप करने का विधान वर्णित है।"[2]

लाभ

"यह क्रिया योगियों द्वारा सदैव श्रद्धा के योग्य तथा शुभकारी योग, भोग एवं मोक्ष प्रदान करने वाली है। यह योग पुण्यवान्, धीर, तत्त्वदर्शी और द्वेष रहित पुरूषों द्वारा ही सिद्ध हस्त होता है।"[3]

---

1 क– नारीभगे पतिद्बिन्दुमभ्यासेनोर्ध्वगासरेत्।
चलितं च निजं बिन्दुमूर्ध्वमाकृष्य रक्षयेत्।।
एवं संहक्षयेद्विदुं मृत्यु जयति योगवित्। ह०यो०प्र०, ३/८१-८८
ख– घे०सं०, ३/४६-४८

2 सहजोलिश्चामामरोलिर्वज्रोल्या भेद एकतः।
जले सुभस्म निक्षित्य दग्धगोमयसंभवम्।।
वज्रोलीमैथुनादूर्ध्वं स्त्रीपुन्सोः स्वांगलेपनम्। ह०यो०प्र०, ३/६१-६२

3 सहजोलिरियं प्रोक्ता श्रे सुया योगिभिः सदा।
अयं शुभकरो योगी भोगयुक्तोऽपि मुक्तिदः।।
अयं योगः पुण्यवतां धीराणां तत्त्वदर्शिनाम्।
निर्मत्सराणां सिध्येत न तु मत्सरशीलनाम्।। वही, ३/६३-६४

10. अमरोली मुद्रा

वज्रोली मुद्रा के द्वितीय भेद अमरोली का स्वरूप योगतत्त्वोपनिषद् में इस प्रकार वर्णित है– "जो योगी अमरी अर्थात् स्वाम्बु का प्रतिदिन घ्राणेन्द्रिय के माध्यम से उसका नस्य करता है तथा साथ ही वज्रोली का अभ्यास करता है, तो उसे अमरोली का साधक कहा जाता है।"[1] हठयोग प्रदीपिका का कथन "अधिक पित्त वाली प्रारम्भिक बिन्दुधारा तथा सार अंश से शून्य एवं अन्त की बिन्दुधारा का त्याग करके शीतल मध्य धारा का ही इस मुद्रा में सेवन करना अमरोली कहा जाता है।"[2] शिव संहिता में "लिंगनाल द्वारा रज–बिन्दु के शोषण को अमरोली मुद्रा स्वीकार किया है।"[3]

लाभ

इस अभ्यास से देह–सिद्धि योगसिद्धि एवं मुक्ति या स्वरूपावस्था की प्राप्ति होती है।

11. शाम्भवी मुद्रा

"योगी की अन्तः एवं बाह्य लक्ष्य को देखने की सामर्थ्य से युक्त दृष्टि जब स्थिर हो जाती है, तब वह स्थिति शांभवी मुद्रा कहलाती है।"[4] "यह दृष्टि प्रथम अग्निमण्डल, ऊपर सूर्य मण्डल, उनके मध्य सुधा स्वरूप चन्द्रमण्डल तथा उनके बीच तेजोमय अखण्ड ब्रह्म पर स्थिर होकर शाम्भवी मुद्रा को लक्षित करती है।"[5] हठयोग प्रदीपिकानुसार "अन्र्तलक्ष्य एवं ब्रह्म लक्ष्य विषयों में निमेष एवं उन्मेष दृष्टि रहित चित्त

---

1 अमरीं यः पिबेन्नित्यं नस्यं कुर्वन्दिने दिने।
वज्रोलीमभ्यसेन्नित्यममरोलीति कथ्यते।। यो०त०उ०, १२८

2 पित्तोल्बणत्वात्प्रथमाम्बुधारां विहाय निःसारतयान्त्यधारा।
निषेव्यते शीतलमध्यधारा कापालिके खण्डमतेऽमरोली।। ह०यो०प्र०, ३/९६

3 अमरोलिरियं प्रोक्ता लिंगनालेन शोषयेत्। शि०सं०, ४/९६

4 अन्तर्बाह्यलक्ष्ये द्वष्टौ निमेषोन्मेषवर्जितायां सत्यां शांभवी मुद्रा भवति। अ०ता०उ०, १२

5 आदावग्निमण्डलम्। तदुपरि सूर्यमण्डलम्। तन्मध्येसुधाचन्द्रमण्डलम्।
तन्मध्येऽखण्ड ब्रह्मतेजो मण्डलम्। तद्विद्युल्लेखावच्छुक्लभास्वरम्।
तदेव शाम्भवी लक्षणम्।। म०ब्रा०उ०, २/१/५

को आज्ञा चक्र में स्थित करना शाम्भवी मुद्रा कही गई है जो वेद शास्त्रों में छिपी हुई है।"[1] घेरण्ड संहिता में भी "दृष्टि को दोनों भौहों में स्थिर कर एकाग्र मन से चिन्तन करते हुए परमात्मा का दर्शन करने को शाम्भवी मुद्रा स्वीकृत किया गया है।"[2]

सिद्धि

शाम्भवी मुद्रा की सिद्धि भृकुटियों के मध्य ब्रह्म के दर्शन करने की दृष्टि पर निर्भर करती है। दृष्टि के तीन स्वरूप कहे गए हैं– अमावस्या, प्रतिपदा तथा पूर्णिमा। निमीलित दृष्टि अमावस्या स्वरूप है, अर्धनिमीलित दृष्टि प्रतिपदा स्वरूप है तथा पूरी तरह खुली हुई दृष्टि पूर्णिमा है। इसीलिए पूर्णिमा रूप दृष्टि का ही अभ्यास करना चाहिए।"[3] इसका भाव यह है कि पलक बन्द होने पर आलस्य से चित्त का लय अर्धखुले नेत्रों से विक्षेप तथा पूर्ण खूले नेत्रो से चित्त का लय अन्तर्मुखी होता है इसीलिए पूर्णिमा रूप दृष्टि ही श्रेयस्कर है। "इससे सहज ही मन आनन्द में लीन हो जाता है, तब शाम्भवी मुद्रा सिद्ध होती है।"[4]

लाभ

"इसके अभ्यास से मन स्थिर तत्पश्चात् बुद्धि स्थिर हो जाती है।"[5] घेरण्ड संहिता में स्पष्ट लिखा है, "वेद शास्त्रों में शाम्भवी मुद्रा कुलवधु के समान छिपे हुए बताया गया है तथा इसका अभ्यास करने वाला स्वयं आदिनाथ नारायण तथा जगत्स्रष्टा ब्रह्म ही

---

1 अन्तर्लक्ष्यम् बहिर्दृष्टि निर्मिषोन्मेषवर्जिता। एषा सा शाम्भवी मुद्रा वेदशास्त्रेषु गोपिता।।
ह०यो०प्र०, ४/३६

2 नेत्राञ्जनं समालोक्य आत्मारामं निरीक्षयेत्।
साभवेच्छाम्भवीं मुद्रा सर्वतन्त्रेषुगोपिता।। घे०सं०, ३/६४

3 तद्दर्शने तिस्त्रो दृष्टयः अमा प्रतिपत् पूर्णिमा चेति।
निमीलितदर्शनममादृष्टिः। अर्धोन्मीलितं प्रतिपत्।
सर्वोन्मलिनं पूर्णिमा भवति। तासु पूर्णिमाभ्यासः कर्त्तव्यः।। म०ब्रा०उ०, २/१/६

4 एवं सहजानन्दे यदा मनो लीयते तदा शाम्भवी भवति। वही, २/१/८

5 तदभ्यासान्मनः स्थैर्यम्। ततो बुद्धिस्थैर्यम्।। वही, ६

है।"[1] हठयोग प्रदीपिका "शाम्भवी मुद्रा द्वारा लित लय का विस्तारपूर्वक वर्णन करती है।[2]

12. षण्मुखी मुद्रा

अंगूठो से दोनों कान, तर्जनी एवं मध्यमा से नेत्र अनामिका एवं कनष्ठिका से नासारन्ध्रों को बन्द करके ध्यान लगाना 'षण्मुखी मुद्रा कहलाता है। इस मुद्रा की त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्[3] दर्शननोपषिद्[4] तथा मण्डलब्राह्मणोंपनिषद्[5] आदि में चर्चा प्राप्त होती है।

लाभ

"इस मुद्रा का अभ्यास करने वाले को कर्म लिप्त नहीं करते। सूर्यास्त के समय कर्म सम्पन्न किए जाते हैं किन्तु चिदादित्य का तो उदय–अस्त होता ही नही; इसीलिए इसे जानने वाले के लिए कोई कर्म शेष नहीं रहते।"[6]

13. शक्तिचालन मुद्रा

महाशक्ति, कुण्डलिनी कही गई है तथा समस्त मुद्राओं का प्रधान लक्ष्य ही महाशक्ति का जागरण अर्थात् सोई हुई शक्ति को जगाना है। उपरोक्त जिन मुद्राओं का वर्णन किया गया है सभी का परिप्रेक्ष्य यही है। योगकुण्डल्युपनिषद् इसकी परिभाषा

---

1 वेदशास्त्र पुराणानि सामान्य गणिका इव
इयन्तु शाम्भवीमुद्रा गुप्ताकुलवधूरिव।।
स एव आदिनाथश्च स च नारायणः स्वयम्।
स च ब्रह्म सृष्टिकारो योमुद्रां वेत्ति शाम्भवीम्।। घे०स०, ३/६४–६६

2 ह०यो०प्र०, ३/३६–३७

3 त्रि०ब्रा०उ०, २/११६

4 दर्श०उ०, ६/३३–३४

5 म०ब्रा०उ०, २/२/२

6 तस्या न कर्मलेप। खेरुदयास्तमययोः किल कर्म कर्तव्यम्।
एवं विर्धाश्चदादित्यस्योदयास्तमयाभावात्सर्वकर्माभावः।। वही, २/२/३

देते हुए कहता है – "योगी, जिस चालन क्रिया के द्वारा महाशक्ति को नीचे से ऊपर दोनों भृकुटियों के मध्य ले जाता है, उसे शक्तिचालन नाम से सम्बोधित करते हुए इसकी विधि का निर्देश किया गया है– "इस क्रिया में सर्वप्रथम इड़ा नाड़ीप्रवाह समय पद्मासन में दृढ़तापूर्वक स्थित होकर दोनों नासिका छिद्रों को अंगुष्ठ तथा तर्जनी अंगुली से पकड़कर निर्भयता पूर्वक दो मुहूर्त तक पहले बायीं फिर दायीं नासिका छिद्र से निरन्तर रेचक तथा पूरक करने के उपरान्त सूर्य नाड़ी अथवा दायीं नासिका छिद्र से रेचक करके कण्ठ संकोचन संहित पेट को ऊपर की ओर खींचें। इससे वायु वक्षस्थल से ऊपर की ओर गमन करेंगा। इसी क्रम से पूरक द्वारा समान क्रिया करनी चाहिए। ऐसा अभ्यास प्राण गति अवरूद्व कर कुण्डलिनी को सुषुम्ना नाड़ी में अविष्ट करा देता है। इसीलिए नियमित रूप से शब्दमयी सरस्वती चालन अर्थात् शक्तिचालन करना चाहिए।"[1] योगशिखोपनिषद्[2] शक्तिचालन की समान विधि का उल्लेख करता है। अन्तर मात्र इतना है कि यह उपनिषद् वज्रासन में इस प्रक्रिया के सम्पन्न कसे का निर्देश देता है। हठयोग प्रदीपिका में इस मुद्रा की चर्चा इस प्रकार है– "सोती हुई भुजङ्गी की

1 यस्याः संचालनेनैव स्वयं चलति कुण्डली।
इडायां वहति प्राणे बद्ध्वा पद्मासनं दृढम्।।
अगुष्ठतर्जनीभ्यां तु हस्ताभ्यां धारयेद्दृढम्।
स्वशक्त्या चालयेद्वामे दक्षिणेन पुनः पुनः।।
मुहूर्तद्वयपर्यन्तं निर्भयात्चालयेत्सुधीः।
उर्ध्वमाकर्षयेत्किंचित्सुषुम्नां कुण्डलीगताम्।।
तेन कुण्डलिनी तस्याः सुषुम्नाया मुखं व्रजेत्।
जहाति तस्मात्प्राणोऽयं सुषुम्नां व्रजति स्वतः।।
तुन्दे तु ताणं कुर्याच्च कण्ठ संकोचने ऊते।
सरस्वत्याश्चालनेन वक्षसश्चोर्ध्वगो मरुत्।।
सूर्येण रेचयेद्वायुं सरस्वत्यास्तु चालने।
कण्ठसंकोचनं कृत्वा वक्षसश्चोर्ध्वगो मरुत्।।
तस्मात्संचालयेन्नित्यं शब्दगर्भा सरस्वतीम्।
यस्याः संचालनेनैव योगी रोगैः प्रमुच्यते।।
गुल्मं जलोदरः प्लीहा ये चान्ये तुन्दमध्यगाः।
सर्वे तु शक्तिचालेन रोगा नश्यन्ति निश्चयम्।। यो०कु०उ०, १/८०, १२-१८

2 यो०शि०उ०, १/८३-८५

पूँछ को पकड़कर प्रबोधन करने से वह शक्ति निद्रा छोड़कर ऊपर उठकर स्थिर हो जाती है। वह फणवती प्रातः काल सायंकाल में आधे प्रहर तक सूर्य से पूरित परिधान से ग्रहण करके नित्य करनी चाहिए। मूल स्थान से चार अंगुल ऊपर विस्तार वाले कोमल श्वेत तथा वेष्टित किये वस्त्र के समान कहा जाता है। वज्रासन में स्थित होकर दोनों पाँवो को एड़ियों के पास से हाथों द्वारा दृढ़ता से धारण कर उस बन्द का प्रपीड़न करें। पुनः नाभिदेश के आकुंचल से वहां स्थित सूर्य के आकुंचन कर लेते कुण्डलिनी का सचांलन होता है। इस प्रकार दो मुहूर्त तक चालन करने से शक्ति सुषुम्ना में प्रवेश कर जाती है।"[1] घेरण्ड संहिता[2], गोरक्ष पद्धति[3] तथा शिव संहिता[4] समान रूप से इस क्रिया का व्याख्यान भिन्न शब्दों में किया गया है।

लाभ

इस शक्तिचालन मुद्रा से प्राण सुषुम्ना में प्रविष्ट हो जाता है, उस अरूंधती का, जो सुख से सोती है, नित्य चालन करने से योगी रोगो से मुक्त हो जाता है तथा अणिमादि सिद्धियों की प्राप्ति होती है तथा योगी अनायास ही मृत्यु को अपने वश में

---

1 पुच्छे प्रग्रह्यं भुजंगी सप्तामुद्बोधयेच्च ताम्।
निद्रां विहाय सा शक्तिरुर्ध्वमुत्तिष्ठते हठात्।।
अवस्थित चैव फणावती सा प्रातश्च सायं प्रहरार्धमात्रम्।
प्रपूर्य सूर्यात्परिधानयुक्त्या प्रग्रह्य नित्यं परिचालनीया।।
उर्ध्वं वितस्तिमात्रं तु विस्तारं चतुरंगुलम्।
मृदुलं धाववलं प्रोक्तं वेष्टितांवरलक्षणम्।।
सति वज्रासने पादौ कराभ्यां धान्येद्दृढ़म्।
गुल्फदेशसमीपे च कंदं तत्र प्रपीडयेत्।।– – –
भानोराकुंचनं कुर्यात्कुंडली चालयेत्ततः।– – –
मुहूर्तद्वयपर्यन्तं निभयं चालनादसौ
उर्ध्वमाकृष्यते किचित्सुषुम्नायां समुद्गता।। ह०यो०प्र०, ३/११-११४, ११६-११७

2 घे०स०, ३/४६-५७

3 गो०प०, १/५२

4 शि०सं०, ४/१०५

कर लेता है।"[1] इस प्रकार शक्ति चालन मुद्रा की सिद्धि से फल प्राप्ति की चर्चा विभिन्न योग ग्रन्थों में भी उपलब्ध होती है।[2]

अतः इन यौगिक मुद्राओं के अतिरिक्त उपनिषदों में ज्ञान मुद्रा[3], वैष्णवी मुद्रा[4] चिन्मुद्रा इत्यादि का भी उल्लेख प्राप्त होता है।[5]

4.6.2 अष्टांग–योग में मुद्रा एवं बन्ध विज्ञान की उपयोगिता

आसन के सन्दर्भ में उपयोगिता

प्रत्येक आसन मुद्रा–बन्ध से युक्त होकर सम्बन्धित लाभ में वृद्धि प्राप्त करता है। मुद्राओं का मुख्य उद्देश्य उर्जा क्षेत्र की संरचना को सन्तुलित करना है। जिस क्षेत्र में ऊर्जा की जितनी आवश्यकता है, मुदाएं उतनी ही शक्ति का वितरण करती है। आसनों द्वारा प्राप्त उर्जा को यदि मुद्राओं के माध्यम से नियन्त्रित न किया जाए तो अधिक उर्जा का विचरण शरीर के उस भाग को हानि पहुँचा सकता है।

प्राणायाम के सन्दर्भ में उपयोगिता

मुद्राएँ प्राणायाम अभ्यास काल में प्राणों के बिखराव पर नियन्त्रण स्थापित करती है जैसे जालन्धर बन्ध कण्ठ से निकलने वाली समस्त नाड़ियों को बांध लेता है जिससे

---

1 तस्मात्सञ्चालयेन्नित्यं सुखसुप्तामरुधतीम्।
तस्याः सञ्चालनेनैन योगी रोगै : प्रमुच्यते।
योन सञ्चालिता शक्तिः स योगो सिद्धि भाजनम्।
किमत्र बहुनोक्तेन कालं जयति लीलया।। ह०यो०प्र०, ११६–१२०

2 क– वही, १२१–१२५
ख– घे०स०, ३/५०–६०
ग– गो०प०, ५३–५६
घ– शि०सं०, ४/१०६–१११

3 ना०बि०उ०, ३१

4 क– ब्र०वि०उ०, ५६
ख– शा०उ०, १/७/१४

5 त्रि०ब्रा०उ०, २/६३

प्राणायामाभ्यास से उत्पन्न उर्जा का अधिक भाग केवल मस्तिष्क में न जाकर सम्पूर्ण शरीर में आवश्यकतानुसार वितरित होता है। इसी प्रकार मूल बन्ध तथा उड्डियान बन्ध प्राणों को एक केन्द्र पर संचित कर, उचित दिशा की ओर गतिशील करते हैं। इसीलिए अधिकांश ग्रन्थों में बन्ध सहित प्राणायाम करने का निर्देश प्राप्त होता है।

ये प्राणायाम मुद्राओं के साथ सम्मिलित रूप में कुण्डलिनी जागरण हेतु प्रवृत्त होते हैं। केवल प्राणायाम या केवल मुद्राएं इस शक्ति को जगाने में असमर्थ है इसलिए इन दोनों का साथ–साथ अभ्यास निसंदेह लक्ष्य की प्राप्ति करवाता है उदाहरण के लिए प्राण–निरोध समय योनिमुद्रा द्वारा गुदा भाग का आकुंचन तथा साथ में उड्डियानबन्ध द्वारा नाभिका अकुंचन निश्चित रूप से कुण्डलिनी को जागृत कर सुषुम्ना में प्रवेश करा देती है।

प्रत्याहार तथा धारणा के सन्दर्भ में उपयोगिता

चित्त वृत्तिया स्वभावतः बहिर्मुखी होती है किन्तु प्राण के निरूद्ध होने पर ये वृत्तिया भी अन्तर्मुखी होती जाती है। यहीं पर साधक मुद्राओं के अभ्यास द्वारा चेतना को अन्तर्मुखी बनाकर प्रथम प्रत्याहार तथा पश्चात् धारणा की स्थिति को प्राप्त करता है।

ध्यान तथा समाधि के सन्दर्भ में उपयोगिता

मुद्राओं द्वारा प्राणों के बिखराव को रोकने पर शरीर में स्नायु तथा नाड़ियो को शान्ति प्राप्त होती है तथा समस्त विक्षेप समाप्त हो जाते हैं जिससे एकाग्रता बढ़ती है और ऐसी अवस्था ध्यान के लिए अति उत्तम स्वीकृत की गई है। तब साधक ध्यान के अभ्यास द्वारा समाधि स्थिति तक सरलता से पहुँच सकता है।

4.7 कुण्डलिनी–विज्ञान

4.7.1 कुण्डलिनी–विज्ञान : सामान्य परिचय

'कुण्डलं इव शीलं अस्या' अर्थात् कुण्डल के सदृश प्रकृति वाली 'कुण्डलिनी' कहलाती है। "मृणालसूत्र की तरह सूक्ष्म अष्ट प्रकृति रूपा (पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अंहकार युक्त) आठ प्रकार से कुण्डली किए हुए ब्रह्मरन्ध्र अथवा सुषुम्ना के मुख को वायु–चेष्टा, जल तथा अन्न आदि का अवरोध करके अपने मुख से आच्छादित कर सोई रहती है।"[1] "यह तिर्यक स्वरूप वाली सर्प की भाँति लिपटी हुई है।"[2] "इसे कुटिलांगी, भुजंगी, शक्तिरीश्वरी, अरूंधती इत्यादि नामों से सम्बोधित किया जाता है।"[3] जिस प्रकार कुंजी के द्वारा घर के किवाड़ खोले जाते हैं, उसी प्रकार योगी कुण्डलिनी के द्वारा मोक्ष के द्वार को खोलते हैं।"[4]

कुण्डलिनी जागरण विधि

"कुण्डलिनी जागरण अनेक प्रकार से हो सकता है। वे है– 1. जन्म, 2. मंत्र, 3. तपस्या, 4. जड़ी–बूटियां, 5. राजयोग, 6. प्राणायाम, 7. क्रिया–योग, 8. शक्तिपात, 9.

---

1 क– अष्टप्रकृतिरूपा सा चाष्टधा कुण्डलीऊता।
यथावद्वायुसारं च ज्वलनादि च नित्यशः।।
परितः कन्दपार्श्वे तु निरुध्यैवसदा स्थिता।
मुखेनैव समावेष्ट्य ब्रह्मरन्ध्रमुखं तथा।। त्रि०ब्रा०उ०, ६३–६४
ख– दर्श०उ०, ४/११–१२
ग– ध्या०बि०उ०, ४४–४५
घ– यो०कु०उ०, १/८२–८३
ङ– यो०चू०उ०, ३६
च– यो०शि०उ०, ८२
छ– ष०च०नि०, ८/५०–५१

2 कुण्डलिनी कुटिलाकारा सर्पवद्वेष्टिता भवति।। शा०उ०, १/७/३६–ग

3 कुटिलांगी कुण्डलिनी भुजङ्गी शक्तिरीश्वरी।
कुण्डल्यरूंधती चैते शब्दाः पर्यायवाचकाः।। ह०यो०प्र०, ३/१०४

4 क– उद्घाटयेत्कपाटं तु यथा कुंचिकया गृहम्।
कुंडलिन्या तथा योगी मोक्षदारं प्रभेदयेत्।। यो०चू०उ०, ३६
ख– ध्या०बि०उ०, ६७–६८
ग– शा०उ०, १/७/३६–ख
ध– ह०यो०प्र०, ३/१०५

तन्त्र, 10. शरणगति, 11. कर्मयोग, 12. भक्तियोग तथा 13. ज्ञान योग।"[1] अतः शास्त्रों में कुण्डलिनी जागरण की विविध विधियों का उल्लेख प्राप्त होता है परन्तु यहां योगोपनिषदों में वर्णित कुण्डलिनी जागरण हेतु विधियों का उल्लेख किया जा रहा है।

योगकुण्डल्युपनिषद् "मुख्य रूप से कुण्डलिनी जागरण के दो साधन कहते हैं, सरस्वती चालन तथा प्राणनिरोध।"[2]

क. सरस्वती चालन

सरस्वती चालन को ही शक्तिचालिनी क्रिया अथवा मुद्रा कहा गया है। यह शक्ति अर्थात् कुण्डलिनी को जागृत करने की प्रमुख विधि है जिसका विस्तार पूर्वक वर्णन मुद्रा विज्ञान के अन्तगर्त कर दिया गया है। यहां इतना कहना ही श्रेयस्कर है – यह क्रिया, शक्ति को जागृत करने वाली समस्त मुद्राओं का आधार एवं लक्ष्य है तथा इससे शीघ्र ही शक्ति जागृत होकर सुषुम्ना में प्रवेश करती है।

ख. प्राणनिरोध

कुण्डलिनी जागरण का मुख्य आधार ही 'प्राणनिरोध' है। विधि चाहे किसी भी प्रकार की हो कुण्डलिनी जागरण तभी सम्भव है जब प्राण का स्पन्दन अवरूद्ध होगा। सर्वप्रथम प्राण निरोध हेतु प्राणायाम का अभ्यास किया जाता है।

प्राणायाम के निरन्तर अभ्यास द्वारा जब साधक केवल कुम्भक की सिद्धि प्राप्त करता है तब रेचक और पूरक का विलय होकर वायु निरन्तर स्थिर रहने लगता है तब वायु की यही स्थिरता ही प्राण की गति अवरूद्ध कर कुण्डलिनी पर उष्णता द्वारा दवाब

---

1 पूर्ण योग, स्वामी शान्तिधर्मानन्द सरस्वती, पृ०सं०, २२८

2 तत्साधने द्वयं मुख्यं सरस्वत्यास्तु चालनम्।
प्राणरोधमथाभ्यासादृज्वी कुण्डलिनी भवेत्।। यो०कु०उ०, १/८

डालती है इसीसे कुण्डलिनी सीधी होकर उर्ध्वगमन करती है। अतः महाशक्ति उत्थापन के लिए प्राणायाम का धैर्य पूर्वक अभ्यास करना अत्यावश्यक है।

प्राणायाम के अतिरिक्त शाण्डिल्योपन्षिद् में प्राण गति अवरूद्ध करने की विभिन्न विधियों को उल्लेख किया गया है–

"1. सांसारिक वृत्तियों के प्रति अनास्था उत्पन्न करने के पश्चात् लम्बे काल तक ध्यान द्वारा एक तत्त्व का दृढ़ अभ्यास होने पर प्राण का स्पन्दन बन्द हो जाता है।

2. बिना श्रम के अधिक देर तक श्वास खींचते हुए पूरक आदि वायु के दृढ़ अभ्यास तथा एकान्त चिन्तन करने से मन की गति पूर्णतया रूक जाती है।

3. ऊँकार के उच्चारण के पश्चात् शब्द तत्त्व की अनुभूति होने से सद्ज्ञान द्वारा सुषुप्ति का रूप जान लेने पर प्राण तत्त्व वश में आ जाता है।"[1]

4. तालु मूल में स्थित रहने वाली ग्रन्थि को जब जिह्वा द्वारा सतर्क पूर्वक दबाया जाता है। तब प्राणवायु के ऊपर छिद्र में आने से प्राण गति अवरूद्ध होती है।

5. तालु से उर्ध्व की ओर बारह अंगुल दूर तक गमन करने वाला प्राण चेष्टा–शून्य हो जाता है, तब अभ्यास मात्र से ही ऊपर के छिद्र द्वारा प्राण का स्पन्दन अवरूद्ध किया जाता है।

---

1 यथाभिवाञ्छितध्यानाच्चिरमेकतयोहितात्।।
एकतत्त्वदृढाभ्यासात्प्राणस्पन्दो निरुध्यते।
पूरकाद्यनिलायामद्दृढाभ्यासादरवेदजात्।।
एकान्तध्यानयोगाच्च मनः स्पन्दो निरुध्यते।
ओङ्कारोच्चारणप्रान्तशब्द तत्त्वानुभावानात्।
सुषुप्ते संविदा ज्ञाते प्राणस्पन्दो निरुध्यते।। शा०उ०, १/७/२६

6. नासिका के अग्रभाग के सामन द्वादश अंगुल की दूरी पर पवित्र आकाश में ज्ञान–दृष्टि के अत्यन्त शान्त हो जाने पर प्राणों की गति रूक जाती है।

7. भौहों के मध्य में तारक ब्रह्म के साक्षात्कार होने पर शान्ति के मिल जाने से जगत् व्यापर बन्द होने लगते हैं तथा मानसिक संकल्प विराम लेते हैं, तो प्राणगति अवरूद्ध होती है।

8. केवल प्रणव के स्वरूप में ही प्रादुर्भूत जो ज्ञान ज्ञेय रूप मंगलमय बनकर प्रकट होता है तथा जिसमें विकल्प के अंश का स्पर्श भी नहीं रहता, तब प्राण की गति अवरूद्ध हो जाती है।"[1]

9. "चिरकाल तक हृदय प्रदेश में एकान्त आकाश की अनुभूति होने से वासना विहीन मन ध्यान–मग्न होने लगता है। इससे प्राण का स्पन्दन अवरूद्ध हो जाता है।

इस प्रकार क्रमानुसार अन्य अनेक गुरुओं के अमृत वचनो उपदेशों का अनुसरण करके भाँति–भाँति के संकल्पों की कल्पना के माध्यम से प्राण का स्पन्दन अवरूद्ध हो जाता है।"[2]

---

1 तालुमूलगतां यत्नाज्जिह्वयाक्रम्य घण्टिकाम्।
उर्ध्वरन्ध्रं गते प्राणे प्राणस्पन्दो निरुध्यते।।
प्राणेगलितसंवित्तौ तालूर्ध्वं द्वादशान्तंगे।
अभ्यासादूर्ध्वरन्ध्रेण प्राणस्पन्दो निरुध्यते।।
द्वादशाङ्गुलपर्यन्ते नासाग्रे विमलेऽम्बरे।
संविद्दृशि प्रशाम्यन्त्यां प्राणस्पन्दो निरुध्यते।।
भ्रूमध्ये तारकालोकशान्तावन्तमुपागते।
चेतनैकतने बद्धे प्राणस्पन्दो निरुध्यते।।
ओमित्येव यदुद्भूतं ज्ञानं ज्ञेयात्मकं शिवम्।
असंस्पृष्टविकल्पांशं प्राणस्पन्दो निरुध्यते।। शा०उ०, १/७/३०–३४

2 चिरकालं हृदेकान्तव्योमसंवेदनान्मुने।
अवासनमनोध्यानात्प्राणस्पन्दो निरुध्यते।।

ग. हंस मन्त्र द्वारा कुण्डलिनी जागरण

उपर्युक्त विधियों के अतिरिक्त हंस मन्त्रोच्चारण द्वारा भी कुण्डलिनी जागरण होता है। हंसोपनिषद् स्पष्ट रूप से "'हं' को बीज तथा 'स' को शक्ति कहता हुआ कुण्डलिनी उत्थापन के माध्यम से सृष्टि की प्रलय प्रक्रिया की ओर सकेंत करता है तथा 'सोऽहम्' को कीलक कह कर कुण्डलिनी की प्रत्यागमन विधि बताता हुआ सृष्टि उत्पति प्रक्रिया की ओर संकेत करता है।"[1]

इनके अतिरिक्त महामुद्रा, इत्यादि, मुद्राएं, जालन्धर आदि त्रयबन्ध कुण्डलिनी जागरण में परम सहायक है। इन सभी की परस्पर सहायता से ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। जैसे महामुद्रा या मूलबन्ध द्वारा गुदा भाग से उड्डियाण बन्ध द्वारा नाभिभाग से महाशक्ति को बार–बार ताड़ित करने पर ही वह उर्ध्वमुखी होती है। इस प्रकार उपर्युक्त समस्त विधियां महाशक्ति उत्थापन के लिए सहायक है।

त्रयग्रन्थि भेदन

उपनिषदों में कुण्डलिनी जागरण प्रक्रिया को त्रय ग्रन्थि भेदन के माध्यम से दर्शाया गया है। उपर्युक्त विधियों के माध्यम से उत्पन्न "अग्नि एवं वायु द्वारा तपाये जाने पर त्रिलोक को मोहित करने वाली जीवनशक्ति अर्थात् कुण्डलिनी जागृत हो जाती है अर्थात् कुण्डलिनी का मुख सुषुम्ना में प्रवेश कर जाता है। सुषुम्ना का आभ्यन्तर आवरण ब्रह्मनाड़ी नाम से सम्बोधित किया जाता हैं इसीलिए सुषुम्ना मुख के इस भेदन को 'ब्रह्मग्रन्थि भेदन' कहते हैं तथा इसे ही कुण्डलिनी जागरण भी कहते हैं।

एभिः क्रमैस्तथान्यैश्च नानासंकल्पकल्पितैः।
नानादेशिकवक्त्रस्थैः प्राणस्पन्दो निरुध्यते।। वही, १/७/३५–३६

1 हमिति बीजम्। सं इति शक्तिः। सोऽहमिति कीलकम्।। हं०उ०, १०

इस प्रकार वायु अथवा प्राण से प्रदीप्त अग्नि के द्वारा संतप्त कुण्डलिनी ब्रह्मग्रन्थि का भेदन करती है। इसके पश्चात् यह शक्ति सुषुम्ना नाड़ी के अन्दर ऊपर को उठती हुई हृदय कमल के समीप आकर रूक जाती है। निष्ठा पूर्वक साधना में निरन्तर क्रियाशील रहने के कारण अनाहत चक्र भी जागृत हो जाता है। यह हृदय चक्र विष्णु का स्थान माना गया है, अतः इसके खुलने को अथवा जागृत होने को 'विष्णु ग्रन्थि भेदन' कहा जाता है। इसके अन्तर कुण्डलिनी ब्रह्मनाड़ी में ऊपर की ओर जाती हुई आज्ञा एवं विशुद्धि चक्र को पार करती हुई मस्तिष्क में स्थित सहस्रार चक्र पर पहुँचती है। इसको रूद्र का स्थान माना गया है। अतः इसके भेदन को 'रूद्रग्रन्थि भेदन' कहा जाता है। यह ब्रह्मनाड़ी का सबसे ऊपर का स्थान है जहाँ पर पहुँचने का अर्थ है– सर्वसन्देह समाप्ति तथा परब्रह्म की प्राप्ति। इस प्रकार इस स्थिति में समस्त भेद मिट जाते हैं तथा अद्वैत की ही प्रतिष्ठा रह जाती है।"[1] इस प्रक्रिया का उल्लेख अन्य योग शास्त्रों द्वारा भी किया गया है।[2]

त्रयग्रन्थि तथा चक्रों में सम्बन्ध

"ये तीनो ग्रन्थियां ब्रह्म, विष्णु एवं रूद्र– सुषुम्ना नाड़ी से होकर प्राण के मुक्त प्रवाह को अवरूद्ध करती है और चक्रों के जागरण एवं कुण्डलिनी के उत्थान को बाधित करती है। इन तीनों ग्रन्थियों के बिन्दुओं पर सुषुम्ना की जागृति होने पर

---

1 वायुना ज्वलितो वह्निः कुण्डलीमनिशं दहेत्।
सतंप्त साग्निना जीवा शक्तिस्त्रैलोक्यमोहिंनी।।
प्रविशेच्चन्द्रदण्डे तु सुषुम्नावदनान्तरे।
वायुना वह्निना सार्धं ब्रह्मग्रन्धि भिनत्ति सा।।
विष्णुग्रन्थि ततो भित्त्वा रूद्रग्रन्थौ च तिष्ठति। यो०शि०उ०, १/८३-८७

2 क– यो०कु०उ०, १/६५-६६
ख– वरा०उ०, ५/६१-६६

विशेष प्रकार से मेरूदण्डीय संकुचन का अनुभव होता है जो इनका चक्रों से सम्बन्ध प्रकट करता है। ब्रह्म ग्रन्थि ब्रह्म का प्रतीक है तथा जीवन एवं सृष्टि की व्यक्त शक्ति है। इसके प्रभाव क्षेत्र में मूलाधार तथा स्वाधिष्ठान चक्रों का समावेश है। इसे मूलाधारीय ग्रन्थि भी कहा जाता है। कुण्डलिनी शक्ति से इस ग्रन्थि का भेदन स्वाधिष्ठान चक्र के निकट होता है। द्वितीय ग्रन्थि विष्णु ग्रन्थि है जिसके प्रभाव क्षेत्र में मणिपुर चक्र, अनाहत चक्र तथा विशुद्धि चक्र आते हैं। इसे नाभिग्रन्थि भी कहा जाता है। कुण्डलिनी शक्ति द्वारा इस ग्रन्थि का भेदन अनाहत चक्र के निकट होता है। इसके भेदन के पश्चात् मानवीय व्यक्तित्त्व तथा ब्रह्माण्ड के मध्य की अन्तः क्रिया स्वाभाविक तथा सहज रूप से होने लगती है। रूद्र ग्रन्थि आज्ञा तथा सहस्रार चक्रों का संचालन करती है। इसे ग्रीवा ग्रन्थि भी कहते हैं। इसके भेदन से वैयक्तिकता समाप्त हो जाती है। व्यक्त चेतना का त्याग तथा अव्यक्त चेतना में प्रवेश हो जाता है। अतः रूद्र ग्रन्थि भेदन ही अन्तिम स्थल है जहां आत्मा तथा परमात्मा का अन्तिम विलय घटित होता है।"[1]

कुण्डलिनी प्रंशसा

कुण्डलिनी को आधार शक्ति कहते हुए योगशिखोपनिषद् में उल्लेखित है – "सुषुम्ना तथा सरस्वती जहाँ मिलतें है वही से उत्पन्न तथा वहीं पर लय प्राप्त करता है। इसीलिए प्रत्येक सम्भव प्रयास करके गुरु की शरण में आ जाना चाहिए; क्योंकि वही आधार शक्ति का वास्तविक स्वरूप दिखाने में सक्षम है। कुण्डलिनी अर्थात् आधार

---

1 यो॰द॰, पृ॰सं॰—३५८-३६०

शक्ति जब सोई होती है तब सम्पूर्ण विश्व पर निद्रा का प्रभाव होता है तथा इस शक्ति के जागने पर तीनों लोक जागृत हो उठते हैं। ऐसा ज्ञान प्राप्त कर योगी अन्धकार में भी वस्तु को ज्ञात कर पाप–पुण्य से मुक्त हो जाता है। गुरु की प्रसन्नता द्वारा इस आधार शक्ति से विद्युत पुञ्ज निकलता है जिससे निःसदेह मुक्ति की प्राप्ति होती है। प्राण को आधार शक्ति में समर्पित करने से योगी का शरीर कम्पित होता है जिससे वह सदैव आनन्दित अथवा नृत्य मुद्रा में रहता है। उसको अनुभव हो जाता है कि समस्त पदार्थ आधार शक्ति द्वारा रचित है तथा इस के अतिरिक्त अन्य कुछ नहीं है। यही समस्त देवताओं का आधार तथा सभी वेदों का निवास स्थान है। यहीं पर त्रिवेणी (इड़ा, पिंगला एवं सुषुम्ना) का संगम होता है जहां स्नान कर एवं पाने कर योगी पाप–पुण्य से मुक्ति प्राप्त करता है। इस आधार में पश्चिम लिङ्ग के द्वार है अर्थात् तीन गाठें है जिनके खोल कर ही आवागमन से मुक्ति सम्भव है। इस आधार शक्ति के दो भाग कहे गए है बाह्य एवं अन्तरिक इसका बाह्य भाग सुषुम्ना है जिसमें सम्पूर्ण विश्व प्रतिष्ठित है तथा आन्तरिक भाग निराकार ब्रह्म है जिसको जान कर योगी ब्रह्म है जिसको जान कर योगी ब्रह्ममय ही हो जाता है।"[1] इसी सन्दर्भ में

---

1 केचिद्वदन्ति चाधारं सुषुम्ना च सरस्वती।
आधाराज्जायते विश्वं विश्वं तत्रैव लीयते।।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन गुरुपादं समाश्रयेत्।
आधारशक्तिनिद्रायां विश्वं भवति निद्रया।।
तस्यां शक्तिप्रबोधेन त्रैलेक्यं प्रतिबुध्यते।
आधारं यो विजानाति तमसः परमश्नुते।।
तस्य विज्ञानमात्रेण नरः पापैः प्रमुच्यते।।
आधारचक्रमहसा विद्युत्पुञ्जसमप्रभा।
तदा मुक्तिर्न संदेहो यदि तुष्टः स्वयं गुरुः।।
आधारचक्रमहसा पुण्यपापे निकृन्तयेत्।
आधारवारोधेन लीयते गगनान्तरे।।

सिद्धसिद्धान्त पद्धति में कुण्डलिनी को कुल शक्ति तथा अकुल शक्ति, इन दो प्रकारों में विभक्त करते हुए कहा गया है – "कुण्डलिनी कुलशक्ति रूप में परा, सत्ता, अहन्ता, स्फुरता एवं कला–इन पाँच रूपों में समस्त विश्व के आधार रूप में अभिव्यक्त होती है तथा अकुल रूप में अनादि पब्रह्म, परमेश्वर, निराकार, निरञ्जन शिव रूपी पराशक्ति का निवास है जो जाति, वर्ण, गोत्र आदि अखिल निमित्तों से रहित है।"[1]

इस प्रकार समस्त विश्व की रचना करने वाली शक्ति का व्यष्टि रूप मानव शरीर में कुण्डलिनी के रूप में विद्यमान है। इसकी प्रसुप्ति की अवस्था मानव को लौकिक सृष्टि की ओर कार्यरत रखती है। वह मोह–माया इत्यादि को प्रभाव से उस को शाश्वत् सत्य से पृथ्क कर आवागमन के चक्र की ओर अग्रसर करती है पर जब मानव गुरु की शरण में आकर कुण्डलिनी का ज्ञान प्राप्त कर इसको जागृत करता है तब वह सभी पाशों को काट कर सीधा ब्रह्म में लीन हो जाता है। इसीलिए योगचूडामण्युपनिषद् में इस महाशक्ति को योगियों के लिए मोक्षदायिनी तथा अज्ञानियों के लिए बन्धनकारिणी कहा गया है।"[2]

आधारवातरोधेन योगी नृत्यति सर्वदा।
आधारवातरोधेन विश्व तत्रैव दृश्यते।।
सृष्टिराधारमाधारमाधारे सर्वदेवताः।
आधारे पश्चिमे भागे त्रिवेणीसंगमो भवेत्।
तत्र स्नात्वा च पत्वा च नरः पापात् प्रमुच्यते।।
आधारे पश्चिमं लिङ्ग कवाटं तत्र विद्यते।
तस्योद्घाटनमात्रेण मुच्यते भवबन्धनात्।।
आधारपश्चिमे भागे चन्द्रसूर्यो स्थिरौ यदि।
तत्र तिष्ठति विश्वेशो ध्यात्वा ब्रह्ममयो भवेत्। यो० शि० उ०, ६/२२-३२

1 कुलमिति। परा सत्ता अहन्ता स्फुरता कलास्वरूपेण सैव पञ्चधा विश्वस्याधारत्वेन तिष्ठति।।
अकुलमिति। जातिवर्णगोत्राद्यखिलनिमित्तत्वेनैकमेवास्तीति प्रसिद्धम्।। सि०सि०प०, ४/३,६

2 बन्धनाय च मूढानां योगिनां मोक्षदा सदा।। यो०चू०उ०, ४४

कुण्डलिनी जागरण लय प्रक्रिया

"मन्त्रोच्चारण, शक्तिचालिनी क्रिया अथवा प्राणायाम इत्यादि के दृढ़ अभ्यास द्वारा जब योगी प्राण एवं अपान का निरोध कर लेता है, तब उसकी गर्मी से तप्त होकर कुण्डलिनी जागृत हो जाती है अर्थात् तप्त कुण्डलिनी के मुख में बन्द पड़ा हुआ सुषुम्ना मुख उससे बाहर आ जाता है तथा कुण्डलिनी का मुख सिकुड़कर सुषुम्ना के मुख में चला जाता है। ऐसी स्थिति में उर्ध्वगमोन्मुखी कुण्डलिनी मुलाधार स्थित ब्रह्म एवं डाकिनी शक्ति तथा उस पद्म पर कामादि चतुर्वृत्तियों से युक्त चारों दलों पर स्थित "बं शं षं सं" का स्वयं में लय कर मात्र 'लं' बीज सहित ऊपर बढ़ती है। मुलाधार का त्याग कर स्वाधिष्ठान में पहुँचने पर कुण्डलिनी विष्णु एवं राकिनी शक्ति तथा प्रज्ञय, अविश्वास, अवज्ञा, मूर्छा, सर्वनाश एवं क्रूरता इन वृत्तियों से युक्त षट् दलों पर स्थित "बं भं मं यं रं लं" का स्वयं में लय करती है। यहां पृथ्वी बीज 'लं' जल में लय प्राप्त कर जल बीज 'वं' में परिणत होकर कुण्डलिनी के मुख में स्थित हो जाता है। इसके पश्चात् मणिपुर चक्र पर पहुंचकर कुण्डलिनी समान क्रम से रूद्र एवं लाकिनी शक्ति तथा लज्जा, पिशुनता, ईर्ष्या, सुषुप्ति, विषाद, कषाय, तृष्णा, मोह, घृणा तथा भय वृत्तियों से युक्त दश दलों पर स्थित "डं, ढं णं तं थं दं धं नं पं फं" का स्वयं में लय करती है। इस स्थल पर 'वं' बीज अग्नि मण्डल में लय प्राप्त कर अग्नि बीज 'रं' में परिणत होकर कुण्डलिनी के मुख में अवस्थान प्राप्त करता है। मणिपुर चक्र से ऊपर अनाहत चक्र तक आ जाने पर कुण्डलिनी द्वारा वहां स्थित ईशानरूद्र एवं काकिनी शक्ति तथा आशा, चिन्ता, चेष्टा, नम्रता, दम्भ, विकलता,

विवेक, अंहकार, कपट, वितर्क और अनुताप–इन वृत्तियों से युक्त द्वादश दलों पर स्थित "कं खं गं घं ङं चं छं जं झं ञं टं ठं" का स्वयं में लय किया जाता है। यहां पर अग्नि बीज 'रं' वायु मण्डल में तीन होकर वायु बीज 'यं' में तुष्ट हुआ उसके (कुण्डलिनी) मुख में स्थान प्राप्त करता है। अनाहत चक्र भेदन पश्चात् कुण्डलिनी विशुद्धि चक्र की ओर प्रस्थान करती है। वहां पहुँच कर पंचवक्त्र एवं साकिनी शक्ति तथा षोडश वृत्तियो से युक्त षोडश दलो पर स्थित "अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं ऌं ॡं एं ऐं ओं औं अं अंः" का स्वयं में लय करती है। यहां वायु बीज 'यं' आकाश में लीन होकर आकश बीज 'हं' प्रणव 'ऊँ' में परिणत होकर कुण्डलिनी आज्ञा चक्र में पहुँच कर वहाँ स्थित लिङ्ग एवं हं, लं, क्षं इन तीन मातृका वर्णों, त्रय गुणों तथा ब्रह्म–शिव प्रवृति पद्मा स्थित देव समूह को स्वयं में लीन करती है। यहां आकाश बीज 'हं' प्रणव ऊँ में परिणत होकर कुण्डलिनी के शरीर में लीन हो जाता है। यहां से कुण्डलिनी नाद, बिन्दु, हकारार्ध और निरालम्ब पुरी प्रवृति का स्वयं में 'लय करती हुई अर्ध चन्द्र कपाट का भेदन कर ऊपर ब्रह्मरन्ध्र–स्थित सहस्त्रदल पदम् में परम पुरूष के साथ संयुक्त हो जाती है। इस प्रकार महाशक्ति कुल–कुण्डलिनी स्थूल भूत से लेकर प्रकृति पर्यन्त सांख्य के चौबिस तत्त्वों का ग्रास करके मस्तिष्क में स्थित सहस्रार में पहुँचकर ब्रह्म के साथ संयुक्त हो जाती है। ऐसी अवस्था में योगी ब्रह्म ज्ञान से शून्य होकर अनिर्वचनीय आनन्द मे निमग्न हो जाता है। इस लय क्रिया के पश्चात् कुण्डलिनी समान पथ से प्रत्यागमन करती है, तथा लय क्रिया के समय ग्रास किए समस्त देवताओं, शक्तियों वृत्तियों इत्यादि को उत्पन्न कर पूर्ववत् यथास्थान में

विद्यमान करती हुई पुनः अपने मूल स्थान पर श्यानावस्था में चली जाती है। इसकी उर्ध्वयात्रा लय क्रम तथा अधोयात्रा सृष्टिक्रम कहलाती है।"[1] षट्चक्रनिरूपण[2] तथा अन्य योग विषयक शास्त्रों में कुण्डलिनी जागरण की यही लय क्रिया सर्वत्र प्रयोज्य है।

इस प्रकार कुण्डलिनी जागरण की लय प्रक्रियां एक क्षण में सम्पन्न हो जाती है किन्तु इसको जगाने में अथक योगाभ्यास, धैर्य, दीर्घ काल अत्यन्त अवश्यक है।

उपनिषदों में इसी लय प्रक्रिया की ओर संकेत करते हुए कहा गया है, "वाम तथ दक्षिण भाग अर्थात् इड़ा एवं पिंगला को निरूद्ध कर सुषुम्ना में प्रवेश पाकर महाशक्ति षट्चक्र भेदन कर जब सभी का स्वयं में लय करती हुई ब्रह्मरन्ध्र में प्रवेश कती है तब एक मात्र ब्रह्म ही शेष रह जाता है जिससे एकाकार होकर परम गति प्राप्ति है।"[3]

इस प्रक्रिया में सर्वाधिक अपेक्षित है – योग्य गुरु निर्देशन। बिना गुरु के या अयोग्य गुरु के मार्गदर्शन में किया गया अभ्यास योगी को उसके लक्ष्य के विपरीत गमन करता है जिसके भयंकर परिणाम उसे जीवन पर्यन्त भोगने पड़ सकते हैं। इसीलिए योगी को गुरु के निर्देशन में ही अभ्यास करना चाहिए।

पूर्ण गुरु ही सर्वस्व देने में समर्थ होता है "उसकी प्रसन्नता ही शिष्य के शरीर के आधार चक्र में से ऐसा प्रकाश पुञ्ज उत्पन्न कर देती है, जिससे मुक्ति की

---

1 कुण्डलिनी शक्ति, पृ०सं०, ९९–१०१

2 ष०च०नि०, पृ०सं०–८०–९०

3 षट् चक्राणि च निर्भिद्य ब्रह्मरन्ध्रछहिर्गतम्।।
वामदक्षे निरुद्धन्ति प्रविशन्ति सुषुम्ना।
ब्रह्मरन्ध्र प्रविश्यन्ति ते यान्ति परमां गतिम्।। यो०शि०उ०, ६/३३–३४

निःसन्देह प्राप्ति होती है।"[1] इसी सन्दर्भ में शिव संहिता कहती है, "गुरु के प्रसन्न होने पर जब सुप्त कुण्डलिनी जागृत होती है, तब सभी पद्म और सभी ग्रन्थियों का भेदन हो जाता है "[2] जो योगी अथवा शिष्य को निसंदेह परम गति प्राप्त करवाती है।

4.7.2 अष्टांग–योग में कुण्डलिनी–विज्ञान की उपयोगिता

आसन के सन्दर्भ में उपयोगिता

कुण्डलिनी जागरण हेतु प्रत्येक विधि का आधार आसन है अर्थात् किसी न किसी आसन में यह प्रक्रिया सम्पन्न की जाती है। जैसे– पद्मासन सिद्धासन, वज्रासन आदि। योगासन समय कुण्डलिनी ज्ञान योगी को विशेष आसन के प्रति चेतन कर देता है जिसके निरन्तर अभ्यास द्वारा वह इस शक्ति को जागृत करने की क्षमता प्राप्त करता है। इस शक्ति को ध्यान में रखकर किए गए आसनों का अभ्यास अतिरिक्त फलदायक होता है। जिससे शक्ति उत्थापन में सहायता मिलती है।

प्राणायाम के सन्दर्भ में उपयोगिता

प्राण ही वह बाण है जिससे महाशक्ति कुण्डलिनी सुषुम्ना का भेदन कर ऊर्ध्वगामी होती है। प्राणायाम की रेचक, पूरक एवं कुम्भक क्रिया का सतत अभ्यास ही प्राण निरोध के लिए किया जाता है तथा यही प्राणायाम का लक्ष्य है। यदि साधक कुण्डलिनी से अनभिज्ञ होकर प्राणायामभ्यास में प्रवृत्त हो जाए तो वह इसमें केवल शारीरिक स्तर तक के लाभ ही प्राप्त करेगा तथा जिस अमृतपान के लिए मानव योनि प्राप्त हुई है उससे अछूता ही रह जाएगा।

---

1 आधारचक्र महसा विद्युत्पुञ्जसमप्रभा
तदा मुक्तिर्न संदेहो यदि तुष्टः स्वयं गुरुः।। यो०शि०उ०, ६/२६

2 सुप्ता गुरुप्रसादेन यदा जागर्ति कुण्डली।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यन्ते ग्रन्थयोऽपि च।। शि०सं०, ४/२२

धारणा, ध्यान तथा समाधि के सन्दर्भ में उपयोगिता

"इस शक्ति का मन के द्वारा दर्शन करने मात्र से मनुष्य पापों से मुक्त हो जाता है।"[1] इसका तात्पर्य शक्ति के दर्शनोपरान्त उसकी धारणा तथा धारणा करने के पश्चात् सतत् ध्यान, उसे (शक्ति) जागृत करने में पूर्णतया समर्थ होता है और जब यह महाशक्ति जागृत होकर सुषुम्ना पथ से षट्चक्रों को भेदती हुई सहस्रार तक पहुँचती है तब ब्रह्म के अतिरिक्त अन्य कोई शेष नहीं रहता। यही समाधि स्थिति कही गई है।

अतः कुण्डलिनी विज्ञान साधक को महाशक्ति की विशिष्ट जानकारी से परिचित करवाता है। इससे युक्त साधक पथ भ्रष्ट न होकर उचित मार्ग से लक्ष्य की ओर प्रस्थान करता है।

निष्कर्षात्मक अभिमत

योगोपनिषदों में अत्यन्त विस्तृत एवं स्पष्ट रूप से अष्टांग–योग का निरूपण उपलब्ध होता है। मुख्यतः ये उपनिषद् इस बात पर बल देते हैं कि अष्टांग–योग मात्र अष्ट–अंगों का ज्ञान होने पर ही सिद्ध नहीं किया जा सकता अपितु मुख्य विज्ञानों के विशिष्ट ज्ञान द्वारा ही इसकी सिद्धि निश्चित होती है। इसीलिए अष्टांग–योग में सहायक सृष्टि–विज्ञान, शरीर–विज्ञान, नाड़ी–विज्ञान, प्राण–विज्ञान, चक्र–विज्ञान, मुद्रा एवं बन्ध–विज्ञान तथा कुण्डलिनी–विज्ञान का ज्ञान होना अति आवश्यक है। अष्टांग–योग के प्रथम अंग 'यम' की सिद्धि हेतु सृष्टि–विज्ञान का ज्ञान अनिवार्य है।

---

1 तां दृष्ट्वा मनसैव नरः सर्वपापविनाशद्वारा मुक्ति भवति। अ०ता०उ०, ५

परमतत्त्व द्वारा निर्मित सृष्टि सम्बन्धी ज्ञान से ही मानव–मन में सभी प्राणियों को ब्रह्म स्वरूप देखते हुए सहजता, सहनशीलता, एकसमानता नम्रता एवं अभोगादि वृत्तियों का प्रवेश होगा जो यम पालन में अत्यन्त सहायक है। यही भावनाएं 'नियम' अंग साधने में भी महत्त्वपूर्ण हैं। विभिन्न शारीरिक प्रकृतियों के कारण शारीरिक ज्ञान भी अत्यावश्यक है क्योंकि बिना शरीर–विज्ञान के आसनों का अभ्यास हानिकारक सिद्ध हो सकता है तथा अल्प ज्ञान से प्राप्त विपरीत प्रभाव बहुत कष्टदायक होते हैं। इसी प्रकार प्राणायाम सिद्धि के लिए प्राण–विज्ञान अनिवार्य है। प्राणायाम का आधार जीवनी–शक्ति 'प्राण' है जिनका शरीर में कार्य, स्थान तथा प्रभाव जाने बिना प्राणायाम का अभ्यास करना रोगों को निमन्त्रण देने के समान है। इनके अतिरिक्त प्राण का प्रवाह जिस मार्ग से होता है उन नाड़ियों का ज्ञान भी अति आवश्यक है। इसकी पुष्टि इससे हो जाती है कि अधिकाशतः इन योग परक उपनिषदों में प्राणायाम की महिमा से पूर्व नाड़ियों तथा चक्रों की विस्तृत जानकारी दी गई है। इसी सन्दर्भ में त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् का कथन है कि नाड़ी, वायु, प्राणों के स्थान तथा चेष्टाएं नाना प्रकार की हैं। उन सभी को जानने का प्रयास करना चाहिए। ध्यानबिन्दूपनिषद् भी नाड़ी एवं चक्र की जानकारी योग–साधकों के लिए परमावश्यक स्वीकृत करते हैं। इसके अतिरिक्त कुण्डलिनी नामक महाशक्ति भी प्राण के माध्यम से उर्ध्वमुखी होकर समस्त चक्रों का भेदन करके ब्रह्म में लय प्राप्त करती है। अतः कुण्डलिनी मार्ग एवं चक्र स्थान का ज्ञान प्राणायामभ्यास से पूर्व अपेक्षित है। मुद्रा एवं बन्ध प्राणायाम करते हुए लगाना श्रेयस्कर माना गया है जिसकी पुष्टि करते हुए योगकुण्डल्युपनिषद् का

कथन है कि निष्पाप योगी का इन चारों प्रकार के प्राणायामों के कुम्भक काल में तीन प्रकार के बन्ध लगाना अत्यावश्यक है।

अतः धारणा, ध्यान एवं समाधि से पूर्व विभिन्न विज्ञानों का ज्ञान होने पर किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होती और जीव इन से लाभान्वित होते हुए जीवन के परम लक्ष्य परमानन्द को प्राप्त करने योग्य हो जाता है।

'समकायः सुगन्धिश्च सुकान्ति स्वरसाधकः।
आरम्भभटकरचैव यथा परिचयस्तदा।
निष्पत्तिः सर्वयोगेषु योगावस्था भवन्ति ताः।।
आरभः कथितोऽस्माभिरधुना वायुसिद्धिये।
अपरः कथ्यते पश्चात्सर्वदुःखौधनाशनः।।
प्रौढ़वह्निः सुभोगी च सुखी सर्वाङ्गसुन्दरः।
संपूर्णहृदयो योगी सर्वोत्साहसबलीन्वितः।
जायते योगिनो वश्यमेते सर्वकलेवरे।।'[१०३]

अतः उपरोक्त विवरण से निःसन्देह स्पष्ट होता हैं कि अध्यात्मिक मार्ग में आगे बढ़ने के लिए प्राणायाम में अभ्यासरत योगी को नाड़ी ज्ञान, प्राण समुच्चय का ज्ञान एवं नाड़ियों में प्राण संचार एवं उसका प्रभावादि जानना परमावश्यक है। प्राण के सम्यक् संचार के लिए नाड़ी शुद्धि का होना नितान्त अनिवार्य है। क्योंकि नाड़ी चक्र भली भांति शुद्ध होने पर ही प्राणशक्ति सम्यक् रूप से प्रवाहित होती है।

(ङ) प्राण-जीव-कुण्डलिनी का आपस में सम्बन्ध व स्थान निर्देशन :-

'कुण्डलिनी' योगशास्त्र के अनेक गूढ़ विषयों मे से एक प्रमुख विषय हैं। इसको सर्पिणी, शक्ति, कुण्डलिनी, ईश्वरी इत्यादि भी कहा जाता है यह कुण्डलिनी योग-तंत्र का आधार है। जिस प्रकार समस्त पर्वत, वन और भूमि का आधार भगवान् शेष नाग हैं अर्थात् इन्हीं के ऊपर ही ये सब टिका हुआ है उसी प्रकार सब योग-तन्त्रों अर्थात् उपायों का आधार कुण्डली है।

'सशैलवनधात्रीणां यथाऽऽधारोऽहि नायकः।
सर्वेषां योगतन्त्राणां तथाऽऽधारो हि कुण्डली।'[१०४]

----

१०३. शिव. सं., ३.३१-३४.

१०४. हठ. यो. प्र., ३.१.

योग विज्ञान के अनुसार इस समस्त ब्रह्माण्ड में जितनी शक्तियां विद्यमान हैं, वे सब सूक्ष्म रूप में मानव शरीर में भी हैं। कुण्डलिनी शक्ति को भी मानव शरीर में उपस्थित शक्तियों में से एक माना गया है। यह माना गया है कि मेरूदण्ड के भीतर इडा और पिंगला नामक दो स्नायवीय शक्ति-प्रवाह और मेरूदण्ड में स्थित मज्जा के भीतर एक सुषुम्ना नामक नाड़ी है। इस सुषुम्ना-नाड़ी के नीचे कुण्डलिनी का आधारभूत पदम् विद्यमान है। कुछ योगी कुण्डलिनी का आधार मूलाधार चक्र को कहते हैं।

मूलाधार इत्यादि सात चक्र हैं और मनुष्य के शरीर में विद्यमान रहते हैं ऐसा माना गया है। इन्हीं चक्रों में नाड़ियां मिलती है। इन सभी चक्रों का सम्बन्ध सुषुम्ना नाड़ी से है। मुख्य सात चक्र हैं :-

१. मूलाधार

२. स्वाधिष्ठान

३. मणिपूरक

४. अनाहत चक्र

५. विशुद्ध चक्र

६. आज्ञा चक्र

७. शून्य चक्र

'(१) मूलाधार चक्र का स्थान मेरूदण्ड के निचले भाग में माना गया है। इस चक्र के नीचे त्रिकोण यन्त्र जैसा एक सूक्ष्म योनिमण्डल है। जिसके मध्य से सुषुम्ना नाड़ी, दांयी ओर से पिंगला और बांयी ओर से इडा नाड़ी निकलती है, इसलिए इसे मुक्त त्रिवेणी भी कहते हैं। मूलशक्ति अर्थात् कुण्डलिनी शक्ति का आधार होने से इस चक्र को मूलाधार कहते हैं। मूलाधार चक्र का स्थान गुदा द्वार से दो अंगुल ऊपर और उपस्थमूल से दो अंगुल नीचे हैं। इसकी चार पंखुडियां हैं (दल हैं)। इन चारों दलों पर वँ, शँ, षँ, सँ ये चार अक्षर अंकित

हैं। इसका रंग लाल है तथा गंध इसका गुण है। गणेश इसके देवता हैं। पृथ्वी तत्त्व है। डाकिनी शक्ति है।

(२) स्वाधिष्ठान चक्र उपस्थ के ठीक सामने है। यह षट्दल कमल है। यह सिन्दूरी (पीला) रंग के प्रकाश से प्रकाशित है। इसकी छः पंखुड़ियों पर बँ, भँ, मँ, यँ, रँ, लँ ये छः अक्षर अंकित हैं। जल तत्त्व है। रस गुण है। ब्रह्मा इसके देवता हैं। राकिनी शक्ति है।

(३) मणिपूरक चक्र नाभि में मणि के आकार वाला है। इसके दस दल हैं, जिन पर डँ, ढँ, णँ, तँ, थँ, दँ, धँ, नँ, पँ, फँ अक्षर अंकित हैं इसका रंग नीला है। विष्णु इसके देवता है। लाकिनी शक्ति है। अग्नि तत्त्व है।

(४) अनाहत चक्र मणिपूरक चक्र के ऊपर है। हृदय इसका स्थान है। यह सफेद रंग का है। इसके बारह दल होते हैं जो कँ, खँ, गँ, घँ, ङँ, चँ, छँ, जँ, झँ, ञँ, टँ, ठँ, इन बारह अक्षरों से युक्त है। इसके अधिष्ठातृ देवता शिवजी हैं। वायु तत्त्व है तथा काकिनी शक्ति है।

(५) विशुद्ध चक्र कंठ में स्थित हैं। इसके सोलह दल हैं, जिन पर 'अ' से 'अः' तक के सोलह अक्षर सुशोभित हैं और जीव इसके देवता हैं। साकिनी शक्ति है तथा आकाश तत्त्व हैं। शब्द गुण हैं। इसका रंग भूरा है।

(६) आज्ञा चक्र भ्रूमध्य में स्थित है। इसके दो दल हैं जिन पर 'हँ' और 'क्षँ' दो बीज अंकित हैं। ज्योति इसके देवता हैं। हाकिनी शक्ति है। इसका रंग नारंगी है। मन तत्त्व है।

(७) उक्त षट्चक्रों के ऊपर ब्रह्मरन्ध्र में शून्य चक्र में हजार दल वाला कमल होता है। यह शुद्ध स्फटिक मणि के समान देदीप्यमान होता है। इसके अधिष्ठात्री

देवता परब्रह्म हैं। आत्मा तत्त्व हैं। इसके अनेक रंग होते हैं।'[१०५]

इन षट्चक्रों का भेदन कर कुण्डलिनी का सहस्त्रार में जीव-ज्योति से मिलन हो जाता है।

कुण्डलिनी सुषुम्ना नाड़ी के अन्दर से होकर निकलती है। सुषुम्ना नाड़ी के दोनों ओर बहने वाली इडा और पिंगला नामक नाड़ियां इसके दो कुण्डल हैं। इन कुण्डलों के कारण ही इसे कुण्डलिनी कहते हैं।

साधारण अवस्था में यह कुण्डलिनी सोई हुई अवस्था में रहती है। इसका दृष्टान्त एक ऐसी सर्पिणी के समान दिया जा सकता है जो कुण्डल खाए बैठी हो।

'योगयाज्ञवल्क्यम्' में भी इसके बारे में कहा गया है कि मूलाधार चक्र के ऊपर नाभि से टेढे तथा ऊपर से कुण्डली के स्थान की अष्ट प्रकृति रूपा जो यह कुण्डलिनी है वह आठ प्रकार से कुण्डली करती है।

'तस्योर्ध्वं कुण्डलीस्थानं नाभेस्तिर्यगथोर्ध्वतः।
अष्टप्रकृतिरूपा सा अष्टधा कुण्डलीकृता।।'[१०६]

इसके बारे में माना गया है कि यह इतनी सूक्ष्म है कि इसे देखा नहीं जा सकता। केवल योगाभ्यास द्वारा अनुभव किया जा सकता है। जब योगियों की यह कुण्डलिनी जागृत हो जाती है तो वह मुक्त हो जाते हैं।

'कुण्डली कुटिलाकारा सर्पवत् परिकीर्तिता।
सा शक्तिचालिता येन सः मुक्तो नात्र संशयः।।'[१०७]

---

१०५. प्रा. यो. शि., पृ. ९९-१०१.

१०६. योगयाज्ञ., ४.२१.

१०७. हठ. यो. प्र., ३.१०१.

जब तक यह कुण्डलिनी सोई रहती है तब तक जीव पशु की भांति अज्ञानी बना रहता है और करोड़ों प्रकार का अभ्यास करने पर भी उसे ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती।

'मूलाधारे आत्मशक्तिः कुण्डली परदेवता।
शयिता भुंजगाकारा सार्द्धत्रिवलयान्विता।
यावत् सा निद्रिता देहे तावज्जीवः पशुर्यथा।
ज्ञानं न जायते तावत् कोटियोगं समभ्यसेत्।।'[१०८]

यह अष्ट प्रकृति रूपा जो कुण्डलिनी है वह चारों तरफ वायु तथा जल के संचार को रोककर इस संसार रूपी जाल के मूल में उसी तरह स्थित रहती है जिस प्रकार मकड़ी जाल में रहती है।

'यथावद्वायुसंचारं जलान्नादीनि नित्यशः।
परितः कन्दपार्श्वेषु निरूद्धयैव सदा स्थिता।।'[१०९]

इसको जागृत करने के लिए प्राणायाम का आश्रय लिया जाता है। प्राणायाम के अभ्यास से कुण्डलिनी पर एक प्रकार का आघात लगता है जिससे वह सोते से जाग कर, सर्प के समान फुंकार मारती हुई सुषुम्ना के मुख में प्रवेश करती है। जिस प्रकार सर्पिणी रेंगती है उसी प्रकार यह कुण्डलिनी शक्ति रेंगती हुई ऊपर चढ़ती है।

'स्फुरन्ती हृदयाकाशे नागरूपा महोज्जला।
वायुर्वायुसखेनैव ततो याति सुषुम्णया।।'[११०]

---

१०८. घे. सं., ३.४९-५०.

१०९. योगयाज्ञ. ४.२२.

११०. वही, ४.२४.

सुषुम्ना में प्रवेश करते ही उसका चक्र भेदन का कार्य प्रारम्भ हो जाता है। यह कुण्डलिनी शक्ति चक्रों का क्रमशः भेदन करती हुई अन्त में सहस्त्रार तक पहुँच जाती है।

जब यह कुण्डलिनी शक्ति सुषुम्ना नाड़ी में उर्ध्वगामी होती है तो ब्रह्मरन्ध्र में अमृत की वर्षा होती है अर्थात् साधक के शरीर को कुण्डलिनी के प्रसाद में ब्रह्मरन्ध्र से टपकते हुए अमृत के बिन्दु प्लावित करते हैं।

सहस्त्रार तक पहुँचने पर कुण्डलिनी का शिव से मिलन होता है और साधक को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।

प्राण-जीव व कुण्डलिनी का आपस में घनिष्ठ सम्बन्ध है। जीव कुण्डलिनी शक्ति व प्राण शक्ति को लेकर ही इस संसार में आता है। बाद में यह कुण्डलिनी इन चक्रों में प्राणशक्ति के साथ प्रवेश करती है। यह प्राण शक्ति सर्पिणी की भांति रेंगती हुई ऊपर चढ़ती है। ज्यों-ज्यों वह ऊर्ध्वगामिनी होती है त्यों-त्यों जीव अपने अभ्यास के बल से कुण्डलिनी को जागृत करता है। ज्यों-ज्यों यह प्राण शक्ति ऊपर चढ़ती जाती है त्यों-त्यों जीव को ज्ञान, शक्ति और आनन्द की अधिक से अधिक अनुभूति होती जाती है। सहस्त्रार में पहुँच कर जीव की मोक्ष प्राप्ति की यात्रा समाप्त हो जाती है। कुण्डलिनी को जागृत करके जीव मोक्ष प्राप्ति की ओर अग्रसर होता है और उस समय जीव के लिए प्राण रूपी शक्ति का भण्डार खुल जाता है और वह जीव मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। अगर जीव कुण्डलिनी जागृत करने का अभ्यास छोड़ देता है तो कुण्डलिनी फिर से सो जायेगी।

यह कुण्डलिनी प्राणशक्ति के साथ ही ऊपर को उठती जाती है और अन्त में मूलाधार चक्र में कुण्डली मारकर अथवा साम्यावस्था में रहती है।

कुण्डलिनी जागरण से ही जीव के लिए मोक्ष के द्वारा खुलते हैं और वह ब्रह्मस्वरूप ही हो जाता है और पुनः जन्म ग्रहण नहीं करता है।

महाबंध

दाहिने पैर की एड़ी से गुदा और लिंग के मध्य दबाया जाय और बांया पैर दक्षिणा जंघे पर रखा जाय। इसके साथ जालंधर बंध लगाते हैं।[1] कुछ लोग दांत पर दांत बैठाकर जिह्वा से उसके बीच में चांपते हैं। कुम्भक करके वायु को नीचे से ऊपर को फेंकते हैं।(२) बांयी एड़ी से गुदामूल का निरोध कर दाहिने पैर से यत्नपूर्वक बांयी एड़ी को दबाते हुए धीरे धीरे गुह्य देश को कुञ्चन करना चाहिये। (३)

१- शिव संहिता ४।३७,३८ २- गोरक्ष संहिता

३- वामपादस्य गुल्फेन पायुमूलं निरोधयेत्।
दक्षपादेन तद्गुल्फं संपीड्य यत्नतः सुधीः॥
शनैः शनैः श्चालयेत् पार्ष्णिं योनिमाकुंचयेच्छनैः।
जलन्धरे धारयेत् प्राणं प्राणं महाबन्धो निगद्यते (घेरण्ड संहितायामे)
अन्येव महाबन्धो मुद्रां बद्धवायमभ्यसेत्।
महाब न्धस्थितो भूमौ स्फिचौ संताडयेच्छनैः॥
अयमेव: महाबन्धः सिद्धैरभ्यसते नरैः।
पार्ष्णिं वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत्॥
वामोरूपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं तथा।
पूरयित्वा मुखे वायुं हृदये चिबुकं दृढं॥
निष्पीड्य योनिमाकुञ्चयन्मनोमध्ये नियोजयेत्।
रेचयेच्च शनैरेयं महाबन्धोयमुच्यते॥
अमुं योनिं महाब न्धं महासिद्धि प्रदायकं।
वामांगे च समभ्यस्य दक्षांगे पुनरभ्यसेत॥
अयं चसर्व नाड़ीणामूर्द्ध गतिनिरोधयेत्।
त्रिवेणी संगमं धत्ते केदारं प्रापयेन्मनः॥
रूपलावण्य सम्पन्ना यथा स्त्री पुरुषं विना।
महाबन्ध स्थितो योगी कृत्वा प्रकरणं तथा।
वायुनां गतिमाकृष्य निभृतं कण्ठमुद्रया॥
(योग कर्णिकायामे)

बंध- त्रय- (१) बंध त्रय का महत्व । (२)

१- मुखनासिक कर्णानां अङ्गुलिभिर्निरोधयेत् ।

तत्रोदर भिति प्रोक्तं सन्मुखीकरणं त्विदं ।।

पूरकान्ते प्रकर्तव्यं पानं बालन्ध राभिधं ।

कुम्भकान्ते रेचकादौ कर्तव्यस्तूगिनायकः ।।

अथ आकुंचनेव कण्ठसंकोचने कृते ।

मध्यपश्चिमतानेन प्राणः ब्रह्मनाभिः ।।

अपानमूर्द्धमुत्थाप्य प्राणं कण्ठादधोनयेत् ।

योगी जरा विमुक्तिः सनं षोडशाब्दवयो लभेत् ।।

सर्वत्र कुम्भके कुर्यात गुदस्याकुन्चनं सुधी:

तदा वायुर्भवेद्वश्यो भवेच्च धारणा क्षमः ।। (योग स्वरोदये)

मूलबन्धं ततः कुर्यादुड्डीयान स्ततः परम् ।।

जालंधरं ततः कुर्याद् बंधत्रयमितीरितं ।

नासाभ्यां वायुमाकृष्य उदरं पूरयेच्छनैः ।।

मूलस्थानं समाकुन्च्य हृदये चिबुकं न्यसेत् ।

उदरे पश्चिमातानं जालंधर मितीरितं ।।

उड्डियाने विशेषोयं वक्ष्यामि तत् समासतः ।

वज्रासने स्थितोयोगी पादाभ्यां करयोधृतम् ।।

उदरे पश्चिमातानं मूलाकुन्चये ततः ।

साधयित्वा यथा शक्तिं द्वितीय भेदनं शृणु ।।

पेषयेच्च मूलाधारं शनैः शनैः प्रयत्नतः ।

उड्डियाने महासिद्धिं लभेच्च साधयेत्सदा ।।

अन्याश्चापि च मुद्राश्च साधयेद्वा न साधयेत् (योग कर्णिकायामे)

२- बंध त्रय महागुह्यं जरामरण नाशनं ।। (घेरण्ड संहितायाम)

पुण्य संभार सद्भावं पापौघाति हरंसदा ।।

सम्यक शिक्षावतामेव स्वप्नं प्रथमसाधने ।। (योगकर्णिकायाम)

महावेध-

आसनस्थ होकर दोनों हाथों से शरीर को जमीन से उठाया जाय और चूतड़ को जमीन पर बार -बार पटका जाय ।(१) महाबन्ध का अभ्यास कर उड्डियान बंध के बाद कुम्भक द्वारा वायु को रोकना महावेध है ।(२) महावेध का महत्व इस प्रकार है ।(३)

१- गोरक्ष पद्धति १।९-४ शिवसंहिता ४।४३

२- घेरण्ड संहिता

"In Maha vedha (Gherand Samhita V.25.) the yogi asumes the mahabandha posture, and concentrating his mind, stops the upward and downward course of the Prana. Then placing the palms of his hands on the ground, he taps the ground with his buttocks (Sphic) and the 'moon', Sun and 'fire' - that is, Ida, Pingala, and Susumna- become united upon the entry of the Prana into the latter Nadi. Then the body asumes a death like aspect, which disappears with the slow expiration which follows." (Page 208)

(The Serpent Power X Ed.- Sir John Woodroffe)

३- रूपयौवन लावण्यं नारीणां पुरुषं बिना यथा ।
महामुद्रा महाबंध महावेध विना तथा ।।
(महामुद्रा महाबन्धौ निष्फलौ वेधवर्जितौ) पाठ्यांतर
महावेध समासाद्य उड्यायी कुम्भक चरेत् ।
महावेध समाख्यातं योगिनां सिद्धिदायकं ।। (योगकर्णिकायाम)

कबीर के समान ज्ञानेश्वर भी मानते हैं कि जो पिण्ड में है वही ब्रह्माण्ड में है और जो ब्रह्माण्ड में है वह पिण्ड में भी । यही नाथपंथ की सुप्रसिध्द धारणा है । सृष्टि में परिव्याप्त शक्ति को महा कुण्डलिनी कहा जाता है और व्यष्टि देह पिण्ड में व्याप्त शक्ति को कुण्डलिनी कहा जाता है । " पिण्डे पिण्डीचा ग्रासु " (ज्ञा. अ. ६ २९१) इस ओवी में यही रहस्य स्पष्ट किया है । पिण्ड से पिण्ड का ग्रास करना याने उद्बोधित कुण्डलिनी से पंच महा भौतिक शरीर का विलयन करना । उसी में भी पृथ्वी आप और तेज इन तीन तत्त्वों का विलयन होता है । (इसका अधिक विवेचन इसी प्रबंध में अ. ३ में मिलेगा ।)

षट्कर्म -

नाथसंप्रदाय के सांप्रदायिक ग्रंथों में देहशुध्दि के लिए जिन षट्कर्मों का विस्तृत विवेचन मिलता है । ये षटकर्म हैं-- धौति, बस्ती, नेती, नौली, कपाल-भाति और त्राटक । लेकिन कबीर और ज्ञानेश्वर में इन षट्कर्मों का विवेचन नहीं मिलता । अत: षट्कर्मों की जानकारी भी यहाँ नहीं दी गयी ।

मुद्रा -

मुद्राओं की सिध्दि के बिना कुण्डलिनी जागृत नहीं होती । मुद्राओं को बंध भी कहा जाता है । हठयोगप्रदीपिका में दस मुद्राओं का वर्णन आया है ।[२९४] उनमें खेचरी मुद्रा को श्रेष्ठ बतलाया गया है । हठयोगप्रदीपिका में कहा है --

" एकं सृष्टिमयं बीजं, एका मुद्रा च खेचरी ।
एको देव निरालंब एकावस्था मनोन्मनी ।। "[२९५]

ब्रह्मरंध्र के सहस्राकार पद्म के मूल में एक शक्ति केन्द्र है, जहाँ चन्द्रमा का स्थान बताया जाता है । चन्द्रमा से हमेशा अमृत झरता रहता है । अम्य

---

२९४ हठयोगप्रदीपिका - उपदेश ३।६,७

२९५ हठयोगप्रदीपिका -- उपदेश ३।५४ ।

लोगों में यह अमृत व्यर्थ जाता है। परन्तु योगी खेचरी मुद्रा की साधना के द्वारा अपनी जिव्हा को तालुमूल में प्रविष्ट करके इस सोमरस का पान करता है और अमर हो जाता है।

पूरक प्राणायाम करते समय मूलबंध तथा उड्डियानबंध लगाये जाते हैं। कुंभक प्राणायाम करते समय मूलबंध तथा जालंधर बंध लगाये जाते हैं। रेचक प्राणायाम करते समय मूलबंध एवं उड्डियान बंध लगाये जाते हैं।

कबीर में बंध अथवा मुद्राओं के विषय में व्यवस्थित रूप में वर्णन नहीं पाया जाता। कबीर ने सूत्रवत् मूलबंध तथा उन्मनी अवस्था या खेचरी मुद्रा की ओर संकेत किया है। एक स्थल पर कबीर ने लिखा है --

" अवधू गगनमण्डल घर कीजै।
अमृत झरै सदा सुख उपजै, बंकनालि रस पीवै।
मूलबांधि सर गगन समानां सुखमन यौं तन लागी। [296] "

और

" अवधू मेरा मन मतवारा।
उन्मनी चढ़या गगनरस पीवै त्रिभुवन भया उजियारा।। [297] "

अतएव कबीर ने मूलबंध, खेचरी मुद्रा की साधना की थी जिसका आभास मात्र मिलता है, अन्य मुद्राओं का भी व्यवस्थित वर्णन नहीं है।

ज्ञानेश्वरजी ने मूलबंध, जालंधर बंध और उड्डियाण बंध तीनों का विस्तृत विवेचन किया है। तीनों बंधों का वर्णन हठयोगप्रदीपिका में किये हुए वर्णन से मिलता जुलता है। तीनों बंधों का वर्णन ज्ञानेश्वरी के छठे अध्याय आया है। मूलबंधका वर्णन करते हुए ज्ञानेश्वर जी कहते हैं कि पिंडली को जांघ से मिलाकर [298] पैर के तलुए इस प्रकार टेढे करने चाहिये कि वे ऊपर की ओर हो जायें।

---

२९६. कबीर ग्रंथावली, पृ.११० २९७. कबीर ग्रंथावली, पृ.११०

२९८. मुळेंची प्रोढी ऐशी। तेथि सांधिलेआ जाती परियेसीं।
तरी उठू या अमनासी। कळोनि पाठी।। ज्ञा. अ. ६।१९२।

और तब उन्हें गुदस्थान के मूल में रखकर जोर से दबाना चाहिए।[२९९] दाहिनी तलुए से गुदस्थान की सीवन का ठीक बीचवाला भाग दबाना चाहिए। इससे बायीं तलुआ सहज में ठीक ऊपर जमकर बैठ जायेगा।[३००] गुदा और कृषाण के बीच में चार अंगुल का अन्तर होता है। उसमें से यदि डेढ़ अंगुल दोनों ओर छोड़ दिया जाय तो बीच में एक अंगुल बाकी रह जाता है।[३०१] एड़ी का पिछला भाग वहीं रखकर और सारे शरीर का भार कुछ तोलकर उस स्थान को अच्छी तरह दबाना चाहिए।[३०२] फिर पीठ का नीचेवाला भाग ऐसे हलके पन से ऊपर उठाना चाहिये, जिसमें यह भी पता न चले कि ऊपर का शरीर उठाया गया है या नहीं और दोनों घुटने भी उसी प्रकार संभाल कर रखने चाहिये।[३०३] (हे अर्जुन) ऐसा करने से सारे शरीर का भार एड़ी के केवल अगले भागपर आ पड़ेगा।[३०४] यह मूलबंध का वर्णन है और इसका दूसरा नाम वज्रासन भी है।[३०५] हम सूक्ष्मता से यदि देखें तो ज्ञानेश्वर जी का किया हुआ मूलबंध का वर्णन और हठयोग - प्रदीपिका में आया हुआ मूलबंध का वर्णन एक ही है।[३०६]

---

२९९ चरणतळें देव्हडी । आधार मुद्रेचां कुडीं ।
सुघटितें गाढीं । संचरीं पां ॥ ज्ञा. अ. ६।१९३

३०० सव्य तो तळीं ठेविजे । तेणें शिवणीमध्यु पीडिजे ।
वरी बैसे तो सहजें । वामचरणु ॥ ज्ञा. अ. ६।१९४

३०१ गुदमेढ्रांचा तीतीं । चारी अंगुळें निगुतीं ।
तेथ सार्ध सार्ध प्रान्तीं । सांडुनियां ॥ ज्ञा. अ. ६।१९५

३०२ माजि अंगुळ एक निगे । तेथ टाचेचेनि उत्तरभागें ।
नेहेटिजे परि आंगें । पेलोनी ॥ ज्ञा. अ. ६।१९६

३०३ उचलिलें का नेणिजे । तैसें पृष्ठान्त उचलिजे ।
गुल्फद्वय धरिजे । तेणेंचि मानें ॥ ज्ञा. अ. ६।१९७

३०४ मग शरीरसंचु पार्था । अशेषही सर्वथा ।
पाठींचिया माथा । स्वयंभु होय ॥ ज्ञा. अ. ६।१९८

३०५ अर्जुना हें जाण । मूळबंधाचें लक्षण ।
वज्रासन गौण । नाम याची ॥ ज्ञा. अ. ६।१९९ ।

३०६ हठयोगप्रदीपिका -- उपदेश ३।६१-६५ ।

छठे अध्याय में जालंधर बन्धका भी वर्णन आया है। सिर दबाकर नीचे बैठ जाता है और ठोडी गले के नीचेवाले गड्ढे में बैठ जाती है और सिर अच्छी तरह छाती के साथ सट जाता है।[307] इससे कंठनाडी भी उसी में मिलकर रुंध जाती है। इसी प्रकार के बंध को " जालंधर बंध " कहते हैं।[308] नाभि ऊपर उठ जाती है और पेट अन्दर धँस जाता है, परन्तु हृदयकोश प्रफुल्लित हो जाता है।[309] इस प्रकार लिंगमूल के ऊपर और नाभिस्थान के नीचे जो बन्ध होता है उसे उड्डियान बंध " कहते हैं।[310] दोनों बंधों का वर्णन भी हठयोगप्रदी--पिका में किये वर्णन से मिलता जुलता है।[311]

तेरहवें अध्याय में इन बंधों के स्थान बताये हैं। आधार चक्र में मूलबंध, नाभि में मणिपूरचक्र के स्थानपर उड्डियान बंध और कंठ में विशुद्धचक्र के स्थानपर जालंधर बंध होता है।[312] अन्यत्र ज्ञानेश्वरी अ. ५।१२७, १४७, अ. ८।४९-५७ में तीन मुद्राओं का उल्लेख आया है।

---

३०७ मग कंठनाळ आटे। हनुवटी हे कडौती दाटे।
ते गाढी होवोनि नेहटे। वक्षःस्थळी ।। ज्ञा. अ. ६।२०७

३०८ माजि घंटिका लोपे। वरी बंधु जो आरोपे।
तो जालंधरु म्हणिपे। पंडुसुता ।। ज्ञा. अ. ६।२०८

३०९ नाभी वरी पोखे। उदर हें थोके।
अंतरीं फांके हृदयकोशु ।। ज्ञा. अ. ६।२०९

३१० स्वाधिष्ठानावरिचिलें कांठीं। नाभिस्थानातळवटीं।
बंधु पडे किरीटी। वोढियाणा तो ।। ज्ञा. अ. ६।२१०

३११ जालंधर -- हठयोग प्रदीपिका
३।७०,७१,७२ उड्डियान - ह. यो. प्र. ३।५५-६०

३१२ आधारीं नाभी कंठीं। बंधत्रयाची घरटीं।
चंद्रसूर्यसंपुटीं। सुये चित्त ।। ज्ञा. अ. १३।५०८।

इस प्रकार हम देखते हैं कि ज्ञानेश्वरी में आया हुआ मुद्राओं का वर्णन ज्ञानेश्वरजी ने नाथसंप्रदाय के अनुसार ही किया है। कबीर ने विस्तृत वर्णन नहीं किया, केवल संदर्भ दे दिया है।

षट्चक्र भेदन और कुण्डलिनी उत्थापन :

कुण्डलिनी उत्थापन प्रक्रिया का वर्णन हठयोग के ग्रंथों के अतिरिक्त त्रिपुरासारसमुच्चय, ज्ञानार्णव तंत्र, गंधर्व तंत्र, कामकेश्वर तंत्र आदि तन्त्र ग्रंथों में भी मिलता है। इस प्रक्रिया से योगी लोग आत्मज्योति दर्शन तथा अनहद नाद श्रवण करते हैं। कुण्डलिनी स्वयं नादस्वरूपा, ज्योतिस्वरूपा तथा शक्तिस्वरूपा मानी जाती है। कुण्डलिनी जागृत करने के लिए चक्रभेदन की परम आवश्यकता बतलायी गयी है। योगसूत्र, शिवसंहिता, घेरंड संहिता आदि हठयोग के प्रामाणिक ग्रंथों में प्राय: षट्चक्रों का वर्णन मिलता है। किन्तु[११३] नाथपंथ में तथा तंत्र ग्रंथों में इन चक्रों की संख्या ६ से अधिक दी हुई है। नाथ-साहित्य में चक्रों की निश्चित संख्या और नाम आदि का कोई क्रम नहीं मिलता। "मछिन्द्र गोरख बोध"(गो. बा. पृ.२०२) के अन्तर्गत मूलचक्र, गुदाचक्र, मणिचक्र, अनहद चक्र, विशुद्धचक्र और चंद्रचक्र इन छ: नामों का उल्लेख मिलता है। इसी में फिर अन्यत्र (पृ.१९२) क्रमश: बारचक्र, ऊर्ध्वचक्र, पश्चमचक्र, हिरदा चक्र, कण्ठचक्र, ग्यानचक्र नाम आये हैं। गोरखबानी में अष्टचक्रों का वर्णन मिलता है। इस तरह चक्रों की संख्या में विभिन्नता पायी जाती है। इतना ही नहीं तो चक्रों के नाम, स्थान, दल की मात्रिकाओं, तत्त्व, गुण, देवता, शक्ति आदि के संबंध में भी हठयोग तथा तंत्रग्रंथों में अन्तर पाया जाता है। कबीर की उक्तियों से पता लगाना कठिन है कि वे किस तंत्र ग्रंथ या हठयोगके किस आचार्य से प्रभावित हैं।

यहाँ कुण्डलिनी का शास्त्रीय विवेचन भी आवश्यक है। योगशास्त्र का सिद्धान्त है कि जो ब्रह्माण्ड में है वही पिण्ड में भी है। सृष्टि की समष्टि

११३. शक्तिसम्मोहन तंत्र तथा महानिर्वाण तंत्र में ९ चक्र हैं।

शक्ति को महाकुण्डलिनी कहते हैं और शरीरस्थ व्यष्टि शक्ति को केवल कुण्डलिनी कहते हैं। कुण्डलिनी की व्युत्पत्ति इस प्रकार दी है कि " कुण्डले अस्या: स्त: इति कुण्डलिनी । अर्थात् वह शक्ति जिसके दो कुण्डल हों। ये कुण्डल इडा और पिंगला हैं। इन दो नाड़ियों के बीच सुषुम्ना नाडी है। इसी से होकर कुण्डलिनी शक्ति ऊपर की ओर प्रवाहित होती है। सुषुम्ना के भीतर कई सूक्ष्म नाड़ियों की कल्पना की गयी है। इनमें वज्रा, चित्रणी और ब्रह्म नाड़ियाँ प्रमुख हैं। किन्तु अधिकतर चर्चा इडा पिंगला और सुषुम्ना की ही होती है। इन नाड़ियों के कई सांकेतिक नाम भी हैं। इन्हें सिद्धों ने क्रमश: ललना, रसना, अवधूति और सन्तों ने गंगा यमुना और सरस्वती संज्ञाएँ दी हैं।

अनेक प्रकार की साधनाओं से कुण्डलिनी को जागृत किया जाता है। वह जागृत होने पर जो स्फोट होता है उसी को नाद कहते हैं। नाद से प्रकाश होता है। प्रकाश का व्यक्त रूप महाबिन्दु है। इस महाबिन्दु के भी तीन रूप हैं -- इच्छा, ज्ञान तथा क्रिया। इन्हें प्रतीकात्मक भाषा में सूर्य, चन्द्र, अग्नि तथा ब्रह्मा, विष्णु, शिव भी कहते हैं। इसी प्रकार नाद के भी तीन प्रकार बताये गये हैं -- महानाद, नादान्त और निरोधनी। जीव सृष्टि से उत्पन्न होनेवाला जो नाद है वही ओंकार है। उसी नाद को शब्दब्रह्म कहते हैं। ओंकार से बावन मातृकाएँ उत्पन्न होती हैं। इनमें ५० अक्षरमय हैं। इच्छावन प्रकाशरूप है और बावनवी प्रकाश का प्रवाह है। ये ही मातृकाएँ लोम और विलोम रूप से सौ होती हैं। ये ही सौ कुण्डल हैं। इन कुण्डलों को धारण किए मातृकामयी कुण्डलिनी है। सहस्रचक्र में जो अव्यक्त नाद है वही आज्ञाचक्र में ओंकार रूप से व्यक्त होता है।

षट्चक्रभेदन से कुण्डलिनी जागृत होती है। अत: षट्चक्रों का[३१४] संक्षेप में वर्णन करके ज्ञानेश्वर और कबीर के साहित्य में उनका आविष्कार किस रूप में

---

३१४ इन षट्चक्रों का विस्तृत वर्णन शिवसंहिता, घेरंड संहिता, तथा षट्चक्र निरूपण नामक ग्रंथों में मिलेगा। मराठी में " षट्चक्रदर्शन भेदन " ले श्री.म.वैद्य इस्लामपुर, इस पुस्तकमें मिलेगा।
'कल्याण' के शक्ति अंक पृ.४५४ पर देखिये।

हुआ है इसका वर्णन आगे मैं करूंगा ।

पायु से दो अंगुल ऊपर और उपस्थ से दो अंगुल नीचे चतुरंगुल विस्तृत समस्त नाड़ियों का मूलस्वरूप पक्षी के अंडे की तरह एक कंद विद्यमान है । हठयोग प्रदीपिका के अनुसार इसमें से ७२ हजार तथा शिवसंहिता के अनुसार ३५ हजार नाड़ियाँ निकलकर शरीरभर में फैली हुई हैं । इनमें तीन नाड़ियाँ प्रधान हैं । इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना । ये तीनों नाड़ियाँ षट्चक्रों को आवृत करती हुई भ्रूमध्यभाग में आ मिलती हैं । इसी स्थल को त्रिवेणी कहते हैं ।

(१) मूलाधार चक्र -

गुदा के ऊपर तथा लिंगमूल के नीचे मूलाधार चक्र है । यह सुषुम्ना नाड़ी के मुख में संलग्न है । इस चक्र कमल में चार दल होते हैं तथा इसका रंग पीला होता है । इन चार दलों के चार अक्षर हैं व, श, ष और स । गणेश इनके ध्येय देवता हैं । इस चक्र की अधिष्ठात्री डाकिनी देवी है ।[३१५] कुण्डलिनी इस चक्र के नीचे त्रिकोण आकृतिमय वह्निचक्र से जिसे " त्रिपुर " कहते हैं, अवस्थित स्वयंभू लिंग से साढ़े तीन वलयों में लिपटी हुई सुषुप्तावस्था में पड़ी रहती है । वह नागिन के समान है ।[३१६] वह अपने मुख में अपनी पूंछ को दबाये हुए है ।[३१७] और वह संसार की मूल शक्ति है ।[३१८]

कबीर में इन तीन नाड़ियों की, पंच प्राणों की और मूलाधार चक्र की चर्चा मिलती है । त्रिवेणी का भी उल्लेख कबीर में आया है । कबीर कहते हैं--

अरध , उरध की गंगा जमुना मूलकमल को घाट ।
षट् चक्र की गागरी , त्रिवेणी संगम बाट ।।[३१९]

---

३१५ शिवसंहिता ५।१०६

३१६ सुप्ता नागोपमा ह्येषा स्फुरन्ती प्रभया स्वया ..(शिवसंहिता प.५ श्लो. ५८)

३१७ मुखे निवेश्य सा पुच्छं सुषुम्णा विवरे स्थिता .. (,, ,, ,,५७)

३१८ जगत् संसृष्टिरूपा सा निर्माणे सततोद्यता (शिवसंहिता ~~५~~ पटल २ श्लो. २४)

३१९ कबीर ग्रंथावली, पृ. १४ ।

दूसरे एक रूपक में कहा है कि चन्द्रसूर्य अर्थात् इडा पिंगला नाड़ियों के सहारे सुषुम्ना नाड़ी की डोरी में होकर पंचवायु (प्राण, अपान, समान , उदान, व्यान) संचरित होती है तथा उसी सुषुम्ना के निचले छोर में प्राण शक्ति अर्थात् कुण्डलिनी शक्ति स्थित है ।

" चंद सूर्य दोइ खंभवा बंकनालिकी डोरी ।
झूले पंच पियारिया, तहं झूले ज्ञ जीय मोर ।।[320] "

इन नाड़ियों के द्वारा योगी कुण्डलिनी को जागृत करता है । नाड़ियों के सम्मिलन स्थान को त्रिवेणी अथवा संगम कहा जाता है । कबीर ने प्राणायाम की साधना के द्वारा इडा पिंगला नाड़ियों की सहायता से मूलाधार कमल को बेधकर अन्य षट्चक्रों को बेधते हुए संगमस्थानपर मन ले जाने का निर्देश किया है ।[321] कबीर ने भी कुण्डलिनी को नागिन कहा है , " प्रेम पियाले पीवन लागे, सोवत नागिनी जागी । "

ज्ञानेश्वरी में भी मूलाधार चक्र का इसी प्रकार का वर्णन आया है । इडा पिंगला और सुषुम्ना नाड़ियों का वर्णन तो मैंने प्राणायाम का वर्णन करते समय किया ही है । षट्चक्रों के दलों का, अक्षरों का, स्वरूप का जैसा वर्णन कबीर में मिलता है , वैसा वर्णन ज्ञानेश्वर में नहीं मिलता है । ज्ञानेश्वरी में केवल षट्चक्रों का उल्लेख मात्र है । षट्चक्रों का भेदन करके कुण्डलिनी किस प्रकार जागृत की जाती है ? जागृत होने के बाद किस मार्ग से वह षट्चक्रों को भेदती हुई ब्रह्मरंध्रतक जाती है ? कुण्डलिनी जागृत होनेके बाद साधक की अवस्था कैसी होती है और परमात्मा से समरस होकर वह चन्द्रमा की सत्रहवीं कला का अमृतपान कैसे करती है ? आदि का विवेचन ज्ञानेश्वरजी ने विस्तार से किया है । लेकिन षट्चक्रों की ओर संकेत मात्र मिलता है ।

---

320 कबीर ग्रंथावली, पृ. ९४ ।
321 कबीर ग्रंथावली पृ. ९४ ।

शिव संहिता के अनुसार ज्ञानेश्वरजी ने कुण्डलिनी को नागिन कहा है (कबीर भी उसको नागिन कहते हैं ।) छठे अध्याय में ज्ञानेश्वरजी कहते हैं कि जिस प्रकार नागिन का कुंकुम के समान लाल बच्चा कुंडली लगाकर बैठता है[322], उसी प्रकार यह कुण्डलिनी नामक शक्ति साढे तीन फेरे की कुण्डली मारकर और सिर नीचे करके नागिन की तरह सोई रहती है।[323] वह इतनी तेजोमय होती है कि मानो विद्युत् के बने हुए कंकण हो या अग्नि की ज्वाला की रेखा हो या बढिये और चमकीले सोने का कंकण हो।[324] आगे ज्ञानेश्वरी में ज्ञानेश्वर जी ने कुण्डलिनी को जगदम्बा या परमेश्वरी कहा है।[325]

मूलाधारचक्र का भी उल्लेख मिलता है। छठे अध्याय में मूलबंधका वर्णन करते हुए ज्ञानेश्वरजी ने कहा है कि पैर के दोनों तलुए टेढे करके मूलाधार चक्र के नीचे पक्के बिठाने चाहिए।[326] बारहवें अध्याय के नमन में सद्गुरू का वर्णन करते हुए ज्ञानेश्वर जी कहते हैं कि हे सद्गुरू कृपा दृष्टि, मूलाधार चक्रपर होनेवाली कुण्डलिनी शक्ति की गोद में अपने शिष्यों का संगोपन करती है और उनको सुलाने के लिए हृदयाकाशरूपी पलने में उनको रखकर तू झोंके देती है।[327] आगे वे कहते हैं कि कुण्डलिनी रूपी मशाल मूलाधारचक्र पर रख दी और उसकी रोशनी से ब्रह्मरन्ध्र तक का मार्ग मालूम हुआ।[328]

(२) स्वाधिष्ठान चक्र -

इस चक्र या कमल के छः दल होते हैं। यह लाल रंग का होता है। यह

---

३२२ नागाचें पिलें । कुंकुमें नाहलें । वळण घेऊनि आलें । सेजे जैसें ।। ज्ञा.अ.६।२२२

३२३ तैसी ते कुण्डलिनी । मोटकी औट वळणी ।
अधोमुख सर्पिणी । निवाली असे ।। ज्ञा. अ. ६।२२३

३२४ विद्युल्लतेची विडी । वन्ही ज्वाळांची घडी ।
पंधरेयाची चोखडी । घोटीव जैसी ।। ज्ञा. अ. ६।२२४

३२५ ज्ञा. अ. ६।२७२, २८१

३२६ चरणतळें देव्हडी । आधारद्रुमाचां बुडीं ।
सुघटितें गाढीं । संचरी पां ।। ज्ञा. अ. ६।१९३ ।

३२७ आधारशक्तीचां अंकीं । वाढविसी कौतुकीं ।
हृदयाकाश पलकीं । परिये देसी निजे ।। ज्ञा. अ. १२।५

३२८ मग कुंडलिनियेचा टेंभा । आधारीं केला उभा ।
तया चोजवर्णे प्रभा । निमथावरी ।। ज्ञा. अ. १२।५१ ।

लिंगमूल में स्थित है । इसके सोल बक्षर ब, भ, म, य, र, ल हैं । इस चक्र की अधिष्ठात्री शाकिनी देवी है । इसका ध्यान करनेवाला निश्चय में बंधन रहित और भयरहित होकर विचरण करता है ।[329]

कबीर ने इसका वर्णन किया है । उनका मत है कि छः दलवाले कमलपर मनन करनेवाला योगी जब इस कमल और तीन नाडियों अर्थात् चारों का सम्मिलन कर देता है और सुषुम्ना में-जो दो नाडियों के बीच में है — ध्यान को केन्द्रित करता है । तब यह दूसरा कमल खिल जाता है और योगी मृत्युपर विजय पा जाता है ।

" छाटदल कंवल निवासिया , चहुँ को फेरि मिलाई रे ।
दहुँ के बीच समाधियाँ, तहँ काल न पासै आइ रे ।।[330]

ज्ञानेश्वरी के छठे अध्याय में एक बार स्वाधिष्ठान चक्र का उल्लेख आया है । लेकिन उसमें कमल उसका विस्तृत विवेचन नहीं मिलता । उड्डियान बंध का वर्णन करते हुए ज्ञानेश्वरजी कहते हैं कि स्वाधिष्ठान चक्र के ऊपर के हिस्से में और नाभिस्थल के नीचे के हिस्से जो बंध होता है, उसको उड्डियान बंध कहते हैं ।[331] इस प्रकार ज्ञानेश्वरी में स्वाधिष्ठान चक्र का एक ही बार उल्लेख आया है ।

(३) मणिपूर चक्र -

यह तृतीय चक्र है । यह नाभि के समीप स्थित है । यह सुनहले रंग का है ।

---

३२९ द्वितीयन्तु सरोजंच लिंगमूले व्यवस्थितम् ।
बादिलान्तं च षड्वर्णं परिभास्वर षड्दलम् ।। शिवसंहिता ५।७५

३३० कबीर ग्रंथावली, पृ. ८८

३३१ स्वाधिष्ठानावरिचिले काठीं । नाभिस्थाना तळवटीं ।
बंधु पडे किरीटी । वोढियाणा तो ।। ज्ञा. अ. ६।२१०

और दस दलवाला है । इसके वर्णाक्षर ड, ढ, ण, त, थ, द, ध, न, प, फ हैं । इसकी अधिष्ठात्री लाकिनी देवी है । इस चक्र का चिन्तन करनेवाला पातालसिध्दि प्राप्त करता है । वह इच्छाओं का अधिपति और रोगशोक का नाशक हो जाता है ।[332]

कबीर ने दस दल के स्थानपर अष्टदल कमल का उल्लेख किया है । उनका मत है कि आठ दलवाले कमल पर मनन करनेवाले योगी विरले ही होते हैं । सद्‌गुरु के सिवा इस चक्र का भेदन करना असंभव है । क्योंकि यहाँ साक्षात् श्रीरंग केली करता है ।

" अष्ट कमलदल भीतरा तंह श्रीरंग केलि कराइरे ।
सतगुरु मिले तो पाइये, नहीं तो जन्म अकारथ जाई रे ।।"[333]

इसका मनन करने पर आनंदप्राप्ति होती है । परम तत्त्व की साधना के हेतु इसका भेदन आवश्यक है ।

ज्ञानेश्वरी के छठे अध्याय में तीन बन्धों के वर्णन के साथ मणिपूरचक्र का उल्लेख आया है । ज्ञानेश्वर जी कहते हैं कि मूलबन्धके व्दारा पूरी तरह से बंध जाने के कारण अपान वायु शरीर में पीछे की ओर चलती है और दबाव पड़ने के कारण फूलने लगती है ।[334] फिर वह कुपित होकर मत्त होती है और उसी बंद जगह में गड़गड़ाने लगती है और नाभिस्थान में रहनेवाले मणिपूर चक्र को बीच बीच में धक्के देती है ।[335] इस प्रकार मणिपूरक चक्र का केवल उल्लेख आया है।

---

332 तृतीयं पंकजं नाभौ मणिपूरक संज्ञकम् ।
दशारं डादिफान्तार्णं शोभितं हेमवर्णकम् ।। शिवसंहिता ५।७९

333 कबीर ग्रंथावली पृ. ८८ ।

334 जो मूळबंधें कोंडला । अपानु माघौता मुरडला ।
तो उर्धांचि वरी सांकडला । फुगु धरी ।। ज्ञा. अ. ६।२१४

335 क्षोभलेपणें माजे । उवाइला ठायीं गाजे ।
मणिपूरेंसीं झुजे । राहोनियां ।। ज्ञा. अ. ६।२१५

(४) अनाहत चक्र -

यह हृदय में स्थित है। इसके द्वादश दल होते हैं। इसका रंग लाल होता है। इसके संकेताक्षर क, ख, ग, घ, ङ, च, छ, ज, झ, ञ, ट, ठ हैं। काकिनी नाम की देवी इसकी अधिष्ठात्री है।[336] इसका चिन्तन करनेवाला अपरिमित ज्ञान प्राप्त कर त्रिकालज्ञ हो जाता है।

कबीर ने इस कमल की स्थिति अभ्यन्तर अर्थात् हृदय में बतायी है। वहाँ प्रभु का वास बताया है। इस द्वादशदल कमल में अमृत का ग्रास बताया है।[337] इसपर चिन्तन करनेवाले योगी को परम सत्य की प्राप्ति हो सकती है।

ज्ञानेश्वरी में कबीर के समान अनाहत चक्र विस्तृत वर्णन नहीं मिलता, केवल उल्लेख मिलता है। छठे अध्याय में जागृत कुण्डलिनी का मार्ग ज्ञानेश्वरजी ने बताया है। वे कहते हैं कि यह कुण्डलिनी जब हृदय में (अनाहत चक्र में) आती है तब वह अनाहत शब्द से बोलने लगती है।[338] यह सत्य ही है कि जबतक अनाहत चक्र का भेदन नहीं होता, तबतक अनाहद ध्वनि सुनायी नहीं पड़ती। बारहवें अध्याय के नमन में भी इसका उल्लेख आया है। गुरुकृपा दृष्टि को संबोधकर ज्ञानेश्वरजी कहते हैं कि ऐ गुरुकृपादृष्टि, तू, बीजकला रूपी (व्योमचक्र में होनेवाली चन्द्रामृतरूपी सत्रहवीं कला का दूध साधक को पिलाती है और अनाहत ध्वनि का गीत गाती है। समाधि बोध से समझा बुझाकर तू साधक को सुला ती है।[339] (आत्मानंद में लीन करती है।)

---

३३६ हृदयेऽनाहतं नाम चतुर्थं पंकजं भवेत्।
काधिठान्तार्णं संस्थानं द्वादशारसमन्वितम्।।
अतिशोणं वायु बीजं प्रसादस्थानमीरितम्। (शिवसंहिता, ५।८३)

३३७ द्वादस दल अभि अंतरि म्यंत, तहाँ प्रभु पाइसि करिले च्यन्त।। क.ग्रं.पृ.१९९
द्वादस दलके अंतरा, तँह अमृत को ग्रास।
जिनि यहु अमृत चाखिया, सो ठाकुर हम दास।। क.ग्रं.पृ. ९४

३३८ हें असो तें कुंडली। हृदयाआंतु आली।
तंव अनाहता बाँ बोली। बाचळे तें।। ज्ञा. अ. ६।२७४

३३९ सतरावियेचें स्तन्य देसी। अनाहताचा हल्लरु गासी।
समाधिबोधें निजविसी। बुझाउनि।। ज्ञा. अ. १२।७।

अभ्यास करें। रेचक और पूरक के अतिरिक्त मुख पूर्वक वायु धारण करने को केवल कुम्भक कहते हैं।''[1]

कुम्भक के भेदों में अन्तर है। कहीं पर कुम्भक के आठ भेद कहे गये हैं। कुछ विद्वानों ने छः प्रकार के और कुछ विद्वानों ने 2 प्रकार के कुम्भक बतलाये हैं। घेरण्ड़ संहिता में साधारण रूप से 8 प्रकार कुम्भक के बतलाये गए हैं-''सहित, सूर्यभेद, उज्जायी, शीतली, भस्त्रिका, भ्रामरी, मूर्च्छा और केवली।''[2] हठयोग प्रदीपिका में सहित, केवल के स्थान पर शीतकारी, प्लाविनी 8 भेद हैं।

''शरीर में कृशता, मुख पर प्रसन्नता, नाद का प्राकट्य, नेत्रों में स्वच्छता, रोग का अभाव, बिन्दू का क्षय, अग्नि का दीपन ओर नाड़ी-शुद्धि, यह हठयोग के लक्षण हैं।''[3]

हठयोग की सिद्धि हो जाने पर उक्त उपलब्धियाँ अनायास ही हो जाती हैं, उनके लिए साधक को कोई प्रयत्न नहीं करना होता।

(iv) **मुद्रा**-''घेरण्ड़ संहिता में घेरण्ड़ ऋषि ने मुद्राओं के 25 प्रकार बताये हैं-''महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डीयान, जालन्धर, मूलबन्ध, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, विपरीतकरणी, योनि, वज्रोली, शक्तिचालिनी, तड़ागी, माण्ड़वी, शांभवी, पंचधारणा, अश्विनी, पाशिनी,

---

1. प्राणायाम स्त्रिधा प्रोक्तो रेचपूरककुम्भकैः।
सहितः केवलश्चेति कुम्भको द्विविधो मतः।। ह.प्र. 2/71
यावत्केवल सिद्धिः स्यात्सहितं तावदभ्यसेत्।
रेचकं पूरक मुक्त्वा सुखं यद्वायुधारणम्।। ह.प्र. 2/72

2.(i) सहितः सूर्यभेदश्च उज्जायीशीतली तथा।
भस्त्रिका भ्रामरी मूचर्छा केवली वाष्टकुम्भकाः।। घे.सं. 5/45

(ii) सूर्यभेदनमुज्जायी सीत्कारी शीतली तथा
भस्त्रिका भ्रामरी मूर्च्छा प्लाविनीत्यष्टकुम्भकाः।। ह.प्र. 2/44

3. वपुः कृशत्वं वदने प्रसन्नता नादस्फटत्वं नयने सुनिर्मले।
अरोगता बिंदुजयोऽग्निदीपनं नाडीविशुद्धिर्हठयोगलक्षणम्।। ह.प्र. 2/78

काकी, मातंगी और भुजंगिनी इत्यादि पच्चीस मुद्राएँ योगियों हेतु सिद्धि प्रदान करने वाली हैं।''[1]

हठयोग प्रदीपिका में दश मुद्राएँ वर्णित हैं-''महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, उड्डीयान बंध, मूलबन्ध, जालन्धर बन्ध, विपरीतकरणी, वज्रोली, शक्तिचालन यह दश मुद्राएँ जरा-मरण को नष्ट करने वाली हैं।''[2]

(1) **महामुद्रा**-''बांये पैर की एड़ी को गुदामूल पर दृढ़तापूर्वक स्थापित करना चाहिए। तथा दाहिने पैर को सीधा फैलाकर पैर की अंगुलियों को पकड़ना चाहिए तत्पश्चात् कण्ठ का संकुचन करते हुए भ्रूमध्य पर दृष्टि को केन्द्रित करना चाहिए। यह महामुद्रा है।''[3]

''इसका अभ्यास क्षय, कास, गुदावर्त, प्लीहा, जीर्ण ज्वर आदि सभी रोगों का नाश करता है।''[4]

(2) **नभोमुद्रा**-''जिह्वा को ऊपर की ओर करके कुम्भक द्वारा वायु को रोकना नभो मुद्रा कहलाती है। इसका अभ्यास सभी प्रकार के रोगों का नाश करने वाला होता है।''[5]

---

1. महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डीयानं जलन्धरम्।
मूलबन्धं महाबन्धं महावेधश्च खेकचरी।। घे.सं. 3/1
विपरीतकरिणी योनिर्वज्रोली शक्तिचालिनी।
तडागीमाण्डवीमुद्रा शाम्भवीपञ्चधारणा।। घे.सं. 3/2
अश्विनी पाशिनी काकी मातंगी भुजंगिनी।
पञ्चविंशति मुद्रावै सिद्धिदाश्चेहयोगिनाम्।। घे.सं. 3/3

2. महामुद्रा महाबंधो महावेधश्च खेकचरी।
उड्यान मूलबंधश्च बंधो जालं धराभिध:।। ह.प्र. 3/6
करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्तिचालनम्।
इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशम्।। ह.प्र. 3/7

3. वायूमूलं वामगुल्फ संपीड्य दृढप्रयत्नत:।
यामयपादं प्रसार्याथ करेधृत पदांगुल:।। घे.सं. 3/6
कण्ठ संकोचनं कृत्वाभ्रुवोर्मध्ये निरीक्षयेत्।
महामुद्रभिधामुद्रा कथ्यते चैव सूरिभि:।। घे.सं. 3/7

4. क्षयकुण्ठगुदावर्तगुल्माजीर्णपुरोगमा:।
तस्य दोषा: क्षयं यांति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत्।। ह.प्र. 3/17

5. यत्र तत्र स्थितो योगी सर्वकार्यषु सर्वदा।
ऊर्ध्वजिह्व: स्थिरोभूत्वाधारयेत्पवनं सदा।
नभोमुद्रा भवेदेषा योगिनां रोगनाशिनी।। घे.सं. 3/8

(3) **उड्डीयान बन्ध**–''नाभि के ऊपर के भाग और पश्चिम द्वार को उदर के समाभाव में सिकोड़ें, अथवा उदर को पीछे की ओर खींचते हुए नाभि के ऊपर ले जायें इसे उड्डीयान बंध कहते हैं। यह मृत्युरूपी गज के लिए सिंह के समान है। सभी बंधनों में उड्डीयान बंध प्रमुख है। इसके अभ्यास से सहज ही मोक्ष मिल जाता है।''[1]

(4) **जालन्धर बंध**–''कण्ठ को संकुचित कर ठोड़ी को दृढ़तापूर्वक हृदय पर स्थापित करें। यह जालन्धर बन्ध कहलाता है। इससे सोलह प्रकार आधार बन्ध हो जाता है। यह जालन्धर नाम की महामुद्रा मृत्यु को भी नष्ट कर देती है।''[2]

''यह जालन्धर बन्ध सिद्ध होने पर योगियों को सिद्धि प्रदान करता है तथा इसका छह महीने अभ्यास करने से ही योगी अवश्य ही सिद्ध होता है।''[3]

(5) **मूलबन्ध**–''एड़ी से योनि स्थान को दबाकर गुदा का संकोच करें और अपान वायु को ऊपर की ओर आकर्षित करें, इसे मूलबन्ध कहते हैं। जो अधोगति वाले अपान वायु को बलपूर्वक ऊर्ध्वगामी करता है, उसे योगीजन मूलबन्ध कहते हैं।''[4]

---

1. उदरे पश्चिमे तानं नाभेरूर्ध्वन्तुकारयेत्। घे.सं. 3/9
उड्डीयानं कुरूतेयत् तदविश्रान्तं महाखगः।
उड्डीयानं त्वसौ बन्धो मृत्युमातंग केशरी।। घे.सं. 3/10
समग्राद् बन्धनाद्धयेतदुड्डीयानं विशिष्यते।
उड्डीयाने समभ्यस्ते मुक्तिः स्वाभाविकी भेवेत्।। घे.सं. 3/11
2. कण्ठ सङ्कोचनं कृत्वा चिबुकं हृदयेन्यसेत्।
जालन्धरे कृते बन्धे षोडशाधारबन्धनम्।
जालन्धरं महामुद्रामृत्योश्चक्षयकारिणी।। घे.सं. 3/12
3. सिद्धं जालन्धरं बन्ध योगिनां सिद्धिदायकम्।
षण्मासमभ्यसेद्यो हि स सिद्धो नात्र संशयः।। घे.सं. 3/13
4. पार्ष्णिभागेन संपीड्य योनिमाकुंचयेद्गुदम्।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽभिधीयते।। ह.प्र. 3/14
अधोगतिमपानं वा ऊर्ध्वगं कुरूते बलात्।
आंकुचनेन तं प्राहुर्मूलबन्ध हि योगिनः।। ह.प्र. 3/15

''संसार-सागर से पार होने के आकांक्षियों को वन में छिपकर इस मुद्रा का अभ्यास करना चाहिए। इसके अभ्यास से सिद्धि अवश्य प्राप्त होती है। इसीलिए मौन एवं निरालस्य रहकर प्रयत्न पूर्वक इसका अभ्यास करें।''[1]

कुछ विद्वानों के अनुसार महामुद्राएँ पाँच तो प्रमुख रूप से हैं ही। इस सन्दर्भ में योगचूडामन्युपनिषद् में कहा गया है-''जो योगी महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डियान, जालन्धर बन्ध और मूलबन्ध को जानता है वह मोक्षभाजन होता है।''[2]

(6) **महाबन्ध**-''बांये पैर की एड़ी से गुदामूल को दृढ़तापूर्वक स्थापित करना चाहिए तत्पश्चात् दाहिने पैर से बांये पैर की एड़ी को प्रयत्नपूर्वक दबाऐं, धीरे-धीरे एड़ी का चालन करना चाहिए तथा योनिस्थान का संकुचन करना चाहिए। जालंधर बंध द्वारा प्राणवायु को धारण करना चाहिए। यही महाबन्ध है।''[3]

''यह मुद्रा जरा और मृत्यु का नाश करने वाली है तथा साधक की सभी इच्छाओं को पूर्ण करने वाली है।''[4]

(7) **महावेध**-''महाबन्ध मुद्रा का अभ्यास कर उड्डियान बंध करते हुए कुम्भक द्वारा वायु को रोकें यही महावेध कहा गया है।''[5]

---

1. संसार समुद्रं तर्त्तुमभिलषति यः पुमान्।
विजनेषु गुप्तो भूत्वा मुद्रामेनां समभ्यसेत्।। घे.सं. 3/16
अभ्यासात् बंधनस्यास्य मरूत्सिद्धिर्भवेद् ध्रुवम्।
साधयेद्यत्नतो तर्हि मौनी तु विजितालसः।। घे.सं. 3/17
2. महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डियानं च जलन्धरम्।
मूलबन्धं च यो वेत्ति स योगी मुक्तिभाजनम्।। योगचूड़ामन्युपनिषद् 45
3. वामपादस्य गुल्फै तु पायुमूलं निरोधयेत्।
दक्षपादेन तद् गुल्फे सम्पीड्य यत्नतः सुधीः।। घे.सं. 3/18
शनैः शनैश्चालयेत् पाष्णियोनिमाकुंचयेच्छेनैः।
जालन्धरे धारयेत्प्राणं महाबन्धोनिगधते।। घे.सं. 3/19
4. महाबन्धः परोबन्धो जरामरणनाशनः।
प्रसादादस्य बन्धस्य साधयेत् सर्वावांछितम्।। घे.सं. 3/20
5. महाबन्धं समासाद्य उड्डीयान कुम्भकं चरेत्।
महावेधः समाख्यातो योगिनां सिद्धिदायकः।। घे.सं. 3/22

''महावेध के बिना मूलबंध और महाबंध भी उसी प्रकार निष्फल हैं, जिस प्रकार कि पुरूष के बिना स्त्री का रूप यौवन, लावण्य व्यर्थ है।''[1]

''जो योगी महावेध का अभ्यास करते हैं उन्हें वृद्धावस्था नहीं घेरती और मृत्यु का भय भी नहीं होता है। योगिराजों को इसे गोपनीय रखना चाहिए।''[2]

(8) **खेचरी मुद्रा**–''जिह्वा और जिह्वा मूल को मिलाने वाली जो नाड़ी जिह्वा के नीचे है, उसको छेदकर जिह्वा के अग्रभाग का निरन्तर चालन करें तथा मक्खन लगाकर दोहन करता हुआ लोहे की चिमटी से खींचें। नित्यप्रति इसका अभ्यास करने से जिह्वा बढ़ जाती है। इसे इतनी बढ़ा लेनी चाहिए कि वह भौंहों के मध्य तक पहुँच सके। इस प्रकार क्रमशः तालूमूल से धीरे-धीरे प्रविष्ट करें। कपाल-रन्ध्र में जिह्वा को ऊपर की ओर उलट करके ले जाना चाहिए। उस समय दोनों भौहों के मध्य भाग में दृष्टि रखें। यह खेचरी मुद्रा होती है।''[3]

''खेचरी का अभ्यास करने वाले साधक को मूर्च्छा, क्षुधा, तृष्णा, आलस्य नहीं सताते। रोग, जरा और मृत्यु का भय नहीं रहता।''[4]

(9) **विपरीतकरणी मुद्रा**–''नाभि-मूल में सूर्यनाड़ी और तालूमूल में चन्द्रनाड़ी है। सहस्त्रार में अमृतधारा का प्रवाह रहता है। सूर्यनाड़ी के अमृत के पीने से प्राणी की मृत्यु होती है, परन्तु चन्द्रनाड़ी का अमृतपान करने पर मृत्यु का भय नहीं रहता अतएव सूर्यनाड़ी को ऊपर

---

1. रूपयौवन लावण्यं नारीणां पुरूषं बिना।
   मूलबन्ध महाबन्धौ महावेध विना यथा।। घे.सं. 3/21
2. न च मृत्यु भयं तस्य न जरा तस्य विद्यते।
   गोपनीयः प्रयत्नेन वेधोऽयं योगिपुङ्गवैः।। घे.सं. 3/24
3. जिह्वाधोनाडी सछिन्नां रसनां चालयेत् सदा।
   दोहयेन्नवनीतेन लोहयन्त्रेण कर्षयेत्।। घे.सं. 3/25
   एवं नित्यं समाभयासाल्लम्बिकादीर्घतां ब्रजेत्।
   यावद्गच्छेद्भ्रुवोर्मध्ये तथा गच्छति खेचरी।। घे.सं. 3/26
   रसनां तालुमध्ये तु शनैः शनैः प्रवेशयेत्।
   कपालकुहरेजिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
   भ्रूवोर्मध्येगता दृष्टिर्मुद्राभवति खेचरी।। घे.सं. 3/27
4. न च मूर्च्छा क्षुधा तृष्णा नैवालस्यं प्रजायते।
   न च रोगो जरामृत्युर्देवदेहं प्रपद्यते।। घे.सं. 3/28

और चन्द्रनाड़ी को नीचे करें। यह विपरीतकरणी मुद्रा सब प्रकार गोपनीय है। सिर को भूमि में लगाकर दोनों हाथ टेकें और दोनों पांवों को ऊपर उठाकर कुम्भक के द्वारा वायु को रोकें, यही विपरीतकरणी मुद्रा है।''[1]

''इस मुद्रा का नित्य अभ्यास करने से वृद्धावस्था और मृत्यु नष्ट होती है और इसका अभ्यास करने वाला सब लोकों में सिद्धि सम्पन्न एवं प्रलय में भी दु:खित नहीं होता है।''[2]

(v) **प्रत्याहार**–''घेरण्ड़ संहिता में प्रत्याहार का वर्णन किया गया है–जहाँ–जहाँ चंचल मन विचरण करे, उसे वहीं–वहीं से लौटाने का प्रयत्न करते हुए आत्मा के वश में करें। पुरस्कार, तिरस्कार, सुनने में सुखद, सुनने में अरूचिकर वचनों से मन को हटाकर आत्मा के वश में करें। सुगन्ध और दुर्गन्ध से मन को हटा लें। मधुर, अम्ल, तीखा आदि रसों की ओर मन आकृष्ट हो तो उसे वहाँ से भी हटाकर आत्मा के वशीभूत करें। यही प्रत्याहार है।''[3]

''यह ऐसा विज्ञान है जिससे काम आदि शत्रुओं का नाश होता है।''[4]

---

1. नाभिमूलवसेत्सूर्यस्तालुभूले च चन्द्रमा:।
अमृतं ग्रसते मृत्युस्ततो मृत्युवशो नर:।। घे.सं. 3/33
ऊर्ध्वं जायतेसूर्यश्चंद्र च अध आनयेत्।
विपरीतकरणी मुद्रा सर्वतन्त्रेषुगोपिता।। घे.सं. 3/34
भूमौ शिरश्च संस्थाप्य करयुग्मा समाहित:।
ऊर्ध्वपादं स्थिरोभूत्वा विपरीतकरीमता।। घे.सं. 3/35
2. मुद्रेयं साधिता नित्यं जरां मृत्युं च नाशयेत्।
संसिद्ध: सर्वलोकेषु प्रलयेऽपि न सीदति।। घे.सं. 3/36
3. यतो यतो मनश्चरति चाञ्चल्यवशत: सदा।
ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशंनयेत्।। घे.सं. 4/2
पुरस्कारं तिरस्कारं सुश्राव्यंदुश्रुतं तथा।
मनस्तस्मान्नियम्यैतदात्मन्येव वशंन्येत्।। घे.सं. 4/3
सुगन्धो वापि दुर्गन्धो घ्राणेषुजायतेमन:।
तस्मात् प्रत्याहारेदेतदात्मन्येव वशंनयेत्।। घे.सं. 4/4
मधुराम्लकटुतिक्तादिरसान्याति यदामन:।
तदाप्रत्याहरेत्तेभ्य आत्मन्येव वशंनयेत्।। घे.सं. 4/5
4. यस्य विज्ञान मात्रेण कामादिरिपुनाशनम्।। घे.सं. 4/1

मुद्रा :–

हठयोग परंपरा में मुद्राओं का महत्वपूर्ण स्थान है। शिवसंहिता में मुद्राओं को अष्टसिद्धि प्रदान करने वाली कहा गया है। घेरण्डसंहितानुसार मुद्राएं योगसाधक को मानसिक स्थिरता प्रदान करती हैं जिससे बिखरी हुई प्राणशक्ति के एकत्रित होने से मन के अर्न्तमुखी होने की प्रक्रिया आंरभ हो जाती है। मानसिक स्थिरता प्राप्त हो जाने से जगत में कुछ भी असंभव नहीं है। योग में आसन व प्राणायाम जहाँ शरीर को शक्तिशाली व निरोगी बनाने का कार्य करते हैं। वहीं मुद्राएं अन्नमय, प्राणमय और मनोमय कोशों पर सकारात्मक प्रभाव डालकर, नाड़ी संस्थान में प्रवाहित सूक्ष्म प्राण प्रवाह को जागृत कर, मन की चंचलता को समाप्त करने में उपयोगी है। सामान्य रूप से किसी मुहर, द्रव्य (धन) या किसी विशेष शारीरिक स्थिति को मुद्रा कहा जाता है। हाथों द्वारा या संपूर्ण शरीर के प्रयोग से एक स्थिति विशेष को धारण करने का अभ्यास योग में मुद्रा कहलाता है। योगियों ने मुद्राओं की अनुभूति शक्ति–प्रवाह की स्थितियों के रूप में की, जिनका उद्देश्य होता है व्यक्ति की प्राणशक्ति को ब्रह्मण्डीय प्राणशक्ति के साथ जोडना। हठयोगिक मुद्राओं के अभ्यास का मूल उद्देश्य सूक्ष्म रूप से मन की वृत्तियों में परिवर्तन लाकर चित्त को सजग व एकाग्र बनाना है। हठयोग की प्रत्येक मुद्रा शरीर के तंत्रिका तंत्र में एक विशेष प्रकार की संवेदना का निर्माण करती है जिससे मस्तिष्क पर सकारात्मक पड़ता है। परिणामस्वरूप मस्तिष्कीय तरंगों से कुछ समय पर्यंत उस विशेष भाव का प्रभाव हमारे भीतर अनुभव होता रहता है। जिसे अधिक अभ्यास से बढ़ाया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त प्राणों की दिशा परिवर्तन करने का सामर्थ्य भी मुद्राओं के अभ्यास से आ जाता है। इसलिए हठयोग में प्राणोत्थान प्रक्रिया व कुण्डलिनी जागरण के लिए मुद्राओं का विशेष स्थान है।

शिवसंहिता में भी कुण्डलिनी जागरण व चक्र भेदन हेतु मुद्राओं के अभ्यास की बात कुछ इस प्रकार की गई है।

''सुप्ता गुरूप्रसादेन यदा जागर्ति कुण्डली।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यन्ते ग्रन्थयोऽपिंच।।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितमीश्वरीम्।
ब्रह्मद्वारमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत्''।।

जब सुप्त कुण्डलिनी गुरू के आर्शीवाद से जाग उठती है तब सभी अन्तःस्थ चक्रों व ग्रंथियों का भेदन हो जाता है। इसलिए ब्रह्मद्वार के मुख पर सुप्त कुण्डलिनी की जागृति हेतु सारे प्रयत्नों द्वारा मुद्राओं का अभ्यास करना चाहिए।

हठयोग की प्रत्येक प्रक्रिया विशेष से योग साधक की छुपी हुई दैनिक व आध्यात्मिक शक्ति का जागरण होने में सहायता प्राप्त होती है। परंतु मुद्राएं विशेष रूप से कुण्डलिनी जागरण हेतु महत्त्वपूर्ण कही गई है। महर्षि घेरण्ड ने घेरण्डसंहिता में भी मुद्राओं को सिद्धि प्रदायक कहकर उल्लेख किया है। घेरण्डसंहिता में मुद्राओं के महत्त्व को भगवान शिव देवी पार्वती को इस प्रकार बतला रहे हैं :–

''मुद्राणां पटलं देवि कथित सिध्दिः संनिधौ।
येन विज्ञातमात्रेण सर्व सिध्दि प्रजायते।।
गोपनीय प्ररूत्नेन न देयं यस्यकस्यचित्।
प्रीतिदं योगिनां चैव दुर्लभंमरूतामपि''।।

शिवसंहिता में रचनाकार मुद्राफल के विषय में बताने के लिए शिव पार्वती संवाद का उल्लेख करते हैं जिसमें भगवान शिव देवी पार्वती को कहते हैं :–

हे देवी। मैनें तुम्हें जिन मुद्राओं का ज्ञान प्रदान किया है, इनके प्रभाव से व्यक्ति को समस्त सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं। योगियों को आनंददायक यह मुद्राएं देवताओं के लिए भी दुर्लभ हैं। इसलिए यह हमेशा गुप्त रखने योग्य हैं।

शरीरेन्द्रियों, नाड़ियों और विशिष्ट चक्रों से निरंतर प्राणों का बर्हिगमन होता रहता है जो बाह्य जगत् में फैल जाता है जिससे शरीर में निरंतर आंतरिक सूक्ष्म ऊर्जा का ह्यस होता है। मुद्राओं का अभ्यास इस ऊर्जा प्रवाह को उल्टा करने में सक्षम है जिससे सूक्ष्म प्राणशक्ति पुनः शरीर में धारण हो जाए और उसका क्षय कम से कम हो। इस प्रकार से प्राणों के बिखराव में न्यूनता आने से मन अर्न्तमुखी होने लगता है और प्राणोत्थान प्रक्रिया के होने से मुद्राओं का अभ्यास कुण्डलिनी जागरण में महत्त्वपूर्ण है। इसलिए प्राचीनकाल से ही हठयोग में बड़ी संख्या में मुद्राओं के अभ्यास का वर्णन है।

मुद्राओं को कई समूहों में बांटा जा सकता है। सामान्यतः पाँच प्रकार के समूहों में मुद्राओं का वर्गीकरण हो सकता है। ये पाँच समूह हैं– 1. हस्तमुद्राएं 2. मन मुद्राएं 3. कायामुद्राएं 4. बन्धमुद्राएं 5. आधार मुद्राएं।

शिवसंहिता और घेरण्डसंहिता में जिन मुद्राओं का वर्णन प्राप्त होता है वे बंध, प्राणायाम और आसन के सामूहीकरण से प्राप्त शरीर की स्थितियाँ विशेष हैं। शिवसंहिता में योनि मुद्रा के अलावा और दस मुद्राओं का वर्णन प्राप्त होता हैं जो निम्न प्रकार से हैं – 1. महामुद्रा 2.

महाबंध 3. महावेध 4. खेचरीमुद्रा 5. जालंधरबंध 6. मूलबंध 7. विपरीतकरणी 8. उड्डयानबंध 9 वज्रोलिमुद्रा 10. शक्तिचालन।

घेरण्डसंहिता में पच्चीस मुद्राओं का वर्णन महर्षि घेरण्ड ने किया है। घेरण्डसंहिता में उल्लेखित मुद्राओं का वर्णन निम्न प्रकार से है :–

''महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डीयानं जलन्धरम्।

मूलबन्ध महाबंध महाबंधश्च खेचरी।।

विपरीतकरी योनिर्वज्रोली शक्तिचालिनी।

ताडागी माण्डुकी मुद्रा शाम्भवी पंचधारणा।।

अश्विनी पाशिनी काकी मातृङी च भुजङ्गिनी।

पचंविंशति मुद्राणि सिध्ददानीह योगिनाम्''।।

1. महामुद्रा 2. नभोमुद्रा 3. उड्डीयान 4. जालंधरबंध 5. मूलबन्ध 6. महाबंध 7. महावेद 8. खेचरी 9. विपरीतकरणी 10. योनिमुद्रा 11. वज्रोलिमुद्रा 12. शक्तिचालिनी 13. ताडागी 14. मांडवी 15 शांभवी 16. पंचधारणा (पार्थिवी, आम्भसी, आग्नेयी, वायवीय, आकाशी) 17. अश्विनीमुद्रा 18. पाशिनीमुद्रा 19. काकीमुद्रा 20. मातंगिनी 21. भुजंगिनी मुद्रा इस प्रकार पच्चीस मुद्राएं हैं।

शिवसंहिता की तरह ही घेरण्डसंहिता में भी मुद्रा प्रकरण के अन्तर्गत त्रिबंधों का भी वर्णन प्राप्त होता है। शिवसंहिता ओर घेरण्डसंहिता दोनों ग्रंथों में भगवान शिव ही मुद्राफल का कथन देवी पार्वती के लिए कहते हैं, शिवसंहिता में मुद्राओं को कुण्डलिनी जागरण का हेतु बताकर गुप्त रखने को कहते हैं वहीं घरेण्डसंहिता में मुद्राओं का सर्वसिद्धिप्रदायक कहकर गोपनीय रखने हेतु कहा गया है ।

महामुद्रा :–

शिवसंहिता और घेरण्डसंहिता दोनों में उल्लेखित प्रथम मुद्रा महामुद्रा है। दोनों ग्रंथों में महामुद्रा की क्रियाविधि में थोड़ा सा अंतर है। शिवसंहिता में बांए पैर की एड़ी से गुदा एवं लिंग के बीच में स्थित योनिस्थान को दृढ़ता से दबाने को कहा गया है और जालंधरबंध लगाकर सुषुम्णा में चित्त को स्थिर कर प्राणायाम का अभ्यास करने को कहा गया है। समानरूप से दोनों ओर से महामुद्रा को शिवसंहिता में करने को कहा गया है। वहीं घेरण्ड संहिता में योनिस्थान को न दबाकर गुदामूल को दबाने का वर्णन है और साथ ही दृष्टि भ्रूमध्य में स्थिर करने का विधान

है। जालंधरबंध की बात दोनों ग्रंथों में समान है। परंतु घेरण्डसंहिता में दूसरी ओर से भी महामुद्रा को करना है कि नहीं ऐसा कोई संकेत नहीं दिया गया है।
शिवसंहिता और घेरण्डसंहिता दोनों ग्रंथों में महामुद्रा के फल अथवा लाभ की चर्चा मिलती है। शिवसंहिता में मुद्राफल कथन में केवल शारीरिक लाभ ही न बताकर आध्यात्मिक लाभ की भी चर्चा की गई है, वहीं घेरण्ड संहिता में केवल शारीरिक लाभों का ही वर्णन प्राप्त होता हैं। ऐसे में तुलनात्मक रूप से शिवसंहिता में महामुद्रा की क्रियाविधि व मुद्राफल अधिक विस्तृत है।

नोट :– दोनों ग्रंथों में वर्णित मुद्राओं की क्रियाविधि व मुद्राफल का वर्णन पूर्व के अध्यायों में किया जा चुका है।

मूलबंध :–

शिवसंहिता में जालंधरबंध के पश्चात् मूलबंध का विवरण प्राप्त होता है। शिवसंहिता में मुद्राओं की क्रमबद्धता घेरण्डसंहिता, हठप्रदीपिका आदि की तरह नहीं है। शिवसंहिता में केवल दस मुख्य मुद्राओं का वर्णन प्राप्त होता है। शिवसंहिता में मूलबंध की क्रियाविधि में कौन से पैर का प्रयोग करना है इसका कोई निर्देश नहीं दिया है और न ही नाभिग्रंथि को मेरूदण्ड में लगाने हेतु कहा गया है। शिवसंहिता मे मूलबंध को अपान और प्राण में स्थिरता व एकता स्थापित करने वाला व जरा मृत्यु को हरने वाला कहा गया है। मूलबंध की सिद्धि से योनिमुद्रा के स्वतः सिद्ध हो जाने की बात कही गई है जिससे संसार मे सब कुछ सिद्ध हो जाता है। वायु पर विजय व आकाशगमन में सिद्धि के बारे में भी बताया गया है। दूसरी ओर घेरण्डसंहिता की क्रियाविधि में स्पष्ट रूप से मूलबंध के अभ्यास में बांए पैर की एड़ी का प्रयोग करने को कहा गया है। घेरण्डसंहिता में मूलबंध के अभ्यास में उड्डियानबंध का भी प्रयोग किया गया है। इसके अतिरिक्त साधक को मूलबंध के अभ्यास के दौरान आलस्यरहित और मौन रहने के निर्देश दिए गए हैं। एकांत में मूलबंध के अभ्यास की बात भी कही गई है। शिवसंहिता व घेरण्डसंहिता में समान रूप से यह माना गया है कि मूलबंध के अभ्यास से वायु सिद्धि होती है।

विपरीतकरणीबंध :–

विपरीतकरणी शब्द से ही इसके अर्थ का अनुमान हो जाता है कि शरीर की विपरीत अर्थात उल्टी स्थिति में बारे में कहा गया है। शिवसंहिता में विपरीतकरणी बंध की बात कही गई है जिसे संसार रूपी समुद्र को पार करने के इच्छुक साधकों को एकांत में करना चाहिए। यहाँ शरीरस्थ चंद्र एवं सूर्यस्थान का वर्णन नहीं मिलता जैसा कि अन्य हठयोग ग्रंथों में प्राप्त होता

है। शिवसंहिता में विपरीतकरणी को बंध कहा गया है साथ ही विपरीतकृति भी। इस मुद्रा का तीन घण्टे तक प्रतिदिन का अभ्यास मृत्यु पर भी विजय प्राप्त करा देता है, ऐसा कहा गया है। शिवसंहिता के एक मंत्र में शरीरस्थ अमृत के पान की बात विपरीतकरणी के संबंध में की गई है।

यथा–

''अमृतं कुरूते पानं सिध्दानां समताभियात्''।

जो इस बंध का अभ्यास करता है। वह सर्वत्र पूज्य हो जाता है, शरीरस्थ अमृत का पान करता है और सिद्धों के समकक्ष हो जाता है।

शिवसंहिता में विपरीतकरणीबंध के अभ्यास से जिस अमृतपान का वर्णन किया है घेरण्डसंहिता में उस अमृत का स्थान व उसके पान क्रियाविधि को विस्तृत रूप से बताया गया है। ऐसा वर्णन तुलनात्मक रूप से शिवसंहिता में प्राप्य नहीं है। घेरण्डसंहिता में विपरीतकरणी को मुद्रा कहा गया है। अभ्यास की अवधि का कोई निर्देश प्राप्त नहीं होता। हालांकि क्रियाविधि दोनों ग्रंथों में समान है परंतु घेरण्डसंहिता में पूर्ण स्थिति पर कुंभक द्वारा वायु को रोकने को कहा गया है। दोनों ग्रंथों में इसे गुप्त रखने को कहा गया है, लाभ एक जैसे वर्णित किए गए हैं। शिवसंहिता और घेरण्डसंहिता दोनों ग्रंथों में समानरूप से कहा गया है कि इस मुद्रा की सिद्धि से प्रलयकाल में भी साधक दुःख प्राप्त नहीं करता।

जालंधरबंध :–

शिवसंहिता में जालंधरबंध का वर्णन खेचरीमुद्रा के पश्चात आया है। सामान्य शब्दों में इसका वर्णन करते हुए कहा गया है कि गले की शिराओं को संकोच कर ठोड़ी को वक्षस्थल पर लगाना चाहिए, यह जालंधर बंध है। इसके अतिरिक्त क्रियाविधि में अधिक वर्णन नहीं मिलता परंतु लाभ एवं फल की दृष्टि से इसे देवताओं के लिए भी दुर्लभ शिवसंहिता में बताया गया है। इसके अभ्यास से साधक अमृतपान कर अमरता को प्राप्त कर लेता है। अतः सिद्धि के इच्छुक साधकों को नित्य अभ्यास करना चाहिए।

घेरण्डसंहिता में भी शिवसंहिता की तरह क्रियाविधि बताई गई है। घेरण्डसंहिता ठोडी को वक्षस्थल पर न रखकर हृदयस्थान पर रखने को कहा गया है। थोड़ा अधिक वर्णन करते हुए घेरण्डसंहिता में बताया गया है कि जालंधर बँध के अभ्यास से सोलह प्रकार का आधार बंध हो जाता है।

सिद्धिसिद्धांत पद्वति के अनुसार शरीरस्थ यह सोलह आधार हैं – पैर का अंगूठा, मूलाधार, गुदा, मेढ्र (लिंग), ओड्डयाण, नाभि, हृदय, कण्ठ, घण्टिका, तालु, जिह्वामूल, भ्रूमध्य, नासाग्र, नाक के मूल का ऊपरी भाग, ललाट और ब्रह्मारंध्र। इस प्रकार से सोलह आधार ध्यान हेतु कहे गए हैं

जिनका बंध घेरण्डसंहितानुसार जांलधरबंध करने से हो जाता है। इसके अतिरिक्त घेरण्ड ऋषि जांलधर बंध को महामुद्रा कहकर संबोधित करते हैं और इसे मृत्यु को हरने वाली बताते हैं। कई हठयोग ग्रंथों में पांच प्रकार की मुद्राओं को अत्यन्त महत्वपूर्ण माना गया है जो है – महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डियाणबंध, जालंधरबंध और मूलबंध, यह पांच मुद्राएं मोक्षदायिनी मानी गई हैं। इसलिए ही महर्षि घेरण्ड जालंधरबंध को महत्वपूर्ण बताने हेतु महामुद्रा का ज्ञान दे रहे हैं।

महावेध :शिवसंहिता और घेरण्डसंहिता दोनों हठयोग ग्रंथो में महाबंध के पश्चात महाबंध का स्थान आता है। मुद्राओं के क्रम में शिवसंहिता में महावेध का तृतीय व घेरण्डसंहिता में सातवां स्थान है। दोनो ग्रंथों में महावेधमुद्रा की क्रियाविधि अलग–अलग प्रकार से वर्णित है। शिवसंहिता में महावेधमुद्रा की विधि इस प्रकार वर्णित है – '' महाबंध में स्थित बुद्धिमान साधक वायु से पेट को भरकर दोनों नितम्बों को बार–बार भुमि पर पटकें।'' जबकि घेरण्डसंहिता में महाबन्ध मुद्रा के साथ उड्डियानबंध के द्वारा कुंभक प्राणायाम करते हुए वायु को रोकने हेतु कहा गया है।'' इस प्रकार दोनों हठयोगग्रंथ महाबंध की अलग–अलग क्रियाविधि का वर्णन करते हैं। शिवसंहिता में कुण्डलिनी जागरण में सहायक कहकर महावेधमुद्रा के लाभ व फल का वर्णन प्राप्त होता है। शिवसंहिता में इस प्रकार कहा गया है :–

''चक्रमध्ये स्थिता देवाः कम्पन्ति वायुताडनात्।
कुण्डल्यपि महामाया कैलासे सा विलीयते''।।

शरीरस्थ चक्रों में विद्यमान देवगण वायु के ताडन से कांपने लगते हैं एवं महामाया कुण्डली देवी भी शिवस्थान (बह्मरंध्र) में लीन हो जाती है। आध्यात्मिकता व साधनामार्ग में लाभकारी होन के साथ–साथ शिवसंहिता में महावेध के जरा–मृत्युनाशक आदि कहकर शारीरिक लाभों का भी वर्णन प्राप्त होता है। घेरण्डसंहिता में भी वैसे ही शारीरिक लाभों की चर्चा की गई है जैसी शिवसंहिता में प्राप्त होती है।

शिवसंहिता और घेरण्डसंहिता दोनों में समानरूप से महावेधमुद्रा को गोपनीय रखने हेतु कहा गया है अन्यथा इसकी सिद्धि नहीं होती।

खेचरीमुद्रा :–

शिवसंहिता और घेरण्डसंहिता दोनों ग्रंथों में महावेधमुद्रा उपरांत खेचरीमुद्रा का वर्णन किया गया है। शिवसंहिता में खेचरीमुद्रा की साधना हेतु उपयुक्त स्थान व उपयुक्त आसन के बारे में बताया गया है। संपूर्ण क्रियाविधि को सरलतम प्रारूप में शिवसंहिता में वर्णित किया गया है। शिवसंहितानुसार खेचरीमुद्रा का सृजन भगवान शिव ने भक्तों के आग्रह पर किया है और यह मुद्रा उनकी सर्वाधिक प्रिय है।

''मुद्रैषा खेचरी प्रोक्ता भक्तानामनुरोधतः।
सिद्वीनां जननी ह्यषा मम प्राणाधिकप्रिया''।।

अर्थात यह खेचरीमुद्रा भक्तों के आग्रह से बतायी गई है। सभी सिद्धियों की जन्मदात्री यह मुद्रा मुझे प्राणों से भी अधिक प्रिय है। शिवसंहिता में खेचरीमुद्रा के लिए वज्रासन का विधान है। कण्ठ–छिद्र को शिवसंहिता में सुधाकूप कहकर संबोधित किया गया है। खेचरी मुद्रा को अति महत्वपूर्ण मुद्रा मानते हुए कहा गया है कि यदि साधक आधे क्षण भी इसका अभ्यास कर ले तो पाप रूपी महासमुद्र को पार कर देवतासुलभ भोगों को भोग कर श्रेष्ठजनों में जन्म पाता है।
भगवान शिव अन्ततः कहते हैं कि मेरी यह प्राणप्रिय मुद्रा केवल अधिकारी साधक को ही बताने योग्य है अतः देवताओं द्वारा पूजित यह मुद्रा गुप्त रखने योग्य है।शिवसंहिता के अनुसार भ्रूमध्य में दृष्टि स्थापित कर सुधाकूप (कपालविवर) में पलटी हुई जिहवा का प्रवेश कराना ही खेचरी मुद्रा है परन्तु घेरण्डसंहिता इस मुद्रा की विधि में विस्तृत विवरण उपलब्ध करवाती हैं। घेरण्डसंहिता के अनुसार खेचरी मुद्रा की सिद्धि हेतु जिहवा का इतना लंबा होना आवश्यक है कि वो कपालविवर तक जा सके। इसलिए घेरण्डसंहिता में जिहवा को लम्बा करने के लिए चालन, दोहन, छेदन और कर्षण जैसी विधियाँ बताई गई हैं। शिवसंहिता की विधि की तुलना में घेरण्डसंहिता की विधि कष्टकर प्रतीत होती है। किसी योग्य निर्देशन से ही यह प्रक्रियाएं संभव है अन्यथा कोई हानि भी हो सकती है।
घेरण्डसंहिता में भी खेचरी मुद्रा की भूरि–भूरि प्रशंसा की गई है और स्थिर समाधि प्राप्त होने में इसे सहायक कहा गया है।

महाबंध – शिवसंहिता में महाबंध को दोनों पांवों द्वारा एक–एक कर प्रयत्नपूर्वक सिद्ध करना चाहिए। महाबंध के अभ्यास से वायु सुषूम्णा के मध्य में स्थिर हो जाता है। महाबंध से शरीर पुष्ट होता है और अस्थि पिंजर दृढ़ हो जाता है। इस बंध की साधना से साधक पूर्ण रू्प से संतुष्ट रहता है। इस महाबंध को सिद्ध करने से साधक अपान एवं प्राण को एक करके सभी अभीष्ट सिद्ध कर लेता है, शिवसंहिताकार का ऐसा मत है।

वहीं घेरण्डसंहिता के अनुसार यह महाबंध सभी मुद्राओं में श्रेष्ठ व जरामरण नाशक कहा गया है। इस बंध की सिद्धि सभी इच्छाएं पूर्ण हो जाती है। इस बंध के अभ्यास में मूलबुंध उड्डयान बन्ध व जालन्धर बन्ध, तीनों एक साथ लगते हैं।

उड्डियानबंध –

शिवसंहितानुसार उड्डियानबंध द्वारा साधक के समस्त दुःखों का नाश हो जाता हे। इसे मृत्युरूप हाथी के लिए सिंह के समान कहा गया है। यहाँ प्रतिदिन चारों पहर इसके अभ्यास के लिए कहा गया है। इस प्रकार अभ्यास करने से नाभिचक्र शुद्ध होकर वायु की सिद्धि हो जाती

है। छः माह तक निरंतर अभ्यास से योग साधक मृत्यु को भी जीत लेता है। जठराग्नि प्रदीप्त होती है और शरीर स्वस्थ रहता है।

शरीर के समस्त प्रकार के रोगों का नाश इस बंध की सिद्धि से होता है। शिवसंहिता के अनुसार इस बंध को योग्य गुरू से सीख कर अकेले स्वस्थ चित्त होकर अभ्यास करना चाहिए। घेरण्डसंहिता में उड्डियानबंध को सभी बंधों में प्रमुख माना गया है इसके अभ्यास से सहन ही मोक्ष प्राप्ति की बात कही गई है।

वज्रोलीमुद्रा – शिवसंहिता में जिस वज्रोली मुद्रा का वर्णन प्राप्त होता है उसका वर्णन तंत्र ग्रंथों में भी मिलता हे। इसका अभ्यास बिंदु सिद्धि व वीर्य रक्षा के लिए किया जाता है।

घेरण्डसंहिता में वज्रोलि का तो नहीं परंतु वज्रोणीमुद्रा का वर्णन प्राप्त होता है। इस मुद्रा को यहाँ विद्वानों को शक्तिसंचारक व जीवन प्राप्त कराने वाली कहा गया है। योगियों को मुक्तिप्रदायक, हितकारी व सिद्धि देने वाली यह श्रेष्ठ मुद्रा है।

मुख्यतः बिन्दु सिद्धि के लिए इसका प्रयोग किया जाता है।

शक्तिचालिनी मुद्रा –

शिवसंहितानुसार शक्तिचालिनी मुद्रा के अभ्यास से सभी रोग नष्ट हो जाते हैं व आयुवृद्धि होती है। कुण्डलिनी शक्ति जागृत हाती है। अणिमा आदि अष्ट सिद्धियों को देने वाली है। मुक्तासन के साथ इसके अभ्यास के लिए शिवसंहिता में वर्णन प्राप्त होता है।

घेरण्डसंहिता में कहा गया है कि इसके अभ्यास से सभी प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त होती है और सभी रोगों का नाश होता है।

प्रत्याहार :–

योगसाधना में अन्य साधनों की भांति प्रत्याहार भी एक महत्वपूर्ण साधन है। हठयोग में आसन और प्राणायाम के अभ्यास से शक्तिसंपन्न साधक के लिए इंद्रियों का निग्रह अति आवश्यक हो जाता हैं अन्यथा चंचल घोड़ों की भांति इंद्रियाँ अपने–अपने विषयों की ओर भागती रहती हैं। धातव्य है कि चंचल व अस्थिर मन से योगसाधना के ध्येय की पूर्ति नहीं हो सकती।

प्रत्याहार के द्वार इंद्रियों का बाह्य विषयों के प्रति आकर्षण अवरूद्व कर उन्हें अर्न्तमुख करने का अभ्यास किया जाता है।

पातंजलयोग दर्शन के अनुसार : –''स्वविषयसम्प्रयोगे चित्तस्य स्वरूपानुकार इवेद्रियाणां प्रत्याहार'' अर्थात् इंद्रियों का अपने विषयों के साथ संबंध न होने पर चित्त के स्वरूप का